राजपाल

ADVANCED LEARNER'S ENGLISH - HINDI DICTIONARY

Dr. HARDEV BAHRI
M.A., M.O.L, Ph.D., D.Litt.

बृहत् शिक्षार्थी अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश

डॉ. हरदेव बाहरी

वैज्ञानिक 'शिक्षार्थी' शैली में
अंग्रेज़ी और हिन्दी का विशाल आधुनिक शब्दकोश

नवीन संस्करण
2010

राजपाल

ADVANCED LEARNER'S ENGLISH-HINDI DICTIONARY

Dr. HARDEV BAHRI

बृहत् शिक्षार्थी अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश

डॉ. हरदेव बाहरी

"शिक्षार्थी कोश का उद्देश्य है–शब्दों के विभिन्न अर्थ और साथ ही भाषा सिखा देना, और द्विभाषी शिक्षार्थी कोश अपने ऊपर और अधिक भार ले लेता है, दो भाषाएँ सिखा देने का अर्थात् वह उसे दो भाषाओं की बृहत् पाठ्यपुस्तक बना देता है, जो भाषाविज्ञान और शिक्षणशास्त्र द्वारा संपुष्ट आधारों पर प्रणीत होती है। इस शब्दकोश में शब्दों के विभिन्न अर्थों को उदाहरणों तथा पदबंधों और वाक्यों में प्रयोगों द्वारा स्पष्ट किया गया है।...इस बृहत् शब्दकोश में शब्द-संख्या ही नहीं, अर्थों की छटाएं भी अधिक हैं।"

– डॉ. हरदेव बाहरी

●

"कोशकला में एक भारी परिवर्तन हुआ है जिससे शब्दकोशों का सम्पादन एक मौलिक सृजन में गिना जाने लगा है। विद्वान लेखक ने प्रस्तुत कोश का प्रणयन करके हिन्दी की अभिवृद्धि की है। मेरी यह मान्यता है कि इस शिक्षार्थी कोश के माध्यम से हिन्दी-अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं के समुचित ज्ञान में वृद्धि होगी।"

– डॉ. विजयपाल सिंह

पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

"...आदर्श प्रयोगात्मक शब्दकोश, इसे सचमुच शब्दकोश एवं समांतर-कोश की संयुक्ति माना जा सकता है। भूमिका और परिशिष्ट अपने में स्वतंत्र ग्रंथ हैं। प्रत्येक पढ़े-लिखे घर की आवश्यकता की पूर्ति करनेवाला कोश।"

– डॉ. ओमप्रकाश गुप्त

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय

ADVANCED
LEARNER'S ENGLISH - HINDI DICTIONARY

•

बृहत्
शिक्षार्थी अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश

RAJPAL ADVANCED LEARNER'S ENGLISH-HINDI DICTIONARY

Dr. Hardev Bahri
M.A., M.O.L., Ph.D., D.Litt, Shastri

rajpal

राजपाल बृहत् शिक्षार्थी अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश

डॉ. हरदेव बाहरी
एम.ए., एम.ओ.एल., पीएचडी., डी.लिट्, शास्त्री

राजपाल

डॉ. हरदेव बाहरी के अन्य शब्दकोश

- राजपाल पारिभाषिक शब्दकोश
- राजपाल बृहत् शिक्षार्थी हिन्दी-अंग्रेज़ी शब्दकोश (दो भाग)
- राजपाल हिन्दी शब्दकोश
- राजपाल अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश
- राजपाल शिक्षार्थी हिन्दी-अंग्रेज़ी शब्दकोश
- राजपाल संक्षिप्त हिन्दी शब्दकोश
- राजपाल संक्षिप्त अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश
- राजपाल शिक्षार्थी हिन्दी-अंग्रेज़ी शब्दकोश
- राजपाल पॉकेट हिन्दी शब्दकोश
- राजपाल पॉकेट अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश
- राजपाल पॉकेट हिन्दी-अंग्रेज़ी शब्दकोश

मूल्य : रु. 500/- (पांच सौ रुपये)
संस्करण : 2010
ISBN : 978-81-7028-290-7
RAJPAL ADVANCED LEARNER'S ENGLISH-HINDI DICTIONARY
Edited by Dr. Hardev Bahri
Printed at V.K. Printers, New Delhi

राजपाल एण्ड सन्ज़, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110 006
website : www.rajpalpublishing.com
e-mail : mail@rajpalpublishing.com

"It is wrongly believed that a bilingual dictionary aims to teach the target language. I believe that it should teach both the languages. This Dictionary has been designed with this purpose in view. It is meant to improve the linguistic knowledge of an English reader and a Hindi reader alike."

—Hardev Bahri

"कोशकार केवल शब्दों और अर्थों का संकलन नहीं करता, वह अपने ग्रंथ में बहुत कुछ अपने ज्ञान और अनुभव से भी जोड़ देता है। वह एक-एक शब्द को लेकर उसके अर्थ या नाना अर्थों का मंथन करता है, शब्द में कोई व्याकरणिक परिवर्तन होता है या व्युत्पन्न शब्द मिलता है, तो उसका अर्थ और प्रयोग भी बताता चलता है, उस शब्द के पर्याय, विलोम सब गिना देता है, और इस प्रकार किसी शब्द का पूरा भाषापन समझा देता है। यही शिक्षार्थी कोश की विशेषता है।

मेरी यह मान्यता है कि इस शिक्षार्थी कोश के माध्यम से हिन्दी-अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं के समुचित ज्ञान में वृद्धि होगी।"

—हरदेव बाहरी

CONTENTS
विषय सूची

INTRODUCTION

The **Learner's Hindi-English Dictionary** (Ist edition, published 1982) has been so very popular that it has encouraged and emboldened the editor, in spite of his old age and decayed health, to prepare a **Learner's English-Hindi Dictionary** also. It contains many more words and much more lemmata.

It is wrongly believed that a bilingual dictionary aims to teach the target language. But the editor believes that it should teach both the languages. This one has been designed with this purpose in view. It is meant to improve the linguistic knowledge of an English reader and a Hindi reader alike.

Most dictionaries give pronunciation, grammar and meanings. But modern trend in lexicography is to provide a great deal more, particularly in a bilingual dictionary. It has to illustrate declensions of nouns and pronouns, and if necessary, as in Sanskrit or Hindi, of adjectives, and inflections of verbs. It should cover all the grammatical forms and categories, and show their uses in phrases and/or sentences. In fact, it is a usage dictionary. Read within, for examples, turn, great, good, help. This dictionary gives copious examples of declensions and inflections, in Hindi and English.

Which nouns take particular adjectives or verbs, which adjectives collocate particular nouns, which verbs have particular adverbs to qualify them — this kind of information should be provided. See, for examples, colour, fruit, good, go, cost, hide.

Even some latest monolingual dictionaries just list compounds and derivatives at the end of a lemma. But a bilingual dictionary treats them fully. Most dictionaries do give various shades of meanings. But in a learner's dictionary, the reader expects to know the nuances in both the languages. This dictionary provides this information either within round brackets or in illustrative phrases and sentences.

Additional information, usually lexical (antonyms, feminine genders) is given, where necessary, at the end of a lemma.

Meanings of a word have been arranged according to their frequency in English.

More salient features of this work will be detailed in the following pages.

Spelling वर्ण विन्यास

Spellings of all words in this dictionary are based chiefly on British dictionaries — the Oxford Modern English Dictionary and Longman's Dictionary of Contemporary English.

Proper nouns and their derivatives have been spelt with capital initials. If any word is spelt with small initials in some senses and with capital initials in other senses, this is indicated.

Variant spellings which are still recognised in standard English, are given.

Attempt is made to give also American (Am.) spelling. Also see below.

Plural forms of words, excepting those ending in -s and -es, are always shown.

For example, scarf—scarves, studio—studios, but cargo—cargoes, index—indices, crisis—crises, duty—duties. Straightforward forms are, of course, given in illustrative phrases and sentences.

Verb forms in present participle, past tense and past participle are generally indicated in examples, but when the last consonant of the verbal root is doubled, it is shown (as sitting, admitted) after the headword. Strong or irregular verbs are also shown there.

It would be noted that most of the verbs are alternately spelt in -ise or -ize. The American prefer -ize, the British -ise.

Some adjectives, ending in single consonant in positive degree get the final letter doubled in comparative and superlative degrees, e.g., hot, hotter, hottest; sad, sadder, saddest; big, bigger, biggest. They are invariably indicated.

Some agentive nouns, formed from verbs ending in single consonant, are also doubled and shown. For example, run—runner, cut—cutter, sit—sitter, grip—gripper.

American Spelling अमेरिकी हिज्जे

An attempt to economise spelling, e.g., bilt for built, bred for bread, color for traditional English colour. The following are prominent differences—

Traditional Eng.	*American Eng.*	*Traditional Eng.*	*American Eng.*
-ae	-e	-re-	–er-
anaemia	anemia	centre	center
archaeology	archeology	litre	liter
encyclopaedia	encyclopedia	meagre	meager
aesthetics	esthetics	metre	meter
heaemoglobin	hemoglobin	saltpetre	saltpeter
haemorhage	hemorhage	theatre	theater
mediaeval	medieval		
paediatrics	pediatrics	-ice (n.)	-ise (n.)
		advice	advise
-oe-	-e-	device	devise
diarrhoea	diarrhea	practice	practise
foetus	fetus		
-enc-	-ens-		
defence	defense		
licence	license		
offence	offense		
pretence	pretense		

-ise-	-ize-
authorise	authorize
characterise	characterize
minimise	minimize
specialise	specialize
terrorise	terrorize
etc.	

-ll-	-l-
enrollment	enrolment
fulfillment	fulfilment
installment	instalment
levelled	leveled
skillful	skilful
traveller	traveler
willful	wilful.

-ou-	-o-
fount	font
mould	mold
smoulder	smolder

-ogue	-g
catalogue	catalog
dialogue	dialog
epilogue	epilog

-our	-or
armour	armor
candour	candor
colour	color
favour	favor
harbour	harbor
honour	honor
labour	labor
neighbour	neighbor
odour	odor
rumour	rumor

Sporadic

cosy	cozy
draught	draft
gaol	jail
grey	gray
nett	net
plough	plow
programme	program
sulphur	sulfur
thorough	thoro
through	thru

English Writing अंग्रेज़ी लेखन

There are, generally, three forms of written letters of English alphabet—(1) Capital letters (practically the same in printing and handwriting), (2) small letters or lower case letters in print, and (3) small letters in handwriting. A list is given below in this order.—

A	a	a	B	b	b	D	d	d	E	ε	e
F	f	f	G	g	g	H	h	h	I	i	i
J	j	j	L	l	l	M	m	m	N	n	n
P	p	p	Q	q	q	R	r	r	S	s	s
T	t	t	X	x	x	Y	y	y	Z	z	z

c k o u v w are just big or small in size. There is no difference in handwriting.

Pronunciation उच्चारण

The model for pronunciation in this dictionary has been the one to be found in Longman's Dictionary of Contemporary English and the Oxford Modern Dictionary of English Language, both published from Great Britain. Broad hints about American pronunciation are given on the next pages and individual words have been so marked in the body of the dictionary.

Devanagari symbols, which are quite exhaustive and scientific, have been employed. The script of the International Phonetic Association (IPA) are international only in American and European sense. It has not been popular in Asian countries.

Key to Pronunciation उच्चारण की कुंजी

1. Simple vowels सादा स्वर

IPA (Modified)	*Devanagari (with Matras)*	*Examples*
æ	ऐ, ै	at, rat ऐट, रैट
a:	आ, ा	after, bath आफ़्टर, बाथ
e	ऍ, ॅ	egg, men ऍग, मॅन
i	इ, ि	ill, mill इल, मिल
i:	ई, ी	ease, fees ईज़, फीस
o	ऑ, ॉ	ox, box ऑक्स, बॉक्स
u	उ, ु	umlaut उमलाउट, good गुड
u:	ऊ, ू	ooze ऊज़, fool फूल
ʌ	अ*	under अन्डर, love लव

* अ is inherent in consonant form as ज = ja.

2. Diphthongs द्विस्वर

IPA	*Devanagri*	*Examples*
ai	अइ	ice आइस, kite काइट
au	अउ	ounce, अउन्स, south सउथ
ei	ऍइ	eight ऍइट, mate मॅइट
ia	इअ	ear इअर, fear फ़िअर
oi	ऑइ	oil ऑइल, toil टॉइल
ua	उअ	sure सुअर
ou	o	owe ओ, boast बोस्ट

3. Consonants व्यंजन

IPA	*Devanagari*	*Examples*
b	ब	bad बैड
d	ड	dad डैड
ð	द	then दैंन
θ	थ	thin थिन
f	फ़	for फ़ार
g	ग	go गो
h	ह	hut हट
dʒ	ज	judge जज
k	क	kill किल
l	ल	leg लैंग
m	म	man मैन
n	न	nice नाइस
ŋ	ङ	ink इङ्क
p	प	poor पुअर
r	र	rear रिअर
s	स	said सैंड
t	ट	teach टीच
v	व़	very व़ैंरि
w	व	when वैंन
x	क्स	ox ऑक्स
y	य	yes यैंस
ʃ	श	ship शिप
tʃ	च	chat चैट
Z	ज़	zeal ज़ील
z	य़	measure मैंय़र

Examples of conjunct consonants संयुक्ताक्षर

clean क्लीन	throw थ्रो	strong स्ट्रॉङ्ग
quarter क्वार्टर	present प्रेज़न्ट	suspect सस्पैंक्ट
cross क्रॉस	plank प्लैङ्क	worst वर्स्ट
grade ग्रेड	stop स्टॉप	surprise सर्प्राइज़
glean ग्लीन	storm स्टॉर्म	surface सर्फ़िस
train ट्रेन	shrug श्रग/श्रग	volcano वाल्कैनो
drama ड्रामॅ	scrap स्क्रैप	vacuum वैक्यूम
block ब्लॉक	flower फ़्लाउर	

Notes: Regarding k p t, it should be noted that they take mild aspiration in R.P. (received pronunciation) which is not to be transcribed in Hindi.

r after a vowel is not a full consonant but just a glide अ or a minute pause.

Several letters are silent in English, and many a time spellings mislead, e.g., b in debt, c in victuals, d in judge, gh in fight or neighbour, h in honour, k in known, l in palm, m in condemn, t in pitcher, w in who, etc.

S has several different sounds as in case, cause, casual, sure.

The five vowels a e i o u have more than sixteen varieties of pronunciation.

The word put is पुट, but but is बट (not बुट), although they have exactly the same structure. Similarly, heal is हील, but head is हैं ड (not हीड).

The English alphabet, taught in the first primary class, has twenty-one characters of consonants, including q which has no definite value, and c has not been recognized by pronouncing dictionaries as an independent phonetic symbol. And the chart above gives 25 symbols.

On the whole it may be said that no hard and fast rules can be given about English pronunciation. The student is advised to learn pronunciation of every individual word from this or any other standard dictionary for a correct use of English language.

Stress बलाघात

Stress is very important in English. There is many a word in which a shift in stress effects change in meaning. For example, pre'sent प्रें 'जन्ट as noun is a 'gift', as adjective 'existing now', and present' प्रि ज़ेंन्ट' as verb is 'to introduce', 'to offer'.

Some words have their stress accent shifted. Such words, e.g., those ending in the sound 'shun', i.e,-ation, -cation, -ssion as indication, expression, medication or those in -ity as ability, fertility, hostility.

Nouns ending in -ment, -ness or -ship preserve the stress of their parent words. So also words forming adverb with -ly.

This dictionary should not only be consulted when you come across a difficult word, idiom or phrase. It has to be studied daily. Even one page.

An unstressed vowel, i.e., one in pre-stressed or post-stressed position, becomes so weak that it changes into weakest अ इ उ. Thus, 'basin' may be pronounced as बे'सन् or बे'सिन.

In this dictionary, stress, a small vertical line, is given after the stressed syllable.

Stress of compounds is indicated only when necessary. Stress of derivatives is given when there is a shift from the parent word. Thus history हिस'टरि, historical हिस' टॉ'रिकल, indicate इन'डिकेट, indication इनडिके'शन.

American Pronunciation अमेरिकी उच्चारण

The following special points have to be noted about the American pronunciation.

1. medial a : is often pronounced as æ (as in hat)
   bath बाथ, Am. बैथ
   advance ऐडवान्स, Am. ऐडवैन्स

2. O is heard as a : got गॉट, Am. गाट
sought सॉट, Am. साट
top, टॉप, Am. टाप

But, when -o- is followed by f, r, s, th, it is ऑ, as in RP,
dog डॉग
coffee कॉफ़ि
moth मॉथ
cost कॉस्ट
for फ़ॉर

3. Greater stress is given on words ending -ary, -ery, -ory, as monastery, ordinary, confectionery, stationery, obligatory.

4. Words ending in -ile, end in -इल —against RP -आइल.

fragile फ़्रैजिल — juvenile जुविनिल
hostile हॉसटिल — missile मिसिल
infantile इन्फ़ैन,टिल

5. r after vowels is clearly audible in Am. pronunciation, as in aboard, hard, require, sort, torture.

Devanagari (Hindi) Writing देवनागरी (हिन्दी) लेखन

There are no such varieties as are found in English. The list of alphabets is given below with English pronunciation.

1. स्वर (Vowels) अ a, आ a:, इ i, ई i:, उ oo, ऊ oo, ऋ (r. ri) it has lost its purely vowel value, ऐ e a; ऐ ai, ओ o, औ au.]

2. व्यंजन (Consonants), pronounced as

क ka	क़ qa	ख kha	ख़ <u>kh</u>a	ग ga	ग़ g̣a,	घ gh	ङ
च cha	छ chh	ज j	ज़ za,	झ jh	ञ		
ट ṭa	ठ ṭha	ड ḍa,	ड़ ṛa	ढ ḍha	ढ़ ṛha	ण ṇa	
त ta	थ tha	द da	ध dha	न na			
प pa	फ pha	फ़ fa	ब ba	भ bha	म ma		
य ya	र ra	ल la	व va				
श sha	ष ṣa	स sa	ह ha				

ख़ ग़ ज़ and फ़ are properly pronounced by most of the Hindi speakers especially in cities and generally by Urdu-knowing persons. ज़ and फ़ are also used in English words.

3. Conjunct Consonants संयुक्ताक्षर

Simple consonants

ख ग घ च ज ञ न ण त थ ध न प ब म य ल व श स

These letters cut their last vertical stroke called पाई (।)

Thus ख्याति, मुख्य; ग्यारह, भाग्य; घ्राण, व्याघ्र; ज्वर, राज्य; ध्वनि, साध्य; न्यास, सन्त; स्कूल, रस्सी.

क and फ shorten their last hook as, in क्या, अक्ल, कोफ़्ता.

ङ छ ट ठ ड ढ द have rounded forms. They preserve their shape. Only a small stroke (हल् चिह्न) is given at the bottom, as in द्‌वार, अङ्क. Traditionally, however, the following letter is cut in form, as in ट्रेन, पाठ्य, ड्रामा, द्वार ।

In place of ङ and ञ anusvar is preferred, as in अंग for अङ्ग; मंच for मञ्च.

र assumes several forms as in अग्र, मूर्त, छ्र, ड्रामा, द्रव्य, व्रत, त्राता.

PLAN OF THE DICTIONARY

कोश की रूपरेखा

The learner is advised that before consulting the Dictionary, he must first read the plan.

Take one noun.

1. ***colour*** (Am. color) क'लर **I** *n*^{c}. **1.** रंग, वर्ण [black काला, bright चमकीला, fast पक्का, green हरा, light हलका, white सफ़ेद]......'

(1) The headword is printed in bold type. In the entry, it always projects out from the rest of the lines. There are such ten thousand words here. Collocations, derivates and compounds which number about twelve thousand, are given in their order, within the body of the lemma.

(2) Alternative or varying spelling is given immediately.

(3) The headword is followed by its pronunciation in Devanagari script. It is very easy for the learner. The stress mark is placed after the stressed syllable.

Indian speakers, unless trained in British accent, usually pronounce r almost as well as the Americans do.

(4) If the word has more than one grammatical designation or part of speech. Roman numbers (I II III...) are employed.

(5) Grammatical design is printed in italics. Thus for nouns n^{c}. n^{u}. or n^{cu}. Super c means that it is countable and therefore, it can be formed in plural, and can take articles a and the. See 'Grammatical Formations' (Appendix **ix**) for the phenomena of plurals.

(6) Then follow meanings in Hindi, illustrated by examples. If the word has more than one meaning each in its order is numbered in Arabic figures, called international figures in India.

(7) Colour is a noun. What adjectives, for example, can it take? It is shown in square brackets after the meaning. Thus, the learner has more vocables and usages to add to his vocabulary.

Declensions of nouns are used in illustrative examples within the body of the lemma.

Now take an adjective.

2. ***good*** गुड **I.** *a.* (better, best) **1.** अच्छा [friend मित्र, man आदमी suggestion सुझाव, teacher अध्यापक, way रास्ता, weather मौसम, writer लेखक]; ~ advice अच्छी सलाह^{F}; ~ story अच्छी कहानी^{F}; ~quality अच्छी गुणवत्ता^{F}; ~ teeth अच्छे दाँत; ~people अच्छे लोग; ~ideas अच्छे विचार...

(8) Degress of comparison of adjectives, especially of irregular formation, are stated.

(9) Use of adjectives is shown with noun collocations in square brackets.

(10) Note that in Hindi, if an adjective in masculine ends in आ, as अच्छा, भला, पुराना,

it changes its आ to ए in masculine plural, and to ई in feminine singular as well as in feminine plural. Note the feminine nouns in Hindi are marked in the dictionary with diacritical F, except when की and an adjective in fem. ई is there to denote it. This is also the case with present and past particles, which, in fact, are adjectives, e.g. जलता मकान burning house, जला घर burnt house.

To clear some other points, *one more adjective*—

3. ***mad*** मैड 1. (insane) पागल (dog कुत्ता, man आदमी, woman औरत); he went ~ after the death of his son अपने बेटे की मृत्यु F के बाद वह ≈ हो गया . . . . . . 2. (very angry) अत्यंत क्रुद्ध, गुस्से. . . . . 3. (foolish) मूर्खतापूर्ण [desire इच्छा F, idea विचार plan योजना F, thing बात F] 4. (having a great liking) दीवाना, लट्टू : he is ~ after that girl वह उस लड़की पर ~ है.

(11) When a word has multiple meanings, each is given, where essential, first in English and then in Hindi. Mad has four meanings. And of course, their use in sentences is invariably shown.

Here is a verb.

4. ***hide*** हाइड **I.** *n*c. 1. खाल F . . . . **II.** *v.t.i. (hid, hidden)* छिपाना, छिपना, गुप्त रखना, गुप्त करना [badly बुरी तरह, completely पूर्ण रूप से, cunningly चालाकी F से, entirely पूरी तरह से, instantly जल्दी से, तुरंत. . . .].

(12) Verbs may be used as transitive or intransitive. To sleep सोना, to go जाना, to come आना and to bow झुकना, e.g., are intransitive (*v.i.*) and खाना to eat, लेना to take, सुलाना to make/cause one sleep, and देना to give, e.g., are transitive (*v.t.*). Hide and bend, as examples, are intransitive as well as transitive (*v.t.i.*).

(13) Irregular or strong forms of verbs are indicated after the grammatical label. Simple forms (walk, walked, walking) are shown in examples.

Lastly, an indeclinable.

5. **as** ऐज **I.** *adv* 1. उठना . . . . 2. जैसे . . . . . . 3. (in contexts)..... **II.** *prep.* 1. की तरह F..... के रूप में . . . . . . **III.** *conj.* 1. क्योंकि . . . . 2. जब . . . . 3. जैसे ही, ज्यों ही it is the same as above यह ऐसा ही है जैसा ऊपर, *as before* जैसा पहले, पहले की तरह F, all the members as *a body* सब सदस्य सामूहिक रूप से; I could not walk as far as the bus stand मैं बस अड्डे की दूरी तक न चल सका; *as for* my qualifications मेरी योग्यताओं के बारे में; the work was *as good as* finished काम लगभग समाप्त हो गया था; they acted as one man उन्होंने मिलकर काम किया; as a rule he was in time सामान्यत: वह समय पर आता है; come *as soon as* possible यथाशीघ्र जल्दी आना; *as to* my qualification मेरी योग्यताओं के बारे में; *as usual* the school is closed on Sunday सदा की तरह स्कूल इतवार को बंद रहता है; I shall go *as well* मै भी जाऊंगा; I am not quite well as yet मैं अभी ठीक नहीं हूँ-

(14) All idiomatic phrases and idioms printed in bold type are arranged in their alphabetical order. They are always illustrated in Hindi in appropriate sentences.

Meanings अर्थ

(15) The reader will find herein a full list of meanings of all the words which he needs: headwords, their collactions, derived words, compounds and idioms.

(16) Each such meaning is cleared by giving English equivalents as shown about 'mad' above.

(17) If the meaning is clear in simple Hindi or in usage, its equivalent in English is avoided.

(18) For a bilingual learner, it is important to note contrasts in the two languages under study.

Contrasts विपरीत प्रयोग

Some examples are given below—

at a distance दूरी[F] पर
at the expense of के खर्च पर
at the top चोटी[F] पर
at hand पास में
at length अंत में
at will इच्छा से
at the rate of की दर[F] से
at ease आराम से
at midnight आधी रात को
at noon दोपहर को
at daybreak तड़के
at last अंततः
not at all बिलकुल नहीं

at a stretch लगातार
at most अधिक से अधिक
—for के लिए
for ten rupees दस रुपये में
for Mr. H कृते श्री ह
—before is आगे, but
before two o'clock दो बजे से पहले
—by is से, but
by his side उसकी पहलू में
by two o'clock दो बजे तक
—to is को but
the way to his house उसके घर का रास्ता
went to London लंदन गया

Pronouns have no gender in Hindi. It is indicated in the verb used in a sentence, as

he goes वह जाता है
he went वह गया
he had gone वह गया था
I love him मैं उससे प्यार करता हूँ
I believe him मैं उस पर विश्वास करता हूँ
It is snowing बर्फ पड़ रही है

she goes वह जाती है
she went वह गई
she had gone वह गई थी.
I hate her मैं उससे घृणा करता हूँ
It is raining बारिश हो रही है

Honorific *pl.* for singular

पिताजी, आप दिल्ली कब जाएँगे Father, when will you go to Delhi? Use of जी, श्री, श्रीमान्, साहब entails verb or adjective (ending -आ) in plural : आप अब अच्छे हैं you are better now.

I feel hungry मुझे भूख लगी है

I feel feverish मुझे बुखार-सा लग रहा है

English has no causal form of verb, Hindi has :

किया कराया करवाया (करवाना to cause or to do)

सोना to sleep सुलाना to make (a child) sleep

I have to go मुझे जाना है.
he had to go उसे जाना था.
let me go मुझे जाने दो.

Hair, sheep etc. do not change in plural form. All words in Hindi do.

Negative form of a verb is split with do/did in the beginning.

In Hindi न/नहीं is adverb. Examples—
वह नहीं जाता he does not go
वह नहीं गया he did not go

Note the use of जाना in passive voice in Hindi, and 'to be' in English :

It was said यह कहा गया था.
Ram was arrested by the police राम पुलिस द्वारा पकड़ा गया.
I take meal मैं खाना खाता हूँ.
I take medicine मैं दवा खाता/पीता हूँ.
He takes after his father वह अपने बाप पर गया है.

Note the several meanings of निकलना to come out as expressed in English —

procession was taken out	जुलूस निकला
small pox erupted	चेचक निकली
new law was promulgated	नया कानून निकला
the chance slipped	अवसर निकल गया
eggs were hatched	अंडे निकले
two years passed	दो साल निकल गए
he died	उसकी जान निकल गई
the newspaper issued	अखबार निकला
get out	निकल जाओ
the prisoners escaped from the jail	कैदी जेल से निकल भागे

—Hardev Bahri

1 January 1999
10, Darbhanga Castle
Allahabad-211 002

भूमिका

कोशकला में एक भारी परिवर्तन हुआ है, जिससे शब्दकोशों का सम्पादन एक मौलिक सृजन में गिना जाने लगा है। कोशकार केवल शब्दों और अर्थों का संकलन नहीं करता, वह अपने ग्रंथ में बहुत कुछ अपने ज्ञान और अनुभव से भी जोड़ देता है। वह एक-एक शब्द को लेकर उसके अर्थ या नाना अर्थों का मंथन करता है, शब्द में कोई व्याकरणिक परिवर्तन होता है या व्युत्पन्न शब्द मिलता है, तो उसका अर्थ और प्रयोग भी बताता चलता है; उस शब्द के पर्याय, विलोम सब गिना देता है; और इस प्रकार किसी शब्द का पूरा भाषापन समझा देता है। यही शिक्षार्थी कोश की विशेषता है। शिक्षार्थी कोशकार किसी कवि या लेखक की तरह अर्थों को साकार और सजीव कर देता है।

अनेक शब्द बहुअर्थक होते हैं। नए-नए शब्द गढ़ना और फिर उन्हें प्रचारित करना बहुत कठिन कार्य है। शायद पंचाब्दी में एक-आध नया शब्द गढ़कर प्रचारित होता है, वह भी शिक्षित वर्ग में कम आ पाता है। शिक्षित वर्ग में वैज्ञानिक और विद्वान् कुछ अधिक शब्द गढ़ लेते हैं, पर उनका प्रचार नहीं हो पाता, अथवा एक सीमित क्षेत्र में ही हो पाता है। प्रायः वर्तमान शब्दों में ही हेर-फेर करके एक उपसर्ग, दो उपसर्ग, एक और उपसर्ग या प्रत्यय, और एक और प्रत्यय जोड़कर—यों शब्द का विस्तार करके—नए शब्दों की सृष्टि होती जाती है। अथवा, वर्तमान शब्दों ही के समास अथवा संक्षेपण और जोड़-तोड़ से शब्दों का निर्माण हो जाता है। कोशकार इन सब पर नज़र रखता है। brunch (breakfast + lunch), smog (smoke+fog) आदि ऐसे शब्द हाल ही में बने हैं।

परन्तु, इस प्रक्रिया का कुछ बहुत महत्व नहीं है। शब्दों को नए-नए अर्थ दे देना आसान है। Oxford Modern Dictionary (1992) में 50% शब्द अनेकार्थक हैं। good के 17 और fill के 13 अर्थ दिए हुए हैं। go के 50 और put, stand आदि क्रियाओं के अर्थ भी गिन लीजिए। बहुत-से शब्दों की व्याकरणिक कोटि भी बहुविध है। यह सारा पसारा Learner's Dictionary के लेखक-सम्पादक को वाक्यांश या पदबंध अथवा वाक्यों का प्रमाण देकर समझाना होता है। a अंग्रेज़ी शब्दकोश का पहला ही शब्द है। पाठक शायद इतना तो जानता है कि इसका अर्थ है 'एक'। परन्तु इसके चार अर्थ हैं—0, कोई, एक और प्रति। 'प्रति' तो अच्छे-अच्छे विद्यार्थी नहीं जान पाते, लेकिन जब उदाहरण देकर बताया जाए—he earns 60 rupees a day—वह साठ रुपए प्रति दिन कमाता है, तो उसे विश्वास हो जाता है। अर्थ का इस ढंग से विश्वास दिला देना ही शिक्षार्थी शब्दकोश का कार्य है। present के संज्ञा और विशेषण में तीन-तीन और क्रिया में ग्यारह अर्थ दिए गए हैं। इन सबके उदाहरण-सहित

प्रयोग स्पष्ट करना इसका कर्तव्य है।

जापान की Institute for Research in English Teaching में तीन अंग्रेज़ अध्यापक काम करते थे। उन्हें कुछ युवकों के लिए अंग्रेज़ी का एक द्रुत पाठ्यक्रम तैयार करना था। उन्हें अनुभव से लगा कि शब्दों का प्रयोग सिखाए बिना भाषा में दक्षता प्राप्त नहीं होती। तब उन्होंने एक छोटा-सा व्यावहारिक कोश तैयार किया। इस कोश के आधार पर अन्य देशों में अपनी-अपनी भाषा के प्रयोग कोश प्रकाशित होने लगे। सबसे महत्वपूर्ण कार्य इंग्लैंड और सोवियत रूस में हुआ। 1948 में ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने एक Elementary Learner's English Dictionary का और फिर Advanced Learner's Dictionary का प्रकाशन किया। दोनों कोशों का भरपूर प्रचार हुआ। इनके परिवर्धित संस्करण वर्ष प्रतिवर्ष प्रकाश में आते रहते हैं। अब तो लांगमैन, चैम्बर्स, कालिन्स आदि अनेक प्रकाशकों ने शिक्षार्थी कोश प्रकाशित कर दिए हैं। सबसे अधिक माँग इन्हीं कोशों की है।

1966-67 में मुझे सोवियत रूस के एक रूसी-हिन्दी शब्दकोश के सम्पादन में सहायता करने के लिए मास्को में रहना पड़ा। तब मैंने इस विधा का अध्ययन किया। भारत लौटकर मैं किन्हीं भाषावैज्ञानिक कार्यों में और घर-गृहस्थी के झंझटों में फँसा रहा। 1970 में मेरे ज्येष्ठ पुत्र, देवेन्द्र का कार-दुर्घटना में देहान्त हो गया। इस सदमे से मैं वर्षों सँभल नहीं सका। महात्मा आनंदस्वामी मुझे न उबारते तो मैं आज से बहुत पहले ही ख़त्म हो गया होता। वे मेरे पास रहकर अनुप्रेरित और प्रोत्साहित करते रहे। पुनः सुध-बुध सँभालने पर और स्वस्थचित्त होकर 'शिक्षार्थी हिन्दी-अंग्रेज़ी शब्दकोश' लिख डाला जिसे इस कोश के ही प्रकाशक, राजपाल एंड सन्ज़ ने 1982 में प्रकाशित किया। इन 16 वर्षों में उसके 18 संस्करण हो चुके हैं। इससे प्रोत्साहित होकर मैंने प्रस्तुत कोश का लेखन-संपादन किया है। इसमें शब्द संख्या ही नहीं, अर्थों की छटाएँ भी अधिक हैं। अनुभव भी अधिक प्रौढ़ हुआ है और साधन भी भरपूर जुट गए हैं। पाठक ही इसका मूल्यांकन करें।

II
प्रविष्टियों का क्रम

शब्दकोश का मुख्य अवयव है शब्द। नाम से ही है शब्दों का कोष। ऋग्वेद के वाक् सूक्त में अनेक पर्यायवाची शब्द एक-एक मंत्र में एकत्रित मिलते हैं। 'अमरकोश' इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। हिन्दी कोशों के इतिहास में भी पहले ऐसे ही कोश थे—नाममालाएँ, धातुपाठ इत्यादि। अंग्रेजी पद्धति से हमारी जानकारी होने लगी तो इस कला में परिवर्तन हुआ और शब्दों को अकारादि क्रम से संजोकर साथ-साथ अर्थ दिए जाने लगे, मुख्य-मुख्य व्याकरणिक शब्दभेद के संकेत भी—सं. (संज्ञा), वि. (विशेषण),

क्रि. (क्रिया), सर्व. (सर्वनाम) और अ. (अव्यय)—बस, इतना भर। आज भी अव्यय के भेद कई कोशों में नहीं दिए जा रहे। राजपाल एंड सन्ज़ द्वारा प्रकाशित हमारे कोशों में कुछ अतिरिक्त जानकारियाँ हैं। यहाँ इस कोश में कुछ और भी जोड़ा गया है जिसका उल्लेख आगे चलकर किया जा रहा है।

1. शब्द-चयन

ध्यान रहे कि यह शिक्षार्थी शब्दकोश है, उनके लिए जो थोड़ी बहुत अंग्रेज़ी और हिन्दी पढ़ सकते हैं और दोनों भाषाओं को और आगे सीखना चाहते हैं। अतः इस कोश की अपनी सीमाएँ हैं। इसमें न पूरे शब्द दिए जा सकते हैं, न पूरे अर्थ ही। शब्दों का चयन भाषा में उनकी बारंबारता के क्रम से किया गया है। थार्नडाइक ने ऐसे ही अपनी कोश गणना करके पहले एक हज़ार बहुप्रचलित शब्दों की, दूसरे एक हज़ार कुछ कम प्रचलित शब्दों की, फिर तीसरी से दसवीं तक बारंबारता के क्रम के शब्दों की सूची बना रखी है। अधिक उच्चतर शब्दावली की कई जूनियर-सीनियर इंग्लिश डिक्शनरियों में विद्यार्थियों के स्तर के शब्द संगृहीत हैं। हमने इन्हीं स्रोतों से शिक्षार्थियों के स्तर के लगभग 16,000 शब्दों का संकलन करके इस शब्दकोश की सामग्री तैयार की है।

पुराने कोशों में सब शब्द बड़े अक्षर (capital letters) से आरम्भ किए जाते थे। आधुनिक अंग्रेज़ी कोशों में ऐसा नहीं है; अब केवल व्यक्तिवाचक संज्ञाओं और उनसे व्युत्पन्न शब्दों ही के आदि में बड़ा अक्षर रहता है, शेष सब शब्दों में छोटा अक्षर रहता है। यही पद्धति आप इस शब्दकोश में देखेंगे।

मुख्य शब्द काले (bold) टाइप में और पैराग्राफ़ के बाहर निकला रहता है, जिससे पूरे पृष्ठ के नए शब्द एक दृष्टि में अलग-अलग दिखाई देते हैं। व्युत्पन्न शब्द और मुहावरे पेटे में दिए गए हैं और वे भी काले टाइप में हैं।

2. उच्चारण और वर्तनी

मुख्य शब्द के उपरांत उसका उच्चारण देवनागरी अक्षरों में दिया गया है। उच्चारण की शुद्धता जितनी संभव हो, हमारे परिश्रम का विशिष्ट अंग रही है। देवनागरी लिपि अन्य प्रकार की लिपियों की अपेक्षा अधिक वैज्ञानिक और उपयुक्त है, और आसान भी है। इसमें सब ध्वनियाँ आ जाती हैं, और इसमें थोड़े से अतिरिक्त चिह्न जोड़कर किसी भी भाषा का उच्चारण शुद्ध रूप में अंकित किया जा सकता है।

हमने अंग्रेज़ी शब्द की वर्तनी मुख्यतः ब्रिटिश इंग्लिश के अनुरूप रखी, इसे Oxford Modern Dictionary और Longman's Dictionary of Contemporary English से लिया है। अमरीकन वर्तनी को यथास्थान कोष्ठक में बता दिया है।

इस विषय की किंचित विस्तृत चर्चा अगले खंडों में की गई है।

3. व्याकरण

व्याकरणिक शब्दभेद इटैलिक टाइप में हैं जिनका संक्षेप निम्नलिखित रूप में किया गया है–

n. noun, संज्ञा

n^c noun countable, अर्थात् इस शब्द का बहुवचन हो सकता है।

n^u noun uncountable, अर्थात इस शब्द का बहुवचन नहीं होता।

n^{cu} noun countable in some senses and uncountable in some others.

a. adjective

a. *(no com. sup.)* adjective which can have no comparative and superlative forms,

vi. verb intransitive

vt. verb transitive

v.t.i. verb which can he used both transitively and intransitively.

adv. adverb

conj. conjunction

prep. preposition

conj. conjunction

You will note what new grammatical categories we have added.

4. और इसके प्रयोग और उदाहरण सहित शब्दों के नाना अर्थ हैं, जो शिक्षार्थी कोश के अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग हैं। इसीलिए उनकी चर्चा बाद में की गई है। देखिए प्रकरण IV।

III
उच्चारण और वर्तनी
(क) अंग्रेज़ी

अंग्रेज़ी भाषा का उच्चारण बहुत अटपटा है। थोड़े से नियम तो हैं, क्योंकि कोई भाषा अनियमित नहीं होती। मूल अवस्था में भाषा एक ढर्रे पर चलती है, परन्तु जब युग बदलते हैं, तो भाषा भी अवश्य बदलती है, विशेष करके उच्चारित भाषा। उच्चारण बदलता जाता है, परंतु वर्तनी या अक्षर नहीं बदलते। उदाहरणस्वरूप, soldier में अथवा graduate में, ज ध्वनि मूलतः नहीं थी। इसी प्रकार cough, rough में gh का फ़ उच्चारण किसी बाद के युग में आया। debt और comb में b का लोप कभी

मुखसुख के नाते हो गया। c का उच्चारण कभी एक ही था, क; k तो प्रायः उधार के शब्दों में पाया जाता था। celt का उच्चारण आज भी कैल्ट है, भले ही बाद में स उच्चारण करने का नियम बन गया। ae की वर्तनी e में बदल रही है, जैसे archaeology → archeology, orthopaedics → orthopedics, कल इसका उच्चारण आर्कआलोजी और आर्थोपेडिक्स होने लगेगा।

वैज्ञानिकता की दृष्टि से एक वर्ण चिह्न की एक ध्वनि, और एक ध्वनि एक ही चिह्न होना चाहिए, जैसे संस्कृत में है। हिन्दी में भी कुछ अनियमितताएँ हैं अवश्य, जैसे अ स्वरसहित व्यंजन का, कर्ता और करता उच्चारण एक-सा है। मिलना = मिल्ना है, अंग्रेज़ी और अंगरेज़ी दोनों ठीक हैं। श ष की ध्वनि एक-सी हो गई है, भले ही वर्तनी में दोनों चल रहे हैं। ऋ अब स्वर नहीं रह गया। ओ का उच्चारण मूलतः अउ, और ऐ का अइ। बाद में यह हुआ कि संस्कृत शब्दों में अइ और हिन्दी शब्दों में औ, ऐ (संयुक्त स्वर नहीं) चलता था, अब सुनते हैं दोनों भाषाओं में एकस्वरता आ गई है—अब ये संयुक्त स्वर नहीं, सामान्य दीर्घ स्वर हो गए हैं। लगता है कि व की जगह ब, श ष की जगह स व्याप्त हो जाएगा।

परन्तु, अंग्रेज़ी में बहुत अधिक जटिलता आ गई है। सैकड़ों शब्द ऐसे हैं जिनकी वर्तनी प्राचीन युग से सुरक्षित है, पर उच्चारण बदल गया है।

उदाहरणस्वरूप, निम्नलिखित शब्दों में किसी अक्षर का लोप होने से—

ब	bomb बॉम, debt डेट	c	victual विटल
e	money मनि	h	ghost गोस्ट honour ऑनर
k	know नो, knuckle नकल	l	palm, balm पॉम, बाम
n	condemn कॉनडेम	w	write राइट

h और r धीरे-धीरे स्वर हो रहे हैं, उनका व्यंजनत्व समाप्तप्राय है। द्वित्व व्यंजन वर्तनी में तो प्रचलित है, पर उच्चारण द्वित्व नहीं होता। इसके सैकड़ों उदाहरण हैं—

babble, succour, sudden, suffer, beggar, bell, common, dinner, supper, curry, guess, little

निम्नलिखित में अक्षर एक, परन्तु उच्चारण की ध्वनियाँ अनेक हैं—

a—bat, farm, frame, call, fear

e—pen, scene

u—but, put, build, busy, fuse

y—busy, reply

o—go, got, govern

s—sit, is, vision

ch—chip, cholera, chagrin

निम्नलिखित में उच्चारणगत ध्वनि एक है और उसके लिए अक्षर अनेक हैं—

ज—j, dg, dj, ge, gi, di, du; as in jet, judge, gem, gist, soldier, educate

फ़—f, ph, gh; as in full, phrase, cough.

क—c, k, ch; as in cat, kite, cholera

स—s, ce, ci; as in sit, cell, circle

निम्नलिखित शब्दों में अक्षर तो एक से हैं, परन्तु उनका उच्चारण कितना भिन्न है—

gh—tough, enough, cough—फ़
though, through—0, शून्य

th— thing, bath, thank—थ
then, this, wither—द
Thomas, Thames—ट

Z— pizza, prize—ज़
azure—य

Nazi—त्ज़, त्स

निम्नलिखित शब्दों में मानो स्वरों का कोई मूल्य नहीं रह गया :
colonel (कर्नल), quay (की)

आदि, आदि

इस तथ्य को बहुत कम लोग जानते हैं कि अंग्रेज़ी की K P T ध्वनियाँ हमारी क प ट ध्वनियों से भिन्न हैं। उनमें थोड़ा महाप्राणत्व है जिसे हम महसूस नहीं कर पाते। अंग्रेज़ी s में थोड़ी सीत्कार है, उसका d हमारे ड और ज के बीच का व्यंजन है, f और z हमारी वर्णमाला में कोई स्थान नहीं रखते। थोड़ी-बहुत अंग्रेज़ी जानने वाले और देसी स्कूलों में पढ़े अनेकानेक लोग इनका उच्चारण क्रमशः फ और ज करते हैं। अंग्रेज़ी स्वर ध्वनियाँ हिन्दी ध्वनियों की अपेक्षा कुछ ह्रस्व और संवृत हैं।

कुल मिलाकर, कहना पड़ता है कि अंग्रेज़ी उच्चारण मुख्यतः देवनागरी अक्षरों में अंतरित करना संभव नहीं है। फिर भी मोटे तौर पर इन ध्वनि-चिह्नों से उस भाषा की सुबोधता में बहुत व्यवधान नहीं पड़ता, देवनागरी वर्णमाला से काम चल जाता है।

(ख) अंग्रेज़ी से देवनागरी में उच्चारण की कुंजी

(क) Vowels

स्वर		मात्रा		स्वर		मात्रा	
A	अ		up अप, gun गन	i	इ	ि	ill इल, mill मिल
ae	ऐ	ॆ	at ऐट, bat बैट	i:	ई	ी	eat ईट, meat मीट
a:	आ	ा	after आफ़्टर, bath बाथ	o	ऑ	ॉ	on ऑन, cot कॉट

				u	उ	ु	umlaut उमलउट, book बुक
e	ऍ	ॅ	end एन्ड, bell बैल	u:	ऊ	ू	ooze ऊज़, boot बूट

(matra is inherent in अ)

(ख) Diphthongs स्वरगुच्छ

ai	अइ	ice आइस, mice माइस
ou	अउ	ounce अउन्स, south साउथ
ei	ऍइ	eighth ऍइट्थ, mate मॆॅट
ia	इअ	ear इअर, fear फ़िअर
oi	ऑइ	oil ऑइल, boil बॉइल
ua	उअ	sure शुअर
ou	ओ	owe ओ, coat कोट

(ग) Consonants व्यंजन

b	ब	बैन	p	प	pen
d	ड	don	r	र	run
δ	द	then	s	स	son
θ	थ	thin	t	ट	ten
f	फ़	fun	v	व़	van
g	ग	gun	w	व	when
h	हे	hen	x	क्स्	box
dʒ	ज	judge	y	य	yes
k	क	kin	;	श	shin
l	ल	line	t ;	च	chain
m	म	mine	z	ज़	zone
n	न	nun	j	य़	measure
ṇ	ङ	song			

(घ) Consonant Clusters व्यंजन-गुच्छ

bl	ब्ल	blow	pr	प्र	praise
br	ब्र	brave	sc	स्क	scar
cl	क्ल	close	sl	स्ल	slow
cr	क्र	cream	sm	स्म	small

dr	ड्र	dream	sn	स्न	snow
fl	फ़्ल	floor	sp	स्प	spin
fr	फ़्र	frame	squ	स्क्व	square
gl	ग्ल	glow	st	स्ट	stage
gr	ग्र	great	sw	स्व	switch
pl	प्ल	plain	tr	ट्र	train

(ग) देवनागरी वर्णमाला

Vowels स्वर

short	(ह्रस्व)	long	(दीर्घ)
अ	a	आ	ए
इ	i	ई	ऐ
उ	u	ऊ	ओ
ऋ	ri	—	औ

(नोट : Consonants व्यंजन का चार्ट अगले पृष्ठ पर देखें।)

टिप्पणियाँ :

1. ञ, ङ का व्यवहार हिन्दी में अब प्रायः नहीं होता।
2. ड़ ढ़ ण शब्द के आदि में नहीं आते।
3. ऐसे शब्द जिनके मध्य या अन्त में उ हो, बहुत कम हैं।
4. विदेशी पाठकों को महाप्राण ध्वनियों का उच्चारण विशेष प्रयत्न से सीखना चाहिए।
5. क़, ख़, ग़, ज़, फ़ are used in Arabic and Persian words, and ज़ फ़ in English words, and that too by educated people.

glossary—अघोष =voiceless, अल्पप्राण = unaspirated

नासिक्य = nasal, etc.

abbreviations—cer = cerebral; s.p. = soft palate; pal = palatal; d. = dental; d.l. = labio-dental; l. = labial;

Consonant Clusters व्यंजन गुच्छ

1. पहले आने वाले व्यंजन की पाई (ा) हट जाती है, ऐसे वर्ण 21 हैं–ख्, ग्, घ्, च्, ज्, झ्, ण्, त्, थ्, ध्, न्, प्, ब्, भ्, म्, य्, ल्, श्, ष्, स्

2. व्यंजन के नीचे हल् चिह्न लगाने से भी वह आधा माना जाता है, जैसे सत्कार।

3. ङ छ ट ठ ड ढ ड़ ढ़ द ह में पाई नहीं है। इनको आधा करने के लिए या तो हल् चिह्न लगाते हैं या दूसरे व्यंजन को उनके पैरों में जोड़ देते हैं, जैसे–अड्डा, अड्डा। हृ, ह्य, ह्म और भद्दा, वृद्ध, विद्या, पद्म का रूप भी देखिए।

Consonants classified वर्गीकृत व्यंजन

स्पर्श							स्पर्श संघर्षी		नासिक्य		लुंठित	पर्श्विक	उंत्क्षिप्त		संघर्षी		अंतःस्थ
स्पर्श	अघोष		सघोष		अघोष		सघोष		सघोष		सघोष	सघोष	सघोष		अघोष	सघोष	सघोष
प्राण	अल्प	महा	अल्प	महा	अल्प	महा	अल्प	महा	अल्प	महा			अल्प	महा			
स्थान															ह		
कोमल तालु p.p	क	ख	ग	घ					ङ						ख़	ग़	
तालु pal					च	छ	ज	झ	ञ						श		य
मूर्धा cer.	ट	ठ	ड	ढ					ण		र		ङ	ढ़	ष		
वर्त्स									न	न्ह		ल			स	ज़	
दन्त	त	थ	द	ध													
दन्तोष्ठ d.l															फ़		व
ओष्ठ l.	प	फ							म	म्ह							व़

4. क झ और फ का अंकुड़ा थोड़ा कट जाता है, जैसे क्लास, दफ्तर आदि में।

5. र यदि संयोग में पहला व्यंजन हो तो अगले अक्षर (syllable) के सिर पर लिखा जाता है, जैसे–कर्ता। और यदि दूसरा हो तो पहले व्यंजन के पैर में लिखा जाता है–जैसे ड्रामा, ह्रस्व, दरिद्र में।

6. नासिका व्यंजन यदि पहले अंग में प्रयुक्त हों, तो अपने ही उच्चारण-स्थान के साथी के साथ लिखे जाते हैं, जैसे सन्त, मङ्गल, कण्ठ, पम्प। अब इनके स्थान पर अनुस्वार का प्रचलन है।

घ. बलाघात

अंग्रेज़ी भाषा में बलाघात (stress accent) का बड़ा महत्व है। इसके हेरफेर से शब्दों के अर्थ परिवर्तित हो जाते हैं, उनकी व्याकरणिक कोटि बदल जाती है, और कई स्थितियों में वक्ता की बात भी समझ में नहीं आती। दो सरल से शब्द हैं–absent और present। सामान्य पाठक जानते हैं कि इनका अर्थ है–अनुपस्थित/ग़ैरहाज़िर और उपस्थित/हाज़िर। ऐसे में ab' अक्षर (syllable) पर और क्रमशः pre' पर बल है। इस कोश में अक्षर के बाद बलाघात-चिह्न दिया गया है। absent और present के एक-एक अर्थ क्रिया में भी हैं–अनुपस्थित होना और पेश/प्रस्तुत करना। परन्तु, तब sent' पर बल पड़ेगा–अन्यथा अंग्रेज़ी अंग्रेज़ी नहीं रह जाएगी। शुद्ध अंग्रेज़ी उच्चारण का कोशों में बहुत सावधानी से अंकन करना पड़ता है।

हम भारतीय अंग्रेज़ों के सम्पर्क में न रहने के कारण अशुद्ध उच्चारण करने लगे हैं, जैसे–

psychology	साइकोलॉजी–शुद्ध साइको'लॅजी
expression	इक्स' प्रे' शन–शुद्ध इक्स'प्रे'शन
beautiful	ब्यूटिफ़ुल'–शुद्ध ब्यू'टिफुल
beautification	ब्यूटिफ़िकेशन–शुद्ध ब्यूटिफ़िके'शन
monopoly	मोनोपोली–शुद्ध मनॉ'पलि

एकाक्षरी शब्दों में ऐसा प्रश्न ही नहीं उठता, किंतु अनेकाक्षरी शब्दों में इसका ध्यान रखना चाहिए। इस कोश में सभी ऐसे शब्दों की ब्रिटिश-इंग्लिश प्रणाली को अपनाया है। उन्हीं कोशों से लेकर नागरी लिपि में उतारा है।

IV
अर्थ

द्विभाषी कोश लिखना और वह भी उन दो भाषाओं का जिनकी संस्कृतियों में इतना भारी अंतर है, एक अत्यन्त कठिन कार्य है। इसलिए कि भाषा किसी देश की संस्कृति

और विचारधारा का दर्पण ही होती है, वह उन संस्कारों और मान्यताओं का रिकार्ड होती है जो उस देश ने युग-युग से सँजो रखे हैं। दो भाषाओं के अनेक तत्व सामान्य भी हो सकते हैं, और विषम भी। 'आहार, निद्रा, भय, मैथुनं च। सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्', इसलिए जो मनुष्य का पशुत्व है, उससे सम्बद्ध भाषा और उसके अंग (शब्द, पदबंध, वाक्यादि) विश्वव्यापी हो सकते हैं। खाना-पीना, सोना-जागना, जीना-मरना, खेलना-कूदना, लड़ना-झगड़ना, डरना-डराना, बैठना-उठना आदि जीव-जगत के व्यापारों के शब्द सभी भाषाओं में होते हैं, और उनका भाषांतर करना भी सरल होता है। इसी प्रकार घर-गृहस्थी के बहुत से सामान सब घरों में होते हैं, कहीं कम, कहीं अधिक। सरदी, गरमी सबको सताती है; बच्चे, जवान, बूढ़े सभी देशों में होते हैं। प्राकृतिक घटनाएँ सब देशों में होती हैं, कहीं थोड़ी, कहीं बहुत—जैसे, बारिश, सूखा आदि। इन तत्वों से संबद्ध शब्दावली में समानता होती है, इस दृष्टि से कि उनका अनुवाद अपनी-अपनी भाषा में हो जाता है। शरीर के अंगों के लिए सब भाषाओं में शब्द हैं। यह भाषा की विश्वव्यापकता है।

परन्तु, इसमें मनुष्य ने जो कुछ जोड़ा है, वह उसका सांस्कृतिक विकास है। मामूली घरौंदे की बनावट हो, चाहे राजमहल की; बिना पहिया स्लेज हो, चाहे वायुयान; कपड़े हों, चाहे खाने-पीने की अनेक वस्तुएँ; छोटे-छोटे यंत्र हों, चाहे बहुत बड़े-बड़े; सबके लिए विशिष्ट शब्दावली है, जिसका प्रायः पर्याय नहीं मिलता।

विदेशी शासन-काल में विदेशी भाषा का प्रभाव अवश्य पड़ता है। मध्यकाल में हिन्दी पर अरबी-फ़ारसी का इतना दबदबा रहा कि लगभग दो हज़ार अरबी-फ़ारसी के शब्द हिन्दी के ही हो गए हैं। अब उनमें से कुछ कम हो रहे हैं। अंग्रेज़ी राज में और उसके बाद भी, अंग्रेज़ी भाषा का प्रभाव बहुत व्यापक रहा है, और हमारे शब्दकोशों में अनेक शब्द जुड़ते रहे हैं। अरबी-फ़ारसी शब्दों की अपेक्षा इनकी संख्या कई गुना अधिक है। भारतीय जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इनका प्रवेश हुआ है और हो रहा है। अपने घर में ही निगाह दौड़ाइए—किचन, ड्राइंगरूम, बाथरूम या बैडरूम जैसी कितनी वस्तुओं के नाम अंग्रेज़ी में हैं। अपनी देह पर देखिए। किसी कार्यालय, बाज़ार, अस्पताल, स्कूल-कालेज अथवा विश्वविद्यालय में जाकर देखिए, खेल का मैदान देख आइए...भरपूर अंग्रेज़ी शब्दभंडार पाएँगे। और सैकड़ों शब्द ऐसे हैं जिनका अनुवाद नहीं हो सकता। पश्चिमी संस्कृति के साथ और इस मशीनी युग की अपनी प्रकृति के कारण ऐसे शब्द ढेरों की संख्या में आमफ़हम हो गए हैं। कुछ का अनुवाद हिन्दी में हुआ है पर बहुत कम ऐसे हैं जिनके पर्याय संस्कृत के उपसर्गों और प्रत्ययों की सम्पन्नता के कारण बने तो हैं, पर आम लोगों के गले से उतरे नहीं और कोशों में ही पड़े हुए हैं।

कहने का तात्पर्य यह है कि इतिहास साक्षी है कि जिस संस्कृति की शक्ति अधिक होती है, उसकी भाषा की व्याप्ति भी अधिक होती है। कोशकार को आनेवाले शब्दों और उनके अर्थों पर, एवं अपने शब्दों और अर्थों की जीवन लीला पर ध्यान

रखना चाहिए।

ऊपर की विस्तृत चर्चा का संदर्भ यह भी है कि जब वर्तमान काल में अंग्रेज़ी का ज़ोर बढ़ता जा रहा है, तो उसकी शिक्षा का भी अच्छा प्रबंध होना चाहिए। इतना समझ लें कि द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेज़ी का अब सारे देश में बोलबाला है। इसी उद्देश्य से यह 'अंग्रेज़ी-हिन्दी शिक्षार्थी कोश' लिखा गया है।

इसके सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं अर्थ। शब्द मिलकर यदि भाषा के शरीर का गठन करते हैं तो अर्थ उसकी आत्मा हैं। आत्मा के बिना शरीर निर्जीव है, मुर्दा है। लोग कोश में किसी शब्द का अर्थ ही तो देखने के लिए उसका उपयोग करते हैं। अतः हमने इस कोश के स्टैंडर्ड के अनुसार अर्थों का चयन भी बारंबारता के आधार पर किया है। अर्थ की महत्ता को समझते हुए ही इसके 11-12 सौ पृष्ठों में लगभग 16,000 शब्द हैं जो औसतन 12 शब्द प्रतिपृष्ठ रहते हैं। ऐसा क्यों ?

जैसा कि पहले कहा गया है, शिक्षार्थी कोश का उद्देश्य है—भाषा सिखा देना, और द्विभाषी शिक्षार्थी कोश अपने ऊपर और अधिक भार ले लेता है, दो भाषाएँ सिखा देने का। अर्थात् वह उसे दो भाषाओं की बृहत् पाठ्यपुस्तक बना देता है, जो भाषाविज्ञान और शिक्षणशास्त्र द्वारा संपुष्ट आधारों पर प्रणीत होती है। वह शब्द के एक-एक अर्थ को लेकर उदाहरणों द्वारा पाठक के मन में बिठा देता है। जब तक उस शब्द को अन्य शब्दों अथवा/ और पदबंधों तथा वाक्यों द्वारा प्रमाणित न कर दिया जाए, तब तक पाठक को विश्वास नहीं हो पाता कि यही अर्थ सचमुच सही है।

a एक छोटा-सा शब्द है। इसके चार अर्थ हैं—(1) एक (2) कोई (3) शून्य (हिन्दी में कभी-कभी इसका अनुवाद नहीं भी होता), और (4) प्रति। आप शायद पहला ही अर्थ जानते हैं। आप किसी पुस्तक-विक्रेता की दुकान पर जाते हैं और कहते हैं—Give me a book on hygeine यहाँ 'एक'-दो का सवाल नहीं है; अर्थ है—इस विषय पर 'कोई' किताब दे दें। And he was a very great thinker और वे बहुत बड़े विचारक थे, इसमें a का अनुवाद करने की आवश्यकता नहीं है। किन्तु प्रति भी ? हाँ हाँ। He earns fifty rupees a day वह पचास रुपए प्रतिदिन कमाता है। बैठा न इन चार अर्थों पर विश्वास !

act और interest की दो-दो व्याकरणिक कोटियाँ (क्रिया *v*, और संज्ञा n^c .) एवं एक-एक कोटि के अंतर्गत अनेक अर्थ। देखिए इस कोश के अंदर और प्रयोग द्वारा समझिए। इस तरह के अन्य प्रयोग अभ्यासार्थ कीजिए।

हम इस बात को दोहराना चाहते हैं कि किसी शब्द का सटीक अर्थ देकर उसका सटीक प्रयोग भी सिखा देना, वर्तमान काल के शब्दकोश, विशेषतया इस प्रकार के द्विभाषी कोश, का अनिवार्य कर्तव्य है। वाक्य भाषा की सार्थक इकाई है और कभी वाक्यखंड या पदबंध (phrase) भी वाक्य का काम दे जाता है। केवल शब्द अमूर्त होता है। उसके साथ ज्यों-ज्यों अन्य साथी तत्व जुड़ते जाते हैं, उसकी मूर्ति

निखरती जाती है। 'तार' का अपने में कोई अर्थ नहीं है। यह शब्द सुनकर आपके मन में आया 'धातु का तार', उनके मन में 'गुड़ की चाशनी का तार', किसी तीसरे व्यक्ति के मन में टेलीग्राम, इत्यादि। लेकिन जब कहा जाए—तार घर से आया, तो अर्थ सीमित होकर स्पष्ट होता है। एक और सीमा लगा देने से 'लड़के के पास होने का तारघर से तार'—तो चित्र अधिक स्पष्ट हो जाता है, और फिर जोड़ दें 'मेरे पास आया था, पुनः ...कल आया था' तो बात और अधिक स्पष्ट हो जाती है। अतः प्रयोग जानने और करने के सिवाय भाषा की शिक्षा का कोई उपाय नहीं है।

अर्थ के लिए यदि लक्ष्यभाषा में कोई पर्याय नहीं मिलता तो वर्णनात्मक अर्थ दे दिया जाता है, परंतु ऐसा अर्थ देना जिससे मन में कल्पना ही न बने, कोई चित्र (image) ही न उभरे, बेकार है। आज भी हम कोशों में ऐसे अर्थ पा रहे हैं—एक प्रकार का फूल, एक प्रकार का जीव, आदि। उसके साथ देश, काल, उसके परिवार, रंग-रूप बता दें तो वह शब्द मूर्तिमान् हो जाएगा।

अंग्रेज़ी-हिन्दी शिक्षार्थी की एक भारी समस्या यह है कि इन दोनों भाषाओं में अभिव्यक्ति या शैली का इतना अन्तर हो जाता है कि शिक्षार्थी को दिक़्क़त होती है। ऐसी व्यतिरेकी अभिव्यक्तियों का कोई कोश नहीं है। किंतु इस पुस्तक में इनके बहुत उदाहरण मिलेंगे। वे भरपूर तो नहीं हैं, पर इस स्थिति में पर्याप्त हैं। दो देशों की भिन्न विचारधारा का ये प्रमाण हैं। केवल उदाहरण ही इस भूमिका में दिए जा सकते हैं।

तुलना कीजिए

1.

English	**Hindi**	**English** and **Hindi**
at the top	चोटी पर	for a day एक दिन के लिए
at hand	पास में	for ten rupees दस रुपए में
at will	इच्छा से	for Secretary कृते सचिव
at the rate of	की दर से	before him उसके आगे
at ease	आराम से	before ten o'clock बारह बजे से पहले
at noon	दोपहर को	by God परमात्मा की क़सम
at daybreak	तड़के	by his side उसके पहलू में
at a stretch	लगातार	by two o'clock दो बजे से पहले
not at all	बिल्कुल नहीं	the way to his house उसके घर का रास्ता
at last	अंततः	went to London लंदन गया
at most	अधिक-से-अधिक	

2. हिन्दी में definite और indefinite articles नहीं हैं। इन्हें छोड़ दिया जाता है अथवा 'वह/वही' और 'एक' से काम चलाया जाता है।

3. हिन्दी सर्वनाम में लिंगभेद नहीं है। यह भेद क्रिया में लिंगभेद करने से स्पष्ट होता

है; जैसे–

मैं (masc.) जाता हूँ–मैं (fem.) जाती हूँ

वह (masc.) गया था–वह (fem.) गई थी

तू (masc.) आया होगा–तू (fem.) आई होगी

4. यदि क्रिया पु. में अकारान्त या (बहुव.) एकारान्त हो, तो संदिग्धता बनी रहती है और उस प्रसंग से ही अर्थ स्पष्ट होता है, जैसे–

वह जाए–he may go, she may go

वह बीमार है–he is ill, she is ill

अब इसे कर लो–now do it (you boy or you girl)

5. अंग्रेजी में सम्मानार्थक बहुवचन नहीं होता। उदाहरण–

Father has come	पिताजी आ गए हैं
our teacher was on leave	हमारे अध्यापक या गुरुजी छुट्टी पर थे
आप कल यहाँ नहीं थे	you were not here yesterday

अंग्रेज़ी में भी अब 'thou' नहीं है और you बहुवचन में प्रचलित होता है। परंतु you के पुरुष या स्त्री के प्रति सम्मान दिखाने में आप का प्रयोग किया जाता है, और तुम का साधारण you के अर्थ में।

6. अंग्रेज़ी में प्रेरणार्थक क्रिया का निर्माण make one do, cause one to get it done आदि पदबंधों से किया जाता है, हिन्दी में पढ़ा से पढ़ाया, पढ़वाया आदि रूप बहुत सटीक और वैज्ञानिक हैं।

7. अंग्रेज़ी में क्रिया का निषेधात्मक स्वरूप do not, did not, will not , shall not, has not आदि से बनता है, हिन्दी में सीधे क्रियाविशेषण मानकर होता है, जैसे–

he will not go	वह नहीं जाएगा
she does not work	वह काम नहीं करती
you have not done it	तुमने यह नहीं किया है

8. अंग्रेज़ी का कर्मवाच्य 'be' के रूपों से बनता है, हिन्दी का 'जा' क्रिया से। जैसे–

it is done like this	यह ऐसे किया **जाता** है
he has been cheated	उसे धोखा दिया **गया** है

9. The following contrasts are notable—

I love him	मैं **उससे** प्यार करता हूँ
She hates her	वह **उससे** घृणा करती है
I believed him	मैंने **उसपर** विश्वास किया
I feel hungry	मुझे भूख **लगी** है
I feel feverish	मुझे **लगता** है बुख़ार है

I have to go	**मुझे** जाना है
let me go	**मुझे** जाने दीजिए
I take tea	मैं चाय **पीता** हूँ
He takes meal	वह खाना **खाता** है
It is snowing	बर्फ़ **पड़ रही** है
It is raining	बारिश हो रही है
There is no hope	कोई आशा नहीं है
I feel sleepy	मुझे नींद आ रही है
Please come in	
(or only) come in	भीतर पधारिए

संपूर्ण रूपरेखा

इस कोश का पारायण आरम्भ करने से पहले पाठक इसकी रूपरेखा को अच्छी तरह समझ लें। उदाहरण-स्वरूप हम एक संज्ञा, दो विशेषण और एक क्रिया को अंशों में उद्धृत कर रहे हैं, जिससे प्रक्रिया स्पष्ट हो सकेगी।

संज्ञा

colour (Am. color) क'लर **I** *n*ᶜ 1. रंग, वर्ण [black काला, bright चमकीला, fast पक्का, green, हरा, light हलका, white सफ़ेद]...

(1) मुख्य शब्द काले टाइप में मुद्रित रहता है। पैरा की शेष पंक्तियों से थोड़ा बाहर निकला रहता है। इसके साथ प्रयुक्त होने वाले विशेषण आदि सहप्रयोग, व्युत्पन्न शब्द और समास आदि दिए जाते हैं। कोश में इनकी संख्या लगभग बारह हज़ार है।

(2) किसी शब्द की वर्तनी अन्य प्रकार से हो तो उसका संकेत तुरंत कर दिया जाता है।

(3) इसका शब्द का उच्चारण देवनागरी अक्षरों में बलाघात-चिह्न (') के साथ रहता है। यह चिह्न उस अक्षर के बाद होता है, जैसे क'लर में क पर बल है, लर पर नहीं।

(4) यदि कोई शब्द एकाधिक व्याकरणिक शब्दभेदों में प्रयुक्त होता है, जैसे कलर संज्ञा भी है, क्रिया भी, तो रोमन अंक I II III देकर वह अलग लिखा मिलेगा। व्याकरण शब्दभेद इटैलिक टाइप में रहता है, जैसे *n*ᶜ (अर्थात् संज्ञा गण्य)। *n*ᶜ का अर्थ है कि इस संज्ञा का बहुवचन हो सकता है। कोश में सभी अनियमित बहुवचन (अर्थात् जिनमें -s नहीं लगता) दिए जा रहे हैं।

(5) इसके उपरांत अर्थ दिए हैं। एकाधिक अर्थ 1, 2, 3 अंक देकर, अलग-अलग उनका प्रयोग समझाते हुए, तथाकथित अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित हैं।

(6) अर्थों और प्रयोगों के पश्चात् बहुत सी अतिरिक्त जानकारी रहती है, जैसे इस शब्द के पर्याय, विलोम आदि।

विशेषण-1

good गुड I *a.* (better, best) 1. अच्छा [friend मित्र, man आदमी, suggestion सुझाव, teacher अध्यापक, way रास्ता, weather मौसम, writer लेखक]; ~ aavice अच्छी सलाह; ~ story अच्छी कहानी; ~-quality अच्छी गुणवत्ता; ~ teeth अच्छे दाँत; ~ people अच्छे लोग; ~ ideas अच्छे विचार

(1) विशेषण के साथ लगने वाले संज्ञात्मक सहप्रयोग और आकारान्त अच्छा का लिंग-परिवर्तन, जो अंग्रेज़ी में नहीं होता, दिखाया गया है।

(2) विशेषणों की तुलनावस्था में जब अनियमितता होती है, जैसे good से better, best तो उसका उल्लेख सारे कोश में किया गया है। केवल -er अथवा - est से बननेवाले रूप, जैसे smaller, smallest को दिखाने की आवश्यकता नहीं है।

(3) काला रोमन अंक (I) संकेत करता है good की अन्य व्याकरणिक कोटियाँ हैं, पर उद्धृत नहीं की गईं।

विशेषण-2

mad मैड **1.** (insane) पागल (dog कुत्ता, man आदमी, woman औरत); he went ~ after the death of his son अपने बेटे की मृत्यु के बाद वह ~ हो गया... **2.** (very angry) अत्यंत क्रुद्ध, गुस्से... **3.** (foolish) मूर्खतापूर्ण [desire इच्छा^{F}, idea विचार plan योजना, thing बात^F] **4.** (having a great liking) दीवाना, लट्टू : he is – after that girl वह उस लड़की पर ~ है।

(1) mad किसी अन्य कोटि में नहीं आता। कहीं और कभी आया हो तो उसकी चिंता शिक्षार्थी को नहीं करनी।

(2) अंतर्राष्ट्रीय अंक काले टाइप में दिये गए हैं जिनसे संकेत मिलता है कि इस शब्द के एक से अधिक अर्थ दिये जा रहे हैं।

(3) प्रत्येक अर्थ पहले अंग्रेज़ी में और साथ हिन्दी में दिया गया है ताकि अर्थों का अन्तर स्पष्ट हो जाए।

(4) उसके बाद सहप्रयोग दिए गए हैं, यहाँ केवल पहले अर्थ के साथ, परन्तु ...से प्रकट है कि यहाँ उन्हें उद्धृत नहीं किया गया।

(5) प्रत्येक अर्थ की पुष्टि सहप्रयोगी शब्दों, पदबंधों अथवा/तथा वाक्यों से की जाती है।

क्रिया

hide हाइड **I.** *n*[c]. **1.** खाल[F]... **II.** v.t.i. (hid, hidden) छिपाना, छिपना, गुप्त रखना, गुप्त करना [badly बुरी तरह, completely पूर्ण रूप से, cunningly चालाकी[F] से, entirely पूरी तरह से, instantly जल्दी से, तुरंत...].

(1) यहाँ एक ऐसा शब्द है जिसकी एकाधिक व्याकरणिक कोटियाँ हैं जिनके लिए रोमन अंक I II III... दिए जाते हैं।

(2) हिन्दी में जो संज्ञाएँ स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होती हैं, उन पर डिग्रीदार F (for feminine) का संकेत है। सारे कोश में स्त्रीलिंग संज्ञाओं के ऊपर यह संकेत है। यह इसलिए आवश्यक है कि ऐसे शब्दों के साथ कुछ विशेषणों और वर्तमानकालिक तथा भूतकालिक कृदंतों का ईकारांत रूप उन्हीं के अनुसार हो जाता है।

(3) भूतकाल और भूतकालिक कृदंत में जिन क्रियाओं का रूप अनियमित होता है, उनके इस रूप को शुरू में ही बता दिया जाता है।

(4) क्रिया के सहप्रयुक्त क्रिया विशेषण या और कोई शब्द हो तो उनको अवश्य दिया जाता है।

अव्यय

as ऐज़ **I.** *adv.* (1) उठना... (2) जैसे... (3) (in contexts)... **II.** *prep.* **1.** की तरह[F]... के रूप में... **III.** *conj.* **1.** क्योंकि... **2.** जब... **3.** जैसे ही, ज्यों ही it is the same as above यह ऐसा ही है जैसा ऊपर, as before जैसा पहले, पहले की तरह[F], all the members as a body सब सदस्य सामूहिक रूप से; I could not walk as far as the bus stand मैं बस अड्डे की दूरी तक न चल सका। *as for* my qualifications मेरी योग्यताओं के बारे में; the work *was as good as* finished काम लगभग समाप्त हो गया था; they acted as one man उन्होंने मिलकर काम किया; *as a rule* he was in time सामान्यतः वह समय पर आता है; come *as soon as* possible यथाशीघ्र जल्दी आना; *as to* my qualification मेरी योग्यताओं के बारे में; *as usual* the school is closed on Sunday सदा की तरह स्कूल इतवार को बंद रहता है; I shall go *as well* मैं भी जाऊंगा; I am not quite well *as yet* मैं अभी ठीक नहीं हूँ–

1. इस शब्द की तीन व्याकरणिक कोटियाँ, और प्रत्येक कोटि के अंतर्गत एक से अधिक अर्थ हैं–यह अंकों की प्रकृति से स्पष्ट है।

2. As के साथ अनेक मुहावरे और मुहावरेदार पदबंध बनते हैं। सबको अंग्रेज़ी वर्णक्रम से लिया गया है और साथ ही हिन्दी में अर्थ दिए गये हैं।

–हरदेव बाहरी

Abbreviations
संकेताक्षर

a. adjective
abbr. abbreviation
adj. adjective
adv. adverb
Am. American
ant. antonym
attr. attributive (use)
cf. compare, L. confer
conj. conjunction
deriv. derivative
derog. derogatory
e.g. for example
Eng. English
esp. especially
^{F}. feminine
fig. figurative
i.e. that is
interj. interjection
lit. literary, literally
masc. masculine
n^{c}. noun countable
$n^{c/u}$ noun countable as well as uncountable
n^{u} noun uncountable
neut. neuter
p. past tense
phr. phrase
pl. plural
p.p. past participle
pre. preposition
pred. predicative
pref. preferably
pron. pronoun
ref. reference
suff. suffix
syn. synonym
usu. usually
v.i. verb intransitive
v.t. verb transitive
v.t.i. verb transtive and also intransitive

Advanced
Learner's English-Hindi Dictionary

•

बृहत्
शिक्षार्थी अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश

Advanced Learner's

English-Hindi Dictionary

A, a

a अ, ए [used before a consonant sound] I. *article* 1. (no translation) he is a good man वह अच्छा आदमी है; a one-rupee note एक रुपये का नोट; such a one ऐसा एक; she is a teacher वह अध्यापिका^F है. *phr.* a few chairs थोड़ी-सी कुर्सियाँ^F; a lot of money बहुत पैसा; a little more sugar थोड़ी और चीनी^F; half a minute आधा मिनट; hour and a half डेढ़ घंटा; such a nice man इतना अच्छा आदमी. 2. एक : I want a cup of tea मुझे एक चाय^F का प्याला चाहिए; a friend of mine मेरा एक दोस्त/मित्र. 3. कोई : give me a book मुझे कोई पुस्तक दे दो. 4. प्रति, हर : he earns thirty rupees a day वह प्रति/हर दिन तीस रुपये कमाता है; three pounds a week तीन पौंड प्रति सप्ताह. 5. में : twice a day दिन में दो बार^F. [see an]

a. = adjective वि. विशेषण.

a- *pref.* 1. न, नहीं : atheist नास्तिक. 2. (अ-) पर : abed बिस्तर पर, ashore तट पर; afire आग^F पर, जलता. 3. में : asleep नींद^F में, सोया. 4. से : aloud ज़ोर से.

A.A. Automobile Association.

A1 ए वन' *a.* बढ़िया : ~condition बढ़िया हालत^F; how do you feel? आप का क्या हाल है? A1 बढ़िया.

ab- ऐब, अब; *pref.* से (दूर) : abnormal, abbreviation, abstain *q.v.*

aback अबैंक' *adv.* taken~ चकित : I was taken ~at/by his rudeness मैं उसकी अशिष्टता^F देखकर ≈ रह गया.

abandon अबैन्'डन I. *v.t.* छोड़ देना, (का) परित्याग करना : he ~ed his family (his house, his opinion) temporarily, suddenly उसने अस्थायी रूप से, अचानक अपना परिवार (अपना घर, अपना मत) छोड़ दिया. II. *v. self.* आत्मसमर्पण करना : she ~ed herself to grief उसने अपने को दुःख के हवाले कर दिया. **abandoned** *a.* 1. परित्यक्त : ~ car (child, wife) ≈ कार^F (बच्चा, पत्नी^F). [*ant.* held] 2. निर्लज्ज : ~ girl ≈ लड़की. II. **abandon** *n*^u. असंयम : to speak with ~ ≈ से बोलना; he drank with~ उसने असंयत होकर पी.

abate अबेट' I. *v.i.* [~d, abating] कम होना, घट जाना : the (flood, heat has ~d बाढ़^F, गरमी^F कम हो गई है) II. *v.t.* कम करना, घटाना : ~rent किराया ≈. [*n.* abatement कमी^F; *ant.* increase]

abbr., abbreviation अब्रीविएशन I. *n*^c. संक्षेप, संक्षिप्त रूप : Dr. is ~ for/of doctor डॉक्टर का संक्षिप्त रूप डॉ० है; list of ~s संक्षेपों की सूची^F. II. *n*^u. (act) संक्षेपण : I do not like the ~ of my name मुझे अपने

नाम का ≈ पसंद नहीं है. [*ant.* amplification]

ABC एबीसी n^u. **1.** क ख ग : the child is learning ~ बच्चा ≈ सीख रहा है. **2.** साधारण ज्ञान : ~ of arithmatic अंकगणित का ≈; he does not know even the ABC of politics उसे राजनीति^{F} का आरम्भिक ज्ञान तक नहीं है, क ख ग भी नहीं जानता.

A.B.C. American Broadcasting Company.

abdicate ऐब'डिकेट **I.** *v.i.* गद्दी^{F} छोड़ देना : the king ~d राजा ने गद्दी छोड़ दी. **II.** *v.t.* छोड़ देना, त्याग देना : ~ rights, responsibility अधिकार, उत्तरदायित्व ≈. [*n.* abdication त्याग]

abeyance अ बे'अन्स n^u. आस्थगन : the question, rule was in ~ यह प्रश्न, नियम आस्थगित था.

abhor अब हॉर' *v.t.* (-rr-) (से) घृणा^{F} करना : I ~snakes, violence, war मैं सांपों, हिंसा^{F}, युद्ध से घृणा करता हूँ. [*ant.* like; *n.* ~rence घृणा^{F}]

abide अबाइड' ~ *v.t.* (~s, abode, abiding) **1.** (by) (पर) पाबंद रहना, (का) पालन करना : ~ firmly by promise, rules दृढ़ता^{F} से वचन, नियमों ≈. **2.** (bear) सहन/बरदाश्त करना : I cannot ~ a cheat, noise मैं धोखेबाज़ को, शोर को सहन/बरदाश्त नहीं कर सकता. **3.** (stay, live) रहना : She made his hut her abode वह उसके साथ एक झोंपड़ी^{F} में रहती थी. [use to live]

ability अ बि'लिटि n^u. (from able) **1.** योग्यता^{F} [limited सीमित, natural स्वाभाविक, rare असामान्य]; the ~ to read and write लिखने-पढ़ने की ≈; ~ test ≈ परीक्षण. **2.** सामर्थ्य : ~ to pay भुगतान करने की ≈ Δ to the best of one's ~ यथासामर्थ्य. [from able]

-ability अ बि' लिटि *suff.* (from able *q.v.*), as in probability, readability, suitability *q.v.*

ablaze अ ब्लेज़' *adv.* जलता हुआ : the house was ~ मकान जल रहा था; (fig.) her face got ~ उसका चेहरा जगमगा उठा.

able ए'बल *a.* **1.** योग्य [lawyer वकील, leader नेता, teacher अध्यापक] **2.** समर्थ : I am ~ to walk मैं चलने में ≈ हूँ, मैं चल सकता हूँ; he has not been ~ to help us वह हमारी सहायता^{F} नहीं कर सका. [*n.* ability; *v.* enable, *adv.* ably, *ant.* unable, *cf.* capable].

-able अबल *suff.* योग्य (with verbs) agreeable, believable, curable, desirable, eatable, lovable, payable, regrettable, taxable, (with nouns) comfortable, fashionable, peaceable, objectionable, profitable.

abnormal अबनॉर' मल *a.* अपसामान्य [behaviour व्यवहार, condition दशा^{F}]; slightly ~ थोड़ा-थोड़ा ≈. **abnormally** *adv.* अपसामान्यत : ~ late ≈ देर से. [*ant.* normal]

aboard अ बोर्ड', अ बॉर्ड' *prep.* (जहाज़ आदि) के ऊपर, पर : the captain was ~ (the ship) for several days कप्तान कई दिन ≈ था; he had gone ~ the train, aeroplane वह रेलगाड़ी, हवाई जहाज़ पर गया था. [*ant.* ashore]

abode अ बोड' **I.** *v.i.* रहा, रहता था (past form abide *q.v.*) **II.** n^c. (*use* sing.) आवास, निवास- स्थान [peaceful शान्त, wood-cutter's लकड़हारे का]; you could see him at his ~ तुम उससे उसके ≈ पर मिल सकते थे.

abolish अ बॉ'लिश *v.t.* अन्त कर देना, उन्मूलन करना : ~ death penalty (capital punishment) मृत्युदंड का ≈; this custom must be ~ed इस प्रथा^{F} का अन्त कर देना होगा. **abolition** ऐबॅ लि'शन n^u. उन्मूलन : ~ of slavery दास-प्रथा^{F} का ≈. [*ant.* establish]

A bomb ए' बॉम n^c. ऐटम बम : ~ burst ≈ फटा.

abortion अ बॉर'शन $n^{u/c}$. गर्भपात : the girl wanted (to have) an ~ लड़की ≈ कराना चाहती थी; the doctor performed the ~ डाक्टर ने ≈ किया. **abortive** अ बॉर' टिव *a.* **1.** निष्फल [attempt प्रयत्न, scheme योजना^{F}]. **2.** अकालप्रसूत (child बच्चा). (*v.* abort गर्भपात, निष्फल हो जाना).

abound अ बाउंड' *v.i* ढेरों/भरपूर होना : the hill ~s in sheep, sheep ~ on the hill पहाड़ी^{F} पर ढेरों भेड़ें^{F} हैं. [*n*. abundance बहुतायत^F, *a*. abundant^F; *ant*. lack.]

about अ बाउट' **I**. *prep*. **1.** (concerning) के बारे में : to talk ~smb किसी ≈ बात करना; I am anxious ~ him मैं उसके ≈ चिंतित हूँ; to think, know ~ smth किसी चीज़^{F} ≈ सोचना, जानना; what ~ that उसका क्या हुआ? **2.** (all around) के इर्द-गिर्द, के आस-पास : there are trees all ~ the house घर ≈ पेड़ ही पेड़ हैं. **3.** (here and there) सब जगह^F : he walked ~ the town वह नगर में ≈ चलता रहा. **II**. *adv*. **1.** (here and there) इधर-उधर : to look, run ~≈ देखना, दौड़ना. **2.** (ready) वाला : she is ~ to go वह जाने वाली है. **3.** (nearly) लगभग : ~ three hours ≈ तीन घंटे, तीन घंटे के ≈; he is ~fifty वह ≈ पचास वर्ष का है; he lives ~ three kilometres from here वह यहाँ से ≈ तीन किलोमीटर पर रहता है.

above अ बव' **I**. *prep*. **1.** (over, higher, than) के ऊपर : ~ the clouds, trees बादलों, पेड़ों ≈; (fig.) he puts honesty ~ all things वह ईमानदारी^{F} को सब बातों^{F} के ≈ रखता है. **2.** (over, more than) के/से ऊपर, से अधिक : not ~two pounds दो पौंड ≈ नहीं. **3.** से परे : ~ doubt संदेह ≈; ~ criticism आलोचना^{F} ≈; ~ one's understanding समझ^F के बाहर **II**. *adv*. ऊपर : kites are flying ~ पतंगें ≈ उड़ रहीं हैं; I live in the room ~ मैं ≈ (के) कमरे में रहता/रहती हूँ; please see ~ कृपया ऊपर देखें; ~mentioned ≈ उल्लिखित; ~ said ≈ कहा गया, उपर्युक्त Δ ~ **all** सब से बढ़कर; ~ **board** ईमानदार : ~board in dealings व्यवहार में ≈. **III**. *a*. ऊपर का : see the ~ sentence ≈ वाक्य देखो; at the ~ address ऊपर के पते पर. **IV**. *n*^{u}. ऊपर : rain comes from ~ वर्षा^{F}≈ से आती है. [*ant*. below]

abreast अ ब्रेस्ट' *adv*. साथ-साथ, अगल-बग़ल : they walked three ~ वे तीन-तीन ≈ चल रहे थे. Δ **keep ~ of times** ज़माने/समय के साथ चलना.

abridge अ ब्रिज' *v.t*. संक्षिप्त करना : ~ a story/ book किसी कहानी,^{F} पुस्तक^F को ≈. **abridged** संक्षिप्त : ~ edition संक्षिप्त संस्करण. [*syn*. shorten, *ant*. enlarge; *n*. ~ment संक्षेप]

abroad अ ब्रॉड' **I**. *adv*. **1.** विदेश (में) : he has returned from ~ वह ≈ से लौट आया है; to go, send ~ विदेश जाना, भेजना.; he lives ~ वह ≈ में रहता है. **2.** इधर-उधर, दूर-दूर, बाहर : Δ news, witch goes ~ खबर^F, चुड़ैल^F ≈ निकल जाती है. **II**. *n*. विदेश : a letter from ~ ≈ से एक पत्र.

abrupt अब्रप्ट' *a*. **1.** (unexpected) आकस्मिक, एकदम [change परिवर्तन, turn मोड़]. **2.** (rough) रूखा [behaviour व्यवहार, reply उत्तर] **abruptly** *adv*. एकदम : the car stopped ~ कार ≈ रुक गई.

absence ऐब'सन्स *n*^{u}. **1.** अनुपस्थिति^{F}, ग़ैरहाज़िरी^{F} [prolonged लंबी]; ~ of the student विद्यार्थी की ≈; during her ~ उसकी ≈ में. **2.** अभाव : ~ of evidence, noise गवाही^{F}, शोर का ≈; ~ of mind अनमनापन . [*ant*. presence] **absent** ऐब' सन्ट **I**. *a*. **1.** अनुपस्थित, ग़ैर-हाज़िर : usually ~ from school, office स्कूल, कार्यालय से प्रायः ≈. **2.** (lacking) ग़ायब : tail, voice is ~ पूँछ^F, आवाज़^{F} ≈ है. **3.** (inattentive) बेध्याना : ~**minded** अनमना. **II**. *v. refl*. अनुपस्थित/गैर-हाज़िर रहना : she ~ed herself from school वह स्कूल से ≈ रही. [*ant*. present]

absolute ऐब' सॅलूट *a*. **1.** (complete) पूरा, पूर्ण [control नियन्त्रण, majority बहुमत, right अधिकार]. **2.** (certain) पूरा पक्का [lie झूठ, promise वादा, proof प्रमाण]. **3.** (without limit) परम, असीम [power शक्ति^{F}, satisfaction संतोष]. **absolutely** *adv*. पूर्णतया, बिल्कुल [false मिथ्या/झूठा, impossible असंभव, necessary आवश्यक/ज़रूरी]; he had ~ nothing to say उसे बिल्कुल कुछ नहीं कहना था.

absorb अब सार्ब' *v.t*. **1.** सोख लेना : plants ~ moisture पौधे नमी सोख लेते हैं. **2.** चूस लेना : blotting paper ~s ink सोख़्ता काग़ज स्याही^{F} चूस लेता है. **3.** समा लेना, खपा

लेना : little shops are ~ed into/by big businesses छोटी-छोटी दुकानें^{F} बड़े-बड़े व्यवसायों में समा/खप जाती हैं. **absorbed** *a.* मग्न, लीन : ~ in studies, thought अध्ययन, विचार में ≈.

abstain अब स्टेन' *v.i.* दूर रहना : ~from election, wine चुनाव, शराब^F से ≈; I ~ed from voting this time मैने इस बार मतदान नहीं किया. [*ant.* indulge]

abstract ऐब' स्ट्रैक्ट. **I.** *a.* अमूर्त [art कला^{F}, beauty सुन्दरता^{F}, idea विचार]; ~noun भाववाचक संज्ञा^{F}; light, disease, idea are ~ nouns प्रकाश, रोग, विचार भाववाचक संज्ञाएं हैं. **II.** n^c. सार : ~ of a story कहानी^{F} का ≈. **III.** *v.t.* (to take out) निकालना : ~ six from nine नौ में से छह ≈; can you ~ smth. from this debate इस वाद-विवाद से क्या तुम कुछ निकाल सकते हो? [*ant.* concrete]

absurd अब सर्ड' *a.* बेतुका, ऊल-जलूल, ऊट-पटांग [argument तर्क, scheme योजना^{F}]; his demand was ~ उसकी माँग अयुक्तियुक्त थी. [*n.* ~ity बेतुकापन]

abundance अ बन' डन्स *n*^{u}. बहुतायत^F, प्रचुरता^{F} : ~of food खाद्य की ≈; food in ~ प्रचुर मात्रा में खाद्य. [*n.* from abound; *ant.* scarcity] **abundant** अबन्' डन्ट *a.* प्रचुर, भरपूर [crop फसल^F, proof प्रमाण]. *adv.* ~ly. [*ant.* scarce]

abuse **I.** अ ब्यूज़' **1.** *n*^{u}. गाली^{F}, अपशब्द : a stream of ~s गालियों की बौछार^F. **2.** *n*$^{u/c}$. दुरुपयोग : ~ of rights, power अधिकारों, शक्ति^{F} का ≈. **3.** *(pl.)* बुराइयाँ : ~ in a society समाज की ≈. **II.** *v.t.* **1.** गाली^{F} देना : she ~d the servant उसने नौकर को गालियाँ दीं. **2.** दुरुपयोग करना : she did not ~ her privileges उसने अपने विशेषाधिकरों का ≈ नहीं किया. **abusive** अ ब्यू'सिव *a.* गालीभरा [letter पत्र, tone लहजा स्वर]; ~language गाली^{F}.

A.C. Alternating Current प्रत्यावर्ती धारा^{F} (बिजली^{F} की).

A/C account लेखा.

academic ऐ कॅडें'मिक **a.** [*usu.* attr.] **1.** शैक्षिक [life जीवन, qualifications योग्यताएं^{F}, subject विषय] **2.** सैद्धान्तिक [discussion परिचर्चा, question प्रश्न]; this proposal has an ~ importance इस सुझाव का एक ≈ महत्त्व है. **academy** अकै'ड मी *n*^{c}. अकादमी^{F} [military सैनिक, science विज्ञान].

accede ऐक/अक सीड'*v.i.* (~ to)(acceding) **1.** मान लेना : he acceded to my request उसने मेरी प्रार्थना^{F} मान ली. **2.** पद सँभालना : ~ to the throne राजसिंहासन संभालना, राजा बनना.

accent **I.** ऐक' सेंन्ट *n.* (no *pl.*) **1.** बल, बलाघात : in 'accept' the ~ is on the second syllable, *i.e.*, cept अकसें'प्ट में दूसरे अक्षर अर्थात् सें'प्ट पर ≈ है. **2.** बलाघात-चिह्न (') : put the ~ on the first syllable पहले अक्षर पर ≈ लगाओ. **3.**लहजा : he speaks, with German ~ वह जर्मन लहज़े में बोलता है. **II.** अक सेंप्ट' *v.t.* बल देना : the last syllable is ~ed अन्तिम अक्षर पर बल (दिया गया) है. [*syn.* stress].

accept अक सेंप्ट' *v.t.* स्वीकार करना : ~ invitation, plan, responsibility निमन्त्रण, योजना^{F}, उत्तरदायित्व ≈ : he ~ed our help gratefully, readily उसने हमारी सहायता^{F} साभार, तुरन्त स्वीकार कर ली. [*as distinct from* except; *ant.* reject]. **acceptable** अक सेपॅ'टॅबल *a.* स्वीकार्य : your gift, work is of course ~ तुम्हारा उपहार, कार्य निःसदेह ≈ है. [*ant.* un ~] **acceptance** *n*^{u}. स्वीकृति^{F} [general सामान्य, public सार्वजनिक]; to confirm ~ ≈ की पुष्टि^{F} करना; ~ of/to a resolution प्रस्ताव की ≈ : ~ note ≈ पत्र. [*ant.* rejection, *v.* accept]

access ऐक' सस *n*^{u}. पहुँच^F : to gain ~to a person or place किसी व्यक्ति अथवा स्थान तक ≈पाना, he has ~ to the Chief Minister उसकी मुख्यमंत्री तक ≈ है. [*as distinct from* excess]

accident ऐक'सिडन्ट **1.** *n*^{c}. दुर्घटना^{F} [fatal घातक, serious गंभीर]; there was a road ~ एक सड़क ≈ हो गई; ~ happens ≈ हो जाती है; to meet with an ~ दुर्घटनाग्रस्त होना; scene of ~ ≈ स्थल. **2.** संयोग : I met

her by ~ मैं उससे ≈ वश से मिला . [*cf.* incident]

accidental ऐकसि'डेन्'टल *a.* आकस्मिक [event घटना^F, omission छूट^F, profit लाभ]; the meeting was ~ मुलाक़ात ≈ थी. **accidentally** अचानक, संयोगवश : he left, fell ~ वह ≈ चला गया, गिर पड़ा.

accommodate अ कॉ 'मॅडेट *v.t.* **1.** स्थान देना : this house can ~ two families इस मकान में दो परिवार आ सकते हैं. **2.** देना : the bank ~d me with a loan बैंक ने मुझे उधार दिया. **3.** अनुगृहीत करना : will you ~ me क्या आप मुझे अनुगृहीत करेंगे ?

accommodation अकॉमॅ डे'शन *n*^u. स्थान, जगह^F [modern आधुनिक, spacious खुला]; ~ for travellers यात्रियों के लिए ≈; ~ in a hotel होटल में ≈.

accompany अकम'पॅनि *v.t.* **1.** (accompanies, -ied.) (के) साथ आना/जाना : I accompanied my grandfather to the post office मैं अपने दादा के साथ डाकघर गया; she came accompanied by her husband वह अपने पति के साथ आई. **2.** (का) साथ देना : she accompanies him on the piano वह पियानो पर उसका साथ देती है. **~ing** साथ का : ~ persons साथ के लोग.

accomplish अकम्'प्लिश *v.t.* पूरा करना, कर दिखाना : ~ a task काम ≈; he accomplished a miracle उसने चमत्कार कर दिखाया. **~ed** *a.* **1.** निपुण, कुशल [scholar विद्वान्, singer गायक]. **~ed** *a.* पूरा [fact तथ्य]. **accomplishment** ≈मन्ट **1.** *n*^u. समाप्ति^F, पूरा करना : ~ of task कार्य की समाप्ति. **2.** *n*^c. कौशल [cultural सांस्कृतिक, mental मानसिक]; he is a man of many ~s उसमें अनेक ≈ हैं.

accord अ कॉर्ड' **I.** *v.i.* (~with) (से) मेल खाना : your account does not ~ with facts तुम्हारा विवरण तथ्यों से मेल नहीं खाता. **II.** *v.t.* देना : they ~ed him respect उन्होंने उसे आदर दिया; she was ~ed permission उसे आज्ञा^F दी गई. **III.** *n*^c. **1.** मेल : in ~ with smth किसी बात^F के ≈ में. **2.** मतैक्य, एकमत : with one ~ एकमत होकर, मिलकर; of one's own ~ अपनी ही इच्छा^F से! [*ant. n.* discord] **accordance** अ कॉर'डन्स *n*^u. अनुरूपता^F : in ~ with your order आपके आदेश के अनुरूप; in ~ with good/taste सुरुचिपूर्ण. **according** अ कॉर'डिंग *prep.* ~ as : जैसा कि : they pass or fail ~ as they work वे सफल या असफल हो जाते हैं जैसा कि वे काम करते हैं. ~ to के अनुसार : ~ to your statement, my watch, his ability तुम्हारे कथन, मेरी घड़ी, उसकी योग्यता^F ≈. ~ly तदनुसार.

account अ कॉउन्ट' **I.** *n*^c. **1.** लेखा, हिसाब [current चालू, savings बचत^F]; to clear, keep, open, close an ~ ≈ चुकाना, रखना, खोलना, बंद करना; to square ~ with the Co. कंपनी^F का ≈ चुकता करना : to take ~ हिसाब लेना; to render ~ हिसाब देना; ~s department लेखा विभाग. **2.** विवरण [brief संक्षिप्त, detailed ब्योरेवार]; write an ~ of your journey अपनी यात्रा^F का ≈ लिखो. Δ **of no** ~ बेकार, नगण्य; **on** ~ **of** (illness) (बीमारी)^F के कारण; **on any** ~ किसी भी तरह; **on no** ~ should you go कदापि नहीं जाना; take (his helplessness) **into** ~ उसकी (विवशता को) ध्यान में रखें. **II.** *v.i.* हिसाब देना : ~ to a **person** for money किसी को रुपये-पैसे का ≈. **accountant** *n*^c. लेखापाल : ~ in an office किसी कार्यालय में ≈; ~ **general** महा≈.

accurate ऐ'क्युरिट *a.* सही, ठीक [answer उत्तर, solution हल, time समय/वक्त, watch घड़ी]. [*syn.* correct, *ant.* in ~; *adv.* ~ly सही, ठीक].

accuse अ क्यूज़' *v.t.* [~d, accusing] अभियोग/आरोप लगाना : he accuses everybody वह हर आदमी पर आरोप लगाता है; the police ~d him of theft पुलिस^F ने उस पर चोरी^F का अभियोग लगाया. ~**d,** the ~d (person) अभियुक्त (व्यक्ति).

accustomed अ कस्'टम्ड *a.* (~to) (का) आदी, अभ्यस्त : to be/get ~ ≈ होना; he was not ~ to hard work वह परिश्रम का ≈ नहीं था; ~to get up early सवेरे उठने का ≈. he soon ~ himself to that climate उसने अपने को उस जलवायु^F का ≈ बना लिया.

ace एस *n*^c. **1.** एक्का; ~of spades हुकुम का ≈.

2. n^c. *a*. कुशल (व्यक्ति) : he is an ~ airman, rifleman वह ≈ हवाबाज़, राइफ़लची है.

ache एक **I.** n^c. [usu. in compounds] दर्द, पीड़ा : headache सिर दर्द, stomachache पेट दर्द, toothache दांत दर्द; I have ~ in my back मेरी पीठ में ≈ है. **II.** *v.t.* (~s, ~d, aching) दर्द करना : my eyes ~ मेरी आँखें^{F} दर्द करती हैं; I ~d all over मेरे सारे शरीर में दर्द था, मेरा सारा शरीर दर्द कर रहा था.

achieve अ चीव' *v.t.* (~ed, achieving) पाना, प्राप्त करना : ~aim, ambition, success, victory ध्येय, आकांक्षा^{F},सफलता^{F}, विजय^F ≈. [*ant*. fail] ≈**ment** -मन्ट **1.** n^c. उपलब्धि [great बड़ी]; we are proud of his ~ हमें उसकी ≈ पर गर्व है; the ~s of science विज्ञान की उपलब्धियाँ^{F}. **2.** n^u. पूर्ति : ~of ambition आकांक्षा^{F} की ≈.

acid ऐ'सिड **I.** n^c. तेज़ाब, अम्ल [sulphuric गंधक का, hydrochloric नमक का]; vinegar contains ~ सिरके में ≈ होता है. **II.** *a*. अम्लमय, खट्टा : lemon is an ~ fruit नीबू ≈ होता है. Δ ~**comment** तीखी टीका-टिप्पणी^{F}.

acknowledge अकनॉ'लिज *v.t.* **1.** मानना, कबूल करना : ~defect, mistake दोष, गलती^{F}(मूल^F) ≈. **2.** प्राप्ति ^{F} स्वीकार करना : ~gift (invitation, payment) उपहार (निमन्त्रण, भुगतान) की ≈; ~ receipt पहुँच^F/पावती^{F} की सूचना देना ~**d** *a*. माना हुआ [scholar विद्वान्]. [*ant*. deny]

acquaint अ क्वेन्ट' *v.t.* (से) अवगत कराना, (की) जानकारी^{F} कराना : ~smb with fact, plans किसी को तथ्यों, योजनाओं^{F} से अवगत कराना; **be** ~ed with जानना : they are ~ed with each other वे एक-दूसरे को जानते हैं. **acquaintance 1.** n^u जानकारी^{F} : ~ with the works of Shaw शॉ की कृतियों^{F} की ≈; ~ with a language किसी भाषा^{F} की जानकारी. **2.** n^u. जान-पहचान^F [new नयी, old पुरानी]; to make ~of smb किसी से ≈ होना; I made his ~in a hotel मेरी उससे एक होटल में ≈ हो गई. **3.** n^c. परिचित (व्यक्ति) : I have many ~s here मेरे यहाँ अनेक ≈ हैं.

acquire अ क्वाइर' *v.t.* (~d, acquiring) पाना, उपार्जित करना : ~knowledge, property, reputation ज्ञान, सम्पत्ति^{F}, ख्याति^{F} ≈. ~**d** *a*. उपार्जित [interest रुचि^{F}, habits आदतें^{F}]. [*ant*. lose]

acquit अ क्विट' *v.t.* (-tt-) बरी/दोषमुक्त करना : the judge ~ted him न्यायाधीश ने उसे बरी कर दिया; he was ~ted **of** murder वह हत्या^{F} के दोष से मुक्त किया गया. [*ant*. convict, charge]

acre ए'कर n^c. एकड़ = 4047 वर्ग मीटर, 43560 sq. ft.; a field of 15 ~s 15 एकड़ खेत. Δ **God's** ~ कब्रिस्तान.

across अ क्रॉस' **I. 1.** *prep.* के पार : he went ~ the bridge वह पुल ≈ गया; he took her ~ the road वह उसे सड़क^F ≈ ले गया. **2.** के आर-पार : a tree lay ~ the street एक पेड़ गली^{F} ≈ पड़ा था. **II.** *adv.* पार : to go ~ पार जाना; to jump ~ उछलकर ≈ जाना. Δ **to come ~a person** किसी से भेंट हो जाना. [*ant*. along]

act ऐक्ट **I.** n^c. **1.** कार्य [brave वीरतापूर्ण, hostile शत्रुतापूर्ण]; an act of heroism वीरता^{F} का ~; in the act of (stealing) (चोरी^{F}) करते हुए. **2.** अंक : a play in five ~s पाँच अंकों का नाटक. **3.** अधिनियम : the Parliament passed an Act संसद^F ने एक ≈ पारित किया. Δ ~ **of God** दैवी संकट. **II.** *v.i.* (~s, ~ed, ~ing) कार्य करना : **1.** ~as I advise ऐसा (कार्य) करो जैसी मैं राय^F दूँ; she ~s from a sense of duty वह कर्तव्य-भावना^{F} से कार्य करती है. **2.** कार्रवाई^F करना : the police should ~ at once पुलिस^F को तुरन्त कार्रवाई करनी चाहिए. **3.** अभिनय करना : she is always seen ~ing वह सदा अभिनय करती दिखाई देती है. Δ ~**as** किसी के स्थान पर काम करना : she ~s as Secretary वह सचिव का काम करती है.; the sofa also ~s as a bed सोफा पलंग का भी काम देता है. [see acting, actor, actress]. **acting** ऐक्'टिंग **I.** n^u. अभिनय [excellent बढ़िया]. **II.** *a*. कार्यकारी [head अध्यक्ष, secretary सचिव]; she is ~ principal in a college वह एक

महाविद्यालय में ≈ प्राचार्या है. **action** ऐक'शन **1.** n^{c}. कर्म [courageous साहसपूर्ण, sinful पापमय]; responsible for his ~s अपने कर्मों का उत्तरदायी; to know a person by his ~s किसी व्यक्ति को उसके कर्मों से जानना; to put a scheme into ~ किसी योजना^{F} को कार्यान्वित करना. **2.** n^{u}. कार्रवाई^{F} : to take ~ ≈ करना. **3.** a machine in ~ चालू हालत^{F} में मशीन^{F}; a soldier died in ~ एक सिपाही लड़ाई^{F} में मारा गया; the machine is out of ~ मशीन^{F} बिगड़ी पड़ी है; a man of ~ कर्मठ व्यक्ति. **active** ऐक'टिव *a.* **1.** सक्रिय [member सदस्य, person व्यक्ति, support समर्थन]; the volcano is not ~ ज्वालामुखी ≈ नहीं है. **2.** in ~ service सेना^{F} में; ~voice [gram.] कर्तृवाच्य. [*ant.* inactive, passive] **activity** ऐक'टिविटि *n.* **1.** [usu. sing.] सक्रियता^{F} [physical शारीरिक, political राजनीतिक] **2.** (*pl.* activities) क्रियाकलाप : activities of dacoits डाकुओं का ≈;. her activities include shopping and household chores उसके ≈ में सौदा लाना और गृहस्थी के काम करना शामिल है. **actor** ऐक' टर n^{c}. अभिनेता [popular लोकप्रिय, renowned प्रसिद्ध]; to choose an ~ ≈ का चुनाव करना; ~'s part, role ≈ की भूमिका^{F}. [*fem.* actress अभिनेत्री]

actual ऐक चुअल *a.* [usu. attr.] वास्तविक, असली [cost लागत^{F}, life जीवन, sale बिक्री^{F}]; ~ly *adv.* वस्तुतः, वास्तव में, सचमुच : ~he had no plans ≈ उसके पास कोई योजना नहीं थी; he ~ thought so उसने ≈ सोचा था.

acute अ क्यूट' *a.* तीव्र [disappointment निराशा^{F}, eyesight दृष्टि^{F}, pain पीड़ा^{F}].

ad ऐड *n.* advertisement विज्ञापन, इश्तिहार

ad ऐड *pref.* [takes various forms] accede, adhere, administer, affect, aggrieve, allot.

A.D. Anno Domini, in the year of our Lord, ई०.

Adam's apple n^{c}. टेंटुआ : ~is a part seen sticking out from the front of the neck ≈ एक अंग है जो गरदन^{F} के आगे से निकला हुआ देखा जा सकता है.

add ऐड *v.t.* **1.** (~to) जोड़ना : ~ three more names to the list सूची^{F} में तीन नाम और जोड़ लो; ~four to five पाँच में चार जोड़ो; ~four and five together चार और पाँच को इकट्ठा जोड़ो **2.** मिलाना : ~salt to the soup शोरबा में नमक ≈. **3.** (~to) बढ़ाना : ~ to difficulty, experience, wealth कष्ट, अनुभव, धन ≈. **4.** कुछ और कहना : I have nothing to ~ मुझे कुछ और नहीं कहना है. Δ **~insult to injury** कटे पर नमक छिड़कना. [*ant.* subtract] **addition** अ डि'शन n^{u}. योग, जोड़, जमा : sum of ~ ≈ के सवाल ; in ~ (to) के अतिरिक्त/अलावा, और भी : I have many things to do in ~ मुझे और भी बहुत-सी चीज़ें^{F} करनी है; in ~to this इसके अतिरिक्त. [as distinct from edition; *ant.* subtraction]

additional अ' डिश नल *a* अतिरिक्त [income आमदनी^{F}/आय^{F}, pay वेतन/तनख़्वाह^{F}, tax, कर]; ~ judge; अपर न्यायाधीश ; he was given some ~ work उसे कुछ ≈ काम दिया गया.

address अ ड्रेस' **I.** n^{c}. **1.** पता [correct सही, short छोटा-सा]; write your name and ~ अपना नाम और ≈ लिखो ; on the above ~ ऊपर के पते पर **2.** भाषण : he gave/delivered a long ~ उसने एक लम्बा-सा ≈ दिया. **II.** *v.t.* **1.** पते पर भेजना : to ~ a letter or parcel to Mr. B श्री ब के पते पर पत्र या पार्सल भेजना. **2.** संबोधित करना : to ~ a meeting सभा^{F} को ≈; he ~ed himself to me and said उसने मुझे संबोधित करके कहा. to ~ oneself to smb or smth किसी व्यक्ति या बात^{F} की ओर ध्यान देना.

adequate ऐडिक्विट *a.* पर्याप्त, उपयुक्त [knowledge ज्ञान, means साधन, reason कारण, salary वेतन]; you should prove ~ to the job तुम्हें इस काम के उपयुक्त सिद्ध होना चाहिए; ~to your needs तुम्हारी आवश्यकताओं^{F} के लिए पर्याप्त. [*ant.* in ~]

adhere अड् हियर' *v.i.* (~to) **1.** (person) दृढ़ रहना : ~to one's opinion, plan अपने मत, अपनी योजना^{F} पर ≈. **2.** (thing) clothes ~

to the body कपड़े शरीर से चिपकते हैं; creeper ~s to the tree लता^F पेड़ से चिपकती है; this tape does not ~ यह टेप चिपकता नहीं है.

adj. adjective.

adjective ऐड' जेक्टिव *n*^c. विशेषण, as 'red' in 'red shirt' जैसे 'लाल कमीज़^F' में 'लाल'. long लंबा, acquainted परिचित, ugly गंदा, fifth पाँचवाँ are ~s ≈ हैं.

adjoining अजॉइ'निंगं *a* लगा हुआ, संलग्न, बगल का [house मकान, garden बाग].

adjourn अ जर्न' **I.** *v.t.* स्थगित करना : ~a journey, यात्रा^F, meeting बैठक^F ≈. **II.** *v.i.* **1.** स्थगित होना : the Parliament ~ed at 10 p.m. संसद^F दस बजे रात स्थगित हुई : ~sine die (indefinitely) अनिश्चित काल के लिए ≈. **2.** चले जाना : let us now ~ to the adjoining room अब बगल के कमरे में चलें.

adjust अजस्ट' *v.t.* **1.** ठीक-ठाक कर लेना : ~your watch अपनी घड़ी^F ठीक कर लो; he has ~ed the accounts, difference उसने लेखा, अंतर ठीक-ठाक कर लिया है. **2.** अनुकूल बनाना : he ~ed himself to new environment उसने अपने-आपको नये पर्यावरण के अनुकूल ढ़ाल लिया.

administer अड मि'निस्टर *v.t.* **1.** प्रबन्ध करना, प्रशासन करना : he ~ed his friend's estate वह अपने मित्र की संपदा^F का प्रबन्ध करता था, उसने . . . . प्रबन्ध किया; the principal ~s the college प्राचार्य महाविद्यालय का प्रबंध/प्रशासन करता है. **2.** to ~ medicine दवाई^F देना/पिलाना/खिलाना; the courts ~ justice न्यायालय न्याय दिलाता है; to ~ oath शपथ^F दिलाना. **administration** अड् मिनिस ट्रे'शन **I.** *n*^c. (the) **1.** प्रशासन [clean स्वच्छ, corrupt भ्रष्ट]; ~ of law, a college, the railway, a country विधि^F, महाविद्यालय, रेलवे, देश का ≈; ~ of justice न्याय ≈. **2.** सरकार^F : I have written to the ~ मैंने ≈ को लिखा है. **II.** *n.(pl.)* प्रशासक : the ~ have decided प्रशासकों ने निश्चय किया है. **administrative** अड् मि'निस्ट्रेटिव *a.* प्रशासनिक [ability योग्यता^F, control नियन्त्रण, officer अधिकारी, responsibility उत्तरदायित्व]. ~**ly** *adv.* प्रशासनिक दृष्टि से. **administrator** अड् मि'निस्ट्रेटर *n*^c. प्रशासक : ~of a corporation निगम का ≈.

admirable ऐड'मरॅबल *a.* प्रशंसनीय [behaviour व्यवहार, knowledge ज्ञान, meal भोजन, progress प्रगति]; his courage was ~ उसका साहस ≈ था.

admiral ऐड' मरॅल *n*^c. नौसेनापति : Sir B was an ~ in the Indian navy सर ब भारतीय नौसेना^F में ≈ थे; ~Sethi ≈ सेठी.

admiration ऐड मॅरे'शन *n*^u. प्रशंसा^F [excessive अत्यधिक, general सामान्य]; I have great ~ for his achievements मैं उसकी उपलब्धियों^F की बड़ी प्रशंसा करता हूँ; she was full of ~ at the wedding वह शादी^F पर भरपूर ≈ कर रही थी. **admire** अड् माइअर' *v.t.* प्रशंसा^F करना : to ~ a building, a lady, a picture भवन, महिला, चित्र की ≈; I ~d her acting मैंने उसके अभिनय की प्रशंसा की; she was just admiring him for his courage वह अभी-अभी उसके साहस के लिए उसकी प्रशंसा कर रही थी. [*ant.* despise] **admirer** अड् माइअ'रर *n*^c. ≈ : ~ of music संगीत का प्रशंसक; I am one of the ~s of Nehru मैं नेहरूजी के प्रशंसकों में हूँ.

admission अड्मि'शन *n*^u. **1.** प्रवेश, दाखिला : ~ into/to a place किसी जगह^F में ≈; ~ to a school, cinema स्कूल, सिनेमा, में ≈; ~ into a territory किसी क्षेत्र के भीतर ≈. **2.** प्रवेश शुल्क : ~ to the museum is 50 paisa अजायब घर का ≈ पचास पैसा है. **3.** इकबाल, स्वीकार : ~ of a mistake ग़लती^F का ≈.

admit v.t. (*-tt-*) **1.** दाखिल करना, प्रवेश देना : ~ a student into a school, to an examination किसी विद्यार्थी को स्कूल में, परीक्षा^F में ≈; we do not ~ children below five years हम पाँच साल से छोटे बच्चों को दाखिल नहीं करते. **2.** जाने/आने देना : he was admitted into the room उसे कमरे में जाने/आने दिया गया; to ~ light and air रोशनी और हवा आने देना. **3.** मान लेना, इकबाल करना : I ~ that I was wrong, I admit being wrong मैं मानता (इकबाल करता) हूँ कि

मैं गलती^{F} पर था. 4. ~ of गुंजाइश^F होना : it ~s of no doubt इसमें संदेह की कोई ≈ नहीं है. [*n*. admission; *ant*. deny]

admonish अड् मॉ 'निश *v.t.* 1. डाँटना, डाँट-फटकार^F सुनाना : the teacher ~ed the boy for coming late अध्यापक ने लड़के को देर^F से आने पर डांटा. 2. चेतावनी देना : ~ a person as a friend किसी को मित्र के नाते ≈; ~ smb not to be late किसी को चेतावनी देना कि फिर देर से न आना. [*n*. admonition डाँट-फटकार^F, चेतावनी]

adopt अ डॉप्ट' *v.t.* 1. अपनाना : ~ new ways, ideas नये ढंग, विचार ≈. 2 . निश्चित करना : the government ~ed a new policy सरकार^F ने एक नयी नीति^{F} निश्चित की. 3. अंगीकार करना : they ~ed his suggestion उन्होंने उसका सुझाव अंगीकार कर लिया; the resolution was ~ed प्रस्ताव स्वीकार किया गया. 4. गोद लेना : to ~ a son, daughter कोई लड़का, लड़की ≈. [*n*. adoption] **adopted** अ डॉप'टिड *a.* गोद^F लिया हुआ, दत्तक [child बच्चा, son बेटा]. [*ant*. un ~]

adore अ डोर' *v.t.* 1. आराधना^{F} करना : she ~s God वह ईश्वर की आराधना करती है. 2. बेहद चाहना : he ~d going to cinema उसे सिनेमा जाना बेहद पसंद था; he ~s his wife and children वह अपनी पत्नी और अपने बच्चों को बेहद चाहता है. [*ant*. despise]

adorn अ डॉर्न' *v.t.* सजाना : you ~ a wall with pictures तुम चित्रों से दीवार^F सजाते हो : the bride was ~ed with silken clothes and flowers दुल्हिन^F को रेशमी कपड़ों और फूलों से सजाया गया; a golden necklace ~ed her neck एक सोने का कंठा उसके गले में सज रहा था.

adult ऐ' डल्ट *a.* n^c. 1. वयस्क, बालिग़ [franchise मताधिकार]; for ~s only केवल वयस्कों के लिए; an ~ must accompany the children बच्चों के साथ एक ≈ अवश्य जाये. 2. प्रौढ़ [education शिक्षा^{F}, wolf भेड़िया]. [*ant*. child]

adulterated अ डल्'ट्रेटिड *a.* मिलावटी [milk दूध, oil तेल, sugar चीनी^{F}] **adulteration** अ डल्' ट्रेशन n^u. मिलावट^F : ~ of food खाद्य में ≈. [*v*. adulterate मिलावट^F करना]

advance अड्वान्स' I. *v.i.* 1. आगे बढ़ना : they advanced very far वे बहुत दूर (आगे) बढ़ गये; I ~d along the road मैं सड़क^F पर आगे बढ़ता गया. [*ant*. retreat] 2. उन्नति^{F} करना : she is advancing in her studies वह अपनी पढ़ाई^F में उन्नति कर रही है. II. *v.t.* 1. बढ़ाना : ~ a hand, prices हाथ, कीमतें^{F} ≈; ~ the date तारीख ≈. 2. आगे रखना, प्रस्तुत/पेश करना : ~ an opinion, a scheme मत/योजना^{F} ≈. 3. अग्रिम/पेशगी^{F} देना : I can ~ you £ 10 मैं तुम्हें दस पौंड पेशगी दे सकता हूँ. 4. उधार देना : the bank has refused to ~ money बैंक ने रुपया उधार देने से इन्कार कर दिया है. II. 1. n^u. अग्रिम धन, पेशगी^{F} : I received an ~ of £ 12 on my pay मैंने अपने वेतन से बारह पौंड पेशगी लिये; in ~ अग्रिम, पहले से : pay in ~ पेशगी दे दो : he reached there in ~ वह वहाँ पहले से पहुँच गया 2. उन्नति^{F}, प्रगति^{F} : ~ in health, knowledge, science स्वास्थ्य, ज्ञान, विज्ञान में ≈. 3. बढ़ती^{F}, वृद्धि^{F} : ~ in wages मज़दूरी^{F} में ≈. III. n^c. प्रेम-निवेदन : ~ made to किसी लड़की से किया गया ≈. IV. *a* 1. आगे का, अग्रवर्ती : [guard रक्षक, party दल]. 2. अग्रिम, पेशगी [copy प्रति^{F}, payment भुगतान, receipt रसीद^F]. **advanced** अड्वॉन्स्ड *a.* [several meanings in contexts] ~ **nations** विकसित/उन्नत जातियाँ^{F}; ~ **age** वृद्धावस्था^{F}; ~ stage बढ़ी हुई अवस्था^{F}; ~ **rate** प्रवृद्ध दर^F; ~ **training** उच्च प्रशिक्षण; ~ **dictionary** प्रौढ़तर शब्दकोश. **advancement** -मन्ट n^u. उन्नति^{F} : ~ in science विज्ञान में ≈ : his ~ in business व्यवसाय में उसकी ≈.

advantage अड् वान' टिज n^c. लाभ [great भारी]; many ~s बहुत- से ≈; he had this much ~ over others औरों की अपेक्षा^{F} उसे इतना ≈ था : this is of no ~ to me इसका मुझे कोई ≈ नहीं है; to understand one's own ~ अपना लाभ समझना; to one's ~ अपने ≈ के लिए. Δ **to take** ~ ≈ उठाना :

he took ~ of this opportunity उसने इस अवसर का ≈ उठाया; she takes ~ of my kindness वह मेरी कृपा^{F} का ≈ उठाती है. [*a.* ~**ous** लाभदायक; *ant.* dis ~]

adventure अड् वेन् चर **1.** n^u. साहस [extra-ordinary असाधारण, fatal घातक, queer विचित्र]; stories of ~ ≈ की कहानियाँ^{F}. **2.** n^c. साहसिक कार्य : mountain climbing is an ~, indeed पहाड़ पर चढ़ना (पर्वतारोहण) सचमुच एक ≈ है; to hunt after ~s साहसिक कार्यों की खोज^F में रहना; I had read a book about A's ~s मैंने अ के साहसिक कार्यों के बारे में एक पुस्तक^F पढ़ी थी. **adventurer** अड् वेंन्'चरर n^c. साहसिक [skilful कुशल, uncommon असामान्य]; don't lend him money, he is just an ~ उसे रुपया उधार न देना, वह एक ≈ ही तो है. **adventurous** अड् वेन्' चरॅस *a.* साहसपूर्ण, साहसिक; (person) साहसी : ~ journey साहसपूर्ण यात्रा^{F}; ~ child साहसी बच्चा; the ~ boy met with an accident ≈ लड़के के साथ दुर्घटना हो गई. [*ant.* un ~]

adverb ऐड' वर्ब n^c. क्रिया विशेषण : here, there, now, then, merrily are ~s यहाँ, वहाँ, अब, तब, हँसी-खुशी से ≈ हैं. 'very' in very good, very mercilessly is an adverb बहुत अच्छा, बहुत निर्दयतापूर्वक में 'बहुत' क्रिया विशेषण है.

advertise, - ze ऐड' वर्टाइज़ *v.i.* and *t.* विज्ञापन/इश्तिहार देना, विज्ञापित करना : to ~ for a life companion एक जीवन साथी के लिए ≈; they ~d on TV for peons उन्होंने टीवी पर चपरासियों के लिए विज्ञापन दिया; he ~d his house for sale उसने अपना घर बेचने के लिए विज्ञापन दिया. **advertised** एड्' वर्टाइज़्ड *a.* विज्ञापित [goods माल, machines मशीनें]. [*ant.* un ~] **advertisement** अड् वर्' टिस्मन्ट $n^{c/u}$. विज्ञापन, इश्तिहार [extensive व्यापक]; ~ in a newspaper समाचारपत्र में ≈; ~ has proved successful ≈ सफल सिद्ध हुआ है; an ~ for tooth-powder दंतमंजन के लिए ≈; by ~ ≈ से; rates of ~s विज्ञापनों की दरें^{F}.

advice अड् वाइस' **I.** n^u. सलाह^F, राय^F, परामर्श [bad बुरी, friendly मैत्रीपूर्ण/दोस्ताना]; to forget/remember one's ~ किसी की ≈ भूल जाना /याद रखना; to give ~ (or a piece of ~) = to advise; I need legal ~ मुझे कानूनी ≈ की आवश्यकता^{F} है; to follow doctor's ~ डाक्टर की ≈ पर चलना; take my ~ मेरी ≈ मानो. **II.** *n.* (*pl.*) सूचना^{F} : to receive ~s सूचना प्राप्त करना; to confirm ~s सूचना की पुष्टि^{F} करना. [*v.* advise]

advise अड् वाइज़' *v.t.* **1.** सलाह^F/राय^F देना : he ~d buying the house उसने मकान खरीदने की सलाह दी; what did he ~ you to do उसने तुम्हें क्या करने की सलाह दी? **2.** सूचना^{F} देना, सूचित करना : ~ the police पुलिस^F को ≈; do ~ me by the returning post मुझे वापसी डाक^F से अवश्य ≈; this letter is to ~ you that... यह पत्र तुम्हें यह सूचित करने के लिए है कि . . . [*n.* advice with 'c'] **adviser** अड् वाइ'ज़र n^c. सलाहकार, परामर्शदाता [legal कानूनी, sensible समझदार]; foreign language ~ विदेशी भाषा^{F} के ≈; to appoint a committee of ~s सलाहकार समिति^{F} की नियुक्ति^{F} करना; a meeting of the ~s सलाहकारों की बैठक^F. **advisory** अड् वाइ'ज़री *a.* सलाहकार, परामर्शी [committee समिति^{F}, council परिषद^F]; he acted in an ~ capacity उसने सलाहकार की हैसियत^F से कार्य किया.

advocate ऐड' वॅकेट **I.** n^c. **1.** एडवोकेट, अधिवक्ता; ~s of Allahabad High Court इलाहाबाद हाई कोर्ट के ≈. **2.** (पक्ष) समर्थक : an ~ of reform सुधार के ≈. **II.** *v.t.* (पक्ष) समर्थन करना : he ~ed increasing the tax उसने कर वृद्धि^{F} (पक्ष) का समर्थन किया.

advt. advertisement विज्ञापन, इश्तिहार

adze ऐड्ज़ n^c. बसूला, तेशा : the carpenter chops wood with an ~ बढ़ई बसूले से लकड़ी^{F} छीलता है.

aerial ऍअ' रिअल **I.** n^c. एरियल, आकाशी तार : a radio ~ रेडियो का ≈; to fit an ~ ≈ लगाना. **II.** *a* **1.** हवाई : ~ **flight** उड़ान^F; ~ **voyage** ≈ यात्रा^{F}. **2.** आकाशी [map मानचित्र, photography फ़ोटोग्राफ़ी^{F}, ropeway रज्जु मार्ग] .

aero - एँ' अरॅ - *pref.* हवाई; aeroplane, aerodrome.

aerodrome एँ' अरड्रम *n*ᶜ. छोटा हवाई अड्डा, विमान-क्षेत्र : aeroplanes are kept in ~s हवाई जहाज़ हवाई अड्डों में रखे जाते हैं; we were about to land on the ~ हम ≈ पर उतरने वाले थे.

aeronaut एँ' अरॅ नॉट *n*ᶜ. हवाबाज़, वैमानिक [daring दिलेर, fearless निडर]; the ~ undertook a long voyage ≈ लंबी यात्राᶠ पर चल पड़ा; two Indians have been trained as ~s दो भारतीयों को ≈ के रूप में प्रशिक्षित किया गया है. **aeronautics** एँय' रॅनॉटिक्स *n*ᵘ. विमान-विज्ञान, वैमानिकीᶠ, हवाबाज़ीᶠ, training in ~ ≈ का प्रशिक्षण; ~ is becoming popular विमान-चालन लोकप्रिय हो रहा है

aeroplane एँअ' रॅप्लेन *n*ᶜ. हवाई जहाज़, विमान, वायुयान [big बड़ा, military फ़ौजी]; flight of an ~ ≈ की उड़ानᶠ; an ~ flies, rises up, hides in clouds ≈ उड़ता है, ऊपर चढ़ता है, बादलों में छिप जाता है; to mount an ~ ≈ पर सवार होना.

afar अ फ़ार' *adv.* दूर : from ~ दूर से : he saw, recognised me from ~ उसने मुझे दूर से देखा, पहचान लिया; ~ he saw the spires of the city उसने दूर नगर की मीनारेंᶠ देखीं ~ off दूर तक : he went ~ off वह दूर तक चला गया; [*ant.* near]

affair अ फ़ेअर' *n*ᶜ. मामला : ~s of a house, of a state घर के, राज्य के मामले; it's none of my ~ यह कोई मेरा ≈ नहीं है; where I go is entirely my own ~ मैं कहाँ जाता/जाती हूँ, यह मेरा निजी ≈ है; to settle the ~ ≈ तय करना; to meddle in others' ~s दूसरों के मामलों में टाँगᶠ अड़ाना.

affect अ फ़ेक्ट' *v.t.* **1.** (को) प्रभावित करना, (पर) प्रभाव, असर डालना : that does not ~ you इसका तुम पर कोई प्रभाव नहीं; tea ~s the heart चायᶠ का दिल पर असर पड़ता है, चायᶠ दिल पर प्रभाव डालती है, चाय दिल/हृदय को प्रभावित करती है; he was ~ed with cold उस पर सर्दी का असर पड़ा; this music ~s my feelings यह संगीत मेरी भावनाओंᶠ पर प्रभाव डालता है; to ~ public opinion लोकमत को प्रभावित करना. **2.** ढोंग रचना : she ~ed illness उसने बीमारीᶠ का ढोंग रचा. [*cf.* effect (*v.*)] **affectation** ऐफ़ेक् टे'शन *n*ᵘ. बनावटᶠ, ढोंग [extreme अत्यन्त, foolish मूर्खतापूर्ण]; to sing with ~ बनावटᶠ के साथ गाना; there is much ~ in his behaviour उसके व्यवहार में बहुत कुछ ≈ है; her ~ annoys me उसके बनावटी व्यवहार से मुझे चिढ़ᶠ होती है. [*cf.* affection] **affected** अ फ़ेक्'टिड *a.* बनावटी, दिखावटी [behaviour व्यवहार, speech वाणीᶠ]; he has an ~ way of talking उसकी बातचीतᶠ का ढंग ≈ है. [*ant.* natural]

affection अ फ़ेक्'शन *n*ᶜ. स्नेह, प्यार [lasting पक्का, natural स्वाभाविक, reciprocal परस्पर/आपसी]; his ~ for his friend, sister उसका अपने मित्र, अपनी बहन के प्रति ≈; ~ grows ≈ बढ़ता है; to show ~ for/towards smb किसी के प्रति ≈ दिखाना : [*cf.* affectation] **affectionate** अ फ़ेक्'शनिट *a.* **1.** प्यारा, प्रिय [brother भाई, son बेटा]; ~ sister प्यारी/प्रिय बहन; yours ~ly आपका/तुम्हारा प्यारा. **2.** स्नेहपूर्ण, प्यारभरा [behaviour व्यवहार, letter पत्र, words शब्द]; he is very ~ towards me उसका मेरे प्रति बड़ा स्नेह है.

affirm अ फ़र्म' *v.t. & i.* दृढ़तापूर्वक कहना; to ~ a fact किसी तथ्य को ≈; he ~ed that he did not do it उसने दृढ़तापूर्वक कहा कि मैंने यह नहीं किया [note direct narration only in Hindi]; ~ upon oath शपथᶠ खाकर ≈; to ~ before a magistrate मजिस्ट्रेट के सामने ≈. (*n.* affirmation; *ant.* deny)

affirmative अ फ़र'मटिव **I.** *a.* सकारात्मक, स्वीकारात्मक [answer उत्तर, nod सिर का संकेत]. **II.** *n.* हाँ : to answer in the ~ ≈ में उत्तर देना; fifty votes in the ~, twenty in the negative पचास वोट/मत 'हाँ' में और बीस 'नहीं' में. [*ant.* negative]

affix अ फ़िक्स' *v.t.* **1.** लगाना, जोड़ना : to ~ a bill with a letter पत्र के साथ बिल ≈. **2.** लगाना, चिपकाना : to ~ a stamp on an envelope लिफ़ाफ़े पर टिकट ≈.

afflict अ फ़्लिक्ट' *v.t.* पीड़ा/दुःख देना : she was ~ed by/with grief वह शोक से दुःखी

थी; to ~ a person किसी को दुःख देना या दुःखी करना; he looks ~ed वह दुःखी/पीड़ित दिखाई देता है. ~**ed** *a.* दुःखी, पीड़ित [person व्यक्ति]. **affliction** अ फ्लिक्'शन *n.* (usu. sing.) दुःख, पीड़ा[F] : to be in ~ दुःखी/पीड़ित होना; to lighten one's ~ अपनी पीड़ा (अपने दुःख) को हलका करना; an ~ of the mind मानसिक पीड़ा, व्यथा[F].

afford अ फ़ॉर्ड **I.** *v.i.* **1.** (usu. with can, could) सामर्थ्य होना, कर सकना : I can't ~ to spend so much money मैं इतना पैसा ख़र्च नहीं कर सकता, मुझ में इतना पैसा ख़र्च करने की सामर्थ्य[F] नहीं है. **2.** ख़र्च उठाना/करना : I cannot ~ to keep a car मैं कार रखने का ख़र्च नहीं उठा सकता. **II.** *v.t.* **1.** देना : a good action ~s satisfaction अच्छा कर्म संतोष देता है, अच्छे कर्म से संतोष मिलता है; I ~ my son £ 15 every week मैं अपने बेटे को 15 पौंड प्रति सप्ताह देता हूँ. **2.** (का) ख़र्च उठाना : I cannot ~ a car मैं कार[F] का ख़र्च नहीं उठा सकता.

afire अ फ़ाइअर' *adv.* जलता हुआ : the house was ~ मकान जल रहा था.

aflame अ फ़्लेम *adv.* जलता : the house is ≈ घर जल रहा है; (fig.) she was ~ with anger वह ग़ुस्से से भड़क उठी; to be ~ जलना; to set ~ जलाना.

afloat अ फ़्लोट' *adv.* **1.** तैरता : a ship is ~ जहाज़ तैर रहा है; to get a boat ~ नाव[F] तैराना. **2.** समुद्र में, जहाज़ पर : how many days did you spend ~ तुमने ≈ कितने दिन बिताये. **3.** प्रचलित : rumours were ~ अफ़वाहें[F] चल रही थीं.

afoot अ फ़ुट' *adv.* **1.** पाँव पर : to get ~ again अपने ≈ फिर (खड़े) हो जाना. **2.** पैदल : to walk ~ ≈ चलना. **3.** प्रचलित/चालू : set an affair ~ कोई मामला चालू करना; there is a scheme ~ एक योजना[F] चालू है.

afraid अ फ़्रेड' *a.* (~ of) डरा हुआ, भयभीत : a child ~ of the dark अंधेरे से ≈ बच्चा; I am ~ of death मैं मौत[F] से ≈ हूँ; she is ~ to go alone वह अकेले जाने में डरती है; I am ~ you won't find his house मुझे डर है कि तुम्हें उसका घर नहीं मिलेगा. [*ant.* bold, un~]

afresh अ फ़्रेश' *adv.* फिर से : we will start ~ हम ≈ शुरू करेंगे.

after आफ़्' टर **I.** *adv.* पीछे, बाद (में) : Jack came tumbling ~ जैक पीछे लुढ़कता आया; it happened six years ~ यह घटना छह वर्ष ≈ हुई; coffee was given immediately ~ कॉफ़ी तुरन्त बाद दी गई. **II.** *prep.* **1.** के पीछे, के बाद/पश्चात् : I will come ~ James मैं जेम्स ≈ आऊंगा; to run ~ a person किसी के पीछे पड़ना/दौड़ना; ~ that उसके बाद/पश्चात्; ~ dinner खाने के बाद; ~ages युगों बाद; one ~ another एक-दूसरे ≈; ~ that day उस दिन के पश्चात्; ~ May comes June मई[F] के बाद जून आता है; ~ three o'clock तीन बजे के बाद; day ~ tomorrow परसों; ~ the lesson is over पाठ समाप्त होने के बाद. [*ant.* before] **2.** के बारे में : ask ~ smb किसी ≈ पूछना; to enquire ~ smth किसी चीज़[F] ≈ पूछताछ[F] करना. **3.** के अनुसार : ~ a model नमूने ≈; ~ the old fashion पुराने फ़ैशन ≈; this poem is ~ my heart यह कविता[F] मेरे मन के अनुरूप है. **4.** [misc.] this picture is ~ Robert यह तस्वीर[F] राबर्ट से मिलती-जुलती है; the boy takes ~ his father लड़का बाप पर गया है; day ~ day दिन पर/ब दिन. Δ ~ **all** (a) आख़िर : ~ all he is just a child ≈ वह है तो बच्चा ही; ~ all he had to go ≈ उसे जाना ही पड़ा; (b) बहरहाल : ~ all he was right ≈ वह सही था; what are you ~ तुम किस फेर में हो ? ~ **death the doctor!** मरने के बाद डाक्टर क्या करे; ~ us the deluge आप मरे जग प्रलय. **III.** *a.* बाद का : ~ care (बीमारी के) बाद की सावधानी; ~ -dinner speech भोजन के बाद का भाषण; you will feed it in ~ years तुम इसे अगले वर्षों में महसूस करोगे. **IV.** *conj.* जब बाद में : I shall tell you ~ I get back home जब घर वापस आऊंगा उसके बाद तुम्हें बताऊंगा, घर लौटूँगा तो बाद में तुम्हें बताऊंगा. [*ant.* before]

afternoon आफ़्टर-नून' *n*[c]. बाद दोपहर, तीसरा पहर, अपराह्न : after 12 o'clock noon, it is ~ बारह बजे दोपहर के बाद तीसरा पहर (अपराह्न) होता है; tomorrow ~ कल बाद दोपहर (तीसरे पहर); he arrived in the ~ वह

बाद दोपहर (तीसरे पहर) पहुँचा; the meeting will be held at 3 o'clock in the ~ बैठक तीन बजे अपराह्न (बाद दोपहर, तीसरे पहर) होगी. [*ant.* forenoon] **afterwards** आफ़्'टरवर्ड्ज़, Am. **afterward** *adv.* बाद में, इसके पश्चात् : we work first and play ~ हम पहले काम करते हैं और ≈ खेलते हैं; he told me ~ उसने मुझे बाद में बताया.

A.G. Accountant General महालेखाकार.

ag- ऐग (=ad-, before g-) aggravate, aggregate, aggression.

again अ गेन' *adv.* **1.** फिर : don't go there ~ वहाँ ≈ न जाना; you will be well ~ तुम ≈ ठीक/चंगे हो जाओगे; I brought her ~ मैं उसे ≈ ले आया. **2.** (एक बार) फिर, दुबारा : read it ~ इसे ≈ पढ़ो; I shall try ~ मैं ≈ कोशिश^{F} करूँगा. **3.** और, इसके अतिरिक्त/अलावा : ~ he is absent too ≈ वह ग़ैरहाज़िर भी है; as much ~ इतना और; twice as much ~ इससे दुगुना और. *Phr.* **~ and ~** बार-बार, फिर-फिर : **do it ~ and ~** इसे ≈ करो; **she beat the child ~ and ~** उसने बच्चे को ≈ पीटा. **never ~** फिर कभी नहीं; **now and ~** कभी-कभी : he may be coming here now and ~ वह यहाँ ≈ आता रहेगा; **over ~** एक बार फिर : write these words over ~ इन शब्दों को ≈ लिखो. **over and over ~** बार-बार, फिर-फिर : do this exercise over and over ~ यह अभ्यास ≈ करो.

against अ गेन्स्ट' *prep.* **1.** के विरुद्ध/खिलाफ़ : ~ the enemy, rules शत्रु, नियमों ≈; I am not ~ it मैं इस ≈ नहीं हूँ; ~ my will मेरी इच्छा^{F} ≈; I have to say nothing ~ him/her मुझे उस ≈ कुछ नहीं कहना है; he spoke ~ the resolution वह प्रस्ताव के विरोध में बोला. [*ant.* for] **2.** के विपरीत, की विपरीत दिशा^{F} में : ~ the current धारा^{F} ≈. **3.** के सहारे : put the ladder ~ the pole सीढ़ी^{F} को खम्भे ≈ लगा दो; put your cycle ~ the wall अपनी साइकिल^{F} दीवार^{F} ≈ खड़ी कर दो या लगा दो. **4.** के लिए : vaccination ~ small-pox चेचक^{F} का टीका; money kept ~ the rainy day दुर्दिन ≈ रखा पैसा. **5.** waves are striking ~ the shore लहरें तट से टकरा रही हैं; I ran up ~ Mr. C श्री स से मेरी अचानक मुलाक़ात^{F} हो गई.

-age इज *suff.* **1.** कार्य : haulage. **2.** स्थान : orphanage. **3.** अवस्था^{F} : marriage, parentage, shrinkage. **4.** शुल्क : cartage, postage, breakage, wastage, mileage.

age एज **I.** n^{u}. उम्र^{F}, अवस्था^{F} [advanced बड़ी, middle अधेड़, young छोटी]; old ~ बुढ़ापा; what is your ~? तुम्हारी ≈ क्या/कितनी है ? what ~ is your son? तुम्हारा बेटा कितनी उम्र का है ? old in ~ बूढ़ा; at the ~ of six छह साल की ≈ में; we are of the same ~ हम एक उम्र के हैं; he is my ~ वह मेरी ≈ का है; he does not look his ~ वह इतनी उम्र का नहीं लगता; ~ **limit** उम्र की सीमा^{F}; ~ **long** चिरकालीन, चिरंतन [friendship मैत्री^{F}/दोस्ती^{F}]; over-age निर्धारित उम्र से बड़ा; under-age (*a*) निर्धारित उम्र से छोटा; (*b*) नाबालिग, अवयस्क; to come of ~ बालिग हो जाना; he will be of ~ next June वह अगले जून में बालिग हो जाएगा. **II.** n^{c}. काल, युग [atomic परमाणु, middle/mediaeval मध्य, stone पाषाण]; greatest scientist of his ~ अपने युग का सब से महान् वैज्ञानिक; I have not seen him for ~s मैंने उसे युगों से नहीं देखा. **III. 1.** *v.i.* (aging) बुढ़ाना, बूढ़ा होना : he is ageing fast वह जल्दी-जल्दी बूढ़ा हो रहा है. **2.** *v.t.* बुढ़ा देना, बूढ़ा कर देना : his worries have ~d him उसकी चिन्ताओं^{F} ने उसे बूढ़ा कर दिया. **aged** एजिड *a.* **1.** बूढ़ा, वृद्ध : ~ man ≈ आदमी, the ~ बूढ़े लोग; ~ parents बूढ़े/वृद्ध माता-पिता. **2.** उम्र का : a young man ~ twenty बीस वर्ष (की उम्र) का नवयुवक; middle- ~ अधेड़ (उम्र^{F} का). **ageless** एज' लस *a.* **1.** चिरयुवा [actress अभिनेत्री, god देवता]. **2.** चिरनूतन [hills पहाड़ियाँ^{F}, building भवन].

agency ए' जन्सि n^{c}. (pl. agencies) **1.** एजेंसी^{F}, अभिकरण : employment ~ सेवायोजन/रोज़गार ≈. **2.** माध्यम : I got service through the ~ of a friend मुझे एक मित्र के माध्यम से नौकरी^{F} मिल गई.

agenda अ जेन् डॅ n^{c}. (pl.) एजंडा, कार्यसूची^{F} : ~ for today's meeting आज की बैठक^{F} का

एजंडा, की कार्यसूची; it was not on the ~ यह ≈ में नहीं था; what is on the ~ ≈ में क्या-क्या है ?

agent ए' जन्ट *n*ᶜ. **1.** एजेन्ट, अभिकर्ता [active सक्रिय, busy व्यस्त, secret गुप्त]; ~ of a company कंपनीᶠ का ≈. **2.** house ~ मकानों का दलाल. **3.** साधन, कारण : she was the ~ of his troubles वह उसके कष्टों का कारण थी. **4.** (secret) ~ जासूस : an ~ for Pakistan पाकिस्तानी ≈.

aggravate ऐ' ग्रवेट *v.t.* **1.** बिगाड़ देना, बदतर कर देना : his foolishness ~d the situation उसकी मूर्खताᶠ ने स्थितिᶠ को बिगाड़ दिया; the medicine ~d the disease दवाईᶠ ने रोग को और ख़राब कर दिया. **2.** तबियतᶠ बिगड़ना : noise ~s me शोर से मेरी तबियत बिगड़ जाती है; don't ~ the dog कुत्ते की तबियत मत बिगाड़ो; she was ~d by his behaviour उसके व्यवहार से वह बिगड़ गई.

aggregate ऐ' ग्रिगिट **I.** *n*ᵘ. पूर्ण योग : the ~ of his debts उसके ऋणों का ≈ ; ~ of his centuries in cricket क्रिकट में उसके शतकों का कुल योग. in the ~ कुल मिलाकर; I pass in the ~ कुल मिलाकर मैं पास हूँ. **II.** *a.* कुल [goals गोल, marks अंक].

aggression अग्रे' शन *n*ᵘ. **1.** आक्रमण (में पहल), हमला [political राजनीतिक, unjust अनुचित, violent हिंसात्मक]; ~ against neighbours पड़ोसियों पर ≈; an act of ~ आक्रमण; to repulse an ~ हमले को निष्फल बना देना. **2.** (hostility) शत्रुभाव : his attitude showed ~ उसके रुख़ से ≈ दिखाई देता था. **aggressive** अग्रे' सिव *a.* **1.** आक्रमणकारी [dog कुत्ता, policy नीतिᶠ, state राज्य]; he was ~ in his behaviour उसका व्यवहार ≈ था; to take the ~ आक्रमण/हमला करना. **2.** उद्यमशील [businessman व्यापारी]; he was never ~ in his work वह अपने काम में कभी ≈ नहीं रहा. **aggressor** अग्रे' सर *n*ᶜ. लड़ाका, आक्रामक : John was found ~ as he started the fight जॉन को ≈ पाया गया क्योंकि उसने लड़ाईᶠ शुरू की थी.

aggrieved अ ग्रीव्ड' *a.* दुखी, व्यथित [party पक्ष]; he is the ~ party वह ≈ पक्ष का है; he is ~ over/at her behaviour वह उसके व्यवहार से ≈ है.

aghast अ गास्ट' *a.* भौंचक्का : he was ~ at the sight of that accident उस दुर्घटना को देखकर वह ≈ रह गया; she stared ~ at the scene वह इस दृश्य को ≈ होकर टकटकीᶠ बाँधे देखती रही. [*ant.* calm]

agile ऐ' जाइल *a.* फुर्तीला [animal पशु, dancer नचैया]; ~ as a squirrel गिलहरी की तरहᶠ ≈; he is ~ in mind and body वह मस्तिष्क और शरीर से ≈ है. [*n.* agility फुर्तीᶠ]

agitate ऐ' जिटेट **I.** *v.i.* आंदोलन करना : they were agitating for more allowance वे और अधिक भत्ते के लिए आंदोलन कर रहे थे. **II.** *v.t.* **1.** हिलाना, उद्वेलित करना : the wind ~s the sea हवाᶠ समुद्र को उद्वेलित कर देती है; ~ the arms, hand बाँहेंᶠ, हाथ हिलाना; ~ the mixture घोल/मिक्सचर को हिलाओ. **2.** क्षुब्ध करना : the news ~d her heart इस समाचार ने उसके हृदय को क्षुब्ध कर दिया. **agitated** ऐ' जिटेटिड *a.* क्षुब्ध [crowd भीड़ᶠ, mind मन, soul आत्माᶠ]. **agitation** ऐजिटे' शन *n*ᵘ. **1.** आंदोलन [great भारी, sudden आकस्मिक, violent हिंसात्मक]; ~for reforms सुधारों के लिए ≈; ~ starts/escalates ≈ छिड़ता है, ज़ोर पकड़ता है; ~ is suppressed ≈ दबाया जाता है. **2.** क्षोभ, उत्तेजनाᶠ; to calm one's ~ किसी के क्षोभ को शान्त करना; to be in ~ क्षुब्ध होना; he beat the boy in a state of ~ उसने क्षोभावस्थाᶠ में लड़के को पीट दिया. **agitator** ऐ जिटेटर *n*ᶜ. आंदोलनकर्ता [political राजनीतिक, violent हिंसक]; sabotage by ~s आंदोलनकर्ताओं की तोड़-फोड़ᶠ; ~s sometimes mislead the public ≈ कभी-कभी जनताᶠ को गुमराह करते हैं.

ago अगो' *adv.* पहले (अतीत में) : two days ~ दो दिन पहले; I saw him a year ~ मैंने उसे एक साल पहले देखा था; years ~ when I was a child.... वर्षों पहले जब मैं बच्चा था. . . . **long ago** बहुत पहले : I knew her/him long ~ मैं उसे बहुत ≈ जानता था; I met him long long ~ मैं उससे बहुत-बहुत ≈ मिला था; father died a long time ~ पिताजी बहुत समय ≈ मर गये. [*cf.* before]

agony ऐ' गॅनि n^c. पीड़ा^{F}, व्यथा^{F} [acute तीव्र, mental मानसिक, physical शारीरिक]; he was in ~ with tooth-ache वह दाँत-दर्द से पीड़ित था; agonies of death, separation मृत्यु^{F}, वियोग की ≈एँ, [*ant.* ease]

agree *v.i.* (~ to, with) **1.** मानना : I agreed at once मैं तुरन्त मान गया; the boys did not ~ लड़के नहीं माने; he agreed **to** my request, opinion उसने मेरी प्रार्थना^{F}, राय^F मान ली; they ~d to come उन्होंने आना मान लिया. **2.** सहमत होना : he ~s **with** me वह मुझसे सहमत है; I cannot ~ **with** you in this मैं इस बात में आप/तुम से सहमत नहीं हूँ; they all ~d **on** the plan वे सब इस योजना^{F} के बारे में सहमत हो गये. **3.** एकमत होना : Henry and his wife did not ~ हेनरी और उसकी पत्नी एकमत नहीं थे; we ~ in everything हम हर बात^F में एकमत हैं. **4.** अनुकूल होना : the climate here does not ~ **with** me यहाँ की जलवायु^{F} मेरे अनुकूल नहीं है (मुझे अनुकूल नहीं पड़ती) **5.** मेल खाना, ताल-मेल होना, मिलना : these stories ~ ये कहानियाँ^{F} मिलती-जुलती हैं; these accounts do not ~ ये लेखे (आपस में) मेल नहीं खाते; the verb should ~ with the subject क्रिया और कर्ता में ताल-मेल होना चाहिए [*ant.* dis ~; *as tistinct from* ~ *with* a person, *to* a request, *in/on* smth] **agreeable** अग्री'अबल *a.* **1.** अनुकूल [climate जलवायु^{F}/आब-हवा^{F}, terms शर्तें^{F}]; to make oneself ~ to a person or place अपने को किसी व्यक्ति या स्थान के ≈ बनाना. **2.** सुखद [conversation बातचीत^F, smell सुगन्ध^F]; this fruit is ~ to taste यह फल स्वाद में ≈ है. **3.** सहमत : is she ~ to this? क्या वह इस (बात^F) से ≈ है? **agreement** -मन्ट **I.** n^u. **1.** करार, समझौता [written लिखित]; a trade ~ व्यापारिक ≈; ~ between parties दो पक्षकारों के बीच ≈; to come to an ~ ≈ करना; you broke the ~ तुमने ≈ भंग किया; I did not observe, violate the ~ मैंने ≈ का पालन, उल्लंघन नहीं किया; they struck on ~ उन्होंने समझौता कर लिया. **2.** सहमति : he gave his ~ उसने अपनी सहमति दे दी; we are **in ~ with** their decision हम उनके निर्णय से सहमत हैं. **II.** n^c. करारनामा : to sign an ~ ≈ पर हस्ताक्षर करना. [*ant.* dis ~]. **agricultural** ऐग्रिकल्'चैरल *a.* कृषि- [college महाविद्यालय, department विभाग, machinery यंत्र]; ~ **country** कृषि-प्रधान देश; ~ **class** खेतिहर वर्ग; ~ **land** खेती की ज़मीन^F; ~ **problems** कृषि^{F}/खेती^{F} संबंधी समस्याएँ^{F}. **agriculture** ऐ'ग्रिकल्चर n^u. कृषि^{F}, खेती^{F} [mechanised मशीनी, modern आधुनिक, developed विकसित]; Ministry of ~ कृषि मंत्रालय; to improve ~ ≈ में सुधार करना; to study ~ कृषि-विज्ञान का अध्ययन करना. **agriculturist** ऐग्रिकल्'चॅरिस्ट n^c. किसान, खेतिहर, कृषक; he is ~ by profession वह पेशे से ≈ है.

ah आ *interj.* आह, हा ! ~, how are you here! ≈, तुम कैसे ? ~, my foot is paining ≈ मेरे पैर में दर्द हो रहा है !

aha आहा *interj.* आहा ! ~, I get it ≈, मैंने पा लिया; ~, it is OK now आहा, अब सब ठीक-ठाक हो गया !

ahead अहेड' *adv.* (से) आगे, (के) आगे-आगे : the girl is ~ *of* the boy लड़की लड़के से ≈ है; to go, move, run ~ ≈ जाना, सरकना/चलना, भागना; go ~ बढ़ते चलो; there was a car ~ of us हमारे आगे-आगे एक कार^F थी; far ~ of others दूसरों से बहुत ≈; we finished our work ~ of time हमने समय से ≈ कार्य समाप्त कर दिया.

aid एड **I.** *n.* सहायता : to request smb for ~ किसी से ≈ के लिए प्रार्थना^{F} करना; to come to one's ~ किसी की सहायता^{F} करने पहुँचना; he studies geography with the ~ of an atlas वह मानचित्रावली^{F}/एटलस की ≈ से भूगोल पढ़ता है; a show in ~ of the orphans अनाथों के सहायतार्थ प्रदर्शन; first aid प्राथमिक उपचार. **II. 1.** n^u. सहायक साधन : audio-visual ~s श्रव्य-दृश्य ≈. **III.** *v.t.* सहायता^{F} देना : he ~ed his assistant उसने अपने सहायक को सहायता^{F} दी. [*syn.* help] **aid-de-camp**(A.D.C.) एड ड कां n^c. (*pl.* aides de camp) एडीकांग, परिसहायक : ~ is a military officer ≈

सैनिक अधिकारी होता है. **aided** ए'डिड *a.* सहायताप्राप्त [school विद्यालय, institution संस्था^{F}]. [*ant.* un ~].

ail एल I. *v.i.* बीमार, अस्वस्थ रहना; the old lady has been ailing for some time बुढ़िया^{F} कुछ समय से बीमार चली आ रही है. II. *v.t.* कष्ट देना : what ~s you तुम्हें क्या ≈ है ? something ~s him/her उसे कुछ कष्ट है. **ailing**ए'लिंग *a.* बीमार, अस्वस्थ [friend मित्र, wife पत्नी]. [*ant.* healthier] **ailment** एल्'मन्ट *n*^{c}. बीमारी^{F} : he is suffering from some ~ उसे कोई ≈ है; she always complains of some ~ or other वह किसी-न-किसी ≈ की शिकायत^F करती ही रहती है. [*syn.* illness; *ant.* health]

aim एम I. 1. *n*^{c}. लक्ष्य, उद्देश्य [basis मूल, definite निश्चित, main मुख्य]; money is not the ~ रुपया ≈ नहीं है; he has no ~ in life उसका जीवन में कोई ≈ नहीं है; my ~ is to become a Vice-Chancellor मेरा ≈ कुलपति बनने का है; ~s and objects of the institute संस्थान के लक्ष्य और उद्देश्य : attain an ~ लक्ष्य की प्राप्ति^{F} करना. 2. *n*^{u}. लक्ष्य, निशाना : take good ~ ठीक ≈ लगाना; ~ of an arrow तीर का निशाना; gunman's ~ तोपची का ≈. II. *v.t.i.* निशाना बाँधना/बनाना : ~ a rifle राइफ़ल^F का ≈; ~ at a bird किसी पक्षी को निशाना बनाना; to ~ **at** a target लक्ष्य पर निशाना लगाना, निशाने पर मारना; he is ~ing **for** the first position वह प्रथम स्थान पाने का लक्ष्य बनाए हुए है. **aimless** एम'लस *a.* लक्ष्यहीन, निरुद्देश्य [life जीवन, agitation आंदोलन].

air एअर I. *n*^{c}. हवा^{F}, वायु^{F} [clean स्वच्छ, cold ठंडी, cool शीतल, fresh ताज़ा, pure शुद्ध]; in the open ~ खुले में. by ~ हवाई डाक^F से; on the ~ रेडियो पर प्रसारित. II. *n.* दिखावटी रूप : don't give yourself an ~ of importance अपने रूप को दिखावटी महत्व का मत बनाओ; (*pl.*) अकड़^{F}, ऐंठ^F : he gives himself ~s वह अकड़ता रहता है. III. *a.* हवाई, वायु- : ~-bath वायु-स्नान; ~ passage/route ≈ मार्ग; ~ raid हवाई हमला. [see the next few entries]. IV. 1. हवा लगाना : ~ these rooms इन कमरों को हवा^{F} लगवाओ. 2. हवा में सुखाना : to ~ clothes कपड़ों को ≈. 3. व्यक्त करना : to ~ one's opinion अपना मत ≈. [*as distinct from* heir] **air-circulation** -सर्‌क्युले'शन *n*^{u}. हवा^{F} का संचार/आना-जाना : there are no windows, therefore no ~ खिड़कियाँ^{F} नहीं है, इसलिए ≈ नहीं है. **air-conditioned** -कन्‌डि'शन्ड *a.* वातानुकूल [building भवन, compartment डिब्बा]. **aircraft** -क्राफ़्ट/क्रैफ़्ट *n*^{c}. (*pl.* aircraft) वायुयान [friendly मित्र, hostile शत्रु, military सैनिक]; to go by ~ ≈ से जाना; enemy ~ were seen शत्रु के ≈ देखे गये. **air-field** -फ़ील्ड *n*^{c}. हवाई मैदान, विमान-क्षेत्र [vast लंबा-चौड़ा]; the aeroplane reached the ~ before taking off उड़ने से पहले हवाई जहाज़ ≈ में आया/पहुँचा. **air force** -फ़ॉर्स *n*^{c}. वायु-सेना^{F} [active सक्रिय, efficient कुशल, trained प्रशिक्षित] Indian Air Force (IAF) भारतीय ≈; army, navy and ~ थल-सेना^{F}, जल-सेना^{F} तथा वायु-सेना^{F}. **air hostess** -होस्'टिस *n*^{c}. विमान परिचारिका^{F} [agile फुर्तीली, polite शिष्ट]; ~es look after the comforts of passengers in an aircraft ≈एँ वायुयान के यात्रियों की सुविधाओं^{F} की देखभाल^F करती हैं. **air letter** -लेटर *n*^{c}. हवाई पत्र : an ~ is without an envelope ≈ बिना लिफ़ाफे के होता है; ~ is sent by air ≈ हवाई डाक^F से भेजा जाता है. **airline** -लाइन *n*^{c}. विमान कंपनी^{F} : Indian ~s भारतीय ≈; an ~ has a fleet of aircraft ≈ के पास हवाई जहाज़ों का बेड़ा होता है; by which ~ are you travelling आप किस ≈ के द्वारा यात्रा^{F} कर रहे हैं ? **airmail** -मेल *n*^{u}. हवाई डाक^F : ~ bag, service ≈ थैला, व्यवस्था^{F}; I sent a letter by ~ मैंने एक पत्र ≈ से भेजा. **air-plane** -प्लेन *n*^{c}. = aeroplane *q.v.* **airport** -पोर्ट *n*^{c}. हवाई पत्तन : an ~ is larger than an aerodrome ≈ हवाई अड्डे से बड़ा होता है; ~ has several buildings ≈ में कई इमारतें^{F} होती हैं. **air-raid** -रेड *n*^{c}. हवाई हमला : the enemy made an ~ on the city शत्रु ने नगर पर ≈ किया. **air-tight**-टाइट *a.* वायुरुद्ध

[bottle बोतल[F], compartment रेल का डिब्बा, room कमरा]. **airways** -वेज़ *n.* हवाई जहाज़ की कंपनी = airlines. **airy** एअ'रि *a.* हवादार [room कमरा]; this verandah is ~ यह बरामदा ≈ है.

ajar अजार' *adv.* अधखुला : I found the door ~ मैंने दरवाज़ा ≈ पाया.

akin अकिन' *a.* **1.** सजातीय : these two families are ~ ये दो परिवार सजातीय हैं. **2.** (~ *to*) तरह का, प्रकार का : this problem is ~ to that यह समस्या[F] उसी तरह की है; these problems are ~ ये समस्याएँ[F] एक ही तरह[F] की हैं.

al- अल- *pref.* [= ad-, before l] allot, allocate, allure, etc.

-al -अल *suff.* **1.** [makes adjectives, as] constitutional, continental, natural, central, national, social, territorial, etc. **2.** [makes nouns from verbs, as] arrival, survival, removal, withdrawal, approval, betrothal, dismissal, refusal, renewal.

alarm अलार्म' **I.** n^c. खतरे का संकेत, चेतावनी[F] : to give/raise an ~ चेतावनी देना, खतरे का संकेत करना; fire ~ आग के खतरे का संकेत; **air-raid** ~ हवाई हमले के खतरे का संकेत (की चेतावनी). **II.** n^u. भय, डर : she rushed out in ~ वह ≈ से भाग निकली. **III.** *a.* ख़तरे का : ~ **bell** ख़तरे की घंटी[F]; ~ **chain**] खतरे की ज़ंजीर[F]. **IV.** *v.t.* चौंका देना : we ~ed the villagers हमने गाँववालों को चौंका दिया; the passengers were ~ed यात्री डर गये. **alarming** अलार्'मिङ्ग *a.* डरनाक, चौंकाने वाला : ~ news ≈ समाचार; ~ rise in accidents दुर्घटनाओं[F] की चौंकाने वाली वृद्धि[F].

alas अलैस' *interj.* हाय ! अफसोस ! ~ she is no more ≈ अब वह नहीं रही.

album ऐल'बम n^c. ऐलबम, चित्राधार : I have two ~s, one for stamps and the other for photographs मेरे पास दो ≈ हैं, एक टिकटों का, दूसरा फ़ोटो का.

ale एल n^u. एल बिअर[F] [bitter कड़वी]; ~ intoxicates ≈ नशा ला देती है; he poured two pints of ~ into the glass उसने गिलास में दो पिंट ≈ ढाल दी.

alert अलर्ट' **I.** *a.* सजग, सतर्क, चौकन्ना [administrator प्रशासक]; a watch-dog is always ~ रखवाला कुत्ता सदा ≈ रहता है; she is old but ~ वह बूढ़ी है पर है सजग; be ~ to the danger खतरे से ≈ रहो. *v.t.* सजग/सचेत करना : an alarm ~ed us *to* the danger चेतावनी ने हमें खतरे से सजग/सचेत कर दिया. *phr.* **on the ~** चौकन्ना, सचेत : the watchman was on the ~ all the time चौकीदार सारे समय चौकन्ना/सजग रहा.

algebra ऐल'जिबरॅ n^u. अलजबरा, बीजगणित : he is good in ~ and arithmetic वह बीजगणित और गणित में अच्छा है.

alias ए'लिअस n^c. उपनाम, उर्फ़ : William Bruce ~ Tom विलियम ब्रूस ≈ टॉम; he gave an ~ to the police उसने पुलिस[F] को उपनाम/छद्मनाम बताया.

alien ए'लिअन **I.** *a.* **1.** पराया : ~ land पराया देश, विदेश. **2.** विदेशी, अजनबी, परदेसी : ~ people ≈ लोग. **3.** प्रतिकूल : cruelty is ~ *to* his nature अत्याचार उसके स्वभाव के ≈ है. **II.** n^c. विदेशी, परदेशी : ~s are not welcome there विदेशियों का वहाँ स्वागत नहीं होता.

alight अलाइट' **I.** *v.i.* उतरना : the bird ~ed on the branch पक्षी टहनी[F] पर उतरा, चिड़िया[F] टहनी पर उतरी; to ~ *from* the train, horse गाड़ी से, घोड़े से ≈ [*ant.* ascend] II. *a.* जलता : the lamp, stove was still ~ लैंप, स्टोव अभी जल रहा था; to set ~ जलाना.

alike अलाइक' **I.** *a.* एक-सा : the boy and his father are ~ लड़का और उसका पिता एक-से हैं; these trees are much ~ ये पेड़ बहुत कुछ एक-से हैं. **II.** *adv.* एक-सा, समान : twin brothers often look ~ जुड़वाँ भाई प्राय : एक-से लगते हैं; he treats all his children ~ वह अपने सब बच्चों से ≈ व्यवहार करता है. [*ant.* unlike]

alive अलाइव' *a.* & *adv.* **1.** जीवित, ज़िंदा : the queen was then ~ रानी[F] तब ≈ थी; the child was burnt ~ बच्चे को ≈ जला दिया गया. **2.** चौकस : I was ~ *to* the danger मैं

ख़तरे से ≈ था. ∆ **more dead than** ≈ न मरा न जिया. [*ant.* dead]

all ऑल **I.** *a.* सारा : ~ day (the money, the time) ≈ दिन (पैसा, समय); ~ his life अपना सारा जीवन; we waited ~ night हम सारी रात^F प्रतीक्षा^{F}/इंतज़ार^F करते रहे; ~ men, rooms सारे आदमी, कमरे. **II.** सब : ~ this यह ≈; ~ of us, we ~ हम सब; they were ~ present वे ≈ उपस्थित/हाज़िर थे; ~ is lost ≈ खो गया; I know ~ मैं ≈ जानता हूँ; that's ~ बस; we are ~ ready हम सब तैयार हैं (*cf.* already). **III.** *adv.* सारा, सब : we shall use it ~ हम इस सारे का उपयोग करेंगे; they ~ wept वे सब रोये; he lives ~ alone वह बिलकुल अकेला रहता है. **IV.** n^c. सब : they robbed him of his ~ उन्होंने इसका सब लूट लिया. *phr.* ~ **along** (a) शुरू से आख़ीर तक, आदि से अंत तक : I knew it ~ along मैं इसे ≈ जानता था; (b) बराबर सारा रास्ता : there were flags ~ along the road सड़क^F के सारे रास्ते झंडियाँ^{F} थीं; ~ **at once** एक बारगी, एक दम : the students ran out of gate ~ at once विद्यार्थी ≈ फाटक से बाहर भाग गये; ~ **in all** सर्वेसर्वा ; he is ~ in all in the family परिवार में वह ≈ है; ~ **of a sudden** अचानक : she came in ~ of a sudden वह ≈ भीतर आ गई; ~**-out** भरसक : they made an ~-out effort उन्होंने भरसक प्रयत्न किया; ~ **over** (a) सब जगह : ~ over the world दुनिया^{F} में ≈; (b) सब समाप्त : it was ~ over in an hour सब एक घंटे में समाप्त हो गया; ~ **right** बहुत अच्छा : ~ right, I shall go ≈ मैं जाऊंगा; ~ **the same** सब बराबर : it is ~ the same to me मुझे कोई अंतर नहीं पड़ता; ~ **through** पूरा का पूरा : I read the book ~ through मैं पूरी की पूरी किताब^F पढ़ गया; ~ **together** कुल मिलाकर : it was a success ~ together ≈ सफलता^{F} थी. [in combination] ~-India अखिल भारतीय : ~-India Conference अखिल भारतीय सम्मेलन; ~-knowing सर्वज्ञ : God is ~-knowing ईश्वर ≈ है; ~-powerful सर्वशक्तिमान; ~ round बहुमुखी, चौतरफा : an ~-round player ≈ खिलाड़ी. [*ant.* some, none, nil]

allay अले' *v.t.* कम करना : he ~ ed her fears उसने इसके भय कम कर दिये; the ointment will ~ your pain मरहम तुम्हारी पीड़ा^{F} को कम करेगी. [*ant.* aggravate]

allegation ऐलिगे'शन n^c. आरोप : his ~s about the girl's behaviour are untrue लड़की के व्यवहार के बारे में उसके आरोप झूठे हैं; she presented her ~s in the court उसने न्यायालय में अपने ≈ प्रस्तुत किये. **allege** अलेज *v.t.* आरोप लगाया : I ~d that he/she had stolen the watch मैंने आरोप लगाया कि उसने घड़ी^{F} चुराई है. **alleged** अलेज्ड *a.* तथाकथित, आरोपित [statement कथन].

allergy ऐ'लर्जि n^u. **1.** अलर्जी^{F} : he has an ~ to eggs उसे अंडों से ≈ है; smoke causes ~ to some persons धुआँ कई व्यक्तियों में ≈ पैदा करता है. **2.** अरुचि^{F} : you seem to have an ~ to hard work लगता है कि तुम्हें परिश्रम से ≈ है.

alley ऐ'लि (often ~ way) n^c. गली^{F} [narrow तंग, shady छायादार]; an ~ may be in a town or in a garden ≈ शहर में भी हो सकती है, बाग़ में भी.

alliance अला'इन्स $n^{u/c}$. **1.** (मैत्री^{F}) संबंध : matrimonial ~ विवाह-संबंध; to form an ~≈ बनाना; ~ between France and England फ्रांस और इंग्लैण्ड के बीच ≈. **2.** संबंध, साथ; in ~ with the government सरकार^F के साथ (सरकार^F से संबद्ध होकर). **3.** सन्धि^{F}, समझौता : this ~ ended the war इस ≈ से युद्ध समाप्त हो गया. [दे० ally]. **allied** ऐ'लाइड, अलाइड' *a.* **1.** संबद्ध [cultures संस्कृतियाँ^{F}, subjects विषय]; India and Nepal are closely ~ भारत और नेपाल घनिष्ठता^{F} से ≈ हैं; cat is ~ *to* a tiger बिल्ली^{F} का संबंध बाघ से है. **2.** मित्र : the ~ forces, nations ≈ सेनाएँ^{F}, राष्ट्र. **3.** ~ with के साथ : beauty ~ with wisdom बुद्धिमानी^{F} के साथ सुन्दरता^{F}, बुद्धिमानी से मिलकर सुन्दरता.

alligator ऐलिगेटर n^c. घड़ियाल : ~s live in water ≈ पानी में रहते हैं; an ~ is like a crocodile ≈ मगरमच्छ जैसा होता है.

allocate ऐ'लकेट *v.t.* अलग रखना, निर्धारित

करना : they ~d a room to each guest उन्होंने प्रत्येक अतिथि के लिए एक कमरा अलग रख दिया (निर्धारित कर दिया); I shall ~Rs. 50 to this fund मैं इस फ़ंड/निधि^F के लिए 50 रु०. अलग से दे दूंगा. **allocation** ऐलॅके'शन *n*^u. बंटवारा : ~ of money धन का ≈; she got the ~ of ancestal property उसे पैतृक संपत्ति^F का ≈ मिल गया.

allopathy ऐलॉ'पॅथी *n*^u. डाक्टरी चिकित्सा^F : treatment of diseases by ~ ≈ से बीमारियों^F का इलाज.

allot अलॉट' *v.t.* (-tt-) = allocate : he was ~ted a house, a house was ~ted to him उसके लिए एक मकान निर्धारित/आबंटित किया गया (दिया गया); they ~ted him/her some work उन्होंने उसे कुछ काम दे दिया. **allotment** अलॉट'मन्ट *n*^u. आबंटन, निर्धारण : ~ of land (money) भूमि (धन) का ≈.

allow अलाउ' *v.t.* **1.** (आज्ञा^F) देना : mother did not ~ me to go माँ ने मुझे जाने नहीं दिया (जाने की आज्ञा^F नहीं दी); smoking is not ~ed धूम्रपान की आज्ञा नहीं है. **2.** (करने/होने) देना : ~ a person to enter किसी को भीतर आने देना. [*ant.* dis~] **3.** (ख़र्चा) देना : ~ a boy Rs. 2 per week लड़के को प्रति सप्ताह दो रु० देना. **4.** मानना, स्वीकार करना : I shall not ~ that argument मैं यह तर्क नहीं मानूंगा (स्वीकार नहीं करूंगा); I ~ that you are right मैं मानता हूँ कि तुम सही हो. **5.** ध्यान/गुंजाइश^F रखना : you must ~ **for** the train being late : आपको गाड़ी^F के देर से आने का ध्यान रखना होगा; it ~s **of** no explanation इसमें व्याख्या की कोई गुंजाइश नहीं है. [*ant.* dis~] **allowance** अलाउअन्स **1.** *n*^c. भत्ता [daily दैनिक, dearness महँगाई, travelling यात्रा^F]; to sanction all ~s सारे भत्ते मंज़ूर करना. **2.** छूट; an ~ of 5% for cash नक़द पर 5 प्रतिशत की ≈. **3. to make** ~ गुंजाइश^F/ध्यान रखना : we should make ~ for his illness हमें उसकी बीमारी^F को ध्यान में रखना चाहिए.

all right ऑल राइट' *adv.* **1.** ठीक-ठाक : he is now ~ अब वह ≈ है. **2.** बहुत अच्छा : ~ you should not go there. ≈ तुम्हें वहाँ नहीं जाना चाहिये ≈. [alright is wrong]

allure अलुअर' *v.t.* लुभाना, फुसलाना; to ~ a child, woman किसी बच्चे, स्त्री को ≈. **allurement** अलुअर'मन्ट *n*^c/u. प्रलोभन : ~ of a city नगर के ≈.

ally I. ऐ'लाइ *n*^c. (*pl.* allies) साथी, मित्र : America & England are old allies अमेरिका और इंग्लैण्ड पुराने ≈ हैं. **II.** अलाइ' *v.t.* (*p. & p.p.* allied) संबद्ध करना, जोड़ना : the companies allied with each other कंपनियाँ^F एक-दूसरे से जुड़ गईं (संबद्ध हो गईं); the smaller parties should ~ themselves with the major party छोटे दलों को बड़े दल से जुड़ जाना चाहिए.

almighty ऑल माई टि *a.* **1.** सर्वशक्ति-संपन्न : an ~ headmaster ≈ प्रधानाचार्य. **2.** the Almighty सर्वशक्तिमान् ईश्वर.

almond आ'मन्ड *n*^c. बादाम; ~ blossoms, trees ≈ के फूल, पेड़; the cake had walnuts, ~s and raisins in it केक में अखरोट, बादाम और किशमिश^F था; the kernel of the ~ is nutritious बादाम की गिरी^F पौष्टिक होती है.

almost ऑल'मोस्ट *adv.* लगभग, करीब-करीब : she is ~ five years वह लगभग पाँच साल की है; he is ~ completely recovered वह ≈ पूर्णतया स्वस्थ हो गया है; ~ all the actors ≈ सारे अभिनेता; ~ every day ≈ हर रोज़.

alms आम्ज़ *n.* (*pl.* only) भीख^F : to live on ~ भीख माँगकर खाना; ~ were distributed भीख बाँट दी गई; give ~ to the poor ग़रीब लोगों को ख़ैरात^F दिया करो.

aloft अलॉफ़्ट' *adv.* **1.** ऊंचे : the snake rose ~ सांप ऊंचा उठा; the flag was flying ~ झंडा ऊंचा उड़ रहा था. **2.** ऊपर (डेक पर) : the sailors went ~ नावक ≈ चले गये. [*ant.* below]

alone अलोन' **I.** *adv.* **1.** अकेला, अकेले : leave me ~ मुझे अकेला रहने दो; she lives ~ वह अकेली/अकेले रहती है. **2.** अकेले, केवल : he ~ can do it ≈ वही इसे कर सकता है. **II.** *a.* अकेला : she was ~ वह अकेली थी; he was all/quite ~ वह बिलकुल ≈ था. [*ant.* together; *cf.* lonely]

along अलॉङ्ग' *adv. & prep.* **1.** साथ : I always

take ~ an umbrella with me मैं अपने साथ सदा छाता ले जाता हूँ; send the books ~ with clothes कपड़ों के साथ पुस्तकें^{F} भेज देना. **2.** साथ-साथ : the road runs ~ the river सड़क^F नदी^{F} के साथ-साथ जाती है. **3.** आगे : push ~ आगे धकेलो. **4.** [compound verbs in Hindi] come ~ चले आओ; how are you getting ~ कैसे चल रहे हो ? **5.** से होकर : he went ~ the street वह गली से होकर चला गया. **alongside** अलॉङ्गसाइड' *adv.* & *prep.* पास-पास : the two ships anchored ~ (each other) दोनों जहाज़ (एक-दूसरे के) ≈ लंगर डाले हुए थे.

aloof अलूफ़' *adv.* अलग (-थलग) : the girls stood ~ from their companions लड़कियाँ अपने साथियों से ≈ खड़ी थीं; he kept ~ from the whole affair वह इस सारे धंधे-से ≈ रहा. [*ant.* together]

aloud अलाउड' *adv.* ऊंचे, ज़ोर से : speak, read ~ ≈ बोलो, पढ़ो; she cried ~ वह ≈ चिल्लाई; I was just thinking ~ मैं बस ऊंचे (स्वर में) सोच रहा था. [*cf.* allowed, *ant.* silently]

alphabet ऐल्'फ़ॅबेट *n*^{c}. वर्णमाला^{F} [Arabic अरबी, Greek यूनानी]; I have learnt old Egyptian ~ मैंने पुरानी मिस्री ≈ सीख ली है; there are several ~s in India भारत में कई वर्णमालाएँ हैं; Nagari ~ has fifty-two letters नागरी ≈ में बावन वर्ण या अक्षर होते हैं. **alphabetic (al)** ऐल्फ़ॅबेटिक (ल) *a.* ~ order अकारादि क्रम; in ~ order अकारादि क्रम से. [*adv.* alphabetically]

already ऑलरे'डि *adv.* **1.** पहले ही, पहले से ही : Guests were ~ there अतिथि ≈ वहाँ पर थे; it is ~ late पहले ही देर^F हो गई है; we have ~ had our meal हम पहले ही खाना खा चुके हैं; he had ~ gone वह पहले ही जा चुका था. [*cf.* all ready] **2.** अभी : are you leaving ~ क्या तुम ≈ जा रहे हो ? [*cf.* all ready सब तैयार]

also औल्'सो *adv.* भी : our son was ~ with us हमारा बेटा भी हमारे साथ था; they ~ agreed with me वे भी मुझसे सहमत थे; will you ~ come क्या तुम भी आओगे ? I know him/her ~ मैं उसे भी जानता हूँ; I ~ know him/her मैं भी उसे जानता हूँ.

altar ऑल्'टर *n*^{c}. वेदी^{F} [adorned सजी हुई, high ऊंची, simple सादा]; to set up an ~ ≈ खड़ी करना; to lead a bride to the ~ दुल्हन^F को ≈ में ले जाना; when will you lead her to the ~ तुम उसका पाणिग्रहण कब करोगे ? [*as distinct from* alter]

alter ऑल्'टर **I.** *v.t.* बदलना, अदल-बदल करना : the tailor ~s the clothes दर्ज़ी कपड़ों में अदल-बदल करता है; a word ~s the sense of a sentence एक शब्द वाक्य का अर्थ बदल देता है; that has ~ed the situation इसने स्थिति^{F} को बदल दिया है. **II.** *v.i.* बदल जाना : Delhi has ~ed a lot दिल्ली^{F} बहुत बदल गई है; the weather is ~ing मौसम बदल रहा है. [*as distinct from* altar] **alteration** आल्टॅरे'शन *n*^{c}. परिवर्तन, हेर-फेर : ~s made in the house, story मकान, कहानी^{F} में किये गये ≈.

alternate **I.** ऑलटर'निट *a.* **1.** हर तीसरा : he came to visit us on ~ Tuesdays वह हम से हर तीसरे मंगलवार को मिलने आता था; he goes to work on ~ days वह हर तीसरे दिन काम पर जाता है. **2.** बारी-बारी : it was a week of ~ rain and sunshine यह सप्ताह ≈ बारिश^F और धूप^F वाला था. **II.** ऑल्'टरनेट **1.** *v.t.* (with, between) बारी-बारी^{F} से होना : work ~d with sleep काम और नींद^F बारी-बारी से होते रहे; my day ~d between work and sleep मेरा दिन बारी-बारी से काम और नींद^F में बीता. **2.** *v.t.* बारी-बारी से करना : we ~ work and rest हम बारी-बारी से काम और आराम करते हैं. **alternately** ऑलटर्'नॅटलि *adv.* बारी-बारी^{F} से : summer and winter come ~ गर्मी और सर्दी ≈ आती हैं; she was ~ pleased and angry वह बारी-बारी खुश और नाराज़ थी. **alternative** ऑलटर्'नॅटिव **I.** *n*^{c}. विकल्प : this is the only ~ यह एकमात्र ≈ है; work or starve; there is no other ~ काम करो या भूखे मरो; कोई दूसरा ≈ नहीं है. **II.** *a.* वैकल्पिक, कोई और; ~ arrangement ≈ व्यवस्था^{F}; we come by the ~ road हम किसी और सड़क^F से आये. [*cf.* alternate]

although ऑलदो' *conj.* यद्यपि, हालांकि : ~

they tried hard, (yet) he failed ≈ उसने बहुत कोशिश^F की, तथापि वह असफल रहा; he is honest ~ poor वह यद्यपि ग़रीब है पर है ईमानदार.

altogether ऑलटॅगे'दर *adv.* **1.** पूर्णतया, पूरी तरह [foolish मूर्ख, surprised आश्चर्य-चकित]; I am not ~ satisfied मैं ≈ संतुष्ट नहीं हूँ; this is not ~ what I desired to say यह ≈ वह नहीं जो मैं कहना चाहता था. **2.** कुल मिलाकर : there were ten of us ~ ≈ हम दस थे; ~ it was a nice play ≈ यह अच्छा खेल था. [*cf.* all together सब इकट्ठे, they came all together]

always ऑल'वेज़/विज़ *adv.* सदा, हमेशा : I ~ get up at seven मैं ≈ सात बजे उठता हूँ; I shall ~ remember you मैं तुम्हें/आपको ≈ याद रखूँगा; he is ~ making mistakes वह ≈ ग़लतियाँ^{F}/भूलें^{F} करता रहता है. [*ant.* never]

am अम (strong ऐम) *v.* हूँ [only with 'I']; I am a good bowler मैं अच्छा गेंदबाज हूँ; I ~ going मैं जा रहा हूँ; I ~ late मुझे देर^F हो गई है. [note is, are ; see 'be']

a.m. ए ऍम = ante meridian(before noon) प्रातः, पूर्वाह्न : at 6 a.m. छह बजे ≈.

amass अमैस' *v.t.* इकट्ठा/जमा करना : he ~ed information उसने सूचना^{F} इकट्ठी/जमा की; I could not ~ many words मैं बहुत शब्द जमा न कर पाया. [*ant.* scatter]

amateur ऐ'मॅचुअर **I.** n^c. & *a.* अव्यवसायी : ~ in painting चित्रकारी^{F} में ≈; ~ painter ≈ चित्रकार. **II.** *a.* **1.** शौकिया : ~ play ≈ खेल. **2.** अनाड़ी : ~ actor ≈ अभिनेता.

amaze अमेज़' *v.t.* चकित/हैरान करना : his success ~d me उसकी सफलता^{F} ने मुझे चकित/हैरान कर दिया; I was ~d to see her there मैं उसे वहाँ देखकर चकित/हैरान रह गया; I was ~d at this इस पर मुझे हैरानी हुई. **amazement** अमेज़'मन्ट n^u. हैरानी^{F}, आश्चर्य : they heard the news with ~ उन्होंने ≈ से यह समाचार सुना; to my ~ मेरी हैरानी^{F} की हद^F न थी. **amazing** अमे'जिङ्ग *a.* आश्चर्यजनक [ability योग्यता^{F}, strength शक्ति^{F}, success सफलता^{F}]; his story was ~ उसकी कहानी^{F} ≈ थी.

ambassador ऐमबै'सॅडर n^c. **1.** राजदूत : the Indian ~ in London लंदन में भारत के ≈; to appoint an ~ किसी को ≈ नियुक्त करना; to recall an ~ ≈ को वापस बुलाना. **2.** (representative) प्रतिनिधि : he is our institute's ~ वह हमारे संस्थान का ≈ है.

ambiguous ऐमबि'ग्युअस *a.* संदिग्ध, अस्पष्ट [language भाषा^{F}, reply उत्तर]; yours is an ~ statement तुम्हारा कथन ≈ है; some sentences are ~ कुछ वाक्य ≈ होते हैं. [*ant.* un-, lucid]

ambition ऐमबि'शन n^c. महत्वाकांक्षा^{F} [great भारी, insane मूर्खतापूर्ण, senseless निरर्थक]; the ~ to be a minister मंत्री बनने की ≈; he has no ~s in life जीवन में उसकी कोई महत्वाकांक्षाएँ नहीं हैं; her ~ was fulfilled उसकी ≈ पूरी हो गई; he realised his ~ उसकी ≈ पूरी हो गई. **ambitious** ऐमबि'शस *a.* **1.** महत्वाकांक्षी [person व्यक्ति]; more ~ of fame than money धन की अपेक्षा^{F} यश का अधिक ≈. **2.** महत्त्वाकांक्षापूर्ण [plan योजना^{F}]. [*ant.* un ~]

ambulance ऐम्'ब्युलन्स n^c. ऐंबूलेंस, अस्पताली गाड़ी^{F} : we called for an ~ हमने एक ≈ मँगा भेजी; the wounded were carried away in ~s आहतों को अस्पताली गाड़ियों में उठा ले जाया गया.

ambush ऐम्'बुश **I.** n^c. **1.** घात^F : soldiers' ~ सिपाहियों की ≈; to lie in ~ घात लगाकर बैठना. **2.** घात-स्थान : they attacked the enemy from the ~ उन्होंने ≈ से शत्रु पर आक्रमण किया. **II.** *v.t.* घात से आक्रमण/हमला करना : the enemy ~ed शत्रु ने घात^F से आक्रमण किया.

amen आमेन', एमेन' *interj.* [at the end of a prayer] आमीन, एवमस्तु.

amend अमेन्ड' *v.t.* **1.** संशोधन/सुधार करना : to ~ a law, rule कानून, नियम का सुधार/संशोधन करना; the law, rule was ~ed कानून, नियम का संशोधन/सुधार किया गया; the author is ~ing his book लेखक अपनी पुस्तक^F का संशोधन/सुधार कर रहा है. **2.** सुधारना : ~ your habits, ways अपनी आदतें^{F}, ढंग से सुधारो; you can ~ your error yourself तुम अपने-आप अपनी ग़लती^{F}

सुधार सकते हो. Δ **make** ~s (स्थिति^F) सुधार लेना (क्षतिपूर्ति^F करके) : he made ~ by giving him gifts उसने उसे उपहार देकर स्थिति^F में सुधार कर लिया.

amendment अमेन्ड'मन्ट *n*^c. संशोधन, सुधार : ~ to the book, resolution पुस्तक^F, प्रस्ताव में ≈; to reject an ~ ≈ अस्वीकार करना; to make an ~ ≈ करना.

amenity अमे'(मि')निटि *n.* (often *pl.*) सुख-सुविधा^F; we have so many amenities in the house हमारे मकान में इतनी सारी सुख-सुविधाएँ हैं.

American अमे'रिकन *n*^c. & *a.* अमरीकी, अमरीका का (निवासी) : ~s are very rich अमरीकी बहुत अमीर/धनी होते हैं; ~ goods अमरीकी/अमरीका का माल; ~ government अमरीकी सरकार^F.

amiable ए'मिअबल *a.* **1.** प्यारा [child बच्चा, youngman नवयुवक]. **2.** मिलनसार : [woman स्त्री]; she seems ~ to him वह उससे ≈ दिखाई देती है. [*adv.* amiably मिलनसारी^F से; *as distinct from* amicable]

amicable ऐ'मिकॅबल *a.* मैत्रीपूर्ण [relations संबंध]; in an ~ manner ≈ ढंग से. [*adv.* amicably मित्रतापूर्वक; *as distinct from* amiable; *ant.* hostile]

amid अमिड', **amidst** अमिड्स्ट' *prep.* में, के बीच में : ~ all the confusion सारी गड़बड़^F ≈; ~ the vast crowd भारी भीड़^F ≈.

amiss अमिस' *adv.* खराब, बुरा : what's ~ with you today आज क्या ख़राबी^F है? nothing comes ~ to a hungry person भूखे आदमी के लिए कुछ भी ≈ नहीं है; it is not ~ कोई बुरा नहीं है; to take ~ बुरा मानना : she took it ~ that I did not accept his invitation उसने इस बात^F का बुरा माना कि मैंने उसका आमंत्रण स्वीकार नहीं किया.

ammunition ऐम्युनि'शन *n*^u. गोला-बारूद : they were short of ~ उनका ≈ कम पड़ गया; soldiers' ~ lasted two months सिपाहियों का ≈ दो महीने चला.

among अमङ्ग', **amongst** (especially British) अमङग्स्ट' *prep.* **1.** (अनेक) में : divide the cake ~ six boys छः लड़कों में केक बाँट दो; Sita was also ~ the guests अतिथियों में सीता^F भी थी; one ~ many बहुतों में एक. **2.** के बीच में : ~ the trees पेड़ों ≈. [*cf.* between (दो) में, (दो) के बीच में]

amount अमाउन्ट **I.** *n*^c. **1.** राशि^F : total ~ कुल राशि^F; ~ of debt ऋण की ≈; ~ of money रकम/धनराशि^F; ~ of water जलराशि^F. **2.** कुल जोड़, योग : add up these figures and tell me the ~ ये अंक जोड़ो और मुझे कुल योग बताओ. **II.** *v.i.* **1.** कुल जोड़ बनना : how much does it ~ to कुल जोड़ कितना बनता है? the bill ~ed to Rs. 5 बिल का कुल जोड़ पाँच रु० हुआ. **2.** बराबर होना : borrowing money and not returning it ~s to stealing रुपया उधार लेकर न लौटाना चोरी^F के बराबर है. **3.** मतलब होना : it ~s to the same thing इसका यही मतलब है.

ample ऐम्'पल *a.* **1.** खुला, लंबा-चौड़ा : ~ **room** खुली/लंबी-चौड़ी जगह^F. **2.** खुला, पर्याप्त : ~ time ≈ समय; ~ food ≈ भोजन. [*ant.* meagre, scarce, scanty]

amplifier ऐम्'प्लिफ़ाइअर *n*^c. ध्वनि विस्तारक, भोंपू : a mike is an ~ माइक ≈ होता है; an ~ is a loudspeaker ≈ लाउडस्पीकार होता है. **amplify** ऐम्'प्लिफ़ाइ *v.t.* विस्तार देना, बढ़ाना : ~ your story अपनी कहानी^F को विस्तार दो (बढ़ाओ); to ~ the voice स्वर को ≈. [*ant.* abbreviate]

amuck अमक' (also *amok*) *adv.* **1.** he ran ~ वह पागल हो गया. **2.** expenditure ran ~ ख़र्च काबू से बाहर हो गया.

amulet ऐ'म्युलिट *n*^c. तावीज़, कवच : she is wearing an ~ वह एक ≈ धारण किये हुई है; can an ~ protect smb from bad luck क्या ≈ किसी को दुर्भाग्य से बचा सकता है?

amuse अम्यूज़' *v.t.* **1.** जी बहलाना : to ~ oneself अपना ≈; ~ a person by crecking jokes चुटकुले सुनाकर किसी का ≈; ~ a person with jokes चुटकुलों से किसी का ≈; ~ the children बच्चों को बहलाना, बच्चों का जी बहलाना; to keep smb ~d किसी को बहलाये रखना. **2.** हँसाना : the joker has been amusing us for an hour जोकर/मज़ाकिया हमें एक घंटा हँसाता रहा. **amusement** अम्यूज़'मन्ट **1.** *n*^u. मनोविनोद,

मनोरंजन, मनबहलाव [childish बचकाना, endless अनन्त, wholesome स्वस्थ]; for one's own ~ अपने ≈ के लिए; means of ~ ≈ का साधन. **2.** मनोरंजन, मनबहलाव का सामान : there are many ~s in the nursery school शिशु विद्यालय में बहुत से ≈ हैं. **amusing** *a.* मनोरंजक [incident घटना^F, scene दृश्य, story कहानी^F].

an अन (strong ऐन) [before a vowel sound] a, एक, कोई, प्रति [see a]; ~ apple is red सेब लाल होता है; I have ~ apple मेरे पास एक सेब है; give me an apple मुझे कोई सेब दे दो; he earns Rs. 10 an hour वह प्रति घंटा दस रु० कमाता है.

an- *pref.* = ad-, before n-, as in annex, announce.

-(a)n -अन *suff.* [makes nouns and adjectives] as in African, American, Indian, Shakespearean, Bolivian, Candian.

anaemia अनी'मिअ *n*^u. खून की कमी^F : ~ is common during pregnancy गर्भावस्था^F में ≈ आम होती है; he was suffering from ~ वह ≈ के कारण कष्ट में था.

anaesthesia ऐनिसथी'ज़िअ *n*^u. बेहोशी^F : the operation was performed under ~ ऑपरेशन बेहोश कराके किया गया.

analyse, (Am.) **-ze** ऐ'नॅलाइज़ *v.t.* विश्लेषण करना : the facts were ~d तथ्यों का विश्लेषण किया गया; the students are analysing complex sentences छात्र मिश्र वाक्यों का विश्लेषण कर रहे हैं; you should ~ the data obtained तुम्हे प्राप्त तथ्यों और आँकड़ों का विश्लेषण करना चाहिए.

analysis अनै'लिसिस *n.*^u/c (*pl.* -ses सीज़) विश्लेषण [profound गहन, superficial सतही]; the doctor made an ~ of the poison डाक्टर ने ज़हर/विष का ≈ किया; testing the food by ~ खाने का ≈ करके परीक्षण करना. [*pl.* analyses; *ant.* synthesis] **analytical** ऐनॅलि'टिकल *a.* विश्लेषणात्मक [classification वर्गीकरण, problem समस्या^F, study अध्ययन]; he presented an ~ report on the riot उसने दंगे की ≈ रिपोर्ट^F प्रस्तुत की.

anarchy ऐ'नरकि *n*^u. अराजकता^F : there was complete ~ after the defeat of the BJP भारतीय जनता पार्टी^F की पराजय^F के बाद पूरी ≈ थी. **2.** अव्यवस्था^F : ~ in the class room कक्षा^F में ≈. [*ant.* order]

anatomy अनै'टॅमि *n*^u. **1.** शरीर-रचना-शास्त्र : ~ is the study of the body parts of animals ≈ जीवों के शारीरिक अंगों का अध्ययन होता है; ~ is a course in medicine ≈ चिकित्साशास्त्र के अन्तर्गत एक पाठ्यक्रम है. **2.** चीर-फाड़^F : ~ of the parts of a body शरीर के अंगों की ≈.

-ance -अन्स *suff.* (makes abstract nouns), as annoyance, compliance, conveyance, brilliance, ignorance, radiance, hindrance, assistance, conveyance, inheritance, repentance, resemblance, resistance, significance.

ancestor ऐन्'सस्टर, (Am.) एनसेस्'टर *n*^c. पूर्वज, पुरखा; Edward was an ~ of Elizabeth एडवर्ड इलिज़बेथ के ≈ थे; our ~s built high traditions हमारे पूर्वजों/पुरखों ने उच्च मर्यादाएँ^F स्थापित कीं. [*ant.* descendant] **ancestral** ऐनसेस्'ट्रल *a.* पैतृक, पुश्तैनी [estate जागीर^F, home घर, property सम्पत्ति^F, rights अधिकार]. **ancestry** ऐन्'ससट्रि *n*^u. **1.** वंश-परंपरा^F : his ~ goes back to Mughal Kings उसकी ≈ पीछे मुग़ल बादशाहों तक जाती है. **2.** कुल : a man of noble ~ कुलीन.

anchor ऐङ्'कर **I.** *n*^c. लंगर : steadfast ~ पक्का ≈; a ship lies at ~ जहाज़ ≈ डाले खड़ा है; **to cast/drop** ~ ≈ डालना; **to weigh** ~ ≈ उठा लेना. **II. 1.** *v.t.* लंगर डालकर खड़ा करना; to ~ a ship जहाज़ को ≈. **2.** *v.i.* लंगर डालकर खड़ा होना : the ship ~ed जहाज़ लंगर डालकर खड़ा हो गया.

ancient एन'शन्ट *a.* प्राचीन, पुराना [city नगर, history इतिहास, monument स्मारक]; ruins of the ~ period प्राचीन काल के खंडहर; this was the custom among the ~ Greeks प्राचीन यूनानियों में यह रिवाज था; **the ~s** पुराने ज़माने के लोग. [*ant.* modern]

and अन्ड (strong ऐन्ड) *conj.* **1.** और : John ~ Henry जॉन ≈ हेनरी; strong ~ healthy

हृष्टपुष्ट ≈ स्वस्थ; read ~ write पढ़ो ≈ लिखो; two ~ three make five दो और तीन पाँच होते हैं. **2.** (omitted in numerals & in compounding) three ~ a half साढ़े तीन; five hundred ~ sixty पाँच सौ साठ; mother ~ father माता-पिता, day ~ night दिन-रात. **3.** तो : ~ why not तो क्यों नहीं; ~ now तो अब ! ~ yet तो भी. **4.** (special constructions in Hindi) miles ~ miles मीलों; ~ others, ~ so on इत्यादि.

anecdote ऐ'निकडोट *n*^{c}. क़िस्सा : amusing ~ मनोरंजक ≈; a collection of ~s क़िस्सों का संग्रह; ~s about politicians राजनेताओं के क़िस्से; some ~s make you laugh कुछ क़िस्से आपको हँसाते हैं; there are several ~s about Maharaja of Patiala पटियाला के महाराजा के बारे में कई ≈ हैं.

anemia = anaemia *q.v.*

anew अन्यू' *adv.* फिर से, नये सिरे से; write the essay ~ निबंध ≈ लिखो; in spring, the world seems to be born ~ वसन्त में लगता है कि दुनिया^{F} ≈ पैदा हुई है; tell the story ~ कहानी^{F} ≈ सुनाओ.

angel एञ्'जल *n*^{c}. फ़रिश्ता, देवदूत; ~ of death मौत^F का फ़रिश्ता, यमदूत; to have the patience of an ~ फ़रिश्ते/देवदूत जैसा धैर्य रखना; he is more than a man, he is an ~ वह मनुष्य से बढ़कर है, वह तो फ़रिश्ता है. [*ant.* devil; *as distinct from* angle]

anger ऐङ्'गर *n*^{u}. क्रोध, गुस्सा [excessive अतिशय]; he was filled with ~ वह गुस्से/क्रोध से भरा था; she is easily moved to ~ उसे जल्दी^{F} से ≈ आ जाता है; to give vent to ~ ≈ निकालना/उतारना. [*a.* angry]

angle ऐङ्'गल **I.** *n*^{c}. **1.** कोण : an ~ of 90° 90° का ≈; right ~ समकोण; acute ~ न्यून ≈; obtuse ~ अधिक ≈; 90° से बड़ा कोण. **2.** दृष्टिकोण : from an other ~ दूसरे ≈ से. **3.** बंसी^{F} : to fish with an ~ ≈ से मछली^{F} पकड़ना. **II.** *v.i.* **1.** बँसी^{F} लगाना, मछली^{F} फँसाना : ~ for a trout ट्राउट मछली^{F} फँसाना. **2.** युक्ति^{F} खोजना : to ~ for an invitation निमन्त्रण पाने के लिए ≈.

anglicize ऐङ्'ग्लिसाइज़ **1.** *v.t.* अंग्रेज़ी रूप देना : to ~ the pronunciation of a Hindi word हिन्दी शब्द को अंग्रेजी उच्चारण का रूप देना. **2.** *v.i.* अंग्रेज़ी ढंग का बनना : he has become ~d वह अंग्रेज़ी ढंग का बन गया है.

Anglo- ऐङ्'ग्लो comb. form ऐंग्लो-, ~-Indian, ~-American.

angry ऐङ्'ग्रि *a.* [angrier, angriest] **1.** ग़ुस्से, क्रुद्ध : ~ person क्रुद्ध व्यक्ति; to be ~ *with* a person *at* his behaviour किसी व्यक्ति से उसके आचरण पर ≈ होना; he became/got ~ वह ≈ हो गया, उसे गुस्सा/क्रोध आ गया; this made me ~ इससे मुझे गुस्सा/क्रोध आ गया. **2.** क्रोधपूर्ण, गुस्से में भरा : ~ looks, voice, words क्रोधपूर्ण दृष्टि^{F}, स्वर, शब्द. [*adv.* angrily गुस्से से; *ant.* pleased]

anguish ऐङ्'ग्विश *n*^{u}. दर्द, व्यथा^{F} : he was in ~ उसे दर्द था (व्यथा थी); her heart was torn with ~ उसका दिल ≈ से फट गया; she suffered terrible ~ उसे घोर व्यथा हुई. [*a.* ~*ed* दर्दभरा]

animal ऐ'निमल *n*^{c}. **1.** पशु, जानवर [domestic पालतू, hungry भूखा, wild जंगली]; four-footed ~s चौपाये; to break in a wild ~ जंगली पशु/जानवर को सिधाना; an ~ lives, breathes, dies ≈ जीता है, साँस लेता है, मर जाता है. **2.** जीव : snakes, fish and birds are all ~s साँप, मछलियाँ^{F} और पक्षी सब ≈ हैं. **II.** *a.* पशु-, पशु का : ~ **breeding** पशुओं की नस्ल बढ़ाना; ~ **husbandry** पशु-पालन; ~ **spirits** चंचलता^{F}; ~ desires भौतिक इच्छाएँ^{F}; ~ **kingdom** पशु जगत्, जीव जगत्. **animate** ऐ'निमिट **I.** *a.* सजीव, जानदार; ~ objects ≈ पदार्थ; even plants are ~ पौधे भी ≈ होते हैं. [*ant.* in-~] **II.** ऐ'निमेट *v.t.* **1.** सजीव बनाना, जान डाल देना; jokes ~d his speech चुटकुलों ने उसके भाषण में जान डाल दी (भाषण को सजीव बना दिया). **2.** अनुप्राणित करना : his actions were ~d by revenge उसकी क्रियाएँ^{F} प्रतिशोध/बदले की भावना^{F} से अनुप्राणित थीं. [*ant.* in~]

ankle ऐङ्'कल *n*^{c}. टखना : the ~ of my right foot was hurt मेरे दाहिने पैर के टखने में चोट^F लग गई; she has broken her left ~ उसका

बायाँ ≈ टूट गया है.

annex अनेक्स' *v.t.* **1.** मिला लेना : the king ~ed the entire territory to his kingdom राजा ने सारा क्षेत्र अपने राज्य में मिला लिया. **2.** जोड़ देना : she was ~ing a form to her letter वह अपने पत्र के साथ एक फार्म जोड़ रही थी. **3.** हथिया लेना : someone has ~ed my pencil किसी ने मेरी पेंसिल^F हथिया ली है. **annexation** ऐनेक्'से'शन n^u. समामेलन मिला लेना : ~ of land भूमि^{F} का ≈; usurpation and ~ of a province किसी प्रांत को हड़प लेना और अपने राज्य में मिला लेना.

annexe ऐ'नेक्स n^c. उपभवन : a hotel, hospital ~ होटल, अस्पताल का ≈; I live in the ~ of the bungalow मैं बंगले के ≈ में रहता/रहती हूँ.

anniversary ऐनिवर्'सरि n^c. वर्षगाँठ^F, जयन्ती^{F} [happy शुभ, joyful हर्षपूर्ण]; in honour of the first wedding ~ विवाह की पहली वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में; this is the tenth ~ of his birthday यह उसके जन्मदिन की दसवीं ≈ है.

announce अनॉउन्स' *v.t.* (-ed, announcing) (की) घोषणा^{F} करना, (को) विज्ञापित करना : to ~ one's death/arrival किसी की मृत्यु^{F} (किसी के आगमन) ≈; ~ by beat of drum ढिंढोरा पीटकर घोषणा करना; the new rates were ~d yesterday नई दरें^{F} कल विज्ञापित की गई he ~d the programme at the meeting उसने बैठक^F में कार्यक्रम की घोषणा की; the name of every guest was ~d प्रत्येक अतिथि का नाम घोषित किया गया. **announcement** -मन्ट n^c. घोषणा^{F}, विज्ञप्ति^{F}: I have an important ~ to make मुझे एक महत्वपूर्ण ≈ करनी है; ~ of their engagement उनकी सगाई^F की घोषणा; that ~ had appeared in newspaper वह ≈ समाचार-पत्रों में निकली थी. **announcer** अनाउन्'सर n^c. घोषक : a TV ~ दूरदर्शन का ≈/ उद्घोषक; he is the best ~ on the radio रेडियो पर वह सर्वश्रेष्ठ उद्घोषक है.

annoy अनाइ' *v.t.* **1.** तंग करना, सताना : we are ~ed with the bad weather हम इस गंदे मौसम से तंग आ गये हैं; go away, don't ~me चले जाओ, मुझे तंग मत करो (मुझे मत सताओ). **2.** खिझाना : all these things are ~ing इन सारी बातों^{F} से खीझ^F होती है; noise ~s me शोर से मुझे खीझ^F होती है. **annoyance**-अन्स n^u. **1.** खीझ^F : to show ~ ≈ प्रकट करना; his face was red with ~ उसका चेहरा ≈ से लाल हो गया. **2.** खीझ का कारण : that dog is an ~ वह कुत्ता ≈ है.

annual ऐ'न्युअल **I.** *a.* वार्षिक, सालाना [examination परीक्षा^{F}/इम्तहान, sports खेलें^{F}, exhibition नुमाइश^F/प्रदर्शनी^{F}, meeting बैठक^F]; what is his ~ salary उसका वार्षिक वेतन (उसकी सालाना तनख्वाह) कितनी है? **II.** n^c. वार्षिकी, वार्षिक प्रकाशन : many ~s are published near Diwali दीवाली^{F} के आस-पास कई वार्षिक प्रकाशन प्रकाशित होते हैं.

annul अ नल' *v.t.* (-ll-) रद्द करना, ख़त्म कर देना : the decision, rule was ~led निर्णय, नियम रद्द/ख़त्म कर दिया गया; the bishop ~led their marriage बिशप ने उनका विवाह रद्द कर दिया. [*ant.* confirm]

anon., anonymous अनॉ'निमस *a.* अनाम, गुमनाम [author लेखक, letter पत्र]; the donor wants to remain ~ (दान) दाता गुमनाम रहना चाहता है.

another अनॅ'दर *a.* **1.** दूसरा, अन्य : we were in ~ room हम (एक) दूसरे/अन्य कमरे में थे; this egg is bad, give me ~ यह अंडा ख़राब है, मुझे ≈ दीजिए; one after ~ एक-दूसरे के पीछे/बाद : they came into the room one after ~ वे एक-दूसरे के पीछे कमरे में आ गये; one another एक-दूसरे का, परस्पर : we helped one ~ हमने एक-दूसरे की सहायता^{F} की; houses are close to one another मकान एक-दूसरे के निकट/पास-पास हैं. **2.** एक और : give me ~ cup of tea मुझे एक प्याला चाय^F और दो; have ~ biscuit ≈ बिस्कुट लीजिए; the author of this book is ~ Tulsidas इस पुस्तक के रचयिता कोई और तुलसीदास हैं.

answer आन्'सर, (Am. ऐन् सर) **I.** $n^{c/u}$. उत्तर, जवाब [clear स्पष्ट/साफ़, correct सही, quick तुरन्त]; to receive, send an ~ ≈ पाना, भेजना; his ~ did not satisfy me उसके ≈

से मुझे संतोष नहीं हुआ; she made/gave no ~ उसने कोई ≈ नहीं दिया; what is the ~ to this sum इस सवाल का क्या जवाब है? **II.** *v.t.i.* **1.** उत्तर/जवाब देना; ~ my question, please कृपया मेरे प्रश्न का उत्तर दीजिए; mother called her, but she did not ~ माँ ने उसे बुलाया, पर उसने ≈ नहीं दिया. [*ant.* question] **2.** उत्तर/जवाब देने जाना : ~ the bell, telephone घंटी[F], टेलीफ़ोन का ≈. **3.** मेल खाना : this man ~s the description यह आदमी हुलिया से मेल खाता है. Δ to ~ **back** मुँह पर जवाब देना. ~ **for** (i) उत्तरदायी होना : I'll ~ **for** your safety मैं तुम्हारी रक्षा[F] का उत्तरदायी हूँगा. (ii) दंडित होना : she will ~ **for** this mischief वह इस शरारत[F] के लिए दंडित होगी. [*ant.* question] **answerable** आन्'सरबल *a.* उत्तरदायी, जवाबदेह : I can't be ~ **to** you for his fault मैं उसके दोष के लिए आपको ≈ नहीं हो सकता; he/she is ~ for this scheme इस योजना[F] के लिए वह ≈ है.

ant ऐन्ट n^c. चींटी[F] : ~s live in groups चींटियाँ दल बनाकर रहती हैं; ~s never sleep चींटियाँ कभी सोती नहीं हैं. Δ **the ant grows wings but to die** चींटी के पर निकले कि मौत[F] आई.

-ant -अन्ट *a. suff.* (करने वाला) as in applicant, dependant, ignorant, confidant, assistant, inhabitant, repentant.

antagonist ऐनटै'गॅनिस्ट n^c. विरोधी, प्रतिद्वन्द्वी : to close with one's ~ अपने ≈ से समझौता कर लेना; they overcame their ~s उन्होंने अपने विरोधियों को मात कर दिया. [*ant.* protagonist]

ante- ऐन्'टि *pref.* पूर्व, पहले; as in ~ room, ~dated, anterior.

antedated ऐन्'टिडेटिड *a.* पूर्वदिनांकित, पहले की तारीख़[F] का [cheque चेक, receipt रसीद[F]]; Shakespeare's plays are ~ शेक्सपियर के नाटक पहले की तारीख़ (पूर्व काल) के हैं.

antelope ऐन्'टिलोप n^c. चौसिंगा हिरन : a herd of ~s चौसिंगा हिरनों का झुन्ड; I shot two ~s मैंने दो चौसिंगा हिरनों को गोली[F] से मारा.

antenna ऐन्'टे'नॅ n^c. (*pl.* antennae, ~s) एरियल [see aerial]

anterior ऐन्टिअ'रिअर *a.* पूर्ववर्ती, पिछला : ~ position पूर्ववर्ती/पिछली स्थिति[F]. [*ant.* posterior]

anthem ऐन्'थम n^c. **1.** भजन : ~ is sung in a temple, church भजन मंदिर, गिरजाघर में गाया जाता है. **2.** गान, गीत, तराना : **national** ~ राष्ट्रीय गान/गीत, क़ौमी तराना; 'God save the king' is British national ~ 'परमात्मा राजा की रक्षा करे' यह बरतानवी राष्ट्रीय गीत है; 'jan-gan-man adhinayak jai hay' is Indian national ~ जन-गण-मन अधिनायक जय है, यह भारतीय राष्ट्रीय ≈ है.

anthology ऐनथॉ'लॅजि n^c. संग्रह, चयनिका[F] : ~ of poems कविता- ≈; ~ of ballads गाथा- ≈ an ~ of anecdotes was published क़िस्सों का एक संग्रह प्रकाशित हुआ था.

anti- ऐन्'टि *pref.* विरोधी; ~ aircraft; ~ corruption भ्रष्टाचार-विरोधी; ~dote प्रतिविष, प्रतिकारक; ~ national राष्ट्रविरोधी; ~septic पीपरोधी; ~ social (*q.v.*).

anticipate ऐनटि'सिपेट *v.t.* **1.** प्रत्याशा[F] करना, पहले से जान लेना : we were not anticipating any trouble हम किसी कठिनाई[F] की प्रत्याशा[F] नहीं करते थे; to ~ success सफलता[F] की ≈ **2.** पेशबंदी[F] करना : the enemy ~d us by reaching the bridge शत्रु ने पुल पर पहुँचने में हमारी पेशबंदी की. **anticipated** *a.* प्रत्याशित [cost लागत[F], expenditure] खर्च/व्यय, meeting मुलाक़ात]. **anticipation** ऐनटिसिपे'शन n^u. **1.** प्रत्याशा[F]; to rejoice in ~ of journey यात्रा[F] की ≈ में ख़ुशी[F] मनाना; we waited in ~ of her arrival हमने उसके आने की ≈ में प्रतीक्षा[F] की. **2.** पहले से जानना : to draw salary in ~ पहले से जानकर वेतन पा लेना.

antimony ऐन्'टिमॅनि n^u. सुरमा : ~ is a white metal सुरमा एक सफ़ेद धातु[F] है.

antipathy ऐनटि'पॅथि n^u. विद्वेष, वैरभाव : he has great ~ towards the Chinese उसका चीनियों के प्रति बड़ा ≈ है; there is a great deal of ~ among them उनमें परस्पर बड़ा ≈ है; previously I had some ~ towards her/him पहले उसके प्रति मेरा कुछ ≈ था. [*ant.* sympathy]

antiquated ऐन्'टिक्वेटिड *a.* पुराना, अप्रचलित; ~ car पुरानी मोटरकार[F]; ~ design ≈ नमूना; it is rather ~ these days इन दिनों यह कुछ पुराना पड़ गया है (अप्रचलित हो गया है). **antique** ऐनटिक' **I.** *a.* पुराना, पुरातन [dress पहनावा, statue मूर्ति[F], temple मंदिर]. **II.** *n*[c]. पुरानी वस्तु[F] : that chair is ~ वह कुर्सी[F] ≈ है; he collects ~s वह पुरानी वस्तुएँ[F] इकट्ठी करता रहता है. **antiquity** ऐनटि'क्विटि **1.** *n*[c]. पुरावशेष, प्राचीन वस्तु[F] : an exhibition of Indian antiquities भारतीय पुरावशेषों की प्रदर्शनी[F]. **2.** *n*[u]. प्राचीन काल : a monument of great ~ बहुत प्राचीन काल का स्मारक; smth come down from ~ ≈ से चली आ रही कोई वस्तु[F].

anti-social ऐन्टिसो'शल *a.* समाज-विरोधी [activities कार्यकलाप, behaviour व्यवहार, elements तत्व]; to spit pan saliva on a street is ~ पान की लार गली[F] में थूकना ≈ है.

anti-tank ऐन्टि टैंक' *a.* टैंकतोड़ [gun तोप[F], shell गोला].

antonym ऐन्'टॅनिम *n*[c]. विपरीतार्थ, विलोम, उलटा; good is the ~ of bad बुरा का ≈ अच्छा है; big and small are ~s बड़ा और छोटा ≈ हैं. [*syn.* opposite]

anvil ऐन्'विल *n*[c]. निहाई[F], सँदान : to beat with a hammer on an ~ ≈ पर हथौड़े से पीटना; the blacksmith's ~ लोहार का ≈ Δ **on the** ~ विचाराधीन : the resolution is still on the ~ प्रस्ताव अभी विचाराधीन है.

anxiety ऐङ्ज़ा'इटि *n*[c]. चिन्ता[F], फ़िक्र[F] : that is a great ~ to me इसकी मुझे बहुत ≈ है; his illness caused ~ उसकी बीमारी[F] ने चिन्ता पैदा कर दी; all his anxieties are now over उसकी सब चिन्ताएँ[F] अब समाप्त हो गईं; full of ~ चिंतित. **anxious** ऐङ्क'शस *a.* **1.** चिन्तित [person व्यक्ति]; mother was ~ about you माँ तुम्हारे बारे में ≈ थी; I am ~ about the future मैं भविष्य के बारे में ≈ हूँ. **2.** चिन्ताजनक [moment क्षण] **3.** उत्सुक : I am ~ to know मैं जानने को ≈ हूँ; he is not ~ to get this prize वह यह पुरस्कार (इनाम) पाने को ≈ नहीं है. [*ant.* careless]

any ऐ'नि **I.** *pron.* कोई : he has three brothers, I haven't ~ उसके तीन भाई हैं, मेरा ≈ नहीं; so many books are lying here, you can take ~ इतनी किताबें[F] वहाँ पड़ी हैं, तुम ≈ ले सकते हो; there were very few people there; if ~ वहाँ यदि कोई थे भी तो बहुत थोड़े-से लोग थे. **II.** *a.* कोई [bus बस[F], colour रंग, trouble कष्ट]; have you ~ wool आपके पास ≈ ऊन है ? we did not tell it to ~ boy हमने किसी लड़के को नहीं बताया; ask ~ clerk किसी क्लर्क से पूछो. **~body, ~ one** कोई (व्यक्ति) :~one can do it इसे ≈ कर सकता है; ~ one of us can do it हममें से कोई इसे कर सकता है; I didn't see ~ one coming मैंने किसी को आते नहीं देखा; I understand it better than ~ else मैं किसी और (व्यक्ति) की अपेक्षा[F] इसे अधिक अच्छा समझता हूँ. [*cf.* anybody] **~ thing** कोई चीज़[F], कुछ भी; I don't need ~ मुझे ≈ नहीं चाहिए; do not write ~ on the board तख़्ते पर ≈ मत लिखो; is there ~ new क्या कोई नयी बात[F] है ? **III.** *adv.* कोई, ज़रा; is it ~ better क्या यह ≈ उससे अच्छा है ? I don't think his writing has improved मैं नहीं समझता कि उसका लेख ≈ सुधरा है. **~ how** बहरहाल, किसी भी तरह; it may rain, but ~ I shall go out हो सकता है कि बारिश[F] हो ≈ मैं तो बाहर जाऊंगा; ~ you can try ≈ तुम कोशिश[F] कर देखो. **~ more** फिर कभी : I won't do that ~ मैं ≈ ऐसा नहीं करूँगा. **~ way** = anyhow. **~ where** कहीं; he lives ~ near here वह यहीं ≈ पास में रहता है; are you going ~ tomorrow क्या तुम कल ≈ जा रहे हो ? you won't get it ~ else तुम्हें यह कहीं और नहीं मिलेगा. Δ **at ~ rate** = anyhow; **in ~ case** किसी हालत[F] में, बहरहाल; ~, the problem is serious ≈, समस्या[F] गंभीर है.

A.P. Associated Press.

apace अपेस' *adv.* तेज़ी-से; grass grows ~ घास[F] ≈ उगती है; he ran ~ वह ≈ भाग गया; it rains ~ बारिश[F] ≈ होती है. [*ant.* slowly]

chastise चैस् टाइज़' *v.t.* (chastised, chastising) दण्ड देना, मारना-पीटना [duly उचित ढंग से, seriously गंभीर रूप से]; to ~ one for one's haughtiness/falsehood किसी को उसकी धृष्टता^{F} झूठ के लिए ≈; the boy was ~d by the master for telling a

lie झूठ बोलने पर अध्यापक ने लड़के को दण्डित दिया [*ant.* caress] **chastisement** *n*^{u}. दण्ड, सज़ा^{F}; severe ~ कड़ा/कठोर ≈.

chat चैट **I.** *n*^{u}. बातचीत^{F}, गपशप^{F} [nice अच्छी, long लम्बी]; let us have a ~ with our friend हम अपने मित्र से ≈ कर लें; we had a ~ over a tea हमने चाय पर ≈ कर ली; you need less ~ if you want success सफलता^{F} चाहते हो तो तुम्हें बातें कम करने की ज़रूरत^{F} है. **II.** *v.i.* (chatted, chatting) बातचीत^{F} करना, गपशप^{F} करना; they ~ted about the weather उन्होंने मौसम के विषय में गपशप^{F} की; they were ~ting at the gate वे फाटक पर गपशप^{F} कर रहे थे.

chatter चै'टर **I.** *n*^{u}. **1.** चहक^{F}, चहचहाहट^{F} : ~ of birds पक्षियों की ≈; the ~ of guns could be heard in the village too तोपों^{F}/बन्दूकों^{F} की चहक गाँव में भी सुनी जा सकती थी. **2.** (of men) बक-बक^{F}, चौं-चौं^{F}; ~ of old women बूढ़ी औरतों की ≈ ~ box बातूनी, गप्पी (व्यक्ति); stop ~ and listen to what I say बक-बक^{F} बन्द करो और मैं जो कहता/कहती हूँ सुनो. ~ of the teeth दाँतों की कटकट. **II.** *v.i.* (chattered, chattering) **1.** चहचहाना, चहकना : the sparrows were ~ing in the trees गौरैयाँ^{F} वृक्षों पर चहचहा रही थीं. **2.** चौं-चौं^{F} या बक-बक^{F} करना : the children started ~ing when the teacher left the room जब अध्यापक ने कमरा छोड़ा तो बच्चे चौं-चौं करने लगे; they sat and ~ed वे बैठ कर बक-बक करते रहे. **3.** (click) कटकटाना; my teeth were ~ing with/in terror मेरे दाँत भय से कटकटा रहे थे.

chauffeur शो'फ़र *n*^{c}. (*fem.* chauffeuse) शोफ़र, चालक [see driver]

cheap चीप **I.** *a.* (cheaper, cheapest) **1.** सस्ता [dinner भोजन, fruit फल, house मकान]; 2nd class tickets are ~er द्वितीय श्रेणी^{F} का टिकट कुछ/अधिक होता है; eggs are very ~ here अंडे यहाँ बहुत सस्ते हैं; this is the ~est restaurant in this city इस शहर में यह सबसे ≈ रेस्तरां है; ~ and speedy justice कम ख़र्चीला और शीघ्र न्याय; dirt ~ मिट्टी^{F} के माल **2.** घाटया, तुच्छ, क्षुद्र [literature साहित्य, show प्रदर्शन]; that was a ~ trick by him उसकी यह ≈ चालाकी^{F} थी; to make oneself ~ by ill-behaviour दुर्व्यवहार से क्षुद्र बनना; to hold something ~ किसी वस्तु को तुच्छ समझना. **II.** *adv.* सस्ते दामों में; to get ~ सस्ता पाना; we are selling off these books ~ हम इन किताबों^{F} को ≈ बेच डाल रहे हैं. [*ant.* dear; *n.* cheapness]

cheat चीट **I.** *v.t.* छलना, ठगना; [dishonestly बेइमानी से, unfairly ग़लत ढंग से]; the shopkeeper ~ed me दुकानदार ने मुझे ठग लिया ; he ~ed him out of ten dollars उसने उससे दस डालर ठग लिये; to ~ a person (out) of something किसी व्यक्ति से कुछ छल से ले लेना. **II.** (passive) छला जाना, ठगा जाना : he was ~ वह ठगा गया; both the friends were ~ed easily दोनों मित्र आसानी से ठगे गये. **III.** *n*^{c}. **1.** ठग, छली, कपटी [notorious कुख्यात, strange विचित्र]; he wins the match only because he is a ~ वह इसलिए मैच जीता है क्योंकि वह ≈ है; the police has failed to catch the ~s पुलिस^{F} ठगों को पकड़ने में असफल रही है. **2.** छल, चालाकी^{F} : that was a ~ वह एक ≈ था; many players try to win by ~ बहुत-से खिलाड़ी ≈ से जीतने का प्रयत्न करते हैं. **cheating** *n*^{u}. छल; नकल : a boy was caught ~ एक लड़का नकल मारते पकड़ा गया.

check चेक **I.** *v.t.* **1.** रोकना, रोकथाम^{F} करना : to ~ the undesirable activities अवांछित गतिविधियों^{F} पर रोक^{F} लगाना; ~ the naughty boys दुष्ट लड़कों की रोकथाम करो; we have ~ed the flow of water from the burst pipe फटे पाइप से पानी के बहाव को हमने रोक दिया है. **2.** (to control) नियन्त्रित करना; to ~ the traffic यातायात को ≈; ~ the speed of the car कार^{F} की गति^{F} नियन्त्रित करो. **3.** जाँचना, परीक्षण करना; I have not ~ed the answerbooks yet अभी मैंने कापियाँ नहीं जाँची हैं; when I ~ed the list, I found one thing missing जब मैंने सूची^{F} की जाँच की तो मुझे एक चीज़^{F} नहीं मिली; the driver checked the cars ड्राइवर ने कारों^{F} की जाँच की. **4.** मिलाना, मिलान करना; ~ all the figures सभी अंकों को मिलाओ; you

have not ~ed the account तुमने हिसाब नहीं मिलाया है. time for ~in होटल में आकर नाम दर्ज कराने का समय; time for ~-out होटल छोड़कर जाने का समय **II.** n^u. 1. नियन्त्रण : to keep one's temper in ~ अपना मिज़ाज ≈ में रखना. **2.** n^c. रोक^F, रुकावट^F : to proceed without a ~ ≈ बिना ≈ के आगे बढ़ना; to keep/hold the enemy in ~ शत्रु को रोके रखना; the river was a ~ in his way to the city नदी^{F} उसके शहर के मार्ग में रुकावट^F थी. **3.** n^c. जाँच-पड़ताल^F, परीक्षण : a ~on the quality of goods माल क़ी गुणवत्ता^{F} का परीक्षण; a ~ of bank accounts बैंक के खातों की जाँच-पड़ताल. **4.** n^c. चारख़ाना [black काला, red लाल]; the cloth has ~s on it कपड़े पर चारख़ाने हैं; she wears a shirt with ~s वह चारख़ानों वाली कमीज़^{F} पहनती है. **5.** n^c. (in chess) शह : ~ to the king बादशाह को शह. Δ ~ **in** (होलट में) पंजीकृत होना : we ~ed in last night in the hotel पिछली रात^F हम लोग होटल में पंजीकृत हुए; ~ **out** होटल छोड़ना : you must ~ out before 10 a.m. तुम्हें प्रात : 10 बजे से पहले होटल छोड़ देना होगा; **~-up** परीक्षण; I have had my ~-up and I am completly healthy मेरा परीक्षण हुआ है और मैं पूरी तरह स्वस्थ हूँ. [*as distinct from* cheque]

cheek चीक n^c. **1.** गाल, कपोल [rosy गुलाबी, soft कोमल, sunken धँसा हुआ]; the fresh bloom was on her ~s उसके गालों पर ताज़गी^{F} खिली थी; the child often kisses his mother's ~s बच्चा अक्सर अपनी माँ के गालों को चूमता है. **2.** n^u. धृष्टता^{F}, गुस्ताख़ी^{F}; he had the ~ to refuse my entrance उसने मेरा प्रवेश रोककर ≈ की. Δ **turn** the other ~ हिंसा^{F} का जवाब अहिंसा^{F} से देना; ~ **by jowl** पास-पास : the chums were sitting ~ by jowl साथी पास-पास बैठे थे.

cheer चियर **I.** n^c. **1.** जय-जय कार^F, हर्षध्वनि^{F}, वाह-वाह^F : three ~s तीन बार हर्षध्वनि करो : we gave the winners a ~ हमने विजेताओं की ≈ की; you can hear the ~s of the people तुम लोगों की ≈ सुन सकते हो. **2.** ख़ुशी^{F}, प्रसन्नता^{F}; be of good ~s खुश रहो; to be filled with ~s ख़ुशी^{F} से भर जाना. **II.** *v.t.* **1.** सान्त्वना^{F} देना, दिलासा देना; good news ~ed her सुसमाचार से उसे दिलासा मिला; he ~ed the drowning man उसने डूबते आदमी को दिलासा दिया. **2.** (~**up**) खुश करना; my laughter ~ed (up) the old woman मेरे हास्य ने बूढ़ी औरत को खुश कर दिया; **3.** जयकार^F करना, वाह-वाह^F करना; the crowd ~ed the champion भीड़^{F} ने चैम्पियन का जय-जयकार किया. **4.** ताली बजाकर स्वागत करना; they ~ed the speaker loudly उन्होंने ज़ोर से ताली^{F} बजाकर वक्ता का स्वागत किया. **III.** *v.i.* (~ up) खुश होना; we ~ed (up) at the teacher's arrival अध्यापक के आने पर हम खुश हो गये. **cheerful** चिअर्'फुल *a.* प्रसन्न, खुश [face चेहरा, person व्यक्ति, voice आवाज^F]; his ~ smile pleased everyone उसकी प्रसन्न मुस्कान^F ने सब लोगों को खुश कर दिया; Ramu is ~ today रामू आज ≈ है; we all felt more ~ when the rain stopped जब बारिश^F बन्द हुई तो हम अधिक आनन्दित हुए, [*ant*. dull] **cheerfully** चिअर्'फुलि *adv.* खुशी-खुशी, खुशी^{F} से, सहर्ष [receive अगवानी^{F} करना, help सहायता करना]; I'll ~ do your work मैं ≈ आपका काम करुंगा.

cheese चीज़ n^u. पनीर [fresh ताज़ा, soft कोमल, tasty स्वादिष्ट]; ~ is full of protein ≈ में भरपूर प्रोटीन होता है.; do you like bread and ~ क्या तुम ब्रेड और ≈ पसन्द करते हो ? ~ is made from milk ≈ दूध से बनाया जाता है.

chem. chemical, chemistry.

chemical के'मिकल **I.** *a.* रासायनिक [plant कारख़ाना, industry उद्योग, fertilizer उर्वरक]; a ~ reaction ≈ प्रतिक्रिया; ~ experiment ≈ प्रयोग; a ~ change takes place when paper burns जब काग़ज़ जलता है तो ≈ परिवर्तन होता है. **II.** n^c. (often *pl.*) रासायनिक पदार्थ : poisonous ~ विषैला ≈; fine ~s लघु रसायन; heavy ~s गुरु/भारी ≈; some ~s give off harmful fumes कुछ ≈ हानिकारक दुर्गन्ध निकालते हैं. **chemist** ≈ के'मिस्ट n^c. **1.** रसायनज्ञ, रसायनी : a

famous ~ एक प्रसिद्ध ≈. 2. (druggist) औषधि-विक्रेता, औषधकार [experienced अनुभवी, old पुराना]; a ~'s shop ≈ की दुकान; if you can not find a doctor, the ~ will tell you the medicine यदि डाक्टर से न मिल सको तो ≈ तुम्हें दवा बता देगा. **chemistry** के'मिस्ट्रि n^c. रसायन विज्ञान, रसायन शास्त्र : bio-~ जैव-रसायन; experiments in ~ ≈ के प्रयोग; he was enrolled in the ~ department वह रसायन-विभाग में भर्ती हुआ; ~ was his favourite subject ≈ उसका प्रिय विषय था.

cheque चेक n^c. चेक, धनादेश [bearer वाहक, blank कोरा, crossed रेखित]; the ~ was cashed ≈ भुनाया गया; take this ~ to the bank यह ≈ बैंक में ले जाओ; give me a ~ **for** Rs. 1000 मुझे एक हज़ार रुपये का ≈ दे दो; I need a ~ book मुझे एक चेक-बुक^F की ज़रूरत^F है; I would like to pay by ~ मैं ≈ द्वारा भुगतान करना चाहूँगा. [*as distinct from* check]

chequered चे'कर्ड *a.* 1. रंग-बिरंगा [cloth कपड़ा, paper कागज़]; he wears a ~ shirt वह रंग-बिरंगी कमीज़^{F} पहनता है. 2. उतार-चढ़ाव का: he led a ~ life till he was appointed administrator वह ≈ का जीवन व्यतीत करता रहा जब तक कि वह प्रशासक नियुक्त नहीं किया गया; his career was a ~ one उसके जीवन (कार्यकाल) में कई उतार-चढ़ाव थे.

cherish चे'रिश *v.t.* 1. पालना, पोसना [lovingly प्यार से, carefully सावधानीपूर्वक]; he ~ed the boy as if he were his own son उसने लड़के को ऐसे पाला-पोसा मानो वह उसका अपना बेटा हो; he ~ed him during his illness उसने उसकी बीमारी^{F} के दौरान पालना^{F} की. 2. कदर^F/क़द्र^F करना : to ~ one's father अपने पिता की ≈; husband and wife ~ each other पति-पत्नी एक-दूसरे की कद्र करते हैं. 3. दिल में रखना, चाहना, सँजोए रखना; to ~ the hope आशा^{F} सँजोए रखना; he ~ed the memory of his dead wife वह अपनी मृत पत्नी की याद सँजोए रहा.

cherry चेरि n^c. (*pl.* cherries) चेरी (फल) [ripe पकी, red लाल, sour खट्टी, sweat मीठी]; ~ orchard ≈ का बगीचा; ~ies of Kashmir taste good कश्मीर की ≈ स्वादिष्ट होती है; to pluck, sell, buy ~ ies ≈ तोड़ना, बेचना, खरीदना.

chess चेस n^u. शतरंज; ~ **man** ≈ की गोट^F या शतरंज का मोहरा; ~ tournament ≈ प्रतियोगिता^{F}; ~ is played by two persons with 16 pieces on each side of a chessboard ≈ दोनों तरफ़ सोलह-सोलह मोहरों से दो व्यक्तियों द्वारा फलक पर खेला जाता है; let us have a game of ~ आओ ≈ का खेल (की एक बाजी^{F}) खेलें.

chest चेस्ट n^c. 1. छाती^{F}, सीना, वक्ष : स्थल [broad चौड़ा, strong मज़बूत, weak कमज़ोर]; to have a cold/pain in the ~ ≈ में ठंड/दर्द होना; to expand the chest by systematic breathing सुनियन्त्रित श्वास द्वारा ≈ फुलाना. Δ **to get something off your ~** मन का बोझ हलका करना. 2. पेटी^{F}, संदूक [deep गहरी, strong मज़बूत, wooden लकड़ी^{F} की]; tea ~ चाय की पेटी; a ~ for tools औज़ारों के लिए ≈; the miser had kept his money in an old ~ कंजूस अपने धन को एक पुराने ≈ में रखता था.

chew चू *v.t.* (chewed, chewing) 1. चबाना : to ~ one's food भोजन ≈; I ~ed a toffee मैंने टाफ़ी चबाई; ~ the cud जुगाली करना. 2. (think over) ऊहापोह करना, चिन्तन करना : he ~**ed over** the problems उसने समस्याओं^{F} पर चिन्तन किया. Δ **to ~ the rag** पुरानी शिकायतें^{F} दोहराना.

chicken चि'किन n^c. चूज़ा, चिगना (विशेषत: मुर्ग़ी) [boiled उबला हुआ, fried तला हुआ]; she keeps ~s वह चूज़े (मुर्ग़ियाँ) पालती है; ≈ a ~ feed चूज़ों का भोजन; ~ lay no eggs चूज़े अंडे नहीं देते; ~-hearted कायर, डरपोक, बुज़दिल. ≈ pox छोटी माता^{F} he/she is not a ~ वह बच्चा नहीं है.

chide चाइड *v.t.* (chided or chid, chiding) डाँटना, फटकारना, झिड़कना; ~ angrily क्रुध होकर डाँटना; the teacher ~d the lazy boy अध्यापक ने सुस्त लड़के को डाँटा; he ~d me for having been late लेट होने पर उसने मुझे डाँटा/फटकारा; don't ~ your brothers and sisters अपने बहन-भाइयों को मत

डाँटो-फटकारो. [*ant*. applaud]

chief चीफ़ **I.** *n*ᶜ. (*pl.* chiefs) सरदार, प्रधान [elected निर्वाचित, nominated नामित, party दल का]; ~ of army थलसेनाध्यक्ष; ~ of naval staff नौसेनाध्यक्ष; ~ of police staff पुलिस प्रधान **commander-in-~** सर्वोच्च सेनापति; ~-of the dacoits डाकुओं का सरदार; he is the ~ of the tribe वह जनजाति^F का सरदार है. **II.** *a.* मुख्य [engineer अभियन्ता, justice न्यायमूर्ति, secretary सचिव, topic प्रसंग]; the ~ minister of a state राज्य का मुख्यमंत्री; ~ crop of the year साल की ≈ फ़सल^F; ~ of protocol नयाचार-प्रमुख; ~ cause of the trouble कठिनाई^F का ≈कारण; the ~ city of India भारत का ≈ नगर. **chiefly** चीफ़'लि *adv.* मुख्यतया, मुख्यत: the chief food of the Chinese is ~ rice चीनियों का भोजन ≈ चावल है; this rule applies ~ to teachers and students यह नियम ≈ अध्यापकों और छात्रों पर लागू होता है; the audience consisted ~ of children श्रोतागण ≈ बच्चे थे.

child चाइल्ड *n*ᶜ. (*pl.* children, common gender) बच्चा, बच्ची^F, शिशु [healthy स्वस्थ, intelligent बुद्धिमान/सयाना, lovely प्यारा, shy शर्मीला, weak कमज़ोर]; male ~ बच्चा; female ~ बच्ची^F; new born ~ नवजात शिशु; ~ in arm गोद^F का ≈; they have three children उनके तीन बच्चे हैं; ~ stammers बच्चा तुतलाता है; her eldest ~ is ten and the youngest two years old उसका सबसे बड़ा ≈ दस साल का और छोटा दो साल का है; you must not spoil the child तुम्हें बच्चे को बिगाड़ना नहीं चाहिए. Δ to be with ~ गर्भवती होना; she is with ~ वह गर्भवती है; **~s play** बायें हाथ का खेल, आसान काम; it is not a ~'s play to climb that hill उस पहाड़ी^F पर चढ़ना कोई आसान काम नहीं है. **childhood** चाइल्ड्'हुड *n*^u/c. बाल्यावस्था^F, बचपन [happy प्रसन्न/सुखी, joyless नीरस]; I know him since ~ मैं उसे ≈ से जानता हूँ; he spent his ~ in a little village उसने अपना बचपन एक छोटे-से गाँव में व्यतीत किया Δ **second ~** बुडभस; he is in his second ~ वह सठिया गया है. **childish** चाइल्'डिश *a.* बचकाना [argument दलील^F/तर्क, behaviour बर्ताव, game खेल, idea विचार]; ~ habits ≈ आदतें^F; stop being ~ बचकानापन छोड़ो. **childlike** *a.* भोला-भाला, निरीह, मासूम [person व्यक्ति, behaviour व्यवहार]; she is a faithful and ~ lady वह एक निष्ठावान् और भोली-भाली महिला है.

chill चिल **I.** *n.* (coldness) जूड़ी, ठंड^F, शीत [autumnal पतझड़ी, severe तेज़]; a ~ in the air हवा^F में ठंड; guard against the ~ of the night रात^F की ठंड से बचे रहो; I felt a ~ in the morning मुझे सुबह ठंड लगी थी; I had a ~ because I was sneezing मुझे ठंड लगी थी क्योंकि मैं छींक रहा था ; Δ **to take the ~ off water** पानी थोड़ा गर्म कर लेना. **II.** *a.* ठंडा, अतिशीत : ~ wind ठंडी हवा^F don't take the child in the ~ night बच्चे को ठंडी रात^F में मत ले जाओ. **III.** *v.t.* **1.** ठंडा करना; have you ~ed the coffee क्या तुमने काफ़ी^F को ठंडा किया है ? **2.** निरुत्साहित करना : the news ~ed me इस समाचार ने मुझे निरुत्साहित कर दिया. Δ **it ~s my blood to think of this murder** इस हत्या^F के विचार से मेरा मन बैठा जाता है. **chilly** चि'लि *a.* ठंडा [day दिन, weather मौसम]; I feel ~ मुझे ठंड लग रही है; it is too ~ today आज बहुत ठंड है. ~ **welcome** रूखा स्वागत. [*ant.* -warm]

chime चाइम **I.** *n*ᶜ. घंटियों^F की आवाज़, झंकार^F [continuous लगातार, magnificent शानदार, sweet मधुर]; ~s' from the tower clock घंटाघर की झंकार^F; ~s of the church bells गिरजाघर की घंटियों^F की आवाज़^F. **II.** *v.i.* (chimed, chiming) बजना; the church bells ~d गिरजाघर की घंटियाँ^F बजीं; the clock ~s every half-hour घंटी^F प्रत्येक आधे घंटे पर बजती है; the clock ~d three घड़ी^F ने तीन बजाये.

chimney चिम'नि *n*ᶜ. (*pl.* chimneys) **1.** धुआँकश, चिमनी^F : factory ~s कारख़ाने की चिमनियाँ^F; a ~ carries off the smoke चिमनी^F धुएँ को ऊपर ले जाती है. **2.** ~ in the oil-lamp तेलदीप की चिमनी^F.

chin चिन n^c. ठुड्डी^F, ठोड़ी^F [round गोल, sharp नोकदार]; a bearded ~ दाढ़ीदार ≈; ~-deep water ≈ तक (गहरा) पानी; while shinking he had rested his ~ on his hand सोचते समय वह अपनी ≈ हाथ पर रखे था; his beard completely covers his ~ दाढ़ी^F ने उसकी ≈ को पूरी तरह ढक दिया है.

china चाइ'ना n^u. चीनी बर्तन [expensive महँगे, old पुराने] ~ **clay** चीनी मिट्टी^F; ~ **factory** चीनी बर्तनों का कारख़ाना; ~ **ware** चीनी मिट्टी के बर्तन; put the ~ pots on the table चीनी मिट्टी के बर्तन मेज पर रख दो, ~ cups, saucers and plates चीनी मिट्टी के प्याले, पिरचें^F और प्लेटें^F.

chink चिङ्क n^c. **1.** छेद, दरार^F [narrow तंग, slight हल्की]; a ~ in the curtain परदे में ≈; I looked through a ~ in the door मैंने दरवाज़े के एक छिद्र में से देखा. **2.** खनक^F, ठनकार^F : the ~ of coins सिक्कों की ≈^F; she could hear the ~ of crockery coming from the kitchen वह रसोई से आती चीनी के बर्तनों की ≈ सुन सकती थी.

chip चिप **I.** n^c. **1.** चिप्पी^F, टुकड़ा [small छोटा, dry सूखा]; ~ of wood लकड़ी^F की चिप्पी^F; it is a ~ of glass यह काँच का टुकड़ा है. **2.** चिप : fried ~s of potatoes तले हुए आलू के ≈ Δ ~ **of the old block** बाप-दादा पर गया बेटा. **II.** *v.t.* (chipped, chipping) **1.** काटना; he ~ped it with an axe उसने इसे कुल्हाड़ी^F से काटा. **2.** फोड़ना; you have ~ped the saucer तुमने तश्तरी फोड़ दी है. **III.** *v.i.* (i) फूटना : the glass ~ped when I knocked it over जब मैंने इसे खटखटाया तो गिलास फूट गया; (ii) the paint is ~ping off पेंट उतर रहा है, छिल रहा है.

chirp चर्प **I.** *v.i.* चीं-चीं करना : sparrows ~ गौरैयाँ^F चहचहाती हैं. crickets are ~ing झींगुर चीं चीं कर रहे हैं. **II.** n^c. चहक^F, चहचहाहट^F; ~s of the birds पक्षियों की ≈.

chisel चि'ज़ल **I.** n^c. छेनी^F [big बड़ी, small छोटी, sharp तेज़]; how to cut with a ~ ≈ से कैसे काटा जाय; it is not blacksmith's ~ यह लोहार की ≈ नहीं है. **II.** *v.t.* (chiselled, chiselling) ≈ से काटना : he ~led the wood into a shape उसने लकड़ी^F को ≈ से काटकर रूप दे दिया.

chit चिट n^c. पुरज़ा, पर्ची^F, चिट^F : the ~ of paper कागज़ की पर्ची; to write on a ~ ≈ पर लिखना; give this ~ inside to the officer यह ≈ भीतर अधिकारी को दे दो.

chivalry शि'वल्रि n^c. बहादुरी^F, वीरता^F, शौर्य : the ~ of Indian soldiers भारतीय सैनिकों की वीरता; Rana Pratap was noted for his ~ राणा प्रताप अपनी ≈ के लिए विख्यात थे; the golden age of ~ वीरता का स्वर्ण-युग. [*as distinct from* cavalry]

chloroform क्लॉ'रॅफ़ॉर्म n^u. क्लोरोफ़ार्म [poisonous विषैला]; the vapour from ~ puts people to sleep ≈ की वाष्प^F लोगों को नींद^F ला देती है; ~ is not much use by doctors now अब डाक्टर ≈ का बहुत इस्तेमाल नहीं करते; the kidnappers put a cloth soaked in ~ over the boy's face अपहरणकर्ताओं ने ≈ से तर कपड़ा लड़के के मुँह पर डाल दिया.

chocolate चॉ'कॅलट **I.** n^c. चाकलेट : milk ~ दूधवाला ≈; ~ has dark brown colour ≈ का रंग गहरा-भूरा होता है, would you like to have some ~s क्या तुम कुछ ≈ लेना चाहोगे ? I like to chew a bar of ~ मुझे ≈ की टिकिया^F चूसना अच्छा लगता है. **II.** *a.* कत्थई रंग का : ~ colour कत्थई रंग; ~ mouse ≈ चूहा, walls are ~ दीवारें^F कत्थई रंग की हैं.

choice चॉइस **I.** n^u. **1.** चुनाव, वरण [ample बहुत, large बड़ा, limited सीमित]; ~ of books किताबों का ≈; you made a careful ~ आपने सावधानीपूर्वक ≈ किया. **2.** n^u. पसंद^F : the girl of one's ~ अपनी ≈ की लड़की^F; to take one's ~ ≈ करना; this book is my ~ यह पुस्तक मेरी ≈ की है; I had no ~ मेरी कोई ≈ नहीं थी; this shop has good carpets of your ~ इस दुकान में आपकी ≈ की अच्छी दरियाँ^F हैं. **3.** n^c. (alternative) विकल्प : you have several ~s available आपके पास बहुत-से ≈ हैं; I had no ~, I had to do it मेरे पास कोई ≈ नहीं था, मुझे यह करना पड़ा. **II.** *a.* (choicest) **1.** श्रेष्ठ, उत्तम, बढ़िया [example उदाहरण,

orange संतरा, plums आलू बुख़ारे]; he was selling ~ things वह ≈ वस्तुएँ^F बेच रहा था. 2. पसंद^F का : ~ language पसंद की भाषा^F; ~ vegetables पसंदीदा सब्जियाँ^F; the ~ suit पसंद का सूट.

choke चोक I. *v.t.* (choked, choking) 1. गला घोंटना : he seized him by the throat and ~ed him उसने उसका गला पकड़कर उसे घोंट दिया; he ~d her to death उसने उसका गला घोंटकर मार डाला. 2. दबा देना : he ~d his anger उसने अपना गुस्सा दबा लिया. 3. रुद्ध होना, बन्द होना : the pipe was ~d with rubbish पाइप कूड़े से रुद्ध था : the chimney was ~d with soot चिमनी^F कालिख^F से रुकी पड़ी थी. II. *v.i.* I am choking मेरा गला बन्द हो रहा है.

cholera कॉ'लरा *n*^u. हैज़ा, विसूचिका^F [fatal घातक, horrible भयंकर]; an attack of ~ हैज़े का दौरा; epidemic of ~ हैज़े की महामारी^F; ~ is a deadly disease हैज़ा एक जानलेवा बीमारी^F है; he died of ~ वह हैज़े से मर गया.

chop चॉप I. *v.t.* (chopped, chopping) काटना, चीरना, टुकड़े करना : to ~ the wood लकड़ी^F चीरना; to ~ a tree down पेड़ काट गिराना; she ~ped the vegetables उसने सब्जियाँ काटीं; the husband ~ped off her nose पति ने उसकी नाक^F काट दी; to ~ **up** meat in pieces माँस का कीमा बनाना. Δ ~ **at smth** कुल्हाड़ी से चोट करना; ~ **off** काट कर अलग कर देना. II. *n*^c. 1. (a sharp blow) वार, काट : he ~ped **down** the tree with one ~ उसने पेड़ को एक बार में काट दिया 2. कतला : potato ~ आलू का कतला; ~ of meat कटलट, मांस का कतला. Δ **get the** ~ : (be dismissed from work) काम से निकाला जाना, निरस्त किया जाना : he got the ~ for being late लेट होने के कारण उसे काम से हटा दिया गया; this project will get the ~ because it is too expensive यह योजना^F निरस्त कर दी जायेगी, क्योंकि यह अत्यधिक ख़र्चीली है. **chopsticks** चॉप'स्टिक्स *n*^c. चीनी काँटा : in Chinese restaurants they use ~ instead of knife and fork चीनी रेस्तरां में छुरी^F-काँटे के स्थान पर चीनी काँटे का प्रयोग करते हैं.

chore कॉर *n*^c. काम : (*pl.* domestic ~s) घर का काम काज; she always does her ~s in the morning वह अपना काम-काज सुबह^F कर लेती है; writing letters is a ~ to him पत्र लिखना उसका एक ≈ है.

chorus कॉ'रस *n*^c. (*pl.* choruses) 1. (trained group of persons) गायकवृन्द, गायकदल, कोरस [competent दक्ष, experienced अनुभवी, old पुराना]; previously she was a member of the ~ but now she is star of the show पहले वह कोरस की एक सदस्या थी लेकिन अब वह उस प्रदर्शन की तारिका है; they all were good ~es वे सभी अच्छे गायक थे. 2. सहगान, समूहगान, वृंदगान, कोरस : to sing in a ~ मिलकर गाना : they sang ~es round the camp fire वे शिविराग्नि के चारों ओर बैठकर कोरस गाते थे; ~ of birds पक्षियों का सहगान.

chose, chosen *v.t.* (*p. p.p.* of choose) चुना, चुना हुआ. [see choose]

Christian क्रिस्'चन *a.* ईसाई, मसीही [beliefs विश्वास, doctrine सिद्धान्त]; name ~ era ईस्वी सन, ~ name ईसाई पहला नाम; a true ~ life सच्चा ≈ जीवन; he had a ~ upbringing उसका ≈ ढंग से पालन हुआ; ~ people of England must speak against this इंग्लैण्ड के ≈ लोगों को इसके विरुद्ध बोलना चाहिए. **Christianity** क्रिस्टिऐ'निटि ईसाई धर्म : I do not doubt his ~ मुझे उसके ≈ पर शक नहीं है. **Christmas** *n*^c. क्रिसमस; ~ day बड़ा दिन; ~ eve 24 दिसंबर; ~ holidays ≈ की छुट्टियाँ^F; ~ **tide** 24 दिसंबर के बाद का सप्ताह; ~ is the Christ's birthday festival ≈ येसु के जन्म दिन का त्यौहार है; x mas is celebrated on the 25th December बड़ा दिन 25 दिसम्बर को मनाया जाता है. Δ ~ **comes but once a year** हर रोज उत्सव नहीं होता.

chronic क्रॉ'निक *a.* चिरंतन, पुराना, जीर्ण [disease बीमारी^F, fever बुख़ार, invalid रोगी].

chronicle क्रॉ'निकल I. *n*^c. इतिवृत्त : historical ~ ऐतिहासिक ≈, personal ~ व्यक्तिगत ≈; ~s of Mughal times मुगल युग के ≈. II. *v.t.* ≈ लिखना : he ~d the events

of his time उसने अपने युग की घटनाओं[F] का इतिवृत्त लिखा.

chuckle च'कल **I.** *v.t.* मन-ही-मन हँसना : he ~d with glee at winning the prize पुरस्कार जीतने पर वह उल्लास से मन ही मन हँसा : she was chuckling at this funny story वह इस विचित्र कथा[F] पर अन्दर-ही-अन्दर हँस रही थी. **II.** *n*[u]. दबी हँसी[F] : we dared not laugh aloud but we enjoyed a ~ to ourselves हम ज़ोर से हँसने का साहस न कर सके लेकिन हमने ≈ का आनन्द लिया. ~ **headed** बुद्धू.

chum चम **I.** *n*[c]. **1.** सखा, यार, साथी. **2.** ~s room ~s कमरे में एक साथ रहने वाले; we were ~s in that hostel हम उस छात्रावास में एक साथ रहते थे. **II.** *v.i.* **1.** ~ up) (chummed, chumming) मित्रवत् होना : his son has ~med up with some very ill-behaved children उसका बेटा कुछ बहुत बुरे आचरण वाले बच्चों का मित्र बन गया है. **2.** (occupy same room) एक साथ रहना; we ~d together in the lodge हम लॉज में एक साथ रहते हैं.

church चर्च *n*[c]. गिरजा, गिरजाघर [Catholic कैथलिक, nice सुन्दर, vast विशाल]; Protestant ~ प्रोटेस्टैन्ट गिरजाघर : Roman ~ रोमन ≈; ~ music ≈ का संगीत; old village ~ गाँव का पुराना ≈ : St. Paul's ~ संत पाल का चर्च : do you go to ~ every Sunday? क्या आप प्रति रविवार गिरजाघर जाते हैं? to attend the ~ services regularly ≈ की उपासना[F] में नियमित रूप से हाज़िर होना. Δ **to go into or enter the Church** पादरी बन जाना.

churn चर्न *v.t.i.* **1.** मथना, बिलोना : ~ to make butter from cream क्रीम से मक्खन बनाने के लिए मथो; the girl helps the mother in ~ing the curd लड़की दही मथने में माँ की सहायता[F] करती है. **2.** ज़ोर से टकराकर हटना : waves are ~ing round the rocks लहरें[F] चट्टानों[F] के इर्द-गिर्द टकराकर हटती हैं. **3.** ज़ोर से हिलाना (stir by violent motion) : to ~ something vigorously किसी चीज़ को ≈. Δ **to ~ out** निकालना; to ~ out the result परिणाम निकालना; he should ~ out so much work in a day उसे दिन में इतना काम निकालना चाहिए.

cigar सि गार' *n*[c]. चुरुट, सिगार [mild नरम, strong तेज़]; ~ maker ≈ बनाने वाला; ~ box ≈ का डब्बा; to enjoy one's ~ अपने ≈ का आनन्द लेना; to smoke ~ ≈ पीना; to have a ~ in one's mouth मुँह में ≈ लेना.

cigarette सिगॅरेट' *n*[c]. सिगरेट [mild नरम, un lighted अनजला, white सफ़ेद]; a packet of ~s ≈ का पैकेट; a ~ case ≈ केस; put out the ~ ≈ बुझा दो; have a ~ एक ≈ लो; many people have stopped ~ smoking बहुत-से लोगों ने ≈ पीना बन्द कर दिया है.

C-in-C Commander-in- Chief.

cinema सि'नॅमा *n*[c]. **1.** (also ~ house) सिनेमाघर : we went to ~ and saw an exciting film हम ≈ गये और एक उत्तेजनात्मक फ़िल्म[F] देखी; a new ~ is being built एक नया ≈ बन रहा है **2.** चलचित्र, सिनेमा : they have gone to ~ today वे आज ≈ देखने गये हैं.

cipher साइ'फ़र **I.** *n*[c]. **1.** (a zero) शून्य, सिफ़र : ~ code गूढ़लिपि[F]/संकेत लिपि[F]; Indian scientists invented ~ system भारतीय वैज्ञानिकों ने शून्यप्रणाली[F] की खोज[F] की. **2.** बेकार वस्तु; I do not mind it, it is just a ~ मैं इसकी परवाह[F] नहीं करता, यह बस ≈ है. **3.** नगण्य व्यक्ति : he is a ~ in the council वह परिषद् में किसी गिनती[F] में नहीं है. **4.** (secret writing) (usu. *pl.*) बीजलेख, संकेताक्षर : the message was in ~s संदेश संकेताक्षरों में था; he has invented a new ~ उसने एक नयी संकेत-लिपि[F] की खोज की है. **II.** *v.t.i.* बीजांक में लिखना, बीजांकन करना : to ~ a message संदेश को ≈.

circle सर्'कल **I.** *n*[c]. **1.** वृत्त : this ~ is 10 inches in circumference इस ≈ की परिधि[F] दस इंच है. **2.** (compass) घेरा : magic ~ जादुई ≈; ~ of trees पेड़ों का ≈; we sat in a ~ round the fire हम लोग आग के चारों ओर ≈ बनाकर बैठ गये; form a ~ ≈ बनाओ. **3.** चक्र, चक्कर; ~ of seasons ऋतु ≈; they went round in a ~ वे चक्कर लगाने लगे; to come full ~ पूरा चक्कर

लगाना. 4. मंडली, समुदाय [literary साहित्यिक, Punjabi पंजाबी]; a ~ of friends मित्र मंडली^{F}; she was surrounded by a ~ of admirers वह अपने प्रशंसक समुदाय से घिरी थी; the family ~ परिवार के लोग. **II.** *v.t.i.* **1.** चक्कर लगाना; मंडराना : the earth ~s about the sun सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है. **2.** घेरना, गोला लगाना : please ~ the word which you think is wrong कृपया उस शब्द को घेरा लगा दीजिए जिसको आप गलत समझते हैं. [*a.* circular; *v.* circulate]

circuit सर्'किट $n^{c/u}$. चक्कर, परिक्रमा, परिपथ; ~ of journey यात्रा^{F} का परिपथ; make a ~ परिक्रमा करना/चक्कर लगाना; ~ of electric current बिज़ली^{F} की धारा^{F} का परिपथ; runners make a ~ of the arena धावक अखाड़े के परिपथ पर दौड़ते हैं., the earth's ~ round the sun सूरज के इर्द-गिर्द पृथ्वी का चक्कर.

circular सर्'क्युलर **I.** n^c. गश्ती चिट्ठी^{F}, सरकुलर, परिपत्र : printed ~ मुद्रित परिपत्र; ~ letter गश्ती चिट्ठी; we often get ~s advertising machines हमें मशीनों^{F} का विज्ञापन करने वाले परिपत्र प्राय: मिलते रहते हैं. **II.** *a.* **1.** वृत्ताकार, वृत्तीय, गोल [area क्षेत्र, road सड़क^F]; a wheel is ~ in shape पहिया ≈ होता है; an egg is not ~ अंडा गोल नहीं होता. **2.** (fig.) घुमावदार : your argument seems to be rather ~ आपका तर्क कुछ ≈ लगता है. **3.** (other uses) ~ letter गश्ती चिट्ठी^{F}; send a ~ letter to each of the subordinate officers सब अधीनस्थ अधिकारियों को गश्ती चिट्ठी^{F} भेज दो; ~ tour चक्रयात्रा; ~ ticket चक्रयात्रा^{F} का टिकट.

circulate सर्'क्युलेट **I.** *v.t.* (circulated, circulating) **1.** प्रचारित करना, घुमाना : he ~s information about holidays वह छुट्टियों^{F} की सूचना^{F} घुमाता है; to ~ a bill बिल प्रचारित करना. **2.** फैलाना : the rumour of her marriage was ~d उसकी शादी^{F} की अफवाह^F फैलायी गयी. **II.** *v.i.* **1.** प्रचलित करना : money ~s पैसा प्रचलित होता रहता है. **2.** चक्कर लगाना, घूमना : the aeroplane ~d above the city हवाई जहाज़ ने शहर के ऊपर चक्कर लगाये. **3.** दौरा करना, परिसंचरित होना : blood ~s through the body खून शरीर में परिसंचरित होता है; water ~s in the pipes पानी पाइपों में परिसंचरित होता है.

circulation सर् क्युले'शन n^u. **1.** प्रचार, प्रचलन, प्रसार : ~ of money पैसे का प्रचलन; ~ of currency मुद्रा का ≈/प्रसार; the school magazine has a ~ of 5000 copies विद्यालय की पत्रिका^{F} की पाँच हजार प्रतियाँ^{F} प्रसारित होती हैं; to be out of ~ प्रचलन न रहना; forged notes are in ~ जाली नोटों का ≈ हो रहा है. **2.** परिसंचरण, दौरा : ~ of blood खून का ≈.

circum- *pref.* चारों ओर

circumference सर् कम्' फ़रन्स n^c. घेरा परिधि^{F}; ~ of the earth is about 40,000 kms. धरती की परिधि लगभग 40,000 किमी. है; ~ of the circle वृत्त की परिधि; ~ of a wheel पहिये का घेरा.

circumstance सर्' कम्स्टैन्स, सर्' कम्सटन्स n^c. (usu. *pl.*) परिस्थिति^{F} : consider every ~ of the case मामले की प्रत्येक ≈ पर विचार करो; he resigned in/under peculiar ~s उसने विचित्र परिस्थितियों में त्यागपत्र दिया; she is in very bad ~s वह बहुत बुरी ≈ में है. Δ**to be in easy ~s** संपन्न होना; **to be in straitened ~s** गरीब होना; **in/under no ~s** किसी भी हालत में नहीं; **in/under these ~s** इन हालात/परिस्थितियों में.

circus सर्'कस n^c. **1.** सरकस : ~ performers ≈ में प्रदर्शन करने वाले; we went to see the clowns and performing animals हम लोग विदूषकों/मसख़रों एवं तमाशा करने वाले जानवरों को देखने ≈ गये; the ~ opens at 7 o'clock ≈ सात बजे खुलता है; we bought tickets to the ~ हमने ≈ जाने के लिए टिकट ख़रीदे. **2.** (open place) चौक : Connaught ~ in Delhi. दिल्ली में कनाट ≈ है.

cite साइट *v.t.* (cited, citing) **1.** उद्धरण देना, उद्धृत करना, हवाला देना, उल्लेख करना : to ~ an example कोई उदाहरण उद्धृत करना; he ~d Socrates as an example of wisdom उसने सुकरात को बुद्धिमत्ता के उदाहरण के रूप में उल्लिखित/उद्धृत किया; he is ~d in history books इतिहास की

पुस्तकों[F] में उसका उल्लेख हुआ है. 2. तलब करना : to ~ a person किसी व्यक्ति को ≈; he was ~d as co-respondent उसे सह-प्रतिवादी के रूप में तलब किया गया. [*as distinct from* site, sight]

citizen सि'टिज़न *n*[c]. नागरिक, नगरवासी [law-abiding शान्तिप्रिय, great महान, old पुराना, real वास्तविक, senior वरिष्ठ, true सच्चा]; ~s of India भारत के नागरिक; the duties of ~s नागरिकों के कर्तव्य; she is ~ of India वह भारत की नागरिक है; all ~s are equal before law. विधि[F] के समक्ष सभी नागरिक समान हैं. [*ant*. alien] ~ **ship** *n*[u/c]. नागरिकता[F]: to acquire ~ ≈ ग्रहण करना; he has applied for ~ of India उसने भारतीय ≈ के लिए आवेदन किया है.

city सि'टि *n*[c]. (*pl*. cities) शहर, नगर [ancient प्राचीन, industrial औद्योगिक, large विशाल, modern आधुनिक, noisy शोरयुक्त]; ~life नगरीय जीवन; ~**folk** शहर के लोग; ~ father नगरपालिका का सदस्य; what ~ do come from? तुम किस ≈ से आये हो? an attractive feature of a ~ शहर का आकर्षणयुक्त लक्षण; London is the largest ~ of England लन्दन इंग्लैण्ड का सबसे बड़ा ≈ है; Hyderabad and Secunderabad are twin ~ies हैदराबाद और सिकन्दराबाद जुड़वाँ ≈ हैं.

civ. civil, civilian.

civic सि'विक *a*. नागरिक, शहरी : ~ centre नगर केन्द्र, नगरपालिका का मुख्यालय; ~ rights नागरिक अधिकार; ~ sense नागरिक भावना[F]; ~ virtues नागरिक गुण; it is my ~ duty to vote at elections चुनावों में मत देना मेरा नागरिक कर्तव्य है. [*ant*. rural]

civil सि'विल *a*. 1. नागरिक, असैनिक; ~ **administration** ≈ प्रशासन; ~ **aviation** ≈ विमान-चालन **civil defence** ≈ रक्षा या प्रतिरक्षा; ~ disobedience movement सविनय अवज्ञा आन्दोलन; ~ **liberty** ≈ स्वतन्त्रता; ~ **list** राज्याधिकारी सूची; ~ **marriage** न्यायालय द्वारा प्रमाणित विवाह; to be selected for ~ service नागरिक सेवा[F] के लिए चुना जाना. 2. दीवानी [court अदालत, suit मुकदमा]; ~ **law** ≈ कानून, व्यवहार विधि; ~ **offence** व्यवहार अपराध, दीवानी के जुर्म; ~ **procedure code** व्यवहार प्रक्रिया संहिता; ~ **war** ख़ानाजंगी[F]. 3. शिष्ट, सभ्य; he was not at all ~ उसका व्यवहार कतई ≈ नहीं था; she made a ~ answer उसने ≈ उत्तर दिया; be ~ to your elders अपने-से बड़ों के प्रति ≈ व्यवहार करो. **civilian** सिवि'ल्यन *n*[c]. असैनिक, असैनिक पदाधिकारी : ~ dress असैनिक परिधान; he left the army and became a ~ again वह सेना[F] छोड़कर पुनः असैनिक हो गया. **civilization** सिविलाइज़े'शन *n*[u]. सभ्यता, तहज़ीब : the process of ~ ≈ की प्रक्रिया[F]; effect of ~ सभ्यता का प्रभाव; benefits of ~ ≈ सभ्यता के लाभ; the ancient ~s of Egypt and India मिश्र और भारत की प्राचीन ≈एँ they studied the ~ of backward tribes उन्होंने पिछड़ी जनजातियों[F] की ≈ का अध्ययन किया. **civilize** सि'विलाइज़ *v.t.* (civilized, civilizing) सभ्य बनाना, सुधारना : the missionaries are ~ing the savages ईसाई प्रचारक जंगली लोगों को सभ्य बना रहे हैं; Public schools claim to ~ their pupils पब्लिक स्कूल अपने छात्रों को सभ्य बनाने का दावा करते हैं.

claim क्लेम I. *n*[c]. 1. दावा [false झूठा, rightful सच्चा]; you must assert your ~s तुम्हें अपने दावों पर ज़ोर देना चाहिए; she made a ~ for higher pay उसने अधिक वेतन (पाने) का ≈ किया; she has put forwards a ~ for damages उसने हरजाने का ≈ पेश किया है. 2. हक : to give up all ~s कुल ≈ छोड़ देना; have I no ~ on you क्या आप पर मेरा कोई ≈ नहीं है. II. *v.t.* (claimed, claiming) 1. दावा करना : to ~ an inheritance उत्तराधिकार का ≈ करना; he ~ed to be the owner उसने मालिक होने का दावा किया; I do not ~ to know everything मैं सब कुछ जानने का दावा नहीं करता; ~ something to one's advantage अपने लाभ के लिए≈. 2. माँगना : ~ attention ध्यान आकर्षित करना; to ~ one's due अपना हक ≈. [*ant*. dis~]

clamour क्लै'मर I. *n*[c]. शोर, कोलाहल, हल्ला-गुल्ला [confused अस्पष्ट, loud ज़ोर

का]; to make a ~ शोर मचाना; ~ of the mob भीड़^{F} का ≈; there was a ~ for his acquittal उसकी रिहाई^F के लिए ≈ था. **II.** शोर मचाना, दुहाई^F देना : they were ~ing for justice वे न्याय की दुहाई^F दे रहे थे.

clamp क्लैम्प **I.** n^c. शिकंजा, जोड़ने का काँटा : bind it with a ~ इसे शिकंजे से बाँध दो. **II.** *v.t.* (शिकंजे में) जकड़ना, कसना : they ~ed the iron rods together उन्होंने लोहे के छड़ों को आपस में कस दिया. Δ ~ down अनुचित दबाव डालना : the public ~ed down on the newspaper जनता^{F} ने समाचार-पत्रों पर अनुचित प्रभाव डाला; curfew has been ~ed down on the entire city सारे शहर में दबावपूर्वक कर्फ़्यू लगा दिया गया है.

clan क्लैन n^c. कबीला, बिरादरी^{F} : a ~ of a tribe किसी जनजाति^{F} का कबीला; all the higher-grade engineers have formed a little ~ of their own सभी उच्च-श्रेणी के अभियन्ताओं ने अपनी एक बिरादरी^{F} बना ली है.

clap क्लैप **I.** n^c. **1.** (blow) थप्पड़, तमाचा; he gave a ~ on my back उसने मेरी पीठ^F पर एक ≈ मारा. **2.** (applause) करतल ध्वनि^{F}, ताली^{F} : a thunderous ~ तालियों की गड़गड़ाहट^F. **II.** *v.t.i.* (clapped, clapping) **1.** ताली^{F} बजाना : ~ your hands ताली बजाओ; the audience started ~ping loudly श्रोताओं ने ज़ोर से ताली बजाना शुरू कर दिया; when the singer finished her song, we ~ped जब गायिका ने गाना ख़त्म किया तो हमने तालियाँ बजायी. **2.** थपकना : he ~ped him on his back and congratulated him उसने उसकी पीठ^F थपथपाई और उसे बधाई^F दी. **3.** (other uses) Δ **~ up a bargain** झट से सौदा पटा लेना : **to ~ duty on goods** माल पर कर लगा देना; the bird ~ped its wings पक्षी ने पंख फड़फड़ाये.

clarification क्लैरिफ़िके 'शन $n^{u/c}$. स्पष्टीकरण, सफ़ाई^F : ~ of one's real position वास्तविक स्थिति^{F} का स्पष्टीकरण; ~ of a statement बयान का स्पष्टीकरण. **clarify** क्लै'रि फ़ाइ *v.t.* (clarified, clarifying) **1.** स्पष्ट करना : would you please ~ your last statement? क्या आप अपना पिछला कथन स्पष्ट करेंगे. ? **2.** साफ़ करना, शुद्ध करना : have you ~fied the fat, water क्या तुमने चरबी^{F}, पानी^{F} साफ़ किया है; we ~fied the butter हमने मक्खन का शोधन किया; the honey is ~fied as it gets hot गर्म होने पर शहद शुद्ध हो जाता है. **clarity** क्लै'रिटि n^u. **1.** स्पष्टता^{F}, प्रांजलता^{F} : the ~ of her speech उसके भाषण की ≈. **2.** शुद्धता^{F}, स्वच्छता^{F} : ~ of air हवा^{F} की शुद्धता; ~ of mind मन की ≈.

clash क्लैश **I.** n^c. **1.** टक्कर^F, मुठभेड़^{F} : the ~ of metal on the metal धातुओं की टकराहट^F; the noise ended in a ~ शोर टकराहट के साथ समाप्त हुआ. **2.** संघर्ष, टकराव : ~ with the police पुलिस^F से ≈; the ~ of views विचारों का ≈; ~ of personalities व्यक्तियों का ≈; there was a ~ of opinion between the players खिलाड़ियों में वैचारिक ≈ हो गया. [*ant.* harmony] **II.** *v.i.* (clashed, clashing) **1.** टकराना, टक्कर^F/मुठभेड़^{F} होना : the two armed forces ~ed outside the town दोनों सशस्त्र सेनाओं की नगर के बाहर मुठभेड़ हो गयी. **2.** विरोध होना, मेल न होना : the two lecturers ~ed दोनों व्याख्याताओं में विरोध था; his shirt ~ed with the coat उसकी कमीज़^{F} कोट से मेल नहीं थीं. the dates ~ दोनों की तारीख़^{F} एक ही है; the date of my wedding clashes with his मेरी और उसकी शादी एक ही तारीख़ को पड़ती है. [*ant.* agree]

clasp क्लास्प **I.** *v.t.* (clasped, clasping) **1.** कसना, जकड़ना : to ~ a belt पेटी^{F} कसना; to ~ one's hands together in prayer प्रार्थना^{F} करते हाथ जोड़ना; to ~ somebody's hands किसी से हाथ मिलाना. **2.** आलिंगन करना, गले लगाना : she ~ed her child to her breast उसने बच्चे को छाती^{F} से लगा लिया; the friends ~ed eachother मित्र आपस में गले मिले. **3.** कसकर पकड़ लेना, मुट्ठी^{F} में लेना : he ~ed a rupee in his hand उसने एक रुपया अपनी मुट्ठी^{F} में ले लिया; she ~ed my arm with fear उसने डर के मारे मेरी बाँह^F कसकर पकड़ ली. **II.** n^c. **1.** खटका, बकसुआ : the ~ of my necklace is broken मेरे हार का ≈ टूट गया है.

2. आलिंगन : the ~ of the child with its mother बच्चे का माँ से ≈ .

class क्लास n^c. **1.** (division) वर्ग [low निम्न, middle मध्यम, upper उच्च, working मज़दूर]; a fashionable ~ of society समाज का शौकीन ≈; a ~ war युद्ध; ~es of animals जानवरों की जातियाँ. **2.** श्रेणी^{F} : he passed in the second ~ वह द्वितीय ≈ में पास हुआ; we travelled IIIrd ~ हमने तृतीय ≈ में यात्रा^{F} की. **3.** कक्षा^{F} : there are 30 children in my class मेरी ≈ कक्षा में तीस लड़के हैं; I have English ~ at 3 o' clock तीन बजे अंग्रेज़ी^{F} की ≈ है; the level of this ~ is rather low इस ≈ का स्तर कुछ निम्न है; let us go to the pictures after ~es हम लोग क्लास के बाद सिनेमा जाएँ. ~ **fellow/mate** सहपाठी. **4.** (kind) प्रकार^F, किस्म^F : plants can be divided into various ~es पौधे विभिन्न किस्मों में बाँटे जा सकते हैं; it is a strange ~ of building यह अजीब किस्म की इमारत^F है.

classification क्लैसिफ़ि के'शन n^c. वर्गीकरण [regular नियमित, scientific वैज्ञानिक]; ~ of books, subjects, workmen पुस्तकों^{F}, विषयों, कर्मियों का ≈. **classify** क्लै'सिफ़ाइ *v.t.* (classifies, classified, classifying) वर्गीकरण करना : to ~ the books according to subjects किताबों^{F} का विषय के अनुसार ≈. **classless** *a.* वर्गहीन : ~ society ≈ समाज.

clatter क्लै'टर **I.** n^u. **1.** खड़खड़ाहट^F : a ~ of falling utensils गिरते बर्तनों की ≈; ~ of breaking crockery चीनी के बर्तनों की टूटने की ≈; the ~ came from the kitchen ≈ की आवाज रसोई घर से आई. **2.** कोलाहल : a ~ of children in the class-room कक्षा में बच्चों का ≈; boys, stop the ~ लड़कों, ≈ बंद करो. **II.** *v.t.i.* **1.** खड़खड़ाना : they ~ed down the stairs वे खड़खड़ाकर सीढ़ियों^{F} से नीचे उतर गये. **2.** खटपट^F करना : they were ~ing with each other लड़के आपस में खटपट कर रहे थे.

clause क्लॉज़ n^c. **1.** उपवाक्य [explicit स्पष्ट, principal प्रधान, subordinate अधीन]; to break a complex sentence into clauses मिश्र वाक्य को उपवाक्यों में विभक्त करना : there are three ~s in the sentence : I have a cow which grazes grass and gives milk मेरे पास एक गाय^F है जो घास^F चरती है और दूध देती है; इस वाक्य में तीन ≈ हैं. **2.** खण्ड, धारा^{F}, दफ़ा^{F} : saving ~ अपवाद धारा, अपवाद : ~ by ~ एक-एक ≈ करके; the ~s of a contract संविदा^{F} की धाराएँ; this ~ means that you can not receive the money इस धारा^{F} का मतलब है कि तुम पैसा नहीं प्राप्त कर सकते.

claw क्लॉ **I.** n^c. पंजा; firm ~ पक्का ≈; cat's ~ बिल्ली^{F} का ≈; the ~s of a crow कौए के पंजे; the lion sharpened its ~s शेर ने अपने पंजे तेज़ किए; the owl held the mouse in its ~s उल्लू ने चूहे को अपने पंजों में पकड़ रखा. **II.** *v.t.* नोचना : the cat ~s the dog's eyes बिल्ली कुत्ते की आँख^F नोच लेती है. *v.i.* ~(at, away) पंजे से पकड़ना; he ~ ed at the rope उसने रस्सी को कसकर पकड़ लिया.

clay क्ले n^u. मिट्टी^{F}, चिकनी मिट्टी^{F} [hard सख़्त, soft मुलायम] ~ dishes ≈ की तश्तरियाँ; ~ soil चिकनी ≈; he likes to make pots from ~ वह ≈ से बर्तन बनाना चाहता है; he works in ~ वह मिट्टी का काम करता है.

clean क्लीन **I.** *a.* (cleaner, cleanest) साफ़, स्वच्छ [body शरीर, books किताबें^{F}, conscience आत्मा^{F}, face चेहरा, heart हृदय, sheet of paper ताव]; clean handed निर्दोष; ~ fingered कभी न रिश्वत लेने वाला; we want everything to be clean हम सब कुछ ≈ चाहते हैं; if your hands are not ~ go and wash them यदि तुम्हारे हाथ ≈ नहीं हैं तो जाओ और धो लो; he has ~ record उसका रिकार्ड ≈ है. [*ant.* dirty] Δ **come** ~ साफ़ -साफ़ कहना : at first he lied to the police but later came ~ पहले वह पुलिस^F से झूठ बोला लेकिन बाद में साफ़ - साफ़ कह दिया; Δ ~ **sweep** बिल्कुल सफ़ाया : the new manager made a ~ sweep of all the lazy people in the department नये मैनेजर ने विभाग में सभी सुस्त लोगों का बिल्कुल सफाया कर दिया; ~ **slate** नये सिरे से : after being in prison he started job with ~

slate जेल में रहने के बाद उसने नये सिरे से काम शुरू किया. II. *v.t.* साफ़ करना : ~ the windows, house, face खिड़कियाँ^{F}, मकान, चेहरा साफ़ करो; to have one's watch ~ ed घड़ी^{F} की सफ़ाई^F कराना; you must ~ your teeth every morning हर सुबह तुम्हें अपने दाँत अवश्य साफ़ करने चाहिए; she was then ~ ing the room तब वह कमरा साफ़ कर रही थी; ~ oneself हाथ-मुँह धो लेना. ~ **up** ~ (thoroughly) पूरी सफ़ाई करना, साफ़ कर डालना : she ~ ed up after they went home उनके घर चले जाने के बाद उसने सफ़ाई कर डाली; ~ **out** साफ़ कर डालना; I must ~ out this cup-board मुझे इस आलमारी^{F} को साफ कर डालना होगा; we shall ~ out he sitting room tomorrow कल हम बैठक^F को साफ़ कर डालेंगे. III. *adv.* साफ़ - साफ़ : ~ bowled साफ़ विकेट आउट; ~ mad बिल्कुल पागल; ~ shaven दाढ़ी-मूँछ सफ़ाचट; he jumped ~ across the stream वह ≈ नदी^{F} पार गया; he got ~ away वह ≈ निकल गया; I had ~ forgotten मैं साफ़ (बिल्कुल) भूल गया था. **cleaner** क्ली'नर *n*^{c}. क्लीनर : bus ~ बस ≈; room ~ रूम ≈; he engaged two ~ s at the vehicle उसने गाड़ी^{F} पर दो ≈ लगा दिये. **cleanliness** क्ले'नलिनेस *n*^{u}. सफ़ाई^F, स्वच्छता^{F} : boys of this school are noted for their ~ इस स्कूल के लड़के ≈ के लिए जाने जाते हैं.

clear क्लिअर I. *a.* (clearer, clearest) 1. (pure) स्वच्छ, निर्मल, साफ़ [day दिन, liquid द्रव, sky आकाश, weather मौसम]; it is as ~ as day-light यह दिन के प्रकाश की तरह ≈ है. 2. स्पष्ट, साफ़ [problem समस्या^{F}, voice आवाज़^{F}]; ~ **cut** तेज़; ~ features ≈ नैन नक्श ~ **headed** समझदार, सुलझा हुआ; ~ **majority** स्पष्ट बहुमत; this passage is not ~ यह गद्यांश स्पष्ट नहीं है; the matter is ~ मामला ≈ है; it is not quite ~ to me यह मुझे बिल्कुल स्पष्ट नहीं है. Δ **as ~ as crystal, crystal ~** बिल्कुल स्पष्ट; **to stand ~ of others** औरों से अलग खड़े होना; **steer ~ of difficulties** कठिनाइयों^{F} को पार करके बच निकलना. 3. (whole) पूरा : we have a ~ month for work हमारे पास काम के लिए ≈ महीना है. 4. शुद्ध : ~ profit ≈ लाभ. II. *v.t.i.* 1. स्पष्ट करना : a teacher must ~ the answer अध्यापक को उत्तर स्पष्ट करना चाहिए. 2. (make ~) साफ़ करना, साफ़ हो जाना : ~ a room कमरा साफ़ करो; he ~ ed the table उसने मेज़^{F} साफ की; the weather soon ~ ed up मौसम शीघ्र ही साफ़ हो गया; to ~ one's throat गला साफ़ करना. 3. मुक्त करना: to ~ from blance कलंक से ≈; he was ~ ed of all the charges वह सभी आरोपों से मुक्त हो गया है. 4. ख़ाली करना : ~ the room and leave me alone कमरा ख़ाली करो (जाओ) और मुझे अकेले छोड़ दो; to ~ the way रास्ता छोड़ना या ≈. 5. चुकाना; you must ~ the debt before the next year तुम्हें निश्चित रूप से नये साल से पहले कर्ज़ चुका देना चाहिए; to ~ the payment पूरा भुगतान कर देना. 6. पार करना, लाँघना; to ~ the road across carefully सड़क को सावधानी^{F} से पार करो ~ Δ **away** papers from here कागज़ यहाँ से हटा दें; **to ~ off the debt** ऋण चुका देना; ~ **off** हट जाओ; ~ **out this room** यह कमरा ख़ाली करो; ~ **up** सुलझाना, हल करना; you have ~ ed up the misunderstanding तुमने ग़लतफहमी^{F} सुलझा दी है, दूर कर दी है.; ~ **up a mystery** रहस्य खोल देना. III. *adv.* साफ़, स्पष्ट : he got ~ away वह साफ़ निकल गया; to say ~ साफ़ - साफ़ कहना; stand ~ बच के खड़े होना. **clearance** क्लिअ'रन्स *n*^{u}. सफ़ाई. ~ **certificate** भरपाई का प्रमाण-पत्र, टैक्स आदि कुल देय अदा करने का प्रमाण-पत्र, निकासी प्रमाण-पत्र; ~ **centre** भुगतान केन्द्र; ~ **sale** बचे-खुचे माल की बिक्री^{F}. **clearing** क्लिअ'रिंग : *a.* चुकता करने का : ~ **agent** चुंगी आदि से माल छुड़ाने वाला एजेंट या अभिकर्ता; ~ **bank** चैक विनिमय केन्द्र; ~ **house** भुगतान गृह या केन्द्र. **clearly** *adv.* साफ़ - साफ़, स्पष्ट रूप से : we could ~ see the ship wreck हम जहाज़ की टूटफूट^F (पोतभंग) ≈ देख सकते थे; they advanced smilingly ~ they were friends वे मुस्कराते हुए आगे बढ़े, स्पष्टतः वे मित्र थे.

clerical क्ले'रिकल *a.* 1. लिपिकीय : a ~ job

≈ काम; ~ error ≈ अशुद्धि^{F} या भूल^{F}, लिखाई^{F} की भूल^{F}; the fact that wrong bill was sent to you was the result of a ~ error जो गलत बीजक भेजा गया था वह ≈ भूल का परिणाम था. **2.** पुरोहिती, याजिकीय : a clergyman wears a ~ collar, which fastens at the back ईसाई पुरोहित ≈ पट्टा पहनता है जो पीछे बँधा होता है.

clerk क्लर्क *n*^{c}. **1.** लिपिक, क्लर्क [efficient दक्ष, intelligent समझदार, lazy आलसी]; he is employed as a ~ in the civil service वह असैनिक सेवा में ≈ के रूप में काम पर लगा है; she is a ~ in the super market वह सुपर मार्केट में क्लर्क है; the ~ of works was told that our roof was in need of repair निर्माण ≈ को बताया गया कि हमारी छत^{F} में मरम्मत^{F} की जरूरत^{F} है. **2.** (of court) पेशकार [*adj.* clerical]

clever क्ले'व़र *a.* **1.** (intelligent) होशियार, चतुर [boy लड़का, artisan शिल्पी, driver चालक]; ~ writer ≈ लेखक; a ~ student मेधावी छात्र; I am not ~ enough to come first in the class कक्षा^{F} में प्रथम स्थान पाने के लिए मैं इतना ≈ नहीं हूँ; he is ~ at mathematics वह अंकगणित में होशियार है. **2.** (skilful) दक्ष, प्रवीण, निपुण : ~ device सूझ-बूझ^{F} की युक्ति^{F}; to be ~ at something किसी बात^{F} में ≈ होना; he is very ~ at translation वह अनुवाद में ≈ है; he is ~ with his hands वह हाथ की कला में ≈ है; he is a ~ carpenter वह ≈ बढ़ई है. **cleverly** *adv.* चतुराई^{F} से, चालाकी^{F} से, होशियारी^{F} से : Joe ~ eluded the bandits by dodging down a side street जो डकैतों को चकमा देते हुए पास की गली^{F} से ≈ बचकर निकल गया. **cleverness** क्ले'वरनिस *n*^{u}. होशियारी, चालाकी^{F}; I was surprised at his ~ मैं उसकी ≈ से चकित हो गया.

client क्लाइ'अन्ट *n*^{u}. **1.** (customer) ग्राहक [casual आकस्मिक, regular नियमित]; the bank manager is very polite to all his ~ s बैंक प्रबन्धक अपने सभी ग्राहकों के प्रति बहुत नम्र है. **2.** (of lawyer) मुवक्किल : the advocate charged his fee from his ~ एडवोकेट ने अपने ≈ से अपनी फ़ीस ले ली : a lawyer advises his ~s वकील अपने ≈ को सलाह^{F} देता है; lawyers represent their ~ s in court वकील कचहरी^{F} में अपने मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करते हैं.

climate क्लाइ'मट *n*^{u}. जलवायु^{F}, आबोहवा^{F} [cold ठन्डी, damp आर्द्र, dry शुष्क, hot गर्म, mild नर्म]; the effect of ~ ≈ का प्रभाव; the ~ of Calcutta is hot and wet कलकत्ता की ≈ गर्म और आर्द्र है; he must live in sunnier ~ उसे गर्म ≈ में रहना चाहिए; there is nothing like a change of ~ ≈ बदलने से बढ़कर कुछ नहीं है; better leave this ~ अच्छा है कि इस ≈ को छोड़ दो; the ~ agreed with her ≈ उसके अनुकूल थी; she left Cuttack because the ~ did not suit her उसने कटक छोड़ दिया क्योंकि ≈ उसके अनुकूल नहीं थी; Britain has a temperate ~ ब्रिटेन की ≈ शीतोष्ण है. **climatic** क्लाइ मै'टिक *a.* जलवायु-विषयक, जलवायु-संबधी : the ~condition जलवायु की दशा^{F} : ~ situation ≈ स्थिति^{F}.

climb क्लाइम **I.** *v.t.i.* चढ़ना, ऊपर जाना : to ~ a tree पेड़ पर चढ़ना; a bear ~ s up a hill भालू पहाड़ी^{F} पर चढ़ जाता है; the creeper ~ ed up the wall लता^{F} दीवार^{F} पर चढ़ गई; for ~ ing a mountain you have to use your hands and feet पर्वत पर चढ़ने के लिए आपको हाथ और पैर का इस्तेमाल करना होता है : the road ~ s सड़क^{F} पर चढ़ाई^{F} है; the road ~ s over a mound यह सड़क^{F} एक भीटे के ऊपर चढ़ जाती है; the plane began to ~ हवाई जहाज़ ने ऊपर चढ़ना शुरु किया. Δ ~ **down** उतरना : it was difficult to ~ down उतरना कठिन था; he ~ ed down the trees carefully वह पेड़ पर से सावधानी^{F} से उतरा. **II.** *n*^{c}. चढ़ाई, चढ़ाव [difficult कठिन, easy आसान]; his ~ to the top of his profession was very fast अपने व्यवसाय के शिखर तक उसका चढ़ाव तेज़ था; the hill road is a steep ~ पहाड़ी सड़क^{F} की खड़ी चढ़ाई है.

cling क्लिङ् *v.i.* (*p* : & *p.p.* clung) **1.** (stick) चिपकना, चिमटना : the bits of my hair ~ **to** my coat बाल के टुकड़े मेरे कोट में चिपके हैं; wet clothes ~ **to** the body भीगे कपड़े

शरीर से चिपकते है; limpets ~ **to** the rocks so tightly that you cannot get them off घोंघे^{F} चट्टानों से इतनी मज़बूती से चिमटे रहते हैं कि उन्हें छुड़ाया नहीं जा सकता. **2.** लगे रहना, जमे रहना : he clung to his friend वह अपने मित्र का साथ निभाता रहा; she ~ s to a belief that she was faithful उसका यह विश्वास जम गया है कि वह निष्ठावान् थी. **3.** लिपटना, लिपट जाना : the creeper ~ s to the trees लता^{F} पेड़ से लिपटी रहती है; I shall get separated in the crowd if you do not cling to my arm यदि तुम मेरी बाँह^F से लिपटे न रहोगे तो मैं भीड़^{F} में अलग छूट जाऊँगा; she clung to her husband as he said goodbye जैसे ही उसके पति ने 'विदा' कहा, वह उससे लिपट गयी. Δ ~ **together** साथ निभाना.

clinic क्लि'निक *n*^{c}. उपचारगृह, क्लिनिक [dental दाँत का, new नया, school विद्यालय का]; he is being treated at the skin ~ उसका उपचार (इलाज) चर्म ≈ में हो रहा है; there are very good doctors in this ~ इस ≈ में बड़े अच्छे-अच्छे डॉक्टर हैं. [*a.* clinical]

clip क्लिप **I.** *v.t.* (clipped, clipping) **1.** कतरना, काटना : to ~ the wings of a pigeon कबूतर के पंख ≈; Auntie has ~ ped her daughter's curly hair चाची ने अपनी बेटी के घुँघराले बाल कतर दिये; the gardener has been ~ ping the garden hedges माली बाग की झाड़ियों^{F} को काट रहा है; the shepherd ~ ped the sheep गड़रिये ने भेड़ों^{F} का ऊन कतरे. **2.** चुटकी^{F} से बाँधना [properly उचित ढंग से, tightly कसकर]; to ~ papers together कागज़ों को एक साथ ≈. **II.** *n*^{c}. **1.** कतरन^F : ~ s of paper कागज़ की कतरनें; ~ s of the tangled wool उलझे ऊन की ≈. **2.** क्लिप, चुटकी^{F} [diamond हीरे का, silver चाँदी^{F} का]; a hair ~ बालों का क्लिप; a ~ for holding bandage on the wound घाव पर की पट्टी को थामने का ≈.

cloak क्लोक **I.** *v.t.* पर्दा डालना, छिपाना : their discussions were ~ ed in secrecy रहस्य में उनकी बातें छिप गयीं; to ~ disloyalty with flattery अनिष्ठा^{F} को चापलूसी^{F} करके छिपाना; to ~ one's purpose अपना प्रयोजन छिपाना. **II.** *n*^{c}. **1.** लबादा : woolen ~ ऊनी ≈; to wear a ~ over one's clothes कपड़ों के ऊपर ≈ पहनना; it is a ~ with loose sleeves यह खुली बाँहों^{F} वाला ≈ है; a ~ is without sleeves ≈ बिना बाँहों^{F} का होता है. **2.** (pretext) पर्दा, : his pleasant manner was a ~ for his evil designs उसका भद्र आचरण उसके बुरे इरादों पर एक ≈ था. **3.** (disguise) आड़^{F}, ओट^F : they arrived under the ~ of darkness वे अन्धकार के पर्दे में आ गये; under the ~ of religion मज़हब की ≈ में. **cloak-room** *n*^{c}. यात्री सामानघर : I leave my luggage in the ~ मैं अपना सामान सामानघर में रख जाता हूँ; there is a ~ just outside the platform no. one एक नंबर प्लेटफ़ार्म के ठीक बाहर सामानघर है.

clock क्लॉक *n*^{c}. (दीवार वाली) घड़ी^{F} [beautiful सुन्दर, electric बिजली की, Japanese जापानी, old पुरानी]; it is two o'clock by this ~ इस ≈ में दो बजे हैं; the ~ struck twelve ≈ ने बारह बजाए; today the school ~ was ten minutes fast आज स्कूल की ≈ दस मिनट तेज़ थी; we have two ~ s in our office हमारे कार्यालय में दो घड़ियाँ है; put the ~ back ≈ पीछे कर दो; as regular as ~ ≈ की तरह नियमनिष्ठ; the ~ needs repairing ≈ को मरम्मत^F की जरूरत^F है; wind up the ~ ≈ में चाबी^{F} भरो. ~ tower घंटाघर : there is a ~ tower in the church building गिरजाघर की इमारत^F में घंटाघर है; ~ **wise** दक्षिणावर्त, बायें-से-दायें घूमते हुए : see these pictures ~ wise इन चित्रों को दक्षिणावर्त देखिए; **anti-~ wise** वामावर्त, दाहिने से बायें घूमते हुए; **round the ~** चौबीसों घंटे, रात-दिन : this shop remains open round the ~ यह दुकान ≈ खुली रहती है; round the ~ curfew दिन-रात का कर्फ़्यू.

clog क्लॉग **I.** *n*^{c}. **1.** अर्गला, अड.डंडा [iron लोहे का, wooden लकड़ी^{F} का]; a ~ on the gate for safety सुरक्षा के लिए फाटक पर का ≈. **2.** कुंदा : a ~ in the legs of a calf बछड़े की टाँगों में लगा ≈. **3.** (fig.) बाधा^{F}, अड़ंगा, विघ्न : he is a ~ on my activities वह मेरे

कार्यकलाप में ≈ है. **II.** *v.t.* रोकना, रुकावट^F^ डालना, बाधा^F^ डालना : to ~ the wheels of administration प्रशासन कार्य में बाधा डालना; ignorance ~ s progress अज्ञानता^F^ उन्नति^F^ में बाधा डालती है; the drain is ~ ged with mud कीचड़ से नाली^F^ रुक गयी है; many laws ~ the progress of a country बहुत कानून किसी देश की प्रगति^F^ में रुकावट^F^ डालते हैं. **III.** *v.i.* रुकना, बंद होना : the waterpipe of our house ~ s easily हमारे मकान में पानी का पाइप आसानी^F^ से बंद हो जाता है.

close क्लोज़ **I.** *v.t.* **1.** बंद करना : ~ the gate दरवाज़ा बन्द करो; to ~ one's business अपना धन्धा ≈; to ~ an opening सुराख बंद करना. **2.** समाप्त करना, पूरा करना : to close one's career जीवनक्रम समाप्त करना. [*ant.* open] Δ **close down** बंद करना; he ~ d down his firm उसने अपना प्रतिष्ठान बंद कर दिया; ~ **in** घेरना, पास आना : the enemy soldiers are ~ ing in शत्रु सैनिक पास आ रहे हैं या घेर रहे हैं; ~ **up** पास-पास खड़े हो जाओ. **II.** *a.* **1.** पास, समीप, निकट : bus stop is ~ to my house बस स्टाप मेरे घर के ≈ है; at ~ quarters ≈ से : I have seen her at ~ quarters मैंने उसे ≈ से देखा है. [*ant.* distant] **2.** आस-पास, लगभग : it was ~ to five o'clock लगभग पाँच बजे थे; he will be ~ to sixty वह साठ के ≈ होगा. [*ant.* far] **3.** छिपा हुआ, गुप्त : ~ secret गुप्त रहस्य. **4.** बंद [air हवा^F^, house मकान, room कमरा]; to ~ gently सावधानी^F^ से ≈ करना; ~ door meeting गुप्त बैठक^F^, बंद कमरे में बैठक^F^ या सभा^F^. **5.** काँटे का : that was a ~ contest वह काँटे की भिड़त^F^ थी (का मुकाबला था). **6.** (intimate) घनिष्ठ, गहरा : to be in ~ connection ≈ संबंध होना; Ram and Shyam are ~ friends राम और श्याम घनिष्ठ मित्र हैं. **7.** नज़दीकी, करीब का : ~ relative ≈ रिश्तेदार. **8.** सूक्ष्म : a ~ examination of facts तथ्यों का ≈ परीक्षण. **9.** उमसदार : the weather was ~ मौसम ≈ था. **10.** (misc. uses) ~ argument अकाट्य तर्क; ~ attention पूरा ध्यान; ~ examination सूक्ष्म परीक्षण; ~ finish (दौड़ में) बराबर की जीत^F^; ~ fisted कंजूस; ~ proximity अत्यन्त निकटता^F^; ~ season/time निषेधकाल : the ~ season for peasants ends in October in Britain ब्रिटेन में किसानों का निषेधकाल अक्टूबर में समाप्त होता है; ~ translation हूबहू अनुवाद. **III.** *n*^u^. अन्त, समाप्ति^F^ : at the ~ of the year वर्ष के अन्त में; ~ of the lesson पाठ का अन्त. **IV.** क्लोज़ *adv.* पास-पास, पास : the houses are very ~ (together) घर बहुत पास-पास हैं; their birthdays are very close उनके जन्मदिन बहुत नज़दीक हैं; to stand ~ by the horse घोड़े के पास खड़े होना; to sit ~ round the fire आग को घेर कर पास बैठना. **V.** *prep.* के पास, के निकट : put the table ~ **to** the window मेज़ की खिड़की^F^ ≈ रखिए; he lives ~ **to** my house वह मेरे घर के ≈ रहता है. **closed** *a.* बंद [door दरवाज़ा, house मकान, shop दुकान].

clot क्लॉट **I.** *n*^c^. **1.** थक्का [big बड़ा, small छोटा]; ~ of blood खून का ≈; he died of a ~ of blood on the brain वह मस्तिष्क में खून का ≈ जमने के कारण मर गया; don't disturb the ~ on the wound घाव पर जमे थक्के को मत छेड़ो; ~ of curd दही का ≈. **2.** (~ted hair) जटा^F^ : some sadhus in India have clotted hair भारत में कुछ साधु जटाएं रखते हैं. **II.** *v.t.i.* थक्का जमना. बनना : acid ~ s milk अम्ल दूध का थक्का बना देता है; most people's blood ~ s quite easily बहुत से लोगों का खून आसानी^F^ से थक्का बन जाता है.

cloth क्लॉथ *n*^c^. (*pl.* clothes) (अनसिला) कपड़ा, वस्त्र [cheap सस्ता, cotton सूती, expensive महँगा, thick मोटा, thin पतला, white सफ़ेद]; a shirt made of the finest ~ सबसे महीन कपड़े की बनी कमीज़^F^; a length of ~ for a suit एक सूट के लिए कपड़े की लम्बाई^F^; a ~ weaver जुलाहा; the ~ merchant कपड़े का सौदागर. Δ **cut your coat according to your ~** जितनी चादर^F^ है उतना ही पैर फैलाओ. **clothe** क्लोद् *v.t.* (~ed, clad) **1.** कपड़ा पहनाना या पहनना :

the widow did not have enough money to ~ her children विधवा के पास अपने बच्चों को कपड़ा पहनाने के लिए काफ़ी पैसा नहीं था; she was ~ d in silk वह सिल्क का कपड़ा पहने थी. [*ant*. strip] 2. ढँकना, ढाँकना : the mountains were clothed with snow पर्वत बर्फ से ढके हुए थे, the field are clothed with flowers खेत फूलों से ढके हैं; to ~ one from head to heel किसी को सिर से एड़ी[F] तक ≈. 3. किसी के लिए कपड़ा देना : to ~ someone to wear किसी को पहनने के लिए कपड़ा देना. **clothes** (*pl.*) क्लोद्ज़, क्लोज़ *n.* (*pl.*) पोशाक[F], पहनावा, कपड़े [fashionable शौकीनी, summer गर्मी के, warm गर्म, woollen ऊनी]; he pays no attention to his ~ वह अपने कपड़ों के प्रति कुछ ध्यान नहीं देता; I must change my ~ मुझे अपने कपड़े ज़रूर बदलने चाहिए; mother can sew all her ~ माँ अपने सब कपड़े सी सकती है; the child's ~ are tight बच्चे के कपड़े तंग हैं.

clothing क्लो'दिंग *n*[u]. 1. पहनावा, पोशाक[F] [men's पुरुषों का, warm गर्म]; to spend much money on one's ~ पहनावे पर बहुत पैसे खर्च करना; to be careful about one's ~ अपने पहनावे के प्रति सतर्क होना. 2. आवरण, भेष : beware of false prophets who come to you in sheep's ~ झूठे पैगम्बरों से सावधान रहो जो भेड़ों के वेष में तुम्हारे पास आते हैं.

cloud क्लाउड I. *n*[u/c]. 1. बादल, मेघ, घटा[F] [heavy भारी, light हल्का]; mountains of ~ s were piled up in the sky आकाश में बादलों के पहाड़ इकट्ठे हो गये; the rain is falling from that big grey ~ उस बड़े भूरे बादल से बारिश[F] हो रही है. 2. समूह, भीड़[F] : ~ of birds, horsemen चिड़ियों[F], घुड़सवारों का दल-बादल : the gathering ~ s of revolution क्रान्ति[F] के जमा दल-बादल. 3. (dimness) धुँधलापन; he disappeared in a ~ of dust वह धूल[F] के (बादल) धुँधलेपन में ग़ायब हो गया. 4. (darkness) अंधकार : a ~ of suspicion शंका[F] का ≈; the ~ of dispair निराशा रूपी ≈; his business dealings are under a ~ उसका व्यावसायिक कारोबार अंधकार में है. 6. (other uses) he has his head in the ~ वह अन्यमनस्क है; she is under a ~ these days आजकल उसके बुरे दिन हैं. Δ **every ~ has a silver lining** निराशा में आशा की किरण रहती है. II. *v.t.* 1. अंधेरा कर देना, धुंधला कर देना : life ~ ed with sorrow दुःख से धुँधला जीवन; tears ~ ed her eyes आँसुओं से उसकी आँखों में अंधेरा छा गया. 2. उदास होना : illness ~ ed his life बीमारी[F] से उसका जीवन उदास था; his face ~ ed at the unhappy news बुरे समाचार से उसका चेहरा उदास हो गया. 3. बादल घिरना, छाना : the sun ~ ed over धूप छायी थी; the sky was ~ ed आकाश पर बादल घिर गये : the sky ~ ed over and it began to rain आकाश बादलों से घिर गया और बारिश[F] शुरू हो गई. 4. दूषित या ख़राब करना : dirt ~ ed the window खिड़कियाँ[F] धूल से दूषित हो गईं; old age ~ ed his judgement वृद्धावस्था[F] ने उसकी धारणा[F] को खराब कर दिया. ~ **burst** बादल का फट पड़ना, एकदम मूसलाधार वर्षा[F]. **cloudy** *a.* 1. मेघाच्छन, ~ weather मेघाच्छन्न मौसम. 2. धुँधला : ~ ideas धुंधले विचार. [*ant*. clear]

clown क्लॉउन *n*[c]. 1. विदूषक, भाण्ड, मसख़रा : a clown in the circus makes the people laugh सरकस का विदूषक लोगों को हँसाता है. 2. गँवार : a country ~ देहाती.

club क्लब I. *n*[c]. 1. क्लब [cricket क्रिकेट literary साहित्यिक, worker's मज़दूरों का]; I shall meet you at the ~ मैं आपको ≈ में मिलूँगा; to be a member of a ~ किसी ≈ का सदस्य होना; a meeting of the ~ क्लब की बैठक[F]. 2.गदा, मुग्दर, डण्डा, लाठी[F] : a golf ~ गोल्फ़ खेलने का डंडा; he uses a ~ to defend himself against the fierce of a dog वह कुते के भय से रक्षा के लिए डंडे का प्रयोग करता है. 3. चिड़िया[F] या चिड़ी[F] का पत्ता : which card of ~ will you use तुम चिड़ी के किस पत्ते का प्रयोग करोगे; seven of ~ चिड़ी की सत्ती. 4. (of rifle) कुंदा. II. *v.t.* 1. मिलकर कुछ करना, सम्मिलित हो जाना : to ~ together to buy a new football नया

फुटबाल खरीदने के लिए साथ मिलना; they have ~ bed together to buy her a present वे उसको उपहार खरीदकर देने के लिए मिल गए हैं; all my shares were ~ bed by the company कंपनी ने मेरे शेयर इकट्ठे कर दिये. **2.** डंडे या लाठी से मारना : he ~ bed him to death उसने उसे डंडे से मार डाला.

cluck क्लक **I.** *n*^c. कुट-कुट, किड़-किड़ : the ~ of a hen मुर्गी^F की ≈. **II.** *v.t.* कुटकुटाना, किड़किड़ाना : the hen ~ ed to her chicks मुर्गी अपने चूज़ों के लिए कुटकुटाई; the old woman ~ ed at the children's behaviour बच्चों के व्यवहार पर बूढ़ी औरत किड़किड़ाई.

clue क्लू *n*^c. सूत्र, सुराग़ : the ~ which led detectives to the solution of the mystery सुराग़ जो कि भेदिया लोगों को रहस्य के समाधान तक ले गया; foot prints served as a ~ पदचिन्हों ने ≈ का काम किया; there is no ~ to his whereabouts उसके बारे में कोई सुराग़ नहीं है.

clump क्लम्प **I.** *n*^c. **1.** पिण्ड, खण्ड : a ~ of earth भूखण्ड. **2.** झुरमुट : ~ of trees वृक्षों का ≈; we hid behind a ~ of bushes हम झाड़ियों^F के ≈ में छिप गये. **II.** *v.i.* भदभदाते चलना : the workman ~ ed up the stairs कामगार सीढ़ियों से भदभदाते गया.

clumsy क्लम्'ज़ि *a.* **1.** अनाड़ी, फूहड़, अदक्ष [gesture हाव-भाव, man आदमी, workman कामगार]; Ehsan is too ~ to be a dancer एहसान इतना अनाड़ी है कि नर्तक नहीं हो सकता; the ~ boy could not walk in the room फूहड़ लड़का कमरे में नहीं चल सकता था. **2.** भद्दा, बेडौल, बेढंगा [furniture फ़र्नीचर, sentence वाक्य]; a ~ shape भद्दी आकृति^F; ~ movement बेढंगी चाल^F; he did his work in a ~ fashion उसने बेढंगा काम किया.

clung क्लङ्ग *v.i.* (past tense of verb 'cling')

cluster क्लस्'टर **I.** *n*^c. **1.** (bunch) गुच्छा : ~ of flowers फूलों का ≈; a ~ of grapes अंगूरों का ≈; a ~ of trees पेड़ों का झुरमुट. **2.** समूह, झुण्ड, भीड़^F : ~ of people लोगों का समूह; children stood in ~ round the injured dog बच्चे घायल कुत्ते के चारों ओर झुण्ड में खड़े थे; ~ of stars तारापुंज. **II.** *v.i.* इकट्ठा होना, जमा होना; they ~ ed round the fire वे आग के चारों ओर इकट्ठे हो गये; you boys are not to ~ round the notice-board and block the corridor तुम लड़कों को सूचना-पट्ट के सामने इकट्ठा नहीं होना है और न गलियारा बन्द करना है. **III.** *v.t.* इकट्ठा/जमा करना : to ~ people लोगों को ≈.

clutch क्लच **I.** *n*^c. **1.** चंगुल : the bear had him in it ~ es भालू ने उसको अपने ≈ में ले लिया; the ~ es of the lion शेर का ≈; the ~ es of poverty गरीबी का ≈; the boy fell into the ~ es of a thug लड़का एक ठग के ≈ में फँस गया. **2.** (grip) जकड़^F, पकड़^F the ~ es of law कानून की ≈; to be in a person's ~ es किसी व्यक्ति की ≈ (के चंगुल) में होना; to be in a person's ~ es is to be in his power किसी व्यक्ति की ≈ में होना उसकी शक्ति के अधीन होना है. **3.**(of car) कलच : he put his foot on the ~ उसने अपना पैर ≈ पर रखा. **4.** (of crane) शिकंजा. **II.** *v.t.* **1.** पकड़ना, जकड़ना : he ~ ed the money I offered उसने पैसा पकड़ लिया जो मैंने दिया; I ~ ed at a floating piece of wood to save myself from drowning मैंने अपने को डूबने से बचाने के लिए तैरते हुए लकड़ी के टुकड़े को पकड़ लिया. [*ant.* release] **2.** छीनना : he ~ ed the book from me उसने मुझसे किताब^F छीन ली; he ~ ed the revolver from the intruder and threw him down the stairs उसने घुसपैठिये से रिवाल्वर छीन लिया और उसे सीढ़ियों से नीचे गिरा दिया. **3.** झपटना, झपट्टा मारना : to ~ at smth. किसी चीज़^F पर ≈.

cm. centimetre.

co. (company) कंपनी.

c/o care of द्वारा.

co- को *pref.* सह- : co-editor सहसंपादक, co-accused सहाभियुक्त, co-education^F सहशिक्षा^F; ~existence ≈-अस्तित्व, co-operation सहयोग.

coach कोच **I.** *n*^c. **1.** (railway) डिब्बा, सवारी डिब्बा [reserved आरक्षित, mail मेल का];

the ~ was full ≈ भरा था; the last two ~ es of the train were derailed गाड़ी के अंत के दो डिब्बे पटरी^{F} से उतर गये थे. 2. बग्घी^{F} : the Seth's ~ is out of sight सेठजी की ≈ आंखों से ओझल है; the travelling by road is much pleasanter in a motor ~ मोटर-≈ में सड़क^F से यात्रा^{F} करना अधिक आनन्दकर है; the President rode in a ~ drawn by six horses राष्ट्रपति छ : घोड़ों द्वारा खींची जाने वाली बग्घी^{F} में सवार थे. 3.कोचवान : ~ box ≈ के बैठने की जगह^F. 4. शिक्षक : he is the swimming team's ~ वह तैराकी की टीम^F का ≈ है; they employed a ~ to improve their son's knowledge of Sanskrit उन्होंने अपने बेटे की संस्कृत के ज्ञान के सुधार के लिए एक ≈ नियुक्त किया. II. *v.t.* सिखाना, पढ़ाना, शिक्षा देना : he ~ es me in mathematics वह मुझे गणित पढ़ाता है; he ~ ed his friend in Hindi उसने अपने मित्र को हिन्दी^{F} पढ़ायी. **coaching** *n.* अनुशिक्षण; ~ **institute** ≈ संस्थान; to have ~ at some centre किसी केन्द्र पर ≈ प्राप्त करना.

coal कोल I. *n*^{u}. कोयला [black काला, brownish भूरा, hard सख़्त]; ~ **bed** कोयले की परत^F; ~ **dust** कोयले का चूरा; ~ **mine** कोयले की खान^F; ~**tar** तारकोल, डामर; to draw ~ from the pit खदान^F से ≈ निकालना; ~ is no longer popular as a fuel ईंधन के रूप में ≈ अब लोकप्रिय नहीं रह गया; put some ~ on the fire आग पर थोड़ा ≈ डालो. ~ gas कोयले की गैस^F. does your cooker use ~ gas or natural gas क्या आपके कुकर को कोयले की गैस लगती है या प्राकृतिक गैस. Δ **to haul over the ~s** डाँटना : the headmaster hauled the boy over the ~s for being absent without permission प्रधानाचार्य ने लड़के को बिना आज्ञा अनुपस्थित होने पर डाँटा; **to carry ~s to New Castle** उल्टे बाँस बरेली को. II. *v.t.* कोयला भरना; to ~ a ship जहाज़ में कोयला भरना.

coarse कॉर्स *a.* 1. मोटा, घटिया [grain अनाज, sand बालू^{F}]; this coat is made of ~ material यह कोट मोटे कपड़े का बना है. 2. अपरिष्कृत [metal धातु, salt नमक]; ~ voice भद्दी आवाज़^{F}; ~ wood खुरदरी लकड़ी^{F}. 3. (uneven) रूखा; her skin is ~ उसकी चमड़ी^{F} रूखी है. 4. गँवारु : ~ language ≈ भाषा^{F}; a ~ sense of humour ≈ मसख़रापन; ~ jokes ≈ मज़ाक. 5. (person) असभ्य, गँवार : don't be so ~ इतने ≈ न बनो. [*as distinct from* course]

coast कोस्ट I. *n*^{c}. (समुद्र) -तट, किनारा [charming सुन्दर, flat चौरस, rocky चट्टानी]; the road runs up to the ~ सड़क तट तक जाती है; the ~ of India भारत का ≈; we went down to the ~ for a day हम एक दिन के लिए समुद्र तट पर गए; the storm dashed a vessel on the ~ तूफ़ान ने एक नाव^F को तट पर पटक दिया. ~ **guard** समुद्री-चौकी^{F}, तटरक्षक. ~ **line** तटरेखा^{F} : ~ line is rugged तटरेखा^{F} कटी-फटी है. II. *v.i.* उतरना : we ~ed down the hill हम पहाड़ी^{F} से उतरे; he ~ed for two miles after the car was out of petrol कार^F में पेट्रोल समाप्त होने के बाद वह दो मील तक उतरकर गया. **coastal** कोस्'टल *a.* तटवर्ती, तटीय, समुद्रतटीय : ~ shipping तट की जहाज़रानी^{F}; ~trade समुद्रतट का व्यापार, तटीय या तटवर्ती व्यापार.

coat कोट I. *n*^{c}. 1. कोट [light हल्का, summer गर्मी^{F} का, torn फटा हुआ, warm गर्म, winter जाड़े का]; I must have my ~ cleaned मुझे अपना ≈ साफ़ करा लेना चाहिए; what colour is your new ~ आपका नया ≈ किस रंग का है ? you must cut your ~ according to your cloth तुम्हें अपना ≈ कपड़े के अनुसार काटना चाहिए, आमदनी^{F} के हिसाब से खर्च करना चाहिए; long haired ~ of Angora goat अंगोरा बकरे का लम्बे बालों का ≈. 2. (of animals) लोमचर्म [soft मुलायम, white सफ़ेद]; a ~ of bear भालू का ≈. 3. (covering) आवरण : over ~ लबादा. 4. (coating) तह, परत, लेप : three ~s of paint तीन ≈ पेंट. II. *v.t.* (colour) (पेंट आदि की) परत^F चढ़ाना, रंगना, पोतना : to ~ the wood with varnish लकड़ी^{F} पर वार्निश करना; the wood was ~ed with special paint लकड़ी^{F} पर एक विशेष रंग चढ़ाया गया था.

coax कोक्स *v.t.* 1. फुसलाना, बहकाना, मनाना : mother has to ~ the baby to drink milk because he does not like it बच्चे को दूध पीने के लिए माँ को फुसलाना पड़ता है क्योंकि वह इसे पसंद नहीं करता; he ~ed her to dance by saying, she was the best dancer उसने उसे नाचने के लिए यह कहकर मना लिया कि तुम सबसे अच्छी नर्तकी हो. she ~ed her husband to purchase (in purchasing) her a new dress नयी पोशाक^F ख़रीदने के लिए उसने अपने पति को मनाया. 2. (flatter) खुशामद^F करना : the child ~ed me to give her sweets बच्चे ने मिठाई देने के लिए उसकी ख़ुशामद की; I cannot ~ anyone मैं किसी की ख़ुशामद नहीं करता. Δ **~ smb into doing smth** चिकनी-चुपड़ी बातें^F करके किसी से कोई काम कराना; **~ smth out of smb** ख़ुशामद^F करके किसी से कोई चीज़^F ले लेना.

cobbler काब्'लर *n*^c. मोची [experienced अनुभवी, village ग्रामीण]; a ~ repairs shoes ≈ जूतों की मरम्मत^F करता है.

cobra को'ब्रा *n*^c. नाग, फणी (*fem*. नागिन) : ~ is a poisonous snake found in Africa and Asia कोब्रा (नाग) अफ़्रीका और एशिया में पाया जानेवाला एक ज़हरीला साँप है.

cock कॉक **I.** *n*^c. 1. मुरगा, कुक्कुट; the ~ was crowing early in the morning ≈ सुबह-सवेरे बाँग^F दे रहा था; the old man kept a ~ and three hens बूढ़े आदमी के पास एक ≈ और तीन मुर्गियाँ^F थीं; he gets up at ~-crow वह मुर्गे के बाँग^F देने पर उठता है. 2. ~ sparrow नर चिड़िया; ~ fighting मुर्गे लड़ाना; ~ of the walk मुखिया. 3. (spout) टोंटी^F; stop ~ नल बंद करने की ≈. Δ **~-and-bull story** कपोल-कल्पना^F, झूठी कथा^F; all that he says is a ~-and-bull story वह जो कुछ कहता है सब कपोल-कल्पना^F है; **a ~ fights best on his own dung hill** अपनी गली^F में कुत्ता भी शेर होता है. [*fem*. hen मुर्गी] **II.** *v.t.* 1. घोड़ा चढ़ाना : to ~ a gun बन्दूक^F का ≈. 2. तिरछा करना, बाँका करना : to ~ one's hat हैट तिरछा रखना या पहनना. 3. खड़ा करना : the dog ~ its leg to urinate कुत्ते ने पेशाब करने के लिए अपनी टाँग^F उठाई; to ~ the ears चौकन्ना होना, कान खड़े होना; the dog ~ed its ears कुत्ता चौकन्ना हो गया.

cockroach कॉ' क्रोच *n*^c. तिलचट्टा : ~ is a black beetle ≈ एक काला कीड़ा है; ~ es live in houses and come out at night to feed तिलचट्टे घरों में रहते हैं और रात में भोजन के लिए बाहर निकलते हैं.

coconut को कॅ'नट *n*^c. नारियल; ~ fibre ≈ की जटा^F; ~ palm ≈ का पेड़; she put some ~ in the biscuits उसने बिस्कुट में कुछ ≈ डाला; we offered a ~ at the idol हमने मूर्ति^F पर ≈ चढ़ाया.

code कोड **I.** *n*^c. 1. संहिता^F, विधि-संग्रह, नियमावली^F [penal दण्डीय, religious धार्मिक, social सामाजिक]; the ~ of behaviour व्यवहार संहिता; ~of conduct आचार संहिता; Manusmriti is a ~ of conduct मनुस्मृति^F एक आचार संहिता है; there are a number of ~s for puting English into a form usable by computer कम्प्यूटर में अंग्रेजी के प्रयोगात्मक रूप को भरने के लिए बहुत-सी नियमावलियां हैं. 2. (a system of signals) संकेत-पद्धति^F; **Morse ~** मोर्स ≈ (तार की); the message was in ~ संदेश कूट संकेत में था; the telegram was in ~ टेलिग्राम ≈ में था. **II.** *v.t.* (to translate into a ~) कूटबद्ध करना; have you ~d the material for the computer क्या आपने सामग्री^F को कम्प्यूटर के लिए कूटबद्ध कर लिया है.

co-existence कोइग् ज़िस्'टन्स *n*^u. सह-अस्तित्व, सहजीवन : peaceful ~ of countries with different political systems भिन्न-भिन्न राजनैतिक व्यवस्था^F वाले देशों का शांतिपूर्ण ≈.

coffee कॉ'फ़ि *n*^u. कहवा, कॉफ़ी^F [black काली, fresh ताज़ा, hot गर्म, strong तेज़]; ~ is a powder of ~beans कॉफी कॉफ़ी के दानों का चूर्ण है; will you have a cup of ~ क्या आप एक कप ≈ लेंगे ? I have/take ~ with sugar but without cream मैं चीनीयुक्त किन्तु क्रीमरहित ≈ पीता हूँ; some children don't drink ~ कुछ बच्चे ≈ नहीं पीते; we can buy hot ~ in coffee bars हम काफ़ी-गृहों से गर्म ≈ ख़रीद सकते हैं.

coffin कॉ'फ़िन *n*^c. ताबूत, शवपेटी^F : they

carried the ~ to the graveyard वे ≈ को कब्रिस्तान उठा ले गये; the ~ was placed in the grave ≈ कब्र में रखा गया; the body of the dead person is put in a ~ before being buried एक मृत व्यक्ति का शरीर दफ़नाए जाने से पहले ≈ में रखा जाता है. Δ **a nail into smb's ~** किसी की मौत को बुलावा देना.

coil कॉइल **I.** *n*[c]. कुंडली[F], कुंडल : a ~ of rope रस्सी[F] का कुंडल; to wind up a rope in a ~ रस्सी[F] को ≈ करके लपेटना; a snake held a sheep in its ~ एक साँप ने भेड़[F] को अपनी कुंडली में जकड़ लिया. **II.** *v.t.* कुण्डल बनाना, कुंडलाकार लपेटना : to ~ a rope रस्सी[F] लपेटना; to ~a rope is to arrange it in a ~ रस्सी को लपेटना उसे कुंडलाकार करना है; the cobra ~ed round the antelope's trembling body नाग काँपते बारहसिंगा के शरीर में कुंडलाकार लिपट गया.

coin कॉइन **I.** *n*[c]. सिक्का, रुपया, नकदी, रोकड़ [copper तांबे का, gold सोने का, false खोटा, silver चांदी]; small ~s छोटे सिक्के, रेज़गारी[F]; counterfeit ~s कूट/जाली सिक्के; a handful of ~s मुट्ठीभर सिक्के; he who clips ~s robs the coffer of the state जो सिक्के काटता है राज्य के ख़ज़ाने को लूटता है. **Δ to pay smb in his own ~** जैसे को तैसा निपना. **II.** *v.t.* **1.** सिक्का ढालना : to ~ money पैसा बनाना; he is really ~ing the money these days वास्तव में वह इन दिनों खूब पैसा बना (कमा) रहा है. **2.** गढ़ना : to ~ new words नये शब्द ≈; the scientists ~ several words वैज्ञानिक कई शब्द गढ़ते हैं. **coinage** कॉइ'निज *n*[u]. **1.** मुद्रा[F], सिक्का ढलाई : the work of ~ सिक्के की ढलाई का काम. **2.** कपोल-कल्पना[F] : the ~ of one's brain मनगढ़ंत बात[F], कपोल कल्पना[F]; किसी के दिमाग़ की गढ़न.

coincide कोइन्'साइड' *v.i.* **1.** एक ही समय में पड़ना, एक साथ होना : my time does not ~ **with** yours मेरा और तुम्हारा समय एक-साथ नहीं पड़ता; their holidays ~ उनकी छुट्टियाँ एक साथ पड़ती हैं. **2.** मेल रखना : अनुरूप होना; (agree) मेल खाना : his opinion ~ed with mine उसकी राय[F] मेरी राय से मेल खा गई. [*ant.* clash] **coincidence** कोइन्'सिडन्स *n*[c]. संयोग, दैवयोग [happy अच्छा, surprising आश्चर्यजनक]; it is difficult to believe that it was merely a ~ यह विश्वास करना कठिन है कि यह केवल संयोग था; ~ of unexpected events अप्रत्याशित घटनाओं[F] का ≈; I was also there by ~ ≈ से मैं भी वहाँ था.

coke कोक *n*[u]. कोक [hard सख़्त, smokeless धूम्ररहित]; we buy and burn ~ ≈ हम खरीद कर जलाते हैं; coal is turned into ~ and coal gas कोयला ≈ और कोयले की गैस में बदला जाता है. ~is a slow burning ~ ≈ धीमा जलने वाला ईंधन है.

col *pref.* from of co सह -l से पहिले : colleague सहयोगी, colloquial *q.v.*

Col. colonel.

cold कोल्ड **I.** *a.* **1.** ठंडा, शीतल, सर्द [dinner भोजन, night रात[F], water जल, weather मौसम, winter जाड़ा]; it is ~ outside बाहर ठंड है; my feet are ~ मेरे पैर ठंडे है; your dinner is getting ~ आपका भोजन ठंडा हो रहा है; as ~ as marble संगमरमर की तरह ठंडा. [*ant.* hot] ~ **storage** शीतागार; to put in ~ storage खटाई में डालना, अनिश्चित काल के लिए टाल देना; ~ **war** शीत युद्ध; ~ **wave** शीत[F] लहर[F], चिल्ला जाड़ा. **2.** रूखा, निरुत्साह [behaviour व्यवहार, reception स्वागत]; the whole idea leaves me ~ संपूर्ण विचार मुझे निरुत्साह छोड़ देता है; he has a~ heart वह रूखे हृदय का आदमी है; to give a person ~ reception किसी व्यक्ति का रूखा स्वागत करना. **3.** (*misc.* uses) ~ **blooded** नृशंस, निष्ठुर : ~ blooded murder नृशंस हत्या[F]; ~ **comfort** रूखी-सूखी सांत्वना[F]; ~ **feet** कायरता; ~ **news** अरुचिकर समाचार; **Δ to give ~ shoulder to smb** किसी के साथ रुखाई से पेश आना. **II.** *n*[u]. **1.** ठंड[F], सर्दी[F] [dreadful भयंकर, dry शुष्क, sharp तेज़]; a very severe ~ बहुत कड़ी ≈; the ~ was intense ≈ बहुत कड़ी थी; he cannot stand the ~ of winter वह जाड़े की ठंड सह नहीं सकता. **2.** जुकाम : to catch ~ जुकाम होना : I have caught bad ~ मुझे तेज़ ≈ लग

गया; if you keep sneezing and have a running nose, you probably have a ~ यदि तुम छींकते रहे और नाक^F बहती रही तो समझो तुम्हें ≈ है; she has had bad ~ for three days उसे तीन दिन से तेज़ ≈ रहा है. **coldly** *adv.* रुखाई से, उपेक्षा से : he met him ~ वह उससे ≈ मिला. **coldness** *n*^{u}. **1.** ठंड^F, सर्दी^{F} : unbearable ~ असहनीय ≈. **2.** रुखाई^F, उदासीनता^{F} : due to his ~ उसकी ≈ के कारण; ~ of welcome स्वागत की ≈.

collapse कॅ लैप्स' **I.** *v.i.* **1.** भंग होना, गिर जाना, ढह पड़ना : if the walls of the trench ~, the men digging it will be buried यदि खाई^F की दीवारें गिरेंगी तो इसे खोदने वाले आदमी दब जायेंगे; the house ~d घर गिर गया; the roof has ~d छत टूट गयी है; the bridge ~d under the weight of the traffic यातायात के बोझ के कारण पुल टूट गया. **2.** विफल होना : our plans have ~d हमारी योजनाएँ^{F} विफल हो गयीं हैं. **3.** शिथिल हो जाना, अचानक बीमार पड़ना : after the operation he ~d आपरेशन के बाद वह अचानक बीमार हो गया; she ~d with heart-attack दिल का दौरा पड़ने से वह शिथिल हो गयी. he ~d on hearing the news of the accident दुर्घटना^{F} का समाचार पाने के बाद वह बीमार पड़ गया. [*ant.* recover] **II.** *n*^{u}. **1.** ढहना, भंग, नाश : ~ of a roof छत^F का ढहना. **2.** विफलता^{F} : the ~ of the government सरकार^F की ≈. **collapsible** कलैप्'सबल *a.* दबने वाला, सिमटने वाला (boat नाव^F, chair कुरसी^{F}, table मेज़).

collar कॉ'लर **I.** *n*^{c}. **1.** कालर : ~ of coat, jacket, shirt कोट, जैकिट, कमीज़^{F} का ≈; your ~ is too tight round your neck तुम्हारे गले में ≈ अत्यन्त तंग है; ~bone हँसुली; he fell down and broke his ~bone वह गिरा और उसकी हँसुली टूट गई. **2.** (of a dog) पट्टा : dog's name was on its ~ कुत्ते का नाम उसके पट्टे पर था. **3.** छल्ला (neck.); he turned up his ~ उसने अपना छल्ला बदला. **II. 1.** *v.t.* पट्टा लगाना; he collard the dog उसने कुत्ते को पट्टा पहनाया. **2.** पकड़ना : he ~ed the thief and held on to him until the police arived उसने चोर को पकड़ा और उसे तब तक पकड़े रखा जब तक कि पुलिस नहीं आ गयी; they ~ed the entire market with their new product उन्होंने अपने नए उत्पाद से संपूर्ण बाज़ार को अपनी गिरफ़्त में ले लिया.

colleague कॅ लीग' *n*^{c}. सहयोगी : he is my ~ in the department विभाग में वह मेरा ≈ है.

collect क लेक्ट' **I.** *v.i.* इकट्ठा या एकत्र होना, जमा होना : a crowd ~ed at once भीड़^{F} तुरंत इकट्ठी हो गयी; dust ~s in the corners कोनों में धूल इकट्ठी हो जाती है; people are ~ing in front of their houses लोग अपने घरों के सामने इकट्ठा हो रहे हैं. [*ant.* scatter] **II.** *v.t.* **1.** इकट्ठा/जमा करना; I ~ stamps as a hobby मैं शौकिया टिकट इकट्ठे करता हूँ; she was ~ing the kids from the school वह विद्यालय से बच्चों को इकट्ठा कर रही थी. **2.** वसूल करना, उगाहना; to ~ tax कर ≈; you are to ~ a rupee from each boy तुम्हें प्रत्येक लड़के से एक रुपया वसूलना है; the conductor has to ~ fares परिचालक को भाड़ा ≈ है; **3.** संग्रह करना, संग्रहीत करना : he is trying to ~ his thoughts वह अपने विचारों का संग्रह करने का प्रयास कर रहा है; to ~ books किताबों^{F} का संग्रह करना. **4.** (other uses) ~ oneself होश^F में आना; to ~ one's thoughts चित्त को एकाग्र करके सोचना; to ~ courage साहस बटोरना. **collection** कॅलेक्'शन *n*^{uc}. **1.** संचय [large बड़ा, precious क़ीमती, rich भरपूर, unique अद्वितीय]; unusual ~ असाधारण ≈. **2.** संग्रह : ~ of letters पत्रों का संग्रह; a fine ~ of pictures चित्रों का अच्छा ≈; come and see my ~ of good things आओ और मेरी अच्छी-अच्छी वस्तुओं^{F} का संग्रह देखो. **3.** समूह, समुदाय : a strange ~ of people लोगों का अजीब ≈. **collective** कॅ लेक्'टिव़ *a.* सामूहिक [action कार्रवाई^F, agreement समझौता, ownership स्वामित्व, property संपत्ति^{F}, punishment दण्ड, responsibility ज़िम्मेदारी^{F}/दायित्व, saving बचत^F]; peasants have just returned from a ~ farm किसान अभी-अभी ≈ कृषिक्षेत्र से लौटे हैं; we must take ~ action

हमें ≈ कार्रवाई करनी चाहिए; this was the result of ~ effort यह ≈ प्रयत्न का परिणाम था. (gram.) ~ noun समूहवाचक संज्ञा^{F}, as जैसे army सेना^{F}, class कक्षा^{F}.

collector क् लेक्'टर n^c. **1.** समाहर्ता : excise ~ उत्पादन- शुल्क ≈; zealous उत्साही ≈. **2.** ticket ~ टिकट संग्राहक; stamp ~ स्टाम्प संग्राहक. **3.** ज़िलाधीश, कलक्टर : patriotic ~ देशभक्त कलेक्टर.

collectorate कॅ लेक्'टरिट *n*. कलेक्टर का पद या दफ्तर, कलक्टरी^{F} : his appeal is pending in the ~ उसकी अपील^F कलक्टरी में पड़ी है.

college कॉ 'लिज n^c. **1.** कालेज, महाविद्यालय [agricultural कृषि, engineering यान्त्रिकी, medical चिकित्सकीय, science विज्ञान, training प्रशिक्षण]; he goes to ~ वह ≈ जाता है; in Oxford 21 ~s are affiliated to the university ऑक्सफ़र्ड में विश्वविद्यालय से 21 ≈ संबद्ध है; to admit a student into a ~ किसी छात्र को ≈ में प्रवेश देना; the students of all ~s are bound to attend a certain percentage of lectures सभी कालेजों के छात्र निश्चित प्रतिशत लेक्चरों में उपस्थित होने के लिए बाध्य हैं; when I shall leave school, I shall be able to continue my education at a ~ जब मैं स्कूल छोड़ूँगा, तो ≈ में पढ़ाई^F जारी रखने के योग्य हूँगा. **2.** गण, मण्डल, परिषद : the ~ of surgeons सर्जन गण; electoral ~ निर्वाचकगण, निर्वाचक मण्डल.

collide कॅ लाइड' *v.i.* (collided, colliding) **1.** टक्कर^F लगना, टकराना, मुठभेड़^{F} होना : the cars ~d on the road कारें^{F} सड़क^F पर टकरा गयीं; the motor van ~ed with a lorry मोटरगाड़ी और लारी^{F} में टक्कर हो गई, मोटरगाड़ी^{F} लारी^{F} से टकरा गयी. **2.** विरोध होना, खटपट होना, मतभेद होना : the views of the two politicians ~ violently दो राजनीतिज्ञों के विचारों में उग्र मतभेद होता है. **collision** कॅ लि'ज़न n^u. **1.** संघर्ष, विरोध : ~ of interests हितों का ≈; ~ of ideals आदर्शों का ≈; to come into ~ with smb's aims किसी के ध्येय से विरोध होना. **2.** टक्कर^F, मुठभेड़^{F} : as a result of the ~ between the two cars he had to be taken to hospital दो कारों^{F} में ≈ के फलस्वरूप उसे अस्पताल ले जाना पड़ा; railway ~ रेलगाड़ी^{F} की टक्कर.

colon को'लन n^c. **1.** (gram.) अपूर्ण विराम (:): ~ is heavier than semi-colon ≈ अर्द्धविराम से भारी होता है. **2.** (anat.) बृहदान्त्र, कोलन : an enlarged ~ बढ़ी हुई बृहदान्त्र^F; ~ is the end piece of the intestive कोलन आंत का अंतिम भाग होता है.

colonel कर्'नल n^c. कर्नल : her son rose to the rank of ~ उसका बेटा ≈ के रैंक तक पहुँच गया; ~ is a military officer ≈ एक सेनाधिकारी होता है. [*as distinct from* Kernel]

colonial क्लो'न्यल **I.** *a.* उपनिवेशी, औपनिवेशिक ~ **office** (ब्रिटेन का) उपनिवेश मंत्रालय; ~ **powers** उपनिवेश स्थापित करने वाले देश; ~ **war** ≈ युद्ध; a ~ office is the government department concerned with colonies ≈ कार्यालय उपनिवेशों से संबंधित सरकारी विभाग है. **II.** n^c. उपनिवेशक [awarded पुरस्कृत, esteemed सम्मानित]; a ~ is a person from one of the colonies ≈ किसी उपनिवेश का व्यक्ति है. **colonization** कॉलेनाइज़े'शन n^u. उपनिवेशन, नई बस्ती^{F} बसाना; ~ of South Africa दक्षिण-अफ्रीका का उपनिवेशीकरण. **colony** कॉ'लॅनि n^c. (*pl.* colonies) **1.** उपनिवेश [agricultural कृषीय, important महत्वपूर्ण, military सैन्य, prosperous समृद्ध, rich समृद्ध]; many colonies have gained independence बहुत-से ≈ स्वतन्त्रता^{F} प्राप्त कर चुके हैं; France used to have many ~ies in Africa फ्रांस के अफ्रीका में बहुत से ≈ थे. **2.** नई बस्ती [large बड़ी, small छोटी]; colonies in Delhi देहली^{F} की नई बस्तियाँ.

colour कॅ'लर **I.** n^c. **1.** वर्ण, रंग [black काला, bright चमकीला, fast पक्का, green हरा, light हल्का, white सफ़ेद]; red is the ~ of blood ख़ून का ≈ लाल होता है; the people of all ~s सभी वर्णों के लोग; there are several ~s here, choose as you like यहाँ बहुत सारे रंग हैं, अपनी पसंद^F का चुन लो; ~ bar ≈ भेद, काले-गोरे का भेद. ~**blind**

वर्णांध : a ~-blind person cannot distinguish between red and yellow वर्णांध व्यक्ति लाल और पीले रंग में भेद नहीं कर सकता. ~ **scheme** रंग-योजना^F : the curtains do not match the ~ scheme परदे रंग योजना से मेल नहीं खाते. Δ **to change** ~ रंग फीका पड़ना : **to gain** ~ लाली आना; his face has gained ~ उसके चेहरे पर लाली आ गयी है; **to lose** ~ रंग उड़ना. **2.** रूप-रंग, शक्ल-सूरत, रंगढंग [beautiful सुन्दर, delicate कोमल, ugly कुरूप]; she has plenty of ~s वह बहुरूप ≈ वाली है; of what ~ is he वह किस ≈ का है. Δ **to give** ~ रूप देना; to give a false ~ ग़लत रूप में पेश करना; **lose** ~ सुंदरता^F खो देना; in its true ~ अपने वास्तविक रूप में. **3.** (usu *pl.*) झंडा, ध्वजा^F, पताका : India has a tri-~ भारत का तिरंगा; regimental ~s रजमंट का झंडा; (*pl.*) फ़ौजी झंडा : Δ **to come off with flying** ~ विजयी होना; our team came off with flying ~s हमारी टीम विजयी रही. **4.** सजीवता^F : she talked ~ उसने सजीव बातें^F कीं; there is plenty of ~ in his description उसके वर्णन में बहुत-सी सजीवता है. **5.** ~s पुरस्कार (award in sports) : he won his cricket ~s in the last tournament पिछली प्रतियोगिता में उसे क्रिकेट में पुरस्कार मिला; to get one's ~s टीम^F में शामिल होना. Δ **paint in bright** ~ बढ़ा- चढ़ाके दिखाना, सुहावने रूप में पेश करना. **II.** *v.t.* **1.** रंगना, रंग भरना : he ~ed the walls yellow उसने दीवारों को पीला रंग दिया; to ~ a sketch किसी रुपरेखा में रंग भरना. **2.** नया रंग चढ़ाना, मिलावट^F करना, नमक-मिर्च लगाना : he ~ed the story to suit his own purpose उसने अपने उद्देश्य की पूर्ति^F के लिए कहानी^F में नया रंग चढ़ाया; she ~ed all her compliments उसने उसकी झूठी प्रशंसा की.

coloured कॅं' लर्ड *a.* **1.** रंगीन, रंजित [photo फ़ोटो, cloth कपड़ा]. **2.** (of people) अश्वेत : there are only two white families here, the rest are ~ यहाँ केवल दो श्वेत परिवार हैं शेष ≈ हैं. **3.** अत्युक्तिपूर्ण : ~ statement ≈ वक्तव्य. **colourful** कॅं' लरफुल *a.* रंगीन, रंगबिरंगा : ~s scene ≈ दृश्य. **2.** शानदार [exhibition प्रदर्शनी^F, festival त्यौहार]. **3.** सजीव : ~ description ≈ वर्णन; he gave a ~ account of his journey उसने अपनी यात्रा^F का ≈ लेखा-जोखा सुनाया.

colt कोल्ट *n*^c. **1.** बछेड़ा : this ~ is only two years old यह ≈ केवल दो साल का है; this is the picture of a mare and her ~ यह तस्वीर एक घोड़ी^F और उसके बछेड़े की है. **2.** (inexperienced person) अनाड़ी : he is not in the senior team for he plays as a ~ वह सीनियर टीम में नहीं है क्योंकि वह ≈ जैसा खेलता है. [fem. filly बछेड़ी]

column कॉ' लम *n*^c. **1.** (arch.) स्तंभ, खंभा : behind a ~ खंभे के पीछे; the carned ~ in the temple मंदिर में नक्काशदार ≈. **2.** (writing) स्तंभ, कालम : in the second ~ of the newspaper अखबार के दूसरे ≈ में; he writes up a ~ about commerce वाणिज्य से संबंधित वह एक कालम लिखता है. **3.** (mil.) दस्ता, सैन्यदल : they marched in ~s वे दस्तों में आगे बढ़े.

com- *suff.* = co सह : comemmorate, compend, compact, compress.

coma को' मा *n.* बेहोशी^F : to go/fell into ~ अचेत/बेहोश हो जाना : the sickman had fallen/gone into ~ रुग्ण आदमी को ≈ आ गयी; he was in ~ for several days after the accident दुर्घटना^F के बाद वह कई दिनों तक ≈ में था; he has now recovered from ~ अब वह ≈ से ठीक हो गया है.

comb कोम **I.** *n*^c. **1.** कंघी^F, कंघा [small छोटा, white सफ़ेद]; I need a ~ so that I can set my hair मुझे एक कंघे की ज़रूरत है जिससे मैं अपने बालों को जमा सकूं; a ~ with dense teeth घने दांतों वाला कंघा; will you lend me your ~ for a minute क्या आप एक मिनट के लिए अपना कंघा देंगे. **2.** (of a cock) कलगी : **3.** (of bees) छत्ता : honey ~ मधु का ≈. **II.** *v.t.* **1.** कंघा करना : to ~ the hair बालों में ≈; she ~ed the hair and was ready to go to cinema उसने बालों में कंघा किया और सिनेमा के लिए तैयार हो गयी. **2.** (search) छानना, छान डालना, चुन-चुन के निकालना : they ~ed the hill for the

missing scout खोये हुए स्काउट (बालचर) को पाने के लिए उन्होंने पहाड़ी^F छान मारी; the police ~ed the entire colony in order to catch the terrorists आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पुलिस^F ने सारी बस्ती^F छान मारी. **3.** साफ़ करना : to ~ wool ऊन ≈; she ~ed the dirt out of her hair उसने अपने बालों से गंदगी^F साफ़ की. Δ **~out** छाँटना : the police ~ed out the ward पुलिस^F ने (अवांछनीय तत्वों को) वार्ड से छाँट लिया.

combat कॉम्' बैट **I.** *n*^c. लड़ाई^F, मुठभेड़^F, टक्कर^F, भिड़न्त^F [cruel क्रूर, furious ज़ोरदार, long लम्बी, uncertain अनिश्चित, unequal असमान]; a ~ to death मृत्युपर्यन्त लड़ाई; to offer a ~ लड़ाई का प्रस्ताव करना, to engage in a ≈ में संलग्न होना; to avoid a ~ ≈ से बचना. **II.** *v.t.* लड़ना, सामना करना, विरोध करना : the goods ~ the evil अच्छे बुरों का विरोध करते हैं; she ~ed her cold with large doses of vitamin C उसने विटामिन सी की अच्छी ख़ुराकों से ज़ुकाम से जूझा (का सामना किया); the residents of the town tried to ~ the government's plans कस्बे के रहने वाले लोगों ने सरकार की योजना^F का विरोध करने का प्रयास किया; ~ing troops योधन सैन्यदल, सेना^F की ऐसी टुकड़ियाँ^F जिनका मुख्य काम शत्रुदल के ठिकानों व अड्डों का नाश करना होता है, विध्वंसक दल. **combatant**कॉम्' बॅटन्ट *n*^c. योद्धा, लड़ने वाला, युद्ध में भाग लेने वाला (person व्यक्ति).

combination काम् बि ने' शन *n*^c. योग, संगम, मेल, एका, मिलना [happy अच्छा, lucky भाग्यशाली, rare दुर्लभ]; the town was a ~ of old and new architecture कस्बा नई और पुरानी स्थापत्य कलाओं का मेल (संगम) था; he is working on the ~ of two fast colours वह दो पक्के रंगों के मेल पर काम कर रहा है; ~ of words शब्दों का मेल. Δ **in ~ with** से मिलकर : the congress fought the election in ~ with another party कांग्रेस ने एक दूसरी पार्टी^F से मिलकर चुनाव लड़ा; **to enter into ~ with** के साथ मिल जाना : BJP entered into ~ with Bajrang Dal भाजपा बजरंग दल से मिल गई. **combine** कम् बा' इन **I.** *v.t.i.* **1.** मिलाना, मिलना, जोड़ना, जुड़ना, एक कर देना, एक हो जाना, संयुक्त करना [prudently बुद्धिमता से, safely सुरक्षित रूप से]; to ~ two sections of a class कक्षा के दो वर्गों को एक कर देना; they ~d to fight the enemy वे शत्रु से लड़ने के लिए एक हो गये; the chemist ~d calcium and carbon रसायनशास्त्री ने कैल्शियम और कार्बन मिला दिये; two parties ~d दो दल मिल गये; the two old schools are to ~ to form a new school दो पुराने स्कूल एक नया स्कूल बनाने के लिए एक हो जाने को हैं. **II.** *n*^c. एका, जत्था, धड़ा, व्यापारसंघ : a large manufacturing ~ बड़े निर्माताओं का एक संघ.

Cmdr. commander

come कम **I.** *v.t.i.* (*p.* came, *p.p.* come, *pr.p.* coming) आना : ~ here यहाँ आओ; he came last night वह पिछली रात^F आया; I will ~ to you in the evening मैं शाम^F को तुम्हारे पास आऊंगा; where do you ~ from तुम कहाँ से आये हो ? the ship came into sight जहाज़ दिखायी दिया; summer has ~ गर्मी आ गयी है; when will you ~ again तुम दुबारा कब आओगे ? visitors are coming from abroad दर्शक विदेशों से आ रहे हैं; she came today वह आज आई; they never came वे कभी नहीं आये; the election day has come चुनाव का दिन आ गया; where has he ~ from वह कहां से आया है ? he came first वह पहले आया; I can come whenever you say जब कभी तुम कहो मैं आ सकता हूं; he came to my friend वह मेरे मित्र के पास आया; it came to my mind यह बात मेरे जी में आयी; she came out of the room वह कमरे से बाहर आयी; he came to see her वह उसे देखने/मिलने आया; to ~ to work काम पर ≈; a man has come to repair the window आदमी खिड़की^F की मरम्मत^F करने आया है; the little girl came to help us छोटी लड़की हमारी सहायता करने आयी; she came to see her the next day वह उसे अगले दिन देखने (मिलने) आया; he often ~s to town वह अक्सर शहर आता है; what are the things ~ing to कैसा ज़माना आ गया है; it never came to my

head/mind मेरे जी में कभी नहीं आया; ~ what may चाहे जो कुछ भी हो; I have ~ to believe मैं मानने लगा हूँ; I have ~ to like him वह मुझे अच्छा लगने लगा है. [*ant.* go] Δ. ~ about घटित होना : a tragedy has ~ about एक दु:खद घटना^F हो गयी है; to ~ **across** अचानक मिलना : he came across a tame dog उसे एक पालतू कुत्ता मिला; **to ~ at** a truth सच्चाई^F जान लेना; ~ back (i) लौटना : the actress came back after years of not appearing on the stage वर्षों से स्टेज पर न आने के बाद अभिनेत्री वापस आई; (ii) स्मरण हो आना : the accident ~s back to me again and again वह दुर्घटना^F फिर-फिर मुझे याद आ जाती है; ~ **between** अलग कर देना, फूट डालना : we should not let such little things ~ between us हमें अलग कर देने वाली ऐसी छोटी-छोटी बातें^F हमारे बीच नहीं आनी चाहिए; ~ **by** पाना, मिलना : he came by these books in London उसे लंदन में किताबें^F मिलीं; ~ **down** (i) गिरना : prices are ~ing down कीमतें^F गिर रहीं हैं; this custom has ~ down of us यह रिवाज़ हमें परंपरा^F से मिला है; ~ **forward** आगे बढ़ना : he came forward and gave us an information उसने आगे बढ़कर हमें एक सूचना^F दी; ~ **from** का होना : she ~s from Italy वह इटली^F की है; ~ **home to smb** समझ में आना : that boy's mischief came home quite late उस लड़के की शरारत^F बहुत देर में समझ में आयी; ~ **in** प्राप्त होना : results of B.A. exams are ~ing in बी.ए. की परीक्षा^F के परिणाम प्राप्त हो रहे हैं ? where do I ~ in मुझे क्या मिलेगा ? **to ~ in for** मिलना : he came in for severe criticism उसकी कड़ी आलोचना हुई; ~ **into** मिलना : she will ~ into all her father's money when he dies जब उसका बाप मरेगा तब उसका संपूर्ण धन उसे मिल जायेगा; ~ **into force operation** लागू होना : this Act will ~ into operation from ... यह ऐक्ट . . . .से लागू होगा; ~ **into sight** दिखाई देना : the moon came into sight after a fortnight चन्द्रमा एक पखवारे के बाद दिखायी दिया; ~ **of** (i) से होना : he ~s of a noble family वह एक भद्र परिवार से है; to ~ of age वयस्क होना; (ii) परिणाम होना : whatever may ~ of her plans उसकी योजनाओं^F का जो भी परिणाम हो; ~ **off** (i) पूरा होना : my efforts to meet the officer did not ~ off अधिकारी से मिलने का मेरा प्रयास सफल न हुआ; (ii) उखड़ना : this button will ~ off यह बटन उखड़ जायेगा; ~ **out** (i) प्रकट हो जाना : the truth finally came out सत्य अन्त में प्रकट हो गया; (ii) प्रकाशित होना; the paper ~s out on Monday अखबार सोमवार को निकलता है या प्रकाशित होता है; ~ **over** (i) आ मिलना : some members of that party came over to our party उस दल के कुछ सदस्य हमारी पार्टी में आ मिले; ~ over to my residence मेरे निवास-स्थान पर आ जाना; (ii) काबू पाना : it is hard to ~ over difficulties कठिनाइयों^F पर काबू पाना कठिन है; ~ **round** (i) स्वस्थ हो जाना : the patient has ~ round बीमार स्वस्थ हो गया है; (ii) होश में आना : the fainting girl came round बेहोश लड़की होश में आ गई; (iii) मान लेना : now he is coming round to my suggestion अब वह मेरा सुझाव मान रहा है; ~ **through** सफल होना : my brother has ~ through his examination मेरा भाई अपनी परीक्षा^F में सफल हो गया है; ~ **to** कुल जोड़ होना : the total ~s to 120 कुल जोड़ 120 है; ~ **to blows** हाथापाई^F करना : at this point the two came to blows इस बिंदु पर दोनों हाथापाई करने लगे; ~ **to a close** समाप्त होना : the meeting came to a ~ at 7 बैठक^F सात बजे समाप्त हुई; ~ **to hand** हाथ आना/प्राप्त होना : the postcard came to my hand today पोस्टकार्ड आज मेरे हाथ आया; ~ **to one's knowledge** जानना, विदित होना : his illness came to my knowledge late उसकी बीमारी^F की जानकारी^F मुझे देर में मिली; ~ **to light** प्रकाश में आना : his plans have come to light उसकी योजानाएं प्रकाश में आई हैं; ~ **to oneself** or ~ **to senses** होश^F में आना : the fainted person came to

oneself/senses बेहोश आदमी होश में आ गया; ~ **to terms** समझौता करना : the parties came to terms दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया; ~ **true** सच निकलना : his prophecy came true उसकी भविष्यवाणी[F] सच निकली; ~ **up** (i) आगे बढ़ना, साथ आ मिलना : while they were waiting, a bus came up जब वे इन्तज़ार कर रहे थे (तो) एक बस आ गई; (ii) प्रस्तुत होना : she came up with great ideas वह अच्छे विचारों के साथ आगे बढ़ी; ~ **upon** (संयोगवश) मिलना या पाना : she came upon a solution to the problem उसे समस्या[F] का समाधान मिल गया; ~**what may** चाहे जो हो : ~ what may I must leave for Nagpur today चाहे जो हो मुझे आज नागपुर चले जाना चाहिए.

comedy कॉ'मडि *n*[c]. सुखान्त, सुखान्त नाटक, कामदी : in ~ a play finishes with a happy ending सुखान्त नाटक खुशी में संमाप्त होता है; we went to see a ~ last night पिछली रात हम एक ≈ देखने गये.

comely कम्' लि *a.* सुहावना, मनोरम : a ~ girl मनोरम लड़की[F].

comfort कम्' फ़र्ट **I.** *n*[c]. **1.** आराम, सुख, चैन, (*pl.*) सुख-साधन; they live in ~ वे आराम से रहते हैं; to be surrounded with ~ सुखों से ओत-प्रोत होना; to be habituated to the ~s सुख-सुविधाओं का अभ्यास्त होना. सुख या सुविधा का कारण : he has been a great ~ to me वह हमारे लिए बहुत सुख का साधन था. **2.** सांत्वना[F] दिलासा : his kind words gave me ~ उसके दयालुतापूर्ण शब्दों ने मुझे सांत्वना दी; she did it for his ~ उसने इसे उसकी सांत्वना के लिए किया; her presence was a ~ to him in his grief वह उसके दुःख में उसके लिए सांत्वना रूप थी; the minister said a few words of ~ मंत्री ने सांत्वना के कुछ शब्द कहे. [*ant.* discomfort, trouble] **II.** *v.t.* आराम पहुंचाना, सुख देना; दिलासा देना : he ~ed the sick उसने रोगियों को दिलासा दिया. **comfortable** कम्' फ़र्टबल *a.* **1.** सुखद, आरामदेह : a ~ chair आरामदेह कुर्सी[F]; a ~ dressing gown ≈ अधोवस्त्र; a ~ standard of living रहने का एक ≈ स्तर; a ~ bed ≈ बिस्तर; a ~ income अच्छी-ख़ासी आमदनी[F]; make yourself ~ आराम से बैठिए. **2.** निश्चिन्त, सुखी : are you ~ क्या तुम ≈ हो ?; I am quite ~ मैं बहुत आराम/सुख से हूँ; make yourself ~ about the affair उस मामले के बारे में निश्चित रहिए. **comfortably** *adv.* आराम से : he is ~ off वह आराम से रहता है, मज़े में है.

comic कॉ' मिक **I.** *a.* **1.** हास्यकर, हास्यजनक : a ~ actor हास्य अभिनेता; a ~ song ≈ गीत; he made some ~ remarks about the food उसने भोजन के बारे में कुछ ≈ टिप्पण/उल्लेख किए; the ~ books हास्य पुस्तकें. **2.** सुखान्त, प्रहसन संबंधी, हास्यास्पद : ~ opera ≈ गीतिनाट्य; he always speaks comic dialogues वह हमेशा हास्यास्पद कथन बोलता है. **II.** *n*[c]. (*pl.* ~s) **1.** विनोदपूर्ण चित्रावली[F], मज़ाकिया चित्रकथाएं[F]. **2.** हँसोड़ आदमी : there is a ~ who tells funny stories एक ≈ है जो अजीब कहानियाँ सुनाता है.

comity कॉ' मिटि *n*[c]. शिष्टाचार, शिष्टता[F], सौजन्य, सौहार्द : ~ of nations राष्ट्रों का सौजन्य, राष्ट्रों की बिरादरी[F].

Comm. Commission

comma कॉ'मा *n*[c]. अल्प विराम (,) : there should be no ~ in the sentence : he came and stayed there वह आया और वहाँ ठहर गया—इस वाक्य में ≈ नहीं होना चाहिए; inverted ~s उद्धरण चिन्ह (" ") : his speech was quoted in inverted ~s उसकी वक्तृता[F] उद्धरण चिन्हों के अंदर उद्धृत की गई.

command क मान्ड' **I.** *n*[c]. **1.** आदेश, हुक्म [express अभिव्यक्त/स्पष्ट, special विशेष, urgent अत्यावश्यक]; obey my ~ मेरी आज्ञा का पालन करो; a royal ~ must be obeyed शाही ≈ का पालन होना ही चाहिए; the ~ was signed by the general आदेश जनरल द्वारा हस्ताक्षरित था; at/by smb's ~ किसी के आदेश से. **2.** शासन, नियंत्रण : he was in ~ of the whole situation संपूर्ण स्थिति[F] उसके नियंत्रण में थी; under the ~ of smb किसी के अधीन. **3.** a captain is in ~ of his ship जहाज क़ैप्टन के अधिकार में होता है; she has a good ~ over English उसका

अंग्रेजी^F पर अच्छा अधिकार है. **4.** कमान : he has the ~ of all the forces उसके पास सभी सेनाओं^F का कमान है. high ~ हाई कमान, सर्वोच्च कमान : Congress high ~ कांग्रेस हाई कमान; Army high ~ सर्वोच्च सैनिक कमान. **II.** *v.t.* **1.** आज्ञा देना, आदेश देना : I ~ you to do it मैं तुम्हें इसे करने का आदेश देता हूं; ~ smb to do smth किसी को कुछ करने का आदेश देना; I ~ you to leave the room immediately मैं तुम्हें तुरंत कमरा छोड़ने का आदेश देता हूं. **2.** क़ाबू पाना, क़ाबू में रखना, नियंत्रित करना : a colonel ~s a regiment कर्नल रेजिमंट पर नियंत्रण रखता है; fire brigade ~ed the fire अग्निशामक ने आग^F पर काबू पा लिया. **3.** शासन करना, शासक होना : a king ~s over his subjects एक राजा अपनी प्रजा^F पर शासन करता है. **4.** पाना, पात्र होना : the hero ~s respect and admiration नायक आदर और प्रशंसा^F का पात्र है. **commandant** कमान् डैन्ट *n*^c. क़मान अफ़सर; कमांडेंट : ~ of an ordnance depot तोपख़ाने का कमान अफ़सर. **commander** क मान्' डर *n*^u. सेनापति : ~ of Indian army भारतीय सेना^F का ≈; ~-in-chief (*pl.* ~s in chief) प्रधान ≈; ~ of navy प्रधान पोताध्यक्ष.

commence क मॆंन्स' **I.** *v.t.* प्रारंभ करना, शुरू करना : he ~d his work उसने अपना कार्य प्रारंभ किया; we will ~ the lesson हम अपना पाठ शुरू करेंगे; the minister ~d the service with a hymn याजक ने मंत्र के साथ सेवा (पूजा^F) शुरू की; we ~d sweeping the room हमने कमरे में झाड़ू लगाना शुरू कर दिया. [*ant.* end]**II** *v.i.* शुरू होना, आरंभ होना : the summer vacation has ~d गर्मी^F की छुट्टी^F शुरू हो गयी है; the worship in the temple ~d with a hymn मंदिर में पूजा^F एक भजन के साथ शुरू हुई. [*ant.* end] commencement क मॆंन्स' मन्ट *n*^uc. प्रारंभ, शुरुआत : at the very ~ ≈ में ही.

comment क' मॆंन्ट **I.** *v.i.* **1.** टीका-टिप्पणी^F करना : I cannot ~ on his works मैं उसकी कृतियों पर टीका-टिप्पणी नहीं कर सकता; he was ~ed for his misbehaviour उसके दुर्व्यवहार के लिए उसकी टीका-टिप्पणी की गयी. **2.** आलोचना या समालोचना करना : he ~ed **on** smb's dirty shoes उसने किसी के गंदे जूतों की ≈ की; to ~ **on** smb's किसी के आचरण की ≈. **3.** मत प्रकट करना : to ~ **on** some proposal or resolution किसी सुझाव या प्रस्ताव पर ≈. **II.** *n*^c. **1.** (talk) टीका-टिप्पणी^F : did he make any ~ on my statement क्या मेरे वक्तव्य पर उसने कोई ≈ की; no ~s कोई ≈ नहीं; no ~ मुझे कुछ नहीं कहना. **2.** (criticism) आलोचना^F, समीक्षा^F : he made no ~ on the speech उसने भाषण की ≈ नहीं की. **3.** टिप्पणी^F, टीका^F : are there any ~s on the plan क्या योजना^F पर किसी को कोई ≈ करनी है. this poem is a ~ on present day values यह कविता^F वर्तमान मूल्यों पर एक ≈^F है. **commentary** कॉ' मॆंन्टरि *n*^c. **1.** टीका^F, भाष्य : a ~ on the Bible बाइबिल^F का भाष्य; there is a good ~ on Ramayana रामायण पर एक अच्छी टीका^F है; no good ~ available on Kadambari कादम्बरी पर कोई अच्छी टीका^F उपलब्ध नहीं है; a ~ is given at the end of the book किताब^F के अंत में टीका दी गई है. **2.** विवरण, वर्णन, आँखों देखा हाल : a broadcast ~ on the footbal match described every movement in the game फुटबाल मैच के प्रसारण में खेल की प्रत्येक गतिविधि का विवरण दिया गया.

commentator कॉ'मन् टेटर *n*^c. **1.** टीकाकार, भाष्यकार : a ~ writes or makes comments on a book or subject ≈ किसी पुस्तक अथवा विषय पर टीका-टिप्पणी^F लिखता है या करता है. **2.** विवरणकार, वृत्तकार : a ~ broadcasts a commentary on radio ≈ रेडियो पर विवरण प्रसारित करता है.

commerce कॉ' मर्स *n*^u. वाणिज्य [maritime समुद्री, extensive विस्तृत]; ~ department in the university विश्वविद्यालय का ≈ विभाग; a chamber of ~ ≈ मंडल; bank of ~ वाणिज्यिक बैंक; articles of ~ व्यापार के नियम; freedom of ~ वाणिज्यिक स्वतंत्रता^F. [*cf.* trade]

commercial कमर्' शल *a.* वाणिज्य-संबंधी, व्यापारिक, व्यावसायिक, तिजारती [art कला^F, enterprise धंधा]; ~ basis व्यावसायिक या

व्यापारिक या वाणिज्यिक आधार; ~ broadcast व्यावसायिक प्रसारण; ~ **crisis** वाणिज्य संकट; private cars are allowed to use this road but not ~ vehicles व्यक्तिगत कारों को इस सड़क[F] के प्रयोग की अनुमति[F] है पर वाणिज्यिक वाहनों को नहीं.

controversial कॉन्ट्रॅ व़र्'शल *a.* **1.** विवादास्पद [affair मामला, article लेख, decision निर्णय, subject विषय]; his new statement is very ~ उसका नया वक्तव्य बहुत ≈ है. **2.** विवादी [person व्यक्ति, Politician राजनीतिज्ञ]; **controversy** कन् ट्रॉ'व़र्सि *n*[u]. मतभेद, विवाद [ardent ज़ोरदार/प्रचंड, exciting उत्तेजक, long लंबा, religious धार्मिक, scientific वैज्ञानिक]; a point of ~ ≈ बिन्दु; there was much ~ before the family agreed to my suggestion मेरे सुझावों पर सहमत होने से पहले परिवार में बहुत ≈ रहा; we can settle this without ~ हम इसे बिना ≈ के तय कर सकते हैं; his decision to marry a girl of Dalit class gave rise to much ~ दलित जाति की लड़की से शादी[F] करने के उसके निर्णय से बहुत बड़ा ≈ खड़ा हो गया; the ~ over the promotion of a lecturer lasted for several weeks किसी व्याख्याता की प्रोन्नति[F] पर उठा ≈ कई सप्ताह तक चला.

convenience कन् वी'न्यन्स **I.** *n*[u]. **1.** सुविधा[F] : it is a great ~ to have a bathroom एक स्नानागार होना बहुत बड़ी ≈ है; we have got a lift in our house for the ~ of our guests अपने मेहमानों की ≈ के लिए हमारे मकान में लिफ़्ट है; I hope that this arrangement will suit your ~ मैं आशा[F] करता हूँ कि यह व्यवस्था[F] तुम्हारी ≈ के अनुकूल होगी; it is a ~ to live near the school विद्यालय के निकट रहना एक ≈ है; please clean the motor-car at your ~ कृपया अपनी ≈ के अनुसार कार[F] को साफ करें; the office will remain open on Sunday for the ~ of tax payers करदाताओं की ≈ के लिए कार्यालय रविवार को खुला रहेगा; he thinks only of his own ~s वह केवल अपनी ≈ का ध्यान रखता है. **2.** *n*[c]. (of articles) सुविधाएँ[F] : this flat has all the up-to-date ~s इस फ़्लैट में सब अद्यतन ≈ हैं. [*ant.* in ~] **convenient** कन् व़ी'न्यन्ट *a.*

सुविधाजनक [hour घंटा/समय, place स्थान, rooms कमरे, time समय]; it is very ~ to have electric light in the rooms कमरों में विद्युत-प्रकाश होना बहुत ≈ है; if it is ~ for/to you, I will come to see you यदि यह आपके लिए ≈ हो तो मैं आपसे मिलने आऊंगा; it will be very ~ to go there वहाँ जाना बहुत ≈ होगा. [*ant.* in~] (other meanings) this house is ~ for children's school बच्चों के स्कूल के लिए यह मकान सुविधापूर्ण है (यह मकान बच्चों के स्कूल के पास है); keep this in a ~ place इसे किसी सुविधापूर्ण स्थान पर रखो; it is not ~ for you to see Dad now because he is having bath तुम्हें अभी डैड से मिलना आसान नहीं होगा क्योंकि वे स्नान कर रहे हैं; please make it ~ to come to our office कृपया हमारे कार्यालय आने का कष्ट करें.

convention कन् वेन्'शन *n*^c. **1.** समझौता, करार, संधि^F : a businessman's ~ एक व्यापारी का करार; ~ with various nations is the essential part of our national foreign policy विभिन्न राष्ट्रों से ≈ (रखना) हमारी राष्ट्रीय विदेशनीति^F का मुख्य अंग है; the two countries signed the ~ दोनों देशों में ≈ पर हस्ताक्षर किए. **2.** सम्मेलन : ~ of specialists विशेषज्ञों का ≈; ~ of a political party किसी राजनैतिक दल का ≈; ~ of delegates of various countries विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों का ≈; national ~ राष्ट्रीय ≈. **3.** रिवाज, चलन : shaking of hands while meeting people is a normal ~in many countries बहुत-से देशों में लोगों से मिलने पर हाथ मिलाना एक सामान्य ≈ है; you must observe local ~s when visiting a foreign country विदेश जाने पर तुम्हें वहाँ के स्थानीय ≈ करने चाहिए.

conventional कॉन् व़ेन्'शॅनल *a.* रूढ़िगत, पारम्परिक, परंपरागत : ~ customs रूढ़िगत रिवाज; ~ weapons पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र, आम हथियार; I do not like his ~ opinions मैं उसके ≈ मतों को पसंद नहीं करता.

conversation कॉन् व़र् से'शन *n*^c. बातचीत^F, वार्तालाप [amusing मनोरंजक, interesting दिलचस्प, private व्यक्तिगत, serious गंभीर]; to hold a~ ≈ करना; topic of ~ ≈ का विषय; to have a ~ with smb किसी से ≈ करना; to gain the advantage of five minutes ~ पांच मिनट के ≈ का लाभ लेना; I have had two ~s with him over the telephone टेलीफ़ोन पर उससे मेरी दो बार ≈ हो चुकी है; we enjoyed the ~ हमने ≈ का आनंद लिया; they were deep in ~ वे ≈ में मग्न थे; we had a long ~ till late into the night हम लोगों की देर रात तक लंबी ≈ हुई.

conversion कन् व़र्'शन *n*^c. परिवर्तन : his ~ to Christianity ईसाई मत में उसका ≈; ~ of religion धर्म ≈; ~ of a cinema house into flats किसी सिनेमाघर को बदलकर फ़्लैट बनाना. **1. convert** कन् व़र्ट' *v.t.* **1.** परिवर्तन करना, बदलना : I ~ed him to liberalism मैंने उसके विचार उदारवाद में बदल दिये; to ~ liquid into gas द्रव को गैस में बदलना; he ~ed his house into flat उसने अपने मकान को बदलकर फ्लैट बना दिये; in Bombay they ~ their sofas into beds बम्बई में लोग सोफ़ों को बदलकर पलंग बना लेते हैं. **2.** धर्म परिवर्तन करना : to ~ somebody to Islam किसी का धर्मपरिवर्तन करके मुस्लिम बनाना; Ambedkar was ~ed to Buddhism अम्बेदकर का बौद्ध-धर्म में परिवर्तन हुआ. **3.** मत परिवर्तन करना : I'll ~ Mr. L to our party मैं श्री ल का मत परिवर्तन करके उन्हें अपने दल में ले आऊंगा.

convey कन् व़े' *v.t.* **1.** ले जाना, ढोना, पहुँचाना : to ~ goods by boat or rail माल को नाव^F अथवा रेल^F द्वारा ≈; tramways or omnibus will ~ you from this square to the station ट्रामगाड़ी^F या बस^F तुम्हें इस चौराहे से स्टेशन तक पहुँचा देगी. **2.** बताना, व्यक्त करना : ~ my regards to your brother अपने भाई को मेरा प्रणाम कहना; this book ~s his ideas rather well यह पुस्तक^F उसके विचारों को अपेक्षाकृत अच्छे ढंग से व्यक्त करती है; I could not ~ my feelings in words मैं अपनी भावनाएँ^F शब्दों में न व्यक्त कर सका; this sentence ~s no meaning यह वाक्य कोई अर्थ व्यक्त नहीं करता. **3.** (law) हस्तांतरित करना, सौंपना : he ~ed his property to his

son उसने अपनी संपत्ति^F अपने पुत्र को हस्तांतरित कर दी/सौंप दी. **conveyance** कन्वे'अन्स *n*^c. 1. (vehicle) सवारी^F, वाहन : can I get some ~ from this place to the bus station क्या मुझे यहाँ से बस स्टेशन तक की कोई सवारी मिलेगी. 2. *n*^u. (transference) हस्तांतरण (पत्र) : ~ of property संपत्ति का ≈.

convict कन् व़िक्ट' **I.** *v.t.* दोषी ठहराना : to ~ someone **of** forgery किसी को जालसाजी^F के लिए ≈; he was ~ed **of** this crime उसे इस अपराध के लिए दोषी ठहराया गया; the jury ~ed him ज्युरी ने उसे दोषी सिद्ध किया; she stood ~ed वह दोषी सिद्ध हो गयी; you own statement is enough to ~ you तुम्हारा अपना बयान दोषी ठहराने को काफी है. [*ant*. acquit] **II.** *n*^c. (prisoner) अपराधी, मुजरिम : the ~ escaped from the jail ≈ जेल से भाग गया; an escaped ~ भागा हुआ ≈. **conviction** कन् व़िक्'शन *n*^c. 1. (belief) दृढ़ विश्वास, धारणा^F : my ~ is that ..... मेरी धारणा है कि ... ; she said it with complete ~ उसने यह पूर्ण/दृढ़ विश्वास से कहा. 2. दोष-सिद्धि^F : he has had two ~ उसे दो बार दोषी पाया जा चुका है; ~ of an accused अभियुक्त/मुलज़िम की ≈. [*ant*. acquittal]

convince कन् व़िन्स्' *v.t.* मनवाना, विश्वास कराना [fully पूरी तरह, duly विधिवत्, immediately तुरंत]; to be ~d **of** one's innocence किसी की निर्दोषता पर विश्वस्त होना; to ~ the judge and the jury जज और ज्युरी को विश्वास दिलाना; have I ~d you that the bicycle is too dear क्या मैंने तुम्हें विश्वास करा दिया है कि साइकिल बहुत महँगी है ? she was ~d that the book was mine उसे विश्वास कराया गया कि पुस्तक^F मेरी है; I am ~d that she is dead मेरा विश्वास है कि वह मर गई है; he was still not ~d वह अब भी विश्वस्त नहीं था. **convincing** कन् व़िन्'सिङ्ग *a.* 1. निश्चायक, मानने लायक [evidence साक्ष्य, proof प्रमाण, speech भाषण]; your arguments are not ~ तुम्हारे तर्क ≈ नहीं हैं. 2. (person) ~ speaker = विश्वस्त करने वाला वक्ता.

convocation कॉन्व़ॆ के'शन *n*^c. दीक्षान्त समारोह : ~ address दीक्षांत भाषण, उपाधिदान या पदवीदान के अवसर पर दिया गया भाषण; ~ of Allahabad University was not held for years इलाहाबाद विश्वविद्यालय का ≈ वर्षों नहीं हुआ.

convoy कॉन्'व़ाइ *n*^c. 1. संरक्षण : under ~ ≈ में : to sail under ~ जहाज़ी बेड़े के ≈ में जहाज़ चलाना. 2. रक्षक दल : an army ~ फौजी ≈; a police ~ पुलिस ≈; we travelled in a ~ हमने एक ≈ बनाकर यात्रा^F की.

cook कुक **I.** *v.t.i* पकाना, भोजन बनाना : to ~ one's dinner अपना भोजन ≈; to ~ rice and pulse चावल और दाल^F पकाना; none of us can cook हम लोगों में कोई भोजन नहीं बना सकता; she ~ed a meal for them उसने उनके लिए भोजन बनाया; your vegetables are ~ed तुम्हारी सब्जियाँ पक गयी हैं. **II.** *v.i.* पकना : this kind of rice ~s more quickly than that इस प्रकार का चावल उसकी अपेक्षा जल्दी पकता है. Δ ~ **up** गढ़ना : I ~ed up a story मैंने एक कहानी^F गढ़ ली; **to ~ accounts** झूठा हिसाब-किताब बनाना; **to ~ smb's goose** किसी का काम बिगाड़ना : you have ~ed my goose तुमने मेरा काम बिगाड़ दिया है. **II.** *n*^c. रसोइया, बावरची [clever होशियार, careless लापरवाह] : female ~ महराजिन, स्त्री ≈; he was employed as a cook at the mayor's house मेयर के घर में वह रसोइये के रूप में नियुक्त था; Mary is such a bad ~ that she cannot ~ even an egg मैरी इतनी ख़राब महराजिन है कि वह अंडे तक नहीं पका सकती. Δ **too many ~s spoil the broth** दो मुल्लाओं में मुर्गी हराम. **cooker** कु'कर *n*^c. कुकर : she has an electric ~ but she prefers a gas one उसके पास बिजली^F वाला ≈ है लेकिन वह गैस वाला पसंद करती है. **cookery** कु'करि *n*^u. 1. पाक-विधि^F, पाक-कला^F : she was taught ~ at school उसने विद्यालय में ≈ सीखी थी. 2. पाकशास्त्र : ~classes ≈ की कक्षाएँ^F; in ~ lessons girls learn how to cook पाकशास्त्र के पाठों में लड़कियाँ सीखती हैं कि भोजन कैसे पकाया जाय; ~ book पाक-विधि सिखाने की पुस्तक^F.

cool कूल' I. *a.* (cooler, coolest) 1. शीतल, हल्का ठंडा [day दिन , evening शाम^F place स्थान, wind हवा^{F}]; I feel ~er here मुझे यहाँ कुछ हल्की ठंड^F लगती है; it was ~ in the shade छाया^{F} में हल्की ठंड^F थी; it is the ~est place in the city शहर में यह सबसे ठंडा स्थान है. 2. (composed) शांत, धैर्यवान् : a ~ player ≈ खिलाड़ी; he looked ~ after the meeting वह बैठक^F के बाद शांत दिखाई पड़ा; **keep** ~ शांत रहिए; ~ **headed** शांत स्वभाव (person व्यक्ति); she is always ~ in the crisis वह संकट की स्थिति^{F} में शांत रहती है. 3. रुखा : ~ reception ≈ स्वागत; he was very cool towards his wife वह अपनी पत्नी के प्रति बहुत रुखा था. 4. उत्साह-रहित : he was ~ towards my resolution वह मेरे प्रस्ताव के प्रति ≈ था. [*ant.* warm] **II.** *v.t.* 1. ठंडा होना : drink the tea before it cools चाय ठंडी होने से पहले पी लो; the custard will ~ quickly in the fridge. फिरनी^{F} फ्रिज (प्रशीतक) में जल्दी ठंडी होगी; do not let the meal ~ (down) भोजन ठंडा न होने दीजिए; she ~ed her feet in the Ganga उसने गंगा में अपने पैर ठंडे किए. 2. ~ it शांत रहिए. **cooler** n^c. कूलर : room ~ रूम ≈; exhaust fan in the ~ ≈ का निकास-पंखा; ~ is used in summer गर्मियों में ≈ का इस्तेमाल होता है; a ~ cools the room ≈ कमरे को ठंडा करता है.

coolie कू'लि n^c. कुली : ~s at the railway station रेलवे स्टेशन पर के ≈; a ~ carries your luggage ≈ तुम्हारा सामान उठाता/ढोता है; a ~ charges five rupees per trip ≈ एक फेरे का पाँच रुपये लेता है.

co-operate को-ऑ'परेट *v.i.* सहयोग करना [half-heartedly बेदिली^{F} से, willingly इच्छा^{F} से]; they are ready to ~ with us in our new project वे हमारी नई परियोजना^{F} में हमसे सहयोग करने को तैयार हैं; to ~ is to work together सहयोग करना साथ-साथ काम करना है; let us ~ to finish the work सहयोग करके काम ख़त्म करें. **co-operation** को ऑपरे'शन n^u. सहयोग, सहकारिता^{F} : I need your ~ मैं आपका सहयोग चाहता हूँ; I will be grateful for your ~ मैं आपके सहयोग के लिए कृतज्ञ रहूँगा; a driver cannot win a motor race without the ~ of machines चालक बिना मशीन के सहयोग के मोटर दौड़^{F} नहीं जीत सकता. **co-operative** को आप्'रेटिव़ *a.* सहयोगी, सहकारी [attitude रुख, society संस्था^{F}, institution संस्था^{F}]; (of person) he is always ~ वह सदा सहयोगशील रहता है.

co-op. Co-operative Society.

cope कोप' I. *v.i.* 1. सामना करना : to ~ **with** an enemy शत्रु का ≈; you are big enough to ~ **with** him तुम उसका सामना करने के लिए काफ़ी बड़े हो. 2. निभाना, निपटाना, सँभालना : you cannot ~ with all this work तुम इतने सारे काम को निपटा/सँभाल नहीं सकते; to ~ with a situation किसी स्थिति^{F} को सँभाल लेना. 3. काबू पाना : to ~ with a difficulty कठिनाई^F पर ≈. **II.** n^c. चोगा : Sadhus wear ~s साधु ≈ पहनते हैं; many clergymen wear a ~ when they walk round the church in procession बहुत-से पादरी चोगे पहनते हैं जब वे जुलूस में चर्च के चारों ओर चलते हैं.

copper कॉ'पर I. n^u. 1. ताँबा, ताम्र : a penny is a ~ पैसा ताँबा है; it is made of ~ यह ताँबे का बना है; this pipe is made of ~ यह नल ताँबे का बना है; ~ plate ताम्र पत्र. 2. (only *pl.*) ताँबे का सिक्का, पैसा : he had a few ~s with him उसके पास थोड़े से पैसे थे. **II.** *a.* ताम्र : a ~ pipe ताँबे का पाइप.

copy कॉ'पि I. n^c. (*pl.* copies) 1. प्रतिलिपि^{F}, नकल^F : this is not the original picture but just a ~ of it यह मूलचित्र नहीं है केवल एक ≈ है; did you make ~ies of these documents क्या तुमने इन आलेखों की प्रतिलिपियाँ तैयार कीं ? [*ant.* original मूल] 2. प्रति^{F} : typewritten ~ टंकित ≈; to make a fair ~ of an essay किसी निबन्ध की स्वच्छ ≈ तैयार करना; write a rough ~ of your article अपने लेख की कच्ची ≈ लिखो; I have two ~pies of the book किताब^F की मेरे पास दो प्रतियाँ हैं; I purchased six ~ies of this dictionary मैंने इस शब्दकोश की छह प्रतियाँ ख़रीदीं; a ~ of magazine पत्रिका^{F} की एक प्रति.

3. पाण्डुलिपि^F, हस्तलेख : this is the ~ of my new book यह मेरी नयी पुस्तक^F की ≈ है. ~ book कापी : school-children used to have ~ books स्कूली छात्र कापियाँ रखा करते थे. II. *a.* सामान्य, है घिसा-पिटा ~ cat : नकलची : she is a ~ cat who imitates my style of clothes वह ≈ है जो मेरे कपड़ों का फ़ैशन अपनाती है. **~ right** प्रकाशनाधिकार, स्वामित्व : this book is many ~ right इस पुस्तक^F पर मेरा ≈ है; ~ right rules are not hard these days आजकल ≈ संबंधी नियम कड़े नहीं हैं; he has ~ right on this work उसका इस रचना पर स्वत्वाधिकार है. **II.** *v.t.* **1.** प्रतिलिपि^F करना, उतारना : I have to ~ the whole letter मुझे पूरे पत्र की प्रतिलिपि तैयार करनी है; he ~pied the names into his notebook उसने नामों को अपने नोटबुक में उतारा; ~ this passage into your note book इस गद्यांश को अपनी नोटबुक में उतारो. **2.** (imitate) अनुकरण करना, नकल^F उतारना/करना : please ~ my action कृपया मेरे कृत्यों का अनुसरण करें; do not ~ others दूसरों की नकल मत करो; it is just dishonest to ~ your neighbour's answers अपने पड़ोसी के उत्तर की नकल करना महज़ बेइमानी है; she copies everything what her friend does वह सब कुछ का अनुकरण करती है; जो उसकी सहेली करती है; ~ the way I speak जैसे मैं बोलता हूँ वैसे अनुकरण करो.

coral कॉ'रल **I.** *n*^u. **1.** प्रवाल, मूँगा : a ~ necklace मूँगे का हार; a ~ reef मूँगे/प्रवाल की चट्टान^F; ~island मूँगे/प्रबाल का टापू. **2.** *a.* मूँगिया : a ~ saree ≈ रंग की साड़ी^F.

cord कॉर्ड *n*^c. **1.** रस्सी^F, रज्जु^F, डोरी^F : to hold fast a ~ कसकर ≈ पकड़े रखना; to loose the ~ ≈ ढीली करना; the burglars tied up the night watchman with a ~ सेंधमारों ने रात^F के पहरेदार को एक ≈ से बाँध दिया. **2.** नाड़ी^F : spinal ~ रीढ़^F की ≈. **3.** तंत्री^F : vocal ~ (गले की) स्वर≈ (also chord). **4.** तार : ~ of a telephone टेलीफ़ोन का ≈. **5.** (fig.) बंधन : ~ of affection प्यार का ≈; ~ of discipline अनुशासन का ≈.

cordial कार्'डिअल *a.* **1.** हार्दिक, दिली : a ~ welcome हार्दिक स्वागत; ~ greetings ≈ बधाई. **2.** प्रेमपूर्ण : ~ relations ≈ संबंध; a ~ smile ≈ मुस्कराहट; ~ inivitation ≈ आमंत्रण. **3.** पौष्टिक, शक्तिवर्द्धक : ~ medicine ≈ दवाई^F; ~ food ≈ भोजन; lime juice is ~ नीबू का जूस ≈ होता है.

cordially *adv.* हृदय से : welcome ~ हृदय से स्वागत करना; hate ~ ≈ घृणा^F करना.

core कॉर *n*^c. **1.** सार, गूदा, गरी^F : this is the ~ of the argument यह बहस^F का सार है; ~ of an apple सेब का गूदा; ~ of walnut अखरोट की गरी. **2.** मर्म : we must get to the ~ of the quarrel हमें झगड़े के ≈ तक जाना चाहिए. **3.** भीतरी भाग, गर्भ, हृदय : the ~ of the earth पृथ्वी^F का ≈; this fruit is rotten to the ~ यह फल भीतर तक सड़ा-गला है; he is selfish to the ~ वह निपट/सरासर स्वार्थी है.

cork कार्क **I.** *n*^c. डाट, काग, कार्क : a ~ closes the bottle tightly काग बोतल^F को पक्का बंद कर देता है; put the ~ out of the bottle ≈ को बोतल^F से बाहर निकालो; ~ floats very well ≈ अच्छी तरह तैरता है; ~ screw कार्कपेच. **II.** *v.t.* काग या डाट लगाना; ~ the bottle बोतल^F में डाट लगाओ; he has ~ed the bottles उसने बोतलों^F में डाट लगा दिया है.

corn कॉर्न *n*^u. **1.** अनाज, अन्न : wheat, barley etc. are ~ गेहूँ, जौ इत्यादि ≈ हैं : field of ~ ≈ का खेत. **2.** (U.S.A.) Indian ~ मक्का; she uses ~ flour to thicken the sauce चटनी^F को गाढ़ा करने के लिए वह मक्के के आटे का प्रयोग करती है. **3.** *n*^c. घट्टा : there is a ~ on his left foot उसके बायें पैर पर ≈ है; the tight shoe caused a painful ~ on my toe सख़्त जूते ने मेरे पैर की उंगली^F पर कष्टदायक ≈ बना दिया है; he suffers a lot from ~s वह घट्टों से बहुत अधिक पीड़ित है. **Δ to tread on smb's ~s** किसी की भावनाओं^F को ठेस^F पहुँचाना.

corner कॉर्'नर **I.** *n*^c. **1.** कोना, नुक्कड़ : she sat in a ~ वह एक कोने में बैठ गई; from the four ~s of the earth धरती^F के चारों कोनों से; ~ of a room कमरे का ≈. **2.** मोड़ :

right hand ~ दाहिने हाथ का मोड़; he lives round the ~ वह मोड़ के बगल में रहता है; there is a dangerous ~ on this road इस सड़क[F] पर एक खतरनाक मोड़ है. ~ stone कोने का पत्थर; आधारशिला[F] : the general manager laid the ~ stone of the new hall महाप्रबंधक ने नये हाल की आधारशिला[F] रखी. (fig.) **our laws are the ~ stone of our government** हमारे कानून हमारी सरकार[F] के आधार हैं; **hardwork is the ~ stone of success** परिश्रम सफलता[F] का आधार है. Δ **to be in a tight corner** मुश्किल[F] में होना : the manager is in tight ~ these days प्रबंधक इन दिनों मुश्किल[F] में पड़ा है; **drive/put smb into a ~** किसी को मुश्किल[F] या कठिन स्थिति[F] में डाल देना; **to turn the ~** दशा[F]/हालत[F] सुधरना; we have truned the financial ~ हमने वित्तीय दशा[F] सुधार ली है; **he** was very ill but he has turned the ~ now वह बहुत बीमार था लेकिन अब उसकी दशा[F] सुधर गयी है. **II.** *a.* कोने का : ~ table कोने की मेज़[F]; ~ seat कोने वाली सीट[F]; ~ shop कोने वाली दुकान[F]. **III.** *v.t.* **1.** घेरना, घेर लेना : the thief was ~ed in an alley चोर को तंग गली[F] में घेर लिया गया. **2.** कठिन स्थिति[F] में डालना : he ~ed the witness in cross examination जिरह[F] में उसने साक्षी को कठिन स्थिति में डाल दिया. **3.** मोड़ मुड़ना : this car ~s very well यह कार[F] बहुत अच्छी तरह मोड़ में मुड़ जाती है.
cornered *a.* **1.** कोणीय : three ~ contest त्रिकोणीय मुकाबला. **2.** घिरा हुआ बेबस : ~ animal घिरा हुआ/बेबस पशु.

Corp. Corporation निगम.

corporal कॉर्'पॅरॅल **I.** *a.* शारीरिक : ~ punishment is caning बेंत लगाना ≈ दण्ड हैं; ~ punishment means the beating of the criminal ≈ दंड का अर्थ है अपराधी को पीटना. [*cf.* corporeal] **II.** *n*[c]. कॉरपरल, दफ़ादार, नायक : he is a ~ in the army वह सेना में ≈ है; he has been promoted as ~ ≈ के पद पर उसकी प्रोन्नति हुई है.

corporation कॉर् पॅरे'शन *n*[c]. निगम, कार्पोरेशन : **trade ~** व्यापार निगम : food ~ खाद्य निगम; municipal ~ नगर निगम, नगर महापालिका : ~ tax ≈ कर; a town is governed by its mayor and ~ कोई शहर उसके नगर-प्रमुख और नगर-निगम द्वारा शासित होता है; the B.B.C. means the British Broadcasting Corporation बी.बी.सी. का मतलब है ब्रिटिश-ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन.
corporator *n*[c]. नगर निगम का सदस्य, कार्पोरेटर.

corporeal कॉर् पॉ'रिअल *a.* **1.** शरीरधारी : ~ beings ≈ जीव. **2.** भौतिक : ~ pleasures ≈ सुख; ~ property ≈ संपत्ति[F].

corps कॉर *n*[c]. (*pl.* corps कॉर्ज़) **1.** निकाय, दल : diplomatic ~ राजनियक दूतवर्ग; medical ~ डाक्टरों का दल; press ~ पत्रकारों के ≈. **2.** (milit.) अनीकिनी[F], कोर; **cadet ~** सैन्य छात्र ≈[F]; army ~ सेना ≈. [*cf.* corpse, core]

corpse कॉर्पस *n*[c]. लाश[F], शव : his ~ was carried to the cremation ground उसकी लाश को श्मशान तक ले गये; do not move the ~ before the arrival of the police पुलिस[F] के पहुँचने से पहले ≈ को मत हटाओ. [*cf.* corps]

correct क रेक्ट' *a.* **1.** ठीक, सही [answer उत्तर, direction दिशा[F], sentence वाक्य]; if a sum is ~ , mark it यदि यह राशि ≈ है तो इसे चिन्हित करो; is this the ~ number (telephone) क्या यह (टेलीफोन) नंबर ≈ है ? **2.** सटीक : ~ expression सटीक अभिव्यक्ति[F]; his speech was ~ उसका भाषण ≈ था. **3.** शुद्ध : ~ spelling ≈ वर्तनी[F]. **3.** (proper) उचित : ~ behaviour ≈ व्यवहार : ~ conduct ≈ आचरण. [*ant.* in~; wrong] **II.** *v.t.* **1.** सुधारना : ~ the boy's bad behaviour लड़के के दुर्व्यवहार को सुधारो; I have to ~ my son for his idleness मुझे अपने बेटे की निष्क्रियता को सुधारना है; to ~ a faulty pronunciation दोषपूर्ण उच्चारण को ≈. **2.** ठीक करना : have you ~ed everything क्या तुमने सब कुछ ठीक कर दिया है ? **3.** संशोधन करना : ~ this edition इस संस्करण को संशोधित करो; ~ these proofs इन प्रूफ़ों का संशोधन कर दो. **4.** शुद्ध करना : ~ this sentence इस वाक्य को शुद्ध करो; ~ my spelling मेरी वर्तनी[F]

शुद्ध कर दो. 5. डाँटना, झिड़कना : please ~ me if I am wrong यदि मैं गलती^{F} पर हूँ तो मुझे झिड़क दीजिए; I will ~ you मैं तुम्हें डाँट दूँगा. **correction** करेक'शन n^c. 1. संशोधन, सुधार : after the books have been marked we have to write our ~s (जब) ये कापियाँ जाँची जाएँगी तो हमें अपने संशोधनों को लिखना है; a copy disfigured by numerous ~s विविध संशोधनों से विरूपित प्रति^{F}/कापी^{F}; ~ of an exercise अभ्यास का सुधार; the ~ of this essay will take a long time इस निबंध के ≈ में लंबा समय लगेगा; he made several ~s उसने बहुत-से संशोधन किए. 2. शुद्धि^{F} : look at the ~s and write them again शुद्धियों को देखो और उन्हें फिर से लिखो. 3. दण्ड : the policeman was sent to lines for ~ पुलिसिया को ≈ पाने के लिए लाइन भेज दिया गया.

correspond कॉरस् पॉण्ड' *v.i.* 1. (with) (से) पत्र-व्यवहार करना, (से) लिखापढ़ी^{F} करना : he ~ed **with** his son in America उसने अमेरिका में अपने लड़के से पत्र-व्यवहार किया; to ~ with a friend मित्र से ≈; she has been ~ing **with** my sister for many years वह कई वर्षों से मेरी बहन से पत्र-व्यवहार करती रही है; do they often ~ with each other क्या वे आपस में प्राय: पत्र-व्यवहार करते हैं? 2. (~with/to) से मेल खाना, अनुरूप होना : his actions ~ed with his beliefs उसके कार्य उसके विश्वासों से मेल खाते थे; the two answers ~ **with** each other दोनों उत्तर एक-दूसरे से मेल खाते हैं; his position does not fully ~ to his designation उसकी स्थिति^{F} उसके पद के अनुरूप नहीं बैठती. 3. (~to) समान होना, जोड़ का होना : the word 'available' in English does not ~ to the Hindi word 'upalabdha' अंग्रेजी का 'अवेलेबल' शब्द हिन्दी के 'उपलब्ध' का समानार्थक नहीं है.

correspondence कॉरस् पॉन्'डन्स n^u. 1. पत्र-व्यवहार, लिखा-पढ़ी^{F}, पत्राचार, चिट्ठी-पत्री^{F} : to carry on a secret ~ for several years कई वर्षों तक गुप्त पत्र-व्यवहार चलाना; to give up ~ with smb किसी से पत्र-व्यवहार छोड़ देना; to commence ~ with a stranger किसी अजनबी से पत्र-व्यवहार शुरु करना; I was in ~ with him for years मेरा उसके साथ वर्षों पत्र-व्यवहार था. 2. समानता^{F} : there is a marked ~ between these two murders इन दो हत्याओं^{F} में प्रत्यक्ष ≈ है. **correspondent** कारस् पॉन'डन्ट n^u. 1. पत्र-लेखक : I am a bad ~ मैं पत्र लिखने में ठीक नहीं हूँ. 2. संवाददाता : this news is from a local ~ of the "Leader" यह समाचार लीडर के स्थानीय ≈ से है.

corridor कॉ'रिडॉर n^c. गलियारा [dark अंधेरा, long लंबा, narrow सँकरा, wide चौड़ा]; a ~ train गलियारे वाली गाड़ी^{F}; rooms on both sides of the ~ ≈ के दोनों तरफ़ के कमरे; they were standing in the ~ of the school वे स्कूल के गलियारे में खड़े थे; go along the ~ गलियारे से होकर जाओ.

corrode कॅ रोड' *v.t.i.* संक्षारित करना, खाना : acid ~s iron अम्ल लोहे को खा जाता है; metal ~s by rust धातु मोर्चे से संक्षारित हो जाती है. [*n.* corrosion]

Cr. creditor.

corrugated कॉ'रॅगेटिड *a.* नालीदार, धारीदार : ~ iron sheet ≈ लोहे की चादर^F; use ~ card-board to wrap round the books पुस्तकों^{F} को चारों-तरफ लपेटने के लिए ≈ दफ़्ती का प्रयोग करो.

corrupt कॅ रप्ट' I. *a.* 1. गंदा, भ्रष्ट : ~ practices भ्रष्टाचार/बेईमानी^{F}; ~ film गंदी फ़िल्म^F; their government is ~ उनकी सरकार^F भ्रष्ट है; ~ idea ≈ विचार; he speaks a ~ form of Hindi वह हिंदी के भ्रष्ट रूप में बात^F करता है. 2. घूसख़ोर, रिश्वतख़ोर : officers are too ~ these days अधिकारी आजकल बहुत ही ज़्यादा ≈ हैं. II. *v.t.* 1. ख़राब करना, बिगाड़ना : to ~ water पानी ख़राब करना; ~ morals चरित्र ≈; evil communications ~ good ways बुरे संपर्क अच्छे तौर-तरीकों को ख़राब कर देते हैं; flies ~ food मक्खियाँ^{F} भोजन को ख़राब करती हैं. 2. घूस^F देना, रिश्वत^F देना : he ~ed policeman उसने एक पुलसिया को घूस दी; to ~ an officer with a bribe किसी अधिकारी

को ≈. **corruption** कॅ रॅप्'शन *n*^{u}. 1. भ्रष्टाचार, घूसखोरी^{F} : that state is not noted for the ~ of its officers उस राज्य के अधिकारी भ्रष्टाचार के लिए बदनाम नहीं हैं. 2. विकार : ~ of body after death शव में मृत्यु के बाद ≈; the ~ of a girl's mind लड़की का मानसिक ≈.

cosmetics कॉज़ मे'टिक्स *n. pl.* प्रसाधन सामग्री^{F}, शृंगार-सामग्री^{F} : face powders and creams are ~ चेहरे के पाउडर और क्रीम ≈ हैं; she is quite pretty , she does not need to use so many ~ वह बहुत सुन्दर है उसे इतनी ≈ के प्रयोग की आवश्यकता नहीं है.

cosmopolitan कॉज़ मॅ पॉ'लिटन *a.* सर्वदेशीय, सार्वभौमिक : Delhi is a ~ city दिल्ली (की जनसंख्या) ≈ है : his ideas are ~ उसके विचार सार्वभौमिक हैं; the gathering at the international conference was quite ~ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पूरा ≈ जमघट था.

cost कॉस्ट' I. *n*^{c}. 1. लागत^F, ख़र्चा [heavy भारी, little थोड़ी]; production ~ उत्पादन ≈^{F}; factory ~ कारखाने में पड़ी लागत^F; prime ~ व्यापारी की लागत, उत्पादन की लागत/उत्पादन मूल्य; ~ of living निर्वाह खर्चा, रहन-सहन का खर्च; ~ of living bonus रहन-सहन के खर्च का बोनस; what is the ~ of a visit to the circus सरकस देखने का खर्च क्या है ? the ~ of erecting a building इमारत^F खड़ी करने की लागत. 2. मूल्य, कीमत^F : he may succeed only at the cost of his health वह केवल अपने स्वास्थ्य की कीमत पर सफल हो सकता है; what would be the ~ of a motor-car of this type इस प्रकार की मोटरकार^F की कीमत क्या होगी ? Δ **at any ~** किसी कीमत पर; **at the ~ of life** जीवन देकर, प्राण गँवाकर : **we must prevent the inroad at all ~s** हमें इस धावे को हर हालत या हर कीमत पर रोकना होगा; **to one's ~** अपनी हानि^{F} उठकार : **I learnt mountaineering to my ~** मैंने कीमत चुकाकर (हानि^{F} उठाकर) पर्वतारोहण सीखा है. 3. (law) वाद-व्यय : he won his case and was awarded ~s वह अपना मुकदमा जीत गया और उसे ≈ दिया गया. II. *v.i.* (*p.*, *p.p.* cost) 1. मूल्य होना, कीमत^F पड़ना : to ~ much अधिक ≈; what does it ~ इसकी क्या कीमत है ? it will ~ five rupees to go to the circus सर्कस जाने के लिए पाँच रुपये ख़र्च होंगे; this coat ~s Rs. 500 इस कोट की कीमत पाँच सौ रुपए है; the wedding ~ two thousand rupees शादी^{F} पर दो हजार रुपए लगे. 2. हानि^{F} होना, नुकसान होना : that mistake will ~ you your job इस गलती^{F} से तुम्हें नौकरी^{F} का नुकसान हो जायेगा. III. *v.t.* लागत लगाना : how to ~ a product उत्पाद की लागत^F का हिसाब कैसे लगाया जाए. **costly** कॉस्ट'लि *a.* (costlier, costliest) कीमती, महँगा : a diamond ring is very ~ हीरे की अंगूठी^{F} बहुत कीमती होती है; a ~ victory मँहगी विजय^F; I can afford quite a ~ bracelet but not one as this मैं एक काफ़ी कीमती बाज़ूबंद ले सकता हूँ लेकिन इस जैसा नहीं; a ~ wedding reception शादी का महँगा स्वागत समारोह. [*ant.* cheap]

costume कॉस'ट्यूम *n*^{c}. पोशाक^F, बाना, वेशभूषा^{F} [bright चमकीली, national राष्ट्रीय]; actor in a Raja's ~ राजा के बाने में अभिनेता; lady's ~ ज़नाना ≈; we are going to the fair in the latest ~ हम मेले में नवीनतम पहनावे में जा रहे हैं; Zamin has new bathing ~ ज़ामिन के पास एक नयी स्नान करने वाली वर्दी है; mother has a new ~ to wear at my sister's wedding माँ के पास मेरी बहन की शादी में पहनने के लिए एक नयी ≈ है.

cosy को'ज़ि I. *a.* 1. गर्म और सुखद/आरामदेह [chair कुरसी^{F}, corner कोना, place जगह/स्थान]; we had a ~ chat हमने सुखद बातचीत^F की; this sweater will keep you ~ यह स्वेटर तुम्हें गर्म और आरामदेह होगा. the bed was ~ बिस्तर गर्म और सुखद था. 2. (of person) सुखी : I am quite ~ here मैं यहाँ पूर्णतया ≈ हूँ. II. *n*^{c}. टोप, टोपी : put the ~ on the tea-pot to keep it warm चाय^F की केतली^{F} को गर्म रखने के लिए उस पर ≈ रख दो.

cot कॉट *n*^{c}. खटिया^{F}, खाट^F, चारपाई^F : one of the legs of the ~ is broken चारपाई^F की एक टाँग^F टूटी है; the child sleeps on a ~ बच्चा ≈ पर सोता है.

cottage कॉ'टिज n^c. 1. कुटीर^F, कुटिया^F [clean साफ़, cosy आरामदेह, small छोटी]; to live in a ~ ≈ में रहना; my aunt lives in a pretty thatched ~ मेरी चाची एक सुन्दर छप्पर वाली ≈^F में रहती हैं; we made a ~ for summer हमनें गर्मियों^F के लिए एक ≈ बनवाई; they came to see us in our ~ वे हमारी कुटिया में हमसे मिलने आये^F; ~ **hospital** देहाती अस्पताल; ~ **industry** कुटीर-उद्योग. **2.** छोटी कोठी^F : a ~ near the main bungalow बड़े बंगले के निकट एक ≈.

cotton कॉ'टन n^u. **1.** कपास^F, रुई^F : ~ plant ≈ का पौधा; a field of ≈ का खेत; they grow ~ in Andhra Pradesh आंध्र-प्रदेश में ≈ की खेती^F होती है; ~ cake बिनौले की खली^F; ~ **seed** बिनौला; ~seed oil बिनौले का तेल. **2.** सूत : ~ spinning सूत कातने का काम; white ~ सफ़ेद ≈; reel of ~ सूत लपेटने की फिरकी^F; these socks are made of ~ ये मोज़े सूती हैं. **II.** *a.* सूती [blanket कंबल, shirt कमीज़^F, suit सूट]; ~ thread is used for sewing ≈ धागा सिलाई के काम आता है; buttons are sewn on with ~ thread बटन ≈ धागे से लिए जाते हैं; ~ wool बिना धुनी रुई^F; she dressed the wound with ~ wool उसने घाव को रुई से धोया.

couch कॉउच **I.** n^c. सोफा, कोच [big बड़ा, comfortable आरामदेह, wide चौड़ा]; sit down on a ~ सोफे पर बैठ जाओ; there was an old-fashioned ~ there वहाँ एक पुराने ढंग का सोफ़ा था. **II.** *v.t.* **1.** (lay) लेटाना; to be ~ed on a cot खटिया^F पर लिटाया जाना. **2.** (express) व्यक्त करना : he ~ed his letter in polite terms उसने अपना पत्र विनम्र शब्दों में लिखा; to ~ a request in writing लिखित निवेदन करना.

cough कॉफ़ **I.** n^c. खाँसी^F, खखारना : whooping ~ कुकुरखाँसी; she has a bad ~ which keeps everyone in the house awake उसे बुरी तरह खांसी आती है जो घर में हर आदमी को जगाए रखती है; I heard his ~ मैंने उसका खखारना सुना; irritation in the throat can cause a ~ गले में खारिश^F खाँसी का कारण बन सकती है. **II.** *v.t.* खाँसना : cover your mouth when you ~ जब तुम खाँसो तो अपना मुँह ढँक लो; she began to ~ वह खांसने लगी; he is ~ing badly because he has a cold वह बुरी तरह^F खांस रहा है क्योंकि उसे जुकाम है. Δ ~ **down a speaker** वक्ता को खाँस-खाँस कर चुप करा देना; ~ **out phlegm** खाँसकर कफ बाहर निकालना; ~ **up** खांसते हुए निकालना : he must be very ill, he is ~ing up blood वह बहुत बीमार होगा उसे खाँसी के साथ खून आता है.

could कुड *aux.v.* (*past* of 'can') सका, सकता था : he ~ not do it वह उसे नहीं कर सका; he ~ not walk वह चल नहीं ≈; they asked if I could write English उन्होंने पूछा कि क्या तुम अंग्रेज़ी लिख सकते हो; he asked if he ~ go उसने पूछा कि क्या मैं जा सकता हूँ; I ~ do it then मैं इसे तब कर सकता था; you ~ have met me there तुम मुझे वहाँ मिल सकते थे; if I ~ run as fast as you यदि मैं इतना तेज़ दौड़ सकता जितना तुम : he told his father that he ~ not lift the box so heavy उसने अपने पिता को बताया कि मैं इतना वज़नी बाक्स नहीं उठा सकता; I ~ n't get the pass मुझे पास नहीं मिल सका.

council कॉउन्'सल n^c. परिषद्^F, महासभा : ~ of states राज्य परिषद्; ~ of war युद्ध-परिषद्; legislative ~ विधान-परिषद्; ~ of ministers मंत्रि-परिषद्; ~ chamber परिषद् भवन, कौंसिल चैंबर; ~ of action कार्य-परिषद्, कार्यकारी या कार्यवाहक परिषद्; ~ of advisors सलाहकार परिषद्; ~ in-charge प्रभारी परिषद्; he is a member of the ~ वह परिषद् का सदस्य है. [*as distinct from* counsel] **councillor** कॉ'उन्सिलर n^c. पार्षद : a member of a council is called ~ परिषद् के सदस्य को ≈ कहा जाता है. [*as distinct from* counsel]

counsel कॉ'उन्सल **I.** n^c. **1.** वकील, परामर्शदाता : we shall take you to our ~ हम तुम्हें अपने ≈ के पास ले जाएँगे; ~ for the defence of the prisoner कैदी के सफ़ाई^F के ≈ . **2.** सलाह^F, मशविरा, परामर्श : to take ~ with smb किसी की सलाह^F लेना; let me give you some good ~ मुझे कुछ अच्छा-सा परामर्श देने दो. [*as distinct from* council]

II. *v.t.* (-ll-) सलाह देना, परामर्श देना : I ~led him to take immediate action मैंने उसे तुरंत कार्रवाई[F] करने की सलाह[F] दी; I ~ you to wait मैं तुमको इंतजार करने की सलाह[F] देता हूँ.

count कॉउन्ट **I.** *v.i.* **1.** गिनना, हिसाब लगाना : ~ your money carefully अपने पैसे सावधानी[F] से गिन लो; my sister cannot ~ up to ten मेरी बहन दस तक नहीं गिन सकती; you cannot ~ the stars in the sky तुम आकाश में तारों को नहीं गिन सकते; I ~ed two hundred people in the hall मैंने हाल में दो सौ लोगों को गिना. **2.** महत्व रखना, गिनती[F] में होना : that does not ~ वह किसी गिनती में नहीं है; money always ~s पैसे का हमेशा महत्व रहता है; every second ~s हर सेंकड का महत्व है; it ~s for nothing इसका कोई महत्व नहीं है. **3.** (consider) समझना : you should ~ yourself lucky that you escaped punishment तुम अपने को भाग्यशाली समझो कि दंड पाने से बच गये. Δ **~ down** उलटी गिनती[F] करना. **~ on/upon** किसी पर भरोसा रखना : I ~ on/upon your support मैं तुम्हारे समर्थन पर भरोसा रखता हूँ; **~ on** (rely) निर्भर रहना : I am ~ing on you to persuade her उसे मनाने के लिए मैं आप पर निर्भर हूँ; we ~ed on him to finish the job हमने उस पर काम समाप्त करने का भरोसा किया; **~ out** गिनती में न लेना : ~ out three boys who are going separately तीन लड़कों को न गिनें जो अलग से जा रहे हैं. **II.** *n*[c]. **1.** गणना[F], गिनती[F] : the teacher took a ~ of all the students who attended his class अध्यापक ने उन छात्रों की ≈ की जो उसकी कक्षा[F] में उपस्थित थे; what was the ~ at the last meeting पिछली सभा[F] में संख्या[F] कितनी थी ? I lost all ~ मैं गिनती भूल गया. **2.** (कानून में) अपराध : he was sentenced to three years imprisonment on each ~ उसे प्रत्येक अपराध पर तीन वर्ष कैद का दंड दिया गया. **3.** (Count) सामंत, काउन्ट : she is married to a German ~ वह एक जर्मन ≈ को ब्याही है.

countenance कॉउन्'टिनन्स **I.** *n*[c]. **1.** मुखमंडल, मुखाकृति[F], मुखड़ा, चेहरा [fair सुन्दर, noble भद्र]; a sorrowful ~ दुखी चेहरा. : saintly ~ साधु ≈; to change one's ~ अपनी ≈ बदलना. **2.** समर्थन [full पूर्ण, open खुला]; to give ~ to a plan किसी योजना[F] का ≈ करना : **to give one's ~ to smb** किसी को अपना समर्थन देना. **3.** धैर्य, शांति[F] : the whole ~ of the country has been ruined पूरे देश की शांति नष्ट हो चुकी है. **II.** *v.t.* अनुमोदन करना/समर्थन करना; he ~d the dead उसने विलेख का अनुमोदन कर दिया; we cannot ~ such changes in our syllabus हम अपने पाठ्यक्रम में इस प्रकार के परिवर्तनों का समर्थन नहीं कर सकते; you must not ~ these rumours तुम्हें इन अफ़वाहों को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए.

counter कॉउन्'टर **I.** *a.* प्रतिकूल, विपरीत, उल्टा : the result is ~ to our expectation परिणाम हमारी आशा[F] के विपरीत है; he acted ~ to my advice उसने मेरी सलाह[F] के विपरीत काम किया. **II.** *pref.* प्रति, विरुद्ध : **~act** प्रतिक्रिया करना; **~action** जवाबी कार्यवाही, प्रतिकार; **~attack** प्रत्याक्रमण, जवाबी हमला; **~charge** प्रत्यारोप **~clockwise** घड़ी[F] की गति से उल्टे; **~espionage** जवाबी जासूसी[F]; **~feit** झूठा, खोटा, नकली, बनावटी, जाली; ~feit coin जाली सिक्का; **~foil** प्रतिरूप नकल[F], अद्धा; **~mand** प्रत्यादेश; **~measure** जवाबी उपाय, तोड़, काट; **~offensive** प्रत्याक्रमण; **~offer** जवाबी प्रस्ताव, प्रति-प्रस्ताव; **~ part** प्रतिवस्तु, प्रतिरूप, प्रतिलिपि, समान दर्जे वाला उच्चाधिकारी; ~poison विषहर; **~revolution** विरोधी क्रांति[F], प्रतिक्रान्ति[F] : **~sign** प्रतिहस्ताक्षर करना; you have to ~ the cheque तुम्हें चेक पर प्रतिहस्ताक्षर करने हैं. **III** *n*[c]. मेज़ जैसा तख्ता, काउन्टर : the shopkeeper put my groceries on the ~ दुकानदार ने मेरा पंसारी सामान काउन्टर पर रखा; there is a ~ on the side of this machine इस मशीन के किनारे पर काउन्टर है; she is counting her notes on the bank ~ वह बैंक के काउन्टर पर अपने नोट गिन रही है. Δ **under the ~** चोरी-छिपे : the Director accepted the money under the ~

निदेशक ने चोरी-छिपे रुपये ले लिए. **IV.** *v.t.* **1.** विरोध करना : he ~ed my proposal with his own उसने अपना सुझाव रखकर मेरे सुझाव का विरोध किया. **2.** प्रत्युत्तर देना : to ~ a blow with a blow घूँसे का जवाब घूँसे से देना; he ~ed my attempts to defeat him उसने उसको हराने के मेरे सभी प्रयासों के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई^F की. **V.** *adv.* के प्रतिकूल/विपरीत : the election is running ~ to all the forecastes चुनाव सभी भविष्यवाणियों^{F} के ≈ चल रहा है.

countless कॉउन्ट'लेस *a.* असंख्य, अनगिनत [abuses गालियाँ^{F}, attempts प्रयास, leaves पत्ते, stars तारे]; there were ~ number of locusts like dark clouds काले बादलों की तरह असंख्य टिड्डियां^{F} थीं; ~ people thronged the play ground असंख्य लोगों ने खेल के मैदान पर भीड़^{F} लगा दी. [*ant.* few]

country कन्'ट्री **I.** *n*^{c}. **1.** देश [beautiful सुन्दर, flourishing समृद्ध, rich धनी]; my ~ मेरा ≈; mother ~ मातृभूमि^{F}; ~of origin मूल ≈; to love one's ~ अपने ≈ से प्रेम करना; every ~ has its customs प्रत्येक ≈ के अपने रीतिरिवाज़ होते हैं; India is my ~ भारत मेरा ≈ है; England is a small ~ इंग्लैण्ड एक छोटा-सा ≈ है; our ~ is rich in iron and coal हमारा ≈ लोहा और कोयला में धनी है; India is the largest democratic ~ in the world भारत संसार में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक ≈ देश है. **2.** देहात : (the ~) to live in the ~ during summer months गर्मियों के महीनों में ≈ में रहना; we spend a few days in the ~ हम लोग ≈ में कुछ दिन बिताते हैं; she prefers living in the ~ to a city वह शहर की अपेक्षा^{F} ≈ में रहना पसंद करती है; **a ~man** ≈ का आदमी, हमवतन. **~side** देहात **II.** *a.* देशी [craft पोत, liquor शराब^F]

county कॉउन्'टि *n*^{c}. (*pl.* counties) ज़िला; a ~ council ≈ परिषद्; there are fifty-three counties in England इंग्लैंड में तरेपन ज़िले हैं; Yorkshire is a large ~ यार्कशायर एक बड़ा ≈ है; a ~ is governed by its ~ council ≈ इसकी परिषद् द्वारा शासित होता है.

coup कू *n*^{c}. **1.** (move) चाल^F : to win first prize in a competition is a wonderful ~ प्रतिस्पर्धा में प्रथम पुरस्कार जीतना एक आश्चर्यजनक ≈ है. **2. ~d'etat** सिंहासन या तख़्ता पलटना : there has been a ~ in Pakistan पाकिस्तान में एक तख़्ता पलट हो चुका है. **3. ~degrace** सांघातिक प्रहार, प्राणान्तक आघात. **4.** ~ de theatre नाटकीय कृत्य.

coupe कू'पे *n*^{c}. (ट्रेन में) दो सवारियों के लिए डिब्बा : there is reservation in a first class ~ for me and my wife पहले दर्जे के कूपे में मेरे लिए और मेरी पत्नी के लिए आरक्षण है.

couple कॅ'पल **I.** *n*^{c}. **1.** दंपती, वर-वधू, जोड़ी^{F} : a loving ~ प्रेमी दम्पति; a married ~ एक विवाहित ≈. **2.** (two) जोड़ा, दो : to order a ~ of boiled eggs उबाले हुए एक जोड़ा अंडे के लिए आदेश देना; bring a ~ of bottles of beer बियर की दो बोतलें ला दो; to spend a ~ of hours for reading पढ़ने के लिए दो घंटे ख़र्च करना; can I lend you a ~ of chairs क्या मैं आपकी दो कुर्सियाँ उधार ले सकता हूँ; he will be here in a ~ of days वे दो दिन में यहाँ आ जाएगा. **II.** *v.t.* जोड़ना, मिलाना : the coaches are not yet ~ed कोच अभी जोड़े नहीं गये.

coupen कू'पॉन *n*^{c}. कूपन : write your name and address on the ~ ≈ पर अपना नाम और पता लिखो; ~s were distributed for rations राशन के लिए कूपन बांटे गए थे. I have a ~ for a free cake of soap मेरे पास साबुन की एक बट्टी^{F} का मुफ़्त ≈ है.

courage क'रिज *n*^{c}. साहस, हिम्मत^F [firm दृढ़, great महान, wild बेकाबू]; want of ~ ≈ की कमी^{F}; to lose ~ ≈ छोड़ना; to inspire courage in smb. किसी की हिम्मत बढ़ाना; I have not the ~ to tell her the truth उससे सच-सच कहने का मेरे पास ≈ नहीं है; the explorer showed great ~ in tackling the lion which was mauling his comrade खोजी ने उस शेर से भिड़ने में बहुत बड़े साहस का प्रदर्शन किया जो उसके साथी को क्षत-विक्षत कर रहा था; I plucked/mustered up ~ and frankly said this on his face

मैंने साहस बटोरकर उसके मुँह पर यह कह दिया; she has not yet lost ~ उसने अभी हिम्मत नहीं हारी. [*adj.* courageous]

course कॉर्स **I.** *n*^{c}. **1.** पाठ्यक्रम : ~ of studies पाठ्यक्रम; what ~ should we select in the university विश्वविद्यालय में हमें कौन-सा ≈ चुनना चाहिए, **2.** अंदर, दौरान : during the ~ of his illness उसकी बीमारी^{F} के दौरान; in the ~ of this event इस घटना^{F} के दौरान; he will succeed in the ~ of this year वह इस साल के अंदर सफल हो जाएगा. **3.** चलन, व्यवहार : dangerous ~ ख़तरनाक आचरण; follow the casual ~ साधारण ≈ का पालन करो. **4.** तरीका : the best ~ would be to resign सबसे अच्छा ≈ यही होगा कि इस्तीफ़ा दे दें; that is the right ~ वही सही ≈ है; let things take their own ~ बातों को अपने ढ़ंग से चलने दें. **5.** दिशा^{F}; to change the ~ of the river नदी^{F} की दिशा बदलना. **6.** (series) माला : ~ of lectures by the teachers अध्यापकों द्वारा व्याख्यान ≈. **7.** (other uses) race ~ दौड़^{F} का मैदान; in due ~ उचित समय पर; of ~ अवश्य; a matter of ~ स्वाभाविक बात^F. **II.** *v.i.* दौड़ना, बहना : blood ~s in our veins हमारी नाड़ियों^{F} में खून बहता/दौड़ता है; vapours were ~ing down the bottle बोतल^F में वाष्पकण चले आ रहे थे. [*as distinct from* coarse]

court कोर्ट **I.** *n*^{c}. **1.** कचहरी^{F}, न्यायालय, अदालत^F : **lower ~** निचली अदालत; **civil ~** दीवानी अदालत; **criminal ~** फौजदारी अदालत; **principal ~** मुख्य न्यायालय; **high ~** उच्च न्यायालय; the right to appear at ~ न्यायालय में उपस्थित होने का अधिकार; **~ of justice** न्यायालय; a **~ of appeal** अपीलीय न्यायालय; **~-martial** कोर्ट-मार्शल/सैन्य-न्यायालय; a **~of arbitration** पंच न्यायालय; he gave evidence in the ~ उसने न्यायालय में साक्ष्य दिया या गवाही^{F} दी; settle your case out of ~ अपना मामला कचहरी के बाहर (आपस में) निपटा लो. **Δ to take smb to ~** किसी पर मुकदमा चलाना. **2.** दरबार, राजसभा^{F} : to live at the ~ of the prince राजा के दरबार में रहना; the king held the ~ बादशाह ने राजसभा^{F} लगाई; the ~ rose at five o'clock राजसभा^{F} पाँच बजे उठ गई. **3.** (also see courtyard) प्रांगण, मैदान; tennis ~ टेनिस का ≈; we want to play badminton but there is not a vacant ~ हम बैडमिंटन खेलना चाहते हैं लेकिन ख़ाली ≈ नहीं है; we can play safely in the back ~ हम पीछे के मैदान में आराम से खेल सकते हैं. **II.** *v.t.* **1.** प्रेम जताना, रिझाना, लुभाना : Jack has been ~ing Jill for some months जैक जिल से कुछ महीने से प्रेम जताता रहा है; Jack and Jill are ~ing each other जैक और जिल एक-दूसरे को लुभा/रिझा रहे हैं; he ~ed the voters उसने मतदाताओं को लुभा लिया. **2.** दरबारदारी^{F} करना, खुशामद^F करना; they ~ed and were successful in their aim उन्होंने खुशामद^F की और अपने उद्देश्य में सफल हो गये. **courtship** *n*^{u}. प्रणयलीला^{F}, प्रणय-निवेदन^F : Jack and Jill's ~ was at last successful जैक और जिल की प्रणय-लीला अंततः सफल हो गई.

courteous कर्'टिअस *a.* शिष्ट, भद्र : a ~ young man एक ≈ नवयुवक; it was ~ of him to visit us हमसे मुलाकात^F करने आना उसकी भद्रता^{F}/शिष्टता^{F} थी; a ~ person is polite एक ≈ व्यक्ति नम्र होता है; a ~ reply एक शिष्ट उत्तर; you should be ~ to/towards ladies in particular तुम्हें महिलाओं के प्रति विशेषतः शिष्टता^{F}/भद्रता^{F} का व्यवहार करना चाहिए, [*ant.* dis ~] **courtesy** कॅर्'टॅसि *n*^{c}. शिष्टाचार, भद्रता^{F}, सौजन्य : his ~ is to be greatly appreciated उसके शिष्टाचार की बहुत प्रशंसा^{F} की जाने को है; this photo is being given by the ~ of the club यह फ़ोटो क्लब के सौजन्य से दिया जा रहा है.

courtyard कोर्ट'यार्ड *n*^{c}. आंगन, सेहन [open खुला, wide चौड़ा]; front ~ सामने का ≈; the ~ of the house मकान का ≈.

cousin क'ज़न *n*^{c}. paternal uncle's son चचेरा भाई; maternal uncle's son ममेरा भाई; paternal aunt's son फुफेरा भाई; maternal

aunt's son मौसेरा-भाई; (female चचेरी बहन, ममेरी बहन etc.); the son of my father's brother is my ~ मेरे पिता के भाई (चाचा या ताया) का लड़का मेरा चचेरा-भाई है; a distant ~ दूर का भाई.

cover कॅ'व़र **I.** *v.t.* **1.** ढाँपना, ओढ़ाना : ~ the child with a blanket बच्चे को कंबल ओढ़ा दो; ~ the table with a cloth मेज़ को कपड़े से ढाँप दो; if we ~ the entrance to the cave, no one will find it यदि हम गुफा[F] के प्रवेशद्वार को ढाँप दें तो उसे कोई नहीं पायेगा; ~ the path with sand रास्ते को बालू से ढाँक दो. **2.** छिपाना : she ~ed her eyes with her hands उसने हाथों से अपनी आँखों को छिपा लिया. **3.** बचाना, रक्षा करना : the lamb ~ed its life by running way मेमने ने भागकर अपने जीवन की रक्षा[F] की; the cavalry ~ed the retreat घुड़सवार सेना[F] ने पीछे हटती टुकड़ी की रक्षा की. **4.** पूरा करना, पार करना : to ~ one's expenses अपने ख़र्च पूरे करना; to ~ deficit घाटा पूरा करना; he ~ed a mile on his bicycle उसने अपनी साइकल[F] पर एक मील की दूरी पूरी की. **5.** समाविष्ट/शामिल करना : he has ~ed all the points in his speech उसने अपने भाषण में सभी बातों[F] को शामिल किया है. **6.** ~ up परदा डालना : she tried to ~ up her fault उसने अपने दोष पर परदा डालने की कोशिश[F] की. **II.** *n*[c]. **1.** चादर, कवर : put this ~ on your bed अपने बिस्तर पर यह ≈ डाल दो; he bought a ~ for he was in need of it उसने एक ≈ खरीदा क्योंकि उसे इसकी आवश्यकता[F] थी. **2.** आवरण, परदा : a ~ over a painting चित्र पर का ≈; under ~ of darkness अंधेरे के आवरण/परदे में. **3.**(envelope) लिफ़ाफ़ा : put the letter in the ~ and post it पत्र को लिफ़ाफ़े में रखो और इसे डाक[F] में डाल दो; I am sending her photograph under separate ~ मैं उसका फ़ोटो अलग-लिफ़ाफ़े में भेज रहा हूँ. **4.** जिल्द[F] (of a book); there was a picture of a girl on the ~ ≈ पर एक लड़की का चित्र था; to read a book from ~ to cover किताब ≈ से ≈ तक पढ़ना (आदि से अंत तक पढ़ना). **5.** परदा : you must hang a ~ on the front door तुम्हें सामने के दरवाज़े पर एक ≈ लटकाना होगा. **6.** (shelter) आड़[F], ओट[F] : the army is under ~ सेना[F] ≈ में है; **under the ~ of** friendship दोस्ती[F] की आड़ में; the hare sought ~ when our dog was chasing it जब कुत्ता उसका पीछा कर रहा था तो उस ख़रगोश ने ≈ ढूँढ़ ली. **(other uses) insurance ~** बीमा की व्यवस्था[F]; ~s for guests अतिथियों के लिए खाने की मेज[F] लगाना.

covet क'व़िट *v.t.* ललचाना, लालसा[F] रखना : never ~ undue power अनुचित शक्ति[F] की लालसा[F] मत करो; he ~s my new bat वह मेरा नया बल्ला प्राप्त करने की लालसा करता है; I ~ a new coat मैं एक नये कोट को ललचाता हूँ. **covetous** क'व़िटिअस *a.* लोलुप, लोभी : ~ of wealth धन का ≈; he is a ~ person वह एक ≈ व्यक्ति है.

cow कॉउ **I.** *n*[c]. गाय[F], गौ[F] [beautiful सुन्दर, black काली, useful लाभदायक]; **milch ~** दुधारु ≈; he has ten ~s and a bull उसके पास दस गायें और एक बैल हैं; how much milk do these ~s give ये गायें कितना दूध देती हैं? **~-boy** चरवाहा छोकरा; **~ dung** गोबर; **~elephant** हथिनी[F]; **~ herd** ग्वाला; **~ pen** गोशाला[F]; **~ pox** गो-चेचक; **~ slaughter** गौ-हत्या[F]. **II.** *v.t.* डराना, भयभीत करना : he looked ~ed after his interview साक्षात्कार के बाद वह भयभीत लगता था; his father ~ed him उसके पिता ने उसे डरा दिया.

coward कॉउ'अर्ड *n*[c]. कायर, बुज़दिल, डरपोक : ~s fear all dangers ≈ सभी ख़तरों से डरते हैं; Ahmed is such a ~ that at the first sight of a mouse he runs away अहमद इतना ≈ है कि चूहे को देखते ही वह भाग जाता है; what a ~ you are ! तुम कितने ≈ हो; don't be a ~ ≈ मत बनो; he is too much of a ~ to go alone वह इतना अधिक ≈ है कि अकेले नहीं जा सकता. [*ant.* brave; *n.* cowardice कायरता[F]]

crab क्रैब *n*[c]. **1.** केकड़ा, कर्कट : a ~ has ten legs केकड़े की दस टाँगें होती हैं. **2.** (Astron.)

Crab कर्क (राशि^{F}). **3.** (instru.) काँटा : a ~ lifts heavy things ≈ भारी वस्तुएँ^{F} उठाता है. **4.** (person) तुनुकमिज़ाज, चिड़चिड़ा : Raman is a ~ in his behaviour रामन व्यवहार में ≈ है.

crack क्रैक **I.** n^c. **1.** (noise) कड़क^F, चटाका : the glass broke with a ~ शीशा चटाके से टूट गया; the ~ of a whip कोड़े की कड़क^F; ~ of a gun तोप^F का तड़ाका; at the ~ of the dawn पौ फटने पर. **2.** (fracture) दरार^F : I looked through a ~ in the door मैंने दरवाजे की ≈ से देखा; there is a ~ in the wall दीवार^F में ≈ है; there is a ~in the cup प्याले में एक ≈ है. **3.** ~-brained सनकी ~-player बढ़िया खिलाड़ी. **II.** *v.i.* तड़कना, फूटना, दरार पड़ना : the plate ~ed प्लेट^F फूट/ तड़क गई; the window ~ed down खिड़की^{F} टूटकर गिर पड़ी; her bone has ~ed उसकी हड्डी^{F} तड़क गई है. **III.** *v.t.* फोड़ना, तोड़ना, चटकाना : who ~ed the glass गिलास किसने फोड़ा? to ~ nuts अखरोट तोड़ना; why did you ~ her pen तुमने उसकी कलम^F क्यों तोड़ दी?; **to ~ smb's skull** किसी का सिर फोड़ना. Δ **to ~ a joke** मज़ाक करना. **cracker** क्रै'कर n^c. **1.** पटाखा : ~s should be banned on Diwali दीवाली^{F} पर पटाखों पर पाबंदी^{F} लगनी चाहिए. **2.** कुरकुरा बिस्कुट : ~s and cheese कुरकुरे बिस्कुट और पनीर; we enjoyed the ~ and toffees हमने कुरकुरे बिस्कुटों और टाफ़ियों^{F} का आनंद लिया.

cradle क्रे'डल **I.** n^c. **1.** पालना : mother put the baby in a ~ माँ ने बच्चे को पालने में रखा. **2.** बचपन : from the ~ to the coffin ≈ से मृत्यु तक. **3.** (~ of Indian culture) भारतीय संस्कृति का जन्म स्थान/पालना. **II.** *v.t.* **1.** पालने में रखना या झुलाना : the mother ~ed the child to sleep माँ ने बच्चे को पालने में झुलाकर सुला दिया. **2.** गोद^F में रखना : she ~ed her child in her arms उसने अपने बच्चे को गोद में ले लिया. **3.** पालन-पोषण करना : I was ~ed in luxury मुझे विलास के वातावरण में पाला-पोसा गया.

craft क्राफ़्ट n^c. **1.** दस्तकारी^{F}, शिल्प : **handicraft** हस्तशिल्प; ~ of a potter कुम्हार की दस्तकारी; the ~ of woodcarving काष्ठ नक्काशी^{F} की कारीगरी; in ~ lessons we make things with our hand शिल्प के पाठों में हम अपने हाथ^F से चीजें^{F} बनाते हैं. **2.** (no *pl.*) नौका^{F}, जलयान; **air ~** वायुयान; **country ~** देशी नौका; a strange ~ sailed into the harbour and dropped anchor एक विचित्र जलयान बंदरगाह^F तक आया और लंगर डाल दिया. **craftsman** क्राफ़्ट्स'मन n^c. शिल्पी, शिल्पकार, कारीगर, दस्तकार [famous प्रसिद्ध, ordinary साधारण]; the carpenter who made our almirah was a good ~ बढ़ई जिसने हमारी अलमारी^{F} बनाई थी अच्छा ≈ था. **craftsmanship** क्राफ़्ट्स्'मनशिप n^c. कारीगरी^{F}, शिल्पकौशल : his ~ is simply wonderful उसकी कारीगरी बस अद्‌भुत है; the ~ of the engraver can be seen in his work नक्काश की कारीगरी^{F} उसके काम में देखी जा सकती है. **crafty** क्राफ़्'टि *a.* धूर्त, मक्कार, चालबाज़ : he is a ~ old rascal वह एक ≈ पुराना बदमाश है; he was ~ like a fox वह एक लोमड़ी^{F} की तरह ≈ था.

cram क्रैम (crammed, cramming) **I.** *v.t.* (fill) ठूँसकर भरना, ठूँसना, ठसाठस भरना : he ~ed his clothes into a suitcase उसने अपने कपड़े सूटकेस में ठूँसकर भर दिए; he ~med food into his mouth उसने अपने मुँह में भोजन ठूँसा; to ~ people in a bus बस^F में लोगों को ≈. **II.** *v.i.* (learn) रटना, घोटा लगाना : to ~ for examination परीक्षा^{F} के लिए रटना; he ~med (up) several lessons during the summer holidays उसने गर्मी^{F} की छुट्टियों^{F} के दौरान कई पाठ रट डाले.

crane क्रेन **I.** n^c. **1.** सारस (पक्षी) : a ~ has long legs ≈ की टाँगें^{F} लंबी होती हैं; a could be seen flying in the sky आकाश में उड़ते ≈ को देखा जा सकता था. **2.**(instru.) क्रेन, उत्तोलक : a ~ lifts heavy objects ≈ भारी चीजों^{F} को उठाता है; the ~ has very strong ropes ≈^{F} के रस्से बहुत मज़बूत होते हैं. **II.** *v.t.i.* उठाना : he ~d his head to look

over the crowd उसने भीड़^F को देखने के लिए अपना सिर ऊपर उठाया.

crash क्रैश **I.** *n*^c. **1.** धमाके से गिरकर टूटना : the aeroplane ~ed हवाई-जहाज़ धड़ाम से गिरकर टूट-फूट गया; the glass ~ed down to the floor गिलाश फ़र्श पर गिरकर टूट गया; his car ~ed into/against a wall उसकी कार^F दीवार^F से टकराकर टूट गई; we saw the aircraft ~ and burst into flames हमने हवाई जहाज को धड़ाम से गिरते और आग^F की लपटों में जलते देखा. **2.** the thunder ~d बिजली^F कड़की. **3.** (of building) ढह जाना : his house ~ed in the rain उसका मकान बरसात में ढह गया. **II.** *v.t.* she ~ed the cup angrily उसने गुस्से में प्याला पटक दिया. **III.** *n*^c. **1.** धमाका : ~ of something breaking कुछ टूटने का ≈; I heard a ~ and saw that she had dropped all the cups मैने एक ≈ सुना और देखा कि उसने सभी प्याले गिरा दिये थे. **2.** टक्कर^F : a train ~ गाड़ियों की ≈; there was a ~ between two cars दो कारों में ≈ हुई. **IV.** *a.* ज़ोरदार^F : a ~ programme ज़ोरदार कार्यक्रम : a ~ course of Hindi हिन्दी का ≈ पाठ्यक्रम.

crate क्रेट *n*^c. क्रेट, पेटी^F : a ~ of bottles बोतलों का क्रेट.

crater क्रे'टर *n*^c. ज्वालामुखी : smoke, flames and lava poured from the ~ of the volcano ज्वालामुखी के मुख से धुआँ, लपटें और लावा निकले.

crave क्रेव़ *v.t.i.* माँगना, याचना^F करना, अनुनय-विनय करना : I ~ed the permission to go abroad मैंने विदेश जाने की अनुमति^F के लिए अनुनय-विनय की (अनुमति माँगी); he ~d for some food उसने कुछ भोजन के लिए याचना^F की; we ~ your help in this matter हम इस़ मामले में आपकी सहायता^F के लिए याचना^F करते हैं; to ~ mercy दया की याचना^F करना. Δ ~ **after** भूख^F/उत्कट इच्छा^F : he ~s after money उसे धन की भूख/चाह है. [*n.* craving]

crawl क्रॉल *v.i.* **1.** रेंगना : the wounded cat crawled away घायल बिल्ली रेंगती हुई चली गयी; the baby ~s everywhere बच्ची हर जगह घिसटती या रेंगती फिरती है; the baby ~ed under the table बच्चा मेज़ के नीचे रेंग गया. **2.** धीरे-धीरे सरकना : the procession was ~ing along the streets जलूस गलियों में धीरे-धीरे खिसक रहा था. **3.** भरा होना : his hair was ~ing with lice उसके बालों में जुएँ भरी थीं; the market is always ~ing with customers in the evening शाम^F को बाज़ार ग्राहकों से सदा भरा रहता है. **4.** गिड़गिड़ाना : he ~ed to the tyrant's feet वह अत्याचारी के पैरों पर गिड़गिड़ाया.

crayon क्रे'अन *n*^c. (a coloured pencil) रंगदार चाक : the teacher writes with a ~ on the blackboard अध्यापक ≈ से श्यामपट्ट पर लिखता है.

craze क्रेज़ *n*^c. ख़ब्त, सनक^F : ~ for flying उड़ान^F की ≈; the latest ~ among girls is to have pictures painted on their nails लड़कियों में नवीनतम ≈ है अपने नाखूनों पर चित्र रंगना; dancing is the ~ of the moment नाचना आजकल के समय की ≈ (आजकल का ख़ब्त) है; it is the current ~ to have short hair छोटे बाल रखना एक वर्तमान ≈ है. **crazy** क्रे'ज़ि *a.* ख़ब्ती, सनकी [fellow आदमी, old man बूढ़ा आदमी]; he is ~ about watching cricket match उसे क्रिकेट मैच देखने की सनक^F सवार है; she is ~ about her lover वह अपने प्रेमी पर दीवानी है; she is ~ about filmstars वह फिल्मी-सितारों की दीवानी है; she is ~ about dancing उसे नाचने की सनक^F है.

creak क्रीक **I.** *n*^c. चरचराहट^F, चरमराहट^F (आवाज़^F) : strange ~s were heard from this old building इस पुरानी इमारत^F से एक विचित्र ≈ सुनाई देती थी; we heard the ~ and knew that someone had come हमने ≈ सुनी और जाना कि कोई आया है. **II.** *v.i.* चरचराना, चरमराना : this chair is ~ing beneath your weight आपके भार से यह कुर्सी चरमरा रही है; the stairs ~ed as I went up मेरे ऊपर जाने से सीढ़ियाँ^F चरमराईं; a badly oiled door ~s दरवाज़े में अच्छी तरह^F तेल न दिया हो तो वह चरमराता है.

cream क्रीम **I.** *n*^u. **1.** मलाई^F, क्रीम^F [fresh ताज़ा, thick मोटी]; the ~ turned sour क्रीम खट्टी हो गई; the coffee with ~ ≈ के

साथ कॉफ़ी; do you take ~ in tea क्या तुम चाय^F में ≈ लेते हो ? face ~ चेहरे के लिए क्रीम; shaving ~ हजामत^F के लिए क्रीम; cold ~ for skin चमड़ी के लिए कोल्ड कीम; we will skim the ~ off the milk हम दूध से ≈ उतारेंगे (निकालेंगे). **2.** सर्वोत्तम अंश या व्यक्ति : our leader is the ~ of our society हमारा नेता हमारे समाज का सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति है; the boy is the ~ of the class वह लड़का कक्षा में सर्वोत्त्म है. **II.** *v.t.* **1.** मलाई^F उतारना : she ~ed the milk उसने दूध से मलाई^F उतारी.

crease क्रीस **I.** n^c. चुन्नट^F : the crease on his trousers is smart उसकी पैंट में सजीली ≈ है; my dress is full of ~s मेरे कपड़ों में भरपूर चुन्नटें हैं; a ~ is made when you fold a paper कागज को मोड़ा जाए तो ≈ पड़ जाती है. **II.** *v.t.* चुन्नट^F डालना : I have ~d my dress badly मैंने अपनी पोशाक^F में चुन्नटें डाल दी हैं.

create क्रि एट' *v.t.* **1.** बनाना : how was the world created दुनिया^{F} कैसे बनी ? Sir Tek Chand of Lahore was ~ d a Knight in 1943 लाहौर के सर टेकचंद 1943 में नाइट (सर) बनाये गये थे; in the beginning God ~d the heaven and earth शुरू में ईश्वर ने स्वर्ग और पृथ्वी^{F} बनाई; a new department was ~d एक नया विभाग बनाया गया. [*ant.* destroy] **2.** उत्पन्न करना, पैदा करना : it ~d some difficulty इससे कुछ कठिनाई^F पैदा हो गई; the election created great excitement चुनाव ने बहुत उत्तेजना^{F} उत्पन्न की; do not ~ disturbence in the classroom कक्षा^{F} में हुल्लड़ मत मचाओ; the experts ~ new dress styles for ladies every season विशेषज्ञ हर मौसम में औरतों के लिए वस्त्रों के नये फ़ैशन निकालते रहते हैं. **creation** क्रि ए'शन n^c. **1.** (universe) सृष्टि^{F}: the Bible story of the ~ describes how plants, animals and human beings were created बाइबिल में ≈ की कहानी में आता है कि कैसे पौधे, जानवर और मानव बनाए गए (पैदा हुए). **2.** रचना^{F}, निर्माण, कृति^{F} : this is a ~ of your own यह तुम्हारी निजी रचना^{F} है; the ~ of Roman Empire took many years रोमन साम्राज्य का निर्माण कई वर्षों में जा हुआ; the dress designer is showing his latest ~s वस्त्र-रूपकार अपनी नवीनतम कृतियाँ दिखा रहा है. **creative** क्रि ए'टिव़ *a.* रचनात्मक : ~ imagination ≈ कल्पना^{F}; ~ thinking ≈ चिंतन; the ~ power of man आदमी की ≈ शक्ति^{F}; her work is ~ उसका काम ≈ है. **creator** क्रि ए'टर n^c. बनाने वाला, स्रष्टा; God is the ~ who has made everything ईश्वर स्रष्टा है जिसने सब कुछ बनाया है; the ~ of this new lady's fashion is a Frenchman औरतों के इस नए फ़ैशन का बनाने वाला एक फ्रांसीसी है; the Romans were the ~ of a great empire रोमन एक महान साम्राज्य के निर्माता थे (स्थापित करने वाले थे). **creature** क्री'चर n^c. प्राणी, जीव [gentle सज्जन, mean तुच्छ, poor बेचारा, pretty सुन्दर]; men, animals, birds, insects, etc. are ~s आदमी, पशु, पक्षी, कीड़े आदि ≈ हैं; a miserable ~ एक दुखी ≈ है; look at this poor ~ इस बेचारे ≈ को देखो; don't let the house to this dirty ~ उस गंदे आदमी को मकान किराए पर न दो; the explorers did not know whether the strange creature was human or animal खोजी यह नहीं जानते थे कि वह विचित्र ≈ आदमी है या जानवर. Δ **man is the ~ of circumstances** मनुष्य परिस्थितियों^{F} का दास है.

creche क्रेश n^c. शिशु सदन : they have ~s for the children of their employees अपने मुलाज़िमों के बच्चों के लिए उनके पास ≈ हैं; babies in the ~ are cared for by trained people ≈ में शिशुओं की देखभाल^F प्रशिक्षित लोग करते हैं.

credible क्रे'डबल *a.* विश्वसनीय [person व्यक्ति, statement कथन]; it is scarcely ~ that he did it यह बात^F मुश्किल से ही ≈ है कि उसने यह किया; the account he gave was not ~ जो विवरण उसने दिया वह ≈ नहीं था. [*as distinct from* credulous] **credit** क्रे'डिट **I.** n^u. **1.** विश्वास : I cannot give ~

to this news मैं इस समाचार पर ≈ नहीं कर सकता; this story is gaining ~ इस कहानी पर विश्वास जम रहा है. 2. (reputation) नाम, साख^F; ~ **note** साख-पत्र; letter of ~ हुंडी, साख-पत्र; to have a good ~ in business व्यापार में अच्छी साख होना; to use one's ~ किसी की साख का लाभ उठाना. 3. श्रेय (bringing honour) : I give him ~ for the success मैं उसे सफलता^F का ≈ देता हूँ; he was given ~ for the work उसे काम का ≈ दिया गया; to take ~ for some achievement किसी उपलब्धि^F का ≈ पाना. [*ant*. dis ~] 4. उधार : ~ control ऋण-नियंत्रण; to sell on ~ ≈ पर बेचना; to buy goods on ~ ≈ पर माल खरीदना; this shop does not give ~ यह दुकान^F ≈ नहीं देती. 5. (cause of honour) प्रतिष्ठा^F का कारण; he is a ~ to our family उससे हमारे परिवार की प्रतिष्ठा है; it does him ~ or it reflects a ~ on him इस बात^F से उसकी प्रतिष्ठा बढ़ती है. 6. (account) जमा : to open a ~ account with a bank बैंक में ≈ खाता खोलना. Δ **to smb's ~** किसी के हक में. [*ant*. debit] **II.** *v.t.* 1. विश्वास करना, भरोसा करना : I can ~ all he says जो कुछ वह कहता है मैं उस पर विश्वास कर सकता हूँ; I don't ~ her with honesty मैं उसकी ईमानदारी^F का विश्वास नहीं करता; I ~ you with good intention मैं तुम्हारे सदाशय पर विश्वास करता हूँ. 2. श्रेय देना : will you ~ that क्या तुम उसका श्रेय दोगे ? 3. जमा खाते लिखना, जमा करना; his cheque was ~ed to your account उसका चेक तुम्हारे खाते में जमा कर दिया गया था; please ~ my account with Rs. 200 कृपया मेरे खाते में दो सौ रुपए और जमा कर दें. **creditable** क्रे'डिटॅबल *a.* प्रशंसनीय, सराहनीय [achievement उपलब्धि^F, success सफलता^F, work कार्य]. 1. **creditor** क्रे'डिटर *n*^c. ऋणदाता, लेनदार : ~s often exploit the poor ≈ प्राय: गरीबों का शोषण करते हैं. [*ant*. debtor] **credulous** क्रे'ड्यूलस *a.* भोला-भाला, विश्वास कर लेने वाला : only a ~ person would believe such an story about flying saucers उड़नतश्तरियों^F की कहानी पर केवल भोला-भाला व्यक्ति विश्वास कर सकता है : he is so ~ that he believes anything इतना ≈ है कि किसी बात पर विश्वास कर लेता है. [*as distinct from* credible]

creed क्रीड *n*^c. 1. मत, पंथ : he is a believer of Hindu ~ वह हिंदू ≈ में विश्वास करता है; there is no prejudice against any ~ or race किसी ≈ या जाति के विरुद्ध कोई पूर्वाग्रह नहीं है. 2. विश्वास : wearing a sword is a part of a Sikh's religious ~ कृपाण^F पहनना, किसी सिख के धार्मिक ≈ का एक अंग है : a political ~ एक राजनीतिक ≈.

creep क्रीप *v.i.* (*p.* & *p.p.* crept) 1. रेंगना, सरकना, पेट के बल सरकना : no one will see us if we ~ along with our bodies हमें कोई देख नहीं सकेगा यदि हम शरीर से सरकते चलें. 2. (move slowly) धीरे से जाना : ~ into the room कमरे में धीरे से चले जाओ; the cat crept towards the mouse बिल्ली चूहे की ओर खिसक चली. 3. ऊपर चढ़ना; a vine ~s up a wall अंगूर की बेल^F दीवार^F के ऊपर चढ़ती है. **creeper** क्री'पर *n*^c. बेल^F : there are various kinds of ~s in the garden बाग में विविध प्रकार की लताएँ हैं; pumpkin plant is a ~ कोहड़े/पेठे का पौधा एक लता है.

cremate क्रि'मेट *v.t.* दाह-संस्कार करना, जलाना : she wanted to be ~d when she dies वह चाहती थी कि जब वह मरे तब उसे जलाया जाए; the dead body has been ~d शव का दाह संस्कार कर दिया गया है. **cremation** क्रि मे'शन *n*^c. दाह, दाह-संस्कार; ~ **ground** मरघट/श्मशान : his ~ took place at the ~ ground उसका दाह-संस्कार श्मशान घाट पर हुआ.

crept क्रेप्ट *v.i. p.p.* of creep. (देखो).

crescent क्रे'सन्ट **I.** *n*^c. दूज का चाँद, नया चाँद, बाल चन्द्र : see the silver ~ in the sky आकाश में चाँदी^F-सा ≈ देखो; Muslim countries have the sign of ~ on their flags मुस्लिम देशों के झंडों पर बालचंद्र का निशान होता है. **II.** *a.* अर्द्ध-चन्द्राकार : the ~ moon अर्द्ध चंद्र;

crest क्रेस्ट ' n^c. 1. शिखा^F, कलगी^F : the ~ of a cock मुर्गे की ≈; some birds have ~s of red colour on their heads कुछ पक्षियों के सिर पर लाल रंग की शिखा होती है; Rajahs had ~s over their coronets राजाओं के मुकुट पर ≈ होती थी. 2. चोटी^F, शिखर : the crest of a mountain पहाड़ की चोटी, पहाड़ का शिखर; ~ of a wave लहर का शिखर.

crew क्रू n^c. 1. कर्मीदल : the ~ consisted of ten men ≈ में दस व्यक्ति थे. 2. नाविक दल : a ship's ~ पोत का ≈ ; the ship was lost but the ~s were saved जलयान नष्ट हो चुका था लेकिन नाविकगण बच गये. 3. विमान के कर्मचारी : the ~ on a plane वायुयान के कर्मचारी.

crib क्रिब **I.** n^c. 1. नाँद, चरनी^F : ~ for the cattle मवेशियों के लिए ≈. 2. (bed) खटोला : the baby was put to bed in his ~ शिशु को अपने खटोले में सुला दिया गया. 3. नकल^F : all his answers were ~s उसके सब उत्तर नकल किए हुए थे. **II.** *v.t.* (-bb-) चोरी^F करना : he ~bed the answer उसने उत्तर चोरी से नकल कर लिया; he ~bed that exercise from my copy-book उसने चोरी^F से उस अभ्यास को मेरी कापी से नकल कर लिया.

cricket क्रि'किट n^c. 1. (insect) झींगुर, झिल्ली : lively as a ~ ≈ की तरह खुश और चुस्त; a ~ is an insect like a grasshopper or locust झींगुर एक टिड्डे अथवा टिड्डी^F की तरह होता है. 2. गेंद-बल्ला, क्रिकेट : ~club क्रिकेट क्लब; a ~ team क्रिकेट टीम^F; the ~ is played in spring and winter क्रिकेट वसन्त और जाड़े में खेला जाता है; we won the ~ match by ten runs हमने दस रन से क्रिकेट मैच जीत लिया.

crime क्राइम n^c. अपराध [great बड़ा, heinous घोर, serious गंभीर]; the scene of crime ≈ होने का घटना-स्थल; to commit a ~ ≈ करना; an accused in a ≈ का दोषी/अभियुक्त; to involve smb. in a crime किसी को ≈ में फँसाना; ~s against humanity मानवता के विरुद्ध ≈; he confessed his ~ उसने अपना ≈ कबूल किया; he was punished for ~ उसे ≈ के लिए दण्डित किया गया; ~ is on the increase ≈ बढ़ रहा है; the police should prevent ~ पुलिस^F को ≈ की रोकथाम^F करनी चाहिए. **criminal** क्रि'मिनल **I.** *a.* 1. पापमय, अनुचित : theft is a ~ offence चोरी एक पापपूर्ण अपराध है; it was ~ to fell that tree down उस पेड़ को गिराना अनुचित था. 2. फ़ौजदारी, दण्डविधि-संबंधी : a ~ case फ़ौजदारी का मुकदमा; ~ **court** फ़ौजदारी न्यायालय; ~ **offence** दण्डनीय अपराध; ~ **breach of trust** दण्डनीय-विश्वासघात; ~ **law** दंड-विधि, फ़ौजदारी कानून; ~ **procedure code** दंड प्रक्रिया संहिता^F; it is ~ यह अपराध है. **II.** n^c. अपराधी, मुजरिम [bold साहसी, dangerous ख़तरनाक, impudent निर्लज्ज, insolent ढीठ, vile नीच]; the police arrested the ~ पुलिस ने ≈ को गिरफ़्तार किया; the ~ was awarded life imprisonment ≈ को उम्रकैद^F का दंड दिया गया; to find out the ~ ≈ का पता लगाना; to handover a ~ to the police ≈ को पुलिस^F के हवाले करना.

crimson क्रिम्'ज़न n^u. गहरा लाल [colour रंग, dress पोशाक^F]; he was ~ with excitement वह उत्तेजना^F से लाल हो गया था.

cripple क्रि'पल **I.** *v.t.* 1. अपांग करना, लूला-लंगड़ा कर देना : the accident ~d the boy दुर्घटना ने लड़के को अपंग बना दिया; he was ~d when he fell down from the balcony जब वह बारजा पर से गिरा तो (वह) लूला-लंगड़ा हो गया. 2. बिगाड़ना : poor output of factories has ~d the country's economy कारख़ानों के अत्यल्प उत्पाद ने देश की अर्थ-व्यवस्था^F को बिगाड़ दिया है. **II.** n^c. लूला-लंगड़ा, विकलांग : he has been a ~ since the road accident सड़क दुर्घटना^F के बाद वह ≈ हो गया.

crisis क्राइ'सिस n^c. (*pl.* crises) 1. संकट, संकट-स्थिति^F [economic आर्थिक, financial वित्तीय, industrial औद्योगिक, political राजनीतिक]; ~ in his career जीवन का संकट; a crisis such as recent flooding can result in many tragic situations हाल की बाढ़^F की तरह की संकट-स्थिति^F कई दुःखपूर्ण

स्थितियाँ उत्पन्न कर सकती है. 2. गंभीर दशा[F], नाज़ुक घड़ी[F] : she is now out of danger. as she has passed the ~ वह अब ख़तरे से बाहर है क्योंकि उसने संकट की स्थिति[F] पार कर ली है. [*a.* critical]

crisp क्रिस्प **I.** *a.* **1.** (brittle) मुरमुरा, खस्ता, कुरकुरा : ~lettuce ≈ सलाद; these biscuits are delicious and ~ ये बिस्कुट स्वादिष्ट और कुरकुरे/ख़स्ता हैं; a ~ samosa ≈ समोसा; a ~ toast ≈ टोस्ट. **2.** (clear) सुस्पष्ट, विषद : his style of speech is ~ इस की भाषण-शैली ≈ है. **3.** (lively) फुर्तीला, चुस्त : ~player ≈ खिलाड़ी. **4.** (bracing) स्फूर्तिदायक; ~ air ≈ वायु[F]; ~ climate जलवायु. **5.** (curly) घुँघराले : ~ hair घुँघराले बाल.

critic क्रि'टिक *n*[c]. आलोचक, समालोचक, समीक्षक [honest ईमानदार, impartial निष्पक्ष, serious गंभीर, stern कड़ा]; a literary ~ साहित्य ≈; an art ~ कला-समीक्षक; his ~s believe that he is unfit for this post उसके आलोचक मानते हैं कि वह इस पद के लिए अनुपयुक्त है. **critical** क्रि'टिकल *a.* **1.** आलोचनात्मक; ~ attitude ≈ दृष्टिकोण; ~ essay ≈ निबन्ध; he has been writing ~ essays on one-act plays वह एकांकी नाटकों पर ≈ निबंध लिखता रहा है. **2.** संकटमय, संकटपूर्ण : the situation during the strike became ~ हड़ताल[F] के दौरान स्थिति[F] ≈ हो गई. **3.** ख़तरनाक, गंभीर : her condition became ~ उसकी हालत ≈ हो गई; a ~ operation एक ≈ आपरेशन. **4.** छिद्रान्वेषी, आलोचक : he is very ~ about women's dress वह स्त्रियों की पोशाक[F] के बारे में बहुत ≈ है; he was ~ of my efforts वह मेरे प्रयासों में छिद्र निकालता रहता था; a ~ person is one who finds fault ≈ व्यक्ति वह है जो दोष ढूँढता रहता है. **criticise** क्रि'टिसाइज़ *v.t.* **1.** आलोचना[F] करना, समीक्षा करना [impartially निष्पक्ष रूप से, lightly हल्के ढंग में , mercilessly निर्दयतापूर्वक]; he ~d my work and said that it was no good उसने मेरे काम की समीक्षा की और कहा कि अच्छा नहीं है; he ~d Betty's painting, although he can do nothing himself उसने बैटी की चित्रकारी की आलोचना[F] की जबकि वह स्वयं कुछ नहीं कर सकता. **2.** छिद्रान्वेषण करना, ऐब निकालना : he ~d my writing उसने मेरे लेखन में ऐब निकाले; she is always ~ing him वह उसमें हमेशा ऐब निकालती रहती है. **criticism** क्रि'टिसिज़म *n*[u]. **1.** आलोचना[F], समालोचना[F], समीक्षा[F] [bitter कटु, flattering चाटुकारितापूर्ण, justified न्यायपूर्ण, meaningless व्यर्थ की, unfavourable निंदात्मक, wise बुद्धिमत्तापूर्ण]; to be severe in one's literary ~ साहित्य आलोचना में कड़ाई[F] करना; your ~ of my work shows that I can do better next time मेरी कृति[F] की आपकी समीक्षा[F] दर्शाती है कि मैं अगली बार[F] इससे अच्छा कर सकता हूँ. **2.** छिद्रान्वेषण, निंदा[F] : to say something by the way of ~ ≈ के रूप में कुछ कहना.

croak क्रोक *v.i.* **1.** टर्राना : a frog ~s मेंढक टर्राता है. **2.** कुभाखा बोलना : she ~ed that he will fail वह कुभाखा (अशुभ वाणी) में बोली कि वह फ़ेल हो जायेगा.

crochet क्रो'शे **I.** *v.t.* करोशिया से बुनाई करना, बुनना : to ~ a muffler गलूबंद बुनना. **II.** *n.* **1.** करोशिया : she carries her ~ in her basket वह अपना ≈ अपनी टोकरी में उठाये रहती है. **2.** करोशिए का काम : old ladies enjoy doing ~ बूढ़ी औरतें करोशिए का काम करने में आनंद पाती हैं.

crocodile क्रॉ'कॅडाइल *n*[c]. मगरमच्छ, घड़ियाल : the travellers took the ~ for a floating log until he opened his enormous mouth यात्रियों ने ≈ को एक तैरता लट्ठा समझा जब तक कि उसने अपना विशालकाय मुँह नहीं खोला. Δ ~ **tears** घड़ियाली आँसू, झूठ-मूठ के आँसू, दिखावे के आँसू : she only shed ~ tears for she was not sorry at all उसने बस घड़ियाली आँसू बहाये क्योंकि उसे बिल्कुल खेद नहीं था.

crook क्रुक **I.** *n*[c]. **1.** हुक, कँटिया : he threw the ~ in the river and the fish was netted उसने नदी[F] में कँटिया फेंकी और मछली[F] जाल में फँस गई. Δ **by hook or by** ~ सीधे तरीके से या टेढ़े तरीके से, किसी भी तरह. **2.** लाठी[F] : a

shepherd's ~ गडरिए की ≈. **3.** धोखेबाज़, बदमाश : two ~s stole the old woman's jewels दो धोखेबाज़ों ने बूढ़ी औरत के आभूषणों को चुराया. **II.** *v.t.* मोड़ना : he ~ed his finger to stop the taxi उसने टैक्सी रुकवाने के लिए अपनी उंगली मोड़ी. **crooked** क्रु'किड **1.** *a.* टेढ़ा : a ~ stick टेढ़ी छड़ी[F] : that photograph is ~ वह फ़ोटो टेढ़ा है; ~ lives टेढ़ी रेखाएँ. **2.** कुटिल : he is a ~ and dishonest man वह कुटिल और बेईमान आदमी है.

crop क्रॉप **I.** *n*[c]. फ़सल[F], पैदावार[F], उपज[F] [average औसत, big भारी, unusual असाधारण, poor बहुत थोड़ी]; there is a good ~ of tomatoes this year इस साल टमाटर की अच्छी ≈ हुई है; we grow varied kinds of ~s हम विभिन्न प्रकार की फ़सलें उगाते हैं; this field is under ~ इस खेत में खेती[F] की जा रही है; that field was out of ~ उस खेत में फ़सल नहीं उगाई गई. **II.** *v.t.* (cropped, cropping) **1.** फ़सल काटना : they ~ped potatoes whole of the day वे सारा दिन आलू की फ़सल काटते रहे. **2.** फसल[F] उगाना या बोना : we ~ped the field for wheat हमने खेत में गेहूँ की फ़सल बोई. **3.** काटना, कतरना : ~ ears, hair tail of a dog कुत्ते के कान, बाल, उसकी पूँछ[F] ≈; horses ~ the grass घोड़े घास[F] कतरते हैं; the girl had her hair ~ped लड़की ने अपने बाल कटवा दिये. **III.** *v.i.* (~**up**) प्रकट या घटित होना : all of a sudden, smth important ~ped up अचानक ही , कोई महत्वपूर्ण घटना[F] घटित हो गई; a new difficulty has ~ ped up एक नई कठिनाई[F] उत्पन्न हो गई है.

cross क्रॉस **I.** *v.t.* **1.** काटना : your name was ~ed out तुम्हारा नाम काट दिया गया; ~ out what is unnecessary जो अनावश्यक है उसे काट दो. **2.** पार करना : ~ the road सड़क[F] पार करो; take care when you ~ the road सड़क[F] पार करते समय सावधानी बरतो; let us ~ to the other side हमें उस तरफ़ पार जाने दो. **3.** (अचानक) भेंट होना, मिलना : ~ a person किसी से अचानक भेंट होना. **4.** विरोध करना : to ~ smb's views किसी के विचारों का ≈. **5.** रेखित करना : to ~ a cheque चेक को ≈. **6.** संकरण करना : to ~ one breed of dog with another कुत्ते की एक नस्ल[F] को दूसरी नस्ल[F] से संकरित करना. **7.** (other uses) to ~ one's mind मन में आना, सूझना; to ~ smb किसी का विरोध करना; to ~ swords with smb किसी से लड़ाई[F] या वाद-विवाद करना; to ~ over पार करके दूसरी ओर जाना; to ~ the floor दूसरे दल में जा मिलना. **II.** *a.* **1.** (transverse) उलटा, विपरीत; ~ **examination** जिरह[F], प्रतिपृच्छा[F]; **2.** आड़ा : ~ **bar** ≈ डंडा : ~ bar of a bicycle बाइसिकल का ≈ डंडा; ~ **bones** आड़ी-तिरछी (दो) हड्डियाँ; ~**cut** आड़ी काट[F]; ~ **section** आड़ी काट[F]. **3.** संकर, दोगला. ~ **breed** संकर; ~ **child** दोगला बच्चा. **4.** अप्रसन्न, चिड़चिड़ा : why are you so ~ with me तुम मुझसे इतने ≈ क्यों हो ? a ~ old man ≈ बूढ़ा आदमी; he made me ~ उसने मुझे नाराज़ कर दिया. **5. (other uses)** ~ **bench** (विधान सभा[F] में) निर्दलीय सदस्यों का स्थान; ~ **country race** क्षेत्र पार की दौड़[F]; ~ **reference** दूसरे स्थान पर होने का संकेत; ~ **traffic** पारगामी यातायात, आर-पार यातायात; ~ **ventilation** हवा का आर-पार आना-जाना; ~ **roads** चौराहा : at the ~ roads, you turn to the left सड़क के चौराहे पर आप बायें मुड़ जाएँ. (fig.) we are at the ~ roads हम एक निर्णायक मोड़ पर (खड़े) हैं. **III.** *n.* **1.** (stake) सूली[F], क्रूस, सलीब : the ~ of Christ ईसा की सूली[F]; the ~ of Christ was the result of religious fanaticism ईसा की सूली[F] धार्मिक कट्टरता[F] का परिणाम थी. **2.** क्रूस (सूली का चिन्ह) : Christians generally wear a ~ ईसाई प्राय: ≈ पहनते हैं; a ~ is shaped like the sign of addition + क्रूस का रूप जमा के निशान + जैसा होता है. **3.** संकट, कष्ट : we must all bear our ~s हमें अपने कष्टों को सहन करना चाहिए. **4.** वर्णसंकर, दोगला : the mule is a ~ between a horse and a donkey खच्चर घोड़े और गधे का वर्णसंकर होता है. **5.** मिश्रण : a ~ between two

things दो वस्तुओं का ≈. **crossing** क्रॉ'सिंग n^c. चौराहा : it is advised to be cautious at the railway ~ रेल और सड़क के चौराहे पर खबरदार रहने की सलाह^F दी जाती है; a level ~ सपाट पारपथ; this ~ is too dangerous यह ≈ बहुत अधिक ख़तरनाक है.

crouch क्रॉउच *v.i.* **1.** (of animal) दबकना; lion ~es शेर दबकता है; the lion was ~ing under the bushes शेर झाड़ियों में दुबका बैठा था. **2.** (of person) झुकना : he ~ed behind वह पीछे झुका; I had to ~ to get into that small car उस छोटी-सी कार^F में घुसने के लिए मुझे झुकना पड़ा.

crow क्रो **I.** n^c. **1.** कौआ : ~'s claws कौए के पंजे : ~'s nest कौए का घोंसला. Δ **as the ~ flies** बिल्कुल सीध^F में. **2.** ~(bar) रम्बा, सब्बल : the labourers are digging with a ~ मजदूर ≈ से खोद रहे हैं. **II.** *v.i.* **1.** बांग देना, कुकड़ू कूँ करना : the cock ~s early in the morning मुर्गा तड़के बाँग देता है. **2.** किलकारी^{F} करना : the baby ~s with delight बच्चा ख़ुशी से किलकारी मारता है. **3.** हर्ष ध्वनि करना, जय घोष करना : he is ~ing over his success वह अपनी सफलता^{F} पर हर्षध्वनि कर रहा है (खुश है); now we have won the cup, we have something to ~ about हमारे पास अब जय-जय करने को कुछ तो है (क्योंकि) हमने कप जीत लिया है. **crowbar** क्रो'बार n^c. सब्बल, रम्भा : they use a ~ to lift up heavy stones वे भारी पत्थरों को उठाने के लिए ≈ से काम लेते हैं.

crowd क्रॉउड **I.** *n.* **1.** भीड़^{F}, जमघट, जनसमूह : there was a large ~ at the fair मेले में भारी भीड़^{F} थी; I could see a large ~ of people near the cinema मैं सिनेमा के पास लोगों का भारी जमघट देख सकता था; there was a ~ of 20,000 people at the football match फुटबाल मैच में 20,000 लोंगों की भीड़^{F} थी; the ~ crushed a child ≈ ने बच्चे को कुचल दिया (भीड़ में बच्चा कुचला गया). Δ **it will pass the ~** कुछ अच्छा तो नहीं पर चल जाएगा. **2.** ढेर : a ~ of books and papers on the table मेज़ पर किताबों^{F} और कागज़ों का ढेर. **II.** *v.i.* **1.** भीड़ करना, धक्कम-धक्का होना : the strikers ~ed the streets हड़तालियों ने गलियों में भीड़ कर रखी थी; the demonstrators ~ed outside the factory प्रदर्शनकारियों ने कारखाने के बाहर भीड़ कर दी. **2.** भरना (passive) : the train was ~ed गाड़ी^{F} भरी थी. **3.** ठूँसकर भरना : he ~ed many books in his bag उसने बहुत-सी किताबें ठूँसकर बैग में भर ली. **4.** (other uses) the boys ~ed in the hall लड़के हाल में इकट्ठे हो गये; the people ~ed together in the square लोग चौक में एकत्रित हुए. Δ **to follow/go with the ~** वही करना जो आम लोग करते हैं; **raise oneself or rise above the ~** आम लोगों से अच्छा होना. **crowded** क्रॉउ'डिड *a.* भरा हुआ [bus बस^F, hall हाल, room कमरा, tram ट्राम गाड़ी^{F}]; ~ street जनसंकुल गली^{F}; the streets were ~ गलियाँ भरी थीं; the train was not so ~ this night आज रात गाड़ी^{F} इतनी भरी-भरी नहीं थी.

crown क्रॉउन **I.** n^c. **1.** मुकुट, ताज : the king wore his ~ राजा ने अपना ≈ पहना; the queen's ~ is smaller रानी का ≈ कुछ छोटा होता है. **2.** राजा, सम्राट : how much authority does the ~ have in Nepal नेपाल में ≈ को कितने अधिकार हैं ? the land belongs to the ~ भूमि^{F} ≈ की है. **3.** राजपद : to win the ~ ≈ पाना. **4.** शिखर, चोटी^{F} : we reached the ~ of the mound हम भीटे के शिखर पर पहुँच गये; ~ of road सड़क^F का (मध्य) ऊंचा भाग. **5.** खोपड़ी^{F} : Jack fell down and broke his ~ जैक गिरा और उसकी ≈ फूट गई. **II.** *a.* सर्वोच्च : ~ **land** ≈ भूमि; **the ~ prince** of Japan जापान का युवराज; a ~ **colony** सम्राट् के अधीन उपनिवेश; ~ **princess** युवराज्ञी. **III.** *v.t.* **1.** गद्दी पर बिठाना, राजतिलक करना : the arch bishop ~s the prince महाधर्माध्यक्ष युवराज का अभिषेक करता है; he was ~ed as the new king नये राजा के रूप में उसका राजतिलक हुआ. **2.** अंत को पहुँचाना, सफल होना : our efforts were ~ed with success हमारे प्रयास अंततः

सफल हो गए, Δ to ~ it all सबसे अच्छी या बुरी बात[F] यह है कि.....

crude क्रूड *a.* 1. कच्चा. ~ **oil** कच्चा तेल : ~ oil needs refining before use प्रयोग से पहले कच्चे तेल के शोधन की आवश्यकता[F] होती है; ~ colour कच्चा रंग; ~ **rubber** कच्चा रबड. 2. भद्दा : ~ **idea** ≈ विचार; ~ methods of cataract operation मोतियाबिंद के आपरेशन के भद्दे उपाय. 3. (fig.) असभ्य, अशिष्ट [behaviour व्यवहार, people लोग]; do not be so ~ इतने ≈ मत बनो; a ~ way of expressing oneself आत्माभिव्यक्ति[F] का अशिष्ट तरीका. [*ant.* refined]

cruel क्रू'अल *a.* क्रूर, निर्दय, ज़ालिम [person व्यक्ति, master मालिक/स्वामी]; he was ~ to her वह उसके प्रति ≈ था; do not be so ~ इतने ≈ न बनो; a ~ man beat his wife एक ज़ालिम आदमी ने अपनी पत्नी को पीटा; they were ~ to their servants वह अपने नौकरों के प्रति ≈ था. 2. कड़ा, कठोर [decision निर्णय, punishment दंड, treatment व्यवहार]. [*ant.* benign, kind] **cruelty** क्रू'अल्टि *n*[c]. जुल्म, क्रूरता[F], निर्दयता[F] : ~ is contrary to kindness ≈ दयालुता का विलोम है; ~ to children or animals is a crime in India भारत में बच्चों और जानवरों के प्रति ≈ अपराध है; it is ~ to keep a dog in a short chain कुत्ते को एक छोटी ज़ंजीर में रखना ≈ है.

cruise क्रूज़ *v.i.* 1. गश्त[F] लगाना : we often ~ along the street after dinner हम रात के खाने के बाद प्रायः गली में गश्त लगाते हैं. 2. (समुद्री) पर्यटन करना; to ~ among the islands जहाज़ में द्वीपों में ≈; we are ~ing for our holidays हम छुट्टियों में समुद्री पर्यटन कर रहे हैं; we ~ed in the Indian Ocean हमने हिन्द-महासारग में पर्यटन किया. 3. यों ही चक्कर लगाना : we were ~ing in a motor-car हम कार[F] में यों ही चक्कर लगा रहे थे.

crumb क्रम *n*[c]. 1. टुकड़ा, किनका : she puts ~s of bread for the birds चिड़ियों के लिए रोटी[F] के टुकड़े रखती है; 2. (fig.) ~ of comfort थोड़ा-सा सुख; ~ of knowledge थोड़ा-थोड़ा ज्ञान.

crumble क्रम'बल I. *v.t.* टुकड़े-टुकड़े कर देना : to ~ stones पत्थरों के टुकड़े करना; she ~s the bread for her cat वह अपनी बिल्ली के लिए रोटी[F] के टुकड़े करती है. II. *v.i.* गिरना : the old building is now crumbling यह पुरानी इमारत[F] अब गिर रही है; (fig.) her ambitions have ~d उसकी महत्वाकांक्षाएँ नष्ट हो गई हैं; the Mughal empire finally ~ed in 1857 मुगल-साम्राज्य अंत में 1857 में नष्ट हो गया.

crumple क्रम्'पल I. *v.t.* 1. सिकोड़ना, मरोड़ना : he ~d the paper उसने कागज़ को मरोड़ डाला. 2. सिलवट[F] डालना : she did not sit because she did not want to ~ her dress वह बैठी नहीं क्योंकि वह अपनी पोशाक[F] में सिलवटें नहीं पड़ने देना चाहती थी. II. *v.i.* 1. झुर्रियाँ पड़ना : her face ~d उसके चेहरे पर झुर्रियाँ पड़ गईं. 2. सिलवट[F] पड़ना : my trousers ~d मेरी पैंट में सिलवट पड़ गई.

crunch क्रन्च I. *n*[c]. 1. चबाना : to ~ an apple सेब ≈; he ~ed sweets in the class room वह कक्षा में मिठाई[F] चबाता रहा; some members were ~ing peanuts in the parliament during its session संसद् सत्र के दौरान कुछ सदस्य मूँगफली[F] चबा रहे थे. 2. कुचलना : she ~ed a walnut under her heel उसने अपनी एड़ी[F] के नीचे एक अखरोट कुचल दिया; to ~ the snow बर्फ ≈; you should not ~ fruit under your feet तुम्हें फलों को अपने पैरों तले ≈ नहीं चाहिए

crusade क्रू सेड' *n*[c]. धर्मयुद्ध, जिहाद : king Richard, the Lion Heart went on a ~ to drive the Mohammedans out of the Holy Land सिंहहृदय बादशाह रिचर्ड ने मुसलमानों को पवित्र भूमि[F] से बाहर निकालने के लिए ≈ छेड़ दिया.

crush क्रश *v.t.* 1. कुचलना : he ~ed the flower उसने फूल कुचल दिया; he accidently ~ed the child's toy उसने एकदम बच्चे का खिलौना रौंद दिया; ~ it so that it is powdered इसे कुचलो जिससे यह चूरा हो जाय. 2. पीसना, पेरना : to ~ to powder पीसकर चूरा कर देना. 3. (overwhelm) अभिभूत कर देना : he ~ed the enemy

very easily उसने बड़ी आसानी^F से शत्रु को अभिभूत कर दिया; he was ~ed with grief वह शोकाभिभूत था. 4. दबा देना : the woman was ~ed with grief औरत दुःख से दब गई थी; to ~ a revolt विद्रोह दबा देना. **II.** *n*^c. 1. फूल का रस : lemon ~ नीबू का रस. 2. भीड़-भाड़ : there was such a ~ in the room that no one could move कमरे में इतनी ≈ थी कि कोई हिल नहीं सकता था; I was delayed in the ~ at the shop दुकान^F पर भीड़-भाड़ के कारण मुझे विलम्ब हुआ. 3. पेल^F : he was killed by the ~ of the bear's paws वह भालू के पंजों से पेले जाने से मारा गया. 4. रस **crushing** क्र'शिंग *a.* 1. ~ defeat भारी हार^F. 2. ~ mill पेरने वाली मशीन^F, रस निकालने वाली मशीन^F : ~ season गन्ना पेरने का मौसम.

crust क्रस्ट *n*^c. 1. परत^F : earth's ~ पृथ्वी^F की ≈. 2. पपड़ी^F : ~ found on the field खेत पर पाई गई ≈. 3. (of bread) छिलका : the ~ of the bread is hard रोटी^F का ≈ कड़ा है; the child did not like the ~s बच्चे को ब्रेड के छिलके पसंद नहीं आए; the poor fellow has not a ~ to eat इस गरीब आदमी (बेचारे) के पास खाने को ≈ तक नहीं है. 4. (of wound) खुरंड : there is a ~ on my wound मेरे घाव पर ≈ है.

crutch क्रच *n*^c. (usu. a pair of ~es) बैसाखी : the lame man can walk only by using ~es लंगड़ा आदमी केवल ≈ का ही प्रयोग करके चल सकता है; the lame had a ~ to support him लंगड़े आदमी के पास एक ≈ का सहारा था. (fig.) **she uses religion as a ~** for her insecurity वह अपनी असुरक्षा के लिए धर्म की वैसाखी (का सहारा) लेती है.

cry क्राइ **I.** *v.i.* (cried, crying) 1. रोना : she began to ~ वह रोने लगी; don't ~ रोओ मत; I refused and he started ~ing मैंने इंकार किया और वह रोने लगा. 2. चिल्लाना, पुकारना : we cried loudly to stop the bus हम बस^F रोकने के लिए ज़ोर से चिल्लाए; I cried for help मैंने सहायता^F के लिए पुकारा; she cried with pain वह दर्द से चिल्लाई; he cried at the top of his voice वह बहुत ऊंचे स्वर से चिल्लाया. Δ **to ~ one's heart out** फूट-फूट कर रोना; **to ~ for the moon** असंभव की चाह^F करना; **to ~ smth/smb down** किसी वस्तु/व्यक्ति की निंदा करना; **to ~ smth up** किसी वस्तु की प्रशंसा^F करना. **II.** *n*^c. चीख^F, चिल्लाहट^F : the ~ of a child बच्चे की ≈; he gave a ~ of triumph उसने विजय की ≈ की; the ~ of a wolf भेड़िये की ≈. Δ **that place is a far ~** वह स्थान बड़ी दूरी^F पर है; it is a far ~ from being a clerk to **being a secretary** लिपिक का सचिव होने तक बड़ी दूरी^F है; **much ~ and little wool** खोदा पहाड़ निकली चुहिया^F.

crystal क्रिस्'टल **I.** *n*^c. 1. (quartz) स्फटिक : the bowl is made of ~ कटोरा स्फटिक का बना है. 2. रवा : ~s of sugar चीनी^F के रवे. **II.** *a.* 1. क्रिस्टलीय, रवेदार : ~ glass ≈ शीशा. 2. स्वच्छ : ~ water of stream नदी का ≈ जल. 3. ~ clear अत्यन्त स्पष्ट.

cub. cubic.

cub कब **I.** *n*^c. 1. बच्चा, शावक : the ~ of a bear, fox, lion or wolf भालू, लोमड़ी या भेड़िये का ≈. 2. (scouting) बाल स्काउट. **II.** *v.i.* (-bb-) जनना, बच्चा देना : a lioness ~bed last night एक शेरनी ने पिछली रात बच्चा दिया. **III.** *a.* (novice) नौसिखआ : he is a ~ reporter on the *N. I. Patrika* वह न. इ. पत्रिका का एक ≈ संवाददाता है.

cube क्यूब **I.** *n*^c. 1. घन, क्यूब : the ~ of sugar चीनी का ≈; please get me an ice-~ out of the fridge कृपया मुझे फ्रिज से निकालकर बर्फ़^F का एक ≈ दीजिए. 2. घनफल : ~ of 3 is 27 तीन का ≈ 27 होता. ~ root घनमूल; 4 is the ~ root of 64 64 का घनमूल चार होता है. **II.** *v.t.* 1. घनफल निकालना; to ~ five पाँच का ≈. 2. घन के आकार के टुकड़े करना : ~ the fruit for salad सलाद के लिए सेब के घनाकार टुकड़े करो.

cuckoo कु'कु *n*^c. (*pl.* ~s) कुक्कु; ~ is a bird that sings ≈ एक पक्षी है जो गाता है.

cucumber क्यू'कम्बर *n*^c. खीरा, ककड़ी^F : we buy ~ हम खीरा/ककड़ी खरीदते हैं; ~ is

used in salad खीरे-ककड़ी का इस्तेमाल सलाद में होता है; ~ is eaten raw खीरा कच्चा खाया जाता है.

cud कड n^u. जुगाली^{F} : chew the ~ 1. ≈ करना : the cow is chewing the ~ गाय^F जुगाली कर रही है. 2. (fig.) चिंतन करना : he sat and ~ed the idea वह बैठकर चिंतन करता रहा.

cudgel क'जल n^c. लाठी, डंडा. Δ **to take up the ~s for** डटकर लड़ना, पक्ष में जुट जाना : she took up the ~s to protect women's rights वह स्त्रियों के अधिकारों की रक्षा^{F} के लिए डटकर जुट गई.

cuff कफ़ I. n^c. 1. थप्पड़ : I did not give a ~ on his ear मैंने उसकी कनपटी^{F} पर ≈ नहीं मारा; the angry man gave the girl a ~ on her head क्रुद्ध व्यक्ति ने लड़की के सिर पर ≈ मारा. 2. कफ़, कलाईबंद, आस्तीन^F की मोहरी^{F} : does your shirt have ~s क्या तुम्हारी कमीज़^{F} में कफ़ है. 3. पैंट की मुड़ी हुई मोहरी^{F} : ~s again in vogue these days इन दिनों ≈ का फिर फ़ैशन है; I put my hand so far into the water that I wet my shirt-~ मैं पानी में अपना हाथ इतना दूर तक ले गया कि कमीज़ के कफ़ भीग गए. Δ **off the ~** बिना तैयारी^{F} के : to do anything off the ~ कोई चीज ≈ के करना. II. *v.t.* थप्पड़ मारना : I ~ed him on his head मैंने उसके सिर पर थप्पड़ मारा.

culprit कल्'प्रिट n^c. अपराधी, दोषी : this boy is a ~ यह लड़का ≈ है : the ~ is in the custody of the police ≈ पुलिस^F हिरासत^F में है; someone has broken my window, who is the ~ किसी ने मेरी खिड़की तोड़ दी है, ≈ कौन है ?

cultivate कल्'टिव़ेट *v.t.* 1. जुताई^F करना : to ~ the soil ज़मीन^F की ≈; he ~d the land to sow wheat उसने गेहूँ की बुवाई करने के लिए ज़मीन^F की जुताई की. 2. उगाना, खेती^{F} करना : to ~ crops, trees, etc. फ़सलों, पेड़ों आदि की खेती करना; he ~s vegetables वह सब्जियाँ^{F} उगाता है. 3. बढ़ाना, विकास करना : ~ a special taste विशेष स्वाद बढ़ाना; to ~ the mind मानसिक विकास करना; to ~ love of art कला^{F} से प्रेम बढ़ाना. 4. मेल-जोल बढ़ाना : she ~s her class fellows वह अपनी सहपाठिनियों से मेलजोल बढ़ाती है.

cultivated कल'टिवेटिड *a.* 1. जुता हुआ : ~ land जुती हुई ज़मीन. 2. शिष्ट : a very ~ young man बहुत ही ≈ नवयुवक. **cultivation** कल् टि व़े'शन n^c. 1. खेती^{F}, जुताई^F, कृषि^{F} : land under ~ कृषिभूमि^{F}, जुताई वाला खेत : ~ of cotton कपास की खेती^{F}. 2. (advancement) संवर्धन : ~ of friendship मैत्री^{F} का ≈, मित्रता^{F} बढ़ाना. 3. (refinement) संस्कार : ~ of manners आचार-व्यवहार का ≈. **cultivator** कल्'टिव़ेटर n^c. 1. कृषक, खेतिहर, किसान [backward पिछड़ा हुआ, hardworking परिश्रमी, poor गरीब]. 2. (machine) कर्षक-यंत्र : I have bought a ~ for agriculture मैंने खेती^{F}/कृषि के लिए एक ≈ खरीदा है.

cultural कल्'चरॅल *a.* सांस्कृतिक [crisis संकट, evolution विकास, influence प्रभाव]. **culture** कल्'चर n^c. 1. संस्कृति^{F} [ancient प्राचीन, Indian भारतीय, oriental पूर्वदेशीय]; the development of ~ ≈ का विकास; the centre of ~ ≈ का केन्द्र. 2. शील, शिष्टता^{F} : a man of great ~ अत्यधिक शिष्ट व्यक्ति, सुसंस्कृत व्यक्ति : he lacks ~ उसमें ≈ नहीं है. 3. संवर्धन, उत्पादन : I am learning about the ~ of tomatoes मैं टमाटर के ≈ के बारे में सीख रहा हूँ; ~ of flowers पुष्प-उत्पादन; fish ~ मत्स्य-पालन/संवर्धन.

cumbersome कम्'बरसम (also cumbrous, rare) *a.* बोझिल, भारी : the armour was so ~ that David could not move about with it on कवच इतना भारी था कि डेविड इसे पहनकर इधर-उधर चल-फिर नहीं सकता था.

cumulative क्यू'म्युलेटिव़ n^c. 1. सामूहिक [evidence साक्ष्य, effect प्रभाव, voting मतदान]. 2. क्रमशः बढ़ता हुआ [interest ब्याज, profit लाभ].

cunning क'निंग I. *a.* मक्कार, धूर्त : a ~ craftsman एक ≈ कारीगर; a ~ rascal एक ≈ बदमाश; a fox is ~ लोमड़ी ≈ होती है; a ~ trick चालाकी^{F}. II. n^c. चालाकी^{F}, मक्कारी^{F}, धूर्तता^{F} : I was astonished at his

~ उसकी ≈ पर मैं हैरान/चकित रह गया. [*ant.* artless]

cup कप *n*ᶜ. 1. प्याला, कप : a ~ of silver चाँदी^F का प्याला; tea ~ चाय का ≈; will you have another ~ of tea क्या आप दूसरा चाय का ≈ लेंगे? she dropped a set of ~s and broke it उसने ≈ का एक सेट गिराकर तोड़ दिया; add half a ~ of sugar आधा ≈ चीनी^F मिला लो. 2. कप (पुरस्कार) : the team won the cup टीम को पुरस्कार में ≈ मिला; they won the league ~ उन्होंने हॉकी में लीग ≈ जीता. **cupboard** क'बर्ड *n*ᶜ. आलमारी^F : a ~ for utensils बर्तन रखने की आलमारी; put the books back into the ~ and shut the door किताबें फिर से आलमारी^F में रख दो और दरवाज़ा बंद कर दो; take out cups from the ~ आलमारी से प्याले निकाल लो.

curable क्यु'रॅबल *a.* साध्य, चिकित्स्य : a ~ form of cancer कैंसर का साध्य रूप; if you have a ~ disease, you will be well again यदि आप की बीमारी^F ≈ है तो आप पुन: स्वस्थ हो जाएँगे.

curator क्युअ रे'टर *n*ᶜ. संग्रहाध्यक्ष, संग्रहपाल : ~ of collections संग्रहाध्यक्ष; ~is the person who is incharge of a museum ≈ वह व्यक्ति है जो एक संग्रहालय का प्रभारी होता है.

curb कर्ब **I.** *n*ᶜ. प्रतिबंध, रोकथाम^F : we shall have to put a ~ on his movements हमें उसकी गतिविधि^F पर रोक^F लगानी होगी; keep a ~ on your anger अपना गुस्सा काबू में रखो, अपने गुस्से पर काबू रखो. **II.** *v.t.* दबाना, नियंत्रित करना : to ~ anger गुस्से को ≈; you must ~ your desires तुम्हें अपनी इच्छाओं को नियंत्रित करना होगा; ~ your passions अपनी वासनाओं पर नियंत्रण रखो.

curd कर्ड *n*ᵘ. दही [fresh ताज़ा, sour खट्टा, sweet मीठा].

cure क्यु'अर **I.** *n*ᶜ. इलाज, उपचार [long लंबा, marvelous अद्भुत, gainful लाभदायक]; the only for arms disease ~ is yoga किसी बीमारी का केवल एक ≈ है योग; a new ~ for tuberculosis टी.बी./छयरोग का नया ≈; no effective ~ for this disease has been found out इस रोग का कोई प्रभावकारी ≈ नहीं पाया गया. **II.** *v.t.* **1.** चंगा करना, इलाज करना [immediately तुरंत, quickly तेज़ी से]; if you are sick, the doctor will ~ you यदि तुम बीमार हो तो डॉक्टर तुम्हें चंगा कर देगा; that medicine ~d me इस औषधि ने मुझे चंगा कर दिया; it ~d him of his constapation इससे उसकी कब्ज़^F का इलाज हो गया; to ~ wounds घावों को अच्छा करना; (passive) very soon he was ~ शीघ्र ही वह चंगा हो गया. **2.** उपाय करना, दूर करना : to ~ unemployment बेरोजगारी^F दूर करना; how can I ~ this habit of yours मैं आपकी यह आदत कैसे दूर कर सकता हूँ? discipline soon ~d his laziness अनुशासन ने शीघ्र ही उसकी सुस्ती^F को दूर कर दिया. **Δ what cannot be ~d must be endured** जिसका उपाय नहीं किया जा सकता उसे सहन करना पड़ता है.

curfew कर्'फ़्यू *n*ᶜ. कर्फ़्यू : to impose ~ कर्फ़्यू लगाना; to lift ~ ≈ उठा लेना; to relex ~ ≈ की अवधि^F कम करना; there is ~ in force from ten o'clock to night आज रात दस बजे से ≈ लागू है.

curio क्युअ'रिओ *n*ᶜ. अद्भुत् कलाकृति^F : some shops in Delhi deal in ~s only दिल्ली की कुछ दुकानें केवल पुरानी कलाकृतियों का व्यापार करती हैं.

curiosity क्युआरेऑ'सिटि *n*ᶜ. कुतूहल, जिज्ञासा^F : to burn with ~ जिज्ञासा^F से विह्वल होना; my ~ was fully aroused मेरा कुतूहल पूर्ण रूप से जाग उठा; she showed so much ~ about your family affairs उसने तुम्हारे पारिवारिक मामलों में इतनी जिज्ञासा दिखाई; Mary's ~ was aroused by mysterious things मैरी की जिज्ञासा रहस्यमय वस्तुओं के बारे में जागृत हो गई; I asked him out of ~ उससे मैंने कुतूहलवश पूछ लिया. **curious** क्युअ'रिअस *a.* **1.** उत्सुक, इच्छुक, जिज्ञासु : I am ~ to know what will happen next मैं जानने का ≈ हूँ कि इसके बाद क्या होगा; I am ~ to know if he will come मैं जानने के लिए ≈ हूँ कि वह आयेगा (या

नही); a ~ fellow एक ≈ व्यक्ति. **2.** विचित्र, अनूठा, अनोखा, निराला : a boy of ~ ideas विचित्र विचारों वाला लड़का; he has a ~ weapon in his suitcase उसके सूटकेस में एक विचित्र हथियार है; a ~ hut एक अनोखी झोपड़ी; a ~ invention एक ≈ आविष्कार.

curl कर्ल **I.** n^c. **1.** कुडल : a ~ of spring स्प्रिंग का ≈; ~ of a snake साँप की कुंडली^{F}. **2.** (of hair) घूंघर : her hair has beautiful ~s in it उसके बालों में सुंदर ≈ हैं. **II.** *v.t.i.* **1.** घुँघराले बनाना या होना : I wish that my hair would ~ like Roman Mary's मैं चाहता कि मेरे बाल रोमन मैरी के बालों की तरह घुँघराले होते. Δ **to make smb's hair ~** भयभीत करना : **~ up** भयभीत होना : she was ~ed up when saw a cobra उसने जब नाग देखा तो वह भयभीत हो गई. **2.** मोड़ना, मुड़ना : paper is ~ing in the heat of the fire कागज़ आग^F की गर्मी^{F} से मुड़ रहा है; her new clothes ~ed when she lay down on the bed उसके नये कपड़े मुड़ गये जब वह बिस्तर पर लेट गई. **3.** चक्कर खाना, लहराना : the smoke ~ed into the air धुँआ हवा^{F} में चक्कर खाता गया. **curly** कर्‌'लि *a.* (curlier, curliest) **1.** घुँघराला : she has ~ hair उसके बाल घुँघराले हैं. **2.** (wavy) तरंगित : ~ lines ≈ रेखाएँ^{F}.

currant कॅ'रन्ट n^u. किशमिश^F : we always put some ~ in a cake हम केक में सदा थोड़ी-सी ≈ डालते हैं; we have a black ~ bush in our garden हमारे बाग में एक काली किशमिश की झाड़ी^{F} है. [*as distinct from* current]

currency क'रन्सि n^c. **1.** सिक्का, मुद्रा^{F} : Indian ~ भारतीय मुद्रा; ~ note कागज़ी मुद्रा, नोट; the ~ of the U.S.A. अमेरिका की मुद्रा^{F}; metal is also used in ~ धातु^{F} का उपयोग भी मुद्रा के रूप में किया जाता है; hard ~ दुर्लभ मुद्रा (डालर, पौंड, मार्क आदि); soft ~ सुलभ मुद्रा (रुपया, रुबल आदि). **2.** n^u. चलन : to give ~ to rumours अफ़वाहें^{F} फैलाना; the ~ of such notes has now ceased ऐसे नोटों का ≈ अब बंद हो गया है.

current क'रन्ट **I.** *a* **1.** चालू [account खाता, deposit जमा, fashion फ़ैशन, market price बाज़ार दर^F, weak सप्ताह, year वर्ष]. **2.** वर्तमान [cost लागत^F, politics राजनीति^{F}, trend रुझान, views विचार]. **II.** n^c. धारा^{F}, प्रवाह, बहाव [slow मंद, strong तेज़, swift तेज़]; to swim against the ~ धारा^{F} के विपरीत तैरना; struggle with the ~ धारा से संघर्ष करना; to swim with the ~ धारा के साथ तैरना; the boat was carried away by the ~ धारा नाव^F को बहा ले गई; the ~ of a river नदी^{F} की धारा^{F}; the ~ of electricity विद्युत् धारा^{F}; the ~ of thoughts विचार-धारा; ~ of public opinion जनमत की धारा. [*as distinct from* currant]

curriculum क रि'क्युलम n^c. पाठ्यक्रम : they have changed the ~ उन्होंने ≈ बदल दिया है; the ~ in Hindi at the University विश्वविद्यालय में हिन्दी का ≈.

curry क'रि **I.** n^c. (*pl.* curries) कढ़ी, सालन : vegetable ~ takes little time to cook सब्जी^{F} की ≈ पकने में थोड़ा समय लगता है. **II.** *v.t.* (curries, curried) खरहरा करना : the syce curries his horse साईस अपने घोड़े का खरहरा करता है. Δ **to ~ favour with smb** खुशामद^F से किसी का कृपापात्र बनना.

curse कर्स **I.** n^c. शाप, अभिशाप : a washing machine can be a blessing or a ~ धुलाई की मशीन^F वरदान या ≈ हो सकती है; he remembered the witches' ~ उसने चुड़ैलों^{F} के शाप को याद रखा; to lay smb under a ~ किसी को ≈ देना. [*ant.* blessing, boon] **II.** *v.t.* शाप देना, कोसना : A Sadhu ~d him एक साधु ने उसे शाप दे दिया; he ~d himself when he failed in the examination जब परीक्षा^{F} में असफल रहा तो उसने अपने को कोसा; in his rage, he ~d and swore गुस्से में उसने शाप दिया और कस्में^{F} खाई; he ~d him in a bad temper उसने बदमिज़ाजी से उसे धिक्कारा; to ~ someone is to wish him harm किसी को शाप देना उसे नुकसान पहुँचाने की इच्छा^{F} करना है; to ~ is to use bad language शाप देना

अभद्र भाषा^{F} का प्रयोग करना है. [*ant*. bless] Δ ~ **with** से ग्रस्त : my mother is ~d with leprosy मेरी माँ कुष्टग्रस्त है.

cursory कर्'सरि *a*. सरसरी, चलता हुआ : a ~ inspection एक सरकारी परीक्षण : she gave him a ~ glance उसने इसे सरसरी नज़र से देखा. [*ant*. thorough]

curt कर्ट *a*. **1**. अत्यंत संक्षिप्त, दो टूक : ~ reply ≈ उत्तर; she is generally ~ in her replies वह प्राय: ≈ उत्तर देती है; I sent him a ~ note मैंने उसे एक अति संक्षिप्त नोट भेजा.

curtail कर् टेल' *v.t.* घटाना, काटना, कम करना : his movements have been ~ed उसकी गतिविधि^{F} घटा दी गई है; he had to ~ his programme उसे अपना कार्यक्रम कम करना पड़ा; I shall have to ~ my holidays मुझे अपनी छुट्टियाँ^{F} काट देनी होंगी (कम करनी होंगी).; ~ your expenditure अपना ख़र्च कम करो (घटाओ). **curtailment**कर्'टेल् मन्ट n^c. काट-छाँट^F; घटाव : ~ of privileges अधिकारों का घटाव.

curtain कर्'टन n^c. परदा : drop the ~ so that people can not see us through the window ≈ गिरा दो जिससे लोग खिड़की^{F} से हमें न देख सकें; window ~ खिड़की^{F} का ≈; draw the ~ aside पर्दे को एक किनारे हटा दो; the ~ rises, falls ≈ उठता है, गिरता है; the ~ came down at the end of the scene दृश्य के अंत में पटाक्षेप हो गया (परदा गिर गया). (fig.) ~ of smoke धुएँ का ≈.

curve कर्व़ **I**. n^c. वक्रता^{F}, घुमाव, मोड़ [dangerous खतरनाक, sharp तेज़, wide चौड़ा]; a ~ of a river or road नदी^{F} अथवा सड़क^F का ≈; to overtake one on the ~ किसी को मोड़ पर पीछे छोड़ना; the ~ s of her body उसके शरीर की वक्रता. **II**. *v.t.i.* मुड़ जाना : the road ~s to the left सड़क^F बाईं ओर^F मुड़ जाती है. the blacksmith ~d an iron rod लोहार ने लोहे का एक छड़ (झुका) दिया.

cushion कु'शन n^c. गद्दी^{F}, तोषक [hard सख़्त, silk रेशमी, soft कोमल]; after riding his bicycle all day he was glad to sit on a ~ दिन भर साइकिल चलाने के बाद जिम ≈ पर बैठने से प्रसन्न था; ~ of a chair कुर्सी^{F} की गद्दी^{F}.

custard कस्'टर्ड n^u. कस्टर्ड, फिरनी^{F} : we always have ~ with our pudding हम हमेशा अपने पुडिंग के साथ ≈ खाते हैं. ~ apple शरीफा (फल).

custodian कस् टो'डिअन n^c. अभिरक्षक, अभिभावक, रखवाला, निगरानी करने वाला : ~ of evacuee property निष्क्रांत लोगों की संपत्ति^{F} के ≈; ~ of public buildings सार्वजनिक भवनों का संरक्षक. **custody** कस्'टडि n^u. **1**. हिरासत^F : the accused is in police ~ अभियुक्त पुलिस^F की ≈ में है; the thief was taken into ~ चोर को ≈ में ले जाया गया; the prisoner was held in ~ कैदी हवालात^F में रखा गया. **2**. संरक्षण : he is in the safe ~ of her mother वह भली-भाँति अपनी माँ के ≈ में है; the father has the ~ of the child पिता बच्चों का ≈ करता है.

custom कस्'टम n^c. **1**. रिवाज, प्रथा^{F} [ancient प्राचीन, barbarous निर्दय, good अच्छा, local क्षेत्रीय, revered सम्माननीय, simple साधारण]; according to the ~ ≈ के अनुसार; to preserve the ~s of a country देश की प्रथाओं को बनाए रखना; to break the ~ ≈ तोड़ना (समाप्त करना); the ~ still exists यह ≈ अब भी अस्तित्व में है; it is the ~ to take off your cap in the school यह ≈ है कि विद्यालय में अपनी टोपी उतार लो; marriage ~ शादी^{F} का रिवाज. **2**. (only *pl.*) सीमा-शुल्क, सीमा-कर (also ~s duty) : ~s on import आयात-कर; ~s on export निर्यात-कर; ~ house सीमा-शुल्क कार्यालय; according to the rules we have first to pay ~s on the border नियमानुसार हमें सबसे पहले सीमा^{F} पर सीमा-शुल्क अदा करना पड़ता है. **3**. गाहकी^{F} : this shop has plenty of ~ उस दुकान^F की ≈^{F} (गाहक संख्या^{F}) बहुत है. **4**. अभ्यास, आदत^F : it was his ~ to go to sleep at 10 p.m. उसकी आदत थी रात दस बजे सो जाने की. **customary** कस्'टॅमरि *a*. **1**. आम, सामान्य : the mayor makes his ~ rounds of the city every week प्रत्येक

सप्ताह नगरप्रमुख नगर का ≈ दौरा लगाता है; it was a ~ act as usual हमेशा की तरह यह एक ≈ कार्य था. 2. रिवाजी, देश-चाल संबंधी : ~ law रिवाजी-कानून/परम्परागत कानून; ~ dignity and decorum प्रथागत मान-मर्यादा; he went for his ~ morning walk वह अपनी रिवाजी सुबह^F की सैर करने गया.

customer कस्‌'टॅमर *n*^{c}. ग्राहक, गाहक [dissatisfied असंतुष्ट, old पुराना, regular नियमित]; they began to lose their ~s वे अपने ग्राहकों को खोने लगे; we must first think of our ~s हमें पहले अपने ग्राहकों का ध्यान रखना चाहिए; the ~s were satisfied ≈ संतुष्ट थे; he is a funny ~ वह अजीब-सा ग्राहक है; that shop gets a lot of ~s उस दुकान^F पर बहुत-से ≈ आते हैं; the ~ paid the shop-keeper a fifty-rupee note ≈ ने दुकानदार को पचास रुपए का एक नोट दिया.

cut कट **I.** *v.t.* [*p.* & *p.p.* cut, *pr. p.* cutting] **1.** काटना, कतरना, ब्योंतना : he ~ his finger उसने अपनी उंगली काट ली; she ~ the meat and put it on the pan उसने मांस काटकर पैन में डाल दिया; ~ the paper काग़ज़ काटो; this saw ~s well यह आरी^{F} अच्छा काटती है; to ~ with a knife चाकू से ≈; they ~ down the trees उन्होंने पेड़ काट गिराए; to have one's hair ~ अपने बाल कटवाना. **2.** घटाना, कम करना : to ~ the story कहानी^{F} छोटी करना; to ~ prices मूल्य घटाना. **3.** अनुपस्थित रहना : he cut his classes today आज वह कक्षाओं^{F} में अनुपस्थित रहा. **4.** *v.i.* कटना : meat does not ~ well माँस अच्छी तरह नहीं कटता. Δ ~ **across** (i) पार करना : the car ~ across the little moped कार छोटे से मोपेड को पार कर गई; (ii) विरोध करना : his opinion ~ across mine उसका मत मेरे मत के विरुद्ध है; ~ a sorry figure भद्दा होना; ~ **at** मार करना : the hero ~ at the enemy with sword वीर ने शत्रु पर तलवार^F की मार^F की. ~ **back** कटौती करना : the govt. had to ~ back on its expenditure सरकार को अपने खर्च में कटौती करनी पड़ी; ~ **both ways** चित भी अपना पट भी अपना होना, दोनों विरोधी दशाओं में लाभ होना : his answer ~ both ways उसका जवाब दोनों दशाओं में लागू हो जाता है; ~ **down** (i) काट गिराना : he ~ down many trees उसने बहुत-से पेड़ काट गिराये; (ii) कम करना : you should ~ down your expenses तुम्हें अपने ख़र्च कम करने चाहिए; (iii) (pass) मारा जाना : the prince was ~ down at young age राजकुमार छोटी उम्र में मारा गया; ~ **down to size** महत्व कम करना; I'll cut him down to size मैं उसकी हेकड़ी^{F} निकाल दूँगा. ~ टोकना : she ~ in when mother was talking to smb जब माँ किसी से बात^F कर रही थी तो इसने बीच में टोक दिया. ~ **off** (i) काटकर अलग-थलग कर देना : several villages were ~ off by floods बाढ़^{F} से कई गाँव अलग-थलग हो गये; (ii) काट देना : communications were ~ off संचार कट गया; (iii) बंद कर देना : supplies were ~ off रसद^F बंद कर दी गई; ~ **out** हटा देना : ~ out unnecessary details अनावश्यक विवरण हटा दो; ~ **one's coat according to one's cloth** जितनी लम्बी चादर^F हो उतने ही पाँव फैलाओ; **to ~ one's losses** घाटे का धंधा बंद कर देना : **to ~ one's teeth in/into smth** कोई काम करके अनुभव प्राप्त करना; **to ~ smb cold** किसी की उपेक्षा^{F} करना : I came across Mr. K but he ~ me cold श्री क से मेरा सामना तो हुआ लेकिन उसने मेरी उपेक्षा कर दी; ~ **short** संक्षेप में समाप्त करना : please ~ short your lecture कृपया अपना व्याख्यान संक्षिप्त करके समाप्त कर दें; **to ~ to the quick** बात^F चुभना : my statement ~ him to the quick मेरा कथन उसे चुभ गया; **to ~ teeth** नये दाँत निकालना : the baby has ~ two teeth शिशु ने दो दाँत निकाले हैं; ~ **throat competition** घातक/घोर प्रतियोगिता^{F}; लाग-डॉट की प्रतियोगिता^{F}, गलाकाट मुकाबला : ~ throat competition between the boxers मुक्केबाजों की घातक प्रतियोगिता; ~ **up** (i) काटकर टुकड़े-टुकड़े कर देना : to ~ up a sheet of paper कागज़ का ताव काटकर टुकड़े-टुकड़े कर देना; (ii) धज्जियाँ^{F} उड़ाना : in the meeting his arguments were ~ up

बैठक^F में उसके तर्कों की धज्जियाँ उड़ाई गईं. **II.** n^c. **1.** (reduction) कटौती^{F} : ~ in wages मज़दूरी^{F} में कटौती; ~ in prices कीमतों^{F} में कटौती. **2.** (blow) प्रहार : ~ with a whip चाबुक का प्रहार. **3.** (wound) घाव : he received a ~ of his knife उसे अपने चाकू से ≈ हो गया. **4.** a short ~ to the school विद्यालय जाने का एक छोटा रास्ता.

cutlass कट्'लस n^c. कटार^F : seamen used to fight with a short curved sword called ~ नाविक लड़ने के लिए कुछ मुड़ी हुई छोटी-सी तलवार^F से लड़ा करते थे जिसे ≈ कहा जाता था.

cutlery कट'लरि n^u. छुरी-काँटा : who laid the ~ on the table छुरी-काँटे किसने मेज़ पर रखा ?

cutlet कट'लिट n^c. कटलेट : I like vegetable ~s with dinner मैं शाम^F के भोजन के साथ सब्जी^{F} के ≈ पसंद करता हूँ.

cwt. hundred weight.

cutting क'टिंग n^u. **1.** कलम^F : ~ of some plant किसी पौधे की ≈. **2.** कतरन^F : of a news from a paper कसी समाचार-पत्र से समाचार की ≈.

cycle साइ'कल **I.** n^c. **1.** चक्र; life ~ जीवन ≈; ~ of seasons ऋतुचक्र. **2.** घटना-चक्र : ~ of birth and death आवागमन. **3.** साइकिल^F : they bought the child a ~ in the fair मेले में उन्होंने बच्चे को एक ≈ खरीद दिया; a ~ shop ≈ की दुकान; my ~ is broken मेरी ≈ टूटी है. **II.** *v.t.* साइकिल पर चढ़ना; साइकिल चलाना : will you ~ to the school today क्या तुम आज साइकिल पर चढ़कर स्कूल जाओगे; he ~d uphill slowly वह पहाड़ी^{F} के ऊपर साइकिल धीरे-धीरे चला ले गया.

cyclone साइ'क्लोन n^c. अंधड़, तूफ़ान [rapid तेज़, violent उग्र]; the ~ damaged many houses and uprooted trees ≈ ने बहुत-से घरों को नुकसान पहुँचाया और वृक्षों को जड़ से उखाड़ दिया.

cylinder सि'लिन्डर n^c. बेलन, सिलेंडर : the gas ~ is leaking गैस का सिलेंडर लीक कर रहा है; they brought a ~ of oxygen for the patient वे रोगी के लिए आक्सीजन^F का ≈ लाए.

cymbal सिम्'बल n^c. झांझ, मजीरा, करताल : she plays the ~ वह मजीरा बजाती है. [*as distinct from* symbol]

D, d

D.A. dearness allowance.

dab डैब *v.t.* (-bb-) **1.** (हल्का-सा) हाथ फेरना, थपथपाना, थपकना : she ~ bed the child's wound उसने बच्चे के घाव को हल्का-सा थपथपाया; he ~bed her cheeks उसने उसके गालों पर हाथ फेरा. **2.** *v.i.* चोंच^F मारना : the crow ~bed at the apple कौवे ने सेब पर चोंच मारी. **3.** पुचारा देना.

dacoit ड कॉइट' n^c. डाकू, डकैत [armed सशस्त्र, ferocious वहशी, strong बलवान्]; the ~s looted her property डाकुओं ने उसकी संपत्ति^{F} लूट ली; the police killed the ~s in an encounter पुलिस^F ने एक मुठभेड़^{F} में डाकुओं को मार डाला. [*n.* dacoity डाका]

dad डैड, **daddy** डै'डि n^c. (*pl.* daddies) पिता, बाप, डैडी : ~ gave me pocket money पिताजी ने मुझे जेब-ख़र्च दिया; when can I see your ~ मैं तुम्हारे ≈ से कब मिल सकता हूँ ?

dagger डै'गर n^c. छुरा [big बड़ा, sharp तेज़]; the bold lady thrust her ~ into his chest निर्भीक महिला ने अपना ≈ उसकी छाती^{F} में भोंक दिया. Δ **be at ~s drawn** घोर शत्रुता^{F} होना : the old friends are now at ~s drawn पुराने दोस्त अब शत्रु हैं; to **look ~s at smb** किसी को क्रोध भरी दृष्टि^{F} से देखना.

daily डे'लि **I.** *a.* दैनिक [paper समाचार-पत्र, problems समस्याएँ^{F}, visits मुलाकातें^{F}, wage मज़दूरी^{F}]; ~ bread रोटी-रोज़ी^{F}; ~ servant अमानी पर काम करने वाला नौकर; he does his ~ work regularly वह अपना ≈ कार्य नियमपूर्वक करता है. **II.** *adv.* प्रतिदिन : I catch the bus ~ मैं प्रतिदिन बस^F पकड़ता हूँ; we milk the cow twice ~ हम प्रतिदिन दो बार गाय को दुहते हैं; this newspaper is published daily यह समाचार-पत्र प्रतिदिन प्रकाशित होता है; I receive several letters ~ मैं प्रतिदिन कई पत्र पाता हूँ. **III.** n^c. (*pl.* dailies) दैनिक समाचार-पत्र : the *Leader* is a ~ 'लीडर' ≈ है; we take two dailies and three weeklies हम दो दैनिक और तीन साप्ताहिक पत्र लेते हैं.

dainty डेन्'टि **I.** n^c. (*pl.* dainties) स्वादिष्ट भोजन : chocolate cake is a great ~ चाकलेट केक बहुत ≈ है. **II. 1.** स्वादिष्ट, मज़ेदार : ~ food ≈ भोजन. **2.** सुकुमार : a ~ little girl सुकुमार-सी बच्ची. [*ant.* coarse]

dairy डेॅअ'रि n^c. (*pl.* dairies) डेरी, दुग्धशाला^{F}, गोशाला^{F} [co-operative सहकारी, large बड़ी, private निजी, small छोटी]; you can also get butter and cheese from this ~ तुम इस ≈ से मक्खन और पनीर भी ले सकते हो. [*as distinct from* diary]

dais डे'इस n^c. मंच [raised ऊंचा/उठा हुआ, wooden लकड़ी का]; the teacher came to the ~ अध्यापक मंच के ऊपर आ गए.

dale डेल n^c. घाटी^{F} : a man of the ~s of Kashmir कश्मीर ≈ का आदमी. [see valley]

dam डैम n^c. बाँध : a pucca ~ पक्का ≈; this ~ on the Ganga was built by Akbar गंगा पर का यह ≈ अकबर ने बनवाया था. [*as distinct from* damn]

damage डै'मिज **I.** n^c. **1.** क्षति^{F}, नुकसान^F [heavy भारी, slight हल्का]; the flood caused ~ to crops बाढ़^{F} ने फ़सलों को ≈ पहुँचाया. **2.** (usu. *pl.*) हरजाना, क्षतिपूर्ति^{F} : I sued the company for ~s मैंने कंपनी^{F} पर क्षतिपूर्ति (हरजाने) का दावा किया. **II.** *v.t.* क्षति या हानि पहुँचाना, बिगाड़ना : he fell down and ~d his foot वह गिर गया और उसके पैरों को क्षति पहुँची; the car was ~d in an accident कार^F की एक दुर्घटना^{F} में क्षति हुई; frequently storms have been ~ing the mango garden तूफ़ान बहुधा आम के बगीचों को नुकसान पहुँचाते रहे हैं; how was your bicycle ~d तुम्हारी साइकिल कैसे क्षतिग्रस्त हो गई (टूट-फूट गई) ?

damn डैम *v.t.* **1.** निंदा^F करना, कटु आलोचना^F करना : his book was ~ed उसकी पुस्तक की निंदा या कटु आलोचना की गई; old ideas are ~ed पुराने विचारों की निंदा की जाती है. **2.** (swear) लानत भेजना, धिक्कारना : ~him उसे धिक्कार है; ~ your haughtiness धिक्कार है तुम्हारी अकड़^F को. **damned** डैम्ड *a.* **1.** निंदित, घृणित : a ~ book एक ≈ पुस्तक; a ~ man एक ≈ व्यक्ति. **2.** अत्यन्त; ~ hot बहुत ही गर्म; ~ fool ≈ मूर्ख; ~ funny बहुत ही अजीब. [*as distinct from* dam]

damp डैम्प **I.** *a.* नम, गीला [climate जलवायु^F, floor फ़र्श, wall दीवार]; air is ~ after rain बारिश^F के बाद हवा नम रहती है; your towel is ~ तुम्हारा तौलिया गीला है. [*ant.* dry] **II.** *n*^u. सीलन^F, नमी^F : don't go out in the ~ ≈ में बाहर मत जाओ. **dampen** डैम्'पन *v.t.* **1.** नम करना : the drizzle ~ed her clothes फुहार से उसके कपड़े गीले हो गये. **2.** (fig.) ठंडा करना : to ~ somebody's spirits किसी का उत्साह ठंडा करना. **dampness** डैम्'निस *n*^c. नमी^F : the ~ of the floor or walls फ़र्श या दीवारों की ≈; the rain causes ~ in our rooms बारिश^F से हमारे कमरों में ≈ हो जाती है.

dance डान्स **I.** *n*^c. नृत्य, नाच [classical शास्त्रीय, folk लोक, Indian भारतीय]; Katthak is my favourite ~ कत्थक मेरा प्रिय ≈ है; they met at a ~ वे किसी ≈ में मिले; may I have the next ~ with you? क्या मैं अगला नृत्य तुम्हारे साथ कर सकता हूँ ? **II.** *v.i.* नाचना, नृत्य करना : ~ together साथ-साथ ≈; to ~ smb's tune किसी के इशारे पर नाचना; ~ with joy ख़ुशी^F से नाच उठना. Δ **to ~ attendance on/upon** हाज़िरी^F बजा लाना, दरबारदारी^F करना. **dancer** डान्'सर *n*^c. नर्तक, नचैया [agile चुस्त, good अच्छा, ordinary मामूली]; the folk ~s were dancing in the hall लोक नर्तक नृत्य-शाला में नाच रहे थे.

dancing *a.* नाचनेवाला : ~ girl नाचने वाली, नर्तकी^F. ~ **hall** नाचघर *n*^u. नाच, नृत्य : I like ~ मैं नाच/नृत्य पसंद करता हूँ.

danger डेन्'जर *n*^c. ख़तरा [constant लगातार, great भारी, possible संभावित]; no ~ is possible in this situation इस स्थिति^F में कोई ≈ संभव नहीं है; he is in ~ of dying उसे मरने का ≈ है; ~ of floods बाढ़^F का ≈; you are in no ~ in this house तुम्हें इस घर में कोई ≈ नहीं है; out of ~ ख़तरे से बाहर; ~ of life जान का ≈; in case of ~ ख़तरा होने पर; run into ~ ख़तरे में पड़ना; corruption is a ~ to society भ्रष्टाचार समाज के लिए ≈ है. [*ant.* safety] **dangerous** डेन्'जॅरस *a.* ख़तरनाक [enemy शत्रु, game खेल, journey यात्रा^F, man आदमी, place स्थान, plan योजना^F, road सड़क^F, step कदम, way ढंग, work काम]; it may be ~ यह ≈ हो सकता है; it will be ~ for you to go alone तुम्हारा अकेले जाना ≈ होगा; although they knew it was ~, they deliberately climbed to the top of the cliff यद्यपि वे जानते थे कि यह ≈ है, फिर भी वे जान-बूझ कर खड़ी चट्टान^F के शिखर पर चढ़ गये. [*ant.* safe; *v.* endanger; *adv.* dangerously]

dare डेॅअर **I.** *v.i.* साहस या हिम्मत^F करना : I ~ say मैं कह सकता हूँ; he ~s not come here उसमें यहाँ आने का साहस नहीं है; I never dared (to) ask him उससे पूछने की मेरी हिम्मत^F नहीं हुई. **II.** *v.t.* सामना करना : he ~s danger/death वह ख़तरे/मौत^F का सामना कर सकता है (परवाह^F नहीं करता). ~ **devil** *n*^c. निर्भीक, निडर (person व्यक्ति) I dare say you are not at fault मैं मानता हूँ कि तुम्हारा दोष नहीं है. **daring** डेॅअ'रिंग; **I.** *n*^c. साहस : I admire his ~ मैं उसके साहस की सराहना^F करता हूँ. **II.** *a.* साहसी, निडर : ~ motorcyclist, player ≈ मोटरसाइकल-सवार, खिलाड़ी. [*ant.* timid]

dark डार्क **I.** *a.* (darker, darkest) **1.** अंधेरा, अंधकारपूर्ण [den गुफा^F, room कमरा]. **2.** काला [cloud बादल, colour रंग, glasses चश्मा, ~ hair काले बाल] ~ races काला रंग की जातियाँ^F. **3.** (various meanings in combination) ~ blue गहरा नीला, ~ green गहरा हरा; ~ future अंधकारमय भविष्य; ~ horse अज्ञात व्यक्ति; ~saying रहस्यमय वचन : ~ threat भयंकर धमकी^F.

II. *n*ᵘ. अंधेरा, अंधकार : it is ~ in this room इस कमरे में ≈ है; owls can see in the dark उल्लू ≈ में देख सकते हैं; at ~ संध्या^F के समय; after ~ सूर्यास्त के बाद; I stay at home after ~ सूर्यास्त के बाद मैं घर पर रहता हूँ. Δ **to be in the dark** (fig.) ज्ञान न होना : I am in the ~ about his programme मुझे उनके कार्यक्रम के बारे में कोई ज्ञान नहीं है; **to keep in the ~** कुछ न बताना : the government kept the public in the ~ सरकार^F ने जनता^F को अंधेरे में रखा (कुछ नहीं बताया). **darken** डार्'कन **I.** *v.i.* **1.** काला पड़ना : his face ~ed with long illness उसका चेहरा लंबी बीमारी^F से काला पड़ गया; the sky ~ed after sunset आकाश सूर्यास्त के बाद काला हो गया. **2.** (रंग) गहरा करना : ~ yellow paint on the window खिड़की^F के पेंट को गहरा कर दो. **II.** *v.t.* अंधकारमय बनाना; the death of her husband ~ed the life of the widow पति की मृत्यु से विधवा^F का जीवन अंधकारमय हो गया. Δ **never ~ my door again** यहाँ कभी लौटकर न आना. [*ant.* light; *n.* darkness अंधेरा]

darling डार्'लिङ्ग *a.* प्यारा [husband पति, child बच्चा]; ~ wife प्यारी पत्नी. *n*ᵘ. प्रियतम : ~, look at this baby प्रियतम/प्यारे (*fem*. प्रिये/प्यारी) इस शिशु को देखो; the ~ of the public जनता^F का प्यारा, जनता^F की आँखों^F का तारा.

darn डार्न **I.** *v.t.* रफू करना : the tailor ~ed my waistcoat दर्ज़ी ने मेरी वास्कट^F रफू कर दी : he ~ed a hole in my socks उसने मेरे मोज़े के एक सूराख़ को रफू कर दिया. **II.** *n*ᶜ. रफू : you can see a ~ on my pant तुम मेरी पैंट पर एक ≈ देख सकते हो.

dash डैश **I.** *v.t.i.* **1.** पटकना : he ~ed his head against the wall उसने अपना सिर दीवार^F पर पटक दिया : to ~ smth किसी चीज़ को पटककर टुकड़े-टुकड़े कर देना; the glass ~ed to pieces against the floor गिलास फ़र्श पर गिरकर टुकड़े-टुकड़े हो गया. **2.** लपककर पहुँचना : I must ~ (off) to catch the bus मैं बस^F पकड़ने के लिए लपककर पहुँचूँ; she ~ed forward वह आगे की ओर लपकी. **3.** दौड़ना-भागना : they have been ~ing all the day वे सारा दिन दौड़ते-भागते रहे हैं. **4.** टकराना : the waves are ~ing against the rock लहरें^F चट्टान^F से टकरा रही हैं; he ~ed against the wall वह दीवार^F से टकराया. **5.** पस्त करना : to ~ smb's hopes/spirits किसी की आशाओं^F/साहस को पस्त कर देना; the result ~ed my hopes इस परिणाम से मेरी आशाओं पर पानी फिर गया. **II.** *n*ᵘ. **1.** लपक^F, झपट^F : he left for home with a ~ वह लपक/झपट के साथ घर के लिए चल पड़ा. **2.** दौड़^F : a 100 metres ~ एक सौ मीटर की दौड़^F. **3.** छपछप^F : ~ of the water of a canal नहर^F के पानी की ≈. **4. to cut a ~** कोई भारी काम करना. **5.** साहस : a man of grit and ~ धैर्य और ≈ वाला व्यक्ति. **6.** *n*ᶜ. डैश : a ~ is longer than a hyphen ~ (—) योजक (-) से लंबा होता है.

dashing डै'शिंग *a.* जोशीला, तेज़ : ~ youngman जोशीला/तेज़ नवयुवक.

data डे'टा *n*ᶜ. (*pl.*) आधार-सामग्री^F, तथ्य : the data concerning population जनसंख्या^F से संबंधित ≈; ~ for research खोज^F की आधार-सामग्री.

date डेट **I.** *n*ᶜ. **1.** तिथि^F, तारीख़^F [definite निश्चित, next अगली, significant महत्त्वपूर्ण]; ~ of birth जन्मतिथि; what is the ~ today आज क्या तारीख है ? please write the ~ and month कृपया ≈ और महीना लिखिए; there was no ~on the document दस्तावेज़ पर कोई तारीख़ नहीं थी; the ~ was postponed ≈ स्थगित कर दी गई; ~ fixed नियत तिथि^F; closing ~ of the exhibition प्रदर्शनी^F की समापन तिथि^F; **out of ~ person** पुराणपंथी व्यक्ति; **out of ~ thing** अप्रचलित वस्तु^F; it is now out of ~ यह अब पुराना पड़ गया है; **up-to-~ person** बना-ठना व्यक्ति; **up-to-~ thing** नवीनतम वस्तु^F, नए चलन की वस्तु^F : to have a ~ with smb किसी से मिलने का समय निश्चित करना. **2.** (period) काल : ~ of some historical event किसी ऐतिहासिक घटना^F का ≈; a manuscript of early ~ प्राचीन ≈ की हस्तलिपि^F. **3.** (fruit) छुहारा,

खजूर^F. **II.** *v.t.* **1.** दिनांकित करना : to ~ a letter पत्र पर दिनांकन करना. **2.** काल-निर्धारण करना : it is difficult to ~ the Vedas वेदों का ≈ कठिन है. **~d** दिनांकित.

daub डॉब *v.t.* पोतना, लीपना, रंग थोपना : a wall ~ed with mud गारे से लीपी-पोती दीवार^F : to ~ with paint recklessly असावधानी^F से रंग छोपना.

daughter डॉ'टर *n*^c. पुत्री, बेटी [adopted दत्तक/गोद ली हुई, married विवाहित, only एकमात्र]; they have two daughters उनकी दो बेटियाँ हैं; the ~ has gone with her mother ≈ अपनी मां के साथ गई है. **~-in-law** (*pl.* ~s-in-law) पुत्र वधू, बहू, पतोहू : my son's wife is my ~-in-law मेरे बेटे की पत्नी मेरी ≈ है. [*masc.* son]

daunt डॉन्ट *v.t.* **1.** डराना, भयभीत करना : he felt ~ed by warnings वह चेतावनियों^F से भयभीत अनुभव कर रहा था. **2.** निरुत्साहित कर देना : nothing could ~ her उसे कोई बात^F निरुत्साहित नहीं कर सकी; she was not at all ~ed वह बिल्कुल निरुत्साहित नहीं हुई. [*ant.* encourage] **dauntless** *a.* निडर, निर्भीक [boy लड़का, scout बालचर, soldier सिपाही]. [*ant.* timid]

dawn डॉन **I.** *n*^uc. **1.** उषाकाल, भोर, सवेरा, तड़का : ~ is breaking पौ फट रही है; before ~ तड़के से पहले; ~ is coming सवेरा हो रहा था; from ~ to dark सूर्योदय से सूर्यास्त तक; the cock crows at ~ मुर्गा तड़के बाँग देता है; I wake up at ~ मैं सुबह सवेरे उठता हूँ. (fig.) **the ~ of the better life** अच्छे जीवन का प्रभात; **~ of civilization** सभ्यता^F का उषाकाल. **2.** प्रारम्भ, शुरुआत^F : it was the ~ of his success यह उसकी सफलता^F की शुरुआत थी. **II.** *v.i.* सूझना : **it ~ed upon** me मुझे यह सूझा.

day डे *n*^c. दिन, दिवस **1.** [beautiful सुन्दर, bright सुहाना, busy व्यस्त, cold ठंडा, evil बुरा, happy सुखी, hot गर्म, last अंतिम, long लंबा, pleasant सुहावना, quiet शांत, rainy बरसाती]; all the ~ सारा दिन, दिन-भर : he is busy all the day ~ वह ≈ व्यस्त रहता है; ~ in and ~ out लगातार सारा ≈; ~ by ~ ≈ पर ≈; he is recovering ~ by ~ वह ≈ पर ≈ चंगा हो रहा है; the other ~ अभी उस दिन; we work in the ~ हम ≈ में काम करते हैं; we work by the ~ हम दिन-दिन में काम करते हैं; five days ago पाँच ≈ पहले; the next ~ दूसरे/अगले दिन; three times a ~ ≈ में तीन बार; what ~ is it today आज कौन-सा ≈ है ? on some ~s किसी-किसी ≈; ~ and night रात-दिन; by the end of the ~ दिवसान्त पर; **independence ~** स्वतंत्रता दिवस; **republic ~** गणतंत्र दिवस; **victory ~** विजय दिवस; **every other ~** हर दूसरे ≈; **~ after ~** दिन-प्रतिदिन; it has not stopped raining for days कई दिनों से वर्षा^F नहीं रुकी है; **~ by ~** प्रतिदिन; ~ by ~ he is getting better ≈ वह अच्छा हो रहा है; we do not see them in the ~ time हम उन्हें ≈ के समय नहीं देखते; there are seven ~s in a week सप्ताह में सात दिन होते हैं. **2.** (usu. *pl.*) काल, समय, ज़माना : in my ~s it was difficult to do this मेरे समय में यह करना कठिन था; so was my ~ too मेरा भी इसी तरह का जमाना था. **3.** (in combinations) **~- break** तड़का, प्रभात, पौ फटने का समय; **~-labour** रोज़न्दार, दैनिक श्रमिक, दिहाड़ी पर मज़दूर; **~s of grace** रियायत^F के दिन, छूट^F के दिन; **~ of reckoning** लेखा-जोखा करने का दिन, कयामत का दिन; **~-light** धूप, दिन का प्रकाश : I was awake when ~ light came this morning जब दिन का प्रकाश हुआ तब मैं जाग गया था; how many hours of ~-light do you have in Srinagar श्रीनगर में तुम्हें धूप के कितने घंटे मिलते हैं in broad ~-light दिन-दहाड़े, खुल्लम-खुल्ला : he was robbed in broad ~ light वह दिन-दहाड़े लुट गया. [*ant.* night]

daze डेज़ *v.t.* घबरा देना, परेशान करना, चकरा देना : he was ~d by a blow एक प्रहार से वह घबरा/चकरा गया; ~d with grief शोक से घबराया हुआ; she was not ~d by the news वह समाचार से घबराई नहीं.

dazzle डै'ज़ल *v.t.* **1.** चौंधियाना : the lighting ~s the eyes बिजली आँखों^F को चौंधिया देती है; the glare ~ed the cyclist चकाचौंध से साइकिल सवार चौंधिया गया. **2.** चकित करना : i

was ~d to hear this news यह समाचार सुनकर मैं चकित रह गया. **dazzling** डै'ज़्लिंग *a.* चौंधिया देनेवाला : ~ light ≈ प्रकाश.

dbl. double.

D.C. direct current.

D.D.G. Deputy Director General उपमहानिदेशक.

de- *pref.* 1. (own) उलटा करना : decolour, dehydration, depress, defrost, demerit, depopulate, dethrone. 2. (away from)

dead डेॅड I. *a.* 1. मृत, मरा हुआ [body शरीर, person व्यक्ति]; he is ~ वह मर गया है. [*ant.* alive] 2. (various uses) ~ **account** बन्द खाता, निष्क्रिय खाता; ~ **calm** पूर्ण शांति : ~ **body** शव, लाश^F; ~**centre, point** स्थिर केंद्र, निष्कृत केंद्र : ~ **earnest** अत्यंत उत्सुक; ~ **end** बंद गली^F; ~ **hand** सुन्न हाथ; ~ **hours** आधी-रात^F; ~ **language** मृत/अप्रयुक्त भाषा^F; ~ **letter** (i) अज्ञात नामिक पत्र; (ii) अमान्य कानून; a ~ **letter office** लापता चिट्ठियों^F की जाँच का कार्यालय; ~ **line** अंतिम तिथि^F; ~ **load** अचल-भार, माल-भार; ~ **lock** गतिरोध; ~**loss** पूर्ण-हानि^F, कोरा-घाटा; ~ **reckoning** अंगगोली निर्धारण; ~ **sea** मृत-सागर; ~ **season** मंदा समय; ~ **shot** अचूक निशानेबाज़; ~ **silence** घोर सन्नाटा; ~ **slow** बिल्कुल धीरे; ~ **stock** बेकार माल; ~ **tired** थककर चूर; ~ **water** निश्चल जल; ~ **weight** बेकार, बोझमात्र : at the ~ **of night** आधी रात^F को, काफी रात^F गए, रात^F के सन्नाटे में; in the ~ of winter सख़्त सर्दी^F के दिनों में; she was ~ when they came जब वे आए तो वह मर गई थी; his parents are ~ उसके माँ-बाप मर गये हैं; he fell ~ वह मर गया; she was half ~ with fear वह भय से अधमरी हो गई; my grandfather was declared ~ मेरे बाबा को मृत घोषित किया गया. **deadly** डेॅड्'लि *a.* 1. घातक [blow प्रहार, enemy शत्रु, poison विष, weapon हथियार]. 2. अत्यंत : he is ~ serious वह अत्यंत गंभीर है; that picture was ~ dull वह सिनेमा ≈ नीरस था.

deaf डेॅफ़ *n*^c. 1. बहरा, बधिर a ~ and mute person ≈ और गूंगा आदमी; I called you three times, are you ~ ? मैंने तुमको तीन बार बुलाया, क्या तुम बहरे हो ? 2. सुनी-अनसुनी करने वाला, उपेक्षापूर्ण, बेपरवाह : to turn a ~ ear to smb's request किसी की प्रार्थना^F की उपेक्षा करना (ध्यान न देना); to fall on ~ears सुनवाई^F न होना; my request fell on ~ ears मेरी प्रार्थना^F की अनसुनी हो गई. **deafness** डेॅफ़'निस *n*^u. बहरापन, बधिरता^F : I have noted his ~ मैंने उसमें ≈ पाया.

deal डील I. *n*^u. 1. (bargain) सौदा, लेन-देन, क्रय-विक्रय : let us have a ~ हम सौदा कर लें. 2. (quantity) मात्रा^F, परिमाण : I had given you a great ~ of rice मैंने आपको अधिक मात्रा में (बहुत अधिक) चावल दिया था; I have to do a **good** ~ today तुझे आज बहुत कुछ करना है; he knows, talks **a great** ~ वह बहुत कुछ जानता है, बहुत बोलता है; the car costs a **great** ~ of money कार^F पर बहुत पैसा लगता है. 3. बँटाई^F, बाँट^F (of playing cards ताश^F की); whose ~ is it now अब ताश कौन बाँटेगा ? 4. a new ~ नई योजना^F. **a raw** ~ अन्यायपूर्ण व्यवहार. **II.** *v.t.* (*p. & p.p.* dealt) 1. बाँटना, देना : I will ~ the cards मैं ताश^F बाँटूंगा; God dealt him all happiness परमात्मा ने उसे सब कुछ दिया; he dealt a blow to her उसने उस पर प्रहार किया; to ~ justice न्याय करना; I dealt them fifty rupees each मैंने प्रत्येक को पचास रुपए दिए. 2. *v.t.* लेन-देन करना, व्यापार करना : the firm ~s **in** household goods यह कंपनी^F घरेलू सामान का व्यापार करती है; he ~s **with** his customers वह अपने ग्राहकों से लेन-देन करता है. 3. *v.i.* व्यवहार करना : he ~s well **with** his employees वह अपने नौकरों से अच्छा व्यवहार करता है.; I do not like to ~ **with** him मैं उससे कोई व्यवहार/सरोकार नहीं रखना चाहता. 4. प्रतिपादन करना : there is considerable literature ~ing **with** political science राजनीति विज्ञान का प्रतिपादन करने वाला पर्याप्त साहित्य उपलब्ध है. 5. संबंध होना : that clerk ~s with cement licence उस लिपिक का संबंध सीमेंट के लाइसेंस से है; to ~ with smb किसी से संबंध होना; I dealt at this store

for fifteen years मैं इस भण्डार का पंद्रह वर्ष गाहक रहा. **dealer** डी'लर *n*^c. व्यापारी, विक्रेता : ~ in cloth बजाज; he is ~ in utensils वह बर्तनों का ≈ है; second-hand books ~ पुरानी किताबों^F का ≈. **dealing** डी'लिंग *n*^c. (*pl.* ~s) **1.** बर्ताव, व्यवहार, वास्ता : we have no ~s with the boys हम लड़कों से कोई ≈ नहीं रखते; his ~s are fair उसका व्यवहार साफ़ है. **2.** व्यापार : I have had ~s with that firm मेरा उस प्रतिष्ठान से ≈ संबंध रहा है; ~ in future सट्टा खेलन.

dean डीन *n*^c. डीन, संकायाध्यक्ष : ~ of Arts Faculty कला संकाय का अध्यक्ष; every Faculty in this university has a ~ इस विश्वविद्यालय में हर संकाय का एक ≈ है.

dear डिअर *a.* **1.** प्रिय, प्यारा : the children were very ~ to him बच्चे उसे बहुत प्यारे थे; this tradition is ~ to English people यह परंपरा अंग्रेज लोगों को प्रिय है; my ~ friend मेरे प्रिय मित्र; he is my ~est friend वह मेरा सर्वप्रिय मित्र है; Dear Mr. Ganesh प्रियवर श्री गणेश; Dear Sir मान्यवर, महोदय. **2.** महँगा, कीमती : ~ shop महँगी दुकान; to buy, sell ~ ≈ ख़रीदना, बेचना; the gifts were not ~ उपहार कीमती नहीं थे; I think pounds are very ~ मैं समझता हूँ कि पौण्ड बहुत मँहगे हैं; those things are always ~er in winter वे वस्तुएँ^F जाड़े में हमेशा और महँगी होती हैं; that purchase is too ~ यह खरीद^F बेहद महँगी है; the coat is too ~, you have one cheaper कोट बहुत ही ≈ है, तुम्हें कोई सस्ता लेना चाहिए : the mistake proved ~ to him भूल उसे महँगी पड़ी. [*ant.* cheap; *as distinct from* deer] **dearness** डिअर'निस *n*^c. महँगाई : ~ of household goods घरेलू वस्तुओं की महँगाई^F. **~allowance** ≈ भत्ता.

dearth डर्थ *n*^c. कमी^F, तंगी^F, किल्लत^F : ~ of foods खाद्य पदार्थों की ≈; ~ of servants नौकरों की कमी; ~ of drinking water पेय जल की ≈. [*ant.* abundance]

death डेंथ *n*^c. मृत्यु^F, मौत^F, देहान्त [hastened शीघ्र, natural स्वाभाविक, sudden अचानक, terrible भयंकर, tragic दुःखद, unexpected अप्रत्याशित, untimely अकाल]; there were several deaths last week पिछले हफ़्ते कई मौतें हुईं; before his death उसकी मृत्यु के पहले; he was at the door/point of his ~ वह ≈ के कगार पर था; he was **sentenced to ~** उसे मृत्युदण्ड मिला; he was **beaten to ~** उसे पीट-पीट कर मार डाला गया; the prisoners were **put to ~** कैदियों को मृत्युदण्ड मिला; he died the ~ of a hero वह वीर की तरह मरा; I heard of his ~ when I got to his house जब मैं उसके घर पहुँचा तब मैंने उसकी ≈ के बारे में सुना; the ~ of his mother was sudden उसकी माँ की मृत्यु एकाएक हुई; the anniversary of one's ~ किसी के देहान्त की बरसी; his ~ was the result of an accident उसकी मृत्यु दुर्घटना^F के परिणामस्वरूप हुई. (combinations) **~aniversary** बरसी; **~bed** मृत्यु-शैया^F; **~blow** घातक प्रहार; **~ duty** मरण-शुल्क, मृत्युकर, मृतक की जायदाद^F पर लगने वाला कर; **~ knell** मृत्यु का घंटा; **~ rate** मृत्यु-दर^F; **~ sentence** मृत्यु-दण्ड, मौत की सज़ा^F; **~ trap** खतरनाक जगह^F; **~ warrant** मृत्यु दण्ड आज्ञापत्र, मौत^F का परवाना. [*ant.* birth, life]

debar डिबार' *v.t.* **1.** रोकना, रोक लगाना, प्रतिबंध लगाना : he was ~red from going to cinema उसे सिनेमा जाने से रोका गया. **2.** वंचित रखना : ~ a person from some privileges किसी व्यक्ति को किन्हीं अधिकारों से ≈; criminals should be debarred from voting अपराधियों को मताधिकार से वंचित कर देना चाहिए. [*ant.* allow]

debase डि बेस *v.t.* **1.** भ्रष्ट करना : to ~ one's character अपना चरित्र ≈; bad behaviour ~s a person बुरा व्यवहार व्यक्ति को भ्रष्ट कर देता है. **2.** (coin) खोट मिलाना; our rupee is ~d with aluminium हमारे रुपए में ऐलुमिनियम का खोट मिलाया गया है.

debate डि बेट' **I.** *v.t.* **1.** बहस^F करना, वाद-विवाद करना : the Parliament ~d this Bill संसद ने इस विधेयक पर बहस^F की, संसद् में विधेयक पर वाद-विवाद हुआ; this question should be ~d इस प्रश्न पर बहस होनी चाहिए. **2.** सोच-विचार करना : I ~d in my mind मैंने मन में विचार किया; ~ing with himself whether to go or not स्वयं

से विचार करना कि जाना है या नहीं. **II.** *n*[u]. वाद-विवाद, बहस[F] : a question under debate विवादग्रस्त प्रश्न; a ~ about the punishment for criminals अपराधियों के लिए दण्ड के बारे में वाद-विवाद; there will be a ~ in our school on this subject हमारे विद्यालय में इस विषय पर बहस[F] होगी.

debauch डि बॉच' **I.** *v.t.* बहकाना, भ्रष्ट कर देना, चरित्र बिगाड़ना : he was ~ed by bad company कुसंगति ने उसका चरित्र-भ्रष्ट कर दिया. **II.** *n*[c]. लंपट व्यक्ति : he is a ~ वह ≈ है.

debit डें'बिट **I.** *v.t.* नामे लिखना या डालना, नाम खाते डालना : to ~ smb किसी के ≈; to ~ smb with an amount किसी के नामे खाते कुछ रकम[F] डालना; he ~ed me with Rs. 50 for the book उसने किताब के पचास रुपए मेरे नामे लिख दिए. **II.** *n*[c]. नामे, विकलन : ~ account लेनदारी खाता, नामे खाता.

debt डेंट *n*[c]. ऋण [floating अस्थायी, great अधिक, heavy भारी]; to be **in** ~ ≈ ग्रस्त होना; he was heavily in ~ वह बहुत ≈ ग्रस्त था; he has a ~ of Rs. 500 उसे पाँच सौ रुपए का ≈ देना है; he was in ~ to all his friends वह अपने सभी मित्रों का ऋणी था; I owed him a ~ मैंने उससे ≈ ले रखा है; he always tried to keep out of ~ वह हमेशा अपने को ≈ से बचाने का प्रयास करता रहा है; he could not pay his ~s वह अपने ≈ चुकता नहीं कर सका; to pay off ~ ≈ उतारना; he is head over ears in ~ वह पूरा ≈ में डूबा है; to be in ~ ≈ ग्रस्त होना; to be out of ~ ≈ मुक्त होना. (fig.) **I shall ever remain in your ~** मैं आपका सदा आभारी रहूँगा. Δ **to pay the ~ of nature** मर जाना; **to run into ~** ऋण ले लेना. [*ant*. credit] **debtor** डें'टर *n*[c]. कर्ज़दार, ऋणी, देनदार : fifty per cent people in this village are ~s इस गाँव में पचास प्रतिशत लोग ≈ हैं. [*ant*. creditor]

Dec. December.

decade डि केड'/डें'केड *n*[c]. दशाब्दी[F], दस वर्ष : the number of students has increased five times during the last ~ पिछली ≈ के दौरान विद्यार्थियों की संख्या[F] पाँच गुणा बढ़ गई है; in the last four ~s पिछले चालीस वर्षों में; the last ~ of the twentieth century बीसवीं शताब्दी की अंतिम दशाब्दी (अर्थात् 1990-1999).

decay डि के' **I.** *v.t.* **1.** (passive in Hindi) क्षीण हो जाना, क्षय होना : ~ of one's strength, health बल, स्वास्थ्य का क्षीण होना; sweets ~ the teeth मिठाई से दाँत क्षीण होते हैं. **2.** सड़ना, बिगड़ना : the tree began to ~ पेड़ सड़ने लगा; when trees get old, they begin to ~ inside जब पेड़ पुराने हो जाते हैं, तो अंदर सड़ने लगते हैं. **II.** *n*[c]. **1.** ह्रास, पतन : ~ of British Empire ब्रिटिश साम्राज्य का ≈. **2.** ~ in health स्वास्थ्य में गिरावट. **3.** ~ in plants पौधों का सड़ना.

decease डि सीस' *n*[c]. (esp. in legal uses) मृत्यु[F], मौत[F], देहांत : on the ~ of his father उसके बाप की मौत पर; upon your ~ who will inherit the property तुम्हारी मृत्यु के बाद संपत्ति[F] का उत्तराधिकार किसको मिलेगा. [*as distinct from* disease] **deceased** डि सीस्ड' *n*[c]. मृत, दिवंगत, परलोकवासी : the ~ was a noted doctor मृतक व्यक्ति एक प्रसिद्ध डाक्टर था; his ~ father उसके दिवंगत पिता. [*ant*. living]

deceit डि सीट' *n*[c]. धोखा, कपट, छल-कपट : it was a mere ~ यह केवल ≈ था. **deceitful** डि सीट्'फुल *a.* कपटी, धोखेबाज़, छली : no one can trust a ~ person कोई भी ≈ व्यक्ति पर विश्वास नहीं कर सकता है. ~ **act** कपटपूर्ण कार्य. **deceive** डि सीव़' *v.t.* धोखा देना, ठगना : ~ cruelly निर्दयता से ≈; he tried to ~ us उसने हमें धोखा देने का प्रयास किया; we were ~d by his appearance हम उसकी शक्ल[F] से धोखा खा गए; to ~ oneself अपने को ≈; he would never ~ me वह मुझे कभी धोखा न देगा; he ~d his mother that he could not drive a car उसने अपनी माँ को धोखा दिया कि वह कार[F] नहीं चला सकता; you cannot ~ me तुम मुझे ठग नहीं सकते. **deceiver** डि सी'व़र *n*[c]. वंचक, ठग, छलिया, धोखेबाज़ : he was a great ~ वह बहुत बड़ा ≈ था. [also *n.* deception; *a.* deceptive]

December डि सें'म्'बर *n*[c]. दिसम्बर : ~ has 31

days ≈ में 31 दिन होते हैं; ~ is the 12th month of the year ≈ वर्ष का 12वाँ महीना होता है; I shall be in Delhi on ~ ten or on the 10th of December मैं दस दिसम्बर को या दिसंबर की दस तारीख को दिल्ली में हूँगा.

decency डी'सन्सि n^c. शिष्टता^{F}, शालीनता^{F} : you should have shown some ~ तुम्हें कुछ ≈ दिखानी चाहिए थी. (*pl.* ~ies) **decent** डी'सॅन्ट *a.* 1. (proper) उपयुक्त, उचित [job काम, meal खाना]. it was not considered ~ इसे उचित नहीं समझा गया. 2. (not immodest) शालीन, शिष्ट [behaviour व्यवहार, language भाषा^{F}, people लोग]. 3. (satisfactory) संतोषजनक, काफ़ी अच्छा [dinner खाना, house घर/मकान, welcome स्वागत]; your writing is fairly ~ तुम्हारी लिखावट^F काफ़ी अच्छी है. [*as distinct from* dissent ; *ant.* indecent]

deception डि सॅप्'शन n^c. (from deceive) धोखा, कपट, छल, पाखण्ड, दाँव, चाल : I escaped ~ मैं धोखा खाने से बच गया. **deceptive** डि सॅप्'टिव़ *a.* धोखे में डालने वाला, भुलावा देने वाला, भ्रम-जनक, भ्रामक [appearance रूप, scene दृष्य, things वस्तुएँ].

decide डि साइड*I.v.t.* निर्णय करना, निश्चय करना, फ़ैसला करना [definitely निश्चित रूप से, quickly तेज़ी से]; to ~ upon a date for interview साक्षात्कार के लिए तारीख़^{F} निश्चित करना; we cannot ~ such serious questions hastily ऐसे गंभीर प्रश्नों के बारे में हम जल्दबाजी में निर्णय नहीं ले सकते; I have not yet ~d where to go for the summer मैंने अभी यह फ़ैसला नहीं किया है कि गर्मियों^{F} में कहाँ जाना है; you must ~ one way or the other तुम्हें यह या वह करने का फ़ैसला करना होगा; it was ~d by the majority vote बहुमत से यह निर्णय किया गया. **II.** *v.i.* ~ upon/on a date तिथि नियत करना; they have ~d about it उन्होंने इस बारे में निश्चय कर लिया है what have you ~d on it तुमने इस बारे में क्या निर्णय किया है? the court. ~d in favour of the prisoner न्यायालय ने कैदी के पक्ष में निर्णय दिया; she has ~d to become an actress उसने अभिनेत्री बनने का निश्चय किया है; they did not ~ to go उन्होंने जाने का निश्चय नहीं किया. [*n.* decision निश्चय] **decided** डि साई'डिड *a.* 1. निश्चित, पक्का : a ~ answer निश्चित उत्तर; ~ difference निश्चित अंतर; his opinion is ~ उसका मत ≈ है. 2. स्पष्ट : ~ change ≈ परिवर्तन; ~ fact ≈ तथ्य. 3. (person) पक्का (व्यक्ति).

decimal डे'सिमल **I.** n^c. दशमलव : five ~ four (5.4) पाँच ≈ चार. **II.** *a.* दशमिक. ~ **point** दशमलव (.) ~ **system** दशमलव पद्धति^{F}/प्रणाली^{F} : ~ **coinage** सिक्के की दशमलव पद्धति^{F}, दशमिक पद्धति के सिक्के.

decision डि सि'ज़न n^c. 1. निर्णय, फ़ैसला, निश्चय [correct सही, definite निश्चित, final अंतिम, quick तेज़, sudden एकाएक, unanimous एकमत, wise विवेकपूर्ण]; to come to or take a ~ किसी निश्चय तक पहुँचना; we did not agree with the ~ हम निर्णय से सहमत नहीं हुए; you made a right ~ तुमने सही ≈ किया. what was the ~ on that question उस प्रश्न पर क्या निर्णय हुआ? the ~ rests with you निर्णय आप पर टिका है; the judge's ~ goes in his favour न्यायाधीश का निर्णय उसके पक्ष में है. 2. you should act with ~ तुम्हें पक्का काम करना चाहिए.

decisive डि साइ'सिव़ *a.* 1. निश्चायक, निर्णायक : ~ battle निर्णायक युद्ध; ~ influence निर्णायक प्रभाव; ~ moment of the debate वाद-विवाद का निर्णायक क्षण. 2. निश्चित : ~ advantage ≈ लाभ. 3. पक्का : he is ~ वह ≈ है. [*ant.* uncertain]

deck डॅक **I.** n^c. डेक, जहाज़ का खुला फर्श [broad चौड़ा, clean साफ़, slanting ढलुवाँ]; upper, middle, lower ~ ऊपरी, बीच का, निचला डेक; ~ crew ख़लासी लोग, ≈ के कर्मचारी; ~ passenger डॅक पर का यात्री; a double ~ bus दोमंज़िली बस^F; they went up the ~ वे ≈ के ऊपर चले गए; we looked down from the ~ हमने डॅक से नीचे की ओर देखा. Δ **on** ~ तैयार : clear the ~ जगह साफ़ करो या ख़ाली करो. **II.** *v.t.* सजाना, अलंकृत करना : she ~d herself in her finest clothes उसने स्वयं को सुन्दरतम वस्त्रों से सजाया; ~ the school hall with

buntings विद्यालय का बड़ा कमरा (हॉल) झण्डियों^{F} से अलंकृत करो या सजाओ.

declaim डि क्लेम' *v.t.* **1.** भाषण झाड़ना : the speaker ~ ed his views on dowry वक्ता ने दहेज़ पर अपने विचार बताए. **2.** ~ against dowry दहेज प्रथा^{F} की निंदा^{F} करना. **declamation** डॅक्लॅ मे'शन n^{c}. अलंकारपूर्ण भाषण : a violent ~ against the Government सरकार के विरुद्ध एक उग्र भाषण.

declaration डॅक्लॅ रे'शन n^{uc}. **1.** घोषणा^{F}, ऐलान : ~ of marriage विवाह की ≈ ; the king made a ~ of war राजा ने युद्ध की घोषणा^{F} की. **2.** (law) बयान : ~ of the plaintiff वादी का ≈. **declare** डि क्लॅअर' *v.t.* **1.** घोषित करना, ऐलान करना : Germany ~d war on England जर्मनी ने इंग्लैंण्ड पर युद्ध की घोषणा^{F} कर दी. **2.** बता देना, साफ़-साफ़ कह देना : she ~d her intention to marry उसने शादी^{F} करने का अपना इरादा बता दिया : he ~d that he would never return उसने साफ़-साफ़ कह दिया कि मैं कभी नहीं लौटूँगा; to ~ goods to the customs officers कस्टम अधिकारियों को अपने सामान के बारे में साफ़-साफ़ बता देना. **declared** डि क्लॅअर्ड *a.* **1.** घोषित : ~ policy ≈ नीति^{F}. **2.** माना हुआ : ~enemy, supporter ≈ शत्रु, समर्थक.

decline डि क्लाइन' **I.** n^{u}. ह्रास, पतन, गिरावट^{F} : to be on the ~ पतनोन्मुख होना; ~ and fall of the Mughal Empire मुगल साम्राज्य का ह्रास और पतन; there is a sharp ~ in the rate of interest ब्याज की दर^{F} में भारी गिरावट आई है. **II.** *v.i.* **1.** (bend) झुकना, ढालू होना : the road ~s here सड़क^{F} यहाँ ढालू है; this land ~s towards the river यह भूमि^{F} नदी^{F} तक ढालू है. **2.** *v.t.i.* अस्वीकार करना, इंकार करना : they wanted to make Chaddha the chairman but he ~ed वे चड्ढा को अध्यक्ष बनाना चाहते थे लेकिन उसने इंकार कर दिया; to ~ an invitation निमंत्रण अस्वीकार करना; the minister has ~d to make a statement मंत्री ने बयान देने से इंकार कर दिया है. **3.** उतार पर होना, कम होना, घटना : his influence/power has ~d उसका प्रभाव, उसकी शक्ति^{F} कम हो गई है; prices are declining कीमतें^{F} घट रही हैं; the number of boys at this school is declining इस स्कूल में बच्चों की संख्या कम हो रही है; his health has ~d उसका स्वास्थ्य गिर गया है.

decompose डी कम् पोज़' *v.t.i.* (decomposing) गलना, सड़ना : the vegetation is ~ing वनस्पतियाँ^{F} सड़ रहीं हैं; the dead body started ~ing शव गलने-सड़ने लग गया; heat decomposes fruit गर्मी फलों को सड़ा देती है.

decontrol डी कन् ट्रोल' *v.t.* नियंत्रण हटाना, रोक^{F} हटाना : the government has ~ed sugar सरकार^{F} ने चीनी^{F} पर से नियंत्रण हटा लिया है. [*ant.* control]

decorate डे कॅरेट' *v.t.* **1.** सजाना, अलंकृत करना : to ~ the interior of the house घर के आंतरिक भाग को ≈; they ~ their houses at Christmas time क्रिसमस के मौके पर वे अपने घरों को सजाते हैं; to ~ with flowers फूलों से सजाना; streets are ~d with flags गलियाँ^{F} झण्डियों^{F} से सजी हुई हैं. **2.** पदक देना, सम्मानित करना : the soldier is ~d for bravery सैनिक को बहादुरी के लिए सम्मानित किया जाता है. **decorated** डॅ'कॅरेटिड *a.* सुसज्जित : ~ room ≈ कमरा. **decoration** डॅकॅरे'शन n^{c}. **1.** सजावट^{F}, अलंकार [costly कीमती, modern आधुनिक, simple सादा/साधारण]. **2.** पदक, सम्मान, मैडल : to wear a ~ मैडल आदि पहनना; ~ of victory विजय पदक. **decorative** डॅकॅ रॅटिव़ *a.* सजावटी, आलंकारिक : ~ material ≈ सामान; ~ clothes ≈ कपड़े; ~ style of flowers फूलों की ≈ शैली^{F}.

decorous डॅकॅरस *a.* मर्यादित; सुरुचिपूर्ण : ~ behaviour ≈ व्यवहार; she behaved in a ~ manner उसने ≈ व्यवहार किया.

decrease डि क्रीस' **I.** *v.i.* काटना, घटाना, कम करना, कम हो जाना : our sales are ~ing हमारी बिक्री^{F} घट रही है; money ~s rapidly पैसा बहुत तेज़ी-से घटता है; the company has ~d the number of employees कंपनी ने मुलाज़िमों की संख्या^{F} घटा दी है. **II.** डीक् रीस' n^{c}. घटती^{F}, कमी^{F} : there has

been much ~ of students in the school विद्यालय में छात्रों की बहुत कमी हुई है; there has been some ~ in unemployment बेरोज़गारी में कुछ ≈ हुई है; ~ in sales बिक्री[F] में ≈. [*ant.* increase]

decree डि क्री' **I.** *n*[c]. डिगरी[F], आज्ञप्ति, आदेश : ~ authority आज्ञप्ति अधिकारी, ~ of divorce तलाक का आदेश; a government ~ fixed a new bank holiday सरकार[F] ने एक आज्ञप्ति द्वारा बैंक की एक नयी छुट्टी[F] निश्चित की है. **II.** *v.t.* डिगरी देना, निर्णय देना : it was decreed that the criminal be punished यह निर्णय हुआ कि अपराधी को दण्डित किया जाए.

dedicate डें'डिकेट *v.t.* **1.** समर्पण करना, सौंपना : the church is ~d to the worship of God गिरजाघर ईश्वर की पूजा[F] के लिए समर्पित है; to ~ one's life to some cause किसी उद्देश्य के लिए अपना जीवन समर्पित करना. **2.** न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना : a nurse ~d her life for the sick एक नर्स ने अपना जीवन रोगियों के लिए न्यौछावर कर दिया; to ~ one's service to mankind मानव जाति[F] के लिए अपनी सेवा[F] न्यौछावर करना. **dedication** डें डि के'शन *n*[cu]. समर्पण : ~ of a book to a friend किसी किताब[F] का मित्र को ≈; a scholar's ~ to research एक विद्वान का शोध के प्रति ≈; he was honoured for his ~ to duty उसको कर्तव्य के प्रति समर्पित रहने के लिए सम्मानित किया गया.

deduce डि ड्यूस' *v.t.* परिणाम निकालना, अनुमान करना, नतीजा निकालना : what do you ~ from these facts इन तथ्यों से तुम क्या परिणाम निकालते हो ? to ~ a conclusion logically तार्किक ढंग से निष्कर्ष निकालना.

deduct डि डक्ट' *v.t.* काटना, घटाना, निकाल देना : ~ six from nine and we get three नौ में से छह निकालें, तो हमें मिले तीन; I ~ed fifteen rupees from his pay मैंने उसके वेतन से पंद्रह रुपये काट लिए; five marks were ~ed for poor spelling अशुद्ध वर्तनी[F] के पाँच अंक कट गए. [*ant.* add] **deduction** डि डक्'शन *n*[c]. **1.** घटाव, कटौती[F] : problems of addition and ~ जमा और ≈ के सवाल; I made some ~ from his salary मैंने उसके वेतन से कुछ कटौती कर दी. [*ant.* addition] **2.** अनुमान, निगमन : all his ~ are correct उसके सब ≈ सही हैं. [*ant.* induction]

deed डीड *n*[c]. **1.** कार्य, कृत्य, काम : I have full faith in his word and ~ मुझे उसकी कथनी[F] और करनी[F] पर पूर्ण विश्वास है; brave ~ बहादुरी[F] का काम. **2.** दस्तावेज़ : to sign a ~ ≈ पर हस्ताक्षर करना; to draw up a ~ ≈ लिखना.

deem डीम *v.t.* समझना, मानना : I ~ it my duty मैं इसे अपना कर्तव्य मानता हूँ; he ~ed it wise to stay away उसने इससे दूर रहना बुद्धिमत्ता[F] समझा.

deep डीप *a.* **1.** गहरा, गहरी[F] [blue नीला, green हरा, pit गड्ढा, sea समुद्र, sorrow दुःख, study अध्ययन, well कुआँ/कूप, wound घाव]; ~ lake गहरी झील[F]; ~ river गहरी नदी[F]; ~ sleep गहरी नींद[F]; it made a ~ impression उसने गहरी छाप[F] छोड़ी; he made a ~ study of the question उसने इस प्रश्न का गहरा अध्ययन किया; he was ~ in his thought वह अपने गहरे विचारों में था; the water was knee ~ पानी घुटनों तक गहरा था. **2.** (serious) गंभीर : he was in ~ water वह ≈ कठिनाई में था; ~ reader ≈ पाठक; ~ thinker ≈ विचारक. **3.** (absorbed) मग्न, डूबा हुआ : **~ in debt** कर्ज़ में डूबा हुआ; ~ in study अध्ययन में मग्न. [*ant.* shallow; *n.* depth] **deepen** डी'पन *v.t.* (और) गहरा करना : ~ this hole इस सूराख को और गहरा करो; we should ~ the well हमें कुएँ को गहरा करना चाहिए. **deeply** डीप्'लि *adv.* **1.** गहराई[F] से, अत्यधिक गहराई[F] तक : to think ~ ≈ सोचना; he thought ~ about the matter उसने इस मामले पर ≈ विचार किया. **2.** ~ read बहुश्रुत; ~ rooted गहरा; ~ seated सुदृढ़, दुर्निवार्य. **3.** अत्यन्त : I am ~ interested मेरी बहुत रुचि[F] है.

deer डिअर *n*[c]. (same in *pl.*) हिरन, हरिण, मृग [swift तेज़, young बच्चा/छोटा, wild जंगली, wounded घायल]; to hunt a ~ ≈ का शिकार करना. [*as distinct from* dear]

de fac to डी फ़ैक्'टो *adv.* वस्तुतः असल में, वास्तव में : R is the manager in name, -

manager is Mr. K र तो नाममात्र का मैनेजर है, वास्तविक मैनेजर है श्री क.

defamation डीफ़ॅ मे 'शन n^{c}. मानहानि^{F}, बदनामी^{F} : a case of ~ ≈ का मामला; he was tried for ~ उस पर ≈ का मुकदमा चला. **defamatory** डि फ़ै'मॅटरि *a.* मानहानिकारी, अपमानजनक : ~ speech ≈ भाषण; ~ remarks ≈ टिप्पण. **defame** डि फ़ेम' *v.t.* मानहानि^{F} करना, बदनाम करना, लांछन लगाना : to ~ a person's character किसी व्यक्ति के चरित्र पर लांछन लगाना; to ~ somebody by spreading evil rumours बुरी अफवाहें^{F} फैलाकर किसी व्यक्ति को बदनाम करना.

defaulter डि फ़ॉल्'टर n^{c}. चूककर्ता : ~ in clearing accounts हिसाब चुकता करने में चूक करनेवाला; I am a ~ मेरे ज़िम्मे भुगतान बाकी है.

defeat डि_फ़ीट' **I.** n^{u}. **1.** हार^{F}, पराजय^{F} [complete पूरी, hard कड़ी]; the battle ended in the ~ of my enemy मेरे शत्रुओं की ≈ के साथ युद्ध समाप्त हुआ; to suffer ~ हार^{F} खाना; the reason of their ~ उनकी ≈ का कारण; they were threatened with the ~ उन्हें ≈ की धमकी^{F} दी गई. **2.** असफलता^{F} : ~ of the plans योजनाओं की ≈. [*ant.* victory] **II.** *v.t.* **1.** हराना, पराजित करना : he was ~ ed by a large army वह एक बड़ी सेना द्वारा पराजित हुआ; to ~ the opponent विरोधी को हरा देना; to ~ an enemy army शत्रु सेना^{F} को हराना; to ~ the rival team विरोधी टीम को ≈. **2.** विफल कर देना : the attack was ~ed आक्रमण विफल कर दिया गया; to ~ a plan योजना^{F} को ≈; the resolution was ~ ed by 45 votes प्रस्ताव पैंतालीस वोटों से रह/गिर गया.

defect डि फ़ॅक्ट' **I.** n^{c}. **1.** त्रुटि^{F}, ख़राबी^{F} : the machine has some ~ मशीन^{F} में कुछ ख़राबी है; ~ in the engine stopped the car इंजन की खराबी से कार^{F} रुक गई. **2.** दोष : there was some ~ in his character उसके चरित्र में कोई ≈ था. **II.** *v.i.* दूसरे दल या देश में शरण^{F} लेना; he ~ ed to the Opposition वह विरोधी दल में जा मिला; Mr. G ~ ed to U.S.A. श्री ग ने अमरीका में शरण^{F} ले ली. **defection** डि फ़ॅक्'शन n^{c}. (desertion) पक्ष/धर्म/कर्त्तव्य का त्याग : ~ of duty कर्त्तव्य का पालन न करना; ~ in Congress कांग्रेस पक्ष का त्याग. **defective** डि फ़ॅक्'टिव़ *a.* ख़राब, दोषपूर्ण : ~ hearing दोषयुक्त श्रवण; ~ plan दोषपूर्ण योजना^{F}; he is mentally ~ उसमें मानसिक दोष है. [*ant.* faultless]

defence डि फ़ॅन्स' **1.** सुरक्षा, प्रतिरक्षा^{F}, बचाव : ~ against attack आक्रमण से ~ ; ~ against cold wind ठंडी हवा^{F} से ≈; they hurried to our ~ वे हमारी रक्षा के लिए तुरंत आ गए; line of ~ सुरक्षा पंक्ति^{F}; it is no ~ against bullets यह गोलियों^{F} से रक्षा नहीं कर सकता. **2.** सफ़ाई^{F}, प्रतिवाद : if you have stolen something it is no ~ to say that you found it यदि तुमने कुछ चुराया है तो यह कहना कि तुमने इसे पाया है कोई सफ़ाई^{F} नहीं है; ~ of the defendant प्रतिवादी का प्रतिवाद; he has nothing to say in his own ~ उसे अपनी सफाई^{F} में कुछ नहीं कहना है. [*ant.* attack] **defend** डि फ़ॅन्ड' *v.t.* **1.** रक्षा करना, बचाव करना : he could hardly ~ himself against the heat बड़ी मुश्किल से वह गर्मी से स्वयं को बचा पाया; he ~ ed his friend from attack उसने अपने मित्र की आक्रमण से रक्षा^{F} की. **2.** (support) समर्थन करना : to ~ somebody who is participating in the debate किसी के विचारों का ≈ जो बहस^{F} में भाग ले रहा है. [*ant.* attack] **3.** (law) प्रतिवाद करना, सफ़ाई देना : he ~ ed himself against the accusation उसने अभियोजन के विरुद्ध सफ़ाई दी. **defender** डि फ़ॅन्'डर n^{c}. **1.** समर्थक, पक्षपोषक : ~ of policy नीति^{F} का ≈. **2.** प्रतिरक्षक : ~ of faith धर्म का ≈; ~ of the poor निर्धनों का ≈. **defensible** डि फ़ॅन'सॅबल *a.* **1.** उचित, समर्थनीय : ~ position ≈ स्थिति^{F}. **2.** प्रतिरक्षणीय : ~ party प्रतिरक्षणीय पक्ष; his action is ~ उसका काम ≈ है. **defensive** डि फ़ॅन्'सिव़ *a.* प्रतिरक्षात्मक, बचाव का : ~ position ≈ स्थिति^{F}; ~ war बचाव के लिए युद्ध, प्रतिरक्षणात्मक युद्ध; ~ armour प्रतिरक्षात्मक कवच. [*ant.* offensive]

defer डि फ़र' **1**. *v.t.* (deferred) स्थगित करना,

उठा रखना, टालना : to ~ the lesson till tomorrow पाठ को कल तक के लिए स्थगित करना; the action should be ~red for some time कुछ समय तक कार्रवाई[F] स्थगित रखनी चाहिए. **II.** *v.i.* स्वीकार करना, मान लेना, लिहाज़ करना : to ~ to smb's opinions किसी के विचारों को मान लेना; we ~ to the superiors' judgement हम वरिष्ठ जनों के निर्णयों का सम्मान करते हैं. **deference** डॆ'फ़रन्स *n*[c]. (respect) सम्मान, आदर : ~ to somebody's wishes किसी व्यक्ति की इच्छाओं[F] का ≈; to show ~ to smb किसी का ≈ करना; with due ~ to him उसका उचित ≈ करते हुए; to treat smb with great ~ किसी का बहुत आदर-सम्मान करना.

defiance डि फ़ाइ'अन्स *n*[c]. [from defy] **1.** (disobedience) अवज्ञा[F] : in ~ of orders आदेशों की ≈ करते हुए; in ~ of law कानून की ≈ करते हुए, **2.** (challenge) चुनौती[F] : to bid ~ to smb किसी को ≈ देना. **defiant** डि फ़ाइ'अन्ट *a.* अवज्ञापूर्ण : he is ~ of all rules वह सभी नियमों की अवज्ञा[F] करता है.

deficiency डि फ़ि'शन्सि *n*[c]. (*pl.* deficiencies) न्यूनता[F], कमी[F] : mental ~ मनोवैकल्प; ~ of food भोजन की ≈; ~ of Vitamin A विटामिन ए की ≈; ~ in necessary amount आवश्यक परिमाण में कमी; ~ of blood खून की ≈; there are many ~ies in this plan इस योजना[F] में कई कमियाँ/न्यूनताएँ हैं. **deficit** डॆ'फ़िसिट *a.* घाटा, नुकसान, (shortage) कमी[F], अभाव : ~ areas कमी वाले क्षेत्र, अभावग्रस्त क्षेत्र : ~ **budget** घाटे का बजट; ~ financing घाटे का बजट बनाना; ~ on revenue account आय या राजस्व या आमदनी खाते का घाटा; ~ spending ऋण लेकर ख़र्च करना; a ~ state घाटे या कमी वाला राज्य.

defile डि फ़ाइल' **I.** *v.t.* दूषित करना, गंदा करना, ख़राब करना : to ~ smb's good name किसी के सुयश को ≈; mud ~s water कीचड़ पानी को गंदा कर देता है; to ~ a temple किसी मंदिर को अपवित्र कर देना. **II.** *n*[c]. तंग रास्ता, संकीर्ण दर्रा : a ~ through mountains पर्वतों के बीच का तंग दर्रा.

define डि फ़ाइन' *v.t.* **1.** परिभाषा[F] देना, अर्थ निर्धारित करना/बताना : ~ the meaning of this word इस शब्द का अर्थ बताइए या इस शब्द की परिभाषा बताइए; ~ the word 'chemistry' 'रसायन शास्त्र' की परिभाषा बताइए. **2.** साफ़-साफ़ बताना : to ~ anything to smb किसी को कुछ बताना; to ~ one's attitude अपना दृष्टिकोण बताना. **3.** सीमा निर्देश करना, सीमांकन करना : to ~ a district किसी जिले की सीमा निर्दिष्ट करना; the powers of a magistrate are ~d मजिस्ट्रेट के अधिकार सीमांकित होते हैं. **definite** डॆ'फ़िनिट *a.* **1.** निश्चित, सुनिश्चित [amount राशि[F], answer उत्तर, attitude दृष्टिकोण, day दिन, opinion मत, plan योजना[F], place स्थान, policy नीति[F], purpose प्रयोजन, quantity मात्रा[F], time समय, way मार्ग]; for a ~ period निश्चित अवधि[F] के लिए; there is nothing ~ yet अभी कुछ ≈ नहीं है; there is nothing ~ in the world except death संसार में मृत्यु के अतिरिक्त कुछ भी ≈ नहीं है; it is not ~ what he likes यह ≈ नहीं है कि वह क्या चाहता है; there is nothing ~ about his service उसकी नौकरी के बारे में कुछ भी निश्चित[F] नहीं है. **2.** साफ़, ठीक : Dad's orders were quite ~ पिताजी के आदेश बिल्कुल स्पष्ट थे. [*ant.* vague] **definitely** डॆ'फ़ि नि टलि *adv.* **1.** निश्चित रूप से; साफ़ तौर पर : your reply was ~ good तुम्हारा उत्तर ≈ अच्छा था. **2.** अवश्य, बिल्कुल, पक्का : will he go? yes, ~ क्या वह जाएगा ? हाँ, अवश्य. **definition** डॆ'फ़ि नि'शन *n*[c]. परिभाषा[F], लक्षण: give the ~ of noun संज्ञा[F] की परिभाषा[F] बताइए; your ~ is not correct तुम्हारी ≈ सही नहीं है.

deflate डि फ़्लेट' *v.t.* **1.** (money) अपस्फीति[F] करना, (पैसे की पूर्ति) कम करना. **2.** हवा[F] निकालना: ~ a cycle tube साइकिल की ट्यूब से ≈. [*ant.* inflate]

deflower डी फ़्लाउअर' *v.t.* कौमार्य भंग करना : a young girl was ~d by ruffians बदमाशों ने एक युवती का कौमार्य भंग किया.

deform डी फ़ॉर्म' *v.t.* विरुपित या विकृत करना, बिगाड़ना : an accident has ~ed her body एक दुर्घटना ने[F] उसके शरीर को विरूपित

कर दिया है; heat ~s rubber गर्मी रबड़ को बिगाड़ देती है; his face was ~ed by burning जलने से उसका चेहरा विरूपित हो गया. **deformity** डि फ़ॉर'मिटि *n*ᶜ. विकृतिᶠ, विकार, विरूपताᶠ : ~ of a limb किसी अंग की विकृति : she looks charming in spite of her physical ~ शारीरिक = के रहते भी वह सुंदर लगती है.

defraud डि फ़्रॉड' *v.t.* कपट से लेना, धोखाधड़ी करना, ठगना, झांसा देकर लेना : he has ~ed himself by doing this act इस काम को करके उसने स्वयं को धोखा दिया है; ~ smb of smth किसी से कोई चीज़ᶠ धोखे से लेना; if you ~ someone's money you will be punished यदि तुम किसी का धन कपट से लेते हो तो तुम्हें दंड मिलेगा.

deft डेॅफ़्ट *a.* दक्ष, निपुण : ~ with one's fingers निपुण उँगलियों वाला; ~ in some art किसी कलाᶠ में =. [*ant.* clumsy]

defy डि फ़ाइ' *v.t.* (defied, defies, defying) 1. अवज्ञा करना, न मानना : to ~ the law कानून की अवहेलना करना; to ~ the teacher अध्यापक की अवज्ञा करना. 2. ललकारना, चुनौतीᶠ देना : they defied him to enter the lion's cage उन्होंने उसे शेर के पिंजरे में प्रवेश के लिए ललकारा : I defied him to prove my fault मेरा दोष प्रमाणित करने के लिए मैंने उसे चुनौती दी; to ~ the foe शत्रु को =. 3. न हो पाना : it ~ies description इसका वर्णन नहीं हो सकता; he defied capture वह पकड़ा नहीं जा सका.

deg. degree.

degenerate डि जेॅ'नॅरेट I. *v.i.* बिगड़ना, विकृत/भ्रष्ट हो जाना : that boy has ~d in bad company वह लड़का बुरी संगतिᶠ में (पड़कर) बिगड़ गया है; his beauty has ~d उसकी सुंदरताᶠ भ्रष्ट हो गई है. II. *a.* पतित, भ्रष्ट, गिरा हुआ : a ~ person पतित व्यक्ति; money has made him ~ पैसे ने उसे भ्रष्ट/पतित कर दिया है. **degeneration** डि जेॅनॅ रे'शन *n*ᵘ. अध:पतन, अधोगति : ~ of art कलाᶠ की अधोगति; ~ of character चरित्र का पतन. [*ant.* ameliorate, amelioration]

degrade डि ग्रेड' *v.t.* 1. दर्जा घटना, पदावनत करना : the sergeant was ~d to the lower rank सार्जेंट का दर्जा घटा दिया गया. 2. (debase) हल्का/छोटा करना : don't ~ yourself अपने को हल्का/छोटा मत करो. 3. (defame) बदनाम करना : to ~ oneself अपनी बदनामीᶠ कराना. **degraded** डि ग्रे'डिड *a.* गिरा हुआ, भ्रष्ट, पतित : a ~ character भ्रष्ट चरित्र; ~ person = व्यक्ति. **degrading** डि ग्रे'डिंग *n*ᶜ. अपमानजनक, निंदाजनक; this job is ~ यह काम = है.

degree डिग्री' *n*ᵘᶜ. 1. दर्जा, श्रेणीᶠ, कोटिᶠ : of high ~ ऊँचे दर्जे का; to a greater ~ उच्च कोटि तक; science has attained a high ~ of development विज्ञान विकास की उच्च अवस्थाᶠ को प्राप्त हो गया है; a man of high ~ उच्च श्रेणी/कोटि का व्यक्ति; to a certain ~ कुछ हद तक. 2. *n*ᶜ. अंश, मात्राᶠ, डिगरीᶠ : the thermometer stood at thirty ~s below zero थर्मामीटर ज़ीरो से तीस अंश नीचे था; the temperature today was two ~s below normal आज का तापमान सामान्य से दो डिगरी नीचे/कम था. 3. डिग्रीᶠ, उपाधिᶠ : he holds the ~ of doctor उसके पास डाक्टर की = है; the honorary ~ of doctor was conferred upon him उसे डाक्टर की मानद = प्रदान की गई; he took the ~ of B.A. at Oxford University उसने स्नातक की = ऑक्सफर्ड विश्वविद्यालय से प्राप्त की; ~ of Master of Arts स्नातकोत्तर =, एम. ए. की =.

dehydrate डी हाइड्रेट I. *v.t.* निर्जल करना, पानी सुखाना : to ~ grapes अंगूरों का पानी सुखाना. II. *v.i.* पानी सूखना : you will ~ if you have more motions यदि और दस्त आ गए तो तुम्हारे (शरीर का) पानी सूख जाएगा. **dehydration** डी हाइ ड्रे'शन *n*ᶜ. जलशून्य करने की क्रिया, पानी सुखाने की क्रिया, निर्जलीकरण : he is suffering from ~ उसके शरीर का पानी सूख गया है.

deify डी'इफ़ाइ *v.t.* (deified) देवता बनाना, देवत्व आरोपित करना : to ~ a hero वीरपूजाᶠ करना : the Egyptians deified some animals मिस्रवासियों ने कुछ जानवरों को देवता बना दिया; the natives deified a wooden idol आदिवासियों ने लकड़ी की मूर्ति में देवत्वारोपण किया; these days money has

been defied आजकल पैसे को देवता बना दिया गया है.

deign डेन *v.t.* कृपा^F करना, अनुग्रह करना : will you ~ to reply आप उत्तर देने की कृपा करें; he no longer ~s to see old friends वह अब पुराने मित्रों से मुलाकात करने की कृपा नहीं करता.

deity डी'इटि *n*^c. (deities) देवता, देवी-देवता : Hindu ~ हिंदू देवता; Greek deities यूनानी ≈; you should not dishonour the ~ तुम्हें देवी-देवता का अपमान नहीं करना चाहिए; I have an idol of a ~ मेरे पास एक देवता की मूर्ति^F है.

deject डि जेक्ट' *v.t.* उदास करना, जी तोड़ना : the loss of his money ~ed him पैसे की हानि^F ने उसे उदास कर दिया (उसका जी टूट गया); he is ~ed वह उदास है. **dejection** डि जें'क्शन *n*^c. उदासी^F, विषाद : his ~ is serious उसकी उदासी चिंताजनक है.

de jure डी जु'अरि *a.* विधिसम्मत : ~ ruler ≈ शासक [*ant. de facto*]

delay डि ले' **I.** *v.t.* **1.** देर^F करना, विलम्ब करना : I was ~ed at the office मुझे कार्यालय में देर हो गई; to ~ somebody किसी को देर कराना; you must not ~ in paying the school fee तुम्हें विद्यालय की फ़ीस देने में विलम्ब नहीं करना चाहिए; I am getting ~ed मुझे देर हो रही है. **2.** स्थगित करना, टाल देना : the plan had to be ~ed due to bad weather खराब मौसम के कारण योजना स्थगित करनी पड़ी; his illness ~ed the marriage उसकी बीमारी^F से योजना को स्थगित किया गया. **3.** रोकना : the train was ~ed by snow बर्फ़ के कारण गाड़ी^F रोक दी गई. **4.** बाधा^F डालना, रुकावट^F डालना : bad weather ~ed the construction work खराब मौसम ने निर्माणकार्य में बाधा^F डाल दी; to ~ the marriage शादी में बाधा^F डालना. **II.** *n*^c. देर^F, विलम्ब [considerable बहुत, slight कम, some कुछ]; two hours' ~ दो घंटे का विलंब; the ~ was due to engine-trouble विलंब इंजन की ख़राबी^F के कारण हुआ; it should be done without ~ यह अविलंब हो जाना चाहिए.

delegate डें'लिगिट **I.** *n*^c. प्रतिनिधि, प्रत्यायुक्त : our ~ at the conference सम्मेलन में हमारा ≈; to send ~s to the Congress कांग्रेस में ≈ भेजना; the ~s from France फ्रांस के ≈. **II.** *v.t.* प्रतिनिधि बनाना; (अधिकार) देना या सौंपना : I will ~ this work to you मैं यह काम तुम्हें/आपको सौंप दूँगा; to ~ power or authority शक्ति^F या अधिकार सौंपना; I have ~d Mr. J मैंने श्री ज को अपना प्रतिनिधि बनाया है. **delegation** डें'लि गे'शन *n*^c. प्रतिनिधि मंडल, शिष्ट मंडल [foreign विदेशी, trade व्यापारी, trade union's मज़दूर संघ का]; a foreign ~ met the Home Minister एक विदेशी ≈ गृहमंत्री से मिला.

delete डि लीट' *v.t.* काटना, निकाल देना, मिटा देना : ~ the obsolete words अप्रचलित शब्दों को निकाल दो; my name was ~d from the list of voters मतदाताओं की सूची^F से मेरा नाम काट दिया गया. [*ant.* insc..] **deletion** डि ली'शन *n*^c. विलोपन, विलोप : I applied for ~ of my deceased wife' name मैंने अपनी स्वर्गवासी पत्नी का नाम काट देने की प्रार्थना की.

deliberate डि लि बॅ'रिट **I.** *a.* **1.** जानबूझकर किया गया, सुविचारित ~ arrangement ≈ व्यवस्था^F : ~ silence ≈ मौन : ~ action ≈ कार्यवाही^F : ~ insult ≈ अपमान; a ~ kick जानबूझकर मारी गयी ठोकर^F. **2.** सावधान : a ~ person सावधान व्यक्ति. **II.** *v.i.t.* विचार-विमर्श करना, परामर्श करना : to ~ over a question प्रश्न पर ≈; we ~d how to start हमने सोच-विचार किया कि कैसे शुरू किया जाए. ~**ly** *adv.* जानबूझकर : he broke it ~ उसने इसे ≈ तोड़ दिया. **deliberation** डिलि बॅ रे'शन *n*^c. **1.** विचार-विमर्श, सोच-विचार : he spoke with ~ उसने सोच-विचार के साथ कहा; after ~ we came to this conclusion ≈ के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे; have you finished ~s क्या तुमने विचार-विमर्श समाप्त कर दिया है; our ~s were incomplete हमारा विचार-विमर्श अधूरा था. **2.** सावधानी^F : he walks with ~ वह सावधानी से चलता है.

delicacy डे'लिकॅसि **I.** *n*^uc. (delicacies) **1.** कोमलता^F, सुकुमारता^F, नज़ाकत^F : the

child's ~ बच्चे की ≈. 2. बारीकी^F, सूक्ष्मता^F: ~ of texture बुनावट^F की बारीकी^F. 3. कठिनाई : ~ of task कार्य की ≈. II. *n*^c. स्वादिष्ट खाद्य : Khir is considered to be a ~ खीर स्वादिष्ट खानों में समझी जाती है.

delicate डे'लिकॅट *a.* 1. सुकुमार, कोमल, मृदु [child बच्चा, complexion मुखराग, flower फूल]. 2. (exquisite) उत्कृष्ट, बढ़िया [colour रंग, silk रेशम, work काम]. 3. (other uses) ~ cloth बारीक कपड़ा; ~ health कमज़ोर तंदुरुस्ती^F; ~ living विलासपूर्ण जीवन; ~ situation, problem कठिन स्थिति^F, समस्या^F.

delicious डि लि'शस *a.* 1. सुखद, रुचिर, मनोहर : the humour in this book is ~ इस किताब में हास्य मनोहारी है. 2. सुस्वादु, स्वादिष्ट [food भोजन, mango आम, pudding हलवा].

delight डि लाइट' I. *n*^c. हर्ष, ख़ुशी^F, प्रसन्नता^F : the ~ of the children बच्चों की प्रसन्नता; the news was received with ~ समाचार प्रसन्नतापूर्वक पाया गया; I read your letter with ~ मैंने तुम्हारा पत्र प्रसन्नतापूर्वक पढ़ा. Δ **to take ~ in work** काम में आनंद लेना. II. *v.t.i.* आनंदित या हर्षित करना या होना, बहुत प्रसन्न करना या होना : I was ~ed to meet you मैं आपसे मिलकर बहुत प्रसन्न हुआ; we were all ~ed to hear the news हम सब समाचार सुनकर प्रसन्न हुए; she was ~ed with the gift वह उपहार से प्रसन्न थी; they were ~ed with everything they saw जो कुछ उन्होंने देखा, उस सबसे उनको प्रसन्नता^F हुई; we shall be ~ed to have you with us आपको अपने साथ पाकर हम सबको प्रसन्नता होगी; we were ~ed by her performance हम सब उसके प्रदर्शन से आनंदित हुए; she ~s **in** music वह संगीत में आनंद पाती है; he ~s **in** playing cards उसे ताश खेलने में आनंद आता है. **delightful** डि लाइट'फुल *a.* आनंदप्रद, सुखकर [book किताब^F, day दिन, dress ड्रेस/वस्त्र, film फिल्म^F, place स्थान, room कमरा, story कहानी^F, trip यात्रा^F, weather मौसम]; we spent a ~ evening there हमने वहाँ ≈ शाम^F व्यतीत की; a ~ entertainment ≈ मनोरंजन; he is a ~ person वह खुशमिज़ाज व्यक्ति है; it was a ~ concert यह ≈ संगीत-समारोह था.

delinquent डि लिन्'क्वन्ट I. *n*^c. 1. दोषी, पथभ्रष्ट : ~ boy ≈ बालक. 2. (in arrear) बकाया : ~ debt ≈ ऋण, ~account ≈ हिसाब; ~ loan ≈ उधार.

deliver डि लि'व़र *v.t.* 1. पहुँचाना : we can ~ all purchases at your house हम आपकी सारी ख़रीद^F आपके घर पहुँचा सकते हैं; did you ~ my message क्या तुमने मेरा संदेश पहुँचा दिया? 2. सौंपना : I have ~ed the charge of my office to Mr. P मैंने श्री प को अपने पद का कार्यभार सौंप दिया है. 3. बचाना : ~ from danger ख़तरे से ≈; to deliver from captivity कैद से छुड़ाना. 4. बाँटना, वितरण कराना : to ~ something which one has in one's possession किसी चीज^F का वितरण करना जो किसी के कब्ज़े में है; to ~ letters पत्र बाँटना. 5. देना : ~ a lecture/speech व्याख्यान/भाषण ≈. 6. प्रसव कराना, जन्म देना : she was ~ed **of** a child उसने एक बच्चे को जन्म दिया; the doctor ~ed the woman डाक्टर ने स्त्री से प्रसव कराया. 7. (other uses) to ~ goods अपनी ज़िम्मेदारी^F निभाना; she was ~ed **from** prison उसे जेल से छुटकारा दे दिया गया; to ~ a ball गेंद फेंकना; to ~ a blow प्रहार करना; to ~ judgement फ़ैसला सुनाना. **deliverance** डिलि'व़रंस *n*^c. मुक्ति^F, उद्धार : ~ from danger ख़तरे से मुक्ति^F; ~ from foes, prison शत्रुओं, जेल से मुक्ति. **delivery** डिलिव़'रि *n*^c. 1. प्रसव, पैदाइश^F : the child had a safe ~ बच्चे की पैदाइश (का प्रसव) सुरक्षित रूप से हुआ; the mother had safe ~ माँ ने बच्चे का सुरक्षित रूप से प्रसव किया; only a nurse was present at the time of ~ ≈ के समय केवल एक नर्स उपस्थित थी. 2. वितरण : postal ~ डाक का ≈. 3. (of goods) पहुँचाना, सुपुर्दगी^F : ~ of arms शस्त्र या हथियार पहुँचाना; ex-ship ~ जहाज़ पर सुपुर्दगी^F या माल देना; ex-warehouse ~ गोदाम पर सुपुर्दगी^F या माल देना; prompt ~ शीघ्र या अविलम्ब माल देना; ready ~ तत्काल सुपुर्दगी^F; spot ~ मौके या स्थान पर माल देना; take ~ माल छुड़ाना; forward ~ वायदे की सुपुर्दगी^F; give ~ माल देना या सौंपना. 4. (law) प्रदान, हस्तांतरण : ~ of property

संपत्ति का ≈. 5. (manner) शैली^F, ढंग : ~ of speech भाषण-शैली; a telling ~ प्रभावशाली ≈.

delta डेल'टॅ n^c. डेल्टा, दहाना : ~ of the Nile नील नदी^F का डेल्टा; there are several branches of the river at the ~ डेल्टा पर नदी^F की कई शाखाएँ होती हैं.

deluge डे'ल्यूज n^u. 1. भारी बाढ़^F, सैलाब : ~ as mentioned in the Puranas भारी/भीषण बाढ़ ज़ैसी पुराणों में वर्णित है. 2. (fig.) भरमार^F : ~ of letters पत्रों की ≈; ~ of questions प्रश्नों की ≈. 3. भारी वर्षा^F : don't go out in this ~ इस ≈ में बाहर मत जाओ. [*ant.* drought]

delusion डि ल्यू'यन n^c.1. भ्रांति^F, मोह, भ्रम : the patient was under the ~ that the doctor was trying to poison her रोगी (स्त्री) भ्रम में थी कि डाक्टर उसे विष देने की कोशिश क्रर रहा है. 2. भ्रम, धोखा : the man was under the ~ that he is the chief minister यह आदमी इस भ्रम/धोखे में था कि वह मुख्यमंत्री है.

demand डि मान्ड' I. n^c. माँग^F [just उचित, material आवश्यक, reasonable तर्कसंगत, sudden एकाएक]; ~ note माँग रुक्का; ~ and supply माँग और पूर्ति^F; ~ for higher wages ज्यादा मज़दूरी^F की माँग; the money will be paid back on ~ पैसा माँगे जाने पर पुनः चुकता किया जाएगा; there is a great ~ for books in our country हमारे देश में किताबों^F की बहुत ≈ है; new synthetic materials are in great ~ नए संश्लेषित सामानों की बहुत माँग है; income-tax ~ आयकर की ≈; such things are in less ~ इन वस्तुओं की कुछ कम ≈ है; there is a great ~ for builders in the new town नए शहर में मकान बनाने वाले ठेकेदारों की बहुत ≈ है; ~ for grants अनुदान की ≈; ~ loan or call loan उधार का रुपया जो तुरंत माँगा जा सके, उधार का रुपया जो माँगने पर तुरंत अदा करना होता है. II. *v.t.* माँगना, माँग करना : to ~ smth of smb किसी से कुछ माँगना; he ~ed that we should give him an immediate answer उसने माँग की कि हमें तुरंत उत्तर देना चाहिए; I am willing to pay whatever you ~ जो कुछ भी तुम माँगो मैं देने को इच्छुक हूँ; he ~ed high wages for the work उसने काम के लिए भारी मज़दूरी की माँग की. 2. आवश्यक होना, अपेक्षित होना, अपेक्षा^F करना : this ~s serious thought इस पर गंभीर विचार की आवश्यकता^F है; such problems ~ close attention ऐसी समस्याएँ^F अत्यधिक ध्यान की अपेक्षा करती हैं; we do not know what is ~ed of us हम नहीं जानते कि हमसे क्या अपेक्षा की गई है.

demarcate डी'मार्केट *v.t.* सीमांकन करना, सीमा या हद बाँधना : to ~ the sides of a field खेत की दिशाओं^F का सीमांकन करना. **demarcation** डी मार् के'शन n^c. सीमांकन; (also) line of ~ सीमा-रेखा^F; ~ disputes ≈ के झगड़े.

demerit डी में'रिट n^c. दोष, अवगुण : it was his ~ यह उसका ≈ था; merits and ~s of the ancient culture प्राचीन संस्कृति^F के गुण और ≈. [*ant.* merit]

demi *pref.* आधा, अर्द्ध : demigod, demi-official.

demise डि माइज़' n^u. मृत्यु^F, देहांत, निधन, मौत^F : on the ~ of Dev his son inherited the property देव की मृत्यु पर उसके लड़के को संपत्ति^F का उत्तराधिकार मिला. [*ant.* birth]

democracy डि मॉ'क्रॅसि n^c. लोकतंत्र, जनतंत्र (देश) : India is the largest ~ in the world भारत संसार में सबसे बड़ा ≈ देश है; ~ means government by the people, of the people, for the people ≈ का अर्थ है जनता^F द्वारा, जनता की, जनता के लिए सरकार [*ant.* autocracy] **democrat** डें मॅ'क्रैट n^c. लोकतंत्रवादी : Nehru was a staunch ~ नेहरू कट्टर ≈ थे. **democratic** डेंमॅ क्रै'टिक *a.* लोकतांत्रिक [country देश, government सरकार^F, institution संस्था^F, organisation संगठन, party दल/पार्टी^F, republic गणराज्य, views विचार]; a man of ~ spirit लोकतांत्रिक भावों वाला आदमी.

demolish डि मॉ'लिश *v.t.* 1. ढहाना, गिराना : the old buildings were ~ed पुरानी इमारतें^F गिरा दी गईं; the rain ~ed the house बरसात से घर गिर गया. 2. (fig.) we ~ed his arguments हमने उसके तर्कों को ध्वस्त कर

दिया. **demolition** डॆ मॅ लि'शन n^c. विध्वंस, विनाश : the committee ordered the ~ of that building समिति[F] ने उस भवन को ध्वस्त करने का आदेश दिया.

demon डी'मन n^c. (evil spirit) नरकदूत, भूत : he took the part of a wicked ~ in the play नाटक में उसने ≈ की भूमिका[F] अदा की; that child is a ~ वह बच्चा भूत है; she works as a ~ for her work वह अपना काम भूत की तरह करती है.

demonstrate डॆ'मन्स्ट्रेट *v.t.* 1. प्रदर्शन करना : the crowd ~d against the new law भीड़[F] ने नए कानून के विरोध में ≈ किया; the men ~d before the office of the D. M. लोगों ने डी. एम. कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया. 2. प्रतिपादित करना, सिद्ध करना : he ~d that the gas was injurious उसने सिद्ध किया कि यह गैस ख़तरनाक है : this ~s his wickedness इससे उसकी बदमाशी[F] सिद्ध होती है. **demonstration** डॆमॅन् स्ट्रे'शन n^c. प्रदर्शन [organised संगठित, spontaneous स्वाभाविक, tremendous शानदार]; it was a ~ against reservation policy यह आरक्षण नीति[F] के विरुद्ध ≈ था; ~ flight प्रदर्शन या परीक्षण के लिए उड़ान[F]; ~s took place in many cities against the government बहुत शहरों में सरकार[F] के विरुद्ध ≈ हुए. **demonstrator** डॆ'मॅन्स्ट्रेटर n^c. 1. प्रदर्शनकारी : the ~s were lathicharged प्रदर्शनकारियों पर लाठियाँ[F] बरसाई गईं. 2. प्रयोगशाला[F] का संचालक : she is a ~ in the chemistry laboratory वह रसायन प्रयोगशाला में संचालिका है.

demoralization डि मॉरॅ लाइ ज़े'शन n^c. 1. भ्रष्टीकरण, नैतिक पतन : ~ of an army सेना का नैतिक पतन. 2. उत्साह-भंग : ~ of a player खिलाड़ी का ≈. **demoralize** डि मॉ'रॅलाइज़ *v.t.* (morally) भ्रष्ट करना, बिगाड़ना, आचार-भ्रष्ट करना : that boy will ~ the whole class वह लड़का पूरी कक्षा को बिगाड़ देगा; continuous defeats have ~d the hockey team लगातार पराजय ने हाकी-टीम[F] को आचार-भ्रष्ट कर दिया है/निरुत्साहित कर दिया है.

demote डि मोट' *v.t.* पदावनत करना : an officer was ~d to lower rank एक अधिकारी को निचले पद पर लगा दिया गया; that boy was ~d to class IX उस लड़के को नौवें दर्जे में गिरा दिया गया है. [*n.* demotion पदावनति[F]]

demurrage डि मॅ'रिज n^c. विलंब-शुल्क : he has to pay Rs 8.00 as ~ उसे ≈ के रूप में आठ रुपए देने पड़े.

den डेन n^c. 1. (lair) माँद : lion's ~ शेर की ≈. 2. (cave) गुहा, गुफा : wild beasts' ~ जंगली जानवरों की ≈. 3. (haunt) अड्डा : thieves ~ चोरों का ≈. 4. (private room) कोठरी, छोटा कमरा : he came into my ~ for a chat वह मेरी कोठरी[F] में बातचीत[F] करने आया.

denial डि नाइ'अल n^c. (from deny) 1. न, नकार : I'll take no ~ मैं 'न' नहीं सुनूँगा. 2. (contradiction) खंडन, प्रतिवाद : the opposition made a ~ of charges विपक्ष ने आरोपों का ≈ किया. 3. (refusal) इंकार : I expected help from him but his ~ disappointed me मैं उससे सहायता की अपेक्षा करता था पर उसके ≈ ने मुझे निराश कर दिया. 4. अस्वीकृति[F] : ~ of his request उसकी प्रार्थना की ≈. [*ant.* acknowledgement, confirmation]

denote डि नोट' *v.t.* निर्दिष्ट करना, व्यक्त करना, बताना : what does this word ~ यह शब्द क्या व्यक्त करता है ? wings on his tunic ~ that he is a pilot उसके कुर्ते पर के पंख (चिह्न) यह निर्दिष्ट करते हैं कि वह पायलट है; his silence denotes that he is guilty उसकी चुप्पी का अर्थ है कि वह दोषी है.

denounce डि नॉउन्स' *v.t.* 1. रद्द करना, न मानना : to ~ a treaty संधि[F] ≈. 2. (to condemn) दोष मढ़ना, दोष लगाना, दोषी या मुजरिम ठहराना : he ~d them (as) traitors उसने उन पर द्रोही होने का दोष मढ़ा. 3. भर्त्सना करना, लताड़ना : the teacher ~d the boy who had stolen the book अध्यापक ने उस लड़के की भर्त्सना की जिसने किताब[F] चुराई थी. 4. शिकायत[F] करना : the boy ~d him to the headmaster लड़के ने प्रधानाध्यापक से उसकी शिकायत की.

dense डॆन्स *a.* 1. सघन, घना [forests जंगल, smoke धुँआ]; ~ clouds घने बादल; ~ fog घना कुहरा; ~ trees घने पेड़. 2. मूढ़, जड़मति,

ठस : ~ mind मूढ़ मन; the boy is ~ लड़का जड़मति है. [*ant.* thin] **density** डें'न्'सिटि n^{u}. सघनता^{F}, घनत्व : ~ of population घनी आबादी, आबादी का घनापन; ~ of fog कुहरे का घनापन.

dent डें'न्ट n^{c}. (छोटा) गड्ढा, पिचक, : a ~ on a car, utensil कार^{F}, बर्तन पर का ≈; a mark of ~ on the surface सतह^{F} पर ≈ का निशान.

dental डें'न्'टल *a.* दन्त्य, दाँत का; ~ sound दंत्य ध्वनि^{F} (जैसे द त); ~ consonant दंत्य व्यंजन (त थ द ध न स); ~ surgeon दाँतों का सर्जन; ~ decay दाँतों की क्षीणता^{F}. **dentist** डें'न्'टिस्ट n^{c}. दाँत-साज़, दंत-चिकित्सक : trained ~ प्रशिक्षित ≈; he has been a popular ~ वह एक प्रसिद्ध ≈ रहे हैं.

deny डि नाइ' *v.t.* (denied, denying) **1.** अस्वीकार करना, न मानना, इंकार करना : he denied that he had seen me उसने इंकार किया कि उसने मुझे देखा था; you cannot ~ that he has always been your friend तुम इस बात^{F} से इंकार नहीं कर सकते कि वह सदा तुम्हारा मित्र रहा है; there is no ~ing the fact इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता; the prisoner denied the charge कैदी ने आरोप का खंडन किया; she denies her daughter nothing वह अपनी बेटी को किसी चीज़^{F} (देने) से इंकार नहीं करती; he denied that the boy was his उसने इंकार किया कि लड़का उसका है; he denied the charge उसने आरोप को नहीं माना; to ~ the demand माँग को न मानना; I do not ~ that I have money मैं इंकार नहीं करता कि मेरे पास पैसा है; you cannot ~ that तुम उससे इंकार नहीं कर सकते; the man denied having lived in this house आदमी ने इंकार कर दिया कि मैं इस मकान में रहता था; he denies that it is so वह इस तरह की बात^{F} से इंकार करता है. **2.** मुकर जाना : he ~nied his word वह अपनी बात^{F} से मुकर गया. **3.** वंचित करना : I was denied all comforts मुझे सब सुविधाओं से वंचित किया गया. [*n.* denial *q.v.*]

depart डि पार्ट *v.i.* **1.** चले जाना, प्रस्थान करना, विदाई^{F} लेना : he ~ed for his journey वह अपनी यात्रा^{F} पर चल पड़ा; the train ~s at ten o'clock गाड़ी^{F} दस बजे छूट जाती है; to ~ from home घर से चले जाना. [*ant.* arrive] **2.** मर जाना : he ~ed from the world वह मर गया; she ~ed from life वह मर गई. **3.** हटकर काम करना : ~ from rules नियमों का उल्लंघन करना; we ~ed (from) the original plan हमने मूल योजना^{F} से हटकर काम किया. **departed** डि पार'टिड *a.* मृत, दिवंगत, स्वर्गीय : ~ soul दिवंगत आत्मा; ~ leader दिवंगत नेता; ~ relative स्वर्गीय संबंधी; the ~ दिवंगत व्यक्ति; the ~ was a great friend of mine दिवंगत व्यक्ति मेरा घनिष्ठ-मित्र था; the ~ were honoured दिवंगत व्यक्तियों को सम्मानित किया गया. [*n.* departure *q.v.*]

department डि पार्ट'मन्ट n^{c}. विभाग : ~ of history इतिहास ≈; police ~ पुलिस ≈; ~ of state विदेश मंत्रालय (अमरीका); women's clothing ~ औरतों के परिधान का ; ~ of physics and chemistry भौतिकी और रसायन ≈; foreign language ~ विदेशी-भाषा ≈ ; electricity ~ विद्युत ≈; education ~ शिक्षा ≈. **departmental** डी पार्ट में'न्'टल *a.* विभागीय; ~ examination ≈ परीक्षा^{F}; ~ promotion committee ≈ प्रोन्नति-समिति या पदोन्नति-समिति^{F}; ~ store बहुविभागीय भंडार.

departure डि पार'चर n^{c}. (from depart) **1.** विदाई^{F}, प्रस्थान, रवानगी^{F} : the ~ time of the flight उड़ान^{F} के छूटने का समय; the time of ~ of this train has been changed इस रेलगाड़ी^{F} के छूटने का समय बदल दिया गया है; to take one's ~ विदा होना, विदाई^{F} लेना [*ant.* arrival]. **2.** (deviation) उल्लंघन, अतिक्रमण : the ~ from truth सत्य से विचलन; ~ from rules नियमों का उल्लंघन; the new system is a ~ from the existing one वर्तमान पद्धति^{F} से नई पद्धति^{F} भिन्न है.

depend डि पें'न्ड' *v.i.* ~(on/upon) **1.** पर निर्भर या आश्रित होना [chiefly मुख्यतः, entirely पूरी तरह, solely केवल]; he does not ~ on me वह मुझ पर निर्भर नहीं है; it ~s on how hard you work इस बात^{F} पर

निर्भर करता है कि तुम कितना परिश्रम करते हो; he ~s on his father वह अपने पिता पर आश्रित है; I ~ on you for the money पैसे के लिए मैं आप पर निर्भर हूँ; the old man has to ~ on his children वृद्ध व्यक्ति को बच्चों पर आश्रित/निर्भर होना पड़ता है. **2.** (trust) विश्वास करना, भरोसा करना : ~ upon it इस बात^F का विश्वास/भरोसा रखो; you may ~ on him तुम उस पर भरोसा कर सकते हो; is he to be ~ed on क्या उस पर भरोसा करना है; I ~ **on** you मैं आप पर भरोसा करता हूँ; ~ **on** my help मेरी सहायता^F पर भरोसा रखो; will you attend his marriage? **it ~s** उसके विवाह में सम्मिलित होओगे? कुछ कह नहीं सकता या अभी कोई निश्चित नहीं है. **dependable** डि पें'न् 'डैबल *a.* विश्वसनीय, भरोसेयोग्य [employee नौकर, servant नौकर, workman कर्मी]; my son is ~ मेरा बेटा भरोसे योग्य है. **dependant** डि पें'न् 'डन्ट *n*^c. आश्रित (व्यक्ति) : there are five ~s of mine in the family परिवार में मेरे पाँच ≈ हैं. **dependence** डि पें'न् 'डन्स *n*^c. **1.** भरोसा, आसरा, सहारा : you can place ~ on his word तुम उसके वचन पर भरोसा कर सकते हो. **2.** आश्रय, निर्भरता^F : his ~ on his sons worries him पुत्रों पर अपनी निर्भरता उसे चिंतित करती है. [*ant.* in ~] **dependency** डि पें'न् 'डन्सि *n*^c. **1.** अधीन राज्य, आश्रित राज्य : there were several ~ies of some European countries in Africa अफ्रीका में कुछ यूरोपीय देशों के कई अधीन/आश्रित राज्य थे. **2.** (=dependence, but now rare) अधीनता^F, पराधीनता^F, निर्भरता^F. **dependent** डि पें'न् 'डन्ट *a.* **1.** निर्भर, आश्रित [area क्षेत्र, child शिशु]; a baby is ~ on its parents बच्चा अपने माता-पिता पर ≈ होता है; my father has three ~ children मेरे पिता के तीन आश्रित बच्चे हैं; he has been ~ on his elder brother वह अपने बड़े भाई पर ≈ रहा है. **2.** अधीन : ~ country ≈ देश. [*ant.* in ~]

depict डि पिक्ट' *v.t.* चित्रण करना, चित्रित करना, वर्णन करना : the poet ~ed the plight of the victims of the earthquake कवि ने भूकंप से पीड़ित लोगों का वर्णन/चित्रण किया है; the painting ~s a storm at sea यह चित्र समुद्र में आए तूफ़ान का चित्रण करता है. **depiction** डि पिक् 'शन *n*^uc. चित्रण : ~ of character, life चरित्र, जीवन का ≈.

deplorable डि प्लॉ 'रॅबल् *a.* खेदजनक, दुःखद : a ~ accident एक ≈ दुर्घटना^F; ~ behaviour ≈ व्यवहार; ~ condition बुरी दशा^F. **deplore** डि प्लॉर' *v.t.* **1.** खेद प्रकट करना, अफ़सोस करना, दुःखी होना : to ~ smb's ignorance किसी की अज्ञानता^F पर ≈; to ~ one's fate अपने भाग्य से दुःखी होना. **2.** निंदा^F करना, बुरा-भला कहना : one must ~ such an event ऐसी घटना^F की निंदा करनी चाहिए; his conduct is ~d by all उसके आचरण की सभी लोगों ने निंदा^F की.

deport डि पॉर्ट' *v.t.* **1.** निर्वासित करना, देश निकाला देना : undesirable aliens are ~ed by the government आवांछित विदेशी लोगों को सरकार^F देश से निकाल देती है; Chakmas are being ~ed from India to Bangladesh चकमा लोगों को भारत से बाहर बंगलादेश भेजा जा रहा है. **2.** आचरण करना : to ~ oneself with dignity प्रतिष्ठापूर्ण ≈. **deportation** डी पॉर् टे 'शन *n*^c. निर्वासन, देशनिकाला : ~ of suspected persons संदिग्ध व्यक्तियों का ≈; ~ on a charge of treason राष्ट्रदोह के आरोप पर ≈.

depose डि पोज़' *v.t.* **1.** पदच्युत करना, सिंहासनाच्युत करना, गद्दी^F से उतारना : the President was ~d by the army सेना ने राष्ट्रपति को गद्दी^F से उतार दिया; to ~ a King राजा को ≈. **2.** बयान देना : he ~d that the accused was there उसने बयान दिया कि अभियुक्त वहाँ (पर) था; the witness did not ~ that he had seen the man running away गवाह ने यह बयान नहीं दिया कि उसने आदमी को भागते हुए देखा था. [*n.* deposition]

deposit डि पॉ 'ज़िट **I.** *n*^c. **1.** जमाव : ~s of gold सोने का जमाव; ~ of mud in a well कुएँ में कीचड़ का ≈. **2.** जमा^F : fixed ~ स्थायी ≈; he has large ~s in the bank उसका बैंक में बहुत-सा पैसा जमा है; pay a ~ to reserve your room अपना कमरा आरक्षित कराने के लिए पैसा ≈ रखना; the

landlord demands a ~ मालिक मकान पैसा जमा रखने की माँग करता है. II. *v.t.* 1. जमा करना : to ~ money in the bank बैंक में पैसा ≈; the waves ~ed wreckage on the shore लहरों^F ने समुद्री किनारे पर मलबा जमा किया. 2. रख देना : he ~ed himself on the floor वह फर्श पर जमकर बैठ गया; please ~ these bricks on the roof कृपया ये ईंटें^F छत पर रख दो. **depositary** डि पॉ'ज़िटरि *n*^c. : अमानतदार, न्यासधारी [honest ईमानदार, reliable विश्वसनीय]. [cf. depository]

deposition डी पॅ ज़ि'शन *n*^c. (from depose) 1. पदच्युति^F, राज्यच्युति^F : ~ of manager प्रबंधक की पदच्युति; ~ of a King राजा की राज्यच्युति; ~ of the President by the army सेना^F द्वारा राष्ट्रपति की पदच्युति. 2. बयान : ~ in a court of law न्यायालय में दिया गया ≈.

depositor डि पॉ'ज़िटर *n*^c. जमाकर्ता : interest was paid to the ~s जमाकर्ताओं को ब्याज का भुगतान कर दिया गया. **depository** डि पॉ'ज़िटरि *n*^c. (*pl.* depositories) संग्रह-स्थान, भंडार : ~ of coins सिक्कों का संग्रह-करना. (fig.) that person is a ~ of knowledge वह व्यक्ति ज्ञान का भंडार है.

depot डि'पो, डे'पो *n*^c. डिपो, गोदाम, भंडार [book पुस्तक, ration राशन]; ~ is a store (house) of goods डिपो माल का भंडार होता है.

deprave डिप्रेव' *v.t.* भ्रष्ट करना, चरित्र बिगाड़ना : bad company has ~d him बुरी संगति^F ने उसे (उसका चरित्र) बिगाड़ दिया है, उसे भ्रष्ट कर दिया है.

deprecate डेप्'रिकेट *v.t.* की निंदा^F करना : we ~ bad manners हम बुरे आचरण की निंदा करते हैं; waste of money should be ~d धन नष्ट करने की निंदा होनी चाहिए; they issued a statement deprecating his mischief उसकी शरारत^F की निंदा करते हुए उन्होंने एक बयान जारी किया.

depreciate डि प्री'शिएट *v.t.* 1. मूल्य घटाना, अवमूल्यन करना : to ~ currency मुद्रा^F का ≈. 2. निंदा^F करना : to ~ smb's good qualities किसी के सदगुणों की ≈. [*ant.* appreciate] **depreciation** डि प्री शिए'शॅन *n*^c. 1. दाम गिरना, भाव गिरना, अवमूल्यन : ~ of money मुद्रा^F का अवमूल्यन; ~ **of property** संपत्ति^F का भाव/दाम गिरना. 2. घिसाई, घिसावट, टूट-फूट : ~ **fund** घिसाई^F की निधि^F, घिसाई कोष : ~ charges (मशीनों की) घिसाई या 'छीजन' या टूट-फूट का खर्चा. [*ant.* appreciation]

depress डि प्रेस्' *v.t.* 1. उदास करना, दिल तोड़ना : bad news ~es everybody बुरा समाचार हर किसी को उदास बनाता है (दिल तोड़ता है). 2. कम करना, मंद करना, घटाना : wages are ~ed मज़दूरी^F कम हो गई है; to ~ the market बाज़ार में कीमतें^F गिराना. 3. (press down) दबाना : to ~ a button for light प्रकाश/रोशनी^F के लिए बटन ≈. **depressed** डि प्रेस्ड' *a.* 1. दबाया हुआ, दलित : ~ class दलित वर्ग, हरिजन; ~ areas (व्यापार के) मंदी-क्षेत्र. 2. उदास, खिन्न, दुखी : I feel ~ मेरा दिल बैठा जा रहा है. 3. निम्न : this boy's language level is ~ इस लड़के की भाषा^F का स्तर ≈ है. **depressing** डि प्रे'सिंग *a.* निराशाजनक, दुःखदाई : a ~ news ≈ समाचार. **depression** डि प्रे'शन *n*^c. 1. (व्यापार) मंदी^F : ~ of prices मूल्यों का गिरना, कीमतों^F का मंदा होना; ~ of trade व्यापार की मंदी. 2. (मौसम) दबाव की कमी^F : ~ in air causes bad weather हवा^F में दबाव की कमी से मौसम खराब हो जाता है; a ~ means bad weather (हवा^F में) दबाव की कमी का अर्थ है बुरा मौसम; there was ~ over off the Bay of Bengal बंगाल की खाड़ी^F पर हवा^F के दबाव की कमी थी. 3. गड्ढा : ~s on the ground caused by rain बारिश^F से बने भूमि^F पर के गड्ढे. 4. उदासी^F, खिन्नता^F, विषाद : he is suffering from ~ वह ≈ का शिकार है.

deprive डि प्राइव़' *v.t.* से वंचित करना : to ~ a man of his rights किसी व्यक्ति को उसके अधिकारों ≈; she is ~d of eyesight वह दृष्टि^F से वंचित है (अंधी है); the landlord ~d the man of his house जमींदार ने आदमी को उसके घर से हटा दिया.

dept. department.

depth डेॅप्थ *v.t.* *n*^cu. (from deep) 1. गहराई^F :

what is the ~ of this lake इस झील[F] की ≈ कितनी है ? measure the ~ ≈ मापो. (fig.) ~ **of voice** आवाज़[F] की ≈. 2. गम्भीरता : ~ of mind मन की ≈. 3. गहनता[F] : ~ of study अध्ययन की ≈; ~ of the woods जंगल की ≈. 4. (other uses) in the of winter सर्दी[F] के मध्य में; in the ~ of despair घोर निराशा[F] में; ~ of ignorance घोर अज्ञानता[F]; in ~ पूरा; to study a report in ~ पूरी रिपोर्ट[F] पढ़ना.

deputation डें प्यू टे'शन *n*[c]. प्रतिनिधि-मंडल, शिष्ट-मंडल : we sent a ~ of four boys to see the headmaster हमने प्रधानाध्यापक से मिलने के लिए चार लड़कों का एक ≈ भेजा; a ~ met the minister एक ≈ मंत्री जी से मिला. **depute** डिप्यूट' *v.t.* प्रतिनिधि बनाकर भेजना : he ~d me as captain in his absence उसने अपनी अनुपस्थिति[F] में मुझे कप्तान बना दिया; to ~ one's power अपने अधिकार सौंपना (का प्रतिनिधि बनाना). **deputy** डें'प्युटि *a.* स्थानापन्न डिप्टी, उप, (*pl.* deputies) (ब्रिटेन में) संसद् सदस्य; ~ commissioner डिप्टी कमिश्नर, उपायुक्त; ~ High Commissioner उप-उच्चायुक्त, डिप्टी हाई कमिश्नर : ~ minister उपमंत्री; ~ secretary उपसचिव; speaker उपाध्यक्ष; Mr. L will be my ~ when I go on leave जब मैं छुट्टी पर जाऊंगा तो श्री ल मेरे स्थानापन्न होंगे.

derail डि रेल' *v.t.i.* पटरी से उतरना, उतारना : the train was ~ed गाड़ी[F] पटरी से उतर गई. **derailment** डिरेल'मन्ट *n*[u]. अवपतन : ~ of goods train मालगाड़ी[F] का ≈ (पटरी से उतर जाना); our train was late on account of the ~ near Kanpur कानपुर के निकट ≈ हो जाने के कारण हमारी गाड़ी[F] देर से पहुँची.

derange डिरेन्ज' *v.t.* 1. अस्त-व्यस्त कर देना; उलट-पुलट करना : on opening the door I found my personal effects ~d दरवाजा खोलने पर मुझे अपना निजी सामान अस्त-व्यस्त मिला; विक्षिप्त/पागल कर देना : her mind was permanently ~d उसका मस्तिष्क हमेशा के लिए पागल/विक्षिप्त हो गया. [*ant.* arrange]

deride डि राइड' *v.t.* उपहास करना, मज़ाक उड़ाना : to ~ a person किसी व्यक्ति का ≈; he ~d our suggestion उसने हमारे सुझाव का मज़ाक उड़ाया. **derision** डि रि'ज़न *n*[u]. मज़ाक, उपहास : to bring into ~ उपहास कराना; object of ~ ≈ का विषय; he was held in ~ उसका ≈ उड़ाया गया; his opinion was heard with ~ उसकी राय[F] उपहास करते सुनी गई.

derivation डें रि वें'शन *n*[c]. 1. व्युत्पत्ति[F] : what is the ~ of the word 'popularity' 'पापुलैरिटी' शब्द की ≈ क्या है ? 2. (descent) मूल, उत्पत्ति[F]; ~ of a race किसी जाति[F] का मूल. **derivative** डि रि'व़ॅटिव़ I. *a.* 1. व्युत्पन्न : ~ phrases ≈ पदबंध; ~ word ≈ शब्द. 2. (not original) अमौलिक, नकली, कृत्रिम : ~ paintings ≈ चित्र. II. *n*[c]. व्युत्पन्न शब्द : 'talkative' is a ~ of 'talk' 'बातूनी' 'बात' से व्युत्पन्न शब्द है. **derive** डि राइव़' *v.t.i.* 1. प्राप्त करना, पाना : to ~ benefit लाभ ≈; to ~ pleasure from music संगीत से आनंद ≈; to ~ water from well कुएँ से पानी ≈, लेना. 2. व्युत्पत्ति होना : this word is ~d from Latin इस शब्द की व्युत्पत्ति लैटिन से है.

derogatory डि रॉ'गैटरि *a.* अपमानजनक, अनादर सूचक [remarks टिप्पण, statement वक्तव्य]; ~ to one's dignity किसी की प्रतिष्ठा[F] के लिए अपमानजनक; 'quack' is a ~ word for a doctor डाक्टर के लिए 'कठवैद्य' शब्द ≈ है. [*ant.* appreciative]

descend डि सेंन्ड' *v.t.i.* 1. उतरना, नीचे आना : she ~ed the stairs वह सीढ़ियों[F] से नीचे उतर गई; to ~ from a hill पहाड़ी[F] से उतरना; he ~ed to abusing वह गालियाँ देने पर उतर आया. [*ant.* ascend]. 2. गिरना : to ~ to a low level निम्न स्तर तक गिर जाना; he has ~ed to the act of roguery वह बदमाशी[F] पर उतर आया. 3. टूट पड़ना, अचानक हमला कर देना, छा जाना : the troops ~ed on the town सेनाएँ शहर पर टूट पड़ीं (छा गईं); the girls ~ed on the cake लड़कियाँ केक पर टूट पड़ीं. 4. वंशक्रम से प्राप्त होना, उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त होना : he is ~ed from a noble family वह एक कुलीन परिवार का वंशज है (में उत्पन्न हुआ है); the property ~ed from father to the son संपत्ति[F] पिता

से पुत्र को उत्तराधिकार में प्राप्त हुई. Δ ~ **on** आ धमकना : the whole family ~ed on us सारा परिवार हमारे यहाँ आ धमका; ~ **to** गिरना, उतर आना : it is strange that he ~ed to stealing यह अजीब बात है कि वह चोरी करने पर उतर आया. **descendant** डि सें न्'डन्ट *n*ᶜ. वंशज, संतान, औलाद : Churchill was a ~ of the famous Duke of Marlborough चर्चिल प्रसिद्ध ड्यूक आफ़ मार्लबारो के वंशज थे. [*ant.* ancestor]. **descending** डि सें न्'डिंग *a.* अवरोही, घटता हुआ : ~order ≈ क्रम, घटता हुआ क्रम, जैसे 4, 3, 2, 1. [*ant.* ascending]

descent डि सेंन्ट' *n*ᶜ. 1. उतार, अवरोहण : we made a rapid ~ हम सब बहुत तेज़ी-से उतर आये; the road makes a sharp ~ to the Ganga सड़क तीखे उतार से गंगाजी को जाती है. 2. हमला, आक्रमण : the enemy made a sudden ~ on the town शत्रुओं ने शहर पर एकाएक ≈ किया. [*ant.* ascent, rise] 3. (lineage) वंश, वंशानुक्रम : collateral ~ सगोत्र वंशानुक्रम; lineal ~ पैतृक वंशानुक्रम; noble ~ कुलीन वंश. 4. (declivity) ढालᶠ, ढलानᶠ : a ~ on the road सड़कᶠ पर की ढलान. 5. अवनतिᶠ, पतन : his ~ to a criminal life उसके अपराधी हो जाने का पतन.

describe डिस् क्राइब' *v.t.* वर्णन करना, बताना [clearly स्पष्टत : exactly हूबहू]; to ~ a place किसी स्थान का वर्णन करना; I cannot ~ her beauty मैं उसके सौंदर्य का वर्णन नहीं कर सकता; he was ~d as a man of uncommon will power वह असाधारण इच्छाशक्ति के पुरुष के रूप में वर्णित किया गया; to ~ a fair मेले का वर्णन करना; he ~s himself as an officer वह अपने को एक अधिकारी बताता है.

description डिस् क्रिप्'शन *n*ᶜ. 1. वर्णन, चित्रण [brief संक्षिप्त, detailed विस्तृत, humorous हास्यजनक, short संक्षिप्त, vivid स्पष्ट]; it is beyond ~ यह वर्णनातीत है; a good ~ of the accident दुर्घटनाᶠ का अच्छा चित्रण. 2. (kind) प्रकारᶠ, तरहᶠ : there was no fruit of any ~ वहाँ किसी प्रकार का फल नहीं था; he should have a weapon of some ~ उसके पास किसी प्रकार का हथियार होना चाहिए. 3. (personal ~) हुलिया : the man answered to the ~ they had received उस आदमी का ≈ वही था जो उन्हें मिला था. **descriptive** डिस् क्रिप'टिव़ *a.* वर्णनात्मक : ~ essay ≈ निबन्ध; ~ writing ≈ लेखन; ~ writer ≈ लेखक; ~ grammar ≈ व्याकरण.

desert डें'ज़र्ट I. *n*ᶜ. मरुस्थल, मरुभूमिᶠ, रेगिस्तान: to live in the ~ ≈ में रहना; to cross the ~ ≈ पार करना; the ~ in Rajasthan राजस्थान की मरुभूमिᶠ. II. *v.t.* (डि ज़र्ट') साथ छोड़ देना, छोड़ भागना, त्याग देना : she ~d her children उसने अपने बच्चों को त्याग दिया; ~ that friend उस मित्र का साथ छोड़ दो, the wife ~ed her husband पत्नी ने अपने पति को त्याग दिया; he could not ~ them in distress वह उन्हें संकट में नहीं छोड़ सका; they ~ed seeing the enemy वे शत्रु को देखकर भाग लिए; they ~ed the ship वे जहाज़ छोड़ भागे. Δ **to get one's ~s** यथायोग्य पुरस्कार या दंड पाना. [*as distinct from* (*n.*) desert] **deserter** डि ज़र्'टर *n*ᶜ. 1. भागा हुआ, भगोड़ा, फ़रार : a ~ from the army, party सेनाᶠ, दल से ≈ व्यक्ति. 2. (law) अभित्यागी : ~ heir ≈ उत्तराधिकारी. **desertion** डिज़र'शन *n*ᶜ. 1. पलायन : ~ from army सेनाᶠ से ≈; ~ from duty ड्यूटी से ≈. 2. परित्याग : ~ of one's wife, husband अपनी पत्नी, अपने पति का ≈.

deserve डिज़र्व़' *v.t.* के योग्य होना, का पात्र होना, का अधिकारी होना : he ~d punishment वह दंड पाने का अधिकारी था; we felt that they ~d praise for what they had done हम लोगों को लगा कि जो कुछ उन्होंने किया उसके लिए वे प्रशंसाᶠ के पात्र थे; she ~s the prize वह पुरस्कार की अधिकारी है; he does not ~ that prize वह इस पुरस्कार का पात्र नहीं है; I ~ well मेरे साथ अच्छा बर्ताव होना चाहिए; he ~s ill उसके साथ बुरा व्यवहार होना चाहिए. **deserving** डि ज़र्'विंग *a.* योग्य, पात्र : he is ~ of encouragement वह प्रोत्साहन का पात्र है; ~ case सुपात्र; ~ poor सुपात्र निर्धन व्यक्ति.

design डि ज़ाइन' I. *n*ᶜ. 1. (project) परिकल्पनाᶠ, परियोजनाᶠ : his ~ was clear to everyone उसकी ≈ सभी को स्पष्ट थी; he

had a ~ to visit Germany उसकी ≈ जर्मनी जाने की थी. **2.** (sketch) ख़ाका, रुपरेखा^{F}, ढाँचा : ~ for a building इमारत^F का ≈. **3.** (purpose) उद्देश्य : they burnt the house with some ~ उन्होंने मकान को किसी ≈ से जला दिया. **4.** (sinister scheme) चाल^F, मंसूबा : he **had ~s on** your purse तुम्हारा बटुआ चुरा लेने की उसकी चाल थी. **5.** (pattern) नमूना : dress ~ पोशाक का ≈. **II.** *v.t.* **1.** योजना^{F} बनाना : to ~ a trip to Shimla शिमला की सैर की ≈; he ~ed the crime उसने अपराध की योजना बनाई; to ~ an attack on the enemy शत्रु पर आक्रमण करने की ≈. **2.** ढाँचा बनाना, खाका खींचना, रुपरेखा^{F} प्रस्तुत करना : to ~ a machine मशीन^F बनाने का खाका बनाना. **3.** नमूना बनाना : she ~s for a fashion shop वह फैशन की दुकान के लिए नमूना बनाती है; this dictionary is ~ed for learners यह शब्दकोश शिक्षार्थियों के लिए बनाया गया है.

designate डें'ज़िग्नेट **I.** *v.t.* **1.** निर्दिष्ट करना, बताना : these signs ~ that the thief did go this way ये चिह्न निर्दिष्ट करते हैं कि चोर इस रास्ते अवश्य गया है. **2.** मनोनीत करना, नामज़द करना : she was ~d as secretary उसे सचिव मनोनीत किया गया; the senior teacher was ~d headmaster by the committee कमेटी द्वारा वरिष्ठ अध्यापक प्रधानाध्यापक नियुक्त किया गया. **II** *a.* नामित, मनोनीत : governor ~≈ राज्यपाल; minister ~ ≈ मंत्री. **designation** डें ज़िग्ने'शन *n*^{c}. **1.** पदनाम, ओहदा : send this letter to the minister by ~ मंत्री को यह पत्र उनके पदनाम से भेज दो. **2.** मनोनयन : ~ of Anil for a post किसी पद के लिए अनिल का ≈. **designer** डिज़ाइ'नर *n*^{c}. डिज़ाइन बनाने वाला : dress/shoe ~ पोशाक^F/जूतों के ≈.

desirability डिज़ाइअरॅ बि'लिटि *n*^{c}. वांछनीयता^{F} : ~ of effecting a change परिवर्तन लाने की ≈; the ~ of clamping curfew कर्फ़्यू लगाने की ≈. **desirable** डिज़ाइअ'रॅबल *a.* वांछनीय, मनचाहा, अभीष्ट : ~ job ≈ कार्य, ≈ काम; ~ company मनचाहा साथ; ~ qualifications वांछित योग्यताएँ, [*ant* un ~] **desire** डि ज़ाइअर' **I.** *v.t.* **1.** चाहना, अभिलाषा^{F} करना, इच्छा^{F} करना : he ~d to rest उसने आराम करने की इच्छा व्यक्त की (करना चाहा); for a long time I have ~d to have a watch मुझे बहुत लंबे समय से एक घड़ी पाने की इच्छा थी; we all ~ to be happy हम सब प्रसन्न होने की इच्छा रखते हैं; I ~ you to come with me मैं चाहता हूँ कि तुम मेरे साथ आओ. **2.** माँगना : I ~ nothing of you मैं तुमसे कुछ नहीं माँगता; to ~ help सहायता^{F} की माँग^F करना. **3.** there is much to be ~d अभी बहुत कसर^F है. **II.** *n*^{c}. अभिलाषा^{F}, इच्छा^{F}, चाह^F [heartfelt हार्दिक, strong प्रबल/ज़बरदस्त]; he could satisfy all his ~s वह अपनी संपूर्ण इच्छाओं को तृप्त कर सकता था : I have no ~ to be rich मुझे धनी होने की कोई ≈ नहीं है; her only ~ was to see her children happy उसकी केवल अपने बच्चों को सुखी देखने की ≈ थी. **desired** डि ज़ाइअर्ड' *a.* वांछित, इष्ट [change परिवर्तन, effect प्रभाव]. **desirous** डि ज़ाइअ'रस *a.* इच्छुक, अभिलाषी : ~ of applause, success प्रशंसा^{F}, सफलता^{F} के लिए ≈ : he is not at all ~ to do this or ~ of doing this वह इसे करने का बिल्कुल ≈ नहीं है.

desk डेंस्क *n*^{c}. डेस्क, मेज़ : papers on the ~ ≈ पर के कागज़ात; he sat at the big desk वह बड़ी ≈ पर बैठा; the two pupils worked at their ~s दोनों छात्र अपने-अपने ≈ पर काम कर रहे थे.

desolate डें सॅ'लिट *a.* **1.** (lonely) अकेला : the girl was left ~ लड़की अकेली रह गई. **2.** (deserted) सुनसान, उजाड़ : ~ old building ≈ पुरानी इमारत^F; ~ land ≈ खेत.

despair डिस् पेंअर' **I.** *n*^{u}. **1.** निराशा^{F} : he was filled with ~ वह ≈ से भर गया था; in ~ ≈ से. **2.** निराशा का कारण : the boy is the ~ of his parents लड़का अपने माँ-बाप की ≈ है. [*ant.* hope] **II.** *v.i.* निराश या हताश होना, आशा छोड़ना : don't ~ निराश मत होओ; she never ~s वह कभी निराश नहीं होती; his life is ~d of hope उसने जीवन की आशा छोड़ दी है.

despatch डिस् पैच' **I.** *n*^{c}: संदेश, संवाद, ख़बर, चिट्ठी^{F} : a ~ from the front मोर्चे से

≈. II. *v.t.* भेजना, तुरंत संपन्न कर देना : वध कर देना. [see dispatch]

desperate डेॅस्'पॅरिट *a.* 1. निराशाजनक [condition दशा^F, position स्थिति^F.] 2. (person) हताश और उग्र : the danger made him ~ ख़तरे ने उसे ≈ बना (कर) दिया; he was a ~ criminal वह ≈ अपराधी था. 3. ख़तरनाक, भीषण : ~ state ≈ दशा^F; ~ disease ≈/असाध्य रोग; ~ conflict भीषण संघर्ष; ~ attempt जीतोड़ कोशिश^F. **desperation** डेॅस्पॅ रे'शन *n*^u. 1. घोर निराशा^F, हताशा^F : they rebelled in ~ उन्होंने हताश होकर विद्रोह कर दिया. 2. दुस्साहस : he was driven to ~ उसे दुःसाहसी बना दिया गया; ~ made him rebellious ≈ ने उसे विद्रोही बना दिया.

despise डिस्'पाइज़ *v.t.* 1. तिरस्कार करना, उपेक्षा^F करना : do not ~ even a leper एक कोढ़ी का भी तिरस्कार मत करो. 2. बुरा समझना : she ~s hair cuts वह बाल कटवाने को बुरा समझती है. [*ant.* admire]

despite डिस् पाइट' *pref.* के बावजूद, के होते हुए भी : ~ (of) his wounds he fought for the nation घावों के ≈ वह देश के लिए लड़ा; he went in ~ orders to the contrary वह विपरीत आदेश ≈ भीतर चला गया; he came to my house ~ his illness बीमारी^F ≈ वह मेरे घर आया.

despot डेॅस्'पॉट *n*^c. तानाशाह, निरंकुश शासक : this Prime Minister is a ~ यह प्रधानमंत्री ≈ है. **despotic** डेॅस् पॉ'टिक *a.* निरंकुश, स्वेच्छाचारी : ~ rules lead to cruelty निरंकुश नियम निर्दयता^F बढ़ाते हैं; ~ rule/ruler निरंकुश शासन/शासक. **despotism** डेॅस्'पटिज़्म *n*^c. तानाशाही^F, निरंकुशता^F : the people revolted against the chief minister's ~ लोगों ने मुख्यमंत्री की ≈ के विरुद्ध विद्रोह खड़ा कर दिया.

dessert डि ज़र्ट' *n.* डिज़र्ट, मीठा, दही-चीनी^F : ~ was served at the end of the meal खाने के अंत में ≈ परोसा गया. [*as distinct from* desert (*n.*)]

destination डेॅस्टि ने'शन *n*^c. ठिकाना, गंतव्य स्थान, मंज़िल : my ~ is Delhi मेरी मंज़िल दिल्ली है; he cannot achieve his ~ वह अपना लक्ष्य नहीं पा सकता; the message reached the wrong ~ संदेश गलत ठिकाने पर पहुँचा; we arrived late at our ~ हम अपने गंतव्य स्थान पर देर से पहुँचे.

destined डेॅस'टिन्ड *a.* बदा, भाग्य में लिखा : he was ~ to live such a life उसके लिए ऐसा जीवन जीना लिखा/बदा था; it was so ~ ऐसा ही बदा था. **destiny** डेॅस्'टिनि *n*^u. भाग्य, नियति^F : it was his ~ to save the poor man's life उसका यह भाग्य था कि बेचारे की ज़िंदगी^F बचा ली; cruel ~ decided it for me दुर्भाग्य ने मेरे लिए यह निर्धारित कर दिया; it was Gandhi's ~ to lead the nation to freedom गांधी के भाग्य की नियति थी कि इस जाति को आज़ादी^F दिलाई; ~ plays tricks with us नियति हमारे साथ चाल चलती रहती है.

destroy डिस् ट्रॉइ' *v.t.* 1. नष्ट करना, तबाह करना [badly बुरी तरह, completely पूरी तरह, deliberately जानबूझकर, mercilessly निर्दयतापूर्वक, partially आंशिक रूप से]; the enemy ~ed the fort शत्रु ने किले को नष्ट कर दिया; the house was ~ed in the flood मकान बाढ़^F में नष्ट हो गया;the buildings were ~ed by bombs इमारतें बम से तबाह हो गईं; all my hopes had been ~ed मेरी सभी आशाओं पर पानी फिर गया था. 2. मार डालना, जान से मारना : the dog was ~ed कुत्ते को मार डाला गया; he ~ed himself उसने आत्महत्या^F कर ली; many people were ~ed by gunfire बहुत-से लोग तोप^F दाग़कर मार डाले गए 3. समाप्त कर देना, व्यर्थ कर देना : he felt his whole life was ~ उसने अनुभव किया कि उसका पूरा जीवन व्यर्थ हो गया; the earthquake ~ed the peace of the city भूचाल ने शहर की शांति^F को समाप्त कर दिया. [*ant.* create, make]. **destruction** डिस् ट्रक'शन *n.* 1. विनाश, नाश : complete ~ पूर्ण विनाश : the ~ of the city was so complete that not one house was left standing शहर इतना पूर्ण रूप से नष्ट था कि कोई भी मकान खड़ा नहीं रह गया. 2. विनाश का कारण : drinking was his ~ शराब पीना उसके ≈ था. **destructive** डिस् ट्रक्'टिव़ *a.* 1. विनाशकारी : insects in the garden are

~ बगीचे में कीड़े ≈ हैं; ~ storm ≈ तूफ़ान. 2. नकारात्मक, खंडनात्मक : ~ criticism खंडनात्मक आलोचना^{F}, विरोधी या छिद्रान्वेषी आलोचना^{F}. [*ant.* constructive]

detach डि टैच' *v.t.* **1.** अलग करना, पृथक् करना, काटना, निकालना : to ~ the counterfoil प्रतिपत्रक ≈; to ~ a page from the book किताब^F से पन्ना ≈; to ~ the enclosure संलग्नक ≈. (*ant.* attach) **2.** भेज देना : to ~ a delegate प्रतिनिधि ≈; the police was ~ed to apprehend the murderer हत्यारे को पकड़ने के लिए पुलिस^F भेजी गई. **detached** डि टैच्ड' *a.* **1.** तटस्थ, निष्पक्ष : a ~ mind निष्पक्ष/तटस्थ मन; ~ person ≈ व्यक्ति. **2.** अलग-अलग, पृथक् : a ~ house ≈ मकान. **detachment** डि टैच्'मन्ट n^c. **1.** तटस्थता^{F}, निष्पक्षता^{F} : I appreciate his ~ in that affair उस मामले में उसकी ≈ की मैं प्रशंसा^{F} करता हूँ. **2.** अलगाव, विलगता : the act of ~ पार्थक्य का कार्य. **3.** सेना की टुकड़ी^{F}, फौजी दस्ता : a ~ of cavalry घुड़सवार सेना^{F} की टुकड़ी^{F}.

detail डि टेल**I.***v.t.* **1.** विस्तृत वर्णन या ब्यौरा देना : to ~ one's difficulties अपनी कठिनाइयों^{F} का विस्तृत वर्णन करना; I ~ed the action taken मैंने की गई कार्रवाई का ब्यौरा दिया. **2.** निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना : to ~ soldiers on the border सैनिकों को सीमा^{F} पर नियुक्त करना : she was ~ed to do certain jobs उसे कुछ काम करने पर लगाया गया. **II.** डी'टेल n^c. विवरण, ब्यौरा, तफ़सील^F, विस्तार [full पूरा/पूरी, important महत्त्वपूर्ण, technical तकनीकी]; to describe **in** ~ विस्तार से वर्णन करना; I have no time to explain **in** ~ मेरे पास ब्यौरेवार व्याख्या करने का समय नहीं है; he has not the patience to **go into** ~ उसमें विस्तार या ब्यौरे से समझने का धैर्य नहीं है; please go into ~ कुछ और बताइए; you need not give all ~s तुम्हें सारा ब्यौरा देने की आवश्यकता^{F} नहीं है. **detailed** डी'टेल्ड *a.* विस्तारपूर्वक, विस्तृत, ब्यौरेवार : ~ statement ≈ विवरण; ~ account विस्तृत लेखा.

detain डि टेन' *v.t.* **1.** बन्दी बनाना : he was ~ed by the police उसे पुलिस^F ने बंदी बना लिया; the police have ~ed two persons पुलिस ने दो व्यक्तियों को बंद कर रखा है. **2.** रोकना, अवरुद्ध करना, अटकाना : the boy was ~ed after the school closed लड़के को स्कूल बंद होने के बाद रोका गया; to ~ smb for interrogation किसी को पूछ-ताछ^F के लिए रोक रखना. [*n.* detention]

detect डि टेक्ट' *v.t.*. **1.** पता लगाना, ढूँढ़ निकालना, खोज पाना : to ~ a mistake गलती^{F} पकड़ना; poison was ~ed in food खाने में ज़हर पाया गया; I can ~ any kind of smell मैं किसी प्रकार की गंध का पता लगा सकता हूँ. **2.** पकड़ना : to ~ smb in the act किसी को अपराध करते ≈ ; the boy was ~ed stealing लड़का चोरी में पकड़ा गया. **detection** डि टेक'शन n^u. भेद का पता लगाना : to ~ a crime अपराध का पता लगाना; the fat boy cannot avoid ~ by hiding behind a thin tree पतले पेड़ के पीछे छिपकर मोटा लड़का अपने को पाये जाने से बचा नहीं सकता; to escape ~ पता न लगने देना; ~ of theft was difficult चोरी का पता लगाना मुश्किल था. **detective** डि टेक्'टिव़ **I.** n^c. गुप्तचर, जासूस, भेदिया : the ~ soon found out who was the thief भेदिए ने शीघ्र ही पता लगा लिया कि चोर कौन है. **II.** *a.* जासूसी [novel उपन्यास, story कहानी^{F}]. **detector** डि टेक्'टर n^c. अनुवेदक यंत्र : gas ~ गैस ≈.

detention डि टेन्'शन n^c. [from detain] **1.** नज़रबंदी^{F} : preventive ~ निवारक ≈; ~ camp ≈ कैम्प या केंद्र. **2.** रोक^F, अटकाव : the children who arrive late have to stay in school at four o'clock for an hour's ~ उन लड़कों को जो देर से पहुँचते हैं चार बजे एक घंटे के लिए स्कूल में रुकना पड़ता है.

deter डि टॅर' *v.t.* (deterred) (भय दिखाकर) रोकना : to ~ smb from doing something किसी को कुछ करने से ≈; no one can ~ me मुझे कोई रोक नहीं सकता; she could not be ~red उसे रोका नहीं जा सका.

detergent डि टर'जन्ट I. *a.* प्रक्षालक, अपमार्जक : ~ soap ≈ साबुन. II. *n*ᶜ. प्रक्षालक चूरा : ~ is a chemical product ≈ चूरा एक रासायनिक उत्पाद है.

deteriorate डि टिअ'रिअरेट *v.t.i.* बिगड़ना, भ्रष्ट होना, ख़राब होना : his health is deteriorating उसका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है; the crops are ~ting in this drought फ़सलेंᶠ इस सूखे में ख़राब हो जा रही हैं; her condition has further ~d उसकी हालतᶠ और ख़राब हो गई है. [*ant.* ameliorate, improve] **deterioration** डिटिअरिअरे'शन *n*ᶜ. बिगाड़, ख़राबीᶠ : ~ in health स्वास्थ्य में ≈. [*ant.* amelioration, improvement]

determination डिटर्मि ने'शन *n*ᶜ. 1. (firm intention) दृढ़ निश्चय, संकल्प, a man of great ~ दृढ़ संकल्पी व्यक्ति, he went away with a ~ to take revenge बदला लेने का ≈ करके वह चला गया; he acted with ~ उसने ≈ से काम किया. 2. (determining) निर्धारण : ~ of boundary सीमाᶠ का ≈ ; ~ of a date for marriage शादीᶠ की तारीख़ का ≈. **determine** डि टर्'मिन 1. *v.t.* निर्धारित करना, नियत करना, तय करना : [immediately तुरंत, precisely ठीक-ठीक]; the case was ~d in the court मुकदमा न्यायालय में तय किया गया. (resolve) निश्चय करना; दृढ़/पक्का होना : he was ~d to go उसने जाने का निश्चय कर लिया; to ~ the date of a meeting बैठक की तारीख निश्चित करना (पक्की करना); this conversation ~d his future इस वार्तालाप ने उसका भविष्य निश्चित कर दिया; they were ~d to do everything वे सब कुछ करने के लिए दृढ़ संकल्प थे. 2. (settle) निर्णय करना, तय करना : the weather will ~ the matter मौसम इस मामले का निर्णय करेगा; this ~d his fate इसने उसके भाग्य का निर्णय कर दिया. **determined** डिट्र'मिन्ड *a.* 1. निश्चित, पक्का : ~ effort निश्चित प्रयास. 2. दृढ़ संकल्प वाला, कृतसंकल्प : ~ woman दृढ़संकल्प स्त्री.

dethrone डि थ्रोन' *v.t.* गद्दीᶠ से उतारना, सिंहासनच्युत करना, तख़्त से उतारना : James II was ~d by the English Parliament जेम्स द्वितीय को ब्रिटिश संसद् ने गद्दी से उतार दिया.

detract डि ट्रैक्ट' *v.t.* 1. घटाना, कम करना : to ~ from smb's credit किसी की साख घटाना; the rain ~ed *from* the pleasure of walk बरसातᶠ ने सैरᶠ का आनंद घटा दिया. 2. निंदाᶠ करना, बुराईᶠ करना : he always ~s from the work of others वह सदा दूसरों के काम की निंदा, बुराईᶠ करता रहता है. **detraction** डि ट्रैक्'शन *n*ᶜ. निंदाᶠ, मिथ्यावाद, बुराईᶠ : it should not be taken as ~ इसे ≈ के रूप में नहीं लेना चाहिए; it is a ~ from his work यह उसके काम की निंदा है.

detrain डि ट्रेन' *v.t.i.* गाड़ीᶠ से उतारना या उतरना : I ~ed the guests मैंने अतिथियों को गाड़ी से उतारा; I ~ed at Lucknow मैं लखनऊ स्टेशन पर उतरा.

detriment डें'ट्रिमन्ट *n*ᶜ. 1. हानिᶠ, क्षतिᶠ : you cannot do this without ~ to yourself तुम बिना स्वयं को ≈ पहुँचाए इसे नहीं कर सकते; he works hard to the ~ of his health अपने स्वास्थ्य की ≈ करके वह परिश्रम करता है. [*ant.* benefit] 2. हानिᶠ का कारण : smoking is ~ to health सिगरेट पीना स्वास्थ्य की ≈ है. **detrimental** डेंट्रि में'न्टल *a.* हानिकर, हानिकारक : ~ decision ≈ निर्णय; ~ to purpose उद्देश्य को हानि पहुँचाने वाला; lime in the soil is ~ to some plants मिट्टी में चूना कुछ पौधों के लिए ≈ है; overeating is ~ to health अधिक भोजन स्वास्थ्य के लिए ≈ है. [*ant.* beneficial]

devalue डिवै'ल्यु *v.t.* अवमूल्यन करना : to ~ rupee रुपए का ≈ (मूल्य घटाना); to ~ one's work किसी के कार्य का मूल्य घटाना.

devastate डें'व़स्टेट *v.t.* उजाड़ना, तबाह करना, नष्ट-भ्रष्ट करना, मटियामेट करना, तेहस-नहस करना : the locusts ~d the crops टिड्डियों ने फ़सलों को नष्ट-भ्रष्ट/तबाह कर दिया. **devastation** डेंव़स् टे'शन *n*ᵘ. सर्वनाश, विध्वंस, तबाहीᶠ : a violent storm caused ~ प्रचण्ड तूफ़ान ने सर्वनाश कर दिया; they survived the ~ caused by famine वे अकाल द्वारा की गई तबाही से बच निकले.

develop डि वें'लप *v.t.i.* (*p.* developed)

1. विकसित करना, बढ़ाना, विकास करना [quickly तेज़ी से, rapidly जल्दी से, slowly धीरे-धीरे]; industry has been ~ed to a high degree उद्योग उच्च स्तर तक विकसित किया गया है; the events were ~ing very slowly घटनाएँ बहुत धीरे-धीरे होती जा रही हैं; to ~ the mind मन का विकास करना; a man ~s from the child आदमी बच्चे से बढ़ता है; the child ~ed small-pox बच्चे को चेचक हो गई; exercise ~s the muscles व्यायाम मांसपेशियों का विकास करता है; to ~ a country's resources देश के संसाधनों का विकास करना; to ~ business व्यवसाय बढ़ाना; child's mind ~'s बच्चे का मस्तिष्क विकसित होता है; to ~ a habit कोई आदत पड़ जाना (बना लेना). 2. व्यक्त करना : to ~ a plan योजना व्यक्त करना या बनाना. 3. चित्र उभारना : to ~ a film or a photo फ़िल्म या फ़ोटो का ≈. **developed** डि वें'लप्ड *a.* विकसित *a.* [countries देश, idea विचार, industry उद्योग, language भाषा, state राज्य].

development डि वें'लप् मन्ट *n*ᵘ. 1. विकास, प्रगति[F] [economic आर्थिक, historical ऐतिहासिक, mental मानसिक, physical शारीरिक, political राजनीतिक, rapid तेज़, slow धीमा]; ~ block विकास खण्ड : ~ of power from atomic energy अणुशक्ति द्वारा बिजली उत्पादन; ~ officer विकास अधिकारी; ~ plan विकास योजना[F]. 2. (result) परिणाम, नतीजा : we are awaiting further ~s हम और परिणामों की प्रतीक्षा[F] कर रहे हैं. 3. (photography) चित्र का उभार.

deviate डी'व़िएट *v.i.* विचलित होना, पथ से हटना : to ~ from the right path सीधे रास्ते से विचलित होना; to ~ from rules नियमों का अतिक्रमण करना; she does not ~ from her standard वह अपने स्तर से नीचे नहीं गिरती.

device डि व़ाइस' *n*ᶜ. 1. (scheme) युक्ति[F], उपाय, साधन : a ~ for getting money पैसा प्राप्त करने का ≈; they know the ~ for avoiding tax वे टैक्स से बचने की ≈ जानते हैं. 2. उपकरण : ~ for making potato chips आलू के कतले (पोटैटो चिप्स) बनाने का ≈; a ~ for extracting juice रस निकालने का ≈. [*as distinct from* the verb devise]

devil डें'व़ल *n*ᶜ. 1. शैतान, नरकदूत : all the ~s in the hell नरक के सभी ≈ ; ~ of greed लालची शैतान; he worships the ~ वह ≈ की पूजा करता है. 2. (an evil person) बदमाश, नर-पिशाच, शैतान : he is a cruel ~ वह निर्दय ≈ है. 3. चतुर, चालाक, चंट : he is a bit of a ~ वह बड़ा चतुर चालाक है. [*ant.* angel]. Δ **between the ~ and the deep sea** इधर कुआँ उधर खाई[F]; **the ~ may-care person** लापरवाह आदमी; **give the ~ his due** बुरे आदमी के साथ भी न्याय करो; **go to the ~** तुरंत हट जाओ; **~ to pay** मुसीबत[F] होना : there will be ~ to pay if the work is not done in time यदि काम समय पर नहीं होगा तो मुसीबत होगी; **think, talk of the ~ and there he is** किसी का नाम लिया और वह आ गया.

devise डि व़ाइज़' *v.t.* 1. सोच निकालना, उपाय निकालना : to ~ an instrument कोई उपकरण सोच निकालना; to ~ a way of escape बचने का रास्ता निकालना; to ~ a plan योजना[F] बनाना; to ~ a way of avoiding payment of debt ऋण के भुगतान से बचने का रास्ता निकालना. 2. (law) उत्तरदान करना; he ~ed his house (property) to his friend उसने अपना मकान (अपनी संपत्ति[F]) अपने मित्र को दान कर दिया (दी). [*as distinct from n.* device with 'c']

devoid डि व़ाइड' *a.* रहित, हीन : a person ~ of feeling संवेदनारहित व्यक्ति; room ~ of furniture फ़र्नीचर रहित कमरा.

devote डि व़ोट' *v.t.* 1. अर्पित करना, दे देना : समर्पित करना, न्यौछावर करना [chiefly मुख्यरूप से, entirely पूर्णरूप से]; to ~ smth to smb किसी को कोई वस्तु अर्पित करना; to ~ oneself to God भक्ति[F] करना; she ~d herself to music उसने स्वयं को संगीत के लिए समर्पित कर दिया; she ~d herself to the child's welfare उसने स्वयं को बच्चे की भलाई[F] में समर्पित कर दिया. 2. मन लगाना, लग जाना, ध्यान देना, योग देना : she ~s so much

time to music वह संगीत में इतना समय लगाती है; he ~s himself to his business वह अपने व्यापार में मन लगाता है; I ~ my time to writing मैं अपना समय लिखने में लगाता हूँ. **devoted** डि व़ो'टिड *a.* **1.** वफ़ादार, निष्ठावान् [father पिता, friend मित्र, husband पति, wife पत्नी]; I am ~ to him मैं उसका भक्त हूँ; she is ~ to her family वह अपने परिवार के प्रति ≈ है. **2.** आसक्त, समर्पित, लगा हुआ : ~ to service सेवासक्त, सेवा^{F} में ≈; he is ~ to his work वह अपने काम के प्रति ≈ है. **devotee** डेंव़ॅ टी' n^c. भक्त, उपासक : ~ of Vishnu विष्णु का भक्त; there are many ~s in the temple मंदिर में बहुत से भक्त लोग हैं; a Guru's ~ गुरु का चेला. **devotion** डि व़ो'शन n^u. **1.** भक्ति^{F}, श्रद्धा^{F}; ~ of God ईश्वर ≈. **2.** (worship) उपासना^{F}, पूजा^{F} : he was in/at ~ वह पूजा कर रहा था. **3.** (affection) अनुरक्ति^{F}, लगन^F : her ~ to music संगीत में उसकी ≈; his ~ to duty उसकी कर्तव्यपरायणता^{F}; the ~ of a child to her mother बच्चे की अपने माँ के प्रति अनुरक्ति^{F}. **devotional** डि व़ो'शनल *a.* भक्तिमय, भक्तिपूर्ण : ~ literature भक्ति-साहित्य; ~ music भक्ति संगीत, कीर्तन; ~ song भजन.

devour डि व़ाउअर' *v.t* **1.** खा जाना, निगल जाना : the goat was ~ed by the tiger चीता बकरी^{F} को खा गया. **2.** नष्ट करना, उजाड़ना : the fire ~ed the whole village आग^F ने सारे गाँव को नष्ट कर दिया; he was ~ed by jealousy ईर्ष्या^{F} ने उसका नाश कर दिया. **3.** चाव से पढ़ना, देखना, सुनना : to ~ a story कहानी को ध्यान से सुनना. **4.** to be ~ed by anxiety चिंताग्रस्त होना.

devout डि व़ाउट' *a.* **1.** भक्त, धर्मपरायण : she is a very ~ lady वह बहुत धार्मिक महिला है. **2.** श्रद्धालु, श्रद्धापूर्ण : a ~ Hindu, Muslim ≈ हिन्दू, मुस्लिम, a ~ Christian ≈ ईसाई. **3.** सच्चा : a ~ hope सच्ची आशा^{F}; a ~ conduct ≈ आचरण; a ~ thank हार्दिक धन्यवाद.

dew ड्यू n^u. ओस^F : ~ drops ≈ कण; the ~ is on the grass घास पर ≈ है. (fig.) the ~ of youth युवावस्था की ताजगी^{F}. [*as distinct from* due]

dexterity डेंक्स् टें'रिटि n^u. दक्षता^{F}, कौशल, निपुणता^{F} : we all admired the ~ of the conjurer हम सभी ने मदारी की ≈ की प्रशंसा^{F} की; he showed ~ in playing on a sitar सितार बजाने में उसने अपनी निपुणता दिखाई. **dexterous** डेंक्स्'टॅरस *a.* दक्ष, कुशल, पटु, निपुण : she did it with ~ hands उसने इसे निपुण हाथों से कर दिया; a ~ craftsman, surgeon एक दक्ष कारीगर/शिल्पी, सर्जन.

D.G. Director General महानिदेशक.

di *pref.* दो, द्वि; dilemma, divide

dia *pref.* (through) [see the words below]

diabetes डाइअ बिटीज' n^u. मधुमेह : ~ is a disease of sugar in blood ≈ खून में शर्करा^{F} होने का रोग है; he is a patient of ~ वह ≈ का रोगी है.

diagnose डाइ अग् नोज़' *v.t.* निदान करना : the doctor ~d the influenza डाक्टर ने फ्लू का निदान किया. **diagnosis** डाइ अग् नो'सिस n^c. (*pl.* diagnoses- सीज़) (रोग) निदान : ~ showed that he is a diabetic ≈ से ज़ाहिर हुआ कि वह मधुमेह का रोगी है; what is the doctor's ~ ? डाक्टर का ≈ क्या है ?

diagram डाइ'अॅग्रैम n^c. रेखा-चित्र, नक्शा, ख़ाका : draw a ~ to show the way रास्ता दर्शाने के लिए ≈ खींच दो; to prepare a ~ ≈ तैयार करना; this book has many ~s of motor parts इस पुस्तक में मोटर के पुरज़ों के बहुत-से ≈ हैं.

dial डाइ'अॅल **I.** n^c. डायल : ~ of a clock दीवार-घड़ी^{F} का डायल; ~ of a meter, telephone मीटर, टेलोफ़ोन का ≈; a ~ shows figures ≈ पर अंक दिखाई देते हैं. **II.** *v.t.* (dialled, dialling) टेलीफ़ोन करना : to ~ a number टेलीफोन का नंबर मिलाना.

dialect डाइअलेंक्ट n^c. बोली^{F}, उपभाषा^{F} : Varanasi, Agra, etc. have their own distinctive ~s वाराणसी, आगेरा, इत्यादि की अपनी विशिष्ट बोलियाँ हैं; Braj Bhasha is a ~ ब्रजभाषा एक बोली है.

dialogue डाइअ' लॉग n^c. संवाद, कथोपकथन [fast तेज़, good अच्छा, written लिखित]; ~ between the hero and his friends नायक और उसके मित्रों का संवाद; the ~ s in this novel are fine इस उपन्यास में ≈ बढ़िया हैं.

diameter डाइ ए'मिटर n^c. व्यास : the ~ of a circle वृत्त का ≈; the ~ of the pillar is one metre खंभे का ≈ एक मीटर है; measure the ~ of this tree इस पेड़ का ≈ मापो.

diamond डाइअ'मन्ड n^c. **1.** हीरा [black काला, pure खरा/शुद्ध, sparkling चमकीला]; she wears a ~ ring वह हीरे की अंगूठी^{F} पहनती है; ~ cuts ~ हीरे से ≈ कटता है; there are ~ mines in Panna (M.P.) पन्ना (म. प्र.) में हीरे की खानें^{F} हैं. **2.** (card) ईंट का पत्ता; seven of ~ ईंट की सत्ती^{F}.

diarrhoea डाइअॅ री'अ n^u. अतिसार, दस्त : ~ is a disease of the stomach ≈ पेट की बीमारी^{F} है; he has ~ उसे दस्त आते हैं.

diary डाइअ'रि n^c. रोज़नामचा, डायरी^{F}, दैनंदिनी^{F} : do you keep a ~ क्या तुम ≈ रखते हो ? in one's ~ there is record of daily events किसी की ≈ में प्रतिदिन की घटनाओं का उल्लेख रहता है; you should not read others' ~ दूसरों की ≈ नहीं पढ़नी चाहिए. [*as distinct from* dairy]

dice डाइस **I.** n^c. (*pl.*) पाँसा : ~ of wood, bone, plastic लकड़ी^{F}, हड्डी^{F}, प्लास्टिक का ≈; throw the ~ ≈ फेंको. **II.** *v.t.* पाँसा खेलना : to ~ with smb for money किसी के साथ पांसे से जुआ खेलना. Δ **to ~ away all money** सारा पैसा जुए में लगा देना.

dictate डिक् टेट' **I.** *v.t.i.* **1.** लिखाना : he ~d the letter to his clerk उसने अपने लिपिक को पत्र लिखवाया; I do not write, I ~ मैं लिखता नहीं, लिखाता हूँ. **2.** आदेश देना, हुक्म देना : I cannot ~ anyone मैं किसी को आदेश नहीं दे सकता. **3.** मनमानी शर्त पूरी कराना : दबाव से या दबाव डालकर तय करना; to ~ the terms of an agreement समझौते की शर्तें तय करना : to ~ one's demand अपनी माँग मनवाना. **II.** n^c. (usu. *pl.*) माँग^F, पुकार^F : ~s of your conscience तुम्हारी आत्मा^{F} की ≈. **dictation** डिक् टे'शन n^c. श्रुतलेख, इमला^{F} : she read the ~ speedily उसने ≈ तेज़ी से पढ़ी; the teacher gave us ~ अध्यापक ने हमें ≈ लिखवाई. **dictator** डिक् टे'टर n^c. एकाधिनायक, तानाशाह, निरंकुश शासक : Hitler and Mussolini were ~s हिटलर और मुसोलिनी तानाशाह थे. **dictatorial** डिक्टॅ टॉ'रिअल *a.* निरंकुश, तानाशाही [power शक्ति, ruler शासक]. **dictatorship** डिक् टे'टरशिप n^c. तानाशाही^{F} : we hate ~ in politics राजनीति^{F} में ≈ से हमें घृणा^{F} है; his ~ was challenged उसकी ≈ को चुनौती^{F} दी गई.

diction डिक्'शॅन n^u. शैली^{F}, शब्द योजना^{F} : his ~ is perfect उसकी ≈ पूर्ण है; that preacher's ~ is not too good उस उपदेशक की भाषा-शैली^{F} बहुत अच्छी नहीं है; ask her to improve her ~ उससे कहो कि अपनी ≈ में सुधार करे. **dictionary** डिक्'शॅनरि n^c. शब्दकोश, कोश, डिक्शनरी^{F} [big बड़ी, complete पूर्ण, little छोटी, pocket जेबी]; ~ of names and places अभिधान कोश; look up the word in the ~ इस शब्द को ≈ में ढूँढो; I could not find the word in this ~ मैं यह शब्द इस ≈ में नहीं पा सका; English-Hindi ~ अंग्रेजी-हिन्दी ≈; this ~ tells us the meaning of 10,000 words यह ≈ दस हज़ार शब्दों के अर्थ बताता है; always use a good ~ सदा अच्छे शब्दकोश का प्रयोग करो.

did डिड *v.* past tense of the verb 'do' क्रिया 'do' का भूतकालिक रूप; he did it उसने यह किया; he did not go वह नहीं गया; he ~ go वह अवश्य गया था; I, he/she, we, they, you did the right thing मैंने, उसने, हमने, उन्होंने, तुमने ठीक किया.

die डाइ **I.** *v.i.* (dying) [*as distinct from* dyeing] **1.** देहान्त होना, मरना, चल बसना : all men must ~ सभी लोगों को ज़रूर मरना है; he ~d young वह युवावस्था^{F} में ही मर गया; he ~d of starvation वह भूखों मर गया; he ~d fighting for freedom वह स्वतंत्रता^{F} के लिए लड़ते हुए मारा गया; she has ~d वह मर गई है; she died of cholera वह हैज़े से मरी है; to ~ in old age वृद्धावस्था^{F} में शरीर छोड़ना; he ~d under a bus वह बस के नीचे आकर मर गया; please come quickly, your friend is dying कृपया जल्दी आइए, आपका मित्र मर रहा है; he ~d a natural death वह स्वाभाविक (अपनी) मौत मरा; he ~ a violent death वह मारा गया, उसकी हत्या^{F} हुई; he

died in harness मरते दम तक वह काम/अपनी ड्यूटी पर था; she died a dog's death वह कुत्ते की मौत मरी; she died by inches वह तिल-तिल मरी. **2.** शांत होना, मंद होना : the sound ~d **away** in the distance आवाज़ दूर जाकर मंद हो गई; the music ~d away संगीत मंद हो गया. **3.** *v.i.* मुरझाना : plants are dying पौधे (मर) मुरझा रहे हैं. **4.** लालसा^{F} होना, उत्सुक होना : I am ~ying to read that book मैं वह किताब पढ़ने की लालसा करता हूँ (को उत्सुक हूँ); I am dying for marriage मुझे शादी करने की लालसा है; **4.** (other contexts) customs **die hard** रिवाज बड़ी मुश्किल से ख़त्म होते हैं; the noise is **dying away** शोर मद्धिम होता जा रहा है; the secret **died with** her रहस्य उसके साथ लुप्त हो गया; the noise **died down** शोर धीमा हो गया; many superstitions have **died out** बहुत-से अंधविश्वास समाप्त हो गए हैं. [*ant.* live जीना; mind dye] **II.** n^c. साँचा : ~ for printing types छपाई^F के टाइप बनाने का ≈. (*pl.*) (i) dies साँच : ~ for coining सिक्के डालने के ≈. (ii) dice पांसे *q.v.*

diet डाइ'अट n^u. (daily fare) आहार, भोजन : he was allowed a ~ of toast and tea only उसे केवल टोस्ट और चाय ≈ में लेने की छूट^F थी; to be or live on a ~ मिताहार लेना, he in on salt-free ~ वह बिना नमक का ≈ लेता है.

differ डि'फ़र *t.i.* (~ from) **1.** अलग होना, मेल न खाना : this boy ~s **from** his father in ability यह लड़का योग्यता में अपने पिता से मेल नहीं खाता. **2.** (disagree) मतभेद होना, असहमत होना : if we cannot agree, we must ~ यदि हम सहमत नहीं होते तो हममें मतभेद होगा; I ~ **with** him on this question मैं इस प्रश्न पर उससे असहमत हूँ; I beg to ~ मैं सहमत नहीं हूँ. [*ant.* agree] **difference** डि'फ़्रेन्स n^c. **1.** भेद, अंतर, फर्क [much अधिक, slight कम, some कुछ]; I cannot see any ~ between them मैं उनमें कोई भी ≈ नहीं देख सकता; it makes no ~ इससे कोई ≈ नहीं पड़ता; it will make a great ~ इससे बहुत ≈ पड़ जायगा; what ~ will it make? इससे क्या ≈ पड़ेगा? it makes all the ~ इससे कुछ और ही हो जाता है; to make a ~ between ≈ समझना; what is the ~ between the two boys? दोनों लड़कों में क्या ≈ है; ~ in speech, dress, etc. वाणी, ड्रेस, इत्यादि में ≈; there is a ~ of 25 degrees in day and night temperature दिन और रात^F के तापमान में 25 डिगरी का ≈ है; what is the ~ between these words इन शब्दों में क्या ≈ है? I see no ~ मुझे कोई ≈ दिखाई नहीं देता. **2.** (*pl.*) मतभेद, विवाद, झगड़ा, मनमुटाव, असहमति : ~s among the brothers भाइयों में ≈. **different** डि'फ़्रन्ट *a.* **1.** भिन्न, पृथक, दूसरा : you may look at it from different points of views तुम इसे विभिन्न दृष्टिकोणों से देखो; it can be done in ~ ways यह दूसरे/अलग ढंग से किया जा सकता है; you have ~ opinions on that subject तुम्हारे उस विषय में भिन्न मत हैं; put on a ~ coat दूसरा कोट पहनो; have you ~ views क्या आपके पृथक विचार हैं? she has become entirely ~ वह पूर्ण रूप से बदल गई है; the words are ~ but the meaning is almost the same शब्द भिन्न हैं लेकिन उनके अर्थों में काफी समानता है; that is quite a ~ question वह बिल्कुल ≈ प्रश्न है; he looks somewhat ~ since he was ill बीमारी^{F} के दिनों से वह कुछ और/भिन्न दिखाई देता है. [*ant.* alike, similar]. **2.** (various) भिन्न-भिन्न : this design is available in ~ colours यह नमूना ≈ रंगों में उपलब्ध है. **3.** (special) ख़ास, विशिष्ट : our sweets are ~ हमारी मिठाइयाँ ख़ास हैं; we met many ~ places and ~ people हमने बहुत-से विशिष्ट स्थान देखे और विशिष्ट लोगों से मिले. **differentiate** डि फ़ रें'न्'शिएट *v.i.t.* भेद करना, अंतर बताना : its mane ~s the lion from the lioness अयाल से शेर और शेरनी में अंतर किया जा सकता है; how do you ~ between resident and non-resident students आप आवासी और ग़ैर-आवासी विद्यार्थियों में कैसे भेद करते हैं? can you ~ these twin brothers क्या तुम इन जुड़वाँ भाइयों में अंतर बता सकते हो ? the two

brothers are so alike that I can scarcely ~ between them दोनों भाई इतने समान (एक-से) हैं कि मैं बड़ी मुश्किल से उनमें भेद कर पाता हूँ.

difficult डि'फ़िकल्ट *a.* **1.** कड़ा, कठिन, मुश्किल [examination परीक्षा^{F}, lesson पाठ, problem समस्या^{F}, question प्रश्न, word शब्द, work काम]; it is too ~ for her यह उसके लिए अत्यन्त कठिन है; it is ~ to say यह कहना कठिन है; it is ~ to explain इसकी व्याख्या करना कठिन है; it is a ~ question to answer इस प्रश्न का उत्तर देना कठिन है; it is ~ to know what his intention is यह जानना मुश्किल है कि उसका इरादा क्या है; how ~ it is यह कितना कठिन है ! there is nothing ~ about it इस बारे में कुछ भी मुश्किल नहीं है. **2.** (person) हठी, विकट : he is a very ~ person वह बहुत ही ≈ आदमी है; ~ child हठी लड़का. **3.** ~ situation विषम स्थिति^{F}. [*ant.* easy] **difficulty** डि'फ़िकल्टि n^c. (difficulties) **1.** कठिनाई^F, मुश्किल^F : the lame man walks with ~ लंगड़ा आदमी ≈ से चल पाता है; the ~ of solving the problem समस्या^{F} हल करने की ≈; he had no ~ in getting a licence उसे लाइसेंस लेने में कोई ≈ नहीं हुई; we did not think of the difficulties हमने कठिनाइयों के बारे में ध्यान नहीं दिया; the ~ of mastering foreign languages विदेशी भाषाओं^{F} पर अधिकार पाने की कठिनाई; meet with difficulties कठिनाइयों का सामना (मुकाबला) करना; we faced no ~ in finding our friend's house हमें अपने मित्र का घर पाने में किसी ≈ का सामना नहीं करना पड़ा; she had ~ in breathing उसे साँस लेने में कठिनाई थी; to remove ~ ≈ दूर करना; what is the ~ क्या ≈ है ? **2.** (trouble) परेशानी^{F} : I am in ~ मैं ≈ में हूँ; I have ~ in learning मुझे सीखने (याद करने) में ≈ होती है; to get into ~ ≈ में पड़ना; it caused an additional ~ इससे अतिरिक्त ≈ पैदा हो गई. [*ant.* ease]

D.I.G. Deputy Inspector General उप-महानिरीक्षक (पुलिस)

dig डिग **I.** *v.t.i.* **1.** (dug, digging) **1.** खोदना : we had to ~ for an hour हमें एक घंटे तक खोदना पड़ा; a tunnel was dug through the mountain सुरंग^F पर्वत से होकर खोदी गई; he is ~ ging a grave वह कब्र खोद रहा है, to ~ a well कुआँ ≈; to ~ a pit गड्ढा ≈. **2.** to ~ for information जानकारी^{F} खोज निकालना; to ~ **into** a book किसी पुस्तक का गहरा अध्ययन करना; **to ~ out** a secret रहस्य का पता लगाना; **to ~ up** a mine खान खोदकर निकालना. **II.** n^c. आक्षेप, कटाक्ष : to **have a ~ at** somebody किसी पर ≈ करना; this was not a ~ at you यह तुम्हारे ऊपर कोई ≈ नहीं था.

digest डाइ'जेंस्ट **I.** n^c. सार-संग्रह [physics भौतिकी, useful उपयोगी]; a ~ of laws विधि ≈; a literary ~ साहित्यिक ≈. **II.** डाइजेंस्ट' *v.t.i.* **1.** पचाना, हज़म करना, हज़म होना, पचना : my dinner must be ~ed मेरा भोजन ज़रूर हज़म हो जाना चाहिए; he rested in order to ~ the meal उसने भोजन हज़म करने के लिए आराम किया; this food is easy to ~ यह खाना आसानी से हज़म हो जाता है; heavy meal does not ~ easily भारी खाना आसानी से हज़म नहीं होता. **2.** संक्षिप्त करना, सार तैयार करना : to prepare ~ of a book किताब का सार/संक्षेप तैयार करना; to work out ~ of laws कानूनों का सार निकालना. **3.** अच्छी तरह ग्रहण करना : to ~ what is read पढ़े हुए को ≈. **digestion** डाइ जेंस्'शन n^c. पाचन, हाज़मा : a good or weak ~ एक अच्छा अथवा कमज़ोर ≈; old people's ~ बुड्ढे लोगों का ≈; if you can eat all those apples you must have a good ~ यदि तुम ये सब सेब खा सको तो तुम्हारा ≈ अवश्य अच्छा होगा. **digestive** डाइ जेंस्'टिव़ *a.* पाचक : ~ biscuits पाचक बिस्कुट; ~ powder ≈ चूरन; ~ system in the body शरीर में का ≈ तंत्र.

dignified डिग्'निफ़ाइड *a.* प्रतिष्ठित, गौरवपूर्ण, शानदार : he is very ~ वह बहुत ही गौरवशाली है; ~ manner ≈ रीति^{F}; ~ person भद्र पुरुष; ~ town ≈ नगर. [*ant.* un ~] **dignify** डिग्'निफ़ाइ *v.t.* सम्मानित करना, गौरव प्रदान करना, गौरव बढ़ाना : the Governor dignified the meeting with his presence राज्यपाल ने अपनी उपस्थिति^{F} से

सभा[F] का गौरव बढ़ाया. **dignity** डिग्'निटि *n*[c]. **1.** (excellence) मान-मर्यादा[F], प्रतिष्ठा[F], गौरव, शान[F] : he spoke with ~ उसने शान से बात[F] की; the ~ of labour श्रम का गौरव; his ~ was offended उसकी ≈ को ठेस[F] लगी; to behave with ~ मर्यादा[F] से व्यवहार करना; it is beneath my ~ यह मेरी ≈ के विरुद्ध है. **2.** (position) उच्च पद, ऊंचा दर्जा : the ~ of mayor मेयर/नगर-प्रमुख का ≈; it would be beneath your ~ यह तुम्हारे उच्च-पद से घटिया काम होगा; the ~ of a monarch शाही दर्जा.

digress डाइ ग्रें'स' *v.i.* विषयान्तर करना, (विषय से) भटक जाना : to ~ from the subject विषयांतर करना; during his speech, he ~ed several times अपने भाषण के दौरान वह कई बार विषयांतर कर गया (भटक गया). [*n.* digression विषयान्तर (ण)]

dilapidated डिलै'पिडेटिड *a.* जीर्णशीर्ण, टूटा-फूटा : ~ furniture ≈ फ़र्नीचर; ~ building टूटी-फूटी इमारत[F]; ~ carriage टूटी-फूटी गाड़ी[F]. **dilapidation** डि लैपि डे'शन *n*[u]. जीर्णावस्था, ध्वंस : his house is in a state of ~ उसका घर जीर्णावस्था में है. [*ant.* renovation].

dilate डाइलेट' **I.** *v.t.* विस्तार करना, फैलाना : the cat ~s her eyes बिल्ली अपनी आँखें फैला लेती है. **II.** *v.i.* **1.** फैलना : the pupils of her eyes ~d with fear उसकी आँखों की पुतलियाँ डर के मारे फैल गईं. **2.** सविस्तार वर्णन करना, विस्तृत विवेचन करना : to ~ **on/upon** a subject किसी विषय का विस्तृत विवेचन करना.

dilemma डाइ लें'मा *n*[u]. द्विविधा, धर्मसंकट : I am in a (on the horns of a) ~ and do not know what to do मैं ≈ में हूँ/पड़ गया हूँ और नहीं जानता कि क्या करना है; his non-arrival has put us in a ~ उसके न आने से हम ≈ में पड़ गए हैं; he was in a ~ as to or whether to stay here or go वह इस ≈ में था कि यहाँ ठहरा जाए या चला जाए.

diligence डि'लिजन्स *n*[u]. परिश्रम, अध्यवसाय : he succeeded due to his ~ वह अपने ≈ के बलबूते सफल हो गया. **diligent** डि'लिजन्ट *a.* मेहनती, परिश्रमी, अध्यवसायी [labour मज़दूर, student छात्र, worker कर्मी]; he is not a ~ person वह ≈ व्यक्ति नहीं है. [*ant.* idle]

dilly-dally डि'लि डैलि *v.i.* **1.** हिचकिचाना, आगा-पीछा करना : don't ~ about it इस बारे में आगा-पीछा न करो. **2.** आवारा फिरना : he dilly-dallies on his way to the office वह दफ़्तर जाते हुए रास्ते में आवारा फिरता है.

dilute डाइल्यूट' **I.** *v.t.* पानी मिलाना, पतला करना, फीका करना : to ~ strong tea with more milk गाढ़ी चाय[F] को दूध मिलाकर पतला करना; to ~ spirit, acids, colours etc. स्प्रिट, अम्ल, रंग, आदि को पतला करना. **II.** *a.* पतला, फीका, हलका : ~ colour हलका रंग; ~ mixture पतला घोल; he sells ~ milk वह पतला दूध बेचता है.

dim डिम **I.** *a.* **1.** धुंधला, मंद, धीमा [lamp लैम्प, light प्रकाश]; ~ memory धुँधली याद्दाश्त[F]; the events had grown ~ in her mind घटनाएँ[F] उसके मस्तिष्क में धुंधली पड़ गई थीं; a ~ sound एक धीमी आवाज़[F]. **2.** (indistinct) अस्पष्ट : a ~ idea ≈ विचार; a ~ figure ≈ आकृति/छाया; a ~ outline of trees in the distance दूर पर पेड़ों की ≈ रूपरेखा[F]; ~ shape of a wolf किसी भेड़िए का ≈ रूप. [*ant.* bright] **II.** *v.t.i.* (dimmed, dimming)**1.** धुँधला करना, धुँधलाना, धीमा करना : the fog ~med my eyes धुंध से मेरी आँखें धुँधली हो गईं; the rain ~med the view बारिश ने दृष्य को धुँधला कर दिया; the lamp was ~med लैम्प धीमा कर दिया गया. **2.** मद्धम होना; light began to ~ रोशनी[F] मद्धम होने लगी.

dimension डाइ में'न्'शन *n*[c]. **1.** आयाम : a line has one ~ and a square has two रेखा का एक ≈ होता है और वर्ग के दो; a box has three ~s संदूक के तीन ≈ होते हैं. **2.** नाप, घेर, लम्बाई-चौड़ाई[F] : ~ of a room एक कमरे की लम्बाई-चौड़ाई और ऊंचाई; a building of big ~s बहुत बड़े घेर की इमारत[F].

diminish डि मि'निश *v.t.i.* कम करना या होना, क्षीण होना, घटना, घटाना : to ~ the supply of food भोजन की आपूर्ति[F] (घटाना) में कमी[F]

करना; his strength has ~ed उसका बल क्षीण हो गया है (घट गया है); ~ing utility उपयोगिता का क्रमिक ह्रास. [*ant.* increase, add]

dimple डिम्'पॅल n^{c}. गुल, गड्ढा, गर्त्तिका : when she smiles, you can see ~s in her cheeks जब वह हँसती है तो तुम उसके गालों में गड्ढे देख सकते हो.

din डिन I. n^{c}. शोरगुल, हल्ला : ~ of the machine मशीन का शोर; why are you making a ~ तुम लोग ≈ क्यों मचा रहे हो? stop the ~ ≈ बंद करो; ~ of traffic यातायात का शोरगुल; ~ of spectators in the playground दर्शकों का क्रीड़ास्थल में शोरगुल. Δ **to kick up a** ~ शोर मचाना. II. *v.t.* (dinned, dinning) शोरगुल मचाकर सुनाना : ~ **it into** his thick head उसकी खोपड़ी^{F} में ऊंची आवाज़ में सुनाओ; I am always ~ning advice into his ears मैं हमेशा उसके कानों में अपनी सलाह^{F} दुहराता रहता हूँ.

dine डाइन *v.t.i.* भोजन करना या देना, खिलाना : he ~d all the boys in his house उसने सभी लड़कों को अपने यहाँ भोजन कराया; we always ~ at eleven o'clock हम हमेशा ग्यारह बजे भोजन करते हैं; fifty people ~d in the hotel होटल में पचास लोगों ने भोजन किया (खाना खाया). Δ ~ **in** घर में खाना खाया; ~ **out** बाहर खाना खाना. [*n.* dining, dinner]

ding-dong डिङ् 'डांग n^{c}. घंटियों^{F} की आवाज़^{F}, टनटनाहट^{F} : the bells in the temple rang ~ all the morning मंदिर की घंटियाँ सारी सुबह^{F} बजती रहीं.

dingy डिन्'जि *a.* धुँधला और मैला/गंदला : a ~ room ≈ कमरा; her dress looks ~ उसकी पोशाक^{F} ≈ दिखाई देती है; ~ street मैली और धुँधली गली^{F}; ~ paint हलका और मलिन पेंट.

dinner डि'नर n^{c}. भोजन, दिन का प्रधान भोजन [excellent उत्तम, fresh ताज़ा, tasty स्वादिष्ट]; ~ set खाने के पूरे बर्तन; ~ table खाने की मेज़^{F}; to cook, eat ~ भोजन बनाना, खाना; at what time do you have your ~ तुम किस समय भोजन करते हो? have you had your ~ क्या तुमने भोजन कर लिया है? he is at ~ वह खाना खा रहा है; they had ~ in a restaurant उन्होंने किसी रेस्टोरेंट में खाना खाया; we have invited him to ~ हमने उसे भोजन पर आमंत्रित किया है; it is ~ time or it is time for ~ अब भोजन का समय है.

dip डिप I. *v.t.i.* (dipped, dipping) 1. डुबोना, डुबकी^{F} लगाना, गोता लगाना : he ~ped the cloth in water उसने कपड़े को पानी में डुबोया; ~ a spoon in sugar चीनी^{F} में चम्मच डालना; to ~ one's finger in the water अपनी अँगुली^{F} पानी में डुबोना; the sun ~s सूर्य डूबता है. Δ ~ **into** (i) सरसरी तौर पर देखना : I ~ped into that book मैंने उस किताब^{F} को ≈ देखा. to ~ into one's purse अपने बटुए से पैसे निकालना. 2. (to slope downwards) ढालू होना : the road ~s here सड़क^{F} यहाँ ढालू होती है. 3. उंड़ेलना : to ~ up water in a bucket बाल्टी^{F} में पानी ≈. 4. झुकाना : ~ the flag झंडा झुका दो. 5. (various fig. uses) to ~ into the past अतीत का ध्यान हो आना; ~ the light बत्ती^{F} मद्धम कर दो; prices have ~ped further कीमतें^{F} कुछ और गिर गई हैं. II. n^{c}. 1. डुबकी^{F} : we had a ~ in the river हमने नदी में एक ≈ लगाई. 2. (slope) ढाल, उतार : a ~ in the road सड़क में ढाल^{F}. 3. झुकाव, नमन : a ~ in salute (of a plane) (विमान को) नीची उड़ान^{F} कर सलामी^{F} देना, (हवाई जहाज़ का) झुककर सलामी^{F} देना.

diphtheria डिफ् थिअ'रिअ n^{c}. रोहिणी (रोग), डिपथीरिया : ~ is an infectious disease of the throat ≈ गले का एक संक्रामक रोग होता है.

diploma डिप्लो'मा n^{c}. डिप्लोमा : Dad was very much pleased with me when I passed the ~ course जब मैंने ≈ का पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया तो पिताजी मुझसे बहुत प्रसन्न हुए; he got the ~ in Japanese उसने जापानी में ≈ प्राप्त किया.

diplomacy डिप्लो'मसि n^{c}. 1. कौशल, कूटनीति^{F} : to settle a dispute between two groups of people requires ~ लोगों के दो समूहों में झगड़ा निपटाने के लिए ≈ की आवश्यकता होती है; he settled the question of boundary with great ~

उसने सीमा^{f} के झगड़े को बड़े ≈ से निपटा दिया. **diplomat** डिप्'लॅमैट *n*^{c}. राजनयिक : Russian ~s in India भारत में रूसी ≈. **diplomatic** डिप्लॅ मै'टिक *a.* **1.** राजनयिक : ~ body, ~ corps ≈ प्रतिनिधि मंडल, राजदूत वर्ग; ~ commentator ≈ विवेचक/टीकाकार; ~ correspondent ≈ संवाददाता; ~ immunity ≈ उन्मुक्ति^{f}; ~ mission ≈ मिशन, ≈ दल; ~ observers ≈ प्रेक्षक; ~ privileges and immunities ≈ विशेषाधिकार और सुविधाएँ; ~ protection ≈ संरक्षण. **2.** कूट, छलपूर्ण [dealings व्यवहार, statement वक्तव्य]; ~ person छली/कपटी व्यक्ति.

Dir. director निर्देशक.

dire डाइअर *a.* **1.** भीषण, भयानक, भयावह, घोर : a ~ disaster एक ≈ आपदा; a ship in ~ peril घोर ख़तरे में जहाज़. **2.** अत्यंत, अति : he is in ~ need of clothes उसे कपड़ों की ≈ आवश्यकता^{f} है.

direct डाइ रें'क्ट' **I.** *v.t.* **1.** संबोधित करना : he ~ed them उसने उन्हें संबोधित किया. **2.** (address) पता लिखना : he ~ed the letter to his new address उसने पत्र पर नया पता लिखकर भेज दिया. **3.** (order and instruct) आदेश देना, निर्देश देना : I was directed to give you this letter मुझे इस पत्र को तुम्हें देने का निर्देश दिया गया था; the police ~ed the crowd to disperse पुलिस^f ने भीड़^{f} को तितर-बितर होने का आदेश दिया. निर्देश देना, निर्देश करना : I ~ed him to do the work carefully मैंने उसे काम को सावधानीपूर्वक करने का निर्देश दिया. **4.** (to tell the way) रास्ता बताना : will you ~ me to the post-office क्या तुम मुझे डाकघर का रास्ता बताओगे या दिखाओगे; the old man ~ed them to the camp बूढ़े आदमी ने उन लोगों को कैम्प का रास्ता दिखाया; I ~ed him to the school मैंने उसे स्कूल का रास्ता बताया. **5.** (control) संचालन क़रना : to ~ a business व्यवसाय का ≈; the meeting was ~ed by Mr. Sharma मीटिंग का संचालन श्री शर्मा ने किया. **6.** (influence) प्रभावित होना : his donation was ~ed by mercy उसका दान दया^{f} से प्रभावित था. **II.** *a.* **1.** (straight) सीधा, प्रत्यक्ष [answer उत्तर, connection संबंध, election चुनाव]; ~ action सीधी कार्रवाई, आन्दोलन; ~ cause प्रत्यक्ष कारण; ~ hit सीधी चोट^f; ~ line सीधी रेखा^{f}; ~ road सीधी^{f} सड़क; ~ tax प्रत्यक्ष कर; ~ way to the school स्कूल जाने का सीधा रास्ता. [*ant.* indirect] **2.** (lineal) वंशगत : a son is a ~ descendant of his grandfather पुत्र अपने दादा का ≈ उत्तराधिकारी होता है. **3.** (exact) ठीक : she is the ~ opposite of her sister वह अपनी बहन से ≈ उल्टी है. **direction** डाइ रें'क्'शन *n.* **1.** दिशा^{f}, तरफ़^{f} [opposite विपरीत, right दाहिनी, straight सीधी]; sense of ~ दिशाबोध; run in the ~ of the city शहर की ओर दौड़ो; all of them were going in the same ~ वे सब तरफ जा रहे थे; they went in that ~ वे उस ≈ को गए; they were coming from all ~s वे सभी दिशाओं से आ रहे थे; in which ~ is the post-office डाकघर किस दिशा में है? **2.** निर्देश : [clear स्पष्ट, confusing भ्रामक, exact ठीक, written लिखित]; we have received no ~ हमें कोई निर्देश नहीं मिला. the manager gave ~ that the work was to be stopped प्रबंधक ने ≈ दिए कि काम बंद कर दिया जाय; according to his ~ उसके ≈ के अनुसार; they danced under my ~ वे मेरे निर्देशन में नाचे. **3.** संचालन, परिचालन : he has no sense of ~ उसे ≈ की समझ^f नहीं है. **directive** डाइ रें'क्'टिव **I.** *a.* निर्देशक, निदेशात्मक, दिशासूचक : ~ principles निर्देशक सिद्धांत. **II.** *n*^{c}. निर्देश : ~ from the central government केन्द्रीय सरकार^f का निर्देश. **directly** डिरें'क्टलि' *adv.* **1.** सीधे : I will come ~ to your house मैं सीधे तुम्हारे घर आऊंगा; the light was focussed on his face ~ प्रकाश ≈ उसके चेहरे पर केन्द्रित किया गया था; the animal was coming ~ at him जानवर सीधे उसकी तरफ आ रहा था; he wrote to me ~ उसने मुझे सीधे लिखा; he stands ~ in my way वह ≈ सीधे मेरे रास्ते में खड़ा है; I am not ~ concerned मेरा कोई सीधा वास्ता नहीं है. **2.** (at once) तुरंत : they left him ~

उन्होंने उसे ≈ छोड़ दिया; do it ~ इसे तुरंत करो. **director** डाइ रेॅक्'टर *n*ᶜ. निर्देशक, संचालक : board of ~s ≈ मंडल : ~ general महानिदेशक : ~of Education शिक्षा निदेशक. **directory** डिरेॅक्'टरि *n*ᶜ. निर्देशिकाᶠ, डाइरेक्टरीᶠ : you can find out the number of telephone in the ~ तुम निर्देशिका में टेलीफ़ोन नम्बर पा सकते हो.

dirge डॅर्ज *n*ᶜ. शोकगीत, मर्सिया, विलाप : it was a slow ~ यह एक मंद शोकगीत था.

dirt डर्ट *n*ᶜ. **1.** गंदगीᶠ : मैलᶠ : wash the ~ off your hands before you have your dinner भोजन लेने से पहले अपने हाथ की ≈ साफ़ करो. **2.** धूलᶠ : मिट्टीᶠ, गर्द : as cheap as ~ मिट्टी के भाव; ~ cheap बहुत सस्ता; the child likes to play in the ~ बच्चा मिट्टी में खेलना पसंद करता है; a ~ track कच्चा रास्ता. Δ **to treat smb like ~** किसी को तुच्छ समझना; **to fling ~ on smb** किसी पर कीचड़ उछालना; **to eat ~** बदनामीᶠ सहना. **dirty** डर्'टि *a.* **1.** गंदा, मैला [clothes कपड़े, face चेहरा, floor फ़र्श, hands हाथ, suit सूट, work काम]; where did you get so ~ तुम इतने गंदे कहा से हो गए? [*ant.* clean]. **2.** (fig.) गंदा, ख़राब : it was a ~ affair यह ≈ मामला था; ~ mind गंदी बातोंᶠ से भरा मन; ~ money गंदी कमाईᶠ का पैसा; ~ thoughts गंदे विचार; ~ trick घृणित चालᶠ; ~ weather ख़राब मौसम; ~ word अश्लील शब्द; ~ work अभद्र कार्य.

dis *pref.* न, अन (नकारना) disadvantage, disagree, disappear disarm, discourage, dishonour, dislike, disobedient, displease, disregard.

disability डिसॅ बि'लिटि *n*ᶜ. अशक्तताᶠ, असमर्थताᶠ : physical ~ शारीरक ≈ᶠ, ~ pension अशक्तता पेंशन. [*ant.* fitness] **disable** डिस् ए'बल *v.t.* **1.** असमर्थ करना, अशक्त करना, पंगु या अपाहिज बना देना, बेकार कर देना : to ~ a person किसी व्यक्ति को अशक्त बनाना; the accident ~d him दुर्घटनाᶠ ने उसे अपाहिज बना दिया; one bomb can ~ a ship एक बम जहाज़ को बेकार कर सकता है. **2.** (disqualify) अयोग्य ठहराना : the candidate was ~d by the commission आयोग ने उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया. **disabled** डिस् ए'बल्ड *a.* अंगहीन, पंगु, लूला-लंगड़ा, अपाहिज, नाकारा : the ~ will receive allowances ≈ व्यक्तियों को भत्ता मिलेगा; a ~ soldier एक अपाहिज सिपाही; ~machine ≈ मशीनᶠ. [*ant.* fit]

disadvantage डिस् एड् व़ान्'टिज *n*ᶜ. **1.** अलाभ, हानिᶠ, नुकसान : to be **at a ~** ≈ की स्थितिᶠ में होना; a blind eye of hers is a great ~ to her एक आँख से कानी होने के कारण उसका बड़ा नुकसान है. **2.** कठिनाईᶠ, असुविधा : this narrow lane is the only ~ about this house यह तंग गलीᶠ इस मकान के बारे में एकमात्र ≈ है. [*ant.* advantage]

disagree डि सॅ ग्री' *v.t.* **1.** असहमत होना, मतभेद होना : to ~ with smb किसी से ≈; I ~ with what he says जो कुछ वह कहता है मैं उससे असहमत हूँ. **2.** झगड़ा/विवाद करना : the two friends often ~ दोनों मित्र प्राय: झगड़ बैठते हैं; they ~ about everything वे सभी बातोंᶠ पर विवाद करते हैं. **3.** अंतर होना, मेल न खाना : these two reports ~ इन दो रिपोर्टोंᶠ में अंतर है; my book ~s with yours on this question मेरी किताबᶠ आपकी किताबᶠ से इस प्रश्न पर मेल नहीं खाती. **4.** अनुकूल न होना : this climate or food ~s with me यह आबोहवाᶠ या यह खाना मेरे अनुकूल नहीं है. [*ant.* agree] **disagreeable** डिसॅग्रि'अबल *a.* **1.** अप्रिय, अरुचिकर : ~ job अरुचिकर कार्य; ~ smile ≈ मुस्कानᶠ; this medicine has a ~ taste, so I hate taking it इस दवाᶠ का स्वाद अरुचिकर है इसलिए इसे लेने से मुझे घृणा होती है. **2.** झगड़ालू : Shyama is a ~ girl श्यामा एक ≈ लड़की है. **3.** (unfriendly) नाराज़ : I shall do what you say, don't be ~ जो कहते हो, करूंगा ≈ मत होओ. [*ant.* agreeable] **disagreement** डिसॅग्री'मन्ट *n*ᶜ. **1.** मतभेद, असहमतिᶠ : total ~ पूरा मतभेद; I have a serious ~ with him about money पैसे के मामले में उससे मेरी घोर असहमति है; ~ on principles सिद्धांतों पर मतभेद. **2.** (un- likeness) अंतर : there is no ~ between these two reports इन दो रिपोर्टों में कोई ≈ नहीं है.

disallow डिसॅलॉउ' *v.t.* अस्वीकार करना, इजाज़त

न देना : his claim was ~ed by the court उसका दावा न्यायालय द्वारा अस्वीकार कर दिया गया; the judge ~ed his claim जज ने उसका दावा स्वीकार नहीं किया; he was ~ed entrance उसे प्रवेश की इजाज़त^F नहीं मिली. [*ant.* allow]

disappear डिसॅ पि'अर *v.i.* **1.** गायब हो जाना, लुप्त/अदृश्य हो जाना, आँखों^{F} से ओझल हो जाना : the moon ~ed behind a cloud चंद्रमा बादल के पीछे ओझल या अदृष्य हो गया; the ship ~ed जहाज़ लुप्त हो गया. **2.** भाग जाना : he ~ed without leaving a trace कोई पदचिह्न छोड़े बिना वह भाग गया. **3.** मिट जाना, समाप्त हो जाना : footprints soon ~ed चरणचिह्न तुरंत मिट गए; it ~ed forever यह हमेशा के लिए मिट गया; suddenly all his confidence ~ed एकाएक उसका आत्मविश्वास समाप्त हो गया; some animals are ~ing कुछ पशु समाप्त/गायब हो रहे हैं. [*ant.* appear] **disappearance** डिसॅ पिअ'रन्स n^{cu}. तिरोभाव, लोप : her sudden ~ was a shock उसके एकदम गायब हो जाने से सदमा पहुँचा; ~ of anything किसी वस्तु का ≈.

disappoint डि सॅ पॉइन्ट' *v.t.* **1.** निराश होना, हताश करना : don't be ~ed, buy the coat निराश न हो, कोट खरीद लो; I am sorry to ~ you मुझे तुमको निराश करने में दुख है; I am ~ed with the result मैं परिणाम से निराश/हताश हूँ; he promised to do it, but in the end ~ed me उसने इसे करने का वचन दिया लेकिन अंत में मुझे निराश कर दिया; the exhibition ~ed us प्रदर्शनी से हम निराश हुए; we were ~ed at not seeing you there हम आपको वहाँ न पाकर निराश हुए, **2.** our hopes were ~ed हमारी आशाओं पर पानी फिर गया. **disappointed** डिसॅ पॉइन्'टिड *a.* निराश : ~ children, players निराश बच्चे, खिलाड़ी; ~ at failure असफलता^{F} के कारण हताश; ~ in love प्रेम में असफल. **disappointing** डि सॅ पॉइन्'टिंग *a.* निराशाजनक : your work is ~ तुम्हारा काम निराशाजनक है; ~ result निराशाजनक परिणाम; ~ news निराशाजनक समाचार. [*ant.* hopeful] **disappointment** डिसॅ पॉइन्ट'मन्ट n^c. **1.** हताशा^{F}, निराशा^{F} [bitter कड़ी, complete पूर्ण, great बड़ी/भारी, terrible घोर]; he left the meeting in great ~ वह भारी ≈ से बैठक छोड़कर चला गया; the results were a ~ to us परिणाम हमारे लिए निराशाजनक थे. **2.** निराशा^{F} का कारण : the boy was a ~ to his parents लड़का माता-पिता की ≈ था.

disarm डिस् आर्म' *v.t.* **1.** निरस्त्र करना, निहत्था करना : the murderer was ~ed हत्यारे के हथियार छीन लिए गए; if you want to ~ a gunman, try to knock the gun out of his hand यदि तुम बंदूकधारी को निःशस्त्र करना चाहते हो तो उसकी बंदूक^F गिरवाने का प्रयास करो. [*ant.* arm] **2.** शांत कर देना : his kind words ~ed them उसके दयालुतापूर्ण शब्दों ने उन्हें शांत कर दिया; his smile ~ed me उसकी मुस्कान^F ने मुझे शांत बना दिया; he ~ed his critics उसने अपने आलोचकों को शांत कर दिया. **disarmament** डिस् आर्'मॅमन्ट n^c. निरस्त्रीकरण : it was hoped that the ~ conference of nations would agree to get rid of all their weapons of war यह आशा^{F} की गई थी कि ≈ सम्मेलन के देश युद्ध के हथियारों से छुटकारा पाने में सहमत हो जाएँगे; ~ commission ≈ आयोग.

disaster डि ज़ास्'टर n^c. विनाश, अनर्थ, मुसीबत^F: the aircrash was a great ~ हवाई जहाज़ दुर्घटना^{F} एक भीषण ≈ का कारण था; the elections brought a ~ for this party चुनावों ने इस दल पर ≈ ला दिया. [*ant.* blessing] **disastrous** डि ज़ास्'ट्रस *a.* अनर्थकारी, विनाशकारी [attack आक्रमण, fire आग^F, flood बाढ़^{F}, mistake गलती^{F}].

disband डिस् बैन्ड' **I.** *v.t.* छिन्न-भिन्न करना या होना, तोड़ देना, भंग करना या होना : the meeting was ~ed by the chairman अध्यक्ष ने सभा^{F} भंग कर दी; we had to ~ our boys because there was no room हमें लड़कों को तितर-बितर करना पड़ा क्योंकि हमारे पास जगह^F नहीं थी. **II.** *v.i.* छिन्न-भिन्न होना : the club has ~ed क्लब छिन्न-भिन्न हो गया है, टूट गया है.

disburse डिस् बर्स' *v.t.* बाँटना : to ~ money पैसे बाँट देना : the fund is ~d by the

treasurer निधि^{F} ख़ज़ांची द्वारा व्यय की जाती है. **disbursement** डि स् बर्स'मन्ट n^c. भुगतान, परिव्यय : ख़र्च : ~ of a sum of money धनराशि^{F} का भुगतान.

discard डिस् कार्ड *v.t.* **1.** फेंक देना : to ~ old hat पुराने हैट को ≈. **2.** (give up) त्याग देना, छोड़ देना : to ~ an old coat पुराने कोट को त्याग देना; to ~ one's bad habits अपनी बुरी आदतें^{F} छोड़ देना.

discern डि सर्न' *v.t.* पहचानना, पहचान^F करना : ~ the truth सत्य को पहचानो; to ~ between good and bad अच्छाई^F और बुराई^F में पहचान करना; he could not ~ the road in darkness वह अंधेरे में सड़क^F की पहचान न कर सका; ताड़ना, भाँपना : we discerned from his face that he was sad हम उसके चेहरे से भाँप गए कि वह उदास है. **discernment** डि सर्न'मन्ट n^c. विवेक, पहचान^F : he showed ~ in choosing his companion अपना साथी चुनने में उसने विवेक का प्रदर्शन किया.

discharge डिस् चार्ज **I.** *v.t.* **1.** रिहा करना, बरी करना, मुक्त करना : to ~ a prisoner कैदी को ≈; the court ~d him न्यायालय ने उसे बरी कर दिया. **2.** छुट्टी देना : to ~ a patient from hospital रोगी को हस्पताल से ≈. **3.** बरख़ास्त करना, निकाल देना : to ~ an employee from service कर्मचारी को नौकरी से ≈; to ~ a clerk लिपिक को हटा देना. **4.** छोड़ना, निकालना : the wound ~d pus घाव से मवाद निकला. **5.** पालन करना, पूरा करना : to ~ one's duty अपने कर्तव्य का पालन करना. **6.** दाग़ना, (बंदूक^F) छोड़ना : he ~d the gun suddenly उसने एकाएक बंदूक^F दाग दी. **7.** चुकता करना, चुकाना : you must ~ your debt तुम्हें निश्चित रूप से ऋण चुका देना चाहिए. **8.** (unload) उतारना, खाली करना : the ship ~d coal जहाज़ से कोयला उतारा गया. **II.** डिस्'चार्ज n^{cu}. **1.** छुटकारा, रिहाई^F, विमुक्ति^{F} : ~ from prison जेल से ≈. **2.** (dismissal) बरख़ास्तगी^{F} : ~ from service नौकरी^{F} से ≈. **3.** (of gun) गोलाबारी^{F}. **4.** भुगतान, चुकाव : ~ of debt ऋण का ≈. **5.** पालन : ~ of duty कर्तव्य पालन. **6.** (pus) रिसाव : ~ from a wound घाव का ≈.

disciple डि साइ'पल n^c. शिष्य, चेला : a ~ of Jesus was one of his followers ईसा का एक ≈ उसके अनुयायियों में से था; Vivekananda was a ~ of Ram Krishna Paramhans विवेकानंद रामकृष्ण परमहंस के शिष्य/चेले थे; ~s of Guru Nanak गुरु नानक के शिष्य/सिख. **disciplinary** डि'सिप्लिनरि *a.* अनुशासनिक : take ~ action ≈ कार्यवाही^{F} करना : ~ lay-off अनुशासन की दृष्टि से या दण्ड के रूप में जबरन छुट्टी^{F}. **discipline** डि'सिप्लिन **I.** n^c. **1.** अनुशासन [military सैनिक, school स्कूली] ; the ~ in our school is so good that the children carry out his orders even if the teacher is absent हमारे विद्यालय में ≈ इतना अच्छा है कि अध्यापक की अनुपस्थिति में भी बच्चे उनकी आज्ञाओं का पालन करते रहते हैं; the ~ of the troops is satisfactory सेनाओं^{F} का ≈ संतोषजनक है; this teacher cannot keep ~ यह अध्यापक ≈ नहीं रख सकता; ~ of mind आत्म-नियंत्रण. **2.** (subject of study) विषय, विद्या^{F} की शाखा^{F} : Chemistry, Geography, Biology, etc. are ~s रसायन विज्ञान, भूगोल, जीवविज्ञान, आदि विद्या की शाखाएँ हैं. **II.** *v.t.* अनुशासित करना : ~ your children अपने बच्चों को अनुशासित करो; ~ yourself अपने को अनुशासित करो. **disciplined** डि'सिप्लिन्ड *a.* **1.** अनुशासित [boy लड़का, pupil छात्र, servant नौकर]. **2.** प्रशिक्षित, सीखा हुआ, सधा हुआ : he is a ~ being वह प्रशिक्षित जीव है.

disclose डिस् क्लोज़' *v.t.* **1.** (make known) बता देना, प्रकट करना, ज़ाहिर करना : ~ your name अपना नाम बता दो; he ~d the truth when questioned जब उससे पूछा गया तो उसने सत्य प्रकट कर दिया; the doctor's examination ~d the cause of wound डाक्टरी परीक्षण ने उसके घाव के कारण को प्रकट कर दिया. **2.** (uncover) खोलना, प्रकाशित करना : to ~ a secret रहस्योद्घाटन करना, भेद खोलना. [*ant.* hide, conceal] **disclosure** डिस् क्लो'ज़र n^c. भेद खुलना, रहस्योद्घाटन : the ~ ruined him रहस्योद्घाटन (भेद खुलने) ने उसे नष्ट कर दिया;

she made several ~s about herself उसने अपने बारे में बड़े रहस्योद्घाटन किए.

discomfort डिस् कॅम्'फ़र्ट n^{c}. असुविधा^{F}, बेचैनी^{F} : they live in ~s वे असुविधाओं में जीते हैं; toothache is a great ~ दाँत दर्द से बड़ी बेचैनी^{F} होती है; Ajay suffered great ~ because his shoes were too tight अजय को बहुत ही असुविधा^{F} हुई क्योंकि उसके जूते बहुत ही तंग थे.

disconnect डिस् कॅ नॅक्ट' *v.t.* **1.** अलग करना, पृथक् करना, काटना : an electric bell will not ring if you ~ its wires विद्युत घंटी^{F} नहीं बजेगी यदि तुम इसके तार काट/अलग कर दो; did you ~ the telephone line क्या तुमने टेलीफ़ोन काटा था? **2.** विच्छेद करना : ~ relations संबंध ≈; to ~ water supply पानी की आपूर्ति काट देना. **disconnected** डिस्कॅ नॅक्'टिड *a.* **1.** असंबद्ध : ~ lecture ≈ भाषण; ~ thoughts ≈ विचार. **2.** अलग, पृथक, कटा हुआ : ~ wire कटा हुआ तार.

discontent डिस् कन् टेन्ट' n^{u}. **1.** असंतोष : there is so much ~ among the people लोगों में इतना ≈ है; ~ makes a man bad-tempered ≈ व्यक्ति को तुनकमिज़ाज बना देता है. **2.** असंतोष का कारण : we brought before our chief several ~s हम अपने अध्यक्ष के सामने असंतोष के कई कारण लाए. **discontented** डिस्कन् टॅन्'टिड *a.* असंतुष्ट : ~ servant ≈ नौकर; Tony was ~ with his bicycle टोनी अपनी साइकिल^{F} से ≈ था; I am ~ with my wages मैं अपनी मज़दूरी^{F} से ≈ हूँ.

discontinue डिस् कन्'टिन्यू *v.t.i.* बंद करना, सिलसिला तोड़ना : his visits ~d after that उसके बाद उसका आना-जाना बंद हो गया; the newspaper has ~d publication समाचार-पत्र ने प्रकाशन बंद कर दिया है; that custom has been ~d वह प्रथा^{F} समाप्त हो गई है. [*ant.* continue] **discontinuity** डिस्कन्टि न्यू'इटि n^{u}. **1.** (gap) अंतराल, अंतर : ~ in education शिक्षा^{F} में ≈. **2.** भंग : ~ in a curve वक्र (रेखा) का ≈. **discontinuous** डिस्'कन् टिन्यूअस *a.* विच्छिन्न : ~ line ≈ रेखा^{F} (- - - -). [*ant.* continuous]

discord डिस्'कॉर्ड n^{c}. वैमनस्य, फूट^{F}, मतभेद, अनबन^{F} : the family lived in ~ परिवार में वैमनस्य था; many ~s have arisen in the family परिवार में बहुत से मतभेद/झगड़े उठ खड़े हुए हैं; stop quarreling, we will not have ~ in the house झगड़ा बंद कीजिए, इस घर में हम फूट^{F} नहीं पैदा करेंगे.

discount डिस्'काउन्ट **I.** n^{c}. बट्टा, कटौती^{F}, छूट^{F} : you can give me some ~ on these books इन किताबों^{F} पर आप मुझे कुछ ≈ दे सकते हैं; the goods are sold at a ~ माल छूट^{F}/बट्टे पर बिकता है. **2.** अनादर : to accept a rumour with a ~ किसी अफ़वाह^{F} को ≈ के साथ स्वीकार करना; honesty is at a ~ ईमानदारी^{F} का कोई आदर नहीं है. **II.** डिस् काउन्ट' *v.t.* **1.** बट्टा काटना : to ~ a bill बिल में से (कटौती करना). **2.** विश्वास न करना : ~ a news समाचार पर ≈; I ~ what he says मैं उसके कहे पर विश्वास नहीं करता; to ~ smb's opinion किसी की राय को नगण्य समझना.

discourage डिस् कॅ'रिज *v.t.* **1.** हतोत्साह करना, हिम्मत तोड़ना : he was much ~d by his failure उसकी असफलता ने उसे बहुत ही हतोत्साहित कर दिया; you must not ~ the students तुम्हें छात्रों को हतोत्साहित नहीं करना चाहिए. **2.** निराश करना : constant bad luck ~s अनवरत दुर्भाग्य निराश करता है. **3.** रोकना : begging should be ~d भीख^{F} मांगने^{F} को रोका जाना चाहिए (पर रोक लगनी चाहिए); to ~ smb from doing smth किसी को कुछ करने से ≈. **4.** विरोध करना, बाधा^{F} उपस्थित करना : to ~ a plan किसी योजना^{F} में बाधा^{F} डालना. [*ant.* encourage]

discourse डिस्'कॉर्स **I.** n^{c}. भाषण, बातचीत^{F} : a ~ on this subject इस विषय पर ≈; ~ at length लंबा भाषण; he delivered a long ~ उसने एक लंबा भाषण दिया; written ~ निबंध; a ~ on poetry कविता^{F} पर भाषण. **II.** *v.i.* लंबी बातचीत^{F} करना, लंबा भाषण देना; he likes to ~ on legal matters वह कानूनी मामलों पर ≈ पसंद करता है; peasants ~ on crops production किसान फ़सलों के उत्पादन पर बातचीत करते हैं; to ~ on/upon religion धर्म पर प्रवचन देना.

discover डिस् कॅ'व़र *v.t.* **1.** (find) खोज निकालना, पता लगाना, ढूँढ़ लेना : Columbus

~ed America कोलंबस ने अमेरिका का पता लगाया; to ~ a new drug एक नई दवा^F की खोज करना; to ~ smth which was there before किसी वस्तु^F को ढूँढ़ निकालना जो पहले से थी; if you can ~ anything about him let us know यदि तुम उसके बारे में कुछ पता लगा सको तो हमें जता देना; their escape was not ~ed until the next day अगले दिन तक उनके निकल भागने का पता नहीं लगाया जा सका; we have ~ed his real name हमने उसके वास्तविक नाम का पता लगा लिया है. **2.** (reveal) प्रकट करना; he ~ed his secret to me उसने अपना रहस्य मुझसे प्रकट किया. [*ant.* conceal] **3.** (realise) महसूस करना : try and you will ~ that you can do it प्रयास करो और तुम महसूस करोगे कि तुम इसे कर सकते हो; we ~ed that they knew nothing of what had happened हमने महसूस किया कि वे कुछ नहीं जानते कि क्या हो गया था. **discoverer** डिस् कॅ'व़रर *n*^c. खोजकर्ता : Captain Cook was the ~ of New Zealand कप्तान कुक न्यूज़ीलैण्ड के ≈ थे. **discovery** डिस् कॅ'व़रि *n*^c. (*pl.* discoveries) खोज [astounding आश्चर्यजनक, great भारी/महान, important महत्वपूर्ण]; the law of gravitation was an amazing ~ गुरुत्वाकर्षण का नियम एक आश्चर्यजनक ≈ थी; he made a number of ~ies उसने बहुत-सी खोजें कीं.

discredit डिस् क्रें'डिट **I.** *n*^u. **1.** बदनामी^F : it reflects ~ on/upon him इससे उसकी ≈ झलकती है. **2.** बदनामी का कारण : his son was a ~ to the family उसका बेटा परिवार की ≈ था. **II.** *v.t.i.* **1.** बदनाम करना, मान या प्रतिष्ठा घटाना : bad conduct ~ed his name दुराचरण ने उसका नाम बदनाम कर दिया. **2.** संदेह करना, विश्वास न करना : this theory has now been ~ed यह सिद्धांत अब संदिग्ध हो गया है; ~ one's good wishes किसी की शुभकामनाओं^F पर संदेह प्रकट करना; to ~ the news समाचार पर ≈; he ~ed my story उसने मेरी कहानी^F पर विश्वास नहीं किया.

discretion डिस् क्रें'शन *n*^u. विवेक, सूझ-बूझ^F, सद्बुद्धि : years of ~ विवेकपूर्ण अवस्था^F; use your ~ whether to write or not अपने विवेक से काम लो कि लिखना है या नहीं; you do it at your own ~ तुम अपने विवेक (अपनी सूझबूझ) के अनुसार काम करो; I leave it to your ~ मैं इसे तुम्हारे विवेक पर छोड़ता हूँ; it is within your ~ आप अपने विवेक से जो करें ठीक है. Δ ~ **is the better part of valour** अकल बड़ी कि भैंस.

discriminate डिस क्रि'मिनेट *v.t.* **1.** भेद करना, अंतर करना, फ़र्क करना : to ~ good music from bad अच्छे और गंदे संगीत में ≈; to ~ between good and bad अच्छे और बुरे में ≈; the government order ~s between man and woman सरकारी आदेश स्त्री-पुरुष में भेद करता है; to ~ against or in favour of smb किसी के विरुद्ध/पक्ष में भेदभाव करना; we never ~ हम कभी भेदभाव नहीं रखते. [*ant.* indiscriminate]. **discrimination** डिस्क्रिमिने'शन *n*^c. भेदभाव, पक्षपात, तरफ़दारी^F : racial ~ जातिगत ≈; in choosing the captain the manager showed ~ कप्तान चुनने में प्रबंधक ने तरफ़दारी की (पक्षपात दिखाया); there should be no ~ ≈ नहीं होना चाहिए.

discuss डिस् कस' *v.t.* विचार करना, विचार-विमर्श करना, चर्चा करना : we were ~ing elections हम चुनावों की चर्चा कर रहे थे; we ~ed what we should do next हम लोगों ने विचार किया कि आगे क्या करना चाहिए; that question must not be ~ed now उस प्रश्न के बारे में अब चर्चा^F नहीं होनी चाहिए; I will ~ the matter with you मैं इस विषय पर तुमसे चर्चा करूंगा; ~ the affair with your friends, then you can tell me what would be best to suit you all इस मामले पर अपने मित्रों से विचार-विमर्श करो, तब तुम मुझे बता सकोगे कि तुम्हारे अनुकूल सबसे अच्छा क्या होगा; to ~ a topic किसी विषय पर ≈; they held a meeting to ~ the situation उन्होंने स्थिति^F पर विचार-विमर्श करने के लिए मीटिंग^F की. **discussion** डिस् कॅ'शन *n*^c. विचार-विमर्श, चर्चा^F [lively जीवंत, long लंबी, short संक्षिप्त]; under ~ चर्चाधीन; the matter is still under ~ मामला अभी ≈ है; the question is still under ~ प्रश्न अब भी ≈ है; to conduct

or hold a ~ विचार-विमर्श का आयोजन करना; after a long ~ लंबे विचार-विमर्श के बाद; the new matter caused much ~ नया मामला काफी ≈ का विषय रहा; the ~ went on for hours चर्चा घंटों चली; the discussion about the building of new school नए स्कूल की इमारत^F के बारे में ≈; the same affair came up for ~ again वही मामला फिर ≈ के लिए पेश हुआ.

disdain डिस् डेन' **I.** *v.t.* तिरस्कार करना, अवज्ञा^F करना, अवहेलना^F करना, ठुकराना : they ~ed my suggestion उन्होंने मेरे सुझाव को ठुकरा दिया; to ~ anyone or anything किसी व्यक्ति या वस्तु की अवहेलना करना/का तिरस्कार करना. [*ant.* respect] **II.** *v.i.* इंकार करना : she ~ed to reply उसने उत्तर देने से इंकार कर दिया. **III.** *n*^u. तिरस्कार, अनादर : they dropped the matter with ~ उन्होंने मामले को तिरस्कारपूर्वक रफ़ा-दफ़ा कर दिया.

disease डि ज़ीज़' *n*^c. रोग, बीमारी [chronic, contagious संक्रामक, dangerous ख़तरनाक, fatal घातक, hereditary वंशानुगामी, incurable लाइलाज, mental मानसिक, terrible भयंकर]; to catch a ~ कोई रोग लगना; to cure a ~ ≈ का इलाज करना; heart ~ हृदय की बीमारी; children's ~s बच्चों की बीमारियाँ; all living things are liable to ~ सभी जीवित पदार्थ रोगों का शिकार हो सकते हैं. (fig.) **~s of the mind** मानसिक रोग. [*ant.* health] **diseased** डि ज़ीज़्ड' *a.* रुग्ण, रोगग्रस्त, बीमार [animal पशु, bone हड्डी, foot पैर, man आदमी, plant पौधा].

disfigure डिस फ़ि'गर *v.t.* रूप बिगाड़ना, सुन्दरता^F नष्ट करना, कुरूप बनाना : her face was ~d by the accident उसका चेहरा दुर्घटना^F से कुरूप हो गया; to ~ a work of art कलाकृति^F (की सुंदरता^F) नष्ट करना; the garden was ~d by buildings in it बाग को उसके अंदर की इमारतों ने खराब कर दिया.

disfranchise डिस् फ़्रैन्'चाइज़ *v.t.* मताधिकार या नागरिक अधिकारों से वंचित करना : murderers are ~d हत्यारों को नागरिक अधिकारों से वंचित कर दिया जाता है.

disgrace डिस् ग्रेस' **I.** *n*^c. **1.** बदनामी^F, अपयश, अपकीर्ति^F, कलंक, लांछन : it is a ~ to his family इससे उसके परिवार की ≈ है; she has brought ~ on her family उसने अपने परिवार को लांछित/कलंकित कर दिया है; to fall in ~ कलंकित होना. **2.** कलंक ,बदनामी का कारण : that teacher was a ~ to the university वह अध्यापक विश्वविद्यालय का ≈ था. [*ant.* honour] **II.** *v.t.* कलंकित करना, अपमानित करना : the Chief Minister was publicly ~d मुख्यमंत्री को सरे आम अपमानित किया गया; your behaviour ~s us all तुम्हारा व्यवहार हम सभी को कलंकित करता है; he ~d himself उसने अपने-आप को कलंकित कर दिया. **disgraceful** डिस् ग्रेस'फुल *n*^c. **1.** लज्जाजनक : it is a ~ thing, indeed यह सचमुच ≈ बात^F है. **2.** (very bad) बहुत ख़राब : the food in that restaurant is ~ उस रेस्तरां में खाना ≈ होता है.

disguise डिस् गाइज़' **I.** *v.t.* **1.** छिपाना, पर्दा डालना : to ~ one's feelings, opinion अपनी भावनाओं, मतों को छिपाना; we are not ~ing any facts हम किन्हीं तथ्यों को छिपा नहीं रहे हैं. [*ant.* expose] **2.** भेस बदलना, रूप धारण करना : the thief ~d himself as a policeman चोर ने पुलिस का रूप धारण कर लिया; sometimes a detective has to ~ himself कभी-कभी ख़ुफ़िया को अपना रूप बदलना पड़ता है. **II.** *n*^c. **1.** वेष : a dunkey in a lion's ~ सिंह के ≈ में गधा. **2.** छिपाव, दुराव : he made no ~ of his feelings उसने अपनी भावनाओं को छिपाया नहीं.

disgust डिस् गॅस्ट' **I.** *n*^u. खीझ^F, चिढ़^F : his conduct fills me with ~ उसका आचरण मुझमें ≈ भर देता है; she showed her ~ at her strange behaviour उसने उसके विचित्र व्यवहार पर ≈ प्रकट की; he left the job in ~ उसने खीझकर यह काम छोड़ दिया. **II.** *v.i.* खीझना, चिढ़ना, उकताना, अरुचि होना : I am ~ed with his book मुझे उसकी किताब^F से^F चिढ़^F है; your behaviour ~s me तुम्हारे व्यवहार से मुझे खीझ होती है; feel ~ed with a person's character किसी व्यक्ति के चरित्र से चिढ़/खीझ होना.

dish डिश **I.** *n*^c. **1.** थाली^F, प्लेट^F [delicate नाज़ुक, dirty गंदी, fragile शीघ्र टूटने वाली];

food, vegetable, ~ भोजन, सब्जी की प्लेट : wash the ~es थालियों को धो लो; put fruit in the ~ फल प्लेट में रखो; I want a ~ of meat मुझे एक प्लेट मांस चाहिए. **2.** (food) भोजन, पकवान [cold ठंडा, favourite प्रिय, good अच्छा, hot गर्म, light हल्का, special विशिष्ट, tasty स्वादिष्ट]; standing ~ प्रतिदिन का भोजन. **II.** *v.t.* परोसना : to ~ dainties स्वादु भोजन ≈. Δ ~ **up** आकर्षण रूप में प्रस्तुत करना [arguments तर्क, ideas विचार].

dishearten डिस् हॉर्टन' *v.t.* उत्साह भंग करना, हिम्मत^F तोड़ना, निरुत्साहित करना : he is very much ~ed by his failure वह अपनी असफलता^{F} से बहुत निरुत्साहित है; don't tell the children that they still have many kilometres to walk, it would ~ them बच्चों को यह न बताओ कि उन्हें अभी कई किलोमीटर चलना है, इससे उनका उत्साह भंग हो जाएगा; repeated failure ~s anybody बार-बार की असफलता^{F} किसी को भी निरुत्साहित कर देती है. [*ant.* encourage]

dishonest डिस् ऑ'निस्ट *a.* **1.** बेईमान : ~ leader ≈ नेता; she is not at all ~ वह बिल्कुल ≈ नहीं है; a ~ businessman एक ≈ व्यवसायी. **2.** धूर्ततापूर्ण : ~ means ≈ साधन. [*ant.* honest] **dishonesty** डिस ऑ'निस्टि n^u. बेईमानी^{F} : he is notorious for ~ वह ≈ के लिए बदनाम है; I detected his ~ मैं उसकी ≈ ताड़ गया; I never expect ~ from him मैं कभी उससे ≈ की आशा नहीं करता. [*ant.* honesty].

dishonour डिस् ऑ'नर **I.** n^c. अपयश, बदनामी^{F}: to bring ~ on one's family अपने परिवार की बदनामी कराना; his conduct is a ~ to our society उसके आचरण से हमारे समाज की बदनामी हुई. [*ant.* honour] **II.** *v.t.* अपमानित करना, अनादर करना, बदनाम करना, कलंकित करना : you have ~ed the entire society तुमने सारे समाज को बदनाम/कलंकित कर दिया है; your cheque has been ~ed आपका चेक अनादृत हो गया है.

disillusion डिसि लू'ज़न *v.t.* मोह या भ्रम दूर करना : I thought he was a good friend but I am ~ed now मैने सोचा कि वह एक अच्छा मित्र है लेकिन अब मेरा मोह भंग हो गया; she has ~ ed me उसने मेरा ≈ दूर कर दिया है.

disinfect डिसिन् फ़ॆक्ट' *v.t.* रोगाणु नष्ट करना, रोगाणुओं से मुक्त करना : to ~ a room after illness बीमारी^{F} के बाद कमरे को रोगाणुमुक्त करना; to ~ anything is to kill the dangerous germs in it किसी वस्तु^{F} को रोगाणुमुक्त करना उसमें के ख़तरनाक रोगाणुओं को मारना है. **disinfectant** डिसिन् फ़ॆक्'टन्ट *a.* रोगाणुनाशी, कीटाणुनाशक [medicines औषधियाँ, substance पदार्थ].

disinherit डिसिन् हॆं'रिट *v.t.* उत्तराधिकार से वंचित करना : he has ~ed his son उसने अपने पुत्र को उत्तराधिकार से वंचित कर दिया है; he was ~ed by his father बाप ने उसे उत्तराधिकार से वंचित कर दिया.

disjoin डिस्'जॉइन *v.t.* अलग करना, पृथक करना : ~ the two planks दोनों तख़्तों को अलग कर दो. [*ant.* join, unite] **disjointed** डिस् जॉइन्'टिड *a.* अव्यवस्थित, उखड़ा-पुखड़ा : ~ story उखड़ी-पुखड़ी कहानी^{F}; the speaker gave a ~ speech वक्ता ने अव्यवस्थित भाषण दिया; his remarks were ~ उसके टिप्पण उखड़े-पुखड़े थे. [*ant.* connected].

dislike डिस् लाइक' **I.** n^c. चिढ़^{F} : I have a ~ of/for long speeches मुझे लंबे-लंबे भाषणों से ≈ है; she spoke with ~ वह चिढ़कर बोली. **take a ~ to** चिढ़ने लगना; she now takes a ~ to me वह अब मुझसे चिढ़ने लगी है. [*ant.* liking] **II.** *v.t.* नापसंद करना, नफ़रत करना, घृणा करना : to ~ smth is not to like it किसी वस्तु से घृणा करना उसे पसंद न करना है; to ~ dancing नृत्य से नफ़रत करना; he disliked my opinion उसने मेरी राय को पसंद नहीं किया. [*ant.* like]

dislocate डिस्'लकेट **I.** *v.t.* **1.** गड़बड़ करना, अव्यवस्थित करना : our plans were ~d हमारी योजनाएँ गड़बड़ा गईं; this will ~ all our arrangements यह हमारी सभी व्यवस्थाओं^{F} को गड़बड़ कर देगा; all traffic was ~d सारा यातायात ठप हो गया. **2.** जोड़ से हटाना, स्थान से हटाना/हटना, हड्डी का जोड़ उखड़ना : his leg was ~d उसकी हड्डी का

जोड़ उखड़ गया. 3. बिगाड़ देना, खराब कर देना : to ~ a machine मशीन ≈.

dismember डिस् में॑म्'बर *v.t.* 1. अंगच्छेद करना : to ~ the body शरीर के अंग काट देना. 2. छिन्न-भिन्न करना, टुकड़े-टुकड़े करना : our country is being ~ed हमारा देश छिन्न-भिन्न हो रहा है; to ~ an empire किसी साम्राज्य को विभाजित करना.

dismiss डिस् मिस्' *v.t.* 1. (from office) पदच्युत करना, निकाल देना, सेवामुक्त करना : the man was ~ed from his work उस आदमी को काम से निकाल दिया गया; to ~ a servant नौकर को ≈; if you do this again you will be ~ed यदि फिर ऐसा करोगे तो (नौकरी से) निकाल दिए जाओगे. 2. विदा करना, निकालना : I have ~ed the matter from my mind मैंने मामले को मन से निकाल दिया है. 3. विसर्जित करना, छोड़ देना, छुट्टी देना : the teacher ~ed the class अध्यापक ने कक्षा को छुट्टी दे दी. 4. टाल देना : this subject should be ~ed इस विषय को टाल दिया जाए. 5. (law) मुकद्मा ख़ारिज करना, रद्द करना : the magistrate ~ed all the charges मजिस्ट्रेट ने सब आरोप रद्द कर दिए. **dismissal** डिस् मि'सल n^u. 1. बरख़ास्तगी^{F}, पदच्युति : ~ from company कंपनी से ≈. 2. ~ of a suit मुकदमा ख़ारिज. 3. विसर्जन : ~ of a meeting सभा^{F} का ≈.

disobedience डि सॅ बी'ड्यन्स n^u. आज्ञाभंग, आज्ञोल्लंघन : ~ of law कानून का उल्लंघन; ~ to smb किसी का ≈; civil ~ सविनय अवज्ञा, सिविल नाफ़रमानी; he was punished for ~ उसे ≈ करने पर दंडित किया गया. **disobedient** डिसॅ बी'ड्यन्ट *a.* अनाज्ञाकारी [boy लड़का, worker कर्मी]; he was very ~ to his mother वह अपनी माँ के प्रति बहुत ही ≈ था. [*ant.* dutiful]

disorder डिस् ऑर'डर I. n^u. 1. अव्यवस्था^{F}, गड़बड़, गोलमाल : his affairs are all in ~ उसके सभी मामले गड़बड़ हैं; the house was in ~ घर अव्यवस्थित था. [*ant.* order] 2. n^c. (disease) विकार, रोग : a stomach ~ पेट का ≈; ~s of the body or mind lead to illness शरीर अथवा मन के विकार रोग उत्पन्न करते हैं. 3. (tumult) अशांति^{F}, शांतिभंग : ~ in public जनता^{F} में अशांति. II. *v.t.* अस्त-व्यस्त कर देना : to ~ the brain मस्तिष्क ≈; the whole system was ~ed सारी व्यवस्था^{F} गड़बड़ा गई.

dispatch डिस् पैच' I. *v.t.* 1. पूरा करना, निबटाना, (शीघ्रता से) संपन्न करना : to ~ the day's task दिन का कार्य ≈; to ~ business धंधा निबटाना. 2. भेजना : to ~ a letter पत्र भेजना; to ~ a messenger दूत ≈. 3. हत्या करना, मार डालना : the spy was ~d जासूस मार डाला गया. II. n^c. 1. खानगी^{F} : after his ~ from the office कार्यालय से उसकी ≈ के बाद. 2. संदेश : to send an urgent ~ अत्यावश्यक ≈ भेजना. 3. तुरत-फुरत^F : he did his work with great ~ उसने अपना काम बड़ी ≈ कर डाला. **dispatcher** डिस् पै'चर n^c. प्रेषणकर्मी : the ~'s job is to register letters and send them ≈ का काम है पत्रों को पंजीकृत करके भेजना.

dispensary डिस् पे^{F}न्'सॅरि n^c. दवाख़ाना, औषधालय : college ~ महाविद्यालय का ≈; Government ~ सरकारी ≈. **dispense** डिस् पे॑न्स' *v.t.* 1. देना, प्रदान करना, बाँटना : to ~ money to the poor गरीबों को धन ≈; the judge ~s justice न्यायाधीश न्याय करता है. 2. (to deal out) (दवा^{F}) : to ~ a prescription नुस्ख़ा ≈; to ~ medicines दवाएँ^{F} देना. 3. छूट^F देना : to ~ smb from forced labour किसी को बेगार से ≈. 4. ~ with छोड़ देना : to ~ with luxury विलास छोड़ देना.

disperse डिस् पर्स' I. *v.t.i.* 1. तितर-बितर करना, बिखेरना : the police ~d the crowd पुलिस ने भीड़^{F} को तितर-बितर कर दिया. 2. दूर करना, भंग करना : the sun ~d the mist सूर्य ने कुहरे को दूर कर दिया. II. *v.t.* 1. तितर-बितर होना : the crowd ~ed भीड़^{F} तितर-बितर हो गई. 2. फैलना : the clouds ~d बादल छूट गए; the children ~ed after the holiday बच्चे छुट्टी^{F} के बाद इधर-उधर चले गये. 3. विसर्जित होना : the meeting ~d बैठक^F विसर्जित हो गई. [*ant.* collect]

displace डिस् प्लेस' *v.t.* 1. विस्थापित करना : to ~ a bone हड्डी^{F} विस्थापित कर देना. 2. निकाल देना, स्थान से हटा देना : the general ~d the king जरनल ने राजा को

हटाकर उसका स्थान ले लिया. **displacement** डिस् प्लेस्'मन्ट *n*^{c}. **1.** विस्थापन : ~ of a limb अंग का ≈. **2.** (shift from original place) सरकाव : ~ of furniture फर्नीचर का ≈. **3.** बरख़ास्तगी^{F} : ~ from office पद से ≈.

display डिस् प्ले' **I.** *n*^{c}. प्रदर्शन, नुमाइश^F, दिखावा : ~ of goods माल की नुमाइश^F; computers are on ~ कंप्यूटर प्रदर्शनार्थ रखे हैं; ~ of skill, strength कौशल, बल का प्रदर्शन. **II.** *v.t.* **1.** प्रदर्शित करना, दिखाना : he ~ed courage at that moment उसने उस क्षण साहस दिखाया; to ~ fruit in a stall स्टॉल में फल प्रदर्शित करना. **2.** प्रकट करना : he ~ed his feelings to her उसने उसके प्रति अपनी भावनाएँ^{F} प्रकट कीं. **3.** नुमाइश^F लगाना : to ~ dresses in a shop window दुकान^F की खिड़की^{F} में वस्त्रों की ≈. **4.** (unfold) खोलना : a peacock is ~ing its wings मोर अपने पंख खोल रहा है.

disposal डिस् पो'ज़ल *n*^{cu}. **1.** (arrangement) विन्यास, तरतीब^F : ~ of soldiers for the battle लड़ाई के लिए सैनिकों का ≈. **2.** (settling) निपटारा : ~ of business धंधे का निपटारा. **3.** (sale) विक्रय : ~ of property of goods संपत्ति^{F}, माल की बिक्री^{F}. **4.** I am at your ~ मैं आपकी सेवा^{F} के लिए उपलब्ध हूँ; I placed my car at his ~ मैंने अपनी कार^F उसे उपलब्ध करा दी. **dispose** डिस् पोज़' *v.t.* **1.** विन्यास करना : to ~ soldiers for battle सैनिकों को लड़ाई के लिए ≈. **2.** (settle) निपटाना : to ~ of a matter कोई मामला ≈. Δ **man proposes God ~s** आदमी कुछ सोचता है, ईश्वर उसका निपटारा अपने ढंग से करता है. **3.** तैयार करना : to ~ smb to do smth किसी को किसी काम के लिए ≈; I am ~d to help you मैं तुम्हारी सहायता करने को तैयार हूँ. Δ ~ **of** (i) निपटारा करना : to ~ **of** smb's fate किसी के भाग्य का ≈. (ii) दे देना : to ~ **of** smth कोई चीज़ दे देना; to ~ **of** a matter मामला निपटाना. (iii) बेच डालना : his father ~d **of** his property उसके पिता ने अपनी संपत्ति^{F} बेच दी; he ~d **of** his business उसने अपना व्यवसाय समाप्त कर दिया; he ~d of his bicycle to his friend उसने अपनी साइकिल अपने मित्र को बेच दी. (iv) ठिकाने लगाना : to ~ of a dead body शव को ठिकाने लगाना (जलाना या गाड़ना); to ~ of an enemy शत्रु को ठिकाने लगाना; ~ **to** प्रवृत्ति होना : he is ~d to fits of anger उसमें क्रोध के आवेग की प्रवृत्ति है. **disposition** डिस् पॅ ज़ि'शन *n*^{u}. **1.** सजावट^F, व्यवस्था^{F} : ~ of books in a shelf आलमारी^{F} में पुस्तकों की सजावट; ~ of furniture in a room कमरे में फर्नीचर की सजावट^F. **2.** (nature) मनोवृत्ति, तबीयत^F : an unselfish ~ निःस्वार्थ मनोवृत्ति; no one likes Sheela, for she has such a sulky ~ शीला को कोई पसंद नहीं करता क्योंकि वह चिड़चिड़ी तबीयत^F की है. **3.** (inclination) झुकाव, प्रवृत्ति^{F}, रुझान : she has a ~ of this disease उसमें इस बीमारी^{F} का ≈ है; he has no ~ to help anyone उसका रुझान किसी की सहायता^{F} करने का नहीं है. **4.** (other uses) ~ of Providence विधाता का विधान; ~ of troops सेना^{F} का विन्यास; ~ of property संपत्ति का वितरण.

disproportionate डिस् प्रॅ पॉ'शनिट *a.* अनुपातहीन : the profit is ~ to the labour involved मुनाफ़े और लगे हुए श्रम में संगति नहीं है. [*ant.* proportionate]

dispute डिस् प्यूट' **I.** *n*^{c}. विवाद, झगड़ा [long लंबा, useless बेकार]; beyond ~ निर्विवाद, निश्चित : I had no ~ with him मेरा उससे कोई ≈ नहीं था. **II.** *v.t.* **1.** विवाद करना, बहस करना : to ~ a question किसी प्रश्न पर ≈; I am not disputing your statement मैं आपके बयान पर विवाद नहीं कर रहा; they ~ about everything वे प्रत्येक वस्तु के बारे में विवाद करते हैं; they ~d for hours about the admission of students वे घंटों विद्यार्थियों के प्रवेश पर विवाद करते रहे. **2.** to ~ an election चुनाव में विरोध करना. **3.** रोक लगाना : our troops ~d the enemy's advance हमारी सेनाओं^{F} ने दुश्मनों की अग्रगति को रोक दिया. **III.** *v.t.* झगड़ा करना : they ~ for hours वे घंटों झगड़ते रहे.

disqualification डिस् क्वालिफ़ि के'शन *n*^{c}. अयोग्यता^{F}, अपात्रता^{F}, अनर्हता^{F} : his lack of degree is a serious ~ डिग्री का अभाव

उसकी एक गंभीर अनर्हता/अपात्रता (का कारण) है. **disqualify** *v.t.* (disqualified) अनर्हित ठहराना : ~ for/from के लिए अनर्हित ठहराना : he is disqualified for becoming President of the Association उसे सभा^{F} का अध्यक्ष बनने के लिए अनर्हित ठहराया गया; to ~ for the post पद के लिए अनर्हित ठहराना. [*ant*. qualify]

disregard डिस् रि गार्ड' **I.** *n*^{u}. **1.** अनादर : it would be a ~ to the nation इससे राष्ट्र का ≈ होगा. **2.** अवज्ञा^{F}, अवहेलना^{F} : ~ of law कानून की ≈. **II.** *v.t.* उपेक्षा करना, अनादर करना, परवाह न करना, अनदेखी करना, अनसुनी करना, ध्यान न देना : to ~ an order आदेश की परवाह न करना; if you ~ the law, you may be punished यदि तुम कानून की उपेक्षा करते हो तो दण्डित किए जा सकते हो; he ~ed my advice उसने मेरी सलाह^F की परवाह^F नहीं की.

dissatisfaction डिस् सैटिस् फ़ैक्'शन *n*^{u}. असंतोष : there is a lot of ~ about the Government's action सरकार^F की कार्रवाई^F पर बड़ा ≈ है; I noticed father's ~ at my examination result मेरे परीक्षाफल पर पिताजी के ≈ को मैंने देखा; the mother showed her ~ with the shopkeeper माँ ने दुकानदार से असंतोष प्रकट किया. [*ant*. satisfaction] **dissatisfied** *a.* असंतुष्ट : to be ~ with/at smth किसी बात से ≈ होना. [*ant.* satisfied, content]

dissent डि सेंन् ट' **I.** *n*^{u}. असहमति^{F}, मतभेद : there was no ~ in the meeting सभा^{F} में कोई असहमति नहीं थी; he signified his ~ उसने अपनी असहमति बताई. **II.** *v.i.* मतभेद रखना, भिन्न मत व्यक्त करना, विरोध करना : I ~ from your views मैं आपके विचारों से असहमत हूँ, मैं आपके विचारों का विरोध करता हूँ. [*as distinct from* decent, descent]

dissertation डि सर् टे'शन *n*^{c}. शोध निबंध, शोध प्रबंध : a ~ on philosophy written for M. Phil. एम. फ़िल. (डिग्री) के लिए दर्शनशास्त्र पर लिखा गया ≈; he presented a long ~ on Ashoka उसने अशोक पर एक लंबा ≈ प्रस्तुत किया.

dissociate डि सो'शिएट *v.t.* **1.** संबंध तोड़ना, अलग करना/हो जाना : I ~ myself from my brother's actions मैं अपने भाई के कर्मों से कोई संबंध नहीं रखता; you cannot ~ private and public lives of politicians तुम राजनेताओं के निजी जीवन और सार्वजनिक जीवन को अलग-अलग नहीं कर सकते. [*ant*. associate]

dissolve डि ज़ॉल्व **I.** *v.i.t.* **1.** घुलना : sugar will ~ in tea more quickly if you stir it चाय^F में चीनी^{F} जल्दी घुल जाएगी यदि तुम इसे हिलाओ. **2.** भंग करना, तोड़ना, संसद आदि का भंग करना, बरख़ास्त करना : the meeting was ~d सभा^{F} भंग कर दी गई. **3.** मंसूख़ होना या करना : to ~ an alliance, marriage, contract, partnership गठबंधन, विवाह, संविदा^{F}, साझेदारी^{F} रद्द करना. **4.** क्षीण हो जाना : his strength ~ed उसकी शक्ति^{F} क्षीण हो गई.

dissuade डि स्वेड' *v.t.* रोकना, मना करना : to ~ smb from doing smth. किसी को कुछ करने से ≈; ~ Jain from buying this house जैन को यह मकान खरीदने से रोको.

dist. district जिला.

distance डिस्'टन्स *n*^{uc}. **1.** दूरी^{F}, फ़ासला, अंतर [long लंबी, short थोड़ी]; ~ from London to Paris is about 320 kms. लंदन से पेरिस की दूरी लगभग 320 किमी. है; what is the ~ from here to Delhi यहाँ से दिल्ली की दूरी कितनी है? it is some ~ away यह कुछ ही दूरी/फासले पर है; look at the picture from a ~ दूर से चित्र देखो; it is a long ~ from here to school यहाँ से विद्यालय काफ़ी दूर है; it is no ~ at all यह कुछ दूर नहीं है; they could see a river in the ~ वे दूरी पर एक नदी^{F} देख सकते थे; you must see T.V. from a ~ तुम्हें टी. वी. दूर से ही देखना चाहिए. Δ **keep one's ~ from a dog** कुत्ते से दूर हटकर रहना; **keep smb at a ~** उसे अपने से दूर रखो. **2.** the college is within walking ~ कॉलेज पैदल चलकर पहुँचा जा सकता है; to keep one's ~ दूर-दूर रहना. **distant** डिस्'टन्ट *a.* दूर का [noise स्वर, place स्थान, relative रिश्तेदार, sound स्वर]; ~ journey ≈ की यात्रा^{F}; man is not very like the apes but they are ~ relations

आदमी बंदर की तरह नहीं है लेकिन उनके ≈ के संबंध हैं; a ~ star दूरवर्ती तारा; ~ drums sound well ≈ के ढोल सुहावने होते हैं; to have a ~ view दूर से देखना; in the ~ future, past दूर भविष्य, अतीत में; these two boys are ~ relations ये दो लड़के दूर के रिश्तेदार हैं. [*ant*. near]

distend डिस् टॅन्ड' *v.t.i.* फुलाना, फूलना : to ~ one's nostrils नासा फुलाना; a balloon is ~ed when inflated गुब्बारा हवा भरे जाने पर फूलता है; my stomach often ~s मेरा पेट अक्सर फूल जाता है. [*ant*. compress]

distil डिस् टिल' *v.t.i.* (distilled, distilling) चूना : water ~s from rocks चट्टानों से पानी चूता/टपकता है. **2.** चुआना : to ~ wine शराब[F] ≈. **distillation** डिस् टिले'शन *n*[c]. आसवन, चुआव : ~ of impure water गंदे पानी का चुआव; ~ of whisky विस्की का ≈.

distinct डिस् टिङ्क्ट' *a.* **1.** (different) भिन्न, अलग, पृथक् : to keep two matters ~ दो मामलों को अलग-अलग रखना; these two ideas are quite ~ ये दो विचार भिन्न-भिन्न हैं; that is a ~ party वह एक अलग दल है; these two colours are quite ~ ये दो रंग ≈ हैं; there was a ~ smell of gas in the school विद्यालय में एक अलग-सी गैस की गंध[F] थी. **2.** (clear) स्पष्ट, साफ़, सुव्यक्त : ~ ideas ≈ विचार; ~ tendency स्पष्ट प्रवृत्ति/रुझान; a ~ statement एक ≈ कथन; the writing was not ~ so we could not read it at all लिखावट स्पष्ट नहीं थी इसीलिए हम इसे बिल्कुल नहीं पढ़ सके; his voice over the telephone was not very ~ टेलीफ़ोन पर उसकी आवाज बहुत साफ़ नहीं थी; she heard a ~ sound उसने एक स्पष्ट ध्वनि[F] सुनी. [*ant.* in~] **distinction** डिस् टिङ्क्'शन *n*[c]. **1.** अंतर, भेद : to make ~ between two persons or things दो व्यक्तियों या वस्तुओं में ≈ करना; there is ~ between asking and begging पूछने और माँगने में ≈ है; you should know the ~ between right and wrong तुम्हें सही अथवा गलत का ≈ जानना चाहिए **2.** प्रतिष्ठा[F], सम्मान, विशेषता[F] : there is a great ~ in shaking hands with the Prime Minister प्रधानमंत्री से हाथ मिलाने में प्रतिष्ठा है; she obtained ~ in Maths उसने गणित में विशेष योग्यता[F] प्राप्त की; he was a man of great ~ वह बहुत प्रतिष्ठावान् व्यक्ति था. **distinctive** डिस् टिङ्'टिव़ *a.* भिन्न : every country has a ~ flag हर देश का झंडा ≈ होता है; each group has a ~ sign हर समूह का भिन्न चिह्न है. **distinctively** डिस् टिङ्'टिवलि *adv.* **1.** स्पष्टतया, स्पष्ट-रूप से, अलग-अलग : it was ~ painted in red and green यह स्पष्ट रूप से या अलग-अलग लाल और हरे रंगों में रंगा गया था. **distinctly** डिस् टिङ्'टलि *adv.* **1.** स्पष्ट रूप से, साफ़-साफ़ : speak more ~ और स्पष्ट बोलो; we could ~ see the aeroplane although it was far away हम हवाई-जहाज़ को ≈ देख सकते थे यद्यपि वह दूर था; I remember it ~ मुझे यह ≈ याद है. **2.** (definitely) निश्चित रूप से; he is ~ wrong वह निश्चित रूप से गलती[F] पर है.

distinguish डिस् टिङ्'ग्विश *v.t.* **1.** (differentiate) भेद करना : you can ~ **between** letter and application तुम पत्र और आवेदन-पत्र में भेद कर सकते हो; you should be able to ~ right **from** wrong तुम्हें सही और गलत में भेद कर लेना चाहिए; to ~ different kinds of colours विभिन्न प्रकार के रंगों में ≈. **2.** (recognise) पहचानना : I could not ~ him in the crowd मैं उसे भीड़[F] में पहचान नहीं पाया; I ~ scouts by their uniform मैं बालचरों को उनकी वर्दी[F] से पहचान लेता हूँ. **3.** ख्याति पाना, प्रतिष्ठा[F] पाना : to ~ oneself in exam परीक्षा[F] में विशेष योग्यता प्राप्त करना. **distinguished** डिस् टिङ्ग्विश्ड' *a.* प्रतिष्ठित, नामवर, प्रसिद्ध : ~ artist ≈ कलाकार; Shakespeare had been a ~ dramatist शैक्सपियर एक ≈ नाटककार थे.

distress डिस् ट्रॅस' **I.** *n*[u]. **1.** विपत्ति[F], संकट, दुःख, मुसीबत[F] : cry of ~ दुःखी पुकार[F], आर्तनाद; ~ signal ≈ का संकेत; she was in great ~ वह भारी ≈ में थी; this wound cause ~ इस घाव से मुसीबत है. **2.** दुःख या कष्ट का कारण : his behaviour was a great ~ to his mother उसका व्यवहार उसकी माँ को बहुत कष्ट देने वाला था; the girl's

disappearance was a ~ to her parents लड़की का ग़ायब होना माँ-बाप के लिए ≈ था. **3.** कुर्की[F] : ~ warrant ≈ का वारंट. **II.** *v.t.* **1.** दुःख देना, कष्ट देना : your letter has ~ed me much आपके पत्र ने मुझे बहुत दुःख पहुँचाया; you must not ~ a person तुम्हें किसी व्यक्ति को कष्ट नहीं पहुँचाना चाहिए; we were ~ed when we heard your bad news जब तुम्हारा अशुभ समाचार सुना, हम लोग बहुत दुखी हुए. **2.** (law) कुर्क करना, ज़ब्ती करना : to ~ property संपत्ति[F] कुर्क करना.

distribute डिस् ट्रि'ब्यूट *v.t.* (to, among) **1.** वितरण करना, वितरित करना, बाँटना : to ~ prizes, sweets among students विद्यार्थियों में पुरस्कार, मिठाई[F] बाँटना; to ~ equally बराबर-बराबर बाँटना; to ~ newspapers समाचार-पत्र बाँटना (वितरित करना) ; to ~ according to a plan योजना[F] के अनुसार वितरित करना. **2.** (scatter) बिखेरना, फैलाना : shops here are ~d दुकानें यहाँ बिखरी हुई हैं; to ~ manure over a field खेत में खाद ≈. [*ant.* collect] **distribution** डिस्ट्रि ब्यू'शन *n*[c]. वितरण : ~ of wealth धन का ≈; ~ of rations राशन का ≈.

district डिस्'ट्रिक्ट *n*[c]. **1.** इलाका, प्रदेश, क्षेत्र [agricultural कृषि, business व्यापारी, manufacturing उद्योग, poor ग़रीब, populated आबादी वाला, rich धनी]; a school ~ विद्यालय क्षेत्र. **2.** (in India) ज़िला, जनपद : in 1994 there were 60 districts in U.P. 1994 में उत्तरप्रदेश के अन्तर्गत साठ ≈ थे; ~ board ज़िला बोर्ड; ~ court ज़िला कचहरी[F]; ~ jail ज़िला जेल; ~ magistrate ज़िलाधीश, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट.

disturb डिस् टर्ब' *v.t.* **1.** (worry) चिंतित करना, चिंता में डालना : this news ~ed me इस समाचार ने मुझे चिंता में डाल दिया. **2.** (hinder) विघ्न डालना, बाधा[F] डालना : will it disturb you if we talk क्या हमारे बात करने से आपको विघ्न पड़ेगा; you are not ~ing us तुम हम लोगों के काम में विघ्न नहीं डाल रहे हो; don't ~ the headmaster प्रधानाध्यापक के काम में विघ्न मत डालो; do not ~ me when I am busy जब मैं व्यस्त रहूँ तो बाधा मत डालो; why do you ~ peace तुम शांति भंग क्यों करते हो ? **3.** घबरा देना, व्याकुल करना, क्षुब्ध करना : he was ~ed by the bad news वह अशुभ समाचार से व्याकुल हो गया; he is ~ed very easily वह बहुत जल्दी घबरा जाता है; her son's behaviour ~ed her उसके पुत्र के व्यवहार ने उसे क्षुब्ध कर दिया. Δ **to ~ peace** शांति भंग करना. **disturbance** डिस् टर्'बन्स *n*[c]. **1.** गड़बड़ी[F], हलचल[F], खलबली[F], बदअमनी[F] : they caused or made ~ उन्होंने गड़बड़ी पैदा की; there was such a ~ in the room that everyone knew the teacher had gone out कमरे में इतनी ≈ थी कि प्रत्येक व्यक्ति जान गया कि अध्यापक बाहर चले गए हैं. [*ant.* quiet] **2.** बाधा[F], विघ्न : ~ in our work हमारे काम में ≈.

ditch डिच **I.** *n*[c]. खाई[F] [narrow सँकरी, deep गहरी]; there is a ~ all about the fort किले के चारों ओर ≈ है. **II.** *v.i.* खाई खोदना : soldiers are ditching सिपाही खाई खोद रहे थे.

ditto डि'टो **I.** *adv.* वैसा ही, तथैव, यथोपरि : to say ~ तथैव कहना; to write ~ " (चिह्न) लिखना/लगाना. **II.** *v.i.* हाँ में हाँ मिलाना : to ~ smb किसी की ≈ ; John only knows how to ~ जान केवल ≈ जानता है.

div. division मण्डल.

dive डाइव **I.** *n*[c]. **1.** गोता, डुबकी[F] : he made too many ~s in the Ganga उसने गंगा में बहुत अधिक डुबकियाँ लगाईं. **2.** रपट्टा : we entered the room with a ~ हम रपट्टे के साथ या रपटकर कमरे में घुस गए. **II.** *v.i.* (in, into) **1.** डुबकी[F] लगाना, गोता लगाना : we went to a lake and ~ed off हम झील[F] पर गए और डुबकियाँ लगाईं. **2.** हाथ डालना : he ~d into his pocket उसने अपनी जेब[F] में हाथ डाला. **3.** ग़ायब हो जाना, ओझल हो जाना : the train ~d into a tunnel रेलगाड़ी[F] सुरंग[F] में ग़ायब हो गई. **4.** the aircraft ~d वायुयान मुँह के बल उतरा; the rabbit ~d into its hole खरहा अपने बिल में उतर गया. **diver** डाइ'वर *n*[c]. पनडुब्बा, गोताख़ोर [experienced अनुभवी, old पुराना]; a ~ went down into the sea-bed to explore the sunken ship डूबे हुए जहाज़ का पता लगाने के लिए एक ≈ समुद्र की तह तक गया.

diverse डाइ व़र्स' *a.* भिन्न-भिन्न, विविध [interests हित, reasons कारण, thoughts विचार]; they receive news from ~ sources वे ≈ स्रोतों से समाचार पाते हैं.

divert डाइ व़र्ट' *v.t.* **1.** दूसरे मार्ग पर ले जाना, दूसरी दिशा में मोड़ देना : to ~ traffic while the road is under repairs जब सड़क^F की मरम्मत^F हो रही हो तो सवारियों को दूसरे रास्ते मोड़ देना; to ~ the stream **from** its course धारा को इसके रास्ते से मोड़ देना; to ~ a canal नहर का रुख बदलना. **2.** (ध्यान) (turn) हटाना : to ~ a person's attention from one thing to something else किसी का ध्यान एक ओर से दूसरी ओर मोड़ना; my attention was ~ed मेरा ध्यान इधर से हट गया था. **3.** (amuse) मनोरंजन करना : he ~ed us with funny stories उसने अजीब-अजीब कहानियों से हमारा मनोरंजन किया.

divest डाइ वें'स्ट' *v.t.* **1.** उतारना, वस्त्र हटाना : he ~ed himself of the coat उसने अपना कोट उतारा; they ~ed the scout of his uniform उन्होंने स्काउट की वर्दी उतार दी. **2.** (take away) वंचित करना, छीन लेना : he was ~ed of his rights उसे अपने अधिकारों से वंचित किया गया; they ~ed the President of his power उन्होंने राष्ट्रपति/अध्यक्ष का अधिकार छीन लिया; he was ~ed of his privileges उसके विशेषाधिकार छिन गए.

divide डि वाइड' **I.** *v.t.i.* **1.** बाँटना, विभक्त करना : the children are ~d into two groups बच्चे दो समूहों में विभक्त हैं; ~ smth in half किसी चीज को आधा-आधा कर देना; ~ an orange संतरे को विभक्त करो. **2.** (arith) भाग देना : how much is twenty ~d by five बीस को पाँच से भाग दें तो कितना भागफल होता है when you ~ eight by four the answer is two जब तुम आठ को चार से भाग दो तो उत्तर दो है. **3.** (separate) अलग करना : you can easily ~ sheep **from** goats तुम आसानी से भेड़ों को बकरियों से अलग कर सकते हो. **4.** बाँटना, वितरण करना : the money was ~ed between them धन उन दोनों में बाँटा गया; ~ a cake among four girls केक को चार लड़कियों में बाँटो; let us ~ apple between us सेब को हम दोनों बाँट लें; to ~ friends between two parties मित्रों को दो दलों में बाँटना; the river ~s the town into two parts नदी^F शहर को दो भागों में बाँटती है; the field is ~d into equal parts खेत बराबर भागों में विभक्त है; the students are ~d according to age बच्चों को उम्र के अनुसार बाँटा गया है. **4.** फूट डालना, भेद पैदा करना : a House ~d सभा/सदन में भिन्न-भिन्न मत; opinions are ~d मतभेद हैं; ~ and rule फूट डालो और राज्य करो. [*n.* division]

divine डि व़ाइन' *a.* **1.** ईश्वरीय, ईश्वरदत्त, दैवी, दिव्य, ईश्वर या परमात्मा का : forgiveness is ~ क्षमा ≈ (गुण) है; ~ right of kings राजाओं का ईश्वरदत्त शासनाधिकार; a ~ command ≈ आदेश; ~ worship ईश्वर पूजा^F; ~ service is the good service ईश्वरीय पूजा^F अच्छी सेवा^F है. **2.** (excellent) बढ़िया, उत्कृष्ट, श्रेष्ठ : her singing is ~ उसका गाना ≈ है.

divisible डि व़ि'ज़िबल *a.* भाज्य, विभाज्य : 9 is ~ by 3 only 9 को केवल तीन से भाग दिया जा सकता है. **division** डि व़ि'ज़न *n*^cu. **1.** विभाजन, बँटवारा [fair सही, impartial पक्षपातरहित, unjust अन्यायपूर्ण]; ~ of property संपत्ति^F का ≈; ~ of labour श्रम का ≈; a ~ between two rooms दो कमरों में ≈. **2.** (maths) भाग : the ~ of 10 by 2 10 में 2 का भाग. **3.** *n*^c. (part) भाग, विभाग : arrange the class between two ~s कक्षा को दो भागों में व्यवस्थित करो; he works in our ~ वह हमारे विभाग में काम करता है; finance ~ of a business ≈ व्यवसाय प्रतिष्ठान का वित्त-विभाग. **4.** फूट^F, मतभेद : ~ in a party दल में ≈. **5.** मण्डल, डिवीज़न : Allahabad is one of the ~s of U.P. इलाहाबाद उत्तर प्रदेश के मंडलों में एक है. **6.** ~ court खण्ड-न्यायालय; ~ of army सेना^F की टुकड़ी^F.

divorce डि व़ॉर्स' **I.** *n*^c. विवाह-विच्छेद, तलाक : these days ~ has become easy आजकल ≈ आसान हो गया है; she has obtained ~ after a year उसने एक साल के

बाद ≈ ले लिया (उसे तलाक मिल गया). **II.** *v.t.* **1.** तलाक देना : husband and wife have been ~d पति-पत्नी में तलाक हो गया है; she ~d her husband उसने पति को ≈ दे दिया; he ~d his wife उसने पत्नी को तलाक दे दिया. **2.** (separate) अलग करना : it is hard to ~ religion from politics धर्म को राजनीति[F] से अलग करना कठिन है.

dizzy डि'ज़ि *a.* चक्कर से आक्रांत, चकराया हुआ : she was so ~ that she could not stand वह इतना चकराई हुई थी कि खड़ी नहीं हो सकती थी; looking down from a great height makes one ~ ऊंची चढ़ाई[F] से नीचे की ओर देखने से किसी को चक्कर आ जाता है; ~ height सिर चकरा देने वाली चढ़ाई[F]; to whirl round until one feels ~ तब तक चक्कर खाना जब-तक (सिर में) चक्कर न आ जाय.

D. J. District Judge ज़िला न्यायाधीश.

D. Litt. Doctor of Literature.

D. M. District Magistrate ज़िलाधीश.

do. ditto.

do डू *v.t.* (does, did, done, does't, didn't, don't) **1.** करना, काम करना : he does it like this वह इस तरह करता है; ~ your home work अपना घर का काम करो; I did it yesterday मैंने इसे कल किया; what does your brother ~ तुम्हारा भाई क्या (काम) करता है? have you nothing to do here क्या तुम्हें यहाँ कुछ करने को नहीं है? it will soon be done इसे शीघ्र कर लिया जाएगा; what are you ~ing तुम क्या कर रहे हो? I shall do everything you say जो कुछ तुम कहोगे मैं सब करूँगा; what will you do today तुम आज क्या करोगे? you must ~ good to others तुम्हें दूसरों का भला करना चाहिए; to ~ right ठीक (काम) करना; you did right in going there तुम वहाँ गए तो ठीक किया; to ~ wrong बुरा करना, गलती[F] करना; to ~ favour to smb किसी पर कृपा[F] करना; do or die करो या मरो; to ~ repairs मरम्मत करना; to ~ several kilometres an hour एक घंटे में कई किलोमीटर कर जाना; I shan't do anything मैं कुछ नहीं करूँगा; there is nothing to be done कुछ करने को नहीं है; what are you ~ing तुम क्या कर रहे हो? आप क्या कर रहे हैं? she does nothing वह कुछ नहीं करती; I did my best मैंने भरसक किया; he has done his duty उसने अपना कर्तव्य निभाया; to do justice न्याय करना; to ~ business व्यापार करना; do it yourself इसे स्वयं कर लो. **2.** (as helping verb सहायक क्रिया के रूप में 'do') why don't you come तुम क्यों नहीं आते? don't go there वहाँ मत जाओ; ~ go there वहाँ ज़रूर जाओ; did you see that क्या तुमने उसे देखा था? he did not read the letter उसने पत्र नहीं पढ़ा; didn't she sing क्या उसने नहीं गाया? don't let him go उसे मत जाने दो. **3.** (in place of previous verb which is generally respeated or omitted in Hindi) he looked angry, didn't he वह क्रुद्ध दिखाई देता था, क्या वह नहीं (दिखाई देता था) he never comes late does he? Yes, he does वह कभी देर नहीं आता, क्या वह आता है? हाँ (आता है); he knows English better than I do वह मुझसे अच्छी अंग्रेजी जानता है? he rises early in the morning doesn't he वह सुबह-सवेरे उठ (जग) जाता है. क्या वह नहीं (उठता)? **4.** (various meanings in combinations) to do lessons पाठ याद करना; to do cooking खाना बनाना; to do smb to death किसी को मार डालना; to do one's teeth अपने दाँत साफ़ करना; to do flowers फूल सजाना; to do a room कमरा सजाना या ठीक-ठाक करना; to do one's hair अपने बाल सँवारना, कंघी-चोटी[F] करना (ladies); be up and doing सक्रिय हो जाओ; nothing doing बिलकुल नहीं; I have been done मैं ठगा गया; will twenty rupees do' क्या बीस रुपए काफ़ी होंगे? that will do बस, काफ़ी है; do come ज़रूर आना; how do you do' तुम्हारा/आपका क्या हाल है? he is doing well in studies वह पढ़ाई में अच्छा चल रहा है; I did my best मैंने पूरी कोशिश[F] की. **5.** (in prepositional phrases) ~ **away with** हटाना, समाप्त करना : capital punishment should be done away with मृत्युदंड समाप्त कर देना चाहिए; **to ~ by** बरताव करना : do as you would be done by जैसा बरताव औरों से चाहते हो, ऐसा दूसरों से

करो; **to ~ with** संबंध/सरोकार रखना : I have nothing to ~ with this fellow मेरा इस आदमी से कोई संबंध/सरोकार नहीं है; **to ~ without** के बिना काम चलाना : you can ~ without this book for a few days तुम कुछ दिन इस किताब के बिना काम चला सकते हो.

docile डो'साइल *a.* आज्ञाधीन, वश्य [child बच्चा, horse घोड़ा, pupil शिष्य, student छात्र]; ponies are generally very ~ टट्टू प्राय: बहुत ≈ होते हैं.

dock डॉक **I.** *n*ᶜ. **1.** पोतघाट, गोदीᶠ : ~ is the place where ships are loaded and unloaded ≈ वह जगहᶠ है जहाँ जहाज़ों पर माल लादा और उतारा जाता है; the steamer is in the ~ स्टीमर ≈ में है; another ship remained in the ~ एक दूसरा जहाज़ ≈ में था; dry ~ सूखी गोदी, जहाज़ों की मरम्मत का घाट; wet ~ जलवाली गोदी. **2.** कटघरा, कटहरा; the prisoner is in the ~ कैदी कटहरे में है; in the court, the witness also stands in the ~ न्यायालय में गवाह भी कटहरे में खड़ा होता है; to put smb in the ~ किसी पर मुकदमा चलाना, किसी को कटहरे में ला खड़ा करना. **II.** *v.t.* **1.** बंदरगाहᶠ में ले आना या ले जाना : ~ the ship जहाज़ को ≈. **2.** काटना, काट लेना : to ~ a horse tail घोड़े की पूँछ ≈; to ~ a labourer's wages किसी मज़दूर की मज़दूरीᶠ ≈.

doctor डॉक्'टर **I.** (Dr.) *n*ᶜ. **1.** चिकित्सक, वैद्य, डॉक्टर [experienced अनुभवी, trustworthy विश्वसनीय); call a ~ ≈ को बुलाओ; go to a doctor किसी ≈ के पास जाओ; you need a ~ तुम्हें ≈ की आवश्यकताᶠ है; don't take medicine without consulting a ~ डाक्टर से परामर्श लिए बिना दवाᶠ मत लो. **2.** डॉक्टर, आचार्य : ~ of Science (D. Sc.); ~ of Philosophy (Ph. D.); ~ of Laws (L.L.D.) ~ of literature (D. Lit.) **II.** *v.t.* **1.** चिकित्सा करना, इलाज करना : to ~ the sick रोगियों का इलाज करना. **2.** (repair) मरम्मतᶠ करना : to ~ up a car कारᶠ की ≈.

doctrine डाक्'ट्रिन *n*ᶜ. (tenet) मत, वाद, सिद्धान्त [established प्रतिष्ठित, obsolete अप्रचलित, religious धार्मिक]; he believes in the ~ that health is wealth वह इस ≈ में विश्वास करता है कि स्वास्थ्य ही धन है.

document डॉ'क्युमन्ट *n*ᶜ. प्रलेख, दस्तावेज़ : your birth certificate is a ~ which shows where and when you were born तुम्हारा जन्म-प्रमाणपत्र एक दस्तावेज़ है जो दर्शाता है कि तुम कब और कहाँ पैदा हुए थे; do you have any ~s concerning the purchase of this house इस मकान की खरीदᶠ के बारे में क्या तुम्हारे पास कोई दस्तावेज़ हैं? **documentary** डॉक्यू मेंन्'टॅरि *a.* लिखित, लेख्य, दस्तावेज़ी : ~ evidence दस्तावेज़ी साक्ष्य; ~ proof ≈ प्रमाण; ~ film वृत्तचित्र; I saw a ~ (film) about shoe-making मैंने जूते बनाने के बारे में एक ≈ देखा.

dodge डॉज **I.** *v.t.* **1.** (avoid) हट जाना, कतराकर बच जाना : to ~ a blow आघात बचाना; to ~ is to move quickly to one side 'हट जाना' का अर्थ है तेजी से एक ओर खिसकना; to ~ round a corner कोने की तरफ हट जाना; to ~ skilfully चतुराई से अपने को बचाना. **2.** टाल देना : to ~ a question प्रश्न टाल देना. **3.** चकमा देना, चालᶠ चलना : to ~ a trick चाल चलना. **4.** छिपना : he ~ed behind a wall वह दीवारᶠ के पीछे छिप गया. **II.** *n*ᶜ. **1.** चकमा, चालᶠ : he gave me the ~ वह मुझे चकमा दे गया. **2.** a tax ~ कर वंचन, टैक्स न देना.

doe डो *n*ᶜ. मृगी, हिरनी; (खरगोश आदि की) मादा : ~ skin हिरनी का चमड़ा. [*fem.* of buck; *as distinct from* dough]

doer डु'अर *n*ᶜ. कर्ता, काम करने वाला : be a ~ not a dreamer ≈ बनो, स्वप्नद्रष्टा नहीं; the ~ of the deed कार्य करने वाला; she is a talker but also a ~ वह वाचाल है पर काम करनेवाली भी.

does डज़ *v.* 3rd person sing. pt. tense of verb 'do' करता है : he ~ well वह अच्छा ≈ है; ~ Raju play cricket क्या राजू क्रिकेट खेलता है? it ~ not matter कोई बात नहीं; he ~ not work वह काम नहीं करता है. see 'do'

dog डॉग *n*ᶜ. कुत्ता [big बड़ा, black काला, dangerous ख़तरनाक, domestic पालतू, hunting शिकारी, savage जंगली, terrible

भंयकर]; the dog is a faithful animal ≈ वफ़ादार जानवर होता है; he died a ~'s death वह कुत्ते की मौत मरा; ~ catcher कुत्ते पकड़ने वाला; ~ collar कुत्ते का पट्टा; ~ days कड़ी गर्मी के दिन; ~ fight कुत्तों की (सी) लड़ाई[F]. Δ **every ~ has its day** कोढ़ी के भी दिन फिरते हैं; **go to the ~s** जाओ, दफ़ा हो जाओ; **his business is going to the ~s** उसका व्यवसाय नष्ट हो रहा है; **throw it to the ~s** छोड़ो परे; **it rains cats and ~s** धुँआधार बारिश[F] हो रही है; **to lead a ~'s life** बुरी हालत[F] में दिन काटना; **let the sleeping ~s lie** गढ़े मुर्दे मत उखाड़ो. [*fem.* bitch]

dogmatise डाग्'मॅटाइज़ *v.t.* सिद्धान्त बघारना : to ~ on a subject किसी विषय पर ≈.

dole डोल **I.** *n*[c]. ख़ैरात, (भिक्षा) दान : unemployment ~ बेकारी अनुदान. **II.** *v.t.* बाँटना : ~ out money थोड़ा-थोड़ा करके पैसा ≈; ~ out charitable funds परोपकारार्थ थोड़ी-थोड़ी करके निधि[F] ≈.

doll डॉल *n*[c]. गुड़िया[F] [pretty सुंदर, talking बोलने वाली, wooden लकड़ी[F] की]; she bought a ~ for her baby उसने अपने बच्चे के लिए ≈ खरीदी; my grand-daughter is a little ~ मेरी पोती एक छोटी सी ≈ है; to break a ~'s house ≈ का घर बिगाड़ना.

dollar डॉ'लर *n*[c]. डालर [American अमरीकी, Hong Kong हांग कांग का]; fifty ~s पचास ≈; he earns ten ~s a day वह एक दिन में दस ≈ कमाता है; have you got change for a ~ क्या तुम्हारे पास एक ≈ का फुटकर है ? a ~ has 100 cents ≈ में 100 सेंट होते हैं; we paid in ~s हमने डॉलरों में भुगतान किया; it costs more than a ~ इस पर एक ≈ से अधिक लगता है; a ~ and half डेढ़ डॉलर; that is equal to about four ~s वह लगभग चार ≈ के बराबर है.

-dom *suff.* (makes abstract nouns) freedom, martyrdom kingdom, boredom, wisdom.

dome डोम *n*[c]. गुम्बद : the ~ of St. Paul's in London लंदन में संत पाल (चर्च) का ≈; a ~ is a circular top ≈ एक वृत्ताकार (गोल) छत[F] होती है; some mosques and tombs have very high ~s कुछ मस्जिदों[F] और मकबरों के ≈ बहुत ऊंचे होते हैं.

domestic ड में'स्'टिक **I.** *a.* **1.** घरेलू, गृह-संबंधी [affairs मामले, life ज़िंदगी, quarrel झगड़ा, servant नौकर, trade व्यापार, work काम]; it is for ~use यह ≈ इस्तेमाल के लिए है; in ~ science, girls learn how to run a home गृह-विज्ञान में लड़कियाँ सीखती हैं कि घर कैसे चलाया जाय. **2.** पालतू : dog is a ~ animal कुत्ता एक ≈ जानवर है. [*ant.* wild] **3.** स्वदेशी, देशीय, अंतर्देशीय : ~ productions must be used ≈ उत्पादन का प्रयोग करना चाहिए; ~ flight अंतर्देशीय उड़ान[F]. **4.** (home-loving) परिवार-प्रेमी : he is very ~ वह अत्यधिक ≈ है. **II.** *n*[c]. घरेलू नौकर : she keeps two ~s वह दो ≈ रखती है. [*ant.* wild]

domicile डॉ'मिसाइल **I.** *n*[c]. अधिवास, स्थायी निवास : his ~ in America उसका ≈ अमेरिका में; you have to prove your ~ as an Indian तुम्हें भारतीय होने का प्रमाण देना होगा. **II.** *v.t.* बस जाना; he is ~d in India वह भारत में बस गया है.

dominate डॉ'मिनेट **I.** *v.i.* पर शासन करना : he has the desire to ~ उसकी इच्छा शासन करने की रहती है. **II.** *v.t.* **1.** से ऊंचा होना, ऊपर उठना : some temples ~ the hills in Hardwar हरिद्वार में कुछ मंदिर पहाड़ियों[F] से ऊंचे उठे हुए हैं. **2.** (control) नियंत्रण में रखना : the strong ~ the weak सबल लोग कमज़ोरों को नियंत्रण में रखते हैं. **domination** डॉ मि ने'शन *n*[u]. शासन, प्रभुत्व; his ~ causes trouble उसकी शासनवृत्ति[F] दिक्कत पैदा करती है.

domineering डॉ मि नि अं'रिङ्ग *a.* निरंकुश, दबंग : his ~ing manner has made him many enemies उसके निरंकुश ढंग से उसके बहुत से शत्रु हो गए हैं; his ~ disposition उसकी दबंग प्रवृत्ति[F], she is a ~ mother वह रौब रखने वाली मां है.

donate ड नेट' *v.t.* दान में देना : to ~ in charity दान में देना; he ~d one lakh rupees for building a temple उसने मंदिर बनवाने के लिए एक लाख रुपया दान में दिया. **donation** ड ने'शन *n*[c]. दान : he made a lumpsum ~

to the hospital उसने अस्पताल को अच्छा-ख़ासा ≈ दिया; here is a ~ of ten rupees to the Famine Relief Fund अकाल राहत निधि^{F} के लिए यह दस रुपए का ≈ है; ~ to a society for a specific purpose किसी विशेष उद्देश्य के लिए सभा^{F} को ≈.

done डन *v.t.* past participle of 'do'; it was ~ किया गया था; the work has been ~ काम कर लिया गया है. [see 'do']

donkey डॉन्'कि n^c. **1.** गधा : a ~ has long ears गधे के कान लंबे होते हैं; we ride on ~s at the sea-side समुद्र-तट पर हम गधों पर सवारी^{F} करते हैं. Δ **~'s load** भारी बोझ; **~'s work** कठिन कार्य. **2.** मूर्ख व्यक्ति : he is a ~ वह मूर्ख है; you ~ अरे गधे !

donor डो'नर n^c. देने वाला, दानी, दाता : ~'s list दान देने वालों की सूची^{F}; blood ~ ख़ून देने वाला; the ~ of a prize पुरस्कार देने वाला. [*ant.* recipient]

don't = do not (see do).

door डॉर n^c. **1.** द्वार, दरवाज़ा [closed बंद, heavy भारी, open खुला, wide चौड़ा]; ~ keeper द्वारपाल, संतरी; ~ mat पायदान; ~ step दहलीज़^{F}; ~ way दरवाज़ा; close the ~ behind you अपने पीछे दरवाज़ा बंद करो; knock at the ~ ≈ खटखटाओ; he saw her to the ~ उसने उसे दरवाज़े तक विदा किया; they came in through the front ~ वे सामने के दरवाज़े से अंदर आए; the next ~ is shut अगला ≈ बंद है; study is the ~ to knowledge अध्ययन ज्ञान का ≈ है; open the ~ and let me into the room ≈ खोलो और मुझे कमरे में आने दो; **~ to ~** दर-दर : the man went from ~ to ~ आदमी दर-दर (घर-घर) गया; ~ frame चौखट^F; **open ~ policy** बेरोक नीति^{F}, निर्बाध नीति^{F}. **2.** (house) घर : our next ~ neighbour is a magistrate हमारे घर के बगल का पड़ोसी एक मजिस्ट्रेट है; my elder son lives 2-3 ~s away मेरा बड़ा लड़का दो तीन घर परे रहता है; she lives next ~ वह बगल वाले घर में रहती है. **3.** Δ **to show smb the ~** किसी को बाहर निकालना; **to open, close the ~ to, open negotiations** बातचीत का रास्ता खोलना, बंद करना; **to lay a charge/blame at smb's ~** किसी पर दोष लगाना.

dormant डॉर्'मन्ट *a.* प्रसुप्त [animal पशु, faculties शक्तियाँ^{F}, passion भावना^{F}/आसक्ति^{F}]; it lay ~ यह प्रसुप्तावस्था में था.

dormitory डॉर'मिटरि n^c. (dormitories) शयनशाला^{F}, शयनागार : in the school ~ there are many beds स्कूल के ≈ में बहुत बिस्तर हैं; there is a large ~ in that inn उस सराय में एक लंबा-चौड़ा शयनकक्ष है.

dose डोज़ n^c. मात्रा^{F}, दवा^{F} की ख़ुराक^F : take a ~ of quinine क्वनीन की एक ख़ुराक ले लो; you should have a light ~ तुम्हें दवा^{F} की हल्की खुराक लेनी चाहिए, [*as distinct from* doze]

dost डस्ट *v.t.* (now rare) 2nd person singular, present tense of verb 'do' तू करता है; thou ~ know तू अवश्य जानता है.

dot डॉट **I.** n^c. **1.** बिन्दु, बिन्दी^{F} : the ~ over an 'i' आइ (i) पर एक बिंदी; the car looked like a ~ at a distance दूर पर कार^F एक बिंदु-सी दिखाई दी. **2.** धब्बा : a ~ of ink स्याही का ≈. **II.** *v.t.* (-tt-) **1.** बिंदु लगाना : ~ your i's सब पर बिंदु लगाओ. **2.** (passive) बिंदुओं की तरह बिखरा होना; a hill is ~ted with rocks पहाड़ी^{F} पर चट्टानें बिखरी हैं; the garden was ~ted with flowers बाग में फूल बिखरे-बिखरे लगे थे.

dote डोट *v.t.* (dotes, doting) **1.** सठिया जाना, सठियाना : an old man is ~ing बूढ़ा आदमी सठिया रहा है. **2.** (~ on) लट्टू होना; she ~s **on/upon** her child वह अपने बच्चे पर लट्टू रहती है; he ~s on that girl वह उस लड़की पर लट्टू रहता है.

doth डथ *v.* (old use) third person, present tense, singular of verb 'do' does; he ~ his work well वह अपना काम अच्छी तरह करता है; ~ she know you well क्या वह तुम्हें अच्छी तरह जानती है ?

double डॅबल **I.** *a.* दुगुना, दो गुना, दूना, डबल [amount राशि^{F}, layer परत^F, quantity मात्रा^{F}, window खिड़की^{F}, work काम]; ~ dealing दुरंगी चाल^F; ~ cross विश्वासघात

करना, धोखा देना; ~ game दोहरी चाल, छल-कपट; ~ member constituency दो सदस्यों वाला चुनाव-क्षेत्र; ~ taxation दोहरा कर, दो बार टैक्स लगाना; a ~ portion of amount राशि^{F} का दूना भाग; a ~ sheet of paper कागज का दोहरा ताव; he is ~ your age उसकी उम्र तुम्हारी उम्र से दुगुनी है; ~ **bedded** room दो बिस्तर वाला कमरा; ~ breast coat दोहरे सीने वाला कोट; ~ **edged** weapon दो धारा हथियार; ~ **faced** person दोहरी चाल^F वाला, बेईमान आदमी; ~ **talk** द्वयर्थी बातें^{F}. [*ant.* single] **II.** n^u. **1.** दुगुनी मात्रा^{F}, दो रंगा, जोड़ा, जोड़ीदार : I gave him ~ मैंने उसे दूना हिस्सा दिया; if you want to make it ~ you must work hard यदि तुम इसकी दूनी मात्रा चाहते हो तो तुम्हें कठिन परिश्रम करना चाहिए; 16 is ~ of 8 16 आठ का दूना है. **2.** प्रतिरूप, डबल : the ministers keep ~s with them मंत्री अपने साथ डबल (अपने प्रतिरूप) रखते हैं. **III.** *v.t.* **1.** दुगुना/ दूना करना : to ~ the price मूल्य ≈; if you ~ three you get 6 तीन को दोगुना करो तो 6 हो जायेगा; it will ~ your work यह तुम्हारे काम को दो गुना कर देगा; he has ~d his income उसने अपनी आमदनी दुगुनी कर ली है **2.** दोहरा करना (fold) : to ~ a sheet of paper कागज़ के एक ताव को ≈; you must ~ the whole rope तुम्हें पूरी रस्सी^{F} को ≈ होगा. **IV.** *v.i.* मुड़ जाना : to ~ back suddenly एकाएक पीछे ≈; the soldiers are ~ling सैनिक मुड़ रहे हैं. ~ **up** मोड़कर दोहरा करना या होना. **V.** *adv.* दूना, दोहरा : a ~ bedded room ≈ बिस्तर वाला कमरा; a ~ eyed scoundrel एक दुरंगा बदमाश; with these glasses I see ~ इस चश्मे के साथ मुझे दो-दो दिखायी देते हैं; the boys slept बच्चे दो-दो करके सो गए.

doubt डाउट **I.** n^c. संदेह, शक [grave गंभीर, great बहुत, slight थोड़ा/कम, some कुछ]; there is no ~ about it इसमें कोई संदेह नहीं है; I have no ~ that you will succeed मुझे कोई संदेह नहीं कि तुम सफल होगे; there is not much ~ about it इसके बारे में अधिक संदेह नहीं है; it was **beyond** ~ यह संदेह के परे/बाहर था; **benefit of** ~ संदेह का लाभ; removal of ~ संदेह-निवारण; I am **in** ~ about it मुझे इस बारे में संदेह है; I have my ~s मेरे अपने संदेह/शक हैं; you will, no ~, help us निस्संदेह तुम हमारी सहायता^{F} करोगे; the results are still in ~ परिणामों पर अब भी संदेह है; I have ~s about his sincerity मुझे उसकी ईमानदारी^{F} पर संदेह है; there is no ~ that the man is guilty इसमें कोई शक/संदेह नहीं कि वह आदमी दोषी है; there is some ~ whether she will come इसमें कुछ शक/संदेह है कि वह आएगी. [*ant.* certainty] **II.** *v.t.* संदेह करना, शक करना, (पर) संदेह/शक होना : I ~ed the truth of his story मुझे उसकी कहानी^{F} की सत्यता^{F} पर संदेह था; we do not ~ your ability हमें तुम्हारी योग्यता^{F} पर शंका/शक नहीं है; to ~ about the facts तथ्यों के बारे में संदेह करना; we do not ~ that he wrote it himself हमें कोई संदेह नहीं है कि उसने इसे स्वयं लिखा होगा; I ~ whether they will succeed हमें शंका है कि वे सफल होंगे; I ~ed him मैंने उस पर संदेह किया; I doubt whether/ if he is honest मुझे शक है कि वह ईमानदार है; why do you ~ तुम क्यों शंका/शक करते हो ? **doubtful** डॉउट'फुल *a.* **1.** (thing) संदिग्ध, संदेहास्पद : his future is ~ उसका भविष्य ≈ है; a ~ advantage एक संदेहास्पद लाभ; a man of ~ character ≈ चरित्र का व्यक्ति. **2.** (person) संदेहशील, शक्की : I am ~ about the result मैं परिणाम के बारे में संदेहशील हूँ. [*ant.* certain] **doubtless** डाउट्'लिस *a.* निःसंदेह, बेशक : the old car would ~ go faster down the hill पुरानी कार ≈ पहाड़ी^{F} से नीचे तेज़ी से जाएगी; ~, you are right ≈, तुम सही हो.

dough डो n^u. लोई^F, सना आटा [thick गाढ़ा, thin पतला]; when ~ has been baked it is bread जब लोई पकाई जाती है तो यह रोटी^{F} हो जाती है. [*as distinct from* doe]

dove डव़ n^c. **1.** पेंडुकी, कबूतरी : a dove is cooing on a tree एक ≈ पेड़ पर गुटरगूं कर रही है; ~cage कबूतरख़ाना. **2.** सरल और सीधा आदमी : he is a ~ indeed वह सचमुच सीधा-सादा आदमी है. **3.** (~ of peace) शांति का संदेशवाहक, शांतिदूत.

dower डॉउ'अर 1. विधवादाय, स्त्रीधन : (among Muslims Meher महर) : ~ is the money a widow gets after the husband's death यह स्त्रीधन है जो एक विधवा को अपने पति की मृत्यु के बाद प्राप्त होता है. 2. (dowry) दहेज : a gift given to a bride दुल्हिन को दिया जाने वाला दहेज. 3. (talent) प्रतिभा^F : ~ may be hereditary ≈ वंश-परंपरा से हो सकती है.

down डॉउन I. *a.* डाउन, नीचा, अधोगामी : ~ platform डाउन गाड़ी^F का प्लेटफार्म; on the ~ slope ≈ ढाल; ~ train मुख्य स्टेशन से आने वाली गाड़ी^F, डाउन गाड़ी^F. (other uses) ~payment तत्काल नकद भुगतान; the wrestler is ~ पहलवान नीचे हो गया; the sun is ~ सूर्य ढल गया; the water is ~ पानी सतह से नीचे हो गया. II. *adv.* 1. नीचे, तले, नीचे की ओर : he ran ~ and opened the door वह नीचे भागा और दरवाजा खोल दिया; she looked ~ but did not answer उसने नीचे (की ओर) देखा परंतु उत्तर नहीं दिया; come ~ from that tree उस पेड़ से नीचे उतर आओ; to come ~ in quality गुण में नीचे हो आना; to fall ~ from the roof छत^F से नीचे गिरना; climb ~ नीचे उतरो; the man bent ~ आदमी नीचे झुका; sit ~ बैठ जाओ; lie ~ लेट जाओ; write ~ लिख डालो; the sun went ~ सूर्य डूब गया; ~ your books and go अपनी किताबें^F छोड़ो और जाओ; look ~ नीचे देखो; get ~ नीचे उतर जाओ; they live ~ the street वे गली^F में नीचे की तरफ रहते हैं. [*ant.* up] 2. (other uses) this custom was handed ~ to us यह रिवाज हम लोगों को परंपरा^F से मिला; from the director down to a peon निदेशक से लेकर चपरासी तक; the curtains are ~ परदे गिरे हुए हैं; ~ with the traitors गद्दारों का नाश हो; let the fire burn ~ आग धीमी कर दो; the speaker was shouted ~ चिल्लाकर लोगों ने वक्ता को बैठा दिया; production has gone ~ उत्पादन गिर गया है. III. *prep* के/से नीचे : he looked ~ the roof उसने छत^F पर से देखा; she came ~ the hill वह पहाड़ी^F से नीचे आई; the boat is going ~ the river नाव^F नदी^F में नीचे की ओर जा रही है; she fell ~ the stairs वह सीढ़ियों^F से नीचे जा गिरी; tears ran ~ her cheeks आँसू उसके गालों पर आकर बहने लगे; they went on ~ the road वे सड़क से नीचे की ओर चलते गए. IV. *n*^c. 1. कोमल रोम/पंख : ~s of birds पक्षियों के ≈. 2. उतार : I have seen many ups and ~s in his life मैंने उसके जीवन में बहुत-से उतार-चढ़ाव देखे हैं; he had great ups and ~s in his business उसके व्यवसाय में भारी उतार-चढ़ाव आये. V. *v.t.* 1. गिरा देना : the opposition ~ed the government विपक्ष ने सरकार को गिरा दिया. 2. नीचा दिखाना : he ~ed all his opponents उसने सभी प्रतिद्वन्द्वियों को नीचा दिखाया. **downfall** डॉउन'फ़ाल *n*^c. 1. पतन, गिरावट^F : ~ of a tyrant अत्याचारी का पतन; Dinesh was the cause of Romesh's ~ दिनेश रोमेश के पतन का कारण था; पतन का कारण : this step was his ~ यह कदम उसके पतन का कारण था. [*ant.* rise] **downgrade** डाउन्'ग्रेड I. *n*^u. ढाल^F, उतार : ~ of a road सड़क का ≈. II. *v.t.* दरजा घटाना, पदावनत करना : he was ~graded by the chief अध्यक्ष ने उसको पदावनत कर दिया. **downhearted** उदास : ~ old man ≈ बूढ़ा. **downpour** डॉउन्'पॉर *n*^u. मूसलाधार (वर्षा^F) : there was a ~ on Sunday इतवार को ≈ वर्षा हुई. **downright** डॉउन्'राइट I. *adv.* पूर्णतया, पूर्ण रूप से : he was ~ cheated वह ≈ धोखा खा गया; he was ~ honest वह ≈ ईमानदार था. II. *a.* 1. साफ़, बिल्कुल : a ~ no कोरा जवाब; a ~ lie सरासर झूठ. 2. साफ़, खरा; ~ person ≈ आदमी. **downstairs** डॉउन'स्टेअर्स. I. *a.* निचला : the ~ portion of the house मकान का ≈ हिस्सा. II. *adv.* नीचे की ओर, सीढ़ी से नीचे : to go ~ सीढ़ियों से नीचे जाना. III. *n*^c. निचली मंज़िल^F, निचला तल : they are waiting ~s since 10 o'clock वह निचली मंज़िल पर 10 बजे से इंतज़ार कर रहे हैं. [*ant.* upstairs] **downward** डॉउन'वर्ड *a.* अधोमुखी, गिरता हुआ, ह्रासोन्मुख : a ~ slope ≈ ढाल^F; a ~ tendency ह्रासोन्मुख प्रवृत्ति^F; ~ trend गिरावट^F. [*ant.* upward] **downwards** डॉउन्'वर्डज़ *adv.* नीचे की ओर^F.

point out the gun ~ so that the shot goes into the ground बंदूक[F] को ≈ करो जिससे निशाना ज़मीन की तरफ जाय; water flows ~ पानी ≈ बहता हैं.

dowry डॉउअ'रि *n*[c]. दहेज : to give or accept ~ is a crime ≈ देना या लेना अपराध है.

doze डोज़ **I.** *n*[c]. (dozing) ऊँघ[F], उँघाई[F] : he likes to have a ~ in the afternoon वह बाद दोपहर ≈ लेना पसंद करता है. **II.** *v.t.* ऊंघना, झपकी[F] लेना : he is ~ing वह ऊँघ रहा है; I just ~ मैं केवल ऊंघता हूँ; to ~ before the fire आग[F] के सामने ≈; to ~ off ऊंघते-ऊंघते सो जाना. [*as distinct from* dose]

doz. , dozen ड'ज़न *n*[c]. (after numerals, same in *pl.*) दर्जन (बारह) : half a ~ आधा ≈; a ~ eggs एक ≈ अंडे; three ~ pencils तीन ≈ पेंसिलें[F]; (~s if no numerals) I warned him ~s of times मैंने उसे दर्जनों (अनेक) बार चेतावनी[F] दी; some ~s of people कुछ ≈ लोग; ~s of eggs दर्जनों अंडे; arrange the chairs in ~s दर्जन-दर्जन करके कुर्सियाँ लगाओ.

D. Phil. =Ph. D., Doctor of Philosophy.

Dpt. Department.

Dr. Doctor.

draft ड्राफ़्ट *n*[c]. **1.** (sketch) प्रारूप, मसौदा : make a ~ of a report रिपोर्ट[F] का ≈ बनाओ; ~ plan योजना[F] का ≈; ~ of a speech भाषण का ≈. **2.** (body of soldiers) दस्ता, टुकड़ी[F] : to send up fresh ~s नई टुकड़ियाँ भेजना. **3.** (cheque) बैंक ड्राफ़्ट, हुण्डी[F] : a bank draft for rupees five hundred पाँच सौ रुपए की हुंडी[F]; it was a ~ on the State Bank of India यह भारतीय स्टेट बैंक के नाम ड्राफ़्ट था; I want to get my payment by ~ मैं अपना भुगतान ≈ द्वारा चाहता हूँ. **II.** *v.t.* प्रारूप तैयार करना, मसौदा बनाना : to ~ a letter पत्र का ≈. [*as distinct from* draught] **drafting** ड्राफ़्'टिंग् *a.* पाण्डु-लेखन, मसौदा बनाना : his drafting is perfect उसका मसौदा बनाने का काम बढ़िया होता है; ~ committee मसौदा समिति[F]. **draftsman** ड्राफ़्ट्स'मन *n*[c]. नक्शानवीस : a ~ prepared the plan of my building एक ≈ ने मेरे भवन का नक्शा तैयार किया.

drag ड्रैग **I.** *v.t.* (dragged, dragging) **1.** खींचना [hardly मुश्किल से, धीरे-धीरे]; bulls ~ carts बैल गाड़ियाँ[F] खींचते हैं. **2.** घसीटना : why do you ~ me to the meeting बैठक[F] में तुम मुझे क्यों घसीटते हो ? **3.** जाल डालना, तलाघर्षण करना : to ~ a lake for a dead body किसी शव के लिए झील[F] में जाल डालना. **II.** *v.i.* **1.** धीरे-धीरे चलना : he ~ged behind his companions वह अपने साथियों के पीछे धीरे-धीरे चलता था (पीछे रह गया); time is ~ging समय धीरे-धीरे बीत रहा है. **2.** घिसटन, घिसटकर चलना : the child is ~ing on the floor बच्चा फ़र्श पर घिसटकर चल रहा है. Δ **to ~ in (a talk)** किसी को टोककर बात करने लगना; **he is ~ging on** वह थका-थका सा चल रहा है; **to ~ out a wretched existence** ज़िंदगी के बुरे दिन काटना. **III.** *n*[c]. **1.** हैरो, हेंगा, पाटा : a ~ is so called as it is dragged on a ploughed field 'पाटा' इसलिए यह नाम है कि जोते हुए खेत की उखड़ी-पुखड़ी मिट्टी को पाट देता है. **2.** (also ~ net) महाजाल : ~ for catching fish मछली पकड़ने का ≈. **3.** (obstruction) अड़ंगा, बाधा[F] : to be a ~ on smb किसी के लिए ≈ स्वरूप होना; her husband is a ~ on her उसका पति उसके लिए बाधास्वरूप है; ill health is a ~ ख़राब स्वास्थ्य एक बाधा[F] है.

drain ड्रेन **I.** *n*[c]. **1.** नाली[F], निकास : ~ pipe निकास-पाइप; the rain water runs down a ~ in the street बरसात[F] का पानी गली में नालियों से होकर बहता है; all the ~s in that old building want rapairing उस पुरानी इमारत[F] की सभी नालियाँ मरम्मत चाहती हैं. Δ **to throw money down the ~** बेकार के कामों में पैसा ख़र्च करना, बरबाद करना. **2.** ख़र्च : this car is a ~ on my purse इस कार[F] में मेरा बहुत खर्च हो जाता है. **II.** *v.t.* **1.** (to let flow away) बहा ले जाना : to ~ the water out पानी को बाहर बहा देना. **2.** (to empty) to ~ a glass गिलास ख़ाली करना [*ant.* fill] Δ **to ~ off a cup** सारा प्याला पी डालना. **3.** (to dry) धोने के बाद सुखा देना : glasses should

be ~ dry धुले गिलासों को और सुखा लो. **4.** (to make weak) he ~s the field by cutting trenches वह खाई खोदकर जमीन को कमजोर कर देता है; to ~ one's strength किसी की शक्ति खींच लेना; to ~ a country of its wealth किसी देश को उसके धन से वंचित करना, देश को चूस लेना. **drainage** ड्रे'निज n^u. निकास व्यवस्था^{F} : we must improve the ~ हमें ≈ में सुधार करना चाहिए. **drainpipe** n^c. पनाला.

dram ड्रैम n^c. ड्राम : a ~ of medicine दवाई^F का एक ≈; there are 16 ~s in an ounce एक औंस में सोलह ≈ होते हैं.

drama ड्रा'मा n^c. नाटक : the history of ~ ≈ का इतिहास; ~s of Prasad प्रसाद के नाटक; the ~ नाट्यकला^{F}; he is an authority on the ~ वह नाट्यकला^{F} का प्रमाण-पुरुष है; he has studied ~ उसने ≈ का अध्ययन किया है. **dramatic** ड्र मै'टिक *a.* नाटकीय, आकस्मिक : a ~ event एक ≈ घटना^{F}; ~ changes ≈ परिवर्तन; ~ performance नाटक का अभिनय. **dramatist** ड्रै मॅ'टिस्ट n^c. नाटककार : Shakespeare was a great ~ in the history of English literature अंग्रेजी साहित्य के इतिहास में शेक्सपिअर एक महान् ≈ थे.

drape ड्रेप *v.t.* (वस्त्र या आवरण) से सजाना : the statue was ~d मूर्ति^{F} वस्त्र से सजाई गई; the council table was ~d with a flag परिषद् की मेज़ झण्डे से सजाई गई. **draper** ड्रे'पर n^c. वस्त्र व्यापारी, बज़ाज : this ~ sells readymade clothes and curtains यह बज़ाज सिले-सिलाये कपड़े और परदे बेचता है.

drastic ड्रैस्'टिक *a.* कड़ा, ज़ोरदार, सख़्त : ~ step कड़ा कदम; a ~ remedy ज़ोरदार इलाज/दवा^{F}; ~ action कड़ी कार्यवाही^{F}; ~ action is necessary against strikers हड़तालियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही आवश्यक है; there is ~ improvement in his characters उसके चाल-चलन में ≈ सुधार है.

draught ड्राफ़्ट n^c. **1.** प्रारूप, मसौदा : (see draft). **2.** (pulling) कर्षण, खिंचाव : horses used for ~ ≈ के लिए प्रयोग किए जाने वाले घोड़े; ~ cattle लद्दू जानवर, भारवाही पशु. **3.** हवा^{F} का झोंका : there is a ~ from that window उस खिड़की^{F} में से ≈ आ रहा है. **4.** (dose) खुराक^F, मात्रा^{F} : ~ of medicine दवाई^F की ≈. **5.** (catch) शिकार : ~ of fishes मछली का ≈. **6.** (mouthful) घूँट : Alok drank the whole glass of water in a single ~ आलोक गिलास का पूरा पानी एक ≈ में पी गया. (*pl.*); they are playing ~s वे ड्राफ़्ट खेल रहे हैं. [*as distinct from* draft, drought] **draughtsman** ड्राफ़्ट्स्'मन n^c. (*pl.* draughtsmen) नक्शानवीस, मसौदा तैयार करने वाला : the plan of the building was prepared by a ~ भवन का नक्शा एक नक्शानवीस ने तैयार किया था.

draw ड्रॉ **I.** *v.t.* (drew, drawn) **1.** खींचना, घसीटना, खींच निकालना : to ~ a plough हल चलाना/खींचना; to ~ a conclusion निष्कर्ष निकालना; I do not want to ~ any conclusion मैं कोई निष्कर्ष नहीं निकालना चाहता; to ~ attention ध्यान खींचना; the horses drew the cart up the hill with great difficulty घोड़े बड़ी कठिनाई^F से पहाड़ी^{F} पर गाड़ी^{F} खींच ले गए; engine ~s the train इंजन गाड़ी^{F} को खींचता है; to ~ water from the tap टोंटी से पानी निकालना; to ~ a person on किसी व्यक्ति को घसीटना; to ~ line with a pencil पेन्सिल से एक रेखा खींचना; to ~ a caricature व्यंग्यचित्र खींचना; to ~ smb's tooth किसी का दाँत निकालना; to ~ a curtain परदा खींचकर खोल देना; to ~ a nail कील खींचकर निकालना; to ~ money from one's account अपने खाते से पैसा निकालना. **2.** मुकाबले में बराबर रहना : to ~ the match at any rate किसी भी कीमत पर मैच को बराबर करना; the match was ~n मैच बराबर हो गया. **3.** लुभाना, आकर्षित करना : I tried to ~ his attention मैंने उसका ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की; magnet ~s steel चुम्बक स्टील को आकर्षित करता है; a good play always ~s crowds/people एक अच्छा खेल भीड़^{F}/ लोगों को हमेशा लुभाता है; to ~ customers ग्राहकों को आकर्षित करना; I feel ~n to her मैं उसकी ओर आकर्षित अनुभव करता हूँ. **4.** उचित रूप से लिखना : to ~ a deed in favour of Ram राम के पक्ष में

दस्तावेज़ लिखना; to ~ a cheque चेक लिखना/काटना. **5.** (other uses) to ~ one's pay अपना वेतन लेना; to ~ smb aside किसी को एक ओर ले जाना; to ~ breath साँस लेना; to ~ a sword तलवार तानना; to ~ a scene दृश्य चित्रित करना; to ~ a character चरित्र चित्रित/अंकित करना. Δ ~ **back** पीछे हटना; **to ~ near** निकट लाना/आना; **to ~ on** काम में लाना; I drew on the money I had got मेरे पास जो धन था उसको मैं काम में लाया; **to ~ to an end** समाप्त होने को आना (as, food) **to ~ up** (i) (सैनिकों को) लाइन में खड़ा करना; (ii) लिखकर बनाना; to ~ up a plan एक योजना तैयार करना; to ~ up a document दस्तावेज़ लिखना. **drawback** ड्रॉ'बैक n^c. कमी^{F}, त्रुटि^{F} : there are so many ~s in this plan इस योजना^{F} में बहुत-सी त्रुटियाँ हैं. **drawbridge** ड्रॉ'ब्रिज *n.* चल सेतु, उठाऊ पुल : the ~ was pulled up to let ships pass जहाज़ों को निकल जाने के लिए ≈ को उठा दिया गया. **drawer** ड्रॉ'अर n^c. **1.** आदेशक, हुंडी या चेक लिखने वाला : the ~ stopped payment of the cheque चेक काटने वाले ने चेक का भुगतान रोक दिया. **2.** (in a desk) दराज़ : pull out the middle ~ बीच वाला दराज़ बाहर खींचो. **drawing** ड्रॉ'इंग n^c. **1.** आरेखण, ड्राइंग : ~ class ≈ की कक्षा^{F}; ~ master ≈ मास्टर. **2.** चित्र, आरेख : ~ of a cow गाय का चित्र. **drawing room** ड्रॉ'इंग रूम n^c. बैठक, दीवानख़ाना : he is in his ~ वह अपनी बैठक में है; they have latest furniture in their ~ उनकी बैठक में आधुनिकतम फ़र्नीचर हैं. **drawn** ड्रॉन *a.* **1.** बराबर का, बिना हार-जीत का, अनिर्णीत : the match was ~ मैच हार-जीत के बिना ख़त्म हो गया. **2.** खिंचा हुआ : ~ curtain ≈ परदा. **3.** ताना हुआ : ~ sword तानी हुई तलवार^F.

dread ड्रेड **I.** n^u. **1.** त्रास, भय, डर : ~ of plague प्लेग का त्रास/डर; he has a ~ of serpents उसे साँपों का ≈ रहता है. **2.** भय का कारण : his unemployment is a ~ of the entire family उसकी बेरोज़गारी^{F} सारे परिवार के लिए डर का कारण है. **II.** *a.* भयंकर, डरावना : she saw a ~ picture in the night उसने रात^F में एक डरावनी आकृति^{F} देखी. **III.** *v.t.* डरना, दहल जाना : the child ~ed the dark बच्चा अंधेरे से डर गया; he ~s to come to me वह मेरे पास आने से डरता है. **dreadful** ड्रेड'फुल *a.* **1.** भयानक, विकराल, डरावना [accident दुर्घटना^{F}, day दिन, earthquake भूकंप, experience अनुभव, loss घाटा, weather मौसम]; she had many ~ experiences in the war युद्ध में उसे बहुत-से डरावने अनुभव हुए; something ~ has happened कुछ डरावनी बातें घटित हो गईं. **2.** भयभीत : she looked ~ in the night वह रात में भयभीत दिखाई दी.

dream ड्रीम **I.** n^c. स्वप्न, सपना [bad बुरा, funny विचित्र, terrible भयंकर]; I had a ~ about you मैंने तुम्हारे बारे में सपना देखा; their ~s came true उनके सपने सच्चे हुए; his great success is just a ~ उसकी महान सफलता^{F} एक ≈ मात्र ही है; she has ~s of becoming an actress उसका अभिनेत्री बनने का ≈ है; to see something in a ~ सपने में कुछ देखना. **II.** *v.t.* (*p., p.p.* ~ed, dreamt) **1.** स्वप्न देखना : last night I ~t that I was the King of India पिछली रात^F मैंने सपना देखा कि मैं भारत का राजा हूँ; she ~ed of going to Italy उसने इटली जाने का ≈ देखा; she was ~ing peacefully वह शांतिपूर्वक सपने देख रही थी. **2.** (imagine) कल्पना^{F} करना : I never ~ed of seeing you here मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि तुम यहाँ मिलोगे; I do not ~ of offending you मैं तुम्हें नाराज़ करने की कल्पना नहीं करता; I never ~t that he would refuse मैं कभी कल्पना नहीं करता था कि वह इंकार करेगा. **3.** सोचना : you should never ~ of going alone तुम्हें अकेले जाने के बारे में कभी नहीं ≈ चाहिए; you will have ~t of it तुमने इसके बारे में सोचा होगा; he ~ed to go home again वह पुनः घर जाने के बारे में सोचता रहता था. **dreamy** ड्री'मि *a.* **1.** स्वप्नमय, स्वप्निल : ~ eyes ≈ लोचन. **2.** (visionary) कल्पनाशील : ~ person ≈ व्यक्ति. **3.** (vague) धुँधला, अस्पष्ट : ~ scene ≈ दृश्य.

drench ड्रेन्च **I.** *v.t.* **1.** भिगोना, तर करना : the rain ~ed us or we were ~ed in rain

बारिश^F ने हमें भिगो दिया या हम बारिश^F से भीग गए; this heavy rain will ~ me, for I have no coat यह मूसलाधार वर्षा मुझे तर कर देगी क्योंकि मेरे पास कोई कोट नहीं है; it was raining and I was ~ed when I got home बारिश हो रही थी और जब तक मैं घर पहुँचा तब तक भीग गया था. [*ant.* dry] **2.** दवा^{F} पिलाना : to ~ a horse घोड़े को ≈. **II.** n^c. दवा का घूँट या ख़ुराक^F.

dress ड्रॅस **I.** *v.t.i.* **1.** कपड़े पहनना या पहनाना : he dresses well वह अच्छे कपड़े पहनता है; to ~ a child बच्चे को कपड़ा पहनाना; it is time to ~ यह कपड़े पहनने का समय है; she was ~ed in white वह सफ़ेद कपड़े पहने थी; I was then ~ing तब मैं कपड़े पहन रहा था. **2.** पट्टी^{F} करना [neatly स्वच्छता से, properly उचित ढंग से]; to ~ a wound घाव पर ≈; ~ yourself स्वयं की पट्टी करो (also कपड़े पहन लो). [*ant.* undress] **3.** ढकना : to ~ the bed with a sheet बिस्तर को चादर से ≈; ~ yourself to save from cold जाड़े से बचने के लिए स्वयं को ढक लो. **4.** सजाना : to a ~ shop window दुकान^F की वस्तुओं^{F} से खिड़की^{F} ≈; to ~ a ship झंडियों से जहाज़ को ≈. **II.** n^c. पहनावा, पोशाक^F, कपड़े, वस्त्र, वर्दी [beautiful सुंदर, cheap सस्ता, clean साफ़, cotton सूती, expensive खर्चीला, nylon नायलान का, silk सिल्क/रेशमी, simple सादा, torn फटा हुआ, white सफ़ेद, woollen ऊनी]; morning ~ साधारण ≈; evening ~ पार्टियों वाली पोशाक^F; ladies think much of their ~ औरतें अपने पहनावे के बारे में अधिक सोचती हैं; this ~ is too big for me यह पोशाक^F मुझे बहुत ही बड़ी है; the ~ does not fit यह पोशाक^F फिट नहीं है; what colour is your new dress तुम्हारी नई पोशाक किस रंग की है ? **dressing** ड्रॅ'सिंग *a.* **1.** (of wound) मरहम पट्टी^{F}, पट्टी^{F}. **2.** (~ down) ठुकाई^F, मरम्मत^F : he gave me a good ~ down उसने मेरी खूब ठुकाई की. **3.** ~ case शृंगारदान; ~ room कपड़े बदलने का कमरा, शृंगारकक्ष; ~ table सिंगारमेज़.

dribble ड्रि'बल *v.t.i.* **1.** टपकाना : the baby ~s saliva बच्चा लार टपकाता है. **2.** टपकना : saliva ~s लार^F टपकती है. **3.** मूल्य का ह्रास होना : our money is ~ling हमारे रुपए के मूल्य का ह्रास हो रहा है. **4.** (football, hockey) पैर से बाल को आगे ले जाना.

drift ड्रिफ़्ट **I.** n^c. **1.** बहाव, प्रवाह : ~ of snow बर्फ़^{F} का बहाव; sand is in ~s बालू^{F} बहती जा रही है. **2.** (tendency) रुझान : ~ of village people to the city गाँव के लोगों को शहर आने का (की ओर) ≈. **3.** (general meaning) आशय, अभिप्राय, तात्पर्य : I could not follow the ~ of the speech मैं भाषण के ≈ को नहीं समझ सका; what is the ~ of the argument इस तर्क का ≈ क्या है ? I cannot see the ~ of this letter मैं इस पत्र के ≈ को नहीं समझ सकता. **II.** *v.i.* बह जाना, बहना : to ~ with the current धारा^{F} के साथ ≈; the fishermen ~ed out to sea मछुयारे समुद्र की ओर बह चले. **III.** *v.t.* बहाकर ढेर लगाना : the wind ~ed the sand/snow into heaps हवा^{F} ने बालू^{F}/बर्फ़^{F} को बहाकर ढेर लगा दिया.

drill ड्रिल **I.** n^c. **1.** बरमा, छेद करने का औजार : we need a ~ to make holes in wood लकड़ी^{F} में छेद करने के लिए बरमे की आवश्यकता^{F} होती है. **2.** कवायद^F, ड्रिल^F : ~ master ≈ मास्टर; some boys were doing ~ कुछ लड़के ≈ कर रहे थे. **3.** कसरत^F, अभ्यास : young soldiers need plenty of ~ युवा सिपाहियों को प्रचुर ≈ की आवश्यकता^{F} होती है; the class needs more ~ in grammar कक्षा^{F} को व्याकरण में अधिक ≈ की जरूरत^F है. **II.** *v.t.* **1.** कवायद कराना, ड्रिल कराना : to ~ recruits नई भर्ती को ड्रिल कराना; soldiers are ~ed daily सिपाहियों को प्रतिदिन कवायद कराई जाती है **2.** अभ्यास कराना : to ~ pupils in spelling शिष्यों को वर्तनी^{F} का ≈. **3.** बरमे से छेद करना : you ~ holes in a plank तुम तख़्ते में बरमे से सूराख़ करते हो. **4.** (sow) बोना : we ~ seeds हम बीज बोतें हैं.

drink ड्रिङ्क **I.** n^c. **1.** पेय, शरबत [cold शीतल, pleasant आनंदकर, refreshing ताज़गी^{F} देने वाला]; may I have a ~ of water क्या मैं पानी पी सकता हूँ ? **2.** मदिरा, शराब, मद्य : we had a ~ of beer हम लोगों ने जौ की ≈ पी.

II. *v.i.* (drank, drunk) 1. पीना, पान करना : he ~s water वह पानी पीता है. 2. ध्यान से ग्रहण करना; they drank (in) their teacher's words उन्होंने अपने अध्यापक के शब्दों को ध्यान से ग्रहण किया. 3. सोखना (absorb) : plants ~ water पौधे पानी सोखते हैं. 4. to ~ the cup of joy हर्षोन्मत होना. **drinking** ड्रिन्'किंग *a.* पेय, पीने का : individual ~ cup व्यक्तिगत पीने का प्याला; ~ water पीने का पानी.

drip ड्रिप I. *v.t.i.* (dripped, dripping) टपकना, चूना, चुआना : the roof is ~ping छत[F] से पानी टपक/चू रहा है; his hands ~ped with blood उसके हाथों से खून चुआ; the rain ~s from the trees पेड़ों से बरसात[F] की बूँदें टपकती हैं; the water ~ped from the pipe पाइप से पानी टपक रहा था; to ~ with blood ख़ून से लथपथ होना; the tap ~s टोंटी[F] से पानी टपकता है. II. *n*[c]. बूँदें[F], टपकन[F]: the ~s of rain बारिश[F] की बूँदें; ~s of water fell from the tap पानी की बूँदें टोंटी से गिरीं; (noise of ~) I could hear ~s of rainy water मैं बरसाती पानी की टपकन[F] सुन पा रहा था.

drive ड्राइव़ I. *v.t.i.* (drove, driven) 1. (a vehicle) चलाना : to ~ a car कार[F] ≈; I have ~n a car for three years मैंने तीन वर्ष तक कार[F] चलाई है; the car ~s well कार[F] अच्छी तरह चलती है. 2. हाँकना : to ~ the cattle to the market जानवरों को मंडी[F] की तरफ ≈. 3. हड़काना : to ~ a dog away कुत्ते को ≈; the enemy was ~n back शत्रु को वापस हड़का/खदेड़ दिया गया. 3. गाड़ी में ले जाना : ~ me to the town मुझे गाड़ी[F] में शहर ले चलो; he drove me to the sea side in the evening शाम[F] को वह मुझे समुद्र के किनारे ले गया. Δ **to ~ a bargain** सौदा करना; **to ~ a pen** कलम घिसना, लिखना; **to ~ a trade** व्यापार करना; to ~ at आशय/मतलब होना : what are you ~ing at तुम्हारा आशय क्या है? **to ~ away** परे हटाना, भगा देना : ~ the dog away कुत्ते को भगा दो; **~ home an advice** कोई सलाह किसी के मन में बिठा देना; **to ~ smb mad** किसी को पागल कर देना; **to ~ smth out of smb's head** किसी के दिमाग़ से कोई बात निकाल देना; **to ~ to do smth** कुछ करने को बाध्य/मजबूर करना. II. *n*[c]. 1. (trip) सैर[F] : to go for a ~ (किसी सवारी से) ≈ के लिए जाना. 2. उत्साह, कार्यशक्ति; he has plenty of ~ उसमें पर्याप्त ≈ है; it needs more ~ to do the work इस कार्य को करने के लिए और अधिक ≈ की आवश्यकता[F] है; he lacks ~ उसमें उत्साह नहीं है. 3. (campaign) प्रचार-आन्दोलन : membership ~ सदस्य बनाने का आन्दोलन. 4. सड़क[F] : a ~ in a park पार्क की ≈. **driver** ड्राइ'व़र *n*[c]. ड्राइवर, चालक [careless लापरवाह, experienced अनुभवी, skilful कुशल]; taxi ~ टैक्सी ≈; tractor ~ ट्रैक्टर ≈.

drizzle ड्रि'ज़ल *v.i.* फुहार[F], झींसी[F], बूँदाबाँदी[F] : it ~s झींसी पड़ रही है, बूँदाबाँदी[F] हो रही है; it is ~ing बूँदाबाँदी हो रही है.

droll ड्रोल *a.* 1. (comical) विनोदक : ~ child, person ≈ बालक, व्यक्ति. 2. हास्यकर : ~ expression ≈ अभिव्यक्ति[F]. 3. (odd) विचित्र, अनोखा, अनूठा : a ~ remark एक ≈ उल्लेख/टिप्पण; he speaks in a ~ way वह अनोखे ढंग से बोलता है.

dromedary ड्रॉ'मॅ डॅरि *n.f.* साँड़नी : a ~ has one hump ≈ का एक कूबड़ होता है.

drone ड्रोन I. *n*[c]. 1. नर मधुमक्खी: ~ is specially a male bee ड्रोन विशेषत : ≈ होती है. 2. गूँज[F], गुंजार[F], भिनभिनाहट[F] : ~ of an engine इंजन की गूँज; ~ of bees मधुमक्खियों की भिनभिनाहट, गुंजार. 3. (person) निखट्टू : he is a useless ~ वह बेकार ≈ है. II. *v.t.* भिनभिन करना : he ~s (on) for a long time वह बहुत समय भिनभिन करता रहता है : some lecturers go on droning कुछ व्याख्याता भिनभिन करते रहते हैं.

drop ड्रॅप I. *n*[c]. 1. बूँद[F] : a ~ of blood ख़ून की एक ≈; an acid ~ अम्ल की एक ≈; take ten drops a day एक दिन में दस ≈ लेना; she drank it to the last ~ उसने इसे अंतिम ≈ तक पी डाला. 2. (falling) पतन, गिरावट [sharp तेज़, slight हलका, sudden एकाएक, unexpected अप्रत्याशित]; ~ in temperature तापमान में गिरावट[F]; a sudden ~ in prices मूल्यों में एकाएक गिरावट[F]; ~ scene दृश्य का समाप्त होना; ~

curtain परदे का गिरना; lemon ~ लाइमचूस (मिठाई). Δ **a ~ in the ocean** ऊंट के मुँह में ज़ीरा. **II.** *v.t.i.* (dropped, dropping) **1.** fall गिरना या गिराना : do not ~ your purse अपना बटुआ न गिरा देना; fruit ~s off the tree फल पेड़ से गिरता है; I ~ped a cup on the floor मैंने फ़र्श पर प्याला गिरा दिया; my watch ~ped into the water मेरी घड़ी^{F} पानी में गिर गई; the temperature has ~ped तापमान गिर गया है; I must ~ it मुझे इसे निश्चित रूप से गिरा देना चाहिए; do not ~ that glass इस गिलास को न गिरा देना; apples are ~ping from the tree सेब पेड़ से गिर रहे हैं; you have ~ped your money on the ground तुमने अपना पैसा ज़मीन पर गिरा दिया है; prices have ~ped कीमतें^{F} गिर गई हैं. **2.** (omit) छोड़ना, हट जाना : to ~ enquiry जाँच छोड़ देना; he ~ped his work उसने अपना काम छोड़ दिया; he has ~ped out वह हट गया है; you have ~ped smth तुमने कुछ छोड़ दिया है; please, ~ this letter into a letter-box कृपया इस पत्र को पत्र-पेटिका^{F} में डाल/छोड़ दीजिए; ~ drinking if you live in our neighbourhood पीना छोड़ दो यदि तुम हमारे पड़ोस में रहते हो; he has ~ped smoking उसने सिगरेट पीना छोड़ दिया है; let us ~ the subject हम विषय को छोड़ दें; to ~ a habit, an idea कोई आदत^F, विचार छोड़ देना; he has ~ped his studies उसने अपनी पढ़ाई छोड़ दी है. **3.** मंद/मद्धम हो जाना, कम हो जाना : his voice ~ped उसकी आवाज़ मंद/मद्धम हो गई; wind ~ped हवा^{F} थम गई. **4.** (other uses) ~ me at the next corner मुझे अगले कोने पर उतार देना; to ~ a hint संकेत देना; he **~ped in** suddenly वह अचानक आ टपका; my interest has ~ped मेरी रुचि^{F} कम हो गई है; he **~ped out** of the meeting वह बैठक से हट गया; I ~ ped a note to him मैंने उसे एक पत्र/नोट लिखा.

drought ड्रॉउट n^c. सूखा, अनावृष्टि^{F}, वर्षा^{F} की कमी^{F} : the paddy died during the ~ सूखे के दौरान धान मर गया. [*as distinct from* draught]

drove ड्रोव़ **I.** *n.* झुण्ड, भीड़^{F}, समूह, : जमघट : a ~ of cattle जानवरों का झुंड; ~ of visitors आगंतुकों की भीड़^{F}. **II.** *v.* (past tense of drive) **1.** हाँका, चलाया : the cowboys ~ the cattle from the field गोचरवाहे ने जानवरों को मैदान से ≈. **2.** चलाना : Dad ~ to London पिताजी ने लंदन तक कार^F चलाई, कार चलाकर गए.

drown ड्रॉउन *v.t.i.* **1.** डुबो मारना, डूब मरना : she ~ed the cat in the pond उसमें बिल्ली^{F} को तालाब में डुबाकर मार दिया; the cruel way of killing a cat is to ~ it in a bucket of water बिल्ली को पानी की बाल्टी^{F} में डुबोना निर्दयतापूर्वक मारने का तरीका है; he is ~ing वह डूबकर मर रहा है; he saved the children from ~ing उसने बच्चों को डूब मरने से बचा लिया; he was ~ed in the Ganga वह गंगा में डूब मरा. **2.** (flood) जलमग्न करना : the land was ~ed by the river ज़मीन^F नदी^{F} में जलमग्न हो गई. **3.** (overwhelm) दबा देना, अभिभूत कर देना : the noise in the hall ~ed his voice हॉल में शोरगुल से उसकी आवाज दब गई; his words were ~ed in the noise शोर में उसके शब्द सुनाई नहीं पड़े; the applause ~ed his voice तालियों की आवाज से उसकी आवाज़ अभिभूत हो गई. **4.** (other uses) he was ~ed in tears वह आँसुओं से भीग गया; to ~ one's sorrow in drink शराब पीकर ग़म भुलाना.

drowse ड्राउज़ **I.** *v.i.* ऊंघना, झपकी^{F} लेना : I was not sleeping, I was drowsing मैं सो नहीं रहा था, ऊंघ रहा था. **II.** n^c. ऊंघाई : to have a heavy ~ गहरी ≈ लेना, बहुत ऊंघना. **drowsy** ड्रॉउ'ज़ि *a.* **1.** उनींदा, निद्रालु [baby शिशु, labourer मज़दूर]. **2.** निद्राजनक : a ~ hum of bees मधुमक्खियों की ≈ भिनभिनाहट^F. **3.** (lethargic) सुस्त, निष्क्रिय : the sunshine made him ~ सूर्य की रोशनी (धूप) ने उसे ≈ बना दिया.

drug ड्रग **I.** n^c. **1.** औषध^F, दवा^{F} : a ~ to relieve pain दर्द से आराम दिलाने की ≈. **2.** (narcotic) नशा करने वाली वस्तु^{F} : opium, heroin, etc., are dangerous ~s अफ़ीम, चरस आदि ख़तरनाक नशीली दवाएँ हैं. **II.** *v.t.* बेहोशी^{F} की दवा पिलाना : he was ~ged before he was robbed लूटने से पहले उसे बेहोशी की दवा पिलाई गई; to ~ someone suddenly किसी को एकाएक ≈;

the doctor ~ged the patient in pain पीड़ाग्रस्त रोगी को डाक्टर ने बेहोशी लाने वाली दवा दी. **druggist** ड्र'गिस्ट n^c. दवा-विक्रेता, दवा-फ़रोश : there are many ~s' shops outside the hospital अस्पताल के बाहर दवा-फरोशों की बहुत सी दुकानें^{F} हैं.

drum ड्रम **I.** n^c. ढोल : a ~ has a round hollow frame ≈ का गोल खोखला खोखा होता है; to beat a ~ ≈ बजाना, मुनादी^{F} करना; ear ~ कान के अंदर का ढोल/पटह. **II.** *v.t.* (drummed, drumming) **1.** ढोल बजाना : to ~ with one's fingers उंगलियों^{F} से ≈; he ~med on the table with his fingers उसने अपनी उंगलियों से मेज़^{F} पर ढोल की आवाज़ की. **2.** (expel) निकाल दिया जाना : he was ~med out of the regiment उसे रेजिमेन्ट से निकाल दिया गया. **3.** (repeat) लगातार दोहराना; to ~ something **into** one's ear किसी के कान में लगातार कुछ दोहराना.

drunk ड्रंक **I.** *a.* (from 'drink') **1.** नशे में धुत : the man is ~ आदमी ≈ है; the man was ~ and unable to walk आदमी ≈ था और चलने में असमर्थ था; dead or blind ~ अंधा धुत, पूरा धुत. **2.** मत्त, मस्त : ~ with power शक्ति पाकर ≈. **II.** n^c. **drunkard** ड्रड्.'कर्ड n^c. शराबी, पियक्कड़ : the ~ can never be reliable ≈ कभी-भी विश्वसनीय नहीं हो सकते. [*ant*. sober]

dry ड्राइ **I.** *a.* **1.** सूखा, शुष्क [land खेत, throat गला, weather मौसम]; ~ climate, air, skin, soil सूखी जलवायु^{F}, हवा^{F}, चमड़ी^{F}, मिट्टी^{F} : ~ hair, lips, clothes सूखे बाल, होठ, कपड़े : the well has gone ~ कुआँ सूख गया है; we sat near the fire until we were ~ हम आग के पास बैठ गए जब तक कि सूखे नहीं; a ~ towel lay on the chair कुर्सी पर एक सूखा तौलिया पड़ा था; the canal is ~ नहर सूखी है. **2.** (dull, without butter) रूखा; ~ lecture नीरस, रूखा भाषण; ~ remarks रूखे टिप्पण; ~ bread रूखी रोटी^{F}; this book was ~ यह किताब नीरस/रूखी थी. [*ant*. wet] **3.** (without politeness) ~ behaviour रूखा व्यवहार. **4.** (not sweet) कड़ुआ; ~ wine कड़ुवी शराब^F. **5.** (thirsty) प्यासा : I am/feel ~ मैं ≈ हूँ. **6.** (shrewd and sharp) तेज़, तीक्ष्ण : a ~ wit ≈ बुद्धि. **7.** दूधरहित : the cow is ~ गाय ≈ सूख गई है. **8.** ~ cleaning ड्राई क्लीनिंग, रासायनिक धुलाई^F; ~ cultivation मरु कृषि^{F}, मरुभूमि^{F} में खेती^{F} करने की विधि^{F}; ~ cough सूखी (बिना बलगम की) खाँसी^{F}; ~ facts कोरे तथ्य; ~ nurse दूध न पिलाने वाली दाई^F. **II.** *v.t.i.* (dried, drying) सूखना, सुखाना : to ~ clothes कपड़े सुखाना; the road dried after the rains सड़क^F बरसात के बाद सूख गई; the well has ~ied up कुआँ सूख गया है; after washing, I ~ my hands with a towel धोने के बाद मैं अपने हाथ तौलिए से सुखाता हूँ; we had to wait for the socks to ~ up हमें मोज़े सूखने तक इंतज़ार करना पड़ा; in hot weather it does not need to ~ up गर्म मौसम में सुखाने की आवश्यकता^{F} नहीं होती. [*ant*. wet] **dryness** ड्राइ'निस n^c. (absence of moisture) सूखापन : ~ of weather मौसम का ≈.

D. Sc. Doctor of Science.

dual ड्यू'अल *a.* **1.** द्विविध, दोहरा, दोतरफ़ा, दो : sometimes the cars have ~ controls so that both learner and instructor can control the car कभी-कभी कारों^{F} में दो तरफा नियंत्रण होता है ताकि शिक्षार्थी और शिक्षक दोनों कार^F को नियंत्रित कर सकें; aeroplane with ~ controls दोहरे नियंत्रण से युक्त हवाई जहाज़. **2.** (gram.) ~ number द्विवचन. [*as distinct from* duel]

duchess डॅ'चिस n^c. (female of 'duke') सामंतिन : when a girl marries a duke she becomes a ~ तब एक लड़की सामंत से शादी करती है तो वह ≈ हो जाती है.

duck डक **I.** n^c. **1.** बतख़ : a ~ was swimming in the pond एक ≈ तलैया में तैर रही थी; a ~ lays slightly big eggs ≈ कुछ बड़े अंडे देती है; to shoot a ~ ≈ को मारना. **2.** (dip) डुबकी^{F}; I had a ~ in the tank मैंने तालाब में ≈ लगाई. **3.** शून्य : he got a ~ in the exam, cricket उसे परीक्षा^{F}, क्रिकेट में ≈ मिला. **II.** *v.t.* डुबकी^{F} लगाना, डुबोना : they ~ed in the pond उन्होंने तालाब में डुबकी लगाई; he ~ed his head in the tub उसने टब में अपना सिर डुबोया.

due ड्यू **I.** n^{cu}. **1.** प्राप्य : he should be

given his ~ उसे अपना ≈ मिलना चाहिए, **2.** (*pl.* ~s) शुल्क, चुंगी^{F} : municipal ~ नगर ≈. **II.** *a.* **1.** देय, दातव्य : the bill was ~ on the 5th बिल पाँच तारीख़ को ≈ था; some money is ~ from you to me मुझे तुमसे कुछ पैसा लेना है; this holiday was ~ यह छुट्टी^{F} देय/प्राप्तव्य थी. [*ant.* undue]. **2.** (fit) उचित, मुनासिब, ठीक : ~ care उचित सावधानी^{F}; ~ respect उचित सम्मान; ~ reward यथोचित पुरस्कार; he went ~ north वह ठीक उत्तर को गया; after ~ consideration उचित विचार करने के बाद. **3.** ~ **to** : के कारण, के परिणामस्वरूप, के फलस्वरूप : the accident took place ~ to carelessness दुर्घटना^{F} उसकी लापरवाही^{F} के कारण हुई; the success could be achieved ~ to their efforts सफलता उनके प्रयास के फलस्वरूप प्राप्त हुई; he gets failure ~ to laziness वह सुस्ती^{F} के कारण असफलता^{F} पाता है. **4.** (करने, होने) वाला : the train is ~ at 7.30 गाड़ी^{F} साढ़े सात बजे आने वाली है, he is ~ to go to night वह आज रात^{F} जाने वाला है. **5.** in ~ course यथासमय; ~ date नियत दिवस या तिथि^{F}; भुगतान तिथि. [*as distinct from* 'dew']

duet ड्यू एट' *n*^{c}. दुगाना, युगलगान, युगलवादन : a ~ on the radio रेडियो पर ≈; they played a ~ उन्होंने युगलगान गाया या युगलवाद्य बजाया.

duffer डॅ'फ़र *n*^{c}. (useless fellow) निकम्मा/बेकार आदमी : he is a ~ at chess वह शतरंज खेलने में बेकार है.

dug डॅग **I.** *n*^{c}. थन : ~s of a cow गाय के ≈. **II.** *v.t. p.* & *p.p.* of 'dig' *q.v.*

duke ड्यूक *n*^{c}. ड्यूक, सामंत : the ~ of Wellington वेलिंगटन का ≈; her father is a ~ उसके पिता ≈ हैं. [*fem.* duchess]

dull डल *a.* **1.** मन्दबुद्धि, मतिमंद, जड़, नासमझ [person व्यक्ति, pupil शिष्य, student विद्यार्थी]; his eldest son is ~ उसका बड़ा बेटा ≈ है. [*ant.* sharp] **2.** मंद : ~ bussiness ≈ व्यापार में मंदी^{F}; ~ market मंदी^{F} का बाज़ार. **3.** (depressed) निरुत्साह, उदास : why is she so ~ ? वह इतनी उदास क्यों है; I feel ~ today आज मैं उदास-सा हूँ. **4.** मद्धम, मंद [light प्रकाश/रोशनी^{F}, sound ध्वनि^{F}/आवाज़]. **5.** (blunt) भोथरा [knife चाकू, needle सुई, razor उस्तरा]. **6.** (tedious) उबाऊ, नीरस [book किताब^{F}, conversation वार्तालाप, day दिन, film फ़िल्म^{F}, music संगीत, party पार्टी^{F}, play नाटक, speaker वक्ता, story कहानी, weather मौसम]. **dullard** ड'लर्ड *n*^{c}. मंदबुद्धि, जड़बुद्धि : these two boys in the class are ~s कक्षा में ये दो लड़के ≈ हैं.

duly ड्यू'लि *adv.* ठीक-ठाक, विधिवत्, बाकायदा : he was ~ notified उसे ≈ सूचना^{F} दी गई थी; your letter has ~ arrived तुम्हारा पत्र ≈ पहुँच गया है; Atman won the race and was ~ presented with the prize आत्मन ने दौड़^{F} जीत ली और उसे ≈ पुरस्कार दिया गया. [*ant.* unduly]

dumb डम *a.* *n.* **1.** गूँगा, मूक [animal पशु, boy लड़का]; he is deaf and ~ वह बहरा और ≈ है; when I questioned him, he was ~ जब मैंने उससे पूछा तो वह ≈ बना रहा; I am keeping ~ मैं मूक/मौन रहता हूँ. Δ **to strike smb ~** किसी को हक्का-बक्का कर देना. **2.** (speechless) अवाक् : we were struck ~ by the news हम इस समाचार से ≈ रह गए. **3.** (silent) मौन, चुप : the criminal remained ~ अपराधी ≈ रहा. **dumb-bell** डॅम्'बॅल *n*^{c}. डम् बेल; I daily exercise my arms with ~s मैं प्रतिदिन बाँहों का व्यायाम ≈ से करता हूँ. **dumbfound** डम् फ़ॉउन्ड' *v.t.* **1.** अवाक्, हक्का-बक्का, भौंचक्का कर देना : I was simply ~ed by the news मैं समाचार से बस ≈ रह गया. **2.** निरुत्तर कर देना : the advocate ~ed the witness अधिवक्ता ने गवाह को ≈ कर दिया.

dummy ड'मि **I.** *n*^{c}. डमी : tailor's ~ दरज़ी की ≈; it is not a real person in the shop window but a wooden ~ यह दुकान की खिड़की पर वास्तविक व्यक्ति नहीं है बल्कि लकड़ी की ≈ है. **II.** *a.* नकली, दिखावटी : ~ gun ≈ बंदूक^{F}; a packet with ~ cigarettes ≈ सिगरेटों की डिब्बी^{F}.

dump डॅम्प **I.** *n*^{u}. **1.** (heap) ढेर : a rubbish ~ कूड़े का ≈; a ~ for waste material रद्दी चीज़ों^{F} का ढेर. **2.** अस्थायी गोदाम : ~ for military purposes सैनिक उद्देश्य के लिए ≈. **II.** *v.t.* **1.** धम्म से गिरा देना, पटक देना, उतार

देना : they ~ed a load of sand in the garden उन्होंने बालूᶠ के भार को बगीचे में पटक दिया; to ~ a box down on the ground बॉक्स को ज़मीन पर ≈; to ~ rubbish कूड़ा गिराना; no ~ing here यहाँ कूड़े का ढेर न करें. 2. कम मूल्य पर बेचने के लिए माल को विदेश भेजना : America ~s plastic goods into India अमेरिका प्लास्टिक का माल कम कीमतᶠ पर भारत भेज देता है.

dung डंग *n.* cow's ~ गोबर, horse's ~ लीद; ~ cake उपला; ~ hill घूरा.

dungeon डन्'जन *n*ᶜ. कालकोठरीᶠ; his room is just a ~ उसका कमरा बस ≈ है.

dupe ड्यूप **I.** *n*ᶜ. भोंदू, बेवकूफ़ : the youngman was made a ~ by a cheat एक ठग ने उस नवयुवक को ≈ बनाया (ठग लिया). **II.** *v.t.* उल्लू बनाना, बेवकूफ़ बनाना : I was ~d by a clever rascal एक चतुर बदमाश ने मुझे उल्लू/बेवकूफ़ बनाया.

duplicate ड्यूप'लिकिट **I.** *a.* **1.** दोहरी : ~ copy ≈ प्रतिᶠ, दो प्रतियाँᶠ. **2.** (extra) अतिरिक्त : ~ key ≈ चाबीᶠ. **II.** *n*ᶜ. **1.** प्रतिलिपिᶠ, नकलᶠ : ~ of a letter पत्र की ≈. **2.** अतिरिक्त वस्तुᶠ : I don't have a ~ of the key मेरे पास अतिरिक्त चाबीᶠ नहीं है. [*ant.* original] **III.** ड्यूप्'लिकेट *v.t.* **1.** दुगुना करना : you should ~ the bedsheets तुम्हें बिस्तर की चादरें दुगुनी रखनी चाहिए. **2.** अनुलिपिᶠ बनाना, नकलᶠ उतारना या करना : to ~ a document किसी दस्तावेज़ की अनुलिपि बनाना. **3.** अतिरिक्त वस्तुᶠ बनाना : you can ~ the key तुम अतिरिक्त चाबीᶠ बना सकते हो. **duplication** ड्यूप्लिके'शन *n*ᵘ. **1.** द्विगुणन, द्विगुणीकरण : ~ of amount राशिᶠ का ≈. **2.** (repetition) द्विरावृत्तिᶠ : ~ of words, phrases or sentences शब्दों, पदबंधों या वाक्यों की ≈. **3.** अनुलिपिकरण : ~ of document दस्तावेज़ का ≈. **duplicity** ड्यू प्लि'सिटि *n*ᶜ. छल-कपट, कपटाचार, धोखेबाज़ीᶠ, दोहरी चालᶠ, दुरंगीᶠ : I noticed the clever man's ~ in this affair इस मामले में उस होशियार आदमी की दुरंगी/धोखेबाजी को मैं ताड़ गया.

durable ड्युअ'रॅबल *a.* **1.** टिकाऊ [clothes कपड़े, shoes जूते]: his coat is very ~ उसका कोट बहुत ≈ है. **2.** स्थायी : ~ peace ≈ शांतिᶠ. **duration** ड्युरे'शन *n*ᵘ. **1.** अवधिᶠ [long लंबी, short थोड़ीᶠ]; we shall stay here for some ~ हम कुछ ≈ तक यहाँ ठहरेंगे. **2.** काल : for the ~ of war युद्धकाल तक. **during** ड्यू'रिंग *prep.* के दौरान : ~ the whole of the last year, I was ill पिछले पूरे साल ≈ मैं बीमार रहा : you may not talk ~ the examination परीक्षाᶠ ≈ बातें मत करें; ~ his whole life सम्पूर्ण जीवन ≈; ~ the last three days पिछले तीन दिनों ≈; he was wounded twice ~ the war युद्ध ≈ वह दो बार घायल हुआ; someone must have been here ~ my absence मेरी अनुपस्थिति में यहाँ कोई ज़रूर आया था; I am always at school ~ the day दिन में हमेशा मैं स्कूल में रहता हूँ; ~ the discussion बहस ≈.

dusk डस्क *n*ᶜ. **1.** (evening) शाम का झुटपुटा : they return at ~ ≈ होते ही वे वापस आ जाते हैं; there is not enough light at ~ झुटपुटे के समय काफ़ी रोशनीᶠ नहीं होती; ~ to dawn curfew सूर्यास्त से सूर्योदय तक का या शाम से सुबह तक का कर्फ़्यू. **dusky** डस्'कि **1.** मटमैला : ~ colour ≈ रंग. **2.** धुँधला : ~ light ≈ प्रकाश. **3.** काला : ~ races काली जातियाँᶠ; ~ people काले लोग. **4.** (gloomy) निरानंद, विषादमय : a ~ maid एक विषादमय छोकरी; ~ life ≈ जीवन.

dust डस्ट **I.** *n*ᶜ. **1.** धूलᶠ, गर्दᶠ, धूलि: a floor covered with ~ गर्द/धूल से ढँका फ़र्श; clouds of ~ raised by a vehicle किसी सवारीᶠ द्वारा उठाए गए धूल के बादल; the furniture was covered with ~ फ़र्नीचर धूल से भरा था; she wiped the ~ from the books उसने किताबोंᶠ पर से धूल पोंछ दी. Δ **to shake the ~ off one's foot** नाराज़ होकर चले जाना; **to throw ~ in one's eyes** किसी की आँखोंᶠ में धूल झोंकना, धोखा देना. **2.** चूरा, बूरादा : gold ~ सोने का ≈; saw-~ लकड़ी को चीरने से मिला ≈. **3.** कूड़ा-करकट : ~ bin कूड़ेदान; riches were ~ for the Mahatma महात्मा के लिए धन कूड़ा था.

4. शव, मिट्टी^F : we committed his ~ to the fire हमने उसके ≈ को अग्नि^F को सौंप दिया. ~ storm आँधी, अंधड़; ~ mask धूल^F से रक्षा^F करने वाला नकाब या चेहरा या मुखौटा. **II.** *v.t.* **1.** साफ़ करना, धूल झाड़ना : did you ~ the furniture today क्या तुमने आज फर्नीचर से धूल^F झाड़ी थी ? to ~ the room कमरे की धूल ≈; she ~ed the rooms four times उसने चार बार कमरे में झाड़-पोंछ^F की. **2.** छिड़कना : to ~ powder on plants, wounds पौधों, घावों पर पाउडर ≈. **duster** डस्'टर *n*^c. झाड़न : here is a ~, you may use it to dust the furniture यह झाड़न है, तुम इसे फ़र्नीचर से धूल^F झाड़ने के लिए इस्तेमाल कर सकते हो. **dusty** डस्'टि *a.* **1.** धूल-धूसरित, धूल भरा : ~ furniture धूल भरा फ़र्नीचर; ~ room ≈ कमरा. **2.** Δ **not so ~** कुछ ठीक ही है : **how are you feeling today, not so ~** क्या हाल है, कुछ ठीक ही है.

dutiful ड्यू'टिफुल *a.* **1.** आज्ञाकारी : ~ son, servant ≈ पुत्र, नौकर; ~ daughter आज्ञाकारिणी पुत्री. **2.** कर्तव्यपरायण : ~ officer ≈ अधिकारी. **duty** ड्यू'टि *n*^c. (*pl.* duties) **1.** कर्तव्य, फ़र्ज़, ड्यूटी^F [first प्रथम, moral नैतिक, primary प्राथमिक, public सार्वजनिक, sacred पवित्र]; children's ~ to their parents बच्चों का अपने माँ-बाप के प्रति ≈; my ~ as a teacher अध्यापक के रूप में मेरा कर्तव्य; I will do it because it is my ~ मैं इसे करूँगा क्योंकि यह मेरा कर्तव्य है; the ~ of a parent to his children एक माता या पिता का अपने बच्चों के प्रति ≈ ; ~ to defend one's country देश की रक्षा^F करने का ≈; you must not forget your ~ तुम्हें अपना ≈ नहीं भूलना चाहिए; to neglect one's duties कर्तव्य की उपेक्षा^F करना; off one's ~ ड्यूटी से छुट्टी^F पर; on ~ ड्यूटी पर. **2.** काम, कार्य : on ~ काम पर; to do ~ for somebody किसी की जगह^F पर ≈ करना. **3.** (dues) शुल्क, कर, महसूल : ~ on tobacco तम्बाकू पर≈; custom ~ चुंगी^F, सीमा-शुल्क : death ~ मृत्यु कर; estate ~ संपत्ति कर; export ~ निर्यात-शुल्क; stamp ~ स्टाम्प ड्यूटी; succession ~ उत्तराधिकार कर; the company did not pay its ~ कंपनी ने अपना कर नहीं चुकाया; a ~ is imposed on such producers इस प्रकार के उत्पादकों पर कर लगाया जाता है. **~-free** कर मुक्त : these goods are ~-free ये माल कर मुक्त हैं.

D. V. Deo volente, if God so wills ईश्वर ने चाहा तो.

dwarf ड्वार्फ़ **I.** *n*^c. (*pl.* dwarfs) बौना : a ~ is a very small man ≈ एक बहुत छोटा आदमी होता है; a ~ child ≈ बच्चा; ~ tree ≈ पेड़. [*ant.* giant] **II.** *v.t.i.* बौना कर देना या बन जाना : men were ~ed by a giant aeroplane आदमी एक बड़े वायुयान के सामने बौने लगते थे; big buildings ~ smaller ones बड़े भवन छोटे भवनों को बौना/छोटा कर देते हैं.

dwell ड्वेँल *v.t.* (dwelt/ dwelled,dwelling) **1.** रहना, निवास करना, बसना : he ~s in Mumbai वह मुम्बई में रहता है; to ~ in a brick house पक्के (ईंटों से बने) मकान में रहना; they dwelt in caves वे गुफाओं^F में रहते थे; do you ~ in a forest? क्या तुम जंगल में रहते हो ? **2.** बात कहना या लिखना, विस्तारपूर्वक बहस या बातचीत करना : ~ on the problem before you decide निर्णय लेने से पहले किसी समस्या^F पर विस्तारपूर्वक विचार या बातचीत^F करो; ~ upon a subject किसी विषय पर विस्तारपूर्वक बात^F करना या बोलना. **dweller** ड्वेँ'लर *n*^c. निवासी : town ~ शहर का ≈; a ~ in the desert रेगिस्तान का निवासी. **dwelling** ड्वेँ'लिंग *a.* निवास [allowance भत्ता, house गृह, place स्थान]; please come to my ~ मेरे मकान पर आइए.

dye डाइ **I.** *n*^c. रंग, वर्ण : chemical ~s रासायनिक रंग; hair ~ ख़िजाब; he uses a ~ to colour his beard वह अपनी डाढ़ी^F रंगने के लिए रंग का इस्तेमाल करता है. **II.** *v.t.* (dyes, dyed, dyeing) रंगना : to ~ one's hair बालों को रंगना, ख़िजाब लगाना; to ~ a cloth blue कपड़े को नीला ≈ ; she ~d my sister's dress red उसने मेरी बहिन की पोशाक^F को लाल रंग दिया; my mother is ~ing the old curtain मेरी माँ पुराने परदे को

रंग रही हैं. ~ **works** रंग बनाने का कारखाना. [*as distinct from*, die, dying] **dyer** डाइअर *n*ᶜ. रंगरेज़; a ~ dyes clothes रंगरेज़ कपड़ों को रंगता है.

dynamic डाइ'नैमिक *a.* गतिशील, सक्रिय : ~ ideas ≈ विचार; ~ period of history इतिहास का ≈ काल; a ~ personality एक ≈ व्यक्तित्व; ~ energy गतिक ऊर्जाᶠ; he was a ~ person वह ≈ व्यक्ति था; **dynamics** डाइ नै'मिक्स *n*ᶜ. गति-विज्ञान, गतिकी; ~ deals with matter in movement ≈ गतिशील पदार्थ का निरूपण करता है.

dynamite डाइ नॅ'माइट **I.** *n*ᶜ. डाइनेमाइट, प्रविस्फोटक : ~ is used in mining ≈ का प्रयोग खान खोदने के लिए होता है; ~ breaks rock into pieces ≈ चट्टानᶠ को तोड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देता है. **II.** *v.t.* प्रविस्फोटक से उड़ाना : to ~ rocks चट्टानों को ≈.

dynasty डि नॅ'स्टि *n*ᶜ. (dynasties) वंश, राजवंश : the Rajput ~ राजपूत वंश; Lodi ~ लोदी वंश; Maurya ~ मौर्य वंश; Mughal ~ मुगल वंश; Shung ~ शुंग वंश.

dysentery डि सॅन् 'ट्रि *n*ᶜ. पेचिशᶠ : he is suffering from ~ वह ≈ से पीड़ित है; ~ is a disease of the bowels with motions of mucus and blood ≈ मेदे की बीमारी है जिसमें आँव और खून के साथ दस्त आते हैं.

dz. dozen(s).

E, e

each ईच *a.* प्रत्येक, हर एक, हर, प्रति [city शहर, day दिन, letter पत्र, proposal प्रस्ताव, side तरफ़, time समय, word शब्द]; at each station प्रत्येक स्टेशन पर; ~ of them उनमें से प्रत्येक; books cost thirty rupees ~ प्रत्येक किताब तीस रुपये की है; I gave each child an apple मैंने ≈ बच्चे को एक सेब दिया; ~ of them won a prize उनमें से ≈ ने पुरस्कार प्राप्त किया; ~ boy got a present प्रत्येक लड़के को उपहार मिला; if you have four apples you can give them to four boys one ~ यदि तुम्हारे पास चार सेब हों तो तुम चार लड़कों को एक-एक़ दे सकते हो; ~ boy will answer in turn हर लड़का बारी पर उत्तर देगा; give some money to ~ प्रत्येक या हर एक को कुछ पैसे दो. **~ other** एक-दूसरे को/से, आपस में : they love ~ other वे एक दूसरे से प्यार करते हैं; you should help ~ other तुम्हें एक-दूसरे की सहायता^{F} करनी चाहिए; we were separated from ~ other हम एक-दूसरे से अलग कर दिये गए; they are talking to ~ other वे एक-दूसरे से बात कर रहे हैं.

eager ई' गर *n*^{c}. **1.** उत्सुक, इच्छुक, उत्कंठित, आतुर : Ahmad is ~ to see your baby अहमद तुम्हारे बच्चे को देखने के लिए ≈ है; ~ to get to the playing field खेल के मैदान तक पहुँचने को ≈; they were ~ to start वे चलने के लिए ≈ थे; ~ for success सफलता^{F} के लिए बेचैन; they were ≈ to meet the author वे लेखक से मिलने को ≈ थे; to be ~ for knowledge ज्ञान के लिए ≈ होना; the master is ~ that you should work hard मालिक ≈ है कि तुम मेहनत^F करो; ~ desire उत्कट इच्छा^{F} ~ attention गहरा ध्यान. [*ant.* indifferent] **eagerness** ई'गरनिस *n*^{c}. उत्सुकता^{F}, उत्कंठा^{F}, चाव, लगन^F : it is the result of their ~ that they succeeded यह उनकी ≈ का परिणाम है कि वे सफल हो गये; they were waiting with ~ वे ≈ से प्रतीक्षा^{F} कर रहे थे. [*ant.* indifference]

eagle ई'गल *n*^{c}. **1.** (golden) गरुड़ : ~ is often seen in spring ≈ बसंत में प्राय: दिखाई देता है. **2.** उकाब : an ~ is a bird of prey ≈ एक शिकारी पक्षी है; ~ eyed तीक्ष्णदृष्टि, तीव्रदृष्टि; he watched us with eyes of a ~ उसने हमें तीक्ष्णदृष्टि से देखा.

ear इअर *n*^{c}. **1.** कान : you hear with your ~s तुम अपने कानों से सुनते हो; he whispered a few words in her ~ उसने उसके ≈ में धीरे से कुछ कहा; his ~s became red उसके कान लाल हो गए; I did not believe my own ~s मुझे अपने ही कानों पर विश्वास नहीं हुआ; ~-ache ≈ का दर्द; ~ ring कान की बाली^{F}; ~ wax ~ का मैल. Δ **he is upto the ~s in debt** वह ऋण के बोझ से दबा है; **it goes in at one ~ and out at the other** एक कान से सुना गया, दूसरे कान से निकाला गया; **to turn a deaf ~** सुनी अनसुनी कर देना. **2.** स्वर की पहचान^F या परख^F : to have an ~ for music संगीत स्वर की पहचान^F होना; she has no ~ for classical music उसको शास्त्रीय संगीत की कोई परख^F नहीं है; he has a good ~ for music उसे संगीत की अच्छी परख^F है. **3.** (attention) ध्यान : to catch smb's ~s किसी का ≈ आकर्षित करना; give ~ to what he says जो कुछ वह कहता है उस पर ≈ दो; to be all ~s पूरे ≈ से सुनना. **4.** (of corn) बाल^F, बाली^{F} : ~ of wheat गेहूँ की ≈^{F}; an ~ contains seeds ≈ में बीज होते हैं.

early अर्'लि **I.** *a.* (earlier, earliest) **1.** (of beginning) आद्य, प्रारम्भिक, प्रारम्भ का [autumn शरद, development विकास, vegetables सब्जी]; ~ hours सुबह-सवेरे; it is too ~ to judge the result परिणाम का निर्णय लेने की अभी जल्दी नहीं है; in the ~

part of the 19th century 19वीं शताब्दी के प्रारम्भिक चरण में; an ~ summer प्रारम्भिक गर्मी; an ~ arrival पहले पहुँचना. **2.** (of morning) तड़का, सवेरा : an ~ riser तड़के उठने वाला; ~ morning सुबह-सबेरे. **3.** (timely) यथासमय : ~ reply ≈ उत्तर; at an ~ date यथाशीघ्र/समय पर. **4.** (other uses) at an ~ age छोटी उम्र^F में; ~ youth उठती जवानी^{F}; ~ ages प्राचीन काल. **II.** *adv.* **1.** प्रारंभ में : प्राचीनकाल में; समय पर: ~ in life जीवन के प्रारंभ में; ~ in the month महीने के प्रारंभ में. **2.** सबेरे, पहले, जल्दी : come ~ ≈ आओ; the shops close ~ on Saturday दुकानें^{F} शनिवार को जल्दी बंद हो जाती हैं. **3.** पहले : the train arrived five minutes earlier at the station रेलगाड़ी स्टेशन पर पाँच मिनट ≈ पहुँच गई; they arrived ~ for the party वे पार्टी में समय से ≈ पहुँच गए; come ~ before the others दूसरों से ≈ आ जाना; you have come earlier than I expected तुम मेरे अनुमान से ≈ आ गए हो; too ~ समय से अत्यधिक ≈; crops were sown too ~ फसलें^{F} समय से अत्यधिक ≈ बोई गईं. [*ant.* late]

earn अर्न *v.t.* **1.** कमाना, उपार्जन करना : to ~ one's living अपनी जीविका^{F} कमाना; he ~ed twenty rupees in a day उसने एक दिन में बीस रुपये कमाये; how much does he ~ वह कितना कमाता है; when I started work, I hoped to ~ many pounds in a week जब मैंने काम प्रारंभ किया था तो मैंने एक सप्ताह में कई पौण्ड कमाने की आशा^{F} की थी; he ~s Rs. 300 a month as a teacher वह अध्यापक के रूप में तीन सौ रुपये प्रति मास कमाता है. [*ant.* spend] **2.** (get) प्राप्त करना, पाना : he was ~ing good pay वह अच्छा वेतन पा रहा था; to ~ a weekly wage साप्ताहिक मजदूरी ≈; he ~ed a name for bravery उसने वीरता में प्रसिद्धि^{F} पाई; he ~ed a prize उसने पुरस्कार प्राप्त किया. **3.** योग्य होना, पात्र होना, लायक होना : he could never ~ people's affection वह कभी जनता^{F} का स्नेहपात्र नहीं हो सका. **earned** अरन्ड *a.* अर्जित, उपार्जित [income आय^F, leave छुट्टी^{F}/अवकाश].

earnest अर्'निस्ट **I.** *a.* **1.** सच्चा, दिली, हार्दिक : ~ attempt ≈ प्रयास; ~ prayer दिली प्रार्थना^{F}; an ~ desire to dwell बसने की हार्दिक इच्छा^{F}! **2.** (serious) गंभीर : he is an ~ student वह गंभीर विद्यार्थी है; she wore an ~ expression उसने ≈ मुद्रा बना ली. **3.** महत्वपूर्ण : life is ~ जिंदगी^{F} ≈ है; it is an ~ success यह ≈ सफलता^{F} है. **4.** पेशगी, बयाना : he gave him Rs. 50 as ~ money to assure the purchase of the horse उसने घोड़े की ख़रीददारी निश्चित करने के लिए उसे पचास रुपये बयाना दिया. **II.** *n.* in (right) ~ सच्चे दिल से, पूरी लगन^F से.

earnings अर्'निङ्ग्ज़ *n*^{c}. कमाई^F, आमदनी^{F}, आय^F, उपार्जन : after a week's work my ~ were Rs. 500 एक सप्ताह काम करने के बाद मेरी कमाई पाँच सौ रुपये थी; he gave most of his ~ to his mother उसने अपनी ज़्यादातर कमाई^F/आमदनी^{F} अपनी माँ को दे दी.

earth अॅर्थ **I.** *n*^{c}. **1.** ज़मीन, पृथ्वी^{F}, धरती^{F} : the happiest man on the ~ पृथ्वी पर सबसे प्रसन्न व्यक्ति; buried deep in the ~ ≈ में गहरे गाड़ा हुआ. the leaves were falling on the ~ पत्तियाँ^{F} ज़मीन^F पर गिर रही थीं; from all corners of the earth पृथ्वी के सभी कोनों से; the ~ moves round the sun पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है; continents and oceans cover the earth महाद्वीप और महासागर पृथ्वी पर छाये हैं. Δ **to come back/down to earth** सपना छोड़ व्यावहारिक जीवन जीने लगना. **2.** मिट्टी^{F} : fertile ~ उपजाऊ ≈; ~ work ≈ की दीवार^F, ≈ का काम, कच्चा बांदा; ~ worm केचुआ; he filled the pot with ~ उसने गमले में मिट्टी भरी. **3.** (lair) बिल : in the evening the fox went into the ~ शाम को लोमड़ी^{F} ≈ के अंदर चली गई. **4.** why on the ~ should I do it भला मैं इसे क्यों करूँ. **II.** *v.t.* गाड़ना, बिजली का ज़मीन से संयोजन करना : to ~ the wires तारों को अर्थ करना. **earthen** अर'थन *a.* मिट्टी का, मृणमय : ~ dam कच्चा बाँध; ~ pottery मिट्टी के बर्तन; ~ ware मिट्टी के बर्तन आदि. **earthly** अर्थ'लि *a.* सांसारिक, पार्थिव : ~ pleasures ≈ दुख; ~ minded संसारी. [*ant.* spiritual] **earthquake** अर्थ'क्वेक *n*^{c}.

भूकम्प, भूडोल : during the ~, houses were shaken down and great cracks appeared in the ground ≈ के दौरान मकान गिर गये और पृथ्वी पर बड़े-बड़े दरार दिखाई दिए. **earthy** अर् 'थि *a.* **1.** (worldly) सांसारिक : Nehru was an ~ person नेहरू ≈ व्यक्ति थे. **2.** मिट्टी[F] से भरा हुआ : ginger is all ~ अदरक में सब मिट्टी लगी है.

ease ईज़ **I.** *n*[c]. आराम, आसानी, he was at ~ in any company वह किसी कंपनी में ≈ से था; he did not feel at ~ उसे ≈ नहीं मिला; do your work at your ~ अपनी सुविधा से अपना काम करो; the medicine gave her some ~ दवा[F] से उसे कुछ आराम मिला; he could solve any problem with ~ वह कोई भी समस्या आसानी से हल कर सकता था; that is not difficult, I could do it with ~ वह कठिन नहीं है मैं उसे आसानी से कर सकता था; to stand at ~ ≈ से खड़ा होना; a life of ~ ≈ की जिंदगी[F]; ~ of manner ढंग की सुविधा; alway be at ~ in whatever company किसी भी कम्पनी में रहो ≈ से रहो. Δ **he is ill at ~** वह परेशान है; **to put smb at ~** किसी की परेशानी[F] दूर करना. [*ant.* difficulty] **II.** *v.t.* **1.** चिंता[F], भार, दुःख कम करना, हल्का करना : to ~ one's mind मन को हल्का करना; to ~ a burden बोझ हल्का करना; the drug ~d the pain दवा ने दर्द को कम कर दिया; you could ~ him of his difficulty तुम उसकी कठिनाई[F] दूर कर सकते थे. **2.** ढीला कर देना : ~ the sleeve under the armpit बग़ल[F] से आस्तीन[F] को ढीला कर दो; to ~ away a rope रस्सी[F] को ढीला करना; to ~ one's control अपना नियंत्रण ढीला कर देना. **3.** (comfort) सान्त्वना[F] देना : to ~ one's worries दुःख में ≈. Δ **to ~ oneself** मलमूत्र त्यागना; **to ~ off** भार कम करना : the situation soon ~d off तनाव तुरंत कम हो गया. **easily** ई'ज़लि *adv.* आराम से, आसानी से : you can ~ do that तुम उसे ≈ कर सकते हो; I finished the work ~ in an hour मैंने ≈ एक घंटे में काम समाप्त कर दिया; you can ~ see her तुम उससे आराम से मिल सकते हो; you can ~ get to the theatre in half an hour तुम ≈ आधे घंटे में थिएटर पहुँच सकते हो; in her race Jill was ~ first अपनी दौड़[F] में जिल आसानी से प्रथम आ गई.

east ईस्ट *n*[c]. पूर्व : go to the ~ ≈ की ओर जाओ; our town lies to the ~ of Lucknow हमारा शहर लखनऊ से ≈ में है; from ~ to west ≈ से पश्चिम तक; the ~ side of the house मकान का पूर्वी भाग; The East पूर्वी देश; the Far East सुदूर ≈ (के देश); the Middle East मध्य-≈ (के देश); ~ End लंदन का पूर्वी भाग; the sun rises in the ~ and sets in the west सूर्य ≈ में निकलता (उदय होता) है; और पश्चिम में अस्त होता है; the countries in the ~ ≈ के देश; the north lies on your front and the ~ is on your right तुम्हारे सामने उत्तर है और ≈ तुम्हारे दाहिने.

Easter ईस्'टर *n*[c]. ईस्टर, पुनरुत्थान-पर्व : ~ holidays come in spring ईस्टर की छुट्टियाँ वसंत में पड़ती हैं.

eastern ईस्'टर्न *a.* पूर्वी, पूर्व- [coast तट, custom रिवाज, country देश, side तरफ़[F]/दिशा[F]]; if you wish to see the sunrise, watch the ~ sky at dawn यदि तुम सूर्योदय देखना चाहते हो तो उषाकाल में पूर्वी आकाश में देखो.

easy ई'ज़ि *a.* (easier, easiest) **1.** सरल, सुकर, सुगम, आसान [game खेल, question प्रश्न, solution समाधान, way ढंग, work काम]; it would not be ~ to do this इसे करना ≈ नहीं होगा; languages are ~ for him भाषाएँ उसके लिए ≈ हैं; it was no ~ task यह ≈ काम नहीं था; that is the easiest way वह सबसे ≈ तरीक़ा है; he gave her easier work to do उसने उसे करने के लिए सरलतर कार्य दिया; it was an ~ sum यह ≈ सवाल था; an ~ manner एक आसान तरीक़ा; an ~ chair आराम कुर्सी; an ~ market in the village गाँव में एक मामूली बाज़ार ~ to manage व्यवस्था[F] करने में आसान; the work was ~, it did not take long काम आसान था इसने अधिक समय नहीं लिया; that book was ~ to read वह किताब[F] पढ़ने में सरल थी; it is the easiest way यह सबसे आसान तरीका है. **2.** (several meanings in

contexts) ~ mind सहज मन; ~ circumstances सहज परिस्थितियाँ^{F}; ~ life आराम की जिंदगी^{F}; ~ market मंदा बाज़ार; ~ money बेईमानी का पैसा. Δ **take it easy** घबराओ मत; **take things** ~ चिंता^{F} मत करो, बहुत परिश्रम मत करो. [*ant*. difficult].

eat ईट *v.t.* (ate, eaten) **1.** खाना [quickly तेज़ी से, slowly धीरे-से]; when can we get something to ~ हम कुछ खाने को कब पा सकते हैं? what did you ~ तुमने क्या खाया? he did not ~ his fruit उसने अपने फल नहीं खाए; she cannot ~ well वह अच्छी तरह नहीं खा पाती; you have not eaten anything तुमने कुछ नहीं खाया है; I do not want anything to ~ मैं खाने को कुछ नहीं चाहता; do you want to ~ meat now क्या तुम अब मांस ≈ चाहते हो? we shall ~ when we get back हम खायेंगे जब वापस पहुँचेंगे; we stopped our work at mid day to ~ our lunch लंच खाने के लिए दोपहर को हमने अपना काम बंद कर दिया; I ate apples yesterday मैंने कल सेब खाये; I have ~en nothing today मैंने आज कुछ नहीं खाया. **2.** नष्ट करना : acids ~ into metal अम्ल धातु^{F} को खा जाते (नष्ट कर देते) हैं; the worm ate into the wood लकड़ी को घुन खा गया/लग गया. Δ **to ~ one's heart** दु:खी होना; **to ~ one's words** अपने शब्द वापस लेना; **to ~ out** बाहर भोजन करना; **to ~ up** पूरा खा जाना : the white ants ate up my book दीमक मेरी किताब^F को पूरा खा गया. **II.** n^c. (food) खाना : ~s and drinks खाने और पीने की चीजें^{F}. **eatable** ई'टॅबल **I.** *a.* खाद्य, खाने लायक : the apple was sour but ~ सेब खट्टा था लेकिन खाने योग्य था. **II.** n^c. different kinds of ~s विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ.

E.C. Election Commission (er); Excise Commissioner.

E.C.G. Electro Cardiogram.

echo ए'को **I.** n^u. (*pl.* echoes) **1.** प्रतिध्वनि^{F}, गूँज^F, अनुनाद : you can hear an ~ of your voice in this high building इस ऊंचे भवन में तुम अपनी आवाज^F की प्रतिध्वनि/गूँज सुन सकते हो. **2.** (fig.) नकल : his speech was a mere ~ of mine उसका भाषण केवल मेरी ≈ था; the boy is just an ~ of his father's manners यह लड़का अपने बाप के आचरण की ≈ है. **II.** *v.t.* **1.** गूँजना, गूँज उठना : our shouts ~ed in the valley हमारी चिल्लाहट^F घाटी^{F} में गूँज उठी; the dome ~es back your words गुंबद से तुम्हारे शब्द गूँजकर वापस आते हैं. **2.** हाँ में हाँ मिलाना : he just ~s the master वह केवल मालिक की हाँ में हाँ मिला देता है. **3.** (repeat) दोहराना : she ~s her husband's views वह अपने पति के विचार दोहराती है.

eclipse ई'क्लिप्स **I.** *n.* **1.** (चन्द्र, सूर्य) ग्रहण [partial आंशिक, total पूर्ण]; when the moon gets between the earth and the sun there is an ~ of the sun's light जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है तब सूर्य ≈ होता है. **2.** कमी^{F} : his reputation is under an ~ उसकी ख्याति^{F} घट रही है; that actress is now in ~ उस अभिनेत्री^{F} की प्रसिद्धि अब कम हो गई है. **II.** *v.t.* (usu. passive) **1.** ग्रहण लगना : the moon is fully eclipsed चंद्रमा को पूरा ग्रहण लगा है; the sun was ~d सूर्य को ग्रहण लग गया. **2.** निस्तेज या फीका कर देना : he ~d all the boys उसने सभी लड़कों को निस्तेज कर दिया. **3.** कम कर देना : our happiness was ~d by this news इस समाचार ने हमारी खुशी^{F} कम कर दी.

econ. economics.

economic ई कॅ नॉ'मिक *a.* आर्थिक, अर्थ- [condition स्थिति^{F}, crisis संकट, laws नियम, sanction दण्ड] : ~ system अर्थव्यवस्था^{F}; ~ depression मंदी^{F}. **economical** ईकॅनॉ'मिकल *a.* (thrifty) किफ़ायती : he is an ~ manager वह एक ≈ प्रबंधक है; to be ~ in food भोजन में ≈ होना; it is ~ to buy wholesale थोक खरीद^F करने में किफ़ायत होती है. [*ant*. un ~] **economics** ईकॅनॉ'मिक्स n^c. अर्थशास्त्र : most students take up ~ in college कालेज में बहुत विद्यार्थी ≈ लेते हैं. **economy** इ कॉ'नॅमि n^c. **1.** अर्थ-व्यवस्था^{F} : practical ~ व्यावहारिक; social ~ सामाजिक ≈. **2.** मितव्ययिता^{F}, किफ़ायत^F, बचत^F : ~ drive बचत का प्रयत्न, व्यय या खर्च

कम करने का अभियान : ~ measures खर्च कम करने के उपाय या तौर-तरीके; ~ class (वायुयान में) किफायती किराए का दर्जा; ~ size किफायती साइज़; ~ of effort प्रयत्न लाघव. [*ant.* dis ~].

edge ऍज **I.** *n*[c]. **1.** किनारा, सिरा, छोर : at the ~ of the lake झील[F] के किनारे पर; at the ~ of the forest जंगल के छोर पर; ~ of the table मेज का ≈; he put the cup near the ~ of the table उसने प्याले को मेज के एक छोर पर रखा; ~ of the desert रेगिस्तान का एक ≈. **2.** (of a blade) धार[F]: the knife has sharp ~ चाकू की ≈ तेज़ है; this knife has no ~ इस चाकू में कोई ≈ नहीं है. Δ **to take the ~ off** धार[F] मार देना; **to have the ~ on smb** किसी से बढ़कर होना; **to set one's teeth on ~** अरुचि[F] या परेशानी[F] पैदा करना; **to take the ~ off a criticism** आलोचना[F] का तीखापन कम करना. **II.** *v.t.* **1.** तेज़ करना, धार[F] लगाना : to put ~ on a dagger छूरे की धार लगाना. **2.** सावधानी[F] से आ जाना, चला जाना; to ~ through a crowd भीड़[F] में से सावधानी से होकर जाना.

edible ऍ'डिबल *a.* (= eatable) खाने लायक [fish मछली, fruit फल, vegetable सब्ज़ी[F]]; some mushrooms are not ~ कुछ कुकुरमुत्ते ≈ नहीं होते.

edit. editor.

edit ऍ'डिट *v.t.* संपादन करना : to ~ a collection of poems कविताओं[F] के संग्रह का ≈; to ~ a newspaper समाचार-पत्र को संपादित करना; to ~ a series of books by different authors भिन्न-भिन्न लेखकों द्वारा लिखी गई पुस्तकमाला[F] का ≈. **edition** ए डि'शन *n*[c]. संस्करण, एडीशन [cheap सस्ता, first प्रथम, new नया, revised संशोधित]; a complete ~ of Shakespeare शैक्सपिअर का संपूर्ण ≈; popular ~ जनता- ≈; illustrated ~ सचित्र ≈; special ~ for schools विद्यालयों के लिए विशेष ≈. **editor** ऍ' डिटर *n*[c]. संपादक, एडीटर [assistant सहायक, associate सह-, chief मुख्य]; board of ~s संपादक-मंडल; ~ of a book or magazine पुस्तक[F] या पत्रिका[F] का ≈. **editorial** ऍ डि'टॉरिअल **I.** *a.* संपादकीय : the ~ article in the paper is written by the editor himself समाचार-पत्र में ≈ लेख स्वयं सम्पादक द्वारा लिखा जाता है; ~ duties ≈ कर्तव्य. **II.** *n*[c]. अग्रलेख : the ~ in the 'Sahara' was very interesting 'सहारा' का ≈ बहुत रोचक था.

educate ए'ड्यूकेट *v.t.* शिक्षा देना, पढ़ाना-लिखाना, सिखाना : teachers are appointed to ~ the children अध्यापक बच्चों को लिखाने-पढ़ाने (शिक्षा देने) के लिए नियुक्त किए जाते हैं; he was ~d at a local school उसकी लिखाई-पढ़ाई स्थानीय विद्यालय में हुई थी. **education** ऍ ड्यूके'शन *n*[c]. शिक्षा [all-round चतुर्मुखी, basic बुनियादी, commercial वाणिज्यिक, complete पूर्ण, compulsory अनिवार्य, elementary प्रारंभिक, free निःशुल्क, general साधारण, physical शारीरिक, primary प्राथमिक, secondary माध्यमिक, university विश्वविद्यालयीय, vocational व्यावसायिक]; he had a good ~ उसने अच्छी ≈ पाई थी. free ~ for all सबके लिए निःशुल्क ≈; one's character depends on one's ~ किसी का चरित्र उसकी ≈ पर निर्भर करता है; my ~ began in Infants school and I hope to continue in college मेरी ≈ शिशु-विद्यालय में शुरू हुई और मैं इसे कालेज तक जारी रखने की आशा[F] करता हूँ; a man of good ~ सुशिक्षित पुरुष. **educational** ऍ ड्यू के'शनल *a.* **1.** शिक्षा-संबन्धी, शैक्षिक : ~ experience शैक्षिक अनुभव; ~ institution शिक्षण-संस्था[F]; ~ books ≈ पुस्तकें[F]; ~ advantage शैक्षिक लाभ; ~ qualifications शैक्षिक योग्यताएँ[F]. **2.** शिक्षाप्रद : our visit to the museum was ~ हमारा संग्रहालय जाना ≈ हुआ.

-ee *suff.* (person affected) : जो पाता है : addressee, employee, donee, trainee, payee, refugee.

e.e. errors exempted.

-eer *suff.* (agent) कर्ता : auctioneer, mountaineer pamphleteer, profiteer.

effect इ फ़ेक्ट' **I.** *n*[c]. **1.** (result) परिणाम, नतीजा : what will be the ~ of these reforms इन सुधारों का क्या ≈ होगा ? ~ of

success सफलता[F] का ≈. [*ant.* cause] **2.** प्रभाव, असर : sea -air had a very good effect on him समुद्री हवा[F] का उस पर बहुत अच्छा ≈ पड़ा; my words had little ~ on her मेरे शब्दों का उस पर बहुत ही कम ≈ पड़ा; this will have no ~ on my decision इसका मेरे निर्णय पर कोई ≈ नहीं पड़ेगा; this medicine has lost its ~ इस दवा का ≈ खत्म हो गया है; ~ of a storm on the crops फसलों[F] पर तूफान का ≈; ~ of sunlight on the carpets कालीनों पर धूप का ≈; it had a good ~ on my health इसका मेरे स्वास्थ्य पर अच्छा ≈ पड़ा; the declaration gave a wonderful ~ घोषणा का आश्चर्यजनक ≈ पड़ा. **3.** आशय : I have also received notice to the same ~ मुझे भी इसी ≈ की सूचना[F] मिली है. **4.** (*pl.* ~s) सामान : personal ~s निजी ≈. Δ **carry into ~** कार्यान्वित करना, काम या अमल में लाना, पूरा करना; **cause and ~** कारण और कार्य; **give ~ to** कार्यान्वित करना, काम में लाना; **in ~** वास्तव में; **take ~; to remain in ~ (a rule)** नियम लागू होना, कार्यरूप में परिणत होना, प्रभाव दिखाना, असर करना : medicine will take ~ दवा[F] असर करेगी; with ~ from (इस तारीख़) से लेकर : this rule will be in force with effect from 1st Jan. यह नियम पहली जनवरी से लागू हो जाएगा. **II.** *v.t.* **1.** संपन्न करना, पूरा करना : to ~ one's purpose अपना उद्देश्य पूरा करना, अपना प्रयोजन सिद्ध करना; to effect a reconciliation between two parties दो दलों में समझौता संपन्न कराना. **2.** असर/प्रभाव डालना : this will not ~ our decision इसका हमारे निर्णय पर प्रभाव/असर नहीं पड़ेगा. **3.** लागू करना, कार्यान्वित करना : the change was ~ed without trouble परिवर्तन बिना परेशानी के कार्यान्वित किया गया. [*as distinct from* affect] **effective** इ फेक्टिव *a.* **1.** प्रभावी, प्रभावकारी [effort प्रयत्न, speaker वक्ता, speech भाषण]; the medicine was ~ for the patient दवा रोगी के लिए ≈ थी; the government took effective measures to stop the flood सरकार ने बाढ़ को रोकने के लिए ≈ उपाय किए. **2.** लाभकारी : ~ reforms were introduced ≈ सुधार शुरू किए गये. **3.** वास्तविक [membership सदस्यता[F], customer ग्राहक, ruler शासक]. **4.** (active) लागू : the new law will be effective from today नया कानून आज से लागू हो जाएगा.

effeminate इ फ़ॅ'मिनिट *a.* स्त्रैण, ज़नाना [habits आदतें[F], man आदमी, movements चालढाल[F]]; he speaks in an ~ manner वह ज़नाना ढंग से बातें[F] करता है. [*ant.* manly)

efficacious ऍ फिके'शॅस *a.* प्रभावोत्पादक, अमोघ [intervention हस्तक्षेप, measures साधन/उपाय, medicine औषधि[F], treatment उपचार].

efficiency इफि'शन्सि *n*[c]. कार्यकुशलता[F], कार्यदक्षता[F] : ~ bar (वेतन-वृद्धि पर) कुशलता-रोध, दक्षता-रोक[F]; ~ of production उत्पादन दक्षता या कुशलता; there is no doubt about his ~ as a manager प्रबंधक के रूप में उसकी ≈ के बारे में कोई संदेह नहीं है.

efficient इ फि'शन्ट *a.* कार्यकुशल, कार्यक्षम, दक्ष : he is ~ in his work वह अपने काम में दक्ष है; under her ~ management उसके कुशल प्रबंधन में; an ~ clerk एक ≈ लिपिक; an ~ person or machine is one that does its work well and without waste of time, effort or materials एक ≈ व्यक्ति अथवा मशीन[F] वह है जो बिना समय, प्रयास या सामान को नष्ट किए अपना काम अच्छी तरह करे. [*ant.* in ~]

effort ऍ'फ़र्ट *n*[c]. प्रयत्न, प्रयास [constant लगातार, heroic वीरोचित, ineffectual अप्रभावी, last अंतिम, tremendous भारी/प्रभावशाली, vain व्यर्थ] : he made a great ~ to win the race उसने दौड़[F] जीतने के लिए बड़ा ≈ किया; it would not require much ~ इसमें अधिक ≈ करने की आवश्यकता[F] नहीं होगी; by continued ~ लगातार ≈ द्वारा; make another ~ एक और ≈ करो; I shall make every possible ~ मैं हर संभव ≈ करूँगा; without ~ बिना ≈; his speech was a fine ~ उसका भाषण एक अच्छा ≈ था; he could do it without ~

वह बिना ≈ के यह कर सकता था.

e.g. *exampli gratia*, for example.

egg ऍग **I.** *n*^c. अंडा [addled/bad ख़राब, boiled उबाला हुआ, fried तला हुआ, hard-boiled ज्यादा उबाला हुआ, raw कच्चा]; the hen laid an ~ मुर्गी ने ≈ दिया; I used the ~ for breakfast मैंने अंडे का नाश्ते में इस्तेमाल किया; the bird lays ~s in its nest चिड़िया^F अपने घोंसले में अंडे देती है. Δ a **bad** ~ बेकार आदमी. **II.** *v.t.* (~ on) (egged, egging). उकसाना, उत्तेजित करना : he ~ed him on to steal the apples उसने सेब चुराने के लिए उसे उकसाया; he ~ed his son on to start some business उसने अपने बेटे को कोई धंधा शुरू करने को उत्तेजित किया.

eight एट *a./n.* (*pl.*) आठ [boys लड़के, days दिन, fold गुना, months महीने, o'clock बजे, years साल]; she is ~ years older than her brother वह अपने भाई से ≈ वर्ष बड़ी हैं; the clock struck ~ घड़ी ने ≈ बजाए; it is half-past ~ साढ़े ≈ बजे हैं; it is just ~ to ten ≈ बजने में ठीक दस मिनट हैं; ~and four make twelve ≈ और चार बारह होते हैं. **eighteen** ऍ टीन' *a. & n.* (pl). अठारह : ~ months are a year and a half ≈ महीने का डेढ़ साल; होता है; the boy will be ~ next month लड़का अगले महीने ≈ साल का होगा. **eighteenth** अठारहवाँ he is running ~ year उसका ≈ साल चल रहा है; on the ~ of June जून की अठारह तारीख को. **eighth** आठवाँ : ~ class आठवीं कक्षा; ~ year ≈ साल he was ~ in the race वह दौड़^F में ≈ आया. **eighty** ए'टि *a.* अस्सी : he was ~ years old in nineteen hundred and ~ उन्नीस सौ अस्सी (1980) में वह अस्सी साल का था; we were ~ in the marriage party हम बारात^F में ≈ थे.

either आइ'दॅर *conj. & adv.* **1.** दोनों में से एक, कोई एक : we do not need ~ of these things हमें दोनों वस्तुओं में से किसी की आवश्यकता नहीं है; ~ book will serve the purpose दोनों में से किसी एक पुस्तक से काम चल जायगा; on ~ side of the road सड़क के एक किनारे; I will give you ~ a book or a pen but not both मैं तुम्हें या तो किताब^F या कलम^F दूँगा, लेकिन दोनों नहीं; ~ of you can go तुम दोनों में से कोई (एक) जा सकता है; you may go ~ by bus or by train तुम बस अथवा गाड़ी से जा सकते हो; he can write with ~ hand वह किसी हाथ से लिख सकता है; I do not like ~ of the houses मैं दोनों में से किसी एक मकान को भी पसंद नहीं करता; he has two friends — Ajit and Amit but he does not like ~ उसके दो मित्र हैं— अजीत और अमित, पर किसी को पसंद नहीं करता. **2.** ~... or या . . . . या; I have not seen ~ him or his son मैंने न तो उसे और न ही उसके लड़के को देखा है; ~ come or phone या तो आना या फोन कर देना; he must either obey or leave home उसे निश्चित रूप से आज्ञा का पालन करना चाहिए अथवा घर छोड़ देना होगा.

eject इजेंक्ट' *v.t.* निकालना, निकाल देना, निकाल बाहर करना, बेदखल करना : ~ him from the room उसे कमरे से बेदख़ल करो; engine ~ing steam भाप निकालता हुआ इंजन; the tenant was ~ed from the house किराएदार को मकान से निकाल दिया गया, बेदख़ल कर दिया गया.

elaborate इ लै'बॅरट **I.** *a.* विस्तृत, लंबा-चौड़ा : ~ details विस्तृत विवरण; ~ scheme लंबी-चौड़ी स्कीम; ~ arrangements विस्तृत व्यवस्था^F. **II.** *v.t.* विस्तार करना, फैलाना : ~ your views अपने विचार विस्तार से बताओ; I need not ~ मुझे विस्तार से नहीं कहना.

elapse इ लैप्स' *v.t.* बीत जाना, गुज़रना, व्यतीत होना, बीतना : many years have ~d since I saw him उसे देखे कई साल बीत गए हैं; a week ~d since than तब से एक सप्ताह बीत गया.

elastic इलैस्'टिक *a.* लचीला, लचकीला, लचकदार : ~ clause लचीली धारा^F; ~ demand लचीली माँग^F/मूल्यानुसार घटने-बढ़ने वाली माँग^F; ~ rules लचीले नियम; ~ wire ≈ तार; rubber is an ~ material रबड़ एक ≈ पदार्थ है; an ~ disposition लचीली वृत्ति^F, लचीला स्वभाव; an ~ band एक ≈ बंध. [*ant.* rigid]

elbow ऍल्'बो **I.** *n*^c. **1.** कुहनी^F : to push with

the ~ ≈ से ढकेलना. **2.** मोड़ : the ~ of a pipe पाइप का मोड़. Δ **he is close to my ~** वह मुझे हर समय उपलब्ध है. **II.** *v.t.* कोहनी^{F} मारना : to ~ a person and push him aside किसी व्यक्ति को कुहनी मारकर किनारे ढकेलना.

elder ऍल्'डर **I.** *a.* **1.** बड़ा : Jai Lal is my ~ brother जय लाल मेरा ≈ भाई है; his ~ sister is married उसकी बड़ी बहन विवाहिता है. **2.** वयोवृद्ध; ~ statesman वयोवृद्ध राजनीतिज्ञ. **II.** n^c. (usu. *pl.*) बड़ा-बूढ़ा, बुजुर्ग : respect your ~s अपने बड़े-बूढ़ों का सम्मान करो; he is my ~ वह मेरा बुजुर्ग है. **eldest** ऍल्'डस्ट *a.* ज्येष्ठ, सबसे बड़ा : their ~ son is now twenty years old उसका ≈ लड़का अब बीस साल का है. [*ant.* younger]

elect इ लें'क्ट' *v.t.* चुनना, निर्वाचित करना : he was elected chairman of the committee उसे कमेटी का अध्यक्ष चुना गया; you have to ~ two office-bearers तुम्हें दो पदाधिकारियों का चुनाव करना है; he was ~ed to the Parliament वह संसद के लिए चुना गया. **elected** इ लें'क्'टिड *a.* निर्वाचित, चुना हुआ : he was the ~ member of the executive committee वह कार्यकारिणी समिति^{F} का निर्वाचित सदस्य था. **election** इलें'क्'शन n^c. चुनाव, निर्वाचन [annual वार्षिक, coming आगामी, general आम, last पिछला, next अगला]; direct ~ प्रत्यक्ष-निर्वाचन, सीधा चुनाव; indirect ~ अप्रत्यक्ष ≈; the ~ will be held in March चुनाव मार्च में होगा; to fight the ~ चुनाव लड़ना; ~ compaign चुनाव अभियान; at the ~ most people voted for Miss K and so she was elected चुनाव में अधिकतर लोगों ने सुश्री क को मत दिया, इस तरह वे जीत गईं; parliamentary ~ संसदीय चुनाव; ~s were postponed to the next month ≈ अगले महीने तक स्थगित हो गए; ~ booths ≈ केंद्र; ~ commission ≈ आयोग; ~ issue विषय जिसे लेकर चुनाव लड़ा जाय, चुनाव का मुद्दा; ~ manifesto ≈ घोषणा-पत्र; ~ stunt चुनाव जीतने की चाल^F. **elector** इ लें'क्'टर n^c. निर्वाचक, चुनने वाला, मतदाता : many of the ~s voted for Miss J बहुत-से निर्वाचकों/मतदाताओं ने कुमारी ज को मत दिए; there were six hundred ~s at this polling booth इस चुनाव केंद्र पर छह सौ निर्वाचक/मतदाता थे. **electoral** इ लें'क्' टॅरल *a.* निर्वाचकीय, निर्वाचन-संबंधी, निर्वाचक : ~ college निर्वाचकगण/मंडल; ~ roll मतदाता-सूची^{F}, निर्वाचक सूची^{F}; ~ system निर्वाचन-पद्धति.

electric इ लें'क्'ट्रिक *a.* बिजली की/का [clock घड़ी^{F}, current धारा^{F}, energy ऊर्जा, fan पंखा, iron इस्तरी, lamp लैम्प, light प्रकाश, railway रेल, razor उस्तरा, wire तार]; ~ power, plant वैद्युत शक्ति, संयंत्र. **electricity** इलें'क्ट्रिसिटि n^c. बिजली^{F} we have no ~ in our house हमारे घर में ≈ नहीं है; this machine is worked by ~ यह मशीन ≈ से चलती है. ~ is produced by generators in power stations बिजली जनरेटरों द्वारा बिजलीघरों में बनाई जाती है; I have paid the ~ bill मैंने ≈ के बिल का भुगतान कर दिया है. **electrify** इ लें'क्ट्रिफाइ *v.t.* (electrified, electrifying) **1.** बिजली लगाना, बिजली पहुँचाना, बिजली दौड़ाना : to ~ the lighting system प्रकाश व्यवस्था के लिए ≈; to ~ a building भवन में ≈. **2.** (fig.) नई लहर दौड़ा देना, जोश दिलाना : to ~ an audience श्रोतागण को जोश दिलाना; the master's words electrified the boys अध्यापक के शब्दों ने लड़कों में जोश भर दिया, लड़कों में एक लहर दौड़ा दी. **electrocute** इलें'क्'ट्रॅक्यूट *v.t.* बिजली से प्राण दण्ड देना या मार डालना : ~ an accused in electric chair अपराधी को बिजली वाली कुर्सी पर बिजली द्वारा प्राणदण्ड देना; two cows were ~d when they came in contact with live wire जब दो गायें बिजली के सक्रिय तार के संपर्क में आईं तो मारी गईं.

elegant ऍ'लिगॅन्ट *a.* (various meanings in context) मनोरम : ~ movement ≈ गति^{F}; ~ author सुरूचिसंपन्न लेखक; an ~ dress सुरूचिपूर्ण वस्त्र; ~ manners शिष्ट या परिष्कृत चलन; an ~ lady सुशिष्ट महिला; ~ ornaments शानदार गहने; ~ style ललित शैली^{F}; ~ mode of life संभ्रांत जीवन रीति^{F}; ~ room बहुत सजा हुआ कमरा.

element एँ लि'मन्ट n^c. **1.** तत्व, मूल तत्व : oxygen is an ~ of air आक्सीजन हवा^{F} का एक ≈ है; hard-work is an ~ of success परिश्रम सफलता^{F} का बुनियादी ≈ है; undesirable ~s in society समाज के अवांछित ≈; copper, gold and iron are ~s कॉपर, सोना और लोहा ≈ हैं. Δ he is in/out of his ~ वह अपनी अनुकूल वृत्ति^{F} में है/नहीं हैं. **2.** अंश, हिस्सा, कुछ, थोड़ा-बहुत : there is an ~ of truth in what he says जो वह कहता है उसमें सच्चाई^F का अंश तो है (थोड़ी-बहुत सच्चाई^F है). **3.** (*pl.*) प्रारंभिक ज्ञान : ~s of Hindi grammar हिन्दी व्याकरण का ≈. **elementary** एँलि'मेंन्टरि *a.* प्रारम्भिक, प्राथमिक, बुनियादी : ~ education प्रारंभिक/बुनियादी शिक्षा^{F}; ~ school ≈ विद्यालय; ~ practice प्रारंभिक अभ्यास; these rules are ~ ये नियम बुनियादी हैं. [*ant.* advanced]

elephant एँ-लि'फ़न्ट n^c. हाथी : ~is a big animal with a trunk ≈ सूँड़ वाला एक बड़ा जानवर है; white ~ (i) सफ़ेद हाथी; (ii) वह व्यक्ति जिस पर बहुत खर्च होता हो.

elevate एँ लि'वेट *v.t.* **1.** (ऊपर) उठाना, ऊंचा करना : he ~d his voice उसने अपनी आवाज़^{F} ऊंची की; she did not even ~ her eyes to see me उसने मुझे देखने के लिए आँख^F तक नहीं उठाई. **2.** तरक्की^{F} देना, पदवृद्धि^{F} करना, दर्जा बढ़ाना : he was ~d to the higher rank उसका दर्जा बढ़ाया गया. **elevation** एँ लि व़े'शन n^c. **1.** ऊंचाई^F, उच्चता^{F}, उच्च स्थान, ऊंची जगह^F, बुलंदी^{F}, चढ़ाई^F : the cave was at an ~ of 300 metres above the sea-level गुफा^{F} समुद्रतल से 300 मीटर ऊंचाई पर थी; ~ of a hill पहाड़ी^{F} की उच्चता/ऊंचाई. **2.** पद वृद्धि^{F}, समुन्नति^{F}, तरक्की^{F} : his ~ to the higher rank delighted me ऊंचे दर्जे पर उसकी तरक्की^{F} से मुझे प्रसन्नता^{F} हुई. **elevator** ए' लिव़ेटर n^c. उत्थापक, ऊपर उठाने वाला यंत्र : farmers use an ~ to raise hay or straw etc. to the top किसान सूखी घास या भूसे को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए ≈ का प्रयोग करते हैं.

eleven इ लें'व़न *a.*/n^c. ग्यारह, एकादश [days दिन, men आदमी, rupees रुपये]; a team has ~ players टीम^F में ≈ खिलाड़ी होते हैं. **eleventh** इ लें'व़न्थ *a.* ग्यारहवाँ : you are the ~ boy in the row पंक्ति^{F} में तुम ग्यारहवें लड़के हो; the ~ player in the team टीम का ग्यारहवाँ खिलाड़ी; he returned on the 11th day वह ग्यारहवें दिन लौट आया.

elicit इ लि'सिट *v.t.* (various meanings in contexts) प्रकाश में लाना; (निष्कर्ष निकालना), प्राप्त करना : to ~ facts तथ्यों को प्रकाश में लाना; he ~ed the truth *from* her उसने उससे सच-सच उगलवा दिया; to ~ answer उत्तर प्राप्त करना; to ~ a more complete explanation अधिक पूर्ण व्याख्या करवाना. [*as distinct from* illicit; *ant.* instil]

eligibility एँलि जें बि'लिटि n^c. पात्रता^{F}, योग्यता^{F}: his ~ to sit in the exam was questioned परीक्षा^{F} में बैठने की उसकी ≈^{F} पर आपत्ति^{F} उठाई गई. **eligible** एँ'लिजॅबल *a.* हकदार, पात्र, योग्य : ~ for a job काम के योग्य; he is not ~ for this post वह इस पद का हकदार नहीं है; he is ~ to join our club वह हमारे क्लब में शामिल होने योग्य है; all children who are between ten and eleven years of age are ~ for the examination सभी बच्चे जिनकी उम्र दस और ग्यारह साल के बीच है परीक्षा^{F} में बैठने योग्य हैं; to be ~ for the election चुनाव के लिए योग्य होना. [*as distinct from* illegible; *ant.* in ~]

eliminate इ लि 'मिनेट *v.t.* हटा देना, निकाल देना : you should ~ all mistakes तुम्हें सब गलतियाँ निकाल देनी चाहिए; to ~ a point from the discussion बहस^F से किसी विषय को निकाल/हटा देना; he was ~d from the tennis match उसे टेनिस के मैच से निकाल दिया गया; to ~ most of the errors at once एक बार में अधिकांश गलतियों को हटा देना, निकाल देना; to ~ deadly elements from the body शरीर से घातक तत्वों को निकाल देना. [*ant.* include] **elimination** इलिमिने'शन n^c. निष्कासन, बहिष्करण, विलोपन, छँटाई^F : ~ of undesirable elements अवांछित तत्वों का विलोपन : ~ of possibilities संभावनाओं^{F} की छँटाई. [*ant.*

inclusion]

elocution ऍ लॅ क्यू'शन n^c. वक्तृता^{F}, वाग्मिता^{F}, वाक्पटुता^{F} : her ~ was far from perfect उसकी ≈ पूर्णता से दूर थी; (actors practise ~ अभिनेता ≈ का अभ्यास करते हैं. [*a.* eloquent]

elope इ लोप' *v.i.* भाग निकलना, सह पलायन करना; उढ़रना : his girl ~d from home with a lover उसकी लड़की घर से अपने प्रेमी के साथ भाग (उढ़र) गई.

eloquent ऍ' लॅक्वन्ट *a.* **1.** वाक्पटु, सुवक्ता : ~ person वाक्पटु व्यक्ति. she became ~ after marriage वह शादी^{F} के बाद वाक्पटु हो गई. **2.** वाग्मितापूर्ण : ~ speech वाग्मितापूर्ण भाषण. **3.** (expressive) अर्थपूर्ण भावपूर्ण : ~ sentence अर्थपूर्ण वाक्य. [*n.* eloquence, elocution]

else ऍल्स **I.** *a.* और : say something ~ कुछ ≈ कहिए; nothing ~ ≈ कुछ नहीं; somewhere ~ ≈ कहीं; anyone ~ ≈ कोई; no body ~ ≈ कोई नहीं; someone ~ कोई ≈; what ~ ≈ क्या; what ~ can you say तुम ≈ क्या कह सकते हो ? who ~ was there वहाँ ≈ कौन था ? what ~ do you need तुम्हें ≈ क्या आवश्यकता^{F} है ? we shall have to look somewhere ~ हमें ≈ कहीं देखना होगा; tell us something ~ हमें कुछ ≈ बताओ; who ~ is going ≈ कौन जा रहा है ? I cannot go anywhere ~ मैं कहीं ≈ नहीं जा सकता. **II.** (also or ~) *conj.* अन्यथा, नहीं तो : hurry up (or) ~ you will be late जल्दी करो, ≈ तुम लेट हो जाओगे; work hard or ~ you will fail कठिन परिश्रम करो, ≈ फ़ेल हो जाओगे.

elude इ लूड' *v.t.* (several meanings in contexts) (चतुराई^F या चालाकी^{F}) से बच निकलना; टाल-मटोल करना, टाल जाना, आँख बचा जाना, कतराना, भटकाना : the fox ~d the dog लोमड़ी कुत्तों से कतराकर चली गई; to ~ capture बंदी बनने से बचना; his statements ~ me उसके बयान मुझे भटका देते हैं; it ~s my understanding यह मेरी समझ में नहीं आता; this idea ~d my grasp यह विचार मेरी पकड़ में नहीं आया.

em - *pref.* (forms verbs) embank, embark, embittered, empower, employ.

embank इम् बैंक **1.** *v.t.* बाँध बनाना : ~ a stream नाले पर बाँध बाँधना. **embankment** इम्बैंक'मन्ट n^c. बाँध, तट बंध, पुश्ता [high ऊंचा, pucca पक्का, steep ढालू]; to prevent flooding, a strong ~ was built along the river बाढ़^{F} रोकने के लिए नदी^{F} के साथ-साथ एक मज़बूत ≈ बनाया गया.

embark इम् बार्क' *v.t.* **1.** जहाज़ पर चढ़ना या चढ़ाना; लंगर उठाना, चल पड़ना : I ~ed at Bombay मैं बंबई में जहाज पर सवार हुआ; they ~ed the children first उन्होंने पहले बच्चों को जहाज पर चढ़ा दिया; to ~ the ship जहाज़ का लंगर उठाकर चल पड़ना. **2.** हाथ लगाना, शुरू करना : ~ **on** a new enterprise नया उद्यम/धंधा शुरू करना. [*ant.* dis ~]

embarrass इम बै'रस *v.t.* (usu. passive) **1.** परेशान करना, घबड़ा देना : she was ~ed when I asked her age जब मैंने उसकी उम्र^F पूछी तो वह घबड़ा गई; to ~ a person by telling him to make a speech किसी व्यक्ति को भाषण देने के लिए कहकर ≈; I was much ~ed by debt मैं ऋण से बहुत अधिक परेशान था; to ~ somebody किसी को ≈; he was ~ed by lack of money वह धन के अभाव के कारण परेशान था. **2.** उलझन^F में पड़ना : I was ~ed by his proposal मैं उसके प्रस्ताव से उलझन में पड़ गया. [*ant.* dis ~]

embarrassment इम् बै'रस्मन्ट n^c. **1.** financial ~ अर्थसंकट. **2.** घबड़ाहट^F, परेशानी^{F} : I was put to ~ when he asked me for money जब उसने मुझसे पैसा माँगा तो मैं परेशानी में पड़ गया.

embassy ऍम्' बॅसि n^c. दूतावास : Indian ~ in Japan जापान में भारतीय ≈; Russian ~ in India भारत में रूसी ≈. [*as distinct from* a in ambassador]

ember ऍम्'बर n^c. (usu. *pl.*) अंगार, अंगारा : ~s are red hot अंगारे लाल हैं; when wood has burnt it leaves ~s जब लकड़ी जल चुकती है तो अंगारे रह जाते हैं; an ~ from the fire fell on his shirt आगे से एक

≈ उसकी कमीज़^{F} पर पड़ गया.

embezzle इम् बें'ज़ल *v.t.i.* ग़बन करना, खा जाना, उड़ा लेना : the secretary ~d the club funds सचिव क्लब की निधि खा गया (ग़बन कर गया). **embezzlement** इम् बें'ज़लमन्ट *n*^{c}. ग़बन, अपहार : he was charged for ~ उस पर ग़बन करने का आरोप था; ~ of money धन का ग़बन/अपहार.

embitter इम् बि'टर *v.t.* **1.** कटुता^{F} बढ़ाना, बिगाड़ डालना : to ~ relations संबंध बिगाड़ डालना; to ~ a person by constant punishment किसी व्यक्ति को लगातार दंड द्वारा उसकी कटुता बढ़ाना. **2.** दुखी करना : she was ~ed by disappointment निराशा ने उसे दुखी कर दिया.

emblem ऍम्'ब्लॅम *n*^{c}. **1.** चिह्न, प्रतीक : Ashok Chakra is the national ~ of India अशोक चक्र भारत का राष्ट्रीय ≈ है. (person) प्रतीक, आदर्श : Durga is an ~ of bravery दुर्गा वीरता^{F} का ≈ हैं.

embody इम् बॉ'डि *v.t.* (embodied) **1.** सम्मिलित करना : the letter ~ied all his ideas पत्र में उसके सब विचार सम्मिलित थे. **2.** मूर्त रूप देना, प्रस्तुत करना : to ~ one's thoughts in an essay अपने विचारों को निबंध में प्रस्तुत करना.

embrace इम् ब्रेस' *v.t.* **1.** आलिंगन करना, गले लगाना : his mother ~d him उसकी मां ने उसे गले लगाया. **2.** ग्रहण करना, अपनाना : Mr. B. ~d Islam श्री ब ने इस्लाम धर्म ग्रहण किया. **3.** शामिल करना, सम्मिलित करना : the judgement ~d several aspects of the crime निर्णय में अपराध के कई पक्ष सम्मिलित किये गए. **4.** से लाभ उठाना : to ~ an opportunity अवसर ≈; to ~ smb's weaknesses किसी की कमज़ोरियों^{F} का लाभ उठाना. **5.** अपनाना : Mahatma Gandhi ~d the cause of the depressed classes महात्मा गाँधी ने दलित वर्ग का पक्ष लिया/अपनाया.

embroider इम् ब्राइ'डर *v.t.* **1.** बेलबूटे काढ़ना : ~ a dress with flowers पोशाक^F पर फूल काढ़ना. **2.** (fig.) नमक-मिर्च लगाना : to ~ news and views समाचारों और विचारों को नमक-मिर्च लगाकर पेश करना. **embroidery** इम् ब्राइ'डरि *n*^{c}. कसीदाकारी^{F}, कढ़ाई^F, गुलकारी^{F} : my sisters like doing ~ very much मेरी बहनें कढ़ाई/कसीदाकारी बहुत पसंद करती हैं; these days ~ has become meaningless आजकल कढ़ाई अर्थहीन हो गई है.

embryo ऍम्'ब्रिओ *n*^{c}. भ्रूण : a baby in its ~ (stage) प्रारंभिक अवस्था में बच्चा.

emerald ऍ'मॅरल्ड *n*^{u}. पन्ना, मरकत : ~ is a bright green precious stone ≈ एक चमकता हरा कीमती पत्थर होता है; the ~ isle ≈ द्वीप.

emerge इ मर्ज' *v.t.* (emerging) **1.** ऊपर उठना, प्रकट होना; बाहर आना, निकल आना : to ~ **from** the sea समुद्र से प्रकट होना. बाहर आना; the sun ~d **from** behind the clouds सूरज बादलों के पीछे से निकल आया; his talent has not yet ~ed उसकी प्रतिभा अभी प्रकट नहीं हुई; some facts are now emerging कुछ तथ्य अब बाहर आ रहे हैं; the rabbit will not ~ **from** its hole until you are there खरगोश अपनी बिल से तब तक बाहर नहीं आयेगा जब तक तुम वहाँ हो; truth will ~ from enquiries जाँच-पड़ताल^F से प्रकट हो जायेगा; we saw the submarine emerging **from** the water हमने पनडुब्बी^{F} को पानी से ऊपर आते देखा. **2.** उभरना, उत्पन्न होना : a new generation has ~ed एक नई पीढ़ी^{F} उत्पन्न हुई है. [*cf.* immerge]

emergency इ मॅर्'जन्सि **I.** *n*^{c}. **1.** आपात, आकस्मिक संकट : in ~ ring the bell ≈ पड़ने पर घंटा बजाओ; you pull the communication chain in the train only in the event of some ~ तुम रेलगाड़ी^{F} में कोई आकस्मिक संकट होने पर ही संचार ज़ंजीर खींचो. **2.** आकस्मिक आवश्यकता^{F} in case of ~, see me ≈ पड़ने पर मुझसे मिलो. **II.** *a.* आपाती, आपातिक, आपातकालीन : ~ measures आपातकालीन उपाय; ~ meeting आपाती बैठक; ~ powers संकट या विशेष स्थिति में बरते जाने वाले अधिकार, आपात अधिकार.

emigrant ऍ'मिग्रन्ट *n*^{c}. उत्प्रवासी, प्रवासी. **emigrate** ऍ'मिग्रेट *v.t.* परदेश जाना या जा

बसना, प्रवास करना : as Papa could not find suitable work in India we had to ~ to Australia and make our home there जब पिता को भारत में उपयुक्त कार्य नहीं मिल सका तो हमें आस्ट्रेलिया प्रवास करना और वहाँ मकान बनाना पड़ा. **emigration** ऍमिग्रे'शन n^c. प्रवास, देशांतरगमन : since their ~ to Pakistan they are still there पाकिस्तान में प्रवास के बाद से वे अब भी वहीं हैं.

eminence ऍ'मिनन्स n^c. **1.** प्रतिष्ठा^{F}, बड़ाई^F, ख्याति : he reached/won ~ as a scientist वह वैज्ञानिक के रूप में ऊंचे दर्जे या प्रतिष्ठा^{F} तक पहुँचा. **2.** ऊंचाई^F, बुलंदी^{F} : he went to the ~ of the mountain वह पहाड़ की ऊंचाई तक पहुँचा. **eminent** ऍ'मिनन्ट *a.* प्रसिद्ध, प्रख्यात, ऊंचे दर्जे का [actor अभिनेता, doctor डॉक्टर, writer लेखक]. [*as distinct from* imminent]

emissary ऍ'मिसरि n^c. दूत, चर the ~ was sent to Pakistan with a secret message दूत को एक गुप्त संदेश देकर पाकिस्तान भेजा गया.

emotion इ मो'शन n^c. मनोभाव, भावावेश : love, hatred and grief are ~s प्रेम, घृणा और शोक मनोभाव हैं; his ~s will clear everything distinctively उसके भाव सब कुछ स्पष्ट कर देंगे; he was overcome by ~ वह भावावेश से अभिभूत था. **emotional** इ मो'शनल *a.* **1.** भावुक : ~ person ≈ व्यक्ति. **2.** भावनात्मक : ~ integration भावनात्मक एकता^{F}.

emperor ऍम्'पॅरर n^c. सम्राट्, शहंशाह : Ashoka was the greatest ~ of ancient India अशोक प्राचीन भारत का सबसे महान् ≈ था. [*fem.* empress]

emphasis ऍम्'फ़सिस *n.* (on/upon) ज़ोर, बल : he spoke with ~ वह ≈ देकर बोला; he put/placed great ~ on the fact that he was ready उसने इस तथ्य पर अधिक ≈ दिया कि मैं तैयार हूँ; she laid ~ on the word 'my' in 'it is my book' उसने 'यह मेरी पुस्तक है' में 'मेरी' शब्द पर बल दिया. **emphatic** इम् फ़ै'टिक *a.* ज़ोरदार [denial इंकार, effort प्रयास, words शब्द]; ~ 'no' ज़ोरदार 'नहीं'.

empire ऍम्' पाइअर n^c. साम्राज्य [Ancient Indian प्राचीन भारतीय, British अंग्रेजी, Portugese पुर्तगाली]; ~ means a number of countries ruled over by one government or emperor ≈ का अर्थ है बहुत-से देश जिन पर एक सरकार अथवा एक सम्राट का शासन होता है; Ashoka had a large ~ अशोक का विशाल ≈ था.

employ इम् प्लाइ' *v.t.* **1.** काम पर लगाना, नियुक्त करना; नौकर रखना : to ~ a chauffeur एक मोटर चालक नियुक्त करना; for making the road, they will ~ many men सड़क^F के निर्माण के लिए वे बहुत-से लोगों को काम पर लगाएँगे, he was immediately ~ed वह तुरंत ही काम पर लग गया; to ~ a tutor एक अनुशिक्षक नियुक्त करना. **2.** इस्तेमाल/प्रयोग करना : to ~ one's time fully समय का पूरा-पूरा ≈; to ~ soap to remove dirt गंदगी^{F} हटाने के लिए साबुन लगाना; the police ~ed force पुलिस ने बल-प्रयोग किया. **3.** to keep smb ~ed किसी को काम में लगाये/व्यस्त रखना. **employed** इम्पलाइड' *a.* नियुक्त : the ~ (*pl.*) काम पर लगे व्यक्ति : he is ~ in a factory वह एक फैक्टरी में नियुक्त है; she is ~ in a publishing house वह प्रकाशन-गृह में नौकर है. [*ant.* un ~] **employee** इम् प्ला ई. n^c. कर्मचारी, नौकर, मुलाज़िम : government ~ सरकारी नौकर/कर्मचारी; ~ of a firm किसी प्रतिष्ठान का कर्मचारी; an unsatisfactory ~ एक असंतुष्ट कर्मचारी. **employer** इम् प्लाइ'अर n^c. मालिक, काम लेने वाला, नियोजक : some ~s are very cruel कुछ मालिक बड़े क्रूर होते हैं; ~'s liability मालिक की ज़िम्मेदारी^{F}; two employees were dismissed by their ~ दो मुलाज़िमों को ≈ ने नौकरी से हटा दिया. **employment** इम् प्लाइ'मन्ट n^c. **1.** नौकरी, रोज़गार : ~ agency ≈ अभिकरण/एजंसी^{F}; ~ exchange रोज़गार कार्यालय; the new factory provides ~ for many men नई फैक्टरी बहुत-से लोगों को ≈ दिलाती है. [*ant.* un ~] **2.** प्रयोग, इस्तेमाल : ~ of mind मन लगाना.

emporium ऍम पॉ'रिअम n^c. भंडार, एम्पोरियम : Panjab ~ पंजाब के माल का ≈; modern

~ आधुनिक ≈; cloth ~ वस्त्र ≈.

empress एम्'प्रिस *n*^c. साम्राज्ञी : [*fem.* of emperor] Queen Victoria was ~ of India रानी विक्टोरिया भारत की ≈ थीं.

empty ऍम्'टि **I.** *a.* **1.** ख़ाली [bottle बोतल^F, bus बस^F, hall बड़ा कमरा, house मकान, room कमरा, seat सीट, stomach पेट; street गली]; her life was ~ without her husband पति के बिना उसका जीवन ख़ाली-ख़ाली था; the hall was half ~ हाल आधा खाली था, there is nothing in an ~ box इस खाली बाक्स में कुछ नहीं है; an ~ mind is devil's workshop ख़ाली मन शैतान का कारखाना (कार्यस्थल) होता है. [*ant.* full] **2.** निरर्थक, व्यर्थ : ~ words ≈ शब्द; ~ threat गीदड़ भभकी^F. **II.** *v.t.i.* (emptied, emptying) **1.** ख़ाली करना या होना : Ravi emptied the box रवि ने बाक्स ख़ाली कर दिया; the cinema emptied सिनेमा ख़ाली हो गया; the school implied when the bell rang जब घंटी^F बजी तो स्कूल ख़ाली हो गया; he emptied the tea-cup उसने चाय^F का प्याला ख़ाली कर दिया; she emptied out her purse उसने अपना पर्स/बटुआ खाली कर दिया. [*ant.* fill] **2.** the Ganga empties into the bay of Bengal गंगा^F बंगाल की खाड़ी^F में जा गिरती हैं.

en- *prefix* (formes verbs) enable, enact, enclose, engage, enlarge, enlist, enslave.

-en *suff.* (makes adj) golden, wooden, earthen, woollen, silken.

-en *suff.* (makes verbs) deepen, heighten, soften, harden, lengthen, shorten, strengthen, whiten.

enable इ ने'बल *v.t.* (several meanings in contexts) **1.** योग्य बनाना, समर्थ करना : our legs ~ us to walk हमारी टाँगें^F हमें चलने योग्य बनाती हैं. **2.** अधिकार देना : a ticket ~s you to enter टिकट तुम्हें प्रवेश पाने का अधिकारी बनाता है. **3.** अवसर/मौका देना : the money ~d him to travel पैसे के कारण उसे यात्रा का मौका मिला. **4.** सुविधा^F/साधन होना : this map will ~ you to find the place यह नक्शा तुम्हें स्थान पाने की सुविधा देगा (का साधन होगा) : the investigation will ~ us to draw theoretical conclusions यह जाँच सैद्धान्तिक निष्कर्ष निकालने में सुविधा देगी.

enact इ नैक्ट' *v.t.* **1.** कानून बनाना, नियम बनाना : to ~ a law कानून बनाना; a law was ~ed कानून बनाया गया. **2.** खेलना, अभिनय करना : to ~ a part in a play नाटक में अभिनय करना; the play was ~ed नाटक खेला गया.

enamel इ नै'मल *n*^c. **1.** तामचीनी, एनैमल, मीना : an ~ bowl ≈ वाला कटोरा; is used on objects of clay or metal तामचीनी मिट्टी^F या धातु^F की वस्तुओं^F पर चढ़ाई जाती है. **2.** (of teeth) दंतवल्क, दाँतों पर चढ़ी चमक^F : the ~ of her teeth is clean उसके ≈ साफ हैं.

enamour इ नै'मर *v.t.* लट्टू होना, अनुरक्त या आसक्त या मोहित करना : I got ~ed of her beauty मैं उसकी सुंदरता पर लट्टू हो गया; he was ~ed of the theatre थियेटर से वह आसक्त हो गया. [*ant.* rebel]

enc. enclosure.

-ence *suff.* [makes nouns] : difference, cellence, obedience, preference, prudence, silence, dependence, convenience.

encage इन् केज' *v.t.* पिंजड़े में बंद करना : the lion was ~d शेर पिंजड़े में बंद किया गया था.

encircle इन् सर्'कल *v.t.* घेरना, घेरा डालना : our house is ~d by/with trees हमारा मकान पेड़ों से घिरा है; the besiegers ~d the town आक्रमणकारियों ने शहर पर घेरा डाल दिया; houses ~d the golf course मकान गोल्फ मैदान को घेरे था; we ~d the enemy camp हमने शत्रु के शिविर को घेर लिया; a stream encircles the village एक नाला गाँव को घेरे हुए है.

enclose इन् क्लोज़ *v.t.* **1.** बंद करना : to ~ a letter in an envelope पत्र को लिफ़ाफ़े में ≈. **2.** बाड़^F लगाना : farmers often ~ their land with hedges किसान प्रायः अपने खेत को बाड़^F लगाकर घेरते हैं. **3.** घेरना : walls ~d the playground दीवारें^F खेल के मैदान को घेरे थीं; the garden was ~d with a high wall बगीचा ऊंची दीवार^F से घेर लिया गया था. **4.** (add) संलग्न करना, जोड़ना, साथ रखना :

with this letter I have ~d a cheque, photograph इस पत्र के साथ मैंने एक चेक, फोटोग्राफ़ संलग्न किया है; a circular is ~d in the letter पत्र के साथ एक परिपत्र नत्थी है. **enclosure** इन क्लो'ज़र *n*^c. 1. घेरा, बाड़ा, जंगला, चारदीवारी^F : sheep were there in an ~ भेड़ें बाड़े/चारदीवारी^F में थीं. 2. साथ की चीज़^F नत्थी की हुई चीज^F या काग़ज़-पत्र, अनुलग्नक; संलग्न पत्र : there are two ~s with this letter इस पत्र के साथ दो काग़ज़ात नत्थी हैं.

encounter इन् कॉउन्'टर I. *v.t.* 1. का सामना करना, मुठभेड़ या टक्कर होना, मिल जाना, आ पड़ना : they ~ed unexpected obstacles उन्होंने अप्रत्याशित बाधाओं^F का सामना किया; to ~ difficulty कठिनाई^F का सामना करना. 2. भिड़ंत होना : to ~ an enemy शत्रु से ≈. 3. भेंट^F होना : I ~ed him in the street उससे गली^F में मेरी भेंट हो गई. II. *n*^c. भिड़ंत, मुठभेड़^F, टक्कर^F : two extremists were killed in an ~ with the police पुलिस^F के साथ ≈ में दो उग्रवादी मारे गए.

encourage ऐंन् कॅ'रिज *v.t.* बढ़ावा देना, प्रोत्साहित करना : don't ~ her shyness उसके शर्मीलेपन को बढ़ावा मत दो; to ~ a person to attempt something किसी को कुछ करने के प्रयास के लिए प्रोत्साहित करना; the leader ~d his tired men नेता ने अपने थके हुए लोगों की हिम्मत^F बढ़ाई; I was ~d by his praise उसकी प्रशंसा से मैं प्रोत्साहित हुआ; to ~ industry उद्योगों को बढ़ावा देना. [*ant.* discourage] **encouragement** इन्कॅ'रिज-मन्ट *n*^c. बढ़ावा, प्रोत्साहन : the master said that the boy needed ~ to do better मास्टर ने कहा कि और अच्छा करने के लिए इस लड़के को प्रोत्साहन की आवश्यकता^F है; our team's victory was partly due to the ~ given by the supporters among the spectators हमारी टीम^F की विजय^F आंशिक रूप से समर्थक दर्शकों द्वारा दिए गए प्रोत्साहन के कारण थी; your words were a great ~ to me आपके शब्दों से मुझे बहुत बढ़ावा मिला. [*ant.* dis ~]

encroach इन् क्रोच' *v.i.* (~ upon) 1. अतिक्रमण करना, अनाधिकार प्रवेश करना : he ~ed on/upon the field of his neighbour उसने पड़ोसी के खेत में अनधिकार प्रवेश कर लिया; towns are ~ing on the countryside शहर देहात की तरफ अतिक्रमण कर रहे हैं. 2. to ~ **upon smb's rights** किसी के अधिकार छीनना; to ~ on smb's time किसी का समय नष्ट करना. **encroachment** इन क्रोच'मन्ट *n*^cu. (upon/on) अनधिकार प्रवेश, अतिक्रमण, अतिचार : ~ on smb's house किसी के घर में ≈.

encumbrance इन् कम्'ब्रन्स *n*^u. ~ (to) भार, बोझ : to be an ~ to smb किसी पर बोझ/भार होना; he is widower and without any ~ वह विधुर है और संतान के बोझ (दायित्व) से मुक्त; he regards his fashionable wife as an ~ वह अपनी फैशनपसंद पत्नी को बोझ समझता है.

-ency *suff.* (विशेषणों से संज्ञा) : frequency, consistency, proficiency.

encyclopaedia इन् साइक्लॅ पी'डिआ *n*^c. विश्व कोश : ~ India भारतीय ≈; ~ of social sciences समाज विज्ञान ≈; if you want to know something about Hitler or Japan consult an ~ यदि तुम हिटलर या जापान के बारे में कुछ जानना चाहते हो तो कोई ≈ देखो.

end ऐंन्ड I. *v.t.i.* समाप्त करना, पूरा करना, समाप्त हो जाना : the road ~s here सड़क^F यहाँ समाप्त होती है; the war ended in 1971 युद्ध 1971 में समाप्त हो गया; everything has ~ed happily सब कुछ खुशी-खुशी से समाप्त हो गया है; how does the story ~ कहानी कैसे समाप्त होती है ? I do not know how all this will ~ मैं नहीं जानता कि यह सब कैसे समाप्त होगा. the game ~ed in draw खेल अनिर्णीत समाप्त हो गया; it ~ed by our going there हमारे वहाँ जाने तक वह समाप्त हो गया; we must ~ this quarrel हमें इस झगड़े को अवश्य समाप्त कर देना चाहिए. Δ **to ~ in smoke** कुछ परिणाम न होना. [*ant.* begin] II. *n*^c. अंत, समाप्ति : ~ of a story कहानी का अंत; to put a full stop at the ~ of a sentence वाक्य के ≈ में पूर्ण विराम लगाना : ~ of the day दिन का अंत; ~ of

the contest झगड़े का अंत; the ~ is interesting ≈ दिलचस्प है; there is no ~ to it इसका कोई अंत नहीं है; it has come to an ~ यह समाप्त हो गया है; there is no ~ of requests याचनाओं का कोई अंत नहीं है. **2.**छोर, सिरा : ~ of a stick छड़ी^{F} का ≈; at the other ~ of the pipe पाइप के दूसरे सिरे पर. [*ant.* beginning] **3.** उद्देश्य, मतलब : they worked in the factory with an ~ उन्होंने सोद्देश्य कारख़ाने में काम किया; to gain one's ~s अपना मतलब निकालना; with this ~ in view इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए; to what ~ किस उद्देश्य से ? **4.** मृत्यु^{F}, मौत^F his ~ came peacefully उसकी ≈ शांतिपूर्वक हुई; the brave get their ~ happily बहादुर लोग प्रसन्नतापूर्वक मृत्यु पाते हैं; to meet one's ~ मृत्यु होना, मरना. **5.** Δ **I am at a loose ~** मैं खाली हूँ; **at the deep ~** अत्यंत कठिन (कार्य); **to be at one's wits ~** चकराना, कुछ न सूझना, अक्ल काम न देना, किंकर्तव्यविमूढ़ होना; **to keep one's ~s up** हिम्मत^F न हारना; **to make both ~s meet** अपना गुज़ारा चलाना.

endanger इन् डेन्'जर *v.t.* संकट या जोखिम में डालना, खतरे या विपत्ति^{F} में डालना; you should not ~ your health तुम्हें अपने स्वास्थ्य को खतरे में नहीं डालना चाहिए; every soldier always ~s his life प्रत्येक सैनिक हमेशा अपनी जिंदगी^{F} संकट में डालता है.

endear इन् डिअर' *v.t.* प्रिय बनाना : she ~ed him उसने उसे अपना प्रिय बनाया; ~ oneself to others दूसरों का प्रिय बन जाना : Tilak ~d himself to his friends तिलक अपने मित्रों का प्रिय बन गया; his manners ~ed him to everyone उसके आचरण ने उसे सब का प्यारा बना दिया.

endeavour इन डें'व़र **I.** *v.t.* प्रयत्न करना, प्रयास करना, कोशिश^F करना : they ~ed to catch the drowning boy उन्होंने डूबते हुए लड़के को पकड़ने का प्रयास किया; to ~ to win जीतने का प्रयास करना; ~ to pass an examination परीक्षा^{F} उत्तीर्ण करने की कोशिश^F करो; he did not ~ to cross the canal उसने नहर^F पार करने का प्रयास नहीं किया. **II.** n^c. प्रयत्न, प्रयास, कोशिश^F, दौड़-धूप^F: an ~ to achieve success सफलता^{F} पाने के लिए ≈; he made no ~ to win the race उसने दौड़^{F} जीतने के लिए कुछ भी ≈ नहीं किया; his ~ proved unsuccessful उसका ≈ निष्फल साबित हुआ.

endorse इन् डॉर्स' *v.t.* **1.** पृष्ठांकन करना, पीठ पर लिखना : to ~ a cheque चेक पर पृष्ठांकन करना. **2.** समर्थन करना : to ~ another's opinion किसी दूसरे के मत का ≈. **3.** पुष्टि^{F} करना : I ~d the secretary's statement मैंने सचिव के कथन की पुष्टि^{F} की; to ~a decision निर्णय की ≈. **endorsement** इन् डॉर्स'मन्ट n^c. **1.** समर्थन, पुष्टि^{F} : ~ of one's opinion किसी की राय का समर्थन, की पुष्टि^{F}. **2.** पृष्ठांकन : this cheque needs ~ इस चेक पर ≈ की आवश्यकता^{F} है.

endow इन डॉउ' *v.t.* देना, दान करना, सौंप देना, वक़्फ़ करना : this temple was ~ed by Seth B यह मंदिर सेठ ब ने धन देकर बनवाया. to ~ an orphanage अनाथालय को दान देना; to ~ a house to a mosque मस्जिद के लिए मकान व़क़्फ़ करना; to ~ a hospital अस्पताल को दान देना. Δ **~ed with** संपन्न : she is ~ed with several qualification वह कई अर्हताओं से संपन्न है. [*ant.* dis ~] **endowment** इन् डॉउ'मन्ट n^c. दान, दानखाता, धर्मदाय : he spent his money on the ~ to a temple उसने अपना धन मंदिर के दान में लगा दिया; ~ board दाननिधि प्रबंध समिति; (Muslim) वक्फ़ : ~ board ≈ बोर्ड; ~ policy बन्दोबस्ती पालिसी.

endurance इन्ड्युअ'रन्स n^c. **1.** सहनशीलता^{F}, सहनशक्ति^{F}, सहिष्णुता^{F} : his conduct was beyond ~ उसका आचरण असहनीय था (सहनशक्ति से बाहर था). **2.** क्षमता^{F} : his ~ in swimming was praiseworthy तैरने में उसकी क्षमता प्रशंसनीय थी; ~ test क्षमता-परीक्षा^{F}. **endure** इन् ड्यूअर' *v.t.* **1.** सहना, सहन करना, बरदाश्त करना : I cannot ~ such a noise मैं इतना शोर बरदाश्त-नहीं कर सकता; travellers in space have to ~ many discomforts in their rockets अंतरिक्ष यात्रियों को अपने राकेट में बहुत-सी असुविधाओं^{F} का सामना करना पड़ता

है. **2.** (last) चलना : this sweater will ~ for years यह स्वेटर बरसों चलेगा; his memory has ~ed उसकी याद कायम है.

enemy एॅ'निमि *n*ᶜ. (*pl.* enemies) शत्रु, दुश्मन [dangerous ख़तरनाक, political राजनीतिक] : he has many enemies उसके बहुत से ≈ हैं; his enemies attacked him उसके शत्रुओं ने उस पर आक्रमण किया; his nature made him many enemies उसके स्वाभाव के कारण उसके कई ≈ बन गए; destroy the ~ ≈ का विनाश करो; ~ is ~ whether great or small ≈ शत्रु होता है चाहे बड़ा हो चाहे छोटा; our soldiers fought against the ~ हमारे सैनिक ≈ से (के विरुद्ध) लड़े. [*n.* enmity; *ant.* friend, ally]

energy एॅ नर्जि *n*ᶜ. **1.** (कर्म) शक्ति^F, ऊर्जस्विता^F, तेज़ : devote your ~gies to social service अपनी ऊर्जस्विता को समाज सेवा^F में अर्पित करो; Dad was so tired that he had not the ~ to get out of his chair डैड इतना थक गए थे कि उन्हें कुर्सी^F से उठने की भी शक्ति नहीं थी; he has wonderful ~ for his age उम्र^F के हिसाब से उसमें आश्चर्यजनक ≈ है; he is known for the ~ of his language वे अपनी भाषा^F की ऊर्जस्विता के लिए ज़ाने जाते हैं. [*ant.* lethargy] **2.** *n*ᶜ. (phys.) ऊर्जा [atomic पारमाणविक, electric वैद्युत]; the sun is the greatest source of ~ सूर्य ≈ का सबसे बड़ा स्रोत है.

enforce इन फ़ोर्स' *v.t.* **1.** (impose) प्रवर्तित करना, लागू करना, चालू करना, जारी रखना : the police ~s law पुलिस^F कानून को प्रवर्तित/लागू करती है; ~d labour बेगार; some people do not obey the law unless a policeman is there to ~ it कुछ लोग कानून का पालन नहीं करते जब तक कि कोई पुलिस प्रवर्तन के लिए न हो. **2.** (other meanings) to ~ discipline अनुशासन का पालन करवाना : to ~ obedience आज्ञापालन करवाना; to ~ a right अधिकार का प्रयोग करना, अधिकार बरतना.

engage इन् गेज' *v.t.* **1.** (promise) प्रतिज्ञा करना, वचन देना, वचनबद्ध होना : he ~d (himself) to return my books today उसने मेरी पुस्तकें^F आज लौटाने का वचन दिया; she ~d herself to marry उसने शादी करने का वचन दिया. **2.** (betroth) सगाई^F होना, वाग्दान करना : the king ~d his daughter to a prince राजा ने अपनी पुत्री की सगाई^F एक राजकुमार से की; his sister is ~d to a school master उसकी बहन की सगाई एक शिक्षक से हुई है. **3.** (put in) रखना, काम में लगाना : we have ~d a new gardener in the school हमने विद्यालय में एक नया माली रखा है; we ~d a man to do the work for Rs. 25 a week हमने सप्ताह में 25 रुपये पर काम करने पर एक आदमी रखा; ~ a servant एक नौकर रख लो; he was ~d in writing a letter वह एक पत्र लिखने में लगा (व्यस्त) था; to ~ in conversation बातचीत^F में लगना; to ~ smb to do something किसी को कुछ करने के लिए रखना; to ~ in a legitimate occupation वैध व्यवसाय में लगना; this taxi is ~d यह गाड़ी^F लगी हुई है. **4.** रोकना : to ~ a seat सीट ≈. **5.** भाग लेना : to ~ in social work सामाजिक कार्य में ≈. **6.** to ~ one's attention अपना ध्यान केन्द्रित करना. **7.** I am ~d on Sunday मैं इतवार को व्यस्त हूँ. **engagement** इन् गेज्'मन्ट *n*ᶜ. **1.** प्रतिज्ञा^F, वादा, वचन : I cannot meet you this evening for I have another ~ इस शाम मैं आपसे नहीं मिल सकता क्योंकि मेरा किसी और से (मिलने का) वादा है. **2.** सगाई^F, वाग्दान (betrothal) : his ~ with Mary has broken off मैरी से उसकी सगाई टूट गई है; ~ ring ≈ की अंगूठी^F. **3.** (in a job) विनियोजन, नियुक्ति^F : ~ in government service सरकारी नौकरी^F में ≈. **4.** (appointment) मिलने का वादा I cannot break my ~ with a friend this evening इस शाम^F मैं मित्र से ≈ नहीं तोड़ सकता. **5.** (fight) मुठभेड़^F, लड़ाई^F : in a short ~ several soldiers were killed थोड़ी सी ≈ में कई जवान मारे गए.

engender इन् जेंन्'डर *v.t.* उत्पन्न करना, पैदा करना : do not ~ hatred घृणा^F उत्पन्न मत करो; ~ suspicion शंका ≈; mosquitoes ~ malaria मच्छरों से मलेरिया पैदा होता है.

engine एॅन'जिन *n*ᶜ. इंजन [electric विद्युत,

petrol पेट्रोल, steam भाप[F]]; now you do not see often a steam ~ pulling a train अब गाड़ी[F] खींचने वाला भाप का ≈ प्राय: दिखाई नहीं देता; the car would not go because the ~ had gone wrong कार[F] नहीं चलेगी क्योंकि ≈ ख़राब हो गया है.

engineer ऍन जि निअर' **I.** *n*[c]. इंजीनियर, अभियंता [capable दक्ष, chief मुख्य, electrical वैद्युत, experienced अनुभवी, mechanical यांत्रिक, mining खदान, qualified योग्य]; he is working as a chief ~ वह मुख्य ≈ के रूप में काम कर रहा है. **II.** *v.t.* **1.** निर्माण करना : to ~ a bridge पुल का ≈. **2.** (contrive) उपाय निकालना, प्रबंध करना : to ~ a plot षड्यंत्र रचना; to ~ a coup सरकार का तख़्ता उलटने का उपाय करना.

engineering ऍन जि निअ'रिंग *n*[u]. अभियांत्रिकी[F], इंजीनिरी[F] [marine समुद्री, mechanical यान्त्रिक/मैकेनिकल]; my brother is studying ~ मेरा भाई ≈ कर रहा है.

English इंग'लिश **I.** *a.* अंग्रेजी, art कला[F], book किताब[F], custom रीतिरिवाज, government सरकार[F], history इतिहास, industry उद्योग, literature साहित्य, writer लेखक], **II.** *n*[u]. **1.** अंग्रेजी[F] (भाषा[F]) : King's ~, Queen's ~ परिनिष्ठित ≈; study ~ ≈ पढ़ो; he speaks ~ वह ≈ बोलता है; translate from English into Hindi ≈ से हिन्दी में अनुवाद करो; what is the ~ for this इसकी ≈ क्या है? **2.** *n*[c]. अंग्रेज़ : ~ people ≈ लोग; we are ~ हम ≈ हैं.

engrave इन् ग्रेव' *v.t.* **1.** खोदना, अंकित करना, उत्कीर्ण करना, नक्श करना : this metal plate was ~d in his memory धातु[F] की यह प्लेट[F] उसकी याद[F] में उत्कीर्ण कराई गई थी; to ~ a memorial stone किसी यादगारी पत्थर को उत्कीर्ण करना. **2.** जमाना, बैठाना : his words are ~d in my mind उसके शब्द मेरे मन में बैठ गए हैं.

enhance इन हान्स' *v.t.* बढ़ाना, वृद्धि[F] करना, ज्यादा करना : to ~ the importance of smth किसी वस्तु[F] का महत्व बढ़ाना; shortage ~d the price of food खाद्य-पदार्थों की कमी ने मूल्य बढ़ा दिया; to ~ reputation ख्याति[F] बढ़ाना; to ~ the prestige of a firm किसी फर्म[F] की प्रतिष्ठा[F] बढ़ाना; her beauty was ~d by ornaments उसकी सुंदरता[F] गहनों ने बढ़ा दी.

enjoy इन् जाइ' *v.t.* आनंद प्राप्त करना, रस लेना, सुख लेना, मज़ा लेना : we ~ed the trip very much हमने यात्रा[F] का बहुत अधिक आनंद लिया; did you ~ the book क्या तुमने किताब[F] का रस लिया? we have ~ed seeing you again हम लोग आपको पुन: देखकर सुखी हुए; we ~ed ourselves very much हम सब ने बहुत अधिक आनंद पाया; to ~ good food अच्छे भोजन का ≈; to ~ good health स्वास्थ्य अच्छा होना; to ~ smth is to like it किसी वस्तु[F] का आनंद लेना उसे पसंद करना है; to ~ life जीवन का ≈.

enjoyable इन् जाइ'अबल *a.* उपभोग्य, सुखद, आनंददायक [dinner भोजन, holiday छुट्टी[F], life जीवन, performance प्रदर्शन].

enjoyment इन् जाइ'मन्ट *n*[c]. सुख, आनंद, रस, मज़ा, मौज[F] : he derived ~ from his work उसे अपने काम से सुख/आनंद मिलता है; I had the ~ of good health last year पिछले वर्ष मुझे अच्छे स्वास्थ्य का आनंद था; she finds ~ in her work उसे अपने काम में आनंद/ मज़ा आता है.

enlarge इन् लार्ज' *v.t.i.* बड़ा करना, वृद्धि[F] करना : this photograph is too small, please ~ it for me यह फ़ोटो बहुत छोटा है, मेरे लिए कृपया इसे बड़ा कीजिए; ~d copy परिवर्धित कापी (प्रति; ~ edition परिवर्धित संस्करण; to ~ a room कमरा बड़ा करना. Δ **to ~ upon a subject** किसी विषय की विस्तृत चर्चा[F] करना; **to ~ upon the benefits of education** शिक्षा[F] के लाभों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत करना.

enlighten इन् लाइ'टन *v.t.* जानकारी[F] देना, प्रकाश डालना : I will ~ you about the matter इस मामले में आपको जानकारी दूँगा; to ~ a person as to what he should do किसी व्यक्ति को स्पष्ट रूप से मालूम कराना कि उसे क्या करना है; please ~ me on this subject कृपया मेरे लिए इस विषय पर प्रकाश

डालिए. **enlightened** इन् लाइ'टन्ड *a.* प्रबुद्ध, ज्ञानसंपन्न : ~ world opinion ≈ विश्वमत या लोकमत ~ person ≈ व्यक्ति.

enlist इन् लिस्ट' *v.t.i.* **1.** भर्ती^{F} करना या होना, नाम लिखना या लिखाना : the government desires to ~ more men सरकार^F कुछ और आदमियों को भर्ती करना चाहती है; to be ~ in the army सेना में भर्ती^{F} होना; he has been ~ed भर्ती कर लिया गया है या हो गया है. **2.** प्राप्त करना, हासिल करना, बटोरना : to ~ support, cooperation समर्थन, सहयोग प्राप्त करना.

enmity ऍन्'मिटि n^u. (from enemy) शत्रुता^{F}, दुश्मनी^{F} : I have no ~ against him उससे मेरी कोई ≈ नहीं है; don't be at ~ with your neighbours अपने पड़ोसियों से ≈ मत रखो. [*ant*. friendship]

enormous इ नॉर्'मस *a.* **1.** विशाल, वृहत्, बहुत बड़ा/बड़ी [animal पशु, building इमारत^F, city शहर, crowd भीड़^{F}, difference अंतर, loss हानि^{F}, price कीमत^F, quantity मात्रा^{F}, success सफलता^{F}]; he eats an ~ amount वह ढेर सारा खा जाता है. **2.** बहुत अधिक भारी : there is ~ difference between Taj Mahal and Char Minar ताजमहल और चारमीनार में ≈ अंतर है.

enough इ नफ़' **I.** *a.* काफ़ी : there is ~ room, there is ~ of room ≈ जगह^F है; that was not ~ for everybody वह प्रत्येक व्यक्ति के लिए ≈ नहीं था; he has not ~ experience उसे पर्याप्त अनुभव नहीं है; have you had ~ क्या तुम्हारे पास काफी है; I have ~ bread मेरे पास ≈ रोटी है; that is more than ~ वह ≈ से ज्यादा है. **II.** *adv.* अच्छी तरह, काफी : it was warm ~ काफी गर्मी थी; I do not know him well ~ मैं उन्हें काफी अच्छी तरह नहीं जानता; that is good ~ for me वह मेरे लिए बहुत अच्छा है; is it not ~ क्या यह काफी नहीं है? the milk is not boiled ~ दूध अच्छी तरह उबाला नहीं गया है; I have told you clearly ~ मैंने तुम्हें अच्छी तरह साफ़ बता दिया है. Δ **I have had ~ of him** मैं उससे तंग आ गया हूँ.

enquire इन् क्वाइ'अर *v.t.i.* (about, after, concerning, into) जाँच^F करना, छानबीन^F करना, पूछताछ^F करना, पूछना : to ~ into the matter मामले की जाँच करना; to ~ into some strange happening किसी विचित्र घटना^{F} की छान-बीन^F करना; to ~ the time समय पूछना; to ~ about smb's health किसी के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ करना. [see inquire, inquiry]

enrage इन् रेज' *v.t.* क्रुद्ध करना, गुस्सा दिलाना : he was ~d at/by his comment उसकी टीका-टिप्पणी^{F} से उसे गुस्सा आ गया; his behaviour ~d her उसके बरताव से उसे गुस्सा आ गया. [*ant*. pacify]

enrich इन् रिच' *v.t.* **1.** धनी करना, धनवान बनाना : the new contract will ~ my father नए ठेके से मेरे पिता धनवान हो जाएँगे. **2.** बढ़ाना, समृद्ध करना : the book will ~ your vocabulary इस पुस्तक से तुम्हारा शब्द भंडार-समृद्ध हो जाएगा. [*ant*. impoverish]

enrol इन् रोल' *v.t.* (enrolled, enrolling) भरती^{F} होना या करना, नाम लिखना या लिखवाना : to ~ someone in register किसी का नाम रजिस्टर में लिखना; he was ~ed as a member of the club उसे क्लब के सदस्य के रूप में भरती किया गया. **enrolment** इन् रोल्'मन्ट n^c. भर्ती, नामांकन : the school has an ~ of 700 boys विद्यालय में 700 लड़के भर्ती हैं या नामांकित हैं; his ~ as a member was confirmed सदस्य के रूप में उसके नामांकन की पुष्टि^{F} की गई.

en route आं रूट' *adv.* रास्ते में, मार्ग में, मार्ग/रास्ते से, जाते हुए : he was going to Ambala ~ Meerut वह मेरठ के रास्ते अम्बाला जा रहा था. he was ~ for/ to his office वह अपने कार्यालय के मार्ग में था; she was ~ from Agra to Kanpur वह आगरा से कानपुर के रास्ते में था.

enslave इन् स्लेव' *v.t.* **1.** दास बना लेना : Negroes were ~ed in Africa अफ्रीका में हबशियों को दास बनाया गया. **2.** वशीभूत करना : to ~ people लोगों को ≈.

ensnare इन् स्नेअर' *v.t.* (often passive, by, into) **1.** फंदे में फँसाना : a deer was ~d by

hunters एक हिरन को शिकारियों ने फंदे में फँसा लिया. 2. फुसलाना, बहकाना : some goondas ~d the boy कुछ गुंडों ने लड़के को बहकाया; he was ~d by her charms वह उसके सौंदर्य से बहक गया.

ensure इन् शुअरॅ' *v.t.* 1. सुरक्षित कर देना, निरापद करना : ~ your house against any risk अपना घर जोखिम से सुरक्षित कर लो. 2. निश्चय करा देना, सुनिश्चित करना [*cf.* insure] : the teacher ~d that the boy will pass अध्यापक ने निश्चय करा दिया कि लड़का पास हो जाएगा.

entangle इन् टैङ्'गल *v.t.* उलझाना, फँसाना : a dear ~d its horns in bushes एक हिरन के सींग झाड़ियों[F] में फँस/उलझ गए; the bird was ~d in the net पक्षी जाल में फँस गया; he was/got ~d in his schemes वह अपनी योजनाओं में ही उलझ गया; to ~ smb in difficulties किसी को कठिनाइयों[F] में डालना. [*ant*. dis ~]

enter एन्'टर *v.t.* 1. भीतर जाना या आना, प्रवेश करना, दाख़िल होना, घुसना : we noticed her as soon as she ~ed the room जैसे ही वह हमारे कमरे में आई वैसे ही हमने उसे देख लिया; he ~ed the university in 1974 वह 1974 में विश्वविद्यालय में दाख़िल हुआ; ~ by this door इस दरवाज़े से भीतर जाओ; to ~ a pupil for schooling किसी शिष्य को शिक्षा के लिए प्रवेश देना. 2. शामिल होना, हिस्सा लेना : he ~ed for a race वह दौड़ में शामिल हुआ; **to ~ into conversation** बातचीत[F] करना या बातचीत में शामिल होना. 3. प्रारंभ करना, शुरू/आरंभ करना : to ~ a profession व्यवसाय ≈; **to ~ into** a contract ठेका लेना. 4. प्रविष्टि करना, लिख देना : ~ this amount in your register यह राशि[F] अपनी पंजी में लिख लो. 5. (various uses) to ~ a protest (लिखित) विरोध प्रकट करना, विरोध पत्र भेजना : to ~ into relations with smb किसी के साथ संबंध बनाना; to ~ into an agreement करार करना; **to ~ upon an office** पद ग्रहण करना. [*n.* entrance प्रवेश; *ant*. leave]

enterprise ऍन्'टॅर प्राइज़ n^c. उद्यम : he has no ~ उसमें कोई ≈ नहीं है; private ~ निजी ≈. **enterprising** ऍन्'टरप्राइज़िंग *a.* उद्यमशील [businessman व्यवसायी, person व्यक्ति].

entertain ऍन् टर्टेन' *v.t.* 1. (amuse) का मनोरंजन करना, का मन बहलाना/रिझाना : the teacher ~s the boys अध्यापक लड़कों को रिझाता है; to ~ a friend मित्र का ≈; to ~ smb with jokes चुटकुलों से किसी का मन बहलाना. 2. अतिथि-सत्कार करना : to ~ a guest अतिथि का सत्कार करना; she ~ed us to tea उसने चाय पिलाकर हमारा सत्कार किया. 3. मन में लाना/रखना : to ~ an idea, fear, hope कोई विचार, डर, आशा रखना या मन में लाना. 4. (accept) स्वीकार करना, ग्रहण करना : can you ~ this proposal क्या आप इस प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं? his request may please be ~ed कृपया उसका निवेदन, उसकी प्रार्थना, स्वीकार करें. entertaining एन्टर टे'निंग *a.* मनोरंजक : ~ conversation मनोरंजक वार्तालाप; ~ story ≈ कहानी[F]. **entertainment** ऍन्टरटेन'मन्ट n^c. 1. (amusement) मनोरंजन, मनबहलाव : ~ tax ≈ कर; cinema is a place of ~ सिनेमा ≈ की जगह[F] है. 2. (hospitality) आतिथ्य सत्कार : ~ allowance आतिथ्य कर. 3. (of an idea) विचारण, विचार का आना.

enthusiasm इनथ्यू'ज़िऐज्म n^u. (for, about) उत्साह, उमंग[F], जोश : the players were full of ~ खिलाड़ियों में ≈ भरा था; he has a great ~ for acting उसमें अभिनय करने का बड़ा ≈ है. **enthusiastic** इन् थ्यू ज़िऐस्'टिक *a.* उत्साही, उमंगभरा, जोशीला : he was an ~ supporter of his club वह अपने क्लब का ≈ समर्थक था; ~ welcome उमंगभरा स्वागत; the spectators were ~ about the result of the play दर्शकों में खेल के परिणाम के बारे में जोश था.

entice इन् टाइस' *v.t.* 1. लुभाना, फुसलाना, प्रलोभन देना : to ~ a shy animal with food खाद्यपदार्थ द्वारा बिदकने वाले जानवर को ≈; to ~ by flattery चापलूसी[F] से फुसलाना/बहकाना; to ~ a boy to steal the money लड़के को धन चुराने के लिए ≈. 2. बहकाकर ले जाना : the keeper ~d away the animal back into the cage by

offering a bit of food रखवाला थोड़ा-सा चारा देकर जानवर को पुनः पिंजड़े में फुसला ले गया; he ~d away the girl from her parents वह लड़की को उनके माता-पिता से भगा ले गया या बहका ले गया.

exert इग् ज़र्ट' *v.t.* **1.** (use) लगाना, काम में लाना : to ~ pressure दबाव डालना; Atul had to ~ all his strength to pull the man out of the river उस आदमी को नदी[F] के बाहर खींचने में अतुल को अपनी पूरी शक्ति से ज़ोर लगाना पड़ा; to ~ force बल लगाना, बलप्रयोग करना; to ~ one's influence अपने प्रभाव को काम में लाना. **2.** प्रयत्न करना, दौड़-धूप[F] करना : he ~ed himself on his behalf उसने स्वयं उसकी ओर से दौड़-धूप[F] की. **exertion** इग् ज़र'शन *n*[c]. **1.** उद्योग, परिश्रम : he succeeded by his ~s वह अपने ≈ के बल पर सफल हो गया; he fell ill due to much ~ अत्यधिक ≈ के कारण वह बीमार पड़ गया. **2.** थकान[F] : digging will give me too much ~ खोदना मेरे लिए अत्यधिक ≈ ला देगा; there should be no ~ ≈ नहीं होनी चाहिए.

exhale ऍक्स् हेल' *v.t.* साँस[F] बाहर निकालना : breathe deeply and ~ गहरी साँस[F] लेकर बाहर निकालो, he has difficulty in exhaling उसे साँस बाहर निकालने में कष्ट होता है. [*ant.* inhale]

exhaust इग् ज़ॉस्ट' **I.** *v.t.* **1.** थकाना : the climb will ~ the boys चढ़ाई[F] लड़कों को थका देगी; the heavy work ~s him भारी काम से वह थक जाता है; I feel ~ed मुझे थकान[F] लग रही है. **2.** खर्च कर डालना, व्यय कर डालना, समाप्त करना, खत्म कर देना : to ~ one's money carelessly अपना पैसा लापरवाही[F] से समाप्त/खर्च कर देना; to ~ one's patience अपना धैर्य खो देना. **3.** पूरा कर देना : to ~ a subject विषय को ≈. **II.** *n*[c]. + *v.t.* निकास, निर्गम : ~ fan निकास पंखा; ~ pipe निकास नली; he ~s fumes from his car वह अपनी कार[F] से बदबूदार धुआँ छोड़ता है. **exhaustion** इग् ज़ास्'शन *a.* **1.** थकान[F], थकावट[F] : people suffering from ~ are seriously in trouble ≈ से पीड़ित व्यक्ति गंभीर रूप से कष्ट पाते हैं. **2.** समाप्ति[F], ख़र्च : ~ of food खाद्य पदार्थों की समाप्ति. **exhaustive** इग् ज़ास्'टिव़ *a.* (complete) सर्वांगीण, विस्तृत, पूरा, व्यापक, सर्वांगपूर्ण : ~ inquiry, report ≈ जाँच[F], रिपोर्ट; an ~ survey of a subject किसी विषय का विस्तृत सर्वेक्षण; he made an ~ search उसने पूरी खोज[F] की.

exhibit इग् ज़ि'बिट *v.t.* प्रदर्शित करना, दिखाना : to ~ interest in a subject किसी विषय में रुचि[F]/दिलचस्पी[F] ≈ ; to ~ pictures चित्र ≈; to ~ a document in court न्यायालय में दस्तावेज़ दिखाना; to ~ goods for sale बिक्री[F] के लिए माल/सामान ≈; to ~ ignorance deliberately जानबूझ कर अज्ञानता ≈. **exhibition** एक् सि बि'शन *n*[c]. **1.** प्रदर्शनी[F], नुमाइश[F] : ~ match नुमाइशी मैच; there is an ~ of stamps in the hall हाल में टिकटों की एक ≈ है; at an ~ things are put on show प्रदर्शनी में वस्तुएँ[F] प्रदर्शन के लिए रखी जाती हैं. **2.** प्रदर्शन : ~ of oneself अपना ≈; an ~ of temper स्वभाव का ≈.

exile ऍक् सा'इल **I.** *n*[u]. देश निकाला, निर्वासन : to live in ~ ≈ में रहना; he was sent into ~ उसे ≈ दिया गया; Bahadur Shah Zafar died in ~ बहादुर शाह ज़फ़र निर्वासन में मर गए. **II.** *v.t.* निर्वासित करना, देश निकाला देना : he has been ~d from the country उसे देश निकाला दे दिया गया है; to ~ a citizen किसी नागरिक को ≈.

exist इग् ज़िस्ट' *v.i.* **1.** होना, जीवित होना : he ~s on little food वह थोड़े भोजन से जीवित रहता है; the man ~s यह आदमी जीवित है. **2.** होना, अस्तित्व रखना : slavery does not ~ in our country हमारे देश में गुलामी[F] नहीं है; do fairies ~ क्या परियों का अस्तित्व है ? I ~ मेरा अस्तित्व है. **3.** पाया जाना : such

conditions, circumstances ~ in all the families here ऐसी दशाएँ^F, परिस्थितियाँ^F यहाँ सभी परिवारों में पाई जाती हैं. **existence** इग् ज़िस्'टन्स n^u. 1. जीवन, ज़िंदगी^F : water is necessary for ~ ≈ के लिए पानी आवश्यक है; a miserable ~ दयनीय जीवन. [*ant.* death] 2. अस्तित्व : to believe in the ~ of ghosts भूतों के ≈ में विश्वास होना; to be in ~ ≈ में होना; to come into ~ अस्तित्व में आना, जन्म लेना, पैदा होना; I believe in the ~ of God मैं मानता हूँ कि ईश्वर है. **existent** इग् ज़िस्'टन्ट *a.* विद्यमान, वर्तमान, मौजूद : under the ~ circumstances of the nation राष्ट्र की ≈ परिस्थितियों^F में. **existing** इग् ज़िस्'टिंग *a.* वर्तमान, विद्यमान, मौजूदा, चालू : under the ~ school rules we must wear caps विद्यालय के ≈ नियमों के अनुसार हमें टोपी अवश्य पहननी चाहिए; under the ~ conditions ≈ दशा^F में.

exit ऍग्'ज़िट n^c. 1. (outlet) निकास, निर्गम (द्वार, बाहर जाने का रास्ता : there is an ~ on the right दाहिने हाथ बाहर जाने का रास्ता है; we made an ~ from the hall हम हाल से बाहर आ गए. 2. (departure) विदा^F, विदाई^F, प्रस्थान, कूच, रवानगी^F : Exit actor अभिनेता का स्टेज से विदा होना. [*ant.* entrance]

exonerate इग् ज़ॉ'नरेट *v.t.* से मुक्त करना, दोष-मुक्त करना : ~ a suspect शंकित व्यक्ति को मुक्त करना; to ~ somebody from blame किसी को दोषमुक्त करना; he was ~d from the responsibility उसे उतरदायित्व से छुटकारा दिया गया.

exorbitant इग् ज़ॉर'बिटन्ट *a.* अत्यधिक, बहुत, बेहद [ambition महत्वाकांक्षा, demand माँग, price मूल्य].

exp. expenses, export, express.

expand इक्स् पैन्ड' *v.t.i.* (spread out) फैलाना, फैलना, बढ़ाना, बढ़ना : when metals are heated, they ~ जब धातुएं गर्म की जाएँ तो वे फैलती हैं; to ~ a sentence into a paragraph किसी वाक्य को पैराग्राफ़ में बढ़ाना; to ~ one's chest अपनी छाती^F फैलाना/बढ़ाना (सीना फुलाना); chest ~s when we breathe in जब हम अंदर साँस^F लेते हैं तो सीना फूलता है; his business has expanded उसका व्यवसाय फैल/बढ़ गया है; one's outlook ~s किसी का दृष्टिकोण विस्तार पाता है. [*ant.* contract] **expansion** इक्स् पैन्'शन n^c. वृद्धि^F, फैलाव, प्रसार : an ~ of business व्यापार का विस्तार the gaps between lengths of railway lines are to allow for the ~ of the metal on hot days रेलवे पटरियों^F के बीच में गर्मी के दिनों में ≈ के लिए जगह^F दी जाती है; ~ of currency मुद्रास्फीति^F; ~ of chest छाती^F का फुलाव.

ex parte एक्स्'पार्टि *a.* एकपक्षीय, एकतरफ़ा [decree डिक्री judgement निर्णय, statement बयान].

expect इक्स् पेंक्ट *v.t.* 1. आशा^F करना, उम्मीद^F करना : he ~ed to be met at the station उसने स्टेशन पर मिलने की उम्मीद की थी; we do not ~ to be away long हम बहुत दिन बाहर रहने की उम्मीद नहीं करते; when do you ~ him back तुम उसके कब वापस आने की उम्मीद करते हो ? I ~ a present from my uncle मैं अपने चाचा से एक उपहार की उम्मीद करता हूँ; I ~ obedience from a servant मैं नौकर से आज्ञाकारिता^F की उम्मीद करता हूँ; I ~ it is all right मैं आशा करता हूँ कि सब ठीक-ठाक है; to ~ rain बारिश की ≈; he evidently did not ~ such an answer उसने स्पष्ट रूप से इस प्रकार के उत्तर की आशा नहीं की थी; it was to be ~ed ऐसी उम्मीद की जानी थी; it was not as bad as we ~ed यह उतना बुरा नहीं था जितनी हमें उम्मीद थी; we ~ed help from them हमने उनसे सहायता की उम्मीद की थी. 2. प्रतीक्षा^F करना : we shall ~ you at four o'clock हम चार बजे तुम्हारी प्रतीक्षा करेंगे; we did not ~ you today हमें आज तुम्हारे आने की प्रतीक्षा नहीं थी; I will ~ a letter tomorrow कल मैं एक पत्र की प्रतीक्षा करूँगा; ~ the arrival of your friend अपने मित्र के पहुँचने का इंतज़ार करो; I shall ~ him by six o'clock in the market बाज़ार में मैं उसकी छः बजे तक प्रतीक्षा करूँगा. 3. अपेक्षा करना : I ~ you to be truthful मैं तुमसे सच-सच कहने की अपेक्षा करता हूँ. 4. ख़्याल होना : we ~ rain by the evening हमारा ख़्याल है कि शाम^F तक बारिश^F होगी; I

~ed that you knew it मेरा ख्याल था कि तुम यह जानते थे 5. she is ~ing a baby वह गर्भवती[F] है. **expectation** ऍक्स् पेक् टे'शन n^c. आशा, प्रत्याशा[F] : beyond ~ आशा से बाहर/परे; contrary to ~ ≈ के प्रतिकूल; did the show come up to your ~s का प्रदर्शन तुम्हारी आशाओं के अनुकूल था ?

expedite ऍक्स्'पिडाइट *v.t.* जल्दी करना, शीघ्र संपन्न करना : please ~ repairs कृपया मरम्मत[F] का काम शीघ्र संपन्न करें; to ~ the business of the committee कमेटी के कार्यों को शीघ्रता[F] से संपन्न करना; you should ~ action तुम्हें जल्दी कार्रवाई करनी चाहिए. [*ant.* delay]

expedition ऍक्सपि डि'शन n^c. 1. अभियान, मुहिम[F] : mountain ~ पर्वतारोहण; I would like to join the ~ which is going to explore the moon मैं उस अभियान में सम्मिलित होना चाहूँगा जो चंद्रमा पर खोज[F] के लिए जा रहा है. 2. शीघ्रता[F], जल्दी[F] : he did it with ~ उसने इसे जल्दी कर डाला; he departed with ~ वह जल्दी ही प्रस्थान कर गया.

expel इक्स् पॅल' *v.i.* (expelled) निष्कासित करना, निकाल देना, निकाल बाहर करना : to ~ by force ज़बरदस्ती बाहर ≈; the lazy boy was ~led from the school आलसी लड़के को विद्यालय से निकाल दिया गया; to ~ an enemy from the country दुश्मन को देश से ≈; we ~ air from our lungs हम फेफड़ों से हवा निकालते हैं. [*n.* expulsion]

expend इक्स् पेन्ड' *v.t.* ख़र्च करना, लगाना, खपाना : to ~ money, time, etc. धन, समय इत्यादि ≈; all resources have been ~ed सारे संसाधन खप गए हैं; he ~ed all his energy उसने अपनी सारी शक्ति[F] लगा दी. **expenditure** इक्स्पेन्'डिचर n^u. व्यय, ख़र्च [heavy भारी, monthly मासिक, total कुल, unnecessary अनावश्यक]; my ~ amounted to Rs. 5000 मेरा खर्च पाँच हज़ार रुपये हो गया; capital ~ पूँजीगत व्यय, निर्माण आदि कामों पर होने वाला ≈ जिन्हें पूँजी माना जाता है; contingent ~ आकस्मिक ≈; net ~ कुल/वास्तविक ≈; recurring ~ आवर्ती ≈, बार-बार होने वाला ≈; revenue ~ राजस्व ≈; ~ tax ≈ कर. [*ant.* income] **expense** इक्स् पॅन्स' n^c. व्यय, ख़र्च [double दूना, extra, फ़ालतू, great बहुत, little थोड़ा-सा]; sometimes students are sent abroad at the ~ of the government कभी-कभी छात्रों को सरकारी ≈ पर विदेश भेजा जाता है; house hold ~s घर-गृहस्थी के खर्चे; to cut down ~s ≈ में काट-छाँट करना; I cannot afford so much ~ मैं इतना खर्च बरदाश्त नहीं कर सकता; at the ~ of की हानि[F] करके; he worked hard at the ~ of his health स्वास्थ्य की हानि करके उसने परिश्रम किया; they laughed at my ~ वे मेरे ऊपर हँसे, मेरा मज़ाक उड़ाया. **expensive** इक्स् पॅन्'सिव़ *a.* बहुमूल्य, मूल्यवान्, महंगा [game खेल, journey यात्रा[F], study लिखाई-पढ़ाई]; he wears ~ shoes ≈ जूते पहनता है. [*ant.* cheap]

experience इक्स् पिअ'रिअन्स I. n^c. अनुभव, तजुर्बा [enough पर्याप्त, necessary आवश्यक, personal व्यक्तिगत, practical व्यावहारिक, valuable मूल्यवान/कीमती]; according to my ~ मेरे ≈ के अनुसार; his opinion is based on long ~ in working with children उसका ≈ बच्चों के साथ लंबे समय तक किए गए काम पर आधारित है; how much ~ have you had तुम्हें कितना ≈ हुआ है ? he has ~ in teaching children उसे बच्चों को पढ़ाने का ≈ है; he is a man of ~ वह अनुभवी आदमी है; we learn by ~ हम ≈ द्वारा सीखते हैं. [*ant.* in ~] II. *v.t.* का अनुभव करना, भोगना : to ~ difficulties, joys कठिनाइयाँ, खुशियाँ भोगना; to ~ sorrow दुख ≈.

experiment इक्स् पें'रिमन्ट I. n^c. प्रयोग, परीक्षण : we can learn by ~ that oil and water will not mix हम ≈ करके मालूम कर सकते हैं कि तेल और पानी मिश्रित नहीं होते; the scientist carried out an ~ to see what would happen when two chemicals are mixed वैज्ञानिकों ने यह देखने के लिए ≈ किया कि दो रासायनिकों के मिलने पर क्या होता है; the remedy was discovered by a series

of ~s लगातार ≈ करते-करते उपचार खोज लिया गया; I conducted/performed an ~ मैंने एक ≈ किया. **II.** *v.t.* (on, with) प्रयोग करना, परीक्षण करना : to ~ on mice चूहों पर प्रयोग करना; to ~ with new tools नए उपकरणों से ≈. **experimental** ऍक्स् पेंरिमेनॅ'टल *a.* प्रयोगात्मक : ~ period प्रयोग या परीक्षण करना; ~ explosions परीक्षणात्मक या प्रयोगात्मक विस्फोट; ~ farm खेती के परीक्षणों के लिए रखा गया खेत, परीक्षण या प्रायोगिक फार्म; his plan is still at an ~ stage उसकी योजना^F अभी ≈ स्थिति में है.

expert ऍक्स्'पर्ट **I.** *a.* विशेषज्ञ, कुशल, निपुण [committee कमेटी, pianist पिआनो वादक]. **II.** ऍक्स्'पर्ट *n*^c. (in) विशेषज्ञ, विशेष जानकार : she is an ~ in Indian philosophy वह भारतीय दर्शन की ≈ है; I am not an ~ at teaching small children मैं छोटे बच्चों को पढ़ाने में निपुण नहीं हूँ. **expertness** ऍक्स् पर्ट'निस *n*^c. विशेषज्ञता^F : ~ in some trade किसी व्यापार में ≈.

expire इक्स् पाइअर' *v.t.* **1.** अंत होना, समाप्त होना, अवधि^F पूरी होना : the agreement, licence has ~d करार, लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई; the season ticket ~s on 31st August सीज़न टिकट की अवधि 31 अगस्त को पूरी हो रही है; our holidays ~ next week हमारी छुट्टियाँ अगले हफ़्ते समाप्त हो रही हैं; the date has ~d तारीख़ (समाप्त) हो गई है. **2.** दम तोड़ना, मरना, देहांत होना : at the end of the play we see the hero ~ in the girl's arms खेल के अंत में हम हीरो (नायक) को लड़की की बाहों में दम तोड़ते देखते हैं; he ~d at midnight वह आधी रात^F को मर गया. **3.** बुझ जाना : the fire has ~d आग^F बुझ गई है.

explain इक्स् प्लेन' *v.t.* **1.** स्पष्ट करना, समझना, बतलाना, व्याख्या^F करना : that can easily be ~ed उसे आसानी^F से स्पष्ट किया जा सकता है; I cannot ~ मैं व्याख्या नहीं कर सकता; have you ~ed it क्या तुमने इसे स्पष्ट कर दिया है; I do not understand the long division, will you ~ it to me मैं लम्बे भाग को नहीं समझ पाता, क्या आप इसे समझा देंगे; to ~ a problem किसी समस्या^F को हल करना; to ~ one's actions अपने कार्यों को समझाना; will you ~ what this means क्या आप स्पष्ट करेंगे कि इसका क्या अर्थ है ? you need not ~ further तुम्हें और अधिक व्याख्या^F करने की आवश्यकता^F नहीं है; to ~ the meaning of a word किसी शब्द का अर्थ स्पष्ट करना; to ~ the work to the workers मज़दूरों को काम समझाना. **2.** सफ़ाई^F देना : how do you ~ your misconduct तुम अपने दुराचरण की क्या सफ़ाई देते हो ? **explanation** ऍक्स् प्लॅने'शन *n*^c. **1.** व्याख्या^F [acceptable स्वीकार्य, brief संक्षिप्त, clear स्पष्ट, complete पूर्ण, difficult कठिन, satisfactory संतोषजनक, simple सरल/साधारण]; ~ of a poem किसी कविता^F की ≈; we can see from this ~ इस ≈ से हम समझ सकते हैं ≈. **2.** स्पष्टीकरण, सफ़ाई^F : I can give no ~ मैं कोई ≈ नहीं दे सकता; the Director called for the clerk's ~ निदेशक ने लिपिक से ≈ की माँग की, जवाबतलबी की.

explicit इक्स प्लि'सिट *a.* **1.** साफ़ और सविस्तार [controversy विवाद, directions निर्देश]; my advice was ~ मेरी सलाह^F साफ़ और विस्तार से थी. **2.** पूर्ण : ~ faith पूर्ण विश्वास. [*ant.* implied]

explode इक्स् प्लोड' **I.** *v.t.i.* **1.** विस्फोट होना, उड़ा देना, फोड़ना : a bomb ~ed एक बम फटा; to ~ a bomb बम फोड़ना; **2.** (discredit) निर्मूल सिद्ध करना, खण्डन करना : to ~ a superstition किसी अंधविश्वास को खंडित करना; the theory has been ~d by the scientists वैज्ञानिकों द्वारा इस सिद्धांत का खण्डन कर दिया गया है. **II.** *v.i.* फूटना; to ~ with laughter हँसी ≈. [*n.* explosion]

exploit ऍक्स'प्लाइट **I.** *n*^c. पराक्रम, कारनामा : the ~s of our airmen हमारे वायु सैनिकों के कारनामे; he performed many ~s उसने बहुत-से कारनामे किए. **II.** *v.t.* उपयोग करना, अनुचित लाभ उठाना, शोषण करना : to ~ someone is to use him for your own advantage अनुचित लाभ उठाना, किसी का अपने लाभ के लिए शोषण करना है; children are ~ed in some factories कुछ कारख़ानों

में बच्चों का शोषण किया जाता है; ~ an invention किसी आविष्कार से लाभ उठाना; to ~ new resources नए संसाधनों का उपयोग करना; to ~ a mine खान से खनिज निकालना; to ~ oil (जमीन) से तेल निकालना. **exploitation** ऍक्स् प्लाइ टे'शन n^c. शोषण, उपयोग, स्वार्थसाधन : ~ of labour मजदूरों का शोषण, श्रमिक शोषण; ~ of resources साधनों का भरपूर या पूरा-पूरा उपयोग.

exploration ऍक्स् प्लॉ रे'शन n^c. अन्वेषण, छानबीन^F, खोज^F [Antarctic दक्षिण-ध्रुवीय, polar ध्रुवीय]; ~ of some desert किसी रेगिस्तान की ≈. **explore** इक्सप्लॉर' *v.t.* पता लगाना, छान-बीन^F करना : to ~ a cave गुफा का पता लगाना; the doctor has ~d his wound डाक्टर ने उसके घाव के कारण का पता लगा लिया है; Livingstone ~d a part of Africa लिविंग्स्टन ने अफ्रीका के एक भाग का पता लगाया; to ~ the possibility संभावना^{F} का पता लगाना; to ~ a problem समस्या^{F} की छानबीन^F करना.

explosion इक्स् प्लो'ज़न n^c. (from explode) **1.** विस्फोट, धड़ाका : the ~ of the bomb could be heard miles away बम का ≈ मीलों दूर तक सुना जा सकता था; there was a loud ~ yesterday कल बड़ा तेज़ ≈ हुआ. **2.** भड़क उठना : ~ of anger गुस्सा ≈. **3.** असाधारण वृद्धि^{F} : ~ of population जनसंख्या^{F} का विस्फोट (असाधारण वृद्धि) ; sudden ~ in prices कीमतों में एकदम ≈. **explosive** इक्स् प्लो'सिव़ **I.** *a.* **1.** विस्फोटक [device उपकरण, gas गैस, substance पदार्थ]. **2.** संकटपूर्ण : ~ situation स्थिति^{F}. **3.** ~ question विवादास्पद प्रश्न. **II.** n^c. विस्फोटक पदार्थ, गोला-बारूद : don't take ~s with you अपने साथ ≈ मत ले जाओ.

export ऍक्स'पॉर्ट **I.** n^c. निर्यात, निर्यात व्यापार : coal is an important ~ from England कोयला इंग्लैण्ड से एक महत्वपूर्ण ≈ है; ~ of paper to china चीन को कागज़ का ≈; ~ credit निर्यात माल के आधार पर उधार; ~ duty ≈ शुल्क; ~ earnings निर्यात से होने वाली आय^F; ~ promotion ≈ -वृद्धि^{F}; ~ promotion scheme ≈ वृद्धि योजना^{F}; ~ quality control उत्तम माल के निर्यात का आश्वासन, निर्यात के माल की उत्तमता का आश्वासन; ~ risk Insurance Corporation निर्यात जोखिम बीमा निगम. **II.** ऍक्स् पॉर्ट' *v.t.* निर्यात करना, बाहर भेजना : India chiefly ~s cotton and jute भारत मुख्यत: सूत (के धागे, वस्त्र) और जूट का निर्यात करता है. [*ant.* import]

expose इक्स् पोज़' *v.t.* (various meanings in contexts) to ~ goods for sale बिक्री^{F} के लिए सामान/चीजों^{F} को खोलकर रखना; to ~ one's intentions अपने इरादों को प्रकट करना; to ~ something to the sun किसी चीज को धूप लगाना; to ~ a child to the cold बच्चे को ठन्ड^F में छोड़ना; to ~ oneself to danger खतरे का सामना करना; a newspaper ~d the murder एक समाचार-पत्र ने हत्या^{F} का सुराग लगाया; to ~ the chest छाती^{F} नंगी करना; (unmask) पोल खोलना, कलई खोलना, भंडा फोड़ना : to ~ a secret भेद खोल देना; to ~ somebody's ignorance किसी की अज्ञानता का भंडा फोड़ना; jewels lay exposed रत्न अरक्षित पड़े थे.

express इक्स् प्रें'स' **I.** *v.t.* प्रकट करना, व्यक्त करना, ज़ाहिर करना : to ~ one's ideas अपने विचारों को ≈; it is difficult to ~ in words इसे शब्दों में ≈ कठिन है; her face ~ed nothing उसके चेहरे से कुछ भी प्रकट/ज़ाहिर न था; I feel I cannot ~ everything मैं समझता हूँ कि मैं सब कुछ नहीं व्यक्त कर सकता; to ~ one's gratitude for smb's kindness किसी की दयालुता^{F} के लिए कृतज्ञता ≈; these words ~ my feelings ये शब्द मेरी भावनाओं^{F} को व्यक्त करते हैं; a great writer ~es his thoughts well एक महान् लेखक अपने विचारों को अच्छी तरह व्यक्त करता है; to ~ satisfaction संतोष ≈. **II.** n^c. एक्सप्रेस (गाड़ी^{F}); I am leaving by Kashi ~ मैं काशी ≈ से जा रहा हूँ. **III.** *a.* **1.** (explicit) अभिव्यक्त, (सु) स्पष्ट, साफ़ [agreement करार, answer उत्तर, order आदेश, wish इच्छा^{F}]. **2.** (fast) त्वरित, तेज़ [delivery वितरण या बाँट^F, letter पत्र या चिट्ठी, messenger दूत, train गाड़ी^{F}]; an ~

train is specially fast one एक्सप्रेस गाड़ी विशेषत: ≈ होती है. 3. खास यही : ~ purpose विशेष यही उद्देश्य; ~ copy हू-ब-हू नकल^F. **expression** इक्स् प्रें'शन 1. n^c. अभिव्यक्ति^F, अभिव्यंजना [common साधारण, complicated जटिल, real वास्तविक, technical तकनीकी]; free ~ of opinion अपने मत की स्वतंत्र ≈; ~ of the public will सार्वजनिक इच्छा^F की ≈; she could not give ~ to her feelings वह अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त न कर पाई; the beauty of the scene is beyond ~ दृश्य की सुंदरता^F ≈ से बाहर है. 2. (phrase) मुहावरा; he uses such an ~ most वह ऐसे मुहावरे का अधिक प्रयोग करता है; this ~ is rarely used इस मुहावरे का कम ही प्रयोग किया जाता है. 3. मुद्रा^F, रंग-रूप, आकृति^F [gloomy उदास, grave गंभीर, happy प्रसन्न, sad दुखी, shy लज्जालु]; the ~ on her face उसके चेहरे पर की मुद्रा; ~ his face was sad due to his mother's illness उसके चेहरे की मुद्रा माँ की बीमारी के कारण उदास थी.

expulsion इक्स् पल्'शन n^c. (from expel) निकाला जाना, बहिष्कार, निष्कासन, बेदख़ली^F : ~ from society बिरादरी^F से बहिष्कार; ~ order (देश) निकाले का आदेश; ~ from school विद्यालय से निष्कासन; ~ from possession of land भूमि^F के कब्जे से बेदख़ली^F.

exquisite ऍक्स् क्वि'ज़िट *a.* 1. उत्कृष्ट, उत्तम [beauty सौन्दर्य, novel उपन्यास, person व्यक्ति, work काम]. 2. भारी, तीव्र [happiness सुख, pain पीड़ा^F, pleasure प्रसन्नता^F]. 3. सूक्ष्म : ~ sensibility ≈ संवेदनशीलता^F.

extant ऍक्स्'टन्ट *a.* विद्यमान, वर्तमान, मौजूद [building भवन, custom रिवाज, painting चित्र]; the Mughal buildings are still ~ मुग़ल इमारतें अब भी ≈ हैं. [*as distinct from* extent]

extend इक्स'टॅन्ड I. *v.t.* 1. तानना, फैलाना, बढ़ाना, विस्तार करना : to ~ a road सड़क^F का विस्तार करना; to ~ holidays छुट्टियाँ बढ़ाना; to ~ smth in various directions किसी वस्तु^F को विभिन्न दिशाओं में फैलाना या बढ़ाना; ~ your hand in friendship मित्रता का हाथ बढ़ाओ; to ~ business व्यापार बढ़ाना. 2. पहुँचाना, देना : to ~ welcome स्वागत करना; to ~ a favour कृपा^F करना. II. *v.i.* बढ़ना, फैलना, विस्तार होना : our college field ~s as far as those trees हमारे विद्यालय का मैदान दूर तक उन पेड़ों तक फैला है; my jurisdiction ~s to the coast मेरे अधिकार-क्षेत्र का विस्तार तट तक है; his business has ~ed उसका व्यापार बढ़ गया है (फैल गया है). **extension** इक्स् टेन्'शन n^c. 1. विस्तार, फैलाव : an ~ of time limit समय-सीमा^F का विस्तार; an ~ of leave छुट्टी^F का बढ़ाव; an ~ of house मकान का विस्तार. 2. बाज़ू का हिस्सा, बाज़ू, शाखा^F : the school was not big enough so an ~ was built on it विद्यालय पर्याप्त बड़ा नहीं था इसलिए बाज़ू का हिस्सा बनवा दिया गया; there are ~s to the buildings on the jetty घाट पर इमारतों के बाज़ू के हिस्से हैं. **extensive** इक्स टेन्'सिव़ *a.* विस्तृत, व्यापक, विस्तीर्ण, फैला हुआ, लंबा-चौड़ा [alteration परिवर्तन, space जगह^F, views विचार]; there are ~ gardens behind the house मकान के पीछे लंबे-चौड़े बगीचे हैं. ~damage व्यापक हानि^F; his knowledge of history is quite ~ उसका इतिहास का ज्ञान काफी विस्तृत है.

extent इक्स् टॅन्ट' n^u. हद^F, सीमा^F : to this ~ इस सीमा तक; to what किस ≈ तक; to a certain ~ कुछ ≈ तक; to so much ~ इतनी ≈ तक; to what ~ can we believe it किस ≈ तक हम इसका विश्वास कर सकते हैं? [*as distinct from* extant]

exterior ऍक्स्'टिअ'रिअर I. *a.* बाहरी, बाह्य : the ~ part of the building was dirty इमारत का ≈ भाग गंदा था; the ~ portion of a wall दीवार^F का ≈ हिस्सा; you need ~ help तुमको ≈ सहायता^F की ज़रूरत है. [*ant.* interior] II. n^c. 1. रूपरंग^F, आकृति^F : a man of charming ~ रमणीय ≈ वाला व्यक्ति. 2. बाहरी भाग : the ~ of the house needs a whitewash मकान के बाहरी भाग में सफ़ेदी दरकार है. [*ant.* interior]

exterminate ऍक्स् टर्'मिनेट *v.t.* मटियामेट करना, बरबाद करना, तहस-नहस करना, निर्मूल करना, उखाड़ फेंकना, उन्मूलन करना : mosquitoes must be ~d मच्छरों को निश्चित रूप से तहस-नहस किया जाना चाहिए; to ~ vermin चूहों को निकाल फेंकना; to ~ the enemies शत्रुओं का मटियामेट करना.

external ऍक्स् टर्'नल *a.* **1.** बाह्य, बाहरी, बाहर का : this medicine is not for ~ use इस दवा^{F} का प्रयोग बाहर नहीं करना है. **2.** विदेशी, वैदेशिक, परराष्ट्र, परराष्ट्रिक [bills हुण्डी, department विभाग, influence प्रभाव, trade व्यापार]. [*ant.* internal]

extinguish इक्स् टिङ्'ग्विश *v.t.* **1.** बुझाना : please ~ your cigarette कृपया अपना सिगरेट बुझा दें; firemen ~ fires by spraying water on them फ़ायरमैन आग पर पानी की धार^{F} छोड़कर बुझा देते हैं; to ~ a flame ज्वाला को बुझाना. **2.** नष्ट करना, खत्म करना, मिटाना : to ~ all hopes सभी आशाओं^{F} को ≈; all his expectations were ~ed by the jury's verdict जूरी के निर्णय से उसकी सभी आशाएँ^{F} मिट गईं; to ~ one's faith किसी का विश्वास हटाना.

extol इक्स् टॉल' *v.t.* (extolled, extolling) गुणगान करना, गुणानुवाद करना, प्रशंसा^{F} करना : to ~ the merits of a propositions प्रस्ताव का गुणगान करना; to ~ smb to the skies प्रशंसा करके किसी को आसमान पर चढ़ाना; the Principal went on ~ling his merits प्राचार्य उसके गुणों की प्रशंसा^{F} करते रहे; his honesty has been often ~ led उसकी ईमानदारी^{F} की प्रशंसा अक्सर की जाती रही है.

extort इक्स् टॉर्ट' *v.t.* छीनना, ऐंठना, ज़बरदस्ती निकालना : to ~ smth against one's determined will किसी की दृढ़ इच्छा^{F} के विरुद्ध कुछ छीनना; ~ money पैसा ऐंठ लेना; to ~ a promise ज़बरदस्ती वचन लेना; to ~ confession of a crime ज़बरदस्ती अपराध मनवाना. **extortion** इक्स् टॉर्'शन n^{c}. ज़बरदस्ती^{F} : promise, confession obtained by ~ ≈ से प्राप्त वचन, संस्वीकृति.

extra *pref.* (outside) के बाहर; ~-judicial, ~marital, ~-ordinary, ~ -territorial

extra ऍक्स्'ट्रा **I.** *a.* **1.** विशेष, असाधारण : ~ ordinary असाधारण. **2.** अतिरिक्त, फ़ालतू [charge भार, time समय]; ~ curricular पढ़ाई के अतिरिक्त; ~ judicial कानूनी मामलों से असंबद्ध; the shopkeeper weighed out the apples and gave me an ~ one for myself दुकानदार ने सेब तौले और मेरे अपने लिए एक ≈ सेब दिया. **II.** *adv.* अति : ~ clever अति चतुर.

extract इक्स् ट्रैक्ट' **I.** *v.t.* **1.** निचोड़ना, सार या अर्क निकालना : to ~ an essence from a plant किसी पौधे से रस/अर्क निकालना; to ~ with strong pressure तेज़ दाब से रस ≈; to ~ scent from flowers फूलों से इत्र ≈. **2.** उखाड़ना, खींचना, निकालना : to ~ a nail, tooth कील, दाँत ≈; ~ gold from ore अयस्क से सोना निकालो; to ~ a particle of coal from one's eye किसी की आँख^{F} से कोयले का कण ≈. **3.** उद्धत करना : to ~ a passage from a book किताब^{F} से अनुच्छेद ≈. **4.** प्राप्त करना : to ~ promise वचन प्राप्त करना; to ~ pleasure from an event किसी घटना से आनंद ≈; to ~ confession of a crime अपराध की स्वीकृति ≈ (मनवाना). **II.** ऍक्स्'ट्रक्ट n^{c}. **1.** (quotation) उद्धरण : I can give you several ~s from that book मैं तुम्हें उस पुस्तक^{F} से कई ≈ दे सकता हूँ. **2.** सार, सत्त्व, सत्त, निचोड़ : ~ of almonds बादामों का ≈.

extraordinary इक्स् ट्रॉर्ड'नॅरि *a.* **1.** असाधारण, विशेष, खास [beauty सुंदरता, charm आकर्षण, man आदमी, writer लेखक]. **2.** अनोखा, निराला, अजीब : an ~ behaviour अनोखा व्यवहार; ~ demonstration ≈ प्रदर्शन; what an ~ thing ! कितनी अनोखी बात^{F} है. [*ant.* ordinary, usual]

extravagance इक्स् ट्रै'व़गन्स n^{c}. **1.** असंयम : he praised her with ~ उसने उसकी असंयत प्रशंसा^{F} की. **2.** (wastefulness) अतिव्यय, अपव्यय, फ़िज़ूलखर्ची : avoid ~ of money धन का अपव्यय मत करो. **extravagant** इक्स् ट्रै'व़्गन्ट *a.* **1.** असंयत : ~ behaviour ≈ व्यवहार : ~ expression ≈ अभिव्यक्ति^{F}. **2.** (excessive) मनमाना, बेहद,

अत्यधिक [praise प्रशंसा^{F}, spending खर्च] an ~ use of one's energy अपनी शक्ति का ≈ प्रयोग. **3.** (wasteful) अपव्ययी, फ़िज़ूल खर्च : ~ lady अपव्ययी महिला. **4.** (illogical) बेतुका : ~ claim ≈ दावा.

extreme इक्स् ट्रीम' **I.** *a.* **1.** अंतिम, आख़िरी, अन्त्य : the cat was at the ~ end of the branch बिल्ली शाखा^{F} के ≈ छोर पर थी; ~ end of the road सड़क का ≈ सिरा; the ~ ends of the earth पृथ्वी के ≈ छोर **2.** (excessive) अत्यधिक [danger खतरा, happiness प्रसन्नता^{F}, old age बुढ़ापा, pain पीड़ा^{F}, sorrow दुःख]; that day we were in an ~ danger उस दिन हम ≈ खतरे में थे; it was ~ temperature yesterday कल ≈ तापमान था. [*ant.* moderate] **3.** (various meanings in contexts) to take ~ action सख्त कार्रवाई^F करना; ~ views उग्र विचार **II.** n^c. अति^{F} : to go to ~ ≈ करना; he has been liberal in the ~ वह ≈ उदार रहा है. **extremely** इक्स् ट्री'मलि *adv.* नितांत, अत्यधिक, बेहद : I am ~ sorry मुझे ≈दुःख है; I am ~ obliged to you मैं आपका ≈ आभारी हूँ; it is ~ necessary यह ≈ ज़रूरी है; they worked ~ slowly उन्होंने ≈ धीमा काम किया; Chinese is an ~ difficult language चीनी ≈ कठिन^F भाषा है.

exult इग् ज़ल्ट' *v.i.* आनंदित होना, फूले न समाना; he ~s **in/at** his success वह अपनी सफलता^{F} से फूले नहीं समाता; they ~ed at the victory of the team वे टीम^F की विजय^F पर आनंदित हुए.

eye आइ n^c. **1.** आँख, नेत्र, नयन [beautiful सुंदर, blue नीली, brown भूरी, dark काली, sad उदास, tired थकी-थकी, weak कमज़ोर]; she opened her ~s उसने अपनी आँखें खोलीं; I saw it with my own ~s मैंने उसे अपनी आँखों देखा था. I did not believe my ~s मुझे अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हुआ; you have two ~s तुम्हारी दो आँखें हैं. ~ in a potato आलू की ≈ (अँखुआ) ; he saw me with the ~ of suspicion उसने मुझे शंका^{F} की दृष्टि^{F} से देखा. **2.** निगरानी^{F}, ध्यान : policeman kept an ~ on his movements पुलिस^F ने उसकी गतिमति की निगरानी की, का ≈ रखा. **3.** of a needle सुई का नाका; **~ball** आइ'बाल n^c. आँख का डेला, नेत्र गोलक. **~brow** आइ'ब्रो n^c. भौंह^F, भृकुटी^{F}. **~lash** आइ'लैश n^c. बरौनी. **~lid** आइ'लिड n^c. पलक^F. **~sight** आइ'साइट n^c. दृष्टि^{F}, दृष्टिशक्ति^{F} : you have good ~ if you can see well without glasses तुम्हारी ≈ अच्छी है यदि तुम बिना चश्मे के अच्छी तरह देख सको. **~sore** आइ'सॉर n^c. आँख का घाव, आँख का काँटा, आँख की किरकिरी^{F} : कुरूप वस्तु : the old hotel is an ~ to me पुराना होटल मेरी आँखों की किरकिरी है. **~witness** आइ'विटनिस n^c. प्रत्यक्षदर्शी, प्रत्यक्ष साक्षी, ऐसा साक्षी या गवाह जिसने किसी घटना को अपनी आँखों से देखा हो, चश्मदीद गवाह; ~witness account आँखों देखा वर्णन. Δ **an ~ for an ~** खून का बदला खून से; **to have an ~ for art, beauty** कला, सौंदर्य की पहचान^F होना : **if you had half the eye** यदि तुम ज़रा भी ध्यान से देखते; **in the eyes of smb, law** किसी, कानून की दृष्टि में, **in one's mind's ~** कल्पना में; **in the ~s of smb.** किसी की राय^F में; **to be all eyes** बहुत ध्यान से देखना; **to catch the teacher's ~** किसी अध्यापक की निगाह^F में आना : **to have an ~ on smth** किसी चीज^F का ख़्याल रखना; **to keep an ~ on smb.** किसी की निगरानी^{F} करना; **to keep one's ~s open** सजग रहना; **to look smb in the ~** किसी का चेहरा प्रत्यक्ष देखना; **to make ~s at smb.** किसी को प्यार से देखना; **mind your ~** सावधान ! **to open smb's ~s** किसी की आँखें खोल देना; **to see ~ to ~ with smb.** किसी से पूरी तरह सहमत होना; **to shut one's ~s to** की अनदेखी^{F} करना; **to throw dust in smb's eyes** किसी की आँखों में धूल^F झोंकना (धोखा देना) ; **with an ~ to** का ध्यान रखते हुए; she left the school with an eye to her marriage शादी^{F} का ध्यान रखते हुए उसने स्कूल छोड़ दिया; **with half an ~** सरसरी तौर पर; **with one's eyes open** जान-बूझकर.

F, f

f. foul, foot.

fable फ़े'बल n^c. नीति कथा^{F}, कहानी^{F}, किस्सा : a dragon is only a ~ ड्रेको केवल एक ≈ है; ~s of *Hitopadesh* and Panchtantra हितोपदेश और पंचतंत्र की कहानियाँ^{F}

fabric फ़ै'ब्रिक n^c. **1.** ढाँचा, बनावट, रचना : the flood ruined the furniture and fittings of the house but the ~ was not damaged बाढ़ ने घर का फर्नीचर और साज़ वस्तुएँ नष्ट कर दीं लेकिन ढाँचा खराब नहीं हुआ; the ~ of a society समाज का ढाँचा. **2.** इमारत^F, भवन : the school is a fine ~ विद्यालय एक सुंदर ≈ है. **3.** कपड़ा, वस्त्र, पट [cotton सूती, silk रेशमी, woollen ऊनी]

fabricate फ़ै'ब्रिकेट *v.t.* बनाना, गढ़ना : this excuse was ~d यह बहाना गढ़ा गया था.

fabrication फ़ैब्रिके'शन n^c. कपोल-कल्पना^{F}, मनगढ़न्त^F, जालसाज़ी : his story is all a ~ of his own mind उसकी कहानी^{F} पूरी ≈ है.

face फ़ेस **I.** n^c. **1.** चेहरा, मुँह, मुख [angry नाराज़, beautiful सुंदर, charming आकर्षक, gloomy उदास, happy प्रसन्न, round गोल, ugly भद्दा]; don't show your ~ again फिर अपना मुँह न दिखाना; look at his ~ उसका ≈ देखो; I said it to his ~ मैंने इसे उसके मुँह पर कह दिया; there is a smile on Patoo's ~ पैटू के चेहरे पर मुस्कराहट^F है. Δ ~ **to** ~ आमने-सामने : bring them ~ to ~ उन्हें आमने-सामने ला दो; **from the ~ of the earth** धरातल से; **in one's face** किसी के मुँह पर; **in the ~ of danger** खतरा आ पड़ने पर; **does he have the ~ to come here again** क्या वह फिर यहाँ आने का दु:साहस कर सकता है? **he could not face me** वह मुझसे आंख^F नहीं मिला सका **to lose ~** लज्जित होना; **do not make ~ at me** मुझे मुँह न चिढ़ाओ; **she laughed in my ~** वह मेरे सामने हँसी; **to one's ~** किसी के मुँह पर : I cannot say it to his ~ मैं यह बात^F उसके मुँह पर नहीं कह सकता; **to pull a long ~** मुँह फुलाना; **to put a new ~ on smth** किसी चीज़^{F} का रूपरंग बदल देना; **to put a good ~ on smth** किसी बात^F का अच्छे रूप में दिखावा करना; **to put a bold ~ on smth** किसी बात^F का साहस से सामना करना; **to save one's ~** लाज^F रखना, अपनी बात^F या आन^F रख लेना; **to set one's ~ against smth** किसी बात^F का डटकर विरोध करना. **2.** अग्रभाग, आगा : the ~ of a cliff चट्टान^F का अग्रभाग. **3.** (various meanings in contexts) ~ lift चेहरे का सुधार, कमरे का सुधार; ~ powder मुँह पर मलने का पाउडर; ~ value लिखित मूल्य. **II.** *v.t.* **1.** के सामने होना, सम्मुख होना, का सामना करना : he has ~d his rival उसने प्रतिद्वंद्वी का सामना किया; his house ~s a park उसके घर के सामने पार्क है; we will ~ the danger bravely हम ख़तरे का बहादुरी^{F} से सामना करेंगे; to ~ a disagreeable necessity अनिष्ट आवश्यकता^{F} का सामना करना; to ~ a situation किसी स्थिति^{F} का सामना करना; he ~d the audience वह श्रोताओं के सामने आया. [*ant.* avoid] the windows ~ north-south खिड़कियों^{F} का मुँह उत्तर-दक्षिण की ओर है. **2.** की ओर अभिमुख होना या देखना, सीधे रख देना : I ~d him मैंने उसकी ओर देखा; please tell me how I can ~ her कृपया मुझे बताइए कि मैं उसके सामने कैसे जाऊं.

facial फ़े'शल **I.** *a.* चेहरे का : ~ expression मुख-मुद्रा^{F}. **II.** n^c. चेहरे का प्रसाधन : she has several ~s उसके पास चेहरे के कई प्रसाधन हैं.

facility फ़सि'लिटि n^c. (*pl.* facilities) **1.** सुविधा^{F}, सुभीता, सहूलियत^F : facilities for education शिक्षा^{F} के लिए सुविधाएँ; to enjoy a ~ सुविधा पाना; to give ~ ≈ देना. **2.** (dexterity) दक्षता^{F}, निपुणता^{F}, कौशल : he showed ~ in learning English उसने

अंग्रेज़ी[F] सीखने में ≈ दिखाई; she drives with ~ वह दक्षतापूर्वक गाड़ी[F] चलाती है. [*as distinct from* felicity]

fact फ़ैक्ट *n*[c]. सच्चाई[F], तथ्य, वास्तविकता[F], यथार्थ [important महत्वपूर्ण, obvious स्पष्ट, well known सुविदित]; it seems strange but it is a ~ यह अजीब लगता है लेकिन है सच/यथार्थ; some ~s have been known कुछ तथ्य जाने जा चुके हैं; to confess the ~ ≈ को स्वीकार करना; it is a ~ that he failed यह सत्य है कि वह फ़ेल हो गया; tell me the ~ of the case मुझे इस मामले की सच्चाई बताइये; as a matter of ~ he never came वास्तव में वह कभी नहीं आया; ~s are more important than opinion मत से तथ्य अधिक महत्वपूर्ण होते हैं; the ~ is that he was alone yesterday सही यह है कि कल वह अकेला था; I know it for a ~ मैं इसे सही मानता हूँ; in point of ~, in ~ वास्तव में, वस्तुतः [*ant.* fiction]

factor फ़ैक्'टर *n*[c]. **1.** कारण : one of the ~s of his failure was laziness उसकी असफलता[F] के कारणों में एक थी निष्क्रियता[F]; earthquakes are a ~ to be reckoned with in building construction इमारत[F] का निर्माण करते हुए भूकंप के होने के संभावनाओं को सोच लेना होता है. **2.** अंश, भाग, खंड : two and three are ~s of six दो और तीन छह के खंड हैं. **3.** (of person) आढ़तिया, अभिकर्ता : he is a ~ of the company वह कंपनी का ≈ है. **4.** common ~ समापवर्तक.

factory फ़ैक्'टरि *n*[c]. कारख़ाना, फ़ैक्टरी[F] [chemical रासायनिक, military सैन्य, modern आधुनिक, textile कपड़े का/की, tractor ट्रैक्टर]; go to the ~ कारख़ाने जाओ; he works in a ~ वह कारख़ाने में काम करता है; the ~ employs over 2000 men कारख़ाने में दो हज़ार से ज़्यादा लोग लगे हैं; that is a ~ where cards are made वह एक ≈ है जिसमें कार्ड बनते हैं; a woollen ~ ऊनी कपड़ों का ≈.

faculty फ़ै'कल्टि *n*[c]. (*pl.* faculties) **1.** संकाय [Arts कला, law विधि, medical चिकित्सा]. **2.** शक्ति[F], सामर्थ्य[F], क्षमता[F] : the ~ of hearing श्रवण; he has a great ~ for amusing people लोगों का मनोरंजन करने की उसकी बड़ी ≈ है; ~ for doing particular things well विशेष वस्तुओं[F] को अच्छी तरह[F] करने की ≈; he has the ~ to learn languages उसमें भाषाएँ सीखने की क्षमता है.

fade फ़ेड *v.t.* **1.** (dim) मंद पड़ना, कम होना : the noise of the rocket will soon ~ राकेट की आवाज़[F] शीघ्र ही मंद पड़ जाएगी; the sound ~d in the distance दूरी[F] पर आवाज़ कम हो गई; her beauty ~d उसकी सुंदरता[F] कम हो गई. **2.** फीका पड़ना : colours ~ in the sun धूप में रंग फीके पड़ जाते हैं; the dress ~d when we washed it जब हमने ड्रेस धुलाई तो उसका रंग फीका पड़ गया. **3.** (wither) मुरझाना, कुम्हलाना : flowers soon ~d फूल शीघ्र ही मुरझा गए; her face ~d उसका चेहरा कुम्हला गया. **4.** ~ **away** लुप्त होना, ओझल होना : the shops ~d into the night दूकानें रात[F] के अंधेरे में ओझल हो गईं; to ~ out of sight दृष्टि[F] से ओझल होना; to ~ from memory याद न रहना; the music ~ed away संगीत लुप्त होता गया.

fahr. fahrenheit

fail फ़ेल *v.t.i.* **1.** *v.i.* कम होना, का अभाव होना : his eyesight was beginning to ~ उसकी आँख[F] की रोशनी[F] कम होने लगी; to ~ in one's ventures साहसिक कार्यों में कमी होना; supplies of food ~ed भोजन की आपूर्ति[F] कम हो गई. **2.** असफल होना, फ़ेल होना : he tried to convince him but ~ed उसने आश्वस्त करने का प्रयास किया पर असफल हो गया; the plan failed योजना[F] असफल हो गई; he felt that he had ~ed completely उसने अनुभव किया कि वह पूरी तरह असफल है; he has ~ed in the examination परीक्षा[F] में वह असफल हो गया है. **3.** ख़राब होना : the engine ~ed इंजन ख़राब हो गया. **4.** क्षीण होना, नष्ट हो जाना, समाप्त हो जाना : my eyesight is ~ing मेरी आँख[F] की रोशनी[F] क्षीण हो रही है; his health was ~ing उसका स्वास्थ्य क्षीण हो रहा था. **5.** चूकना : ~ to do न करना; he ~ed to appear in the court वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ. [*ant.* succeed] **II.** *n*[u]. चूक[F] : I will come without ~ मैं अवश्य आऊंगा. **failure**

फ़े'ल्यर *n*^c^. **1.** असफलता^F^, विफलता^F^ [complete पूरी, partial आंशिक]; the business was a ~ from the start व्यापार शुरू में ही असफल हो गया; she was a complete ~ as an actress अभिनेत्री^F^ के रूप में वह पूरी तरह असफल थी; how will you explain his ~ तुम उसकी ≈ को कैसे व्याख्यायित करोगे; whole of his affair ended in ~ उसका पूरा मामला अंत में असफल हो गया; the experiment was a ~ प्रयोग असफल हो गया; he is a ~ वह असफल व्यक्ति है. [*ant.* success] **2.** अभाव, कमी^F^ : his ~ to appear in the court न्यायालय में उसका पेश न होना. **3.** the ~ of the harvest फ़सल^F^ का मारा जाना; heart ~ हृदयगति रुक जाना.

faint फ़ेन्ट **I.** *a.* **1.** (dim) हलका, मद्धम : ~ light ≈ प्रकाश; ~ colour ≈ रंग; ~ sound मद्धम ध्वनि^F^; there is not the ~est chance ज़रा-सी भी आशा^F^ नहीं है. **2.** कमज़ोर, अशक्त : I feel very ~ मैं बहुत ≈ महसूस कर रहा हूँ; it was a ~ attempt यह एक कमजोर-सा प्रयास था; he was a ~ hearted man वह कमज़ोर-दिल या डरपोक व्यक्ति था. **3.** थोड़ा-सा, कम : there was a ~ hope that he would return बहुत कम आशा^F^ थी कि वह लौट आएगा; I have not the ~est idea मुझे ज़रा सा भी ध्यान नहीं है. **4.** शिथिल : he is ~ with hunger वह भूख^F^ से ≈ हो रहा है. **II.** *v.t.* बेहोश हो जाना, मूर्च्छित होना : the boy has ~ed लड़का मूर्च्छित हो गया है; he would have ~ed if we told her यदि हम उसे बताते तो वह बेहोश हो जाती; he ~ed from the loss of blood खून कम हो जाने के कारण वह बेहोश हो गया; he ~ed because of the heat वह गर्मी के कारण बेहोश हो गई; some people ~ at the sight of an accident कुछ लोग कोई दुर्घटना^F^ देखकर बेहोश हो जाते हैं; you would have succeeded if you had not ~ed यदि तुम मूर्च्छित न हो गए होते तो सफल हो जाते.

fair फ़ेंअर **I.** *a.* **1.** मनोहर, सुंदर [hair बाल, lady महिला, maiden कुमारी]. [*ant.* ugly] **2.** अच्छा, अच्छा-भला : he has a ~ knowledge of the subject उसे इस विषय का अच्छा ज्ञान है; you had a ~ chance तुम्हारे लिए एक अच्छा मौका था. **3.** अच्छा, साफ़ : in the ~ weather you can see the mountains साफ़ मौसम में तुम पर्वतों को देख सकते हो. **4.** गोरा, साफ़ : ~ complexion ≈ रंग; she is ~ वह गोरी है. [*ant.* dark] **5.** (just) उचित, न्यायसंगत, न्यायोचित : that is not ~ वह उचित नहीं है; to speak ~ न्यायसंगत बोलना. [*ant.* unfair, unjust] **6.** शुद्ध, साफ़, सुवाच्य, स्वच्छ : ~ copy साफ़/शुद्ध प्रति^F^; ~ writing सुवाच्य या साफ़ लिखाई^F^; ~ deal वाजिब सौदा, खरा सौदा; उचित व्यवहार : ~ or foul उचित-अनुचित : by ~ or foul means ≈ तरीके से; ~ minded न्यायशील; ~ play न्याय, इंसाफ़, ईमानदारी, उचित व्यवहार, साफ़ बात^F^ या मामला; ~ price उचित दाम; ~ price shop उचित या वाजिब दामों पर सामान बेचने वाली दुकान^F^, उचित भाव की दुकान; ~ sex महिलाएँ, नारी जाति^F^, स्त्री जाति^F^; ~ way अनुकूल स्थिति^F^ : I was in a ~ way to win the prize मैं पुरस्कार पाने की अनुकूल स्थिति में था; ~ weather friend मतलबी दोस्त या अच्छे दिनों का साथी; a ~ weather road खुले मौसम में चालू सड़क^F^. [*ant.* unfair, foul] **II.** *n*^c^. मेला : ~ ground मेले का मैदान : the ~ is held here मेला यहाँ लगता है; people buy all kinds of things at the ~ लोग मेले में सभी प्रकार^F^ की वस्तुएँ^F^ खरीदते हैं; the day after the fair मेले के दूसरे दिन. [*as distinct from* fare] **fairly** फ़ेंअर'लि *adv.* काफ़ी (अच्छा) : the play was ~ good खेल ≈ था; a ~ good exercise ≈ अभ्यास; ~ widespread rain काफ़ी दूर तक वर्षा^F^; a ~ good swimmer ≈ अच्छा तैराक; he did not act ~ towards me उसने मेरे लिए अच्छा काम (व्यवहार) नहीं किया; he is a ~ good player वह ≈ अच्छा खिलाड़ी है; I can see ~ well from here मैं यहाँ से काफ़ी अच्छी तरह देख सकता हूँ. **fairness** फ़ेंअर्'निस *n*^u^. **1.** ईमानदारी^F^ : in all ~ पूरी ≈ से. **2.** गोरापन : ~ of her complexion उसके रंग का ≈.

fairy फ़ेअ'रि *n*^c^. परी^F^ : ~ land ≈ लोक; ~ tales परियों की कहानियाँ; ~ is an

imaginary creature with magical powers ≈ एक जादुई शक्ति वाला काल्पनिक प्राणी है.

faith फ़ेथ n^c. **1.** विश्वास, निष्ठा^{F}, ईमान, श्रद्धा^{F} : to have ~ in God ईश्वर पर श्रद्धा/विश्वास होना; to have ~ in a person किसी व्यक्ति के प्रति आस्था^{F} रखना; to keep ~ विश्वास बनाए रखना; though in a dangerous country, we were not worried because we had full ~ in our leader यद्यपि हम ख़तरनाक देश में थे लेकिन हम चिंताकुल नहीं थे क्योंकि हमें अपने नेता पर पूर्ण विश्वास था. **2.** (religion) धर्म, मज़हब [Christian ईसाई, Hindu हिन्दू, Muslim मुस्लिम]. **3.** वचन, वायदा : to pledge one's ~ to smb किसी को वचन देना, किसी से वायदा करना; to break one's ~ अपना ≈ तोड़ना; to keep one's ~ वायदा पूरा करना. **4.** Δ **in good ~** सद्भावना से^{F}; **in bad ~** बेईमानी^{F} से. **faithful** फ़ेथ'फुल *a.* **1.** विश्वसनीय, ईमानदार, वफ़ादार [friend मित्र, husband पति, wife पत्नी]; he is always ~ to his friend वह अपने मित्रों के प्रति हमेशा ≈ है. [*ant.* un ~] **2.** (accurate) ठीक, हू-ब-हू, सही [account हिसाब, copy प्रति^{F}/नकल^F, translation अनुवाद]; you must have ~ translation तुम्हें सही अनुवाद करना चाहिए. **faithless**. फेथ'लिस *a.* **1.** अविश्वसनीय, झूठा, बेईमान, बेवफ़ा : ~ servant ≈ नौकर. **2.** बेधर्मी, बेदीन : ~ man ≈ आदमी; ~ nation ≈ जाति^{F}.

fake फ़ेक **I.** *v.t.* नकल करना, जाली बनाना : a cheat ~d up the jewellery एक धोखेबाज़ ने जाली आभूषण बनाए; to ~ (up) a story कहानी^{F} गढ़ना/बना लेना. **II.** *a.* झूठा, नकली, जाली : a ~ policeman ≈ पुलिस वाला; that is not the real diamond but a ~ one वह असली हीरा नहीं है, नकली है. **III.** n^c. धोखा, नकल^F : it is a ~ यह नकली माल है, इसमें धोखा है; that picture is not Husain's, it is a ~ वह चित्र हुसैन का नहीं है, नकल है.

fall फ़ाल **I.** *v.i.* (fell, fallen) **1.** गिरना : it fell out of your pocket यह तुम्हारी जेब^F से गिर गया; he fell down from the tree वह पेड़ पर से नीचे गिर पड़ा; the trees fell down in the storm तूफ़ान में पेड़ गिर गए; the Ganga ~s into the Bay of Bengal गंगा बंगाल की खाड़ी^{F} में गिरती है; prices are ~ing कीमतें^{F} गिर रहीं हैं; night temperature has ~en रात^F का तापमान गिर गया है. [*ant.* rise] **2.** पड़ना : to ~ sick बीमार पड़ जाना; my birthday ~s on the new year's day मेरा जन्मदिन नए साल के पहले दिन पड़ता है; smth has ~en into my eye मेरी आँख^F में कुछ पड़ गया है; the choice fell on me पसंद^F मुझ पर आ पड़ी; the task fell on me काम मुझ पर आ पड़ा; she soon fell behind the others वह शीघ्र ही दूसरों से पीछे हो/रह गई. **3.** मर जाना : to ~ in battle युद्ध में काम आना; a tiger fell to his gun उसकी बंदूक^F से एक शेर मारा गया. **4.** फँस जाना : to ~ in love प्रेम में ≈; he fell among dacoits वह डाकुओं के बीच फँस गया. **5.** (of slope) उतरना, ढालू होना : the road ~s here सड़क यहाँ ढालू होती है. **6.** (various meanings in contexts) the fortress fell किला जीता गया; the leader fell नेता की प्रतिष्ठा^{F} कम हो गई; the wind fell हवा^{F} का ज़ोर कम हो गया. **7.** (idioms) Δ **to ~ a prey to** का शिकार होना; **to ~ away** धँसना : the earthwork fell away कच्चा बाँध धँस गया; **~ back** हटना, पीछे हटना, पीछे रह जाना : we fell back before the enemy's advance शत्रुओं के आगे बढ़ने से पहले हम पीछे हट गए; **~ back upon** का सहारा लेना, पर निर्भर करना : the old man ~s back on his savings बूढ़ा आदमी अपनी बचत^F पर निर्भर करता है; **~ behind** पीछे रह जाना : he fell behind in his work वह अपने काम में (दूसरों से) पीछे रह गया या पिछड़ गया; **~ flat** व्यर्थ जाना, बेकार होना, नाकाम हो जाना : the plan fell flat योजना नाकाम हो गई; **~ off** (a) से गिरना, गिर जाना : the rider fell off the horse सवार घोड़े से गिर पड़ा; (b) हटना, साथ छोड़ना : my friends fell out in adversity मेरे मित्र विपत्ति^{F} पड़ने पर छोड़/हट गए; (c) कम होना, घटना : the members of our club are ~ing off हमारे क्लब के सदस्य कम हो रहे हैं. Δ ~

on/upon टूट पड़ना : our troops fell on/upon the enemy हमारी सेना^F शत्रु पर टूट पड़ी; ~ **out** (a) झगड़ा करना : why do you ~ out with your classmates तुम अपने सहपाठियों से झगड़ा क्यों करते हो? (b) होना : it so fell out that... ऐसा हुआ कि_; ~ **short** कम पड़ना, नाकाफ़ी होना : our rations fell short हमारा राशन कम पड़ गया; ~ **through** गिर जाना, रह जाना : the resolution fell through प्रस्ताव रह गया; ~ **to pieces** टुकड़े-टुकड़े हो जाना : the plate fell to pieces प्लेट टुकड़े-टुकड़े हो गई. [*ant.* rise] **II.** *n*^u. **1.** गिरावट^F : ~ in prices कीमतों^F में गिरावट. **2.** पतन : ~ of British Empire ब्रिटिश साम्राज्य का पतन. **3.** water-~ प्रपात. **4.** rain ~ वर्षा^F की मात्रा^F. **5.** ~ of fortress किले की पराजय^F.

fallow फ़ै'लो *a.* परती, बंजर : ~ land is ground that is ploughed but no crops are grown in it for a year ≈ ज़मीन वह भूमि है जो जोती जाए तो उसमें एक साल तक कोई फ़सल उगाई नहीं जाती; he left the land ~ for a year उसने भूमि^F को एक साल तक परती रखा. [*as distinct from* fellow]

false फ़ाल्स *a.* **1.** असत्य, मिथ्या, झूठा [document दस्तावेज़, evidence साक्ष्य, friend मित्र, impression प्रभाव, information सूचना^F, position स्थिति^F, pride अभिमान, promise वायदा, signature हस्ताक्षर, statement कथन]; ~ money जाली पैसा. **2.** (artificial) नकली, बनावटी [hair बाल, teeth दाँत]; ~ coin खोटा सिक्का; ~ weights खोटे बाट; ~ imprisonment अवैध कारावास; the runners made ~ start and were called back धावकों ने गलत शुरुआत की और वापस बुला लिए गए; ~ **hearted** बेवफ़ा : he was ~ hearted to his friends वह अपने मित्रों के प्रति निष्ठाहीन था. Δ **to play smb** ~ किसी-से विश्वासघात करना. [*ant.* true] **falsehood** फ़ाल्स्'हुड *n*^c. असत्यता, झूठ : his statement was ~ उसका बयान झूठा था [*ant.* truth]

falter फ़ाल्'टर *v.t.* **1.** लड़खड़ाना, डगमगाना : he ~s while walking वह चलते हुए लड़खड़ाता है; his business has ~ed उसका व्यवसाय लड़खड़ा गया है; his voice ~ed उसकी ज़बान^F लड़खड़ा गई. **2.** हकलाना : to ~ in speech बात^F करते हकलाना. **3.** (flinch) विचलित होना, झुकना, हिम्मत हारना : the thought ~ed him विचारों ने उसे विचलित कर दिया; the old man ~ed at last बूढ़ा अंततः हिम्मत^F हार गया.

fame फ़ेम *n*^c. नाम, यश, कीर्ति^F, ख्याति^F [rising बढ़ती हुई, widespread दूर तक फैली]; his first book brought him ~ उसकी पहली किताब ने उसे प्रसिद्धि दी; he has earned ~ as a writer उसने लेखक के रूप में ख्याति^F अर्जित की है; she dreamed of ~ उसने ≈ पाने का सपना देखा; the ~ of Subhash spread to every country सुभाष का नाम हर देश में फैल गया; to achieve/find ~ as a scientist वैज्ञानिक के रूप में ≈ प्राप्त करना. [*ant.* infamy]

familiar फ़मि'ल्यर *a.* **1.** परिचित, जानकार, जाना-बूझा, जाना-पहचाना, सुविदित [face चेहरा, name नाम, place°स्थान, song गीत, sound आवाज़, subject विषय, voice स्वर, way रास्ता]; her face seemed ~ to me उसका चेहरा मुझे परिचित लगा; to be ~ with a foreign language विदेशी भाषा का जानकार होना; I am not at all ~ with this subject मैं इस विषय को बिलकुल नहीं जानता; I am very well ~ with this kind of work इस तरह के काम से मैं भली-भाँति परिचित हूँ; do not be so ~ इतना परिचित न बनो. **2.** (various meanings in contexts) ~ friend घनिष्ठ मित्र; ~ sight सामान्य दृश्य; ~ style अनौपचारिक शैली^F. [*ant.* un~] **familiarity** फ़ॅमिलिऐ'रिटि *n*^c. **1.** परिचय, जान-पहचान^F, मेल-जोल : ~ with the people लोगों से परिचय; too much ~ breeds contempt अतिपरिचयादवज्ञा. **2.** जानकारी^F : ~ with a subject किसी विषय की जानकारी^F. **3.** अनौपचारिकता : he met her with ~ वह उससे अनौपचारिक ढंग से मिला. **familiarize** फ़ॅमि'ल्यराइज़ *v.t.* **1.** जानकारी^F कराना : to ~ smb with a subject किसी को एक विषय की ≈; this book ~s many facts यह पुस्तक कई तथ्यों

की जानकारी कराती है. 2. अभ्यस्त करना : to ~ oneself with new surroundings स्वयं को नए वातावरण से ≈.

family फ़ै'मिलि n^c. 1. परिवार [aristocratic कुलीन, famous प्रसिद्ध, happy प्रसन्न, intellectual बौद्धिक, joint संयुक्त, large बड़ा, middle-class मध्यमवर्गीय, poor गरीब, rich धनी]; he was the youngest in the ~ वह ≈ में सबसे छोटा था; we have a ~ of four हमारा चार लोगों का ≈ है; he comes of a noble ~ वह कुलीन ≈ का है; your ~ consists of your parents, brothers and sisters तुम्हारे ≈ में तुम्हारे माता-पिता, भाई और बहनें हैं; he has a large ~ उसका ≈ बड़ा है; he left his ~ in Australia उसने अपना ≈ आस्ट्रेलिया में छोड़ दिया; to bear the burden of a ~ ≈ का बोझ उठाना; ~ circle ≈ के लोग; ~ man बाल-बच्चेदार आदमी; ~ meeting ≈ का इकट्ठा होना; ~ physician पारिवारिक डाक्टर या चिकित्सक; ~ planning ≈नियोजन; ~ tree वंशावली^{F}, वंशवृक्ष. 2. कुल, वंश : ~ of nations राष्ट्रकुल; this characteristic runs in the ~ यह लक्षण पूरे परिवार में पाया जाता है. 3. she is in a ~ way वह गर्भवती है.

famine फ़ै'मिन *a.* अकाल, भुखमरी^{F}, दुर्भिक्ष : ~ relief दुर्भिक्ष निवारण, अकाल राहत; ~ conditions ≈ जैसी स्थिति^{F}; hundreds of people died in the ~ ≈ से हज़ारों लोग मर गए; the failure of monsoon may cause ~ मानसून के अभाव से ≈ पड़ सकता है; there is ~ in a place when the people are seriously short of food किसी स्थान पर ≈ तब होता है जब लोगों को खाद्य-पदार्थों की बहुत कमी^{F} हो जाती है. [*ant.* plenty]

famish फ़ै'मिश (old use) *v.t.i.* भूखों मरना या मारना : the poor children were ~d गरीब बच्चे भूखों मर गए; they had eaten nothing for two days and were ~ed उन्होंने दो दिन से कुछ नहीं खाया था और मर गए; the poor ~ गरीब भूखों मरते हैं. **famished** *a.* (very hungry) बहुत भूखा : he was ~ after hard work परिश्रम के बाद वह ≈ था.

famous फ़े'मस *a.* प्रसिद्ध, विख्यात, नामी, मशहूर [actress अभिनेत्री, man आदमी, scientist वैज्ञानिक, theatre थियेटर, writer लेखक]; he became ~ all over the world वह सारी दुनिया^{F} में ≈ हो गया; this place is ~ for its beautiful natural scenery यह स्थान अपने सुंदर प्राकृतिक दृश्यों के लिए ≈ है; he was ~ as an author वह लेखक के रूप में ≈ था; she was ~ for her wit वह अपनी बौद्धिक कुशलता^{F} (प्रत्युत्पन्न मति^{F}) के लिए ≈ थी. [*ant.* notorious]

fan फ़ैन I. n^c. 1. पंखा [electric बिजली का, hand हाथ का]. 2. (enthusiastic) प्रेमी, भक्त : the actor's ~s अभिनेता के प्रेमी भक्त; cricket ~ क्रिकेट का प्रेमी. II. *v.t.* (-nn-) 1. पंखा झलना/करना : the servant ~s his master नौकर अपने मालिक को पंखा झलता है. 2. (excite) उत्तेजित करना, भड़काना : to ~ a quarrel झगड़ा भड़काना; to ~ the flame आग भड़काना. 3. फैलना, फैलाना : the soldiers ~ned out on the hill सैनिक पहाड़ी पर फैल गए; to ~ a blame कलंक फैलाना.

fanatic फ़ॅनै'टिक *a.* कट्टर, धर्मांध, हठधर्मी, हठी, दुराग्रही : a ~ Hindu or Muslim एक ≈ हिन्दू या मुसलमान; ~ about food खाने के बारे में हठी.

fanciful फ़ैन्'सिफ़ुल *a.* 1. मौजी, लहरी : she is a ~ girl वह मौजी लड़की है. 2. (imaginary) काल्पनिक, अवास्तविक [dread भय, tale किस्सा]. 3. (odd) विलक्षण, अनोखा, विचित्र : ~ condition विचित्र स्थिति^{F}; ~ picture ≈ चित्र. **fancy** फ़ैन्'सि I. *a.* 1. रंग-बिरंगा, फैन्सी, भड़कीला [ring अंगूठी, shirt कमीज़]; ~ dress बहुरूपिया वेष. 2. सजावटी : ~ goods फैन्सी माल/सजावट और तड़क-भड़क का सामान; ~ work ≈ सिलाई^F का काम. 3. (extravagant) मनमाना, अत्यधिक : ~ price मनमानी कीमत^F. II. n^u. 1. कल्पनाशक्ति^{F}, कल्पना^{F} : that is all ~ वह सब कल्पनामात्र है; to think that you can climb that pole is just a ~ यह सोचना कि तुम उस खंभे पर चढ़ सकते हो, मात्र कल्पना है. 2. (whim) तरंग^F, मौज^F, सनक^F. 3. (liking) रुचि^{F}, पसंद^F : he has a ~ for eating cake उसकी केक खाने की ≈ है; the boy took the toy of his ~

ginger जिन्'जर **I.** *n*ᵘ. **1.** अदरक^F : ~ grows under the soil ≈ मिट्टी^F के अंदर पैदा होती है; dry ~ सोंठ. **2.** उत्साह, जान : the book lacks ~ किताब^F में कोई जान नहीं हैं. **II.** *a.* अदरक का [cake केक, sherbat शर्बत, wine शराब^F]; ~ group सरकार या अपनी पार्टी को सतर्क करते रहने वाला दल. **III.** *v.t.i.* **Δ ~ up** (i) प्रोत्साहित करना, उकसाना, उभारना : to ~ up a boy किसी लड़के को प्रोत्साहित करना; (ii) सजीव बना देना : to ~ up a scene किसी दृश्य को सजीव बना देना.

gipsy जिप्'सि (also gypsy) *n*ᶜ. (*pl*. gipsies) कंजड़, रोमणी, जिप्सी : gipsies have no permanent home जिप्सियों का कोई स्थायी घर नहीं होता; camp of the gipsies जिप्सियों का शिविर.

giraffe जिराफ़' *n*ᶜ. जिराफ़ : ~ is an African animal with long legs and a very long neck जिराफ लंबी टाँगों और लंबी गरदन वाला एक अफ्रीकी जानवर है.

gird गर्ड *v.t.* (*p.* & *p.p.* girded, girt) **1.** घेर लेना, घेरना : an island is ~ed by the sea टापू समुद्र से घिरा होता है; to ~ the town with fortification शहर को किले-बंदी ^F से ≈. **2.** (कमर में) बाँधना : to ~ (on) a sword कमर में तलवार^F ≈. **3.** मज़ाक उड़ाना, हँसी उड़ाना, ताना देना : to ~ smb. for his action किसी व्यक्ति को उसके कार्यों के लिए ≈. **4.** तैयार हो जाना : to ~ oneself तैयार हो जाना; **to ~ up one's loins** कमर^F कसकर ≈. **girder** गर्'डर *n*ᶜ. गर्डर : a ~ is very heavy ≈ बहुत भारी होता है; ~ of a bridge किसी पुल का ≈; a great steel ~ goes

across one wall to the other to support the roof इस्पात का एक मज़बूत ≈ एक दीवार^F से दूसरी दीवार^F पर आर-पार छत^F को सहारा देने के लिए रहता है.

girdle गर्‌'डल **I.** n^c. **1.** करधनी^{F}, पेटी^{F} : ladies wear silver ~s round their waists महिलाएँ अपनी कमर के गिर्द चाँदी^{F} की ≈ पहनती हैं. **2.** घेरा : a ~ of forest round the village गाँव के चारों ओर जंगल का ≈. **II.** *v.t.* (~in about) घेरना : the hills ~in/about that town उस शहर को पहाड़ियाँ घेरती हैं, शहर पहाड़ियों से घिरा है.

girl गर्ल n^c. लड़की^{F}, बाला^{F}, कन्या^{F} [charming आकर्षक, clever चतुर, obedient आज्ञाकारी, pretty सुंदर, sweet प्यारी]; Mamta is the prettiest ~ in the class ममता कक्षा^{F} में सबसे सुंदर ≈ है; this ~ is my daughter यह ≈ मेरी बेटी है; some ~s have long hair कुछ लड़कियों के बाल लंबे होते हैं; the ~ has fine complexion लड़की का रंग-रूप साफ़ और सुंदर है; she is a very meek ~ वह बहुत ही नम्र ≈ है; the ~ looks at you straight and openly ≈ तुम्हारी तरफ सीधे और खुले देख रही है; to admire a ~ ≈ की प्रशंसा^{F} करना; to fall in love with a ~ किसी लड़की के प्रेम में पड़ना; to pay one's address to a ~ किसी लड़की को अपना परिचय देना; to court a ~ किसी लड़की से प्रणय-निवेदन करना; to seek a ~ for marriage विवाह के लिए लड़की ढूँढ़ना; to give one's consent to a ~ किसी लड़की को अपनी सहमति^{F} देना; to make a ~ one's bride किसी लड़की को अपनी दुल्हन बनाना. [*ant.* boy]

girth गर्थ n^c. **1.** तंग : to tighten a horse's ~ घोड़े का तंग कसना. **2.** घेरा : the ~ of this tree is thirty feet इस पेड़ का घेरा तीस फुट है; ~ of one's chest छाती का घेरा.

gist जिस्ट n^c. सारांश, भावार्थ : to give the ~ of a story in a few words कुछ शब्दों में कहानी^{F} का ≈ बताना; ~ of an argument तर्क का ≈; I can give you the ~ of their conversation मैं आपको उनकी बातचीत^F का ≈ बता सकता हूँ.

give गिव़ *v.t.* (gave, given) **1.** देना : to ~ money पैसा ≈; to ~ information सूचना^{F} ≈; to ~ everyone his due प्रत्येक को उसका हक ≈; to give one's mind to scientific research वैज्ञानिक शोध में ध्यान ≈; to ~ attention ध्यान ≈; to ~ lectures on philosophy मनोविज्ञान पर भाषण ≈; I shall ~ you time till tomorrow मैं तुमको कल तक का समय दूँगा; we were all ~n work हम सभी को काम दिया गया; please ~ me your hand कृपया मुझे अपना हाथ/सहारा दीजिए; who gave you that idea आपको वह विचार किसने दिया? the earth ~s food in plenty धरती^{F} प्रचुर मात्रा^{F} में भोजन देती है; he gave alms to the beggars उसने भिखारियों को भिक्षा^{F} दी; mother gave me a new pen yesterday माँ ने कल मुझे एक नया पेन दिया; cow ~s milk गाय दूध देती है; to ~ permission आज्ञा देना; to ~ order आदेश/हुक्म देना; to ~ trouble कष्ट/तकलीफ़ देना; you have not yet given me answer to my questions तुमने अभी तक मेरे प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया; to ~ details ब्यौरा ≈; do not ~ sweets to the child लड़के को मिठाई^F मत दो; ~ me a chance to think, please कृपया मुझे सोचने का अवसर दीजिए; we were ~n instructions हमें निर्देश दिए गए; how much did you ~ him आपने या तुमने उसे कितना दिया; he gave me his promise उसने मुझे अपना वचन दिया; he never gave him a chance उसने कभी उसे मौका नहीं दिया; I will give you a birthday present मैं तुम्हें जन्मदिन का उपहार दूँगा; to ~ ten rupees for some fruit कुछ फलों के लिए दस रुपए ≈; to ~pain दुख ≈; to ~ blessings आशीर्वाद ≈; to ~ trouble कष्ट ≈; to ~ birth जन्म ≈. [*ant.* take] **2.** (concede) पेश करना, प्रस्तुत करना : to ~ a report to the court न्यायालय में रिपोर्ट^F ≈. **3.** (cause) पहुँचाना; please, ~ my compliments to your parents कृपया मेरा अभिनंदन अपने माता-पिता को पहुँचा दें. **4.** (various meanings in contexts) ~ battle युद्ध करना, लड़ाई करना : they gave a fierce battle उन्होंने एक भयंकर युद्ध किया; to ~ chase पीछा करना; to ~ final touches

अंतिम रूप देना, आखिरी हाथ फेरना : he gave final touches to his plan उसने अपनी योजना^F को अंतिम रूप दिया; ~ ground (i) पीछे हटना, पाँव उखड़ना : his army gave ground in the battlefield युद्ध - भूमि में उसकी सेना^F के पाँव उखड़ गए; (ii) मौका देना : he was ~n ground second time उसे दूसरी बार मौका दिया गया; to ~ somebody blow धक्का मारना; to ~ oneself airs अकड़^F दिखाना; to ~ smb a piece of one's mind किसी को झिड़कना; to ~ place to smb किसी के लिए जगह^F बनाना, हटना; ~ a trial आज़माना, आज़मा के देखना : to ~ the lie to मिथ्या सिद्ध करना, झूठा साबित करना, खंडन करना. 5. Δ (phrases) **to ~ away** (i) दे छोड़ना (as money); (ii) सौंपना : to ~ away a bride to smb किसी को दुल्हन सौंपना; (iii) to ~ away prizes इनाम बांटना, (iv) साथ छोड़ना : to ~ a friend away दोस्ती^F छोड़ देना; (v) to ~ oneself away अपना भेद बता देना; **~ forth** (i) निकालना (as sound आवाज़); (ii) प्रस्तुत करना (as report) ; **~ in** झुक जाना, दब जाना, हार^F मान लेना : I had to ~ in मुझे झुकना पड़ा, हार^F माननी पड़ी : **to ~ off** छोड़ना, निकालना : this cylinder ~s off bad smell इस सिलिंडर से बदबू^F निकलती है; **~ out** बताना, प्रसिद्ध करना, प्रचार करना, फैलाना : he gave out that he was engaged उसने बता दिया कि उसकी सगाई^F हो गई है; **to ~ over** (i) छोड़ देना, त्यागना (as a habit); (ii) सौंपना : to ~ over a charge प्रभार सौंप देना; **~ up** छोड़ देना, परित्याग करना, त्याग देना : you must ~ up bad habits तुम्हें बुरी आदतों^F को छोड़ देना चाहिए; I gave up all hope मैंने सारी आशा^F छोड़ दी; **~ way** = give in *q.v.* (i) झुकना, दब जाना, मान जाना, हार^F मान लेना; (ii) टूट जाना : at last his patience gave way अंततः उसका धैर्य टूट गया.

GK. Greek.

glacier ग्लेस्यर *n*^c. हिमानी^F, हिमनदी^F : the ~s in the Alps आल्प्स पर की ≈; the thick layers of snow on a mountain form a ~ which moves slowly down the slope पर्वत पर बर्फ़ की मोटी परतें ग्लेशियर बन जाती हैं जो ढलकर धीरे-धीरे सरकती हैं.

glad ग्लैड *a.* 1. प्रसन्न, खुश : I am ~ to see you आपसे मिलकर मैं खुश हूँ या मुझे खुशी^F हुई; she seemed ~ to me वह मुझे प्रसन्न दिखाई दी; we shall be ~ to help you हमें तुम्हारी सहायता^F करने में ख़ुशी^F/प्रसन्नता^F होगी; I am ~ that you are coming with us मैं ≈ हूँ कि आप हमारे साथ आ रहे हैं; he was too ~ वह अत्यधिक ≈ हुआ [*ant.* sorry] 2. आकर्षक, दिलकश [face चेहरा, sight दृश्य, song गीत, tidings समाचार]; the ~ chirps of the birds पक्षियों की दिलकश चहचहाहट^F; a ~ spring scene बसंत का ≈ सुहावना दृश्य. Δ to give a ~ eye to smb किसी को प्रेम भरी नज़र से देखना. **gladden** ग्लैडन *v.t.* प्रसन्न या खुश करना : to be ~ed by good news अच्छे समाचार से खुश होना. **gladness** ग्लैड्‌निस *n*^u. खुशी^F, प्रसन्नता^F : he expressed his ~ at my success उसने मेरी सफलता^F पर ≈ प्रकट की. [*ant.* sorrow]

glamour ग्लैमर *n.* 1. मोहकता^F, आकर्षण : to cast a ~ मोहित कर देना. 2. चकाचौंध^F, चमक-दमक^F : a scene full of ~ भरपूर चकाचौंध वाला दृश्य; the ~ of moonlight चन्द्रप्रकाश की चमक-दमक.

glance ग्लान्स I. *n*^c. दृष्टिपात, सरसरी नज़र^F, झलक^F [critical छिद्रान्वेषी, quick तेज़, sudden एकाएक]; you could see at a ~ तुम एक दृष्टि^F में देख सकते थे; to take a ~ at smth किसी चीज़^F पर नज़र^F डालना; to cast a ~ upon a person किसी व्यक्ति पर दृष्टि^F डालना; to interchange ~s नजरें^F मिलाना; at first ~ पहली नज़र^F में. 2. (क्रिकेट) तिरछी हिट^F : a ~ with a bat बल्ले के साथ ≈. II. *v.i.* 1. नज़र डालना, देख लेना, झाँकना : she did not even ~ **at** me उसने मुझे देखा तक नहीं; he ~d **through** the novel उसने उपन्यास सरसरी तौर पर देखा; she ~d **over** the paper उसने सरसरी तौर पर अख़बार पढ़ी. 2. झलकना, जगमगाना : the chinaware ~d **back** the flame of the lamp लैंप की लपटें^F चीनी बरतनों पर से जगमगा रही थीं.

gland ग्लैण्ड *n*^c. गिल्टी^F, ग्रंथि^F : there are ~s

in various parts of the body which make special juices needed by the body हमारे शरीर के विभिन्न भागों में ग्रंथियाँ हैं जो शरीर की आवश्यकता के लिए विशेष रस पैदा करती हैं; you are ill, certain ~s may swell up into lumps तुम बीमार हो, कुछ ग्रंथियाँ फूलकर पिंड बन गई होंगी; she has a swollen ~ उसकी गिल्टी^{F} सूजी हुई है.

glare ग्लेंअर **I.** *n*^{c}. **1.** चमक^F, चौंध^F [electric वैद्युत, red लाल]; the ~ of a furnace भट्ठी^{F} की ≈; the ~ of fire was visible for miles आग की ≈ मीलों से दिखाई देती थी; we could see nothing because of the ~ of the car's light कार के प्रकाश की ≈ के कारण हम कुछ नहीं देख पाए. **2.** (sunlight) चिलचिलाती धूप : in the ~ of the sun ≈ में. **3.** (angry look) क्रोध भरी दृष्टि^{F} : she gave me an angry ~ उसने मुझे ≈ से देखा. **II.** *v.t.* **1.** चमकना, जगमगाना : the palace ~d with dazzling light चौंधियाते प्रकाश से राजमहल जगमगा उठा; the sun ~s सूरज जगमगाता है. **2.** घूरना, तीखी नज़र डालना, तरेरना : to ~ at/**upon** a person like a tiger किसी व्यक्ति को चीते की तरह तरेरना या देखना; he ~d **down** upon me with the utmost contempt उसने मुझे घोर तिरस्कार से तरेरा; he ~d **at** him in anger उसने क्रोध से उसे घूरकर देखा. **glaring** ग्लेअ'रिंग *a.* **1.** चौंधियाने वाला, चमचमाता [dress वस्त्र, light प्रकाश, sun सूर्य]. **2.** (fierce) क्रोधपूर्ण : ~ eyes ≈ आँखें^{F}. **3.** सुस्पष्ट, प्रकट : ~ fact प्रकट तथ्य; ~ injustice साफ़ बेइंसाफ़ी^{F}. **4.** ~ mistake भद्दी भूल^F.

glass ग्लास *n*^{c}. **1.** काँच, शीशा [dark धुँधला, thick मोटा, thin पतला, transparent पारदर्शक]; a bottle made of ~ काँच की बनी बोतल^F; a piece of ~ ≈ का टुकड़ा. **2.** गिलास [broken टूटा, clear साफ़, dirty गंदा, empty ख़ाली, full भरा]; fill the ~ with milk ≈ दूध से भरो; to drink a ~ of water एक ≈ पानी पीना; there is a ~ in the almirah आलमारी^{F} में एक ≈ है; there was nothing in the ~ ≈ में कुछ न बचा; he poured some liquid out of the ~ उसने कुछ द्रव/रस ≈ से बाहर उड़ेल दिया : he drank two ~es of wine उसने दो ≈ शराब^F पी; looking ~ आईना, दर्पण [see 'mirror']. **3.** (~ware) काँच भाण्ड, शीशे का सामान.

glaze ग्लेज़ *v.t.* **1.** शीशा लगाना या जड़ना : to ~ a window खिड़की^{F} में ≈. **2.** कांचित करना, काँच चढ़ाना : to ~ pottery बर्तनों को कांचित करना.

gleam ग्लीम **I.** *n*^{c}. **1.** झलक^F [bluish नीली-सी, golden सुनहरी, reddish लाल-सी]; a ~ of hope आशा^{F} की झलक/किरण^F; ~ of inspiration प्रेरणा की ≈. **2.** चमक^F : ~ of polished surface पालिश^F की हुई सतह^F की ≈; ~ of a sword तलवार^F की ≈. **II.** *v.i.* चमकना, दमकना, जगमगाना : the moonlight ~ed on the water चाँदनी पानी पर पड़ी; the sun ~s in the east पूर्व में सूर्य चमकता है; the candle-light ~ed at a distance मोमबत्ती^{F} का प्रकाश दूर तक फैला; the morning light ~ed on the earth सुबह^F का प्रकाश पृथ्वी^{F} पर फूटा.

glide ग्लाइड **I.** *v.i.* **1.** बहना, बह जाना : the river ~s fast नदी^{F} तेज़ी से बहती है; a vessel ~s through the water जहाज़ पानी से बहता है. **2.** खिसकना, सरकना : the snake ~ed into a hole साँप बाँबी^{F} में सरक गया; the girl ~d quietly out of the room लड़की चुपके-से कमरे से खिसक गई; the time ~d away while they talked उनके बातचीत^F करते-करते समय सरक गया; the glacier ~s noiselessly ग्लेशियर शांत सरकता है. **II.** *n.* बहाव : the ~ of river on the hill is very fast पहाड़ी^{F} पर नदी^{F} का ≈ बहुत तेज़ होता है.

glimmer ग्लि'मर **I.** *v.i.* टिमटिमाना, झलकना : the lamp ~s at a distance लैम्प दूर तक टिमटिमाता है. **II. 1.** टिमटिमाहट^F : a ~ of light is a faint light, seen only for a moment प्रकाश की टिमटिमाहट एक धुँधला प्रकाश है जो क्षण-भर दिखाई देता है. **2.** झलक^F, आभास : it was a mere ~ of hope यह आशा^{F} की एक झलक भर थी. **glimmering** ग्लि'मरिंग *a.* टिमटिमाता हुआ, झिलमिलाता हुआ : ~ lamp टिमटिमाता हुआ लैम्प : ~ candle टिमटिमाती हुई मोमबत्ती^{F}; ~ stars झिलमिलाते हुए तारे.

glimpse ग्लिम्प्स **I.** *n.* **1.** (look) झलक^F, झाँकी^{F}, नज़र^F : we had/got/caught a ~ of the river हमने नदी^{F} को एक नज़र देखा; ~ of a person किसी व्यक्ति की झलक^F; from this point you will get the best ~ of the castle इस स्थान से तुम कैसल की सबसे बढ़िया झलक^F पाओगे; I sought just a ~ of him as he passed जैसे ही वह यहाँ से गुज़रा मैं उसकी एक झलक/झाँकी पा गया. **2.** (trace) आभास : a ~ of things to come आनेवाली बातों^{F} का ≈. **II.** *v.i.* सरसरी तौर पर देखना : he just ~d at the newcomer उसने नवागत व्यक्ति को सरसरी नज़र से देखा.

glisten ग्लि'सन *v.t.* झिलमिलाना, जगमगाना : dew drops were ~ing on petals पंखुड़ियों^{F} पर ओस^F के कण झिलमिला रहे थे; tears were ~ing in her eyes आँसू उसकी आँखों^{F} में झिलमिला रहे थे; ~ing eyes झिलमिलाती आँखें^{F}; the wet leaves ~ed in the sun धूप में गीली पत्तियाँ चमकती थीं; the diamond ~s under the light हीरा प्रकाश में चमकता है; my mother's eyes ~ed with pleasure मेरी माँ की आँखें^{F} प्रसन्नता^{F} से झिलमिला रही थीं.

glitter ग्लि'टर **I.** *v.t.* चमचमाना, खूब चमकना : her fingers ~ed with rings उसकी अंगुलियाँ^{F} अंगूठी^{F} के साथ खूब चमक रही थीं; all that ~s is not gold वह सब जो चमकता है सोना नहीं होता. **II.** n^u. चमक-दमक^F : the ~ of diamonds हीरों की चमक^F.

gloat ग्लोट *v.t.* मजा लेना : to ~ over a scenery कोई दृश्य देखकर ≈; to ~ over another's misery किसी को दुःख में देखकर मज़ा लेना.

globe ग्लोब n^c. **1.** भू-मण्डल, दुनिया^{F} : they collected from various parts of the ~ वे भू-मंडल के नाना भागों से आकर जमा हुए; it all vanished from the surface of the ~ यह सब धरातल से अदृश्य हो गया; all the people on the ~ भू-मंडल पर के सब लोग. **2.** (eye-ball) नेत्र-गोलक : the ~ of the eye आँख का गोला/गोलक. **globular** ग्लॉ'ब्यलर *a.* गोलाकार, गोल [lump पिंड, pill गोली^{F}]; it is ~ in shape यह आकार में गोल है. **globule** ग्लॉ'ब्यूल n^c. गोलिका^{F}, गोली^{F} : a ~ of some drug किसी दवा^{F} की ≈.

gloom ग्लूम n^c. **1.** अंधेरा, अंधकार : the ~ in a big forest एक बड़े जंगल में ≈; he was plunged in ~ वह अंधेरे में फँस गया. **2.** उदासी^{F}, विषाद : his life seemed filled with ~ उसका जीवन विषादमय लगता था; the news cast a ~ over the family इस समाचार से परिवार में उदासी छा गई. **gloomy** ग्लू'मि *a.* **1.** अंधेरा [house घर, room कमरा]. **2.** धुंधला : ~ weather ≈ मौसम; a ~ shade धुंधली छाया^{F}; it was a ~ day yesterday कल ≈ दिन था. **3.** उदास, विषण्ण [appearance चेहरा, face चेहरा, friend मित्र, future भविष्य, person व्यक्ति]; why are you so ~ तुम इतने ≈ क्यों हो? in a ~ mood ≈ मुद्रा^{F} में; he seems very ~ वह बहुत ≈ दिखाई देता है; Seema is feeling ~ सीमा ≈ लग रही है; she is too ~ to laugh वह इतनी ≈ है कि उसे हँसा नहीं सकते. [*ant.* cheerful]

glorify ग्लॉ'रिफ़ाई *v.t.* (glorified) **1.** की महिमा गाना, बड़ाई करना, गुणगान करना : to ~ a hero किसी हीरो की प्रशंसा^{F} करना; to ~ some simple acts कुछ साधारण कार्यों की बड़ाई^F करना. **2.** महिमामंडित करना : these are some names which ~ our age ये कुछ नाम हैं जो हमारे युग को महिमामंडित करते हैं; your presence has glorified our cottage आपकी उपस्थिति^{F} से हमारी कुटिया^{F} महिमामंडित हो गई है. **glorious** ग्लॉ'रिअस *a.* शानदार [deeds कारनामे, truimph विजय^F, view दृश्य]; the general won a ~ victory जनरल को एक शानदार विजय^F मिली; we had a ~ time yesterday कल हमारे मौज थी, हमने मज़े उड़ाए. **gloriously** गलॉ'रिअसलि *adv.* शान^F से : the army had fought ~ in the battle with Pakistan सेना^{F} ने पाकिस्तान के साथ ≈ युद्ध किया.

glory I. ग्लॉ'रि n^c. **1.** महिमा^{F}, गौरव, वैभव, बड़ाई^F [immortal अमर, imperishable अनश्वर, literary साहित्यिक]; ~ be to the God ईश्वर की महिमा; ~ of the sunset सूर्यास्त का प्रभामंडल; at the highest point of one's ~ अपने वैभव के चरम बिंदु पर; to

be jealous of smb's ~ किसी की नामवरी से ईर्ष्या^F करना; the Rishis declare the ~ of God ऋषिगण ईश्वर की महिमा का गुणगान करते हैं; brave deeds win ~ वीरता^F के कारनामें महिमा^F पाते हैं; passion of ~ बड़ाई^F की चाह^F. **2.** शान^F : the unique ~ of one's country अपने देश की अद्वितीय ≈; ~ of the woods in spring बसंत में जंगल की ≈. **II.** *v.i.* (*p.* gloried) पर गर्व करना : he glories **in** his strength उसे अपनी शक्ति^F पर गर्व है; to ~ **in** success सफलता^F ≈; to ~ in overcoming difficulties कठिनाइयों^F पर विजय पाने के लिए गर्व करना; to ~ in something is to take delight in it किसी चीज़^F ≈, उस से प्रसन्न होना है.

gloss ग्लॉस **I.** *n*^u. **1.** चमक-दमक^F, तड़क-भड़क^F: the ~ of silk रेशम की चमक-दमक; the ~ of novelty नएपन की ≈; this book cover has good ~ पुस्तक के इस कवर की खूब ≈ है. **2.** (commentary) भाष्य, टीका^F : malicious ~ of smb's poetry किसी के काव्य का विद्वेषपूर्ण भाष्य; to make a ~ over mistake किसी के काव्य का विद्वेषपूर्ण भाष्य; to make a ~ over mistake किसी गलती^F पर टीका करना. **3.** दिखावा : ~ of fashion फ़ैशन का दिखावा. **II.** *v.t.* **1.** बुराई को ढँकना : to ~ **over** smb's faults किसी के दोषों पर लीपा-पोती^F करना; to ~ over a crime किसी अपराध पर सफ़ाई^F देना. **2.** चमकाना : to ~ over a cloth किसी कपड़े पर चमक ला देना. **3.** अशुद्ध अर्थ लगाना : to ~ over smb's writing किसी के लेख का ≈.

glossary ग्लॉ'सॅरि *n*^c. शब्द-संग्रह : a ~ of scientific terms वैज्ञानिक ≈.

glossy ग्लॉ'सि *a.* **1.** चमकदार [boots बूट, hair बाल, paper कागज, silk रेशम]. **2.** (smooth) चिकना : ~ floor चिकना फ़र्श : ~ surface चिकना तल.

glove ग्लव़ *n*^c. दस्ताना [leather चमड़े का, new नया, nylon नायलॉन का, silken रेशमी, woolen ऊनी]; a pair of ~ दस्ताने का जोड़ा; I have lost one of my ~s मैंने अपना एक ≈ गँवा दिया है; to put on (wear) ~s दस्ताने पहनना; to remove the right hand ~ दाहिने हाथ का ≈ हटाना. Δ **to throw down the ~** चुनौती^F देना; **to take up the ~** चुनौती^F स्वीकार करना; **to be hand and ~ with smb** किसी के साथ मिला होना.

glow ग्लो **I.** *n.* **1.** (flush) लाली^F, लालिमा^F : the ~ of health on the cheeks गालों पर स्वास्थ्य की ≈; the ~ of the sunset सूर्यास्त की ≈. **2.** तमतमाहट^F, जोश, गर्मी^F : a ~ of heat गर्मी की तमतमाहट; the swim made me ~ तैरने से मुझमें गर्मी आ गई; the ~ of zeal उत्साह की तमतमाहट; to be in ~ जोश में होना. **3.** दीप्ति^F, चमक^F : the ~ of the sunset सूर्यास्त की ≈. **II.** *v.i.* **1.** प्रफुल्ल/उल्लसित होना : a noble patriotism ~ed in every heart प्रत्येक हृदय में भव्य देशभक्ति^F का उल्लास था. **2.** दहकना, धधकना : उत्तप्त होना : burning coals जलते हुए कोयले दहकते हैं; the fire was ~ing and a group of persons assembled round **it** आग धधक रही थी और लोगों का एक झुंड उसके चारों ओर इकट्ठा हो गया; the flames of fire have died down but the ashes still ~ आग की लपटें^F बुझ गईं हैं लेकिन राख^F अब भी उत्तप्त है. **3.** (shine) चमकना, दमकना : to ~ like a ~worm जुगनू की तरह ≈; the stars are ~ing तारे चमक रहे हैं. **4.** लाल हो जाना : her cheeks ~ उसके गाल लाल हो गए हैं.

glucose ग्लू'कोस *n*^c. अंगूर की चीनी^F, ग्लूकोस, द्राक्षा-शर्करा^F; the patient was advised to take मरीज़ को ग्लूकोज़ लेने की सलाह^F दी गई.

glue ग्लू **I.** *n.* गोंद^F, सरेस^F : bottle of ~ ≈ की बोतल^F; to stick like ~ सरेस की तरह चिपकना. **II.** *v.t.* गोंद से चिपकाना : खूब ज़ोर से बंद कर देना; to ~ the sides of the box together बॉक्स के किनारों को चिपकाकर बंद कर देना. **III.** *v.i.* (fig.) चिपकना : he sat ~d to the T. V. वह टी.वी. के साथ चिपका बैठा था; the baby is always ~d to her mother बच्ची सदा माँ के साथ चिपकी रहती है.

glutton ग्लू'टन *n.* पेटू, खाऊ : ~ for food पेटू; a ~ for books किताबों का कीड़ा/शौकीन; ~ for work बहुत काम करने वाला. **gluttony** ग़लॅ'टॅनि *n.* खाऊपन, पेटूपन : ~ is the main cause of indigestion ≈ बदहज़मी का मुख्य कारण है.

G. M. General Manager.

gm. gram.

glycerine ग्लि'सॅरीन *n.* ग्लिसरीन : I need ~ to paint my throat गले में लगाने के लिए मुझे ≈ चाहिए.

gnash नैश *v.t.* दाँत पीसना, किटकिटाना : he ~ed his teeth in rage उसने गुस्से में अपने दाँत किटकिटाए.

go गो **I.** *v.i.* (went, gone, goes) **1.** जाना : I am ~ing home मैं घर जा रहा हूँ; I am ~ing to write a letter मैं एक पत्र लिखने जा रहा हूँ; to ~ across the bridge पुल के पार ≈; to ~ downstairs सीढ़ी^F के नीचे ≈; we do not ~ there anymore अब हम वहाँ नहीं जाते ; the train ~es there twice a week रेलगाड़ी^F वहां सप्ताह में दो बार^F जाती है; he went without speaking वह बिना कुछ कहे चला गया; to ~ to sleep सोने जाना; to ~ on a journey किसी यात्रा^F पर ≈; he was ~ing to a doctor वह डॉक्टर के पास जा रहा था; ~ and see if there is any letter for me in the post-office जाओ और देखो कि डाकघर में मेरे नाम कोई पत्र है या नहीं; I went with her yesteryday मैं कल उसके साथ गया; mother ~es to the market everyday माँ प्रतिदिन बाज़ार जाती है; to ~ from Lahore to Mumbai लाहौर से मुंबई ≈; the fence ~es round the garden घेरा बगीचे के चारों ओर जाता है; we had often gone to her house हम बहुधा उसके घर गए थे; she has gone for swimming वह तैरने (के लिए) गई है; I was ~ing to say something मैं कुछ कहने जा रहा था; to ~ for a walk सैर^F के लिए निकलना; to ~ by bus बस^F से ≈; to ~ on foot पैदल जाना; to ~ on houseback घोड़े पर चढ़कर ≈. **2.** चलना : the clock is ~ing घड़ी^F चल रही है; car is ~ing fast कार^F तेज़ चल रही है; to ~ along the road सड़क के साथ-साथ ≈; the foodstuffs will ~ a long way खाद्यान्न बहुत दिन चलेगा. **3.** होना : to ~ halves आधा-आधा होना; the time has ~ne समय हो गया है; what is ~ing on there वहाँ क्या हो रहा है ? see how it ~es देखिए क्या होता है; the story ~s that ...... कहानी यह है कि; I don't remember how the words ~ मुझे याद नहीं कि वे शब्द क्या हैं. **4.** छूटना, निकल जाना : when the next train ~ दूसरी ट्रेन कब छूटती है; wait and see how it ~s रुको और देखो कि यह कैसे निकल जाती है. **5.** माना जाना, जाना जाना : he ~es for his bravery वह अपनी बहादुरी^F के लिए मशहूर है; it must ~ what he says जो वह कहता है उसे माना जाना चाहिए; this street ~es by the name of Madhya Marg यह सड़क या गली^F मध्य मार्ग नाम से जानी जाती है. **6.** (other meanings in contexts) so many books will not go in this box इतनी किताबें^F इस बाक्स में नहीं अटेंगी; the prize ~es to Neetu पुरस्कार नीतू को मिलेगा; the chair went for Rs. 200 कुर्सी^F दो सौ रुपये में बिकी; this wall will have to go यह दीवार^F खत्म कर दी जाएगी; all my money has gone मेरा सारा पैसा नष्ट हो गया है; books go on this almirah किताबें^F इस अलमारी^F में रखी जाती हैं; voting went against him वोट उसके विरुद्ध पड़े; I think he is gone मेरे विचार में वह मर गया है.

as for as it ~es कुछ हद तक; as the saying ~es जैसा कि कहा जाता है, एक कहावत है कि...; to ~ ahead आगे बढ़ना; to ~ blind अंधा हो जाना; to ~ dry सूख जाना; to ~ hungry भूखा रह जाना; to ~ mad पागल हो जाना; to ~ to pieces टुकड़े-टुकड़े हो जाना; to ~ to law कानून की शरण^F लेना. **7.** (prepositional phrases) ∆ ~ about (i) इधर-उधर घूमना : **he is ~ing about places of pilgrimage** वह इधर-उधर तीर्थ स्थानों में जा रहा है; **(ii)** फैलना : **a rumour has ~ne about** एक अफ़वाह फैल गई है; **(iii)** शुरू करना : **how to ~ about it** इसे कैसे शुरू किया जाए; **to ~ across the river** नदी^F के पार जाना; **to ~after a game** शिकार का पीछा करना; **you cannot ~ against this decision** तुम इस निर्णय के विरुद्ध नहीं जा सकते; **to ~ at work** काम में लग जाना; **to ~ back on one's word** मुकर जाना; to ~ **behind** a story कहानी^F की तह^F में जाना; **to ~ by** (i) अनुसरण करना : I'll ~ by your advice मैं तुम्हारी सलाह^F का

अनुसरण करूँगा; (ii) बीतना : so many months have ~ne by इतने महीने बीत गए हैं; ~ **down** (i) डूबना : the sun went down at six सूर्य छह बजे डूब गया; the ship went down जहाज़ डूब गया; (ii) गिरना : the prices are ~ing down कीमतें^{F} गिर रही हैं; (iii) उतरना : to ~ down the hill पहाड़ी^{F} से उतरना; (iv) खराब होना; his condition has ~ne down उसकी हालत खराब हो गई है; ~ **for** लेना : I am ~ing for a new scooter मैं नया स्कूटर ले रहा हूँ; ~ **in for** (i) लेना, खरीदना = ~for; (ii) पक्ष में होना : I went in for the resolution मैं प्रस्ताव के पक्ष में था; (iii) काम पर लगना : he went in for collecting stamps वह स्टाम्प/टिकट एकत्र करने में लग गया; ~ **into** छानबीन^F करना : to ~ into the case मामले की ≈; we should ~ into the causes of struggle हमें संघर्ष के कारणों की छानबीन^F करनी चाहिए; **to ~ off** (i) छूटना, दगना : the gun went off तोप^F/बंदूक^F छूट/दग गई; (ii) चलना : the meeting went off very well बैठक बहुत अच्छी तरह चली; (iii) फटना : the time-bomb went off in the bus काल-बम बस^F में फटा; (iv) निकलना : his goods went off soon उसका माल जल्दी निकल (बिक) गया; **to ~ on** जारी रखना : we went on talking हम बातचीत^F करते रहे; please ~ on with your work while I am out of the room जब तक मैं कमरे के बाहर रहूँ तुम अपना काम करते चलना (काम जारी रखना) ; ~ **out** (i) बाहर चले जाना, निकल जाना : he went out of the house वह घर से बाहर चला गया; (ii) बुझ जाना : the light have ~ne out बत्तियाँ^{F} बुझ गई हैं; (iii) my heart went out to him मेरे मन में उसके प्रति संवेदना^{F} हुई; (iv) ~**out of the way** अपनी सीमाओं^{F} से बाहर चले जाकर काम करना : he often ~es out of the way in helping others वह दूसरों की सहायता^{F} करते हुए प्रायः अपनी सीमाओं से बाहर जाकर काम करता है; **to ~over** (i) जाँचना, पड़तालना, देखना, देख जाना, पढ़ना : please ~ over this letter कृपया यह पत्र पढ़ जाइए; (ii) दूसरी तरफ़ चले जाना : he went over to the opposition वह विपक्ष में चला गया; (iii) to ~ over a problem समस्या पर विचार करना; **to ~ through** (i) पूरा करना, निबाहना : we went through the entire programme हमने सारा कार्यक्रम पूरा किया; (ii) सहना, बरदाश्त करना, भुगतना : he had to ~ through many difficulties उसे अनेक कठिनाइयाँ^{F} सहनी पड़ीं; **to ~ up** (i) चढ़ना, बढ़ना; prices went up मूल्य बढ़ गए; (ii) to ~ up to smb किसी के पास जाना; (iii) to ~ up the river नदी के बहाव के प्रतिकूल जाना; **to ~ with** मेल खाना : her saree ~es with the colour of her blouse उसकी साड़ी^{F} का रंग ब्लाउज़ के रंग से मेल खाता है; the red colour does not ~ with black लाल रंग काले के साथ मेल नहीं खाता है; **it ~es without saying** यह मानी हुई बात^F है, कहने की ज़रूरत^F नहीं है : I have to ~ without help मुझे सहायता^{F} से वंचित होना पड़ा है. **II.** n^u. **1.** गमन : come ~and ~ of the guests मेहमानों का आना-जाना. **2.** (energy) स्फूर्ति^{F}, उमंग, उत्साह : he has no ~ उसमें कुछ उत्साह नहीं है; he is full of ~ उसमें भरपूर उत्साह है; he wants more ~ वह अधिक स्फूर्ति चाहता है. **3.** प्रयास, दौड़धूप^F : he is always on the ~ वह हमेशा दौड़धूप में रहता है. **4.** (turn) दौर, बारी^{F} : at one ~ एक ही बार में. [*ant.* come]

G.O. Government order.

goal गोल n^c. **1.** लक्ष्य, उद्देश्य : the ~ of one's desire किसी की चाह^F का लक्ष्य; have a ~ in life जीवन का एक उद्देश्य रखो; the ~ of the spacemen was moon अंतरिक्षयात्रियों का लक्ष्य चंद्रमा था. **2.** गोल : the goalkeeper defends the ~ ≈ रक्षक गोल की रक्षा करता है; the teams changed ~s टीमों^{F} ने ≈ अदल-बदल लिये; they won by three ~s वे तीन ≈ से जीत गए.

goat गोट n^c. बकरा, बकरी^{F}; there are a hundred ~s in the field मैदान में सौ बकरियाँ हैं; a ~ bleats बकरी मैं-मैं करती हैं; ~s are grazing grass बकरे/बकरियाँ घास चर रही हैं. [*masc.* billy ~, he ~; *fem.* nanny ~; she goat]

G.O.C. General Officer Commanding.

God गॉड *n.* **1.** (supreme) परमात्मा, ईश्वर, परमेश्वर, भगवान् [all powerful सर्वशक्तिमान, gracious वैभवपूर्ण, just न्यायशील, merciful दयावान]; believe in ~ ≈ पर विश्वास रखो; to praise ~ ≈ की स्तुति^F^ करना; to blaspheme the name of ~ ≈ के नाम की निंदा^F^ करना; he regards money as his ~ वह धन को अपना ≈ मानता है; we pray to ~ everyday हम प्रतिदिन ≈ से प्रार्थना^F^ करते हैं; he works for fear of ~ वह ≈ के भय से काम करता है; ~'s infinite goodness and mercy ≈ की असीम कृपालुता^F^ और दया^F^; ~ knows ईश्वर जाने; by ~ ≈ की कसम^F^; ~ my bless you with a son ≈ तुम्हें एक पुत्र दे ! ~ forbid, it may happen ≈ न करे कि ऐसा हो; you must not disobey the ~. तुम्हें ≈ के आदेशों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए, **2. god** देवता (*fem.* goddess) : Hindus worship many ~s and goddesses हिंदू कई देवी-देवताओं की पूजा करते हैं; ~ daughter, ~ father, ~ mother, ~ son धर्मपुत्री, धर्मपिता, धर्ममाता, धर्मपुत्र.

goggle गॉ'गल **I.** *v.i.* (i) आँखें फाड़कर देखना : he ~d at me with surprise उसने आश्चर्य से मेरी तरफ आँखें फाड़कर देखा; (ii) आँखें फिराना/घुमाना : he ~s like an owl वह उल्लू की तरह आँखें घुमाता है. **II.** *n. pl.* धूप का चश्मा : a pair of dark ~s धूप का काला चश्मा.

G.O.I. Government of India.

gold गोल्ड **I.** *n.* **1.** सोना, स्वर्ण [pure खरा/शुद्ध, solid ठोस, yellow पीला]; many ornaments are made of ~ बहुत-से आभूषण सोने के बने होते हैं; all that glitters is not ~ चमकने वाली हर चीज़^F^ सोना नहीं होती; to change one's ~ for silver money अपने सोने को चाँदी^F^ से बदलना; to dig for ~ सोना निकालना. **2.** (coin) स्वर्ण-मुद्रा^F^ : to pay in ~ ≈ से भुगतान करना. **3.** धन-संपत्ति^F^ : the love of ~ ≈ से प्यार. **II.** *a.* सोने का : ~ bars सोने की छड़ें^F^; ~ coin ≈ सिक्का; ~ leaf सोने का वरक; ~medal स्वर्णपदक; ~ wire सोने का तार; ~ watch सोने की घड़ी^F^; ~ chain सोने की चेन^F^; ~ mine सोने की खदान^F^; ~ vessels सोने के बर्तन; ~ smith सुनार; a ~ ring is very valuable and never loses its bright yellowish colour सोने की अंगूठी^F^ बहुत कीमती होती है और वह अपना चमकीला पीला रंग कभी नहीं खोती. **golden** गोल्'डन *a.* सुनहला, सुनहरा, स्वर्णिम [opportunity अवसर, sky आसमान]; ~ memories सुनहरी यादें^F^ : ~image सुनहरी मूर्ति^F^; ~ hair सुनहरे बाल; ~ age स्वर्ण युग, सतयुग : ~ jubilee स्वर्ण जयंती^F^, पचासवीं वर्षगाँठ; ~ mean मध्यम मार्ग; ~ opinions समादर; ~ rule मूल सिद्धांत; ~ wedding विवाह की स्वर्णजयंती^F^.

golf गॉल्फ़ *n*^c^. गोल्फ़ : ~ course ≈ का मैदान; to play ~ ≈ खेलना; he is very fond of playing ~ वह ≈ खेलने का बहुत शौकीन है; to be the member of the ~ club ≈ -क्लब का सदस्य होना.

gone गॉन *a.* (*p.p.* of 'go') **1.** गया हुआ, व्यतीत, बीता हुआ : our visitors had ~away last Sunday हमारे मुलाकाती पिछले रविवार को चले गए थे; the time has ~ समय बीत गया है; be ~ चले जाओ. **2.** (dead) मृत : Alas ! he is ~ अफ़सोस वह मर गया है. **3.** (spent) व्यय किया हुआ : money ~ is money wasted खर्च किया हुआ पैसा नष्ट समझो.

gong गॉड्.ग *n*^c^. घड़ियाल [dinner भोजन का, fire आग लगने का]; the ~ has sounded to summon the family to meals परिवार को भोजन पर बुलाने के लिए ≈ बज चुका है.

good गुड *a.* (better, best) **1.** अच्छा [friend मित्र, man आदमी, suggestion सुझाव, teacher अध्यापक, way रास्ता, weather मौसम, writer लेखक]; ~ advice अच्छी सलाह^F^, ~ story अच्छी कहानी^F^; ~ quality अच्छी गुणवत्ता^F^; ~ teeth अच्छे दाँत; ~ people अच्छे लोग; ~ ideas अच्छे विचार; ~ clothes अच्छे कपड़े; it is ~ to be at home घर पर रहना ≈ है; it is a ~ thing that you did not go यह अच्छी बात^F^ है कि तुम नहीं गए; one apple is bad and others are ~ एक सेब ख़राब है और दूसरे अच्छे हैं; Shobha does not misbehave, she is a ~ girl शोभा कभी दुर्व्यवहार नहीं करती, वह

अच्छी लड़की है; it will do him ~ यह उसका भला करेगा; swimming is a ~ exercise तैरना एक अच्छा व्यायाम है; this hat is better than that यह हैट उससे अच्छा है; we are ~ friends हम अच्छे मित्र हैं. [*ant.* bad] **2.** (ample) पर्याप्त, भरपूर : we had a ~ rest हमें पर्याप्त आराम मिला; a ~ deal पर्याप्त मात्रा[F]; a ~ deal of money पर्याप्त मात्रा में धन; a ~ deal of time पर्याप्त समय. **3.** (enjoyable) प्रिय, सुखकर, अनुकूल [chat बात[F], swim तैरना]. **4.** (proper) उचित, समुचित, ठीक [arrangement व्यवस्था[F], punishment दंड]. **5.** कुशल : he is ~ at Maths वह गणित में ≈ है; I am not ~ at singing मैं गाने में ≈ नहीं हूँ. **6.** कृपालु : it is ~ of you आपकी कृपा[F] है; he has been good to me वे मेरे ऊपर/प्रति ≈ रहे हैं. **7.** (combinations) ~ breeding शिष्टता[F], भद्रता[F] : a youth of ~ breeding भद्र/शिष्ट घर का युवक; ~ bye विदा[F]; he said ~ bye to us उसने हमसे ≈ ली; ~ day शुभ दिन; ~ eyesight स्वस्थ दृष्टि[F]; ~ face सुंदर मुखड़ा; ~ faith सद्भावना[F], नेकनीयती[F]; ~ humour खुशदिली[F], खुशमिज़ाजी; he is known for his good ~ humour वह अपनी ≈ के लिए जाना जाता है; ~ looking प्रियदर्शी, सुंदर; ~ manners शिष्टाचार : it is ~ manners to open the door for a lady किसी महिला के लिए दरवाज़ा खोलना भद्रता[F] है; ~ morning सुप्रभात; ~ nature सौजन्य, सज्जनता[F]; he is a man of good nature वह सज्जन आदमी है; ~ natured भला, साधु-स्वभाव; ~ night शुभरात्रि; she said, ~ night उसने कहा, ≈; ~ offices सौजन्य, कृपा[F] : through his ~ offices I secured the job उसकी कृपा से मुझे काम मिल गया; ~ sense सद्विवेक; ~ sense prevailed upon him उसमें ≈ जागृत हुआ; in ~ spirits प्रसन्नचित्त; he is in good spirits वह ≈ है; ~ work नेकी[F] का काम; this Sarai was one of his ~ works यह सराय उसके नेक कामों में एक थी. **Δ to hold ~** (i) सच निकलना : after examination his statement held ~ परीक्षा[F] के बाद उसकी बात[F] सच निकली; (ii) मान्य होना : these rules hold ~ even now ये नियम अब भी मान्य हैं; to keep ~ ठीक रहना; the food keeps ~ in a fridge फ्रिज में खाने की चीज़[F] ठीक रहती है; **to make ~** (i) क्षतिपूर्ति[F] करना, भरना : who will make ~ my loss? मेरा नुकसान कौन भरेगा, मेरी क्षतिपूर्ति[F] कौन करेगा; (ii) सफल होना : the thief could make good his escape चोर भाग निकलने में सफल हो गया; **take it in ~ part** इसका बुरा न मानें; **to think ~** उचित समझना : she thought it ~ to take Chemistry in B.Sc. उसने बी. एससी. में रसायन लेना उचित समझा. **II.** *n*[u]. **1.** कल्याण, हित, भलाई[F] : there is no ~ in denying इंकार करने में भलाई नहीं है. [*ant.* evil] **2.** (profit) लाभ : what is the ~ of staying here यहाँ रहने से क्या ≈? there may be some ~ in it इसमें कुछ ≈ हो सकता है. **goods** गुड्ज़ *n.* माल, सामान : capital ~ पूँजीगत ≈; finished ~ तैयार ≈; ~ clerk माल-बाबू; household ~ घर का ≈; ~ locomotive माल-गाड़ी[F] का इंजन; ~ train माल-गाड़ी[F]; ~ shed माल गोदाम; ~ tariff मालभाड़ा-सूची[F]; ~ traffic माल परिवहन, माल की ढुलाई[F]. **goodwill** गुड विल' *n.* **1.** सद्भाव, मित्रभाव, सदिच्छा[F] : he has shown his ~ उसने अपनी सदिच्छा दर्शा दी है; I enjoy his ~ मुझे उसकी सदिच्छा प्राप्त है; I gave him these things with ~ मैंने सद्भाव के साथ उसे ये वस्तुएँ[F] दीं ~ mission सद्भावना मंडल; ~ visit सद्भावना यात्रा[F]. **2.** तत्परता[F], उत्साह : all this is the result of my ~ यह सब मेरी ≈ का परिणाम है. **3.** साख[F], नाम, सुनाम : his business has gained ~ उसके व्यवसाय ने साख बना ली है.

goose गूज़ *n*[c]. (*fem.* of gender; *pl.* geese) कलहंसी[F] : a ~ has short legs-कलहंसी की टाँगें छोटी होती हैं; the webbed feet of a ~ help it to float कलहंसी के झिल्लीदार पैर उसे तैरने में सहायता[F] देते हैं.

gorgeous गॉर्'जस *a.* **1.** (splendid) शानदार, भड़कीला [sunset सूर्यास्त, time समय, uniform वरदी[F]]. **2.** (of style) अलंकृत, आलंकारिक.

gorilla गरि'ला *n*[c]. वनमानुष, गोरिला : ~ is a kind of big monkey ≈ एक प्रकार का

बड़ा-सा बंदर होता है.

gospel गॉस्'पल *n*ᶜ. **1.** हिदायत, उपदेश : to preach the ~ of Ahimsa अहिंसा^F का उपदेश देना; St. John's ~ is the one of the four ~s in the Bible संत जॉन का उपदेश बाइबिल के चार उपदेशों में से एक है. **2.** सुसमाचार, इंजील^F : ~ truth परम सत्य, वेद वाक्य. **Δ to take one's words as a** ~ किसी के शब्दों को वेदवाक्य के रूप में लेना.

gossip गॉ'सिप **I.** *n.* **1.** गप, गपशप [informal अनौपचारिक, meaningless निरर्थक, useless बेकार]; a thoughtless ~ does a lot of harm एक विचारहीन ≈ बहुत हानिकारक होती है; I like to have ~ with my neighbour मैं अपने पड़ोसी से ≈ (करना) पसंद करता हूँ. **2.** गप्पी, बातूनी [frivolous निकम्मा, malicious विद्वेषी, old पुराना]. **II.** *v.t.* (gossipping, gossipped) गप लड़ाना, गपशप करना : some students are fond of ~ping कुछ विद्यार्थी गपशप करने के शौकीन होते हैं.

got गॉट *v.t.* past form of 'get' *q.v.*

gouge गाउज **I.** *n*ᶜ. गोल रुखानी^F : ~ is used generally by blacksmiths ≈ प्राय: लोहारों द्वारा इस्तेमाल की जाती है. **II.** *v.t.* निकालना : ~ out a cork काग निकालना; ~out smb's eye किसी की आँख ≈.

gourd गुअर्ड *n*ᶜ. **1.** कद्दूवर्गीय कोई फल. **2.** (shell) तूँबा : ash ~ पेठा; bitter ~ करेला; bottle ~ लौकी; snake ~ चिचिंडा

govern ग'व़र्न *v.t.* **1.** (rule) शासन करना, राज करना, हुकूमत करना [absolutely निरंकुश रूप से, arbitrarily निरंकुशता^F से, liberally उदारता^F से, skilfully कुशलता^F से, wisely बुद्धिमत्तापूर्वक]; to ~ a nation किसी जाति^F पर ≈. **2.** (direct) संचालन करना, परिचालन करना : don't let your senses ~ your mind अपनी इंद्रियों^F को मन का संचालन न करने दो; he is ~ed by his wife वह अपनी पत्नी द्वारा संचालित होता है. **3.** (restrain) का नियंत्रण करना, दमन करना : ~ your appetite अपनी भूख^F पर नियंत्रण करो; to ~ oneself आत्मसंयम रखना. **4.** (regulate) विनियमित या लागू करना : the rule does not ~ this case नियम इस मामले में लागू नहीं होता.

governess ग'वर्निस *n*ᶜ. (*f.*) मास्टरानी, अध्यापिका : I have employed a ~ for my children मैंने अपने बच्चों के लिए एक अध्यापिका रखी है. **government** ग'वर्नमन्ट *n*ᶜ. सरकार^F, हुकूमत^F, गवर्नमेंट^F [democratic प्रजातांत्रिक, elected निर्वाचित, federal संघीय, responsible उत्तरदायी]; ~ established by law विधिपूर्वक स्थापित ≈; ~ machinery शासन-तंत्र, सरकारी मशीनरी^F; ~ security सरकारी ऋणपत्र, सरकारी हुंडी^F; ~ of a state राज्य की ≈; to be loyal/obedient to the ~ ≈ का वफ़ादार होना; the ~ consists of Prime Minister and other ministers ≈ में प्रधानमंत्री और अन्य मंत्री होते हैं; they form the ~ उनसे ≈ बनती है; the ~ शासक वर्ग; ~ house राजभवन. **governor** ग'व़र्नर *n*ᶜ. राज्यपाल, शासक, गवर्नर : ~ of a state राज्य का ≈; the ~ of a colony किसी उपनिवेश का ≈.

Govt. government.

gown गॉउन *n*ᶜ. चोगा, गाउन : morning ~ सुबह पहनने का ≈; bathing ~ स्नान करने के बाद का ≈; sometimes students have to wear a special ~ in their school कभी-कभी छात्रों को अपने विद्यालयों में एक विशेष ≈ पहनना पड़ता है. lawyers wear ~s वकील ≈ पहनते हैं.

G.P.F. General Provident Fund.

G.P.O. Generel Post Office.

grab ग्रैब **I.** *n*ᵘ. छीना-झपटी^F : some goondas made a ~ at my purse कुछ गुंडों ने मेरा पर्स छीन लिया. **II.** *v.t.* (grabbing, grabbed) **1.** छीनना : the thief ~bed my purse चोर ने मेरा बटुआ छीन लिया; to ~ something is to take it suddenly and unfairly कुछ ≈ का अर्थ है अचानक और जबरदस्ती^F ले लेना; to ~ smb's house किसी के मकान पर जबरदस्ती कब्ज़ा कर लेना. **2.** झपटना : to ~ at smth किसी चीज़ पर ≈. **3.** गिरफ़्तार करना : to ~ a criminal किसी अपराधी को ≈.

grace ग्रेस **I.** *n*ᵘ. **1.** (charm) लावण्य, मनोहरता^F: bewitching ~ जादूभरा ≈; ~ of form and manners रूप और आचरण का ≈. **2.** शालीनता^F, शिष्टता^F : he had the ~ to

admit his mistake उसमें अपनी गलती^F मान लेने की ≈ थी; to do smth with ~ कोई बात शालीनतापूर्वक करना. 3. अवधि^F, मोहलत^F, रिआयत^F, छूट^F : days of ~ ≈ के दिन; he is given a month's ~ to pay his debt उसे अपना ऋण चुकता करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है; to give ~ to the servant for an hour to confess नौकर को कबूल कर लेने के लिए एक घंटे की ≈ देना. 4. (favour) कृपा^F, कृपादृष्टि^F : by the ~ of God ईश्वर की ≈ से; may the ~ of God be with you ईश्वर तुम पर ≈ करे. 5. (prayer) प्रार्थना^F : they have ~ before and after meals वे खाने से पहले और बाद में ≈ करते हैं. **II.** *v.t.* **1.** सम्मान करना, शोभा या गौरव बढ़ाना : to ~ the party with one's presence अपनी उपस्थिति^F से पार्टी^F का गौरव बढ़ाया. **2.** (to decorate) सजाना : a flower ~d the table एक फूलदान मेज़^F की सज़ावट बढ़ा रहा था. **graceful** ग्रेस्'फुल *a.* **1.** मनोहर, ललित [activities कार्य-कलाप, manners आचरण, figure आकृति^F, motion गति^F]; a dancer's ~ movement एक नर्तक की ≈ लचक^F; she has been a ~ young woman in her youth वह अपनी जवानी में लावण्यमयी स्त्री थी. **2.** शिष्टतापूर्ण : ~ letter of thanks धन्यवाद का एक ≈ पत्र. [*ant.* awkward, dis~] **gracious** ग्रे'शस *a.* **1.** दयामय, कृपालु [queen रानी, God ईश्वर]; she is nothing but ~ वह बस ≈ ही है. **2.** रमणीय : ~ smile ≈ मुस्कान^F.

gradation ग्रॅ डे'शन *n*^u. दर्जाबंदी^F, क्रम-स्थापन : ~ of marks अंकों का क्रम निर्धारण; ~ of posts पदों का क्रम-निर्धारण **grade** ग्रेड **I.** *n*^c. **1.** (degree) श्रेणी^F, दर्जा, ग्रेड : to attain the highest ~ of social service समाज सेवा^F का उच्चतम ≈ प्राप्त करना; to be the officer of the high ~ उच्च ≈ का अधिकारी होना; Music exam has eight ~s संगीत की परीक्षा की आठ श्रेणियाँ हैं; there are three ~s of teachers in a University विश्वविद्यालय में अध्यापकों के तीन दर्जे होते हैं. **2.** (class) दर्जा, कक्षा^F : I am in the fifth ~ मैं पाँचवे दर्जे में हूँ; I passed the first ~ so easily मैंने पहला ≈ इतनी आसानी^F से पास कर लिया. **3.** (step) सोपान : his business is on the down ~ उसका व्यवसाय घट रहा है; his reputation is on the up ~ उसका यश बढ़ रहा है. **4.** (slope) ढलान^F : down ~ उतराई^F की ≈; up ~ चढ़ाई^F की ≈. **II.** *v.t.* **1.** श्रेणीकरण करना, वर्गीकरण करना, क्रम निर्धारित करना : क्रमबद्ध करना : to ~ the boys according to their ability लड़कों का उनकी योग्यता^F के अनुसार क्रम-निर्धारित करना. **2.** ढलान^F कम करना, बराबर करना : to ~ a mound किसी भीटे की ढलान कम करना. **gradual** ग्रै' ड्युअल *a.* क्रमिक, आनुक्रमिक, दर्जावार, उत्तरोत्तर [activities गतिविधियाँ^F, ascent चढ़ाई^F, change परिवर्तन]; a ~ change is one that happens slowly, a little at a time क्रमिक परिवर्तन वह है, जो कुछ समय का अंतराल देकर धीरे-धीरे घटित होता है. [*ant.* sudden] **gradually** ग्रै'ड्युअलि *adv.* क्रमशः, धीरे-धीरे : it is ~ getting colder ≈ ठंड बढ़ रही है; she ~ realized her mistake उसने ≈ अपनी गलती^F स्वीकार कर ली; their relations ~ changed उनके संबंध ≈ बदल गए; ~ the baby learnt to walk ≈ बच्चा चलना सीख गया; he ~ got better वह ≈ अच्छा हो गया; in summer time the sea-water becomes warmer ~, not suddenly गर्मियों में समुद्र का पानी ≈ गरम होता जाता है, एकाएक नहीं.

graduate ग्रै' ड्यूएट **I.** *n*^c. स्नातक : he is a ~ from the Punjab University वह पंजाब विश्वविद्यालय का ≈ है; Mr. G is a ~ in science श्री ग विज्ञान का ≈ है. **II.** *v.i.* ग्रै'ड्युएट **1.** स्नातक होना, उपाधि प्राप्त करना या देना : he has ~d from Allahabad University वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक हुआ है; he ~d from this college two years ago वह दो साल पहले इस महाविद्यालय से ≈ हुआ. **2.** (mark) अंशांकित करना : to ~ a thermometer थर्मामीटर को ≈ करना; a ruler ~d in centimetres सेंटीमीटरों में अंशांकित पटरी^F.

graft ग्राफ्ट **I.** *n.* **1.** कलम^F : two twigs for a ~ ≈ के लिए दो टहनियाँ. **2.** पैबंद : to use skin as a ~ ≈ के लिए चमड़ी^F लगाना. **3.** (bribe) घूस^F, रिश्वत^F : he was accused

of ~ उस पर ≈ लेने का अभियोग था; to make a ~ ≈ देना. **II.** *v.t.* **1.** कलम^F बाँधना या रोपना : a gardener ~s a twig from one tree to another tree माली किसी पेड़ की एक टहनी को दूसरे पेड़ की टहनी की कलम से बाँध देता है; to ~ a rose गुलाब की कलम लगाना. **2.** पैबंद लगाना : to ~ skin on the wound घाव पर चमड़ी^{F} का ≈.

grain ग्रैन n^c. **1.** (cereal) अनाज, धान्य, गल्ला [cheap सस्ता, ripe पका हुआ, sufficient पर्याप्त]; ~ dealer ≈ व्यापारी; ~ market ≈ मंडी^{F}, गल्ले का बाज़ार; the best known ~s are wheat, barley, rice etc. गेहूँ, जौ, चावल आदि सबसे अच्छे माने गए ≈ हैं; we reap ~ हम ≈ (की फसल) काटते हैं. **2.** (particle) दाना, कण : ~of salt, sand, etc. नमक, बालू इत्यादि का ≈. (fig.) he has not a ~ of common sense उसमें कणभर भी सामान्य बुद्धि^{F} नहीं है; not a ~ of truth, pity ज़रा भी सच्चाई^F, दया^{F} नहीं. **3.** (disposition) स्वभाव, प्रकृति^{F} : it goes against my ~ to do this इसे करना मेरे ≈ के विपरीत है.

gram ग्रैम n^c. **1.** चना : ~ is a cereal एक अन्न/अनाज है; red ~ अरहर; green ~ मूँग. **2.** (weight) ग्राम : 1000 ~s make a kilogram एक हज़ार ≈ का एक किलोग्राम होता है.

grammar ग्रै'मर n^c. व्याकरण [complicated जटिल, difficult कठिन, English अंग्रेजी, Greek ग्रीक, historical ऐतिहासिक, simple सरल]; Hindi ~ is not so difficult हिंदी ≈ उतना कठिन नहीं; to teach ~ ≈ पढ़ाना; we learn ~ at school हम विद्यालय में ≈ सीखते हैं; your letters are written in bad ~ तुम्हारे पत्र गलत ≈ में लिखे गए हैं; in ~ lessons we learn about words and how to use them correctly ≈ के पाठों में हम शब्दों और उनके सही प्रयोग के बारे में जानकारी^{F} प्राप्त करते हैं. **grammatical** ग्र मै'टिकल *a.* **1.** (relating to grammar) व्याकरणिक : a ~ gender ≈ नर^F लिंग; ~ mistake ≈ अशुद्धि^{F}. **2.** (determined by ~) व्याकरण-सम्मत : that sentence is not ~ वह वाक्य ≈ नहीं है.

gramme = gram *q.v.*

gramophone ग्रै मॅ'फ़ोन n^c. ग्रामोफोन : ~ as a musical instrument is now getting absolete वाद्ययंत्र के रूप में ≈ का प्रचलन अब समाप्त होता जा रहा है.

granary ग्रै'नरि n^c. (granaries) अन्न-भंडार, अनाज-भंडार : zamindars have tons of wheat in their granaries जमींदार अपने अन्न-भंडारों में टनों गेहूँ रखते हैं.

grand ग्रैन्ड *a.* **1.** मुख्य : ~ entrance ≈ प्रवेश द्वार. **2.** (imposing) भव्य, शानदार [buildings इमारतें^{F}, landscape प्राकृतिक दृश्य, show प्रदर्शन, theatre थिएटर]; a ~ procession ≈ जुलूस; a ~ sight ≈ दृश्य; a ~ style of walking चलने का एक ≈ ढंग. **3.** (great) महान्, महा- [lady महिला, leader नेता, patriot देशभक्त, personality व्यक्तित्व] **4.** (important) महत्वपूर्ण [article लेख, question प्रश्न, view विचार]. **5.** (haughty) गर्वित, गर्वयुक्त, अभिमानी [king राजा, man आदमी, player खिलाड़ी]. **6.** (illustrious) प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित : ~ oldman प्रतिष्ठित वृद्ध व्यक्ति. **7.** ~ child नाती; ~ daughter (son's daughter) पौत्री, पोती, (daughter's daughter) नतिनी, दोहती; ~ father (father's father) दादा, बाबा; (mother's father) नाना; ~ mother (father's mother) दादी; (mother's mother) नानी; ~son (son's son) पौत्र, पोता, (daughter's son) दोहता, नाती. **grandeur** ग्रैन्'ड्यर, ग्रैन'जर n^c. **1.** शोभा^{F}, शान^F, भव्यता^{F} : the ~ of royal court शाही दरबार की ≈; the ~ of the Himalayas हिमालय की ≈; the ~ of the Niagra falls न्याग्रा जलप्रपात की ≈. **2.** (eminence) उत्तमता^{F}, श्रेष्ठता^{F} : ~ of character चरित्र की ≈.

grant ग्रान्ट **I.** *n.* **1.** अनुदान, ग्रांट^F : ~-in-aid ≈, आर्थिक सहायता^{F} : this ~ is for the progress of rural farmers यह ≈ ग्रामीण किसानों के विकास के लिए है. **2.** मंज़ूरी^{F}, स्वीकृति^{F} : ~ of concession रियायत^F/छूट^F की ≈. **II.** *v.t.* **1.** प्रदान करना, देना : the headmaster ~ed him permission to go home प्रधानाचार्य ने उसे घर आने की आज्ञा^{F} प्रदान कर दी; to ~ rights,

concession अधिकार, रियायत^F देना. 2. मंज़ूर करना, स्वीकार करना, माल लेना : I ~ that you are right मैं स्वीकार करता हूँ कि तुम सही हो; his prayer/request was ~ed उसकी प्रार्थना^F स्वीकार की गई; ~ed that he is wrong माना कि वह गलती^F पर है; to take smth for ~ed किसी बात^F को पहले से ही सच मान लेना; to ~ a point in the argument बहस^F में कोई बिंदु ≈.

grape ग्रेप *n*^c. अंगूर [black काला, delicious स्वादिष्ट, golden सुनहला, green हरा, oval अंडाकार, ripe पका, round गोल, sour खट्टा, sweet मीठा, transparent पारदर्शी]; the ~ vines in the garden बगीचे में ≈ की लताएँ^F; a bunch of ~s अंगूरों का गुच्छा; ~s are sour ≈ खट्टे हैं; vintage of ~s ≈ की कुल उपज; ~ vines twist their tendrils from tree to tree ≈ की लताएँ अपने तन्तु एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक लपेट लेती हैं.

graph ग्राफ़ *n*^c. 1. रेखाचित्र, ग्राफ़, नक्शा : to make a ~ of the changing temperature बदलते हुए तापमान का ≈ तैयार करना; the ~ shows rise and fall of the temperature ≈ तापमान का उतार-चढ़ाव दर्शाता है. 2. लेख : photograph चित्रलेख; telegraph दूरलेख.

grasp ग्रास्प I. *v.t.* 1. (grip) कसकर पकड़ना : to ~ a rope रस्सी^F पकड़ना; ~ tightly मज़बूती^F से पकड़ना. 2. (seize) छीनना : to ~ a person's stick किसी व्यक्ति की छड़ी^F ≈. 3. पूर्णरूपेण समझ लेना : the boy could not ~ what the man was saying लड़का पूरी तरह से कुछ न समझ सका कि वह आदमी क्या कह रहा है; to ~ another's meaning किसी दूसरे व्यक्ति के आशय को समझना; he fully ~ed my argument उसने मेरा तर्क पूरी तरह समझ लिया. II. *n*^c. समझ^F, पकड़^F : it is wihtin your ~ यह तुम्हारी ≈ में आ सकता है; it is beyond your ~ यह तुम्हारी ≈ के बाहर है; he is in the ~ of the enemy वह शत्रु की पकड़ में है. **grasping** ग्रास्'पिङ्ग *a.* लोभी [businessman व्यापारी, person व्यक्ति, seller विक्रेता, servant नौकर].

grass ग्रास *n.* घास^F [dry सूखी, green हरी, soft नरम, tall लंबी, thick घनी]; we have plenty of ~ in our lawn हमारे लॉन में बहुत ≈ है; animals graze the ~ जानवर ≈ चरते हैं; to cut the ~ ≈ काटना; to sit on the ~ ≈ पर बैठना; to grow ~ ≈ उगाना; ~ blade ≈ की पत्ती^F; ~ cutter ≈ काटने की मशीन^F; ~land ≈ का मैदान. Δ **not to let ~ grow under one's feet** तुरंत काम कर डालना, देर न करना. **grasshopper** ग्रास्'हॉपर *n.* टिड्डा : there are ~s in the field खेत में टिड्डे हैं.

grateful ग्रेट'फुल *a.* 1. आभारी, कृतज्ञ : ~ heart ≈ हृदय; to be ~ to a person for his kindness किसी व्यक्ति का उसकी दयालुता^F के लिए ≈ होना; people who are ~ can show it by saying, 'thank you' लोग जो ≈ होते हैं वे इसका प्रदर्शन 'धन्यवाद' कहकर कर सकते हैं; to be ~ for help सहायता^F के लिए ≈ होना; we are ~ to you for all you have done आपने जो इतना सब कुछ किया है उसके लिए हम आपके ≈ हैं; we shall be ~ for any information you give us किसी तरह की जानकारी के लिए जो आप हमें दे सकते हैं हम आपके ≈ रहेंगे. [*ant.* un ~] 2. (comforting) सुखद [letter पत्र, shade छाया^F, sleep नींद^F, task कार्य].

gratification ग्रैटिफ़ि के'शन *n*^u. 1. (act) अनुतोषण, परितोषण : for the ~ of the people लोगों के ≈ के लिए. 2. (state) संतोष, तोष, तुष्टि^F : for your own ~ तुम अपने संतोष के लिए; ~ of desire इच्छाओं की तुष्टि^F. 3. (gift) आनुतोषिक : illegal ~ रिश्वत^F, घूस^F. **gratify** ग्रै'टिफ़ाइ *v.t.* (gratified) तुष्ट करना संतुष्ट करना, प्रसन्न करना : your success ~fied me तुम्हारी सफलता^F से मुझे संतोष हुआ (ख़ुशी हुई); to ~ one's desires अपनी इच्छाओं को तृप्त करना; success gratifies oneself सफलता^F अपने को संतुष्ट करती है; we are gratified to know that ... हम यह जानकर खुश हुए कि ...; it is ~ing इससे ख़ुशी होती है.

gratitude ग्रै'टिट्यूड *n*^c. आभार, कृतज्ञता^F : to express one's ~ for help सहायता^F के लिए अपनी ≈ प्रकट करना; as a token of ~ ≈ के प्रतीक स्वरूप.

gratuity ग्र ट्यू'इटि *n*^c. आनुतोषिक, उपदान : to obtain a small ~ एक थोड़ा-सा ≈ प्राप्त करना.

grave ग्रेव़ **I.** *n*ᶜ. कब्र^F, समाधि^F : he lies in the ~ वह अपनी ≈ में पड़ा है; she sleeps in her ~ वह अपनी ≈ में सोई है; they dug a ~ उन्होंने ≈ खोदी. **II.** *a.* **1.** गंभीर, चिंताजनक ; ~ situation ≈ स्थिति^F; ~ illness ≈ रोग; ~ news ≈ समाचार; to have ~ doubts about something किसी चीज़^F के बारे में ≈ संदेह होना; this matter has been of ~ concern यह मामला गंभीर चिंता^F का विषय है. **2.** घोर, भयंकर : ~ fault ≈ दोष; a ~ mistake ≈ भूल^F; the policeman told us that there had been a ~ accident पुलिस ने हमें बताया कि एक भयंकर दुर्घटना^F हुई है. **3.** (solemn) गंभीर : we know by his ~ face that he was not amused हम उसके ≈ चेहरे से जानते हैं कि उसका मन नहीं बहला था. **II.** *v.t.* better 'engrave' *q.v.*

gravel ग्रै'व़ल **I.** *v.t.* **1.** रोड़ी^F/गिट्टी^F बिछाना : to ~ a path रास्ते पर कंकड़ बिछाना; to ~ a road सड़क^F पर बजरी^F बिछाना. **2.** (perplex) घबरा देना, उलझन^F में डालना : difficulties ~ a man कठिनाइयाँ किसी आदमी को उलझन में डाल देती हैं. **II.** *n.* रोड़ी^F, बजरी^F, गिट्टी^F : ~ for macadamising the road पक्की सड़क बनाने के लिए ≈. **2.** (disease) पथरी^F : there is ~ in his gall-bladder उसके पित्ताशय में ≈ है.

immature इमॅ ट्युअर' *a.* **1.** अपरिपक्व [fruit फल, plan योजना, youth युवावस्था[F]]. **2.** अप्रौढ़ [language भाषा, mind मन, youth युवक] she is ~ for her age उम्र[F] के हिसाब से वह ≈ है.

immediate इमी'डिअट *a.* **1.** (instant) तात्कालिक [answer उत्तर, compensation क्षतिपूर्ति, need आवश्यकता[F], payment भुगतान, question प्रश्न, result परिणाम, utility उपयोगिता]; the ~ cause of the accident दुर्घटना[F] का ≈ कारण. **2.** (close) निकटतम [family परिवार, neighbour पड़ोसी, relation संबंध]; the ~ successor to the throne सिंहासन का ≈ उत्तराधिकारी; my ~ relatives are my father and mother मेरे निकटतम संबंधी मेरे माता-पिता हैं; in the ~ future निकटतम भविष्य में. **3.** (direct) तुरंत, प्रत्यक्ष, सीधा : to take ~ action ≈ कार्यवाही[F] करना; it had an ~ effect इस पर प्रत्यक्ष/तुरंत प्रभाव पड़ा. **immediately** इमी'डिअटलि *adv.* तत्काल, तुरंत, अविलंब : you must go ~ तुमको ≈ चले जाना चाहिए; we shall begin ~ हम तुरंत शुरू कर देंगे; ~ after the war युद्ध के तुरंत बाद; when I ask you to come, you must ~ do so जब मैं तुम्हें आने को कहूँ तो तुम्हें ≈ आ जाना चाहिए; I shall do it ~ मैं इसे ≈ कर दूँगा. [*ant.* later]

immensely इ मॅन्स'लि *adv.* अत्यधिक, बहुत : I liked the book ~ मैंने पुस्तक को बहुत पसंद किया; I am ~ grateful to you मैं आपका बहुत कृतज्ञ हूँ; we enjoyed it ~ हमने इसका ≈ आनंद लिया; we were ~ relieved when Dad returned safely from the mine हम लोगों को अत्यधिक राहत[F] मिली जब पिताजी खदान[F] से सकुशल लौट आए.

immerse इ मर्स' *v.t.* **1.** डुबोना : to ~ a rod in the water छड़ को पानी में डुबोना. **2.** (fig.) (gen. passive) डूबना, लीन होना : he was ~d in the novel whole day वह सारा दिन

उपन्यास में डूबा (लीन) रहा; he was ~d in thought वह विचारों में डूबा (निमग्न) था; to be ~d in debt कर्ज़ में डूबा होना; to be ~d in study, thought अध्ययन, विचार में डूबना (लीन होना). **immersion** इ मर्'शन *n*ᶜ. **1.** डुबकी^F : ~ of the dead body in water मृतक को पानी में डुबकी देना. **2.** (of statue) प्रवाह, विसर्जन ~ of the image of Goddess Durga in the Ganga गंगा में देवी दुर्गा की मूर्ति^F का विसर्जन. **3.** (of mind) तल्लीनता^F, निमग्नता^F.

imminent इ'मिनन्ट *a.* सन्निकट, बिल्कुल पास [crisis संकट, danger ख़तरा, revolution क्रांति^F, storm तूफ़ान, war युद्ध]; his death is ~ उसकी मृत्यु ≈; है; Indo - Pakistan war is ~ भारत-पाकिस्तान युद्ध होने ही वाला है. [cf. eminent]

immodest इ मॉ' डिस्ट *a.* **1.** अविनीत, धृष्ट [boy लड़का, person व्यक्ति, woman औरत]. **2.** गँवारू : her saree is so short that it looks ~ उसकी साड़ी इतनी छोटी है कि गँवारू लगती है; his behaviour was ~ उसका व्यवहार ≈ था. [*ant.* modest]

immortal इ मॉर्'टल *a.* अमर, अनवूवर [fame यश, poet कवि, poetry काव्य, soul आत्मा^F]; I take Gandhi to be ~ मैं गाँधी को अमर मानता हूँ; ~ God means god who lives for ever अमर देवता का आशय है देवता जो सदा रहता है; his name is ~ उसका नाम अमर है.

immovable इ मू'वॅबल *a.* **1.** अचल : he has enough of movable and ~ property उसके पास चल और ≈ अचल संपत्ति^F काफी है; a mountain is ~ पर्वत ≈ है. **2.** अटल [determination निश्चय, faith विश्वास]; he remained ~ in his decision वह अपने निर्णय पर ≈ रहा. [*ant.* movable]

immune इम्यून' *a.* **1.** (exempt) उन्मुक्त : ~ from liability उत्तरदायित्व से ≈; ~ from tax कर मुक्त. **2.** (protected) प्रतिरक्षित : ~ from/against disease, attack बीमारी, आक्रमण से ≈; this medicine will make you ~ to/from small pox यह दवा^F तुम्हें चेचक से ≈ करेगी. [*ant.* liable] **immunity** इ म्यू'निटि *n*ᵘ. **1.** उन्मुक्ति^F : ~ from taxation कराधान से मुक्ति. **2.** प्रतिरक्षा^F, निरापदता^F : it is hard to have ~ from cancer of peril कैंसर या ख़तरे से ≈ पाना बहुत कठिन है.

impact इम्'पैक्ट *n*ᶜ. **1.** टक्कर^F : the ~ of the waves on the rocks चट्टानों^F पर लहरों^F की≈; the bull charged at the tree and the ~ of his head on the trunk shook down all the apples साँड़ ने पेड़ पर प्रहार किया तो तने पर उसके सिर की ≈ से सभी सेब झटककर नीचे गिर गए. **2.** (influence) प्रभाव : the new policy had a great ~ salaried people नई नीति^F का वेतनभोगी लोगों पर बड़ा ≈ पड़ा; the news did not make much ~ on him इस समाचार का उसके मन पर कोई बहुत प्रभाव नहीं पड़ा.

impart इम् पार्ट' *v.t.* देना : to ~ a piece of information जानकारी^F देना; to ~ courage to smb किसी को हौसला देना; a teacher's job is to ~ knowledge अध्यापक का काम है ज्ञान देना. [*ant.* withhold]

impartial इम् पार्'शल *a.* निष्पक्ष [judge जज, judgement निर्णय, tribunal न्यायाधिकरण, witness साक्षी]; a referee should be ~ पंच को ≈ होना चाहिए. [*ant.* partial] **impartiality** इम्पार्शि ऐ'लिटि *n*ᵘ. निष्पक्षता^F: I expected ~ from the enquiry committee मुझे जाँच समिति^F से ≈ आशा^F थी. [*ant.* partiality]

impatient इम् पे'शन्ट *a.* अधीर, बेचैन [child शिशु, gesture हाव-भाव, man आदमी]; to be ~ of someone's absence किसी की अनुपस्थिति से ≈ हो जाना; he was ~ to see from the window if the station was in sight वह खिड़की^F से यह देखने के लिए ≈ था कि स्टेशन दिखाई दे रहा है; to be ~ to see the sights of London लंदन के दृश्य देखने के लिए ≈ होना; don't be ~ अधीर न हों.

impeach इम् पीच' **1.** आरोप लगाना, महाभियोग लगाना : he was ~ed on the basis of incapacity and misconduct उस पर अक्षमता^F और कदाचार के आधार पर महाभियोग लगाया गया. **2.** (challenge) चुनौती^F देना : to ~ the government सरकार^F को ≈ **3.** दोष

निकालना : to ~ smth. किसी वस्तु[F] में ≈.

impede इम् पीड' *v.t.* बाधा[F] डालना : to ~ communication संचार में ≈; to ~ a person's progress किसी व्यक्ति की प्रगति[F] में ≈; the traffic ~ed for hours यातायात घंटों रुका रहा. [*ant.* accelerate]

impediment इम् पें'डिमन्ट *n*[c]. बाधा[F], रुकावट[F] : an ~ to progress प्रगति[F] में ≈; he has now removed all ~s उसने अब सब बाधाएँ[F] दूर कर दी हैं; the boy has ~ in speech बच्चे को हकलाहट[F] है.

impel इम् पें'ल' *v.t.* (impelling, impelled) **1.** प्रेरित करना : to ~ one to action कार्य करने के लिए ≈; his conscience ~led him to tell the truth उसके अंतःकरण ने उसे सच-सच बताने को प्रेरित किया; she was ~led by a feeling of compassion वह दया[F] की भावना[F] से प्रेरित थी. **2.** (propel) ढकेलना, ठेलना : a ship is ~led by the wind जहाज़ हवा[F] से ठेला जाता है; something ~s me to declare कोई चीज[F] मुझे उद्‌घोषणा करने के लिए ठेलती है. **3.** (force) मजबूर करना : circumstances led him to commit suicide परिस्थितियों ने उसे आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया.

imperative इम् पें'रटिव़ *a.* **1.** आदेशसूचक [indication संकेत, sentence वाक्य]. **2.** (urgent) अत्यावश्यक, अनिवार्य : it is ~ for you to do six hours duty छः घंटे की ड्यूटी[F] करना तुम्हारे लिए ≈ है. this order is ~ यह आदेश ≈ है. [*ant.* optional] **3.** (gram.) आज्ञार्थ : do, go, write down are verbs in ~mood कर/करो, जा/जाइए, लिखो ≈ क्रियाएँ हैं.

imperfect इम् पर्'फ़िक्ट *a.* **1.** अपूर्ण, अधूरा [knowledge ज्ञान, sentence वाक्य]; say completely, it is ~ पूरा कहो यह (तो) अधूरा है. **2.** त्रुटिपूर्ण, सदोष : the sentence is ~, correct it वाक्य त्रुटिपूर्ण है, इसे सही करो; **3.** (gram.) अपूर्ण भूत : 'I was walking' is an ~ verb 'मैं जा रहा था' अपूर्ण भूत क्रिया है; tense ≈ काल. [*ant.* perfect]

imperial इम् पिअ'रिअल *a.* **1.** साम्राज्यिक [authority अधिकार, flag झंडा, power शक्ति[F], robes लिबास]; ~ crown सम्राट्; **2.** (magnificent) प्रतापी [emperor सम्राट्, king राजा].

impersonal इम् पर्'सॅनल *a.* **1.** अवैयक्तिक [discussion बहस[F], manner रीति[F]]; light and heat are ~ forces प्रकाश और ऊष्मा ≈ बल हैं; ~letter ≈ पत्र. **2.** (grammar) भाववाचक : ~ use भावे प्रयोग; ~ verb ≈ क्रिया, as it is snowing जैसे बर्फ़ पड़ रही है. [*ant.* personal]

impertinent इम् पर्'टिनन्ट *a.* **1.** असंगत, अप्रासंगिक [behaviour व्यवहार, curiosity आकांक्षा[F], remark कथन, reply उत्तर, speech भाषण]; the audience did not like his idea's for they were ~ श्रोताओं ने उसके विचारों को पसंद नहीं किया क्योंकि वे ≈ थे; [*ant.* irrelevant] **2.** (insolent) ढीठ, धृष्ट, गुस्ताख़ [boy लड़का, employee मुलाज़िम, servant नौकर]; the pupil was ~ to his teachers छात्र अध्यापकों के प्रति धृष्ट था; the ~ student called his teacher a silly woman उस धृष्ट विद्यार्थी ने अपनी अध्यापिका को 'मूर्ख औरत' कहा.

impious इम्'पिअस *a.* नास्तिक, विधर्मी [conduct आचरण, fellow व्यक्ति, life जीवन]; his ~ activities will ruin him surely उसके ≈ कार्यकलाप निश्चित रूप से उसे बरबाद कर देंगे. [*ant.* pious]

implant इम् प्लांट' *v.t.* **1.** (मन में) बैठाना : smb ~ed the idea in his mind for not to leave Delhi किसी ने उसके मन में यह विचार बैठा दिया कि दिल्ली नहीं छोड़ना. **2.** पैदा करना : to ~ good taste सुरुचि[F] ≈. **3.** रोपना to ~ seeds of guava अमरूद के बीज ≈. **4.** लगा देना : the doctor ~ed a bone डाक्टर ने एक हड्डी लगा दी.

implement इम्'प्लिमेंन्ट **I.** *n*[c]. औज़ार, उपकरण : agricultural ~s खेती[F] के ≈; kitchen ~s रसोई[F] के≈ ; a spade is an ~ for digging फावड़ा खोदने का ≈ है; all the tools and ~ of a garage गैरिज के सभी यंत्र और उपकरण. **II.** इम्प्लिमेंन्ट *v.t.* **1.** कार्यान्वित करना, लागू करना : the plan had to be ~ed योजना[F] कार्यान्वित करने को थी; ~ the rule No. 1 नियम एक को कार्यान्वित करो;

2. (fulfil) पूरा करना, निबाहना : one must ~ his duties आदमी को अपने कर्तव्यों को ≈ चाहिए; to ~ a promise वचन ≈.

implicate इम्'प्लिकेट *v.t.* **1.** फँसाना : to ~ smb in theft किसी व्यक्ति को चोरी^{F} में फँसाना. **2.** (entangle) उलझाना : do not ~ the matter in vain बेमतलब मामले को मत उलझाओ; I do not want to be ~d in your plans मैं तुम्हारी योजनाओं^{F} में उलझना नहीं चाहता. **3.** (imply) अंतर्निहित होना, मतलब या अर्थ होना : ~d meaning of the sentence वाक्य का अंतर्निहित अर्थ; what is ~ed by this statement? इस कथन का क्या मतलब है?

implication इम्प्लिके'शन n^c. **1.** (meaning) आशय, निहतार्थ : that is the ~ of his words उसके शब्दों का ≈ यही है; what is the ~ of this G.O. इस सरकारी आर्डर का ≈ क्या है? **2.** फँसाव, उलझाव : his ~ in theft was doubtful चोरी^{F} में उसका ≈ संदिग्ध था.

implore इम् प्लॉर' *v.t.* अनुनय-विनय^F करना, याचना^{F} करना, प्रार्थना^{F} करना : I ~ you to forgive me मैं आपसे याचना/प्रार्थना करता हूँ कि मुझे क्षमा^{F} कर दें; the prisoner ~d the judge to set him free कैदी ने मुक्त होने के लिए जज से प्रार्थना की; to ~ for aid सहायता^{F} के लिए ≈; to ~ god for mercy ईश्वर से दया^{F} की ≈; I ~ you not to go outside at this time मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि इस समय बाहर मत जाइए; to ~ very earnestly गंभीरता से याचना करना; to ~ smb's forgiveness किसी से क्षमा-याचना करना.

imply इम् प्लाइ' *v.t.* (implies, implied) का (निहित) अर्थ होना : silence implies consent मौन का अर्थ सम्मति^{F} होता है; disobedience implies punishment अवज्ञा^{F} का अर्थ है दण्ड; it implies that you will not come इसका अर्थ है कि तुम नहीं आओगे; to ~ something not stated कोई ऐसा अर्थ होना जो बताया नहीं गया; a nod of head implies agreement सिर हिलाने का अर्थ होता है सहमति^{F}; what do these words ~ ? इन शब्दों का निहित अर्थ क्या है? it is implied by his statement that he will succeed उसके कथन से यह अर्थ निकलता है कि वह सफल हो जाएगा.

impolite इम्पॅ लाइट' *a.* अशिष्ट, अभद्र [man आदमी, manners आचार, officer अधिकारी, remark टिप्पण, tone स्वर]; I am afraid I must have appeared very ~ in replying to your letter मुझे डर है मैं तुम्हारे पत्र का उत्तर देने में बहुत ≈ लगा होउंगा; it was ~ of him not to reply उत्तर न देने में उसकी अशिष्टता^{F} थी. [*ant.* polite]

import इम्'पार्ट **I.** n^c. आयात : ~ duty ≈ कर; ~ and export ≈ और निर्यात; unfortunately our ~s exceed our exports considerably दुर्भाग्य से हमारा ≈ निर्यात से बहुत बढ़ा हुआ है. [*ant.* export] **2.** अभिप्राय, अर्थ, आशय : ~ of a word किसी शब्द का अर्थ; ~ of the decision निर्णय का अर्थ; I could not understand the ~ of your statement मैं तुम्हारे बयान का ≈ नहीं समझ पाया. **3.** (importance) महत्व : it is a matter of great ~ यह बड़े ≈ का मामला है. **II.** इम् पॉर्ट' *v.t.* **1.** आयात करना : to ~ raw material into our country अपने देश में कच्चे माल का ≈; India ~s machinery from England भारत इंग्लैण्ड से मशीनरी^{F} आयात करता है; we ~ many thing from abroad हम विदेशों से बहुत-सी चीज़ों^{F} का आयात करते हैं. **2.** आशय/अर्थ रखना : what do your words ~ तुम्हारे शब्दों का आशय क्या है?

importance इम् पॉर्'टन्स n^u. महत्व [great बड़ा/बहुत, historical ऐतिहासिक, political राजनीतिक, secondary गौण, temporary अल्पकालिक, utmost बहुत अधिक]; the town of the greatest ~ अत्यंत ≈ का कस्बा; a person of small ~ कम ≈ का आदमी; of no ~ महत्वहीन; a question of ~ महत्वपूर्ण प्रश्न; we have several matters of ~ to consider today आज विचार करने के लिए हमारे पास कई महत्वपूर्ण विषय हैं; ~ of persons, things or acts व्यक्तियों, वस्तुओं या कार्यों का महत्व; it has a great ~ for the whole country पूरे देश के लिए इसका बड़ा ≈ है; you realise the ~ of taking care on the road when you

hear about accidents जब तुम दुर्घटनाओं^F के बारे में सुनते हो तो सड़क^F पर सावधानी^F बरतने के ≈ का अनुभव करते हो; to attach/give ~ ≈ देना. **important** इम्-पॉर्'टन्ट *a.* **1.** महत्वपूर्ण [decision निर्णय, event घटना^F, matter मामला, meeting बैठक, news समाचार, office पद, person व्यक्ति, place स्थान, problem समस्या^F, question प्रश्न, reason कारण]; it is very ~ for everyone यह हर आदमी के लिए बहुत ≈ है; it is ~ for him to go at once यह उसके लिए ≈ है कि तुरंत चला जाय; the most ~ thing is to begin सबसे ≈ बात^F है शुरू कर देना; it is not so ~ यह उतना ≈ नहीं है. **2.** विशिष्ट : we have known that the gentleman was an ~ person because the policeman saluted him हम जान गए हैं कि वह भद्र पुरुष विशिष्ट व्यक्ति था क्योंकि पुलिस^F ने उसे नमस्कार किया; very ~ person (VIP) अतिविशिष्ट व्यक्ति.

impose इम् पोज़' *v.t.* **1.** लगाना : to ~ taxes कर ≈; to ~ a duty ड्यूटी^F लगाना; the headmaster ~d fine on five students प्रधानाचार्य ने पाँच विद्यार्थियों पर जुर्माना लगा दिया. **2.** थोपना : to ~ something upon somebody किसी पर कुछ ≈; to ~ a task काम ≈; do not ~ yourself on others अपने को दूसरों पर मत थोपो.

impossible इम् पॉ'सिबल *a.* **1.** असंभव [condition पूर्ति^F, demand माँग^F, task काम]; it is ~ for me to leave now इस समय मेरे लिए चले जाना ≈ है; will it be ~ for you to come here tomorrow? क्या तुम्हारे लिए कल यहाँ आना ≈ होगा? I do not see anything ~ in it मुझे इसमें कुछ असंभव दिखाई नहीं देता; heart operations were formerly considered ~ पहले दिल के आपरेशन असंभव माने जाते थे; it was ~ to understand him उसे समझना ≈ था; it is ~ to count grains of sand on a beach तट पर के बालू के कणों को गिनना ≈ है. **2.** (other meanings) ~ story कठिन कहानी^F; ~ person अव्यावहारिक व्यक्ति; ~ rumour अविश्वसनीय अफ़वाह^F. [*ant.* possible]

imposter इम् पॉस्'टर *n*^c. पाखंडी, ढोंगी : he is an ~, you must not believe him वह ≈ है तुम्हें उस पर विश्वास नहीं करना चाहिए; an ~ was caught एक ≈ पकड़ा गया.

impotent इम्'पॅटन्ट *a.* **1.** नपुंसक, नामर्द : he did not marry because he is ~ उसने शादी^F नहीं की क्योंकि वह ≈ है. **2.** दुर्बल, कमज़ोर : ~ rage ≈ रोष; we are ~ against the militants हम हिंसावादियों के विरुद्ध ≈ हैं.

impracticable इम् प्रैक्'टिकॅबल *a.* **1.** अव्यावहारिक, दुष्कर, दुःसाध्य [idea विचार, plan योजना^F, proposal सुझाव]; your scheme is possible but ~ तुम्हारी योजना^F संभव तो है पर है ≈. **2.** (road) दुर्गम, अगम : the way to Leh and Ladakh is ~ लेह और लद्दाख का रास्ता ≈ है. **3.** (of person) बेढब, हठी.

impress इम्'प्रॅस **I.** *n*^c. छाप^F : ~of a seal मुहर^F की ≈; there was a great ~ on the audience श्रोताओं पर गहरी ≈ पड़ी. **II.** इम् प्रॅस'*v.t.i.* **1.** प्रभाव डालना, प्रभावित करना : the film at the cinema ~ed me very much सिनेमा की फिल्म^F ने मुझे बहुत प्रभावित किया; we were ~ed by his speech हम उसके भाषण से प्रभावित हुए. **2.** छाप^F लगाना : let me ~the document दस्तावेज़ पर मुझे मुहर लगाने दो; he was deeply ~ed with what he had heard जो कुछ उसने सुना उस पर उसकी गहरी छाप पड़ी; the scenes of our childhood rest deeply ~ed upon us all our life हमारे बचपन के दृश्य हमारे जीवन पर गहराई^F से छाप डाले रखते हैं. **impression** इम् प्रॅ'शन *n*^c. **1.** (mark) छाप^F, निशान [deep गहरी, general सामान्य, vague अस्पष्ट]; ~ of his thumb अंगूठे का निशान; his work made a good ~ on everyone उसके काम की प्रत्येक पर अच्छी छाप पड़ी. **2.** (influence) प्रभाव, असर [deep गहरा, favourable अनुकूल]; I do not remember the man because he made no ~ on me मुझे वह आदमी याद नहीं है क्योंकि उसका मुझ पर कोई ≈ नहीं पड़ा; his speech left a very bad ~ on the people उसके भाषण का लोगों पर बड़ा ≈ पड़ा. **3.** (motion) विचार : it is my ~ that the task is not too hard मेरा विचार है

कि काम अत्यंत कठिन नहीं है; I had a vague ~ that I had seen her somewhere मेरा यह धुँधला-सा विचार था कि मैंने उसे कहीं देखा है; I was under the ~ that he is dead मेरा यह विचार था कि वह मर गया है. **4.** संस्कार : the ~s of one's family परिवार के ≈. **5.** (printing) संस्करण : I have the latest ~ of the book मेरे पास पुस्तक[F] का बिल्कुल नया ≈ है. **impressive** इम् प्रे[F]'सिव़ *a.* प्रभावशाली, प्रभावोत्पादक [ceremony उत्सव, lecture भाषण, occurrence घटना[F], sermon उपदेश]; the procession was not at all ~ जुलूस बिल्कुल ≈ नहीं था; the royal wedding was very ~ शाही शादी[F] बहुत ही ≈ रही.

imprison इम् प्रि'ज़न *v.t.* **1.** कैद करना, बंदी बनाना : he ~ed her in his house उसने उसे अपने घर में कैद कर लिया; the criminal was ~ed अपराधी को बंदी बना लिया गया. **2.** बंद करना : I was ~ed in an office all the day मैं दिन भर एक कार्यालय में बंद रहा; a bird ~ed in a cage पिंजरे में बंद पक्षी. [*ant.* release] **imprisonment** इम् प्रि'ज़न्मन्ट *n*[u]. कारावास, कैद[F] [rigorous कठोर, simple साधारण, solitary एकांत]; the accused was sentenced to ten years' ~ अपराधी को दस वर्ष की कैद की सजा[F] दी गई. [*ant.* liberty]

improper इम् प्रॉ'पर *a.* अनुपयुक्त, अनुचित [conduct आचरण, joke मज़ाक, method तरीका]; an ~ use of one's time समय का ≈ उपयोग; that was the most ~ thing to say कहने को वह बहुत ही ≈ बात[F] थी; an ~ behaviour will destroy the plan ≈ व्यवहार से काम बिगड़ जायगा. [*ant.* proper]

improve इम् प्रूव़' *v.t.* (improving) **1.** सुधारना to ~ in health स्वास्थ्य सुधरना; ~ your spelling वर्तनी[F] में सुधार करो; his health is improving and he is almost well उसका स्वास्थ्य सुधर रहा है और वह लगभग ठीक है; you must ~ your writing, I cannot read this तुम्हें अपने लेखन में सुधार करना ही चाहिए, मैं इसे पढ़ नहीं सकता; conditions of work have greatly ~d काम की स्थिति में काफ़ी सुधार हुआ है; I hope the weather will ~ मैं आशा[F] करता हूँ कि मौसम में सुधार होगा. **2.** का लाभ उठाना : I could not ~ the opportunity मैं अवसर का लाभ न उठा सका. **3.** Δ ~ **upon** बेहतर बनाना : you should ~ upon your art अपनी कला[F] को और अच्छा बनाओ. **improvement** इम्प्रूव़'मन्ट *n*[u]. **1.** सुधार [constant लगातार, great बहुत, further और, rapid तेज़, vast भारी]; signs of ~ सुधार के चिह्न/संकेत; there is still time for ~ सुधार के लिए अब भी समय है; there is a little ~ in your behaviour तुम्हारे व्यवहार में थोड़ा ≈ हुआ है; there is room for ~ yet अब भी सुधार की गुंजाइश[F] है; his drawing shows great ~ उसके रेखांकन में बहुत ≈ दिखता है. **2.** ~ **on/upon** there has been an ~on your previous achievement तुम्हारी पहले की उपलब्धि बेहतर हुई है.

I.M.S. Indian Medical Service.

impudent इम्'प्यूडन्ट *a.* **1.** निर्लज्जतापूर्ण [demand माँग, gesture हाव-भाव, look निगाह, remark टिप्पण, reply उत्तर, tone स्वर, word शब्द]. **2.** गुस्ताख़, अक्खड़ : he always laughts at me he is a very ~ boy वह सदा मुझसे मज़ाक करता है, बड़ा ≈ लड़का है.

impulse इम्' पल्स *n*[c]. **1.** अंत:प्रेरणा[F] : an ~ to help someone किसी की सहायता[F] करने की ≈; he acts on ~ rather than on reason वह तर्क के बजाय ≈ से काम करता है. **2.** भावना[F], मनोवेग : to reveal the ~s भावनाओं/मनोवेगों को व्यक्त करना. **3.** प्रोत्साहन/बढ़ावा : to give an ~ to trade, education, industry व्यापार, शिक्षा[F], उद्योग को ≈ देना. **4.** उमंग[F], तरंग[F] : I bought a painting on ~ मैंने ≈ में चित्र खरीद लिया. **impulsive** इम् पल'सिव़ *a.* आवेगशील : ~ child ≈ बच्चा; think first and do not be ~ पहले सोचो, ≈ न बनो.

impure इम् प्युअर' *a.* अपवित्र, दूषित [actions कार्य, air हवा[F], butter मक्खन, conscience अंतरात्मा[F], language भाषा[F], mind मन, thoughts विचार, water पानी, wishes आकांक्षाएँ[F]]. **impurity** इम् प्युअ'रिटि *n*[c]. (impurities) अशुद्धता[F], अशुद्धि[F] : ~ of

air, water हवा[F], पानी की ≈; this oil is free from impurities इस तेल में मिलावट[F] नहीं है.

impute इम् प्यूट' *v.t.* **1.** आरोप लगाना, (दोष) सिर मढ़ना, दोषी ठहराना : to ~ a fault to smb किसी के सिर दोष मढ़ना; to ~ a person's failure to his mental incapacity किसी की असफलता[F] को उसके मष्तिष्क की अक्षमता[F] पर मढ़ना; I ~ his failure to laziness मैं उसकी असफलता[F] के लिए निष्क्रियता को दोषी ठहराता हूँ. **2.** (credit) श्रेय देना : to ~ his success to his labour उसके परिश्रम को उसकी सफलता का श्रेय देना.

in- *perf.* not : incomplete, indecent insincere.

in. inch. see below some words.

in इन **I.** *prep.* **1.** में : ~ the garden बगीचे ~; to come ~ a week एक सप्ताह में आ जाना; he put the money into his pocket उसने पैसा अपनी जेब[F] में डाल दिया; to look in the mirror आइने में देखना; he put his hand in the water उसने अपना हाथ पानी में डाला; in the twentieth century बीसवीं शताब्दी में; in honour of के सम्मान में; in loud voice ऊँची आवाज़ में; in bottles बोतलों[F] में; in size कद में; in Geography भूगोल में; he is in difficulty वह कष्ट में है; in summer गर्मियों[F] में; in haste जल्दी[F] में; in Delhi दिल्ली[F] में; he works in a factory वह एक कारख़ाने में काम करता है; in some countries कुछ देशों में; everything was in order सब कुछ व्यवस्थित था; he made a speech in self-defence उसने स्वरक्षा में भाषण दिया; I shall not do so in future (आइंदा) भविष्य में ऐसा नहीं करूंगा; the train is in motion गाड़ी चलती है; mosquitoes are in abundance here यहाँ बहुत मच्छर हैं; in fact it is true वास्तव में (वस्तुत:) यह सत्य है; he came back in fifteen days वह पंद्रह दिन में वापस लौटा. **2.** (in other contexts) Δ **in accordance with** के अनुसार; **in time** समय पर; **write in pencil** पेंसिल से लिखो; **in case** यदि; **in front of** के आगे/सामने; **in addition to** के अतिरिक्त : in addition to this he gave five hundred rupees इसके अतिरिक्त उसने पाँच सौ रुपए दिए; **in any case** हर हालत[F] में : I shall reach there in any case मैं वहाँ हर हालत में पहुँच जाऊंगा; **in one's own right** निजी अधिकार से; **in all** कुल मिलाकर; there were 70 animals in all कुल मिलाकर वहाँ 70 जानवर थे; **in itself** अपने में, केवल; **in order that** ताकि; **in respect of** के विषय/संबंध में : in respect of his honesty I have to say nothing उसकी ईमानदारी[F] के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है; **in so far as** जहाँ तक : in so far as I am concerned जहाँ तक मेरा संबंध है; **in the event of** की अवस्था[F] में, की हालत[F] में, ऐसा होने पर : in the event of his absence, I shall work for him उसकी अनुपस्थिति[F] की हालत में मैं उसके स्थान पर काम करूंगा; **in toto** समूचा, सब का सब; in vain बेकार; all his efforts were in vain उसके सभी प्रयास बेकार हो गए; **in that** क्योंकि; **in the way of** के बारे में : what have you done in the way of money पैसे के बारे में तुमने क्या किया है ? **day in and day out** प्रतिदिन. [*ant.* out] **II.** *adv.* भीतर, अंदर : please come in कृपया अंदर आइए.

inability इनॅ अबि'लिटि *n*[c]. असमर्थता[F] : अयोग्यता[F] : it was his ~ यह उसकी ≈ थी; his ~ to understand उसकी समझने की ≈. [*ant.* ability]

inaccessible इनैक सें'सॅबल *a.* अगम्य, पहुँच से बाहर : an mountain peak पर्वत की अगम्य चोटी[F]; the cave was ~ गुफा[F] पहुँच से बाहर थी; that village is ~ in rainy season बरसात[F] के मौसम में वह गाँव ≈ होता है.

inactive इन् ऐक्'टिव़ *a.* **1.** निष्क्रिय : for the whole of the day the enemy remained ~ पूरा दिन शत्रु ≈ रहा; to lead an ~ life ≈ जीवन व्यतीत करना. **2.** (in other contexts) ~ person निष्क्रिय/अकर्मण्य व्यक्ति; ~ machine बंद मशीन; ~ market मंदा बाज़ार; ~ medicine बेअसर दवा. [*ant.* active]

inadequate इन् ऐ'डिक्विट *a.* **1.** अपर्याप्त [amount राशि[F], money धन, strength शक्ति[F]]; child's clothing was ~ on such a cold day इस ठंडे दिन में बच्चे का वस्त्र ≈ था. **2.** he is ~ for this job वह इस काम के अयोग्य है. [*ant.* adequate]

inanimate इन् ऐ'निमिट *a.* **1.** जड़, निर्जीव [corpse लाश[F], object पदार्थ, stone पत्थर,

world जगत]; a book is an ~ object पुस्तक^F एक जड़ पदार्थ. 2. अचेतन : ~ nature अचेतन/जड़ प्रकृति. 3. (dull) नीरस : ~conversation ≈ वार्तालाप. [*ant.* animate]

inapt इ नैप्ट' *a.* 1. (unsuitable) अनुपयुक्त : ~ remark ≈ टिप्पण. 2. (unskilled) अदक्ष, अकुशल : ~use of machinery मशीनरी का अकुशल प्रयोग.

inaudible इन् ऑ'डिबल *a.* अश्रव्य, कर्णागोचर : his speech was almost ~ उसका भाषण लगभग ≈ था; if any sound is ~ it cannot be heard यदि कोई ध्वनि^F ≈ होती है तो उसे सुना नहीं जा सकता. [*ant.* audible]

inaugurate इनॉ'ग्युरेट *v.t.* 1. उद्घाटन करना, उद्घाटित करना : to ~ the new building नई इमारत^F का उद्घाटन करना. 2. आरंभ करना : to ~ a plan कोई योजना शुरू करना; to ~ an election compaign चुनाव अभियान प्रारंभ करना. 3. (introduce) पहला परिचय देना : he was ~d as an artist उसका कलाकार के रूप में परिचय दिया गया. **inauguration** इनॉग्यु रे'शन *n*^u. उद्घाटन : ~ speech was given by the President ≈ भाषण राष्ट्रपति द्वारा दिया गया; ~ of a building or an exhibition भवन या प्रदर्शनी का ≈. [*ant.* terminate]

inauspicious इनॉस् पि'शस *a.* अशुभ, अमंगल [beginning शुरुआत^F, events घटनाएँ^F, occasion अवसर. [*ant.* auspicious]

incapable इन् के'पॅबल *a.* अक्षम, असमर्थ : ~ helper ≈ सहायक; he is ~ of doing his work in time वह समय के अंदर अपना काम करने में असमर्थ है; the ship is ~ of repair जहाज़ मरम्मत^F के लायक नहीं है; he is ~ of telling lies वह झूठ नहीं बोलता.

incarnation इन् कार् ने'शन *n*^c. अवतार : ~ of Vishnu विष्णु का ≈; he is the ~ of wisdom वह विवेक का ≈ है; Ram was an ~ of all virtues राम सारे गुणों के ≈ थे.

incense इन् सें'न्स' I. *v.t.* 1. उत्तेजित करना : I was ~d by him उसने मुझे उत्तेजित किया; he ~d me against her उसने मुझे उसके विरुद्ध उत्तेजित किया. [*ant.* pacify] 2. (perfume) महकाना, सुगंधित करना : to ~ a room by burning Agarbatti अगरबत्ती जलाकर कमरा ≈. II. *n*^c. धूप, लोबान : to buy, burn ~ ≈ खरीदना, जलाना.

incentive इन् सें'न्'टिव *n*^c. प्रेरणा, प्रोत्साहन : he accepted his advice as an ~ ≈ उसने उसकी सलाह^F को ≈ के रूप में स्वीकार किया; the company gave 2% ~ for lumpsum payment कंपनी^F ने एकमुश्त भुगतान के लिए दो प्रतिशत का प्रोत्साहन दिया.

incessant इन् सें'सन्ट *a.* निरंतर, लगातार [complaints शिकायतें^F, pain पीड़ा^F, rains बरसात^F, storms तूफ़ान, strikes हड़तालें^F] : I am sorry for the ~ interruption मुझे ≈ विघ्न के लिए खेद है; the ~ noise of traffic gave us not a moment's peace यातायात के ≈ शोर से हमें एक क्षण की भी शांति^F नहीं मिली. [*ant.* intermittent]

inch इन्च I. *n*^c. 1. इंच : there are 36 ~es in a yard एक गज़ में छत्तीस ≈ होते हैं; to give him an ~ of land इसे ≈ भर भूमि^F देना; this plank is two ~es thick यह तख़्ता दो ≈ मोटा है. 2. थोड़ा : to advance by ~es थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ना; he procceded ~ by ~ वह थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ चला; there is not an ~ **of space here** यहाँ थोड़ी-सी भी जगह^F नहीं है. II. *v.t.* थोड़ा-थोड़ा करके या धीरे-धीरे सरकना : to ~ one's way to the hill पहाड़ी पर धीरे-धीरे चलकर रास्ता तय करना. III. *v.t.* to ~ forward आगे सरकना; ~ along खिसकते जाना. Δ **he is every ~ a gentleman** वह पूरा सज्जन आदमी है.

incident इन्'सिडन्ट I. *n*^c. (event) घटना^F [fatal घातक, funny विचित्र, grave गंभीर, lamentable विषादपूर्ण, painful कष्टदायक, particular विशेष]; the meeting ended without any ~ सभा^F बिना किसी ≈ के समाप्त हो गई; the consequences of an ~ किसी ≈ के परिणाम. II. *a.* आनुषंगिक = incidental *q.v.* **incidental** इंसि डें'न्'टल *a.* 1. प्रासंगिक, साथ-साथ होने वाला : pleasure ~ to hard work मेहनत के साथ मिलने वाला आनंद; discomforts are ~ to travelling यात्रा^F के साथ असुविधाएँ^F तो होती

ही हैं. 2. (casual) आकस्मिक : ~ expenses ≈ व्यय; ~ loss हानि^{F}.

incite इन् साइट' *v.t.* **1.** भड़काना, उकसाना, उत्तेजित करना : to ~ to mutiny विद्रोह भड़काना; to ~ someone to action किसी को करने के लिए ≈; they ~d the labourers to strike work उन्होंने मज़दूरों को हड़ताल^F करने के लिए उकसाया/भड़काया. **2.** (stimulate) प्रेरित करना : to ~ to be a member of a literary club किसी को साहित्यिक क्लब का सदस्य बनने के लिए ≈. **incitement** इन साइट'मन्ट *n*^{c}. उकसाना, उत्तेजना^{F} : I did this by a friend's ~ मैंने ऐसा मित्र के उकसावे से किया; the revolt took place because of his ~ विद्रोह उसके प्रेरण के कारण हुआ.

inclement इन् क्लें'मन्ट *a.* **1.** विषम, प्रतिकूल : ~ weather ≈ मौसम; it was an ~ rain बड़ी ≈ बारिश^F थी. **2.** कठोर, निष्ठुर : ~ judge ≈ न्यायाधीश; ~ ruler ≈ शासक.

inclination इन् क्लि ने'शन *n.*^{u} **1.** ढलान^F : ~ of a hill, roof पहाड़ी^{F}, छत^F की ≈. **2.** झुकाव : there is much ~ in pillar खंभे में काफी ≈ है; a ~ of the body, head शरीर, सिर का ≈. **3.** (tendency) झुकाव, प्रवृत्ति^{F}, अभिरुचि^{F} : I have no ~ to go to bath in winter time जाड़े के समय में स्नान करने जाने की मेरी कोई ≈ नहीं होती; he has a strong ~ to crime, music उसका ज़ोरदार झुकाव अपराध, संगीत की ओर है; according to one's own ~ अपनी अभिरुचि^{F} के अनुसार; we follow our own ~s हम अपनी प्रवृत्तियों के अनुसार चलते हैं. **incline** इन् क्लाइन' **I.** *v.t.i.* **1.** झुकना, झुकाना; झुकाव होना, प्रवृत्त करना : to ~ one's head, body अपना सिर, शरीर झुकाना; the weather ~s to fair मौसम साफ हो रहा है; this child is ~d to mischief यह बच्चा शरारत^F की ओर प्रवृत्त हुआ है; I am ~d to agree with you मैं आपसे समझौता करने को तैयार हूँ; to be ~d to study पढ़ने की ओर झुकाव रखना. **2.** (bend) मुड़ना : the road ~s to the right सड़क^F दाहिने मुड़ती है. **II.** *n*^{u}. ढाल^F : this hill has a steep ~ पहाड़ी^{F} की भारी ढलान^F है.

include इन् क्लूड' *v.t.* शामिल/सम्मिलित करना : this volume ~s all his works इस ग्रंथ में उसकी सब कृतियाँ सम्मिलित हैं; my collection ~s coins of Mughal period मेरे संग्रह में मुगल काल के सिक्के शामिल हैं; I have ~d in your bill the cost of the cup you broke जो कप तुमने तोड़ा उसकी कीमत^F मैंने तुम्हारे बिल में सम्मिलित कर दी है; you have four fingers on each hand, five if you ~ the thumb तुम्हारे प्रत्येक हाथ में चार अंगुलियाँ^{F} हैं, पाँच यदि तुम अंगूठे को शामिल कर लो; we have ~d your name in the list हमने सूची^{F} में तुम्हारा नाम सम्मिलित कर लिया है; these expenses were not ~d in the budget बजट में ये खर्चे शामिल नहीं थे; two chemists were ~d in the delegation प्रतिनिधि मंडल में दो रसायनशास्त्री शामिल किए गए; there were ten of us including the guide गाइड को लेकर हम दस थे. [*ant.* exclude]

included इन् क्लू'डिड *a.* सम्मिलित : newly ~ members of the party पार्टी में सम्मिलित नए सदस्य. **including** इन् क्लू'डिङ्ग *adv.* समेत, को मिलाकर : we were six ~ a servant नौकर को मिलाकर हम छः थे; I have leave upto and ~ 31st मुझे 31 तारीख समेत इतनी छुट्टी है. **inclusive** इन् क्लू' सिव़ *a.* समेत, को मिलाकर : ~ cost कुल मिलाकर हुई लागत^F, कुल लागत^F; ~ of cost लागत समेत; read pages 6-9 ~ 6 से 9 तक दोनों मिलाकर पृष्ठ पढ़ो.

income इन्'कम *n*^{u}. आय^F, आमदनी^{F} [annual वार्षिक, decent अच्छी-भली, good अच्छी, high उच्च, large बड़ी, limited सीमित, steady स्थिर, sufficient पर्याप्त]; ~ and expenditure आय-व्यय; ~ tax आय-कर; ~ tax officer आय-कर अधिकारी; to raise one's ~ अपनी ≈ बढ़ाना; Mr. Sushil has an ~ of Rs. 20,000 a month श्री सुशील की मासिक आय (एक महीने की आमदनी) बीस हजार रुपए है; what is his source of ~ उसकी ≈ का स्रोत क्या है? it is his additional ~ यह उसकी अतिरिक्त ≈ है.

incomparable इन् कॉम्'परॅबल *a.* अनुपम, बेजोड़, [beauty सुंदरता^{F}, capacity क्षमता^{F}, courage साहस, skill कौशल]; at last he

succeeded due to his ~ patience अंत में वह अपने ≈ धैर्य के कारण सफल हो गया. [*ant.* comparable]

incomplete इन कम् प्लीट' *a.* अपूर्ण, अधूरा [answer उत्तर, knowledge ज्ञान, plan योजना^{F}, question प्रश्न, study पढ़ाई^F, work काम]; the plan is ~ उसकी योजना^{F} अधूरी है; your answer is ~, please do it तुम्हारा उत्तर अधूरा है, कृपया इसे पूरा कीजिए; the work is still ~ काम अब भी अधूरा है; the list is ~ still सूची^{F} अब भी अधूरी/अपूर्ण है.

incomprehensible इन्कॉम्प्रि हेंन्'सिबल *a.* अबोध्य, अबोधगम्य : Latin is ~ to me लैटिन मेरे लिए ≈ है; the book is ~, for it is too hard किताब^F ≈ है क्योंकि यह बहुत कठिन है; his attitude is ~ उसका रुख़ समझ में नहीं आता.

inconsistent इन्कन् सिस्'टन्ट *a.* **1.** असंगत : ~ conclusion ≈ निष्कर्ष; his statement is ~ with his previous assertion उसका कथन पहले के कथन से ≈ है. **2.** परस्पर विरोधी : his views are ~ उसकी अवधारणाएँ^{F} ≈ हैं. **3.** (of person) अस्थिरप्रकृति. [*ant.* consistent]

inconvenience इन्कन व़ी'निअन्स **I.** n^c. असुविधा^{F} [chief मुख्य, great भारी/बहुत, serious गंभीर]; ~ of travelling यात्रा^{F} करने की ≈; I have been put to great ~ मैं बहुत मुश्किल^F में पड़ गया हूँ; to avoid the ~s that may arise by doing something कुछ करने से उत्पन्न होने वाली असुविधाओं^{F} से बचना; the chief ~s of this affair इस मामले की मुख्य असुविधाएँ; I am very sorry that I put you to much ~ मुझे खेद है कि मैंने आपको असुविधा में डाला; an irregular service causes great ~ अनियमित (रेल) सेवा से अत्यधिक असुविधा होती है. [*ant.* convenience] **II.** *v.t.* तकलीफ़^{F} या कष्ट देना : I do not want to ~ you मैं आपको तकलीफ़^{F} नहीं देना चाहता; to be ~d with one's luggage सामान के कारण कष्ट होना.

inconvenient इन्कन् व़ी'निअन्ट *a.* असुविधाजनक [arrangement व्यवस्था^{F}, circumstances परिस्थितियाँ^{F}, house मकान, liability उत्तरदायित्व, time समय]; Sunday is an ~ day to see people लोगों से मुलाकात^F करने के लिए रविवार ≈ दिन है; if it is not ~ to you, I shall call on you this evening यदि आपको असुविधा न हो तो आज शाम^F मैं आपसे मिलने आऊं; a thing is ~ when it does not fit with your plans कोई बात^F तब ≈ हो जाती है जब वह तुम्हारी योजनाओं^{F} के अनुरूप नहीं होती.

incorporate इन् कॉर्'पॅरिट **I.** *a.* निगमित [company कंपनी^{F}, institution संस्था^{F}]. **II.** *v.t.* सम्मिलित करना, मिला लेना : to ~ a new book into one's library पुस्तकालय में एक नई किताब ≈; I want to ~ your words in my essay मैं आपके शब्द अपने निबंध में सम्मिलित करना चाहता हूँ; he ~d his diary in his autobiography उसने अपनी आत्मकथा में उसकी डायरी सम्मिलित कर ली; your resolution will be ~d in the agenda कार्यावली^{F} में तुम्हारा प्रस्ताव सम्मिलित किया जायगा.

incorrect इन्कॅ रॅ'क्ट' *a.* गलत [answer जवाब, calculation गणना^{F}, conduct आचरण, information सूचना^{F}, report रिपोर्ट^F, spelling वर्तनी^{F}, statement कथन]; the figures given by you are ~ तुम्हारे दिए हुए आँकड़े ≈ हैं. [*ant.* correct]

incorrigible इन् कॉ'रिजॅबल *a.* असुधार्य [habit आदत^F, mistakes अशुद्धियाँ, person व्यक्ति, thief चोर]; that child is ~ वह बच्चा सुधारयोग्य नहीं है.

increase इन् क्रीज़' **I.** *v.t.i.* वृद्धि^{F} करना, बढ़ना, बढ़ाना : to ~ one's earnings अपनी कमाई^F बढ़ाना; to ~ in numbers संख्या^{F} में बढ़ती होना; interest in foreign language has ~ed विदेशी भाषाओं^{F} में दिलचस्पी^{F} बढ़ी है; Dad will increase your pocket money from Rs. 25 to Rs. 35 पिताजी तुम्हारा जेब खर्च 25 रुपए से बढ़ाकर 35 रुपए कर देंगे; to ~ the clerk's pay लिपिक का वेतन बढ़ाना; to ~ the speed गति^{F} बढ़ाना; the number of students has ~d विद्यार्थियों की संख्या^{F} बढ़ गई है; if you blow air into the balloon it will ~ in size यदि तुम गुब्बारे में हवा भरो तो यह आकार में बढ़ जाएगा; with the increasing number of pupils we have

had to build two new rooms शिष्यों/छात्रों की संख्या^F बढ़ने के साथ हमें दो नए कमरे बनवाने पड़े हैं; prices are increasing कीमतें बढ़ रही हैं. **II.** *n*^u. बढ़ती^F, वृद्धि^F [gradual क्रमश:, rapid तेज़, slight थोड़ी, steady स्थिर, sudden एकाएक]; ~ of exports निर्यात में ≈; an ~ over the last year's figures पिछले साल के आँकड़ों से ≈; ~ in population जनसंख्या^F ≈; ~ in commercial relations वाणिज्यिक संबंधों में ≈; the day temperature is on the ~ दिन का तापमान बढ़ता जा रहा है. [*ant.* decrease]

incredible इन् क्रें' डबल *a.* अविश्वसनीय, आश्चर्यजनक, अद्‌भुत, अजीब [details ब्यौरा, miracle चमत्कार, statements बयान, story कहानी^F, stupidity मूर्खता]; the news is ~, I cannot believe it समाचार अविश्वसनीय है, मैं इसे नहीं मान सकता. [*ant.* credible]

increment इन्'क्रिमन्ट **I.** *n*^c. तरक्की^F, वेतनवृद्धि^F : when is your ~ due? तुम्हारी अपनी ≈ कब प्राप्य है? he got an ~ of Rs. 50 on his pay उसे अपने वेतन पर 50 रुपए की वृद्धि^F प्राप्त हुई. **II.** *n*^u. वृद्धि^F : ~ in temperature तापमान में ≈.

incriminate इन् क्रि'मिनेट *v.t.* आरोप लगाना : he was ~d for bribery उस पर घूसखोरी^F का आरोप लगाया गया.

incur इन् कर' *v.t.* **1.** उठाना : to ~ cost लागत आना; to ~ expenses ख़र्च ≈. **2.** ज़िम्मे लेना, मोल लेना : to ~ risk जोखिम उठाना; ~ danger ख़तरा मोल लेना; ~ enmity शत्रुता अपने ऊपर लेना; if you break a window, you will ~ the anger of the householder यदि तुम खिड़की^F तोड़ोगे तो घर मालिक का कोपभाजन बनना पड़ेगा.

incurable इन् क्युअ'रॅबल *a.* असाध्य, लाइलाज [disease बीमारी^F, habits आदतें^F, patients रोगी]; his cancer is ~ उसका कैंसर ≈ है. [*ant.* curable]

indebted इन् डें'टिड *a.* **1.** ऋणी, ऋणग्रस्त, कर्ज़दार [businessman व्यापारी, farmer किसान, labourer मज़दूर]. **2.** ऋणी, आभारी : I am ~ to you for your help मैं सहायता^F करने के लिए आपका ≈ हूँ; to be ~ for advice सलाह^F के लिए ≈ होना; we are ~ to Mr. Sushil for these new books इन नई किताबों के लिए हम श्री सुशील के ≈ हैं; to be ~ to someone for smth. किसी का किसी बात^F के लिए ≈ होना.

indecent इन् डी'सन्ट *a.* **1.** अनुचित, अशोभनीय : ~ haste ≈ जल्दबाज़ी; his clothes are ~ उसके कपड़े अशोभनीय हैं. **2.** लज्जास्पद, अश्लील [behaviour व्यवहार, language भाषा^F]. **3.** निर्लज्ज : an ~ person is disgusting एक ≈ व्यक्ति घृणास्पद होता है. [*ant.* decent] **4.** ~ assault बलात्कार.

indeed इन् डीड' *adv.* वास्तव में, सचमुच : I saw your brother this morning ~ मैंने सचमुच आज सुबह^F तुम्हारे भाई को देखा था; it is very large building ~ ≈ यह बहुत बड़ी इमारत^F है; are you going to school today? yes, ~ क्या आप स्कूल जा रहे हैं? हाँ ≈; was it your son? ~! क्या वह तुम्हारा लड़का था? सच! you are right, ~ तुम सचमुच ठीक कहते हो; a friend in need is a friend ~ आवश्यकता में जो काम आए, वही सचमुच मित्र होता है; ~, I am very tired ≈ मैं बहुत थका हूँ; ~ he is fortunate ≈ वह भाग्यशाली है; I am very glad ~ सचमुच मैं बहुत प्रसन्न हूँ.

indefinite इन् डें'फिनिट *a.* **1.** अनिश्चित [answer उत्तर, period काल/अवधि^F, promise वादा, quantity मात्रा^F]; ~ number of men लोगों की ≈ संख्या^F; we are staying for an ~ time here यहाँ हम ≈ समय के लिए रुके हैं; he always talks ~ वह हमेशा ≈ बातें^F करता है. **2.** (gram.) ~ pronoun अनिश्चयवाचक सर्वनाम; ~ article = a, an. **indefinitely** इन् डें'. फिनिटलि *adv.* अनिश्चित समय/काल के लिए : he will stay in your house ~ वह तुम्हारे घर में ≈ ठहरेगा; the match was postponed ~ मैच ≈ टाल दिया गया. [*ant.* definite]

indemnity इन् डेंम्'निटि *n*^u. क्षतिपूर्ति^F, मुआवज़ा : ~ for breach of luggage सामान खो जाने का मुआवजा; ~ for breach of contract संविदा-भंग का मुआवज़ा.

independence इन् डि पेंन्'डन्स *n*^u. आजादी^F,

स्वतंत्रता^F, स्वाधीनता^F [economic आर्थिक, national राष्ट्रीय, political राजनीतिक]; ~ day स्वतंत्रता दिवस; to struggle for ~ ≈ के लिए संघर्ष करना; you have perfect ~ तुम्हें पूर्ण ≈ है; the people of the colony declared their ~ उपनिवेशी लोगों ने अपनी ≈ की घोषणा^F कर दी; Indians fought for their ~ भारतीय अपनी ≈ के लिए लड़े; to try to obtain ~ ≈ प्राप्त करने का प्रयास करना; they lived a life of ~ वे स्वाधीन जीवन जीते थे. **independent** इंडि पें'न्'डन्ट *a.* **1.** स्वतंत्र, स्वाधीन [action कार्य, investigation अन्वेषण, nation राष्ट्र, opinion मत, person व्यक्ति, voter मतदाता, witness साक्षी, woman स्त्री]; she wanted to be ~ of her parents वह अपने माता-पिता से स्वतंत्र होना चाहती थी. **2.** (self-reliant) स्वावलंबी : she began to lead her ~ life at the age of 20 उसने बीस साल की उम्र^F में ≈ जीवन व्यतीत करना शुरू किया; she is an ~ young woman वह एक ≈ युवती है. **3.** (politics) निर्दलीय [candidate उम्मीदवार, member सदस्य]; ~s play an important role in politics राजनीति^F में ≈ सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका^F निभाते हैं.

index इन्'डें'क्स **I.** *n*^c. [*pl.* indexes, indices] **1.** (list) तालिका^F, अनुक्रमिका : in the ~ of a book; all the things mentioned in the book are listed in alphabetical order किताब^F की तालिका में दी गई सभी बातें वर्णक्रम से उल्लखित की जाती हैं. **2.** ~ finger तर्जनी^F : to put ~ finger on a word किसी शब्द पर ≈ रखना. **3.** (exponent) सूचक : ~ card ≈ पत्रक; ~ map ≈ मानचित्र; having so many servants is an ~ of his riches इतने नौकर रखना उसकी अमीरी^F का ≈ है; the face is an ~ of one's feelings चेहरा आदमी की भावनाओं^F का ≈ होता है. **II.** *v.t.* सूचीबद्ध करना : to ~ the chapters of the books किताब^F के अध्यायों को ≈.

Indian इन्'डिअन *a.* भारतीय, [corn मक्का, food भोजन, mission मिशन]; ~ Civil Service (IAS) भारतीय प्रशासन सेवा.

indicate इन्'डिकेट *v.t.* **1.** सूचित करना; निर्देश देना : you can ~ the direction by pointing with your finger तुम अपनी उंगली^F से दिशा^F निर्दिष्ट कर सकते हो; to ~ a mistake गलती^F का निर्देश देना; a sign ~s the way चिह्न रास्ते का निर्देश देता है; the bell ~s the end of the hour घंटी^F घंटे की समाप्ति की सूचना^F देती है; this ~s his intention इससे उसकी नीयत का पता चलता है. **2.** बताना : he ~d that he was ill उसने बताया कि वह बीमार है. **indication** इन् डिके'शन *n*^c. **1.** (sign) लक्षण : are there any ~s of his recovery क्या उसके स्वास्थ्यलाभ करने के कोई ≈ हैं ? we get ~ of rain हम बरसात^F के ≈ पाते हैं; this is the ~ of his behaviour यह उसके व्यवहार का ≈ है. **2.** सूचना^F, निर्देश, संकेत : you gave no ~ that he was ill तुमने कोई संकेत नहीं किया, (सूचना^F नहीं दी) कि वह बीमार है; the motorist gave no ~ of his intention to stop मोटर चालक ने रुकने का कोई संकेत नहीं दिया; he showed no ~ of yielding उसके हारने के कोई संकेत प्रकट नहीं हैं.

indifference इन् डि'फ़रन्स *n*^u. उदासीनता^F : when I told him the news he showed complete ~ जब मैंने उसे समाचार दिया तो उसने पूर्ण ≈ बरती; ~ to a thing किसी चीज़^F के प्रति ≈; an attitude of ~ ≈ का रुख; to treat smb with ~ किसी व्यक्ति के प्रति ≈ का व्यवहार करना; **indifferent** इन् डि'फ़रन्ट *a.* **1.** उदासीन : ~ attitude ≈ रुख; ~ spectator ≈ दर्शक; the savages were quite ~ to our cries for help हम लोगों की सहायता के लिए चिल्लाहट^F/पुकार के प्रति जंगली लोग ≈ थे; to be ~ to the sufferings of others दूसरों की परेशानियों^F/दुःखों के प्रति ≈ होना; he is ~ to censure or praise वह निंदा-स्तुति^F के प्रति ≈ है. **2.** (neutral) तटस्थ : to be ~ to the parties पार्टियों^F से ≈ होना; to remain ~ in neighbours' quarrels पड़ोसियों के झगड़ों में ≈ रहना. **3.** (immaterial) नगण्य, तुच्छ : your work is ~, therefore no one attends it तुम्हारा काम ≈ है इसलिए कोई ध्यान नहीं देता. **4.** (average) मामूली, साधारण [artist कलाकार, health स्वास्थ्य,

pupil छात्र, work काम]; ~ persons came to see the drama ≈ लोग नाटक देखने आए, 5. (inactive) निष्क्रिय : they are ~ these days for they do nothing आजकल वे ≈ हैं क्योंकि वे कुछ नहीं कर रहे हैं.

indigenous इन् डि'जिनस *a.* देशज, देशी [climate जलवायु, culture संस्कृति^F, custom रीति-रिवाज, plant पौधा, production उत्पादन]; ~ population मूलवासी; tigers and elephants are ~ to India and Africa बाघ और हाथी भारत और अफ्रीका के देशज हैं; Dravidians are the ~ people of India द्रविड़ भारत के मूल निवासी हैं.

indigestion इन् डि जें'स्'शन *n*^u. अपच, अजीर्ण, बदहज़मी^F : he has been ill from ~ since his childhood वह बचपन से ही ≈ से पीड़ित रहा है.

indignation इन्डिग् ने'शन *n*^u. रोष, क्रोध : they showed ~ at/about the increase in prices उन्होंने कीमतें^F बढ़ने पर ≈ प्रकट किया; the men were full of ~ because they thought their friends had been unjustly punished लोग क्रोध से भरे थे क्योंकि वे सोचते थे कि उनके मित्रों को अन्यायपूर्वक दण्डित किया गया; to Jairam's ~ he was blamed for the damage that he had not caused जयराम रोष में था क्योंकि जो नुकसान उसने नहीं किया, उसके लिए उस पर आरोप लगाया गया; to be full of ~ against/at his enemies अपने शत्रुओं के विरुद्ध गुस्से से भरा होना; to tremble with ~ against his son अपने पुत्र पर क्रोध से काँपना; to be no longer the master of one's ~ अब अपने क्रोध पर नियंत्रण न रह पाना. [indignant क्रुद्ध]

indignity इन् डिग्'निटि *n*^u. अपमान, तिरस्कार : what an ~! कितना ≈! he has to suffer ~ in the meeting मीटिंग में उसे अपमानित होना पड़ा; to treat smb with ~ किसी का तिरस्कार करना. [*ant.* dignity]

indigo इन्'डिगो *n*^c. नील : ~ blue नीले रंग का, जम्बुकी नील; ~ is used for dyeing white clothes सफेद कपड़ों को रंगने के लिए ≈ का इस्तेमाल होता है.

indirect इंडि रेक्ट' *a.* 1. अप्रत्यक्ष, परोक्ष [answer उत्तर, election चुनाव, evidence साक्ष्य, journey यात्रा^F, taxes कर]; it was ~ accusation यह ≈ आरोप था. 2. (round about) चक्करदार : we came about an ~ route हम एक चक्करदार रास्ते से आए; it is an ~ way to go to the market बाज़ार जाने का यह ≈ रास्ता है; it is an ~ answer, tell me clearly यह उत्तर ≈ है, मुझे स्पष्ट रूप से बताओ. 3. (gram.) गौण, परोक्ष : ~ object गौण कर्म; I gave him a book इस वाक्य में ~ कर्म him है, ~ speech परोक्ष कथन; change this sentence into ~ speech इस वाक्य को परोक्ष कथन में बदलो. [*ant.* direct]

indiscipline इन् डि'सिप्लिन *n*^u. अनुशासनहीनता^F : I dislike ~ in young men मुझे नवयुवकों की ≈ पसंद नहीं है; ~ prevails in all government office सब सरकारी कार्यालयों में ≈ व्याप्त है.

indispensable इन्डिस् पें'न्'सॅबल *a.* अपरिहार्य, अनिवार्य [condition शर्त^F, duty ड्यूटी^F, friendship मित्रता^F, law विधि^F, tools यंत्र]; an ~ thing is one, you cannot do without ≈ वस्तु^F वह है जिसके बिना तुम कुछ नहीं कर सकते; a teacher's help is ~ गुरु की सहायता^F ≈ है.

indisposed इन् डिस् पोज़्ड' *a.* 1. विमुख, विरुद्ध : to feel ~ to hard work परिश्रम करने से ≈ होना; ~ to agree सहमति^F से ≈. 2. (unwilling) अनिच्छुक : he was ~ to accept वह स्वीकार करने ≈ था. 3. (slightly ill) अस्वस्थ : I was ~ yesterday कल मैं अस्वस्थ था; to be ~ with headache सिरदर्द से ≈ होना. [*ant.* well]

indistinct इन डिस् टिङ्क्ट' *a.* अस्पष्ट [colour रंग, figures आकृतियाँ, ideas विचार, illusion विभ्रम, noise शोर, sound ध्वनि^F, vision दृष्टि^F]; his voice was ~ उसकी आवाज़ ≈ थी; his writing was too ~ to read उसकी लिखावट^F इतनी अस्पष्ट थी कि पढ़ा नहीं जा सकता था. [*ant.* distinct]

individual इंडि वि़'ड्युअल I. *a.* 1. व्यक्तिगत [demand माँग^F, ideas विचार, likeness सादृष्य, relation संबंध, thinking सोच^F]; it is

his ~ way of writing यह उसके लिखने का ≈ ढंग है; it is my ~ style यह मेरी अपनी शैली^{F} है. **2.** पृथक, अलग [civilization सभ्यता^{F}, family परिवार, society समाज]; the girls had ~ tables लड़कियों के पास अलग-अलग मेज़ें थीं. [*ant*. general]. **II.** *n*^{c}. व्यक्ति [brute असभ्य, extraordinary असाधारण, fortunate भाग्यशाली, mean तुच्छ]; he is a queer ~ वह विचित्र ≈ है. **individually** इन्डि व़ि'ड्युअलि *adv.* व्यक्तिगत रूप से, एक-एक करके : the headmaster will see the boys ~ प्रधानाध्यापक लड़कों से ≈ मिलेंगे; the children were taught ~ बच्चों को ≈ पढ़ाया जाता था.

indoor इन्'डॉर **I.** *a.* **1.** भीतर, अंदर का [amusement मनोरंजन, effort प्रयास, work काम]; in rain we play ~ games बारिश^F में हम ≈ के खेल खेलते हैं. **2.** ~ patient अस्पताल में भर्ती मरीज़, अंतर्वासी रोगी. **3.** ~ servant घरेलू नौकर. **II.** *adv.* अंदर घर में : let us stay ~s while it rains जब तक बारिश^F होती है हम ≈ रहें; keep ~s during curfew करफ़्यू के दौरान घर में रहो. [*ant.* outdoor]

induce इन् ड्यूस' *v.t.* **1.** प्रेरित करना : he ~d me to go उसने मुझे जाने के लिए प्रेरित किया; can you ~ your baby to return aunty's glasses? क्या तुम आंटी का चश्मा लौटाने के लिए अपने बच्चे को प्रेरित कर सकते हो ? to ~ a person to do some good work किसी व्यक्ति को अच्छा काम करने के लिए ≈. **2.** राजी करना : try to ~ him to come उसे आने के लिए राज़ी करने की कोशिश^F करो; to ~ a man to leave his country किसी व्यक्ति को देश छोड़ने के लिए ≈. **3.** (cause) उत्पन्न करना; to ~ the belief that Mr. S is a rival विश्वास उत्पन्न करना कि श्री स प्रतिद्वंद्वी है; to ~ sleep नींद लाना; to ~ growth without disturbance बिना व्यवधान के वृद्धि^{F} होने देना. **4.** (infer) अनुमान करना : to ~ about the happening घटना^{F} के बारे में ≈. **inducement** इन् ड्यूस्'मन्ट *n*^{c}. प्रलोभन : sufficient ~ पर्याप्त ≈; the ~s of city life नागरिक जीवन के ≈; shopkeepers offer ~s to buy things चीज़ें^{F} खरीदने के लिए दुकानदार ≈ देते हैं.

induct इन् डक्ट' *v.t.* (पद पर) प्रतिष्ठित करना : to ~ somebody to an office किसी को किसी पद पर ≈. [*ant*. expel]

indulge इन् डल्ज' *v.t.* **1.** लाड़-प्यार करके बिगाड़ना : to ~ a child बच्चे को ≈. **2.** ~ **in** लत^F/लगाव होना : he ~s in cigarette smoking उसे सिगरेट पीने की लत है : to ~ in wine शराब पीने की लत होना; to ~ in a vice बुराई^F की लत^F होना. **3.** पुष्ट करना : to ~ the desire for sleep सोने की इच्छा^{F} पूरी करना. **4.** you cannot ask him when he ~s in talk जब वह बातचीत^F में लगा हो तो तुम उससे कुछ पूछ नहीं सकते.

industrial इन् डस्'ट्रिअल *a.* औद्योगिक [crisis संकट, exhibition प्रदर्शनी^{F}, monopoly एकाधिकार, products उत्पाद, school विद्यालय, town नगर, training प्रशिक्षण]; there is great scope for ~ development in India भारत में ≈ विकास की बहुत गुंजाइश^F है; it is not so easy to increase ~ production ≈ उत्पादन को बढ़ाना इतना आसान नहीं है. [*cf*. industrious] **industrious** इन् डस्'ट्रिअस *a.* अध्यवसायी, परिश्रमी, मेहनती [apprentice प्रशिक्षु, artisan शिल्पी, labourer मज़दूर, workman कामगार]; bees are ~ insects मधुमक्खियाँ ≈ कीड़े हैं; you ought to be more ~ तुम्हें और ≈ होना चाहिए, [*ant*. lazy] **industry** इन्'डस्ट्रि **I.** *n*^{u}. अध्यवसाय, परिश्रम : ~ is necessary for success in life जीवन में सफलता के लिए ≈ आवश्यक है; ~ is awarded and giddiness punished परिश्रम का पुरस्कार मिलता है और आलस्य का दंड. **II.** *n*^{c}. उद्योग (*pl*. industries) [chemical रासायनिक, chief मुख्य, cotton वस्त्र, heavy भारी, light हल्का, local स्थानीय, new नया]; a branch of an ~ उद्योग की एक शाखा^{F}; it is one of the beautiful industries यह बढ़िया उद्योगों में से एक है; centre of ~ ≈ का केन्द्र; ~ for the bricks ईंटों का उद्योग-धंधा; what are the important industries in India? भारत में महत्वपूर्ण ≈ क्या-क्या हैं ?

inedible इन् ऍ'डिबल *a.* अखाद्य, अभक्ष्य [food भोजन, fruit फल, vegetables सब्जियाँ]. [*ant.* edible]

ineffective इनि फ़ॅक्'टिव. *a.* **1.** निष्प्रभाव, बेअसर [act काम, attempt प्रयास, journey यात्रा^F]; his inducement will surely be ~ उसकी प्रेरणा निश्चित रूप से बेअसर होगी. **2.** (of person) असमर्थ. [*ant.* effective]

inert इ नर्ट' *a.* **1.** (phys.) जड़ : ~ nature प्रकृति^F. **2.** (chem.) निष्क्रिय : ~ gas ≈ गैस; a brick is ~ ईंट ≈ है. **3.** sluggish अकर्मण्य, निष्क्रिय [man आदमी, woman औरत]. **inertia** इ नर्'शिआ *n*^u. **1.** अकर्मण्यता^F, निष्क्रियता^F : try to rouse them from ~ उन्हें ≈ से उबारने की कोशिश^F करो. **2.** जड़ता^F : if is difficult to remove ~ in lazy persons आलसी व्यक्तियों की ≈ को मिटाना कठिन होता है.

inevitable इन् ऍ'व़िटॅबल *a.* अपरिहार्य, अनिवार्य, अवश्यंभावी [calamity संकट, event घटना^F, hour घड़ी^F, loss हानि^F, misfortune दुर्भाग्य]; death is ~ मृत्यु ≈ है; defeat was ~ because two of our players had been injured हार ≈ थी क्योंकि हमारे दो खिलाड़ी घायल हो गए थे; you cannot avoid the ~ तुम ≈ को टाल नहीं सकते.

inexperience इनिक्स पिअ'रिअन्स *n*^u. अनुभवहीनता^F : mistakes happen due to ~ गलतियाँ^F ≈ के कारण होती हैं; a man fails due to ~ आदमी ≈ के कारण असफल होता है. **inexperienced** इनिक्स पिअ'रिअन्स्ड *a.* अनुभवहीन [manager प्रबंधक, nurse नर्स, teacher अध्यापक]; the accident happened because the driver was ~ दुर्घटना^F हुई क्योंकि चालक ≈ था.

inexplicit इनिक्स् प्लि'सिट *a.* अस्पष्ट [opinion मत, sentence वाक्य, statement कथन]; his instructions are ~ उसके निर्देश ≈ हैं. [*ant.* explicit]

interruption इन्टॅ रप्'शन n^u. बाधा^{F}, विघ्न, व्यवधान [long लंबा, momentary क्षणिक, sudden एकाएक, violent उग्र]; ~ in service सेवा में ≈; there was an ~ during the lesson when a man came into the classroom to remove a cupboard पाठ के दौरान जब एक व्यक्ति कक्षा में अलमारी हटाने के लिए आया तो व्यवधान हुआ; he spoke for an hour without ~ वह लगातार (बिना विघ्न के) एक घंटा बोला.

interstate इन्'टरस्टेट *a.* अंतरराज्यीय [citizenship नागरिकता^{F}, communication संचार, relations संबंध, trade व्यापार].

interval इन्'टर्व़ल n^c. 1. मध्यांतर, अंतराल : meetings should be held at regular ~s बैठकें नियत ≈ से होनी चाहिए; trees were planted beside the road at 15 metre ~ पेड़ 15 मीटर के अंतराल पर लगाए गए थे; ~ between two functions दो समारोहों के बीच का ≈ ; at ~s of three minutes तीन मिनट के ≈ से; there is a long ~ between the trains गाड़ियों के बीच में बहुत मध्यांतर है. 2. (gap) दरार^F (fig.) : there is an ~ in the concert of friends मित्रों के मेल-जोल में ≈ है.

intervene इन्टर् व़ीन' *v.i.* 1. बीच-बचाव करना : the teacher ~d in the fight between the two boys अध्यापक ने दो लड़कों की लड़ाई^F में बीच-बचाव किया; the argument between the two boys became so fierce that Dad had to ~ दोनों लड़कों में विवाद इतना भयंकर हो गया कि पिताजी को बीच-बचाव करना पड़ा. 2. बीच में पड़ना : we will go on Sunday unless smth ~s हम रविवार को जाएँगे यदि कुछ बीच में घटित न हो गया; several months ~d between betrothal and marriage सगाई^F और शादी^{F} के बीच में कई महीने आ पड़े; a canal ~s between the two villages दो गाँवों के बीच में एक नहर^F पड़ती है. 3. several years ~d. कई वर्ष बीत गए.

intervention इंटर वॅ़न्'शन n^u. मध्यस्थता^{F} : by the ~ of a friend, the matter was settled एक मित्र की ≈ से मामला तय हो गया; John's ~ in the quarrel was successful झगड़े में जॉन की ≈ सफल रही; the two men would have continued fighting but for the ~ of a policeman दो लोग झगड़ते रहते यदि एक पुलिस ने दख़ल न दिया होता; the case was settled by the ~ of the court न्यायालय की मध्यस्थता^{F} से मामला सुलझ गया.

interview इन्'टरव़्यू I. n^c. मुलाकात^F, भेंट^F, साक्षात्कार, इंटरव्यू [decisive निर्णायक, exciting उत्तेजनात्मक, famous प्रसिद्ध, important महत्वपूर्ण, long लंबा, vain बेकार]; my father had an ~ with the headmaster to discuss my work मेरे काम पर चर्चा^{F} करने के लिए मेरे पिता ने प्रधानाध्यापक से मुलाकात की; he had an ~ with the Prime Minister उसने प्रधानमंत्री से भेंट की; ~ for selection of clerks लिपिकों के चयन के लिए साक्षात्कार; to give an ~ to a journalist किसी पत्रकार को इंटरव्यू देना. II. *v.t.* मुलाकात^F करना, भेंट^F करना, साक्षात्कार करना : the journalist ~ed the minister पत्रकार ने मंत्री से साक्षात्कार किया (भेंट/मुलाकात की).

intestine इन् टॅस्'टिन n^c. आंत्र^F, आँत^F, अंतड़ी^{F} : large ~ of वृहदांत्र; small ~ लघ्वांत्र; I have pain in my ~s मेरी अंतड़ियों में दर्द है.

intimacy इन्'टिमॅसि n^u. घनिष्ठता^{F}, आत्मीयता^{F}: he has a close ~ with Ramesh, his friend उसकी अपने मित्र रमेश से गहरी ≈ है; I know him, but there is no ~ मैं उसे

जानता तो हूँ पर ≈ नहीं है; he lives in close ~ with his neighbours वह अपने पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हुए रहता है. **intimate** इन्' टिमट **I.** *a.* घनिष्ठ, अंतरंग, जिगरी, गहरा, प्रगाढ़ [friends मित्र, knowledge ज्ञान, relations संबंध]; he has ~ connections with her उसके उससे घनिष्ठ संबंध हैं. **II.** *v.t.* बताना, पता या ख़बर^F या सूचना^F देना : he ~d his intentions of marrying Miss N. उसने मिस न से शादी^F करने का अपना इरादा बताया; you should ~ the time and date of your arrival there तुम्हें वहाँ पहुँचने के समय और तारीख़^F की सूचना^F दे देनी चाहिए. **III.** *n*^c. गहरा दोस्त, घनिष्ठ मित्र : he has a big circle of ~s उसके घनिष्ठ मित्रों का घेरा बड़ा है.

into इन्'टु *pre.* **1.** (expressing motion) में, के अंदर : he went ~ the house वह घर के ≈ चला गया; to walk ~ the garden बाग में चला जाना; he fell ~ the river वह नदी में गिर पड़ा; put milk ~ the cup कप में दूध डालो; we got ~ the car हम कार ≈ घुस गए; smth has fallen ~ my eyes मेरी आँखों में कुछ पड़ गया. **2.** (expressing change) में : water turns into ice when it freezes पानी जमने पर बर्फ़^F में बदल जाता है; they divided the money ~ four parts उन्होंने धन को चार भागों में बाँट लिया; she cut the apple into two उसने सेब को दो टुकड़ों में काटा; translate from Hindi ~ English हिंदी^F से अंग्रेजी^F में अनुवाद करो; they divided the field ~ equal parts उसने खेत को बराबर हिस्सों में बाँट दिया. **3.** (other contexts) she **burst ~ tears** वह रोने लग पड़ी; he worked far ~ the night वह बहुत रात^F गए तक काम करता रहा; **to get ~ difficulties** कठिनाइयों^F में पड़ जाना; four ~ five is equal to twenty पाँच गुणे चार बीस के बराबर होते हैं; **to take ~ confidence** विश्वास में लेना; to take ~ consideration का ध्यान रखना.

intoxicant इन् टॉक्'सिकन्ट **I.** *a.* मादक, नशीला [herb जड़ी^F, medicine दवा^F, stuff पदार्थ]; ~ medicines must not be used मादक दवाओं का प्रयोग नहीं ही करना चाहिए. **II.** *n*^c. मादक द्रव्य : they take ~s and ruin their health वे ≈ खाते-पीते हैं और अपना स्वास्थ्य नष्ट करते हैं; does coffee act as an ~? क्या कॉफ़ी ≈ का कार्य करती है? **intoxicate** इन् टॉक्'सिकेट *v.t.* नशा लाना, मस्त या मदमस्त करना : he was ~d with joy वह खुशी से मदमस्त था; opium ~s a person अफीम^F आदमी को नशे में ला देती है. **intoxicated** इन् टॉक्'सिकेटिड *a.* मदहोश, मदमस्त [elephant हाथी, man आदमी]; you must avoid ~ animals, they may harm you तुम्हें ≈ जानवरों से दूर रहना चाहिए, वे तुम्हें नुकसान पहुँचा सकते हैं; he was ~ by her beauty वह उसकी सुंदरता^F पर ≈ था. [*ant.* sober] **intoxication** इन् टॉक्सि के'शन *n*^u. मस्ती^F, नशा : liquor produces ~ शराब^F से नशा पैदा होता है.

intransitive इन् ट्रैन'सिटिव़ *a.* अकर्मक : ~ verb does not need an object always ≈ क्रिया को हमेशा 'कर्म' की आवश्यकता^F नहीं; come, go, stand, lie, sleep are ~ verbs आना, जाना, खड़े होना, लेटना, सोना ≈ क्रियाएँ हैं.

intricate इन्'ट्रिकिट *a.* जटिल, पेचीदा [problem समस्या^F, situation स्थिति^F]; inside the machine there is an ~ arrangement of wires मशीन^F के अंदर तारों की एक जटिल व्यवस्था^F है; these details are quite ~ ये ब्यौरे बिल्कुल ≈ हैं. [*ant.* simple]

intrigue इन् ट्रीग' **I.** *n*^c. जाल, षड्यंत्र, साज़िश^F [criminal ,अपराधिक, open खुला, organised व्यवस्थित, silent चुपचाप]; there was an ~ against Arjun अर्जुन के विरुद्ध एक षड्यंत्र था; he could know the ~ of his rivals वह अपने प्रतिद्वंद्वियों की साजिश को जान सका. **II.** *v.t.* **1.** साज़िश^F/षड्यंत्र करना : to ~ against smb किसी के विरुद्ध ≈; they ~d to destroy the records उन्होंने अभिलेखों को नष्ट करने की साजिश की. **2.** कुतूहल में डालना : his remarks ~d me suddenly उसकी टिप्पणियों^F ने मुझमें एकाएक कुतूहल उत्पन्न किया.

introduce इन्ट्रॅ ड्यूस' *v.t.* **1.** (insert) सन्निविष्ट करना, घुसेड़ना, घुसाना : to ~ cotton wool into a wound घाव में रुई^F ≈; to ~ key

into the lock ताले में चाबी^{F} ≈; to ~ one thing into an other एक वस्तु^{F} को दूसरी में घुसाना. **2.** (make known) परिचय कराना, परिचित कराना : to ~ one person to another एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से परिचित कराना; please ~ me to your sister कृपया अपनी बहन से मेरा परिचय करा दें; let me ~ you to my father अपने पिता से तुम्हारा परिचय करा दूँ; we have not been ~d yet अभी हमारा परिचय नहीं हो पाया (नहीं कराया गया). **3.** (get entered) प्रवेश कराना : to ~ a person into a team किसी व्यक्ति को टीम^F में प्रवेश दिलाना; I do not know how to get ~d to this subject मैं नहीं जानता कि इस विषय में कैसे प्रवेश होगा. **4.** (add) जोड़ना : to ~ '*Hamlet*' in the syllabus पाठ्यक्रम में 'हैमलेट' ≈; this subject was ~d last year यह विषय पिछले साल जोड़ा गया. **5.** (initiate) चलाना, प्रवर्तित कराना, आरंभ करना : to ~ the subject of discussion चर्चा^{F} के विषय का प्रवर्तन करना; the principal will ~ a new subject from the next year प्राचार्य अगले वर्ष से एक नया विषय आरंभ करेंगे; to ~ an improvement सुधार आरंभ करना. **6.** (present) प्रस्तुत करना, पेश करना : to ~ a person before the magistrate किसी व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने ≈; may I ~ some persons to you क्या मैं कुछ व्यक्तियों को आपके सामने प्रस्तुत कर सकता हूँ ? ~ a Bill in the Assembly विधानसभा^{F} में विधेयक ≈. **introduction** इन्ट्रॅ डक्'शन n^u. **1.** (of book) भूमिका^{F}, प्रस्तावना^{F} : the ~ of the book tells us what the book is about किताब^F की ≈ हमें यह बताती है कि किताब किसके बारे में है; a good book has an ~ एक अच्छी पुस्तक^F में ≈ होती है. **2.** परिचय : letter of ~ ≈ पत्र; what is his ~ उसका ≈ क्या है ? **3.** प्रवेश : the ~ of this subject in the college syllabus is fair विद्यालय के पाठ्यक्रम में इस विषय का ≈ उचित है.

intrude इन्'ट्रुड' *v.t.* **1.** (insert) घुसेड़ना : to ~ cotton wool in a deep wound किसी गहरे घाव में रुई^F ≈. **2.** (अनुचित रूप से) घुसाना : to ~ a man in the party पार्टी में किसी आदमी को ≈. **3.** अनुचित रूप से सामने रखना या घुसा देना : to ~ irrelevant remarks in someone else's conversation किसी दूसरे के वार्तालाप में असंगत टिप्पण ≈. **4.** *v.i.* दख़ल देना : to ~ into others' affairs दूसरों के मामले में ≈ (टाँग अड़ाना) : to ~ on/upon smb's privacy किसी की निजता^{F} में दख़ल डालना; to ~ on smb's time किसी के समय में ≈.

invade इन् व़ेड' *v.t.* चढ़ाई^F करना, हमला करना, धावा करना, आक्रमण करना : to ~ a country किसी देश पर ≈. (fig) **to ~ the public rights of a nation** किसी देश के लोक अधिकारों पर आक्रमण/हमला करना. [*n.* invasion] **invader** इन् व़े'डर n^c. हमलावर, आक्रमणकारी : Taimoor had been one of the ~s who looted so much in India तैमूर उन हमलावरों (आक्रमणकारियों) में एक था जिन्होंने भारत में इतनी लूटपाट^F की.

invalid इन् व़ै'लिड **I.** *a. pred.* **1.** अमान्य, अप्रामाणिक [ballot मतमत्र, cheque चेक, claim दावा, document दस्तावेज़, excuse बहाना, reason तर्क, vote मत]; your papers are ~ as there are no signatures तुम्हारे कागज़ात ≈ हैं क्योंकि उन पर हस्ताक्षर नहीं हैं; do not make the proceedings ~ कार्यवाही^{F} को ≈ न करो. **2.** इन'वलिड (sick) असमर्थ, अशक्त, बीमार : ~ boy≈ बालक; ~ passenger ≈ यात्री; ~ patient ≈ रोगी; he is too ~ to do the work वह इतना अशक्त है कि काम नहीं कर सकता. **II.** इन्'व़लीड n^c. रोगी : we went to see the ~s in the hospital हम रोगियों को देखने अस्पताल गए. **III.** इन् व़ लीड' *v.i.* असमर्थ बना देना : to ~ the clerk लिपिक को अशक्त बनाकर हटा देना.

invasion इन् व़े'शन n^{cu}. चढ़ाई^F, हमला, आक्रमण : the Normans made an ~ on England in 1066 नार्मन्स ने 1066 में इंग्लैंड पर हमला/आक्रमण किया; his ~ was successful उसका हमला/आक्रमण सफल था; in what year was Babar's ~ on India made किस सन् में भारत पर बाबर का आक्रमण/हमला हुआ था ?

invent इन् व़ॅन्ट *v.t.* **1.** आविष्कार करना : ~

something new कुछ नया आविष्कार करो; who ~ed the first airplane? पहले हवाई-जहाज़ का आविष्कार किसने किया? to ~ a washing machine धुलाई की मशीन^F^ का ≈; Marconi ~ed radio मारकोनी ने रेडियो का आविष्कार किया. **2.** (make up) गढ़ना, बनाना : to ~ a false tale झूठी कहानी^F^ गढ़ ली है; I think he ~ed the whole story मैं समझता हूँ कि उसने पूरी कहानी^F^ गढ़ ली है; he had to ~ an excuse उसे झूठा बहाना गढ़ना/बनाना पड़ा. **invented** इन् वें'न्'टिड *a.* **1.** आविष्कृत : ~ radio ≈ रेडियो; ~ machinery ≈ मशीनरी^F^. **2.** मनगढ़ंत, कल्पित [excuse बहाना, story कहानी]. **invention** इन् वेन्'शन *n*^c^. **1.** आविष्कार [fatal घातक, new नया, remarkable उल्लेखनीय, useful लाभदायक, valuable कीमती]; the ~ of the steam engine was made by James Watt भाप के इंजन का आविष्कार जेम्स वाट ने किया था; the ~ was put into use immediately ≈ को तुरंत प्रयोग में लाया गया; necessity is the mother of ~ आवश्यकता^F^ ≈ की जननी^F^ है; the aeroplane is a wonderful ~ हवाई जहाज़ एक आश्चर्यजनक ≈ है; the ~ of printing press छापाखाने का ≈; before the ~ of gun powder, people fought with bows and arrows बारूद के ≈ से पहले लोग धनुष-बाण से साथ लड़ाई^F^ करते थे. **2.** (कपोल-) कल्पना^F^ : his story is just an ~ उसकी कहानी^F^ मात्र एक ≈ है; the ~ of a plot of a fable शिक्षाप्रद कहानी^F^ के उपकथानक की ≈. **3.** (finding) उपलब्धि^F^, प्राप्ति^F^ : the plot of this drama was a remarkable ~ by him उसके द्वारा नाटक की कथावस्तु^F^ एक उल्लेखनीय ≈ थी. **4.** (ingenuity) विदग्धता^F^, प्रतिभा^F^ : his ~ in crafts is noteworthy शिल्प में उसकी प्रतिभा^F^ प्रशंसनीय है.

inventor इन् वें'न्'टर *n*^c^. आविष्कारक : Edison was a great ~ एडिसन एक महान् आविष्कारक थे. **inventory** इन्'वन्टरि *n*^c^. तालिका^F^, सूची^F^ : he prepared an ~ of the entire property उसने सारी संपत्ति^F^ की ≈ तैयार की; ~ of records अभिलेख-सूची; make an ~ of the furniture in the house घर के फ़र्नीचर की एक सूची^F^ बनाओ.

invert इन् व़र्ट' **I.** *v.t.* औंधा करना, उलटाना, उलटा करना : to ~ a glass गिलास उलटा करना; ~ the letters of the word 'TOP' and you will get 'POT', 'टाप' शब्द के अक्षर उलटो तो तुम 'पाट' पाओगे; to ~ the order of words शब्दों का क्रम उलटना; to ~ soil मिट्टी को उल्टा-पुलटा करना. **inverted** इन् व़र्'टिड *a.* उलटा [arch महराब, boat नाव, comma अल्पविराम]; order of words शब्दों का ≈ क्रम; ~ commas "..." उद्धरण-चिह्न.

invest इन् व़ेस्ट' *v.t.* **1.** पूँजी^F^ लगाना, निवेश करना : to ~ ten hundred thousand in a cotton mill सूती मिल में दस लाख का निवेश करना; you can ~ money in shares तुम शेयरों में अपना धन लगा सकते हो. **2.** देना, प्रदान करना : the new clothes ~ed her with a charm नए कपड़ों ने उसे आकर्षण प्रदान किया. **3.** (install) प्रतिष्ठित करना, नियुक्त करना : to ~ someone as custodian किसी को अभिरक्षक नियुक्त करना. **4.** (arrray) आभूषित करना, सज्जित करना : my friend was ~ed with beautiful clothes मेरे मित्र को सुंदर कपड़ों से सज्जित किया गया. **5.** (besiege) छा जाना : darkness ~s the earth at night रात^F^ को पृथ्वी^F^ पर अंधेरा छा जाता है. **investment** इन् व़ेंस्ट'मन्ट *n*^c^. **1.** लगाना, निवेश : ~ of money in immovable property अचल संपत्ति^F^ में रुपया लगाना (रुपए का निवेश करना); this is a wise ~ यह बुद्धिपूर्ण निवेश है. **2.** (siege) घेरा : the ~ of a fort किले का ≈. **3.** प्रतिष्ठापन : ~ of a priest पादरी या पुरोहित का ≈.

investigate इन् व़ेंस्'टिगेट *v.t.* **1.** पता लगाना : to ~ a mystery रहस्य का ≈; to ~ the cause of an accident दुर्घटना^F^ के कारण का ≈; the detective was sent to ~ the crime भेदिया अपराध का पता लगाने भेजा गया. **2.** छानबीन^F^ : scientists ~ Nature वैज्ञानिक प्रकृति^F^ की छान-बीन करते हैं. **investigation** इन् व़ेंस्टि गे'शन *n*^c^. **1.** जाँच-पड़ताल^F^, criminal आपराधिक, general साधारण]; the police has started ~ पुलिस^F^ ने जाँच^F^ शुरू कर दी है; the ~ by the

committee has now reached up to the last round समिति^F की जाँच^F अब अंतिम चरण तक पहुँच गई है; the ~ into the accident was carried out by detectives दुर्घटना^F की जाँच^F जासूसों द्वारा की गई. 2. खोज^F : ~ of truth सत्य की ≈; his contribution to the ~ of certain rules कुछ नियमों/सिद्धान्तों की ≈ में उसका योगदान.

invigilator इन् व्हि'जिलेटर *n*[c]. निरीक्षक [honest ईमानदार, regular नियमनिष्ठ, strict सख़्त]; there were three ~s in the examination hall परीक्षागृह में तीन ≈ थे.

invisible इन् व्हि'ज़बल *a.* अदृश्य, अप्रकट [particles कण, stripes धारियाँ, words शब्द]; the sun is ~ due to clouds बादलों के कारण सूर्य ≈ है; the star was ~ to the eye तारा आँख से नहीं देखा जा रहा था.

invitation इन्वि टे'शन *n*[c]. निमंत्रण, आमंत्रण [cordial हार्दिक, urgent आवश्यक, written लिखित]; ~ card आमंत्रण-पत्र; an ~ to dinner भोज का ≈; they came at the ~ of the writers' club वे राइटर्स क्लब के ≈ पर आए; we had to decline their ~ हमें उनका ≈ अस्वीकार करना पड़ा; if you want Bimla to come to your party, send her an ~. यदि तुम चाहते हो कि बिमला तुम्हारी पार्टी^F में आए तो उसे ≈ भेजो; the chairman sent ~s to all the members अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को आमंत्रण भेजा. **invite** इन् व़ाइट' *v.t.* 1. निमंत्रण देना, आमंत्रित करना, बुलाना : Mrs. Smith ~d us to dinner श्रीमती स्मिथ ने हमें भोजन के लिए आमंत्रित किया; to ~ smb to the party किसी की पार्टी^F पर ≈; she ~d us **into** the house उसने हमें घर में आमंत्रित किया; they were all ~d to the wedding उन सबको शादी में आमंत्रित किया गया था; he was ~d in the meeting उसे मीटिंग^F में बुलाया गया. 2. माँगना : to ~ opinion, suggestion मत, सुझाव ≈; applications are ~d from Indians भारतीय लोगों से आवेदन पत्र माँगे जाते हैं. 3. मोल लेना : to ~ trouble मुसीबत^F ≈. 4. आकृष्ट करना : fine weather ~s us to go for a walk सुहावना मौसम हमें टहलने के लिए आकृष्ट करता है.

involuntary इन् व़ा'लन्टरि *a.* अनैच्छिक; (unintentional) अनभिप्रेत; [action कार्यवाही^F, injury चोट^F, insult अपमान, movement आन्दोलन, obedience आज्ञापालन]; ~ work will not be successful अनैच्छिक काम सफल नहीं होगा. her reaction was ~ उसकी प्रतिक्रिया^F ≈ थी.

involve इन् व़ॉल्व़' *v.t.* 1. (enfold) लपेटना : the serpent ~s its folds साँप अपनी कुंडलियाँ लपेट लेता है. 2. फँसाना, उलझाना : Ramu has ~d his neighbour **in** the crime रामू ने अपने पड़ोसी को अपराध में फँसा दिया है; the matter is ~d **in** doubt मामला संदेह में उलझा हुआ है; I got ~d **in** the quarrel between Tom and Jack मैं टाम और जैक के झगड़े में फँस गया. 3. (require) की अपेक्षा^F करना; success ~s hardwork सफलता^F के लिए कठिन परिश्रम अपेक्षित है; this plan ~s heavy expenditure इस योजना^F के लिए भारी खर्च अपेक्षित है.

inward इन्'वर्ड *a.* 1. भीतरी, आंतरिक [movement गति^F/आंदोलन, passage रास्ता, traffic यातायात]; ~ parts of the body शरीर के आंतरिक अंग; ~ happiness cannot be hidden आंतरिक प्रसन्नता^F को छिपाया नहीं जा सकता. 2. (ingoing) आवक : ~journey ≈ यात्रा^F. **inwards** इन्'वरड्ज़ *adv.* अंदर की ओर : to bend a rod ~ किसी छड़ को ≈ झुकाना; turn ~≈ मुड़ो; turn your thoughts ~ अपने विचारों को ≈ मोड़ो. [*ant.* outward]

I.O.U. I owe you.

I.P. Indian Police, Inspector of Police.

I.P.S. Indian Police Service.

ir- *pref.* (-in -before *n.* not : irregular, irrelevant, irresponsible.

irksome अर्क'सम *a.* कष्टप्रद, क्लेशकर [disease बीमारी^F, duty ड्यूटी^F, work काम]; waiting is an ~ job प्रतीक्षा^F करना एक ≈ काम है. [*ant.* pleasant]

iron आइ'रन I. *n*[u]. 1. लोहा [hard सख़्त, heavy भारी, hot गर्म]; cast ~ ढलवाँ लोहा; pig ~ कच्चा ≈; the ~ is melted in the

foundry लोहा ढलाईघर में गलाया जाता है; to cast the ~ लोहे की ढलाई करना; the handle was made of ~ हैंडल लोहे का बना हुआ था; a man of ~ लौह पुरुष 2. इस्तरी^F : we have an electric ~ हमारे पास एक बिजली की ~ है. 3. (*pl.*) बेड़ियाँ^F : the prisoner was brought to the court in ~s कैदी को ~ पहनाए अदालत^F में लाया गया; to put a prisoner in ~s कैदी को ~ पहनाना/लगाना. Δ **to have many ~s in the fire** एक साथ बहुत से काम हाथ म लना; **strike while the ~ is hot** अवसर रहते काम कर डालो. **II.** *v.t.* लोहा करना, इस्तरी^F करना : mother will ~ the clothes माँ कपड़ों पर लोहा करेंगी; to ~ clothes is to make them smooth कपड़ों पर लोहा/इस्तरी करना उन्हें सिलवट-रहित करना है; she had her saree ~ed उसने अपनी साड़ी^F पर इस्तरी^F करवाई. Δ **~ out** दूर करना; **to ~ out the difficulties of the students** छात्रों की कठिनाइयों^F को दूर करना; **to ~ out a crease** इस्तरी करके सिलवट ~; **to ~ out differences** मतभेद ~. **II.** *a.* 1. लौह, लोहे का : ~ age लौह युग; ~ works लोहे का कारखाना; Indira was the ~ lady of India इंदिरा भारत की लौह-महिला थीं. 2. सुदृढ़ : ~ will ~ संकल्प.

ironical आइ रॉ'निकल *a.* 1. व्यंग्यात्मक, व्यंग्यपूर्ण [remark उल्लेख, statement कथन]; sometimes people do not understand his ~ words कभी-कभी लोग उसके ~ शब्दों को नहीं समझ पाते; ~ statements are very meaningful कथन बहुत अर्थपूर्ण होते हैं. 2. विडंबनायुक्त : it is ~ that even the Sadhu is caught stealing यह विडंबना^F है कि एक साधु भी चोरी^F करते पकड़ा जाए. **irony** आइ'रॅनि *n*^c. (ironies) विड़ंबना, व्यंग्य : you will find ~ in his speech तुम उसके भाषण में ~ पाओगे; ~ of fate विधि की विडम्बना^F; life's ironies जीवन की विडंबनाएँ.

irregular इ रॅ'ग्यूलर *a.* 1. (against custom) नियम-विरुद्ध, बेकायदा : ~ procedure ~ कार्यवाही^F ; the old tradition has now become ~ to the people पुरानी परंपरा^F अब लोगों के लिए ~ हो चुकी है. 2. (against law) अवैध : ~ child ~ शिशु; ~ marriage ~ विवाह. 3. (in shape) बेडौल : the form of this vase is ~ इस फूलदान का रूप ~ है; an ~ structure ~ निर्माण. 4. ऊबड़-खाबड़ : ~ surface ~ सतह^F; ~ way ~ रास्ता. 5. (in time, motion, etc.) अनियमित : he is always ~ to the office वह दफ्तर में सदा अनियमित रहता है. 6. (gram.) अनियमित, नियमविरुद्ध [subject कर्ता, verb क्रिया, words शब्द]; past tense of 'do' is ~ करना का भूतकाल (क्रिया) ~ है. [*ant.* regular]. **irregularity** इरॅ ग्यू लै'रिटि *n*^c. (irregularities) 1. बेकायदगी^F, अनियमितता^F : I cannot bear this ~ of his conduct मैं उसके आचरण की यह ~ बर्दाश्त नहीं कर सकता. 2. ~ of the ground मैदान का ऊबड़-खाबड़पन.

irrelevant इ रॅ'लिव़न्ट *a.* असंगत, अप्रासंगिक [evidence साक्ष्य, remark उल्लेख, talk बातचीत^F]; your argument is quite ~ to this case इस मामले में तुम्हारी दलील^F बिल्कुल ~ है.

irreparable इ रॅ'पॅरॅबल *a.* अपूरणीय, असुधार्य : ~ wrong असुधार्य गलती; you have done ~ harm to him तुमने उसकी अपूरणीय हानि^F की है; his death is an ~ loss उसकी मृत्यु^F से अपूरणीय क्षति^F हुई है.

irresponsible इरिस् पानसॅबल *a.* अनुत्तरदायी, गैर-ज़िम्मेदार : she is an ~ child, you should not believe her word वह ~ बच्ची है, तुम्हें उसके वचन पर विश्वास नहीं करना चाहिए; an ~ person is one who does not care whether what he does is right or wrong एक ~ व्यक्ति वह है जो यह परवाह^F नहीं करता कि वह जो करता है, गलत है या सही. [*ant.* responsible]

irrigate इ'रिगेट *v.t.* सींचना, सिंचाई^F करना : Panjab is ~ d by its five rivers पंजाब पाँच नदियों^F द्वारा सींचा जाता है; if there is not enough rain, farmers ~ their lands from streams or wells यदि पर्याप्त वर्षा^F न हो तो किसान अपने खेतों की सिंचाई कुओं अथवा नालों से करते हैं. **irrigation** इरि गे'शन *n*^c. सिंचाई^F : ~ canal ~ नहर; in

rainless countries farmers depend on ~ from rivers वर्षारहित देशों में किसान नदियों^F से सिंचाई^F के आश्रित होते हैं.

irritable इ'रिटॅबल *a.* चिड़चिड़ा, क्रोधी [officer अधिकारी, person व्यक्ति, servant नौकर, temper मिज़ाज]; I dislike his behaviour मैं उसके चिड़चिड़े व्यवहार से घृणा^F करता हूँ; he easily becomes ~ वह जल्दी ≈ हो जाता है.

irritate इ'रिटेट *v.t.* **1.** चिढ़ाना, गुस्सा दिलाना his insolence ~s me उसकी धृष्टता^F पर मुझे गुस्सा आता है [चिढ़^F होती है]; you must not ~ the elders तुम्हें बड़ों को चिढ़ाना नहीं चाहिए. **2.** खुजली^F होना : this shoe is too tight, it ~s me यह जूता बहुत ही तंग है इससे मुझे खुजली होती है. **3.** जलन^F पैदा करना : the smoke ~s my eyes धुएँ से मेरी आँखों^F में जलन^F पैदा होती है. **irritation** इ रि टे'शन n^u. **1.** जलन^F : this eye-drop causes ~ इस दवा^F से आँखें में ≈ पैदा होती है. **2.** उत्तेजना^F, क्षोभ : his statements are the cause of some ~ उसके कथन ही कुछ ≈ का कारण हैं.

irruption इ रप्'शन n^c. (attack) चढ़ाई^F, धावा, हमला : he made a sudden ~ on his enemies उसने शत्रुओं पर एकाएक धावा बोल दिया.

ish *suff.* somewhat कुछ-कुछ : childish boyish, reddish, yellowish, greenish, girlish.

is. island आइ'लन्ड n^c. द्वीप, टापू [big बड़ा, coral मूँगे का, deserted सुनसान, green हरा-भरा, snowy बर्फ़ीला]; he came to an ~ while on voyage अपनी समुद्री यात्रा^F के दौरान वह एक द्वीप पर पहुँचा; to live on the ~ ≈ पर रहना; Greenland is the biggest ~ in the world ग्रीनलैंड़ संसार में सबसे बड़ा ≈ है; an ~ in the Atlantic ocean अटलांटिक महासागर में एक ≈; this ~ is a kilometre and a half long यह द्वीप लंबाई^F में डेढ़ किलोमीटर है.

-ism, *suff*, **ism** इज़म् n^c. वाद : men believe in different ~s लोग विविध वादों में विश्वास रखते हैं. (suffixes in) atheism, imperialism, patriotism, socialism, terrorism.

isolate आइ'सॅलेट *v.t.* अलग/पृथक् करना, विलग करना : to ~ infectious cases in a hospital अस्पताल में संक्रामक रोगियों को अलग रखना; to ~ a state from other states एक राज्य को दूसरे राज्यों से अलग करना; ~ the mischievious students from the class शरारती लड़कों को कक्षा^F से अलग करो; some villages were ~d in floods बाढ़^F में कुछ गाँव अलग-थलग हो गए (कट गए); he is the ~d member of his family वह परिवार का अकेला सदस्य है.

issue इ'शु, इ'स्यू **I.** n^c. **1.** निकास : ~ of documents by the clerk लिपिक द्वारा दस्तावेज़ों का ≈; ~ of the water from the top टोंटी^F से पानी का ≈. **2.** (outcome) परिणाम : the ~ of the contest in football is very uncertain फुटबाल प्रतियोगिता^F का ≈ बहुत अनिश्चित है. **3.** निर्णय : there is no ~ of the committee कमेटी^F का कोई निर्णय नहीं है; to force the ~ ज़बरदस्ती^F ≈ कराना. **4.** (offspring) संतान^F : he died without an ~ वह बिना ≈ के मर गया. **5.** (point of law) विवाद-विषय, वाद पद : what may be the cause of ~ ≈ का क्या कारण है ? ~ of fact तथ्य के बारे में विवाद; to join ~ with smb किसी से विवाद करना. **6.** ~ of a book, paper पुस्तक^F या पत्र का प्रकाशन. **II.** *v.i.t.* **1.** निकलना : water ~s from a top टोंटी^F से पानी निकलता है; blood is issuing from his wound उसके घाव से ख़ून निकल रहा है; ~ an order आदेश निकालना; the current ~d through a narrow passage धारा^F एक सँकरे रास्ते में से होकर निकली. **2.** (other meanings) to ~ warrants वारंट जारी करना; to ~ rations राशन देना/बाँटना; to ~ a magazine कोई पत्रिका प्रकाशित करना/निकालना.

-ist *suff.* one who believes in egoism; atheist, imperialist, socialist, terrorist.

it इट *pron.* **1.** वह, यह : give ~ to me इसे मुझे दो; ~ is time to go यह जाने का समय है; ~ is clear that he will do nothing यह स्पष्ट है कि वह कुछ न करेगा; ~ is important

that everyone should feel यह महत्वपूर्ण है कि सब लोग अनुभव करें; ~ is about 50 km. long यह लगभग पचास किमी. लंबा है; is ~ true क्या यह सत्य है ? ~ is a lie यह झूठ है; ~ is the only way केवल यही एक रास्ता है; ~ is false यह झूठ है. **2.** (it का हिन्दी में अनुवाद नहीं है) ~ is difficult to believe her story उसकी कहानी^{F} पर विश्वास करना कठिन है; ~ is too late to learn इतनी देर हो गई है कि कुछ सीखा नहीं जा सकता; ~ is five o'clock पाँच बजे हैं; ~ was a beautiful day yesterday कल बहुत सुंदर दिन था; ~ is cold today आज सर्दी है; ~ is I मैं हूँ; once ~ so happened एक समय की बात है; that ~ यही बात है; who's ~ ? कौन है ? ~ is raining बारिश^F हो रही है; ~ is snowing बर्फ़^{F} पड़ रही है; ~ is Monday आज सोमवार है.

Italian इ टै'लिअन *a.* इतालवी [language भाषा^{F}, nationality राष्ट्रीयता^{F}]; he cannot understand you, he is an ~ वह तुम्हें नहीं समझ सकता, वह ≈ है.

itch इच **I.** *n.* **1.** खुजली^{F} : the mosquito-bite ~es but you should not rub it मच्छरों के काटने से खुजली^{F} होती है लेकिन तुम्हें इसे रगड़ना नहीं चाहिए; he has an ~ उसे ≈ होती है. **2.** (intense desire) ललक^F : I have an ~ to see Kashmir मुझे कश्मीर देखने की ≈ है; to have an ~ to write लिखने की ललक होना; an ~ for travel यात्रा^{F} की ललक. **II.** *v.t.* **1.** खुजली होना : my nose ~es मेरी नाक^F में खुजलाहट^F है. **2.** ललक^F होना : to ~ to be a sailor नाविक होने की ललक होना. Δ **to have an ~ing palm** कुछ धन पाने का संकेत होना.

item आइ'टम *n*^{c}. **1.** विषय : ~ of programme कार्यक्रम का ≈; the last ~ in our concert is a song by Veena गोष्ठी में अंतिम ≈ है वीना का गाना. **2.** (of account) मद^F, मद्द^F : read out the ~s in the bill बिल की मद्दों को पढ़ो. **3.** an interesting news ~ in newspapers समाचार-पत्रों में एक रोचक समाचार.

its इट्स *pron.* **1.** उसका, इसका : a bird and ~ young ones एक चिड़िया और उसके बच्चे. **2.** अपना, अपने, अपनी : the animal was feeding ~ babies एक जानवर अपने बच्चों को खिला रहा था; this chair wants ~ legs repaired कुर्सी के पायों को मरम्मत^F की जरूरत^F है.

I.T.O. Income Tax Office.

it's it is यह है.

-ity *suff.* (makes nouns) ability, density, equality, familiarity, gravity, majority, minority, partiality, peculiarity, simplicity, visibility.

ivory आइ'व़रि *n*^{u}. हाथी दाँत [charming आकर्षक, valuable कीमती] ~chess ≈ का बना शतरंज का मोहरा; ~tower एकांत स्थान, सुरक्षित स्थान.

-ize *suff.* makes verbs : equalize, legalize, materialize, modernize, penalize.

J, j

jab जैब **I.** *v.t.* (jabbed, jabbing) भोंकना, चुभाना : he ~bed a stick into me उसने मेरे (शरीर में) छड़ी^{F} भोंक/चुभा दी; the doctor ~bed my arm with a needle डॉक्टर ने मेरी बाँह^F में सुई भोंक दी. **II.** n^c. भोंक^F, चोभ^F : Jaya woke me up with a ~ in the ribs जया ने मेरी पसलियों में ≈ लगाकर मुझे जगाया; to give, feel a ~ ≈ देना, महसूस करना.

jack जैक n^c. **1.** (seaman) नाविक, मल्लाह : he had been Australian ~ वह आस्ट्रेलियाई ≈ था. ~fruit कटहल; ~ of all trades हरफ़नमौला. **2.** नौकर, टहलुआ : he is a ~ not a clerk वह ≈ है, बाबू नहीं. **3.** झंडा : union ~ संघीय झंडा. **4.** (a playing card) गुलाम : ~ of diamond ईंट का गुलाम.

jackal जै'काल n^c. सियार, गीदड़ : a ~ is a doglike wild animal ≈ कुत्ते की तरह का एक जंगली जानवर है.

jackass जै'कैस n^c. **1.** गधा : ~ is a long eared mammal of horse genus ≈ लंबे कानों वाला घोड़े की नस्ल का एक स्तनपायी जानवर है; washermen use ~es to carry their clothes धोबी गदहों को कपड़े ले जाने के लिए काम में लाते हैं. **2.** (person) गधा.

jacket जै'किट n^c. **1.** (dress) जाकेट^F, फतूही^{F}, बंडी^{F} [black काली, clean साफ़, long लंबी, red लाल, warm गर्म, woollen ऊनी]; he always wears a ~ on kurta and paijamas वह कुरते और पैजामे पर हमेशा ≈ पहनता है. **2.** (of a book) जैकट, सजावटी आवरण.

jagged जै'गिड *a.* **1.** कटावदार, दाँतेदार [knife छुरी^{F}, leaf पत्ता, rock चट्टान^F, wheel पहिया]. **2.** नोकदार : ~ stone ≈ पत्थर; the ~ edges of broken glass are very dangerous टूटे हुए काँच के किनारे बहुत ही ख़तरनाक होते हैं.

jail जेल **I.** n^c. कैदख़ाना, जेलख़ाना, बंदीगृह, कारागार : a prisoner is locked up in ~ as punishment एक कैदी को दंडस्वरूप ≈ में रखा जाता है. ~ **bird** आदी कैदी या बंदी, बार-बार जुर्म करने वाला; ~ **keeper** जेलर; ~**-labour** कैदी मज़दूर. **II.** *v.t.* कैदख़ाने में डाल देना : he was ~ed for six months उसे छह महीने की कैद हो गई.

jam जैम **I.** n^u. **1.** मुरब्बा, जैम : apple ~ सेब का ≈; mother makes ~ by boiling fruit and sugar together माँ फल और चीनी को एक साथ उबालकर ≈ बनाती है. **2.** (predicament) जंजाल, उलझन^F, झंझट^F : you are in a ~, you cannot be successful in your aim तुम ≈ में पड़ गए हो, तुम अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सकते; when I lost all money, I was in a ~ जब मेरा सब धन खो गया तो मैं झंझट में पड़ गया. **II.** *v.t.* (jammed) **1.** (squeeze into) घुसेड़ना, ठूँसना : to ~ clothes into a bag झोले में कपड़े ≈; to ~ one's finger in a door दरवाज़े में अपनी उंगली^{F} घुसेड़ना. **2.** बंद करना, रोक देना, जाम करना : to ~ a foreign radio system विदेशी रेडियो व्यवस्था को जाम करना; to ~ a passage रास्ता जाम/बंद करना. **3.** (crush) भींचना, चापना, कुचलना; (crowd) भीड़ मचाना, अवरोध करना, अटक जाना : to be ~med in a crowd भीड़^{F} में भिच/कुचला जाना; a child must not go out alone, he may be ~med बच्चे को अकेले नहीं जाना चाहिए, वह कुचला जा सकता है. **III.** *v.i.* जाम होना : the machine ~med मशीन^F जाम हो गई; the brakes of the scooter have ~med स्कूटर की ब्रेकें^{F} जाम हो गई हैं.

jamboree जैमबॅरी' n^c. जमावड़ा, जमघट, रैली^{F} : the scouts held a ~ on New Year Day स्काउटों ने नववर्ष दिवस पर एक ≈ का आयोजन किया.

Jan. January.

J. & K. Jammu and Kashmir.

January जै'न्युअरि *n.* जनवरी : he will come in the month of ~ if he gets leave यदि उसे छुट्टी^{F} मिली तो वह ≈ माह में आएगा; there are 31 days in ~ ≈ में 31 दिन होते हैं; he will return on Jan. 10 वह ≈ की दस तारीख़^{F} को वापस आएगा.

Japanese जैपॅनीज़' *a.* जापानी [language भाषा, nationality राष्ट्रीयता^{F}, people लोग].

jar जार **I.** n^c. **1.** (container) जार, मरतबान, मर्तबान [heavy भारी, wide चौड़ा]; we keep jam in a glass ~ हम काँच के ≈ में मुरब्बा रखते हैं; I cannot get these berries out of the ~ मैं ये बेर ≈ में से नहीं निकाल सकता; put the butter in a ~ मक्खन ≈ में रखो; ~ of honey मधु/शहद का ≈. **2.** (jolt) धक्का : he felt a slight ~ when the plane touched the ground जब हवाई जहाज़ ने जमीन से स्पर्श किया तो उसे हल्का ≈ लगा; the news gave me a heavy ~ समाचार से मुझे भारी ≈ लगा. **3.** (sound) खड़खड़ाहट : the car stopped suddenly with a ~ कार^F एकाएक ≈ के साथ रुकी. **4.** (quarrel) झगड़ा, अनबन^F : because of a ~ with him I cannot go to his house उससे ≈ के कारण मैं उसके घर नहीं जा सकता. **II.** *v.t.i.* (jarred, jarring) **1.** अप्रिय लगना, खलना : the noise ~s on my ears, I dislike it शोर मेरे कानों में अप्रिय लगता है, मैं इसे नापसंद करता हूँ; never ~ on anybody's feelings किसी की भावनाओं को ठेस मत लगाओ. **2.** चरचराना, खड़खड़ाना : his old gate of the house ~s उसके मकान का पुराना दरवाज़ा चरचराता है; machine ~s the building मशीन^F इमारत^F को खड़खड़ा देती है. **3.** काँपना या कँपाना : the quake ~red the houses भूकंप से मकान काँप गए; you must not go out, severe cold will ~ you तुम्हें बाहर नहीं जाना चाहिए, कड़ाके की सर्दी^{F} तुम्हें कँपा देगी. **4.** ज़ोर लगाना, धक्का देना : to ~ with a car कार^F को ज़ोर लगाकर धक्का देना. **5.** ~ with मेल न खाना; his opinion ~s with mine उसकी राय^F मेरी राय से मेल नहीं खाती; this order ~s with the rules यह आदेश नियमों से मेल नहीं खाता (के अनुरूप नहीं है); these statements ~ with one another ये बयान एक-दूसरे से मेल नहीं खाते.

jasmine जैस्'मिन n^u. (common) चमेली^{F} : there are several kinds of ~ ≈ के कई प्रकार होते हैं; ~ has sweet smelling flowers चमेली के फूल भीनी-भीनी खुशबू वाले होते हैं; (Indian) जूही^{F}; (yellow) पीली चमेली/जूही; (wild) वनमल्लिका, नेवाड़ी; (downy) कुंद फूल; (Arabian) मोगरा; (arboreum) नवमल्लिका; (flexible) मालती; orange ~ कामिनी; night ~ or coral ~ हरसिंगार.

jaundice जान्'डिस n^u. कामला, पीलिया : he has suffered from ~ since his childhood वह अपने बचपन से ही ≈ से पीड़ित है. **jaundiced** जान्'डिस्ड *a.* **1.** पीलियाग्रस्त : ~ body ≈ शरीर. **2.** (fig.) पक्षपातपूर्ण : ~ judgement ≈ निर्णय; to have ~ eye ≈ होना; a ~ view of smth किसी बात^F का ≈ दृष्टिकोण.

jaunt जान्ट **I.** n^c. भ्रमण, सैर-सपाटा : he went for a ~ early in the morning वह तड़के ही ≈ के लिए चला गया. **II.** *v.i.* सैर-सपाटा करना : he ~ about a few places वह कुछ स्थानों में सैर-सपाटा करने गया.

javeline जैव़्लिन n^c. बर्छी, भाला : he got first prize in ~ throw उसे भाला-फेंक^F में प्रथम पुरस्कार मिला.

jaw जॉ n^c. जबड़ा : ~ bone जबड़े की हड्डी^{F}; ~ of a bear भालू का ≈; he fell down and broke his ~ वह गिरा और उसका ≈ टूट गया. **Δ hold your ~** चुप रहो; **in/out of the ~s of death** मौत^F के मुँह में, बाहर.

jealous जें'लस *a.* **1.** ईर्ष्यालु, डाही [friend मित्र, husband पति, lover प्रेमी]; she is ~ of her friends वह अपनी सहेलियों से डाह^F करती है; to be ~ of smb's fame किसी के यश से डाह^F करना; they are ~ of his wealth वे उसके धन से डाह^F करते हैं. **2.** (vigilant) सतर्क [nurse नर्स, servant नौकर]; to be ~ of danger ख़तरे से ≈ रहना; Paul is ~ of his enemies पाल अपने शत्रुओं से ≈ है; ~ of one's rights अपने अधिकारों के बारे में ≈ रहना; you should be ~ of your freedom तुम्हें स्वाधीनता^{F} के बारे में ≈ रहना चाहिए. **jealousy** जें'लॅसि $n^{u/c}$. (jealousies) ईर्ष्या^{F}, डाह^F [extreme अत्यंत,

fatal घातक, great बहुत, stupid मूर्खतापूर्ण, violent उग्र]; to inspire ~ in a person किसी व्यक्ति में ≈ उत्पन्न करना; to have ~ with the neighbours पड़ोसियों से ≈ होना.

jean जीन n^c. 1. एक सूती कपड़ा. 2. (*pl.*) चुस्त पतलून[F], जीन[F] : even girls are now wearing ~s अब लड़कियाँ भी ≈ पहनती हैं; I wear readymade ~s मैं सिली-सिलाई ≈ पहनता हूँ.

jeep जीप n^c. जीप[F] : he always travels in a ~ वह हमेशा ≈ में यात्रा[F] करता है; a ~ is able to travel over rough ground ≈ ऊबड़-खाबड़ ज़मीन[F] पर भी चल सकती है.

jeer जिअर I. n^c. उपहास : the ~s of the mob भीड़[F] का ≈; a ~ is much sooner forgotten than a taunt ≈ ताने की अपेक्षा[F] बहुत जल्दी भुलाया जाता है. II. *v.t.* उपहास करना : the audience ~ed at the speaker श्रोताओं ने वक्ता का उपहास किया; it is unkind to ~ **at** the boy who comes last in the race जो लड़का दौड़[F] में सबसे पिछड़ जाता है, उसका ≈ करना बुरा है; to ~ **at** another's efforts किसी के प्रयासों का ≈.

jelly जेॅलि n^u. जेली[F] : when you warm the ~, it is a watery fruit juice but sets solid when it cools जब तुम जेली को गरम करो तो फल के रस की तरह पानी हो जाती है लेकिन ठंडा होने पर ठोस हो जाती है; children like ~ and ice cream बच्चे ≈ और आइसक्रीम[F] पसंद करते हैं.

jeopardy जेॅपर्डि n^c. जोखिम, ख़तरा [deep गहरा, possible संभावित]; to be in ~ ख़तरे में पड़ा होना; to put smb in ~ किसी को जोखिम में डालना.

jerk जर्क I. n^c. झटका, झकझोरा : you will get ~s when you get down from the train in the opposite direction जब तुम रेलगाड़ी[F] से विपरीत दिशा में उतरोगे तो तुम्हें झटके लगेंगे; he pulled the fish out with a ~ उसने मछली[F] को एक झटके में बाहर खींच लिया; the fish gives a ~ on the line when it takes the bait मछली[F] जब चारा लेती है तो डोरी पर झटका देती है; to start with a ~ झटका देकर चलाना; he woke up with a ~ वह झटके के साथ जाग उठा. II. *v.t.* झपटना, झटकारना : he ~ed the letter out of my hand उसने मेरे हाथ से चिट्ठी झटकार ली; to ~ a fish out of the water पानी में से मछली झटकारना; when a car stops or starts suddenly it ~s the people in it जब कार[F] रुकती है या एकदम चलने लगती है तो वह उसमें बैठे लोगों को धक्का देती है. III. *v.i.* हिचकोले खाना : the bus ~ed along बस[F] हिचकोले खाती चली गई.

jerkin जर्'किन n^c. जाकिट[F] : he wears a ~ in the cold जाड़े में वह ≈ पहनता है; ~ may be with or without sleeves ≈ आस्तीन वाली या बिना आस्तीन की हो सकती है.

jerky जर्'कि *a.* 1. झटकेदार : ~ ride in a tumtum एक्के की ≈ सवारी; ~ movement ≈ चाल[F]; it is a ~ way of walking चलने का यह ≈ ढंग है. 2. ऐंठनदार : a ~ style of writing ≈ लिखने की शैली[F].

jersey जर्'सि n^c. जर्सी[F], चुस्त ऊनी बंडी[F] : I wear a ~ under my jacket मैं अपनी जैकिट के नीचे ≈ पहनता हूँ.

jest जेॅस्ट I. n^c. 1. मज़ाक, हँसी[F], दिल्लगी[F] [fine उत्कृष्ट, inappropriate अनुपयुक्त, malicious दुर्भावनापूर्ण, obvious स्पष्ट, offensive बुरा लगने वाला, pleasant सुखद]; I said it in ~ मैंने ऐसा ≈ में कह दिया; to crack/make a ~ ≈ करना; his attempt was just a ~ उसका प्रयास केवल एक मज़ाक था; the ~ was that Hari joined in the laughter without knowing that we were laughing at him मज़ाक यह हो गया कि हरी बिना यह जाने कि हम उसी पर हँस रहे थे वह भी ठहाके लगाने में शामिल हो गया. 2. (witticism) चुटकुला : all the friends were busy in ~s सभी मित्र चुटकुलों में लगे थे. II. *v.t.* मज़ाक करना : never ~ **on** serious matters गंभीर मामले में कभी मज़ाक मत करो; you must not ~ **at** the poor तुम्हें गरीबों का मज़ाक नहीं उड़ाना चाहिए; we ~ed about his behaviour हम उसके व्यवहार पर मज़ाक कर रहे थे. **jester** जेॅस्'टर n^c. जोकर, मसख़रा, विदूषक : there is no ~ in the drama नाटक में कोई भी ≈ नहीं है; in the olden times kings and other rich people employed ~s at their courts to

amuse them पुराने ज़माने में राजा और अन्य धनी लोग अपने दरबार में मनोरंजन के लिए विदूषक रखते थे.

Jesus जी'सस n^u. ईसा, येसु.

jet जेॅट **I.** n^c. **1.** धारा : a ~ of water was played on the fire पानी की ≈ आग पर डाली गई; a ~ of water spurted into the air from the hole in the pipe पम्प के छिद्र में से पानी की एक धार फूट पड़ी. **2.** जेट वायुयान : a ~ pilot जेट विमान-चालक; three ~s flew over the sky आकाश में तीन ≈ उड़े; ~ planes are very fast जेट विमान बहुत तेज़ होते हैं. **3.** (spout) (गैस की) टोंटी[F]. **4.** ~ black काला स्याह : her hair is ~ black उसके बाल काले स्याह हैं. **II.** *v.i.* (धार में) फूट निकलना : water ~s from the pipe violently पानी पंप से बड़े ज़ोर से फूट निकलता है.

jewel जू'अल n^c. **1.** रत्न, रत्नजटित भूषण [charming आकर्षक, false झूठा, magnificent शानदार, real असली, valuable कीमती]; Tulsidas was a ~ among poets कवियों में तुलसीदास एक रत्न थे; the ~s were kept in a safe जवाहरात तिजोरी[F] में रखे थे; her fingers were covered with ~s उसकी अंगुलियाँ[F] जवाहरात से ढँकी थीं. **2.** (fig.) ~ of a man पुरुषरत्न. **jeweller** जू'अलर n^c. जौहरी, सर्राफ़ : you buy jewels and expensive ornaments from a ~ आप जवाहर और अन्य महँगे गहने ≈ से खरीदते हैं. **jewellery** जू'अलरि जवाहरात, गहने, आभूषण : we bought ~ from a jeweller's shop हमने सर्राफ़/जौहरी की दुकान[F] से ≈ खरीदे; she has some wonderful ~ उसके पास कुछ कमाल के ≈ हैं; the ~ consists of rings, bracelets, necklaces and precious stones ≈ में अंगूठियाँ, बाज़ूबंद, हार और कीमती पत्थर होते हैं.

jigsaw जिग्'सॉ n^c. (छोटी) चौखटी आरी : a ~ is driven by a machine ≈ मशीन[F] से चलाया जाता है. ~ **puzzle** टुकड़े-टुकड़े जोड़ने की पहेली[F]; children enjoy doing ~s बच्चे टुकड़े जोड़कर कोई चित्र बनाने में आनंद लेते हैं.

jingle जिङ्'गल **I.** n^u. झंकार[F], खनखन[F] : the ~ of coins सिक्कों की ≈; I hear daily ~s of bells from the church मैं चर्च से प्रतिदिन घंटियों[F] की ≈ सुनता हूँ; we heard Dad's key's ~ as he fitted one into the lock जैसे ही पिताजी ने चाबियों[F] में से एक ताले में लगाई तो हमने उसकी ≈ सुनी. **II.** *v.t.* छनकना, छनकाना : he ~s keys, pennies in his pocket वह अपनी जेब में चाबियाँ, पैसे खनकाता है.

jj judges.

job जॉब **I. 1.** (छोटा) काम, कार्य : ~ hazard कार्य संकट; ~ load कार्यभार; this is my ~ not yours यह मेरा ≈ है तुम्हारा नहीं; to be out of ~ बेकार (बेरोज़गार) होना; get a new ~ नया काम ढूँढ़ो; to do odd ~s तरह-तरह के काम करना; he did a good ~ on translation of the book उसने किताब[F] के अनुवाद का अच्छा काम किया; you have given me a hard ~ तुमने मुझे एक कठिन काम दिया है; taking care of children is no easy ~ बच्चों की देखभाल[F] करना आसान काम नहीं है; he has given up the ~ उसने काम छोड़ दिया है; he was willing to take any ~ वह कोई काम पाने का इच्छुक था. **2.** नौकरी[F] : ~s are not easy to get ≈ पाना आसान नहीं है; he had a ~ in the factory कारख़ाने में उसकी ≈ थी. **3. bad ~** निष्फल कार्य, बेकार का काम; **just the ~** ठीक वही जो दरकार है; to make a (good) ~ of smth कोई काम अच्छी तरह संपन्न करना; to be on the ~ सतर्क रहना, होशियारी से काम करना; ~ **work** फुटकर काम. **II.** *v.t.* (jobbing, jobbed) **1.** फुटकर काम करना : he ~s in our office वह हमारे दफ़्तर में फुटकर काम करता है. **2.** दलाली[F] करना : he is ~bing for a contractor वह एक ठेकेदार की दलाली[F] कर रहा है. **3.** भ्रष्टाचार करना : he is ~bing to get himself made head of the department वह विभाग का अध्यक्ष बनाए जाने के लिए भ्रष्टाचार कर रहा है.

jockey जॉ'कि **I.** n^c. **1.** (घुड़दौड़ का) घुड़सवार, जॉकी : there are several jockies at the horse race घुड़दौड़ में कई ≈ होते हैं. **2.** do not believe him, he is a ~ उस पर विश्वास न करो, वह धोखेबाज़ है. **II.** *v.t.* धोखा देना, छल-कपट करना : to ~ a person out of some advantage किसी लाभ से किसी व्यक्ति से छल-कपट करना; to ~ smb into

doing smth किसी को धोखा देकर कुछ कराना.

jog जॉग **I.** *n*^{c}. धक्का, झटका : to give a ~ ≈ देना; you get ~s when the train stops जब रेलगाड़ी^{F} रुकती है तो धक्के लगते हैं. **II.** *v.i.* (jogging, jogged) **1.** ठेलना : to ~ smb with an elbow कुहनी^{F} से किसी को ≈. **2.** धीमे चलना, मंथर गति^{F} से आगे बढ़ना : we ~ged along a few mile on horseback हम घोड़े पर बैठकर कुछ मील तक मंथर गति^{F} से आगे बढ़े; the farmer ~ged to town किसान धीरे-धीरे शहर की तरफ बढ़ा; the time keeps ~ging on समय धीरे-धीरे बढ़ता रहता है; matters ~ along धीरे-धीरे (जैसे-तैसे) काम चलता है. **3.** जगाना : to ~ smb's memory किसी की याद्दाश्त^F जगाना.

join जॉइन **I.** *n*^{c}. जोड़ : the ~ of the pipe will break soon पम्प का ≈ शीघ्र ही टूट जाएगा. **II.** *v.t.i.* **1.** जोड़ना, मिलाना : to ~ wires तार ≈; to ~ two pieces of string together रस्सी के दो टुकड़े एक साथ जोड़ना; to ~ two villages with a road दो गाँवों को एक सड़क^F द्वारा ≈; the bridge ~s the two parts of the town पुल शहर के दो भागों को जोड़ता है; the priest ~ed the bride and the bridegroom in marriage पुरोहित ने दूल्हा-दूल्हिन को विवाह-बंधन में मिला दिया. **2.** मिलना : the street ~s the road near a bridge गली पुल के निकट सड़क से मिलती है; they ~ed in the struggle for freedom स्वतंत्रता^{F} की लड़ाई में वे मिल गए; the Yamuna ~s the Ganga at Allahabad यमुना इलाहाबाद में गंगा से आ मिलती है. [*ant.* dis~] **to ~ hands with smb** किसी के साथ मिल जाना; to ~ forces मिलकर काम करना. **3.** शामिल होना, सम्मिलित होना : to ~ in marriage शादी^{F} में ≈; will you ~ our club क्या आप मेरे क्लब में सम्मिलित होंगे ? he has ~ed the army वह फ़ौज में शामिल हो गया है; he ~ed in our conversation वह हमारे वार्तालाप में शामिल हुआ; to ~ some people in a walk सैर में किन्हीं लोगों में शामिल हो जाना. **4.** कार्यभार सँभालना : to ~ one's duty or office अपनी ड्यूटी या पदभार सँभालना. **5.** साथ होना : my wife ~ed **with** me in congratulating you मेरी पत्नी तुम्हें बधाई^F देने के लिए मेरे साथ है; in this point I ~ with you इस विषय पर मैं आपके साथ हूँ; I shall ~ you as soon as I am free जैसे ही मैं ख़ाली हूँगा आपका साथ दूँगा; they ~ed hands उन्होंने हाथ मिलाए. **6.** जुड़ना : her bone ~ed after the operation ऑपरेशन के बाद उसकी हड्डी^{F} जुड़ गई. **7.** Δ **to ~ issue with smb** किसी से बहस करना.

joint जॉइन्ट **I.** *n*^{c}. **1.** जोड़, संधि^{F}, गाँठ^F : ~ of a bone हड्डी^{F} का जोड़; ~ of a finger उंगली की संधि/गाँठ; a ~ in a pipe पाइप में जोड़; the ~ in the wire is not steady तार का जोड़ मज़बूत नहीं है. Δ times are **out of ~** ज़माने में गड़बड़ है; the furniture is **out of ~** फ़र्नीचर उखड़ा-पुखड़ा है. **2.** (geog.) दरज^F : ~ in the earth near the mountain पर्वत के निकट पृथ्वी^{F} में ≈. **3.** (place) अड्डा : ~ for drinkers शराबियों का ≈; मद्यशाला^{F}.

II. *v.t.* जोड़ना, जोड़ मिलाना : ~ both the ends of the rope रस्सी^{F} के दोनों छोर मिलाओ. **III.** *a.* **1.** संयुक्त [declaration घोषणा^{F}, editor संपादक, family परिवार, fund कोष/निधि^{F}, household गृहस्थी^{F}, ownership स्वामित्व, resolution प्रस्ताव, rule शासन, secretary सचिव, undertaking उपक्रम]; he will get nothing in the ~ property उसे संयुक्त संपत्ति^{F} में कुछ नहीं मिलेगा. **2.** (concurrent) समवर्ती, संयुक्त : ~ consonants ≈ व्यंजन; ~ insurance ≈ बीमा; ~ list ≈ सूची^{F}.

joke जोक **I.** *n*^{c}. **1.** मज़ाक, परिहास, दिल्लगी^{F} [familiar जाना-पहचाना, good अच्छा, silly मूर्खतापूर्ण]; it is all a ~ यह सब ≈ है; that is no ~ but a serious matter वह कोई मज़ाक नहीं बल्कि गंभीर मामला है; I do not like such ~s मैं इस प्रकार का मज़ाक पसंद नहीं करता; the boy played a ~ on James लड़कों ने जेम्स पर मज़ाक किया; we decided to play a ~ with her हमने उससे मज़ाक करने का निर्णय किया; practical ~ छेड़छाड़ का उपहास. **2.** चुटकुला : a book of ~s चुटकुलों की पुस्तक^F; everyone laughed at his ~s सब उसके चुटकुलों पर हँस पड़े. **II.** *v.i.* मज़ाक करना, परिहास करना, दिल्लगी^{F} करना : they ~d with her about her new suit उसके नए सूट को लेकर वे उस पर मज़ाक करते

रहे. **joker** जो'कर n^c. मज़ाकिया, जोकर [fine बढ़िया, useless बेकार]; the ~ made us laugh at the circus ≈ ने सरकस में हमें हँसाया; there must be a ~ in a drama नाटक में एक ≈ ज़रूर रहना चाहिए.

jolly जॉ'लि I. *a.* **1.** प्रफुल्ल, प्रसन्नचित्त [crowd भीड़^{F}, person व्यक्ति]; he is more ~ than his other friends वह अपने अन्य मित्रों की अपेक्षा अधिक ≈ है. **2.** आनंदप्रद [time समय, weather मौसम]; it was a ~ party यह एक आनंदपूर्ण पार्टी^{F} थी. [*ant.* sad] **II.** *adv.* बहुत, अत्यंत : I am ~ glad मैं ≈ प्रसन्न हूँ.

jolt जोल्ट **I.** n^c. **1.** हचका, हचकोला, झटका : the bus suddenly stopped with a ~ that shook us off our seats बस^F एकाएक हचके के साथ रुकी जिससे हम अपनी सीटों^{F} पर से हिल उठे. **2.** (shock) धक्का : the bad news gave us a ~ इस अशुभ समाचार से हमें ≈ लगा. **II.** *v.t.i.* हचकना, हचका देना : the car ~ed over the rough road कार^F ऊबड़-खाबड़ सड़क^F पर हचक गई; the vehicle ~ed us सवारी ने हमें हचका दिया.

jostle जॉ'सल **I.** *v.t.i.* धक्का देना, ढकेलना : he ~d against an old man at the fair मेले में उसने एक बूढ़े आदमी को धक्का दे दिया; the people ~ one another in the narrow street तंग गली^{F} में लोग एक-दूसरे को ढकेलते हैं; when you are in a big crowd you must expect that people will ~ you जब तुम किसी बड़ी भीड़^{F} में हो तो तुम्हें समझना चाहिए कि लोग तुम्हें धक्के तो देंगे. to be ~d about धक्के खाना. **II.** n^c. धक्का, रेल-पेल^F : there was a great ~ in the fair मेले में बहुत रेल-पेल थी.

jot जॉट **I.** n^c. कणभर, ज़रा : donot care a ~ ज़रा-सी भी चिंता^{F} मत करो; not a ~ of sense तनिक भी समझ नहीं; he did not change his statement (by) a ~ उसने अपने बयान में .जरा भर परिवर्तन नहीं किया. **II.** *v.t.* संक्षेप में लिख देना : to ~ down an address पता ≈; ~ down this in your book इसे अपनी किताब^F में (संक्षेप में) लिख लो.

jour., journal जर्'नल n^c. **1.** (diary) डायरी, दैनिकी, दैनंदिनी : this year's ~ इस वर्ष की ≈; a book seller's ~ of daily transactions पुस्तक-विक्रेता के लेन-देन की ≈; a ~ of work done by la bourers मज़दूरों के काम का रोज़नामचा. **2.** (periodical) पत्रिका^{F} [annual वार्षिक, illustrated सचित्र, monthly मासिक, scientific वैज्ञानिक, serious गंभीर]. **journalism** जर्'नॅलिज़म n^u. पत्रकारिता^{F} : he is studying ~ at the Institute वह संस्थान में ≈ का अध्ययन कर रहा है; ~ is a tedious profession these days इन दिनों ≈ एक बड़ा कड़ा पेशा है. **journalist** जर्'नॅलिस्ट n^c. पत्रकार : K.R. Narayanan has been a noted ~ in India के. आर. नारायणन भारत में एक प्रसिद्ध ≈ हुए हैं; you can neither be a ~ nor an editor तुम न तो पत्रकार हो सकते हो न संपादक.

journey जर्'नि **I.** *n.* यात्रा^{F}, सफ़र [amusing मनोरंजनपूर्ण, interesting दिलचस्प, monotonous उबाऊ, pleasant सुखद, successful सफल, tiresome थकाऊ]; you can make/undertake this ~ from London to New York by sea or by air तुम लंदन से न्यूयार्क की यात्रा समुद्र से अथवा वायु से कर सकते हो; he completed his ~ on foot उसने अपनी ≈ पैदल तय की; they have gone on a ~ वे ≈ पर गए हैं; he set out on ~ yesterday वह कल ≈ पर चल दिया; I hope you will enjoy your ~ very much मैं आशा^{F} करता हूँ आप ≈ का भरपूर आनंद लेंगे; I wish you a happy ~ आपकी यात्रा^{F} मंगलमय हो; after three days' ~ they came to a large city तीन दिन के सफ़र के बाद वे एक बड़े शहर में आए. **II.** *v.t.* यात्रा करना, सफ़र करना, घूमना-फिरना : he will not ~ in winter वह जाड़े में सफ़र/यात्रा नहीं करेगा.

jovial जो'विअल *a.* **1.** प्रसन्नचित्त, खुशमिज़ाज [companion साथी, party मंडली^{F}, people लोग]; a ~ person is one who is good-natured and full of fun ≈ आदमी वह है जो अच्छे स्वभाव वाला और मज़ाकिया होता है. **2.** ~ mood विनोदी तबीयत^F.

joy जॉइ *n.* आनंद, हर्ष, खुशी^{F} [celestial स्वर्गीय, genuine सच्चा, great बहुत, intense तीव्र, perfect पूर्ण, real वास्तविक, unrestrained

असीम]; his heart was filled with ~ उसका हृदय ≈ से भर गया; they clapped their hands and shouted with ~ उन्होंने ताली^F बजाई और ≈ से चिल्लाए; it is a ~ to see you आपसे मिलकर बड़ी खुशी^F हुई है; it was a great ~ to him to hear her song उसका गाना सुनकर उसे बड़ी खुशी^F हुई; to our great ~, he returned safely हमें बड़ी खुशी हुई कि वह सुरक्षित लौट आया; they jumped with ~ वे ≈ से उछल पड़े; we welcomed him home with ~ उसके घर आने पर हमने उनका खुशी^F से स्वागत किया; a thing of beauty is a ~ for ever सुंदर वस्तु^F सदा आनंदप्रद होती है. [*ant.* sorrow] **joyful** जाइ'फुल *a.* **1.** आनंदित, खुश-खुश [friend मित्र, fellow व्यक्ति, mother माँ]. **2.** आनंदमय, आनंददायक [company साथ, tidings समाचार]; Christmas is a ~ day क्रिसमस ≈ दिन होता है. [*ant.* sad]

jr. junior.

jt. joint.

jubilant जू'बिलन्ट *a.* प्रफुल्ल, आनंदविभोर, प्रमुदित, उल्लसित : they were ~ over their victory वे अपनी विजय पर ≈ थे; ~ at the granting of a holiday छुट्टी मिलने पर ≈. **jubilate** जु'बिलेट *v.t.* खुशी/आनंद मनाना, हुलसना, फूले न समाना, आनंदित होना : to ~ with friends over the good news अच्छे समाचार पर अपने मित्रों के साथ खुशी मनाना. **jubilee** जू'बिली *n*^c. जयंती^F [diamond हीरक, golden स्वर्ण, silver रजत]; this picture celebrated its silver ~ इस पिक्चर ने अपनी रजत ≈ मनाई.

yesterday वह विदेश से कल लौटा है. **5.** (region) देश, प्रदेश [poor गरीब, rich धनी, vast लंबा-चौड़ा]; the large part of the ~ is covered by cities देश के अधिकांश भाग में शहर हैं. Δ **how the ~ lies** स्थिति^{F} कैसी है? **II.** *v.t.i.* **1.** उतारना, उतरना, पहुँचना : they ~ed the ship in Mumbai उन्होंने मुम्बई में जहाज़ उतारा; the goods were quickly ~ed माल जल्दी-जल्दी उतारा गया; the ship's passengers will ~ in England today जहाज़ के यात्री आज इंग्लैण्ड पहुँच जाएँगे; we hope the space rocket will ~ safely on Mars हम आशा^{F} करते हैं कि अंतरिक्ष राकेट मंगल (ग्रह) पर सुरक्षित उतर जाएगा; the aeroplane ~ed on the field हवाई जहाज़ मैदान में उतरा; the troops ~ed on the coast सेनाएँ^{F} तट पर पहुँची; the plane had to ~ in fog हवाई जहाज़ को कुहरे में उतरना पड़ा. **2.** पहुँचाना, डालना : to ~ oneself in some trouble अपने को किसी संकट में ≈. Δ **~ on one's feet** बेहतर हालत में होना. **landing** लैन्'डिङ्ग *n*^{c}. अवतरण, उतरना : to make a safe ~ सुरक्षित अवतरण करना; the space travellers made successful ~ on the moon अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा पर सफल अवतरण किया. **~ place** घाट : there was no ~ place for the boat नाव के लिए कोई घाट नहीं था. **landlady** *n*^{c}. मकान-मालकिन : this is your rented house, who is your ~ यह तुम्हारा किराए का मकान है, तुम्हारी ≈ कौन है? **landless** लैन्ड्'लेंस *n.* भूमिहीन : ~ labourer ≈ मज़दूर; he is ~ and poor too वह ≈ है और गरीब भी. **landlocked** *a.* चारों ओर से ज़मीन से घिरा हुआ : Nepal and Afghanistan are ~ countries नेपाल और अफ़गानिस्तान चारों ओर धरती से घिरे हुए देश हैं. **landlord** **1.** मकानमालिक (of a house) [*fem.* landlady] **2.** (of land) भू-स्वामी, ज़मींदार. **landmark** *n*^{c}. **1.** सीमा-चिह्न, सरहद का निशान : you cannot remove the neighbour's ~ तुम पड़ोसी के ≈ को नहीं हटा सकते; that rock is a ~ on the hill पहाड़ी^{F} पर वह चट्टान^F ≈ है. **2.** युगांतकारी घटना^{F} : the Dandi March was a ~ in our freedom struggle डांडी मार्च हमारे स्वतंत्रता-संग्राम में एक ≈ था; **there are several ~s in history** इतिहास में कई युगांतकारी घटनाएँ हैं. **landscape** *n*^{c}. भूदृश्य, प्राकृतिक दृश्य [charming आकर्षक, grand भव्य/शानदार, hilly पहाड़ी, impressive प्रभावशाली, lovely सुंदर, peaceful शांतिपूर्ण, wild जंगली, wonderful आश्चर्ययुक्त]; a ~ far away from the noise and dust of the town शहर के शोर और धूल^F से बहुत दूर का ≈; to fix one's eyes on a ~ किसी ≈ को एकटक देखना; to survey a ~ at a glance एक दृष्टि^{F} में ≈ का सर्वेक्षण करना; to enjoy the ~ near the sea समुद्र के निकट ≈ का आनंद लेना. **landslide** *n*^{c}. भूमि^{F} या धरती^{F} की धसन^F, शिलाखंडों की खिसकन^F : due to heavy rains there was ~ near Banihal pass भारी वर्षा के कारण बनिहाल दर्रा के निकट ≈ थी.

lane लेन *n*^{c}. **1.** गली^{F} [easy आसान, narrow सँकरी, pebbled कंकड़ीली]; to go into the streets and ~s गलियों^{F} और कूचों में जाना; this ~ will take you to your school यह ≈ तुम्हारे स्कूल तक जाएगी. **2.** पथ : they make ~s on wide roads चौड़ी सड़कों^{F} पर ≈ बनाए जाते हैं.

lang. language.

language लैङ्'ग्विज *n*^{c}. भाषा^{F} [ancient प्राचीन, dead मृत, difficult कठिन, easy आसान, English अंग्रेज़ी, foreign विदेशी, Hindi हिंदी, regional क्षेत्रीय]; bad/strong ~ गाली-गलौज; he can speak Arabic ~ without hesitation वह अरबी ≈ बिना हिचकिचाहट^F के बोल सकता है; he is a teacher of ~ वह ≈ का अध्यापक है; what ~ do you speak तुम कौन सी ≈ बोलते हो? I can read and write two languages मैं दो भाषाएँ पढ़-लिख सकता हूँ; to translate smth into a foreign ~ किसी बात^F का विदेशी ≈ में अनुवाद करना; you can master this ~ in a few years तुम कुछ ही समय में इस ≈ पर अधिकार पा सकते हो; the ~ of this dictionary is simple इस शब्दकोश की ≈ सरल है. **~ expert** ≈ विशेषज्ञ; **~ skill**

≈ कौशल : reading is one of the ~ skills पढ़ना भी एक भाषा कौशल है.

lantern लैन्'टर्न n^c. लालटेन : he always takes a ~ when he goes out in the night जब वह रात^F को बाहर जाता है तो हमेशा ≈ लिए रहता है.

lap लैप **I.** n^c. गोद^F : the little girl was sitting in her mother's ~ छोटी लड़की अपनी माँ की ≈ में बैठी थी; the mother was sitting with the baby in her ~ माँ बच्चे को ≈ में लिए बैठी थी. **II.** *v.t.* (lapping, lapped) **1.** गड़पना या लप-लप पीना : the cat is ~ping milk बिल्ली लप-लप दूध पी रही है; to ~ up a plate of soup सूप की प्लेट^F गड़प जाना. **2.** (enfold) लपेटना : to ~ a rope round a tree पेड़ के इर्द-गिर्द रस्सी^{F} ≈; a child ~ped in velvet मखमल में लिपटा हुआ बच्चा. **3.** मान लेना : they ~ped his story उन्होंने उसकी कहानी^{F} मान ली. **4.** बहकर जाना : the waves ~ped the shore लहरें तट तक बहकर जा रही थीं.

lapse लैप्स **I.** n^c. **1.** (error) भूल^F, गलती^{F}, चूक^F : administrative ~ प्रशासनिक ≈; a ~ of memory about an author किसी लेखक के बारे में स्मरण की ≈; it was a ~ of tongue भूल से जीभ^F से निकल गया; Teenu's misbehaviour was just a ~, nothing serious टीनू का दुर्व्यवहार केवल एक ≈ थी, कुछ गंभीर बात^F नहीं है. **2.** (of moral) पतन, च्युति^{F} : a ~ from one's principle अपने सिद्धांत से ≈; moral ~ नैतिक पतन; ~ of duty कर्तव्य ≈. **3.** (of time) समाप्ति^{F} : by ~ of time समय बीत जाने से; with the ~ of time समय बीत जाने पर; ~ of claim दावे की समाप्ति. **4.** पुनरावृत्ति^{F} : ~ of fever ज्वर की ≈; ~ into crime अपराध की ≈. **II.** *v.i.* **1.** फिर गिर जाना : to ~ into evil फिर बुराई^F में गिर जाना; to ~ back into silence, illness पुनः शांत हो जाना, बीमार हो जाना; to ~ into old habits पुरानी आदतें^{F} फिर पड़ जाना. **2.** (time) बीत जाना, समाप्त होना : this custom has now ~d अब यह रिवाज समाप्त हो गया है; the time for writing the answer has now ~d उत्तर लिखने का समय अब समाप्त हो गया है. **3.** (become void) रद्द या कालातीत हो जाना : the insurance policy has ~d बीमा पालिसी^{F} रद्द/कालातीत हो गई है; this rule has ~d यह नियम रद्द/कालातीत हो गया है; the old law has ~d, it cannot be enforced पुराना कानून रद्द/कालातीत हो गया है, अब इसे लागू नहीं किया जा सकता. **4.** पुनरावर्तित होना : the property has ~d to the owner संपत्ति^{F} स्वामी को पुनरावर्तित हो गई है.

large लार्ज **I.** *a.* **1.** बड़ा [country देश, factory कारख़ाना, family परिवार, hotel होटल, house मकान, part भाग, piece टुकड़ा, room कमरा, station स्टेशन]; Calcutta is the ~st city in India कलकत्ता भारत में सबसे ≈ शहर है; which is the ~st river in India? भारत में सबसे बड़ी नदी^{F} कौन-सी है ? **2.** (abundant) प्रचुर : ~ quantity of grains अनाज की ≈ मात्रा^{F}. **3.** (bulky) वृहदाकार, भारी-भरकम, विस्तृत, वृहत् : I did not want a ~ box मैं एक भारी-भरकम संदूक नहीं चाहता था. **4.** (spacious) विशाल, खुला : there is a ~ garden in our school हमारे विद्यालय में एक ≈ बगीचा है. [*ant.* small] Δ **on a ~ scale** बड़े पैमाने पर : the industrialization on a ~ scale will increase the country's wealth बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण से देश का धन बढ़ेगा. ~ **hearted** उदारहृदय; ~ hearted उदारता^{F}. **II.** n^u. खुलापन : be at ~ स्वतंत्र/रिहा होना; gentleman at ~ बेरोज़गार आदमी; the people at ~ आम लोग; he explained it at ~ उसने इसकी खुलकर व्याख्या^{F} की. **largely** लार्ज'लि *adv.* **1.** मुख्यतया, अधिकांशतः the audience was made up ~ of young people श्रोताओं में ≈ युवक थे; this illness is ~ caused by smoking यह बीमारी^{F} ≈ धूम्रपान के कारण होती है; his failure was ~ due to over-confidence उसकी असफलता^{F} ≈ अतिविश्वास के कारण हुई. [*v.* enlarge]

lark लार्क n^c. **1.** चंडूल : ~ is a crested bird ≈ एक कलगी वाला पक्षी है; a ~ flew off its nest in the grass and fluttered high up in the sky singing gaily एक ≈ अपने घोंसले से उड़ा और खुशी से गाते हुए ऊंचे आकाश में पंख फड़फड़ाने लगा.

larva लार्'वा n^c. (*pl.* larvae) डिंभक, उल्ली^{F} :

~ is an insect in the first stages of its life डिंभक अपने जीवन की प्रारंभिक स्थितियों में पाया जाने वाला कीड़ा होता है.

lash लैश I. *n*^c. 1. कोड़ा, चाबुक [hard कड़ा, leather चमड़े का, long लंबा, silken सिल्क का]; the prisoner was given ten ~es as punishment कैदी को दंड स्वरूप दस कोड़े लगे. 2. कोड़े की मार^F, कशाघात : he cannot bear ~es वह ≈ बरदाश्त नहीं कर सकता. 3. (eye ~) बरौनी^F : I saw a girl with long ~s मैंने लंबी बरौनियों वाली एक लड़की को देखा. II. *v.t.* 1. कोड़े लगाना, चाबुक से पीटना : the cruel man ~ed the horse with his whip निर्दय आदमी ने चाबुक से घोड़े को पीटा; to ~ the boy with cane लड़के को बेत से पीटना; it is cruel to ~ a dog कुत्ते को कोड़े लगाना निर्दयता^F है. 2. से टकराना : the waves ~ed against the bank लहरें^F किनारे से टकराईं. 3. उत्तेजित करना : his words ~ed the crowd उसके शब्दों ने भीड़^F को उत्तेजित कर दिया. 4. निंदा/भर्त्सना करना : he ~ed out at us उसने हमारी ≈ की. 5. (fasten) बाँधना : the prisoner was ~ed to a tree कैदी को पेड़ के साथ बाँध दिया गया; to ~ thing together चीजों^F को एक साथ बाँध देना. Δ **to ~ out** (कुछ) मारना : the ass ~es out गधा दोलत्ती चलाता है; a boy ~es out लड़का घूँसा मारता है.

lass लैस *n*^c. लड़की, छोकरी [charming आकर्षक, comely चारु, tall लंबी]; this ~ is ugly यह ≈ कुरूप है. [*masc.* lad]

last लास्ट I. *a.* 1. (final) अंतिम, आख़िरी [attempt प्रयास, bus बस^F, page पृष्ठ, row पंक्ति^F, time समय, train रेलगाड़ी^F, word शब्द]; he came ~ in the race वह दौड़ में ≈ आया; the house before the ~ is mine ≈ मकान से पहला मेरा है; it is my ~ effort, I shall not try again यह मेरा ≈ प्रयास है, मैं फिर कोशिश^F नहीं करूँगा; it may be your ~ chance यह तुम्हारा ≈ मौका हो सकता है; in the ~ moments, I received the notice of his arrival ≈ क्षणों में मुझे उसके आने की सूचना^F मिली. [*ant.* first] **~ word** अंतिम, निश्चायक बात^F; **~ but one** उपांतिम, उपांत्य : ~ but one line ≈ पंक्ति^F. 2. (previous) गत, पिछला [March मार्च, Tuesday मंगलवार, year साल]; it happened in April ~ यह गत अप्रैल में हुआ था; they came ~ week वे पिछले सप्ताह आए; I saw him ~ night मैंने उसे पिछली रात^F देखा. II. *n*^c. 1. अंत समय : you must stick to the ~ तुम्हें ≈अंत तक डटे रहना चाहिए. 2. अंत : till the ~ ≈ तक; at (long) ~ ≈ में; at ~ he agreed ≈ में वह मान गया. III. *v.t.* 1. चलना (बना) रहना : how long did the show ~ शो कब तक चलेगा? their food ~ed five days उनका भोजन पाँच दिन तक चला; this shirt has ~ed since I was in the 8th class यह कमीज़ तबसे चली है जब मैं आठवें दर्जे में था; send me so much money as may ~ for a month मुझे इतना धन भेजिए कि एक माह तक चल सके; I hope this sunny weather will ~ to the end of the holidays मैं आशा करता हूँ कि यह साफ़ मौसम छुट्टियों के अंत तक चलेगा; the rain ~ed all night बारिश सारी रात^F (तक) होती रही. IV. *adv.* 1. पिछली बार, पीछे : when did you ~ write to them तुमने उन्हें पिछली बार कब लिखा था? it is a long time since I saw him ~ पिछली बार उससे मिले काफी समय हो गया है. 2. अंत में : I shall talk about it ~ मैं इस बारे में अंत में बात करूँगा; he came ~ वह ≈ आया.

lasting लास्'टिङ् *a.* 1. (चिर) स्थायी, टिकाऊ : the punishment had a ~ effect on Nony नोनी पर दंड का स्थायी प्रभाव पड़ा; the peace will be ~ यह शांति^F ≈ होगी. 2. (of colour) पक्का : your shirt has a ~ colour तुम्हारी कमीज़ का रंग ≈ है. **lastly** लास्ट्'लि *adv.* अंत में, अंततः : ~, I have to say this ≈ मुझे यह कहना है; ~ he agreed ≈ वह मान गया.

latch लैच *n*^c. सिटकिनी^F : you must lift the ~ before you can open the gate फाटक खोलने से पहले तुम्हें ≈ ऊपर उठा लेनी चाहिए; the door is fastened only by the ~, not by the lock दरवाज़ा ताले से नहीं बल्कि ≈ से बंद हैं; leave the door on the ~ दरवाज़े में बस ≈ लगा देना.

late लेट I. *a.* (later, latest) 1. विलंबित, लेट : ~ arrival देर से पहुँचना/आना; ~ fee

विलंब शुल्क; ~ payment ≈ अदायगी^F; the train is ~ रेलगाड़ी ≈ है; summer is ~ this year इस साल गर्मियाँ ≈ हैं; it is getting ~ देर हो रही है. **2.** (of crops) पछेती : ~ variety of barley जौ की ≈ किस्म; this fruit comes ~ यह फल पछेता आता है. [*ant.* early] **3.** (deceased) स्वर्गीय, दिवंगत : the ~ Mr. Brown was a renowned author ≈ मि. ब्राउन जाने-माने लेखक थे; the prize was given by the ~ Mr. Smith पुरस्कार ≈ मि. स्मिथ द्वारा दिया गया था. **4.** (recently out of office) (भूत)पूर्व : the ~ Governor is now dead ≈ राज्यपाल अब मर गए हैं. **5.** recent हाल का : ~ agreement ≈ करारनामा; ~ news ≈ समाचार. **II.** *adv.* **1.** देर से, देर करके : I shall come home ~ मैं घर ≈ आऊंगा; he went to bed very ~ yesterday वह कल ≈ सोने गया. **2.** ~ in life पिछली उम्र में. **3.** देर तक : they danced ~ in the night वह देर रात^F तक नाच करते रहे. **lately** लेट्'लि *adv.* हाल में, कुछ समय पूर्व : I have seen her ~ मैंने उसे अभी-अभी देखा है; she hasn't written to me ~ उसने हाल में मुझे कुछ नहीं लिखा है; have you been there ~ क्या तुम कुछ समय पहले वहाँ थे; ~ I have not been feeling well मैं कुछ समय से अच्छा नहीं महसूस कर रहा हूँ; until ~ his art was not appreciated हाल तक उसकी कला^F को नहीं सराहा गया था. **later** ले'टर **I.** *adv.* बाद में, फिर कभी : I shall speak to you ~ मैं तुमसे ≈ बात करूँगा; he will come ~ on again वह बाद में फिर कभी आएगा. [*cf.* latter] **II.** *a.* बाद का : he came by a ~ train वह बाद की गाड़ी^F से आया. **latest** ले'टिस्ट *a.* नवीनतम, अंतिम [accident दुर्घटना^F, bulletin समाचार-पत्र, decision निर्णय, event घटना^F]; ~ hour of clearance (डाक) निकासी^F का अंतिम समय; ~ hour of posting डाक में डालने का अंतिम समय; what is the ~ news नवीनतम^F समाचार क्या है ?

latent ले'टन्ट *a.* अव्यक्त, अप्रकट, गुप्त [ability योग्यता^F, ambition महत्वाकांक्षा^F, defect दोष, enmity शत्रुता^F, mistrust अविश्वास, motive उद्देश्य, possibilities संभावनाएँ^F, power शक्ति^F].

later = see 'late'.

latest = see 'late'.

lathe लेद *n*^c. **1.** खराद^F : a ~ cuts and shapes wood or metal ≈ लकड़ी^F या धातु^F को काटती है और उसको रूप देती है. **2.** (of potter) चाक.

lather लै'दर **I.** *n*^u. फेन, झाग^F : for shaving you need a good ~ on your face दाढ़ी^F बनाने के लिए तुम्हें मुँह पर खूब ≈ चाहिए. Δ **she was in a ~** वह उत्तेजित थी. **II.** *v.t.* झाग^F/फेन उठाना या उठना : this soap does not ~ properly इस साबुन से अच्छी तरह झाग नहीं उठती; to ~ one's chin for shaving दाढ़ी^F बनाने के लिए ठोड़ी^F पर ≈. [*as distinct from* leather]

Latin लै'टिन **I.** *n*^u. लैटिन^F, लातीनी^F (भाषा^F) : she knows ~ and Greek वह लातीनी और यूनानी^F भाषा जानती है. **II.** *a.* लैटिन, लातीनी [author लेखक, law विधि^F, proverb कहावत^F]; the ~ language spoken by the ancient Romans is still used in the Roman Catholic Church प्राचीन रोमवासियों द्वारा बोली जाने वाली ≈ भाषा अब भी रोमन कैथलिक चर्च में व्यवहृत होती है.

latitude लै'टिट्यूड *n*^uc. **1.** (Geog.) अक्षांश, अक्षांतर : the lines of the ~ are east-west rings round the globe ग्लोब के चारों ओर पूरब से पश्चिम की रेखाएँ^F ≈ रेखाएँ^F होती हैं; how is the life of the people who live in high ~s उन लोगों का जीवन कैसा होता है जो अक्षांश की ऊंचाइयों^F में रहते हैं. **2.** *n*^u. (freedom) स्वच्छंदता^F, स्वातंत्र्य^F, छूट^F : the boys were given plenty of ~ to wander about लड़कों को घूमने-फिरने की बहुत ≈ दी गई; you are allowed enough ~ to work here तुम्हें यहाँ काम करने की काफ़ी ≈ दी गई है. **3.** (liberality) उदारता^F : it is his ~ that he allowed you to go यह उसकी ≈ है कि उसने तुमको जाने दिया.

latrine लेट्रीन' *n*^c. शौचालय, पाख़ाना : your ~s need cleaning तुम्हारे शौचालयों में सफ़ाई^F की जरूरत^F है.

latter लै'टर *a.* (opposite to former) परवर्ती, पिछला : Raman and Saran are two

brothers, the former is a trader and the ~ a student रामन और सरन दो भाई हैं, पहला/पूर्ववर्ती व्यापारी है और ≈ विद्यार्थी; in ~ days, they used to play hockey पिछले दिनों वे हाकी खेला करते थे; the ~ part of her school life उसके विद्यालयी जीवन का ≈ भाग. ~ **end** मृत्यु; ~ **half** उत्तरार्ध; the ~ half of vacations छुट्टियों का ≈. [*ant.* former; *cf.* later]

laud लॉड **I.** *n*^c^. स्तुति^F^, भजन : this ~ was sung in the praise of God यह भजन ईश्वर की स्तुति^F^ में गाया गया. **II.** *v.t.* गुणगान करना : they ~ed his efforts उन्होंने उसके प्रयासों की प्रशंसा^F^ की; we ~ and praise the holy name हम तेरे पवित्र नाम की प्रशंसा और गुणगान करते हैं. **laudable** *a.* प्रशंसनीय, सराहनीय [attempt प्रयास, conduct आचरण].

laugh लाफ़ **I.** *v.t.* हँसना [heartily दिल से, loudly ज़ोर से]; we heard them ~ing हमने उन्हें हँसते सुना; a fool will ~ when smb is drowning मूर्ख ही होगा, जब कोई डूब रहा हो, तो वह हँसेगा; he ~ed in amusement वह मनोरंजन करते हँसा; the joke was so funny that we began to ~ loudly मज़ाक इतना मनोरंजनपूर्ण था कि हम ज़ोर से हँसने लगे; she was ~ing in my face वह मेरे मुँह पर हँस पड़ी; why are you ~ing? तुम क्यों हँस रहे हो? Δ ~ **at** हँसी^F^/मज़ाक उड़ाना : they will ~ at you if you do wrong यदि तुम गलती^F^ करोगे तो वे तुम पर हँसेंगे; ~ **away** हँसकर या हँसी में टाल देना : they ~ed away the whole affair वे सारे मामले को हँसी^F^ में टाल गए; ~ **down** हँसकर चुप करा देना; she ~ed down her critics उसने अपने आलोचकों को हँस कर चुप करा दिया; ~ **off** हँसी^F^ में उड़ा देना : they ~ed off his story उन्होंने उसकी कहानी^F^ हँसी-हँसी में उड़ा दी; ~ **over** हँसी में चर्चा^F^ करना : they ~ed over the resolution उन्होंने प्रस्ताव पर हँसी में चर्चा^F^ की. **laughter** लाफ़्'टर *n*^u^. कहकहा, ठहाका, हास्य [childish बचकाना, foolish मूर्खतापूर्ण, lifeless बेजान, loud ज़ोरदार]; he was greeted with a roar of ~ उसका ज़ोरदार ठहाके से स्वागत किया गया; they burst into ~ वे कहकहा लगाने लगे; you know by the boys' ~ that they are enjoying the joke तुम लड़कों की हँसी से जानते हो कि वे मज़ाक का आनंद ले रहे हैं; she is so sentimental that she dislikes ~ वह इतनी भावुक है कि उसे हँसी^F^ पसंद नहीं है.

launch लॉन्च **I.** *n*^c^. (boat) लांच : we travelled down the river in a motor ~ हमने नदी^F^ के बहाव के साथ मोटर ≈ में यात्रा^F^ की. **II.** *v.t.* **1.** छोड़ना, फेंकना, चलाना : to ~ a javelin to a hundred metres सौ मीटर तक भाला फेंकना; to ~ a rocket is to send it up in the sky राकेट छोड़ना इसे आकाश में भेजना है. **2.** (a ship) जल प्रवेश कराना, जल में उतारना : to ~ a ship in the sea समुद्र में जहाज़ उतारना. **3.** आरंभ कर देना, का प्रवर्तन करना, प्रवर्तित करना, शुरू करना : to ~ (forth) a business in the city शहर में कोई व्यवसाय शुरू करना; to ~ a movement, scheme कोई आंदोलन, योजना^F^ शुरू/आरंभ करना; to ~ an idea किसी विचार का प्रवर्तन करना. Δ **to ~ out at smb** प्रहार करना; **to ~ out (into expense)** अंधाधुंध खर्च करना; **~ out into strong language** कटु शब्द बोलना.

laundry लॉन्'ड्रि *n*^c^. (laundries) धुलाईघर : we send our clothes to the ~ to be washed and ironed हम ≈ में अपने कपड़े धुलने और लोहा (इस्तरी) करने के लिए भेजते हैं.

lava ला'व़ा *n.* लावा : red-hot ~ came up from the crater of volcano and became a rock after being cold लाल गर्म ≈ ज्वालामुखी के मुख से बाहर आया और बाद में ठंडा होकर चट्टान^F^ बन गया.

lavatory लै'व़टरि *n*^c^. (lavatories) (closet) पैख़ाना, शौचघर, शौचालय : there is a ~ close to the bathroom गुसलखाने के पास ही ≈ है; the boy has gone to the ~ लड़का पैख़ाने गया है.

lavish लै'विश **I.** *a.* **1.** मुक्तहस्त, उदार : to be ~ of money, praise पैसे, प्रशंसा में ≈ होना; he is ~ in giving help वह सहायता^F^ देने में ≈ है. **2.** अपव्ययी, फ़िज़ूलख़र्च : he can never save money, he is a ~ fellow वह कभी

पैसा बचा नहीं सकता, वह अपव्ययी व्यक्ति है. 3. (abundant) प्रचुर, विपुल, अत्यधिक [crop फ़सल, expenditure खर्च, gift उपहार, labour श्रम, money धन] [*ant.* economical] **II.** *v.t.* खुला खर्च करना, उड़ाना : to ~ money on useless things बेकार की वस्तुओं^F पर धन खर्च करना; to ~ admiration खुले दिल से प्रशंसा^F करना.

law लॉ *n*^c. **1.** विधि^F, कानून [civil दीवानी, criminal आपराधिक, humane दयालुतापूर्ण, international अन्तर्राष्ट्रीय, natural प्राकृतिक, new नया, prohibited प्रतिनिषिद्ध, public लोक, strict कठोर, universal सार्विक, unwritten अलिखित]; ~ and order कानून और व्यवस्था^F; ~ of the land (देशाचार) देशविधि^F; moral ~ नैतिक नियम; it is against the ~ to hunt here यहाँ शिकार करना विधिविरुद्ध है; he is studying ~ वह ≈ का विद्यार्थी है; you will be responsible for this by ~ तुम कानून के अनुसार इसके लिए ज़िम्मेदार होगे; those who do not follow the ~ are punished जो कानून का पालन नहीं करते उन्हें दंडित किया जाता है. **2.** (rule) नियम : ~s of football फुटबाल के ≈; ~ of priority प्राथमिकता^F ≈. **3.** सिद्धांत the ~ of supply and demand आपूर्ति^F और माँग^F का ≈; according to ~ ≈ के अनुसार. Δ **to be a ~ to oneself** मनमानी^F करना; **to break the ~** कानून तोड़ना; **to practise ~** वकालत^F करना; **to take the ~ into one's own hands** ज़बरदस्ती^F करना. **~ abiding citizen** विधिभीरु नागरिक; **~ breaker** विधिभंजक; **~ court** न्यायालय. **lawful** लॉ'फुल *a.* **1.** विधिसम्मत, विधिसंगत [act कार्य, conduct आचरण, purpose प्रयोजन, right अधिकार]; this can never be ~ and you have to be punished यह कभी ≈ नहीं हो सकता और तुम्हें दंडित किया ही जाना है. **2.** वैध, औरस : ~ child ≈ संतान. [*ant.* un~] **lawless** लॉ'लेॅस *a.* **1.** विधिहीन, विधिविरुद्ध [conduct आचरण, country देश, order आदेश]. **2.** विधिविरोधी : ~ people ≈ लोग. **lawlessness** लॉ'लिसनिस *n*^u. अव्यवस्था^F, अंधेर, बदअमनी^F there is ~ everywhere in the country देश में सर्वत्र ≈ है.

lawn लॉन *n*^c. मैदान, लॉन [green हरा, vast विशाल]; tennis ~ टेनिस का ≈; there is a ~ in front of our house हमारे मकान के आगे एक ≈ है.

lawyer लॉ'यर *n*^c. वकील, विधिवक्ता [famous प्रसिद्ध, successful सफल, talented प्रतिभासंपन्न]; he is a ~ by profession वह व्यवसाय से ≈ है; you should consult some good ~ about this case इस मामले में तुम्हें किसी अच्छे ≈ से सलाह^F लेनी चाहिए; the ~ practises in the district court यह ≈ ज़िला कचहरी^F में वकालत^F करता है. [*as distinct from* liar]

lax लैक्स *a.* **1.** ढीला, शिथिल : ~ behaviour ≈ व्यवहार; ~ bowels ढीला पेट; ~ discipline ≈ अनुशासन; their management is very ~ उनकी व्यवस्था^F बहुत शिथिल/ढीली है; ~ use of words शब्दों का शिथिल प्रयोग. [*ant.* strict] **2.** (careless) लापरवाह : he is ~ in his work, he will ruin everything वह इस काम में ≈ है, वह सब कुछ नष्ट कर देगा. **laxative** लैक्'सटिव़ *n*^c. मृदु रेचक, सारक : he uses a ~ to ease the bowels वह पेट साफ़ करने के लिए ≈ का इस्तेमाल करता है.

lay ले **I.** *v.t.* (*p.* & *p.p.* laid) **1.** (knock down) गिरा देना : he laid him on the field उसने उसे मैदान में गिरा दिया. **2.** (put) रखना : I laid my book on this table last night पिछली रात^F मैंने अपनी किताब^F इस मेज़ पर रखी थी; he laid his hand on my shoulder उसने मेरे कंधे पर अपना हाथ रखा; he laid foundation of the house उसने मकान की नींव^F रखी. **3.** बिछाना : to ~ a mine सुरंग ≈; cables were laid under the ground केबल ज़मीन^F के अंदर बिछाए गए. **4.** लगाना : to ~ charges आरोप ≈; to ~ taxes on the income आमदनी^F पर कर ≈; they tried to ~ blame on me उन्होंने मुझ पर कलंक लगाने का प्रयास किया. **5.** (present) पेश करना : to ~ facts तथ्य ≈; to ~ report before the commission आयोग के सामने रिपोर्ट^F ≈. **6.** (अंडे) देना : the hen ~s an egg a day मुर्गी^F एक दिन में एक अंडा देती है. **7.** to ~ an aim निशाना साधना.

8. (devise) सोच निकालना : she laid a trick to do the work easily उसने आसानी से काम निपटाने के लिए एक सोच^F निकाली. **9.** (recline) लेटना, लिटाना : they laid the wounded man on a stretcher उन्होंने घायल आदमी को स्ट्रेचर पर लिटाया; the nurse wanted to ~ the baby on the bed नर्स बच्चे को बिस्तर पर लिटाना चाहती थी. **10.** (other contexts) to ~ bare भेद खोलना; to ~ one's claim on smth किसी चीज़ पर अपना हक जताना; to ~ hand on smth कब्ज़े में लेना; to ~ heads together मिलकर विचार करना; to ~ hold of smth पकड़ना; to ~ a plot षड्यंत्र रचना; ~ emphasis ज़ोर देना; to ~ a wager बाज़ी लगाना. **11.** (prepositional phrases) Δ ~ **aside** (i) किनारे रखना, टालना : he had to ~ his work aside उसे अपना काम ≈ पड़ा; you must not ~ aside important files तुम्हें महत्वपूर्ण फ़ाइलें किनारे नहीं रख छोड़नी चाहिए; (ii) छोड़ देना : to ~ aside superstitions अंधविश्वास छोड़ देना; ~ **by** बचा रखना : to ~ by money for some festival किसी त्यौहार के लिए पैसा ≈; ~ **down** (i) रख देना : to ~ down some condition कोई शर्त^F रख देना; ~ your hat down on the couch अपना हैट सोफे पर रख दो; (ii) त्याग देना : to ~ down one's life जीवन ≈, जान दे देना; (iii) to ~ down a principle कोई सिद्धांत निर्धारित करना; ~ **in** जमा कर रखना : they laid in a large supply of sugar उन्होंने चीनी^{F} की ढेर राशि^{F} बचा रखी थी; **to ~ off** हटा देना : some labourers were laid off कुछ मज़दूर हटा दिए गए; ~ **on** (i) लगाना : to ~ plaster on a wall दीवार^F पर पलस्तर लगाना; (ii) प्रहार करना : to ~ on the enemy शत्रु पर ≈; ~ **open** (i) उघाड़ना, खोलना : to ~ open a box संदूक खोल देना; (ii) प्रकट करना : to ~ open a secret भेद ≈; ~ **out** (i) प्रदर्शित करना, देखने-दिखाने के लिए लगाना : to ~ out goods for show देखने-दिखाने के लिए माल लगाना; (ii) to ~ out money on clothes कपड़ों पर पैसा खर्च करना; **to ~ smb under obligation** किसी पर अहसान करना; **he laid up** (बिस्तर में) पड़ा रहना : she was laid up with fever वह बुखार में बिस्तर पर पड़ी रही. **II.** n^c. **1.** गीत. **2.** (position) स्थिति^{F}, परिस्थिति^{F}; (share) हिस्सा, भाग, साझा; (of rope) बटन^F, बल. **III.** *a.* **1.** साधारण, अविशेषज्ञ : a ~ man ≈ व्यक्ति. **2.** (non-clerical) अयाजकीय, अपादरी. ~ preachers ≈ प्रचारक. **layer** लेंअर n^c. **1.** (stratum) परत^F, तह^F : a thin ~ of paint पेंट की एक पतली ≈; I can see a ~ of dust on the polished table मैं इस पालिश किए हुए मेज पर धूल^F की एक परत देख सकता हूँ; everything was covered with a thick ~ of dust धूल^F की मोटी परत से सब कुछ ढक गया था. **2.** (of masonry) रद्दा : five ~s of bricks ईंटों के पाँच रद्दे. **lay-off** n^u. अस्थाई छँटनी^{F} : against the ~ by owners of the company, the labourers started hunger strike कारखाने के मालिकों द्वारा छँटनी किए जाने पर मज़दूरों ने भूख-हड़ताल शुरू कर दी. **layout** *n.* नक्शा, खाका : ~ of land भूमि^{F} का ≈; ~ of a building इमारत^F का ≈.

lazy ले'ज़ि *a.* आलसी, सुस्त [boy लड़का, girl लड़की, man आदमी, people लोग]; do not be too ~ इतना ≈ न बनो; he is very ~, do not expect any hard work from him वह बहुत ही ≈ है उससे किसी परिश्रम की आशा^{F} न करो; how ~ you are! तुम कितने ≈ हो ! I am too ~ to get up early in the morning मैं इतना ≈ हूँ कि तड़के सुबह नहीं उठ सकता; ~ moments आलस्य की घड़ियाँ^{F}. **laziness** ले'ज़िनिस n^u. आलस्य, सुस्ती^{F} : no one can accuse us of ~, for we have worked hard all day कोई हम पर ≈ का दोष नहीं लगा सकता क्योंकि हमने दिन भर परिश्रम किया है; I cannot bear his ~ for he will ruin the whole business मैं उसके आलस्य को बरदाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि वह सारे धंधे को बरबाद कर देगा. **lazy** ले'ज़ि *a.* सुस्त, आलसी : this boy is very ~ यह लड़का बहुत ≈ है; he is a ~ worker वह ≈ कर्मी है.

lb. pound.

l.b. leg bye (in cricket).

l.b.w. leg before wicket.

l.c.m. least common multiple.

lead लीड **I.** *v. t.* (*p.* & *p.p.* led) **1.** (conduct) ले चलना, ले जाना : hard

work ~s to success कठिन परिश्रम सफलता की ओर ले जाता है; the road will ~ you to the post-office यह सड़क तुम्हें डाकघर तक ले जाएगी; it will ~ you to failure यह तुम्हें असफलता ला देगा; it led me to good results इससे मुझे अच्छे परिणाम मिले. **2.** (guide) आगे जाना : to ~ the way रास्ता दिखाना, आगे-आगे चलना; the blind man had a dog to ~ him रास्ता दिखाने के लिए अंधे आदमी के पास एक कुत्ता था. **3.** का नेता होना, का संचालन करना, का नेतृत्व करना : to ~ the troops into the battle युद्ध में सेना^{F} का नेतृत्व करना; who led the delegation to the Prime Minister? प्रधानमंत्री के पास जानेवाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किसने किया? **4.** बिताना : we led a very quiet life here हमने यहाँ बहुत शांतिपूर्ण जीवन बिताया. **5.** (other contexts) to ~ a woman to the altar किसी स्त्री का विवाह कराना; I was led to this conclusion मुझे यह निष्कर्ष निकालना पड़ा; this led to confusion इससे गड़बड़ी^{F} पैदा हो गई. [*ant.* follow] **6.** (phrases) Δ ~ **astray** बहकाना, पथभ्रष्ट करना : to ~ a boy astray लड़के को ≈; ~ **on** प्रोत्साहन देना : to ~ a person on to success किसी को सफलता के लिए प्रोत्साहित करना; **to ~ up to** तक पहुँचाना : these causes led up to the war इन कारणों से युद्ध हुआ. **II.** n^u. **1.** (leadership) अगुवाई^F, नेतागिरी^{F} : to take the ~ अगुआ होना. **2.** (example) उदाहरण, नमूना : to give the ~ ≈ बनना. **3.** अग्रता^{F} : to take the ~ **over** smb किसी से आगे निकल जाना; to take a ~ of five minutes पाँच मिनट आगे बढ़कर होना. **4.** (wire) तार : ~ of electricity connection बिजली^{F} के कनेक्शन के लिए ≈. **5.** (cards) ताश^F में पहली चाल^F. **III.** लें'ड n^c. **1.** सीसा : ~ is a soft and heavy metal ≈ एक नरम और भारी धातु^{F} है; red ~ सिंदूर; white ~ सफ़ेदा. **2.** सिक्का : ~ in a pencil पेंसिल का ≈. [*as distinct from* led]

leader ली'डर n^c. **1.** नेता, अगुआ, अग्रणी [experienced अनुभवी, great भारी, outstanding विशिष्ट]; ~ of opposition विपक्षी ≈, विरोधी दल का ≈; he was the ~ of the party वह पार्टी का नेता था; one of the ~s of the freedom movement स्वतंत्रता-आंदोलन के नेताओं में से एक; he had been an eminent ~ of his time वे अपने समय के अग्रगण्य ≈ थे. [*ant.* follower] **2.** (leading article) अग्रलेख, संपादकीय [important महत्वपूर्ण, timely सामयिक, unfit अनुपयुक्त]. **leadership** ली'डरशिप n^u. **1.** नेतृत्व, नेतागिरी^{F} : the team's success was due to Dev's ~ टीम^F की सफलता^{F} देव के नेतृत्व के कारण हुई; the success of the delegation depends on the ~ प्रतिनिधिमंडल की सफलता^{F} नेतृत्व पर निर्भर करती है. **2.** नेतागण : the ~ of our country हमारे देश के ≈. **leading** ली'डिङ्ग *a.* प्रमुख, अग्र [article लेख, city नगर, lawyer वकील, newspapers समाचार-पत्र]; ~ question सांकेतिक या सूचक प्रश्न; you will not be allowed to ask ~ questions तुम्हें सांकेतिक प्रश्न पूछने की अनुमति^{F} नहीं दी जाएगी; ~ lady प्रधान-अभिनेत्री^{F}; ~ light/man प्रधान अभिनेता/पात्र : he is the ~ man in the drama वह नाटक में प्रधान ≈ है.

leaf लीफ़ n^c. (*pl.* leaves) **1.** पत्ता [dry सूखा, green हरा, round गोलाकार, smooth चिकना, tender कोमल, thick मोटा, withered कुम्हलाया हुआ, yellow पीला]; the ground was covered with dead leaves ज़मीन सूखी पत्तियों से ढँक गई थी; the ~ of this tree is usually thin इस पेड़ का ≈ साधारणत: पतला होता है; the tree is in leaves पेड़ में पत्ते आ रहे हैं. Δ **to turn over a new ~** अपने जीवन में सुधार लाना. ~ **mould** पत्तों की खाद^F. **2.** (of book) पन्ना : leaves of a booklet पुस्तिका^{F} के पन्ने; this book has 180 leaves इस किताब में 180 पन्ने हैं. Δ **take the ~ out of one's book** उदाहरण लेकर अपना सुधार करना. **3.** (of door) पल्ला, किवाड़ : our door has two leaves हमारे दरवाज़े के दो पल्ले हैं. **4.** पत्तर : ~ of gold or silver सोने या चाँदी का ≈. **leaftlet** n^c. पत्रक : they distributed ~s in the meeting उन्होंने सभा^{F} में ≈ बाँटे.

league लीग **I.** *n.* **1.** गठजोड़, संगठन : the ~ between the two powers दो शक्तियों^{F} के

बीच गठजोड़; he felt that they were against the ~ उसने महसूस किया कि वे ≈ के विरुद्ध हैं. **2.** संघ : they formed a L ~ of Nations after the Ist World War उन्होंने प्रथम महायुद्ध के बाद एक राष्ट्रसंघ की स्थापना^F की. **II.** *v.t.i.* संगठित हो जाना या करना : to ~ together for protection from danger ख़तरे से बचने के लिए ≈.

leak लीक **I.** *v.t.* **1.** चूना, रिसना, टपकना : water is ~ing from the pipe पाइप से पानी रिस/टपक रहा है; the roof of the house is ~ing मकान की छत^F चू/रिस रही है; bucket is ~ing बाल्टी^F चूती है. **2.** बाहर निकलना : the gas is ~ing गैस बाहर निकल रही है. **3.** ~ out खुलना : information is ~ing out सूचना^F बाहर जा रही है; truth has ~ed out भेद खुल गया है. **II.** *n*^c. **1.** छिद्र, दरार : I know there is a ~ in the kettle because water is dripping मैं जानता हूँ कि केतली^F में ≈ है क्योंकि इससे पानी टपक रहा है. **2.** रिसाव, टपकन^F : there is a ~ in the can कनस्तर में ≈ है. **leakage** ली'किज *n*^c. **1.** टपकन^F, रसाव : mend the ~ in the roof छत^F की ≈ की मरम्मत^F करो. **2.** (भेद) खुल जाना : ~ of news, question paper, secret समाचार, प्रश्नपत्र, भेद का ≈.

lean लीन **I.** *a.* **1.** दुबला-पतला [face चेहरा, horse घोड़ा, man आदमी]; he is tall and ~ वह लंबा और दुबला है. [*ant.* fat] **2.** (meagre) थोड़ा : ~ harvest थोड़ी फ़सल^F. **3.** (unnutritious) अपौष्टिक : ~ diet ≈ आहार. **4.** ~ meat बिना चर्बी^F का मांस. **5.** मंदी^F का : ~ year ≈ साल. **II.** *v.t.* (*p. & p.p.* leaned or leant) **1.** झुकना, झुक जाना : the trees ~ in the strong wind पेड़ आँधी^F में झुक जाते हैं; he ~ed forward वह आगे झुका. **2.** सहारा लेना, टिका देना, लगा देना : to ~ **against** the wall दीवार^F का सहारा लेना; to ~ on the person's arm किसी की बाँह का सहारा लेना; we ~ed the ladder against the wall हमने सीढ़ी^F को दीवार^F के सहारे लगा दिया; to ~ on a person's opinion किसी के विचारों का सहारा लेना. Δ **to ~ back** ढासना लगाना : to ~ back in the chair कुर्सी^F में ढासना लगाकर बैठना; he always ~s **on** us for help वह सहायता के लिए हमारे सहारे रहता है. **II.** *n*^u. झुकाव : there is much ~ in the wall of your house तुम्हारे घर की दीवार^F में बहुत ≈ है. **leaning** ली'निङ्ग **I.** *a.* झुका हुआ, तिरछा : ~ tower ≈ बुर्ज. **II.** *n.* झुकाव, प्रवृत्ति^F : he has a ~ towards scientific subjects उसका मनोवैज्ञानिक विषयों की ओर ≈ है; I understand his ~s well मैं उसकी प्रवृत्तियों को खूब जानता हूँ.

leap लीप **I.** *n*^c. उछाल^F, कुदान^F : he covered the entire distance in one ~ उसने पूरी दूरी^F एक ≈ में तय कर ली; it was the highest ~ of his friend यह उसके मित्र की सबसे ऊंची ≈ थी. Δ **by ~s and bounds** तेज़-तेज़ the work is going ahead by ~ काम तेज़-तेज़ आगे बढ़ रहा है. **frog ~** मेंढकी कूद (एक खेल) ; ~ **year** अधिवर्ष : it is a ~ year when February has 29 days जब फरवरी में 29 दिन होते हैं तो ≈ होता है. **II.** *v.t.i.* (*p. & p.p.* leapt, leaped) **1.** कूदना, उछलना : he ~ed out of the window वह खिड़की^F से बाहर कूद गया; to ~ a ditch खाई कूदना; to ~ into air हवा^F में ≈; he can ~ ten metres वह दस मीटर कूद सकता है. **2.** (bounce) झपटना : the lion ~ed on the animal शेर जानवर पर झपटा; to ~ over a thing worth nothing किसी बेकार की चीज़^F पर झपटना; to ~ **at** an opportunity अवसर को झपटकर पाना. **3.** (pass over) लाँघना : I can ~ over the brook easily मैं आसानी^F से नाला लाँघ सकता हूँ. Δ **~ in the dark** अंधकार में पड़ना, आँखें बंद करके कदम रखना; **the flame leapt up** ज्वाला भड़क उठी; **look before you ~** पहले देखो फिर चलो, सोच-समझकर कदम बढ़ाओ.

learn लर्न *v.t.* (*p. & p.p.* learned/learnt) **1.** सीखना : if you come to school, you can learn how to read and write यदि तुम विद्यालय आओ तो तुम सीख सकते हो कि कैसे लिखा और पढ़ा जाय (लिखना-पढ़ना सीख सकते हो) ; to ~ Arabic अरबी सीखना; he ~ed Russian in a short time and can speak easily वह रूसी बहुत कम समय में सीख गया और आसानी से बोल सकता है; he is now

learning English वह अब अंग्रेज़ी सीख रहा है. 2. जान जाना, मालूम करना, पता करना, मालूम हो जाना : I ~ed from his letter that he was not well मैंने उसके पत्र से जाना कि वह स्वस्थ नहीं है; I learned about it yesterday मुझे इसके बारे में कल ही मालूम हुआ; when I ~ed about the change, it was too late जब मैंने परिवर्तन के बारे में जाना तो बहुत देर^F हो गई थी; you will ~ everything, when the time comes तुम सब जान जाओगे जब समय आएगा; I was sorry to ~ that your mother has died मुझे यह जानकर दुःख हुआ कि आपकी माता का देहांत हो गया है. 3. (~ by heart) कंठस्थ करना, याद करना : I have ~t the poem by heart मुझे यह कविता कंठस्थ हो गई है; she has ~t her lesson उसने अपना पाठ याद कर लिया है. [*ant.* unlearn]

learned लर्'निड *a.* **1.** विद्वान्, पंडित [man आदमी, teacher अध्यापक]; a ~ man is one who knows a great deal ≈ आदमी वह है जो बहुत कुछ जानता है; the Principal of my college is very ~ मेरे कालेज के प्राचार्य बहुत विद्वान् हैं. **2.** पाण्डित्यपूर्ण, पंडिताऊ : ~ language, words, lecture ≈ भाषा^F, शब्द, व्याख्यान. **learner** लर्'नर *n*^c. नौसिखिया, शिक्षार्थी : the driver of my car is a ~ so I never let him go alone मेरा कार-चालक नौसिखिया है इसलिए मैं उसे अकेले कभी नहीं जाने देता; he is a ~ in English language वह अंग्रेज़ी भाषा का शिक्षार्थी है; it is a ~s' dictionary यह एक शिक्षार्थी शब्दकोश है. **learning** लर्'निङ्ग *n*^u. ज्ञान, विद्या^F, पाण्डित्य, विद्वत्ता^F : laws of ~ विद्याप्राप्ति के नियम; he is man of ~ वह विद्वान् आदमी है. **a seat of** ~ विद्या केंद्र.

lease लीस **I.** *n*^u. **1.** पट्टा, इजारा : to take the house on ~ for five years पाँच वर्ष के लिए मकान पट्टे पर लेना. **2.** a new ~ of life नया जीवन. **II.** *v.t.* (~ out) पट्टे पर देना : I have ~d this farm for ten years to Mr. R. मैंने इस फ़ार्म को मि. आर. को दस वर्ष के लिए पट्टे पर दे दिया है.

least लीस्ट *a.* + *adv.* (from little, less) **1.** कम-से-कम, अल्पतम, न्यूनतम : ~ resistence ≈ प्रतिरोध; with the ~ trouble ≈ कष्ट के साथ; the ~ quantity of poison suffices to kill a man विष की ≈ मात्रा^F भी एक आदमी को मारने के लिए पर्याप्त है; we had tried to get there in the ~ possible time हमने वहाँ कम-से-कम समय में पहुँचने का प्रयास किया था; he works ~ वह ≈ कार्य करता है. **2.** तनिक, थोड़ा : I am not the ~ disappointed मैं ≈ भी निराश नहीं हूँ; I am not the ~ worried मैं ज़रा भी चिंतित नहीं हूँ; you have not the ~ chance of success तुम्हें सफलता का तनिक भी मौका नहीं है; I do not have the ~ interest in this matter इस मामले में मुझे ≈ भी दिलचस्पी^F नहीं है. **at ~** कम-से-कम : we need at ~ two hours to finish the work हमें काम समाप्त करने के लिए कम-से-कम दो घंटे चाहिए; at ~ you ought to come कम-से-कम तुम्हें तो आना चाहिए; here at ~ you are undisturbed यहाँ कम-से-कम तुम बेचैन नहीं हो. [*ant.* most] Δ **the ~ said the best** चुप रहना सबसे अच्छा; **not in the ~** बिल्कुल नहीं, ज़रा भी नहीं.

leather लें'दर **I.** *n*^u. चमड़ा [black काला, real असली, soft कोमल]; ~ jerkin चमड़े का जाकेट; belts and shoes are made of ~ पेटियाँ^F और जूते चमड़े से बनाए जाते हैं; the book was bound in ~ किताब की जिल्द^F चमड़े से बनी थी; gloves are usually made of ~ दस्ताने साधारणतः चमड़े के बने होते हैं. **II.** *a.* चमड़े का : ~ bag, coat चमड़े का बैग, कोट.

leave लीव़ *n*^u. **1.** छुट्टी^F [casual आकस्मिक, earned अर्जित, medical बीमारी^F की]; I have ~ to be away from school tomorrow कल विद्यालय से बाहर रहने के लिए मेरी ≈ है; I will take two days' leave now अब मैं दो दिन की ≈ लूँगा; he requested the principal to grant him ~ उसने ≈ के लिए प्राचार्य से प्रार्थना^F की; he is on ~ वह ≈ पर है; he has three weeks' ~ उसकी तीन सप्ताह की ≈ है; the soldiers came home on sick ~ सैनिक बीमारी^F की ≈ पर घर आए. **2.** आज्ञा^F, अनुमति^F, इजाज़त^F : how did you take the book without my ~ तुमने बिना मेरी ≈ के किताब^F कैसे ले ली? you have no

right to go away without ~ बिना ≈ के तुम्हें जाने का कोई अधिकार नहीं है; the teacher gave me ~ to go अध्यापक ने मुझे जाने की ≈ दी. Δ **to take** ~ विदा होना : the guest took ~ after dinner अतिथि खाने के बाद विदा हो गया. **II.** *v.t.* (*p. & p.p.* left) **1.** छोड़ना, छोड़ देना, रहने देना : ~ it here इसे यहीं छोड़ दो/रहने दो; ~ the room कमरा छोड़ दो; mother will not ~ us alone here माँ हमें यहाँ अकेले नहीं छोड़ेंगी/रहने देंगी; ~ the dog alone कुत्ते को अकेला रहने दो. **2.** (give up) त्याग देना : why did you ~ your brother तुमने अपने भाई को क्यों त्याग दिया? **3.** (entrust) सुपुर्द करना, के भरोसे छोड़ देना/रखना : he left all his money to his wife वह अपना संपूर्ण धन अपनी पत्नी को सुपुर्द कर गया; can I ~ this bag with you क्या मैं यह बैग आपके सुपुर्द कर सकता हूँ? I shall ~ you all that I have मैं तुम्हें सब कुछ दे दूँगा जो मेरे पास है; she has left cooking to her servant उसने खाना पकाना अपने नौकर के भरोसे छोड़ रखा है. **4.** (go away) विदा होना, चला जाना, प्रस्थान करना : the first train ~s at eight पहली रेलगाड़ी[F] आठ बजे प्रस्थान करती है; the train had already left रेलगाड़ी[F] पहले ही चल चुकी थी; he left the house early in the morning वह घर से तड़के ही चला गया. [*ant.* arrive] Δ ~ **off** रोक देना : I asked him to ~ off writing मैंने उसे लिखना रोक देने को कहा; ~ **out** छोड़ देना : he has left out the umbrella here छाता किसने यहाँ छोड़ दिया?

5. (other meanings in contexts) ~ the door open दरवाजा खुला रहने दो; nothing is left कुछ नहीं बचा; take five from nine and you are left with four नौ में से पाँच घटाओ तो तुम्हारे पास चार बचे; ~ him/it alone इसे परे छोड़ो, जाने दो. Δ ~ **it at that** बात[F] को यहीं तक रहने दो; ~ **behind** कहीं छोड़ आना : my stick is left behind मेरी छड़ी[F] वहीं छूट गई है; ~ **off** बंद कर देना : we ~ off work at five p.m. हम पाँच बजे शाम काम बंद कर देते हैं. **leavings** ली'विङ्स *n.* (*pl.*) जूठन[F].

lec. lecture लें'क्'चर **I.** n^c. **1.** व्याख्यान [boring उबाऊ, dull नीरस, interesting रोचक, learned विद्वत्तापूर्ण, public सार्वजनिक]; the police officer gave us a ~ on road safety पुलिस अधिकारी ने 'सड़क में सुरक्षा' पर भाषण दिया; the principal delivered a ~ on Physics प्राचार्य ने भौतिकी[F] पर ≈ दिया; the ~ was in English भाषण अंग्रेज़ी में था. **2.** डाँट[F] : his mother gave him a ~ for his fault गलती[F] करने पर उसे माँ ने ≈ पिलाई. **II.** *v.t.* **1.** व्याख्यान देना, भाषण देना : stop lecturing भाषण देना बंद करो; he ~s well वह अच्छा भाषण देता है; he ~d in dull voice उसने नीरस स्वर में भाषण दिया; he ~d to the students of the foreign language department उसने विदेशी भाषा विभाग के छात्रों को ≈ दिया. **2.** डाँट पिलाना : he ~d me severely for being late उसने लेट हो जाने पर मुझे डाँट पिलाई; she ~d the girl on her conduct उसने लड़की को उसके आचरण पर डाँटा. **lecturer** लें'क्'चरर n^c. प्राध्यापक, प्राध्यापिका[F], व्याख्याता, (*fem.*) व्याख्यात्री[F] [learned विद्वान्, sincere ईमानदार]; he is a ~ in English language वे अंग्रेज़ी भाषा के प्राध्यापक हैं; she was a reader not a ~ वह प्रवाचिका थी, प्राध्यापिका नहीं.

led लेंड : *p.* of lead *q.v.* [*as distinct from* lead]

ledge लेंज n^c. **1.** किनारा, कगार : a ~ of a rock चट्टान[F] का ≈. **2.** ताक : a ~ sticking out like a shelf ताखे की तरह निकला हुआ ≈.

ledger लें'जर n^c. खाता, खाता-बही[F] : ~ clerk ≈ क्लर्क; ~ entry खाता प्रविष्टि[F]; every transaction must be entered in the ~ प्रत्येक विवरण की ≈ में प्रविष्टि[F] होनी चाहिए.

leech लीच n^c. जोंक[F] : to stick like a ~ ≈ की तरह[F] चिपकना; ~ sucks blood of animals and makes them weak ≈ जानवरों का खून चूसती है और उन्हें कमज़ोर बनाती है.

left लेंफ़्ट **I.** *a.* **1.** बायाँ [bank किनारा, hand हाथ]; ~ leg बाईं टाँग; ~ side बाईं ओर; most people cannot write with their ~ hands बहुत-से लोग अपने बाएँ हाथ से नहीं लिख सकते; turn to the ~ and you will

find the post-office बाएँ हाथ मुड़ो और तुम्हें डाकघर मिलेगा; on ~ handside of the road, you will find my shop सड़क^F से बाईं तरफ़^{F} तुम्हें मेरी दुकान^F मिलेगी. **2.** छूटा हुआ : ~ luggage ≈ सामान; ~ luggage office अमानती सामान घर. **II.** n^u. बायाँ, बाईं तरफ़^{F} : go to the left बाएँ जाओ; keep to the ~ बायें/बाईं तरफ़ रहो; from ~ to the right बाएँ से दाहिने. **III.** *adv.* बाएँ, बाईं ओर : ≈ मुड़ो. **~handed** *a.* **1.** बायेंहत्था [boy लड़का, player खिलाड़ी, worker मज़दूर, writer लेखक]; he is a ~ bowler in the team वह टीम^F में ≈ गेंदबाज़ है. **2.** बाईं ओर का : ~ door ≈ दरवाज़ा. **IV** *p.* + *p.p.* of 'leave' : he has ~ वह चला गया है; the train has ~ गाड़ी^{F} छूट गई है.

leg लेंग *n.* **1.** टाँग^F [long लंबी, thick मोटी, thin पतली, swollen सूजी हुई, wounded घायल]; one of his ~s broke in an accident दुर्घटना^{F} में उसकी एक ≈ टूट गई; a ~ of my trousers is torn मेरे पाजामे की एक ≈ फटी है; he has long ~s उसकी टाँगें लंबी हैं; horses and dogs have four ~s घोड़ों और कुत्तों की चार-चार टाँगें होती हैं. Δ **to be on one's ~** खड़ा रहना; **to stand on one's own ~s** अपने पैरों पर खड़ा होना, स्वावलंबी होना; **he is on his last ~s** वह मरणासन्न है; **to pull smb's ~** उल्लू बनाना. **2.** (of trousers) पाँयचा. **3.** (of chair etc.) टाँग^F, पाया : one of the ~s of the table is broken मेज़ का एक ≈ टूटा है. **4.** (stage) पड़ाव, मंज़िल : how many ~s is the journey यात्रा^{F} की कितनी मंज़िलें हैं ? last ~ of the journey यात्रा^{F} का आखिरी पड़ाव.

legal ली'गल *a.* (lawful) वैध, कानूनी [action कार्यवाही^{F}, advisor सलाहकार, claim दावा, document दस्तावेज़, heritage उत्तराधिकार, marriage विवाह, notice नोटिस, owner स्वामी, remedy उपाय, right अधिकार]; it is ~ for a Muslim to marry his cousin मुसलमान का अपने चाचा/ मामा/ मौसी/बुआ की लड़की से शादी करना वैध होता है; ~ according to law कानून के अनुसार वैध; Sunday is a ~ holiday रविवार को वैध छुट्टी^{F} होती है. [*ant.* illegal] **~ practitioner** विधि-जीवी, वकील; **~ tender** वैध मुद्रा^{F}/ पैसा. **legally** ली'गॅलि *adv.* **1.** वैध रूप से, विधितः, कानूनन [binding बाध्य, obligatory अनिवार्य]; I got this money quite ~ मैंने यह धन ≈ प्राप्त किया; you cannot do it ~ तुम इसे ≈ नहीं कर सकते. **2.** विधिपूर्वक : they were ~ organised वे ≈ संगठित थे.

legend लें'जन्ड n^c. आख्यान [old पुराना, sad दुखद, wonderful आश्चर्यजनक]; the ~s of ancient Greece and Rome प्राचीन ग्रीस और रोम के ≈; the ~ of king Arthur and his knights सम्राट आर्थर और उसके सामंतों की किंवदंतियाँ^{F}

legible लें'जिबल *a.* सुवाच्य, सुपाठ्य [letter पत्र, manuscript पाण्डुलिपि^{F}, writing लेख]; be sure that your handwriting is ~ आश्वस्त रहो कि तुम्हारी हस्तलिपि^{F} ≈ हो; your letter may hardly be ~ तुम्हारा पत्र शायद ही ≈ हो. [*ant.* illegible]

legislate लें'जस्लेट *v.i.* विधि या कानून बनाना : the Parliament ~s संसद् कानून बनाती है. **legislation** लेंजिसले'शन n^c. कानून, विधान : Penal ~ दण्ड-विधान; defect in ~ ≈ के दोष. **legislative** लें'जिसलटिव़ *a.* विधायी, वैधानिक [business कार्य, investigation जाँच-पड़ताल^F, power अधिकार]; ~ assembly विधान-सभा; ~ council विधान परिषद्; he has been a member of ~ assembly for five years वह पाँच साल से विधानसभा का सदस्य है. **legislator** लें'जिस-लेटर n^c. विधायक : several ~s have become dishonest these days कई विधायक आजकल बेईमान हो गए हैं; from our district there are six ~s in the legislative assembly हमारे ज़िले से विधानसभा में छह ≈ हैं.

legitimate लेजि'टिमिट *a.* **1.** (lawful) वैध, न्यायसंगत, कानूनी [children बच्चे/संतान, claim दावा, father पिता, owner स्वामी, right अधिकार]; ~ son औरस पुत्र; if your actions are ~ you need not hide them from police यदि तुम्हारे कर्म वैध हैं तो तुम्हें पुलिस^F से छिपाने की कोई आवश्यकता^{F} नहीं है. [*ant.* illegitimate] **2.** (reasonable)

तर्कसंगत, युक्ति-युक्त [arguments तर्क, cause कारण, excuse बहाना, judgement निर्णय, statement कथन]; ~ according to the custom रीतिरिवाजों के अनुसार ≈ तर्कसंगत.

leisure लें'ज़र I. *n*^{u}. अवकाश, फ़ुरसत^F : I have no ~ to play cards मुझे ताश^F खेलने की फ़ुरसत^F नहीं है; please reply at your ~ कृपया फ़ुरसत^F के समय में जवाब दें; I'll come to see you at my ~ मैं ≈ पाकर आपसे मिलने आऊंगा. **II.** *a.* सावकाश, ख़ाली : do it, if you have ~ time यदि तुम्हारे पास ख़ाली समय हो तो इसे करो; I have no ~ moments to talk with you मेरे पास तुमसे बात^F करने के ख़ाली क्षण नहीं हैं; at one's ~ अपनी सुविधा^{F} के अनुसार. **leisurely** लें'ज़र्लि *adv. & a.* इत्मीनान से, फ़ुरसत^F से : to walk ~ in the morning तड़के ≈ घूमना; we had a ~ meal हमने ≈ भोजन किया; he always works ~ वह हमेशा ≈ काम करता है. ~ **pace** धीमी चाल^F.

lemon लें'मन *n*^{c}. नीबू : I like ~ juice मुझे ≈ का रस पसंद है; ~ drop ≈ के स्वाद वाली गोली^{F}. **lemonade** लेंमॅनेड' *n*^{u}. लेमनेड, नीबू-शरबत : have you a bottle of ~ क्या आपके पास ≈ की बोतल है; of all cold drinks I like ~ best सब शीतल पेयों में मुझे ≈ ज़्यादा पसंद है.

lend लेंन्ड *v.t.* (*p. & p.p.* lent) **1.** उधार देना : if I ~ you smth, you keep it for a time and then return it to me यदि मैं तुम्हें कोई चीज़^{F} उधार में दूँ तो तुम उसे कुछ समय तक रखो और फिर मुझे लौटा दो; this room has been lent for study to him यह कमरा उसे पढ़ने के लिए उधार दिया गया है; can you ~ me a little money क्या तुम मुझे थोड़ा-सा पैसा उधार दे सकते हो ? **2.** देना, प्रदान करना : I shall ~ you as much as I can जितना मैं तुम्हें दे सकता हूँ, दूँगा; trees ~ beauty to the landscape वृक्ष भू-दृश्य को सुंदरता^{F} प्रदान करते हैं; it ~s charm इससे शान बढ़ती है. Δ ~ **oneself to** के अनुकूल होना; the hall lends itself to dramatic performances यह हाल नाटकीय प्रदर्शनी के अनुकूल है. **to ~ a helping hand** सहायता^{F} करना, हाथ बटाना; **to ~ one's ear** ध्यान देना, सुनना : ~ your ear to what I say जो मैं कहता हूँ उसे ध्यान से सुनो. ~ **lease** उधार-पट्टा. **lender** लेंन्'डर *n*^{c}. उधारदाता, ऋणदाता : the ~ lent him money for a year महाजन ने उसे एक साल के लिए पैसे उधार दिए. [*ant.* borrower]

length लेंङ्'ग्थ *n*^{u}. **1.** लंबाई^F [any कोई, equal बराबर, necessary आवश्यक]; the ~ of the rope was ten feet रस्सी^{F} की ≈ दस फुट थी; the room is five metres in ~ कमरा ≈ में पाँच मीटर है; my ruler is 30 centimetres in ~ मेरी पटरी^{F} ≈ में 30 सेंटीमीटर है; the ~ of the road is ten kilometres सड़क की ≈ दस किलोमीटर है. [*ant.* breadth, width] **2.** (distance) दूरी^{F}, सीमा^{F}, हद^F : reduce the ~ दूरी को कम करो; he can go to any ~ वह किसी ≈ तक जा सकता है; will he go to the ~ of attacking us क्या वह इस हद तक जाएगा कि हम पर आक्रमण कर दे ? Δ **to keep smb at arm's ~** किसी को अपने से दूर रखना. **3.** (extent) विस्तार : they discussed the matter at ~ उन्होंने मामले पर ≈ से बहस^F की; ~ of service सेवाकाल; to speak at some ~ कुछ विस्तार में बात^F करना. Δ **at ~** अंत में, आख़िरकार : at ~ we finished our work ≈ हमने अपना काम समाप्त कर दिया. **lengthen** लेंङ्क्'थन *v.t.i.* लंबा या दीर्घ करना या हो जाना, बढ़ाना या बढ़ना : the days ~ in the spring बसंत में दिन बढ़ते हैं; to ~ life उम्र बढ़ाना. [*ant.* shorten] **lengthy** लेंङ्'थि *a.* बहुत लंबा, विस्तृत [journey यात्रा^{F}, speech भाषण]; the visitor gave us a ~ talk आगंतुक ने हमसे लंबी बातचीत^F की.

leniency ली'निअन्सि *n*^{c}. नरमी^{F} : the judge is noted for his ~ जज अपनी सदयता^{F} के लिए प्रसिद्ध है. **lenient** ली'निअन्ट *a.* नरम, हल्का, नरमदिल [master अध्यापक, punishment दंड]; he was given a ~ sentence उसे हल्का दंड दिया गया; he is of a ~ temper वह नरम मिज़ाजवाला है; our headmaster is not at all ~ हमारे प्रधानाध्यापक बिल्कुल नरमदिल नहीं हैं.

lens लेंन्ज़ *n*^{c}. लेंस [concave अवतल, convex

उतल]; ~ of my spectacles मेरे चश्मे का ≈; eye ~ आँख का ≈.

lent लेन्ट *v.t. past & p.p.* form of verb 'lend' *q.v.*

lentil लेँन्'टिल n^c. मसूर (दलहन).

leopard लेँ'पर्ड n^c. चीता [brave बहादुर, fast तेज़, ferocious ख़ूंख़ार]; a ~ has yellow fur with black spots चीते की चमड़ी काले धब्बेदार पीली समूर वाली होती है.

leper लेँ'पर n^c. कोढ़ी, कुष्ठ रोगी : in his family his younger son is a ~ उसके परिवार में उसका छोटा लड़का ≈ है; ~ **home** कुष्ठाश्रय. he was treated at a ~ उसके साथ कोढ़ी का-सा व्यवहार होता था. **leprosy** लेँ'प्'रसि n^c. कोढ़, कुष्ठ : ~ is a disease which slowly destroys the skin ≈ एक बीमारी^{F} है जो चमड़ी^{F} को नष्ट कर देती है; ~ is curable ≈ का इलाज हो सकता है.

-less *suff.* (without) aimless, harmless, homeless, shameless, countless, doubtless, effortless, toothless, useless, etc.

match मैच **I.** *n.* **1.** दियासलाई^F : to light a ~, you strike it on the side of the box ≈ जलाने के लिए तुम उसे डिबिया^{F} के पहलू पर रगड़ते हो; there are 100 ~es in a box डिबिया^{F} में सौ दियासलाइयाँ होती हैं; he threw the burning ~ away उसने जलती हुई ≈ फेंक दी. ~ **wood** ≈ बनाने की लकड़ी^{F}. **2.** (counterpart) जोड़ [equal बराबर का, suitable उपयुक्त]; she has no ~ उसके ≈ की कोई नहीं है; he is not his ~ वह उसका ≈ नहीं है; this colour is a good ~ to that यह रंग उसका अच्छा ≈ जोड़ है; you will not find his ~ in India तुम्हें उसके ≈ का आदमी भारत में नहीं मिलेगा; you are no ~ for him तुम उसके बराबर नहीं हो. **3.** (contest) प्रतियोगिता^{F}, मैच : interesting ~ मनोरंजक ≈; Bob is playing a football ~ बाब फुटबाल मैच खेल रहा है; the ~ ended in a draw मैच बराबरी पर समाप्त हुआ; my team will surely win the ~ मेरी टीम^F निश्चय ही ≈ जीतेगी; to participate in the ~ ≈ में भाग लेना. **4.** (in marriage) जोड़ी^{F}: the priest made a ~ पुरोहित ने शादी^{F} कराई; the young couple made a good ~ युवा-युवती की अच्छी ≈ बनी, बढ़िया वर-वधू बने. **5.** मेल : ~ **of colours** रंगों का ≈; her purse and shoes are a good ~ उसके बटुए और जूते का अच्छा मेल है. **II.** *v.t.* **1.** विवाह करना या कराना : to ~ a beautiful girl सुंदर लड़की से ≈. **2.** मेल मिलाना : to ~ a saree with a blouse ब्लाउज़ से साड़ी^{F} का ≈; these colours do not ~ ये रंग आपस में मेल नहीं खाते; mother needs a new hat to ~ her new coat माँ को नए कोट का जोड़ मिलाने के लिए हैट की जरूरत है. **3.** बराबरी^{F} में लाना या होना : to ~ a race horse against another दौड़^{F} वाले घोड़े को दूसरे के बराबर करना; it seemed very hard to ~ him with his friend उसकी और उसके मित्र की बराबरी^{F} करना कठिन मालूम पड़ता है; to ~ smb against another किसी को दूसरे की बराबरी^{F} में लाना. **matchless** मैच्'लिस *a.* अद्वितीय, अनुपम, बेजोड़ [beauty सुन्दरता^{F}, colour रंग, strength शक्ति^{F}]; it was a ~ performance यह अद्वितीय प्रदर्शन था; if a thing is ~ you cannot equal it with another यदि कोई वस्तु बेजोड़ है तो तुम उसे

किसी और के बराबर नहीं कर सकते.

mate मेट n^c. **1.** साथी, सखा [faithful विश्वासपात्र, reliable विश्वसनीय]; you can trust your ~, he will never cheat you तुम अपने सभी ≈ पर विश्वास कर सकते हो, वह तुम्हें कभी धोखा नहीं देगा. **room ~** कमरे का साथी. **2.** जीवन साथी [suitable उपयुक्त, true सच्चा]; he needs a good ~ उसे अच्छी पत्नी की जरूरत^F है; she has a faithful ~ in B उसे ब बड़ा वफ़ादार ≈ मिल गया है. **3.** ~ of labourers मज़दूरों का मेट/मुखिया. **4.** ~ of a ship जहाज़ का छोटा अधिकारी. **II.** *v.t.* **1.** विवाह करना या कराना : he ~d Miss S उसने मिस स से विवाह किया. **2.** (animals) जोड़ा खाना या खिलाना : there is a season when dogs ~ with bitches एक मौसम होता है जब कुत्ते कुतियों से जोड़ा खाते हैं; the cattle were ~d last month मवेशियों को पिछले महीने जोड़ कराया गया

material मटिअ'रिअल **I.** *a.* **1.** (not spiritual) भौतिक [body शरीर, objects पदार्थ, pleasures सुख]; everyone desires to have ~ pleasures सभी ≈ सुख प्राप्त करने की इच्छा^{F} रखते हैं; you must not be proud of this ~ body तुम्हें ≈ शरीर पर गर्व नहीं करना चाहिए. [*ant.* spiritual] **2.** (corporeal) शारीरिक, दैहिक [changes परिवर्तन, needs आवश्यकताएँ^{F}, well-being भलाई^F]; he could not avoid the ~ troubles completely वह ≈ कष्टों को पूरी तरह दूर न कर सका. **3.** [pecuniary) आर्थिक [condition दशा^{F}, point विषय]; a ~ question was put up in the meeting मीटिंग^F में ≈ प्रश्न उठाया गया. **4.** (considerable) महत्त्वपूर्ण, भरपूर [production उत्पादन, subject विषय]; this is the ~ part of the story यह कहानी^{F} का महत्त्वपूर्ण भाग है; it is not ~ to this subject इस विषय के लिए उसका कोई महत्त्व नहीं है. **5.** (law) सारवान : ~ facts ≈ तथ्य; ~ help ≈/ ठोस सहायता^{F}; ~ part of the Constitution संविधान का ≈ भाग; ~ evidence ≈ साक्ष्य. [*ant.* im ~]. **II.** n^{uc}. **1.** सामान, माल [important महत्वपूर्ण, raw कच्चा, valuable कीमती, worthless निरर्थक]; building ~ इमारती ≈; the ~ of these chairs is good इन कुर्सियों का ≈ अच्छा है; raw ~ will not be sufficient कच्चा माल पर्याप्त् न होगा; the ~ is drawn from various sources माल विभिन्न स्रोतों से लाया गया है. **2.** (cloth) कपड़ा [comfortable आरामदेह, cotton सूती, new नया, synthetic सिंथैटिक, waterproof जलारोधी, woollen ऊनी]; a dress made of thick ~ मोटे कपड़े की बनी पोशाक^F; where did you buy this ~ तुमने यह ≈ कहाँ से खरीदा? **3.** (data) सामग्री^{F}; writing ~ लेखन ≈; a collection of ~ सामग्री संग्रह; he has compiled enough ~ for his book उसने अपनी पुस्तक^F के लिए काफ़ी ≈ एकत्र कर ली है.

maternal म टर्'नल *a.* मातृसुलभ, मातृ- [affection स्नेह, feeling भावना]; ~ love for her child अपने बच्चे के प्रति मातृप्रेम; a child cannot develop properly without ~ care बिना माता की देखरेख^F के बच्चे का समुचित विकास नहीं हो सकता. ~ **grandfather** नाना; ~ **grandmother** नानी; ~ **aunt** मौसी; ~ uncle मामा.

Math./Maths Mathematics.

mathematician मैथि मटि'शन n^c. गणितज्ञ [extraordinary असाधारण, Indian भारतीय]; the nation cannot forget the contribution of ~ Ramanujam राष्ट्र ≈ रामानुजम के योगदान को नहीं भुला सकता. **mathematics** मैथिमै'टिक्स *n.* sing. गणित [difficult कठिन, easy आसान, higher उच्च, lower निम्न, simple साधारण]; algebra बीजगणित, geometry and arithmetic are the branches of ~ बीजगणित, रेखागणित और अंकगणित ≈ की शाखाएँ हैं; he cannot solve the questions of ~ वह ≈ के सवाल हल नहीं कर सकता; Maths is a difficult subject गणित एक कठिन विषय है.

matinee मै'टिनी n^c. तीसरे पहर का खेल : some students cut classes and go to ~ show कुछ लड़के कक्षा छोड़कर ≈ देखने चले जाते हैं; ~ idol मोहक अभिनेता.

matric. matriculate मॅट्रि'क्यूलिट **I.** *a.* मैट्रिक पास : ~ girl ≈ लड़की; ~ man ≈ आदमी; she is a ~ not illiterate वह ≈ है, अनपढ़

नहीं है. II. मट्रि'क्यूलेट *v.t.* मैट्रिक पास करना : any how he ~d last year पिछले साल उसने किसी तरह मैट्रिक पास कर लिया. **matriculation** मट्रिक्यूले'शन *n*ᵘ. मैट्रिक परीक्षा^F (also called entrance examination प्रवेशिका परीक्षा^F) : ~ examination in Uttar Pradesh is called high school examination मैट्रिक परीक्षा^F को उत्तर-प्रदेश में हाई स्कूल परीक्षा कहते हैं.

matrimonial मैट्रिमो'निअल *a.* वैवाहिक [advertisement विज्ञापन, offer प्रस्ताव]; he reads ~ columns in the newspaper वह समाचार-पत्र में विवाह-स्तंभ पढ़ता है.

matron मेट्'रन *n*ᶜ. मेट्रन, मुख्य नर्स [expert कुशल, honest ईमानदार]; the ~ in this hospital is sincere in her duty इस अस्पताल की ≈ अपने कर्तव्य के प्रति सच्ची है; the ~ here instructs the nurses यहाँ की ≈ नर्सों^F को निर्देश देती है.

matted मैटिड a. (tangled) उलझा हुआ, जटिल [branches शाखाएँ^F, vines अंगूर की लताएँ]; ~ hair जटा^F; my hair is so ~ that I cannot comb it मेरे बाल इतने उलझे हुए हैं कि मैं कंघा नहीं कर सकता.

matter मै'टर I. *n*ᶜ. 1. बात^F, मामला [important महत्वपूर्ण, simple साधारण, private गोपनीय/निजी,]; the ~ is in my hand till now ≈ अभी तक मेरे हाथ में है; let us discuss the ~ हम मामले पर बहस^F करें; it is a ~ of few rupees यह कुछ रुपयों की बात^F है; a ~ of half an hour आधे घंटे का मामला; what is the ~ ≈ क्या है ? ~ of course सामान्य बात^F; no ~ where he went कोई बात^F नहीं कि वह कहाँ गया; no ~ how he passed the examination कोई बात नहीं कि उसने परीक्षा^F कैसे पास की; for (in) the ~ of that जहाँ तक इस मामले का संबंध है; as a ~ of fact सच बात^F यह है कि . . ; it is a ~ of five kilometres यह लगभग पाँच किमी० है. 2. (content, subject) विषय, विषयवस्तु [complicated जटिल, weighty वज़नदार]; the ~s in the book are very important किताब^F के विषय बहुत महत्वपूर्ण हैं; we'll discuss this matter later on हम इस विषय पर फिर कभी बहस^F करेंगे; ~ in dispute विवाद का विषय; ~ of regret खेद का विषय. Δ **as a ~ of fact** वास्तव में, असल में, as a ~ of fact they have not any right to say so वास्तव में उन्हें ऐसा कहने का कोई अधिकार नहीं है; **it is a ~ of course** स्वाभाविक या साधारण बात^F है; as a ~ of course I'll meet you at home स्वाभाविक रूप से मैं तुम्हें घर पर मिलूँगा; **in the ~ of** के बारे में : he is very strict in the ~ of money पैसे के बारे में वह बहुत कड़ा है. II. *v.t.* महत्व रखना, महत्त्वपूर्ण होना : it does not ~ much इसका कोई बहुत महत्त्व नहीं है; it ~s much to me मेरे लिए इसका बहुत महत्व है; what does it ~ to you इसका तुम्हारे लिए क्या महत्त्व है ?

matting मै'टिंग *n*ᶜ. चटाई; vide mat.

mattress मै'ट्रिस *n.* गद्दा [comfortable आरामदेह, soft मुलायम]; to make a bed soft and comfortable you must put under it a ~ बिस्तर को कोमल और आरामदेह बनाने के लिए तुम्हें उसके नीचे ≈ बिछाना चाहिए.

mature मट्युअर' I. *a.* 1. प्रौढ़ [man आदमी, woman औरत]; a man of ~ age ≈ अवस्था^F का आदमी; to reach a ~ age प्रौढ़ावस्था^F को पहुँचना. 2. परिपक्व : ~ plan ≈ योजना^F. 3. पका, तैयार [fruit फल, mango आम]; the fruit is ~ you can buy it फल पके हैं तुम खरीद सकते हो. 4. (well-considered) सोच-विचार कर किया गया : ~ deliberation सोचकर किया गया विचार; ~ plan सोचकर बनाई गई योजना^F. 5. (due) देय, प्राप्य : ~ amount ≈ राशि^F; the term deposit account is ~ सावधि जमा लेखा देय/प्राप्य है; the bill is now ~ बिल अब देय है I. *v.t.i.* परिपक्व हो जाना या करना, पक जाना : you can ~ these tomatoes earlier if you put them into a glass house तुम टमाटरों को पहले ही पका सकते हो यदि तुम उन्हें शीशाघर में रख दो; he secretly ~ed his plan of action उसने चुपके से अपनी कार्ययोजना^F तैयार कर ली; the plan has ~d योजना^F तैयार हो गई है. [*ant.* immature] **maturity** मट्युअ'रिटि *n*ᵘ. परिपक्वता^F, प्रौढ़ता^F [marvellous

अद्भुत, mental मानसिक, social सामाजिक]; ~ years ≈ की उम्र^F; to come to ~ ≈ प्राप्त करना, प्रौढ़ परिपक्व होना; he died before getting ~ वह ≈ पाने से पहले ही मर गया.

mausoleum मॉ सॅ ली'अम *n*^c. मकबरा, रौज़ा : ~ of Jahangir जहाँगीर का ≈; Taj Mahal is a ~ ताजमहल एक ≈ है.

mauve मोव़ *a.* हल्का बैंगनी [cloth कपड़ा, colour रंग]; he always wears ~ dress वह हमेशा ≈ (रंग के) कपड़े पहनता है.

max. maximum.

maxim मैक्'सिम *n*^c. सूक्ति^F, नीतिवचन, सूत्र [befitting उपयुक्त, simple सरल, useful उपयोगी]; this book is full of ~s इस पुस्तक में सूक्तियाँ भरी पड़ी हैं; a ~ of good conduct अच्छे आचरण के बारे में सूत्र; it has become a ~ of state that the king should keep aloof from party politics यह राज्य का नीतिवचन बन चुका है कि राजा को दलगत राजनीति^F से दूर रहना चाहिए; 'honesty is the best policy' is a good ~ 'ईमानदारी^F सबसे अच्छी नीति है' यह एक अच्छी सूक्ति है.

maximum मैक्'सिमम *a.* अधिकतम [benefit लाभ, happiness सुख, pay वेतन, price कीमत^F, production उत्पादन, speed गति^F, temperature तापमान]; to secure ~ efficiency अधिकतम दक्षता^F प्राप्त करना; today's temperature is the ~ of the month आज का तापमान इस महीने का उच्चतम तापमान है. [*ant.* minimum]

May मे **I.** *n.* मई : in the month of ~ ≈ के महीने में; the first of ~ ≈ का पहला दिन; ~ Day is a great international holiday ≈ दिवस एक बड़ी अन्तर्राष्ट्रीय छुट्टी^F होती है: there are 31 days in ~ मई में 31 दिन होते हैं. **II. may** मे *v.i.* (*p.* might) (expressing possibility) हो सकना, कर सकना : I ~ win मैं जीत सकता हूँ; it ~ snow बर्फ^F पड़ सकती है; ~ I go with you क्या मैं तुम्हारे साथ जाऊं? you ~ go now अब तुम जाओ/जा सकते हो; be that as it ~ जो होना हो सो हो; he might come but I am not definite शायद वह आ जाए पर निश्चित नहीं है; he might have gone now वह अब तक चला गया होगा; ~ I come in क्या मैं अंदर आऊं? I ask you a few questions क्या मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछ सकता हूँ? he ~ hope that matters will soon improve वह आशा कर सकता है कि मामला शीघ्र ही सुधर जाएगा; he ~ be late शायद वह लेट हो जाए; he ~ come today शायद वह आज आए; they may be waiting for all of us संभवतः वे हम सब का इंतज़ार कर रहे हों. ~ be शायद, संभवतः ~ be you are right शायद तुम सही हो; let us call on Auntie and ~ be she will ask us to stay for tea बुआ जी से मिल लें शायद वे चाय^F के लिए रुकने के लिए कहें. (expressing wish, prayer) ~ you be happy भगवान् तुम्हें प्रसन्न रखे; ~ God bless you भगवान तुम्हारा भला करे; ~ he rest in peace भगवान् उसे शांति^F प्रदान करे.

mayor मेअर *n*^c. मेअर, नगर-प्रमुख [active सक्रिय, dishonest बेईमान, honest ईमानदार]; the ~ of this city is very corrupt इस शहर का ≈ बहुत भ्रष्ट है; who was elected ~ of this city this year इस साल इस शहर का ≈ कौन चुना गया था? some of the aldermen/corporators were much opposed to electing a woman as ~ कुछ पौर किसी स्त्री को नगर-प्रमुख चुने जाने का विरोध कर रहे थे.

maze मेज़ **I.** *n*^c. भूल-भुलैया^F [complicated जटिल, confused भ्रामक, tangled उलझी]; it will take hours to go through such a ~ इस प्रकार की ≈ में से निकलने में घंटों लग जाएँगे; he spoke vaguely, lost in a ~ of thoughts वह विचारों की ≈ में खोया, ठीक से नहीं बोला; my mind is in a ~ मेरा मन ≈ में हैं. **II.** *v.t.* चकरा देना, उलझन^F : में डाल देना : the teacher was so ~d that he could not give the answer properly अध्यापक इतना चकरा गया था कि समुचित उत्तर न दे सका.

M.B. Bachelor of Medicine.

M.B.A. Master of Business Administration.

M.B.B.S. Bachelor of Medicine & Bachelor of Surgery.

M.C. Municipal Corporation.

M.Com. Master of Commerce.

M.D. Doctor of Medicine.

me मी *pro.* (objective case) मुझे, मुझको : give it to ~ इसे मुझे दे दो; don't laugh at me मुझ पर मत हँसो; they were talking about ~ वे मेरे बारे में बात कर^F रहे थे; I'll take the children with me मैं बच्चों को अपने साथ ले जाऊंगा; it was foolish of ~ not to follow your advice आपकी सलाह^F न मानना मेरी मूर्खता^{F} थी; did you not notice ~ क्या तुमने मुझ पर ध्यान नहीं दिया ? take ~ with you मुझे अपने साथ ले चलो; she said to me उसने मुझसे कहा; she told me उसने मुझे बताया; he had given me two books उसने मुझे दो किताबें दी थीं; who is there ? it is me कौन है ? मैं; he is younger than ~ वह मुझसे छोटा है.

meadow मॅ'डो *n*^{c}. घास-स्थली^{F} [flowery पुष्पयुक्त, green हरी, open खुली, pretty सुंदर, wide चौड़ी]; he went to mow the ~ वह ≈ में घास काटने गया; animals go to graze in the ~ जानवर चारागाह^F में चरने जाते हैं; to trespass on a ~ ≈ पर अतिक्रमण करना.

meal मील *n.* **1.** खाना, भोजन [cheap सस्ता, delicious स्वादिष्ट, expensive महँगा, hearty भरपेट, heavy भारी, inedible अखाद्य, light हल्का, nourishing पौष्टिक, simple साधारण, well-cooked अच्छी तरह^F पकाया हुआ]; ~ time ≈ का समय; we get two ~s a day हम दिन में दो बार खाना खाते हैं; at 8 p.m. all the boys sat down to a ~ शाम^F को 8 बजे सभी लड़के खाने/भोजन पर बैठ गए; dinner is my chief meal in the day दिन का भोजन मेरा मुख्य खाना है; the ~ was simple but tasty भोजन सादा था, किंतु स्वादिष्ट. **2.** आटा, मैदा : wheat ground into ~ गेहूँ पीसकर बना ≈; whole ~ अनछना ≈, चोकर सहित ≈.

mean मीन **I.** *a.* **1.** (average) औसत, माध्य [age उम्र^F, quantity मात्रा^{F}, rate दर^F, velocity गति^{F}]; the ~ quantity between 2 and 8 is five दो और आठ के बीच का ≈ पाँच होता है; he cannot catch the train with an ~ speed औसत गति से (चलकर) वह रेलगाड़ी^{F} नहीं पकड़ सकता. **2.** मध्यम : a citizen of a ~ city मझोले शहर का निवासी; in the ~ time इस बीच में. **3.** (mediocre) घटिया, निकृष्ट [artist कलाकार, gift उपहार, show प्रदर्शन]; it is a ~ trick to hide a boy's book किसी लड़के की किताब^F छिपा देना एक चालाकी^{F} है; he is no ~ poet वह कोई ≈ कवि थोड़े है. **4.** (ignoble) अधर्मी नीच, कमीना [fellow व्यक्ति, neighbour पड़ोसी, person व्यक्ति, student छात्र]; he is so ~ that he never obeys his teachers वह इतना ≈ है कि कभी अपने अध्यापकों का कहना नहीं मानता. **5.** (stingy) कंजूस, कृपण [householder गृहस्थ, merchant व्यापारी]; he is so ~ that he never spends his pocket money वह इतना कंजूस है कि अपना जेबखर्च भी कभी खर्च नहीं करता. [*ant.* generous] **II.** *n*^{u}. **1.** बीच का रास्ता, मध्यमार्ग : he adopted a ~ to be successful उसने सफल होने के लिए ≈ अपनाया; a golden ~ between the extravagance and thrift अतिव्ययता^{F} और मितव्ययता^{F} का ≈; this boarding house seems to be a ~ between the expensive hotels and cheap lodging यह छात्रावास महँगे होटलों और सस्ते आवासगृहों के बीच का लगता है. **2.** (average) मध्यमान, औसत : find out the ~ of the following sums निम्नलिखित राशियों का ≈ निकालो. [also see means] [*p.* & *pp.* meant] **III.** *v.t.* **1.** (signify) अर्थ या मतलब होना या रखना : I really ~ this वास्तव में मेरा अर्थ यह है; what do you ~ by this इससे तुम्हारा मतलब क्या है ? what does this word ~ इस शब्द का क्या अर्थ है ? I do not know what the statement ~s मैं नहीं जानता कि इस कथन का अर्थ क्या है ? (intend) इरादा होना, चाहना : I did not ~ to hurt you मेरा आपको ठेस पहुँचाने का कोई इरादा नहीं था; I ~ to go मैं जाना चाहता हूँ; I did not ~ to offend you मेरा आपको नाराज़ करने का इरादा नहीं था; I am sure that he meant well मुझे विश्वास है कि उसके इरादे अच्छे थे. **3.** होना : R and Miss G were meant for

each other र और मिस ग एक दूसरे के लिए बने थे; this gift was not meant for you यह उपहार तुम्हारे लिए नहीं था; this child ~s everything to me यह बच्चा मेरे लिए सब कुछ है. **4.** महत्व रखना : it ~s nothing to him इसका उसके लिए कुछ महत्व नहीं है.

meaning मीनि'ङ्ग **I.** *n*ᶜ. अर्थ, अभिप्राय, तात्पर्य, आशय [ambiguous अस्पष्ट, deep गहरा, different भिन्न, hidden छिपा, precise सही, real वास्तविक]; the ~ of the word is not clear शब्द का ≈ स्पष्ट नहीं है; the word has many ~s इस शब्द के कई ≈ हैं; I looked up the ~ of the word in the dictionary मैंने शब्दकोश में इस शब्द का अर्थ देखा; at first I did not appreciate the full ~ of his words पहले मैं उसके शब्दों का सही अर्थ नहीं समझ पाया. **II.** *a.* सूचक : ill-~ person बुरी नियत का आदमी; well-~ person अच्छी नियत वाला आदमी. **meaningful** मी'निङ्गफुल *a.* अर्थपूर्ण [statement वाक्य, word शब्द]; he looks with ~ eyes वह ≈ दृष्टिᶠ से देखता है. **meaningless** मी'निङ्ग्लॅस *a.* निरर्थक [sentence वाक्य, speech कथन, talk बातचीतᶠ]; the letter is ~ to me पत्र मेरे लिए ≈ है.

means मीन्ज़ *n*ᶜ. (no change in number) **1.** उपाय, साधन [safe सुरक्षित, solid ठोस, sure निश्चित]; he is a man of ~ वह साधन-संपन्न व्यक्ति है; ~ of communication संचार के ≈; he succeeded by this ~ वह इस उपाय से सफल हुआ; his ~ are limited उसके साधन सीमित हैं; ~ of escape बचाव के साधन; to travel by means of a train रेलगाड़ी द्वारा यात्रा करना; to live beyond one's ~ अपने साधनों के बाहर खर्च करना; to find ~ of livelihood रोटी-रोज़ीᶠ का साधन ढूँढना; we would like to come to your party but we have no ~ of getting there हम तुम्हारी पार्टी में आना चाहते हैं लेकिन हमारे पास वहाँ पहुँचने का कोई ≈ नहीं है; we have no ~ of knowing it हमारे पास इसे जानने का कोई ≈ नहीं है; we must find some ~ of proving it हमें इसे सिद्ध करने का कोई उपाय ढूँढना चाहिए; I have used every possible ~ मैंने हर संभव उपाय करके देखा है. **2.** (income) आयᶠ, आमदनीᶠ [limited सीमित, sufficient पर्याप्त]; you can do nothing more with your ~ अपनी सीमित ≈ से तुम कुछ नहीं कर सकते. Δ **by all ~** अवश्य ही, निश्चय ही : he will succeed by all ~s वह अवश्य ही सफल होगा; I'll ruin him by all ~ मैं सब प्रकार से उसे नष्ट करूँगा; **by no ~** एकदम नहीं हरगिज़ नहीं, किसी तरह भी नहीं : by no ~ can he succeed this time इस बार वह हरगिज सफल नहीं हो सकता; by **fair ~ or foul** किसी भी तरह, जैसे-तैसे you must get it by fair ~ or foul तुम्हें इसे किसी-न-किसी तरह पाना है.

meantime मीन्'टाइम (meanwhile)मीन्'व़ाइल *adv.* इतने में, इसी बीच : in the ~ we will be on holiday ≈ हम छुट्टीᶠ पर रहेंगे; Jack ran for a doctor in the ~ we stayed with the patient जैक डाक्टर के लिए भागा, इस बीच हम रोगी के पास रहे; put the water in the kettle to boil and in the ~ we will bring bread and butter केतली में पानी डालकर उबलने रख दो और ≈ हम ब्रेड और मक्खन लाएँगे; please, write the letter, in the ~ I will get a stamp कृपया पत्र लिखिए ≈ मैं टिकट लाता हूँ; ~ I shall get everything ready ≈ मैं सब कुछ तैयार रखूँगा.

measles मी'ज़ल्ज़ n. (sing.) खसरा : he caught ~ from smb उसे किसी से ≈ लग गया; when you are suffering from ~s, you have red spots on your skin and you feel as if you have a cold जब तुम ≈ से पीड़ित हो तो तुम्हारी चमड़ीᶠ पर लाल-लाल धब्बे हो जाते हैं और तुम अनुभव करते हो जैसे कि तुम्हें ठंडᶠ लग रही हो.

measure मे'ज़र **I.** *n*ᶜ. **1.** (size) नापᶠ [exact सही, real वास्तविक]; can you tell me the approximate ~ of this rope क्या तुम इस रस्सीᶠ की लगभग ≈ बता सकते हो ? to take smb's ~ for a coat कोट के लिए किसी की ≈ लेना metre is a ~ of length लंबाई की ≈ मीटर **2.** (quantity) मापᶠ, मात्राᶠ : litre

is the ~ of liquid द्रव पदार्थ का ≈ लीटर है; a ~ of wheat गेहूँ की ≈; what is the ~ of rice चावल की ≈ क्या है ? the ~ of oil, liquid तेल, द्रव ≈. **3.** (criterion) मापदंड [exact सही, true सच्चा]; a fair ~ of justice न्याय का उपयुक्त ≈; what is the ~ of success सफलता^{F} का क्या ≈ है ? हद^F, सीमा^{F}, मर्यादा^{F} : beyond ~ बेहद, असीम : he was overjoyed beyond ~ वह बेहद प्रसन्न हुआ; in the same ~ किसी हद तक. **4.** उपाय : to take ~ कार्रवाई करना, कदम उठाना; the Lok Sabha is considering new ~s लोक सभा नये उपाय सोच रही है. **II.** *v.t.* **1.** नापना : to ~ exactly सही-सही ≈; the man was ~d for his suit आदमी की एक सूट के लिए नाप ली गयी; first of all, the tailor ~s the cloth दर्जी सबसे पहले कपड़ा नापता है; to ~ the length of a curtain परदे की लंबाई^F ≈; I use a tape to ~ anything मैं किसी चीज को नाप के लिए फीते से काम लेता हूँ. **2.** मापना : to ~ a liquid किसी द्रव पदार्थ को ≈. **3.** (appraise) आँकना, मूल्यांकन करना : to ~ one's strength अपने बल को ≈ (का मूल्यांकन करना) to ~ smb's courage किसी की हिम्मत^F ≈; you cannot ~ him exactly तुम उसकी शक्ति^{F} का सही-सही अनुमान नहीं लगा सकते; to ~ one's character किसी के चरित्र का मूल्यांकन करना; you have wrongly ~d the resources of your enemy's army तुमने अपने शत्रु की सेना^{F} के संसाधनों का गलत मूल्यांकन किया है. **4.** तोलकर बोलना : to ~ one's words अपने शब्दों को ≈.

measurement मेयर्'मन्ट *n.* ^{uc} **1.** नाप^F [real वास्तविक, wrong गलत]; the ~ of my waist is 32 inches मेरी कमर की ≈ बत्तीस इंच है; he took that man's ~ उसने उस आदमी की ≈ ली. **2.** माप : ~ of milk दूध ≈ की.

meat मीट *n.* **1.** मांस, गोश्त [boiled उबाला हुआ, fresh ताज़ा, frozen जमाया हुआ, imported आयातित, raw कच्चा, roasted भूना हुआ]; a dinner with ~ and vegetables मांस और सब्ज़ी के साथ दिन का भोजन; he likes ~ very much उसे ≈ बहुत पसंद है; she dislike ~ उसे नापसंद है. **2.** (of fruit) गूदा [delicious स्वादिष्ट, soft कोमल]; the ~ of melon तरबूज़ का गूदा. Δ **one man's ~ in another man's poison** किसी के लिए कोई चीज़^{F} अच्छी, किसी के लिए वही बुरी [*as distinct from* meet]

mechanic मिकै'निक n^c मैकेनिक, मिस्त्री, यंत्रकार [efficient दक्ष, expert कुशल]; the ~ was busy in repairing the machine ≈ मशीन^F की मरम्मत^F करने में व्यस्त था. **mechanical** मिकै'निकल *a.* **1.** मशीनी, यांत्रिक [breakdown ख़राबी^{F}, car गाड़ी^{F}, equipment उपकरण, parts पुर्ज़े, toy खिलौना]; the twentieth century is a ~ age बीसवीं सदी ≈ युग है; we are growing more and more dependent on ~ objects हम मशीनी पदार्थों पर अधिक से अधिक आश्रित होते जा रहे हैं; there is some ~ defect in the factory कारख़ाने में कोई ≈ ख़राबी है. **2.** यंत्रवत् [power शक्ति^{F}, pressure दबाव]; this work needs no thoughts, it is just ~ इस काम में बुद्धि^{F} की आवश्यकता^{F} नहीं है यह बस ≈ है. ~transport मोटर-परिवहन.

M.Ed. Master of Education, Medical, medieval

medal मे'डल n^c पदक, तमगा [bronze कांस्य gold स्वर्ण, silver रजत he won a ~ in the hundred metre race सौ मीटर की दौड़ में उसने एक ≈ जीता; you cannot get any ~ this time इस बार तुम्हें कोई पदक नहीं मिल सकता. Δ **you must see the other side of the ~** प्रश्न का दूसरा पहलू भी देखो . [*as distinct from* meddle]

medallist मे'डॅलिस्ट n^c पदकधारी, पदक जीतने वाला [player खिलाड़ी, student विद्यार्थी]; he played slightly better, he is a silver ~ वह कुछ अच्छा खेला, वह रजत ≈ है; gold ~ स्वर्णपदक विजेता.

meddle मे'डल *v.t.* हस्तक्षेप करना, दखलंदाजी^{F} करना : deliberately ~ जानबूझकर ≈; don't ~ **with** other people's business दूसरों लोगों के काम में दखल मत दो; it is a

mistake to ~ **in** two or three occupations instead of sticking to one एक व्यवसाय में लगे रहने के बजाय दो या तीन व्यवसायों में दख़ल रखना गलती^{F} है; don't ~ in things that don't concern you उन चीजों^{F}/बातों में दखलंदाजी^{F} मत करो, जो तुमसे संबंधित नहीं हैं. [*as distinct from* medal]

media मी'डिआ *n.* (*pl.* of medium) माध्यम : mass ~ जनसंचार साधन; mediamen समाचार प्रसारक, पत्रकार

mediaeval देखिए medieval.

mediate मी'डिएट *v.t.* मध्यस्थता^{F} करना, बीच-बचाव करना : to ~ between A and B अ और ब में.

medical मे'डिकल *a.* डाक्टरी, चिकित्सीय [advice सलाह^F, aid सहायता^{F}, check-up जाँच^F, equipment उपकरण, institution संस्था^{F}, profession व्यवसाय, science विज्ञान, service सेवा^{F}, staff स्टाफ़]; ~ assistant चिकित्सा सहायक; ~ examination डाक्टरी परीक्षा^{F}; ~ man डाक्टर, वैद्य; ~ students डाक्टरी^{F} का विद्यार्थी; ~ leave बीमारी^{F} की छुट्टी^{F}, चिकित्सा अवकाश; you must obtain a ~ certificate that you are unfit for work तुम्हें डाक्टरी प्रमाण-पत्र प्राप्त करना चाहिए कि तुम काम करने के अयोग्य हो; a doctor gives a patient a ~ examination to find out whether there is anything wrong with him डाक्टर रोगी की यह पता लगाने के लिए चिकित्सकीय जाँच करता है कि उसे कोई ख़राबी^{F} है; ~ treatment consists of cures which don't include an operation काय चिकित्सीय जाँच^F.

medicinal मे'डि'सिनल a. औषधीय [substance पदार्थ, plant पौधे, purpose उद्देश्य]; ~ properties of Arnica अर्निका के औषधीय गुण

medicine मे'डि'सिन *n*^{c}. 1. काय चिकित्सा^{F}, चिकित्साशास्त्र आयुर्विज्ञान, वैद्यक [beneficial लाभदायक useful उपयोगी]; he won a medal in the field of ~ उसने चिकित्साशास्त्र के क्षेत्र में पदक जीता; he studies ~ वह ≈ का अध्ययन करता है. **2.** दवा^{F}, औषध [allopathic ऐलोपैथी, colourless रंगहीन, effective प्रभावशाली, new नई, patent पेटेन्ट, special विशिष्ट, tasteless स्वादरहित; to cure my illness the doctor prescribed ~ मेरी बीमारी^{F} का इलाज करने के लिए डाक्टर ने मुझे ≈ दी; take a spoonful of this ~ thrice a day यह ≈ एक चम्मच भर दिन में तीन बार लेना; it is good ~ for cold जुकाम की यह अच्छी ≈ है.

medieval मडिई'व़ल *a.* मध्ययुगीन, मध्ययुगीय [castle महल, history इतिहास, manuscript हस्तलिपि^{F}, war युद्ध]; he believes in ~ system of education वह ≈ शिक्षा पद्धति^{F} में विश्वास रखता है.

mediocre मीडि ओकर' *a.* साधारण, अतिसामान्य [effort प्रयास, talent प्रतिभा^{F}, performance प्रदर्शन]; he is too ~ to study in the university वह इतना साधारण है कि विश्वविद्यालय में पढ़ाई^F नहीं कर सकता.

meditate मे'डिटेट *v.t.* विचार करना, इरादा करना : ~ gravely गंभीरता^{F} से ≈; he was meditating suicide वह आत्महत्या^{F} करने का विचार कर रहा था; I have often ~d about this matter इस मामले में/पर मैंने बहुधा विचार किया है; to ~ upon the sinfulness of man मनुष्य के पापीपन पर विचार करना; to ~ on revenge बदला लेने की सोचना; to ~ on the goodness of God ईश्वर की दयालुता^{F} पर चिंतन करना. **2.** ध्यान लगाना : the yogi ~s योगी ध्यान लगाता है. **meditation** मेडिटे'शन *n*^{u}. **1.** मनन, चिंतन [deep गहन, thorough पूर्ण]; the true ~ will lead you to success सच्चा चिंतन तुम्हें सफलता^{F} देगा. **2.** ध्यान, ध्यानावस्था^{F} : the Yogi was sitting in ~ योगी ≈ में बैठा था; he ~s in the morning वह प्रातः ध्यान लगाता है.

medium मी'डिअम **I.** *n*^{c} (*pl.* media) **1.** माध्यम : we can send a message anywhere through the ~ of wireless बेतार के ≈ से हम कहीं भी संदेश भेज सकते हैं; what is the ~ adopted by you तुमने कौन

सा ≈ अपनाया ? light through the ~ of electricity बिजली^F के ≈ से प्रकाश; air is the ~ by which we breathe हवा^F वह ≈ है जिससे हम साँस लेते हैं; we send letters through the ~ of post office हम डाकखाने के ≈ से पत्र भेजते हैं; by any ~ किसी भी ≈ से; ~ of examination, instruction परीक्षण, शिक्षण का ≈; ~ of publicity प्रचार ≈. **2.** (means) साधन [convenient सुविधाजनक, good अच्छा, simple साधारण, unsuitable अनुपयुक्त]; have you any ~ to reach the hospital क्या आपके पास अस्पताल पहुँचने का कोई ≈ है? **II.** *a.* मध्यम, मझोला [distance दूरी, length लंबाई^F, pace गति^F, size आकार]; he is neither tall nor short but just ~ वह न तो लंबा है और न छोटा, बस मझोला है; a ~ sized packet is bigger than a small one and smaller than a big one एक ≈ पैकेट छोटे से बड़ा और बड़े वाले से छोटा होता है. ~ **bowler** मध्यम गेंदबाज़.

meek मीक *a.* (humble) विनम्र, विनीत, (submissive) दब्बू [boy लड़का, student छात्र]; a ~ person is one who offers no resistance to those who hurt or annoy him एक ≈ व्यक्ति वह है जो किसी ठेस पहुँचाने वाले या तंग करने वाले का प्रतिरोध नहीं करता; Dilip is as ~ as a lamb दिलीप इतना ≈ है जितना कि मेमना; a ~ fellow is praised by everyone विनीत व्यक्ति की सभी प्रशंसा^F करते हैं; it is wrong to be too ~ and mild बहुत अधिक ≈ एवं मृदु होना ख़राब बात^F है.

meet मीट **I.** *v.t.* (*p.* & *pp.* met) **1.** से मिलना, भेंट^F होना : ~ suddenly एकाएक मिलना; when Auntie comes by train we go to station to ~ her जब आन्टी रेलगाड़ी^F से आती हैं तो हम उनसे मिलने स्टेशन जाते हैं; to tunnel through a hill you can drill holes from each side which ~ in the middle पहाड़ी^F में सुरंग^F बनाने के लिए तुम दोनों तरफ़ से छेद करते हो जो बीच में मिल जाते हैं; are you going to ~ your father in Kanpur क्या तुम अपने पिता से मिलने कानपुर जा रहे हो ? the stream ~s the river here नाला नदी^F से यहाँ मिलता है; I met him here मैं उससे यहाँ मिला था; we ~ once a week हम सप्ताह में एक दफ़ा^F मिलते हैं. Δ **to make both ends ~** गुज़ारा करना; to ~ smb half way समझौता कर लेना. **2.** (confront) का सामना करना, मुकाबला करना [bravely बहादुरी^F से, hesitatingly संकोच करके]; to ~ **with** an accident suddenly एकाएक दुर्घटना^F का सामना करना; you cannot ~ the opposition तुम विरोधियों का मुकाबला नहीं कर सकते; you have met **with** so many difficulties तुमने इतनी सारी कठिनाइयों^F का सामना किया है. **3. (refute)** खंडन करना : **to ~ a complaint** शिकायत^F का ≈ (जवाब देना). **4.** (satisfy) पूरा करना : this money will ~ my needs यह धन मेरी आवश्यकताओं^F की पूर्ति^F कर देगा; it will ~ your purpose well इससे तुम्हारा उद्देश्य पूरा हो जाएगा; to ~ the demand of workers कामगारों की माँग को पूरा करना. **5.** मिलना, एकत्र हो जाना, सभा^F/बैठक^F करना : they met to discuss the policy वे नीति^F पर विचार करने के लिए एकत्र हुए; the party meets once a year पार्टी की बैठक^F वर्ष में एक बार होती है; the members of the club ~ on Wednesday क्लब के सदस्य हर बुधवार को इकट्ठे होते हैं. **6.** (other contexts) to ~ the ear सुनाई देना; to ~ the eye दिखाई देना; to ~ a bill बिल अदा करना; to ~ expenses खर्च पूरा करना या उठाना. **II.** *a.* उचित, समीचीन [device युक्ति^F, plan योजना^F, response प्रत्युत्तर]; it is ~ that you should obey your elders यह ≈ है कि तुम अपने बड़ों का कहना मानो; I did as it was ~ मैंने जैसे ≈ था किया. [*as distinct from* meat] **meeting** मी'टिङ्ग *n*^c. **1.** सभा^F, बैठक^F, मीटिंग^F [illegal ग़ैरकानूनी अवैध, important महत्त्वपूर्ण, political राजनीतिक, religious धार्मिक, social सामाजिक]; the ~ will be held on Tuesday ≈ मंगलवार को होगी; to attend a ~ ≈ में उपस्थित होना; to preside over a ~ ≈ की अध्यक्षता^F करना; we have a ~ today आज हमारी ≈ है; all parents

are invited to a ~ in the school hall to discuss the new plan for education नई शिक्षा-योजना[F] पर विचार करने के लिए विद्यालय के हाल में होने वाली ≈ में सब माता-पिता (संरक्षक) आमंत्रित किए जाते हैं; he participated in the ~ of students उसने छात्रों की ≈ में भाग लिया. **2.** मिलन, सम्मिलन general सामान्य, jolly प्रसन्नतापूर्वक, open खुला, regular नियमित]; ~ point मिलन बिंदु; this is the ~ place of both the roads यह दोनों सड़कों का मिलन-स्थल (संगम) है. **3.** (encounter) भिड़ंत[F], मुठभेड़[F] [sudden एकाएक, unexpected अप्रत्याशित]; in a ~ with the police two thieves were killed पुलिस[F] के साथ मुठभेड़ में दो चोर मारे गए.

mellow मॆ'लो **I.** *a.* (mellower, mellowest) **1.** रसीला, परिपक्व : ~ grapes रसीले अंगूर, ~ mango ≈ आम; you can buy these oranges, these are very ~ तुम ये संतरे खरीद सकते हो, बहुत ≈ हैं. **2.** (in other contexts) ~ nature, character नरम/सौम्य स्वभाव, चरित्र; ~ colour हल्का/नरम रंग; ~ light, sound मद्धिम प्रकाश, ध्वनि[F]; ~ person सौम्य व्यक्ति; ~ soil उपजाऊ भूमि[F]. **II.** *v.t.* **1.** (fruit) पकाकर नरम करना : you can ~ the bananas by many means तुम कई तरीकों से केले पका सकते हो. **2.** to ~ one's nature अपने स्वभाव को नरम बनाना; please ~ the sound on the radio कृपया रेडियो पर की आवाज़ ज़रा मद्धिम कर दें.

melody मॆ'लॅ'डि *[n.* **1.** स्वर-माधुर्य, (tune) लय, राग : ~ of a bubbling brooks बुदबुदाते हुए नालों का ≈; the ~ of Nirala's verses निराला की कविताओं[F] का ≈. **II.** गीत [simple साधारण, sweet मधुर]; Peter played a delightful ~ on his flute पीटर ने अपनी बाँसुरी[F] पर एक सुमधुर गीत सुनाया.

melon मॆ'लन *n*[c] खरबूज़ा, तरबूज़ [big बड़ा cheap सस्ता, sweat मीठा]; Mr. Nath likes ~s very much मि० नाथ को ≈ बेहद पसंद है; ~ is much found in India भारत में ≈ बहुत होता है; musk ~ खरबूजा; water ~ तरबूज़.

melt मॆ'ल्ट *v.t.i.* (melted, molten) **1.** पिघलाना, पिघलना : to ~ steel to make rods लोहे को पिघलाकर छड़ बनाना; a goldsmith ~s gold to make ornaments आभूषण बनाने के लिए सुनार सोना गलाता/पिघलाता है; the ice is ~ing बर्फ़[F] पिघल रही है; the ice cream has ~ed आइसक्रीम[F] पिघल गई है; if you warm ice it will ~ into water यदि तुम बर्फ़ को गरम करो तो यह पिघलकर पानी हो जाएगी; chocolate ~s in the mouth चाकलेट मुँह में घुल जाता है. **2.** पसीजना : her heart ~ed with pity उसका हृदय दया[F] से पिघल/पसीज गया. **3.** (disappear) विलीन हो जाना, मिल जाना : the river ~s into the sea नदी[F] समुद्र में विलीन हो जाती है; colours ~ into one another रंग एक दूसरे में मिल जाते हैं. **4.** (disintegrate) विघटित हो जाना : the parties very soon ~ed away पार्टियाँ[F] शीघ्र ही विघटित हो गईं. Δ **to ~ away** लुप्त हो जाना : his anger ~ed away उसका क्रोध जाता रहा; to ~ **down** ornaments ज़ेवर गला-वला देना; **to ~ into** tears दया से आँसू बहाना. [*ant*. solidify]

member मॆ'म्'बर *n.* **1.** (person) सदस्य [corrupt भ्रष्ट, honest ईमानदार, injured घायल, sensible समझदार, strong तगड़ा]; he is a ~ of Parliament वह संसद सदस्य है; Tillu is the ~ of the football team टिल्लू फुटबाल टीम[F] का ≈ है; to be a ~ of a club क्लब का ≈ होना; women can now become ~s of the legal profession स्त्रियाँ अब कानूनी व्यवसाय की ≈ बन सकती हैं. **2.** अंग, अवयव [essential आवश्यक, important महत्त्वपूर्ण]; he is an essential ~ of our family वह हमारे परिवार का अभिन्न अंग है. **3.** (item) घटक, एकक, इकाई : Security Council is an important ~ of United Nations सुरक्षा-परिषद संयुक्त-राष्ट्र का एक महत्त्वपूर्ण घटक है.

membership मॆ'म्'बरशिप *n*[u] **1.** सदस्यता[F], मेम्बरी[F] [life आजीवन, regular नियमित]; I have applied for ~ of your society मैंने आपकी संस्था[F] की ≈ के लिए आवेदन किया है; ~ of this club is an honour इस क्लब की

≈ एक सम्मान है. **2.** सदस्य-संख्या^F : what is the ~ of your club तुम्हारे क्लब की ≈ कितनी है ? **3.** ~ fee सदस्यता शुल्क : the ~ fee of our team has been increased to Rs. 50 हमारी टीम^F की ≈ बढ़ाकर पचास रुपए कर दिया गया है.

memo मी'मा *n*^c. see, memorandum.

memoir मेॅम'वार *n*^c (usu. *pl.*). **1.** संस्मरण [brief संक्षिप्त, dull नीरस, inadequate अपर्याप्त, well-written सुलिखित]; the ~s of the explorer are enlightening अन्वेषक के ये ≈ ज्ञानवर्धक हैं; ~s of an expedition अभियान के ≈. **2.** (biography) जीवनवृत्त [humorous हास्यपूर्ण, interesting दिलचस्प]; the ~ of the poet is not completely written कवि का ≈ पूरी तरह^F नहीं लिखा गया है; ~ of Babar बाबर का ≈.

memorandum मेॅमरैन्'डम *n*^c (*pl.* -da, dums) **1.** (note) मेमो, पत्रक : have you seen the ~ relating to your affairs क्या तुमने अपने मामलों से संबंधित पत्रक देखा है ? cash ~ नकदी ≈. **2.** (statement) ज्ञापन-पत्र [complete पूर्ण, original मूल]; according to the ~ of the office superintendent कार्यालय सुपरिन्टेंडेंट के ≈ अनुसार they gave a ~ to the minister उन्होंने मंत्री को एक ≈ दिया.

memorial मि मॉ'रिअल **I.** *n*^c **1.** स्मारक, यादगार [national राष्ट्रीय, Mughal मुगलकालीन]; that building is a ~ to those who were killed in the war वह इमारत^F उन लोगों का ≈ है जो युद्ध में मारे गए थे; the Taj Mahal is a very grand ~ ताजमहल एक बहुत शानदार ≈ है. **2.** स्मरण-पत्र : send a ~ to enquire about your request अपनी प्रार्थना^F के बारे में पता लगाने के लिए एक स्मरण-पत्र भेजो. **3.** (*pl.*) इतिवृत्त, संस्मरण : complete ~ पूर्ण ≈; he has written so much in his ~s उसने अपने संस्मरणों में इतना कुछ लिखा है. **II.** *a.* स्मरणात्मक, स्मारक [articles लेख, statue मूर्ति^F, stone पत्थर]; I have read his ~ article मैंने उनका स्मरण-लेख पढ़ा है.

memorise मे'मॅराइज़ *v.t.* कंठस्थ करना, याद करना : ~ thoroughly पूरी तरह ≈; ~ this poem for the examination इस कविता^F को परीक्षा^F के लिए कंठस्थ करो.

memory मेॅ'मॅरि *n*^uc. स्मृति^F, याद; स्मरण शक्ति^F, याद्दाश्त^F [active सक्रिय, excellent उत्कृष्ट, feeble कमज़ोर, firm दृढ़, good अच्छी, incredible अविश्वसनीय, mechanical यांत्रिक, pleasant सुखद, tenacious पक्की, wonderful अद्भुत]; I have a clear ~ of what happened जो हुआ मुझे वह स्पष्ट याद है; he was speaking from his ~ वह अपनी मुँहज़बानी^F (याद से) बोल रहा था; we have pleasant memories of the past हमारे पास अतीत की सुखद स्मृतियाँ^F हैं; it brought back the memories of those happy days इसने उन सुखद दिनों की याद दिला दी; I have a good ~for faces चेहरों की (पहचान) मेरी अच्छी याद्दाश्त^F है; his name will remain forever in our ~ हमारी याद्दाश्त में उसका नाम हमेशा रहेगा; ~ will not fade ≈ कम न होगी; this annual ceremony will keep his ~ green यह वार्षिकोत्सव उसकी याद्दाश्त को ताज़ा बनाए रखेगा; it is not safe to trust the ~, you must write it down याद्दाश्त पर विश्वास करना सुरक्षित नहीं है, तुम्हें इसे जरूर लिख लेना चाहिए; the pleasing ~ of the holidays छुट्टियों की सुखद याद्दाश्त; it came back to my ~ यह मुझे फिर याद आ गया; to commit to ~ याद कर लेना; in the ~ of smb किसी की स्मृति में : the picture on the wall is in the ~ of our headmaster who died last year दीवार^F पर का यह चित्र हमारे प्रधानाध्यापक की याद में है जो पिछले साल मर गए; a monument erected in the ~ of the unknown soldiers अज्ञात सैनिकों की स्मृति में खड़ा किया गया स्मारक; within living ~ जहाँ तक जीवित लोगों की याद है.

men मेॅन *n*^c (*pl.* of 'man' *q.v.*) जवान : an officer and twenty men were sent to guard the gate एक अधिकारी और बीस ≈ फाटक की रक्षा के लिए भेजे गए.

menace मेॅनस **I.** *v.t.* डराना, जोखिम में डालना : falling prices ~ his business गिरते मूल्य उसके व्यापार में जोखिम डालते हैं; the tiger continued to ~ us by his prowling about our tent चीता हमारे तंबू के चारों ओर

शिकार की तलाश में घूमते-फिरते हमें लगातार डराता रहा; to ~ someone's life किसी की ज़ान^F को ख़तरे में डालना; a new danger ~d the eastern provinces एक नए ख़तरे से पूर्वी प्रांतों में डर पैदा हो गया. **II.** *n*^u. ख़तरा : horrible ~ भयानक ≈; ~ of fire आग का भय; a careless driver is a ~ to all road users एक लापरवाह ड्राइवर सड़क पर चलने वाले सब लोगों के लिए ≈ होता है; this Act of Parliament is a ~ to the liberties of the Indian people संसद् का यह अधिनियम भारतीय लोगों की स्वतंत्रताओं के लिए ≈ है; ~ to national unity राष्ट्रीय एकता के लिए ≈. Δ **this boy is a** ~ यह लड़का एक मुसीबत^F है.

mend मेंन्ड **I.** *v.t.* **1.** (repair) मरम्मत^F करना, ठीक कर देना [completely पूरी तरह^F, satisfactorily संतोषजनक ढंग से]; ~ a kettle केतली^F की मरम्मत^F करना; you can ~ a broken ornament by sticking the pieces together तुम टूटे आभूषण को इसके टुकड़ों को चिपकाकर ठीक कर सकते हो; ~ your bicycle tyre अपनी साइकिल^F के टायर की मरम्मत^F करो. **2.** (patch) पैबंद लगाना; (darn) रफ़ू करना : ~ your torn clothes अपने फटे कपड़ों को रफ़ू करो (इसमें पैबंद लगाओ). **3.** (make better) सुधारना : to ~ one's ways अपना व्यवहार ≈; to ~ one's habits अपनी आदतें^F सुधारना; it is never too late to ~ सुधरने के लिए कभी देर^F नहीं होती है; to ~ matters मामलों को ठीक-ठाक करना; ~ one's progress अपनी प्रगति^F में सुधार लाना. **4.** to ~ a pencil पेंसिल बनाना. छीलना. **II.** मरम्मत^F, सुधार [excellent बढ़िया, unsatisfactory असंतोषजनक]; a ~ in a dress पोशाक^F की मरम्मत^F; the patient is on the ~ रोगी का सुधार हो रहा है; there is a good ~ in his health उसके स्वास्थ्य में अच्छा सुधार हो रहा है; to be on the ~ हालत^F में सुधार होना.

mendicant मेंन्'डिकन्ट *n*^c. भिखारी, भिखमंगा [gentle सज्जन, genuine सच्चा]; he met a ~ on the way to his school स्कूल जाते समय रास्ते में उसे एक ≈ मिला; a ~ begs for money or food ≈ पैसे या खाने के लिए भीख माँगता है.

menial मी'न्यल **I.** *a.* **1.** नौकर का, दासोचित [duties कर्तव्य, work काम]; he will not do the ~ jobs, you must not expect so वह नौकर का काम नहीं करेगा, तुम्हें ऐसी आशा^F नहीं करनी चाहिए. **2.** (low) नीच, कमीना [fellow व्यक्ति, servant नौकर]; such a ~ man cannot help you इस प्रकार का ≈ आदमी तुम्हारी सहायता^F नहीं कर सकता, he is too ~ to be trusted वह इतना ≈ है कि उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता. **II.** *n*^c नौकर [corrupt भ्रष्ट, dishonest बेईमान]; a strike by the ~s नौकर-चाकरों की हड़ताल^F

-ment *suff.* makes nouns : advancement, advertisement, allotment, announcement, argument, arrangement, enjoyment, government, judgment, meerriment settlement, treatment.

mental मेंन्'टल *a.* मानसिक, मनोगत, मन : [complex ग्रंथि^F deficiency दुर्बलता^F, disease बीमारी^F, effort प्रयास, health स्वास्थ्य, illness रोग, labour श्रम, pain कष्ट, patient रोगी, work काम]; a ~ patient is one whose mind is diseased मानसिक रोगी वह है जिसका मन रुग्ण है; he suffers from ~ disability वह मानसिक निर्योग्यता से पीड़ित है; ~ asylum/hospital पागलख़ाना; ~ arithmetic ज़बानी हिसाब [*ant.* physical]

mentality मेंन् टै'लिटि *n*^uc. मनोवृत्ति^F [bad ख़राब, dangerous ख़तरनाक, deficient क्षीण]; that man has the ~ of a child इस व्यक्ति की ≈ बच्चों की-सी है; he is a man of strange ~ वह विचित्र ≈ वाला आदमी है; a person of low ~ is one who is not honest निम्न ≈ वाला आदमी वह होता है जो ईमानदार नहीं है.

mention मेंन्'शन **I.** *n*^u उल्लेख, चर्चा^F, ज़िक्र [descriptive विवरणात्मक, distinct स्पष्ट, honourable सम्मानजनक, less कम]; to make no ~ of the matter मामले का कोई उल्लेख न करना; no ~ (धन्यवाद की) कोई आवश्यकता^F नहीं है. **II.** *v.t.* उल्लेख करना, ज़िक्र करना; [happily प्रसन्नतापूर्वक, knowingly जानबूझकर]; ~ my name to him उससे मेरा नाम लेना; he just ~ed the subject उसने केवल विषय का उल्लेख किया था; am I ~ed

in the letter क्या पत्र में मेरा ज़िक्र है ? don't ~ it इसका ज़िक्र न करो; I'll ~ it later on मैं इसका ज़िक्र बाद में करूँगा; he ~ed you as an example उसने उदाहरणस्वरूप तुम्हारा ज़िक्र/उल्लेख किया; he ~ed your name twice उसने तुम्हारे नाम का दो बार उल्लेख किया. [*ant.* omit]

menu मॅ'न्यू *n*ᶜ. व्यंजन सूची^F, भोजन तालिका^F [complete पूर्ण, insufficient अपर्याप्त]; ~ is a list of different kinds of food ≈ भिन्न-भिन्न प्रकार के खानों की सूची^F होती है.

merchandise मर्'चन्डाइज़ *n.* व्यापारी माल, सौदा [salable विक्रेय, unprofitable अलाभकर, valuable कीमती, worthless बेकार]; ~ for export निर्यात के लिए माल. **merchant** मर्'चन्ट I. *n*ᶜ. व्यापारी, सौदागर [bankrupt दीवालिया, foreign विदेशी, prosperous समृद्ध, rich धनी, successful सफल]; he is a wool ~ वह ऊन का ≈ है; we buy coal from coal ~ हम कोयला कोयले के ≈ से ख़रीदते हैं; a timber ~ sells timber एक लकड़ी विक्रेता इमारती लकड़ी^F बेचता है; to buy through a ~ व्यापारी के द्वारा ख़रीदना. ~ **prince** बड़ा भारी व्यापारी; ~ **ship** व्यापारी जहाज़. II. *a.* व्यापारिक, व्यापारी [person व्यक्ति, woman स्त्री]; M.P. is a big ~ company in India एम० पी० भारत की एक बड़ी कंपनी^F है.

merciful मर्'सिफुल *a.* दयालु [friend मित्र, judge न्यायाधीश, oldman बूढ़ा, ruler शासक, woman स्त्री]; God, be ~ to me, a sinner हे ईश्वर, मुझ पापी पर दया^F करो; a ~ judge is one who gives a prisoner a light sentence because he takes pity on him एक ≈ जज वह है जो किसी कैदी को हल्की सज़ा देता है, क्योंकि वह उस पर दया^F करता है; to be ~ towards one's enemies अपने शत्रुओं के प्रति ≈ होना. **merciless** मर्'सिलिस *a.* 1. निर्दय, निष्ठुर, कठोर [king राजा, master मालिक]; he is a ~ fellow he will give you nothing वह एक निर्दय व्यक्ति है वह तुम्हें कुछ नहीं देगा. 2. ~ act निर्दय कार्य/कर्म.

mercury मर्'क्यूरि *n*ᵘ. 1. बुध [planet ग्रह, shining चमकीला]; that bright star is ~, the nearest planet to the sun वह चमकीला तारा बुध है जो सूर्य के सब से निकट है. 2. पारा : ~ is a white liquid metal ≈ एक सफ़ेद द्रव धातु^F होता है; ~ is used in thermometers थर्मामीटरों में पारे का इस्तेमाल होता है.

mercy मॅर्'सि *n*ᵘᶜ. 1. दया^F, अनुकंपा^F : to plead for ~ ≈ के लिए विनती^F करना; they were treated without ~ उनके साथ बेरहमी^F का व्यवहार हुआ; they showed no ~ to their enemies उन्होंने अपने शत्रुओं के प्रति कोई दया प्रदर्शित नहीं की; have ~ on/upon us हम पर दया करो. Δ **at the ~ of** के वश में : he was at the ~ of his enemies वह अपने शत्रुओं के वश में था; to be at the ~ of winds and waves हवाओं और लहरों^F के वश में होना. 2. अनुग्रह, कृपा^F : I thank you for your mercies मैं आपकी कृपा के लिए आपको धन्यवाद देता हूँ.

mere मिअर I. *n*ᶜ. (partical) झील [big बड़ी, deep गहरी, dry सूखी]. II. *a.* निरा, मात्र [milk दूध, money पैसा, water पानी]; it was the ~ thought of him, not of his party यह मात्र उसका विचार था, उसकी पार्टी^F का नहीं; he is a ~ child वह निरा बच्चा है; it is a ~ hundred metres from my house to the school मेरे घर से स्कूल तक मात्र सौ मीटर है; that is ~ nonsense वह बकवाद मात्र है; ~ necessity forced me to sell the land मात्र आवश्यकता^F ने मुझे ज़मीन बेचने को बाध्य कर दिया. **merely** मिअर'लि *adv.* केवल, सिर्फ़ : it was ~ a suggestion यह ≈ एक सुझाव था; I ~ want to know this मैं सिर्फ़ यह जानना चाहता हूँ; I asked ~ because I did not know मैंने केवल इसलिए पूछा क्योंकि मैं जानता नहीं था; I do not think it ~ as a question of pride मैं इसे केवल गर्व का प्रश्न नहीं मानता; you have ~ to ask तुम्हें बस कहना भर है; I have ~ looked at the name of the book मैंने सिर्फ किताब का नाम देखा है; the boys are doing no harm, they are ~ playing लड़के कोई नुकसान नहीं पहुँचा रहे हैं, वे केवल खेल रहे हैं; he said nothing but ~ nodded उसने कुछ कहा नहीं पर केवल सिर हिला दिया.

merge मर्ज *v.t.* विलीन हो जाना या कर देना, मिला देना : ~ completely पूरी तरह ≈; the smaller firm was ~d in the larger one छोटी फ़र्म बड़ी में विलीन कर दी गई; the management is going to ~ our school in the big district school प्रबंधक वर्ग हमारे स्कूल को बड़े ज़िला विद्यालय में विलीन करने जा रहा है; to ~ two business companies into one दो व्यापारिक कंपनियों^F का एक-दूसरे में विलय करना; the golden colours in the sky ~d into dark आकाश के सुनहरी रंग श्याम रंग में विलीन हो गए.

merit मॅरिट I. *n.* 1. (religious) पुण्य, पुण्यफल [great महान्, little कम, peculiar विचित्र]; it is his ~ that he succeeded यह उसका ≈ है कि वह सफल हो गया. 2. (worth) गुण, ख़ूबी^F, योग्यता^F [great महान, principal मुख्य, sole केवल; special विशेष his plan has its merits उसकी योजना^F के अपने गुण हैं : the contestants are rewarded according to their ~s प्रतिद्वंदी योग्यता^F के आधार पर पुरस्कृत किए गए; he possesses a good ~ of reading उसके पास पढ़ने की अच्छी योग्यता^F है; ~ **list** योग्यताक्रम सूची^F. 2. (*pl.*) गुण-दोष : we shall judge the case on its ~s हम इस मामले को ≈ के आधार पर निर्णीत करेंगे; the plan has its ~ योजना^F के अपने ≈ हैं. [*ant.* fault] II. *v.t.* 1. अर्जित करना : [verify सचमुच]; to ~ praise in the society समाज में प्रशंसा^F अर्जित करना 2. to ~ the post पद के योग्य होना; this statement ~s your attention यह वक्तव्य आपके ध्यानयोग्य है. **meritorious** मॅरिटॉ'रिअस *a* 1. (rel.) पुण्यप्रद : ~ action/deed ≈ कार्य. 2. पुण्यवान : ~ person ≈ व्यक्ति. 3. सराहनीय, श्लाघ्य, प्रशंसनीय [devotion भक्ति^F, service सेवा^F, work काम].

merriment मॅ'रिमन्ट *n.* आमोद-प्रमोद [boisterous ऊधमपूर्ण, childish बचकाना, foolish मूर्खतापूर्ण, great बड़ा, loud बड़ा, ज़ोर का, noise शोरयुक्त, pleasing सुखद, simple साधारण, unrestrained अनियंत्रित]; hearing the sounds of gay laughter, we asked the cause of the ~ खुश-खुश हँसी^F की आवाज़ सुनकर हमने ≈ का कारण पूछा; when the news of accident arrived, ~ was changed to mourning. जब दुर्घटना^F का समाचार पहुँचा तो ≈ विलाप में बदल गया. [*ant.* sadness] **merry** मॅरि 1. विनोदी, आनंदित, प्रमुदित, ज़िंदादिल [girl लड़की, person, व्यक्ति, student छात्र]; a ~ man is one who is full of fun and laughter एक ≈ व्यक्ति वह है जिसमें मनोरंजन और हँसी^F भरी रहती है. 2. [festive) आनंदमय music संगीत, place स्थान, song गीत, time समय]; I'll never forget this ~ music इस ≈ संगीत को मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा. 3. नीममस्त [actor अभिनेता, eyes आँखें^F, youth युवा Δ **make** ~ आनंद मनाना, उत्सव मनाना : they all were making ~ on the occasion of his birthday वे सब उसके जन्मदिन पर आनंद मना रहे थे; to **make ~ with smb** किसी का मज़ाक उड़ाना. [*ant.* sad]

mess मॅस I. *n*^u. 1. (food) ख़ुराक^F, रोटी^F : they have to labour hard for their ~ उन्हें अपनी ≈ के लिए अधिक मेहनत^F करनी पड़ती है. 2. मॅस, भोजनकक्ष, भोजनालय [big बड़ा, common सामान्य, good अच्छा]; we take lunch in the ~ हम ≈ में दोपहर का भोजन करते हैं; I chatted with him at the ~ मैंने उससे ≈ में बातचीत^F की; I got a cigarette in the ~ मुझे ≈ में सिगरेट मिला. 3. (trouble) बखेड़ा, झंझट^F, गड़बड़ी^F : suddenly they fell into a ~ एकाएक वे झंझट में पड़ गए; your friend Raman is in a ~ तुम्हारा मित्र रामन झंझट में है; he made a ~ of it उसने इसमें गड़बड़ी पैदा कर दी; everything is now in a ~ हर चीज़ गड़बड़ है. 4. (dirt) गंदगी^F [harmful नुकसानदायक, heavy भारी]; you must remove this ~ from your room तुम्हें अपने कमरे से यह ज़रूर हटानी चाहिए. II. *v.t.* 1. भोजन करना : to ~ with a party पार्टी^F के साथ ≈; we ~ed together last evening हमने कल शाम साथ-साथ भोजन किया. 2. गंदा करना; गड़बड़ कर देना [carelessly लापरवाही^F से, deliberately जानबूझकर]; mother scolded her on for ~ing the room this way माँ ने अपने लड़के को इस तरह कमरा गंदा करने पर डाँटा; to ~ (up) a business व्यापार गड़बड़

कर देना. Δ ~ **about,** a ~ around इधर-उधर के काम करना, समय गँवाना : the examinations are coming near, you should not ~ about परीक्षाएँ[F] पास आ रही हैं, तुम्हें समय नहीं गँवाना चाहिए.

message मॅ'सिज *n*[c]. **1.** संदेश [absurd बेतुका, brief संक्षिप्त, explicit स्पष्ट, important महत्वपूर्ण, irrelevant असंगत, pleasant सुखद, verbal मौखिक, written लिखित, wrong गलत]; please give your mother this ~ from me कृपया मेरा यह ≈ अपनी माँ को दीजिए; a ~ can be written or oral ≈ लिखित अथवा मौखिक हो सकता है; we did not receive your ~ until today तुम्हारा ≈ हमें आज तक नहीं मिला; did he leave any ~ for me क्या उसने मेरे लिए कोई ≈ छोड़ा है? the Presidents's ~ to the nation राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम ≈; **2.** this is the latest ~ about expedition यह अभियान की नवीनतम खबर[F] है. **3.** ~ of Buddha बुद्ध का उपदेश. **messenger** मॅ'सॅन्'जर *n*[c]. दूत, संदेहहर, संदेशवाहक [careless लापरवाह, dishonest बेईमान, forgetful भुलक्कड़, reliable विश्वसनीय, sensible समझदार, special विशिष्ट, stupid मूर्ख, swift तेज़].

messieurs Messrs मॅसर्ज़ : *a.* सर्वश्री : Ishwar Chand Sri Chand Ram Chand and Co. ≈ ईश्वर चंद श्री चंद रामचंद एंड कंपनी.

met मॅट *v.t.* past tense of 'meet' *q.v.*

metal मॅ'टॅल **I.** *n.* **1.** धातु [common साधारण, hard सख़्त, precious कीमती, pure विशुद्ध, soft नरम]; the elements are divided into two classes : metals and non-metals तत्वों को दो वर्गों में बाँटा गया है : धात्विक और अधात्विक; the pole is made of some kind of ~ स्तंभ किसी प्रकार की धातु से बना है; alloy of ~s धातुओं का मिश्रण. **2.** (cast iron) ढलवाँ लोहा : to melt a ~ ≈ ढालना. **3.** (courage) जीवट, साहस : none can challenge his ~ उसके ≈ को कोई चुनौती[F] नहीं दे सकता. **II.** *v.t.* रोड़ी-गिट्टी बिछाकर पक्का करना : to ~ a village road गाँव की सड़क[F] पर ≈.

metaphor मॅटॅफ़र *n*[c]. रूपक, रूपकालंकार [admirable प्रशंसनीय, clumsy भद्दा, lively जीवंत, new नया, obvious स्पष्ट]; there is a fine blend of ~ in the poem इस[F] कविता[F] में ≈ का अच्छा मेल हुआ है. [*a.* metaphorical लाक्षणिक]

meter मी'टॅर *n*[c]. **1.** मापी, मापक. **2.** छंद. **3.** मीटर [see metre].

mix मिक्स I. n^c. मिश्रण : racial ~ जातिगत ≈; there was a ~ of people in the fair मेले में लोगों का ≈ था (तरह-तरह के लोग थे). II. *v.t.i.* 1. मिलाना, मिश्रण करना : if you ~ blue and yellow you make green यदि तुम नीले और पीले को मिलाओ तो हरा बनेगा; to ~ flour and water आटा और पानी मिलाना; she does not ~ sugar well वह अच्छी तरह चीनी[F] नहीं मिलाती; you have got everything ~ed up तुमने सब कुछ मिला दिया है; to ~ with the crowd भीड़[F] में मिल जाना; oil and water do not ~ तेल और पानी मिश्रित नहीं होते; we ~ flour, eggs, sugar and milk to make a cake हम केक बनाने के लिए मैदा, अंडा, चीनी और दूध मिलाते हैं. 2. (associate) मिलना-जुलना. ~ **with** मिलना-जुलना, मेल-जोल रखना : the rich do not ~ with the lower classes धनी लोग निम्न वर्ग से मेल-जोल नहीं रखते; he does not ~ (up) **with** other students वह दूसरे छात्रों से नहीं मिलता-जुलता है; to ~ **up** (i) अच्छी तरह मिलाना : ~ up all ingredients सारे घटकों को खूब मिला देना; (ii) गड्डु-मड्डु कर देना : you have ~ed up all the lists तुमने सब सूचियों[F] को गड्डुमड्डु कर दिया है. [*ant*. separate] **mixed** मिक्स्ड *a*. मिश्र, मिश्रित, मिला-जुला (in contexts) : ~ crowd मिली-जुली भीड़[F]; ~ fruit मिले-जुले फल; ~ reaction मिली-जुली प्रतिक्रिया[F]; he always gives ~ milk वह हमेशा मिश्रित दूध देता है; a ~ school has both boys and girls in it मिले-जुले स्कूल में लड़के-लड़कियाँ दोनों होते हैं; ~ bathing लड़के-लड़कियों का मिला-जुला स्नान; ~ feeling मिश्रित भावनाएँ. **mixture** मिक्स'चॅर n^c. 1. मिश्रण [bitter कड़ुआ, chemical रासायनिक, sour खट्टा, unusual असाधारण]; she prepare a good ~ of flour and sugar उसने मैदे और चीनी का अच्छा ≈ तैयार किया; air is a ~ of nitrogen and oxygen हवा नाइट्रोजन और ऑक्सीजन का ≈ है; ~ of merits and demerits गुण-दोष का ≈. 2. घोल : cough ~ खाँसी के लिए ≈. 3. संकर : he is a ~, his father was not a Russian वह ≈ है, उसका बाप रूसी नहीं था.

moan मोन I. n^c. कराह[F] [loud ज़ोर की, pathetic दयनीय, terrible भयंकर]; a ~ of pain दर्द की ≈; the injured man made a low ~ as we lifted him जैसे ही हमने घायल आदमी को उठाया, वह धीमे से कराहा; the ~s and cries of the victims of accident were painful दुर्घटना[F] के शिकार लोगों की ≈ और चिल्लाहट दर्दनाक थी. II. *v.t.* कराहना [bitterly फूट-फूट कर, loudly ज़ोर-ज़ोर से lowly धीमे-से]; the injured men were ~ing घायल आदमी कराह रहे थे.

moat मोट *n*. खाई[F], परिखा[F], [deep गहरी, wide चौड़ी]; cities were often surrounded by ~s, filled with water, to make enemy's attack more difficult शत्रुओं के आक्रमण को अधिक कठिन बनाने के लिए शहरों के चारों ओर प्राय: पानी से भारी खाइयाँ होती थीं; ~s are now dug around forts अब किलों के चारों ओर खाइयाँ नहीं खोदी जातीं.

mob मॉब I. n^c. (उत्तेजित) भीड़[F], भीड़-भाड़[F], जन-समूह [angry नाराज़, armed सशस्त्र, dangerous ख़तरनाक, excited उत्तेजित, frightened भयभीत, uncontrolled अनियंत्रित]; the ~ has begun rioting भीड़ ने दंगा करना शुरू कर दिया है; police failed to avoid arsoning by the ~ पुलिस[F] भीड़ द्वारा आगज़नी को रोकने में असफल रही; ~ law/rule निचले दर्जे के लोगों का कानून/राज्य. II. *v.t.* (-bb-) मिलकर घेर लेना [angrily रोष में, suddenly एकाएक]; he was ~bed in the street उसे गली[F] में भीड़ ने घेर लिया; the people ~bed the minister लोगों ने मंत्री को घेरे रखा.

mobile मो बॉ'इल *a*. 1. (movable) चल, गतिशील, चलता-फिरता, गश्ती [crane क्रेन, hospital अस्पताल, library पुस्तकालय, post office डाकघर]; in some cities there are ~ kitchens to carry food to the sick people कुछ शहरों में बीमार लोगों को भोजन पहुँचाने के लिए चलते-फिरते रसोई घर होते हैं; a

~ machine is easily moved from place to place चलती-फिरती मशीन^F एक-से-दूसरे स्थान पर आसानी^{F} से ले जाई जाती है. **2.** चलने-फिरने लायक : he has not been ~ since the accident दुर्घटना^{F} के बाद से वह ≈ नहीं रहा. [*ant.* im ~] **3.** (easily changing) चंचल, परिवर्तनशील : ~ mind ≈ मन; women's minds are by nature more ~ than those of men स्त्रियों का मन पुरुषों की अपेक्षा^{F} अधिक चंचल होता है. **4.** (of troops) चलिष्णु : to have a ~ army of twenty thousand soldiers to meet any danger किसी ख़तरे से मुकाबला करने के लिए बीस हज़ार जवानों की सेना^{F} रखना. [*ant.* steady] **mobilization** मोबिलाइज़े'शन n^u. **1.** लामबंदी^{F} : ~ of soldiers सैनिकों की ≈. **2.** जुटाव : ~ of support समर्थन का ≠; ~ of resources संसाधन जुटाना. **mobilize** मो'बिलाइज़ *v.t.* **1.** लामबंदी^{F} करना : ~ troops सेना^{F} की ≈. **2.** ~ resources संसाधन जुटाना^{F}. **3.** to ~ the engine इंजन को गतिमान/चालू बनाना.

mock मॉक **I.** n^u. **1.** उपहास : to make a ~ of someone किसी का ≈ करना; his destiny was playing ~ with him उसकी नियति^{F} उसका ≈ कर रही थी. **2.** [mockery] नकल^F, स्वाँग : there was no reality in his attempt, all was simply a ~ उसके प्रयास में कुछ भी सत्यता^{F} न थी, सब कुछ स्वांग था. **II.** *a.* दिखावटी, नकली [face चेहरा, fight युद्ध, laughter हँसी^{F}, modesty लज्जा^{F}]. **II.** *v.t.i.* **1.** का उपहास करना, की हंसी^{F} उड़ाना : they ~ed at my efforts to swim उन्होंने मेरे तैरने के प्रयास की हँसी उड़ाई; they ~ed the boy उन्होंने लड़के की हँसी उड़ाई. **2.** (mimic) की नकल^F करना या उतारना : to ~ someone's style of walking किसी के चलने की शैली^{F} की नकल करना; the boys ~ed the way the uncle spoke बच्चे अपने चाचा के बोलने के ढंग की नकल करते थे. **3.** *v.t.* व्यर्थ कर देना : my hopes have ~ed मेरी आशाएँ व्यर्थ हो गई हैं; the sunshine ~ed all his efforts धूप ने उसके सभी प्रयासों को व्यर्थ कर दिया.

mod. modern.

mode मोड n^c. **1.** ढंग, विधि^{F}, तरीका, रीति^{F} [old पुराना, ridiculous उपहासास्पद, strange विचित्र]; ~ of speaking in a meeting मीटिंग^F में बोलने का ढंग; approved ~ of teaching language भाषा सिखाने की अनुमोदित विधि^{F}/रीति^{F}; a special ~ of treatment इलाज का एक विशेष तरीका; ~ of life जीवन-पद्धति^{F}. **2.** style शैली^{F} : latest ~ of dress पोशाक^F की बिल्कुल नई ≈. **3.** (custom) रीति^{F}, रिवाज, प्रथा^{F}, फैशन : tell me something about the ~s of your society अपने समाज की प्रथाओं^{F} के बारे में मुझे कुछ बताओ; skirts are not the present ~ स्कर्ट का आजकल रिवाज नहीं है. **4.** प्रतिरूप : she is a ~ of her maternal aunt : वह अपनी मौसी की ≈ है.

model मॉ'डल **I.** n^c. **1.** मॉडल, नमूना [clay मिट्टी^{F} का, new नया, plastic प्लास्टिक का, pure शुद्ध]; a ~ of the new public building नई सार्वजनिक इमारत^F का नमूना; I saw the ~ of an aeroplane in the exhibition मैंने प्रदर्शनी^{F} में हवाई-जहाज का मॉडल देखा; artist's ~ कलाकार का मॉडल; fashion ~ फैशनी मॉडल/नमूना. **2.** (ideal) आदर्श : take your father as your ~ अपने पिता को अपना ≈ मानो; he is a ~ of a student वह एक ≈ विद्यार्थी है; he is a ~ for justice वे न्याय के लिए ≈ हैं. **II.** *a.* आदर्श [behaviour व्यवहार, conduct आचरण, discipline अनुशासन, husband पति, plan योजना^{F}, service सेवा^{F}]; it is a ~ school for the whole district पूरे जिले के लिए यह एक ≈ विद्यालय है. **III.** *v.t.* **1.** प्रतिरूप या नमूना बनाना : he has ~led a ship उसने जहाज़ का नमूना तैयार किया है. **2.** (आदर्श) के अनुसार बना देना : to ~ oneself on smb अपने को किसी के अनुरूप ढालना. **3.** गढ़ना : to ~ a horse out of clay मिट्टी से/का घोड़ा ≈.

moderate मॉ'डरिट **I.** *a.* **1.** संतुलित, संयत [demands माँगें, mind मन, opinion मत, thinking सोच^F]; a man of ~ ideas ≈ विचारों का व्यक्ति. **2.** (person) मिताचारी, संयमी. **3.** (mild) मृदु, नरम [climate जलवायु^{F}, heat गर्मी^{F}, wind हवा^{F}]; to be ~ in one's judgement निर्णय में नरम होना.

4. साधारण, सामान्य, मामूली [amount राशि^{F}, production उत्पादन, quality गुणवत्ता^{F}, status स्तर]; its price is ~, neither cheap nor dear इसकी कीमत^F सामान्य है, न सस्ती न महँगी; a hill of ~ height ≈ ऊँचाई^F की पहाड़ी^{F}. **II.** *n*^{c}. नरमपंथी : he always disliked ~s वह हमेशा नरमपंथियों को नापसंद करता था. **II.** मॉ'डॅरेट *v.t.* संयत करना, हल्का करना, मंद करना : why do you shout, ~ your language चिल्लाते क्यों हो, अपनी भाषा^{F} को संयत/हल्का रखो; to ~ one's desires अपनी इच्छाओं^{F} को संयत करना; the wind has ~d हवा^{F} मंद/हल्की हो गई है; to ~ one's anger अपना क्रोध हल्का करना. [*n.* moderation]

modern मॉ'डर्न *a.* **1.** (of the present time) आधुनिक, आजकल का [artist कलाकार, city शहर, civilization सभ्यता^{F}, education शिक्षा^{F}, factory कारख़ाना, idea विचार, literature साहित्य, method तरीका]; the 16th century is universally recognised as the starting point of ~ history 16वीं शताब्दी^{F} को सार्वभौमिक रूप से आधुनिक इतिहास का प्रारम्भ माना जाता है; ~ times ≈ युग. **2.** (not ancient, new) अर्वाचीन, नया : ~ fashion ≈ फ़ैशन; ~ languages अर्वाचीन भाषाएँ^{F}. [*ant.* ancient] **modernize** मॉ'डर्नाइज़ *v.t.i.* आधुनिक बनाना या बनना : to ~ an old house पुराने घर को आधुनिक बनाना; he tried his best to ~ the factory उसने अपने कारखाने को आधुनिक बनाने का भरसक प्रयास किया; the family has ~d यह परिवार नये फैशन का हो गया.

modest मॉ'डिस्ट *a.* विनीत, विनयशील, विनम्र [actress अभिनेत्री^{F}, girl लड़की^{F}, person व्यक्ति]; a ~ man is respected by all एक ≈ आदमी का सब सम्मान करते हैं; he is a ~ student वह एक ≈ छात्र है. **2.** सीधा-सादा, साधारण [answer उत्तर, crowd भीड़^{F}, house मकान]; a ~ person is one who has not a high opinion of himself एक सीधा-सादा व्यक्ति वह है जो अपने बारे में ऊंचे-ऊंचे विचार नहीं रखता. **3.** संयत [food भोजन, price मूल्य, smile मुस्कराहट]; their demands were very ~ उनकी माँगें अत्यंत ≈ थीं. **4.** अल्प-भाषी [teacher अध्यापक, worker कामगार]; he is honest and ~ वह ईमानदार और ≈ है. **5.** ~ woman सती/साध्वी स्त्री. **6.** थोड़ा : ~ ambition थोड़ी महत्त्वाकांक्षा^{F}; the sales this year have been ~ इस वर्ष बिक्री^{F} थोड़ी हुई है. **modesty** मॉ'डिस्टि *n*^{u}. **1.** विनय, शील, शालीनता^{F} [extreme अत्यधिक, proper समुचित]; what we like most about this great man is his ~ इस महान् व्यक्ति के विषय में हम जो सबसे अधिक पसंद करते हैं, वह है उसकी शालीनता. **2.** to offend/violate ~ सतीत्व भंग करना.

modification मॉडिफ़िके'शन *n*^{c}. **1.** परिवर्तन : I could not identify him because of the ~ of his face उसके चेहरे के ≈ के कारण मैं उसे पहचान न सका. the question paper needs some ~ इस प्रश्न पत्र में थोड़े परिवर्तन की आवश्यकता^{F} है. **2.** संशोधन : the rules need some ~ नियमों में कुछ ≈ की आवश्यकता^{F} है. **modify** मॉ'डिफ़ाइ *v.t.* **1.** परिवर्तन करना, हेर-फेर करना completely पूरी तरह^F, partly थोड़ा-सा]; to ~ anything is to change it for the better किसी चीज़ को परिवर्तित करना उसे थोड़ा बेहतर बनाना है; it is not easy to ~ one's views अपने विचारों को परिवर्तित करना आसान नहीं है. **2.** (moderate) कम करना : the government tried its best to ~ the demand सरकार^F ने माँग^F को कम करने का भरसक प्रयत्न किया.

moist मॉइस्ट *a.* नम, गीला, तर [climate जलवायु^{F}, hands हाथ, weather मौसम]; ~ winds bring rain नम हवाएँ बारिश^F लाती हैं; her eyes were ~ उसकी आँखें^{F} नम/तर थीं. [*ant.* dry] **moisten** मॉइ'सन *v.t.i.* तर करना या होना : to ~ the floor फर्श को तर करना; to ~ anything is to make it slightly wet किसी चीज़^{F} को तर करना इसे थोड़ा गीला करना है; her eyes ~ed उसकी आँखें तर हो गईं. **moisture** मॉइस्'चर *n*^{u}. नमी^{F}, आर्द्रता^{F}, सीलन^F : so much ~ will cause damage to the house इतनी अधिक ≈ घर को क्षति^{F} पहुँचाएगी; there is ~ in the air, it will probably rain वायु में ≈ है, शायद बारिश^F हो.

molest मॅलें'स्ट' *v.t.* छेड़-छाड़^{F} करना, छेड़खानी^{F}.

करना, तंग करना : our dog ~s goats हमारा कुत्ता बकरियों[F] के साथ छेड़-छाड़ करता है; to be ~ed by naughty boys नटखट लड़कों द्वारा छेड़-छाड़ किया जाना; here you will not be ~ed anymore यहाँ तुमसे अब और छेड़-छाड़ नहीं होगी; a policeman ~ed a girl एक पुलिसवाले ने किसी लड़की से छेड़खानी की. **molestation** मोलें'स् टे'शन n^u. छेड़-छाड़[F], छेड़खानी[F] : there have been some cases of ~ of school girls by ruffians गुंडों द्वारा स्कूल की लड़कियों के साथ ≈ करने के कुछ मामले हुए हैं.

molten मोल'टन *a.* (*pp.* of melt) पिघला हुआ [gold सोना, lead सीसा, metal धातु[F]]; the hot ~ metal is poured into the sand to harden it कड़ा बनाने के लिए गर्म पिघली धातु[F] बालू[F] में उंड़ेली जाती है.

moment मो'मन्ट **I.** n^c. **1.** क्षण, पल [decisive निर्णायक, fatal घातक, precious बहुमूल्य]; I cannot say anything at this ~ इस क्षण मैं कुछ नहीं कह सकता; it took Jeetu only a moment to grab his coat and rush from the house जीतू को अपना कोट लेने और घर से भाग निकलने में एक ≈ लगा; for a ~, I thought that... एक ≈ मैंने सोचा कि... it might happen any ~ यह किसी भी ≈ हो जाए. **2.** समय : it was the happiest ~ in his life यह उसके जीवन का सबसे सुखद ≈ था; you may choose the right ~ तुम ठीक समय चुन सकते हो. Δ on the spur of the ~ ठीक समय पर : he reached there at the spur of the ~ वह ठीक ≈ पर वहाँ पहुँच गया. **II.** n^u. (importance) महत्त्व : this is the matter of some ~ यह कुछ ≈ का मामला है; a man of the ~ इस ≈ महत्व का आदमी.

momentary मो'मन्टरि *a.* क्षणिक [commotion हलचल[F], importance महत्त्व, sensation खलबली[F]]; the pleasure is ~, you must be ready for the risk यह आनंद ≈ है, तुम्हें खतरे के लिए तैयार रहना चाहिए; their fear was ~ उनका डर ≈ था; my hesitation was ~ मेरी हिचक ≈ थी.

Mon. Monday.

monarch मॉ'नर्क n^c. राजा, नरपति [abdicated सिंहासनच्युत, constitutional संवैधानिक, kind दयालु]; the ~ wears a crown राजा मुकुट पहनता है; the lion is the ~ of the forest शेर जंगल का ≈ है.

monastery मॉ'नॅस्टरि n^c. (monasteries) मठ, विहार, संघाराम : have you seen a Buddhist ~ क्या तुमने बौद्ध ≈ देखा है ?; monks live in a ~ साधु/भिक्षु ≈ में रहते हैं; **monastic** मॅनैस्'टिक *a.* तपोमय [discipline अनुशासन, existence रहन-सहन, life जीवन, vows प्रतिज्ञाएँ] he led a ~ life and was a very famous monk वह ≈ जीवन व्यतीत करता था और बहुत प्रसिद्ध साधु/भिक्षु था.

Monday मॅन'डि *n.* सोमवार, चंद्रवार : from ~ to Thursday सोमवार से बृहस्पतिवार तक; I have not seen him since ~ मैंने उसे ≈ से नहीं देखा. I shall come on ~ मैं ≈ को आऊंगा; they visit us on Monday वे ≈ के ≈ हमसे मिलने आते हैं.

monetary मॅ'निटॅरि *a.* **1.** (pecuniary) आर्थिक [condition स्थिति, grant अनुदान, limit सीमा[F]]; India needs more ~ development भारत को और अधिक ≈ विकास की आवश्यकता[F] है. **2.** (financial) वित्तीय : ~ help ≈ सहायता[F]. **3.** मुद्रा-संबंधी : ~ policy, stability ≈ नीति, दृढ़ता[F]. **money** म'नि n^u. **1.** मुद्रा, रुपया-पैसा [enough काफ़ी, sufficient पर्याप्त, waste खराब]; he carries lot of ~ वह ढेर सारा रुपया-पैसा ले जाता है; have you enough ~ to pay for the things you are buying जो वस्तुएँ[F] तुम खरीद रहे हो उनका भुगतान करने के लिए तुम्हारे पास काफ़ी पैसा है ना ? **2.** धन : he is a man of ~ वह धनी/धनवान आदमी है; he was short of ~ उसे ≈ की कमी थी; he possesses a lot of ~ उसके पास बहुत ≈ है; we have not much ~ left हमारे पास अधिक धन नहीं बचा है; the time is ~ समय मूल्यवान है. Δ **to make ~** ≈ कमाना, लाभ पाना; **lose ~** हानि उठाना; **to marry ~** धन के लालच में शादी[F] करना; **~ makes the mare go** दाम कराये काम; **~ lender** साहूकार, महाजन; **~order** धनादेश : I sent

Rs. 2,000 by M.O. to my son मैने धनादेश से अपने बेटे को दो हज़ार रुपये भेजे.

mongoose मॉङ्' गूस *n*^{c}. (~s) नेवला : a ~ kills snakes ≈ साँपों को मार डालता है; there is a pet ~ in her house उसके घर में एक पालतू ≈ है.

monitor मॉ'निटर **I.** *n*^{c}. मानीटर, कक्षा-नायक : laborious ~ मेहनती ≈; a class ~ takes charge of the classes when the teacher is out जब अध्यापक बाहर होते हैं तो ≈ कक्षा^{F} का प्रभार सँभालता है; who is the ~ of your class तुम्हारी कक्षा^{F} का ≈ कौन है? **II.** *v.t.* देखरेख^F/निगरानी^{F} करना : the secretary is ~ing the situation सचिव स्थिति^{F} की निगरानी^{F} कर रहा है.

monk मङ्क *n*^{c}. मठवासी, साधु [austere आडंबरहीन, pious धर्मात्मा]; a ~ lives in a monastery with other monks and spends his time in praying and meditating एक ≈ मठ में अन्य साधुओं के साथ रहता है और अपना समय प्रार्थना^{F} और ध्यान में बिताता है. [*fem.* nun]

monkey I. मङ्'कि **I.** *n*^{c}. बंदर [black काला, dangerous ख़तरनाक, pet पालतू]; ~ is a long-tailed animal ≈ एक लंबी पूंछ^F वाला जानवर होता है; the ~s were swinging from a tree ≈ एक पेड़ पर से झूल रहे थे; a ~ has caused much terror in this locality एक ≈ ने इस मोहल्ले में बहुत आतंक पैदा कर रखा है; you little ~ तुम नटखट लड़के. ~ **tricks** नटखटी^{F}, शरारत^F. **II.** *v.t.i.* नकल करना या उतारना, शरारत^F या नटखटी^{F} करना : I saw someone ~ing his neighbour मैंने किसी को अपने पड़ोसी की नकल करते हुए देखा. Δ who has been ~ing with my books? मेरी पुस्तकों के साथ कौन शरारत करता रहा है. **to ~ about with** smth किसी वस्तु^{F} से छेड़-छाड़ करना; to **make a ~ out of smb** किसी को भडुआ बनाना.

monologue मॉ'नलॉग *n*^{c}. एकपात्री भाषण, एकालाप : Mr. Kapur went on speaking and the conversation became just a ~ श्री कपूर लगातर बोलते गए और वार्तालाप बस एकपात्री भाषण हो गया.

monopoly मॅनॉ'पॅलि *n*^{c}. (monopolies) एकाधिकार, इजारा [absolute पूर्ण, state राजकीय, trading व्यापारिक]; the supply of gas and electricity is a government ~ गैस और बिजली की आपूर्ति^{F} सरकार^F की इजारेदारी^{F} है; he has ~ in kerosene oil मिट्टी के तेल पर उसका ≈ है; the state holds a ~ of the postal services राज्य का डाक सेवाओं^{F} पर ≈ है; as for the sale of coal in the town Bagga and Sons have the ~ शहर में कोयले के विक्रय पर बग्गा एंड संस का ≈ है; do you think that you have ~ on wisdom क्या तुम सोचते हो कि समझदारी^{F} पर एक तुम्हारा ही अधिकार है. ?

monotonous म नॉ'टॅनस *a.* **1.** एकसुरा : a ~ noise is one that continues on the same tone without changing ≈ शोर वह है जो बिना परिवर्तन एक ही स्वर में जारी रहता है; we soon became tired of listening to that ~ voice हम शीघ्र ही वह एकसुरी आवाज़^{F} सुनते-सुनते ऊब गए. **2.** एकरस, बेमज़ा : ~ work बेमज़ा काम; ~ life ≈ जीवन; ~ journey ≈ यात्रा^{F}. **monotony** मॅ नॉ'टॅनि *n*^{u}. **1.** एकस्वरता^{F}, एकसुरापन : ~ of her voice उसकी आवाज की ≈. **2.** एकरसता : I hate the ~ of this job मुझे इस काम की ≈ से घृणा^{F} है.

monsoon मॉन् सून' *n*^{c}. **1.** बरसात^F, मानसून^F : early ~ समय से पहले की ≈; this is known as southwest ~ यह दक्षिणी-पश्चिमी ≈ के रूप में जानी जाती है. **2.** (wind) बरसाती पवन : the ~ blows from the Indian Ocean ≈ भारतीय सागर से बहकर आती है.

monster मॉन्'स्टर *n*^{c}. **1.** दैत्य, दुष्ट : dreadful ~ भयंकर ≈; the bear is a real ~ वह रीछ सचमुच ≈ है. **2.** (huge) भीमकाय जानवर. **3.** विकलांग : he was a born ~ जन्म से वह ≈ है. **monstrous** मॉन्'स्ट्रॅस *a.* **1.** भीमाकार : ~ whale ≈ ह्वेल; have you seen such a ~ animal क्या तुमने इतना ≈ जानवर देखा है? **2.** (horrible) विकराल, विकट, डरावना [creature प्राणी, lie झूठ, shape आकार]; this ~ devil will make the children afraid यह ≈ शैतान बच्चों को डरा देगा.

3. (malformed) विरूप, विकलांग : ~ child ≈ बच्चा. 4. पैशाचिक, राक्षसी : ~ crime ≈ अपराध.

month मंथ *n*^c. महीना [cold ठंड़ा, hot गर्म, rainy बरसात का, pleasant सुहावना]; there are twelve ~s in a year, the first ~ is January एक साल में बारह महीने होते हैं, पहला ≈ जनवरी का है; he has been working at this plant for ~s वह महीनों से इस कारखाने में काम कर रहा है; we spent a ~ in the country हमने देहात में एक ≈ बिताया; he will pay you money at the end of this ~ वह इस महीने के अंत में तुम्हारा पैसा चुकता करेगा. **monthly** मंथ्'लि **I.** *a.* मासिक [meeting बैठक^F, payment भुगतान, salary वेतन, ticket टिकट]; it is a ~ magazine because new copies appear each month यह ≈ पत्रिका^F है क्योंकि^F नई प्रतियाँ^F हर महीने निकलती हैं. **II.** *n*^c. मासिक पत्रिका : I subscribe to a ~ मैं एक ≈ का ग्राहक हूँ.

monument मॉ'न्युमन्ट *n*^c. स्मारक [ancient प्राचीन, glorious शानदार, historical ऐतिहासिक, immortal अमर, modern अद्यतन, national राष्ट्रीय, public सार्वजनिक, simple साधारण, stately भव्य/शाही]; to erect a ~ in the memory of someone किसी की याद में ≈ बनाना; the ~ is to remind the people of those who died for the freedom of our county यह ≈ देश की स्वतंत्रता के लिए जान देने वालों की याद दिलाता है; Nelson's ~ London लंदन में नेल्सन का ≈. (fig.) **he was a ~ of learning** वे विद्या के कीर्तिस्तंभ थे.

mood मूड *n*^c. **1.** मनोदशा^F, भावदशा^F, मनःस्थिति^F [excellent उत्कृष्ट, gay प्रसन्न, wonderful अद्भुत]; people in a good ~ feel friendly and good-tempered अच्छी मनोदशा में लोग मित्रवत् और अच्छे मिज़ाज वाले लगते हैं; he is in a jolly ~ वह प्रसन्न भावदशा^F में है; he is in angry ~ वह नाराज़ है. **2.** (temper) मिज़ाज, तबियत^F : in the ~ for a talk बातचीत^F करने के मिज़ाज में; I am not in a ~ to argue with you मेरी तुमसे बहस करने की तबियत नहीं है. **3.** (whim) तरंग^F, मौज^F, सनक^F : a man of ~s मौजी/सनकी आदमी. **4.** (gramm.) क्रियार्थ, अर्थ, क्रियाभाव. **moody** मू'डि *a.* तुनुकमिजाज़, बदमिजाज़, चिड़चिड़ा : he is a ~ person वह ≈ व्यक्ति है. **2.** (changing) she is a ~ girl उस लड़की का मिज़ाज़ बदलता रहता है. [*ant.* gay]

moon मून **I.** *n.* चंद्रमा, चाँद [bright चमकीला, full पूर्ण, round गोलाकार]; the ~ came out from behind a cloud ≈ बादल के पीछे से निकला; the ~ is the brightest object in the night sky रात्रि^F के आकाश में ≈ सबसे चमकीला पदार्थ होता है; in the light of the ~ ≈ के प्रकाश (चाँदनी) में; to send a rocket to the ~ ≈ पर राकेट भेजना; even the ~ eclipses ≈ को भी ग्रहण लगता है; the children were sitting in the moon-light बच्चे ≈ के प्रकाश (चाँदनी) में बैठे थे. Δ **once in a blue ~** कभी-कभार : he is seen here once in a blue ~ कभी-कभार यहाँ दिखाई देता है. ~ **rise** चंद्रोदय; ~ **stone** चंद्रमणि. **II.** *v.i* (~ about) **1.** निरुद्देश्य या बेकार घूमना-फिरना : he is often seen ~ing about in the street वह अक्सर गलियों में बेकार घूमता दिखाई देता है. **2.** गुमसुम बैठा रहना : she was found ~ing about in her room उसे अपने कमरे में गुम-सुम बैठे पाया गया. **moonshine** *n*^u. अनाप-शनाप, बकबक [truly सचमुच, useless बेकार]; the tale is all ~ यह कहानी^F पूरी अनाप-शनाप है.

mop मॉप **I.** *n*^c. **1.** झाड़नी डंडा : we wash floors with a ~ हम झाड़नी डंडे से फ़र्श धोते हैं. **2.** (tuft) गुच्छा : ~ of hair on uncombed head बिना कंघा किए सिर पर बालों का ≈. **II.** *v.t.* (-pp-) पुचारे से साफ़ करना, पोंछना, : Sheela ~ped her floor last Sunday शीला ने पिछले इतवार को अपना फर्श पुचारे से साफ़ किया था. ~ **up** (i) साफ़ करना : to ~ up the dining table खाने की मेज़^F साफ़ करना; (ii) बचे-खुचे दुश्मनों का सफाया करना : to ~ up the troops of the beaten army हारी हुई सेना^F की बची-खुची टुकड़ी का सफ़ाया करना.

moped motorized pedal bicycle.

moral मॉ'रल **I.** *n*ᶜ. **1.** शिक्षा^F, सीख^F : what is the moral of the story you have read जो कहानी तुमने पढ़ी है उसकी शिक्षा क्या है ? to draw the ~ शिक्षा मिलना **2.** (maxim) सूक्ति^F, नीतिवचन : inspiring ~ प्रेरणास्पद ≈; ~s of great men must be followed महापुरुषों के नीति-वचनों का पालन किया जाना चाहिए **3.** आचार, आचरण : a man of loose ~s आचारहीन व्यक्ति **II.** *a.* **1.** नैतिक [courage साहस, duty कर्तव्य, obligation बाध्यता^F, problem समस्या^F, question प्रश्न, support समर्थन, victory विजय]; ~ science नीतिशास्त्र; you have no ~ right to refuse तुम्हें इंकार करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है; it is a ~ certainty that he will come यह नीतिसंगत निश्चय है कि वह आएगा; you should receive ~ training at home तुम्हें घर पर नैतिक प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए **2.** good शुद्ध : ~ behaviour ≈ व्यवहार **3.** चारित्रिक : girls in hostels are facing ~ dangers छात्रावास की लड़कियाँ चारित्रिक संकट का सामना कर रही हैं. **4.** ~ **sense** सद्सद-विवेक : a baby has no ~ sense बच्चे में कोई सदसद्-विवेक नहीं होता [*ant.* immoral]

morale मॅराल' *n.* हौसला, मनोबल : although our men had lost the battle yet their ~ was high यद्यपि हमारे जवान लड़ाई में हार गए फिर भी उनका ≈ ऊँचा था; the ~ of our team is excellent हमारी टीम^F का ≈ बढ़िया था; bombing would not down our nation's ~ बमबारी^F हमारे देश का हौसला पस्त नहीं कर पाएगी

morality मरै'लिटि *n*ᵘ. **1.** नैतिकता^F : ~ of a teacher अध्यापक की ≈; is there anything like the ~ of the slaves क्या गुलामों की ≈ नाम की कोई चीज़^F है ? **2.** नैतिक शिक्षा^F, उपदेश : imparting of ~ to the students is necessary छात्रों को नैतिक शिक्षा^F देना आवश्यक है.

more मॉर (comp. of much and many) **I.** *a.* और अधिक, और [books किताबें^F; danger ख़तरा, happiness सुख/प्रसन्नता^F, money धन, time समय]; do you need ~ food क्या तुम्हें और खाना चाहिए ? these words have ~ meanings इन शब्दों के कुछ अधिक अर्थ हैं; there are ~ boys to come yet अभी और लड़के आने हैं; it will take more time to finish इसे समाप्त करने में और समय लगेगा; he is no ~ वे अब नहीं रहे हैं. **II.** *adv.* और, से अधिक : give him twice ~ उसे दुगुना और दो; he is ~ patient than I वह मुझसे अधिक धैर्यवान है; mango is~delicious than peach आम आड़ू से अधिक रसाला हाता है. **III.** *n*ᶜ. अधिक, और : I can bring you more मैं आपको और ला सकता हूँ; would you like some ~ क्या तुम कुछ और चाहोगे ? there was much ~ left वहाँ अभी और बहुत कुछ बचा था; I have no ~ to say मुझे और कुछ नहीं कहना है; I hope to see ~ of you मुझे आशा है कि तुम्हारे बारे में और देखने को मिलेगा; the ~, the merrier जितना अधिक, उतना आनंदमय; the ~ one has, the ~ he wants जितना अधिक किसी के पास है उतना अधिक वह और चाहता है; and ~ ≈ अधिकाधिक : I am ~ and ~ convinced मैं अधिकाधिक आश्वस्त हूँ; I like him ~ and ~ मैं उसे अधिकाधिक चाहता हूँ; ~ or less लगभग, प्राय: the words have ~ or less the same meaning इन शब्दों के लगभग वही अर्थ हैं. ~ **over** *adv.* इसके अतिरिक्त, इसके अलावा : you cannot go out because it is a stormy night ~over your work has not been done तुम बाहर नहीं जा सकते क्योंकि यह तूफानी रात^F है, ≈ तुमने अपना गृहकार्य भी पूरा नहीं किया [*ant.* less]

morn., morning मॉर्'निङ्ग **I.** *n*ᶜ. सुबह^F, प्रभात [clear साफ़, cold ठंडी, pleasant सुहावनी, quiet शांत, rainy बरसाती]; I'll meet you at six o'clock in the morning मैं ≈ छ: बजे आपसे मिलूँगा; this shop remains open from ~ to night यह दुकान^F ≈ से रात तक खुली रहती है. **good** ~ नमस्ते. **II.** *a.* प्रातःकालीन, सवेरे का [bath स्नान, call बुलावा, meal भोजन]; ~ tea सुबह^F की चाय^F; ~ walk सुबह की सैर^F; I always say the ~ prayer मैं हमेशा प्रातःकालीन प्रार्थना^F करता हूँ.

~ **star** शुक्र तारा. [*ant*. evening]

morose मॅरोस' *a.* **1.** चिड़चिड़ा, रूखा [behaviour व्यवहार, mood मिजाज़, nature स्वभाव]; I fear his ~ habit मैं उसकी चिड़चिड़ी आदत^F से डरता हूँ. **2.** उदास : he is so ~ that he will not speak to you वह इतना ≈ है कि आप से बात^F तक नहीं करेगा.

morsel मॉर्'सल **I.** *n*^c. (mouthful) ग्रास, कौर : a ~ of food is very small quantity भोजन का एक ≈ बहुत कम मात्रा में होता है; a ~ of cheese पनीर का एक ≈. **II.** *v.t.* छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित करना, थोड़ा-थोड़ा करके बाँटना : to ~ a cake केक को ≈.

mortal मॉर्'टल **I.** *n*^c. मर्त्य, मनुष्य : we ~s have so many faults हम मर्त्यों में इतने सारे दोष हैं. **II.** *a.* **1.** मरणशील, नश्वर, अनित्य [beings जीव, creatures प्राणी]; man is ~ मनुष्य ≈ है; all living beings are ~ सभी जीवित प्राणी ≈ हैं. **2.** (fatal) घातक, प्राण-घातक [accident दुर्घटना^F, disease बीमारी^F, fever बुखार, fight युद्ध, pain कष्ट, wound घाव]; a ~ blow is one that kills घातक प्रहार वह है जो मार डालता है. **3.** (contexts) ~ shame असह्य लज्जा^F; to wait for a ~ time अत्यंत लंबे समय तक प्रतीक्षा^F करना. [*ant*. immortal] **mortality** मॉर्टै'लिटि *n*^u. **1.** मृत्यु-संख्या^F : the ~ from diphtheria is now very small डिप्थीरिया से ≈ अब बहुत कम है; ~ in the war युद्ध में ≈. **2.** a high rate of ~ उच्च मृत्युदर. **3.** नश्वरता^F : ~ of living beings सजीव प्राणियों की ≈.

mortar मॉर्'टर **I.** *n.* **1.** गारा, मसाला : ~ and bricks गारा और ईंटें; you make ~ by mixing sand, lime and water तुम बालू, चूना और पानी मिलाकर ≈ बनाते हो. **2.** ऊखल, ओखली^F : ~ and pastle ≈ और मूसल; we put chillies in a ~ and crush them with a pestle into powder हम लाल मिर्चें ≈ में डालते हैं और मूसल से कूट-पीसकर चूरा बना लेते हैं. **II.** *v.t.* गारा लगाना, गारे से जोड़ना : to ~ bricks गारे से ईंटें जोड़ना.

mortgage मॉर्ट'गिज **I.** *n*^c. **1.** बंधक, गिरवी, रेहन : to keep the property in ~ संपत्ति^F ≈ रखना; a ~ for Rs. 15,000 पंद्रह हज़ार रुपये में ≈. **2.** (deed) बंध-पत्र, रेहननामा : he executed a ~ in favour of his neighbour उसने अपने पड़ोसी के पक्ष में एक रेहननामा लिखा. **II.** बंधक या गिरवी रखना : I have ~d my house for a loan of Rs. 2,00,000 दो लाख रुपए के ऋण के बदले मैंने अपना मकान रेहन रख दिया है.

mosaic मॅज़े'इक *n*^c. मोज़ेक, पच्चीकारी [floor फर्श, pavement पत्थरी फर्श]; ~ is a piece of ornamental work ≈ एक सजावटी काम होता है.

mosque मॉस्क *n*^c. मस्जिद^F [dignified शानदार, old पुरानी, shattered टूटी-फूटी]; it was the biggest ~ in the village गाँव में यह सबसे बड़ी ≈ थी; on Fridays the Muslims assemble in ~s to say their prayers हर जुम्मे के दिन मुसलमान नमाज़ पढ़ने के लिए ≈ में जमा होते हैं.

mosquito मॅस् की'टो *n*^c. (*pl.* -es) मच्छर [dangerous ख़तरनाक, poisonous विषैले]; the prick of the ~ may cause malaria मच्छरों की चुभन^F से मलेरिया हो सकता है; it is hard to sleep in the night because of ~ मच्छरों के कारण रात^F में सोना मुश्किल होता है; ~es suck blood ≈ खून चूसते हैं; he is bitten by ~ es उसे मच्छरों ने काटा है; ~ **net** मसहरी^F, मच्छरदानी^F.

moss मॉस *n.* काई : ~ grows on rocks, trees, etc. ≈ चट्टानों और पेड़ों पर उगती है; remove the ~ from the wall to make it safe दीवार^F को सुरक्षित रखने के लिए ≈ हटा दो. Δ **a rolling stone gathers no ~** बेपेंदा लोटा कहीं टिकता नहीं.

most मोस्ट **I.** *n*^u. (superlative of much and many) अधिकांश, अधिकतर : ~ of them are my friends उनमें से अधिकतर मेरे मित्र हैं; ~ of the me.nbers have promised to come अधिकतर सदस्यों ने आने का वचन दिया है; ~ of the people अधिकतर लोग; ~ of his money उसके धन का अधिकांश; he spends ~ of his time in writing वह अपना अधिकांश समय लिखने में व्यतीत करता है; make the ~ of this opportunity इस अवसर का पूरा-पूरा लाभ उठाओ; you should

not hope for the ~ तुम अधिक की आशा^F मत रखो; this is the ~ I can do सबसे अधिक मैं इतना ही कर सकता हूँ. Δ **at the ~** अधिक से अधिक : at the ~ I can lend you a hundred rupees अधिक से अधिक मैं तुम्हें सौ रुपए उधार दे सकता हूँ. **II.** *a.* अधिकतम, सबसे अधिक [money पैसा, need आवश्यकता^F, work काम]; ~ men like meat अधिकतर लोग मांस पसंद करते हैं; ~ birds can fly अधिकतर चिड़ियाँ उड़ सकती हैं. Δ **for the ~ part** मुख्यतः : summer in India is for the ~ part hot and dry भारत में ग्रीष्मकाल मुख्यतः गरम और खुश्क होता है. **III.** *adv.* सबसे अधिक, सर्वाधिक : he was the ~ offensive वह सबसे अधिक आक्रामक था; it is the ~ wonderful object यह सबसे आश्चर्यजनक पदार्थ है; the ~ progressive movement अधिकतम विकासोन्मुख गतिविधि^F; it was the ~ serious danger to him यह उसके लिए सर्वाधिक गंभीर खतरा था; the ~ important question is that... सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह है कि...; he is the ~ intelligent boy वह ≈ समझदार लड़का है; we are ~ concerned with it हम ≈ इससे जुड़े हैं; we are ~ pleased to hear it हम इसे सुनकर ≈ प्रसन्न हैं; I like travelling ~ मुझे यात्रा^F ≈ पसंद है; what you need ~ is practice जिसकी तुम्हें सर्वाधिक आवश्यकता^F है वह है अभ्यास. Δ **at (the) ~** अधिक-से-अधिक : it will take half an hour at the ~ इसमें अधिक से अधिक आधा घंटा लगेगा. [*ant.* least] **mostly** मोस्ट'लि *adv.* अधिकतर, ज्यादातर : the telephone calls are ~ for you टेलीफोन के बुलावे ≈ तुम्हारे लिए होते हैं; the trees in this orchard are ~ apple trees इस बगीचे में ≈ पेड़ सेव के हैं; he comes ~ at this time ≈ वह इसी समय आता है; the peaches were ~ unripe आड़ू अधिकांशतः कच्चे थे.

moth मॉथ *n.* पतंगा; कीड़ा (कपड़े का) [injurious हानिकारक, winged पंखदार]; ~s lay their eggs in clothes, etc. कपड़े के कीड़े अपने अंडे कपड़ों आदि में देते हैं; ~ -eaten clothes कीड़ों के खाए हुए कपड़े.

mother म'दर **I.** *n*^c. माँ, माता [devoted भक्त, kind दयालु, loving स्नेहशील, strict सख्त, tender नम्र]; she is like his ~ वह उसकी ≈ के समान है; she is the ~ of four children वह चार बच्चों की ≈ है; when a woman has a baby she becomes a mother जब औरत को बच्चा होता है तो वह ≈ बन जाती है; she went with her ~ वह अपनी ≈ के साथ गई; necessity is the ~ of invention आवश्यकता^F आविष्कार की जननी है. [*masc.* father] **motherhood** *n.* मातृत्व. **mother-in-law** *n*^c. सास : mother of husband or wife is ~ पति या पत्नी की माँ ≈ होती है. **motherland** *n*^c. मातृभूमि^F : beautiful ~ सुन्दर ≈; India is my ~ भारत मेरी ≈ है; I love my ~ very much मुझे अपनी ≈ से बहुत प्यार है. **motherless** *a.* मातृहीन [calf बछड़ा, child बच्चा, lamb मेमना]; this boy is ~, he must be properly fostered यह लड़का ≈ है, उसका समुचित पालन-पोषण किया जाना चाहिए. **mother tongue** *n.* मातृभाषा^F : Hindi is our ~ हिंदी हमारी ≈ है. **II.** *v.t.* **1.** (give birth to) को जन्म देना : she ~ed a baby उसने बच्चे को जन्म दिया. **2.** (care for like a mother) माँ की तरह देखरेख^F करना : Auntie ~s the four children मौसी चारों बच्चों की माँ की तरह देखरेख^F करती है; the matron ~ed the boys अधीक्षिका ने लड़कों की देखरेख^F की.

motion मो'शन *n*^u. **1.** गति^F, चाल^F [constant अनवरत, perpetual लगातार, rapid तेज़, slow धीमी]; the train is in ~ रेलगाड़ी^F चल पड़ी है; the ~ of the stars तारों की गति^F; to set or put engine in ~ इंजन को चालू करना; to put or set a plan in ~ कोई योजना^F चालू करना. **2.** *n*^c. (gesture) इंगित, इशारा : the ~ of the hand हाथ के इशारे; none could follow the ~s of his hands कोई भी उसके हाथों के इशारों को नहीं समझ सका. **3.** (proposal) प्रस्ताव : adjournment ~ काम रोको प्रस्ताव; cut ~ कटौती प्रस्ताव; the ~ of confidence was adopted by a large majority विश्वास ≈

बहुमत से स्वीकार कर लिया गया; does anyone wish to put up a ~ क्या कोई व्यक्ति ≈ लाना चाहता है ? **4.** (easing) झाड़ा, टट्टी^F : the doctor gave him a purgative and the patient had three ~s डाक्टर ने जुलाब दिया और मरीज़ को तीन टट्टियाँ आ गईं. **5.** अशांति^F, अस्थिरता^F [great अत्यधिक, momentary क्षणिक]; the ~ continued for two months अशांति दो महीने तक जारी बनी रही. ~ **picture** सिनेमा-चित्र, चलचित्र.

motionless मो'शनलेंस *a.* निश्चल, गतिहीन : ~ figure ≈ आकृति^F; we stood ~ as if turned into stones हम ≈ खड़े रह गए जैसे कि पत्थर हो गए हों; the dog remained ~ when ordered to stop जब कुत्ते को रुक जाने का आदेश दिया गया तो वह निश्चल रह गया. [*ant*. mobile]

motive मो'टिव़ *n*^c. **1.** प्रेरणा^F : ~ power ≈ शक्ति^F, प्रेरक शक्ति^F; on whose ~ did he do this किसकी प्रेरणा से उसने ऐसा किया. **2.** (of person) प्रेरक : he is his true ~ वे उसके सच्चे ≈ हैं. **3.** (aim) उद्देश्य : real ~ वास्तविक उद्देश्य; what was your ~ in coming here यहाँ तुम्हारे आने का क्या उद्देश्य था ? **4.** (cause) कारण, हेतु : what was the ~ of his crime उसके अपराध का क्या ≈ था ? what was the ~ for the boy's attack on you तुम पर लड़कों के आक्रमण का क्या ≈ था ?

motor मो'टर **I.** *n*^c. मोटर^F [electric बिजली की, powerful शक्तिशाली] there is something wrong with the ~ मोटर में कुछ खराबी है; it is driven by ~ यह ≈ से चलाया जाता है. ~ **boat** मोटर नौका^F; ~ **cycle** मोटर साइकिल^F; ~ **race** मोटर दौड़^F; ~ **spares** मोटर के पुरज़े; ~ **vehicle** मोटरगाड़ी^F. **II.** *a.* प्रेरक, चालक [nerves तंत्रिकाएँ, power शक्ति^F, system तंत्र] **III.** *v.i.* मोटरगाड़ी^F से जाना : we ~ed to Calcutta हम मोटरगाड़ी से कलकत्ता गए.

motto मॉ'टो *n*^c. (-s) आदर्श वाक्य, सिद्धांत सूत्र, नीतिवचन : my ~ is 'live and let live' मेरा ≈ है 'जियो और जीने दो'; our school's ~ is 'work hard' हमारे स्कूल का ≈ है 'परिश्रम करो'.

mould मोल्ड **I.** *n*^c. **1.** साँचा; excellent ~ उत्कृष्ट; ≈; they put molten metal in a ~ वे सांचे में पिघली हुई धातु^F डालते हैं; a good ~ may make good articles अच्छा ≈ अच्छे सामान बना सकता है. **2.** (nature) स्वभाव : a man of heroic ~ वीरोचित ≈ का आदमी. **3.** (earth) ढीली-मिट्टी^F, दोमट-मिट्टी^F : to grow plants in the ~ ≈ में पौधे उगाना. **II.** *v.t.* **1.** साँचे में ढालना : to ~ metals धातुओं^F को ≈; to ~ the idols of various deities विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियाँ^F ढालना. **2.** (fig.) to ~ smb's character किसी के चरित्र को ढालना.

mound मॉउन्ड *n*^c. **1.** टीला, भीटा [ancient प्राचीन, high ऊंचा, small छोटा]; he was sitting on the ~ and grazing his animals वह टीले पर बैठा जानवरों को चरा रहा था. **2.** (pile) ढेर : a ~ of answer books उत्तरपुस्तकों^F का.

mount माउन्ट **I.** *n*^c. **1.** पर्वत (*abbr*. Mt.) the highest mountain in the world is Mt. Everest एवरेस्ट पर्वत दुनिया^F के पर्वतों में सबसे ऊंचा है. **2.** (support) आधार : a cup fixed on a wooden ~ लकड़ी के ≈ पर जड़ा कप. **3.** चौखटा : a ~ for a picture चित्र के लिए ≈. **4.** सवारी : his ~ is a young horse उसकी सवारी एक जवान घोड़ा है. **II.** *v.t.* **1.** चढ़ना : ~with difficulty कठिनाई से ≈; to ~ a hill, ladder पहाड़ी^F, सीढ़ी^F पर चढ़ना. **2.** चढ़ना, सवार होना : he cannot ~ a horse वह घोड़े पर सवारी^F नहीं कर सकता. [*ant*. dis ~] **3.** बढ़ना : my expenses ~ed up मेरे खर्च बढ़ गए; price of rice has ~ed चावल के दाम बढ़ गए हैं. **4.** जड़ना to ~ a picture on a cardboard दफ़्ती^F पर चित्र ≈. **5.** to ~ an offence आक्रमण करना .

mountain मॉउन'टन **I.** *n*^c. **1.** पर्वत, पहाड़ [high ऊंचा, snowy बर्फ़ीला]; at the top of a ~; ≈ के शिखर पर; fly over the ~ ≈ के ऊपर से उड़ना; the climb on the ~ is not so easy ≈ की चढ़ाई^F इतनी आसान नहीं है; as you climb higher up the ~ it becomes so cold that rocks are covered with snow जब तुम ≈ की ऊंचाई^F पर चढ़ जाते हो तो इतनी ठंड हो जाती है कि चट्टानें^F बर्फ़ से ढक जाती हैं. Δ to move ~s हर संभव प्रयास कर

देखना. ~ **range** पर्वत-शृंखला^F. **2.** (large mount). ढेर : a ~ of books पुस्तकों^F का भारी ≈. **II.** *a.* पर्वतीय, पहाड़ी [pass दर्रा, plants पौधे, range श्रेणी^F, river नदी^F, scenery दृश्यावली^F]. **mountaineer** मॉउन्‌टॅनिअर' *n*^c. पर्वतारोही [courageous साहसी, powerful शक्तिशाली]; the ~ tried his best to reach up Mt. Everest but could not पर्वतारोही ने एवरेस्ट पर पहुँचने का भरसक प्रयास किया लेकिन पहुँच न पाया . **mountainous** मॉउन्'टॅनस *a.* **1.** पहाड़ी, पर्वतीय [country देश, region क्षेत्र, soil मिट्टी^F]; there is much less production of crops on the ~ districts पर्वतीय जिलों में फ़सल^F का उत्पादन बहुत कम होता है. **2.** very big बहुत ऊँची : ~ waves ≈ लहरें^F.

mourn मॉर्न *v.t.* (grieve) शोक मनाना, मातम करना या मनाना : to ~ for a man is to feel very sorry because he is dead किसी व्यक्ति के लिए मातम करना बहुत दुःख का अनुभव करना है क्योंकि वह मर गया है; to ~ for smth किसी बात पर^F दुःख मनाना; we ~ed the death of Morarji हमने मोरारजी के निधन पर शोक/मातम मनाया; to ~ over the mistakes of someone किसी की गलतियों पर दुःखी होना. [*ant.* rejoice] **mourning** मॉर'निङ्ग *n.* शोक, मातम : deep गहरा ≈; we are in ~ for someone हम किसी का ≈ मना रहे हैं; all were plunged into ~ सभी लोग शोक में डूबे थे; to go into ~ मातम मनाना.

mouse माउस *n*^c. (*pl.* mice) चूहा, चुहिया^F : a cat caught the ~ as it ran out of its hole into the kitchen जैसे ही ≈ अपने बिल से दौड़कर रसोई^F में गया, बिल्ली ने उसे पकड़ लिया; cats hunt mice बिल्लियाँ चूहों का शिकार करती हैं; you little ~ of a girl अरी चुहिया-सी लड़की. Δ **to play cat and ~ with smb** किसी के साथ क्रूर व्यवहार करना. (comb.) ~**trap** चूहेदानी^F; **field** ~ मूस.

moustache मस्‌टाश' *n*^c. मूँछ : ~s grow on the upper lip मूँछें ऊपरी होंठ पर आती हैं; to twist one's ~ अपनी ≈ ऐंठना.

mouth माउथ *n*^c. **1.** मुँह, मुख [beautiful सुंदर, neat साफ़, small छोटा, ugly भद्दा]; put the sweet in your mouth and eat it मिठाई^F अपने मुँह में डालो और उसे खा लो; he made a ~ at me उसने मुझ पर मुंह बनाया; he kept his ~ shut उसने अपना मुँह बंद रखा; ~ of a cave, bottle गुफा, बोतल का मुँह. **we have five ~s to feed** हमें पाँच प्राणियों का पेट पालना है; **this sounds strange in your ~** यह बात^F तुम्हारे मुँह से अच्छी नहीं लगती; **to make smb's ~ water** मुँह में पानी भर आना; **to put words into smb's ~** किसी से कुछ बात^F कहलवाना; **to take words out of smb's ~** किसी की बात^F पहले ही कह देना; by **word** of ~ मुँहज़बानी (as message संदेश). **2.** (of river) मुहाना, दहाना [big बड़ा, wide चौड़ा]; the ~ of the Ganga near the Bay of Bengal बंगाल की खाड़ी^F के पास गंगा^F का ≈.

movable मू'व़बल *a.* चलनशील, चल, जंगम [effects सामान, furniture फर्नीचर]; he sold all his ~ property to his neighbour for a small amount उतनी थोड़ी सी रकम^F में अपनी सारी ≈ संपत्ति^F पड़ोसी को बेच दी.

move मूव **I.** *n*^c. **1.** चेष्टा^F : it was a good ~ on his part उसने अपनी तरफ़^F से अच्छी ≈ की. **2.** (action) कार्रवाई^F, युक्ति^F : suitable ~ उचित ≈; the government did not make a good ~ in this matter इस मामले में सरकार^F ने उचित ≈ नहीं की. **3.** (in chess etc.) चाल^F : I have just played, now it is your ~ मैंने अभी खेला है अब आपकी चाल है; let us make a ~ हम चलें; the train is on the ~ गाड़ी चल पड़ी है. **II.** *v.t.* **1.** हटाना, खिसकाना : we could not ~ the heavy table हम भारी मेज़ को नहीं खिसका सके; she moved the books aside उसने किताबें^F एक तरफ हटा दीं; she moved the picture nearer उसने चित्र को और पास खिसकाया; we shall need a tractor to ~ the stone पत्थर को खिसकाने के लिए हमें ट्रैक्टर की आवश्यकता^F होगी. **2.** हिलाना : you cannot ~ the tree तुम पेड़ नहीं हिला सकते. **3.** झंझोड़ना : the wind ~s the trees हवा^F वृक्षों को झंझोड़ती है. **4.** प्रभावित करना

the story ~d me greatly कहानी^F ने मुझे बहुत प्रभावित किया. **5.** प्रेरित करना : I could not ~ him to speak मैं उसे बोलने के लिए प्रेरित न कर सका. **6.** प्रस्ताव रखना : somebody ~d that the meeting be adjourned किसी ने प्रस्ताव रखा कि बैठक^F स्थगित की जाए; the resolution was ~d by Mr. B श्री ब ने प्रस्ताव रखा. **III.** *v.i.* **1.** चलना, चलना-फिरना : people are moving about लोग चल-फिर रहे हैं; the doctor said, the patient must not ~ डाक्टर ने कहा कि रोगी को चलना-फिरना नहीं चाहिए; ~ with the times ज़माने के साथ चलो. **2.** आगे बढ़ना : his business is not moving उसका व्यवसाय आगे नहीं बढ़ रहा है; the whole crowd ~d forward सारी भीड़^F आगे बढ़ी; we were afraid to ~ ahead हम आगे बढ़ने में डरते थे. **3.** हिलना : he fell down and could not ~ वह गिरा और हिल न सका. do not ~ until I tell you जब तक मैं न कहूँ, हिलना मत. **4.** *v.t.* घर या जगह बदलना: to ~ house मकान बदलना : the office has been ~d to the third floor कार्यालय तीसरी मंज़िल पर बदल गया है. Δ to ~ **into a** new house नए मकान में आ बसना; ~ **on** चलते चलो; ~ **out** हट जाओ; ~ **up** आगे बढ़ो; to ~ **heaven and earth** पूरा प्रयास करना; we shall ~ heaven and earth to achieve our goal हम अपना ध्येय पूरा करने के लिए पूरा प्रयत्न करेंगे. **movement** मूव'मन्ट *n*^c. **1.** गति^F, चाल^F [rapid तेज़, slow धीमी, sudden एकाएक]; the ~ of the troops was not satisfactory सेना^F की चाल संतोषजनक नहीं थी; there is no ~ after sunset सूर्यास्त के बाद कोई चलता-फिरता नहीं है. **2.** (*pl*). गतिविधि^F: ~ of the chief of the union संघ के प्रमुख की ≈; to watch the ~s of a youth किसी युवक की ≈ की निगरानी^F करना. **3.** (action) चेष्टा: a ~ to reform the law कानून में सुधार लाने की ≈. **4.** आंदोलन [slow धीमा, violent उग्र]; thousands joined the ~ for abolition of sati सती प्रथा^F को हटाने के लिए हज़ारों लोग आंदोलन में शामिल हो गए; the ~ was gaining strength आंदोलन को बल मिल रहा था. **5.** (tendency) प्रवृत्ति^F, झुकाव : the ~ of population from the country to the town जनता^F का देहात से कस्बे की तरफ झुकाव; ~ of prices कीमतों^F का झुकाव/उतार-चढ़ाव.

movie मू'व़ि *n*^c. चलचित्र : I always enjoy the ~ मैं हमेशा ≈ का आनंद लेता हूँ; we'll go to the ~s tomorrow कल हम सिनेमा देखने जाएँगे.

mow मो *v.t.* **1.** काटना : farmers are ~ing their crops in their fields किसान अपने खेतों में अपनी-अपनी फसलें काट रहे हैं; I cannot ~ grass with a scythe, so I use a lawnmower मैं हँसुए से घास^F की कटाई^F नहीं कर सकता इसलिए मैं कटाई-मशीन^F का प्रयोग करता हूँ. **2.** मार डालना : to ~ a man down in the field किसी व्यक्ति को खेत में मार डालना.

M.P. Member of Parliament; Madhya Pradesh.

Mr. Mister.

M.S. manuscript.

M.Sc. Master of Science.

Mt. mountain.

Mrs. मिसिज *n*^u. श्रीमती : ~ Sethi, your wife ~ ≈ सेठी तुम्हारी ≈/पत्नी

much मच **I.** *a.* [more, most]; (used with singular uncountable nouns) बहुत [food भोजन, money धन, noise शोर, rain वर्षा, salt नमक]; there is not ~ time left अधिक समय नहीं बचा है; if there is ~ rain the fields will be flooded यदि अधिक वर्षा^F होगी तो खेत पानी से भर जाएँगे; I don't have ~ interest in cricket मेरी क्रिकेट में कोई बहुत दिलचस्पी^F नहीं है. **so much** इतना : do not make so ~ cry इतनी चिल्लाहट^F मत करो; **how** ~ कितना : how ~ time has been left कितना समय बचा है; how ~ material will I need मुझे कितने सामान की आवश्यकता होगी ? **II.** *adv.* बहुत : ~ better ≈ अच्छा; ~ longer और लंबा; it is a ~ more interesting drama यह ≈ अधिक दिलचस्प नाटक है; have we ~ further to

go क्या हमें और अधिक आगे जाना है ? he is ~ annoyed वह ≈ नाराज़/परेशान है; do you know ~ about him क्या तुम उनके बारे में ≈ जानते हो ? I like the picture very ~ मैं चित्र ≈ पसंद करता हूँ; I am very ~ interested about this subject मुझे इस विषय में ≈ दिलचस्पी है; he gave me ~ good advice उसने मुझे अच्छी सलाह^F दी; I am ~ obliged मैं ≈ कृतज्ञ हूँ; I have not thought ~ about it मैंने इस बारे में ≈ नहीं सोचा है; your horse is ~ bigger than ours तुम्हारा घोड़ा हमारे घोड़े से ≈ बड़ा है. Δ **he is too ~ for me** वह मुझसे ज्यादा होशियार है; he is not ~ of a player वह अच्छा खिलाड़ी नहीं है; I do not think ~ of him उसके बारे में मेरी राय^F अच्छी नहीं है. as ~ उतना, जितना; ~ as यद्यपि : ~ as I wished to go, I could not यद्यपि मैं जाना चाहता था, लेकिन न जा सका. [*ant*. little].

mud मड *n*^u. कीचड़ : his shoes were covered with ~ उसके जूते ≈ से भर गए; the car got stuck in the ~ कार^F ≈ में फँस गई; fling/throw ~ at smb किसी पर ≈ उछालना. ~ **house** कच्चा घर; ~ **wall** गारे की दीवार^F.

muddle मॅडल I. *n*^u. 1. गड़बड़ी, अव्यवस्था^F: my papers are in such a ~ that it is difficult to find the one you want मेरे काग़ज़ इतने गड़बड़ हैं कि जो काग़ज़ तुम चाहते हो उसे पाना कठिन है; to make ~ of a business व्यापार में ≈ करना. ~ **-headed** मूढ़ ~ boy ≈ लड़का; 2. (mental) घबराहट^F, बेचैनी^F: to live in a ~ घबराहट में जीना; my head is in a ~ मैं घबराहट में हूँ, मेरा दिमाग गड़बड़ हो रहा है. if your mind is in a ~, you can't think clearly यदि तुम्हारा मन बेचैन हो तो तुम साफ़-साफ़ नहीं सोच सकते. 3. घाल-मेल. II. *v.t.* 1. (jumble) गड़बड़ कर देना, अस्त-व्यस्त कर देना : to ~ the accounts खातों को अस्त-व्यस्त करना. 2. बेतरीके काम करना या रखना : if you ~ the papers, you will have to put them back in order यदि तुम काग़ज़ों को बेतरीके रखते हो तो तुम्हें इन्हें पुनः क्रम से रखना होगा; to ~ one's work बेतरीके अपना काम करना. 3. मदहोश कर देना, मतवाला कर देना : he was ~d with drink वह शराब पीकर मदहोश हो गया था; I feel a bit ~d मुझे कुछ मदहोशी^F हो रही है.

muddy म'डि *a*. 1. कीचड़-भरा, पंकिल [place स्थान, way रास्ता]; ~ lake कीचड़-भरी झील^F; when you walk on a ~ ground, your shoes are covered with mud जब तुम कीचड़दार ज़मीन पर चलते हो तो तुम्हारे जूते कीचड़ से लथपथ हो जाते हैं; this lane is ~ in wet weather गीले मौसम में यह गली^F कीचड़दार हो जाती है. 2. (dull) धुँधला : ~ colour ≈ रंग. 3. अस्पष्ट : ~ thought ≈ विचार.

muffler मफ़्'लर *n*^c. गुलूबंद [costly कीमती, useful उपयोगी, woollen ऊनी]; a ~ protects the ears and chest from cold ≈ कानों और छाती की ठंड^F से रक्षा करता है.

mug मग *n*^c. प्याला, मग्गा [china चीनी मिट्टी^F का, earthen मिट्टी^F का, small छोटा]; to drink a ~ full of beer एक प्याला भर बियर पीना; make a ~ of coffee कॉफ़ी का एक ≈ बना दो.

mulberry मल्'बरि *n*. तूत, शहतूत : a ~ tree has fruitlike big dark berries and its leaves provide food for silk worms ≈ के पेड़ के फल बड़े काले बेर की तरह होते हैं और इसकी पत्तियाँ रेशम के कीड़ों का भोजन बनाती हैं.

mule म्यूल *n*^c. खच्चर : ~s are used to draw the carts खच्चरों का प्रयोग गाड़ियाँ^F खींचने के लिए किया जाता है. 2. (obstinate person) अड़ियल या हठी व्यक्ति : he is as stubborn as a ~ वह खच्चर की तरह अड़ियल है.

multi coloured मॅल्'टि कलर्ड *a*. बहुरंगा, रंगबिरंगा [clothes कपड़े, sheet चादर]; ~ wings of a butterfly तितली के बहुरंगे पंख.

multiplication मल्टिप्लिके'शन *n*^u. गुणा, गुणन : exact ~ सही ≈; by ~ of 2 and 8 we get 16 दो और आठ का ≈ सोलह होता है.

multiply मॅल्'टिप्लाइ *v.t.* 1. गुणा करना : ~ one number by another एक संख्या^F को दूसरी संख्या^F से ≈, if you ~ four and three, the answer is twelve; यदि तुम चार और तीन का गुणा करो तो उत्तर बारह आएगा.

2. (to breed). बढ़ना : certain animals ~ rapidly कुछ जानवर तेजी से बढ़ते हैं. 3. (increase) बढ़ना : troubles ~ as one grows older परेशानियाँ^F बढ़ती हैं जैसे-जैसे उम्र^F बढ़ती है. 4. ढेर करना : to ~ instances बहुत से दृष्टांत देना.

multitude मल्'टिट्यूड *n.* जनसमूह, भीड़भाड़^F: the ~ filled the huge stadium भीड़^F ने स्टेडियम को भर दिया; the child was lost among the ~ बच्चा भीड़^F में खो गया; a ~ of people assembled in the stadium स्टेडियम में बहुसंख्या^F में लोग इकट्ठा हो गए.

mum मम *a.* चुप, मौन : keep ~ about this इस बारे में चुप रहो. Δ **~ is the word** इस मामले में चुप रह जाओ.

mumble मम्'बल *v.i.* गुनगुनाना, फुसफुसाना : don't ~, speak clearly गुनगुनाओ मत, साफ़-साफ़ बोलो; he was mumbling indistinctly वह अस्पष्ट रूप से गुनगुना या फुसफुसा रहा था.

mummy म'मि *n*^c. (mummies) ममी, संरक्षित शव : ancient ~ प्राचीन काल का =; ~ is an old dead body ममी पुराने समय का शव है. Δ **to beat smth to a ~** कूट-कूटकर भरता कर देना.

mumps मम्प्स *n*^u. कनपेड़ा, गलसुआ, कर्णमूल [dangerous खतरनाक, harmful नुकसानदायक, infectious संक्रामक]; he suffers from ~ वह = से पीड़ित है; ~ is an illness of glands in the neck = गर्दन की ग्रंथियों^F की एक बीमारी है.

munch मंच *v.t.* चबाना : horses ~ hay घोड़े भूसा चबाते हैं; he was ~ing grains of gram वह चने के कुछ दाने चबा रहा था.

municipal म्यूनि'सिपल *a.* नगरीय, नगर [building भवन, bus बस^F, corporation निगम, transport परिवहन]; ~ gas supply नगर गैस आपूर्ति^F; ~ law = कानून. **municipality** म्यूनिसि पै'लिटि *n*^c. (-ties) नगरपालिका^F : ~ is an autonomous local body = एक स्वायत्त स्थानीय निकाय है; ~ elections will be held next month = के चुनाव अगले महीने होंगे.

murder मर्'डर I. *n*^c. (नर) हत्या^F, खून [barbarous पाशविक, brutal नृशंस]; he committed ~ उसने हत्या^F की; he was accused of ~ उस पर हत्या का अभियोग था; if you kill someone intentionally, that is ~ यदि तुम किसी को जानबूझकर मारते हो, तो वह हत्या है; he was arrested for the ~ of his daughter वह अपनी बेटी की हत्या के लिए गिरफ्तार किया गया; ~ will out हत्या प्रकट हो ही जाती है. II. *v.t.* हत्या/कत्ल/खून करना : he was ~ed उसका खून कर दिया गया; he ~ed John and was sentenced to death उसने जान की हत्या कर दी और मृत्युदंड पाया. (fig.) **she simply ~ed that song** उसने बस उस गीत का खून (नाश) कर दिया. **murderer** मर्'डॅरर *n*^c. हत्यारा [coward कायर, notorious कुख्यात, professional व्यावसायिक, weak कमज़ोर]; the police have caught the ~ पुलिस ने हत्यारे को पकड़ लिया है. [*fem.* murderess]

murmur मर्'मर I. *v.t.* 1. मरमराना, सरसराना : the wind was ~ing हवा^F सरसरा रही थी; the stream was ~ing नदी^F कल-कल करती जा रही थी. 2. (grumble) बड़बड़ाना, भुनभुनाना : she ~ed something in his ears वह उसके कान में कुछ बड़बड़ाई. 3. (mumble) गुनगुनाना, फुसफुसाना : the patient ~ed a few words रोगी ने थोड़े से शब्द फुसफुसाए. II. *n*^c. 1. मरमराहट^F, सरसराहट^F : the ~ of leaves पत्तों की सरसराहट; ~ of bees मधुमक्खियों^F की भनभनाहट^F; the ~ of a running stream बहते हुए नाले की कलकल^F; ~ of winds हवाओं^F की सरसराहट. 2. बड़बड़ाहट, फुसफुसाहट [indistinct अस्पष्ट, loud तेज़, slow धीमी]; there was a ~ of many voices, so we could not hear what anyone was saying वहाँ कई आवाज़ों की फुसफुसाहट थी इसलिए हम नहीं समझ सके कि कौन क्या कह रहा है; he spoke in a ~ वह बड़बड़ाते/फुसफुसाते हुए बोला; he agreed without ~ वह बिना फुसफुसाए (कुछ कहे) सहमत हो गया.

muscle मँ'सल *n*^c. मांशपेशी^F पुट्ठा [elastic लचीला, hard कड़ा, soft कोमल]; he strained his ~ उसकी मांसपेशियों में खिंचाव

आ गया; the big ~ on the back of your leg is your calf तुम्हारी टांग के पीछे बड़ी मांसपेशी तुम्हारी पिंडली[F] है. Δ **a man of** ~ हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति. **muscular** मस्'क्यूलर *a.* **1.** पेशीय, पेशी का [exertion थकान[F], pain पीड़ा[F], system तंत्र]. **2.** हृष्ट-पुष्ट हट्टा-कट्टा : ~ body ≈ शरीर; he is strong and ~ वह बलवान् और ≈ है.

museum म्यूज़ी'अम *n*[c]. संग्रहालय, म्यूज़ियम, अजायबघर [famous प्रसिद्ध, interesting दिलचस्प, municipal नगरीय]; ~ closes in the evening ≈ शाम को बंद होता है; the ~ of fine arts ललित कलाकृतियों[F] का संग्रहालय; there are many historical objects in this ~ इस संग्रहालय में बहुत-सी ऐतिहासिक वस्तुएँ[F] हैं.

mushroom मश्'रूम *n*[c]. **1.** छत्रक, कुक्करमुत्ता : some ~s are poisonous कुछ कुक्करमुत्ते ज़हरीले होते हैं; some ~s are eaten कुछ कुक्करमुत्ते खाए जाते हैं. **2.** ~ growth भरपूर वृद्धि[F] : ~ growth of colonies in Delhi दिल्ली में नई बस्तियों की ≈.

music म्यू'जिक *n.* संगीत [classical शास्त्रीय, folk लोक, national राष्ट्रीय, simple साधारण, sweet मधुर, symphony वाद्यवृंद, wonderful अद्भुत]; instrumental ~ वाद्यसंगीत; vocal ~ कंठ संगीत; they danced to the ~ of an orchestra आर्केस्ट्रा ≈ (की) धुन में उन्होंने नृत्य किया; I have no ear for ~ मेरे कान ≈ सुनने के आदी नहीं हैं; I enjoy ~ over the radio मैं रेडियो पर संगीत का आनंद लेता हूँ. **musical** म्यूज़िकल *a.* **1.** संगीतमय [atmosphere वातावरण, dance नृत्य, evening शाम, play नाटक]; ~ instruments वाद्ययंत्र; ~ society संगीत-सभा[F]. **2.** मधुर, सुरीला : ~ sound सुरीली ध्वनि[F]; ~ voice ≈ स्वर. **3.** संगीतप्रिय : I have never seen such a ~ man मैंने इतना ≈ आदमी कभी नहीं देखा है. **musician** म्यूज़ि'शन *n*[c]. गायक, संगीतकार [clever चतुर, expert निपुण, prominent प्रसिद्ध]; he is among the top ~s in the city शहर में वह चोटी के संगीतकारों में एक है.

musk मस्क *n.* कस्तूरी[F], मृगमद : ~ has a strong smell कस्तूरी की सुगंध[F] तेज़ होती है. ~ **deer** कस्तूरी मृग; ~ **melon** खरबूजा; ~ rat छछूंदर.

muslin मज्'लिन *n.* मलमल[F] [fine महीन, spotless बेदाग़, superior उत्कृष्ट]; a ~ dress ≈ का परिधान; he always wears ~ clothes in summer वह गर्मियों[F] में हमेशा ≈ के कपड़े पहनता है.

must मस्ट *v.t.* चाहिए : we ~ not wait any longer हमें और अधिक इंतज़ार नहीं करना चाहिए; having missed the train, we ~ walk बस[F] छूट जाने पर हमें पैदल चलना होगा; you ~ go to bed now अब तुम्हें बिस्तर पर चले ही जाना चाहिए; I ~ finish this before I go जाने से पहले मुझे इसे समाप्त कर देना होगा; he ~ have died long ago वह बहुत पहले ही मर गया होगा; you ~ not have understood him तुम उसे नहीं समझ पाए होगे; whenever I am busy he ~ come worrying me जब भी मैं व्यस्त होता हूँ वह मुझे परेशान करने आ ही जाएगा; you ~ try again at any rate तुम्हें बहरहाल पुनः प्रयास करना ही चाहिए; you ~ not make noise here तुम्हें यहाँ शोर नहीं मचाना ≈; I ~ go home मुझे घर जाना ≈.

mustard मस्'टर्ड *n*[u]. सरसों[F] : ~ oil सरसों का तेल; ~ oil for cooking खाना पकाने के लिए ≈ का तेल.

muster मस'टर **I.** *v.t.* एकत्र करना, जुटाना, बटोरना : you should ~ all your supporters तुम्हें अपने समर्थकों को इकट्ठा करना चाहिए; you will need to ~ all your courage for this dangerous job इस खतरनाक काम के लिए तुम्हें पूर्ण साहस बटोरने की जरूरत होगी; tell the sargeant to ~ his soldiers सार्जेन्ट से कहो कि अपने सैनिकों को एकत्र करे. **II.** *n*[u]. हाज़िरी[F] : ~ roll ≈ रजिस्टर; there was a good ~ at the meeting बैठक[F] में अच्छी ≈ थी; to call the ~ roll हाज़िरी लेना.

mute म्यूट *a.* **1.** गूँगा, मूक [person व्यक्ति, servant नौकर]; he was too ~ to speak anything वह इतना ≈ था कि कुछ बोल नहीं सकता था; when I rebuked him, he remained ~ जब मैंने उसे डाँटा तो वह ≈ बना रहा. **2.** (not pronounced) मूक, अनुच्चारित

[appeal अपील, letter अक्षर]; in English pronunciation sometimes letters are ~ अंग्रेज़ी उच्चारण में कभी-कभी अक्षर ≈ होते हैं; in 'bomb' b is ~ बाम्ब में ब ≈ है.

mutilate म्यू'टिलेट *v.t.* **1.** अंग काट देना : the patient was ~d मरीज़ का अंग काट दिया गया. **2.** बिगाड़ देना : a ten-rupee note was ~d एक दस रुपये का नोट बिगाड़ दिया गया था.

mutiny म्यू'टिनी **I.** *n.* सैन्यद्रोह, बग़ावत^F, ग़दर : there was ~ on the ship जहाज़ पर ≈ हो गया; the soldiers were in a state of ~ सैनिक ≈ की स्थिति^F में थे. **II.** *v.t.* विद्रोह करना, बग़ावत^F करना, ग़दर करना : to ~ against the government सरकार के विरुद्ध ≈.

mutton म'टन *n*^u. भेड़/बकरी का मांस : we had ~ for dinner today हमारे लिए आज दोपहर के भोजन पर ≈ था; he dislikes ~ उसे ≈ पसंद नहीं है. Δ **as dead as** ~ बिल्कुल मरा हुआ.

mutual म्यू'ट्यूअल *a.* **1.** पारस्परिक, आपसी, परस्पर, अन्योन्य, aid सहायता^F, contract ठेका, love प्रेम; by ~ relations we all are benefited पारस्परिक संबंधों से हम सब लाभान्वित होते हैं; our ~ sympathy एक दूसरे के प्रति हमारी हमदर्दी; it was our ~ agreement यह हम लोगों का आपसी समझौता था. **2.** सब का, साँझा : he is our ~ friend वह हम ≈ मित्र है. **mutually** म्यू'टयूअलि *adv.* आपस में, परस्पर : ~ they were agreed on the matter परस्पर वे इस मामले में सहमत थे.

my माइ *poss. pron.* **1.** मेरा [bicycle साइकिल, house घर, uncle चाचा]; ~ books मेरी किताबें; ~ clothes मेरे कपड़े; he is not ~ relative वह मेरा रिश्तेदार नहीं है; this watch is not ~ own यह घड़ी मेरी अपनी नहीं है; ~ goodness मेरी अच्छाई. **2.** अपना (when I is there as subject) : I put on ~ coat मैंने ≈ कोट पहना; I have hurt ~ foot मेरे पैर में चोट^F लग गई है : I explained ~ point मैंने अपना दृष्टिकोण स्पष्ट कर दिया. **myself** माइ' सेॅल्फ़ *reflex. pron.* मैं, स्वयं, खुद, अपने-आप : if no one else will act the part, I ~ will do it ~ यदि भूमिका^F में कोई और काम नहीं करेगा तो मैं इसे स्वयं करूँगा; I ~ saw it yesterday मैंने स्वयं इसे कल देखा; I did it all by ~ मैंने यह सारा अपने-आप (अकेले) किया; I was not satisfied with ~ मैं स्वयं से संतुष्ट नहीं था; I often ask ~ this question मैं प्राय: स्वयं से यह प्रश्न पूछता हूँ.

mysterious मिस्टिअ' रिअस *a.* रहस्यमय, रहस्यपूर्ण [circumstances परिस्थितियाँ^F, crime अपराध, event घटना^F, remark उल्लेख, stranger अजनबी]; he was very ~ about it वह इस बारे में बहुत ही ≈ था; I could not understand their ~ talk मैं उनकी ≈ बातचीत^F को नहीं समझ सका. **mystery** मिस्'टरि *n*^c. (mysteries) **1.** रहस्य, भेद [concealed छिपा, deep गहरा, open खुला]; how the prisoner escaped is a ~ कैदी कैसे भाग गया, यह एक ≈ है; the theft of the jewels is still a ~ गहनों की चोरी^F अब भी एक ≈ है; the disappearance of the picture was a ~ तस्वीर^F का ग़ायब होना एक ≈ है; it is a ~ how he got there यह ≈ है कि वह वहाँ कैसे पहुँच गया; the ~ was soon solved ≈ शीघ्र ही खुल गया. **2.** (various contexts) ~ novel जासूसी उपन्यास; ~ play चमत्कार नाटक; ~ tour गुप्त यात्रा. **mystic** मिस्'टिक **I.** *n*^c. रहस्यवादी : Kabir was a ~ कबीर ≈ था. **II.** *a.* **1.** रहस्यवादी [philosopher दार्शनिक, poet कवि, thinker चिंतक]. **2.** गुह्य, रहस्यमय [ceremony उत्सव, formulas सूत्र/मंत्र, power शक्ति^F, rites संस्कार]. **mysticism** मिस्'टिसिज़्म *n*^u. रहस्यवाद : elements of ~ are found in Hindi poetry हिंदी कविता^F में रहस्यवाद के तत्व पाए जाते हैं.

myth. mythology.

myth मिथ *n*^c. **1.** पौराणिक कथा^F : the ~ about Krishna's birth कृष्ण के जन्म की ≈. **2.** मिथक : seaside house is just a ~ समुद्र के किनारे का मकान केवल एक ≈ ही है; it is a ~ that all snakes bite यह ≈ है कि सब साँप काट लेते हैं. [*ant.* history) **mythology** मिथॉ'लॅजि *n.* पुराणविद्या^F (Chinese चीनी, Greek यूनानी, Indian भारतीय]; I have studied Egyptian ~ मैंने मिस्री ≈ का अध्ययन किया है.

N, n

N. nitrogen.

nab नैब *v.t.* (-bb-) **1.** गिरफ़्तार करना, पकड़ना : the police ~bed the thief पुलिस ने चोर को पकड़ा; ~ the runaway भगोड़े को पकड़ो. **2.** पकड़ना, थामना : ~ this cup of tea चाय का प्याला पकड़ो.

nail नेल **I.** *n*^c^. **1.** नख, नाखून [dirty गंदा, long लंबा, small छोटा]; ~ brush नखकूची, नेल ब्रश; ~ cutter नेलकटर, नखकर्तनी^F^; ~ file नखरेती^F^; ~ varnish नख वार्निश; to trim one's ~s अपने नाखून काटना; he bites his finger-nails वह अपनी उंगलियों के ≈ दाँतों से काटता रहता है. **2.** (of metal) कील^F^, कीला : iron ~ लोहे की कील; do you have ~s and screws क्या आपके पास कीलें और पेच हैं? Δ **to drive a ~ into somebody's coffin** किसी का या अपना अंत कर देना, मारना या मरना. **II.** *v.t.* **1.** कील^F^ ठोंकना या लगाना : ~ the signboard on the wall दीवार^F^ पर नामपट्ट कीलों से लगा दो. **2.** (fasten) जकड़ देना : ~ together two pieces दो टुकड़ों को एक साथ जकड़ दो. Δ **to hit the ~ on the head** पते की बात^F^ कहना : he always hits the ~ on the head when you talk with him जब तुम उससे बात करो वह हमेशा पते की बात कहता है; ~ **a bargain** सौदा पटा लेना : he ~s a bargain easily वह आसानी^F^ से सौदा पटा लेता है; **on the ~** तुरंत, तत्काल : can you do this work on the ~ क्या तुम इस काम को ≈ कर सकते हो? ~ **smb down** पक्का वादा कराना : to ~ smb down to a precise agreement किसी से पक्का करार कराना.

naked ने'किड *a.* **1.** नंगा, नग्न : ~ child ≈ बच्चा; ~ sword नंगी तलवार; he was naked to the waist वह कमर^F^ तक नंगा था. **2.** (various meanings in contexts) ~ contract प्रतिफलहीन संविदा^F^; ~ eye खुली आँख; ~ fact प्रकट/नग्न तथ्य; ~ hill वृक्षहीन पहाड़ी^F^; ~ light खुली बत्ती; ~ room बिना फर्नीचर का कमरा; ~ tree पत्रहीन वृक्ष; ~ truth खुला सत्य. **nakedness** ने'किडनिस *n*^c^. नंगापन, नग्नता^F^ : a child in its ~ बच्चे का ≈.

name नेम **I.** *n*^c^. **1.** नाम [familiar परिचित, forgotten भूला-बिसरा, Latin लैटिन, real वास्तविक, strange विचित्र]; what is your ~ तुम्हारा क्या ≈ है? what is the ~ of this building इस भवन का क्या ≈ है? his Christian name is Tom उसका ईसाई नाम टाम है; nick ~ उपनाम, घर का नाम : his nick ~ is Neetu उसका ≈ नीतू है; I know him only by his ~ मैं उसे केवल उसके ≈ से जानता हूँ; call me by first ~ मुझे मेरे प्रथम ≈ से पुकारो; he did not tell me his right name उसने मुझे अपना सही नाम नहीं बताया; there lived a man Peter by ~ in the city शहर में पीटर ≈ का एक आदमी रहता था; he is known by the ~ of Roshan वह रोशन ≈ से जाना जाता है; give me some food in the ~ of God ईश्वर के नाम पर मुझे कुछ खाने को दें; Dhanpat Rai wrote under the name of Prem Chand धनपत राय प्रेमचंद ≈ से लिखते थे; write down your ~ in the copy कापी में अपना ≈ लिखो; what is your full ~? तुम्हारा पूरा ≈ क्या है? Δ **he goes by the ~ of** Babloo उसका ≈ बब्लू है; वह बब्लू के नाम से जाना जाता है; **to call smb ~s** किसी को गाली^F^ देना, अपशब्द कहना; he is a minister **in ~ only** वह नाममात्र का मंत्री है; ~ **sake** हमनाम, समनाम : we two friends are ~ sakes हम दोनों मित्र ≈ हैं. **2.** (fame) ख्याति^F^, प्रसिद्धि^F^, नाम : to make or win a ~ for oneself अपना नाम पैदा करना या कमाना; to ruin one's ~ in the dust अपना नाम धूल^F^ में मिलाना; he has a ~ for honesty ईमानदारी^F^ के विषय में उसकी प्रसिद्धि है; you

are getting a bad ~ तुम्हारी बदनामी^F हो रही है. **II.** *v.t.* **1.** नाम रखना : he was ~d Hari उसका नाम हरी रखा गया; we ~d our baby Kavita after her grandmother हमने अपनी बच्ची का नाम उसकी दादी के नाम पर कविता रखा. **2.** नाम बताना/लेना : the newspaper ~d several villages समाचार-पत्र ने कई गाँवों के नाम बताए/लिए. **3.** (nominate) मनोनीत करना : he was ~d for the Assembly उसे असेम्बली^F के लिए मनोनीत किया गया; to ~ smb to an office किसी को किसी पद के लिए ≈. **4.** (fix) निश्चित करना, निर्धारित करना : ~ the price of your scooter अपने स्कूटर की कीमत^F निश्चित/निर्धारित करो. **namely** नेम्'लि *adv.* अर्थात् : I have two brothers, ~ Rahu and Shashu मेरे दो भाई हैं ≈ राहु और शाशु; Urdu is written in the opposite direction to Hindi, ~ from right to left उर्दू^F हिंदी^F की अपेक्षा उल्टे हाथ लिखी जाती है, अर्थात् दाहिने से बाएँ. **naming** ने'मिङ्ग *n.* नामकरण, नामोल्लेख : ~ ceremony of my child मेरे बच्चे का ≈ संस्कार.

nanny नै'नि *n*^u. **1.** मादा^F : ~ goat बकरी [*masc.* billy goat बकरा]. **2.** दाई^F : my child's ~ was absent yesterday कल मेरे बच्चे की ≈ अनुपस्थित थी.

nap नैप **I.** *n*^u. झपकी^F, ऊंघ^F : to have/take a ~ in the afternoon बाद दोपहर झपकी लेना. **II.** *v.t.* (*-pp-*) झपकना, झपकी^F लेना : a student was ~ping in the class yesterday एक विद्यार्थी कल कक्षा^F में ऊंघ रहा था. Δ **to catch smb ~ping** किसी को (ड्यूटी पर) ऊंघते पाया जाना.

napkin नैप्'किन *n*^c. **1.** नैपकिन, रूमाल [clean साफ़, cotton सूती, silken रेशमी, square वर्गाकार, white सफ़ेद]; ~ for wiping the face मुँह पोंछने का छोटा रूमाल; a ~ for each guest on the table मेज़ पर हर अतिथि के लिए एक ≈. **2.** ~ of the baby बच्चे का पोतड़ा.

narcissus नार्सिसस' *n*^c. (*pl.* -es, -ssi) नरगिस : fragrant ~ सुगंधित ≈; ~ has white flowers with yellow centre ≈ के फूल सफ़ेद होते हैं और केंद्रक पीले; ~ is a bulbous plant ≈ एक कंदवाला पौधा होता है.

narrate नै रेट', न रेट' *v.t.* वर्णन करना, बताना : ~ the story in detail विस्तृत रूप में कहानी^F सुनाना; he ~d his experience by words of mouth उसने मौखिक शब्दों में अपने अनुभव बताए. **narration** नैरे'शन *n.* वर्णन, वृत्तांत : traveller's ~ was interesting यात्री का ≈ दिलचस्प था; his style of ~ is very good उसकी वर्णन-शैली^F बहुत अच्छी है. **narrative** नै'रॅटिव़ **I.** *a.* **1.** वर्णनात्मक, विवरणात्मक [literature साहित्य, poem कविता^F]; he is a writer of great ~ talent वह अत्यंत ≈ प्रतिभा^F का लेखक है. **2.** (concerning storytelling) कथात्मक : he has a ~ art उसकी कथा कहने की कला^F है. **II.** *n*^c. **1.** (story) कथा^F, आख्यान [descriptive वर्णनात्मक, short छोटी]; the ~ was long but lively कथा लंबी परंतु जीवंत थी. **2.** (description) वर्णन : a ~ of last week's events पिछले सप्ताह की घटनाओं^F का ≈. **narrator** नै रे'टर *n*^c. वर्णनकर्ता, कथावाचक [eminent प्रसिद्ध, excellent उत्कृष्ट, expert कुशल].

narrow नै'रो **I.** **1.** तंग, सँकरा [bridge पुल, corridor गलियारा, door दरवाज़ा, passage रास्ता, ribbon फीता, room कमरा]; ~ lane सँकरी गली^F; ~ valley तंग घाटी^F; the gate is too ~ for a car फाटक इतना सँकरा है कि कार नहीं निकल सकती; the river is ~ at this point इस बिंदु पर नदी^F सँकरी है. **2.** संकुचित [idea विचार, life जीवन, mind मन, thinking सोच^F]; a ~ range of desires इच्छाओं की ≈ सीमा^F; he has a ~ outlook उसका दृष्टिकोण ≈ है; it is the ~ meaning of his words यह उसके शब्दों का ≈ अर्थ है. **3.** ~ gauge छोटी लाइन^F. **4.** कम चौड़ा : a ~ piece of wood लकड़ी^F का कम चौड़ा टुकड़ा. **5.** ~ margin थोड़ा अंतर : he won by a ~ margin वह थोड़े अंतर से जीता. **6.** (in other contexts) the party was reduced to a ~ majority पार्टी^F अल्प बहुमत में रह गई. Δ **to have a ~ escape** बाल-बाल बचना : he has a ~ escape in the road accident सड़क-दुर्घटना^F में वह बाल-बाल बच गया. [*ant.* broad] **II.** *v.i.* तंग

या सँकरा हो जाना; घट जाना; संकुचित या सीमित करना : the road ~s at the bend सड़क^F मोड़ पर सँकरी हो जाती है. **narrowly** नै'रोलि *adv.* hardly मुश्किल से : he ~ escaped drowning वह बाल-बाल डूबने से बच गया. **narrowminded** नै'रॉमाइनडिड *a.* अनुदार, तंगदिल [boss बॉस/प्रधान, businessman व्यापारी, lady औरत]; he is too ~ to be successful वह इतना छोटे ख़्याल का है कि सफल नहीं हो सकता.

nasal ने'ज़ल *a.* **1.** नाक की, नासा-, नासीय [disease बीमारी^{F}, problem समस्या^{F}]. **2.** आनुनासिक, नासिक्य [consonants व्यंजन, letter अक्षर, sound ध्वनि^{F}, vowels स्वर]; she has a ~ voice उसका स्वर ≈ है; 'n' and 'm' are ~ sounds 'न' और 'म' ≈ ध्वनियाँ हैं.

nasty नास्'टि *a.* **1.** गंदा, घिनौना [book किताब^F, remark उल्लेख^F, talk बातचीत^F]; do not say such ~ words to her उसे इतने घिनौने शब्द मत कहो. **2.** (in other contexts) ~ bend ख़तरनाक मोड़; ~ crime गंभीर अपराध; ~ language अश्लील भाषा^{F}; ~ piece of work गंदा/कष्टकर काम; ~ sin घोर पाप; ~ weather आँधी-पानी वाला मौसम, ख़राब मौसम.

nation ने'शन n^c. राष्ट्र [big बड़ा, entire संपूर्ण, peace loving शांतिप्रिय]; the customs of a ~ किसी राष्ट्र के रीतिरिवाज; one loves one's ~ very much कोई भी अपने देश से बेहद प्यार करता है; President's address to the ~ राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संदेश/अभिभाषण. **national** नै'शनल **I.** *a.* **1.** राष्ट्र- : ~ anthem राष्ट्रगान; ~ flag राष्ट्रध्वज; ~ language राष्ट्रभाषा^{F}; ~ poet राष्ट्रकवि. **2.** राष्ट्रीय [bank बैंक, consciousness चेतना, culture संस्कृति, customs रीतिरिवाज़, feeling भावना^{F}, holidays छुट्टियाँ, income आय^F, industry उद्योग, music संगीत, security सुरक्षा^{F}, tradition परंपरा^{F}]; a nation must have a ~ policy एक राष्ट्र की ≈ नीति^{F} होनी चाहिए. **II.** n^c. राष्ट्रिक, नागरिक [honest ईमानदार, patriot देशभक्त, true सच्चे]; a real ~ is always ready to protect his country एक सच्चा नागरिक अपने देश की रक्षा^{F} के लिए हमेशा तैयार रहता है. **nationalist** नै'शनॅलिस्ट *n.* + *a.* राष्ट्रवादी [government सरकार^F, leader नेता, party पार्टी^{F}]; he is a ~ Muslim वह ≈ मुसलमान है; there was a meeting of ~s राष्ट्रवादियों की एक सभा^{F} हुई. **nationality** नेशॅनै'लिटि **I.** n^u. राष्ट्रीयता^{F}, नागरिकता^{F} [German जर्मन, Indian भारतीय]; she lives in India but has Russian ~ वह भारत में रहती है लेकिन उसकी ≈ रूसी है. **II.** n^c. राष्ट्र : people of all nationalities सभी राष्ट्रों के लोग. **nationalize** नै'शनलाइज़ *v.t.* का राष्ट्रीयकरण करना : to ~ mines खानों^{F} ≈; many of the private banks were ~d in 1969 बहुत से प्राइवेट बैंकों का 1969 में राष्ट्रीयकरण कर दिया गया. **native** ने'टिव़ **I.** *a.* **1.** (indigenous) मूल, देशीय [language भाषा^{F}, right अधिकार, tribes जातियाँ]; ~ customs of the society समाज के देशीय रिवाज. **2.** जन्म (का) [country देश, land भूमि^{F}]; what's your ~ place, तुम्हारा जन्मस्थान क्या है? **3.** (innate) सहज, स्वाभाविक [ability योग्यता^{F}, intelligence बुद्धि^{F}]; it is his ~ instinct यह उसकी ≈ प्रवृत्ति^{F} है. **II.** n^c. मूलवासी, आदिवासी : backward ~s पिछड़े हुए ≈; Kangaroo is ~ to Australia कंगारू आस्ट्रेलियाई ≈ है; the ~s of a hilly region are generally fair पहाड़ी प्रदेश के ≈ साधारणत: सुंदर होते हैं.

natural नै'चॅरल *a.* **1.** स्वाभाविक, नैसर्गिक, सहज [death मृत्यु, growth विकास, habit आदत^F, intelligence बुद्धि^{F}]; it is ~ for a cat to catch mice एक बिल्ली^{F} का चूहे पकड़ना स्वाभाविक है; a ~ way of talking बातचीत^F करने की ≈ रीति^{F}. **2.** (as in nature) प्राकृतिक, कुदरती [law नियम, resources संसाधन, phenomena घटनाएँ^{F}]; these events are ~, you can do nothing ये घटनाएँ ≈ हैं तुम इसमें कुछ नहीं कर सकते; he suffers from ~ calamity वह दैवी-विपत्ति^{F} से पीड़ित है. [*ant.* un~] **3.** (primitive) आदिम : ~ nations ≈ जातियाँ^{F}; old traditions are preserved among the ~ tribes ≈ जातियों^{F} में पुरानी परंपराएँ^{F} सुरक्षित हैं. **4.** ~

history प्राणिविज्ञान. **naturally** नै'चॅरॅलि *adv.* **1.** स्वाभाविक ढंग से, सहज ही, स्वभावतः I think that he is ~ slow मैं सोचता हूँ कि वह स्वभावतः धीमा है; her hair is ~ curly उसके बाल ≈ घुँघराले हैं. **2.** निस्संदेह, अवश्य : did you win the prize? ~, yes क्या तुमने पुरस्कार जीता? निस्संदेह, हाँ; I should like to get home ~ मुझे अवश्य ही घर पहुँचना चाहिए. **nature** नेचॅर n^u. **1.** (inborn character) स्वभाव, प्रकृति^{F} [calm शांत, kind दयालु, severe कठोर, unstable अस्थिर]; she has a gentle ~ उसका सरल स्वभाव है; it is a lion's ~ to be cruel निर्दय होना शेर का स्वभाव है; she is pleasant by ~ वह स्वभाव से हँसमुख है; animal ~ पशुमात्र की प्रवृत्ति^{F}. **2.** (kind) प्रकार : things of that ~ do not interest me उस ≈ की चीज़ों^{F} में मेरी रुचि^{F} नहीं है. **3.** (essential character) मूल स्वरूप : it is in the ~ of things यह वस्तुओं का ≈ है.

naught नॉट (now old use) n^u. कुछ नहीं, शून्य, सिफ़र : what you have done is all ~ जो कुछ तुमने किया है सब सिफ़र है; I care ~ for football मैं फुटबाल की कुछ भी परवाह नहीं करता. [*ant.* everything] Δ **it came to ~** निष्फल हो गया; **set at ~** परवाह^F न करना, अवज्ञा^{F} करना, अनादर करना : you must not set at ~ the orders of your elders तुम्हें बड़ों की आज्ञा^{F} की अवज्ञा नहीं करनी चाहिए.

naughty नॉ'टि *a.* **1.** [naughtier, naughtiest] नटखट, शरारती [boy लड़का, children बच्चे]; always avoid the ~ boys शरारती लड़कों से हमेशा दूर रहो; your friend Ramu is a ~ fellow तुम्हारा मित्र रामू शरारती आदमी है. **2.** (obscene) अश्लील : ~ story ≈ कहानी.

nausea नॉ'सिआ *n.* **1.** मिचली^{F}, मचली^{F}, मतली^{F} : he is overcome by ~ वह ≈ से ग्रस्त है. **2.** (disgust) घिन^F : at the sight of a dead body I feel a kind of ~ किसी शव को देखने पर मुझे घिन-सी लगती है. **nauseating** नॉसिए'टिङ्ग *a.* जी मचलाने वाला, मतलाने वाला [food खाना, medicine दवा^{F}, sight दृश्य, smell बू^{F}, taste स्वाद]; he is feeling ~ वह ≈ महसूस कर रहा है; उसे ≈ आ रही है.

nautical नॉ'टिकल *a.* समुद्री [cable केबल, calendar कैलेण्डर]; ~ mile ≈ मील = 1852 metres; his total voyage was a hundred ~ miles उसकी कुल समुद्री यात्रा^{F} सौ ≈ मील थी.

naval ने'व़ल *a.* नौसैनिक, नौसेना- [chief प्रमुख, officer अधिकारी, power शक्ति^{F}, uniform वर्दी^{F}]; ~ attache नौसैनिक सहचारी; his father was a ~ employee उसके पिता ≈ कर्मचारी थे. [*as distinct from* navel]

navel ने'व़ल n^c. नाभि^{F} : ~ is in the centre of the belly ≈ पेट के केंद्र में होती है. [*as distinct from* naval]

navigable नै'व़िगॅबल *a.* **1.** नौगम्य, नाव्य [lake झील^F, river नदी^{F}, sea समुद्र]. **2.** (steerable) संचाल्य : the ship was no longer ~ जहाज़ अब ≈ नहीं रह गया था. **navigate** नै'व़िगेट *v.t.i.* **1.** समुद्री यात्रा^{F} करना, नौयात्रा^{F} करना : it is his hobby to ~ समुद्री यात्रा करना उसका शौक है; he was the first man to ~ the sea वह समुद्री नौयात्रा^{F} करने वाला पहला आदमी था. **2.** जहाज़ या विमान चलाना : to ~ an aeroplane विमान चलाना; the ship is easy to ~ जहाज़ चलाना आसान है. **3.** रास्ता चलना : be careful about navigating when in a ship जब जहाज़ में हो तो रास्ता चलने में सावधानी बरतो. **navigation** नैव़िगे'शन *n.* (नौ) संचालन, विमान-चालन, जहाज़रानी^{F} : ~ is difficult because of the rocks in the river नदी^{F} में चट्टानों के कारण जहाज़ चलाना आसान नहीं है; the ~ has been stopped by ice बर्फ़^{F} के कारण नौसंचालन बंद कर दिया गया; the Suez Canal is not open to ~ स्वेज़ नहर^F नौसंचालन के लिए खुली नहीं है; aerial ~ विमान-चालन. **navy** ने'व़ि n^c. नौ-सेना^{F}, जल-सेना^{F} [Indian भारतीय, powerful सशक्त, strong मज़बूत]; a big ~ of 50 ships पचास जहाज़ों की बड़ी जल-सेना; to serve in the ~ नौ-सेना में नौकरी^{F} करना; he was dispelled from the ~ for misconduct दुराचरण के कारण उसे ≈ से निकाल दिया गया. ~ **blue** *n.* + *a.* गहरा

नीला [coat कोट, colour रंग]; ~ uniform गहरी-नीली वर्दी^F; he wears a ~ shirt on the white pant वह सफ़ेद पैंट^F पर गहरी-नीली शर्ट^F पहनता है.

nay ने *n*^c. नकार, (denial) इनकार : direct ~ सीधा ≈; he wants to go, who can say to him ~ वह जाना चाहता है, उसे कौन इंकार कर सकता है; is it a fine day? ~, it is very hot क्या यह सुहावना दिन है ? नहीं, यह बहुत गर्म है; he will not take ~ वह इंकार नहीं चाहेगा; ~s may raise their hands नकार पक्ष वाले हाथ खड़े करें; the ~s have it नकारात्मक (विपक्ष के) वोट अधिक पड़े हैं. [*ant.* aye]

N.B. *nota bene*, note well.

neaptide नीप'टाइड *n*^c. लघु ज्वार : ~ is a low tide ≈ हलका होता है.

near निअर **I.** *a.* (nearer, nearest) **1.** निकट का, पास का, नजदीकी [market बाज़ार, relative रिश्तेदार, way रास्ता]; show the ~ path to the station स्टेशन के लिए नजदीकी रास्ता बताओ; in the ~ future निकट भविष्य में; this short cut is ~er यह छोटा रास्ता और निकट है; he is my nearest and dearest friend यह मेरा परमप्रिय घनिष्ठ मित्र है; he is a ~ relative of Raman वह रामन का निकट का संबंधी है. [*ant.* distant, far off] **2.** (various contexts) ~ guess लगभग अनुमान, nearest road सबसे छोटा रास्ता; ~ work बारीक काम; ~ resemblance हू-ब-हू शक्ल^F; ~ translation शब्दश: अनुवाद. **II.** *prep.* & *adv.* **1.** (के) पास : he stood ~ to the gate वह फाटक के पास खड़ा था; the holiday is very ~ छुट्टी^F बहुत निकट है; the stationery was ~ at hand लेखन-सामग्री^F बगल में ही पड़ी थी; the river is quite ~ (to my house) नदी मेरे घर के बहुत ही पास है; come ~ पास आओ; the sun is ~ setting सूर्य अस्त हो रहा है. **2.** (almost) प्राय:, लगभग : they are ~ fifty वे लगभग पचास हैं. **III.** *v.i.* निकट आना, पास पहुँचना, नज़दीक आना [fastly तेज़ी से, slowly धीरे-धीरे]; we are ~ing the station हम स्टेशन के नज़दीक पहुँच रहे हैं. ~ **about** आस-पास, लगभग : these houses are ~ about fifty ये घर पचास के आस-पास हैं; **far and** ~ सर्वत्र, सब जगह : I looked far and ~ मैंने उसे ≈ खोजा. **nearby** निअर्'बाइ *adv.* निकट, पास में : the railway station is quite ~ रेलवे-स्टेशन बहुत नज़दीक है; the policeman was standing ~ पुलिसमैन पास में ही खड़ा था. **nearly** निअर्'लि *adv.* **1.** लगभग, करीब-करीब : I ~ fell down मैं गिरते-गिरते बच गया; the milk is ~ finished दूध ≈ समाप्त हो गया है; it is ~ one o'clock now अब ≈ एक बजा है; the dress was ~ ready ड्रेस^F ≈ तैयार थी; she ~ forgot herself वह ≈ स्वयं को भूल गई; the aerodrome is ~ five kilometres from here हवाई अड्डा यहाँ से ≈ पाँच किमी. दूर है. **2.** निकट से : they are ~ related उनका निकट का संबंध है.

neat नीट *a.* **1.** साफ़-सुथरा, स्वच्छ [city शहर, house मकान, room कमरा, work काम, writing लेखन]; ~ clothes साफ़-सुथरे कपड़े; the school is ~ and clean विद्यालय साफ़-सुथरा है; keep your hands ~ अपने हाथ साफ़ रखो; I have not seen such a ~ station मैंने इतना ≈ स्टेशन नहीं देखा है. **2.** कुशल, दक्ष [artisan कामगीर, girl लड़की, trick युक्ति^F]; he is a ~ worker, he may do the work properly वह एक कुशल मज़दूर है, वह काम को अच्छे ढंग से कर लेगा; a ~ reply तुरत-फुरत जवाब. **3.** विशुद्ध [language भाषा^F, style शैली^F]. [*ant.* untidy] **neatly** नीट्'लि *adv.* सफ़ाई^F से, स्वच्छतापूर्वक : she writes ~ वह ≈ लिखती है. **neatness** नीट्'निस *n*^u. स्वच्छता^F, सफ़ाई^F : ~ of your clothes तुम्हारे कपड़ों की ≈; extra-work for ~ सफाई का फ़ालतू काम.

necessaries नें'सिसरिज़ *n. pl.* आवश्यक वस्तुएँ : food, clothing and shelter are ~ of life खाना, कपड़ा और मकान जीवन की आवश्यकताएँ हैं; socks and shoes are ~ for a journey मोज़े और जूते यात्रा^F के लिए ≈ हैं. **necessarily** नें'सिसॅरलि *adv.* अवश्यमेव, अनिवार्य रूप से, अनिवार्यत: a good looking food is not ~ tasty अच्छा दिखने वाला भोजन ≈ स्वाद नहीं होता; if you go up, you

must ~ come down यदि तुम ऊपर जाओ तो तुम्हें ≈ नीचे आना होगा. **necessary** नें' सिसॅरि *a.* **1.** आवश्यक, ज़रूरी [advice सलाह^F, duty कर्तव्य, help सहायता^F, instructions निर्देश, means साधन, medicine दवा^F/औषधि, money धन, qualifications योग्यताएँ, procedure प्रक्रिया^F]; food, air and light are ~ for life जीवन के लिए भोजन, हवा और प्रकाश ≈ हैं; it is ~ for him to wait उसके लिए इंतज़ार करना ≈ है; peace is ~ for prosperity समृद्धता^F के लिए शांति^F ≈ है; we have everything ~ हमारे पास सभी ≈ चीजें हैं; it is ~ for you to go there तुम्हें वहाँ जाना ≈ है; sweets are nice but not ~ मिठाइयाँ^F अच्छी हैं किंतु ≈ नहीं. **2.** (inevitable) अनिवार्य, अवश्यंभावी : death is the ~ end of life मृत्यु जीवन का ≈ अंत है; when a man dies, his rebirth is ~ जब एक व्यक्ति मरता है उसका पुनर्जन्म ≈ होता है. ~ evil ≈ अनिष्ट. **necessity** निसें'सिटि *n*^u. **1.** आवश्यकता^F, ज़रूरत^F [physical शारीरिक, urgent अतिशीघ्र]; take medicine only in case of ~ ≈ पड़ने पर ही दवा^F लो; there is no ~ for you to stay there तुम्हें वहाँ रुकने की कोई ≈ नहीं है; in case of ~ I'll come ≈ पड़ने पर मैं आऊंगा; is there any ~ for rebolling क्या पुनर्मतदान की कोई ≈ है. **Δ ~ is the mother of invention** आवश्यकता^F आविष्कार की जननी^F है. **2.** आवश्यक वस्तु^F : a bicycle is a ~ साइकिल एक आवश्यक वस्तु^F है. **3.** गरीबी^F : by ~ he was forced to steal ≈ के कारण वह चोरी^F करने को मजबूर हो गया.

N.C.C. National Cadet Corps.

N.C.E.R.T. National Council of Educational Research & Training.

N.D.A. National Defence Academy.

N.E. North-East.

neck नेंक *n*^c. **1.** गर्दन^F, ग्रीवा^F, गला [bare नंगा, long लंबा, thin पतला]; the water was upto the ~ पानी गले तक था; a dog has collar round his ~ कुत्ते के गले में पट्टा है; I am upto my ~ in debt मैं कर्ज़ में डूबा हूँ. **Δ break the ~** कठोर परिश्रम करना : do not break your ~, you may fall ill कठोर परिश्रम मत करो, बीमार हो सकते हो; **risk one's ~** जान ख़तरे में डालना : I am ready to risk my ~ for you तुम्हारे लिए मैं अपनी जान जोख़िम में डालने के लिए तैयार हूँ; **to save one's ~** अपनी जान बचाना; **~ and crop** सर्वथा, बिल्कुल, पूरी तरह : he is ~ and crop wrong in his statement वह अपने कथन में पूरी तरह गलत है; to bowl **~ and crop** गेंद मारकर साफ़ आउट कर देना; throw him **out ~ and crop** उसे बोरिया-बिस्तर समेत बाहर निकाल दो; **~ and ~** बराबर-बराबर : they finished ~ and ~ in the race उन्होंने बराबरी^F पर दौड़^F खत्म की; **stiff ~** अक्खड़पन, अक्खड़. **2.** (in other contexts) ~ of a bottle बोतल^F का गला; ~ of land डमरूमध्य; ~ of mountain घाटी^F; ~ of shirt कमीज़ का गला. **necklace** नें'क्'लिस *n*^c. नेकलस, हार, कंठी^F, necklet छोटा नेकलेस [golden सोने का, silver चाँदी^F का]; she wears a beautiful ~ when she goes out जब वह बाहर जाती है तो एक सुंदर हार पहनती है. **necktie** नें'क्'टाई *n.* टाई^F [black काली, cotton सूती, red लाल, silk रेशमी]; ~ is worn round the neck within the shirt collar ≈ कमीज^F के कालर के अंदर गले में पहनी जाती है.

nectar नें'क्'टर *n*^u. **1.** अमृत : the gods prepared ~ and took it देवता ≈ तैयार करते थे और पीते थे. **2.** मकरंद, पुष्परस : sweet ~ मीठा ≈; bees get ~ from flowers and make honey मधुमक्खियाँ फूलों से मकरंद प्राप्त करती हैं और शहद बनाती हैं. (fig.) **taste the ~ of success** सफलता^F के मकरंद का स्वाद लो.

need नीड *n*^c. **1.** आवश्यकता^F [great बड़ी, unavoidable अपरिहार्य]; he is in no ~ for you there वहाँ उसे तुम्हारी कोई ≈ नहीं है; there is a ~ for more hospitals in the city इस शहर में और अस्पतालों की ≈ है; I am in ~ of some help मुझे कुछ सहायता^F की ≈ है; a friend in ~ is a friend indeed आवश्यकता^F का मित्र सचमुच मित्र है, मित्र वह है जो आवश्यकता^F पड़ने पर काम आए; our ~s are few हमारी आवश्यकताएँ नगण्य हैं; great

~ for engineers अभियंताओं की भारी ≈. **2.** (difficulty) विपत्ति^F, कष्ट, गरीबी^F : severe ~ कठिन विपत्ति; he was deep in ~ वह गहरी विपत्ति में था. **II.** *v.t.* की आवश्यकता^F होना या पड़ना; का अभाव होना : do you ~ anything else क्या तुम्हें और किसी चीज़^F की आवश्यकता है; we ~ a room हमें एक कमरे की आवश्यकता है; it is exactly what I ~ed यह ठीक वही है जिसकी मुझे आवश्यकता थी; he ~ed a dictionary for he was weak in English उसे एक शब्दकोश की आवश्यकता थी क्योंकि वह अंग्रेज़ी^F में कमजोर था; you ~ not go there तुम्हें वहाँ जाने की कोई आवश्यकता नहीं है; she ~s rest, she is tired उसे विश्राम की आवश्यकता है, वह थक गई है; I shall ~ the book tomorrow मुझे किताब^F की आवश्यकता कल होगी; he does not ~ to be told twice उसे दुबारा जताने की कोई आवश्यकता नहीं है; children ~ good care बच्चों को अधिक देखभाल^F की आवश्यकता होती है. [*as distinct from* knead] **needful** नीड्'फुल *a.* आवश्यक, ज़रूरी [quality गुणवत्ता^F, tools उपकरण]; do what is ~ जो आवश्यक है करो; you must remember the ~ things तुम्हें ≈ बातें^F याद रखनी चाहिए.

needle नी'डल **I.** *n.* सूई^F [sewing सीने की, sharp तेज़/नुकीली, thin पतली]; sew with a ~ सूई से सिओ; to thread a ~ ≈ में धागा डालना; she needed a ~ to stitch her torn blouse उसे अपने फटे ब्लाउज़ को तुरपने के लिए ≈ की आवश्यकता थी; knitting ~ बुनाई^F की सलाई^F; ~ of a compass कंपास की ≈; ~ of a syringe पिचकारी की ≈. **II.** *v.t.* सीना, सिलाई करना : to ~ the shirt कमीज़^F सीना.

needless नीड्'लिस *a.* अनावश्यक, व्यर्थ का [tour भ्रमण, trouble कष्ट, work काम, worry चिंता^F]; his sorrow was ~ वह अनावश्यक दुःखी था; ~ to say कहने की आवश्यकता^F नहीं है. **needy** नी'डि *a.* (needier, neediest) दरिद्र, निर्धन [family परिवार, person व्यक्ति, servant नौकर]; help the ~ and the poor निर्धन और ग़रीबों की सहायता^F करो.

nefarious निफ़ेअ'रिअस *a.* घृणित, जघन्य [circumstances परिस्थितियाँ^F, criminal अपराधी, intentions इरादे, plan योजना^F, purpose उद्देश्य]; I dislike his ~ ways मैं उसके ≈ रंग-ढंग को पसंद नहीं करता.

negation निगे'शन *n*^u. **1.** खंडन, प्रतिवाद : indirect ~ अपरोक्ष ≈; ~ of statement कथन का खंडन; ~ of the effect of cold ठंड^F के प्रभाव का प्रतिवाद. **2.** अभाव : ~ of justice न्याय का ≈. **negative** नें'गॅटिव़ **I.** *a.* **1.** नकारात्मक, निषेधात्मक [effect प्रभाव, opinion मत, reply उत्तर, statement कथन]; change it into a ~ sentence इसे ≈ वाक्य में बदलो. no, nothing, never, neither.......nor are ~ expressions न, नहीं, मत, कभी नहीं आदि ≈ उक्तियाँ^F हैं. **2.** विरोधी [evidence साक्ष्य, vote मत]. **3.** (in other contexts) खंडनात्मक : ~ criticism आलोचना^F; ~ result शून्य परिणाम; ~ quantity ऋणात्मक राशि^F. **II.** *n.* **1.** नकार : to answer in the ~ ≈ में उत्तर देना; he replied in the ~ उसने ≈ में उत्तर दिया; unhappy is the ~ of happy अप्रसन्नता^F प्रसन्नता^F का ≈ है. **2.** (photogr.) निगेटिव़, प्रतिचित्र : ~ taken from the camera कैमरा से लिया गया चित्र. [*ant.* positive]. **III.** *v.t.* **1.** रद्द कर देना : to ~ a proposal किसी सुझाव को ≈. **2.** (refute) खंडन करना : to ~ smb's statement किसी के कथन का ≈.

neglect निगलें'क्ट' **I.** *n*^u. उपेक्षा^F : a person living in ~ ≈ में जीने वाला आदमी; it is ~ of duty यह कर्तव्य की ≈ है; ~ of one's children अपने बच्चों की ≈. **II.** *v.t.* **1.** की उपेक्षा^F करना, का ध्यान न रखना : carelessly ~ लापरवाही^F से उपेक्षा करना; the poet was ~ed in the meeting मीटिंग^F में कवि की ≈ की गई; the government is ~ing education सरकार^F शिक्षा^F पर ध्यान नहीं दे रही है; to ~ one's children बच्चों ≈. **2.** परवाह^F न करना : he ~ed to return my watch उसने मेरी घड़ी^F वापस करने की परवाह नहीं की; to ~ an opportunity अवसर की ≈, अवसर खो देना. **neglectful** नेगलें'क्ट'फुल *n.* लापरवाह : extremely ~ अत्यधिक ≈; to be ~ of his old parents अपने बूढ़े माता-पिता के प्रति लापरवाह होना; he is ~ of

his duties वह अपने कर्तव्य के प्रति ≈ है. **negligence** नेंग्'लिजन्स n^c. लापरवाही^{F}, असावधानी^{F} [grave गंभीर, great बड़ी]; to be guilty of criminal ~ आपराधिक असावधानी का दोषी होना; ~ of one's dress ड्रेस^F के प्रति ≈. **negligent** नेंग्'लिजन्ट *a.* असावधान, लापरवाह : he is ~ in the work allotted to him वह अपने सौंपे गए काम के प्रति ≈ है; to be ~ about one's homework अपने गृहकार्य के प्रति ≈ होना; ~ of duty कर्तव्य के प्रति ≈. **negligible** नेंग्'लिजॅबल *a.* नगण्य, तुच्छ, उपेक्षणीय [damage क्षति^{F}, loss हानि^{F}, mistake गलती^{F}, money धन]; it is not a matter of worry, it is so ~ चिंता^{F} की कोई बात नहीं है, यह इतना नगण्य मामला है.

negotiate निगो'शिएट *v.t.i.* **1.** (confer) बातचीत^F करना : ~ amicably मित्रतापूर्वक ≈; the ruling party should ~ with the opposition सत्ताधारी दल को विपक्ष से बातचीत करनी चाहिए; to ~ a treaty संधि^{F} की बातचीत^F चलाना. **2.** (settle) तय करना : to ~ a bargain सौदा तय करना; to ~ an affair मामला ≈; the trade union is negotiating with the employers ट्रेड यूनियन नियोजकों से बात तय कर रही है. **3.** पार/तय करना : to ~ a dangerous part of a forest जंगल का एक ख़तरनाक भाग ≈. **negotiations** निगोशिए'शन्ज़ *n.* (*pl.*) (समझौते की) बातचीत^F, (संधि-) वार्ता^{F} [long लंबी, necessary आवश्यक, successful सफल]; after ~ the order was executed बातचीत^F के बाद आदेश का क्रियान्वयन किया गया; to enter into ~ with somebody किसी से वार्ता^{F} शुरू करना; after long ~ a peace treaty was signed एक लंबी ≈ के बाद शांति-संधि^{F} पर हस्ताक्षर किए गए.

negro नीग्'रो **I.** n^c. (*pl.* ~es, *fem.* negress) हब्शी [backward पिछड़े हुए, ugly गंदे]; ~ is a black person ≈ काला आदमी होता है; ~es of Africa अफ़्रीका के ≈. **II.** *a.* **1.** हब्शी जाति की : ~ civilization ≈ सभ्यता. **2.** काला : ~ cat काली बिल्ली; ~ monkey ≈ बंदर, लंगूर.

neigh ने **I.** *v.i.* हिनहिनाना : a horse ~s घोड़ा हिनहिनाता है. **II.** n^c. हिनहिनाहट^F : he heard the ~ of a horse and got up उसने घोड़े की ≈ सुनी और उठ बैठा. [*as distinct from* nay]

neighbour ने'बर n^c. पड़ोसी [accommodating नम्रस्वभाव, kind दयालु, quarrelsome झगड़ालू]; their nearest ~ lived next door उनका सबसे नजदीकी ≈ बगल में रहता था; my ~ is a teacher मेरा ≈ एक अध्यापक है; he often visits his ~ वह अपने ≈ से प्राय: मिलता है; we should be friendly with our ~s हमें अपने पड़ोसियों से मित्रवत् व्यवहार करना चाहिए. **neighbourhood** ने'बर्हुड n^u. पड़ोस [friendly मित्रवत्, noisy शोरभरा, quiet शांत]; in the ~ of our school there is a big garden हमारे विद्यालय के समीप एक बड़ा बगीचा है; he was well known in all the ~ वह सारे पड़ोस में प्रसिद्ध था. Δ **something in the ~ of** Rs. 5,000 लगभग पाँच हजार रुपए. **neighbouring** ने'बॅरिङ्ग *a.* पास का, निकटवर्ती, समीपवर्ती [country देश, field मैदान, house मकान, room कमरा, town कस्बा]; the people of the ~ streets came to our meeting पास की गलियों^{F} के लोग हमारी मीटिंग^F में आए. **neighbourly** ने'बर्'लि *adv.* मिलनसार, मित्रवत् [behaviour बर्ताव, duty कर्तव्य]; live ~ with others दूसरों के साथ मित्रवत् रहो.

neither नाइ'दर **I.** *conj.* दोनों में से कोई नहीं, भी नहीं : ~ nor.... न तो .... (और) न.... ; he has ~ mother nor father उसके न तो माँ है, न बाप; he will ~ promise nor refuse वह न तो वादा करेगा और न इंकार करेगा; ~ you nor I know where to go न तो तुम और न मैं जानता हूँ कि कहाँ जाना है; ~ good nor bad न अच्छा न बुरा. **II.** *adv.* भी नहीं, न ही : she cannot swim, ~ can her brother वह नहीं तैर सकती और उसका भाई भी नहीं (न ही उसका भाई); they will not go there, ~ shall I वे वहाँ नहीं जाएँगे, मैं भी नहीं (न ही मैं); ~ of the girls know it लड़कियों में इसे कोई भी नहीं जानती; ~ of them could swim उनमें से कोई भी तैर नहीं सकता था/सकती थी.

nephew नें'व्यू *n*^c. (*fem*. niece) भांजा, भतीजा : (sister's son भांजा; brother's son भतीजा); he is a ~ of Mr. Smith वह मि. स्मिथ का ≈ है.

nepotism नें'पॅटिज़्म *n*^u. भाई-भतीजावाद : ~ in appointments नियुक्तियों^F में ≈; ~ is a social curse ≈ एक सामाजिक अभिशाप है.

nerve नॅर्व़ **I.** *n*^c. **1.** तंत्रिका^F [strong मज़बूत, weak कमज़ोर]; he has ~s of iron उसकी लौह तंत्रिकाएँ हैं. Δ **to get on smb's ~s** किसी को घबरा देना; **to lose one's ~** डर या घबरा जाना : on seeing the lion he lost his ~s शेर को देखकर वह डर गया; **to strain every ~** एड़ी-चोटी^F का ज़ोर लगाना : he strained every ~ to secure success सफलता^F प्राप्त करने के लिए उसने कड़ा परिश्रम किया. **2.** (boldness) दिलेरी^F : a man of ~ दिलेर आदमी; she had the ~ to face the dacoit उसमें डाकू का सामना करने की ≈ थी. **3. nerves** घबराहट^F : he is suffering from ~s वह ≈ से पीड़ित है. **II.** *v.t.* साहस प्रदान करना : to ~ oneself साहस बटोरना. **nervous** नर्'व़स *a.* **1.** (neural) स्नायविक, तंत्रिकीय, स्नायुसंबंधी [disease बीमारी^F, system तंत्र]; he died because his ~ system got damaged वह इसलिए मरा कि उसका तंत्रिकातंत्र खराब हो गया था. ~ **break-down** मानसिक क्षति^F. **2.** (agitated) विकल, घबराया हुआ [employee कर्मचारी, child बच्चा, woman स्त्री]; she was very ~ वह बहुत ही विकल थी; I was not at all ~ मैं बिल्कुल नहीं घबराया था; don't be ~ घबराइए मत. **3.** (apprehensive) आशंकित, सशंक : ~ person ≈ व्यक्ति; at first he was so ~ that he could not speak पहले वह इतना आशंकित था कि बोल नहीं सकता था. [*ant.* bold] **nervy** नर्'व़ि *a.* सशक्त, बलवान् : ≈ youngman ≈ नवयुवक; you cannot knock down a ~ fellow तुम ≈ आदमी को पटक नहीं सकते.

-ness *suff.* makes nouns, blindness, calmness, dampness, forgiveness, greatness, illness, kindness, madness, rudeness, sadness, uselessness.

nest नेॅस्ट **I.** *n*^c. **1.** घोंसला, नीड़ [empty खाली, hollow खोखला, straw घासफूस का]. **2.** (person's) बसेरा, अड्डा : to return to one's ~ अपने ≈ को लौटना. **3.** wasps' ~ बर्रों का छत्ता. Δ **to feather one's ~** अपना काम निकालना; he succeeded in feathering his ~ वह अपना काम निकालने में सफल रहा.

nestle नें'सल *v.t.i.* **1.** सुख से बस जाना या बसाना, पड़ा रहना : villagers are nestling in the valley ग्रामीण लोग घाटी^F में बसे हैं. **2.** दुबककर बैठना : he ~d down in his easy chair वह अपनी आरामकुर्सी^F पर दुबक कर बैठ गया. **3.** सुख से रहना : hilly people ~ in their huts पहाड़ी लोग अपनी झोपड़ी^F में सुख से रहते हैं. **4.** सुख से सोना : to ~ into one's bed अपने बिस्तर में ≈; the baby ~s against its mother बच्चा माँ से चिपककर सोता है.

net नेॅट **I.** *n*^c. **1.** जाल [fishing मछली पकड़ने का, thin पतला, wide लंबा-चौड़ा]; catch the fish with a ~ ≈ से मछलियाँ^F पकड़ो; a ~ was spread over a pit to catch a lion शेर को पकड़ने के लिए एक गड्ढे पर ≈ फैला दिया गया; a ~ divides the tennis court into two sides जाल टेनिस के मैदान को दो पक्षों में बाँटता है. **2.** जाली^F : hair ~ बालों की ≈; mosquito ~ मच्छरदानी^F, मसहरी^F; he has two mosquito ~s in his house उसके घर में दो मच्छरदानियाँ हैं; ~ **work** जाल : a ~ of roads सड़कों^F का ≈. **II.** *v.t.* **1.** जाल में फँसाना : to ~ fish, butterflies जाल या जाली^F में मछलियाँ, तितलियाँ^F फँसाना. **2.** जाल से ढक देना : to ~ a tree to protect fruit फलों को बचाने के लिए पेड़ को ≈. **III.** *a.* **1.** (net) शुद्ध, वास्तविक, निबल [amount राशि^F, income आय^F, price मूल्य, profit लाभ, weight वज़न]. **2.** कुल : ~ result ≈ परिणाम. **netting** नें'टिङ्ग *n*^u. जाल, जाली^F : we use wire ~ to keep hens therein हम तार की जाली^F का प्रयोग मुर्गियों^F को उसमें रखने के लिए करते हैं.

neuter न्यू'टर *a.* **1.** (gender) नपुंसक [gender लिङ्ग, noun संज्ञा^F, pronoun सर्वनाम]; stone, pen, hand are ~ पत्थर, कलम, हाथ ≈ लिंग है. **2.** निष्पक्ष : to stand ~ ≈ रहना.

neutral न्यूट्'रल *a.* तटस्थ, निष्पक्ष [chairman चेअरमैन/अध्यक्ष, umpire निर्णायक]; they needed a ~ person to settle their dispute उन्हें अपना झगड़ा तय करने के लिए एक ≈ व्यक्ति की आवश्यकता^F थी. [*ant.* partial]. **neutralize** न्यूट्'रॅलाइज़ *v.t.* **1.** तटस्थ घोषित करना : to ~ a disputed area किसी विवादग्रस्त क्षेत्र को ≈; the king ~d his state in the war between two nations दो राष्ट्रों के युद्ध में राजा ने अपने राज्य को तटस्थ घोषित किया. **2.** (counterbalance) व्यर्थ या निष्प्रभाव कर देना : high taxes ~d increased wages उच्च करों ने बढ़ाई गई मज़दूरी^F को निष्प्रभावित कर दिया; long delay ~d all our efforts लंबे विलंब से हमारे सारे प्रयास व्यर्थ हो गए; to ~ the effects of poison विष को निष्प्रभाव कर देना.

never नें'व़र *adv.* कभी नहीं, कदापि नहीं : I ~ met him again मैं उससे फिर कभी नहीं मिला; I have ~ been to Chennai मैं कभी चेन्नई नहीं गया; I shall ~ forget it मैं इसे कभी न भूलूँगा; ~ go there वहाँ कभी न जाना; I have ~ seen it in my life मैंने इसे अपने जीवनकाल में कभी नहीं देखा; I will ~ tell you मैं तुम्हें कदापि न बताऊंगा; I shall ~ agree मैं कदापि सहमत नहीं हूँगा; I ~ thought that he would do that मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह ऐसा करेगा; ~ mind चिंता^F मत करो, परवाह^F न करो; this will ~ do इससे काम न चलेगा. **nevertheless** नेंव़र्दलिस' *adv.* तो भी, फिर भी : he fell ill, ~ he went to play cricket वह बीमार हो गया ≈ क्रिकेट खेलने चला गया; although he is lazy, I like him ~ यद्यपि वह आलसी है ≈ मुझे वह पसंद है; I cannot agree with you, ~ I shall do as you like मैं तुमसे सहमत नहीं हो सकता किंतु ≈ मैं वैसा ही करूँगा जैसा तुम चाहते हो.

new न्यू **I.** *a.* **1.** नया [book किताब^F, chapter अध्याय, city शहर, friend मित्र, job काम, play खेल, school स्कूल, station स्टेशन, subject विषय, teacher अध्यापक]; there are many ~ words on this page इस पृष्ठ में बहुत-से नए शब्द हैं; is there anything ~ क्या कुछ नया है ? your watch looks like ~ तुम्हारी घड़ी^F नई-सी लगती है. **2.** (fresh) ताज़ा [potatoes आलू, vegetable सब्ज़ी^F]; new fruits are useful for health ताज़ा फल स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होते हैं. **3.** नया, अपरिचित, अजनबी [man व्यक्ति, place स्थान]; he was completely ~ to that school वह विद्यालय में पूरी तरह (नया-नया) अपरिचित था; I am quite ~ to this kind of job मैं इस प्रकार के काम से/में ≈ (नया-नया) हूँ; it is not a ~ idea यह कोई ≈ विचार नहीं है. **4.** (inexperienced) कच्चा, अनाड़ी [mechanic मिकैनिक, player खिलाड़ी, worker कामगार]; ~ moon अमावस; ~ comer नवागत. [*ant.* new] **II.** *adv.* नव, नया : ~ born (baby) नवजात (शिशु) ; ~ laid eggs ताज़ा दिए गए अंडे. **newly** न्यू'लि *adv.* नया-नया, हाल में : it is a ~ painted picture यह हाल ही का बनाया गया चित्र है; this house is ~ built यह मकान ≈ बनाया गया है; they are ~ weded उनकी हाल ही में शादी^F हुई है; ~ weds नवविवाहित दंपती.

news न्यूज़ *n. sing.* समाचार, ख़बर [good अच्छा, important महत्वपूर्ण, unbearable असहनीय, unexpected अप्रत्याशित]; ~ agency (P.T.I.) समाचार एजेंसी^F; ~ agent समाचार-पत्र एजेंट; ~ boy अख़बार वाला; ~ media (such as newspapers, radio, television) समाचार माध्यम (जैसे कि समाचार-पत्र, रेडियो, टेलीविजन); ~ monger गप्पी, गपोड़िया; ~paper समाचार-पत्र, अख़बार [daily दैनिक, evening शाम^F का, foreign वैदेशिक, morning सुबह^F का, old पुराना, today's आज का]; buy a ~ समाचार-पत्र खरीदो; learn something from the ~ समाचार-पत्र से कुछ सीखो; write for the ~ समाचार-पत्र के लिए लिखो; ~ print अख़बारी कागज़; ~ reader समाचार-वाचक; ~ reel समाचार फ़िल्म, समाचार दर्शन; ~ vender समाचार-पत्र विक्रेता; have you heard the ~ क्या आपने समाचार सुना है; I have had no ~s from him for long लंबे समय से उसकी हमारे पास कोई ख़बर नहीं आई है; I have happy ~ for you तुम्हारे लिए मेरे पास एक सुखद समाचार है; what is the latest ~ बिल्कुल ताज़ा समाचार क्या है? it is a

good ~ यह अच्छी ख़बर है; ~ of the week सप्ताह के मुख्य समाचार; I met a ~ correspondent in the office मैं कार्यालय में एक संवाददाता से मिला; the ~ is not true ≈ सही नहीं है.

next नें'क्स्ट **I.** *a.* **1.** अगला [day दिन, month महीना, question प्रश्न, room कमरा]; ~ street अगली गली[F]; ~ morning अगली सुबह[F]; ~ January अगली जनवरी[F]; ~ Monday अगले सोमवार; ~ door बगल का : ~-door neighbour बगल का पड़ोसी; when is the ~ examination अगली परीक्षा[F] कब है ? I was 88 in 1997, the ~ year in 1998, I was 89. 1997 में मैं 88 वर्ष का था अगले वर्ष 1998 में 89 का. **2.** (nearest) निकटतम, समीपस्थ [house मकान, school विद्यालय, way रास्ता]; Mr. Smith is the ~ neighbour to me मि. स्मिथ मेरे ≈ पड़ोसी हैं; it is ~ to impossible यह लगभग असंभव है; ~ to nothing नहीं के बराबर. **II.** *prep.* he placed his chair ~ to her's उसने अपनी कुर्सी उसकी कुर्सी के बगल में रख दी; I sat ~ to him मैं उसके निकट बैठा. **III.** *adv.* तदनंतर; (ठीक) उसके बाद, उसके उपरांत : where will you go ~? तदनंतर तुम कहाँ जाओगे; your turn comes ~ इसके बाद तुम्हारी बारी[F] है; Tom was the ~ to come after him उसके अनंतर आने वाला टाम था; what happened ~ तदनंतर क्या हुआ ? what must we do ~ तदनंतर हमें क्या करना चाहिए ? what have you to do ~ इसके बाद तुम्हें क्या करना है ? the ~ best अत्युत्तम से थोड़ा कम.

N.G.O. Non-Gazetted Officer.

nib निब *n.* निब[F] : the ~ does not fit ≈ ठीक नहीं आती; he broke the ~ of his pen उसने अपनी कलम[F] की ≈ तोड़ दी; there is no flow from the ~ ≈ में प्रवाह नहीं है.

nibble नि'बल *v.t.i.* **1.** कुतरना, कुतर-कुतर कर खाना : you are only nibbling your food तुम केवल अपना खाना कुतर-कुतर कर खा रहे हो; ~ a piece of cake केक कुतर-कुतर कर खाओ; mice ~d away cheese चूहे कुतर-कुतर कर पनीर खा गए. **2.** कुतर-कुतर कर बना लेना : the mice ~d a hole in our wooden box चूहों ने हमारे लकड़ी[F] के संदूक में कुतर-कुतर कर छेद बना लिया. Δ **to ~ at a bargain** सौदा पटाने में झिझकना.

nice नाइस *a.* **1.** मनोहर, रमणीय [appearance चेहरा, apple सेब, company साथ, garden बगीचा, music संगीत, trip यात्रा[F]]; there were a lot of ~ things there वहाँ बहुत-सी ≈ वस्तुएँ[F] थीं. ~ **looking** सुंदर : ~ looking clothes सुंदर वस्त्र. **2.** (kind) कृपालु : to be ~ to someone किसी पर कृपादृष्टि[F] रखना; it is ~ of you आपकी कृपा[F] है. **3.** (pleasant) सुहावना : ~ weather ≈ मौसम; how ~ to see you तुमसे मिलना कितना ≈ लगता है. **4.** (dainty) स्वादिष्ट [cake केक, food भोजन, sweets मिठाई[F], taste स्वाद]; it was very ~ to the taste यह बहुत स्वादिष्ट था. **5.** (well- behaved) भद्र, शालीन [boy लड़का, people लोग, woman औरत]; she looked very ~ in her new dress वह अपने नए पहनावे में बहुत ≈ लगती थी. **6.** (subtle) सूक्ष्म, बारीक [meaning अर्थ, thing वस्तु[F]]; a ~ point of law कानून का सूक्ष्म बिंदु. ~ **ear** सूक्ष्मग्राही कान; ~ **eye** सूक्ष्मग्राही नेत्र. **7.** (right) सही : ~ answer ≈ उत्तर. **nicety** नाइ'सिटि *n*[c]. (niceties) **1.** बारीकी[F], सूक्ष्मता[F] : I could not consider all the niceties of the situation मैं स्थिति[F] की सभी बारीकियों को नहीं सोच सका. **2.** यथार्थता[F] : niceties of behaviour व्यवहार की ≈. Δ **to a ~** ठीक-ठाक : meat cooked to a ~ ≈ पकाया हुआ मांस.

nick निक **I.** *n*[c]. **1.** (cut) खाँचा, कटे का निशान : ~ on the cup प्याले में ≈. **2.** कारागार, कैदखाना : three years in the ~ ≈ में तीन वर्ष. **II.** *n*[u]. condition दशा[F], हालात[F] : the doctor assured me that the patient is in good ~ डाक्टर ने मुझे विश्वास दिलाया कि मरीज़ अच्छी ≈ में है. Δ **in the ~ of time** ऐन वक्त पर : he reached the examination hall in the ~ of time वह परीक्षा[F] हाल में ऐन वक्त पर पहुँचा.

nickel नि'कल *n.* निकल : ~ utensils ≈ के बर्तन; ~ is a hard, white metal ≈ एक कड़ी सफेद धातु है.

niece नीस *n.* (brother's daughter) भतीजी, (sister's daughter) भांजी [charming आकर्षक, intelligent समझदार]; his ~ is very beautiful उसकी ≈ बहुत सुंदर है; I like my ~ very much मुझे अपनी ≈ अच्छी लगती है. [*masc.* nephew]

niggard नि'गर्ड *n*ᶜ. कंजूस, कृपण : a ~ is never willing to spend money ≈ कभी पैसा खर्च करने को राज़ी नहीं होता; I met a ~ in the market बाज़ार में मैं एक ≈ से मिला. **niggardly** नि'गर्डलि **I.** *adv.* कंजूसीᶠ से, कंजूस की तरह : he spends ~ वह ≈ खर्च करता है. **II.** *a.* **1.** कंजूस [friend मित्र, manager प्रबंधक, master मालिक]; my neighbour engineer is a ~ fellow मेरा पड़ोसी इंजीनियर एक ≈ व्यक्ति है. **2.** अनुदार, थोड़ी कीमतᶠ का : ~ award ≈ पुरस्कार

night नाइट *n*ᶜ. रात्रिᶠ, रातᶠ [bright रोशन, cold ठंडी, dark अंधेरी, hot गर्म, long लंबी, quiet शांत, stormy तूफ़ानी]; to have a bad ~ रातभर अच्छी नींदᶠ न आना; to have a good ~ रात को अच्छी नींदᶠ आना; ~ bird उल्लू; ~ blindness रतौंधीᶠ; ~ fall संध्याᶠ, शामᶠ; ~mare भयानक स्वप्न; ~ school रात्रि-स्कूल; ~shade बेलाडोना (पौधा) ; ~ shelter रैन बसेरा; ~ shift रात्रिपारीᶠ; ~ watch रात का पहरा, (man) चौकीदार; in the middle of the ~ मध्यरात्रि में; he came late at ~ वह देर रातᶠ आया; I woke up thrice in the ~ मैं ≈ में तीन बार जागा; he works ~ and day वह रात-दिन काम करता है; I did not sleep all ~ मैं सारी ≈ नहीं सोया; it rained during the ~ ≈ में बारिशᶠ हुई; he drives a taxi by ~ वह रात को टैक्सीᶠ चलाता है; he wears ~ clothes वह रात के कपड़े पहनता है; he works from morning till ~ वह सुबह से शाम तक काम करता है; on Sunday ~ इतवार की रात को [*ant.* day]

nightingle नाइ'टिङ्गेल *n*ᶜ. बुलबुल : ~ is known for its beautiful song ≈ सुंदर गीत के लिए जानी जाती है; the male ~ sings at night नर बुलबुल रातᶠ में गाता है; ~s are seen generally in spring सामान्यत: ≈ बसंत में दिखाई देते हैं.

nightly नाइट्'लि *a.* रात का : ~ news ≈ समाचार; he meets me at ~ visits वह रात्रिᶠ के दौरे पर मुझसे मिलता है; she hears the ~ songs on radio वह रेडियो पर रात्रिकालीन गीत सुनती है.

nil निल *n.* कुछ नहीं, शून्य : it costs ~ इसकी कीमतᶠ कुछ नहीं है; the result was ~ परिणाम कुछ न निकला; victory by 4 points to ~ शून्य के मुकाबले 4 अंकों (0-4) से विजयᶠ.

nimble निम्'बल *a.* **1.** फुर्तीला, तेज़ : ~ player ≈ खिलाड़ी; ~ fingers फुर्तीली उंगलियाँᶠ; squirrel is ~ as it jumps from branch to branch गिलहरीᶠ फुर्तीली होती है क्योंकि वह एक शाखाᶠ से दूसरी शाखा पर उछलती फिरती है. **2.** कुशाग्रबुद्धि, तेज़ [brain मस्तिष्क, student छात्र]; no student in the class was ~ कक्षाᶠ में कोई भी लड़का ≈ नहीं था; ~ imagination तेज़ कल्पनाᶠ.

nine नाइन *a.* & *n.* नौ : ~ days' wonder चार दिन की चाँदनीᶠ; ~ out of ten are born fools दस में से नौ जन्मजात मूर्ख होते हैं. **nineteen** नाइन्'टीन *n.* & *a.* उन्नीस : ~ is a whole number ≈ पूर्ण संख्या है. **nineteenth** *a.* उन्नीसवाँ : on the ~ day उन्नीसवें दिन. **ninety** नाइन्'टि *n.* & *a.* नब्बे : there are ~ boys in our class this year इस साल हमारी कक्षाᶠ में नब्बे लड़के हैं; the nineties सन् 90 से 99 तक. **ninth** नाइंथ *a.* नौवाँ : ~ part ≈ भाग; ~ class नौवीं कक्षाᶠ; on the ~ day नौवें दिन; Mr. Shukla is the class teacher of the ~ class श्री शुक्ल नौवीं कक्षाᶠ के कक्षाध्यापक हैं.

nip निप **I.** *v.t.* (*-pp-*) **1.** दबाकर पकड़ना : our dog ~ped his leg हमारे कुत्ते ने उसकी टाँगᶠ दबाकर पकड़ ली. **2.** अवरुद्ध करना, बढ़ने न देना : the flowers were ~ped by frost पाले के मारे फूल अवरुद्ध हो गए; the boy ~ped his studies in the bud लड़के ने अपने अध्ययन को शुरुआत में ही खत्म कर दिया. **3.** (pluck) तोड़ना, काटना : to ~ flowers before they bloom बिना खिले ही फूलों को तोड़ लेना. **4.** (pinch) चुटकीᶠ काटना, चिहुँटना, काटना : the postman was ~ped on the leg by a dog डाकिये को टाँग में एक कुत्ते ने

काट लिया. **II.** *n*ᶜ. (of cold) गलनᶠ : there is a ~ in the air हवाᶠ में ≈ है.

nipple नि'पल *n.* चूचीᶠ, ढिपनीᶠ : the baby sucks the ~ of its mother बच्ची माँ की ≈ चूसती है; ~ at the end of the bottle to feed milk to the baby बच्चे को दूध पिलाने के लिए बोतलᶠ के ऊपर की ढिपनी.

nit निट *n*ᶜ. लीखᶠ : ~ is an egg of a louse ≈ जूँ का अंडा है; ~ is found in some people's hair ≈ कुछ लोगों के बालों में पाई जाती है.

No. number.

no नो **I.** *adv.* नहीं : did you write to her? no क्या तुमने उसको लिखा था? ≈; he is ~ better वह तनिक भी ठीक नहीं है; the weather is ~ worse today than yesterday आज मौसम कल की अपेक्षाᶠ तनिक भी खराब नहीं है; I have ~ more time मेरे पास और समय नहीं है; do you need, or ~ क्या तुमको इसकी आवश्यकताᶠ है, या नहीं; I had ~ such luck मेरी ऐसी किस्मतᶠ नहीं थी; there were ~ fewer than 50 people there वहाँ पचास से कम लोग नहीं थे; I shall go ~ further मैं इससे आगे नहीं जाऊंगा. **II.** *a.* नहीं, कोई नहीं, कुछ नहीं : ~ man's land लावारिस/ अस्वामिक ज़मीन : the dispute arose on the ~ man's land लावारिस जमीन पर विवाद खड़ा हो गया; he is ~ fool वह कोई मूर्ख नहीं; he has ~ choice उसकी कोई पसंद नहीं है; there is ~ hope of his recovery उसके स्वस्थ होने की कोई आशाᶠ नहीं है; I have ~ money मेरे पास कुछ भी धन नहीं है; we have ~ time हमारे पास कोई समय नहीं है; he is ~body वह कुछ भी नहीं; I have ~ interest मेरी कोई दिलचस्पीᶠ नहीं है; ~ man can do this कोई आदमी इसे नहीं कर सकता; he is ~ artist वह कलाकार थोड़े है; ~ smoking धूम्रपान मना है; ~ talking बातचीतᶠ करना मना है; there is ~ denying the fact इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता; he is ~ friend of mine वह मेरा दोस्त नहीं है. Δ **by ~ means** बिल्कुल नहीं : he can by no means do it वह इसे बिल्कुल नहीं कर सकता; **in ~ time** बहुत जल्दी : I shall return in ~ time मैं जल्दी लौट आऊंगा. **III.** *n*ᶜ. नकार, न, इंकार : he had a ~ to my request उसने मेरी प्रार्थनाᶠ पर न कर दी; clear ~ साफ इंकार; the ~es have it विपक्ष में मत देने वाले जीत गए हैं. [*ant.* yes]

nobility नोबि'लिटि *n*ᵘ. **1.** अभिजात वर्ग, कुलीन लोग, अमीर लोग : ~ of the city participated in the marriage ceremoney शहर के ≈ विवाह संस्कार में सम्मिलित हुए. **2.** कुलीनताᶠ, आभिजात्य; उच्चताᶠ, श्रेष्ठताᶠ : ~ of mind and character मन और चरित्र की श्रेष्ठता; he showed great ~ during the discussion चर्चाᶠ के दौरान उसने बड़ी कुलीनता दिखाई. **noble** नो'बल *a.* **1.** उत्कृष्ट, उत्तम [feeling भावनाᶠ, life जीवन, mind मन, sentiment भाव, thought विचार]; to save a drowning man is a ~ deed डूबते आदमी को बचाना एक ≈ कार्य है. **2.** (by birth) कुलीन, अभिजात [family परिवार, people लोग]; she was born in a ~ family वह एक ≈ परिवार में पैदा हुई थी. **3.** (great) महान्, प्रभावशाली [impression असर, personality व्यक्तित्व]; a ~ looking horse ≈ दिखने वाला घोड़ा; he was a ~ son of a ~ father वह ≈ बाप का ≈ बेटा था. [*ant.* ignoble] **nobly** नोब्'लि *adv.* सज्जनताᶠ से : she served the famine-striken people ~ उसने अकाल से पीड़ित लोगों की ≈ सेवाᶠ की.

nobody नो'बडि *n*ᵘ. कोई नहीं : she likes ~ वह किसी को नहीं चाहती; ~ else was there वहाँ कोई और नहीं था; there is ~ in the room कमरे में ≈ नहीं है; he is just a ~ वह बिल्कुल नगण्य है; ~ was allowed into the hall हाल में किसी को जाने की अनुमतिᶠ नहीं दी गई; I saw ~ but him मैंने सिवाय उसके किसी को नहीं देखा; he made friends with ~ उसने किसी से मित्रताᶠ नहीं की; ~ knew about it इसके बारे में कोई नहीं जानता था.

N.O.C. no-objection certificate.

nod नॉड **I.** *v.t.* (*-dd-*) **1.** हाँ में सिर हिलाना : he ~ded in reply उसने प्रत्युत्तर में सिर हिला दिया. **2.** सहमतिᶠ प्रकट करना : he ~ded the agreement उसने समझौते पर सहमति प्रकट की. **3.** to ~ to smb सिर के इशारे से नमस्ते करना. **4.** (be sleepy) ऊंघना : she was

~ding in her armchair वह अपनी बाँहदार कुर्सी^F में ऊंघ रही थी; I saw him ~ding in the class मैंने उसे कक्षा^F में ऊंघते पाया. **5.** (sway) हिलना, झूलना : flowers ~ding in the garden बगीचे में झूलते फूल. **II.** n^c. **1.** (nap) झपकी^F : while reading he had a ~ पढ़ते-पढ़ते उसने ≈ ले ली. **2.** (command) इशारा, आदेश : to be at smb's ~ किसी के इशारे पर काम करना; he gave me a ~ at once उसने तुरंत ही मुझे आदेश दिया (इशारा किया) . **3.** नवाई^F : he greeted me with a ~ उसने सिर नवाकर मेरा स्वागत किया. **4.** (assent) सहमति^F : I got his ~ easily मैंने उसकी ≈ आसानी^F से प्राप्त कर ली.

noise नॉइज़ **I.** n^u. (din) शोर, कोलाहल, हुल्लड़, शोरगुल [harsh कर्कश, loud ज़ोर का, terrible भयंकर]; I heard the ~ from outside मैंने बाहर से शोर सुना; there was so much ~ that I could not hear ≈ इतना ज़्यादा था कि मैं कुछ न सुन सका; do not make so much ~, I am reading इतना ≈ न मचाओ, मैं पढ़ रहा हूँ; a ~ woke her up ≈ ने उसे जगा दिया; the children make much ~ बच्चे बहुत ≈ मचाते हैं; the engine makes ~ इंजन घर्र-घर्र करता है. Δ **he is a big ~** वह बहुत बड़ा आदमी है. **II.** *v.t.* (~ about) फैलाना, प्रचारित करना, शोर मचाना, मशहूर कर देना : his name was ~d very soon बहुत जल्दी ही उनका नाम प्रचारित हो गया. [*ant.* quiet] **noisy** नॉइ'ज़ि *a.* **1.** शोर करने वाला [car मोटरगाड़ी, children बच्चे, members सदस्य]; they are ~ students, I can never accompany them वे शोर करने वाले छात्र हैं, मैं उनका साथ कभी नहीं दे सकता. **2.** शोर वाला : it is very ~ in the classroom कक्षा^F में बहुत शोर है; the market was too ~ बाज़ार में बहुत ही ज़्यादा शोर था. [*ant.* quiet]

nomad नॉ'मड n^c. यायावर, ख़ानाबदोश : ~s have no house यायावरों का कोई मकान नहीं होता; ~s of the hill पहाड़ी ≈; he wandered in jungles like a ~ वह ≈ की तरह^F जंगलों में आवारा फिरता रहा. **nomadic** नोमै'डिक *a.* यायावरी, ख़ानाबदोशी, भ्रमणशील [behaviour व्यवहार, person व्यक्ति, tribes जनजातियाँ^F]; I dislike his ~ activities मुझे उसके ख़ानाबदोशी क्रियाकलाप से घृणा^F है.

nominal नॉ'मिनल *a.* **1.** (in name only) नाममात्र का/की [amount राशि^F, cost लागत^F, right अधिकार, ruler शासक]; he is a ~ principal वह ≈ प्राचार्य है. **2.** ~ price अंकित मूल्य; ~ roll नामावली.

nominate नॉ'मिनेट *v.t.* नामज़द करना, मनोनीत करना : to ~ a person for public office सार्वजनिक पद के लिए किसी को ≈; he ~d me as his assistant उसने मुझे अपने सहायक के रूप में नामज़द/मनोनीत किया; I ~ Mr. K to go to the meeting in my place मैं श्री क को नामजद करता हूँ कि मेरे स्थान पर मीटिंग^F में जाएँ. **nomination** नॉमिने'शन n^c. नामज़दगी, मनोनयन, नामांकन [*ad hoc* तदर्थ, temporary अस्थायी, valid वैध]; ~ paper नामांकन-पत्र; ~ to the post of head clerk प्रधान लिपिक पद के लिए नामांकन; they accepted our ~s for the executive committee कार्यकारिणी समिति के लिए उन्होंने हमारी नामज़दगियों को स्वीकार किया.

non- नॉन् *prefix* अ-, अन्-, इतर, ग़ैर- : ~-appearance अनुपस्थिति^F; ~-bailable ग़ैर ज़मानती; ~-commissioned बिना कमीशन का; ~-gazetted अराजपत्रित. ~-essential, nonsense.

none नन **I.** *pron.* कोई (भी) नहीं : ~ of my friends was there मेरे मित्रों में से कोई भी वहाँ नहीं था; there is ~ better than this boy इससे अच्छा कोई भी लड़का नहीं है; we visited ~ of those places हमने उन स्थानों में से कोई भी नहीं देखा; I wanted some more pastries but there were ~ मैं कुछ और पेस्ट्रियाँ^F चाहता था पर औरथी नहीं; have you any excuse? ~ तुम्हारे पास कोई बहाना है? कोई नहीं. **II.** *adv.* तनिक भी नहीं, बिल्कुल नहीं : he is ~ too clever वह बिल्कुल होशियार नहीं है; his behaviour is ~ too good उसका व्यवहार बिल्कुल अच्छा नहीं है.

non essential नॉन्'इसेन्शल *a.* ग़ैरज़रूरी, अनावश्यक [articles वस्तुएँ, books पुस्तकें, conversation वार्तालाप].

non payment नॉन्'पेमन्ट n^u. ग़ैरअदायगी[F] : he was fined for ~ of dues बकाया चुकता न करने पर उसको जुर्माना किया गया; he was given notice for ~ of a bill, tax बिल, कर की ≈ पर उसे नोटिस दिया गया.

nonplussed नॉन्'प्लस्ड *a.* किंकर्तव्यविमूढ़, उलझन में पड़ा हुआ : the lecturer looked ~ प्रवक्ता उलझन में दिखाई पड़े; ~ by some problem किसी समस्या[F] से किंकर्तव्यविमूढ़.

nonsense नान्'सन्स n^u. बेहूदगी[F], अनापशनाप, अंडबंड, बकवास[F] : don't talk ~ बकवास मत करो; lots of his ideas are ~ उसके बहुत-से विचार ≈ हैं; stop that ~ यह ≈ बंद करो; it is all ~ सब बकवास है; what a ~ क्या बकवास है ? **nonsensical** नानसें न्'सिकल *a.* बेहूदा, निरर्थक [idea विचार, opinion राय, words शब्द]; it is ~ to behave like that इस तरह का व्यवहार ≈ है.

non-stop नान स्टॉप' *a.* अविराम, निरंतर : there is a ~ train between Kanpur and Delhi कानपुर और दिल्ली के बीच एक गाड़ी है जो रास्ते में कहीं नहीं रुकती; there was ~ noise at night in the hostel छात्रावास में रात को ≈ शोर हुआ; he ran ~ for two days वह दो दिन तक अविराम दौड़ता रहा.

nook नुक n^c. कोना; एकांत (स्थान) : ~ of a room कमरे का कोना; pleasant ~ of the garden बगीचे का सुखद एकांत (स्थान); I liked that shady ~ there for meditation ध्यान के लिए मैंने वहाँ छायादार एकांत स्थान पसंद किया; I searched every ~ and corner मैंने हर जगह तलाश[F] की (मैंने कोना-कोना छान मारा).

noon नून n^u. दोपहर, मध्याह्न : at ~ the sun is above your head ≈ को सूर्य तुम्हारे सिर के ऊपर होता है; he slept till ~ वह ≈ तक सोया.

noose नूस n^c. फंदा : hangman's ~ जल्लाद का ≈; how did he escape the ~ वह फंदे से कैसे बच गया ? to hang a criminal by a ~ अपराधी को फंदे में लटकाना. **Δ to put one's head in a ~** अपने पाँव पर कुल्हाड़ी[F] मारना.

nor नॉर *conj.* और न : neither ~ न तो .... (और) न; neither good ~ bad न तो अच्छा (और) न ख़राब; it can be done neither by you ~ by me यह न तो तुमसे और न मुझसे किया जा सकता है; the meeting was neither interesting ~ was it well-arranged सभा[F] न तो दिलचस्प थी और न ही सुव्यवस्थित; the meal was good, ~ did it cost much खाना अच्छा था, इस पर पैसा भी बहुत नहीं लगा.

norm नॉर्म *n.* मानक, मानदंड, प्रतिमान [national राष्ट्रीय, recognised मान्यताप्राप्त, social सामाजिक]; he never followed any good ~ in his life अपने जीवन में उसने कभी किसी अच्छे मानदंड का अनुसरण नहीं किया; our ~ in production is 4,000 metres per day उत्पादन में हमारा ≈ है चार हज़ार मीटर प्रतिदिन.

normal नॉर्'मल **I.** *a.* **1.** सामान्य [city शहर, health स्वास्थ्य, life जीवन, man आदमी, rainfall बरसात[F], temperature तापमान, work काम]; when everything becomes ~ again, I shall come to see you जब सब कुछ पुनः सामान्य हो जाता है तो मैं तुमसे मिलने आऊंगा. **2.** (natural) स्वस्थ, सहज : I cannot talk to him for he is not ~ मैं उससे बात[F] नहीं कर सकता क्योंकि वह ≈ नहीं है. **3.** (regular) नियमित [day-work दिन का काम, walking सैर] [*ant.* ab~] **II.** n^c. **1.** (mean) औसत; सामान्य तापमान : above ~ से ऊपर ; below ~ ≈ से नीचे. **2.** ~ school प्रशिक्षण विद्यालय. **normally** नॉर्म'लि *adv.* सामान्यतः : he behaves ~ वह सामान्य व्यवहार करता है; ~ I wake up at 5 in the morning ≈ मैं सुबह पाँच बजे उठता हूँ.

north नार्थ *a.* & *n.* उत्तर, उत्तर दिशा[F]; (a) उत्तरी [pole ध्रुव, side छोर/किनारा, wind वायु]; ~ east उत्तर-पूर्व; ~ west उत्तर-पश्चिम; ~ western उत्तर-पश्चिमी; N ~ America उत्तरी अमरीका; ~ star ध्रुवतारा; from ~ to south उत्तर से दक्षिण; people in the ~ उत्तर के लोग. [*ant.* south] **northern** नॉर्'दर्न *a.* उत्तरी [region क्षेत्र/प्रदेश, winds हवाएँ, zone मंडल]; ~ side of a village गाँव का उत्तरी पक्ष; ~ lights उत्तरध्रुवीय प्रकाश. [*ant.* southern]

nose नोज़ **I.** n^c. **1.** नाक[F] [big बड़ी, long लंबी, straight सीधी, swollen उभरी, ugly कुरूप]; to breathe through the ~ ≈ से साँस

लेना. Δ **follow one's** ~ ≈ की सीध[F] में चले जाना; you can reach there by following your ~ नाक की सीध में चलकर तुम वहाँ पहुँच सकते हो; **to cut one's ~ to spite smb's face** किसी से नाराज़ होकर अपनी हानि[F] कर लेना; **lead smb by** ~ वश में रखना, इशारों पर चलाना : his father has led him well by the ~ उसके पिता ने उसे अच्छी तरह वश में रखा है; **to pay through one's** ~ अत्यधिक पैसा देना, ठगा जाना; **to poke/thrust one's ~ into smb's affairs** किसी के मामले में दख़ल देना; **put one's ~ out of joint** घमंड तोड़ना : he put everyone's ~ out of joint in boxing बॉक्सिग में उसने सब का घमंड तोड़ दिया; **to turn up one's** ~ नाक चढ़ाना या सिकोड़ना : she turned up her ~ at the sight of black tea काली चाय[F] देखकर उसने अपनी नाक सिकोड़ी; **under smb's** ~ किसी की आँखों के सामने; he carried away the suitcase under our very ~ वह हम सब की आँखों के सामने सूटकेस उठाकर चलता बना. **II.** *v.t.* (pry) ताक-झाँक[F] करना, पता लगाना, टोह[F] लेना; to ~ smth around/about (in) the almirah किसी चीज़ का अलमारी में पता लगाना.

nostril नॉस्'ट्रिल *n.* नथुना, नासाछिद्र : the two holes in the nose are called ~s नाक के दो छिद्र नथुने कहे जाते हैं; the girl had a gold ring in her left ~ लड़की के बाएँ नथुने में सोने का छल्ला था.

not नॉट *adv.* नहीं, न, मत : are not (aren't), cannot (can't), do not (don't), is not (isn't), shall ~ (shan't), will not (won't), would not (wouldn't); it is ~ ready वह तैयार नहीं है; I have ~ seen her मैंने उसे नहीं देखा है; he has ~ come yet वह अभी नहीं आया; I am ~ a doctor मैं डाक्टर नहीं हूँ; he was ~ there वह वहाँ नहीं था; I am a girl ~ a boy मैं लड़की हूँ, लड़का नहीं; my hands are clean, yours are ~ मेरे हाथ साफ हैं, तुम्हारे नहीं; do ~ go there वहाँ मत जाओ; we are ~ going to the cinema this evening हम आज शाम[F] सिनेमा नहीं जा रहे हैं; they were requested ~ to stay back उन्हें निवेदन किया गया कि बाद में न रुकें; ~ being a member I could not attend the meeting सदस्य न होने के कारण मैं मीटिंग में उपस्थित न हो सका. ~ **a few** कई : there were ~ a few spectators वहाँ कोई थोड़े दर्शक नहीं थे; ~ **at all** बिलकुल नहीं : thank you, ~ at all धन्यवाद, बिलकुल नहीं. ~ **so many** इतने नहीं : they were ~ so many in the procession जुलूस में इतने नहीं थे; ~ **a little** बहुत : I am not a little anxious मैं बहुत चिंतित हूँ; ~ **the least** (i) it is last but ~ the least अंतिम पर कम महत्व का नहीं, (ii) I am ~ the least worried मैं ज़रा भी चिंतित नहीं हूँ.

notable नो'टॅबल **I.** *a.* उल्लेखनीय, प्रसिद्ध [event घटना[F], player खिलाड़ी, success सफलता[F]]; he was very much pleased to hear the ~ performance of his school वह अपने विद्यालय के उल्लेखनीय प्रदर्शन से बहुत प्रसन्न हुआ; a dog ~ for its neat habits अपनी साफ़ आदतों[F] के लिए प्रसिद्ध एक कुत्ता. **II.** *n.* (usu. *pl.*) लब्धप्रतिष्ठ व्यक्ति : they are the ~s of our locality वे हमारे मुहल्ले के ≈ हैं.

note नोट **I.** *n*[c]. **1.** स्वर [high ऊंचा, low निम्न]; ~ of anger in her voice उसकी आवाज़[F] में क्रोध का ≈; to sound a ~ of warning चेतावनी[F] देना; to strike the right ~ ठीक बात[F] करना; ~s of birds चिड़ियों का कलरव. **2.** (attention) ध्यान : take ~ of what I say जो मैं कहता हूँ ≈ दो; take ~ otherwise you will miss the question ≈ रहे नहीं तो तुम प्रश्न नहीं समझ पाओगे; it is not worthy of ~ यह (बात[F]) ध्यान देने योग्य नहीं है. **3.** (brief statement) टिप्पणी, नोट : a ~ of thanks धन्यवाद का नोट; I have written down a foot ~ मैंने एक पाद-टिप्पणी[F] लिख दी है; send a ~ giving instructions निर्देश देते हुए नोट भेजो; prepare ~s of his lecture उसके व्याख्यान के नोट तैयार करो. **4.** (bank ~) नोट [counterfeit जाली, real खरा]; have you two ten-rupee ~s क्या तुम्हारे पास दस-दस रुपए के दो ≈ हैं. **5. to strike a ~ on the harmonium** हारमोनियम पर सुर साधना. **6.** ~ **of**

interrogation प्रश्नचिह्न; to take ~ लिखना. 7. man of ~ प्रसिद्ध व्यक्ति. **II.** *v.t.* **1.** देख लेना, पर ध्यान देना : I noted a change in his behaviour मैंने उसके व्यवहार में एक परिवर्तन देखा. **2.** नोट कर लेना, लिख लेना : ~ (down) my address, you may forget मेरा पता नोट कर लो, तुम भूल सकते हो. **~book** n^c. कापी^{F}, नोटबुक^F [clean साफ़/स्वच्छ, rough रफ़, smooth चिकनी, special विशेष, thin पतली]; write these questions in your ~ ये प्रश्न अपनी कापी में लिख लो; I forgot to bring my ~ मैं अपनी ≈ लाना भूल गया. **noted** नो'टिड *a.* नामी, प्रसिद्ध [doctor डाक्टर, player खिलाड़ी, writer लेखक]; a village ~ for its pottery बर्तन बनाने के लिए ≈ गाँव; he is the ~ leader of India वह भारत के नामी नेता हैं; she was ~ for her bounty वह अपनी दानशीलता^{F} के लिए प्रसिद्ध थी. **~ worthy** *a.* ध्यान देने योग्य, असाधारण, विशेष [discovery आविष्कार, question प्रश्न]; a ~ book on physics भौतिकी^{F} पर एक ≈ किताब; Rajendra Prasad was one of the ~ Presidents of India राजेन्द्र प्रसाद भारत के विशेष/असाधारण राष्ट्रपतियों में से थे; nothing of ~ happened कोई ≈ बात^F नहीं हुई.

nothing नॅ'थिङ्ग **I.** *pron.* कुछ नहीं : there is ~ noteworthy in this paper इस अख़बार में कुछ विशेष नहीं है; I have ~ to do with you मुझे तुमसे कुछ लेना-देना/वास्ता नहीं है; his death is ~ to me उसकी मौत^F से मेरा क्या मतलब; his reputation is ~ as compared to his father's उसकी ख्याति^{F} उसके बाप की ख्याति^{F} की अपेक्षा^{F} कुछ नहीं है; he had ~ to say उसे कुछ नहीं कहना था; there is ~ in the story कहानी^{F} में कुछ नहीं है; he told us ~ new उसने हमें कुछ नया नहीं बताया; don't be afraid of him, he is ~ उससे भयभीत न हो, वह नगण्य है; ~ could please him उसे कोई बात^F भी प्रसन्न न कर सकी; he is ~ if not honest यदि वह ईमानदार नहीं है तो और क्या है? **for ~** मुफ़्त : I got this pen **for ~** मुझे यह कलम मुफ़्त में मिली; **~ doing** बिलकुल नहीं : will you stay at home? ~ doing क्या तुम घर पर रहोगे ? बिलकुल नहीं; **to make/think ~ of** कुछ परवाह^F न करना; **much ~** बहुत कम; **~ of the kind** कुछ नहीं; his plan came to ~ उसकी योजना असफल हो गई. **II.** *adv.* नहीं, न, मत : think ~ of anybody किसी के बारे में मत सोचो; I have talked ~ with him मैंने उससे कोई बात^F नहीं की; ~ less than this इससे कम नहीं; he cares ~ of him वह उसकी तनिक भी परवाह^F नहीं करता; it avails ~ इससे कोई लाभ नहीं होता. [*ant.* something]

notice नो'टिस **I.** n^c. **1.** सूचना^{F}, नोटिस [common साधारण, first पहली, public सार्वजनिक]; he gave/served a month's ~ उसने एक महीने का नोटिस दिया; the library will remain closed until further ~ अगली सूचना तक पुस्तकालय बंद रहेगा; it was a new ~ to him उसके लिए यह नई सूचना^{F} थी. **2.** सूचना-पत्र : he put up a ~ on the wall उसने दीवार^F पर एक ≈ लगा दिया; a ~ in the garden: don't pluck flowers उद्यान में का एक ≈: फूल मत तोड़ो. **3.** (attention) ध्यान : it came to my ~ मेरे ध्यान में आया; to take ~ of ध्यान/चिंता^{F} करना : he took no ~ of my coming उसने मेरे आने की कोई चिंता नहीं की; to bring smth to smb's ~ किसी के ≈ में कुछ लाना; to avoid ~ आँख् बचाना : he slipped away avoiding our ~ वह आँख बचाकर खिसक गया. **II.** *v.t.* **1.** देखना : the prisoner ~d that the door was open कैदी ने देख लिया कि दरवाज़ा खुला है; at first I did not ~ him पहले मैं उसे नहीं देख पाया; I ~d a letter on the table मेज़ पर मैंने एक पत्र देखा. **2.** उल्लेख करना : in this letter he briefly ~d the affairs in his family अपने पत्र में उसने संक्षेप में अपने परिवार के मामलों का उल्लेख किया. **noticeable** नो'टिसॅबल *a.* **1.** सुस्पष्ट [change परिवर्तन, event घटना^{F}, variation भिन्नता^{F}]; ~ drop in crime in the city शहर में अपराध में स्पष्ट गिरावट^F; there is a ~ growth in production उत्पाद में स्पष्ट वृद्धि^{F} हुई है. **2.** दर्शनीय [hill पहाड़ी^{F}, place स्थान]; the aeroplane was

~ in the sky हवाई जहाज़ आकाश में दिखाई दे रहा था; it is a ~ palace in the district यह जिले का दर्शनीय राजमहल है.

notification नोटिफ़िके'शन *n*ᶜ. अधिसूचना^F, विज्ञप्ति^F [government सरकारी, public सार्वजनिक]; ~ from Nagar Mahapalika नगरमहापालिका की ≈; ~ of birth of a son पुत्र के जन्म की ≈; the government issued a ~ सरकार ने एक ≈ जारी की. **notify** नो'टिफ़ाइ *v.t.* (notified) **1.** सूचना^F देना, सूचित करना : ~ a friend of the visit यात्रा^F के बारे में मित्र को सूचित करना; to ~ smb's death to the police किसी की मृत्यु^F के बारे में पुलिस^F को ≈; to ~ the police of a crime पुलिस को अपराध के बारे में ख़बर करना; ~ me when you arrive जब तुम पहुँचो तो मुझे सूचित कर देना. **2.** (proclaim) घोषित करना, प्रकट करना : to ~ the birth of a son पुत्रोत्पत्ति की घोषणा^F करना; you should have notified your decision earlier तुम्हें अपना निर्णय पहले ही घोषित कर देना था.

notion नो'शन *n*ᶜ. **1.** धारणा^F [abstract दुरूह, concrete ठोस, new नयी, strange विचित्र]; that the sun moves round the earth is an old ~ यह कि सूर्य पृथ्वी^F के इर्द-गिर्द घूमता है एक पुरानी ≈ है; I have formed no ~ of what he means मेरी कोई ≈ नहीं बनी कि उसका मतलब क्या है. **2.** विचार : there is a ~ in my mind मेरे मन में एक ≈ है; have you any ~ about the elections क्या चुनावों के बारे में आपका कोई ≈ है? **3.** (desire) चाह^F, इच्छा^F : I have not the slightest ~ of this मुझे इसकी तनिक भी चाह नहीं है; she has a ~ for coal उसे कोयला (खाने) की इच्छा होती है; a head full of silly ~s मूर्खतापूर्ण इच्छाओं से पूर्ण मन.

notorious नोटॉ'रिअस *a.* (*ant.* famous) कुख्यात, बदनाम [criminal अपराधी, place जगह^F, smuggler तस्कर]; he was very ~ as a dacoit डकैत के रूप में वह बहुत ≈ था; he is ~ for his evil deeds वह अपनी करतूतों के कारण ≈ है.

notwithstanding नॅट्विदस्टैन्'डिङ्ग **I.** *pre.* के होते हुए भी, के बावजूद : I am going ~ your advice मैं तुम्हारी सलाह^F के बावजूद जा रहा हूँ; the rule will apply ~ any previous order किसी पूर्व आदेश के रहते हुए भी नियम लागू होगा; she sang, ~ they laughed उनकी हँसी^F के बावजूद उसने गाना गाया. **II.** *conj.* हालांकि, यद्यपि : he was given no prize, ~ he came second उसे कोई पुरस्कार नहीं दिया गया, ≈ वह दूसरे नंबर पर आया था. **III.** *adv.* तिस पर भी, तथापि : he did not work hard but he passed the examination ~ उसने कठिन मेहनत^F नहीं की ≈ वह परीक्षा उत्तीर्ण कर गया.

nought नॉट *n*ᶜ. शून्य, सिफ़र : ~ point six (0.6) शून्य दशमलव छह; to bring to ~ शून्य कर देना, विफल कर देना; to come to ~ विफल/ शून्य हो जाना.

noun नॉउन *n*ᶜ. संज्ञा^F : abstract ~ भाववाचक ≈; common ~ जातिवाचक ≈; proper ~ व्यक्तिवाचक ≈; ~ is the name of a person, place, thing, action, quality, etc. संज्ञा किसी व्यक्ति, स्थान, वस्तु, कार्य, गुण इत्यादि का नाम है; Rama is a proper ~ राम व्यक्तिवाचक संज्ञा है; how many ~s are there in this paragraph इस पैरा में कितनी संज्ञाएँ हैं?

nourish नॅ'रिश *v.t.* **1.** खिलाना-पिलाना, पोषित करना : to ~ a child बच्चे को खिलाना-पिलाना; to ~ a plant पौधे को पोषित करना. **2.** (promote) बढ़ावा देना : to ~ education शिक्षा^F को ≈. **3.** (keep up) बनाए रखना : to ~ ill-feeling, hope दुर्भावना^F, आशा^F ≈. **nourishing** न'रिशिङ्ग *a.* पुष्टिकर, पौष्टिक [cream क्रीम^F, food भोजन, fruit फल]; ~ diet as bread, butter, milk पुष्टिकर आहार जैसे ब्रेड^F, मक्खन और दूध. **nourishment** नॅरिशमन्ट *n*ᵘ. **1.** आहार, पोषाहार : take some ~ कुछ आहार लो; eggs and milk are common sources of ~ अंडे और दूध पोषाहार के मुख्य स्रोत हैं. **2.** (condition) पोषण : the child's ~ has recently stopped बच्चे का ≈ हाल ही में रुक गया है.

Nov. November.

novel नॉ'वल **I.** *n*ᶜ. उपन्यास [famous प्रसिद्ध, favourite प्रिय, interesting दिलचस्प, latest नवीनतम, social सामाजिक, useful उपयोगी,

well-known जाना-पहचाना]; the ~s of Premchand are excellent प्रेमचंद के उपन्यास उत्कृष्ट हैं. **II.** *a.* **1.** अभिनव, नवीन, नूतन [experience अनुभव, idea विचार, suggestion सुझाव]. **2.** (strange) विलक्षण : ~ complexion ≈ चेहरा; it was a ~ success of his यह उसकी ≈ सफलता^{F} थी. **3.** (unusual) असाधारण [ability योग्यता^{F}, capability क्षमता^{F}, personality व्यक्तित्व]. **novelette** नॉव़्लेट *n.* लघु उपन्यास, उपन्यासिका^{F} : ~ is a short novel of poor quality ≈ एक निम्न गुणवत्ता^{F} का छोटा-सा उपन्यास होता है; young boys like paperback ~s नवयुवक लड़के कागज़ी जिल्द^{F} वाले ≈ पसंद करते हैं. **novelist** नॉ'व़्लिस्ट *n*^{c}. उपन्यासकार [English अंग्रेजी, famous प्रसिद्ध, rising उदीयमान]; Amritlal Nagar was a renowned ~ अमृतलाल नागर प्रसिद्ध ≈ थे. **novelty** नॉ'व़्ल्टि **I.** *n*^{u}. **1.** नवीनता^{F}, विलक्षणता^{F}, अनूठापन : you will see ~ in his novels उसके उपन्यासों में तुम ≈ पाओगे. **2.** अपूर्व बात^{F}/ घटना^{F} या वस्तु^{F} : hardwork was not a ~ in his life परिश्रम उसके जीवन में कोई ≈ नहीं थी. **II.** *n*^{c}. मामूली चीज़, जैसे खिलौना.

November नवें'म्'बर *n*^{c}. नवंबर : ~ is the next month after October ≈ अक्तूबर के बाद का अगला महीना है ~ is the eleventh month in the calendar कलेंडर में ≈ ग्यारहवाँ महीना है.

novice नॉ'विस *n*^{c}. नवसिखिया [artisan शिल्पी, horserider घुड़सवार, player खिलाड़ी, swimmer तैराक]; he is a mere ~ in the field of cricket क्रिकेट में बस वह ≈ ही है.

now नाउ **I.** *adv.* अब, इस समय, अभी : what are you doing ~ तुम अब क्या कर रहे हो ? do now इसे अभी करो; he is here ~ इस समय वह यहाँ हैं; the house is not vacant any longer, somebody is living there ~ मकान खाली नहीं रह गया, कोई वहाँ इस समय रह रहा है; he should have returned by ~ उसे अब तक लौट आना चाहिए था; ~ listen अब सुनिए, [*ant.* then] **II.** *conj.* क्योंकि : ~ that you know him better अब जबकि तुम उसे बेहतर जानते हो. Δ ~ **and again** बीच-बीच में : he does come here ~ and again वह बीच-बीच में यहाँ ज़रूर आता रहता है; ~ **and then** कभी-कभार, जब तब : I see him ~ and then मैं उससे जब तब मिलता हूँ; he attends office ~ and then वह कार्यालय कभी-कभार जाता है; **just** ~ अभी-अभी : he has come just ~ वह अभी-अभी आया है; **right** ~ इसी समय : do it right ~ इसको इसी समय कर डालो. **nowadays** *adv.* आजकल : gold is very costly ~ सोना ≈ बहुत महँगा है; accidents are increasing greatly ~ दुर्घटनाएँ^{F} ≈ बहुत बढ़ रही हैं; boys and girls mix freely ~ लड़के व लड़कियाँ ≈ आज़ादी से मिलते-जुलते हैं.

nowhere नो'वेंअर *adv.* कहीं-नहीं : we can go ~ this summer इन गर्मियों^{F} में हम ≈ जा सकते; I have ~ to go मुझे कहीं नहीं जाना है; my book was ~ to be found मेरी किताब^{F} ≈ मिली. Δ **be** ~ पूर्णतया असफल होना, कहीं का न रह जाना : he failed and was ~ वह फ़ेल हो गया और कहीं का न रहा; **from** ~ कहीं से नहीं : he came out from ~ न जाने वह कहाँ से आ टपका; **to get** ~ कोई प्रगति^{F} न करना : threats will get you ~ धमकियों^{F} से कोई लाभ न होगा.

noxious नॉक्'शस *a.* हानिकर, अनिष्टकर [chemical रसायन, idea विचार, plant पौधा]; this medicine is ~, you must not use it यह दवा^{F} हानिकर है तुम्हें इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए,

nozzle नॉ'ज़ल *n*^{c}. **1.** टोंटी^{F}, चंचु^{F} : ~ of a pipe पंप की टोंटी; ~ may be fitted to the end of the bellows धौंकनी के छोर पर टोंटी लगाई जाए; a ~ at the end of the tube नली^{F} के सिरे की ≈. **2.** (snout) थूथन : ~ of a pig सुअर का ≈.

N.R. Northern Railway.

N.T.P.C. National Thermal Power Corporation.

nt. wt. net weight.

nude न्यूड *a.* नग्न : ~ body ≈ शरीर; ~ swimming नंगी तैराकी^{F}; a ~ figure in the magazine पत्रिका^{F} में एक ≈ आकृति^{F}.

nuisance न्यू'सन्स *n.* **1.** उत्पात, बला^{F} : smoke

is a ~ धुआ एक बला है; so much noise is ~ इतना ज़्यादा शोर उपद्रव है; commit no ~ here इस जगह को गंदा न करो. यहाँ टट्टी-पेशाब करना मना है. **2.** (person) पाजी, उपद्रवी : you must not believe him, he is a ~ तुम्हें उस पर विश्वास नहीं करना चाहिए, वह ≈ है.

null नल *a.* (void) रद्द, अकृत, अमान्य, निष्प्रभाव, निष्फल : ~ result ≈ परिणाम; his claim was declared ~ उसका दावा ≈ घोषित हुआ; ~ and void अकृत और शून्य, निष्प्रभावी : the Supreme Court declared that section ~ and void सर्वोच्च न्यायालय ने उस धारा^F को अकृत और शून्य घोषित किया; his appointment was declared ~ and void उसकी नियुक्ति^F निष्प्रभावी घोषित की गई. **nullify** नॅ'लिफ़ाइ *v.t.* (*p.* nullified) रद्द करना, अकृत करना, व्यर्थ या निष्प्रभावी कर देना : ~ the effect of something किसी वस्तु^F के प्रभाव को व्यर्थ कर देना; his claim was nullified by the court न्यायालय द्वारा उसका दावा रद्द कर दिया गया.

numb नम **I.** *a.* सुन्न, जड़ीभूत [feet पैर, fingers उंगलियाँ, hands हाथ]; body ~ with icy cold बर्फीली ठंड^F से ≈ शरीर; he was ~ with fear वह डर के मारे ≈ था. **II.** *v.t.* सुन्न कर देना, जड़ीभूत कर देना [completely पूरी तरह, suddenly एकाएक]; sorrow ~s his mind दुःख मन को जड़ीभूत कर देता है; the fear of a tiger ~ed him शेर के भय ने उसे जड़ीभूत कर दिया.

number नम्'बर **I.** *n*^c. **1.** संख्या^F [determined निश्चित, equal बराबर, small छोटी, total कुल]; cardinal ~ गणन ≈; ordinal ~ क्रमसूचक ≈; tell the greatest ~ in the following निम्नलिखित में बड़ी से बड़ी ≈ बताओ; 3, 5, 7, 8 are ~s 3, 5, 7, 8 संख्याएँ हैं; ~ of people in the city शहर में लोगों की ≈; without ~ असंख्य. **2.** नंबर : can you tell me his telephone ~? क्या आप उसका टेलीफोन ≈ बता सकते हैं? room ~ five is behind you कमरा ≈ पाँच तुम्हारे पीछे है. **3.** अंक : back ~ of a magazine पत्रिका का पिछला ≈. **4.** (multitude) ढेर, बहुत : large ~ of people were present there in the meeting मीटिंग^F में बहुत-से लोग मौजूद थे. **5.** (group) समूह : one of our ~ हमारे समूह में से एक. **6.** (gramm.) वचन [dual द्वि, plural बहु, singular एक]; there are only two numbers in Hindi and English हिंदी^F और अंग्रेज़ी^F में केवल दो वचन होते हैं. **II.** *v.t.* **1.** (count) गिनना : ~ the pages of your exercise book अपनी अभ्यास-पुस्तिका^F के पृष्ठ गिनो; his days are ~ed उसके दिन गिनती के हैं, अब उसे थोड़े दिन जीना है; he was not ~ed वह नहीं गिना गया; the candidates ~ twenty उम्मीदवार गिनती में बीस हैं; they ~ ten वे कुल दस हैं. **2.** (class) में सम्मिलित या शामिल करना : he was not numbered even in the final list अंतिम सूची^F में भी उसे शामिल नहीं किया गया. **3.** संख्या^F/अंक लगाना : the pages are not ~ed in this magazine इस पत्रिका^F में पृष्ठ-संख्या नहीं लगी है (दी गई) है. **numeral** न्यू'मरल **I.** *a.* संख्यावाचक [adjective विशेषण, noun संज्ञा]. **II.** *n*^c. अंक, संख्यांक, संख्यावाचक विशेषण, संख्या पद : Arabic ~s 2, 3, 4; Roman ~s I, II, III, X, L; Devanagari ~s १, २, ३. **numerous** न्यू'मॅरस *a.* बहुत-से, बहुसंख्यक, अनगिनत [books किताबें^F, cases मामले, examples उदाहरण, opportunities अवसर, visitors दर्शक, ways ढंग]; I have not read ~ magazines मैंने ≈ पत्रिकाएँ^F नहीं पढ़ी हैं; I found ~ mistakes in his writing मैंने उसके लेखन में ≈ गलतियाँ^F पाईं; there are ~ things besides this इसके अतिरिक्त बहुत-सी बातें^F हैं; he got ~ changes but failed to utilize them उसे ≈ मौके मिले लेकिन उनसे लाभ उठाने में वह असफल रहा.

nun नन *n*^c. मठवासिनी^F, नन^F [devoted निष्ठावान्, Christian ईसाई]; a ~ has a life of service and sacrifice एक ≈ की ज़िंदगी सेवा^F और बलिदान की होती है; ~s devote their lives to God ≈ अपना जीवन ईश्वर को समर्पित कर देती हैं.

nuptial नप्'शल *a.* वैवाहिक [bed बिस्तर, feast भोज, vows प्रतिज्ञाएँ]; he participated in the ~ ceremony of his nephew उसने अपने भतीजे/भांजे के वैवाहिक संस्कार में भाग लिया.

nurse नर्स I. *n*ᶜ. नर्स, परिचारिका^F, धाय^F, दाई^F [experienced अनुभवी, kind-hearted दयालु, old बूढ़ी]; male ~ परिचारक; day ~ बच्चों की केवल देखभाल^F करने वाली; wet ~ दूध पिलाने वाली ≈; a ~ takes care of sick people नर्स बीमार लोगों की देखभाल^F करती है; at that time there was no ~ in the hospital उस समय अस्पताल में कोई नर्स न थी. II. *v.t.* 1. (suckle) दूध पिलाना : a mother ~s her children माँ अपने बच्चों को दूध पिलाती है; a nursing mother दूध पिलाने वाली दाई. 2. पालना : to be ~d in luxury विलास में पलना. 3. उपचार करना : he was ~d well in the hospital and he recovered soon उसका अस्पताल में अच्छा इलाज किया गया और वह शीघ्र ही स्वस्थ हो गया. 4. देख-रेख^F या सेवा^F करना : to ~ a garden बाग की ≈; he spends sometime nursing his old father वह कुछ समय अपने बूढ़े बाप की देखरेख/सेवा में लगाता है. 5. नर्स का काम करना : she ~d during the war वह युद्ध में नर्स का काम करती थी. 6. to ~ hope, jealousy आशा^F, ईर्ष्या^F रखना.

nursery नर्'सरि *n*ᶜ. (nurseries) 1. नर्सरी^F, बालगृह : children are taken care of in a ~ ≈ में बच्चों की देखरेख की जाती है. ~ **rhyme** शिशु-गीत; ~ **school** शिशु-विद्यालय. 2. नर्सरी, संवर्धनगृह, पौधघर : plants are grown in a ~ ≈ में पौधे उगाए जाते हैं; we bought some rose plants from the ~ हमने पौधघर से कुछ गुलाब के पौधे ख़रीदे.

nursing नर्'सिङ्ग I. *n.* उपचर्या^F, उपचार, पालन-पोषण : excellent ~ बढ़िया ≈. II. *a.* परिचर्या-संबंधी : ~ home परिचर्या गृह : to go into ~ home परिचारिका^F बनना : she went into ~ home after completing her training अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वह नर्स बन गई; ~ mother दूध पिलाने वाली धाय/दाई; ~ profession ≈ व्यवसाय.

nursling नर्स'लिङ्ग *a.* पोष्य बालक (बालिका), दुधमुँहा या छोटाबच्चा : he was a ~ when his father died जब उसके पिता मरे तब वह दुधमुँहा बच्चा था.

nurture नर्'चर I. *n.* 1. (training) प्रशिक्षण : the nurturing of a baby is a delicate job बच्चे का प्रशिक्षण देना एक नाजुक काम है II. *v.t.* 1. पालना-पोसना, पोषण करना : to ~ a child is not an easy task बच्चे को पोसना आसान कार्य नहीं है. 2. प्रोत्साहन देना : ~ yourself to do the work कुछ करने के लिए स्वयं को प्रोत्साहित करो. 3. (educate) लिखाना-पढ़ाना, शिक्षा देना; (train) प्रशिक्षित करना : to ~ the students in morality छात्रों को नैतिक आचरण की शिक्षा^F देना. 4. to develop विकसित करना : ~ your mind with good reading अच्छा पठन-पाठन करके अपने मन का विकास करो.

nut नट *n*ᶜ. 1. गिरीदार फल : hard ~ सख़्त ≈; ~ is a dry fruit with kernel ≈ वह खुश्क मेवा है जिसके अंदर गिरी होती है. Δ **a hard ~ to crack** कठिन समस्या^F : he won't give anything, he is a hard ~ to crack वह कुछ नहीं देगा, वह एक कठिन व्यक्ति है. 2. (mech.) ढिबरी^F : a ~ has threaded hole ढिबरी में चूड़ीदार सूराख होता है; bolts and ~s (i) काबले और ढिबरियाँ; (ii) बुनियादी बातें.

nutrient न्यूट्'रिअन्ट *a.* & *n.* पुष्टिकारक [food खाद्य-पदार्थ, fruit फल, pulses दालें]; milk is a ~ food दूध ≈ है; he always eats ~ things वह हमेशा ≈ वस्तुएँ खाता है.

nutrition न्यूट्रि'शन *n.* पोषण : good ~ for good health अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा ≈; to give ~ to the child बच्चे को पोषण देना.

nutritious न्यूट्रि'शस *a.* पुष्टिकारक, पौष्टिक : we have ~ vegetables in our kitchen garden हमारे घरेलू बगीचे में ≈ सब्ज़ियाँ हैं; ~ foods help growth ≈ खाद्य-पदार्थ विकास में सहायता^F करते हैं.

nutshell नट्'शॅल *n*ᶜ. छिलका : ~ of a walnut अखरोट का ≈. Δ **in a ~** संक्षेप में : the principal described everything about the progress in a ~ प्राचार्य ने प्रगति^F के बारे में सब कुछ संक्षेप में बताया.

N.W. *abbr.* North West.

nylon नाइ'लन *a.* & *n.* नाइलन [cloth कपड़ा, socks मोज़े, thread धागा]; he wears ~ shoes in the rain बारिश^F में वह ≈ के जूते पहनता है; do you have any ~ shirt क्या आपके पास ≈ की कोई कमीज़^F है ?

O, o

O. Oxygen.

O ओ *inter.* हे : O God ! हे परमेश्वर ! O, my Lord ! हे मेरे भगवन्.

oak ओक n^c. बाँज, बलूत [knotty गाँठदार, long लंबा, old पुराना]; ~ has hard wood ≈ की लकड़ी^{F} कड़ी होती है; ships made of ~ ≈ से बने जहाज़; ~ spreads its branches ≈ की शाखाएँ^{F} फैलती हैं; ~ bears fruit ≈ में फल आते हैं.

oar ऑर n^c. चप्पू, डाँड़ : long ~ लंबा ≈; a boat is rowed by two ~s नाव^F दो चप्पुओं से चलाई जाती है; ~s make the boat move ≈ नाव^F को आगे बढ़ाते हैं; ~ has a flat blade at the end ≈ के सिरे पर चौड़ी पत्ती^{F} होती है; he now rests on his ~s अब वह चप्पू छोड़कर आराम कर रहा है. Δ to **put one's ~ in smb's affairs** किसी के मामले में दख़ल देना. [*as distinct from* ore]

oat ओट *n.* जई^F : wild ~ जंगली ≈; ~ meal ≈ का आटा; ~s are ready for harvesting जई कटने के लिए तैयार है; horses eat ~s घोड़े ≈ खाते हैं. Δ to **sow one's wild ~s** ज़िंदगी^{F} की शुरुआत^F ऐश-आराम से करना.

oath ओथ n^c. शपथ^F, सौगंध, कसम^F : false ~ झूठी ≈; be true to one's ~ अपनी शपथ के प्रति सच्चा बनिए; ~ of office पद की शपथ; ~ of allegiance निष्ठा की शपथ; to administer ~ शपथ दिलाना; take ~ शपथ खाना; we swear/take ~ to tell the truth हम सत्य बोलने की ≈ खाते हैं; on/under ~ शपथपूर्वक, शपथ खाकर : I declare this on/under ~ मैं शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ.

obedience अ बी'डिअन्स n^u. आज्ञापालन, आज्ञाकारिता^{F} [humble विनम्र, active सक्रिय]; ~ to a person किसी व्यक्ति का ≈; a dog easily learns ~ एक कुत्ता आसानी^{F} से आज्ञापालन सीख जाता है; to swear ~ to a master मालिक के आज्ञापालन करने की कसम खाना; in ~ to your orders आपके आज्ञानुसार [*ant.* disobedience]. **obedient** अ बी' ड्यन्ट *a.* आज्ञाकारी [employee कर्मचारी, servant सेवक, son पुत्र]; my dog is most ~ मेरा कुत्ता अत्यंत ≈ है; he is ~ to his teacher वह अपने अध्यापक का आज्ञाकारी है. [*ant.* disobedient] **obediently** अबी'ड्यन्टलि *adv.* विनम्रता^{F} से, आज्ञाकारितापूर्वक : he carried the orders most ~ वह अत्यधिक विनम्रता से आदेशों का पालन करता था; yours ~ आपका सेवक/आज्ञाकारी. **obey** अ बे' *v.t.* आज्ञा का पालन करना, आज्ञा मानना [immediately तुरंत, willingly इच्छापूर्वक]; children should ~ their parents बच्चों को अपने माता-पिता की आज्ञा माननी चाहिए; you must ~ him वह किसी की आज्ञा नहीं मानता था; he ~ed her in everything वह हरबात^F में उसका कहना मानता था. **2.** to ~ the law कानून के अनुसार चलना; he never ~s the law and is punished वह कभी कानून के अनुसार नहीं चलता और दंडित होता है. [*ant.* disobey]

obituary अ बि'ट्युअरि n^c. **1.** निधन-सूचना^{F}, मौत की (ख़बर) : ~ notice in the newspaper समाचार-पत्र में निधन-सूचना. **2.** मृतक का वृत्त : I read the ~ of my friend in a magazine मैंने अपने मृतक मित्र का वृत्त एक पत्रिका^{F} में पढ़ा.

obj. objection.

object ऑब्'जिक्ट **I.** n^c. **1.** (thing) पदार्थ, वस्तु^{F}, चीज़^{F} [bulky भारी, interesting दिलचस्प, round गोल, small छोटी, useful उपयोगी]; a strange ~ attracted his attention एक अद्भुत पदार्थ ने उसका ध्यान आकर्षित कर लिया. **2.** (purpose) उद्देश्य, लक्ष्य, ध्येय [firm दृढ़, hidden छिपा, real वास्तविक]; his ~ was to win the match उसका उद्देश्य मैच को जीतना था; what is the ~ of your visit तुम्हारी मुलाकात^F का ≈ क्या

है ? he has no ~ in his life उसका अपने जीवन का कोई ≈ नहीं है; he is determined in his ~ वह अपने ≈ के प्रति दृढ़ है; I started the scheme with this ~ in view मैंने यह योजना^F इस ≈ को ध्यान में रखकर शुरू की थी. 3. पात्र, भाजन : ~ of pity दया^F का ≈; he became the ~ of ridicule वह उपहास का पात्र बन गया 4. (gram.) कर्म : 'him' is used as ~ 'उस' का प्रयोग कर्म: (कारक) में होता है. II. अब् जें क्ट' v.t. आपत्ति करना, ऐतराज़ करना : ~ emphatically ज़ोर-शोर से ≈; do you ~ to my smoking' क्या तुम्हें मेरे धूम्रपान करने पर कोई आपति है ? it was ~ed to इस पर आपत्ति उठाई गई; if you do not ~ I shall go to London यदि तुम ऐतराज़ न करो तो मैं लंदन जाऊंगा; I never ~ed to your plan मैंने तुम्हारी योजना के बारे में कभी आपत्ति नहीं उठाई; I ~ to your going there मुझे तुम्हारे वहाँ जाने पर आपत्ति है. **objection** अब् जेक्'शन n^c. आपत्ति^F, ऐतराज [oral मौखिक, strong ज़ोर का/तगड़ा, written लिखित]; he had no ~ उसे कोई ऐतराज़ नहीं था; is there any ~ to my leaving things here मेरी चीज़ें^F यहाँ छोड़े जाने पर क्या कोई आपत्ति है ? there is no ~ to it इस पर कोई आपत्ति नहीं है; I have no ~ मुझे कोई आपत्ति/ऐतराज़ नहीं है. **objectionable** अब् जेंक्'शॅनॅबल *a.* आपत्तिजनक [behaviour व्यवहार, conduct आचरण, habits आदतें^F, plan योजना^F, resolution प्रस्ताव, words शब्द]; strike out the ~ sentences ≈ वाक्यों को काट दो. **objective** अब् जेंक्'टिव़ *a.* 1. वस्तुगत, वस्तुनिष्ठ, विषयपरक [method पद्धति^F, question प्रश्न]; there will be ~ type of questions in the examination परीक्षा^F में ≈ प्रकार के प्रश्न होंगे. [*ant.* subjective]; 2. (real) वास्तविक, यथार्थ [knowledge ज्ञान, study अध्ययन, view विचार]. 3. (impersonal) तटस्थ, निष्पक्ष : ~ attitude ≈ दृष्टिकोण. 4. (gramm.) ~ case कर्म कारक. II. n^c. (aim) लक्ष्य, उद्देश्य : tell us the ~ of this meeting हमें इस बैठक^F का ≈ बताओ; ~ of an action किसी कार्यवाही^F का ≈.

obligation ऑब्लिगे'शन n^c. 1. (नैतिक) बाध्यता^F [legal कानूनी, moral नीतिगत]; to lay/put smb under ~ to do smth किसी को कुछ करने के लिए बाध्य करना; you are under an ~ to pay taxes तुम कर चुकाने के लिए बाध्य हो; there is no ~ for you to buy this radio यह रेडियो ख़रीदने के लिए तुम बाध्य नहीं हो. 2. आभार : I shall always be under an ~ to you मैं तुम्हारा हमेशा (आभार मानूँगा) आभारी रहूँगा. 3. देनदारी^F : he never meets his ~ वह अपनी ≈ कभी नहीं निभाता. 4. (duty) कर्तव्य : he does not care about his ~ to his children वह बच्चों के प्रति अपने कर्तव्य की चिंता^F/परवाह^F नहीं करता. 5. (promise) वचन, इकरार : to follow one's ~ अपने वचन का पालन करना. **oblige** अ ब्लाइज' v.t.i. 1. बाध्य करना या होना, विवश/मजबूर करना या होना : you are not ~d to come tomorrow तुम कल आने के लिए बाध्य नहीं हो; I was ~d to work मैं काम करने के लिए विवश था; he was ~d to wait all the day वह सारा दिन इंतज़ार करने के लिए विवश था. 2. (make indebted) आभारी बनाना, अनुगृहीत करना : highly ~ अत्यधिक ≈; please, ~ me by coming early कृपया पहले आकर मुझे अनुगृहीत कीजिए; I am very much ~d to you for your help आपकी सहायता^F के लिए मैं आपका अत्यधिक आभारी हूँ; I shall be ~d मैं कृतज्ञ रहूँगा; I ~d him by donating a large sum of money एक बड़ी राशि^F देकर मैंने उसे अनुग्रहीत किया; will you ~me by lending some money क्या आप कुछ धन उधार देकर मुझे अनुग्रहीत करेंगे ? could you ~ me with your pen आप क्या अपनी कलम दे सकते हैं ? **obliged** अब्लाइज्ड' *a.* 1. बाध्य, मजबूर [friend मित्र, neighbour पड़ोसी]; you are not ~ to come with us तुम हमारे साथ आने के लिए ≈ नहीं हो; due to rain I was ~ to stay at home बरसात^F के कारण मैं घर पर रुकने के लिए ≈ था; I was ~ to walk to school as my bicycle was broken मैं स्कूल पैदल जाने के लिए ≈ था क्योंकि मेरी साइकिल^F टूट गई थी. 2. (thankful) अनुगृहीत, आभारी : I am ~ to you for advice सलाह^F के लिए मैं आपका

≈ हूँ. **obliging** अ ब्लाइ'जिङ्ग *a.* उपकारी, कृपालु : ~ person ≈ व्यक्ति; the leader has been ~ throughout his life नेता जीवन भर ≈ रहा.

oblique अ ब्लीक' *a.* **1.** तिरछा, टेढ़ा, तिर्यक् [angle कोण, glance दृष्टि^F, line रेखा^F, sign चिह्न (/)]; draw a short ~ line between the two words दोनों शब्दों के बीच में एक छोटी तिर्यक् रेखा^F खींचो. **2.** (indirect) अप्रत्यक्ष, परोक्ष [interest हित, remark टिप्पण]. **3.** (evasive) द्वयर्थक, टालू : ~ reply ≈ उत्तर.

oblong आब्'लाङ्ग **I.** *n*^c. आयत, दीर्घायत [big बड़ा, wrong गलत]; ~ has four right angles आयत में चार समकोण होते हैं; ~ is a figure which is longer than it is wide ≈ एक आकृति^F है जिसकी लंबाई चौड़ाई की अपेक्षा^F अधिक होती है; opposite lines of an ~ are equal आयत की आमने-सामने की रेखाएँ^F बराबर होती हैं. **II.** *a.* आयताकार [cloth कपड़ा, figure आकृति^F, paper काग़ज़].

obscene अब् सीन' *a.* अश्लील [books किताबें^F, language भाषा^F, literature साहित्य, picture तस्वीर^F]; there was an ~ poster on the wall दीवार पर एक ≈ विज्ञापन था.

obscure अब् स्क्युअर' *a.* **1.** (dim) धुँधला [day दिन, light प्रकाश]. **2.** (indistinct) अस्पष्ट [writing लेखन, motive अभिप्राय, word शब्द]; his appearance was ~, so I could not recognise him उसका रूप ≈ था इसलिए मैं उसे पहचान न सका. [*ant.* clear]; **3.** (difficult to understand) दुर्बोध, दुरूह, गूढ़ [expression अभिव्यक्ति^F, statement कथन]; his meaning is ~ उसका अर्थ दुरूह है. **4.** (dismal) निरानंद, निराशाजनक : the villagers were getting ~ due to lack of rainfall बारिश^F की कमी^F के कारण किसान निराश हो रहे थे. **5.** (hidden) गुप्त : ~ discussion ≈ परिचर्चा^F. **6.** (lowly) दीनहीन [farmer किसान, person व्यक्ति]; the labourer was too ~ to protest मज़दूर इतना ≈ था कि विरोध नहीं कर सकता था. **7.** ~ colour फीका रंग. **8.** ~ author अविदित लेखक. **II.** *v.t.* **1.** धुँधला, अस्पष्ट या दुर्बोध कर देना : he obscured his explanation further उसने अपनी व्याख्या को और दुर्बोध बना दिया. **2.** (hide) छिपाना : (cover) ढाँक देना [completely पूरी तरह, partly आंशिक रूप से]; the clouds ~ the sun बादलों से सूरज छिप/ढँक जाता है; to ~ somebody's merit किसी की योग्यता^F को छिपाना; the fog ~s everything कुहरा सब कुछ ढँक देता है; **obscurity** अब् स्क्युअ'रिटि *n*^u. **1.** धुँधलापन, अंधेरा : ~ of the night रात^F का ≈. (fig) **he lives in** ~ वह अंधकार में रहता है. **2.** अस्पष्टता^F, दुर्बोधता^F : ~ of the situation स्थिति^F की अस्पष्टता; ~ of style, language शैली^F, भाषा^F की ≈. **3.** अप्रसिद्धि, गुमनामी^F : he led a life of ~ वह ≈ का जीवन व्यतीत करता था.

observation आबज़र वे'शन *n*^c. **1.** पर्यवेक्षण, प्रेक्षण : the police kept the accused patient under ~ पुलिस^F ने बीमार अपराधी को ≈ में रखा; he escaped their ~ वह उनकी आँख^F बचाकर खिसक गया. **2.** (comment) टिप्पणी^F, टीका-टिप्पणी^F : his ~s on the conference सम्मेलन के बारे में उसकी टिप्पणियाँ; I did not make a single ~ on the affair इस मामले में मैंने एक भी ह नहीं की; that was an ~ against him यह उसके विरुद्ध टीका-टिप्पणी थी **observe** अब् ज़र्व' *v.t.* **1.** के अनुसार चलना, (अनु)पालन करना, मानना, पूरा करना [carefully सावधानी^F से, patiently धैर्य से]; ~ the rules of the game खेल के नियमों का पालन करो; he never ~s the laws of the municipal corporation वह नगर-निगम के कानूनों का कभी पालन नहीं करता. **2.** (celebrate) मनाना [deliberately सोच-समझकर, keenly उत्सुकतापूर्वक]; to ~ the national festivals राष्ट्रीय त्योहारों को मनाना; we did not ~ a holiday हमने छुट्टी^F नहीं मनायी; we ~d the Independence day हमने स्वतंत्रता-दिवस मनाया. **3.** (notice) देखना, अवलोकन करना, निरीक्षण करना : ~ minutely बारीकी^F से ≈; ~ the development of events घटनाओं^F के परिणाम का अवलोकन करो; I ~d a car in the distance मैंने दूर एक मोटर-गाड़ी^F देखी; he was ~d entering your room उसे

तुम्हारे कमरे में घुसते देखा गया. **4.** (remark) कहना : "we now go,", he ~d "अब हम चलते हैं", उसने कहा; the speaker ~ed.. वक्ता ने कहा. **observer** अब् ज़र'व़र *n*^c. **1.** प्रेक्षक, पर्यवेक्षक [curious उत्सुक, faithful वफ़ादार, political राजनीतिक]. **2.** an ~ of his promise अपने वचन का पालन करने वाला.

obsolete ऑब्'सॅलीट *a.* अप्रचलित, अप्रयुक्त [edition संस्करण, fashion] फैशन, theory सिद्धांत, use प्रयोग, weapons शस्त्र, word शब्द]; 'whilst' is now ~ 'whilst' अब ≈ है.

obstacle आब्'स्टॅकल *n*^c. बाधा^F, विघ्न, रुकावट^F, अड़चन^F [serious गंभीर, slight थोड़ी, unexpected अप्रत्याशित]; the tree was an ~ to traffic यातायात के लिए पेड़ एक ≈ था; to put ~s in somebody 's way किसी के रास्ते में बाधाएँ/रुकावटें पैदा करना; an ~ to one's progress किसी की प्रगति^F में बाधा; it is hard to remove ~s बाधाएँ हटाना कठिन है; he is still facing ~s वह अब भी बाधाओं का सामना कर रहा है.

obstinacy ऑब्'स्टिनॅसि *n*^u. हठ, ज़िद^F, हठधर्मिता^F : the ~ of this boy is unbearable इस लड़के का हठ असहनीय है; ~ regarding one's opinions अपने विचारों/मत के संबंध में हठधर्मिता. **obstinate** ऑब्'स्टिनिट *a.* **1.** दुराग्रही, हठी, ज़िद्दी [person व्यक्ति, pupil शिष्य]; he is too ~ to be persuaded वह इतना ≈ है कि उसे मनाया नहीं जा सकता; he is so ~ that he will refuse you directly वह इतना ≈ है कि तुम्हें सीधे ही इंकार कर देगा. **2.** दुःसाध्य ~ disease ≈ रोग.

obstruct अब् स्ट्रक्ट' *v.t.* **1.** (hinder) बाधा^F डालना, रोक लगाना, अटकाना, टाँग अड़ाना : to ~ progress प्रगति^F में बाधा डालना; to ~ the proceedings कार्यवाही^F में बाधा डालना; to ~ smb in the exercise of his functions किसी को अपने कार्यों का निष्पादन करने में बाधा डालना. **2.** (block) बंद करना, अवरुद्ध करना : to ~ the road सड़क ≈ ; a thick fog ~ed our eyes घने कुहरे ने हमारी दृष्टि^F अवरुद्ध कर दी; the path was ~ed by the labourers रास्ता मज़दूरों ने बंद कर रखा था. **obstruction** अब् स्ट्रक'शन *n.* (hindrance) बाधा^F, अवरोध, रुकावट^F, अटकाव : there is ~ in the street गली^F में अवरोध है; the fallen tree created ~ in traffic गिरे हुए पेड़ ने यातायात में बाधा पैदा कर दी; there was some ~ in the pipe पाइप में कुछ अवरोध/अटकाव था.

obtain अब् टेन' *v.t.* **1.** पाना, प्राप्त करना [by force बलपूर्वक, by flattery चापलूसी^F से, with difficulty कठिनाई^F से]; to ~ anything by indirect means अप्रत्यक्ष साधनों से कुछ प्राप्त करना; he ~ed what he wanted जो वह चाहता था उसने प्राप्त कर लिया; I could not ~ tea मुझे चाय^F नहीं मिल पाई; he ~ed his experience through practical labour उसने सक्रिय परिश्रम से अनुभव प्राप्त किया. [*ant.* lose] **2.** (prevail) प्रचलित होना : this custom still ~s in villages गाँव में अब भी यह रिवाज़ पाया जाता है, प्रचलित है. **obtainable** अब् टे'नॅबल *a.* प्राप्य, सुलभ [goal लक्ष्य, profit लाभ, thing वस्तु^F]; fish are ~ in this market इस बाज़ार में मछली^F सुलभ है; shares are ~ at reasonable rates उचित दर^F पर शेयर उपलब्ध हैं.

obvious ऑब्'विअस *a.* प्रत्यक्ष, (सु)स्पष्ट, प्रकट [falsehood झूठ, mistake गलती^F, misunderstanding ग़लतफ़हमी^F, success सफलता^F]; her fault was ~ उसका दोष स्पष्ट था; it was ~ that he would fail यह स्पष्ट था कि वह फेल हो जाएगा. [*ant.* obscure]. **obviously** ऑब्'व़िअस्लि *adv.* स्पष्टत :, स्पष्ट रूप से, प्रत्यक्ष रूप से : ~ the thief was lame, his footsteps show it स्पष्टत: चोर लंगड़ा था, उसके पदचिह्न यही दर्शाते हैं.

O.C. Officer Commanding.

occasion अ के'शन **I.** *n*^c. **1.** (opportunity) अवसर, सुयोग [favourable अनुकूल, fit उपयुक्त, unexpected अप्रत्याशित]; on the ~ of his marriage उसकी शादी^F के अवसर पर; wait for another ~ किसी और अवसर की प्रतीक्षा^F करो; he has never obtained such an ~ in his life उसे अपने जीवन में ऐसा अवसर कभी न मिला. **2.** (casual occurrence) संयोग : when the ~

presented itself we did meet जब संयोग आया तो हम मिल ही गए; it was mere ~ when we succeeded यह संयोग ही था कि जब हम सफल हो गए. **3.** (cause) कारण : he had no ~ to buy a scooter उसे स्कूटर खरीदने का कोई कारण नहीं था; this is one of the ~s of his success यह उसकी सफलता^F का एक ≈ है; there is no ~ to worry चिंता^F का कोई ≈ नहीं है. **4.** (time) दफ़ा, बार : I have met him on several ~s मैं उससे कई दफ़ा मिला हूँ; he comes here on ~s वह कभी-कभार यहाँ आता है. Δ **to rise to the ~** समयानुसार अच्छा काम कर दिखाना. **II.** *v.t.* उत्पन्न करना, पैदा करना, का कारण बनना : it ~s a lot of trouble इससे बहुत कष्ट (पैदा) हो जाता है; it ~ed his failure यह उसकी असफलता^F का कारण बना. **occasional** अ के' ग़ॅनल *a.* कभी-कभार का, विरल [meeting मुलाकात^F, shower of rain बौछाड़^F, visitor आगंतुक]; he is an ~ reader in the library पुस्तकालय^F में वह अनियमित पाठक है. **occasionally** अ' के ग़्नॅलि' *adv.* कभी-कभार, यदा-कदा : we meet ~ in the school विद्यालय में हम ≈ मिलते हैं; he writes ~ वह ≈ (पत्र) लिखता है; I ~ go to cinema मैं ≈ सिनेमा जाता हूँ.

occupation ऑक्यू पे'शन *n*^c. **1.** (business) व्यवसाय, धंधा, पेशा [favourite प्रिय, interesting दिलचस्प, ordinary साधारण, useful उपयोगी]; he is a cobbler by ~ व्यवसाय से वह मोची है; it is not an ~ for women यह औरतों का ≈ नहीं है; his principal ~ is hunting उसका मुख्य ≈ शिकार करना है. **2.** (employment) रोज़गार : look for some ~ कोई ≈ तलाशो; he is out of ~ these days वह आजकल बेरोज़गार है. **3.** (possession) कब्ज़ा, अधिकार : ~ of a house मकान पर ≈; temporary ~ of a country किसी देश पर अस्थायी ≈; whose ~ on this land is recognised इस ज़मीन^F पर किसका कब्ज़ा मान्य है. **4.** शगल : it is a useful ~ for retired persons अवकाशप्राप्त व्यक्तियों के लिए यह अच्छा ≈ है. **occupied** आक्यू'पाइड *a.* **1.** अधिकृत [city शहर, place स्थान, territory क्षेत्र]; ~ area of the country देश का ≈ क्षेत्र. **2.** (busy) (i) भरा हुआ, लगा हुआ [courtyard आँगन, market बाज़ार, seat जगह^F]; (ii) व्यस्त : keep yourself ~ अपने को काम में लगाए रखें. **occupier** आक्'यूपाइअर *n*^c. दख़लकार, अधिभोगी [illegal अवैध, legitimate वैध]; he was defacto ~ of the house वह मकान का असली ≈ था. **occupy** ऑ'क्यूपाइ *v.t.* (*p.* occupied) **1.** अधिकार में करना, अधिकृत करना : ~ forcibly जबरन ≈; the village was occupied by the enemy गाँव को शत्रुओं ने अधिकार में कर लिया; the army has occupied the city सेना^F ने शहर पर कब्ज़ा कर लिया. **2.** (tenure) दख़ल करना, अधिभोग करना : he has occupied this land since 1980 वह 1980 से इस ज़मीन का अधिभोग कर रहा है. **3.** (dwell) निवास करना, रहना : three families are ~ing this house इस घर में तीन परिवार रहते हैं; the house was occupied by an old man and his wife घर में एक बूढ़ा और उसकी पत्नी रहते थे. **4.** व्यस्त होना, काम करना, सँभालना : he is always seen fully occupied उसे सदा काम करते देखा गया; mother was occupied in sewing माँ सिलाई^F के काम में व्यस्त थी; ~ oneself with/in some hobby किसी शगल में लगे रहना. **5.** लेना, घेरना, छेकना : her cosmetics ~ a lot of space उसकी प्रसाधन सामग्री^F अधिक स्थान घेरती है; his work occupies most of his time उसका काम अधिकांश समय ले लेता है.

occur अ कर' *v.t.* (occurred, occurring) **1.** (happen) (घटित्त) होना : calamities ~ आपदाएँ^F (घटित) होती रहती हैं; when did the accident ~ दुर्घटना^F कब हुई थी ? if anything ~s inform me यदि कुछ घटित हो तो मुझे सूचित करना; the accident ~red at 3 P.M. दुर्घटना^F तीन बजे शाम को हुई. **2.** (exist) पाया जाना : this word ~s twice in one sentence इस वाक्य में यह शब्द दो बार आया है; छ or ण sound does not ~ in English छ या ण ध्वनि^F अंग्रेज़ी में नहीं मिलती. **3.** ~ **to** मन में आना; it ~ed to me मेरे मन में आया; while he was in the shop it

~red to him that he ought to buy a shirt जब वह दुकान में था तो यह बात^F उसके मन में आई कि मुझे एक कमीज़^{F} ख़रीदनी चाहिए. **occurrence** अ कॅ'रन्स n^c. **1.** घटना^{F} [historic ऐतिहासिक, mysterious रहस्यात्मक, remarkable उल्लेखनीय]; it is of frequent, common ~, you need not worry यह एक आम, साधारण घटना है, तुम्हें चिंता^{F} करने की कोई आवश्यकता^{F} नहीं, I have never heard such an ~ ऐसी घटना मैंने कभी नहीं सुनी; an event of rare ~ विरल होने वाली घटना^{F}.

ocean ओ'शन n^c. महासागर [boundless असीम, blue नीला, calm शांत, vast लंबा-चौड़ा]; Indian ~ हिंद महासागर; Pacific ~ प्रशांत ≈; on the shore of the ~ ≈ के तट पर; an island in the ~ ≈ में एक द्वीप; we crossed the ~ in a boat हमने नाव^F में ≈ पार किया.

o'clock अ' क्लॉक' n^u. बजे : it is one ~ now अब एक बजा है; it is almost seven ~ by my watch मेरी घड़ी^{F} में लगभग सात बजे हैं; what time is it ? it is nine ~ समय क्या है ? नौ बजे हैं.

Oct., October ऑक् टो'बर n^u. अक्टूबर : ~ is the tenth month ≈ दसवाँ महीना है; Mahatma Gandhi's birthday falls on the 2nd ~ महात्मा गांधी का जन्मदिन दो ≈ को पड़ता है.

octopus ऑक्' ट्पस *n.* (*pl.* octopuses) अष्टभुज (घोंघा) : ~es are found in the sea ≈ समुद्र में पाए जाते हैं; ~ has eight long limbs अष्टभुज (घोंघे) में आठ लंबे-लंबे अंग होते हैं.

odd ऑड *a.* **1.** (maths) विषम, ताक : ~ number ≈ संख्या^{F}; 3, 5, 7, etc. are ~ numbers 3, 5, 7 इत्यादि ≈ संख्याएँ^{F} हैं. [*ant.* even] **2.** (strange) अनोखा, अनूठा, निराला, विलक्षण, विचित्र [fellow व्यक्ति, life जीवन, meaning अर्थ, thing वस्तु^{F}]; giraffe is an ~ looking animal जिराफ़ एक ≈ दिखने वाला जानवर है; how ~ ! कितना ≈ ! it is ~ that the door is locked यह विचित्र है कि दरवाज़े पर ताला पड़ा है. **3.** (miscellaneous) फुटकर, छुटपुट : he makes his living by doing ~ jobs वह ≈ काम करके अपनी जीविका^{F} पाता है. **4.** (surplus) अतिरिक्त : it is the ~ way to go to school विद्यालय जाने का यह ≈ रास्ता है. **5.** (unpaired) अकेला : ~ shoe ≈ जूता. **6.** लगभग : I got Rs. 325 ~ मुझे ≈ 325 रुपए मिले. **oddity** ऑ'डिटि n^c. (oddities) अनोखापन, विचित्र वस्तु^{F} या व्यक्ति : unbelievable ~ अविश्वसनीय ≈; is there any ~ in the building क्या इमारत^F में कोई अनोखापन है ? have you ever seen such an ~ in the market ? क्या तुमने ऐसी विचित्र वस्तु^{F} बाज़ार में पहले कभी देखी ? what an ~ ! कितनी अनोखी बात^F है; he is an ~ वह विचित्र आदमी है. **odds** ऑड्ज़ *n.* (chances) संभावना^{F}, संयोग : ~ are in his favour ≈ उसके पक्ष में हैं; ~ are against us ≈ हमारे अनुकूल नहीं हैं. Δ **be at ~s** झगड़ा करना, अनबन^F होना : he was at ~ with his old friend उसकी अपने पुराने मित्र से अनबन हो गई; they are at ~ with their neighbours उनकी पड़ोसियों से अनबन है; **to fight against ~** कठिनाइयों^{F} का मुकाबला करना; **that makes no ~** इससे कोई अंतर नहीं पड़ता; **~ and ends** बची-खुची चीज़ें^{F}, फुटकर सामान.

odour ओ'डर n^c. **1.** गंध^F, बू^{F}, बास^F: bad ~ बदबू; strange ~ विचित्र ≈; to smell the ~ of oil तेल की ≈ सूँघना; pure water has no ~ शुद्ध जल में कोई ≈ नहीं होती. **2.** (fig.) the ~ of good name सुख्याति^{F} की सुगंध; in bad ~ बदनाम, अप्रिय, नज़रों से गिरा हुआ : he is in bad ~ these days वह इन दिनों बदनाम हो रहा है.

of ऑव़ *prep.* **1.** का (की, के) : wheel of a car कार का पहिया; London is the capital ~ England लंदन इंग्लैण्ड की राजधानी है; the house ~ my neighbour मेरे पड़ोसी का घर; the back of the house is disputed घर का पिछवाड़ा विवादित है; this piece of wood belongs to me लकड़ी^{F} का यह टुकड़ा मेरा है; he told the story ~ a lion उसने एक शेर ≈ कहानी^{F} सुनायी; it is made ~ steel यह स्टील ≈ बना है; dress of silk रेशम की पोशाक^F; a sack ~ potatoes आलुओं का

बोरा; the President ~ India भारत के राष्ट्रपति; he was walking on the bank of the river वह नदी^{F} के तट पर घूम रहा था; he is the son ~ my friend वह मेरे मित्र का पुत्र है; fear of God परमात्मा ≈ डर; the works of Kalidas कालिदास की कृतियाँ^{F}; that book ~ mine वह मेरी पुस्तक; a child of three तीन साल का बच्चा; love of parents माता-पिता का प्यार. **2.** (from) से : she died of hunger वह भूख^F से मर गई; she is afraid ~ smth वह किसी चीज़ से भयभीत है. **3.** (about) के विषय में : tell me smth ~ my friends मेरे मित्रों के बारे में कुछ बताइए; he wrote such a letter **of his own accord** उसने पत्र स्वेच्छा से लिखा; he worked hard but it was **of no avail** उसने कठिन परिश्रम किया पर यह व्यर्थ रहा. **4.** (out of) में से : one ~ my classfellows मेरे सहपाठियों में से एक; a few of the boys लड़कों में से कुछ. **5.** के कारण : I did it ~ necessity मैंने आवश्यकता^{F} के कारण यह किया. **6.** (other contexts) it is very kind ~ you आपकी बड़ी कृपा^{F}; he is hard of heart वह कठोरहृदय है; that idiot of a boy वह बुद्धू लड़का; people of middle class मध्यवर्गीय लोग; the art of painting चित्रकला^{F}; the city of Calcutta कलकत्ता नगर.

off ऑफ़ **I.** *adv.* दूर : be ~ (दूर) हटो; he lives two kilometres ~ वह दो किमी. दूर रहता है; they are ~ वे (दूर) चले गए; he has gone ~ वह दूर चला गया; keep ~ दूर रहो; picnic is ~ from here पिकनिक यहाँ से और दूर है; the village is a few kilometres ~ the main road गाँव मुख्य सड़क^F से पाँच किमी. दूर है; he is badly ~ वह बहुत गलत है; be well ~ धनी होना; his parents were not well ~ उसके माता-पिता धनी नहीं थे; be better ~ पहले से बेहतर हालत^F में होना; be worse ~ पहले से और ख़राब होना; **~and on** कभी-कभी : he comes here ~ and on वह यहाँ कभी-कभी आता है; **show ~** शान^F दिखाना, सजधज^F दिखाना : youth show ~ in public places युवा सार्वजनिक स्थानों में सजधज दिखाते हैं; the handle is **coming ~** हत्था बाहर निकल रहा है. Δ he **took off** his coat उसने अपना कोट उतार दिया; **turn/put off** the light बत्ती^{F} बुझा दीजिए. **II.** *a.* (various meanings in context) Sunday is my ~ day इतवार को मेरी छुट्टी^{F} रहती है; ~ side of a wall दीवार^F का पहला हिस्सा, ~ colour सुस्त, बीमार; **~hand** *a.* तात्कालिक, बिना तैयारी का [effect असर, speech भाषण]; he could not evade the ~ intervention वह तात्कालिक हस्तक्षेप टाल न सका; (~ print पुनःमुद्रण) ~ **shoot** (i) शाखा^{F}, टहनी^{F}, डाल^F; (ii) परिणाम; **~season** मंदी^{F} का मौसम. **III.** *prep.* से : clean the mud ~ your shoes अपने जूते पर से कीचड़ हटाओ; you must keep these boys ~ the field तुम्हें इन लड़कों को खेत से दूर रखना (हटा देना) चाहिए : cut a piece ~ the loaf डबल रोटी का एक टुकड़ा काट लो; ~ **the point** असंगत; his speech was quite ~ the point उसका भाषण पूर्ण रूप से असंगत था; ~ one's head पागल : yesterday he was ~ his head कल वह पागल हो गया था.

offence अफ़ेंन्स' *n*^{c}. **1.** (misdeed) अपराध, दोष : it is an ~ to ride a bicycle at night without light रात^F में बिना प्रकाश के साइकिल पर सवारी^{F} करना अपराध है : explain the cause of ~ अपराध के कारणों की व्याख्या^{F} कीजिए; ~ against God पाप. **2.** (offending) दुर्व्यवहार, तिरस्कार : I meant no ~ अपमान करने का मेरा कोई इरादा नहीं था; without ~ to anybody बिना किसी व्यक्ति के तिरस्कार के. **3.** अप्रसन्नता^{F}, नाराज़गी^{F}, खीझ^F : **give ~ to** somebody किसी को नाराज़ करना : he gave ~ to his friend उसने अपने मित्र को नाराज़ कर दिया; to cause ~ to smb किसी को नाराज़ करना; **take ~** नाराज़ होना : he took ~ to his wife वह अपनी पत्नी से नाराज़ हो गया; he took ~ at his remark वह उस टिप्पण पर नाराज़ हो गया. **offend** अफ़ेंन्ड् *vt.* **1.** भंग करना, तोड़ना, उल्लंघन करना : he must be punished, he has ~ed the rules उसे दंडित किया जाना चाहिए, उसने कानून का उल्लंघन किया है. **2.** (make angry) नाराज़ करना, अप्रसन्न करना : ~ deliberately

जानबूझकर ≈; his words ~ed her उसके शब्दों ने उसे नाराज़ कर दिया; she is ~ ed so soon वह इतनी जल्दी खीझ जाती है. **3.** अपमान या तिरस्कार करना : I am sorry if I've ~ed you मुझे खेद है यदि मैंने आपका अपमान किया है; I do not intend to ~ you आपका अपमान करने का मेरा कोई इरादा नहीं है. **4.** (to be unpleasant) बुरा लगना : it ~s the ears, eyes यह कानों, आँखों^{F} को बुरा लगता है. **offensive** अफ़ॅन्'सिव **I.** *a.* **1.** (repugnant) घिनौना, घृणास्पद, घृणाजनक [boil फोड़ा, goods माल, sight दृश्य]; who would like his ~ talks उसकी घिनौनी बातों^{F} को कौन पसंद करेगा. **2.** (insulting) तिरस्कारपूर्ण, अपमानजनक [language भाषा^{F}, remark टिप्पणी^{F}]; I dislike him for his ~ behaviour उसके ≈ व्यवहार के कारण मैं उसे नापसंद करता हूँ. [*ant.* in ~] **3.** (attacking) आक्रामक [action कार्यवाही, position स्थिति^{F}, power शक्ति^{F}]; they have many ~ weapons उनके पास बहुतसे आक्रामक हथियार हैं. **II.** n^u. हमला, आक्रमण [serious गंभीर, violent ज़ोर का]; he was leading the ~ वह ≈ का नेतृत्व कर रहा था; to take the ~ आक्रामक कार्रवाई करना.

offer ऑ'फ़र **I.** n^c. **1.** (proposal) प्रस्ताव : acceptable ~ स्वीकार्य ≈; ~ of help सहायता^{F} का ≈; you ought to accept the ~ तुम्हें प्रस्ताव को स्वीकार कर लेना चाहिए; thank you for your kind ~ आपके कृपापूर्ण प्रस्ताव के लिए धन्यवाद. **2.** (present) भेंट^F : excellent ~ उत्कृष्ट ≈; our ~ was not so low as he says हमारी भेंट वैसी घटिया न थी जैसा कि वह कहता है. **II.** *v.t.* **1.** पेश करना, प्रस्ताव करना, प्रस्तुत करना : he ~ed me a chair उसने मुझे कुर्सी^{F} पेश की; has he ~ed you help क्या उसने तुम्हें सहायता^{F} देने का प्रस्ताव किया था; to ~ prayers प्रार्थना^{F} करना; to ~ one the service किसी को नौकरी देने का प्रस्ताव करना; to ~ one's opinion अपना मत प्रस्तुत करना. **2.** (bid) दाम या मोल लगाना : to ~ good price for the things वस्तुओं^{F} का अच्छा मूल्य लगाना. **3.** (attempt) की चेष्टा^{F} करना : he ~ed to do the work, but could not succeed उसने काम करने की चेष्टा की किंतु सफल नहीं हुआ. **4.** पेश होना, प्रस्तुत होना, आ जाना : he ~ed himself before the magistrate वह मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत हुआ. [*ant.* withdraw]

office ऑ'फ़िस n^c. **1.** पद : high ~ उच्च ≈; the ~ of the head of a department विभागाध्यक्ष का पद; ~ of profit आर्थिक लाभ का ≈; to enter upon or take ~ ≈ ग्रहण करना; he resigned his ~ उसने पदत्याग किया. **~bearer** पदधारी. **2.** (duty) कार्य, कार्यभार : to hold ~ as a manager मैनेजर के रूप में कार्यभार सँभालना. **3.** (department, place) कार्यालय, दफ़्तर [branch शाखा^{F}, central केंद्रीय]; he works in the manager's ~ वह मैनेजर के ≈ में काम करता है; the ~opens at 10 a.m. ≈ सुबह^F दस बजे खुलता है. **4.** कृपा^{F}: through your good ~s आपकी महती ≈ से. **~holder** n^c. पदाधिकारी : ~ of a club क्लब का ≈; some ~s have resigned कुछ पदाधिकारियों ने त्यागपत्र दे दिया है. **officer** ऑ'फ़िसर n^c. पदाधिकारी, अधिकारी, अफ़सर [commissioned (military) कमीशनप्राप्त (मिलिटरी), honest ईमानदार, local स्थानीय, medical चिकित्सा, senior वरिष्ठ/सीनियर]; the father of my friend is an income tax ~ मेरे मित्र के पिता आयकर अधिकारी हैं; he is the commanding ~ of the army वह सेना^{F} का कमांडिंग अधिकारी है; I am election ~ this time इस समय मैं चुनाव ≈ हूँ; ~ in charge कार्यभारी अधिकारी, प्रभारी या भारवाह अधिकारी : ~ incharge of the police station appointed by the government सरकार^F द्वारा नियुक्त पुलिस थाने का प्रभारी अधिकारी. **official** अ फ़ि'शॅल **I.** *a.* **1.** (authoritative) अधिकारिक, सरकारी, राजकीय, शासकीय, पदीय [act काम, document दस्तावेज़, duty कर्तव्य, letter पत्र, report रिपोर्ट, residence निवास, stamp स्टाम्प, statement कथन]; ~ language राजभाषा^{F}; ~ translation अधिकृत अनुवाद; ~ member सरकारी सदस्य; ~ title पदनाम; he never follows his ~ obligation वह

अपने शासकीय कर्तव्यों का कभी पालन नहीं करता. 2. कार्यालयी : ~ correspondence ≈ पत्राचार. 3. (formal) औपचारिक [answer उत्तर, reception स्वागत, work काम]; it was an ~ meeting of the Prime Minister with the President यह प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति से ≈ भेंट थी. [*ant.* un ~] **II.** *n*^c^. पदाधिकारी, अधिकारी [careless लापरवाह, honest ईमानदार]; he is an ~ in the Railway ministry वह रेल-मंत्रालय में ≈ है; ~s are not doing well these days इन दिनों ≈ अच्छा काम नहीं कर रहे हैं. **officiate** अ फ़ि'शिएट *v.t.* **1.** (किसी पद पर) काम करना, का कार्य करना या निभाना : to ~ as a host मेज़बान होना; he ~d as chairman in divisional office उसने मंडल कार्यालय में अध्यक्ष के रूप में काम किया; to ~ at a wedding शादी^F पर पुरोहित का काम करना. **2.** (replace) स्थानापन्न होना; he ~s as officer on this post वह इस पद पर स्थानापन्न अधिकारी है. **officiating** अफ़ि'शिएटिंग *a.* स्थानापन्न [director निदेशक, manager प्रबंधक, principal प्राचार्य]; both are ~ officers दोनों ≈ अधिकारी हैं.

offshoot आफ़'शूट *n.* **1.** (प्र) शाखा^F, टहनी^F, डाल^F [big बड़ी, strong मज़बूत, thin पतली]; ~ of a tree एक पेड़ की ≈; Bahris, Kakkars and Seths are some of the ~s of the same gotra बाहरी, कक्कड़, सेठ एक ही गोत्र की शाखाएँ हैं; ~ of a firm किसी व्यवसायी प्रतिष्ठान की शाखा. **2.** नतीजा, परिणाम, फुल [remarkable उल्लेखनीय, unexpected अप्रत्याशित]; an ~ of negotiations बातचीत का परिणाम.

offside ऑफ़् साइड' **1.** *a. & n*^c^. (*ant.* onside) दाहिना : ~ wheel ≈ पहिया; ~ of a horse घोड़े के दाहिने ओर; don't walk on the ~ of the road सड़क के दाहिनी तरफ़^F मत चलो. **2.** *adv.* he played ~ उसने दाहिनी ओर हिट किया.

offspring ऑफ़्'स्प्रिङ्ग *n*^c^. **1.** संतान^F, संतति^F [illegal अवैध, real सगी]; mothers love their ~ माँ अपनी संतति से प्यार करती है; at eighty he had no wife and no ~ अस्सी वर्ष की अवस्था में उसके कोई पत्नी और संतान न थी. **2.** (produce) उपज : extraordinary ~ असाधारण ≈; we will get good ~ this year इस साल हम अच्छी उपज पाएंगे. **3.** (result) परिणाम, फल : we were surprised to know the unexpected ~ of their discussion उनकी परिचर्चा^F का अप्रत्याशित परिणाम जानकर हमें बड़ा आश्चर्य हुआ.

often ऑ'फ़न *adv.* अक्सर, प्रायः, बहुधा : it is ~ very hot in April here अप्रैल में यहाँ ≈ बहुत गर्म रहता है; we do not go ~ there हम वहाँ ≈ नहीं जाते; I ~ go to the field मैं प्रायः मैदान में जाता हूँ; we ~ have dinner early हम प्रायः दोपहर का भोजन जल्दी लेते हैं; I ~ see him in the fruit market मैं प्रायः उन्हें फलों के बाज़ार में देखता हूँ; as ~ as जब भी, हर बार : as ~ as I went to his house, he was away मैं जब भी उसके घर गया वह बाहर ही था; how ~ कितनी बार; more ~ than not प्रायः अनेक बार; more ~ than not he is drunk ≈ वह पिये रहता है. [*ant.* seldom]

oh ओ *interj.* ओह, हे : ~ ! Santosh, you are here हे ! संतोष, तुम यहाँ हो; ~ ! we have won the match अरे ! हम मैच जीत गए ?

O.I.G.S. On India Government Service.

oil ऑइल **I.** *n.* तेल [kerosene मिट्टी का तेल, refined शोधित, scented सुगंधित]; ~ cake खली; ~ can तेल का डिब्बा; ~ cloth मोमजामा; ~ colour तेल रंग; ~ field (पेट्रोल) तेल क्षेत्र; ~ man तेली; ~ mill कोल्हू; ~ painting तैलचित्र; ~ seeds तिलहन; ~ tanker तेलपोत; ~ well तेलकूप; to throw ~ on the fire आग में तेल डालना; the machine needs - ~ मशीन^F में ≈ की आवश्यकता^F है. Δ ~ **and vinegar** परस्पर विरोधी वस्तुएं : ~ and vinegar cannot go on परस्पर विरोधी वस्तुएं एक साथ नहीं रह सकतीं. **to burn the midnight ~** रात^F को देर रात तक काम करना; **to pour ~ on the flames** आग में घी डालना; **to pour ~ on the troubled waters** झगड़ा शांत करना : if he had not poured ~ on the

troubled waters the quarrel could not have been resolved यदि उसने झगड़ा शांत न किया होता तो वह बंद न होता. **to strike oil** खान से तेल निकालना. **II.** *v.t.* तेल देना, डालना, लगाना या भरना : ~ a machine मशीन^F में तेल दो; he had been ~ing his bicycle and his hands were dirty वह अपनी साइकिल[F] में तेल देता रहा था और उसके हाथ गंदे थे. Δ **to ~ one's palm** घूस[F] देना; **to ~ one's tongue** मीठी-मीठी बातें[F] करना.

oily ऑइ'लि *a.* **1.** (oil-like) तेलिया : liquid ~ चिपचिपा द्रव. **2.** (containing oil) तेलवाला; ~ pots ≈ बर्तन. **3.** (greasy) तेल से भरा : the machineman was wearing dirty and ~ clothes मशीनवाला गंदे और तेल से भरे कपड़े पहने था. **2.** (of words) चिकना-चुपड़ा; (person) चाटुकार, चापलूस; I cannot appreciate his ~ talks मैं उसकी चिकनी-चुपड़ी बातों को पसंद नहीं कर सकता; ~ manner चापलूसी[F] : I dislike his ~ manner मैं उसकी चापलूसी नापसंद करता हूँ.

ointment आइन्ट्'मन्ट *n.* विलेप, मरहम [antiseptic प्रतिरोधन, useful उपयोगी]; ~ is an oily medicine ≈ एक चिकनी दवा[F] है; rub some ~ on the skin चमड़ी[F] पर कुछ ≈ मल दो; put a little ~ on the wound घाव पर थोड़ी ≈ लगा दो; some ~s are used as cosmetics कुछ मरहम सौंदर्य-प्रसाधन में भी इस्तेमाल की जाती हैं.

okay (O.K.) ओ के' **I.** *adv.* all right बिलकुल ठीक : the machine operates ~ मशीन[F] ≈ चल रही है; we shall meet tomorrow, ~ हम कल मिलेंगे, ≈; he looks ~ now वह अब ≈ दिखता है; it is ~ सब ठीक है. **II.** *interj.* बहुत अच्छा : will you come ~ आओगे ना ? ≈; that 's ~ सब अच्छा है. **III.** *v.t.* मंज़ूरी[F] देना; my father okayed the idea मेरे पिता ने इस विचार को मंज़ूरी दे दी.

old ओल्ड *a.* **1.** बूढ़ा, वृद्ध [man आदमी, servant नौकर, teacher अध्यापक]; ~ woman बूढ़ी औरत; ~ workers बूढ़े कामगार; ~ age बुढ़ापा, वृद्धावस्था[F]; he is growing ~ वह बूढ़ा हो रहा है. **2.** उम्र[F] का : how ~ are you तुम्हारी उम्र कितनी है ? I am a year older than you मैं (उम्र में) तुमसे एक साल बड़ा हूँ; when I was ten years ~ जब मेरी उम्र दस साल की थी, जब मैं दस साल का था; the baby is four months ~ बच्चा चार महीने का है. **3.** (former) पूर्व, भूतपूर्व [clerk क्लर्क, लिपिक, boy विद्यार्थी, student छात्र, teacher अध्यापक]. **4.** (ancient) प्राचीन, पुराना : ~ custom ≈ रिवाज; ~ building ≈ इमारत[F]; ~ institutions ≈ संस्थाएँ[F]; ~ civilization ≈ सभ्यता[F]; Kalidas is one of the ~ dramatists कालिदास ≈ नाटककारों में से हैं. **5.** (in existence) पुराना [factory कारख़ाना, house मकान, tree पेड़]; ~ machine पुरानी मशीन[F]; ~ clothes पुराने कपड़े; this is my ~ dress यह मेरी पुरानी पोशाक[F] है; my shoes are now getting old मेरे जूते अब पुराने हो रहे हैं. [*ant.* new] **6.** (experienced) अनुभवी : he is an ~ hand in this factory वह कारख़ाने में एक ≈ कामगार है; she is the oldest nurse वह सब से अधिक अनुभवी नर्स है. **the ~** बूढ़े लोग; a house for the ~ वृद्धाश्रम; hospitals for the ~ बूढ़े लोगों का हस्पताल. [*ant.* young] [older, oldest, (relatives elder, eldest)].

omelette, omelet आम्' लिट *n*[c]. आमलेट : tasteful ~ स्वादु ≈; I had an ~ with my breakfast मैं ने नाश्ते के साथ ≈ लिया; ~ is made of well-beaten eggs ≈ अच्छी तरह फेंटे हुए अंडों का बनता है. make two ~s for me in a frying pan कड़ाही[F] में मेरे लिए दो ≈ बना दो.

omen ओ'मन *n*[c]. शकुन, सगुन [bad बुरा/अशुभ, encouraging उत्साहवर्द्धक, good अच्छा/शुभ]; he saw a black dog and said, "It is a good ~ " उसने काला कुत्ता देखकर कहा कि यह अच्छा ≈ है; rainbow is considered a good ~ इंद्रधनुष अच्छा ≈ माना जाता है; it is an ill ~ if a cat crosses your path यदि बिल्ली[F] रास्ता काट दे तो बुरा ≈ होता है. **ominous** ऑ'मिनस *a.* (sinister) अशुभ, अनिष्टकारक [black clouds काले बादल, mention उल्लेख, signs लक्षण]; this sound of a jackal is ~ सियार/गीदड़ की यह आवाज़[F] ≈ है. the decision of the

opposition appears to be ~ विरोधी पक्ष का निर्णय ≈ जान पड़ता है.

omission अ मि'शन n^c. **1.** (non-performance) छूट^F : there are several ~s of names in the list सूची^{F} में कई नाम छूट गए हैं; I regret the ~ of some important items in the programme कार्यक्रम में कुछ महत्वपूर्ण बातों^{F} की छूट का मुझे खेद है. **2.** भूल-चूक^F [great भारी, slight मामूली]; ~ of an act किसी काम में ≈; to rectify an ~ ≈ सुधारना. **omit** अ मिट' *v.t.i.* (*p. & p.p.* omitted) **1.** छोड़ देना : you can ~ the last stanza in this poem तुम इस कविता का अंतिम छंद छोड़ सकते हो; I am sorry, I ~ ted one word in this line मुझे खेद है कि मैं इस पंक्ति^{F} में एक शब्द छोड़ गया हूँ; his name was ~ted from the list of voters उसका नाम मतदाताओं की सूची^{F} में छूट गया (नहीं आया). **2.** न करना : to ~ to sign a cheque चेक पर (भूल से) हस्ताक्षर न करना; I ~ ted to mention that... मैंने इसका ज़िक्र नहीं किया कि . . . [*ant.* include] **3.** भूल जाना : don't ~ shutting the door behind you अपने पीछे दरवाज़ा बंद करना न भूल जाना.

on ऑन **I.** *prep.* **1.** पर : a lecture on modern poetry आधुनिक काव्य पर एक व्याख्यान; ~ the floor फ़र्श पर; a watch on one's wrist किसी की कलाई^F पर एक घड़ी^{F}; a lamp on the table मेज़ पर एक लम्प; this is a book on music यह पुस्तक^F संगीत पर है; he spoke on the events of the day वह आज की घटनाओं^{F} पर बोला; he arrived on time वह ठीक समय पर पहुँचा; he was held up on suspicion वह संदेह में पकड़ा गया; she is ~ leave वह छुट्टी^{F} पर है; they are ~ strike वे हड़ताल^F पर हैं; he lives ~ pension वह पेंशन^F पर गुज़ारा करता है. **2.** (near) के पास; you will find a theatre ~ the road सड़क के पास में तुम्हें एक थिएटर मिलेगा. **3.** के समय, को : ~ the first of September... पहली सितंबर को; we'll meet on a cold winter night हम ठंडी जाड़े की रात^F को (के समय) मिलेंगे; it was on the morning of first May यह पहली मई की सुबह^F का समय था. **4.** (other contexts) he is on the committee वह समिति का सदस्य है; I went there ~ business मैं काम से वहाँ गया था. **II.** *a.* (in operation) जारी : the play is ~ खेल ≈ है; the light is ~ बत्ती जल रही है; the dance is ~ नाच हो रहा है; water won't be ~ today आज पानी नहीं मिलेगा. **III.** *adv.* **1.** (onward) आगे : you may get ~ आप आगे बढ़ जाए, तुम आगे बढ़ सकते हो. **2.** continuously बराबर, निरंतर : he went on speaking वह बोलता चला गया; the soldiers marched ~ सैनिक मार्च करते चले. **3.** पहना हुआ : he had a turban on उसने पगड़ी^{F} पहन/बाँध रखी थी; the orphan boy had nothing on अनाथ बच्चे ने कुछ नहीं पहन रखा था; on guard सावधान : he should be on his guard उसे सावधान रहना चाहिए. Δ **and so** ≈ इत्यादि : we went into the shop and bought shoes, socks, pens, copies, and so on हम दुकान^F के अंदर गए और जूते, मोज़े, कलमें, कापियाँ इत्यादि खरीदीं : to **be ~ fire** जलना : a house was on fire in the next street अगली गली^{F} में एक मकान जल रहा था; **further ~** और आगे : the school is further on स्कूल और आगे है; **off and ~** कभी-कभार : they meet off and ~ वे कभी-कभार मिलते हैं; on its last legs समाप्त प्राय; honesty these days is on its last legs इन दिनों ईमानदारी^{F} समाप्तप्राय है; **~ merit** गुण-दोष या योग्यता^{F} के आधार पर : appointments will be made purely on ~ नियुक्तियाँ^{F} विशुद्ध रूप से योग्यता के आधार पर की जाएँगीं; **~ the other hand** इसके विपरीत, उलटे : it is good, but on the other hand it is costly यह अच्छा है, किंतु इसके विपरीत, महँगा है; on the one hand he is poor and on the other he is dishonest एक तरफ तो वह ग़रीब है पर उलटे बेईमान है; **on the whole** कुल मिलाकर : it was a very useful discusssion on the whole कुल मिलाकर यह चर्चा^{F} बड़ी उपयोगी रही; **on this account** इस कारण से : on this account it is true इस कारण से यह सही है. **~looker** n^c. दर्शक, प्रेक्षक [numerous अनेक, zealous उत्साही]; ~s at the hockey match हाकी के खेल में

≈; ~ at the accident दुर्घटना^{F} के प्रेक्षक; **~-rush** n^u. (of water) प्रवाह, बहाव : ~ of people at a fair मेले में लोगों की ठेल-पेल^F (लोगों का रेला); ~ at the cinema booking house सिनेमा बुकिंग-ऑफ़िस पर रेला; **~set** n^c. **1.** आक्रमण : ~ of a disease बीमारी^{F} का ≈; ~ of enemy शत्रु का ≈. **2.** प्रारंभ : it is the first ~ of rains यह बरसात का पहला ≈ है. **~side** ऑन्'साइड n^u. (आन साइड) बाईं तरफ : three fielders on the ~ ≈ के तीन क्षेत्ररक्षक; **~to** *prep.* के ऊपर : he climbed ~ a rock वह एक चट्टान^F पर चढ़ गया; **~ward** ऑन्'वर्ड *a.* आगे [march कूच, movement गति^{F}, progress विकास]; **~wards** *adv.* आगे : the soldiers marched ~ सैनिक आगे बढ़े; **from now ~** I shall take classes at 10 A.M. अब से (आगे से) मैं सुबह^F दस बजे कक्षाएँ^{F} लूँगा; go ~ आगे बढ़ो, बढ़ते चलो.

once वन्स **I.** *adv.* **1.** एक बार^F : I have been there only ~ मैं वहाँ केवल ≈ गया हूँ; ~ my mother told me that ... ≈ मेरी माँ ने मुझे बताया कि . . . ; take this medicine ~ a day यह दवा^{F} दिन में ≈ लेना; I'll call you ~ मैं एक बार आपको बुलाऊंगा; ~ again एक बार फिर; ~ more एक दफ़ा^{F} और : do it ~ more इसे एक बार और करो. **2.** किसी समय; कभी : he was ~ a rich man किसी समय वह एक धनी आदमी था; I was very fond of him ~ ≈ मैं उसका बहुत स्नेही था; I was ~ a clerk मैं कभी लिपिक था; this fashion was ~ very popular कभी यह फ़ैशन बहुत लोकप्रिय था. **II.** *conj.* जब, ज्यों ही, जैसे ही, जब कभी : ~ you begin you should finish it ≈ तुम शुरू करो, तुम्हें इसे समाप्त कर देना चाहिए; ~ you have learnt Hindi, it is easy to learn Gujrati जब तुम हिंदी^{F} सीख जाते हो तो गुजराती^{F} सीखना आसान हो जाता है. **Δ all at ~** (i) अचानक : he came there all at ~ वह अचानक वहाँ आ गया; (ii) सब मिलकर, सब एक साथ : do not talk all at ~ ≈ बात^F मत करो; don't come to me all at ~ ≈ मेरे पास मत आओ; **at ~** (i) तुरंत : we agreed at ~ हम तुरंत सहमत हो गए; go at ~ तुरंत चले जाओ; (ii) एक साथ : you cannot do all things at ~ तुम सभी चीज़ें एक साथ नहीं कर सकते; **for ~** अब की बार : I'll succeed for ~ surely मैं इस बार ज़रूर सफल होऊंगा; **~ and again** बारंबार : he was saying the same thing ~ and again वह वही बात^F बारंबार कह रहा था; **~ for all** सदा के लिए, अंतिम रूप से : understand ~ that it is not allowed हमेशा के लिए समझ लो कि इसकी अनुमति^{F} नहीं है; **~ in a while** कभी-कभार : I meet him ~ in a while in the office कार्यालय में मैं उससे कभी-कभार मिलता हूँ; **~ or twice** एक-दो बार : I have been to Lucknow ~ or twice मैं लखनऊ एक-दो बार गया हूँ; **~ upon a time** बहुत पहले : ~ upon a time there lived a lion in the forest बहुत पहले जंगल में एक शेर रहता था.

one वन **I.** n^u. **1.** एक : I have only ~, I cannot give it to you मेरे पास केवल एक है मैं इसे तुम्हें नहीं दे सकता. **2.** इक्का : ~ of a playing card ताश^F का इक्का. **3.** कोई व्यक्ति : how should one behave at a dinner party किसी व्यक्ति को भोज पार्टी में कैसा व्यवहार करना चाहिए ? **4.** little ~s छोटे बच्चे. **II.** *a.* **1.** एक [boy लड़का, girl लड़की, question प्रश्न, room कमरा, thousand हज़ार, time समय/बार, way रास्ता, window खिड़की^{F}]; I will bring you here ~day मैं एक दिन तुम्हें यहाँ लिवा लाऊंगा; he had only ~ dog उसके पास केवल ≈ कुत्ता था; I met him ~ night मैं उससे एक रात मिला; ~ morning I was sitting at the police station ≈ सुबह^F मैं पुलिस थाने में बैठा था : I saw a ~ eyed man yesterday मैंने कल एक आँख वाला (काना) आदमी देखा; they are all of ~ opinion इन सबकी ≈ राय है; the neighbours will all become ~ सब पड़ोसी ≈ हो जाएँगे; it is ~ and the same thing एक ही बात^F है. **2.** (unparalleled) एक ही, अकेला : he was the ~ man whom you compare not वह एक अकेला आदमी था जिससे तुम तुलना^{F} नहीं कर सकते. **3.** ~ and a half डेढ़ : ~ and a half thousand people डेढ़ हज़ार लोग; ~ month and a half डेढ़ महीना;

twenty-one इक्कीस; thirty-one इकतीस; forty-one इकतालीस; (see Appendix) 4. कोई : ~ man named Prakash ≈ प्रकाश नाम का आदमी. **III.** *pron.* वह, कोई : this dress is more expensive than that ~ यह पोशाक[F] उससे अधिक महँगी है; which ~ will you take तुम कौन सी लोगे ? how can ~ know that ... कोई कैसे जान सकता है कि Δ to **be at ~ with smb** किसी से सहमत होना : they were at ~ on this matter इस मामले पर वे एक मत थे; **make ~** जोड़ देना, एक बना देना : all ropes were made one सभी रस्सियाँ[F] एक कर दी गईं; ~ **and all** सभी : you are invited ~ and all आप सभी आमंत्रित हैं; ~ and all participated in the meeting बैठक[F] में सब के सब सम्मिलित हुए; ~ **another** एक-दूसरे को, परस्पर : they were abusing one another वे एक-दूसरे को गाली[F] दे रहे थे; ~ **by ~** एक-एक करके : ~ by ~ the members disappeared एक-एक करके सदस्य गायब हो गए; ~ **or two** एक-दो : there are ~ or two seats left एक-दो सीटें[F] रह गई हैं; one way traffic एक-दिश यातायात. **oneself** वन्'सॅल्फ़ *reflex. pron.* स्वयं, ख़ुद : recognise ~ खुद को पहचानो; do smth for ~ स्वयं के लिए कुछ करो; one cannot think only of ~ एक व्यक्ति केवल अपने बारे में ही नहीं सोच सकता.

onion अ'न्यॅन *n*[c]. प्याज़ [knotty गाँठदार, red लाल, small छोटा]; ~ has a strong smell प्याज़ की ज़ोरदार गंध होती है; skin of the ~ प्याज़ का छिलका; ~ is used as a vegetable ≈ का सब्ज़ी के रूप में प्रयोग किया जाता है.

only ओन्'लि **I.** *a.* अकेला, [answer उत्तर, chance अवसर, example उदाहरण, fault दोष]; ~ child इकलौता बच्चा; ~ daughter/girl इकलौती लड़की/बेटी; this is the ~ book I could find on this subject इस विषय पर मैं यह एकमात्र पुस्तक पा सका हूँ; he was their ~ child and was very spoiled वह उनका एक-मात्र बच्चा था और बिगड़ा हुआ था; at that time I was the ~ person in the office उस समय मैं कार्यालय में अकेला व्यक्ति था. **II.** *adv.* केवल, सिर्फ़, मात्र, ही : I need ~ five rupees now अभी मुझे केवल पाँच रुपये की आवश्यकता[F] है; I only wanted to say that ... मैं केवल यह कहना चाहता था कि . . . ; he not only heard it, he saw it too उसने इसे सुना ही नहीं, देखा भी; ~ you can help me केवल तुम मेरी सहायता[F] कर सकते हो; ~one song केवल एक गीत; I was only trying to explain it मैं केवल/मात्र इसकी व्याख्या[F] करने की चेष्टा[F] कर रहा था.

ooze ऊज़ **I.** *n*[u]. (soft mud) दलदल : you will find ~ in the pond तुम्हें पोखरे में दलदल मिलेगी. **II.** *v.i.* रिसना, चूना, टपकना : ~ fastly तेज़ी से ≈; water was ~zing out of the drain नाली से पानी बह रहा था; liquid was ~ing from the crack दरार[F] से द्रव चू रहा था; blood is ~ing from his wound उसके घाव से ख़ून रिस रहा है.

O. P. D. Outdoor Patients Department.

open ओ'पन **I.** *a.* **1.** (not shut or closed) खुला [bag बस्ता, box संदूक, gate फाटक, letter पत्र]; ~ book खुली किताब; ~ eyes खुली आँखें[F]; ~ window खुली खिड़की[F]; the doors were wide open दरवाज़े पूरे खुले थे; who left it ~ इसे किसने खुला छोड़ दिया ? the museum is ~ to the public संग्रहालय जनता[F] के लिए खुला है; the shops are ~ today दुकानें[F] आज खुली हैं. [*ant.* close] **2.** (uncovered) an ~ drain खुली नाली[F]; ~ cart खुली गाड़ी[F]. **3.** (receiving) खुला : with an open mind खुले मन से. **4.** (without barriers) ~ country side खुला मैदान; ~ air खुली हवा[F]. **5.** (not hidden) खुला, प्रकट : ~ thoughts खुले विचार; ~ contempt for smb किसी की ≈ मानहानि. **6.** (undecided) अनिर्णीत, विचाराधीन : the matter is still ~ मामला अब भी विचाराधीन है; ~ question ≈ प्रश्न. **7.** (other contexts) **~eyed** *a.* चौकस : ~ look ≈ निगाह[F]; **~handed** *a.* मुक्तहस्त, उदार; **~ hearted** ईमानदार; **~minded** निष्पक्ष, बेलाग; **~mouthed** (i) लोभी; (ii) स्पष्टवादी; (iii) चकित : he looked at the building ~ mouthed वह मुँह बाए भवन को

देखता रहा : ~**question** विवाद का विषय. **8.** निष्कपट : he presented his ~ views on the point उसने विषय पर अपने निष्कपट विचार प्रस्तुत किए; I want to be ~ with you मैं तुमसे निष्कपट व्यवहार करना चाहता हूँ; with ~ arms खुले मन से. **II.** *n^u*. खुला मैदान : they sleep in the open वह खुले में सोते हैं; come to the ~ खुले में आइए (खुलकर बात कीजिए). **III.** *v.i.* **1.** खुलना, खुल जाना : are the shops ~ now क्या दुकानें^{F} अब खुली है? the shop ~s at nine o'clock दुकान नौ बजे खुलती है; this gate ~s into a lane यह फाटक गली^{F} में खुलता है. **2.** शुरू/प्रारंभ होना : the session of the legislative assembly will ~ tomorrow विधान सभा^{F} का सत्र कल शुरू होगा. **3.** (blossom) the bud has opened into a flower कली^{F} खुलकर फूल बन गई है. **IV.** *v.t.* **1.** खोलना, खोल देना : ~ slowly धीरे-से ≈; the servant ~ed the door नौकर ने दरवाज़ा खोला; ~your books at page nine पृष्ठ नौ पर अपनी-अपनी किताबें^{F} खोलो; ~ the door wide दरवाज़ा पूरा खोल दो; ~ the road for traffic यातायात के लिए सड़क खोल दो. **2.** प्रकट करना : to ~ the matter before the lawyer वकील से मामले को ≈. **3.** (start) आरंभ/शुरू करना : to ~ a debate वाद-विवाद ≈; to ~ a session सत्र का उद्घाटन करना : to ~ a programme with a prayer प्रार्थना^{F} के साथ कार्यक्रम आरंभ करना. Δ to ~ **smb's eyes** किसी को सजग करना; to ~ **fire at/on.** गोली^{F} चलाना : the police ~ed fire at/on the mob पुलिस^F ने भीड़^{F} पर गोली चला दी; ~ **out** फैल जाना : the bad things ~ out very soon बुरी बातें^{F} बहुत जल्दी फैल जाती हैं; ~ **up** (i) खोलना : to ~ up a wound घाव खोलना; do not ~ up the door like this इस तरह दरवाज़ा खुला न रखा करो; they ~ed up the road उन्होंने सड़क^F को खोल दिया; (ii) शुरू करना : to ~ up a new business नया व्यवसाय शुरू करना. **opener** ओ'पॅनर *n.* *& a.* **1.** खोलने वाला : tin ~ टिन खोलने वाला; bottle ~ बोतल खोलने वाला (उपकरण). **2.** उद्घाटन : he is the ~ batsman of India वह भारत का ≈ बल्लेबाज़ है. **opening** ओप्'निङ्ग **I.** *n^u*. **1.** (beginning) प्रारंभ : I was not attentive at the ~ of the story कहानी^{F} के ≈ में मेरा ध्यान नहीं था. **2.** (inauguration) उद्घाटन : the opening of the exhibition प्रदर्शनी का ≈. **3.** *n^c*. (aperture) विवर, छेद, मुख : there is an ~ in the wall दीवार^F में एक छेद है; the ~ of the volcano throws magma from itself ज्वालामुखी के मुख से मैग्मा निकलता है. **4.** (game) प्रारंभिक चाल^F ; at the ~ of the chess शतरंज की ≈ में. **5.** (open space) खुली जगह^F; an ~ in the fence जंगले में ≈. **6.** new ~s in technology प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए द्वार. **II.** *a.* **1.** पहला, प्रारंभिक : ~ attempt ≈ प्रयास; ~ speech ≈ भाषण; ~ story पहली कहानी^{F}. **2.** उद्घाटक : Sunil Gavaskar was a great ~ batsman of India सुनील गावस्कर भारत के महान उद्घाटक बल्लेबाज़ थे. ~**ceremony** उद्घाटन समारोह. **openly** ओपन्'लि *adv.* खुलेआम, खुल्लम खुल्ला, खुलकर : the man said ~ that.... आदमी ने खुलेआम कहा कि. . . ; talk to him ~ उससे खुलकर बात करो; he ~ opposed me उसने खुले आम मेरा विरोध किया; he is ~ known as a ruffian वह खुले आम बदमाश के रूप में जाना जाता है. [*ant.* secretly]

opera ऑ'पॅरा *n^c*. गीति-नाट्य [classical शास्त्रीय, grand शानदार]; I have two tickets for the ~ मेरे पास ≈ के लिए दो टिकट हैं; I am very fond of the ~ मैं ≈ का बहुत शौकीन हूँ; the ~ was a great success ≈ बहुत सफल रहा; I enjoyed the ~ मैंने ≈ का आनन्द उठाया. ~**glasses** ऑपरा देखने का दूरदर्शी; ~ house ऑपरा घर

operate ऑ'पॅरेट **I.** *v.t.* **1.** (conduct) चलाना : to ~ a machine मशीन^F ≈; this machine is easy to ~ इस मशीन^F को चलाना आसान है. the new machine ~s on petrol नई मशीन^F पेट्रोल से चलती है. **2.** (accomplish) संपन्न करना : he ~d the work well उसने काम को अच्छी तरह संपन्न किया. **II.** *v.i.* **1.** शल्यक्रिया^{F} करना, ऑपरेशन करना : he was ~d on his spleen उसकी तिल्ली^{F} की

शल्यक्रिया की गई; the doctor ~d on/upon his heart डाक्टर ने उसके हृदय का आपरेशन किया; to be ~d **on** for cataract मोतियाबिंद का आपरेशन किया जाना. **2.** (to be in action) चलना : the machine ~s मशीन चलती है; their business ~s in several cities उनका धंधा कई शहरों में चलता है. **3.** (to take the effect) असर करना : the medicine ~ed very soon दवा^{F} ने बहुत जल्दी असर किया. **4.** the law does not ~ in our favour कानून हमारे हक में नहीं है.

operation ऑपॅरे'शन n^{cu}. **1.** (operating) प्रचालन, चालन, संचालन : complicated ≈ जटिल ≈; the ~ of this machine is not so easy इस मशीन^F का चालन इतना आसान नहीं है; keep the motor in ~ मोटर चालू रखो. **2.** (activity) कार्य : a difficult operation कठिन ≈. **3.** व्यापार : he cannot run this ~ वह इस ≈ को नहीं चला सकता. **4.** (mili.) फ़ौजी कार्रवाई^F : our armies made a successful ~ हमारी सेनाओं^{F} ने सफल ≈ की. **5.** (medicine) शल्यक्रिया, शल्योपचार, चीरफाड़^{F}, ऑपरेशन : the ~ was successful ऑपरेशन सफल था; he has to undergo a serious ~ उसे एक गंभीर ऑपरेशन कराना पड़ा; the surgeon performed an ~ on him for lungs सर्जन ने उसके फेफड़ों का ऑपरेशन किया. **in ~** चालू, जारी, (in force) लागू : the activities of terrorists are still in ~ उग्रवादियों की गतिविधियाँ^{F} अब भी जारी हैं; this law came into ~ in 1996 यह कानून 1996 में लागू हो गया. **operator** ऑ'पॅरेटर n^{c}. **1.** संचालक [efficient योग्य/दक्ष, clever होशियार]; computer ~ कंप्यूटर संचालक; telephone ~ टेलीफ़ोन संचालक; he is a good ~ of camera वह कैमरा का एक अच्छा ≈ है. **2.** शल्य चिकित्सक [expert कुशल, untrained अप्रशिक्षित]; Dr. Khurana is a prominent ~ of India डॉ. खुराना भारत के विख्यात ≈ हैं.

opinion अ पि'न्यन n^{c}. **1.** राय^F, सम्मति^{F}, मत [candid साफ़, editorial संपादकीय, general आम, mistaken गलत, personal व्यक्तिगत, public सार्वजनिक]; I am of this ~ मेरी यह राय है, मेरा यह मत है; to have a good ~ of some person किसी व्यक्ति के बारे में अच्छी राय रखना; in the ~ of the majority बहुमत की राय में; there may be different ~s on that subject उस विषय पर भिन्न-भिन्न मत हो सकते हैं; I asked my teacher's ~ about studies पढ़ाई^F के बारे में मैंने अपने अध्यापक की राय माँगी; what is your ~ about him उसके बारे में तुम्हारी क्या राय है ? public ~ is against this party लोकमत इस दल के पक्ष में नहीं है; I am of the ~ that we should agree मेरी राय है कि हमें सहमत हो जाना चाहिए; to have a poor/low ~ of smb किसी को घटिया/रद्दी समझना; to have a good/high ~ किसी को अच्छा समझना. **2.** (advice) सलाह^F, मशविरा : to get an ~ from a lawyer, doctor वकील, डाक्टर से सलाह^F करना. **3.** (estimation) मूल्यांकन [true सही, wrong ग़लत]; he did not reckon the true ~ of my work उसने मेरे काम का सही मूल्यांकन नहीं किया.

opium ओ'प्यम n^{u}. अफीम, अहिफेन : ~ is made from seeds of poppy अफ़ीम खसखस (पोस्त) के दानों (बीजों) से तैयार किया जाता है; ~ is smoked or chewed ≈ का या तो धूम्रपान होता है या वह चबायी जाती है; he is an ~ eater वह अफीमची है. **~den** अफीमचियों का अड्डा; ~plant पोस्त (poppy).

opp. opposite.

opponent अ पो'नन्ट **I.** n^{c}. प्रतिपक्षी, विरोधी, प्रतिद्वंद्वी [defeated हारा हुआ, strong मज़बूत, weak कमज़ोर]; ~ at football फुटबाल में ≈; he defeated his ~ easily उसने अपने ≈ को आसानी^{F} से हरा दिया; ~ in competition प्रतियोगिता में प्रतिद्वंद्वी. **II.** *a.* **1.** प्रतिकूल, विरोधी : ~ opinion ≈ विचार; he is of ~ thinking, I cannot agree with him वह ≈ विचारों वाला है, मैं उससे सहमत नहीं हो सकता. **2.** (opposite) सामने का : ~ portion ≈ भाग; you can only see the ~ part of the building from here यहाँ से तुम इमारत^F का केवल ≈ भाग ही देख सकते हो.

opportunity आपर ट्यू'निटि n^{c}. (सु)अवसर, मौका, सुयोग [splendid शानदार, wonderful

विचित्र]; let the ~ slip मौका निकाल जाने दो; I was waiting for an ~ to speak to you alone मैं आपसे अकेले बात करने का इंतज़ार कर रहा था; give an ~ to do smth कुछ करने का अवसर दो; ~ knocks only once ≈ केवल एक बार आता है; you must not lose this ~ तुम्हें यह मौका नहीं खोना चाहिए; it gave us an ~ to discuss the matter मामले पर बहस^F करने का इससे मौका मिला; I am glad to have this ~ यह ≈ प्राप्त करके मुझे प्रसन्नता^F है; to find an ~ अवसर पाना; to seize an ~ मौका न जाने देना. Δ ~ **knocks (at the door) only once** गया वक्त फिर हाथ आता नही.

oppose अ पोज़' *v.t.* का विरोध करना : I ~d him in the debate बहस^F में मैंने उसका विरोध किया; she ~d my proposal उसने मेरे प्रस्ताव का विरोध किया; to ~ cruelty to animals जानवरों के प्रति अत्याचार का ≈ ; flood ~d our advance बाढ़ ने हमारे आगे बढ़ने को रोक दिया; to ~ a new law नए कानून का विरोध करना. **opposing** अ पो'ज़िङ्ग *a.* विरोधी : which is your ~ party तुम्हारी ≈ पार्टी कौन-सी है ? **opposite** ऑ'पॅज़िट **I.** *a.* **1.** (in position) सामने का [corner कोना, house मकान]; he lives on the ~ side of the school वह स्कूल के सामने की ओर^F रहता है; on the ~ page सामने वाले पृष्ठ पर; there lived a girl on the ~ house सामने वाले मकान में एक लड़की रहती थी. **2.** विरुद्ध, विपरीत : we have ~ ideas on the subject इस विषय पर हमारे विपरीत विचार हैं; the direction ~ to south is north दक्षिण की विपरीत दिशा^F उत्तर है; the situation is ~ to ours स्थिति हमारे ≈ है. **3.** (contrary) विरोधी, प्रतिकूल, उलटा : ~ party ≈ दल; fast is ~ of 'slow' 'फ़ास्ट' (तेज़) 'स्लो' (धीमा) का उलटा है; to row against the ~ wind हवा^F के विरुद्ध नाव^F चलाना. **II.** *n*^u. उलटा : it is the ~ of what I say जो मैं कहता हूँ यह उसका ≈ है. **III.** *adv.* सामने : there is a shop ~ to the school gate विद्यालय के द्वार के सामने एक दुकान^F है; he sits ~ to me in our office वह हमारे कार्यालय में मेरे ≈ बैठता है; he lives just ~ वह ठीक ≈ रहता है; to stand ~ to one's friend in election चुनाव में अपने मित्र के समानांतर खड़ा होना. **opposition** ऑपॅ ज़ि'शन *n*^u. **1.** विरोध [fatal घातक, strong सख़्त, unexpected अप्रत्याशित]; to offer ~ विरोध करना; there was no ~ plan to build some houses on the farmer's field किसान के खेत में कुछ मकान बनाने की योजना^F का कोई ≈ नहीं था; to act in ~ ≈ में काम करना; it was done in spite of ~ by the other party दूसरे पक्ष के विरोध के बावजूद इसे कर लिया गया. **2.** (polit.) विरोधी दल : powerful ~ सशक्त ≈; he belongs to the ~ वह ≈ से संबंधित है; ~ benches were vacant ≈ सीटें^F ख़ाली थीं.

oppress अ प्रें'स' *v.t.* **1.** दमन करना, सताना, अत्याचार करना : ~ tyrannically क्रूरता से ≈; the king ~ed his subjects राजा अपनी प्रजा^F को सताता था (प्रजा पर अत्याचार करता था); the law ~es us कानून हमारा दमन करता है; the poor feel ~ed ग़रीब लोग महसूस करते हैं कि उन पर अत्याचार होता है. **2.** पीड़ित होना : I feel ~ed with worry, cold मैं चिंता^F, ठंड^F से पीड़ित हूँ; to feel ~ed by the disease बीमारी^F से ≈. **3.** (weigh down) भार डालना, दबाना [forcibly बलपूर्वक, lightly हल्के ढंग से]. **oppression** अ प्रें'शन *n*^u. दमन, अत्याचार, उत्पीड़न, ज़ुल्म : extreme ~ अत्यधिक ≈; to try to end ~ ≈ बंद करने का प्रयत्न करना; ~ of the rural people ग्रामीण लोगों पर अत्याचार; he was a victim of ~ वह ≈ का शिकार था. **oppressor** अ प्रें'सर *n*^c. अत्याचारी, तानाशाह : heartless ~ निर्दयी ≈; all the ~s must be punished सभी अत्याचारियों को सख़्ती से दण्ड दिया जाना चाहिए.

opt ऑप्ट *v.i.* चुनना : to ~ between two proposals दो सुझावों में से ≈; to ~ for transfer स्थानांतरण का चुनाव करना; to ~ out of भाग न लेने का निश्चय करना.

optician ऑप् टि'शन *n*^c. चश्मा बनानेवाला, चश्माकार, चश्मा बेचनेवाला, चश्माफ़रोश [honest ईमानदार, laborious परिश्रमी]; an ~ makes and sells spectacles एक ≈ चश्मे बनाता और बेचता है; we buy glasses

from an ~ ≈ से हम चश्मे ख़रीदते हैं.

optimist ऑप्'टिमिस्ट *a* *n*[c]. आशावादी : ~ leader ≈ नेता; ~ reformer ≈ सुधारक; be an ~ and work hard ≈ बनो और परिश्रम करो. ~ **view** ≈ दृष्टिकोण. [*ant*. pessimist]

option ऑप्'शन *n*[c]. **1.** विकल्प [essential आवश्यक, first प्रथम]; I had no ~ about accepting or refusing स्वीकृति[F] अथवा अस्वीकृति[F] के बारे में मेरा कोई ≈ नहीं था; I have no ~ but to accept the formula इस सूत्र को स्वीकृत करने के अलावा मेरे पास कोई ≈ नहीं है; the only ~ with me was to resign मेरे पास केवल एक ≈ था कि त्यागपत्र दे देता; keep your ~s open अपने ≈ सुरक्षित रखिए. **2.** (preference) पसंद[F] : to make one's ~ अपनी पसंद होना; to exercise one's ~ अपनी ≈ करना. **optional** ऑप्'शॅनल *a*. वैकल्पिक, ऐच्छिक [choice पसंद, paper प्रश्न-पत्र, question प्रश्न]; English is an ~ subject in our schools हमारे विद्यालयों में अंग्रेजी एक ≈ विषय है; contributions are ~ अंशदान ऐच्छिक हैं; it is ~ for you to accept it or not आपके लिए विकल्प है कि आप इसे स्वीकार करें या न करें. [*ant*. compulsory]

or ऑर *conj*. अथवा, या : was he walking fast ~ slow क्या वह तेज़ चल रहा था या धीमा? he will come ~ not वह आएगा या नहीं; do you like it ~ not तुम इसे पसंद करते हो या नहीं ? should he eat rice ~ bread वह रोटी[F] खाए या चावल; will you have tea ~ coffee (क्या) आप चाय[F] लेंगे या कॉफ़ी ? Ram will either read ~ play राम या तो पढ़ेगा या खेलेगा; are you coming ~ going तुम आ रहे हो या जा रहे हो? **2.** (otherwise) नहीं तो : work hard ~ (else) you will fail परिश्रम करो ≈ फ़ेल हो जाओगे; we must hurry ~ we shall be late हमें जल्दी करना चाहिए ≈ हमें देर हो जाएगी; put on your warm clothes ~ you will catch cold अपने गरम कपड़े पहन लो ≈ तुम्हें ठंड लग जाएगी. **3.** (that is) अर्थात् : linguistics or the science of language भाषाशास्त्र ≈ भाषा का विज्ञान. ~ so लगभग : give me twenty rupees ~ so मुझे लगभग बीस रुपए दे दो; I shall return in an hour or so मैं एक घंटे के अंदर लौट आऊंगा.

-or *suffix* = er : actor, agitator, calculator, collector, debtor, creditor, inspector, professor, sailor, supervisor

oral ऑ'रल *a*. **1.** मौखिक, ज़बानी [evidence साक्ष्य, examination परीक्षा[F], message संदेश, translation अनुवाद]; I have yet to appear in the ~ test अभी मुझे मौखिक परीक्षा के लिए पेश होना है. **2.** खाने की : ~ medicine खाने की दवा[F]. [*ant*. written]

orange ऑ'रिन्ज *n*[c]. संतरा [fresh ताज़ा, ripe पका, sour खट्टा, sweet मीठा] ; ~s are commonly available in winter ≈ mee|oÜeeW[F] में आम मिलते है. ~ **colour** नारंगी रंग; ~ **skin** संतरे का छिलका.

orchard आर्'चर्ड *n*[c]. फलोद्यान, फलवाटिका [attractive आकर्षक, big बड़ा]; an apple ~ सेब का ≈; ~ is a field where fruit trees grow फलोद्यान वह खेत है जहाँ फलदार वृक्ष उगाए जाते हैं.

ord. ordinary.

order ऑर्'डर **I.** *n*[c]. **1.** (command) आर्डर, हुक्म, आदेश, आज्ञा[F] [irregular अनियमित, urgent अत्यावश्यक]; the ~ was unavoidable ≈ टाला नहीं जा सकता था; the officer gave an ~ to the servant to attend immediately अधिकारी ने नौकर को ~ दिया कि तुरंत हाज़िर हो जाओ; an ~ for supply of books किताबों[F] की आपूर्ति के लिए ≈; made to ~ आदेशानुसार तैयार ~**cheque** आदेश चेक; **money** ~ धनादेश : to send an amount by money ~ धनादेश द्वारा एक रकम भेजना. **2.** (sequence) क्रम : in ~ of age आयु[F] के ≈ से; in alphabetical ~ वर्णक्रम से; in ~ of merit गुणदोष के क्रम से; put the books in ~ किताबें[F] क्रम से रखो; everything was in ~ सब कुछ क्रमबद्ध था. **3.** (arrangement) व्यवस्था[F] : put the room in ~ कमरे को व्यवस्थित कर दो; law and ~ कानून और व्यवस्था. **4.** (peace) शांति[F] : to keep ~ in class room कक्षा[F] में ≈ बनाए रखना; to keep the children in ~ बच्चों को शांत

रखना. [*ant*. dis ~] **5.** (class) वर्ग; (grade, rank) श्रेणी^{F}, कोटि^{F} [higher उच्चतर, lower निम्नतर]; your coat is made up of high ~ आपका कोट अच्छी कोटि का है; talent of high ~ उच्च कोटि की प्रतिभा^{F}. **6.** (system, style) पद्धति^{F} : he was asked to follow a certain ~ उससे कहा गया कि एक निश्चित ≈ अनुसरण करे. **7.** (state) दशा^{F}, अवस्था^{F}, हालत^F : the sewing machine was not in working ~ सिलाई^F की मशीन^F चालू ≈ में नहीं थी; everything was in good ~ सब कुछ अच्छी ≈ में था; the engine was out of ~ इंजन ख़राब था. Δ **by** ~ आदेशानुसार : the notice is issued by the ~ of the Executive Engineer सूचना अधिशासी अभियंता के आदेशानुसार जारी की गई; **in ~ that** ताकि; **out of** ~ (i) ख़राब, बिगड़ा हुआ : the car was out of ~, so we left it on the road कार^F खराब थी इसलिए हमने इसे सड़क^F पर ही छोड़ दिया; (ii) नियमविरुद्ध : the command was out of ~ आदेश नियमविरुद्ध था; (iii) अव्यवस्थित : the hall was out of ~ हाल अव्यवस्थित था ; **law and** ~ विधि^{F} एवं व्यवस्था^{F} : it has become very hard to maintain law and ~ in the city शहर में कानून और व्यवस्था रखना कठिन हो गया है; **under the ~s of** के आदेश से : under the ~s of the District Magistrate ज़िलाधीश के आदेश से. **II.** *v.t.* **1.** (arrange) क्रम में रखना, सजाना; व्यवस्थित करना, सुव्यवस्थित करना : order the numbers 3, 4, 2, 9, 8 rightly 3, 4, 2, 9, 8 संख्याओं^{F} को क्रम में लिखो. **2.** (command) आदेश देना : he ~ed the gate to be locked उसने फाटक बंद करने का आदेश दिया : the officer ~ed the soldiers to set out in five minutes अधिकारी ने सैनिकों को पाँच मिनट में रवाना होने का आदेश दिया. **3.** मँगाना, मँगवाना, आर्डर देना : I have ~ed a new suit मैंने एक नए सूट का आदेश दिया है; I want to ~ meal मैं भोजन मँगवाना चाहता हूँ; we have already ~ed five tickets हमने पहले से ही पाँच टिकट मँगवाए हैं. **4.** (ordain) भाग्य में होना : we were to start for a picnic, but it was not so ~ed हमें पिकनिक के लिए चल पड़ना था पर भाग्य में ऐसा नहीं बदा था. Δ ~ **about/around** आदेश देते-देते परेशान कर देना. **orderly** ऑर्'डर्लि **I.** *a.* **1.** सुव्यवस्थित, क्रमबद्ध [books किताबें^{F}, house घर, room कमरा]; everything was found ~ in his drawing room उसके ड्राइंग रूम में सब कुछ व्यवस्थित पाया गया. **2.** (well-behaved) अनुशासित [behaviour व्यवहार, crowd भीड़^{F}, fellow व्यक्ति]; all his companions were ~ उसके सभी साथी ≈ थे; the soldiers were not ~ सैनिक ≈ नहीं थे. **3.** (methodical) तरीके से काम करने वाला [clerk लिपिक, servant नौकर]. **II.** n^c. (*pl.* orderlies) **1.** अर्दली [hard working परिश्रमी, honest ईमानदार]; he is the magistrate's ~ वह मजिस्ट्रेट का ≈ है. **2.** (milit.) (bearer) आदेशवाहक.

ordinal ऑर्'डिनल **I.** *a.* क्रमसूचक : ~ numbers संख्याएँ; first, second, fourth, sixth, etc. are ~ numbers पहला (प्रथम), दूसरा (द्वितीय), चौथा (चतुर्थ), छठा (षष्ठ) आदि ≈ संख्याएँ हैं. [*cf.* cardinal] **II.** n^c. क्रमसंख्या^{F}, क्रमसूचक संख्या : 2nd, 4th, 8th are ~s द्वितीय, चतुर्थ, अष्टम क्रम संख्याएँ हैं.

ordinance ऑर्'डिनन्स n^c. अध्यादेश : to enact an ~ ≈ लागू करना; an ~ was promulgated by the President राष्ट्रपति द्वारा एक ≈ प्रवर्तित/जारी किया गया.

ordinarily आर्'डिनॉरिलि *adv.* **1.** साधारणतया, सामान्यतया, आमतौर पर : ~ we do not go to school on Saturdays ≈ हम शनिवार को विद्यालय नहीं जाते; ~ we meet at seven o'clock ≈ हम सात बजे मिलते हैं; he is ~ available every Sunday ≈ वह हर रविवार को मिलता है. **2.** (in an ~ way) साधारण ढंग से : he performs his duty ~ वह ≈ अपना कर्तव्य निभाता है. **ordinary** आर्'डिनरि **I.** *a.* **1.** (common) साधारण, मामूली [occupation व्यवसाय, people लोग, procedure प्रकिया^{F}, school स्कूल, work काम]; she is an ~ girl वह एक साधारण-सी लड़की है; he takes ~ dinner वह साधारण भोजन लेता है; it is just an ~ painting, nothing else यह बस ≈- सा चित्र है और कुछ

palatable पै'लॅटॅबल् *a.* स्वादिष्ट, स्वादु [food भोजन, taste स्वाद]; although he tried his best to make the food good, yet it was not ~ यद्यपि उसने भोजन को अच्छा बनाने का भरसक प्रयास किया फिर भी रुचिकर न था. (fig.) ~ truth मीठा सच; ~ doctrine रोचक सिद्धांत. **palate** पै'लिट *n.* **1.** तालू, तालु [hard कठोर, soft कोमल]; when you pronounce j or ch the tongue touches the ~ जब तुम ज या च का उच्चारण करो तो जीभ^F तालु को स्पर्श करती है. [a. palatal] **2.** (taste) स्वाद [good अच्छा, sweet मीठा]. **3.** (liking) रुचि^{F}, अभिरुचि^{F} : he has no ~ for such jokes इस प्रकार के मज़ाक में उसकी ≈ नहीं है.

pale पेल **I.** *a.* **1.** हलका पीला, फीका [colour रंग, face चेहरा]; ~ skin हलकी पीली चमड़ी^{F}; she looked very ~ वह बहुत पीली दिखती थी; she was ~ with fright भय से उसका रंग फ़क हो गया; he was so ~ that I could not recognise him उसका रंग इतना पीला पड़ गया था कि मैं उसे पहचान न सका. **2.** हल्का : ~ blue हल्का नीला. **3.** धुँधला : ~ light धुँधला प्रकाश. **II.** *v.t.* पीला, फीका या धुँधला पड़ जाना या कर देना : it will ~ her face इससे उसका चेहरा पीला पड़ जाएगा; his qualifications ~ before yours उसकी योग्यतायें तुम्हारी योग्यताओं के सामने फीकी पड़ती हैं.

palm पाम *n*^{c}. **1.** (of hand) हथेली : right ~ of the hand हाथ की दाहिनी ≈; hold smth in the ~ of one's hand अपनी ≈ में कुछ रख लेना. **2.** (~ tree) ताड़, खजूर : coconuts and dates grow on ~ trees नारियल और खजूर ताड़ के पेड़ में उगते हैं. Δ to **grease the ~ of** घूस^F देना : it is now necessary to grease the ~ of smb for getting things done किसी से काम करवाने के लिए उसको घूस देना आवश्यक है. Δ **carry off the ~** विजयी होना : he tried his best but could not carry off ~ in the race उसने भरसक प्रयास

किया किंतु दौड़^{F} में विजयी न हो सका. **II.** *v.i.* (~ off) धोखे से दे देना : the shopkeeper ~ed off addled eggs on/onto the lady दुकानदार ने गंदे अंडे धोखे से उस महिला को दे दिए. Palmist पा'मिस्ट n^{c}. कर-सामुद्रिक : he is a prominent ~ वह एक प्रसिद्ध ≈ है; the ~ examined the lines on my palm and told me what would happen to me ≈ ने मेरी हथेली^{F} की रेखाओं^{F} का निरीक्षण किया और बताया कि मेरे साथ क्या घटित होने वाला है.

palpitate पैल्'पिटेट *v.i.* **1.** धड़कना, धकधक करना : the sight made my heart ~ उस दृश्य से मेरा हृदय धकधक करने लगा. **2.** काँपना : his body was palpitating with fear उसका शरीर डर के मारे काँप रहा था. **palpitation** पैल् पिटे'शन n^{uc}. धड़कन^F, धकधकी^{F} [quick तेज़, regular नियमित, violent ज़ोर की]; ~ of heart हृदय की ≈; for a second the ~ stopped एक सेकंड के लिए ≈ बंद हो गई.

paltry पाल्'ट्रि *a.* तुच्छ, निकृष्ट : I have never seen a dispute over such a ~ thing इतनी निकृष्ट वस्तु^{F} के लिए मैंने कभी ऐसा झगड़ा नहीं देखा; it is a ~ sum of money यह तुच्छ राशि^{F} है; yours is a ~ excuse तुम्हारा यह तुच्छ बहाना है.

pamper पैम्'पर *v.t.* बहुत लाड़ करना : do not ~ the child too much बच्चे से इतना ज़्यादा लाड़ मत करो; she ~ed the baby in sickness उसने बीमारी^{F} में बच्चे से बहुत लाड़ किया.

pamphlet पैम्फ्'लिट n^{c}. पैम्फ़लिट, पुस्तिका^{F}, चौपन्ना [double दोहरा, election चुनावी, small छोटा]; to print a ~ ≈ छापना; to distribute ~s to the people लोगों में ≈ बाँटना; ~ contains some interesting matter ≈ में कुछ दिलचस्प बातें होती हैं.

pan पैन n^{c}. **1.** तवा, पैन : frying pan तलने का तवा; this ~ has a long handle इस तवे में लंबा हत्था है; fry eggs in a ~ ≈ में अंडे फ़्राइ करो. **2.** (of scales) पलड़ा, पल्ला : the ~s of this scale are not equal इस तराज़ू के पलड़े बराबर नहीं हैं. **3.** (betel leaf) पान : many Indians are fond of chewing ~ बहुत-से भारतीय ≈ चबाने के शौकीन हैं.

pandemonium पैन्डिमो'न्यम *u.* होहल्ला, हुल्लड़ [loud ज़ोर का, sharp तेज़]; there was ~ in the legislative assembly विधान सभा^{F} में ≈ मचा था.

pane पेन' *n.* **1.** (glass) शीशा, काँच फलक : who broke this ~ of glass यह ≈ किसने तोड़ा? one ~ on the ventilator is missing रोशनदान का एक ≈ ग़ायब है; a glass ~ on our window is broken हमारी खिड़की^{F} का एक शीशा टूटा है. **2.** फलक : a ~ is used in the frame of a photo or painting ≈ का प्रयोग फ़ोटो या चित्र के फ़्रेम में किया जाता है. [*as distinct from* pain]

panel पै'नल **I.** n^{c}. **1.** (of door etc.) दिलहा/दिल्ला : ~ is a flat piece of wood used on a door or wall ≈ लकड़ी^{F} का एक चौड़ा टुकड़ा होता है जो दरवाज़े या दीवार^F में लगाया जाता है. **2.** (of names) तालिका^{F}, नामिका^{F}, नामसूची^{F}: ~ of doctors डाक्टरों की तालिका; ~ of judges जजों की ≈. **3.** (board) फलक : this ~ has a beautiful picture painted on it इस ≈ पर एक सुंदर चित्र चित्रित है. **II.** *v.t.* (-ll-) **1.** सूची^{F} में नाम लिखना : the clerk did not ~ his name in spite of the order of the superintendent सुपरिन्टेन्डेंट के आदेश के बावजूद लिपिक ने सूची^{F} में उसका नाम नहीं लिखा. **2.** दिलहा लगाना : to ~a door दरवाज़े में ≈.

pang पैङ्ग *n.* टीस^F, हूक^F, कसक^F, व्यथा^{F} [mental मानसिक, physical शारीरिक, sudden आकस्मिक]; ~s of hunger भूख^F की ≈; she left her children with a ~ of sadness दुख की टीस के साथ उसने अपने बच्चों को छोड़ दिया; ~s of separation विरहव्यथा^{F}.

panic पै'निक **I.** n^{u}. आतंक, दहशत^F : there was ~ when a fire broke out जब आग^F लगी तो दहशत फैल गई; ~ can be the cause of a great disaster आतंक किसी घोर विपत्ति^{F} का कारण बन सकता है; she felt ~ at the dead of night आधी रात को उसे दहशत हुई; the people were ~ stricken लोग त्रस्त या आतंकित थे. **panicky** पै'निकि *a.* आतंकित, संत्रस्त : after this accident the children

became ~ इस दुर्घटना[F] के बाद बच्चे संत्रस्त हो गए.

pant पैंट **I.** *v.t.* **1.** हाँफना : he was ~ing when he reached the top of the hill जब वह पहाड़ी[F] की चोटी[F] पर पहुँचा तो हाँफ रहा था; to ~ out words हाँफते हुए बोलना. **2.** (throb) धड़कना : the heart ~s हृदय धड़कता है. **2.** (~ for) लालायित होना, ललचाना : the baby stood ~ing for a toy बच्चा खड़ा खिलौने के लिए ललचा रहा था. **II.** *n*[c]. हाँफा, हाँफी[F] : violent ~ तेज़ ≈; I could feel her ~s मैं उसकी ≈ महसूस कर रहा था.

pantaloon पैन्'टॅलून *n.* पतलून[F] [cheap सस्ती, costly कीमती, green हरी]; he wears a silken pair of ~s on festivals वह त्यौहारों पर रेशमी पतलून पहनता है.

panther पैन्'थर *n*[c]. तेंदुआ [ferocious क्रूर, huge बड़ा, hungry भूखा]; a ~ killed two goats last night पिछली रात[F] एक तेंदुए ने दो बकरियाँ मार डालीं; sometimes ~s are very dangerous कभी-कभी तेंदुए बहुत ख़तरनाक हो जाते हैं. [*fem.* pantheress]

pantry पैन्'ट्रि *n.* रसोई-भंडार [tidy साफ़, well-organised सुव्यवस्थित]; ~ is a small room where food, cups, uttensils etc. are kept ≈ एक छोटा कमरा होता है जहाँ खाद्य पदार्थ, प्याले-तश्तरियाँ इत्यादि रखे जाते हैं; a ~ has shelves ≈ में शेॅल्फ़ होते हैं.

papa पा'पा *n.* पिता, पापा [gentle भला, mild नरम, strict सख़्त]; ~ and mamma were out of the house पापा और मम्मी घर से बाहर थे; our ~ is a strict disciplinarian हमारे पापा एक सख़्त अनुशासक हैं.

paper पे'पर **I.** *n*[u]. कागज़ [clean साफ़, rough गंदा, smooth चिकना, thick मोटा, thin पतला, torn फटा हुआ]; write on ~ कागज़ पर लिखो; this article is made of ~ यह वस्तु[F] कागज़ की बनी है. Δ **commit your ideas to ~** अपने विचार लिख डालो. **II.** *n*[c]. **1.** (newspaper) पेपर, अख़बार[F], समाचार-पत्र : please give me your ~ for an hour कृपया मुझे एक घंटे के लिए अपना अख़बार दीजिए; so many daily ~s इतने सारे दैनिक ≈; read the ~ ≈ पढ़ो. **2.** (article) परचा, निबंध, लेख : excellent ~ उत्कृष्ट ≈; I have to write a ~ on unemployment बेरोजगारी[F] पर मुझे एक ≈ लिखना है. **3.** (document) दस्तावेज़, कागज़ात : there are some important ~s in my suitcase मेरे सूटकेस में कुछ महत्वपूर्ण कागज़ात हैं. **4.** (of exam) प्रश्नपत्र : the paper today was difficult आज का प्रश्नपत्र कठिन था; I have done my ~s well मैंने अपने सारे प्रश्नपत्र अच्छे किए हैं. **III.** *v.t.* कागज़ लगाना या चिपकाना : ~ the walls of your room अपने कमरे की दीवारों[F] पर कागज़ लगा/चिपका दो. **on ~** लिखित, मुद्रित : what is the price of this medicine on ~ इस दवा[F] का ≈ मूल्य क्या है? **~back** *a. n*[c]. कागज़ी जिल्दवाली या पत्रावरणबद्ध (पुस्तक) : ~ books are rather cheap ≈ पुस्तकें अपेक्षाकृत सस्ती होती हैं; a book in ~ ≈ पुस्तक. **~boy** *n*[c]. अख़बारवाला [lazy सुस्त, regular नियमित]; ~ was absent today and we could not get our newspaper ≈ आज अनुपस्थित था और हम अपना समाचार पत्र नहीं पा सके; ~ delivers papers at people's houses अख़बारवाला लोगों के घरों पर पेपर पहुँचाता है.

par पॉर (also **par value**) *n*[u]. सममूल्य; अंकित मूल्य : above ~ अधिमूल्य पर, बढ़ाचढ़ाकर, नफ़ा लेकर; at ~ सममूल्य पर, बराबरी से : he sells his goods at ~ वह अपना सामान सममूल्य पर बेचता है; below ~ औसत से कम : I have bought this article below ~ मैंने इस सामान को औसत से कम मूल्य पर खरीदा है. Δ **to feel below ~** तबीयत[F] ठीक न होना; **to be on a ~ with smb** किसी की बराबरी करना : he is on a par with great poets वह बड़े-बड़े कवियों के बराबर है; this machine is **under~** यह मशीन औसत हालत[F] में नहीं है; **put on a ~ with** के बराबर समझना ; **up to ~** औसतन अच्छा होना : his health is up to the ~ उसका स्वास्थ्य औसतन अच्छा है.

para paragraph (see paragraph).

parachute पै'रॅशूट *n*[c]. पैराशूट, (हवाई) छतरी[F] : a ~ looks like an umbrella पैराशूट छाते की तरह दिखता है; a ~ retards the speed

of a fall from the aeroplane ≈ हवाई जहाज़ से गिरने की गति^F को धीमा करता है.

parade पॅरेड' I. *n.* 1. परेड^F, कवायद^F [identification पहचान, majestic शाही, military सैन्य]; we went to see the ~ of soldiers हम सैनिकों की कवायद देखने गए. 2. प्रदर्शन : ~ of one's wealth अपने धन का ≈. II. *v.t.* 1. परेड करना या कराना, मार्च करना : the soldiers ~d through the public roads सैनिकों ने सार्वजनिक सड़कों^F से होकर परेड की. 2. प्रदर्शन करना : to ~ one's knowledge अपने ज्ञान का ≈; a woman was ~d naked एक औरत को नंगा घुमाया गया.

paradise पै'रॅडाइस *n*^uc. स्वर्ग : to dwell in ~ स्वर्ग में रहना; to attain ~ ≈ प्राप्त करना; this garden is a ~ यह बाग एक स्वर्ग है; he lives in a fools' ~ वह मूर्खों के (झूठे) ≈ में रहता है. [*ant.* hell]

paragraph पै'रॅग्राफ़ *n*^c. पैरा, पैराग्राफ़, अनुच्छेद [long लंबा, short छोटा]; read the second ~ on page 37 of your book अपनी किताब^F के पृष्ठ 37 पर का पहला ≈ पढ़ो; a ~ begins on a new line ≈ नई पंक्ति^F से शुरू होता है; this essay is divided into four ~s यह निबंध चार अनुच्छेदों में विभक्त है.

parallel पै'रॅलल I. *a.* समांतर, समानांतर [bars डंडे, example उदाहरण, government सरकार^F]; my ideas are ~ to yours मेरे विचार तुम्हारे विचारों के समान हैं; railway lines are ~ रेलवे लाइन ≈ होती हैं; this is a ~ case यह वैसा ही मामला है. II. *n*^c. 1. समानांतर : this line is on a ~ with that यह रेखा उस रेखा के ≈ है. 2. (parallel line) समानांतर रेखा^F : draw a ~ to this line इस रेखा के ≈ खींचो. 3. (comparison) बराबरी^F, तुलना^F : Mr. Rajiv is without a ~ राजीव से किसी की ≈ नहीं हो सकती. III. *v.t.* (-ll-) 1. की बराबरी करना : you cannot ~ his success तुम उसकी सफलता की बराबरी नहीं कर सकते. 2. तुलना करना : can this event be ~led क्या इस घटना^F की तुलना हो सकती है.

paralyse पै'रॅलाइज़ *v.t.* 1. लकवा मारना : he is ~d in one leg उसकी एक टाँग लकवाग्रस्त है. 2. अशक्त कर देना, पंगु कर देना, नाकाम कर देना : illness ~d the girl बीमारी ने लड़की को अशक्त (पंगु) कर दिया; the climber was ~d in a fall आरोहक गिरने से पंगु हो गया. 3. ठप कर देना : the storm ~d the traffic तूफान से यातायात ठप हो गया; the strike ~d all business हड़ताल^F से सारा व्यवसाय ठप हो गया. **paralysis** पै रै'लिसिस *n*^u. 1. लकवा, अंगघात, फ़ालिज : attack of ~ लकवा का आघात; ~ of the arm बाँह^F का फ़ालिज; ~ of the left side of the body शरीर के बाएँ भाग पर फ़ालिज. 2. (fig.) गतिहीनता^F : ~ of business, industry व्यवसाय, उद्योग की ≈. **paralytic** पैरॅलि'टिक I. *a.* 1. अंगघातग्रस्त : he is ~, he can do nothing वह लकवारोगी है, वह कुछ नहीं कर सकता. II. *n.* लकवारोगी : he is a ~ वह एक ≈ है. 2. अंगघाती : ~ stroke ≈ आघात.

paramount पै'रॅमॉउण्ट I. *a.* 1. परम, सर्वोपरि, सर्वोच्च [chief सरदार, officer अधिकारी]; he is the ~ head of the party वह पार्टी के ≈ प्रमुख हैं. 2. सर्वाधिक : it is a matter of ~ importance यह ≈ महत्व का मामला है; ~ necessity ≈ आवश्यकता^F.

paraphrase पै'रॅफ्रेज़ I. *n*^c. भावानुवाद : write a ~ of the sixth para छठे पैरा का ≈ लिखो; a ~ should be easier than the original ≈ मूल की अपेक्षा^F सरल होना चाहिए. II. *v.t.* भावानुवाद करना : to ~ a poem किसी कविता^F का ≈; you have ~d wrongly तुमने गलत भावानुवाद किया है.

parcel पार्'सल I. *n*^c. 1. पारसल : to receive a ~ पार्सल प्राप्त करना; I have not sent the ~ yet मैंने अब तक पार्सल नहीं भेजा है; this ~ contains some books इस ≈ में कुछ किताबें^F हैं. 2. (law) (भूमि) खण्ड [big बड़ा, small छोटा]; I have a big ~ of land in the city शहर में मेरे पास एक बड़ा भूखण्ड है. II. *v.i.* to ~ **out** हिस्से करके बाँटना : they ~led out the plot of land उन्होंने भूमिखंड के हिस्से करके बाँट दिए; to ~up पार्सल बनाना; ~ up all these articles इन सब चीज़ों का पार्सल बना दो.

parch पार्च I. *v.t.* 1. (roast) भूनना : I saw him ~ing the pigeon मैंने उसे कबूतर भूनते

हुए देखा; to ~ gram चना भूनना. **2.** (by the sun) झुलसाना : the plants were ~ed by the sun पौधे धूप से झुलस गए थे. **II.** *v.i.* सूख जाना, झुलसना : the flowers ~ed very soon फूल शीघ्र ही झुलस गए; he is ~ed with thirst प्यास से उसका गला सूख रहा है. Δ I am ~ed मुझे प्यास लगी है.

pardon पार्'डन **I.** *n.* क्षमा^F, माफ़ी^F : I beg your ~ (i) कृपया इसे फिर कहिए; (ii) मैं आपसे माफी चाहता हूँ; I asked for his ~ मैंने उससे माफ़ी माँगी. **II.** *v.t.* क्षमा करना, माफ करना : ~ my mistake मेरी गलती^F माफ़ कर दो; ~ me for forgetting भूल जाने के लिए मुझे माफ़ कीजिए; ~ me, I do not follow it माफ़ करना, मैं इसको नहीं समझ पा रहा हूँ; we must ~ him for his fault हमें उसे उसकी गलती^F के लिए माफ़ कर देना चाहिए. [*ant.* punish]

pare पेंअर *v.t.* काटना, छीलना : ~ one's finger nails उँगलियों^F के नाखून काटो; ~ potatoes आलू छीलो. [*as distinct from* pair]

parentage पेंअ'रन्टिज n^u. (lineage) वंश, कुल, वंशावली^F : he is the child of unknown ~ वह अनजाने ≈ का बच्चा है.
parents पेंअ'रन्ट्स *n. pl.* माता-पिता, माँ-बाप [old बूढ़े, weak कमज़ोर]; support your ~ अपने ≈ की सहायता^F करो; she lives with her ~ वह अपने ≈ के साथ रहती है; his ~ are still alive उसके ≈ अब भी जीवित हैं; he has no ~ उसके ≈ कोई नहीं हैं; his ~ died when he was a little boy उसके ≈ मर गए जब वह छोटा बच्चा था.

park पार्क **I.** n^c. **1.** उपवन, पार्क [beautiful सुंदर, green हरा, old पुराना]; to have a walk in a ~ ≈ में टहलना; he went out of the house and sat down in the ~ वह घर से बाहर गया और ≈ में बैठ गया. **2.** (~ing place) गाड़ी-स्थान, गाड़ी खड़ी करने की जगह^F : big ~ बड़ी ≈, there is no ~ in the chowk चौक में कोई पार्क करने की जगह नहीं है. **II.** *v.t.* पार्क करना, खड़ा करना : he parked his car in a street nearby उसने कार^F को पास की एक गली^F में खड़ा कर दिया; no ~ing here यहाँ पार्क करना (गाड़ी खड़ी करना) मना है.

parliament पार्'लॅमन्ट n^c. संसद : a member of ~ संसद सदस्य : a bill was passed by the ~ ≈ द्वारा एक विधेयक पारित हुआ; ~ makes laws ≈ कानून बनाती है; he could not be elected to the ~ वह संसद के लिए निर्वाचित नहीं हो सका; the ~ is in session ≈ का सत्र चल रहा है.
parliamentary पार्लमें'न्'टरि *a.* संसदीय [language भाषा^F, party पार्टी^F, practice प्रथा^F, system प्रणाली^F]; the minister of the ~ affairs came to respond on behalf of the Prime Minister संसदीय कार्यों के मंत्री प्रधानमंत्री की ओर से जवाब देने के लिए आए.

parlour पार्'लर *n.* बैठक, बैठकख़ाना : beauty ~ सौंदर्यशाला^F; hair dresser's ~ केश प्रसाधनशाला^F; he entertains guests in his ~ वह बैठकख़ाने में मेहमानों की ख़ातिरदारी^F करता है.

parody पै'रॅडि **I.** n^c. पैरोडी^F, नकल^F : ~ of a poem कविता^F की नकल; ~ of somebody's way of speaking किसी के बोलने की शैली^F की नकल. **II.** *v.t.* नकल करना : although he tried yet he could not ~ Pantji यद्यपि उसने प्रयास किया फिर भी वह पंत जी की नकल^F नहीं कर सका.

parole पॅरोल' n^u. वादे पर रिहाई^F, पैरोल : he was set free on ~ वह पैरोल पर मुक्त कर दिया गया; the prisoner was let out on three month's ~ कैदी को तीन महीने के पैरोल पर छोड़ दिया गया; to break one's ~ पैरोल का वादा पूरा न करना; the accused broke his ~ अपराधी ने पैरोल का वादा पूरा नहीं किया.

parrot पै'रॅट n^c. तोता : green ~ हरा ≈; ~ is a brightly coloured bird ≈ चमकीले रंग वाला पक्षी होता है; ~ has a curved beak तोते की चोंच मुड़ी हुई होती है; ~ imitates certain sounds ≈ कुछ निश्चित ध्वनियों^F का अनुकरण^F करता है; you should not learn like a ~ तुम्हें तोते की तरह नहीं रटना चाहिए.

parse पार्ज़ *v.t.* पद-व्याख्या^F करना : ~ this sentence इस वाक्य की ≈ करो; I cannot ~ such a difficult sentence मैं इतने कठिन वाक्य की ≈ नहीं कर सकता. **parsing** पार्'ज़िङ्ग

n^u. पद-व्याख्या^{F}, पद-परिचय : ~ of all the words in the sentence वाक्य के सभी शब्दों का पद-परिचय.

part पार्ट **I.** n^c. **1.** अंश, भाग, हिस्सा [equal बराबर, first पहला, greater बड़ा, important महत्वपूर्ण, smaller छोटा]; to take ~ in struggle संघर्ष में भाग लेना; to take ~ in discussion चर्चा में भाग लेना; I hope to take ~ in the races tomorrow मैं कल दौड़ों में भाग लेने की आशा रखता हूँ; this ~ of your land is not good for agriculture तुम्हारी ज़मीन का यह भाग खेती^{F} के लिए अच्छा नहीं है; an inch is a twelfth ~ of a foot इंच एक फुट का बारहवाँ भाग होता है. [*ant*. whole] **2.** (of machine) पुरज़ा : essential ~ ज़रूरी ≈; this machine cannot run without this ~ यह मशीन^F बिना इस पुरज़े के नहीं चल सकती. **3.** (of play) पार्ट, भूमिका^{F} [excellent उत्कृष्ट, usual साधारण]; my sister has a ~ in the play at theatre मेरी बहन की थिएटर में नाटक में एक भूमिका है; he took the ~ of a prince उसने राजकुमार की भूमिका अदा की; I have done my ~ मैंने अपनी भूमिका अदा कर दी. **4.** (of body) अवयव, अंग : inner ~s भीतरी ≈; outer ~s बाहरी ≈; all ~s of his body are not properly developed उसके शरीर के सभी ≈ ठीक विकसित नहीं हैं. **5.** (area) प्रदेश, इलाका [big बड़ा, deserted निर्जन]; I am stranger in these ~s इन इलाकों में मैं अपरिचित हूँ; the southern ~s of the country देश के दक्षिणी प्रदेश; from all ~s of the state राज्य के सभी इलाकों से. **6.** (*pl.*) प्रतिभा^{F}, योग्यता^{F} : he is a man of ~s वह प्रतिभासंपन्न व्यक्ति है. Δ **~s of speech** शब्द-भेद; **for the most ~** प्रायः **for my ~** जहाँ तक मेरी बात^F है; **on the ~ of** की ओर से : he spoke on the ~ of the chairman उसने अपने चेयरमैन की ओर से कहा; **~ and parcel** अभिन्न अंग/भाग/हिस्सा/आवश्यक अंग : honesty is ~ and parcel of our character ईमानदारी^{F} हमारे चरित्र का आवश्यक अंग है. **in good ~** बुरा न मानने का : it is not a matter in good ~ इसमें बुरा मानने की कोई बात^F नहीं है; take the ~ of का पक्ष लेना; he took the ~ of his friend in the quarrel झगड़े में उसने अपने मित्र का पक्ष लिया. **II.** *v.t.* अलग करना या हो जाना : he was sorry to ~ **with** the book किताब को अलग करने पर उसे दुःख था; they ~ed at the gate वे गेट पर अलग हो गए; he ~ed two fighting cocks उसने दो लड़ते मुर्गों को अलग किया; the friends ~ed very soon मित्र शीघ्र ही चले गए; to ~ the hair माँग निकालना; to ~ company with smb किसी का साथ छोड़ देना; to ~ with property संपत्ति^{F} छोड़ देना; I cannot ~ **with** this watch मैं इस घड़ी^{F} को नहीं छोड़ सकता.

partake पार् टेक' *v.t.* (partook, partaken) **1.** भाग लेना, सम्मिलित होना : to ~ **in** discussion चर्चा^{F} में ≈. **2.** (eat) खाना : he partook **of** X-mas cake उसने क्रिसमस केक खाया; at present I do not feel partaking **of** meal इस समय मुझे खाना खाने की इच्छा नहीं है.

partial पार्'शल *a.* **1.** आंशिक, अपूर्ण [knowledge ज्ञान, loss हानि^{F}, success सफलता^{F}, work काम]; the solar eclipse was ~ सूर्यग्रहण ≈ था. [*ant*. total] **2.** (unfair) पक्षपातपूर्ण [júdgement निर्णय, thinking सोच^F, teacher अध्यापक]; our monitor is ~, to Vinay हमारा मानीटर विनय के प्रति ≈ है; father is ~ to the younger son पिताजी छोटे लड़के के प्रति ≈ हैं. [*ant*. impartiae] **partially** पार्'शलि *adv.* अंशतः : I am ~ to be blamed for this mistake इस गलती^{F} के लिए मैं ≈ दोषी हूँ.

participate पार् टि'सिपेट *v.t.* भाग लेना, सम्मिलित या शामिल होना : to ~ voluntarily स्वेच्छा से भाग लेना; he ~d in the discussion उसने चर्चा^{F} में भाग लिया; he has never ~d in games उसने खेलों^{F} में कभी भाग नहीं लिया. **participation** पार्टिसिपे'शन n^c. भाग, सहयोग, हिस्सेदारी^{F}, सहभागिता: complete ~ पूर्ण ≈ ; ~ in an event किसी खेल^F में ≈; the most important thing is ~ in school activities सबसे महत्वपूर्ण बात^F है स्कूल के क्रियाकलापों में भाग लेना.

participle पार्'टिसिपल *n*[c]. कृदंत : past ~ भूतकालिक ≈, as sung गाया; present ~ वर्तमानकालिक ≈, as singing गाता; ~ is used as adjective also कृदंत का प्रयोग विशेषण के रूप में भी होता है.

particle पार्'टिकल *n*[c]. **1.** कण : ~s of dust धूल के ≈; a ~ of sand बालू का ≈; not a ~ of food was left ≈ भर भी भोजन नहीं बचा. **2.** (small part) लवलेश : there is not a ~ of truth in what he said उसने जो कुछ भी कहा उसमें लेश-मात्र भी सच्चाई[F] नहीं है.

particular पर् टि'क्यूलर **I.** *a.* **1.** विशेष, ख़ास [attention ध्यान, friend मित्र, man लोग, thing वस्तु[F]]; I have nothing ~ to do मुझे कुछ ≈ नहीं करना है; to give ~ thanks to को विशेष धन्यवाद देना; why did you choose that ~ town for business व्यवसाय के लिए तुमने उसी विशेष शहर को क्यों चुना ? why are you doing it in that ~ way? तुम इसे इसी विशेष रीति[F] से क्यों कर रहे हो ? [*ant.* general] **2.** (detailed) विस्तृत : give me a ~ description of it इसका मुझे विस्तृत वर्णन दीजिए. **3.** (fastidious) तुनकमिज़ाज, सख़्त [officer अधिकारी, woman औरत]; she is very ~ in nature वह स्वभाव से बहुत ≈ है. **4.** (careful) अतिसावधान : be very ~ about what you eat अपने खाने के बारे में ≈ रहिए. **II.** *n*[c]. विशेषता[F] : what are the main ~s of Hindi grammar हिंदी व्याकरण की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं? he talked about everything in general and nothing in ~ उसने सब कुछ के बारे में सामान्य ढंग से बातचीत[F] की और कुछ विशेष नहीं. **III.** *n*[c]. ब्यौरा, विवरण, तफ़सील : he presented the ~s of his scheme to his principal उसने अपनी योजना[F] का ब्यौरा प्रधानाचार्य को प्रस्तुत किया; all the ~s must be correct सारा ≈ सही होना चाहिए; the policeman wrote in his notebook all the ~s of the accident पुलिस[F] ने अपनी नोटबुक[F] में दुर्घटना[F] का सारा ब्यौरा लिख लिया; I do not want to go into ~s मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता; **in ~** विशेषत: **particularly** पॅर् टि'क्यूलर्लि *adv.* विशेष रूप से, विशेषत: it is ~ interesting यह ≈ दिलचस्प है; it was ~ hot today आज ≈ गर्मी थी; I was ~ pleased to see an old friend of mine at the party पार्टी[F] में अपने पुराने मित्र से मिलकर ≈ प्रसन्न हुआ.

parting पार्'टिङ्ग **I.** *n.* **1.** विभाजन; पृथक्करण, अलगाव : I can never concede his ~ theory मैं उसके पृथक्करण सिद्धांत से कभी सहमत नहीं हो सकता. **2.** (~ of hair) माँग. **3.** (lamenting) विदाई[F] : ~ of friends मित्रों की ≈; she cried at the time of ~ from her mother वह अपनी माँ से ≈ के समय रोई. **II.** *a.* **1.** विदाई का : ~ time is painful ≈ समय दुःखदायक होता है. **2.** विभाजक : you must follow this ~ line तुम्हें इस ≈ रेखा[F] का अनुसरण करना चाहिए; there can be no ~ line between criticism and review आलोचना[F] और समीक्षा[F] के बीच में कोई ≈ रेखा[F] नहीं हो सकती.

partisan पार्टि ज़ैन' *n*[c]. तरफ़दार, हिमायती, समर्थक : to act as a ~ (किसी का) ≈ होकर काम करना. [*ant.* neutral]

partition पार् टि'शन **I.** *n*[c]. **1.** (division) विभाजन, बँटवारा [family पारिवारिक, judicial न्यायिक]; I'll never accept the ~ of our property हमारी संपत्ति[F] का बँटवारा मैं कभी स्वीकार नहीं करूँगा; the ~ of India was made in 1947 भारत का ≈ 1947 में किया गया था. **2.** (that which separates) परदा, दीवार[F] [we had to put up a ~ in the middle of the room हमें कमरे के बीचों-बीच परदा खड़ा करना पड़ा. **II.** *v.t.* **1.** विभक्त करना, बाँट देना : all the property was ~ed among the four brothers सारी संपत्ति[F] चारों भाइयों में विभक्त कर दी गई. **2.** to ~ a room कमरे में परदा या दीवार[F] डालकर हिस्से कर देना; to ~ smth off परदा डालकर बिल्कुल अलग कर देना.

partly पार्ट'लि *adv.* अंशत: कुछ अंश/हद तक : it was ~ my fault in it इसमें किसी हद तक मेरा दोष था; the machine was made ~ of wood and ~ of metal मशीन[F] अंशत: लकड़ी की और अंशत: धातु की बनी थी; I have ~ finished it मैंने इसे ≈ समाप्त कर दिया है; it is ~ true यह ≈ सही है. [*ant.* totally, wholly]

partner पार्ट'नर **I.** *n*[c]. **1.** हिस्सेदार, साझेदार : ~

in business व्यापार में ≈; four ~s are running this firm इस फ़र्म को चार ≈ चला रहे हैं; among them one was an active ~ उनमें से एक सक्रिय साझेदार था; sleeping ~ केवल पैसा लगाने वाला ≈, निष्क्रिय ≈. **2.** खेल का साथी, जोड़ीदार [dance नृत्य का, nominal नाममात्र का, tennis टेनिस का]. **3.** ~ in life जीवन-साथी, पति-पत्नी. **partnership** पार्ट'नर्शिप *n.* भागीदारी^F, साझेदारी^F : his ~ in business व्यापार में उसकी ≈; there was his ~ in the crime अपराध में उसकी ≈ थी; this ~ did not last long यह ≈ ज़्यादा दिन तक नहीं चली; I dislike ~ at any cost in any way किसी भी कीमत पर और किसी भी तरीके की ≈ मुझे नापसंद है.

partridge पार्ट'रिज *n*^c. (grey) तीतर, (black) काला तीतर; (red-legged) चकोर : ~ is a middle-sized bird with a round body and a short tail ≈ छोटी पूँछ और गोल शरीर वाला मध्यम आकार का पक्षी होता है; they trap ~s in nets for their meat मांस के लिए तीतरों को जाल में फँसाया जाता है.

party पार्'टि *n*^c. (*pl.* parties) **1.** (polit.) दल, पार्टी^F [conservative रूढ़िवादी, democratic लोकतंत्रात्मक, ruling सत्ताधारी, socialist समाजवादी]; communist ~ कम्युनिस्ट पार्टी; ~ politics दलगत राजनीति^F; ~ spirit दलगत भावना^F; he is the chief leader of the ~ वह इस पार्टी का प्रधान नेता है; to be a member of a ~ किसी दल का सदस्य होना; the central committee of the ~ दल की केंद्रीय समिति^F. **2.** (group) दल, मण्डली^F, टोली^F : active ~ सक्रिय ≈; ~ of travellers यात्रियों की मंडली, यात्रीदल; a ~ of pilgrims was killed in a road accident तीर्थयात्रियों का एक दल सड़क दुर्घटना^F में मारा गया. **3.** (social) पार्टी, प्रीतिभोज : enjoy the ~ ≈ का आनंद लीजिए; yesterday I was there at a birthday ~ कल मैं जन्मदिन की एक पार्टी में था; we have a ~ today आज हम लोगों की पार्टी है; invite your friends to a party अपने मित्र को पार्टी में आमंत्रित करो. **4.** (law) पक्ष, पक्षधर : both parties were interested in settling the matter दोनों ≈ मामले को रफ़ादफ़ा करने को उत्सुक थे; Mr. Smith is also a ~ in the case मि. स्मिथ भी इस मुकदमे या मामले में पक्षकार हैं. **5.** सहायक, समर्थक : be ~ to a crime अपराध में ≈ होना. **6.** (person) व्यक्ति : he is a good ~ वह अच्छा ≈ है.

pass पास **I.** *n*^c. **1.** (mountain ~) दर्रा : there are many ~es in the Himalayas हिमालय में बहुत से दर्रे हैं; besides Khyber Pass, can you tell me the name of any ~ खैबर पास के अलावा क्या तुम मुझे किसी दर्रे का नाम बता सकते हो ? **2.** रास्ता, मार्ग [broad चौड़ा, narrow सँकरा]; I showed him the ~ to the station मैंने उसे स्टेशन का रास्ता दिखाया. **3.** (document) पास, पासपत्र : first class ~ प्रथम श्रेणी का ≈; have you got a ~ pass to go to the cinema hall सिनेमा हाल में जाने के लिए क्या तुम्हारे पास ≈ है ? **4.** (in exam) सफलता^F, पास [easy आसान, excellent उत्कृष्ट]; to obtain a ~ in B.A. बी.ए. में पास हो जाना. **5.** (situation) स्थिति^F : to bring to ~ स्थिति पैदा करना; to come to ~ घटित होना. **6.** (thrust) वार, चोट^F : ~ in fencing पटेबाजी में लगी चोट. **~book** पास बुक; ~ **course** सामान्य पाठ्यक्रम; ~ **word** संकेत शब्द. **II.** *v.i.* **1.** आगे बढ़ना, जाना, चलना : ~on! आगे बढ़ते चलो ! he ~ed from here very quickly वह यहाँ से बड़ी तेजी-से आगे बढ़ा; the train ~ed slowly रेलगाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ी. **2.** (circulate) फैलना, प्रचलित होना : the rumour ~ed away soon in the whole of the city अफ़वाह बड़ी जल्दी पूरे शहर में फैल गई. **3.** be transferred हस्तांतरित होना; his property ~ed to the youngest son later on उसकी संपत्ति^F बाद में सबसे छोटे बेटे को हस्तांतरित हो गई. **4.** (change) बदलना, बदल जाना : everything had ~ed when I reached there जब मैं वहाँ पहुँचा तो सब कुछ बदल गया था. **5.** (cease) बंद होना, समाप्त होना : let the war ~, please कृपया युद्ध समाप्त हो जाने दीजिए. **6.** बीतना, गुज़रना : a week ~ed and he could not return एक सप्ताह गुज़र गया लेकिन वह लौट न सका; the time for work has ~ed काम का समय बीत

गया है. **7.** (exam) उत्तीर्ण होना, पास होना; he has ~ this year इस साल वह पास हो गया है. **8.** (happen) (घटित) होना : what ~ed between two parties दो दलों में क्या हुआ ? what was ~ing in your house तुम्हारे घर में क्या घटित हो रहा था ? **9.** words ~ed between them उनमें गाली-गलौज हुआ. **III.** *v.t.* **1.** पार करना, पार जाना : the caravan ~ed the frontier कारवाँ सीमा-पार हो गया. **2.** के सामने से गुज़रना : I saw him ~ing the house मैंने उन्हें घर के सामने से गुज़रते हुए देखा; the train ~ed the station without stopping रेलगाड़ी^F स्टेशन पर बिना रुके निकल गई. **3.** से आगे निकल जाना, पीछे छोड़ देना; (omit) छोड़ देना : now you have ~ed the police station अब तुमने पुलिस थाने को पीछे छोड़ दिया है. **4.** पास करना, उत्तीर्ण करना : the examiner ~ed all the students परीक्षक ने सभी छात्रों को पास कर दिया; he has passed the B.A. exam उसने बी.ए. परीक्षा^F पास की है. **5.** (a sentence) (दंड) देना : the judge ~ed the death sentence न्यायाधीश ने मृत्युदंड सुनाया. **6.** (overstep) अतिक्रमण करना, से परे होना : now he has ~ed his strength अब वह अपनी शक्ति^F से बढ़ गया है; this problem ~es my comprehension यह समस्या^F मेरी समझ से परे है. **7.** बिताना, गुज़ारना : to ~ time, a holiday समय, छुट्टी^F ≈; I ~ed the evening writing letters मैंने शाम^F पत्र लिखते हुए बिता दी. **8.** (ratify) पारित करना, स्वीकृत करना : the Parliament ~ed the bill संसद् ने विधेयक पारित कर दिया. **9.** (hand over) देना, हस्तांतरित करना : he ~ed his property to his nephew उसने अपनी संपत्ति^F अपने भतीजे को हस्तांतरित कर दी. **10.** (move) आगे बढ़ाना : please, ~ it on कृपया, इसे आगे बढ़ाइए. Δ ~ **by** पास से गुज़रना : we ~ed by a temple हम एक मंदिर के पास से गुज़रे; ~ **for** माना जाना : he ~ed for a saint वह एक संत माना गया; ~ **off** (i) बीतना : Holi ~ed off peacefully होली शांतिपूर्वक बीत गई; (ii) निकल जाना : the rain ~ed off in ten minutes बरसात^F दस मिनट में बंद हो गई; ~ **on** आगे बढ़ाना : ~ on to the next lesson अगले पाठ पर बढ़ो; ~ **over** उपेक्षा करना : let us ~ over his remarks हम उसके उल्लेखों की उपेक्षा कर दें; ~ **through** से होकर जाना : we ~ed through a gate हम एक फाटक से होकर गए; ~ **water** पेशाब करना.

passage पै'सिज *n.* **1.** गमन, पारगमन : देशांतरण, स्थानांतरण : he made a pleasant ~ उसने सुखद देशांतरण किया. **2.** (journey) यात्रा^F : his ~ from Delhi to London दिल्ली से लंदन तक उसकी ≈; to book one's ~ अपनी ≈ आरक्षित कराना. **3.** (fare) किराया, भाड़ा : what is the total ~ कुल ≈ कितना है ? **4.** (corridor) गलियारा : there was a door at the end of the ~ गलियारे के छोर पर एक दरवाज़ा था. **5.** (way) रास्ता, मार्ग : the ~ was narrow for the truck ट्रक के लिए रास्ता सँकरा था. **6.** right of ~ मार्गाधिकार. **7.** (in a book) परिच्छेद, लेखांश [difficult कठिन, short छोटा]. **8.** (of a poem) छंद : he read a ~ from a long poem उसने एक लंबी कविता से एक ≈ पढ़ा.

passenger पै'सिंजर *n*^c. यात्री, मुसाफ़िर : there were sixty foot ~s on the road सड़क^F पर साठ पैदल ≈ थे; this is a ~ train, not a goods train यह सवारी गाड़ी^F है, मालगाड़ी^F नहीं; all the ~s will go by bus सभी यात्री बस^F से जाएँगे.

passerby पॉसर्‌बाइ' *n*^c. पथिक, राहगीर : none of the passers by helped the beggar किसी भी ≈ ने भिखारी की सहायता^F नहीं की; I saw a ~ lying on the road yesterday कल मैंने एक पथिक को सड़क^F पर लेटे देखा.

passing पा'सिङ्ग **I.** *a.* **1.** जाने वाला, गुज़रने वाला : it is ~ time, you cannot check it यह जाने वाला समय है, तुम इसे रोक नहीं सकते; I watched the ~ procession मैंने गुज़रते जलूस को देखा. **2.** (momentary) क्षणिक : ~ interest ≈ अभिरुचि^F; she could give only a ~ thought वह केवल ≈ विचार कर सकी. **3.** (cursory) सरसरी : he took a ~ look at page 12 उसने पृष्ठ 12 ≈ दृष्टि से देखा; even a ~ reading would be beneficial ≈ पढ़ाई भी लाभदायक होगी. **II.** *n*^u. **1.** समाप्ति^F : I like the ~ of old customs मैं पुराने रीतिरिवाजों की ≈ चाहता हूँ.

2. (death) मृत्यु^{F} : his ~ (away) grieved all of us उसकी मृत्यु से हम सब को दुःख हुआ. **3.** (going by) बीतना : ~ of years वर्षों का बीतना. Δ in ~ प्रसंगवश : during his talk he had indicated it in ~ अपनी बातचीत^{F} में ≈ उसने इसका संकेत दिया था.

passion पै'शन n^{c}. **1.** (emotion) मनोभाव, मनोवेग, मनोविकार/भावावेश : hate, love and anger are ~s घृणा^{F}, प्रेम और क्रोध ≈ हैं; control your ~s अपने भावावेशों पर नियंत्रण रखो. **2.** (fury) क्रोध, प्रकोप, क्षोभ : violent ~ उग्र/तेज़ ≈; you will suffer much loss for your ~ अपने क्रोध के कारण तुम्हारा बहुत नुकसान हो जाएगा. **3.** (enthusiasm) उमंग^{F}, धुन^{F}, सनक^{F} : to fly into ~ सनक में रहना; to have a ~ for gardening, music बागबानी, संगीत की ≈ होना. **4.** (evil inclination) कुप्रवृत्ति^{F}, व्यसन, दुर्वासना^{F} : he has now fallen into ~ and never thinks for his future अब वह ≈ में पड़ गया है और कभी भी अपने भविष्य के बारे में नहीं सोचता. **passionate** पै'शॅनिट *a.* **1.** (emotional) भावुक, भावप्रवण : ~ poet ≈ कवि; ~ woman ≈ स्त्री. **2.** (wrathful) क्रोधावेशपूर्ण : she became ~ on hearing these words इन शब्दों को सुनकर वह ≈ हो गई. **3.** (impassioned) आवेशपूर्ण, भावपूर्ण : ~ speech ≈ भाषण; ~ interest ≈ रुचि^{F}. **4.** (lustful) कामुक, वासनामय : he is a ~ fellow वह ≈ व्यक्ति है.

passive पै'सिव़ **I.** *n.* कर्मवाच्य : change the following sentences into ~ निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलो; they threw a stone through the window —a stone was thrown by them through the window उन्होंने खिड़की में से एक पत्थर फेंका into ~ कर्मवाच्य में उनसे खिड़की में से एक पत्थर फेंका गया. **II.** *a.* **1.** निष्क्रिय, निश्चेष्ट, अकर्मण्य [partner हिस्सेदार, worker मज़दूर]; he is too ~ to react to everything वह इतना ≈ है कि किसी बात^{F} पर कोई प्रतिक्रिया^{F} नहीं दिखाता; he remained ~ even when he was insulted अपमान होने पर भी वह निश्चेष्ट बना रहा. **~resistance** सत्याग्रह. **2.** (gram.) कर्म प्रधान [phrase वाक्यांश/पदबंध, sentence वाक्य, verb क्रिया]. **3.** सहनशील : he will never oppose you, he is too ~ वह तुम्हारा कभी विरोध न करेगा, वह बहुत ही ≈ है. [*ant.* active].

passport पास्'पॉर्ट n^{c}. **1.** पासपोर्ट, पारपत्र [foreign विदेशी, Soviet सोवियत संघ का]; ~ is a little book which gives some facts about you ≈ एक छोटी-सी पुस्तक^{F} है जो आपके बारे में कुछ तथ्यों की जानकारी^{F} देती है; a ~ certifies your identity ≈ तुम्हारी पहचान को प्रमाणित करता है; he was without a ~ and was caught by the police उसके पास ≈ नहीं था और पुलिस^{F} ने उसे पकड़ लिया. **2.** (fig.) पारपत्र, साधन : money is not a ~ to happiness धन सुख का पारपत्र नहीं है.

past पास्ट **I.** *a.* **1.** (of time) गत, विगत, पिछला [week सप्ताह, year वर्ष]; ~ evening पिछली शाम^{F}; I have been ill for the ~ three days पिछले तीन दिन से मैं बीमार हूँ; he had been here for sometime ~ वह कुछ समय पूर्व यहाँ था; the ~ hour पिछला घंटा; (gram.) ~ tense भूतकाल. **2.** (previous) पूर्व : my ~ principal is dead now मेरे पूर्व प्रधानाचार्य अब दिवंगत हो गए हैं. [*ant.* present] **3.** (finished) समाप्त : time is ~ समय समाप्त हो गया है; summer is ~ now गर्मी^{F} अब ≈ है. **II.** n^{u}. (time) अतीत, बीता समय : she was thinking of the ~ वह अतीत के बारे में सोच रही थी; in the ~ I lived in a village बीते समय में मैं गाँव में रहता था; we know nothing of his ~ हम उसके अतीत (जीवन) के बारे में कुछ नहीं जानते; our country had a glorious ~ हमारे देश का एक गौरवपूर्ण अतीत था. **III.** *adv.* से होकर, के सामने से, के पार : did he drive ~ क्या वह सामने से गया था ? the children went running ~ बच्चे दौड़ते हुए निकल गए; he is ~ seventy वह सत्तर पार कर चुका है. **IV.** (*prep.*) के बाद (तक); के आगे, के पार; के परे; से अधिक : he went ~ us वह हमारे आगे से चला गया; he could not bid ~ this amount वह इस राशि^{F} से आगे नेली नहीं दे सका; his condition is ~ hope उसकी दशा^{F} आशाजनक नहीं है; it is all ~

endurance यह सब कुछ असह्य है; his follies are ~ belief उसकी मूर्खताएँ विश्वासातीत हैं. (other contexts) it is ~ 6 o'clock छह बज चुके हैं.

paste पेस्ट **I.** *n*^{uc} . लेई^F, पेस्ट : close the envelope with a ~ लेई से लिफ़ाफ़ा बंद करो; we use ~ to stick things together दो वस्तुओं^{F} को एक साथ जोड़ने के लिए हम लेई का प्रयोग करते हैं; a ~ of flour and water is often used to paste posters on walls मैदे और पानी की लेई का प्रयोग दीवारों पर विज्ञापन चिपकाने के लिए किया जाता है. **II.** *v.t.* चिपकाना : ~ up the notice सूचना^{F} चिपकाओ; ~ three papers together तीनों कागजों को एक साथ चिपका दो; why did the servant not ~ the posters on the wall नौकरों ने दीवारों पर पोस्टर क्यों नहीं चिपकाए?

pastel पैस्'टल *n*^{c}. पैस्टल : ~ is a coloured chalk ≈ एक रंगीन चाक होता है; ~s for making coloured sketches रंगीन रेखाचित्र बनाने के लिए ≈.

pastime पास्'टाइम *n*^{c}. मनोरंजन, मनबहलाव : father's favourite ~ is fishing पिताजी का प्रिय मनोरंजन मछली पकड़ना है; ~ is to pass time in a pleasant way ≈ प्रसन्नता से समय व्यतीत करना है.

pastry पेस्'ट्रि *n*^{c}. पेस्ट्री^{F} : ~ is a small sweet cake ≈ एक छोटा मीठा केक है; ~is made by baking a mixture of flour, egg, butter, sugar, water etc. ≈ आटा, अंडा, मक्खन, चीनी^{F}, पानी आदि के मिश्रण को पकाकर बनाई जाती है.

pasture पास्'चर *n*^{c}. (also ~land) चारागाह^F, गोचरभूमि^{F} [beautiful सुंदर, green हरी]; ~ is a natural grassland चारागाह एक प्राकृतिक घास का मैदान है; sheep and cattle feed on a ~ भेड़ें और मवेशी चारागाह में अपना पेट भरते हैं.

pat पैट **I.** *n.* थपकी^{F} : I heard the sound of her ~s मैंने उसकी थपकियों की आवाज़ सुनी; a pat on the back पीठ^F पर दी गई ≈, शाबाशी^{F}. **II.** *v.t.* (-tt-) थपकी देना, थपकना, थपथपाना : she ~ted the baby's cheek उसने बच्चे के गाल थपथपाए; to ~ smb on his back किसी को उसकी पीठ^F पर थपकी देना; (fig.) शाबाशी देना, ~ oneself for doing smth good कुछ अच्छा करने के लिए अपनी पीठ^F थपथपाना. **III.** *adv.* ठीक ही, तुरंत : the answer came ~ उत्तर तुरंत मिल गया. **IV.** *a.* तुरत-फुरत : it was his ~ reaction यह उसकी ≈ प्रतिक्रिया^{F} थी.

patch पैच **I.** *n*^{c}. **1.** पैबंद, थिगली^{F}, चकती^{F} : she sewed a ~ over the hole उसने छिद्र पर पैबंद लगा दिया; a ~ on the old coat looks very bad पुराने कोट पर ≈ बहुत खराब लगती है. **2.** (in dressing) फाहा : you need a ~ for the wound तुम्हें घाव पर ≈ लगाने की आवश्यकता^{F} है. **3.** (piece) टुकड़ा : this is a ~ from your shirt; यह तुम्हारी कमीज़ का ≈ है; ~ of land ज़मीन का ≈, भूमि खंड. **4.** (spot) धब्बा [black काला, deep गहरा]; there is a ~ of blood on your shirt तुम्हारी कमीज़ पर खून का एक ≈ है; a white horse with a black ~ on its back पीठ^F पर काले धब्बे वाला सफेद घोड़ा. **5.** (of colour) चित्ती^{F}. **II.** *v.t.* थिगली^{F} लगाना; मरम्मत^F करना; जोड़ना : ~ the hole on your coat अपने कोट के छेद पर थिगली लगाओ; you can ~ a bicycle-tyre with rubber solution तुम रबर के घोल से साइकिल के टायर को जोड़ सकते हो. Δ ~ **up** (i) रफ़ा-दफ़ा करना, निपटाना, तय करना : try to ~ up the whole matter पूरे मामले को निपटाने की कोशिश^F करो; (ii) to ~ up a scooter स्कूटर की मरम्मत^F करना; **to strike a bad ~** कठिन स्थिति से गुज़रना. **~work** *n.* गुदड़ी^{F}, जोड़-जाड़ : ~ of different colours and pieces विभिन्न रंगों और टुकड़ों का जोड़-जाड़; this is the ~ of torn clothes यह फटे कपड़ों की गुदड़ी है.

patent पे'टंट **I.** *a.* (in contexts) ~ lock खुला ताला; ~ leather काला चमकदार चमड़ा; ~ right एकस्व अधिकार **II.** *n*^{c}. एकस्व : to obtain ~ for a new model of fridge नए माडल के फ्रिज के लिए ≈ अधिकार प्राप्त करना.

paternal पॅ टर्'नल *a.* पैतृक [love स्नेह, property संपत्ति^{F}]; ~ grandfather दादा; ~ grandmother दादी; ~ aunt चाची; ~ uncle चाचा; he sold all his ~ property in the market उसने बाज़ार की अपनी पूरी ≈संपत्ति^{F} बेच दी.

path पाथ *n*ᶜ. पथ, रास्ता [difficult कठिन, narrow सँकरा, straight सीधा, unknown अनजाना, zig-zag टेढ़ा-मेढ़ा]; ~ of peace शांतिᶠ का मार्ग; the ~ leads to the river through the forest यह रास्ता जंगल से होकर नदीᶠ को जाता है; turn to the left and you will find your path बाएँ मुड़ो तो तुम्हें अपना रास्ता मिल जाएगा. Δ **to beat a** ~ रास्ता साफ़ करना : he could not beat his ~ through the bushes वह झाड़ियोंᶠ में से अपना रास्ता साफ़ न कर सका; **cross somebody's** ~ अचानक मिलना : he crossed my ~ while going to the market वह बाज़ार जाते समय अचानक मुझसे मिल गया. ~**finder** पथ-प्रदर्शक.

pathetic पॅ थॅ'टिक *a.* **1.** कारुणिक, दयनीय [cries चिल्लाहटᶠ, feelings भावनाएँ, sight दृश्य]; ~ condition of that poor man उस गरीब आदमी की दयनीय दशाᶠ. **2.** (emotional) भावात्मक : ~ fallacy भावाभास. **3.** बेकार : as an artist he is ~ कलाकार के रूप में वह ≈ है; he made a ~ attempt उसने व्यर्थ प्रयास किया.

patience पे'शन्स *n*ᶜ. धैर्य, धीरजᶠ [admirable प्रशंसनीय, great भारी]; have ~, you will have meal in a few minutes धीरज रखो, तुम्हें कुछ ही (मिनटों) समय में भोजन मिल जाएगा; a businessman must have ~ with his customers एक व्यापारी को अपने ग्राहकों के प्रति सहनशीलता बरतनी चाहिए; I have lost my ~ मेरा ≈ समाप्त हो चुका है; ~ wins at last अंत में धैर्य की विजयᶠ होती है; he was out of ~ वह तंग आ गया था, उसका धैर्य समाप्त हो गया था; ~ is a virtue ≈ एक गुण है. [*ant.* im ~]. **patient** पे'शन्ट **I.** *a.* धीर, धैर्यवान्, सहनशील : ~ soldier ≈ सैनिक; she was very ~ with the child वह बच्चे के प्रति बहुत सहनशील थी; please, be ~ कृपया, धैर्य रखो. [*ant.* im ~] **II.** *n*ᶜ. रोगी, मरीज़ : the doctor treats a ~ डाक्टर ≈ का इलाज करता है; ~ under treatment इलाज में पड़ा ≈; to take ~'s temperature रोगी का तापमान लेना; to take a ~ to a hospital रोगी को अस्पताल ले जाना; to take care of a ~ in the hospital अस्पताल में ≈ की देखभालᶠ करना.

patriot पैट्'रिअएट, पैट्'रिऑट *n*ᶜ. देशभक्त, देशप्रेमी [devoted निष्ठावान्, sincere सच्चा]; a ~ sacrifices his all for his motherland एक देशभक्त अपनी मातृभूमिᶠ के लिए सब कुछ बलिदान कर देता है. **patriotic** पैट्रि ऑ'टिक *a.* **1.** देशभक्त : a ~ young man ≈ नवयुवक; ~ people ≈ लोग. **2.** देशभक्तिपूर्ण [sentiments भाव, songs गीत, thoughts विचार]; every national must have ~ feelings प्रत्येक नागरिक में ≈ भावनाएँᶠ होनी चाहिएँ. **patriotism** पैट्'रिअटिज़्म *n*ᵘ. देशभक्ति, देशप्रेम : he is inspired by ~ वह ≈ की भावना से प्रेरित है; his ~ is undoubtable उसका देशप्रेम असंदिग्ध है.

patrol पॅट्रोल' **I.** *n*ᵘ. गश्तᶠ, पतरौल, निगरानीᶠ : policeman was on ~ पुलिस गश्तᶠ पर थी; it was all peaceful during watchman's ~ चौकीदार की निगरानी के दौरान सब शांतिपूर्ण था; ~ is a small group of policemen गश्तᶠ पुलिस के लोगों का एक छोटा समूह होता है. **II.** *v.t.* (-ll-) गश्तᶠ लगाना, निगरानीᶠ करना : a watchman ~s our street चौकीदार हमारी गलीᶠ की निगरानी करता है; I saw two men ~ling the village मैंने दो लोगों को गाँव की गश्त लगाते हुए देखा; he never goes for ~ling in the night वह रातᶠ में कभी निगरानी के लिए नहीं जाता.

patron पे'ट्रन *n*ᶜ. **1.** संरक्षक : a ~ of society किसी सोसायटीᶠ का ≈; he is a ~ of art वह कला का ≈ है; he is the ~ of this institution वह इस संस्थाᶠ का ≈ है. **2.** (customer) ग्राहक : the regular ~s of his shop उसकी दुकानᶠ के नियमित ग्राहक. **3.** ग्राम देवता : a ~ takes special care of a village ≈ किसी गाँव की विशेष चौकसीᶠ करता है. **patronage** पै'ट्रॅनिज *n*ᶜ. **1.** संरक्षण, सरपरस्तीᶠ : a fair under the ~ of the mayor was organised मेयर (नगर प्रमुख) के संरक्षण में एक मेले का आयोजन किया गया. **2.** ग्राहकत्व : this shop has a large ~ इस दुकानᶠ का बड़ा ≈ है. **patronize** पैट्'रॅनाइज़ *v.t.* **1.** संरक्षण करना : she ~es our club वह हमारे क्लब का संरक्षण करती है. **2.** प्रोत्साहन या

बढ़ावा देना : to ~ art कला^F को बढ़ावा देना. 3. to ~ a particular shop एक ख़ास दुकान^F से खरीद करना; to ~ a particular person किसी ख़ास व्यक्ति को सहारा देना.

patter पै'टर I. *v.i.* 1. पट-पट/टप-टप करना : the rain ~ed on the roof बरसात से छत पर टप-टप होती रही. 2. तड़-तड़ करना : the falling of leaves ~ing against the window पत्तियों^F का खिड़कियों^F पर गिरकर तड़-तड़ करना. II. n^u. 1. ख़ास बोली^F, पट-पट^F: ~ of coolies at the railway station रेलवे-स्टेशन के कुलियों की ≈. 2. तड़तड़ाहट^F : the ~ of children's feet बच्चों के पैरों की तड़तड़ाहट.

pattern पै'टर्न I. n^c. 1. (model) पैटर्न, नमूना, प्रतिरूप : (sample) बानगी, नमूना : original ~ मूल ≈; beautiful ~ सुंदर ≈; ~ on a carpet दरी^F पर बना नमूना; the dress master gave her several different ~s of cloth दर्ज़ी ने उसे कपड़े के कई भिन्न-भिन्न नमूने दिए. 2. (ideal) आदर्श : this company is a ~ for the others यह कंपनी^F दूसरी कंपनियों^F के लिए आदर्श है. 3. (example) नमूना, उदाहरण : a ~ of good conduct अच्छे आचरण का ≈; he is a ~ for everyone वह सभी लोगों के लिए उदाहरण है. 4. (design) नमूना, बनावट^F : the ~ of his building is not modern उसकी इमारत^F का ≈ आधुनिक नहीं है. 5. (also casting ~) साँचा : ~ for coinage सिक्का ढालने का ≈. II. *v.t. a.* 1 अनुकरण करना : a monkey tries to ~ everything of humans एक बंदर मानवों की सभी चीज़ों का अनुकरण करने का प्रयास करता है. 2. गढ़ना, बना लेना : to ~ oneself after smb किसी जैसा बनने की चेष्टा^F करना.

patty पै'टि n^c. (patties) पैटी^F : ~ is a small pie पैटि एक छोटी कचौड़ी^F होती है; I bought and ate two patties मैंने दो ≈ खरीदकर खाईं.

pauper पॉ'पर n^c. अकिंचन, कंगाल : to give bed and food to a ~ किसी ≈ को बिस्तर और भोजन देना; there should be public funds for ~s कंगालों के लिए सार्वजनिक निधि^F होनी चाहिए; a ~ generally lives on charity एक ≈ साधारणतया दान से पेट पालता है.

pause पॉज़ I. n^c. 1. विराम, ठहराव [long लंबा, short छोटा, unexpected अप्रत्याशित]; a ~ in their conversation उनकी बातचीत^F में ≈; a long ~ followed his talk उसकी वार्ता के बाद लंबा विराम हुआ; there is a ~ between sentences दो वाक्यों के बीच में ≈ होता है. 2. (hesitation) हिचकिचाहट^F : she went on without a ~ वह बिना किसी ≈ के चलती गई. Δ to give smb ~ किसी को सोचने का समय देना. II. *v.t.* रुकना, ठहर जाना : he ~d during his speech वह अपने भाषण के दौरान रुक गया; he ~d for a minute to rest वह एक मिनट आराम करने के लिए रुक गया; don't ~, go on रुको मत, चलते रहो; he ~d on/upon a difficult word वह एक कठिन शब्द पर रुक गया.

pave पेव़ *v.t.* 1 खड़ंजा डालना : we are paving our garden with pieces of stone हम पत्थर के टुकड़ों से बाग में खड़ंजा लगा रहे हैं. 2. रास्ता बनाना या निकालना : to ~ the way for smth किसी चीज़ के लिए रास्ता तैयार करना; my tutor ~d the way for my success मेरे शिक्षक ने मेरी सफलता^F का रास्ता तैयार कर दिया. 3. ढँक जाना : the entire way to the temple was ~ed with flowers मंदिर तक सारे रास्ते पर फूल बिछे थे. **pavement** पेव़्'मन्ट n^c. खड़ंजा, फ़र्श; (footway) पटरी^F [narrow सँकरा, wide चौड़ा]; a ~ by the side of the road सड़क^F के किनारे की पटरी; poor people reside on ~s in cities शहरों में गरीब लोग पटरी पर रहते हैं.

pavilion पॅव़ि'ल्यन n^c. मण्डप [big बड़ा, decorated सुसज्जित]; ~ for marriage शादी^F के लिए ≈; a ~ was erected for the day उस दिन के लिए एक ≈ बनाया गया; there are hundreds of spectators in the ~ to watch the match ≈ में मैच देखने के लिए सैंकड़ों दर्शक हैं; there is a separate ~ for players खिलाड़ियों के लिए अलग ≈ बना है.

paw पॉ I. n^c. पंजा, चंगुल : sharp ~ तेज़ ≈; ~ of a bear is very dangerous भालू का ≈

बड़ा खतरनाक होता है; the dog attacked him with its ~s कुत्ते ने उस पर अपने पंजों से आक्रमण किया. **II.** *v.t.i.* **1.** पंजा मारना : the dog ~ed at the bone कुत्ते ने हड्डी^F पर पंजा मारा. **2.** टाप^F मारना, खूँदना, टाप से कुरेदना : the horse ~ed the ground घोड़ा टाप या खुर से ज़मीन कुरेद रहा था; the horse did not ~ him, he fell down himself घोड़े ने उसे टाप नहीं मारी, वह स्वयं गिर गया.

pawn पॉन **I.** *n.* **1.** (chess) प्यादा, पैदल मोहरा : a ~ moves straight ≈ सीधा चलता है. **2.** (tool) कठपुतली^F : he is a mere ~ in his hands वह उसके हाथों में बस एक ≈ है. **3.** (thing pawned) आधि^F, धरोहर^F : ornaments were kept as ~ with the moneylender ज़ेवर साहूकार के पास धरोहर (के रूप में) रख दिए गए थे. **4.** (hostage) बंधक : the terrorists made them all ~s आतंकवादियों ने उन सब को अपना बंधक बना लिया. **II.** *v.t.* **1** बंधक या रेहन रखना : he ~ed all his property in the hands of the moneylender उसने साहूकार के हाथों में अपनी सारी संपत्ति^F रेहन कर दी; to ~ the ornaments गहने रेहन रखना. **2.** (stake) दाँव पर लगाना : to ~ one's life जान^F की बाज़ी^F लगा देना.

pay पे **I.** *n*^u. **1.** (wages) वेतन, मज़दूरी^F, तनख़ाह^F [enough पर्याप्त, low कम, weekly साप्ताहिक]; good ~ अच्छी तनख़ाह; he received an increment in ~ उसके वेतन में वृद्धि^F हुई; his ~ was cut उसके वेतन में कटौती^F हुई; he has come for his ~ वह अपने वेतन के लिए आया है; to work only for ~ केवल वेतन पर काम करना; to be in the ~ of smb किसी की नौकरी^F में होना. ~ **master** वेतनदाता, धनदाता; ~ **roll** वेतन पाने वालों की सूची^F. **2.** (paying) भुगतान, शोधन, अदायगी^F : he is still waiting for the ~ वह अब भी भुगतान के लिए इंतज़ार कर रहा है. **II.** *v.t.* (*p. & pp.* paid) **1.** पैसा देना : how much did you ~ for your new coat तुमने अपने नए कोट के लिए कितना पैसा दिया? who paid for the tickets टिकटों का पैसा किसने दिया? **2.** चुकाना, अदा करना : you must ~ him his money तुम्हें उसका पैसा चुकता करना चाहिए; you must ~ what you owe तुमने जितना ऋण लिया है उसे चुकता करना चाहिए; you will have to ~ extra तुम्हें अतिरिक्त भुगतान करना होगा. **3.** (a person) मज़दूरी^F/वेतन देना : the labourer was not paid last week मज़दूर को पिछले सप्ताह मज़दूरी नहीं दी गई थी. **4.** to ~ smb for his trouble किसी को उसके कष्ट के बदले कुछ देना. **5.** to ~ the penalty/fine जुरमाना भरना. **6.** से लाभ होना, लाभकर होना : it ~s to be helpful to anybody किसी की सहायता^F करने का लाभ होता है; it does not ~ to argue with him उससे बहस^F करने का कोई लाभ नहीं है; this will ~ in the long run यह देर में लाभकर होगा. Δ ~ **attention to** ध्यान देना : ~ attention to what I say जो कुछ मैं कहता हूँ उस पर ध्यान दो; **to ~ back in one's own coin** अदले का बदला देना, जैसे का तैसा व्यवहार करना; ~ **a compliment** प्रणाम कहना : please ~ my compliments to your mother and father कृपया, अपने माता-पिता जी को मेरा प्रणाम कहिए; ~ **one's respect** सम्मान करना: you must ~ respect to your elders तुम्हें अपने बड़ों का सम्मान करना चाहिए; **to ~ a visit** मुलाकात^F करने जाना : I shall surely ~ you a visit next week मैं निश्चय ही अगले सप्ताह तुमसे मुलाकात^F करने आऊँगा; ~ **back** उधार का पैसा लौटा देना; ~ **for** के कारण दंड भोगना : he is ~ ing much for the crime वह अपराध के कारण बहुत भोग रहा है; **to ~ in** बैंक में पैसा जमा करना; to ~ into the bank खाते में पैसा जमा करना; ~ **off** (i) लौटाना : he paid off his whole debt उसने अपना सारा कर्ज़ लौटा दिया; (ii) मुँह-तोड़ जवाब देना : the enemy's army was paid off well शत्रु सेना^F को मुँह-तोड़ जवाब दिया गया; (iii) सफल होना; did your plan ~ off क्या तुम्हारी योजना^F सफल हो गई; ~ **out** (i) रुपया देना, खर्च करना : to ~ out small amount बहुत कम खर्च करना; father paid him out fifty rupees पिताजी ने उसे पचास रुपए दे दिए; (ii) ढीला करना : to ~ out a rope रस्सी ढीली करना; ~ **over** अदा कर देना : you must not expect anything, he cannot ~ over the money तुम्हें उससे

कुछ भी आशा^F नहीं करनी चाहिए, वह पैसा अदा नहीं कर सकता; ~ **through the nose** ठगा जाना; ~ **up** अदा कर देना, चुकाना : I'll ~ up the whole amount मैं पूरा धन अदा कर दूँगा. **payee** पेई *n.* पाने वाला, आदाता : true ~ सही ≈; ~'s signature on the money order धनादेश पर पाने वाले के हस्ताक्षर; credit to the ~'s account पाने वाले के खाते में जमा करना. **payer** पे'अर *n*^c. भुगतानकर्ता : the ~ paid Rs. 560 by a bank draft ≈ ने बैंक ड्राफ्ट के द्वारा पाँच सौ साठ रुपया दिया; the ~ forgot to sign the cheque ≈ चेक पर हस्ताक्षर करना भूल गया. **payment** पे'मन्ट *n*^uc. शोधन, भुगतान, अदायगी^F : he received full ~ उसने पूरा भुगतान प्राप्त किया; thirty rupees in part ~ for utensils बर्तनों के लिए आंशिक भुगतान के तीस रुपए; ~ in kind जिंस में भुगतान करना.

P.B. Post Box.

Pb. Panjab.

P.C. Personal Computer; post card.

P.C.S. Provincial Civil Service .

pea पी *n*^c. मटर [green हरा, ripe पका हुआ]; ~s are available in winter ≈ जाड़े में सुलभ होते हैं; ~ is used as vegetable and pulse both ≈ का प्रयोग सब्जी^F और दाल^F दोनों रूपों में होता है. Δ **as like as two ~s** हूबहू एक जैसे.

peace पीस *n.* **1.** शांति^F : perfect ~ पूर्ण शांति; people live in ~ लोग ≈ से रहते हैं; in the time of ~ ≈ के दिनों में; ~ of mind मन की ≈; ~ and order ≈ एवं व्यवस्था^F; breach of ~ शांतिभंग; we want ~ in our land हम अपने देश में ≈ चाहते हैं; policeman helps in keeping ~ पुलिस ≈ स्थापित करने में सहायता करती है; now the people of the whole world desire ~ अब पूरे संसार के लोग ≈ चाहते हैं. Δ **to hold one's ~** शान्त रहना. **2.** (treaty) संधि^F, सुलह^F : to make ~ with smb किसी के साथ ≈ कर लेना; ~ between nations राष्ट्रों के बीच की ≈. [*as distinct from* piece] **peaceable** पी'सॅबल *a.* शांतिप्रिय [nation राष्ट्र, people लोग, society समाज]; ~ students dislike quarrels ≈ छात्र झगड़ा नापसंद करते हैं. **peaceful** पीस्'फुल *a.* **1** शांत, शांतिपूर्ण, शांतिप्रिय, शांतिमय [country देश, life जीवन, scene दृश्य, town शहर]; the atmosphere in the countryside is ~ देहातों का वातावरण ≈ होता है; it is all ~ at home घर में सब शांति है; our nation follows ~ foreign policy हमारा राष्ट्र शांतिपूर्ण विदेशनीति का अनुसरण करता है; find out the ~ means शांतिपूर्ण साधनों का पता लगाओ. **2.** शांतिप्रिय : ~ nations ≈ राष्ट्र.

peach पीच *n*^c. आड़ू : ~ has one big seed in its centre ≈ के केंद्र में एक बड़ा बीज होता है; ~ has soft red skin ≈ का नरम लाल छिलका होता है.

peacock पी' कॉक *n*^c. **1.** मोर : (*fem.* peahen) a ~ dances ≈ नाचता है, नृत्य करता है; a ~ has large brightly coloured tail मोर की लंबी, चमकीली और रंगीली पूँछ^F होती है; ~'s feathers are bright मोर के पंख चमकीले होते हैं; a ~ opens its feathers like a fan मोर अपने पर पंखे की तरह खोल लेता है. **2.** (person) छैला, बाँका.

peak पीक **I.** *n*^c. **1.** चोटी^F, शिखर, शीर्ष [famous प्रसिद्ध, high ऊंचा, white सफेद]; ~ of a mountain पर्वत की चोटी^F; ~ of a beard दाढ़ी का नोकदार सिरा; ~s of waves लहरों के शिखर. **2.** (fig.) शीर्ष, पराकाष्ठा^F : ~ of success सफलता^F की पराकाष्ठा; the work reached its ~ in the afternoon दोपहर बाद काम अपनी पराकाष्ठा^F पर पहुँच गया. **3.** (in other contexts) ~ hours व्यस्ततम समय; accidents reached their ~ last month पिछले महीने दुर्घटनाएँ हद^F तक पहुँच गईं; sales have now ~ed बिक्री अब हद तक पहुँच गई है.

peal पील **I.** *n*^c. **1.** झनझनाहट^F, घनघनाहट^F : he heard the ~ of bells and woke up उसने घंटों की ≈ सुनी और जाग उठा. **2.** (of thunder etc.) गरज^F, गड़गड़ाहट^F : loud ~ ज़ोर की ≈; ~ of laughter ठहाका, अट्टहास. **II.** *v.i.* घनघनाना, गड़गड़ाना : the bells were ~ing in the temple मंदिर में घंटे घनघना रहे थे. [*as distinct from* peel]

peanut पी'नट *n*^c. मूँगफली^F : ~ plants have

yellow flowers मूँगफली के पौधों में पीले फूल होते हैं; ~ grows in pods ≈ फली^{F} में उगती है. ~ **butter** ≈ का घी.

pear पिअर n^{c}. नाशपाती^{F} : ~s are sweet and juicy नाशपातियाँ मीठी और रसदार होती हैं; a ~ has a different flavour and shape from an apple ≈ की खुशबू^{F} और आकृति^{F} सेब से भिन्न होती है; ~s are mostly grown in Kashmir ≈ अधिकांशतः कश्मीर में पैदा होती है.

pearl पर्ल n^{c}. मोती [glittering चमकदार, pink गुलाबी, valuable कीमती, white सफ़ेद]; she has a necklace of ~s उसके पास एक मोतियों का हार है; importance of ~s मोतियों का महत्व; **mother of ~** सीपी^{F}; ~ **diver** मोती निकालने वाला गोताख़ोर. Δ **to cast ~s before swines** भैंस के आगे बीन^{F} बजाना : to preach to a fool is like casting ~s before a swine किसी मूर्ख को उपदेश देना भैंस के आगे बीन बजाना है.

peasant पें'ज़न्ट n^{c}. किसान, खेतिहर, कृषक [inactive सुस्त, simple सादा, toiling मेहनती]; a ~ works in his field ≈ अपने खेत में काम करता है; generally ~s are very poor सामान्यतः ≈ बहुत गरीब होते हैं. **peasantry** पें'ज़न्ट्रि n^{u}. किसान-वर्ग [poor गरीब, rustic देहाती/ग्राम्य]; the condition of the ~ is not at all good ≈ की स्थिति^{F} कुल मिलाकर अच्छी नहीं है.

pebble पें'बल n^{c}. बटिया^{F}, रोड़ा [round गोल, small छोटा]; this sea-shore is covered with ~s यह समुद्र तट रोड़ों से ढँका है; ~ is a small round piece of stone रोड़ा एक छोटा गोल पत्थर होता है; ~ and stone कंकड़/पत्थर, मलबा. Δ **it is not the only ~ on the beach** उस जैसे और भी हैं. [*a.* pebbly]

peck पें'क **I.** *v.t.* **1.** चोंच^{F} मारना, चुगना : the hen ~ed at the grains मुर्गी ने दाने चुगे; the bird ~ed at the cow पक्षी ने गाय को चोंचें मारी. **2.** चोंच से गड्ढा बनाना : the parrot ~ed a hole in the tree तोते ने पेड़ में चोंच मार-मारकर गड्ढा बना दिया. Δ ~ **at one's food** थोड़ा-थोड़ा खाना. **II.** n^{c}. चंचु-प्रहार : the boy could not bear the ~ of a crow लड़का कौवे की चोंच की मार^{F} न सह सका. **pecker** पे'कर n^{c}. कठफोड़वा (bird) : the wood ~ pecked a hole in the tree कठफोड़े ने पेड़ में छेद किया; a ~ has a sharp beak कठफोड़े की चोंच^{F} नुकीली होती है.

peculiar पि क्यू'लिअर *a.* **1.** निजी (own); personal व्यक्तिगत [character चरित्र, property गुणवत्ता] problems ~ to India भारत की निजी समस्याएँ, none will be allowed to interfere in his ~ matter किसी को उसके ≈ मामले में हस्तक्षेप करने की अनुमति^{F} नहीं दी जाएगी. **2.** (special) विशिष्ट, विलक्षण [fume धुँआ, situation स्थिति^{F}, virtue गुण]; his way of laughing is very ~ उसके हँसने का ढंग ≈ है; Tom has his own ~ way of writing टॉम के लिखने का उसका अपना विशिष्ट ढंग है; there was nothing ~ about him उसके बारे में कुछ भी ≈ नहीं था; it was a ~ drama in politics राजनीति में यह विलक्षण नाटक था. **3.** (odd) अजीब, निराला, अनोखा [behaviour व्यवहार, habit आदत^{F}, man आदमी]; this ceremony appears ~ to a European किसी यूरोपीय को यह संस्कार ≈ लगता है. **peculiarity** पिक्यूलिऐ'रिटि n^{c}. (*pl.* peculiarities) **1.** विशिष्टता^{F}, विशेषता^{F} : ~ in dress पहनावे में ≈; ~ in the manner of speaking बोलने की शैली^{F} में ≈; cautious driving is a ~ of women सतर्कतापूर्ण गाड़ी^{F} चलाना औरतों की ≈ है. **2.** (strangeness) विलक्षणता^{F}, अनोखापन : ~ of one's behaviour किसी के व्यवहार की विलक्षणता^{F}. **peculiarly** पिक्यू'लिअरलि *adv.* विशेष रूप से, विलक्षण ढंग से, व्यक्तिगत रूप से : the man was acting very ~ आदमी विशेष रूप से अभिनय कर रहा था; he was ~ dressed वह विलक्षण ढंग से सज्जित था.

pedal पें'डल **I.** n^{c}. (mech.) पैडल : ~ of a bicycle साइकिल का ≈; ~ is driven by foot ≈ पैर से चलाया जाता है. **II.** *v.t.* (-ll-) (पेडल) चलाना : we ~led the cycle slowly हम साइकिल धीरे-से (पेडल से) चलाकर ले गए; he ~led up hill वह पैडल चलाते-चलाते पहाड़ी^{F} पर पहुँच गया.

pedestrian पिडें'स्'ट्रिअन I. *n*ᶜ. पैदल, पादचारी : ~s should not cross the road like this = लोगों को सड़क इस तरह पार नहीं करनी चाहिए; this path is for ~s only यह रास्ता केवल पैदल लोगों के लिए है. II. *a.* 1 पैदल : ~ traffic = आवाजाही^{F}. 2. (dull) नीरस : ~ talk = बातचीत; ~ story = कहानी; ~ style = शैली^{F}.

pedlar पेंड्'लर *n*ᶜ. फेरीवाला : licensed ~ लाइसेंसदार =; the ~ sells miscellaneous articles यह = भिन्न प्रकार की वस्तुएँ^{F} बेचता है; generally a ~ keeps his goods in a basket hanging on his shoulder आमतौर पर = कंधे पर से लटकते हुए टोकरे में अपना माल रखता है.

peel पील I. *n*ᶜ. छिलका : ~ of an orange संतरे का छिलका; apples have red or green ~s सेब के छिलके लाल या हरे होते हैं; I slipped on a banana ~ मैं एक केले के छिलके पर फिसल गया; please, put aside the ~ of peanuts कृपया, मूँगफली^{F} के छिलके एक किनारे डालिए. II. *v.t.* छीलना : please ~ this banana कृपया इस केले को छीलिए; he ~ed the skins of some pears उसने कुछ नाशपातियों^{F} के छिलके छीले. III. *v.i.* 1. छीलना : are the bananas ~ed off क्या केले छिल गए हैं ? 2. उधड़ना : the old man's skin is ~ing बूढ़े की चमड़ी^{F} उधड़ रही है. 3. उखड़ना : the paper on the wall is ~ing दीवार^F पर का काग़ज़ उखड़ रहा है; the paint is ~ing off पेंट उखड़ रहा है. [*as distinct from* peal]

peep पीप I. *v.i.* 1. झाँकना : she ~ed through a hole उसने एक छेद में से झाँका; the mother ~ed through the door माँ ने दरवाज़े से झाँका. 2. (emerge) निकलना, दिखाई पड़ना : the sun ~s through the clouds सूर्य बादलों के बीच से निकलता दिखाई पड़ता है. II. *n*ᶜ. 1. झाँकी : a ~ at the scene outside बाहर के दृश्य की =. 2. (~ of dawn) अरुणोदय.

peer पिअर I. *v.i.* (at, into) ताकना, घूर कर देखना : it is hard for me to ~ at this writing इस लिखाई को देख पाना मेरे लिए कठिन है. II. *n*ᶜ. 1. समकक्ष व्यक्ति, जोड़ : ~s form groups for play समकक्ष (जोड़ के) व्यक्ति खेलने के लिए गिरोह बनाते हैं; he is without a ~ in the city वह शहर में बेजोड़ है. 2. लार्ड, सामंत (*fem.* peeress) : house of ~s in London लंदन में सामंत सदन.

peerless पिअर'लिस *n.* बेजोड़, लाजवाब, अद्वितीय : his personality is ~ उसका व्यक्तित्व = है.

peg पेंग I. *n*ᶜ. खूँटी^{F}, मेख^F : coat ~ कोट टाँगने की खूँटी; hat ~ हैट की खूँटी; I have a metal ~ for hanging clothes कपड़ा टाँगने के लिए मेरे पास धातु^{F} की खूँटी है; a ~ was fixed on my door एक खूँटी मेरे दरवाज़े पर लगाई गई; ~s of a sitar for fastening strings तार बाँधने के लिए सितार की खूँटियाँ. Δ **a square ~ in a round hole** गोल छेद में चौकोर खूँटी, किसी अच्छी जगह के लिए गलत आदमी. **to take smb down a ~** किसी को नीचा दिखाना. II. *v.t.* (-gg-) 1. खूँटी लगाना : to ~ down a tent तंबू को खूँटियाँ लगाकर खड़ा करना. 2. (stabilize) स्थिर रखना : to ~ wages to a certain level एक निश्चित स्तर तक मज़दूरी^{F} स्थिर रखना; the prices have been ~ged कीमतें^{F} स्थिर कर दी गई हैं 3. बाँधना, कसना : to ~ the rope to hang clothes कपड़े टाँगने के लिए रस्सी बाँधना. Δ **to ~ away** डटकर काम करना; **to ~ down** खूँटे से बाँधना; **to = down to rules** नियमों का पूरा-पूरा पालन कराना; **to ~ out a plot of land** भूखंड पर खूँटे गाड़कर निशान लगाना.

pelt पेंल्ट I. *n*ᶜ. 1. खाल : ~ of a goat बकरी^{F} की खाल. 2. (throw) फेंक; ~ of stones at someone किसी पर पत्थरों की मार^F. 3. (of rain) मूसलाधार या धारासार वर्षा. 4. (speed) रफ़्तार^F : the ~ of car कार की रफ़्तार; at full ~ पूरी = से. II. *v.t.* 1. फेंकना, फेंककर मारना, मारना : the boys ~ed Vinod with tomatoes लड़कों ने विनोद को टमाटर फेंककर मारे; the angry tribesmen are ~ing stones at the traveller जनजाति के क्रुद्ध लोग यात्री पर पत्थर मार रहे हैं; the crowd ~ed the police with stones भीड़^{F} ने पुलिस पर पत्थर मारे. 2. (assail with) की बौछार करना : students ~ed stones on

the bear छात्रों ने भालू पर पत्थरों की बौछार कर दी. 3. the rain was ~ing (down) ज़ोर की बारिश^F हो रही थी.

pen पॅन I. *n*^{c}. 1. (enclosure) बाड़ा : shut the animals in a ~ जानवरों को एक बाड़े में बंद कर दो; they keep their pigs in a ~ वे अपने सुअरों को एक बाड़े में रखते हैं. 2. पेन, कलम^F, लेखनी^{F} [broken टूटी, excellent बढ़िया]; take the ~ and write a letter to your father ≈ लो और अपने पिता के नाम एक पत्र लिखो; I have bought a new ~ मैंने एक नया पेन खरीदा है; I have no more ink in my ~ मेरी कलम में अब स्याही^{F} नहीं है; he lives by the ~ वह ≈ से आजीविका चलाता है. Δ **put ~ to paper** लिखने लगना : when he saw the teacher he put the ~ to paper जब उसने अध्यापक को देखा तो लिखने लगा; **~ -down strike** कलम रख दो हड़ताल : all the employees on ~ down strike सभी कर्मचारी कलम रखो हड़ताल पर थे. **~friend** पत्राचारी मित्र; **~ man** लेखक; **~manship** लेखन कला^{F}; **~name** (लेखक का) उपनाम. II. *v.t.* (-nn-) 1. बाड़े में बंद करना : to ~ up the cattle जानवरों को ≈ 2. लिखना : to ~ (down) a poem in the examination परीक्षा^{F} में कविता^{F} ≈.

penal पी'नल *a.* 1. दंड, दण्ड-विषयक : ~ code ≈ संहिता; ~ law ≈ विधि^{F}; ~servitude कठोर दंड, कड़ी कैद^F; ~ settlement दण्डितों की बस्ती^{F}; ~ tax ≈ कर. 2. (punitive) दंडनीय : ~ offence ≈ अपराध. **penalize** पी'नॅलाइज़ *v.t.* दण्डित करना, दंड देना, दंडनीय ठहराना या बनाना : ~ severely सख़्ती^{F} से ≈; to ~ a team for coming late देर से आने पर किसी टीम^F को दंडित करना; to ~ a motorist for driving full speed पूरी गति^{F} से चलाने पर मोटर-चालक को ≈; wealthy people are sometimes unduly ~d by Income Tax Department धनी लोग कभी-कभी आयकर-विभाग द्वारा अनुचित रूप से दंडित किए जाते हैं. **penalty** पॅ'नल टि *n*^{c}. (*pl.* penalties) 1. दण्ड, शास्ति^{F}, सज़ा : (fine) अर्थदण्ड, जुर्माना : in some countries the ~ for stealing was death कुछ देशों में चोरी^{F} के लिए मृत्युदंड होता था; ~ for breaking law कानून का उल्लंघन करने के लिए दंड; pay the ~ जुर्माना अदा कीजिए; ~ in football or hockey फुटबाल या हाकी में दंड; to pay the ~ दंड भुगतना. 2. (disadvantage) अलाभ : penalties of being handicapped विकलांग होने के अलाभ. [*ant*. reward]

penance पॅ'नन्स *n*^{u}. तपस्या^{F}, तप, प्रायश्चित्त : ~ is done willingly for a wrongful deed गलत काम के लिए स्वेच्छा से प्रायश्चित्त किया जाता है; Rishis did ~ for salvation ऋषि मोक्ष के लिए तपस्या करते थे.

pence पॅन्स *n*^{u}. see 'penny'.

pencil पॅन्'सिल I. *n*^{c}. पेंसिल [broken टूटी हुई, coloured रंगीन, hard कड़ी/सख़्त, soft नरम]; write with a ~ ≈ से लिखो; to mark smth with a ~ किसी चीज़^{F} पर ≈ से निशान लगाना; ~ is used for drawing ≈ का प्रयोग रेखाचित्र बनाने के लिए किया जाता है; ~ has lead in it ≈ में एक सीसा होता है. II. *v.t.* -ll- (पेंसिल से) लिखना : to ~ a note पेंसिल से नोट लिखना.

pendulum पॅन्'ड्यूलम *n.* लोलक, लटकन^F : ~ of a wall clock दीवार-घड़ी^{F} का पेण्डुलम; ~ swings freely from side to side लोलक मुक्त रूप से एक छोर से दूसरे छोर पर झूलता है.

penetrate पॅ'निट्रेट *v.t.* 1 (pierce) छेदना, भेदना : a bullet cannot ~ this car गोली^{F} इस कार^F में छेद नहीं कर सकती; the knife ~d her finger and made it bleed उसकी उंगली^{F} में चाकू चुभ गया और उससे खून बहने लगा. 2. (fig.) भाँपना : to ~ into smb's mind किसी के मन को ≈. 3. (permeate) में व्याप्त हो जाना, फैल जाना : the water ~d the whole land पानी पूरे मैदान में फैल गया. 4. (enter) पैठना, घुसना : the nail ~d the box कीला संदूक में घुस गया; the hunters ~d the jungle शिकारी जंगल में घुस गए. 5. (grasp) मर्म या रहस्य समझना : to ~ a mystery रहस्य तक पहुँचना; try to ~ his meaning उसका मतलब समझने का प्रयास करना. **penetrating** पॅ'निट्रेटिङ्ग *a.* 1. चुभता, वेधी : the cold is ~ today आज ठंड चुभने वाली है; to suffer from ~ noise चुभते

शोर से पीड़ित रहना; ~ glance चुभती नज़र^F. **2.** (of mind) सूक्ष्म-बुद्धि, कुशाग्र-बुद्धि.

penitent पें'निटन्ट *a. & n*^{c}. पश्चातापी, अनुतापी : he was ~ after making a mistake गलती करने के बाद वह ≈ हो गया था; the ~ vowed not to sin again ≈ ने दुबारा अपराध न करने की प्रतिज्ञा की. [*ant.* impenitent]

penniless पें'निलिस *a.* निर्धन, अकिंचन [fellow व्यक्ति, old man बूढ़ा आदमी]; he became ~ after the disaster तबाही^{F} के बाद वह ≈ हो गया.

penny पें'नि *n*^{c}. (*pl.* pennies) पेनी^{F} : ~ is a British bronze coin ≈ ब्रिटेन में पीतल का एक सिक्का है; there are a hundred pennies in a pound एक पौण्ड में एक सौ ≈ होती हैं; I have not a ~ in my pocket मेरी जेब^F में एक भी ≈ नहीं है. Δ **~ wise pound foolish** अशर्फियाँ लुटें कोयलों पर मोहर; **to turn an honest ~** हक-हलाल की कमाई^F करना.

pension पेंन्'शन **I.** *n*^{u}. **1.** पेंशन^F, निवृत्ति वेतन : soldier's ~ on retirement रिटायर होने पर सैनिक की ≈; he earns old age ~ उसे वृद्धावस्था^{F} की ≈ मिलती है; ~ is paid when workers finish their term of service ≈ तब दी जाती है जब कर्मी अपना सेवा कार्यकाल समाप्त कर देते हैं; the retired officers have gone to draw their ~ सेवानिवृत्त अधिकारी अपना निवृत्ति-वेतन लेने गए हैं. **2.** (subsidy) परिदान : government gives much money to the farmers as ~ सरकार^F ≈ के रूप में किसानों को काफ़ी पैसा देती है. **3.** पैंसियों, बोर्डिंग हाउस : all the guests were given ~ facility सभी अतिथियों को ≈ की सुविधा^{F} दी गई थी. **II.** *v.t.* पेंशन देना : to ~ off पेंशन देकर रिटायर करना.

pensioner पेंन्'शॅनर *n*^{c}. पेंशनभोगी [old पुराना, government सरकारी]; ~s in India get their pension every month भारत में ≈ प्रत्येक महीने पेंशन पाते हैं; ~s also get dearness allowance ≈ भी मँहगाई-भत्ता पाते हैं.

peon प्यून *n*^{c}. प्यून, चपरासी [honest ईमानदार, idle सुस्त, young नवयुवक]; a ~ carries messages from one office to another ≈ एक कार्यालय से दूसरे तक संदेश ले जाता है; he is not a ~ but a clerk वह चपरासी नहीं है, बाबू है.

people पी'पल **I.** *n.* (*pl.*) **1.** लोग [English अंग्रेज, great महान, hardworking मेहनतकश, independent स्वतंत्र, Russian रूसी, simple साधारण]; how many ~ are there in your family तुम्हारे परिवार में कितने ≈ हैं? who are these ~ ये लोग कौन हैं? he avoids ~ वह लोगों से दूर रहता है; ~ of America अमेरिका के ≈; never mind what ~ say ≈ क्या कहते हैं इसकी परवाह^F मत करो; voice of the ~ लोगों की आवाज़^{F}. **2.** (kin) रिश्तेदार : my wife's people are staying with us मेरी पत्नी के ≈ अब हमारे साथ ठहरे हैं; I'd like to meet my ~ मैं अपने रिश्तेदारों से मिलना पसंद करूँगा. **3.** *n*^{c}. जाति^{F} : ~s of the world संसार की जातियाँ; different ~s live in islands टापुओं में भिन्न-भिन्न जातियों के लोग रहते हैं. **4.** (public) जनता^{F} : government by the ~ जनता का शासन. **5.** (subjects) प्रजा^{F} : the king and his ~ राजा और उसकी प्रजा^{F}. **II.** *v.t.* आबाद करना, बसाना : to ~ a new colony नई बस्ती^{F} ≈ Indians ~d many islands in the 10th century दसवीं शताब्दी में भारतीयों ने कई टापू आबाद किए.

pepper पें'पर **I.** *v.i.* **1.** मिर्च^F डालना : to ~ the vegetable सब्ज़ी^{F} में ≈. **2.** (pelt) बरसाना, की बौछार करना : to ~ passersby with tomatoes राहगीरों पर टमाटर बरसाना; to ~ stones on someone किसी पर पत्थरों की बौछार^F करना. **II.** *n*^{u}. गोल या काली मिर्च^F: tailed ~ कवाबचीनी^{F}; long ~ पीपल, पीपरामूल; ~ box मिर्चदानी; I want ~ and salt for guavas मैं अमरूदों के लिए ≈ और नमक चाहता हूँ; ~ is powdered ≈ का चूर्ण बनाया जाता है; ~ has hot taste ≈ का स्वाद तीता होता है. **peppermint** पें'परमिन्ट *n*^{u}. पिपरामिंट : ~ is a plant having seeds ≈ बीजवाला पौधा होता है; ~ is an oil which is used in sweets ≈ एक तेल है जिसका मिठाइयों^{F} में प्रयोग किया जाता है; this toffee is flavoured with ~ इस टाफी में ≈ मिलाया

गया है; ~ is also a sweet ≈ एक मिठाई[F] भी होती है.

per पर *prep.* (each) **1.** प्रति, फ़ी : ~ man प्रति व्यक्ति; ~cent प्रतिशत; ~ year प्रतिवर्ष; to work so much ~ week प्रत्येक सप्ताह इतना काम करना; this costs Rs 5 ~ kilo इसका दाम पाँच रुपए ≈ किलो है; how much can you earn ~ month तुम प्रत्येक महीने कितना कमा सकते हो? the rent of this house is one thousand pounds ~ annum इस मकान का किराया एक हजार पौण्ड प्रतिवर्ष है; ~ capita income in India is much less भारत में प्रति व्यक्ति आय[F] बहुत कम है. **2.** (by) के द्वारा/हाथ : ~ bearer बैरा या पत्रवाहक के हाथ/द्वारा. **3.** (according to) के अनुसार : as ~ sample नमूने के अनुसार; as ~ instructions निर्देशानुसार.

perambulator पॅ रैम्'ब्युलेटर *n*[c]. (pram) बच्चा गाड़ी[F], बाबा गाड़ी[F] : she puts the baby in the ~ and wheels it home वह बच्चे को बाबा गाड़ी में रखती है और इसे वापस घर में घुमा लाती है; this ~ has three wheels इस ≈ में तीन पहिए हैं.

perceive पर् सीव़' *v.t.* **1.** महसूस करना, अनुभव करना, मालूम करना : I cannot ~ any difference in these clothes मुझे इन कपड़ों में कोई अन्तर नहीं मालूम पड़ता; we ~d that we were not welcomed हमने महसूस किया कि हमारा स्वागत नहीं किया गया. **2.** (understand) समझना, समझ लेना, देखना : I ~d their intention easily मैंने उनका इरादा बड़ी जल्दी[F] समझ लिया. **3.** देखना : to ~ an object किसी वस्तु[F] को देखना; I ~ that you are worried मैं देखता हूँ कि तुम चिंतित हो; सुनना : to ~ a sound कोई ध्वनि[F] सुनना. [*n.* perception]

per cent पर सेंन्ट' **I.** *n*[u]. प्रतिशत : prices have been reduced by ten ~ कीमतों में दस ≈ की कमी[F] कर दी गई है; ten ~ of all students सभी छात्रों का दस ≈. **II.** *adv.* प्रतिशत : they carried out the plan 100 ~ उन्होंने अपनी योजना[F] सौ ≈ पूरी कर ली; the number of books in our library increases ten ~ every year हमारे पुस्तकालय में पुस्तकों[F] की संख्या[F] हर साल दस ≈ बढ़ जाती है; the growth was hundred ~ वृद्धि[F] शत ≈ थी. **percentage** पर्सें न्'टिज *n*[u]. प्रतिशतता[F], सैकड़ेवारी : ~ of increase वृद्धि की ≈; a small ~ of water पानी की बहुत कम मात्रा[F]; what ~ of children are born in this city इस शहर में बच्चों के जन्म का प्रतिशत क्या है?

perception पर् सेंप्'शन *n*[u]. प्रत्यक्ष ज्ञान, बोध [dull अस्पष्ट, keen तीक्ष्ण]; power of ~ ज्ञानशक्ति[F]; a man of great ~ भारी बोधवाला आदमी.

perch पर्च **I.** *n*[c]. छतरी[F], चक्कस; (rod) डण्डा; (position) टिकान[F] : ~ is a branch or stick on which a bird sits and rests ≈ एक शाखा[F] अथवा छड़ी[F] है जहाँ पक्षी बैठता और आराम करता है. **II.** *v.t.* **1.** बैठना, टिकना : a bird ~ed on a branch चिड़िया एक शाखा[F] पर बैठ गई. **2.** स्थित होना : Ooty is ~ed on a hill ऊटी एक पहाड़ी पर स्थित है.

perchance पर्'चॉन्स/चैन्स *adv.* (perhaps) शायद; (by chance) संयोग से : ~ he may remember me ≈ वह मुझे याद करे; ~ she may come ≈ वह आ जाए.

perfect पर्'फ़िक्ट **I.** *a.* **1.** संपूर्ण, पूरा, (परि) पूर्ण : ~ plan ≈ योजना; he has a ~ set of teeth उसके दाँतों का सेट पूरा है; to attain ~ bliss पूर्ण आनंद प्राप्त करना. **2.** आदर्श, श्रेष्ठ, अनिंद्य [example उदाहरण, specimen नमूना, work काम]; everyone praised him for his ~ character सभी लोगों ने उसके आदर्श चरित्र की प्रशंसा[F] की; his behaviour was ~ उसका व्यवहार अनिंद्य था. **3.** (exact) सही : she wanted everything ~ वह सब कुछ ≈ चाहती थी; the fruit reached here in ~ condition कल ≈ हालत[F] में यहाँ पहुँच गया; this house is ~ for our family यह मकान हमारे परिवार के लिए सही है. **4.** (skilled) निपुण, दक्ष : he is ~ in his job वह अपने काम में ≈ है. **5.** (utter) नितांत : ~ fool बिलकुल बुद्धू; he is a ~ stranger to this place वह इस जगह[F] ≈ अजनबी है. **6.** (gram.) पूर्णकालिक : present ~ tense पूर्ण वर्तमान काल; past ~ tense पूर्ण भूतकाल. [*ant.* imperfect] **II.** पॅर् फ़ेंक्ट' *v.t.* पूर्ण करना, पूरा करना, समाप्त करना : she

works hard to ~ her dance वह अपने नृत्य को पूर्णता[F] तक पहुँचाने के लिए कठिन परिश्रम करती है; try to ~ the work as soon as possible जितना जल्दी संभव हो काम को पूरा करने का प्रयास करो. **perfection** पर् फ़िक् शन' *n*[u]. 1. पूर्णता[F] : to bring smth to ~ किसी चीज़ को ≈ तक लाना; the meat was cooked to ~ मांस को पूरा (पूर्णता तक) पकाया गया था. 2. पूर्ण विकास : poets admire the ~ of a rose कवि गुलाब के ≈ की प्रशंसा[F] करते हैं. 3. he did the work to ~ उसने पूरा काम किया. [*ant.* imperfection] **perfectly** पर् फ़िक्ट'लि *adv.* बिल्कुल, पूरी तरह से : she was ~ happy वह पूरी तरह प्रसन्न थी; the work was done ~ काम पूरी तरह कर दिया गया; she acted her part ~ उसने अपनी भूमिका[F] ≈ निभाई; I understand your objections ~ मैं आपकी आपत्तियों[F] को पूरी तरह समझता हूँ; you are ~ right तुम ≈ सही हो; I made him ~ satisfied मैंने उसे पूरी तरह संतुष्ट कर दिया; he reads ~ well वह बड़े अच्छे ढंग से पढ़ता है; the colour matches ~ रंग पूरी तरह मेल खाता है; the floor should be ~ washed फर्श पूरी तरह धुला होना चाहिए.

perforate पर् फ़ॅ'रेट I. *v.t.* छेद बनाना, छिद्रित करना : the machines ~ the cheques मशीनें चेक को छिद्रित करती हैं; a paper is ~d so that it can be torn easily काग़ज़ को इसलिए छिद्रिल किया जाता है कि उसे आसानी[F] से फाड़ा जा सके. II. *a.* छेददार, सछिद्र, छिद्रित : ~ stamp ≈ स्टाम्प.

perform पर् फ़ॉर्म *v.t.* 1. पूरा करना, संपन्न करना : the chairman ~ed his duties perfectly अध्यक्ष ने अपना कर्तव्य पूरी तरह संपन्न किया; the doctor ~ed an operation डाक्टर ने आपरेशन संपन्न किया; he ~ed his work before time उसने समय से पहले ही अपना काम पूरा कर लिया. 2. (show) प्रदर्शन करना : our team ~ed very well in hockey हमारी टीम[F] ने हाकी में बड़ा अच्छा प्रदर्शन किया. 3. (act) अभिनीत करना, प्रदर्शित करना : what play will be ~ed tonight आज रात[F] किस नाटक का अभिनय होगा? the drama was ~ed by amateurs नाट्क शोकिया लोगों द्वारा अभिनीत किया गया. 4. (of machines, to work) चलना : your scooter ~s well तुम्हारा स्कूटर अच्छा चलता है. **performance** पर् फ़ॉर'मन्स *n.* 1. पालन, अनुपालन, निष्पादन [excellent उत्कृष्ट, perfect पूर्ण]; he went to the city in the ~ of his duty कर्तव्य का पालन करते हुए वह शहर गया. 2. (show) प्रदर्शन [excellent उत्कृष्ट; poor बेकार]; we enjoyed the ~ of the host team very much हमने मेज़बान टीम के प्रदर्शन का बहुत आनंद लिया; the next ~ will be at 8 P.M. अगला प्रदर्शन आठ बजे रात होगा. 3. (acting) अभिनय [good अच्छा, memorable यादगार]; the ~ made by the players was excellent अभिनेताओं का ≈ उत्कृष्ट था; it was a memorable ~ by Raj Kapoor राज कपूर का ≈ एक यादगार था. 4. (ceremony) अनुष्ठान : will you participate in the ~ of the rite, Yagya? क्या तुम इस रस्म[F] यज्ञ के अनुष्ठान में सम्मिलित होगे? 5 (entertainment) तमाशा : it was a wonderful ~, I can never forget it यह एक आश्चर्यजनक ≈ था. मैं इसे कभी नहीं भूल सकता. 6. काम : ~ of a machine किसी मशीन[F] का काम.

perfume पर्'फ़्यूम I. *n.* (fragrance) 1. सुगंध, ख़ुशबू : you like to smell the pleasant ~ of roses तुम गुलाब की सुहावनी सुगंध सूँघना पसंद करते हो; ~ may be sweet as of flowers ≈ भीनी हो सकती है जैसे फूलों की. 2. (liquid) इत्र : she was putting on a strong ~ वह तेज़ इत्र लगाए हुए थी. II. पॅर्'फ़्यूम' *v.t.* इतर लगाना, सुवासित करना : you ~ your face or any part of your body तुम अपने मुँह पर या अपने शरीर के किसी अंग पर इत्र लगाते हो; his handkerchief was ~d उसका रूमाल सुवासित था. **perfumer** पर् फ्यू'मर *n.* अत्तार, इत्रफ़रोश [foreign विदेशी, rich धनी]; a ~ makes or sells perfumes ≈ इत्र बनाता या बेचता है; ~ is a good judge of the quality of otto ≈ इत्र की गुणवत्ता[F] का अच्छा पारखी होता है. **perfumery** पर्'फ़्यू' मरि *n*[c]. (*pl.* perfumeries) सुगंधशाला : he is the proprietor of a ~ वह एक ≈ का मालिक है.

perhaps पर्'हैप्स' *adv.* शायद : ~ he will come today ≈ वह आज आएगा; ~ he did not know anything about it ≈ वह इसके बारे में कुछ नहीं जानता था; you are going to a party ~ तुम ≈ किसी पार्टी में जा रहे हो; we have met somewhere, ~ हम कहीं मिले थे, शायद; will he come? ~ not क्या वह आएगा, ≈ नहीं. [*ant.* certainly]

peril पें'रिल **I.** n^c. जोखिम, ख़तरा, संकट : terrible ~ भयंकर ≈; sailors are in ~ when at sea नाविक जब समुद्र में होते हैं तो ख़तरे में रहते हैं; mind the ~s of mining खदान के ख़तरों से बचो; to do smth at one's ~ अपने जोखिम पर कुछ करना. **II.** *v.t.* जोख़िम में डालना, ख़तरे या संकट में डालना : this will not ~ you यह तुम्हें ख़तरे में नहीं डालेगा; don't ~ your life अपनी जान^F जोखिम/संकट में मत डालो. **perilous** पें'रिलस *a.* ख़तरनाक, संकटपूर्ण [adventure साहसिक कार्य, voyage समुद्री यात्रा^{F}]; they set out on a ~ climb up the mountain वे पर्वत की ≈ चढ़ाई^F पर चल पड़े.

period पिअ'रिअड n^c. **1.** (definite portion of time) अवधि^{F}, मियाद^F, कालावधि [long लंबी, short थोड़ी]; happiest ~ in one's life किसी के जीवन की सबसे सुखद अवधि; for a short ~ of time बहुत थोड़ी कालावधि तक. **2.** (era) युग, काल, समय : Mughal ~ मुग़ल काल; the ~ of the French Revolution फ्रांस की क्रांति^{F} का समय; an important ~ in history इतिहास का महत्वपूर्ण युग; the ~ of great scientific discoveries विज्ञान की महान खोजों^{F} का युग. **3.** (of a planet) परिक्रमण काल : what is the period taken by the earth to go round about the sun पृथ्वी का सूर्य के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने का परिभ्रमण काल कितना है ? **4.** (of class) घंटा : history ~ इतिहास का घंटा; perhaps this ~ is vacant शायद यह ≈ ख़ाली है. **5.** (full stop) पूर्ण-विराम : you put a ~ at the end of a sentence तुम वाक्य के अंत में ≈ लगाते हो. **periodical** पिअरि ऑ'डिकल **I.** n^c. पत्रिका : he was the publisher of a ~ वह एक पत्रिका^{F} का प्रकाशक था. **II.** *a.* (recurring) मियादी, नियतकालिक [attack of fever बुख़ार का प्रकोप, magazine पत्रिका^{F}, tour दौरा].

perish पें'रिश *v.i.* **1.** नष्ट हो जाना, मर जाना : thousands ~ed in the earthquake in 1993 हज़ारों लोग 1993 के भूकंप में मर गए. **2.** मुरझा जाना : plants ~ for want of rain वर्षा^{F} की कमी से पौधे मुरझा गए. **3.** सड़ जाना : some fruits ~ easily in transit कुछ फल जल्दी ही रास्ते में सड़ जाते हैं. **perishable** पे'रिशॅबल **I.** *a.* **1.** बिगड़ने वाला : milk is a ~ product दूध ≈ उत्पाद है. **2.** (transitory) नश्वर, नाशवान, विनाशी [body शरीर, world संसार]; the soul is not ~ आत्मा^{F} ≈ नहीं है; everything in the world is of a ~ nature संसार में सब कुछ ≈ प्रकृति^{F} का है. [*ant.* im ~] **II.** (*pl.n.*) नष्ट हो जाने वाला सामान.

permanence पर्'मॅनन्स n^u. स्थायित्व : ~ of employment रोज़गार का ≈; they could not guarantee ~ of service वे नौकरी^{F} के ≈ की गारंटी^{F} नहीं ले सकते. **permanent** पर्'मॅनन्ट *a.* स्थायी [address पता, feature लक्षण या स्वरूप, income आमदनी^{F}, occupation व्यवसाय, residence आवास]; his service is not ~ उसकी नौकरी^{F} स्थायी नहीं है; he sold all his ~ property at a very low price उसने अपनी सारी स्थायी संपत्ति^{F} बहुत कम मूल्य पर बेच दी. [*ant.* temporary] **permanently** पर्'मॅनन्टलि *adv.* स्थायी रूप से : his income amount to Rs. 16,000 ~ ≈ उसकी आमदनी^{F} 16,000 रुपया है; he lives in London ~ वह लंदन में ≈ रहता है.

permissible पर् मि'सॅबल *a.* अनुज्ञेय [conduct आचरण, food खाना, leave छुट्टी]; it is not ~ to bring dogs into the Zoo चिड़िया घर में कुत्ते ले जाने की इजाज़त^F नहीं है; so much luggage is ~ इतना सामान ले जा सकते हैं. **permission** पर् मि'शन *n.* अनुमति^{F}, अनुज्ञा^{F}, इजाज़त^F : ~ was granted immediately ≈ तुरंत दे दी गई; with your ~, I now leave आपकी अनुमति से मैं अब जाता हूँ; if you wish to go home you must ask for ~ from the headmaster यदि तुम घर जाना चाहते हो तो तुम्हें

प्रधानाध्यापक से अनुमति लेनी चाहिए; he is going without ~ वह बिना ≈ के जा रहा है.

permit पर् मिट' *v.t.* (-tt-) अनुज्ञा^F या इजाज़त^F देना, करने देना : please ~ me to stay here कृपया मुझे यहाँ रुकने की ≈ दीजिए; smoking is ~ted here यहाँ धूम्रपान करने की इजाज़त है; ~ smb to do smth किसी को कुछ करने देना; I will come if the weather ~s यदि मौसम ने आने दिया तो मैं आऊँगा; he was not ~ted to play उसे खेलने की अनुज्ञा नहीं थी; ~ a person to leave व्यक्ति को जाने दो; ~ me to use your camera मुझे अपने कैमरे का प्रयोग करने की अनुमति दीजिए; weather ~ting यदि मौसम ठीक रहा. **II.** पर्'मिट *n*^c. अनुमति-पत्र, परमिट, अनुज्ञा-पत्र : obtain a ~ from the office कार्यालय से ≈ प्राप्त करना; ~ from the officer to collect money अधिकारी से धन इकट्ठा करने की अनुज्ञा.

perpetrate पर् पिट्रेट' *v.t.* करना, कर बैठना : to ~ a crime अपराध कर बैठना; to ~ a blunder बड़ी भूल^F ≈. [*n.* perpetration]

perpetual पर् पें'ट्यूअल *a.* **1.** (continuous) लगातार, अविच्छिन्न, अविरत, [~ pain कष्ट, quarrel झगड़ा, rain बरसात^F]; ~ motion of earth पृथ्वी^F की लगातार गति^F; ~ snow on the Himalayas हिमालय पर ≈ बर्फ़; ~ noise of the machine मशीन^F का ≈ शोर. **2.** (permanent) चिरस्थायी, बेमियादी : ~ lease ≈ पट्टा. **perpetually** पर् पें'ट्यूअलि *adv.* **1.** अनंत काल तक : the moon will remain ~ चंद्रमा अनंतकाल तक रहेगा. **2.** निरंतर, बराबर : it snows ~ on the Himalayas हिमालय पर (लगातार) निरंतर बर्फ़ पड़ती रहती है.

perplex पर् प्लें'क्स' *v.t.* **1** घबड़ा देना, परेशान करना, गड़बड़ा देना : Satish was ~ed by the failure सतीश असफलता^F से घबड़ाया हुआ था; we were ~ed about which to take हम घबड़ा गए थे कि हमें कौन-सा लेना है; this problem ~es me यह समस्या^F मुझे परेशान करती है; it has ~ed my mind इसने मेरे जी को गड़बड़ा दिया है; do not ~ me मुझे परेशान मत करो. **2.** उलझाना : to ~ an issue मामला उलझा देना; contradictory statements have ~ed my mind विरोधी वक्तव्यों से मेरा मन उलझन में पड़ गया है. **perplexity** पर् प्लें'क्'सिटि *n.* **1.** घबड़ाहट^F, परेशानी^F, असमंजस, गड़बड़ी^F : his conduct is a ~ to me उसका आचरण मेरे लिए एक परेशानी है. **2.** उलझन^F : circumstances have caused ~ in my mind परिस्थितियों^F ने मेरे मन में ≈ डाल दी है.

persecute पर्'सिक्यूट *v.t.* सताना, उत्पीड़ित करना : Changes Khan ~d thousands of people चंगेज़ खाँ ने हज़ारों लोगों को उत्पीड़ित किया; Hitler ~d the Jews हिटलर ने यहूदियों को सताया. [*cf.* prosecute]

persevere पर् सि व़िअर' *v.i.* दृढ़ रहना, लगा रहना, करता रहना : she ~s in her studies वह अपने अध्ययन में लगी रहती है; you have to ~ steadily to achieve your object तुम्हें अपना उद्देश्य प्राप्त करने के लिए दृढ़ता^F से लगे रहना है; he never ~d and always fails वह कभी भी दृढ़ प्रतिज्ञ नहीं रहता और हमेशा असफल होता है; to ~ **at/with** one's work अपने काम में डटे रहना. [*ant.* waver] **persevering** पर् सि विअ'रिङ्ग *a.* धुन^F का पक्का : ~ and industrious students always succeed in their examination धुन के पक्के और परिश्रमी विद्यार्थी परीक्षा^F में सदा सफल होते हैं.

persist पर् सिस्ट' *v.i.* डटे रहना, अड़ जाना, दृढ़ रहना, बना रहना : he ~s **in** biting his nail वह अपना नाखून काटता रहता है; you should not ~ **in** breaking the law तुम्हें कानून का उल्लंघन करने का आग्रह नहीं करना चाहिए; cold weather still ~s in February ठंडा मौसम फरवरी में भी बना हुआ है; his bad habit ~s even today उसकी बुरी आदत^F आज भी बनी हुई है; he did not ~ **in** his opinion वह अपने मत पर दृढ़ नहीं रहा. **persistent** पर् सिस्'टन्ट *a.* **1.** दृढ़, अटल, पक्का : he was ~ in the work alloted to him वह अपने दिए हुए काम में दृढ़ रहा. **2.** दुराग्रही, ज़िद्दी : the shopkeeper was very ~ but I bought the fridge दुकानदार बहुत ही ≈ था पर मैंने फ्रिज खरीद ही लिया. **3.** (continued) निरंतर, लगातार, सतत : the rain was ~ बारिश^F ≈ होती रही; he made ~ efforts उसने ≈

प्रयास किए.
person पर्'सन *n*[c]. **1.** व्यक्ति [clever चतुर, educated शिक्षित, fat मोटा, great महान, important महत्वपूर्ण, interesting दिलचस्प, lucky भाग्यशाली, nice बढ़िया, poor गरीब, rich धनी]; the two ~s stood behind him दो व्यक्ति उसके पीछे खड़े थे; he is a middle-aged ~ वह अधेड़ उम्र का ≈ है; what kind of ~ is she? वह किस प्रकार की ≈ है; there was not a single ~ at the platform प्लेटफ़ार्म पर एक भी व्यक्ति नहीं था; she has always been a ~ of firm character वह हमेशा दृढ़ चरित्र वाली रही है; no ~ may enter this gate without my permission कोई भी ≈ बिना मेरी अनुमति[F] के इस फाटक के अंदर न जाए, who was that ~ you were talking to वह व्यक्ति कौन था जिससे तुम बातें[F] कर रहे थे. **2.** शरीर : the police found one bomb on his ~ पुलिस[F] को उसके ≈ से एक बम मिला. **in ~** स्वयं, साक्षात् : he should appear in ~ उसे सदेह/स्वयं उपस्थित होना चाहिए. **3.** (gram.) पुरुष : first ~ उत्तम ≈; second ~ मध्यम ~; third ~ अन्य ≈; there are three ~s in English and Hindi अंग्रेजी और हिंदी में तीन पुरुष होते हैं; 'I' and 'we' are first ~ pronouns 'मैं' और 'हम' उत्तम ≈ सर्वनाम हैं; 'thou' & 'you' second ~ 'तू' और 'तुम' मध्यम ≈ सर्वनाम हैं; he/she/it and 'they' are third ~ वह, यह और वे ये अन्य ≈ सर्वनाम हैं. **personal** पर्'सॅनल *a.* **1.** निजी, अपना [contribution योगदान, effects सामान, example उदाहरण, matter मामला, responsibility ज़िम्मेवारी[F], saving बचत[F]]. **2.** व्यक्तिगत [letter पत्र, visit भेंट[F]]; that was my ~ opinion वह मेरा ≈ मत था; in ~ capacity he is my friend ≈ रूप में वह मेरा मित्र है; he never accepts his ~ liability वह अपना ≈ दायित्व कभी नहीं स्वीकार करता. **3.** स्वयं का : ~ appearance, ~ interview स्वयं की उपस्थिति[F], स्वयं का साक्षात्कार. **4.** शारीरिक : ~ hygiene ≈ सफ़ाई[F]. **5.** (gram.) पुरुषवाचक; ~ pronoun ≈ सर्वनाम. [*cf.* personnel] **personality** पॅर् सॅ नै'लिटि *n*[uc]. व्यक्तित्व [imposing रोबदार, impressive प्रभावशाली, weak कमज़ोर]; this man has a wonderful ~ इस व्यक्ति का ≈ अद्भुत है; his ~ changed after illness उसका व्यक्तित्व बीमारी[F] के बाद बदल गया; he has a grand ~ उसका ≈ भव्य है. **2.** बड़ा आदमी : he is a well known ~ वह सुप्रसिद्ध व्यक्ति है. **3.** to indulge in personalities व्यक्ति की निंदा करना. **personally** पॅर्'सॅनलि *adv.* खुद, स्वयं, व्यक्तिगत रूप से : I went there ~ मैं वहाँ ≈ गया; I know him ~ मैं उसे व्यक्तिगत रूप से जानता हूँ; I ~ believe that he is dishonest मैं व्यक्तिगत रूप से मानता हूँ कि वह बेईमान है; ~ she may be charming but she is not trained वह व्यक्तिगत तौर पर आकर्षक हो लेकिन वह प्रशिक्षित नहीं है; the President ~ gave that prize to me राष्ट्रपति ने व्यक्तिगत तौर पर (खुद) मुझे वह पुरस्कार दिया; I like him ~ मैं उसे व्यक्तिगत तौर से चाहता हूँ. **personify** पर् सॉ' निफ़ाइ *v.t.* **1.** मानवीकरण करना, व्यक्तित्व का आरोप करना : poets often ~ the nature कवि अधिकांशतः प्रकृति[F] का मानवीकरण करते हैं; ship is personified as she शिप (जहाज़) का 'शी' (स्त्रीलिंग) में मानवीकरण किया गया है; the Vedic rishis personified many objects of nature वेदकालीन ऋषियों ने प्रकृति[F] के कई पदार्थों का मानवीकरण किया है; with the Hindus Ganga is a personified goddess हिंदुओं के लिए गंगा[F] मानवीकृत देवी है; many objects are personified by the poet बहुत-सी चीज़ें कवि द्वारा मानवीकृत हो जाती हैं. **2.** का आदर्श प्रस्तुत करना : his mother personified everything for her उसकी माँ उसके लिए हर बात की आदर्श थी.

personnel पर्स नैं'ल' *n*[u]. कर्मचारीगण, कार्मिक (वर्ग) [cautious सतर्क, inactive सुस्त, sincere सच्चे]; the ~ of the airlines are on strike एअरलाइन्स के कर्मचारी हड़ताल[F] पर हैं; entire ~ of the factory कारख़ाने के सभी कर्मचारी; the ~ of the hospital अस्पताल के ≈; ~ in the office should be increased कार्यालय के कर्मियों की संख्या[F] बढ़ानी चाहिए. [*as distinct from* personal]
perspire पर्स पाइअर' *v.t.* पसीना बहाना, पसीना

आना [heavily भारी, lightly हल्के ढंग से]; you ~ in hot weather तुम्हें गर्म मौसम में पसीना आता है; when you ~, drops of sweet form on your skin जब तुम्हें पसीना आता है तो तुम्हारी चमड़ी^F पर पसीनें की बूँदें^F बन जाती हैं. [*n*. perspiration पसीना]

persuade पर् स्वेड' *v.t.* **1.** मनाना, राज़ी करना : I ~d my friend to marry that girl मैंने अपने मित्र को राज़ी कर लिया कि वह उस लड़की से शादी कर ले; we tried to ~ him to postpone his departure हमने उसे अपनी यात्रा^F स्थगित करने के लिए राज़ी करने का प्रयास किया; ~ him to do smth about it इस बारे में कुछ करने के लिए उसे राज़ी कीजिए; he ~d the boy to lend his bicycle उसने लड़के को अपनी साइकिल देने के लिए मना लिया, राज़ी किया. **2.** (convince) कायल करना, आश्वस्त करना, स्वीकार कराना : that argument won't ~ anybody वह तर्क किसी को कायल नहीं कर सकेगा; she can be easily ~d उसे आसानी^F से कायल किया जा सकता है; I ~d him that I was not against his interest मैंने उसे आश्वस्त किया कि मैं उसके हित के विरुद्ध नहीं हूँ. [*n*. persuasion]

pert पर्ट *a.* गुस्ताख़, उद्धत, धृष्ट [girl लड़की, servant नौकर, youngster लड़का]; no one likes a ~ boy कोई भी धृष्ट लड़के को पसंद नहीं करता; he is ~ in speech though not in manners वह अपने रहन-सहन में तो नहीं किंतु भाषण में धृष्ट है.

pertain पर् टेन' *v.t.* (~ to) का होना, से संबंध रखना : all this land ~d **to** the school यह सारी ज़मीन^F स्कूल की है; the advantage that ~s **to** youth लाभ जो युवकों के लिए होता है; books that ~ **to** your subject किताबें^F जो तुम्हारे विषय से संबंधित हों; this kind of weakness ~s **to** old age इस प्रकार की कमज़ोरी^F बुढ़ापे में होती है (से संबंधित है).

pertinent पर्'टिनन्ट *a.* **1.** संगत, प्रासंगिक [question प्रश्न, remark उल्लेख/टिप्पण]; to try to make the questions ~ प्रश्नों को प्रासंगिक बनाने का प्रयास करना. **2.** (proper) उपयुक्त : this point is not ~ to the subject of discussion यह बिंदु बहस^F के विषय के लिए उपयुक्त नहीं है.

perturb पर्'टर्ब *v.t.* अस्त-व्यस्त करना, घबड़ा देना, बेचैन या उद्विग्न कर देना, he is never ~ed by difficulties वह कठिनाइयों^F से कभी घबराता नहीं है; she was not at all ~ed by the news वह इस समाचार से बिल्कुल नहीं घबराई; children's noise ~s me बच्चों का शोर मुझे बेचैन करता है; I was ~ed by Mohan's provocation मैं मोहन की छेड़खानी^F के कारण बेचैन था; it was a ~ing affair यह बेचैन कर देने वाला मामला था.

pervade पर् वेड' *v.t.* में फैल जाना, में व्याप्त होना, छा जाना : the perfume ~d the whole room इत्र पूरे कमरे में फैल गया; the fear ~d their mind उनके मन में भय छा गया; this feeling ~s his thinking यह भावना उसकी सोच में छायी है.

perverse पर् वर्स' *a.* **1.** (perverted) विकृत, भ्रान्त : ~ behaviour = व्यवहार, ~views = विचार. **2.** (wicked) दुष्ट [employee कर्मचारी, mentality मानसिकता^F]; I have never seen such a ~ servant मैंने ऐसा दुष्ट नौकर कभी नहीं देखा. **3.** (stubborn) दुराग्रही, अड़ियल, ज़िद्दी : this student is too ~, I cannot persuade him यह छात्र बहुत ही = है, मैं इसे राज़ी नही कर सकता.

pessimism पें'सिमिज़्म *n*^u. निराशावाद : ~ does not help progress = विकास में सहायक नहीं होता; ~ consists in looking at the dark side of things = किसी चीज़ का अंधेरा पक्ष देखना है. **pessimist** पें'सिमिस्ट *n*^c. निराशावादी : a ~ takes a gloomy view of things = किसी चीज़ का अंधकारमय पक्ष देखता है. **pessimistic** पें सि मिस्'टिक *a.* **1.** निराशावादी [attitude दृष्टिकोण, view विचार]; I do not believe in ~ thinking मैं = सोच में विश्वास नहीं करता; he feels ~ about this matter वह इस मामले में = है. **2.** निराशाजनक : his outlook is ~ उसका दृष्टिकोण = है.

pest पेंस्ट *n*^c. **1.** (nuisance) आफ़त^F, बला^F : he could not escape the ~ वह इस = से बच न सका; this mischievous child is a ~, indeed यह दुष्ट लड़का सचमुच एक = है. **2.** (vermin) पीड़क कीड़ा या जंतु; नाशी जीव : ~s eat crops नाशी जंतु फ़सल खा जाते हैं;

mice and flies are ~s चुहियाँ[F] और मक्खियाँ[F] नाशी जीव हैं. **pester** पॆं'स्'टर *v.t.* सताना, परेशान करना, तंग करना : flies ~ed our picnic party मक्खियों ने हमारी पिकनिक पार्टी में परेशानी[F] पैदा कर दी; boys ~ cricketers for their autographs लड़के क्रिकेट खिलाड़ियों को उनके आटोग्राफ के लिए परेशान करते हैं; journalists ~ed the leader with questions पत्रकारों ने नेताओं को प्रश्न कर-करके तंग कर दिया.

pet पॆंट **I.** *n*[c]. **1.** पालतू या दुलारा जीव : I had two cats as ~s मेरे पास दो बिल्लियाँ पालतू थीं; parrot as a ~ पालतू जीव के रूप में तोता. **2.** कृपापात्र, दुलारा : he is the ~ of the teacher वह अध्यापक का ≈ है. **II.** *a.* प्रिय, दुलारा, लाड़ला, विशेष : ~ name दुलार का नाम; history is my ~ subject इतिहास मेरा प्रिय विषय है; he is a ~ child of his parents वह अपने माँ-बाप का दुलारा बच्चा है; Mangu is his ~ name मंगू उसका दुलार का नाम है. **III.** *v.t.* दुलारना : she ~s her dog वह अपने कुत्ते को दुलारती है : to ~ a baby बच्चे से लाड़-प्यार करना.

petal पॆं'टल *n*[c]. पंखुड़ी[F], दल : ~ of a flower is soft to touch फूल की पंखुड़ी छूने में कोमल होती है; ~s were scattered on the bride दुलहिन पर पंखुड़ियाँ बिखराई गईं; ~s of this rose are light इस गुलाब की पंखुड़ियाँ हल्के लाल रंग की हैं.

petition प टि'शन **I.** *n*[c]. आवेदन, अर्ज़ी[F], याचना[F], निवेदनपत्र, (law), याचिका[F] : to file a ~ याचिका दायर करना; the court received the ~ न्यायालय ने याचिका स्वीकार कर ली; the ~ was signed by many persons अर्ज़ी पर कई लोगों के हस्ताक्षर थे; the students signed a ~ asking for holiday छात्रों ने छुट्टी माँगने के लिए एक आवेदन पर हस्ताक्षर किए. **II.** *v.t.* निवेदन करना : to ~ smb to do smth किसी से कुछ करने का ≈; to ~ the government to revise its decision अपने निर्णय का पुनरीक्षण करने के लिए सरकार[F] से निवेदन करना; ~ the higher authority for mercy उच्च प्राधिकारी से दया[F] के लिए निवेदन कीजिए.

petrol पॆं'ट्रल *n*[u]. पेट्रोल : ~ is a short form of petroleum ≈ पेट्रोलियम का संक्षिप्त रूप है; ~ makes the engine work ≈ इंजन को चलाता है; buy the ~ and have some in reserve पेट्रोल खरीदो और कुछ सुरक्षित रख लो.

petticoat पॆं'टिकोट *n.* **1.** (underskirt) पेटीकोट, साया : ~ government तिरियाराज/स्त्रीराज्य; ~ is an undergarment worn by women ≈ स्त्रियों द्वारा पहना जाने वाला अधोवस्त्र होता है. **2.** (of children) झगा.

petty पॆं'टि *a.* **1.** नगण्य, छोटा-मोटा [affair मामला, crime अपराध, details विवरण, farmer किसान, mistake गलती[F], officer अधिकारी]; ~cash छुट्टा; ~ expenses खुंदरा खर्च; ~ acts of kindness दयालुता[F] का छोटा-मोटा काम; do not bother the head master for such a ~ matter इस प्रकार के छोटे-मोटे काम के लिए प्रधानाध्यापक को परेशान मत करो. **2.** (mean) क्षुद्र, नीच : ~ remark क्षुद्र टिप्पणी[F]; he is the ~ fellow in our school हमारे विद्यालय में वही नीच व्यक्ति है. **3.** (subordinate) अवर, अधीनस्थ : I went to the office and met the ~ officer मैं कार्यालय जाकर ≈ अधिकारी से मिला.

P.F. Provident Fund.

P.G. Paying Guest.

phantom फ़ैन्'टम *n*[c]. साया, भूत, प्रेत : imaginary ~ काल्पनिक ≈; ~ of fear भय का भूत; ~s are seen in the night by superstitious people भूत रात में अंधविश्वासी लोगों द्वारा देखे जाते हैं; ~s trouble him in his dreams भूत उसे स्वप्न में परेशान करते हैं.

pharmacy फ़ॉर्'मसि **I.** *n*[c]. औषधालय, औषधशाला : medicines are prepared or sold in the ~ दवाएँ ≈ में तैयार की जाती अथवा बेची जाती हैं; this ~ collects a number of herbs यह ≈ बहुत-सी जड़ी-बूटियों का संग्रह करता है. **II.** *n*[u]. औषधविज्ञान : he is a student of ~ वह ≈ का छात्र है.

phase फ़ेज़ *n*[c]. **1.** अवस्था[F], दशा[F], स्थिति[F] : the first ~ of the war, plan युद्ध-योजना[F] की पहली ≈; ~ of illness बीमारी[F] की ≈;

revolutions are ~s in a life of every nation क्रांतियाँ प्रत्येक राष्ट्र के जीवन की स्थितियाँ हैं. **2.** (aspect) पहलू, पक्ष : this ~ of life will be miserable जीवन का यह ≈ कष्टमय होगा; it is the most attractive ~ of her character उसके चरित्र का यह सबसे आकर्षक ≈ है. **3.** (astr.) कला^{F} : ~s of the moon चंद्रमा की कलाएँ.

Ph.D. Doctor of Philosophy.

Phil. Philosophy.

philanthropist फि लैन्'थ्रॅपिस्ट *n*^{c}. मानवप्रेमी : लोकोपकारक, दानी : a ~ gave us this park एक दानी ने यह पार्क हमें दिया; King Harsha was a liberal ~ राजा हर्ष उदार ≈ थे; J.R.D. Tata was a great ~ जे. आर. डी. टाटा एक महान् ≈ थे. [*n*. philanthropy]

philosopher फि लॉ'सॅफ़र *n*^{c}. दार्शनिक [Greek यूनानी, Indian भारतीय, prominent प्रसिद्ध]; Dr. Radhakrishnan was a ~ of international renown डॉ राधाकृष्णन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति^{F} के ≈ थे; you are quite a ~ तुम तो निपट ≈ हो; ~'s stone is an imaginary stone which turns metal into gold पारस-पत्थर एक काल्पनिक पत्थर है जो धातु को सोने में बदल देता है. **philosophical** फ़िलॅ सॉ'फ़िकल *a*. दार्शनिक : ~ thoughts ≈ विचार; he is a ~ minded student वह ≈ वृत्ति^{F} का छात्र है. **philosophy** फ़ि लॉ'सॅफ़ि *n*. दर्शन (शास्त्र) : ~ is the study of life ≈ जीवन का अध्ययन है; can you explain to me the ~ of Aristotle? क्या आप मुझे अरस्तू के दर्शन की व्याख्या^{F} कर सकते हैं? the ~ of Karma Yoga, as propounded in the Gita कर्म योग दर्शन, जैसा कि गीता^{F} में प्रतिपादित किया गया है. **moral** ~ नीतिशास्त्र.

phone फ़ोन **I.** *n*. **1.** (sound) ध्वनि^{F} : a study of ~s ध्वनियों का अध्ययन. **2.** (telephone) टेलीफ़ोन. *q.v.* **II.** *v.t.* (टेली) फ़ोन करना : I have ~d my parents to come मैंने अपने माता-पिता को आने के लिए फ़ोन कर दिया है; I will ~ you the news मैं तुम्हें फ़ोन पर समाचार दूँगा. **phonetic** फ़ नें'टिक *a*. ध्वन्यात्मक : ~ transcription ≈ प्रतिलेख; Sanskrit has ~ spellings संस्कृत की ≈ वर्तनी^{F} है; ~ spelling of 'rise' is 'riz' यह ≈ वर्तनी है.

photo = photograph; *pl*. photos.

photograph फ़ो'टॅग्राफ़ **I.** *n*^{c}. फ़ोटो, छायाचित्र [colour रंगीन, good अच्छा, old पुराना]; look at the ~ फ़ोटो (की तरफ़) देखो; she showed me ~s of her family उसने मुझे अपने परिवार के ≈ दिखाए; take the ~ ≈ लो (खींचो); I took the ~ of my sister मैंने अपनी बहन का फ़ोटो लिया; have you seen my ~ क्या तुमने मेरा ≈ देखा? **II.** *v.t.* फ़ोटो/छायाचित्र लेना या खींचना : he ~ed the team उसने टीम का छायाचित्र लिया. **photographer** फ़ॅ टॉ'ग्रफ़र *n*^{c}. फ़ोटोग्राफर, छायाचित्रकार [famous प्रसिद्ध, hopeless बेकार]; ~ takes photographs ≈ फ़ोटो खींचता/लेता है; he is the single ~ in the town कस्बे में वह अकेला ≈ है. **photography** फ़ टॉ'ग्रफ़ि *n*^{c}. फ़ोटोग्राफ़ी, छायाचित्रण : ~ is an art of producing photos ≈ फ़ोटो बनाने की एक कला^{F} है; I tried to learn ~ and spoiled many films मैंने ≈ सीखने का प्रयास किया और कई फ़िल्म बरबाद कर दिए.

phr. phrase

phrase फ़्रेज़ **I.** *n*^{c}. **1.** (gram.) वाक्यांश, पदबंध : ~ is not a complete sentence ≈ पूरा वाक्य नहीं होता. **noun** ~ (as, a man of letters) संज्ञा ≈ (जैसे, साहित्यिक व्यक्ति); **adverbial** ~ (having gone there) क्रिया-विशेषण ≈ (वहीं जाकर); adjectival ~ (perfectly honest) विशेषण ≈ (पूरा ईमानदार). **2.** (expression) मुहावरा, सूक्त : he often uses ~s in his talk वह अपनी बात^F में प्रायः सूक्तों का प्रयोग करता है : our teacher usually talks in ~s हमारे अध्यापक प्रायः मुहावरों में बात^F करते हैं. **II.** *v.t.* (शब्दों में) व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना : I ~d my request suitably मैंने अपनी प्रार्थना^{F} उपयुक्त शब्दों में की.

physical फि'ज़िकल *a*. **1.** (of body) शारीरिक [condition दशा^{F}, exercise व्यायाम, labour परिश्रम, strength शक्ति^{F}, work कार्य]; ~ fitness ≈ योग्यता^{F}; he suffers from ~ weakness उसे ≈ दुर्बलता^{F} का कष्ट है; he

lacks ~ strength उसमें शारीरिक बल की कमी^F है. [*ant.* spiritual] **2.** (of nature) प्राकृतिक : ~ Geography ≈ या भौतिक भूगोल; ~ map ≈ मानचित्र. **3.** (material) भौतिक : ~ happiness ≈ सुख; ~ science भौतिकीय रसायन; ~ things ≈ पदार्थ; you must fulfil the ~ requirements तुम्हें ≈ आवश्यकताओं^F की पूर्ति^F करनी चाहिए. **physically** फ़ि'ज़िकलि *adv.* प्राकृतिक नियम के अनुसार, शरीर से (की दृष्टि^F से) : he cannot do the work, for ~ he is very weak वह काम नहीं कर सकता क्योंकि शरीर (की दृष्टि) से वह बहुत कमज़ोर है. **physician** फ़ि ज़ि'शन *n.* काय-चिकित्सक, वैद्य, हकीम [experienced अनुभवी, expert कुशल, noted जाने-माने]; a ~ does not operate ≈ चीरफाड़^F नहीं करता; the best ~ in the town is Dr. Mittal शहर में सबसे अच्छे ≈ डॉ. मित्तल हैं. **physics** फ़ि'ज़िक्स *n.* (*pl.* n. used in singular) भौतिकी^F, भौतिक-शास्त्र : ~ is the study of natural forces such as light, heat, electricity, sound, etc. ≈ प्राकृतिक बल जैसे प्रकाश, ऊष्मा^F, बिजली^F, ध्वनि^F, इत्यादि का अध्ययन है; an expert in ~ is a physicist ≈ का विशेषज्ञ भौतिक-शास्त्री होता है. **physiology** फ़िज़ि ऑ'लॅजि *n.* शरीरविज्ञान, (शरीर) क्रिया-विज्ञान, दैहिकी^F : ~ is concerned with the study of how the bodies work शरीर क्रिया-विज्ञान का संबंध इस अध्ययन से है कि शरीर कैसे काम करता है; ~ is a subject in 9th (lower) classes ≈ नौ (निचली) कक्षाओं में एक विषय होता है. **physique** फ़िज़ीक' *n*^u. शरीर-गठन, डील-डौल [sickly रुग्ण, sturdy मज़बूत]; this boxer has an excellent ~ इस बॉक्सर का ≈ बढ़िया है.

piano पि ऐ'नो *n*^c. (*pl.* pianos) पियानो : to play the ~ ≈ बजाना; she accompanied on the ~ उसने ≈ पर संगत की.

plough प्लॉउ **I.** *n*[c]. **1.** हल : the farmers use ~s for ploughing their fields किसान अपने खेतों की जुताई[F] के लिए ≈ का प्रयोग करते हैं; a ~ turns over the earth ≈ मिट्टी को पलट देता है. **2.** कृषि[F], काश्त[F] : this field is under the ~ इस खेत में ≈ होती है. **II.** *v.t.* हल चलाना, जोतना : ~ the field खेत में हल चलाओ, खेत की जुताई[F] करो; the field had just been ~ed खेत की जुताई[F] अभी की गई थी; I cannot ~ the field yet मैं अभी खेत की जुताई[F] नहीं कर सकता. Δ **to ~ the sands** व्यर्थ काम करना. ~ **man** *n*[c]. (-men) हलवाहा [hardworking मेहनती, poor गरीब]; a ~ starts ~ing the field before sunrise एक ≈ सूर्य निकलने के पहले अपना खेत जोतना प्रारंभ करता है; he is a ~ not a peasant वह किसान नहीं एक ≈ है. **~share** *n*[c]. फाल : ~ is made of metal ≈ धातु[F] का बना होता है; a ploughman cannot plough the field without a sharp ~ हलवाहा बिना तेज़ ≈ के खेत नहीं जोत सकता.

plow प्लॉउ (U.S.) = plough

pluck प्लॅक **I.** *v.t.* **1.** (pick) तोड़ना, बीनना : do not ~ flowers फूल मत तोड़ो. **2.** (pull, out) नोचना, उखाड़ना : the cook ~ed the hen before he cooked it रसोइये ने उसके पकाने से पहले मुर्गे के पंख नोच दिए. Δ **to have a crow to ~ with smb** किसी के दोष निकालना. **3.** (snatch) छीनना : the dog ~ed the bread from the hand of the child कुत्ता बच्चे के हाथ से रोटी[F] का टुकड़ा छीन ले गया. **4.** (in exam.) अनुत्तीर्ण कर देना : the boy was ~ed by the teacher deliberately लड़के को जानबूझकर अध्यापक ने अनुत्तीर्ण कर दिया; she was /got ~ed in the examination वह परीक्षा में फेल हो गई. **II.** *n*[u]. **1.** (jerk) झटका : to skin a rabbit with a ~ झटके से खरगोश की खाल उतार लेना. **2.** (courage) हिम्मत[F], साहस, कलेजा, जीवट [amazing आश्चर्यजनक, unbelieveable अविश्वसनीय]; the little boy was full of ~ छोटे लड़के में साहस भरा था; the mountain climbers need much ~ पर्वतारोहियों को बड़े साहस/कलेजे की जरूरत[F] होती है; few people have the ~ to face the bull थोड़े लोगों में ही साँड़ से सामना करने की हिम्मत होती है. [*a.* plucky]

plug प्लग **I.** *n*[c]. **1.** डाट; ~ stops water from running out डाट पानी के प्रवाह को रोक देता है; use the ~ to shut the mouth of the bottle बोतल का मुँह बंद करने के लिए ≈ का इस्तेमाल करो. **2.** (for the ear) ठेंठी[F]: she uses ~ in the ear वह कान में ठेंठी का प्रयोग करती है. **2.** (of tobacco) बट्टी[F]. **3.** (electr.) प्लग : a ~ has two or three pins ≈ में दो या तीन पिन होते हैं; ~ is used to make the electric light off and on ≈ का प्रयोग बिजली[F] की बत्ती[F] को बुझाने और जलाने के लिए किया जाता है. **II.** *v.t.* (-gg-) डाट लगाना, बंद कर देना : ~ carefully सावधानी[F] से ≈; how should I ~ (up) this hole in the utensil बर्तन में छिद्र को कैसे बंद करूँ; the leaking pipe was ~ged लीक करने वाले पंप को डाट लगाकर बंद कर दिया गया; the servant did not ~ the bottle नौकर ने बोतल को डाट नहीं लगाया.

plum प्लम *n*[c]. आलूचा, आलूबुख़ारा [ripe पका, sour खट्टा, sweet मीठा]; ~ is a juicy fruit ≈ एक रसदार फल होता है; ~ s are red, green, yellow and purple आलूबुख़ारे लाल, हरे, पीले और बैंगनी होते हैं. **~tree** ≈ का पेड़.

plumage प्लू'मिज *n*[c]. पंख, पक्षसमूह : a bird's ~ चिड़िया[F] के पंख.

plumber प्ल'मर *n.* नलसाज़, नल लगाने वाला : ~ is a person who fits gas and water pipes ≈ वह व्यक्ति होता है जो गैस और पानी के पाइप को ठीक से बैठाता है.

plume प्लूम **I.** *n*[c]. पंख, पर [large बड़ा, showy चमकीला]; crow's ~ is black कौए का ≈ काला होता है; cock cannot fly because it

has heavy ~ मुर्गा उड़ नहीं सकता क्योंकि इसके पंख भारी होते हैं. **II.** *v.t.* **1.** पंख सँवारना : the crow was pluming itself कौआ अपने पंख सँवार रहा था. **2.** घमंड करना, अकड़ना : he is pluming himself on his success in the examination परीक्षा^{F} में अपनी सफलता^{F} पर वह अकड़ रहा है.

plump प्लम्प **I.** *a.* **1.** गोल-मटोल [boy लड़का, cheeks गाल, goose हँस]; he is too ~ to wear this coat वह इतना ≈ है कि यह कोट नहीं पहन सकता. **2.** (blunt) खरा, साफ़-साफ़, रूखा [behaviour व्यवहार, dialogue संवाद]; he is so ~ that you cannot expect anything from him वह इतना ≈ है कि तुम उससे किसी चीज़^{F} की आशा^{F} नहीं कर सकते. **II.** *adv.* धड़ाम से : he fell down ~ वह धड़ाम^F से नीचे गिर पड़ा; I ran ~ into that old man मैं एकदम उस बुड्ढे आदमी से जा टकराया. **III.** n^u. धड़ाम^F : when the bomb burst it produced the sound of ~ जब बम फटा तो इससे ≈ की आवाज़^{F} हुई. **IV.** *v.t.i.* (धड़ाम से) गिरना : he ~ed himself down on the sofa set वह एकदम सोफ़ा पर जा गिरा. **2.** (throw down) पटक देना : I ~ed the load on the ground मैंने बोझ ज़मीन पर पटक दिया. **3.** (fatten) मोटा होना : it appears that the boy is ~ing लगता है कि लड़का मुटिया रहा है. **4.** (collide) टकराना : the aeroplane ~ed with a bird and endangered the lives of the passengers हवाई जहाज़ एक पक्षी से टकरा गया और उसने यात्रियों की जान को खतरे में डाल दिया.

plunder प्लन्'डर **I.** *v.t.* लूटना [cruelly निर्दयता^{F} से, hastily जल्दी^{F} में, thoroughly पूरी तरह^F]; the soldiers ~ed the entire city सैनिकों ने पूरे शहर को लूट लिया; pirates ~ed the ship समुद्री डाकुओं ने जहाज़ को लूट लिया; the dacoits ~ed the village डकैतों ने गाँव लूट लिया; they ~ed the goods of ~ shops उन्होंने उनकी दुकानों^{F} का माल लूट लिया. **II.** n^u. **1.** लूट^F, लूटपाट^F, लूटमार^F, डकैती^{F}. **2.** लूट^F का माल : the robber hid his ~ in a cave बटमार ने लूटपाट का माल एक गुफा^{F} में छिपा दिया; they divided the ~ equally उन्होंने ≈ बराबर-बराबर बाँट लिया. **plunderer** प्लॅन्'डॅरर n^c. लुटेरा [cruel निर्दयी, notorious कुख्यात]; Mahmood Ghaznavi was a great ~ of his time महमूद ग़ज़नवी अपने समय का एक बड़ा भारी ≈ था.

plunge प्लन्ज **I.** n^c. **1.** (dip) ग़ोता, डुबकी^{F} : he cannot take a ~ into the sea वह समुद्र में ≈ नहीं लगा सकता. **2.** (movement) कूद^F, छलाँग^F : the ~ of a frog मेंढक की ≈; the dog made a ~ and crossed the canal कुत्ते ने एक छलाँग लगाई और नहर^F पार कर गया. Δ **to take the** ~ जोखिम में पड़ने का निश्चय करना. **II. 1.** डुबाना : to ~ smth **into** the water कोई वस्तु^{F} पानी में डुबाना. **2.** डाल देना : he ~d his hand **into** his pocket उसने अपना हाथ अपनी जेब में डाल दिया. **3.** फँसाना : he ~d himself **into** debt उसने अपने को ऋण में फँसा लिया (वह कर्ज़ में डूब गया); to ~ smb into trouble किसी को मुसीबत^F में ≈. **4.** चुभोना : he ~d the knife into a pumpkin उसने चाकू एक कद्दू में चुभो दिया. **5.** (other contexts) the room was ~d in darkness कमरे में एकदम अंधकार हो गया; to ~ a horse forward घोड़े को सरपट दौड़ाना; Hitler ~d Germany into the war हिटलर ने जर्मनी को युद्ध में ढकेल दिया. **III.** *v.i.* **1.** (dive) गोता लगाना : he ~d into the river to save the child उसने बच्चे को बचाने के लिए नदी में ग़ोता लगाया. **2.** फँस जाना, उलझ जाना; he ~d into a question वह एक प्रश्न में उलझ गया.

plural प्लुअ'रल **I.** n^u. बहुवचन : the ~ of 'child' is 'children' बच्चा का ≈ बच्चे होता है; 'hens' is the ~ of 'hen' 'मुर्गियाँ' 'मुर्गी' का ≈ है. **II.** *a.* **1.** बहुत, एकाधिक : ~ voting ≈ मतदान. **2.** बहुवचन : 'dogs' is a ~ noun कुत्ते ≈ संज्ञा है. [*ant.* singular]

plus प्लस **I.** *prep.* **1.** धन, मिलाकर : four ~ two is six (4+2=6) चार और दो बराबर छह, चार और दो मिलाकर छह होते हैं. **2.** के साथ : she has character ~ ability उसमें चरित्र के साथ योग्यता^{F} भी है. **II.** *a.* **1.** (positive) धनात्मक ~ factor ≈ कारक; ~ side of account जमा खाता. **2.** (additional) अतिरिक्त : the children needed ~ care

बच्चों को ≈ देखरेख^F की आवश्यकता^F थी. **III.** *n.* **1.** धनराशि^F, अतिरिक्त राशि^F, (gain) लाभ : it is in his business यह उसके व्यापार में लाभ है. **2.** धन/ जमा का चिह्न + : there is a ~ between the two figures दो अंकों (6+8) के बीच में ≈ है.

plush प्लश **I.** *n*^c. (प्लश) मख़मल : ~ is a soft velvet like material प्लश मख़मल^F की तरह का एक मुलायम कपड़ा होता है. **II.** *a.* **1.** (expensive) महँगा : ~ locality ≈ मोहल्ला; a very ~ house in Delhi दिल्ली में एक ≈ मकान. **2.** (luxurious) विलासमय : ~way of life ≈ रहन-सहन.

ply प्लाइ **I.** *n*^c. **1.** (layer) परत^F : it is three- ~ wood यह तीन परती लकड़ी है. **2.** (strand) तार : what ~ is this wool ? इस ऊन में कितने ≈ हैं? this is four -~ wool यह चार ≈ का ऊन है. **3.** (bent) झुकाव : what is the ~ of this stick इस छड़ी^F का ≈ कितना है? **II.** *v.t.i.* (plies, plied) चलाना, चलना : the boatman plies his boat in the Ganga मल्लाह अपनी नाव^F गंगा में चलाता है. **2.** काम में लाना : a carpenter plies his adze बढ़ई अपने वसूले से काम लेता है. **3.** काम करते रहना, (का काम) करना : he is still ~ing his work वह अब भी अपना काम कर रहा है; will he ~ his trade in the new colony क्या वह अपना व्यापार नई बस्ती^F में करता रहेगा? **4.** तंग करना : they plied the teacher with questions उन्होंने प्रश्न करके अध्यापक को तंग कर दिया. **5.** *v.i.* गाड़ी^F चलाना : he plies on hire वह किराए की गाड़ी चलाता है.

P.M. पी एम' = for Post Meridian अपरान्ह, बाद दोपहर : at four ~ ≈ चार बजे; today the sun sets at 5.21 p.m. सूर्यास्त आज ≈ पाँच बजकर इक्कीस मिनट पर होगा; today the school will be closed at 3 ~ विद्यालय आज तीन बजे बाद दोपहर बंद कर दिया जाएगा.

P.M. Prime Minister; Post Master.

pneumonia न्यू मो'निआ *n*^c. न्यूमोनिया, फुफ्फुस (प्र) दाह dangerous ख़तरनाक, serious गंभीर]; he is suffering from ~ वह ≈ से बीमार (पीड़ित) है; ~ is a disease of the lungs with inflammation ≈ फ़ेफड़ों की सूजन^F की बीमारी है.

P.O. Post Office.

poach पोच *v.t.* **1.** (an egg) गरम पानी में पकाना : ~ the eggs by breaking them open in boiling water उबलते हुए पानी में अण्डे फोड़कर पकाइए. **2.** (hunt) अनाधिकार शिकार करना या मछली^F मारना : to ~ a couple of rabbits from the yard बाड़े में से दो ख़रगोशों का अनाधिकार शिकार करके चुरा ले जाना; he was caught ~ing partridge वह तीतरों का चोरी-चोरी शिकार करते पकड़ा गया; he went to ~ in the neighbour's pond वह अपने पड़ोसी के पोखरे में अनाधिकार मछली मारने गया. **3.** (steal) चोरी करना, चुरा कर ले जाना : he ~ed many articles from his room in his absence वह उसके कमरे से उसकी अनुपस्थिति^F में कई चीज़ें^F चुराकर ले गया. **4.** (trespass) अनाधिकार प्रवेश करना, अतिक्रमण करना : why do you ~ on other's business तुम दूसरों के व्यवसाय का क्यों अतिक्रमण करते हो? to ~ on others land दूसरों की भूमि में अनाधिकार प्रवेश करना; you should not ~ on others' right तुम्हें दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए.

pock पॉक *n*^c. **1.** (चेचक की) फुंसी^F, छाला : painful ~ पीड़ाकर ≈; small ~ छोटी फुंसी, छोटा छाला; ~ mark चेचक का दाग़; ~ marked face चेचक के दाग़ वाला चेहरा. **2.** (small pox) ~ is a skin disease ≈ चमड़ी^F की बीमारी^F है.

pocket पॉ'किट **I.** *n*^c. **1.** जेब^F [big बड़ी, empty खाली, torn फटी]; ~ book जेबी नोटबुक; I put the money in my ~ मैंने पैसा अपनी जेब में रखा; take smth out of one's ~ किसी की ≈ से कुछ निकालना; he is out of ~ उसके पास कोई पैसा-वैसा नहीं है; out of ~ expenses अपनी जेब से किया गया खर्च; there's only one ~ in his kurta उसके कुर्ते में केवल एक जेब है. Δ **to have smb in one's ~** किसी को वश में रखना. **2.** (bag) थैली^F : there is a ~ in front of your seat तुम्हारी सीट के सामने एक ≈ है. **3.** (billiards) थैली^F : try to put the ball into the ~ गेंद^F को ≈ में डालने की कोशिश^F करो. **5.** (a small area) भाग, खंड : ~ of a

colony किसी बस्ती^F का ≈. **II.** *a.* जेबी, छोटा [handkerchief रूमाल, knife चाकू]; ~ book जेबी/छोटी किताब; the boy asked his father for ~ expenses लड़के ने अपने पिता से जेब खर्च माँगा. **III.** *v.t.* **1.** जेब में रखना : to ~ something जेब में कुछ रखना; he ~ed all the money उसने सारा पैसा जेब में रख लिया. **2.** (swallow) पी जाना, (चुपचाप) सहना : how could I ~ this insult in public? मैं इस खुले अपमान को कैसे सहन कर सकता हूँ. **3.** (hide) छिपाना : to ~ one's feelings अपनी भावनाएँ^F छिपाना.

pod पॉड **I.** *n*^c. फली^F, छीमी^F : beans grow in ~s लोबिया फलियों में उगता या बढ़ता है; do you see any ~ in these plants? क्या तुम इन पौधों में कोई फलियाँ देख रहे हो ? **II.** *v.t.* (-dd-) **1.** छीलना : to ~ the peas मटर की फली छीलना. **2.** फली आना : the plant is ~ing पौधे में फली आ (उग) रही है.

poem पो'इम *n*^c. कविता^F [beautiful सुंदर, favourite प्रिय, lyrical प्रगीतात्मक, well-known जानी-मानी]; this book contains 30 poems by Pant इस पुस्तक में पंत की तीस कविताएँ हैं; this ~ contains deep thoughts इस ≈ में गहरे भाव समाहित हैं; what is the gist of this ~ इस ≈ का सारांश क्या है ? have you learnt the ~ by heart क्या तुमने कविता को ज़बानी याद कर लिया है ? **poet** पो'इट *n*^c. कवि [minor छोटा, modern आधुनिक, poor निर्धन, prominent प्रसिद्ध, unknown अपरिचित/अज्ञात]; a ~ writes poems ≈ कविताएँ लिखता है; Kalidas was a great ~ of Sanskrit कालिदास संस्कृत के एक महान कवि थे; Tagore was a ~ of international repute टैगोर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति^F के ≈ थे. [*fem.* poetess] **poetic** पो ऍ'टिक *a.* **1.** काव्यमय [imagination कल्पना^F, language भाषा^F], **2.** काव्यात्मक : I cannot follow the ~ form मैं ≈ शैली^F नहीं समझ सकता; Prasad's plays are written in ~ form प्रसाद के नाटक ≈ शैली^F में लिखे गए हैं. **3.** (in verse) छंदोबद्ध, पद्यात्मक. **4.** (in other contexts) ~ dictum काव्य पदावली^F; ~ justice आदर्श या यथार्थ/पूर्ण न्याय; ~ licence कविसुलभ स्वतंत्रता^F. **poetry** पो'इट्रि *n*^c. काव्य, पद्य [erotic कामोद्दीपक, lyrical गीतात्मक]; it is a book of ~ यह ≈ की पुस्तक है; the ~ of Tulsidas is marvellous तुलसीदास का काव्य चमत्कारिक है. [*syn.* verse]

poignant पाइ'नन्ट *a.* **1.** (of feelings) मर्मस्पर्शी, मार्मिक, हृदयविदारक [message समाचार, sorrow शोक]; ~ memories of my previous life मेरे पूर्व जीवन की हृदय-विदारक स्मृतियाँ^F. **2.** (of sight) पैनी : he has a ~ vision उसकी दृष्टि^F पैनी है. **3.** (of smell) तेज़, उग्र : ~ smell of flowers फूलों की ≈ सुगंध^F. **4.** (of taste) चरपरा, तिक्त : pepper has ~ taste काली मिर्च^F का स्वाद ≈ होता है.

point पॉइन्ट **I.** *n*^c. **1.** (sharp end) नोक^F : the ~ of the pencil पेंसिल^F की ≈; the ~ of the pin पिन की ≈ ; at gun ~ बंदूक की ≈ पर; my pen has a sharp ~ मेरी कलम की ≈ तेज़ है. **2.** (dot) बिंदु, अंक : boiling ~ उबलने का ≈, क्वथनांक; freezing ~ जमने का ≈, हिमांक; she was on the ~ of losing consciousness वह अपनी चेतना^F खोने के बिंदु पर थी; the ~ where two lines cross वह बिंदु जहाँ दो रेखाएँ^F एक-दूसरे को काटती हैं; put a ~ on the capital cities in the map नक्शे में राजधानी^F के नगरों पर बिंदु लगाओ; the main ~s of the plan योजना^F के प्रमुख बिंदु. **3.** (scoring unit) अंक : he obtained 15 points in billiards उसने बिलियर्ड में पंद्रह ≈ प्राप्त किए. **4.** (place) स्थल : important ~ महत्वपूर्ण ≈; he came to a deserted ~ वह एक निर्जन ≈ पर पहुँचा; he has now reached such a ~ that you cannot reach वह अब ऐसे ≈ पर पहुँच गया है, जहाँ तुम नहीं पहुँच सकते; at all ~s सब जगह^F; they reached the ~ of no return वे नावापसी के स्थल पर पहुँच गए (अब छोड़ना असंभव) ; from this ~ इस जगह से. **5.** (of time) क्षण, बिंदु, समय [exciting उत्तेजक, unforgettable न भूलने योग्य]; ~ of departure चले जाने का समय; at the ~ of death मरणासन्न; please wait a ~ for me कृपया एक क्षण मेरा इंतज़ार

कीजिए. **6.** (item, detail) विषय, बात^F: important ~ महत्वपूर्ण ≈; I do not see your ~ मैं आपकी बात^F नहीं समझता; that of course is the ~ बात^F तो वस्तुत: यही है; we cannot agree on several ~s हम कई बातों^{F} पर सहमत नहीं हो सकते; what is the main ~ of this poem इस कविता का मुख्य विषय क्या है ? let us come to the ~ अपने विषय पर आएं to the ~ विषयानुसार : you do not speak to the ~ तुम ≈ नहीं बोलते; the ~ is this बात^F यह है; I answered him ~ by ~ मैंने उसकी एक-एक बात^F का उत्तर ≈ दिया; is there any ~ which is not clear क्या ऐसी कोई बात है जो स्पष्ट न हुई हो ? in ~ of fact सच्ची बात^F यह है कि; he could not maintain his ~ वह अपनी बात पर डटा नहीं रह सका; please come to the ~ कृपया विचाराधीन विषय पर आइए; ~ of order व्यवस्था^{F} की बात; ~ of view दृष्टिकोण; it is beside the ~ यह विषय से संबद्ध नहीं है. **7.** (argument) तर्क, तर्कसंगत या सारगर्भित बात^F : his dialogue was to the ~ उसका कथन तर्कसंगत था. **8.** (meaning) आशय, अभिप्राय : his real ~ was इसका मुख्य आशय था; I could not understand his real ~ मैं उसका वास्तविक आशय/अभिप्राय नहीं समझ सका; he missed the main ~s of my lecture उससे व्याख्यान का मुख्य अभिप्राय/आशय छूट गया. **9.** (apex) चोटी^{F}, शिखर : possibly he may fall from the ~ संभवत: वह ≈ से गिर जाए. **10.** (of compass) दिग्बिंदु, दिशाबिंदु : (needle) सुई, सुआ : the ~ of the compass indicates NE, NNE etc. कम्पास का ≈ दिशाबिंदु उत्तरपूर्व, उत्तर-उत्तरपूर्व आदि बताता है. **11.** (in printing) पॉइंट : 10 ~ type दस ≈ टाइप. **12.** तुक, लाभ : there is no ~ in waiting here यहाँ इंतज़ार करने का कोई ≈ नहीं है. **13.** decimal ~ दशमलव : 3.4 तीन दशमलव चार. **14.** (hint) गुर : Drona gave some ~s of fighting to Arjun द्रोण ने अर्जुन को लड़ाई के कुछ ≈ सिखाए. **II.** *v.t.* **1.** दिखलाना, निर्दिष्ट करना, इशारा करना, संकेत करना, बताना : she ~ed out several mistakes in the article उसने लेख में कई अशुद्धियाँ^{F} दिखलाईं; to ~ the way to the bus stand बस अड्डे का रास्ता बताना; he ~ed him to the window उसने उसे खिड़की^{F} की तरफ़^{F} इशारा किया; it ~s to a moral यह नीति^{F} की बात करता है. **2.** बिंदु लगाना : ~ carefully where it is wrong जहाँ गलत है वहाँ सावधानी^{F} से निशान लगाओ. **3.** (sharpen) नुकीला बनाना, पैना या तेज़ करना : ~ the pencil carefully पेंसिल को सावधानी^{F} से नुकीला बनाइए; to ~ a tool औज़ार की धार^F लगाना. **4.** (aim) निशाना बाँधना, लक्ष्य करना : he ~ed the gun at the tiger उसने चीते पर बंदूक^F का निशाना साधा. **5.** (of masonry) टीप करना : to ~ a wall दीवार^F पर टीप^F करना; the mason ~ed the newly built wall of the house राजगीर ने घर की दीवार^F पर टीप^F की. **~blank I.** *a.* सीधा; रूखा [refusal इंकार, shot निशाना]. **II.** *adv.* साफ़-साफ़, सीधे : he denied ~ उसने ≈ इंकार कर दिया; he went ~ in the room वह सीधे कमरे में चला गया; to speak ~ to smb किसी से ≈ बात^F करना. **pointed** पॉइन्'टिड *a.* **1.** (sharp) नुकीली, नोकदार [nose नाक^F, stick छड़ी^{F}]; the metal was ~ धातु^{F} ≈ थी; don't put anything ~ in the pocket जेब में कोई भी ≈ चीज़ मत रखो. (fig.) तीखा : ~ reply जवाब; ~ remark तीखी टिप्पणी^{F}; he looked in a ~ manner उसने तीखी नज़र^F से देखा. **2.** (incisive) सारगर्भित : it is the ~ remark by him उसकी यह ≈ टिप्पणी^{F} है.

poison पॉइ'ज़न **I.** n^{uc}. विष, ज़हर [chemical रासायनिक, deadly घातक, strong सख़्त]; ~ harms the body विष शरीर को नुकसान पहुँचाता है; he administered ~ to the enemy उसने शत्रु को ज़हर पिलाया. (fig.) ~ of jealousy ईर्ष्या^{F} का ≈. **II.** *v.t.* **1.** विष मिलाना, विषाक्त कर देना : the food was ~ed भोजन में विष मिला दिया गया; it ~ed his whole life इसने उसके सारे जीवन को विषाक्त कर दिया. **2.** ज़हर/विष देना : the farmers ~ the rats to save their crops अपनी फ़सल^F बचाने के लिए किसान चूहों को विष देते हैं. **3.** (fig.) to ~ smb's pleasure किसी के आनंद में विघ्न डालना; रंग में भंग

डालना : to ~ smb's ears किसी के कान भरना : smb has ~ed my father's ears against me किसी ने मेरे विरुद्ध पिताजी के कान भर दिए; Manthara ~ed Kaikei's mind मंथरा ने कैकेयी के मन पर दुष्प्रभाव डाला (मन बिगाड़ दिया). **poisonous** पॉइ/ज़ंनस *a.* 1. विषैला, ज़हरीला : ~ gas विषैली गैस; ~ plants विषैले पौधे; ~ snakes ज़हरीले साँप; ~ roots ज़हरीले कंद-मूल; all snakes are not ~ सभी साँप विषैले नहीं होते. **2.** गंदा : ~ colour, idea ≈ रंग, विचार.

poke पोक *v.t.* **1.** (push) ढकेलना, धक्का मारना, ठेलना : to ~ the cart गाड़ी^{F} को ≈. **2.** गड़ाना, चुभोना, घुसेड़ना, घोंपना : she ~d her finger into the fruit उसने फल में अपनी अंगुली^{F} घुसेड़ दी; do not ~ the nails into the apple सेब में नाख़ून न धँसाओ. **3.** खोदना, बना देना : to ~ a hole सूराख़ ≈. **4.** (stir up) कुरेदना, उलटना-पलटना : to ~ the fire with a poker कुरेदनी से आग ≈. **5.** (meddle) दख़ल देना, हस्तक्षेप करना, दस्तंदाज़ी करना : I request you not to ~ in our matters मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि हमारे मामलों में दख़ल मत दिया करो. Δ **to ~ one's nose into something** दख़ल देना : I dislike poking my nose into others' affairs मैं दूसरों के मामले में दख़ल देना पसंद नहीं करता. **6. ~ fun at** हँसी^{F} उड़ाना, मज़ाक बनाना : you should not ~ fun at a poor person तुम्हें किसी गरीब आदमी का मज़ाक नहीं उड़ाना चाहिए. **7. to ~ one's head out** अपना सिर बाहर निकालना. **II.** *v.i.* push out बाहर निकलना : his elbow was poking out through his torn shirt उसकी कुहनी^{F} फटी कमीज़^{F} से बाहर निकल रही थी.

pol. politics.

polar पो'लर *a.* ध्रुवीय [bear भालू, circle वृत्त, exploration खोज^F, regions क्षेत्र/प्रदेश]; ~ axis ध्रुवाक्ष; ~ regions are found on the extreme north of the earth ≈ प्रदेश पृथ्वी^{F} के धुर उत्तर में पाए जाते हैं. **pole** पोल n^c **1.** (of earth) ध्रुव [north उत्तरी, south दक्षिणी]; Antarctica is on the southern ~ of the earth अंटार्कटिका पृथ्वी^{F} के दक्षिणी ध्रुव पर है; (fig.) our opinions are at two opposite ~s हमारे मत परस्पर-विरोधी हैं. **2.** (rod) डंडा, लट्ठा, लग्गा [bamboo बाँस का, tall लंबा, wooden लकड़ी^{F} का]; climb up the ~ लट्ठे पर चढ़ जाओ; the flag is fastened to a ~ झंडा एक डंडे/लग्गे से बँधा है; the hut was made of bamboo ~s झोपड़ी^{F} बाँस के लग्गों से बनी थी; cut the ~ into two parts लट्ठे को दो भागों में काटो. **3.** (of a vehicle) बम : the horse was yoked between the ~s of the tonga टाँगे के बमों के बीच में घोड़े को जोता गया. **4.** telegraph ~ तार का खंभा. **5.** (a measure) = .5 metres. **~star** ध्रुव तारा.

police पु लीस' **I.** n^u. पुलिस^F [detective ख़ुफ़िया, military सैन्य]; ~ force आरक्षा बल; railway ~ रेलवे ≈ ; he is a ~ constable वह ≈ का सिपाही है; the ~ are on his track पुलिस के लोग उसके पीछे पड़े हैं; he was wanted by the ~ ≈ को उसकी दरकार^F थी; the ~ keep law and order ≈ कानून और व्यवस्था^{F} को सँभालती है; the ~ have caught the thief ≈ ने चोर को पकड़ लिया है; he is in ~ custody वह पुलिस की हिरासत^F में है. **II.** *v.t.* **1.** पुलिस नियुक्त (तैनात) करना : dangerous areas should be ~d ख़तरनाक क्षेत्रों में पुलिस नियुक्त कर देनी चाहिए. **2.** निगरानी^{F} करना : you cannot ~ every nook and corner of the town तुम शहर के कोने-कोने की निगरानी नहीं कर सकते. **policeman** पु लीस्'मन n^c. आरक्षक, पुलिस, सिपाही [corrupt भ्रष्ट, honest ईमानदार]; he is a ~ वह एक ≈ है. **police station** n^c. [big बड़ा, central केन्द्रीय]; where is the nearest ~ निकटतम ≈ कहाँ है ? can you lead me to the ~ क्या तुम मुझे थाने का रास्ता बता सकते हो ?

policy पॉ'लिसि **I.** n^u. **1.** नीति^{F} [acceptable स्वीकार्य, domestic गृह/स्वदेश, firm दृढ़, foreign विदेश, peaceful शांतिपूर्ण, successful सफल]; what is his new ~ उसकी नई ≈ क्या है ? manager's ~ to keep the workers happy मज़दूरों को प्रसन्न रखने की मैनेजर की ≈; it is good ~ to save

for the future भविष्य के लिए बचत^F करना अच्छी ≈ है; his ~ could not be fruitful उसकी ≈ फलदायी न हो सकी. **II.** *n*^c. (insurance) बीमा-पॉलिसी, बीमापत्र [endowment बंदोबस्ती, whole-life आजीवन, natural परिपक्व]; to take out life ~ जीवन-बीमा कराना, जीवन ≈ लेना; this ~ covers twenty-five years' risk इस ≈ से पच्चीस वर्ष का जोखिम सुरक्षित है.

polio (poliomyelitis) पो'लिओ *n*^c. पोलिओ : dangerous ~ ख़तरनाक ≈; ~ is the disease of nerves in the backbone ≈ रीढ़^F की तंत्रिका^F की बीमारी^F है; ~ is a paralysis of longer limbs पोलियो लंबे अंगों का लकवा है; this boy is suffering from ~ इस लड़के को ≈ है.

polish पॉ'लिश **I.** *v.t.* **1.** चमकाना, पालिश करना : सँवारना : (refine) परिष्कार करना : I ~ my shoes मैं अपने जूतों पर पॉलिश करता हूँ; to ~ the furniture फर्नीचर को चमकाना; they ~ed the car उन्होंने कार^F को पॉलिश किया. **2.** परिष्कार करना : to ~ one's language, writing अपनी भाषा^F, लिखावट^F का ≈. Δ **to ~ off** your job अपना काम जल्दी-जल्दी निपटाना. **II.** *n*^u. **1.** पालिश^F : they put a bright ~ on it उन्होंने इस पर चमकीली ≈ की; it is black, tan ~ for your shoes यह तुम्हारे जूतों के लिए काली, भूरी पॉलिश है. **2.** परिष्कार : the ~ of one's manners अपने शिष्टाचरण का ≈.

polite पॅ लाइट' *a.* **1.** शिष्ट, भद्र [language भाषा^F, manner आचार/रीति^F, smile मुस्कराहट^F, society समाज, tone स्वर]; he was very ~ to us वह हम लोगों से शिष्टता^F से पेश आया, उसका व्यवहार बहुत ही शिष्ट था; it is not ~ to shake hands with a woman किसी स्त्री से हाथ मिलाना शिष्टता^F नहीं है; he gave a ~ answer to my questions उसने मेरे प्रश्नों का एक शिष्ट उत्तर दिया; you should be ~ to everyone तुम्हें सब के प्रति शिष्ट होना चाहिए. **2.** ~ literature ललित साहित्य. [*ant.* impolite, rude] **politely** पॅ लाइ'टलि *adv.* शिष्टतापूर्वक, भद्रता से : the girl told me ~ लड़की ने मुझे ≈ बताया; he never asks ~ वह कभी ≈ नहीं पूछता; you should behave ~ तुम्हें भद्रता^F/शिष्टता^F का व्यवहार करना चाहिए. **politeness** पॅलाइट्'निस *n*^u. शिष्टता^F, भद्रता^F [commendable प्रशंसनीय, extreme अत्यधिक]; everybody likes the boy's ~ प्रत्येक व्यक्ति इस लड़के की ≈ को पसंद करता है; the children from that school are known for their ~ उस विद्यालय के लड़के अपनी ≈ के लिए जाने जाते हैं.

political पॅ लि'टिकल *a.* राजनीतिक [agitation आंदोलन, article लेख, consciousness चेतना^F, enemy शत्रु, event घटना^F, freedom स्वतंत्रता^F, life जीवन, mistake गलती^F, offence अपराध, party पार्टी^F/दल, strike हड़ताल^F]; ~ science राजनीति विज्ञान; ~ economy अर्थशास्त्र; ~ geography has to do with the boundaries of countries ≈ भूगोल का संबंध देशों की राजनीतिक सीमाओं से होता है; his ~ career of 30 years तीस साल का उसका ≈ वृत्त. **politician** पॉलि टि'शन *n*^c. राजनीतिज्ञ [active सक्रिय, dishonest बेईमान; old पुराना, sincere सच्चा]; a ~ takes part in the politics of his country or state ≈ अपने देश या राज्य की राजनीति^F में भाग लेता है; Prime Minister is the most important ~ प्रधानमंत्री सबसे महत्वपूर्ण ≈ होता है; ~ is generally concerned with his party politics ≈ साधारणतय: अपने दल की राजनीति^F से संबंधित होता है. **politics** पॉ'लिटिक्स *n*^u. (used in sing.) राजनीति; राजनीतिशास्त्र [dirty गंदी, foreign विदेश, local स्थानीय, party दलगत, practical व्यावहारिक]; politics is a nasty game राजनीति एक गंदा खेल है; he is studying ~ in a post-graduate college वह एक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ≈ का विद्यार्थी है; he wrote an essay on ~ उसने ≈ पर एक निबंध लिखा; he is too interested in the ~ of his department वह अपने विभाग की राजनीति में बहुत ही अधिक रुचि^F लेता है; ~ is not an honourable profession राजनीति सम्मानित व्यवसाय नहीं है; ~ is the last resort of a rascal राजनीति धूर्त/दुष्ट आदमी का अंतिम आश्रय है.

oll पॉल **I.** n^c. **1.** (voting) मतदान : ~ booth मतदान कोष्ठ; a ~ was held ≈ हुआ; to go to the ~s मतदान कराना; to declare the ~s ≈ का परिणाम घोषित करना; there has been a heavy ~ in this election इस चुनाव में भारी ≈ हुआ है; the result of the ~ is not yet known मतदान का परिणाम अभी ज्ञात नहीं है. **2.** मतदाता-सूची : his name does not appear on the ~ उसका नाम ≈ में शामिल नहीं है. **II.** *v.t.* **1.** मत प्राप्त करना : he ~ed five thousand votes उसने पाँच हज़ार मत प्राप्त किये; I could not ~ even a hundred votes मैं एक सौ मत भी प्राप्त न कर सका. **2.** मतदान करना : to go to ~ at an election चुनाव में मत देने जाना. **III.** *a.* (hornless) शृंगहीन : ~ ox ≈ बैल; have you seen a ~ deer क्या तुमने ≈ हिरन देखा है. **polling** पो'लिङ्ग n^u. मतदान, मतगणना [heavy भारी, less कम]; ~ booth ≈ प्रकोष्ठ; ~ centre मतदान केन्द्र; ~ station मतदान केंद्र; ~ was quite brisk in the afternoon बाद-दोपहर ≈ काफ़ी तेज़ था; here he is appointed as a ~ agent यहाँ वह मतदान अभिकर्त्ता के रूप में नियुक्त है.

pollute पॅलूट' *v.t.* **1.** दूषित करना : smoke ~s the air धुआँ हवा^{F} को प्रदूषित करता है; to ~ the water supply पानी की आपूर्ति^{F} को ≈. **2.** अपवित्र करना : some unknown culprits ~ed a temple कुछ अनजाने अपराधियों ने मंदिर को अपवित्र कर दिया. **polluted** पॅलूॅ'टिड *a.* प्रदूषित [air हवा^{F}, atmosphere वातावरण, water पानी]; this part of the village is much ~ गाँव का यह भाग बहुत प्रदूषित है. **pollution** पॅलू'शन n^c. प्रदूषण : air ~ वायु ≈; noise ~ ध्वनि ≈; water ~ जल-≈ sewage in this locality causes ~ इस मुहल्ले की गंदी नाली के पानी से ≈ होता है; people cleared the ~ off the tank लोगों ने तालाब के प्रदूषण को साफ़ कर दिया; such ~ will only cause disease ऐसे ≈ से केवल बीमारी^{F} उत्पन्न होगी.

polo पो'लो *n.* पोलो, चौगान : ~ is a game like hockey played on horseback ≈ घोड़े पर खेला जाने वाला हॉकी की तरह का एक खेल है; ~ is an ancient Indian game ≈ भारत का प्राचीन खेल है. **water** ~ वाटर पोलो, पानी में खेला जाने वाला वालीबाल.

pomegranate पॉ'मि ग्रैनिट n^u. अनार : ~ is a fruit with tough skin ≈ कड़े छिलके वाला फल है; ~s grow in abundance in North and West Africa ≈ उत्तरी और पश्चिमी अफ्रीका में बहुतायत से पैदा होते हैं.

pomp पॉम्प *n.* **1.** (magnificence) धूमधाम^F, शान^F : on his birthday there was much ~ उसके जन्मदिन पर बहुत ≈ थी. **2.** (ostentation) आडंबर, तड़क-भड़क^F, ठाटबाट, सजधज^F : I like to get away from the ~ of the city मैं शहर की तड़क-भड़क से दूर रहना चाहता हूँ; he was amazed to see his friend's ~ वह अपने मित्र का ठाट-बाट देखकर चकित रह गया. **pomposity** पॉम् पॉ'सिटि n^u. **1.** आडंबर : this garden party is his ~, nothing else यह उद्यान-भोज उसका ≈ है, और कुछ नहीं; ~ of words शब्दाडंबर **2.** (self-importance) आत्म-प्रदर्शन : the ceremony was celebrated to his ~ यह संस्कार ≈ के लिए मनाया गया था. **pompous** पॉम्'पस *a.* ठाटदार, आडंबरपूर्ण [bride दुल्हन, person व्यक्ति, way ढंग]; he speaks ~ language वह ≈ भाषा^{F} बोलता है; railway guard was a ~ official रेलवे गार्ड एक ≈ अधिकारी था.

pond पॉन्ड n^c. तलैया, पोखरा [artificial कृत्रिम, deep गहरा, shallow छिछला]; you can see ducks in the ~ तुम पोखरे में बत्तखें देख सकते हो; the cattle drink water from the ~ जानवर पोखरे से पानी पीते हैं; ~ with fish in it मछलियों^{F} वाला पोखरा; there is a ~ in my garden मेरे बगीचे में एक तलैया है.

ponder पॉन्'डर *v.t.i.* चिंतन करना, मनन करना, विचारना : ~ **over** my suggestions मेरे सुझावों पर विचार करो; ~ this matter carefully इस मामले पर सावधानी से चिंतन करो; the thief ~ed how to escape चोर ने विचार किया कि कैसे भाग निकलना है; to ~ **over** a problem, fact किसी समस्या^{F}, तथ्य पर चिंतन-मनन करना.

pony पो'नि n^c. (*pl.* ponies) टट्टू : hill ~ पहाड़ी^{F} ≈; a ~ is not as big as a horse ≈ इतना बड़ा नहीं होता जितना कि घोड़ा;

there were only ponies at the hill station to carry our effects हमारा सामान ले जाने के लिए पहाड़ी नगर में केवल ≈ थे. **pony-tail** पो'निटेल n^c. घुड़दुम : some girls like to wear ~s in their hair कुछ लड़कियाँ अपने बालों को ≈ रूप में रखना पसंद करती हैं.

pool पूल **I.** n^c. **1.** पोखरा, तालाब [clear साफ़, swimming तैरने का]; there is a ~ of water on the roadside सड़क के किनारे पानी का एक ≈ है; I like to swim in the ~ मैं पोखरे में तैरना पसंद करता हूँ; fish hide in the depth of ~s मछलियाँ पोखरों की गहराई^F में छिपी रहती हैं; a dead body was lying in a ~ of blood एक लाश^F खून में लथपथ पड़ी थी. **2.** (comm.) ~ of specialists विशेषज्ञों का दल^F. **3.** ~ of petroleum पेट्रोल पदार्थों का कुंड. **II.** *v.t.* मिलाना, इकट्ठा करना : ~ my entire accounts मेरे सभी खातों को इकट्ठा कर दो; to ~ the profits लाभ को मिलकर बाँटना.

poor पुअर *a.* **1.** दरिद्र, गरीब, निर्धन [family परिवार, man आदमी, village गाँव, woman औरत^F]; ~ box दान-पात्र; ~ house दरिद्राश्रम, ~ spirited कायर; the country is poor in minerals देश खनिज के मामले में गरीब है; she is very ~ वह बहुत ≈ है; you must not expect anything from such a ~ man इस प्रकार के गरीब आदमी से तुम्हें कुछ भी आशा^{F} नहीं करनी चाहिए; the ~ गरीब लोग. [*ant.* rich]. **2.** (unfortunate) बेचारा, अभागा : the ~ fellow could not walk बेचारा (आदमी) चल नहीं सकता था. **3.** (scanty) अपर्याप्त, अल्प, थोड़ा, कम [crop फ़सल, demand माँग^F, supply आपूर्ति^{F}, visibility दृश्यता^{F}]; prices of articles were very ~ those days उन दिनों वस्तुओं के दाम बहुत कम थे. **4.** (mediocre) घटिया, निकृष्ट [man आदमी, place स्थान, quality गुणवत्ता]; your writing is very ~ तुम्हारी लिखावट^F बहुत घटिया है; he is a ~ speaker वह एक ≈ वक्ता है. **5.** (contemptible) क्षुद्र, तुच्छ, नीच [family परिवार, thing वस्तु^{F}]; I had never seen such a ~ job till now मैंने अब तक इतना तुच्छ काम नहीं देखा था. **6.** (bad) बुरा, ख़राब : ~ health ≈ स्वास्थ्य; we had a ~ crop of rice this year इस साल हमारी धान की फ़सल^F बहुत ख़राब हुई; it made a ~ impression on him इससे उस पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा. **7.** (other contexts) ~ soil अनुपजाऊ मिट्टी^{F}; ~ in a subject किसी विषय में कमज़ोर; in my ~ opinion मेरी साधारण राय^F में. **poorly** पुअर'लि **I.** *a.* अस्वस्थ : he is looking ~ वह अस्वस्थ दिखाई दे रहा है. **II.** *adv.* **1.** लस्टमपस्टम, ज्यों-त्यों करके, किसी तरह से, जैसे-तैसे : they lived ~ in such a house वे इस प्रकार के घर में जैसे-तैसे रहते थे; they ~ did their work वे किसी तरह से अपना काम करते थे. **2.** गरीबी में : they lived ~ वे गरीबी^{F} में गुजारा करते थे. **3.** बुरी तरह : he was ~ dressed उसने ख़राब कपड़े पहन रखे थे.

pop पॉप **I.** n^u. तड़ाका, धमाका : to go ~ फटना; ~ of the gun shot बंदूक दागने का ≈. **II.** *a.* तड़ाक, तड़ातड़ : I like ~ dance very much मैं पॉप नृत्य/तड़ातड़ नृत्य बहुत पसंद करता हूँ. ~**corn** मकई^F की लाई^F/खील^F; ~**gun** खिलौना बंदूक; ~**music** पॉप संगीत. **III.** *v.t.* **1.** (-pp-) तड़काना-फटफटाना; rain drops ~ on the roofs of the houses बरसात^F की बूँदें^{F} घरों की छतों^{F} पर तड़तड़ाती हैं. **2.** (fire) दागना : to ~ a gun on the wild animal जंगली जानवर पर बंदूक ≈. **3.** (put suddenly) पटकना, पटक देना : he could have ~ped his burden वह अपना बोझ पटक सकता था; to ~ smth in किसी चीज़ को अन्दर घुसेड़ना. **4.** (move suddenly) आ पड़ना, घुस पड़ना, लपकना : to ~ into the room कमरे में आ घुसना; she keeps ~ping in and out वह अंदर और बाहर आती-जाती रहती है.

poppy पॉ'पि *n.* (white) पोस्त, पोस्ता : (corn ~) लाल पोस्त; (prickly) भड़भड़वा ≈; ~ seed खसखस : ~ is a showy flower with large scarlet petals पोस्ता लाल और बड़ी-बड़ी पंखुड़ियों^{F} वाला एक दिखावटी फूल होता है.

popular पॉ'प्यूलर *a.* **1.** लोकप्रिय, सर्वप्रिय, जनप्रिय [author लेखक, hero नायक, literature साहित्य]; he is studying with a

~ scientist वह एक ≈ वैज्ञानिक के साथ अध्ययन कर रहा है; he is very ~ among the students वह छात्रों में बहुत लोकप्रिय है; Tulsidas is a ~ poet of India तुलसीदास भारत के ≈ कवि हैं. **2.** (common) सामान्य [error भूल^F, thinking सोच^F, tradition परम्परा^{F}]; the style of living is becoming more and more ~ रहन-सहन का ढंग सामान्य होता जा रहा है; it is a ~ thing in his context उसके प्रसंग में यह सामान्य बात^F है; Rama is a ~ name in India राम भारत में ≈ नाम है. [*ant.* un ~] **3.** (of people) लोक, जन [dance नृत्य, government शासन, music संगीत, song गीत]; ~ front जनमोर्चा; ~ literature जन-साहित्य; ~ opinion जनमत; ~ taste लोक रुचि^{F}. **4.** (public) सार्वजनिक : ~ declaration ≈ उद्घोषणा^{F}. **5.** (of prices) सस्ता, लोक-सुलभ; books at ~ price सस्ती कीमत की किताबें.

popularity पॉ प्यू लै'रिटि *n*^{u}. लोकप्रियता^{F} : Mr. Chauhan has great ~ श्री चौहान की लोकप्रियता अत्यधिक है; he was re-elected due to his ~ in the whole district पूरे ज़िले में अपनी ≈ के कारण वह पुनः चुना गया; you cannot surpass him in ~ तुम लोकप्रियता में उससे आगे नहीं बढ़ सकते.

popularly पॉ'प्यूलर्लि *adv.* **1.** (generally) सामान्यतया, आमतौर से : he is ~ known by the name of Pintu ≈ वह पिंटू नाम से जाना जाता है. **2.** (cheaply) सस्ते : it is a ~ priced washing machine यह सस्ते दाम की धुलाई मशीन^F है.

populated पॉ'प्युलेटिड *a.* बसा हुआ, आबाद [city शहर, village गाँव]; Delhi is a densely ~ city दिल्ली घना ≈ नगर है; a new colony was later on ~ नई कालोनी^{F} बाद में बसाई गई; a thickly ~ area creates municipal problems घना बसा हुआ क्षेत्र नगरीय समस्याओं को उत्पन्न करता है; this colony in Mauritius was ~ by Indians मारिशस का यह उपनिवेश भारतीयों ने बसाया था. **population** पॉ प्यू ले'शन *n*^{u}. **1.** जनसंख्या^{F}, आबादी^{F} [growing बढ़ती हुई, large बड़ी, thick घनी]; the ~ of the town is above two hundred thousands इस शहर की ≈ दो लाख से ज्यादा है; the ~ of this village consists mainly of fishermen इस गाँव की ≈ में अधिकतर मछुआरे हैं; the ~ of the country is increasing very fast देश की ≈ बहुत तेजी^{F} से बढ़ रही है. **2.** जनसमुदाय : Dravidian ~ of South India दक्षिण भारत का द्रविड़ ≈. **3.** जीव संख्या^{F} : the total ~ of birds and animals in a zoo किसी चिड़ियाघर में पक्षियों और पशुओं की संख्या.

porcelain पॉर्स'लिन *n*^{u}. **1.** पोर्सिलेन, चीनी मिट्टी^{F} : ~ is used by goldsmiths to mould ornaments ≈ का प्रयोग सुनारों द्वारा आभूषण ढालने के लिए किया जाता है; cups and dishes are made of ~ प्याले और तश्तरियाँ^{F} ≈ से बनाई जाती हैं. **2.** (articles) चीनी मिट्टी^{F} के बर्तन : cups, saucers and plates made of are ~ प्याले, पिर्चें^{F} (तश्तरियाँ) और प्लेटें^{F} ≈ के बने हैं.

porch पॉर्च *n*^{c}. ड्योढ़ी [broad चौड़ी, low नीची, wooden लकड़ी की]; sit in the ~ ड्योढ़ी में बैठो; we waited in the ~ हम ड्योढ़ी पर इंतज़ार करते रहे.

porcupine पॉर्'क्यूपाइन *n*^{c}. साही^{F} : a ~ has long upstanding pikes/prickles ≈ के लंबे-खड़े काँटे होते हैं; ~ is an ant-eater (animal) ≈ चींटी^{F} खाने वाला जानवर है.

pore पॉर **I.** *n*^{c}. रोम-कूप : sweat comes out of ~s पसीना रोम-कूपों से निकलता है; he was then sweating from every ~ तब उसके हर ≈ से पसीना आ रहा था. **II.** *v.t.* **1.** परिशीलन करना, ध्यान से देखना : he was poring over his new books वह अपनी नई किताबें को ध्यान से पढ़ रहा था. **2.** चिंतन करना : she was poring at/upon a problem वह किसी समस्या पर चिंतन कर रही थी. [*as distinct from* pour]

pork पॉर्क *n*^{u}. सुअर का गोश्त [fresh ताज़ा, rotten सड़ा हुआ]; ~ butcher ≈ बेचने वाला (कसाई); he likes ~s more than mutten वह भेड़-बकरी^{F} के मांस की अपेक्षा^{F} ≈ अधिक पसंद करता है.

porous पॉ'रस *a.* सरंध्र, छिद्रित [skin चमड़ी^{F}, soil मिट्टी, sponge स्पंज]; I need ~ clothes, not water-tight ones मुझे सरंध्र

कपड़े चाहिएँ न कि जलरोधी; ~ land is good for potatoes आलू के लिए ≈ भूमि^{F} अच्छी होती है.

porridge पॉ'रिज *n.* (no *pl.*) दलिया [cold ठडा, hot गरम]; ~ is prepared by boiling crushed grain in milk and water ≈ चूरा किए हुए अनाज को दूध और पानी में उबालकर तैयार किया जाता है; the servant ate up all the ~ नौकर सब ≈ खा गया; he cooks ~ well वह अच्छा ≈ पकाता है.

port पॉर्ट **I.** *n*^{c}. **1.** बंदरगाह, पत्तन [free मुक्त, large बड़ा, main मुख्य]; there were only few ships at the ~ ≈ में बस थोड़े-से जहाज़ थे; Calcutta is a big ~ of India कलकत्ता भारत का एक बड़ा ≈ है. **~authority** पत्तन-प्राधिकरण; **~dues** पत्तन शुल्क; **~trust** पत्तन-न्यास. **2.** (purport) अभिप्राय (old use) : immediately I understood his ~ मैं तुरंत उसके ≈ को समझ गया. **II.** *v.t.* (trun to left) बाएँ मुड़ना या मोड़ना; to ~ the helm पतवार को ≈. **portable** पॉर्'टबॅल *a.* उठाऊ [table मेज़, T V टी वी, typewriter टाइपराइटर]; you may carry your ~ radio anywhere तुम अपना ≈ रेडियो कहीं ले जा सकते हो. **porter** पॉर्'टर *n*^{c}. **1.** (door-man) द्वारपाल, दरबान : there is a ~ on duty at Mr. Smith's house मि. स्मिथ के घर एक दरबान ड्यूटी पर रहता है. **2.** पल्लेदार, कुली : laborious ~ मेहनती ≈; ~s are employed for carrying goods at markets पल्लेदार मंडियों^{F} में सामान उठाने के लिए लगाए जाते हैं; a ~ at a railwaystation carries travellers, luggage रेलवे-स्टेशन पर कुली यात्रियों का सामान उठाता है; generally ~s wear red shirts सामान्यतया कुली लाल कमीज़ें पहनते हैं. **porterage** पॉर्'टॅरिज *n.* कुली की ढुलाई^F : you have not paid the ~ तुमने कुली की मज़दूरी नहीं दी है; ~ is heavy at some stations कुछ स्टेशनों पर कुली की मज़दूरी^{F} ज़्यादा है.

portfolio पॉर्ट्'फ़ो ल्यो *n*^{c}. (*pl.* portfolios) **1.** डब्बा, पत्राधान : ~ for carrying drawings, business papers, etc. रेखाचित्र, व्यापारिक काग़ज़ आदि रखने का ≈. **2.** (of minister) विभाग या पद [foreign विदेश, home गृह]; minister without ~ निर्विभाग ≈; ~ of a minister किसी मंत्री का विभाग; he is still not given a ~ उसे अब भी कोई विभाग नहीं दिया गया है; he has resigned his ~ उसने मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया है.

portico पॉर्'टिको *n*^{c}. (*pl.* porticoes) ड्योढ़ी^{F}: ~ is the roof at the entrance of a building पोर्टिको एक छत^F है जो किसी भवन के प्रवेश द्वार पर होती है; there is no ~ in this house इस घर में कोई ≈ नहीं है; we waited in the ~ हमने ≈ में इंतज़ार किया; the car was parked in the ~ कार^F ≈ में खड़ी की गई.

portion पॉर्'शन **I.** *n*^{c}. **1.** (share) भाग, हिस्सा [big बड़ा, double दूना, less कम]; front ~ of a train रेलगाड़ी^{F} का अगला ≈; this ~ of the house is salable मकान का यह भाग बिकाऊ है. **2.** टुकड़ा : ~ of cheese पनीर का टुकड़ा; this ~ of land is very bad ज़मीन का यह टुकड़ा बहुत ख़राब है. [*ant.* whole] **3.** (dowry) also marriage ~ दहेज : he demanded a heavy ~ at the marriage of his son उसने अपने लड़के की शादी^{F} पर भारी दहेज की माँग की. **4.** (fate) भाग्य, किस्मत : suffering is a ~ of our life in this world इस दुनिया^{F} में दुःख हमारे जीवन का भाग्य है. **II.** *v.t.* हिस्से करके बाँट देना; to ~ smth among some people कोई चीज़ कुछ लोगों में बाँट देना.

portrait पॉर्ट'रिट *n*^{c}. **1.** चित्र, तस्वीर, रूपचित्र : I saw the ~ of his girl friend in the photographer's studio मैंने उसकी सहेली^{F} की तस्वीर फोटोग्राफर की चित्रशाला^{F} में देखी; a ~ painted by an artist एक कलाकार द्वारा बनाया गया चित्र; a ~ is a picture or photo of a person or animal यह चित्र किसी व्यक्ति या पशु की तस्वीर या उसका फोटो होता है. **2.** शब्दचित्र : a ~ of Delhi by an English writer एक अंग्रेजी लेखक का दिल्ली का ≈. **portray** पॉर् ट्रे' *v.t.* **1.** चित्रित करना, वर्णन करना : he ~ed her as a cheerful woman उसने उसका एक प्रसन्न स्त्री के रूप में चित्रण किया; he ~ed the hero as a ruffian उसने नायक को एक गुण्डे के रूप में चित्रित किया. **2.** प्रस्तुत करना : the king was

~ed as cruel राजा को निर्दयी शासक के रूप में प्रस्तुत किया गया. 3 अभिनय करना, की भूमिका अदा करना : he ~ed as a king in the drama उसने नाटक में एक राजा का अभिनय किया; he ~ed Ravana in T. V. उसने टी. वी. में रावण का अभिनय किया.

pose पोज़ **I.** n^c. **1.** (of body) ठवन^F, मुद्रा^{F} [relaxed तनावरहित, sitting बैठी हुई, smiling मुस्कराती, strange विचित्र]; he is in a good ~, you may take his photo वह अच्छी ≈ में है, तुम उसका फ़ोटो ले सकते हो; a photographer needs a good ~ for beautiful portraits सुंदर तस्वीरों^{F} के लिए फोटोग्राफर को अच्छी ≈ की आवश्यकता^{F} होती है. **2.** (pretence) ढोंग, आडंबर : I always dislike such a ~ मैं इस प्रकार के ≈ से हमेशा घृणा करता हूँ; her benevolence is a sheer ~ उसकी दयालुता^{F} महज़ एक ≈ है. **II.** *v.t.* **1.** प्रस्तुत करना, सामने रखना : he ~d a question in the meeting उसने बैठक में एक प्रश्न प्रस्तुत किया. **2.** *v.i.* चित्र के लिए खड़ा रहना या बैठाना : he ~d in front of the camera for a picture वह कैमरा के सामने चित्र खिंचवाने प्रस्तुत हुआ. **3.** का ढोंग रचना, दिखावा करना : he ~d to be a very intelligent person उसने दिखावा किया कि वह बहुत समझदार व्यक्ति है; to ~ as a doctor डाक्टर होने का ≈. **4.** to ~ a problem समस्या रखना.

position पॅ ज़ि'शन n^c. **1.** (location) स्थिति^{F} [former पहले की, important महत्वपूर्ण, suitable उपयुक्त]; ~ of a school near a station स्टेशन के समीप विद्यालय की ≈; these chairs were in such a ~ यह कुर्सियाँ^{F} ऐसी ≈ में थीं; I am not in a ~ to help you मैं आपकी सहायता^{F} करने की ≈ में नहीं हूँ; to be in a comfortable ~ सुखप्रद स्थिति^{F} में होना; perhaps I shall be in a ~ to go with you next week शायद अगले सप्ताह मैं तुम्हारे साथ जाने की ≈ में हूँगा. **2.** (attitude) रुख दृष्टिकोण [favourable अनुकूल, usual साधारण]; let me explain my ~ मैं अपना ≈ बता दूँ; your ~ regarding money धन के संबंध में तुम्हारी ≈; I could not understand his ~ मैं उसका रुख समझ न सका; what is your ~ on this affair इस मामले के बारे में तुम्हारा क्या ≈ है ? **3.** (place) स्थान [high ऊंचा, pleasing सुखद]; leave the cups in their ~ प्यालों को अपने ≈ पर रहने दें; the tables are out of their ~ मेज़ें^{F} अपने ≈ पर नहीं हैं; a ~ of responsibility in business व्यापार में ज़िम्मेदारी का ≈; he held the first ~ in the class उसने कक्षा^{F} में प्रथम ≈ प्राप्त किया. **4.** (rank) दर्जा : he has a high ~ in the office कार्यालय में वह ऊंचे दर्जे पर है; he has a good ~ as a manager प्रबंधक के रूप में उसका अच्छा ≈ है. **5.** (post) पद : it is difficult for him to get an honourable ~ सम्मानजनक पद प्राप्त करना उसके लिए कठिन है; to apply for a certain ~ किसी पद के लिए प्रार्थना-पत्र भेजना.

positive पॉ'ज़िटिव़ *a.* **1.** (math., electr.) धनात्मक, धन : ~ quantity ≈ राशि^{F}; ~ sign धन का चिन्ह (+) ; a ~ number is greater than zero ≈ संख्या^{F} शून्य से बड़ी होती है. **2.** (affirmative) सकारात्मक [advice सलाह^F, reply उत्तर, thinking सोच^F]; his proposal was ~ उसका सुझाव ≈ था. **3.** (constructive) रचनात्मक [criticism आलोचना^{F}, suggestion सुझाव, thinking सोच^F, work काम]; use of science must be ~ विज्ञान का प्रयोग रचनात्मक होना चाहिए. **4.** (definitive) निश्चयात्मक, (सु) निश्चित [instruction निर्देश, proof प्रमाण, refusal इंकार]; he was ~ that there was a snake उसे निश्चय था कि वहाँ एक साँप था. **5.** (convinced) आश्वस्त : he was ~ about his help वह उसकी सहायता^{F} के बारे में ≈ था. **6.** (gram.) विधिवाचक : ~ sentence ≈ वाक्य. **7.** सरल, सामान्य : 'good' is the ~ form of 'better' 'अच्छा' 'बेहतर' का ≈ रूप है. **8.** (photo) पाज़िटिव, मूल (चित्र). [*ant.* negative]

possess पॅ ज़ेॅस' *v.t.* **1.** (own) का स्वामी या मालिक होना : she ~es two houses and a factory वह दो मकानों और एक कारख़ाने की मालिक है; I do not ~ this car मैं इस कार^F का स्वामी नहीं हूँ यह कार मेरी मिल्कियत नहीं है.

2. (have possession) पर कब्ज़ा होना, अधिकार में रखना : he ~es some property in the city शहर में कुछ संपत्ति^F पर उसका अधिकार है; to ~ oneself अपने ऊपर अधिकार होना; I ~ this land मेरा इस ज़मीन^F पर कब्ज़ा है; he never ~ed this factory इस कारखाने पर उसका कब्ज़ा कभी नहीं रहा. 3. (qualities) से संपन्न होना, से युक्त होना : he never ~ed good health वह अच्छे स्वास्थ्य से युक्त कभी नहीं रहा, उसका स्वास्थ्य कभी अच्छा नहीं रहा; he ~es many qualities वह बहुत-से गुणों से संपन्न. 4. (dominate) पर प्रभुत्व होना, हावी होना : very soon he was ~ed by this idea शीघ्र ही यह विचार उसके मन पर बैठ गया (हावी हो गया); he has ~ed me, I am not free उसका मेरे ऊपर प्रभुत्व है, मैं स्वतंत्र नहीं हूँ. 5. he is ~ed by an evil spirit इस पर किसी भूत-प्रेत की छाया^F है. **possessed** पॅ ज़ॅस्ड' *a.* अधिकृत : the girl is ~ of a large fortune लड़की बड़ी भारी संपत्ति^F की मालिक है; he is ~ of national spirit वह राष्ट्रीय भावना^F से आविष्ट है. **possession** पॅ ज़े'शन *n*^c. 1. (ownership) स्वत्व, अधिकार [personal व्यक्तिगत, real वास्तविक]; who is in the ~ of this land इस जमीन पर किसका स्वामित्व है; he came into the ~ of an estate उसे एक जायदाद^F का स्वामित्व प्राप्त हुआ. 2. अधिकार, कब्ज़ा : he took ~ of the house उसने मकान का ≈ ले लिया; the key is in ~ of my mother, my mother is in ~ of the key चाबी^F मेरी माँ के कब्ज़े में है; take the ~ of smth, take smth into ~ किसी चीज़ का ≈ लेना; I was in the ~ of the house घर पर मेरा ≈ था. 3. (property) संपत्ति^F, जायदाद : permanent ~ स्थायी ≈; he sold all his ~s उसने अपनी सारी संपत्ति^F बेच दी.

possibility पॉ सि बि'लिटि *n*^c. (*pl.* possibilities) 1. संभावना [less कम, much अधिक]; it is only a ~ ये मात्र ≈ है; there is no ~ कोई ≈ नहीं है; there is the ~ of success सफलता^F की ≈ है; this job offers good possibilities for advancenment इस काम में उन्नति^F की अच्छी संभावनाएँ^F हैं; is there any ~ of finding them क्या उनका पता लगने की कोई ≈ है? the new discovery has great possibilities नई खोज^F से बहुत संभावनाएँ हैं; there is every ~ of his winning the prize उसके पुरस्कार जीतने की हर ≈ है; no ~ of defeat हार की कोई ≈ नहीं; the ~ that it may rain यह ≈ कि बारिश^F हो सकती है. 2. संभावित घटना^F : the defeat of the enemy was a ~ शत्रु की पराजय^F एक ≈ थी. **possible** पॉ'सिबल *a.* 1. संभव [answer उत्तर, change परिवर्तन, improvement सुधार, result परिणाम, solution समाधान]; everything is ~ सब कुछ ≈ है; come as soon as ~ यथासंभव जल्दी आना; it is ~ that he may come in the evening यह ≈ है कि वह शाम को आ जाए; we shall do everything ~ जो कुछ संभव होगा हम करेंगे; is it ~ for you to stay here any longer क्या यहाँ कुछ समय और रुकना तुम्हारे लिए ≈ है ? is that ~ क्या यह ≈ है ? I will go if it is ~ यदि यह ≈ हुआ तो मैं अवश्य जाऊँगा; please, answer this question as soon as ~ कृपया जितनी जल्दी संभव हो इस प्रश्न का उत्तर दीजिए; if ~, come before mid day यदि ≈ हो तो दोपहर से पहले आ जाइए. 2. (reasonable) युक्तिसंगत, उपयुक्त : this is the only ~ solution केवल यही एक ≈ हल है; a ~ candidate उपयुक्त अभ्यर्थी. [*ant.* impossible] **possibly** पॉ'सिबिल *adv.* 1. संभवत:, शायद, कदाचित् : he may ~ recover वह ≈ स्वस्थ्य हो जाएगा; you may ~ get success ≈ तुम सफल हो जाओ; I cannot ~ lend you any money कदाचित मैं आपको कोई धन उधार नहीं दे सकता; he is ~ the most honest man ≈ वह सबसे ईमानदार आदमी है. 2. I'll do what I ~ can जो मुझसे हो सका करूगा. 3. (by any means) किसी तरह^F : can you ~ come क्या आप ≈ आ सकते हैं ?

post पोस्ट I. *n*^u. डाक^F : morning ~ सुबह की डाक; ~ bag डाक थैली^F; ~ box पत्र पेटी^F; this book came by ~ yesterday यह किताब^F कल ≈ से आई; I will send it by ~ मैं इसे ≈ से भेजूँगा; I missed the morning

~ मैं सुबह^F की ≈ से नहीं भेज सका; please reply by return of ~ कृपया वापसी ≈ से उत्तर दीजिए. **2.** n^c. (job) पद, नौकरी^{F} : honorary ~ अवैतनिक ≈; responsible ~ ज़िम्मेवारी का पद; vacant ~ खाली पद; to apply for the ~ of a superintendent सुपरिन्टेन्डेंट के पद के लिए आवेदन करना; he was appointed to the ~ of director उसे निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया; I got a new ~ मुझे नई नौकरी मिली, नया पद मिला. **3.** (place) of duty स्थान, जगह^F : the soldiers stood at their ~ सैनिक अपने स्थान पर खड़े रहे. **4.** (pillar) खंभा [stone पत्थर का, wooden लकड़ी^{F} का]; starting ~ दौड़^{F} में शुरू का ≈; winning ~ दौड़^{F} के अंत का ≈; a ~ was stuck in the ground एक खंभा ज़मीन में गाड़ दिया गया; the ~ was too long ≈ बहुत अधिक लंबा था. **bed**~ पलंग का पाया. **5.** (mil.) चौकी^{F} : the constables were away from the police ~ कांस्टेबल पुलिस-चौकी से दूर थे. **II.** *prefix* **1.** (in time) -उत्तर, उत्तर : ~dated उत्तरदिनांकित; ~-graduate स्नातकोत्तर; ~ meridien मध्यकालोत्तर; ~ war युद्धोत्तर. **2.** (in space) ~ mortem पश्च चीर-फाड़^{F}; ~script पश्चलेख, पुनश्च. **III.** *v.t.* **1.** डाक^F से भेजना, डाक^F में डालना : ~ all the postcards today सभी पोस्टकार्ड आज डाक से भेज दो; when was the letter ~ed पत्र कब भेजा गया था? **2.** शीघ्रता^{F} से यात्रा^{F} करना, जल्दी सफ़र करना : he ~ed for the Himalayas उसने शीघ्र ही हिमालय की यात्रा^{F} की. **3.** (book-keeping) खतियाना, खाते में चढ़ाना : the clerk has ~ed his sum in his account क्लर्क ने रकम^F उसके खाते में चढ़ा दी है; all names will be ~ed (up) by the evening सब नाम शाम तक बही/खाते में चढ़ा दिये जाएँगे; to ~ (up) the ledger खाता-बही पूरा करना. **4.** (stick up) चिपकाना, (इश्तहार) लगाना : to ~ (up) a poster on the wall दीवार^F पर इश्तहार लगाना. **5.** (station) तैनात करना : policemen were all ~ed away from the house सभी पुलिस सिपाही घर से दूर तैनात किए गए. **6.** (appoint) नियुक्त करना : Mr. Singh has been ~ed to Patna श्री सिंह को पटना में नियुक्त करके भेजा गया है. **7.** make known घोषित करना : to keep smb ~ed with latest news ताज़ा समाचार से किसी को अवगत कराते रहना. **postage** पोस्'टिज n^u. डाक-व्यय : ~ due देय ≈, बैरंग; ~ stamp डाक-टिकट; how much ~ has to be paid कितना ≈ चुकता करना है? ~ for sending this parcel is Rs. 12 यह पार्सल भेजने का ≈ बारह रुपए हैं. **postal** पोस्'टल *a.* डाक का [address पता, union संघ]; ~order पोस्टल-आर्डर; ~ services ≈ सेवाएँ^{F}; ~ charges have increased from the 15th April पंद्रह अप्रैल से डाकखर्च बढ़ गया है; who will pay the ~ dues डाक व्यय कौन चुकाएगा ? **poster** पोस्'टर n^c. इश्तहार, विज्ञापन [attractive आकर्षण, decorated सुसज्जित, printed छपा हुआ]; a ~ propagates some new article ≈ किसी नई चीज़^{F} का प्रचार करता है; stick this ~ on the wall इस इश्तहार को दीवार^F पर चिपका दो. **postman** n^c. पोस्टमैन, डाकिया [poor गरीब, regular नियमित, sincere सच्चा]; ~ gives out letters and parcels ≈ पत्र और पार्सल बाँटता है; a ~ delivers these articles at your entrance ≈ तुम्हारे प्रवेशद्वार पर ये चीज़ें छोड़ देता है. **post master** n^c. पोस्टमास्टर, डाकपाल : ~ is the officer incharge of the post-office ≈ डाकख़ाने का प्रभारी अधिकारी होता है.

post meridiem (p.m.) पोस्ट्'मरिडिअम *n.* बाद दोपहर, अपराह्न : he will meet you in the school at 4 P.M. वह ≈ चार बजे तुम्हें विद्यालय में मिलेगा.

post mortem पोस्ट् मॉर्'टम **I.** n^u. (also ~ examination) शव परीक्षा^{F}: ~ showed no poison ≈ में विष नहीं आया; the dead body was handed over to the relatives after the ~ ≈ के बाद लाश^F को उसके संबंधियों को सौंप दिया गया.

post-office पोस्ट्'ऑफ़िस n^c. डाकघर, डाकख़ाना [branch शाखा, main मुख्य, sub अधीनस्थ]; the nearest ~ is beside my school निकटतम ≈ मेरे विद्यालय के बग़ल में है; you can get postcards, envelopes and stamps at the ~ तुम ≈ से पोस्टकार्ड,

लिफ़ाफ़े और टिकट ले सकते हो; is there any ~ here क्या यहाँ कोई ≈ है? he is a clerk in the ~ वह ≈ में लिपिक है.

postpone पोस्ट्'पोन *v.t.* **1.** (defer) स्थगित करना, मुल्तवी करना : his marriage has been ~d उसकी शादी[F] स्थगित कर दी गई है; the game was fixed for today but it is ~d to the 4th July आज खेल होना निश्चित था किंतु इसे चार जुलाई के लिए मुल्तवी कर दिया गया है. **2.** (indefinitely) ताक पर रख देना, पीछे रख देना : the superintendent ~d his application अधीक्षक ने उसके आवेदन-पत्र को ताक पर रख दिया. **postponement** पोस्ट् पोन्'मन्ट *n*[c]. स्थगन : the Registrar announced the ~ of examinations रजिस्ट्रार ने परीक्षाओं के स्थगन की घोषणा[F] की; the ~ of the meeting was confirmed by the secretary सेक्रेटरी द्वारा बैठक को स्थगन का अनुमोदन किया गया.

posture पॉस्'चर I. *n*[u]. **1.** (from 'pose') मुद्रा[F] : he is in an active ~ वह सक्रिय ≈ में है; his ~ is now praiseworthy अब उसकी ≈ प्रशंसनीय है. **2.** (carriage) ठवन : the young man liked the natural ~ of the girl नवयुवक को लड़की की स्वाभाविक ≈ पसंद थी. **3.** (attitude) रुख़ : the government's ~ on this issue is very unhelpful इस मामले में सरकार[F] का ≈ असहयोगात्मक है. **II.** *v.t.* दिखावा या ढोंग करना : to ~ as a philanthropist परोपकारी बनने का ≈.

pot पॉट I. *n*[c]. बर्तन, पात्र : ink ~ दवात[F]; flower ~ गमला; tea ~ चायदानी[F]; ~s of money ढेर-सा धन; this ~ is made of silver यह बर्तन चाँदी[F] का बना हुआ है. Δ **make the ~ boil** जीविका-निर्वाह करना, किसी तरह ज़िंदगी[F] बसर करना; the ~ calls **the kettle black** अंधा होकर दूसरे को अंधा कहना; चलनी क्यों बोले जिसमें बहत्तर छेद. **II.** *v.t.* . पात्र में रखना : to ~ water बर्तन में पानी रखना; to ~ plants गमले में पौधे लगाना. **potable** पो'टॅबल *a.* पीने योग्य [syrup शरबत/शीरा, water पानी]; this mixture is not ~ यह घोल पीने योग्य नहीं है.

potato पॅ टे टो' *n*[c]. (*pl.* potatoes) आलू [baked सेंका हुआ, boiled उबला हुआ, fresh ताज़ा, fried तला हुआ]; the ~es are ready ≈ तैयार हैं; we had meat and ~es for our dinner हमें अपने दोपहर के खाने में भोजन में मांस और ≈ मिले; ~ is an important vegetable ≈ एक महत्वपूर्ण सब्ज़ी है; I have peeled all the ~es मैंने सभी आलू छील दिए हैं.

potential पॅ टॅन्'शल I. *a.* **1.** (possible) संभावित, शक्य [demand माँग[F], leader नेता, medium माध्यम, revolutionary क्रांतिकारी]; perhaps he is the ~ customer शायद वह ≈ ग्राहक है. **2.** (latent) अंतर्निहित, प्रच्छन्न [energy ऊर्जा[F], power शक्ति[F]]; he could not forcee his ~ strength वह अपनी ≈ शक्ति[F] का अंदाज़ न कर सका. **II.** *n*[c]. **1.** सामर्थ्य[F], अंतःशक्ति[F] : he has yet to realize his ~ अभी उसे अपनी ≈ को पहचानना है. **2.** संभावना[F] : there is a ~ for a riot दंगे की ≈ है; this mine has a great ~ इस खदान में भारी ≈ है.

potter पॉ'टर I. *n*[c]. कुम्हार : ~'s earth कुम्हरौटी[F], चिकनी मिट्टी[F]; ~'s kiln आवाँ; ~'s wheel चाक; ~ makes pots of clay ≈ मिट्टी[F] के बर्तन बनाता है; there are two ~s in my village मेरे गाँव में दो ≈ हैं. **II.** *v.t.* **1.** समय गँवाना, मक्खी[F] मारना : he does noting at his shop, he ~s about the whole day वह अपनी दुकान पर कुछ नहीं करता, दिन भर समय गँवाता है. **2.** (loiter) इधर-उधर फिरना, व्यर्थ घूमना, आवारा भटकना : he ~s about in the garden वह बाग में व्यर्थ घूमता-फिरता है. **pottery** पॉ'टॅरि *n*[c]. मिट्टी[F] के बर्तन, मृद्भाण्ड [modern अद्यतन, ornamental अलंकारी]; ~ means dishes, bowls and other articles मृद्भाण्ड का मतलब है तश्तरियाँ, कसोरे और अन्य वस्तुएँ[F]; ~ is more easily breakable than glass मृद्भाण्ड काँच से ज़्यादा जल्दी टूटने वाला होता है.

pouch पाउच I. *n*[c]. थैली[F], (pocket) जेब[F] [cloth कपड़े की, leather चमड़े की]; ~ of Kangaroo कंगारू की थैली; he has a tobacco ~ उसके पास तम्बाकू रखने की एक ≈ है. **II.** *v.t.* **1.** थैली में रखना : she ~ed her

money and went away उसने थैली में पैसा रखा और चल दी. **2.** (swallow) निगलना : he ~ed two pills without water वह बिना पानी के दो गोलियाँ [F] निगल गया.

poultice पोल्'टिस n^u. पुलटिस, लेप : ~ is soft heated wet mass for skin ≈ चमड़ी[F] के लिए एक मुलायम, गर्म और ढीला-सा चक्का होता है; ~ lessens pain and swelling ≈ पीड़ा[F] और सूजन[F] को कम करता है; the doctor put hot ~ on his back डाक्टर ने उसकी पीठ[F] पर गर्म ≈ लगा दिया.

poultry पोल्'ट्रि *n. pl.* पोल्टरी[F] : chickens, hens, ducks, geese, etc. are called ~ चूज़ों, मुर्गियों[F], बत्तखों[F], मुरग़ाबियों[F] को ≈ कहते हैं; ~ house मुरगीख़ाना; ~ farming is a very profitable job कुक्कुटपालन बहुत लाभदायक काम है; I keep ~ in the garden मैं बगीचे में एक मुर्गीघर रखता हूँ.

pounce पॉउन्स **I.** n^c. (swoop) झपट्टा : the ~ of the tiger is very fast चीते का ≈ बहुत तेज़ होता है. **II.** *v.i.* **1.** झपटना : to ~ upon smb or smth किसी व्यक्ति या किसी वस्तु[F] पर ≈; the cat ~d on the mouse बिल्ली चूहे पर झपटी. **2.** मुकियाना : the policeman ~d on the thief पुलिस[F] ने चोर को मुकियाया. **3.** झटके से पकड़ना : to ~ upon a mistake झट से गलती[F] पकड़ना.

pound पाउन्ड **I.** n^c. **1.** (unit of weight) पाउन्ड, पौण्ड [one एक, two दो]; he sold three ~s of butter उसने तीन ≈ मक्खन बेचा; this weighs 7 ~s इसका वज़न सात ≈ है. **2.** (unit of money) पौंड : he bought a coat for twelve ~s उसने बारह ≈ में एक कोट ख़रीदा; please lend me ten ~s कृपया दस ≈ मुझे उधार दीजिए. **3.** (enclosure) बाड़ा, घेरा : there is a big ~ for cattle वहाँ मवेशियों के लिए एक बाड़ा है. **4.** कांजी हाउस : pay the fine and get your cow from the ~ जुर्माना भरो और अपनी गाय[F] ≈ से छुड़ा लाओ. **5.** (blow) प्रहार, आघात : we made a ~ on his back हमने उसकी पीठ[F] पर प्रहार किया. **II.** *v.t.i.* **1.** पीसना, कूटना : we ~ grain into flour हम दाने पीसकर आटा बनाते हैं. **2.** (fire) गोलाबारी[F] करना : the enemy army ~ed the position शत्रुसेना ने ठिकाने पर गोलाबारी की. **3.** मुकियाना, (तड़ातड़) मारना : he ~ed at the table angrily उसने गुस्से से मेज़ पर मुक्का मारा. **4.** (throb) धड़कना : seeing the police the thief's heart began to ~ पुलिस[F] को देखकर चोर का हृदय धड़कने लगा. **5.** (move heavily) धमा-चौकड़ी मचाना : you cannot check the students from ~ing तुम छात्रों को धमा-चौकड़ी मचाने से नहीं रोक सकते. **6.** to ~ *on/at* smth किसी चीज़ से टकराना या टक्कर[F] मारना. **7.** कांजी हाउस या घेरे में बंद करना : to ~ stray cattle आवारा मवेशियों को ≈.

pour पॉर **I.** *v.t.* उंड़ेलना : she ~ed tea into a cup उसने कप में चाय उंड़ेली; ~ the coffee from the pot बर्तन से काफ़ी उंड़ेलो; she is ~ing milk in the glass वह गिलास में दूध उंड़ेल रही है. Δ did **you ~ oil on the flames** क्या तुमने आग में तेल डाला था? लड़ाई भड़काई थी? **to ~ cold water on smb's ambitions** किसी की आकांक्षाओं[F] पर पानी फेर देना. **to ~ oil on troubled waters** शांत करना, झगड़ा मिटाना. **II.** *v.i.* **1.** (flow) बहकर जाना : the stream ~s into the river नाला (बहकर) नदी में जा गिरता है. **2.** (rain) मूसलाधार बरसना : heavy rain is ~ing ज़ोर की वर्षा[F] हो रही है; it is ~ing मूसलाधार वर्षा[F] हो रही है. **3.** बहना, बहकर निकलना. water was ~ing out of the tap टोंटी[F] से पानी निकल रहा था. **4.** बौछार[F] करना : to ~ out abuses, threats गालियों[F], धमकियों की ≈. **5.** तांता लगना : guests are still ~ing in मेहमानों के आने का ताँता लगा है. [*as distinct from* pore]

poverty पॉ'व़र्टि n^u. (from 'poor') **1.** दरिद्रता[F], गरीबी[F], कंगाली[F], निर्धनता[F] [terrible भयंकर, unbearable असह्य]; he lives in ~ वह ≈ में जी रहा है; to sink into ~ ≈ में डूबा होना; his family suffered great ~ उसका परिवार अत्यधिक कंगाली में पीड़ित था; you can relieve some people's ~ by donating money दान से तुम कुछ लोगों की गरीबी दूर कर सकते हो; he could not continue his education due to ~ ≈ के कारण वह अपनी शिक्षा[F] जारी न रख सका.

[*ant.* riches] **2.** कमी^F, अभाव : ~ of money धन का ≈; ~ of courage साहस की कमी; ~ of ideas विचारों का अभाव. **3.** (of land) अनुर्वरता; crops were scanty due to the ~ of the soil मिट्टी^F की ≈ के कारण फ़सल थोड़ी हुई.

powder पॉउ'डर **I.** *n*^cu. **1.** चूर्ण, बुकनी^F, चूरा, पाउडर [explosive विस्फोटक, white सफ़ेद]; grind smth to fine ~ किसी चीज़^F को पीसकर महीन चूरा करना; he crushed the piece of chalk into ~ उसने खड़िया^F का टुकड़ा कुचलकर चूरा कर दिया; women put ~on their faces औरतें अपने चेहरे (मुँह) पर पाउडर लगाती हैं. **2.** (gun ~) बारूद [dangerous ~ ख़तरनाक ≈; he possessed a hundred kg. of ~ उसके पास 100 किलो बारूद था. **3.** (medicine) चूरन [digestive पाचक, useful उपयोगी]; ~ is very beneficial for stomach ≈ पेट के लिए बहुत उपयोगी होता है. **II.** *v.t.* **1.** पाउडर छिड़कना या लगाना : to ~ the face चेहरे पर पाउडर छिड़कना. **2.** पीसना, चूरा करना : he ~ed the piece of chalk उसने चाक का चूरा कर दिया.

power पॉउ'अर *n*^c. **1.** (strength) शक्ति, बल, सामर्थ्य^F [atomic परमाणुवीय, exceptional अपवादात्मक, extraordinary असाधारण, mechanical यांत्रिक, mental मानसिक, physical शारीरिक]; what is the ~ of this engine इस इंजन की शक्ति कितनी है ? it is a 30- horse -~ engine यह तीस अश्वशक्ति का इंजन है; I'll do everything in my ~ मैं अपनी शक्तिभर सब कुछ करुंगा; it is not within my ~ to help you तुम्हारी सहायता^F करना मेरी सामर्थ्य की बात नहीं है. [*ant.* weakness] **2.** (legal authority) अधिकार-शक्ति^F, अधिकार-क्षेत्र : the police have the ~ to arrest anybody पुलिस^F को अधिकार है कि किसी को पकड़ ले; it is beyond the power of the magistrate यह मजिस्ट्रेट के अधिकार के बाहर है. **3.** (political ~) सत्ता^F : who will come into ~, it is hard to say कौन सत्ता में आएगा, कहना कठिन है; this party will come into ~ यह पार्टी सत्ता में आएगी. **4.** (energy) ऊर्जा^F : water ~ जल-ऊर्जा; electric ~ (use only 'power') बिजली^F, विद्युत-शक्ति^F [atomic आणवीय, hydro जल, thermal तापीय]; ~ house बिजलीघर; the supply of ~ is not sufficient बिजली की आपूर्ति^F पर्याप्त नहीं है. **5.** control नियंत्रण : I have him in my ~ वह मेरे नियंत्रण में है. **6.** (person) प्रभावशाली व्यक्ति. **7.** *n*^c. (country) राष्ट्र, शक्तिशाली देश : European ~s यूरोपीय देश/राष्ट्र; the great ~s बड़े - बड़े शक्तिशाली राष्ट्र. **8.** (Maths.) घात : 8 power 6 आठ ≈ छह 8^6. **powerful** पॉउ'अर्फुल *a.* शक्तिशाली [army सेना^F, country देश, engine इंजन, machine मशीन^F, man आदमी, movement आंदोलन, state राज्य]; Germany is a ~ country जर्मनी एक ≈ देश है. **powerless** पॉउ'अलेंश *a.* असमर्थ, अशक्त, शक्तिहीन : लाचार, मजबूर [country देश, man आदमी]; the officer was ~ to help me अधिकारी मेरी सहायता^F करने में असमर्थ था; the driver was ~ to stop the bus चालक बस रोकने में अशक्त था.

P.P. Private and Personal.

p.p. past participle.

P.P.O. Pension Payable Order.

practicable प्रैक्'टिकॅबल *a.* व्यवहार्य, साध्य [plan योजना^F, work काम]; his suggestion was not ~ उसका सुझाव ≈ नहीं था; I found it un~ मुझे यह अव्यवहार्य लगा. [*ant.* in ~] **practical** प्रैक्'टिकल *a.* **1.** व्यावहारिक [advice सलाह^F, difficulty कठिनाई^F, knowledge ज्ञान]; ~ application व्यावहारिक प्रयोग; ~ value ≈ उपयोगिता^F; ~ joke ≈ मज़ाक/शरारत^F; ~ scheme ≈ योजना^F; it is of ~ use यह ≈ प्रयोग की है. **2.** प्रयोगात्मक, प्रायोगिक [chemistry रसायन विज्ञान, examination परीक्षा^F]. **3.** (useful) उपयोगी : he is not ~ for everything वह हर बात^F के लिए ≈ नहीं है. **4.** व्यवहारकुशल : a ~ person ≈ व्यक्ति. **5.** for all ~ purposes वास्तव में. **practically** प्रैक्'टिकॅलि *adv.* **1.** व्यावहारिक रूप से : his power was ~ unlimited ≈ उसकी शक्ति असीमित थी. **2.** (nearly) लगभग : I have ~ finished my work मैंने

अपना काम ≈ समाप्त कर दिया है : holidays are ~ over छुट्टियाँ^{F} ≈ समाप्त हैं. 3. वास्तव में, असल में : the jug is ~ empty जग ≈ ख़ाली है. **practice** प्रैक्'टिस n^{uc}. 1. (habitual action) व्यवहार : normal ~ सामान्य व्यवहार; it is rather simple ~ अपेक्षया यह ≈ आसान है. 2. (custom) प्रथा^{F}, रिवाज [ancient प्राचीन, common सामान्य]; the tribal people have strange ~s जनजातीय लोगों में विचित्र प्रथाएँ हैं; the old ~ of Sati was revived सती^{F} की पुरानी प्रथा पुनरुज्जीवित की गई. 3. (habit) आदत^F [good अच्छी, praiseworthy प्रशंसनीय, special विशेष]; the ~ of rising early in the morning सुबह^F-सवेरे उठने की ≈; a ~ intentionally established जानबूझकर डाली गई ≈; he had made a ~ of writing daily in the morning उसने प्रतिदिन सुबह^F लिखने की ≈ डाल ली थी. 4. (exercise) अभ्यास : you need more ~ तुम्हें अधिक ≈ की जरूरत^F है; you will learn it by ~ तुम ≈ करते-करते इसे सीख लोगे; ~ makes a man perfect ≈ से मनुष्य कलावंत हो जाता है; he has good ~ of playing cricket क्रिकेट खेलने का उसका अच्छा अभ्यास है; I am now out of ~ अब मेरा अभ्यास नहीं रहा. 5. (profession) व्यवसाय, पेशा : legal ~ कानूनी ≈; the practice of a lawyer एक वकील का ≈ (वकालत); ~ of teaching music lessons संगीत के पाठ पढ़ाने का व्यवसाय; doctor's ~ डाक्टरी; the doctor has a good ~ इस डाक्टर का ≈ अच्छा है. 6. (doing) प्रयोग, व्यवहार : it is rather troublesome in ~ व्यवहार में यह कुछ कष्टदायक है; put into ~ कार्यान्वित करना : he could not put his scheme into ~ वह अपनी योजना^{F} को कार्यान्वित न कर सका. 7. पद्धति^{F}, ढंग : the ~ of reading like this is not good इस प्रकार पढ़ने का ढंग अच्छा नहीं है. 8. (conduct) आचरण : ~ of virtues is good for all of us सद्गुणों का ≈ हम सब के लिए अच्छा है. **practise** प्रैक्'टिस *v.t.* (note verb with 's') 1. के अनुसार चलना या आचरण करना : ~ what you preach जो तुम उपदेश देते हो उसके अनुसार आचरण करो; ~ according to the rule नियम के अनुसार आचरण करो. 2. की साधना करना, की आदत डालना, अभ्यास करना : keep practising अभ्यास करते रहो; she ~s on harmonium everyday वह प्रत्येक दिन हारमोनिअम पर साधना (अभ्यास) करती है; to ~ the music instrument वाद्य यंत्र पर साधना करना; you should ~ your music lesson तुम्हें अपने संगीत के पाठों की साधना करनी चाहिए; you should ~ writing everyday तुम्हें प्रतिदिन लिखने का अभ्यास करना चाहिए. 3. (a profession) का व्यवसाय करना, का काम करना : now he is practising law अब वह कानून का व्यवसाय कर रहा है. **practised** प्रैक्'टिस्ट *a.* अभ्यस्त, सधा हुआ [artist कलाकार, cheat धोखेबाज़, player खिलाड़ी]; he is a ~ labourer, he will do the work properly वह एक ≈ मज़दूर है, वह काम उचित रूप में करेगा.

practitioner प्रैक् टि'शॅनर n^c. व्यवसायी [legal कानूनी, medical चिकित्सीय]; a general ~ is not a specialist एक सामान्य व्यवसायी विशेषज्ञ नहीं होता.

praise प्रेज I. *n.* प्रशंसा, सराहना : ~ highly अत्यधिक ≈; he said so many things in ~ of his mother अपनी माँ की प्रशंसा में उसने बहुत बातें कहीं; his efforts are worthy of ~ उसके प्रयास प्रशंसा के योग्य हैं; I do not deserve so much ~ मैं इतनी ≈ का अधिकारी नहीं हूँ; she received high ~ for her work उसे अपने काम के लिए भारी ≈ प्राप्त हुई. [*ant.* censure] II. *v.t.* 1. प्रशंसा करना, सराहना : he ~d her embroidery उसने उसकी कढ़ाई की प्रशंसा की; he was ~d for his good painting उसकी अच्छी चित्रकारी के लिए उसकी प्रशंसा की गई. 2. to ~ God ईश्वर की स्तुति करना. **praiseworthy** प्रेज़'वःदि *a.* प्रशंसनीय, सराहनीय [deed कार्य, effort प्रयास, struggle संघर्ष, work कार्य]; he did it in a ~ manner उसने इसे ≈ ढंग से किया.

pram प्रैम = short for 'perambulator' *q.v.*

prattle प्रै'टल I. n^c. 1. बकबक^F : check the ~ of your son अपने बेटे की ≈ रोकिए; pay no attention to his ~ उसकी ≈ पर ध्यान न दीजिए. 2. तुतलाहट^F : a child's ~ बच्चे की ≈. II. *v.i.* 1. बकबक करना : ~ loudly ज़ोरों

से ≈; girls ~d (on) about their clothes लड़कियाँ अपने कपड़ों के बारे में बकबक करती रहीं. **2.** तुतलाना : the child ~s बच्चा तुतलाता है.

pray प्रे *v.t.i.* प्रार्थना^F करना, विनती^F करना : ~er meeting प्रार्थना-सभा^F; let us ~ to God for peace आओ हम ईश्वर से शांति^F के लिए प्रार्थना करें; to ~ for smth किसी चीज़^F के लिए प्रार्थना करना; she ~ed for my health उसने मेरे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की; I ~ for forgiveness मैं क्षमा-याचना^F करता हूँ; we ~ to God to help us हम अपनी सहायता^F के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं. [*as distinct from* prey] **prayer** प्रेॅअर' *n*^c. **1.** प्रार्थना^F, विनती^F [evening शाम की, school विद्यालय की]; God accepted her ~ and blessed her with a son ईश्वर ने उसकी प्रार्थना सुन ली और उसकी कृपा^F से उसे एक पुत्र हुआ; Muslim ~ नमाज़ : they go to the mosque to say their ~ वे नमाज़ पढ़ने मस्जिद जाते हैं. **2.** (entreaty) याचना^F, विनती^F : his ~ was granted उसकी विनती सुन ली गई; the principal granted the ~ of the servant प्राचार्य ने नौकर का निवेदन स्वीकार कर लिया. **3.** (person) प्रार्थी : he is the ~ of this application वह इस आवेदन-पत्र का ≈ है.

pre प्री, पि *pref.* (prior) पूर्व-प्राक्-, पूर्वी : ~ arrange पूर्व व्यवस्था^F करना; precaution पूर्व सावधानी^F; predated पूर्वतिथित; prehistoric प्रागैतिहासिक; इसी प्रकार premature, prepayment, prewar.

preach प्रीच *v.t.* **1.** प्रवचन या उपदेश देना, Buddha ~d non-violence बुद्ध ने अहिंसा^F का उपदेश दिया; a priest ~es how you should live एक पुरोहित या पादरी उपदेश देता है कि कैसे रहा जाय; to ~ a long sermon एक लंबा उपदेश देना; to ~ smb किसी को उपदेश पिलाना. **2.** (advocate) प्रचार करना : he is always ~ing the value of morning walk वह सदा सुबह^F की सैर^F के महत्व का प्रचार करता है. **3.** (derog.) उपदेश झाड़ना; don't ~ at/on to me मुझे उपदेश मत झाड़ो.

preacher प्री'चर *n*^c. उपदेशक, धर्मोपदेशक [bigoted कट्टर, communalist संप्रदायवादी, prominent प्रसिद्ध]; Shankaracharya was a great ~ शंकराचार्य एक महान ≈ थे; a ~ gave this moral advice एक ≈ ने यह चरित्रगत उपदेश दिया.

precarious प्रि केॅअ'रिअस *a.* **1.** (uncertain) अनिश्चित [condition दशा^F, result परिणाम, success सफलता^F]. **2.** (unstable) अस्थिर : ~ living of the farmers किसानों का ≈ जीवन. **3.** (at another's pleasure) भाग्याधीन, अन्याधीन [help सहायता^F, pleasure सुख/खुशी^F, possession कब्ज़ा]; means of livelihood are ~ जीने के साधन ≈ हैं. **4.** (unfounded) निराधार [statement कथन, talk बातचीत^F]. **5.** (doubtful) संदिग्ध : ~ reasoning ≈ तर्क. **6.** (risky) खतरनाक : ~ condition of the patient मरीज़ की ≈ स्थिति^F.

precaution प्रि कॉ'शन *n*^c. **1.** (measure) पूर्वोपाय, एहतियात^F : successful ~ सफल ≈; you must take ~ against theft तुम्हें चोरी^F से बचने का पूर्वोपाय करना चाहिए. **2.** (care) सावधानी^F, सतर्कता^F : ~ could have saved his life सतर्कता से उसकी जान बच गई होती; you must take the ~ before anything is done तुम्हें कुछ करने से पहले ≈ बरतनी चाहिए; ~ is better than cure इलाज से सावधानी^F बेहतर है.

precede प्रि सीड' *v.t.* **1.** से पहले आना या घटित होना : he ~d all his friends into the hotel वह अपने सभी मित्रों से पहले होटल में आया; the Indian civilization ~d Greek भारतीय सभ्यता^F ग्रीक सभ्यता से पहले थी. **2.** प्रारंभ में या भूमिका-स्वरूप कहना : he ~d his speech with a warning उसने अपनी वक्तृता^F के पहले चेतावनी^F देते हुए कहा; to ~ the essay with an introduction निबंध के आरम्भ में भूमिका^F लिखना. [*cf.* proceed]. **precedence** प्रेॅसि'डन्स *n*^u. **1.** (priority) पूर्ववर्तिता^F, अग्रगामिता : it takes ~ over all इसे सब पर ≈ प्राप्त है. **2.** (pre-eminence) श्रेष्ठता^F : in order of ~ ≈ के क्रम में; have ~ over all सब पर ≈ होना; the king has ~ over all his subjects राजा को अपनी पूरी प्रजा^F पर श्रेष्ठता प्राप्त है. **3.** (right to

precede) अग्रता^F, पूर्वता^F, वरीयता^F : he takes no ~ in the school उसे इस विद्यालय में कोई ≈ प्राप्त नहीं है; take ~ over पहला हक होना : national questions take ~ over other affairs राष्ट्रीय प्रश्नों का अन्य मामलों से पहला हक है; Kalidas takes ~ over all other dramatists कालिदास अन्य सभी नाटककारों के ऊपर हैं, अधिक महत्वपूर्ण हैं.

precedent प्रें'सि 'डन्ट **I.** *a.* पूर्ववर्ती [chapter अध्याय, decision निर्णय, events घटनाएँ, schemes योजनाएँ^F]; never mind his ~ faults उसके ≈ दोषों पर ध्यान न दो. **II.** *n*^c. नज़ीर^F, पूर्वोदाहरण : the President broke the ~ राष्ट्रपति ने ≈ का उल्लंघन कर दिया; if it is allowed it will be a bad ~ यदि यह करने दिया गया तो यह ख़राब नज़ीर होगी; without a ~ it is difficult to decide in your favour बिना ≈ के तुम्हारे पक्ष में निर्णय करना कठिन है; he set/created a new ~ उसने एक नई नज़ीर स्थापित कर दी.

preceding प्रि सी'डिङ्ग *a.* पूर्ववर्ती, पूर्वगामी, पूर्वगत : ~ paragraph ≈ पैरा; ~ article ≈ लेख; you must mind the ~ decisions ≈ निर्णयों को तुम्हें ध्यान देना चाहिए.

precept प्री'सेंप्ट *n*^c. **1.** उपदेश : religious ~ धार्मिक ≈; you must follow the ~s तुम्हें उपदेशों का पालन करना चाहिए; example is better than ~ ≈ देने से अपना उदाहरण प्रस्तुत करना अच्छा. **2.** (maxim) नीतिवचन : a preacher always talks of ~s उपदेशक सदा ≈ की बात^F करता है; to preach ~s ≈ की शिक्षा^F देना. **3.** (law) आदेश : ~ by a high court उच्च न्यायालय का ≈.

precious प्रे'शस *a.* **1.** (costly) बहुमूल्य, मूल्यवान, कीमती [clothes कपड़े, diamond हीरा, goods माल, metal धातु^F]; ~ stone रत्न, मणि; ~ little बहुत थोड़ा, नहीं के बराबर; even iron has become a ~ metal now अब तो लोहा भी ≈ धातु हो गया है; my time is ~ मेरा समय ≈ है. [*ant.* worthless] **2.** (dear) प्रिय, परमप्रिय : ~ friend ≈ मित्र; his independence was very ~ to him अपनी स्वतंत्रता^F उसे बेहद प्रिय थी. **3.** ~ good care बहुत अच्छी सावधानी^F. **4.** (over refined) अति सुकुमार, नाज़ुक मिज़ाज : his ~ temper must be considered उसके नाज़ुक मिज़ाज का ध्यान रखना चाहिए. **5.** (other contexts) ~ style बनावटी शैली^F. a ~ fool बिलकुल मूर्ख.

precis प्रे'सी *n*^c. (*pl.* precis प्रे'सीज़) संक्षेप, सार, सारांश : ~ of an essay निबंध का ≈ ; write the ~ of this paragraph. इस अनुच्छेद का सारांश लिखो; ~ gives only the main points of the writing सारांश लेख के केवल मुख्य बिंदुओं को उज़ागर करता है; I forgot to write the ~ in my examination अपनी परीक्षा^F में मैं सारांश लिखना भूल गया.

precise प्रि साइस' *n.* **1.** (exact) सही, यथातथ्य, ठीक : ~ measurements ≈ नाप^F; ~ meaning ≈ अर्थ; she gave a ~ description of her journey उसने अपनी यात्रा का सही-सही वर्णन किया; he arrived at the ~ moment वह सही क्षण पर पहुँचा; get ~ time from the radio रेडियो से सही समय जानो. **2.** (definite) सुनिश्चित [moment क्षण, statement वक्तव्य, time समय]; it was the ~ time to reach there वहाँ पहुँचने के लिए यह सुनिश्चित समय था; ~ time for her prayer उसके प्रार्थना करने का ≈ समय. **3.** (clear) स्पष्ट : a lawyer should have a ~ mind वकील मन ≈ होना चाहिए. **4.** (strict) सख्त, नियमनिष्ठ : he is very ~ in his duty वह अपने कर्तव्य के प्रति बहुत ही नियमनिष्ठ है. **precision** प्रिसि'ज़न *n*^u. **1.** सुस्पष्टता^F : she expresses her thoughts with ~ वह ≈ से अपने विचार व्यक्त करती है. **2.** परिशुद्धता^F : I have noted his ~ in calculation मैंने परिगणना में उसकी ≈ को जाना है. **3.** सूक्ष्मता^F : ~ instruments सूक्ष्मतामापी उपकरण.

preclude प्रि क्लूड' *v.t.* निवारण करना, रोकना, बाधा^F डालना : his wife's illness ~d his coming to office उसकी पत्नी^F की बीमारी^F ने उसका कार्यालय आना रोक दिया; my father's transfer ~d my studies मेरे पिता के स्थानांतरण से मेरी पढ़ाई^F में बाधा पड़ गई; we should ~ any possibility of misunderstanding or doubt हमें भ्रम या संदेह की किसी भी संभावना^F का निवारण करना चाहिए; to ~ someone from doing smth किसी को कुछ करने से रोकना.

precocious प्रि को'शस *a.* **1.** (of plants) अकालपक्व, अकालिक : ~ growth of a tree पेड़ की अकालिक वृद्धि^{F}. **2.** (of children) अकाल प्रौढ़ : ~ child is one whose talents are prematurely developed ≈ बच्चा वह है जिसकी प्रतिभाएँ^{F} समय से पहले विकसित हो गई हैं.

predecessor प्री'डिसें'सर n^c. **1.** पूर्वाधिकारी : our principal's ~ was very good हमारे प्राचार्य के ≈ बहुत अच्छे थे. **2.** पूर्ववर्ती : our teacher is much younger than his ~ हमारे अध्यापक ≈ अध्यापक से बहुत छोटे हैं; his ~ in the office was Mr. Smith कार्यालय में उनके ≈ मि. स्मिथ थे. **3.** पूर्वज, पुरखे : my ~s hailed from Punjab मेरे पूर्वज पंजाब से आये थे; his ~s were not respected उसके ≈ सम्मानित नहीं थे.

predicate प्रें'डिकिट **I.** n^c. **1.** (gram.) विधेय : pick out ~s from these sentences इन वाक्यों से ≈ छाँटो; he came home in this sentences 'he' is subject and 'came home' is ~ वह घर आया है— इस वाक्य में 'वह' कर्ता है और 'घर आया'≈. **2.** (quality) गुण : telling the truth is a ~ in him सत्य बोलना उसका एक ≈ है. **II.** प्रें'डिकेट *v.t.* निश्चयपूर्वक कहना : he ~d before the chairman about the bad performance of the school विद्यालय के खराब कार्य-संपादन के बारे में उसने अध्यक्ष से निश्चयपूर्वक कहा; we ~ that all men are equal हम निश्चयपूर्वक कहते हैं कि सब मनुष्य समान हैं.

predict प्रि डिक्ट' *v.t.* भविष्यवाणी^{F} करना, पेशीनगोई^F करना : fine weather was ~ed सुहावने मौसम की भविष्यवाणी की गई थी; father ~ed that there would be a storm पिताजी ने भविष्यवाणी की कि आँधी^{F} आयेगी; he ~ed rain उसने वर्षा^{F} होने की ≈ की; you cannot ~ future events आप भविष्य की घटनाओं के बारे में भविष्यवाणी नहीं कर सकते; he had ~ed his early death उसने उसके जल्दी मर जाने की भविष्यवाणी की थी. **prediction** प्रि डिक्'शन n^c. भविष्यवाणी^{F}: his ~s proved false उसकी भविष्यवाणियाँ झूठी साबित हुईं; the ~ came true उसकी भविष्यवाणी सही साबित हुई.

predominant प्रि डॉ'मिनन्ट *a.* प्रबल, अभिभावी; प्रमुख, सर्वाधिक [belief विश्वास, colour रंग, member सदस्य, officer अधिकारी]; he is a ~ partner in my factory वह मेरे कारख़ाने में एक प्रमुख भागीदार है; a ~ feature of the programme कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता^{F}. **predominate** प्रि डॉ'मिनेट *v.t.* **1.** पर अधिपत्य या प्रभुत्व रखना : to ~ *over* smb किसी पर अपना ≈. **2.** सबसे प्रबल होना, से श्रेष्ठ होना : Beer ~d in the debate बीर वाद-विवाद में सबसे ज़ोरदार/श्रेष्ठ था; a wish to become a doctor has always ~d his mind डाक्टर बनने की उसकी इच्छा^{F} उसके मन में सदा प्रबल रही है.

preface प्रें'फिस **I.** n^c. **1.** प्राक्कथन, आमुख : ~ at the beginning of a book किताब^F के आरंभ में ≈; in the ~ the author has offered apologies and thanks ≈ में लेखक ने क्षमा-याचना^{F} की और धन्यवाद दिया है. **2.** भूमिका^{F} : ~ to a book or speech एक किताब^F अथवा भाषण की ≈. **II.** *v.t.* **1.** प्रस्तावना^{F} (भूमिका^{F}) लिखना या लगाना : to ~ a book with remarks कुछ टिप्पण देकर पुस्तक^F की भूमिका या प्रस्तावना लिखना. **2.** भूमिका-स्वरूप कहना या लिखना : he ~d his speech with a story उसने भूमिका-स्वरूप अपने भाषण से पहले एक कहानी सुनाई.

prefect प्री'फ़ेक्ट n^c. प्रशासक [sincere सच्चा, strict कड़ा]; a ~ keeps the pupils in order ≈ छात्रों को व्यवस्था^{F} में रखता है.

prefer प्रि फ़र' *v.t.* **1.** (ज़्यादा) पसंद करना, तरजीह^F देना, वरीयता^{F} देना : I ~ swimming to riding मैं घुड़सवारी^{F} की अपेक्षा तैरने को तरजीह देता हूँ; which of the two watches do you ~ दो घड़ियों^{F} में से तुम किसे वरीयता देते हो ? I ~ the town **to** the country मैं देहात से शहर को तरजीह देता हूँ; where do you ~ to go tonight — to the theatre or to the cinema आज रात तुम कहाँ जाना पसंद करोगे—थिएटर या सिनेमा ? **2.** (promote) तरक्की^{F} देना : he was ~red as head clerk in the office कार्यालय में से उसे प्रधान लिपिक के पद पर तरक्की दी गई. **3.** (present) प्रस्तुत करना, पेश

करना : I ~red a light breakfast to guests मैंने अतिथियों को हल्का-सा-नाश्ता प्रस्तुत किया; I ~red a petition or complaint to the officer मैंने अधिकारी को एक याचिका^F या शिकायत^F पेश की. **preferable** प्रें'फ़रॅबल *a.* बेहतर, वरीय, अधिमान्य : a quilt is ~ to a blanket रज़ाई कंबल से बेहतर होती है; satire is ~ to humour व्यंग्य हास्य से ≈ है. **preferably** प्रें'फॅरबलि *adv.* अधिमानतः I like fruit, ~ apples मुझे फल पसंद हैं, ≈ सेब; I would ~ to go there वहाँ जाना मुझे अधिक पसंद है. **preference** प्रें'फ़रन्स *n*^u. अधिमान्यता^F, वरीयता^F, अधिक पसंद^F, तरजीह^F : we give ~ to experienced men हम अनुभवी लोगों को वरीयता देते हैं; he has ~ for coffee उसे काफी बहुत पसंद है; state your ~ अपनी ≈ बताइए; I have no strong ~ मेरी कोई विशेष ≈ नहीं है; history is my ~ इतिहास को मैं ≈ देता हूँ. Δ **in ~ to** की वरीयता^F में : I like mangoes in ~ to oranges मैं संतरों ≈ में आमों को पसंद करता हूँ.

prefix प्री'फ़िक्स **I.** *n*^c. उपसर्ग, पूर्व-प्रत्यय : 'il' is a ~ in 'illegal' 'अवैध'में 'अ' ≈ है; pre-, post-, un- etc. are ~s पूर्व-पश्च, अन्- इत्यादि ≈ हैं. **II.** *v.t.* शुरू या प्रारंभ में कुछ लगाना [correctly सही-सही, wrongly गलत ढंग से]; we ~ed a stanza to the essay हमने निबंध के पहले एक छंद रखा.

pregnancy प्रें'ग्'नन्सि *n.* **1.** गर्भ, गर्भावस्था^F : this was her second ~ after the birth of Gyan ज्ञान के जन्म के बाद यह उसका दूसरा ≈ था. **2.** गर्भकाल : she took utmost care during her ~ उसने अपने ≈ में पूरी-पूरी सावधानी^F बरती. **3.** (of soil) उर्वरता^F : ~ of land must be maintained ज़मीन की ≈ बनी रहनी चाहिए. **pregnant** प्रें'ग्'नन्ट *a.* **1.** गर्भवती, गर्भिणी : the woman has been ~ for more than nine months औरत नौ महीने से अधिक की ≈ है; now she cannot be ~ अब वह ≈ नहीं हो सकती. **2.** (of animals) गाभिन : the cow is ~ गाय ≈ है. **3.** (inventive) विदग्ध, मौलिक : ~ mind ≈ मन. **4.** (meaningful) अर्थपूर्ण, अर्थगर्भित : ~ remark ≈ टिप्पण; every phrase is ~ with meaning प्रत्येक सूक्त ≈ है. **5.** (abounding) से भरपूर, परिपूर्ण, भरा-पूरा : this incident is ~ with consequences इस घटना के भरपूर परिणाम होंगे.

prejudice प्रें'जुडिस **I.** *n*^c. **1.** पूर्वग्रह, पूर्वधारणा^F : wrong ~ गलत ≈; without ~ बिना ≈ के; I have no ~ against foreigners मुझमें विदेशियों के प्रति कोई ≈ नहीं है; he has ~ against lending money पैसा उधार देने के विरुद्ध उसमें ≈ है. **2.** (bias) पक्षपात : racial ~ जातीय ≈; he has ~ in favour of Christians उसमें ईसाइयों के प्रति ≈ है; he has ~ against me and in favour of her उसमें मेरे विरुद्ध और उसके प्रति ≈ है. **3.** (harm) हानि^F, क्षति^F : you must be cautious that any kind of ~ must not occur against him तुम्हें सावधान रहना चाहिए कि उसे किसी प्रकार की ≈ न हो; this was done to the ~ of his interests यह उसके हितों की हानि करके हुआ. **II.** *v.t.* **1.** पक्षपात या पूर्वाग्रह उत्पन्न करना : he has ~d Shila against me उसने मेरे विरुद्ध शीला के मन में पक्षपात उत्पन्न कर दिया है, शीला के कान भर दिया है he is ~d **against** playing cards उसमें ताश खेलने के विरुद्ध पूर्वाग्रह है; he is ~d in favour of Mr. K वह श्री क के प्रति पक्षपात रखता है. **2.** क्षति पहुँचाना : to ~ a right claim सही दावे को ≈. **prejudicial** प्रेजु डि'शल *a.* **1.** प्रतिकूल, विपरीत : ~ effect अनिष्ट या प्रतिकूल प्रभाव; this decision is ~ to my interes.s or rights यह निर्णय मेरे हितों या अधिकारों के प्रतिकूल है. **2.** (harmful) हानिकर : smoking is ~ to health धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए ≈ है.

preliminary प्रि लि'मिनरि **I.** *a.* प्रारंभिक, प्राथमिक, आरंभिक [action कार्रवाई^F, exam परीक्षा^F, pages पृष्ठ, remark टिप्पण, talk वार्तालाप]; he was very eager to hear ~ results वह ≈ परिणाम सुनने के लिए बहुत उत्सुक था. **II.** *n*^c. (used in *pl.* preliminaries) प्रारंभिक कार्य : preliminaries of peace संधि^F से पहले के कार्य; a lot of preliminaries are required to be

done बहुत-से प्रारंभिक कार्यों को किए जाने की आवश्यकता^{F} है.

premature प्रें मॅ ट्युअर' *a.* **1.** अकाल, असामयिक, कालपूर्व [birth जन्म, decision निर्णय, old age बुढ़ापा]; all were shocked to hear of his ~ death उसकी ≈ मृत्यु^{F} को सुनकर सबको धक्का लगा; ~ baby समय से पहले जन्मा बच्चा. **2.** (overhasty) अविचारित: ~ decision ≈ निर्णय.

premier प्रें'मिअर **I.** *a.* **1.** प्रधान, प्रमुख : ~ industrialist ≈ उद्योगपति; of ~ importance ≈ महत्व का; he held a ~ place in the instituion संस्था में उसे ≈ स्थान प्राप्त था. **2.** सर्वप्रथम : he secured the ~ place in class उसने कक्षा में ≈ स्थान प्राप्त किया. **II.** *n*^{c}. **1.** ~ of a play नाटक का प्रथम प्रदर्शन. **2.** प्रधानमंत्री : visit of the Chinese ~ last month पिछले महीने चीनी ≈ का आगमन.

premises प्रें'मिसिस *n. pl.* अहाता, परिसर [private व्यक्तिगत/निजी, school स्कूल का]; no smoking on these ~ इस ≈ में धूम्रपान का निषेध है.

premium प्रि'मिअम *n*^{c}. **1.** (prize) पुरस्कार : ~ of Rs. 100 सौ रुपए का पुरस्कार. **2.** (insurance ~) प्रीमियम, बीमा-किस्त^F : ~ of Rs. 1000 per year is being made to the insurance corporation प्रतिवर्ष एक हज़ार रुपए की बीमा-किस्त बीमा निगम को दी जा रही है. **3.** प्रीमियम, बढ़ौती, अधिमूल्य, अधिदेय, अधिशुल्क : to sell at a ~ ≈ पर बेचना. **4.** (bonus) लाभांश : ~ system ≈ रीति^{F}. **5.** Δ **to put a ~ on cheating** धोखाधड़ी^{F} को प्रोत्साहित करना, your action will put a ~ on dishonesty तुम्हारी कार्रवाई बेइमानी को बढ़ावा देगी. tickets are at a ~ टिकट मुश्किल से मिल रहे हैं.

prep., preparation प्रे पॅ रे'शन *n*^{c}. तैयारी^{F}; they put chairs in the school hall in ~ for the concert संगीत सभा^{F} की ≈ में उन्होंने विद्यालय के हाल में कुर्सियाँ रखी; make ~ for the party पार्टी^{F} के लिए ≈ कीजिए; he is busy in ~ for the examination वह परीक्षा^{F} की ≈ में व्यस्त है; my ~s are complete मेरी तैयारियाँ पूरी हैं; he is making ~s for his marriage वह अपनी शादी^{F} के लिए ≈ कर रहा है. **prepare** प्रि पें-अर' *v.t.* तैयार करना, बनाना : we ~d everything in time हमने सब कुछ समय पर तैयार कर दिया; he was ~d to go with me वह मेरे साथ जाने को तैयार था; mother is preparing our meal माँ हमारा भोजन बना रही है; to ~ oneself for an examination परीक्षा^{F} के लिए तैयार होना; he is preparing a lesson for the class वे कक्षा^{F} के लिए पाठ तैयार कर रहे हैं; ~ land for seed बीज डालने के लिए ज़मीन^F तैयार करो; to ~ food for eating खाने के लिए भोजन ≈; I ~d the ground for plants मैंने पौधों के लिए ज़मीन तैयार की. **prepared** प्रि पें'अर्ड *a.* तैयार (किया हुआ) : ~ statement कथन; he read out a ~ statement उसने तैयार किया हुआ वक्तव्य पढ़ दिया; he was not ~ to help me वह मेरी सहायता^{F} करने के लिए उद्यत/तैयार न था; we were not ~ for skating in October हम अक्तूबर में स्केटिङ्ग के लिए तैयार नहीं थे : I am ~ to admit मैं मानने को तैयार हूँ.

preposition प्रें पॅ ज़ि'शन *n*^{c}. पूर्वसर्ग : in, on, upon, for, from etc. are ~s में, पर, ऊपर, के लिए, से इत्यादि पूर्वसर्ग हैं, (हिंदी में ये परसर्ग होते है); a ~ is put before a noun ≈ संज्ञा^{F} के पहले रखा जाता है.

prescribe प्रेस क्राइब' *v.t.* **1.** निर्धारित करना : this book is ~d for the ninth class यह किताब^F कक्षा^{F} नौ के लिए निर्धारित है; ~ regular time for study, play अध्ययन, खेल के लिए नियमित समय निर्धारित कर लो. **2.** (medi.) नुस्ख़ा लिखना : the doctor ~d medicine and complete rest to the pregnant woman डाक्टर ने गर्भवती स्त्री के लिए दवा^{F} और पूर्ण आराम का नुस्ख़ा लिखा. **3.** (law) निहित करना, का विधान करना : the government ~s rules and regulations सरकार^F नियम-विनियम विहित करती है; what punishment is ~d in law कानून में किस दंड का विधान है? **prescription** प्र स् क्रिप्'शन *n*^{c}. नुस्ख़ा : the doctor wrote me a ~ for cough डॉक्टर ने मुझे खाँसी का नुस्ख़ा लिख दिया.

presence प्रें'ज़न्स n^c. उपस्थिति^F, हाज़िरी^F, मौजूदगी^F : your ~ is required आपकी उपस्थिति दरकार है; I request you for your ~ at the meeting सभा^F में आपकी उपस्थिति के लिए मैं निवेदन करता हूँ; he said it in the ~ of many people उसने इसे कई लोगों की ≈ में कहा; her ~ was not noticed उसकी ≈ पर ध्यान नहीं दिया गया; his mere ~ is sufficient केवल उसकी ≈ ही पर्याप्त है. [*ant*. absence] **present** प्रें'ज़न्ट **I.** *a.* **1.** उपस्थित, हाज़िर, विद्यमान : he was ~ when the letter was read जब पत्र पढ़ा गया तो वह उपस्थित था; this boy is not often ~ यह लड़का बहुधा उपस्थित नहीं रहता; I'll not be ~ tomorrow कल मैं उपस्थित नहीं रहूँगा. [*ant.* absent] **2.** (actual) वर्तमान [condition दशा, tense काल, time समय]; he mostly writes in the ~ tense वह प्राय: वर्तमान काल में लिखता है; I cannot help you in my ~ present position ≈ स्थिति^F में मैं आपकी सहायता^F नहीं कर सकता; our ~ teacher is better than the last one हमारे मौजूदा अध्यापक पिछले वाले से अच्छे हैं; at the ~ moment ≈ क्षणों में, इस समय; she cannot save on the ~ wages ≈ मज़दूरी से वह कुछ बचा नहीं पाती. **II.** n^c. **1.** उपहार, भेंट [beautiful सुंदर, costly कीमती, expensive महँगा, ordinary साधारण]; I gave him a pen as a ~ मैंने ≈ में उसे पेन दिया; he received three watches as ~ ≈ के रूप में उसे तीन घड़ियाँ^F मिलीं; to thank smb for a ~ किसी को ≈ के लिए धन्यवाद देना; I have this little ~ for you तुम्हारे लिए यह मेरा छोटा-सा ≈ है. **2.** वर्तमान काल : at ~ he is a professor ≈ में (इस समय) वह एक प्रोफ़ेसर है : for the ~ फिलहाल : for the ~, let the matter end here फिलहाल मामले को यहीं खत्म कर दो. **III.** *v.t.* प्रिज़ेन्ट' **1.** (introduce) परिचय कराना, मिलाना : he ~ed me to the new teacher उसने नए अध्यापक से मेरा परिचय कराया. **2.** (bring forward) प्रस्तुत करना, सामने लाना, पेश करना : to ~ a play नाटक पेश करना; the discovery ~s much interest to the scientists यह खोज वैज्ञानिकों के लिए दिलचस्पी प्रस्तुत करती है; to ~ application formally औपचारिक रूप से आवेदन करना; he was ~ed with a book उसे एक किताब^F पेश की गई; to ~ oneself उपस्थित हो जाना. **3.** (show) दिखाना, प्रदर्शित करना, अभिनय करना : he ~ed excellent acting in the drama नाटक में उसने उत्कृष्ट अभिनय का प्रदर्शन किया. **4.** देना, प्रदान करना : to ~ smth to smb किसी को कुछ ≈; I ~ congratulations to my friend on his success मैंने अपने मित्र की सफलता^F पर उसे बधाई^F दी; it ~ed me no particular difficulty इससे मुझे कोई विशेष कठिनाई^F नहीं हुई.

preservation प्रें'ज़र व़े'शन n^u. **1.** (of food etc.) परिरक्षण, संरक्षण. **2.** (protection) (सु)रक्षा^F : exercise for the ~ of health स्वास्थ्य की ≈ के लिए कसरत^F; it was in a good state of ~ यह अच्छी तरह सुरक्षित था, इसका रखरखाव अच्छा था. **preserve** प्रि ज़र्व **I.** *v.t.* **1.** सुरक्षित रखना, बचाना : ~ woodwork with paint पेंट से लकड़ी^F का सामान सुरक्षित रखिए; may God ~ you from all harm भगवान आपको सब क्षति^F से सुरक्षित रखे; the Eyptians ~d the dead bodies from decay मिश्रवासी मृत शरीर को नष्ट होने से सुरक्षित रखते थे. **2.** (food etc.) परिरक्षित करना : he could not ~ the fruits वह फलों का परिरक्षण न कर सका **3.** (maintain) बनाए रखना : to ~ smb's memory किसी की स्मृति^F बनाए रखना; ~ it in the condition in which it is जिस दशा^F में है इसे बनाए रखो; ~ silence शांति बनाए रखिए; to ~ one's life अपनी जान बचाये रखना. **II.** n^c. परिरक्षित फल : tinned and ~d डिब्बाबंद ≈. **preserved** प्रि ज़र्व्ड' *a.* परिरक्षित [food भोजन, fruit फल, meat मांस]; well- ~ youthful health सुपरिरक्षित यौवन भरा स्वास्थ्य.

preside प्रि ज़ाइड' *v.i.* सभापति होना, सभापतित्व करना : to ~ **at** the conference सम्मेलन का संचालन करना; to ~ **over/at** a meeting किसी बैठक का सभापति होना; ~d by के सभापतित्व में/की अध्यक्षता^F में : the meeting

was ~ed by Mr. S बैठक मि. स की अध्यक्षता में हुई. **president** प्रें'ज़िडन्ट *n*^c. (of a country) राष्ट्रपति [arbitrary निरंकुश, qualified योग्य]; Dr. Rajendra Prasad was the first ~ of India डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम ≈ थे; who will be the next ~ of South Africa दक्षिणी अफ्रीका के अगले ≈ कौन होंगे ? the ~ will address the nation on the eve of the republic day ≈ गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या^F पर राष्ट्र को संबोधित करेंगे. **2.** अध्यक्ष, सभापति : Mr. ~, ladies and gentlemen अध्यक्ष महोदय, देवियो, और सज्जनो ! who is the ~ of the Association इस संस्था^F का अध्यक्ष कौन है ? **presidential** प्रे ज़ि डें न्'शल *a.* **1.** राष्ट्रपति का [address संबोधन, election चुनाव, government शासन]. **2.** अध्यक्षीय : nothing remains after the ~ speech ≈ भाषण के पश्चात् कुछ नहीं रह जाता. **presiding** प्रि ज़ाइ'डिङ्ग *a.* प्रमुख : ~ deity अधिष्ठात्री देवी; ~ officer प्रधान अधिकारी.

press प्रेंस **I.** *n.* **1.** (pressure) दबाव : there is much ~ on the pillar खंभे पर काफ़ी ≈ है; give it a slight ~ इस पर हल्का-सा दबाव डालो. **2.** (of work) व्यस्तता^F, हड़बड़ी^F : he was in such a ~ due to excessive work अत्यधिक काम के कारण जो इतनी व्यस्तता थी. **3.** (throng) भीड़^F-भाड़, भीड़-भड़क्का/ धक्कमधक्का : he never goes out in the ~ of people वह ≈ में कभी बाहर नहीं जाता. **4.** मुद्रणयंत्र; मुद्रणालय, छापाख़ाना : the ~ is closed today आज ≈ बंद है; this ~ has big printing machines इस ≈ में छापे की बड़ी-बड़ी मशीनें^F हैं. **5.** (newspaper) समाचार-पत्र, प्रेस : अख़बार : to send a news for the ~ ≈ के लिए समाचार भेजना; he is working for the ~ वह ≈ के लिए काम कर रहा है; the ~ has vast powers ≈ की भारी शक्तियाँ हैं; freedom of the ~ समाचार-पत्रों की स्वतंत्रता^F. ~ **conference** संवाददाता सम्मेलन; ~ **note** प्रेस विज्ञप्ति^F. **6.** **oil** ~ कोल्हू. **7.** (iron) इस्तरी : ~ is hot ≈ गर्म है. **II.** *v.t.* **1.** दबाना, दबाव डालना [heavily ज़ोर से, lightly हल्के-से]; he is ~ed to go with him उसके साथ जाने के लिए उस पर दबाव डाला गया; he ~ed his hand against the well उसने अपना हाथ दीवार^F से दबाया; if you ~ that button, the ball will ring यदि तुम उस बटन को दबाओ तो घंटी^F बजेगी; ~ together tightly एक साथ कसकर दबाव डालो. **2.** (squeeze out) पेरना, निचोड़ना : I ~ed the fruit to get juice रस निकालने के लिए मैंने रसों को निचोड़ा. **3.** (iron) इस्तरी^F करना : I must have my suit ~ed मेरा सूट इस्तरी किया जाना चाहिए; his clothes were not ~ed उसके कपड़े इस्तरी नहीं किए गए थे. **4.** आग्रह करना, मजबूर करना : the children ~ed the headmaster to give them a day's leave from the school बच्चों ने विद्यालय से एक दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक से आग्रह किया (को मजबूर किया). **5.** तंग करना : he is being ~ed by his creditors उसे लेनदार तंग कर रहे हैं. **6.** आलिंगन करना : she ~ed her daughter to her उसने अपनी लड़की^F का आलिंगन किया. **pressing** प्रें'सिङ्ग *a.* **1.** (urgent) भारी, अत्यावश्यक, बहुत ज़रूरी : ~need भारी आवश्यकता^F; ~ invitation सानुरोध निमंत्रण; this matter is very ~ यह मामला ≈ है; he was busy in a ~ work, he so could not come वह एक अत्यावश्यक काम में व्यस्त था इसलिए न आ सका. **2.** (serious) घोर, ज़ोरदार : ~ effect ≈ प्रभाव/असर. **3.** (insistent) आग्रही, दुराग्रही, हठीला : ~ nature ≈ स्वभाव; I dislike his ~ habits मैं उसकी हठीली आदतों^F को नापसंद करता; why are you so ~ तुम इतना हठ क्यों करते हो ? **pressure** प्रें'शर *n*^u. **1.** दाब, चाप, दबाव [high अधिक, low कम]; put ~ on smb to do smth कुछ करने के लिए किसी पर दबाव डालना; to bring ~ to bear on smb किसी पर दबाव डालकर मजबूर करना; it was done under ~ यह दबाव में किया गया था; he made this statement under the ~ of the police पुलिस^F के दबाव में आकर उसने यह वक्तव्य दिया; ~ of water पानी का दबाव; don't put ~ on the machine मशीन पर दबाव न डालो; atmospheric ~ is heavier हवा^F का दबाव और ज्यादा है; blood

~ रक्तचाप; ~ of air in the tyre टायर में हवा^{F} का ≈. **2.** (affliction) कष्ट : he complains of ~ in the chest उसे सीने में कष्ट है. **3.** (other contexts) ~ of work व्यस्तता^{F}, कार्यभार; ~ cooker दाब कुकर; ~ guage दाबमापी, दाबमापक; he works at high, low ~ वह तेज़, धीरे ≈ पर काम करता है.

prestige प्रेस् टीज n^u. प्रतिष्ठा^{F} : to hurt the ~ of any established firm किसी स्थापित फ़र्म (प्रतिष्ठान) की ≈ को क्षति^{F} पहुँचाना; enjoy considerable social ~ भरपूर सामाजिक ≈ का आनंद लो; a car gives you a lot of ~ कार^F तुम्हें बहुत ≈ दिलाती है; it is a question of his ~ यह उसकी ≈ का प्रश्न है; he enjoys great ~ in the town वह कस्बे में अच्छी ≈ पाता है.

presume प्रि ज़्यूम' *v.t.* **1.** (assume) मान लेना, ख़्याल करना : I ~ that you have met him before मैं यह मानकर चलता हूँ कि तुम उससे पहले मिल चुके हो; it was ~d that he passed the exam यह मान लिया गया कि उसने परीक्षा^{F} उत्तीर्ण कर ली है; he is now ~d dead अब उसे मृत मान लिया गया है. **2.** (be bold) धृष्टता^{F} या साहस करना : I would not ~ to question him उस पर प्रश्न उठाने की धृष्टता^{F} नहीं करूँगा; do you ~ to tell me what is right and what is wrong क्या तुम मुझे यह बताने का साहस करते हो कि ठीक क्या है और गलत क्या है ?

pretence प्रि टेन्स' *n.* **1.** (pretext) बहाना : he absented himself under the ~ of illness वह बीमारी^{F} के बहाने अनुपस्थित रहा. **2.** दिखावा, प्रदर्शन, ढोंग : he is not so rich, it is only a ~ वह इतना धनी नहीं है यह केवल ढोंग है. **3.** (deceit) छल-कपट, धोखा : under the ~ of friendship मित्रता^{F} के धोखे में. **4.** (claim) दावा : he made a ~ of knowing everything उसने सब कुछ जानने का दावा किया; she makes no ~ to extraordinary ability वह असाधारण योग्यता^{F} रखने का कोई दावा नहीं करती. **pretend** प्रि टेंन्ड' *v.t.* **1.** दावा करना : he ~ed to be innocent उसने निर्दोष होने का दावा दिया; he ~ed to the throne उसने राजसिंहासन पाने का दावा किया. **2.** का बहाना करना/देना : he ~ed not to have noticed us उसने हमें न देखने का बहाना किया; he ~ed that he was busy उसने व्यस्त होने का बहाना किया; he ~s illness वह बीमारी^{F} का बहाना करता है; he is ~ing to be asleep वह सोने का बहाना कर रहा है. **3.** का स्वाँग करना, ढोंग रचना : he ~s to like you वह तुम्हारी चाह^F रखने का ढोंग करता है; he ~ed to be interested उसने दिलचस्पी लेने का स्वाँग किया; the animal ~ed to be dead जानवर ने मरने का ढोंग किया. **pretender** प्रि टेंन्'डर n^c. **1.** दावेदार, उम्मीदवार [false झूठा, real वास्तविक]; ~ to an estate संपत्ति^{F} का ≈. **2.** (deceiver) ढोंगी, कपटी, धोखेबाज़ : he is not the owner of the property, he is a ~ वह संपत्ति^{F} का स्वामी नहीं है, वह ≈ है.

pretext प्री'टेंक्स्ट n^c. बहाना : illness is a ~ for his absence बीमारी^{F} उसकी अनुपस्थिति^{F} का ≈ है; he went away on the ~ that he was feeling ill वह यह ≈ करके चला गया कि मैं अस्वस्थ हूँ; on some or the other ~ किसी-न-किसी बहाने; he could not find a ~ for delay उसे देर करने का कोई बहाना नहीं मिला.

prettily प्रि'टिलि *adv.* अच्छी तरह से, आकर्षक ढंग से : to ask ~ अच्छे ढंग से पूछना; the girls are ~ dressed लड़कियाँ आकर्षक ढंग से कपड़े पहने हैं; they sang a song ~ उन्होंने ≈ एक गीत गाया. **pretty** प्रि'टि **I.** *a.* (prettier, prettiest) **1.** सुंदर [baby बच्चा, girl लड़की]; how ~ she is! वह कितनी ≈ है ! these dolls are very ~ ये गुड़ियाँ^{F} बहुत सुंदर हैं. **2.** रमणीय, सुंदर, मनोहर [dress वस्त्र, face चेहरा, flower फूल, garden बगीचा, picture चित्र, scene दृश्य]; what a ~ place ! कितना ≈ स्थान है ! [*ant.* ugly] **3.** (sweet) मधुर [song गीत, voice स्वर]. **4.** अच्छा-ख़ासा : ~ sum अच्छी-ख़ासी राशि^{F}

II. *adv.* **1.** बहुत कुछ, अच्छ-भला : he is ~good at tennis वह टेनिस में बहुत कुछ अच्छा है; I feel ~ well मैं बहुत स्वस्थ महसूस करता हूँ; this poem is ~ difficult यह कविता काफी मुश्किल है. **2.** he is sitting ~ वह बड़े

आराम से बैठा है.

prevail प्रि व़ेल' *v.t.* **1.** (triumph) अभिभावी होना; (succeed) सफल होना; he ~ed over/against his rivals वह अपने प्रतिद्वन्द्वियों पर अभिभावी रहा : truth, justice will ~ in the end अंत में सत्य, न्याय अभिभावी होगा; after a long struggle we ~ed over our enemies लंबे संघर्ष के बाद हम शत्रु पर अभिभावी हो गए. **2.** (predominate) प्रबल होना, सर्वाधिक होना : the north winds ~ over that part of India भारत के उस भाग में उत्तरी हवाएँ^{F} प्रबल हैं. **3.** (be current) प्रचलित/चालू होना : this custom still ~ s over the whole of India यह प्रथा^{F} भारत में अब भी प्रचलित है. **Δ. on smb** किसी को राज़ी करना, मनाना : I could not ~ on him to stay longer मैं उसे अधिक समय तक रुकने के लिए राज़ी नहीं कर सका. **prevailing** प्रि व़े'लिङ्ग *a.* **1.** (predominant) प्रबल, अभिभावी, हावी : enemies are ~ these days इन दिनों शत्रु प्रबल हैं. **2.** प्रचलित, चालू [custom प्रथा^{F}, fashion चलन, prices कीमतें^{F}]; many new diseases are ~ बहुत-सी नई बीमारियाँ^{F} प्रचलित हैं. **prevalent** प्रे'व़्लन्ट *a.* (from 'prevail') **1.** प्रचलित, चालू [custom रिवाज, diseases बीमारियाँ^{F}, fashion फैशन]; the habit of travelling without ticket is still ~ among the students बिना टिकट यात्रा^{F} करने की आदत^F छात्रों में अब भी ≈ है. **2.** व्यापक, व्याप्त : poverty is ~ in many countries गरीबी^{F} बहुत-से देशों में ≈ है; disaster was ~ in Maharashtra due to earthquake भूकंप के कारण महाराष्ट्र में घोर विपत्ति^{F} व्याप्त थी.

quite क्वाइट *adv.* **1.** नितांत, बिल्कुल, काफ़ी : you are ~ right तुम ≈ सही हो; it has become ~ warm now अब काफ़ी गर्मी हो गई है; there were ~ a few boys वहाँ थोड़े से ही लड़के थे; we ~ forgot about it हम इसके बारे में बिल्कुल भूल गए; I am ~ ill मैं काफ़ी बीमार हूँ; he plays hockey ~ well वह हाकी अच्छी तरह खेलता है. **2.** ~ a काफ़ी : he has become ~ a good musician वह ≈ अच्छा संगीतज्ञ हो गया है; ~ a nice dress ≈ अच्छी पोशाक^F. **3.** पूर्णतया, पूरा : it is not ~ right यह ≈ ठीक नहीं है; I am ~ sure that he will come मुझे ≈ विश्वास है कि वह आएगा; he does not feel ~ well वह ≈ स्वस्थ नहीं है. [*as distinct from* quiet]

quiver क्वि'वर **I.** *n*^c. **1.** तरकश, तूणीर, भाथा : he kept arrows in a ~ वह बाण एक ≈ में रखता था. **2.** कंपन, स्पंदन : there is much ~ in the rod, [voice आवाज़] छड़ में बहुत ≈ हैं. **II.** *v.i.* थरथराना, काँपना : the bridge ~ed as the train passed over it जैसे ही रेलगाड़ी^F पुल पर से गुजरी वह काँप गया; she was ~ing with cold वह ठंड से काँप रही थी; although he has put on a coat, yet he is ~ing यद्यपि उसने कोट पहना है फिर भी काँप रहा है; he is ~ing with fear वह डर के मारे काँप रहा है.

quiz क्विज़ **I.** *n*^c. (*pl.* quizzes) प्रश्नोत्तरी, प्रश्नावली : it is ~ time on the radio रेडियो पर इस समय ≈ है; he participated in the ~ competition उसने ≈ प्रतियोगिता में भाग लिया; ~ master प्रश्नकर्ता. **II.** *v.t.* (-zz-) पूछताछ^F करना, प्रश्न पूछना : he ~zed me about my health उसने मेरे स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की.

quorum क्वॉ'रम *n.* कोरम, गणपूर्ति^F : without the ~ the meeting could not be held

बिना ≈ के बैठक न हो सकी.

quota क्वो'टा n^c. कोटा, नियतांश : ~ of reservation in trains रेलगाड़ियों में आरक्षण का ≈; ~ in government service सरकारी नौकरी[F] का ≈; each restaurant was allotted a ~ of sugar प्रत्येक रेस्टोरेंट को चीनी[F] का ≈ दिया गया; his ~ in public charity लोक सार्वजनिक दान में उसका ≈; to contribute one's ~ अपने ≈ का अंशदान करना.

quotation क्वोटे'शन n^u. **1.** उद्धरण, अवतरण : it is a ~ from Bhartendu यह ≈ भारतेन्दु से है. **2.** भाव, दर [good अच्छा, right ठीक]; he gave me his ~ for a car उसने मुझे कार[F] का अपना ≈ बताया; send me your ~ for whitewashing my house मेरे मकान की सफ़ेदी[F] कराने के लिए मुझे अपनी ≈ भेजिए.

quote क्वोट *v.t.* **1.** उद्धृत करना, उद्धरण देना : I. could not ~ a single line from Tulsidas मैं तुलसीदास से एक पंक्ति[F] भी उद्धृत न कर सका. **2.** भाव या कीमत[F] बताना : he has not yet ~d the price of the washing machine उसने अभी तक धुलाई मशीन[F] की कीमत[F] नहीं बताई .

q.v. *quod vide,* which see.

R, r

rabbit रै'बिट **I.** n^c. ख़रगोश, शशक [long-eared लंबकना, smart फुर्तीला]; a ~ lives in holes in the ground ≈ ज़मीन के अंदर बिल में रहता है; that boy runs like a ~ वह लड़का ≈ की तरह दौड़ता है; a ~ has a short tail ≈ की छोटी पूँछ[F] होती है. **II.** *v.i.* to go ~ing ख़रगोश का शिकार करना. **2.** ख़रगोश की समूदार चमड़ी[F]; the collar of her overcoat is made of ~ उसके ओवरकोट का कालर ≈ का बना है.

rabid रै'बिड *a.* **1.** (violent) उग्र : ~ enemy ≈ शत्रु. **2.** (fanatical) कट्टर, मतांध : ~ priest ≈ पुरोहित; ~ communist ≈ साम्यवादी. **3.** (mad) पागल : ~ dog ≈ कुत्ता. **4.** बहुत जोशीला : ~ supporter ≈ समर्थक.

rabies रे'वीज़ n^u. अलर्क रोग : ~ causes madness and then death ≈ से पागलपन और फिर मृत्यु हो जाती है; a victim of ~ (dog or a person) is afraid of water ≈ का शिकार (कुत्ता या व्यक्ति) पानी से डरता है.

race रेस **I.** n^c. **1.** जाति[F] [Aryan आर्य, four-footed चौपायों की, human मानव]; Dravidian ~ is older than the Aryans द्रविड़ ≈ आर्यों से पुरानी है. **2.** (contest) दौड़[F] : three kilometre ~ तीन किमी० की ≈; horse ~ घुड़≈; he won the ten kilometer ~ उसने दस किमी० की ≈ जीत ली; John came first in the hundred metres ~ जॉन सौ मीटर की ≈ में प्रथम आया; they ran a ~ वे दौड़ दौड़े. ~ **course** (घुड़) दौड़ का मैदान. **3.** (course of life) जीवन-यात्रा[F] : his ~ of life was much successful उसकी ≈ बहुत सफल रही; she had almost run her ~ of life उसकी ≈ लगभग समाप्त हो गई थी. **II.** *v.i.t.* दौड़ना, दौड़[F] लगाना, दौड़ में भाग लेना : let us ~ चलो, दौड़ लगाएँ; to ~ with smb किसी के साथ ≈; Mary ~d to the door मेरी दरवाज़े की ओर दौड़ी; the children came racing बच्चे दौड़ लगाते हुए आए; she ~d for the one thousand metre race and won the prize वह एक हज़ार मीटर की दौड़ दौड़ी और पुरस्कार पा गई. *v.t.* दौड़ाना : to ~ a horse घोड़ा दौड़ाना; I'll ~ you मैं तुम्हें दौड़ाऊंगा. **racial** रे'शल *a.* जातीय, जातिगत [characteristics विशेषताएँ/लक्षण, customs प्रथाएँ, discrimination भेदभाव]; he could not ignore his ~ pride वह अपने ≈ अभिमान को भूल न सका. **racing** रे'सिङ्ग **I.** *a.* दौड़ का [car कार[F], club क्लब]. **II.** n^u. घुड़दौड़; ऊंटदौड़ arms ~ हथियारों की होड़[F].

rack रैक **I.** n^c. **1.** (furniture) टाँड़, रैक [big बड़ा, small छोटा, wooden लकड़ी का]; book ~ किताबें रखने का ≈; plate ~ प्लेटें रखने का ≈; a luggage ~ in the train रेलगाड़ी[F] में सामान रखने का ≈; put the things on the ~ सब चीजें ≈ पर रख दो. **2.** (for fodder) चारादान, चरही[F] : a ~ for the horses घोड़ा के लिए ≈. **II.** *v.t.* (to cause great pain) यातना देना (often pass.) : he was ~ed with pain वह दर्द के मारे बेहाल था.

racket (also racquet) रै'किट **I.** n^c. **1.** (uproar) हल्ला, हुल्लड़, कोलाहल, शोरगुल [loud ज़ोर का, sharp तेज़]; to kick up a ~ हल्ला मचाना; the children are making ~ in the next room बच्चे अगले कमरे में शोर मचा रहे हैं. **2.** (tennis) रैकेट : ~ for playing tennis टेनिस खेलने के लिए ≈; the ~ has a strong frame ≈ का ढांचा मज़बूत होता है; she hit the ball with a ~ उसने गेंद[F] को ≈ से हिट लगाई **3.** गंदा व्यापार : he is in the havala ~ वह हवाला का गंदा व्यापार करता है. **II.** *v.t.* हल्ला मचाना, आमोद-प्रमोद करना.

radio रे'डिओ **I.** n^u. रेडियो : ~ active विकिरणशील; ~ therapy विकिरण चिकित्सा[F]; there was some good music

on the ~ रेडियो पर अच्छा-सा संगीत था; I heard it on the ~ मैंने इसे ≈ पर सुना; the news over the radio ≈ पर समाचार; he is learning French by ~ वह रेडियो से फ्रेंच सीख रहा है. **II.** *n*ᶜ. (*pl.* radios) रेडियो : my father has bought a new radio मेरे पिताजी ने एक नया ≈ ख़रीदा है; it is a pocket ~ यह जेबी रेडियो है.

radish रै'डिश *n*ᶜ. मूलीᶠ [bitter कड़वी, red लाल, white सफेद]; ~ tastes hot मूली तीती होती है; the pieces of ~ are used in salad ≈ के टुकड़ों का प्रयोग सलाद में किया जाता है; ~ is eaten raw ≈ कच्ची खाई जाती है.

radius रे'डिअस *n*ᶜ. (*pl.* radii) (usu. *sing.*) **1.** तृज्याᶠ, व्यासार्ध : ~ of a circle वृत की तृज्या; ~ is a straight line through the centre to the circumference तृज्या एक सीधी रेखाᶠ है जो केंद्र से परिधिᶠ तक जाती है. **2.** (region) घेरा : he lives within a ~ of two kilometres वह दो किलोमीटर के घेरे में रहता है.

rafter राफ़'टर *n*ᶜ. कड़ीᶠ : ~ supports the roof ≈ छतᶠ को सहारा देती है; a bird has made a nest at the end of a ~ किसी पक्षी ने ≈ के सिरे पर घोंसला बनाया है.

rag रैग **I.** *n*ᶜ. चिथड़ा, फटा-पुराना कपड़ा [cotton सूती, woollen ऊनी]; clean the basin with a ~ बेसिन को चिथड़े से साफ़ करो; he had only old rags to wear उसके पास पहनने के लिए केवल पुराने चिथड़े थे; the beggar was dressed in ~s भिखारी फटे-पुराने कपड़े पहने था. **II.** *v.t.* (-gg-) (tease) सताना, तंग करना, चिढ़ाना : the old students ~ the new ones पुराने विद्यार्थी नए विद्यार्थियों को सताते-चिढ़ाते हैं.

rage रेज **I.** *n*ᵘ. **1.** (fury) रोष, क्रोधोन्माद : he was in ~ वह ≈ में था; he became red with ~ वह क्रोध से लाल हो गया; flew into a ~ वह क्रोध में फूट पड़ा. **2.** (fig.) ~ of storm आँधीᶠ का ज़ोर; ~ of a disease बीमारीᶠ का प्रकोप. **3.** (emotion) भावावेश : to fly into a ~ भावावेश में आना. **II.** *v.i.* **1.** प्रचण्ड होना, का प्रकोप होना [terribly भयानक रूप से, frightfully दर्दनाक ढंग से]; discord ~d again मतभेद पुनः प्रचण्ड हो गया; the fire ~d in his house उसके मकान में आग का प्रकोप था; the epidemic was raging throughout the country महामारीᶠ पूरे देश में ज़ोरों पर थी; a storm was raging आँधी ज़ोर से चल रही थी. **2.** (to show great anger) ग़ुस्सा झाड़ना : he ~ at his servant उसने नौकर पर ग़ुस्सा झाड़ा.

ragged रे'गिड *a.* **1.** (torn) जीर्णशीर्ण, फटा-पुराना [clothes कपड़े, shirt कमीज़ᶠ]; the poor man's clothes were so ~ that they could not be repaired anymore गरीब आदमी के कपड़े इतने फटे-पुराने थे कि उनकी अब और मरम्मतᶠ नहीं हो सकती थी. **2.** (of a person) फटीचर : the boy is ~ and dirty लड़का फटेहाल और गंदा है. **3.** (uneven) ऊबड़-खाबड़ : ~ surface ≈ सतहᶠ; we cannot play on such a ~ground हम ऐसे ≈ मैदान में नहीं खेल सकते. **4.** their play was ~ उनका खेल रद्दी था.

raid रेड **I.** *n*ᶜ. **1.** (attack) छापा : the police made a ~ on the gambling house पुलिसᶠ ने जुआघर पर ≈ मारा; the smuggler was caught in a ~ छापे में तस्कर मारा गया. **2.** (rapid visit) धावा : the boys made a ~ on the dining hall लड़कों ने भोजनालय पर ≈ बोल दिया. **II.** *v.t.* & *i.* धावा मारना, धावा करना : ~ forcibely बलपूर्वक ≈; the police ~ed the house of the thief and caught him पुलिस ने चोर के मकान पर छापा मारा और उसे पकड़ ले गई. **raider** रे'डॅर *n*ᶜ. छापामार : Babar was a ~ and so was Mahmood Ghaznavi बाबर एक ≈ था, ऐसे ही महमूद ग़ज़नवी भी.

rail रेल **I.** *n*ᶜ. **1.** (of railway) पटरीᶠ : that train went off the ~s वह गाड़ीᶠ ≈ से उतर गई; the ~ between these two stations is not good इन दो स्टेशनों के बीच की ≈ ठीक नहीं है; a train runs on ~s रेलगाड़ीᶠ ≈ पर चलती है. **2.** (railway) रेलगाड़ीᶠ : to go by ~ ≈ से जाना; send these goods by ~ यह माल रेलगाड़ी से भेज दो. **3.** (railing) जंगला, रेलिंग [iron लोहे का, wooden लकड़ी का]; these men cannot break the ~ ये लोग

≈ नहीं तोड़ सकते; keep your hand on the ~ when you go upstairs जब सीढ़ियों^{F} से ऊपर जाओ तो ≈ पर हाथ रखे रहो. **II.** *v.i.* घोर निंदा^{F} करना, बुरा-भला कहना : this man ~s against/at everybody यह व्यक्ति हर किसी की घोर निंदा करता है; he is always ~ing against at the government वह सदा सरकार^{F} को बुरा-भला कहता रहता है. **railing** रे'लिङ्ग n^{c}. रेलिंग, जंगला [big बड़ा, simple साधारण, solid ठोस]; there were ~s round the park पार्क के चारों ओर ≈ था; iron ~s kept people from falling over the steep cliff लोहे के जंगले लोगों को खड़ी चट्टान^{F} पर से गिरने से बचाते थे. **railroad** रेल्'रोड (U.S.) n^{c}. रेलवे, रेलपथ [blocked बंद, long लंबा]; he will go to Lucknow by ~ वह ≈ से लखनऊ जाएगा. **railway** रेल्'वे *a.* & n^{c}. रेलवे,^{F} रेल^{F} [accident दुर्घटना^{F}, ticket टिकट, worker मज़दूर]; northern ~ उत्तर ≈; western ~ पश्चिम ≈; ~ line रेल पटरी^{F}; ~ system रेलों का जाल; ~ crossing रेल का फाटक; ~ fare रेल का किराया; ~ mail service (R.M.S.) रेल डाक सेवा; my brother is working on the ~ मेरा भाई ≈ में काम करता है; he always travels by the ~ वह हमेशा रेल से सफ़र/यात्रा^{F} करता है; I shall get down at the next ~ station मैं अगले रेलवे-स्टेशन पर उत्तर जाऊंगा; you should not cross the ~ line तुम्हें रेल की पटरी^{F} नहीं पार करनी चाहिए.

rain रेन **I.** n^{uc}. **1.** वर्षा^{F}, बारिश^{F} [heavy भारी, light हल्की, violent प्रचण्ड]; we had enough ~ last year पिछले साल हमारे यहाँ काफी ≈ हुई थी; the first drops of ~ fell in July ≈ की पहली बूँदें^{F} जुलाई में पड़ी थीं; the ~ stopped suddenly ≈ एकाएक बंद हो गई. **2.** (*pl.*) बरसात^{F} : we grow paddy during ~ हम ≈ में धान उगाते हैं. **II.** *v.i.* बरसना, वर्षा होना : it is ~ing पानी बरस रहा है; Δ **it is ~ing cats and dogs** मूसलाधार वर्षा हो रही है; it is going to ~ बरसात होने वाली है; do you think that it will ~ tomorrow? क्या तुम समझते हो कि कल बारिश होगी; Δ **it never ~s but it pours** घटनाएँ अकेली घटित नहीं होतीं. **III.** *v.t.* बरसाना, बौछार करना : he ~ed bullets on him उसने उस पर गोलियों^{F} की बौछार कर दी. **~bow** n^{c}. इंद्रधनुष : attractive ~ आकर्षक ≈; ~ has a number of colours ≈ में कई रंग होते हैं; after the rains there was a ~ in the sky बरसात के बाद आकाश में ≈ था; the ~ has seven colours ≈ में सात रंग होते हैं. **~coat** n^{c}. बरसाती कोट [black काला, tough कड़ा]; you must take your ~ when you go out ? जब बाहर जाओ तो तुम्हें अपना बरसाती कोट जरूर ले लेना चाहिए. **~fall** n^{u}. वर्षा^{F}, बरसात^{F} [average औसत, heavy भारी]; for the last three years we had good ~ पिछले तीन वर्ष से हमारे यहाँ अच्छी ≈ हुई है. **~ guage** n^{c}. वर्षामापी^{F} : ~ shows the quantity of rainfall ≈ बताता है कि वर्षा की मात्रा^{F} कितनी हुई. [*as distinct from* reign, rein] **rainy** रे'नि *a.* वर्षा (का), बारिशी [day दिन, season ऋतु^{F}]; today is a ~ day आज बारिश का दिन है. Δ **to put by for a ~ day** तंगी के दिनों के लिए बचा रखना.

raise रेज़ **I.** *v.t.* **1.** उठाना : he ~d his hands in support of my proposal उसने मेरे सुझाव के समर्थन में अपने हाथ ऊपर उठाए; the bull ~d its head साँड़ ने अपना सिर उठाया; he ~d the boy from the ground उसने लड़के को ज़मीन पर से उठा लिया; to ~ some objection कोई आपत्ति^{F} ≈; to ~ several points कई बिंदु ≈; ~ a siege घेरा ≈. Δ **to ~ one's eyebrows** नाक-भौंह चढ़ाना; **to ~ one's voice** अपनी आवाज़^{F} ऊंची करना. [*ant.* lower] **2.** (construct) बनाना, निर्माण करना, बनवाना : to ~ the house on the disputed land विवादग्रस्त भूमि^{F} पर मकान का निर्माण करना; to ~ a statue of a former President किसी पूर्व राष्ट्रपति की मूर्ति^{F} बनवाना. **3.** (rouse) उभाड़ना, भड़काना : he ~d hatred against his neighbours उसने अपने पड़ोसियों के विरुद्ध घृणा^{F} भड़काई; they ~ the people against the government वे लोगों को सरकार के विरुद्ध भड़काते हैं. **4.** (increase) बढ़ाना to ~ one's income अपनी आय^{F} बढ़ाना; it will certainly ~ his patience इससे उसका

धैर्य निश्चय ही बढ़ेगा; the owner ~d the rent of the house मालिक ने मकान का किराया बढ़ा दिया; the price of sugar has been ~d चीनी^{F} की कीमत^F बढ़ा दी गई है. 5. (improve position) उन्नत करना, ऊपर उठाना : he cannot ~ his status without service बिना नौकरी^{F} के वह अपना स्तर ऊपर नहीं उठा सकता. 6. (प्रश्न) उठाना : उसे **he was not allowed to ~ the question** उसे प्रश्न उठाने की अनुमति^{F} नहीं दी गई. **7. (collect)** जुटाना : **to ~ money** रुपया जुटाना; **to ~ a body of volunteers** स्वयं सेवकों का गिरोह ≈; ~ an army सेना^{F} ≈. **8.** (bring up) पालन-पोषण करना : to ~ children, family बच्चों, परिवार का ≈; to ~ livestock ढोर-डंगर पालना. **9.** (grow) उगाना : to ~ fruit and vegetables फल और सब्जियाँ^{F} ≈. **10.** (in context) to ~ alarm शोर मचाना; to ~ the devil or hell आफ़त मचाना; to ~ smb's spirits उत्साह बढ़ाना. **II.** n^u. (rise) वृद्धि^{F} : is there any ~ in your salary क्या तुम्हारे वेतन में कोई ≈ हुई है? [*as distinct from* raze]

raisin रे'ज़न n^c. किशमिश : ~ is dried grape ≈ सुखाया हुआ अंगूर होता है; ~ can be preserved for months ≈ को महीनों रखा जा सकता है; ~s are often used in cakes ≈ का प्रयोग प्राय: केक में किया जाता है.

rake रेक **I.** n^c. (tool) पाँचा : take the ~ by its long handle लंबे हत्थे से ≈ लो; gather hay with a ~ पाँचे से भूसा इकट्ठा करो. **II.** *v.t.* **1.** (~ up) कुरेदना : to ~ coals कोयले ≈. Δ to ~ up the post गड़े मुर्दे उखाड़ना. **2.** (~ together) इकट्ठा करना : to ~ leaves and burn them पत्ते बटोरकर उन्हें जलाना. **3.** to ~ up quarrel झगड़ा उठाना. **4.** (fire gun sat) पर गोलियाँ बरसाना : the soldiers ~ d the fort सिपाहियों ने किले पर गोलियाँ बरसाईं.

rally रै'लि **I.** n^c. (*pl.* rallies) रैली^{F}, जमाव [political राजनैतिक, students' छात्रों की]; ~ of scheduled tribes for a fight लड़ाई के लिए अनुसूचित जन-जातियों का जमाव; this was the largest ~ till now यह अब तक की सबसे बड़ी रैली थी. **II.** *v.t.i.* **1.** (*p.* rallied) एकत्र करना या होना; जुट जाना, जुटना, जुटाना : to ~ up one's scattered troops अपनी बिखरी हुई सेना^{F} को जुटाना; to ~ forces under one's banner अपने झंडे के नीचे सेनाएँ^{F} एकत्र करना; to ~ one's energy for a final blow अंतिम प्रहार के लिए अपनी ऊर्जा^{F} जुटाना; they rallied round their leader वे अपने नेता कि इर्द-गिर्द जुट गए. **2.** (revive) सँभल जाना, स्वास्थ्य लाभ करना : to ~ from serious illness गंभीर रोग से स्वास्थ्य-लाभ करना; at last he rallied and grew better and better अंत में वह संभल गया और पहले से बेहतर होता गया; the rupee has now rallied रुपया (मार्किट में) अब सँभल गया है.

ram रैम **I.** n^c. भेड़ा, मेढ़ा : a ~ was sacrificed at the altar of the goddess एक ≈ देवी^{F} की वेदी पर बलि^{F} चढ़ाया गया; all his ~s have black wool उसके सब मेढ़ों का काला ऊन है. [*fem.* ewe] **2.** मूसल. **II.** *v.t.i* (-mm-) **1.** (clash) टक्कर^F मारना : a motorcycle ~med (against) a pedestrian एक मोटरसाइकिल ने एक पैदल (चलने वाले) को टक्कर^F मार दी. **2.** (drive down) कूट-कूट कर भरना : ~ the soil in the pit गड्ढे में मिट्टी^{F} कूट-कूटकर भरो. Δ **to ~ smth down one's throat** किसी के कोई बात^F गले उतारना (समझा देना); **to ~ the argument home** दलील^F पर ज़ोर देना.

ramble रैम्'बल **I.** n^c. भ्रमण, सैर : let us have a ~ through the woods हम जंगल में ≈ करें; he has gone on/for a ~ in the park वह पार्क में ≈ करने गया है; he never meets me, he is always on ~s वह मुझसें कभी नहीं मिलता, वह सदा सैर-सपाटे पर रहता है. **II.** *v.i.* **1.** भ्रमण या मटरगश्ती करना : I used to ~ where my feet would carry me मैं भ्रमण करने जाया करता था जहाँ मेरे पैर मुझे ले जाते; we ~d through the forest हम जंगल में भ्रमण करते रहे. **2.** (talk aimlessly) इधर-उधर की या बेसिर-पैर की बातें^{F} करना : to ~ during one's speech भाषण के समय ≈; they all were rambling about their past वे सब अपने अतीत की अनाप-शनाप बातें^{F} कर रहे थे.

rampart रैम'पार्ट n^c. परकोटा, प्राकार [long लंबा, strong मज़बूत]; a ~ round a fort defends it in every way एक किले के चारों ओर का ≈ हर तरह से इसकी रक्षा^{F} करता है.

ran रैन् past of 'run' *q.v.*

random रैन'डम **I.** *a.* **1.** (haphazard) छिटपुट, बेतरतीब [talk बातचीत^F, work काम]; ~ sampling ≈ जाँच; you will find everything ~ in his room उसके कमरे में सब कुछ बेतरतीब पाओगे; to ask ~ questions ≈ सवाल करना. **3.** (purposeless) निरुद्देश्य : this was his ~ shot यह उसका ≈ निशाना था. **II.** n^u. at ~ बिना मतलब, यों ही : he came here at ~ वह यहाँ ≈ चला आया; to hit at ~ बिना निशाना बाँधे मारना; to speak at ~ बिना क्रम के बोलना.

range रेंज **I.** n^c. **1.** (row) पंक्ति^{F} : direct ~ सीधी ≈; the ~s of plants पौधों की पंक्तियाँ; a ~ of buildings भवनों की ≈. **2.** (series) माला^{F}, श्रेणी^{F} : ~ of mountains पर्वत श्रेणी, पर्वतमाला; ~s of hills पहाड़ियों^{F} की मालाएँ श्रेणियाँ; Pamir is the longest ~ of mountains in the world पामीर संसार की सबसे लंबी पर्वत श्रेणी हैं. **3.** (class) श्रेणी^{F}, वर्ग, प्रकार : what is the ~ of this animal यह जानवर किस वर्ग का है ? wide ~ of materials to select चुनाव करने के लिए सामग्री^{F} के ढेरों प्रकार. **4.** (area) क्षेत्र, सीमा^{F} [limited सीमित, vast विशाल]; the ~of this plant covers three kilometres in every direction इस पौधे का क्षेत्र प्रत्येक दिशा^{F} में तीन किमी० तक है; ~ of knowledge, vision ज्ञान, दृष्टि^{F} की सीमा. **5.** (distance) दूरी^{F} : there was nothing to be seen except water in the ~ of five kilometres पाँच किमी० की दूरी तक पानी के अलावा और कुछ नहीं दिखाई दिया. **6.** (of gun) मार^F : the ~ of this gun is hundred metres इस बंदूक^F की ≈ सौ मीटर है; within ~ ≈ के अंदर. **II.** *v.t.* **1.** (arrange) व्यवस्थित करना, क्रमबद्ध करना : ~ everything properly सब कुछ अच्छी तरह क्रमबद्ध करो. **2.** पाया जाना (befound) : the price of the motorcar ~s between Rs. 1,50,000 and 2,00,000 मोटरकार^F की कीमत^F डेढ़ लाख और दो लाख रुपए तक पाई जाती है. **3.** (of gun) सीध^F बाँधना, मार^F होना : the hunter ~d the gun on the deer शिकारी ने हिरन पर बंदूक से सीध बाँधी. **4.** घूमना, भ्रमण करना, विचरना : to ~ over the country देहात में घूमना-फिरना. **5.** (reach) पहुँचना : to ~ over the boundless tracts असीमित प्रांत में पहुँच जाना. **6.** (equal) बराबर होना : it ~s about twenty kilometres यह लगभग बीस किमी० के बराबर है. **7.** to ~ oneself with a party किसी दल का साथ देना. **8.** Kalidas and Shakespeare ~ with great dramatists कालिदास और शैक्सपीयर बड़े-बड़े नाटककारों के बराबर (समकक्ष) हैं.

rank रैङ्क **I.** n^c. **1.** (class) दर्जा, कोटि^{F}, श्रेणी^{F} : he is a man of lower ~ वह निचले दर्जे का आदमी है; soldiers were drawn in ~s A, B. C. etc. सैनिक ए, बी. सी. इत्यादि वर्गों में बँटे थे; he has always been in the first ~ of fighters for peace वह शांति^{F} के लिए लड़ने वालों में सदा पहले दर्जे में रहा है; where do you ~ Kabir कबीर किस ≈ में आते हैं ? **2.** (position) पद, पदवी^{F} [high ऊंची, low निम्न]; his father is an officer of the high ~ उसके पिता उच्च पद के अधिकारी हैं. **3.** (queue) लाइन^F, पंक्ति^{F} [front अगली, rear पिछली]; to keep ~ ≈ में रहना; to break ~ ≈ तोड़ना; this is the last ~ for sugar चीनी^{F} के लिए यह अंतिम ≈ है. **4.** (eminence) प्रतिष्ठा^{F} : he is the man of high ~ in the society वह समाज में बड़ी ऊंची ≈ वाला आदमी है; persons of ~ अभिजात वर्ग के लोग. **5.** सेना^{F}, सामान्य सैनिक : they all were men of ~s वे सभी सामान्य सैनिक थे; to be the captain of the ~ सेना में कप्तान होना. **6.** the ~s and file जनसाधारण, आम लोग; he joined the ~ of the unemployed वह बेरोजगार लोगों में शामिल हो गया. **II.** *v.t.* **1.** पंक्तिबद्ध करना; वर्गीकृत करना, श्रेणीबद्ध करना : to ~ the students in their different classes छात्रों को उनकी भिन्न-भिन्न कक्षाओं^{F} में वर्गीकृत करना; cups and saucers were ~ed प्याले और तश्तरियाँ^{F} क्रम से रखी गईं. **2.** से बढ़कर

होना, स्थान पाना : he ~s above his elder brother वह अपने बड़े भाई से बढ़कर है. 3. (equal) के बराबर, समकक्ष होना; he ~s among the greatest novelists वह महानतम नाटककारों के समकक्ष है. **III.** *a.* 1. (too much spread) **1.** अत्यधिक फैलने वाला, छितराया : ~ grass ≈ घास; ~ crop छितरायी फ़सल^F. **2.** (in other contexts) ~ soil अत्युर्वर मिट्टी^{F} ~ thoughts गँवारू विचार; ~ duffer सरासर बुद्धू; ~ injustice ≈ अन्याय.

ransack रैन'सैक *v.t.* छान डालना : ~ a place in order to steal चोरी करने के लिए कोई स्थान छान डालना; ~ one's pocket for money पैसे के लिए किसी की जेब^F छानना; to ~ one's memory अपनी याद्दाश्त^F कुरेदना.

ransom रैन्'सम **I.** n^{nu}. **1.** (money) फ़िरौती^{F}, रक्षा-शुल्क : the militants asked for a ~ of one lakh rupees to let off the Magistrate खाड़कुओं ने मजिस्ट्रेट को मुक्त करने के लिए एक लाख रुपए की ≈ की माँग^F की; Δ **to hold smb to** ~ किसी को फ़िरौती पाने के लिए पकड़ रखना. **2.** (act) छुड़ाई^F : to pay someone as a ~ किसी को ≈ के लिए धन देना. Δ **it is worth a king's** ~ यह बहुत कीमती है. **II.** *v.t.* **1.** छुड़ाना : to ~ a prisoner at a heavy price कैदी को ऊंचे दामों में ≈; the police ~ed the inspector after much effort अत्यंत प्रयास के बाद पुलिस^F ने इंस्पेक्टर को छुड़ा लिया; the hostages were ~ed बंधकों को फ़िरौती देकर छुड़ाया गया. **2.** (expiate) प्रायश्चित करना : to ~ a sin पाप का प्रायश्चित्त करना. **3.** (redeem) उद्धार करना : Buddha ~ed the mankind बुद्ध ने मानव जाति^{F} का उद्धार किया.

rap रैप **I.** n^{c}. **1.** (noise) टकटक^F, खटखट^F, खटाखट^F loud ~ ज़ोर की ≈; a ~ with a stick छड़ी^{F} से ≈; to hear a loud ~ at the door दरवाज़े पर ज़ोर की ≈ सुनना. **2.** blow टकोरा : to give someone a ~ over his head किसी के सिर पर ≈ देना या मारना. **3.** (a whit) ज़रा, लवलेश : I don't care a ~ for him मैं उसकी ज़रा-भी परवाह^F नहीं करता. **II.** *v.i.t.* (-pp-) **1.** खटखटाना, ठकठकाना : to ~ at the door दरवाज़ा ≈; the master ~s on the desk मास्टरजी मेज़ खटखटाते हैं. **2.** (utter severely) झाड़ना, डाँटना : the magistrate ~ped the police मजिस्ट्रेट ने पुलिस^F को झाँटा. **3.** ~ out चिल्लाकर कहना : to ~ out a message चिल्लाकर संदेश देना; to ~ out on oath चिल्लाकर शपथ^F लेना. **4.** चोट^F मारना : to ~ smb on/over the head किसी के सिर पर चोट करना. [*as distinct from* wrap]

rape रेप **I.** n^{nu}. **1.** (sexual crime) बलात्कार, शीलभंग : the ~ of a woman किसी स्त्री^{F} का शीलभंग, के साथ बलात्कार; he was an accused of ~ वह ≈ का अभियुक्त था. **2.** लूटमार^F : ~ of a country किसी देश में ≈. **II.** *v.t.* बलात्कार करना : he ~d a girl उसने एक लड़की से ≈ किया.

rapid रै'पिड **I.** *a.* **1.** तेज़ [growth विकास, increase बढ़ोत्तरी^{F}, movement गति^{F}, river नदी^{F}]; the bus is in ~ motion बस तेज़ गति से चल रही है. [*ant.* slow] **2.** (prompt) शीघ्र, तत्काल [answer उत्तर, speech भाषण]; the university promised ~ result विश्वविद्यालय ने ≈ परीक्षाफल निकालने का वादा किया. **3.** (steep) खड़ा : ~ slope खड़ी ढलान^F. **rapidly** रै'पिड्लि *adv.* तेज़ी^{F} से : he talks too ~ वह बहुत ही तेज़ी से बात^F करता है; he works ~ वह तेज़ी से काम करता है; water runs down ~ from the rocks पानी चट्टानों^{F} से ≈ बहता है.

rapist रे'पिस्ट n^{c}. बलात्कारी : a ~ is guilty of rape ≈ बलात्कार का दोषी होता है.

rapt रैप्ट *a.* **1.** (enraptured) सम्मोहित, भावविभोर : ~ in thought विचारमग्न; he was ~ in deep sorrow वह गहरे शोक में भावविभोर था. **2.** (engrossed) तन्मय, तल्लीन, मग्न, लीन : we listened with ~ attention हमने मग्न होकर ध्यान से (ध्यानमग्न होकर) सुना.

rare रेअर *a.* **1.** (not dense) विरल [forest जंगल, plants पौधे]; there is no fear of wild animals in such a ~ park इतने ≈ पार्क में जंगली जानवरों का भय नहीं है. **2.** (scarce) दुर्लभ, दुष्प्राप्य [animal जानवर, metal धातु^{F}, phenomena घटनाएँ^{F}, stone पत्थर]; such a flower is very ~ in this

country इस प्रकार का फूल इस देश में बहुत ही दुर्लभ है; to detect ~ stars in the cloudy sky बादलयुक्त आकाश में दुर्लभ तारों का पता लगाना; he has collected some ~ books उसने कुछ ≈ पुस्तकें^{F} संग्रहीत कर रखी हैं. **3.** (unusual) असाधारण [ability योग्यता^{F}, stamp स्टांप, टिकट, delight हर्ष]; he is a man of ~ talent in his village वह अपने गाँव में ≈ प्रतिभा^{F} वाला आदमी है; the Taj is a ~ building ताज़ एक ≈ इमारत^F है. **4.** (infrequent) विरला, he is the ~ person to be successful वह सफल होने वाला ≈ व्यक्ति ≈ है. **rarely** रेअर'लि *adv.* विरले ही : such minerals are ~ found ऐसे खनिज ≈ पाए जाते हैं; these windows are ~ open ये खिड़कियाँ^{F} ≈ खुलती हैं; only a ~ man does succeed केवल विरला आदमी ही सफल होता है.

rascal रास्'कल **I.** n^c. **1.** बदमाश, धूर्त, दुर्जन : the ~ committed the crime again ≈ ने पुन: अपराध किया; politics has become a profession of ~s राजनीति बदमाशों का व्यवसाय बन चुकी है. **2.** (used in fun) नटखट बच्चा : you little ~, come here अरे नटखट बच्चे, यहाँ आओ.

rash रैश **I.** *a.* **1.** अविवेकी, अविचारी, उतावला, जल्दबाज़ [commander कमाण्डर, statesman राजनेता, youth युवा]; such a ~ man will always suffer less इतना ≈ व्यक्ति हमेशा नुकसान उठाएगा, your friend is too ~ तुम्हारा मित्र बहुत ही ≈ है. **2.** (over-bold) दु:साहसी : dont't be so ~ इतने ≈ मत बनो. **3.** (of act, etc). अविवेचित, अंधाधुंध : such a ~ driving will surely cause accident इतना ≈ गाड़ी चलाना निश्चित रूप से दुर्घटना का कारण होगा. **4.** अविचारित: ~ words ≈ शब्द; ~ decision ≈ निर्णय. **II.** n^u. **1.** ददोरा : she has a ~ on her skin उसकी चमड़ी^{F} पर ≈ है. **2.** (sudden appearance) आकस्मिक होना : ~ of complaints, strikes शिकायतों^{F}, हड़तालों^{F} का आकस्मिक सिलसिला.

raspberry राज़'बरि **I.** n^c. मकोय^F, रसभरी^{F} : ~ is a soft red juicy fruit ≈ एक नरम लाल मीठा फल होता है, I like resperries with cream मैं मलाई^F के साथ रसभरी पसंद करता हूँ.

rat रैट n^c. **1.** चूहा, मूषक. Δ **smell a** ~ संदेह करना, दाल में काला होना : to smell a ~ in a neighbour किसी पड़ोसी पर संदेह करना. ~ **race** घोर प्रतियोगिता^{F}; होड़ा-होड़ी^{F}. **2.** (politics) दलत्यागी : he is a ~ of a politician वह ≈ राजनीतिज्ञ है.

rate रेट **I.** n^c. **1.** दर, भाव [due उचित, high ऊंची, low निम्न]; birth ~ जन्मदर; death ~ मृत्युदर; he purchased sugar at Rs. 1,600 per quintal उसने सोलह सौ रुपए प्रति कुंतल की ≈ से चीनी^{F} खरीदी; what is the ~ of fruits फलों का भाव क्या है? **2.** (speed) गति^{F}, रफ्तार^F : fast ~ तेज़ ≈; population has increased at a fearful ~ आबादी खतरनाक ≈ से बढ़ गई है; he travelled at the ~ of 50 kilometres per hour उसने 50 किलोमीटर प्रति घंटा की दर से यात्रा^{F} की. **3.** (class) श्रेणी^{F} : he is among the high ~ lawyers वह उच्च ≈ के वकीलों में है; first ~ बढ़िया (श्रेणी का); third ~ घटिया (श्रेणी का). **4.** (tax) उप कर, उपशुल्क : municipal ≈ नगर कर; the water ~ has been increased जल कर बढ़ा दिया गया है. Δ **at any** ~ किसी भी कीमत^F पर, हर हालत^F में : I shall do this work at any ~ मैं इस काम को हर हालत में करूंगा. **II.** *v.t.* **1.** श्रेणी^{F} में रखना : to ~ a person according to his ability किसी व्यक्ति को उसकी योग्यता^{F} के अनुसार ≈. **2.** (consider) मानना, समझना : I ~ him among the most foolish persons मैं उसे सबसे मूर्ख लोगों में गिनता हूँ. **3.** (esteem) सम्मान करना : he always ~s him high वह हमेशा उसका बहुत अधिक सम्मान करता है. **4.** पर कर लगाना : my house is ~d at Rs. 500 मेरे मकान पर 500 रुपया कर लगाया गया है.

rather रा'दर *adv.* **1.** (preferably) भले ही : I would rather go than stay here मैं यहाँ ठहरने के बजाय भले ही चला जाना चाहता हूँ. **2.** (more accurately) कुछ अधिक अच्छा : he speaks Russian ~ well वह रूसी^{F} कुछ अधिक अच्छी बोलता है. **3.** बल्कि : I finished

it on Sunday morning~than on Saturday evening मैंने इसे इतवार सुबह^F को, ≈ शनिवार शाम को ही खत्म कर दिया था. 4. (a little) कुछ : we came home ~ late हम ≈ विलंब से घर आए; the film is ~ interesting फिल्म कुछ-कुछ दिलचस्प है; I am ~ tired मैं कुछ-कुछ थक गया हूँ; in a ~ queer fashion कुछ विचित्र फ़ैशन में; I ~ think so मैं कुछ-कुछ ऐसा ही सोचता हूँ; it is ~ hot कुछ-कुछ गर्मी है. 5. I would ~ speak about it मैं इस बारे में निश्चित रूप से बोलूँगा.

ratify रै'टिफाइ *v.t.* (approve) अनुसमर्थन करना, पुष्टि^F करना : to ~ a treaty, contract संधि^F, ठेके की पुष्टि करना; the agreement was ratified by the heads of the nations करार का राष्ट्राध्यक्षों द्वारा अनुसमर्थन किया गया; the company refused to ~ the acts of its agent कंपनी^F ने अपने अभिकर्ता द्वारा किए गए कार्यों की पुष्टि करने से इंकार कर दिया.

ratio रे'शिओ *n*^c. (ratios) अनुपात : in the ~ of three to five तीन और पाँच के ≈ में; the ~ of the milk and water is 5 : 3 दूध और पानी का ≈ 5 : 3 है; the ~ of 15 to 10 = 3 to 2 15 और 10 का ≈ बराबर है 3 और 2 के.

ration रै'शन I. *n*^c. राशन : ~ card राशन कार्ड; ~ card for kerosene मिट्टी के तेल का ≈ कार्ड; ~ was not sufficient for 30 days ≈ तीस दिनों के लिए पर्याप्त नहीं था; we get wheat, rice and sugar from the ~ shop हम ≈ की दुकान से गेहूँ, चावल और चीनी^F लेते हैं. II. *v.t.* राशन से देना : the sugar had to be ~ed चीनी^F राशन से देनी पड़ी; the petrol is ~ed पेट्रोल राशन से दिया जाता है.

rational रै'शॅनल *a.* 1. विवेकशील, बुद्धिसंपन्न [boy लड़का, servant नौकर, woman स्त्री]; the student was very ~ छात्र बहुत ही ≈ था; man is a ~ animal मनुष्य एक ≈ जीव है; everyone was amazed at the ~ girl सभी लोग उस ≈ लड़की^F पर अचंभित रह गए. 2. (based on reason) बुद्धिसंगत, युक्तिसंगत [behaviour व्यवहार, ideas विचार]; his explanation is ~ उसका स्पष्टीकरण ≈ है. [*ant.* ir~]

rattle रै'टल I. *v.t.* 1. खड़खड़ाना : the child ~s coins in a tin बच्चा कनस्तर में सिक्के खड़खड़ता है; the wind ~d the windows हवा^F ने खिड़कियों^F को खड़खड़ा दिया. 2. (stir) उकसाना, उत्तेजित करना : the wrong reply of his ~d him उसके गलत उत्तर ने उसे उत्तेजित कर दिया. II. *v.i.* 1. (utter) बकना, बड़बड़ाना : do not ~, keep quiet बड़बड़ाओ मत, शांत रहो; to ~ on/along बक-बक करते चलना. 2. खड़खड़ाते चलना : the bullock cart ~s along the road बैलगाड़ी^F सड़क^F पर खड़खड़ाते हुए चलती है. II. *n*^c. 1. खड़खड़ाहट^F [slow धीरे, suppressed दबी-दबी]; ~ of the empty bottles खाली बोतलों^F की ≈; death ~ घर्रा, घटका; ~ brain (brained), ~ head (headed) ~ pate (pated) मूढ़. 2. toy झुनझुना [beautiful सुंदर, costly कीमती]; the baby shakes the ~ बच्चा झुनझुना हिलाता है. 3. (uproar) शोरगुल, गुलगपाड़ा, हो हल्ला, (talk) बकवास : stop that ~ वह ≈ बंद करो.

ravage रै'विज I. *n*^c. (destruction) विध्वंस, विनाश [dreadful भयंकर, enormous विशाल]; the ~ caused by earthquake was terrible भूकंप द्वारा हुआ ≈ बहुत ही भयानक था. II. *v.t.* उजाड़ना, नष्ट करना : to ~ the enemy's territory with fire and sword आग और तलवार द्वारा शत्रुओं के प्रदेश को उजाड़ना; a human face ~d by grief दुःख से नष्ट मानव चेहरा.

·**raw** रॉ *a.* 1. (uncooked) कच्चा [meat मांस, potatoes आलू]; such a ~ food will not be digested इतना ≈ भोजन पचाया नहीं जाएगा. 2. (unripe) कच्चा : she gave him a ~ apple उसने उसे एक ≈ सेब दिया. 3. (of weather) ठंडा : ~ day ≈ दिन; ~ wind ठंडी हवा^F; such a ~ weather may harm you इतना ठंडा मौसम तुम्हें नुकसान पहुँचा संकता है. 4. (untanned) कच्चा : ~ hide ≈ चमड़ा. 5. (undiluted) ख़ालिस, शुद्ध : ~ juice ≈ रस; mother gave him a glass of ~ milk मां ने उसे एक गिलास ≈ दूध दिया. 6. (inexperienced) कच्चा, अनुभवहीन : ~ hand ≈ आदमी; ~ recruit

≈ रंगरूट. **7.** (crude) अपरिष्कृत : ~ oil ≈ तेल. **8.** (unfair) अन्यायपूर्ण, अनुचित : ~ dealings ≈ व्यवहार.

ray रे n^c. (of light etc.) किरण^F, रश्मि^{F} [bright चमकीली, pale सुनहरी]; the ~s of the sun penetrated into the dark room सूर्य की किरणें अंधेरे कमरे में प्रवेश कर गईं; oblique ~s of the sun सूर्य की तिरछी किरणें; the ~s of the moon were falling on her चंद्रमा की किरणें उस पर पड़ रही थीं. (fig.) a ~ of hope आशा^{F} की किरण.

rayon रे'ऑन n^u. रेयन : ~ is artificial silk used for making clothes ≈ कपड़ा बनाने का एक कृत्रिम रेशम होता है; ~ is generally made from wood pulp ≈ सामान्यतः लकड़ी^{F} की लुगदी^{F} से बनाया जाता है.

raze रेज़ *v.t.* **1.** काटना : to ~ the big trees बड़े वृक्षों को काटना. **2.** (demolish) ढहाना : to ~ the fortifications to the ground क़िलेबंदी^{F} को ज़मीन^F पर ≈; to ~ the town to the ground शहर को नष्ट-भ्रष्ट कर देना. **3.** मिटा देना : to ~ smb's name from memory किसी का नाम याद्दाश्त^F से ≈. [*as distinct from* raise]

razor रे'ज़र n^c. उस्तरा [blunt भोथरा, sharp तेज़]; ~back hill बहुत ही ढालू पहाड़ी^{F}; ~ blade पत्ती^{F}; ~ edge (i) तेज़ धार^F, (ii) विषम परिस्थिति^{F}; I shave with an electric ~ मैं बिजली^{F} के उस्तरे से शेव करता हूँ; he has a safety ~ उसके पास एक सेफ्टी रेज़र है.

re री **I.** *prep.* (regarding) के विषय में : ~ your message तुम्हारे संदेश ≈. **II.** *prefix* पुनः, पुनर : ~-elect ≈निर्वाचित करना; ~publish ≈ प्रकाशित करना; ~start पुनरारंभ; ~purchase ≈ ख़रीदना, ~union पुनर्मिलन; ~-examination पुनः परीक्षा^{F}.

reach रीच **I.** *v.t.i.* **1.** (thrust out) फैलाना, बढ़ाना : he ~ed his hand out for the book उसने किताब के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया. **2.** तक पहुँचना : I was not able to ~ that place मैं उस जगह^F (तक) पहुंचने में समर्थ न हुआ; to ~ a decision, agreement किसी निश्चय, करार तक पहुँचना; he ~ed Delhi on Monday वह सोमवार को दिल्ली^{F} पहुँचा; he has ~ed the age of ninety वह नब्बे बरस की उम्र^F तक पहुँच गया है; how can I ~ you? मैं आप तक कैसे पहुँच सकता हूँ? **3.** देना, पहुँचना : please ~ me the tea-pot कृपया मुझे चायदानी पहुंचाएँ/दें. **4.** (stretch out) फैलाना : the park ~es out for 500 metres यह पार्क 500 मीटर तक फैला हुआ है. **5.** (obtain) प्राप्त करना : he ~ed his aim उसने अपना उद्देश्य प्राप्त कर लिया. **II.** n^u. **1.** (range) पहुँच^F : this place is within my ~ यह जगह^F मेरी ≈ के अंदर है; these mangoes are out of my ~ वे आम मेरी ≈ के बाहर हैं. **2.** (stretch) विस्तार : ~ of water between two bends of a river नदी के दो मोड़ों के बीच पानी का ≈.

react रिऐक्ट' *v.i.* **1.** प्रतिक्रिया^{F} लाना या दिखाना : I was angry with her but she did not ~ मैं उस पर गुस्से हुआ किंतु उस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई; when father rebuked him, the boy did not ~ at all जब बाप ने लड़के को डाँटा तो उस पर बिल्कुल कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई; to ~ against smb or smth किसी से या किसी चीज़ से नापसंदगी दिखाना. **2.** (to be affected) प्रभाव पड़ना, प्रभावित होना : my body does not ~ to cold bath ठंडे पानी से स्नान का मेरे शरीर पर कोई असर नहीं पड़ता; our eyes ~ to light हमारी आँखों^{F} पर प्रकाश का असर पड़ता है. **3.** (milit.) जवाबी हमला करना. **reaction** रिऐक्'शन n^c. **1.** प्रतिक्रिया^{F} : what was his ~ against me? मेरे विरुद्ध उसकी क्या ≈ थी? what is your ~ to his proposal? उसके सुझाव पर तुम्हारी क्या ≈ है? ~ of the audience to smb's lecture किसी के भाषण पर श्रोताओं की ≈. **2.** (milit.) प्रत्याक्रमण, जवाबी हमला. **reactionary** रिऐक्'शनॅरि *a.* प्रतिक्रियात्मक, प्रतिक्रियाशील : ~ steps ≈ कदम. **2.** प्रतिक्रियावादी : ~ person ≈ व्यक्ति; a ~ is against change in social or political system एक ≈ सामाजिक अथवा राजनीतिक व्यवस्था में परिवर्तन के विरुद्ध होता है.

read रीड *v.t.* (*past & p.p.* read रॅंड) **1.** पढ़ना [attentively ध्यानपूर्वक, loudly ज़ोर से]; to ~ a book eagerly उत्सुकता से किताब^F ≈;

he reads Chinese वह चीनी पढ़ता है. Δ **to ~ out** ऊंचे स्वर से पढ़ना; ~ over फिर पढ़ो. ~ through पूरा पढ़ जाओ. **2.** पढ़कर सुनाना : to ~ a story to a person किसी व्यक्ति को पढ़कर कहानी^F सुनाना; he read her letter to her उसने उसे उसका पत्र पढ़कर सुनाया. **3.** (understand) समझना, ताड़ लेना, जान लेना : I ~ the purpose of his meeting with the father मैंने पिताजी से मिलने का उसका उद्देश्य समझ/ताड़ लिया; I could not ~ his views मैं उसके विचारों को नहीं समझ सका; to ~ the future of a person किसी का भविष्य जानना. **4.** (interpret) अर्थ लगाना या निकालना : to ~ in someone's eyes किसी की निगाहों का अर्थ लगाना. Δ **to ~ between the lines** छिपा हुआ अर्थ निकालना, गूढ़ अर्थ खोजना : it was easy to ~ between the lines छिपा हुआ अर्थ निकालना आसान था. **5.** शकुन बताना : he ~ him for the successful journey उसने उसे सफल यात्रा^F के लिए शकुन बताया. **6.** (of instrument record) बतलाना : what does the barometer ~ वायुदाबमापी क्या बतलाता है? **7.** (other) the book reads like a translation पुस्तक अनुवाद-सी लगती है. [*as distinct from* reed] readable री'डॅबल *a.* पठनीय, (legible) सुवाच्य, सुपाठ्य [article लेख, book किताब^F]; the essay was rewritten in a ~ form निबंध ≈ रूप में पुनः लिखा गया. **reader** री'डर *n*^c. पाठक [active सक्रिय, eager उत्सुक, serious गंभीर]. **2.** (reciter) (प्र) वाचक : careful ~ सावधान ≈; he is a good ~ of hymns वह मंत्रों का एक अच्छा ≈ है. **3.** (book) पाठ्यपुस्तक, पाठमाला, रीडर : have you read your prescribed ~ क्या तुमने अपनी निर्धारित पाठ्यपुस्तक पढ़ ली है? **4.** proof ~ प्रूफ़ संशोधक.

readily रे'डिलि *adv.* **1.** (willingly) खुशी^F से, स्वेच्छा से, सहर्ष : he ~ agreed to help वह ≈ सहायता^F के लिए तैयार हो गया; he ~ gave Rs. 1000 in charity उसने स्वेच्छा से 1,000 रुपया दान में दे दिया. **2.** (quickly) तुरंत, जल्दी, शीघ्र : I could not ~ believe it मैं शीघ्र इसका विश्वास न कर सका; if you want me to help you I will ~ come यदि आप मेरी सहायता^F चाहते हैं तो मैं तुरंत आऊंगा. **3.** (easily) आसानी^F से : this machine is now ~ available यह मशीन अब ≈ उपलब्ध है. **readiness** रॅ'डिनिस *n*^u. **1.** तैयारी^F : keep the lugguage in ~ सामान तैयार रखो. **2.** (willingness) तत्परता^F : I have learnt everything in ~ मैंने सब कुछ ≈ से सीखा-समझा है; I appreciate Sethi's ~ मैं सेठी की ≈ को पसंद करता हूँ. **reading** री'डिङ्ग *n*^u. **1.** पठन, वाचन : third ~ of the Bill in Parliament संसद में बिल का तीसरा वाचन. **2.** (study) अध्ययन, पढ़ाई^F : he is fond of ~ वह पढ़ने का शौकीन है; he is busy in ~ वह पढ़ने में व्यस्त है; he is a man of wide ~ वह भारी अध्ययनशील व्यक्ति है. **3.** (learning) विद्वता^F : he is a man of vast ~ वह बड़ा विद्वान व्यक्ति है; no one can question his ~ उसकी ≈ के बारे में कोई भी संदेह नहीं कर सकता. **4.** (interpretation) व्याख्या^F : he gave him the ~ of his dream उसने उसे उसके सपने की व्याख्या बताई. **5.** (of instruments) पाठ्यांक : what is the ~ of the thermometer थर्मामीटर का ≈ क्या है? the ~ of the thermometer is not correct तापमापी का ≈ सही नहीं है.

ready रॅ'डि *a* **1.** तैयार : ~ money नकद पैसा; we hurried to get everything ~ सब कुछ ≈ रखने के लिए हमने जल्दी की; they were ~ to go to school वे विद्यालय जाने के लिए ≈ थे; are you ~ for the journey क्या तुम यात्रा के लिए तैयार हो? the dinner is ~ भोजन तैयार है; they were not ~ to help us वे हमारी सहायता^F करने को ≈ नहीं थे. **2.** दक्ष, निपुण : he is ~ in his work वह अपने काम में ≈ है; he is still not ~ in the art वह अभी कला^F में ≈ नहीं है. **3.** (prompt) शीघ्र, तत्काल, तात्कालिक : to have a ~ answer ≈ उत्तर पाना; he got his pen and ink ~ वह शीघ्र ही अपनी कलम^F और स्याही^F पा गया; he gave his ~ consent उसने तत्काल अपनी स्वीकृति^F दे दी. **4.** (eager) उत्सुक : she is too ~ to give advice वह सलाह^F देने के लिए अत्यंत ≈ रहता है. **5.** to

have a ~ wit हाज़िर-जवाब होना. ready-made रें'डिमेड *a.* बना-बनाया, तैयार : ~ clothes सिले-सिलाए कपड़े; ~ wares बनी-बनाई वस्तुएँ^F; he has a big shop of ~ things बनी-बनाई चीजों की उसकी एक बड़ी दुकान है.

real रिअल *a.* **1.** (genuine) वास्तविक, असली [discovery खोज^F, event घटना^F, friend मित्र, gold सोना, reason कारण, thing वस्तु^F]; this is the story of ~ life यह ≈ जीवन की कहानी^F है; this is not his ~ name यह उसका असली नाम नहीं है. [*ant.* unreal] (maths., phys.) वास्तविक : pick out the ~ numbers from the following निम्नलिखित में से ≈ संख्या^F छाँटो. **3.** (of property) स्थायी : he has sold all his ~ property उसने अपनी पूरी स्थायी संपत्ति^F बेच दी है. **reality** रिऐ'लिटि *n*^u. **1.** वास्तविकता^F, असलियत^F : he pretends to be a doctor but in ~ he is a quack वह डाक्टर होने का ढोंग करता है किंतु वास्तव में वह कठवैद्य है; it is a description based on ~ यह वर्णन ≈ पर आधारित है. **2.** अस्तित्व : he does not believe in the ~ of spirits उसका भूत-प्रेतों के ≈ में कोई विश्वास नहीं है.

realise रीअ'लाइज़ *v.t.* **1.** पूरा होना : his hopes were ~d उसकी आशाएँ^F पूरी हुईं; he ~d his ambition उसकी महत्वाकांक्षा^F पूरी हुई; she ~d her dream उसका सपना साकार हुआ. **2.** स्पष्ट अनुभव करना, अनुभूति होना, पूर्णरूप से समझना : we soon ~d that we had a difficult task before us हमने शीघ्र ही अनुभव किया कि हमारे सामने एक कठिन्र काम है; she ~d how much it meant to her उसने स्पष्टतः समझ लिया कि उसके लिए इसका क्या अर्थ है; he does not ~ his mistake वह अपनी गलती^F का एहसास नहीं करता; you don't ~ how difficult it is तुम नहीं समझते कि यह कितना कठिन है. **3.** (obtain) प्राप्त करना : he ~d the order of the court उसने न्यायालय का आदेश प्राप्त किया. **4.** (collect) वसूल करना, उगाहना : the government ordered the employees to ~ the revenue at once सरकार^F ने तुरंत लगान वसूल करने के लिए कर्मचारियों को आदेश दिया. **5.** (to convert into money) बदले में रुपये में पाना; (to sell for) में बेंच देना : I ~d Rs. 10,000 on the sale of my scooter स्कूटर बेचकर मैने दस हज़ार रुपए पाए.

really रिअ'लि **I.** *adv.* सचमुच, वास्तव में, वस्तुतः, असल में, दरअसल : did you ~ steal his book क्या तुमने ≈ उसकी किताब चुराई थी? tell me what ~ happened there मुझे बताओ कि वहाँ ≈ क्या हुआ; you do not ~ think about your future ≈ तुम अपने भविष्य के बारे में नहीं सोचते हो; are you ~ so old क्या तुम ≈ इतने बूढ़े हो? I am ~ sorry मुझे ≈ दुख है; this book is ~ very useful यह पुस्तक^F ≈ बहुत उपयोगी है; have you ~ lost my pen क्या तुमने ≈ मेरी कलम खो दी है? he is ~ a great man ≈ वह महान् व्यक्ति है. **III.** *int.* really! सच ! सचमुच.

ream रीम *n*^c. रीम : a ~ has twenty quires of paper, usually 500 sheets ≈ में 20 दस्ते काग़ज़ होता है, सामान्यतः 500 ताव; the press deducted 16 sheets per ~ as wastage खराब हो जाने से प्रेस ने 16 ताव प्रति ≈ काट लिए; I wrote ~s and ~s of dictionaries मैने कई शब्दकोश लिखे.

reap रीप *v.t.* **1.** काटना : to ~ a harvest in the moonlight चाँदनी^F में फसल^F ≈. **2.** जुटाना : to ~ corn गल्ला जुटाना. **3.** (obtain) प्राप्त करना : to ~ large profits बहुत भारी मुनाफ़ा पाना/कमाना; to ~ the fruit of one's own labour अपने किए परिश्रम का लाभ पाना; to ~ one's reward अपना पुरस्कार ≈. Δ **you ~ as you sow** जैसा बोओ वैसा काटो.

rear रिअर **I.** *n*^u. पिछाड़ी, पृष्ठ भाग, पीछा; पिछवाड़ा : cover the ~ पृष्ठ भाग ढँक लो; to push someone to the ~ किसी को पिछाड़ी ढकेलना; we were sitting at the ~ of our house हम अपने घर के पिछवाड़े बैठे थे; the school is in the ~ of the house विद्यालय घर के पिछवाड़े है; the enemy attacked our army in the ~ शत्रु ने हमारी सेना पर पीछे से आक्रमण कर दिया. **II.** *v.t.* **1.** खड़ा करना, ऊंचा उठाना : to ~ a pillar खंभा खड़ा करना; to ~ one's head, voice अपना सिर, अपनी

आवाज़^{F} उठाना. **2.** (build) बनाना, बनवाना, निर्माण करना : he ~ed a monument in the garden उसने बग़ीचे में एक स्मारक बनवाया. **3.** (grow) उगाना : the farmers ~ many kinds of grain किसान कई प्रकार के अन्न उगाते हैं; you cannot ~ a good crop in such a land इस प्रकार की भूमि^{F} में तुम अच्छी फ़सल^F नहीं उगा सकते. **4.** (breed) पालना : that farmer ~s a special kind of sheep वह किसान एक विशेष प्रकार^F की भेड़ें पालता है; a sheep is ~ed for wool भेड़^{F} ऊन के लिए पाली जाती है; ~ poultry मुर्ग़ीं^{F} पालना. **5.** (bring up) पालन-पोषण करना, पढ़ाना-लिखाना : to ~ the children well बच्चों का अच्छी तरह पालन-पोषण करना. **6.** (of horse) पिछले पैर पर खड़ा होना : the horse ~ed and threw me off घोड़ा पिछले पैरों पर खड़ा हो गया और मुझे गिरा दिया. **II.** *a.* पिछला, पश्च, पृष्ठ [guard रक्षादल, part भाग, wheel पहिया]; ~ legs of an animal किसी जानवर की पिछली टाँगें^{F}; ~ wheel of a bicycle साइकिल का ~ पहिया; ~ part of the house is not completely ready मकान का ≈ हिस्सा पूरी तरह तैयार नहीं है.

reason री'ज़न **I.** n^c. **1.** (argument) तर्क, युक्ति^{F}, दलील^F [obvious स्पष्ट, solid ठोस, special विशेष]; such a feeble ~ will not lead you to success इस प्रकार का कमज़ोर तर्क तुम्हें सफलता^{F} न दिला सकेगा; to listen to ~ तर्क को मान लेना; anything within ~ कोई तर्कपूर्ण बात Δ **without rhyme or reason** बिना मतलब. **2.** (cause) कारण [important महत्त्वपूर्ण, real वास्तविक]; for many ~s I do not want to work here कई कारणों से मैं यहाँ काम नहीं करना चाहता; I have ~ to believe it इस पर विश्वास करने का मेरा ≈ है; is there any ~ why you were absent क्या कोई कारण है कि तुम अनुपस्थित रहे? he refused to tell us the ~ उसने हमें कारण बताने से इंकार कर दिया; have you any ~ for saying such things क्या ऐसी बातें कहने का आपके पास कोई ≈ है? **3.** (faculty) विवेक, बुद्धि^{F}, मति^{F}, धी^{F} : to lose one's ~ पागल हो जाना; have ~ विवेक रखो; he lost his ~ when the thief came जब चोर आया तो उसकी मति^{F} मारी गई; animals have no ~ पशुओं के ≈ नहीं होती. Δ **bring to ~** समझाना : to bring someone to ~ about the practicality of his plan किसी को उसकी योजना^{F} की व्यावहारिकता के बारे में समझाना; **by ~ of** के कारण : the dog could not jump over the drain by ~ of his broken leg कुत्ता अपनी टूटी हुई टाँग^F के कारण नाली फांद न सका; **to lose ~** मूर्खता की बात^F करना; **to see ~** मान लेना; at last the manager saw the ~ आखिर प्रबंधक मान गया; **with ~** सकारण : he has come to me with ~ वह मेरे पास सकारण आया है. **II.** *v.t.* **1.** तर्क करना, तर्क-वितर्क करना : I ~ed that she is honest मैंने तर्क दिया कि वह ईमानदार है. **2.** (think) सोच-विचार करना : she ~s clearly वह स्पष्ट रूप से विचार करती है; to ~ about a subject किसी विषय पर ≈. **3.** समझाना, मनाना : to ~ with smb किसी को समझाना/मनाना; to ~ smb to do smth किसी को कुछ करने के लिए मनाना. **reasonable** री'जॅनबॅल *a.* **1.** (rational) विवेकी, बुद्धिसंपन्न [friend मित्र, man आदमी]. **2.** (amenable to reason) तर्कपूर्ण : ~ excuse ≈ बहाना; ~ agrument ≈ दलील^F. [*ant.* un~] **3.** (moderate) उचित [comfort सुख, facility सुविधा^{F}, price कीमत^F, work काम]; it will be ~ to tell you everything तुम्हें सब कुछ बता देना ≈ होगा.

rebate रिबेट' n^c. बट्टा, छूट^F, कमीशन : a ~ of 5% on house tax गृह कर पर 5% ≈; to claim a ~ of 10% on purchases ख़रीद^F पर 10% ≈ का दावा करना; there is always some ~ for cash payment नकद अदायगी^{F} पर कुछ छूट हमेशा रहती है.

rebel रेॅबल **I.** n^c. विद्रोही, बाग़ी : to be a ~ against the party दल से ≈ होना; the ~s occupied the secretariat विद्रोहियों ने सचिवालय पर कब्ज़ा कर लिया. **II.** *v.t.* (-ll-) विद्रोह करना : to ~ against the government सरकार^F के विरुद्ध ≈; they ~led against the chairman उन्होंने चेयरमैन के विरुद्ध विद्रोह कर दिया. **rebellion** रिबेॅ'ल्यन n^{cu}. विद्रोह, बग़ावत^F [open खुली,

uncontrollable अनियन्त्रित, violent उग्र]; to punish the people in ~ ≈ करने वाले लोगों को दण्डित करना; to suppress the ~ ≈ को दबा देना; the government put down the ~ सरकार^F ने विद्रोह को बलपूर्वक दबा दिया. **rebellious** रिबै'ल्यस a. **1.** विद्रोही [army सेना^{F}, child बच्चा]. **2.** विद्रोहात्मक : ~ **behaviour** ≈ व्यवहार; his ~ attitude will cause harm to the nation उसका ≈ रुख़/दृष्टिकोण देश को नुकसान पहुँचाएगा. **3.** (defiant) उद्धत, अक्खड़ [boy लड़का, peon चपरासी]; strike out the name of these ~ students इन ≈ छात्रों का नाम काट दो.

rebuff रि बफ़' n^c. **1.** दो टूक जवाब, अस्वीकृति : he gave a ~ to my offer उसने मेरे प्रस्ताव को नकार दिया; he will surely give the response in a ~ वह निश्चित ही तुम्हें दो टूक जवाब देगा. Δ **to meet or get a** ~ दो टूक जवाब मिलना, **2.** (snub) झिड़की^{F} : I can endure nobody's ~ मैं किसी की ≈ सहन नहीं कर सकता. **3.** हार^F, पराजय : I could never forget such a ~ मैं इस प्रकार की ≈ कभी भूल नहीं सकता. **II.** *v.t.* नकार देना : he ~ed my efforts उसने मेरे प्रयासों को नकार दिया; she did not ~ my request उसने मेरी प्रार्थना अस्वीकार नहीं की.

rebuild री बिल्ड' *v.t.* (*p.* & *p.p.* rebuilt) पुनर्निर्माण करना : they rebuilt the house destroyed by fire उन्होंने आग से नष्ट हुए मकान का पुनर्निर्माण किया.

rebuke रि ब्यूक' **I.** n^c. फटकार^F, डाँट-डपट^F [grave गहरी, stern कड़ी]; a ~ from someone can't be endured किसी की ≈ बरदाश्त नहीं की जा सकती; to give a ~ to one's son अपने बेटे को फटकारना. **II.** *v.t.* फटकारना, डाँटना-डपटना : to ~ someone for his cowardice किसी को उसकी कायरता^{F} पर ≈; mother ~d the child for his mischief माँ ने बच्चे को उसकी शरारत^F पर डाँटा.

recall रिकॉल' **I.** *v.t.* **1.** (call back) वापस बुलाना : the government ~ed the ambassador सरकार^F ने राजदूत को वापस बुला लिया; the father ~ed the children from the tea-party पिता ने बच्चों को चाय-पार्टी^{F} से वापस बुला लिया. **2.** (remember) याद करना : I don't ~ his name मैं उसका नाम याद नहीं कर पा रहा हूँ; I do not ~ how we went there मैं याद नहीं कर पा रहा कि हम वहाँ कैसे पहुँच गए, **3.** (take back) वापस लेना, वापस माँगना : I am not desirous of ~ing these things मैं इन चीज़ों^{F} को वापस लेने का इच्छुक नहीं हूँ; the company ~ed all the garments that were not well tailored कंपनी^{F} ने वे सब पोशाकें^{F} वापस मँगा लीं जो अच्छी तरह सिली नहीं थीं. **4.** (annul) रद्द करना : the principal ~ed the previous order प्रधानाचार्य ने पूर्व आदेश रद्द कर दिया. **II.** n^u. **1.** प्रत्याह्वान वापस बुलाना; the ~ of the officer incharge प्रभारी अधिकारी का ≈. **2.** अनुस्मरण : Mr. K has a good ~, he never forgets मि० क का ≈ अच्छा है, वह कभी भूलता नहीं है.

recd. received.

recede रिसीड' **1.** पीछे हटना, लौटना : what has ~d from the market गेहूँ बाज़ार से हट गया है. **2.** (withdraw) मुकर जाना : she ~d from the support of वह समर्थन से मुकर गया. **3.** (diminish) कम होना, घटना : prices are receding कीमतें^{F} घट रही हैं; the flood is receding from the fields खेतों में बाढ़^{F} कम हो रही है. **4.** पीछे छूट जाना : the bus station ~d from view बस अड्डा नज़र से ओझल हो गया.

receipt रिसीट' **I.** n^{cu}. **1.** (receiving) प्राप्ति^{F} आय^F : ~s and expenses आय और व्यय; the ~ of money धन की ≈; what are your ~s today आज तुम्हारी ≈ क्या है ? I am in ~ of your letter मुझे तुम्हारा/आपका पत्र प्राप्त हुआ. **2.** (acknowledgement) रसीद^F, पावती^{F} [duplicate दोहरी, original मूल]; please give me a ~ for the cheque कृपया चेक की ≈ दीजिए; I could not make out a ~ मैं रसीद नहीं बना सका; here is your ~ तुम्हारी ≈ यह है. **II.** रसीद^F लिखना : the merchant ~s the amount received व्यापारी पाई गई राशि^{F} की रसीद लिखता है.

receive रिसीव' *v.t.* **1.** (get) पाना, प्राप्त करना :

have you ~d all the copies of your photograph क्या आपने अपने फ़ोटो की सभी प्रतियाँ प्राप्त कर ली हैं? he ~ed shelter from his friends उसने अपने मित्रों से शरण^F प्राप्त की, उसे अपने मित्रों की शरण^F मिली : did you ~ my letter क्या तुम्हें मेरा पत्र मिला? [*ant*. give] **2.** (welcome) स्वागत करना : the headmaster stood up to ~ the visitors प्रधानाध्यापक आगंतुकों का स्वागत करने के लिए खड़े हो गए; to ~ the marriage party बारात^F का ≈. **3.** (encounter) का सामना करना : he ~d his enemies bravely उसने बहादुरी से अपने शत्रुओं का सामना किया. **4.** how did he ~ my opinion उसे मेरी राय कैसी लगी? **5.** he ~d a heavy blow on his head उसे सिर पर भारी चोट^F लगी. **receiver** रिसी'वर n^c. **1.** (of stolen goods) चोरहटिया : he is the ~ of stolen goods वह चोरी^{F} के माल का ≈ है. **2.** (law) आदाता : the court appointed Mr. B. ~ of the bankrupt's property न्यायालय ने श्री ब को दिवालिये की संपत्ति^{F} का ≈ नियुक्त किया. **3.** (of telephone) चोंगा : hold the ~ of the telephone to your ear टेलीफ़ोन का ≈ कान से लगाए रहो.

recent री'सन्ट *a.* **1.** (modern) हाल की [discovery खोज^F, event घटना^{F}, journey यात्रा^{F}]; the book is a ~ publicaton यह किताब हाल का प्रकाशन है. **2.** अभिनव, नूतन : ~ petals ≈ पंखुड़ियाँ; ~ growth of the flower पुष्प का नूतन विकास. **3.** ~ history अर्वाचीन इतिहास. **recently** री'सन्टलि हाल में : the book was ~ published यह पुस्तक हाल ही में प्रकाशित हुई थी; I met him ~ in his office मैं उसे हाल ही में कार्यालय में मिला था; she had come ~ here वह हाल ही में यहाँ आई थी; have you seen Anne ~ क्या तुमने ऐन को हाल में देखा है?

receptacle रिसें'प'टॅकल n^c. पात्र, बरतन [big बड़ा, wide चौड़ा]; this ~ holds five litres of milk इस बरतन में पाँच लीटर दूध आता है; this is a ~ for rubbish यह कूड़े का बरतन है.

reception रिसें'प'शन n^u. (from receive) **1.** (receiving) प्राप्ति^{F} : ~ of the letter पत्र की ≈; ~ of money by the boy लड़के द्वारा धन की ≈. **2.** (entrance) प्रवेश : now ~ is prohibited अब ≈ निषिद्ध है. **3.** (putting up) ठहराव : rooms for the ~ of customers ग्राहकों के ठहरने के कमरे. **4.** (welcome) स्वागत, सत्कार, स्वागत समारोह [cold उत्साहरहित, warm सस्नेह]; the visitors were given a warm ~ आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया; when you go to stay in a hotel you must go to the ~ office जब तुम होटल में जाओ तो तुम्हें पहले स्वागत कक्ष में जाना चाहिए. **5.** ~ after the wedding विवाह के उपरांत का स्वागत समारोह. receptionist रिसें'प्,शॅनिस्ट n^c. स्वागती : ~ at a hotel or at a big company office होटल या किसी बड़ी कंपनी^{F} के कार्यालय में ≈.

recess रिसें'स' n^c. **1.** (rest) मध्यावकाश : we have ten minutes' ~ at school हमें विद्यालय में दस मिनट का ≈ मिलता है; ~ in a court of law न्यायालय में ≈. **2.** (niche) ताक, आला : there is a ~ in the wall दीवार^F में एक ≈ है. **3.** (of cave) भीतर : dark ~es of a cave गुफा का अंधकारमय ≈. **4.** (secret place) अंतरंग (स्थान) : it is hard to reach the ~es of a mint टकसाल^F के ≈ भागों में पहुँचना कठिन होता है; the very innermost ~es of one's heart किसी के हृदय का ≈.

recipe रें'सिपि n^c. नुस्ख़ा : good ~ अच्छा ≈; ~ for making syrup, cake शर्बत, केक बनाने का ≈; a book of ~s नुस्ख़ों की किताब^F; I know a ~ for pudding मैं पुडिंग का एक नुस्ख़ा जानता हूँ.

recipient रिसि'पिअंट n^c. पाने वाला, प्रापक : ~ of gold metal स्वर्णपदक ≈ या जीतने वाला; I was the first ~ of this news यह समाचार पाने वाला मैं पहला था.

reciprocal रिसि'प्रॅकल *a.* **1.** (mutual) आपसी, पारस्परिक [agreement समझौता, help सहायता^{F}, liking पसंद^F/चाह^F]; all this affection was ~ यह सब प्यार पारस्परिक था; there is a ~ agreement between the two parties दोनों पक्षकारों में ≈ समझौता है.

recitation रें'सिटे'शन *n*ᶜ. पाठ, सस्वर पाठ [clear स्पष्ट, wrong गलत]; he gave a ~ of several poems उसने कई कविताओं^{F} का पाठ किया; she selected some passages of prose for ~ उसने कुछ गद्यांश पाठ के लिए चुने.

recite रिसाइट' *v.t.* **1.** पढ़ना, पढ़कर सुनाना : to ~ a poem to the teacher अध्यापक को कविता ≈. **2.** विवरण देना, वर्णन करना : ~ one's achievement अपनी उपलब्धियों का ≈; to ~ one's complaints अपनी शिकायतों^{F} का ≈.

reckless रें'क्'लिस *a.* **1.** (careless) लापरवाह चालक, [driver चालक, mechanic मेकैनिक, youth युवक]; he is too ~, he would surely miss the train वह बहुत ही ≈ है, उसकी गाड़ी^{F} निश्चित ही छूट जाएगी; ~ of danger खतरे से ≈; he is ~ of what might happen क्या घटित हो सकता है इस बारे में वह ≈ है. **2.** (overbold) दुःसाहसी [player खिलाड़ी, soldier सैनिक]; ~ persons may cross the canal ≈ व्यक्ति नहर पार कर सकते हैं. **3.** (hasty) उतावला [conquerer विजेता, driving यान-चालन].

reckon रें'कन *v.t.* **1.** गिनती^{F} करना, हिसाब लगाना [quickly जल्दी से, very well बहुत अच्छी तरह]; they ~ed that this canal will be finished in three years उन्होंने हिसाब लगाया कि यह नहर^F तीन साल में समाप्त हो जाएगी; you did not ~ the number of boys present तुमने उपस्थित लड़कों की संख्या^{F} की गिनती^{F} नहीं की; his pay will be ~ed from today उसका वेतन आज से गिना जाएगा, उसके वेतन का हिसाब आज से होगा; the captain ~ed to reach the continent tomorrow कप्तान ने महाद्वीप पर कल पहुँचने का हिसाब लगाया. **2.** (consider) मानना, समझना : we ~ him the best in the team हम उसे टीम^F में सबसे अच्छा मानते हैं; I ~ him as a scholar मैं उसे विद्वान मानता हूँ; I ~ that he will fail in the examination मैं मानता हूँ कि वह परीक्षा^{F} में फ़ेल हो जाएगा; he is ~ed to be the best wrestler वह सबसे अच्छा पहलवान माना जाता है. Δ ~ **on** पर भरोसा रखना : I was ~ing on her help मैं उसकी सहायता^{F} पर भरोसा रख रहा था; Δ ~ **with** निपटना : you will have to ~ with me तुम्हें मुझसे निपटना होगा; he is a man to be ~ed with वह एक बड़ा आदमी है.

recline रिक्लाइन' **I.** *v.t.i.* **1.** (lie) लेट जाना, लेटना : he ~d on a sofa वह एक सोफ़ा पर लेट गया; he sat with head ~d on right hand वह अपना दाहिना हाथ सिर के नीचे रखकर लेट गया. **2.** का सहारा लेना, टेकना : to ~ against a wall दीवाल के सहारे टेक^F लगाना; he ~d on his stick उसने अपनी छड़ी^{F} का सहारा लिया. **3.** पर निर्भर रहना; पर भरोसा रखना : he is still reclining on his father वह अब भी अपने पिता पर भरोसा रखता है. **II.** *v.t.* **1.** लिटाना : she ~d the child in the bed उसने बच्चे को बिस्तर पर लिटा दिया. **2.** (lay down, rest) टिकाना : she ~ed her head on the pillow उसने तकिये पर अपना सिर टिका दिया.

recognition रें'कग्नि'शन *n.* **1.** (of an institution) मान्यता^{F} : the school has been given ~ since last year विद्यालय को पिछले साल से मान्यता दे दी गई है. **2.** (identification) पहचान^F : the patient is beyond ~ रोगी ≈ से बाहर है; he has changed out of all ~ वह इतना बदल गया है कि पहचानना मुश्किल है. **3.** (admission) स्वीकार, स्वीकरण, स्वीकृति^{F}: in ~ of your services तुम्हारी सेवाओं के स्वीकरण के रूप में. **4.** (appreciation) सम्मान : award in ~ of his good work उसके अच्छे काम के ≈ में पुरस्कार; he has a good ~ among poets कवियों में उसका अच्छा सम्मान है. **recognize** रें'कग्नाइज़ *v.t.* **1.** (of an institution) मान्यता^{F} प्रदान करना : the government has ~d the school सरकार^F ने विद्यालय को मान्यता प्रदान कर दी है. **2.** (know, identify) पहचानना : I could not ~ my neighbour मैं अपने पड़ोसी को नहीं पहचान सका; when he returned to the village, he could not ~ his house जब वह गाँव वापस आया तो अपना घर न पहचान सका. **3.** स्वीकार करना, मान लेना, मानना : it is not clear if his claim will be ~d यह स्पष्ट नहीं है कि उसका दावा माना जाएगा; Jogu is ~d as the best

footballer in the school जोगू विद्यालय में सबसे अच्छा फुटबाल का खिलाड़ी माना जाता है; he is ~d as a great scholar वह बहुत बड़ा विद्वान माना जाता है. 4. (appreciate) कद्र करना, सम्मान करना : he ~s its worth वह इसकी मूल्यवत्ता^F की कद्र करता है; you ought to ~ his qualifications तुम्हें उसकी योग्यताओं^F का सम्मान करना ही चाहिए; his services to the company were duly ~d कंपनी^F के लिए उसकी सेवाओं^F का यथोचित सम्मान किया गया.

recoil रिकॉइल' I. *v.i.* 1. (draw back) पीछे हटना; झिझकना, ठिठकना : the child ~ed when he saw a frog बच्चे ने जब मेढक को देखा तो वह ठिठक गया; to ~ back in fear भय से पीछे हटना; the troops ~ed and then re-attacked सेना^F पीछे हट गई और तब पुनः आक्रमण किया. 2. (of gun, etc.) (spring back) पीछे धक्का देना : he fired the gun and it ~ed back उसने बंदूक^F दागी और इसने पीछे को धक्का दिया. 3. (of evil) पलट पड़ना : an evil ~s on the evil-doer बुराई^F पलटकर बुरा करने वाले के सिर पड़ती है. II. *n.* 1. ठिठक she had a ~ at the sight of a snake साँप देखकर उसे ≈ महसूस हुई. 2. झटका : the ~ of a gun after firing दागने के बाद बंदूक^F का ≈.

recollect रेंकॅलेंक्ट' *v.t.* 1. (remember) याद करना, स्मरण करना : I will try to ~ his name मैं उसका नाम याद करने का प्रयास करूँगा; do you ~ that Shyam came to see us last year क्या तुम्हें स्मरण है कि श्याम हमसे मिलने पिछले साल आया था. 2. (concentrate) एकाग्र करना, मन लगाना : he ~ed himself in hearing the poem कविता^F सुनने में उसने स्वयं को एकाग्रचित्त किया. 3. फिर से जुटाना : to ~ one's courage फिर से साहस बटोरना/जुटाना. 4. (recover oneself) सँभल जाना, होश या आपे में आना : ~ yourself otherwise you will suffer the loss सँभल जाओ नहीं तो नुकसान भुगतोगे. **recollection** रेंकॅलेंक्शन *n*^c. याद^F, स्मृति^F, स्मरण : ~s of one's youth जवानी^F की यादें^F; to the best of my ~ Akbar died in 1605 जहाँ तक मुझे याद है, अकबर 1605 में मरा था; I have no ~ of seeing that person before उस व्यक्ति को पहले देखा है इसकी मुझे याद^F नहीं है.

recommend रेंकॅमेंन्ड' *v.t.* 1. (entrust) सौंपना, सौंप देना : I ~ this bag to you मैं यह बैग तुम्हें सौंपता हूँ. 2. (speak favourably) सिफारिश^F करना : he ~ed his name for scholarship उसने छात्रवृत्ति^F के लिए उसके नाम की सिफारिश की; he ~ed me for a job उसने किसी काम के लिए मेरी सिफारिश की. 3. (advise) सलाह^F देना, परामर्श देना : I ~ you to do as the master desires मैं तुम्हें सलाह देता हूँ कि तुम वैसा ही करो जैसा तुम्हारा स्वामी चाहता है; the doctor ~ed a change of climate डॉक्टर ने जलवायु के परिवर्तन की सलाह दी; I ~ that you should consult this doctor मैं सलाह देता हूँ कि तुम इस डाक्टर से सलाह लो; he ~ed that the building be pulled down उसने सलाह दी कि इमारत^F गिरा दी जानी चाहिए; the friend ~ed me to take up this prescription मित्र ने मुझे यह नुस्खा लेने की सलाह दी. **recommendation** रेंकॅमेन्डे'शन *n*^c. 1. सिफ़ारिश [emphatic ज़ोरदार, oral मौखिक, written लिखित]; on his ~ I was posted as head clerk उनकी सिफ़ारिश पर मैं प्रधान लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया. 2. सिफारिशी पत्र : I shall write a ~ to the manager मैं प्रबंधक को एक ≈ लिखूँगा.

recompense रेंकॅमपेंन्स I. *n*^c. 1. (reward) इनाम, पुरस्कार, costly कीमती, prestigious सम्मानजनक]; he was given ~ of ten thousand rupees for his help उसकी सहायता^F के लिए उसे दस हज़ार रुपए का पुरस्कार दिया गया; I do not want any ~ for this much service मैं इतनी भर सेवा^F के लिए कोई ≈ नहीं चाहता. 2. (compensation) क्षतिपूर्ति, हरजाना : who will pay the ~ for so much loss इतनी हानि^F की क्षतिपूर्ति कौन करेगा? 3. (remuneration) पारिश्रमिक : the teacher was highly pleased with his work and gave him a book as ~ अध्यापक ने उसके काम से बहुत प्रसन्न होकर ≈ के रूप में उसे एक किताब दी. II. *v.t.* 1. प्रतिकार

करना : to ~ smb for a loss किसी की हानि[F] का ≈. **2.** पुरस्कार देना : to ~ smb for his help किसी को सहायता के लिए ≈.

reconcile रें'कन्साइल *v.t.i.* **1.** (make friendly) मेल-मिलाप करना/कराना all of them are now ~d उन सब में अब मेल-मिलाप हो गया है; to ~ Mr. B. with Mr. K मि० ब का मि० क के साथ ≈. **2.** (settle) निपटारा करना : they have ~d their disputes उन्होंने अब अपने झगड़े का निपटारा कर लिया है; try to ~ the matter as soon as possible जितना जल्दी संभव हो मामले का निपटारा करने का प्रयास करो. **3.** (bring into harmony) संगति[F] स्थापित करना, मेल बिठाना : to ~ one thing with another एक वस्तु[F] की दूसरी वस्तु से संगति स्थापित करना; he is now ~d to the new environment उसने अब नये वातावरण में सामंजस्य स्थापित कर लिया है; how do you ~ his words with his actions उसकी कथनी[F] और करनी[F] में तुम कैसे मेल बिठाते हो? **4.** (become content) अनुकूल बना लेना; से संतुष्ट होना : to ~ oneself to one's lot अपने भाग्य से संतुष्ट हो जाना, अपने को भाग्य के अनुकूल बनाना. **reconciliation** रेंकॅन्सिलि ए'शॅन *n*[U]. **1.** मेल-मिलाप : ~ of parties involved संबद्ध पक्षों का ≈; after the quarrel the two men made ~ झगड़ा करने के बाद दोनों आदमियों ने स्वयं ≈ कर लिया; ~ is the best way to solve the problem समस्या[F] का समाधान करने का सबसे अच्छा रास्ता ≈ है. **2.** मिलान : ~ of accounts लेखों का ≈. **3.** सामंजस्य : ~ between words and deeds कथनी[F] और करनी[F] में सामंजस्य.

reconsider रीकन्‌सि'डर *v.t.* पुनर्विचार करना : please ~ your opinion कृपया अपने मत पर पुनर्विचार कीजिए; I'll thoroughly ~ your offer मैं तुम्हारे प्रस्ताव पर पूरी तरह पुनर्विचार करूंगा.

record रिकॉर्ड' **I.** *v.t.* **1.** (write down) लिखना, लिपिबद्ध करना, दर्ज करना : ~ exactly ठीक-ठीक ≈; to ~ facts of the case मुकदमे के तथ्यों को ≈; I have ~ed my plans in a note-book मैंने एक नोट-बुक[F] में अपनी योजनाओं[F] को लिख रखा है; these words will remain recorded in my heart ये शब्द मेरे हृदय में अंकित रहेंगे. **2.** (show) बतलाना : what does the thermometer ~ थर्मामीटर क्या बतलाता है? **3.** (make a ~) रिकार्ड करना : the machine is ~ing your song मशीन[F] तुम्हारा गाना ≈ कर रही है, मशीन से तुम्हारे गाने का ≈ बन रहा है. **II.** रें'कॉर्ड *n*[C]. **1.** (official report) अभिलेख : real ~ वास्तविक ≈; I have brought the latest ~ मैं नवीनतम अभिलेख ले आया हूँ; he asked the officer to examine the ~ उसने अभिलेख की जाँच[F] के लिए अधिकारी से कहा; historical ~ ऐतिहासिक ≈. **2.** (account) हिसाब, लेखा : he keeps a ~ of his expenses वह अपने खर्च का ≈ रखता है; a number of attempts are on ~ प्रयासों की संख्या[F] हरिकार्ड में है. **3.** (account) वृत्त, विवरण : to keep a ~ of events घटनाओं का विवरण रखना. **4.** (recorded evidence) प्रलेख, लिखित प्रमाण : court asked him to present the ~ न्यायालय ने उसे ≈ प्रस्तुत करने के लिए कहा. **5.** लिखत : it is on ~ that. . . यह लिखित रूप में आया है कि . . .; to make/keep a ~ लिख लेना; off the ~ जो लिखने लायक न हो; for the ~ लिख लेने के लिए. **6.** (sports) रिकार्ड, कीर्तिमान : the best ~ सबसे अच्छा ≈; Tom broke the record for high jump टॉम ने ऊंची कूद[F] का ≈ तोड़ दिया; the ~ made by him is still untouched उसके द्वारा बनाया गया ≈ अब भी अछूता है. **7.** (of gramophone) रेकार्ड, तवा : to play the ~ तवा बजाना. Δ **he has a** ~ वह दंडित हो चुका है.

recover रिकँ'व़र *v.t.* **1.** बरामद करना, पुनः प्राप्त करना : I have ~ed my suitcase which I had lost in the train मैंने वह सूटकेस पुनः प्राप्त कर लिया है जो मैंने रेलगाड़ी[F] में खो दिया था; have you ~ed the umbrella क्या तुमने छाता बरामद कर लिया है? the police ~ed all the stolen ornaments पुलिस[F] ने चोरी गए सभी गहनों को बरामद कर लिया है; to ~ health पुनः स्वास्थ्य-लाभ करना. **2.** (make up for) की पूर्ति[F] करना : to ~ damages from the railways रेलवे से

नुकसान का मुआवज़ा पाना, क्षति^{F} की पूर्ति^{F} कराना; I will soon ~ the loss मैं शीघ्र ही घाटे की पूर्ति^{F} कर लूँगा. **3.** (reclaim) उद्धार करना : he may ~ him from the debt वह कर्ज से उसका उद्धार कर पाए. **4.** (from sickness) चंगा या स्वस्थ हो जाना : the patient has ~ed completely रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो गया है. **5.** (in other contexts) he has ~ed his appetite उसे फिर भूख^F लगने लगी है; he will quickly ~ from the shock वह जल्दी ही सदमे से उबर जायेगा; she ~ed slowly **from** her malady वह धीरे-धीरे रोग से मुक्त हो गई; prices are ~ing कीमतें अपने ढर्रे पर आ रही हैं; **6.** (~ oneself) होश^F या आपे में आना : he has ~ed his sense just now वह अभी-अभी होश में आया है. **7.** सँभल जाना : he was going to fall but he ~ed himself वह गिरने लगा था, पर सँभल गया [*cf.* re-cover, cover again]. **recovery** रिकॅ'वरि *n.*^{F} **1.** वसूली^{F} : ~ of debt कर्ज़ की ≈. **2.** बरामदगी^{F}, प्रतिप्राप्ति : ~ of the lost goods खोए हुए सामान की ≈. **3.** स्वास्थ्य-लाभ : she made a quick ~ after her illness अपनी बीमारी^{F} के बाद उसने बड़ी जल्दी स्वास्थ्यलाभ किया; the general was grievously wounded but without hope of ~ जनरल गंभीर रूप से घायल हुआ लेकिन पुनः स्वस्थ होने की आशा^{F} नहीं थी.

recreation रॅक्रिए'शन *n*^{u}. मन-बहलाव, मनोरंजन : football is a favourite ~ of boys in Bengal बंगाल में लड़कों का प्रिय ≈ फ़ुटबाल है; I play on a Sitar just for ~ मैं सितार केवल ≈ के लिए बजाता हूँ; this artist is too busy for ~ यह कलाकार इतना व्यस्त है कि इसे ≈ के लिए समय नहीं है. [*cf.* re-creation पुनः सृजन]

recruit रिक्रूट' **I.** *n*^{c}. रंगरूट [new नया, trustworthy विश्वसनीय]; there are several ~s in our party हमारी पार्टी^{F} में अनेक ≈ हैं; four ~s have joined the police force चार ≈ पुलिस-बल में शामिल हुए हैं; ~ are being enlisted in the army सेना^{F} में ≈ भरती^{F} किए जा रहे हैं. **II.** *v.t.* **1.** भरती करना : they were ~ed in the navy this week इस सप्ताह वे नौ सेना^{F} में भरती किए गए; the army ~s men and trains them सेना^{F} जवानों को भरती करके प्रशिक्षण देती है. **2.** फिर भरना : to ~ supplies फिर से रसद^F भरना. **3.** (recover) (old use) स्वास्थ्यलाभ करना : my son has gone to Shimla to ~ his health मेरा बेटा स्वास्थ्यलाभ के लिए शिमला गया है.

rectangle रॅक्'टैङ्गल *n*^{c}. आयत^F : a ~ has four equal straight angles ≈ में चार समकोण होते हैं; a ~ is longer than it is wide ≈ लंबाई^F में चौड़ाई^F की अपेक्षा बड़ा होता है.

rectification रॅक्टिफ़िके'शन *n*^{u}. **1.** (amending) संशोधन : ~ of mistakes ग़लतियों^{F} का ≈. **2.** ~ of boundary line सीमा-रेखा^{F} को ठीक करना. **rectify** रॅक्टिफ़ाइ *v.t.* (*p.* rectified) **1.** सुधारना, संशोधन करना, ठीक करना : to ~ a mistake गलती^{F} ≈; the frontiers between India and China have to be rectified भारत और चीन के बीच की सीमा^{F} ठीक की जानी है. **2.** दूर करना : they tried to ~ their differences उन्होंने अपने मतभेद दूर करने का प्रयास किया; to ~ a grievance शिकायत^F दूर करना.

recur रिकॅर' *v.i.* (-rr-) **1.** (return) लौटना, लौट जाना, लौट आना : it is possible that the ailment may ~ यह संभव है कि रोग लौट आए. **2.** (come up again) फिर उठना या सामने आना : such a difficulty is bound to ~ इस प्रकार की कठिनाई^F फिर सामने अवश्य आनी है; the same problem has ~red वही समस्या^{F} फिर उठी है. **3.** (occur again) फिर होना, पुनः घटित होना, की पुनरावृत्ति^{F} होना : the trouble should not ~ कष्ट फिर नहीं होना चाहिए.

red रॅड **I.** *a.* **1.** लाल, सुर्ख़ [colour रंग, झंडा, flame लपट^F, flower फूल]; ~ lead सिंदूर; he was red with anger वह क्रोध से ≈ हो गया; her eyes were ~ with weeping उसकी आँखें^{F} रोते रहने से ≈ हो गईं; he has a ~ gate in front of the house घर के सामने का उसका फाटक ≈ है; he has put on a ~ shirt उसने लाल कमीज़ पहनी है. **2.** (bloody) रक्तरंजित : ~ hands ≈ हाथ

3. (revolutionary) क्रांतिवादी : ~ party ≈ दल. **4.** (communistic) साम्यवादी : ~ thinking ≈ सोच; China is a ~ country चीन एक ≈ देश है; **5.** ~ carpet (स्वागत के लिए) लाल कालीन; ~ handed रंगे हाथों, अपराध करते हुए : the police caught him ~ handed while breaking into the house पुलिस^{F} ने उसे घर में सेंध^{F} लगाते हुए रंगें हाथों पकड़ लिया; ~ hot (i) उत्तप्त : ~ iron ≈ लोहा; (ii) ~ keenness उत्तेजित उत्सुकता^{F}; a ~ letter day खुशी का दिन : Holi and Diwali are ~ letter days for Indians होली^{F} और दीवाली^{F} भारतीयों के लिए खुशी के दिन हैं; ~ rag गुस्सा दिलाने की बात^{F}/चीज़^{F}; his remark was a ~ rag उसका टिप्पण गुस्सा दिलाने वाला था; ~ tapism लालफीताशाही^{F} : ~ tapism in the offices delays the action दफ्तरों में लालाफीताशाही से कार्यवाही में विलंब होता है. **II.** *n*^{u}. **1.** लाल रंग : it is all ~ in the sky आकाश में सब ≈ है; he painted the gate with ~ उसने गेट को ≈ पेंट किया; she was dressed in ~ वह लाल कपड़े पहने थी. **2.** क्रांतिकारी, साम्यवादी : Russia was ~ रूस ≈ देश था. **redden** रें'डन *v.t.i.* लाल हो जाना या कर देना : the sun ~s the cherries धूप चेरी^{F} को लाल कर देती है; his face ~ed with anger उसका चेहरा क्रोध से लाल हो गया;

redeem रिडीम' *v.t.* **1.** (set free) मुक्त करना, छोड़ना : the judge ordered that the slave has to be ~ed न्यायाधीश ने आदेश दिया कि दास को मुक्त कर देना है. **2.** (from sin) उद्धार करना, मुक्ति^{F} दिलाना : to ~ someone from sin किसी को पाप से मुक्ति दिलाना. **3.** (ransom) छुड़ाना : he has ~ed his land from the mortgagee उसने अपना खेत गिरवीदार से छुड़ा लिया है; pawned goods have been ~ed गिरवी रखे हुए सामान को छुड़ा लिया गया है. **4.** (recover) पुनः प्राप्त करना : he has ~ed his right to property उसने संपत्ति^{F} पर अपना अधिकार पुनः प्राप्त कर लिया है; she ~ed her honour उसने अपनी प्रतिष्ठा^{F} पुनः प्राप्त की है. **5.** (pay off) चुकाना : to ~ one's debt अपना ऋण चुकाना. **6.** (fulfil) पूरा करना : I think he cannot ~ his loss मैं सोचता हूँ कि वह अपना घाटा पूरा नहीं कर सकता; he should ~ his promise उसे अपना वचन पूरा करना चाहिए [*n.* redemption छुटकारा]

redirect रीडिरें'क्ट' *v.t.* अनुप्रेषित करना : ~ this letter to my new address इस पत्र को मेरे नये पते पर फिर प्रेषित करें.

redness रें'ड'निस *n.* लालपन, लाली^{F}, लालिमा^{F}, सुर्खी^{F} : ~ of eyes आँखों^{F} की लालिमा; this flower has ~ इस फूल में ≈ है; ~ of the sky in the evening शाम^{F} को आकाश की लालिमा; her lips shine with ~ उसके ओठ ≈ से चमकते हैं.

redress रिड्रें'स' **I.** *v.t.* **1.** (put right) फिर से ठीक कर देना, प्रतिकार करना : to ~ a wrong, injustice दोष, अन्याय का प्रतिकार करना; the doctor ~ed him from pain डॉक्टर ने उसका कष्ट ठीक कर दिया. Δ **to ~ the balance** संतुलन ठीक करना. **2.** (compensate) पूर्ति^{F} करना, हरजाना देना : he needed one thousand rupees to ~ the loss वह घाटे को पूरा करने के लिए एक हज़ार रुपए चाहता था. **3.** (correct) सुधार करना, दूर करना : to ~ a grievance शिकायत^{F} ≈. **II.** *n.* मुआवज़ा, क्षतिपूर्ति^{F} : to seek ~ in a law court for damages न्यायालय से क्षतिपूर्ति^{F} चाहना.

reduce रिड्यूस' *v.t.* **1.** (diminish) घटाना, कम करना : he reduced the speed to forty kilometres an hour उसने गति^{F} घटाकर 40 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी; the prices have to be ~ed by ten percent कीमतें^{F} दस प्रतिशत घटानी हैं; now he has ~d his needs अब उसने अपनी आवश्यकताएँ^{F} कम दी हैं; his weight is ~d उसका वज़न कम हो गया है; our rent has not been ~ed हमारा किराया नहीं घटाया गया. [*ant.* increase] **2.** (degrade) दरजा घटाना, पदच्युत या पदावनत करना : to reduce a captain to lieutenant कप्तान का दरजा घटाकर लेंफ्टिनेंट कर देना; he was ~d from head-clerk वह प्रधान लिपिक से पदावनत कर दिया गया. **3.** (subdue) हराना, जीतना : the enemy was ~d very easily in the battle युद्ध में शत्रु को आसानी^{F} से हरा दिया गया; to ~ a

fort by bombing बमबारी^F करके कोई किला जीत लेना. 4. (compel) मजबूर करना, बाध्य करना : he was ~d to work in the factory उसे कारखाने में काम करने के लिए बाध्य किया गया; he was ~d to beg pardon उसे क्षमा^F माँगने के लिए बाध्य कर दिया गया; I was ~d to borrowing मैं उधार लेने को मजबूर हो गया; she was ~d to begging वह भीख^F माँगने पर मजबूर हो गई. 5. (change into) में बदल देना, परिवर्तित करना : to ~ yards to metres गजों को मीटरों में ≈. **reduction** रिडक्'शन n^{uc}. 1. (diminution) कमी^F, घटाव, ह्रास [ordinary साधारण, rapid तेज़; ~ in the officers' powers अधिकारियों की शक्तियों^F में कमी ~ in the prices of readymade garments बने-बनाए वस्त्रों की कीमतों^F में कमी. 2. (amount reduced) छूट^F, बट्टा : this season there was great ~ in sale इस मौसम में बिक्री^F में भारी छूट^F थी. 3. प्रतिलिपि^F : ~ of painting किसी चित्र की ≈.

redundant रिडन्'डन्ट *a.* 1. (superfluous) फ़ालतू, अनावश्यक [material सामान, word शब्द, worker कर्मी]; these sentences are ~ and therefore should be omitted ये वाक्य ≈ हैं इसलिए हटा देने चाहिए. 2. (copious) बहुत, अधिक, प्रचुर]; there is a ~ supply of water, you must not worry पानी की आपूर्ति^F बहुत है, तुम्हें चिंतित नहीं होना चाहिए. 3. (wordy) शब्दाडंबरपूर्ण : ~ statement ≈ कथन. [*n*. redundance]

reed रीड n^c. I. (plant) नरकुल, नरकट, सरकण्डा [hollow खोखला, tall लंबा ; ~ grows in wet places ≈ सीलन वाली जगहों^F में उगता है. 2. (flute) बाँसुरी^F, मुरली^F; blow over ~ and it will produce a sound ≈ में फूँक मारिये तो उससे ध्वनि^F पैदा होगी. Δ **broken** ~ अविश्वसनीय व्यक्ति; to lean on a ~ कमज़ोर व्यक्ति के भरोसे रहना.

reel रील I. n^c. 1. फिरकी^F : the tailor winds thread on a ~ दरज़ी धागे को ≈ पर लपेटता है; a tape is wound on a ~ ≈ पर फीता लपेटा जाता है. 2. (of film) रील^F [coloured रंगीन, general साधारण]; he bought the ~ to take photographs फ़ोटो लेने के लिए उसने रील खरीदी. Δ **they walked off the** ~ वे बिना रुके चलते गए. II. *v.t.* 1. चरखी^F पर लपेटना, चरख़ी^F से उतारना : she ~ed the thread उसने चरखी पर धागा लपेटा. 2. (stagger) लड़खड़ाना, डगमगाना : she came ~ing down the stairs वह सीढ़ियों^F से लड़खड़ाती हुई आई; I saw the drunken man ~ing on the road मैंने उस शराबी को सड़क^F पर लड़खड़ाते हुए देखा. 3. (be in a whirl) चकराना, चक्कर खाना, घूमना : my head ~s with worry मेरा सिर चिंता^F से चकरा रहा है; the **room seemed to** ~ before my eyes कमरा मेरी आँखों^F के सामने घूमता-सा लग रहा था.

ref. reference, referee.

refer रिफ़र I. *v.t.* (-rr-) 1. (direct) के पास भेजना, की राय लेना : to ~ a person to the higher officer किसी को उच्चतर अधिकारी के पास भेजना; the doctor ~red the case for an expert's advice डॉक्टर ने इस केस पर विशेषज्ञ की राय^F लेने के लिए कहा. 2. (submit) सौंपना, सुपुर्द करना : you may ~ the documents to me तुम दस्तावेज़ मुझे सौंप सकते हो; the matter was ~red to the Panchayat मामला पंचायत के सुपुर्द किया गया. 3. (assign to a class) के वर्ग में रखना : to ~ the paintings to Kangra style चित्रों को कांगड़ा शैली^F के वर्ग में रखना; I was ~ red to the fourth class by him मैं उसके द्वारा चतुर्थ वर्ग में रखा गया. 4. (in other contexts) to ~ a cheque to its drawer काटने वाले को चेक लौटाना; the reader is ~red to Canto III of the Ramayana पाठक को रामायण का तीसरा कांड देखने का निर्देश देना; this rule ~s to all employees यह नियम सब कर्मचारियों पर लागू होता है. III. *v.i.* (~ to) 1. (relate) से संबंध रखना : the story ~s to the events of the last century यह कहानी^F पिछली शती की घटनाओं से संबंध रखती है; these remarks do not ~ to you ये टिप्पण तुमसे संबंध नहीं रखते. 2. (point to) की ओर निर्देश या संकेत करना : this ~s to your failure यह तुम्हारी असफलता^F की ओर संकेत करता है. 3. (mention) का जिक्र करना, का उल्लेख

करना : don't ~ to him as a fool उसे मूर्ख के रूप में उल्लिखित न करो. **4.** (look at) देखना : ~ to the dictionary for correct spelling शुद्ध वर्तनी^{F} के लिए शब्दकोश देखो. **referee** रैंफ़री' *n*^{c}. **1.** (arbitrator) मध्यस्थ, पंच, निर्णायक [honest ईमानदार, impartial निष्पक्ष, true सच्चा]; he was appointed ~ to settle the dispute झगड़े का निपटारा करने के लिए उसे मध्यस्थ नियुक्त किया गया. **2.** (sports) रैंफ़री, खेलपंच : ~ in football or hockey फुटबाल अथवा हॉकी में ≈; the ~ checks if rules of a game are violated यदि खेल के नियमों का उल्लंघन होता है तो ≈ रोकता है; the ~ decided that it was a foul ≈ ने निर्णय किया कि यह नियम विरुद्ध खेल था. **reference** रैं'फ़रन्स *n*^{cu}. **1.** (connection) संबंध : with ~ to your letter I want to say..... आपके पत्र के संबंध में मैं कहना चाहता हूँ...; luck has little ~ to merit भाग्य का योग्यता^{F} से कुछ ≈ नहीं है. **2.** (allusion) निर्देश, संकेत : ~ was made to this affair इस मामले की ओर ≈ किया गया था; ~ mark निर्देश चिह्न (* + #). **3.** (mention) उल्लेख, ज़िक्र : did you note those ~s to me क्या तुमने मेरे बारे में दिए गए उल्लेखों को नोट किया; your name came in that ~ तुम्हारे नाम का उल्लेख हुआ था. **4.** संदर्भ : ~ book ≈ ग्रंथ; ~ library ≈ पुस्तकालय; you will find ~ to this statement at p. 360 तुम्हें ३६० पृष्ठ पर इस कथन का ≈ मिलेगा; explain the para with ~ संदर्भ सहित पैरा की व्याख्या^{F} करो. **5.** (authority) हवाला, प्रमाण : he presented relevant ~s in court उसने न्यायालय में सुसंगत प्रमाण प्रस्तुत किए, terms of ~ विचारार्थ विषय. **6.** (testimonial) प्रमाणपत्र : you should bring your ~s at the interview तुम्हें साक्षात्कार के समय अपने ≈ लाने चाहिए; he has some ~s from his headmaster उसके पास उसके प्रधानाध्यापक के कुछ ≈ हैं.

refine रिफ़ाइन' *v.t.i.* (purify) शुद्ध या परिष्कृत करना या हो जाना, का परिष्कार या संस्कार करना : to ~ the metal or oil धातु^{F} या तेल को परिष्कृत करना; the gold was later ~d बाद में सोना परिष्कृत किया गया. Δ ~ upon सुधार करना : he has ~d upon his previous methods उसने अपने पहले के ढंग में सुधार कर लिया है. **refined** रिफ़ाइंड' *a.* **1.** परिष्कृत, परिमार्जित [language भाषा^{F}, oil तेल, sugar चीनी^{F}]; kerosene is still not refined मिट्टी^{F} का तेल अब भी परिष्कृत नहीं है. **2.** (cultured) सुसंस्कृत [person व्यक्ति, society समाज]; his family is well ~d उसका परिवार बहुत सुसंस्कृत है. **refinement** रिफ़ाइन'मन्ट *n*^{u}. **1.** (refining) शोधन, परिष्करण, परिष्कार : ~ of sugar is necessary for health चीनी का ≈ स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है; ~ of methods तरीकों का ≈. **2.** (state) सुसंस्कृति^{F} : a woman of ~ सुसंस्कृत स्त्री. **3.** *n*^{c}. (improvement) सुधार : new machines have many ~s नई मशीनों^{F} में बहुत-से ≈ हैं.

reflect रिफ़्लैं'क्ट' *v.t.i.* **1.** (think) चिंतन करना, विचार करना : to ~ upon the knotty question जटिल प्रश्न पर चिंतन करना; take time to ~ on the matter मामले पर सोचने का समय लो; he ~ed upon the problem again and again उसने समस्या^{F} पर पुनः विचार किया; ~ before you act कुछ करने से पहले सोचो. **2.** (bring blame) निंदा लाना : this ~s on his honesty इससे उसकी ईमानदारी^{F} निंदित होती है. **3.** (cast back) परावर्तित करना या होना : the rays of the sun ~ on the earth सूर्य की किरणें^{F} पृथ्वी^{F} से परावर्तित होती हैं; this floor ~s light यह फ़र्श प्रकाश को परावर्तित करता है. **4.** (mirror) प्रतिबिंबित करना या होना : the mirror ~ed her pale face शीशे में उसका पीला चेहरा प्रतिबिंबित हुआ, his image ~ed in the water उसकी छाया^{F} पानी में प्रतिबिंबित हुई. **5.** (express) प्रकट या व्यक्त करना : this letter ~s your real opinion इस पत्र में तुम्हारा वास्तविक मत प्रकट होता है. **6.** (discredit) प्रतिष्ठा घटाना, बदनाम करना : the article ~ed his public image लेख ने उसकी लोक प्रतिष्ठा^{F} को घटा दिया. **reflection** रिफ्लैं'क्शन *n*^{u}. **1.** चिंतन-मनन : deep ~ गंभीर ≈ after ~ I found that I was wrong ≈ के बाद मैंने पाया कि मैं गलती^{F} पर था. **2.** (reconsideration) अनुचिंतन,

पुनर्विचार : on ~, I have decided not to do this ≈ करने पर मैंने ऐसा न करने का निश्चय किया है. **3.** (reflecting) परावर्तन, प्रतिबिंब (न) : clear ~ स्पष्ट ≈; she saw her ~ in a mirror उसने शीशे में अपना प्रतिबिंब देखा; the dog saw its ~ in clear water कुत्ते ने साफ़ पानी में अपना प्रतिबिंब देखा. **4.** (a comment) टीका-टिप्पणी[F] : to cast ~ on smb किसी व्यक्ति पर ≈ करना. **5.** (censure) निंदा[F], आलोचना[F] : it is not a ~ on anybody यह किसी की ≈ नहीं है.

reform रिफ़ॉर्म' **I.** *v.t.* **1.** सुधारना, का सुधार करना : Vivekananda tried to ~ the whole society विवेकानंद ने पूरे समाज को सुधारने का प्रयास किया; the teacher ~s his pupils गुरु अपने शिष्यों का सुधार करता है; you can ~ smb's character तुम किसी का चरित्र सुधार सकते हो. **2.** (abolish) उठा लेना, दूर करना, अंत करना : to ~ the corruption in the society समाज में भ्रष्टाचार का अंत करना; to ~ an evil custom किसी बुरी रस्म[F] को हटाना. **II.** *n*[c]. सुधार [complete पूर्ण, financial वित्त संबंधी, political राजनैतिक, social सामाजिक; the method of teaching needs ~ अध्यापन के ढंग में सुधार की आवश्यकता[F] हैं; educational ~ is the need of the day शैक्षिक सुधार आज की आवश्यकता[F] है; Swami Dayanand introduced many ~s स्वामी दयानंद ने बहुत-से सुधार किए. [*n.* reformer सुधारक] **reformation** रॆ'फ़रमे'शन *n*[cu]. सुधार : the ~ of education शिक्षा में ≈; after ~ and amendments the rule is clear सुधार और संशोधन के बाद नियम स्पष्ट है; there is some ~ in his character उसके चरित्र में कुछ ≈ है; ~ of political life is very much needed राजनैतिक जीवन में सुधार की बहुत आवश्यकता[F] है.

re-form री'फ़ार्म *v.t.* फिर से बनाना : to ~ a union फिर से संघ बनाना.

refrain रिफ़्रेन' **I.** *n*[c]. टेक[F], स्थायी[F] : they sang the ~ उन्होंने टेक का गायन किया. **II.** *v.i.* (~ **from**) नहीं करना, से दूर रहना, रोकना, मना करना : to ~ from doing smth कुछ करने से दूर रहना; we should ~ from talking too much हमें बहुत बातें नहीं करनी चाहिए; to ~ from drinking wine शराब पीने से दूर रहना : I could not ~ from shedding tears at the sight of these poor creatures इन ग़रीब प्राणियों को देखने पर मैं आँसू बहाना न रोक सका : we could not ~ from laughing हम हँसना न रोक सके.

refresh रिफ़्रेश' *v.t.* ताज़ा करना, प्राण डालना : even a short sleep ~ed me हल्की-सी नींद ने भी मुझे ताज़ा कर दिया; let me ~ my memory मुझे अपनी याद्दाश्त[F] ताज़ा करने दो. [*a.* refreshing] **refreshment** रिफ़्रॆश'मन्ट *n.* (often *plural*) **1.** जलपान, अल्पाहार : ~ room ≈ गृह; light ~ हल्का ≈; I had some ~s from the canteen मैंने कैंटीन में कुछ जलपान किया. **2.** विश्रांति[F], ताज़गी[F]: body and mind both became active after ~ ≈ के बाद शरीर और मन दोनों सक्रिय हो गए; sleep is a great ~ नींद[F] एक अच्छी विश्रांति[F] है.

refrigerator रेफ़्रिजरेटर *n*[c]. (usu. fridge) फ़्रिज, रेफ़्रिजरेटर, प्रशीतित्र : we keep milk and curd in our ~ हम दूध और दही अपने ≈ में रखते हैं; food can be preserved for a longer period in a ~ खाद्य पदार्थ दीर्घकाल तक ≈ में रखा जा सकता है; he will buy a ~ tomorrow वह कल एक ≈ ख़रीदेगा.

refuge रॆ'फ़्यूज *n*[u]. (shelter) शरण[F], आश्रय : last ~ अंतिम ≈; to seek the place of ~ शरण-स्थल खोजना; during storm we took ~ in a cave तूफ़ान के दौरान हमने एक गुफा[F] में शरण ली; to take ~ under a tree एक पेड़ के नीचे शरण लेना. **refugee** रॆ'फ़्यूजी'*n*[c]. शरणार्थी [dirty गंदा, poor ग़रीब]; a lot of ~s came over to India after Partition विभाजन के बाद भारत में अनेकों ≈ आ गए; a colony was established for the ~s शरणार्थियों के लिए एक बस्ती[F] बसाई गई. **refund** रीफ़न्ड' **I.** *v.t.* लौटाना, वापस करना : to ~ the money advanced अग्रिम दिया गया धन वापस करना; I have ~ed all that I had borrowed from the moneylender मैंने साहूकार से जितना पैसा लिया था सब वापस कर दिया; the admission fee was

not ~ed प्रवेश-शुल्क वापस नहीं किया गया. **II.** री'फ़ॅन्ड *n*ᵘ. वापसी^F, प्रत्यर्पण : to demand a ~ of one's payment अपने भुगतान की वापसी^F की माँग करना.

refusal रिफ़्यू'ज़ल *n*ᵘ. **1.** इंकार, नकार [clear स्पष्ट, direct सीधा]; I shall help you in case of his ~ उसके इंकार करने पर मैं तुम्हारी सहायता^F करूँगा; I could not appreciate his ~ to accompany me मेरे साथ जाने से उसके इंकार को मैं ठीक न समझ सका; do not make him angry by ~ ≈ करके उसे नाराज़ न करो; he gave a flat ~ उसने साफ़ इंकार कर दिया; he will take no ~ वह न नहीं सुनेगा. **2.** (option) इंकारी^F का विकल्प : if you sell your car, let me have the first ~ यदि तुम गाड़ी^F बेचो, तो इंकारी का पहला विकल्प मुझे देना. **refuse** रिफ़्यूज़' *v.t.* **1.** (reject) नामंज़ूर करना, अस्वीकार करना : he ~d my request उसने मेरी प्रार्थना^F को नामंजूर/अस्वीकार कर दिया; she had to refuse his invitation उसे उसका निमंत्रण अस्वीकार करना था. **2.** इंकार करना : he ~d to help me उसने मेरी सहायता^F करने से इंकार कर दिया; I asked her to join us but she ~d मैंने उसे हमारे साथ शामिल होने को कहा, पर उसने इंकार कर दिया. [*ant.* grant] **3.** मना कर देना : I ~d him accommodation मैंने उसे साथ रहने से मना कर दिया. **II.** रॅं'फ़्यूस *n*ᵘ. कूड़ा-करकट, कचरा : he asked his neighbour to remove the ~ उसने अपने पड़ोसी से कूड़ा-करकट हटाने के लिए कहा.

refute रि फ़्यूट' *v.t.* खण्डन करना : I ~d his claim to the property मैंने संपत्ति^F पर उसके दावे का खण्डन किया; in the debate she ~d her opponents' arguments बहस में उसने अपने प्रतिद्वंद्वियों के तर्कों का खडन किया; the court ~d his statement न्यायालय ने उसके कथन का खण्डन किया.

regain रिगेन' *v.t.* दुबारा प्राप्त करना/पाना या पहुँचाना : I have ~ed my lost property मैंने अपनी खोई हुई संपत्ति^F दुबारा प्राप्त कर ली है; he is ~ing health वह फिर से स्वास्थ्यलाभ कर रहा है; he may ~ his reputation वह अपना नाम दुबारा प्राप्त कर लेगा. **2.** to ~ consciousness होश में आ जाना; they ~ed the shore वह किनारे पर वापस पहुँच गए.

regal री'गल *a.* राजसी, शाही [power शक्ति^F, splendour चमक-दमक^F]; ~ way of living रहने का ≈ ढंग, she looked ~ उसका ≈ रूप था.

regard रिगार्ड' **I.** *v.t.* **1.** (consider) मानना, समझना : I ~ him a good player मैं उसे एक अच्छा खिलाड़ी मानता हूँ; she ~ed her as her friend वह उसे अपनी सहेली^F समझती थी; I ~ him as my child मैं उसे अपने बच्चे की तरह^F मानता हूँ; he ~ed it as an insult उसने इसे अपमान मान लिया; I ~ it as a high honour मैं इसे एक उच्च सम्मान मानता हूँ; we ~ it as a sin हम इसे पाप मानते हैं. **2.** (look) ध्यानपूर्वक देखना, ताकना : what are you ~ing so curiously इतनी उत्सुकता^F से तुम क्या ताक रहे हो ? he ~ed me with suspicion उसने मुझे संदेह भरी दृष्टि^F से देखा. **3.** (to take into account) का ध्यान रखना : he regards his advice very much वह उसकी सलाह^F का बहुत ध्यान रखता है. **4.** (respect) आदर करना : you ought to ~ your parents and elders तुम्हें अपने माता-पिता और बड़ों का आदर करना चाहिए; a mischievous boy does not ~ his teachers एक शरारती लड़का अपने अध्यापकों का आदर नहीं करता. [*ant.* dis~] **5.** (concern) से संबंध रखना : it does not ~ me इसका मुझसे संबंध नहीं है. *n*ᶜᵘ. (mostly *singular*) **1.** (esteem) आदर, सम्मान [great/high बहुत/भारी, real वास्तविक, true सच्चा]; he has no ~ for others उसमें दूसरों के प्रति कोई ≈ नहीं है; you must have ~ for your elders तुम्हें अपने बड़ों के प्रति सम्मान होना चाहिए; to show ~ to smb किसी के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना. **2.** (concern) संबंध : in this ~ इस ≈ में; with ~ to के विषय में या ≈ में. **3.** (*pl.*) नमस्कार : my best ~s to your mother अपनी माताजी को मेरा ≈; give one's ~ नमस्कार कहना : give my ~s to your father अपने पिताजी को मेरा नमस्कार कहना.

regardful रिगार्ड'फुल *a.* **1.** (attentive) सावधान : I am quite ~ of your

sentiments मैं आपकी भावनाओं^F के प्रति बिल्कुल ≈ हूँ. **2.** (considerate) लिहाज़ रखने वाला : be ~ of your parents' wishes अपने माता-पिता की इच्छाओं^F का लिहाज़ रखो (आदर करो). **regarding** रि'गार'डिङ्ग *adv.* के विषय में, के बारे में : ~ Aslam I will write to you later असलम के बारे में मैं तुम्हें बाद में लिखूँगा; I spoke to him ~ this matter मैंने इस मामले के बारे में उससे बात की. **regardless** रिगार्ड'लिस *a.* **1.** लापरवाह : ~ of other's feelings दूसरों की भावनाओं के प्रति ≈; he went on ~ of our warning मेरी चेतावनी^F की परवाह^F न करते हुए वह चलता गया; he bought it ~ of its price कीमत^F की परवाह^F न करके उसने इसे खरीद लिया.

regd. registered पंजीकृत.

regime रेजीम' n^u. **1.** (political) शासन-काल, शासन [ancient प्राचीन, Ashok's अशोक का, British बरतानवी]. **2.** (system) शासन प्रणाली : under the new ~ नई शासन-प्रणाली में. **3.** (social) सामाजिक व्यवस्था^F.

regiment रें'जिमन्ट **I.** n^c. रेजिमेंट, सैन्यदल [huge विशाल, large बड़ा]; a ~ is smaller than a brigade ब्रिगेड की अपेक्षा^F ≈ छोटा होता है; a ~ of soldiers सैनिकों का ≈; a ~ is a part of an army ≈ किसी सेना^F का एक भाग होता है; ~ is commanded by a lieutenant रेजिमेंट एक लेफ़्टिनेंट द्वारा नियंत्रित होता है; Singh served in a ~ सिंह ≈ में नौकरी^F करता था. **II.** रे'जिमेंन्ट *v.t.* **1.** संगठित करना. to ~ scouts बालचरों की ≈. **2.** नियंत्रित करना : boys are not well ~ed लड़के अच्छी तरह नियंत्रित नहीं हैं.

region री'जन n^c. प्रदेश, इलाका, क्षेत्र [cold ठंडा, snowy बर्फ़ीला, uninhabited निर्जन, vast लंबा-चौड़ा]; this ~ of the country is hilly देश का यह इलाका पहाड़ी है; the ~ about the heart हृदय के आसपास का क्षेत्र. **regional** री'जनल *a.* प्रादेशिक, क्षेत्रीय [customs रीतिरिवाज, forest वन, language भाषा^F]; the government established a ~ council सरकार^F ने एक ≈ परिषद् स्थापित की.

register रें'जिस्टर **I.** n^c. (record) रजिस्टर, पंजी^F [attendance हाज़िरी का, marriage शादी का, of deaths मृत्यु का, original मूल]; please see the ~ to find your name कृपया अपना नाम पाने के लिए ≈ में देखो. **II.** *v.i.t.* **1.** रजिस्टर में दर्ज करना, पंजीकृत करना [carefully सावधानी^F से, immediately तुरंत]; election results are ~ed चुनाव परिणाम पंजीबद्ध कर लिए जाते हैं; the police ~ed the case पुलिस^F ने मामले को रजिस्टर में दर्ज कर लिया. **2.** (by post) रजिस्ट्री^F करना या कराना : have the letter ~ed पत्र की रजिस्ट्री कर (करा) दो. **3.** (indicate) बतलाना : the meter ~s 600 kilolitres of water consumption मीटर बताता है कि 600 किलोलीटर पानी की खपत^F हुई है. **registered** रे'जिस्टर्ड *a.* रजिस्टर्ड, पंजीकृत [letter पत्र, number संख्या^F, parcel पार्सल]; send the letter by ~ post रजिस्टरी डाक से पत्र भेजो. **registrar** रें'जिस्ट्रार n^c. **1.** रजिस्ट्रार, पंजीयक : ~'s office ≈ का कार्यालय; ~ of births and deaths जन्म और मृत्यु का ≈. **2.** (university) कुलसचिव : one of my friends is a ~ in the university मेरा एक मित्र विश्वविद्यालय में ≈ है. **registration** रें'जिस्ट्रेशन n^u. रजिस्ट्रेशन, पंजीयन, पंजीकरण : ~ of students छात्रों का ≈; ~of marriage शादी^F का ≈.

regret रिग्रेट' **I.** *v.t.i.* (-tt-) **1.** (repent) पश्चात्ताप करना, पछताना : to ~ the past mistakes पिछली गलतियों^F के लिए पश्चात्ताप करना; I still ~ for the failure of the plan योजना^F के असफल होने का मुझे अब भी पछतावा है. **2.** (be sorry) खेद होना : I ~ I cannot come मुझे खेद है कि मैं आ नहीं सकता; I ~ to say मुझे कहते हुए खेद है कि..; we ~ that हमें खेद है कि... **II.** n^c. पश्चात्ताप, अनुताप [deep गहरा, extreme अत्यधिक, sincere सच्चा]. **2.** दुख, खेद : with ~ ≈ के साथ; with ~ I inform you that .... दु:ख के साथ मैं आपको सूचित करता हूँ कि..; I have no ~s मुझे कोई अफ़सोस नहीं है. **3.** क्षमा, माफ़ी^F : he expressed ~ for his misconduct उसने अपने दुराचरण की माफ़ी

माँगी. **regretful** रिग्रेट्'फुल *a.* **1.** खेदपूर्ण : it was a ~ apology यह ≈ क्षमा-याचना^{F} थी. **2.** (of person) दु:खी, खिन्न. **regrettable** रिग्रें'टॅबल *a.* खेदजनक, शोचनीय [accident दुर्घटना^{F}, behaviour व्यवहार, loss नुकसान, refusal इनकार]: it was a ~ mistake यह एक ≈ ग़लती^{F} थी.

regular रें'ग्यूलर *a.* **1.** नियमित [correspondence पत्र-व्यवहार, income आय^F, lesson पाठ, life दिनचर्या, meals भोजन, time समय]; he has no ~ work उसका कोई ≈ कार्य नहीं है. **2.** (orderly) सुव्यवस्थित, व्यवस्थित [features नयन-नक्श, teeth दाँत]; have everything ~ in life जीवन में सब कुछ ≈ रखो; we shall do it in a ~ way हम इसे ≈ ढंग से करेंगे; books were found ~ in the shelf अलमारी में पुस्तकें ≈ पाई गईं. [*ant.* irregular]. **3.** (fixed) नियत : what is the ~ time of her arrival उसके आने का ≈ समय क्या है? he keeps ~ hours वह नित्य प्रति अपने ≈ समय पर आता है. **4.** (constant) स्थायी, नियत : ~ progress ≈ विकास; ~ staff ≈ कर्मचारी वर्ग. **5.** (normal) साधारण, सामान्य : my ~ bed-time मेरे सोने का ≈ समय; this is regular day of going to cinema उसके सिनेमा जाने का यह ≈ दिन है. **6.** (in other contexts) ~ doctor पेशेवर डॉक्टर; ~player व्यवसायी खिलाड़ी. [*ant.* ir ~] **regularity** रेंग्यूलै'रिटि n^c. नियमितता^{F}, नियमनिष्ठा^{F} : I appreciate his ~ in every work प्रत्येक काम में उसकी ≈ की मैं कद्र^F करता हूँ; there is ~ in the beating of the heart of ours हमारे हृदय की धड़कनों में ≈ है; the clock rings the time with ~ घड़ी^{F} नियमित रूप से समय देती है. [*ant.* ir ~] **regularly** रेंग्यूलर्लि *adv.* नियमित (रूप से), नियमपूर्वक : I record proceedings of the meeting ~ मैं बैठक की कार्यवाही^{F} को ≈ अभिलिखित करता हूँ; you do not go to school ~ तुम विद्यालय नियमपूर्वक नहीं जाते; take the medicine ~ दवा नियमित रूप से लिया करो; **regulate** रें'ग्यूलेट *v.t.* **1.** (control) नियंत्रित करना, नियमन करना : ~ your habits अपनी आदतों^{F} को नियंत्रित करो; to ~ imports and exports आयात और निर्यात का नियमन करना; ~ the function of the machine मशीन^F के काम को नियमित करो; the prices are ~d by supply and demand आपूर्ति^{F} और माँग^F के अनुसार कीमतें^{F} नियंत्रित की जाती हैं; he has ~d his diet उसने अपना आहार नियंत्रित कर रखा है. **2.** (adjust) ठीक करना, समंजित करना : to ~ one's watch अपनी घड़ी का समय ठीक कर लेना; ~ yourself according to the place स्वयं को स्थान के अनुरूप समंजित करो. **3.** to ~ speed रफ्तार घटाना-बढ़ाना. **4.** (put order in) व्यवस्थित करना : ~ the course of your life अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करो. **regulation** रेंग्यूले'शन n^c. **1.** (act) नियमन, नियंत्रण : ~ of working hours काम के समय का ≈. **2.** (rule) विनियम : ~s of an institution किसी संस्था^{F} के ≈; the ~ in railways require every passenger to have a ticket रेलवे व्यवस्थापन में प्रत्येक यात्री को एक टिकट की आवश्यकता^{F} होती है; ~s about licensing of guns बंदूक^F की लाइसेंस व्यवस्था^{F} के ≈. **regulator** रें'ग्यूलेटर n^c. (वि)नियामक, विनियंत्रक (उपकरण) : ~ controls the speed ≈ गति^{F} को नियमित करता है; ~ of the fan पंखे का ≈; ~ of the clock is not working घड़ी^{F} का ≈ काम नहीं कर रहा है.

rehabilitate रीअबि'लिटेट *v.t.* **1.** (reappoint) पुनर्नियुक्त करना, बहाल करना : he was ~d as manager उसे मैनेजर के रूप में पुनर्नियुक्त/बहाल किया गया. **2.** (of right) लौटाना, बहाल करना : to ~ the rights of the farmers किसानों के अधिकारों को बहाल करना. **3.** (of health) चंगा करना : he was ~d very soon by the doctor वह डॉक्टर द्वारा शीघ्र ही चंगा कर दिया गया. **4.** to ~ an old building पुरानी इमारत^F को बहाल करना. **5.** to ~ an injured soldier किसी घायल सिपाही को नये काम पर लगाना. **6.** (re-settle) फिर से बसाना : the government ~d the refugees सरकार^F ने शरणार्थियों को फिर से बसाया. **7.** (re-establish) पुन: स्थापित

करना, पुनः संगठित करना : he tried to ~ his gang उसने अपने गिरोह को पुनः संगठित करने का प्रयास किया. **8.** (of a criminal) पुनरुद्धार करना, सुधारना : it is not easy to ~ the criminals अपराधियों को सुधारना आसान नहीं है. **rehabilitation** रीअबिलिटे'शन *n*^u^. **1.** पुनर्वास : the ~ of the refugees was a big problem before India in 1947 शरणार्थियों का ≈ 1947 में भारत के सामने एक बड़ी समस्या^F^ थी. **2.** बहाली^F^ : ~ of the rights of the people लोगों के अधिकारों की बहाली. **3.** ~ of a patient किसी रोगी का पुनः स्वास्थ्य लाभ. **4.** सुधार : ~ of a criminal किसी अपराधी का ≈.

rehearsal रिहर्'सल *n*^c^. रिहर्सल, पूर्वाभ्यास : all the actors participated in the ~ before performing the drama नाटक खेलने के पहले सभी अभिनेताओं ने ≈ में भाग लिया. **rehearse** रिहर्स' *v.t.* **1.** रिहर्सल करना, पूर्वाभ्यास करना : I ~d my speech yesterday मैंने कल अपने भाषण का रिहर्सल किया; ~ a play for our annual function वार्षिकोत्सव के लिए नाटक का पूर्वाभ्यास करो. **2.** (recite) दुहराना : the teacher asked the students to ~ the poem अध्यापक ने छात्रों से कविता^F^ दुहराने के लिए कहा. **3.** (tell in detail) पूरा विवरण बताना, ब्यौरेवार बताना : he ~d every event to his father उसने अपने पिताजी को प्रत्येक घटना^F^ ब्योरेवार बता दी. **4.** (train) अभ्यास कराना : he ~d the actors उसने अभिनेताओं से अभ्यास कराया; he ~d his son to play cricket उसने अपने बेटे को क्रिकेट खेलने का अभ्यास कराया.

reign रेन **I.** *n*^c^. **1.** शासन, शासन काल [glorious शानदार, long लंबा, peaceful शांतिपूर्ण, short थोड़ा]; after a ~ of twenty years he died बीस साल के शासन के बाद वह मर गया; during the ~ of Ashoka अशोक के शासनकाल में. **2.** (dominance) प्राबल्य, बोलबाला : ~ of terror आतंक का ≈. **II.** *v.i.* **1.** शासन करना : Akbar ~ed for more than fifty years अकबर ने पचास साल से ज़्यादा तक शासन किया; Victoria ~ed over a vast empire विक्टोरिया बहुत बड़े साम्राज्य पर राज करती थी. **2.** प्राबल्य होना, का बोलबाला होना : he is ~ing in this society इस समाज में उसका बोलबाला है; peace ~ed over the village गाँव में शांति का प्राबल्य था.

reimburse रीइम बर्स' *v.t.* **1.** वापस लेना, अदा करना, चुकाना : to ~ smb's expenses किसी को उसका खर्च वापस अदा करना; to ~ the cost of radio to him रेडियो की कीमत^F^ उसे अदा करना; the mother ~d the money the girl had spent माँ ने लड़की का पैसा जो उसने खर्च किया था, चुका दिया. **2.** (compensate) प्रतिपूर्ति^F^ करना : who will ~ the loss of money पैसे के नुकसान की प्रतिपूर्ति कौन करेगा ?

rein रेन **I.** *n*^c^. बागडोर^F^, रास^F^ : to draw the ~ ≈ कसना; (also fig.) he gave free ~ to the son उसने बेटे की बागडोर ढीली कर दी; who will hold the ~ of the horse घोड़े की ≈ कौन थामेगा ? his wife holds the ~s उसकी ≈ पत्नी के हाथों में है; to assume the ~s of government शासन की बागडोर सँभालना, Δ **to keep a tight ~ on smb** किसी को नियंत्रण में रखना. **II.** *v.t.* बागडोर लगाना, लगाम खींचना : ~ the horse and go घोड़ों को लगाम लगाओ और जाओ.

reindeer रेन'डिअर *n*^c^. (*pl.* reindeer) रेन्डियर : Eskimoes keep ~s for milk, meat, skin, etc इस्कीमो दूध, मांस, चमड़ा, इत्यादि के लिए ≈ रखते हैं; a ~ has long branching antlers ≈ के कई शाखाओं में बँटे लंबे सींग होते हैं.

reinforce रीइन्फॉर्स' *v.t.* **1.** (milit.) सेना^F^ बढाना, कुमुक भेजना : ~ an army by sending more soldiers अधिक सैनिकों को भेजकर सेना^F^ बढ़ाना. **2.** (increase) बढ़ाना : to ~ provisions खाने-पीने की सामग्री^F^ बढ़ाना. **3.** (strengthen) सुदृढ़ या पुष्ट करना : to ~ the explanation by examples उदाहरणों द्वारा व्याख्या^F^ को पुष्ट करना; to ~ an argument with illustrations नज़ीरों द्वारा तर्क को ≈ करना.

reinstate रीइन् स्टेट' *v.t.* **1.** (to post) बहाल करना, फिर से नियुक्त करना : the superintendent was ~d in his former post अधीक्षक को अपने पूर्व पद पर फिर से नियुक्त किया गया; the High Court has

~d our teacher and he will join from tomorrow उच्च न्यायालय ने हमारे अध्यापक को बहाल कर दिया है और वह कल से काम शुरू कर देंगे. **2.** (re-organise) फिर से संगठित करना : he ~d his friends to face the problem समस्या^F के समाधान के लिए उसने फिर से अपने मित्रों को संगठित किया.

reject रिजेंक्ट' *v.t.* **1.** नामंज़ूर करना, अस्वीकार करना : his proposal was ~ed by the committee समिति^F द्वारा उसका प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया गया; to ~ the good counsel अच्छी सलाह^F को अस्वीकार करना; the principal ~ed his application for admission प्राचार्य ने उसके प्रवेश की दरख़ास्त को अस्वीकार कर दिया. [*ant.* accept] **2.** (discard) हटा/निकाल देना : to ~ old clothes पुराने कपड़े हटा देना; he was ~ed by the department वह विभाग द्वारा निकाल दिया गया; to ~ a theory किसी सिद्धांत का खंडन करना [*n.* rejection नामंजूरी]

rejoice रिजॉइस' **I.** *v.t.* खुश करना, प्रसन्न करना, रिझाना, हुलसाना : the news ~d all of us समाचार ने हम सब को हुलसा दिया; mother ~s the child माँ बच्चे को हुलसाती है; he ~d the son by giving him ice-cream उसने बेटे को आइसक्रीम देकर खुश कर दिया. **II.** *v.i.* आनंद मनाना, आनंदित/खुश होना; हुलसाना : they ~d at/over the news वे समाचार से आनंदित हुए; I ~ that you have passed the examination मैं बहुत आनंदित हूँ (मुझे खुशी है) कि तुमने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है; we ~ **in** our children's happiness हम अपने बच्चों की प्रसन्नता^F से आनंदित होते हैं. [*ant.* grieve] **rejoicing** रिजॉइ'सिङ्ग *n*^c. आमोद-प्रमोद : there was great ~ at the festival त्यौहार पर खूब ≈ था; they all participated in the ~ वे सब ≈ में सम्मिलित हुए.

rejoin रिजॉइन' *v.t.i.* (law) प्रत्युत्तर देना : he was given time to ~ the plaint उसे वाद का प्रत्युत्तर देने का समय दिया गया. **2.** फिर से जोड़ना : to ~ two pieces of wood लकड़ी^F के टुकड़ों को ≈. **3.** फिर से मिल जाना : he ~ed his regiment after two months' leave दो महीने की छुट्टी^F के बाद वह फिर से अपने रेजिमेंट में जा मिला.

relapse रिलैप्स' **I.** *v.i.* **1.** फिर से लौट आना : he ~d **into** his evil habits, crime वह अपनी बुरी आदतों^F, अपराध में फिर फँस गया. **2.** फिर से बीमार हो जाना : he was recovering, but suddenly he ~d वह ठीक हो रहा था, पर अचानक फिर बीमार हो गया. **II.** *n*^c. (of sickness) पुनरावर्तन, फिर से वही रोग : after the recovery he had a ~ of typhoid ठीक हो जाने के बाद उसे मियादी बुखार का ≈ हो गया.

relate रिलेट' *v.t.* **1.** (narrate) सुनाना, वर्णन करना : he ~d the story to his son उसने बेटे को कहानी^F सुनाई. **2.** (connect) (usu. passive) संबंध होना : are you ~d to Mr. J क्या तुम्हारा श्री ज से कोई संबंध है ? क्या मिस्टर ज तुम्हारे संबंधी हैं ? to whom the story relates कहानी किससे संबंधित है ? how is poverty ~d to crime गरीबी^F और अपराध का क्या संबंध होता है ? **related** रिले'टिड *a.* **1.** संबद्ध, संबंधित : and other ~ topics और अन्य ≈ प्रसंग; both the industries are ~ to Parle दोनों उद्योग पार्ले से संबद्ध हैं; he is ~ to me by marriage उससे मेरा शादी^F के नाते संबंध है. **2.** रिश्तेदार, संबंधी : he is not ~d to me वह मेरा संबंधी नहीं है. **relation** रिले'शन *n*^cu. **1.** (connection) संबंध : the ~ of the artist to his picture कलाकार का अपने चित्र से ≈; her ~s with her neighbours have been good पड़ोसियों के साथ उसके ≈ अच्छे रहे हैं; our ~s have always been excellent हमारे ≈ हमेशा बढ़िया रहे हैं; this has no ~ to the trade इसका व्यापार से कोई ≈ नहीं है; there is no ~ between the two things दोनों चीजों में कोई ≈ नहीं है. **2.** (kinship) रिश्ता, नाता, संबंध : what ~ is he to you तुम्हारा उससे क्या ≈ है ? the ~ between the mother and the son माँ और बेटे का ≈. **3.** (kinsman) संबंधी, रिश्तेदार, नातेदार : close ~ नज़दीकी ≈; all his ~s are very gentle उसके सभी ≈ बड़े सज्जन हैं. **relationship** रिले'शनशिप *n*^c. संबंध, रिश्तेदारी^F, नातेदारी^F : what is your

~ to that gentleman उस सज्जन से तुम्हारा क्या संबंध है? the officer has good ~ with his people अधिकारी के अपने लोगों से अच्छे संबंध हैं; his ~ with his neighbour is very bad these days आजकल उसके अपने पड़ोसी से संबंध बहुत खराब हैं. **relative** रॆ'लॅटिव़ I. *a.* 1. (gram.) संबंधवाचक, संबंधसूचक : ~ pronoun संबंधसूचक सर्वनाम (as which, whose जो, जिसका) ; ~ adverb ≈ क्रिया-विशेषण (as when, where जब, कहाँ). 2. (relevant) प्रासंगिक, संगत : you may ask only ~ questions not others तुम केवल ≈ प्रश्न ही पूछ सकते हो, दूसरे नहीं; facts ~ to the crime अपराध से संगत प्रश्न. 3. (comparative) सापेक्ष, तुलनात्मक : ~ merits ≈ गुणदोष; the Kashmiris are living in ~ poverty कश्मीरी लोग ≈ गरीबी^{F} में जी रहे हैं. 4. (proportionate to) आनुपातिक, अनुपाती : supply should be ~ to demand आपूर्ति^{F} माँग^F के अनुपात में होनी चाहिए. II. n^c. (kinsman) संबंधी, रिश्तेदार : I have no ~s मेरे कोई ≈ नहीं हैं; he is a distant ~ of mine वह मेरा दूर का ≈ है; my uncle is my nearest ~ मेरे चाचा मेरे निकटतम ≈ हैं; is he a ~ of yours क्या वह तुम्हारा ≈ है? **relatively** रॆ'लॅटिव़्लि *adv.* अपेक्षाकृत : the tribesmen are ~ poor जनजातीय लोग ≈ गरीब हैं; the moon is ~ close to the earth चंद्रमा पृथ्वी^{F} के/से ≈ निकट है; it was ~ fine weather this year इस साल ≈ सुहाना मौसम था.

relax रिलैक्स' I. *v.t.* 1. ढीला या शिथिल करना या हो जाना : he ~ed his grip उसने अपनी पकड़^{F} ढीली कर दी; he ~ed the rope of the dog and it jumped away उसने कुत्ते की रस्सी^{F} ढीली कर दी और वह कूदकर भाग गया; to ~ discipline अनुशासन में ढील^F देना. 2. (soften) हल्का या नरम करना : they ~ed the regulations उन्होंने विनियमों को नरम कर दिया. 3. (abate) कम या मंद करना : medicine ~ed his pain soon दवा^{F} ने शीघ्र ही इसका दर्द कम कर दिया; to ~ one's efforts अपने प्रयास ≈. II. *v.i.* 1. (rest) विश्राम करना : after so much hard work you should now ~ इतने परिश्रम के उपरांत तुम्हें अब विश्राम करना चाहिए; doctor advised him to ~ डाक्टर ने उसे आराम करने की सलाह^F दी. 2. (in manner) नरम पड़ जाना : he is ~ed these days वह इन दिनों नरम पड़ गया है. **relaxation** रीलैक् से'शन n^u. 1. (act) शिथिलन, शिथिलीकरण : ~ of control नियंत्रण का ≈ (ढीला करना). 2. (rest) विश्राम : after a day's hard work he needs ~ दिन भर के परिश्रम के बाद उसे ≈ की आवश्यकता^{F} है. 3. मनोविनोद : he plays sitar for ~ वह सितार^F ≈ के लिए बजाता है.

relay रि'ले I. n^c. 1. (of horses) डाक के घोड़ों की जोड़ी^{F}. 2. (of men) टोली : they worked in ~s in the field वे खेत में टोलियों^{F} में काम करते थे. 3. (of telecommunication) रिले, पुनःप्रसारण : ~ station ≈ केंद्र; we listened to the ~ of the speech of the President हमने राष्ट्रपति के भाषण का ≈ सुना II. *v.t.* 1. डाक का पड़ाव-पड़ाव पर प्रबंध करना. 2. (broadcast) रिले करना, पुनः प्रसारित करना : our radio station ~s programmes from Delhi हमारा रेडियो-केंद्र दिल्ली के प्रोग्राम पुनः प्रसारित करता है. 3. (send on) आगे भेजना : to ~ a message संदेश ≈.

release रिलीज़' I. *v.t.* 1. (set free) मुक्त करना, छोड़ना, रिहा करना : the thief was ~d from the jail चोर को जेल से रिहा कर दिया गया; the judge ordered to ~ the accused जज ने अभियुक्त को रिहा करने का आदेश दिया; she was ~d from her promise उसे अपने वचन से मुक्त कर दिया गया. 2. (of energy) निर्मुक्त करना : a large amount of energy is ~d after splitting of atoms परमाणु-विखंडन के बाद अत्यधिक मात्रा^{F} में ऊर्जा^{F} निर्मुक्त होती है. 3. (of book) विमोचन करना (पुस्तक का). 4. (unfasten) खोलना : we ~ the dog in the night हम रात में कुत्ते को खोल देते हैं. [*ant.* bind] 5. (of claim दावा) छोड़ देना, त्याग देना : did he ~ his right on property क्या उसने संपत्ति^{F} पर अपना अधिकार छोड़ दिया? 6. (of censor) पास करना : to ~ a film फ़िल्म पास करना. 7. (in other contexts) to ~ from pain

दर्द से मुक्ति दिलाना : to ~ news समाचार प्रकाशित करना. **II.** *n*^cu^. **1.** मोचन, रिहाई, मुक्ति, छुटकारा : his ~ from the prison is not possible जेल से उसकी रिहाई^F^ संभव नहीं है. **2.** (of film, etc.) प्रकाशन, वंटन : ~ of the picture पिक्चर का ≈. **3.** (law) अभित्याग : ~ of property संपत्ति^F^ का ≈.

relent रिलें'न्ट *v.t.* नरम पड़ जाना, द्रवित हो जाना : she ~ed at the sight of misery वह कष्ट देखकर द्रवित हो गई; at last the shopkeeper ~ed and gave us discount अंत में दुकानदार नरम पड़ गया और हमें छूट दे दी; the storm ~ed in the morning तूफ़ान सुबह नरम पड़ गया.

relevance रें'लॅवन्स *n*^u^. प्रासंगिकता^F^, संगति^F^ : it has no ~ in the present circumstances वर्तमान परिस्थितियों^F^ में इसकी कोई ≈ नहीं है; your words have no ~ to our discussion तुम्हारे शब्दों की हमारी चर्चा^F^ के साथ कोई ≈ नहीं है. **relevant** रें'लिवन्ट *a.* **1.** संबद्ध [document दस्तावेज़, information जानकारी^F^]. **2.** प्रासंगिक (सु)संगत : the question is not ~ प्रश्न नहीं ≈ है. [*ant*. irrelevant]

reliability रिलाइ अ बि'लिटि *n*^u^. विश्वसनीयता^F^, विश्वस्तता^F^ : ~ of his honesty is clear उसकी ईमानदारी^F^ की ≈ स्पष्ट है; I still suspect the ~ of the purity of gold सोने की शुद्धता^F^ की ≈ पर मुझे अभी संदेह है. **reliable** रिलाइ'अबल *a.* विश्वसनीय [information जानकारी^F^, machine मशीन^F^, person व्यक्ति, rule नियम]; the medicine I advise you is ~ जिस दवा^F^ की मैं सलाह^F^ देता हूँ वह ≈ है; John had ~ news जान के पास ≈ समाचार था. **reliance** रिलाइ'अन्स *n*^u^. भरोसा, विश्वास : definite ~ निश्चित ≈; you can place ~ on his decision तुम उसके निर्णय पर ≈ कर सकते हो; he advanced in ~ of your support वह तुम्हारे समर्थन के भरोसे आगे बढ़ा.

relic रें'लिक *n*^c^. (usu. *pl.*) अवशेष : the ~s of an old church पुराने गिरजाघर के ≈. **2.** स्मृतिचिह्न : ~s of ancient days प्राचीनकाल के ≈; this building is a ~ of bygone days यह इमारत^F^ बीते दिनों का ≈ है.

relief रिलीफ़' *n*^u^. **1.** (from fear, pain डर, दर्द से) राहत^F^, आराम [great बहुत, some कुछ]; you will get much ~ after this operation इस चीरफाड़^F^ के बाद तुम बहुत आराम पाओगे; now I am feeling full ~ अब मैं पूरी राहत का अनुभव करता हूँ; the treatment gave much ~ to John इलाज से जॉन को बहुत आराम मिला; he sighed ~, he heaved a sigh of ~ उसने आराम की साँस^F^ ली; tears brought her no ~ आँसू गिराने से उसे कुछ आराम न मिला. **2.** (from burden बोझ से) छुटकारा, मुक्ति^F^. **3.** राहत^F^ : we sent ~ to the people in trouble हमने मुसीबत^F^ में पड़े लोगों को ≈ पहुँचाई. **4.** (aid) सहायता^F^, मदद^F^ : it will be good ~ to him if you give him some money यदि तुम उसे कुछ पैसे दे दो तो उसकी भारी सहायता होगी; he could not get any ~ from him वह उससे कुछ सहायता न पा सका. ~ **fund** सहायता निधि^F^; ~ **train** सहायता गाड़ी^F^; ~ **works** सहायता निर्माणकार्य, **5.** (re-inforcement) इमदाद^F^ : a ~ is a soldier who relieves another on duty ≈ एक सैनिक है जो दूसरे को ड्यूटी^F^ से छुटकारा देता है. **relieve** रिलीव़' *v.t.* **1.** आराम देना, राहत^F^ देना : to ~ pain दर्द से राहत देना; she felt ~ed उसने आराम महसूस किया; ~ the poor गरीबों को आराम दो; he was ~d to hear this यह सुनकर उसे राहत मिली. **2.** मुक्त करना, छुटकारा देना : to ~ smb **of** anxiety किसी को चिंता^F^ से ≈; he will be ~d **of** pain उसे पीड़ा^F^ से छुटकारा दिलाया जायेगा. **3.** भारमुक्त करना, कार्यमुक्त करना : he ~d the peon उसने चपरासी को कार्यमुक्त कर दिया; she was ~d of all duties उसे सब कर्तव्यों से छुट्टी^F^ दे दी गई. **4.** कम करना, हल्का करना : medicine will ~ your pain दवा^F^ तुम्हारे दर्द को कम कर देगी. **5.** to ~ smb **of** his purse किसी का पर्स उड़ा लेना.

religion रिलि'जन *n*^c^. धर्म, मज़हब : the chief ~ of Europe is Christianity यूरोप का मुख्य ≈ ईसाइयत^F^ है; he was converted to some new ~ उसका किसी नए ≈ में परिवर्तन किया गया; Hinduism is the commonest ~ in India भारत में हिंदू ≈ सबसे सामान्य है.

religious रिलि'जस *a.* **1.** धार्मिक [book ग्रंथ, ceremony अनुष्ठान, custom रीतिरिवाज]; a temple is a ~ place मंदिर एक ≈ स्थान है; his mother is of a ~ nature उसकी माँ ≈ प्रकृति^F^ की है. **2.** धार्मिक, धर्मनिष्ठ, धर्मपरायण : ~ person ≈ व्यक्ति. [*ant.* ir ~]

relinquish रिलिङ्'क्विश *v.t.* त्यागना, त्याग देना; (give up) छोड़ना, छोड़ देना : she has ~ed all control over her children उसने अपने बच्चों पर से सारा नियंत्रण हटा लिया है; he should ~ his claim उसे अपना दावा छोड़ देना चाहिए; when will he ~ his office? वह अपना पद कब छोड़ेगा? he has ~ed bad habits उसने बुरी आदतें^F^ छोड़ दी हैं; she should not ~ hope उसे आशा^F^ नहीं छोड़नी चाहिए.

relish रेॅलिश **I.** n^u. **1.** (taste) स्वाद [bitter कड़ुआ, sour खट्टा, sweat मीठा]; a bit of lemon will add ~ to your drink थोड़ा-सा नीबू तुम्हारे पेय के ≈ को बढ़ा देगा; the boy took ice-cream with ~ लड़के ने आइसक्रीम^F^ ≈ के साथ खाई. **2.** (liking) पसंद^F^ : I have no ~ for such a dance ऐसा नाच मुझे पसंद नहीं है. **II.** *v.t.* **1.** (enjoy) स्वाद लेना, मज़ा उड़ाना, रस लेना : to ~ a feast दावत^F^ का आनंद लेना; a sick person cannot ~ food बीमार आदमी खाने का स्वाद नहीं ले सकता. **2.** (like) पसंद करना, के प्रति रुचि^F^ रखना : I ~ the reading of poems मुझे कविताएँ पढ़ना बहुत पसंद है; I do not ~ classical music मैं शास्त्रीय संगीत पसंद नहीं करता.

reluctance रिलक्'टन्स n^u. अनिच्छा^F^ : she showed great ~ to sing उसने गाना गाने से बहुत ≈ दिखाई; he agreed to help but with great ~ वह सहायता^F^ करने के लिए सहमत हो गया पर बड़ी अनिच्छा से. **reluctant** रिलक्'टन्ट *a.* **1.** अनिच्छुक : he was ~ to give donation वह चंदा देने के लिए ≈ था. **2.** अनिच्छापूर्ण : he gave his ~ assent उसने अनिच्छापूर्वक अपनी अनुमति^F^ दी. [*adv.* ~ly]

rely रिलाइ' *v.i.* (~ **on**) पर भरोसा रखना; पर निर्भर या आश्रित रह जाना : you can ~ **on** him तुम उस पर भरोसा रख सकते हो; I ~ on you to arrange everything मैं हर व्यवस्था^F^ करने के लिए आप पर निर्भर हूँ; you may ~ on me for help तुम मुझ पर सहायता^F^ के लिए भरोसा कर सकते हो; I cannot ~ on his promise मुझे उसके वादे का भरोसा नहीं है. [*adj.* reliable *q.v.*]

remain रिमेन' *v.i.* **1.** शेष या बाकी रह जाना : of his five sons three now ~ उनके पाँच बेटों में से तीन बाकी हैं. **2.** रह जाना, रहना : we all stood up but he ~ed sitting हम सब खड़े हो गए लेकिन वह बैठा रहा; he ~ed silent वह चुप रहा; he ~ed unconscious in spite of all our efforts हमारे सभी प्रयासों के बावजूद वह अचेत रहा; please ~ here for a while कृपया यहाँ कुछ समय तक रहिए; you may go if you like, I shall ~ here यदि तुम चाहो तो जा सकते हो मैं यहीं रहूँगा; the children did not ~ there for long बच्चे वहाँ देर तक नहीं रहे. **3.** बचा रहना : only one ticket ~ed केवल एक टिकट (बचा) रह गया; after the fire nothing ~ed in the house आग के बाद घर में कुछ नहीं बचा. **4.** बना रहना : my vote of no-confidence ~s मेरा अविश्वास प्रस्ताव बना (क़ायम) है. **5.** रह जाना, छूट जाना : my pen ~ed in the office मेरी कलम^F^ कार्यालय में रह (छूट) गयी. **remainder** रिमेन्'डर n^c. शेष, बाकी : a few children went for a walk, the ~stayed behind कुछ लड़के घूमने गए, ≈ पीछे रुक गए; divide seven by three, the ~ is one सात को तीन से भाग दो, ≈ एक बचा; the ~ of the day will be good दिन का शेष भाग अच्छा होगा. **remaining** रिमे'निङ्ग *a.* बचा-खुचा, बाकी/शेष [matter सामग्री^F^/मामला, time समय]; ~ part of his speech उसके भाषण का ≈ भाग; the ~ story will be told in the next issue of the magazine कहानी^F^ का ≈ अंश पत्रिका के अगले अंक में बताया जायगा. **remains** रिमेन्ज़' *n.* (*pl.*) **1.** अवशेष : ~ of a fort of olden times पुराने समय के किले का ≈; ~ of the food भोजन का ≈ (जूठन^F^). **2.** (corpse) शव : his ~ lie in the grave उसका ≈ कब्र में है.

remark रिमार्क' **I.** *v.t.* **1.** (notice) (ध्यान से)

देखना, देख लेना : I ~ed that his hand trembled मैंने देखा कि उसका हाथ काँपता है; have you ~ed the place of accident क्या तुमने दुर्घटना-स्थल को देख लिया है ? did you ~ anything special in the fair क्या मेले में तुमने कोई विशेष बात^F देखी ? **2.** (say) कहना : will you like to ~ smth about his writing क्या तुम इसकी लिखावट^F के बारे में कुछ कहना चाहोगे. **3.** (comment) टिप्पणी^{F} करना : he ~ed that the poem was well recited उसने टिप्पणी की कि कविता^{F} अच्छी तरह पढ़ी गई. **II.** n^c. (comment) टिप्पणी^{F} [important महत्वपूर्ण, witty विनोदपूर्ण]; to make a ~ टिप्पणी करना; he made a few ~s उसने कुछ टिप्पणियाँ कीं. **Δ to pass ~s on/upon smb.** किसी पर फबती^{F} कसना. **2.** (seeing) निरीक्षण : minute ~ सूक्ष्म ≈; worthy of ~ ध्यान से देखने योग्य.

remarkable रिमार'कॅबल *a.* **1.** (unusual) असाधारण, विशिष्ट [beauty सुंदरता^{F}, scientist वैज्ञानिक, speaker वक्ता]; ~ achievement ≈ उपलब्धि^{F}; everyone praised his ~ success उसकी विशिष्ट सफलता^{F} की सभी ने प्रशंसा की; she has a ~ charm उसमें ≈ आकर्षण है. **2.** (worthy of remark) दर्शनीय : can you tell me the name of a ~ place क्या तुम किसी ≈ स्थान का नाम बता सकते हो ? the sunrise in Kanyakumari is most ~ कन्याकुमारी में सूर्योदय अत्यंत ≈ है. **remarkably** रिमार'कॅब्लि *adv.* विशिष्ट रूप से, विलक्षण ढंग से, असाधारण ढंग से : he has progressed ~ उसने ≈ प्रगति^{F} की है; she gave a ~ good programme उसने एक विशिष्ट ढंग का अच्छा कार्यक्रम प्रस्तुत किया.

remedy रेंमिडि **I.** n^c. (*pl.* remedies) **1.** (medicine) दवा^{F}, औषध [effective प्रभावशाली, new नया, remarkable अनूठा]; there is no ~ for this disease इस बीमारी की^{F} कोई ≈ नहीं है; the best ~ for it is ... इसकी सबसे अच्छी ≈. . . है. **2.** (treatment) चिकित्सा^{F}, इलाज, उपचार : a ~ for cholera हैज़ा का इलाज. **3.** (means of redress) इलाज, उपाय : successful ~ सफल ≈; is there any ~ for this problem क्या इस समस्या^{F} का कोई ≈ है; this evil is beyond ~ इस बुराई^F का कोई इलाज नहीं है. **II.** *v.t.* **1.** (rectify) प्रतिकार करना : to ~ the fault दोष का ≈; the evil shall be remedial instantly बुराई^F तुरंत दूर की जाएगी;

remember रिमेंम'बर *v.t.* **1.** याद करना, याद या स्मरण रखना : (usu. passive in Hindi) I shall always ~ you मैं तुम्हें सदा याद रखूँगा; as far as I ~ none of them is married जहाँ तक मुझे याद है उनमें से कोई विवाहित नहीं है; I do not ~ the exact date मुझे सही तारीख^F याद नहीं है; do you ~ Mr. John क्या मि० जॉन तुम्हें याद हैं ? I could not ~ your name मैं तुम्हारा नाम याद नहीं रख सका; he ~ed his promise उसने अपना वचन याद किया; I do not ~ where I put the ticket मुझे याद नहीं है कि मैंने टिकट कहाँ रख दिया. I ~ having gone to Madurai in 1940 मुझे याद है कि मैं 1940 में मदुराई गया था. **2.** नमस्कार कहना : please ~ me to your father कृपया अपने पिताजी से मेरा ≈; perhaps you did not ~ me to your mother शायद तुमने अपनी माँ से मेरा नमस्कार नहीं कहा. [*ant.* forget] **remembrance** रिमेंम्'ब्रन्स n^{uc}. **1.** याद^F, स्मरण [good अच्छी, remarkable विशिष्ट]; to the best of my ~, it is true जहाँ तक मुझे याद है यह सही है; in the dear ~ of someone किसी की प्यारी याद में. **2.** (souvenir) निशानी^{F}, स्मृतिचिह्न, यादगार : I hope you will accept this ring as a small ~ of my sister मैं आशा^{F} करता हूँ कि इस अंगूठी^{F} को मेरी बहन^F के स्मृतिचिन्ह के रूप में स्वीकार करेंगे; this monument is in ~ of the king यह स्मारक राजा की यादगार है.

remind रिमाइन्ड' *v.t.* याद या स्मरण दिलाना : if I forget, please ~ me यदि मैं भूल जाऊँ तो कृपया मुझे याद दिला देना; that ~s me of a story, I once read वह मुझे एक कहानी^{F} की याद दिलाता है जो मैंने पढ़ी थी; he ~ed me of his father उसने मुझे अपने पिता की याद दिला दी; to ~ a person of his promise किसी व्यक्ति को उसके वायदे की याद दिलाना; I must ~ him that he is a swindler मुझे उसे याद दिलाना चाहिए कि वह धोखेबाज़ है;

this hotel ~s one of Cochin यह होटल कोचीन की याद दिलाता है; Mary often ~s me of my mother मेरी^{F} मुझे बहुधा मेरी माँ की याद दिलाती है. **reminder** रिमॉइन्'डर n^c. अनुस्मारक, स्मरणपत्र : gentle ~ साधारण ≈; send him a ~ to pay the bill उसे बिल के भुगतान के लिए ≈ भेजो. (*as distinct from* remainder)

remit रिमिट' *v.t.i.* (-tt-) **1.** (pardon) क्षमा करना, माफ़ करना : the governor ~ted his sentence राज्यपाल ने उसकी सज़ा^{F} माफ़ कर दी; to ~ a penalty जुर्माना माफ़ करना. the principal did not ~ the student's fine प्राचार्य ने छात्र का जुरमाना माफ़ नहीं किया. **2.** (abate) कम करना या हो जाना; घटना या घटाना : the medicine will surely ~ the pain दवा^{F} निश्चित रूप से दर्द को कम कर देगी; pain is ~ting दर्द कम हो रहा है. **3.** (refer) सौंपना : to ~ a case to higher authorities उच्चतर प्राधिकारियों को मामला सौंपना. **4.** (postpone) आगे बढ़ाना, स्थगित करना : to ~ the judgement till Monday सोमवार तक निर्णय स्थगित करना. **5.** (send) भेजना, प्रेषित करना : to ~ money by money order मनीआर्डर से रुपया ≈. **6.** छूट देना, छोड़ देना, का परिहार करना. **7.** (send back) लौटाना. **remittance** रिमि'टन्स n^u. प्रेषित रुपया, भेजी हुई रकम^F : I send him some ~ every month मैं प्रत्येक महीने उसे कुछ रुपया भेजता हूँ; he has received the ~ उसे ≈ मिल गई है.

remote रिमोट' *a.* **1.** (distant दूर, also in time) दूरवर्ती, दूरस्थ, दूर का [place स्थान, region प्रदेश]; he lived in a ~ corner of the city वह शहर के दूरस्थ कोने में रहता था; which is the ~st star दूरतम तारा कौन-सा है? these men have come from ~ places ये लोग दूर के स्थानों से आए हैं; I did not have the ~st idea मुझे बिल्कुल कोई विचार नहीं था. **2.** (secluded) एकांत : a ~ village ≈ गाँव; go to ~ places for a deep meditation गंभीर ध्यान के लिए एकांत स्थान पर जाओ. [*ant.* near] **3.** (reserved) अलग रहने वाला, बेमिलनसार [person व्यक्ति student छात्र]; he is the ~st man of the village वह गाँव का सबसे ≈ व्यक्ति है. **4.** दूर का : ~ relative ≈ रिश्तेदार **5.** (different) भिन्न : this behaviour is ~ from what I had thought यह व्यवहार उससे ≈ है जो मैंने सोच रखा था. **remotely** रिमोट'लि *adv.* **1.** दूर से : he is ~ related to me वह मेरा ≈ संबंधी है. **2.** अप्रत्यक्ष रूप से : this event is ~ concerned with me यह घटना मुझसे ≈ संबंधित है.

removal रिमू'वल n^c. **1.** स्थानांतरण : I want ~ of this furniture to another room मैं इस फर्नीचर का ≈ दूसरे कमरे में चाहता हूँ; ~ from Allahabad to Lucknow इलाहाबाद से लखनऊ ≈. **2.** (dismissal बरख़ास्तगी^{F}, पदच्युति^{F} : his ~ from office is regrettable पद से उसकी बरख़ास्तगी खेद-जनक है. **remove** रिमूव़' **I.** *v.t.* **1.** (take away) हटा देना : he ~d the table from the room उसने कमरे से मेज़ हटा दी; to ~ stains from one's coat कोट से दाग हटाना या मिटाना; to ~ difficulties परेशानियाँ^{F} हटाना; to ~ someone from his office किसी को अपने पद से हटाना. **2.** (take off) उतारना : on reaching home he ~d the coat घर पहुँचकर उसने कोट उतार दिया; you had to ~ the shoes outside the temple तुम्हें मंदिर से बाहर जूते उतार देने थे; ~ your clothes and give them to the washerman अपने कपड़े उतारो और उन्हें धोबी को दे दो. **3.** मार डालना : he ~d the dangerous animal उसने खतरनाक जानवर को मार दिया. **4.** (dismiss) निकाल देना, बरख़ास्त करना : the manager ~d the peon immediately प्रबंधक ने चपरासी को तुरंत बरख़ास्त कर दिया. **5.** स्थानांतरित करना : to ~ from Allahabad to Lucknow इलाहाबाद से लखनऊ ≈. **II.** n^c. **1.** (promotion at school) कक्षोन्नति^{F} : the ~ of the student छात्र की ≈. **2.** एक दरजे की दूरी^{F}: his behaviour was a ~ from mischief उसका व्यवहार शरारत^F से एक दरजा दूर था (लगभग शरारत थी.)

remuneration रिम्यूनॅ रे'शन n^u. पारिश्रमिक, मेहनताना : to receive ~ for work done किए गए काम के लिए ≈ प्राप्त करना; the ~

of that person for his labour is very poor उस व्यक्ति के श्रम का पारिश्रमिक बहुत कम है. **remunerative** रिम्यू'नॅरॅटिव़ *a.* लाभकारी, लाभकर [business व्यापार, job काम, position स्थिति^{F}]; it will surely be a ~ work यह निश्चित रूप से एक लाभकारी काम होगा.

rend रॅन्ड *v.t.* (*p.* & *p.p.* rent) **1.** फाड़ना : she rent her blouse उसने अपना ब्लाउज़ फाड़ दिया; you cannot ~ this cloth easily तुम आसानी से यह कपड़ा नहीं फाड़ सकते. **2.** (split) विखंडित करना : the family was rent by internal quarrels आंतरिक झगड़ों के कारण परिवार विखंडित हो गया. **3.** (take away) छीनना : to ~ the purse from a person किसी व्यक्ति से बटुआ छीनना; the terrorists rent girls from their families आतंकवादी लड़कियों को उनके परिवारों से छीन ले गए. **3.** (tear out) उखाड़ना : to ~ the plant पौधा उखाड़ना.

render रॅन्डर् *v.t.* **1.** देना, प्रस्तुत करना, पेश करना : to ~ thanks धन्यवाद देना; to ~ account हिसाब ≈; at the end I will ~ a bill for the work I have done अंत में उस काम का बिल पेश करूंगा जो मैंने किया है; two doctors ~ed help at the accident दो डाक्टरों ने दुर्घटना^{F} के मौके पर सहायता^{F} दी/की. **2.** (surrender) अर्पित करना, समर्पित करना : I wish to ~ you my service मैं आपको अपनी सेवा अर्पित करना चाहता हूँ. **3.** (cause to be) बना देना : age has ~ed him peevish उम्र ने उसे चिड़चिड़ा बना दिया है. **4.** प्रदर्शित करना, प्रस्तुत करना : he ~ed honour to the principal उसने प्राचार्य के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया. **5.** (translate) (into) अनुवाद करना, दूसरे शब्दों में व्यक्त करना : you can ~ a sentence in several ways तुम किसी वाक्य को कई ढंग से व्यक्त कर सकते हो; he ~ed the poem into English उसने कविता^{F} का अंग्रेजी में अनुवाद किया. **3.** पलस्तर करना : the mesons have ~ed the wall राजगीरों ने दीवार^{F} पर पलस्तर कर दिया है.

renew रिन्यू' *v.t.* **1.** (fresh) नया करना, ताज़ा करना : to ~ the memory याद्दाश्त^{F} ताज़ा करना; I have ~ed the coverings on these chairs मैंने उन कुर्सियों के आवरण नए कर दिए हैं. **2.** (repair) ठीक कर देना, मरम्मत कर देना : who will ~ the car, he asked उसने पूछा कि कार^{F} की मरम्मत^{F} कौन करेगा; they ~ed their machine themselves उन्होंने अपनी मशीन^{F} को स्वयं ही ठीक कर लिया. **3.** (revive) नया जीवनप्रदान करना, जान डालना : the medicine ~ed his life दवा^{F} ने उसे नया जीवन प्रदान किया; as soon as he started to play he ~ed the game ज्यों ही उसने खेलना शुरू किया खेल में जान डाल दी. **4.** (begin again) फिर शुरू करना या होना, पुनः प्रारंभ करना या हो जाना : he ~ed his work in the factory उसने कारखाने में अपना काम फिर शुरू कर दिया. **5.** (refill) और भरना : to ~ the water in a flower vase फूलदान में और पानी भरना. **6.** अवधि^{F} बढ़ाना या बढ़वाना : I got my licence ~ed मैंने अपने लाइसेंस की अवधि बढ़वाई; to ~ the contract ठेका बढ़वाना. **renewal** रिन्यू'अल n^{cu}. **1.** नयीकरण, नवीनीकरण : ~ of membership is due सदस्यता^{F} का ≈ बाकी है; ~ of lease पट्टे का ≈. **2.** नव जीवन, पुनरारंभ : ~ of his life उसके जीवन का पुनरारंभ.

renounce रि नाउंस' *v.t.* **1.** त्याग देना, त्यागना, छोड़ देना; से संबंध तोड़ना : the prince ~d his father's throne राजकुमार ने अपने पिता के सिंहासन को त्याग दिया; he ~d the honour given to him by his relatives अपने संबंधियों द्वारा उसे दिए गए सम्मान को उसने त्याग दिया; they have ~d violence उन्होंने हिंसा^{F} छोड़ दी है; he has ~d his relation from worldly ties उसने सांसारिक बंधनों से संबंध तोड़ लिया है; to ~ a claim दावा छोड़ देना; to ~ one's friend अपने मित्र का त्याग कर देना; to ~ the world संन्यास ले लेना. **2.** (of treaty) तोड़ना : India has ~d the political relations with Pakistan भारत ने पाकिस्तान से राजनीतिक संबंध तोड़ लिए हैं.

renown रिनाउन n^{u}. ख्याति^{F}, कीर्ति^{F}, प्रसिद्धि^{F} [great बड़ी, unlimited असीमित]; he won ~ as a journalist उसने पत्रकार के रूप में ≈

प्राप्त की; he is a man of ~ वह ख्यातिप्राप्त व्यक्ति है; Mumbai is a city of ~ मुंबई एक प्रसिद्ध नगर है. **renowned** रि नाउन्ड' *a.* विख्यात, प्रसिद्ध, मशहूर [city शहर, man आदमी, place स्थान]; Calcutta is a ~ city कलकत्ता एक ≈ नगर है; Josh was a ~ Urdu poet जोश उर्दू के ≈ शायर थे; Bose was ~ as a botanist बोस वनस्पति शास्त्री के रूप में प्रसिद्ध थे.

rent रेंन्ट **I.** n^c. **1.** (tear) चीर, फटन^F : a ~ in the cloth कपड़े की ≈. **2.** (fissure) दरार^F : broad ~ चौड़ी ≈; repair the ~s of the house घर की ≈ को ठीक करो. **3.** (disunion) फूट^F : ~ in the family परिवार में दरार/फूट^F. **4.** (payment) किराया [high बड़ा, less कम, payable देय]; take the house on ~ किराए पर मकान ले लो; I could not pay last month's ~ मैं पिछले महीने का किराया नहीं दे सका; will you or will you not give the ~ today क्या तुम आज किराया दोगे या नहीं? **5.** (of fields) लगान : I pay Rs. 300 as the ~ of my fields मैं अपने खेतों का तीन सौ रुपया ≈ देता हूँ; a ~ is a sum of money payable yearly for the use or occupation of land ≈ भूमि के प्रयोग अथवा कब्ज़े के लिए दी जाने वाली वार्षिक राशि^{F} है. **II.** *v.t.* **1.** किराए पर लेना : we ~ed a small house in Allahabad हमने इलाहाबाद में एक छोटा-सा मकान किराए पर लिया; I have ~ed this shop for Rs. 400 p.m. मैंने यह दुकान^F 400 रुपया प्रति माह के किराए पर ली है. **2.** किराए पर देना/उठाना : he has ~ed a room to Mr. K. उसने श्री क को एक कमरा किराए पर दिया है. **rental** रेंन्टल n^c. किराया : ~ value जमाबंदी मूल्य; the ~ of this house is Rs. 60,000 per year इस मकान का जमाबंदी मूल्य 60,000 रुपया वार्षिक है; pay the ~ for three months in advance तीन महीने का अग्रिम किराया दो.

rent रेंन्ट *v.t. past & p.p.* of rend *q.v.*

repaid रिपेड' *v. p.p.* of 'repay' *q.v.*

repair रि पेंअर' **I.** *v.t.* **1.** मरम्मत करना : to ~ smth partly damaged आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त किसी चीज़ की ≈; my watch has stopped, I must get it ~ed मेरी घड़ी^{F} बंद हो गई है, मुझे इसकी मरम्मत करवानी चाहिए; this road needs ~ing इस सड़क^F की मरम्मत आवश्यक है. **2.** प्रतिकार करना : to ~ a wrong किसी दोष का ≈. **3.** पूरा करना, प्रतिपूर्ति करना : to ~ a loss घाटा पूरा करना. **4.** to ~ to जाना : we ~ed to the hotel for rest हम होटल में आराम करने चले गए. **II.** n^c. मरम्मत^F [complete पूरी, general साधारण, good अच्छी]; this house needs a lot of ~s इस मकान में बहुत कुछ ≈ की आवश्यकता^{F} है; the road is still under ~ सड़क^F की अभी ≈ चल रही है; the shop is closed for ~s दुकान^F मरम्मत के लिए बंद है; this car needs ~s before you can use it इस कार का इस्तेमाल करने से पहले तुम्हें इसकी ≈ की आवश्यकता है; ~s are being carried out ≈ हो रही है.

repay रि पे' *v.t.* **1.** (return) लौटाना, प्रतिदान करना : I can never ~ you for your kindness मैं आपकी दयालुता^{F} का प्रतिदान नहीं कर सकता; he has still not repaid my money उसने अब तक मेरा पैसा नहीं लौटाया है. **2.** (retaliate) बदला चुकाना या लेना : I'll ~ the blow, injury मैं प्रहार, चोट^F का बदला लूँगा; he repaid his abuses by blows उसने उसकी गालियों^{F} का बदला चोटों^{F} से लिया. **3.** (compensate) क्षतिपूर्ति^{F} करना : who will ~ my loss मेरे घाटे की क्षतिपूर्ति कौन करेगा? **repayment** रेपे'मन्ट n^u. **1.** (of money) शोधन, परिशोधन, चुकौती^{F} : ~ of loan कर्ज़ की चुकौती. **2.** प्रतिदान, प्रतिकार, बदला : ~ of all you have done for me आपने मेरे लिए जो कुछ किया है उस सब का ≈. **3.** क्षतिपूर्ति^{F} : ~ of the loss sustained by me मैंने जो नुकसान उठाया है उसकी ≈.

repeat रिपीट' *v.t.* **1.** दोहराना : the examiner ~ed the question परीक्षक ने प्रश्न दोहराया; ~ these words after me इन शब्दों को मेरे पीछे दोहराओ; will you please ~ what you said आपने जो कहा क्या उसे कृपया दुहराएँगे? the teacher asked the student to ~ the poem अध्यापक ने छात्र को कविता^{F} दुहराने के लिए कहा. **2.** (recite) सुनाना : ~ the second poem of the text-book पाठ्यपुस्तक से दूसरी कविता^{F} सुनाओ.

3. (recur) फिर (घटित) होना, फिर आना : please assure me that it will not ~ कृपया मुझे आश्वस्त कीजिए कि यह पुनः घटित नहीं होगा. **repeatedly** रिपी'टड्लि *adv.* बारंबार, बार- बार : he ~ fails वह ≈ फ़ेल होता है; he made such efforts ~ उसने इस प्रकार का प्रयास ≈ किया है; he said that ~ but did not care उसने यह ≈ कहा लेकिन परवाह नहीं की; I have ~ told you to keep the door shut मैंने तुमको ≈ बताया है कि दरवाज़ा बंद रखा करो.

repel रिपे॑ल' *v.t.* (-ll-) **1.** (drive back) मार भगाना, पीछे हटा देना : he ~led me from the first moment उसने पहले क्षण ही मुझे भगा दिया; he ~led the enemies easily उसने आसानी से शत्रुओं को पीछे हटा दिया. **2.** (ward off) he ~led the attack bravely उसने बहादुरी^{F} से आक्रमण रोक दिया. **3.** (refuse) इंकार करना, अस्वीकार करना : the principal ~led the students' request प्राचार्य ने छात्रों की प्रार्थना^{F} को अस्वीकार कर दिया; he ~led my offer उसने मेरी पेशकश^F को ठुकरा दिया. **4.** (be repulsive) घृणा उत्पन्न करना : his ugly appearance ~s me उसकी गंदी सूरत से मुझे घृणा होती है.

repent रिपे॑न्ट' *v.t.* पछताना, पश्चात्ताप/अनुताप करना : he ~ed (of) his sins उसने अपने पापों का प्रायश्चित किया; वह अपने पापों पर पछताया; he ~ed having disobeyed his father उसने अपने पिता की आज्ञा^{F} का उल्लंघन करने पर पश्चाताप किया; he killed the dog and is now ~ing उसने कुत्ते को मार डाला और अब पश्चात्ताप/अनुताप कर रहा है. **repentance** रिपे॑न्'टन्स *n*^{u}. पश्चात्ताप, पछतावा, अनुताप : ~ for evil दुष्कर्मों के लिए ≈; he did ~ by performing a yagya उसने यज्ञ करके ≈ किया. **repentant** रिपे॑न्टन्ट *a.* अनुतप्त [sinner पापी, woman स्त्री]; my ~ mood मेरी ≈ चित्तवृत्ति^{F}; he was not ~ वह पछता नहीं रहा था.

repetition रे॑पिटि'शन *n*^{u}. (from repeat) (an occurring again) पुनरावृत्ति^{F} [least कम-से-कम, much अधिक]; I want no ~ of such conduct इस प्रकार के आचरण की मैं ≈ नहीं चाहता; avoid ~ of words in writing लेखन में शब्दों की ≈ से बचो; in his novel there is ~ of a number of episodes उसके उपन्यास में बहुत-से उपकथानकों की ≈ है. **2.** पुनरुक्ति^{F} : ~ of a sentence वाक्य की ≈.

replace रिप्लेस *v.t.* **1.** (put back) वापस रख देना : to ~ the cup after taking tea चाय^F पीने के बाद प्याला वापस रख देना; they ~d a statue on its former stand उन्होंने मूर्ति^{F} को उसके पहले के स्थान पर फिर रख दिया; ~ it where it was इसे वहीं रख दो जहाँ थी. **2.** (take the place of) का स्थान लेना, के स्थान पर काम करना : scooters have ~d bicycles in all the cities सारे शहरों में साइकिल का स्थान स्कूटर ने ले लिया है; Shukla will ~ Mishra in the team टीम^F में मिश्रा के स्थान पर शुक्ला काम करेगा या खेलेगा; who will ~ you तुम्हारे स्थान पर कौन काम करेगा ? Dr. D has ~d Mr. K as lecturer in our college डॉक्टर ड श्री क के स्थान पर व्याख्याता हुए हैं. **3.** (provide a substitute for) बदलना, एक को हटाकर दूसरे को लगाना, के स्थान पर दूसरे को नियुक्त करना : Mr. L is ~d as Police Superintendent श्री ल को पुलिस अधीक्षक के रूप में हटा दिया गया है. **replacement** रिप्लेस्'मन्ट *n.*^{F} **1.** (act) प्रतिस्थापन, बदल, बदलाई^F : this broken chair needs ~ इस टूटी हुई कुर्सी को बदलने की जरूरत^F है. I want a ~ of my old radio set मैं आपके पुराने रेडियो सेट की बदलाई चाहता हूँ; your tyre now needs ~ तुम्हारे टायर को अब बदलाई की जरूरत^F है. **2.** (substitute) स्थानापन्न : ~ of the Captain in the team टीम^F में कप्तान का ≈ है.

reply रिप्लाइ' **I.** *n*^{c}. (replies) उत्तर, जवाव [brief संक्षिप्त, satisfactory संतोषजनक, wrong गलत]; ~ paid जवाबी; ~ postcard जवाबी पोस्टकार्ड; he made not ~ उसने कोई जवाब न दिया; in ~ to your letter तुम्हारे पत्र के ≈ में; to say smth in ~ ≈ में कुछ कहना; the messenger gave the ~ that the enemy were approaching दूत ने ≈ दिया कि शत्रु पास आ रहा है; what did he say in ~ उसने ≈ में क्या

कहा? **II.** *v.i.t.* (p. replied) उत्तर देना, जवाब देना [boldly दिलेरी से, immediately तुरंत, quickly जल्दी से]; you did not ~ to my question तुमने मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया; I wrote to them twice but they have not still replied मैंने उन्हें दो बार लिखा, लेकिन उन्होंने अभी तक जवाब नहीं दिया है; "very well" she replied "बहुत अच्छा", उसने जवाब दिया.

report रिपॉर्ट' **I.** *v.t.* **1.** (official) रिपोर्ट (प्रतिवेदन) प्रस्तुत करना, लिखना या देना : have you ~ed your complaint to the D.M. क्या तुमने जिलाधीश को अपनी शिकायत^F कर दी है? **2.** (give an account) विवरण देना, लिख भेजना : please ~ to the Press what you have seen here कृपया प्रेस में लिख भेजिए जो आपने यहाँ देखा है. **3.** (inform) समाचार या सूचना^F देना : scouts ~ed the presence of enemy plane स्काउटों ने शत्रु के हवाई जहाज़ के होने की सूचना दी; it is ~ed that dacoits may come into the village यह सूचना^F दी गई है (समाचार है) कि डाकू गाँव में आ सकते हैं; who has ~ed you so तुमको ऐसी सूचना किसने दी है? **II.** *v.i.* **1.** (complain) के विरुद्ध शिकायत^F करना : Mr. Pal has ~ed against you मि० पाल ने तुम्हारे विरुद्ध शिकायत की है; she ~ed to the class-teacher उसने कक्षाध्यापक से शिकायत^F की. **2.** उपस्थित हो जाना : to ~ for duty ड्यूटी पर उपस्थित हो जाना; when and at what time have you to ~ तुम्हें कब और कितने बजे उपस्थित होना है? **III.** n^c. **1.** रिपोर्ट, प्रतिवेदन (annual) वार्षिक, financial वित्तीय, interim अंतरिम]; a number of important questions were taken up in the ~ बहुत-से महत्वपूर्ण प्रश्न रिपोर्ट में लिए गए थे. **2.** विवरण : I have received a ~ of the meeting मुझे बैठक का ≈ मिला है. **3.** (press) खबर^F, सूचना^F : what is the ~ of the Reuter रायटर की क्या ख़बर है? **4.** (to police) रपट : to make a ~, he went to the police station ≈ करने वह थाने गया; ~ must be made to the police पुलिस में ≈ की ही जानी चाहिए. **5.** अफ़वाह^F, उड़ती ख़बर^F : it was merely a ~ यह केवल एक अफ़वाह थी; the ~ goes that he has been arrested अफ़वाह है कि वह पकड़ा गया है. **6.** (repute) नाम : a man of good ~ अच्छे ≈ वाला आदमी. **7.** (noise) धड़ाका : ~ of a gun बंदूक^F का धड़ाका. **8.** weather ~ मौसम का हाल. **reporter** रिपॉर'टर n^c. (press) संवाददाता, रिपोर्टर [expert दक्ष, learned विद्वान]; a ~ sends the news from districts ≈ ज़िले से समाचार भेजता है; I sought employment as a ~ मैंने एक संवाददाता की नौकरी^F पाई.

represent रें'प्रिज़ें'न्ट', *v.t.* **1.** (present again) दोबारा देना या अर्पित करना : ~ immediately तुरंत ही ≈; she ~ed the money again to her husband उसने पैसा फिर पति को दे दिया; I ~ everything in the service of God ईश्वर की सेवा^F में अपना सब कुछ अर्पित करता हूँ. **2.** (of image) कल्पना^F करना : he ~ed a new world full of prosperity समृद्धता^F से पूर्ण उसने एक नए लोक की कल्पना की. **3.** (portray) चित्रित करना : this painting ~s an earthquake यह चित्र किसी भूकंप को चित्रित करता है. **4.** (describe) अंकित करना, he was ~ed as the hero of the play उसे नाटक के नायक के रूप में अंकित किया गया था; he has ~ed nature very well in his poetry उसने अपनी कविता^F में प्रकृति को भली-भाँति अंकित किया है. **5.** (explain) समझाना : to ~ the earth by globe पृथ्वी^F को ग्लोब द्वारा समझाना; he ~ed his friend not to resign from the office उसने अपने मित्र को समझाया कि पद से इस्तीफ़ा न दो. **6.** (plead) प्रस्तुत करना : he ~ed his case in the court अदालत^F में उसने उसका मामला प्रस्तुत किया. **7.** (act) अभिनय करना : he ~s a king in the drama वह नाटक में राजा का अभिनय करता है. **8.** (denote) का अर्थ रखना, द्योतित करना : how many meanings does this word ~ इस शब्द के कितने अर्थ होते हैं. **9.** (symbolize) का प्रतीक होना : the tricolour flag ~s prosperity, peace and power तिरंगा झंडा संपन्नता^F, शांति^F और शक्ति^F का प्रतीक है; what does this mark

~ यह चिह्न किसका प्रतीक है ? round marks on the map ~ capitals of states मानचित्र में गोल-गोल चिह्न राज्यों की राजधानियों^{F} को द्योतित करते हैं. **10** (be deputy of) का प्रतिनिधि होना, प्रतिनिधित्व करना : who will ~ India in the United Nations संयुक्त राष्ट्र में भारत का नेतृत्व कौन करेगा ? the President will ~ our nation in Australia आस्ट्रेलिया में राष्ट्रपति हमारे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे. **representation** रेप्रिज़ें टे'शन n^{cu}. **1.** प्रतिनिधित्व : no taxation without ~ ≈ के बिना कराधान नहीं; ~ of the people's opinions लोकमत का ≈. **2.** निवेदन : we made a ~ to the Director हमने निदेशक से ≈ किया. **representative** रें प्रिजें न्टेंटिव n^{c}. **1.** प्रतिनिधि [permanent स्थायी, special विशेष]; he has been appointed diplomatic ~ of India उसे भारत का राजनयिक ≈ नियुक्त किया गया है; we chose him our ~ हमने उसे अपना ≈ चुना; three ~s from Japan were at the Congress जापान से तीन ≈ कांग्रेस में थे; he has come as the ~ of the government वह सरकार^{F} के ≈ के रूप में आए हैं.

repress रिप्रें'स' *v.t.* (subdue) दबाना, दमन करना : to ~ a revolt विद्रोह दबाना; the government could not ~ the mutiny in the army सरकार^{F} सेना^{F} के विद्रोह का दमन न कर सकी; they all could not ~ their laughter वे सब अपनी हँसी को रोक/दबा न सके. **repressed** रिप्रें'स्ड *a.* दमित [desires इच्छाएँ, mob भीड़^{F}, orphan अनाथ]; ~ class of persons ≈ लोगों का वर्ग. **repressive** रिप्रें'सिव़ *a.* दमनकारी, दमनात्मक [acts कार्य; measure उपाय, political system राजनैतिक व्यवस्था^{F}]; this ~ thinking of the government will not be successful सरकार^{F} की यह सोच^{F} सफल नहीं होगी.

reprimand रें'प रिमान्ड **I.** n^{c}. फटकार^{F}, घुड़की^{F}, डाँट^{F} : ~ by the superiors in the office कार्यालय के वरिष्ठ लोगों द्वारा ≈; give smb a severe ~ किसी को कड़ी ≈ देना; to receive a ~ डाँट पाना. **II.** *v.t.* **1.** फटकारना, डाँटना, डपटना : to ~ a naughty boy शरारती लड़के को ≈; the aunt ~ed Ramu severely चाची ने रामू को कड़ी डाँट लगाई; the superintendent ~ed the peon सुपरिन्टेंडेंट ने चपरासी को फटकारा. **2.** (law) दोषी ठहराना : the accused was ~ed by the Court अभियुक्त को न्यायालय ने दोषी ठहराया.

reproach रिप्रोच' **I.** *v.t.* **1.** भर्त्सना^{F} करना : he ~ed the boy for not doing the work in time वक्त पर काम न करने पर उसने लड़के की भर्त्सना की. **2.** (rebuke) फटकारना : he ~ed the girl for being late देर से आने के लिए उसने लड़की को फटकारा. **3.** (blame) निंदा^{F} करना, धिक्कारना : why do you ~ yourself for no fault of yours अपनी गलती न होने के लिए तुम अपने को क्यों धिक्कारते हो ? **II.** n^{u}. **1.** भर्त्सना^{F}, फटकार^{F} : the boy tried to escape ~ लड़के ने ≈ से बचने की कोशिश की. **2.** (cause of ~) कलंक : these old houses are a ~ to the city ये पुराने मकान शहर के लिए ≈ हैं; the sanitary conditions are a ~ to the Corporation सफ़ाई^{F} की हालत^{F} निगम पर कलंक है. **3.** (disrepute) बदनामी^{F} : this brought ~ on the family इससे परिवार की ≈ हुई.

reproduce रीप्रॅड्यूस' *v.t.* **1.** (फिर से) उत्पन्न करना, पैदा करना : taperecorder ~s sound टेपरिकार्डर फिर से ध्वनि उत्पन्न करता है; (offspring) प्रजनन करना : plants ~ through their seeds पौधे अपने बीजों से (पेड़) प्रजनन करते हैं; this crop will be ~ed in the com .ing year अगली साल यह फ़सल पुनः पैदा की जाएगी; how do fish ~ मछलियाँ अपने बच्चे कैसे पैदा करती हैं ? **2.** प्रतिलिपि या प्रतिकृति तैयार करना : ~ this drawing इस चित्र की प्रतिकृति तैयार कीजिए; cinema picture was ~d in the magazine पत्रिका^{F} में सिनेमा फ़ोटो की प्रतिकृति उतारी गई; this is a painting which even an expert artist cannot ~ यह एक चित्र है जिसकी प्रतिकृति कोई दक्ष कलाकार भी नहीं तैयार कर सकता.

reptile रें'प'टाइल *n.* **1.** रेंगने वाला, सरीसृप : crocodiles and snakes are ~s मगरमच्छ

और साँप सरीसृप हैं; ~s crawl without legs or with very short legs सरीसृप बिना टाँगों के अथवा बहुत छोटी टाँगों से रेंगते हैं. **2.** (person) धोखेबाज़, पाजी [extreme अत्यंत, notorious कुख्यात]; he is a noted ~ वह जाना-पहचाना ≈ है.

republic रिपॅब्'लिक *n.* गणराज्य, गणतंत्र [democratic लोकतांत्रिक, independent स्वतंत्र]; ~ day ≈ दिवस; India is a ~ भारत एक ≈ है; which is the biggest ~ सबसे बड़ा ≈ कौन-सा है? a ~ is completely governed by the elected representatives ≈ पूरी तरह निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा शासित होता है.

reputation रेॅप्यूटे'शन *n.* नाम, प्रतिष्ठा^{F}; (fame) ख्याति^{F}, कीर्ति^{F}, यश : good ~ नेकनामी^{F}, सुयश; bad ~ बदनामी^{F} अपयश; he has nationwide ~ उसकी पूरे राष्ट्र में प्रतिष्ठा है; he has a ~ as a doctor डाक्टर के रूप में उसकी ≈ है; he could not establish his ~ वह नाम पैदा न कर सका; his ~ as a poet कवि के रूप में उसकी प्रसिद्धि; the general has a great ~ in the army सेना में जनरल की बहुत प्रतिष्ठा होती है. Δ **to lose one's ~** नाम डुबाना : he has tarnished the ~ of his father by his bad deeds अपने कुकर्मों द्वारा उसने अपने पिता के नाम को कलंकित कर दिया है. **repute** रिप्यूट' **I.** *n*^{u}. नाम, नेकनामी^{F}, प्रतिष्ठा^{F} : good ~ नेकनामी^{F}, सुख्याति^{F}; bad ~ बदनामी^{F}, कुख्याति^{F}; he is held in high ~ उसकी बहुत प्रतिष्ठा^{F} है; to regard the ~ of the author लेखक की प्रतिष्ठा का आदर करना; he is a man of ~ वह प्रतिष्ठित/विख्यात व्यक्ति है. **II.** *v.t.* मानना : she is ~d to be the ablest teacher वह सबसे योग्य अध्यापिका मानी जाती है; the Americans are ~ed to be bold and enterprising अमरीकी साहसी और उद्योगी माने जाते हैं. [*ant.* dis~]

request रिक्वेॅस्ट' **I.** *n*^{c}. **1.** निवेदन, अनुरोध, प्रार्थना^{F} : to make ~ ≈ करना; to refuse a ~ ≈ अस्वीकार करना; to grant somebody's ~ किसी का अनुरोध स्वीकार करना; we did it at your ~ हमने इसे आपके ≈ पर किया; she sang a song by/on ~ उसने फ़रमाइश^F पर एक गीत गाया; the headmaster granted my ~ प्रधानाध्यापक ने मेरी प्रार्थना^{F} स्वीकार कर ली; bus stops here on/by ~ प्रार्थना करने पर यहाँ बस खड़ी होती है. **2.** (asking) I came here at his ~ मैं उसके कहने पर यहाँ आया. **II.** *v.t.* निवेदन करना, अनुरोध करना, प्रार्थना^{F} करना : to ~ smb to do smth कुछ करने के लिए किसी से प्रार्थना करना; I ~ you to do me a favour मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि आप मुझ पर कृपा करें; the public are ~ed not to touch the objects exposed here खुली पड़ी चीजों को स्पर्श न करने के लिए जनता^{F} से अनुरोध किया जाता है; I ~ you to give further information आगे की सूचना^{F} देने के लिए मैं आपसे अनुरोध करता हूँ; to ~ a lady to give a song किसी औरत से गाना गाने के लिए अनुरोध करना; I ~ your attention मैं आपसे ध्यान देने का अनुरोध करता हूँ. [*ant.* command]

require रिक्वाइ'अर *v.t.* **1.** (demand) माँगना : to ~ food for the child बच्चे के लिए भोजन ≈; he ~d more time उसने और समय माँगा. **2.** (order) हुक्म देना, आदेश देना : the court ~s the police to bring the accused न्यायालय ने पुलिस को अभियुक्त को पेश करने का आदेश दिया; everyman was ~d to work सब लोगों को काम करने का आदेश दिया गया; I ~ you to go to the station मैं तुम्हें स्टेशन जाने का आदेश देता हूँ. **3.** (need) के लिए ज़रूरी/आवश्यक होना, अपेक्षा^{F} रखना : this is what was ~d by my father यह है जिसकी मेरे पिता अपेक्षा रखते थे; this resolution ~s more attention इस प्रस्ताव पर और अधिक विचार करने की आवश्यकता^{F} है; do you ~ anything क्या आपको किसी चीज की जरूरत है? I ~ your help मुझे तुम्हारी सहायता^{F} की आवश्यकता^{F} है; the matter ~s great care मामले में अत्यंत सावधानी^{F} की आवश्यकता है; how much flour do you ~ तुम्हें कितने आटे की आवश्यकता^{F} है? [*n.* requirement आवश्यकता]

requisite रेॅक्विज़िट **I.** *a.* आवश्यक, अपेक्षित : ~ qualification ≈ योग्यता^{F}; fill in the ~

form ≈ फ़ार्म भर दो; a knowledge of Latin is ~ for that post उस पद के लिए लैटिन का ज्ञान ≈ है. **II.** *n*[c]. आवश्यक सामग्री[F] या गुण, अपेक्षित गुण : travelling ~s यात्रा के लिए सामान; sports ~ खेलों का ज़रूरी सामान; mind to collect all the ~ for your journey अपनी यात्रा[F] की सभी आवश्यक सामग्री इकट्ठा करने पर ध्यान रहे.

rescue रें'स्'क्यू **I.** *v.t.* **1.** बचाना : the child was ~d from the harm बच्चे को नुकसान से बचा लिया गया; the fireman ~d three women from the burning house फ़ायरमैन ने जलते मकान से तीन औरतों को बचा लिया; to ~ someone from the attack of enemies किसी को शत्रु के आक्रमण से बचाना; to ~ the poet from oblivion कवि को गुमनामी से बचाना. **2.** बचा रखना, छोड़ रखना : please ~ a corner seat for me कृपया कोने की सीट[F] मेरे लिए बचा रखिएगा. **II.** *n*[u]. **1.** बचाव, उद्धार : they went to the ~ of the three women वे उन तीन स्त्रियों के बचाव के लिए गए. **2.** to come/go for ~ सहायता[F] करना : I could not solve the problem, Mr. C. came to my ~ मैं तो समस्या[F] हल न कर सका, श्री क ने मेरी सहायता[F] कर दी.

research रि सर्च' **I.** *n*[u]. खोज[F], अनुसंधान, शोध [fresh ताज़ी/नयी, scientific वैज्ञानिक, serious गंभीर]; ~ institute शोध-संस्थान; he is doing ~ on ethics वह आचार-शास्त्र पर ≈ कर रहा है; he is still engaged in medical ~ वह अभी तक चिकित्सीय ≈ में लगा हुआ है; new ~es have been made on tropical plants उष्ण-कटिबंधीय पौधों पर नए शोध किए गए हैं. **II.** *v.i.* खोज या अनुसंधान/शोध करना : a student ~ed into the causes of Mughal downfall एक छात्र ने मुगलों के पतन के कारणों पर शोध किया. **III.** *v.t.* to ~ a subject किसी विषय की खोज करना.

resemblance रिज़ें'मे्'ब्लन्स *n*[c]. सादृश्य, साम्य, समानता[F] : there is much ~ between the two sisters दोनों बहनों में बहुत ≈ है; they bear a strong ~ to each other वे एक दूसरे से बहुत साम्य रखते/रखती हैं; there is some ~ in the works of contemporary authors समकालीन लेखकों की कृतियों[F] में कुछ समानता होती है. **resemble** रिज़ें'म्'बल *v.t.* (take after) पर पड़ा होना, मिलता-जुलता होना : the two brothers ~ each other दोनों भाई एक-दूसरे पर पड़े हैं; he ~s his brother वह अपने भाई से मिलता-जुलता है; he ~s his father वह अपने पिता पर गया है; she does not ~ her mother वह अपनी माँ से नहीं मिलती-जुलती.

resent रिज़ें'न्ट' *v.t.* (का या पर) बुरा मानना, अप्रसन्न या नाराज़ होना, कुढ़ना; she ~s my telling her that she is wrong मेरे यह बताने पर कि तुम गलती[F] पर हो, वह बुरा मानती है; I ~ your malicious remark मैं तुम्हारे दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी[F] से नाराज़ हूँ; why do you ~ my advice तुम मेरी सलाह[F] से बुरा क्यों मानते हो? ~ interruption in my work मैं अपने काम में हस्तक्षेप को बुरा मानता हूँ. **resentment** रिज़ें'न्ट'मन्ट *n*[u]. रोष, नाराज़गी[F] [much बहुत, painful कष्टकर]; I bear you no ~ आपसे मेरी कोई नाराज़गी नहीं है; she felt ~ against his behaviour उसके व्यवहार से उसने रोष महसूस किया.

reservation रेज़र्वे'शन *n.* **1.** (of seat, room, etc.) आरक्षण : he asked the clerk for the ~ of a berth in 2nd class द्वितीय श्रेणी में एक सीट[F] के ≈ के लिए उसने क्लर्क से कहा; I have a ~ in the hotel मैंने होटल में ≈ करा रखा है. **2.** (condition) शर्त[F] : to accept smth without ~ कोई बात[F] बिना शर्त स्वीकार करना. **3.** (uncertainty) अनिश्चय I had ~ about his appointment मुझे उसकी नियुक्ति के बारे में ~ रहा. **reserve** रिज़र्व' **I.** *v.t.* **1.** (hold over) बचा रखना, रोक रखना : it is necessary to ~ money for the rest of the life शेष जीवन के लिए पैसा बचा रखना ज़रूरी है. **2.** (keep safe) सुरक्षित रखना, सुरक्षित कर लेना : to ~ smth for oneself alone कोई चीज़ अपने अकेले के लिए ≈ . **3.** (place, room, etc.) रिज़र्व/आरक्षित करना या कराना : it is necessary to ~ at least two berths कम-से-कम दो सीटें[F] सुरक्षित कराना जरूरी है; these seats are ~ed for ladies ये सीटें[F] महिलाओं के लिए

आरक्षित हैं. **II.** *n*^c. **1.** संचय : ~ fund, currency संचित निधि^F, मुद्रा^F; I keep some money in ~ मैं कुछ पैसा संचित रखता हूँ; the ~of money is the need of the day धन का ≈ आज की आवश्यकता^F है. **2.** (mili) रिज़र्व, रिज़र्व सेना^F या सैनिक : the ~s were called up रिज़र्व सैनिक बुला लिये गए; a country must have ~ police किसी देश के पास रिजर्व पुलिस होनी चाहिए. **3.** (sports) अतिरिक्त खिलाड़ी : every team has some ~s हर टीम के पास कुछ ≈ होते हैं. **4.** (condition) प्रतिबंध, शर्त^F : without ~ बिना ननुनच : he accepted my plea without ~ उसने बिना ननुनच मेरा तर्क मान लिया. **5.** (shyness) संकोच : she talks with ~ वह संकोच से बात करती है. **reserved** रिज़र्व्ड' *a.* **1.** बचा हुआ, बाकी, सुरक्षित, नियत, अलग किया हुआ [money धन, work काम]; you may sleep here, it is your ~ berth तुम यहाँ सो जाओ, यह तुम्हारी आरक्षित सीट^F है; he has no ~ room उसका कोई आरक्षित कमरा नहीं है; all rights ~ सर्वाधिकार सुरक्षित हैं. **2.** (self-restrained) संयमी : ~ person ≈ व्यक्ति; he is leading a ~ life वह संयत जीवन व्यतीत कर रहा है. **3.** अल्पभाषी, चुप्पा, धुन्ना, संकोची : he is too ~ वह बहुत ही ≈ है. **reservoir** रेज़र्'व्वा *n*^c. टंकी^F, हौज़, कुण्ड : this ~ supplies water to the hostel यह टंकी छात्रावास में पानी की आपूर्ति^F करती है. **2.** भण्डार, ख़ज़ाना : this book is a ~ of facts यह पुस्तक^F तथ्यों का ≈ है; a dictionary is a ~ of words and their meanings शब्दकोश शब्दों और उनके अर्थों का भंडार/≈ होता है.

reside रिज़ाइड' **1.** निवास करना, रहना : I ~ in Amritsar मैं अमृतसर में रहता हूँ; the prince ~s in his palace राजकुमार अपने राजमहल में रहता है; the ministers ~ in bungalows मंत्री कोठियों में रहते हैं; she ~ at 10, Gandhi Marg वह 10, गाँधी मार्ग में रहती है. **2.** (be inherent) में अंतर्निष्ट या निहित होना : the meaning ~s in it अर्थ इसी में निहित है. **3.** (be present) विद्यमान होना : such qualities ~ in him उसमें ये गुण विद्यमान हैं. **residence** रें'ज़िडन्स *n*^c. निवास, आवास, निवास-स्थान, रिहाइश^F [comfortable आरामदायक, royal शाही]; official ~ पदावास; he is in ~ here उसकी रिहाइश (उसका निवास) यहाँ है; during our short ~ here यहाँ कम समय के निवास के दौरान; the meeting will be held at my ~ बैठक मेरे निवास-स्थान पर होगी; I have no fixed ~ मेरा कोई निश्चित निवास-स्थान नहीं है; this is the ~ of Mr. Justice... यह न्यायमूर्ति... का निवास-स्थान है. **resident** रे'जिडन्ट *a.&n*^c. **1.** निवासी, रहनेवाला : a ~ abroad विदेश में रहनेवाला; our teacher is a ~ of this town हमारे अध्यापक इस शहर के निवासी हैं; this hospital has a ~ doctor इस अस्पताल में एक निवासी डाक्टर है; I am even now a ~ in that hotel मैं अब भी उस होटल में रहता हूँ. **residential** रेज़िडें'न्'शल *a.* निवासीय, रिहाइशी [area क्षेत्र, building इमारत^F, qualification योग्यता^F University विश्वविद्यालय].

resign रिज़ाइन' *v.i.* इस्तीफ़ा देना, पद-त्याग करना : the secretary has ~ed सचिव ने इस्तीफ़ा दे दिया है; he ~ed as Director उसने निदेशक का पद-त्याग दिया है; he ~ed from directorate उसने निदेशालय से पद-त्याग कर दिया है. **2.** (give up) छोड़ देना, अर्पित करना : ~ yourself to fate अपने को भाग्य पर छोड़ दो; I ~ my baby to the care of an ayah मैं अपने बच्चे को आया के हवाले छोड़ देता हूँ. **3.** (~ oneself) स्वीकार करना, सहना : to ~ oneself to smb's opinion किसी की राय पर चलना; to ~ oneself to sleep अपने को नींद के हवाले कर देना. **resignation** रेज़िग् ने'शन *n*^c. **1.** इस्तीफ़ा, त्यागपत्र : to give, send in one's ~ अपना इस्तीफ़ा देना, भेजना; he handed over his ~ to the president of the party उसने पार्टी के अध्यक्ष को अपना इस्तीफ़ा सौंप दिया; his ~ was not accepted उसका ≈ स्वीकार नहीं किया गया; no appointment has been made since J's ~ ज के इस्तीफ़े (पद-त्याग) के बाद किसी की नियुक्ति^F नहीं हुई है.

resist रि ज़िस्ट' *v.t.* **1.** (oppose) विरोध करना, प्रतिरोध करना, का सामना करना : the father did not ~ his son's wishes पिता ने अपने

बेटे की कामनाओं का विरोध नहीं किया; we did ~ the attack हमने आक्रमण का सामना अवश्य किया. **2.** (stop) रोकना, रोक देना : to ~ heat गर्मी का प्रभाव रोकना; to ~ the spread of a disease रोग का फैलाव रोकना; he could not be ~ed any longer उसे और समय तक नहीं रोका जा सकता था. **3.** (keep off) निवारण करना : to ~ a temptation प्रलोभन का ≈. **4.** (usu. negative) I can't ~ ice-cream मैं आइसक्रीम^F लेने से इंकार नहीं कर सकता. [*ant*. tolerate]. **resistance** रिज़िस्'टन्स n^{cu}. **1.** रोध, मुकाबला, सामना [hard कठोर, open खुला, sudden एकाएक; to put up or offer ~ विरोध करना; passive ~ सविनय अवज्ञा; there was great ~ to this Bill इस विधेयक का बहुत विरोध हुआ; line of least ~ सबसे सुगम रास्ता. **2.** (hindrance) बाधा^{F}, रुकावट^F : it is not easy to remove the ~ ≈ दूर करना आसान नहीं है; they put up a strong ~ उन्होंने प्रबल बाधा डाल दी. **3.** (phys.) प्रतिरोध, प्रतिरोधशक्ति^{F} : copper has less ~ to electricity than leather तांबे में चमड़े की अपेक्षा^{F} बिजली^{F} का प्रतिरोध करने की शक्ति कम होती है; I am weak and lack power of resistance मैं कमज़ोर हूँ इसलिए प्रतिरोध शक्ति नहीं है.

resolution रेंज़ॅल्यू'शन n^{c}. **1.** (decision) संकल्प, निश्चय : to make a ~ निश्चय/संकल्प करना; he will not deviate from his ~ वह अपने ≈ से नहीं हटेगा. **2.** (motion) प्रस्ताव : to move a ~ in the Parliament संसद् में प्रस्ताव प्रस्तुत करना; his ~ was rejected उसका ≈ नामंज़ूर कर दिया गया; the ~ was passed प्रस्ताव पारित किया गया; he will perhaps agree to this ~ शायद वह यह प्रस्ताव मान लेगा. **3.** समाधान : ~ of a problem समस्या^{F} का ≈. **resolve** रिज़ॉल्व' **I.** *v.t.* **1.** (decide) निश्चय करना, संकल्प करना : it was ~d that everyone would go to market यह निश्चय किया गया कि सभी लोग बाज़ार जाएँगे; he ~d to leave his country for ever उसने अपना देश सदा के लिए छोड़ने का निश्चय किया. **2.** (break up) विघटित करना, खंडित करना, विभेदन करना : the mixture was ~d into parts घोल कई भागों में विघटित किया गया; the chemicals were ~d रासायनिक पदार्थ विघटित कर दिए गए. **3.** (settle) तय करना : the matter was amicably ~d मामला मैत्रीपूर्वक तय हो गया. **4.** (solve) समाधान करना : to ~ one's difficulties कठिनाइयों^{F} का ≈; the mystery was ~d रहस्य का समाधान कर लिया गया; to ~ a problem समस्या^{F} का ≈. **5.** (remove) दूर करना : to ~ a doubt संदेह दूर करना. **II.** n^{u}. संकल्प : it is my firm ~ यह मेरा दृढ़ ≈ है.

resort रिज़ॉर्ट' **I.** *v.t.* (~to) **1.** का आश्रय या सहारा लेना : we had to ~ to candles when electricity failed जब बिजली फ़ेल हुई तो हमें मोमबत्तियों का सहारा लेना पड़ा. **2.** (visit) जाना, जाया करना : he later decided to ~ to some other place बाद में उसने कहीं अन्यत्र जाने का फैसला किया. **3.** (use) प्रयोग करना, काम लेना : the police had to ~ to force पुलिस^F को बल प्रयोग करना पड़ा; they then ~ed to blows तब वे हाथापाई^F पर उतर आए. **II.** n^{c}. **1.** आश्रय, शरण : her only ~ is T.V. उसका केवल एक ≈ है, टी० वी० **2.** (place) सैरगाह : Nainital is a popular summer ~ नैनीताल एक लोकप्रिय गर्मियों^{F} का सैरगाह है; in/as the last ~ अंत में : in the last ~ they decided to give up the plan अंत में उन्होंने योजना^{F} छोड़ देने का निश्चय किया.

resource रिसॉर्स' n^{cu}. **1.** संसाधन [artificial कृत्रिम, natural प्राकृतिक, sufficient पर्याप्त]; the natural ~s of a country किसी देश के प्राकृतिक ≈ Ministry of Human R~ मानव ≈ मंत्रालय. **2.** (expedient) उपाय, साधन : to be without any ~ उपाय रहित हो जाना; she thought submission was her only ~ उसने सोचा कि आत्म-समर्पण ही एकमात्र ≈ है; flight was his last ~ उड़ान^F ही उसका अंतिम ≈ था; ~ in difficulties is the chief quality of a great organiser कठिनाई^F में कुशलता ही अच्छे व्यवस्थापक का मुख्य गुण है. **3.** सूझ : a man of ~ ≈ वाला आदमी^{F} **resourceful** रिसॉर्स'फुल *a.* उपाय कुशल, साधन संपन्न : the manager of this

hotel is very ~ इस होटल का प्रबंधक बहुत ≈ है.

respect रिस्पें क्ट' **I.** *n*ᵘ. **1.** (esteem) आदर, सम्मान : he is worthy of ~ वह सम्मान योग्य/आदरणीय है; to show ~ to someone किसी के प्रति ≈ प्रदर्शित करना; to have ~ for elders बड़ों के प्रति आदर/सम्मान होना. **2.** [*ant*. dis ~] (*pl*.) प्रणाम : give/pay my ~s to your father अपने पिताजी को मेरा ≈ देना. **3.** (reference) संबंध/विषय I want to say smth in ~ of this proposal इस सुझाव के ≈ में मैं कुछ कहना चाहता हूँ; will you like to say smth in ~ of your neighbour क्या तुम अपने पड़ोसी के ≈ में कुछ कहना चाहोगे? **4.** (aspect) पहलू, बात^F : in some ~s कुछ बातों में; the picture is good in some ~s कुछ बातों में तस्वीर^F अच्छी है. **II.** *v.t.* आदर करना : the children should ~ their parents बच्चों को अपने माता-पिता का सम्मान/आदर करना चाहिए; he is ~ed by everybody सभी लोग उसका सम्मान करते हैं; we all ~ him for his virtues हम सब उसके गुणों के कारण उसका सम्मान करते हैं; I very much ~ his courage मैं उसके साहस का बहुत आदर करता हूँ; to ~ oneself आत्म-सम्मान होना. [*ant*. dis~] **respectability** रस्पें क्टॅबि'लिटि *n*ᵘ. आदरणीयता^F : ~ of a person due to his character किसी व्यक्ति की उसके चरित्र के कारण ≈. **respectable** रस्पें क'टॅबल *a*. **1.** आदरणीय, सम्मान्य [family परिवार, member सदस्य, person व्यक्ति]; he is a ~ fellow in the village गाँव में वह सम्मानित व्यक्ति है. **2.** (having good name) प्रतिष्ठित [leader नेता, scholar विद्वान, teacher अध्यापक]. [*ant*. dis~] **3.** (proper) उचित : it is not ~ to smoke in public सबके समाने धूम्रपान करना ≈ नहीं है. **4.** काफ़ी अच्छा [income आमदनी^F, work काम]; he is a ~ chess-player वह शतरंज का ≈ खिलाड़ी है; they made a ~ total of runs उन्होंने रनों का ≈ योग बना लिया. **5.** काफ़ी बड़ा (in number, size, etc) : a ~ number of people काफ़ी संख्या में लोग. **respected** रस्पें क्'टिड *a*. सम्मानित, प्रतिष्ठित [member सदस्य, representative प्रतिनिधि, teacher अध्यापक]; a ~ family of the city शहर का एक ≈ परिवार. **respectful** रिस्पें क्ट्'फुल *a*. **1.** विनीत : ~ lady ≈ महिला; the pupil is ~ to his teachers शिष्य अपने अध्यापकों के प्रति ≈ है. **2.** आदरपूर्ण [attitude रुख़, words शब्द]. **respective** रिस्पें क्'टिव *a*. अपना-अपना [areas क्षेत्र, classes कक्षाएँ^F]; they all returned to their ~ houses वे सब अपने-अपने घरों को लौट गए; what are the ~ qualifications of these candidates इन उम्मीदवारों की अपनी-अपनी योग्यताएँ^F क्या हैं? **respectively** रस पें क्टिव्लि *adv*. क्रमशः John and Jim were given 20 and 25 marks ~ जॉन और जिम को ≈ 20 और 25 अंक दिए गए.

respond रस् पॉन्ड' *v.i.* उत्तर देना, जवाब देना : he did not ~ to my offer उसने मेरे प्रस्ताव के उत्तर में कुछ नहीं कहा. **response** रस्पॉन्स' *n*ᶜᵘ. उत्तर, जवाब [ambiguous अस्पष्ट, right सही, unexpected अप्रत्याशित]; she opened the door in ~ to my knock मेरे खटखटाने के ≈ में उसने दरवाज़ा खोला; I did not get ~ to my letter मुझे पत्र का ≈ नहीं मिला; she made/gave no ~ to my question उसने मेरे प्रश्न का कोई उत्तर न दिया. **responsibility** रस्पॉन्सबि'लिटि *n*ᵘᶜ. ज़िम्मेवारी^F, (उत्तरदायित्व) [full पूरी, great भारी]; he did it on his own ~ उसने इसे अपनी ज़िम्मेवारी पर किया; it is his ~ to do this work इस काम को करने की उसकी जिम्मेवारी है; I did not take the ~ मैंने जिम्मेवारी नहीं ली; the education of children is a great ~ of mine बच्चों की शिक्षा^F मेरी भारी ज़िम्मेवारी है. [*ant*. ir~] **responsible** रिस्पान्'सॅबल *a*. **1.** जिम्मेवार, उत्तरदायी: [agent अभिकर्ता/एजेंट, government सरकार^F, person व्यक्ति]; who is ~ for breaking this glass pane यह शीशा तोड़ने के लिए कौन ज़िम्मेवार है? who will be ~ for the work इस काम के लिए कौन ≈ होगा; the peon is ~ for locking up the school विद्यालय में ताला बंद करने का चपरासी का ≈ है; he is ~ to the

headmaster वह प्रधानाध्यापक के प्रति ≈ है. **2.** (involving responsibility) उत्तरदायित्व-पूर्ण [job काम, office पद]. [*ant*. ir ~]

rest रॅस्ट **I.** *v.i.* **1.** आराम करना, विश्राम करना, सुस्ताना : to ~ after the work काम करने के बाद आराम करना; I shall not ~ till I learn my lesson जब तक मैं अपना पाठ याद नहीं कर लेता आराम नहीं करूँगा; we ~ed for ten minutes हमने दस मिनट आराम किया; let us ~ here हम यहाँ विश्राम कर लें; he never ~ed till the work was finished उसने कभी आराम नहीं किया जब तक कि काम समाप्त नहीं हो गया. **2.** (end) समाप्त होना : the argument ~s there तर्क वहीं समाप्त हो जाता है. **3.** (lie) may his soul ~ in peace उसकी आत्मा^F को शांति मिले. **4.** (place on) पर रख देना, टिकाना : the dog ~ed his head on the knee of its master कुत्ते ने अपना सिर अपने मालिक के घुटने पर रख दिया. **5.** (depend on) पर निर्भर होना, पर आधारित होना : it ~s **with** you whether to go or not यह आप पर निर्भर करता है कि जाना है या नहीं; this story ~s **on** Mahabharata यह कहानी^F महाभारत पर आधारित है. **6.** (stop) रुकना : the ball ~ ~ed near the wall गेंद^F दीवार^F के पास (जाकर) रुक गयी. **7.** *v.t.* (to give rest) आराम देना : ~ your eyes after reading पढ़ने के बाद आँखों^F को आराम दें. [*as distinct from* wrest] **II.** *n*^u. **1.** विश्राम, आराम [complete पूरा, long लंबा, short थोड़ा-सा]; we had a few minutes' ~ हमें कुछ मिनट का ≈ मिला; he worked all the day without any ~ वह बिना ≈ के पूरे दिन काम करता रहा; he lay down for ~ वह ≈ के लिए लेट गया. **2.** (leisure) अवकाश : in school we have 10 minutes, ~ after three periods हम विद्यालय में तीन घंटे के बाद 10 मिनट का ≈ पाते हैं. **3.** (support) टेक^F, सहारा : (often in combination) arm ~ बाँह^F टिकाने का सहारा; head ~ सिर टिकाने का सहारा. **4.** (remainder) बाकी, शेष : spend twenty rupees now and keep the ~ for festival 20 रुपए अब खर्च कर लो और शेष त्यौहार के लिए रख दो; I would like to live here for the ~ of my life मैं अपने शेष जीवन तक यहाँ रहना पसंद करूंगा; to pass the ~ of the summer गर्मी^F का शेष मौसम व्यतीत करना; ~ of the days will also pass soon बाकी दिन भी शीघ्र ही बीत जाएँगे; the ~ of them went home बाकी सब घर चले गए.

restaurant रेस्'टॅरन्ट *n*^c. रेस्तरां, भोजनालय, आहारगृह [expensive महँगा, cheap सस्ता]; to have a dinner in a ~ ≈ में भोजन करना; come with me to the ~ for tea मेरे साथ चाय^F के लिए ≈ आओ; we shall eat at the Chinese ~ tonight आज रात^F हम चीनी ≈ में खायेंगे. **restful** रॅस्ट्'फ़ुल *a.* **1.** आरामदेह, सुखप्रद : the patient spent a ~ night रोगी ने सुखप्रद रात^F बिताई. **2.** शांतिपूर्ण, शांत : ~ atmosphere ≈ वातावरण; he is leading a ~ life after retirement अवकाश ग्रहण करने के बाद वह शांतिपूर्ण जीवन बिता रहा है. **restive** रॅस्'टिव *a.* **1.** (of horse, etc.) अड़ियल : when the horse became ~ he was patted repeatedly जब घोड़ा अड़ियल हो गया तो उसे बार-बार थपथपाया गया. **2.** (restless) बेचैन : he could not answer satisfactorily because he was too ~ वह संतोषजनक उत्तर न दे सका क्योंकि वह बहुत ही ≈ था. **restless** रॅस्ट'लिस *a.* **1.** अशांत, बेचैन, अधीर [*as distinct from* मन, night रात^F, sea समुद्र]; the listeners were getting ~ श्रोता बेचैन हो रहे थे; the patient had a ~ night रोगी रात में बहुत बेचैन रहा. **2.** (of activity, कार्यकलाप) अविराम, निरंतर, अनवरत. [*ant*. calm]

restoration रॅस्टॅरे'शन *n*^u. **1.** वापसी^F : ~ of a borrowed book उधार ली गई किताब^F की ≈. **2.** पुनःस्थापन : ~ of law and order after the riots दंगों के बाद विधि^F और व्यवस्था^F का ≈. **3.** मरम्मत^F, जीर्णोद्धार, पुनरुद्धार : the ~ of the building will take two years इमारत^F के जीर्णोद्धार में दो साल लगेंगे. **4.** पुनः स्वास्थ्य लाभ : I wish you speedy ~ to health मैं तुम्हारे शीघ्र ≈ की कामना^F करता हूँ. **restore** रस्टॉर' *v.t.* **1.** वापस करना, लौटना : ~ the book into the shelf

किताब अलमारी^{F} के ख़ाने में वापस रख दो; I have ~d his cycle मैंने उसकी साइकिल वापस कर दी है; the stolen property was ~d to the owner चुराई गई संपत्ति^{F} मालिक को लौटा दी गई थी. **2.** (repair) मरम्मत^F करना, (of building, etc.) जीर्णोद्धार करना. [completely पूरी तरह^F, partly आंशिक रूप से]; who will be responsible for restoring the building इमारत^F के जीर्णोद्धार के लिए कौन जिम्मेवार होगा? **3.** (reinstate) पुनः प्रतिष्ठित करना : the court ~d the principal न्यायालय ने प्राचार्य को पुनः प्रतिष्ठित कर दिया; perhaps he may be ~d शायद वह पुनः प्रतिष्ठित कर दिया जाए, **4.** (re-establish) पुनः स्थापित करना : to ~ a ruined building किसी नष्ट भवन को पुनः स्थापित करना. **5.** (cure) चंगा करना : he felt himself competely ~d वह स्वयं को पूरी तरह चंगा महसूस करता था; I am glad to see you ~d to health मैं आपके स्वास्थ्य को चंगा देखकर प्रसन्न हूँ; to ~ a patient to health रोगी का स्वास्थ्य चंगा करना. **6.** फिर चालू करना : they ~ed the old custom उन्होंने पुरानी प्रथा^{F} को फिर से शुरू कर दिया; the road was ~ed for the public सड़क^F आम लोगों के लिए पुन : चालू कर दी गई; the bridge could not be ~d पुल पुनः चालू नहीं किया जा सका.

restrain रस्ट्रेन' *v.t.* **1.** (prevent) रोकना : to ~ smb from taking action किसी को कार्रवाई^F करने से ≈; the police had to ~ demonstrators पुलिस को प्रदर्शनकारियों को रोकना पड़ा; to ~ a person from making mischief किसी को शरारत^F करने से रोकना. **2.** (control) नियंत्रित^F करना : now it is hard to ~ the crowd अब भीड़^{F} को नियंत्रित करना कठिन है; I could hardly ~ my feelings मैं मुश्किल से ही अपनी भावनाओं^{F} को नियंत्रित कर सका. **3.** (imprison) कैद करना : he was ~ed in the room for the whole day वह पूरे दिन के लिए कमरे में कैद कर दिया गया. **restraint** रस्ट्रेन्ट' n^c. **1.** (act) रोक^F, प्रतिबंध, रोकथाम^F : there is strict ~ on his moving out उसके बाहर जाने पर कड़ा प्रतिबंध है; at this time he is without ~ इस समय वह बिना रोकथाम के है; he was put under ~ उस पर प्रतिबंध लगाया गया; ~ may be imposed on him उस पर प्रतिबंध लगाया जाए, **2.** (control) नियंत्रण, संयम : he showed great ~ in dealing with the mob उसने भीड़^{F} से व्यवहार करने में बहुत संयम दिखाया. **3.** कैद^F : don't keep these birds under ~ इन पक्षियों को ≈ में मत रखो.

restrict रस्ट्रिक्ट' *v.t.* **1.** सीमित करना : ~ your expenses अपने खर्च सीमित करो; now his income is ~ed अब उसकी आय^F सीमित हो गई है. **2.** प्रतिबंध या रोक^F लगाना : the harmful goods must be ~ed नुकसानदायक माल पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए; prices have been ~ed कीमतों पर रोक लगा दी गई है. **restricted** रस्ट्रिक'टिड *a.* सीमित : ~ holiday ≈ छुट्टी^{F}; ~ area सीमित गति क्षेत्र; the speed of the vehicle is ~ to 40 k.m. p.h. गाड़ी^{F} की चाल^F 40 किमी० प्रति घंटा सीमित कर दी गई है; the sale of explosives has been ~ स्फोटक पदार्थों की बिक्री ≈ कर दी गयी है. **restriction** रस्ट्रिक'शन n^c. **1.** रोक^F, नियंत्रण, प्रतिबंध [rigid कड़ा, unnecessary अनावश्यक]; there is no ~ on swimming here यहाँ तैरने पर कोई प्रतिबंध नहीं है; some ~s about foreigners are necessary विदेशियों पर कुछ प्रतिबंध आवश्यक हैं; you can move about without ~ तुम बिना रोकथाम^F के घूमफिर सकते हो. **2.** (of meaning) अर्थ संकोच.

result रिज़ल्ट' **I.** n^c. **1.** परिणाम, नतीजा [excellent उत्कृष्ट, poor ख़राब, surprising आश्चर्यजनक, unexpected अप्रत्याशित]; this will lead to a good ~ इसका ≈ अच्छा होगा; he was satisfied with his ~ वह अपने ≈ से संतुष्ट था; your failure is the ~ of your laziness तुम्हारी असफलता^{F} तुम्हारे आलस्य का परिणाम है. **2.** as a ~ of के कारण : he fell ill as a ~ of hardwork वह परिश्रम के कारण बीमार पड़ गया. **II.** *v.i.* परिणाम होना, निकलना : I hope your efforts will ~ in brilliant success मैं आशा करता हूँ कि आपके प्रयास का परिणाम

शानदार सफलता^{F} होगा; his failure ~ed from laziness उसकी असफलता^{F} उसके आलस्य के परिणामस्वरूप थी.

resume रिज़्यूम' *v.t.* **1.** पुनः आरंभ होना या करना, दोबारा शुरू करना या होना : he ~d the discussion उसने चर्चा^{F} पुनः शुरू की; the journey will be ~d यात्रा^{F} पुनः शुरू होगी. **2.** पुनः ग्रहण करना, पुनः प्राप्त करना : why do you not ~ your place तुम अपना स्थान पुनः ग्रहण क्यों नहीं करते? **resumption** रिज़म्'शन *n*^{u}. **1.** पुनरारंभ : I liked the ~ of my duty after long leave लंबी छुट्टी^{F} के बाद मैंने अपनी ड्यूटी^{F} पुनः शुरू करनी चाही. **2.** पुनर्ग्रहण : ~ of office पद का ≈.

retail री'टेल **I.** *n*^{u}. खुदरा, परचून : retail of goods माल का ≈; to sell by ~ ≈ बेचना. [*ant.* wholesale] **II.** *a.* खुदरा, परचून, फुटकर [business व्यापार, dealer दुकानदार, prices मूल्य, sale बिक्री]. **III.** *v.t.* **1.** फुटकर बेचना : to ~ tobacco तम्बाकू फुटकर बेचना. **2.** ब्यौरेवार बता देना, सविस्तार वर्णन करना; he ~ed the customer of the prices उसने ग्राहक को कीमतें^{F} बता दीं. **3.** (pass on) पहुँचाना : to ~ news to neighbours पड़ोसियों तक समाचार पहुँचाना. **4.** परचून में बिकना : mangoes ~ at Rs. 16 per kilo आम 16 रु० प्रति किलो बिकते हैं. **retailer** रिटे'लर *n*^{c}. परचूनिया : ~s charge higher prices ≈ कुछ भारी दाम लेते हैं; ~ in woollens ऊनी माल के ≈.

retain रिटेन' *v.t.* **1.** अधिकार में रखना : I ~ed that post for several years मैंने कई वर्षों तक वह पद अपने अधिकार में रखा. **2.** रोक रखना : he could not ~ his tears वह अपने आँसू रोक न सका. **3.** रख लेना : may I ~ your book till you are back क्या मैं आपकी पुस्तक आपके लौटने तक अपने पास रख सकता हूँ? **4.** बनाए रखना : the young prince ~ed his father's ministers छोटे राजकुमार ने अपने पिता के मंत्रियों को बनाए रखा; the speaker could not ~ the interest of the audience वक्ता श्रोताओं की दिलचस्पी^{F} को बनाए न रख सका; he hoped to ~ his eyesight उसे अपनी दृष्टि^{F} को सुरक्षित रखने की आशा^{F} थी. **5.** (remember) याद रखना : will you ~ these things क्या तुम इन बातों^{F} को याद रखोगे? **6.** (hire) लगा लेना, करना : to ~ a legal adviser कानूनी सलाहकार लगा लेना.

retard रिटार्ड' **I.** *v.t.* **1.** (प्रगति^{F}, उन्नति^{F}, विकास) में बाधा^{F} डालना या रोकना : his illness ~ed his progress उसकी बीमारी ने उसकी प्रगति में बाधा डाली; the growth of the fruit was ~ed फल के विकास में बाधा आ गई. **2.** देरी करना या होना : my arrival was ~ed by a punctured motorcycle मोटर साइकिल पंचर होने से मुझे पहुँचने में देरी^{F} हुई.

retd. = retired *q.v.*

retire रिटाइअर' *v.i.* **1.** चला जाना : she ~d to her room वह अपने कमरे में चली गई; he ~d to bed at nine वह नौ बजे सोने चला गया. **2.** अलग हो जाना, to ~ from business हट जाना : व्यापार से अलग हो जाना. **3.** पीछे हटना : our armies ~d from the field हमारी सेनाएँ^{F} रणक्षेत्र से पीछे हटीं. (from service) अवकाश ग्रहण करना, सेवानिवृत्त होना, रिटायर होना : he ~ed at the age of 58 उसने 58 वर्ष की उम्र में अवकाश ग्रहण कर लिया; teachers ~ at 60 अध्यापक साठ साल की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं. **retired** रिटाइअर्ड' *a.* अवकाशप्राप्त, सेवानिवृत्त, [office अधिकारी, teacher अध्यापक]. **retirement** रिटाइअर'मन्ट *n.* **1.** सेवानिवृत्ति^{F}, अवकाश प्राप्ति^{F} : after ~ I shall write my autobiography ≈ के बाद मैं आत्मजीवनी^{F} लिखूंगा; his ~ from service is due next year उसकी सेवानिवृत्ति अगले वर्ष होने वाली है; they presented him a souvenir on his ~ उसकी सेवानिवृत्ति पर उन्होंने उसे एक स्मारिका^{F} पेश की. **2.** (seclusion एकांत, एकांतवास : he now lives in ~ अब वह एकांत में रहता है.

retort रिटॉर्ट' **I.** *n*^{c}. **1.** प्रत्युत्तर, मुँहतोड़ जवाब : it was a good ~ to him यह उसके लिए अच्छा ≈ था. **2.** (vessels) भभका : a ~ is a vessel used for distilling liquids ≈ एक वर्तन है जो अर्क खींचने के काम आता है. **II.** *v.t.* प्रत्युत्तर देना : "certainly not" he ~ed निश्चित रूप से नहीं, उसने प्रत्युत्तर दिया.

retrace रिट्रेस' *v.t.* **1.** (go back) लौटना : I had to ~ at once मुझे तुरंत लौटना पड़ा; to ~ one's steps वापस होना, पीछे हटना. **2.** खोज या पता लगाना : he ~d his lost cycle उसने अपनी खोई हुई साइकिल^F का पता लगा लिया. **3.** प्रारंभ से अवलोकन करना : the police ~d the whole event पुलिस^F ने पूरी घटना^F का पुनरावलोकन किया. **4.** (आरंभ से) याद करना : the old man ~d past events in his mind बूढ़े आदमी ने मन में अतीत की घटनाओं^F को याद किया. **5.** (trace over again) अनुरेखण करना : the boy could easily ~ the map लड़का आसानी से नक्शे का अनुरेखण कर सकता था.

retreat रिट्रीट' **I.** *v.i.* **1.** पीछे हटना : the enemy was ~ing दुश्मन पीछे हट रहा था; the troops had to ~ before the enemy सेना^F की टुकड़ियों^F को, शत्रु के सामने पीछे हटना पड़ा. **2.** (go away) चले जाना : birds from showy zones ~ to warmer places शीतकटिबंध के पक्षी कुछ गर्म जगहों^F में चले जाते हैं. **II.** *n*^c. **1.** (signal) वापसी का संकेत : to sound the ~ ≈ करना. **2.** (seclusion) एकांत, एकांतवास : ~ of a saint in the forest जंगल में साधु का एकांतवास; to go into ~ for some days थोड़े दिनों के लिए एकान्तवास करना. **3.** पीछे हटना : to beat a ~ पीछे हटना; to make good one's ~ सकुशल पीछे हटना. [*ant.* advance]

retrench रिट्रेंन्च' *v.t.* **1.** (reduce) कम करना, घटाना : ~ your expenses अपने ख़र्च में कमी^F कीजिए. **2.** (delete) काटना, निकाल देना : some portions of this story must be ~ed इस कहानी^F के कुछ भाग काट दिए जाने चाहिए. **3.** (remove) हटाना, की छँटनी^F करना : three peons were ~ed from our office हमारे कार्यालय से तीन चपरासी हटा दिए गए (तीन चपरासियों की छँटनी की गई). **retrenchment** रिट्रेंन्च'मन्ट *n*^u. **1.** घटाव, कटौती^F, काँट-छाँट^F : ~ in expenses खर्च में ≈. **2.** (of workmen) छँटनी^F : ~ in this office had become necessary इस कार्यालय में छँटनी आवश्यक हो गई थी.

retrospective रेटॅस्पें'क्'टिव़ *a.* पूर्वव्यापी, पूर्व-प्रभावी [action कार्रवाई^F, promotion प्रोन्नति^F]; the scheme was introduced with ~ effect योजना^F पूर्व-प्रभावी रूप में चलाई गई. **retrospectively** रेट्रस्पें'क'टिवलि *adv.* पूर्व प्रभावी रूप से : the dearness allowances will be reimbursed ~ महँगाई भत्ते ≈ चुका दिए जाएँगे; these reforms came into effect ~ from March last ये सुधार पिछले मार्च से प्रभावी हो गए.

return रिटर्न' **I.** *v.i.* **1.** लौटना, वापस आना, वापस जाना [suddenly अचानक, unexpectedly अप्रत्याशित ढंग से]; the team ~ed home टीम^F वापस घर आ गई : you must ~ by Tuesday तुम्हें मंगलवार तक जरूर लौट आना चाहिए; she will not ~ to you again वह तुम्हारे पास फिर लौटकर नहीं आएगी; she does not want to ~ वह लौटना नहीं चाहती. **2.** (to a subject) वापस आना : we shall ~ to this question again हम इस प्रश्न पर वापस आएँगे. **3.** (to happen again) फिर आना : spring will ~ soon बहार फिर शीघ्र आएगी. **4.** (answer) उत्तर देना : No, he ~ed angrily नहीं, उसने गुस्से में उत्तर दिया. **II.** *v.t.* **1.** वापस करना, लौटाना [immediate तुरंत, within a time समय के अंदर]; I am ~ing your book मैं आपकी पुस्तक^F वापस कर रहा हूँ; when will you ~ the money तुम पैसा कब लौटाओगे? he has still not ~ed my coat उसने अभी तक मेरा कोट वापस नहीं किया. **2.** (yield) पैदा करना : the land ~s a good crop every year यह खेत प्रतिवर्ष अच्छी फसल पैदा करता है. **3.** (elect) निर्वाचित करना : Mr. B was ~ed from our constituency श्री ब को हमारे निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित किया गया. **III.** *n*^cu. **1.** वापसी^F [necessary आवश्यक, sudden एकदम, unexpected अप्रत्याशित]; I shall see you on my ~ from Delhi मैं दिल्ली से वापसी पर आपसे मिलूँगा. **2.** (proceeds) (usu. *pl.*) आय^F, लाभ, प्रतिफल : pure ~ शुद्ध ≈; his business gives good ~s उसे व्यवसाय से अच्छा लाभ होता है. **3.** रिपोर्ट, विवरण^F, विवरणी^F : annual ~s वार्षिक विवरण; income-tax ~ आय-कर

≈; he has presented the ~ of the qualified students उसने सफल छात्रों की विवरणी प्रस्तुत कर दी है; in ~ बदले में : I gave him a present but he gave me nothing in ~ मैंने उसे उपहार दिया लेकिन बदले में उसने मुझे कुछ नहीं दिया. **IV.** *a.* वापसी : ~ journey, ticket ≈ यात्रा^F, टिकट.

Rev. reverend श्रद्धास्पद.

reveal 'रिव़ील' *v.t.* **1.** प्रकट करना, उद्घाटित करना : to ~ a secret रहस्य प्रकट करना; to ~ itself प्रकट होना; he ~ed the facts before the magistrate उसने मजिस्ट्रेट के सामने तथ्यों को उद्घाटित किया. **2.** प्रदर्शित करना, व्यक्त करना, ज़ाहिर करना : the evidence has ~ed his innocence गवाही^F से उसकी निर्दोषिता^F प्रदर्शित हुई है; he was asked to ~ his views in the meeting बैठक^F में अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए उससे कहा गया; letters ~ that he was involved in the conspiracy पत्रों से ज़ाहिर है कि वह षड्यन्त्र में शामिल था, [*ant.* hide]

revenge रिवें'न्ज़' **I.** *n*^u. बदला, प्रतिशोध : to take one's ~ on smb किसी से अपना बदला लेना : he is desirous of taking ~ वह बदला लेने को इच्छुक है; the villagers took ~ on the thieves ग्रामीणों ने चोरों से बदला ले लिया; he killed the neighbour in ~ उसने प्रतिशोध में पड़ोसी को मार डाला; he wants ~ for his son's death वह अपने बेटे की मौत^F का ≈ चाहता है. **II.** *v.t.* **1.** बदला लेना : he ~d his father's death उसने अपने पिता की मौत^F का बदला ले लिया. **2.** he ~d his dead father उसने मृत पिता के बदले में उसे मार डाला. **revengeful** रिवें'न्ज्'फुल *a.* प्रतिशोधात्मक [act काम, attitude रुख behaviour व्यवहार].

revenue रें'विन्यू *n*^c. **1.** (income) आय^F, आमदनी^F [large बड़ी, unexpected अप्रत्याशित]; his ~ is more than a crore every year प्रत्येक वर्ष उसकी आमदनी एक करोड़ से ज्यादा होती है. **2.** (of Govt.) राजस्व : land ~ मालगुज़ारी^F भू-राजस्व, लगान; the Tehsildars are responsible for collection of government ~s तहसीलदार सरकारी ≈ उगाहने के जिम्मेवार होते हैं.

reverence रें'व़्रंस *n*^u. श्रद्धा^F, भक्तिभाव : show ~ to elderly people बड़ों के प्रति श्रद्धा प्रदर्शित करो; we feel ~ for Rama हम राम के प्रति भक्तिभाव का अनुभव करते हैं; I remember him with ~ मैं उसे श्रद्धा से याद करता हूँ; I have great ~ for your father तुम्हारे पिताजी के प्रति मेरी बड़ी श्रद्धा है; I hold my teacher in ~ अपने अध्यापक के प्रति मेरी श्रद्धा है. **reverential** रें'वरें'न्'शल *a.* श्रद्धामय, श्रद्धापूर्ण [attitude व्यवहार, feeling भावना^F]; to be ~ towards the elders बड़े-बूढ़ों के प्रति ≈ होना.

reverse रिवॅर्स **I.** *a.* उल्टा : in ~ order उलटे क्रम में; on the ~ side of the shirt कमीज़ की उल्टी तरफ़^F. **II.** *n.* **1.** उल्टा : he did the ~ of what was expected उससे जो आशा थी उससे उलटा उसने कर दिया; he is the ~ of his brother वह अपने भाई का ≈ है. **2.** (of coin) पट : what is written on the ~ of a coin सिक्के के ≈ की तरफ़ क्या लिखा है ?. **3.** (misfortune) विपत्ति^F (heavy भारी, unbearable असहनीय]; a terrible ~ has happened एक भयंकर विपत्ति आ पड़ी है. **4.** (defeat) हार^F, पराजय^F : to suffer ~s ≈ पाना; he was ready to win the race but the ~ happened to him वह दौड़^F जीतने के लिए तैयार था लेकिन उसे हार मिली; the enemy returned with new troops after several ~s कई बार पराजित होने के बाद शत्रु नई सेनाएँ^F लेकर वापस आया. **III.** **1.** उलटा करना, उलट देना, पलटना : to ~ a decision निर्णय उलट देना; the driver ~d the car चालक ने कार उलटी की; to ~ arms हथियार उलटे कर देना; he ~d the whole order उसने सारा क्रम उलट दिया. **2.** (annul) रद्द करना; who ~d the order किसने आदेश रद्द कर दिया? **3.** प्रतिवर्तित करना : to ~ one's car कार चलाकर पीछे करना. **revert** रिव़र्ट *v.i.* (~ to) लौटना : he ~ed to his old business वह अपने पुराने धंधे पर लौट आया; this unclaimed property will ~ to the government यह लावारिस संपत्ति^F सरकार^F को लौट जाएगी; let

me ~ to the main subject, problem now अब मैं मुख्य विषय, समस्या^{F} पर आऊं.

review रिव्यू' **I.** *n*^{cu}. **1.** (view again) पुनर्विचार : court of ~ ≈ न्यायालय; the High Court will take a ~ of the case उच्च न्यायालय इस मामले पर ≈ करेगा. **2.** (survey) सर्वेक्षण [political राजनैतिक, weekly साप्ताहिक]; the ~ about the election is published in the newspapers चुनाव का सर्वेक्षण समाचार-पत्रों में प्रकाशित किया गया है. **3.** (lit.) समीक्षा,^{F} समालोचना^{F} : he presented the true ~ an English essay उसने एक अंग्रेज़ी निबंध की सही समीक्षा प्रस्तुत की. **4.** (journal) किसी पत्रिका^{F} का नाम [half yearly षड्मासिक, quarterly त्रैमासिक]; "odern R ~" is a very good magazine about competitions प्रतियोगिताओं के बारे में 'माडर्न रिव्यू' बहुत अच्छी पत्रिका^{F} है. **II.** *v.t.* **1.** पुनरावलोकन करना : we ~ed carefully the work so far done अब तक किए गए काम का हमने सावधानी^{F} से पुनरावलोकन किया; he ~ed his past life उसने अपने अतीत जीवन का सिंहावलोकन किया; let us ~ the political situation हम राजनीतिक स्थिति^{F} का सिंहावलोकन करें. **2.** पुनर्विचार करना, पुनर्विवेचन करना : he pleaded for ~ing the case उसने मामले पर पुनर्विचार करने की अपील^F की. **3.** समीक्षा^{F} करना, समालोचना^{F} करना : he was asked to ~ the book उससे पुस्तक की समीक्षा करने के लिए कहा गया. **4.** (revise) दोहराना [attentively ध्यान से, lightly हल्के ढंग से]; have you ~ed the lesson for the examination क्या तुमने परीक्षा^{F} के लिए पाठ को दुहरा लिया है. **reviewer** रिव्यू'अर *n*^{c}. समीक्षक, समालोचक [good अच्छा, known जाना-माना]; the ~ wrote a ~ of my work समीक्षक ने मेरी कृति^{F} की समीक्षा लिखी; the ~ may prejudice you ≈ तुम्हें पक्षपात में डाल सकता है.

revise रिव़ाइज़' *v.t.* **1.** दोहराना : ~ your lesson lest you forget it अपने पाठ को दोहरा लो ताकि भूल न जाओ. **2.** (change) बदलना : I will have to ~ my opinion मुझे अपना मत बदलना पड़ेगा. **3.** (law) पुनर्विचार करना : to ~ a decision निर्णय पर ≈. **revised** रिवाइज़्ड' *a.* संशोधित : it is the ~ edition of my book यह मेरी किताब^F का ≈ संस्करण है. **revision** रिव़ि'ज़न *n*^{u}. दोहराई^F : during the ~ of his letter he changed several words अपने पत्र की ≈ के दौरान उसने कई शब्द बदल दिए. **2.** संशोधन : the book needs ~ किताब में संशोधन की आवश्यकता^{F} है. **3.** (law) पुनर्विचार : to appeal for ~ ≈ के लिए अपील करना.

revive रिव़ाइव़' *v.i.* **1.** (come to life again) जी उठना, पुनर्जीवित होना : he has now ~d after the illness बीमारी^{F} के बाद अब वह पुनर्जीवित हो गया है; perhaps he may not ~ शायद वह पुनर्जीवित न हो. **2.** (consciousness) होश^F में लाना, आना : the old lady ~d after the fit दौरे के बाद बूढ़ी औरत होश में आ गई. **3.** (a custom) दोबारा प्रचलित होना या करना; फिर चालू करना : the old custom may ~ पुराने रीतिरिवाज फिर प्रचलित हो सकते हैं. **4.** (perform) पुनः खेलना : the play was ~d after a number of years खेल (नाटक) कई वर्षों बाद फिर खेला गया.

revoke रिव़ोक' *v.t.* **1.** रद्द करना : the government ~ed the Anti-copying Act सरकार^F ने नक़ल-निरोधक कानून को रद्द कर दिया; to ~ an order किसी आदेश को रद्द करना. **2.** (at cards) पत्ता दबा देना : to play a wrong card by revoking the right one सही पत्ता दबा रखना और ग़लत पत्ता खेलना.

revolt रिव़ोल्ट' **I.** *n*^{c}. विद्रोह [general सामान्य, terrible भयंकर]; many of them supported the ~ उनमें से अनेक ने ≈ का समर्थन किया; to hoist the flag of ~ ≈ का झंडा फहराना; the government suppressed the ~ cleverly सरकार^F ने ≈ को होशियारी^{F} से दबा दिया. **II.** *v.t.* **1.** विद्रोह करना : the people were inclined to ~ लोग विद्रोह करने पर तत्पर थे; the army ~ed against the government सरकार^F के विरुद्ध सेना ने विद्रोह कर दिया. **2.** (feel dislike) से घृणा करना : she may ~ against his

behaviour इस व्यवहार के विरुद्ध उसे घृणा हो सकती है; these cruelties ~ed public opinion इन क्रूरताओं ने आम लोगों के मन में घृणा[F] उत्पन्न कर दी है.

revolution रेॅवॅल्यू'शन *n*[c]. (from revolve) **1.** political change क्रांति[F] [bloodless रक्तहीन, democratic लोकतांत्रिक, social सामाजिक]; ~ is to overthrow the tyrants क्रांति अत्याचारियों को उखाड़ फेंकने के लिए है; he played a prominent part in the ~ क्रांति में उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका[F] रही. **2.** (of planet) परिक्रमा[F] [complete पूर्ण, regular नियमित]; ~ of the earth round the sun सूर्य के इर्द-गिर्द पृथ्वी[F] की ≈. **3.** (cycle) चक्कर, चक्र : this part makes a hundred ~s in a minute यह पुरज़ा एक मिनट में सौ ≈ लगाता है. **revolutionary** रेव़लू'शॅनरि **I.** *a.* **1.** क्रांतिकारी [methods तरीके आंदोलन, party दल, song गीत]; ~ flag was hoisted एक क्रांतिकारी झंडा फहराया गया. **2.** ~ change अमूल परिवर्तन. **II.** *n*[c]. क्रांतिकारी [courageous साहसी, political राजनीतिक, social सामाजिक]; a ~ threw a bomb on the secretariat एक ≈ ने सचिवालय पर बम फेंका. **revolve** रिव़ॉल्व' *v.i.* **1.** (move in orbit) परिक्रमा करना, घूमना : the earth ~s around the sun पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है (घूमती है). **2.** (rotate) चक्कर खाना, घूमना : a wheel ~s on its axle पहिया अपनी धुरी[F] पर चक्कर खाता है (घूमता है). **3.** (recur) फिर-फिर आना, लौट आना : several ideas ~d in my mind कई विचार मेरे मन में लौट-लौटकर आते रहे. **4.** (ponder over) पर विचार करना, चिंतन करना : to ~ a problem किसी समस्या[F] पर ≈. **revolver** रिव़ॉल्'व़र *n*[c]. तमंचा, रिवाल्वर [costly कीमती, genuine असली]; a ~ can fire several shots without reloading एक ≈ बिना पुनः भरे कई बार दागा जा सकता है.

reward रिवॉर्ड' **I.** *n*[c]. **1.** इनाम, पुरस्कार [great बड़ा, handsome बढ़िया]; he refused the ~ उसने पुरस्कार लेने से इंकार कर दिया; he was given a lakh of rupees as ~ ≈ के रूप में उसे एक लाख रुपए दिए गए; whoever will find out the lost purse will receive a ~ जो भी खोया हुआ पर्स/बटुआ खोज निकालेगा, ≈ पाएगा; he won the peace ~ उसे शांति के लिए ≈ मिला. **2.** (remuneration) पारिश्रमिक : he got nothing in ~ for his service सेवा[F] के बदले में उसे कुछ नहीं मिला. **II.** *v.t.* पुरस्कार/इनाम देना : to ~ smb for his work किसी को उसके काम के लिए इनाम देना; she ~ed him with a smile उसने मुस्कान[F] के साथ उसे इनाम दिया; the boy was ~ fifty rupees लड़के को पचास रुपए का पुरस्कार दिया गया; her patience was ~ed उसे अपने धैर्य का इनाम मिल गया.

rewrite रि राइट' *v.t.* (rewrote, rewritten) फिर (से) लिखना : he has rewritten the entire essay उसने पूरा निबंध फिर (से) लिखा है; you should ~ the corrected passage तुम्हें सही किए गए अनुच्छेद को पुनः लिखना चाहिए; the dialogue has been rewritten संवाद पुनः लिखा गया है.

Rgt. regiment.

rhinoceros राइनॉ'सॅरस *n*[c]. (*pl.* rhinoceroses) गैंडा : a ~ has a hard skin गैंडे का चमड़ा बहुत कड़ा होता है; you recognise a ~ by its horn on the nose तुम एक गैंडे को उसकी नाक[F] पर के सींग से पहचानते हो.

rhyme राइम **I.** *n*[c]. तुक, तुकांत : 'good' and 'wood' are ~s 'गुड' और 'वुड' ≈ हैं; what is the ~ of the poem कविता[F] का ≈ क्या है ? ~ is not used in free verse अछंद कविता[F] में तुक का प्रयोग नहीं होता. **II.** *v.t.* तुक या काफ़िया मिलाना : 'mart' ~s with 'cart' मार्ट का तुक कार्ट से मिलता है; what word ~s with 'foot' 'फुट' के साथ किस शब्द का तुक मिलता है ?

rhythm रि'दॅम *n*[u]. **1.** लय, ताल : ~ in music is essential संगीत में ≈ जरूरी है. **2.** (harmony) सामंजस्य : there is no ~ in his speech उसके भाषण में कोई ≈ नहीं है; it is said that there is ~ in the event of history ऐसा कहा जाता है कि इतिहास की घटनाओं[F] में ≈ होता है.

rib रिब *n*[c]. **1.** पसली[F] : our ~s protect the lungs and heart हमारी पसलियाँ फेफड़ों और हृदय की रक्षा[F] करती हैं; I fell down and

broke two of my ribs मैं गिर गया और मेरी दो पसलियाँ टूट गईं. **2.** (of leaf) शिरा^F, नस^F : ~s of leaves पत्तों की शिराएँ. **3.** (of umbrella) कमानी^F : strong ~ मज़बूत कमानी; all the ~s of the umbrella are broken छाते की सभी कमानियाँ टूटी हुई हैं. **4.** (in cloth, knitting) धारी^F, लकीर^F, पट्टी^F (strip) : this shirt lacks ~s इस कमीज़ में धारियाँ नहीं हैं. **ribbed** रिब्ड *a.* लहरियादार [iron bar लोहे का छड़, kurta कुर्ता, silk रेशम].

ribbon रि'बन *n*^c. **1.** फ़ीता [bright चमकीला, long लंबा, silken रेशमी]; to tie with a ~ फ़ीते से बाँधना; she ties her hair with a ~ वह अपने बाल फीते से बाँधती है. **2.** (shred) धज्जी^F, चिथड़ा : to tear smth to ~s फाड़कर चिथड़े कर देना.

rice राइस *n*^c. **1.** (husked) चावल [long लंबा, polished पालिश किया हुआ]; cooked ~ भात; parched ~ खील^F, लाई^F; Bengali people eat ~ बंगाली लोग चावल खाते हैं; the main food of China is ~ चीन का मुख्य भोजन ≈ है; sometimes I take boiled ~ with milk कभी-कभी मैं दूध के साथ उबले हुए चावल खाता हूँ. **2.** (unpolished) धान : ~ grass जंगली धान; a large quantity of ~ is grown in Bengal बड़ी मात्रा^F में ≈ बंगाल में पैदा किया जाता है.

rich रिच *a.* (richer, richest) **1.** धनी, धनवान्, मालदार, दौलतमंद [country देश, family परिवार, man आदमी]; he is now the ~est person in the village गाँव में वह अब सबसे धनी आदमी है; none can question his being ~ उसके धनी होने के बारे में कोई संदेह नहीं कर सकता. **2.** (showing wealth) अमीराना : ~ clothes, dress ≈ कपड़े, लिबास. **3.** (abundant) प्रचुर, भरपूर [crop फ़सल^F, foodgrain खाद्यान्न, production उत्पादन]; a gallery ~ in paintings चित्रों से भरपूर दीर्घा^F. **4.** (abounding in) से भरपूर, समृद्ध : India is ~ in cereals भारत अनाज से ≈ है. [*ant.* poor] **5.** (valuable) मूल्यवान [dish तश्तरी^F, metal धातु^F]; forests are the ~est property of the world जंगल संसार की सबसे ≈ संपदाएँ^F हैं. **6.** (fertile) उपजाऊ, उर्वर [land भूमि^F, soil मिट्टी^F]; this part of the land is ~ in production of rice ज़मीन का यह भाग चावल के उत्पादन के लिए उर्वर है. **7.** (of food) बढिया, स्वादिष्ट मसालेदार. **8.** (of voice) गंभीर. **II.** *n.* the ~ अमीर/धनी लोग, **riches** रि'चिज *n*^c. धन, धनसंपत्ति^F, धन-दौलत^F : he gave away all his ~ to the poor उसने अपना सारा धन गरीबों को बाँट दिया; he will receive his ~ वह उसकी संपत्ति ग्रहण करेगा. [*ant.* poverty] **richly** रिच्'लि *adv.* पर्याप्त रूप से, खूब, पूर्णतः he ~ deserves this prize वह ≈ इस पुरस्कार के योग्य है (का हकदार है); he was ~ rewarded for his services उसे अपनी सेवाओं का ≈ पारिश्रमिक/बदला दिया गया.

rid रिड *v.t.* (*p.* & *p.p.* rid) दूर करना, मुक्त करना : to ~ a room of mice कमरे को चूहों से मुक्त करना; to ~ a person of disease किसी व्यक्ति को बीमारी^F से मुक्त करना; a man must rid himself of bad habits व्यक्ति को अपनी बुरी आदतों^F को दूर कर देना चाहिए. Δ **get ~ of** से पिण्ड छुड़ाना, से पीछा छुड़ाना : I did not know how to get ~ of him मैं नहीं जानता था कि उससे कैसे पिंड छुडाया जाय; can you easily get ~ of your cold क्या तुम आसानी^F से जुकाम से पीछा छुड़ा सकते हो?

riddle रि'डल **I.** *n*^c. **1.** पहेली^F, बुझौवल^F [complex जटिल, difficult कठिन, solved सुलझी हुई]; I think he will not be able to solve this ~ मैं समझता हूँ कि वह यह पहेली न सुलझा पाएगा. Δ **that boy has become a ~ to us** यह लड़का हमारे लिए ≈ बन गया है; **he speaks in ~s** वह पहेलियाँ बुझाता है. **2.** (enigma) रहस्य : his conduct seems to me a ~ उसका आचरण मुझे एक रहस्य जान पड़ता है; he is a ~ to me वह मेरे लिए एक पहेली/रहस्य ही है. **II.** *v.t.* (talk in ~s) पहेली^F बुझाना : you may ~ me तुम मुझे पहेली बुझाओ.

ride राइड **I.** *v.t.i.* (rode, ridden) **1.** चढ़ना, सवारी^F करना, सवार होना : can you ~ (on) a horse क्या तुम घोड़े पर चढ़ (सवारी कर) सकते हो? to ~ in a bus, carriage बस,

गाड़ी^{F} में चढ़ना (सवारी करना); I have never ridden on an elephant मैंने कभी हाथी की सवारी नहीं की; he rode my bicycle वह मेरी साइकल पर चढ़कर गया. **2.** (घोड़े पर चढ़कर) पार करना : he rode across the river on horseback वह घोड़े पर चढ़कर नदी पार गया. **3.** (float) तैरना, तिरना : the boat ~s well in the river नाव^F नदी में अच्छी तरह तैरती है. **4.** (for ship) लंगर डाले रुकना : the ship is riding at anchor जहाज़ लंगर डाले खड़ा है. **5.** (other contexts) to ~ a long distance लंबी दूरी तय करना; a dream ~s a sleeping woman सोती हुई स्त्री को सपना तंग करता है. **II.** *n*^{c}. सवारी करने की सैर : he goes every morning for a ~ वह हर सुबह सवार होकर सैर करने जाता है. Δ **to take smb** for a ~ धोखा देना, ठगना. **rider** राइ'डर *n*^{c}. सवार [good अच्छा, poor कमजोर]; both the horse ~s were dead दोनों घुड़सवार मर गए, **riding** राइ'डिंग *n*^{c}. घुड़सवारी^{F}, सवारी^{F} : ~ is a good exercise (घुड़)सवारी एक अच्छा व्यायाम है; we did some ~ in the morning हमने सुबह^F थोड़ी-सी घुड़सवारी की.

ridge रिज *n*^{c}. ~ of the mountain पहाड़ की सँकरी चोटी^{F}, ~ of the nose बाँसा; ~ of the roof मुंडेर; ~ of the field मेंड़; he climbed the ~ of the mountain वह पर्वत की चोटी^{F} पर चढ़ गया; he holds the glasses on the ~ of his nose वह अपनी नाक^F के बाँसे पर चश्मा टिकाता है; he sat on the ~ of the roof वह मुंडेर पर बैठ गया.

ridicule रि'डिक्यूल **I.** *n*^{u}. मज़ाक, उपहास, खिल्ली^{F} : his conduct deserved ~ उसका आचरण ≈ के योग्य था; to delight in the ~ of our neighbours अपने पड़ोसियों के उपहास पर खुश होना. Δ to hold smb to ~ किसी का मज़ाक उड़ाना; **to lay oneself open to** ~ उपहास का पात्र बनना. **II.** *v.t.* का उपहास करना, मज़ाक/हँसी^{F} उड़ाना : he ~d my suggestions उसने मेरे सुझावों का मज़ाक उड़ाया; I dislike to ~ anyone मैं किसी का उपहास करना नापसंद करता हूँ. **rediculous** रिडि'क्यूलस *a.* हास्यास्पद [behaviour व्यवहार, custom रीति-रिवाज़, question प्रश्न]; it appears ~ to run away like children बच्चों की तरह भाग जाना ≈ लगता है.

rifle राइ'फ़ल **I.** *n*^{c}. राइफ़ल^F : he was armed with a ~ वह ≈ से लैस था; ~ is a long gun राइफल एक लंबी बंदूक^F होती है; he killed the tiger with a ~ उसने ≈ से शेर को मार डाला. **II.** *v.t.* **1.** (ransack) लूटना, खाली करना : the robbers ~d someone's pocket लुटेरों ने किसी को लूटकर उसकी जेब^F खाली कर दी. **2.** (search) the thief ~d the drawers चोर ने दराज़ों की तलाशी ली.

rift रिफ़्ट *n*^{c}. **1.** दरार^F : there is a ~ in the wall दीवार^F में एक ≈ है. **2.** फूट^F : to cause ~ between brothers भाइयों में ≈ पैदा करना; there is a ~ in the ruling party सत्ताधारी दल में दरार/फूट है; a ~ was created in his family उसके परिवार में फूट/दरार पैदा कर दी गई.

right राइट **I.** *a.* **1.** (correct) सही, ठीक [answer उत्तर, sentence वाक्य, use प्रयोग]; my watch shows ~ time मेरी घड़ी^{F} ≈ समय देती है; what is ~ and what is wrong क्या ≈ है और क्या गलत ? you are ~ तुम ≈ कहते हो. **2.** (proper) सही, उपयुक्त : he is the ~ man for this job इस काम के लिए वह ≈ आदमी है, he is going in the ~ direction वह ≈ दिशा^{F} में जा रहा है. [*ant.* wrong] **3.** (just) न्यायसंगत, न्याय, न्यायोचित [comment टिप्पणी, decision निर्णय]; what is the ~ thing to do क्या कुछ न्यायोचित होगा ? he is always ready to support a ~ cause वह ≈ हेतु का समर्थन करने के लिए सदा तैयार रहता है. **4.** (of fabric) सीधा : it is the ~ side of the cloth यह कपड़े का ≈ (पक्ष) है. **5.** (sound) स्वस्थ : in his ~ mind स्वस्थचित्त होकर. **6.** (opposite to left) दाहिना, दक्षिण : ~ hand; ≈ हाथ; ~ eye दाहिनी आँख^F: I write with my ~ hand मैं अपने दाहिने हाथ से लिखता हूँ; his ~ leg does not work properly उसकी दाहिनी टाँग^F ठीक से काम काम नहीं करती; he hears with his ~ ear only वह केवल अपने दाहिने कान से सुनता है. [*ant.* left] **7.** (straight) सीधा, सरल : draw a ~ line कागज पर एक सीधी

रेखा[F] खींचो. **8.** (comb.) ~ **angle** समकोण; ~ **arm** विश्वस्त सहायक; ~ **hand** परम सहायक; ~ **handed** दक्षिणहस्त; ~ **minded** ठीक सोचने वाला. **II.** *n*[c]. **1.** अधिकार, हक [equal बराबर, political राजनीतिक]; ~ to work काम करने का ≈; ~ to vote वोट देने का ≈; now women have equal ~s स्त्रियों के अब बराबर के ≈ हैं; you have no ~ to do that तुम्हें यह करने का कोई ≈ नहीं है; they have never used their ~s उन्होंने अपने अधिकारों का उपयोग कभी नहीं किया; he is a leader in his own ~ वह अपने निजी ≈ से नेता है. **2.** (justice) न्याय : you should do the ~ तुम्हें ≈ करना चाहिए. **3.** दक्षिण, दायाँ, दाहिना : keep to the ~ दाहिने रहो; go ahead and then turn to the ~ आगे जाओ और फिर दाहिने मुड़ो. **4.** (*pl.*) वास्तविकता[F], वस्तुस्थिति[F] : I do not know the ~s of the case मैं मामले की ≈ नहीं जानता. **III.** *v.t.i.* **1.** ठीक कर देना या हो जाना : his troubles ~ed in time उसके कष्ट समय पर दूर हो गए. **2.** सीधा करना : the cat fell down and soon ~ed itself बिल्ली[F] गिरी और उसने तुरंत अपने को सीधा कर लिया (वह सीधी हो गई). **IV.** *adv.* **1.** सीधे : go ~, you will find the school ≈ जाओ, तुम्हें विद्यालय मिलेगा; he fell ~ on the stairs वह ≈ सीढ़ी पर गिर पड़ा. **2.** अच्छी तरह[F] से : you did it ~ तुमने इसे ठीक तरह से किया. **3.** सही, ठीक : he guessed ~ उसने सही अनुमान लगाया; our office is ~ in front of a shop हमारा कार्यालय एक दुकान के ठीक सामने है; to put smth ~ किसी चीज़ को ठीक कर देना; set ~ ठीक कर देना; the doctor set his bone ~ again डाक्टर ने उसकी हड्डी पुनः ठीक करके बिठा दी; ~ turn! दाहिने मुड़ो. Δ (phrases) ~ **and left** चारों ओर : his fame spread ~ and left उसका यश चारों ओर फैल गया; ~ **away** तुरंत : the principal ordered the peon to go ~ away प्राचार्य ने चपरासी को तुरंत चले जाने का आदेश दिया. [*as distinct from* rite, write]

righteous राइ'चस *a.* (virtuous) **1.** धार्मिक, धर्मात्मा, सदाचारी, धर्म-परायण [father पिता, judge जज, person व्यक्ति]; the ~ shall go to heaven ≈ स्वर्ग को जाएँगे. **2.** (of acts) धार्मिक, नेक, ठीक : he is fighting for a ~ cause वह किसी ≈ उद्देश्य के लिए लड़ रहा है. **rightful** राइट्'फुल *a.* **1.** न्यायपूर्ण, न्यायसंगत, उचित : ~ share ≈ भाग; it is his ~ claim for the property संपत्ति के लिए उसका यह न्यायसंगत दावा है. **2.** (of persons) वैध : ~ heir ≈ उत्तराधिकारी; the ~ owner of the suitcase सूटकेस का ≈ स्वामी. **rightly** राइट्'लि *adv.* **1.** (fairly) न्यायानुसार : he has not decided the matter ~ उसने मामले का निपटारा ≈ नहीं किया. **2.** (correctly) ठीक ही : he was ~ punished वह ठीक ही दंडित किया गया; he answered the question ~ उसने प्रश्न का उत्तर ≈ दिया. **4.** (suitably) उचित रीति से : he was not ~ informed उसे ≈ सूचित नहीं किया गया. **4.** (for certain) निश्चित रूप से : it can't be ~ said whether he will come यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि वह आएगा.

rigid रिजिड *a.* **1.** (inflexible) दुर्दम्य, अनम्य : he is ~ in his opinion वह अपने मत में अनम्य है. **2.** कड़ा, सख़्त : these rules are ~ ये नियम कड़े हैं; the ~ iron breaks easily कड़ा लोहा जल्दी टूटता है; it is hard to cut the metal, it is too ~ इस धातु[F] को काटना कठिन है, यह बहुत ही कड़ी है. **3.** (of a person) कड़ा, कठोर : he is a ~ examiner वह ≈ परीक्षक है.

rim रिम *n.* **1.** (edge) किनारा : the ~ of the cup प्याले का ≈. **2.** (of a wheel) नेमि, हाल (outer metal strip) : one wheel lacks the ~ एक पहिये में हाल नहीं है. **3.** (of spectacles) घेरा : she wears ~less glasses वह बिना घेरे का चश्मा पहनती है.

ring रिङ्ग **I.** *n*[c]. **1.** (for finger) अंगूठी[F] [costly कीमती, golden सोने की/सुनहली, silver चाँदी की]; the bridegroom gave her a ~ दूल्हा ने उसे एक ≈ दी. **2.** (circular band) छल्ला : a key in the ~ छल्ले में एक चाभी[F]. **3.** घेरा, चक्कर : they stood in a ~ वे एक घेरे में खड़े हो गए; they danced in a ~ वे एक घेरे में नाचे. **4.** (of (circus) अखाड़ा : a black man came in the ~ and pierced a

sharp-edged spear in his nose एक काला आदमी अखाड़े में आया और उसने एक तेज़ नोक वाला भाला उसकी नाक^F में घुसेड़ दिया. **5.** (group) गुट : small ~ छोटा ≈; they formed themselves into a ~ उन्होंने एक गुट बना लिया. **6.** (sound of a bell) टनटन^F, आवाज़^{F}, ध्वनि^{F} : the ~ of the bells can be heard from a distance घंटों की टनटन दूर से सुनी जा सकती है; we hear the ~ of the bell daily from the temple हम प्रतिदिन मंदिर से आती घंटे की आवाज़ सुनते हैं. **II.** *v.t.* **1.** (to put a ring in the nose of an animal) नाथना : to ~ a bull, camel बैल, ऊंट की नाक^F में नाथ डालना (को नाथना). **2.** (rang, rung), (a bell) बजाना : Shyam is ~ing the bell श्याम घंटी बजा रहा है; the peon rang the bell at four o'clock चपरासी ने चार बजे घंटी^{F} बजाई. **3.** to ~ the curtain down पर्दा गिराने की घंटी^{F} बजाना. **4.** टेलीफ़ोन करना : he asked her **to ~ (up)** his friend उसने उससे अपने मित्र को टेलीफोन करने को कहा; you may ~ me up when you are in need जब तुम्हें आवश्यकता पड़े तुम मुझे टेलीफ़ोन करना; **to ~ back** जवाब में ≈; **to ~ off** टेलीफ़ोन बंद कर देना. **~ leader** रिङ्ग' लीडर *n*^{c}. गुट का नेता, मुखिया : in the last riot, this M.L.A. was the ~ पिछले दंगे में यह एम० एल० ए० ≈ था.

rinse रिन्स *v.t.* खँगालना, धोना : you should ~ your clothes in clean water तुम्हें अपने कपड़े साफ़ पानी में खँगालने चाहिए; you should have ~d out all utensils तुम्हें अपने बर्तन धो देने चाहिएँ; ~ your mouth अपना मुंह धो डालो; ~ soap out of your shirt अपनी कमीज़^{F} से साबुन धो डालो.

riot राइअट **I.** *n*^{u}. **1.** (uproar) हो-हल्ला, शोरगुल, कोलाहल, गुलगपाड़ा : the students were making ~ in the playground छात्र खेल के मैदान में ≈ मचा रहे थे. **2.** *n*^{c}. (public disturbance) दंगा, बलवा : the police could not control the ~ पुलिस^F दंगे पर नियंत्रण न पा सकी; the ~ started very soon ≈ बहुत जल्दी शुरू हो गया : the police put down the ~ पुलिस^F ने ≈ दबा दिया. **3.** (in other contexts) ~ of colours रंगों की भरमार; ~ of emotion भावावेश; ~ of plants पौधों की बहुत अधिक वृद्धि^{F}. **II.** *v.t.* दंगा करना, हल्ला करना : they were ~ing in the street वे गली में दंगा/हल्ला कर रहे थे; the mob ~ed for more pay भीड़^{F} ने अधिक वेतन के लिए दंगा कर दिया.

rip रिप **I.** *n*^{c}. **1.** (tear) चीर : I saw a ~ in the shirt मैंने कमीज़^{F} में एक चीर देखा; the tyre had a ~ टायर में ≈ था. **2.** (rake) लंपट या दुर्व्यसनी व्यक्ति : I have never seen such a ~ मैंने ऐसा ≈ कभी नहीं देखा. **II.** *v.t.* (-pp-) **1.** फाड़ना, चीरना : she ~ped her saree on the border उसने किनारे पर अपनी साड़ी^{F} फाड़ दी; he ~ped the sack with his knife उसने चाकू से बोरा फाड़ दिया. **2.** (cut) काटना : ~ this branch इस शाखा को काट दो; he ~ped the paper with a knife उसने चाकू से काग़ज़ काट डाला. **3.** (open up) खोलना : he ~ped the box and found a purse उसने संदूक खोला और एक बटुआ पाया; to ~ a wound open घाव चीरकर खोल देना. **III.** *v.i.* फटना : his shirt ~ped when he passed through a fence जब वह जंगले में से गुज़रा तो उसकी कमीज़ फट गई.

R.I.P. (RIP) (may he/she) rest in peace ईश्वर इसकी आत्मा^{F} को शांति प्रदान करे.

ripe राइप *a.* **1.** पका, पक्व, [apple सेब, melon तरबूज, rice धान]; the fruit is ~ फल पका हुआ है; mangoes are not ~ yet आम अभी पके नहीं हैं. **2.** (mature) प्रौढ़, विकसित : ~ person ≈ व्यक्ति; this student is ~ in his mind यह छात्र मानसिक रूप से ≈ है. **3.** (ready) तैयार [crop फसल, plan योजना^{F}]; land ~ for sowing बोने के लिए ≈ भूमि. **4.** ~ age वृद्धावस्था^{F} : ~ scholar पारंगत विद्वान; when the time is ~ जब उपयुक्त समय होगा. [*ant.* raw] **ripen** राइ'पन *v.t.i.* the sun ~s wheat धूप गेहूं को पका देती है; when the walnuts begin to ~ जब अखरोट पकने शुरू होते हैं; wheat ~s in the sun गेहूं धूप में पकता है.

ripple रि'पल **I.** *n*^{c}. **1.** छोटी लहर^F, लहरी^{F} : ~s on a tank तालाब पर की लहरियाँ. **2.** (sound) कलकल : ~ of a stream नाले

की ≈. **II.** *v.t.i.* **1.** लहराना : the water ~d as the boat proceeded जैसे ही नाव^F आगे बढ़ी पानी लहराने लगा; a breeze is rippling the water मंद समीर पानी को लहरा रही थी. **2.** कलकलाना : the brook ~d along नाला कलकल करता बह रहा था.

rise राइज़ **I.** *v.i.* (rose, risen) **1.** उठना, उठ खड़ा होना : the children rose when the teacher came in जब गुरुजी भीतर आए तो बच्चे खड़े हो गए; the aeroplane rose into the air हवाई जहाज़ हवा^F में उठा; he rose from his chair वह अपनी कुर्सी^F पर से उठ खड़ा हुआ. [*ant.* fall] **2.** जागना, उठना : he ~s at eight from his bed वह अपने बिस्तर से आठ बजे उठता है; she rose to welcome the cheif guest मुख्य अतिथि का स्वागत कराने के लिए वह उठी. **3.** to ~ from the dead जी उठना : after getting the medicine he rose up (again) दवा^F खाने के बाद वह जी उठा. **4.** (rebel) विद्रोह करना : they rose against their ruler उन्होंने अपने शासक के विरुद्ध विद्रोह कर दिया. **5.** (adjourn) उठ जाना, बरख़ास्त होना : the meeting rose very soon बैठक शीघ्र ही स्थगित हो गई; the court rose for lunch अदालत^F खाने के लिए उठ गई. उदय होना; उगना : सूर्य अदालत^F खाने के लिए उठ गई. **6.** (of sun etc.) उदय होना, उगना : the sun rose at six o'clock सूर्य छ : बजे उदित हुआ; the moon has not ~n yet चंद्रमा अभी उदित नहीं हुआ है. **7.** the prices are rising कीमतें^F चढ़ रही हैं; the river is rising veoer^F चढ़ रही है. **8.** (increase) बढ़ना : the temperature is rising now अब तापमान बढ़ रहा है; sea level is rising nowadays आजकल समुद्रतल बढ़ रहा है. **9.** (socially) उठना, उन्नति^F करना : I think he will ~ in the future मेरा ख्याल है कि वह भविष्य में उन्नति करेगा. **10.** (to come up) ऊपर उठना : the fish are rising मछलियाँ^F ऊपर उठ रही हैं. **11.** (become stronger). तेज़ होना : storm is rising तूफ़ान तेज़ हो रहा. है. **12.** (originate) निकलना : the Ganga ~s from Gangotri गंगा गंगोत्री से निकलती है. **II.** *n*^u. **1.** (ascent) चढ़ाई, चढ़ाव, आरोहण : the ~ on the mountain is a difficult task पर्वत पर आरोहण एक कठिन काम है. **2.** (socially) उन्नति^F there is a great ~ in his social status सामाजिक स्तर पर उसने बहुत ≈^F की है. **3.** (of gun, movement) उदय : what is the time of the ~ of the sun these days आजकल सूर्योदय का समय क्या है ? **4.** (increase) बढ़ती^F, बढ़ोत्तरी^F : ~ in the cost of living निर्वाह-व्यय में ≈; ~ in prices कीमतों में बढ़ती; ~ in wages मज़दूरी की ≈. **5.** (return to life) पुनरुत्थान. **6.** (upward slope) चढ़ाई^F : a ~ in the road सड़क^F पर की चढ़ाई. **7.** (hill) पहाड़ी ऊँचाई^F : **8.** (origin) उत्पत्ति^F, उद्गम^F : ~ of **9.** ~ and fall उत्थान और पतन; ~ of Mughal dynasty मुग़ल वंश का उत्थान; almost everyone has a ~ and fall in his life लगभग सभी लोगों के जीवन में उतार-चढ़ाव होता है. Δ **to give ~ to** का कारण होना : dearness has given ~ to crime महँगाई^F के कारण अपराध बढ़ा है.

rising राइ'ज़िंग **I.** *a.* **1.** आरोही, चढ़ता : ~ sequence ≈ क्रम; ~ market ≈ बाज़ार (भावों का ऊंचा होना); tell me this in its ~ order मुझे इसे आरोही क्रम में बताओ. **2.** (fig.) उदीयमान [moon चंद्रमा, sun सूर्य]; ~ youth चढ़ती जवानी^F ~ generation नई पीढ़ी^F. **II.** *n*^c. **1.** उठान : till the ~ of the court न्यायालय के उठने तक. **2.** (of sun) उदय : the ~ of the sun is at 6 o'clock today आज सूर्योदय छः बजे है. **3.** (revolt) विद्रोह : there was a ~ against the government in the army सेना^F में सरकार^F के विरुद्ध विद्रोह हो गया था. **4.** (progress) उन्नति^F : much ~ is possible in his business उसके व्यापार में बहुत उन्नति संभव है. **5.** boil फोड़ा, (pimple) फुंसी; the ~ on the skin pains me चमड़ी पर की फुंसी मुझे कष्ट देती है.

risk रिस्क **I.** *n*^c. **1.** जोखिम : he was ready for any ~ वह किसी भी ≈ के लिए तैयार था; take the ~, only then you may seek the path जोखिम उठाओ, तभी तुम रास्ता पा सकते हो; the businessman cannot take ~ व्यापारी ≈ नहीं उठा सकता. **2.** (danger)

ख़तरा : to run the ~ ख़तरा मोल लेना; I do not want to run the ~ मैं ख़तरा मोल नहीं लेना चाहता; he saved the villagers at the ~ of his own life उसने अपने जीवन को ख़तरे में डालकर गाँव वालों की जान[F] बचायी. **3.** दायित्व, ज़िम्मेदारी[F] : at owner's ~ मालिक के ~ पर; I shall do it at my own ~ मैं इसे अपने ≈ पर करूंगा. **II.** *v.t.* **1.** जोखिम उठाना, जोखिम में डालना : he ~ed his life to save a child उसने बच्चे को बचाने के लिए अपनी जान[F] जोखिम में डाल दी; who will ~ his life to save the drowning person डूबते व्यक्ति को बचाने के लिए कौन अपनी जान जोखिम में डालेगा ? **2.** दाँव पर रखना : he ~ed all his property for some big business किसी बड़े व्यवसाय के लिए उसने अपनी पूरी संपत्ति[F] दाँव पर रख दी; he ~ed his honour उसने अपनी प्रतिष्ठा[F] दाँव पर रख दी. **risky** रिस्कि *a.* **1.** जोखिमी, जोखिम भरा [adventure साहस का काम, work काम]; to mound on the Mount Everest is a ~ target माउण्ट एवरेस्ट पर चढ़ना जोखिमभरा लक्ष्य है. **2.** अभद्र, अश्लील [behaviour व्यवहार, story कहानी[F]].

rite राइट *n*[c]. संस्कार, रस्म : funeral ~ अन्त्येष्टि ≈. [*as distinct from* right] **ritual** रि'ट्यूअल **I.** *a.* सांस्कारिक, धार्मिक [dances नृत्य, sacrifices यज्ञ]; ~ ceremonies must be performed धार्मिक अनुष्ठान अवश्य करने चाहिएं. **II.** *n*[c]. धार्मिक कृत्य या अनुष्ठान, कर्मकाण्ड : ~ of marriage वैवाहिक अनुष्ठान; Hindus attach much importance to ~s in worship हिंदू पूजा[F] में धार्मिक ≈ को बहुत महत्व देते हैं.

rival राइ'व़ल **I.** *n*[c]. प्रतिद्वंद्वी, प्रतिस्पर्धी [dangerous ख़तरनाक, prosperous समृद्ध, serious गंभीर/भारी]; Ahmed beat his ~ in the election अहमद ने चुनाव में अपने ≈ को हरा दिया; he beat his nearest ~ by a margin of five hundred votes उसने अपने निकटतम ≈ को पाँच सौ मतों के अंतर से हराया; he is without a ~ वह बेजोड़ है; they are ~s for this prize वे इस पुरस्कार के लिए ≈ हैं. **II.** *v.t.* (-ll-) की बराबरी[F] करना, होड़[F] लगाना : to ~ a person to do the work first किसी से पहले काम करने की होड़ लगाना; one-day cricket match cannot ~ the test match in excitement जोश में एक-दिवसीय क्रिकेट मैच टेस्ट मैच की बराबरी नहीं कर सकता; this city ~s anyone in India यह नगर भारत के किसी नगर से होड़ कर सकता है. **rivalry** राइ'व़लरि *n*[cu]. प्रतिद्वन्द्विता[F], प्रतिस्पर्धा [great बहुत, passionate भावुकतापूर्ण, violent उग्र]; ~ between two teams of football फुटबाल की दो टीमों के बीच ≈; there are great rivalries in politics राजनीति में बहुत प्रतिद्वंद्विता है.

river रि'व़र *n*[c]. नदी[F] [deep गहरी, long लंबी, narrow सँकरी]; in the middle of the two ~s दो नदियों के मध्य में; the ~ is nine hundred kilometres long ≈ नौ सौ किलोमीटर लंबी है; the children are playing on the ~ bank बच्चे नदी के किनारे खेल रहे हैं; to change the course of a ~ नदी का मार्ग बदलना; there was flood in the ~ ≈ में बाढ़[F] थी; they bathed in the ~ उन्होंने ≈ में स्नान किया; there is an island in the ~ ≈ में एक द्वीप में है; down the ~ नदी के बहाव की ओर[F]; up the ~ ≈ के चढ़ाव की ओर.

Rly. =**railway** रेलेवे.

R.M.S. Railway Mail Service रेल डाक सेवा[F].

road रोड *n*[c]. **1.** सड़क[F] [broad चौड़ी, long लंबी]; high ~ बड़ी ≈; राजमार्ग; royal ~ सुगम मार्ग; are you going by rail or by ~ क्या तुम रेल के अथवा सड़क (के) मार्ग से जा रहे हो ? this is the shortest ~ to the station यह स्टेशन जाने की सबसे छोटी ≈ है; cross the ~ carefully ≈ सावधानी[F] से पार करो; know the rules of the ~ ≈ के नियम जानो; the ~ is under repairs ≈ की मरम्मत[F] हो रही है; the two ~s meet at the bridge दोनों सड़कें पुल पर मिलती हैं. **2.** (way, also fig.) रास्ता, मार्ग : I do not know the ~ to the village मैं नहीं जानता कि कौन-सा रास्ता गाँव जाता है; this is the right ~ to reach Ramesh's home रमेश के घर पहुंचने का यह ठीक ≈ है; this ~ will lead you to the field यह ≈ तुम्हें मैदान को

ले जाएगा; this is the ~ to success सफलता^{F} का यही मार्ग है. **3.** (comb). ~ **block** मार्गनिरोध; ~ **metal** गिट्टी^{F}, रोड़ी^{F}; ~ **roller** सड़क कूटने का इंजन; ~ **sense** गाड़ी चलाने की सूझबूझ^F; ~ **way** सड़क; ~ **ways** मोटर-गाड़ियाँ^{F}.

roam रोम *v.t.* भ्रमण करना, घूमना : ~ing ambassador पर्यटक राजदूत; to ~ about the country देहात में भ्रमण करना; he ~ed about the desert वह रेगिस्तान में घूमा; we ~ed around the village हम गाँव में इर्द-गिर्द घूमते फिरे.

roar रॉर **I.** *v.i.* **1.** (of lion etc.) गरजना, दहाड़ना; (of bull) डकारना : the tiger was ~ing शेर दहाड़ रहा था; the storm ~ed तूफ़ान गरजा. **2.** (shout) चिल्लाना : the child ~ed with pain बच्चा दर्द से चिल्लाया. **3.** (~ with laughter) ठहाका लगाना, अट्टहास करना : they all ~ed with joy उन्होंने खुश होकर ठहाका लगाया. **4.** (resound) गूँजना : his voice ~ed in the sky उसकी आवाज़ आकाश में गूंज गई; the plane ~ed past our houses विमान गूँजता हुआ हमारे घरों के ऊपर से निकल गया. **II.** n^c. **1.** गरज^F, दहाड़^{F} : terrible ~ भयंकर ≈; have you ever heard a lion's ~ क्या तुमने कभी शेर की गरज सुनी है ? **2.** चिल्लाहट^F: sharp ~ तेज़ ≈; ~ of the children, crowd बच्चों, भीड़^{F} की ≈. **3.** ठहाका [loud तेज़, slow धीमा]; ~s of laughter in the office कार्यालय में ठहाके. **roaring** रॉ'रिङ्ग **I.** n^u. गर्जन^F, दहाड़े^{F}: you may hear the ~s of the lion from here तुम यहाँ से शेर का ≈ सुन सकते हो. **II.** *a.* **1.** (noisy) ऊधमी, कोलाहलपूर्ण [children बच्चे, student छात्र]. **2.** (brisk) तेज़ : ~ business ≈ व्यवसाय; ~ success भारी सफलता^{F}.

roast रोस्ट **I.** *v.t.* **1.** भूनना : to ~ a chicken on the fire आग पर मुर्ग़ा ≈. **2.** (heat) तपाना, (warm oneself) तापना : he sat over the fire to ~ himself वह स्वयं को तपाने/गरम करने के लिए आग के पास बैठ गया. n^c. भुना हुआ मांस : we had a ~ for dinner yesterday कल हमें खाने पर ≈ मिला; take some more ~ कुछ और ≈ लीजिए.

rob रॉब *v.t.* (-bb-)**1.** लूटना : they ~bed him in the night उन्होंने उसे रात^F में लूट लिया; yesterday the bank was ~bed in the day कल दिन में बैंक लुट गया. **2.** (deprived of) छीनना, से वंचित करना : he was ~bed of his watch by them उन्होंने इसकी घड़ी^{F} छीन ली. **robber** रॉ'बर n^c. लुटेरा [bloody खूनी, cruel क्रूर]; ~s took away all the money from him लुटेरे उससे सारा धन ले गए; the ~s escaped after the loot लुटेरे लूट के बाद निकल भागे; a ~ was caught red-handed by the police एक ≈ पुलिस^F द्वारा रंगे हाथों पकड़ लिया गया. **robbery** रॉ'बरि n^c. लूट^F, लूटपाट^F : he was accused of ~ उस पर ≈ का अभियोग था; he was not involved in the ~ वह ≈ में सम्मिलित नहीं था; they committed ~ on the main road उन्होंने बड़ी सड़क^F पर ≈ की.

robe रोब **I.** n^c. (usu. *pl.*) पद की पोशाक^F [gorgeous शानदार/भड़कीली, red लाल, silken रेशमी]; have you seen the judge's ~s क्या तुमने जज की ≈ देखी है ? to wear the ~ of others दूसरों की पोशाक पहनना. **II.** *v.t.* पोशाक^F पहनना या पहनाना : he cannot ~ himself without a helper वह बिना किसी सहायक के अपनी पोशाक नहीं पहन सकता.

robot रो'बॉट n^c. यंत्रमानव (fig.) यंत्रवत् काम करने वाला : ~ is a mechanical man that can do several household jobs ≈ एक यांत्रिकीय मानव होता है जो कई घरेलू काम कर सकता है.

robust रॅ बस्ट' *a.* हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा, हट्टा-कट्टा : he is a ~ and well-built young man वह ≈ और गठा हुआ नवयुवक है; she looks pale but is actually ~ वह पीली दिखाई देती है लेकिन वास्तव में हृष्ट-पुष्ट है.

rock रॉक **I.** n^c. **1.** चट्टान^F [big बड़ी, hard सख़्त, steep खड़ी]; the castle was built on a ~ यह गढ़ एक चट्टान पर बना था; he sat on the ~ वह ≈ पर बैठ गया; the ship ran on a ~ and was wrecked जहाज़ एक चट्टान से टकराया और टूट-फूट गया; tell me the names of the kinds of rocks मुझे चट्टानों

के प्रकार के नाम बताओ. Δ **he is on the** ~ (i) उनमें काट है; the marriage in on the ~s शादी^F टूटने वाली है. (ii) उसका हाथ तंग है; his business is on the ~ उसका व्यवसाय फ़ेल हो रहा है **2.** (U.S.A., stone) पत्थर : they threw ~s on the police उन्होंने पुलिस^F पर पत्थर फेंके. **II.** *v.i.* झूलना, डोलना : the child was ~ed to sleep बच्चे को झुलाकर सुला दिया गया; when I got into the boat it ~ed जब मैं नाव में चढ़ा तो वह डोल गई; he ~ed from side to side वह एक छोर से दूसरे छोर पर डोलता फिरा. **III.** *v.t.* **1.** डुलाना : the waves ~ed the boats लहरों ने नावों^F को डुला दिया; the Prime Minister's murder ~ed the entire country प्रधानमंत्री की हत्या^F ने सारे देश को डुला दिया. **2.** झुलाना : mother ~ed the child to sleep मां ने बच्चे को झुलाकर सुला दिया. ~**bottom** *n.* निम्नतम स्तर : prices have reached the ~ after the budget बजट के बाद कीमतें^F ≈ तक पहुँच गई हैं.

rocket रॉ'किट **I.** *n*^c. राकेट, प्रक्षेपास्त्र : ~ was launched into the air ≈ हवा में दागा/छोड़ा गया; the ~ lifts an aircraft ≈ विमान को उठाता है; ~ is also a kind of firework ≈ एक प्रकार की आतिशबाज़ी^F भी है. **II.** *v.i.* **1.** राकेट गिराना : the city was ~ed many times शहर पर कई बार राकेट गिराया गया. **2.** (of horse) छलाँग मारकर दौड़ जाना. **3.** (of birds). सीधे ऊपर उड़ जाना. **4.** (of prices) अचानक बहुत बढ़ना : prices have ~ed up दाम बहुत बढ़ गए हैं.

rocking रॉ'किङ्ग *a.* झूलनेवाला [chair कुर्सी^F, horse घोड़ा, stone पत्थर]. **rocky** रॉ'कि *a.* **1.** चट्टानी [plain मैदान, way रास्ता]; ~ hills ≈ पहाड़ियाँ; ~ soil पथरीली मिट्टी^F; ~ part of the hill पहाड़ी^F का ≈ भाग. **2.** (hard) कठोर : those ~ rules will not be successful ये कठोर नियम सफल नहीं हो सकते.

rod रॉड *n*^c. **1.** छड़ : ~ of iron लोहे का ≈; wooden ~ लकड़ी की छड़ी^F; the teacher has a ~ in his hand अध्यापक के हाथ में एक छड़ी थी. Δ **spare the ~ and spoil the child** छड़ी बचाओ और बच्चा बिगाड़ो. **2.** (beating) पिटाई^F : the ~ is not allowed in this school इस विद्यालय में ≈ की आज्ञा^F नहीं है.

rode रोड = past of ride *q.v.*

rogue रोग *n*^c. (bad person) दुर्जन, दुष्ट, बदमाश : don't trust him, he is a ~ इस पर विश्वास मत रखो, यह ≈/ठग है.

role रोल *n.* (in play) भूमिका^F, पार्ट [historical ऐतिहासिक, successful सफल]; Satish played the ~ of Ashoka in the play सतीश ने नाटक में अशोक का पार्ट किया; she had not a good ~ in the picture सिनेमा में उसकी भूमिका अच्छी नहीं थी.

roll रोल **I.** *n.*^c **1.** (thin ~) मुट्ठा; (cylindrical mass) गोल गड्डी^F, गट्ठा: a ~ of cloth; paper कपड़े, काग़ज़ का गट्ठा; a ~ of potato chop आलू की कटान का मुट्ठा. **2.** (of butter) टिकिया^F. **3.** (register) रजिस्टर, पंजी^F: ~ call हाज़िरी^F, उपस्थिति^F; to call the ~ हाज़िरी लेना; to tell the ~ call हाज़िरी बोलना; ~ number क्रमांक. **4.** (list) (usu. capital) तालिका^F: a ~ of candidates उम्मीदवारों की ≈; ~ of honour, सम्मानित व्यक्तियों की ≈; the teacher came with a ~ of successful students अध्यापपक सफल छात्रों की ≈ लेकर आए. **II.** *v.t.* **1.** लुढ़कना : he ~ed down the hill वह पहाड़ी^F पर से लुढ़क गया; the ball ~ed under the table गेंद मेज़ के नीचे लुढ़क गई; tears were ~ing down her cheeks आँसू उसके गालों पर से लुढ़क रहे थे. **2.** (move on wheels) चलना : the train ~ed from the station रेलगाड़ी स्टेशन से चल दी. **3.** (turn from side to side) लोटना : the dog, horse ~s on the ground कुत्ता, घोड़ा ज़मीन पर लोटता है. **4.** (elapse) धीरे बीत जाना : the days will ~ by दिन धीरे-धीरे बीत जाएँगे. **5.** (of stars, planets) घूमना, परिक्रमा^F करना : the planets ~ about the sun ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते हैं. **6.** (sway) झूमना, झूमकर चलना : the ship ~ed into the harbour जहाज़ झूमता हुआ बंदरगाह में आ गया; a drunken man was ~ing एक शराबी झूम रहा था. **7.** (of thunder, etc.) गड़गड़ाना, गरजना : the ~ing clouds will

rain soon गड़गड़ाते बादल शीघ्र ही बरस पड़ेंगे. **II.** *v.t.* **1.** लपेटना : to ~ the wcool into a ball ऊन को लपेटकर गोला बनाना; to ~(up) paper कागज़ लपेटना; ~ the thread round a reel धागा रील में लपेटो. **2.** लुढ़काना, ढुलकाना : ~ your ball to me अपनी गेंद मेरी तरफ़ लुढ़काओ. **3.** गोल करना : ~ up your bed अपना बिस्तर गोल करो. **4.** (move) घुमाना : don't ~ your eyes अपनी आँखें मत घुमाओ. **roller** रो'लर n^c. **1.** (mech.) रोलर [metal धातु^{F} का, stone पत्थर का]; a ~ is used for crushing stone and printing paper ≈ का इस्तेमाल पत्थर का चूरा करने अथवा कागज़ छापने में होता है. **2.** (utensil) बेलना, बेलन, लोढ़ा, बट्टा [heavy भारी, light हल्का]; ~ to make a bread रोटी बनने के लिए बेलन. **rolling** रो'लिङ्ग *a.* लुढ़कता : ~ waves लुढ़कती लहरें^{F}; a ~ stone लुढ़कता पत्थर; ~ stove उठल्लू चूल्हा. Δ **a ~ stone gathers no mass** लुढ़कते पत्थर पर काई^F नहीं जमती; **a ~ stove gets no credit** उठल्लू चूल्हे की कोई साख^F नहीं होती.

romance रो मैन्स' **I.** n^c. **1.** (story) प्रेमकथा^{F}, रोमांस : a ~ about a prince and a fairy एक राजकुमार और अप्सरा^{F} की ≈. **2.** (love-affairs) प्रेम-लीला^{F}, रोमांस : how is your ~ with Jayanti जयंती से तुम्हारा रोमांस कैसा (चल रहा है) ? **3.** (happenings) रोमांचकारी घटनाएँ^{F}: his life is full of ~ उसका जीवन रोमांचकारी घटनाओं से भरा है. **romantic** रॅमैन्'टिक *a.* **1.** रोमानी : he is a man of ~ nature वह ≈ स्वभाव का आदमी है; a ~ love story एक ≈ प्रेम कथा^{F}. **2.** (fictitious) मनगढ़ंत, कल्पित : ~ stories about love and adventures प्रेम और साहसिक खोजों^{F} के बारे में मनगढ़ंत कहानियाँ^{F}. **3.** (unpractical) अव्यावहारिक [ideas विचार, thinking सोच^F]. **4.** (lit.) स्वच्छंद, स्वच्छंदतावादी : ~ poem ≈ कविता^{F}.

roof रूफ़ **I.** n^c. (*pl.* rooves) **1.** छत^F [sloping ढालू, tiled खपड़े की]; the child fell from the roof बच्चा छत पर से गिर पड़ा. **2.** (top) शिखर : to climb upto the ~ of the mountain पर्वत के ≈ के ऊपर तक चढ़ना; ~ of the world सबसे ऊंचा पर्वत, हिमालय. **3.** (of the mouth) तालू. **4.** (house) घर : all of them live under the same ~ वे सब एक ही ≈ में रहते हैं.

room रूम **I.** n^c. **1.** जगह^F, स्थान : there is enough ~ here यहाँ काफ़ी जगह है; we needed more ~ for this furniture इस फ़र्नीचर के लिए हमें और जगह की आवश्यकता^{F} थी; this table takes a little ~ यह मेज़ बहुत कम जगह लेती है; make room for smb किसी के लिए स्थान छोड़ो. **2.** (scope) गुंजाइश^F: there is no ~ for doubt, improvement संदेह सुधार की कोई ≈ नहीं है. **3.** (of house) कमरा [big बड़ा, long लंबा, small छोटा]; this ~ has two windows इस कमरे में दो खिड़कियाँ^{F} हैं; there is much light in the ~ कमरे में बहुत प्रकाश है; there are so many ~s in the house मकान में इतने कमरे हैं; the room is five metres long and four metres wide कमरा पाँच मीटर लंबा और चार मीटर चौड़ा है; we have a six-roomed house हमारे पास छह कमरों का मकान है. **roomy** रू'मि *a.* लंबा-चौड़ा, खुला [conveyance वाहन, house घर/मकान, place स्थान]; the almirah is very ~ अलमारी^{F} बहुत लंबी-चौड़ी है.

rooster रूस'टर n^c. (पालतू) मुर्ग़ा : ~ calls cock-a-doodle do ≈ कुकड़ूं कुड़ँ बोलता है.

root रुट **I.** n^c. **1.** (of plant) जड़^{F}, मूल : the ~s of plants are in the ground पौधों की जड़ें ज़मीन^F में होती हैं; pull the plant by its ~s पौधे को इसकी ≈ समेत खींचो; the plant has taken ~ पौधे में ≈ आ गई है (जाम आयी है); to pull up by the ~ जड़ से उखाड़ देना. **2.** (edible) कंदमूल : the ~ of this plant is eaten इस पौधे का मूलकंद खाया जाता है. **3.** (of teeth, etc.) जड़, मूल : the ~s of your teeth are very week तुम्हारे दाँतों की जड़ें बहुत कमज़ोर हैं. **4.** (source) मूल, जड़ : destroy the dowry system by its ~s दहेजप्रथा को ≈ से नष्ट कर दो; the ~ of the evil बुराई^F की जड़; the ~ cause of all troubles सभी कष्टों का मूल कारण. **5.** वर्गमूल : what is the ~ of 16 सोलह का ≈ क्या है ? **6.** (gram.) धातु :

'proper' is the ~ of 'propriety' 'औचित्य' का मूल 'उचित' है. **II.** *v.t.* (of plant) जड़ पकड़ना : plants are now ~ed पौधों ने अब जड़ पकड़ ली है. Δ ~ **out** जड़ से उखाड़ना, उन्मूलन करना, मिटाना : all the evils were ~ed out from the society समाज से सब बुराइयों[F] का उन्मूलन कर दिया गया. [*as distinct from* route]

rope रोप *n*[c]. **1.** रस्सी[F], रज्जु; ~ dancer रज्जु नर्तक; ~ ladder कमंद; ~ way रज्जुमार्ग; ~ walker जोखिम उठाकर काम करने वाला; tie up your dog with a ~ अपने कुत्ते को ≈ से बाँध दो. **2.** (for hanging) the ~ फाँसी[F] : the murderer was hanged by the ~ हत्यारा फाँसी[F] से/पर लटका दिया गया. **3.** (lasso) कमंद[F], फाँसा : a ~ to catch animals पशुओं को पकड़ने का ≈. **4.** (number of objects on a string) लड़ी[F] : ~ of pearls मोतियों की ≈.

rose रोज़ = past of 'rise' *q.v.*

rose रोज़ **I.** *n*[c]. गुलाब, गुलाबी रंग [fragrant सुगंधित, nice सुंदर]; a bunch of ~s गुलाब के फूलों का गुच्छा; ~ plant गुलाब का पौधा; ~ bed गुलाब की क्यारी[F]; ~ has pricklets गुलाब में छोटे काँटे होते हैं. Δ **bed of ~s** फूलों की सेज[F], सुखमय स्थिति[F] : life is not a bed of ~s जीवन फूलों की सेज नहीं है; **there is no ~ without a thorn** जहाँ फूल वहाँ काँटा, जहाँ सुख वहाँ दुःख. **rosy** रो'ज़ि *a.* [cheeks गुलाबी गाल, lips ओंठ[F]]. **2.** उज्ज्वल [life जीवन, prospects भविष्य]; all things do not look so ~ here यहाँ सब चीजें इतनी ≈ दिखाई नहीं देतीं. **3.** शुभ : ~ symptoms ≈ लक्षण.

rot रॉट **I.** *n*[u]. **1.** (decay) ह्रास, क्षय : this wood is full of ~ इस लकड़ी[F] में भरपूर ≈ हो गया है. **2.** (putrefaction) सड़न[F], सड़ाव, गलन[F] : this medicine cannot control the ~ in his hand यह दवा[F] उसके हाथ की गलन को नहीं रोक सकती; it will surely cause ~ in the chest यह निश्चित रूप से छाती[F] में सड़न उत्पन्न करेगा. **3.** बकवास : don't talk ~ ≈ मत करो; this is all ~ यह सब ≈ है. **II.** *v.t.* (-tt-) **1.** क्षय हो जाना, बिगड़ जाना : too much tea will ~ your stomach इतनी अधिक चाय[F] तुम्हारे पेट को बिगाड़ देगी. **2.** *v.i.* सड़ना, गलना : he is still ~ting in the prison वह अब भी जेल में सड़ रहा है; guavas do not ~ quickly अमरूद जल्दी नहीं सड़ते. your oranges are ~ting तुम्हारे संतरे सड़ रहे हैं.

rotate र'टेट *v.t.i.* **1.** (turn round the axis) घूर्णन करना, चक्कर खाना, घूमना : wheels ~ पहिए घूमते हैं. **2.** (in orbit) परिभ्रमण करना, घूमना, परिक्रमा करना : the earth ~s round the sun पृथ्वी[F] सूर्य के चारों ओर परिभ्रमण करती है (घूमती है). **3.** (recur) बारी-बारी से आना : these things will ~ one by one ये चीजें[F] एक-के-बाद-एक बारी-बारी से आएँगी. **4.** *v.t.* बारी-बारी करके लगाना, हेर-फेर करके लगाना : ~ the crops फसलें[F] हेर-फेर से लगाइए. **rotation** रटे'शन *n*[cu]. **1.** घूर्णन : ~ of wheel round the axle धुरी[F] पर पहिए का ≈. **2.** (in orbit) चक्कर, परिभ्रमण, परिक्रमण[F] : the ~ of the earth in a year एक साल में पृथ्वी का चक्कर या परिक्रमण. **3.** (recurrence) चक्रानुक्रम, चक्रक्रम, आवर्तन : we will answer questions in ~ हम प्रश्नों का उत्तर ≈ से देंगे. **4.** by ~ बारी-बारी से. **5.** ~ of crops फसलों[F] का हेर-फेर

rotten रॉ'टन *a.* **1.** सड़ा, गला हुआ [eggs अंडे, fruit फल, vegetables सब्ज़ियाँ]; mangoes are ~ आम सड़े हैं. **2.** गंदा : what a ~ weather! मौसम कितना गंदा है. **3.** (worthless) निकम्मा, बेकार, रद्दी : ~ fellow ≈ आदमी; he is a ~ servant वह निकम्मा नौकर है.

rouge रूज *n*[u]. (cosmetic) रूज़, सुर्खी : ladies put ~ on their cheeks महिलाएँ[F] अपने गालों पर ≈ लगाती हैं; ~ for colouring lips red ओठ लाल करने के लिए ≈.

rough रफ़ **I.** *a.* **1.** (of surface) खुरदरी, रूखी (सतह[F]) : the surface of this table is ~ to touch इस मेज़ की सतह[F] छूने में ≈ है. [*ant.* smooth] **2.** (of ground, road] ऊबड़-खाबड़, ऊंची-नीची : it is not easy to drive on a ~ road ≈ सड़क[F] पर गाड़ी[F] चलाना आसान नहीं है. **3.** (of food) रूखा : the poor man has to take ~ bread गरीब आदमी को रूखी रोटी खानी पड़ती

है. **4.** (of skin) रूखा^{F} : in winter our skin becomes ~ सर्दियों^{F} में हमारी त्वचा^{F} रूखी हो जाती है. **5.** (of texture) मोटा : this blanket is ~ यह कंबल ≈ है. **6.** (unhusked) अनकूटा : ~ rice ≈ धान. **7.** (stormy) तूफ़ानी : ~ weather ≈ मौसम. **8.** (not calm) अशांत : ~ sea ≈ समुद्र. **9.** (violent) प्रचंड : the rivers were ~ during the rains बरसात^F में नदियाँ^{F} तेज़ थीं. **10.** (unfinished) कच्चा : the drawing was ~ रेखाचित्र ≈ था. **11.** (boisterous) ऊधमी : ~ boy, woman ≈ लड़का, स्त्री^{F}. **12.** (in other contexts) ~ calculation मोटा हिसाब; ~ copy, draft कच्ची नकल^F, कच्चा मसौदा; ~ estimate मोटा-मोटा अनुमान; ~ life सादा जीवन; ~ luck दुर्भाग्य; ~ person अशिष्ट व्यक्ति; ~ time कष्टमय समय; ~ tongue कटु वाणी^{F}; ~ words अशिष्ट भाषा^{F}. Δ **to be ~ with** smb किसी से अभद्र व्यवहार करना. **II.** n^c. **1.** ऊबड़-खाबड़ ज़मीन : you cannot drive your cycle on the ~ तुम ≈ पर अपनी साइकिल^F नहीं चला सकते. **2.** (ruffian) गुण्डा : young ~s created a lot of trouble नवयुवक गुंड़ों ने बहुत गड़बड़ पैदा कर दी. Δ **in the** ~ (i) कच्ची हालत^F में : he left his painting in the ~ उसने अपना चित्र कच्ची हालत^F में छोड़ दिया; (ii) मोटे तौर पर : it may be accepted in the ~ इसे मोटे तौर पर स्वीकार किया जा सकता है. **roughly** रफ़'लि *adv.* **1.** असावधानी^{F} से : do not handle the glass ~ शीशे को ≈ मत बरतो. **2.** अशिष्टतापूर्वक : to treat ~ अशिष्टतापूर्वक व्यवहार करना. **3.** लगभग, मोटे तौर पर : it costs ~ two hundred rupees इसकी कीमत^F ≈ दो सौ रुपया है; the distance is ~ ten kilometres दूरी^{F} ≈ दस किलोमीटर है; ~ speaking मोटे तौर पर.

round राउन्ड **I.** *a.* **1.** (circular) गोल : it is ~ like a ball यह गेंद^F की तरह ≈ है; all the planets are ~ सभी ग्रह ≈ हैं; the earth is not exactly ~ पृथ्वी^{F} ठीक ≈ नहीं है. **2.** (chubby) गोल-मटोल : a child's ~ cheeks बच्चे के ≈ गाल. **3.** (full) पूरा, पूर्ण : ~ number पूरी संख्या^{F}; a round dozen पूरा दर्जन. **4.** (in other contexts) ~ figures ऐसी संख्या जिसके अंत में 0 हो (10, 20, 30); ~ trip मुड़कर वहीं समाप्त करने की यात्रा^{F}. **II.** *adv.* **1.** घूमकर, चक्कर लगाकर, फिर : he will come ~ to the city वह घूमकर फिर शहर आएगा; you should go ~ it तुम्हें घूमकर जाना चाहिए. **2.** all the year ~ साल भर : he worked all the year ~ but failed in the examination उसने सालभर मेहनत^F की लेकिन परीक्षा में असफल हो गया. **III.** *prep.* **1.** के चारों ओर, के आस-पास : to walk ~ the town शहर के चारों ओर घूमना; the children danced ~ the table बच्चे मेज़ के आस-पास नाचे; stand ~ the table मेज़ के आसपास खड़े हो जाओ; a wall ~ the garden बगीचे के चारों ओर एक दीवार^F; the children gathered ~ the fire बच्चे आग के चारों ओर जमा हो गए. **2.** (here and there) इधर-उधर : perhaps he will be ~ the city शायद वह शहर के ≈ होगा. **3.** (किनारे/सीमा) पर : he turned ~ the corner वह कोने पर मुड़ा. **4.** ~ about लगभग : they arrived ~ about 60' clock वे लगभग छः बजे पहुँचे. **5.** ~ the clock चौबीसों घंटे : this shop is open ~ the clock : यह दुकान^F चौबीसों घंटे खुली रहती है. **IV.** n^c. **1.** (round object) गोला : I have a ~ of cheese in my hand मेरे हाथ में पनीर का एक ≈ है. **2.** परिक्रमा^{F}, चक्कर : the yearly ~ of the earth पृथ्वी का वर्ष में एक चक्कर. **3.** घेरा : the children sat in a ~ on the playground बच्चे खेल के मैदान पर घेरे में बैठ गए. **4.** सैर^F का चक्कर : to go for a ~ of the garden बाग की सैर करने (चक्कर लगाने) जाना. **5.** चक्कर, फेरा : the postman is going on his ~ डाकिया फेरा लगाने जा रहा है. **6.** the watchman is making ~s चौकीदार चक्कर/गश्त लगा रहा है. **7.** बारी^{F} : a match of three तीन का मैच . **8.** दौर : a ~ of talks बातचीत का ≈; a ~ of drinks पेय/शराब का ≈. **9.** (turn) घुमाव, मोड़ : this ~ on the road is very dangerous सड़क पर का यह मोड़ बहुत खतरनाक है. **10.** गोली^{F} की बौछार^F : the police fired several ~s पुलिस^F ने कई बार गोलियों की बौछार की. **V.** *v.t.i.* **1.** गोल बनाना : to ~ a figure किसी

आकृति^F को गोल बनाना; ~ your lips अपने ओठों को गोल बनाइए. **2.** (finish) पूरा करना : he could not ~ the work in time and left the train वह काम समय से पूरा न कर सका और रेलगाड़ी^F छोड़ दी. **3.** (turn round) to ~ a corner कोने से मुड़ना. Δ ~ **down** पूरा कर देना : the amount of Rs. 10.75 was ~ed down to Rs. 11 पौने ग्यारह की रकम को पूरे ग्यारह कर दिया गया; ~ **off** पूरा करना, समाप्त करना : they tried their best to ~ off all negotiations उन्होंने सारी बातचीत^F पूरी करने की भरसक कोशिश^F की; ~ **up** (i) एकत्र करना : see ~ down (ii) एकत्र करना : ~ up the cattle जानवरों को एकत्र करो; (iii) गिरफ्तार करना : to ~ the culprits अपराधियों को पकड़ना. **roundness** राउंड'निस *n*^u. गोलाई : ~ of a cricket ball क्रिकेट की गेंद^F की ≈; ~ of smb's face किसी के चेहरे की ≈; the ~ of this arch is defective इस महराब की ≈ त्रुटिपूर्ण है.

rouse राउज़ **I.** *v.t.* **1.** (wake) जगाना : mother ~d me from sleep at 7 A.M. माँ ने मुझे प्रातः सात बजे नींद से जगा दिया. **2.** (raise) उठाना : we will raise the matter in the meeting हम बैठक^F में मामला उठाएँगे. **3.** (excite) उत्तेजित करना, भड़काना, उकसाना : they ~d him for the quarrel उन्होंने उसे झगड़े के लिए उत्तेजित किया; to ~ smb's feelings, like anger किसी की भावनाओं^F जैसे ग़ुस्से को भड़काना. **4.** (startle) चौंकाना : his presence ~d me उसकी उपस्थिति^F ने मुझे चौंका दिया. **II.** *v.i.* (now uncommon) **1.** जागना : I ~d at 6 a.m. मैं सुबह^F छः बजे जाग गया. **2.** क्रियाशील हो जाना : they were all ~d at his arrival वे सभी उसके आने पर सक्रिय हो गए.

rout राउट **I** *n*^c. **1.** (complete defeat) घोर पराजय^F : it was the ~ of the enemy's army for the first time यह पहली बार शत्रु सेना^F की ≈ थी. **2.** (riot) दंगा : the child heard the ~ and cried बच्चे ने ≈ सुना और चिल्ला पड़ा. **II.** *v.t.* **1.** हरा देना : he ~ed his opponent in the first round उसने अपने प्रतिपक्षी को पहले ही दौर में हरा दिया. **2.** तितर-बितर कर देना.

route रूट **I.** *n*^c. मार्ग, रास्ता [long लंबा, shortest सबसे छोटा]; bus ~ बस मार्ग; it is a longer ~ via Saharanpur सहारनपुर के रास्ते का यात्रा-मार्ग कुछ लंबा है; the ~ to Jabalpur is through Satna जबलपुर के लिए ≈ सतना होकर है; this ~ will lead you to the chowk यह मार्ग तुम्हें चौक तक ले जाएगा. en ~ मार्ग में : I will meet him en ~ मैं उससे मार्ग में मिलूँगा. **II.** *v.t.* (के मार्ग से) भेजना : to ~ goods by way of Italy इटली के रास्ते माल भेजना.

routine रूटीन' **I.** *n*^u. नित्यक्रम, नित्यचर्या^F: daily ~ प्रतिदिन का नित्यकर्म, दिनचर्या^F; what is your ~ आपकी दिनचर्या क्या है? you should perform your daily ~ regularly तुम्हें अपनी ≈ नियमित रूप से करनी चाहिए. **II.** *a.* नेमी, नैत्यिक [exercise अभ्यास, work काम]; a ~ medical test ≈ चिकित्सीय परीक्षण.

row रो **I.** *n*^c. **1.** पंक्ति^F, कतार^F [long लंबी, straight सीधी]; a ~ of buttons बटनों की ≈; sit in the first ~ of chairs कुर्सियों^F की पहली पंक्ति में बैठो; reserve for me the second seat in the first ~ पहली पंक्ति में दूसरी सीट^F मेरे लिए सुरक्षित रखो. Δ **in a** ~ लगातार : I saw three pictures in a ~ मैंने लगातार तीन शो देखे; they raised three crops in a ~ उन्होंने लगातार तीन फसलें^F उगाईं. **2.** खेवाई, नौकाविहार : let us go for a ~ हम ≈ के लिए जाएँ. **3.** (commotion) हो-हल्ला, हुल्लड़, ऊधम, उपद्रव : they started a ~ उन्होंने ≈ शुरू कर दिया; the two boys were having a ~ दोनों लड़के झगड़ रहे थे; hearing the ~, all men gathered round the house ≈ सुनकर सभी लोग घर के चारों ओर इकट्ठा हो गए; the teacher could not control the ~ अध्यापक ≈ नियंत्रित न कर सके. **II.** *v.t.* **1.** (a boat) खेना, ले जाना : can you ~ a boat क्या तुम नाव खे सकते हो? they all went to ~ in the river Ganga वे सब गंगा नदी^F में नाव खेने के लिए गए; each boat is ~ed with four oars हर नाव चार चप्पुओं से खेई जाती है. **2.** लड़ना, झगड़ना : "stop ~ing", mother said "≈ बंद करो", माँ ने कहा. **3.** ऊधम मचाना : the

children were ~ing in the classroom बच्चे कक्षा में ऊधम मचा रहे थे.

rowdy रॉउ'डि **I.** *n*^c. गुंडा, हुल्लड़बाज, दंगाई : he is a ~, he will surely harm you वह ≈ है, वह तुम्हें निश्चित रूप से नुकसान पहुँचाएगा. **II.** *a.* ऊधमी, उपद्रवी, दंगाई [neighbour पड़ोसी, person व्यक्ति]; avoid the ~ friends ≈ मित्रों से दूर रहो.

royal रॉयल **I.** *a.* **1.** राजकीय, शाही [family परिवार, place राजमहल, wedding शादी^F]; the ~ army invaded the enemy's capital शाही सेना^F ने शत्रु की राजधानी^F पर आक्रमण कर दिया. **2.** (excellent) शानदार, बढ़िया [feast दावत, reception स्वागत]; he possesses everything ~ उसकी हर चीज़ ≈ है.

R.R. railway receipt बिल्टी^F.

Rs. rupees

R.S.V.P. *repondez s'il vous plait* (please reply) उत्तर देने की कृपा करें.

rt. right

rub रब **I.** *v.t.* (-bb-) मलना, रगड़ना, घिसना : he ~bed his body with a towel उसने अपने शरीर को तौलिए से घिसा/रगड़ा; she ~bed the furniture with cloth उसने कपड़े से फर्नीचर रगड़ा; ~ the table with a duster मेज़ को झाड़न से रगड़ो; ~ one's hands when they are cold जब हाथ ठंडे हों तो उन्हें रगड़ो. **II.** *v.i.* रगड़ खाना : the tyre is ~bing टायर रगड़ खा रहा है. Δ ~ **shoulders with people** लोगों से मिलना-जुलना, लोगों के संपर्क में आना : a gentleman loves to ~ shoulders with all सज्जन आदमी सब लोगों से मिलना-जुलना पसंद करता है; ~ **in** ज़ोर से मलना : ~ in Iodex आयोडेक्स मलो; ~ (up) **the wrong way** चिढ़ाना : the children ~ up the old men wrong बच्चे बूढ़े लोगों को चिढ़ाते हैं; ~ **off** साफ़ करना : ~ off the spot from the shirt कमीज़ से दाग साफ़ करो; ~ off dust from the floor फर्श पर से गर्दा दूर करो; ~ **out** रगड़कर मिटाना : ~ out the wrong words from the letter पत्र से गलत शब्दों को मिटाओ; ~ out the stain on your coat कोट पर से दाग मिटाओ; ~ **up** दोहराना, ताज़ा करना : to ~ up the knowledge of Sanskrit संस्कृत का ज्ञान ताज़ा करना; to ~ **up one's memory** अपनी याद्दाश्त^F ताज़ी करना. **rubber** रॅ'बर *n*^uc. **1.** रबर, रबड़ [artificial कृत्रिम, natural प्राकृतिक, synthetic कृत्रिम, संश्लेषित]; tyres are made of ~ टायर ≈ से बने होते हैं. **2.** रबर, अपमार्जक, मिटाने वाला : rub out the pencil marks with a ~ रबर से पेंसिल के निशान मिटाओ.

rubbish रॅ'बिश *n*^u. **1.** कूड़ा-करकट, काठ-कबाड़ : remove all the ~ from the room कमरे से सब ≈ हटाओ; you should put your ~ in the dustbin तुम्हें अपना कूड़ा कूड़ेदान में डालना चाहिए; burn the ~ ≈ ज़ला दो. **2.** (of a building) मलबा : a heap of ~ मलबे का ढेर. **3.** (nonsense) अण्ड-बण्ड, अनाप-शनाप : don't talk ~ ≈ मत बको; that tale was ~ वह कहानी^F अनाप-शनाप थी.

ruby रू'बि **I.** *a.* गहरालाल : she wore a ~ colour kurta वह गहरे लाल रंग का कुर्ता पहने थी. **II.** *n.*^c माणिक्य [costly कीमती, real असली, synthetic नकली]; ~ is a precious stone of deep red colour ≈ गहरे लाल रंग का एक कीमती पत्थर होता है; she has a ~ in her ring उसकी अंगूठी^F में एक ≈ है.

rude रूड *a.* **1.** (roughly made, in rough state) कच्चा, अपरिष्कृत [instruments उपकरण, plough हल]; the production of metal from the ~ ore कच्चे अयस्क से धातु का उत्पादन. **2.** (not accurate) मोटा : ~ estimate मोटा अनुमान. **3.** (uncivilized) असभ्य [behaviour व्यवहार, language भाषा^F, servant नौकर]; he is a very ~ fellow वह बहुत ही असभ्य व्यक्ति है. [*ant.* polite] **4.** (boorish) गँवार : ~ youngman ≈ नवयुवक. **5.** (dicourteous) अशिष्ट, अभद्र [behaviour व्यवहार, remarks टिप्पणं]; he was very ~ to her वह उसके प्रति बहुत ही अशिष्ट था; he spoke in a deliberately ~ tone उसने जानबूझकर ≈ शब्द बोले; don't be ~ to your uncle अपने चाचा/ताया से अशिष्टता मत बरतो. **6.** ~ voice कर्कश स्वर. **7.** उग्र, प्रचंड, तेज़ : ~

shock ≈ आघात. **8.** (sudden, abrupt) आकस्मिक : her ~ arrival perplexed me उसके ≈ आने से मैं घबरा गया. **rudely** रूड'लि *adv.* **1.** अशिष्टता^F^ से, अभद्रता^F^ से : the boy spoke ~ to his mother लड़का अपनी माँ से ≈ बोला. **2.** (in a ~ way) अनगढ़ ढंग से : ~ made almirah ≈ बनी अलमारी^F^. **3.** (suddenly) अचानक; I was ~ recalled मुझे ≈ वापस बुला लिया गया.

rudiment रू'डिमेन्ट *n.*^c^ (usu. *pl.*) **1.** मूल सिद्धान्त : ~s of grammar व्याकरण के ≈ . **2.** प्रारंभिक ज्ञान : I could not learn even the ~s of music मैं संगीत का ≈ भी न सीख सका. **3.** प्रारंभिक अवस्था^F^ : some ~s of civilization are surely found even among the Eskimos सभ्यता^F^ की कुछ प्रारंभिक अवस्थाएँ निश्चित रूप से इस्कीमो लोगों में भी पाई जाती हैं.

ruffian र'फ्यून *n.*^c^ गुंडा, बदमाश : a band of ruffians गुंडों का गिरोह; a ~ can commit any crime ≈ कोई भी अपराध कर सकता है; a ~ is a lawless brutal person ≈ एक उच्छृंखल क्रूर व्यक्ति होता है; a ~ snatched her chain किसी गुंडे ने उसकी चेन^F^ छीन ली.

ruffle र'फ़ल **I.** *v.t.i.* **1.** (wrinkle) शिकन पड़ना : now her face is ~d अब उसके चेहरे पर शिकन पड़ गई है. **2.** (ripple) लहरें पैदा करना, लहराना : she ~d her hair in the air उसने हवा^F^ में अपने बाल लहराए, **3.** the bird ~d its feathers पक्षी ने अपने पंख फड़फड़ाए, **4.** (annoy) चिढ़ाना : all the students ~ the peon सब लड़के चपरासी को चिढ़ाते हैं; he ~s very easily वह झट् चिढ़ जाता है. **5.** (shuffle) फेंटना : to ~ playcards ताश^F^ फेंटना. **II.** *n*^c^. **1.** (wrinkle) शिकन^F^ : ~s on the face चेहरे पर शिकनें. **2.** (trimming) झालर : one of my curtains has a ~ around it मेरे एक पर्दे के किनारों पर झालर है. **3.** (irritation) चिढ़^F^ : she feels a ~ उसे चिढ़ होती है.

rug रग *n*^c^. ग़लीचा, कालीन [small छोटा, thick मोटा, woollen ऊनी]; put a ~ on the floor फ़र्श पर एक ≈ रखो; I have a costly ~ मेरे पास एक कीमती कालीन है. Δ **to pull the ~ (out) from smth** किसी को भरोसा देना बंद कर देना.

rugby रग्बाइ *n*^u^. रगबी (फुटबाल) : ~ is a form of football ≈ फुटबाल का एक रूप है; ~ is played by two teams of 13 to 15 players ≈ 13 या 15 खिलाड़ियों की टीम^F^ से खेला जाता है; ~ ball is oval in shape ≈ गेंद^F^ आकृति^F^ में अंडाकार होती है.

rugged र'गिड *a.* **1.** (of ground) ऊबड़-खाबड़ ऊंचा-नीचा, असम [coast किनारा, ground ज़मीन^F^, hill पहाड़ी^F^, road सड़क^F^]; the land was very ~ and he could not catch the thief ज़मीन बहुत ही ऊबड़-खाबड़ थी और वह चोर को पकड़ न सका. **2.** बेडौल, भद्दा [face चेहरा, features चेहरा-मोहरा/नैन-नक्श]; his house looks ~ उसका घर भद्दा दिखता है. **3.** (wrinkled) झुर्रीदार, शिकनदार [cloth कपड़ा, face चेहरा]. **4.** (unpolished) अपरिष्कृत, अनगढ़ : this is the ~ form of the article यह उसके लेख का ≈ रूप है. **5.** (difficult) कठिन : ~ times ≈ समय. **6.** (harsh) कठोर, कड़ा : ~ life ≈ जीवन; he is ~ but helpful वह कठोर तो है लेकिन है सहायता^F^ करनेवाला. **7.** (of manners) रूखा, अशिष्ट, अभद्र : such a ~ behaviour will harm you इस प्रकार का ≈ व्यवहार तुम्हें नुकसान पहुँचाएगा. **8.** (stormy) तूफ़ानी : ~ weather ≈ मौसम.

ruin रू'इन **I.** *n.*^u^ **1.** (destruction) विनाश, विध्वंस, तबाही^F^ : this storm will cause great ~ to our crops यह तूफान हमारी फ़सलों^F^ पर भारी ≈ लाएगा; the earthquake caused ~ to the city भूकंप ने शहर में बड़ी तबाही ला दी; gambling was his ~ जुआ उसके विनाश का कारण था; to bring smth to ~ किसी चीज़ को तबाह कर देना. **2.** (moral) पतन : his reputation came to ~ उसकी प्रसिद्धि^F^ ≈ को प्राप्त हुई. **3.** (*pl.*) (a ruined building) खण्डहर (ancient प्राचीन, famous प्रसिद्ध); after the earthquake only ~s could be seen भूकंप के बाद केवल ≈ देखे जा सकते थे; under the ~s खंडहरों के नीचे. **4.** (*pl.*) भग्नावशेष, ध्वंसावशेष : ~s of the epic period महाकाव्य-कालीन ≈. **II.** *v.t.* **1.** (destroy) नष्ट/बरबाद करना : the hails will ~ the crop ओले फसल^F^ को बरबाद कर देंगे; ambition has ~ed this

man महत्वाकांक्षा^{F} ने इस आदमी को बरबाद कर दिया है; he ~ed himself by gambling उसने जुआ खेलकर स्वयं को बरबाद कर लिया. **2.** (spoil) बिगाड़ देना : he has ~ed his health उसने अपना स्वास्थ्य बिगाड़ दिया है.

rule रूल **I.** *n.*^{c} **1.** नियम (general सामान्य, standing स्थायी); ~s and regulations नियम-विनियम; follow the ~s of the road सड़क के नियमों का पालन करो; don't try to break the ~s, you will be punished नियम तोड़ने का प्रयास मत करो, दण्डित किए जाओगे; as a general ~ सामान्यतया; it is against the ~s यह नियमों के विरुद्ध है. **2.** (*pl.*) नियमावली^{F} : he has a book of ~s about succession उत्तराधिकार के बारे में नियमावली की एक किताब उसके पास है. **3.** (normal state of things) नियम-विधान, दस्तूर : do it according to the ~s इसे विधान के अनुसार करो; he made it a ~ to go on a walk every morning प्रत्येक सुबह^{F} घूमने जाने का उसने ≈ बना लिया; he made it a ~ never to go to bed late कभी देर से बिस्तर पर (सोने) न जाने का उसने ≈ बना लिया. **4.** (government) शासन : India under foreign ~ विदेशी शासन के अधीन भारत. **5.** शासन-काल : during the ~ of Aurangzeb औरंगज़ेब के ≈ में. **6.** (ruler) पटरी^{F}, रूलर : a ~ is to draw a line ≈ लाइन^{F} खींचने के लिए होता है; the student lost his ~ छात्र ने अपनी ≈ खो दी. **7.** (law) आदेश : the court directed them to obey the ~ न्यायालय ने उन्हें ≈ के पालन करने का निर्देश दिया. **II.** *v.t.* **1.** (govern) शासन करना, राज्य करना : the majority party will ~ the country बहुमत पार्टी^{F} देश पर शासन करेगी; he ~d for over five years उसने पाँच वर्ष से ज्यादा शासन किया. **2.** (control) नियंत्रित करना : police could not ~ the crowd पुलिस भीड़^{F} को नियंत्रित न कर सकी. **3.** (influence) प्रभावित करना, पर प्रभाव डालना : she is ~d by sentiments वह भावुकता^{F} से प्रभावित होती है. **4.** (settle by decree) का निर्णय करना : the court ~d the case in his favour न्यायालय ने मुकदमे का निर्णय उसके पक्ष में किया. Δ ~ **out** से इंकार करना : we cannot ~ out the possibility of his coming late हम उसके विलंब से आने की संभावना^{F} से इंकार नहीं कर सकते. **ruler** रू'लर *n*^{c}. **1.** शासक (great महान्, liberal उदार, mighty शक्तिशाली, popular लोकप्रिय); he was the ~ of the country वह उस देश का शासक था; the cruel ~ was killed by the public निर्दयी शासक को जनता^{F} ने मार डाला. **2.** रूलर, पटरी^{F}: the wooden ~ for drawing lines रेखा खींचने की लकड़ी^{F} की ≈; I have a 30 centimetres ~ मेरे पास 30 सेंटीमीटर वाली ≈ है. **ruling** रू'लिङ्ग **I.** *a.* **1.** शासक, शासन करने वाला (class वर्ग, party दल); ~ clique सत्ताधारी गुट. **2.** (predominant) प्रबल, प्रभावी : ~ passion ≈ वासना^{F}. **3.** (prevalent) प्रचलित (custom रीतिरिवाज, events घटनाएँ^{F}). **II.** *n*^{c}. (decision) निर्णय, व्यवस्था^{F} : the speaker made several ~s on such matters ऐसे मामलों पर अध्यक्ष ने कई व्यवस्थाएँ दीं; the judge gave his ~ on this case जज ने इस मुकदमे में अपना निर्णय दे दिया; the president gave the ~ that it was lawful अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि यह विधि-सम्मत है.

rumbling रम्'ब्लिङ्ग *n*^{c}. **1.** बड़बड़ाहट^{F} : ~s of discontent असंतोषसूचक ≈; there has been a lot of ~ in the office today आज कार्यालय में बहुत ≈ रही है. **2.** गड़गड़ाहट^{F} : ~ of guns, clouds, lightning बंदूकों^{F}, बादलों, बिजली^{F} की ≈.

rumour रू'मर **I.** *n*^{c}. किंवदंती^{F}, अफ़वाह^{F} (bad ख़राब, grievous गंभीर, vexatious चिंताजनक); he spread the ~ उसने अफ़वाह फैलाई; the ~ spread very soon that he failed in the examination अफ़वाह बहुत जल्दी फ़ैली कि वह फ़ेल हो गया; ~ has it that the minister is going to marry again अफ़वाह है कि मंत्रीजी फिर शादी^{F} करने जा रहे हैं. **II.** *v.t.* (usu. passive) अफ़वाह उड़ाना : it was ~ed yesterday यह अफ़वाह कल उड़ाई गई थी; you are ~ed to be the author of this satirical poem तुम्हारी व्यंगात्मक कविता लिखने की अफ़वाह उड़ाई गई है.

run रन I. *v.i.* (*p.* ran; *pp.* run *pr.p.* running) **1.** दौड़ना : he ~s fast वह तेज़ दौड़ता है; the boy ran to help a girl लड़का एक लड़की की सहायता[F] करने दौड़ा; he cannot ~ वह दौड़ नहीं सकता; (fig.) an idea ran through my mind मेरे मन में एक विचार दौड़ गया. **2.** चलना : no trains are ~ning today आज कोई गाड़ियाँ नहीं चल रहीं; do any buses ~ from here to Shimla कोई बसें[F] यहाँ से शिमला तक चलती हैं क्या ? this play will ~ for several weeks यह खेल/नाटक कई हफ्ते चलेगा; the film has been ~ning since 1st January पिक्चर[F] पहली जनवरी से चल रही है; he ran into the room वह (तेज़ी-से) कमरे के अंदर चला गया; the story ~s like this कहानी[F] इस तरह चलती है; this road ~s to the sea यह सड़क समुद्र की तरफ[F] जाती है; he ~s a shop in the village वह गाँव में दुकान[F] चलाता है; the management ~s a school प्रबंधन एक विद्यालय चलाता है; we washed clothes in ~ning water हमने चलते पानी में कपड़े धोए. **3.** (flow) बहना : tears ran down her cheeks आँसू उसके गालों के नीचे तक बह गए; his nose is ~ning उसकी नाक[F] बह रही है; the tap is still ~ning नलका अब भी बह रहा है. **4.** she ran her hand on the child's face उसने बच्चे के मुखड़े पर हाथ फेरा. **5.** (melt) पिघलना : the butter will ~ near the fire आग के पास मक्खन पिघल जाएगा. **6.** (to go) I'll ~ across to his house to fetch some sugar थोड़ी-सी चीनी[F] लाने के लिए मैं उसके घर चली जाऊँगी. **7.** (elapse) बीत जाना : time is ~ning fast समय जल्दी बीत रहा है. **8.** मुकाबला करना : he is going to ~ against Rao वह राव का मुकाबला करनेवाला है; he is ~ning for secretaryship वह सचिव पद के लिए खड़ा हो रहा है. **9.** (spread) the rumour ran through the city अफवाह नगर में फैल गई. **10.** to ~ into debt ऋणग्रस्त हो जाना . **11.** ~ the risk ख़तरा मोल लेना[F] : none was ready to ~ the risk कोई भी खतरा मोल लेने को तैयार नहीं था. **12.** ~ high बढ़ना, बढ़ जाना : the river soon ran high नदी[F] शीघ्र ही बढ़ गई. **13.** ~ short of कम रह जाना : I am ~ning short of money मेरे पास पैसा कम हो रहा है. **14.** ~ dry सूख जाना : almost all the small rivers ~ dry in summer लगभग सभी नदियाँ गर्मियों[F] में सूख जाती हैं. Δ (phrases) **~ about** इधर-उधर दौड़धूप करना : children are ~ning about all over the street सारी गली[F] में बच्चे इधर-उधर दौड़धूप कर रहे हैं; **~ across** अचानक मुलाकात[F] हो जाना, संयोग से मिल जाना : while going to the market he ran across his friend बाज़ार जाते समय वह अचानक अपने मित्र से मिल गया; **~after** (chase) के पीछे पड़ा रहना, पीछा करना : he ~s after women वह औरतों के पीछे पड़ा रहता है; **~at** (attack) टूट पड़ना, आक्रमण करना : the dog ran at the boy कुत्ता लड़के पर टूट पड़ा; ~away (escape) भाग जाना : the boy ran away from the playground लड़का खेल के मैदान से भाग गया **~ away with** चुरा ले जाना, भगा ले जाना : the boy ran away with a girl लड़का एक लड़की[F] को भगा ले गया; **~ down** (i) गिर जाना : his health has ~ down उसका स्वास्थ्य गिर गया है; (ii) बंद हो जाना : the clock has ~ down घड़ी[F] बंद हो गई है; (iii) गिरा देना : he ran down an old lady when she was crossing the road उसने एक बूढ़ी औरत[F] को गिरा दिया जबकि वह सड़क पार कर रही थी; **~ for** उम्मीदवार होना : to ~ for Mayorship मेयर पद का ≈; **~ in** भिड़ जाना : both the cars ran in दोनों कारें[F] भिड़ गईं; **~ into** (i) (collide) से टकराना : the car ran into a tree कार एक पेड़ से टकरा गई; (ii) संयोग से मुलाकात हो जाना : I ran into him at the library संयोग से पुस्तकालय में उससे मेरी मुलाकात हो गई; ~off भाग जाना : when he saw the police, he ran off जब उसने पुलिस[F] को देखा तो भाग गया; **~out** समाप्त हो जाना : sugar is ~ing out of the store गोदाम में चीनी[F] समाप्त हो रही है; their food has ~ out उनका भोजन समाप्त हो गया है; **~over** (i) के ऊपर से निकल जाना : the car ran over a dog कार[F] एक कुत्ते के ऊपर से निकल गई; the boy was ~ over by a truck लड़के के ऊपर से एक ट्रक निकल गया; (ii) सरसरी दृष्टि से देखना या पढ़ना : please

~ over some pages of this book कृपया इस किताब के कुछ पन्नों का सिंहावलोकन कर लीजिए; ~ **through** सरसरी तौर पर देख जाना; ~**up** (तेज़ी से) बढ़ना, तक बढ़ जाना : they ran up to catch the train वे रेलगाड़ी^F पकड़ने के लिए (तेज़ी से) बढ़े. **II.** *v.t.* चलाना : to ~ a machine मशीन ≈; everything is ~ning well सब कुछ ठीक चल रहा है; do you ~ the bus by mobil oil क्या तुम मोबिल आइल से बस चलाते हो? they are ~ning special trains for Magh Mela वे माघ मेले के लिए विशेष गाड़ियाँ^F चला रहे हैं; can she ~your home क्या वह तुम्हारा घर चला सकती है? who is ~ning the country देश को कौन चला रहा है? he ~s a hotel वह एक होटल चलाता है. **III.** *n*^c. **1.** दौड़^F, धावन (long लंबी, short छोटी); to have a ~ by a bicycle साइकिल से ≈ लगाना; he could not win the ~ and lost to his friend वह दौड़ न जीत सका और अपने मित्र से हार गया; the station is only 10 minutes ~ स्टेशन केवल दस मिनट की ≈ पर है. **2.** (cricket) रन : the captain made a hundred runs कप्तान ने एक सौ रन बनाए; he took a quick single ~ उसने तेज़ी से एक रन बना लिया; who made the highest ~s सबसे ज़्यादा ≈ किसने बनाए? **3.** (demand) (बड़ी) माँग^F : there has been a great ~ on/for kerosene oil मिट्टी के तेल के लिए बड़ी मांग^F रही है. **4.** यात्रा^F: this time the ~ will not be easy इस बार ≈ आसान न होगी; we had gone for a ~ by car हम कार^F से ≈ करने गए. **5.** (channel) मार्ग : the ~ of the river नदी^F का मार्ग. Δ **in the long** ~ अंत में, आख़िरकार, अंततोगत्वा : he succeeded in the long ~ ≈ वह सफल हो गया.

rung = past participle of ring *q.v.*

rung रंग *n*^c. (सीढ़ी^F का) डंडा : ~ of a ladder सीढ़ी का ≈. (fig.) topmost ~ of the ladder उच्चतम पद.

runner र'नर *n*^c. **1.** दौड़ाक, धावक [fast तेज़, strong तगड़ा]; this ~ ran a mile only यह ≈ केवल एक मील दौड़ा; there were eight ~s in the race दौड़^F में आठ ≈ थे. **2.** (messenger) हरकारा : there were ~s to carry news समाचार पहुँचाने के लिए हरकारे होते थे. **running** र'निङ्ग **I.** *n.* **1.** धावन, दौड़^F : he practised ~ every morning वह प्रत्येक सुबह^F ≈ (लगाने) का अभ्यास करता था. **2.** चालन, परिचालन : ~ of a business व्यवसाय का. Δ he is in the ~ उसके जीतने की संभावना^F है; **he is out of** ~ उसके जीतने की संभावना^F नहीं है. **II.** *a.* **1.** ~ shoes दौड़ने वाले जूते. **2.** (flowing) बहता, बहने वाला : ~ water बहता पानी. **3.** (in operation, in progress) चलता, चालू : ~ account चालू खाता; machine in ~ order चालू हालत^F में मशीन^F; ~ commentary चल विवरण; ~cost परिचालन व्यय. **4.** (continuous) निरंतर, लगातार : ~ fight with her husband पति के साथ ≈ लड़ाई. **5.** ~ hand घसीट लिखाई^F.

rupee रू पी' *n*^c. रुपया : a ~ has 100 paisas एक रुपए में सौ पैसे होते हैं; I bought this book for a hundred ~s मैंने इस किताब को सौ रुपए में खरीदा.

rural रूअ'रल *a.* **1.** ग्रामीण, देहाती [cottage कुटिया^F, custom रीतिरिवाज, dances नृत्य, life जीवन, occupation व्यवसाय, scenery दृश्य]; ~ population of India is still largely illiterate भारत की अधिकांश ग्रामीण जनता^F अब भी निरक्षर हैं; ~ things do not gather much importance ग्रामीण चीज़ें अधिक महत्व नहीं पाती हैं. [*ant.* urban] **2.** (agricu.) कृषि-संबंधी [occupations काम, work कार्य].

rush रॅश **I.** *n*^u. **1.** (*a* rushing) भीड़-भाड़^F, रेल-पेल^F : there is ~ in the lane to the market बाज़ार वाली गली में ≈ है. **2.** (hurry) हड़बड़ी^F : modern life is full of ~ वर्तमान जीवन में हड़बड़ी-ही-हड़बड़ी है. **3.** (onslaught) झपट, धावा : the intoxicated youth made a ~ at the girl मदोन्मत्त युवक लड़की^F पर झपटा. **4.** (demand) बड़ी माँग : there is great ~ for sugar these days इन दिनों चीनी^F की बहुत माँग^F है. **II.** *v.t.* **1.** (dash) झपटना, पिल पड़ना : to ~ upon the enemy शत्रु पर झपटना. **2.** वेग से चलना : he ~ed into the room वह कमरे में वेग से

घुस गया; don't ~ wildly बेतहाशा न झपटो. **3.** चला जाना या घुस पड़ना : the patient ~ed to the hospital रोगी हड़बड़ाकर अस्पताल चला गया. **4.** झटपट कर डालना : he ~ed the work without any difficulty उसने बिना कठिनाई के काम कर डाला. **5.** (charge) झपटना : he ~ed at the enemy वह शत्रु पर झपट पड़ा. **6.** तेज़ी से बहना, फैल जाना : the water ~ed into the whole field and the play was not possible पानी पूरे मैदान में फैल गया और खेल संभव नहीं था. **7.** to ~ in, to ~ through जल्दी-जल्दी करना : to ~ the bill through the House सदन में जल्दी-जल्दी बिल पास करा देना.

rust रस्ट **I.** *n.* (no *pl.*) ज़ंग, मोरचा : ~ has formed on the iron gate लोहे के दरवाज़े में मोरचा लग गया है. **II.** *v.t.* **1.** ज़ंग लगना : iron ~s easily लोहे में ज़ंग जल्दी लगता है. **2.** बेकार हो जाना : the old man has ~ed बूढ़ा बेकार हो गया है; the mind is ~ed by idleness आलस्य से मन बेकार होता है.

rustic रस्'टिक **I.** *a.* **1.** देहाती, ग्रामीण, गँवारू (life जीवन, people लोग, person व्यक्ति, work काम); ~ customs are very peculiar ~ रस्म-रिवाज बड़े अजीब होते हैं. **2.** (unsophisticated) सीधा-सादा : ~ farmer ≈ किसान; ~ fellows talk direct सीधे-सादे लोग सीधी बातें[F] करते हैं. **3.** (of rude workmanship) कच्चा, अनगढ़ : this is ~ work, indeed यह सचमुच अभी ≈ काम है. **II.** *n*[c]. देहाती, ग्रामवासी : he is a pure ~ वह शुद्ध देहाती है. **rusticate** रॅस्'टिकेट *v.t.* अस्थायी रूप से निकाल देना : a student was ~ed for two years for cheating एक छात्र धोखा-धड़ी करने पर दो साल के लिए निकाल दिया गया.

rustle र'सल **I.** *v.i.* **1.** खड़खड़ाना : dry leaves were rustling on the tree पेड़ पर पत्ते खड़खड़ा रहे थे. **2.** साँय-साँय करना : the wind ~s हवा[F] साँय-साँय करती है. **II.** *n*[u]. सरसराहट[F], खड़खड़ाहट[F] : ~ of paper, leaves काग़ज़ पत्तों की ≈.

rusty रस्'टि *a.* **1.** ज़ंग लगा हुआ, मोरचेदार [nail कील, sword तलवार]; my knife became ~ मेरे चाकू में ज़ंग लग गया. **2.** (antiquated) पुराना : his ideas are ~ उसके विचार पुराने पड़ गए हैं. **3.** ~ voice कर्कश स्वर, फटी-फटी आवाज़. **4.** (impaired) थका-मांदा : such a ~ fellow can do nothing इतना ≈ आदमी कुछ नहीं कर सकता.

scoff स्कॉफ़ **I.** *n.* (usu. *pl.*) **1.** (taunt) ताना : to bear ~s from a mother-in-law सास का ≈ सहना. **2.** (object of ~) उपहास-पात्र : to be the common ~ of all सभी लोगों का सामान्य ≈ होना; superstitions have been the ~ of the scientists अंधविश्वास वैज्ञानिकों में उपहास बन रहे हैं. **II.** *v.i.* पर ताना मारना, का उपहास करना, (की) हँसी[F] उड़ाना : to ~ **at** religion धर्म की हँसी उड़ाना; he is interested in ~ing someone's efforts किसी के प्रयासों की खिल्ली उड़ाने में उसे दिलचस्पी[F] है.

scold स्कोल्ड **I.** *v.t.* डाँटना, झिड़कना : mother ~ed the child for some mischief माँ ने बच्चे को किसी शरारत[F] पर डाँटा; she is always seen ~ing them वह सदा उन्हें डाँटती देखी गई है. **II.** n^c. कर्कशा/कलहनी स्त्री : a ~ is not liked by people ≈ को लोग अच्छा नहीं समझते.

scoop स्कूप **I.** n^c. **1.** (ladle) कलछी[F], कलछा : kitchen ~ for sugar चीनी[F] के लिए रसोई का कलछा. **2.** (big spoon) कलछा, बड़ा चम्मच : two ~s of ice-cream दो ≈ आइसक्रीम[F], (shovel) बेलचा : ~ for digging खोदने के लिए ≈; have a ~ and throw the rubbish out बेलचा लो और कूड़ा बाहर फेंक दो. **3.** (profit) तगड़ा मुनाफ़ा : you may get a good ~ from this business इस व्यापार से तुम ≈ पा सकते हो. **4.** (new) अनूठी ख़बर[F] : the *Express* usually publishes some ~s एक्सप्रेस में प्रायः अनूठी खबरें प्रकाशित होती रहती हैं. **II.** *v.t.* **1.** निकाल लेना : ~ some sugar out of the bag बैग से थोड़ी चीनी[F] निकालना; she ~ed (up) flour from the tin उसने कनस्तर से आटा निकाला. **2.** उलीचकर निकालना : to ~ mud from the pond तालाब से कीचड़ ≈. **3.** (hollow out) खोखला या पोला बनाना, खोदना : to ~ out a hole in a kachcha wall कच्ची दीवार[F] में सूराख़ करके खोखला बनाना.

scooter स्कू'टर n^c. स्कूटर : ~ is a small motor-cycle ≈ छोटा-सा मोटर साइकिल होता है; ~s have now taken the place of bicycles स्कूटरों ने अब साइकिलों का स्थान ले लिया है; ~ is driven by petrol स्कूटर पेट्रोल से चलता है.

scope स्कोप *n.* **1.** (subject) विषयक्षेत्र [big

बड़ा, wide विस्तृत]; politics is outside the ~ of my study राजनीति[F] मेरे अध्ययन के बाहर का ≈ है. **2.** (capacity) पहुँच : I cannot do so, it is beyond my ~ मैं इसे नहीं कर सकता, यह मेरी पहुँच[F] के बाहर है. **3.** (opportunity) गुँजाइश[F] : there is not much ~ in this business इस व्यवसाय में कोई बहुत ≈ नहीं है. **4.** (range) मार[F] : the ~ of the missile is above one thousand kms प्रक्षेपास्त्र की मार[F] एक हज़ार किमी. से ज़्यादा है.

scorch स्कॉर्च *v.t.i.* **1.** झुलसाना, (*v.i.*) झुलसना : her skin was ~ed in the sun धूप[F] में उसकी त्वचा[F]/चमड़ी[F] झुलस गई; the washerman ~ed my shirt while ironing इस्तरी[F]/लोहा करते-करते धोबी ने मेरी कमीज़[F] झुलसा दी; the hot sun ~ed her face and neck गर्म धूप[F] ने उसके चेहरे और गले को झुलसा दिया; if you leave your shoes so near the fire they will be ~ed यदि तुम अपने जूते आग[F] के इतना नज़दीक रखोगे तो वे झुलस जाएँगे; the crops ~ed in the sun फ़सलें[F] धूप[F] में झुलस गईं. **2.** (burn and destroy) जलाकर उजाड़ना : they ~ed the small huts on the roadside उन्होंने सड़क[F] के किनारे छोटी झोपड़ियों[F] को जलाकर उजाड़ दिया; meat may ~ on the fire आग पर मांस जलकर खराब हो जाए. **scorching** स्कॉर्'चिङ्ग *a.* झुलसाने वाला [day दिन, heat गर्मी[F]].

score स्कॉर **I.** *n*[c]. **1.** (scratch) खरोंच[F] : he made a ~ on the table उसने मेज़ पर ≈ लगा दी; he had some ~s of a whip on his back उसकी पीठ[F] पर चाबुक की ≈ के कुछ निशान थे; he drew a ~ on the bottom of the pot उसने बर्तन के पेंदे में एक ≈ लगाई; ~ on one's skin किसी की चमड़ी पर ≈. **2.** (account) हिसाब : heavy ~ बड़ा ≈; to pay one's ~ ≈ चुकता करना. Δ **to pay off old ~s** पुराना बदला चुकाना. **3.** (in cricket) स्कोर : the ~ of India was 250 runs against 215 in the first innings पहली पारी[F] में 215 रन के जवाब में भारत का 250 रन का ≈ था; we could not equal the ~ made by Australia हम आस्ट्रेलिया से ≈ बराबर न कर सके. **4.** (twenty) कोड़ी, बीस : they came in ~s to meet me वे बीसों की संख्या[F] में मुझसे मिलने आए; ~s of people बीसियों लोग; two ~s and one 2×20+1 इकतालीस. **5.** (point) प्राप्तांक (in play, examination) : he made a good ~ उसने अच्छे अंक प्राप्त किए; to keep the ~ अंक लिखना; what is your ~ in the examination this year इस साल परीक्षा[F] में तुम्हारे प्राप्तांक कितने हैं? they won by a ~ of two to one वे एक के मुकाबले दो अंक से जीत गए; now he is getting more ~s than her उसकी अपेक्षा इसे अब अधिक अंक मिल रहे हैं. **6.** (reason) हेतु, कारण : he was rejected on the ~ of insanity उसे पागलपन के कारण हटा दिया गया था. Δ **to settle ~ with smb** किसी से बदला निकालना. **II.** *v.t.* **1.** खरोंचना, खुरचना : the student ~d the desk with his knife विद्यार्थी ने चाकू से डेस्क खरोंचा; he ~d a line on the glass उसने गिलास पर एक रेखा[F] खरोंची. **2.** (keep account) हिसाब रखना; हिसाब में चढ़ाना : have you ~d correctly क्या तुमने सही हिसाब कर रखा है. **3.** (cancel) काटना : to ~ out a word or two in a sentence वाक्य में एक-दो शब्द काट देना. **4.** (in game) अंक बनाना; रन बनाना : to ~ a goal गोल करना; Tendulkar ~d two hundred runs in the first innings तेंदुलकर ने पहली पारी[F] में दो सौ रन बनाए; he failed to ~ वह कोई अंक नहीं बना पाया. **5.** (underline) रेखांकित करना : to ~ under नीचे रेखा लगाना. **6.** (criticize) आलोचना[F] करना, बुरा-भला कहना : ~ severely कड़ाई[F] से ≈; he was ~d by the public for his evil remarks जनता[F] ने उसको दुष्ट टिप्पणी के कारण बुरा-भला कहा.

scorn स्कॉर्न **I.** *n*[u]. **1.** (feeling) घृणा[F], तिरस्कार, अश्रद्धा[F] [bitter कड़ी, deep गहरी]; to treat a person with ~ किसी व्यक्ति से अश्रद्धापूर्वक व्यवहार करना; to laugh at someone with ~ किसी व्यक्ति पर घृणा से हँसना; he is full of ~ for the secretary उसमें सचिव के प्रति भरपूर तिरस्कार की भावना है. **2.** (subject of ~) घृणा[F] का पात्र : no

one likes him, he is the ~ of his mates कोई भी उसे पसंद नहीं करता, वह अपने साथियों की ≈ है. **II.** *v.t.* **1.** का तिरस्कार करना, ठुकराना : I ~ dirty people मैं गंदे लोगों का तिरस्कार करता हूँ; he ~s others in the office वह कार्यालय में अन्य लोगों से घृणा करता है; this bachelor ~s women यह कुँआरा औरतों^{F} से घृणा करता है. **2.** की उपेक्षा^{F} करना : ~ smb's opinion किसी के मत ≈.

scorpion स्कॉर्'प्यन n^c. बिच्छू : ~ is poisonous ≈ विषैला होता है; a ~ has its sting on the tail ≈ की पूँछ^F पर डंक होता है; a ~ stung the boy एक बिच्छू ने लड़के को डंक मार दिया; a ~ has four pairs of legs ≈ की चार जोड़ी^{F} टाँगें^{F} होती हैं.

scotfree स्कॉट'फ़्री *n.* निरापद, सही-सलामत : to let a person go ~ किसी व्यक्ति को ≈ जाने देना; he got off ~ वह निरापद छूट गया.

scoundrel स्कॉउन्'ड्रल n^c. बदमाश, दुर्जन, दुष्ट : a regular ~ पक्का बदमाश; what a ~ कितना ≈ है ! a ~ is not necessarily a criminal आवश्यक नहीं कि ≈ अपराधी भी हो; you cannot trust a ~ तुम बदमाश पर विश्वास नहीं कर सकते.

scour स्कॉउर **I.** *v.t.* **1.** माँजना, (रगड़कर) चमकाना : to ~ a metal pot धातु का बर्तन ≈; to ~ walls with a brush दीवारें^{F} ब्रश से रगड़कर चमकाना. **2.** (cleanse) (पानी बहाकर) साफ़ करना, धोना : to ~ the drain नाली^{F} ≈; ~ the clothes with soap साबुन से रगड़कर कपड़ों को साफ करो; you have not ~ed the shirt well तुमने कमीज़ ठीक से साफ़ नहीं की. **3.** (purge) पेट साफ़ करना : he needed a medicine to ~ his stomach पेट साफ़ करने के लिए उसे दवा^{F} की आवश्यकता^{F} थी. **4.** (get rid of) दूर करना : to ~ off a dirty spot गंदा दाग़ ≈. **5.** look for छान डालना : the police ~ed the whole village but could not find the thief पुलिस^F ने पूरे गाँव को छान डाला लेकिन चोर का पता न लगा सकी. **II.** n^u. **1.** मँजाई^F : all the pots need ~ing सभी बर्तनों को ≈ की ज़रूरत है. **2.** (of current) कटाव : the ~ of the bank by the river नदी^{F} द्वारा तट का ≈.

scourge स्कर्ज **I.** n^c. **1.** (whip) कोड़ा, चाबुक : long ~ लंबा चाबुक; he was punished to get ten ~s उसे दस कोड़ों की सज़ा दी गई. **2.** (affliction) महाविपत्ति^{F}, आफ़त^F [awful घोर, भारी dangerous ख़तरनाक, terrible भयंकर]; this disease is a ~ for the human beings मानवों के लिए यह बीमारी^{F} एक ≈ है. **3.** (of person) लोककंटक : undoubtedly he is a ~ निःसंदेह वह ≈ है. **II.** *v.t.* **1.** कोड़े लगाना : he was ordered to ~ the thief उसे चोर को कोड़े लगाने का आदेश दिया गया. **2.** (cause pain) उत्पीड़ित करना, दुःख देना : the entire area was ~d by the epidemic महामारी^{F} से पूरा क्षेत्र पीड़ित था.

scout स्काउट **I.** n^c. **1.** (spy) गुप्तचर, भेदिया, जासूस [clever चतुर, experienced अनुभवी, German जर्मन]; he is a ~ from Israel वह इसरायल का ≈ है; ~s are very important for knowing the secrets of other countries दूसरे देशों के भेद जानने के लिए गुप्तचर बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं. **2.** (boy) बालचर, स्काउट [active सक्रिय, senior सीनियर]; a ~ wears a uniform ≈ वरदी^{F} पहनता है. **II.** *v.i.* **1.** (watch) गुप्तचर्या^{F} करना, पहरा देना : [stealthily चोरी-छिपे, successfully सफलतापूर्वक]. **2.** (look for) खोजना : he was ~ing about for a good place वह कोई अच्छा स्थान खोज रहा था.

scramble स्क्रैम्'बल **I.** *v.i.* **1.** छीना-झपटी^{F} करना, धक्कम-धक्का करना : students were seen scrambling for seats विद्यार्थी सीटों^{F} के लिए छीना-झपटी करते देखे गए; children ~d for toffees बच्चों में टाफ़ियों^{F} के लिए धक्कम-धक्का हुआ. **2.** (हाथ-पैर के बल) चढ़ना : the boys ~d up the hill लड़के हाथ-पैर के बल पहाड़ी^{F} पर चढ़ गए; to ~ over the rocks चट्टानों पर से चढ़कर जाना. **3.** (crawl) रेंगना : the boys were asked to ~ for twenty metres बच्चों को बीस मीटर रेंगने के लिए कहा गया. **II.** *v.t.* **1.** (scatter) बिखेरना : we ~d flowers over the bride हमने दुल्हिन^F के ऊपर फूल बिखेरे. **2.** (eggs) मिलाकर पकाना : they ~ eggs in butter वे मक्खन में अंडे मिलाकर पकाते हैं. **III.** n^c. **1.** (हाथ-पैर के बल) चढ़ाई^F : it is a steep ~,

I shall not try to go up there यह खड़ी ≈F है, मैं ऊपर जाने की कोशिशF नहीं करूँगा. **2.** छीना-झपटी, धक्कम-धक्का : I saw a ~ at the booking counter and returned home मैंने टिकट-खिड़की पर धक्कम-धक्का देखा और घर वापस चला आया. **3.** (competition) संघर्ष, होड़F : a ~ for a post किसी पद के लिए ≈.

scrap स्क्रैप **I.** *n*c. **1.** (fragment) टुकड़ा [small छोटा, tiny छोटा, useless बेकार]; ~ of paper काग़ज़ का टुकड़ा; he has taken a ~ of wool for buying the same quality उसी प्रकार का ऊन खरीदने के लिए उसने ऊन का एक ≈ लिया है. (fig.) **there was not a ~ of truth in his statement** उसके कथन में सच्चाईF का कण भी नहीं था. **2.** (*pl.*) रद्दी माल : it is prohibited to throw ~ on the road सड़कF पर ≈ फेंकना मना है; ~ heap रद्दी चीज़ों का ढेर; ~ metal रद्दी धातुF. **3.** (cutting) कतरनF : ~s of cloth, iron sheets कपड़े, लोहे की चादरोंF की कतरनें; ~ books कतरनें चिपकाने की कापीF. **4.** (rubbish) कूड़ा-करकट : you must not put ~ in the street तुम्हें गलीF में ≈ नहीं डालना चाहिए. **II.** *v.t.* (-pp-) **1.** निकाल देना, अलग करना : to ~ off older types of utensils पुराने ढंग के बर्तनों को ≈; ~ the machine which is no longer wanted उस मशीनF को निकाल दो जिसकी अब आवश्यकता नहीं रह गई.

scrape स्क्रेप **I.** *v.t.i.* **1.** खुरचना : they ~d off the paint from the gate उन्होंने फाटक पर से पूरा पेंट खुरच डाला. **2.** (skin) छीलना : she ~d the skin of the potatoes उसने आलुओं का छिलका छील दिया. **3.** (rub) रगड़ना : they ~d the furniture before polishing it पालिश करने से पहले उन्होंने फ़र्नीचर को रगड़ा. **4.** (abrade) घिसना : to ~ one's chin with a razor उस्तरे से ठुड्डीF ≈. **5.** (remove) हटाना : to ~ dirt off one's boots अपने बूटों की धूलF हटाना. **6.** (dig) खोदना : to ~ a pit for water पानी के लिए गड्ढा खोदना; he is scraping a hole in the field वह खेत में एक सुराख़ खोद रहा है. **7.** (collect) बटोरना, इकट्ठा करना : they have gone to ~ reeds from the river वे नदीF से नरकुल इकट्ठा करने गए हैं. **8.** (economize) किफ़ायतF से रहना : to ~ expenses because of poor income बहुत कम आमदनीF होने के कारण किफ़ायत से खर्च करना. Δ **to ~ a living** मुश्किलF से गुज़ारा करना. **II.** *n*c. **1.** खरोंचF, रगड़F : a ~ on the glass गिलास पर की ≈; he got a ~ on his left leg उसकी बाईं टाँगF में ≈ लग गई. **2.** (sound) खड़खड़ाहट : a ~ while rubbing some surface क़िसी सतहF को रगड़ने से उत्पन्न ≈. **3.** घसीटF : ~ of the pen कलमF की ≈. **4.** (predicament) मुसीबतF, उलझनF: she got into some ~ वह क़िसी ≈ में फँस गई.

scratch स्क्रैच **I.** *v.t.* **1.** (to rub and tear) खरोचना : to ~ smb with a nail किसी को नाखून से ≈. **2.** कुरेदना : the hen ~ed the earth for worms मुर्गीF ने कीड़ों के लिए ज़मीन कुरेद डाली. **3.** नोचना : the cat ~ed me with its claws बिल्लीF ने अपने पंजों से मुझे नोच लिया. **4.** खुरचना : the gardener ~ed the ground with a rake माली ने पाँचे से ज़मीनF खुरच दी; the labourers ~ed the paint off the wall मज़दूरों ने दीवारोंF पर का पेंट खुरच दिया. **5.** (to relieve itch) खुजलाना : he ~ed the dog on its neck उसने कुत्ते को उसके गले पर खुजलाया; when I asked him a question, he began to ~ his head जब मैंने उससे प्रश्न पूछा तो वह अपना सिर खुजलाने लगा. **6.** (rub) रगड़ना : the syce ~ed the horse in the morning साइस ने सुबह घोड़े को (खरखरा किया) रगड़ा. **7.** (scribble) घसीटना : she ~ed a few words उसने कुछ शब्द घसीटे. **8.** (scrape up) बटोरना : to ~ (up) waste papers to sell them रद्दी काग़ज़ों को बेचने के लिए इकट्ठा करना. **9.** (erase) काटना, मिटाना : to ~ a few lines from the page पृष्ठ से कुछ पंक्तियोंF को मिटा देना; his name was ~ed from the list उसका नाम सूची में से काट दिया गया. **10.** (remove) हटाना : his horse was ~ from the race घोड़े को दौड़F से हटा दिया गया. **II.** *n*c. **1.** (wound) खरोंचF : I did not get a ~ in the fight

मुझे लड़ाई^F में एक ≈ भी नहीं लगी; don't mind, it's just a ~ कोई ख़ास बात^F नहीं, थोड़ी-सी खरोंच है. **2.** खुरचन^F : some boy made a ~ on the desk किसी लड़के ने डेस्क को खुरच दिया. **3.** (scratching) खुजलाहट^F, खुजली^{F} : I had a ~ in my head मेरे सिर में ≈ थी. **4.** (sound) खड़खड़ाहट^F : I heard a ~ in the pots मैंने बर्तनों में ≈ सुनी; this pen makes ~s on paper यह कलम^F काग़ज़ पर खड़खड़ाती है. **5.** (writing) घसीट^F : do not write like this, I cannot read ~ इस तरह मत लिखो मैं ≈ नहीं पढ़ सकता.

scream स्क्रीम **I.** *v.t.* **1.** चीख़ना, चीख़ मारना [loudly ज़ोर से, shrilly तीक्षणता से]; he ~ed for help वह सहायता^{F} के लिए चीखा; she is ~ing with pain, fear वह दर्द, डर के मारे चीख़ रही है; stop ~ing चीख़ना बंद करो; she ~ed when she fell down जब वह गिरी तो चीख़ी; the train started ~ing, as it entered the tunnel जैसे ही गाड़ी^{F} सुरंग^F के अंदर गई, उसने कूकना/चीखना शुरू कर दिया. **2.** (with laughter) ठठाकर हँसना, ठहाका लगाना : she ~ed with delight उसने खुशी^{F} से ठहाका लगाया; they all were ~ing on the occasion of his success वे सब उसकी सफलता^{F} के मौके पर ठठाकर हँस रहे थे. **II.** n^c. चीख़^{F} [dismal उदास, sharp तेज़]; did you not hear the ~s of the wounded passengers क्या तुमने घायल यात्रियों की चीख़े नहीं सुनीं?

screech स्क्रीच **I.** n^c. चीत्कार^F, चीख़^{F} : ~ of the owl उल्लू की ≈; the ~ of an engine इंजन की ≈/कूक; ~ of the brakes of a car कार की ब्रेकों^{F} की ≈. **II.** *v.t.* चीत्कार करना, चीख़ना : he ~ed with anger वह क्रोध से चीखा; the tyre ~ed as the car stopped suddenly जैसे ही कार^F एकाएक रुकी, टायर से चीख़ की आवाज़^{F} हुई.

screen स्क्रीन **I.** n^c. **1.** (curtain) परदा [large बड़ा, wide चौड़ा]; ~ of the television टेलीविज़न का ≈; the ~ in the theatre is excellent थिएटर का ≈ बढ़िया है; this ~ in the room has become very old now कमरे का यह ≈ बहुत पुराना हो चुका है; there is a ~ of wire net on the window खिड़की^{F} पर जाली^{F} का ≈ है. **2.** (of split bamboo) चिक : there is a ~ outside the manager's chamber प्रबंधक के कमरे के बाहर ≈ है. **3.** (as shelter, protection, etc.) आड़^{F}, ओट^F : a ~ of creepers keeps out rain लताओं की ≈ बारिश^F को रोकती है. **4.** (of film) चित्रपट : a new film has appeared on the ~ ≈ पर एक नई पिक्चर^F दिखाई गई. **II.** *v.t.* **1.** (protect) आड़^{F} देना, बचाना : he told a lie in order to ~ his son from punishment अपने बेटे को दंड से बचाने के लिए उसने झूठ बोला. **2.** (hide) छिपाना, पर परदा डालना : he tried to ~ the matter, but failed उसने मामले पर परदा डालने की कोशिश^F की लेकिन असफल हो गया; to ~ smth from view किसी चीज़ को नज़र^F से छिपाना. **3.** (to provide ~) जाली^{F} लगाना : the windows were ~ed to keep off mosquitoes मच्छरों को दूर रखने की ख़ातिर^F खिड़कियों^{F} पर जाली लगाई गई. **4.** (test) परखना, जाँचना : the boys were ~ed properly by the principal before their admission उनके प्रवेश से पहले प्राचार्य द्वारा लड़कों को जाँचा गया. **5.** (examine) निरीक्षण करना : the police ~ed every person entering the hall पुलिस^F ने हाल में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का निरीक्षण किया. **6.** (of a film) परदे पर दिखाना : this picture is going to be ~ed from tomorrow यह पिक्चर^F कल से परदे पर दिखाई जाने वाली है.

screw स्क्रू **I.** n^c. पेच [copper ताँबे का, exterior बाहरी, female भीतरी, metal धातु का]; a ~ is a metal with a head and thread ≈ टोपी^{F} और चूड़ी^{F} वाला धातु^{F} का एक पिन होता है; there is a ~ loose somewhere कहीं पर ≈ ढीला है; make all the ~s tight सभी ≈ कस दो; this machine lacks a ~ इस मशीन^F में एक ≈ की कमी^{F} है. **Δ to have a ~ loose** (दिमाग़ का) ≈ ढीला होना. **II.** *v.t.* **1.** tighten कसना : ~ the cork on to the bottle बोतल^F में ठेंठी कसो; ~ the bolt with a wrench रेंच

से बोल्ट कसो; the top of a table is ~ed to the legs मेज़ का ऊपरी तख़्ता उसकी टाँगों^{F} के साथ कसा हुआ है. **2.** (oppress) सताना : to ~ the poor गरीबों को सताना. **3.** (extort) खसोटना, ज़बरदस्ती ले लेना : to ~ smth from smb किसी से कुछ ≈. **4.** (compel) बाध्य करना, मजबूर करना : he ~ed him to do the work उसने इसे काम करने के लिए बाध्य कर दिया. ~**driver** n^c. पेचकस [light हल्का, small छोटा, thin पतला]; a ~ is needed to tighten screws पेच कसने के लिए ≈ की आवश्यकता^{F} पड़ती है; a ~ is needed also to loosen screws पेच खोलने के लिए भी ≈ की आवश्यकता^{F} होती है.

scribble स्क्रि'बल **I.** *v.t.* **1.** (write) घसीटना, लिखना : to ~ a few lines hastily कुछ पंक्तियाँ^{F} जल्दी से लिख डालना; to ~ one's name on something किसी चीज़ पर अपना नाम घसीट डालना; I do not pretend to be a poet, I only ~ verses for fun मैं कोई कवि होने का दिखावा नहीं करता, मैं केवल मनोरंजन के लिए कविता लिखता हूँ; the child cannot write, but she ~s बच्ची लिख नहीं सकती, घसीटती रहती है; a child defaces the wall by scribbling on it बच्चा दीवार^F पर लिखकर इसका रूप खराब कर देता है; he earns a little by scribbling for press वह समाचार-पत्रों के लिए लिखकर कुछ कमा लेता है. **II.** n^c. (usu. plural with singular meaning) घसीट^F [illegible अपाठ्य, ugly गंदी]; I'll not read such ~s मैं ऐसी ≈ नहीं पढ़ूँगा; his writing is just a ~ उसकी लिखाई मात्र ≈ है.

scribe स्क्राइब n^c. **1.** (penman) लिपिक, मुंशी [experienced अनुभवी, expert कुशल]; a ~ is a professional writer ≈ एक व्यवसायी लेखक होता है; a businessman employs ~s व्यापारी ≈ रखता है. **2.** (reporter) संवाददाता : a ~ collects and writes news for the press ≈ प्रेस के लिए समाचार इकट्ठे करके लिखता है.

script स्क्रिप्ट n^c. **1.** (handwriting) हस्तलेख, लिखावट^F [clear स्पष्ट, legible सुवाच्य, neat साफ़-सुथरा]; it was written in his own ~ यह उसकी अपनी लिखावट में लिखा गया है; perhaps you will not be able to read his ~ शायद तुम उसका हस्तलेख नहीं पढ़ पाओगे. **2.** लिपि^{F} [old पुरानी, original मूल]; Arabic ~ अरबी ≈; Devnagari ~ देवनागरी ≈; Roman ~ रोमन ≈; he cannot read and write the Tamil ~ वह तमिल ≈ पढ़-लिख नहीं सकता. **3.** (manuscript) हस्तलिपि^{F}, (author's copy) पाण्डुलिपि^{F} [attractive आकर्षक, legible सुपाठ्य]; ~ of a play नाटक की ≈; the original ~ of the writer was burnt लेखक की मूल ≈ जल गई थी. **4.** (answer-book) उत्तर-पुस्तिका^{F} : the examiner examined his ~ परीक्षक ने उसकी ≈ जाँची.

scripture स्क्रिप्'चर n^c. धर्मग्रंथ : ancient ~ प्राचीन ≈; Muslim ~ मुसलमानों का ≈ (क़ुरआन शरीफ़); Sikh ~ is Guru Granth Sahib सिखों का ≈ गुरुग्रंथ साहिब है; Christian ~ is Bible ईसाइयों का ≈ बाइबिल है; he studies ~s regularly वह नियमित रूप से धर्मग्रंथों का अध्ययन करता है; Vedas are the holy ~ of the Aryans वेद आर्यों के पवित्र ≈ हैं.

scrub स्क्रब **I.** n^u. **1.** झाड़, झंखाड़ [dense घना, scattered बिखरा हुआ]; ~ grows in poor soil ≈ ख़राब ज़मीन^F में उगता है. **2.** (brush) कड़ा बुरुश : we use ~s to clean anything हम कोई चीज़ साफ़ करने के लिए ≈ काम में लाते हैं. **3.** (person) निकम्मा या अदना आदमी : ~ is a man of small importance ≈ मामूली महत्व का होता है. **II.** *v.t.* (-bb-) **1.** माँजना, रगड़कर साफ़ करना : ~ the floor clean फ़र्श रगड़कर साफ़ करो; ~ out the spot on the shirt कमीज़ पर से दाग़ को रगड़कर साफ़ करो. **2.** श्रम करना : he ~s hard वह कठिन श्रम करता है. **3.** (cancel) रद्द करना : we had to ~ our plans हमें अपनी योजनाएँ^{F} रद्द करनी पड़ीं.

scruple स्क्रू'पल **I.** n^c. (usu. *pl.*) नैतिक संकोच : he is a man with no ~s उस आदमी में कोई ≈ नहीं है; they will have no ~s in/about doing anything उन्हें कुछ भी करने में कोई ≈ न होगा; one's ~s before agreeing to a proposal किसी प्रस्ताव पर सहमत होने के पहले किसी का ≈. **II.** *v.i.*

झिझकना, हिचकना, संकोच करना : the guide ~d to assume the responsibility for the tourists गाइड पर्यटकों की ज़िम्मेदारी^{F} लेने में हिचकिचाया; he does not ~ to beg or borrow वह भीख माँगने या उधार लेने से संकोच नहीं करता. **scrupulous** स्क्रू'प्यूलस *a.* **1.** पापभीरु, धर्मभीरु [person व्यक्ति, tradesman व्यापारी, woman स्त्री]; a ~ man would pay back the money in time एक ≈ पुरुष समय पर अपना पैसा चुका देगा. **2.** (conscientious) ईमानदार, नियमनिष्ठ [servant नौकर, worker कामगार]; he is always ~ about his duty वह अपने कर्तव्य के प्रति सदा ≈ है. **3.** (thorough) (i) पूरा-पूरा : ~ attention ≈ ध्यान; ~ honesty पूरी-पूरी ईमानदारी^{F}; (ii) (of a person) अतिसावधान : he is ~ in his relations with others वह दूसरे लोगों से संबंध रखने में ≈ रहता है.

scrutinize स्क्रू'टिनाइज़ *v.t.* बारीकी^{F} से जाँच^F करना, जाँच-पड़ताल^F करना : the guard ~d all the passes गार्ड ने सभी पारपत्रों की बारीकी से जाँच की; the examiner ~d all answer-books परीक्षक ने सभी उत्तर-पुस्तिकाओं^{F} की जाँच-पड़ताल की; all the ballot papers were ~d सभी मत-पत्रों की जाँच की गई; is there anything to ~ क्या जाँच-पड़ताल के लिए कुछ बचा है? **scrutiny** स्क्रू'टिनी *n.* सूक्ष्म परीक्षण, जाँच-पड़ताल^F, छान-बीन^F : he demanded a ~ of the entire matter उसने सारे मामले की जाँच-पड़ताल की माँग की; ~ of examination results परीक्षा परिणामों की जाँच-पड़ताल^F; after the ~ of the files the boss declared the clerk guilty फाइलों^{F} की जाँच-पड़ताल/ छानबीन के बाद बॉस ने लिपिक को दोषी घोषित किया; ~ of votes वोटों की दोबारा गिनती^{F}.

scuffle स्कॅ'फ़ल **I.** n^c. धक्का-मुक्की^{F}, हाथा-पाई^F : there was a ~ between the two friends दोनों मित्रों में ≈ हो गई; how did the ~ start during discussion चर्चा^{F} के दौरान ≈ कैसे शुरू हुई? **II.** *v.t.* हाथापाई^F करना, धक्का-मुक्की^{F} करना : the M.L.A.'s ~d in the Assembly विधायक विधानसभा^{F} में ≈ कर बैठे.

scythe साइद **I.** n^c. दरांती^{F}, हँसिया^{F} : they cut grass with a ~ वे हँसिया से घास काटते हैं. **II.** *v.t.* (दरांती से) काटना : they were busy scything crops वे फ़सल काटने में व्यस्त थे.

S.D.O. Sub-divisional Officer.

S.E. South-East दक्षिण-पूर्व.

sea सी n^c. समुद्र [calm शांत, dangerous ख़तरनाक, heavy ऊंची लहरों वाला, open खुला, stormy तूफ़ानी]; the ~ is very deep ≈ बहुत गहरा है; there is a cottage near the ~ ≈ के किनारे एक कुटिया^{F} है; to go to the ~ side समुद्री किनारे की तरफ़^{F} जाना. ~ **bathing** समुद्र-स्नान; ~ **board** समुद्र तट, तटवर्ती प्रदेश; ~ **coast** समुद्र तट; ~ **cow** समुद्री गाय^F; ~ **dog** (i) सील मछली; (ii) अनुभवी नाविक; ~ **farer** नाविक; ~ **faring** समुद्री-यात्रा^{F}; ~ **fight** समुद्री-युद्ध; ~ **front** तटीय-प्रदेश; ~ **god** वरुण; ~ **level** समुद्र-तल; ~ **lion** जल-सिंह; ~ **man** n^c. नाविक : he has been a ~ since 1980 वह 1980 से जहाज पर काम करता आया है; he is an expert ~ वह एक कुशल ≈ है; ~ **manship** नौ-वहन, जहाज़रानी^{F}; ~ **mile** समुद्री मील = 1852 मीटर; ~ **nymph** जल परी^{F}; ~ **plane** समुद्री जहाज़; ~ **port** n^c. पोत-पत्तन, बंदरगाह [big बड़ा, famous प्रसिद्ध]; Calcutta is one of the biggest ~ ports of India कलकत्ता भारत के बड़े-बड़े बंदरगाहों में से एक है; ~ **power** *n.* नौ-शक्ति^{F} : ~ power is total naval strength of a nation ≈ किसी राष्ट्र का सम्पूर्ण सैनिक बल होता है; ~ **quake** समुद्र कंप; ~ **rover** जल दस्यु; ~ **scape** समुद्री दृश्य; ~ **shell** शंख; ~ **shore/side** समुद्र-तट; ~ **sickness** जहाज़ी मतली^{F}; ~ **weed** समुद्री शैवाल; ~ **worthy** नौगम्य, समुद्री-यात्रा योग्य; to swim in the ~ समुद्र में तैरना; he spent his vacation by the ~ उसने अपनी छुट्टी^{F} समुद्र-तट पर बिताई; the ~ is calm समुद्र शांत है; the ~ is very deep there समुद्र वहाँ बहुत गहरा है; the ship was at a far distance in the ~ जहाज ≈ में बहुत दूर था; they went to Japan by the ~

वे जापान समुद्री मार्ग से गए. **2.** (*pl.*) (waves) लहरें^{F} : the ship ran into the heavy ~s जहाज़ भारी लहरों में फँस गया. Δ **to go to ~** नाविक बनना, मल्लाह बनना : he has gone to ~ now वह अब मल्लाह बन गया है; **to be out at the ~** समुद्रयात्रा^{F} पर चलना : the ship was out at the ~ जहाज़ समुद्रयात्रा पर चल दिया; **put to ~** यात्रा^{F} आरंभ करना; **on ~** समुद्रतट पर : there is a small town on the ~ समुद्र-तट पर एक छोटा-सा शहर है.

seal सील **I.** *n*^{c}. **1.** (fish) सील मछली^{F} : ~ is a fish-eating animal ≈ मछली खाने वाला एक जानवर है; ~ is found in the sea, not in the river ≈ समुद्र में पाई जाती है, नदी में नहीं; Eskimoes hunt ~s इस्कीमो सील मछलियों का शिकार करते हैं. **2.** (of document, etc.) मोहर^F : ~ of the university, company विश्वविद्यालय, कंपनी की ≈; I asked the peon to put the ~ on the application मैंने चपरासी से आवेदनपत्र पर ≈ लगाने को कहा; given under my hand and ~ मेरे द्वारा हस्ताक्षरित तथा मुद्रांकित; to affix one's ~ on the document for certification सत्यापन के लिए दस्तावेज़ पर ≈ लगाना. **II.** *v.t.* **1.** मोहर लगाना, मुद्रांकित करना : the warrant order was not ~ed by the clerk लिपिक ने वारंट आदेश पर मुद्रांकन नहीं किया; the principal ordered the peon to ~ the forms प्राचार्य ने चपरासी को फ़ार्मों पर मोहर लगाने का आदेश दिया. **2.** (close) मोहरबंद करना : the envelope was not ~ed properly लिफ़ाफ़ा ठीक से मोहरबंद नहीं था. **3.** बंद करना : sleep ~ed his eyes नींद^F ने उसकी आँखों^{F} को बंद कर दिया; my lips are ~d मेरे होठ बंद हैं, मैं चुप हूँ. [*ant.* open] **4.** (certify) प्रमाणित करना : to ~ the application form for concession in fees शुल्क में छूट^F के लिए आवेदन-पत्र प्रमाणित करना. **5.** (confirm) पक्का करना : they ~ed their agreement उन्होंने अपना करार पक्का कर दिया; his success is ~ed now उसकी सफलता अब पक्की है. **6.** his fate is ~ed उसके भाग्य का निपटारा हो गया है. **sealed** सील्ड *a.* मोहरबंद [envelope लिफ़ाफ़ा, tender टेंडर, tin टिन]. **sealing wax** सी'लिङ्ग वैक्स *n*^{u}. लाख^F : ~ is used for sealing envelopes, parcels, etc. ≈ लिफ़ाफ़ों, पार्सलों आदि पर मोहर लगाने के काम आती है.

search सर्च **I.** *n*^{c}. *v.t.* **1.** (go over, look through) की तलाशी^{F} लेना, छानबीन^F करना : to ~ one's pocket किसी के जेब की तलाशी लेना; the police ~ed the house but found nothing पुलिस^F ने घर की तलाशी ली लेकिन कुछ मिला नहीं. **2.** (of a person) की जामा-तलाशी लेना [carefully सावधानी^{F} से, thoroughly पूरी तरह^F]; the police ~ed the suspected person पुलिस^F ने संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली. **3.** (look for) खोजना, ढूँढ़ना : I have been ~ing **for** the letter for half an hour मैं आधे घंटे से पत्र ढूँढ़ रहा हूँ; they ~ed every part of the forest but could not find the deer उन्होंने जंगल का प्रत्येक भाग खोज डाला लेकिन हिरन न मिला; to ~ **for** the little girl छोटी लड़की^{F} का पता लगाना. **4.** (penetrate) पैठना : to ~ smb's heart किसी के हृदय में पैठना; to ~ one's own heart अपना दिल टटोलना. **II.** *n*^{u}. **1.** तलाशी^{F}, छानबीन^F [careful सावधानीपूर्वक, fruitless निष्फल/बेकार, long लंबी, successful सफल]; to give up the ~ in the middle ≈ बीच में बंद कर देना; the ~ of the house proved unsuccessful मकान की तलाशी असफल साबित हुई. **2.** तलाश^F, खोज^F : to make a ~ for a missing person खोए हुए व्यक्ति की तलाश करना; to go in ~ of smb किसी की तलाश में जाना; he is in ~ of a way out वह बाहर जाने के रास्ते की ≈ में है. **3.** अन्वेषण, जाँच^F, जाँच-पड़ताल^F : the plane was sent out in ~ of enemy's camp हवाई-जहाज़ शत्रु के शिविर का अन्वेषण करने के लिए भेजा गया. **searching** सर्'चिङ्ग *n.* **1.** (thorough) पूरी [examination परीक्षा, inquiry जाँच] **2.** (penetrating) पैनी [look दृष्टि^{F}, rays किरणें^{F}]. **3.** (subtle) सूक्ष्म : ~ question ≈ प्रश्न.

season सी'ज़न **I.** *n*^{c}. **1.** (winter, etc.) ऋतु^{F}, मौसम [cold ठंडा, dry शुष्क/सूखा, hot गर्म,

wet आर्द्र]; there are four ~s in a year साल में चार ऋतुएँ होती हैं; spring is my favourite ~ वसंत मेरी प्रिय ऋतु है; spring is the most pleasant ~ in India वसंत भारत का सबसे सुहावना मौसम है; the ~ changes from day-to-day मौसम दिन-प्रतिदिन बदलता है; four ~s of a year are spring, summer, autumn and winter साल की चार ऋतुएँ हैं—वसंत, ग्रीष्म, पतझड़ और जाड़ा. **2.** (opportune moment) मौका, अवसर : a word in ~ उपयुक्त अवसर की सलाह^F; **in ~ and out of ~** मौके-बेमौके. **3.** (period of time) अवधि^F, कुछ समय : festival ~ पर्वकाल; ~ ticket रेलवे का सावधि टिकट; fruit juice can last for a ~ फलों का रस एक अवधि या कुछ समय तक रह सकता है; the play is running for a ~ नाटक कुछ समय के लिए चल रहा है; to be in ~ मिलना : mangoes are in ~ these days इन दिनों आम मिलते हैं; to be out of ~ न मिलना : guavas are out of ~ now अब अमरूद नहीं मिलते. **II.** *v.t.* **1.** नमक-मिर्च मिलाना, छौंकना, बघारना : to ~ curry with pepper and salt पीपर और नमक से कढ़ी बघारना. **2.** (flavour) स्वादिष्ट बनाना : dishes were ~ed खाने स्वादिष्ट बनाए गए थे; she ~s meal with spices वह भोजन को गर्म मसालों के साथ स्वादिष्ट बनाती है. **3.** (add interest to) सरस या मज़ेदार बनाना : he made the conversation ~ed with humour बातचीत^F को उसने मज़ाक के साथ सरस बना दिया. **4.** (temper) नरम करना, हल्का करना : ~ the syrup by diluting it with water पानी मिलाकर शर्बत को हल्का करो. **5.** (of wood) सिझाना : to saw and ~ the wooden planks in the sun लकड़ी के तख़्ते चीरकर धूप में सिझाना. **seasonal** सी'ज़ॅनल *a.* मौसमी [crop फ़सल, employment रोज़गार, trade व्यापार]; ~ changes in the climate जलवायु में मौसमी परिवर्तन; ~ migration of hilly people to the plains पर्वतीय लोगों का मैदानों की ओर ≈ प्रवास.

seat सीट **I.** *n*^c. **1.** (of cycle, chair, etc.) आसन, सीट^F, गद्दी^F : comfortable ~ सुखदायक ≈; he could not get a ~ in the theatre उसे थिएटर में सीट नहीं मिली; he vacated his ~ in the bus for a lady उसने बस में अपनी सीट एक महिला के लिए ख़ाली कर दी; won't you take your seat क्या तुम बैठोगे नहीं? are there any seats left क्या कोई सीटें बची हैं? I have two reserved seats in the stalls स्टाल में मेरे पास दो आरक्षित सीटें हैं; his ~ is in the first row उसकी सीट पहली पंक्ति^F में है. **2.** (buttocks) चूतड़ : take this cushion under your ~ अपने ≈ के नीचे यह गद्दी^F ले लो. **3.** स्थान : ~s of learning विद्या के केंद्र; ~ of government राजधानी^F; take your ~ अपना स्थान ग्रहण कर लें; keep to your ~s अपने-अपने स्थान पर बैठे रहिए; get a firm ~ जमकर बैठो. **4.** (of pants) पीछा : the ~ of a pair of trousers पाजामे का ≈. **II.** *v.t.* **1.** बैठाना, आसन देना : the principal ordered him to be seated प्राचार्य ने इसे बैठ जाने का आदेश दिया; to ~ a patient so as to cause him no pain रोगी को ऐसे बैठाना जिससे कि उसे कोई कष्ट न हो; children went to see the performance and seated themselves right in the middle of the first row बच्चे तमाशा देखने गए और पहली पंक्ति के ठीक बीचों-बीच बैठ गए; I ~ed him in an easy chair मैंने उसे एक आराम-कुर्सी में बिठाया. **2.** (elect) निर्वाचित करना : the candidate is ~ed for the Lower House this year उम्मीदवार इस वर्ष निम्न सदन के लिए निर्वाचित किया गया है; he cannot be ~ed this time इस बार वह निर्वाचित नहीं किया जा सकता. **3.** बैठने की जगह^F होना : this hall ~s five hundred people इस हाल में पाँच सौ लोगों के बैठने की जगह है; this bus ~s 35 passengers इस बस^F में पैंतीस मुसाफिर बैठ सकते हैं. [*ant.* unseat]

sec. second; secondary; section.

secluded सिक्लू'डिड *a.* अलग-थलग, एकान्त [life जीवन, place स्थान, retreat शरण-स्थान]; a ~ house outside the village गाँव के बाहर ≈ मकान; a ~ corner of the garden बगीचे का ≈ कोना; in some

places, women are kept ~ कुछ जगहों में औरतों को अलग-थलग रखा जाता है. **seclusion** सिक्लू'यन n^c. **1.** एकांत : in the ~ of the park पार्क में एकांत में; he lives in ~ वह एकांत में रहता है. **2.** एकांतवास : ~ of women among certain classes कुछ जातियों^{F} में औरतों का ≈.

second सें'कंड **I.** *a.* **1.** दूसरा, द्वितीय [chance अवसर, day दिन, question प्रश्न]; this is the ~ month of his service यह उसकी नौकरी^{F} का दूसरा महीना है; he is going to travel in the ~ class वह द्वितीय श्रेणी में यात्रा^{F} करने जा रहा है; King Chandragupta, the S ~ राजा चंद्रगुप्त द्वितीय. **2.** he lives on the ~ floor वह तीसरी मंज़िल में रहता है. **3.** (inferior) घटिया : it was a ~ rate book यह ≈ दर्जे की किताब^F थी. **4.** (in contexts) on ~ thoughts पुनर्विचार करने पर; ~ nature अभ्यास, आदत^F; ~ hand books पुरानी किताबें^{F}; ~ childhood सठियापा, बुढ़ापा. **5.** (Grammar) ~ person मध्यम पुरुष as 'thou', 'you' जैसे तू, तुम. **II.** n^c. **1.** दूसरी तारीख^F : on the ~ of June जून की ≈ को. **2.** दूसरा : you are the ~ to say so ऐसा कहने वाले तुम दूसरे हो. **3.** (second place) द्वितीय स्थान : he got a ~ in Hindi उसने हिंदी में दूसरा स्थान प्राप्त किया. **4.** (of time) सेकंड : he will return in a ~ वह एक ≈ में लौटेगा; please wait for a ~ कृपया एक ≈ इंतज़ार कीजिए; there are sixty ~s in a minute एक मिनट में साठ ≈ होते हैं. **5.** (instant) क्षण, थोड़ी देर : in a few ~s कुछ क्षणों में; I shall be coming in a ~ मैं एक ≈ में आ रहा हूँ. **III.** *v.t.* **1.** (support) अनुमोदन करना : I ~ the resolution मैं प्रस्ताव का अनुमोदन करता हूँ. **secondary** सें'कॅन्डरि *a.* **1.** (subordinate) गौण [employment धंधा, matters मामले, meaning अर्थ]; the thing which you gave me was of ~ importance जो वस्तु तुमने मुझे दी वह गौण महत्व की थी. **2.** (of education) माध्यमिक [education शिक्षा, school विद्यालय]; there is not a single ~ school in these villages इन गाँवों में एक भी ≈ विद्यालय नहीं है. [*ant.* primary]. **secondly** सें'कन्डलि *adv.* दूसरे : firstly he is ill and ~ he is unwilling to help पहले तो वह बीमार है और ≈ वह सहायता^{F} करने को अनिच्छुक है.

secrecy सी'क्रिसि n^u. **1.** (state) रहस्य, गोपनीयता^{F} : there is no ~ about doing it इसे करने में कोई ≈ नहीं है; he kept the new bargain in great ~ उसने अपना नया सौदा गोपनीय रखा. **2.** (act) छिपाव : it was done with great ~ इसे बहुत छिपा-छिपाकर किया गया. **secret** सीक्'रिट **I.** *a.* (hidden) गुप्त [agreement समझौता, meeting मुलाकात^F, passage रास्ता, plan योजना, process प्रक्रिया, supply आपूर्ति]; ~ ballot ≈ मतदान; ~ parts गुप्त अंग; ~ agent गुप्तचर; ~ service गुप्तचर विभाग; he escaped through a ~ door वह एक ≈ दरवाज़े से निकल भागा; I know the ~ place where he keeps his money मैं उस गुप्त स्थान को जानता हूँ जहाँ वह अपना पैसा रखता है. **II.** n^c. भेद, रहस्य [great बड़ा, important महत्वपूर्ण, interesting दिलचस्प, trifling तुच्छ]; industrial ~s औद्योगिक ≈; trade ~s व्यापारिक ≈; what is the ~ of your health आपके स्वास्थ्य का ≈ क्या है? open ~ खुला ≈; the woman cannot keep the ~ औरत^F ≈ को छिपाए नहीं रख सकती; to disclose a ~ ≈ खोलना; to tell anyone a ~ किसी को ≈ बताना; I asked him to keep the matter ~ मैंने उससे भेद बनाए रखने को कहा; to let smb into a ~ किसी को भेद की बात बता देना; this must remain a ~ between us हम दोनों में यह भेद बनाए रखना चाहिए; in the ~ = secretly *q.v.* **secretly** सीक्'रिट्लि *adv.* गुप्त रूप से, छिपे-छिपे, चोरी-चोरी : he escaped ~ from the place of accident वह दुर्घटना-स्थल से ≈ खिसक गया; they are meeting ~ वह ≈ मिलते हैं; you have known it ~ तुमने इसे ≈ जाना है.

secretariat सेक्रिटें'अ'रिअट n^c. सचिवालय : Central Government's ~ केंद्रीय सरकार^F का ≈; the ~ is closed today ≈ आज बंद है; he is appointed a clerk in the ~ वह ≈ में क्लर्क नियुक्त किया गया है; the ~ of

the state government राज्य सरकार^{F} का ≈. **secretary** सेँक्'रिटॅरी *n.* (of government) सचिव; (of organisation) मंत्री; (of a person) सेक्रेटरी [assistant सहायक, deputy उप-, personal निजी]; he has been appointed foreign ~ of India उसे भारत का विदेश सचिव नियुक्त किया गया है; the director's ~ डाइरेक्टर का सेक्रेटरी; the ~ will tell you everything you need to know सेक्रेटरी तुम्हें सब कुछ बताएगा जो तुम्हें जानने की आवश्यकता^{F} है; he dictated a letter to his ~ उसने अपने सेक्रेटरी को एक पत्र लिखाया; (in USA) मंत्री : he is an experienced ~ of state वह अनुभवी मंत्री है; foreign ~ विदेश मंत्री; home ~ गृह मंत्री.

sect सेँक्ट *n.* पंथ, मत, संप्रदाय : religious ~ धार्मिक ≈; to what ~ is he concerned उसका संबंध किस ≈ से है; Arya Samaj is a ~ of Hindus आर्य समाज हिंदुओं का एक ≈ है. **sectarian** सेक्टेअ'रिअन *a.* सांप्रदायिक [education शिक्षा, effect प्रभाव, parties दल]; ~ differences can be seen on the surface सांप्रदायिक मतभेद सतह^{F} पर देखा जा सकता हैं.

section सेँक्'शन *n*^{c}. **1.** (portion) अंश, भाग, हिस्सा, टुकड़ा : to divide smth into ~s किसी चीज़ को टुकड़ों में बाँटना; a ~ of cake केक का टुकड़ा; this ~ of the land is not good for agriculture यह भूभाग कृषि के लिए अच्छा नहीं है. **2.** (division of a department or an organisation) अनुभाग, प्रशाखा^{F} : a ~ of railway was closed रेलवे का एक अनुभाग बंद था; a ~ of the office कार्यालय का एक ≈; this ~ of the bank बैंक की यह प्रशाखा. **3.** (of book etc.) अनुच्छेद : the story was in many ~s कहानी कई अनुच्छेदों में थी. **4.** (of law) धारा^{F}, दफा^{F} : he read out S ~ 20 of the code of conduct उसने आचार संहिता की धारा 20 पढ़कर सुना दी. **5.** (group) वर्ग : the people of this ~ are comparatively rich इस वर्ग के लोग अपेक्षया धनी हैं; Gandhiji's policy was liked by all ~s of society गाँधी जी की नीति^{F} को समाज के सब वर्ग पसंद करते थे. **sectional** सेँक्'शॅनल *a.* **1.** अनुभागीय : ~ development ≈ विकास; ~ procedure ≈ कार्यप्रणाली^{F}. **2.** वर्गीय [differences मतभेद, interests हित, quarrels झगड़े]; ~ disputes must be settled early ≈ झगड़े पहले तय किए जाने चाहिए.

sector सेँक्'टर *n*^{c}. **1.** (of a circle) खंड : ~ of a circle from centre to edge केंद्र से छोर तक एक वृत्त का तृज्यखंड. **2.** (area of activity) कार्यक्षेत्र, अंचल, खंड [private ग़ैरसरकारी, public सार्वजनिक]; Sector D in Lajpat Nagar, New Delhi लाजपत नगर, नई दिल्ली, का खंड डी (द); you cannot reach this sector easily तुम आसानी से इस क्षेत्र में नहीं पहुँच सकते.

secular सेँ'क्यूलर *a.* **1.** लौकिक, ऐहिक, सांसारिक [attraction आकर्षण, objects पदार्थ]. **2.** ~ priest गृहस्थ पुरोहित. **3.** धर्म-निरपेक्ष : [education शिक्षा, parties दल, policy नीति^{F}, power शक्ति^{F}]; this society follows ~ views यह समाज ≈ विचारों का अनुसरण करता है; India is a ~ state भारत एक ≈ राज्य है.

secure सिक्युअर' **I.** *a.* **1.** (safe) सुरक्षित [place स्थान, shelter शरणस्थल]; is your luggage ~ क्या तुम्हारा सामान ≈ है? the lock is ~ ताला ≈ है; this place is ~ from attack यह स्थान आक्रमण से ≈ है; your money will be ~ with Seth B सेठ ब के पास तुम्हारा धन ≈ रहेगा. **2.** he is always ~ and never worries वह हमेशा निश्चिंत रहता है और कभी चिंता^{F} नहीं करता. **3.** (closed) पक्का (बंद) : keep the doors ~ दरवाज़े पक्के (बंद) रखो; the lock is ~ ताला पक्का (बंद) है; that rope is not ~ वह रस्सी^{F} पक्की नहीं है. **4.** (sure) निश्चित : I have ~ belief it is ~ that he will come मुझे पक्का विश्वास है कि वह आएगा; his place in society is ~ उसका समाज में अपना स्थान ≈ है. [*ant.* insecure] **II.** *v.t.* **1.** सुरक्षित करना : he ~d the life of the priest उसने पुजारी की जान की रक्षा^{F} की; to ~ the borders of the country against attacks देश की सीमाओं^{F} की आक्रमण से

रक्षा^{F} करना. **2.** आरक्षित कराना, पक्का कराना : I have ~d a seat for you in the theatre मैंने थिएटर में तुम्हारे लिए एक सीट आरक्षित करा ली है. **3.** (fasten and make firm) बंद करके पक्का करना : ~ the windows before leaving जाने से पहले खिड़कियाँ बंद करके पक्की कर लो. **4.** (guarantee) ज़िम्मा लेना, आश्वासन देना : he has ~d him every possible help उसने उसे हर संभव सहायता^{F} का आश्वासन दिया. **5.** (obtain) पा लेना, प्राप्त कर लेना : to ~ a ticket for the first show पहले शो का टिकट पा लेना; he has ~d a good job उसने अच्छा काम प्राप्त कर लिया है. **security** सिक्युअ'रिटि *n*^{cu}. **1.** (safety) सुरक्षा^{F} [individual व्यक्तिगत, national राष्ट्रीय, proper उचित]; ~ forces सुरक्षा बल; the burden for the ~ of the nation lies on the military राष्ट्र की सुरक्षा^{F} का भार सेना^{F} पर है; the ~ of the leader was beefed up नेता जी की सुरक्षा^{F} बढ़ा दी गई; the road was closed for ~ reasons सुरक्षा के विचार से सड़क^F बंद कर दी गई. **2.** (freedom from care) निश्चिंतता^{F} : such a life of ~ may harm him in his business इतनी ≈ का जीवन उसे व्यापार में नुकसान पहुँचा सकता है. **3.** *n*^{c}. (guarantee) ज़मानत, प्रतिभूति^{F} : she borrowed the money on the ~ of the house उसने मकान की ≈ पर रुपया उधार लिया. **4.** (person) ज़ामिन, प्रतिभू : I stand ~ for this debtor मैं इस लेनदार का ≈ हूँ.

secy. secretary.

seduce सिड्यूस *v.t.* **1.** (lead astray) बहकाना, विचलित करना : to ~ smb from his duty किसी को अपने कर्तव्य से विचलित करना; he ~d the girl to run away with him उसने अपने साथ भाग जाने के लिए लड़की को बहकाया; he was ~d to leave that job उसे वह काम छोड़ने के लिए बहका दिया गया; politicians always ~ people राजनीतिज्ञ लोगों को सदा बहकाते रहते हैं. **2.** (corrupt) भ्रष्ट करना, चरित्र बिगाड़ना : the money has ~d all the employees पैसे ने सभी कर्मचारियों को भ्रष्ट कर दिया है. **3.** (a woman) शीलभंग करना : he tried to ~ the girl but failed उसने लड़की का शील भंग करने की कोशिश^F की लेकिन असफल रहा.

see सी *v.t.* **1.** (*p.* saw, *p.p.* seen) देखना, निहारना; to ~ the visible objects दृश्य पदार्थों को देखना; we could ~ nothing as it was dark क्योंकि अंधेरा था इसलिए हम कुछ नहीं देख सकते थे; I have not seen you for two months मैंने दो महीने से आपको नहीं देखा है; I cannot see well with my left eye मैं बाईं आँख से अच्छी तरह नहीं देख सकता; he saw that it was day light when he awoke जब वह जागा तो उसने देखा कि दिन का प्रकाश हो गया है; he went to ~ the garden in the evening वह शाम को बाग देखने गया; I saw him sleeping मैंने उसे सोते देखा; we'll ~ देख लेंगे; he has ~n a lot in his life उसने अपने जीवन में बहुत कुछ देखा है. **2.** (understand) समझना, देखना : yes, now I see हाँ, अब मैं समझा; I ~ no alternative now अब मुझे कोई विकल्प नहीं दिखाई देता; let us ~ what has been done हम देख/समझ लें कि क्या किया जा चुका है; do you ~ what I mean क्या तुम समझे कि मेरा अभिप्राय क्या है ? as far as I can ~ जहाँ तक मैं समझता हूँ; I do not ~ that मैं नहीं समझ पाता; try to ~ things my way बातों को मेरी तरह^F समझने की कोशिश^F कीजिए; I ~ no reason why we should despair मुझे कोई कारण समझ में नहीं आता कि हम निराश क्यों हों. **3.** (learn) मालूम करना, जान जाना : now I have seen everything, you should not worry अब मैं सब कुछ जान गया, तुम्हें चिंता^{F} करने की जरूरत^F नहीं है. **4.** (imagine) कल्पना^{F} करना, देखना : I had seen its effect in the beginning मैंने शुरू में ही इसके प्रभाव की कल्पना कर ली थी; I can ~ a bright future for this boy मैं इस लड़के के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना कर सकता हूँ. **5.** (examine) निरीक्षण करना, जाँचना, देखना : the supervisor came to ~ the work done by them निरीक्षक उनके द्वारा किए गए काम का निरीक्षण करने आया. **6.** से मिलना, भेंट करना : he went to ~ the President yesterday कल वह राष्ट्रपति से मिलने गया; the doctor can ~ you after

8 a.m. डाक्टर तुमसे प्रातः 8 बजे के बाद मिल सकते हैं; I'll be ~ing him tomorrow मैं उससे कल मिलने वाला हूँ. **7.** (consult) से सलाह[F] लेना, देखना : he has now gone to ~ the lawyer वह अभी वकील से सलाह लेने गया है. **8.** (accompany to a place) तक छोड़ आना : may I ~ you home क्या मैं तुम्हें घर तक छोड़ आऊं; he saw her to the bus stand वह उसे बस-अड्डे तक छोड़ आया. Δ ~ **fit** उचित समझना : the manager saw it fit to dismiss the bearer प्रबंधक ने यह उचित समझा कि बैरा को निकाल दिया; ~ **eye to eye with smb** सहमत होना; ~ **life** जीवन का अनुभव प्राप्त करना : he has been to many countries and seen life वह बहुत-से देशों में रहा है और जीवन का अनुभव प्राप्त किया है; **to ~ the light of day** प्रकट होना, प्रकाश में आना : the book saw the light of day after his death उसकी मृत्यु के बाद किताब[F] प्रकाश में आई; ~ **about** (i) प्रबंध करना : he will ~ about everything वह हर चीज़ का प्रबंध करेगा; I should now ~ about my dinner मुझे अब डिनर का प्रबंध करना चाहिए; (ii) पर विचार करना : I will ~ about your proposal मैं तुम्हारे प्रस्ताव पर विचार करूँगा; ~ **after** की देखरेख[F] करना, देखभाल[F] करना : a nurse ~s after the patients एक नर्स रोगियों की ≈ करती है; ~ **into** जाँच करना : the police will see into the matter पुलिस[F] मामले की जाँच करेगी; ~ **off** विदा करना : he has gone to ~ off his friend at the bus stand बस अड्डे पर वह अपने मित्र को विदा करने गया है; ~ **through smb** (i) किसी को अच्छी तरह समझना, ताड़ जाना : now I could ~ through the whole truth अब मैं पूरी सच्चाई[F] समझ पाया; (ii) to ~ smb through किसी की आड़े वक्त में सहायता[F] करना; (iii) ~ smth through संपादित करना, पूरा करना; ~ **to** (i) का इंतज़ाम करना, की देखरेख[F] करना : get your teeth seen to by a dentist अपने दाँतों की देखभाल किसी दंतविशेषज्ञ से करा लो; (ii) ज़िम्मेवारी लेना : I'll ~ to it that you will pass मैं यह ज़िम्मेवारी लेता हूँ कि आप पास होंगे.

seed सीड **I.** *n*[cu]. **1.** बीज [healthy स्वस्थ, improved शोधित, new नया]; he has sown ~s in the field उसने खेत में बीज बो दिए हैं; plants grow from ~s पौधे बीजों से उगते हैं; why do you not sow ~s तुम बीज क्यों नहीं बोते हो ? they have gone to collect the ~s of sunflower वे सूरजमुखी के बीज इकट्ठा करने गए हैं; a fig is full of ~ अंजीर में ≈ भरे होते हैं. **2.** (origin) बीज, (मूल) कारण : main ~ मुख्य ≈; this was the ~ of discontent यह असंतोष का ≈ था; that was the ~ of all troubles यह सब कष्टों का मूल कारण था. **3.** ~ time बोने का समय. **4.** (progeny) संतान : according to the Bible, we are ~s of Adam बाइबल[F] के अनुसार हम सब आदम की संतान[F] हैं. **II.** *v.t.i.* **1.** बीज उत्पन्न होना, बीज पड़ना : a plant ~s पौधे में बीज उत्पन्न होते हैं (पड़ते हैं). **2.** बीज छितराना : farmers ~ the field with gram किसान खेत में चने के बीज छितराते हैं. **3.** बीज निकालना : to ~ a fruit फल में से बीज हटा देना. **seedling** सीड्'लिङ्ग *n.* पौध[F], नया पौधा : a ~ has grown from a seed एक नया पौधा बीज से उग आया है; this ~ needs much care इस पौधे को बड़ी देखरेख[F] की आवश्यकता[F] है.

seek सीक *v.t.* (*p.* & *p.p.* sought) **1.** (look for) खोजना, ढूँढ़ना : he is still ~ing employment वह अब भी काम ढूँढ़ रहा है; he has been ~ing Mr. R since morning वह मि. आर को सुबह से ढूँढ़ रहा है; what are you ~ing तुम क्या तलाश रहे हो ? I am ~ing shelter मैं शरण[F] की तलाश[F] कर रहा हूँ; ~ and you will find जिन खोजा तिन पाया. **2.** (inquire after) पता लगाना, पूछताछ[F] करना : police is ~ing (after) him in a murder case हत्या[F] के मामले में पुलिस[F] उसका पता लगा रही है. **3.** (search, explore) छान डालना, देख मारना : he has sought every corner of the house for his watch उसने अपनी घड़ी के लिए घर का कोना-कोना छान लिया है. **4.** (resort to) जाना, के पास जाना : the cattle sought the shade of trees मवेशी पेड़ों की छाया[F] में चले गए. **5.** (desire) चाहना; (ask for) माँगना : I ~

help from you मैं तुम्हारी सहायता^{F} चाहता हूँ/मैं तुमसे सहायता^{F} माँगता हूँ; he sought my advice उसने मेरी सलाह^F माँगी; this article was sought **after** इस लेख की माँग थी. **6.** (attempt) की कोशिश^F करना, का प्रयत्न करना : he sought to catch the train but remained in the way उसने रेलगाड़ी^{F} पकड़ने की कोशिश की लेकिन रास्ते में ही रह गया.

seem सीम *v.i.* प्रतीत होना, लगना, जान पड़ना : the work did not ~ difficult to me काम मुझे कठिन नहीं लगा; it ~s to me that it will rain today मुझे लगता है कि आज बारिश^F होगी; there ~s every hope of success सफलता^{F} की हर आशा^{F} जान पड़ती है; if it ~s necessary to you, you may take it away यदि यह आपको आवश्यक प्रतीत होता है तो आप इसे ले जाएँ; things are different from what they ~ चीजें जैसी जान पड़ती हैं उससे भिन्न होती हैं; you do not ~ to understand anything लगता है तुम कुछ भी नहीं समझते; he ~ed tired but was showing happiness वह थका हुआ प्रतीत हुआ लेकिन वह प्रसन्न होने का दिखावा कर रहा था; it ~s to me that you are not telling the truth मुझे जान पड़ता है कि तुम सत्य नहीं बोल रहे हो. **seemingly** सी'मिङ्गलि *adv.* प्रकट रूप में, देखने में : ~ there is nothing to worry about ≈ चिंता^{F} की कोई बात^F नहीं है; ~ he is quite healthy ≈ वह पूर्णत: स्वस्थ है.

seen सीन = *p.p.* of 'see' *q.v.*

seep सीप *v.i.* रिसना : water had ~ed into our boat पानी हमारी नाव^F में रिस गया था; the roof ~s, it needs immediate repairs छत^F रिसती है, इसमें तुरंत मरम्मत^F की आवश्यकता^{F} है.

seesaw सी'सॉ **I.** *n*^{c}. **1.** ढेंकल, ढेकी^{F}, सी-सा : ~ is a board balanced in the middle ≈ एक पटरा होता है जो मध्य में संतुलित रहता है; to play at a ~ ≈ पर खेलना; the boy fell off the ~ लड़का ≈ पर से गिर पड़ा. **2.** (movement) उतार-चढ़ाव : I have seen various ~s in my life मैंने अपने जीवन में बहुत-से ≈ देखे हैं. **II.** *v.i.* **1.** झूला-झूली^{F} खेलना : the boys were ~ing in the field बच्चे मैदान में ≈ खेल रहे थे. **2.** ऊपर-नीचे होना, डावाँडोल होना : the boatman ~ed while taking a decision नाविक निश्चय करने में आगा-पीछा कर रहा था.

seethe सीद *v.i.* **1.** (boil) उबलना, खौलना : the milk is seething दूध उबल रहा है. **2.** (bubble) बुदबुदाना : water ~s against the rocks पानी चट्टानों से टकराकर बुदबुदाता है. **3.** (be agitated) उत्तेजित होना, आंदोलित होना : the city was seething with discontent शहर असंतोष के कारण उत्तेजित हो रहा था; the country is seething with political unrest देश राजनीतिक हलचल^F से भरा. **4.** भरा होना : that man was seething with anger वह आदमी गुस्से से भरा था; the place was seething with people स्थान लोगों की भीड़^{F} से भरा था.

segment सेग्'मन्ट **I.** *n*^{c}. **1.** (part) भाग, खंड [big बड़ा, equal बराबर]; a ~ of this locality इस मुहल्ले का एक भाग; it is just a ~ of our society यह हमारे समाज का केवल एक भाग है; ~ of a circle वृत्त का ≈. **2.** (of orange, etc.) फाँक^F : you may take a ~ of the apple तुम सेब की एक फाँक ले सकते हो. **II.** *v.t.i.* **1.** विभाजित करना या हो जाना : the building is ~ed in four parts इमारत^F चार भागों में विभाजित है. **2.** काटना : to ~ a circle वृत्त को काटना.

segregate सें'ग्'रिगेट *v.t.i.* अलग करना या हो जाना, पृथक् करना : Jews were ~d in Germany यहूदी जर्मनी में पृथक् कर दिए गए थे; she cannot be ~d from the society उसे समाज से अलग नहीं किया जा सकता; boys and girls are ~d in high schools उच्च विद्यालयों में लड़के-लड़कियों को अलग रखा जाता है.

seize सीज़ *v.t.* **1.** (take hold of) पकड़ना; (कसकर) पकड़ना : ~ the rope to make yourself safe अपने को सुरक्षित रखने के लिए रस्सी^{F} कसकर पकड़ लो; to ~ a prisoner out of campus कैम्पस के बाहर कैदी को पकड़ना; he ~d his collar and slapped him उसने उसका कालर पकड़ लिया और थप्पड़ जड़ दिया; to ~ by the throat गले से पकड़

लेना; you cannot ~ him so easily तुम इतनी आसानी से उसे नहीं पकड़ सकते; he ~d me by hand उसने मेरा हाथ पकड़ लिया; he ~d my hand and dragged me away वह मेरा हाथ पकड़कर मुझे घसीट ले गया. [*ant.* release] **2.** (snatch) झपट लेना, छीन लेना : the dog ~d the bread from the cat कुत्ते ने बिल्ली[F] से रोटी[F] छीन ली; the cat ~d the rat quickly बिल्ली तेज़ी से चूहे पर झपटी. **3.** (be affected) प्रभावित होना : fear ~d him वे डरे-डरे थे; he was ~d with shame उसे शर्म[F] आ रही थी. **4.** (arrest) पकड़ना, गिरफ़्तार करना : police ~d a robber पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ़्तार कर लिया. **5.** (impound) ज़ब्त करना, कुर्क करना : the government ~d all his property सरकार[F] ने उसकी सारी संपत्ति[F] ज़ब्त कर ली. **6.** (understand) समझना, समझ लेना, पकड़ना : to ~ a point किसी बिंदु की पकड़[F] होना; I have ~d everything told by you मैंने आपके द्वारा बताई गई सभी बातों[F] को समझ लिया है. **7.** (attack of disease) आक्रांत करना : he is ~d with pain वह दर्द से आक्रांत है. **8.** (take advantage of) से लाभ उठाना : he could not ~ the opportunity वह अवसर का लाभ न उठा सका. **9.** I am ~d of the matter मुझे इस मामले की जानकारी[F] है. **seizure** सी'ज़र n^u. **1.** गिरफ़्तारी[F] : his ~ has now become necessary उसकी ≈ अब आवश्यक हो गई है. **2.** ज़ब्ती[F], अधिग्रहण, कुर्की[F] : the court ordered the ~ of his property न्यायालय ने उसकी संपत्ति[F] की ज़ब्ती का आदेश दिया. **3.** (of disease) दौरा, झटका, आक्रमण : he suffered from heart ~ वह दिल के दौरे से पीड़ित था.

seldom सें'ल्'डम *adv.* बिरले ही, कभी-कभार, यदा-कदा ही : ~ or never ≈ या कभी नहीं; after that we ~ heard of him उसके बाद हमने कभी-कभार ही उसके बारे में सुना; he is ~ here in the afternoon दोपहर के बाद वह ≈ यहाँ होता है; he is ~ punctual वह कभी-कभार ही समयनिष्ठ (वक्त का पाबंद) रहता है; she ~ smiles वह ≈ मुस्कराती है; it ~ rains here यहाँ ≈ बारिश[F] होती है; this locality is not ~ flooded यह मुहल्ला प्राय: बाढ़ग्रस्त रहता है. [*ant.* often]

select सिलें'क्ट' **I.** *a.* **1.** (picked out) चुनिंदा [audience श्रोतागण, books किताबें[F], fruit फल]; he buys only ~ vegetables वह केवल ≈ सब्ज़ियाँ ख़रीदता है. **2.** (excellent) श्रेष्ठ, उत्कृष्ट : ~ committee प्रवर समिति; he is the ~ teacher of the school वह विद्यालय का एक ≈ अध्यापक है; he was admitted in a ~ school उसे एक ≈ विद्यालय में दाख़िल किया गया. **II.** *v.t.* चुन लेना, चयन करना, छाँटना : we ~ed the best singers हमने सबसे अच्छे गायकों का चुनाव किया; finest plants were ~ed and sent to the exhibition बढ़िया-से-बढ़िया पौधे छाँटकर प्रदर्शनी में भेजे गए; she ~ed five varieties of flowers उसने पाँच प्रकार के फूलों को चुना; has the team been ~ed क्या टीम का चयन कर लिया गया है. **selection** सिलें'क्'शन n^u. (act) चयन : ~ committee ≈ समिति[F]; we left the ~ of players to the committee हमने खिलाड़ियों का ≈ समिति[F] पर छोड़ दिया; her ~ of books is good उसका पुस्तकों[F] का चयन बढ़िया है; I could not make a ~ मैं ≈ नहीं कर सका; board of ~ चयन परिषद्; a ~ of poems कविता चयन.

self सें'ल्फ़ **I.** n^u. **1.** (ego) अहम्, आत्मन् : knowledge of ~ आत्मज्ञान; it is only his ~ that he is speaking so यह केवल उसका ≈ है कि वह ऐसा बोल रहा है. **2.** (selfish) स्वार्थ : she always thinks of her ~ वह सदा अपने स्वार्थ के बारे में ही सोचती है. **3.** व्यक्तित्व : he must improve his ~ उसे अपने ≈ में सुधार लाना चाहिए. **II.** *pron.* स्वयं/ख़ुद : I myself मैं ≈; we ourselves हम स्वयं; he himself वह ≈; they themselves वे ≈; she herself वह स्वयं; you yourself तुम ख़ुद/आप या स्वयं; itself यह भी. **III.** *pref.* स्व-, आत्म-, स्वत:- : **~-acquired property** खुद बनाई हुई या स्वार्जित संपत्ति; **~-addressed envelope** अपने पते वाला या स्वनामांकित लिफ़ाफ़ा; **~-applause** *n.* आत्म-प्रशंसा[F] : his ~-applause was not appreciated by anyone उसकी ≈ को किसी ने पसंद नहीं किया; **~-appointed** *a.* आप बन बैठा, स्वयं नियुक्त

[chief प्रमुख, officer अधिकारी]; ~-appointed commander of Khalsa Force खालसा बल का ≈ कमाण्डर; **~-centred** *a.* आत्म-केंद्रित, आत्ममग्न [man आदमी, student छात्र]; I have not seen such a ~-centred woman मैंने इतनी ≈ स्त्री नहीं देखी है. **~-confidence** आत्मविश्वास : full ~ पूर्ण ≈; you should not lose ~ confidence तुम्हें ≈ नहीं खोना चाहिए; **~-confident** youngman आत्मविश्वासी युवा; **~-conscious** *a.* (i) संकोची, झेंपू : a ~ conscious person think too much of himself ≈ व्यक्ति अपने बारे में बढ़-चढ़कर बहुत सोचता है; (ii) आत्म-चेतन; **~-contained** *a.* (i) स्वत: पूर्ण [bathroom स्नानगृह, kitchen रसोईघर]; (ii) (reserved) अल्प-भाषी, चुप्पा; (iii) (~ sufficient) आत्म-निर्भर : most tribes in India are ~-contained भारत में बहुत-सी जनजातियाँ^{F} आत्मनिर्भर हैं; **~-control** आत्म-संयम, आत्म-नियंत्रण; **~-defence** *n.* आत्म रक्षा^{F} : he shot him in ~-defence उसने इसे ≈ में गोली^{F} मार दी; **~-denial** *a.* आत्म-त्याग, स्वार्थ-त्याग : ancient Rishis lived a life of ~ प्राचीनकाल के ऋषि ≈ का जीवन जीते थे; **~-dependent** आत्म-निर्भर, स्वावलंबी; **~-determination** *n.* आत्म-निर्णय : some people in Kashmir claim the right to ~-determination कुछ लोग कश्मीर में ≈ के अधिकार का दावा करते हैं; **~-employed** *a.* स्वनियोजित, स्वनियुक्त, अपना कारबार अपने बलबूते करने वाला : the government gives grants-in-aid to ~-employed graduates सरकार^F स्वनियोजित स्नातकों को सहायता-अनुदान देती है; **~-evident** *a.* स्वयंसिद्ध, स्वत: स्पष्ट : the falsehood of his claim is ~ -evident उसके दावे का झूठापन ≈ है; **~-examination** n^u. आत्म-परीक्षा^{F} : ~ examination will bring out your weakness ≈ तुम्हारी कमज़ोरी उजागर करेगी; **~-governing** colony स्वशासित उपनिवेश; **~-government** n^u. स्वायत्त शासन, स्वशासन [complete पूर्ण, partial आंशिक, responsible उत्तरदायित्वपूर्ण]; conditions of ~-government ≈ की शर्तें^{F}; dominions of ~-government स्वशासन के क्षेत्र; after much struggle they obtained the goal of ~-government बहुत संघर्ष के बाद उन्हें ≈ का लक्ष्य प्राप्त हुआ; the government took away the right of ~-government सरकार^F ने ≈ का अधिकार छीन लिया; there are some obstacles in the way of granting ~-government to the people of that country उस देश के लोगों को ≈ देने के रास्ते में कुछ कठिनाइयाँ^{F} हैं; at last they succeeded in achieving ~-government अंतत: वे ≈ प्राप्त करने में सफल हो गए; **~-help** n^u. स्वावलंबन : ~-help for success in life जीवन में सफलता^{F} के लिए ≈; ~-help is the best help ≈ सबसे उत्तम सहायता^{F} है; **~-importance** *n.* अहंकार, अभिमान : uncontrollable ~ importance अनियंत्रित ≈; **~-interest** *n.* आत्महित, स्वार्थ : he is a good example of ~-interest वह ≈ का एक अच्छा उदाहरण (नमूना) है; **~-love** स्वार्थ; **~-made** *a.* (i) अपने बलबूते कुछ बनने वाला : a ~-made person is self-satisfied ≈ व्यक्ति आत्म-संतुष्ट रहता है; (ii) स्वनिर्मित; **~-possession** आत्म-संयम; **~-praise** आत्म-प्रशंसा^{F}, आत्म-श्लाघा^{F}; **~-reliance** आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन : only ~ reliance will enable you to succeed in life केवल ≈ ही आपको जीवन में सफल बना सकेगी; **~-respect** n^u. आत्म-सम्मान, स्वाभिमान : ~-respect is the virtue of a man of character ≈ एक चरित्रवान् व्यक्ति का गुण है; **~-sacrifice** *n.* आत्म-त्याग : ~-sacrifice for the good of others दूसरे लोगों की भलाई^F के लिए ≈; **~-satisfaction** *n.* आत्मसंतोष [amazing अद्भुत, boundless असीमित, foolish मूर्खतापूर्ण, offensive अलाभकर]; his ~-satisfaction may lead him astray उसका ≈ उसे बहका सकता है; **~-seeking** *a.* स्वार्थ-परायण (person व्यक्ति); **~-service** स्वयं-सेवा^{F}; **~-sufficient** *a.* आत्मनिर्भर, स्वावलंबी : he belongs to a ~ -sufficient community वह ≈ समुदाय से संबंधित है;

~-supporting *a.* आत्म-निर्भर, स्वावलंबी [association संस्था^F, young man युवा पुरुष]; all the members of his family are ~-supporting उसके परिवार के सब सदस्य ≈ हैं. **selfish** सेॅल्'फ़िश *a.* स्वार्थी, स्वार्थ-परायण [action कार्यवाही^F, motive आशय]; don't be ~, think of others ≈ न बनो, दूसरे के बारे में सोचो.

sell सेॅल *v.t.i.* (*p.* & *p.p.* sold) **1.** बेचना : he ~s books वह किताबें^F बेचता है; I would not ~ it at any price मैं इसे किसी कीमत^F पर भी नहीं बेचूँगा; this house is to be sold इस मकान को बेचना है (यह मकान बिकाऊ है); he does not ~ leather goods वह चमड़े का सामान नहीं बेचता; I sold my bicycle yesterday for Rs. 500 कल मैंने अपनी साइकिल^F पाँच सौ रुपए में बेच दी; he used to sell oranges and bananas वह संतरे और केले बेचा करता था. **2.** (be sold) बिकना : these goods are ~ing well यह माल अच्छा बिक रहा है; these socks are sold cheap here ये मोज़े यहाँ सस्ते बिकते हैं; all his property was sold उसकी पूरी संपत्ति बिक गई; this machine does not ~ यह मशीन^F नहीं बिकती. Δ ~ **off** औने-पौने करके बेच देना : he has sold off his property because of his extreme need अत्यंत आवश्यकता^F के कारण उसने अपनी संपत्ति औने-पौने करके बेच दी; ~ **out** all goods सारा माल बेचकर खत्म कर देना; I sold up मैंने बेच डाला. [*ant.* buy] **seller** सेॅ'लर *n*^c. बेचने वाला, विक्रेता [honest ईमानदार, reliable विश्वसनीय]; book-~ पुस्तक ≈; he is a ~ of pots and pans वह बर्तनों और कड़ाहियों^F का विक्रेता है; he is a greedy ~, you should not buy anything from him वह एक लालची विक्रेता है, उससे तुम्हें कुछ नहीं ख़रीदना चाहिए.

selves = *pl.* of 'self' *q.v.*; *suffix.* themselves, ourselves : they themselves did it उन्होंने यह स्वयं किया; we ourselves sold it away हमने स्वयं इसे बेच दिया.

semi- सेॅमि *pref.* **1.** अर्ध : ~ **approval** ≈ स्वीकृति^F; ~**-circle** अर्धवृत्त : chairs arranged in ~-circle ≈ में रखी कुर्सियाँ^F; ~**-colon** अर्ध-विराम (;) ; ~ **conscious** ≈ चेतन; ~**-final** उपान्त्य, सेमिफ़ाइनल (match); ~**literate** ≈ शिक्षित; ~**-official** ≈ सरकारी; ~**-patient** ≈ रोगी; ~**-skilled** ≈ कुशल; in a ~ state ≈ अवस्था में. **2.** अल्प, कम : ~ precious stone ≈ कीमती पत्थर.

seminar सेॅ'मिनार *n.* सेमिनार, अध्ययन गोष्ठी^F : ~ classes at the university विश्वविद्यालय में अध्ययन गोष्ठियाँ; ~ period with a teacher अध्यापक के पास ≈ का समय.

send सेॅन्ड **I.** *v.t.* (past & *p.p.* sent) **1.** भेजना : to ~ a parcel पार्सल भेजना; to ~ smth by post डाक^F से कुछ भेजना; I shall ~ you the book next month मैं अगले महीने तुम्हें पुस्तक^F भेज दूँगा; you have not yet sent his money तुमने उसका पैसा अभी तक नहीं भेजा है; I sent a messenger मैंने संदेशवाहक को भेजा; to ~ smb with message किसी को संदेश देकर भेजना; he was sent to the manager उसे मैनेजर के पास भेजा गया; to ~ word संदेश भेजना; I had sent a telegram मैंने एक तार भेजा था. **2.** (propel) चलाना, फेंकना, मारना : I sent an arrow at the deer मैंने हिरन पर तीर चला दिया. **3.** (grant) प्रदान करना, भेज देना : God, ~ us safe journey ईश्वर, हमें सुरक्षित यात्रा^F प्रदान करें. **4.** (drive, bring into a state) बना देना : it may ~ me mad यह मुझे पागल बना दे; cricket has sent him crazy क्रिकेट ने उसे ख़ब्ती बना दिया है. Δ ~ **away** = ~ off *q.v.*; ~ **away for** आर्डर करना : I have sent away for some article from the co-operative store मैंने कुछ चीज़ें सहकारी भंडार से आर्डर की हैं; ~ **down** निकाल देना : the teacher sent him down from the class अध्यापक ने उसे कक्षा^F से निकाल दिया; ~ **for** (i) बुला भेजना : I have sent for a doctor मैंने डॉक्टर को बुला भेजा है; (ii) मंगा भेजना : he has sent for one ticket only उसने केवल एक टिकट मँगा भेजा है; ~ **forth** छोड़ना : the trees ~ forth their fruit पेड़ फल देते हैं; ~ **in** (i) भीतर भेजना : to ~ in one's visiting card अपना मुलाकाती कार्ड

भीतर भेजना; (ii) to ~ in one's resignation अपना इस्तीफा पेश कर देना; to ~ in one's name अपना नाम दाख़िल कराना; ~ **off** (i) भेज देना : to ~ off a parcel पार्सल भेज देना; (ii) निकालना : the player was sent off the field खिलाड़ी को मैदान से निकाल (हटा) दिया गया; (iii) विदा करना : he sent off the doctor to the gate वह गेट तक डॉक्टर को विदा करने गया; ~ **on** आगे भेजना : to ~ on one's attendants and horses अपने अनुचरों और घोड़ों को आगे भेजना; to send letters on पत्र अग्रसरित कर देना; ~ **out** देना, निकालना : to ~ out an appeal एक अपील^F निकालना : the sun ~s out light and heat सूर्य प्रकाश और गर्मी^{F} देता है; ~ up (i) ऊपर फेंकना : the fire ~s up smoke आग से धुआँ ऊपर जाता है; (ii) आगे भेजना : to ~ up a boy for punishment दण्ड दिलवाने के लिए किसी लड़के को ≈; to ~ up documents to higher authorities दस्तावेज़ों को उच्चतर अधिकारियों के पास भेजना.

senior सी'न्यर् **I.** *a.* **1.** (older) ज्येष्ठ, बड़ा : he is ~ to me by two years वह मुझसे दो साल ≈ है; Hari is ~ of the two brothers हरि दोनों भाइयों में बड़ा है. **2.** (of higher rank) प्रवर, वरिष्ठ, सीनियर [officer अधिकारी, partner सहभागी]; Mr. Sharma is the ~ teacher of the college मि. शर्मा कालेज के वरिष्ठ अध्यापक हैं; ~ member of the village गाँव का वरिष्ठ सदस्य. **II.** n^c. **1.** बड़ा, ज्येष्ठ : he is my ~ वह मुझसे बड़ा है. **2.** सीनियर, उच्चतर कक्षा का छात्र : the seniors were beaten by the juniors बड़े छात्रों को छोटों ने हरा दिया. [*ant.* junior]

seniority सीनिऑ'रिटि n^u. ज्येष्ठता^{F}, प्रवरता^{F}, वरिष्ठता^{F} : the promotions will be made on the basis of ~ प्रोन्नतियाँ ≈ के आधार पर की जाएँगी; they we seated in the order of ~ उन्हें ≈ क्रम से बिठाया गया है.

sensation सें'नसे'शन n^c. **1.** एहसास, अनुभूति^{F} : I feel no ~ मुझे कुछ अनुभूति नहीं हो रही है; to have ~ of hunger, pain भूख, दर्द महसूस करना. **2.** (excitement) उत्तेजना^{F}, सनसनी^{F} [great भारी, ordinary साधारण]; the murder caused ~ हत्या^{F} से ≈ पैदा हो गई; prickly heat causes ~ in the body अंभौरी/ पित्ती शरीर में ≈ पैदा करती है; a bomb blast created ~ in the market बम के धमाके ने बाज़ार में सनसनी^{F} पैदा कर दी.

sensational सेनसे'शॅनल *a.* उत्तेजक, सनसनीदार [atmosphere वातावरण, murder हत्या^{F}, news समाचार]; on hearing the ~ speech the mob was ready to do anything उत्तेजनात्मक भाषण सुनकर भीड़^{F} कुछ भी करने को तैयार हो गई.

sense सें'न्स **I.** *n.* **1.** (faculty) इंद्रिय, ज्ञानेन्द्रिय : the five ~s are of sight, hearing, smell, taste and touch पाँच इंद्रियाँ हैं दृष्टि, श्रवण, घ्राण, स्वाद और स्पर्श; pleasure of the ~s इंद्रियों का सुख; dogs have a better ~ of smell than men मनुष्यों की अपेक्षा^{F} कुत्तों में घ्राणशक्ति^{F} अधिक होती है. **2.** (usu. *pl.*) (consciousness) होश^F : he often loses his ~ when he is perplexed जब वह परेशान होता है तब प्रायः ≈ खो बैठता है; he is not in his ~s वह अपनी ≈ में नहीं है; she has not yet come to her ~s वह अभी ≈ में नहीं आई है; the doctor brought him to his ~s डॉक्टर ने उसे ≈ दिलाई. **3.** (per- ception) अनुभूति^{F} : ~ of pain, pleasure पीड़ा^{F}, सुख की ≈. **4.** (feeling) भावना : he has a strong ~ of duty उसमें कर्तव्य की ज़बरदस्त ≈ है. **5.** (discernment) समझ^F, बोध, विवेक : he has plenty of ~ उसमें भरपूर ≈ है; ~ of injustice अन्याय का बोध; inadequate ~ of direction दिशा^{F} का अपर्याप्त बोध; you have ~ enough to know what is good for you तुम्हें पर्याप्त समझ है कि तुम्हारे लिए क्या अच्छा है; he is a man of ~s वह विवेकशील व्यक्ति है; use your ~s अपने विवेक से काम लो. **6.** (meaning) अर्थ, तात्पर्य, भाव : there is no ~ in it उसका कोई अर्थ नहीं है; what is the ~ of your talk तुम्हारी बात^F का क्या ≈ है; it can make no ~ इसका कोई अर्थ नहीं है; in what ~ did you use this word तुमने किस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग किया;

what is the ~ in learning a foreign language विदेशी भाषा^F सीखने का क्या ≈ है; talk ~ मतलब की बात^F करो; in a ~ एक अर्थ में : in a ~ she may be right एक अर्थ में वह सही हो सकती है. **II.** *v.t.* जान जाना, का बोध होना : she ~d at once what her friend was about to say उसे तुरंत बोध हो गया कि उसकी सहेली^F क्या कहने वाली थी; I ~d smth foul मुझे कुछ दाल में काला दिखाई दिया; he ~d danger उसे खतरा जान पड़ा; he ~d that she was not willing वह जान गया कि वह इच्छुक नहीं है. **senseless** सें'न्स्'-लें'स *a.* **1.** बेहोश, अचेतन, संज्ञाहीन : he lay ~ वह ≈ पड़ा था; the patient fell ~ on the ground रोगी बेहोश होकर ज़मीन पर गिर पड़ा; a man was lying ~ on the road एक व्यक्ति सड़क^F पर बेहोश पड़ा हुआ था. **2.** (foolish) मूर्ख : it is ~ to run after a train that has left उस रेलगाड़ी^F के पीछे दौड़ना नासमझी^F है जो छूट गई हो; he is so ~ that he never cares for the loss वह इतना ≈ है कि कभी हानि^F की चिंता^F नहीं करता. **3.** मूर्खतापूर्ण [action कार्यवाही^F, proposal प्रस्ताव, remark टिप्पण]; his advice was ~ उसकी सलाह^F ≈ थी. **sensibility** सें'न्सिबि'लिटि *n.* **1.** संवेदनशक्ति^F, संवेदनशीलता^F : he is a man of ~ वह संवेदनशील व्यक्ति है; ~ to the pain पीड़ा के प्रति ≈; the skin has ~ त्वचा^F में ≈ होती है. [*ant.* in~] **sensible** सें'न्'सॅबल *a.* **1.** (wise) समझदार : ~ person ≈ व्यक्ति; it was ~ of you to have taken an umbrella आपकी समझदारी थी कि आपने छाता ले लिया; no ~ person would believe that report उस रिपोर्ट^F पर कोई भी ≈ व्यक्ति विश्वास न करेगा; was it ~ to do that क्या उसे करना समझदारी^F थी. **2.** (aware) से अवगत या परिचित, का ध्यान रखने वाला : he was ~ of danger वह खतरे से अवगत था. [*ant.* in~] **3.** (adequate) अच्छा-ख़ासा, काफ़ी : there is ~ difference between the two brothers दोनों भाइयों में ≈ अंतर है; there is ~ improvement in his health उसके स्वास्थ्य में ≈ सुधार है; yesterday there was ~ increase in temperature कल तापमान में अच्छी-खासी वृद्धि^F थी. **4.** (simple) सादा : she wears ~ clothes वह सादा कपड़े पहनती है. **sensitive** सें'न्'सॅटिव़ *a.* **1.** (tender) कोमल/हृदय : ~ child ≈ बच्चा. **2.** (emotional) भावुक : he is such a ~ man that when scolded he weeps वह इतना ≈ पुरुष है कि डाँट दो तो रोने लगता है. **3.** संवेदनशील : to be ~ to the touch स्पर्श के प्रति ≈ होना. **4.** (touchy) चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज : Mr. X is so ~ that he does not bear criticism मि. एक्स इतने तुनकमिज़ाज हैं कि आलोचना^F सहन नहीं कर पाते. **5.** (of ear, eye, etc.) संवेदी : eyes are the most ~ organs in our body हमारे शरीर में आँखें^F सबसे अधिक ≈ अंग हैं. **6.** (of instruments, films, etc.) सूक्ष्मग्राही, सुग्राही : microphone is the ~ part of the loudspeaker माइक्रोफ़ोन लाउडस्पीकर का ≈ भाग है; ~ pair of scales ≈ तराज़ू. **7.** (in contexts) ~ market अस्थिर बाज़ार (भाव); ~ areas आशंका^F वाले क्षेत्र. **sensual** सें'न्'स्यूअल *a.* **1.** (of the senses) ऐंद्रिय, विषय-संबंधी [experience अनुभव, pleasures सुख, satisfaction संतोष]; he likes to lead a ~ life वह वैषयिक जीवन व्यतीत करना चाहता है; his ~ appetite is still unfulfilled उसकी वैषयिक भूख^F अब भी पूरी नहीं हुई है. **2.** (voluptuous) विषयी, विषयासक्त, इंद्रियलोलुप, कामुक : he has been a ~ person वह एक ≈ व्यक्ति रहा है; ~ life ≈ जीवन.

sent = *p. & past participle* of 'send' *q.v.*

sentence सें'न्'टन्स **I.** *n*^c. **1.** (gram.) वाक्य [complex मिश्र, compound संयुक्त, correct सही, long लंबा, simple सरल]; which is the principal ~ in the following निम्नलिखित में मुख्य/प्रधान वाक्य कौन-सा है; pick out the imperative ~ in the following निम्नलिखित में आदेशात्मक वाक्य छाँटो; read this ~ loudly इस वाक्य को ऊंचा बोलो; do you understand the last ~ क्या तुम अंतिम वाक्य समझते हो ? **2.** (of a court) दण्डादेश, दण्डाज्ञा^F, सज़ा^F [severe कड़ी, simple साधारण]; life ~ आजीवन कारावास, उम्र कैद^F; death ~ मौत

की सज़ा, मृत्युदंड; the court has given him ~ of ten years' imprisonment for the murder of his neighbour न्यायालय ने उसे अपने पड़ोसी की हत्या^{F} करने के लिए दस साल क़ैद की सज़ा दी है; he died before the completion of his ~ अपनी पूरी सज़ा भुगतने से पहले वह मर गया; he is under ~ of death उसे मौत की सज़ा हुई है. **3.** (decision) निर्णय, फ़ैसला : the judge's ~ is in his favour न्यायाधीश का ≈ उसके पक्ष में गया है; the court has not awarded the ~ न्यायालय ने अभी फ़ैसला नहीं सुनाया है. **II.** *v.t.* दण्डादेश देना : the thief was ~d to one year's imprisonment चोर को एक साल कैद का दण्डादेश दिया गया; he was ~ed to death with his companions उसे अपने साथियों के साथ मृत्युदण्ड दिया गया.

sentiment सेंन्'टिमॅन्ट n^{c}. (feeling) भाव, मनोभाव [generous उदार, honourable सम्मानजनक, noble उदात्त, strong उत्कट]; ~s of patriotism देशभक्ति के ≈; you should have regards for the ~s of a person तुम्हें किसी व्यक्ति के मनोभावों का आदर करना चाहिए; what are your ~s on this subject इस विषय पर तुम्हारे मनोभाव क्या हैं? ~ of respect towards one's parents अपने माता-पिता के प्रति सम्मानभाव. **sentimental** सेंनटिमेंन्'टल *a.* **1.** (emotional) भावुक : most poets are ~ अधिकतर कवि ≈ होते हैं; he becomes ~ when he thinks of his dead parents जब वह अपने मृत माता-पिता के बारे में सोचता है तो ≈ हो जाता है. **2.** (showing feeling) भावात्मक, भावपूर्ण [love story प्रेम कहानी^{F}, speech भाषण, thinking सोच^{F}]; for ~ reasons I cannot sell this property भावात्मक कारणों से मैं इस संपत्ति^{F} को नहीं बेच सकता. **3.** this ring has ~ value इस अंगूठी^{F} का रागात्मक महत्व है.

Sep(t). September.

separate सेपॅ'रिट **I.** *a.* **1.** अलग, पृथक् [portion भाग, provision व्यवस्था^{F}, question प्रश्न]; they slept in ~ rooms of the house वे घर के पृथक्-पृथक् कमरों में सोए; this is a quite ~ problem from the one you stated before जो तुमने पहले बताई, उससे यह अलग समस्या^{F} है; this building is divided into four ~ portions यह भवन चार अलग-अलग भागों में बँटा है; the kitchen is ~ from the main building रसोईघर मुख्य भवन से अलग है. **2.** (individual) निजी, अपना : they all have ~ interests उन सबके अपने-अपने हित हैं. **3.** (different) भिन्न : they study in ~ classes वे भिन्न-भिन्न कक्षाओं^{F} में पढ़ते हैं; they have ~ likings उनकी भिन्न-भिन्न रुचियाँ^{F} हैं. **II.** सें'पॅरेट *v.t.* अलग या पृथक् करना : ~ carefully सावधानी^{F} से ≈; he ~d his books from mine उसने अपनी और मेरी किताबें^{F} अलग-अलग कर लीं; ~ good apples from bad ones गंदे सेबों से अच्छे वाले अलग कर लो; a fence ~d cows from the goats एक जंगला गायों^{F} को बकरियों^{F} से अलग करता था. **III.** *v.i.* अलग या पृथक् होना : he did not want to ~ from his friends वह अपने मित्रों से अलग नहीं होना चाहता था; then the two boys ~d तब दोनों लड़के अलग हो गए; while I live, I'll not ~ from you जब तक मैं जीता हूँ आपसे अलग नहीं हूँगा; we ~d after three hours हम तीन घंटे बाद अलग हो गए; husband and wife have ~d पति-पत्नी अलग हो गए हैं; two parts of the town are ~d नगर के दोनों भाग अलग हो गए हैं. [*ant.* join] **separately** सें'पॅरट्लि *adv.* अलग या पृथक् (रूप में) : Vimal and Henry came to the party ~ विमल और हेनरी पार्टी में अलग-अलग आए; the principal wanted to see the prefects ~ प्राचार्य प्रशासकों से अलग-अलग मिलना चाहते थे; my eldest son is living ~ मेरा बड़ा बेटा अलग रह रहा है. **separation** सेंपॅरे'शन n^{u}. **1.** (act) पृथक्करण : ~ of sexes in schools विद्यालयों में स्त्री-पुरुष भेद से ≈. **2.** (division) विभाजन : at last they agreed on the ~ of the property अंत में वे संपत्ति^{F} के विभाजन पर सहमत हो गए. **3.** (from bed and board) निवास-पृथक्करण, विच्छेद : judicial ~ न्यायिक पृथक्वास; the wife applied for ~ from her husband पत्नी

ने अपने पति से पृथक् निवास के लिए आवेदन किया; she claimed ~ allowance in the court उसने न्यायालय में निवास-पृथक्करण भत्ते का दावा किया. **separator** सेपॅ'रॅटर *n*[c]. पृथक्करण, मथने का यंत्र : a ~ is a machine for separating cream from milk ≈ दूध से मक्खन अलग करने की मशीन[F] होती है.

September सॅपटॅम्'बर *n*[c]. सितम्बर : ~ comes before October ≈ अक्टूबर से पहले आता है; ~ has 30 days ≈ में तीस दिन होते हैं; the meeting will be held on ~ 23rd बैठक[F] 23 ≈ को होगी.

septic सॅप्'टिक *a.* पूतिमय, विषाक्त : ~ tank मल टैंक/कुंड; ~ wound ≈ घाव; a dirty wound becomes ~ गंदा घाव ≈ हो जाता है. [*ant.* anti~]

sequence सी'क्वंस *n*[c]. **1.** (a succession) सिलसिला [natural स्वाभाविक, probable संभावित, usual साधारण]; ~ of misfortunes दुर्भाग्य का ≈; a ~ of successes has now started सफलताओं का ≈ अब शुरू हुआ है. **2.** (order) क्रम, पूर्वापरता, घटना-क्रम : in ~ एक के बाद दूसरा, क्रमवार : describe the events in ~ घटनाओं[F] का क्रमवार वर्णन करो; calamities fall in ~ मुसीबतें[F] एक-के-बाद दूसरी आती रहती हैं; ~ of the story is not good कहानी का कथाक्रम ठीक नहीं है; the ~ of history इतिहास का क्रम; ~ of events घटनाक्रम. **3.** (series) अनुक्रम : correct ~ सही ≈; keep the numbers in their ~ संख्याओं[F] को अपने अनुक्रम में रखो. **4.** (of film) क्रमवार दृश्य : have you seen the hilly ~ in the picture क्या पिक्चर में तुमने पहाड़ी क्रमिक दृश्य देखे हैं.

sergeant सार्'जन्ट *n*[c]. सारजेंट [brave बहादुर, courageous साहसी, expert कुशल]; in England ~ is an officer in the police or army इंग्लैण्ड में ≈ पुलिस[F] या सेना[F] का एक अधिकारी होता है.

serial सिअ'रिअल **I.** *n*[c]. (सीरियल) धारावाहिक (उपन्यास, कहानी) : have you seen any T.V. ~ this year क्या तुमने इस साल कोई दूरदर्शन पर ≈ देखा है? **II.** *a.* **1.** क्रमिक, आनुक्रमिक, क्रम- : ~ number क्रम-संख्या : a pack of notes in ~ number क्रम-संख्या के अनुरूप बनी नोटों की गड्डी[F]; place it in ~ order इसे क्रम से रखो. **2.** (published at intervals) धारावाहिक, धारावाही : a novel was published in ~ form एक उपन्यास ≈ रूप में प्रकाशित हुआ. [*as distinct from* cereal]

series सिअ'रीज़ *n.* **1.** (of events) ताँता, सिलसिला, अनुक्रम [complete पूरा, interesting दिलचस्प, wonderful आश्चर्यजनक]; a ~ of events घटनाओं का अनुक्रम; a ~ of his crimes उसके अपराधों का सिलसिला. **2.** माला[F], श्रेणी[F], शृंखला[F] [complete पूर्ण, complicated जटिल, long लंबी, remarkable उल्लेखनीय, short छोटी]; in a ~ of 40 lessons चालीस पाठों की एक शृंखला; ~ of lectures व्याख्यान-माला[F]; ~ of books पुस्तक-माला; the Himalayan ~ goes very long हिमालय- शृंखला बहुत लंबी चली जाती है; they won a ~ of matches उन्होंने मैचों की शृंखला जीत ली.

serious सिअ'रिअस *a.* **1.** गंभीर, विचारशील [person व्यक्ति, writer लेखक]; yesterday she looked very serious कल वह बहुत ≈ दिखाई दी; I want to have a ~ talk with you मैं आपसे एक गंभीर बात[F] कहना चाहता हूँ; the matter requires ~thought मामला गंभीर चिंतन की अपेक्षा[F] रखता है; he has ~ expression वह गंभीर मुद्रा[F] में है. **2.** (important) महत्त्वपूर्ण [article लेख, matter मामला, problem समस्या[F], reason कारण]; I am telling you a very ~ thing मैं आपको एक बड़ी महत्वपूर्ण बात बता रहा हूँ. **3.** (sincere, real) सच्चा, पक्का [friend मित्र, politician राजनीतिज्ञ, student छात्र]; are you ~ क्या तुम सच कह रहे हो? he is ~ about his goal वह अपने लक्ष्य के प्रति पक्का है; I want to make you aware of the ~ reason मैं आपको वास्तविक कारण से अवगत कराना चाहता हूँ; he is my ~ rival वह मेरा पक्का प्रतिद्वंद्वी है. **4.** (critical, dangerous) चिंताजनक, चिंताकुल, गंभीर [disease बीमारी[F], problem समस्या[F]]; he looked at me with ~ eyes उसने मुझे चिंताकुल आँखों से देखा; the situation is ~ स्थिति[F]

चिंताजनक/गंभीर है. **5.** (of crime) घोर, संगीन : they fought a ~ battle उन्होंने घोर युद्ध किया. **seriously** सिअ'रिअसलि *adv.* गंभीरता^F से : to take smth ~ किसी बात^F को गंभीर मान लेना; think ~ गंभीरता से सोचो; he was ~ wounded वह गंभीर रूप से घायल था; to be successful study ~ सफल होने के लिए गंभीरता से अध्ययन करो. **seriousness** सिअ'रिअसनिस n^u. (various meanings in contexts) ~ of the situation स्थिति^F की गंभीरता^F; ~ of a problem समस्या की गंभीरता^F; ~ of smb's illness किसी की बीमारी^F की भयंकरता^F; to regard the whole affair in ~ पूरे मामले को विचारशीलता से समझना; ~ of a crime किसी अपराध की घोरता^F; he works in all ~ वह पूरे दिल से काम करता है.

sermon सर्'मन n^c. प्रवचन, उपदेश : a ~ was given by the priest एक पुरोहित द्वारा ≈ दिया गया; he gave a ~ to the congregation उसने भक्तमंडली को उपदेश दिया.

serpent सर्'पंट n^c. **1.** साँप [harmless हानिरहित, poisonous विषैला]; a ~ lives in this hole एक साँप इस बिल में रहता है; I saw a ~ yesterday in the way कल रास्ते में मैंने एक साँप देखा. Δ **to cherish a ~ in one's bosom** दूध पिलाकर साँप पालना. **2.** (fig.) धूर्त, धोखेबाज़, साँप : he is a ~, beware of him वह ≈ है, उससे खबरदार रहो.

servant सर्'वन्ट n^c. **1.** नौकर, *(fem.* नौकरानी) [domestic घरेलू, new नया, personal निजी, trustworthy विश्वासपात्र]; to engage, dismiss a ~ नौकर रखना, हटा देना; this ~ has now become dishonest अब यह नौकर बेईमान हो गया है; I have two ~s मेरे दो नौकर हैं; he employed a ~ in his office उसने अपने कार्यालय में एक नौकर नियुक्त किया. **2.** (government employee) कर्मचारी : he treats the ~s well वह कर्मचारियों से अच्छा व्यवहार करता है; ~ of a state राज्य का ≈. [*ant.* master, employer] **serve** सर्व़ *v.t.* **1.** (country, in office) सेवा^F करना, (कार्यालय में) नौकरी^F करना : "~ your country well," the teacher said, अध्यापक ने कहा, "अपने देश की अच्छी तरह सेवा करो"; he ~d in the army for over 25 years उसने सेना^F में 25 साल से ज़्यादा सेवा/नौकरी की. **2.** (work) काम करना : to ~ on a committee किसी समिति^F के सदस्य के रूप में काम करना; please ~ yourself कृपया अपना काम स्वयं करो; to ~ as chairman अध्यक्ष के रूप में काम करना. **3.** (bring food, etc.) परोसना, लगाना : ~ dinner खाना ≈; waiters are trained to ~ customers बैरों को ग्राहकों का खाना परोसने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है; he ~d meals to guests उसने अतिथियों को भोजन परोसा. [*ant.* dis~] **4.** (be suitable) काम आना/देना : the bag is not very good but it will ~ बैग बहुत अच्छा नहीं है लेकिन यह काम दे जाएगा; the box will ~ as table बॉक्स मेज़ का काम देगा; this hut will ~ as office यह कुटिया^F कार्यालय का काम देगी. **5.** (undergo) भुगतना : he ~d (a sentence of) ten years in prison उसने जेल में दस साल (की सज़ा) भुगती; to ~ a sentence सज़ा^F भुगतना. **6.** (other contexts) to ~ one's apprenticeship प्रशिक्षण पूरा करना; to ~ one's term अपना कार्यकाल पूरा करना; to ~ a notice नोटिस की तामील^F करना; it ~s to show that इससे स्पष्ट होता है कि. **service** सर्'व़िस **I.** n^{uc}. **1.** (general) सेवा^F, नौकरी^F [difficult कठिन, fatiguing थकाऊ, थकान देने वाली, unsatisfactory असंतोषजनक]; public ~ राज सेवा; postal ~ डाक-सेवा; bus ~ बस सेवा; he is in public ~ वह राज सेवा में है; to enter into ~ सेवा में आना; to get one's retirement after 30 years of ~ तीस साल की सेवा^F के बाद अवकाश प्राप्त करना; to offer one's ~s अपनी सेवा का प्रस्ताव करना; I am at your ~ मैं आपकी सेवा में हूँ; active ~ in the army सेना^F में सक्रिय सेवा; he took ~ with smb उसने किसी की नौकरी कर ली; I have taken a Gorkha into my ~ मैंने एक गोरखा को नौकरी में रख लिया है. **2.** (help) सहायता^F, सेवा^F : to render smb a ~ किसी की ≈ कर देना; you will need a lawyer's ~ तुम्हें एक वकील के सहायता की आवश्यकता^F होगी; he is

in the ~ of the poor वह गरीबों की ≈ में लगा है. [*ant.* dis~] **3.** (of car, etc.) सफ़ाई^F, सफ़ाई-धुलाई^F : the car needs good ~ कार^F की अच्छी ≈ होनी चाहिए. **4.** (religious) प्रार्थना^{F} : morning ~ प्रातःकालीन ≈. **5.** (other contexts) health ~ स्वास्थ्य सेवा; dinner ~ खाना परोसना; funeral ~ अंत्येष्टि संस्कार; ~ in tennis टेनिस की गेंद फेंकना. **II.** *v.t.* सफाई-धुलाई^F करना : I had my car ~d today मैंने आज कार^F की सफाई-धुलाई कराई; he has not ~d his motorcycle for a year उसने एक साल से पहले अपनी मोटर-साइकिल की सफाई-धुलाई नहीं की है. **serviceable** सर्'व़िसॅबल *a.* **1.** (useful) काम का, उपयोगी : ~ instrument ≈ उपकरण; ~ things काम की वस्तुएँ^{F}; the tractor is no longer ~ ट्रैक्टर अब काम का नहीं रह गया. **2.** (obliging) उपकारी : ~ employee ≈ कर्मचारी. **3.** (durable) पक्का, टिकाऊ : he has ~ shoes उसके पास टिकाऊ जूते हैं; his overcoat is ~ उसका ओवरकोट ≈ है.

servile सॅर्'व़ाइल *a.* & *n.* **1.** (flattering man) जी हज़ूरिया, चापलूस : ~ person ≈ आदमी. **2.** दासोचित [manners आचार, mentality मानसिकता, work काम]; he wants to be free from a ~ bond वह दासता के बंधन से मुक्त होना चाहता है.

session सॅ'शन *n.* **1.** (period) सत्र [annual वार्षिक, open खुला, winter जाड़े का]; ~ of parliament संसद्^{F} का ≈; the parliament will not be in ~ after X-mas क्रिसमस के बाद संसद् का ≈ नहीं होगा; winter ~ of a university विश्वविद्यालय का शीतकालीन ≈. **2.** बैठक^F, अधिवेशन : 2nd day's ~ of a conference सम्मेलन के दूसरे दिन का ≈. [*as distinct from* cession]

set सॅट **I.** *n*^{c}. **1.** (a number of things together) सेट [complete पूरा, incomplete अधूरा]; a ~ of furniture फ़र्नीचर का ≈; dinner, tea ~ खाने, चाय^F का ≈; have you a complete ~ of Jai Shanker Prasad's works क्या आपके पास जयशंकर प्रसाद की रचनाओं^{F} का पूरा ≈ है. **2.** (collection) संग्रह : he has a good ~ of beautiful things उसके पास अच्छी-अच्छी चीज़ों^{F} का सुंदर ≈ है. **3.** (of persons) गुट, दल, मण्डली^{F} [big बड़ा, important महत्वपूर्ण]; a small ~ of students met the Governor छात्रों का एक छोटा-सा दल राज्यपाल से मिला; can you tell me about that ~ of persons क्या तुम लोगों की उस मंडली के बारे में मुझे बता सकते हो? our team has a fine ~ of players हमारी टीम^F में खिलाड़ियों का बढ़िया दल है; a ~ of them came and complained about the mismanagement इन (लोगों) के एक दल ने आकर दुर्व्यवस्था^{F} के बारे में शिकायत^F की.

4. (radio, etc.) सेट : they bought a T.V. ~ yesterday उन्होंने कल एक टी.वी. ≈ खरीदा. **receiving** ~ रेडियो सेट. **5.** (drift) झुकाव, रुख़, प्रवृत्ति^{F} : ~ of one's mind किसी के मन का ≈; the wind has an eastern ~ हवा^{F} का झुकाव/रुख़ पूर्व की ओर है. **6.** (game in tennis) सेट : they played three ~s उन्होंने तीन ≈ खेले. **II.** *a.* **1.** (fixed) नियत, निर्धारित, निश्चित [cost लागत^F, price कीमत^F, time समय]; he is getting a ~ salary उसे एक नियत वेतन मिल रहा है; he studies at ~ hours वह ≈ घंटे अध्ययन करता है; wages of labourers are ~ by law मज़दूरों की मज़दूरी^{F} कानून द्वारा ≈ की जाती है. **2.** (immoveable) अटल, अचल : ~ property ≈ संपत्ति^{F}; house is a ~ property मकान एक ≈ संपत्ति^{F} है. **3.** (resolute) दृढ़ : ~ thinking ≈ सोच^F; he is a man of ~ motive वह ≈ आशय वाला व्यक्ति है; he is ~ on going वह चले जाने पर दृढ़ है. **4.** (prescribed) निर्धारित : syllabus ~ for examination परीक्षा^{F} के लिए ≈ पाठ्यक्रम. **5.** (ready) तैयार : all is ~ सब तैयार है; we are all ~ हम सब ≈ हैं; ~ speech तैयार भाषण; get ~ for the race दौड़^{F} के लिए तैयार हो जाओ; scouts were all ~ स्काउट बिल्कुल ≈ थे. **III.** *v.t.* (*p.* & *p.p.* set) **1.** (to put) रखना : to ~ one's foot on the threshold दहलीज़^{F} पर अपना कदम रखना; ~ your pen on the desk अपनी कलम डेस्क पर रख दो. **2.** (apply) लगाना : to ~ a match to waste papers रद्दी काग़ज़ों

को माचिस लगाना (जलाना). **3.** (adjust) ठीक करना : to ~ one's watch अपनी घड़ी[F] (का समय) ≈. **4.** (fix) बैठाना : to ~ a bone हड्डी बैठाना. **5.** (seat) बैठाना : they ~ the prince on the throne उन्होंने राजकुमार को तख़्त/सिंहासन पर बैठाया. **6.** (fix up) जड़ना : to ~ a gem in a ring अंगूठी[F] में एक रत्न जड़ना. **7.** to ~ fire to smth or to ~ smth on fire किसी चीज़ को आग लगाना (जलाना). **8.** to ~ one's eye on smth किसी चीज़ पर नज़र गाड़ना (देखना). **9.** to ~ a good example एक अच्छा उदाहरण स्थापित करना या प्रस्तुत करना. **10.** to ~ one's dog on smb किसी पर अपने कुत्ते को लुकारना. **11.** to ~ one's face against smb किसी का विरोध करने लगना. **12.** to ~ the razor उस्तरा तेज़ करना. **13.** to ~ a fashion एक नया फ़ैशन पेश करना/चलाना. **14.** to ~ one's hair अपने बाल सँवारना. **15.** to ~ one's hands on smth किसी चीज़ में हाथ लगाना (शुरू करना). **16.** to ~ one's heart on smth किसी चीज़[F] के लिए जी ललचाना. **17.** to ~ one's house in order अपने घर का सामान व्यवस्थित करना. **18.** to ~ one's mind on smth (i) किसी बात में अपना मन लगाना, (ii) किसी चीज़ के लिए मन ललचाना. **19.** to ~ the pace पहल[F] करना. **20.** to ~ a price on smb's head किसी को पकड़ने या उसकी हत्या[F] करने के लिए इनाम की घोषणा[F] करना. **21.** to ~ some friends by the ears कुछ मित्रों को आपस में लड़ा देना. **22.** to ~ sail पाल चढ़ाना या लगाना. **23.** to ~ sail समुद्र यात्रा[F] पर चल पड़ना. **24.** to ~ the Thames on fire कोई अनहोनी बात करना, कोई असाधारण काम करना. **25.** to ~ much store on smth किसी बात[F] की बहुत परवाह[F] करना. **26.** to ~ time, date समय, तारीख़[F] निर्धारित करना. **IV. 1.** (become firm) दृढ़/कड़ा हो जाना : the cement ~ after a few hours कुछ घंटे बाद सीमेंट कड़ा हो गया. **2.** (solidify) जमना : water ~s at 0° temperature पानी 0° तापमान पर जम जाता है; jelly has ~ जेली[F] जम गई है. **3.** (of sun, etc.) अस्त हो जाना : the sun will ~ within an hour सूर्य एक घंटे के अंदर अस्त हो जाएगा; the sun is ~ting सूरज डूब (अस्त हो) रहा है. **4.** (fit) लगना, बैठना : this will ~ in it, if you try a little यह इसमें लग जाएगा, यदि तुम तनिक भी प्रयास करो. ∆ (prepositional phrases) ~ **about** (i) शुरू करना, प्रारंभ करना, में लग जाना : I'll ~ about going on a journey from tomorrow मैं कल से यात्रा[F] पर जाना शुरू करूँगा; he ~ about his task वह अपने काम पर लग गया; (ii) वार करना : to ~ about smb किसी पर वार करना; ~ **against** (balance) के मुकाबले में खड़ा करना, उभारना : the war ~ about a family against a family युद्ध ने एक परिवार को दूसरे परिवार के विरुद्ध खड़ा कर दिया; ~ **apart** अलग रखना : his ability ~s him apart from others उसकी योग्यता[F] उसे दूसरों से अलग रखती है; ~ **aside** (i) अलग करना या बचा रखना : to ~ some money aside for a marriage शादी[F] के लिए कुछ पैसा ≈; (ii) (discard) निकाल देना या छोड़ देना : ~ aside the question of money पैसे का प्रश्न निकाल/छोड़ दो; (iii) (annul) रद्द करना : the judge ~ aside the judgement of the lower court जज ने निम्न न्यायालय के निर्णय को रद्द कर दिया; ~ **back** (put back) (i) पीछे करना : the bad weather has ~ back our plans ख़राब मौसम ने हमारी योजनाओं[F] को पीछे कर दिया है; (ii) (of a needle) पीछे घुमाना : to ~ the watch घड़ी ≈; (iii) बाधा[F] डालना : all our efforts have been ~ back हमारे सारे प्रयत्नों में बाधा पड़ गई है; ~ **down** (i) रख देना, उतारना : ~ down your luggage and take rest अपना सामान रखकर आराम करो; (ii) उतार देना : the driver ~ me down at the post-office ड्राइवर ने मुझे डाकघर पर उतार दिया; (iii) (write) लिख लेना : he ~ down smth in his diary उसने अपनी डायरी[F] में कुछ लिख लिया; she ~ down his name and address उसने उसका नाम और पता लिख लिया; ~ **forth** (i) बताना, प्रस्तुत करना : to ~ forth a new theory कोई नया सिद्धांत प्रस्तुत करना; to ~ forth the misery of the poor in an article किसी लेख में ग़रीबों के कष्टों को बताना; to ~ forth the

advantages of exercise अभ्यास के लाभ बताना; (ii) चल पड़ना, प्रस्थान करना : they ~ forth on a journey to Calcutta वे कलकत्ता की यात्रा^F पर चल पड़े; ~ **in** आरंभ होना : the match has now ~ in मैच अब शुरू हो गया है; rains have ~ in बरसात^F शुरू हो गई है; winter ~s in early in the north उत्तर में जाड़ा पहले शुरू होता है; ~ **off** (i) (enhance) बढ़ाना, उभारना : a black saree ~s off a woman's beauty काली साड़ी^F किसी स्त्री की सुंदरता^F को उभार/बढ़ा देती है; (ii) (to begin) आरंभ करना : she ~ off on a long journey उसने लंबी यात्रा^F आरंभ की; (iii) (make to explode) दागना : a bomb ~ off at the very touch बम छूने मात्र से दग गया; (iv) चल पड़ना : they ~ off in search of their horse वे अपने घोड़े की खोज^F में चल पड़े; ~ **on** (i) उकसाना, उभारना : to ~ a dog on smb किसी पर कुत्ते को ≈; (ii) आक्रमण करना, टूट पड़ना : the robbers ~ on him लुटेरे उस पर टूट पड़े; (iii) ~ one's heart on बहुत चाहना : the child ~ his heart on a particular toy बच्चा एक विशेष खिलौना चाहने लगा; ~ **out** (i) रवाना होना, चल पड़ना : they all ~ out for Delhi वे सब दिल्ली^F के लिए चल पड़े; (ii) (write in order) लिख देना : the reasons of his dismissal are ~ out in my report उसकी बरख़ास्तगी^F के कारण मेरी रिपोर्ट^F में लिख दिए गए हैं; (iii) (present) प्रस्तुत करना : he could not ~ out his ideas clearly वह अपने विचार स्पष्ट रूप से प्रस्तुत न कर सका; ~ **to** (begin eagerly) उत्सुकता^F से शुरू करना; they ~ to their task उन्होंने अपना काम शुरू कर दिया; ~ **up** (i) खड़ा करना : ~ up a memorial एक स्मारक खड़ा करना; (ii) (establish) स्थापित करना : they ~ up a school उन्होंने एक विद्यालय स्थापित किया; he has ~ up a factory out of the city this year इस साल उसने शहर से बाहर एक कारखाना स्थापित किया है; (iii) (start) प्रारंभ करना, चलाना : ~ up a business कोई व्यवसाय चलाना.

setting सॆ`टिङ्ग *n*^c. **1.** (arrangement) विन्यास : ~ of jewels in a necklace कंठहार में रत्नों का ≈. **2.** (environment) वातावरण, पर्यावरण : the ~ around the house is not satisfactory घर के आस-पास का ≈ संतोषजनक नहीं है. **3.** पृष्ठभूमि^F : the ~ of this story is a village इस कहानी^F की ≈ एक गाँव है. **4.** (of stage) मंच-सज्जा^F, दृश्यबंध : it was a good ~ for the drama नाटक के लिए यह अच्छी मंच-सज्जा थी. **5.** सूर्यास्त : the ~ of the sun was lovely ≈ रमणीय था.

settle सॆ`टल **I.** *v.t.* **1.** (to establish as residents) बसाना, टिकाना : to ~ people in a new country लोगों को नए देश में बसाना; the English ~d a new colony in the South अंग्रेज़ों ने दक्षिण में एक नया उपनिवेश बसाया; to ~ one's children in some business बच्चों को किसी व्यवसाय में स्थापित करना. **2.** (place) बैठाना, लगाना : to ~ a plant well into the ground पौधे को ठीक से ज़मीन में लगाना. **3.** (to soothe) शांत करना : he took a pill to ~ his stomach उसने अपने पेट को शांत करने के लिए गोली^F ली. **4.** (debts, etc.) चुकाना, भुगतान करना : he has ~d all his money due to his creditor उसने लेनदार को अपना पूरा पैसा चुका दिया; the shopkeeper's account has been ~d दुकानदार का हिसाब चुका दिया गया है. **5.** (a question) सुलझाना : he has ~d his problems after much effort काफ़ी प्रयास के बाद उसने अपनी समस्याएँ^F सुलझा ली हैं. **6.** (determine) तय करना, निर्धारित करना : prices have been ~d कीमतें तय कर दी गई हैं; there is nothing ~d अभी कुछ तय नहीं है. **7.** (fix up) to ~ a date for one's marriage किसी की शादी^F की तारीख़ निश्चित करना. **II.** *v.i.* **1.** (to take up residence) बसना, बस जाना : we have ~d in this village हम इस गाँव में बस गए हैं; my son has ~d in America मेरा लड़का अमेरिका में बस गया. **2.** (sit) बैठ जाना : the bird ~d on a branch पक्षी शाखा^F पर बैठ गया; dust had ~d on the furniture फर्नीचर पर धूल जम गई थी. **3.** (calm down) शांत हो जाना : noise has ~d शोर शांत हो गया है. **4.** (descend on) पर छा जाना, लग जाना :

very soon the dust ~d on the furniture बहुत जल्दी फ़र्नीचर पर धूल[F] छा गई. **5.** (subside) धँसना, बैठ जाना : the building is settling इमारत[F] धँस रही है. **6.** (in liquid) डूब जाना : the boat ~d in the river नाव[F] नदी[F] में डूब गई. **7.** (become denser) जम जाना, ठोस हो जाना : it is so cold that the water has ~d ठंड इतनी [F]ज्यादा है कि पानी जम गया है. **8.** (of liquid, become clear) निथरना, साफ़ हो जाना : the water ~s with sand and coal बालू[F] और कोयले से पानी निथरं जाता है. **9.** (reach an agreement) समझौता कर लेना : they have now ~d their dispute between themselves उन्होंने आपस में ही अपने झगड़े में समझौता कर लिया; to ~ a quarrel झगड़ा निपटाना. Δ ~ **down** बैठना : sand ~s down in the water बालू[F] पानी में बैठ जाती है; she ~d down in the chair वह कुर्सी में[F] जमकर बैठ गई; my son has ~d down मेरा बेटा जम गया है; things are settling down सब ठीक हो रहा है; ~ **up** रुपया चुकता करना : I want to ~ up with you मैं तुम्हारा पैसा चुकता कर देना चाहता हूँ. **settlement** सें'टल्'मन्ट *n*[u]. **1.** (of land) बंदोबस्त, भूमि-व्यवस्था : ~ officer ≈ अधिकारी; ~ of land has not been completed ज़मीनों का बंदोबस्त पूरा नहीं हुआ है. **2.** (of quarrel) निपटारा : ~ of differences among the friends मित्रों में मतभेदों का निपटारा; there is some hope of ~ of their dispute उनके झगड़े के निपटारे की कुछ आशा[F] है. **3.** (understanding) समझौता : the two parties have reached some ~ दोनों पक्ष किसी समझौते पर पहुँच गए हैं. **4.** (of debt) शोधन, परिशोधन, भुगतान : the money is paid in full ~ रुपए का पूरा भुगतान कर दिया गया; ~ of a loan ऋण का भुगतान. **5.** (determination) निर्धारण : wrong ~ ग़लत ≈; ~ of boundary of the land ज़मीन का सीमा-निर्धारण. **II.** *n*[c]. (colony) बस्ती[F] : he lived in a small ~ वह एक छोटी-सी ≈ में रहता था.

seven सें'वन *a.* & *n.* सप्त, सात : ~ fold सात गुना, सात गुणा; ~ wonders of the world संसार के सात आश्चर्य; ~ sages सप्तर्षि (तारे); the boy died at the age of ~ लड़का सात साल की उम्र[F] में मर गया; there are ~ days in a week एक सप्ताह में सात दिन होते हैं; twice ~ is fourteen सात का दो गुना चौदह होता है; they were ~ in number वे संख्या[F] में ≈ थे. **seventeen** सें'व़न'टीन *a.* & *n.* सत्रह [birds पक्षी, houses मकान, men आदमी]; she is a girl of ~ years वह ≈ वर्ष की लड़की है. **seventeenth** सेवॅन्'टीन्थ *a.* सत्रहवाँ : it was her ~ birthday यह उसका ≈ जन्मदिन था. **seventh** सें'वन्थ *a.* सातवाँ [boy लड़का, day दिन]; on the ~ of September सितम्बर की सातवीं तारीख को. **seventieth** सें'व़न्'टिअथ *a.* सत्तरवाँ : ~ birthday ≈ जन्म-दिन; ~ shop सत्तरवीं दुकान; there was a great function on the ~ foundation day of the school विद्यालय के सत्तरवें स्थापना-दिवस पर भारी समारोह हुआ. **seventy** सें'वन्'टी *a.* & *n.* सत्तर : ~ members of a club एक क्लब के ≈ सदस्य; an old man aged ~ एक ≈ साल की उम्र का बूढ़ा; he is ~ years old वह ≈ साल का है.

sever सें'व़र *v.t.* **1.** (separate) अलग करना, पृथक् करना : the canal ~s the twin cities नहर दो जुड़वाँ शहरों को अलग करती है; he ~ed them from the organisation उसने उन्हें संगठन से अलग कर दिया; to ~ two friends दो मित्रों को अलग कर देना. **2.** (divide) बाँटना, विभक्त करना : ~ these things into two parts इन चीज़ों को दो भागों में बाँट दो. **3.** (cut off) काट देना : ~ the thread with scissors धागे को कैंची[F] से काट दो; his head was ~ed उसका सिर काट दिया गया. **4.** (relation) तोड़ देना : ~ all connections with the party पार्टी[F] से अपने सारे संबंध तोड़ लो; he has ~ed his connections even from his family उसने परिवार तक से अपना नाता तोड़ लिया है; the rope had to be ~ed रस्सी[F] तोड़नी पड़ी. **5.** *v.i.* (break) टूट जाना : handle of the cup ~d when it fell down जब प्याला गिरा तो इसका हत्था टूट गया; his leg ~ed in an accident दुर्घटना[F] में उसकी टाँग[F] टूट गई.

several सेॅवॅ'रल *a.* **1.** (a few) अनेक, कई [occasions अवसर, thieves चोर, things वस्तुएँ^{F}]; he was found guilty on ~ charges वह कई अपराधों का दोषी पाया गया; ~ members of the committee were absent समिति^{F} के कई सदस्य अनुपस्थित थे; he was given ~ chances उसे कई मौके दिए गए; I told them ~ times मैंने उन्हें कई दफ़ा^{F} बताया. **2.** (separate, distinct) पृथक्-पृथक्, अलग-अलग, भिन्न-भिन्न : they have gone their ~ ways वे अपने ≈ रास्तों पर चले गए हैं; I went there and met ~ types of persons मैं वहाँ गया और तरह-तरह के लोगों से मिला. **3.** (respective) अपना-अपना : they all went to their ~ shops in the morning सुबह^{F} वे सब अपनी-अपनी दुकान^{F} पर चले गए. **4.** (individual) व्यक्तिगत : collective and ~ responsibility संयुक्त तथा ≈ उत्तरदायित्व; each has his ~ ideals हर एक के ≈ आदर्श हैं.

severe सिव़िअर' *a.* **1.** (harsh) कठोर, कड़ा, सख़्त [discipline अनुशासन, punishment दण्ड, test परीक्षण]; he is ~ with his students वह अपने छात्रों के प्रति कड़ा है. **2.** (violent) सख़्त, प्रचण्ड, उग्र [cold ठंडा^{F}, heat गर्मी^{F}, storm आँधी^{F}]; the river was ~ after the rains बरसात^{F} के बाद नदी^{F} उग्र थी. **3.** (difficult) कठिन [competition प्रतियोगिता^{F}, test परीक्षण, work काम]; the question was too ~ to be solved प्रश्न इतना ≈ था कि हल नहीं किया जा सकता. **4.** (serious) गंभीर : the patient has a ~ illness मरीज़ को कोई ≈ रोग है. **5.** ख़राब [climate जलवायु, weather मौसम]. **6.** (restrained) संयत [life जीवन, writer लेखक]; he leads a ~ life वह एक संयत जीवन बिताता है. **severely** सिव़िअर्'लि *adv.* सख़्ती^{F} से, कठिनाई^{F} से : he speaks ~ to the persons वह लोगों से सख़्ती से बोलता है. Δ **he was left ~ alone** उसकी किसी ने चिंता^{F} नहीं की.

sew सो *v.t.* (sewed, sewn) सीना, की सिलाई^{F} करना : to ~ a shirt कमीज़ सीना; she ~s all her children's clothes herself वह अपने बच्चों के सब कपड़े आप सीती है; she ~ed up the sleeve उसने बाँह (आस्तीन) सी दी; she ~s with needle and thread वह सुई^{F} (और) धागे से सिलाई^{F} करती है; the doctor has ~n the wound डाक्टर ने घाव सी दिया है; the tailor ~ed (on) the button दर्ज़ी ने बटन लगाया. [*as distinct from* so, sow] **sewer** सो'अर n^{c}. **1.** सीने वाला, दर्ज़ी : expert ~ कुशल दर्ज़ी; the ~ could not sew my coat दरज़ी मेरा कोट नहीं सिल सका. **2.** स्यू'अर n^{c}. मोरी^{F} [broad चौड़ी^{F}, deep गहरी^{F}]; there is a ~ from the bathroom to the manhole स्नानागार से मैनहोल तक ≈ है; this part of the city is furnished with drains and ~s शहर के इस भाग में नालियाँ^{F} और मोरियाँ हैं. **sewing** सो'इङ्ग n^{u}. सिलाई^{F} [excellent बढ़िया, fine महीन]; I do not know ~ मैं सिलाई नहीं जानता; she has learnt the art of ~ उसने सिलाई की कला^{F} सीखी है; clothes are usually made on a ~ machine कपड़े साधारणतया सिलाई की मशीन^{F} पर तैयार किये जाते हैं. **sewn** स्यून = *p.p.* of 'sew'; he has ~ the shirt उसने कमीज़^{F} सिल दी है.

sex सेॅक्स *n.* **1.** लिंग : female स्त्रीलिंग; male पुल्लिग; the fair ~ नारी-जाति^{F}; the opposite ~ प्रतिजाति^{F}; the sterner ~ पुरुष जाति^{F}; both ~s स्त्री-पुरुष सब; what ~ is your cat तुम्हारी बिल्ली^{F} का ≈ क्या है ? without the distinction of ~ बिना किसी लिंगभेद के; peculiarities of ~ ≈ की विचित्रताएँ; no consideration of ~ or creed ≈ या मत का कोई विचार नहीं; the weaker/fair ~ स्त्री जाति. **2.** (eroticism) काम (वासना^{F}) : extreme ~ अत्यंत ≈; ~ appeal कामाकर्षण ~ instinct काम प्रवृत्ति^{F}, यौन प्रवृत्ति^{F}; to have ~ with somebody किसी से कामवासना पूरी करना (यौन क्रिया करना). **3.** (in literature) सेक्स, घोर श्रृंगार रस : his poetry is full of ~ उसका काव्य ≈ से भरा है. **sexual** सेॅक्'शुअल *a.* (of, about sex) यौन, (having sex) लैंगिक : ~ affinity यौनाकर्षण; ~ appetite संभोग की इच्छा^{F}; ~ instruction यौन-शिक्षा^{F}; ~ intercourse मैथुन, यौनक्रिया^{F}, संभोग; ~

excitement यौन उत्तेजना^{F}; ~ organs जननेंद्रियाँ; ~ perversion यौन-विकृति^{F}; ~ pleasure यौन सुख.

sgd. signed.

shabby शै'बि *a.* **1.** फटा-पुराना, जीर्ण-शीर्ण [coat कोट, curtain परदा, dress वस्त्र]; his cap looks ~ उसकी टोपी^{F} फटी-पुरानी दिखती है; you must not wear that pant again, it is too ~ तुम्हें वह पैंट^{F} पुनः नहीं पहननी चाहिए, यह बहुत ही ज़्यादा फटी-पुरानी है. **2.** (shabbily dressed) फटीचर : ~ old man एक फटीचर बूढ़ा आदमी; he was quite smart but now he is ~ वह बहुत बना-ठना था पर अब ≈ है. **3.** (dis- graceful) ओछा, कमीना, नीच : ~ behaviour ≈ व्यवहार; ~ trick ओछी चालाकी^{F}. **4.** (unfair) अनुचित [action कार्यवाही^{F}, relations संबंध, work काम]; he uses ~ methods वह अनुचित साधनों का प्रयोग करता है. [*n.* shabbiness]

shackle शै'कल *n*^{c}. (often *pl.*) **1.** (fetter) बेड़ी^{F} (handcuff) हथकड़ी^{F}; strong ~ मज़बूत ≈; ~s for prisoners कैदियों की बेड़ी-हथकड़ी; ~s are put on a prisoner's wrists and ankles बेड़ी, हथकड़ी कैदी की कलाइयों^{F} और टखनों पर डाली जाती हैं. **2.** (metal loop) कुंडा : ~ is used to shut the door कुंडा दरवाज़ा बंद करने के लिए काम में लाया जाता है. **3.** (fig.) बंधन : ~ of matrimony वैवाहिक ≈; ~s of tradition, law परंपरा, कानून का ≈.

shade शेड **I.** *n*^{cu}. **1.** छाया^{F} : he sat down under the ~ of a tree वह एक पेड़ की ≈ में बैठ गया; the ~s of the night रात की ≉; the ~s are lengthening ≈ बढ़ रही है; he remained in the ~ for an hour वह एक घंटे ≈ में रहा; to go out of the ~ into the sun छाया से बाहर धूप में जाना; there is not much ~ here यहाँ बहुत ≈ नहीं है. **2.** (nuance) सूक्ष्म-भेद, आभा-भेद (of colour) : light ~ of yellow पीले रंग की हल्की-सी आभा^{F}; varying ~s of colour रंगों की सूक्ष्म आभा-भेद; there are several ~s of the meaning of this word इस शब्द के कई सूक्ष्म-अर्थभेद हैं; there are people of various ~s of opinion विविध मतभेद वाले लोग हैं. **3.** (slight amount) किंचित्, थोड़ा-सा, लेशमात्र : there is only a ~ of difference in these things इन चीजों में ≈ अंतर है; the weather is a ~ better today मौसम आज ≈ अच्छा है. **4.** (darkness) अंधेरा : ~ of the night रात का ≈; ~ of the evening शाम का झुटपुटा. **5.** (comb.) lamp ~ लैंप की हाँडी; window ~ बारजा. **II.** *v.t.* **1.** पर छाया करना या डालना : the trees ~ the hut पेड़ झोपड़ी^{F} पर छाया^{F} करते हैं; the hut is ~d by the trees झोपड़ी पर पेड़ छाया करते हैं; they ~ over the engine to protect it from sun धूप से बचाने के लिए वे इंजन पर छाया करते हैं. **2.** (cover) ढकना : the clouds ~d the moon बादलों ने चंद्रमा को ढक लिया. **3.** (gloomy) उदास कर देना : the news of the failure of her brother ~d her उसके भाई की असफलता^{F} के समाचार ने उसे उदास कर दिया. **4.** (protect) छाया करके बचाना : to ~ smth from the sun किसी चीज़^{F} पर ≈. **5.** (change) क्रमशः/धीरे-धीरे बदल जाना : the blue ~s off into red नीला रंग लाल रंग में धीरे-धीरे बदल जाता है.

shadow शै'डो **I.** *n.* **1.** (thrown by a body) परछाईं^{F} : he looked at me when my ~ fell on him जब मेरी ≈ उस पर पड़ी तो उसने मुझे देखा; the child was afraid of his own ~ बच्चा अपनी ही ≈ से भयभीत था. **2.** छाया^{F}: the ~ of buildings falls across the road इमारतों^{F} की ≈ सड़क^{F} के पार तक पड़ रही है; may your ~ never grow less! तुम्हारी काया^{F} और माया^{F} बनी रहे ! ∆ **coming events cast their ~s before** भारी घटनाओं का आभास पहले से होने लगता है. **3.** (unreal thing) छायाभास : there was nothing, it was only a ~ वहाँ कुछ नहीं था, केवल एक ≈ था. **4.** (adumbration) आभास, पूर्वाभास : it was an earlier ~ of what happened later यह उसका ≈ था जो बाद में घटित हुआ. **5.** (trace) लेशमात्र : it was without a ~ of doubt इसमें संदेह का ≈ नहीं था. **6.** (obscurity) अप्रसिद्धि^{F}, गुमनामी^{F}: he has been in ~ for several years वह कई साल तक ≈ में रहा. **7.** (shelter) शरण^{F},

छत्रछाया^{F} : under the ~ of God ईश्वर की ≈ में. **8.** after the illness he was a ~ of his real self बीमारी^{F} के बाद वह अपना प्रेतमात्र रह गया. **9.** (companion) साथी, शैडो : he kept a ~ with him for security सुरक्षा के विचार से वह अपने साथ एक शैडो रखता था. **10.** in the ~ of the night रात के अंधेरे में; in the photo the right side of his face was in ~ फ़ोटों में उसके चेहरे का दाहिना पक्ष अंधेरे में था. **II.** *v.t.* **1.** छाया^{F} करना : a veil ~ed her face घूँघट उसके चेहरे पर छाया कर रहा था. **2.** (follow) के पीछे लगा रहना, साथ लगा फिरना : he was ~ed by the police पुलिस^F उसके पीछे लगी रही. **3.** (made gloomy) her face was ~ed by the death of his only son उसके इकलौते बेटे की मौत से उसका चेहरा विषादमय हो गया. **shadowy** शै'डोइ *a.* **1.** (illusory) मिथ्या, भ्रामक [figure आकृति^{F}, form रूप]; all these things are ~, there is nothing in them ये सब वस्तुएँ^{F} भ्रामक हैं इनमें कुछ भी सत्यता^{F} नहीं है. **2.** (dim) धुँधला, अस्पष्ट [idea विचार, light प्रकाश].

shady शे'डि *a.* **1.** छायादार, सायेदार [spot स्थान, tree पेड़]; ~ side of the road सड़क^F का ≈ छोर; this is a ~ corner of the garden यह बगीचे का ≈ कोना है. **2.** संदेहजनक [conduct आचरण, transaction संव्यवहार]. **3.** (disreputable) नीच, बदनाम : ~ person ≈ व्यक्ति; he is the most ~ minister in the State राज्य में वह सबसे ≈ मंत्री है; the ~ side of politics राजनीति का ≈ पक्ष.

shaggy शै'गि *a.* **1.** झबरा : ~ dog ≈ कुत्ता; ~ beard झबरी/घनी दाढ़ी^{F}; he has ~ hair उसके बाल झबरे हैं. **2.** (rugged) ऊबड़-खाबड़ : the land about this hut is ~ इस झोपड़ी के आस-पास की भूमि^{F} ≈ है.

shake शेक **I.** *v.i.* (*p.* shook, *p.p.* shaken) **1.** (move) हिलना, हिलना-डुलना : the branches of the trees are still shaking पेड़ की शाखाएँ^{F} अब भी हिल रहीं हैं; the chair ~s कुर्सी हिलती-डुलती है; the earth shook in the earthquake भूकंप में धरती^{F} हिल गई. **2.** (tremble) काँपना : she was shaking with cold वह ठंड^F के मारे काँप रही थी; his voice shook when he began to speak उसकी आवाज़ काँपने लगी जब उसने बोलना शुरू किया; his hands were shaking उसके हाथ काँप रहे थे; when he saw the thief, he began to ~ with fear जब उसने चोर को देखा तो भय से काँपने लगा. **3.** (falter) डगमगाना, लड़खड़ाना : I saw the drunken man's feet shaking मैंने शराबी आदमी के पैर लड़खड़ाते देखे. **II.** *v.t.* **1.** (move violently) झंझोड़ना, झकझोरना : the wind ~s the trees हवा^{F} वृक्षों को झकझोर देती है; when the storm came it shook huts and sheds जब तूफान आया तो उसने झोपड़ियों और छप्परों को झकझोर दिया; he shook him by the shoulders उसने उसे कंधों से झंझोड़ा. **2.** (make tremble) कँपाना : the severe cold shook him कड़ाके की सर्दी^{F} ने उसे कँपा दिया. **3.** (make totter) डगमगा देना : nothing could ~ him from his path उसे अपने पथ से कोई भी चीज़ डगमगा नहीं सकती. **4.** to ~ hands हाथ मिलाना. **5.** (move with jerks) झटके से हिलाना : ~ the bottle before use इस्तेमाल करने से पहले बोतल^F हिला लो; the earthquake shook the building भूचाल ने इमारत^F को हिला दिया; to ~ one's head अपना सिर हिलाना; he shook his head and said "no" उसने अपना सिर हिलाकर कहा, "नहीं". **6.** (fig.) घबरा देना : they were ~en by the news वे इस समाचार से घबरा उठे. **7.** विचलित करना : nothing could ~ him from his path उसे अपने रास्ते से कुछ भी विचलित नहीं कर सका. **~ off** (i) से पीछा छुड़ाना : he tried to ~ himself off his bad companions उसने बुरे साथियों से पीछा छुड़ाने की कोशिश^F की; (ii) झाड़ देना : he shook off dust उसने गर्दा झाड़ दिया; **~ out** (i) गिराकर ख़ाली करना : she shook out the bucket filled with water उसने पानी से भरी बाल्टी^{F} गिराकर खाली कर दी; (ii) he shook out the mat in his courtyard उसने चटाई^F को आँगन में झटके से झाड़ा; **~ up** (हिलाकर) जगाना : mother shook up the child from his sleep माँ ने बच्चे को (हिलाकर) नींद से जगा दिया.

shaky शे'कि *a.* **1.** (shaking) कंपायमान [hand हाथ, ladder सीढ़ी, structure ढाँचा, table मेज़, voice आवाज़]. **2.** (unsteady) अस्थिर, डाँवाडोल : you cannot do anything with ~ mind तुम अस्थिर मन से कुछ नहीं कर सकते; this voter, customer is ~ yet यह मतदाता, ग्राहक अभी ≈ है. **3.** (not strong) कमज़ोर : his Hindi is rather ~ उसकी हिंदी कुछ ≈ है. [*ant.* firm]

shall शैल *aux. v.* of future tense गा, गी, गे **1.** I ~ go and he will come मैं जाऊंगा तो वह आएगा; what ~ we do हम क्या करेंगे ? I ~ wait for you tomorrow मैं कल आपकी प्रतीक्षा^F करूँगा; we ~ be very glad to see you हमें आपसे मिलकर बड़ी खुशी^F होगी; we shall do it next week हम इसे अगले सप्ताह करेंगे; shall I go क्या मैं जाऊं ? ~ we come back tomorrow? हम कल लौट आएँगे ना; I ~ not go to the market मैं बाज़ार नहीं जाऊंगा. **2.** (with second person or third person shows compulsion) you ~ not go to cinema today तुम आज सिनेमा नहीं (ही) जाओगे; all pupils shall attend the prayer सब छात्र प्रार्थना में उपस्थित हों.

shallow शै'लो *a.* **1.** छिछला, उथला [pool तालाब, water पानी]; ~ lake छिछली झील; ~ river छिछली नदी^F; ponds are very ~ these days पोखरे आजकल बहुत छिछले हैं; some plates are ~ कुछ प्लेटें उथली होती हैं. **2.** (not deep) ओछा, हल्का : ~ person ≈ व्यक्ति. **3.** सतही, ऊपरी [argument तर्क, mind मन, study अध्ययन]; ~ knowledge of any subject is dangerous किसी विषय का ≈ ज्ञान ख़तरनाक होता है. [*ant.* deep]

sham शैम **I.** *v.t.* (-mm-) का स्वाँग भरना, का बहाना करना : the boy ~med illness and did not come to school लड़के ने बीमारी^F का स्वाँग भरा और विद्यालय नहीं आया; the insect ~med dead कीड़े ने मरने का बहाना किया; it is evident that she is ~ming साफ़ है कि वह बहाना कर रही है. **II.** *a.* **1.** (pretended) कृत्रिम, बनावटी : ~ thinking ≈ सोच^F. **2.** (false) झूठा, मिथ्या : ~ fight झूठ-मूठ की लड़ाई^F, छद्मयुद्ध **3.** (imitated) नकली : the diamonds are ~ ये हीरे नकली हैं. [*ant.* real]

shame शेम **I.** *n*^u. **1.** लज्जा^F, शरम^F [genuine वास्तविक, natural स्वाभाविक]; it is ~ that you ignore us यह लज्जा^F की बात^F है कि आप हमारी अवहेलना^F करते हैं; to hang one's head with ~ ≈ से अपना सिर नवा लेना; to put smb to ~ किसी को शर्मिंदा करना; ~ on you! शर्म शर्म ! what a ~! कितनी शर्म की बात है ! he was filled with ~ वह लज्जित हो गया; he felt no ~ उसे कोई शर्म महसूस नहीं हुई; have you no ~ तुम्हें शर्म नहीं आती ? **2.** (disgrace) बदनामी^F: great ~ बड़ी ≈; his conduct brought ~ to the entire community उसके आचरण से सारे समुदाय की ≈ हुई. **3.** (cause of blame) बदनामी^F का कारण : he is a ~ to family वह परिवार की ≈ है; it is a ~ to beat a child like this इस तरह बच्चे को पीटना बदनामी की बात^F है. **II.** *v.t.* **1.** लज्जित करना. **2.** बदनाम करना : he ~d his family by such a conduct इस प्रकार के आचरण से उसने परिवार की बदनामी करा दी. **3.** शर्म आना : a dog's faithfulness should ~ you कुत्ते की वफ़ादारी पर तुम्हें शर्म करनी चाहिए. **shameful** शेम्'फुल *a.* लज्जाजनक, शर्मनाक [behaviour व्यवहार, conduct आचरण, event घटना^F]; it is ~ that you did not help that old man यह ≈ की बात है कि तुमने उस बूढ़े आदमी की सहायता^F नहीं की. **shameless** शेम्'लिस *a.* निर्लज्ज, बेशरम [man आदमी, servant नौकर, woman स्त्री^F]; he is a ~ person, he may do any harm to you वह निर्लज्ज व्यक्ति है, वह तुम्हारा कोई भी नुकसान कर दे.

shampoo शैमपू' **I.** *n.* शैम्पू : ~ for washing hair बाल धोने के लिए ≈; some people clean their carpets with ~ कुछ लोग ≈ से अपने कालीन साफ़ करते हैं. **II.** *v.t.* (shampooed) केशमार्जन करना, शैम्पू से धोना : she ~ed her hair today उसने आज अपने बालों को शैम्पू से धोया.

shan't = shall not : I ~ return soon मैं शीघ्र वापस नहीं आऊंगा.

shape शेप **I.** *n*ᶜ. **1.** (physical) आकार, शक्ल : Satan in human ~ इंसान की शक्ल में शैतान; his ~ does not resemble his brother's उसकी आकृति उसके भाई से नहीं मिलती. **2.** डील-डौल : he has a well-proportioned ~ उसका उचित आनुपातिक डील-डौल है. **3.** रूप : to take ~ रूप धारण करना; to put thoughts into ~ विचारों को रूप देना; to help smb in the ~ of money धन के ≈ में किसी की सहायता^F करना; in any ~ or form किसी तरह. **4.** (phantom) छाया^F, छायाभास : distinct ~ स्पष्ट ≈; I see some ~s in the evening मुझे शाम^F के झुटपुटे में कुछ छायाएँ दिखाई देती हैं. **5.** (orderly arrangement) व्यवस्था^F : it is the real ~ of the party पार्टी^F की यह वास्तविक ≈ है. **6.** (cast) कलबूत : ~ of, for caps टोपियों का ≈. **7.** (mould) साँचा : a ~ for jelly जेली बनाने का ≈; this will be a good ~ for bricks ईंटों के लिए यह बढ़िया साँचा होगा. **8.** (condition) दशा^F : she is not in good ~ वह ठीक ≈ में नहीं है. **II.** *v.t.* **1.** (make) बनाना, गढ़ना, रूप देना : to ~ one's future अपना भविष्य बनाना; his head is ~d strangely उसका सिर विचित्र ढंग से बना हुआ है; they do not ~ toys crudely वे कच्चे-कच्चे खिलौने नहीं गढ़ते/बनाते; the potter ~s earthen pots कुम्हार मिट्टी के बरतन बनाता है. **2.** (adapt) अनुकूल बनाना/करना : to ~ according to the need आवश्यकता^F के अनुरूप बनाना. **3.** (arrange) व्यवस्थित करना : ~ everything properly सारी चीज़ें ठीक ढंग से व्यवस्थित करो; to ~ one's life जीवन को व्यवस्थित करना. **4.** *v.i.* (take ~) रूप धारण करना : how are your plans shaping तुम्हारी योजनाएँ कैसा रूप ले रही हैं ?

share शेंअर **I.** *n*ᶜ. **1.** (of plough) फाल [heavy भारी, metal धातु का]; he bought a ~ but has not fixed it in the plough उसने एक ≈ खरीदा लेकिन इसे हल में लगाया नहीं है. **2.** (portion) हिस्सा [important महत्वपूर्ण, large बड़ा, small थोड़ा, unfair अनुचित]; they divided the property into equal ~s उन्होंने संपत्ति^F को बराबर हिस्सों में बाँट लिया; he had a big ~ in factory कारख़ाने में उसका एक बड़ा ≈ था; he has a fifty per cent ~ in the business उसका इस व्यवसाय में पचास प्रतिशत ≈ है; most of the ~s have been bought by another owner अधिकतर शेयर एक दूसरे मालिक ने ख़रीद लिए हैं; who has taken my ~ मेरा ≈ कौन ले गया? **II.** *v.t.* **1.** (apportion) बाँटना, बाँट देना/लेना : mother is sharing the sweets among the children माँ बच्चों में मिठाइयाँ बाँट रही है; we shall ~ these things equally हम इन चीज़ों को बराबर-बराबर बाँट लेंगे; he ~d the room in two parts उसने कमरे को दो भागों में बाँट दिया; they ~d their troubles and joy उन्होंने अपने कष्ट और खुशियाँ^F बाँट लीं. **2.** बाँटकर देना/लेना : we ~d biscuits with children हमने बच्चों के साथ बिस्कुट बाँटकर लिए; he decided to ~ the expense उसने ख़र्च बाँट लेने का निश्चय किया. **3.** साझा लगाना, (participate) में शामिल या सम्मिलित होना : I will ~ my books with you अपनी किताबों^F में मैं आपको भागीदार बनाऊंगा; to ~ a room with some other student किसी दूसरे विद्यार्थी के साथ कमरे में रहना. **shareholder** शेंअर्'होल्डर *n*ᶜ. हिस्सेदार, अंशधारी, साझेदार : [dishonest बेईमान, respectable सम्माननीय]; this ~ has 100 shares in that company उस कंपनी में इस अंशधारी के 100 शेयर हैं . **sharer** शेंअ'रर् *n*ᶜ. भागीदार, सहभागी : he is a ~ in this bargain इस सौदे में वह ≈ है.

shark शार्क *n*ᶜ. **1.** हाँगर, शार्क [big बड़ा, dangerous ख़तरनाक]; a ~ has a powerful tail ≈ की एक ज़ोरदार पूँछ^F होती है. **2.** (a person) लालची ठग [dishonest बेईमान, trained प्रशिक्षित]; some people think that doctors are ~s कुछ लोगों का विचार है कि डाक्टर ≈ होते हैं.

sharp शार्प **I.** *a.* **1.** (of knife, etc.) पैना तेज़ ~ dagger ≈ ख़ंजर/छुरा; ~ sword तेज़ तलवार; ~ axe तेज़ कुल्हाड़ी^F. [*ant.* blunt] **2.** (pointed) नोकदार : ~ pen ≈ पेन; it is as ~ as a needle यह उतना ≈ है जितनी कि

सुई^F; he keeps a ~ weapon उसके पास एक ≈ हथियार होता है; you should not have anything ~ in your pocket तुम्हें अपनी जेब^F में कोई नुकीली चीज़^F नहीं रखनी चाहिए. 3. (well defined) सुस्पष्ट [effect प्रभाव, outline रूपरेखा^F, temper स्वभाव]; there is nothing ambiguous in it, it is all ~ इसमें कुछ भी दुर्बोध नहीं है यह स्पष्ट है. 4. (angular) तीखा : ~ features तीखे नयन-नक्श. 5. (pungent) तीखा, तीक्ष्ण, चरपरा : ~ flavour ≈ स्वाद; it is too ~ to eat यह इतना तीखा है कि खाया नहीं जाता. 6. (harsh) कटु, कड़ा, कठोर : ~ words ≈ शब्द; he speaks very ~ therefore I dislike him वह बहुत कड़वा बोलता है इसलिए मैं उसे नापसंद करता हूँ. 7. (of person) तेज़, कुशाग्र बुद्धि : that boy is very ~ वह लड़का बहुत ≈ है. 8. (violent) तीव्र, प्रचण्ड, तेज़ [pain कष्ट, sun धूप^F, wind हवा^F]; he felt a sudden ~ pain in his chest उसे एकदम छाती में ≈ दर्द महसूस हुआ. 8. (crafty) धूर्त, चालाक [agent एजेंट, businessman व्यापारी]; the servant is too ~, you must not believe him नौकर बहुत ही ≈ है, तुम्हें उस पर विश्वास नहीं करना चाहिए. 9. (in contexts) ~ bend एकदम मोड़^F; ~ look-out कड़ी निगरानी^F; ~ reproof सख़्त डाँट^F; ~ shower ज़ोर की बौछार^F; ~ tongue तेज़ ज़बान^F; ~ voice तीखा स्वर; ~ work तुरंत कार्य; ~ winds ठंडी/तेज़ हवाएँ^F. **II.** *adv.* exactly ठीक : he came at three o'clock ~ वह ठीक तीन बजे आया; the lecture begin at six ~ व्याख्यान ठीक छः बजे शुरू होता है; look ~ जल्दी करो.

sharpen शार्'पन *v.t.* **1.** धार^F रखना, सान देना, तेज़ करना : he ~ed his knife उसने अपना चाकू तेज़ किया. **2.** ~ your pencil with a knife चाकू से अपनी पेंसिल^F बना लो.

sharply शार्प'लि *adv.* **1.** (suddenly) एकाएक : the roa d turns to the left ~ सड़क^F एकाएक बाएँ को मुड़ती है; he ~ left this home and went to the city उसने एकाएक यह घर छोड़ दिया और शहर चला गया. **2.** (angrily) गुस्से में, नाराज़गी^F से : the master spoke to her ~ मालिक ने उससे ≈ बात^F की. **3.** तेज़ : the pin is ~ pointed पिन तेज़ नोकदार है.

shatter शैं'टर *v.t.i.* **1.** (break to pieces) टुकड़े-टुकड़े या चकनाचूर कर देना या हो जाना, चूर-चूर करना या होना : a brickbat ~ed the glass pane एक रोड़े ने शीशा चकनाचूर कर दिया; when the engine burst, all its parts ~ed जब इंजन फटा तो उसके सारे पुर्ज़े टुकड़े-टुकड़े हो गए; the glass ~ed when it fell down जब शीशा गिरा तो टूटकर चकनाचूर हो गया. **2.** (wreck) छिन्न-भिन्न करना या हो जाना : the ship ~ed in the storm तूफ़ान में जहाज़ छिन्न-भिन्न हो गया. **3.** (to be upset) घबरा देना : he was ~ed by the news of his son's death अपने पुत्र की मृत्यु^F की ख़बर^F से वह घबरा उठा. **4.** (fig.) to ~ smb's hopes किसी की आशाओं^F पर पानी फेर देना. **5.** (spoil) बिगाड़ना, बिगड़ जाना : he has ~ed his health उसने अपना स्वास्थ्य बिगाड़ लिया है.

shave शेव **I.** *n*^c. **1.** हजामत^F : he had a ~ at 7 o'clock उसने सात बजे ≈ बनाई; he has not done his ~ for a month उसने एक महीने से ≈ नहीं बनाई है; this razor gives a good ~ इस उस्तरे से अच्छी ≈ बनती है. **2.** (narrow escape) बाल-बाल बचाव. **II.** *v.t.* (shaved, shaven) **1.** beard हजामत^F बनाना, दाढ़ी^F बनाना, (hair) मूँड़ना : he ~s early in the morning वह तड़के दाढ़ी बनाता है; the barber ~d his hair नाई ने उसके बाल मूँड़ दिए; to ~ oneself अपनी दाढ़ी बनाना. **2.** (wood, etc.) छीलना : they ~d the skin off the stem of the tree उन्होंने पेड़ के तने की छाल को छील दिया. **3.** (cut) काटना : he ~d a strip off the table उसने मेज़ पर से एक टुकड़ा काट डाला; he ~d the branches of the trees which were on the roadside उसने पेड़ की उन शाखाओं^F को काट दिया जो सड़क^F के किनारे की तरफ़^F थीं. **4.** (touch) स्पर्श करना : the car ~d past the child कार^F बच्चे को स्पर्श करते हुए निकल गई.

she शी **1.** *pron. fem.* वह : she wanted to go to the countryside in the summer ≈ गर्मियों^F में देहात जाना चाहती थी; she works

hard during the examination परीक्षा^{F} के दौरान ≈ बहुत मेहनत^F करती है; she likes to play cricket ≈ क्रिकेट खेलना पसंद करती है; she has many friends उसकी कई सहेलियाँ हैं? **2.** मादा : was that wolf he or ~ वह भेड़िया नर था या मादा? **3.** (combinations) ~ ass गधी^{F}; ~ bear रीछनी^{F}; ~ calf बछिया^{F}; ~ camel ऊंटिनी^{F}; ~ devil चुड़ैल^F; ~ goat बकरी^{F}.

sheaf शीफ़ n^c. (*pl.* sheaves) (of corn stocks, etc.) पूला, पूली^{F}, (bundle) गड्डा, पुलिंदा, [heavy भारी, light हल्का]; ~ of papers or notes काग़ज़ों या नोटों की गड्डी^{F}; he was carrying a ~ of grass on his head वह अपने सिर पर घास^F का एक पुलिंदा ले जा रहा था; he could not take the ~ of sugarcane वह गन्ने का गड्डा न ले जा सका.

shear शिअर **I.** *v.t.* (*p.* sheared, *p.p.* shorn) कतरना : sheep are shorn once every year भेड़ें^{F} साल में एक बार कतरी जाती हैं; baby's curly hair were shorn (off) बच्चे के घुँघराले बाल कतर दिए गए. **2.** (divest) से वंचित करना : he was shorn of his paternal property उसे अपनी पैतृक संपत्ति^{F} से वंचित कर दिया गया; he was shorn of all his powers उसके सब अधिकार छिन गए. **3.** (fleece) लूटना : he was shorn of his entire money उसका सब पैसा लुट गया. **4.** (break) फट जाना, टूट जाना : the pipe ~ed there yesterday वहाँ कल पाइप फट गया. **II.** *n.* (*pl.*) (usu. a pair of ~s) कतरनी^{F} : the gardener cuts the hedge with his ~s माली अपनी कतरनी से झाड़ियों^{F} की बाड़^{F} काटता है.

sheath शीथ n^c. (*pl.* sheaths शीद्ज़) **I.** (of sword) म्यान^F : put the sword in the ~ तलवार^F ≈ में रखो. **II.** *v.t.* खोल में रखना : ~ your knife in a case चाकू को ख़ोल में रखो. **3.** आच्छादित करना, ढक लेना : the tree has ~d the whole of the road पेड़ ने पूरी सड़क^F ढक ली है.

shed शेंड **I.** n^c. छप्पर, शेड [large बड़ा, wooden लकड़ी^{F} का]; we keep coal in a ~ हम ≈ में कोयला रखते हैं; there is a ~ for the labourers on the roadside सड़क^F के किनारे मज़दूरों के लिए एक ≈ है; the company has built a ~ for storing some cans कंपनी^{F} ने कनस्तरों के भंडारन के लिए एक ≈ बनाया है. **II.** *v.t.* (*p.* & *p.p.* shed, *pr.p.* shedding) **1.** (cause to flow) बहाना : you should not ~ tears तुम्हें आँसू नहीं बहाने चाहिए; to ~ one's blood for one's country अपने देश के लिए अपना ख़ून बहाना. **2.** झाड़ना : to ~ feathers, leaves पंख, पत्ते ≈; chickens ~ their feathers in spring चूज़े बसंत में अपने पंख झाड़ते हैं; a tree ~s its leaves पेड़ अपने पत्ते झाड़ता है. **3.** (diffuse) फैलाना, प्रसार करना : a flower ~s its petals फूल अपनी पंखुड़ियाँ^{F} फैलाता है; the moon ~ her light in the night चंद्रमा अपना प्रकाश रात^F में फैलाता है; she ~s love and mercy वह प्रेम और दया^{F} का प्रसार करती है. **3.** अलग करना, छोड़ना, छोड़ देना : a snake ~s its skin साँप अपनी केंचुली^{F} छोड़ता है.

sheep शीप n^c. *fem.* (*pl.* sheep) **1.** भेड़^{F} [black काली, fat मोटी, white सफ़ेद]; he bought a ~ for a thousand rupees उसने एक हज़ार रुपए में एक भेड़ ख़रीदी; he keeps ~ of many breeds वह अनेक नस्लों की भेड़ें रखता है; they use the flesh of ~ for food वे खाने में भेड़ों का मांस इस्तेमाल करते हैं; a flock of ~ भेड़ों का रेवड़. **~ fold** भेड़-बकरियों^{F} का बाड़ा; **~ run/walk** भेड़-बकरियों^{F} की चारागाह^F; **~ shearing** ऊन कतरना. **2.** (person) अंधानुयायी : do you think that women are all ~ क्या तुम्हारे विचार में स्त्रियाँ सब ≈ होती हैं; black ~ कुल-कलंक; this wicked boy is the black ~ of the family यह दुष्ट लड़का परिवार का कुल-कलंक है. **Δ a wolf in ~'s clothing** (भेड़िया किसी भेड़ की चमड़े पहने) मित्र के भेस में शत्रु; बगला-भगत. **sheepish** शी'पिश *a.* (shy) संकोची, झेंपू, दब्बू, [behaviour व्यवहार, smile मुस्कान^F]; that ~ boy is feeling uncomfortable वह ≈ लड़का परेशानी^{F} महसूस कर रहा है; he is too ~ to take any action वह इतना ≈ है कि कोई कार्रवाई^F नहीं कर सकता.

sheer शिअर **I.** *a.* **1.** (absolute) शुद्ध, निरा,

बिल्कुल [profit लाभ, robbery डाका/बटमारी^{F}]; such behaviour of the boys is ~ mischief लड़कों का ऐसा व्यवहार निरा/बिल्कुल शरारत^F है; it is ~ nonsense यह निरी मूर्खता^{F} है. **2.** only मात्र : he won the match by ~ luck उसने मात्र भाग्य से मैच जीत लिया; it is ~ waste of time यह समय व्यर्थ खोना मात्र है. **3.** (vertical, steep) खड़ी^{F} [ascent चढ़ाई^F, rock चट्टान^F]; a ~ ladder going upstairs मकान के ऊपर जाने वाली ≈ सीढ़ी. **4.** (of textiles) महीन, पारदर्शक : ~ silk ≈ रेशम; ~ muslin ≈ मलमल^F. **II.** *adv.* (vertically) सीधे : the land rising ~ from the sea समुद्र से सीधे उठती हुई भूमि^{F}; the bus fell ~ into the khud बस^F खड्ड में सीधे जा गिरी. **III.** *v.t.i.* (deviate) भटकना, बहक जाना : the ship ~ed in the sea जहाज़ समुद्र में भटक गया. Δ ~ **off** कतराना, से जी चुराना : he ~s himself off the shopkeeper for he has not paid his money वह दुकानदार से (कतराता है) अपना जी चुराता है क्योंकि दुकानदार का पैसा चुकता नहीं किया है.

sheet शीट **I.** n^c. **1.** (cloth) चादर^F [clean साफ़, cotton सूती, thin पतली]; he has a pair of bed ~s उसके पास बिस्तर की दो चादरें हैं; his red ~ is very costly उसकी लाल ≈ बहुत महँगी है; give the ~ to the washerman ≈ धोबी को दे दो. **2.** (shroud) कफ़न : a dead body is wrapped in a ~ शव को ≈ में लपेटा जाता है. **3.** (of metal) चद्दर [aluminium ऐलुमिनियम की, iron लोहे की, thin पतली]; the rain is pattering on the ~s बारिश^F चद्दरों पर टप-टप कर रही है; this shed is made of ~s यह शेड चद्दरों का बना हुआ है. **4.** (of paper) ताव, तख़्ता : there are 500 sheets of paper in a ream एक रीम काग़ज़ में 500 ताव होते हैं; he wrapped the books in a ~ of paper उसने एक काग़ज़ के ताव में किताबें लपेटीं. **5.** (layer) परत^F : ~ of ice बरफ़ की ≈; a ~ of dust is settled on the books किताबों^{F} पर धूल^F की एक ≈ जम गई है. **II.** *v.t.* **1.** चादर^F बिछाना, चादर ओढ़ना : you should ~ the bed तुम्हें बिस्तर पर चद्दर बिछानी चाहिए. **2.** कफ़न ओढ़ाना : they ~d the dead body उन्होंने शव के ऊपर कफ़न ओढ़ा दिया. **3.** (cover) आच्छादित करना : the clouds ~ed the sky बादलों ने आकाश को आच्छादित कर दिया.

shelf शॅल्फ़ n^c.**1.** (*pl.* shelves) टाँड़, शेल्फ़, ताक (in a wall) [empty ख़ाली, small छोटा, wide चौड़ा]; to keep smth on the ~ कोई चीज़ ≈ पर रखना; the ~ is full of books ≈ किताबों^{F} से भरा है; what is on the top ~ ऊपर के ≈ में क्या है? some shelves were put in the kitchen कुछ ≈ रसोईघर में रखे गए थे. **2.** (edge) कगार, (sand bank) रेती^{F} : don't go on the ~, it may fall कगार पर मत जाओ, यह गिर सकता है.

shell शॅल **I.** n^c. **1.** (of fruit, etc.) छिलका [green हरा, red लाल, yellow पीला]; the ~ of an egg अण्डे का छिलका; they asked him to remove the ~ उन्होंने उससे ≈ उतारने को कहा. **2.** (of pea) छीमी^{F} (मटर की). **3.** खोपड़ी^{F} : the ~ of a coconut is very hard नारियल की ≈ बड़ी कड़ी होती है; the ~ of a tortoise is also hard कछुए की ≈ भी सख़्त होती है. **4.** (of shell fish) शंख : ~s are found in the sea ≈ समुद्र में पाये जाते हैं. **5.** (casing, cover) ख़ोल, आवरण, कोष : ~ of a cracker, cartridge पटाख़े, कारतूस का ≈. **6.** bomb ~ बम का गोला : a ~ exploded near the building भवन के पास एक ≈ फटा. **7.** (earth crust) भू-पटल : there are many kinds of rocks on the earth's ~ ≈ पर कई प्रकार की चट्टानें पाई जाती हैं; to make a study of the ~ ≈ का अध्ययन करना. **8.** (frame) ढाँचा : it is only the ~ of a building यह किसी भवन का मात्र ≈ है; the ~ of the boat was complete नाव^F का ढाँचा पूरा हो गया. Δ **to come out of one's ~** निःसंकोच मिलना-जुलना; **to retire into one's ~** एकांत में पड़े रहना. **II.** *v.t.* **1.** छिलका उतारना, छीलना, दाने निकालना : they are ~ing peanuts, peas वे मूँगफली, मटर छील रहे हैं. **2.** (bombard) गोलाबारी^{F} करना, गोले बरसाना : our army ~ed the enemy camp हमारी सेना^{F} ने शत्रु के शिविर पर गोलाबारी की या बम बरसाए. **III.** *v.i.* छिलना : this walnut will ~ easily

यह अख़रोट आसानी^{F} से छिल जायगा.

shelter शॅल्‌'टर I. n^c. **1.** (refuge) शरण^F, आश्रय : go there, you may get some ~ वहाँ जाओ, तुम्हें कोई शरण मिले; perhaps he will take his ~ शायद वह उसकी शरण में जाएगा; he was accused of giving ~ to rebels उस पर विद्रोहियों को ≈ देने का आरोप था. **2.** (place of refuge) शरण-स्थान : there is a good ~ for the sinners पापियों के लिए वह बढ़िया ≈ है; ~ against attack, rain आक्रमण, वर्षा^{F} से बचाव का ≈. **3.** n^u. (protection) रक्षा^{F}, सुरक्षा^{F} : for an army it is a good ~ from enemy's bombardment शत्रु की बमबारी^{F} से सेना^{F} के लिए यह बढ़िया सुरक्षा है; you can get ~ there, no one will harm you there तुम वहाँ सुरक्षा पा सकते हो, तुम्हें वहाँ कोई भी नुकसान नहीं पहुँचाएगा. **II. 1.** बचाव करना, बचाना, रक्षा करना : the house ~s us from cold and rain मकान हमें सरदी^{F} और बरसात^F से बचाता है. **2.** शरण^F देना, आश्रय देना : to ~ a homeless person बेघर व्यक्ति को ≈; to ~ refugees शरणार्थियों को ≈; he was accused of ~ing rebels उस पर विद्रोहियों को शरण देने का आरोप था. **III.** *v.i.* शरण लेना : to ~ in a poor-house अनाथ आश्रम में ≈; I ~ed under a tree मैंने पेड़ के नीचे शरण ली.

shelve शॅल्व़ *v.t.i.* **1.** (abandon consideration) खटाई^F में डालना : the chairman ~d the proposed plans चेयरमैन ने प्रस्तावित योजनाओं^{F} को खटाई में डाल दिया. **2.** (cease to employ) निकाल देना, अलग करना : the principal ~d the peon for a year प्राचार्य ने चपरासी को एक साल के लिए निकाल दिया. **3.** (slope gently) धीरे-धीरे या थोड़ा-थोड़ा ढलवाँ होना : the road is shelving from the bridge सड़क^F पुल पर से धीरे-धीरे ढलवाँ हो रही है.

shepherd शॅ'पर्ड I. n^c. गड़रिया, चरवाहा [foolish मूर्ख, uncultured असभ्य]; a ~ looks after the sheep and the lambs गड़रिया भेड़ों और मेमनों की देखरेख करता है; this ~ possesses 40 sheep इस गड़रिये के पास चालीस भेड़ें^{F} हैं. [*fem.* shepherdess] **II.** *v.t.i.* **1.** भेड़ें चराना, भेड़ पालना : he has gone out ~ing वह भेड़ें चराने गया है. **2.** का नेतृत्व करना (conduct) ले चलना : to ~ boys into a hall लड़कों को हाल में ले चलना; he will ~ the tourists वह पर्यटकों का मार्गदर्शन करेगा.

shield शील्ड I. n^c. **1.** (piece of armour) ढाल^F [metal धातु की, strong मज़बूत, wooden लकड़ी की]; he uses a ~ to protect himself against weapons हथियारों से अपनी रक्षा^{F} करने के लिए वह ≈ का इस्तेमाल करता है; he carries the sword and ~ वह तलवार^F और ≈ लिए रहता है; ~ is carried on the left arm ढाल बाईं बाँह^F में उठाई जाती है. Δ **the other side of the ~** बात^F का दूसरा पहलू. **2.** (protector) परिरक्षक, ढाल^F : they used ladies as ~s to protect themselves from police firing पुलिस की गोली^{F} से बचने के लिए उन्होंने स्त्रियों को अपनी ढाल बना लिया. **3.** (trophy) शील्ड : our team won the ~ in hockey हमारी टीम ने हाकी में ≈ जीती. **II.** *v.t.* रक्षा करना, बचाना : they wanted to ~ three women from a ruffian's attack वे तीन औरतों को गुंडे के आक्रमण से बचाना चाहते थे; the mother ~s her children from harm माँ अपने बच्चे को नुकसान से बचाती है.

shift शिफ़्ट I. *v.t.* **1.** (move) हटाना, खिसकाना : to ~ the furniture फ़र्नीचर ≈; to ~ one's glance अपनी दृष्टि^{F} हटाना; he tried to ~ the burden to me उसने अपना भार मुझ पर हटाने की कोशिश^F की. **2.** (change) बदलना : he has ~ed his position उसने अपनी स्थिति^{F} बदल ली है; he was ~ed from one place to another वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर अंतरित किया गया; to ~ one's ground अपना तर्क बदल देना; to ~ one's lodging रिहाइश^F बदलना. **3.** (of responsibility) दूसरे पर डालना : he never does his duty but ~s it to some other person वह अपनी ड्यूटी^{F} कभी नहीं करता बल्कि किसी दूसरे पर डाल देता है. **II.** *v.i.* **1.** (move) हटना, खिसकना : he will ~ very soon from here वह यहाँ से शीघ्र ही हट जाएगा या जगह बदल लेगा. **2.** (change)

बदलना, बदलं जाना [rapidly तेज़ी से, very soon शीघ्र ही]; the scene ~s दृश्य बदलता है; if the wind ~s we shall have fine weather यदि हवा^{F} बदलती है तो सुहावना मौसम होगा. **III.** *n*^{c}. **1.** (of workmen) पाली^{F} [first प्रथम, long लंबी, third तीसरी]; today they are working in the night ~ आजकल वे रात^F की पाली में काम कर रहे हैं; there are three ~s in the factory फ़ैक्टरी^{F} में तीन पालियाँ चलती हैं; he works in two ~s daily वह प्रतिदिन दो पालियों में काम करता है. **2.** (expedient) उपाय, युक्ति^{F}, तरकीब^F; (dodge) चाल^F [easy आसान, important महत्वपूर्ण]; what will be the best ~ for the completion of this work इस काम को पूरा करने के लिए सबसे अच्छी तरकीब क्या है ? **3.** (transfer) स्थान बदलना : they made a ~ last week वह पिछले हफ़्ते स्थान बदल गए. **4.** (change) परिवर्तन [abrupt एकदम, necessary आवश्यक]; ~ of direction, emphasis, position दिशा^{F}, बल, स्थिति^{F} का परिवर्तन. **5.** (substitution) बदली^{F} : both of them managed a mutual ~ उन दोनों ने आपस में ≈ की व्यवस्था^{F} कर ली.

shilling शि'लिङ्ग *n*^{c}. शिलिङ्ग (मुद्रा^{F}) : ~ is no longer a current coin ≈ अब चालू सिक्का नहीं रह गया; ~ is worth five pence ≈ की कीमत पाँच पैसे है; a pound had twenty ~s एक पौण्ड में बीस शिलिङ्ग होते थे.

shilly-shally शिलि शै'लि **I.** *a.* ढुलमुल [intention इरादा, policy नीति^{F}] **II.** *n.* हिचक^F, हिचकिचाहट^F, हिचर-मिचर^F : on account of this ~ on your part we missed a valuable chance तुम्हारी इस ≈ के कारण हमने एक बहुमूल्य अवसर खो दिया. **II.** *v.t.* हिचकिचाना : stop ~ing and say frankly हिचकिचाओ मत, साफ़-साफ़ कहो.

shin शिन *n.* पिंडुली^{F} की नली^{F} : ~ bone ≈ की हड्डी^{F}; hockey players wear ~ guards हाकी के खिलाड़ी नली-रक्षक (कवच) पहनते हैं; he hit him on the ~ उसने उसे ≈ पर चोट^F लगाई; a hurt on the ~ is painful ≈ की चोट^F कष्टकर होती है; his entire ~ from the knee to the ankle was bruised घुटने से लेकर टख़ने तक उसकी पूरी ≈ पर खरोंच आ गई थी.

shine शाइन **I.** *v.t.* (*p. & p.p.* shone) **1.** चमकना : the stars ~ तारे चमकते हैं; the sun was shining all the day सूर्य सारा दिन चमक रहा था; his face shone with happiness उसका चेहरा खुशी^{F} से चमक उठा; she entered the hall with jewels shining in her hair वह अपने बालों में चमकते हुए आभूषण के साथ हॉल में दाख़िल हुई; her eyes shone with wonder आश्चर्य से उसकी आँखें चमक उठीं; the snow ~s in the sun बर्फ़ धूप^F में चमकती है; the light was shining in the window खिड़की^{F} में प्रकाश चमक रहा था. **2.** पालिश^F करना : Kamal likes to ~ his father's shoes कमल अपने पिता के जूतों पर पालिश करना पसंद करता है. **3.** he shone in the competition उसने प्रतियोगिता में प्रसिद्धि^{F} प्राप्त की; the boy does not ~ in Maths लड़का गणित में अच्छा नहीं है. **II.** *n*^{u}. **1.** चमक^F: put a ~ on your shoes अपने जूतों पर पालिश करके चमक ले आओ; to see the glittering ~ of gold चमचमाते सोने की चमचमाती चमक देखना. **2.** (sunshine) धूप^F.

shining शाइ'निङ्ग *a.* चमचमाता हुआ [jewel आभूषण, star तारा]; it is a ~ example of honesty ईमानदारी^{F} का यह चमकता हुआ उदाहरण है.

ship शिप **I.** *n*^{c}. जहाज़, पोत [air हवाई, fast तेज़, foreign विदेशी, special विशेष]; ~ broker जहाज़ी दलाल; ~-building पोत निर्माण; ~ canal जहाज़ी नहर; ~ fever टाइफस; ~ load पोतभार/नौभार; ~master कप्तान; ~ment नौभार; ~owner पोतधारी; ~worm नौकृमि; ~yard पोत कारख़ाना, पोत निर्माणी; he went to Japan by ~ वह जहाज़ से जापान गया; when does the next ~ leave for Calicut कालीकट के लिए अगला ≈ कब जाएगा ? the ~ owner gave him a job for a year पोतधारी ने उसे एक महीने का काम दे दिया; my friend was appointed the Captain of the ~ मेरा मित्र जहाज़ का कप्तान नियुक्त किया गया. **II.** *v.t.* **1.** (-pp-) जहाज़ पर माल लादना या चढ़ाना : to ~ the

goods for export निर्यात के लिए ≈. **2.** जहाज़ से भेज देना : they ~ped coal from India to Korea उन्होंने भारत से कोरिया को कोयला जहाज़ द्वारा भेजा. **shipping** शि'पिङ्ग *a.* जहाज़रानी^{F}, नौ परिवहन : ~ articles नाविक करार; ~ bill लदान-पत्र; ~ crew जहाज़ के नाविक; he is engaged in ~ वह जहाज़रानी में नौकरी करता है. **~wreck** n^c. **1.** पोतभंग : seeing the ~ inevitable, he jumped from the ship into the sea पोतभंग अवश्यंभावी समझकर वह जहाज़ से समुद्र में कूद पड़ा. **2.** (fig.) to have a ~ of one's hopes आशाओं^{F} पर पानी फिर जाना.

-ship *suff.* makes nouns : authorship, friendship, hardship, membership, scholarship. shows skill : horsemanship, workmanship.

shirk शर्क *v.t.i.* से जी चुराना, टालना, मुँह मोड़ना : do not ~ your duty, work अपने कर्तव्य, काम से जी मत चुराओ; to ~ one's responsibility अपनी जिम्मेदारी^{F} से मुँह मोड़ लेना; he is shirking वह टाल-मटोल कर रहा है. **shirker** शर्'कर n^c. कामचोर : he is known as a ~ in the family वह परिवार में ≈ माना जाता है; sincere workers are never ~s सच्चे कर्मी कभी ≈ नहीं होते; never be a ~ कभी ≈ न बनो.

shirt शर्ट n^c. कमीज़^{F} [fit ठीक, white सफ़ेद]; I wear a full-sleeve ~. मैं पूरी बाँह^F की ≈ पहनता हूँ; what colour is your ~ तुम्हारी ≈ किस रंग की है? this ~ is too small for me यह ≈ मुझे बहुत ज़्यादा छोटी है; your ~ is dirty, give it to the washerman तुम्हारी ≈ गंदी है, इसे धोबी को दे दो. **shirting** शर्'टिङ्ग *n.* कमीज़^{F} का कपड़ा : ~s of all varieties are available here यहाँ सब प्रकार की कमीज़ें उपलब्ध हैं.

shiver शि'व़र **I.** *v.i.* (tremble) ठिठुरना, काँपना : she was ~ing with cold वह ठंड^F से ठिठुर/काँप रही थी; she ~d at the thought of the coming exam वह परीक्षा^{F} आने का विचार आने पर काँप उठी; Pintoo is ~ing with fear पिंटू डर के मारे काँप रहा है; he was ~ing from head to feet वह सिर से पैर तक काँप रहा था. **II.** n^c. सिहरन^F, कँपकपी^{F} : children's ~s show that it is cold outside बच्चों की ≈ से लगता है कि बाहर सर्दी^{F} है.

shock शॉक **I.** n^c. **1.** धक्का, आघात, सदमा : ~ tactics आकस्मिक आक्रमण या कार्यवाही^{F}; ~ therapy आघात चिकित्सा^{F}; ~ wave आघाती तरंग^F; the electric ~ killed her बिजली के धक्के/आघात से वह मर गई; she never got over the ~ of her son's death वह अपने बेटे की मृत्यु^{F} के सदमे से कभी उबर न सकी; her refusal was a terrible ~ to him उसका इंकार उसके लिए एक भयंकर सदमा था; they were dumb-founded with ~ वह सदमे से अवाक् हो गए; he got a ~ when he touched the wire जब उसने तार छुआ तो उसे धक्का लगा. **2.** (state of ~) स्तब्धता^{F}, जड़ता^{F}, दहशत^F : the earthquake caused a great ~ to the people भूकंप से लोगों में बड़ी दहशत पैदा हो गई. **II.** *v.t.* स्तब्ध/हक्का-बक्का कर देना : I was ~ed at the sight of the patient रोगी को देखकर मैं स्तब्ध/हक्का-बक्का रह गया; everyone was ~ed by his death हर कोई उसकी मौत^F से स्तब्ध रह गया. **shocking** शॉ'किङ्ग *a.* **1.** (staggering) दहलाने वाला [accident दुर्घटना^{F}, behaviour व्यवहार]; I went to see the ~ scenes after the earthquake भूकंप के बाद मैं दिल दहलाने वाले दृश्य देखने गया. **2.** (revolting) वीभत्स : it was a very ~ situation there वहाँ बहुत ही ≈ स्थिति^{F} थी. **3.** (very bad) बहुत ख़राब [cold सरदी^{F}, indiscipline अनुशासनहीनता^{F}]; his performance this time was ~ इस बार उसका प्रदर्शन ≈ था.

shod शॉड (from shoe) *a.* **1.** (of man) जूता पहना हुआ [boy लड़का, girl लड़की]; that person was well ~ वह व्यक्ति अच्छा जूता पहने था. **2.** (of horse) नाल लगा हुआ : the horse was ~ yesterday घोड़े को कल नाल लगाया गया.

shoe शू **I.** n^c. **1.** जूता [black काला, cheap सस्ता, comfortable आरामदेह, expensive ख़र्चीला]; I want to have my ~s repaired मैं अपने जूतों की मरम्मत^F करवाना

चाहता हूँ; I like to buy a pair of black ~s मैं काले जूतों का एक जोड़ा ख़रीदना चाहता हूँ; he took off his ~s उसने अपना जूता उतार दिया. Δ **to step into smb's ~s** किसी का उत्तराधिकार ग्रहण करना. **2.** (of horse) नाल : heavy ~ भारी ≈; his horse is without ~s, so it cannot run properly on the road उसका घोड़ा बिना ≈ का है इसलिए सड़क पर ठीक तरह नहीं दौड़ सकता. **3.** (at the tip of a cane) शामF : my stick has no ~ मेरी छड़ीF में ≈ नहीं (लगी) है. **II.** *v.t.* (*p. & p.p.* shod, shoed; *pr.p.* shoeing) **1.** जूता पहनाना : she shod the boy with a new ~ उसने लड़के को एक नया जूता पहनाया. **2.** नाल पहनाना : to ~ a horse घोड़े के नाल लगाना. ~ **black** *n.* बूट पालिशF : buy your own ~ black and do it yourself अपनी ≈ ख़रीद लो और इसे अपने-आप करो. ~ **lace** *n*c. तसमा [long लंबा, tight कसा हुआ]; we fasten our ~ laces हम अपने जूतों के तसमें बाँधते हैं; ~ **maker** शू'मेकर : there sits a ~ on the roadside सड़कF के किनारे एक ≈ बैठता है; a ~ also repairs shoes ≈ जूतों की मरम्मत भी करता है.

shone शोन = past of "shine"; the little boy's face ~ छोटे लड़के का चेहरा चमक गया; the sun ~ in the sky सूर्य आकाश में चमका. [*as distinct from* shown]

shook शुक = past of "shake" *q.v.*

shoot शूट **I.** *v.t.* (*p. & p.p.* shot) **1.** पर गोलीF चलाना या मारना : he shot the bear with his gun उसने अपनी बंदूकF से भालू पर गोली चला दी; the hunter shot a tiger शिकारी ने एक शेर को गोली मारी; he shot into the air उसने हवा में गोली चलाई; he shot them without warning उसने उन्हें बिना चेतावनीF के गोली मार दी; he was shot dead उसे गोली से मार डाला गया; the enemy was ~ing at our camp शत्रु हमारे शिविर पर गोली चला रहा था. **2.** (discharge) छोड़ना, चलाना, मारना : he shot an arrow from a bow उसने अपनी कमानF से तीर मारा/चलाया. **3.** (wound) घायल करना, मार डालना : they shot a lion in the jungle उन्होंने जंगल में एक शेर को घायल कर दिया या मार डाला. **II.** *v.i.* **1.** (to move out swiftly) एकाएक निकलना : he shot out of the room वह कमरे से एकाएक निकला; the sun shot out सूर्य एकदम निकल आया. **2.** (of plants) कोंपलF निकलना : trees are ~ing पेड़ों की कोपलें निकल रही हैं; buds are ~ing कलियाँ निकल रही हैं. **3.** (to shoot a photograph or film) फ़ोटो खींचना, फ़िल्म लेना. Δ (phrases) ~ **ahead** आगे निकल जाना : he shot ahead of other competitors in the race वह दौड़ में दूसरे प्रतियोगियों से आगे निकल गया; ~ **down** (i) मार गिराना : he shot down the lion with one bullet उसने एक गोलीF से शेर को मार गिराया; (ii) नीचे गिरना : prices are ~ing down कीमतें (नीचे) गिर रही हैं; ~ **up** (ऊपर) चढ़ना : prices are ~ing up कीमतेंF चढ़ रही हैं. **III.** *n*c. कोंपलF : in spring the plants are full of ~s बसंत में पौधे कोंपलोंF से भर जाते हैं; goats like to eat ~s बकरियाँF कोंपलें खाना पसंद करती हैं.

shop शॉप **I.** *n*c. दुकानF [general सामान्य, large बड़ी, old-fashioned पुराने ढंग की]; ~ keeper दुकानदार; ~ lifter दुकानचोर; ~ man दुकानवाला; barber's ~ नाई की ≈; grocer's ~ पंसारी की ≈; fruit ~ फलों की ≈; the proprietor of a ~ ≈ का स्वामी; we are the customers of that particular shop हम उसी ख़ास ≈ के ग्राहक हैं; he opens his ~ at 8 o'clock वह अपनी ≈ 8 बजे खोलता है; he keeps a ~ वह ≈ करता है; the ~ is open now ≈ इस समय खुली है; this is a reliable ~ for electronic goods इलेक्ट्रानिक सामान के लिए यह विश्वसनीय ≈ है. Δ **they talk** ~ वे अपने पेशे की बातF करते रहते हैं. **II.** *v.t.* (shopped, shopping) बाज़ार करना, ख़रीददारीF करना : we usually ~ in civil lines साधारणतया हम सिविल लाइंस में ख़रीददारी करते हैं; she goes ~ping every Saturday वह हर शनिवार को ख़रीददारी करने जाती है; to ~ around कई दुकानों में पूछताछF करना.

shore शॉर **I.** *n*c. समुद्र-तट [low नीचा, sandy बलुआ, steep खड़ा]; the ~ of the Baltic sea बाल्टिक सागर का तट; we were happy

to be on the ~ again हम ≈ पर पुन: आने पर प्रसन्न थे; we all walked along the ~ in the morning हम सब सुबह[F] ≈ के साथ-साथ टहलते रहे; our ship touched the ~ at 6 o'clock हमारा जहाज़ छह बजे ≈ पर आ लगा. Δ our ship is **in** ~ हमारा जहाज़ तट के पानी में है; the ship is **off** ~ जहाज़ खुले समुद्र में है. **II.** *v.t.* टेक[F] लगाना : you should ~ (up) the banana tree तुम्हें केले के पेड़ में टेक लगानी चाहिए.

shorn शॉर्न = *p.p.* of 'shear' *q.v.*; sheep have been ~ भेड़ों के बाल कतर दिए गए हैं.

short शॉर्ट **I.** *a.* **1.** (not long) छोटा : ~ hair छोटे बाल; ~ turban छोटी पगड़ी[F]; ~ cut छोटा रास्ता. **2.** (person) नाटा, ठिगना : ~ man ≈ आदमी; ~ woman नाटी/ठिगनी स्त्री; he is ~ and fat वह नाटा और मोटा है. [*ant.* long, tall] **3.** (time, distance) थोड़ा : in a short while थोड़े समय में; he lives at a ~ distance from here वह यहाँ से थोड़ी दूर पर रहता है. **4.** (brief) संक्षिप्त : ~ journey ≈ यात्रा[F]; she gave me a ~ answer उसने मुझे ≈ उत्तर दिया; he delivered a ~ lecture उसने एक ≈ भाषण दिया. **5.** (curt) रूखा : ~ temper ≈ मिज़ाज; ~ reply ≈ जवाब; he was very ~ tempered with me वह मेरे साथ रुखाई[F] से पेश आया. **6.** (not enough) कम, अपर्याप्त [means साधन, quantity मात्रा[F], supply आपूर्ति[F]]; I am ~ of hands मेरे पास कर्मी कम हैं; the supply of sugar is ~ चीनी की आपूर्ति कम है; I am ~ of 50 paise मेरे पास पचास पैसे कम हैं; ~ provisions कम या नाकाफ़ी रसद[F]. **7.** (other contexts) ~ intelligence अल्प बुद्धि[F]; ~ memory कमज़ोर याद्दाश्त[F]; ~ notice अल्पकालिक सूचना[F]; ~ story लघु कथा; ~ vowel लघु स्वर; ~ wave लघु तरंग. **II.** *n*[u]. **1.** ख़ुलासा, संक्षिप्त कथन : the long and ~ of it is this संक्षेप में ऐसा है कि **2.** (*pl.*) घुटन्ना, जाँघिया, निकर, हाफ़ पैण्ट [coloured रंगदार, unfit बेठीक]; he wears a green pair of ~s वह हरा जाँघिया पहनता है. **III.** *adv.* **1.** अचानक, एकाएक, सहसा : he stopped ~ वह ≈ रुक गया. to **cut** ~ अचानक समाप्त करना : considering the situation unfavourable he cut ~ his speech स्थिति[F] अनुकूल न जानकर उसने अपना भाषण अचानक समाप्त कर दिया; **fall** ~ कम पड़ना : his achievement fell ~ of our hopes उसकी उपलब्धि[F] हमारी आशाओं[F] से कम पड़ी; **in** ~ संक्षेप में : the teacher said to the student, "tell me everything in ~" अध्यापक ने छात्र से कहा, "मुझे सब कुछ संक्षेप में बता दो"; **be in ~ supply** कम मिलना : sugar is in ~ supply चीनी[F] कम मिलती है; **run** ~ कम होना, कम पड़ना : the sugar ran ~ in the very first round चीनी[F] पहले चक्र में ही कम पड़ गई; ~ **of** (except) के सिवाय : nothing ~ of apology will satisfy me क्षमायाचना[F] के सिवाय मुझे किसी बात[F] से संतोष नहीं होगा. ~ **change** छुट्टा, रेज़गारी[F]; ~**coming** *n.* कमज़ोरी[F], दोष [serious गंभीर, trifling नगण्य]; everybody has some ~s हर आदमी में कोई-न-कोई दोष होता है; to hide the past ~s पूर्व की कमज़ोरियों को छिपाना; to detect ~s in someone किसी में दोषों का पता लगाना; to win over the ~s कमज़ोरियों पर विजय पाना; ~**hand** *n.* आशुलिपि[F] : ~ typist आशुलिपिक; the secretary took down in ~ what was dictated सेक्रेटरी ने जो कुछ लिखाया गया उसे ≈ में लिख लिया; ~**lived** *a.* **1.** अल्पायु, अल्पजीवी [creatures प्राणी, woman स्त्री]; great men are ~ महापुरुष ≈ होते हैं. **2.** (brief) अल्पकालिक, क्षणस्थायी : ~ interest ≈ अभिरुचि[F]; our happiness was ~ हमारी खुशी[F] ≈ थी; his schemes were ~ उसकी योजनाएँ[F] ≈ थीं. ~**sighted** *a.* **1.** (myopic) निकटदर्शी : I don't recognise people as I am ~ मैं लोगों को पहचानता नहीं क्योंकि मैं ≈ हूँ. **2.** (fig.) अदूरदर्शी [businessman व्यापारी, politician राजनीतिज्ञ]; he will surely suffer the loss for he is ~ वह निश्चित रूप से नुकसान उठाएगा क्योंकि वह ≈ है. ~**tempered** *a.* चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज [lady महिला[F], master मालिक, teacher अध्यापक]; she is so ~ that she beats her children every day वह इतनी बदमिज़ाज है कि अपने बच्चों को

प्रतिदिन पीटती है; her husband is also ~ उसका पति भी चिड़चिड़े मिज़ाज वाला है. **shortage** शॉर्'टिज *n.* कमी[F], अभाव : the ~ of expected amount प्रत्याशित राशि[F] की कमी; there is a great ~ of water in Allahabad इलाहाबाद में पानी की भारी कमी है; ~ of food during the war युद्ध के दौरान भोजन की कमी; there is a ~ of labour these days इन दिनों श्रमिकों की कमी है. **shorten** शॉर्'टन **I.** *v.t.* कम/छोटा करना या घटाना या घटना : ~ the trousers by ten cm. पाजामा दस सेमी. कम/छोटा कर दो; the shirt will have to be ~ed कमीज़ को छोटा करना होगा; the woman is ~ing her blouse स्त्री अपना ब्लाउज़ छोटा कर रही है; to ~ a rope रस्सी[F] को छोटा करना; trains have ~ed the distance गाड़ियों[F] ने दूरियाँ कम कर दी हैं. **II.** *v.i.* छोटा या कम होना : the letter is ~ed पत्र छोटा हो गया है. **shortly** शार्ट'लि *adv.* **1.** (soon) अविलंब, निकट भविष्य में, थोड़ी देर बाद : I shall ~ require a secretary मुझे ≈ एक सेक्रेटरी की आवश्यकता[F] है; a post of a clerk will ~ be vacant एक लिपिक का पद ≈ ख़ाली होगा; an announcement will ~ be made ≈ घोषणा[F] की जाएगी; ~ before he was here अभी थोड़ी देर पहले वह यहीं था. **2.** (briefly) संक्षेप में : he explained his meaning ~ उसने आशय ≈ बताया. **3.** रुखाई[F] से : he met him ~ वह उससे ≈ मिला; he welcomed his friend ~ उसने अपने मित्र का ≈ स्वागत किया.

shot शॉट **I.** *a.* रंग-बिरंगा : ~ cloth ~ कपड़ा; he wears a ~ shirt and looks like a joker वह रंग-बिरंगी कमीज़ पहनता है, और जोकर की तरह दिखता है; he has a ~ beard उसकी दाढ़ी[F] रंग-बिरंगी (गंगा-जमुनी है). **II.** *n*[c]. **1.** (range) (गोली[F] की) पहुँच[F], मार[F] [distant दूरी की, excellent उत्कृष्ट, wonderful आश्चर्यजनक]; it is beyond the ~ of the revolver यह रिवाल्वर की मार के बाहर है; these weapons may make good ~s ये हथियार अच्छी मार कर सकते हैं. **2.** (attempt) कोशिश[F], प्रयास : it was a good ~ for the aim by him उसके द्वारा यह लक्ष्य तक की अच्छी कोशिश[F] थी; he had a successful ~ at doing it इसे करने में उसने सफल प्रयास किया. **3.** (guess) अनुमान, अंदाज़ा : right ~ सही ≈; it was his bad ~ or ~ in the dark यह उसका गलत ≈ था. **4.** (usu. *pl.*) (pellet) छर्रा : lead ~s सीसे के छर्रे; many ~s pierced into his body उसके शरीर में कई छर्रे धँस गए. **5.** (marksman) निशानेबाज़ : skilful ~ कुशल ≈; he is an excellent ~ वह बढ़िया ≈ है. Δ **to give smb a ~ in the arm** किसी का उत्साह बढ़ाना. he accepted my proposal like a ~ उसने मेरा सुझाव तुरंत मान लिया.

should शुड *aux. v.* (*past* of shall) **1.** चाहिए (अर्थ में) : he ~ come उसे आना चाहिए; ~ he come यदि वह आए; we ~ meet him again हमें उससे पुन: मिलना चाहिए; without you, we ~ never have gone there बिना तुम्हारे हम वहाँ कभी न जा पाते; you ~ not do that तुम्हें वह नहीं करना चाहिए; you ~ be more careful तुम्हें और सावधान रहना चाहिए; he ~ have done it long ago उसे यह बहुत पहले ही कर लेना चाहिए था; what ~ I answer मुझे क्या उत्तर देना चाहिए; you ~ not wait so long तुम्हें इतना इंतज़ार नहीं करना चाहिए; you should not go there तुम्हें वहाँ नहीं जाना चाहिए; if I had seen him yesterday, I ~ have invited him too यदि मैं कल उससे मिला होता तो उसे भी आमंत्रित कर लेता. **2.** (showing probability) ~ anything happen, ring me up कुछ हो जाए तो मुझे फोन कर देना; he ~ be in office at this time वह इस समय कार्यालय में होगा. **3.** (surprised) who ~ be there but Moti मोती के अलावा और कौन हो सकता है ?

shouldn't = should not; you ~ carry your bag yourself तुम्हें अपना थैला स्वयं नहीं उठाना चाहिए.

shoulder शोल्'डर **I.** *n*[c]. कंधा [broad चौड़ा, narrow सँकरा, round गोल]; ~ belt परतली[F]; ~ blade अंसफलक; he felt a pain in his ~ उसे कंधे में दर्द हुआ; he put the bundle on his ~ उसने गट्ठर अपने कंधे पर रखा; he carried the child on his ~s

उसने बच्चे को अपने कंधों पर उठा लिया; he hung his camera from his ~s उसने अपने कंधे से कैमरा लटकाया. Δ **old head on young ~s** समझदार लड़का; to stand ~ to ~ कंधे-से-कंधा मिलाकर खड़े होना. **II.** *v.t.* **1.** कंधा मारना : he ~ed his way into the hall वह कंधा मारते हाल में चला गया. **2.** कंधे पर उठाना : he ~ his box and set off उसने कंधे पर अपना संदूक उठाया और चल दिया. **3.** का भार लेना : to ~ the responsibility of the child बच्चे की ज़िम्मेदारी लेना. Δ **~ to ~** कंधे-से-कंधा लगाकर, साथ-साथ : they fought ~ to ~ वे कंधे से कंधा लगाकर लड़े; **straight from the ~** (i) बिलकुल सीध[F] में : go straight from the ~ and you will reach the post-office बिलकुल सीधे चले जाओ और तुम डाकघर पहुँच जाओगे; (ii) (say frankly) स्पष्ट रूप से कहो; **give the cold ~** साथ छोड़ देना, रुखाई से पेश आना : he gave the cold ~ to his friend वह अपने मित्र के साथ रुखाई[F] से पेश आया.

shout शॉउट **I.** *v.t.* **1.** चिल्लाना, शोर मचाना : to ~ with delight, excitement ख़ुशी[F], जोश से चिल्लाना; the children ran ~ing and laughing बच्चे शोर मचाते हुए और हँसते हुए भागे; don't ~ at me मुझसे चिल्लाकर मत बोलो; he ~ed in vain वह व्यर्थ चिल्ला रहा था. [*ant.* whisper] **2.** पुकारना : he ~ed for help उसने सहायता[F] के लिए पुकारा; he ~ed, 'beware' उसने पुकारा, 'ख़बरदार'. **3.** he ~ed with pain वह दर्द के मारे चीख़ा. **II.** n^c. **1.** चीत्कार[F], चिल्लाहट[F], चीख[F] [painful दर्दभरी, shrill तेज़, terrible भयंकर]; he gave a ~ of pain उसने दर्द से चीख़ मारी; he heard the ~ of someone at midnight उसने आधी रात[F] को किसी की ≈ सुनी. **2.** (slogan) नारा, पुकार : I heard many people making ~s on the road मैंने बहुत-से लोगों को सड़क[F] पर नारे लगाते हुए सुना. **3.** ~s of laughter could be heard from the next room हँसी के ठहाके बग़ल के कमरे से सुनाई दे सकते थे.

shove शव़ **I.** n^c. ठेला, धक्का : a weak man should not go in the crowd, he may get a ~ and fall down कमज़ोर आदमी को भीड़[F] में नहीं जाना चाहिए, कहीं धक्का खाकर गिर न जाए. **II.** *v.t.* **1.** खिसकाना, सरकाना, ठेलना, ढकेलना : they ~d the boat into the river उन्होंने नाव[F] को नदी[F] में ढकेल दिया; he could not ~ the stone on the road वह सड़क[F] पर पत्थर को नहीं खिसका सका; he ~d the old man at the platform उसने प्लेटफार्म पर बूढ़े आदमी को ढकेल दिया; he ~d his way through the crowd उसने भीड़[F] में से खिसकते-सरकते अपना रास्ता बना लिया. **2.** आगे बढ़ना : they ~d ahead leaving the place of accident वे दुर्घटना-स्थान को छोड़कर आगे बढ़ गए. Δ **~ off** निकल जाना : he ~d himself off the crowd वह भीड़[F] में से निकल गया.

shovel शॅ'व़ल **I.** n^c. **1.** बेलचा : ~ is used for lifting coal, mud, etc. ≈ का प्रयोग कोयला, कीचड़ इत्यादि उठाने के लिए किया जाता है; take the ~ by its handle and throw the earth away बेलचे का हत्था पकड़ो और मिट्टी दूर फेंक दो. **2.** (shovelful) बेलचाभर : he put a ~ of mud in the pit उसने ≈ कीचड़/गारा गड्ढे में डाल दिया. **II.** *v.t.* (-ll-) बेलचे से उठाना/हटाना : he ~led stones from the path उसने बेलचे से पत्थर उठाकर रास्ते से हटा दिए.

show शो **I.** *v.t.* (showed, shown) **1.** दिखाना : to ~ an object to a person किसी व्यक्ति को कोई चीज़ ≈; he did not even ~ his face उसने अपना मुँह तक नहीं दिखाया; I ~ed him what I had found जो कुछ मैंने पाया था उसे दिखा दिया; he ~ed me a letter उसने मुझे एक पत्र दिखाया; ~ your passport अपना पासपोर्ट दिखाओ; to ~ the specimens of fruits, flowers and vegetables in the exhibition प्रदर्शनी[F] में फलों, फूलों और सब्जियों[F] के नमूने दिखाना; to ~ pity on a beggar किसी भिखारी पर दया[F] दिखाना. [*ant.* hide] **2.** बताना : to ~ smb the way किसी को रास्ता ≈; ~cause कारण बताओ; please ~ me how to do it कृपया मुझे बताइए कि इसे कैसे करें. **3.** (manifest) व्यक्त करना, प्रकट करना : he showed neither anger nor contempt उसने न तो क्रोध प्रकट किया न घृणा[F]; he ~ed faith in

him उसने उसमें विश्वास व्यक्त किया; he is ~ing great interest in our plan वह हमारी योजना^{F} में बहुत रुचि^{F} प्रकट कर रहा है. **4.** (prove) सिद्ध करना, प्रमाणित करना : it ~s honesty of the servant इससे नौकर की ईमानदारी^{F} सिद्ध/प्रमाणित होती है; is there any way of ~ing relationship between good and truth भलाई^F और सचाई^F में संबंध प्रमाणित/सिद्ध करने का क्या कोई तरीका है? (expound) प्रतिपादित करना : he ~ed a new theory and has got the approval of the scientists उसने एक नया सिद्धांत प्रतिपादित किया और उसे वैज्ञानिकों की मान्यता^{F} मिली. **6.** (make understand) समझाना : I will ~ you everything in future भविष्य में मैं तुम्हें सब कुछ समझा दूँगा; I could not ~ him that love is blind मैं उसे यह नहीं समझा सका कि प्रेम अंधा होता है. **7.** (conduct) ले जाकर दिखाना : he ~ed us round the school उसने हमें साथ ले जाकर स्कूल दिखाया. **II.** *v.i.* (appear) दिखाई देना : sprouts are beginning to ~ अंकुर दिखाई देने लगे हैं. Δ ~ **fight** लड़ने को तैयार हो जाना, न दबना : he is ready to ~ fight if you interrupt him a little यदि तुम उसे तनिक भी हानि पहुँचाओगे तो वह लड़ने को तैयार है; ~ **off** की शान^F दिखाना : he ~ed off his knowledge, wealth उसने अपने ज्ञान, धन की शान दिखाई; ~ **up** प्रकट हो जाना, दिखाई पड़ना : everything began to ~ up distinctively सब कुछ स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगा; he did not ~ up at the meeting वह बैठक में दिखाई नहीं पड़ा. **III.** *n*^{c}. **1.** शो, प्रदर्शन [excellent उत्कृष्ट, magnificent शानदार]; there is a new ~ at the theatre थिएटर में एक नया ≈ है; pictures are on ~ in the city नगर में सिनेमा दिखाया जा रहा है; he could not get tickets for the last ~ वह अंतिम ≈ का टिकट न पा सका; to perform an open ~ खुले में प्रदर्शन करना; to make a fine ~ अच्छा प्रदर्शन करना; to act in dumb ~ मूक-प्रदर्शन में अभिनय करना. ~ **bill** इश्तहार, विज्ञापन; ~ **business,** ~**biz,** कौतुक व्यवसाय; ~ **case** प्रदर्शन मंजूषा^{F}; ~ **down** बल परीक्षा^{F}; ~ **piece** बढ़िया नुमाइशी वस्तु^{F}; ~ **place** दर्शनीय स्थान. **2.** (exhibition) प्रदर्शनी^{F} : he went to see the flower ~ वह पुष्प ≈ देखने गया. **3.** (display) प्रदर्शन, दिखावा : ~ of strength शक्ति-प्रदर्शन; he made a ~ of illness उसने बीमारी^{F} का दिखावा किया; she did it for ~ उसने दिखावे के लिए यह किया. **4.** to put up a ~ at chess शतरंज में अपना करतब दिखाना.

shower शॉउअर **I.** *n*^{c}. **1.** (of rain) बौछार^F [heavy भारी, refreshing ताज़गी देने वाली, unexpected अप्रत्याशित]; a ~ is very pleasant in rainy season बरसात^F के मौसम में ≈ सुहावनी लगती है. **2.** (rush) बौछार, भरमार : ~ of questions, bullets प्रश्नों, गोलियों की ≈. **3.** (also ~ bath) फुहारा : we have fitted ~ in our bathroom हमने अपने स्नानघर में एक फुहारा लगा लिया है; to go for a ~ नहाने जाना. **4.** फुहारा-घर : our ~ has a tiled floor हमारे ≈ में टाइलदार फ़र्श है. **II.** *v.i.* **1.** (sprinkle) छिड़कना : to ~ water पानी छिड़कना. **2.** बरसाना : they ~ed flowers on the bride उन्होंने दुल्हिन पर फूल बरसाए. Δ **it never ~s but pours** भगवान जब देता है तो छप्पर फाड़कर देता है.

showy शो'इ *a.* **1.** (ostentatious) आडम्बरी [person व्यक्ति, work काम]; a ~ display of wealth धन का ≈ प्रदर्शन; he is so ~ that it is hard to believe him वह इतना आडंबरी है कि उस पर विश्वास करना कठिन है. **2.** (gaudy) भड़कीला [building इमारत^F, dress पोशाक^F, office कार्यालय]; she wears ~ clothes वह भड़कीले कपड़े पहनती है.

shrank श्रैङ्क *v.t. past* of "shrink" *q.v.*

shred श्रैंड **I.** *n.* **1.** धज्जी^{F}, कतरन^F, टुकड़ा : the shirt was torn to ~s कमीज़ के टुकड़े-टुकड़े हो गए; I tore the paper to ~s मैंने काग़ज़ को टुकड़े-टुकड़े करके फाड़ दिया; he threw all the ~s of clothes thinking them of no importance उसने कपड़े की सब कतरनों को किसी महत्व का न समझकर फेंक दिया. **2.** (fig.) लेशमात्र, रत्तीभर : there is not a ~ of doubt in it इसमें ≈ संदेह नहीं है. **II.** *v.t.* (-dd-) की धज्जियाँ^{F} उड़ाना : to ~ a cloth,

an argument कपड़े, तर्क ≈.

shrewd श्रूड *a.* **1.** समझदार, बुद्धिमान, सयाना, चतुर [observer पर्यवेक्षक, student छात्र, woman औरत]; he is a ~ lawyer वह एक बुद्धिमान् वकील है. **2.** ~ businessman व्यवहारकुशल व्यापारी. **3.** विवेकपूर्ण [answer उत्तर, guess अनुमान, statement कथन]; to give a ~ reason for his absence उसने अपनी अनुपस्थिति^F का ≈ कारण बताया; all his arguments were ~ उसके सारे तर्क ≈ थे. **4.** (sharp) तेज़, तीक्ष्ण [eyesight दृष्टि^F, intelligence बुद्धि^F, pain दर्द, thinking सोच]; to give a person ~ blows without a warning बिना चेतावनी^F के किसी व्यक्ति पर ज़ोर का प्रहार करना.

shriek श्रीक **I.** *v.t.* **1.** चीख^F मारना, चीखना [loudly ज़ोर से, suddenly एकाएक]; she ~ed in fear at night वह रात^F को भय से चीख उठी; they were ~ing for help but none went there वे सहायता^F के लिए चीख रहे थे लेकिन कोई भी उनके पास नहीं गया. **2.** (with laughter) ठहाका लगाना : he ~ed loudly with laughter in the meeting उसने बैठक^F में ज़ोर से ठहाका लगाया. **II.** *n*^c. चीख, पुकार [panicky हौलनाक, thrilling सनसनीखेज़]; the ~s of the dying people in the war युद्ध में मरने वाले लोगों की ≈; the ~s of an owl उल्लू की ≈.

shrill श्रिल *a.* (shriller, shrillest) **1.** ज़ोरदार, तीव्र, कर्कश [laughter हँसी^F, voice स्वर/आवाज़^F, whistle सीटी^F]; ~ cry of a child बच्चे की ज़ोरदार चीख़^F; a cock produces a ~ sound in the morning मुर्गा सुबह^F तीव्र आवाज़ करता है. **2.** (of a person) आग्रही, हठी.

shrine श्राइन *n*^c. **1.** (temple) धर्म-स्थान, मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा, आदि [carved नक्काशीयुक्त, golden स्वर्ण, sacred पवित्र]; we all went to a ~ in the evening शाम को हम सब मंदिर गए; this is the oldest Muslim ~ in the city शहर में यह सबसे पुरानी मस्जिद है. **2.** (tomb) मकबरा, समाधि^F, रौज़ा [magnificent भव्य, old पुराना]; a saint lies buried in this ~ एक संत इस समाधि में गड़ा हुआ है; this is the ~ of a Sufi faqir यह एक सूफ़ी फ़क़ीर का मकबरा है. **3.** (casket) तबर्रुक़, पात्र : a ~ in Hazrat Bal (Srinagar) contains a hair of Prophet Mohammad हज़रत बल (श्रीनगर) में एक ≈ के अंदर हज़रत मोहम्मद का बाल है. [*v.* enshrine]

shrink श्रिङ्क **I.** *v.i.* (shrank, shrunk) **1.** सिकुड़ना : woollen clothes ~ in hot water ऊनी कपड़े गर्म पानी में सिकुड़ जाते हैं; my shirt shrank in the wash मेरी कमीज़ धुलाई^F में सिकुड़ गई; his face began to ~ उसका चेहरा सिकुड़ने लगा. [*ant.* expand] **2.** (diminish) घटना : the water is ~ing in the river now नदी^F में अब पानी घट रहा है; his business has shrunk उसका कारबार घट गया है. **3.** (recoil) झिझकना : the girl shrank away from the barking dog लड़की भौंकते कुत्ते से झिझक गई; he shrank from committing crime वह अपराध करने से झिझक गया. **4.** (drawback) पीछे हटना : on seeing the bear in the way, they shrank away रास्ते में भालू देखकर वे पीछे हट गए. **II.** *v.t.* सिकोड़ना : the tailor ~s the cloth before sewing it सीने से पहले दर्ज़ी कपड़े को सिकोड़ लेता है. **shrinkage** श्रिङ्'किज *n*^u. **1.** सिकुड़न^F : due to ~, the shirt has become short ≈ के कारण कमीज़ छोटी हो गई है. **2.** (depreciation) अवमूल्यन : there is a great ~ of rupee this year इस साल रुपए का काफी अवमूल्यन हुआ है. **3.** (decrease) घटती^F, कमी^F : in summer there is a ~ of water supply गर्मियों में जल-आपूर्ति^F की कमी हो जाती है; there has been a slight ~ in production उत्पादन में थोड़ी कमी हुई है.

shroud श्राउड **I.** *n*^c. **1.** कफ़न : a dead body is wrapped in the ~ शव को ≈ में लपेटा जाता है. **2.** (cover) आवरण : the plain was hidden in a ~ of mist मैदान धुंध के ≈ में छिपा था; (fig.) **wrapped in a ~ of mystery** रहस्य के परदे में छिपा हुआ. **II.** *v.t.* **1.** कफ़न ओढ़ाना : to ~ the dead body शव को ≈. **2.** (cover, hide) पर परदा डालना, छिपाना : don't try to ~ the reality वास्तविकता^F पर परदा डालने की कोशिश^F मत

करो; you could not ~ the murder तुम हत्या^{F} को छिपा नहीं सके; the crime remained ~ed in mystery अपराध रहस्य के परदे में छिपा रह गया.

shrub श्रब *n.* झाड़ी^{F} [evergreen सदाबहार, large बड़ी, thorny काँटेदार]; he planted ~s all about the field उसने खेत के आस-पास झाड़ियाँ लगा दीं; her saree got entangled in the ~ उसकी साड़ी ≈ में उलझ गई.

shrug श्रग *v.t.i.* (shrugged, shrugging) कंधा उचकाना या झाड़ना : ~ unwillingly अनिच्छा से ≈; he ~ged his shoulders and said, "what can I do?" उसने अपना कंधा उचकाया और कहा, "मैं क्या कर सकता हूँ"? Δ ~ **off** टालना, उपेक्षा^{F} करना, पर ध्यान न देना : the peon ~ged off all instructions and was dismissed from his service चपरासी ने सब निर्देशों की उपेक्षा^{F} की और नौकरी^{F} से हटा दिया गया.

shrunk श्रङ्क *v.t.*, *p.p.* of 'shrink' *q.v.*

shudder शॅ'डर **I.** *v.i.* **1.** काँपना, थरथराना : to ~ with severe cold कड़ाके की ठंड^{F} से काँप जाना; he ~ed with fear वह डर के मारे काँप/थरथरा उठा; seeing the blood she ~ed ख़ून देखकर वह काँप उठी. **2.** (feel repugnance) रोंगटे खड़े हो जाना : to ~ at the thought of such a horrible accident ऐसी भयावह दुर्घटना^{F} का ध्यान आने पर रोंगटे खड़े हो जाना. **II.** n^{c}. थरथराहट^{F}, कँपकपी^{F} : to give a ~ ≈ पैदा करना, कँपा देना.

shuffle शॅ'फ़ल *v.t.* **1.** रगड़ना, घसीटना : to ~ one's feet on the ground ज़मीन पर अपने पैर घसीटना; stop shuffling your feet पैर घसीटकर मत चलो. **2.** (cards) फेंटना : he has ~d the cards very cleverly उसने ताश^{F} को होशियारी से फेंटा; it is not my turn to ~ (the cards) ताश^{F} फेंटने की मेरी बारी^{F} नहीं है. **3.** (shift) खिसकाना : to ~ his responsibility on someone अपनी ज़िम्मेवारी^{F} किसी दूसरे पर खिसका देना. Δ ~ **off** (i) to ~ off one's clothes अपने कपड़े उतारना; (ii) खिसकाना : to ~ off responsibility on to others दूसरों पर ज़िम्मेदारी^{F} डाल देना. **II.** n^{c}. **1.** (change) हेर-फेर, अदल-बदल, उलट-फेर, परिवर्तन : a ~ is possible in your affair, you should be ready for that तुम्हारे मामले में उलट-फेर संभव है, तुम्हें उसके लिए तैयार रहना चाहिए. **2.** (of feet) रगड़^{F}, घसीट^{F} : to walk with a ~ घसीट के साथ चलना. **3.** (of cards) फेंट^{F} : the ~ of the cards was not well done ताश^{F} की ≈ अच्छी तरह नहीं की गई.

shun शन *v.t.* (-nn-) से दूर रहना, से बचना, से बचकर रहना : to ~ a meeting with someone किसी से मुलाकात करने ≈; to ~ the society of the drunken शराबी लोगों की संगति^{F} से बचना; to ~ the responsibility ज़िम्मेवारी^{F} से बचना; I have ~ned him like the plague मैं उससे प्लेग की तरह बचकर रहता हूँ; a quarrelsome person is ~ned by all people झगड़ालू आदमी से सब लोग बचकर रहते हैं.

shunt शन्ट *v.t.* **1.** शंट करना, बग़ल की पटरी^{F} पर लाना : a railway engine ~s carriages from one line to another रेलवे इंजन डिब्बों को एक पटरी से दूसरी पटरी पर लाता है. **2.** (postpone) स्थगित करना : his transfer had to be ~ed उसका स्थानांतरण स्थगित करना पड़ा. **3.** (remove) हटा देना : he was ~ed off/out from his office उसे अपने पद से हटा दिया गया. **4.** (lay aside) ताक पर रखना : the plan was ~ed (off) योजना^{F} ताक पर रख दी गई.

shut शॅट **I.** *a.* बंद [bag थैला, door दरवाज़ा, window खिड़की^{F}]; when I went there, I found all the doors ~ जब मैं वहाँ गया तो मैंने सब दरवाज़े बंद पाए. **II.** *v.t.i.* (past & *p.p.* shut; *pr.p.* shutting) बंद करना या होना : ~ the door दरवाज़ा बंद करो; this window does not ~ यह खिड़की^{F} बंद नहीं होती; ~ your mouth otherwise I'll beat you अपना मुँह बंद करो नहीं तो मैं तुम्हें पीट दूँगा; to ~ one's ears अपने कान बंद करना; to ~ one's eyes to smth देखने से इंकार करना; to ~ one's heart to smth सहानुभूति^{F} न दिखाना; some flowers ~ their petals at night कुछ फूल रात^{F} में अपनी पंखुड़ियाँ बंद कर लेते हैं; this door ~s

easily यह दरवाज़ा आसानी^{F} से बंद होता है; ~ your book and come to me अपनी किताब^{F} बंद करके मेरे पास आओ; she ~ her eyes with fear उसने भय से अपनी आँखें^{F} बंद कर लीं. [*ant.* open] Δ ~ **down** (i) बंद करना : the factory has been ~ down through lack of work काम की कमी^{F} के कारण कारख़ाना बंद कर दिया गया है; (ii) गिरा/हरा देना : I can ~ down easily in wrestling मैं उसे कुश्ती में आसानी^{F} से गिरा/हरा सकता हूँ; ~ **in** (i) घर में बंद : he remained ~ in all day वह सारा दिन घर में बंद रहा; (ii) घेरना : this village is very much ~ in by the hills यह गाँव पहाड़ियों^{F} से बहुत घिरा है; ~ **off** बंद करना : the water should be ~ off at the main tap पानी मुख्य टोंटी^{F} से बंद कर दिया जाना चाहिए; to ~ off steam भाप^{F} ≈; ~ **out** भीतर न आने देना : to ~ a person out किसी व्यक्ति को बाहर रोकना; the new house will ~ out the way to the river नया मकान नदी^{F} की तरफ के रास्ते को रोक देगा; ~ **up** (i) बंद करना, कैद करना : he was ~ up in the shop वह दुकान में बंद कर दिया गया; (ii) ~ up! (your mouth) अपने मुँह में ताला लगाओ, चुप रहो.

shutter शॅ'टर *n*^{c}. **1.** झिलमिली^{F} : he closed the ~ उसने ≈ बंद कर दी; a ~ for the window to keep out light प्रकाश बंद करने के लिए खिड़की^{F} की ≈. **2.** शटर, कपाट : the shopkeepers downed their ~s at 8 p.m. आठ बजे शाम^{F} को दुकानदारों ने अपने ≈ गिरा दिए; to put up the ~s दुकान बंद कर देना : they put up the ~s before the sunset वे सूर्यास्त से पहले दुकान^{F} बंद कर देते हैं.

shuttle शॅ'टल *n*^{c}. **1.** (in weaving) ढरकी^{F}, भरनी^{F} : a ~ carries the thread forwards and backwards भरनी तागा/धागा आगे-पीछे चलाती है. **2.** शटल गाड़ी : a ~ bus शटल बस^{F}; ~ train शटल गाड़ी^{F}; there is a ~ between Allahabad and Naini इलाहाबाद और नैनी के बीच ≈ है.

shy शाइ **I.** *a.* (shyer, shyest; shier; shiest) **1.** संकोची, शर्मीला, झेंपू, लज्जालु [child बच्चा, lady महिला^{F}, person व्यक्ति]; the boy felt very ~ in the presence of strangers अजनबियों की उपस्थिति^{F} में लड़का बहुत संकोची हो रहा था; do not be too ~, otherwise you will miss the chance इतना संकोची न बनो, नहीं तो तुम अवसर खो दोगे. Δ **to fight ~ of smth** किसी बात में संकोच करना (झिझकना). **2.** (wary) चौकन्ना, सतर्क, चौकस, सचेत [animal जानवर, bird चिड़िया^{F}]; he is as ~ as a crow वह इतना चौकन्ना है जितना कौआ; deer are very ~ animals हिरन बहुत ≈ जानवर होते हैं. **II.** *v.t.* (*p.* shied) **1.** (start suddenly) भड़कना, चौंकना : to ~ over the harsh words कड़े शब्दों पर भड़क उठना; the horse shied when the gun fired जब बंदूक^{F} दगी तो घोड़ा चौंक गया; he shied at the new resolution वह नए प्रस्ताव पर भड़क/चौंक उठा. **shyness** शाइ'निस *n*^{u}. संकोच, सकुचाहट^{F}, झेंप^{F} : due to her ~ she keeps aloof अपनी सकुचाहट^{F} के कारण वह अलग-थलग रहती है; ~ was considered a virtue in women शर्मीलापन स्त्रियों का गुण माना गया था; he could not get over his ~ वह सकुचाहट^{F} पर विजय^{F} न पा सका.

S.I. Sub-inspector.

sick सिक *a.* **1.** (ill) बीमार, अस्वस्थ [child बच्चा, person व्यक्ति, woman स्त्री]; ~ benefit रोगभत्ता; ~ call (mil.) रोग सम्मन, रोगी बुलावा; ~ room रोगी कक्ष; her husband was very ~ उसका पति बहुत बीमार था; he was an old ~ man वह एक बूढ़ा/पुराना रोगी आदमी था; a ~ man had to be taken to hospital immediately एक रोगी को तुरंत अस्पताल ले जाना पड़ा. **2.** (inclined to vomit) मतली^{F} आना : I feel ~ in a bus मुझे बस^{F} में मतली आती है; I am going to be ~ मुझे मतली आने वाली है. **3.** तंग आ जाना : I am ~ of doing that मैं यह करते-करते तंग आ गया हूँ; I am ~ of such complaints मैं ऐसी शिकायतों^{F} से तंग आ गया हूँ. **4.** to be ~ at heart उदास या हतोत्साह हो जाना.

sickle सि'कल *n*^{c}. हँसिया^{F}, दराँती^{F} [curved मुड़ी हुई, sharp तेज़]; the ~ is blunt now हँसिया अब भोथरी है; they cut grass with

their ~s वे अपनी दरांतियों से घास^F काटते हैं.

sickly सिक्'लि *a.* **1.** रोगी और मरियल [child बच्चा, climate जलवायु^F]; the entire family looked ~ पूरा परिवार रोगी लगा; all his animals are ~ उसके सभी जानवर ≈ हैं. **2.** मिचली लगने वाली : ~ smell ≈ गंध; ~ climate ≈ आब-हवा^F. **sickness** सिक्'निस *n*^c. **1.** बीमारी^F, रोग [heavy भारी, long लंबी]; an attack of ~ रोग का आक्रमण; the nature of ~ बीमारी के लक्षण; these days there is ~ in the village इन दिनों गाँव में बीमारी है. [*ant.* health] **2.** (nausea) मिचली^F : I am feeling a kind of ~ मुझे ≈-सी आ रही है.

side साइड **I.** *v.i.* (~ with) का पक्ष लेना, का समर्थन करना : he ~d **with** the opposite party उसने प्रतिपक्ष का समर्थन किया; I ~d **with** him in the law-suit मुकदमे में मैंने उसका पक्ष लिया. **II.** *a.* **1.** बग़ली^F, पार्श्विक [light प्रकाश, place स्थान]; ~ collision ≈ टक्कर; ~ door ≈ दरवाज़ा. **2.** (minor) गौण : ~ effect ≈ प्रभाव; ~ line ≈ धंधा, उपजीविका^F; ~ industry उपउद्योग; ~ issue ≈ प्रश्न; he will never succeed in his ~ business वह अपने ≈ व्यापार में कभी सफल न होगा; he earns much money by his ~ work वह अपने ≈ काम से बहुत पैसा कमा लेता है. **III.** *n*^c. **1.** (of person, house) बगल, पार्श्व : right ~ दाहिना पार्श्व; both his ~s ached उसके दोनों पार्श्वों में दर्द था; a man was standing at the ~ of my house एक आदमी मेरे मकान के ≈ में खड़ा था. **2.** तरफ़^F, ओर^F : he lives on the other ~ of the street वह गली^F की दूसरी ≈ रहता है; write on both ~s of the paper काग़ज़ के दोनों तरफ़ लिखो; come this ~ इस ≈ आओ. **3.** (aspect, phase) पक्ष, पहलू : we must study the problems from all ~s हमें समस्याओं^F का सभी पहलुओं से अध्ययन करना चाहिए; it will not be beneficial from any of the ~s यह किसी एक पहलू से भी लाभदायक नहीं होगा. **4.** (of cloth, paper) तरफ़ [back पिछला, front सामना]; to write on both ~s of the sheet of paper काग़ज़ के पन्ने के दोनों तरफ लिखना; the ~s of his shirt are of different colours उसकी कमीज़ की तरफ़ें विभिन्न रंग की हैं. **5.** (surface) सतह^F [lower निम्न, upper ऊपरी]; the under ~ of the earth is rich with mineral पृथ्वी की निचली ≈ खनिजों से भरी है; a cube has six ~s घन की छः सतहें होती हैं. **6.** (or road, playground) किनारा, (margin) हाशिया [narrow सँकरा, wide चौड़ा]; ~ walk किनारे की पगडंडी^F; the ~s of the road are not easy to walk सड़क^F के किनारों पर चलना आसान नहीं है. **7.** (of river, pond) तट, तीर, किनारा : I shall meet you on that ~ of the lake मैं तुमसे झील^F के उस किनारे पर मिलूँगा; both of them jumped into the river and swam over to that ~ of it वे दोनों नदी^F में कूद पड़े और उसके उस किनारे तैरकर गए. **8.** (direction) तरफ़^F, दिशा^F [east पूर्वी, front सामने की, west पश्चिमी]; I saw him going to the north ~ मैंने उसे उत्तर दिशा में जाते देखा. **9.** (lineage) वंश, पक्ष : he is Muslim on his mother's ~ वह माँ के ≈ से मुसलमान है. Δ ~ **by** ~ पास-पास : they were walking ~ by ~ वे पास-पास चल रहे थे; **take ~s** पक्ष लेना, तरफ़दारी^F करना : you should not take ~s against any party तुम्हें किसी दल के विरुद्ध कोई पक्ष नहीं लेना चाहिए. **~long** *adv.* तिरछा [blow प्रहार, smile मुस्कान^F]; ~ glance कनखी^F; he looked ~ at her उसने उसे तिरछी^F नज़र^F से देखा. **~wards** *adv.* किनारे : move your typewriter ~ अपना टंकणयंत्र ≈ हटाओ. **~ways** *adv.* (i) एक तरफ़ : he moved ~ to let a lady pass महिला चली जाए, इसलिए वह एक तरफ़ हो गया; (ii) तिरछे : a crab walks ~ केकड़ा ≈ चलता है. **siding** साइ'डिङ्ग *n*^c. बगली^F, रेलपथ : a railway ~ where wagons are parked ≈ जहाँ डिब्बे खड़े किए जाते हैं.

siege सीज *n.* घेरा, घेराबंदी : the ~ of the town by the invaders आक्रमणकारियों द्वारा शहर की घेराबंदी; the ~ of the fort lasted for many days किले की घेराबंदी कई दिनों तक चली; to lay ~ to a fort किले की घेराबंदी करना; to raise the ~ घेरा उठा देना.

siesta सिएँस्'टा *n.* दोपहर का आराम : we had

~ after lunch (दोपहर के) भोजन के बाद हम लोगों ने ≈ किया.

sieve सिव़ I. n^c. छलनी^{F} : a ~ has a frame with a netting ≈ में एक जालीवाला चौखटा होता है; a ~ is used for sifting grains दाने छानने के लिए ≈ से काम लिया जाता है. II. *v.t.* छानना : ~ the soup first and then drink it पहले शोरबा/सूप छानो और तब पिओ.

sift सिफ़्ट I. *v.i.* छनना : it is not ~ing well, use another sieve यह अच्छी तरह नहीं छन रहा, किसी दूसरी छननी^{F} का इस्तेमाल करो. II. *v.t.* 1. छानना : ~ the flour आटा छान लो; ~ the dust from the grain अनाज से धूल छानो. 2. (examine) जाँचना, छानबीन^F करना : to ~ the evidence, facts गवाही^{F}/प्रमाण, तथ्यों की ≈.

sig. signature.

sigh साइ I. *v.i.* 1. आह^F भरना : he only ~ed in reply उसने उत्तर में केवल आह भरी; he ~ed at her misery उसने उसके दुख पर आह भरी. 2. (of wind, etc.) साँय-साँय करना, सरसराना, सनसनाना : the wind ~ed in the trees हवा^{F} पेड़ों में साँय-साँय करती थी. 3. की प्रबल इच्छा होना, तरसना, ललकना : she ~ed for meeting him उसे उससे मिलने की तीव्र इच्छा^{F} हुई; the bride ~ed for her home दुल्हिन को अपने घर की ललक^F उठी. II. n^c. आह^F : to heave a ~ of relief राहत की ≈ भरना.

sight साइट I. 1. n^{cu}. (faculty) दृष्टि^{F}, नज़र^F : my ~ is decaying मेरी ≈ घट रही है; he cast his ~ on the object उसने उस वस्तु^{F} पर अपनी ≈ डाली; he lost his ~ in an accident उसने किसी दुर्घटना^{F} में अपनी ≈ खो दी; the blind man has no ~ अंधे आदमी की कोई दृष्टि नहीं होती; at first ~ प्रथम दृष्टि में. 2. (act) देखना, दर्शन : to catch ~ of smth कुछ देखना, दिखाई देना; to lose ~ of smth किसी चीज़ का दिखाई न देना, ओझल हो जाना; to be in ~ दिखाई देना; out of ~ आँख^F से ओझल; the car turned a bend and was out of ~ कार^F एक मोड़ पर मुड़ी और आँख^F से ओझल हो गई; out of ~ out of mind आँख से ओझल दिल से ग़ायब; at the ~ of a terrorist, the police fired आतंकवादी को देखते ही पुलिस ने गोली दागी; I want to have a ~ of this great man मैं इस महापुरुष का दर्शन करना चाहता था. 3. n^c. (thing seen) दृश्य [beautiful सुंदर, sad दुखद, terrible भयानक]; there was a beautiful ~ from the top of the hill पहाड़ी^{F} की चोटी^{F} से बहुत सुंदर ≈ था. 4. (*pl.*) दर्शनीय स्थान : in Delhi there are many famous ~s दिल्ली^{F} में बहुत-से प्रसिद्ध दर्शनीय स्थान हैं. II. *v.t.* 1. देखना, देख लेना : I had ~ed you on the road मैंने आपको सड़क^F पर देख लिया; they ~ed the sea shore after the fourth day of voyage समुद्र यात्रा^{F} के चार दिन बाद उन्होंने समुद्रतट देखा; a strange animal was ~ed by the hunters शिकारियों ने एक अजीब-सा जानवर देखा. 2. निरीक्षण करना : they all ~ed the event उन सब ने घटना का निरीक्षण किया. **sightless** साइट्'लिस *a.* see blind : he has been ~ since his birth वह अपने जन्म से ही अंधा है. **~seeing** *n.* दर्शनीय स्थानों की सैर^F : pleasant ~ सुखद ≈; to go for ~ ≈ करने जाना.

sign साइन I. n^c. 1. (gesture) इशारा, संकेत : he made a ~ to me to keep silent उसने मुझे चुप रहने का ≈ किया. 2. (indication) लक्षण : good ~s अच्छे ≈; weather shows no ~ of improving मौसम में सुधार होने के कोई ≈ नहीं हैं; there are no ~s of life in this society इस समाज में जीवन के कोई ≈ नहीं हैं. 3. (portent) शकुन : good ~s show his success in the future अच्छे ≈ भविष्य में उसकी सफलता^{F} को बता रहे हैं. 4. (symbol) प्रतीक : a flag is the ~ of pride and sovereignty of a nation झण्डा किसी राष्ट्र के गर्व और उसकी प्रभुसत्ता^{F} का प्रतीक होता है. 5. (maths, etc.) चिह्न : + plus is the ~ for addition, – for minus + जमा का और – घटाने का ≈ है; he made a ~ on the slate उसने स्लेट पर एक ≈ बनाया. II. *v.t.* 1. हस्ताक्षर करना, दस्तख़त करना : to ~ a document in the presence of the magistrate मजिस्ट्रेट की उपस्थिति^{F} में दस्तावेज़ पर ≈; to ~ in someone else's name किसी दूसरे के नाम में

≈; ~ here यहाँ हस्ताक्षर करो; we all ~ed an agreement हम सब ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए. **2.** इशारा/संकेत करना : I ~ed to him to come downstairs मैंने उसे सीढ़ियों से नीचे आने का इशारा किया; he ~ed his assent उसने अपनी स्वीकृति^{F} का इशारा किया. Δ ~ **away** अभिलेख द्वारा दे देना : he has now ~ed away his right to property उसने अब संपत्ति पर अपना अधिकार अभिलेख द्वारा दे दिया है; ~ **in, out** नाम दर्ज करना : you have to ~ in when you come to a hotel and ~ out when you leave आपको होटल में आते समय हस्ताक्षर करने होते हैं और हस्ताक्षर करके जाना होता है; ~ **off** (i) काम बंद करना : we ~ed off earlier yesterday कल हमने समय से पहले काम बंद कर दिया था; (ii) बीमारी^{F} की छुट्टी^{F} दिलाना : the doctor ~ed me off for a month डाक्टर ने मुझे बीमारी की एक महीने की छुट्टी^{F} दिला दी है; (iii) we ~ed off the radio at ten p.m. हमने दस बजे रात^F रेडियो बंद कर दिया; ~ **on/up** नाम लिखना, भरती^{F} होना : he was ~ed on/up as sailor वह एक नाविक के रूप में भरती हुआ. **signal** सिग्'नल **I.** *n*^{c}. **1.** (sign) संकेत, सैन, इशारा : he gave the ~ to march forward उसने आगे बढ़ने का ≈ किया; red light is a ~ of danger लाल बत्ती^{F} ख़तरे का संकेत है. **2.** (occasion) अवसर : the leader's arrest was ~ for riots नेता की गिरफ़्तारी^{F} से फ़साद का ≈ मिल गया. **3.** (railway) सिगनल : the cabinman showed the red ~ and the train stopped कैबिनमैन ने लाल ≈ दिया और रेलगाड़ी^{F} रुक गई. **II.** *a.* **1.** विशिष्ट, असाधारण [service सेवा^{F}, work काम]; this was his ~ success यह उसकी असाधारण सफलता^{F} थी. **2.** (in other contexts) ~punishment कड़ा दण्ड; ~ defeat बहुत भारी पराजय^F. **III.** *v.t.i.* (-ll-) संकेत करना, संकेत भेजना : to ~ smb to advance किसी को आगे बढ़ने का संकेत करना; the teacher ~ed the boys to go out अध्यापक ने लड़कों को बाहर जाने का संकेत किया; it ~s success यह सफलता^{F} का संकेत है; the ship ~led its distress जहाज़ ने संकट का संकेत किया; to ~ by means of crackers पटाखों से संकेत करना; the victim ~led for help पीड़ित व्यक्ति ने सहायता के लिए संकेत किया. **signatory** सिग्'नॅटरि *n*^{c}. हस्ताक्षरकर्ता : he was also a ~ of the agreement वह भी करार का ≈ था; all the signatories have agreed on this point सभी ≈ इस बिंदु पर सहमत हैं. **signature** सिग्'नॅचर *n*^{c}. हस्ताक्षर, दस्तख़त, सही^{F} : I made a full ~ on the document मैंने दस्तावेज़ पर पूरे हस्ताक्षर किए; his ~ was identified उसके ≈ की पहचान^F की गई. ~**board** *n*^{c}. सूचना-पट्ट, नाम-पट्ट [beautiful सुंदर, big बड़ा]; I put up a ~ at the gate मैंने गेट पर एक छोटा ≈ लगा दिया.

significance सिगनि'फ़िकन्स *n.* **1.** (meaning) अर्थ, अभिप्राय [less कम, limited सीमित]; what was the ~ of his going there वहाँ उसके जाने का क्या अभिप्राय था? the ~ of his visit to the rural areas ग्रामीण क्षेत्रों में उसके दौरे का अभिप्राय; do you know the ~ of this symbols क्या तुम इस प्रतीक का ≈ जानते हो? what is the ~ of his black band on the arm बाँह^F पर उसके काले पट्टे का क्या अर्थ है? what is the ~ of these words इन शब्दों का ≈ क्या है? **2.** (importance) महत्व : this is a question of great ~ यह अत्यंत ≈ का प्रश्न है; the ~ of these things cannot be ignored इन बातों^{F} के ≈ को उपेक्षित नहीं किया जा सकता. [*ant.* in~] **significant** सिगनि'फ़िकन्ट *a.* **1.** (full of meaning) अर्थगर्भित, अर्थपूर्ण [remark टिप्पण, silence मौन]. **2.** (important) महत्वपूर्ण [contribution योगदान, event घटना^{F}, problem समस्या^{F}, question प्रश्न]; this chapter is ~ for the examination यह अध्याय परीक्षा^{F} के लिए ≈ है; there is nothing ~ in it इसमें कुछ भी ≈ नहीं है; these are ~ facts ये ≈ तथ्य हैं. [*ant.* in~] **signification** सिग्निफ़िके'शन *n*^{c}. अर्थ, अभिप्राय : clear ~ स्पष्ट ≈; ~ of a sentence, word किसी वाक्य, शब्द का अर्थ; what may be the real ~ of her arrival here यहाँ उसके आने का वास्तविक ≈ क्या है?

signify सिग्'निफ़ाइ *v.t.* (signifies, signified) **1.** (indicate) सूचित करना, बताना : a skull with two bones signifies that there is a danger खोपड़ी^F^ के साथ दो हड्डियाँ यह सूचित करती हैं कि ख़तरा है; what does this mark ~ यह चिह्न क्या बताता है? **2.** (mean) अर्थ होना, अर्थ रखना : this word signifies three meanings इस शब्द के तीन अर्थ हैं; what does his silence ~ उसकी चुप्पी^F^ का क्या अर्थ है? **3.** (be important) महत्व रखना : what does this event ~ for you यह घटना^F^ तुम्हारे लिए क्या महत्व रखती है? it signifies nothing to me इसका मेरे लिए कोई महत्व नहीं है. **4.** (manifest) व्यक्त करना, स्पष्ट होना : this signifies that he was a coward इससे स्पष्ट होता है कि वह कायर था; he signified his willingness उसने अपनी स्वीकृति^F^ व्यक्त कर दी.

silence साइ'लन्स **I.** *n*^c^. **1.** मौन, चुप्पी^F^, ख़ामोशी^F^ [long दीर्घ, meaningful अर्थपूर्ण, sudden एकाएक]; his speech was listened/received in ~ उसका भाषण ख़ामोशी से सुना गया; there was ~ in the hall for several minutes हाल में कई मिनट तक ख़ामोशी रही; no one could break her ~ कोई भी उसकी चुप्पी^F^ को भंग न कर सका; ~ is half consent मौनं अनुमतिलक्षणम्; the teacher ordered the students to keep ~ अध्यापक ने विद्यार्थियों को चुप रहने के लिए कहा. **2.** (stillness) नीरवता^F^, सन्नाटा^F^ [complete पूरी, deep गहरी, partial आंशिक, remarkable उल्लेखनीय]; the ~ of night was fearful रात का सन्नाटा डरनाक था. **II.** *v.t.* **1.** (make silent) मौन क़रा देना, चुप कराना : all the students were ~d by the teacher अध्यापक ने सही छात्रों को चुप करा दिया. **2.** निरुत्तर कर देना, का मुँह बंद कर देना : by his arguments the rival was ~d उसके तर्क से प्रतिद्वंद्वी निरुत्तर हो गया; his critics were ~d उसके आलोचकों का मुँह बंद कर दिया गया. **silent** साइ'लन्ट *a.* **1.** मौन, चुप, खामोश : the prisoner remained ~ कैदी चुप रहा; why are you so ~ today तुम आज इतने ≈ क्यों हो? the children remained ~ when I was studying जब मैं अध्ययन कर रहा था तो बच्चे चुप रहे; history is ~ about it इस बारे में इतिहास ≈ है. **2.** (not talk active) चुप्पा, अल्पभाषी : ~ boy ≈ लड़का; you will not have seen such a ~ person तुमने इतना चुप्पा आदमी नहीं देखा होगा. **3.** (free from noise) नीरव : the house was empty and ~ मकान ख़ाली और ≈ था. **4.** ~ partner निष्क्रिय भागीदार. **silently** साइलॅन्ट'लि *adv.* चुपके से : they moved away ~ वे ≈ खिसक गए; she came in ~ and sat down वह चुपके से भीतर आई और बैठ गई.

silk सिल्क **I.** *n*^u^. **1.** रेशम, सिल्क^F^ [artificial कृत्रिम, fine महीन, pure शुद्ध]; his shirt is made of ~ उसकी कमीज़^F^ रेशम की बनी है; she had it sewn with ~ thread उसने रेशम के धागे से इसे सिलवाया था. **2.** रेशमी कपड़ा : he wears blue ~ वह नीला रेशमी कपड़ा पहनता है; she has a handwoven ~ उसके पास हाथ से बुना हुआ एक रेशमी कपड़ा है. **II.** *a.* रेशमी [cap टोपी^F^, cloth कपड़ा, dress परिधान, ribbon फ़ीता, thread धागा]; ~ worm रेशमी कीड़ा : a ~ worm makes soft threads ≈ कीड़ा मुलायम धागे बनाता है. **silken, silky** सिल्'कॅन, सिल्'कि *a.* **1.** रेशमी [socks मोज़े, thread धागा]; her hair is ~ उसके बाल रेशमी हैं. **2.** (soft, smooth) मुलायम, चिकना [cloth कपड़ा, hair बाल]; shampoo makes the hair ~ शैम्पू से बाल मुलायम हो जाते हैं.

sill सिल *n.* देहली^F^, दहलीज़^F^ : a ~ is placed at the foot of the door or window दरवाज़े या खिड़की^F^ के पादान पर ≈ रखी रहती है.

silliness सि'लिनिस *n.* मूर्खता^F^ : he showed ~ by talking too loud and for too long उसने बहुत ही तेज़ और लंबी वार्ता^F^ करके अपनी ≈ दर्शा दी; his ~ is no more uncertain उसकी ≈ अब अनिश्चित नहीं रह गई. **silly** सि'लि *a.* **1.** मूर्ख [child बच्चा, old man बूढ़ा आदमी, young girl युवती^F^]; don't be ~ ≈ मत बनो; he is too ~ to understand anything वह इतना ≈ है कि कुछ समझ नहीं सकता. **2.** (absurd) मूर्खतापूर्ण : it will be a completely ~ thing to say so ऐसा कहना

पूरी तरह ≈ बात^F होगी; his act was ~ उसका कृत्य ≈ था. [*ant.* wise]

silt सिल्ट *n*^u. गाद^F : rivers and streams bring ~ from hills नदी-नाले पहाड़ियों^F से ≈ ले आते हैं; ~ settles in the bed of a river ≈ नदी^F के तल में बैठ जाती है.

silver सिल्'व़र **I.** *n*^u. **1.** चाँदी^F [pure शुद्ध, valuable कीमती]; this ornament is made of ~ यह ज़ेवर ≈ का बना है; a smuggler was caught with ten kilograms of ~ एक तस्कर को दस किलो ≈ के साथ पकड़ा गया; she wears ornaments of ~ वह ≈ के गहने पहनती है. **2.** (coin) चाँदी^F का सिक्का : he has a single ~ उसके पास चाँदी का एक ही सिक्का है; he has a lot of ~ in his pocket उसकी जेब^F में बहुत-से चाँदी के सिक्के हैं. **3.** (~ ware) चाँदी^F के बरतन : the thief took away all our ~ चोर हमारे सारे ≈ ले गया. **II.** *a.* चाँदी का, रजत [ornaments गहने, plate प्लेट^F]; ~ jubilee रजत-जयंती^F; ~ screen (सिनेमा) रजत-पट; ~ standard रजत-मान; ~ wedding विवाह की रजत जयंती^F; he has two ~ spoons उसके पास दो चाँदी के चम्मच हैं. Δ **he was born with a ~ spoon in his mouth** वह अमीर घर में पैदा हुआ था, उसका लाड़-प्यार से पालन हुआ; **every cloud has a ~ lining** प्रत्येक विपत्ति^F का कोई उज्ज्वल या आशाजनक पक्ष होता है.

similar सि'मिलर *a.* उसी तरह/प्रकार, उस जैसा [occasion अवसर, opinion मत, things वस्तुएँ^F]; both the cases are very ~ दोनों मामले बहुत हद तक समान हैं; your position is ~ to ours तुम्हारी स्थिति^F हमारी तरह है; a ~ story was told by all the children उसी प्रकार की कहानी^F सभी बच्चों ने सुनाई; I need a ~ ring मुझे उसी तरह की अंगूठी^F की आवश्यकता^F है; her saree is ~ to mine उसकी साड़ी^F मेरी जैसी है; you and I have ~ tasks मेरे और आपके काम समान हैं. [*ant.* dissimilar] **similarity** सिमिलै'रिटि *n*^c. समानता^F, समरूपता^F : there is a great ~ between mother and daughter माँ^F और बेटी^F में बहुत ≈ है. **similarly** सि'मिलर्लि *adv.* वैसे ही, उसी तरह, उसी प्रकार : ~ I also wanted some relief ≈ मैं भी कुछ राहत चाहता था; he made a mistake, ~ did I उसने ग़लती^F की, उसी तरह मैंने भी.

simple सिम्'पल **I.** *a.* **1.** (not complicated) सरल, साधारण [machine मशीन^F, personality व्यक्तित्व, question प्रश्न]; mostly he uses ~ sentences प्राय: वह सरल वाक्यों का प्रयोग करता है; this is a very ~ problem यह बहुत ही सरल समस्या^F है. **2.** (easy) आसान : it is a quite ~ job यह बिल्कुल ≈ काम है. **3.** (not elaborate) सादा, अनलंकृत : he takes ~ diet वह सादा आहार लेता है; his style is ~ उसकी शैली अनलंकृत है; he leads a ~ life वह सादा जीवन बिताता है. **4.** (mere) निरा [crime अपराध, lie झूठ, truth सत्य]; it is ~ madness to talk like that इस तरह बात^F करना निरी मूर्खता है. **5.** (of person) निष्कपट, सीधा-सादा, भोला-भाला [friend मित्र, master मालिक]; people in the South are generally ~ दक्षिण में लोग सामान्यत: सीधे-सादे होते हैं. **6.** (easily deceived) भोला : ~ person ≈ व्यक्ति; I am not so ~ as you think मैं इतना ≈ नहीं हूँ जितना तुम समझते हो; she is a ~ soul वह भोली-भाली है. **7.** (ordinary) साधारण, मामूली. **simpleton** सिम्'पलटन *n*^c. बुद्धू, उल्लू : he is the only ~ in the school विद्यालय में वह अकेला गोबर-गणेश है; those ~s in accounts office know nothing लेखा कार्यालय के वे ≈ कुछ नहीं जानते. **simplicity** सिम्'प्लि'सिटि *n.* सरलता^F, सादापन, सादगी^F : ~ of problem समस्या^F की सरलता; ~ of childlife बच्चे के जीवन की निष्कपटता^F या भोलापन^F; ~ of the dress पोशाक की सादगी या स्वाभाविकता^F; ~ of language भाषा की सरलता/सुगमता^F. **simplification** सिमप्लिफ़िके'शन *n*^u. सरलीकरण : ~ of process प्रक्रिया का ≈; ~ of a talk बातचीत^F का सरलीकरण. **simplify** सिम्'प्लिफ़ाइ *v.t.* **1.** सरल बना देना, सरल करना : ~ your language a little अपनी भाषा को थोड़ा सरल कर दो; this poem has been simplified by him यह कविता^F उसके द्वारा सरल कर दी गई; ~ your statement, please कृपया अपने कथन को सरल बना

दीजिए 2. ~ the question of fraction भिन्न के प्रश्न को हल करो. **simply** सिम्'प्लि *adv.* 1. (in a ~ way) सादगी[F] से : they lived ~ वे ≈ रहते थे. 2. (only) केवल, मात्र : I do it ~ for the sake of interest मैं इसे ≈ दिलचस्पी[F] के कारण करता हूँ; the servant is not ~ poor, but hungry too नौकर ग़रीब ही नहीं, भूखा भी है.

simultaneous सिमल्टे'न्यस *a.* युगपत्, समकालिक, एककालिक, एक-साथ होने वाली [events घटनाएँ[F], things बातें[F]]; ~ arrival of two persons दो व्यक्तियों का एक-साथ आगमन; the ~ explosion of the two mines दो सुरंगों का एक-साथ विस्फोट; ~ publication of two books on history इतिहास की दो पुस्तकों[F] का ≈ प्रकाशन. **simultaneously** सिमलटे'न्यसलि *adv.* एक-साथ, साथ-साथ : thunder and lightning happen ~ गड़गड़ाहट और बिजली की कौंध एक-साथ होती हैं; they both began to speak ~ उन दोनों ने ≈ बोलना शुरू कर दिया.

sin सिन I. *n*[c]. पाप, गुनाह [heavy भारी, open खुला, pardonable क्षम्य]; it is a ~ to kill birds चिड़ियों[F] को मारना ≈ है; he has committed the ~ of killing animals उसने पशुओं को मारने का ≈ किया; lying is a ~ झूठ बोलना ≈ है. [*ant.* virtue] II. *v.t.* (-nn-) पाप करना : he has ~ned against nature उसने प्रकृति[F] के विरुद्ध पाप किया है; to ~ against human beings is to ~ against God मानवों के विरुद्ध ≈ करना ईश्वर के विरुद्ध ≈ करना है; forgive me, O God, for I have ~ned हे ईश्वर, मुझे क्षमा कर दो, क्योंकि मैंने पाप किया है.

since सिन्स I. *adv.* 1. तब से, उस समय से अब तक : I have not seen him ~ मैंने उसे तब-से नहीं देखा है; I have been better ~ तब से मैं कुछ अच्छा हूँ; the house has ~ been demolished मकान तब से गिरा दिया गया है. 2. (ever ~) उसके बाद : my brother left home last year and has been away ever ~ मेरा भाई पिछले साल घर छोड़ गया और उसके बाद भी बाहर है; no body has seen him ever ~ इसके बाद कभी उसे किसी ने नहीं देखा है. II. *prep.* से, के बाद से : they have been repairing it ~ July 10 वे दस जुलाई[F] से इसकी मरम्मत[F] कर रहे हैं; he has eaten nothing ~ breakfast उसने नाश्ते के बाद से कुछ नहीं खाया; I have been here ~ early morning मैं यहाँ सुबह-सवेरे से हूँ; I have lived in Moscow ~ 1968 मैं 1968 से मास्को में रहा हूँ; I have known him ~ childhood मैं उसे बचपन से जानता हूँ. III. *conj.* 1. के बाद से, तबसे : what have you been doing ~ I saw you जब से मैं तुमसे मिला हूँ उसके बाद से तुम क्या करते रहे हो; he has been away ~ his accident वह अपनी दुर्घटना[F] के बाद से बाहर रहा है. 2. (because) क्योंकि : ~ you are busy I must ≈ आप व्यस्त हैं, मैं चला जा रहा हूँ; ~ you say that it is so, I believe you ≈ तुम कहते हो कि ऐसा ही है, मैं आपका विश्वास कर लेता हूँ; he will not help you ~ he has not sufficient money वह तुम्हारी मदद[F] नहीं करेगा ≈ उसके पास पर्याप्त पैसा नहीं है. 3. जब से : he did nothing ~ you came here जब से तुम यहाँ आए हो उसने कुछ भी नहीं किया; nothing has happened ~ I met you जब से मैं आपसे मिला हूँ, कुछ नहीं हुआ; ~ I left England जब से मैंने इंग्लैण्ड छोड़ा.

sincere सिनसिअर' *a.* 1. (true) सच्चा : ~ attitude ≈ दृष्टिकोण; ~ desire सच्ची अभिलाषा[F]; ~ friend ≈ मित्र; I was ~ in my efforts मैं अपने प्रयास के प्रति सच्चा था; to have ~ affection ≈ स्नेह होना; to be a ~ admirer of a man's work किसी आदमी के काम का ≈ प्रशंसक होना; he is always ~ to his goal वह अपने लक्ष्य के प्रति सदा ≈ है. 2. ~ thanks हार्दिक धन्यवाद. **sincerely** सिनसिअर्'लि *adv.* सच्चे दिल से : I ~ hope, he will pay up your money मैं ≈ आशा[F] करता हूँ कि वह तुम्हारा पैसा चुका देगा; ~ yours हृदय से आपका. **sincerity** *n.* 1. सिनसें'रिटि *n.* 1. सच्चाई[F], निष्कपटता[F] : praiseworthy ~ प्रशंसनीय ≈; you should not doubt his ~ तुम्हें उसकी ≈ पर संदेह नहीं करना चाहिए; I say it in all ~ मैं इसे पूरी ≈ से कहता हूँ. 2. (honesty) ईमानदारी[F] : he is known for his ~ in the

city वह शहर में अपनी ≈ के लिए जाना जाता है. 3. (good faith) सद्भाव : mutual ~ आपसी ≈; there should be ~ among friends मित्रों में ≈ होना चाहिए.

sine die साइन्'डाइ *adv.* अनिश्चित काल के लिए : the meeting was adjourned ~ बैठक[F] ≈ स्थगित कर दी गई.

sinful सिन्'फुल *a.* **1.** (of acts) पापमय, बुरा [deed कर्म, thinking सोच[F]]; one who thinks ~ does so वह जो बुरा सोचता है बुरा करता है. **2.** (of person) पापी, गुनाहगार : a ~ man is never respected ≈ व्यक्ति कभी सम्मानित नहीं होता; a ~ man must be punished ≈ आदमी ज़रूर दण्डित किया जाना चाहिए.

sing. singular.

sing सिङ्ग *v.t.i.* (*p.* sang; *p.p.* sung) **1.** गाना : she is ~ing a song वह एक गाना गा रही है; to ~ a song in praise of someone किसी की प्रशंसा[F] के गीत गाना; to ~ one's praises अपने गीत/गुण गाना; Mary sang a hymn मेरी ने एक भजन गाया; he has never sung a song उसने कभी गीत नहीं गाया; she is ~ing वह गा रही है; ~up ऊंचा गाओ. **2.** *v.i.* (of birds) चहकना, चहचहाना, गाना : the birds were ~ing in the garden चिड़ियाँ[F] बगीचे में चहचहा रही थीं. **3.** (buzz) भिनभिनाना, (of insects) भिनकना : the honey bees were ~ing in the hive मधु-मक्खियाँ[F] छत्ते में भिनभिना रही थीं. **4.** (whistle of wind, etc.) the wind was ~ing in the morning हवा[F] सुबह सनसना रही थी. **singer** सिङ्'गर *n*[c]. गायक, गवैया [famous प्रसिद्ध, humorous हास्यप्रिय]; ~ bird गायक पक्षी; Lata Mangeshkar is the best ~ लता मंगेशकर सबसे अच्छी गायिका हैं; I regret I could not become a ~ मुझे पछतावा है कि मैं गायक न बन सका.

single सिङ्'गल **I.** *n*[c]. **1.** (tennis) इकहरा खेल, द्वंद्व खेल : he won the ~ tournament in open tennis ओपन टेनिस का उसने ≈ जीत लिया. **2.** (cricket) एक रन : he could not make even a ~ run in the first innings पहली पारी[F] में वह एक रन भी न बना सका. **II.** *v.t.* (~ out) चुनना, चुन लेना : that boy was ~d out to receive the special prize उस लड़के को विशेष पुरस्कार पाने के लिए चुना गया. **III.** *a.* **1.** एक, एक ही, एक मात्र [eye आँख[F], reason कारण, thing वस्तु[F]]; he did not utter even a ~ word वह एक शब्द भी नहीं बोला. **2.** (for one person only) एक के लिए : a ~ bed एक के लिए बिस्तर; a ~ room एक ही के लिए कमरा. **3.** (having only one part) इकहरा : for sewing, I use double thread not ~ सिलाई के लिए मैं दोहरा धागा इस्तेमाल करता हूँ, ≈ नहीं. **4.** (not married) अविवाहित : she still leads a ~ life वह अब भी ≈ जीवन बिता रही है; he is no longer ~ वह अब ≈ नहीं रहा. **5.** (separate) एक-एक : I shall not repeat every ~ word मैं एक-एक शब्द नहीं दोहराऊंगा. ~ **handed** *a.* एक-हत्था [clerk लिपिक, worker मज़दूर]; he did all this ~ handed उसने यह सब अकेले किया; ~ **handed effort** अकेले का प्रयास; **~-minded** अनन्यमना; **~minded devotion** अनन्य भक्ति[F]; he is a ~-minded worker वह ≈ कर्मी है; **~-storeyed house** एकतला मकान. **singly** सिङ्'लि *adv.* alone अकेले, एक-एक करके : I made this box ~ मैंने इस संदूक को अकेले बनाया; pupils came forward ~ to get their mark sheets छात्र एक-एक करके अंकपत्र लेने आते गए; some went ~, others in groups कुछ अकेले-अकेले (एक-एक करके) गए, दूसरे लोग समूहों में.

singular सिङ्'ग्यूलर **I.** *a.* **1.** एकवचन : what is the ~ form of 'them' 'उन' का ≈ रूप क्या है? [*ant.* plural] **2.** (strange) विचित्र, अनोखा : ~ event अनोखी घटना[F]; ~ instance दृष्टांत; he is a man of ~ intelligence वह अनूठी बुद्धि[F] का आदमी है. **3.** (eccentric) सनकी, झक्की : perhaps he is the most ~ man in the village शायद वह गाँव में सबसे ≈ आदमी है. **4.** (unusual) असाधारण, बेजोड़ : ~ courage ≈ साहस; ~ beauty ≈ सुंदरता[F]. **II.** *n*[c]. एकवचन, एकवचन रूप : 'child' is the ~ of 'children' 'बच्चा', 'बच्चों' का ≈ है.

sink सिङ्क **I.** *v.i.* (*p.* sank; *p.p.* sunk) **1.** (in liquid) डूबना : the boat sank नाव[F] डूब गई. **2.** (of the sun or moon) डूबना : the sun is ~ing सूरज डूब रहा है; the moon sank behind the hill चंद्रमा पहाड़ी[F] के बीच डूब गया. **3.** (ground, building, etc.) धँसना : a part of the road is ~ing सड़क[F] का एक हिस्सा धँस रहा है. **4.** (subside) मंद पड़ना : his voice sank into a whisper उसकी आवाज़[F] मंद पड़कर फुसफुसाहट[F] में बदल गई; prices are ~ing कीमतों[F] में मंदी[F] आ रही है. **5.** (diminish) घटना : the water in the river is ~ing, you may row the boat नदी[F] में पानी घट रहा है और तुम नाव[F] चला सकते हो; the dollar is ~ing डालर का मूल्य घट रहा है. [*ant.* rise] **6.** मरने को होना : the patient is ~ing रोगी मर रहा है. **7.** (to become depressed) बैठना : my heart ~s when I worry about my future जब मैं अपने भविष्य की चिंता[F] करता हूँ तो मेरा जी बैठ जाता है. **II.** *v.t.* **1.** डुबोना, डुबाना : they decided to ~ their ship उन्होंने अपना जहाज़ डुबाने का निश्चय किया. **2.** (cause to go deep) धँसना : he sank his teeth into the apple उसने अपने दाँत सेब में धँसा दिए. **3.** खोदना : they sank a well in the field उन्होंने खेत में एक कुआँ खोदा. **4.** घटाना, कम करना : to ~ the price मूल्य ≈. **5.** (invest) लगाना : he sank Rs. 1,00,000 in his business उसने अपने व्यापार में एक लाख रुपया लगाया. **6.** (suppress) दबाना, हटाना : we should ~ our differences हमें अपने मतभेद दूर करने चाहिए. **III.** *n*[c]. **1.** (basin) कुंड : we have a ~ in the kitchen to wash utensils बरतन धोने के लिए हमारे पास रसोईघर में एक ≈ है. **2.** (sewage) मलकुंड : we have dug our own ~ for disposal of waste matter मल-मूत्र आदि के निकास के लिए हमने अपना ≈ खोद रखा है.

sinless सिन्'लिस *a.* निष्पाप, (innocent) निर्दोष [deep कर्म, saint संत]; he is ~, you must not suspect him वह ≈ है, तुम्हें उस पर शंका[F] नहीं करनी चाहिए. **sinner** सि'नर *n*[c]. पापी [condemnable निंदनीय, notorious कुख्यात, old पुराना]; black marketeers are the worst ~s of our society कालाबाज़ारी[F] करने वाले हमारे समाज के सबसे गंदे पापी हैं.

-sion *suff.* makes nouns : invasion, supervision, tension.

sip सिप **I.** *n*[u]. चुस्की[F], घूँट : he took a ~ of tea उसने चाय[F] की एक चुस्की ली. **II.** *v.t.* (-pp-) चुस्की[F] लेना, घूँट भरना : she was ~ping hot milk वह गर्म दूध की चुस्की ले रही थी; the guest ~ped (the cup of) tea अतिथि ने चाय[F] के घूँट भरे.

sir सर *n*[c]. **1.** श्रीमान्, महोदय [kind दयालु, learned विद्वान]; now ~, kindly explain why did you throw the stone अब ≈ बताइए कि आपने पत्थर क्यों फेंका; excuse me, ~ श्रीमान्/श्रीमन् क्षमा करें; dear ~ प्रिय महोदय. **2.** (title) सर : is Sir Raman dead क्या सर रामन का स्वर्गवास हो गया है ?

siren साइ'रन *n*[c]. (instrument) भोंपू : a ~ makes a loud warning sound ≈ चेतावनी[F] की तेज़ आवाज़[F] करता है; the ~ at 3 a.m. sounded that there was no danger now सुबह[F] तीन बजे का ≈ बजा कि अब कोई ख़तरा नहीं है.

sister सिस्'टर *n*[c]. **1.** बहन [elder बड़ी, unmarried अविवाहित, younger छोटी]; he always helps his ~ in her need वह अपनी बहन की आवश्यकता[F] पड़ने पर मदद[F] करता है; she has one ~ and two brothers उसकी एक बहन और दो भाई हैं; Vimla and Veena are ~s विमला और वीना बहनें हैं. **2.** (in hospitals) नर्स, सिस्टर [experienced अनुभवी, trained प्रशिक्षित]; there are ten ~s in the nursing home सेवा सदन में दस ≈ हैं; a ~ wears a white dress ≈ सफेद पोशाक पहनती है. **~-in-law** *n*[c]. (elder brother's wife) भौजाई, भाभी, भावज; (younger brother's wife) अनुज-वधू; (wife's sister) साली; (husband's ~) ननद; (wife's brother's wife) सलहज; she has two ~s-in-law उसकी दो सालियाँ या ननदें हैं; he has the only ~-in-law उसकी केवल एक साली है. [*pl.* ~s-in-law]. **sisterly** सिस्'टर्लि *a.* बहन जैसा, भगिनीवत् [affection स्नेह, relation

संबंध]; Tony has ~ behaviour with Romi टोनी का रोमी से ≈ व्यवहार है.

sit सिट *v.i.* (sat, sitting) **1.** बैठना : he ~s on a chair वह कुर्सी^F पर बैठता है; several persons are ~ting round the fire आग के चारों ओर कई लोग बैठे हैं; he sat for an examination वह परीक्षा^F में बैठा; let us ~ here हम यहाँ बैठें; ~ by me मेरे पास बैठो; there was a bird ~ting on the branch चिड़िया^F पेड़ पर बैठी थी; when I am tired, I ~ in an arm-chair जब मैं थक जाता हूँ तो आराम कुर्सी^F में बैठता हूँ; he was ~ting alone वह अकेला बैठा हुआ था. [*ant.* stand] **2.** (hatch) सेना : a hen ~s on the eggs for many days मुर्गी^F कई दिन तक अण्डे सेती है. **3.** (have a seat) का सदस्य होना : he ~s in several committees वह कई समितियों^F का सदस्य है. **4.** (session) का अधिवेशन होना, बैठना : the party sat the last month पार्टी^F का अधिवेशन पिछले महीने हुआ. **5.** (be situated) स्थित होना : the Kiran theatre ~s in the chowk किरन थिएटर चौक में स्थित है. **6.** (fit) लगना, बैठना : the coat ~s well on him कोट उस पर ठीक बैठता है. **7.** will the court ~ tomorrow क्या कल कचहरी^F होगी ? Δ ~ **back** (i) यत्न छोड़ देना : he sat back in disgust अरुचि^F हो जाने से उसने यत्न छोड़ दिया; (ii) आराम करना : he was tired and sat back in a comfortable chair वह थककर आराम कुर्सी^F पर आराम करने लगा; ~ **down** (i) बैठ जाना : let me ~ down, I am tired मुझे बैठ जाने दो मैं थक गया हूँ; (ii) बैठा देना : he sat the baby on a carpet उसने बच्चे को दरी^F पर बिठा दिया; ~ **for** के लिए बैठना I sat for my photo मैंने फोटो खिंचवाया; ~ **on** का सदस्य होना : he ~s on committee वह समिति^F का सदस्य है; ~ **out** अंत तक रुकना : he sat out the function वह समारोह के अंत तक बैठा रहा; ~ **up** (i) उठ बैठना, देर तक जागना : she woke up and sat up in the bed वह जाग पड़ी और बिस्तर पर उठ बैठी; (ii) रात देर तक जागना : the children sat up after ten o'clock बच्चे रात दस बजे के बाद जागते रहे; (iii) to make smb ~ up किसी को उत्तेजित करना (भड़काना).

site साइट **I.** *n*^c. स्थल, स्थान [convenient सुविधाजनक, fine अच्छा, splendid शानदार]; the ~ of the battle of Panipat पानीपत का युद्धस्थल; a new ~ for a hospital अस्पताल के लिए नया ≈; I do not like this ~ for a school विद्यालय के लिए मैं यह स्थान पसंद नहीं करता; this will be the most suitable ~ for our exhibition हमारी प्रदर्शनी^F के लिए यह सबसे उपयुक्त ≈ होगा; the hilly ~s are very pleasant पहाड़ी ≈ बहुत सुहावने होते हैं. **II.** *v.t.* **1.** बनवाना, स्थापित करना : where shall we ~ our school हम अपना स्कूल कहाँ बनवाएँगे ? **2.** स्थान चुनना : he ~d the place for making a big building उसने एक बड़ी इमारत^F बनवाने के लिए स्थान चुना.

sitting सि'टिंग **I.** *n*^c. **1.** (session) सत्र, बैठक^F : winter ~ of the Parliament संसद^F का शीतकालीन सत्र; after the ~ of the legislative assembly I have to go abroad विधान सभा^F की बैठक^F के बाद मुझे बाहर/विदेश जाना पड़ा. **2.** (period) बैठक^F : I finished the play in one ~ मैंने एक ही बैठक में नाटक समाप्त कर दिया. **II.** *a.* **1.** बैठा हुआ : ~ member ≈/वर्तमान सदस्य. **2.** बैठने का : ~ room ≈ कमरा, बैठक^F.

situated सि'ट्यूएटिड *a.* **1.** स्थित : a house is ~ at the top of the hill एक मकान पहाड़ी^F की चोटी^F पर ≈ है; our office is ~ on the bank of the river Yamuna हमारा कार्यालय जमुना नदी^F के किनारे ≈ है. **2.** how is he ~ उसकी स्थिति क्या है ? **situation** सिट्यूए'शन *n*^c. **1.** (place) स्थान [favourable उपयुक्त, pleasant सुहावना, vacant ख़ाली]; he is searching for a comfortable ~ for summer गर्मियों^F के लिए वह कोई आरामदेह स्थान ढूँढ रहा है; it is a good ~ for a library पुस्तकालय के लिए यह अच्छा ≈ है. **2.** (position) स्थिति^F : the ~ has now improved ≈ में अब सुधार हुआ है; this ~ is not satisfactory यह ≈ संतोषजनक नहीं है; I am in a difficult ~ मैं कठिन ≈ में हूँ. **3.** (job) काम, नौकरी^F : ~ wanted ≈ चाहिए; ~ vacant ≈ खाली है.

six सिक्स *a. & n.* छ: [cows गाएँ, flowers फूल, pillars खंभे]; all the ~ prisoners flew away in the night ≈ के ≈ कैदी रात[F] में भाग गए; he has ~ shops in the market बाज़ार में उसकी ≈ दुकानें हैं; he is aged ~ उसकी उम्र ≈ वर्ष है; he will be ~ in a month's time एक महीने में वह ≈ साल का हो जाएगा. Δ **at ~es and sevens** अस्त-व्यस्त : when I entered the room I found everything at ~es and sevens जब मैंने कमरे में प्रवेश किया तो सब कुछ अस्त-व्यस्त पाया. ~ **footer** छह फुटा (व्यक्ति). **sixer** सिक्'सर *n*[c]. छक्का : the batsman shot three ~s in one over बल्लेबाज़ ने एक ओवर में तीन छक्के मारे; whole of the match went without a ~ पूरे मैंच में एक भी ≈ नहीं लगा. **sixteen** सिक्सटीन' *n. & a.* सोलह [cycles साइकिलें, pen पेन, students छात्र]; he bought ~ pencils उसने ≈ पेंसिलें ख़रीदीं; he is ~ years old वह ≈ साल का है; his age is ~ उसकी उम्र ≈ वर्ष है. **sixteenth** सिक्सटीन्थ' सोलहवाँ : ~ day ≈ दिन; ~ row सोलहवीं पंक्ति[F]; of the sixteen boys the ~ and the last was blind सोलह लड़कों में ≈ और अंतिम लड़का अंधा था; in the ~ year of Akbar's reign अकबर के राज्य के सोलहवें वर्ष में. **sixth** सिक्स्थ *a.* छठा : ~ storey of the building इमारत[F] की छठी मंज़िल[F]; it was the ~ of August यह अगस्त की छ: तारीख[F] थी; ~ student was lame ≈ छात्र लंगड़ा था. **sixtieth** सिक्स्'टिइथ *a.* साठवाँ : ~ part ≈ भाग; ~ number साठवीं संख्या[F]; on the ~ day साठवें दिन; he celebrated his ~ birthday in Calcutta उसने अपना साठवाँ जन्मदिन कलकत्ता में मनाया. **sixty** सिक्स्'टि *a. & n.* साठ [runs रन, times बार]; out of one hundred only ~ were present in the class-room सौ में से केवल साठ कक्षा[F] में उपस्थित थे; a man of ~ साठ साल (की उम्र) का आदमी.

size साइज़ *n*[c]. **1.** (magnitude) आकार [huge भारी, large बड़ा, tiny छोटा]; the ~ of his body is very big उसका शारीरिक ≈ बहुत बड़ा है; it was of the ~ of a football यह फुटबाल के ≈ का था. **2.** माप [usual साधारण, wrong ग़लत]; what would be the ~ of your shoes तुम्हारे जूते का माप क्या होगा? he takes ~ 7 in shoes उसके जूते का ≈ 7 है; the ~ of my shirt is not known मेरी कमीज़ का ≈ ज्ञात नहीं है. **3.** (extent) विस्तार : the ~ of Italy is not much इटली[F] का ≈ बहुत नहीं है; what is the north-south ~ of India भारत का उत्तर-दक्षिण ≈ क्या है? **4.** (of a person) कद, साइज़ : what is the ~ of this boy इस लड़के का ≈ कितना है?

skeleton स्कें'लिटन *n*[c]. **1.** (of body) कंकाल, ठठरी[F], अस्थिपंजर : you can see the old man's ~ तुम बूढ़ा आदमी का ≈ देख सकते हो; ~ of an animal किसी जानवर का कंकाल; there is a ~ of an elephant in the museum हाथी का एक ≈ संग्रहालय में है. **2.** (framework) ढाँचा : the steel ~ of a building इमारत[F] का इस्पात का ≈. **3.** (abstract) सार-संक्षेप : now I'll give you a ~ of his talk अब मैं तुमको उसकी वार्ता[F] का ≈ दूँगा. **4.** (outline) रूपरेखा[F], ढाँचा, ख़ाका : true ~ सही ≈; it is just a ~ of my essay यह मेरे निबंध की रूपरेखा मात्र है. **5.** Δ **the patient is a ~** रोगी सूखकर काँटा हो गया है, रोगी हड्डियों का ढाँचा है.

sketch स्कें'च **I.** *n*[c]. **1.** (rough drawing) ख़ाका, कच्चा नक्शा : ~ of a building इमारत[F] का ≈. **2.** (outline) रूपरेखा[F] : suitable ~ उपयुक्त ≈; tell me the ~ of your essay मुझे अपने निबंध की ≈ बताओ; I could give a ~ of the author's life मैं लेखक की जीवनी[F] की ≈ दे सका. **3.** (literary) रेखाचित्र : it is not a story, it is a ~ of a school teacher यह कहानी[F] नहीं है, यह किसी स्कूलमास्टर का ≈ है; he has written several ~es of politicians उसने राजनीतिज्ञों के कई ≈ लिखे हैं. **II.** *v.t.* ख़ाका उतारना, रेखांकन करना : he ~es a cat उसने एक बिल्ली का ख़ाका उतारा; to ~ out main points मुख्य बिंदुओं का ≈.

skid स्किड **I.** *v.i.* (-dd-) फिसलना : the scooter ~ded on a muddy road स्कूटर कीचड़ वाली सड़क[F] पर फिसल गया; the child may ~ on the floor, you should help

him बच्चा फ़र्श पर फिसल सकता है, तुम्हें उसकी सहायता^F करनी चाहिए. **II.** *n*^c. फिसलन^F : there are many ~ marks on the mud कीचड़ पर बहुत-से ≈ के निशान हैं; the car went into a ~ कार फिसल गई.

skilful (Amer. skillful) स्किल्'फुल *a.* **1.** (expert) निपुण, कुशल, दक्ष [craftsman शिल्पी, potter कुम्हार]; he is a ~ worker वह एक ≈ कर्मी है; he is not yet ~ in driving मोटर-चालन में वह अभी ≈ नहीं है; the doctor is ~ at/in operation डाक्टर आपरेशन करने में ≈ है. **2.** (clever) चतुर : he is a very ~ manager, you cannot befool him वह बहुत ही चतुर प्रबंधक है तुम उसे मूर्ख नहीं बना सकते. **skill** स्किल *n*^c. (dexterity) कौशल, निपुणता^F [unusual असाधारण, wonderful आश्चर्यजनक]; the dance was performed with great ~ नृत्य बड़ी ≈ से प्रदर्शित किया गया; he showed his ~ in repairing उसने अपना कौशल मरम्मत^F करने में दिखाया; he has got a number of ~s उसमें अनेक कौशल हैं; this job requires ~ इस काम के लिए ≈ की आवश्यकता^F है; painting and writing are ~s चित्रकारी^F और लेखन कौशल हैं. **skilled** स्किल्ड *a.* कुशल [engineer इंजीनियर, labourer श्रमिक]; he is a ~ workman, he will finish the work before time वह ≈ कारीगर है, वह काम को समय से पहले समाप्त कर देगा; he is ~ in music वह संगीत में ≈ है.

skim स्किम *v.t.* (-mm-) **1.** (cream) मलाई उतारना : to ~ the cream off the milk दूध पर से ≈. **2.** (pass over) के ठीक ऊपर से निकल जाना : the birds ~med over the lake पक्षी झील^F के ठीक ऊपर से निकल गए. **3.** (pass along) छूते हुए निकल जाना : the aeroplane ~med the surface of the water हवाई-जहाज़ पानी की सतह^F को छूते हुए निकल गया. **4.** (read cursorily) सरसरी नज़र (या दृष्टि) से देखना : to ~ through a book when the examination is very near किताब^F को ≈, जबकि परीक्षा^F बहुत निकट हो.

skin स्किन **I.** *n*^c. **1.** चमड़ी^F, त्वचा^F [fair साफ़, pale पीली, smooth चिकनी]; ~ diseases चर्मरोग; her ~ is very soft उसकी ≈ बहुत कोमल है; the ~ of the Englishmen is white अंग्रेज़ लोगों की ≈ सफ़ेद होती है; the ~ of animals is used in making various things पशुओं की चमड़ी बहुत-सी चीजें बनाने के काम आती है. Δ **to save one's ~** अपनी जान बचाना; **he is only ~ and bones** वह बहुत दुबला-पतला है; **to have thick ~** मोटी खाल^F वाला होना; defeat has no effect on him, **he has a thick ~** हार का उस पर कोई असर नहीं है, वह मोटी खाल/चमड़ी वाला है; **~ deep** ऊपर-ऊपर का : his beauty is ~ deep उसकी सुंदरता^F ऊपर-ऊपर है; **to escape with the ~ of one's teeth** बाल-बाल बचना : he escaped with the ~ of his teeth in the road accident सड़क-दुर्घटना^F में वह बाल-बाल बच गया. **2.** (container) कुप्पा : he uses a ~ for keeping oil वह तेल रखने के लिए कुप्पे का इस्तेमाल करता है. **3.** (rind) छिलका [green हरा, hard सख़्त, yellow पीला]; ~ of a banana or potato केले या आलू का ≈; take the ~ off the orange संतरे का छिलका उतार लो; he eats the apple with its ~ वह छिलके समेत सेब खाता है. **II.** *v.t.i.* (-nn-) **1.** चमड़ा या छिलका उतारना : the butchers ~ned the goat कसाइयों ने बकरे का चमड़ा उतारा; to ~ off the mangoes आम का छिलका उतारना. **2.** चमड़ा लगाना : he asked the cobbler to ~ the shoe उसने मोची से जूते में चमड़ा लगाने को कहा. **3.** भर जाना, पपड़ी आ जाना (of a wound) : if you take the medicine regularly your wound will ~ over soon यदि तुम नियमित रूप से दवा^F लो तो तुम्हारा घाव शीघ्र भर जाएगा. **skinny** स्कि'नि *a.* दुबला-पतला : the child is ~ and weak बच्चा बहुत ही दुबला-पतला और कमज़ोर है; girls like to be ~ and slim लड़कियाँ दुबली-पतली और छरहरी होना पसंद करती हैं.

skip स्किप **I.** *v.t.i.* (-pp-) **1.** उछलकूद करते चलना, कूद-फाँद करते चलना, फुदकते फिरना : the children were ~ping up the field बच्चे मैदान में फुदकते चल रहे थे; frogs ~ in

the rain मेंढक बरसात[F] में फुदकते फिरते हैं. **2.** रस्सी[F] फाँदना : two girls turn the rope and one ~s दो लड़कियाँ रस्सी[F] घुमाती हैं और एक फाँदती है. **3.** (विषय या काम) छोड़ते चलना : the teacher has been ~ping from one lesson to another अध्यापक एक-एक पाठ छोड़कर दूसरे पर चल दिए. **4.** (omit) छोड़ देना : I kept sleeping last evening and ~ped my dinner कल शाम[F] मैं सोता रहा और खाना छोड़ दिया (खाना छूट गया); I ~ped the second stanza of the poem मैंने कविता[F] का दूसरा छंद छोड़ दिया. **II.** *n*[c]. उछाल[F] : the boy went along with little ~s लड़का छोटी-छोटी उछालें मारता चला गया. **skipper** स्कि'पर *n*[c]. (captain) कप्तान [able योग्य, brave बहादुर, courageous साहसी]; ~ of a team टीम[F] का कप्तान; Gavaskar was the ~ of Indian team गावस्कर भारतीय टीम[F] के ≈ थे; ~ of a ship जहाज़ का ≈.

skirt स्कर्ट **I.** *n*[c]. **1.** स्कर्ट, घाघरा, लहँगा [check ख़ानेदार, silken रेशमी, tight कसा हुआ]; put on your ~ अपना ≈ पहनो; she was wearing a black ~ वह काला ≈ पहने थी; the ~ is too small for me ≈ मेरे लिए बहुत ही छोटा है. **2.** (edge) पल्ला, किनारा : wide ~ चौड़ा ≈; a short ~ of a dhoti धोती[F] का छोटा ≈; the ~ of her saree is red उसकी साड़ी[F] का ≈ लाल है. **3.** (*pl.*) सीमांत, नगरोपांत : this wood is on the ~s of the city यह जंगल नगर के सीमांत पर है. **II.** *v.t.* के किनारे-किनारे चलना : both of them ~ed the canal in the evening शाम[F] को वे दोनों नहर के किनारे-किनारे चले; a footpath ~s the village एक पगडंडी[F] गाँव के किनारे-किनारे जाती है.

skit स्किट *n*[c]. **1.** (burlesque) प्रहसन : ~ is a short humorous acted scene ≈ एक छोटा हास्यजनक अभिनीत दृश्य होता है. **2.** (satire) व्यंग्य रचना[F] : he wrote a ~ on dowry system उसने दहेज-प्रथा[F] पर एक व्यंग्य-रचना लिखी.

skull स्कल *n*[c]. खोपड़ी[F] [big बड़ी, strong मज़बूत]; ~ is the round bone of the head ≈ सिर की गोल हड्डी[F] होती है; it will not go into your thick ~ यह तुम्हारी मोटी/स्थूल ≈ में नहीं आएगा; he got an injury in his ~ उसे ≈ में चोट[F] लगी.

sky स्काइ **I.** *n*[uc]. आकाश, आसमान [blue नीला, bright चमकीला, dark काला]; there were no clouds in the ~ आकाश में कोई बादल नहीं थे; the ~ was overcast with coulds ≈ में बादल छाए थे. Δ **the ~ is the limit** यह असीम है; **under the open ~** खुले में; I was amazed to see them **out of a blue ~** मैं उन्हें अकस्मात् देखकर अचंभित था. (comb.) ~ **blue** आसमानी (रंग); ~ **high** बहुत ऊंचा : ~ high prices बहुत ऊंची कीमतें. **II.** *v.t.* ऊंचा मारना, ऊंचा टाँगना : to ~ anything किसी चीज़ को ऊंचा टाँगना; to ~ a ball up गेंद को हवा[F] में फेंकना. ~ **light** छत पर का रोशनदान : this room has a small ~ light इस कमरे में छोटा-सा ≈ है. ~**scraper** *n*[c]. गगनचुम्बी भवन : we have now a number of sky scrapers in New Delhi नई दिल्ली[F] में अब कई गगनचुंबी भवन हैं; one of the ~ scrapers in New York has a hundred storeys न्यूयार्क के एक ≈ में एक सौ मंज़िलें हैं.

slab स्लैब *n*[c]. **1.** सिल्ली[F] [small छोटी, thin पतली]; ~s of stone have been used in his house उसके मकान में पत्थर की सिल्लियों का इस्तेमाल किया गया है; that house has cement ~s उस घर में सीमेंट की सिल्लियाँ हैं. **2.** ~ of butter, cheese मक्खन, पनीर की टिकिया[F].

slack स्लैक **I.** *a.* **1.** (loose) ढीली [cord रस्सी[F], knot गाँठ[F], pant पैंट[F], rein बागडोर[F]]; his shirt is very ~ उसकी कमीज़[F] बहुत ढीली है; some nuts are ~ here कुछ ढिबरियाँ[F] ≈ हैं. **2.** (dull) मंदा : ~ market ≈ बाज़ार, मंदी[F]; the trade has been very ~ today व्यापार आज बहुत ≈ रहा है; ~ season मंदी के दिन. **3.** सुस्त, आलसी, ढीला, लापरवाह [employee कर्मचारी, person व्यक्ति, servant नौकर]; perhaps he is the ~est teacher in the school शायद वह विद्यालय का सबसे ≈ अध्यापक है; he is too ~ to pass the examination वह इतना ≈ है कि परीक्षा[F] उत्तीर्ण नहीं कर

सकता. **4.** (of lime) बुझा हुआ. **II.** n^u. **1.** (dull) मंदी^{F} : too much ~ in business is harmful व्यापार में इतनी ज्यादा ≈ नुकसानदेह होती है. **2.** (*pl.*) ढीला पाजामा, स्लैक : he wears ~s of blue colour वह नीले रंग का ≈ पहनता है. **slacken** स्लै'कन **I.** *v.t.* ढीला/मंद करना : to ~ one's effort अपना प्रयास ≈; the speed was ~ed by the driver चालक ने गति^{F} मंद कर दी; ~ the rope and let the dog go रस्सी^{F} ढीली कर दो और कुत्ते को जाने दो; why did you ~ your efforts तुमने अपने प्रयास ढीले क्यों कर दिए? **II.** *v.i.* the train ~ed near the bridge गाड़ी^{F} पुल के पास मंद हो गई; his grip ~ed उसकी पकड़ ढीली हो गई. **slackness** स्लैक्'निस n^u. **1.** ढीलापन : ~ in a rope रस्सी^{F} का ≈; ~ in screws पेंचों का ≈. **2.** लापरवाही^{F} : ~ in one's duty अपने कर्तव्य में ≈. **3.** मंदी^{F} : ~ in business धंधे में ≈.

slain स्लेन *v.t. p.p.* of 'slay'; the lion was ~ by the hunter शिकारी द्वारा शेर मारा गया; he had ~ his real brother उसने अपने सगे भाई को मार डाला था.

slake स्लेक *v.t.* **1.** बुझाना, शांत करना : he went to a hermit to ~ his thirst for knowledge ज्ञान की प्यास^F बुझाने के लिए वह एक संन्यासी के पास गया; he ~d his anger उसने अपने गुस्से को शांत किया. **2.** to ~ lime चूना बुझाना.

slam स्लैम **I.** *v.t.* (*p.* slammed) **1.** ज़ोर से बंद करना : he ~med the window and the child woke up उसने ज़ोर से खिड़की^{F} बंद की तो बच्चा जाग पड़ा. **2.** (put down) पटक देना : to ~ the cup down on the table मेज़ पर प्याला पटक देना; he ~med the glass and it cracked उसने गिलास पटक दिया और यह चटक गया. **II.** *v.i.* ज़ोर से बंद होना : he came in and the door ~med behind वह भीतर आया तो पीछे दरवाज़ा ज़ोर से बंद हो गया. **III.** n^u. (noise) धम : loud ~ ज़ोर का ≈; the ~ was so powerful that we all awoke at once धमाका इतना ज़ोरदार था कि हम सब तुरंत जाग उठे.

slander स्लान्'डर **I.** n^c. मिथ्यापवाद, झूठी निंदा^{F} : try to avoid ~s ≈ से बचने की कोशिश^F करो; the report was just a ~ रिपोर्ट^F केवल ≈ था. **II.** *v.t.* मिथ्यापवाद फैलाना, झूठी निन्दा^{F} करना : to ~ a friend behind his back किसी मित्र की पीठ-पीछे निंदा^{F} करना; to ~ a person by inventing malicious tales दुर्भावनापूर्ण कहानियाँ गढ़ करके किसी के विरुद्ध मिथ्यापवाद फैलाना.

slang स्लैङ्ग *n.* **1.** वर्ग-बोली^{F}, खास बोली^{F} : gamblers' ~ जुआरिओं की ≈; soldiers' ~ जवानों की ≈; this slang is spoken only in the eastern part of India यह ≈ भारत के केवल उत्तरी भाग में बोली जाती है. **2.** गँवारू बोली^{F} : 'shut up' is ~ 'शट अप' (चुप रहो/मुँह बंद करो) ≈ है.

slanting स्लान्'टिङ्ग *a.* तिरछा : ~ lines तिरछी रेखाएँ^{F}; ~ pole ≈ पोल/खंभा; ~ writing तिरछी लिखाई^F; ~ rays of the sun सूर्य की तिरछी किरणें^{F}; some houses have ~ roofs कुछ घरों की छतें^{F} तिरछी होती हैं. [*ant.* upright]

slap स्लैप **I.** *v.t.* (slapped, slapping) थप्पड़ मारना/ लगाना, चाँटा मारना [slowly धीरे-से, violently ज़ोर से]; to ~ a naughty child शरारती बच्चे को ≈; I ~ped him on his cheek मैंने उसे गाल पर थप्पड़ मारा; I did not ~ him on his face मैंने उसके मुँह पर चाँटा/थप्पड़ नहीं मारा. Δ **~ down** पटक देना : the boy ~ped the book on the table लड़के ने किताब^F मेज़ पर पटक दी. **II.** n^c. थप्पड़, चाँटा : he gave her a ~ and she fell down fainted उसने उसे एक झापड़ मार दिया और वह बेहोश होकर गिर पड़ी. **III.** *adv.* सीधे : the car ran ~ into the wall कार ≈ दीवार से जा टकराई.

slate स्लेट **I.** n^c. **1.** स्लेटी पत्थर : ~ has a dull grey colour ≈ का रंग हल्का राख-सा होता है. **2.** स्लेट^F : a ~ with a frame is for writing चौखट लगी ≈ लिखने के लिए होती है; he lost his ~ yesterday उसने अपनी ≈ कल खो दी. Δ **to start with a clean ~** बिलकुल नया जीवन या काम शुरू करना. **II.** *a.* स्लेटी : ~ pencil ≈ पेंसिल; ~ colour ≈ रंग. **III.** *v.t.* **1.** स्लेटी पत्थर लगाना : to ~ the

roof छत^{F} पर ≈. **2.** (criticize) कटु आलोचना^{F} करना : his novel was ~d by many critics उसके उपन्यास की बहुत-से आलोचकों ने कटु आलोचना^{F} की.

slaughter स्लॉ'टर **I.** *n*^{c}. (killing) वध, हत्या^{F} : ~ of men नर-वध; ~ of animals पशुवध; uncounted ~s अनगिनत ≈; ~ of goats for food भोजन के लिए बकरियों^{F} की हत्या^{F}; the ~ of a cow is prohibited गाय की हत्या (गोवध) निषिद्ध है; all the ~ houses were banned by the government सरकार ने सभी कसाईख़ानों/बूचड़ख़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया. **II.** *v.t.* **1.** कत्ल करना, मार डालना : hundreds of goats are ~ed on Eid day ईद^{F} के दिन सैकड़ों बकरे-बकरियाँ मारी जाती हैं. **2.** (defeat thoroughly) बुरी तरह हराना : our team ~ed the other side हमारी टीम^{F} ने दूसरी ओर^{F} की टीम^{F} को बुरी तरह हरा दिया.

slave स्लेव़ **I.** *n.* **1.** दास, गुलाम, (fem.) दासी : ~ driver गुलामों से काम कराने वाला; ~ trader गुलाम फ़रोश; she is a ~ in his house वह उसके घर में दासी है; at one time ~s were auctioned एक ज़माने में गुलाम/दास नीलाम किए जाते थे; a ~ gets nothing for the work done for his master except food दास को मालिक का काम करने के लिए भोजन के अतिरिक्त कुछ नहीं मिलता; she set free the ~ in the absence of her husband उसने अपने पति की अनुपस्थिति^{F} में दास को मुक्त कर दिया. **2.** (fig.) दास, गुलाम : he is a ~ of greediness, fashion वह लालच, फ़ैशन का ≈ है; we are ~s of circumstances हम परिस्थितियों^{F} के ≈ हैं. **II.** *v.i.* **1.** कठोर परिश्रम करना : he ~s for earning livelihood वह जीविका^{F} चलाने के लिए कठोर परिश्रम करता है. **2.** (drudge) काम में जुटा रहना, पिसना : the father ~ all day long while the son plays cards बाप सारा दिन काम में जुटा रहता है जबकि बेटा ताश खेलता है. **slavery** स्ले'व़रि *n*^{u}. **1.** दासप्रथा^{F} : ~ prevailed for many decades ≈ कई दशकों तक रही; he was also the victim of ~ वह भी ≈ का शिकार था; ~ still exists in some islands ≈ अब भी कुछ टापुओं में है. **2.** (bondage) गुलामी^{F}, दासता^{F} : boys were sold into ~ लड़के ≈ के लिए बेच दिए जाते थे; he tried his best to free the boy from ~ उन्होंने लड़के को दासता^{F} से मुक्त कराने का भरसक प्रयास किया. [*ant.* freedom] **slavish** स्ले'व़िश *a.* **1.** दासोचित [mentality मनोवृत्ति^{F}, service सेवा^{F}, work काम]. **2.** (base) नीच, कमीना [person व्यक्ति, worker मज़दूर]; he is a very ~ man वह बहुत ≈ आदमी है. **3.** (exact) हूबहू : this building a ~ copy of our school यह इमारत हमारे स्कूल की ≈ नकल है.

slay स्ले *v.t.* (slew, slain) मार डालना, वध करना : the hero slew the enemy वीर योद्धा ने शत्रु को मार डाला; he was slain by his close relative वह अपने नज़दीकी संबंधी के हाथों मार डाला गया; the king had slain many slaves राजा ने अनेक दासों का वध किया था.

sleek स्लीक *a.* **1.** (glossy) चिकना : ~ hair चिकने बाल; ~ skin चिकनी चमड़ी^{F}/त्वचा^{F}; a fur coat is ~ फ़र का कोट ≈ होता है. **2.** (well-fed) मोटा-ताज़ा, हष्ट-पुष्ट : his horse was very ~ उसका घोड़ा बहुत ≈ था. **3.** (well-groomed) बना-ठना, छैल-चिकनिया; ~ youngman ≈ नवयुवक.

sleep स्लीप **I.** *n*^{u}. नींद^{F}, निद्रा^{F} [comfortable सुखप्रद, deep गहरी, light हल्की]; she talks in her ~ वह ≈ में बातें करती है; I did not get sound ~ मुझे गहरी ≈ नहीं आई; she had only three hours' ~ last night पिछली रात^{F} वह केवल तीन घंटे सोई; you need eight hours' ~ a day एक दिन में तुम्हें आठ घंटे ≈ की आवश्यकता^{F} होती है; I shall try to get ~ मैं नींद लाने का प्रयास करूँगा; he went to ~ at nine o'clock वह नौ बजे सो गया; put to ~ सुलाना : the mother put the child to ~ माँ ने बच्चे को सुला दिया. **II.** *v.i.* (*p.* slept) **1.** सोना, नींद लेना [badly बुरी तरह, well ठीक से]; she is still ~ing वह अब भी सो रही है; did you ~ well क्या तुम अच्छी तरह सोए ? we were so tired that we slept for twelve-hours हम इतने थक गए थे कि बारह घंटे सोए; I could not ~ even an hour मैं एक घंटा भी न सो

सका; the baby is still ~ing बच्चा अब भी सो रहा है. **2.** to ~ over some problem किसी समस्या[F] को टाल देना. **3.** he ~s away his time वह अपना समय सोकर बिता देता है. **sleeper** स्ली'पर *n*[c]. **1.** सोनेवाला : heavy ~ गहरी नींद[F] ≈; light ~ हल्की नींद[F] ≈. **2.** शयनयान a second class ~ द्वितीय श्रेणी ≈; passenger trains have no ~s सवारी गाड़ियों[F] में ≈ नहीं होते. **3.** (beam) स्लीपर : wooden ~s for railway lines रेल की पटरी[F] के लिए लकड़ी के ≈. **sleepless** स्लीप्'लिस *a.* निद्रारहित : he lay ~ all night वह सारी रात जागता पड़ा रहा; spent many ~ nights उसने कई निद्रारहित रातें[F] व्यतीत कीं. **sleepy** स्ली'पि *a.* (sleepier, sleepiest) **1.** उनींदा, निद्रालु : when you feel ~, lie down जब तुम ≈ महसूस करो तो लेट जाओ; take away the ~ child to bed निद्रालु बच्चे को बिस्तर पर ले जाओ. **2.** (not alert) सुस्त, आलस्यमय : he has ~ manners उसकी आदतें ≈ हैं. **3.** (inducing ~) निद्राजनक, नींद[F] लाने वाली : ~ lullaby ≈ लोरी[F]; ~ medicine ≈ दवा[F].

sleeve स्लीव़ *n.* आस्तीन[F], बाँह[F] [long लंबी, narrow सँकरी, wide चौड़ी]; ~ of a shirt कमीज़ की बाँह; a ~ of his coat is torn उसके कोट की एक ≈ फटी हुई है; turn up your ~s अपनी ≈ ऊपर चढ़ा लो. Δ **laugh up one's ~** अंदर-ही-अंदर या दिल में हँसना; **he has a plan up his ~** वह एक-न- एक युक्ति तैयार रखता है; **roll up your ~s** अपनी कमर कस लो, तैयार हो जाओ.

slender स्लें'न्'डर *a.* **1.** (thin) पतला : ~ boy ≈ लड़का; ~ legs पतली टाँगें[F]; ~ waist पतली कमर[F]; she is too ~ वह बहुत ही लंबी-पतली है; he is the most ~ student in the class वह कक्षा[F] का सबसे ≈ लड़का है. **2.** (of persons, slim) छरहरा, इकहरा : ~ body ≈ शरीर; ~ girl छरहरी लड़की[F]; Raman is a ~ boy and very active रामन एक ≈ लड़का है और बहुत सक्रिय. **3.** (scanty) थोड़ा, अपर्याप्त, नाकाफ़ी : ~ hope थोड़ी आशा[F]; ~ income अपर्याप्त आय[F]; it is too ~, this will not do यह बहुत ही थोड़ा है, इससे काम नहीं चलेगा. **4.** (feeble) कमज़ोर : this link in the chain is very ~ ज़ंजीर की यह कड़ी[F] बहुत ≈ है. **5.** ~ voice बारीक आवाज़[F].

slept स्लें'प्ट *v.i.* past & *p.p.* of 'sleep'.

slew स्लू *v.t.* past of 'slay' *q.v.*

slice स्लाइस **I.** *n*[c]. **1.** (piece) टुकड़ा : I got two ~s of bread मुझे ब्रेड के दो टुकड़े मिले. **2.** हिस्सा, भाग [big बड़ा, small छोटा]; ~ of property, territory संपत्ति[F], भूखंड का ≈; I got a big ~ of profit मुझे लाभ का बड़ा हिस्सा मिला. **II.** *v.t.* तराशना, काटना : he ~d the idols of Gods उसने देवताओं की मूर्तियाँ[F] तराशीं; his entire family ~s stones whole day long उसका पूरा परिवार सारा-सारा दिन पत्थर तराशता है; he ~ the fruit उसने फल काटे; to ~ off काटकर अलग करना.

slide स्लाइड **I.** *v.i.t.* (*p.* & *p.p.* slid) **1.** सरकना, खिसकना, फिसलना : to ~ along the snow बर्फ़ पर फ़िसलते चलना; years ~ away rapidly साल तेज़ी से खिसकते हैं; a piston ~s smoothly up and down inside a cylinder पिस्टन सिलिंडर के अंदर सहज रूप में ऊपर-नीचे सरकता है. **2.** let things ~ जो होना है होने दो. **3.** the time slid by समय बीतता गया. **II.** *n*[c]. **1.** (act) सरकन[F], फिसलन[F] : let children have a ~ on the sloping mound बच्चों को ढालू भीटे पर फिसलने दो. **2.** (slide) स्लाइड[F] : the pathologist took the blood on a ~ पैथालाजिस्ट ने खून स्लाइड[F] पर लिया. **3.** (a photograph) स्लाइड : he showed us his wedding ~s on a screen उसने हमें परदे पर शादी की ≈ दिखाई.

slight स्लाइट **I.** *a.* (slighter, slightest) **1.** (in body) छरहरा, दुबला-पतला : he was a ~ boy, now he is so fat वह एक ≈ लड़का था, अब इतना मोटा है. **2.** (small, not great) थोड़ा, हल्का : there is a ~ difference in colour रंग में थोड़ा-सा अंतर है; I have a ~ pain in my stomach मेरे पेट में हल्का-सा दर्द है. **3.** not the ~est ज़रा भी नहीं; there is not the ~est doubt about it इस बारे में ज़राभर भी संदेह नहीं है. **II.** *v.t.* **1.** (treat as unimportant) उपेक्षा[F] करना, तुच्छ समझना,

पर ध्यान न देना : he never ~s even his servants वह नौकरों तक की उपेक्षा नहीं करता. **2.** (treat with disrespect) अनादर करना, तिरस्कार करना : I felt ~ed मैंने अनादृत होने का अनुभव किया; he tried to ~ the teacher उसने अध्यापक का अनादर करने की कोशिश[F] की. **slightly** स्लाइट्'लि *adv.* किंचित, ज़रा-सा, कुछ-कुछ : I am ~ better today मैं आज कुछ-कुछ ठीक हूँ; she was ~ late yesterday कल वह ज़रा-सी लेट थी; the son is ~ taller than the father बेटा पिता से ≈ लंबा है; it is ~ more difficult यह ≈ अधिक कठिन है; the temperature has fallen ~ तापमान थोड़ा-सा गिर गया है; she was ~ worried वह किंचित् चिंतित थी.

slim स्लिम **I.** *a.* (slimmer, slimmest) **1.** (thin) पतला, छरहरा : she is a ~ and smart bride वह छरहरी और फुर्तीली दुल्हिन है; he has a ~ body उसका शरीर ≈ है; she tries to keep ~ वह छरहरी बनी रहने की कोशिश[F] करती है. **2.** (meagre, scant) थोड़ा-सा, कम : our chances for success are not -- सफलता[F] के हमारे अवसर कम/थोड़े नहीं हैं. **II.** *v.i.* (-mm-) मोटापा कम या दूर करना; दुबला बनना : to ~ the body by dieting डाइटिंग करके शरीर का ≈; are you ~ming क्या तुम्हारा मोटापा कम हो रहा है?

slime स्लाइम *n*[u]. (mud) कीचड़ : there is so much ~ in the pond पोखरे में ≈ है; the ~ is slippery and sticky ≈ फिसलनदार और चिपचिपा होता है; a snail leaves ~ on the path घोंघा रास्ते पर ≈ छोड़ता है.

sling स्लिङ्ग **I.** *n*[c]. **1.** ढेलवार, गोफना, गुलेल[F] : he has taken a ~ to kill birds चिड़ियाँ मारने के लिए उसने एक ≈ लिया है; a ~ is used for hurling stones ≈ पत्थर मारने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. **2.** (bandage) पट्टी[F], स्लिंग : to hang one's injured arm in a ~ अपनी घायल बाँह[F] पट्टी[F] में लटकाना. **II.** *v.t.* (*p.* & *p.p.* slung) **1.** (throw) फेंकना : to ~ mud at smb किसी पर कीचड़ फेंकना/उछालना; he slung a stone at the pigeon उसने कबूतर पर पत्थर फेंका; boys were ~ing stones on the frogs लड़के मेंढकों पर पत्थर फेंक रहे थे. **2.** (suspend) लटकाना : he is ~ing a bag on his shoulders वह अपने कंधों पर एक बैग लटकाए हुए है.

slink स्लिङ्क *v.i.* (*p.* & *p.p.* slunk) **1.** लुक-छिपकर आना/जाना : he slunk into the room and stole my book वह कमरे में लुक-छिपकर चला गया और मेरी किताब[F] चुरा ली; he ~s in the night to his beloved वह अपनी प्रेमिका के पास रात[F] को लुक-छिपकर जाता है. **2.** चुपके-से खिसक जाना : he slunk away from the meeting वह बैठक से चुपके से खिसक गया.

slip स्लिप **I.** *v.i.* (-pp-) **1.** (lose balance) फिसल जाना : he ~ped on the smooth floor वह चिकने फर्श पर फिसल गया; his foot ~ped and he fell down उसका पैर फिसला और वह गिर पड़ा; the mango ~ped from his hand आम उसके हाथ से फिसल गया. **2.** (drop) गिर जाना : he has ~ped in my estimation वह मेरी नज़रों में गिर गया है; I feel I am ~ping मैं अनुभव करता हूँ कि मुझमें गिरावट[F] आ रही है. **3.** (glide) सरकना : he quietly ~ped out of the room वह चुपके-से कमरे से बाहर सरक गया. **4.** (escape) से निकल जाना : the dog ~ped off its collar and ran off कुत्ता अपने पट्टे से निकलकर भाग गया; the idea ~ped my mind विचार मेरे दिमाग से निकल गया. **5.** (of time) जल्दी बीत जाना : the days of happiness ~ away easily खुशी[F] के दिन आसानी[F] से बीत जाते हैं. **6.** (put) डाल लेना : he ~ a hundred-rupee note in his pocket उसने सौ रुपए का नोट अपनी जेब[F] में डाल लिया; he ~ped a letter into the letter-box उसने एक पत्र पत्र-पेटी[F] में डाल दिया. **7.** (let go) जाने देना, छोड़ना : don't let the opportunity ~ यह मौका/अवसर मत जाने दो. Δ ~ **in** चुपके से आ जाना, घुस जाना : he ~ped into the enemy's army वह शत्रु की सेना[F] में चुपके-से घुस गया; to ~ **off** (i) जल्दी से उतारना : he had to ~ off his clothes उसे जल्दी से अपने कपड़े उतारने पड़े; (ii) चुपके से चल देना : he ~ped off from the meeting वह बैठक[F] से चुपके से चला

गया; ~ **over** छोड़ देना, उपेक्षा^{F} करना : after the elections he ~ped over his fellows चुनाव के बाद उसने अपने साथियों की उपेक्षा कर दी; **let** ~ अनजाने बता देना : he has let ~ everything to him उसने अनजाने उसे सब कुछ बता दिया. **II.** *n.* **1.** (act) फिसलना : his sprain was the result of a ~ उसकी मोच^F फिसल जाने के कारण हुई. **2.** (escape) खिसकना : he gave the police a ~ वह पुलिस के हाथों से खिसक गया. **3.** (blunder) भूल^F, चूक^F : unpardonable ~ अक्षम्य ≈; ~ of the pen लिखने में ≈; ~ of the tongue बोलने में ≈; to make a ~ in the spelling of a word शब्द की वर्तनी^{F} में भूल^F करना. **4.** (petticoat) पेटीकोट : she was wearing a nylon ~ वह नाइलान का ≈ पहने हुए थी. **slipper** स्लि'पर n^c. स्लीपर, चट्टी^{F} : in the morning I put on a gown and ~s सुबह^F मैं गाउन और स्लीपर पहन लेता हूँ; ~s are used indoors स्लीपर घर के अंदर इस्तेमाल किए जाते हैं. **slippery** स्लि'पॅरि *a.* & *n.* **1.** फिसलनी [ground ज़मीन^F, road सड़क^F, slope ढलान^F]; mind, the way is too ~ here ध्यान रहे, यहाँ रास्ता बहुत ही फिसलना है. **2.** (hard to hold) पकड़^{F} में न आने वाला : his arguments are ~ उसका तर्क पकड़ में आने वाला नहीं है. **3.** (unreliable) अविश्वसनीय : ~ customer ≈ ग्राहक; I had never expected that he would be so ~ मैंने ऐसी आशा^{F} नहीं की थी कि वह इतना ≈ होगा. **4.** (evasive) बहानेबाज़ : he was a top-class ~ वह उच्चकोटि का ≈ था.

slit स्लिट **I.** *v.t.* (*p.* slit; *pr.p.* slitting) फाड़ना, चीरना : ~ the bag with a knife and take out what you like बैग को चाकू से फाड़ लो और चीज़ें जो तुम्हें पसंद हों निकाल लो; the doctor ~ his throat डॉक्टर ने उसका गला चीर दिया; to ~ open an envelope चीरकर लिफ़ाफ़ा खोलना. **II.** n^c. दरार, चीर : long ~ लंबा ≈; your trousers have a ~ at the back तुम्हारी पतलून^F में पीछे एक चीर है; the ~ in the wall is very dangerous दीवार^F में दरार^F बहुत खतरनाक है.

slogan स्लो'गन n^c. नारा : they are asked to raise ~s उनको नारे लगाने के लिए कहा गया; 'grow more food' and 'do or die' are ~s 'अधिक अन्न उगाओ' और 'करो या मरो' नारे हैं.

slope स्लोप **I.** n^c. **1.** ढाल^F, ढलान^F : the ~ of the ground is, no doubt, very good ज़मीन की ≈ निःसंदेह बहुत अच्छी है. **2.** (upwards) चढ़ाई^F : steep ~ खड़ी ≈; the ~ of a mountain is very high पर्वत की ≈ बहुत ऊंची है. **II.** *v.t.* ढालू या तिरछा करना : (~ down the pillar a little खंभे को थोड़ा तिरछा करो; the masons ~d the wall राजगीरों ने दीवार^F को झुका दिया. **III.** *v.i.* ढलना : the land ~d down to the sea ज़मीन समुद्र तक ढलती गई.

slot स्लॉट *n.* (opening) छिद्र, छेद [dangerous ख़तरनाक, narrow सँकरा, small छोटा]; ~ for oil in a machine तेल के लिए मशीन^F का ≈; put the coins in the ~ of the cash box नकदी वाले बॉक्स के ≈ में सिक्के डाल दो.

slovenly स्लॅ'व़नलि *a.* **1.** (untidy) गंदा, मैला-कुचैला [person व्यक्ति, work काम]; ~ dress मैली-कुचैली/गंदी पोशाक^F. **2.** फूहड़ : she is the most ~ woman in the village वह गाँव में सबसे ≈ स्त्री है.

slow स्लो **I.** *a.* **1.** (in action) दीर्घ-सूत्री, धीरे काम करने वाला, सुस्त : his younger son is clever but his elder son is ~ उसका छोटा बेटा तो चुस्त है, पर बड़ा ≈ है. **2.** (~ witted) मंदबुद्धि : he is very ~, he cannot understand the rules of arithmetic वह बहुत ≈ है, अंकगणित के नियमों को नहीं समझ सकता. [*ant.* quick] **3.** (old fashioned) दकियानूसी : in the modern times too there are ~ people आजकल के समय में भी ≈ लोग हैं. **4.** (in speed) धीमा, मंद, मंथर; ~ work ≈ काम; ~ journey धीमी यात्रा^{F}; ~ motion धीमी गति^{F}; he is a ~ walker वह धीमा चलनेवाला है; the train is very ~, you may catch it रेलगाड़ी^{F} बहुत धीमी है, तुम इसे पकड़ सकते हो. **5.** (of clock) सुस्त, पीछे : my watch is five minutes ~ मेरी घड़ी^{F} पाँच मिनट ≈ है; the tower clock is always ~ घंटाघर की घड़ी सदा ≈ रहती है. **6.** (tedious) नीरस, उबाऊ : she finds life in

the country rather ~ देहात का जीवन उसे कुछ ≈ लगता है. **II.** *adv.* धीरे (-धीरे) : go ~ ≈ चलो. **III.** *v.t.i.* चाल^F कम करना या धीमा करना, मंद करना : he ~ed down at the crossing क्रासिंग पर उसने चाल कम कर दी; the road is slippery, you should ~ down सड़क^F फिसलनदार है, तुम्हें चाल कम कर देनी चाहिए; ~ down your speed when you go into the city by motorcycle जब तुम मोटरसाइकिल से नगर के भीतर जाओ तो गति^{F} धीमी कर दो; the car ~ed up the band of the road सड़क^F के मोड़ पर कार^F धीमी हो गई. **slowly** स्लो'लि *adv.* धीरे-धीरे, मंथर गति^{F} से : please speak more ~ कृपया और धीरे बोलिए; events were developing ~ घटनाएँ धीरे-धीरे बढ़ रही थीं; he was marching to the market ~ वह धीरे-धीरे बाज़ार की ओर चल रहा था.

sluggish स्लॅ'गिश *a.* मंद, सुस्त [heartbeat धड़कन^F, mind मस्तिष्क, person व्यक्ति]; his liver is very ~ उसका जिगर बहुत ही ≈ है; ~ market is the market of the buyer मंद बाज़ार क्रेताओं का बाज़ार होता है; I feel ~ मुझे सुस्ती^{F} लग रही है.

slum स्लम *n.* गंदी बस्ती^{F} : in ~s, houses are closely crowded गंदी बस्तियों में मकान एक-दूसरे से मिले/सटे रहते हैं; I pity the people who are obliged to live in ~s उन लोगों पर दया^{F} आती है जो गंदी बस्तियों में रहने को बाध्य हैं. [*a.* slummy]

slumber स्लम्'बर **I.** n^u. नींद^F : to be sunk in ~ ≈ में डूबा होना; he is still in deep ~ वह अब भी गहरी ≈ में है; he walks in ~ वह सोते/नींद^F में चलता है. **II.** *v.i.* सोना [soundly गहरी नींद, peacefully शांतिपूर्वक]; to ~ like a child बच्चे की तरह सोना; he ~s all day and night on Sundays वह हर रविवार को दिन-रात सोता है; she ~s away her precious time वह अपना कीमती वक्त सोकर गँवा देता है.

slung स्लंग *v.t. p.p.* of 'sling' *q.v.*

slur स्लर **I.** *v.i.* (-rr-) **1.** छिपाना : to ~ over a fact किसी तथ्य को छिपाना. **2.** ध्यान न देना : to ~ over smb's faults किसी के दोषों पर ध्यान न देना. **3.** (pronounce indistinctly) का अस्पष्ट उच्चारण करना, मिलाकर उच्चारण करना : little boys often ~ (over words) छोटे-छोटे लड़के प्रायः (शब्दों का) अस्पष्ट उच्चारण करते हैं. **4.** (write) अस्पष्ट लिखना, मिलाकर लिखना. **II.** n^c. **1.** (blot) धब्बा; (aspersion) कलंक, लांछन : a ~ on one's character किसी के चरित्र पर ≈; it is a ~ on your name तुम्हारे नाम पर यह धब्बा है; to put/cast a ~ on a person किसी व्यक्ति पर लांछन लगाना. **2.** अस्पष्ट उच्चारण; अस्पष्ट लिखावट^F : his writing is a ~, you cannot read it उसकी लिखावट अस्पष्ट है, तुम इसे पढ़ नहीं सकते.

sly स्लाइ *a.* (slyer, slyest) **1.** (cunning) धूर्त, चालाक, मक्कार [hawker हाकर/फेरीवाला, shopkeeper दुकानदार, woman स्त्री]; he is the ~est leader वह सबसे ≈ नेता है. **2.** (mischievous) शरारतभरा : ~ smile शरारतभरी मुस्कान^F. Δ **on the** ~ छिपे-छिपे, गुप्त रूप से : on the ~ he wishes to harm you गुप्त रूप से वह आपको नुकसान पहुँचाने की इच्छा रखता है.

S.M. Station Master.

small स्मॉल **I.** *a.* (smaller, smallest) **1.** (in size) छोटा [box बॉक्स, garden बगीचा, piece टुकड़ा, town कस्बा]; ~ arms छोटे हथियार; the room is very ~ कमरा बहुत ≈ है; he lives in a ~ village वह एक छोटे-से गाँव में रहता है; your house is ~er than mine तुम्हारा मकान मेरे मकान से छोटा है; she was the ~est girl in our class वह हमारी कक्षा^{F} में सबसे छोटी लड़की थी; he is too ~ to go to school वह इतना छोटा है कि विद्यालय नहीं जा सकता; the boy looks ~ for his age लड़का उम्र के हिसाब से छोटा लगता है. [*ant.* big] **2.** (in amount) थोड़ा, कम : such a small amount will not do इतनी थोड़ी/कम राशि^{F} से काम नहीं चलेगा. **3.** (on a ~ scale) लघु [industry उद्योग, wave तरंग]. [*ant.* large]. **4.** (in other contexts) ~ change रेज़गारी^{F}; a ~ man ओछा आदमी; in a ~ way साधारण ढंग से. **~pox** n^u. माता^{F}, चेचक^F : ~ is a dangerous disease ≈ एक ख़तरनाक बीमारी^{F} है; ~ has left scars on her face

उसके चेहरे पर ≈ के दाग रह गए हैं.

smart स्मार्ट **I.** *a.* **1.** (sharp, intense) तीव्र, तीक्ष्ण, सख़्त, ज़ोरदार [blow प्रहार, knock खटखटाहट^F, pace रफ़्तार^F, pain दर्द]; the ~ storm caused much harm तेज़ तूफ़ान ने बहुत नुकसान पहुँचाया. **2.** (brisk) तेज़, फुरतीला : ~ boy ≈ लड़का; she looks very ~ वह बहुत ही फुरतीली दिखती है. **3.** (clever) चतुर : ~ person ≈ व्यक्ति; he is a ~ businessman वह एक ≈ व्यापारी है. **4.** (quick-witted) हाज़िरजवाब, प्रत्युत्पन्नमति [officer अधिकारी, people लोग]; his servant was a very ~ man उसका नौकर बहुत ही ≈ आदमी था. **5.** (neat) साफ़-सुथरा : ~ house ≈ मकान; you will always find him ~ except on Sundays रविवार को छोड़कर तुम उसे सदा ≈ पाओगे. **6.** (stylish) फ़ैशनेबल : ~ hotel ≈ होटल; a ~ girl एक ≈ लड़की. **II.** *v.i.t.* **1.** (cause pain) टीस^F मारना, सालना, दर्द करना : his arm was ~ing उसकी बाँह^F दर्द कर रही थी; that remark still ~s him वह टिप्पण उसे अब भी सालता है. **2.** (rankle) खलना, अखरना : the defeat ~s his mind यह पराजय^F उसे अखरती है. **3.** (feel resentful) चिढ़ना, खीझना : he is ~ing under injustice वह अन्याय के कारण खीझता है; to ~ over someone किसी से ≈. **II.** *n*^u. **1.** (active pain) टीस^F : a ~ of wound घाव की टीस. **2.** (distress) दुःख, व्यथा^F [great बहुत, sharp तीखा]; I still feel the ~ of his taunt मैं अब भी उसके ताने/व्यंग्य के दुःख का अनुभव करता हूँ. **3.** ~ **money** (compensation) मुआवज़ा, हरजाना : he has to pay ~ money for the pain caused to somebody किसी को पीड़ा^F पहुँचाने के लिए उसे हरजाना देना पड़ा.

smash स्मैश **I.** *v.t.* **1.** (shatter) टुकड़े-टुकड़े कर देना, चकनाचूर करना : ~ the toys खिलौनों को ≈; the boy ~ed all the crockery लड़के ने चीनी मिट्टी^F के सारे बर्तन टुकड़े-टुकड़े कर दिए; the car ~ed in the accident दुर्घटना^F में कार^F चकनाचूर हो गई. **2.** तितर-बितर कर देना : the army ~ed the enemies सेना ने शत्रुओं को तितर-बितर कर दिया. **3.** तोड़ना : he ~ed last year's record उसने पिछले साल का रिकार्ड तोड़ दिया. **4.** (destroy) नष्ट कर डालना, बिगाड़ना, बरबाद करना : mismanagement ~ed their plans कुप्रबंध ने उनकी योजनाओं^F को नष्ट कर दिया. **II.** *v.i.* **1.** (break to pieces) टुकड़े-टुकड़े हो जाना : the plate fell on the floor and ~ed प्लेट फ़र्श पर गिरी और टुकड़े-टुकड़े हो गई. **2.** नष्ट हो जाना : his business ~ed उसका धंधा नष्ट हो गया. **II.** *n.* **1.** (चटाके का) प्रहार : such a ~ may cause man's death ऐसे ≈ से मनुष्य की मृत्यु^F हो सकती है. **2.** (sound of a crash) चटाक^F, पटाक^F : a sharp ~ produced in the road accident सड़क दुर्घटना^F में उत्पन्न चटाक-पटाक. **3.** टक्कर^F, भिड़ंत^F : the ~ of the bus and truck caused the death of ten persons बस और ट्रक की ≈ में 10 व्यक्ति मारे गए. **smashing** स्मै'शिङ्ग *a.* **1.** ज़ोरदार : a ~ blow ≈ प्रहार. **2.** (fig.) मुँहतोड़ : he gave a ~ answer उसने ≈ जवाब दिया. **3.** बढ़िया : ~ idea ≈ विचार.

smattering स्मै'टॅरिङ्ग *n.* & *a.* अल्प ज्ञान, ऊपरी जानकारी^F : the student had a ~ of Sanskrit but now he knows nothing छात्र को संस्कृत^F की अल्प जानकारी थी लेकिन अब वह कुछ नहीं जानता है; he has a ~ knowledge of German उसे जर्मन का अल्प ज्ञान है.

smear स्मिअर **I.** *v.t.* **1.** (of grease) चिकनाई^F लीपना या पोतना : to ~ a surface with something oily सतह^F पर तैलयुक्त वस्तु^F पोतना; the child ~ed jelly on the table बच्चे ने मेज़ पर जेली^F पोत दी. **2.** (of butter) चुपड़ना, लगाना : he has ~ed his face with butter उसने चेहरे पर मक्खन चुपड़/लगा लिया है. **3.** (defame) बदनाम करना, कलंक लगाना : uselessly you are ~ing him बिना मतलब तुम उसे बदनाम कर रहे हो; it is not good to ~ anyone किसी को बदनाम करना अच्छा नहीं है. **4.** to make blurred धुँधला करना : he ~ed the writing on the blackboard उसने श्यामपट्ट पर की लिखावट^F धुँधली कर दी. to get ~ed धुँधला हो जाना : the letters on the signboard have ~ed नामपट्ट के अक्षर धुँधले हो गए हैं. **II.** *n*^c. **1.** (stain) धब्बा,

दाग : give the shirt to the drycleaner to remove these ~s धब्बे हटाने के लिए कमीज़[F] ड्राई क्लीनर को दे दो. **2.** (on a slide) लेप : ~ of blood on the slide to test जाँच[F] के लिए स्लाइड पर खून का ≈. **3.** (defamation) कलंक, बदनामी[F] : it is not easy to be free from such a ~ इस प्रकार की बदनामी से मुक्त होना आसान नहीं है.

smell स्मॅल **I.** *n*[u]. (odour) गंध[F], बू[F], महक[F] [bad गंदी, good अच्छी, sweet भीनी]; this flower gives sufficient ~ यह फूल पर्याप्त सुगंध देता है. **2.** (bad odour) दुर्गंध[F], बदबू[F]: no one will live here in such a ~ इस प्रकार की ≈ में यहाँ कोई नहीं रहेगा. **3.** (sense) घ्राण, सूँघने की शक्ति[F] : his sense of ~ is very sharp उसकी घ्राण-इंद्रिय[F] बहुत तेज़ है. **II.** *v.i.t.* (*p.* & *p.p.* smelled/smelt) **1.** (perceive odour) सूँघना, गंध[F] लेना : the dog smelt the ground कुत्ते ने ज़मीन को सूँघा; due to cold I cannot ~ well ज़ुकाम की वजह[F] से मैं अच्छी तरह नहीं सूँघ सकता. **2.** (perceive) भाँपना, का पता लगना, पहचानना : he smelt the accident and jumped out from the running train उसने दुर्घटना[F] को भाँप लिया और चलती ट्रेन से बाहर कूद पड़ा; he did not ~ danger वह ख़तरे को भाँप न पाया. **3.** (emit odour) महकना, गंध देना; (stink) बदबू[F] करना या देना : this flower ~s very sweet फूल भीनी-भीनी सुगंध देता है; this drain is ~ing यह नाली[F] बदबू कर रही है. **4.** (hunt) सूँघकर शिकार करना : the cat ~s a rat easily बिल्ली[F] सूँघकर आसानी[F] से चूहे का शिकार कर लेती है. Δ **~ out** का पता लगाना : to ~ out the accused of the murder हत्या[F] के अभियुक्तों का पता लगाना; he could ~ out the game, secret वह शिकार, रहस्य का पता लगा सका. **smelly** स्मॅ'लि *a.* बदबूदार, गँधैला [cloth कपड़ा, dog कुत्ता]; ~ fish बदबूदार, गंधैली मछली[F]; nobody will like to live in such a ~ area कोई भी ऐसे ≈ क्षेत्र में रहना पसंद नहीं करेगा.

smelt स्मॅल्ट **I.** *v.t.i.*, *p.* & *p.p.* of 'smell' *q.v.* **II.** *v.t.* पिघलाना, गलाना : to ~ ore to separate the metal धातु अलग करने के लिए कच्चे लोहे को पिघलाना. [see 'melt']

smile स्माइल **I.** *v.i.* **1.** मुस्कराना, हँसना : she ~d at his words वह उसके शब्दों पर मुस्कराई; what makes you ~ तुम्हें क्या बात[F] हँसाती है, किस बात से हँसी आती है? why are you smiling at him तुम उस पर क्यों हँस रहे हो? **2.** (be propitious) अनुकूल होना : fortune ~d upon him भाग्य उसके अनुकूल था. **3.** *v.t.* मुस्कराकर कहना : the boss ~d his consent अफ़सर ने मुस्कराकर अपनी अनुमति[F] प्रदान कर दी. **II.** *n*[c]. मुस्कराहट[F], मुस्कान[F] [charming आकर्षक, ironical व्यंग्यपूर्ण]; she said with a ~, 'yes' उसने मुस्कराहट के साथ कहा 'हाँ'; there was a pleasant ~ on his face उसके चेहरे पर एक मधुर मुस्कान थी; a ~ appeared on her face when she heard about her success जब उसने अपनी सफलता[F] के बारे में सुना तो उसके चेहरे पर मुस्कान आ गई.

smith स्मिथ *n*[c]. (metal worker) धातुकर्मी, (black ~) लोहार, (gold ~) सुनार [dishonest बेईमान, powerful शक्तिशाली, rich धनी]; is there any ~ in your village क्या तुम्हारे गाँव में कोई ≈ है?

smoke स्मोक **I.** *n*[u]. **1.** धुआँ [black काला, thick घना, thin पतला]; ~ screen धुएँ का परदा (कृत्रिम) बादल; the ~ hurts my eyes ≈ मेरी आँखों[F] को नुकसान पहुँचता है; where there is ~, there is fire जहाँ ≈ है वहाँ आग[F] है; there is no ~ without fire बिना आग[F] के ≈ नहीं होता; ~ is coming out of the chimney चिमनी[F] से ≈ निकल रहा है; ~ poured out of the window खिड़की[F] से धुआं निकला. Δ **to end/go up in ~** बेकार जाना (as a plan). **2.** (smoking tobacco) धूम्रपान, धूमपान : we stopped for a ~ हम ≈ के लिए रुक गए; he likes to have a ~ वह ≈ करना चाहता है. **II.** *v.i.* **1.** (emit) धुआं देना : the oil lamp is smoking तेलवाला लैम्प धुआं दे रहा है; this wood is not dry, it ~s यह लकड़ी सूखी नहीं है, धुआं देती है. **2.** धूनी[F] देकर मारना : to ~ mosquitoes धूनी देकर मच्छरों को मारना या मार भगाना. **3.** (tobacco, etc.) धूम्रपान करना : you should not ~ तुम्हें धूम्रपान नहीं करना

चाहिए; do you ~ क्या तुम धूम्रपान करते हो? I have given up smoking मैंने धूम्रपान करना छोड़ दिया है; don't ~ in the room कमरे में धूम्रपान मत करो; you should not ~ among people when they dislike it तुम्हें लोगों के बीच धूम्रपान नहीं करना चाहिए, जबकि वे इसे नापसंद करते हों. **smoking** स्मो'किङ्ग *n*ᵘ. धूम्रपान : no ~ ≈ मना है.

smooth स्मूद **I.** *a.* **1.** (even) समतल, बराबर [land ज़मीन, surface धरातल/सतह^F]; the field where we play is ~ वह मैदान जहाँ हम खेलते हैं ≈ है. **2.** (not rough) चिकना : ~ paper ≈ काग़ज़; ~ skin चिकनी चमड़ी^F/त्वचा^F; ~ hair चिकने बाल; the silken cloth is very ~ to touch रेशमी कपड़ा छूने में बहुत ≈ लगता है; her face was very ~ and soft उसका चेहरा बहुत चिकना और कोमल था. **3.** (of sound, taste, etc.) मधुर, मृदु : she has a ~ tongue, nobody is displeased with her उसकी बोली मीठी है, कोई उससे अप्रसन्न नहीं होता. **4.** (free from obstacles) निर्विघ्न, अबाध [motion गति^F, work कार्य]; ~ passage ≈ यात्रा^F; he could make the things ~ for me वह मेरी कठिनाइयाँ दूर कर सकता था. **5.** (calm) शांत : the sea was quite ~ समुद्र बिल्कुल शांत था. **6.** ठंडा, धीर : ~ nature ≈ स्वभाव; he is praised for his ~ behaviour even by his foes उसके धीर व्यवहार की उसके शत्रु भी प्रशंसा^F करते हैं. (comb.) ~ **things** चिकनी-चुपड़ी बातें^F; ~ **tongue** मधुरवाणी. **II.** *v.t.* **1.** समतल करना, बराबर करना : these five men are sufficient to ~ the whole of his land ये पाँच आदमी उसकी पूरी ज़मीन को बराबर करने के लिए पर्याप्त हैं. **2.** चिकनाना : the carpenter ~ed the plank बढ़ई ने तख़्ते को चिकना दिया. **3.** आसान बना देना, (बाधाएँ) दूर करना : he came and ~ed all his works वह आया और उसके सभी कामों को आसान बना दिया; to ~ the way for smb किसी के लिए रास्ता आसान बना देना; his friend may ~ his difficulties उसका मित्र उसकी कठिनाइयों^F को दूर कर दे. **4.** (calm) शांत करना या हो जाना : when his father came in his anger ~ed उसके पिता जब भीतर आए तो उसका क्रोध शांत हो गया. (phrases) ~ **away** दूर करना : he could easily ~ away obstacles वह आसानी से बाधाओं^F को दूर कर सका; ~ **down** हल होना : things have now ~ed मामले अब हल हो गये हैं.

smother स्मॅ'दर **I.** *v.t.* **1.** (suffocate) गला घोंटना, साँस^F रोकना : the cover on the baby's face will ~ him बच्चे के चेहरे के ऊपर का यह आवरण उसकी साँस रोक देगा; I was ~ed by thick smoke घने धुएँ से मेरा गला घुट गया. **2.** (overwhelm) अभिभूत करना : he ~ed him by his talks उसने अपनी बातचीत से उसे अभिभूत कर दिया. **3.** (put out) बुझाना : to ~ fire by covering it ढककर आग ≈. **4.** (cover) ढकना : ~ these things with a sheet इन चीज़ों को एक चादर से ढक दो. **5.** (suppress) दबा देना, रोकना, छिपाना : to ~ one's anger अपना गुस्सा दबा देना; to ~ some facts कुछ तथ्यों को दबा देना (छिपा लेना). **6.** complaints were ~ed शिकायतों^F को दूर कर दिया गया.

smoulder स्मोल्'डर *v.i.* **1.** सुलगाना : fire is ~ing, there are no flames आग सुलग रही है, उसमें लपटें नहीं हैं. **2.** (fig.) discontent was ~ing in the public जनता^F में असंतोष सुलग रहा था.

smuggle स्मॅ'गल *v.t.* **1.** चौकी मारना, तस्कर व्यापार करना : to ~ in चोरी का माल (देश के) अंदर लाना; to ~ चोरी का माल (देश से) बाहर ले जाना; people ~ silk, watches and foreign goods into India लोग रेशम, घड़ियाँ^F और विदेशी सामान की तस्करी करके भारत में लाते हैं; smuggling is a very dangerous profession तस्कर-व्यापार बड़ा ख़तरनाक व्यापार है. **2.** चोरी-छिपे ले जाना : the maid servant ~ed some utensils from the kitchen नौकरानी^F रसोईघर से कुछ बर्तन चोरी-छिपे ले गई; to ~ animals to other places जानवरों को चोरी^F से दूसरे स्थान पर ले जाना. **smuggler** स्मग्'लर *n*ᶜ. चौकीमार, तस्कर (व्यापारी) [experienced अनुभवी, expert कुशल, influential प्रभावशाली]; a ~ imports or exports goods avoiding payments of custom duties एक

तस्कर-व्यापारी माल का सीमाशुल्क दिए बिना आयात या निर्यात करता है; ~s are heavily punished by the government सरकार[F] तस्कर-व्यापारियों को भारी दण्ड देती है.

smuggling स्मॅग्'लिङ्ग *n.* चौकीमारी, तस्कर-व्यापार, तस्करी : ~ is a crime ≈ एक अपराध है; there are strict laws against ~ ≈ के विरुद्ध कड़े कानून हैं.

snack स्नैक *n.* (हल्का) नाश्ता, स्वल्पाहार : we have some ~s for our breakfast नाश्ते के लिए हमारे पास कुछ स्वल्पाहार हैं; go and get a ~ at tea-stall जाओ और चाय की दुकान[F] पर ≈ कर लो.

snail स्नेल *n.* **1.** (animal) घोंघा : the ~ has a small round shell on its back घोंघे की पीठ[F] पर एक छोटा-सा गोल शंख होता है; generally a ~ is found in water साधारणतया ≈ पानी में पाया जाता है. Δ **to go at ~'s pace** चींटी की चाल चलना, मंद गति से चलना. **2.** (sluggard) आलसी व्यक्ति : he is a ~ who can do nothing in his life वह एक आलसी व्यक्ति है जो अपने जीवन में कुछ नहीं कर सकता.

snake स्नेक *n*[c]. साँप, साँपिन[F] [black काला, long लंबा, poisonous विषैला]; earth ~ मटिहा साँप; rat ~ धामिन; water ~ पनिहा साँप; a young ~ सँपोला; the boys caught a dangerous ~ in the grass लड़कों ने घास[F] में एक ख़तरनाक साँप पकड़ लिया; the ~ stung his foot साँप ने उसके पैर में काट लिया; a man died of ~ bite एक व्यक्ति सर्पदंश (साँप के काटे) से मर गया. Δ **a ~ in the grass** छिपा शत्रु; **a ~ in one's bosom** कृतघ्न व्यक्ति : you still regard him your friend but he is a ~ in the grass तुम उसे अब भी अपना मित्र समझते हो लेकिन वह तो गुप्त शत्रु है. (comb.) ~ **bite**' साँप का डंक. ~**charmer** *n*[c]. सँपेरा : the ~ charmer plays on his flute and makes the snake dance सँपेरा अपनी बीन[F] बजाता है और साँप को नचाता है.

snap स्नैप **I.** *v.t.i.* (-pp-) **1.** (bite) (दाँतों से) काटना : the dog ~ped at his leg कुत्ते ने उसकी टाँग[F] पर काटा. **2.** (break) तोड़ना : he ~ped a stick उसने एक छड़ी तोड़ दी; the cat ~ped several cups बिल्ली[F] ने कई प्याले तोड़ डाले. Δ **to ~ one's fingers at smb** किसी की उपेक्षा[F] करना; he ~ped his fingers on his rivals उसने अपने प्रतिद्वंद्वियों की ज़रा परवाह[F] नहीं की. **3.** (break) टूटना : the stick ~ped छड़ी टूट गई. **4.** (seize) झपटकर पकड़ना : the dog ~ped at the cat कुत्ते ने बिल्ली को झपटकर पकड़ लिया. Δ ~ **at an opportunity** अवसर जाने न दो. **5.** (make sharp noise) पटाकना, खटकना : the lid ~ped shut ढक्कन पटाक से बंद हो गया; the door ~ped दरवाज़ा खटाक से बंद हो गया. **6.** (a whip) फटकारना : he ~ped a whip on the horse उसने घोड़े को एक चाबुक फटकारा; he ~ped the pistol on the lion उसने शेर पर पिस्तौल दाग दी. **7.** (speak sharply) गुर्राना, टर्राना : frogs ~ in the rain मेंढक बरसात[F] में टर्राते हैं; to ~ command ज़ोर से आदेश सुनाना. **8.** (take a ~ shot) फ़ोटो लेना : he ~ped me many times उसने मेरा कई बार फ़ोटो लिया. Δ ~ **smb's head off** फटकारना, डाँटना, टोकना; ~ **up** उत्सुकता[F] से स्वीकार कर लेना, पकड़ लेना : he ~ped up his advice उसने उत्सुकता से उसकी सलाह[F] स्वीकार कर ली. **II.** *n*[c]. (bite) **1.** दाँत काटा : surely it is the mark of a ~ निश्चित रूप से यह दाँत काटे का निशान है. **2.** (snatch) झपट्टा : the ~ of the dog at the cat कुत्ते का बिल्ली पर ≈. **3.** (breaking sound) तड़क[F], (noise) कड़क, फट, तड़ [sharp तेज़, slow धीमी]; there was a loud ~ as the stick snapped जब छड़ी[F] टूटी तो ज़ोर से चटाक की आवाज़ हुई; on hearing the sudden ~ she fell down fainted एकाएक तड़ाका सुनकर वह मूर्च्छित होकर गिर पड़ी. **4.** (angry utterance) फटकार[F] : he was the victim of the ~ of his mother for the loss of time समय नष्ट करने के लिए वह माँ की फटकार का शिकार बना. **5.** (~ shot) आशुचित्र, तुरंत खींचा गया फ़ोटो. **III.** *a.* **1.** तात्कालिक, फ़ौरी : I had to take ~ decision मुझे तत्काल निर्णय करना पड़ा.

snappy स्नै'पि *a.* **1.** (irritable) चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज [clerk लिपिक, person व्यक्ति]; no one likes his ~ nature कोई भी उसके

चिड़चिड़े स्वभाव को पसंद नहीं करता; he has become so ~ that he immediately starts abusing वह इतना चिड़चिड़ा हो गया है कि तत्काल गाली^{F} देने लगता है. **2.** (lively) सजीव : he presented a ~ picture of nature उसने प्रकृति^{F} का ≈ चित्र प्रस्तुत किया. **3.** (quick) जल्दी, शीघ्र : be ~ if you want to catch the train अगर गाड़ी^{F} पकड़ना चाहते हो तो जल्दी करो.

snare स्नेअर **I.** n^c. जाल, फंदा : the hire-purchase system is a ~ for the poor किराया-ख़रीद व्यवस्था निर्धनों के लिए एक फंदा है; he set a ~ for catching deer हिरन पकड़ने के लिए उसने एक जाल लगाया. **II.** *v.t.* फँसाना : to ~ a person in a wrong case किसी व्यक्ति को ग़लत मामले में ≈.

snatch स्नैच **I.** *v.t.* **1.** छीनना, छीन लेना : to ~ an object from someone's hand किसी के हाथ से कोई चीज़ छीन लेना; to ~ a hand bag and run off with it हाथ-झोला छीनना और इसे लेकर भाग जाना; he ~ed the rope but later missed it उसने रस्सी छीन ली लेकिन फिर इसे छोड़ दिया; death ~ed him at his prime of youth मृत्यु^{F} ने उसे भरी जवानी^{F} में ही छीन लिया. **2.** मुश्किल से पाना : to ~ an opportunity बड़ी मुश्किल से अवसर प्राप्त करना; to ~ a few minutes for a siesta दोपहर में आराम के लिए कुछ मिनट पाना. **II.** n^c. झपट्टा, झपट^F : the ~ of the dog was so fast that she fell down कुत्ते का झपट्टा इतना तेज़ था कि वह गिर गई; to make a ~ at smth किसी चीज़ पर झपट्टा मारना.

sneak स्नीक **I.** *v.i.* **1.** आँख बचाकर आना-जाना, चुपके से आना-जाना : he ~ed into the office वह कार्यालय में चुपके-चुपके आया. **2.** खिसकना, सरकना, छिपे-छिपे चला जाना : he ~ed away/off from the back door वह पिछले दरवाज़े से छिपे-छिपे खिसक (चला) गया. **3.** (to tell tales) चुग़ली^{F} करना : the monitor ~ed on two boys to the teacher मानिटर ने अध्यापक से दो लड़कों की चुग़ली की. **II.** *v.t.* (pilfer) छिपे-छिपे ले जाना या चुरा लेना : he was ~ing fruit from the garden वह छिपे-छिपे बगीचे के फल ले जा रहा था; he ~ed her books from her satchel उसके बस्ते से उसने उसकी किताबें^{F} चुरा लीं. **III.** n^c. **1.** (coward) डरपोक, गीदड़ : a ~ should not be trusted किसी ≈ पर विश्वास नहीं करना चाहिए. **2.** (a tell tale) चुगलख़ोर : that boy is a ~, he told my father that I cut the class वह लड़का ≈ है, उसने मेरे पिता जी को बताया कि मैं कक्षा से ग़ैरहाज़िर था.

sneeze स्नीज़ **I.** *v.i.* छींकना : cold made him ~ a lot वह जुकाम से बहुत छींका; I ~ed several times this morning आज सुबह^F मैं कई बार झींका; put a handkerchief over your mouth, when you feel like sneezing जब तुम्हें छींक आने लगे तो अपने मुँह पर रूमाल रखो. **II.** n^u. छींक^F : a casual ~ is not to be worried about कभी-कभार ≈ आए तो चिंतित नहीं होना चाहिए; to give a ~ छींकना.

sniff स्निफ़ *v.i.* **1.** (नाक से) सूँ-सूँ करना : blow your nose and stop ~ing नाक सिनको और सूँ-सूँ करना बंद करो; the dog ~ed as it saw the rat जैसे ही कुत्ते ने चूहे को देखा वह सूँ-सूँ करने लगा. **2.** (smell, ~ at) सूँघना : the dog was ~ing smth कुत्ता कुछ सूँघ रहा था. **3.** (~ at, show contempt for) नाक चढ़ाना, का तिरस्कार करना : when he saw him, he ~ed जब उसने उसे देखा तो उसने अपनी नाक^F सिकोड़ी; he ~ed at the offer for help सहायता^{F} की पेशकश^F का उसने तिरस्कार कर दिया. **4.** (scent, detect) भाँपना, महसूस करना : he ~ed the danger and ran away from there वह खतरा भाँपकर वहाँ से भाग गया.

S. No. Serial Number.

snobbery स्नॉ'बॅरि n^u. अभिमान, दंभ [intellectual बौद्धिक, social सामाजिक]; I hate the ~ of those rich people मुझे उन धनी लोगों के दंभ से घृणा^{F} है; such ~ will make him hateful इस प्रकार का दंभ उसे घृणास्पद बना देगा.

snooze स्नूज़ **I.** *v.t.* **1.** झपकी^{F} लेना, ऊंघना : the clerk ~d in his chair लिपिक अपनी कुर्सी^{F} में ऊंघ रहा था; while reading he began to ~ पढ़ते-पढ़ते वह ऊंघने लगा. **2.** (idle)

अलसाना : he would have finished the work if he had not ~d यदि वह अलसाता न तो काम समाप्त कर दिया होता. **II.** n^c. झपकी[F], ऊंघ[F] : light ~ हल्की ≈; to have a ~ in the class कक्षा[F] में झपकी लेना; he was beaten for taking a ~ झपकी लेने पर उसे पीटा गया.

snore स्नॉर **I.** n^c. खर्राटा, घर्राटा : the fat man was snoring in his easy chair मोटा आदमी अपनी आराम कुर्सी[F] में ख़र्राटे भर रहा था. **II.** *v.i.* ख़र्राटा लेना, भरना : the watchman was caught snoring चौकीदार खर्राटे भरता पकड़ा गया.

snow स्नो **I.** n^u. हिम, बर्फ़ [dazzling चुँधियानेवाली, hard सख़्त]; ~ ball ≈ का गोला; ~ bound हिमबाधित [place जगह]; ~ capped हिमावृत्त [hill पहाड़ी[F]]; ~ drift हिमसंचय; ~ fall हिमपात; ~ line हिम रेखा[F]; ~ storm हिम झंझावात; ~ white हिमश्वेत; to melt like ~ बर्फ़ की तरह पिघलना; her skin is as white as ~ उसकी चमड़ी[F] बर्फ़ की तरह सफ़ेद है; there was a heavy ~ fall in Shimla शिमला में भारी हिमपात हुआ; the ground was covered with ~ ज़मीन ≈ से ढँकी थी; lay on the roofs and trees छतों और पेड़ों पर ≈ पड़ी थी; in winter ~ falls on the hills जाड़े में ≈ पहाड़ियों[F] पर पड़ती है. **II.** *v.t.* बर्फ़ पड़ना या गिरना : it is ~ing heavily भारी बर्फ़ पड़ रही है; it began to ~ बर्फ़ पड़नी शुरू हो गई; it ~ed last night पिछली रात[F] बर्फ़ पड़ी.. **snowy** स्नो'इ *a.* **1.** बरफ़ानी, बर्फ़वाला, बरफ़ीला [day दिन, place स्थान, scene दृश्य, weather मौसम]; it was a ~ and dark night यह बरफ़ानी और अंधेरी रात[F] थी. **2.** (~ covered) हिमाच्छादित, बर्फ़[F] से ढकी हुई [object चीज़[F], roof छत[F]]; the peaks of the Himalayas are ~ हिमालय की चोटियाँ[F] बर्फ़ से ढकी हुई हैं. **3.** (white) बर्फ़[F] जैसे सफ़ेद : her hair is ~ उसके बाल बर्फ़ जैसे सफ़ेद हैं.

snub स्नब **I.** *v.t.* (-bb-) **1.** डाँटना, झिड़कना, डपटना : I did not ~ the servant मैंने नौकर को नहीं डाँटा; he ~bed me for smoking उसने मुझे धूम्रपान करने पर डाँटा. **2.** (humiliate) झिड़ककर नीचा दिखाना, अवमानित करना : he ~bed his opponents in the open meeting खुली बैठक[F] में उसने अपने विरोधियों को झिड़ककर नीचा दिखा दिया. **3.** (check) झटका देकर रोकना, रोकना : he ~bed the vehicle and fell down himself उसने झटका देकर गाड़ी[F] रोकी और गिर पड़ा. **II.** n^u. **1.** झिड़की[F], डाँट[F] : it was such a ~ that he left the school यह ऐसी डाँट थी कि उसने स्कूल छोड़ दिया. **2.** (insult) अवमानना[F] : if you do not invite him, he will take it as a ~ यदि तुम उसे आमंत्रित नहीं करोगे तो वह इसे अपनी अवमानना समझेगा.

so सो **I.** *adv.* **1.** (in such a way) ऐसे, इस प्रकार (से) : only you tease me ~ केवल तुम मुझे ≈ चिढ़ाते हो; he also thinks ~ वह भी इस प्रकार सोचता है; it ~ happened that we were in the same prison during the struggle for freedom ऐसा हुआ कि स्वतंत्रता[F] के लिए संघर्ष के दिनों में हम एक ही जेल में थे; remain sitting just ~ बिलकुल ऐसे ही बैठे रहो. **2.** (used in place of an expression stated already) ऐसा : you are thinking of going, do so तुम जाने की सोच[F] रहे हो तो ऐसा ही करो (तो जाओ); I left my house at 6 o'clock, so did my wife मैं छः बजे घर से चला गया, मेरी पत्नी ने भी ऐसा ही किया; my wife has fallen ill, the servant told me ~, मेरी पत्नी बीमार पड़ गई है, ऐसा नौकर ने मुझे बताया; I have headache, ~ has my friend मुझे सिरदर्द है, मेरे मित्र को भी ऐसा ही है. **3.** (to such an extent) इतना : I am ~ pleased to meet you मैं आपसे मिलकर इतना प्रसन्न हूँ; we were ~sorry to hear of your misfortune तुम्हारे दुर्भाग्य की (बात[F]) सुनकर हमें इतना दुःख हुआ; the story was ~ clear कहानी[F] इतनी स्पष्ट थी; it was never ~ bad इतना बुरा कभी नहीं था; I have never seen ~ naughty a child मैंने इतना शैतान बच्चा कभी नहीं देखा है; my brother lives ~ very near मेरा भाई इतने करीब रहता है; I hope ~ मुझे ऐसी आशा[F] है. ~ **much** (i) इतना : I don't need ~ much मुझे ≈ नहीं चाहिए; I could do only ~ much मैं बस इतना ही कर

सका; (ii) बहुत : thank you ~ much बहुत-बहुत धन्यवाद. ~ **many** (i) इतने : I don't want ~ many servants मुझे ≈ नौकर नहीं चाहिए; (ii) इतने अधिक : there are ~ many people inside the hall हाल के अंदर बहुत अधिक लोग हैं; ~ **well** इतना अच्छा : everything has gone ~ well सब कुछ इतना अच्छा हो गया. **II.** *conj.* **1.** (therefore) इसलिए : I was ill, ~ I did not go to school मैं बीमार था ≈ स्कूल नहीं गया; he wrote an excellent poem and ~ got a prize उसने एक बढ़िया कविता लिखी इसलिए उसे इनाम मिला. **2.** (then) तो : ~ now I see why he was angry तो अब मैं समझा कि वह ग़ुस्से (में) क्यों था. ~ **what!** तो क्या ! (कोई परवाह नहीं). **3.** ~ that ताकि : I bought him a cap ~ that he would protect his head from the sun मैंने उसे टोपी^F खरीद दी ताकि अपने सिर को धूप^F से बचा सके. **III.** *a.* ऐसा : Bablu is very clever but Gappu is not ~ बबलू बहुत होशियार है, पर गप्पू ऐसा नहीं है; is he really ~ क्या सचमुच वह ≈ है ? Δ (phrases) **and ~ on** इत्यादि : many boys—Ram, Shyam, Harnam, Ikram and ~ on—failed बहुत-से लड़के—राम, श्याम, हरनाम, इकराम, आदि—फेल हो गए; **or ~** लगभग : it weighs 3 kilos or ~ तौल में यह लगभग तीन किलो है; ~ **and** ~ अमुक, फ़लाना : I told her that I would meet ~ and ~ मैंने उसे बता दिया कि मैं ≈ (व्यक्ति) से मिलूँगा; ~ **as** to ताकि : he sits in the front row ~ as to see the blackboard clearly वह अगली पंक्ति^F में बैठता है ताकि श्यामपट्ट स्पष्टतः देख सके; **~-called** तथाकथित : your ~-called enemies have saved your life तुम्हारे ≈ शत्रुओं ने तुम्हारी जान बचाई है; many ~-called plants are living beings बहुत-से ≈ पौधे जीव हैं; ~ **far** यहाँ तक : ~ far it is all right ≈ तो सब ठीक है; ~ **far as** जहाँ तक : ~ far as I know जहाँ तक मुझे मालूम है; ~ far as he is concerned ≈ उसका संबंध है; ~ **long as** जब तक : he can stay here ~ long as he desires जब तक वह चाहे यहाँ ठहर सकता है; ~ **so** ऐसा ही, साधारण : his English is ~ उसकी अंग्रेज़ी^F ≈ है; ~ **that** ताकि : he worked hard, ~ that he should win the prize उसने कड़ा परिश्रम किया ताकि इनाम जीते; ~ **to say/speak** एक प्रकार से : our parrot is, ~ to speak a member of our family हमारा तोता एक प्रकार से हमारे परिवार का सदस्य है. [*as distinct from* sew, saw]

soc. society.

soak सोक **I.** *v.t.* **1.** (place in liquid) भिगोना : to ~ the bread in milk रोटी^F को दूध में ≈; to ~ clothes in water कपड़ों को पानी में भिगोना. **2.** (absorb) सोख लेना, चूस लेना : the field ~s (up) water धरती^F पानी को सोख लेती है; a sponge ~s (up) water स्पंज पानी सोख लेता है. **3.** (assimilate) समा लेना : the earth ~s everything in itself पृथ्वी^F अपने अंदर सब कुछ समा लेती है. **II.** *v.i.* **1.** (lie steeped) भीगना, डूबा रहना : let the dirty clothes ~ in a tub गंदे कपड़े टब में डूबे/भीगे रहने दो. **2.** (penetrate) घुसना, धँसना : the dew has ~ed through the blanket ओस कंबल में धँस गई है. Δ (phrases) ~ **off** गीला करके हटा देना : to ~ off a stamp from an envelope लिफ़ाफ़े पर से टिकट को गीला करके हटा देना; ~ **out** गीला करके दूर करना : to ~ out a blot on a shirt कमीज़^F पर का धब्बा गीला करके दूर कर देना; ~ **up** चूस लेना : a blotting paper ~s up ink स्याहीचूस काग़ज़ स्याही^F चूस लेता है.

soap सोप **I.** *n*^uc. साबुन [hard कड़ा, scented सुगंधित]; wash your hands with ~ अपने हाथ साबुन से धो लो; a cake of ~ साबुन की टिकिया^F; he uses ~ once a week वह सप्ताह में एक बार साबुन का इस्तेमाल करता है. (comb.) ~ **nut** रीठा; ~ **works** साबुन का कारख़ाना. **II.** *v.t.* साबुन लगाना : we ~ clothes to wash them हम कपड़े धोने के लिए साबुन लगाते हैं.

soar सॉर *v.t.* **1.** (fly) उड़ना या मँडराना (hover) : the bird was ~ing high into the sky चिड़िया^F आकाश में ऊंचे उड़ रही थी. **2.** (go up) (ऊंचा) चढ़ना : prices are ~ing high again कीमतें^F फिर (ऊंचे) चढ़ रही हैं; the

singer's voice ~ed गायक का स्वर चढ़ गया. **soaring** सॉ'रिङ्ग *a.* ऊंचे उठे हुए [mountains पर्वत, rents किराए].

sob सॉब **I.** *v.i.* (-bb-) **1.** सिसकना : she ~bed loudly वह ज़ोर से सिसकी; the baby ~bed herself to sleep बच्ची सिसक-सिसक कर सो गई; she is ~bing bitterly with grief वह भारी दुःख से फूट-फूट कर सिसक रही थी. **2.** (to say while weeping) सिसक-सिसक कर बोलना : "where is my mummy" ~bed the child 'मेरी माँ कहाँ है?' बच्चा सिसक-सिसक कर बोला. **II.** *n*[c]. सिसकी[F] [loud ज़ोर की, slow धीमी]; she shook her head with a ~ and said "no, no" उसने सिसकी के साथ अपना सिर हिलाया और बोली "नहीं, नहीं"; she gave a ~ as soon as she saw her mother उसने अपनी माँ को देखते ही सिसकी ली.

sober सो'बर **I. 1.** (not drunk) शराब न पिए हुए, अप्रमत्त : he is ~ not drunk, you may meet him वह अप्रमत्त है, पिये हुए नहीं है, तुम उससे मिल सकते हो; a driver should be ~ एक चालक को शराब पिए हुए नहीं होना चाहिए. **2.** (temperate) संयमी, परहेज़गार [man आदमी, officer अधिकारी]; you will not find him nervous, he is ~ तुम उसे हड़बड़ाया हुआ नहीं पाओगे, वह संयमी है. **3.** (sedate) गंभीर, धीर : ~ thinking ≈ सोच[F]; he is as ~ as a judge वह न्यायाधीश की तरह ≈ है. **4.** not showy सादा : she wears a ~ dress वह ≈ पोशाक[F] पहनती है. **5.** ~ colour हल्का रंग, सूफ़ियाना रंग. **II.** *v.t.* शांत कर देना या हो जाना : he ~ed (down) the agitating students उसने आंदोलनकारी छात्रों को शांत कर दिया; **III.** *v.i.* he ~ed down वह शांत हो गया.

soccer सॉ'कर *n*[c]. फुटबाल : ~ cup ≈ कप; ~ team ≈ टीम[F]; India has not won the ~ cup even once भारत ने ≈ कप एक बार भी नहीं जीता है.

sociable सो'शॅबल *a.* **1.** (companionable) मिलनसार, स्नेही [nature स्वभाव, person व्यक्ति]; some people are very friendly and ~ कुछ व्यक्ति बहुत ही मित्रवत् और मिलनसार होते हैं; he is very ~ to the children वह बच्चों से बड़ा ≈ है. **2.** (informal) अनौपचारिक : the meeting with the Governor was ~ राज्यपाल के साथ बैठक[F] ≈ थी. **social** सो'शल *a.* **1.** (of society) सामाजिक [creature प्राणी, evils बुराइयाँ[F], problems समस्याएँ[F]]; man is a ~ animal मानव एक ≈ प्राणी है; the differences between white people and negroes in the U.S.A. is a great ~ problem गोरे एवं अमरीका में नीग्रो लोगों के बीच का मतभेद एक भारी ≈ समस्या[F] है. **2.** मिलनसार [boy लड़का, person व्यक्ति]; he is the most ~ man of his family वह अपने परिवार का सबसे ज़्यादा ≈ व्यक्ति है. **3.** (gregarious) यूथचारी : most animals are ~ बहुत-से जानवर ≈ होते हैं. (comb.) **~ contract** सामाजिक संविदा[F]; **~ service** समाज सेवा[F]; **~ welfare** समाज कल्याण. **socialism** सो'शॅलिज़्म *n.* समाजवाद [democratic लोकतांत्रिक, scientific वैज्ञानिक]; ~ means collective ownership of capital and property ≈ का तात्पर्य है पूँजी[F] और संपत्ति[F] का सामूहिक स्वामित्व; India has adopted democratic ~ भारत ने लोकतांत्रिक ≈ को अपनाया है. **socialist** सो'शॅलिस्ट *a.* समाजवादी [country देश, republic गणतंत्र, system व्यवस्था[F]]; most of the leaders call themselves ~ अधिकांश नेता स्वयं को ≈ कहते हैं; he split the ~ party in two parts उसने समाजवादी पार्टी को दो भागों में फाड़ दिया; the ruling ~ party सत्ताधारी ≈ दल. **society** सॅसा'इटि *n.* **1.** (social community) समाज [civilized सभ्य, intellectual बौद्धिक, literary साहित्यिक, scientific वैज्ञानिक]; it is clear that they belong to cultured ~ यह स्पष्ट है कि वे सुसंस्कृत ≈ से संबंधित हैं; education is necessary for a good ~ अच्छे ≈ के लिए शिक्षा[F] आवश्यक है; he lives in the fashionable ~ वह फ़ैशनेबल ≈ में रहता है; he is the leader of the ~ वह ≈ का अगुआ है; thieves are a danger to ~ चोर समाज के लिए ख़तरा हैं. **2.** (upper class) उच्च-वर्ग : [cultured सुसंस्कृत, educated शिक्षित, wealthy धनी]; he

belongs to a higher ~ वह उच्च वर्ग से संबंधित है; she is a ~ lady वह एक उच्चवर्गीय महिला^F है. **3.** (company) संगति^F, संग : bad ~ बुरी संगति; I like the ~ of elderly people मुझे बड़े-बूढ़े लोगों की संगति पसंद है; I always enjoy the ~ of my friends मैं सदा अपने मित्रों के संग का आनंद लेता हूँ; their ~ will be harmful to you उन लोगों का संग तुम्हारे लिए हानिकर होगा. **4.** (association) सभा^F, सोसाइटी^F, संस्था^F : this ~ is established to help the poor इस ≈ की स्थापना^F ग़रीबों की सहायता^F के लिए की गई है.

sociology सोशिऑ'लॅजि *n*^c. समाजशास्त्र, समाज-विज्ञान : ~ means scientific study of society and social relations ≈ से तात्पर्य है समाज और सामाजिक संबंधों का वैज्ञानिक अध्ययन.

sock सॉक *n*^c. (usu. *pl.*) मोज़ा, जुर्राब [cotton सूती, silken रेशमी, woollen ऊनी]; she knits socks वह मोज़े बुनती है; you have a pair of ~s inside your shoes तुम्हारे जूतों के अंदर मोज़ों का जोड़ा है; there is a hole in one of the ~s मोज़ों में से एक में छेद है; put on the ~ मोज़ा पहन लो.

socket सॉ'किट *n*^c. **1.** सॉकेट : ~ of a pipe पाइप का ≈; use a plastic ~ in this pipe इस पंप में प्लास्टिक का ≈ लगाओ; there is a ~ for the T.V. plug टी.वी. प्लग के लिए एक ≈ है. **2.** eyeball in the ~ of the eye नेत्र कोटर में डेला.

soda सो'डा *n*^u. **1.** सोडा : ~ is used to make soaps ≈ का इस्तेमाल साबुन बनाने के लिए किया जाता है; we have washing ~ हमारे पास कपड़े धोने का ≈ है; there is baking ~ also खाने का ≈ भी होता है. **2.** (soda water) सोडा, खारा सोडा, सोडा वाटर.

sofa सो'फ़ा *n*^c. सोफ़ा [cushioned गद्दीदार, light हल्का, soft कोमल]; a ~ with two chairs दो कुर्सियों^F के साथ का ≈; a ~ can seat two or three persons easily सोफ़े पर दो या तीन व्यक्ति आराम से बैठ सकते हैं.

soft सॉफ़्ट **I.** *a.* **1.** नरम, मुलायम [butter मक्खन, clay मिट्टी^F, skin त्वचा^F]; this cushion is ~ यह गद्दी^F ≈ है; the land here is very ~ यहाँ की ज़मीन बहुत ≈ है. [*ant.* hard] **2.** (gentle, lenient) मृदुल, नरम : for his ~ behaviour अपने ≈ व्यवहार के लिए; you need not be ~ with him तुम्हें उसके साथ नरमी^F बरतने की आवश्यकता नहीं है. **3.** मधुर, मृदु [sound ध्वनि, voice स्वर]; Indian music is ~ भारतीय संगीत ≈ होता है. [*ant.* harsh] **4.** नरम, मीठा : the water of this well is ~ कुएँ का पानी ≈ है; ~ water bubbles when soap is added to it ≈ पानी बुलबुले छोड़ता है जब उसमें साबुन मिलाया जाए. **5.** (mild) हल्का, सुहावना : the wind is blowing slow, the weather is very ~ हवा^F धीरे-धीरे बह रही है, मौसम बहुत ≈ है. **6.** (of colour) सादा, हल्का : the colour of his shirt is ~ उसकी कमीज़ का रंग हल्का है; I like ~ colour मुझे हल्का रंग पसंद है. **7.** (of drink) मदिरा रहित : they had ~ drinks at the party उन्हें पार्टी में ≈ पेय मिला. **8.** (of currency) सुलभ : ~ currency is of no use in another country ≈ मुद्रा^F किसी दूसरे देश में काम नहीं देती. **9.** (in other contexts) ~ **character** कमज़ोर चरित्र; ~ **goods** कपड़ा; ~**-headed** बुद्धू; ~ **spoken** मृदुभाषी. **soften** सा'फ़न **I.** *v.t.* **1.** हल्का/नरम करना : I ~ed the bread with milk मैंने रोटी^F को दूध से नरम कर लिया; the rain ~s the earth बरसात^F पृथ्वी को नरम कर देती है; cream for ~ing skin चमड़ी^F को कोमल करने के लिए क्रीम. **2.** कम करना : he tried to ~ the punishment उसने दण्ड कम करने का प्रयास किया; to ~ pain दर्द कम करना. **3.** to ~ voice आवाज़ धीमी करना. **II.** *adv.* see 'softly'. **softly** साफ़्'लि *adv.* **1.** (gently) हल्के से, नरमी^F से : speak ~ to an old person बूढ़े व्यक्ति से नरमी से बोलो. **2.** चुपचाप, दबे-पाँव : she came into the room ~ वह कमरे में ≈ आ गई.

soil सॉइल **I.** *v.t.* **1.** मैला करना, या हो जाना : the boy ~ed my clean garment लड़के ने मेरे साफ़ कपड़े गंदे कर दिए; I have ~ed my notes मैंने अपने नोटों को गंदा कर दिया है. **2.** (stain) धब्बे डालना : she has ~ed my shirt with ink उसने मेरी कमीज़^F पर स्याही^F

के धब्बे डाल दिए हैं. **3.** (defile) दूषित करना : the pig has ~ed the water in the pond सुअर ने पोखरे का पानी दूषित कर दिया है. **4.** (bring disgrace upon) कलंकित करना, कलंक लगाना, बदनाम करना : his character has ~ed the name of the family उसके चरित्र से परिवार का नाम कलंकित हुआ है. **5.** to ~ the cattle मवेशियों को हरा चारा खिलाना. **II.** *n.* **1.** (earth's surface layer) मिट्टी^F [alluvial जलोढ़, porous रंध्रयुक्त, sandy बलुई]; plants grow in the ~ पौधे मिट्टी में उगते हैं; farmers sow seeds in the ~ किसान मिट्टी में बीज बोते हैं; black ~ is rich in minerals काली मिट्टी खनिजों से पूर्ण होती है; dig out the ~ with a spade फावड़ा से मिट्टी खोद डालो. **2.** (earth) भूमि^F, धरती^F, ज़मीन^F : Indian ~ भारतभूमि; what is the government doing for ~ conservation सरकार भूमि संरक्षण के लिए क्या काम कर रही है ? a man is proud of the ~ where he is born एक व्यक्ति जिस धरती पर पैदा होता है, उस पर गर्व करता है.

sojourn सॉजर्न **I.** *v.t.* ठहरना, टिकना, डेरा डालना : to ~ temporarily अस्थायी रूप से ≈; she ~ed with a friend in Prague वह प्राग में अपनी सहेली^F के पास ठहरी; they ~ed in a dharmshala for two days वे दो दिन के लिए धर्मशाला^F में ठहरे. **II.** *n*^c. **1.** ठहराव, टिकाव : it was only a ~ on the way to Mumbai मुंबई के रास्ते में यह मात्र एक ≈ था; the P.M. had made a ~ at the circuit house प्रधानमंत्री सरकिट हाउस में रुके थे. **2.** निवास, प्रवास : later they made their ~ in Germany बाद में उन्होंने जर्मनी में निवास बना लिए.

solace सॉ'लॅस **I.** *n*^u. **1.** (consolation) सांत्वना^F, तसल्ली^F : we went to afford him ~ in his grief उसके शोक में हम उसे ≈ देने गए; there was no effect of her ~ on him उस पर उसकी ≈ का कोई असर न पड़ा. **2.** (relief) राहत^F, शांति^F : you can find ~ in meditation तुम्हें ध्यान में ≈ मिल सकती है; my ~ at this age is the love of my children इस उम्र में मेरी ≈ मेरे बच्चों का प्यार है. **II.** *v.t.* **1.** सांत्वना देना : near relatives came to ~ her in grief निकट के संबंधी उसे शोकावस्था^F में सांत्वना देने आए. **3.** (allay) (दुःख) कम कर देना : religious books ~ the grief of the people धार्मिक पुस्तकें^F लोगों के दुःख को कम कर देती हैं.

solar सो'लर *n.* & *a.* सौर, सूर्य- [day दिन, energy ऊर्जा, month मास]; ~ furnace सौर-भट्टी; ~ heat सौर ऊष्मा/गर्मी; ~ eclipse सूर्य ग्रहण; ~ system सौर मंडल.

sold सोल्ड *v.t.* past of 'sell' *q.v.*; he ~ pots and pans वह बर्तन और कड़ाहियाँ^F बेचता था.

solder सॉल्'डर **I.** *n.* टाँका, राँगा (tin) : a ~ joins two pieces of metal ≈ धातु^F के दो टुकड़ों को जोड़ देता है; here is some ~ to mend holes in bowls कटोरों में छिद्रों की मरम्मत के लिए यह कुछ ≈ है. **II.** *v.t.* टाँका लगाकर जोड़ना : to ~ two metals together दो धातुओं^F को एक-साथ जोड़ना; get these copper plates ~ed ताँबे की इन तश्तरियों^F को टाँका लगवा (जुड़वा) लो.

soldier सोल्'जर *n*^c. सैनिक, सिपाही [famous प्रसिद्ध, mercenary भाड़े का, old पुराना, regular नियमित, wounded घायल]; he is a ~ of No. 100 regiment of second battalion वह दूसरी पलटन^F की रेजिमेंट संख्या सौ का ≈ है; he has become a soldier वह सैनिक बन गया है; they all are the ~s of fortune वे सब भाड़े के ≈ हैं.

sole सोल **I.** *n*^c. **1.** (of foot) तलवा : a thorn pricked into his left ~ उसके बाएँ तलवे में काँटा चुभ गया; his ~ is wounded उसके तलवे में घाव है. **2.** (of shoe) तल्ला; (bottom) तल, तला, पेंदा : the ~s of my shoes are worn मेरे जूते के तल्ले घिस गए हैं; he has not still mended the ~ of my shoe उसने अब भी मेरे जूते के तल्ले की मरम्मत नहीं की है. **II.** *a.* **1.** (only) एकमात्र, अकेला : his ~ name will suffice for the purpose उसका नाममात्र उद्देश्य की पूर्ति^F के लिए पर्याप्त होगा; this was the ~ reason that he failed एक मात्र यही कारण था कि वह असफल हो गया; he is his ~ supporter वह उसका एकमात्र समर्थक है. **2.** (exclusive) अकेले का, अनन्य : he has the ~ right to sell this machine इस मशीन^F को बेचने का

उस अकेले का अधिकार है. [*as distinct from* soul] **II.** *v.t.* तल्ला लगाना : have your shoes ~d अपने जूते में तल्ला लगवाओ. **solely** सोल्'लि *adv.* अकेले, केवल, सिर्फ़, मात्र : I want ~ a cup of tea मैं मात्र एक कप चाय^F चाहता हूँ; the railway minister is ~ responsible for this tragedy रेलमंत्री इस दुर्घटना^F के एक मात्र ज़िम्मेदार हैं.

solemn सॉ'लम *a.* **1.** (done with ceremony) ससमारोह [feast भोज, marriage विवाह, procession जुलूस]; he celebrated his son's ~ birthday उसने अपने बेटे का ≈ जन्मदिन मनाया. **2.** (serious) गंभीर : to keep a ~ face ≈ मुद्रा^F बनाए रखना; it is a ~ question यह एक ≈ प्रश्न है. **3.** (formal) औपचारिक, विधिवत् [ceremony उत्सव, invitation निमन्त्रण]; everything is done in a ~ way here यहाँ सब कुछ विधिवत् रीति^F से किया जाता है. **4.** (impressive) प्रभावशाली एवं रहस्यमय [expression अभिव्यक्ति^F, silence मौन]; ~ war ठनी या घोषित लड़ाई; he made a ~ announcement उसने एक रहस्यमय उद्घोषणा की. **5.** (sacred) परम पावन : it is my ~ duty to thank you आपको धन्यवाद देने का मेरा ≈ कर्तव्य है. **6.** (slow) मंद : ~ pace ≈ गति^F. **solemnity** सॅलें'म्'निटि *n*^c. **1.** (celebration) समारोह, उत्सव : there was a good ~ on his marriage उसकी शादी^F पर अच्छा ≈ था. **2.** (ceremony) धर्मानुष्ठान, धर्मक्रिया : after the ~, the priest made an announcement ≈ के उपरांत पुरोहित ने घोषणा^F की. **3.** (ostentation) धूमधाम^F, ठाठबाट : this ought to be done with all ~ इसे पूरी धूमधाम से किया जाना चाहिए. **4.** (seriousness) गंभीरता^F : ~ of the occasion अवसर की ≈. **5.** औपचारिकता^F : complete all the solemnities first and then come to me पहले सारी औपचारिकताएँ पूरी कीजिए और तब मेरे पास आइए. **solemnize** सॉ'लमनाइज़ *v.t.* (observe) धूमधाम से मनाना : he ~d his son's marriage उसने अपने बेटे की शादी^F धूमधाम से मनाई.

solicit सॅलि'सिट *v.t.* **1.** (ask) माँगना; याचना^F करना : the poor man ~ed help ग़रीब आदमी ने सहायता^F माँगी; to ~ someone for alms किसी से भिक्षा^F के लिए याचना करना; I ~ your advice मैं आपकी सलाह^F चाहता हूँ; to ~ votes वोट माँगना; I ~ that he may be granted leave मैं याचना^F/प्रार्थना^F करता हूँ कि उसे छुट्टी^F प्रदान की जाए. **2.** (tempt) लुभाना, रिझाना : the prostitutes were accused of ~ing customers in public places वेश्याएँ ग्राहकों को सार्वजनिक स्थलों पर लुभाने के लिए दोषी समझी गईं.

solicitous सॅलि'सिटस *a.* **1.** (concerned) ध्यान रखने वाला : he is ~ of smb's interests वह किसी के हितों का ≈ है. **2.** (worried) चिंतित, परेशान : he is most ~ about his future वह अपने भविष्य के बारे में अत्यंत ≈ है; she is ~ about her son वह अपने बेटे के बारे में ≈ है. **3.** (eager) उत्सुक, इच्छुक : he is too ~ for his result वह अपने परिणाम के लिए बहुत अधिक ≈ है; I was ~ to get a prize मैं पुरस्कार पाने को उत्सुक था.

solid सॉ'लिड *a.* **1.** (not liquid) ठोस [ice बर्फ़^F, substance पदार्थ, thing वस्तु^F]; it contains ~ material इसमें ठोस सामग्री^F है; frozen water is ~ जमा हुआ पानी ≈ होता है. **2.** (not hollow) ठोस : tongas and ekkas have ~ tyres टाँगों और इक्कों में ≈ टायर होते हैं. **3.** (cubic) घन : the ~ shape of a thing किसी चीज़ की घनाकृति^F. **4.** (strongly built) मज़बूत, (lasting) टिकाऊ : this furniture will be very ~ यह फ़र्नीचर बहुत ≈ होगा; I shall make a ~ foundation मैं एक मज़बूत नींव डालूँगा. **5.** (well made) पक्का, ठोस : I have made it ~ मैंने इसे ≈ बना दिया है. **6.** (of arguments) ठोस, पुष्ट : I shall put many ~ proofs in support of my statement मैं अपने कथन के समर्थन में कई ≈ प्रमाण रखूँगा; you cannot win your case without ~ evidence बिना ≈ साक्ष्य के तुम अपना मुकदमा नहीं जीत सकते. **7.** (reliable) ठोस, पक्का, विश्वसनीय : I have come to know from

~ sources that they will attack the police-station मुझे विश्वस्त सूत्रों से जानकारी^{F} मिली है कि वे थाने पर आक्रमण करेंगे; he is a ~ worker वह ≈ कर्मी है; this party has a ~ majority इस दल का ≈ बहुमत है. **8.** (without break or gap) निरंतर, अटूट, अविच्छिन्न : ~ sleep ≈ निद्रा^{F}/नींद^{F}; he worked for five ~ hours उसने निरंतर पाँच घंटे काम किया. **9.** (complete) पूरा-पूरा : you will get ~ support in the assembly सभा में आपको ≈ समर्थन मिलेगा. **10.** (of gold) ख़ालिस, बेमेल : his chain is of ~ silver उसकी चेन ख़ालिस चाँदी^{F} की है. **11.** (uniform, homogeneous) एकरस, एकरूप, एकसमान : we need a ~ law on this subject हमें इस विषय पर एकसमान कानून की आवश्यकता^{F} है. **12.** (unaminous) एकमत : they all were ~ on this matter इस मामले पर वे सब ≈ थे; India is ~ in foreign policy भारत विदेशनीति^{F} के बारे में ≈ है. ~ **vote** सब का एकमत. **solidarity** सॉलिडै'रिटि *n*^{u}. **1.** (agreement) एकता^{F} : we should work for the ~ of the nation हमें राष्ट्र की ≈ के लिए काम करना चाहिए; ~ of the country is in danger देश की ≈ ख़तरे में है. **2.** (fellow feeling) भाई-चारा, भ्रातृभाव [real वास्तविक, showy दिखावे का]; the leader worked for the ~ of the people नेता ने लोगों में आपसी भाईचारे के लिए काम किया.

solitary सॉ'लिटॅरि **I.** *a.* **1.** (single) एक, अकेला [person व्यक्ति, soldier सैनिक, traveller यात्री, tree पेड़]; you cannot give a ~ example तुम एक भी उदाहरण नहीं दे सकते; there was not a ~ boy in the classroom कक्षा^{F} में एक भी लड़का नहीं था. **2.** (living alone) एकांतवासी, एकांतसेवी : he is ~, he hates an out-cry वह ≈ है, उसे चीख़-चिल्लाहट^{F} नापसंद है; a ~ hermit does not care for company एक ≈ साधु संग-साथ की परवाह^{F} नहीं करता. **3.** (uninhabited) निर्जन, सुनसान, ग़ैर-आबाद [forest जंगल, island टापू/द्वीप, place स्थान]; they selected a ~ corner for study उन्होंने अध्ययन के लिए एक ≈ कोना चुना.

solitude सॉ'लिट्यूड *n*^{u}. **1.** (loneliness) अकेलापन : Raman likes ~ for meditation रामन को ध्यान के लिए ≈ पसंद है. **2.** (lonely place) एकांत : hermits go to the jungle for ~ साधु-संन्यासी ≈ के लिए जंगल में चले जाते हैं; he sought ~ for penance तपस्या^{F} के लिए उसे एकांत चाहिए था.

solo सो'लो **I.** *n.* (*pl.* solos) एकल वादन/गायन या संगीत रचना : she sang a ~ उसने एकल संगीत रचना^{F} गाई. **II.** *a.* अकेला, एकल [flight उड़ान^{F}, game खेल, man आदमी, song गीत]; he participated in the ~ competition उसने एकल प्रतियोगिता^{F} में भाग लिया. **III.** *adv.* अकेले : he went ~ in the riots वह दंगे में ≈ ही चला गया.

soluble सॉ'ल्यूबल *a.* **1.** (dissolvable) घुलनशील : ~ material ≈ पदार्थ; sugar and salt are ~ substances चीनी^{F} और नमक ≈ पदार्थ हैं. **2.** (solvable) समाधेय : this problem, difficulty is not at all ~ यह समस्या^{F}, कठिनाई^{F} बिल्कुल ≈ नहीं है. **solution** सॅल्यू'शन *n*^{cu}. **1.** (liquid) घोल [strong गाढ़ा, weak पतला]; ~ of sugar and water चीनी^{F} और पानी का घोल. **2.** (math.) साधन (method); (result) हल [complete पूर्ण, easy आसान, probable संभावित]; I have found the ~ of this problem मैं इस समस्या^{F} का हल पा गया हूँ; this is a partial ~ of the question यह प्रश्न का आंशिक हल है. **3.** (of a difficulty) समाधान, हल : true ~ सही ≈; this will not be a ~ of/to the mystery इससे रहस्य का ≈ नहीं होगा; what is the ~ of this puzzle इस पहेली^{F} का हल क्या है ?

solve सॉल्व़ *v.t.* **1.** (a riddle or problem) हल करना [hastily जल्दी से, wrongly ग़लत ढंग से]; he ~d all the problems of mathematics उसने गणित के सभी प्रश्नों को हल कर दिया; you cannot ~ even a single difficulty तुम एक भी कठिनाई^{F} का समाधान नहीं कर सकते. **2.** (unravel) सुलझाना, खोलना : the mystery could not be ~d रहस्य न खोला जा सका. **3.** (of debt) चुकाना : you should ~ the debt first तुम्हें

पहले कर्ज़ चुकाना चाहिए.

some सम **I.** *a.* कोई [number संख्या^{F}, quantity मात्रा^{F}]; in ~ way किसी तरह^F; meet me ~ day किसी दिन मुझसे मिलिए; after ~ months कई महीनों बाद. **2.** कुछ : take ~ tea ≈ चाय^F ले लें; give me ~ apples मुझे ≈ सेब दो; he stayed there for ~ days वह वहाँ ≈ दिन (तक) रहा; some of my friends came to me yesterday मेरे मित्रों में से ≈ मेरे पास कल आए; will you like to eat ~ mangoes क्या तुम ≈ आम खाना पसंद करोगे ? I know ~ people there मैं वहाँ ≈ लोगों को जानता हूँ; he has ~ experience उसे ≈ अनुभव है. **II.** *adv.* कोई, लगभग : they were ~ hundred people in number संख्या^{F} में वे लगभग सौ लोग थे. **III.** *pron.* कुछ, कुछ लोग : ~ are born great कुछ लोग जन्मना महान् होते हैं; ~ suffer throughout their life कुछ लोग जीवनभर पीड़ित रहते हैं; ~ desired to meet him in the night कुछ (लोगों) ने रात में उससे मिलने की इच्छा व्यक्त की; ~ are good, ~ are bad ≈ अच्छे हैं, ≈ बुरे. [*as distinct from* sum; *ant.* many]; **~body, ~one** *pron.* **1.** कोई : ~ is knocking at the door ≈ दरवाज़ा खटखटा रहा है; there is ~ in the room कमरे में ≈ है; ~ has taken my pencil किसी ने मेरी पेंसिल ले ली है; ~ is waiting outside ≈ बाहर इन्तज़ार कर रहा है; I want ~ to help me मैं चाहता हूँ कि कोई मेरी सहायता करे. **2.** कोई बड़ा आदमी : he is ~ in his village गाँव में वह कोई ≈ है. **~how** *adv.* किसी तरह^F : don't worry, we'll do that ~ चिंता^{F} न करो, हम उसे ≈ करेंगे; we found out the address ~ हमने ≈ पता ढूँढ़ लिया; we ~ succeeded in our aim ≈ हम अपने उद्देश्य में सफल हो गए. **~thing** सम्'थिङ्ग : we must do ~ हमें ≈ करना चाहिए; give me ~ to read मुझे ≈ पढ़ने के लिए दो; ~ is better than nothing ≈ नहीं से ≈ तो अच्छा है; there is ~ in the box संदूक में ≈ है; father has brought ~ for me पिताजी मेरे लिए ≈ लाए हैं; I saw ~ in the dark मैंने अंधेरे में ≈ देखा. **~time** *adv.* किसी समय : ~ or the other कभी-न-कभी; we will meet ~ next month हम अगले महीने ≈ मिलेंगे. **~times** *adv.* कभी-कभी, यदा-कदा : I go there ~ मैं वहाँ ≈ जाता हूँ; he is ~ at home in the morning सुबह वह ≈ घर पर रहता है. **~what** *adv.* कुछ-कुछ, ज़रा-सा, किंचित् : it is ~ doubtful यह ≈ संदेहास्पद है; today is ~ cold आज ≈ ठंड^F है; he is ~ better वह ≈ चंगा है; **~where** *adv.* कहीं : they sent him ~ उन्होंने उसे ≈ भेज दिया; they went away ~ वे ≈ चले गए; I kept the books ~ मैंने किताबें ≈ रख दीं; he lives ~ near our house वह हमारे घर के पास ≈ रहता है; I have read it ~ मैंने इसे ≈ पढ़ा है.

-some *suff.* makes *adj.* : burdensome, handsome, quarrelsome, troublesome, wholesome.

son सन n^c. लड़का, बेटा, पुत्र [eldest सबसे बड़ा, little छोटा, married विवाहित, only अकेला, youngest सबसे छोटा]; she has two ~s and a daughter उसके दो लड़के और एक लड़की है; ~-in-law दामाद, जामाता; a ~-in-law is one's daughter's husband दामाद किसी की लड़की का पति होता है. [*fem.* daughter]

song सॉङ्ग n^c. **1.** गीत, गाना [beautiful सुंदर, English अंग्रेज़ी, familiar परिचित, folk लोक, new नया]; she sang three ~s in the class उसने कक्षा^{F} में तीन गीत गाए; I composed many ~s मैंने कई ≈ रचे; you should not sing such ~s तुम्हें ऐसे गीत नहीं गाने चाहिए. **2.** (of a bird) बोली^{F}, चहचहाहट^F [lively जीवंत, lovely प्यारा]; you may hear the ~s of birds in the morning सुबह^F तुम पक्षियों का चहचहाना सुन सकते हो. **songster** साङ्ग्'स्टर n^c. **1.** गायक, गवैया : prominent ~ प्रसिद्ध ≈; Mukesh Kumar was a popular ~ of India मुकेश कुमार भारत के लोकप्रिय ≈ थे. **2.** (poet) कवि, गीतकार : Majrooh Sultanpuri is a great ~ मजरूह सुल्तानपुरी एक महान् ≈ हैं. **3.** (~ bird) गानेवाला पक्षी. [*fem.* songstress]

soon सून *adv.* **1.** (in a short time) जल्दी, शीघ्र ही, तुरंत, झट : ~ I began to understand what he meant शीघ्र ही मैं

समझने लगा कि उसका क्या मतलब है; ~ after the event I went away घटना के तुरंत बाद मैं चला गया; I want to see you again ~ मैं आपसे पुनः जल्दी मिलना चाहता हूँ; what made you come so ~ तुम्हें इतनी जल्दी क्यों आना पड़ा; in this way we shall finish the work so ~ इस तरह हम इतनी जल्दी काम समाप्त कर देंगे. **2.** too ~ (early) समय से पहले : the work will be finished too ~ काम समय से पहले समाप्त कर दिया जायगा. [*ant.* late] Δ **as ~ as** (i) ज्यों ही : as ~ as I reached the station the train left ≈ मैं स्टेशन पहुँचा गाड़ी छूट गई; (ii) जितना जल्दी : I shall see you as ~ as I can ≈ हो सका तो मैं आपसे मिलूँगा; **~er or later** कभी-न-कभी : they will meet ~er or later कभी-न-कभी वे मिलेंगे; ~er or later you will get the chance कभी-न-कभी तुम्हें अवसर मिलेगा; **no ~er than** ज्यों ही. . . त्यों ही : no ~er had they gone than. . . ज्यों ही वे चले गए त्यों ही...

soot सूट n^u. कालिख^F : smoke has left some ~ inside the chimney धुएँ ने चिमनी^{F} के अंदर कुछ ≈ छोड़ दी है.

soothe सूद *v.t.* **1.** शांत करना, प्रशमित करना : to ~ an angry man नाराज़ आदमी को ≈; mother was soothing the crying child माँ रोते हुए बच्चे को शांत कर रही थी. **2.** (mitigate) कम करना : they needed medicine to ~ pain दर्द कम करने के लिए उन्हें दवा^{F} की आवश्यकता^{F} थी. **3.** (satisfy, flatter) खुश करना, रिझाना : he has ~d his parents by his result अपने परिणाम से उसने माता-पिता को खुश कर दिया.

soothsayer सूथ्'सेअर *n.* भविष्यवक्ता : I have no faith in the predictions of ~s मुझे भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणियों^{F} पर विश्वास नहीं है.

sophisticated सॅफ़िस्'टिकेटिड *a.* **1.** व्यवहार-कुशल, दुनियादार [householder गृहस्थ, person व्यक्ति, trader व्यापारी]; she has become ~ since her stay in France फ्रांस में रहने के बाद वह ≈ हो गई है. **2.** (refined) परिष्कृत [form रूप, weapons शस्त्र]; his interests are ~ उसकी रुचियाँ^{F} ≈ हैं. **3.** (well-informed) सुविज्ञ [friend मित्र, scholar विद्वान्, student छात्र]; he is the most ~ person in your family तुम्हारे परिवार में वह सबसे ≈ व्यक्ति है. **4.** (complex) जटिल [experiment प्रयोग, machine मशीन^F, process प्रक्रिया^{F}, technique तकनीक].

sore सॉर **I.** *a.* **1.** (painful) दुखता (हुआ) [foot पैर, throat गला]; ~ eyes दुखती आँखें; his leg is ~, he has a ~ leg उसकी टाँग^F दुखती है. **2.** (sad) दुःखी : he is ~er than his friend Raman वह अपने रामन से ज्यादा ≈ है; he was ~ at heart about smth वह किसी बात^F पर दिल से ≈ था. **3.** (causing sorrow) दुःखद : ~ point ≈ बिंदु; don't touch his ~ aspects उसके ≈ पहलुओं को मत छुओ; these are the ~st days of his life यह उसके जीवन के सबसे ≈ दिन हैं. **4.** (irritated) नाराज़ : he got ~ with his friend वह अपने मित्र से ≈ हो गया. **II.** n^c. **1.** फोड़ा : I have a ~ on my hand मेरे हाथ में एक ≈ है; his ~ was so painful that he did not go to school उसका ≈ इतना कष्टमय था कि वह विद्यालय नहीं गया; you must take medicine otherwise the ~ will get worse तुम्हें दवा^{F} लेनी चाहिए नहीं तो ≈ और ख़राब हो जाएगा. **2.** अप्रिय विषय, दुःखद-स्मृति^{F} : unnecessary ~ अनावश्यक ≈; don't open old ~s पुरानी दुःखद बातें/स्मृतियाँ मत खोलो.

sorrow सॉ'रो **I.** n^c. **1.** (distress) दुःख, व्यथा^{F}, क्लेश [great महान्, unbearable असहनीय]; joys and ~s of life जीवन के सुख और दुःख; he always things of the ~s of life वह हमेशा जीवन के दुःखों के बारे में सोचता रहता है. **2.** (sadness) शोक, विषाद : his heart was full of ~ उसका हृदय शोकाकुल था; when I met him he was in deep ~ जब मैं उससे मिला तो वह गहरे शोक में था; I saw the woman in ~ मैंने उस स्त्री^{F} को शोकग्रस्त देखा; he is weighed down with ~ वह ≈ से झुक गया है. [*ant.* joy] **II.** *v.t.* दुःखी होना, शोक करना या मनाना : why do you ~ for/after the bygone तुम अतीत का शोक क्यों करते हो ? we ~ed deeply when our

grandfather died जब हमारे दादा/पितामह मरे तो हमने गहरा शोक मनाया. **sorrowful** सॉ'रोफुल *a.* **1.** दुःखी, उदास [boy लड़का, woman औरत]; she was ~ when the boy did not turn up till late at night लड़के के देर रात^{F} तक न लौटने से वह ≈ थी; the dog was as ~ as his master कुत्ता उतना ही दुःखी था जितना कि उसका मालिक. **2.** (causing sorrow) दुःखद, दुःखपूर्ण [crying चिल्लाहट^{F}, news समाचार, tale कहानी^{F}]; I heard the ~ voice in the night and came out of the house to know the reason मैंने रात^{F} में ≈ आवाज़ सुनी और कारण जानने के लिए घर से बाहर आ गया. **sorry** सॉ'रि *a.* **1.** दुःखी, खेदपूर्ण : I am ~ that he could not come here मुझे खेद है कि वह यहाँ नहीं आ पाया; I am ~ for the man who was hurt मुझे उस आदमी के लिए खेद है जिसे चोट^{F} लग गई थी; I am ~ about so much delay मुझे इतने विलंब के लिए खेद है; I am ~ to hear that you are ill मुझे यह सुनकर दुःख हुआ कि आप बीमार हैं. [*ant.* glad] **2.** (of poor quality) घटिया, बुरा : these goods are in a ~ condition यह माल बुरी हालत^{F} में है; he cut a ~ figure at the stage वह स्टेज पर अपना पार्ट अच्छी तरह अदा न कर सका. **3.** (pitiful) दयनीय [condition स्थिति^{F}, state अवस्था^{F}]; the hotel is in a ~ plight होटल की दशा^{F} दयनीय है. **4.** ~ fellow अभागा; ~ excuse असंतोषजनक बहाना.

sort सॉर्ट **I.** *n*^{c}. **1.** (kind) किस्म^{F}, प्रकार [excellent उत्कृष्ट, new नयी, ordinary साधारण]; these ~s of things resemble each other इस प्रकार की चीज़ें एक-दूसरे से मिलती हैं; what ~s of garments do you want तुम किस ≈ के पहरावे चाहते हो? different ~ of birds are found in a zoo चिड़ियाघर में विभिन्न ≈ के पक्षी पाए जाते हैं; guava is a ~ of fruit अमरूद एक ≈ का फल होता है; what ~ of plant is that वह किस ≈ का पौधा है? people of that ~ never succeed in life इस ≈ के लोग जीवन में कभी सफल नहीं होते. **2.** (in other contexts) a ~ of peace तथाकथित शांति^{F}; coffee of a ~ बहुत साधारण कॉफ़ी^{F}; in some ~s कुछ हद तक. Δ **out of ~s** अस्वस्थ, उदास, खिन्न : he is out of ~s these days आजकल वह बहुत खिन्न रहता है. **II.** *v.t.* **1.** (to separate into groups) छाँटना : they ~ letters in the post-office वे डाकघर में चिट्ठियाँ^{F} छाँटते हैं; mother ~ed out clothes माँ ने कपड़े छाँट लिए; he ~ed the pencils by their colour उसने पेंसिलों^{F} को रंग के हिसाब से छाँट दिया. **2.** (select) छाँटना, चुनना, पसंद करना : father asked me to ~ anyone of the pen पिताजी ने मुझे कोई भी पेन चुन लेने को कहा.

S.O.S. Save Our Soul.

sought सॉट *v.t. past* and *p.p.* of 'seek' *q.v.* they ~ for their dog everywhere वे अपने कुत्ते को सब जगह^{F} ढूँढते रहे; I ~ his help मैंने उसकी सहायता माँगी.

soul सोल *n.* **1.** आत्मा^{F} : ~ is invisible and immortal आत्मा अदृश्य और अमर है; ~ lives even when the body perishes शरीर के नष्ट हो जाने पर भी ≈ जीवित रहती है; his ~ lives with us उसकी ≈ हमारे संग-साथ रहती है. **2.** (person) व्यक्ति : you must not tell a ~ about it इस बारे में किसी ≈ को न बताना; not a ~ was there to be seen वहाँ एक भी व्यक्ति दिखाई न दे रहा था. **3.** (life) जान^{F} : thousands of ~s were destroyed in the earthquake भूकंप में हज़ारों जानें नष्ट हो गईं; he is the ~ of our party वह हमारी पार्टी की जान है; he put his heart and ~ into it उसने इस काम में जी-जान लगा दी. **4.** (embodiment) मूर्त-रूप, अवतार : he is the ~ of all virtues वे सभी गुणों के अवतार हैं. **5.** a good ~ भला आदमी; poor ~ बेचारा. [*as distinct from* sole]

sound साउंड **I.** *n*^{c}. **1.** (noise) ध्वनि^{F}, शब्द, आवाज़^{F} [loud ज़ोर की, musical संगीतमय, soft कोमल, strange विचित्र]; he did not alter his ~ उसने अपनी आवाज़ नहीं बदली; not a ~ came from the room कमरे से कोई आवाज़ तक नहीं आई; he cannot produce the correct ~ वह सही ध्वनि नहीं उत्पन्न कर सकता. **2.** (din) शोर, शोरगुल [slow धीमा, terrifying भयानक, unpleasant

दु:खद]; hearing the ~ hundreds of men gathered ≈ सुनकर सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए; you must not make ~ तुम्हें ≈ नहीं करना चाहिए. **3.** (earshot) श्रवणसीमा^F : he was within the ~ of a gun वह तोप^F की ≈ के भीतर था. **II.** *a.* **1.** (healthy) स्वस्थ, तन्दुरुस्त [body शरीर, mind मन]; his constitution is ~ उसकी काठी^F ≈ है; ~ mind in a ~ body स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन. **2.** (free from defect) सही [arguments तर्क, judgement निर्णय, opinion मत]; I got home safe and ~ मैं अपने घर सही-सलामत पहुँच गया. **3.** (well-founded) ठोस, पक्का, युक्तियुक्त [plan योजना^F, proof प्रमाण, reason कारण, suggestion सुझाव, training प्रशिक्षण]; he made a ~ scheme to plead the case उसने मुकदमें की पैरवी के लिए ठोस योजना^F बनाई. **4.** (deep) ~ sleep गहरी नींद^F : she is a ~ sleeper वह ≈ नींद सोने वाली है. **5.** (accurate) शुद्ध, सही : my spelling is not quite ~ मेरी वर्तनी^F बिल्कुल ≈ नहीं है. **6.** (person) विश्वसनीय : he is a ~ member of his gang वह अपने/उसके गैङ्ग का ≈ सदस्य है. **7.** (thorough) खूब : ~ beating खूब पिटाई^F. **III.** *v.t.i.* **1.** (produce ~) ध्वनि^F निकालना, बजाना : ~ the bell घंटी^F बजाओ; the bell ~ed घंटी^F बजी; her voice ~ed loud in the room कमरे में उसकी ध्वनि ज़ोर से निकली; to ~ the trumpet तुरही^F बजाना. **2.** (seem) लगना, जान पड़ना, मालूम पड़ना : this ~s reasonable यह उचित जान पड़ता है; how sweet does the music ~ संगीत कितना मधुर लगता है; the idea ~ed interesting विचार दिलचस्प लगा; these worldly things ~ well ये सांसारिक चीज़ें अच्छी लगती हैं; these words ~ alike यह शब्द एक से लगते हैं; it ~s as if he will not survive लगता है, मानो वह बचेगा नहीं. **3.** (express) व्यक्त करना : they are free to ~ their opinions वे अपना मत व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं. **4.** (pronounced) उच्चारित होना : in 'knell' and 'know' K is not ~ed इन दो शब्दों में 'क' उच्चारित नहीं होता. **5.** (test the depth) थाहना, गहराई^F नापना : now it is not difficult to ~ the deep seas अब गहरे समुद्रों की गहराई नापना कठिन नहीं है. **6.** (consult smb) मन की थाह^F लेना, मन टटोलना : let me first ~ the chairman मुझे पहले अध्यक्ष के मन की थाह लेने दें.

soup सूप *n.* शोरबा, रसा, सूप [boiled उबला हुआ, cold ठंडा, hot गर्म]; a plate of ~ एक प्लेट सूप; she prepared a delicious ~ for dinner उसने शाम के खाने के लिए स्वादिष्ट ≈ बनाया; she made tomato ~ उसने टमाटर का ≈ बनाया.

sour साउअर **I.** *a.* **1.** (taste) खट्टा [fruit फल, lemon नीबू, taste स्वाद]; the milk turned ~ in the evening दूध शाम को ≈ हो गया; grapes are ~ अंगूर खट्टे हैं; some mangoes are ~ (to taste) कुछ आम (स्वाद में) खट्टे होते हैं. **2.** (embittered) कड़वी [medicine दवा^F, wine शराब^F]; it is very ~, you cannot drink it यह बहुत ही ≈ है तुम इसे पी नहीं सकते. **3.** (peevish) चिड़चिड़ा [behaviour व्यवहार, nature स्वभाव]; the boy is very ~ लड़का बहुत चिड़चिड़ा है. **4.** (in other contexts) ~ bread ख़मीरी रोटी^F; ~ soil गीली मिट्टी^F. **II.** *v.t.i.* **1.** खट्टा बनना या बनाना : to ~ the soup सूप को खट्टा बनाना; the milk has ~ed दूध खट्टा हो गया है. **2.** चिड़चिड़ा बनाना या बनना : his nature has ~ed उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो गया है.

source सॉर्स *n.* **1.** (origin) स्रोत, उद्‌गम : the ~ of the river Yamuna is Yamunotri glacier यमुना नदी का उद्‌गम यमुनोत्री हिमनद है; what is the ~ of this information इस जानकारी^F का ≈ क्या है ? the epics are the ~ of so many dramas महाकाव्य बहुत सारे नाटकों का स्रोत है. **2.** (primary cause) मूल कारण : to find out the ~ of dispute झगड़े के ≈ का पता लगाना; what is the ~ of trouble दिक्कत^F का ≈ क्या है ? **3.** (authority) प्रमाण, आधार : to present the ~ of one's statement in the court न्यायालय में अपने कथन का ≈ प्रस्तुत करना. **4.** (of news) सूत्र : it has come to be known from reliable ~s विश्वस्त सूत्रों से यह जाना गया.

south साउथ **I.** *n*ᵘ. दक्षिण, दक्खिन : the climate of the ~ is hot ≈ की जलवायु गर्म है; Tarun lives in the extreme ~ of our school तरुण हमारे स्कूल के धुर ≈ में रहता है; the road runs north and ~ सड़क उत्तर-≈ है; the wind is running from the ~ हवा^F दक्षिण से आ रही है; the monsoon comes from the ~ मानसून ≈ से आता है; the South दक्षिण भारत. **II.** *a.* दक्षिण, दक्षिणी : ~ direction ≈ दिशा^F; ~ coast ≈ तट; ~ India ≈ भारत; ~ pole ≈ ध्रुव; ~ railway ≈ रेलवे. **~east** *n*ᵘ. दक्षिण-पूर्व : in the ~-east Delhi दिल्ली के ≈ में; the ~-east is animportant part of India भारत का ≈ भाग बहुत ही महत्वपूर्ण है. **southerly** सॅ'दर्लि *n*ᶜ. पुरवैया, पूर्वी हवा^F. **southern** सॅ'दर्न *n.* & *a.* दक्षिणी, दक्खिनी : ~ hemisphere ≈ गोलार्द्ध; the ~ Indian States are prosperous ≈ भारतीय राज्य समृद्ध हैं. **southwards** सॉउथ्'वर्डज़ *adv.* दक्षिण की ओर; I have to travel ~ मुझे ≈ की यात्रा^F करनी है; they proceeded ~ वे ≈ बढ़ चले. **southwest** साउथवेॅस्ट *n.* दक्षिण-पश्चिम : they went to the ~ वे ≈ को गए; there is a theatre in the ~ of Calcutta कलकत्ता के ≈ में एक थिएटर है; the ~ wind is blowing ≈ हवा^F बह रही है.

souvenir सूव़ॅनिअर्' *n.* निशानी^F, स्मृतिचिह्न, स्मारिका^F : the ~ reminds me of that conference यह ≈ मुझे उस सम्मेलन की याद^F दिलाती है; he gave her a ring as a ~ उसने ≈ के रूप में उसे एक अंगूठी^F दी; this embroidery is a ~ of our visit to her house यह चिकन/कशीदा उसके घर जाने का स्मृतिचिह्न है.

sow सो **I.** *v.t.* (sowed, sown) **1.** बोना : to ~ barley जौ बोना; they ~ed the field with wheat उन्होंने खेत में गेहूँ बो दिया; have you ~n any seeds क्या तुमने कोई बीज बोए हैं; it is too early to ~ wheat गेहूँ बोने में अभी बहुत जल्दी है; the field has been ~n with gram खेत में चना बोया गया है. (fig.) **to ~ seeds of enmity, hatred** शत्रुता^F, घृणा^F के बीज बोना. Δ **as you ~ so shall you reap** जैसा बोओगे वैसा काटोगे. **2.** (implant) रोपना : to ~ paddy धान की रोपाई^F करना. [*ant.* reap] **II.** सॉउ *n*ᶜ. सूअरी^F, सूकरी^F : the ~ has a litter of piglets ≈ के एक झोल घेंटुए/छौने होते हैं. [male pig; *as distinct from* so, sew]

S.P. Superintendent of Police.

sp. spelling.

space स्पेस **I.** *n*ᶜ. **1.** (of universe) अंतरिक्ष [open खुला, unlimited असीमित, wide विस्तृत]; ~craft, ~ship ≈ यान; ~ flight ≈ उड़ान^F; ~ man ≈ यात्री; ~ travel ≈ यात्रा^F; they succeeded in going into the ~ वे ≈ में जाने में सफल रहे; planets move in the ~ ग्रह ≈ में गति करते हैं; Yuri Gagarin was the first man to go into the ~ यूरी गगारिन ≈ में जाने वाला पहला व्यक्ति था. **2.** (period of time) अवधि^F : much ~ बहुत ≈; it was done in the ~ of two hours इसे दो घंटे की ≈ में कर डाला गया. **3.** (room) जगह^F, स्थान : empty ~ ख़ाली ≈; put the chair in the ~ between the two tables कुर्सी को दो मेज़ों के बीच की जगह^F में रख दो, there is an open ~ in front of our house हमारे घर के सामने खुली जगह है; there is no ~ for this couch इस पलंग के लिए कोई जगह नहीं है; leave some ~ at the bottom of the page पृष्ठ के नीचे कुछ जगह छोड़ दो. **4.** ~ and time देश और काल. **II.** *v.t.* में अंतर रखना, के बीच में स्थान छोड़ना : to ~ lines, words पंक्तियों, शब्दों के बीच में ≈; ~ the chairs कुर्सियों के बीच-बीच में स्थान छोड़ दो; the pegs may be ~d to one metre apart खूँटियाँ^F एक-एक मीटर के अंतर पर रखी जाएँ. **spacious** स्पे'शस *a.* लंबा-चौड़ा, विस्तृत, खुला [hall हाल, plain मैदान, room कमरा]; there is a ~ playground in the school विद्यालय में एक ≈ क्रीड़ास्थल है; your dining room is quite ~ आपका भोजन-कक्ष काफ़ी ≈ है. [*as distinct from* specious बाहर से सुन्दर]

spade स्पेड **I.** *n*ᶜ. **1.** (tool) फावड़ा, कुदाल : we dig with a ~ हम ≈ से खोदते हैं; a ~ is

made of iron, with a long handle of wood फावड़ा लकड़ी^{F} के लंबे हत्थे वाला और लोहे का बना होता है. Δ **to call a ~ a ~** साफ़-साफ़ अपनी बात^{F} कहना, खरी-खरी सुनाना. **2.** (cards) हुकुम का पत्ता : a ~ is black in colour ≈ काले रंग का होता है.

span स्पैन **I.** n^{c}. **1.** (hand ~) बित्ता, बालिश्त : what is the measure of his ~ उसके बित्ते की नाप^{F} कितनी है ? an adult man's ~ is about 9 inches एक प्रौढ़ व्यक्ति का ≈ नौ इंच होता है. **2.** (width) चौड़ाई^{F}, फैलाव, पाट : the ~ of the bridge between two pillars is fifty metres पुल के दो खंभों का पाट पचास मीटर है. **3.** (space of time) अवधि^{F} : I have learnt much in the long ~ of my life मैंने अपने जीवन की लंबी अवधि में बहुत कुछ सीखा है; he will be the chief of the factory for a ~ over three years वह तीन साल से ऊपर की अवधि तक कारखाने का प्रमुख रहेगा. **II.** *v.t.* **1.** (extend across) आर-पार फैला होना : the bridge ~s the river पुल नदी^{F} के आर-पार फैला है. **2.** पार कर जाना : it is not easy to ~ the river Ganga गंगा नदी^{F} को पार करना आसान नहीं है. **3.** (measure with hand) बित्ते से नापना : to ~ the wall with hand बित्ते से दीवार^{F} नापना.

spare स्पेंअर **I.** *a.* **1.** (lean) दुबला-पतला : I saw an old man of ~ frame sitting in the sun मैंने धूप^{F} में बैठा एक दुबली-पतली काठी वाला बूढ़ा आदमी देखा. **2.** (extra) फ़ालतू [bed बिस्तर, copy प्रति^{F}, pencil पेंसिल]; have you any ~ ticket क्या आपके पास कोई ≈ टिकट है ? he spent all his ~ time in playing chess उसने शतरंज खेलने में अपना सारा ≈ समय बिता दिया; I have no ~ time मेरे पास ≈ समय नहीं है; we do not have a ~ room for guests हमारे पास अतिथियों के लिए ≈ कमरा नहीं है. **II.** n^{c}. (~ part) अतिरिक्त या फ़ालतू पुरज़ा : can you give me some ~s for my machine क्या तुम मेरी मशीन^{F} के लिए कुछ अतिरिक्त पुरज़े दे सकते हो ? **III.** *v.t.* **1.** (save) बचाना, से बचना, से बचा रहना : if God ~s my life, I will make amends for all that यदि ईश्वर मेरी जान बचा ले तो मैं अपना सब सुधार करूँगा; ~ yourself the trouble of reading the whole story पूरी कहानी^{F} पढ़ने के कष्ट से बचिए. **2.** (refrain from) नहीं करना, से बाज़ रहना : you should ~ yourself from such work तुम्हें ऐसा काम नहीं करना चाहिए. **3.** (be merciful) बख़्श देना, क्षमा^{F} कर देना, दयावश छोड़ देना : terrorists ~d the lives of children आतंकवादियों ने बच्चों की जान^{F} बख़्श दी, बच्चों को दयावश छोड़ दिया; I asked my father to ~ him मैंने अपने पिताजी से कहा कि उसे क्षमा कर दें. **4.** (dispense with) छोड़ देना, के बिना काम चलाना : I cannot ~ a single servant मैं एक भी नौकर छोड़ (दे) नहीं सकता; no one can be ~d from our office हमारे कार्यालय से किसी को छोड़ा नहीं जा सकता. **5.** (give) दे देना : we have not a minute to ~ हमारे पास एक मिनट भी देने के लिए नहीं है, हम एक मिनट भी नहीं दे सकते; will you ~ some time for me आप मुझे कुछ समय देंगे (दे सकेंगे) ?

spark स्पार्क **I.** n^{c}. **1.** (of fire) चिनगारी^{F} : the smallest ~ may flare into the biggest flame एक छोटी-से-छोटी ≈ बड़ी भारी ज्वाला^{F} बनकर भड़क सकती है; ~s were rising into the air चिनगारियाँ हवा^{F} में उठ रही थीं; a ~ from the joint of electric wires burnt several buildings बिजली^{F} के तारों के जोड़ से (उठी) एक ≈ ने कई इमारतों को जला दिया. **2.** (wit) चुटकुला, लतीफ़ा : he presented the best ~ in the meeting उसने बैठक^{F} में सबसे अच्छा ≈ प्रस्तुत (पेश) किया. **3.** (brilliance) चमक^{F}, दमक^{F} : there was ~ on her face, his forehead उसके चेहरे, उसके माथे पर ≈ थी. **4.** (vitality) जान^{F}, शक्ति^{F} : soul is the ~ of every being आत्मा हर प्राणी की ≈ है. **5.** (livelness) ज़िंदादिली^{F} : his ~ is praiseworthy उसकी ≈ तारीफ़^{F} के लायक है. **6.** (trace) लेशमात्र : he did not have a ~ of honesty उसमें ईमानदारी^{F} का ≈ नहीं था. **II.** *v.i.* **1.** चिनगारियाँ^{F} निकलना, छूटना : coals are

~ing कोयलों से चिनगारियाँ निकल (छूट) रही हैं. 2. ~ **off** (stir) छेड़ना : the discussion ~ed off controversy परिचर्चा^{F} से विवाद छिड़ गया. **sparkle** स्पार्'कल : *v.i.* 1. चिनगारियाँ छोड़ना : the fire was ~ling आग^F से चिनगारियाँ निकल रही थीं. 2. (glitter) चमकना, झिलमिलाना : gems ~ in the light प्रकाश में रत्न चमकते हैं; her eyes ~ed withjoy खुशी^{F} से उसकी आँखें चमक उठीं; the moon ~s is the night चंद्रमा रात^F में चमकता है. 3. (twinkle) टिमटिमाना : you can see the stars ~ing in the dark night आप अंधेरी रात^F में तारे टिमटिमाते देख सकते हैं. **sparkling** स्पार्क'लिङ्ग *a.* 1. चमकदार [metal धातु^{F}, thing वस्तु^{F}]; she has a ~ diamond in her ring उसकी अंगूठी^{F} में एक ≈/चमकता हीरा है; eye ~ with delight खुशी^{F} से चमकती आँखें^{F}. 2. (witty) वाग्विदग्ध [student छात्र, worker मज़दूर]; he is the most ~ leader of the party वह पार्टी^{F} का सबसे ज़्यादा ≈ नेता है. 3. (lively) ज़िंदादिल : I like ~ and jovial people मुझे ≈ और हँसमुख लोग पसंद हैं.

sparrow स्पै'रो n^c. गौरैया, चिड़ा, चिड़ी : ~ is a small brownish bird ≈ एक छोटी भूरी चिड़ियाँ है; ~s make their nests in houses ≈ घरों में अपने घोंसले बनाती हैं; a ~ eats insects ≈ कीड़े खाती है.

spat स्पैट *v. past* of 'spit'; the baby ~ out the toffee बच्चे ने टाफ़ी^{F} थूक दी.

speak स्पीक *v.i.* (*p.* spoke, *p.p.* spoken) 1. (talk) बोलना : a dumb person cannot ~ गूँगा आदमी बोल नहीं सकता; who ~s the truth सच कौन बोलता है? ~ the truth सत्य बोलो; this actor ~s his part well यह अभिनेता अपना पार्ट अच्छी तरह बोलता है; he spoke slowly to his friend वह अपने मित्र से धीरे से बोला; she has never spoken in a public meeting before सार्वजनिक सभा^{F} में वह पहले कभी नहीं बोली थी; he ~s English वह अंग्रेजी बोलता है. 2. (discourse) भाषण देना : who will ~ at the public meeting सार्वजनिक सभा^{F} में भाषण कौन देगा? I spoke for ten minutes मैंने दस मिनट तक भाषण दिया. 3. (talk to) बात^F करना : can I ~ **to** you just now क्या मैं इसी समय आपसे बात कर सकता हूँ? he did not ~ about it उसने इस बारे में बात^F नहीं की; he always ~s **of** his own son वह सदा अपने बेटे की बात^F करता है; he decided to ~ to the director उसने निदेशक से बात करने का निश्चय किया. 4. (of music) बजना, बोलना : his piano ~s very well उसका पियानो बहुत अच्छा बजता है. Δ (phrases) **to ~ for** (i) की ओर से बोलना : I am ~ing for my party मैं अपने दल की ओर से बोल रहा हूँ; I am only ~ing for myself मैं केवल निजी राय दे रहा हूँ; (ii) I spoke for the proposition मैं प्रस्ताव के पक्ष में बोला; (iii) the facts ~ for themselves तथ्य अपने में बहुत स्पष्ट हैं; **to ~ one's mind** मन की बात^F साफ़-साफ़ कह देना : I spoke my mind without hesitation मैंने बिना झिझक^F के अपना मत प्रकट कर दिया; **to ~ of/about** के बारे में चर्चा^{F} करना; he spoke of the proposal which was not discussed earlier उसने उस प्रस्ताव के बारे में चर्चा^{F} की जिस पर पहले बहस^F नहीं हुई थी; **to ~ up/out** ऊंचे स्वर में बोलना : please ~ out/up, we did not follow what you said कृपया ऊंचे स्वर से बोलिए, हम कुछ नहीं समझे कि आपने क्या कहा; **so to ~** कहने को, एक प्रकार से : he is our leader, so to ~ ≈ वह हमारा नेता है; **to ~ volumes** ज़बरदस्त प्रमाण होना : this episode ~s volúmes about his character यह प्रसंग उसके चरित्र के बारे में ज़बरदस्त प्रमाण उपस्थित करता है; **to ~ well of** की प्रशंसा^{F} करना : he spoke well of my qualifications उसने मेरी योग्यताओं की प्रशंसा^{F} की. **speaker** स्पी'कर n^c. 1. बोलने वाला, वक्ता [brilliant उत्कृष्ट, eloquent ज़ोरदार, last अंतिम]; he is a good writer but poor ~ वह एक अच्छा लेखक है लेकिन कमज़ोर वक्ता; who is the main ~ at the meeting मीटिंग में मुख्य वक्ता कौन है? 2. (of Parliament) अध्यक्ष : he was elected ~ of the Lok Sabha for five years उसे पाँच वर्ष के लिए लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया.

spear स्पिअर **I.** n^c. बरछा, भाला [rusted मोर्चाया हुआ, short छोटा]; ~ is a long thin weapon with a pointed end ≈ एक लंबा पतला नोकदार/सिरे वाला शस्त्र होता है; he was armed with a ~ and a shield वह भाले और ढाल^F से लैस था. **II.** *v.t.* भाले से मारना, भाला मारना : he ~ed the lion boldly साहस के साथ उसने शेर को भाला मार दिया; they ~ fish in the sea वह समुद्र में भाले से मछलियाँ^{F} मारते हैं. ~ **head I.** n^c. **1.** (of army) सेनामुख, हरावल^F : the general ordered the ~ to attack सेनापति ने ≈ को आक्रमण करने का आदेश दिया. **2.** (leader) अग्रणी : to work as a ~ of an organisation किसी संगठन के अग्रणी के रूप में काम करना. **II.** *v.t.* नेतृत्व करना, अगुवाई^F करना : to ~-head the movement, procession आंदोलन, जुलूस का नेतृत्व करना; the infantry ~ headed the attack पैदल सेना ने आक्रमण का नेतृत्व किया.

special स्पें'शल *a.* **1.** (particular) विशेष, ख़ास [attention ध्यान, diet आहार, interest रुचि^{F}, occasion अवसर]; nothing ~ happened today कोई ≈ घटना^{F} नहीं हुई; it is a ~ day in my life मेरे जीवन का यह ≈ दिन है; I have ~ reasons for thinking so इस प्रकार सोचने का मेरा ≈ कारण है; he was my ~ friend वह मेरा ख़ास दोस्त था. **2.** (not common) असामान्य, असाधारण [message संदेश, place स्थान]; it was a ~ session of the Parliament यह संसद का ≈ सत्र था. [*ant.* general] **specialist** स्पें'शॅलिस्ट n^c. विशेषज्ञ [experienced अनुभवी, unknown अपरिचित, young युवा]; he is a ~ in agriculture वह कृषि^{F} का विशेषज्ञ है; he is a well-known eye specialist वह सुविख्यात नेत्र ≈ है; Dr. K is a heart ~ डॉ. क हृदयरोग ≈ हैं. **speciality** स्पेशिऐ'लिटि n^c. **1.** विशेषता^{F} [important महत्वपूर्ण, rare दुर्लभ]; what is the new ~ in it इसमें कौन-सी नई ≈ है? **2.** विशेष/प्रमुख विषय : he made agriculture his ~ उसने कृषि^{F} को अपना विशेष विषय बना लिया. **3.** विशेष-वस्तु^{F}/उत्पाद : ice cream is the ~ of this restaurant आइसक्रीम^F इस रेस्टोरेंट की ≈ है. **4.** विशेष गुण : music is her ~ संगीत उसका ≈ है. **specialize** स्पें'शॅलाइज़ *v.i.* विशेष अध्ययन करना, विशेषज्ञ होना : he has ~d in old people's ailments उसने बूढ़े लोगों की बीमारियों^{F} पर विशेष अध्ययन किया है. **specially** स्पें'शॅलि *adv.* विशेष रूप से, विशेषत: : these shoes were made ~ to order ये जूते विशेष आदेश से बनवाए गए हैं; he has ~ invited you उसने विशेष रूप से आपको आमंत्रित किया है; cake ~ made for his birthday विशेष रूप से उसके जन्मदिन के लिए बनाया गया केक; he is appointed manager ~ for this fair उसे ≈ इस मेले के लिए मैनेजर नियुक्त किया गया है.

species स्पी'शीज़ n^c. (*pl.* species) **1.** प्रजाति^{F} [new नयी, rare दुर्लभ]; there are several ~ of butterflies तितलियों^{F} की कई प्रजातियाँ हैं; it is a new ~ of insects यह कीड़ों की नई ≈ है; the ~ or our ~ मानव जाति^{F}. **3.** (sort) प्रकार, किस्म^F : improved ~ शोधित ≈; a new ~ of paddy धान की नई किस्म; this ~ of wheat is highly productive गेहूँ की यह किस्म अधिक उत्पादकता वाली है.

specific स्पें'सि'फ़िक *a.* **1.** (particular) विशिष्ट [aim ध्येय, cause कारण, language भाषा^{F}, purpose उद्देश्य, style शैली^{F}]; they are doing these things with ~ ends वे किसी ≈ प्रयोजन से ये काम कर रहे हैं; is there anything ~ to note क्या ध्यान देने लायक कोई ≈ बात^F है? **2.** (definite) निश्चित, सुस्पष्ट : ~ advice ≈ सलाह^F; ~ instructions were given to the recruits रंगरूटों को ≈ निर्देश दिए गए थे; the order was ~ आदेश ≈ था. **3.** (of species) प्रजातिगत : ~ name of a plant किसी पौधे का ≈ नाम. **specify** स्पें'सिफ़ाइ *v.t.* (specified) स्पष्ट/ब्यौरेवार उल्लेख करना : he has specified the terms of the contract उसने संविदा^{F} की शर्तों^{F} का स्पष्ट/ब्यौरेवार उल्लेख किया है; the teacher specified grammatical mistakes अध्यापक ने व्याकरणगत अशुद्धियों का स्पष्ट/ब्यौरेवार उल्लेख किया.

specimen स्पें'सिमिन n^c. **1.** नमूना [excellent

उत्कृष्ट, typical आदर्शभूत]; ~ paper नमूने का काग़ज़; these paintings are fine ~s of medieval art ये चित्र मध्यकालीन कला^{F} के उत्कृष्ट नमूने हैं; this ~ is unique यह ≈ अद्वितीय है; the traveller brought ~s of rocks यात्री चट्टानों^{F} के नमूने लाया; ~ of plant family वनस्पति परिवार का ≈; ~ signature हस्ताक्षर का ≈; he is a ~ of health स्वास्थ्य का वह एक ≈ है. **2.** अनोखा आदमी : what a ~! कितना ≈ है; he is an ugly looking ~ वह एक बदसूरत ≈ है.

specious स्पी'शस *a.* **1.** (seeming to be true) सत्यभासी [argument तर्क, statement कथन, tale कहानी^{F}]; all his expressions are ~ उसके सभी कथन ≈ हैं. **2.** (superficially attractive) ऊपर से आकर्षक या रमणीय : ~ appearance ≈ रूप. [*as distinct from* spacious]

spectacle स्पें'क्'टॅकल n^c. **1.** (show) प्रदर्शन [colourful रंगीला, wonderful आश्चर्यजनक]; a ~ of the unemployed in a queue बेरोज़गारों का लाइन में प्रदर्शन. **2.** समारोह : there was a good ~ on the occasion of his birthday उसके जन्मदिन के मौके पर अच्छा समारोह हुआ. **3.** (sight) दृश्य : a charming ~ from the top of the hill पहाड़ी^{F} की चोटी^{F} पर से एक आकर्षक दृश्य. **4.** तमाशा : don't make a ~ of yourself तुम एक ≈ मत बनो. **5.** (*pl.*) (also a pair of ~s) चश्मा, ऐनक^F [black काला, costly महँगा, thick मोटा]; I cannot read without ~s बिना चश्मे के मैं पढ़ नहीं सकता; he always wears ~s वह सदा चश्मा लगाता है.

spectator स्पें'क्टे'टर n^c. दर्शक : a crowd of ~s दर्शकों की भीड़^{F}; there were ninety thousand ~s watching the cricket match in Calcutta कलकत्ता में नब्बे हज़ार ≈ क्रिकेट का मैच देख रहे थे; many ~s stood on their chairs बहुत-से दर्शक अपनी कुर्सियों^{F} पर खड़े हो गए.

sped स्पें'ड *v.t. past* of 'speed' *q.v.*

speech स्पीच *n.* **1.** (faculty) वाणी^{F}, बोली^{F} [distinct स्पष्ट, harsh कर्कश, sweet मधुर]; his ~ is defective उसकी ≈ दोषपूर्ण है. **2.** (language) भाषा^{F} [easy आसान, foreign विदेशी, rural ग्रामीण]; to abandon one's native ~ अपनी मातृभाषा छोड़ देना. **3.** (discourse) भाषण, व्याख्यान [brief संक्षिप्त, inflammatory जोशीला, long लंबा]; the chairman's ~ अध्यक्ष का भाषण; his maiden ~ in the Parliament संसद् में उसका पहला भाषण; he concluded his ~ with an Urdu couplet उसने उर्दू के एक शेर से अपने भाषण को समाप्त किया; he made a very good ~ उसने बहुत अच्छा भाषण दिया; his ~ was so rapid that it was difficult to follow him उसका ≈ इतना द्रुत था कि उसे समझना कठिन था; his ~ was not very clear उसका भाषण बहुत स्पष्ट नहीं था.

speechless स्पीच्'लिस *a.* **1.** (silent) मौन, अवाक् : he remained ~ वह ≈ रह गया; I stood ~ with surprise मैं आश्चर्य से ≈ खड़ा था. **2.** (dumb) गूँगा, बेज़बान (लड़का).

speed स्पीड **I.** n^{cu}. **1.** गति^{F}, रफ़्तार^F [high/rapid तेज़, low/slow धीमी, moderate साधारण]; he was driving his scooter at full/top ~ वह अपना स्कूटर द्रुततम गति^{F} से चला रहा था; the ~ of the train is not so fast as that of a car रेलगाड़ी^{F} की ≈ इतनी तेज नहीं होती जितनी कार^F की; a ~ above 50 kms on this road is prohibited इस सड़क^F पर पचास किमी. से अधिक की गति^{F} की मनाही^{F} है. ~ **limit** गति-सीमा^{F} : the ~ limit on this road is 30 kms per hour इस सड़क^F पर गतिसीमा^{F} 30 किमी. प्रति घंटा है. **3.** (swiftness) तेज़ी^{F}, द्रुत गति^{F} : he does the work with ~ वह ≈ से काम करता है; he went away with ~ वह ≈ से चला गया. **II.** *v.t.* (*p.* & *p.p.* sped/speeded) तेज़ी-से चलना : cars usually ~ at 50 km per hour साधारणतया कारें^{F} पचास किमी. प्रति घंटा की गति^{F} से चलती हैं; the police asked me not to ~ on this road पुलिस ने मुझसे कहा कि इस सड़क^F पर तेज़ी-से मत चलाओ. **2.** this medicine will ~ up his recovery इस दवा^{F} से उसे जल्दी स्वास्थ्यलाभ होगा.

speedily स्पी'डिलि *adv.* शीघ्रता^{F} से, जल्दी^{F} से, द्रुत गति से : walk ~ ≈ चलो; he eats ~ वह जल्दी-जल्दी खाता है; he reached the

school ~ वह ≈ स्कूल पहुँच गया. **speedometer** स्पीडॉ'मिटर *n*^{c}. गतिमापी : the ~ shows that we travelled 200 kms. ≈ बता रहा है कि हम 200 किमी. चले. **speedy** स्पी'डि *a.* (rapid) तेज़, द्रुत (गामी), शीघ्र [flight उड़ान^F, reaction प्रतिक्रिया^{F}, return वापसी^{F}]; he expected a ~ reply उसने शीघ्र उत्तर की आशा की थी; I wish you ~ recovery मैं तुम्हारे शीघ्र स्वास्थ्यलाभ पाने की कामना^{F} करता हूँ.

spell स्पे'ल **I.** *n*^{c}. **1.** (magical power) माया^{F}, जादू : the sorcerer put a ~ on the boy जादूगर ने लड़के पर जादू कर दिया; I do not believe in ~ मैं जादू में विश्वास नहीं करता; it may be the effect of ~ on him यह उस पर जादू का असर हो सकता है; to remove a ~ from a person किसी व्यक्ति पर से जादू हटाना; the magician broke the ~ जादूगर ने जादू ख़त्म कर दिया. **2.** (magical formula) मंत्र, मंतर : he knows every type of ~s वह प्रत्येक प्रकार के मंत्र-तंत्र जानता है; to cast a ~ over smb किसी को मंत्र-मुग्ध कर देना; she recited a ~ उसने मंत्र का उच्चारण किया. **3.** (turn) पारी^{F} : he did two ~s of digging उसने खुदाई^F की दो पारियाँ कीं; I did another ~ at the computer मैंने कम्प्यूटर पर एक और पारी की. **4.** (period) दौर, अल्प अवधि^{F} : ~ of cold wave शीत लहर^F का ≈; we stayed in the hotel for a short ~ हम थोड़ी अवधि^{F} के लिए होटल में ठहरे. **5.** (strong influence) जादू : ~ of music संगीत का ≈. **II.** *v.t.* (*p.* & *p.p.* spelt) **1.** हिज्जे करना : how do you ~ this word तुम इस शब्द के हिज्जे कैसे करते हो? I cannot ~ that word मैं उस शब्द के हिज्जे नहीं कर सकता; he can scarcely ~ his own name शायद ही वह अपने नाम के हिज्जे कर सके. **2.** (have as consequence) से परिणाम निकालना : it ~s from his arrival that he has accepted the proposal उसके आने से यह परिणाम निकलता है कि उसने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है. **3.** (signify) अर्थ होना, सूचित करना : what do these signals ~ ये संकेत क्या सूचित करते हैं? these things ~ disaster इन बातों से तबाही^{F} की सूचना^{F} मिलती है. ~**bound** *a.* मंत्रमुग्ध, जादू के असर में मोहित [audience श्रोतागण, youth युवक]; I was ~ by the magician's tricks मैं जादूगर की चालाकी से मंत्रमुग्ध था; we watched ~ the conjurer हम मदारी को ≈ देखते रहे. **spelling** स्पे'लिङ्ग *n*^{cu}. वर्तनी^{F} : the American ~ of 'colour' is 'color' अमेरिकन भाषा में 'colour' की ≈ 'color' होती है; your ~ is not very good तुम्हारी ≈ बहुत अच्छी नहीं है; what is the ~ of this word इस शब्द की ≈ क्या है? her ~ has improved उसकी वर्तनी में सुधार हुआ है; you make so many mistakes in ~ तुम ≈ की इतनी गलतियाँ करते हो.

spend स्पे'न्ड *v.t.* (*past* & *p.p.* spent) **1.** (money) व्यय करना, ख़र्च करना [freely मुक्त रूप से, recklessly लापरवाही^{F} से, wisely बुद्धिमत्ता^{F} से]; he has spent all his pocket money उसने अपना सारा जेबख़र्च ख़त्म कर दिया है; I spent half of the money on my books मैंने अपनी किताबों^{F} पर आधा पैसा ख़र्च कर दिया. **2.** (consume) व्यय करना, ख़र्च कर डालना, समाप्त करना : it is better to save than to ~ ख़र्च करने से बचाना अच्छा है; I spent so many hours on it मैंने इस पर कई घंटे ख़र्च कर दिए; he ~s more units of electricity वह कुछ ज्यादा यूनिट बिजली^{F} ख़र्च करता है; our ammunition was all spent हमारा सारा बारूद ख़त्म हो गया. **3.** (time) बिताना, व्यतीत करना, गुज़ारना : I want to ~ this month in the country मैं यह महीना देहात में बिताना चाहता हूँ; he spent three hours there उसने वहाँ तीन घंटे बिताए; how do you ~ your time तुम अपना समय कैसे व्यतीत करते हो? [*ant.* save] **4.** *v.i.* ख़त्म होना : the storm will ~ itself तूफ़ान अपने-आप ख़त्म हो जाएगा.

sphere स्फ़िअर *n*^{c}. **1.** (globe) गोला : small ~ छोटा ≈; earth is a ~, so also is the moon पृथ्वी एक ≈ है और चंद्रमा भी. **2.** (field) क्षेत्र, दायरा : he has knowledge of so many ~s of science उसे विज्ञान के इतने सारे क्षेत्रों का ज्ञान है; his ~ of activities is spread over two districts उसका कार्यक्षेत्र दो ज़िलों में फैला हुआ है. **3.** अधिकार-

क्षेत्र : it is beyond his ~, he cannot do anything यह उसके ≈ के बाहर है, वह कुछ नहीं कर सकता; this affair is out of my ~ यह मामला मेरे ≈ के बाहर है.

spice स्पाइस *n*^c. **1.** मसाला : pungent ~ तीखा ≈; odorous ~ खुशबूदार ≈; pepper, ginger and turmeric are ~s काली मिर्च^F, सोंठ^F और हल्दी^F मसाले हैं; Kashmir ~s are very delicious कश्मीरी मसाले बहुत स्वादिष्ट होते हैं. **2.** (flavour) बू^F, गंध^F (fig.) there is not a ~ of jealousy in him उसमें ईर्ष्या^F की ≈ नहीं है; his remark has a ~ of disgust उसके टिप्पण से खीझ^F की बू आती है. **3.** (interest and excitement) जान^F, जोश : his presence added ~ to the meeting उसकी उपस्थिति^F से सभा^F में जान^F आ गई. **II.** *v.t.* **1.** छौंकना, बघारना : he ~d the pulse and it became so delicious उसने दाल^F बघारी और वह इतनी स्वादिष्ट हो गई. **2.** चटपटा/मज़ेदार बनाना : he ~s his essays with jokes उसने चुटकलों से अपने निबंध को मज़ेदार बना दिया; stories add ~ to a speech कहानियाँ भाषण को चटपटा बना देती हैं. **spicy** स्पाइ'सि *a.* **1.** (of food) मसालेदार, चटपटा : ~ vegetable ≈ सब्ज़ी^F; eastern countries like ~ food पूर्वी देशों के लोग ≈ भोजन पसंद करते हैं; ~ food is often injurious to health ≈ भोजन प्रायः स्वास्थ्य के लिए हानिकर होता है. **2.** (interesting) मनोरंजक : ~ story ≈ कहानी^F.

spider स्पाइ'डर *n*^c. मकड़ी^F : a ~ has eight legs and no wings मकड़ी के आठ पैर होते हैं, पंख नहीं होते; ~s make web in the corners of walls मकड़ियाँ दीवारों^F के कोनों में जाले बनाती हैं; insects cannot escape from the ~s web कीड़े मकड़ी के जाल से बच नहीं सकते.

spike स्पाइक **I.** *n*^c. **1.** (sharp point) शूल, कील : sharp ~s under the sole of a shoe जूते के तल्ले के नीचे तेज़ ≈; this railing has long ~s इस जंगले में लंबे-लंबे ≈ हैं. **2.** (pointed rod) नुकीला छड़ [heavy भारी, iron लोहे का, long लंबा]; he thrust a ~ into his stomach उसने उसके पेट में ≈ भोंक दिया. **3.** (ear of corn) बाली^F, बाल^F : the ~ of wheat गेहूँ की बाली; the ~s of corn look very beautiful अनाज की बालियाँ बहुत सुंदर लगती हैं. **II.** *v.t.* **1.** कील लगाना, जड़ना : to ~ the shoes जूतों में कील लगाना/जड़ना. **2.** (pierce) छेदित करना, छेदना : he ~d a needle in his arms उसने सुई^F से उसकी बाँहें^F छेद दीं. **3.** (make useless) बिगाड़ देना, बेकार कर देना : he tried his best to ~ our plans उसने उनकी योजनाओं^F को बिगाड़ देने का भरसक प्रयास किया.

spill स्पिल *v.t.i.* (*p.* & *p.p.* spilt or spilled) **1.** छलकना, छलकाना : to ~ a liquid from the vessel बरतन से द्रव छलकाना; he spilt all the milk from the glass उसने गिलास का सारा दूध छलका दिया; water has spilt over the table-cloth मेज़पोश पर पानी छलक गया है. Δ **no use of crying over spilt milk** अब पछताए होत क्या, जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत. **2.** to ~ blood ख़ून बहाना/करना : a lot of blood ~ed in the battle लड़ाई^F में बहुत सारा ख़ून बहा. **3.** (make to fall) गिरा देना : the horse ~ed the rider घोड़े ने सवार को गिरा दिया; he cannot ~ him in wrestling वह उसे कुश्ती^F में नहीं गिरा सकता. **4.** छितराना : he ~ed all that was in his hand जो कुछ उसके हाथ में था उसने सब छितरा दिया.

spin स्पिन **I.** *v.t.i.* (past & *p.p.* spun; *pr.p.* spinning) **1.** (thread) कातना : a woman was ~ning wool there एक स्त्री वहाँ ऊन कात रही थी; she has not spun cotton उसने सूत नहीं काता है. **2.** (web, etc.) बुनना, बनाना : the spider ~s a web मकड़ी^F जाला बुनती है; many spiders were ~ning webs on that tree बहुत-सी मकड़ियाँ उस पेड़ पर जाले बुन रहीं थीं; a silkworm ~s threads रेशमी कीड़ा कोये बनाता है. **3.** (compose) रचना^F करना : he has spun many stories उसने कई कहानियों^F की रचना की है. **4.** (protract) बढ़ाना, लंबा करना : to ~ out a debate किसी वाद-विवाद को ≈; he spun out his story उसने अपनी कहानी^F लंबी कर दी. Δ **to ~ a yarn** कहानी को लंबा

कर देना. **5.** (tell) बताना : he could not ~ the real reason of his failure वह अपनी असफलता^F का सही कारण न बता सका. **6.** (whirl) घूमना, चक्कर खाना, घुमाना, फिराना : to ~ a top लट्टू घुमाना; to ~ smb round किसी को चक्कर में फिराना; my head is ~ning मेरा सिर चकरा रहा है; a wheel ~s on its axle पहिया अपने धुरे पर घूमता है; the ball came ~ning into the wicket गेंद घूमता हुआ विकेट में जा लगा. **7.** to ~ a coin सिक्का उछालना. **II.** *n*^c. **1.** (whirl) घुमाव : there is sufficient ~ in his ball उसकी गेंद^F में पर्याप्त ≈ है; ~ bowler घुमावदार गेंद फेंकने वाला खिलाड़ी. **2.** (rotative dive) चक्कर के साथ गिरना : the prices went into a ~ कीमतें^F चक्कर खाते हुए गिरीं. **3.** (trip) सैर : they went for a ~ in my car वे मेरी कार^F में सैर को गए.

spinach स्पि'निज *n.* पालक^F : green ~ हरी ≈; ~ has dark green leaves पालक की गाढ़ी हरी पत्तियाँ^F होती हैं; ~ is used as a vegetable ≈ सब्ज़ी के रूप में इस्तेमाल की जाती है; we grow ~ in our garden हम अपने बगीचे में ≈ उगाते हैं.

spine स्पाइन *n*^c. मेरुदण्ड : this child has a curved ~ इस बच्चे की ≈ घुमावदार है; she fell down and broke her ~ वह गिरी और उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई.

spinning स्पि'निङ्ग *n.* (of thread) कताई^F : ~ mill ≈ मिल; ~ machine ≈ मशीन; ~ wheel चरख़ा; ~ is an art ≈ एक कला^F है; she has taken ~ as a subject उसने कताई एक विषय के रूप में ली है.

spire स्पाइअर *n*^c. (steeple) मीनार का शिखर [pointed नुकीला, tall लंबा]; the ~s of this building is 100 metres high इस इमारत^F के शिखर की ऊंचाई^F 100 मीटर है; some churches have very long ~s कुछ गिरजाघरों के ≈ बहुत लंबे होते हैं.

spirit स्पि'रिट **I.** *n*^uc. **1.** (soul) आत्मा^F [immortal अमर, pure पवित्र]; the ~ is never destroyed आत्मा कभी नष्ट नहीं होती; the ~ leaves one's body and takes on another body ≈ एक शरीर छोड़ती है और दूसरा शरीर धारण करती है; I'll be with you in ~ मेरी ≈ तुम्हारे साथ रहेगी. **2.** (ghost) प्रेतात्मा^F, भूत-प्रेत [fierce भयंकर, harmless द्वेषरहित]; I do not believe in ~s मैं प्रेतात्माओं में विश्वास नहीं करता; he is always fearful of ~s वह भूतों से सदा डरा रहता है. **3.** (fairy, goblin) परी^F, बेताल : shy ~ लज्जालु ≈; ~ of the woods वन देवता, वन देवी^F; I met a ~ while on way to the jungle जंगल में जाते समय मुझे एक परी मिली. **4.** (nature) स्वभाव, प्रकृति^F : a man of unbending ~ न झुकने वाले स्वभाव का आदमी. **5.** (essential quality) आत्मा^F, अंतरात्मा^F : to enter into the ~ of a foreign language किसी विदेशी भाषा^F की अंतरात्मा तक पहुँचना; try to know the ~ of the constitution संविधान की आत्मा को समझने का प्रयत्न करो. **6.** (courage) जीवट, साहस, धैर्य : everyone praised his ~ in the encounter with robbers डाकुओं से मुठभेड़ में सब ने उसके ≈ की प्रशंसा^F की; keep up your ~s साहस बनाए रखिए; Netaji infused ~ into his men नेताजी ने अपने आदमियों में ≈ फूँक दिया. **7.** (dash, vigour) उत्साह, जोश : in high ~s पूरे ≈ के साथ; the ~ of the army सेना^F का उत्साह; the captain's speech roused their ~ and they won the battle कैप्टन के भाषण ने उनका ≈ बढ़ा दिया और वे युद्ध जीत गए. **8.** (tendency) प्रवृत्ति^F, झुकाव : ~ of the age युग की प्रवृत्ति; his ~ was not in your favour उसका झुकाव तुम्हारे पक्ष में नहीं था. **9.** (feeling) भावना^F : they faced the difficulties in the right ~ उन्होंने कठिनाइयों^F का सामना ठीक भावना के साथ किया; ~ of co-operation सहयोग की भावना. **10.** (mood, *pl.*) मिज़ाज, मनोदशा^F : high ~s प्रफुल्लता^F, खुशी^F; low ~s उदासी^F. **11.** (internal meaning) भाव : obey the ~ of law विधि के भाव का पालन करो. **12.** (alcohol) मद्यसार, स्पिरिट : inflammable ~ ज्वलनशील ≈; ~ may be made from sugarcane ≈ गन्ने (के रस) से बनाया जा सकता है; ~ is used as medicine also ≈ का प्रयोग दवा^F के रूप में भी होता है. **13.** अम्ल : ~ of salt लवण का

अम्ल; ~ of vitriol गंधक अम्ल. **II.** *v.t.* **1.** (~ *away/off*) उड़ा ले जाना : the wind ~ed off all his material हवा^{F} उसका सब सामान उड़ा ले गई; to ~ away smb किसी व्यक्ति को ≈. **2.** to ~ **up** उत्साह बढ़ाना, प्रोत्साहित करना : they all tried to ~ him up उन सब ने उसे प्रोत्साहित करने की कोशिश^F की. **spiritual** स्पि'रिट्यूअल *a.* **1.** (of the spirit of the soul) आत्मिक [decline ह्रास, progress उन्नति^{F}]. **2.** (of the soul in a religious sense) आध्यात्मिक [growth विकास, power शक्ति^{F}]; ~ life is very peaceful ≈ जीवन बहुत शांतिमय होता है. **3.** (not corporeal, immaterial) निराकार, अमूर्त, अभौतिक, अशारीरिक. **4.** (mental) मानसिक, बौद्धिक [growth विकास, status स्तर]; his ~ capacity is reduced very much उसकी बौद्धिक क्षमता^{F} बहुत कम हो गई है. **5.** (religious) धार्मिक [institution संस्था^{F}, song गीत, work काम]; ~ exercises धर्मचर्या^{F}, पूजापाठ; this city is the ~ centre of India यह शहर भारत का धार्मिक केंद्र है.

spit स्पिट **I.** *n*^{c}. **1.** (rod) सीख^F : a ~ is used for cooking meat on fire ≈ का इस्तेमाल मांस को आग पर भूनने के लिए होता है. **2.** (sand bank) सँकरी रेती^{F} : ~ of the sea समुद्र की ≈. **3.** (spittle) थूक^F : wipe the ~ off your lips अपने ओठों पर से थूक पोंछ लो. **4.** (spade-depth) कुदाल-भर गहराई^F : we dug a pit two ~s deep हमने दो कुदाल-भर गड्ढा खोदा. **II.** *v.t.* (*p.* & *p.p.* spat, spitting) **1.** सीख^F पर लगाना : he could not ~ the meat properly वह मांस को ठीक से सीख पर न लगा सका. **2.** थूकना : ~ deliberately जानबूझकर थूकना; you are not allowed to ~ at public places सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की अनुमति^{F} नहीं है; he spat in my room उसने मेरे कमरे में थूक दिया. **3.** झींसी^{F} या फुहार^F पड़ना : it was ~ting outside and we were glad बाहर फुहार पड़ रही थी और हम सब खुश थे; the rain has not stopped, it is still ~ting बारिश^F बंद नहीं हुई है, झींसी पड़ रही है. **4.** (in other contexts) a cat ~s बिल्ली^{F} घुरघुराती है; the fire ~s आग चिनगारियाँ छोड़ती है; an angry man ~s गुस्से में आदमी बकता है; a lamp ~s लैम्प भकभक करता है; a pen ~ पेन स्याही छोड़ता है.

spite स्पाइट **I.** *n.* (malice) द्वेष, विद्वेष; (grudge) दुर्भाव, गाँठ, मैल : she did it from or out of ~ against me उसने इसे मेरे प्रति द्वेष के कारण किया. Δ **in ~ of** के होते हुए भी, के बावजूद : in ~ of someone's express prohibition he did it so किसी की स्पष्ट मनाही^{F} के बावजूद उसने इसे ऐसा कर दिया; in ~ of the fact that his first attempt has been unsuccessful . . . इस तथ्य के बावजूद कि उसका पहला प्रयास असफल हो गया था. . . ; they set out in ~ of the bad weather ख़राब मौसम के बावजूद वे चल पड़े. **II.** *v.t.* परेशान करना, दिक करना, तंग करना : don't ~ your neighbours अपने पड़ोसियों को परेशान/तंग मत करो; to ~ the enemies शत्रुओं को मात कर देना. Δ **to cut off smb's nose to ~ one's face** किसी की नाक काटने के लिए अपना चेहरा ख़राब कर देना, किसी को तंग करने के लिए अपनी हानि कर देना.

spittoon स्पिटून' *n*^{c}. पीकदान, उगालदान : always spit, if you need, into a ~ जब तुम्हें आवश्यकता हो तो हमेशा ≈ में ही थूको.

spl. special.

splash स्प्लैश **I.** *v.t.* **1.** (sprinkle) छींटे डालना : to ~ water on/over smb किसी पर पानी के ≈; to ~ smb with ink किसी पर स्याही^{F} छिड़कना; the boys were ~ing about in the rain लड़के बरसात में छींटे डाल रहे थे; to ~ medicine in dirty areas गंदे क्षेत्रों में दवा^{F} का छिड़काव करना. **2.** (be scattered) से टकराकर छितरना : the milk ~ed from the bucket when he stumbled जब उसे ठोकर^F लगी तो दूध बाल्टी से छितर गया. **3.** (cause noisy agitation of a liquid) छपछपाना : do not ~ water in the bathroom स्नानागार में पानी मत छपछपाओ. **II.** *n*^{c}. **1.** (sound) छपछप^F : the child fell into the water with a ~ बच्चा ≈ के साथ पानी में गिर पड़ा. **2.** (act) छिड़काव, छिड़काई^F : ~ is necessary for the paddy धान की फ़सल^F के लिए ≈

आवश्यक है. 3. (mark) धब्बा : a ~ of paint रोगन का ≈; a ~ of smb's skin किसी की चमड़ी^{F} पर चित्ती^{F}. Δ **make a ~** ध्यान आकर्षित करना, आकर्षण का केंद्र बनाना : she made a ~ of herself उसने स्वयं को आकर्षण का केंद्र बना लिया.

splendid स्प्लेन्'डिड *a.* **1.** (magnificent) भव्य, शानदार [building इमारत^F, palace राजप्रासाद, sight दृश्य]; that place was ~ वह स्थान ≈ था; he made a ~ house in the city उसने शहर में एक ≈ मकान बनवाया. **2.** (glorious) गौरवपूर्ण, महान् [achievement उपलब्धि^{F}, history इतिहास]. **3.** (excellent) अत्युत्तम, बढ़िया, उत्कृष्ट : it is a ~ place for a camp in this season इस मौसम में कैम्प के लिए यह बढ़िया स्थान था; it is a ~ example in support of the answer उत्तर के समर्थन में यह बढ़िया उदाहरण है. **splendour** स्प्लें'न्'डर *a.* **1.** भव्यता^{F}, वैभव, शान^F : the ministers live in great ~ मंत्री बड़ी ≈ से रहते हैं; the ~ of the Taj is noteworthy ताज की शान^F उल्लेखनीय है. **2.** (glory) शोभा^{F} : I have been told about the ~ of China मुझे चीन की ≈ के बारे में बताया गया है.

split स्प्लिट **I.** *v.t.i.* **1.** (*p.* & *p.p.* spli; *pr.p.* splitting) चीरना, फाड़ना, विखंडित करना : the lightning ~ the tree in half बिजली^{F} ने पेड़ को आधा फाड़ दिया; the explosion ~ the great rock into a number of pieces विस्फोट ने बड़ी चट्टान^F को कई टुकड़ों में विखंडित कर दिया. **2.** *v.i.* फटना : this wood ~s with difficulty यह लकड़ी^{F} मुश्किल^F से फटती है; his shirt has ~ उसकी कमीज़^{F} फट गई है. **3.** (divide) विभाजित करना, बाँटना : the class was ~ up into two sections कक्षा^{F} को दो वर्गों में बाँटा गया; he ~ his property into four parts उसने अपनी संपत्ति^{F} चार भागों में बाँट दी. **4.** (become disunited) अलग हो जाना, में फूट^F पड़ना : many party members ~ and formed a new party बहुत-से सदस्य पार्टी^{F} से अलग हो गए और एक नई पार्टी बना ली; the party has ~ दल में फूट^F पड़ गई है. Δ **to ~ hairs** बाल की खाल^F खींचना या निकालना : do not ~ hairs, say briefly बाल की खाल मत खींचो, संक्षेप में कहो; **~ with laughter** हँसते-हँसते पेट में बल पड़ना या लोट-पोट होना; at his speech, all the persons ~ with laughter उसके भाषण पर सब व्यक्ति हँसते-हँसते लोट-पोट हो गए. **II.** *a.* विखंडित, विभाजित, विभक्त, अलग : this is the ~ part of the stone पत्थर का यह विखंडित भाग है; the ~ party became weak विभाजित दल कमज़ोर हो गया. **III.** *n*^{c}. (fissure) दरार^F [long लंबी, thin पतली]; the ~ in the wall will cause its fall दीवार^F की ≈ इसे गिरा देगी. **2.** (disunion) फूट^F [clear स्पष्ट, internal आंतरिक]; the ~ in the party will harm its interests पार्टी^{F} में फूट^F इसके हितों को हानि^{F} पहुँचाएगी; there is nothing like a ~ in my party मेरी पार्टी में फूट जैसी कोई चीज़ नहीं है.

spoil स्पॉइल **I.** *n*^{c}. (usu. *pl.*) **1.** (plunder, also *pl.*) लूट^F का माल : to bring home the ~s लूट के माल को घर लाना; they all divided up the ~ उन्होंने सब लूट का माल बाँट लिया. **2.** (*pl.* profit) लाभ : the M.Ps. are enjoying the ~s of their membership संसद् सदस्य अपनी सदस्यता^{F} का लाभ उठा रहे हैं. **II.** *v.t.* (spoiled/spoilt) **1.** बिगाड़ना, बिगाड़ देना, ख़राब कर देना [completely पूरी तरह^F, partly आंशिक रूप से]; it ~ed her mood fully इसने उसका मूड पूरी तरह बिगाड़ दिया; to ~ a cake by overbaking ज़्यादा पकाकर केक को ख़राब करना; the ink has ~ed my shirt स्याही^{F} ने मेरी कमीज़ ख़राब कर दी. **2.** (by over indulgence) सिर चढ़ाना, दुलारना, गुस्ताख़ बना देना : don't ~ the child बच्चे को सिर मत चढ़ाओ. **3.** (get rotten) ख़राब हो जाना, सड़-गल जाना : apples are spoilt सेब सड़ गए हैं. **4.** (become bad) ख़राब होना : the meal was ~ing in the kitchen रसोईघर में खाना ख़राब हो रहा था.

spoke स्पोक **I.** *n*^{c}. **1.** (of wheel) अरा, तीली^{F} : ~s of a bicycle wheel साइकिल के पहिए की तीलियाँ. **2.** (rung of a ladder) डंडा : one ~ of the ladder is broken सीढ़ी^{F} का एक ≈ टूटा हुआ है. Δ **to put a ~ in smb's**

wheel किसी के काम में रोड़ा अटकाना (बाधा डालना). II. *v.i. past* of 'speak' *q.v.*

spoken स्पो'कन I. *v.i. p.p.* of 'speak'. II. *a.* (pronounced) उच्चारित [language भाषा^{F}, word शब्द]; his ~ Hindi is good उसकी ≈ हिंदी^{F} अच्छी है.

spokesman स्पोक्स्'मॅन *n*^{c}. प्रवक्ता [able योग्य, learned विद्वान्]; he is the chief ~ of the Congress party वह कांग्रेस पार्टी^{F} के मुख्य ≈ हैं; the ~ for the government clarified the position सरकारी ≈ ने स्थिति^{F} को स्पष्ट कर दिया.

sponge स्पन्ज I. *n*^{c}. 1. स्पंज : ~ is a substance for cleaning slates, baths, etc. ≈ स्लेट, बाथरूम, आदि साफ़ करने का एक पदार्थ है; ~ sucks up water ≈ पानी सोख लेता है. Δ **to throw up the ~** प्रतियोगिता^{F} में हार मान जाना. 2. स्पंज केक : she can make ~ with jam वह मुरब्बे वाला ≈ बना लेती है. 3. (dough) ख़मीरी आटा : ~ is used for making cakes ≈ केक बनाने के काम आता है. II. *v.t.* 1. स्पंज से साफ़ करना या पोंछना : ~ your face अपना चेहरा स्पंज से साफ़ करो; ~ your tears स्पंज से आँसू पोंछो. 2. (absorb) सोखना : put some sand to ~ the ink on the paper काग़ज़ पर पड़ी स्याही^{F} सोखने के लिए थोड़ी बालू^{F} डाल दो. 3. (wipe out) मिटाना : ~ the spots from the shirt कमीज़^{F} से धब्बे मिटा दो. 4. (~ on) के टुकड़े तोड़ना : he has been ~ging on us for years वह सालों हमारे टुकड़े तोड़ता रहा है.

sponsor स्पॉन्'सर I. *n*^{c}. 1. (guarantor) प्रतिभू, ज़ामिनदार : he is the ~ of his debt वह उसके ऋण का ≈ है; he refused to be his ~ उसने उसका ≈ होने से इंकार कर दिया. 2. (supporter) समर्थक : fifty members were ~s of the proposal पचास सदस्य प्रस्ताव के समर्थक थे; he could not seek even a single ~ वह एक भी समर्थक न पा सका. 3. प्रस्तावक : the ~ of a bill in the Parliament संसद्^{F} में बिल का ≈. 4. ~ of programme प्रोग्राम का प्रायोजक. 5. (adver tiser who pays) प्रवर्तक : ~ of a programme on T.V. टी. वी. पर प्रोग्राम का ≈. II. *v.t.* 1. प्रवर्तित करना : he did not ~ the proposal उसने प्रस्ताव का प्रवर्तन नहीं किया; who has ~ed the bill in the Lok Sabha लोक सभा^{F} में बिल का प्रवर्तन किसने किया ? 2. प्रायोजित करना : this feature was sponsored by Hindustan Steel यह कथाचित्र हिंदुस्तान स्टील द्वारा प्रायोजित किया गया. 3. (support) निर्वाह चलाना : this society is ~ing several students यह सोसाइटी कई विद्यार्थियों का निर्वाह चलाती है.

spontaneous स्पॉनटे'निअस *a.* 1. (without external cause) स्वतः [growth विकास, support समर्थन]; ~ flow of the rivers नदियों^{F} का ≈ प्रवाह. 2. (voluntary) स्वैच्छिक [action काम, offer प्रस्ताव]; ~ desire to help the poor ग़रीबों की सहायता^{F} करने की ≈ चाह^F. 3. स्वतः स्फूर्त : ~ reaction ≈ प्रतिक्रिया^{F}. 4. (natural, instinctive) स्वाभाविक, सहज, नैसर्गिक [effect प्रभाव, movement गति^{F}, smile मुस्कान^F]; ~ growth of some industry किसी उद्योग का ≈ विकास; ~ cheers from the crowd भीड़^{F} से ≈ वाह-वाही^{F}; his literary style is ~ उसकी साहित्यिक शैली^{F} ≈ है. 5. (growing naturally) जंगली, स्वतः उगने वाला [plant पौधा, trees वृक्ष]; you will see many new ~ plants in rainy season वर्षा ऋतु^{F} में तुम कई स्वतः उत्पन्न पौधे देखोगे.

spool स्पूल I. *n*^{c}. फिरकी^{F} [big बड़ी, cylindrical बेलनाकार, small छोटी]; this is a ~ of thread यह धागे की ≈ है; the ~ of a film is costly फिल्म^F की ≈ महँगी होती है; there is a ~ in the sewing machine सिलाई-मशीन^F में एक ≈ है. II. *v.t.* फिरकी^{F} पर लपेटना : ~ the thread धागे को फिरकी पर लपेटो.

spoon स्पून I. *n*^{c}. चम्मच [big बड़ा, metal धातु^{F} का, silver चाँदी^{F} का, wooden लकड़ी^{F} का]; tea ~ छोटा ≈; dessert ~ मझोला ≈; table ~ बड़ा चम्मच; to eat smth with a ~ कोई चीज़ चम्मच से खाना; he held the ~ in his right hand उसने अपने दायें हाथ में ≈ थामा; I take two ~s of sugar in a cup of coffee मैं कॉफ़ी के प्याले में दो ≈ चीनी^{F} लेता हूँ; take your ~ out of your cup

प्याले से अपना ≈ बाहर निकालो. Δ **he was born with a silver ~ in his mouth** वह बड़े लाड़-प्यार में पला था. **II.** *v.t.* **1.** चम्मच से उठाना, लेना या निकालना : to ~ the pulse चम्मच से दाल^F निकालना. **2.** चम्मच से डालना : she ~s milk into the baby's mouth वह चम्मच से बच्चे के मुँह में दूध डालती है. **spoonful** स्पून्'फुल *n*^c. चम्मचभर : I want two ~s of sugar in coffee मैं काफ़ी में दो चम्मच चीनी^F चाहता हूँ; a ~ of syrup ≈ सिरप; a ~ of powder एक ≈ पाउडर.

sport स्पॉर्ट **I.** *n*^uc. **1.** (amusement) मनोरंजन, मनबहलाव, मनोविनोद [childish बच्चों जैसा, good अच्छा]; they went to the cinema for ~ वे मनबहलाव के लिए सिनेमा गए; to do smth for ~ मनोविनोद के लिए कुछ करना; the children's play is a ~ for me बच्चों का खेल मेरे लिए मनबहलाव है; I cut the joke only for ~ मैंने केवल ≈ के लिए मज़ाक किया. Δ **make ~ of** की हँसी^F उड़ाना : do not make ~ of the handicapped विकलांगों की हँसी मत उड़ाओ. **2.** (pastime, game) खेल^F, क्रीड़ा^F (*pl.* athletics) खेलकूद [dangerous ख़तरनाक, easy आसान]; he is fond of ~s वह खेलकूद का शौकीन है; I can do the work in ~ like this इस प्रकार खेल में ही काम कर सकता हूँ; swimming is a good ≈ तैराकी^F एक अच्छा खेल है; he is interested in ~s of all kinds हर प्रकार के खेलों में उसकी दिलचस्पी^F है. **3.** (laughing stock) हँसी का पात्र : he has become a ~ to all of them वह उन सब की हँसी का पात्र बन गया है. **II.** *v.t.* **1.** (amuse oneself) मन बहलाना : the old man was ~ing with the children बूढ़ा बच्चों के साथ मन बहला रहा था. **2.** (display) दिखावा करना : the boy was ~ his colourful coat लड़का अपने रंगबिरंगे कोट का दिखावा कर रहा था. **sportsman** स्पॉर्टस्'मन *n*^c. **1.** खिलाड़ी [expert कुशल, keen उत्सुक, weak कमज़ोर]; Jeetu is a good ~ जीतू एक अच्छा ≈ है; he was a ~ in the true sense वह सच्चे अर्थ में ≈ था. **2.** (fairminded and generous person) निष्पक्ष और उदार व्यक्ति : he is a ~ who does not mind the defeat वह ≈ है जो हार^F की परवाह^F नहीं करता. **sportsmanship** स्पार्टस्'मनशिप : he showed ~ in acknowledging defeat हार कबूल करने में उसने ≈ का प्रदर्शन किया.

spot स्पॉट **I.** *n.* **1.** (patch) चित्ती^F : ~ of blood on the face चेहरे पर ख़ून की ≈. **2.** (pimple) फुंसी^F [painful कष्टकारक, small छोटी]; he had red ~s on his skin उसकी चमड़ी^F पर लाल फुंसियाँ थीं; a ~ has spoilt her chin एक फुंसी ने उसकी ठोड़ी^F को बिगाड़ दिया है. **3.** (stain) धब्बा [black काला, red लाल]; there are many ~s on his shirt उसकी कमीज़^F पर बहुत-से धब्बे हैं; the ~ of ink on the book पुस्तक पर स्याही^F का धब्बा; the ~ on his face cannot be removed उसके चेहरे पर का धब्बा मिटाया नहीं जा सकता; the deeds of his elder son are a ~ on his family उसके बड़े बेटे के कर्म उसके परिवार पर एक धब्बा है. **4.** (locality, place) स्थान, जगह^F [famous प्रसिद्ध, known जाना-पहचाना, right सही/ठीक]; this is the ~ where I lost my key यह वही ≈ है जहाँ मैंने अपनी चाबी^F खो दी; people gathered at the ~ लोग उस जगह इकट्ठे हो गए; we know an ideal ~ for summer camp गर्मियों के शिविर के लिए हम एक आदर्श स्थान जानते हैं; this is the very ~ where the accident took place यह वही ≈ है जहाँ दुर्घटना^F हुई. Δ **he paid the money at/on the ~** उसने उसी जगह और उसी समय (तुरंत) पैसा अदा कर दिया. **5.** (small amount) अल्प मात्रा^F : he had a ~ of sugar उसने थोड़ी-सी चीनी^F ली. **II.** *v.t.* (-tt-) **1.** धब्बा डालना : he did not ~ the shirt उसने कमीज़ पर धब्बा नहीं डाला. **2.** कलंकित करना : surely he will ~ your family's name by his activities वह अपने क्रिया-कलाप से निश्चित रूप से तुम्हारे परिवार का नाम कलंकित करेगा. **3.** (see) देख लेना : he had ~ted you while going there वहाँ जाते समय उसने तुम्हें देख लिया था; she ~ted him in a crowd उसने भीड़^F में उसे देख लिया. **4.** (locate) का पता लगा लेना : the police ~ted the murderer पुलिस^F ने हत्यारे का पता लगा लिया. **5.** (guess) का अनुमान लगा लेना, पहले

से जान लेना : I ~ted him as a Chinese मैंने जान लिया कि वह चीनी है; he had ~ted his success in the examination उसने परीक्षा^F में अपनी सफलता^F का अनुमान लगा लिया था; I ~ted that the quarrel was possible मैं पहले से जान गया कि झगड़ा संभव है. **spotless** स्पॉट्'लिस *a.* **1.** बेदाग़, साफ़-सुथरा [dress पोशाक^F, kitchen रसोईघर]; her clothes are always ~ उसके कपड़े हमेशा बेदाग़/साफ़-सुथरे रहते हैं. **2.** निष्कलंक, निर्मल [character चरित्र, reputation नाम]; his ~ career will be remembered for years उसका ≈ जीवनक्रम वर्षों याद किया जायगा. **spotted** स्पॉ'टिड *a.* **1.** (of animal) चित्तीदार [deer हिरन, dog कुत्ता]; cheetahs are ~ चीते ≈ होते हैं; have you seen a ~ horse क्या तुमने ≈ घोड़ा देखा है ? **2.** (stained) धब्बेदार, दाग़दार [cloth कपड़ा, underwear बनियान]; his shirt and pant both are ~ with blood उसकी कमीज़ और पैंट दोनों ख़ून से ≈ हो गई हैं.

spouse स्पॉउज़ *n*^c. पति या पत्नी^F : Jill is John's ~ and John is Jill's ~ जिल जान की पत्नी है और जान जिल का पति.

spout स्पॉउट **I.** *n*^c. **1.** (of tea pot) टोंटी^F : ~ of a kettle to pour coffee कॉफ़ी उंडेलने के लिए केतली^F की टोंटी; the ~ of the jug was broken जग की ≈ टूटी हुई थी. **2.** (of roof, etc.) पनाला : many ~s are damaged in the house मकान में कई पनाले ख़राब हो गए हैं; when it rains, water from the roof comes down through a ~ जब बारिश^F होती है तो छत^F का पानी पनाले से होकर नीचे आता है. **3.** (jet of water) धारा, फुहारा [constant लगातार, continuous लगातार, strong ज़ोरदार]. **II.** *v.t.i.* फुहारा छोड़ना : blood is ~ing from his wound उसके घाव से ख़ून का फुहारा छूट रहा है; water ~ed from the hole of a tank तालाब के सूराख़ से पानी का फुहारा फूट पड़ा.

sprain स्प्रेन **I.** *n*^c. मोच^F : he had a ~ in his ankle उसके टख़ने में ≈ आ गई. **II.** *v.t.* में मोच आना : he ~ed his wrist when he fell down जब वह गिरा तो उसकी कलाई^F में ≈ मोच आ गई.

sprang = *past* of 'spring' *q.v.*

spray स्प्रे **I.** *n*^c. **1.** (twig) टहनी^F : ~ of flowers फुलों वाली ≈. **2.** पुष्पगुच्छ : she was carrying a ~ of roses वह गुलाब के फूलों का गुच्छा लिए हुए थी. **3.** (of liquid) फुहार^F [cold ठंडी, pleasant सुखद]; the ~ of water पानी की फुहार; a shower of ~ from a fountain फव्वारे से फुहार की बौछार^F. **4.** (sprayer) फुहारा : he uses a ~ to water plants वह पौधों को पानी देने के लिए फुहारे का प्रयोग करता है. **II.** *v.t.* (of a liquid) फुहार^F देना, छिड़कना : to ~ water on a bunch of flowers फूलों के गुच्छे पर पानी की फुहार देना; to ~ paint on the wall दीवार पर पेंट की फुहार देना.

spread स्प्रेड **I.** *v.t.i.* **1.** (*p.* & *p.p.* spread) **1.** (extend, expand) फैलाना, फैलना : the disease ~ बीमारी^F फैल गई; rumours ~ quickly अफवाहें^F जल्दी फैलती हैं; his fame ~ all over the country उसका यश सारे देश में फैल गया; the fog is ~ing कुहरा फैल रहा है; the field ~s over one square km मैदान एक कि.मी. में फैला हुआ है; this society ~s education यह सोसाइटी^F शिक्षा^F फैलाती है; the extremists are ~ing terror उग्रवादी आतंक फैला रहे हैं. **2.** (unfurl) खोलना : they ~ their sails उन्होंने अपने पाल खोल दिए; he ~ his umbrella when it began to rain जब बारिश^F शुरू हुई तो उसने अपना छाता खोल दिया. **3.** (of carpet, a cloth) बिछाना : to ~ cloth over a table मेज़ पर कपड़ा बिछाना; he ~ a sheet on the cot उसने चारपाई^F पर एक चादर^F बिछा दी. **4.** (of butter, etc.) लगाना : to ~ butter on a slice of bread डबल रोटी^F के टुकड़े पर मक्खन लगाना. **5.** (cover surface) पर लगाना; meadow ~ with flowers of every hue प्रत्येक रंग के फूलों से बिछे हुए चारागाह; she ~ the bread with jam उसने डबल रोटी पर मुरब्बा लगाया. **6.** (a table) लगाना : he was busy ~ing a table वह एक टेबल लगाने में व्यस्त था. **II.** *n*^u. **1.** (act) प्रसारण : the ~ of information सूचना का ≈. **2.** (extent) फैलाव, विस्तार, प्रसार, चौड़ाई^F : minimum ~ कम-से-कम ≈; what is the ~ of the field मैदान का

विस्तार कितना है ? the north-south ~ of India is 3,200 kms. भारत का उत्तर-दक्षिण विस्तार 3,200 किमी. है. **3.** (diffusion) प्रचार : the ~ of civilization सभ्यता^{F} का ≈. **4.** (cover) पलंग-पोश, मेज-पोश [costly महँगा, green हरा]; the ~ on the bed is dirty बिस्तर पर का पलंगपोश गंदा है.

spring स्प्रिङ्ग **I.** *v.t.* (sprang, sprung) **1.** (jump upward) उछलना : he sprang from his place and fell down वह अपने स्थान से उछला और नीचे आ गिरा; she did not ~ into the water वह उछलकर पानी में नहीं गई. **2.** (~ forward) लपकना, झपटना : to ~ forward to a person's help किसी व्यक्ति की सहायता^{F} के लिए झपटना; the cat sprang upon the mouse बिल्ली^{F} चूहे पर झपटी. **3.** (झटके से) अपनी जगह पर आना : this elastic tape will ~ to its place यह लचीला फीता अपने स्थान पर आ जाएगा. **4.** (~ over) लाँघना : to ~ over a ditch in an attempt एक ही प्रयास में खाई^F लाँघना. **5.** (arise) उठना, उठ खड़ा होना : he will not ~ up in his life वह अपने जीवन में उठ न पायेगा. **6.** उत्पन्न होना, उगना : flowers have sprung up फूल उग आए हैं; his courage sprang from patriotism उसका साहस देशभक्ति^{F} से उत्पन्न हुआ. **7.** से निकलना, फूट निकलना : seeds ~ early in the rain बरसात के शुरू में बीज फूट निकलते हैं; water ~s from under the rock पानी चट्टान^F के नीचे से फूट निकलता है. **8.** एकाएक आ जाना, टपक पड़ना : I do not know when he has sprung up here मैं नहीं जानता कि वह कब यहाँ टपक पड़ा; where have you sprung from तुम कहाँ से आ टपके ? **II.** n^c. **1.** (act) उछाल^F, लपक^F, झपट^F : the ~ of Raman is remarkable in the high jump ऊंची कूद में रामन की उछाल उल्लेखनीय है; the ~ of the dog was sufficient to catch the cat बिल्ली^{F} को पकड़ने के लिए कुत्ते की ≈ पर्याप्त थी; the lion made a ~ on the deer शेर ने हिरन पर ≈ मारी/लगाई. **2.** (~ time) बसंत, बहार^F : pleasant ~ सुहावना ≈; ~ festival बसंतोत्सव; ~ begins in March and lasts for two months बसंत मार्च में शुरू होता है और दो महीने तक रहता है; flowers come out in ~ बसंत में फूल निकल आते हैं; it was quite hot last ~ पिछले बसंत में काफ़ी गर्मी थी. **3.** (of metal) स्प्रिंग, कमानी^{F} : ~ in a watch घड़ी की कमानी; there are strong ~s in this sofa इस सोफ़ा में मज़बूत स्प्रिंग हैं. **4.** (source of water) झरना, सोता, चश्मा : we went to see the ~ with all our friends अपने सभी मित्रों के साथ हम झरना देखने गए; there is a good ~ on the hill पहाड़ी^{F} पर एक अच्छा सोता है. **5.** (*pl.* sources) स्रोत, उद्भव [reliable विश्वसनीय, unknown बिना जाना हुआ]; this custom had its ~ in China इस प्रथा^{F} का ≈ चीन था. **6.** लोच^F, लचक^F : he has no ~ in his muscles उसकी पेशियों में कोई ≈ नहीं है.

sprinkle स्प्रिङ्‌कल **I.** *v.t.* **1.** (of water) छिड़कना : ~ water on the path रास्ते पर पानी छिड़क दो; they ~ roses with water वे गुलाब के फूलों पर पानी छिड़कते हैं. **2.** (of seeds, etc.) छितराना : ~ sugar on a cake केक पर चीनी^{F} छितरा दो. **3.** (sand, etc.) बुरकना : ~ salt over the slice of bread रोटी^{F} के टुकड़े पर नमक बुरक दो. **II.** n^c. **1.** झींसी^{F}, बूँदा-बाँदी^{F} : I shall not go out in the ~ मैं बूँदाबाँदी में बाहर नहीं जाऊंगा. **2.** छिड़काव : ~ of water पानी का छिड़काव. **3.** छींटा : ~ of rain बारिश^F का ≈.

sprout स्प्राउट **I.** *v.t.i.* **1.** अंकुरित होना : seeds sown last week have ~ed पिछले सप्ताह बोए गए बीज अंकुरित हो गए हैं; potatoes are ~ing आलू अंकुरित हो रहे हैं. **2.** जल्दी बढ़ना : trees ~ in spring पेड़ वसंत में जल्दी बढ़ते हैं. **3.** (of animals) सींग निकलना या फूटना : birds are ~ing पक्षियों के पंख निकल रहे हैं. **II.** n^c. अंकुर, अँखुआ : ~s of potatoes आलू के ≈; ~s have come up in the plants पौधों में अंकुर आ गए हैं; ~ in gram चने के अंकुर

sprung स्प्रङ्ग *v. p.p.* of 'spring' *q.v.*

spun स्पन **I.** *a.* काता हुआ [thread धागा, wool ऊन]. **II.** *v.t. p.p.* of 'spin' *q.v.*

spur स्पर **I.** n^c. **1.** (of horseman) एड़^{F} : the horseman uses ~s on the heels of his

shoes घुड़सवार अपने जूतों की एड़ियों^F पर एड़ का इस्तेमाल करता है; he puts ~s to his horse वह घोड़े को ऐड़ लगाता है. **2.** (incentive) प्रेरणा^F : ambition is a ~ to achievement महत्वाकांक्षा^F उपलब्धि के लिए ≈ देती है. **3.** (ridge) पर्वत-स्कंध : Shimla is situated on a ~ शिमला एक पर्वतस्कंध पर स्थित है. Δ **gain one's ~s** नाम कमाना : it was his desire to gain his ~s उसकी नाम कमाने की इच्छा थी; he did it **on the ~ of the moment** उसने उमंग^F में आकर इसे तत्काल कर डाला. **II.** *v.t.* (-rr-) **1.** एड़^F लगाना या देना : I ~red the horse and came ahead of all मैंने घोड़े को एड़ लगाई और सबसे आगे हो गया. **2.** (urge) प्रेरित करना, प्रोत्साहन देना : to ~ a person to do his best भरसक प्रयास करने के लिए किसी व्यक्ति को प्रेरित करना; he ~red the student to come first in the examination उसने परीक्षा^F में प्रथम आने के लिए छात्र को प्रेरित किया. **3.** तेज़ चलना : I can ~ on faster than you मैं तुमसे ज़्यादा तेज़ चल सकता हूँ.

sputum स्प्यू'टम *n*^u. saliva लार^F, थूक : ~ was coming from the dog's mouth कुत्ते के मुँह से लार आ रही थी; ~ gives relief to the dog लार कुत्ते को आराम देती है; this pot is meant for ~ यह बरतन ≈ के लिए रखा है.

spy स्पाइ **I.** *n*^c. (*pl.* spies) गुप्तचर, जासूस, भेदिया [expert कुशल, industrious मेहनती, successful सफल]; the ~ could not find out the secret information ≈ गुप्त सूचना^F न पा सका; spies spy something hidden ≈ कुछ छिपी हुई बातों^F/चीज़ों^F की जासूसी करते हैं. **II.** *v.t.* (*p.* spied) **1.** गुप्तचरी^F या जासूसी करना : several agencies ~ for different countries कई एजेंसियाँ^F विभिन्न राष्ट्रों के लिए गुप्तचरी करती हैं. **2.** पर ताक^F रखना : a policeman was ~ing on us पुलिस हमारी ताक में थी. **3.** (~ out) पता लगाना, ढूँढ निकालना, खोज निकालना : police will ~ out the accused sooner or later जल्दी या देर में पुलिस^F चोर का पता लगा लेगी; I will ~ out the man who has done the wrong मैं उस आदमी को ढूँढ निकालूँगा जिसने ग़लत काम किया है; he has gone to ~ out, but he will be caught वह भेद लेने गया है, लेकिन वह पकड़ा जायगा. **4.** (watch) नज़र^F रखना, देखते रहना, ध्यान रखना : he spied the movements of the enemy वह शत्रु की गतिविधि^F पर नज़र^F रखे था; father spies the children पिता बच्चों पर नज़र रखते हैं; he should be strictly spied upon उस पर कड़ी नज़र^F रखी जानी चाहिए. **5.** (see, perceive) देखना, पहचानना : I spied him easily on the stage मैंने मंच पर उसे आसानी से पहचान लिया.

squabble स्क्वॉ'बल **I.** *n*^c. टंटा, तू-तू-मैं-मैं^F, कहासुनी^F : loud ~ ज़ोर-ज़ोर की; rustic people often indulge in ~s गँवार लोग अक्सर ≈ में पड़े रहते हैं. **II.** *v.t.* टंटा मचाना : children and women ~ about petty things बच्चे और औरतें छोटी-छोटी बातों पर टंटा मचाती हैं.

squad स्क्वॉड *n*^c. **1.** (mil.) दस्ता, टुकड़ी^F [armed सशस्त्र, fighting लड़ाकू, flying उड़ाकू]; many ~s of soldiers were sent to disturbed areas गड़बड़^F वाले इलाकों में सैनिकों की कई टुकड़ियाँ भेजी गईं. **2.** छोटा दल, टुकड़ी^F : a ~ of labourers repaired the road मज़दूरों के एक दल ने सड़क^F की मरम्मत^F की. **squadron** स्क्वॉ'ड्रन *n*^c. स्क्वाड्रन, वायुसेना^F की टुकड़ी^F : he is a ~ leader in Indian Air Force वह भारतीय वायुसेना में स्क्वॉड्रन लीडर है.

squander स्क्वॉन्'डर *v.t.* **1.** उड़ा देना, का अपव्यय करना : Mr. X ~ed his talents in politics मि. एक्स ने अपनी सारी प्रतिभा^F राजनीति^F में गँवा दी; why do you ~ money on useless things तुम बेकार की चीज़ों^F पर धन का अपव्यय क्यों करते हो? to ~ father's savings recklessly पिता की बचत^F को लापरवाही^F से ख़र्च करना. **2.** (time) गँवाना : he does not ~ his time in vain वह व्यर्थ में अपना समय नहीं गँवाता.

square स्क्वेअर् **I.** *n*^c. **1.** (figure) वर्ग : a ~ has four equal sides ≈ की चारों भुजाएँ बराबर होती हैं; all the four angles of a ~ are right angles ≈ के चारों कोण समकोण

होते हैं. **2.** (open space in square shape) चौक : Gandhi Square गाँधी ≈; a crowd gathered on the ~ ≈ में भीड़ जमा हो गई. **3.** (of a number) वर्ग, वर्गफल [exact ठीक, wrong ग़लत]; the ~ of 4 is 16 चार का ≈ सोलह होता है. **4.** (of soldiers) वर्ग-व्यूह : the soldiers made a ~ to defeat the enemy's army शत्रु की सेना^F को हराने के लिए सैनिकों ने एक ≈ बनाया. **II.** *a.* **1.** (in shape) वर्गाकार, चौकोर [box संदूक, room कमरा, table मेज़]; cut a ~ piece of paper काग़ज़ का चौकोर टुकड़ा काटो. **2.** (rectangular) आयताकार : the field was ~ in size खेत ≈ था. [*ant.* round] **3.** (~ to) आड़ा, (परस्पर) लंब : this line is ~ on the line AB यह रेखा^F एबी रेखा पर ≈ है. **4.** बराबर, समतल, चौरस : to make the field ~ खेत को चौरस बनाना. **5.** (even) बराबर (of account leaving no balance) चुकता, बेबाक : my account with the milkman is ~ दूधवाले के साथ मेरा हिसाब बराबर है; he has made his account ~ now अब उसने अपना हिसाब बेबाक कर दिया है. **6.** (straight) सुस्पष्ट, खरा : ~ record ≈ हिसाब; none is accompanying him for he is a ~ man कोई उसका साथ नहीं देता क्योंकि वह स्पष्टवादी है. **7.** (fair) निष्पक्ष, न्यायकारी [official कर्मचारी/ पदाधिकारी, person व्यक्ति]; ~ deal खरा व्यवहार; only a few men are ~ but they are helpless केवल कुछ ही लोग न्यायप्रिय हैं, लेकिन वे असहाय हैं; you will not find a single ~ man at this place इस स्थान पर तुम एक भी ईमानदार व्यक्ति नहीं पाओगे. **8.** ~ built) चौड़ी काठी^F का : he is a man of ~ built वह चौड़ी काठीवाला व्यक्ति है; he has a ~ body उसका शरीर चौड़ी काठीवाला है. (comb.) ~ bracket गुरु कोष्ठक; ~ deal खरा सौदा; ~ meal पेटभर भोजन; ~ metre वर्गमीटर; ~ root वर्गमूल; the field measures four ~ kms. मैदान पाँच वर्गकिमी. में है. **III.** *adv.* **1.** (honestly) ईमानदारी^F से : he plays ~ वह ≈ खेलता है. **2.** (firmly) ज़ोर से : he hit him ~ on the head उसने उसके सिर पर ज़ोर से मारा. **IV.** *v.t.i.* **1.** वर्गाकार/चौकोर या समकोण बनाना या बनना : he could not ~ a paper वह काग़ज़ को चौकोर न बना सका. **2.** वर्गफल निकालना : ~ five and you get twenty five पाँच का वर्गफल निकालो तो पच्चीस हासिल होते हैं; ~ these numbers इन संख्याओं का वर्गफल निकालो; three ~d is nine तीन का वर्गफल नौ होता है. **3.** (bribe) घूस^F/रिश्वत^F देना : ~ the clerk to get your marks अपने अंक प्राप्त करने के लिए क्लर्क को घूस दो. **4.** (settle, pay) चुकाना : first ~ all your debts सबसे पहले अपना सारा कर्ज़ चुकाओ; he has not yet ~d the account with me उसने अभी तक मेरा हिसाब नहीं चुकाया. **5.** (harmonize) से मेल खाना, संगत होना : his statement does not ~ with facts उसका कथन तथ्यों से मेल नहीं खाता.

squash स्क्वॉश **I.** *v.t.* **1.** (crush) दबाना, भुरता बना देना : an orange got ~ed in the bag बैग में पड़ा एक संतरा दबकर भुरता हो गया. **2.** निचोड़ना, रस निकालना : to ~ a lemon, an orange नींबू, संतरे का रस निकालना. **3.** (suppress) कुचलना, समाप्त कर देना, दमन करना : the king ~ed all his subjects राजा अपनी सारी प्रजा^F का दमन करता था. **4.** (cram into) ठूँसना, ठसाठस भर देना : so many people were ~ed into the bus बस^F में इतने सारे लोग ठूँसकर भर दिए गए; I was ~ed into a corner where I could hardly breathe मैं कोने में ठूँस दिया गया जहाँ मैं मुश्किल^F से साँस^F ले सकता था; fifty boys were ~ed in a small room एक छोटे-से कमरे में पचास लड़के भर दिए गए. **5.** (silence) चुप करा देना, का मुँह बंद कर देना : when I tried to speak, he ~ed me जब मैंने बोलने की कोशिश^F की तो उसने मुझे चुप करा दिया (उसने मेरा मुँह बंद कर दिया); he ~ed his rivals in the meeting सभा^F में उसने अपने प्रतिद्वंद्वियों का मुँह बंद कर दिया. **6.** *v.i.* (force one's way) धकियाकर घुसना : the train was packed with passengers but he ~ed into a compartment रेलगाड़ी^F यात्रियों से भरी थी लेकिन वह धकियाकर एक डिब्बे में घुस गया. **II.** *n.* **1.** (squashed

mass) भुरता, (pulp) लुगदी : the crushed tomatoes turned into a ~ टमाटर दबकर ≈ बन गए. 2. (crowded assembly) भीड़-भाड़^F, धक्कम-धक्का : there was uncontrollable ~ in the hall हाल में अनियंत्रित भीड़-भाड़ थी. 3. (drink) शरबत/रस : lemon ~ नीबू का ≈; orange ~ संतरे का ≈; when we were tired, we desired to drink some ~ जब हम थक गए तो कोई ≈ पीने की इच्छा^F हुई. 4. (gourd) कुम्हड़ा [green हरा, ripe पका हुआ]; ~ is used as a vegetable ≈ सब्ज़ी के रूप में काम में आता है.

squat स्क्वॉट *v.t.* (-tt-) **1.** उकड़ूँ बैठना : they generally ~ on the ground साधारणतया वे ज़मीन पर उकड़ूँ बैठते हैं. **2.** (Indian style) पलथी^F मारकर बैठना : the boy ~ted on the floor for hours लड़का फ़र्श पर घंटों पलथी मारकर बैठा रहा; she is too fat to ~ properly वह इतनी मोटी है कि ठीक से पलथी मारकर नहीं बैठ सकती. **3.** (crouch) सिमटकर बैठ जाना, दुबककर बैठना : they ~ted in a room because of fear डर से वे एक कमरे में दुबककर बैठ गए. **4.** (settle) बस जाना : at last they ~ted in a village अंत में वे एक गाँव में बस गए; they are even now ~ting in a house अब भी वे एक मकान में बस रहे हैं.

squeak स्क्वीक **I.** *n*^c. चूँ-चूँ^F : ~ of the mice may be heard every evening हर शाम^F चूहों की चूँ-चूँ सुनी जा सकती है; the ~ of a hinge की ≈. **II.** *v.t.* **1.** चूँ-चूँ करना, किकियाना : puppies ~ पिल्ले कूँ-कूँ करते हैं; mice ~ चूहे किकियाते हैं; chickens ~ चूज़े चूँ-चूँ करते हैं; seeing the snake the birds began to ~ loudly साँप को देखकर पक्षी ज़ोर से चूँ-चूँ करने लगे. **2.** चरचराना, चरमराना (of boats, carts, etc.) : the hard doors ~ loudly सख्त दरवाज़े ज़ोर से चरचराते हैं; the bullock cart was ~ing बैलगाड़ी^F चरमरा रही थी.

squeeze स्क्वीज़ **I.** *v.t.* **1.** (compress) दबाना, भींचना : to ~ a sponge स्पंज दबाना; to ~ smb's hand gently किसी का हाथ धीरे-से दबाना. **2.** (extract moisture) निचोड़ना : to ~ lemon to get juice जूस पाने के लिए नीबू निचोड़ना; to ~ out a wet cloth गीले कपड़े को ≈. **3.** (cram into) में ठूँसना, घुसेड़ना : he ~d many things into the suitcase उसने सूटकेस में कई चीज़ें^F ठूँस दीं. **4.** (crush) कुचलना : he was ~d to death वह कुचलकर मर गया. **5.** (force one's way) धकियाकर घुस जाना : he ~d into the packed train वह भरी रेलगाड़ी^F में धकियाकर घुस गया; they tried to ~ into the bus but one of them missed it उन्होंने बस^F में धकियाकर घुसने की कोशिश^F की लेकिन उनमें से एक छूट गया. **6.** (extort) ऐंठना : he ~d money from Mr. H उसने श्री ह से गलत ढंग से पैसे ऐंठ लिए. **7.** (harass by extortion) तंग करना, विवश करना : to ~ a person to take money illegally अवैध रूप से पैसा लेने के लिए किसी व्यक्ति को तंग करना; he was ~d to leave the school विद्यालय छोड़ने के लिए उसे विवश किया गया. **II.** *n*^c. **1.** दबाव : you should maintain the ~ तुम्हें ≈ बनाए रखना चाहिए. **2.** निचोड़ : this is the ~ of the entire events सभी घटनाओं^F का ≈ यह है.

squirrel स्क्विरल *n*^c. गिलहरी^F [brown भूरी, small छोटी, striped धारीदार]; ~s have bushy tails गिलहरियों की पूँछें झाड़दार होती हैं.

S.R. Southern Railway.

sr. = senior.

S.S. Social Service.

st. = saint, street.

stab स्टैब **I.** *v.t.* (-bb-) (छुरा) भोंकना/घोंपना : to ~ smb with a sharp instrument किसी को धारदार उपकरण ≈; to ~ an enemy in the chest शत्रु की छाती^F में छुरा भोंकना; he was ~bed to death उसे छुरा भोंककर मार डाला गया; he was ~bed in twenty places उसे बीस जगह^F छुरा मारा गया था; Δ **to ~ smb in the back** किसी की पीठ में छुरा भोंकना; (fig.) विश्वासघात करना. **II.** *n*^c. **1.** (wound) छुरे का घाव : he got a ~ on his shoulder उसे कंधे पर ≈ लगा; the ~ healed up in a fortnight ≈ एक पखवारे में भर गया. **2.** (fig.) टीस^F : she felt a ~ of conscience उसकी आत्मा^F को ≈ लगी.

stability स्टॅबि'लिटि n^u. **1.** स्थिरता^{F} : ~ of rupee रुपये की ≈; ~ of government is endangered सरकार^F की ≈ ख़तरे में है. **2.** मज़बूती^{F}, टिकाऊपन : there is no ~ in the foundation of his house उसके मकान की नींव^F में कोई ≈ नहीं है; the ~ of Maruti cars is doubtful मारुति कारों^{F} का टिकाऊपन संदिग्ध है. **3.** दृढ़ता^{F} : he has great ~ of character उसके चरित्र में बड़ी दृढ़ता है. [*ant.* in~] **stabilize** स्टॅ'बिलाइज़ *v.t.i.* स्थिर करना, मज़बूत करना : now he has ~d his position उसने अब अपनी स्थिति^{F} मज़बूत कर ली है; put some piece of straw-board under the chair and it will ~ कुर्सी^{F} के नीचे दफ़्ती^{F}/गत्ते का कोई टुकड़ा लगा दो और वह स्थिर हो जाएगी. **stabilizer** स्टै'बिलाइज़र n^c. स्थिरकारी उपकरण : ~ is used in radio sets and T.V. sets रेडियो और टी.वी. सेट्स में ≈ काम आता है; ~ controls the current of electricity ≈ बिजली^{F} की धारा^{F} को नियंत्रित करता है. **stable** स्टे'बल **I.** *a.* **1.** (not likely to change) स्थिर, अचल, अटल [position स्थिति^{F}, status स्तर]; he is now ~ in his faith वह अब अपने विश्वास पर ≈ है; a man of ~ behaviour स्थिर व्यवहार वाला आदमी. **2.** (enduring) स्थायी, (of material) टिकाऊ [government सरकार^F, things वस्तुएँ^{F}, wood लकड़ी^{F}]; all the materials are ~ ये सभी पदार्थ टिकाऊ हैं; all the furniture is of ~ nature सभी फ़र्नीचर टिकाऊ किस्म का है. **3.** (firmly fixed) सुस्थिर [chair कुर्सी^{F}, desk डेस्क, person व्यक्ति]; all the tables in the hall are ~ हाल में सब मेज़ें ≈ हैं. **4.** (not easily destroyed) पक्का, मज़बूत [construction निर्माण, structure ढाँचा]; there was nothing ~ वहाँ कुछ भी मज़बूत नहीं था. **5.** (firm) पक्का, दृढ़, (resolute) दृढ़ निश्चय [attitude रुख़, faith विश्वास, resolve निश्चय]; he is a man of ~ nature वह दृढ़ स्वभाव का आदमी है. **6.** (not easily upset) धीर [officer अधिकारी, woman स्त्री]; he is praised for his ~ nature in the society समाज में उसकी धीर स्वभाव के लिए प्रशंसा^{F} होती है. [*ant.* un~] **II.** n^c. (for horses) अस्तबल, घुड़साल^F : horses are kept in a building called ~ घोड़े एक इमारत में रखे जाते हैं जिसे ≈ कहते हैं; the horse was not in the ~ घोड़ा ≈ में नहीं था. Δ **to lock the ~ door when the horse has been stolen** हानि^{F} हो जाने के बाद सावधानी^{F} बरतना. **III.** *v.t.* अस्तबल में रखना : he ~d the mare for many days उसने कई दिन तक घोड़ी को अस्तबल में रखा.

stack स्टैक **I.** n^c. **1.** (of straw) अटाला, गाँज : the farmers were making ~s of straw किसान भूसे के अटाले बना रहे थे. **2.** (heap) ढेर, अंबार, टाल : ~ of money, work धन, काम का ≈; there were several ~s of sweets in the fair मेले में मिठाइयों के कई ≈ लगे थे. **3.** (of bricks) चट्टा : bricks were arranged in ~s outside the building इमारत^F के बाहर ईंटें चट्टे लगाकर जोड़ी गईं थीं. **4.** (of cards, notes, coins) गड्डी^{F} [small छोटी, पतली]; he has taken two ~s of notes from his cash box उसने कैश बाक्स से नोटों की दो गड्डियाँ ली थीं. **5.** (chimney) चिमनी^{F} : ~ of an engine इंजन की ≈; smoke was coming out of the ~ धुआँ चिमनी से निकल रहा था. **6.** (rack) टाँड़ : put these things on the ~ इन चीज़ों को ≈ पर रख दो. **II.** *v.t.* **1.** चट्टा, ढेर आदि लगाना : he ~ed the boxes in the shop उसने दुकान में संदूकों का ढेर लगा दिया. **2.** (cards) चालबाज़ी^{F} में फेंटना : he ~s the cards and wins the game वह चालबाज़ी से ताश^F फेंटता है और खेल जीत जाता है.

stadium स्टे'डियम (*pl.* stadia) n^c. स्टेडियम, अखाड़ा : we went to the football ~ to see the match हम मैच देखने फुटबाल ≈ गए; I went to the ~ for long jump लंबी कूद के लिए मैं अखाड़े गया; rows of seats surrounded the ~ सीटों की पंक्तियाँ^{F} स्टेडियम के चारों ओर थीं; Calcutta has the biggest ~ in India भारत में कलकत्ता का ≈ सबसे बड़ा है.

staff स्टाफ़ **I.** n^c. **1.** (strong stick) सोंटा, लट्ठ [short छोटा, straight सीधा]; a strong ~ for walking सैर के लिए एक मज़बूत ≈; he has taken a ~ वह एक ≈ लिए था.

2. (support) सहारा, आधार : this pension could be the best ~ for him यह पेंशन उसके लिए अच्छा सहारा हो सकती थी. 3. (of an institution) स्टाफ़, कर्मचारीगण : ~ room अध्यापक कक्ष; diplomatic ~ at the Embassy दूतावास में राजनयिक कर्मचारीगण; editorial ~ of a newspaper समाचार-पत्र का संपादकीय स्टाफ़; non-teaching ~ of a school स्कूल का न पढ़ाने वाला स्टाफ़; he is a member of the ~ वह स्टाफ़ का सदस्य है. 4. (of army) स्टाफ़, बलाधिकरण : he is one of the ~ of the general वह जर्नैल साहब का ≈ है. **II.** *v.t.* स्टाफ़/कर्मचारी रखना, अध्यापक रखना, प्राध्यापक रखना : to ~ an institution किसी संस्था^F में स्टाफ रखना.

stag स्टैग *n*^c. **1.** हिरन [small छोटा, old बूढ़ा, red लाल]; cashmere ~ हंगल; ~s are of very shy nature हिरन बहुत शर्मीले स्वभाव के होते हैं; I took the photo of a running ~ मैंने एक दौड़ लगाते हुए ≈ का चित्र खींचा. **2.** (castrated bull) बधिया साँड़; ~s are generally yoked to a plough ≈ प्राय: हल में जोते जाते हैं.

stage स्टेज **I.** *n*^c. **1.** (platform) मंच [high ऊंचा, large बड़ा, low नीचा]; a temporary ~ was made by them उनके द्वारा एक अस्थायी ≈ बनाया गया; there were only five officers on the ~ ≈ पर केवल पाँच अधिकारी थे. **2.** (of theatre) रंगमंच : ~ effect नाटकीय प्रभाव; ~ craft नाट्यकला^F; ~ manager सूत्रधार; our seats were near the ~ हमारी सीटें^F ≈ के करीब थीं; the audience moved towards the ~ श्रोतागण ≈ की ओर बढ़े; the play was acted on the ~ खेल ≈ पर खेला गया; the world is a ~ संसार एक ≈ है; for a minute there was none on the ~ एक मिनटभर ≈ पर कोई नहीं था; he is the best player of the ~ वह ≈ का सबसे अच्छा अभिनेता है. Δ **to go on the ~** अभिनेता बन जाना. **3.** (scene of action) घटनास्थल, मंच [horrible भयानक, remarkable उल्लेखनीय]; this has become the ~ of politics यह राजनीति^F का मंच हो गया है; none was present on the ~ घटनास्थल पर कोई मौजूद नहीं था. **4.** (of development) अवस्था^F, चरण : it will be the last ~ of his career यह उसके कार्यकाल की अंतिम ≈ होगी; the plan is in its first ~ योजना^F पहली अवस्था में है; now this is the second ~ of his life यह उसके जीवन की द्वितीय ≈ है; the work will complete in different ~s काम विभिन्न चरणों में पूरा होगा. **5.** (of journey) मंज़िल^F, पड़ाव [last आख़िरी, temporary अस्थायी]; he completed the journey in various ~s उसने कई पड़ाव करके यात्रा^F पूरी की. **II.** *v.t.* **1.** का मंचन/अभिनय करना : the play was ~d first in Calcutta इस नाटक का मंचन पहले कलकत्ता में हुआ था; all the actors ~d very well सभी अभिनेताओं ने बड़ा अच्छा अभिनय किया; a famous company ~d the play एक प्रसिद्ध कम्पनी^F ने नाटक का मंचन किया. **2.** to ~ a demonstration against rising prices चढ़ती (हुई) कीमतों^F के विरुद्ध प्रदर्शन करना.

stagger स्टै'गर *v.i.t.* **1.** (totter) लड़खड़ाना, डगमगाना : the babies ~ very often बच्चे प्राय: लड़खड़ाते हैं; the old man ~ed as he walked जैसे ही वह बूढ़ा आदमी चला, लड़खड़ा गया; he stood for a moment, then ~ed suddenly and fell वह एक क्षण के लिए उठा, तब एकाएक लड़खड़ा गया और गिर पड़ा. **2.** (waver) हिचकना, आगापीछा करना : he ~ed before leaving his house अपना घर छोड़ने से पहले वह हिचकिचाया. **3.** (stártle) चौंका देना, आश्चर्यचकित करना : the news ~ed everybody समाचार ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया; I was ~ed yesterday to hear about his death उसकी मौत^F के बारे में सुनकर मैं कल चौंक गया; this question has ~ed him इस प्रश्न ने उसे घबरा दिया है. **4.** भिन्न-भिन्न समय रखना : working hours in different offices should be ~ed भिन्न-भिन्न कार्यालयों के काम के घंटे भिन्न-भिन्न रखे जाने चाहिए.

stain स्टेन **I.** *v.t.i.* **1.** दाग़ डालना/लगाना : ~ knowingly जानबूझकर ≈; tea has ~ed her saree चाय^F ने उसकी साड़ी^F में दाग़ लगा दिया है; I have ~ed my fingers with ink

मैने स्याही^{F} से अपनी अंगुलियों^{F} में दाग़ डाल दिया है; white clothes ~ quickly सफ़ेद कपड़ों पर जल्दी दाग़ लग जाता है. **2.** (of reputation, etc.) कलंक लगाना : this act will ~ his character यह काम उसके चरित्र पर कलंक लगाएगा; his name was ~ed with acts of oppression अत्याचार के कामों से उसका नाम कलंकित हो गया. **II.** *n^c*. **1.** धब्बा, दाग़ [black काला, dirty गंदा]; ~ of ink on the floor फर्श पर स्याही^{F} का धब्बा; make a ~ on the shirt कमीज़ पर दाग़ डालना. **2.** दाग़, कलंक : there is no ~ on his character उसके चरित्र पर कोई ≈ नहीं है.

stainless स्टेन्'लिस *a.* **1.** दाग़रहित, बेदाग़ [cloth कपड़ा, hand हाथ]; a set of stainless plates बेदाग़ तश्तरियों^{F} का सेट. **2.** निष्कलंक, निर्दोष [person व्यक्ति, reputation कीर्ति^{F}]; he was found ~ in that case उस मामले में उसे निर्दोष पाया गया. **3.** ज़ंगरोधी : ~ metal ≈ धातु; ~ steel is washed easily ≈ इस्पात आसानी से धुल जाता है.

stair स्टेअर *n^c*. **1.** (usu. *pl.*) (~case, ~way) सीढ़ी^{F} : I have been running up and down the ~s मैं सीढ़ियों पर ऊपर-नीचे दौड़ता रहा हूँ; he fell down the ~s वह सीढ़ियों से नीचे आ पड़ा; the old man slipped from the ~s बूढ़ा आदमी सीढ़ियों से फिसल गया; go up the ~s सीढ़ियों से ऊपर जाओ. **2.** (single step) डंडा, सीढ़ी^{F} : he has ascended only one ~ of success वह सफलता^{F} की केवल एक सीढ़ी चढ़ा है; the top ~ is broken सबसे ऊपर का डंडा टूटा हुआ है. **~case** *n^c*. सीढ़ी^{F} [narrow सँकरा, spiral सर्पिल]; the large buildings have several ~s बड़ी इमारतों^{F} में कई ज़ीने होते हैं. [*as distinct from* stare]

stake स्टेक **I.** *n^c*. **1.** (post) खूँटा [iron लोहे का, strong मज़बूत, wooden लकड़ी^{F} का]; a ~ has one or both ends pointed खूँटे के एक या दोनों कोर नोकदार होते हैं; a ~ supports a young tree खूँटा छोटे पेड़ को सहारा देता है; barbed wires are supported by ~s काँटेदार तार खूँटों के सहारे लगाए जाते हैं. **2.** (money wagered) बाज़ी^{F} की रकम^F : some people play cards for high ~s कुछ लोग बड़ी-बड़ी रकम की बाज़ी लगाकर ताश^F खेलते हैं. **3.** (at stake) दाँव पर या बाज़ी में : he set a large amount of money at ~ उसने एक मोटी रकम^F दाँव पर लगा दी; (fig.) दाँव पर, ख़तरे में : my life, reputation is at ~ मेरी जान^F, मेरा नाम दाँव पर लगा है (ख़तरे में है). **4.** (share) साझा : to have a ~ in smth किसी बात^F में साझा या लगाव होना; he has a ~ in profit and loss लाभ-हानि में वह हिस्सेदार है. **II.** *v.t.* **1.** (wager) दाँव पर रखना, की बाज़ी लगाना : to ~ everything सब कुछ दाँव पर लगा देना; to ~ one's life जीवन दाँव पर लगा देना. **2.** खूँटे से घेरना : to ~ out/off an area किसी क्षेत्र को ≈. **3.** खूँटे का सहारा : they ~ed the new trees उन्होंने नए पेड़ों को खूँटों का सहारा दिया.

stale स्टेल **I.** *a.* **1.** (of food) बासी [bread रोटी^{F}, cake केक]; the servant was given ~ food there वहाँ नौकर को ≈ भोजन दिया जाता था. **2.** (trite) घिसा-पिटा, पुराना [joke चुटकुला, thing पदार्थ, meaning अर्थ]; the news is ~ now समाचार अब पुराना हो गया है. [*ant.* fresh] **II.** *v.t.i.* **1.** बासी या पुराना होना या कर देना : the vegetable had ~d सब्ज़ी^{F} बासी हो गई थी. **2.** घिसपिट देना/जाना : the story has ~ed कहानी घिसपिट गई है; to ~ a news by repetition बार-बार दुहराकर समाचार को घिसपिट देना.

stalk स्टॉक **I.** *n^c*. (of plant) डंठल, डंडी^{F} [dry सूखी, green हरी]; ~ of lily कुमुदिनी का डंठल; the ~ of any fruit किसी फल की डंडी; the ~ was broken and the plant died डंडी टूट गई और पौधा मर गया. **II.** *v.t.* **1.** (in hunting) लुक-छिपकर पीछा करना : to ~ the game, enemy शिकार, शत्रु का लुक-छिपकर पीछा करना. **2.** (stride) अकड़कर चलना, शान से चलना : the boy was ~ing and he fell down लड़का अकड़कर चल रहा था कि गिर पड़ा. **3.** फैलना : famine, plague ~s the entire region अकाल, प्लेग सारे क्षेत्र में फैला है.

stall स्टॉल **I.** *n^c*. **1.** (for animal) थान, (for horse) घुड़साल^F : a cow's ~ गाय का थान;

the horse was in the ~ घोड़ा घुड़साल में था. 2. (booth) स्टाल, छोटी दुकान^F [clean साफ़, empty खाली]; a ~ on a railway station रेलवे स्टेशन पर का एक ≈; he went to a book ~ to buy a magazine एक पत्रिका^F ख़रीदने के लिए वह बुक स्टाल पर गया. 3. (seats) स्टाल : ~s on the ground floor in a theatre थियेटर के पहले तले के स्टाल; we had reserved two ~s हमने दो ≈ आरक्षित कराए थे. II. *v.t.* 1. थान पर रखना, बाँधे रखना : he ~s his cow all day long वह सारा-सारा दिन गाय को थान में बाँधे रखता है. 2. (of cart) धँसना, धँस जाना : the back wheel of the car ~ed in the mud कार^F का पिछला पहिया कीचड़ में धँस गया. 3. (of motor) बंद या ठप हो जाना, रुक जाना, बंद कर देना : the car ~ed suddenly कार^F अचानक बंद हो गई; the driver ~ed the car चालक ने कार^F बंद कर दी. 4. (of plane) डाँवाडोल हो जाना : the plane ~ed as the pilot could not control it हवाई-जहाज़ डाँवाडोल हो गया क्योंकि पायलट उसे नियंत्रित न कर सका. 5. (delay) टालना : the plan has been ~ed योजना^F टाल दी गई है; the municipal corporation is ~ing over the proposal नगर-निगम प्रस्ताव को टाल रहा है. 6. (avoid) जान छुड़ाना : to ~ off social workers समाज सेवकों से जान छुड़ाना.

stalwart स्टॉल्'वर्ट I. *a.* 1. (sturdy) हट्टा-कट्टा, तगड़ा [creature प्राणी, person व्यक्ति]; he is a ~ and well-built wrestler वह हट्टा-कट्टा और सुगठित कुश्तीबाज़ है; he is a man of ~ build वह तगड़ी काठी^F वाला आदमी है. 2. (resolute) दृढ़निश्चय, पक्का : they are my ~ supporters वे मेरे पक्के समर्थक हैं. II. *n*^c. पक्का समर्थक : he is a ~ of convent education वह कान्वेन्ट शिक्षा^F का ≈ है; ~s of democracy लोकतंत्र के पक्के समर्थक.

stamina स्टै'मिना *n.* (endurance) दम, ऊर्जस्विता^F : this swimmer has great ~ इस तैराक में बड़ा दम है; his ~ is praiseworthy उसकी ऊर्जस्विता प्रशंसनीय है; you need good ~ to run a long race लंबी दौड़^F लगाने के लिए तुम्हें अच्छे दम की आवश्यकता होती है; he has no ~ to work so long इतने लंबे समय तक काम करने का उसमें दम नहीं है.

stammer स्टै'मर I. *v.i.* हकलाना : he ~s only when he is excited वह तभी हकलाता है जब वह उत्तेजित होता है; the children often ~ बच्चे प्रायः हकलाते हैं; he ~s while speaking in class कक्षा^F में बोलते समय वह हकलाता है; while ~ing she pronounces 'papa' as 'p-p-papa' वह हकलाते हुए 'पापा' का उच्चारण 'प-प-पापा' करती है. II. *n.* हकलाहट^F : to cure the ~ हकलापन का इलाज करना; he is still not cured of his ~ उसकी हकलाहट का इलाज अब भी नहीं हुआ; the child has a ~ बच्चे में ≈ है. **stammerer** स्टै'मॅरर *n*^c. हकला, हकलाने वाला : a ~ says k k k catch it एक ≈ कहता है इसे क क क कैच करो; he is the only ~ in the class कक्षा^F में वह अकेला हकला है.

stamp स्टैम्प I. *v.t.* 1. (imprint) अंकित करना : to ~ one's name on a book किताब^F पर अपना नाम ≈; the cost of the book was wrongly ~ed किताब^F का मूल्य गलत अंकित हो गया था; he ~ed the date at the head of his letter उसने पत्र के सिरे पर तारीख़^F अंकित की. 2. (affix ~) टिकट लगाना : to ~ an envelope लिफ़ाफ़े पर टिकट लगाना; to buy a ~ed envelope टिकट लगा हुआ लिफ़ाफ़ा खरीदना; the post card is not ~ed पोस्टकार्ड पर टिकट नहीं लगा है. 3. (with seal) मुद्रांकन करना, मोहर लगाना : मुद्रांकित करना : the summon is issued after it is ~ed सम्मन मुद्रांकित होने के बाद जारी होता है. 4. (impress) में बैठा देना : he ~ed some ideas in my mind उसने मेरे मन में कुछ विचार बैठा दिए. 5. (show to be) प्रमाणित करना, सिद्ध करना : this ~s him as a coward यह उसे कायर सिद्ध करता है; you should ~ your answer with examples तुम्हें अपना उत्तर उदाहरण देकर सिद्ध करना चाहिए. 6. (one's foot) पटकना : he ~ed his foot on an insect उसने एक कीड़े पर अपना पैर पटक दिया; she was ~ing with rage वह क्रोधावेश में अपने पैर पटक रही थी. Δ ~ **out** (i) मिटा देना, कुचल देना : the

rebellion was ~ed out विद्रोह कुचल दिया गया; (ii) समाप्त कर देना : to ~ out the life of an insect कीड़े का जीवन समाप्त करना; (iii) बुझा देना : to ~ out fire आग बुझा देना. **II.** *n*[c]. **1.** मुद्रांकन : official ~ सरकारी ≈; ~ of a letter पत्र का ≈. **2.** (object) मोहर[F], मुद्रा[F] [forged जाली, rubber रबर की]; the ~ of the office was not with the clerk कार्यालय की मोहर लिपिक के पास नहीं थी. **3.** (imprint) टिकट, स्टांप [foreign विदेशी, Indian भारतीय, revenue रसीदी]; postage ~ डाक टिकट; he stuck a ten-rupee ~ on the parcel उसने पार्सल पर दस रुपए का ≈ लगाया; ~ collector टिकट संग्रहकर्ता; ~ duty स्टांप शुल्क; ~ paper अदालती दस्तावेज़, स्टांप पेपर. **4.** (characteristic mark) छाप[F], ठप्पा [indelible अमिट, permanent स्थायी]; all the goods had the company's ~ सारे माल पर कम्पनी[F] का ठप्पा (लगा) था. **5.** (kind) प्रकार : various ~ विभिन्न ≈; many species of this ~ इस प्रकार की कई प्रजातियाँ[F]; the two sisters are of different ~s दोनों बहनें भिन्न प्रकार की हैं. **6.** (of foot) पटक[F] : he crushed the toy with a ~ of his foot उसने खिलौने को पैर की ≈ से कुचल दिया.

stampede स्टैमपीड' *n*[c]. भगदड़[F] : dangerous ~ खतरनाक ≈; ~ of animals until the fright ended जानवरों की ≈ जब तक कि भय समाप्त नहीं हुआ; several pilgrims were killed in a ~ during the fair मेले के दौरान कई तीर्थयात्री ≈ में मारे गए; at the end of the cinema show, there was a ~ at the gate सिनेमा शो के अंत में गेट पर ≈ मच गई.

stand स्टैन्ड **I.** *v.i.* (*p. & p.p.* stood) **1.** खड़ा होना, या रहना, खड़ा हो जाना, उठ खड़ा होना : some people are sitting, others are ~ing कुछ लोग बैठे हैं, बाकी खड़े हैं; don't trouble yourself, I can ~ अपने को कष्ट न दो, मैं खड़ा रह सकता हूँ; he was so weak that he could not ~ वह इतना कमज़ोर था कि खड़ा नहीं हो सकता था; the table cannot ~, as one of its leg is broken मेज़ खड़ी नहीं हो सकती, क्योंकि इसकी एक टाँग[F] टूटी हुई है; he is ~ing as a candidate वह उम्मीदवार खड़ा है; the crop is still ~ing फ़सल अब भी खड़ी है; when the teacher came in, we stood up जब अध्यापक भीतर आएं तो हम खड़े हो गए. Δ **to ~ on one's own legs** अपने पैरों पर खड़ा होना (किसी के सहारे न रहना). **2.** (be situated) स्थित होना, होना : a fort ~s on the hill इस पहाड़ी पर एक किला (स्थित) है; our school ~s on the bank of the Yamuna हमारा स्कूल यमुना[F] (नदी[F]) के किनारे स्थित है. **3.** (be) रहना, होना : the same arrangement ~s today वही व्यवस्था[F] आज भी है; a clock ~s on the wall घड़ी दीवार[F] पर रहती है; a pillar stood 4 metres high एक खंभा चार मीटर ऊंचा था. **4.** (last) बना रहना, टिकना : the oil will not ~ long तेल ज़्यादा समय तक नहीं चलेगा; this rule has stood for many years यह नियम कई साल से बना रहा है; the objection still ~s आपत्ति[F] अभी बनी है.

II. *v.t.* **1.** (place) रखना, रख देना, खड़ा कर देना : to ~ the motor-cycle on the other side मोटरसाइकिल दूसरी तरफ़[F] खड़ा करना. **2.** (provide) (का ख़र्च) देना : who will ~ the expenditure of all सब लोगों का ख़र्च कौन देगा ? **3.** (endure) सहना, बरदाश्त करना, झेलना : I cannot ~ so much insult मैं इतना अपमान नहीं सह सकता; he was able to ~ the cold in January वह जनवरी[F] की सर्दी[F] बरदाश्त कर सकता था. **4.** Δ **to ~ the test** परीक्षा में पूरा उतरना; **~ against** (i) के सहारे खड़ा होना : a chair is ~ing against the wall दीवार[F] के सहारे एक कुर्सी[F] खड़ी है; (ii) का विरोध करना : no one can ~ against this candidate इस उम्मीदवार के विरुद्ध कोई नहीं खड़ा हो सकता; **~ aloof** अलग रहना : he stood aloof the whole day वह पूरा दिन अलग रहा; **~ aside** किनारे (खड़े) रहना : the people stood aside to let the procession pass जुलूस निकल जाने के लिए लोग किनारे खड़ रहे; they stood aside during the quarrel झगड़े के दौरान वे किनारे खड़ रहे; **~ by** (i) का समर्थन करना, का पक्ष लेना : I ~ by his decision मैं उसके निर्णय का समर्थन करता हूँ; I can ~ by him मैं

उसका पक्ष ले सकता हूँ (साथ दे सकता हूँ); he should ~ by his master उसे अपने मालिक के प्रति निष्ठा[F] रखनी चाहिए; (ii) चुपचाप देखते रहना : when the police was beating a woman people just stood by जब पुलिस[F] एक स्त्री को पीट रही थी तो लोग चुपचाप देखते रहे; (iii) तैयार रहना : the volunteers stood by for help स्वयंसेवक सहायता के लिए तैयार खड़े थे; ~ **down** हट जाना : the Chairman should ~ down his seat अध्यक्ष को अपने स्थान से हट जाना चाहिए; a candidate has stood down एक उम्मीदवार हट गया है; ~ **for** (i) (signify) का अर्थ होना : U.P. ~s for Uttar Pradesh उ. प्र. का अर्थ है उत्तर प्रदेश; what does this word ~ for इस शब्द का क्या अर्थ है ?; (ii) (in election) खड़ा होना : he will ~ for Vidhan Sabha यह विधानसभा के लिए खड़ा होगा; (iii) (tolerate) बरदाश्त करना : I shall not ~ for misconduct मैं दुराचरण बरदाश्त न करूँगा; ~ **in** (i) (share cost) में साझा करना, में हिस्सा बँटाना, का स्थान लेना : to ~ in the business व्यापार में हिस्सा बँटाना; you will not ~ in the business व्यापार में तुम्हारा साझा नहीं होगा; (ii) ~ **in for** के स्थान पर काम करना : some other actor stood in for Sanjay Dutt संजय दत्त के स्थान पर किसी और अभिनेता ने काम किया; ~ **on/upon** पालन करना : why don't you ~ on the rules of the ceremony तुम इस संस्कार के नियमों का पालन क्यों नहीं करते; ~ **out** (i) प्रमुखता[F] से दिखाई देना, प्रमुख होना : this tall man ~s out among so many people इतने लोगों में वह प्रमुखता से दिखाई देता है; (ii) (one's ground) डटे रहना : the battalion stood out as long as it could जब तक हो सका पलटन[F] डटी रही; ~ **over** (i) स्थगित होना : the meeting stood over without any conclusion बैठक[F] बिना किसी निष्कर्ष के स्थगित हो गई; (ii) निगरानी[F] करना : I have to ~ over him so that he finishes his work in time मुझे उसकी निगरानी करनी पड़ती है ताकि वह समय पर अपना काम समाप्त करे; ~ **to** (i) (a promise) निभाना : to ~ to one's promise अपना वादा निभाना; (ii) (लाभ, हानि) निश्चित होना : you will ~ to profit in your business तुम्हें व्यापार में निश्चित लाभ होगा; to ~ to lose हारना/खोना निश्चित होना; (iii) तैयार रहना : the army was ordered to ~to सेना[F] को तैयार रहने का आदेश दिया गया; ~ **up** खड़ा हो जाना : they stood up during the meeting बैठक के दौरान वे खड़े हो गए; ~ **up for** का समर्थन करना, का पक्ष लेना : his friends stood up for him उसके मित्र उसके समर्थन में खड़े हो गए; I'll ~ for him मैं उसका पक्ष लूँगा; ~ **up to** का डटकर सामना करना : he stood up to him उसने उसका डटकर सामना किया. Δ (*other phrases*) he does not **stand a chance** to win उसके जीतने की कोई गुंजाइश नहीं है; I ~ corrected मैं अपनी ग़लती[F] मान लूँगा; he stood fast वह डटा रहा; to ~ guarantee ज़ामिन होना, ज़िम्मा लेना; it ~s to reason यह तर्कसंगत है. **III.** *n*[cu]. **1.** (stopping) गतिरोध : the work came to a ~ काम रुक गया, काम में गतिरोध आ गया. **2.** (resolute resistance) डटकर मुकाबला, मोरचा : to make a ~ against the enemy शत्रु का डटकर मुकाबला करना. **3.** (position) (i) खड़ा हो जाना : to take a firm ~ जमकर खड़ा होना; (ii) आधार, सहारा (in order to argue) : to take one's ~ on some principle किसी सिद्धांत का सहारा लेना. **4.** (furniture) धानी[F] : ink ~ मसि-धानी; hat ~ हैट रखने का स्टैण्ड. **5.** (stall) स्टाल, छोटी दुकान[F] [decorated सुसज्जित, ordinary साधारण]; they came to a ~ and drank tea वे एक स्टाल पर आए और चाय[F] पी; everyone knows that news ~ प्रत्येक व्यक्ति वह अखबार वाला स्टाल जानता है. **6.** (for vehicles) अड्डा : bus ~ बस ≈; there are two tonga ~s near the station स्टेशन के पास टाँगों के दो अड्डे हैं; he came to the ~ to take his cycle अपनी साइकिल लेने के लिए वह अड्डे पर गया.

standard स्टैन्'डर्ड **I.** *n*[c]. **1.** (flag) झण्डा, ध्वज [green हरा, red लाल]; to raise the ~ of revolt विद्रोह का झण्डा खड़ा करना; they have gone to hoist the ~ वे झण्डा

फहराते हैं; who will unfurl the ~ झण्डा कौन फहराएगा? **2.** (by which weight, measure, quality are determined) मानक, मानदण्ड : what will be the ~ of his work उसके काम का ≈ क्या होगा? metre is the ~ of length लंबाई^F का ≈ मीटर है; kilo is the ~ of weight तौल का ≈ किलो है. **3.** (degree of excellence) स्तर [general सामान्य, high ऊंचा]; to raise the ~ of living जीवन-स्तर को ऊंचा करना; his ~ is very low उसका जीवन-स्तर बड़ा नीचा है. **4.** (quality) कोटि^{F}, दरजा : low ~ नीचा ≈; I buy goods of high ~ मैं उच्च कोटि का सामान खरीदता हूँ. **5.** (of school) दरजा, कक्षा^{F} : in which ~ does he read वह किस दरजे में पढ़ता है? **II.** *a.* **1.** मानक [metre मीटर, time समय, work काम]; blades have a ~ size ब्लेडों का एक ≈ साइज़ होता है. **2.** (athoritative) प्रामाणिक : there is no ~ article on this subject इस विषय पर कोई ≈ लेख नहीं है. (comb.) ~ **author** मान्य लेखक; ~ **lamp** खंभे पर टँगा लैम्प. **standardize** स्टैन्'डर्डाइज़ *v.t.* मानकित करना : no language can be fully ~d किसी भाषा को पूरे तौर पर मानकित नहीं किया जा सकता; to ~ the spelling वर्तनी^{F} को ≈; most cookers are ~d अधिकतर ≈ कुकर मानकित होते हैं. **standing** स्टैन्'डिङ्ग **I.** *a.* **1.** (permanent) स्थायी, पक्का [army सेना^{F}, order आदेश]; ~ committee स्थायी समिति^{F}. **2.** (erect) खड़ा : ~ **ladder** खड़ी सीढ़ी^{F}; ~ room केवल खड़े होने की जगह. **3.** (stagnant) खड़ा : ~ water ≈ पानी. **II.** n^u. **1.** (rank, position) पद [general साधारण, honourable सम्मानजनक]; an officer of high ~ उच्च पदस्थ अधिकारी; he has no ~ in the committee कमेटी^{F} में उसका कोई पद नहीं है. **2.** (repute) नाम, साख^F, प्रतिष्ठा^{F} : a person of high ~ ऊंची प्रतिष्ठा वाला आदमी; ~ of a firm किसी प्रतिष्ठान की साख. **3.** (period) अवधि^{F} : a teacher of long ~ चिरकालीन/पुराना अध्यापक. **standpoint** n^c. दृष्टिकोण [different भिन्न, new नया]; to have an entirely different ~ पूरी तरह से भिन्न ≈ रखना; he tried to know their ~ उसने उनका ≈ जानने का प्रयास किया; from my ~ everything is well-arranged मेरे ≈ से सब कुछ सुव्यवस्थित है. **standstill** *n.* ठहराव, विराम, गतिरोध : temporary ~ अस्थायी ≈; the work is now at a ~ काम में इस समय ≈ है; the machine came to a ~ मशीन^F में गतिरोध आ गया; the job came to a ~ काम रुक गया.

stank स्टैङ्क *v.t. past* of 'stink' *q.v.*

stanza स्टैन्'ज़ा n^c. बंद, छंद [long लंबा, short छोटा]; read ~ No. 2 of the poem इस कविता^{F} का दूसरा ≈ पढ़ो; she cannot explain the fourth ~ वह चौथे ≈ की व्याख्या^{F} नहीं कर सकती; this ~ has four lines इस छंद में चार पंक्तियाँ हैं.

staple स्टे'पल **I.** *n.* **1.** (U-shaped metal) स्टेपल : to use a ~ to fasten papers काग़ज़ों को बाँधने के लिए ≈ का इस्तेमाल करना. **2.** (fibre) रेशा : the ~ of this cotton is quite large इस रुई^F का रेशा काफ़ी बड़ा है. **3.** (chief articles of trade or industry) व्यापार या उद्योग का मुख्य माल या उत्पाद : paper is one of the ~s of Japan काग़ज़ जापान का मुख्यतम उत्पाद है. **4.** (raw material) कच्चा माल : the import of ~s from the eastern countries पूर्वी देशों से ≈ का आयात; the ~ could not reach the port ≈ बंदरगाह^F तक नहीं पहुँच सका. **5.** (element) तत्व : what are the main ~s of human body which affect it वे कौन-से तत्व हैं जो मानव शरीर को प्रभावित करते हैं? **6.** (subject-matter) विषय-वस्तु^{F} : ~s of discussion चर्चा^{F} के मुख्य विषय. **II.** *a.* **1.** (chief) मुख्य, प्रधान [food भोजन, means साधन]; this was the ~ interest of his life उसके जीवन की मुख्य रुचि^{F} यही थी.

star स्टार **I.** n^c. **1.** तारा [bright चमकीला, dim धुँधला]; shooting ~s उल्का^{F}, या टूटते तारे; I saw the twinkling ~s in space in the night मैंने रात में टिमटिमाते तारों को अंतरिक्ष में देखा; tell the name of the evening ~ शाम^F के तारे का नाम बताओ; the ~s in the sky guide travellers at night आकाश के तारे रात^F को यात्रियों का पथप्रदर्शन करते हैं;

have you seen the morning ~ क्या तुमने भोर का ≈ देखा है ? **2.** (famous actor or actress) सितारा, तारिका^F [charming आकर्षक, famous प्रसिद्ध]; who is the best film ~ in India भारत में कौन सबसे अच्छा सिने सितारा है ? she is excellent television ~ वह टी.वी. की उत्कृष्ट तारिका है. **3.** (leading performer) नायक, नायिका^F [known जानी-मानी, virtuous गुणी]; both of them are the ~s of the drama वे दोनों नाटक के नायक हैं. **4.** literary ~ लब्ध-प्रतिष्ठ साहित्यकार. **5.** (luck) भाग्य, सितारा : his ~ brightened in the last round of his life उसके जीवन के अंतिम चरण में उसका ≈ चमक उठा; thank your ~s अपने भाग्य की सराहना^F करो. **6.** तारांक : some ~s have five points कुछ तारांकों की पाँच नोकें^F होती हैं. **II.** *v.t.* (-rr-) **1.** (to mark with a star) तारांकित करना : ~ the correct words शुद्ध शब्दों को तारांकित करो; this is a ~red question यह एक तारांकित प्रश्न है. **2.** (to play a leading role) मुख्य भूमिका^F अदा करना : she ~red in several films उसने कई फ़िल्मों^F में मुख्य भूमिका अदा की.

starch स्टार्च *n*^u. स्टार्च, माड़ी^F, कलफ़ : ~ is found in wheat, potatoes, etc. ≈ गेहूँ, आलू, आदि में पाया जाता है; ~ makes clothes stiff स्टार्च कपड़ों को कड़ा बनाता है; ~ for stiffening collars and shirts कालर और कमीज़ों को कड़ा बनाने के लिए ≈.

stare स्टेंअर् *v.t.* **1.** (~ **at**) आँखें^F फाड़कर देखना, टकटकी^F लगाकर देखना, एक टक देखना : the children ~d at the elephant बच्चे हाथी को आँखें फाड़-फाड़कर देख रहे थे; he ~d at the newcomer. उसने नवागन्तुक को आँखें फाड़कर देखा; she ~d at me in amazement उसने आश्चर्य में मुझे एक टक देखा; why are you staring at her तुम उस पर टकटकी लगाकर क्यों देख रहे हो ? **2.** घूरना : to ~ smb **into** confusion, silence किसी को घूरकर घबरा देना, चुप करा देना. Δ **to ~ smb in the face** (i) किसी को घूरकर देखना. (ii) सामने आ जाना : facts ~d him in the face तथ्य उसके सामने आ गए.

starry स्टा'रि *a.* **1.** तारामय [night रात^F, winter sky जाड़े का आकाश]. **2.** (bright) चमकीला : ~ eyes चमकती आँखें^F.

start स्टार्ट **I.** *v.t.* **1.** आरंभ करना, शुरू करना : pupils ~ed writing छात्रों ने लिखना शुरू कर दिया; to ~ a quarrel झगड़ा शुरू करना; he ~ed crying उसने रोना शुरू कर दिया; we shall ~ work as soon as he returns जैसे ही वह वापस होगा हम काम शुरू कर देंगे; let us ~ our work हम अपना काम शुरू कर दें; to ~ some business कोई धंधा शुरू करना. **2.** (to make smth work) चालू करना, चलाना : to ~ an engine इंजन चलाना; he ~ed his car and left उसने अपनी कार^F चलाई और चल दिया; he came and ~ed the machine वह आया और मशीन^F चला दी. **II.** *v.i.* **1.** शुरू होना : how did the quarrel ~ झगड़ा कैसे शुरू हुआ; the show will ~ very soon शो शीघ्र ही शुरू होगा; what time does the game ~ खेल कितने बजे शुरू होता है ? **2.** (to begin a journey) रवाना होना, चल देना/पड़ना : he has ~ed on a journey वह यात्रा^F पर चल दिया; he ~ed for America वह अमेरिका के लिए रवाना हुआ; let us ~ back now अब वापस चलें; we shall ~ at 6 a.m. हम प्रातः छह बजे चल देंगे/पड़ेंगे. **3.** (of train) छूटना : when I reached the station, the train had ~d जब मैं स्टेशन पहुँचा तो ट्रेन^F छूट चुकी थी. **4.** (to get starled) चौंकना : the sudden noise made the child ~ अचानक शोर ने बच्चे को चौंका दिया; she ~ed up with fear वह डर के मारे चौंक उठी. Δ ~ **off** (i) शुरू करना : he ~ed off his business with great enthusiasm but was later slow उसने अपना व्यापार बड़े उत्साह से शुरू किया लेकिन बाद में धीमा हो गया; (ii) चल देना : we should ~ off at once हमें तुरंत चल देना चाहिए; ~ **out** चल देना, प्रारंभ करना : he ~ed out on a long journey वह एक लंबी यात्रा^F पर चल दिया; ~ **up** (i) चौंकना : hearing the noise the boy ~ed up आवाज़^F सुनकर लड़का चौंक पड़ा; (ii) पैदा होना : so many difficulties have ~ed up इतनी सारी कठिनाइयाँ^F उत्पन्न हो गई हैं; to ~ **with** (i) पहले तो, प्रारंभ से : he was slow to

~ with but later he ran fast प्रारंभ में तो वह धीमा था लेकिन बाद में तेज दौड़ा; (ii) पहले : I had a small capital to ~ with पहले मेरे पास थोड़ी पूँजी^F थी. **II.** *n*^c. **1.** (beginning) आरंभ : casual ~ आकस्मिक ≈; if the ~ is good, the end will also be good यदि आरंभ अच्छा है तो अंत भी अच्छा होगा; I warned him from the very ~ मैंने आरंभ से ही उसे चेतावनी^F दे दी थी; you should make a ~ on this business तुम्हें यह धंधा आरंभ कर देना चाहिए. **2.** (of a journey) प्रस्थान : we made a ~ at a good time हमने अच्छे समय पर प्रस्थान किया. **3.** (sudden movement) चौंक^F, चिहुँक^F : the mother could not know the reason for the ~ of the child माँ बच्चे की चौंक का कारण न समझ सकी; to wake up with a ~ चौंककर जाग उठना. **4.** (advantage conceded in races) रिआयत^F, सुविधा^F : he got a ~ of ten metres उसे दस मीटर की ≈ मिली. Δ **by fits and ~s** कभी तरंग में आने पर, मनमौजी ढंग से : I always read by fits and ~s मैं तरंग में आने पर (रुक-रुक कर) पढ़ता हूँ.

startle स्टार्'टल *v.t.i.* चौंकना, चौंका देना : ~ suddenly एकाएक ≈; the loud noise ~d me ज़ोर के शोर ने मुझे चौंका दिया; the deer is easily ~d हिरन जल्दी चौंक जाता है; don't ~ the child बच्चे को चौंकाओ मत; the news will ~ many यह समाचार बहुतों को चौंका देगा. **startling** स्टार्ट'लिङ्ग *a.* **1.** चौंकाने वाली [events घटनाएँ^F, news ख़बर^F. **2.** (surprising) आश्चर्यजनक : ~ resemblance between two sisters दो बहनों में ≈ समानता^F; the medicine had a ~ effect दवा^F का ≈ असर हुआ.

starvation स्टार्वे'शन *n*^u. भुखमरी^F : so many people died of ~ in Orissa उड़ीसा में इतने सारे लोग ≈ से मर गए; ~ is prevalent in most African countries बहुत-से अफ्रीकी देशों में ≈ फैली है. **starve** स्टार्व़ *v.t.i.* **1.** भूखों मरना, भूखों मारना : they ~d for want of food खाने की कमी^F के कारण वे भूखे मर गए; to ~ someone किसी को भूखों मारना; he was ~d to death उसे भूखा मार दिया गया. **2.** बहुत भूख^F लगना : he had been starving since one o'clock उसे एक बजे से बड़ी भूख लगी है. **3.** (long for) का भूखा होना, के लिए तरसना : he ~d for the knowledge of planets वह ग्रहों के ज्ञान के लिए तरसता था. **4.** (keep deprived of) से वंचित रखना; तरसाना : she was ~d of love वह प्यार से वंचित रही; वह प्यार की भूखी रही.

state स्टेट **I.** *n*^cu. **1.** (condition) अवस्था^F, दशा^F, हालत^F, स्थिति^F [deplorable शोचनीय, hopeless आशारहित, miserable दयनीय]; their kitchen was not in a good ~ उनका रसोईघर अच्छी दशा में नहीं था; what is the ~ of your health तुम्हारे स्वास्थ्य की क्या स्थिति^F/हालत^F है? a ~ of excitement उत्तेजनात्मक स्थिति; try to know the ~ of the mind of your friend अपने मित्र की मनोदशा^F जानने का प्रयास करो; what are the states of liquid द्रव की कौन-कौन अवस्थाएँ होती हैं? **2.** (country) राज्य, राष्ट्र [prominent प्रसिद्ध, prosperous समृद्ध]; India is a welfare state भारत एक कल्याणकारी ≈ है. **3.** (province) राज्य, प्रान्त [independent स्वतंत्र, poor ग़रीब, rich समृद्ध/अमीर]; Uttar Pradesh is one of the ~ of India उत्तर प्रदेश भारत का एक ≈ है; there are twenty-five ~s in India भारत में पच्चीस राज्य हैं. **4.** (government) शासन, सरकार^F [corrupt भ्रष्ट, fair निष्पक्ष]; industry should not be controlled by the ~ उद्योग पर शासन का नियंत्रण नहीं होना चाहिए; under this ~ you should not expect a good administration इस शासन में तुम्हें अच्छे प्रशासन की आशा^F नहीं करनी चाहिए. **5.** (dignity) प्रतिष्ठा^F : now he is a man of high ~ अब वह बड़ी प्रतिष्ठा वाला आदमी है. Δ **he keeps** ~ वह अपनी प्रतिष्ठा बचाए रखता है (किसी से कम मिलता है). **6.** (pomp) शान^F, ठाठ-बाट : he lives in ~ like a king वह राजा की तरह^F ≈ से रहता है; he travels in ~ वह ≈ से यात्रा^F करता है. Δ **lie in** ~ दर्शनार्थ रखा जाना : his body lay in ~ for people to pay their homage उसका शव लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दिये जाने के लिए दर्शनार्थ रखा गया. **II.** *a.* **1.** राज्य-,

राज-, राजकीय, सरकारी [deficit घाटा, policy नीति^{F}]; ~craft शासन कला^{F}, राजनीति^{F}. **2.** ~ funeral राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि^{F}. **3.** ~ prisoner राजबंदी. **4.** ~ trial सरकारी मुकदमा. **5.** he is a ~ employee वह राज्य कर्मचारी है. **6.** to interfere in ~ affairs सरकारी मामलों में दख़ल देना. **III.** *v.t.* **1.** बताना : he ~ed that there was no thief उसने बताया कि वहाँ कोई चोर नहीं है; please ~ your question कृपया अपना प्रश्न बताइए; ~ your name and address अपना नाम और पता बताओ **2.** (fix) निश्चित करना, नियत करना : the principal ~d the date for admission प्राचार्य ने प्रवेश की तारीख़^{F} नियत कर दी; to ~ the time for duty ड्यूटी^{F} का समय नियत करना.

stately स्टेट्'लि *a.* **1.** (dignified) गौरवपूर्ण, गौरवमय [condition स्थिति^{F}, history इतिहास]. **2.** (magnificent) भव्य, शानदार [building इमारत^F, lady महिला^{F}]; row of ~ palm trees नारियल के पेड़ों की भव्य-पंक्ति^{F}. **statement** स्टेट्'मन्ट n^c. **1.** कथन, वक्तव्य, बयान [confused भ्रामक, positive सकारात्मक, written लिखित]; the P.M. made a ~ in the Parliament प्रधानमंत्री ने संसद् में वक्तव्य दिया; his ~ was found true उसका कथन सही पाया गया; all his ~s are incorrect उसके सब कथन अशुद्ध हैं. **2.** (in court) बयान [brief संक्षिप्त, false झूठा, wrong ग़लत]; witness's ~ गवाह का बयान; he presented his written ~ in the court उसने न्यायालय में अपना लिखित बयान प्रस्तुत किया. **3.** विवरण : ~ of account लेखा- ≈. **statesman** स्टेट्स'मन n^c. (*pl.* -men) राजनेता : a ~ is a wise political leader ≈ एक बुद्धिमान राजनीतिक नेता होता है; Sardar V. B. Patel was a great ~ सरदार वल्लभ भाई पटेल एक महान् राजनेता थे; he will be remembered as a ~ उसे ≈ के रूप में याद किया जायगा.

station स्टे'शन **I.** n^c. **1.** (railway ~) स्टेशन [crowded भीड़-भाड़ वाला, deserted निर्जन, noisy कोलाहलयुक्त]; the train has left the ~ गाड़ी^{F} ≈ से छूट गई है; we went to the ~ waiting room हम ≈ के प्रतीक्षालय में गए; we reached the ~ at ten हम ≈ दस बजे पहुँचे; ~ master was found responsible for the accident स्टेशनमास्टर दुर्घटना^{F} के लिए ज़िम्मेदार पाया गया; the ~ is far from here ≈ यहाँ से दूर है; please tell me the way to the ~ कृपया मुझे ≈ का रास्ता बताइए. **2.** (other stations) police ~ थाना; radio ~ रेडियो स्टेशन; television ~ टी.वी. स्टेशन; bus ~ बस अड्डा; broadcasting ~ प्रसारण केंद्र; research ~ अनुसंधान केंद्र; military ~ सैनिक अड्डा/चौकी^{F}. **II.** *v.t.* (किसी स्थान पर) नियुक्त करना, तैनात करना : the sentry was ~ed at the gate एक संतरी फाटक पर तैनात किया गया.

stationary स्टे'शॅनरि *a.* **1.** (not mobile) अचल, निश्चल [objects पदार्थ, property संपत्ति^{F}]; then the bus was ~ तब बस^F (खड़ी) ≈ थी; they kept the engine ~ उन्होंने इंजन को ≈ रखा; there is nothing ~ in the world संसार में कुछ भी ≈ नहीं है; he remained ~ at the crossing वह चौराहे पर ≈ खड़ा रहा; a ~ object is easier to aim at ≈ पदार्थ को निशाना बनाना कुछ आसान होता है. **2.** (not changing) स्थिर [population जनसंख्या^{F}, temperature तापमान]. [*as distinct from* stationery]

stationer स्टे'शॅनर n^c. लेखन-सामग्री विक्रेता : a ~ sells writing papers, pens, pensils, etc. ≈ काग़ज़, कलम, पेंसिल, आदि बेचता है; I buy all my writing material from a local ~ मैं एक स्थानीय ≈ से अपनी सारी लेखन-सामग्री^{F} ख़रीदता हूँ; there is not a single ~ in this market इस बाज़ार में एक भी ≈ नहीं हैं. **stationery** स्टे'शॅनरि n^c. लेखन सामग्री^{F} : department of ~ ≈ का कक्ष; there is enough room for ~ in his shop उसकी दुकान^F में ≈ के लिए काफ़ी जगह है. [cf. stationary]

statue स्टे'ट्यू n^c. मूर्ति^{F}, प्रतिमा^{F} [ancient प्राचीन, marble संगमरमर की, wooden लकड़ी^{F} की]; to carve a ~ out of stone पत्थर से प्रतिमा^{F} की नक्काशी करना; the ~ of a girl एक लड़की^{F} की मूर्ति; at the crossing there is a ~ of Netaji उधर चौराहे पर नेता जी की मूर्ति है; the beautiful ~s of gods

and goddesses देवताओं और देवियों की सुंदर मूर्तियाँ.

stature स्टे'चर n^u. 1. कद, डील-डौल^F [full पूरा, short छोटा]; he was a man of high ~ वह ऊँचे ≈ का आदमी था; he has grown to full ~ वह बढ़कर पूरे कद का हो गया है; you will not find a man of his ~ in the office कार्यालय में तुम उसकी-सी डील-डौल वाला आदमी नहीं पाओगे. 2. (moral importance) चारित्रिक महत्ता^{F} : it is hard to ignore his ~ उसकी ≈ का तिरस्कार करना कठिन है.

status स्टे'टस n^c. 1. (position) स्थिति^{F} : ~ quo यथावत्/पूर्ववत् ≈; his ~ in the society is very important समाज में उसकी ≈ बहुत महत्वपूर्ण है. 2. (state of affairs) दशा^{F}, हालत^F : what is the ~ of negotiations between the management and the employees प्रबंधक और कर्मचारियों के बीच बातचीत^F की क्या ≈ है? 3. (rank) हैसियत^F : a man of high ~ बड़ी ≈ वाला आदमी; university teachers have higher ~ than college teachers विश्वविद्यालय के अध्यापकों की ≈ कॉलेजों के अध्यापकों से बड़ी होती है; what is his ~ among novelists उपन्यासकारों में उसकी क्या ≈ है?

staunch स्टॉन्च I. *v.t.* (stop) रोकना : ~ the flow of blood from his wound उसके घाव से रक्तस्राव रोकिए. II. *a.* 1. (loyal) सच्चा, पक्का [ally मित्र, believer विश्वासी, supporter समर्थक]; you can rely on a ~ friend तुम एक सच्चे मित्र पर भरोसा कर सकते हो; a ~ friend is hard to find एक निष्ठावान मित्र पाना कठिन है. 2. a ~ Muslim, Sikh, Hindu एक कट्टर मुसलमान, सिख, हिन्दू.

staves plural of 'staff' डंडा.

stay स्टे I. *v.t.* 1. (remain) रहना, ठहर जाना : where did you ~ last night पिछले रात^F तुम कहाँ रहे/ठहरे? I shall ~ at home tomorrow कल मैं घर पर रहूँगा; I ~ed with my friend for a month in America मैं अपने मित्र के साथ अमेरिका में एक महीना रहा; money does not ~ in his hand पैसा उसके हाथ में नहीं ठहरता; the mother told the child to ~ in bed माँ ने बच्चे से कहा कि बिस्तर में रहना. 2. ठहरना, रुक जाना : ~ where you are जहाँ हो वहीं ठहर जाओ; he ~ed there for dinner वह भोजन के लिए वहाँ रुक गया; ~ here till I return मेरे लौटने तक यहीं ठहरना/रुकना. 3. (check) रोकना, रोकथाम करना : who can ~ him from participating in the race उसे दौड़^{F} में भाग लेने से कौन रोक सकता है? to ~ the construction work निर्माण-कार्य को रोक देना; to ~ smb's hand किसी का हाथ रोक देना; his progress has been ~ed उसकी प्रगति^{F} रोकी गई है. 4. (postpone) स्थगित करना : to ~ judgement निर्णय ≈; to ~ order आदेश ≈; I cannot ~ my scheme मैं अपनी योजना^{F} स्थगित नहीं कर सकता. Δ ~ **away** दूर रहना : she ~ed away from the crowd वह भीड़^{F} से दूर रही; to ~ **on** कुछ और दिन रह जाना; ~ **out** बाहर रहना : he is not allowed to ~ out after 9 p.m. उसे रात^F नौ बजे के बाद बाहर रहने की इजाज़त नहीं है; ~ **up late** देर रात^F तक जागते रहना. II. n^u. 1. (sojourn) ठहराव, टिकान^F [peaceful शांतिपूर्ण, temporary अस्थायी]; it was a short ~ for all of us हम सब के लिए यह थोड़ा-सा ≈ था; we had a week's ~ in their house हम उनके मकान में एक सप्ताह ठहरे. 2. (check) रोक^F, रोकथाम^F : ~ on/upon smb's movement किसी की गति^{F} पर ≈. 3. (postponement) स्थगन : ~ order ≈ आदेश; the court allowed the ~ of the execution न्यायालय ने तामील/डिग्री के ≈ की अनुमति^{F} दी. 4. (support) टेक^F, सहारा : old man's ~ बूढ़े आदमी की टेक; an uncle is her only ~ एक चाचा उसका एकमात्र सहारा है.

STD subscriber trunk dialling.

stead स्टॅड n^u. 1. बजाय, के स्थान पर : in somebody's ~ किसी के स्थान पर; in my ~ मेरे बदले में, मेरे स्थान पर; Mr. Niraj will act as principal in Dr. Chawla's ~ श्री नीरज डॉ. चावला के स्थान पर प्राचार्य के रूप में काम करेंगे; in ~ of punishment he found a reward दण्ड के स्थान पर (के बजाय)

उसे पुरस्कार मिला; in ~ of studying he went to the theatre पढ़ने के बजाय वह थिएटर चला गया (अभिनेता बन गया). **2.** to stand smb in good ~ वक्त पर काम आना : these notes will ~ me in time ये नोट मुझे वक्त पर काम आएँगे. **steadfast** स्टॅड्'फ़ास्ट *a.* (firm) स्थिर, पक्का [faith विश्वास, friend मित्र, love प्रेम, supporter समर्थक]; you should be ~ in your decision तुम्हें अपने निर्णय में ≈ होना चाहिए; he is a man of ~ mind वह पक्के जी का आदमी है; the Chief Minister is ~ in his resolve not to leave the chair मुख्यमंत्री कुर्सी^F न छोड़ने के अपने निश्चय पर दृढ़ हैं; he is a ~ follower of his teacher वह अपने गुरु का पक्का अनुगामी है. **steadily** स्टॅ'डिलि *adv.* स्थिर गति^F से : drive ~ ≈ चलाओ; he progressed ~ वह ≈ प्रगति^F करता गया. **steady** स्टॅ'डि **I.** *a.* **1.** (firmly fixed) स्थिर, पक्का [ladder सीढ़ी^F, table मेज़]; one of the legs of the chair is not ~ कुर्सी का एक पाया स्थिर नहीं है; to be as ~ as rock चट्टान^F की तरह^F अटल होना; keep ~ स्थिर रहिए; he is ~ in his principles वह अपने सिद्धांतों पर ≈ है; hold your stick ~ अपनी छड़ी^F पक्की थामो. [*ant.* un~] **2.** (uniform) एकसमान [effect प्रभाव, law कानून]; to have a ~ wind एक समान हवा^F होना; a ~ rule must be enforced on all the office bearers सभी पदाधिकारियों के लिए ≈ नियम होना चाहिए. **3.** (regular and even) निरंतर, एक-सा : ~ income ≈ आय^F; he is making ~ progress वह निरंतर एक-सी प्रगति^F कर रहा है; keep up a ~ speed बराबर एक-सी रफ़्तार^F रखिए. **4.** (industrious) लगातार परिश्रमी : ~ player ≈ खिलाड़ी; only a ~ man can succeed in his life केवल लगातार ≈ व्यक्ति जीवन में सफलता^F पा सकता है. **II.** *v.t.i.* स्थिर करना या होना : to ~ the table with cement सीमेंट से मेज़ को स्थिर करना; to ~ the motion of the motor मोटर की गति^F स्थिर करना; he cannot do the work unless he steadies himself वह काम नहीं कर सकता जब तक कि स्थिर नहीं होता. **III.** *adv.* see 'steadily' above.

steal स्टील *v.t.* (stole, stolen) **1.** (to commit theft) चोरी^F करना, चुराना : his radio was stolen उसका रेडियो चुरा लिया गया; who has stolen your watch तुम्हारी घड़ी^F किसने चुराई है? someone stole my purse किसी ने मेरा बटुआ चुरा लिया; if you ~ smb's money, you will be punished यदि तुम किसी का पैसा चुराओगे तो दण्डित किए जाओगे; it is a crime to ~ ≈ अपराध है. **2.** (obtain surreptitiously) मार लेना, चोरी-छिपे पा लेना : the dog tried to ~ the cat's meal कुत्ते ने बिल्ली^F का भोजन मार लेने का प्रयास किया; to ~ a look at a pretty girl किसी सुंदर लड़की^F को चोरी-छिपे देख लेना; she could ~ a few minutes' sleep वह लुकछिपकर कुछ क्षण सो पाई. **3.** (move silently) चुपके से आना या जाना : he stole into the room when we were discussing today's news वह कमरे में चुपके से आ गया जब हम आज के समाचार पर बहस कर रहे थे. Δ **to ~ a glance** लुक-छिपकर देखना; **~ a march on smb** किसी से आगे निकल जाना : he stole a march on his comrades within a short period वह कम समय में अपने साथियों से आगे निकल गया. [*as distinct from* steel] **stealing** स्टी'लिङ्ग *n*^u. चोरी^F : the boy was caught in the act of ~ and was expelled from the school लड़का चोरी^F करते हुए पकड़ा गया और विद्यालय से निकाल दिया गया; he learnt ~ from his mother उसने चोरी अपनी माँ से सीखी. **stealth** स्टेल्थ *n*^u. छिपाव, चोरी^F : by ~ चोरी-छिपे; to take away smb's books by ~ किसी की किताबें^F चोरी-छिपे ले जाना. **stealthily** स्टेल्'थिलि *adv.* छिपे-छिपे, चोरी-चोरी, चुपके से : he entered the room ~ वह कमरे में चुपके से घुस गया/आया; the mother ~ took away the child's toys माँ बच्चे के खिलौने ≈ ले गई; he came out of the meeting ~ वह सभा^F से ≈ बाहर आ गया.

steam स्टीम **I.** *n*^u. **1.** वाष्प^F, भाप^F [hot गर्म, poisonous विषैली]; clouds of ~ ≈ के बादल; the machine is driven by ~ यह

मशीन^F ≈ से चलती है; the room was heated by ~ कमरा वाष्प से गर्म किया गया था. **2.** (energy) उत्साह, जोश : the ~ was so powerful that he jumped several centimetres high उत्साह इतना प्रबल था कि वह कई सेमी. ऊंचा कूद गया; he is run out of ~ उसका ≈ जाता रहा; proceed with full ~ पूरे ≈ के साथ आगे बढ़ो. Δ **let off** ~ मन का गुबार निकालना : to let off ~ over smb किसी पर अपने मन का गुबार निकालना; he is **run out** of ~ उसका उत्साह भंग हो गया है. **II.** *a.* भाप का [boat नाव^F/जहाज़, engine इंजन, machine मशीन^F]. **III.** *v.t.i.* **1.** भाप छोड़ना, से भाप उठना या निकलना : now the hot water is ~ing अब गर्म पानी से भाप उठ रही है; the kettle is ~ing केतली से भाप निकल रही है; the train ~ed and left the platform रेलगाड़ी^F ने भाप छोड़ी और प्लेटफ़ार्म से छूट गई. **2.** (treat with ~) भाप देना : to ~ the patient's nostrils मरीज़ के नथनों में ≈. **3.** दम देना : to ~ the potatoes आलुओं को ≈. **4.** (move) (वाष्पशक्ति से) आना, जाना, चलना : the ship ~ed up to the port जहाज वाष्पशक्ति से बंदरगाह में आ गया. Δ ~ **away** चल पड़ना : the train ~d away गाड़ी^F चल पड़ी; ~ **up** भाप से रुक जाना : my spectacles ~ed up मेरा चश्मा भाप से ढक गया; **to get ~ed up** (i) ज़ोर से चलना : our scheme is getting ~ed up हमारी योजना^F ज़ोर से चलने लगी है; (ii) उत्तेजित हो जाना : he got ~ed up by his taunts वह उसके तानों से उत्तेजित हो उठा.

steamer स्टी'मर *n*^c. अग्निबोट, स्टीमर : ~s are now getting out of use स्टीमर का प्रयोग अब कम होता जा रहा है; some ~s do run in the rivers कुछ स्टीमर नदियों^F में अवश्य चलते हैं.

steel स्टील **I.** *n.* **1.** इस्पात, फ़ौलाद [cast ढलुआ, stainless ज़ंगरहित]; a sword is made of ~ तलवार^F ≈ की बनी होती है; (fig.) **he has a heart of** ~ उसका दिल फ़ौलाद का है. **2.** (sword, etc.) (also cold ~) तलवार^F, छुरा आदि : he has a ~ of olden times पुराने ज़माने की उसके पास एक तलवार^F है; he amply gave the enemy a taste of his ~ उसने शत्रु को अपनी तलवार^F का जौहर दिखाया. **II.** *v.t.* **1.** फ़ौलाद चढ़ाना : to ~ the spear भाले पर फ़ौलाद चढ़ाना. **2.** (harden) कड़ा करना : to ~ one's heart हृदय ≈; he ~ed himself to face the situation उसने स्थिति^F का सामना करने के लिए अपने को कड़ा बनाया; they ~ed themselves against any attack उन्होंने किसी भी आक्रमण के विरुद्ध अपने को कड़ा बनाया. **III.** *a.* इस्पाती, फ़ौलादी [plant कारख़ाना, weapon हथियार]. [*as distinct from* steal]

steep स्टीप **I.** *a.* **1.** खड़ी [climb चढ़ाई^F, hill पहाड़ी^F, path राह^F, slope ढाल^F]; it is difficult to climb on a ~ cliff ≈ चट्टान पर चढ़ना कठिन होता है; the path becomes ~er and ~er near the heights of Kedarnath केदारनाथ के पास की ऊँचाइयों^F पर रास्ता खड़ा होता गया है. **2.** (excessive) अत्यधिक : prices in this shop are rather ~ इस दुकान^F पर कीमतें^F कुछ अधिक हैं; he demands a ~ price for his car वह अपनी कार^F की अत्यधिक कीमत^F माँगता है. **II.** *v.t.* **1.** (soak) भिगोना : to ~ the clothes in water for washing धुलने के लिए कपड़े पानी में भिगोना; we ~ vegetables before cooking पकाने से पहले हम सब्ज़ियाँ^F धो-भिगो लेते हैं. **2.** (fill) भरना : he is ~ed in Vedic knowledge उसमें वैदिक ज्ञान भरा है; these tribes are ~ed in ignorance ये जनजातियाँ^F अज्ञान में डूबी हुई हैं.

steer स्टिअर **I.** *n*^c. मवेशी का बधिया बच्चा, जैसे cow's ~ बधिया बछड़ा; buffalo's ~ पाड़ा; in Europe they keep ~s for their meat यूरोप में मांस के लिए बधिया बछड़े पालते हैं; the cow has a ~ गाय का एक बधिया बछड़ा है. **II.** *v.t.* **1.** चलाना : he ~ed the ship carefully to the shore उसने सावधानी^F से समुद्र-तट की तरफ़ जहाज़ चलाया; to ~ a boat fastly तेज़ी-से नाव^F चलाना; to ~ the car into a garage गराज में कार^F चला ले जाना. *v.i.* the car ~s easily कार आसानी से चल पड़ती है. **2.** (guide) मार्ग दिखाना, ले चलना : the captain ~ed the ship कैप्टेन जहाज़ ले चला; he ~ed for

them the way to success उसने उन्हें सफलता^{F} का मार्ग दिखा दिया. Δ ~ **clear of smth and smb** किसी वस्तु या व्यक्ति से बचकर रहना, से दूर रहना : to ~ clear of the vices बुराइयों^{F} से बचकर रहना.

stem स्टॆम **I.** n^c. **1.** (of tree) तना [long लंबा, thick मोटा, thin पतला]; the ~ of a plant पौधे का तना; ~s of sunflower plants are straight and stiff सूरजमुखी पौधों के तने सीधे और कड़े होते हैं. **2.** (narrow tube) नली^{F} : the ~ to the lubricator is cracked लुब्रिकेटर की ≈ फटी है. **3.** (of a verb) धातु^{F} : in going and gone 'go' is the ~ जाना, जाऊं, जाता में 'जा' धातु है. **4.** (of a noun) प्रातिपादिक : in 'entitled' 'title' is the ~ 'अधिकारी' में 'कार' ≈ है. **5.** (lineage) आदि पुरखा, वंश : can you tell me his ~ क्या तुम उसका ≈ बता सकते हो? **II.** *v.t.* (-mm-) **1.** (check) रोकना : to ~ the blood ख़ून रोकना; to ~ the flow of the stream धारा^{F} का बहाव रोकना; to ~ an enemy's advance शत्रु को आगे बढ़ने से रोकना; to ~ an epidemic महामारी^{F} की रोकथाम^F करना. **2.** (dam up) बाँध बनाना : to ~ a river नदी^{F} पर बाँध बनाना. **3.** के विरुद्ध आगे बढ़ना : the ship ~med the current जहाज़ धारा^{F} के विरुद्ध आगे बढ़ गया. **4.** (~ from) से उत्पन्न होना : this plan ~med from joint discussion यह योजना^{F} सम्मिलित परिचर्चा^{F} के फलस्वरूप उत्पन्न हुई.

stench स्टॆंन्च *n.* दुर्गंध^F, बदबू^{F} : (of rotting) सड़ायँध^F; (of burning flesh, fat, etc.) चिरायँध^F; (of flesh, fish) बिसायँध^F; (of oil) तिलौंछ^F; (of burning cloth) कपड़गंध^F; (of smoke) धुँआयँध^F; there is a terrible ~ coming from leather factory चमड़े के कारखाने से भयंकर ≈ आ रही है; none can stay there for a minute because of extreme ~ अत्यंत दुर्गंध के कारण वहाँ कोई एक मिनट भी नहीं ठहर सकता.

stencil स्टॆंन्'सिल n^c. चरबा, स्टेंसिल : a ~ has several designs cut in it स्टेंसिल ≈ में कई चित्र कटे हैं; I made several copies of this document with the help of a ~ ≈ की सहायता^{F} से इस दस्तावेज़ की मैंने कई प्रतियाँ तैयार कीं.

stengun स्टेन्'गन n^c. स्टेनगन^F : ~ is a small machine gun ≈ एक छोटी मशीनगन होती है; the murderer was caught along with his ~ हत्यारा अपनी ≈ समेत पकड़ा गया.

steno, stenographer स्टॆंनॉ', स्टॆंनॉ'ग्राफ़र n^c. आशुलिपिक [experienced अनुभवी, expert दक्ष]; ~s know shorthand writing ≈ आशुलिपि में लिखना जानते हैं; this novelist has employed a ~ इस उपन्यासकार ने एक ≈ रख लिया है.

step स्टॆप **I.** *pref.* सौतेला : ~ brother सौतेला भाई; ~ child ≈ बच्चा; ~ daughter सौतेली बेटी; ~ father कठबाप, सौतेला बाप; ~ mother सौतेली माँ; ~ sister सौतेली बहन; he is his ~ son वह उसका ≈ बेटा है. **II.** n^c. **1.** (distance by foot) कदम : the office is a few ~s from here यहाँ से कार्यालय कुछ ≈ पर है; to take two ~s forward दो ≈ आगे बढ़ना; the horse cannot go a ~ ahead from here घोड़ा यहाँ से एक ≈ आगे नहीं बढ़ सकता; as he went a ~ forward suddenly he fell down जैसे ही वह एक ≈ आगे गया कि एकाएक गिर पड़ा. Δ **to be in ~ with smb** किसी से कदम मिलाकर चलना; **~ by ~** कदम-पे-कदम, धीरे-धीरे : he is improving ~ by ~ उसमें धीरे-धीरे सुधार हो रहा है. **2.** (sound) पदध्वनि^{F}, आहट^F [light हल्की, loud भारी, slow धीमी]; I heard his ~s at midnight and woke up मैंने अर्द्धरात्रि^{F} में उसकी ≈ सुनी और जाग गया; the sound of his ~ was coming nearer and nearer उसकी ≈ की आवाज़ निकट ही निकट आती रही थी; I was hearing the ~s of the passers-by मैं राह चलते लोगों की ≈ सुनता रहा; blind persons recognise people by their (foot) ~s अंधे आदमी लोगों को उनकी ≈ से पहचान लेते हैं. **3.** (foot-prints) पदचिह्न : distinctly these are the ~s of your friend स्पष्ट रूप से ये ≈ तुम्हारे मित्र के हैं; the police tallied his ~s पुलिस^F ने उसके पदचिह्नों का मिलान किया. **4.** (measure taken) उपाय, कार्रवाई^F : he had to take a decisive ~ at last अंत में उसे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ी; the ~

taken by him failed उसके द्वारा की गई कार्रवाई असफल हो गई; take ~s to suppress the rebellion विद्रोह को दबाने के लिए कदम उठाना या उपाय करना; before taking a ~ think for a minute कोई कदम उठाने के पहले एक मिनट सोचो. **5.** (stage of progress) चरण, सोपान [first प्रथम, last अंतिम]; it is the second ~ of my success मेरी सफलता[F] का यह दूसरा ≈ है. **6.** (of stairs, etc.) ज़ीना, सीढ़ी[F] : he fell down from the top ~ वह ज़ीने के सिरे से नीचे गिर पड़ा. **7.** (rung of a ladder) डंडा : she sat on the bottom ~ of the stairs वह सीढ़ी[F] के निचले डंडे पर बैठ गई; one ~ in theadder is weak सीढ़ी का एक डंडा कमज़ोर है. Δ **to break ~** कदम मिलाकर न चलना; **keep ~** कदम मिलाना : the soldiers kept ~s in their march सिपाही कदम मिलाकर मार्च कर रहे थे; **take ~s** कदम उठाना, कार्यवाही करना (see No. 4 above); **~ by ~** धीरे-धीरे, क्रमशः : we all will succeed ~ by ~ हम सब ≈ सफल होंगे. **II.** *v.t.* (-pp-) **1.** चलना, जाना, आना, डग भरना, कदम रखना : he ~ped forward उसने आगे कदम रखा; when I ~ped on the boat, the batsman started it जैसे ही मैंने नाव में कदम रखा, नाविक ने इसे चला दिया. **3.** (tread) पर पैर रखना : sorry! did I ~ on your feet खेद है ! क्या मैंने तुम्हारे पैर पर पैर रख दिया ? she ~ped over a cat उसने बिल्ली पर पैर रख दिया. Δ **~ aside** हटना, स्थान छोड़ना : I am willing to ~ aside in his favour मैं उसके पक्ष में हटने को राज़ी हूँ; **~ down** हट जाना; **~ in** (i) अंदर जाना या आना : the students ~ped into the chamber of the principal छात्र प्राचार्य के कमरे के अंदर आ गए; (ii) बीच में आ पड़ना : when two persons quarrel, you need not ~ in जब दो व्यक्ति लड़ें तो तुम्हें बीच में आ पड़ने की ज़रूरत नहीं है; I ~ped in to make a compromise between them मैं उन दोनों में समझौता कराने के लिए बीच में पड़ गया; **~ off** नीचे उतर चलना : she ~ped off the bus वह बस[F] से नीचे उतर आई; **~ on it** जल्दी करो; **~ out** जल्दी कदम बढ़ाना : when the captain ordered the soldiers, they ~ped out to reach the cantonment जब कप्तान ने सिपाहियों को आदेश दिया तो वे सैनिक छावनी[F] पहुँचने के लिए आगे बढ़े; **~ up** (i) ऊपर बढ़ना : five students in the school ~ped up their class विद्यालय में पाँच लड़के एक कक्षा[F] ऊपर चढ़ गए; (ii) बढ़ाना : the mill has ~ped up its output of cloth कारख़ाने ने कपड़े का उत्पाद बढ़ा दिया है.

stereotype स्टिअ'रिअटाइप *n*[c]. **1.** (in printing) तख़्ती, मुद्रणफलक : you print by using ~s आप ≈ से छपाई[F] करते हैं. **2.** (true copy) हूबहू नकल : she is the ~ of a queen वह रानी की ≈ है. **3.** नमूना : he is the ~ of a lawyer वह एक वकील का ≈ है, एक नमूने का वकील है; she is not the ~ of a modern woman वह आधुनिक स्त्री का ≈ नहीं है. **stereotyped** स्टिअ'रिअ'टाइप्ड *a.* **1.** घिसा-पिटा, रस्मी [idiom मुहावरा, view विचार]; he is a man of ~ thinking वह पुरानी सोच[F] का आदमी है; she is a ~ woman वह दकियानूसी औरत[F] है; he gave the same ~ answer उसने वही ≈ जवाब दिया.

sterile स्टे'राइल *a.* **1.** बाँझ : ~ woman ≈ स्त्री; a mule is a ~ animal खच्चर एक ≈ जानवर है. **2.** (of land) बंजर, ऊसर, अनुर्वर, अनुपजाऊ : he sold all his ~ land for a nominal price उसने अपनी पूरी ≈ ज़मीन[F] नाममात्र कीमत[F] पर बेच दी; many acres of land in India is ~ भारत में कई एकड़ ज़मीन ≈ है. **3.** (of plant) फलहीन, अफल [lemon नीबू, mango आम]; many trees in the garden are ~ बाग में कई पेड़ ≈ हैं. **4.** (of instruments) कीटाणुरहित : the doctor uses ~ instruments डाक्टर ≈ उपकरण इस्तेमाल करता है. **5.** (of effort) निष्फल, व्यर्थ : the talk about Kashmir was ~ कश्मीर के बारे में बातचीत[F] ≈ हो गई. **6.** (of life) थोथा : ~ speech, idea ≈ भाषण, विचार; the lawyer's arguments were ~ वकील के तर्क थोथे थे.

stern स्टर्न **I.** *n*[c]. **1.** (of ship) दुम्बाल, पिछला सिरा : the ~ of the boat नाव[F] का ≈; the

ship was split from stem to ~ जहाज़ मन्दान से दुम्बाल तक टूट गया; (fig.) एक सिरे से दूसरे सिरे तक : to stand at the ~ दुम्बाल पर खड़ा होना. **2.** (rump) पुट्ठा, चूतड़ : strong ~ of the bull बैल का मज़बूत पुट्ठा; ~ is that part of the body on which one sits ≈ शरीर का वह अंग है जिस पर हर कोई बैठता है. **II.** *a.* **1.** (strict) कड़ा, सख़्त [discipline अनुशासन, punishment दण्ड]; it is the ~ order of the chief यह प्रमुख का कड़ा आदेश है. **2.** (harsh) कठोर, निर्दय [decision निर्णय, fellow व्यक्ति, teacher अध्यापक, treatment व्यवहार]; he is a ~ master वह ≈ स्वामी है; his ~ parents will give him nothing उसके ≈ माता-पिता उसे कुछ न देंगे. [*ant.* lenient] **sternly** स्टर्न'लि *adv.* सख़्ती^F से, कड़ाई^F से : the captain ~ ordered the soldiers to go from there कप्तान ने सैनिकों को वहाँ से चले जाने के लिए सख़्ती से हुक्म दिया; the mother treated the boy ~ माँ ने लड़के के साथ ≈ बरताव किया.

stethoscope स्टॆं'थॅस्कोप *n.* स्टेथास्कोप, परिश्रावक : a doctor hears the heart beats with a ~ डाक्टर हृदय की धड़कनों^F को ≈ की सहायता^F से सुनता है; most of the doctors do not know the proper use of ~ अधिकतर डॉक्टर ≈ का सही प्रयोग नहीं जानते.

stew स्ट्यू **I.** *v.t.* सिझाना, उबालकर पकाना : to ~ fruit in water and sugar on a cooker कुकर पर पानी और चीनी^F में फल ≈. **II.** *v.i.* **1.** सीझना, उबलते पकना : mutton will not ~ in this way इस तरह बकरे का मांस न सीझेगा. **2.** उमस^F से परेशान होना : everyone ~ed in summer when the supply of electricity was damaged जैसे ही बिजली की आपूर्ति^F खराब हुई सभी लोग उमस से परेशान हो गए. Δ **he is ~ing in his own juice** वह अपने किए का फल पा रहा है. **III.** *n.* (dish) दमपुख़्त : I like the ~ of vegetables very much मैं सब्ज़ी का ≈ बेहद पसंद करता हूँ.

stick स्टिक **I.** *v.t.* & *v.i.* (*p.* & *p.p.* stuck) **1.** (thrust into) चुभाना, घुसेड़ना, भोंकना, गड़ाना : to ~ a knife cleverly चतुराई^F से चाकू घुसेड़ देना; he stuck a pin in the cushion उसने गद्दी^F में पिन घुसेड़ दिया; to ~ a spade in the ground ज़मीन में फावड़ा मारना; he stuck the sword into his chest उसने उसके सीने में तलवार^F भोंक दी. **2.** (fix on) लगाना, लगा देना : he stuck a rose in the buttonhole of his coat उसने अपने कोट के काज में गुलाब का फूल लगा लिया. **3.** *v.i.* (to be fixed by point) चुभना, चुभ जाना : the pin stuck in his finger पिन उसकी उंगली^F में चुभ गई. **4.** *v.i.* चिपकना : the stamp has stuck on the envelope टिकट लिफ़ाफ़े पर चिपक गया है; the pages of this register are ~ together इसके पन्ने आपस में चिपक (जुड़) गए हैं. **5.** *v.t.* चिपकाना : to ~ a sheet of paper on the drawing board ड्राइंग बोर्ड पर काग़ज़ का एक ताव चिपकाना; to ~ a stamp on the letter पत्र पर टिकट ≈; the peon stick the notice on the notice board चपरासी ने सूचनापट्ट पर सूचना^F चिपका दी; to ~ a label on one's luggage अपने सामान पर लेबल ≈. **6.** (put) रख देना, रख लेना, लगाना; (inset) खोंसना : the captain was sitting there with a small pipe stuck into his mouth कप्तान एक छोटी-सी चिलम मुँह में रखे हुए बैठा था; she stuck a flower in her hair उसने अपने बालों में एक फूल खोंस लिया. **7.** बाहर की ओर निकाल रखना : to ~ one's head **out** of the window अपना सिर खिड़की से बाहर निकाल रखना; don't ~ your hand **out** of the running train चलती रेलगाड़ी^F से अपना हाथ बाहर मत निकाल रखो. **8.** (lose power of motion) अटक जाना, रुकना : he stuck in the middle of his speech वह अपने भाषण के मध्य में अटक गया; he often ~s in the mid of his statement प्राय: वह अपने कथन के बीच में रुक जाता है; the car stuck in the mud and could not move again कार^F कीचड़ में अटक गई और फिर न चल/हिल सकी; the fish-bone stuck in his mouth मछली^F की हड्डी^F उसके मुँह में अटक गई. **9.** (support with stick) लकड़ी^F लगाना, टेक^F लगाना : to ~ the thatch छप्पर में टेक लगाना; to ~ the banana, so that it may not fall केले के पेड़ में टेक लगाना, जिससे वह

गिर न सके. Δ (prepositional phrases) **to ~ around** आस-पास रहना : he still ~s around here वह अब भी यहीं कहीं आस-पास रहता है; **~ at** (i) हिचकना : he ~s at nothing to achieve his end अपना उल्लू सीधा करने के लिए वह किसी बात से नहीं हिचकता; (ii) he is ~ing (at) the service of his master वह अपने मालिक की सेवा^F में लगा हुआ है; **~ down** (i) चिपकाकर बंद करना : to ~ the envelope with glue गोंद से लिफ़ाफ़ा चिपकाना; (ii) रख देना : ~ down your coat अपना कोट रख दो; **~ in one's throat** (i) गले के नीचे न उतरना : his statement did not ~ in my throat उसका बयान मेरे गले नहीं उतरा; (ii) ज़ुबान पर अटक जाना : my words stuck in my throat मेरे शब्द गले में अटक गए; **~ on** बने रहना : how can you ~ on a job for months तुम एक ही काम पर महीनों कैसे बने रह सकते हो ? **~ out** (i) के बाहर निकला हुआ होना : his teeth are ~ing out उसके दाँत बाहर निकले हुए हैं; (ii) बाहर निकालना : don't ~ your head out of the window अपना सिर खिड़की^F के बाहर मत निकालो; **~ out for** की माँग^F पर डटे रहना : the union leaders stuck out for their demand यूनियन के नेता अपनी माँग पर डटे रहे; she has at last stuck out for the job अंततः वह अपने काम में डट गई है; **~ to** नहीं छोड़ना, करते रहना, में लगा रहना : to ~ to a friend in his need मित्र की मुसीबत^F में उसका साथ देते रहना; he did not ~ to his promise उसने अपना वादा पूरा नहीं किया; he is still ~ing to his plans वह अब भी अपनी योजनाओं में लगा हुआ है; **~ together** (i) साथ निभाना, एक-दूसरे के प्रति निष्ठावान् होना : those friends always ~ together वे मित्र एक-दूसरे के प्रति सदा निष्ठावान रहते हैं, एक-दूसरे का साथ निभाते हैं; (ii) the papers are stuck together काग़ज़ आपस में जुड़े हैं; **~ up** (i) लगाना : we stuck up bills हमने इश्तहार लगाए; (ii) आतंक फैलाकर लूटना : the robbers stuck up the whole village डकैतों ने आतंक फैलाकर पूरा गाँव लूट लिया; **~ up for** (i) का पक्ष लेना, के पक्ष में बोलना : he stuck up for his friend before the principal प्राचार्य के सम्मुख वह अपने मित्र के पक्ष में बोला; (ii) बचाव करना : to ~ up yourself against an attack किसी आक्रमण से अपना बचाव करना; **~ up to** डटकर सामना करना : he stuck up to his opponents उसने अपने शत्रुओं का डटकर सामना किया; **~ with** के प्रति निष्ठावान् रहना, साथ निभाना : the peon stuck with the officer चपरासी अधिकारी के प्रति निष्ठावान् रहा. **II.** *n*^c. **1.** (piece of wood) लकड़ी^F [heavy भारी, knotted गाँठदार]; they took away all the ~s to make fire वे आग जलाने के लिए सारी लकड़ियाँ उठा ले गए. **2.** (club) लाठी^F, डण्डा; (walking ~) छड़ी^F [heavy भारी, straight सीधी, thin पतली]; he beat the boy with a ~ उसने लड़के को छड़ी से पीटा; he was leaning on the ~ वह लकड़ी के सहारे टेक लगाए था; the old man uses a ~ when he goes out बूढ़ा आदमी जब बाहर जाता है तो लाठी^F से काम लेता है. **3.** (of chalk, sealing wax, etc.) चाक या लाख की बत्ती^F. **4.** (a person) रूखा आदमी : all the four persons are dull ~s वे चारों व्यक्ति रूखे हैं. **sticker** स्टि'कर *n*^c. स्टिकर [beautiful सुन्दर, coloured रंगीन, green हरा]; his shelf is covered with ~s उसका शेल्फ़ स्टिकरों से ढका हुआ है. **sticky** स्टि'कि *a.* (stickier, stickiest) **1.** चिपचिपा, लसलसा : ~ material ≈ पदार्थ; ~ sweet चिपचिपी मिठाई^F; glue is a ~ substance सरेस चिपचिपा पदार्थ है; his hands are ~ with jam उसके हाथ मुरब्बे से लसलसे हो गए हैं. **2.** (troublesome) टेढ़ा, हुज्जती : he is the stickiest person in this family इस परिवार में वह सबसे ≈ व्यक्ति है. **3.** घोर, भीषण [crime अपराध, insult अपमान, situation स्थिति^F]; such a ~ fire will ruin the whole village इस प्रकार की भीषण अग्नि पूरे गाँव को तबाह कर देगी. **4.** it came to a ~ end उसका अंत दुखद था.

stiff स्टिफ़ *a.* **1.** (rigid) कड़ा, सख़्त : ~ rules कड़े नियम; ~ tradition कड़ी परम्परा^F; ~ collar कड़ा कालर; a ~ piece of paper काग़ज़ का कड़ा टुकड़ा; the joint is very ~

जोड़ बहुत कड़ा है. **2.** (inflexible) कड़ा, दुर्नम्य, अनम्य : ~ leg कड़ी टाँग; the Constitution of India is neither too rigid nor too lenient भारत का संविधान न तो बहुत कड़ा है न बहुत नम्य; the wire is very ~ यह तार बहुत अनम्य है. **3.** (of muscle पेशी^F) कड़ी, सख़्त : he is very ~ in his physique वह अपने शारीरिक गठन में बहुत ही कड़ा है. **4.** (of gear, wheel, lock) कड़ा, जाम : the lock will not open easily, it is too ~ ताला आसानी^F से नहीं खुलेगा यह बहुत ही जाम हो गया है. **5.** (~-necked) (i) हठीला, हठधर्मी : I found the manager very ~ मैंने मैनेजर को बहुत ≈ पाया; (ii) (haughty) घमण्डी : ~ woman ≈ औरत^F; he is a ~-necked fellow, he will not even talk to you वह एक ≈ व्यक्ति है वह तुमसे बात^F तक नहीं करेगा. **6.** (difficult to do) कठिन, दुसाध्य [climb चढ़ाई^F, examination परीक्षा^F]; the job is ~, you must take care काम कठिन है तुम्हें सावधानी^F बरतनी चाहिए; ~ question ≈ प्रश्न. **7.** (in contexts) ~ price भारी कीमत^F; ~ breeze तेज़ हवा^F; ~ smile कोरी मुस्कान^F. **stiffen** स्टि'फ़न *v.t.i.* **1.** सख़्त/कड़ा बनाना या होना : starch ~s a cloth माँड़ी^F/स्टार्च कपड़े को कड़ा बनाती है; his resolve ~ed उसका निश्चय कड़ा होता गया. **2.** ऐंठ जाना, अकड़ जाना : joints ~ in old age बुढ़ापे में जोड़ अकड़ जाते हैं; (fig.) he ~s very easily वह बड़ी जल्दी अकड़ जाता है. **stiffness** स्टिफ़्'निस *n.* कड़ापन : the ~ of leather चमड़े का ≈; ~ of his attitude उसके रुख़ का ≈.

stifle स्टाइ'फ़ल **I.** *v.t.* **1.** दम घोंटना : why do you ~ the hens by closing them in a small box छोटे से बॉक्स में बंद करके तुम मुर्गियों^F का दम क्यों घोंटते हो ? the children felt ~d by smoke बच्चों का धुएँ से दम घुँटने लगा; he was ~d to death उसका गला घोंटकर उसे मार डाला गया. **2.** (holdback) रोकना : he was ~d in the way उसे रास्ते में रोक लिया गया. **3.** (suppress) दबाना : the rebellion was ~d विद्रोह दबा दिया गया; we had to ~ our laughter हमें अपनी हँसी^F दबा लेनी पड़ी. **4.** (extinguish) बुझाना : they failed to ~ flames वे आग बुझाने में असफल रहे. **II.** *v.i.* गला घुटना : I shall be ~d if I hide in that cupboard यदि मैं उस अलमारी में छिप जाऊं तो मेरा गला घुट जायगा; I am stifling in this stuffy room इस बंद-बंद कमरे में मेरा दम घुट रहा है. **stifling** स्टाइफ़्'लिङ्ग *a.* दमघोंटू, गला घोंटू [atmosphere वातावरण, heat गरमी^F, smoke धुआँ]; the air in this room is ~ इस कमरे की हवा^F दमघोंटू है; the calf died because of a ~ disease गलाघोंटू बीमारी^F से बछड़ा मर गया.

still स्टिल **I.** *a.* **1.** (motionless) निश्चल, स्थिर [lake झील^F, picture चित्र, waters जलाशय]; here the water is still यहाँ पानी ≈ है; everything is ~ and calm after storm तूफ़ान के बाद यहाँ सब कुछ निश्चल और शांत है. **2.** (not talking) चुप, मौन, ख़ामोश : why are you so ~ today आज तुम इतने ख़ामोश क्यों हो ? everyone was sitting ~ there when I was delivering my lecture जब मैं अपना भाषण दे रहा था तो सब लोग वहाँ ≈ बैठे रहे. **3.** (no noise) शांत, नीरव [environment पर्यावरण, night रात^F]; it was all ~ in the night रात्रि^F में पूरी शांति थी; the forest was ~ जंगल नीरव था; how ~ everything is! सब कुछ कितना शांत है ! deep waters are ~ गहरे जलाशय शांत होते हैं. **4.** (not perturbed) शांत : ~ mind ≈ मन. **II.** *n*^c. **1.** (apparatus) भभका : a ~ is used for distilling whiskey from barley ह्विस्की चुआने के लिए भभके से काम लिया जाता है. **2.** (silence) नीरवता^F, सन्नाटा : the ~ of the forest जंगल का ≈; it was total ~ in the hall हाल में पूरा सन्नाटा था; he was the lone man reading in the ~ of that evening उस शाम के सन्नाटे में पढ़ने वाला वह अकेला व्यक्ति था. **3.** (photo) अचल चित्र : he showed some ~s of a film उसने पिक्चर के कुछ ≈ दिखाए; I have some ~s of forest life मेरे पास वन्य-जीवन (जीव-जंतुओं) के कुछ ≈ हैं. **III.** *v.t.* **1.** शांत करना : he could not still his fears वह अपना भय शांत न कर सका; the teacher ~ed all the students अध्यापक ने सभी

छात्रों को शांत कर दिया; a toffee ~ed the baby's cries एक टाफ़ी[F] से बच्चे का रोना शांत हो गया. **2.** (distil) चुआना : to ~ wine from grapes अंगूरों से शराब[F] चुआना. **IV.** *adv.* **1.** अब भी : are you ~ ill क्या तुम अब भी बीमार हो ? he is ~ working वह अब भी काम कर रहा है; he is ~ there वह अब भी वहीं हैं; he is ~ not better वह अब भी अच्छा नहीं हुआ; he is ~ busy वह अभी भी व्यस्त है; he ~ makes mistakes वह अब भी ग़लतियाँ[F] करता है. **2.** फिर भी : he ~ gave another excuse उसने फिर भी एक दूसरा बहाना बना लिया. **V.** *conj.* तो भी, तथापि : she hates me ~ I love her वह मुझसे घृणा[F] करती है, ≈ मैं उसे प्यार करता हूँ; the pain was bad, ~ he did not complain कष्ट ज़्यादा था फिर भी उसने शिकायत[F] नहीं की.

stimulant स्टि'म्यूलन्ट *a.* & *n.* **1.** उत्तेजक : his statements were ~ उसके बयान ≈ थे. **2.** (med.) उद्दीपक, नशीली (चीज़[F]) : ~ tablet ≈ टिकिया[F]; opium is a ~ अफ़ीम[F] ≈ होती है; never take a ~ ≈ कभी न लेना; the athlete took a ~ खिलाड़ी[F] ने ≈ लिया; a ~ is a strong drink or drug as brandy ब्रांडी[F] की तरह उद्दीपक एक तेज़ पेय अथवा औषधि[F] होती है. **stimulate** स्टि'म्यूलेट *v.t.* **1.** (rouse) प्रेरित करना, प्रेरणा देना, प्रोत्साहित करना : his presence ~d her for the unusual gaiety उसकी उपस्थिति[F] ने उसे असाधारण मौज-मस्ती[F] के लिए प्रेरित किया; to do smth with the intention of stimulating industry उद्योग को प्रोत्साहित करने के इरादे से कुछ करना; exercise ~s व्यायाम उत्साह बढ़ाता है; to ~ a person to action किसी व्यक्ति को काम के लिए प्रेरित करना. **2.** (excite) उत्तेजित करना : the fresh breeze ~ the blood ताज़ा हवा[F] खून को उत्तेजित करती है; her statements have ~d him to work harder उसके कथनों ने उसे और परिश्रम करने के लिए उत्तेजित कर दिया है. **3.** (med.) नशा पैदा करना : the medicine which he has taken will surely ~ him जो दवा[F] उसने ली है वह उसे नशा लाएगी. **4.** to ~ liver जिगर को सक्रिय बनाना. **stimulating** स्टि'म्यूलेटिङ्ग *a.* उत्तेजक, उद्दीपक [drink पेय, drug औषधि[F], lecture भाषण]; this is a ~ substance यह ≈ पदार्थ है; exercise is ~ व्यायाम ≈ होता है. **stimulus** स्टि'म्यूलस *n*[c]. (*pl.* stimuli) **1.** (incentive) प्रेरणा[F], प्रोत्साहन, बढ़ावा : his courage gave a great ~ to his business उसकी हिम्मत[F] ने उसके व्यापार को बड़ा बढ़ावा दिया; competition always acts as a ~ प्रतियोगिता[F] हमेशा प्रेरणा[F] के रूप में काम करती है; the increment in pay proved a ~ to the employees वेतन में वृद्धि कर्मचारियों के लिए ≈ साबित हुई. **2.** उद्दीपक : light is a ~ in the growth of plants पौधों की वृद्धि[F] में प्रकाश एक ≈ है.

sting स्टिङ्ग **I.** *v.t.* (*p.* & *p.p.* stung) **1.** (wound with a ~) डंक मारना, काटना, डसना : smth has stung the child बच्चे को किसी चीज़[F] ने डंक मार दिया है; a bee stung him on the hand मधुमक्खी[F] ने उसे हाथ पर डंक मार दिया; did a scorpion ever ~ you क्या तुम्हें कभी किसी बिच्छू ने काटा (डंक मारा) है. **2.** (of plant) जलन पैदा करना : pepper ~s the tongue and throat काली मिर्च जीभ[F] और गले में जलन पैदा करती है. **3.** (give mental pain) (also sting to quick) दुःख पहुँचाना, सालना, व्यथित करना : I was stung by his sarcastic remarks उसके व्यंग्यपूर्ण टिप्पणों ने मुझे साल दिया; the accusation of theft stung him very much चोरी[F] के आरोप ने उसे बहुत व्यथित कर दिया. **4.** (passive) be cheated ठगा जाना : I have been stung by that shopkeeper मुझे उस दुकानदार ने ठग लिया. **II.** *v.i.* दुखना, जलना : his eye is ~ing उसकी आँख[F] दुःख रही है. **III.** *n*[c]. **1.** (organ) डंक [pointed नुकीला, small छोटा]; I have a bee's ~ in my face मेरे मुँह पर मधुमक्खी[F] का डंक है; the ~ of a scorpion बिच्छू का ≈; she has a wasp's ~ on her finger उसकी उंगली[F] पर बर्रे का ≈ है. **2.** (pain) दर्द, टीस[F] : there is a ~ in my neck मेरी गर्दन[F] में ≈ है; ~ of hunger भूख[F] की वेदना[F]. **3.** चुभन[F] : there is ~ in his tongue उसकी जबान[F] में ≈ है. **stingy** स्टिन'जि *a.* **1.** कंजूस, मक्खीचूस : ~ person ≈ व्यक्ति; she is

extremely ~ with money वह पैसे की बहुत ही कंजूस है; such a ~ father is hard to find इस प्रकार का ≈ पिता पाना मुश्किल है. 2. डंकदार, दंशक [insect कीड़ा, reptile रेंगने वाला प्राणी]. 3. ~ meal हीन भोजन.

stink स्टिङ्क I. *n*ᵘ. दुर्गंधᶠ, बदबूᶠ : the ~ of stale fish, sweat बासी मछलीᶠ, पसीने की ≈; the ~ bomb ≈ फैलाने वाला बम; there was a horrible ~ of rotten fruit in the room कमरे में गले-सड़े फलों की बेहद बूᶠ थी; why is there so much ~ in dark rooms अंधेरे कमरों में इतनी ≈ क्यों होती है ? **II.** *v.i.* (stank, stunk) **1.** बदबूᶠ करना या देना, से बदबूᶠ आना या निकलना : his shirt stank of sweat उसकी कमीज़ से पसीने की बू आती थी; this pond is ~ing यह पोखरा बदबू कर रहा है; the rubbish ~s all about the street, you should not live here कूड़ा गलीᶠ में सर्वत्र बदबू कर रहा है तुम्हें यहाँ नहीं रहना चाहिए. **2.** गंदा हो जाना : (fig.) his plan ~s उसकी योजनाᶠ गंदी हो गई है; his name ~s उसका नाम गंदा हो गया है. **stinking** स्टिङ्'किङ्ग *a.* **1.** बदबूदार [drain नालीᶠ, smell गंधᶠ]; the ~ material must be removed from here ≈ पदार्थ यहाँ से हटा देना चाहिए. **2.** (fig.) गंदा : ~ idea ≈ विचार.

stipend स्टाइ'पॅन्ड *n.* वृत्तिᶠ, वज़ीफ़ा : a ~ was given to a priest एक पादरी को वृत्ति दी गई; the student received a ~ of Rs. 100 p.m. छात्र को सौ रुपए प्रति माह वज़ीफ़ा मिला.

stir स्टर I. *v.t.* (stirred, stirring) **1.** (a liquid) चलाना : to ~ tea with a spoon चम्मच से चायᶠ चलाना; ~ the pulse with the ladle करछुल से दालᶠ चला दो. **2.** (move) हिलना, हिलना-डुलना : to ~ about इधर-उधर चलना-फिरना; if you ~, I'll shoot you हिलोगे तो तुम्हें गोलीᶠ मार दूँगा; nobody was ~ring from his house कोई अपने घर से नहीं हिल-डुल रहा था; he did not ~ from his place वह अपने स्थान से नहीं हिला; the story ~red the boys' curiosity कहानीᶠ से लड़कों का कौतूहल उत्तेजित हुआ (जागा); to do some act without ~ring a foot बिना पैर हिलाए कोई काम करना. **3.** (move) हिलाना : there was not a breath of wind to ~ the leaves पत्तों को हिलाने के लिए हवाᶠ का एक झोंका भी न था. **4.** उत्तेजित करना, जगाना : his sympathy was ~red by the appeal अपीलᶠ से उसमें सहानुभूतिᶠ जगी. **5.** (the fire) तेज़ करना : to ~ the fire आग तेज़ करना; the wind was so strong that it ~red the fire हवाᶠ इतनी ज़ोरदार थी कि इसने आग को तेज़ कर दिया. **6.** (displace) खिसकाना : can you ~ the stone from here क्या तुम यहाँ से पत्थर खिसका सकते हो. Δ ~ **in** मिलाना : ~ sugar in the milk दूध में चीनीᶠ मिलाओ; ~ **up** (i) उत्तेजित करना, भड़काना : he ~red up the crowd by his speech उसने अपने भाषण से भीड़ᶠ को उत्तेजित कर दिया; to ~ up trouble झगड़ा भड़काना; (ii) अनुप्राणित करना : to ~ the dead association मृत सभाᶠ को अनुप्राणित करना; (iii) to ~ up tea चायᶠ चलाना. **II.** *n*ᵘ. **1.** (bustle) हलचलᶠ, सनसनीᶠ, खलबलीᶠ [disturbing परेशान करने वाली, much बहुत]; when he saw some ~ in the market, he returned जब उसने बाज़ार में कुछ खलबलीᶠ देखी तो वह लौट आया; the news caused a ~ समाचार से ≈ पैदा हो गई. **2.** (tumult) हुल्लड़, कोलाहल, गुलगपाड़ा : fast ~ तेज़ ≈; why is there so much ~ outside बाहर इतना कोलाहल क्यों है ? his action caused a great ~ in the city उसके कार्य ने शहर में बड़ा हुल्लड़ पैदा कर दिया. **stirring** स्टॅ'रिङ्ग *a.* **1.** भावोद्दीपक, भावोत्तेजक [event घटनाᶠ, song गीत, story कहानीᶠ]; he gave a ~ speech उसने एक ≈ भाषण दिया. **2.** (exciting) उत्तेजक : ~ statement ≈ कथन; ~ events ≈ घटनाएँᶠ.

stitch स्टिच I. *n*ᶜ. **1.** (in sewing) टाँका, तोपा [loose ढीला, tight मज़बूत]; dress has small ~es पोशाक में छोटे टाँके हैं; put a ~ in your snirt कमीज़ में ≈ लगा दो. **2.** Δ **a ~ in time saves nine** वक्त पर लगाया गया टाँका नौ टाँकों का बचाव करता है. **3.** (in knitting) घर : don't drop any ~ in knitting बुनाई करते समय कोई घर न गिरा देना. **4.** (of wound) टाँका : he had to have fine ~es on the wound उसे घाव पर पाँच टाँके लगवाने पड़े; the surgeon is taking

out ~es today सर्जन आज टाँके निकाल रहा है. **4.** (pain) दर्द, (पार्श्व) शूल : I feel a ~ in my side मेरे पहलू में ≈ है. **II.** *v.t.* **1.** टाँका लगाना, टाँकना, सीना : the surgeon ~es his wounds after the operation आपरेशन के बाद सर्जन उसके घावों में टाँका लगाता है. **2.** (sew) सीना, सिलाई^{F} करना : she can ~ this cloth within an hour वह यह कपड़ा एक घंटे में सी सकती है; she is now ~ing a blouse वह अब ब्लाउज़ सी रही है; I had a button ~ed on my shirt मैंने अपनी कमीज़ पर बटन लगाया. **stitching** स्टि'चिङ्ग n^{u}. सिलाई^{F} : double ~ बख़िया; ~ of this shirt is very poor इस कमीज़ की सिलाई^{F} बहुत रद्दी है.

stn. station.

S.T.O. Sales Tax Officer.

stock स्टॉक **I.** n^{c}. **1.** (goods) माल, बिक्री^{F} का माल, स्टॉक [old पुराना, ready तैयार, valuable कीमती]; they have large ~s of flour in the shop उनके पास दुकान^{F} में आटे का बड़ा स्टॉक है; now this is the new ~ अब यह नया माल है; the whole ~ of his ready-made clothes was burnt in the fire उसके सिले-सिलाए कपड़ों का पूरा स्टॉक आग^{F} में जल गया; he is selling all of his ~ वह अपना सारा ≈ बेच रहा है. **2.** (ready supply, provision) भंडार, संचय, संग्रह : large ~ बड़ा ≈; a large amount of his ~ was destroyed in water उसके ≈ का एक बड़ा भाग पानी में नष्ट हो गया; have you children's chappals in ~ क्या आपके स्टॉक में बच्चों की चप्पलें हैं? sorry, they are out of ~ खेद है, उनका स्टॉक ख़त्म हो गया है; she has a good ~ of novels उसके पास उपन्यासों का अच्छा संग्रह है. **3.** (livestock) पशुधन : to pile up straw for the ~ पशुधन के लिए भूसे का ढेर करना; he purchased ~ from the cattle fair उसने पशु-मेला से पशु खरीदे. **4.** (butt, handle) कुंदा, मूँठ^{F} : he hit him with the ~ of his whip, rifle उसने उसे चाबुक की मूठ, राइफ़ल के कुंदे से मारा. **5.** (family) वंश, कुल : he is related to the Kayastha ~ वह कायस्थ ≈ से संबंधित है; she comes of the Rajput ~ वह राजपूत कुल की है. **6.** (of a company) पूँजी^{F}, शेयरों का कुल धन, मूलधन : ~ broker शेयर दलाल; ~ holder शेयरधारी; ~ exchange शेयर बाज़ार; he has put all his money in ~ उसने अपना सारा धन शेयरों में लगा दिया है. Δ **take ~** (i) मालसूची तैयार करना, स्टाक की जाँच^{F} करना : he took ~ of books in his shop उसने दुकान में पड़ी पुस्तकों^{F} की सूची^{F} तैयार की; to take ~ of the ready products of the factory कारख़ाने के तैयार उत्पादों की जाँच^{F} करना; (ii) to take ~ of the situation स्थिति^{F} का जायज़ा लेना; (iii) take ~ of somebody किसी की योग्यता^{F} की जाँच^{F} करना. **II.** *a.* **1.** आम, सामान्य : he wears a ~ size of shoes वह जूतों का आम साइज़ पहनता है, आम साइज़ के जूते पहनता है. **2.** (trite) घिसा-पिटा [idea विचार, joke मज़ाक]; ~ comparison घिसी-पिटी तुलना^{F}; theme of his stories is ~one the उसकी कहानियों^{F} की कथावस्तु^{F} घिसी-पिटी है. **III.** *v.t.* **1.** (बिक्री के लिए भर रखना) : they ~ a good variety of shoes वे जूतों की अच्छी बानगियाँ^{F} रखते हैं; he has ~ed all sorts of things for sale उसने बिक्री^{F} के लिए सब प्रकार की चीज़ें रखी हैं. **2.** (gather) जमा करना, संचित करना, संग्रह करना, भरना, इकट्ठा करना : they are ~ing corn in their huts वे अपने झोपड़ों में गल्ला जमा कर रहे हैं; this library is ~ed with books on various subjects इस पुस्तकालय में विविध विषयों की पुस्तकें^{F} भरी रहती हैं; she has ~ed much money since she started business जब से उसने व्यापार शुरू किया उसने अच्छा पैसा इकट्ठा कर लिया है. **3.** (provide with) लगाना, से सज्जित करना, से भर देना : to ~ the shop with various types of goods विभिन्न प्रकार के सामान से दुकान^{F} को सज्जित करना; to ~ the farm with milchcows फार्म में दुधारू गायें भर देना. **stocking** स्टॉ'किङ्ग n^{c}. (pair of ~s) लंबा मोज़ा, लंबी जुर्राब^{F} [costly कीमती, soft कोमल, thin पतला, woollen ऊनी]; ~s reach upto the knees मोज़ा घुटनों तक पहुँचता है; he wears cotton ~s वह सूती मोज़े पहनता है; take off your ~s and lie

down on the bed अपने मोज़े उतार दो और बिस्तर पर लेट जाओ; most women wear ~s अधिकतर औरतें^F मोज़े पहनती हैं; ~s cover the feet and legs मोज़े पैर और टाँगें ढँक लेते हैं; there is a hole in his ~s उसके मोज़े में एक छिद्र है; one of his ~s is spoiled उसका एक मोज़ा ख़राब हो गया है.

stole *v.t. past* of 'steal' *q.v.*

stolen स्टोलन **I.** *v.t.* past participle of 'steal' *q.v.* : the thieves have ~ all his goods चोरों ने उसका सारा सामान चुरा लिया है. **II.** *a.* चोरी^F का [goods माल, jewellery ज़ेवर].

stomach स्टॅमक **I.** *n^c*. **1.** मेदा, आमाशय, पक्वाशय : food is digested in the ~ भोजन मेदे में पचता है; his ~ is damaged उसका ≈ खराब हो गया है. **2.** (abdomen) पेट, उदर, जठर [empty ख़ाली, full भरा हुआ]; take this medicine on empty ~ यह दवा^F ख़ाली पेट लेना; at present my ~ is full फ़िलहाल मेरा पेट भरा है; he has a ~-ache उसे पेटदर्द है; to have pain in one's ~ पेट में दर्द होना; his ~ is out of order उसका पेट ख़राब है. **3.** (appetite) भूख^F : his ~ is still not satisfied उसकी ≈ अभी मिटी नहीं है; I have no ~ for food मुझे कुछ खाने की ≈ नहीं है. **4.** (liking, wish) रुचि^F, इच्छा^F : he has no ~ for good work उसमें अच्छा काम करने की ≈ नहीं है; I had no ~ for a quarrel लड़ने की मेरी कोई ≈ नहीं थी. **II.** *v.t.* बरदाश्त करना : I cannot ~ such an insult मैं ऐसा अपमान बरदाश्त नहीं कर सकता.

stone स्टोन **I.** *n^c*. **1.** पत्थर [big बड़ा, small छोटा]; he lifted a ~ and threw it on them उसने एक ≈ उठाया और उन पर फेंक दिया; there are many ~s on the road सड़क^F पर बहुत ≈ हैं; he bought a black ~ उसने एक काला ≈ ख़रीदा है; he is as hard as ~ वह उतना सख़्त है जितना कि ≈; he was given to identify the sand ~ उसे बलुआ पत्थर पहचानने को दिया गया; he was sitting on a big ~ वह एक बड़े पत्थर पर बैठा हुआ था. Δ **to leave no ~ unturned** कुछ उठा न रखना : he left no ~ unturned to win the match मैच जीतने के लिए उसने कुछ उठा नहीं रखा; **~'s throw** पत्थर फेंकने तक की दूरी^F, थोड़ी दूरी^F : the school is not very far off, it is a ~'s throw स्कूल बहुत दूर नहीं है, यह थोड़ी दूरी^F पर है; his house is within a ~'s throw from here उसका मकान यहाँ से थोड़ी दूर पर है; he has a heart of ~ वह पत्थरदिल है. **2.** (gem) पत्थर, रत्न [artificial कृत्रिम, precious कीमती]; to use ~s in the ring अंगूठी में ≈ का इस्तेमाल करना. **3.** (of fruit) गुठली^F : he ate the mango and threw away the ~ उसने आम खाया और गुठली फेंक दी; ~ fruit गुठलीदार फल. **4.** (in kidney, etc.) पथरी^F : ~ is no longer a dangerous disease ≈ अब ख़तरनाक बीमारी^F नहीं रह गई. **5.** (hailstorm) ओला : ~s in early summer गरमी के शुरू के ओले. **6.** (weight) = 14 पाउंड = 6.35 किलोग्राम : ~ is still used as a unit weight in England स्टोन का बाट के रूप में अब भी इंग्लैण्ड में चलन है. **II.** *a.* पत्थर का [article वस्तु^F, house मकान]; ~ blind एकदम अंधा, सूरदास; ~ cold एकदम ठंडा; ~ dead एकदम मुरदा; ~ deaf वज्र बधिर; ~ hearted पत्थरदिल. **III.** *v.t.* **1.** पत्थर मारना : the agitators ~d a jeep आंदोलनकारियों ने जीप पर पत्थर मारे; to ~ someone to death किसी को पत्थर मार-मारकर मार डालना; the thief was ~d to death चोर को पत्थर मार-मारकर मार डाला गया. **2.** पत्थर बैठाना या लगाना : five persons were engaged to ~ the road पाँच लोग सड़क पर पत्थर बैठाने के लिए लगा दिए गए. **3.** गुठली^F निकालना : she ~d the peaches उसने आडुओं की गुठलियाँ निकाल दीं. **stony** स्टो'नि *a.* **1.** (full of stones) पथरीला : ~ ground पथरीली ज़मीन; ~ footpath ≈ पगडंडी^F; the pedestrians should walk on the side of the ~ way पैदल चलने वालों को पथरीले रास्ते के किनारे चलना चाहिए; it is hard to produce any crop in the ~ land पथरीले खेत में कुछ भी पैदा करना कठिन है. **2.** (hard) कड़ा : ~ cricket ball कड़ी क्रिकेट गेंद^F; ~ heart पत्थर का कलेजा. **3.** पाषाणहृदय, कठोर, संगदिल : ~ woman ≈ औरत^F; the

principal is ~, he will not give you any relief प्राचार्य पाषाणहृदय हैं, वे तुम्हें कोई राहत^{F} नहीं देंगे. **4.** भावशून्य [look दृष्टि^{F}, situation स्थिति^{F}]; I found him ~ when I met him जब मैं उससे मिला तो उसे ≈ पाया.

stood स्टुड *v.i. past* of 'stand'; he ~ on the side of the road वह सड़क के किनारे खड़ा हो गया; a hut ~ on the edge of a field खेत के किनारे एक झोपड़ी^{F} स्थित थी.

stool स्टूल *n*^{c}. **1.** स्टूल [iron लोहे का, wooden लकड़ी^{F} का]; ~ is a seat without a back ≈ बिना पीठ की चौकी^{F} होती है; the cook has a ~ in the kitchen रसोईघर में रसोइए के पास एक ≈ है; while reading he sits on the ~ पढ़ते समय वह ≈ पर बैठता है; one leg of the ~ is broken स्टूल की एक टाँग^{F} टूटी हुई है; he fell down from the ~ वह ≈ पर से गिर पड़ा. Δ **to fall between two ~s** दो नावों^{F} में पैर रखने पर डूबना. **2.** (footstool) पायदान : a ~ is attached to this chair इस कुर्सी^{F} के साथ एक ≈ लगा है. **3.** (privy) (old use) पाख़ाना, शौचघर, शौचालय : there is not a single ~ in this area इस क्षेत्र में एक भी ≈ नहीं है. **4.** (evacuation) (oft. *pl.*) मलत्याग, पाख़ाना : he has constipation, he did not pass ~ today उसे कब्ज़ है, उसने आज मलत्याग नहीं किया; his ~ was tested उसके पाख़ाने का परीक्षण किया गया.

stoop स्टूप **I.** (~ **to**) *v.i.* **1.** झुकना : he ~ed to pick up smth कुछ उठाने के लिए वह झुका; the old man has to ~ (down) to take the glass गिलास लेने के लिए बूढ़े आदमी को झुकना पड़ा; you ~ to get into a car तुम कार^{F} के अंदर जाने के लिए झुकते हो. **2.** (lower oneself) नीचता^{F} का काम करना, पतित होना : he belongs to a very bad family, he will ~ to do anything वह बहुत ख़राब परिवार से संबंधित है, वह कोई भी नीचता^{F} का काम कर लेगा; have we ~ed so low क्या हम इतने पतित हो गए हैं? to ~ to beg भीख^{F} माँगने के लिए पतित होना; I do not believe that he ~ed to cheating मैं विश्वास नहीं करता कि उसने ठगी का नीच काम किया. **3.** (swoop) झपटना, झपट्टा मारना : a falcon ~ed to catch a bird एक बाज़ एक चिड़िया^{F} को पकड़ने के लिए झपटा. **II.** *v.t.* (incline) झुकाना : to ~ one's head, neck अपना सिर, अपनी गरदन^{F} ≈. **III.** *n*^{c}. (often *pl.*) **1.** झुकाव [essential आवश्यक, unexpected अप्रत्याशित]; he walks with a ~ वह झुककर चलता है **2.** (platform) चबूतरा : high ~ ऊंचा ≈; he was sitting on the ~ in the morning सुबह^{F} वह चौहरे पर बैठा हुआ था. **3.** (porch) ड्योढ़ी^{F} : the ~ of the house was made of wood घर की ≈ लकड़ी^{F} की बनी थी.

stop स्टॉप **I.** *v.t.* (-pp-) **1.** (stop movement or progress) रोकना, रोक देना : to stop a person from going anywhere किसी व्यक्ति को कहीं जाने से रोक देना; he ~ped the ball from going to the boundary उसने गेंद^{F} को सीमा^{F} पर जाने से रोक दिया; he did not ~ the bus उसने बस^{F} नहीं रोकी. **2.** (discontinue, cease) बंद करना : he has ~ped gambling उसने जुआ खेलना बंद कर दिया है; ~ talking बातें^{F} बंद करो^{F}; ~ writing, time is over लिखना बंद करो, समय (समाप्त) हो गया है; to ~ the road by putting stems of trees पेड़ों के तने रखकर रास्ता बंद करना; to ~ a cloth mill कपड़े का कारखाना बंद करना; he ~ped the payment उसने भुगतान रोक दिया; how can you ~ smb's mouth तुम किसी का मुँह कैसे बंद कर सकते हो? something is ~ping the pipe कोई चीज़^{F} पाइप में रुकावट^{F} पैदा कर रही है. **3.** (fill) भरना, भर देना : the dentist ~ped someone's tooth दाँत डाक्टर ने किसी का दाँत भर दिया; to ~ a hole with mud गारे से सूराख भर देना. **II.** *v.i.* **1.** (~ moving) रुकना, रुक जाना, ठहरना : he ~ped under a shed when he found that it was raining जब उसने देखा कि वर्षा^{F} हो रही है तो वह एक छप्पर के नीचे रुक गया; suddenly the bus ~ped एकाएक बस^{F} रुक गई; you may ~ here for an hour तुम यहाँ एक घंटा रुक/ठहर सकते हो; the peon ~ped dead/short चपरासी एकदम रुक गया. **2.** (stop functioning) बंद हो जाना : the watch has ~ped घड़ी^{F} बंद हो गई है; the supply of gas ~ped now गैस^{F} की

आपूर्ति^{F} अब बंद हो गई है; the production is totally ~ped उत्पादन पूरी तरह बंद हो गया है. **3.** (stay) ठहरना : where did he ~ yesterday कल वह कहाँ ठहरा था? I'll ~ with you today मैं आज तुम्हारे साथ ठहरूँगा. **4.** (cease) खत्म होना : the dispute did not ~ there झगड़ा वहीं खत्म नहीं हुआ. Δ ~ **dead/short** अचानक रुक जाना : the scooter ~ped dead/short स्कूटर अचानक रुक गया; ~ **off, over** रुक जाना : we ~ped at Kanpur हम कानपुर रुक गए; the bus ~ped over the hill because the driver could not see anything बस^F पहाड़ी पर कुछ रुक गई क्योंकि ड्राइवर कुछ देख नहीं सकता था; ~ **up late** (i) देर^F तक जागना : he ~ped up late at night and is now sleeping वह रात्रि^{F} में देर^F तक जागता रहा और अब सो रहा है; (ii) (block) बन्द होना : my nose is ~ped up मेरी नाक^F बंद हो गई है. **II.** *n*^{c}. **1.** (halt) स्टाप, रुकावट, ठहराव : the bus came to a ~ बस एकाएक रुक गई; the bus for Agra is available from this stop आगरा के लिए बस^F इस ≈ से उपलब्ध है; the watch came to a full ~ घड़ी^{F} बिल्कुल बंद हो गई; he went to Moscow from New Delhi without a ~ वह नई दिल्ली से मास्को बिना रुके गया. **2.** (place) अड्डा, स्टाप : we shall get off at the next ~ हम अगले स्टाप पर उतर जाएँगे. **3.** (punctuation) विरामचिह्न : put a ~ here, where I have marked with red ink यहाँ ≈ लगाओ, जहाँ मैंने लाल स्याही का निशान लगाया है. **3.** (of window, etc.) अड़ानी^{F} : there is a ~ in the lower corner of the window frame खिड़की^{F} की चौखट^F के निचले कोने में एक ≈ है. (phonetics) स्पर्श ध्वनि^{F} : k t p are ~s in English अंग्रेज़ी में क ट प स्पर्श ध्वनियाँ हैं. Δ **come to a (full)** ~ (एक दम) बंद हो जाना : very soon his business will come to a ~ जल्दी ही उसका व्यापार बंद हो जाएगा. **stopcock** *n*^{c}. रोधनी, टोंटी^{F} : ~ controls the flow of water in a pipe ≈ पाइप में पानी के बहाव को नियंत्रित करती है. **stopgap I.** *n*^{u}. **1.** (person) स्थानापन्न : ~ clerk ≈ लिपिक; he is only a ~ until the permanent appointment is made स्थायी-नियुक्ति^{F} होने तक वह केवल ≈ है. **2.** कामचलाऊ वस्तु^{F} या उपाय : such a ~ will not serve the purpose इस प्रकार की कामचलाऊ चीज़ से काम नहीं बनेगा (उद्देश्य पूरा न होगा). **II.** *a.* स्थानापन्न, कामचलाऊ [arrangement व्यवस्था^{F}, measures उपाय]; it is a mere ~ thing यह मात्र/केवल कामचलाऊ चीज़^{F} है; he is appointed as a ~ teacher only वह केवल कामचलाऊ अध्यापक नियुक्त किया गया है. **stoppage** स्टॉ'पिज *n*^{c}. **1.** (action) रोक, रोधन : the ~ of pay, leave by an employer एक मालिक द्वारा वेतन, छुट्टी^{F} का रोधन. **2.** (state) रुकाव, विराम, ठहराव : only two minutes' ~ केवल दो मिनट का रुकाव, ठहराव; the ~ of water must be cleared पानी का रुकाव निश्चित रूप से साफ़ किया जाना चाहिए. **3.** (obstruction) अवरोध : twenty men were employed to remove the ~ from the road सड़क पर से अवरोध हटाने के लिए बीस लोग लगा दिए गए; cold causes ~ in the nose ज़ुकाम से नाक^F में अवरोध पैदा हो जाता है. **stopper** स्टॉ'पर **I.** *n*^{c}. **1.** रोक^F : to put a ~ on smb's actions किसी के कार्यों पर ≈ लगाना. **2.** (plug) डाट, डट्टा, काम : a ~ closes the mouth of a bottle ≈ बोतल^F के मुँह को बंद करता है; this bottle needs a ~ इस बोतल^F में एक ≈ की ज़रूरत है; put a ~ in it इसमें एक ≈ लगा दो. **II.** *v.t.* डाट^F लगाना, बंद करना : ~ the bottle soon, for its smell may spread in the whole room बोतल^F में शीघ्र ही डाट लगा दो क्योंकि इसकी गंध^F पूरे कमरे में फैल जाएगी. **stop-press** स्टॉप्'प्रे'स *a.* छपते-छपते : ~ is the last news ≈ अंतिम समाचार होता है; see this news in the ~ column on the front page इस समाचार को मुख्य पृष्ठ पर छपते-छपते कालम में देखिए; India's victory was given in box in the ~ column भारत की विजय^F ≈ कालम में बाक्स में दी गई थी. **stopwatch** *n*^{c}. रोक घड़ी^{F}, विराम घड़ी : you can stop and restart a ~ whenever you desire आप ≈ को जब चाहो रोक सकते हो, फिर चालू कर सकते हो; ~ is used in races ≈ से दौड़ों^{F} में काम लिया जाता है.

storage स्टॉ'रिज n^u. **1.** संग्रहण, भंडारण : ~ of foodstuffs खाद्य-पदार्थों का ≈; ~ of beautiful things सुन्दर वस्तुओं^{F} का ≈ **2.** (place) गोदाम, भण्डार [huge विशाल, new नया]; we keep some furniture in a ~ हम ≈ में कुछ फर्नीचर रखते हैं; cold ~ शीत संग्रहागार; he owns two cold ~s in this city इस शहर में उसके दो शीत संग्रहागार हैं. Δ **to put the proposal in cold ~** किसी प्रस्ताव को अनिश्चित काल के लिए टाल देना. **3.** (fee) : गोदाम-भाड़ा : he spent twenty thousand rupees as ~ उसने गोदाम भाड़े के बीस हज़ार रुपए खर्च किए.

store स्टॉर **I.** n^c. **1.** (place) भंडार, गोदाम : vast ~ लंबा-चौड़ा ≈; ~ house भण्डार, भंडार घर; ~ room ≈ गृह; ~ keeper भंडारी; the library is a ~ house of information पुस्तकालय जानकारी^{F} का ≈ होता है; there is a ~ behind the shop दुकान^F के पीछे गोदाम है; a ~ of food material खाद्य पदार्थों का भण्डार; he spends thousands of rupees on the maintenance of the ~ गोदाम के रखरखाव पर वह हज़ारों रुपया खर्च करता है; his head is a ~ of knowledge उसका दिमाग़ ज्ञान का भंडार है; put a keeper in the ~ गोदाम में एक भंडारी बिठा दीजिए. **2.** (supplies) (*pl.*) सामान, भंडार : he has good woollen ~s उसके पास बढ़िया ऊनी ≈ है; provision ~s खाने-पीने का ≈; military ~s फ़ौजी सामान. **3.** (shop) दुकान^F, भंडार : book ~ पुस्तक भंडार; drug ~ औषध भंडार; cosmetic ~ सौंदर्य प्रसाधन का भण्डार; to have good books in the ~ भंडार में अच्छी-अच्छी क़िताबें^{F} रखना; there is a good ~ in the next village अगले गाँव में एक अच्छी दुकान है; we went to a ~ to buy a shirt कमीज़^{F} खरीदने के लिए हम एक दुकान पर गए. **II.** *v.t.* **1.** संचय करना, संग्रह करना, जमा करना : the things were ~d in a large box चीज़ें एक बड़े बाक्स में भर दी गईं; all the facts were ~d in his memory सारे तथ्य उसकी याददाश्त^F में जमा थे; mother has ~d potatoes माँ ने आलू जमा कर रखे हैं; I'll ~ every type of currencies मैं प्रत्येक प्रकार की मुद्राओं^{F} का संग्रह करूँगा. **2.** (pass.) the library is stored with books on philosophy पुस्तकालय दर्शनशास्त्र संबंधी पुस्तकों^{F} से भरा है.

storey स्टॉ'रि n^c. तल्ला, मंज़िल, खण्ड : he lives on the third ~ of that building वह इस इमारत^F के तीसरे तल्ले पर रहता है; this is a two ~ (ed) house यह दो मंज़िला मकान है. **the upper ~** दिमाग़, मस्तिष्क : he is weak in the upper ~ इसका दिमाग़ कमज़ोर है. [*as distinct from* story] **storeyed** स्टॉ'रिड *a.* मंज़िला, तल्ला : three ~ तिमंज़िला/तितल्ला; five-~ पँचमंज़िला; you will see multi-~ buildings in Mumbai मुंबई में तुम बहुमंज़िला इमारतें देखोगे.

stork स्टॉर्क n^c. (adjutant) लकलक : a ~ has long legs and a long beak ≈ की लंबी टाँगें और एक लंबी चोंच होती है; the ~ eats (up) small fish and insects ≈ छोटी मछलियों और कीड़ों को खा जाता है.

storm स्टार्म **I.** n^c. **1.** झंझावत, तूफ़ान, (dusty) आंधी^{F}, अंधड़ [dangerous खतरनाक, fierce भयंकर, violent उग्र]; rain ~ वर्षा तूफ़ान; thunder ~ गरज के साथ ≈, the ~ was so furious that it swept away all' the huts ≈ इतना भीषण था कि वह सभी झोपड़ियों^{F} को बहा ले गया; the ship wrecked in the ~ in the sea जहाज़ समुद्र के अंदर ≈ में नष्ट हो गया; the ~ had come before we reached the house हमारे घर पहुँचने से पहले ≈ आ गया था; the calm before the ~ ≈ के पहले की शांति^{F}; the ~ caused little damage ≈ से कोई बहुत नुकसान नहीं हुआ; the ship sank in the ~ जहाज़ ≈ में डूब गया; many trees fell down in the heavy ~ भारी ≈ में कई पेड़ गिर गए. **2.** (upheaval) हलचल^F, उथल-पुथल^F [grievous गंभीर, unexpected अप्रत्याशित]; we could not understand anything from this ~ in the market बाज़ार में इस ≈ से हम कुछ न समझ सके; his speech caused a ~ among the listeners उसके भाषण से श्रोताओं में ≈ मच गई. **3.** (tumult) हुल्लड़, हो हल्ला : loud ~ ज़ोर का ≈; the boys made such a ~ that everyone left his place

लड़कों ने इतना ≈ मचाया कि सभी लोगों ने अपना स्थान छोड़ दिया; he raised a ~ of cries उसने चीख-चिल्लाहट^F करके ≈ मचा दी. 4. (shower) बौछार^F : ~ of abuses गालियों^F की ≈; a ~ of applause तालियों^F की ≈. 5. (assault) धावा, हमला, चढ़ाई^F : we took the fortress by ~ हमने धावा बोलकर गढ़ी^F जीत ली. Δ ~ **in a tea cup** तूम्बी में तूफ़ान, नाहक का हो-हल्ला : there was nothing serious, it was a ~ in a tea cup कोई गंभीर बात नहीं थी, यह ≈ था. no harm has been done there, why is then this ~ in a tea cup कोई नुकसान नहीं हुआ है तो फिर यह ≈ क्यों ? **II.** *v.t. & v.i.* 1. प्रचण्ड होना, तेज़ हो जाना : the wind ~ed about the house हवा^F मकान के पास प्रचण्ड हो गई थी; you should not go to school today, the rain is storming तुम्हें आज विद्यालय नहीं जाना चाहिए, तेज़ बारिश^F हो रही है. 2. (show violent anger) झल्लाना, गरजना : his father ~ed at him उसके पिता उस पर बहुत झल्लाए; a member ~ed out of the meeting एक सदस्य झल्लाकर बैठक से बाहर चला गया. 3. (attack suddenly) धावा बोल देना : the enemy ~ed the fort शत्रु ने किले पर धावा बोल दिया. **stormy** स्टॉर्'मि *a.* 1. तूफ़ानी [sea समुद्र, weather मौसम, winds हवाएँ^F]; it was a ~ night yesterday कल ≈ रात^F थी. 2. [violent] प्रचण्ड, तीव्र, तेज़ [discussion परिचर्चा, mood सनक^F, quarrel विवाद]; none was willing to come out of the house in the ~ cold प्रचण्ड ठंडी में कोई अपने घर से बाहर नहीं आना चाहता था. 3. उत्तेजनापूर्ण [debate वादविवाद, joke मज़ाक, meeting सभा^F, situation स्थिति^F]; he had a ~ discussion on the question इस प्रश्न पर उसकी उत्तेजनात्मक बहस हुई.

story स्टॉ'रि *n*^c. (*pl.* stories) 1. (tale) कहानी^F [dull नीरस, imaginary काल्पनिक, interesting दिलचस्प]; stories of olden times पुराने ज़माने की कहानियाँ; they all tell the same old ~ but I will tell you a new one वे सब वही राम कहानी सुनाते हैं लेकिन मैं तुम्हें कोई नयी ≈ सुनाऊँगा; mother used to tell moral stories माँ चारित्रिक कहानियाँ सुनाया करती थी; it is a ~ about two animals यह दो जानवरों की ≈ है; he told me a thrilling ~ about ghosts उसने मुझे भूतों के बारे में रोमांचकारी ≈ सुनाई. 2. (plot) कथानक : ~ of the play नाटक का ≈; the ~ of the drama is excellent नाटक का ≈ उत्कृष्ट है. 3. (history) इतिवृत्त, इतिहास : can you tell me the real ~ of the Mughals क्या तुम मुग़लों का सही इतिहास बता सकते हो ? Δ **the ~ goes that** कहा जाता है कि... ; **make a long ~ short** लंबा-चौड़ा ब्यौरा न देकर संक्षेप में कहो. [*as distinct from* storey]

stout स्टॉउट *a.* 1. (strong) मज़बूत, पक्का [cloth कपड़ा toy खिलौना]; ~ stick मज़बूत/पक्की छड़ी^F; his old house was made of ~ bricks उसका पुराना मकान पक्की ईंटों^F का बना हुआ था; he is my ~ supporter वह मेरा पक्का समर्थक है. 2. (strong in body) तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा [boy लड़का, worker मज़दूर, wrestler पहलवान]; Batra is ~ and brave बत्रा तगड़ा और बहादुर है; she is the only ~ lady in the family परिवार में वह अकेली हट्टी-कट्टी महिला^F है; the guard you have engaged is a ~ fellow गार्ड जिसे तुमने रखा है एक ≈ आदमी है. 3. (corpulent) स्थूलकाय : pythons are ~ snakes अजगर ≈ साँप होते हैं; the elephant is a very ~ animal हाथी ≈ जानवर है. 4. (forceful) ज़ोरदार, प्रबल, तीव्र : I had never expected that he would make such ~ opposition मैंने कभी आशा^F नहीं^F की थी कि वह इतना ≈ विरोध करेगा. 5. (in other contexts) ~-hearted दिलेर; ~ opponents कट्टर विरोधी; ~ resistance कड़ा विरोध.

stove स्टोव़ *n.* स्टोव, चूल्हा [electric बिजली का, gas गैस वाला, hot गर्म, large बड़ा]; a ~ is used for cooking ≈ खाना पकाने के काम आता है; to light the ~ ≈ जलाना; put smth on the ~ ≈ पर कुछ रखो; she prepares food on the oil ~ वह तेल वाले स्टोव़ पर भोजन बनाती है; suddenly his ~

burst उसका स्टोव एकाएक फट गया.

straight स्ट्रेट **I.** *a.* **1.** (not bent or crooked) सीधा, ऋजु [corridor गलियारा, hair बाल]; ~ line सीधी रेखा^F; ~ stick सीधी छड़ी; ~ poles सीधे खंभे; this road goes ~ from here to Calcutta यह सड़क^F यहाँ से कलकत्ता तक सीधी जाती है; draw a ~ line on the paper काग़ज़ पर एक सीधी रेखा खींचो; this is the ~ way to go to school यह विद्यालय जाने का सीधा रास्ता है; that picture on the wall is not ~ दीवार^F पर की वह तस्वीर^F सीधी नहीं है. [*ant.* crooked] **2.** (direct, unqualified, of answer) सीधा : he gave a ~ answer to his friend उसने मित्र को सीधा जवाब दे दिया. **3.** (honest) सीधा, सच्चा, निष्कपट, ईमानदार [behaviour व्यवहार, student छात्र]; you should be ~ with me तुम्हें मेरे प्रति निष्कपट रहना चाहिए; he is ~ in his dealings वह अपने व्यवहार में ≈ है. **4.** (upright) सीधा : the pole is not ~ खंभा ≈ नहीं है. **5.** (outspoken) स्पष्टवादी : the principal is ~ in his decision प्राचार्य अपने निर्णय में ≈ है; you must seek a ~ friend तुम्हें कोई ≈ मित्र ढूँढना चाहिए. **6.** (in proper order) ठीक-ठाक व्यवस्थित : I put my room ~ मैंने अपना कमरा ≈ कर दिया; to put things ~ चीजों को ≈ करके रखना. **7.** (logical) तर्कसंगत [decision निर्णय], your statements are not ~ तुम्हारे वक्तव्य ≈ नहीं हैं. **8.** (in other contexts) ~ angle ऋजु कोण (180°) **II.** *adv.* **1.** सीधे : sit up ~ ≈ बैठो; he went ~ to the school वह ≈ स्कूल चला गया; the road leads ~ to the village सड़क^F ≈ गाँव को जाती है; he came home ~ from the market वह बाज़ार से ≈ घर आया; the post office is ~ ahead डाकघर ≈ आगे है. **2.** ईमानदारी^F से : tell me ~ मुझे साफ़-साफ़ बता दो; you are not playing ~ तुम ≈ नहीं खेल रहे. Δ ~ **away/off** तुरंत : he returned ~ away from the market वह बाज़ार से तुरंत लौटा : he could not answer ~ off वह तुरंत उत्तर न दे सका. **straighten** स्ट्रे'टन *v.t.i.* **1.** सीधा करना या होना : to ~ one's arms बाँहों को सीधा करना; ~ the painting on the wall दीवार पर का चित्र ठीक/सीधा करो; I could not ~ the bent iron bar लोहे के मुड़े हुए छड़ को मैं सीधा न कर सका; the road has been ~ed सड़क को सीधा कर दिया गया है. **2.** (to put it right) ठीक कर देना : to ~ the matter मामला ठीक कर देना. **3.** ठीक हो जाना : things will ~ out मामले ठीक हो जाएँगे. Δ ~ **out** सुलझाना : ~ your problems out अपनी समस्याएँ^F सुलझा लो; ~ **up** (i) सीधे खड़ा होना; (ii) सीधा कहना : ~ up your ideas अपने विचार सीधे कह डालो. **straightforward** *a.* **1.** निष्कपट, सीधा, सच्चा [friend मित्र, person व्यक्ति]; he is ~ and simple वह ≈ और सरल है. **2.** (direct) सीधा : he gave a ~ answer उसने ≈ जवाब दे दिया. **3.** (easy) सीधा, सरल, सीधा-सादा : it is a ~ case of cheating यह छल का ≈ मामला है. **straightness** स्ट्रेट'निस *n*^U. सीधापन; आजीवन : he is famous for his ~ वह अपने ≈ के लिए प्रसिद्ध है; his extreme ~ is the cause of his failure उसका अत्यन्त ≈ ही उसकी असफलता^F का कारण है.

strain स्ट्रेन **I.** *v.t.* **1.** (stretch) कसकर तानना : the wire was ~ed between poles तार खंभों के बीच में कसकर ताना गया; he ~ed the rubber उसने रबर को कसकर तान दिया. **2.** ज़ोर लगाकर देखना/सुनना : don't ~ your eyes अपनी आँखों पर ज़ोर मत डालो; he ~ed his ears to listen सुनने के लिए उसने कानों पर ज़ोर दिया. Δ to ~ every nerve पूरा ज़ोर लगाना; he ~ed every muscle to lift the box बॉक्स उठाने के लिए उसने अपना पूरा ज़ोर लगाया. **3.** (one's authority) की सीमा का उल्लंघन करना : he ~ed his rights many times उसने कई बार अपने अधिकारों का उल्लंघन किया; you were ~ing your authority by giving such an order ऐसा आदेश देकर तुम अपने प्राधिकार का अतिक्रमण कर रहे थे. **4.** (a text) खींचखाँच कर अर्थ लगाना : he has ~ed my words उसने मेरे शब्दों को खींच-तानकर और का और अर्थ लगा लिया. **5.** (try hard) भरसक प्रयत्न करना : he ~ed to pass the examination उसने

परीक्षा^{F} उत्तीर्ण करने के लिए भरसक प्रयत्न किया, जी-तोड़ कोशिश^F की. **6.** (injure) क्षति^{F} पहुंचाना, चोट^F लगा लेना : he has ~ed his muscle उसकी पेशी^{F} खिंच गई है. **7.** (hug) (old use) कसकर गले लगाना : he ~ed his friends, when they met him for the first time, after a gap उसने अपने मित्रों को कसकर गले लगाया, जब वे एक अन्तराल के बाद उससे पहली बार मिला. **8.** (filter) छानना : to ~ the oil with a filter फिल्टर से तेल ≈; she ~s coffee वह कॉफ़ी छानकर बनाती है. Δ ~ **after** के लिए प्रयास करना : he ~ed after success उसने सफलता^{F} पाने का प्रयास किया; ~ **at smth** पाने की बहुत कोशिश करना; ~ **at a goat and swallow a camel** गुड़ खाना, गुलगुलों से घिनाना (परहेज़ करना). **II.** *n*^{uc}. **1.** (tension) तनाव, खिंचाव : light ~ कम ≈; it was a great ~ on the nerves नसों पर बड़ा तनाव था; the rope broke under ~ तनाव से रस्सी^{F} टूट गई. **2.** (great effort) घोर परिश्रम, प्रयास : the need of great ~ for success सफलता^{F} के लिए घोर परिश्रम की आवश्यकता^{F}. **3.** (fatigue) थकावट^F : she is suffering from ~ वह ≈ से परेशान है. **4.** (injury) चोट^F; (sprain) मोच^F : ~ in the legs टाँगों में चोट; there is ~ in his hand उसके हाथ में मोच है. **5.** (demand upon) दबाव : this delay is a great ~ on our patience यह देर^F हमारे धैर्य पर बड़ा भारी दबाव है. **6.** (tone) लहज़ा : he went on talking in the same ~ वह उसी लहज़े में बात^F करता चला गया. **7.** (style) शैली^{F} : ~ of writing a letter पत्र लिखने की ≈. **8.** (tendency) प्रवृत्ति^{F} : ~ of an animal किसी पशु की ≈. **9.** *a.* family वंश, कुल : ~ of a tribe किसी जनजाति^{F} का कुल. **strainer** स्ट्रे'नर *n*^{c}. (colander) चलनी^{F}, छलनी^{F} : use a ~ to clean the grains दानों को साफ़ करने के लिए ≈ का इस्तेमाल करो; you should pour tea into a cup through the ~ तुम्हें चाय^F कप में ≈ से उड़ेलनी चाहिए.

strange स्ट्रेन्ज *a.* **1.** (not known) अजनबी [citizen नागरिक, people लोग, person व्यक्ति]; he lived among ~ people वह ≈ लोगों में रहता था. **2.** (unfamiliar) ग़ैर, अपरिचित [place स्थान, work काम]; he saw many ~ faces around him उसने अपने चारों ओर कई ≈ चेहरे देखे; the boy was not ~ to him लड़का उसके लिए ≈ नहीं था; that street was ~ to him वह गली^{F} उसके लिए ≈ थी. **3.** (odd, unusual) अनोखा, अजीब, अनूठा, निराला [idea विचार, question प्रश्न, story कहानी^{F}]; she speaks some ~ language वह कोई अजीब भाषा^{F} बोलती है; I heard a ~ voice in the next room मैंने बग़ल के कमरे में अजीब आवाज़^{F} सुनी; what a ~ thing it is ! कितनी अजीब बात^F है. it seems ~ but it is true यह अजीब लगता है, लेकिन है सत्य; there is nothing ~ about it इसमें कुछ भी अजीब/निराला नहीं है. **4.** (eccentric) सनकी, झक्की : that ~ person is not reliable वह ≈ व्यक्ति विश्वसनीय नहीं है. **strangely** स्ट्रेन्ज'लि *adv.* अजीब ढंग से : he is behaving ~ वह ≈ व्यवहार कर रहा है; ~ you have never seen a stengun अजीब बात^F है कि तुमने कभी स्टेनगन^F नहीं देखी है. **stranger** स्ट्रेन्'जर *n*^{c}. **1.** (outsider) बाहरी आदमी; (not one's own) पराया : we are not ~ here हम यहाँ बाहरी आदमी नहीं है; he is the only ~ वह अकेला बाहरी व्यक्ति है; they have become ~ to that family वे उस परिवार के लिए बाहरी हो गए हैं. **2.** (unknown) अपरिचित, अजनबी : a ~ came to the door एक ≈ दरवाज़े पर आया; he is a ~ to me वह मेरे लिए ≈ है; I am a ~ here, can you tell me the way to the post office मैं यहाँ ≈ हूँ, क्या आप मुझे डाकघर का रास्ता बता सकते हैं ? **3.** (novice) नौसिखिया : I am a ~ to this kind of job मैं ऐसे काम के लिए ≈ हूँ.

strangle स्ट्रेङ्'गल *v.t.* **1.** गला घोंटना, गला घोंटकर मार डालना : the robbers ~d him by pressing his throat डकैतों ने उसका गला दबाकर घोंट दिया; two persons were ~d yesterday कल दो व्यक्तियों का गला घोंटकर उन्हें मार डाला गया. **2.** (suppress) दबाना : wrong economic policy is strangling our progress ग़लत आर्थिक नीति^{F} ने हमारी

प्रगति^{F} अवरुद्ध कर रखी है.

strap स्ट्रैप **I.** *n*^{c}. **1.** (of leather) पट्टा, तस्मा : he uses ~s in his shoes वह अपने जूतों में तस्मे लगाता है; I need a ~ for my watch मुझे अपनी घड़ी^{F} के लिए एक पट्टा चाहिए. **2.** (of hat) बद्धी^{F} : the ~ of his hat is very loose उसके हैट की ≈ बहुत ढीली है. **3.** (of cloth) फ़ीता : women use ~s to bind their hair स्त्रियाँ अपने बालों को बांधने के लिए फ़ीतों का इस्तेमाल करती हैं. **4.** (of metal) पट्टी^{F} [small छोटी, thin पतली]. **5.** (a razor strap) चमोटा : the barbers use ~s to sharpen their razors नाई अपने छुरे को तेज़ करने के लिए चमोटों का प्रयोग करते हैं. **II.** *v.t.* (-pp-) **1.** पट्टे से मारना : he is ~ping the dog वह कुत्ते को पट्टे से मारता है. **2.** तस्मा बाँधना : ~ your shoes अपने जूतों के तस्मे बाँध दो; the boy ~ped his books to his bicycle लड़के ने साइकिल पर अपनी पुस्तकें^{F} बाँध लीं. **3.** चमोटे पर तेज़ करना : the barber should ~ the razor first नाई को सर्वप्रथम उस्तरे को चमोटे पर तेज़ करना चाहिए.

straw स्ट्रॉ *n*^{u}. **1.** पयाल, पुआल : the cattle lie on ~ मवेशी ≈ पर लेटते हैं. **2.** भूसा : all the cattle were given ~ to eat सभी जानवरों को खाने के लिए ≈ दिया गया. **3.** (a single ~) तिनका, तृण : I do not care a ~ for him मैं उसकी एक ≈ परवाह^F नहीं करता. **4.** (trifle) घास, भूसा, घास-फूस : her hut was made of ~ and bamboo उसकी झोपड़ी^{F} घास-फूस और बाँस की बनी थी. **5.** (tube) स्ट्रा ~ for sipping cold drink शीत पेय घूँट-घूँट पीने के लिए ≈ . Δ **a man of ~** घास-फूस का पुतला : they placed a man of ~ in the field उन्होंने खेत में एक घास-फूस का पुतला रख दिया; **catch at a ~** तिनके का सहारा लेना: a man tries to catch at a ~ when he is drowning एक व्यक्ति जब डूब रहा होता है तो तिनके का सहारा लेने का प्रयास करता है; **a ~ in the wind** आने वाली घटना^{F} का संकेत. ~ **berry** *n*^{c}. शतावरी, हिसालू : ~ is a plant and a small red and sweet fruit ≈ एक पौधा और छोटा-सा लाल और मीठा फल होता है; ~ berries are delicious शताबरियाँ स्वादु होती हैं.

stray स्ट्रे **I.** *v.i.* **1.** (roam) बेकार घूमना : he ~ed the whole day while his examination was near जब कि उसकी परीक्षा^{F} निकट थी वह पूरा दिन बेकार घूमता-फिरता रहा; his dog had ~ed away उसका कुत्ता घूमता-फिरता कहीं चला गया. **2.** (deviate) पथ से विचलित या भ्रष्ट होना : he ~ed from the path of virtue वह शुद्धाचार के मार्ग से विचलित हो गया; politicians have mostly ~ed from their ideals राजनीतिज्ञ अपने आदर्शों से सबसे ज़्यादा पथभ्रष्ट हो गए हैं. **3.** (lose one's way) रास्ता भूल जाना, भटक जाना : the cattle ~ed from the field खेत से मवेशी भटक जाते हैं; he went to the forest and ~ed there वह जंगल में गया और वहाँ रास्ता भूल गया. **4.** (of thoughts, etc.) भटकना : his thoughts ~ed from the real subject उसके विचार वास्तविक विषय से भटक गए; we are ~ing from our culture हम अपनी संस्कृति^{F} से भटकते जा रहे हैं. **II.** *a.* **1.** भटका, भूला-भटका, पथभ्रष्ट, गुमराह [cattle मवेशी, children बच्चे, passerby राही, poet कवि]; ~ people should be shown the path भटके हुए लोगों को रास्ता दिखाया जाना चाहिए; officers are greatly ~ अधिकारी बहुत ही पथभ्रष्ट हैं; to persuade the ~ youth of Kashmir कश्मीर के गुमराह लोगों को मनाना. **2.** छुट-पुट : ~ events are still happening ≈ घटनाएं^{F} अब भी घटित हो रही हैं; this is a ~ example of honesty ईमानदारी^{F} का यह ≈ उदाहरण है. **3.** (occasional, rare) विरला : ~ showers विरली बौछार^F; only ~ persons can do this work इस काम को केवल विरले लोग ही कर सकते हैं. **4.** (casual) आकस्मिक : ~ accident ≈ दुर्घटना.

streak स्ट्रीक **I.** *n*^{c}. **1.** (stripe) धारी^{F} [golden सुनहरी, small छोटी, red लाल]; a ~ of white in her black hair उसके काले बालों में सफ़ेद ≈. **2.** layer परत^F : there are many ~s of colour on the chair कुर्सी पर रंगों की कई परतें हैं. **3.** (strain) झुकाव, प्रवृत्ति^{F} : try to know his mental ~ उसकी मानसिक प्रवृत्ति^{F} जानने का प्रयास करें; she has a ~ of selfishness, cruelty उसमें स्वार्थपरता,

अत्याचार की प्रवृत्ति है. **4.** (element) पुट : there is a ~ of sarcasm in his writing उसके लेखन में व्यंग्य का ≈ है. **5.** ~ of lightning कौंध^F; something happened like a ~ of lightning बिजली^{F} की तरह कुछ कौंध गया. **II.** *v.t.* धारियाँ^{F} डालना या लगाना : this wall is ~ed with paint इस दीवार^F पर रोगन की धारियाँ पड़ी हैं; to ~ the cloth कपड़े पर धारियाँ डालना; her dark hair is ~ed with grey उसके काले बालों में सफेद धारियाँ हैं. **III.** *v.i.* तेज़ दौड़ लगाना : the runners ~ed from the starting point धावकों ने आरंभ स्थल से तेज़ दौड़ लगाई; the cat ~ed across the courtyard बिल्ली^{F} आँगन के पार तेज़ी-से दौड़ गई.

stream स्ट्रीम **I.** n^c. **1.** नाला [swift तेज़, wide चौड़ा]; ~let छोटा नाला; a small ~ runs by the side of the road सड़क के किनारे-किनारे एक छोटा-सा ≈ बहता है; we crossed several ~s on the way रास्ते में हमने कई नाले पार किए. **2.** (flow of anything) धारा^{F}, प्रवाह : a ~ of air हवा^{F} का प्रवाह; a ~ of tears अश्रुधारा^{F}; the ~ of water is very fast here यहाँ पानी का बहाव बहुत तेज़ है; ~ of blood, tears खून, आँसुओं की ≈; he was swimming up ~, down ~ वह बहाव के ऊपर की ओर, नीचे की ओर, तैर रहा था. Δ **to go with the (main) stream** मुख्य धारा^{F} के साथ चलना. **3.** (continuous series) तांता : a ~ of abuses गालियों^{F} की बौछार^F; a ~ of people following the dead body शव के पीछे लोगों का ताँता. **4.** (class, rank) श्रेणी^{F} : this boy is in the top ~ यह लड़का उच्च ≈ में है. **II.** *v.i.* **1.** बहना : sweat ~ed down his face उसके चेहरे पर से पसीना बह रहा था; tears were ~ing from her eyes उसकी आँखों से आँसू बह रहे थे; water ~ed on to the floor पानी फर्श पर बह गया. **2.** (wave) लहराना : flags were ~ing on the Independence Day स्वतंत्रता दिवस पर झण्डे लहरा रहे थे; she was ~ing her hair in the air वह हवा^{F} में अपने बाल लहरा रही थी.

street स्ट्रीट n^c. सड़क^F, गली^{F} [quiet शांत, wide चौड़ी]; ~ arab छोकरा; she lives across the ~ वह सड़क के उस पार रहती है; on the other side of the ~ सड़क की दूसरी तरफ; the name of the ~ is Netaji Street सड़क का नाम नेताजी स्ट्रीट है; I forgot the name of the ~ where she stays मैं उस गली का नाम भूल गया, जहाँ वह ठहरती है; this is the main ~ in this town इस कस्बे में यह मुख्य ≈ है; I met him in the ~ मैं उससे गली में मिला/मिली; the man in the ~ साधारण व्यक्ति.

strength स्ट्रें‌ङ्‌ग्थ n^u. **1.** (bodily शारीरिक, muscular पेशीय) बल, शक्ति^{F}, ताकत^F [exceptional अपवादात्मक, unusual असाधारण]; the ~ of a horse घोड़े की शक्ति^{F}; after his illness, he recovered his ~ बीमारी^{F} के बाद उसने अपनी ताकत पुनः प्राप्त कर ली; I hope you will soon be restored to health and ~ मैं आशा^{F} करता हूँ कि तुम शीघ्र ही स्वास्थ्य और बल प्राप्त कर लोगे; don't underestimate the ~ of your enemy अपने शत्रु की शक्ति का अनुमान कम न लगाएँ. **2.** (moral) बल; (of mind) मनोबल; (of character) चरित्र बल [appropriate उचित, sufficient पर्याप्त]; ~ of mind must be restored मनोबल फिर से बहाल होना चाहिए; moral ~ is lacking in him उसमें नैतिक बल की कमी^{F} है. **3.** (capacity to produce an effect) शक्ति^{F}, सामर्थ्य^F, क्षमता^{F} [extraordinary असाधारण, great बड़ी]; to increase the ~ of the company कंपनी^{F} की क्षमता बढ़ाना; women's ~ is their patience स्त्रियों की शक्ति उनके धैर्य में है; our ~ lies in our unity हमारी शक्ति हमारी एकता^{F} में निहित है. **4.** (firmness) दृढ़ता^{F} : ~ of chain, rope, building ज़ंजीर^F, रस्सी^{F}, इमारत^F की ≈; the ~ of her love is beyond suspicion उसके प्रेम (प्यार) की ≈ संदेह से परे है; his ~ is the cause of his success उसकी ≈ ही उसकी सफलता^{F} का कारण है. *ant.* weakness] **5.** (number) कुल संख्या^{F} : what is the ~ of students in your school तुम्हारे विद्यालय में छात्रों की ≈ कितनी है? they were present in great ~ वह

भारी संख्या में उपस्थित थे. Δ **on the ~ of** के बल पर, के भरोसे : I did so on the ~ of your advice मैंने ऐसा तुम्हारी सलाह^F के भरोसे किया. **strengthen** स्ट्रें'न्ग्'थन *v.t.i.* ताकत मज़बूत करना, बढ़ना, बढ़ाना, ज़ोर पकड़ना : the wind has ~ed हवा^F ज़ोर पकड़ गई है (बढ़ गई है); the wall was ~ed with concrete दीवार^F कंकरीट से मज़बूत बनाई गई; if you cannot ~ yourself you cannot win the race यदि तुम अपनी शक्ति^F नहीं बढ़ा सकते तो तुम दौड़^F नहीं जीत सकते; he enlisted five more members to ~ the party उसने पार्टी को मज़बूत बनाने के लिए पाँच और सदस्य भर्ती कर लिए; to ~ hands समर्थन देकर किसी का बल बढ़ाना; the rain ~ed over the night रात को बारिश^F ज़ोर पकड़ गई.

strenuous स्ट्रें'न्यूअस *a* **1.** सख़्त, कड़ा [effort प्रयास, labour परिश्रम]; farming is ~ work खेती^F करना एक ≈ काम है; ~ supporters of women's rights स्त्रियों के अधिकारों के कड़े समर्थक; he was tired after ~ work कड़े परिश्रम के बाद वह थक गया; to lead a ~ life कड़ी ज़िंदगी^F व्यतीत करना; after ~ attempt he succeeded कड़े प्रयास के बाद वह सफल हो गया. **2.** (of person) कर्मठ, उद्योगी, अध्यवसायी, मेहनती [engineer इंजीनियर, student छात्र]; he is ~ in all his activities वह अपने सभी क्रियाकलापों में ≈ है; he is the most ~ person in his family वह अपने परिवार में सबसे ≈ व्यक्ति है.

stress स्ट्रें'स **I.** *n.* **1.** (pressure) दबाव, दाब^F [great बड़ा, slight कम/हल्का]; he was puzzled by the ~ of work वह काम के ≈ से परेशान था; he was under the ~ of his chief वह अपने प्रमुख के दबाव में था; he did it under great ~ उसने भारी दबाव में यह किया. **2.** (tension) तनाव : too much ~ on one's mind किसी के मन पर अत्यंत तनाव; ~ of city life शहरी जीवन का ≈. **3.** (emphasis) बल, ज़ोर : why are you laying so much ~ on this statement इस कथन पर तुम इतना ज़ोर क्यों दे रहे हो ? he laid ~ on the need for caution उसने सावधानी^F की आवश्यकता^F पर बल दिया. **4.** (phonetics) बलाघात : ~ on the first syllable पहले अक्षर पर ≈; ~ on a particular word विशेष शब्द पर ≈; that dictionary does not give ~ marks, therefore pronunciation will not be correct इस शब्दकोश में ≈ का निशान नहीं लगा है, इसलिए उच्चारण सही नहीं होगा. **II.** *v.t.* **1.** पर बल देना : he ~ed the points of his failure उसने अपनी असफलता^F के बिंदुओं पर बल दिया; he ~ed the importance of punctuality उसने समय की पाबंदी^F के महत्व पर बल दिया. **2.** बलाघात करना : to ~ a particular syllable in a word शब्द में किसी विशिष्ट अक्षर पर ≈.

stretch स्ट्रें'च **I.** *v.t.* **1.** तानना, खींचकर बढ़ाना : to ~ the elastic to its fullest extent लचीली पट्टी^F को इसके पूरे विस्तार तक ≈; he ~ed the wire between the two trees उसने दो पेड़ों के बीच में तार तान दिया; while ~ing the rope it broke रस्सी^F तानते समय टूट गई; to ~ one's legs अपनी टाँगें सीधी करना. [*ant.* contract] **2.** फैलाना/पसारना : to ~ out one's hand अपना हाथ पसारना/फैलाना. **3.** (~ beyond legitimate extent) की सीमा^F का अतिक्रमण या उल्लंघन करना : to ~ one's authority अपने प्राधिकार का अतिक्रमण करना; he has ~ed the limit of his power उसने अपनी शक्ति^F की सीमा का अतिक्रमण किया है. **4.** (other contexts) ~ a muscle पेशी^F मुड़काना : Mr. X has ~ed his hand मि० एक्स ने अपना हाथ मुड़का दिया; to ~ a point नियम ढीला करना, ढिलाई करना; ~ the truth सच की अतिरंजना करना, झूठ बोलना. **II.** *v.i.* **1.** तनना : my sweater has ~ed मेरा स्वेटर तन गया है; the rope will not ~ any further रस्सी और आगे नहीं तनेगी. **2.** फैलाना : the plain ~ed for miles मैदान मीलों तक फैला था. **3.** (~ the limbs) अंगड़ाई^F लेना : when I awoke, I ~ जब मैं जागा तो अंगड़ाई ली. **III..** *n*^c. **1.** तनाव, खिंचाव : ~ of the rope रस्सी^F का ≈; the ~ in his mind still puzzles him उसके मन का तनाव उसे अब भी परेशान करता है. **2.** अंगड़ाई^F : he stood up and had a ~

वह खड़ा हुआ और ≈ ली. **3.** (expanse) फैलाव, विस्तार : vast ~ विशाल ≈; ~ of the sea समुद्र का ≈; the lake has a ~ of 5 square kilometres झील^F का ≈ पाँच वर्ग किलोमीटर में है; ~ of a road सड़क का ≈. **4.** (distance) दूरी^F, फासला : long ~ लंबी ≈; he stood at a ~ of 50 metres for hours in front of the theatre थिएटर के सामने वह पचास मीटर की दूरी पर घंटों खड़ा रहा. **5.** (spell) अवधि^F : you will know nothing about him in this short ~ of time इस कम अवधि में तुम उसके बारे में कुछ नहीं जान पाओगे. Δ **at a** ~ लगातार : I have been working daily for eight hours at a ~ मैं प्रतिदिन लगातार आठ घंटे काम करता रहा हूँ. **stretcher** स्ट्रेचर *n*^c. स्ट्रेचर : they carried the patient on a ~ from the operation theatre आपरेशन थिएटर से वे रोगी को ≈ पर ले गए; he was lying on the ~ वह ≈ पर पड़ा हुआ था.

strew स्ट्रू *v.t.i.* (*p.* strewed, *p.p.* strewn) बिखेरना, छितराना : he ~ed grains for the pigeons उसने कबूतरों के लिए दाने छितराए; papers were ~n all round काग़ज़ चौतरफा छितरा दिए गए; the mad man ~ed all the currency notes he had पागल आदमी ने अपने सब नोट छितरा दिये जो उसके पास थे; they ~ flowers on the idol वे मूर्ति पर फूल चढ़ाते हैं; they had ~n the idol with flowers उन्होंने मूर्ति पर फूल चढ़ाए.

strict स्ट्रिक्ट *a.* **1.** (stern) कठोर, कड़ा discipline अनुशासन, order आदेश, ruler शासक, teacher अध्यापक]; she is very ~ with her children वह बच्चों के प्रति बड़ी कड़ी है; he is very ~ about it वह इस बारे में बहुत ही कड़ा है; these are very ~ instructions, you cannot ignore them ये बड़े कड़े निर्देश हैं तुम इनकी उपेक्षा^F नहीं कर सकते. [*ant.* lenient] **2.** (punctilious) अतिनियमनिष्ठ [manager प्रबंधक, principal प्राचार्य]; she is always ~ about her duties वह अपने कर्तव्यों के प्रति बहुत ही नियमनिष्ठ है; he is very ~ with his students वह अपने छात्रों का लिहाज़ नहीं करता. **3.** (accurate) सही, यथातथ्य : the ~ interpretation of the rules नियमों की सही व्याख्या; in the ~ sense of the word शब्द के सही अर्थ में. **4.** (clearly defined) सुनिश्चित, पक्का [method तरीका/विधि^F, plan योजना^F]; tell me the ~ truth मुझे पक्का/सचसच बता दो. **5.** (perfect, absolute) पूर्ण, पूरा, पक्का : ~ confidence ≈ विश्वास; he is a ~ vegetarian वह ≈ शाकाहारी है; she told her mother in ~ secrecy उसने अपनी माँ को ≈ गोपनीयता के साथ बता दिया; you must have ~ faith in him तुम्हें उस पर पूर्ण विश्वास होना चाहिए. **strictly** स्ट्रिक्ट'लि *adv.* **1.** कड़ाई से : follow the rules ~ नियमों का ≈ पालन करो. **2.** (~ speaking) सही अर्थ में, असल में; सच पूछिए तो : it is not ~ so good असल में इतना अच्छा नहीं है; ~ speaking I do not think so असल में मैं ऐसा नहीं सोचता. **3.** एकदम : smoking is ~ prohibited धूम्रपान ≈ मना है. **4.** पूरी तरह : he was never ~ truthful वह कभी ≈ सच्चा नहीं था. **strictness** स्ट्रिक्ट'निस *a.* कड़ाई^F, सख्ती^F : ~ in discipline अनुशासन में ≈; you do not know the ~ of the rules तुम नियमों की ≈ नहीं जानते हो.

stride स्ट्राइड **I.** *v.t.* (strode, stridden) **1.** (walk along) लंबे डग या कदम भरना : he strode away/off to reach the school in time समय पर विद्यालय पहुँचने के लिए वह लंबे डग भरता गया. **2.** (cross) कदमों से पार करना, लाँघना : to ~ over to stream कदमों से नाला लाँघना; we saw him striding across the road हमने उसे कदम-कदम सड़क पार करते देखा; he could easily ~ the obstacles वह आसानी से बाधाएँ^F पार कर सकता था; she cannot ~ the brook वह नाला नहीं लाँघ सकती. **II.** *n*^c. **1.** कदम, डग [long लंबे short छोटे]; his house is a few ~s from his office उसका घर उसके कार्यालय से कुछ कदम पर है; she was going with ~s वह धीमे कदमों से जा रही थी; she crossed the road in a few ~s उसने कुछ कदमों से सड़क पार कर ली. **2.** (*pl.*) प्रगति^F : remarkable ~ उल्लेखनीय ≈; India has made great ~ towards economic

growth आर्थिक विकास में भारत ने बड़ी ≈ की है.

strife स्ट्राइफ n^c. **1.** (conflict) संघर्ष [industrial औद्योगिक, political राजनैतिक]; **2.** (discord) अनबन^F, फूट^F : mutual ~ आपसी ≈; the ~ between the husband and the wife may ruin the whole family पति-पत्नी के बीच की ≈ पूरे परिवार को नष्ट कर सकती है; there were frequent ~s between the two groups दो गुटों में प्राय: ≈ रहती थी; the party was torn by internal ~ दल में आंतरिक अनबन के कारण फूट^F पड़ गई. **3.** (quarrel) झगड़ा, कलह : family ~ पारिवारिक ≈; he is at ~ with his neighbours उसका पड़ोसियों से झगड़ा रहता है.

strike स्ट्राइक **I.** n^c. **1.** स्ट्राइक^F, हड़ताल^F [general आम/साधारण, long लंबी, token सांकेतिक]; hunger ~ भूख ≈; partial ~ आंशिक ≈; clerks' ~ लिपिकों की ≈; postal ~ डाकवालों की ≈; they sat down on ~ वे ≈ पर बैठ गए; the workers are on ~ मज़दूर ≈ पर हैं; there is a ~ in the university विश्वविद्यालय में ≈ है; the labourer went on ~ मज़दूरों ने ≈ कर दी; the government declared the ~ illegal सरकार^F ने ≈ को ग़ैर-कानूनी घोषित कर दिया; teachers are not coming due to ~ अध्यापक ≈ के कारण नहीं आ रहे हैं; the fourth grade employees have also joined the ~ चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हो गए हैं. **2.** (attack) आक्रमण [successful सफल, weak कमज़ोर]; they made a united ~ on the enemy उन्होंने शत्रु पर संयुक्त ≈ किया. **3.** (आकस्मिक) सफलता^{F} : he should not be proud of his casual ~ उसे अपनी आकस्मिक ≈ पर घमण्ड नहीं करना चाहिए; they had a lucky ~ of oil, gold भाग्य से उन्हें तेल, सोना पाने में सफलता^{F} मिली. **II.** *v.t.i.* (*p.* struck, *p.p.* struck)1. (hit) मारना, प्रहार करना: to ~ a person with a stick किसी व्यक्ति को छड़ी^{F} से ≈; he struck him with his foot on the chest से उसने उसकी छाती^{F} पर पैर/लात^F से प्रहार किया; why did he ~ him उसने उस पर क्यों प्रहार किया? he struck a blow on his head उसने उसके सिर पर प्रहार किया. **2.** (bring down) पटक देना, दे मारना : he struck him down the train उसने उसे रेलगाड़ी^{F} से नीचे पटक दिया; it is not easy to ~ down that fat man उस मोटे आदमी को पटकना आसान नहीं है. **3.** (a knife) भोंकना, घुसेड़ना : suddenly he struck a knife into his stomach एकाएक उसने पेट में चाकू भोंक/घुसेड़ दिया. **4.** (attack) आक्रमण करना, झपटना : the enemy struck him in the way शत्रु ने रास्ते में ही उस पर आक्रमण कर दिया. **5.** (collide with) से टकराना, टक्कर खाना, भिड़ना : both the trains struck each other दोनों रेलगाड़ियाँ^{F} एक-दूसरे से टकरा गईं; a car struck against a truck एक कार^F ट्रक से टकरा गई. **6.** (of lightning sound) पड़ जाना, लग जाना : the voice struck his ears and he awoke ज़ोर की आवाज़^{F} उसके कान में पड़ी और वह जाग पड़ा; the lightning ~ a tree बिजली पेड़ पर गिरी.

7. (appear) दिखाई देना, लगना : he struck me as honest वह मुझे ईमानदार दिखाई दिया; how does this room ~ you तुम्हें यह कमरा कैसा लगता है? **8.** to light जलाओ : ~ a match माचिस जलाना. **9.** (produce) उत्पन्न करना, पैदा करना, फैलाना : to ~ terror आतंक ≈. **10.** बजाना, बजना, टनटनाना : the clock struck twelve घड़ी ने बारह बजाए. **11.** (occurs to the mind of) मन में आना, ~को सूझना : a new idea suddenly struck me and I left the school एकाएक मेरे मन में एक नया विचार आया और मैंने विद्यालय छोड़ दिया; what had struck him that he resigned from his service उसे क्या सूझी थी कि उसने नौकरी छोड़ दी? **12.** (attract attention) (ध्यान) आकर्षित करना; प्रभाव डालना : her beauty struck me उसकी सुंदरता^{F} ने मेरा ध्यान आकर्षित कर लिया; he was struck by her beauty वह उसकी सुंदरता^{F} से प्रभावित हो गया. **13.** (cease work) हड़ताल^F करना : all the employees struck their work सब कर्मचारियों ने हड़ताल^F कर दी. **14** (in other contexts) to ~ a bargain सौदा पटाना; to ~ home

निशाने पर लगाना; to ~ a deal सौदा करना; ~ a coin सिक्का बनाना; to ~ a light बत्ती जलाना; to ~ dumb मौन हो जाना. Δ **to ~ against** टकराना; **to ~ back** जवाबी वार करना; **to ~ down** मार गिराना : he was struck down by a disease बीमारी^F ने उसे मार गिराया; to ~ **out** काट देना; to ~ **roots** जड़ पकड़ना. **striker** स्ट्राइ'कर *n*^c. **1.** हड़ताली [employee कर्मचारी, people लोग]; all the ~s were dismissed from their jobs सब हड़तालियों को उनके कामों से हटा दिया गया; the ~s called off their strike हड़तालियों ने अपनी हड़ताल^F समाप्त कर दी. **2.** (hitter) आघातक : the ~ of the tennis ball टेनिस बाल का ≈. **striking** स्ट्राइ'किंग *a.* **1.** हड़ताली : they are ~ people वे ≈ लोग हैं. **2.** बजने वाला : ~ bell बजने वाली घंटी^F. **3.** (remarkable) आश्चर्यजनक, असाधारण [ability योग्यता^F, idea विचार, result परिणाम]; it is ~ that she has passed the exam in first class यह आश्चर्यजनक है कि उसने परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास कर ली है; there is ~ resemblance between the two brothers दोनों भाइयों में ≈ समानता है. **4.** (impressive) प्रभावशाली [change परिवर्तन, example उदाहरण]; she was tall and ~ वह लंबी और ≈ थी; he has a ~ personality उसका ≈ व्यक्तित्व है; his character is mainly ~ उसका चरित्र मुख्य रूप से ≈ है. **5.** (attractive) आकर्षक : she wears ~ clothes वह वस्त्र पहनती है.

string स्ट्रिङ्ग **I.** *n*^c. **1.** सुतली^F, डोरी^F, रस्सी^F [knotted गाँठदार, nylon नायलान की, strong मज़बूत]; the parcel was tied with a ~ पार्सल रस्सी^F से बँधा हुआ था; I want some ~ to tie (up) these books मैं इन किताबों^F को बाँधने के लिए कोई रस्सी चाहता हूँ; tie the cow with a ~ गाय^F को एक रस्सी से बाँध दो. **2.** (of leather) तस्मा : tie up your shoes with a ~ अपने जूते तस्मे से बाँध लो. **3.** (ribbon) फ़ीता [green हरा, लंबा]; she uses nylon ~ to tie up her hair अपने बाल बाँधने के लिए वह नायलॉन के फ़ीते का इस्तेमाल करती है. **4.** (of pyjamas, etc.) इज़ारबंद; नाड़ा (of skirt) : the ~ of his pyjamas is very loose उसके पायजामे का ≈ बहुत ढीला है. **5.** (of a musical instrument) तंत्री^F, तार, ताँत^F : thin ~ पतला ≈; sitar has ~s सितार में तंत्रियाँ होती हैं; violins have ~s वायलिन में तार होते हैं. **6.** (of puppet) डोरा, तार : puppets are tied with a very thin ~s कठपुतलियाँ^F बहुत महीन डोरे से बँधी होती हैं. **7.** (fibre) रेशा : thin ~ पतला ≈; the ~s of jute are very rough सन के रेशे बहुत खुरदरे होते हैं; mixed use of the ~ of cotton and nylon सूती और नायलॉन 'रेशों का मिश्रित प्रयोग. **8.** लड़ी^F, माला^F : ~ of beads मनकों की ≈. **9.** (series in succession) तांता, सिलसिला : ~ of complaints शिकायतों^F का ≈; I was amazed to see the ~ of persons going to the fair मेला जाते हुए लोगों का ताँता देखकर मैं आश्चर्यचकित था. Δ **on a ~** असहाय, पराधीन : I found him on a ~ yesterday कल मैंने उसे असहाय पाया; to **pull the ~** किसी को कठपुतली^F की तरह नचाना; to **harp on the same ~** उसी विषय की बार-बार चर्चा^F करना; to attach no ~s कोई शर्त^F न रखना. **II.** *v.t.* (strung) **1.** (put a ~ on) तस्मा/फ़ीता या डोरी/तार लगाना : ~ up the shoes hastily जूतों के तस्मे जल्दी बाँध दो; the boy cannot ~ the bow लड़का धनुष नहीं चढ़ा सकता. **2.** (to thread) पिरोना, गूँथना : to ~ flowers in wreath माला^F में फूल पिरोना; she was ~ing beads, pearls वह मनके, मोती पिरो रही थी. **3.** (tie) बाँधना : ~ the dog with a peg कुत्ते को खूँटे से बाँध दो; he did not ~ the goat, she is still grazing in the field उसने बकरी^F को नहीं बाँधा, वह अब भी खेत में चर रही है. **4.** (tighten) कसना : ~ the ribbon फ़ीता कस लो. **5.** (excite) उत्तेजित करना : highly strung person बहुत उत्तेजित व्यक्ति. ~ **up** (i) फाँसी^F देना : the convict was strung up अपराधी को फाँसी दे दी गई (ii) to ~ smb up to do smth किसी को कुछ करने के लिए उत्तेजित करना.

stringent स्ट्रिन्'जन्ट *a.* **1.** (of rules, etc.) कड़ा, सख्त, कठोर [measures उपाय/कदम, orders आदेश, rules नियम]; ~ rules

against mass copying in exams परीक्षाओं^F में सामूहिक नकल^F के विरुद्ध कड़े नियम. **2.** (of arguments) अकाट्य, युक्तियुक्त, प्रत्यायक : all his objections are ~ उसकी सब आपत्तियाँ^F ≈ हैं. **3.** (of market) मंद : ~ supplies ≈ आपूर्ति^F.

strip स्ट्रिप **I.** *v.t.* (-pp-) **1.** (take off) उतारना : to ~ the clothes of a person किसी व्यक्ति के कपड़े ≈; he did not ~ his shirt उसने अपनी कमीज़ नहीं उतारी; they ~ paint from the wall उन्होंने दीवार^F पर से रंग उतार दिया; to ~ off paper from the wall दीवार^F पर से काग़ज़ उतारना. **2.** (denude) उघाड़ना, नंगा करना या हो जाना : to ~ a baby बच्चे को नंगा करना; the woman was ~ped by them and was beaten bitterly स्त्री उन लोगों द्वारा नंगी कर दी गई और बुरी तरह^F पीटी गई; he was ~ped to the waist उसे कमर तक नंगा कर दिया गया. **3.** (deprive of) से वंचित करना, ले लेना, छीनना, निचोड़ना : to ~ a person of his honours किसी व्यक्ति को उसके सम्मान से वंचित करना; the robbers ~ped all his money and goods डाकुओं ने उसका सारा पैसा और सामान छीन लिया; he was ~ped of his rights उसे अपने अधिकारों से वंचित कर दिया गया. **4.** (of house, etc.) एकदम ख़ाली करना, साज-सामान निकालना : according to the court order he has to ~ the house न्यायालय के आदेश के अनुसार उसे घर खाली करना है; the room was ~ped of its furniture कमरे से फर्नीचर निकाल दिया गया. **5.** (other contexts) to ~ an engine इंजन के पुर्ज़े खोल-खाल देना; ~ a cow गाय का पूरा थन निचोड़ लेना. **II.** *n*^c. **1.** (of cloth, paper) पट्टी^F, धज्जी^F (कपड़े, काग़ज़ की) [green हरी, thin पतली]; he had ten ~s on the back of his shirt उसकी कमीज़ के पीछे दस पट्टियाँ थीं; a ~ of cotton on the wound घाव पर एक कॉटन की पट्टी. **2.** टुकड़ा : ~ of land ज़मीन का ≈.

stripe स्ट्राइप *n*^c. **1.** धारी^F [broad चौड़ी, white सफ़ेद]; the ~s of zebra ज़ेब्रा की धारियाँ; tigers have ~s शेर की धारियाँ होती हैं. **2.** (badge or band) फीती^F, फीता : ~s show the rank of a military officer फीतियाँ सैनिक अधिकारी का पद दिखाती हैं; a policeman with three ~s तीन फीती वाला पुलिस सिपाही; two more ~s on the shoulder of a soldier सैनिक के कंधे पर दो और फीतियाँ. Δ **to get a ~** पदोन्नति^F होना. **3.** (blow of whip) कोड़े की मार^F, कशाघात : the mark of ~s are seen on his back उसकी पीठ^F पर कोड़े की मार के निशान दिखाई देते हैं. **striped** स्ट्राइप्ड *a.* धारीदार [animal जानवर, cloth कपड़ा, tie टाई]; he wears a ~ shirt वह कमीज़^F ≈ पहनता है; the ~ squirrel looks good ≈ गिलहरी^F अच्छी दिखती है; tiger's skin is ~ शेर की चमड़ी^F ≈ होती है.

strive स्ट्राइव़ *v.t.* (*p.* strove, *p.p.* striven, *pr. p.* striving) **1.** (के लिए, का) प्रयास करना, मेहनत^F करना : they are striving to win वे जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं; he strove to strip off his bad habit उसने अपनी बुरी आदत छोड़ने का प्रयास किया; the old man strove to lift himself from the ground but he fell down again बूढ़े ने ज़मीन से उठने का प्रयास किया लेकिन फिर गिर पड़ा; he had to ~ for long to achieve this goal इस लक्ष्य को पाने के लिए उसे लंबे समय तक प्रयास करना पड़ा. **2.** (with, against) से संघर्ष करना : he has been striving against injustice वह अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करता रहा है; it is not easy to ~ against him this way इस प्रकार से उससे संघर्ष करना आसान नहीं है. **3.** (vie) से होड़^F करना, प्रतिस्पर्धा^F करना : they all strove with each other उन्होंने आपस में प्रतिस्पर्धा की.

strode स्ट्रोड *v.t.* past of 'stride' *q.v.*

stroke स्ट्रोक **I.** *n*^c. **1.** (caressing) सहलाना, (हल्का) स्पर्श [light हल्का, rapid तेज़]; her ~ was sufficient to remove his ailment उसका मात्र स्पर्श ही उसकी बीमारी^F को दूर करने के लिए पर्याप्त था. **2.** (blow) चोट^F, आघात [fatal घातक, heavy भारी]; ~ of a whip चाबुक का आघात; ~ of lightning वज्रपात; ~ of illness दौरा; he could not bear the five ~s of a stick

वह एक छड़ी^F की पाँच चोटें सहन न कर सका; the ~ was so powerful that he fell down at once प्रहार इतना शक्तिशाली था कि वह तुरंत गिर पड़ा; he felled a tree with one ~ उसने एक चोट^F से एक पेड़ गिरा दिया. **3.** (shock) धक्का : mental ~ मानसिक ≈; the ~ of the death of his friend perturbed him very much उसके मित्र की मृत्यु^F का ≈ उसे बहुत ही बेचैन कर गया. **4.** (other contexts) heat ~ लू लगना; sun ~ गर्मी का आघात; ~ of a clock टन-टन; he arrived on the ~ of eight वह ठीक आठ बजे पहुँच गया; ~ of pen or brush घसीट^F : a few ~s and the caricature was ready थोड़ी-सी घसीटों से व्यंग्य चित्र तैयार हो गया; master ~ उस्तादी चाल^F; clever ~ चतुराई^F; ~ of luck सौभाग्य. **II.** *v.t.* सहलाना, हाथ फेरना : the child ~d the cat बच्चे ने बिल्ली^F पर हाथ फेरा; to ~ smb's hair किसी के बाल सहलाना. Δ ~ **one down** (क्रोध) शांत करना, ठंडा करना : first ~ him down, then talk to him पहले उसका क्रोध शांत करो, फिर उससे बात^F करो; ~ **the wrong way** चिढ़ाना : don't ~ an old man wrong way किसी बुड्ढे आदमी को मत चिढ़ाओ.

stroll स्ट्रोल **I.** *v.i.* टहलना : to ~ in a garden बगीचे में ≈; we ~ed about outside during the interval मध्यावकाश के दौरान हम इधर-उधर टहलते रहे; the principal was ~ing in the park before the closing of the school विद्यालय बंद होने से पहले प्राचार्य पार्क में टहल रहे थे. **II.** *n*^c. चहलकदमी^F, मटरगश्ती^F, सैर^F [aimless उद्देश्यरहित, pleasant सुखद]; to go for a ~ ≈ के लिए जाना; let us take a ~ in the garden हम बाग में टहलें.

strong स्ट्रॉङ्ग *a.* (stronger, strongest) **1.** हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा, तगड़ा [opponent विरोधी, person व्यक्ति, player खिलाड़ी]; she is ~er than her sister वह अपनी बहन की अपेक्षा^F हट्टी-कट्टी है; he is ~est of all his brothers वह अपने भाइयों में सबसे तगड़ा है. **2.** (healthy, hale) स्वस्थ, तन्दुरुस्त [animal जानवर, child बच्चा]; he is ~ after his illness वह बीमारी^F के बाद अब ≈ है; now that his is ~ enough, he may start his work अब जबकि वह काफी स्वस्थ है, अपना काम शुरू कर दे. **3.** (powerful, having resources) ओजस्वी, शक्तिशाली, प्रभावशाली [party दल, personality व्यक्तित्व]; he delivered a ~ speech उसने एक ओजस्वी भाषण दिया; his ~ character is the cause of his success उसका प्रभावशाली चरित्र ही उसकी सफलता^F का कारण है. [*ant.* weak] **4.** in number संख्या में; our army is a million ~ हमारी सेना^F में दस लाख सैनिक हैं. **5.** (in a subject) तेज़, तगड़ा : she is very ~ in mathematics वह गणित में बहुत तेज़ है; her maths is ~ उसका गणित ≈ है. **6.** (resolute) दृढ़, पक्का [character चरित्र, conviction आस्था^F]; he is a man of ~ will वह दृढ़ इच्छा वाला आदमी है; we have a ~ faith in our leader हमें अपने नेता पर ≈ विश्वास है. **7.** (not easily broken, solid) मज़बूत, पक्का; टिकाऊ : ~ box ≈ संदूक; ~ shoes पक्के/मज़बूत जूते; ~ wall पक्की दीवार^F; he lives in a ~ fort वह एक मजबूत किले में रहता है. **8.** (general meaning) तेज़ : ~ coffee, tea, medicine कड़क/≈ कॉफ़ी^F, चाय^F, दवा^F; ~ light, wind ≈ रोशनी^F, हवा^F; ~ smell ≈ गंध^F. **9.** (other contexts) ~ argument सशक्त तर्क; ~ arm बल; ~ box तिजोरी; ~ desire प्रबल इच्छा; ~ drink शराब, मदिरा^F; ~ friendship गहरी मित्रता^F; ~hold गढ़; ~ language गाली-गलौज़; ~ love प्रगाढ़ प्रेम; ~ man लौह पुरुष; ~ market चढ़ता बाज़ार; ~ minded दृढ़चेता; ~ point महत्वपूर्ण बात^F, विशिष्टता^F; ~room सुदृढ़ कक्ष; ~ voice ऊँची आवाज़^F; going ~ फलता-फूलता : he is going ~ वह फल-फूल रहा है.

strove स्ट्रोव़ *v.t. past* of 'strive' *q.v.*

struck स्ट्रक *v.t. past* and *p.p.* of 'strike'; he tried to get the name ~ off उसने नाम कटवाने की कोशिश^F की.

struggle स्ट्रॅगल **I.** *v.t.i.* **1.** (make violent movement) हाथ-पैर मारना, जूझना : people were struggling to get him out लोग

उसको बाहर निकालने के लिए जूझ रहे थे; he ~d very hard to find the job in the factory उसने फैक्टरी^{F} में काम पाने के लिए बहुत हाथ-पैर मारे; the bird ~d out of the net पक्षी जूझते-जूझते जाल से बाहर निकल गया; we had to ~ against difficulties हमें कठिनाइयों^{F} से जूझना था; she ~d long against poverty वह बहुत समय गरीबी^{F} से जूझती रही. **2.** (contend with) से संघर्ष करना, का मुकाबला करना : we had to ~ for life under difficulties हमें कठिनाइयों^{F} में जीवन-संघर्ष करना पड़ा; he ~d through the stream in the river for an hour उसे नदी^{F} की धारा^{F} में एक घंटा संघर्ष करना पड़ा. **II.** *n^c*. **1.** संघर्ष [hard कड़ा, political राजनैतिक]; at last he gave up the ~ अंत में उसने ≈ छोड़ दिया; he continued the ~ and achieved success उसने ≈ जारी रखा और सफलता^{F} पा ली; it is continuous ~ for existence on the earth पृथ्वी^{F} पर लगातार जीवन ≈ है; the ~ between two parties दोनों दलों के बीच में ≈; our ~ for independence स्वतंत्रता^{F} के लिए हमारा ≈. **2.** (tussle) लड़ाई-झगड़ा : fierce ~ भयंकर ≈; the ~ started between the supporters of both the sides दोनों तरफ के समर्थकों में ≈ शुरू हो गया; one person was beaten bitterly during the ~ एक व्यक्ति लड़ाई-झगड़े के दौरान बुरी तरह^F पीटा गया.

strung स्ट्रङ्ग **I.** *v.t. past & p.p.* of 'string' *q.v.* **II.** *a.* उत्तेजित : ~ person ≈ व्यक्ति; the students were ~ at the murder of a fellow student छात्र एक साथी छात्र की हत्या^{F} पर ≈ थे.

strut स्ट्रट **I.** *v.i.* **1.** (stalk) इठलाना, अकड़कर या ऐंठकर चलना : the boy was ~ting about/along the street लड़का गली में इठलाकर चल रहा था. **2.** फुदकना : a male bird was ~ting in front of the female bird नरपक्षी मादा पक्षी के सामने फुदक रहा था. **II.** *n^c*. इठलाहट^F, अकड़^{F} की चाल^F : ~ of a cock मुर्गे की अकड़वीं चाल^F; his ≈ has become a matter of common talk उसकी अकड़^{F} की चाल साधारण वार्ता का विषय बन चुकी है.

stub स्टब **I.** *n^c*. **1.** टोंटा, टुर्रा : ~ of a cigarette or cigar सिगरेट या सिगार का ≈; many ~s have filled the ash tray बहुत-से टोंटों से राखदानी^{F} भर गई है. **2.** (of pencil) टुकड़ा, सिरा : the boy has many ~s of pencil but it is hard to write with any of them लड़के के पास कई पेंसिल के सिरे/टुकड़े हैं लेकिन उनमें किसी से लिखना कठिन है. **3.** (of tree, etc.) ठूँठ : the trunk of the tree is cut off, only the ~ is left पेड़ का तना कट गया है, केवल ठूँठ बचा है. **4.** (counterfoil) मुसन्ना, प्रतिपर्ण : ~ of a cheque चेक का ≈; keep the ~s in your cheque book safe अपनी चेक बुक प्रतिपर्ण सुरक्षित रखें; the entry in the ~ does not agree प्रतिपर्ण की प्रविष्टि^{F} मेल नहीं खाती.

stubborn स्टॅबर्न *a.* **1.** हठी, ज़िद्दी [child बच्चा, people लोग]; don't be too ~ इतने ≈ मत बनो; small boys are very ~, they do not obey their mothers छोटे लड़के बहुत ही ≈ होते हैं; वे अपनी माताओं का कहना नहीं मानते; donkey is the most ~ animal गधा सबसे ज्यादा ≈ जानवर है. **2.** सख्त, कड़ा [opposition विरोध, resistance विरोध, struggle संघर्ष]; there was a ~ fight among them उनमें कड़ी लड़ाई हुई. **stubbornly** स्टॅबर्नलि *adv.* डटकर : I resisted ~ मैंने ≈ विरोध किया; the soldiers fought ~ सैनिक ≈ लड़े.

stuck स्टक **I.** *v.t. past* of stick *q.v.*; the fish bone ~ in his throat मछली^{F} की हड्डी^{F} उसके गले में अटक गई.

stud स्टड **I.** *n^c*. **1.** (button) दुहरा बटन : silver ~ चाँदी^{F} का ≈; he has ~s in the cuffs of his shirt उसकी कमीज़^{F} के कफ़ में ≈ हैं. **2.** (nail) गुलमेख^F, फुलिया. **3.** (horses) साँड़ (घोड़ा) [strong तगड़ा white सफ़ेद]; ~ farm पशुजनशाला; ~ bull साँड़ (बैल) ; he keeps two ~s for breeding वह नस्ल पैदा करने के लिए दो ≈ रखता है. **II.** *v.t.* (-dd-) जड़ना : to ~ a diamond in the ring अंगूठी^{F} में हीरा जड़ना; the goldsmith has not ~ded gems in the pendant सुनार ने पेंडंट (लटकन) में रत्न नहीं जड़े हैं; a

window ~ded with nails कीलें^{F} जड़ी हुई खिड़की^{F}.

student स्ट्यू'डन्ट n^{c}. **1.** छात्र, विद्यार्थी, (girl) छात्रा^{F} [industrious मेहनती, lazy सुस्त]; there are sixty ~s in our class हमारी कक्षा^{F} में साठ ≈ हैं; what is the strength of ~s in your school तुम्हारे विद्यालय में छात्रों की संख्या^{F} कितनी है? the principal expelled five ~s from the school for their misconduct against a teacher अध्यापक के विरुद्ध दुराचरण के कारण प्राचार्य ने पाँच छात्रों को स्कूल से निकाल दिया. **2.** (one who studies) अध्येता : he is ~ of history वह इतिहास का ≈ है.

studio स्ट्यू'डिओ n^{c}. चित्रशाला^{F}, स्टुडियो (of painter); प्रसारण-कक्ष (in radio centre, a room where programmes are broadcast); शिल्पशाला (of artist) : he has gone to the ~ to have a photo वह फोटो खिंचवाने स्टुडियो गया है; ~ to prepare pictures पिक्चर तैयार करने के लिए स्टुडियो.

studious स्ट्यू'डिअस *a*. **1.** अध्ययनशील, (diligent) अध्यवसायी [person व्यक्ति, scholar विद्वान]; he is a ~ student वह ≈ छात्र है; ten out of twenty boys are ~ बीस में से दस लड़के ही ≈ हैं. **2.** (eager) सावधान, सतर्क, उत्सुक [audience श्रोतागण, clerk लिपिक, player खिलाड़ी]; many peons in the office are not ~ कार्यालय में बहुत-से चपरासी ≈ नहीं हैं. **study** स्टॅ'डि **I.** *v.t.* (studied) **1.** पढ़ना, अध्ययन करना : they always ~ together वे हमेशा साथ-साथ पढ़ते हैं; she is ~ing to be a physician वह चिकित्सक होने के लिए अध्ययन कर रही है; he has gone to America to ~ some branch of physics वह भौतिकी^{F} की किसी शाखा^{F} का अध्ययन करने के लिए अमरीका गया है; he has started ~ing music now अब उसने संगीत का अध्ययन करना शुरू किया है; I have studied this book मैंने यह पुस्तक^{F} पढ़ ली है; he studies Hindi वह हिन्दी^{F} पढ़ता है. **2.** (examine carefully) ध्यान से देखना, का अध्ययन करना, की जाँच^{F} करना : put the documents here, I shall ~ them later दस्तावेज़ यहाँ रख दो, मैं बाद में इनकी जाँच^{F} करूंगा; have you not studied my papers क्या तुमने मेरे काग़ज़ों की जाँच नहीं की है? he studied her face उसने उसके चेहरे का अध्ययन किया. **3.** (show concern) ध्यान रखना : don't worry, I shall ~ your convenience चिंता मत करो, मैं तुम्हारी सुविधा^{F} का ध्यान रखूंगा; she studies the needs of her pupils वह अपने शिष्यों की आवश्यकताओं^{F} का ध्यान रखती है; he studies his own interests वह अपने हितों का ध्यान रखता है. **II.** n^{c}. (*pl.* studies) **1.** अध्ययन, पढ़ाई^{F}, अनुशीलन [careful सावधानीपूर्ण, regular नियमित]; she has completed her studies उसने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है; he has gone to America for higher studies ऊंची पढ़ाई के लिए वह अमरीका गया है; I have not started my ~ now अभी मैंने अपनी पढ़ाई शुरू नहीं की है; he is making a ~ of geography वह भूगोल का अध्ययन कर रहा है; he does not give enough time to studies वह पढ़ाई में काफी समय नहीं लगाता. **2.** (examination) जाँच^{F}, परीक्षण : the ~ of this material is important इस सामग्री^{F} की जाँच महत्वपूर्ण है; during the ~ of his answer-books, I found many mistakes उसकी उत्तर-पुस्तिकाओं^{F} की जाँच करते समय मुझे बहुत गलतियाँ^{F} मिलीं. **3.** (room) अध्ययन-कक्ष [decorated सुसज्जित, vast बड़ा]; she is working in her ~ वह अपने ≈ में काम कर रही है; he reads in the drawing room because he has no ~ वह ड्राइंग रूम में पढ़ता हैं क्योंकि उसके पास कोई ≈ नहीं है.

stuff स्टफ़ **I.** n^{c}. **1.** (material) माल, सामग्री^{F} : रद्दी ≈; this ~s have been imported from Indonesia यह माल इन्डोनेशिया से आयात किया गया है; the supply of ~s by the government authorities सरकारी अधिकारियों द्वारा की जानेवाली माल की आपूर्ति^{F}; Oxford books are good ~ ऑक्सफोर्ड की पुस्तकें^{F} अच्छा माल होती हैं. **2.** गुण : he has a good ~ in him उसमें एक अच्छा ≈ है; he knows his ~ very well वह जानता है कि वह अपने काम में कितना निपुण

है. **3.** (rubbish) रद्दी माल, कूड़ा : he writes all ~ वह सारा ≈ लिखता है. **4.** (in contexts) doctor's ~ दवाई^F; garden ~ सब्ज़ी, तरकारी^{F}; sorry ~ बेकार चीजें; woollen ~ ऊनी कपड़ा. **II.** *v.t.* **1.** (cram *with*) ठूँसकर भरना : the quilt is ~ed with cotton रज़ाई^F में रुई^F ठूँसकर भरी जाती है; he has ~ed the bag with fruits उसने फलों से अपना थैला भर लिया है; his head is ~ed with romantic ideas उसका दिमाग़ रोमांचकारी विचारों से भरा हुआ है; she ~ed her basket with flowers उसने अपनी टोकरी^{F} फूलों से भर ली; he has ~ed himself उसने अपना पेट ठूँसकर भर लिया है. **2.** (cram into) ठूँसना, घुसेड़ना : she ~ed all her clothes in the suit-case उसने सारे कपड़े सूटकेस में ठूँसकर भर दिए; don't ~ anything more in the bag, it will burst झोले में और कुछ मत घुसेड़ो, यह फट जाएगा. **3.** to ~ a child with cakes बच्चे को ठूँस-ठूँसकर केक खिलाना. **4.** में मसाला भरना : to ~ potatoes with chillies आलुओं में मिरचें भरना, **stuffiness** स्टॅ'फिनॅस n^c. घुटन^F, दमघोंटूपन : ~ of air हवा^{F} का दमघोंटूपन; I feel ~ in this room मुझे इस कमरे में घुटन लगती है. **stuffy** स्टॅ'फ़ि *a.* (stuffier, stuffiest) **1.** badly ventilated घुटनभरा [atmosphere वातावरण, weather मौसम]; it is ~ in this small room यह छोटा कमरा ≈ है; it is so ~ here that I feel a headache यहाँ इतनी घुटन है कि मुझे सिरदर्द महसूस होता है. **2.** ~ nose रेंट से भरी (बंद) नाक^F. **3.** ~ person उदास और अरसिक व्यक्ति.

stumble स्टॅम्'बल *v.i.* ठोकर खाना या लगना : she ~d in the street and fell down उसे गली^{F} में ठोकर लगी और वह गिर गई; walk carefully lest you should ~ सँभलकर चलो ऐसा न हो कि तुम्हें ठोकर लग जाय. **2.** (~ along लड़खड़ाना : the old man ~d along the street बूढ़ा आदमी गली^{F} में लड़खड़ा गया; she ~d over a stone वह एक पत्थर पर से लड़खड़ाकर गिर पड़ी. **3.** (blunder) भूल^F करना : we ~d here हमने यहाँ भूल की; she ~s at/over long words वह लंबे-लंबे शब्दों (के प्रयोग) में भूल करती है. **4.** (stutter) लड़खड़ाकर (हकलाकर) बोलना या पढ़ना : the boy is twelve years old, even then he ~s लड़का बारह साल का है, फिर भी वह लड़खड़ाकर बोलता है. Δ ~ **upon, across** संयोग से मिल जाना, हाथ लगना : while going to the market he ~d upon an old friend बाज़ार जाते समय संयोग से उसकी एक पुराने दोस्त से भेंट^F हो गई; I ~d upon this book in a second hand dealer's shop यह किताब^F मुझे एक कबाड़िए की दुकान^F में अचानक मिल गई. **stumbling block** n^c. **1.** ठोकर^F : there are many ~s on this road, you should drive slowly इस सड़क^F पर कई ठोकरें हैं तुम्हें धीमी गाड़ी^{F} चलानी चाहिए. **2.** (hindrance) बाधा^{F}, अड़ंगा : red-tapism is a great ~ in speedy justice लाल-फीताशाही^{F} त्वरित न्याय के लिए सबसे बड़ी बाधा^{F} है; there are many ~s in this work इस काम में कई बाधाएँ हैं; the cost is a ~ in this scheme इस योजना^{F} में पैसे की लागत^F एक बाधा^{F} है.

stump स्टम्प **I.** n^c. **1.** (of tree, limbs, etc.) ठूँठ [big बड़ा, dry सूखा]; there is a ~ in the field खेत में एक ≈ है; you should remove the ~s from the playing ground तुम्हें खेल के मैदान से ≈ हटा देने चाहिएं; in an accident she lost half of her arm and only the ~ was left एक दुर्घटना^{F} में उसकी आधी बाँह^F जाती रही और केवल ≈ रह गया. **2.** (of cigarette) टोटा, टुर्रा : he has collected many ~s in his pocket उसने अपनी जेब^F में कई टुर्रे इकट्ठे किए हैं. **3.** (of pencil) सिरा, टुकड़ा : these ~s of pencils are useless पेंसिलों के ये सिरे बेकार हैं. **4.** (cricket) डंडा, स्टंप : there are three ~s in each side हर तरफ़ तीन स्टंप होते हैं; one of his ~s fell down from his own bat उसका एक स्टंप अपने ही बल्ले से गिर गया; a bowler aims at the ~s गेंदबाज़ का निशाना ≈ होते हैं. **II.** *v.t.* **1.** पैर पटक कर चलना : he often ~s over the floor वह प्रायः फ़र्श पर पैर पटककर चलता है; she ~ed angrily out of the class वह कक्षा^{F} से गुस्से में पैर पटकती चली गई. **2.** भाषण देते फिरना :

they ~ed the whole country before the election चुनाव के पहले वे पूरे देश में भाषण झाड़ते फिरे. **3.** (baffle) चकरा देना : the question ~s me यह प्रश्न मुझे चकरा देता है. **4.** (स्टम्प से गेंद छूकर) आउट कर देना : the wicket-keeper has ~ed the batsman विकेट कीपर ने बल्लेबाज को आउट कर दिया.

stun स्टन *v.t.* (-nn-) **1.** (knock senseless) अचेत कर देना : the fatal blow ~ned him at once घातक प्रहार ने उसे तुरंत अचेत कर दिया. **2.** (shock) धक्का देना : the news ~ned him इस समाचार से उसे धक्का लगा; he was ~ned by the news contained in the telegram टेलीग्राम के समाचार ने उसे धक्का दे दिया; his failure ~ned me heavily उसकी असफलता^F ने मुझे भारी धक्का दिया. **3.** (bewilder) हक्का-बक्का या भौंचक्का कर देना : he sat ~ned for minutes वह मिनटों भौचक्का बैठा रहा. **4.** (deafen) बहरा कर देना : the loud noise ~ed her तेज़ शोर ने उसे बहरा कर दिया.

stung स्टङ्ग *v.t. past* and *p.p.* of 'sting' *q.v.*

stunk स्टङ्क *v.i. pp.* of 'stink' *q.v.*

stunning स्टँ'निङ्ग *a.* **1.** (amazing) विलक्षण, ग़ज़ब की [ability योग्यता^F, intellect बुद्धि^F]; everyone praised his ~ mind सब लोगों ने उसके विलक्षण मस्तिष्क की प्रशंसा की. **2.** होश उड़ा देने वाला : ~ new's ≈ समाचार.

stunt स्टंन्ट **I.** *n*^c. **1.** कलाबाज़ी^F [dangerous खतरनाक, excellent उत्कृष्ट]; that picture is just a ~ वह सिनेमा मात्र एक ≈ है. **2.** (in advertising) इश्तहारबाज़ी^F : these ~s in newspapers will not help your election समाचार-पत्रों में ये इश्तहारबाज़ियाँ. चुनाव में तुम्हारी सहायता^F नहीं करेंगी. **II.** *v.t.* विकास या वृद्धि^F रोकना, बढ़ने न देना : hard work ~s a boy's growth कठिन परिश्रम लड़के के विकास को रोक देता है; lack of manure ~s the growth of a tree खाद^F की कमी^F पेड़ के विकास को रोक देती है.

stupid स्ट्यू'पिड *a.* **1.** (slow-witted) मूर्ख, मंदबुद्धि , जड़मति [person व्यक्ति, student छात्र]; he is so ~ that he cannot even count numbers वह इतना है ≈ कि संख्याएँ^F भी नहीं गिन सकता. **2.** (foolish) मूर्खतापूर्ण [idea विचार, joke दिल्लगी^F, mistake गलती^F]; that was ~ of him यह उसकी मूर्खता थी. **3.** (uninteresting) नीरस, बेमज़ा [festival त्यौहार, place स्थान, talk बात^F]; don't make the function ~ जलसे को ≈ न बनाओ. **stupidity** स्ट्यूपि'डिटि *n.* बुद्धिहीनता^F, नासमझी^F, मूर्खता^F : it was an act of ~ यह मूर्खतापूर्ण कार्य था; his reply was just an example of his ~ उसका उत्तर उसकी ≈ का एक उदाहरण मात्र था; he will be remembered for his ~ वह अपनी ≈ के लिए याद किया जायगा.

sturdiness स्टर्'डिनिस *n* मज़बूती^F, दृढ़ता^F, तगड़ापन : incredible ~ अविश्वसनीय ≈; he opposed the resolution with all his ~ उसने प्रस्ताव का अपनी पूरी दृढ़ता से विरोध किया; you can see the ~ of his muscles तुम उसकी पेशियों^F की ≈ देख सकते हो. **sturdy** स्टर'डि *a.* **1.** (robust) तगड़ा, हट्टा-कट्टा [boy लड़का, fellow व्यक्ति]; he is a ~ baby वह ≈ बच्चा है; only a ~ person can fight him केवल कोई ≈ व्यक्ति ही उससे लड़ सकता है. **2.** (of things) मज़बूत [frame ढाँचा, legs टाँगें^F, oak ओक]; all the furniture should be ~ सारा फ़र्नीचर मज़बूत होना चाहिए. **3.** (firm) दृढ़, प्रबल, ज़ोरदार : ~ defence ज़ोरदार बचाव; a ~ opposition to the resolution प्रस्ताव का प्रबल विरोध; he has a ~ faith उसका विश्वास दृढ़ है; we shall give them a ~ resistance हम उनका प्रबल विरोध करेंगे.

stutter स्ट'टर **I.** *v.t.* हकलाना : he still ~s although he is grown up वह अब भी हकलाता है यद्यपि वह बड़ा हो गया है; children often ~ बच्चे प्रायः हकलाते हैं. **II.** *n*^c. हकलाहट^F, हकलापन : he has a ~ उसमें ≈ है; ~ is a fault in one's speech ≈ किसी की वाणी का एक दोष है; he takes exercises to cure his ~ वह अपनी ≈ का इलाज करने के लिए व्यायाम करता है.

style स्टाइल *n*^c. **1.** शैली [linguistic भाषागत, literary साहित्यिक, modern अद्यतन]; I like your ~ of writing मैं तुम्हारी लेखन ≈ पसंद करता हूँ; he had adopted an ironical ~

उसने व्यंगात्मक ≈ को अपनाया था; his ~ differs from that of the ancient writers उसकी ≈ प्राचीन काल के लेखकों की ≈ से भिन्न है; you should write in lofty ~ तुम्हें उदात्त शैली में लिखना चाहिए; his lambent ~ has been appreciated by every reader उसकी विविधापूर्ण ≈ सभी पाठकों द्वारा पसंद की गई है. **2.** (way, manner) ढंग, तरीका, रीति[F], रंगढंग, पद्धति[F] [grand शानदार, original मौलिक]; a strange ~ of walking चलने का एक अजीब ढंग; all of you should adopt a new ~ of playing cricket तुम्हें क्रिकेट खेलने का नया तरीका अपनाना चाहिए; the ~ of his work is peculiar उसके काम का ढंग अजीब है. **3.** (kind, sort) प्रकार : various ~s विभिन्न ≈; same ~ वही ≈; it is a new ~ of shoes जूतों का यह एक नया ≈ है. the ~s of chairs कुर्सियों के ≈; there are all sizes and ~s of things वहाँ सब आकार-प्रकार की वस्तुएँ हैं. **4.** (fashion) फैशन [modern अद्यतन, old पुराना]; I like the ~ of your new sweater मुझे आपके नये स्वीटर का ≈ पसंद है; she is a woman of new ~ वह नये ≈ की स्त्री है; this hat is of the latest ~ यह हैट नवीनतम ≈ का है; she changes the ~ of her hair every week वह हर हफ्ते अपने बालों का ≈ बदल देती है. **5.** (other contexts) he lives in ~ वह शान[F] से रहता है; she has a ~ उसमें एक नज़ाकत[F] है. **II.** *v.t.* **1.** (name, call) की संज्ञा[F] देना, कहलाना : a student was ~ed monitor एक छात्र को मानीटर की संज्ञा दी गई; he ~s himself 'prince' वह अपने को 'प्रिंस' कहलाता है; he is ~d captain उसे कप्तान कहा जाता है. **2.** (design) बनाना, रूप देना : he ~d his house in the Chinese manner उसने अपना मकान चीनी ढंग का बनवाया.

sub- सब *prefix* **1.** उप- : ~ tenant उपकिराएदार; ~ editor उप-संपादक; ~ urban उप-नगरीय. **2.** नीचे : ~ soil नीचे की मिट्टी[F]; ~ zero शून्य से ≈. **3.** अन्त: ~ plot अंतःकथा[F]. इसी प्रकार ~-agent, ~ committee, ~-continent, ~-heading, ~-judge.

sub-conscious सब् कॉन्'शस *a.* अवचेतन [desire इच्छा[F], mind मन, reasoning तर्क]; when the teacher was teaching, he was in ~ condition जब अध्यापक पढ़ा रहे थे तो वह ≈ अवस्था[F] में था.

sub-continent सब् कॉन्'टिनन्ट *n*[c]. उपमहाद्वीप : Indian ~ includes India, Pakistan, Myanmar, Bangladesh and Sri Lanka भारतीय ≈ के अंतर्गत भारत, पाकिस्तान, म्यांमार, बंगलादेश और श्रीलंका हैं.

sub-divide सबडिवाइड' *v.t.* प्रविभाजित करना : a class is ~d into sections कक्षा[F] वर्गों में बाँटी जाती है (प्रविभाजित की जाती है); to ~ a house into many portions मकान को कई भागों में प्रविभाजित करना; India is ~d into States भारत राज्यों में प्रविभाजित है. **sub-division** सबडिवि'ज़न *n*[c]. अनुमंडल, तहसील[F] [developed विकसित, large बड़ा]; ~ of a district ज़िले का अनुमंडल; a district is divided into many ~s ज़िला कई तहसीलों में बँटा होता है;

subdue सब्ड्यू' *v.t.* **1.** वश में लाना या रखना : he kept them ~d for months and then let them go उसने उन्हें महीनों वश में रखा और फिर उन्हें छोड़ दिया; to ~ one's passions, fears अपनी वासनाओं[F], अपने भय को वश में रखना. **2.** अधीन करना, हरा देना : the country was ~d by the enemy देश शत्रु द्वारा अपने अधीन कर लिया गया; to ~ a rebel tribe किसी विद्रोही जनजाति[F] को हराना. **3.** मंद/धीमा करना : he spoke in a ~d voice वह मंद स्वर में बोला; all colours are ~d here यहाँ सारे ढंग मंद हैं; the speed of the vehicle ~d on the elevated road गाड़ी[F] की गति[F] ऊंचाई[F] पर धीमी पड़ गई.

subject सब्'जेक्ट **I.** *a.* **1.** (not independent) परतंत्र, पराधीन : ~ races ≈ जातियाँ[F]; now they are not ~ to British Empire अब वे ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन नहीं हैं; there are many ~ countries on the map of the world संसार के मानचित्र पर कई पराधीन देश हैं. **2.** (ruled by) अधीन : ~ to these rules इन नियमों के ≈. **3.** (likely to have) संभाव्य : he is ~ to ill-health उसकी अस्वस्थता[F] ≈ रहती है. **II.** *n*[c]. **1.** (*pl.*) प्रजा[F] : the people of this island are the ~s of

the Queen of Britain इस द्वीप के लोग ब्रिटेन की रानी की प्रजा हैं; we were British ~s before 1947 हम 1947 से पहले ब्रिटिश लोगों की ≈ थे. **2.** (theme) विषय-वस्तु^F : ~-matter विषय-वस्तु^F; ~ of a story कहानी^F की ≈. **3.** (branch of knowledge) विषय : what are your ~s in B.A. बी० ए० में तुम्हारे कौन-कौन से विषय हैं? what ~s are you studying तुम कौन-से ≈ पढ़ रहे हो? he has written a book on this ~ उसने इस विषय पर एक पुस्तक^F लिखी है. **4.** (smth for consideration) विषय : he has wandered from his ~ वह अपने ≈ से भटक गया है; we have different opinions on that ~ उस ≈ पर हमारे विचार भिन्न-भिन्न हैं. **5.** (gram.) कर्ता, उद्देश्य : ~ and object कर्ता और कर्म; ~ and predicate उद्देश्य और विधेय; pick out the ~ and predicate in this sentence इस वाक्य में उद्देश्य और विधेय छाँटो; the ≈ of a verb किसी क्रिया का कर्ता. **III.** *v.t.* **1.** (subdue) अधीन करना : he ~d many states under him उसने कई राज्यों को अपने अधीन कर लिया. **2.** (expose to) का विषय बनाना : he ~ed himself to criticism उसने अपने को आलोचना^F का विषय बना लिया. **3.** के प्रभाव में लाना : to ~ smth to heat, light किसी वस्तु^F को गरमी^F, रोशनी^F के प्रभाव में लाना. Δ ~ **to** (i) संभाव्य होना : he is ~ to error वह गलती^F कर सकता है; it is ~ to change यह बदल सकता है; (ii) की शर्त^F पर होना : the arrangement is made ~ to your approval व्यवस्था आपकी स्वीकृति^F की शर्त पर की गई है; he will be admitted ~ to your consent उसे आपकी अनुमति^F से ही प्रवेश दिया जायेगा.

sub-judice सब्-जू'डिस *phr.* अदालत के विचाराधीन : the case is ~, I should say, write nothing about it मामला न्यायालय के विचाराधीन है मुझे इसके बारे में कुछ नहीं कहना, लिखना चाहिए.

subjugate सब'जुगेट *v.t.* अधीन करना, वशीभूत करना, वश में करना: he ~d his will उसने अपनी इच्छा^F को वश में कर लिया; to ~ the opposition विरोधियों को वशीभूत करना; to ~ the opponents by one's speech अपने भाषण सें विरोधियों को वशीभूत करना; to ~ the other country दूसरे देश को अधीन करना. [*n.* subjugation]

sublet सब् लैट' *v.t.* शिकमी देना, दुबारा किराये पर देना : the tenant ~ the house to a friend किरायेदार ने मकान को अपने एक मित्र को शिकमी दे दिया; his house has been ~ many times उसका मकान कई बार^F शिकमी दे दिया गया.

sublime सब् लाइम' *a.* **1.** (exalted) लोकोत्तर, उदात्त, [critic आलोचक, poetry काव्य, truth सत्य]; Wordsworth is a ~ poet of the natural sceneries वर्ड्सवर्थ प्राकृतिक दृश्यों के ≈ कवि हैं. **2.** (grandiose) भव्य, शानदार : the view from the hill was ~ पहाड़ी^F पर ये दृश्य ≈ था; the people will remember him for his ~ deeds लोग उसे उसके शानदार कामों के लिए याद करेंगे.

submarine सब'मरीन **I.** *a.* . अंतःसागरी, अंतःसमुद्री [cable केबल, life जीवन]; can you tell me the name of any ~ plant क्या तुम किसी अंतःसमुद्री पौधे का नाम बता सकते हो? **II.** *n*^c. पनडुब्बी : the ~ was in the Indian Ocean for many days कई दिनों तक ≈ हिन्द महासागर में रही; India is making ~s these days to safeguard its coastline भारत आजकल अपनी तटरेखा^F के बचाव के लिए पनडुब्बियाँ बना रहा है.

submerge सब् मर्ज' *v.t.* **1.** (inundate) जलमग्न पर देना या हो जाना, डुबा देना, डूब, जाना : the whole countryside was ~d in the floods बाढ़^F में पूरा ग्रामीण क्षेत्र जलमग्न हो गया; the house will be ~ in the water मकान पानी में डूब जाएगा. **2.** डुबकी^F या गोता लगाना : I saw a crocodile submerging मैंने एक मगरमच्छ को डुबकी लगाते देखा; two submariners ~d in the sea to attack the enemies शत्रुओं पर आक्रमण करने के लिए दो पनडुब्बियों ने गोता लगाया.

submission सब् मि'शन *n.* **1.** अधीनता-स्वीकरण, आत्म-समर्पण, आत्म-निवेदन; अधीनता^F, परवशता^F : ~ to an authority किसी प्राधिकारी की अधीनता; ~ of a state किसी राज्य का आत्म-समर्पण; we forced the

enemy to ~ हमने शत्रु को आत्म-समर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया. **2.** (obedience) आज्ञाकारिता^F : she accepted all that with ~ उसने ≈ के साथ सब कुछ स्वीकार कर लिया. **3.** (for consideration) विचारार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत करना : ~ of books पुस्तकें^F ≈; the date for ~ of the thesis शोध प्रबंध प्रस्तुत करने की तारीख^F. **4.** (plea) निवेदन, विनती^F, अनुरोध : the court has accepted his ~ न्यायालय ने उसका अनुरोध स्वीकार कर लिया है; my ~ is. . . मेरी विनती है कि . . ., मेरा अनुरोध है कि . . . **submit** सब्मिट' *v.t.* (-tt-) **1.** (make submission to) की अधीनता^F स्वीकार करना, का अधिकार मानना; (surrender) आत्म-समर्पण करना, हार मानना : we must ~ or we will die हमें आत्म-समर्पण कर देना चाहिए नहीं तो हम मर जाएँगे; he ~ted to the enemy उसने शत्रु की अधीनता स्वीकार कर ली; the enemy made him ~ शत्रु ने उसे आत्म-समर्पण कराया; the people refused to ~ **to** his rule लोगों ने उसका शासन स्वीकार करने से इंकार कर दिया; he will ~ you वह तुम्हारी आज्ञा^F मानेगा. **2.** हार मानना : the strikers were asked to ~ हड़तालियों से हार^F मानने को कहा गया; he would never ~ **to** his cruelty वह उसके अत्याचार से कभी हार नहीं मानेगा. [*ant.* resist] **3.** (for consideration) प्रस्तुत करना, पेश करना : he ~ted his proposal उसने अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया; he ~ted the application to the principal उसने प्राचार्य को आवेदनपत्र प्रस्तुत किया. **3.** (plead) निवेदन करना : he ~s that he is not guilty उसने निवेदन किया कि मैं दोषी नहीं हूँ.

subordinate सॅ बॉर्'डिनिट **I.** *a.* **1.** (inferior) अधीनस्थ, अवर, मातहत, अधीन [employee कर्मचारी, job काम, officer अधिकारी]; a police inspector is ~ to the superintendent पुलिस निरीक्षक अधीक्षक के मातहत/अधीन होता है; he is ~ to my authority वह मेरे अधिकार के मातहत है; he holds a ~ post in the office कार्यालय में उसका अधीनस्थ पद है. **3.** (gram.) आश्रित : ~ sentence ≈ वाक्य; which is the ~ clause in this sentence इस वाक्य में ≈ उपवाक्य कौन-सा है? **II.** *n*^c. अधीनस्थ कर्मचारी : he called all his ~s to a conference उसने सब अधीनस्थ कर्मचारियों को मीटिंग में बुलाया.

subscribe सब्स्क्राइब' *v.t.* **1.** (sign) हस्ताक्षर करना : he ~d his name on the paper उसने कागज़ पर अपने नाम के हस्ताक्षर किए; you have not ~d on the attendance sheet तुमने उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए; he ~d himself उसने अपने हस्ताक्षर किए. **2.** (~ to, support) का समर्थन करना, अनुमोदन करना : no one ~d to his opinion किसी ने उसके मत का समर्थन नहीं किया; I ~d to his resolution मैंने उसके प्रस्ताव का अनुमोदन किया. **3.** (to a periodical) ग्राहक बनना : he ~d **to** the 'India Today' magazine वह 'इण्डिया टुडे' पत्रिका का ग्राहक बन गया. **4.** (contribute to) चंदा देना, अंशदान करना : he ~s Rs. 50 per month to our club वह हमारे क्लब को पचास रुपए महीना अंशदान करता है; the boy ~d hundred rupees to the earthquake fund लड़के ने भूकंप निधि^F में सौ रुपया चंदा दिया. **subscription** सब्स्क्रिप'शन *n*^uc. (money given) चंदा : have you paid some ~ to them क्या तुमने उन्हें कुछ ≈ दिया है? I have paid my ~ for the magazine मैंने पत्रिका^F के लिए अपना चंदा दे दिया है.

subsequent सब्'सिक्वन्ट *a.* बाद का, उत्तरवर्ती, उत्तरकालीन [events घटनाएँ^F, result परिणाम, thinking सोच^F]; ~ difficulties obliged us to give up our plans बाद की कठिनाइयों^F ने हमें अपनी योजनाओं^F को छोड़ देने पर मजबूर कर दिया.

subside सब्साइड' *v.t.i.* **1.** (of water) उतर जाना, घट जाना : the flood water has ~d बाढ़^F का पानी उतर गया है. **2.** (of building, ground) धँसना : they say that the Taj Mahal is subsiding कहते हैं कि ताजमहल धँस रहा है; rocks ~d at many places during the earthquake भूकंप के दौरान कई जगह^F चट्टानें^F धँस गईं. **3.** (become lower, quieter) शांत हो जाना, हल्का या कम हो जाना : her anger quickly ~d उसका क्रोध

शीघ्र ही शांत हो गया; the storm has ~d तूफ़ान हल्का/कम हो गया है; his fever is subsiding उसका बुखार हल्का हो रहा है.

subsidize सब्'सिडाइज़ *v.t.* आर्थिक सहायता[F] देना : the government ~s manure in order to help farmers किसानों की मदद[F] के लिए सरकार[F] खाद में आर्थिक सहायता देती है; meals are ~d in many schools बहुत से स्कूलों में खाने में आर्थिक सहायता दी जाती है.

subsidy सब्'सिडि *n*[c]. आर्थिक सहायता[F] : ~ was given to keep prices low कीमतें[F] कम करने के लिए ≈ दी गई; some industries are supported by ~ कुछ उद्योगों का समर्थन ≈ से होता है; he has started a new business so he needs ~ उसने नया व्यापार शुरू किया है इसलिए उसे आर्थिक सहायता की आवश्यकता है.

subsistence सब् सिस्'टन्स *n.* जीविका[F], जीवन-निर्वाह : means of ~ ≈ का साधन; ~ crop निर्वाहार्थ फसल; ~ money निर्वाह-भत्ता; ~ is not possible without such help इतनी सहायता[F] के बिना ≈ संभव नहीं है; he is not earning even for his ~ वह अपनी जीविका के लिए भी नहीं कमा रहा है.

substance सब्'स्टन्स *n.* **1.** (important part of qualities) तत्व : there was no ~ in his lecture उसके व्याख्यान में कोई ≈ नहीं था. **2.** (material) पदार्थ [flexible नम्य/लचीला, hard सख्त, white सफ़ेद]; sugar is a useful ~ चीनी[F] एक उपयोगी ≈ है; a small number of ~s make up the world थोड़े-थोड़े ≈ मिलकर संसार का निर्माण करते हैं; oil is a greasy ~ तेल एक चिकना ≈ है. **3.** (essential meaning) भावार्थ, सार, सारांश : the ~ of this subject इस विषय का सार; what is the ~ of this poem इस कविता[F] का ≈ क्या है ? I agree with you in ~ सार रूप में मैं आपसे सहमत हूँ; I can tell you the ~ of his remarks उसके टिप्पणों का ≈ मैं आपको बता सकता हूँ. **4.** (solidity) ठोसपन : there is not much ~ in his argument उसके तर्क में कोई ठोसपन नहीं है.

substantial सब्स्टैन्'शल *a.* **1.** (important) महत्वपूर्ण, पर्याप्त [matter मामला, progress प्रगति[F], reason कारण]; they made ~ changes in their plans उन्होंने अपनी योजनाओं[F] में ≈ परिवर्तन किए; he got a ~ amount to start his business अपना धंधा शुरू करने के लिए उसे ≈ धन मिला. **2.** (of arguments तर्क) सारगर्भित, सारवान, पुष्ट, ठोस : the supreme court will interfere only if there is a ~ error उच्चतम न्यायालय तभी हस्तक्षेप करेगा जब कोई सारवान गलती[F] हो. **3.** (solidly made) मज़बूत, ठोस [bridge पुल, building इमारत[F], furniture फर्नीचर]; the boundary wall was made very ~ सीमा[F] की दीवार[F] बहुत मज़बूत बनाई गई थी. **4.** (well-to-do) धनी, समृद्ध, सम्पन्न, ठोस : ~ person ≈ व्यक्ति; this is the most ~ area of the district यह ज़िले का सबसे ≈ क्षेत्र है.

substitute सब्'स्टिट्यूट **I.** *v.t.i.* के स्थान पर रखना, प्रतिस्थापित करना : to ~ smth for something else किसी वस्तु[F] के स्थान पर कोई और वस्तु रखना; I ~d your name for mine मैंने अपने नाम की जगह[F] तुम्हारा नाम रख दिया. **2.** (a person) स्थानापन्न करना, का स्थान लेना : Mary ~d for John who was ill मेरी ने जान का स्थान लिया जो बीमार था; if you cannot attend, get smb to ~ for you यदि तुम उपस्थित नहीं हो सकते, तो अपने स्थान पर किसी को लो. **II.** *n*[c]. **1.** (person) स्थानापन्न व्यक्ति, एवज़ी [clerk लिपिक, officer अधिकारी]; he is a ~ for that officer : वह उस अधिकारी का अस्थायी ≈ है; Ramesh will be the principal's ~ रमेश प्राचार्य का ≈ होगा; my ~ has just arrived मेरा ≈ अभी-अभी आया है; when you go on leave who will be your ~ जब तुम छुट्टी[F] पर जाओगे तो तुम्हारा एवज़ी कौन होगा. **2.** (thing) बदले की नकली चीज़[F] : ~ of rubber नकली रबड़; sacharin is a good ~ for sugar सैकरिन चीनी[F] का अच्छा बदल है.

subtle सब्'टल *a.* **1.** सूक्ष्म [distinction अंतर, flavour स्वाद, significance अभिप्राय]; his ~ expressions are not easy to understand उसकी ≈ अभिव्यक्तियों[F] को समझना आसान नहीं है. **2.** चालाकी[F] वाला : they used ~ methods to compel him

उसे मजबूर करने के लिए उन्होंने चालाकी वाले तरीके अपनाए; he has a ~ mind उसका मन चालाकी भरा है; he got it by ~ means उसने इसे चालाकी भरे साधनों से पा लिया.

subtract सब्ट्रैक्ट' *v.t.* घटाना : if you ~ five from eight, you will get three यदि तुम आठ में से पाँच घटाओ तो तीन पाओगे; you had not ~ed that amount, so the result is wrong तुमने उस राशि[F] को घटाया नहीं था इसलिए फल ग़लत है. [*ant.* add] **subtraction** सब्ट्रैक'शन *n.* व्यवकलन, घटाना : problems of ~ व्यवकलन के सवाल; ~ of a smaller figure from a bigger one छोटी संख्या[F] का बड़ी संख्या से ≈; he is very weak in ~ वह ≈ में बहुत कमज़ोर है; he knows addition and ~ वह जमा करना और ≈ जानता है.

suburb स'बर्ब *n*[c]. (usu. *pl.*) उपनगर, परिनगर : they come from ~s by buses वे बसों[F] द्वारा उपनगरों से आते हैं; they live in ~s and work in Mumbai वे उपनगरों में रहते हैं और मुम्बई में काम करते हैं. **suburban** स बर्'बन **I.** *a.* उपनगरीय [area क्षेत्र, train रेलगाड़ी[F]]; that is a ~ colony वह एक ≈ बस्ती है; he does not like ~ life उसे ≈ जीवन पसंद नहीं है. **II.** *n*[c]. (suburbanite) उपनगरवासी : ~s are not in a better position ≈ कोई अच्छी स्थिति[F] में नहीं हैं.

subway सब्' वे *n*[c]. सुरंगपथ, तलमार्ग : there is a ~ for pedestrians under the road सड़क[F] के नीचे पैदल यात्रियों के लिए ≈ है; it is safer to go across by ~ ≈ से पार जाना अधिक सुरक्षापूर्ण होता है.

succeed सक्सीड' *v. i.* **1.** (have success) सफलता प्राप्त करना, कामयाब होना : we finally ~ed in reaching the shore अंत में हम तट पर पहुँचने में सफल हो गए; he ~ed **in** getting what he wanted जो वह चाहता था उसे पाने में सफल हो गया; they ~ed **in** overcoming all the difficulties वे सारी कठिनाइयों[F] पर विजय पाने में सफल हो गए; I hope you will ~ in your efforts मैं आशा[F] करता हूँ कि तुम अपने प्रयत्नों में सफल रहोगे; the attack ~ed आक्रमण कामयाब रहा; he ~ed in achieving his aim वह अपना लक्ष्य पाने में सफल रहा; she will surely ~ in the examination वह निश्चय ही परीक्षा[F] में सफल हो जाएगा. [*ant.* fail] **2.** (to follow next in order) के स्थान पर काम करना, का स्थान लेना : he ~ed Mr. Raman as principal वह मि० रामन के स्थान पर प्राचार्य बना; who will ~ him उसका स्थान कौन लेगा? **3.** (by inheritance) उत्तराधिकारी या दायाधिकारी होना : Elizabeth ~ed Mary मैरी के बाद एलिज़ाबेथ उत्तराधिकारी बनीं; the prince ~ed the king राजकुमार राजा का उत्तराधिकारी बना; he ~ed his father as manager वह पिता के बाद प्रबंधक बना. **4.** (come after) के बाद आना : happiness ~ed these years of war युद्ध के इतने वर्षों बाद सुख मिला; these things ~ed later ये चीज़ें बाद में घटित हुईं.

success सक् सेंस' *n*[c]. **1.** सफलता[F], कामयाबी[F] [desired इच्छित, great भारी, unexpected अप्रत्याशित]; I'll achieve complete ~ मैं पूरी स्वतंत्रता[F] प्राप्त करुंगा; we have little hope of ~ हमें ≈ की बहुत कम आशा है; our team had several ~es in matches हमारी टीम[F] को मैचों में कई सफलताएँ मिलीं; he desired to get ~ वह सफलता पाने को इच्छुक था; she achieved ~ by hard work उसे कठिन परिश्रम से सफलता मिली; I tried to please him but without ~ मैंने उसे प्रसन्न करना चाहा पर सफलता नहीं मिली. [*ant.* failure] **2.** (person or thing) his novel was a great ~ उसका उपन्यास बहुत सफल रहा; she is a great ~ as a teacher अध्यापिका[F] के रूप में वह बहुत सफल है. **successful** सक्सें स'फ़ुल *a.* **1.** सफल [attempt प्रयास, plan योजना[F], work काम]; his effort was ~ उसका प्रयत्न ≈ रहा; the film show was less ~ फिल्म का प्रदर्शन कम ≈ रहा; the operation to curb terrorism was ~ आतंकवाद का दमन करने के लिए यह अभियान ≈ रहा; the treatment by this doctor is always ~ इस डाक्टर का इलाज हमेशा ≈ रहता है. **2.** (of a person) सफल, कामयाब [boy लड़का, businessman व्यापारी, candidate उम्मीदवार, novelist उपन्यासकार, student छात्र]; she is the only ~

candidate वह अकेली ≈ अभ्यर्थिनी है; he was the ~ competitor वह ≈ प्रतियोगी था. [*ant.* un~] **succession** सक्सें'शन *n.* **1.** (in following order) अनुक्रम : in ~ लगातार उत्तरोत्तर : the events came in ~ घटनाएँ ≈ आती गईं. **2.** (series) अनुक्रम, सिलसिला, ताँता : a long ~ of cars कारों^F का एक लंबा ताँता; the ~ of events घटनाओं का सिलसिला; ~ of victories, failures विजयों, असफलताओं का सिलसिला. **3.** (in succeeding) राज्यारोहण, पदारोहण, पदप्राप्ति^F: his ~ as principal is sure उसका प्राचार्य का पद पाना निश्चित है; Prince Charles claimed the ~ प्रिंस चार्ल्स ने राज्यप्राप्ति का दावा किया. **4.** (to property) दायप्राप्ति^F : he was excluded from the ~ उसे ≈ से हटा दिया गया. **5.** (right to succeed) उत्तराधिकार, दायाधिकार : all the sons have equal ~ to the father's property पिता की संपत्ति^F में सभी बेटों का बराबर का ≈ होता है; he recieved the property in ~ उसने ≈ में संपत्ति^F प्राप्त की. **successive** सक् सें'सिव़ *a.* लगातार, निरंतर : it rained on three ~ days तीन दिन तक ≈ बारिश^F हुई; I missed the train on two ~ occasions ≈ दो अवसरों पर मेरी रेलगाड़ी^F छूट गई; they won four ~ matches उन्होंने ≈ तीन मैच जीते. **successor** सक् सें'सर *n*^c. उत्तराधिकारी [legal वैध, pretending छली, true सच्चा]; Humayun was Babar's ~ or ~ to Babar हुमायूँ बाबर का ≈ था; after the death of the manager, it was difficult to find his ~ प्रबंधक की मृत्यु के बाद उसका ≈ खोज पाना मुश्किल हो गया.

succumb स कम' *v.t.* **1.** (be overcome by) वशीभूत होना : he ~ed to temptation वह लालच के वशीभूत हो गया; he ~ed **to** his enemies later बाद में वह अपने शत्रुओं के वशीभूत हो गया; the widow ~ed **to** grief विधवा दुःख के वशीभूत हो गई. **2.** (die) मर जाना : he ~ed to injuries वह घावों के कारण मर गया.

such सच **I.** *a.* **1.** ऐसा, इस प्रकार का, इस तरह का : ~ a boy ऐसा लड़का; all ~ boys ऐसे सब लड़के; many ~ boys ऐसे बहुत-से लड़के; some ~ girls ऐसी कुछ लड़कियाँ^F; ~ a book ऐसी कोई पुस्तक^F; persons ~ as you तुम्हारी तरह^F के लोग; ~ persons as you ऐसे लोग जैसे तुम; poets ~ as Tulsidas and Kalidas कवि जैसे तुलसीदास और कालिदास; ~people are always very boring इस प्रकार के लोग बहुत ही उबाऊ होते हैं; I never said ~ things मैंने ऐसी बातें कभी नहीं कहीं; I like ~ films मैं इस प्रकार की फ़िल्मों^F को पसंद करता हूँ; we heard many ~ things about him हमने उसके बारे में कई ऐसी बातें सुनीं; they had never seen ~ a storm उन्होंने ऐसा तूफ़ान कभी नहीं देखा था. **2.** (so much, so very) इतना : ~ a bad weather इतना ख़राब मौसम; I cannot eat ~ a sour fruit मैं इतना खट्टा फल नहीं खा सकता; she had ~ a fright उसे इतना डर लगा; perhaps you have not seen ~ a huge building शायद तुमने इतनी बड़ी इमारत^F नहीं देखी है; she is ~ a good teacher वह इतनी अच्छी अध्यापिका^F है. **3.** ~ **as** (i) जैसा : ~ a man as he उस जैसा आदमी; (ii) जैसा कि : furniture ~ as chairs, tables फ़र्नीचर जैसा कि कुर्सियाँ^F, मेज़. **4.** ~ and ~ अमुक, फ़लाना : ~ and ~ place फ़लानी जगह^F; ~ and ~ people अमुक लोग. **II.** *pron.* ऐसा, वह : I am not ~ मैं ऐसा नहीं हूँ; his help was ~ that I felt secure उसकी सहायता^F ऐसी थी कि मुझे सुरक्षा^F लगने लगी.

suck सक *v.t.* **1.** चूसना : ~ deliberately जानबूझकर ≈; baby was ~ing its thumb बच्चा अपना अंगूठा चूस रहा था; she was ~ing a toffee वह एक टॉफ़ी चूस रही थी; this insect may ~ your flood यह कीड़ा तुम्हारा खून चूस ले. **2.** (milk from the breast) स्तन-पान करना, स्तन का दूध पीना : baby ~s mother's milk बच्चा माँ का दूध पीता है; he has ~ed for five years वह पाँच वर्ष से स्तन का दूध पीता रहा है. **3.** (~ up, absorb) सोखना, सोख लेना : trees ~ up rain water पेड़ बारिश^F का पानी सोखते हैं; sponge ~s up water स्पंज पानी सोखता है. **suckle** स'कल *v.t.* स्तन पिलाना, (स्तन का) दूध पिलाना : the tigress was suckling her

cubs शेरनी अपने बच्चों को (स्तन) दूध पिला रही थी.

sudden स'डन *a.* **1.** एकाएक, आकस्मिक [death मृत्यु^{F}, departure प्रस्थान, need आवश्यकता^{F}]; the car crashed at a ~ bend of the road कार^F सड़क^F के मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई; there was a ~ change in the weather मौसम में एकाएक परिवर्तन हुआ; there was ~ fall in his life उसके जीवन में एकाएक उतार आया; he made a ~ turn of the wrist and drew out his purse उसने फुर्ती से अपनी कलाई^F घुमायी और उसका पर्स निकाल लिया; all of a ~ अचानक, एकदम : he died all of a ~ वह अचानक मर गया. **suddenly** स'डन्लि *adv.* अचानक, एकाएक, सहसा : the train stopped ~ before the station रेलगाड़ी^{F} स्टेशन से पहले ही ≈ रुक गई; he ~stood up and left the room वह ≈ खड़ा हुआ और कमरा छोड़ दिया; all this happened so ~ that we had no time to think यह सब इतना ≈ हुआ कि हमारे पास सोचने का मौका नहीं था; ~ he stopped and turned back ≈ वह रुका और पीछे मुड़ा; he ~heard a strange voice उसने ≈ एक विचित्र आवाज़^{F} सुनी.

sue सू *v.t.* **1.** (prosecute) (पर) मुकदमा चलाना या दायर करना, नालिश^F करना : for damages you can be ~ed in the court हरजाने के लिए तुम पर न्यायालय में मुकदमा चलाया जा सकता है; I have ~d him **for** a share in the factory कारखाने में भागीदारी^{F} के लिए मैंने उस पर मुकदमा चला दिया है; you should ~ him for your loss तुम्हें अपनी क्षति^{F} के लिए उस पर मुकदमा चलाना चाहिए. **2.** (entreat) से अनुनय-विनय^F करना, दरखास्त^F करना, निवेदन करना : the enemy ~d for peace शत्रु ने शांति^{F} के लिए निवेदन किया; he ~ her for marriage उसने उससे विवाह के लिए निवेदन किया; she is suing for divorce वह तलाक के लिए दरखास्त कर रही है; I ~d for pardon मैंने क्षमा-याचना^{F} की.

suffer स'फ़र **I.** *v.i.* (undergo) भुगतना, भोगना, झेलना; feel pain) कष्ट पाना, दुख भोगना; (~ from) पीड़ित होना : if you don't mend your ways, you will ~ यदि तुम अपना तौर-तरीका सही नहीं करते तो भोगोगे; she has ~ed a lot in her life उसने अपनी जिन्दगी^{F} में बहुत-कुछ भोगा है; she suffers from frequent headaches वह सिरदर्द से प्रायः पीड़ित रहती है; he was ~ing from bad cold वह ज़ुकाम से कष्ट पा रहा था; he ~ed terribly when his father died जब उसका बाप मरा तो उसने बहुत दुःख भोगा; she has been ~ing from fever since Monday वह सोमवार से बुख़ार से पीड़ित है. **II.** *v.i.* **1.** (undergo loss) हानि उठाना, को क्षति पहुँचाना : she ~d greatly in her business उसने अपने व्यापार में काफी हानि^{F} उठाई; my business has ~ed a lot मेरे धंधे की बहुत हानि हुई; their army ~ed defeat उनकी सेना^{F} को पराजय^F उठानी पड़ी; don't let your work ~ अपने काम का नुकसान मत होने दो. **2.** (allow) होने (रहने, करने) देना : to ~ somebody to do something किसी व्यक्ति को कुछ करने देना. **3.** (tolerate) बरदाश्त करना, सहना : I can't ~ his insolence मैं उसकी धृष्टता^{F} सहन/बरदाश्त नहीं कर सकता; I shall ~ no joke मैं कोई मज़ाक सहन नहीं करूंगा. **sufferer** स'फ़ॅरर *n*^{c}. पीड़ित व्यक्ति, हानि उठाने वाला, कष्ट पानेवाला : we sent medicines for the ~s of the earthquake भूकंप से कष्ट पाने वाले लोगों (भूकंप-पीड़ितों) के लिए हमने दवाएँ^{F} भेजीं; the backward classes were ~s in the competition प्रतियोगिता में पिछड़े वर्ग बहुत हानि उठाने वाले थे. **suffering** स'फ़ॅरिङ्ग **I.** *n*^{c}. दुःख भोग, (bodily pain) पीड़ा, कष्ट, दर्द; (mental pain) दुःख : all this caused him great ~ इस सबसे उसे बहुत दुःख पहुँचा; the ~s of a dying person मरते पुरुष का दुःखभोग; she told me about her ~s उसने अपने दुःखों के बारे में मुझे बताया; thier ~s during the war were terrible युद्ध के दौरान उनके दुःख भयंकर थे; she often has to bear great ~ उसे प्रायः बहुत दुख उठाना पड़ता है; how would you relieve the ~s of others तुम दूसरे के दुःखों को कैसे दूर करोगे? **II.** *a.* दुःखी, पीड़ित : ~ humanity दुःखी मानवता^{F}; people ~ from famine अकाल से पीड़ित लोग.

suffice स फ़ाइस' *v. i.* **1.** (be enough) काफ़ी/पर्याप्त होना : a kurta will not ~ in old weather ठंडे मौसम में कुरता काफ़ी नहीं होगा; twenty grams of butter will ~ बीस ग्राम मक्खन ≈ होगा; your presence will ~ to serve the purpose आपकी उपस्थिति उद्देश्य की पूर्ति के लिए काफ़ी होगी. **2.** (satisfy) तृप्त करना, आवश्यकता^F पूरी करना, संतुष्ट करना : his arguments ~d me completely उसके तर्कों ने मुझे पूरी तरह^F संतुष्ट कर दिया; perhaps it may not ~ his need शायद यह उसकी आवश्यकता^F पूरी न कर सके; the sweet will not ~ his hunger मिठाई^F उसके भूख^F की तृप्ति^F न कर पायेगी. Δ ~ **it to say** इतना कहना काफी है. **sufficiency** स फ़ि'शन्सि *n.* **1.** पर्याप्त^F : ~of time for the examination परीक्षा^F के लिए समय की पर्याप्ति. **2.** (adequate quantity) पर्याप्त मात्रा^F [essential आवश्यक, much बहुत/बड़ी, कम]; ~ of food in the hostel छात्रावास में भोजन की ≈; of money पैसे की ≈. **sufficient** स फ़ि'शन्ट *a.* पर्याप्त [experience अनुभव, quantity मात्रा^F, supply आपूर्ति^F]; this will be ~ for all of you यह तुम सब के लिए ≈ होगा; have you ~ money क्या तुम्हारे पास ≈ धन है? he had not ~ courage उसमें ≈ साहस नहीं था; the bread I have will be ~ for my need ब्रेड जो मेरे पास है मेरी आवश्यकता^F के लिए ≈ होगी; I made ~ preparation मैंने ≈ तैयारी^F कर ली; he has ~ knowledge of his subject उसे अपने विषय का ≈ ज्ञान है. **sufficiently** सफ़ि'शन्टलि *adv.* पर्याप्त मात्रा में : he was ~ lacking in spirits उसमें ≈ जोश की कमी^F थी; I was ~ provided with means मुझे ≈ में साधन मुहैया कराये गये थे.

suffix स'फ़िक्स *n*^c. (*pl.* ~es) प्रत्यय [important महत्वपूर्ण, Hindi हिंदी]; -ly in sufficiently, -ness in oneness, and -ish in selfish are ~es लि, निस, इश ≈ हैं.

suffocate सॅ'फ़ॅकेट *v.t.i.* **1.** दम घोंटना, गला दबाना, साँस रोकना : he was ~d by the fumes धुएँ से उसका दम घुट गया; in a closed room boys were ~d by the smoke धुएँ से बंद कमरे में लड़कों का दम घुट रहा था. **2.** दम घोंटकर मार डालना : he ~d a sleeping person उसने एक सोते व्यक्ति को उसका दम घोंटकर मार डाला. **3.** दम घुटना : it is suffocating here in the closed room यहाँ इस बंद कमरे में दम घुट रहा है.

sugar शु'गर *n.* चीनी^F, शक्कर^F [raw कच्ची, sweet मीठी, white सफ़ेद]; unrefined ~ खाँड; ~ apple सीताफल; ~ bean मोठ; ~ beat चुकन्दर; ~ candy मिसरी; ~ cane गन्ना, ईख, ऊख; ~ coated चीनी लगा; to put more ~ in one's tea उसकी चाय में और चीनी डालना; he needed hundred kg. of ~ उसे एक सौ किलो ≈ की आवश्यकता थी; Uttar Pradesh in India is the main producer of ~ भारत में उत्तर प्रदेश चीनी का मुख्य उत्पादक है.

suggest स जें'स्ट' *v.t.* **1.** (propose) सुझाव देना, प्रस्ताव करना या रखना; (bring into smb's mind) सुझाना, जताना : he has ~ed an idea, you should implement that उसने तुम्हें एक विचार सुझाया है, तुम्हें उस पर अमल करना चाहिए; he ~ed that I should engage a tutor उसने सुझाव दिया कि मुझे एक अनुशिक्षक रखना चाहिए; I ~ that the movement be stopped मेरा सुझाव है कि आन्दोलन बंद कर दिया जाए. **2.** (hint) संकेत देना, सूचित करना : his dress ~s that he is a wealthy man उसकी पोशाक^F संकेतित/सूचित करती है कि वह धनी आदमी है; somebody ~ed to me that the Prime Minister has come किसी ने मुझे सूचित किया कि प्रधानमंत्री आ गए हैं; her face ~ed that she was satisfied उसके चेहरे से संकेत मिलता था कि वह संतुष्ट है. **3.** (come into mind) मन में आना, सूझना : an idea ~ed itself एक विचार सूझा. **suggestion** सॅजें'स्'चन *n*^c. **1.** सुझाव : I can give a ~ for making the programme successful कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मैं एक ≈ दे सकता हूँ; Vikram's ~ was accepted विक्रम का ≈ स्वीकार कर लिया गया; it was a good ~ यह एक अच्छा ≈ था; he made the ~ that we should separate उसने ≈ दिया कि हम अलग हो जाएँ. **2.** (hint) संकेत : distinct ~ स्पष्ट ≈; a ~ of

dissatisfaction was evident from his face, his face held a ~ of dissatisfaction उसके चेहरे पर असंतोष प्रकट हो रहा था.

suicidal स्यू साइ'डल *a.* आत्मघातक, आत्मघाती [result परिणाम, work काम]; this policy will prove ~ यह नीति^{F} ≈ सिद्ध होगी; you should not accept such ~ measures तुम्हें ऐसे आत्मघाती उपायों को स्वीकार नहीं करना चाहिए. **suicide** स्यू'साइड *n*^{c}. **1.** आत्म-हत्या^{F}, आत्मघात, ख़ुदकुशी^{F} : he committed ~ उसने आत्महत्या कर ली; she attempted ~ उसने ≈ का प्रयास किया; attempt to ~ now is not a punishable crime ≈ का प्रयास अब दण्डनीय अपराध नहीं है; the number of ~s is increasing आत्महत्याओं की संख्या^{F} बढ़ रही है.

suit स्यूट **I.** *n*^{c}. **1.** (of clothes) सूट, जोड़ा [expensive महँगा, loose खुला, tight तंग, warm गर्म, woolen ऊनी]; he bought a light-colour ~ for the child उसने बच्चे के लिए हल्के रंग का एक ≈ ख़रीदा; put on your ~ and come to me अपना ≈ पहनो और मेरे पास आओ; this ~ fits me well यह सूट मुझे अच्छा जँचता है. **2.** (for marriage) विवाह-प्रस्ताव : a ~ for a girl's hand किसी लड़की^{F} से विवाह का प्रस्ताव; she accepted his ~ उसने उसके विवाह के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया. **3.** (also law ~) मुकदमा, दावा [civil व्यवहार/दीवानी, criminal फ़ौजदारी/आपराधिक]; he brought a ~ against us in the court उसने न्यायालय में हमारे विरुद्ध मुकदमा चला दिया; I brought a ~ against him for compensation for damages मैं नुकसान की भरपाई/क्षतिपूर्ति के लिए उसके विरुद्ध मुकदमा ले आया. **4.** (of cards) रंग : in a pack of cards, there are four ~s ताश की एक गड्डी में चार रंग होते हैं. Δ to **follow** ~ (i) एक रंग खेलना; (ii) (imitate) देखादेखी करना; अनुसरण करना : the mother went to bed and the daughters followed ~ माँ सोने गई तो बेटियाँ भी पीछे-पीछे सोने चली गईं. **II.** *v.t.* **1.** अनुकूल या उपयुक्त बनाना या होना : this time, climate ~s me best यह समय, जलवायु मेरे बहुत अनुकूल है; these things will not ~ her ये चीज़ें उसके अनुकूल न होंगी; this work will not ~ you यह काम तुम्हारे अनुकूल न होगा. **2.** (go well with) से मेल खाना, के लिए उपयुक्त होना : this shirt will ~ the pant यह कमीज़ पैन्ट से अच्छी तरह मेल खायेगी, **3.** (befit) फबना, सजना : long hair ~ Mary लंबे बाल मैरी को सजते हैं; this cap ~s him very much यह टोपी^{F} उस पर बहुत फबती है. **suitability** सूटॅबि'लिटि *n*^{c}. **1.** उपयुक्तता^{F}; ~ of occasion अवसर की ≈; ~ of words in this context इस प्रसंग में शब्दों की ≈; ~ of dress for an occasion किसी मौके पर पोशाक^F की ≈; ~ of conditions शर्तों^{F} की ≈. **2.** (qualification) योग्यता^{F} ~ of a candidate for the post : किसी पद के लिए उम्मीदवार की ≈.

suitbale सू'टॅबल *a.* **1.** (appropriate) उपयुक्त [place स्थान, qualifications योग्यताएँ^{F}, time समय]; do you think that this present is ~ for this little boy क्या तुम सोचते हो कि इस छोटे लड़के के लिए यह उपहार ≈ है ? this book is not ~ for children यह पुस्तक बच्चों के लिए ≈ नहीं है; he is ~ for this post वह इस पद के लिए ≈ (के योग्य) है; I have no ~ clothes for the party मेरे पास पार्टी के लिए ≈ कपड़े नहीं हैं, **2.** (convenient) सुविधाजनक, अनुकूल [measures उपाय, time समय, work काम]; this will be the most ~ way to the post office डाकघर के लिए यह सबसे ≈ रास्ता होगा; that date is not ~ to me वह तारीख़^{F} मेरे लिए ≈ नहीं है. [*ant.* un ~]

suite स्वीट *n*^{c}. **1.** (of attendants) परिचर, परिजन, नौकर-चाकर : ~ s surrounding the king राजा को घेरे हुए ≈. **2.** (set) सेट : suitable ~ सुविधाजनक ≈; he bought a ~ of furniture उसने फ़र्नीचर का सेट ख़रीदा. **3.** (of rooms कमरों का) सेट : big ~ बड़ा ≈; he has booked a ~ of three rooms in the hotel उसने होटल में तीन कमरों का सेट रुकवा रखा है.

sullen स'लन *a.* **1.** रुखा : he is a ~ person वह एक ≈ आदमी है; yesterday when I met him I found him ~ कल जब मैं उससे मिला तो उसे ≈ पाया; the child was so ~ that I could not make him smile बच्चा

इतना ≈ था कि मैं उसे हँसा न सका. **2.** (sad) उदास : I had never been so ~ as today मैं इतना ≈ कभी नहीं था जितना कि आज. **3.** (dismal) निरानंद [day दिन, sound आवाज़^{F}, weather मौसम]; hers was the most ~ look उसका चेहरा बेहद ≈ था.

sulphur सल्'फ़र n^u. गंधक^F : when ~ burns it causes choking feeling जब ≈ जलती है तो दम घुटने का एहसास देती है; ~ is used in chemical and paper industries ≈ का प्रयोग रासायनिक और काग़ज़ उद्योगों में होता है.

sultriness सल्'ट्रिनिस n^u. **1.** उमस^F : there is ~ in the weather today आज मौसम में ≈ है. **2.** तीव्रता^{F} : ~ of climate जलवायु की ≈. **3.** (of lust) काम वासना^{F} की उग्रता^{F} : ~ in a newly married woman नवविवाहिता में ≈. **sultry** सल्'ट्रि *a.* **1.** (of weather) उमसदार : on a ~ day the air is hot and still उमसवाले दिन हवा^{F} गर्म और शांत होती है; the night was so ~ that we could not sleep रात इतनी ≈ थी कि हम सो न सके. **2.** (vehement) तीव्र, ज़ोरदार [storm तूफ़ान, wind हवा^{F}]; you cannot drive your car well in the ~ wind तीव्र हवा^{F} में तुम अपनी गाड़ी^{F} ठीक से नहीं चला सकते. **3.** (alluring) कामोत्तेजक : she wears ~ garments वह ≈ वस्त्र पहनती है; she is a ~ girl वह एक कामुक लड़की^{F} है.

sum सम **I.** n^c. **1.** (~ total) जोड़, योग, योगफल : exact ~ सही ≈, the ~ of the two and three is five दो और तीन का योग पाँच होता है. **2.** (amount of money) रकम^F, धन-राशि^{F} [definite निश्चित, small थोड़ी]; he was given a certain ~ of money उसे एक निश्चित ≈ दी गई; he needs a ~ of hundred rupees उसे सौ रुपये की ≈ की आवश्यकता^{F} है. **3.** (gist) सार, सारांश : the ~ total of his experiences is given in an article उसके अनुभवों का ≈ एक लेख में दिया गया है; this is the ~ and substance of what he said जो कुछ उसने कहा यह उसका ≈ है; the ~ of his story उसकी कहानी का ≈. **4.** (problem) गणित का सवाल [difficult कठिन, easy आसान]; she is very good at ~s वह सवालों में बहुत अच्छी है; he cannot do the ~s of arithmetic वह अंकगणित के प्रश्न हल नहीं कर सकता. **II.** *v.t.* (-mm-) (~ up) **1.** (summarize) सारांश या सार प्रस्तुत करना^{F}, संक्षेप में दुहराना : he ~med up the discussion in a few words उसने परिचर्चा^{F} का सारांश थोड़े-से शब्दों में प्रस्तुत कर दिया. **2.** (form a judgement on) समझ लेना, समझना : the judge ~med up the evidence and delivered the judgement जज ने साक्ष्य को समझ लिया और निर्णय दे दिया; the boss soon ~med him up अफ़सर ने उसे तुरंत समझ लिया; to ~ up all the points सारे बिन्दु समझ लेना. [*as distinct from* some] **summarize** स'मॅराइज़ *v.t.* संक्षिप्त करना, सार प्रस्तुत करना : ~ easily आसानी से ≈; ~ this essay इस निबंध को संक्षिप्त करो; this long paragraph was ~d into ten lines इस लंबे अनुच्छेद का सार दस पंक्तियों में प्रस्तुत किया गया; perhaps he may not ~ the speech correctly शायद वह भाषण का सही-सही संक्षेपण न कर सके. **summary** स'मरि **I.** *a.* **1.** (brief) संक्षिप्त [description वर्णन, statement कथन]; give a ~ account of what happened जो कुछ हुआ उसका ≈ वर्णन करो; what is the ~ method of it इसका ≈ तरीका क्या है? the clerk is facing ~ dismissal क्लर्क तुरंत बरख़ास्त होने वाला है. **2.** (of trial, etc.) सरसरी : ~ trial सरसरी तौर पर सुनवाई^F; all of them were taken to the court for the ~ trial सरसरी सुनवाई के लिए वे सब न्यायालय ले जाए गए. **II.** n^c. संक्षेप, सार, संक्षिप्त विवरण, सारांश : ~ of the report is not known to me रिपोर्ट^F का ≈ मैं नहीं जानता; write the ~ of the essay निबंध का सारांश लिखिए; he was given highest marks for the ~ उसे सारांश के अधिकतम अंक मिले.

summer स'मर **I.** *n.* **1.** ग्रीष्म, गर्मी, ग्रीष्मकाल, ग्रीष्मऋतु^{F} [dry शुष्क, hot गर्म]; I have not decided where to go in ~ मैंने निश्चित नहीं किया है कि गर्मियों में कहाँ जाना है; we went to Dehradun last ~ हम पिछली गर्मियों में देहरादून गए; can you tell me your programme during the next ~

vacation क्या मुझे तुम अगली गर्मियों की छुट्टियों^F का अपना प्रोगाम बता सकते हो ? now it is the beginning of ~ अब यह ≈ का आरंभ है; spend the ~ in the country ≈ देहात में बिताओ. **2.** (lit.) स्वर्ण युग : that was the high ~ of Sanskrit literature वह संस्कृत साहित्य का ≈ था. **3.** (usu. *pl.*) वर्ष : he lived seventy ~s वह सत्तर साल जिया. **II.** *a.* ग्रीष्मकालीन, गर्मी का [day दिन, holidays छुट्टियाँ[F], work काम]; ~ camp ≈ शिविर; ~ time ग्रीष्मकालीन ऋतु; we will go on a tour of Kashmir in the ~ vacation ग्रीष्म-अवकाश में हम कश्मीर का भ्रमण करने जाएँगे.

summit स'मिट n^c. **1.** चोटी[F], शिखर [high ऊंची, icy बर्फ़ीली]; Everest is the highest ~ of the Himalayas एवरेस्ट हिमालय की सबसे ऊंची चोटी है. **2.** (highest level of negotiations) शिखरवार्ता : ~ conference शिखर सम्मेलन; the Prime Minister will participate in the Non-Aligned Movement's ~ meeting प्रधानमंत्री गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे. **3.** (acme) पराकाष्ठा[F], चरमबिन्दु : at forty he was at the ~ of his fame चालीस साल की उम्र[F] में वह अपने यश की पराकाष्ठा पर पहुंच गया था; she was at the ~ of her prosperity वह अपनी समृद्धता[F] की पराकाष्ठा पर थी.

summon स'मन *v.t.* **1.** (convene) बुलाना : the Prime Minister has ~ed a meeting tomorrow प्रधानमंत्री ने कल एक बैठक बुलाई है; the President ~ed the Parliament राष्ट्रपति ने संसद का अधिवेशन बुलाया. **2.** (send for) बुला भेजना, बुलाना : if you are in difficulty ~ a policeman जब तुम कष्ट में हो तो पुलिस[F] को बुलाओ; he ~ed the two servants उसने दो नौकरों को बुला भेजा. **3.** (the court) सम्मन देना : the defendant was ~ed to appear before the court न्यायालय में प्रस्तुत होने के लिए प्रतिवादी को सम्मन दिया गया. **4.** (call upon to) का आह्वान करना : the general ~ed the enemy to surrender जनरल ने शत्रु को आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया. **5.** (~ up) बटोरना, इकट्ठा करना : he ~ed up courage उसने साहस बटोरा. **summons** स'मन्ज़ n^c. **1.** (*pl.* ~es). आह्वान, बुलावा : on the ~ of the Prime Minister प्रधान मंत्री के आह्वान पर; you should send ~ for his presence उसकी उपस्थिति[F] के लिए तुम्हें बुलावा भेजना चाहिए. **2.** (of law court) समन तलबाना : they served a ~ on him उन्होंने उसके विरुद्ध ≈ की तामील कराई, I have recieved a ~ from the court to appear on the 31st January 31 जनवरी को उपस्थित हो जाने के लिए मुझे न्यायालय से ≈ मिला है.

sun सन n^{cu}. **1.** सूर्य, सूरज : the ~ is about 15 crore kilometres from the earth ≈ पृथ्वी[F] से लगभग पंद्रह करोड़ किलोमीटर (दूर) है; the ~ rises in the east and sets in the west ≈ पूरब में निकलता है और पश्चिम में डूबता/छिपता है; the ~ is shining ≈ चमक रहा है; the ~ appeared from behind the clouds ≈ बादलों के पीछे से निकला : the ~ is bright today ≈ आज चमक रहा है. Δ **a cloud of dust cannot hide the ~** धूल[F] डालने से ≈ नहीं छिपता; **under the ~** सारी दुनियाँ[F] में, कहीं : I have been to all the countries under the ~ मैं सारी दुनियाँ[F] के सभी देशों में हो आया हूँ; it cannot be found under the ~ इसे ≈ नहीं पाया जा सकता. **2.** (sunshine) (the ~) धूप[F] [burning जलती-जलाती, scorching झुलसती/चिलचिलाती]; I feel the ~ मुझे ≈ लग रही है; the ~ came through the window खिड़की[F] से ≈ आ गई; he lay in the ~ for two hours वह दो घंटे ≈ में लेटा रहा; she is sitting in the ~ वह ≈ में बैठी है; the ~ has faded the colour of my shirt ≈ से मेरी कमीज़[F] का रंग फीका पड़ गया है. (comb.) ~ beam सूर्य की किरण[F]: I see the first ~ from my window मैं सूरज की पहली ≈ अपनी खिड़की[F] से देखा करता हूँ; ~ **burn** धूप[F] की झुलसन[F] : you can see skins of farmers affected by ~ आप ≈ से प्रभावित किसानों की चमड़ी[F] देख सकते हैं; ~dial धूपघड़ी[F]; we have a ~ in the school field हमारे स्कूल के मैदान में एक ≈ है;

~ **flower** सूरजमुखी[F] : we get oil from ~s हमें सूरजमुखी से तेल मिलता है; ~ glasses धूप[F] का चश्मा : I wear ~ when I go out in the sun जब मैं धूप[F] में बाहर जाता हूँ तो ≈ लगा लेता हूँ; ~ protect the eyes from sunlight ≈ धूप[F] से आँखों की रक्षा[F] करता है; ~ light धूप[F]; the ~ was quite bright today आज ≈ खूब चमकदार थी; this room gets enough ~ इस कमरे में काफ़ी ≈ आती है; ~ **lit** धूपवाला [courtyard आँगन, room कमरा]; ~ **rise** सूर्योदय : she rises up before ~ वह ≈ से पहले जग जाती है; I leave my house at ~ मैं ≈ होने पर अपने घर से चला जाता हूँ : farmers go to their fields much before ~ किसान ≈ से बहुत पहले अपने खेतों पर चले जाते हैं; ~ **set** सूर्यास्त; they worked until ~ वे ≈ होने तक काम करते रहे; it is ~ at 6 o' clock in November नवंबर में छः बजे ≈ हो जाता है; the farmers return before ~ किसान ≈ से पहले आ जाते हैं; ~ **shade** (at a window झाँव[F] : the width of the ~s outside our windows is about 36 cms हमारी खिड़कियों[F] के बाहर लगी झावों की चौड़ाई[F] लगभग छत्तीस सेंटीमीटर है; a ~ protects from rain shower ≈ बारिश[F] की बौछाड़[F] से रक्षा करती है; ~ **shine** = sunlight : children are basking in the ~ बच्चे धूप[F] खा रहे हैं; children should avoid the ~ in summer बच्चों को गर्मियों में धूप से बचना चाहिए. (fig.) उल्लास : Raju's baby has brought ample ~ into our family राजू के शिशु ने परिवार में ढेर सारा उल्लास ला दिया है. ~ **stroke** लू लगने का रोग, धूप-आघात : ~ is caused by violent sunshine or hot air ≈ बहुत तेज़ धूप या गर्म हवा से हो जाता है; ~ can be killing if it is not cured in time यदि समय पर इसका इलाज न हो तो ≈ जानलेवा हो सकता है; ~ **worship** सूर्योपासना[F] : ~ is prevalent among many races ≈ अनेक जातियों[F] में प्रचलित है. **II.** *v.t.* **1.** (sunned, sunning) धूप[F] में रखना, धूप[F] दिखाना : we ~ ned our bedding after the rains हमने अपने बिस्तर बरसात[F] के बाद धूप[F] में रखे : they always ~ their woollen clothes once during summer वे सदा गर्मियों[F] के दौरान एक बार अपने ऊनी कपड़ों को धूप दिखाते हैं. **2.** *v. refl.* धूप खाना : children are ~ning themselves on the roof of this house बच्चे अपने मकान की छत[F] पर धूप खा रहे हैं; let she ~ herself उसे धूप खाने दो. **sunny** स'नि *a.* (sunnier, sunniest) **1.** (bright) उजला, उज्ज्वल : he always sees the ~ side of life वह सदा जीवन का ≈ पक्ष देखा करता है; the picture has two sides — dark and ~ इस विषय/दृश्य के दो पक्ष हैं— अंधकारमय और उज्ज्वल [*ant.* dark] **2.** (cheerful and happy) खुश-खुश this girl has ~ disposition इस लड़की का स्वभाव ≈ है. **3.** हँसमुख this child is very ~ यह बच्चा बहुत ≈ है. **4.** धूपवाला [day दिन, room कमरा, weather मौसम].

Sunday सन्'डि *n*[c]. इतवार, रविवार : I have not seen him since ~ मैंने उसे ≈ से नहीं देखा है; it is a holiday on ~ ≈ को छुट्टी है; the work will begin from next ~ काम अगले ≈ से शुरू होगा; he could not arrive on ~ वह ≈ को नहीं पहुँच पाया; she sleeps late on ~s वह हर ≈ को देर तक सोती है.

sundry सन्'ड्रि *a.* नानाविध, विविध [things वस्तुएँ[F], treatment उपचार]; I bought books, pens and other ~ articles from the market मैंने बाज़ार से पुस्तकें[F], कलमें[F] और दूसरी ≈ वस्तुएँ[F] खरीदीं; I have other ~ points to discuss मुझे ≈ अन्य बिंदुओं पर चर्चा[F] करनी है. **all and** ~ सब लोग : they came all and ~ to the meeting बैठक में वे सब लोग आए.

sung सङ्ग *v.t. p.p.* of 'sing' *q.v.*

sunk सङ्क *v.t. p.p.* of 'sink' *q.v.* he has ~ his fortune in unlucky ventures उसने दुर्भाग्यपूर्ण उद्यमों से अपना भाग्य डुबो दिया है.

sunken सन्'कन **I.** *v.t. p.p.* of 'sink' *q.v.* **II.** *a.* **1.** जलमग्न, डूबा हुआ [pillar खम्भा, ship जहाज़, tree पेड़]; we went to see houses ~ in the Ganga हम गंगा में डूबे हुए मकान देखने गए; whole of the village was seen ~ after the rains बरसात के बाद पूरा गाँव ≈ दिखाई दे रहा था. **2.** धँसा हुआ : ~

eyes धँसी हुई आँखें^F; ~ cheeks धँसे हुए गाल.

sup सप **I.** *n*^c. घूँट, चुस्की^F : she took a ~ of tea उसने चाय^F की चुस्की ली. **II.** *v.t.i.* (-pp-) (take up in ~s) खाना : he ~ped bread and butter उसने डबलरोटी-मक्खन खाया; haven't you ~ped yet तुमने क्या अभी तक खाना नहीं खाया?

super स्यू'पर *pref.* **1.** (above, from above, upper) अधि-, उपरि- : ~-tax अधिकर; ~ficial ऊपर-ऊपर का, सतही. **2.** (more, to higher degree) अति : ~ -heated अतितप्त; ~ -human अतिमानवीय. **3.** (superior) उच्च-, महा-, परम- : ~ quality उच्च गुणवत्ता; ~ power महाशक्ति^F; Pakistan is the ~ enemy of India पाकिस्तान भारत का परम शत्रु है. For more examples, see below.

superb सुपर्ब' *a.* **1.** (grand) भव्य, आलीशान, शानदार [building भवन, display प्रदर्शन, food भोजन, house मकान]; Taj is famous for its ~ architect ताज़ अपनी ≈ वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है. **2.** (impressive) प्रभावशाली [show प्रदर्शन, thinking सोच^F, views विचार]; his ~ personality is the main factor in his success as a leader नेता के रूप में उसका ≈ व्यक्तित्व उसकी सफलता^F का मुख्य कारक है. **3.** (excellent) उत्कृष्ट [beauty सुंदरता^F, courage साहस, picture चित्र, specimen नमूना]; the dinner was of ~ quality भोजन उच्चकोटि^F का था.

superficial स्यूपर फि'शल *a.* **1.** (on or of the surface) सतही [knowledge ज्ञान, resemblance सादृश्य]. **2.** (of person) सामान्य, मामूली : I think she is a ~ woman मेरे विचार में वह एक ≈ स्त्री है; he is a man of ~ ability वह ≈ योग्यता^F वाला आदमी है; this teacher is ~ वह अध्यापक मामूली है. **3.** (cursory) सरसरी [look दृष्टि^F, study अध्ययन]; I have not read it seriously but just in a ~ way मैंने इसका गंभीर अध्ययन नहीं किया है बस सरसरी तौर पर.

superficially स्यूपर फि'शलि *adv.* सरसरी तौर पर, सामान्य ढंग से : I studied the case ~ मैंने मामले का अध्ययन सरसरी तौर पर किया.

superfine स्यूपर'फ़ाइन *a.* **1.** (excellent) अत्युत्तम, बहुत बढ़िया [cloth कपड़ा, flour आटा]; he bought the ~ quality of sugar उसने ≈ कोटि^F की चीनी^F खरीदी; his views are ~ उसके विचार ≈ हैं. **2.** (subtle) अतिसूक्ष्म : ~ distinction ≈ अंतर; the threads of this cloth are ~ इस कपड़े के धागे ≈ हैं.

superfluous स्यूपर'फ़्लुअस *a.* (excessive) फ़ालतू [money पैसा, number संख्या^F]; why have you bought these things, they are ~ तुमने ये चीजें क्यों खरीदी हैं, ये ≈ हैं; he saves some ~ things for future needs वह भविष्य की आवश्यकताओं के लिए कुछ ≈ चीजें बचा रखता है; don't make ~ comment अनावश्यक टिप्पणी^F न करो.

superhuman स्यूपर ह्यू'मन *a.* अतिमानवीय [act काम, attempt प्रयास, power शक्ति^F]; he is filled with ~ virtues उसमें अतिमानवीय गुण भरे हैं; he is a man of ~ strength, ability वह ≈ बल, योग्यता^F वाला आदमी है.

superintendent स्यूपरिनटें'नडन्ट *n*^c. अधीक्षक [able योग्य, expert कुशल]; office ~ कार्यालय ≈; ~ of police पुलिस ≈; he is a ~ in the railways वह रेलवे में ≈ है; can you tell me the name of the ~ of the hostel क्या तुम मुझे इस छात्रावास के ≈ का नाम बता सकते हो? the peon went to the ~ for the grant of leave चपरासी छुट्टी^F की स्वीकृति^F के लिए ≈ के पास गया.

superior स्यूपिअ'रिअर **I.** *a.* **1.** (in rank) उच्च, प्रवर, वरिष्ठ [classes जातियाँ, clerk लिपिक, officer अधिकारी]; he is ~ teacher of the school वह विद्यालय का वरिष्ठ अध्यापक है. **2.** (in quality) श्रेष्ठ, बढ़कर, बेहतर ~ education ≈ शिक्षा^F; she is ~ to her younger sister वह अपनी छोटी बहन से ≈ है; he is not ~ to his father वह अपने पिता से ≈ नहीं है. **3.** (of good quality) बढ़िया, उत्तम [articles वस्तुएँ^F, shoe जूता]; this cloth is of ~ quality यह कपड़ा बढ़िया क़िस्म^F का है; the purse is made from ~ leather पर्स बढ़िया चमड़े का बना है; he wears a ~ suit वह बढ़िया सूट पहनता है. **4.** (upper, high) उच्चतर, ऊपरी : ~ court ≈ न्यायालय; ~

office ≈ कार्यालय; the ~ part of the river Ganga गंगा नदी^{F} का ऊपरी भाग; ~ limbs such as shoulders ≈ अंग, जैसे कंधे. 5. to rise ~ to से ऊपर उठना : he has risen ~ to temptation or flattery वह प्रलोभन या खुशामद^F से ऊपर उठ गया है. [*ant.* inferior] **II.** *n*^{c}. (*pl.*) बड़े लोग, गुरुजन : I have some ~s yet alive मेरे कुछ गुरुजन हैं जो अभी जीवित हैं. **superiority** स्यूपिअरिऑ'रिटि वरिष्ठता^{F} : ~ complex श्रेष्ठता-मनोग्रंथि^{F}; he is second in ~ वह ≈ में दूसरे नंबर पर है; his ~ in the department was challenged विभाग में उसकी ≈ को चुनौती^{F} दी गई; ~ should be determined by merit ≈ का निर्धारण गुण (पात्रता) के आधार पर होना चाहिए.

superlative स्यूपर'लटिव **I.** *a.* (excelling) अत्युत्तम, सर्वोत्तम [beauty सौंदर्य, power शक्ति^{F}]; it is of a ~ quality यह ≈ किस्म^F का है; he is a man of ~ wisdom वह ≈ समझदारी^{F} वाला आदमी है. **3.** (gram.) उत्तमता^{F} सूचक : ~ degree उत्तम अवस्था^{F}. **II.** *n*^{c}. (~ degree) उत्तमावस्था^{F} : what will be the ~ (degree) of the adjective 'easy' इंज़ि (सरल) की ≈ क्या होगी? 'easiest' is the ~ of 'easy' 'सरलतम' सरल की ≈ है; he praised him in the ~ उसने उसकी शब्द की ≈ में प्रशंसा की.

superman स्यू'पर्मन *n*^{c}. अतिमानव : only a ~ can lift this rock केवल एक अतिमानव ही इस चट्टान को उठा सकता है.

supermarket स्यू'परमार्किट *n*^{c}. सुपरबाज़ार : you can get almost all things from the ~at cheaper prices तुम ≈ से लगभग सब वस्तुएँ सस्ते दामों में पा सकते हो.

supernatural स्यूपर्नै'चॅरल *a.* **1.** अलौकिक, अधिदैविक, लोकोत्तर, लोकातीत [event घटना^{F}, power शक्ति]; some Yogis have ~ powers कुछ योगियों में ≈ शक्ति होती है; what can you say about these ~ miracles तुम इन अलौकिक चमत्कारों के बारे में क्या कह सकते हो? **2.** (preter-natural) अतिप्राकृतिक : ~ happenings are taking place ≈ घटनाएँ घटित हो रही हैं

superstition स्यूपर्स्टि'शन *n.* अंधविश्वास : people have a ~ that Tuesday is not a good day for journey to the north लोगों में ≈ है कि उत्तर की ओर यात्रा करने के लिए मंगलवार अच्छा दिन नहीं होता; there is a ~ about No. 13 'तेरह' संख्या के बारे में ≈ है; the life of rural people is full of ~s ग्रामीण लोगों का जीवन अंधविश्वासों से भरा है; I do not believe in ~s मैं अंधविश्वासों में विश्वास नहीं करता; isn't religion a form of ~ क्या धर्म ≈ का एक रूप नहीं है? **superstitious** स्यूपरस्टि'शस *n*^{c}. अंधविश्वासी : many people are extremely ~ बहुत-से लोग अत्यंत ≈ होते हैं; the most primitive people are the most ~ आदिम जातियाँ सबसे ज़्यादा अंधविश्वासी होती हैं.

supervise सू'पर्वाइज़ *v.t.* पर्यवेक्षण करना, देखरेख^F करना : a senior teacher ~s the examinees एक वरिष्ठ अध्यापक परीक्षार्थियों का पर्यवेक्षण करता है; the mate ~d the work of labourers मेट ने मज़दूरों के काम का पर्यवेक्षण किया, my mother has been supervising my home work मेरी माँ मेरे गृहकार्य का पर्यवेक्षण करती रही है; the foreman ~s the motormen's work फ़ोरमैन मोटरमैनों के काम की देखरेख करता है; he cannot ~ them properly वह उनका ठीक से पर्यवेक्षण नहीं कर सकता. **superviser, -sor** स्यूपर्वाइ'ज़र *n*^{c}. पर्यवेक्षक [health स्वास्थ्य, railway रेलवे]; he is a ~ in the irrigation department वह सिंचाई विभाग में ≈ है; he is a newly appointed ~ वह नवनियुक्त ≈ है; the ~ was found guilty of corruption ≈ को भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया; you may appoint him ~ in your factory तुम उसे अपने कारखाने में ≈ नियुक्त कर सकते हो; the ~ has now retired ≈ अब रिटायर हो गया है. **supervision** स्यूपर्वि'ज़न *n*^{u}. पर्यवेक्षण, निगरानी^{F} [minute सूक्ष्म, personal व्यक्तिगत]; they worked under the ~ of the monitor वे मानीटर की निगरानी में काम करते थे; you should appoint him for the ~ of your works तुम्हें अपने कारखाने के ≈ के लिए उसे नियुक्त करना चाहिए; children should have more

~ बच्चों की और अधिक निगरानी होनी चाहिए.

supper स'पर n^c. रात का खाना, ब्यालू [excellent बढ़िया, tasty स्वादिष्ट]; ~ is the last meal of the day ब्यालू दिन का अंतिम खाना होता है; ~ is ready now ≈ अब तैयार है; ~ is on the table ≈ मेज़ पर रखा है; it is the time for ~ यह ≈ का समय है; he has taken his ~ earlier उसने अपना ≈ समय से पहले खा लिया है; after ~ walk a mile and go to bed ≈ के बाद एक मील चलो और फिर सोने जाओ; we invited him to ~ हमने उसे रात के खाने पर आमंत्रित किया; what time do you have your ~ तुम ≈ कितने समय खाते/लेते हो ? have you had your ~ क्या तुमने अपना ≈ ले/खा लिया है ? they had ~ in a restaurant उन्होंने ≈ एक रेस्टोरेंट में खाया; he did not stay for ~ वह ≈ के लिए नहीं रुका.

supplement सप्'लिमन्ट **I.** n^c. (of book, etc.) परिशिष्ट [full पूरा, new नया, significant महत्वपूर्ण]; you should see the ~ at the end of this dictionary तुम्हें इस शब्दकोश के अंत में ≈ देखना चाहिए; a ~ to the encyclopedia has been published विश्वकोश का एक ≈ प्रकाशित हो गया है. **II.** सप्लिमें'न्ट' *v.t.* (कमी) पूरा करना, जोड़ देना, बढ़ाना : you can ~ your food with more fruit तुम अपना भोजन और अधिक फल से पूरा कर सकते हो; milk is sufficient to ~ any deficiency दूध किसी भी कमी को पूरा करने के लिए पर्याप्त है; I work more to ~ my income मैं अपनी आय बढ़ाने के लिए और ज्यादा काम करता हूँ. **supplementary** सप्लि में'न्'टरि *a.* **1.** पूरक, अनुपूरक [examination परीक्षा^{F}, question प्रश्न]; this is my ~ benefit यह मेरा ≈ लाभ है. **2.** (additional) अतिरिक्त : ~ water supply ≈ जलापूर्ति^{F}; the baby needs ~ feeds of milk बच्चों को दूध की ≈ खुराक चाहिए; **3.** (angle) संपूरक : can you tell me the definition of ~ angle क्या तुम मुझे ≈ कोण की परिभाषा^{F} बता सकते हो ? ~ angle is one that makes up 180° with the other ≈ कोण वह होता है जो किसी दूसरे कोण से मिलकर 180° बनता है; 120° angle and 60° angle are ~ angles 120° कोण और 60° कोण ≈ कोण हैं.

supplier स प्लाइ'अर n^c. माल देने वाला, संभरक : ~ of domestic articles घरेलू वस्तुओं का संभरक; he is an old and credible ~ of military uniforms वह फौजी वर्दियों^{F} का पुराना और विश्वसनीय संभरक है. **supply** स्पलाइ' **I.** *v.t.* **1.** (provide) सप्लाई^F करना, आपूर्ति^{F} करना, संभरण करना : this factory supplies surgical instruments यह कारख़ाना चीरफाड़^{F} के उपकरणों की आपूर्ति करता है; we supplied them with money and cloth हमने उन्हें पैसे और कपड़े की आपूर्ति की; Australia supplies England with food आस्ट्रेलिया इंग्लैण्ड को खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करता है; the Corporation supplies water and electricity to the city निगम शहर में पानी और बिजली^{F} की सप्लाई करता है. [*ant.* consume] **2.** (make available) मुहैया कराना, उपलब्ध कराना : the government should ~ every essential thing to the citizens सरकार^F को आवश्यक वस्तु^{F} नागरिकों को मुहैया करानी चाहिए. **3.** की कमी^{F} पूरी करना : these things will ~ the need ये चीजें आवश्यकता को पूरा कर देंगी. **II.** n^{uc}. **1.** सप्लाई^F, आपूर्ति^{F} [proper उचित, sufficient पर्याप्त]; to increase the ~ of foodstuffs to neighbouring countries पड़ोसी देशों के लिए खाद्य-पदार्थों की ≈ बढ़ाना; he looks after the hostel's supplies of eatables वह छात्रावास के लिए खाद्य पदार्थों की ≈ करता है. **2.** (stock, store) भंडार [large बड़ा, limited सीमित, small छोटा]; this shop has a good ~ of household goods इस दुकान में घरेलू वस्तुओं^{F} का अच्छा ≈ है; they had a big ~ of coal, food and medicines उनके पास कोयला, खाद्य/भोजन और दवाओं^{F} का विशाल ≈ था. Δ **in short** ~ कम : cauliflowers are in short ~ these days इन दिनों गोभी^{F} के फूल कम मिलते हैं.

support स पॉर्ट' **I.** *v.t.* **1.** (hold up, keep from falling) थाम रखना, सँभालना [strongly मज़बूती से, well अच्छी तरह]; the

pillar ~s the roof खंभा छत[F] को थामता है; you should ~ him, otherwise he will fell down तुम्हें उसे सँभालना चाहिए नहीं तो वह गिर जाएगा; the chair could not ~ the weight of that fat man कुर्सी उस मोटे आदमी का भार न सँभाल सकी. **2.** (help, give strength to) सहारा देना, बल देना : he had to be ~ed by his friends उसे अपने मित्रों द्वारा सहारा दिया जाना था; she is ~ed by her son उसे अपने बेटे का सहारा है; your approval ~ed me तुम्हारे अनुमोदन से मुझे बल मिला; no one ~ed him in his need, trouble उसे संकट, कष्ट में किसी ने सहारा नहीं दिया. **3.** (supply with necessaries) भरण-पोषण करना, पालना : he cannot ~ so many children वह इतने सारे बच्चों का भरण-पोषण नहीं कर सकता; she ~s her family वह अपने परिवार का भरण-पोषण करती है. **4.** (endure) सहना, बरदाश्त करना : I have been ~ing you so much, but it is now beyond limit मैं तुम्हें इतना बरदाश्त करता रहा हूँ पर अब यह सीमा के बाहर है; I cannot ~ such an insult, a situation मैं ऐसा अपमान, ऐसी स्थिति[F] बरदाश्त नहीं कर सकता. **5.** (defend, back up) समर्थन करना : to ~ a policy, resolution किसी नीति[F] प्रस्ताव का ≈; I am ~ed by good conscience शुद्ध अन्तरात्मा[F] मुझे समर्थन देती है; he was the only man to ~ him in the meeting बैठक में उसका समर्थन करने वाला वह अकेला व्यक्ति था. **6.** (bear out, vindicate) की पुष्टि[F] करना, सिद्ध करना : to ~ a theory किसी सिद्धान्त की पुष्टि करना; his guilt was not ~ed clearly and he was set free उसका अपराध स्पष्ट रूप से सिद्ध नहीं हुआ और उसे मुक्त कर दिया गया; can you ~ your previous statement क्या तुम अपने पूर्व कथन को सिद्ध/पुष्ट कर सकते हो ? ~ oneself गुज़र करना : it is difficult to ~ himself with such limited means इतने सीमित साधनों से अपना गुज़र करना कठिन है. **II.** *n*[c]. **1.** (a prop) टेक[F] [long लंबी, strong मज़बूत]; give the proper ~ to the thatch छप्पर में ठीक टेक दो; the ~ under the portico is very weak ड्योढ़ी[F] के नीचे की ≈ बहुत कमज़ोर है; the bridge has strong ~s पुल की टेकें मज़बूत हैं. **2.** (help) सहारा [chief मुख्य, firm पक्का]; old man's ~ बूढ़े आदमी का ≈ he did not give much ~ उसने बहुत ≈ नहीं दिया; he is the only ~ of his family वह अपने परिवार का अकेला ≈ है; should I depend on your ~ क्या मैं तुम्हारे सहारे पर विश्वास रखूँ ? **3.** (backing up) समर्थन : moral ~ नैतिक ≈; ~ price समर्थन मूल्य; I hope to have your ~ मुझे तुम्हारे समर्थन की आशा है; he did not give me full ~ उसने मुझे पूरा समर्थन नहीं दिया; he spoke in ~ of his resolution वह उसके प्रस्ताव के समर्थन में बोला. **supporter** स पॉर'टर *n*[c]. समर्थक : strong ~ तगड़ा ≈; how many ~s are there in favour of your plan तुम्हारी योजना[F] के पक्ष में कितने ≈ हैं ? you must have at least ten ~s in the meeting बैठक में तुम्हारे (पास) कम-से-कम दस ≈ होने चाहिए.

suppose स पोज़' *v.t.* **1.** (assume) मान लेना, कल्पना करना : ~ I give you some money मान लो कि मैं तुम्हें कुछ पैसा देता हूँ; ~ I were a king मान लो, मैं राजा होता. **2.** (presuppose, require) की अपेक्षा[F] रखना, के लिए अनावश्यक होना : he is ~d to do all this उससे यह सब कुछ करने की अपेक्षा की जाती है; motorcyclists are ~d to wear helmets मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहनना आवश्यक है; he had ~d your help till yesterday वह कल तक तुम्हारी सहायता की अपेक्षा करता था; we ~d that they would meet at the post office हमने अपेक्षा की थी कि वे डाकघर में मिलेंगे. **3.** (presume, think) ख्याल करना, समझना : I ~ he is dead मेरा ख्याल है कि वह मर गया है; I do not ~ that he would return before twelve मेरा ख्याल नहीं है कि वह बारह बजे से पहले लौट आएगा. **4.** (allow) you are not ~d to write on this wall तुम्हें इस दीवार पर लिखने की अनुमति[F] नहीं है; boys are not ~ to make noise in the class लड़कों को कक्षा[F] में शोर मचाने की इजाज़त[F] नहीं है. **supposed** स पोज़्ड' *a.* कल्पित, माना गया,

तथाकथित : ~ thief ≈ चोर; ~ laziness ≈ आलस्य; her ~ wealth is meagre उसका जो धन कल्पित किया गया है, वह थोड़ा है; everybody is ~ to know it इसे सब लोगों से जानने की अपेक्षा^{F} की जाती है; we are not ~ to go there हमें वहां जाने की अनुमति^{F} नहीं है. **supposition** स पॅज़ि'शन *n*^{c}. कल्पना^{F}; (conjecture) अनुमान [false मिथ्या, true सत्य]; my ~ is that he has taken your books मेरा अनुमान है कि उसने तुम्हारी किताबें^{F} ली हैं; this tale is based on ~ यह कहानी^{F} कल्पना पर आधारित हैं; come up with facts, no ~s तथ्य लाइए, कल्पना नहीं; I did it on the ~ that... मैंने इसे यह मानकर किया कि...

suppress स प्रॅस'*v.t.* **1.** (crush) दमन करना, कुचलना, दबाना : the military ~ed the rebellion मिलिटरी ने विद्रोह को दबा दिया; he ~ed his feelings उसने अपनी भावनाओं^{F} को दबा दिया; he ~ed his enemies so much that they will not raise their heads for long उसने अपने शत्रुओं को इतना कुचल दिया कि वे अब देर तक सिर नहीं उठाएँगे. **2.** (abolish) उन्मूलन करना, समाप्त करना : the piracy is now ~d समुद्री चोरी^{F} का अब उन्मूलन कर दिया गया है; it is not easy to ~ the dacoities डकैतियों का उन्मूलन करना आसान नहीं है; he could not ~ such an evil वह इस प्रकार की बुराई^F का उन्मूलन न कर सका. **3.** (check) रोकना, निग्रह करना, दबाना : he should not be ~ed in the way उसे रास्ते में नहीं रोकना चाहिए; ~ your desires अपनी इच्छाओं को दबाओ. **4.** (keep secret) दबा लेना, छिपाना : ~ the truth सच्चाई^F पर परदा डालना; the evidence was ~ed in that political trial उस राजनीतिक विचारण में साक्ष्य छिपा लिया गया; he is ~ing the real facts वह वास्तविक तथ्यों को छिपा रहा है; the newspaper ~ed the name of the culprit समाचार पत्र ने अपराधी का नाम दबा रखा. **suppression** स प्रॅ'शन *n*^{u} दमन, उन्मूलन, गोपन : ~ of rebels विद्रोहियों का दमन; the government tried its best for the ~ of crime सरकार^F ने अपराध के उन्मूलन के लिए भरसक प्रयास किया; ~ of thoughts विचारों का दमन; he was blamed for ~ of facts उस पर तथ्यों को छिपाने का दोष लगाया गया.

supreme स्यूप्रीम', सुप्रीम' *a.* **1.** (in authority or rank) सर्वोच्च [assistant सहायक, command कमान, court न्यायालय, officer अधिकारी]; the President is the ~ ruler राष्ट्रपति ≈ शासक होता है. **2.** (extreme) परम, चरम, सर्वोपरि : ~ authority परम सत्ता^{F}, परमाधिकार; ~ Being परमात्मा; ~ good परम कल्याण; ~ power परम शक्ति^{F}; God is ~ ईश्वर सर्वोपरि है; this country stands ~ as sea power समुद्री शक्ति के रूप में यह देश सर्वोपरि है; he showed ~ courage उसने परम साहस का प्रदर्शन किया; you can succeed by ~ effort अत्यधिक प्रयास द्वारा आप सफल हो सकते हैं.

Supt. Superintendent.

sur. surgeon

sur- *pref.* अधि-, परा-, अति-, see 'super'.

surcharge सर्'चार्ज **I.** *n*^{c}. **1.** (payment (demanded) अधिशुल्क, (rent) अधिभार, (price, also on stamp) अधिमूल्य; (tax) अधिकर, अतिरिक्त कर : he had to pay ~ on the parcel उसे पार्सल पर अधिशुल्क देना पड़ा; this ~ must be refunded यह अधिकर वापस किया जाना चाहिए; the government takes ~ from his salary सरकार^F उसके वेतन से अधिकर लेती है. **2.** (load) अधिभार : the ~ amounts to five hundred tons ≈ पाँच हज़ार टन है; he has not given the ~ उसने ≈ नहीं दिया है. **II.** *v.t.* (make an extra charge) अधिक मूल्य लेना, ज्यादा दाम लगा लेना : this hotel ~d us for food इस होटल ने हमारे खाने का अधिक मूल्य ले लिया; he was ~d on the registered parcel रजिस्टरी पार्सल पर उससे अधिक डाक-व्यय लिया गया.

sure शुअर *a.* **1.** (convinced) निश्चय : I am ~ that she will come first मुझे निश्चय है कि वह प्रथम आएगी; now he is ~ about your sincerity अब उसे तुम्हारी सच्चाई^F का निश्चय है; he is not ~ of success उसे सफलता^{F} का निश्चय नहीं था; I am not ~ where he stays in Delhi मुझे इसका निश्चय

नहीं है कि दिल्ली में वह कहाँ ठहरता है; are you ~ of/about these facts क्या तुम्हें इन तथ्यों का निश्चय है ? he is ~ to come वह निश्चय ही आएगा; he was never ~ of victory उसे विजय^F का कभी निश्चय नहीं था. **2.** (reliable) विश्वसनीय, निश्चित : I know a ~ cure for bad cold मैं ज़ुकाम का ≈ इलाज जानता हूँ. **3.** (safe) सुरक्षित, निरापद : keep it in a ~ place इसे किसी ≈ स्थान पर रख दो. **4.** (unfailing), unerring) अचूक, अमोघ : it is a ~ remedy for skin diseases यह चर्मरोगों की ≈ औषधि^{F} है. **5.** (of a marksman, etc). अचूक : he is a ~ gunman वह ≈ बंदूकधारी है. **6.** (true) असंदिग्ध, निश्चित : it is ~ that he had fired first of all यह ≈ है कि उसने सबसे पहले गोली^{F} दागी; death is ~, no one can prevent it मृत्यु^{F} अवश्यंभावी है, इसे कोई रोक नहीं सकता. **surely** शुअर्'लि *adv.* अवश्य, निश्चय ही, निःसंदेह, बेशक : do you know her ? ~ ! क्या तुम उसे ≈ जानते हो ? ≈; they will ~ win वे अवश्य जीतेंगे; ~ I have met you before ≈ मैं तुमसे पहले मिल चुका हूँ; we can ~ do something to help him हम ≈ उसकी सहायता^{F} के लिए कुछ कर सकते हैं; ~ you will succeed if you do not go astray तुम ≈ सफल होगे यदि तुम अपने मार्ग से विचलित नहीं होते; may I have your pen ~ आपका पेन ले लूँ ? ≈. **surety** शुअर्'टि n^c. **1.** (person) ज़मानतदार, ज़ामिनदार : professional ~ व्यावसायिक ≈; to stand ~ for a friend मित्र के लिए ≈ होना; he needed at least two sureties उसे कम-से-कम दो जमानतदारों की आवश्यकता^{F} थी. **2.** ज़मानत^F प्रतिभूति^{F} : I borrowed a book and paid a ~ of Rs. 40 मैंने चालीस रुपए की जमानत^F देकर एक किताब^F उधार में ली; he was released from a jail on the ~ of fifty thousand rupees उसे पचास हज़ार रुपए की जमानत पर जेल से रिहा किया गया. **3.** (certainty) (old use) निश्चय, असंदिग्धता : there is no ~ about the job काम के बारे में कोई ≈ नहीं है.

surface सर्'फ़िस **I.** n^{uc}. **1.** (of an object) सतह^F, बाहरी हिस्सा, (top of the ground) सतह^F, ऊपरी परत^F या तल; (of a liquid) सतह^F [flat चपटी, rough खुरदरी, smooth चिकनी]; the ~ of the earth is not level here पृथ्वी की सतह यहाँ समतल नहीं है; the table had a smooth ~ मेज़ की पीठ^F चिकनी है; he dived below the ~ of the water उसने पानी की सतह से नीचे डुबकी^{F} लगाई; this mountain is 7,000 metres above the ~ of the sea यह पर्वत समुद्र की सतह से 7,000 मीटर ऊंचा है. **2.** (outward appearance) बाहर, बाहरी रंग-ढंग : on the ~ he was angry ≈ से वह क्रुद्ध था; he is serious only on the ~ वह केवल ऊपर-ऊपर गंभीर है. **II.** *v.i.* **1.** (come to the ~) ऊपर आना : he dived and then ~d उसने डुबकी^{F} लगाई और फिर ऊपर आया; he ~d in the sea after five minutes वह समुद्र में पाँच मिनट बाद ऊपर आया; old arguments have ~d again पुराने तर्क पुनः ऊपर आ गए हैं. **2.** (polish) चमकाना : ask him to ~ the table and chair both उससे मेज़ और कुर्सी दोनों चमकाने के लिए कहो. **3.** (cover the ~) तह^F जमाना : he ~d the wall with plaster उसने दीवार^F पर पलस्तर की तह जमाई. **4.** (level) चौरस बनाना : ten labourers can ~ this part of land दस मज़दूर ज़मीन के इस भाग को चौरस बना सकते हैं. **III.** *a.* **1.** पृष्ठीय : ~ tension ≈ तनाव; ~ water भूपृष्ठ जल. **2.** (superficial) सतही; (not sincere) ऊपरी : ~ impressions ≈ प्रभाव; I'll tell you only the ~ meaning of it मैं तुम्हें इसका केवल सतही अर्थ बताऊंगा. **3.** ~ mail स्थल डाक.

surgeon सर्'जन n^c. सर्जन, शल्यकार, शल्यचिकित्सक [able योग्य, skilful कुशल]; house ~ आवासी ≈ ; Mr. Raman is a dental surgeon श्री रामन दंत सर्जन हैं; for operation you should consult a ~ चीरफाड़ के लिए तुम्हें सर्जन से मशविरा करना चाहिए; he is an experienced ~ वह एक अनुभवी ≈ है; this ~ had operated on my brother इस ≈ ने मेरे भाई का आपरेशन किया था. **surgery** सर्'जरि n^c **1.** शल्य-चिकित्सा^{F}, शल्यक्रिया^{F} : that doctor is expert in ~ वह डाक्टर ≈ में कुशल है; he

has specialised in ~ उसने ≈ में विशेषज्ञता प्राप्त कर रखी है; the disease needs ~ इस बीमारी^F के लिए ≈ की आवश्यकता^F है. **2.** (science) शल्यविज्ञान, शल्यशास्त्र : now you should take admission in ~ अब तुम्हें ≈ में प्रवेश लेना चाहिए. **3.** (operating room) शल्य कक्ष : this hospital has a separate ~ department इस अस्पताल में अलग शल्य-विभाग है. **surgical** सर्'जिकल *a.* शल्य [case रोगी, instrument उपकरण, operation आपरेशन]; he has not taken ~ training उसने ≈ प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया; ~ treatment is mostly successful शल्य उपचार अधिकतर सफल होता है.

surly सर'लि *a.* (rude) रूखा, बदमिज़ाज : ~ nature ≈ स्वभाव; that woman is ~ and quarrelsome वह स्त्री ≈ और झगड़ालू है; he gave a ~ reply उसने रूखा जवाब दिया. [*n.* surliness]

surmount सर माउन्ट' *v.t.* **1.** (overcome) पार करना, पर विजय पाना : to ~ abstacles बाधाएँ^F पार करना; now he has ~ed the difficulties अब उसने कठिनाइयों^F पर विजय पा ली है; the horse could not ~ the fence घोड़ा जंगल पार न कर सका. **2.** (be on the top of) के ऊपर होना : a chimney ~s the house मकान के ऊपर एक चिमनी^F (धुआँकश) है. **3.** (cover) आच्छादित करना : the hill was ~ed by snow पहाड़ी^F बर्फ^F से आच्छादित/ढँकी थी; the clouds ~ed the whole sky बादलों ने सारे आकाश को आच्छादित कर रखा था.

surname सर्'नेम *n*^c. **1.** उपनाम : charming ~ प्यारा ≈; Vijay's ~ is Raju विजय का ≈ राजू है; what is your ~ तुम्हारा ≈ क्या है ? he bears no ~ उसका कोई ≈ नहीं है. **2.** कुलनाम : Sethi is the ~ of Ram Nath Sethi सेठी रामनाथ सेठी का ≈ है.

surpass सर्पास' *v.t.* **1.** से बढ़कर या श्रेष्ठ होना : Jane was clever, but Mary ~ed her जेन चतुर थी लेकिन मेरी उससे बढ़कर थी; his achievements ~ed my hopes उसकी उपलब्धियाँ^F मेरी आशाओं^F से बढ़ कर निकलीं; **2.** (outdo) मात कर देना, से आगे बढ़ना : Ritu ~es Rolu in sports खेल में रीतू रोलू से आगे बढ़ जाती है (को मात कर देती है); he has ~ed himself वह स्वयं से आगे बढ़ गया है; to ~ the previous record पूर्व के रिकार्ड से आगे बढ़ना.

surplus सर्'प्लस **I.** *n*^u. **1.** बेशी^F, आधिक्य : money is in ~ पैसा बेशी है, पैसे का आधिक्य है; these things are in ~ in his share यह चीजें^F उसके हिस्से में बेशी हैं. **2.** (of receipts over spending) बचत^F : the budget shows ~ बजट में ≈ दिखाई गई है. [*ant.* deficit] **II.** *a.* (superfluous) फालतू [goods सामान, money धन, wheat गेहूँ]; he has ~ foodstuffs उसके पास ≈ खाद्य-सामग्री^F है; you should shed off ~ fat तुम्हें फ़ालतू चरबी^F कम करनी चाहिए.

surprise सर् प्राइज़' **I.** *n.* **1.** (astonishment) आश्चर्य, हैरत^F [great महान, little थोड़ा]; she looked at him with ~ उसने आश्चर्य से उसे देखा; she did not show much ~ at the sight of him उसको दिखने पर उसे अधिक आश्चर्य नहीं हुआ; he gave him great ~ when he spoke nothing in the meeting उसने उसे भारी आश्चर्य में डाल दिया जब वह बैठक में कुछ नहीं बोला; to my ~.. मुझे आश्चर्य हुआ कि . . . **2.** आश्चर्य की बात^F : his success was a great ~ उसकी सफलता^F बड़े आश्चर्य की बात थी; your letter was a pleasant ~ तुम्हारे पत्र से सुखद आश्चर्य हुआ; really it is a ~ that he has passed the exam सचमुच यह आश्चर्य की बात है कि वह परीक्षा^F में पास हो गया है. **3.** ~ attack आकस्मिक आक्रमण : to take smb by ~ किसी को अचानक जा पकड़ना; the police took the culprit by ~ पुलिस^F ने अपराधी को अचानक जा पकड़ा. **II.** *v.t.* **1.** (astonish) चकित करना, अचम्भे में डालना, आश्चर्यचकित या विस्मित कर देना, हैरत में डालना : her surly reply ~d me उसके रूखे उत्तर ने मुझे हैरत में डाल दिया; the news ~d me greatly समाचार ने मुझे बड़े आश्चर्य में डाल दिया; we ~d the enemies हमने शत्रुओं को हैरत में डाल दिया; you will be ~ed to hear that तुम यह सुनकर आश्चर्य में पड़ जाओगे कि . . ; I am ~d at his behaviour मुझे उसके व्यवहार पर आश्चर्य है.

2. (capture by ~) अचानक हमले (आकस्मिक आक्रमण) द्वारा जीतना : he could only be ~d by sudden attack उसे केवल आकस्मिक आक्रमण से जीता जा सकता था. 3. (attack unawares) पर सहसा आक्रमण करना, अकस्मात् टूट पड़ना : the enemy ~d us at dawn शत्रु ने हमारे ऊपर प्रभात में सहसा आक्रमण कर दिया. 4. (come upon unawares) बेमौके या असमय पहुँच जाना, अचानक पहुँचना; चौंका देना : he ~d everyone by his sudden arrival उसने एकाएक पहुँचकर सब लोगों को चौंका दिया. **surprised** सर् प्राइज़्ड' *a.* चकित, आश्चर्यचकित, हैरान [face चेहरा, look दृष्टि[F]]; the news made him ~ समाचार से वह विस्मित था; he was ~ to meet us वह हमसे मिलकर हैरान था; he was so ~ that he could not say even a word वह इतना ≈ था कि एक शब्द भी न बोल सका. **surprising** सर्प्राइ'ज़िङ्ग *a.* आश्चर्यजनक : his result is ~ उसका परिणाम आश्चर्यजनक है; it is ~ that he failed यह ≈ है कि वह फ़ेल हो गया.

surrender स रें न्'डर **I.** *v.t.* **1.** (submit after defeat) आत्म-समर्पण करना, हार मानना : the enemy ~ed very soon शत्रु ने बड़ी जल्दी आत्म-समर्पण कर दिया; we shall never ~ to the enemy हम शत्रु से कभी हार न मानेंगे; at last the thief ~ed अंततः चोर ने आत्म-समर्पण कर दिया. **2.** (hand over) सुपुर्द/समर्पित करना : to ~ one's ticket at the gate फाटक पर टिकट सुपुर्द करना; he ~ed my rifle to the police उसने अपनी राइफल[F] पुलिस[F] के सुपुर्द कर दी; they ~ed the thief to the D.S.P. उन्होंने चोर को डी० एस० पी० के सुपुर्द कर दिया. **3.** (abandon, give up) छोड़ देना, त्याग देना : to ~ one's claim to the property संपत्ति पर अपना दावा छोड़ देना. **4.** (yield) झुक जाना : he had to ~ to pressure उसे दबाव में आकर झुकना पड़ा. **5.** to ~ one's insurance policy अपनी बीमा-पालिसी[F] लौटा देना. **II.** *n*[u]. **1.** आत्म-समर्पण; the battalion was forced into ~ पलटन[F] को आत्म-समर्पण करने पर विवश किया गया. **2.** परित्याग, त्याग : the ~ of one's right to property संपत्ति में अपने अधिकार का त्याग.

surround सॅ राउन्ड' *v.t.* **1.** के चारों ओर होना; घेर लेना से घेरना : mango trees ~ the house आम के पेड़ मकान को चारों ओर से घेरे हुए हैं, the house is ~ed by the garden मकान चारों ओर बगीचे से घिरा है; the enemy ~ed the village शत्रु ने गाँव को घेर लिया; the old teacher was ~ed by the pupil पुराना अध्यापक शिष्यों से घिरा था; (milit.) घेरा डालना : the soldiers ~ed the whole सैनिकों ने पूरे शहर का घेरा डाल दिया. **surrounding** स राउन्'डिङ्ग *a.* आस-पास का, पास-पड़ोस का, प्रतिवेशी : ~ area ≈ क्षेत्र; ~ people here are not cultured यहाँ आस-पास के लोग सुसंस्कृत नहीं हैं; the place ~ your house is good तुम्हारे घर के आसपास का स्थान अच्छा है. **surroundings** सरॉउन'डिंग्ज़ *n. pl.* पास-पड़ोस : ~s of your house are beautiful तुम्हारे घर का ≈ सुंदर है; ~s have an effect on a child's development पास-पड़ोस का प्रभाव बच्चे के विकास पर पड़ता है.

survey सर्वे' **I.** *v.t.* **1.** चारों ओर देखना, पर्यवलोकन करना : we ~ed the plains from the top of a hill हमने पहाड़ी[F] की चोटी से मैदान का पर्यवलोकन किया. **2.** (measure) सर्वेक्षण करना, पैमाइश[F] करना : the estate was ~ed for assessment of tax जागीर[F] का कर निर्धारण करने के लिए सर्वेक्षण किया गया; you should ~ the land carefully तुम्हें ज़मीन का सावधानी से सर्वेक्षण करना चाहिए (ज़मीन की पैमाइश करनी चाहिए). **3.** (inspect) निरीक्षण करना, जाँचना : the police was ~ing all the statements पुलिस[F] सब बयानों का निरीक्षण कर रही थी. **II.** सर्'वे *n*[c]. **1.** (general view) पर्यवलोकन : a ~ of the damage नुकसान का ≈ ; ~ of scenery दृश्यों का ≈ . **2.** सर्वेक्षण : this village is under ~ गाँव का ≈ हो रहा है; ~ of India भारत का ≈ . **3.** ~ of the work done निरीक्षण किए हुए काम का ≈.

survival सर्वाइ'व़ल *n.* **1.** उत्तरजीविता[F], उत्तरजीवन, बच रहना, जीता रहना : ~ of the

fittest योग्यता की उत्तरजीविता; the patient's ~ was unexpected रोगी का ≈ अप्रत्याशित था; we need air and water for ~ हमें जीवित रहने के लिए हवा और पानी की आवश्यकता[F] है; we have every hope of the ~ of the victims हमें पीड़ितों के बच जाने की पूरी आशा[F] है. **2.** (remainder) अवशेष : that old man is a ~ of the past वह बूढ़ा आदमी अतीत का ≈ है. **survive** सर्वाइव' *v.t.* 1. continue to live or be) जीवित रह जाना, बचा रहना : you cannot ~ without air and water तुम बिना हवा और पानी के जीते नहीं रह सकते; the lady was very ill but she ~d वह महिला बहुत बीमार थी लेकिन बच गई; he did not ~ long after the accident दुर्घटना[F] के बाद वह बहुत दिन नहीं जिया. **2.** (live longer than) किसी की मृत्यु के बाद जीवित रहना : he ~d his son वह बेटे की मृत्यु के बाद जीवित रहा; he was ~d by his wife and two sons उसकी मृत्यु के बाद उसकी पत्नी और दो बच्चे (लड़के) जीवित थे; he ~d the accident वह दुर्घटना[F] के बाद भी जीवित रहा; he who will ~ her, will get the property जो उसके बाद जीवित रहेगा वह संपत्ति[F] प्राप्त करेगा; to ~ others who have died जो लोग मर गए उनके बाद जीवित रहना; he is the only man to ~ in the family परिवार में वह अकेला आदमी जीता रह गया है. **3.** बच रहना, बाकी रहना : such customs still ~ in India ऐसे रीतिरिवाज अब भी भारत में बच रहे हैं/बाकी हैं. **survivor** सर व़ाइ'व़र *n*[c]. उत्तरजीवी, उत्तरजीवित : ~s of an accident दुर्घटना[F] में बचे व्यक्ति; the sole ~ of that family was Vikram विक्रम उस परिवार का अकेला उत्तरजीवी था; the list of ~s in the earthquake was incomplete भूकम्प में उत्तरजीवियों की सूची अपूर्ण थी.

susceptible स सें'प्'टिबल *a.* **1.** (emotional) भावप्रवण, भावुक [lady औरत, person व्यक्ति]; he is a very ~ poet वह बहुत ही भावुक कवि है; girls are more ~ than woman स्त्रियों की अपेक्षा[F] लड़कियाँ[F] अधिक ≈ होती हैं. **2.** (sensitive) अतिसंवेदनशील : to be ~ to danger खतरे के प्रति ≈ होना. **3.** (likely to get) हो सकना : I am easily ~ to cold मुझे ज़ुकाम जल्दी लग जाता है; this couple is ~ of two meanings इस दोहे के दो अर्थ हो सकते हैं; this document is not ~ of change इस दस्तावेज़ में कोई परिवर्तन नहीं हो सकता; he is ~ to error वह गलती[F] कर सकता है.

suspect सस् पेंक्ट' **I.** *v.t.* **1.** (feel, imagine) लगना, सोचना : I ~ that he willl not catch the train मुझे लगता है कि वह रेलगाड़ी[F] नहीं पकड़ पाएगा; I ~ed that it was she who had done it मुझे लगा कि यह वही स्त्री है जिसने इसे किया था; I ~ danger मुझे खतरा लग रहा है. **2.** (पर) संदेह करना : he ~ed my statement उसे मेरे कथन पर संदेह हुआ; he was ~ed of theft उस पर चोरी[F] का संदेह किया गया था; I ~ he is a liar मुझे उस पर झूठा होने का संदेह है; the police ~ed him for murder पुलिस[F] को उस पर हत्या[F] करने का संदेह था; I did not ~ anyone मैंने किसी पर संदेह नहीं किया; I ~ his intention मुझे उसकी नीयत[F] पर संदेह है. **II.** सस्'पेंक्ट *n*[c]. संदिग्ध व्यक्ति : he is the only ~ in this crime इस अपराध में त्रह अकेला ≈ है; the police held up all the ~s पुलिस[F] ने सारे संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ रखा. **III.** *a.* संदिग्ध [matter मामला, situation स्थिति[F]]; his intention/reason is ~ उसका आशय[F], तर्क ≈ है; his evidence is ~ उसकी गवाही[F] ≈ है.

suspend सस् पेंन्ड' *v.t.* **1.** (hang up) लटकाना, टाँगना : the picture is ~ing by the cord तस्वीर[F] डोरे से लटक रही थी; to ~ a rope from the tree पेड़ पर से रस्सी[F] लटकाना; you ~ balloons from the ceiling तुम छत से गुब्बारे लटकाते हो. **2.** (postpone) आस्थगित करना : the judge ~ed the judgement for the time being जज ने फिलहाल निर्णय को आस्थगित कर दिया; the rules were ~ed in emergency आपातकाल में नियम आस्थगित कर दिए गए थे; the punishment had to be ~ed, सज़ा[F] आस्थगित करनी पड़ी. **3.** (stop for a time) बंद करना : ~ the construction work soon निर्माण कार्य शीघ्र बंद करो; the payment was ~ed भुगतान बंद कर दिया

गया; they had to ~ all work उन्हें सारा काम बंद करना पड़ा. **4.** (from office) निलंबित करना : Henry has been ~ed from his post हेनरी को अपने पद से निलंबित कर दिया गया है; a bishop can ~ a priest from the office बिशप किसी पादरी को पद से निलंबित कर सकता है.

suspicion सस् पि'शन *n.* **1.** संदेह, शक [true सच्चा, wrong ग़लत]; I had a ~ मुझे ≈ था; my ~ was right that he was a thief मेरा संदेह ठीक था कि वह चोर है; his manner of talking aroused ~ उसके बात करने के ढंग से ≈ उत्पन्न हो गया; he always treated us with ~ उसने हमसे सदा संदेह का व्यवहार किया; this incident will strengthen his ~ यह घटना^{F} उसके संदेह को पुष्ट करेगी; I'll remove his ~ मैं उसका संदेह दूर कर दूँगा; he was arrested on ~ उसे शक पर गिरफ़्तार किया गया; he is under ~ उस पर ≈ है. (*ant.* trust.) **2.** संकेत : there is a ~ of tears in his eyes उसकी आँखों में आंसुओं के ≈ है; you could see a ~ of surprise on his face तुम उसके चेहरे पर आश्चर्य का ≈ देख सकते थे. **suspicious** सस् पि'शस *a.* **1.** (arousing suspicion) संदेहजनक, संदिग्ध [character चरित्र, condition दशा^{F}, man व्यक्ति]; his behaviour was ~ उसका व्यवहार ≈ था; under the ~ circumstances he was caught by the police ≈ परिस्थितियों में पुलिस^F ने उसे पकड़ लिया. **2.** (mistrustful) शक्की, संदेही, संशयालु : she is a woman of ~ nature वह शक्की मिज़ाज औरत है; I am ~ of that boy मुझे उस लड़के पर संदेह रहता है.

sustain सस्टेन' *v.t.* **1.** (support from below) थाम रखना, सँभालना : why are you giving so much weight, he cannot ~ it तुम उस पर इतना भार क्यों डाल रहे हो, वह इसे नहीं सँभाल सकता; a rafter ~s the roof शहतीर/कड़ी^{F} छत को थामे रखती है. **2.** (keep going) बनाए रखना, कायम रखना, जारी रखना : it is necessary that we should ~ the same spirit यह जरूरी है कि हम उसी प्रकार की भावना^{F} बनाए रखें; they could not ~ their independence वे अपनी स्वतंत्रता^{F} कायम नहीं रख रखे; you should ~ your claim to the property तुम्हें संपत्ति^{F} पर अपना दावा बनाये रखना चाहिए; to ~ an effort प्रयत्न जारी रखना. **3.** (give sustenance) पोषण करना : food ~s body भोजन शरीर का पोषण करता है; this much breakfast will not ~ the young boy इतना भर नाश्ता इस नवयुवक लड़के का पोषण नहीं करेगा. **4.** (support) समर्थन/पुष्टि करना : these facts will ~ your statement ये तथ्य तुम्हारे कथन की पुष्टि करेंगे; the judge ~ed my plea न्याय ने मेरे अभिवचन का समर्थन किया. **5.** (supply with necessaries) भरण-पोषण करना, रोटी-कपड़ा देना, खर्च चलाना : I have to ~ a family of six members मुझे छः सदस्यों के परिवार का भरण-पोषण करना है; he is not ~ing his wife वह अपनी पत्नी का खर्च नहीं चला रहा है. **6.** (help, strengthen) सहारा या ढाढस^F देना, बल प्रदान करना : your presence will ~ him much तुम्हारी उपस्थिति^{F} उसको बहुत सहारा देगी. **7.** (other contexts) to ~ loss हानि उठाना; to ~ defeat हार खाना; to ~ injury चोट लगना; to ~ life जीवित रहना.

S.W. = South West, South Western दक्षिणोत्तर

swallow स्वा'लो **I.** *n*^{c}. **1.** (a bird) अबाबील : ~s fly high, if the weather is fine ≈ ऊँचे उड़ते हैं यदि मौसम अच्छा हो तो; ~ is a small bird with pointed wings ≈ एक छोटा नोकदार पंखों वाला पक्षी है. **2.** (swallowing) निगलना; (amount swallowed) घूंट, कौर, ग्रास (of food) : she drank the milk at a single ~ वह एक ही घूँट में दूध पी गई; have a ~ of food एक कौर भोजन कर लो. **II.** *v.t.* **1.** (food, drink) लीलना, निगलना : ~ hurriedly जल्दी से ≈; you should ~ the pill तुम्हें गोली^{F} निगल लेनी चाहिए; ~ your food soon अपना भोजन शीघ्र ही लील लो. **2.** (consume utterly) खा जाना, समाप्त करना, लील जाना : your scooter ~s so much petrol तुम्हारा स्कूटर इतना पेट्रोल खा जाता है. **3.** (~ up, engulf) निगलना, निगल जाना, समा लेना : it will ~ everything all that you have यह

सब कुछ समा लेगा जो कुछ तुम्हारे पास है. **4.** (accept credulously) आँख मूंदकर विश्वास करना, झट मान लेना : although you stress this point so much, yet I cannot ~ it यद्यपि तुम इस बिंदु पर इतना बल दे रहे हो तो भी मैं इस पर आँख मूदकर विश्वास नहीं कर सकता (वह मेरे गले नही उतरता). **5.** बरदाश्त करना, सहना, पी जाना : to ~ an insult अपमान बरदाश्त करना. **6.** वापस लेना : if he is pressed, he will ~ his words यदि उस पर दबाव डाला जाता है, तो वह अपने शब्द वापस ले लेगा.

swam = *past* of 'swim' *q.v.*

swan स्वॉन *n*^c^. **1** राजहंस, हंस [beautiful सुंदर, young बच्चा]; ~ is a white long-necked bird ≈ एक लंबी गर्दन वाला सफेद पक्षी होता है; ~s are swimming in the lake ≈ झील में तैर रहे हैं. Δ **a crow in the assembly of ~s** हंसों की सभा^F^ में कौआ. **2.** (poet) कवि, महाकवि : known ~ जाना-माना ≈; Kalidas was a famous ~ of India कालिदास भारत के प्रसिद्ध कवि थे; ~ song कवि की अंतिम कृति^F^.

swarm स्वार्म **I.** *n*^c^. (of insects, animals, men) झुण्ड, दल : a ~ of bees followed him मक्खियों के एक दल ने उसका पीछा किया; a ~ of animals grazed all his crop जानवरों का एक झुण्ड उसकी पूरी फ़सल चर गया; ~ of people लोगों की भीड़^F^; ~ of stars सितारों का पुंज. **II.** *v.t.* **1.** (to follow in a swarm) झुण्ड बनाकर जाना : the bees ~ the queen मधुमक्खियाँ^F^ झुण्ड बनाकर रानी के पीछे-पीछे जाती हैं. **2.** (assemble in large numbers) भीड़^F^ बनाकर इकट्ठा होना : a large crowd ~ed in the stadium स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए. **3.** (of places) (भीड़ से) भर जाना, रेल-पेल होना : the whole of the stadium was ~ed with spectators पूरा स्टेडियम दर्शकों से भर गया.

sway स्वे **I.** *v.t.* **1.** (influence) प्रभावित करना, अभिभूत करना : the speaker ~ed the audience वक्ता ने भीड़^F^ को अभिभूत कर दिया. **2.** (divert from) विचलित करना : don't be ~ed by false promises झूठे वादों से विचलित न होइए : झुकाना : the wind ~ed the trees हवा ने पेड़ों को झुका दिया. **II.** *v.i.* **1.** (swing) झूलना, डोलना : ~ wantonly मौज-मस्ती में ≈; trees are ~ing in the wind पेड़ हवा^F^ में डोल/झूल रहे हैं; monkeys were ~ing from the branches of a tree बंदर पेड़ की शाखाओं^F^ से झूल रहे थे. **2.** झूमना : dancers are ~ing नर्तक झूम रहे हैं. **3.** (incline) झुकना : she ~ed and fell down वह झुकी और गिर पड़ी. **4.** the drunkard ~ed about in the street शराबी गली^F^ में डगमगाता चला गया. **5.** (rule) शासन करना, शासित करना, नियंत्रित करना : the British ~ed over India till 1947 अंग्रेजों ने 1947 तक भारत में शासन किया. **III.** *n*^u^. **1.** (influence) प्रभाव [deep गहरा, permanent स्थायी]; there was a normal ~ of his speech over the audiences उसके भाषण का श्रोताओं पर सामान्य प्रभाव पड़ा. **2.** (rule) शासन : Sri Lanka was also under the British ~ श्रीलंका भी ब्रिटिश ≈ के अंतर्गत था. **3.** (movement) झुलाव : I could feel the ~ of the hanging bridge मैं झूलते पुल का ≈ महसूस कर सकता था.

swear स्वेअर *v.i.* (swore, sworn) **1.** (take an oath) शपथ^F^ खाना, कसम^F^ खाना : he swore to tell the truth उसने सच-सच कह देने की कसम/शपथ खाई; will you ~ on the Gita क्या तुम गीता^F^/ की कसम खाओगे ? I ~ by God, I love you and nobody else मैं ईश्वर की शपथ खाता हूँ कि मैं तुम्हें प्यार करता हूँ और किसी से नहीं; the minister was sworn in मंत्री को शपथ दिलाई गई; I ~ that I will not reveal the secret to anybody मैं शपथ खाता हूँ कि मैं किसी से भेद नहीं खोलूंगा; the boy swore that he would never call names again लड़के ने शपथ खाई कि फिर कभी गाली^F^ नहीं दूंगा. **2.** दृढ़तापूर्वक कहना : if it is true you should ~ it firmly यदि यह सही है तो तुम्हें इसे दृढ़तापूर्वक कहना चाहिए; I believe it is true but I cannot ~ to it मुझे विश्वास है कि यह सही है लेकिन मैं इसे दृढ़तापूर्वक नहीं कह

सका. **3.** *v.t.* (administer oath) शपथ दिलाना : the P.M. was sworn in by the President प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति ने शपथ दिलाई; the judge swore the witness जज़ ने गवाह को कसम दिलाई; he was sworn to secrecy उसे गोपनीयता^{F} की शपथ दिलाई गई. **4.** (curse) गाली^{F} बकना, कोसना : he was ~ing at his neighbours वह अपने पड़ोसियों को गाली बक़ (कोस) रहा था; you should not ~ in the presence of ladies तुम्हें महिलाओं की उपस्थिति में गाली नहीं बकनी चाहिए. Δ ~ by (i) की शपथ खाना : he ~s by his parents वह अपने माता-पिता की कसम खाता हैं; (ii) पर भरोसा रखना : he ~s by Chyavanprash for all diseases वह सब बीमारियों^{F} के लिए च्यवनप्राश पर भरोसा रखता है; ~ **off** शपथ पूर्वक छोड़ देना : I have ~ off smoking मैंने शपथपूर्वक धूम्रपान छोड़ दिया है.

sweat स्वेॅट **I.** n^{uc}. **1.** पसीना : ~ poured down his cheeks उसके गालों से ≈ ढल गया; his shirt was wet with ~ उसकी कमीज़^{F} पसीने से तर थी; he is all (in) a ~ वह पसीने-पसीने हो गया है; the patient had sudden ~s रोगी को अचानक पसीने आने लगे. **2.** (moisture) पसीना, नमी : hot cake leaves ~ in a closed box गरम केक से बंद डिब्बे में पसीना छूटता है. **3.** (hard work) कठिन परिश्रम, घोर परिश्रम : he is successful only by his ~ वह केवल अपने ≈ से सफल है. **4.** (drudgery) नीरस परिश्रम : learning formulas is sheer ~ सूत्र याद करना महज़ ≈ है. Δ **by the ~ of one's brow** पसीना बहाकर, बड़े परिश्रम से : he succeeded by the ~ of his brow वह पसीना बहाकर सफल हुआ. **II.** *v.i.* **1.** (perspire) पसीना बहाना, पसीना आना/निकलना : exercise makes one ~ व्यायाम करने से पसीना आता है; to ~ with fear भय से पसीना आना; I am ~ing मेरा पसीना बह रहा है; we ~ in summer हमें गर्मियों में पसीना आता है; we ~ed in the sultry weather उमसदार मौसम में हमारा पसीना बहता था. **2.** (exude moisture) नमी/पसीना छोड़ना cheese ~s in a box डब्बे में पनीर नमी/पसीना छोड़ता है. **3.** (exploit) का शोषण करना, खून चूसना : don't ~ the labourers मज़दूरों का शोषण मत करो (का खून मत चूसो). **sweater** n^c. स्वेटर [green हरा, woollen ऊनी]; his ~ is torn उसका ≈ फटा हुआ है; a ~ worn in winter ≈ जाड़े में पहना जाता है; he bought a ~ for one thousand rupees उसने एक हज़ार रुपए में एक ≈ खरीदा.

sweaty स्वेॅटि *a.* **1.** पसीनेदार [body शरीर, clothes कपड़े, feet पैर, under garment बनियान]; the towel is ~ तौलिया ≈ है. **2.** (causing ~) पसीना लानेवाला : it was a ~ exercise यह व्यायाम ≈ था.

sweep स्वीप **I.** *v.t. & i.* (*p. & p.p.* swept) **1.** (clean) झाड़ू देना, बुहारना : ~ away the dust धूल^F बुहार दो; the floor becomes clean when you ~ it फर्श साफ हो जाता है जब तुम इसे बुहारते हो; she swept the room clean उसने कमरा बुहारकर (में झाड़ू देकर) साफ़ कर दिया; they are ~ing the rubbish वे कूड़ा बुहार रहे हैं. **2.** (gather up) बटोर लेना, समेट लेना : she ~ useful things in the rubbish उसने कूड़े में से उपयोगी वस्तुओं^{F} को समेट लिया; ~ up the dust गरदा बटोर लो; to ~ everything into one's net सब कुछ अपने पास समेट लेना. **3.** (carry away) बहा ले जाना : the river swept away all the huts नदी^{F} सारे झोपड़े बहा ले गई. **4.** (abolish) समाप्त करना, अंत कर देना, उन्मूलन करना : to ~ away dowry system दहेज प्रथा^{F} को समाप्त कर देना; the government swept away several diseases सरकार^F ने कई रोगों का उन्मूलन कर दिया; the epidemic swept off a thousand villages महामारी^{F} ने एक हज़ार गाँवों को नष्ट कर दिया. **5.** (move swifly over) तेज़ी^{F} से फैलना : the disease is ~ing the region बीमारी^{F} क्षेत्र में फैल रही है; a storm swept across the plain तूफ़ान तेज़ी से मैदान में फैल गया. **6.** (reject) नकारना : he swept aside all objections उसने सब आपत्तियों^{F} को नकार दिया. **7.** (traverse) तेज़ी से पार करना : the train swept the bridge soon रेलगाड़ी शीघ्र ही पुल को पार कर गई. **8.** (pass eye

quickly along) पर नज़र[F] दौड़ाना : the batsman swept over the field मैदान पर बल्लेबाज़ ने नज़र दौड़ाई; he swept over the papers lying on the table उसने मेज़ पर पड़े कागज़ों पर निगाह दौड़ाई. **II.** *n*[u]. **1.** झाड़-बुहार, सफाई : the whole house needs ~ पूरे घर में ≈ अपेक्षित है; she gave the room a ~ उसने सारे कमरे को बुहार दिया. **2.** चिमनी[F] साफ करने वाला : ~ (labourer) ≈ मज़दूर; the ~ is expert in cleaning chimneys चिमनी[F] साफ करने वाला चिमनियाँ (धुएँकश) साफ़ करने में कुशल होता है. **3.** (motion) घुमाव; प्रसारण; (curve) घुमाव, मोड़ [blind अंधा, fast तेज़]; they rowed the boat with sweep of their oars उन्होंने नाव को चप्पूओं के घुमाव से खेया; with a ~ of his arm बाँह घुमाते हुए; with a ~ of his eye चारों ओर दृष्टि[F] घुमाते हुए. **4.** (expanse) फैलाव, विस्तार : we can see the fine ~ of grass in the countryside हम देहात की तरफ घास का विस्तार देख सकते हैं. **5.** (range) मार[F] (of a weapon); पहुँच; these things are beyond the ~ of human knowledge ये बातें मानवीय ज्ञान की पहुँच के बाहर हैं; the ~ of this gun is hundred metres इस तोप[F] की मार सौ मीटर है. Δ **to make a clean ~** (i) सब हटा देना : he made a clean ~ of old furniture उसने सारा पुराना फ़र्नीचर हटा दिया; (ii) सब समेट लेना : the gambler made a clean ~ of money जुएबाज़ ने सारा पैसा समेट लिया. **sweeper** स्वी'पर *n*[c]. **1.** झाड़ूकश, मेहतर [domestic घरेलू, sincere सच्चा]; ~ sweeps the streets clean ≈ सड़कों[F] को बुहार कर साफ़ कर देता है; a ~ is now called a sanitary worker ≈ को अब सफाई कर्मचारी कहा जाता है. **2.** (device) सफ़ाई मशीन[F], अपमार्जक : they have ~s to clean carpets उनके पास दरियाँ[F] साफ़ करने के लिए सफ़ाई मशीनें[F] हैं. **sweeping** स्वीपिङ्ग *a.* **1.** (far-reaching) व्यापक : ~ statement ≈ वक्तव्य या कथन; there was a ~ reaction to his speech उसके भाषण की ≈ प्रतिक्रिया[F] हुई. **2.** (radical) आमूल चूल, (very great) भारी [changes परिवर्तन, destruction विनाश, reforms सुधार]; the society needs a ~ improvement समाज में भारी सुधार की आवश्यकता[F] है. **3.** (complete) पूर्ण : ~ victory ≈ विजय[F]; there was a ~ effect of medicine upon him उस पर दवा[F] का पूरा असर था. **sweepings** स्वी'पिङ्ग्ज़ *n.* (*pl.*) कूड़ा : ~ from the room should be put in a bin कमरे का ≈ कूड़ेदान में रखना चाहिए.

~about *adv.* **1.** वहाँ-कहीं : the book must be somewhere ~about पुस्तक वहीं-कहीं अवश्य होगी. **2.** लगभग, करीब-करीब : I shall come back at 6 o' clock or ~about मैं छह बजे या इसके लगभग वापस आ जाऊंगा; a thousand people or ~ एक हज़ार या इसके लगभग लोग. **~abouts** *adv.* के आस-पास : he lives on Mahatma Gandhi Road or ~abouts वह महात्मा गाँधी रोड या उसके आस-पास रहता है; this luggage is 20 kg. or ~abouts यह सामान 20 किलो या उसके लगभग है. **~after** *adv. con.* तब, उसके बाद; ~ after he was taken to the police station ≈ उसे थाने ले जाया गया; I reached home at 5 o' clock, my wife came ~after मैं पाँच बजे घर पहुँचा और मेरी पत्नी उसके बाद आई. **~at** *conj.* इस पर : I warned him, ~at he became angry मैंने उसे चेतावनी^{F} दी, इस पर वह नाराज़ हो गया. **~by** देअर बाइ' *adv.* इससे, उसके द्वारा : I gave him good advice and hope that he will profit ~by मैंने उसे अच्छी सलाह^F दी और आशा^{F} करता हूँ कि इससे उसे लाभ होगा; he is now eighteen years old, ~ by he can vote अब वह अठारह साल का है इसलिए वह वोट दे सकता है; he was absent without leave and ~by was sacked वह बिना छुट्टी लिए अनुपस्थित था और इसलिए उसकी छुट्टी हो गई. **~fore** *conj.* इसलिए : he had a licence, ~fore he could sell opium उसके पास लाइसेंस था इसलिए वह अफ़ीम बेच सकता था; the weather was very bad ~fore he could not come मौसम बहुत ख़राब था, ≈ वह नहीं आ सका; we may ~fore believe it ≈ हम इस पर विश्वास कर लें; there is ~fore little doubt about it ≈ उसके बारे में कुछ संदेह नहीं ही है ; it would ~fore be a mistake to think so ऐसा सोचना ≈ गलती^{F} होगी. [*ant.* because] **~from** *adv.* वहाँ से : he was in his office, I do not know where he has gone ~from वह अपने कार्यालय में था, मैं नही जानता क़ि वह वहाँ से कहाँ चला गया. **~in** *adv.* इसमें, उसमें : all the terms are contained ~in इसमें सभी शर्तें^{F} आ गई हैं; he is still a bachelor, ~in lies the cause of his unhappiness वह अभी तक कुँआरा है, यही कारण है उसके अप्रसन्न रहने का. **~on** *adv.* उस पर : I read the report and wrote remarks ~on मैंने रिपोर्ट^F पढ़ी और अपनी टिप्पणी^{F} उस पर लिख दी. **~to** *adv.* उसके साथ : no terms are attached ~to इसके साथ कोई शर्तें^{F} नत्थी^{F} नहीं हैं. **~under** *adv.* इसके अंदर : the mine with minerals found ~ under उन खनिजों वाली खान^F जो उसके अंदर पाए गए. **~upon** *adv.* उस पर, तब, तदनंतर : ~upon she started abusing him ≈ उसने उसे गाली^{F} देना शुरू कर दिया; I left the place ~upon ≈ मैंने वह स्थान छोड़ दिया. [*as distinct from* their]

thermometer थर् मॉ'मिटर n^c. तापमापी, थर्मामीटर : I put the ~ in his mouth to test his temperature उसका ताप जाँचने के लिए मैंने ≈ उसके मुँह में रखा; the ~ shows that he has 100° fever ≈ बताता है कि उसका बुख़ार 100° है; the nurse had taken his temperature with a ~ नर्स ने ≈ से उसका तापमान लिया था.

thermos थर्'मस (also thermos flask) n^c. थर्मस [medium-sized मध्यम आकार का, small छोटा]; ~bottle ≈ बोतल; yesterday he bought a ~ for two hundred rupees कल उसने दो सौ रुपए में एक ≈ ख़रीदा; the tea is in the ~ चाय ≈ में है.

these दीज़ **I.** *dem. pron.* (*pl.* of this) ये, इन्हें, इन : 'these' is plural of 'this' 'ये' 'यह' का बहुवचन है; ~ are my friends ये मेरे मित्र हैं; ~ are my books ये मेरी किताबें^{F} हैं. **II.** *a.* ये, इन : ~ books are his ये किताबें^{F} उसकी हैं; I like ~ flowers मैं इन फूलों को पसंद करता हूँ; I shall take ~ three magazines मैं ये तीन पत्रिकाएँ^{F} लूँगा; take one of ~ shirts इन कमीज़ों^{F} में से एक ले लो; he is living outside ~ days इन दिनों वह बाहर रह रहा है.

thesis थी'सिस n^c. (*pl.* theses) **1.** (treatise) शोध-प्रबंध, थीसिस : he submitted his ~ on Tulsi's philosophy उसने तुलसी दर्शन पर अपना ≈ प्रस्तुत किया; she was awarded the degree when her ~ was accepted उसका ≈ स्वीकृत होने पर उसे उपाधि^{F} दी गई.

2. (proposition) सिद्धांत, मत, धारणा[F] : he pressed his ~ in the meeting उसने बैठक[F] में अपना सिद्धांत बलपूर्वक रखा; his ~ may prove wrong उसकी धारणा ग़लत सिद्ध हो सकती है.

they दे *pron.* (*pl.* of he, she, it) वे, ये : ~ are here वे यहाँ हैं; ~ are good friends वे अच्छे मित्र हैं; ~ will come tomorrow वे कल आएँगे; ~ all speak Russian very well वे सब रूसी अच्छी तरह बोलते हैं; ~ wanted to go there वे वहाँ जाना चाहते थे; ~ thought that it would be easy उन्होंने सोचा कि यह आसान होगा; ~ are the students of high school वे सब हाई स्कूल के विद्यार्थी हैं; ~they're (~ are) playing वे सब खेल रहे हैं; ~'ll come back tonight वे आज रात वापस आएँगे; **~'d** (i) = ~ had, (ii) ~ would; **~'ll** = ~ will; ~'re = ~are; ~'ve = ~ have.

thick थिक **I.** *a.* (thicker, thickest) **1.** मोटा [cloth कपड़ा, paper काग़ज़, wire तार]; ~ wall मोटी दीवार[F]; ~ layers मोटी परतें; the snow lay two metres ~ दो मीटर मोटी बर्फ़[F] पड़ी; he bought a ~ cotton sheet उसने एक मोटी सूती चादर ख़रीदी; the pages of this book are very ~ and smooth इस किताब के पन्ने बहुत मोटे और चिकने हैं. **2.** (of line रेखा, lens लेंस) मोटा : the ~ glass of the spectacles चश्मे का मोटा शीशा. **3.** (dense) घना : ~ forest ≈ जंगल; ~ hair घने बाल; ~fog ≈ कोहरा ≈. **4.** (of liquid) गाढ़ा [juice रस, milk दूध, soup सूप]. [*ant.* thin] **5.** (voice) अस्पष्ट, भर्राया हुआ : I could not understand his ~ speech मैं उसका ≈ भाषण नहीं समझ सका. **6.** (dull) मंदबुद्धि, जड़मति : he has a ~ head, he is ~ -headed वह बुद्धू है; ~ pupils worry me ≈ शिष्यों की मुझे चिंता[F] रहती है. **7.** (intimate) घनिष्ठ, गहरा : these friends are ~ ये गहरे मित्र हैं. Δ **to have a ~skin** मोटी चमड़ी[F] होना : he is never offended, he has a ~skin वह कभी बुरा नहीं मानता, उसकी चमड़ी मोटी है. [*ant.* thin] **II.** *adv.* **1.** ज़ोर से, तड़ातड़, लगातार, अंधाधुंध : they began to fire ~ उन्होंने ≈ फ़ायर करना शुरू कर दिया. **2.** मोटा-मोटा : spread the butter ~ मक्खन ≈ लगाओ. **III.** *n*[u]. **1.** in the ~ of the battle लड़ाई के ठीक बीच में. **2.** through ~ and thin हर तरह के सुख-दुख में : you will find him indifferent in ~ and thin तुम उसे ≈ तटस्थ पाओगे. [*ant.* thin] **thicken** थि'कन *v.t.i.* गाढ़ा (घना, मोटा) बनाना या बनना : mother ~ed the custard by adding corn flour माँ ने मक्की का आटा मिलाकर कस्टर्ड गाढ़ा बना दिया; smoke is ~ing धुँआ घना हो रहा है; crowd is ~ing भीड़ बढ़ रही है. **thickly** थिक्'लि *adv.* सघन, घना, मोटे/संघटित रूप में : a ~ populated city घना बसा हुआ नगर; the hills in Shimla were ~covered with snow शिमला की पहाड़ियाँ बर्फ की मोटी परत से आच्छादित थीं. **thickness** थिक्'निस *n.* मोटाई[F], गाढ़ापन : what is the ~ of this wall इस दीवार[F] की मोटाई क्या है? what is the ~ of this cardboard इस कार्डबोर्ड की मोटाई कितनी है? today milk has less ~ आज के दूध में कम गाढ़ापन है. **thick-skinned** *a.* मोटी चमड़ी वाला : ~ people never worry about ill-fame मोटी चमड़ी वाले लोग कभी बदनामी[F] की चिंता[F] नहीं करते.

thief थीफ़ *n*[c]. (*pl.* thieves) चोर : petty ~ उचक्का, चोट्टा, उठाईगीर : a ~ entered the house and got away with my watch एक ≈ घर में घुस आया और मेरी घड़ी[F] चुरा ले गया; the police arrested a ~ yesterday पुलिस ने कल एक ≈ को पकड़ा; the ~ ran away with his cycle चोर उसकी साइकिल लेकर भाग गया. **thieve** थीव़ *v.t.* चोरी करना, चुराना : he did not ~ your watch उसने तुम्हारी घड़ी[F] नहीं चुराई; you should give up thieving तुम्हें चोरी करना छोड़ देना चाहिए.

thigh थाइ *n*[c]. जाँघ[F] : he was hit on his ~ उसकी ≈ पर प्रहार हुआ (चोट[F] आई); she had a fall and her ~ bone fractured वह गिर पड़ी और उसकी जाँघ की हड्डी[F] टूट गई.

thin थिन **I.** *a.* (thinner, thinnest) **1.** पतला, बारीक, महीन [cloth कपड़ा, paper काग़ज़, thread धागा, wire तार]; ~ rope पतली रस्सी; I want some ~ner papers मैं इनसे

कुछ पतले काग़ज़ चाहता हूँ; he bought a ~ blanket उसने एक पतला-सा कंबल खरीदा; this glass is very ~ यह शीशा बहुत पतला है; he often wears a ~ shirt प्राय: वह एक पतली कमीज़ पहनता है. [*ant.* thick] **2.** (lean) दुबला-पतला : she looks ~ वह दुबली-पतली लगती है.; he has been very ~ since his childhood वह अपने बचपन से ही बहुत ≈ है; her illness left her ~ उसकी बीमारी[F] ने उसे दुबला बना दिया. [*ant.* fat] **3.** (sparse) विरल, कम : ~ crowd ≈ भीड़[F]; ~ population ≈ आबादी[F]; the audiences was very ~ श्रोताओं की संख्या[F] बहुत कम थी; his hair is getting ~ उसके बाल विरल/पतले होते जा रहे हैं. **4.** (of liquid) पतला : a ~ mixture ≈ घोल. **5.** (of voice) बारीक : he speaks in a ~ voice वह बहुत ≈ आवाज़[F] में बोलता है. **II.** *v.t.* पतला/महीन या बारीक बनना या बनाना : to ~ the syrup with water पानी से शरबत को पतला करना; the mist will ~ soon कुहरा शीघ्र ही छँट जाएगा; the patient is ~ning रोगी पतला हो रहा है. **thinly** थिन्'लि *adv.* **1.** थोड़ा, कम : it is a ~ populated area यह कम जनसंख्या[F] वाला क्षेत्र है. **2.** पतला-पतला : spread butter on your toast ~ अपने टोस्ट पर मक्खन ≈ लगाओ. **thinness** थिन्'निस *n*[u]. **1.** पतलापन : ~ of syrup सिरप का ≈; ~ of paper काग़ज़ का ≈. **2.** दुबलापन : the disease has reduced her to ~ बीमारी[F] ने उसे दुबला बना दिया है.

thine दाइन *pron.* (old use) तेरा : ~ is the power and grace, O' God हे ईश्वर, तेरी ही शक्ति[F] और कृपा[F] है; I live on ~ help, O' God हे ईश्वर, मैं तेरे सहारे जीवित हूँ.

thing थिङ्ग *n*[c]. **1.** वस्तु[F], चीज़[F], पदार्थ [old पुरानी, useless बेकार, valuable कीमती]; what do you call this ~ तुम इस ≈ को क्या कहते हो ? all the ~s in the room are very attractive कमरे की सब चीज़ें बहुत ही आकर्षक हैं; he has many ~s in his bag उसके झोले में बहुत-सी चीज़ें हैं; put the ~s in order इन वस्तुओं को क्रम से रखो; where are my ~s मेरी चीज़ें कहाँ हैं ? **2.** (matter, item) बात[F] : for one ~ पहली ≈ यह है; it is another ~ यह दूसरी ≈ है; you took those ~s seriously तुमने उन बातों को गंभीरता[F] से ले लिया; you should not say such ~s तुम्हें ऐसी बातें नहीं कहनी चाहिए; I have one ~ more to say मुझे एक बात और कहनी है; there are many ~s worrying me बहुत-सी बातें हैं जो मुझे चिंतित कर रही हैं. **3.** (event) घटना[F] : I know nothing about that thing मैं उस ≈ के बारे में कुछ नहीं जानता; this riot was a terrible ~ यह फ़साद एक ख़तरनाक ≈ थी. **4.** (subject) विषय : this ~ has never come in my talks यह ≈ मेरी वार्ताओं[F] में कभी नहीं आया. **5.** (matter) मामला : that was the most complicated ~ वह सबसे जटिल ≈ था. **6.** (act) काम, कार्य [dangerous ख़तरनाक, important महत्वपूर्ण]; it is a very difficult ~ to do इस काम को करना बहुत कठिन है; I have many ~s to do मुझे बहुत से काम करने हैं; I shall do it first ~ मेरा यह पहला काम होगा. **7.** (*pl.* belongings) सामान : he has taken general ~s for his tour उसने अपने दौरे के लिए साधारण-सा ≈ ले लिया है. **make a good ~ of** से लाभ उठाना : he is now making a good ~ of my weakness वह अब मेरी कमज़ोरी[F] से लाभ उठा रहा है. ~ to make a ~ of अत्यधिक महत्त्व देना; you unnecessarily make a ~ of his simplicity तुम अनावश्यक रूप से उसकी सरलता को अत्यधिक महत्त्व देते हो.

think थिङ्क *v.t.* (*p.* & *p.p.* thought) **1.** (reflect, ponder about) विचार करना, सोचना, चिंतन करना : let me ~ मुझे सोच लेने दो; you ~ in Hindi, then render it into English तुम हिंदी में सोचते हो और फिर इसका अनुवाद अंग्रेज़ी में कर देते हो; you have no reason to ~ like that तुम्हें ऐसा सोचने का कोई कारण नहीं है; I ~ so मैं ऐसा सोचता हूँ; I can't ~ what his name is मैं नहीं सोच सकता कि उसका क्या नाम है; ~ before you speak बोलने से पहले सोचो; ~ before you take action कार्यवाही[F] करने से पहले विचार करो; I am ~ing of going मैं जाने की सोच रहा हूँ; I could not ~ at that time उस समय मैं नहीं सोच सका. **2.** (understand)

समझना : I ~ he is right मैं समझता हूँ कि वह सही है; I thought her very clever मैंने उसे बहुत चालाक समझा. ∆ ~ **better of** छोड़ देना, मन बदलना : he intended to go, but later thought better of it उसने जाने का इरादा किया पर बाद में विचार बदल दिया; ~ **fit** पसंद करना, ठीक समझना : which thing do you ~ fit तुम कौन-सी चीज़ ठीक समझते हो ? **to ~ highly of smb** किसी के बारे में अच्छी राय रखना : ~ **much of** की बहुत कद्र[F] करना : I always ~ much of your time मैं आपके समय की हमेशा बहुत कद्र करता हूँ; ~ **nothing of** तुच्छ समझना : she ~s nothing of his ability वह उसकी योग्यता[F] को तुच्छ समझती है; ~ **aloud** मन में उठते हुए विचारों को कहते जाना : he was ~ing aloud that he should go to the fair वह मन में उठते विचारों को कहते जा रहा था कि मुझे मेले जाना चाहिए; ~ **smth over** विचार कर लेना : he thought it over and said 'no' उसने इस पर विचार करके कहा कि 'नहीं'; they thought **up** a plan उन्होंने एक योजना[F] सोच निकाली. **thinker** थिङ्'कर **I.** *n*[c]. विचारक [clever चतुर, great महान्, solid ठोस] : he is supposed to be a ~ वह एक गंभीर ≈ माने जाते हैं. **thinking** थिङ'किङ्ग *n*[u]. चिंतन, सोच-विचार : he did a lot of ~ उसने बहुत अधिक ≈ किया; nothing is good or bad, only ~ makes it so कुछ भी अच्छा या बुरा नहीं होता, केवल सोच-विचार ही इसे ऐसा-वैसा बनाता है; his ~ is not good उसका ≈ ठीक नहीं है. **II.** *a.* विचारशील : (rational) विवेकी [people लोग, student छात्र, teacher अध्यापक]; he is a good ~ man वह बहुत ≈ व्यक्ति है.

third थर्ड **I.** *a.* **1.** तीसरा, तृतीय [class दर्जा, week सप्ताह, year वर्ष]; he has come here ~ time वह यहाँ तीसारी बार आया है; he lives on the ~ floor वह तीसरी मंज़िल[F] पर रहता है. **2.** (gram.) ~ person अन्य पुरुष : he, she and it are ~ person pronouns यह, वह अन्य पुरुष सर्वनाम हैं; ~ class, ~ rate घटिया : he is a ~ class/rate teacher वह एक घटिया अध्यापक है; she bought a ~ class machine उसने एक घटिया मशीन[F] खरीदी. **II.** *n*[c]. **1.** तिहाई [one एक, two दो]. **2.** तीसरी तारीख : he will return on the ~ of the next month वह अगले महीने की ≈ को लौटेगा. **III.** *adv.* तीसरा : he came ~ in race दौड़[F] में वह ≈ आया. **thirdly** थर्ड'लि *adv.* तीसरे : first he is a moneyed man, secondly, he was not there, and ~, he is an honest man therefore he is not a thief एक तो यह कि वह पैसेवाला आदमी है, दूसरे वह वहाँ नहीं था और ≈ वह ईमानदार व्यक्ति है, इसलिए चोर नहीं है.

thirst थर्स्ट **I.** *n*[u]. प्यास[F] : I was suffering from ~ मुझे ≈ लगी थी; ~ for knowledge ज्ञान की ≈; a camel driver died of ~ in Rajasthan एक ऊंटहरा राजस्थान में ≈ से मर गया; now you can quench your ~ अब तुम अपनी ≈ बुझा सकते हो. **II.** *v.i.* **1.** प्यासा लगना, प्यासा होना : to ~ for knowledge ज्ञान की ≈. **2.** तरसना : he is ~ing for money वह पैसे के लिए तरस रहा है. **thirsty** थर्स'टि *a.* (thirstier, thirstiest) **1.** प्यास : I am very ~ and want water मैं बहुत ≈ हूँ और पानी चाहता हूँ; they were hungry and ~ वे भूखे और प्यासे थे; he is ~ for name and fame वह नाम और कीर्ति[F] पाने को प्यासा है. **2.** (of land) सूखा : fields are ~ for rain खेत बरसात[F] के बिना सूखे हैं.

thirteen थर्'टीन' *n.* तेरह : some people have superstition about number ~ कुछ लोगों में ≈ संख्या[F] के बारे में अंध-विश्वास है; he is aged ~ वह ≈ साल का है; they are ~ in number वे संख्या[F] में ≈ हैं. **thirteenth** थर्'टीन्थ' *a.* तेरहवाँ, त्रयोदश : I was born on the ~ of April मैं तेरह अप्रैल को पैदा हुआ था; he will get only the ~ part of it उसे इसका केवल ≈ भाग मिलेगा; he came ~ in the race वह दौड़ में ≈ आया. **thirtieth** थर'टीअथ *a.* तीसवाँ : on the ~ January तीस जनवरी को; he is ~ in his class वह अपनी कक्षा[F] में ≈ है; in the ~ year of his life अपने जीवन के ≈ साल. **thirty** थर्'टि' *n*[c]. तीस, त्रिंशत् : April has ~ days अप्रैल में ≈ दिन होते हैं; she was

about ~one years वह लगभग इकतीस साल की थी; she is ~ years old वह ≈ साल की है, उसकी उम्र^F तीस साल है; she will not be above ~ years वह ≈ साल से ज्यादा की नहीं होगी; I had then ~ rupees मेरे पास तब ≈ रुपए थे.

this दिस **I.** *pron.* (*pl.* these) यह : I know ~मैं ≈ जानता हूँ; I do not like ~मैं यह पसंद नहीं करता; ~ is my pen and that one is yours ≈ मेरी कलम है और वह तुम्हारी; what is ~? ≈ क्या है ~ is my own scooter ≈ 'मेरा अपना स्कूटर है; yes, he had said like ~हाँ उसने ऐसा कहा था; ~ afternoon, evening, morning आज बाद दोपहर, शाम^F, सुबह^F; ~ day, week, month इस दिन, हफ़्ते, महीने. **II.** *a.* यह [place स्थान, work काम]; ~ house, question ≈ घर, प्रश्न; she lives in ~ house वह इस घर में रहती है; you came late ~ time तुम इस बार देर से आए हो; ~ city is very dirty ≈ शहर बहुत गंदा है; ~ way is the best ≈ रास्ता सबसे अच्छा है; these books are not mine ये किताबें मेरी नहीं हैं. **III.** *adv.* ~ much इतना : I want ~ much milk मैं इतना दूध चाहता हूँ.

thither दि'दर *adv.* उधर : go ~ and find your books there ≈ जाओ और वहाँ अपनी किताब ले लो; they walked hither and ~वे इधर-उधर चलते रहे.

thorn थार्न *n*^{c}. **1.** काँटा : this plant has ~ s इस पौधे में काँटे हैं; ~s on a tree किसी पेड़ के काँटे; a ~ caused the puncture in his bicycle tyre एक काँटे ने उसकी साइकिल के टायर में पंक्चर कर दिया; a ~ pricks काँटा चुभता है. there is no rose without a ~ बिना काँटों के गुलाब नहीं होता, बिना दुःख के सुख नहीं. Δ **to sit on** ~s कष्ट में होना; **~apple** धतूरा. **2.** (nuisance) कंटक : this will be a ~ to the roadusers सड़क पर जाने वालों के लिए यह ≈ है. **thorny** थार्'नि. **1.** कँटीला, काँटेदार [bush झाड़ी, path रास्ता]; this way is very ~, you should wear shoes यह रास्ता बहुत ही ≈ है तुम्हें जूते पहन लेने चाहिए. **2.** पेचीदा, जटिल [problem समस्या^{F}, subject विषय, work काम].

thorough थ'रॅ, थ'रो *a.* **1.** (complete) पूरा, पूर्ण, सम्पूर्ण [knowledge ज्ञान, search खोज^F, test जाँच^F]; now the administration needs ~ reformation अब प्रशासन में पूर्ण सुधार की आवश्यकता^{F} है; it was a ~ waste of time यह समय की पूरी बरबादी थी; he has ~ knowledge of his subject उसे अपने विषय का पूरा ज्ञान है. **2.** (out and out) सच्चा, पक्का : ~ gentleman, nationalist ≈ भद्र पुरुष, राष्ट्रवादी; he is a ~ scoundrel वह ≈ बदमाश है. **~fare** *n*^{c}. आम रास्ता : there is no ~ from this gate इस गेट से कोई ≈ नहीं है; why don't you go by the ~ तुम ≈ से क्यों नहीं जाते? **thoroughly** थ'रॅलि *adv.* पूर्ण रूप से, पूरी/अच्छी तरह से : the doctor examined me ~ डाक्टर ने अच्छी तरह से मेरा परीक्षण किया : she cleaned the furniture ~ उसने फर्नीचर अच्छी तरह से साफ किया; let your clothes ~ dry अपने कपड़े पूरी तरह से सूख जाने दो; I feel ~ broken down मैं पूर्णतया चूर हो गया हूँ; he is ~ foolish वह पूरा मूर्ख है.

those दोज़ *a.* & *pron.* (third person ; *pl.* of 'that') वे [books किताबें^{F}, ideas विचार, people लोग]; ~ are my children वे मेरे बच्चे हैं; ~ are great friends वे बड़े/भारी मित्र हैं; ~ are there ≈ वहाँ हैं; ~ were not my words वे मेरे शब्द नहीं थे; can you see ~ boats on the river क्या तुम नदी में उन नावों को देख सकते हो? will you bring ~ dishes on the table क्या तुम उन थालियों को मेज़ पर लाओगे? ~ are exceptions ≈ सब अपवाद हैं.

thou दाउ *pron.* (old use) (second person) तू : ~ art a young man ≈ एक युवा व्यक्ति है; ~ shalt not harm others तुझे दूसरों को नुकसान नहीं पहुँचाना चाहिए; ~ canst do it ≈ यह कर सकता है.

though दो *conj.* यद्यपि, हालाँकि, भले ही : he finished first, ~ he began last उसने पहले समाप्त कर दिया ≈ शुरू अंत में किया था; ~ he did not help me, I could finish the work ≈ उसने मेरी सहायता^{F} नहीं की (फिर भी) मैं काम पूरा कर सका; she is an experienced worker, ~ she is still

quite young वह एक अनुभवी कार्यकर्त्री है, ≈ वह अभी बहुत छोटी है; it is a tedious task, I like it ~ यह काम है तो कड़ा ≈ मुझे पसंद है; ~ he worked hard yet he failed in the examination यद्यपि उसने कठिन परिश्रम किया, (फिर भी) परीक्षा^F में असफल हो गया; as ~ (as if) मानो, जैसे : you walk as ~ you are ill तुम ऐसे चलते हो ≈ बीमार हो.

thought थॉट *n*^c. **1.** विचार, ख़्याल [clear स्पष्ट, complicated जटिल, evil बुरा]; I had such ~s मेरे ऐसे ≈ थे; she sat in deep ~ वह गहरे ≈ में बैठी थी; after a long ~ he came to the conclusion लंबे सोच-विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुँचा; such a ~ never entered my mind ऐसा विचार मेरे मन में कभी नहीं आया; he was lost in ~s when I went to see him जब मैं उससे मिलने गया तो वह विचारों में खोया था. **2.** (usu. *pl.*) (body of opinions) विचार-धारा^F: recent philosophical ~ आधुनिक दार्शनिक ≈; ~s of great men महान लोगों की ≈; have you studied the ~s of Tagore क्या तुमने टैगोर की ≈ का अध्ययन किया है? I know your ~s on this subject मैं इस विषय पर आपकी ≈ से परिचित हूँ. **3.** (intention) इरादा, विचार : I had no ~ of offending you तुम्हें नाराज़ करने का मेरा कोई इरादा नहीं था. **II.** *v.t past* of 'think' *q.v.*; I have never ~ so even in my dream मैंने ऐसा सपने में भी कभी नहीं सोचा था. **thoughtful** *a.* **1.** विचारमग्न, ध्यानमग्न [philosopher दार्शनिक, saint संत/संन्यासी]; she became ~ for a moment वह एक क्षण के लिए ≈ हो गई. **2.** (by nature) विचारशील, गंभीर : Tirath is a ~ boy तीरथ एक ≈ लड़का है. **3.** (considerate) ख्याल करने वाला : he is ~ of others' comforts वह दूसरों की सुविधा का ख़्याल रखता है. **3.** (of book) विचारपूर्ण : he has written many ~ essays उसने कई ≈ निबंध लिखे हैं. [*ant.* un ~]

thousand थॉउ'ज़न्ड **I.** *n.* हज़ार, सहस्त्र [one एक, two दो]; ~s of people went there हज़ारों लोग वहाँ गए; the number of students in my school is five ~ and one hundred मेरे विद्यालय में छात्रों की संख्या^F पाँच हजार एक सौ है; he is one in a ~ वह हज़ार में एक है. **II.** *a.* हज़ार, सहस्त्र [boys लड़के, people लोग]; several ~ people gathered there soon शीघ्र ही वहाँ कई हज़ार लोग इकट्ठे हो गए; one ~ kilometres of distance एक हज़ार किमी. की दूरी; he gave me four ~ rupees उसने मुझे चार हज़ार रुपए दिए. **thousandth** थॉउ'ज़न्ड्थ *a.* हज़ारवाँ, सहस्त्रतम : one gram is a ~ part of a kilogram एक ग्राम किलोग्राम का ≈ भाग होता है.

thrash थ्रैश *v.t.* **1.** (beat) खूब पीटना, कोड़े लगाना : the police ~ed the culprit पुलिस ने अपराधी को खूब पीटा; Chandrashekhar Azad was ~ed many times for the freedom of India भारत की आज़ादी^F के लिए चन्द्रशेखर आज़ाद को कई बार कोड़े लगाए गए. **2.** (defeat) मात कर देना, हराना : he has ~ed all his enemies उसने अपने सारे शत्रुओं को मात कर दिया है; our team was ~ed 18-0 हमारी टीम 18 के मुकाबले शून्य से हार गई. **3.** (thresh) गाहना : to ~ the grain दाना गाहना; to ~ the paddy धान ≈. **~ about** छटपटाना : the fish were ~ing about in the net मछलियाँ^F जाल में छटपटा रही थीं; **~ out** विचार-विमर्श द्वारा सुलझाना : we could not ~ out the problem हम समस्या^F नहीं सुलझा सके. [*cf.* thresh] **thrashing** थ्रै'शिङ्ग *n.* **1.** (beating) पिटाई^F : terrible ~ भयंकर ≈; he needs a sound ~ उसकी ख़ूब ≈ होनी चाहिए; the police gave the criminal a good ~ with canes पुलिस ने अपराधी की बेंतों से अच्छी ≈ की. **2.** (defeat) पराजय^F, हार^F : we gave them a ~ at football हमने उन्हें फुटबाल में हरा दिया.

thread थ्रे^Fड **I.** *n*^c. **1.** तागा, धागा [cotton सूती, silk रेशमी, woollen ऊनी]; to sew the cloth with ~ तागे से कपड़ा सीना; I want a ~ and needle मुझे ≈ और सुई चाहिए. **2.** (filament) तंतु : ~ of a plant पौधे का ≈; ~ of the bulb बल्ब का ≈. **3.** (sequence) क्रम, सिलसिला, तार, ताँता : the ~ of the story कहानी का ≈; to lose the ~ of the event घटना^F का ≈

टूटना; I have lost the ~ of my argument मैंने अपनी बहस[F] का ≈ छोड़ दिया है; to take up the ~ वही ≈ पकड़ लेना. **4.** चूड़ी[F]: of the screw, bolt is worn पेच, बोल्ट की ≈ घिट-पिट गई है. Δ **hang by a ~** खतरनाक हालत[F] में होना, कच्चे धागे में लटका होना : the old man's life hangs by a ~ बूढ़े की जान कच्चे धागे से लटक रही है; **to resume or take up the ~ of speech** भाषण जहाँ से छोड़ा था वहीं से फिर शुरू करना, सूत्र उठा लेना. *v.t.* **1.** पिरोना, डालना : to ~ the needle सुई में धागा ≈; he was ~ing pearls, beads वह मोती, मनके पिरो रहा था. **2.** (pass through) में से पार होना he could not ~ his way through the crowd वह भीड़[F] में से अपना रास्ता नहीं बना पा रहा था. **~bare** *a.* **1.** (of clothes) फटा-पुराना, जीर्ण : ~ shirt ≈ कमीज़[F]; the beggar's clothes were ~ भिखारी के कपड़े फटे हुए थे. **2.** घिसा-पिटा, पुराना : ~ stories घिसी-पिटी कहानियाँ[F]; ~ jokes घिसे-पिटे चुटकुले; ~ argument ≈ तर्क; I do not like such a ~ joke मैं इस तरह का ≈ मज़ाक पसंद नहीं करता.

threat थ्रे'ट *n*[c]. **1.** धमकी[F] : hollow ~ गीदड़ भबकी[F]; it was a mere ~ यह मात्र ≈ थी; ~ of punishment दण्ड देने की ≈; he was making ~s against the Principal वह प्राचार्य को ≈ दे रहा था; to yield to ~ धमकी में आना : he will not yield to your ~s वह तुम्हारी धमकियों में नहीं आएगा. **2.** (warning) चेतावनी[F] : clouds give a ~ of rain बादल बारिश[F] आने की ≈ देते हैं. **3.** (source of danger) ख़तरा : his membership is a ~ to our reputation उसकी सदस्यता[F] हमारी ख्याति[F] के लिए ≈ है. **threaten** थ्रे'टन *v.t.* **1.** धमकी[F] देना, धमकाना : they ~ed to kill him उन्होंने उसे मार डालने की धमकी दी; they ~ed him with death उन्होंने उसे मृत्यु की धमकी दी. **2** जोख़िम में डालना : they did not realise the danger that ~ed him वे उस ख़तरे को नहीं भाँप पाए, जो उन्हें जोखिम में डाल रहा था. **3.** आशंका[F] होना : a hailstorm is ~ing आँधी और ओलों की आशंका है; the flood ~ed our house बाढ़[F] से हमारे मकान को डर था. **threatening** थ्रे'टनिङ्ग *a.* धमकाने वाला, धमकी भरा [attitude दृष्टिकोण, clouds बादल, letter पत्र]; it is clear that he has used ~ language यह स्पष्ट है कि उसने धमकाने वाली भाषा का प्रयोग किया है.

three थ्री **I.** *a. & n.* **1.** तीन [sisters बहनें[F], weeks सप्ताह, windows खिड़कियाँ[F]]; he has returned after ~ months वह ≈ महीने बाद लौटा है; two and ~ make five दो और (जमा) तीन पाँच होते हैं. **3.** तिक्का, तिक्की[F] : ~ of spade हुकुम की तिक्की[F]; ~ cornered त्रिकोण, तिकोना (contest मुकाबला; ~ legged race त्रिटंगी दौड़[F]; ~ quarters पौन, तीन-चौथाई; ~r's =reading, writing and arithmetic तीन 'आर' - रीडिंग, राइटिंग और रिथमैटिक. **II.** *n.* the age of ~ तीन साल की उम्र; ~ o'clock तीन बजे. ~ **fold** *a. & adv.* तीन गुणा : his income is now ~ fold उसकी आमदनी[F] अब ≈ है.

thresh थ्रे'श *v.t.* गाहना : see 'thrash'; to ~ grain from wheat stalks गेंहू के डंठलों से दाने गाहना. [*cf.* thrash] **threshing floor** *n*[c]. खलिहान : corn was collected at the ~ and threshed गल्ला ≈ में इकट्ठा किया गया और गाहा गया. **threshold** थ्रे'शोल्ड *n*[c]. **1.** देहली[F], दहलीज़[F] : he stood on the ~ before moving into the room वह कमरे के भीतर जाने से पहले ≈ पर खड़ा रहा; we stand at the ~ of the 21st century हम 21वीं शताब्दी के ≈ पर खड़े हैं. **2.** (beginning) प्रारंभ : ~ of war युद्ध का ≈.

threw = *past* of 'throw' *q.v.*

thrice थ्राइस *adv.* **1.** तीन बार : I went to your house ~ मैं आपके घर ≈ गया. **2.** (threefold) तिगुना : he spends ~ the amount he gets as pay वह जितना वेतन पाता है उससे ≈ ख़र्च कर देता है; ~ four is twelve चार का ≈ बारह होता है.

thrift थ्रिफ़्ट *n.* मितव्ययिता[F], कमख़र्ची[F] : use your earnings with ~ अपनी कमाई[F] को ≈ से खर्च करो; she could save a few thousand rupees by her ~ वह अपनी ≈ से कुछ हज़ार रुपया बचा सकी. [*ant.* extravagant] **thrifty** थ्रिफ़'टि *a.* मितव्ययी, कमख़र्चीला : ~ lady ≈ महिला; ~

householder ≈ गृहस्थ; you should be ~, not miserly तुम्हें ≈ होना चाहिए, कंजूस नहीं. [*ant.* un ~]

thrill थ्रिल **I.** *v.t.* रोमांचित कर देना : the story ~ed us कहानी^F ने हमें रोमांचित कर दिया; the new singer ~ed the audience नए गायक ने श्रोताओं को रोमांचित कर दिया; we were ~ed when we saw the puppet show जब हमने पुतलियों^F का खेल देखा तो रोमांचित हो गए. **II.** *n*^c. रोमांच, सिहरन^F : the story gave us a ~ कहानी^F ने हमें रोमांचित कर दिया; this accident gave me a ~ इस दुर्घटना ने मुझमें ≈ ला दी; I felt a ~ of joy मुझमें खुशी^F की एक लहर^F दौड़ गई. **thrilling** थ्रि'लिङ्ग *a.* रोमांचकारी [event घटना^F, experience अनुभव, moment क्षण]; the story was ~ कहानी^F ≈ थी; he delivered a ~ speech उसने ≈ भाषण दिया.

thrive थ्राइव़ *v.i.* throve/thrived & *p.p.* thrived/thriven **1.** (prosper) फलना-फूलना, बढ़ना : his business ~d last year पिछले साल उसका व्यापार फला-फूला. **2.** (of plants) पनपना : plants ~ fast in the rain पौधे बरसात में तेज़ी^F से पनपते हैं. **3.** (develop healthily) खूब बढ़ना : babies ~ on milk बच्चे दूध से खूब बढ़ते हैं; all the chickens are thriving सभी चूज़े बढ़ रहे हैं. **thriving** थ्राइ'विङ्ग *a.* फलता-फूलता : my son has a ~ business मेरे लड़के का ≈ व्यापार है.

thro = through *q.v.*

throat थ्रोट *n*^c. गला : sore throat गलशोथ; disease of the ~ गले की बीमारी^F; the assassin cut his ~ हत्यारे ने उसका गला काट दिया; I have smth stuck in my ~ मेरे गले में कुछ अटक गया है; he seized him by the ~ उसने उसे गले से पकड़ लिया; this proposal sticks in my ~ यह सुझाव मेरे गले नहीं उतरता. Δ **take smb by the ~** किसी का गला दबाना या घोंटना : he took him by the ~ उसने उसका गला दबा दिया; to **run down one's ~** ≈ किसी के गले बाँधना/मढ़ना : to run down one's ~ upon someone अपना आरोप किसी पर मढ़ना.

throb थ्रॉब **I.** *v.t.* (throbbed, throbbing) **1.** (palpitate) धड़कना, धकधक करना : his heart ~s after the race दौड़^F के बाद उसका दिल धड़कता है; her heart ceased to ~ उसके हृदय का धड़कना बंद हो गया; his heart ~s with fear उसका दिल डर के मारे धकधक करता है; the engine was ~bing इंजन धड़-धड़ कर रहा था; her heart ~s with joy उसका हृदय खुशी^F से उछलता है. **2.** (quiver) काँपना : he was ~bing with cold वह सरदी से काँप रहा था. **II.** *n*^c. धड़कन^F, धुकधुकी^F : on seeing the accident, the ~ of his heart increased दुर्घटना^F देखकर उसके दिल की ≈ बढ़ गई.

throne थ्रोन *n*^c. सिंहासन, तख़्त [lofty ऊंचा, stately भव्य]; his ~ is ancestral उसका सिंहासन पैतृक है; he came to the ~ in 1656 A.D. वह सन् 1656 में ≈ पर बैठा; he had to give up his ~ उसे अपना ≈ छोड़ना पड़ा; Akbar was only 14 when he ascended the ~ अकबर केवल 14 साल का था जब वह ≈ पर बैठा.

throng थ्राङ्ग **I.** *n*^c. भीड़^F, जनसमूह, जमघट [huge विशाल, innumerable असंख्य]; there were ~s of people there वहाँ पर लोगों के जमघट थे. **II.** *v.i.t.* **1.** भीड़^F लगाना : they ~ed the streets उन्होंने गलियों^F में भीड़ लगा दी; the streets were ~ed with crowds गलियाँ भीड़ से भरी थीं. **2.** घेर लेना : the people ~ed round the palace लोगों ने महल को चारों ओर से घेर लिया

throttle थ्रॉ'टल *v.t.* **1.** गला घोंटना, गला दबाना, गला घोंटकर मारना : to ~ by squeezing one's windpipe किसी को उसकी श्वासनली^F दबाकर मार डालना; a woman ~d him एक स्त्री ने गला घोंटकर उसे मार डाला. **2.** बंद कर देना : to ~ the debate बहस^F बंद कर देना; go soon and ~ the engine शीघ्र जाओ और इंजन को बंद कर दो. Δ **~ down** गति^F कम करना : ask him to ~ down the car उससे कार की गति कम करने के लिए कहो.

through थ्रू **I.** *a.* **1.** (unobstructed खुला [passage रास्ता, place स्थान]. **2.** (direct) सीधा : ~ bogie सीधी बोगी^F, यात्रा के अंत तक जाने वाली बोगी; ~ carriage ≈ डिब्बा;

~ booking सीधी बुकिंग, सीधा टिकट : ~ traffic सीधा यातायात; ~ train सीधी गाड़ी^{F}. **II.** *adv.* **1.** पूरा, आद्योपांत; (~ and ~) पूरा-पूरा : read it ~ and ~ इसे ≈ पढ़ जाओ; I have read this book ~ and ~ मैंने इस किताब^F को ≈ पढ़ लिया है; he is a gentleman ~ and ~ वह पूरा पक्का भद्र पुरुष है. **2.** सीधे : does this bus go ~ इस बस से जाएँ तो रास्ते में बदलना तो नहीं पड़ेगा ? the train runs ~ to Amritsar गाड़ी अमृतसर तक सीधे जाती है. **3.** let smb ~ किसी को निकलने दो. **4.** can I get ~ by this way क्या मैं इस रास्ते पार जा सकता हूँ ? **5.** please put me ~ to No. 600299 कृपया मुझे 600299 से बात^F करा दें. **III.** *prep.* **1.** में से : we passed ~ a tunnel हम एक सुरंग ≈ पार हुए; water flows ~ a pipe पानी पाइप ≈ बहता है. **2.** के द्वारा, से : we smell ~ our nose हम अपनी नाक से सूँघते हैं; I got this book ~ a friend मुझे यह पुस्तक^F एक मित्र के द्वारा मिली; we taste ~ tongue हम जीभ से स्वाद लेते हैं; go ~ this door इस दरवाज़े से होकर जाओ; this train goes ~ Delhi यह रेलगाड़ी दिल्ली से होकर जाती है. **3.** के पार : we cannot see ~ the fog हम कुहरे से आर-पार नहीं देख सकते; he walked ~ the forest वह जंगल ≈ चलकर गया. **4.** (because of) के कारण, की वजह से, से : I got this job ~ an advertisement मैंने यह काम विज्ञापन की वजह से प्राप्त किया है; the team lost the match ~ bad fielding टीम^F ख़राब क्षेत्ररक्षण ≈ मैंच हार गई; the accident came about ~ his negligence दुर्घटना^{F} उसकी लापरवाही^{F} ≈ हुई; it happened ~ no fault of mine यह मेरी गलती^{F} से नहीं हुआ. **5.** आद्यंत : she read this book ~ उसने इस किताब^F को ≈ पढ़ा. **~-out I.** *adv.* **1.** पूरा : the room was cleaned ~out कमरा ≈ साफ़ कर दिया गया. **2.** अंत तक : the minister remained loyal ~ out मंत्री ≈ वफादार रहा; have you read the book ~ out क्या तुमने किताब^F को ≈ पढ़ लिया है ? **II.** *prep.* सारे, पूरे, भर : ~ the country सारे देश में; ~ the century, day शताब्दी^{F}, दिन भर; ~ his life जीवन भर; ~ the year वर्ष भर; he travelled ~ Europe उसने पूरे यूरोप में भ्रमण किया; it rained ~ the day दिन भर बारिश^F हुई; he searched ~ the house उसने घर भर में तलाश^F की; she kept grumbling ~ the journey वह पूरी यात्रा में शिकायतें^{F} करती रही.

throve = *past* of 'thrive' *q.v.*

throw थ्रो **I.** n^c. **1.** फेंक^F, उछाल^F : he stood first in disc ~ वह डिस्क ≈ में प्रथम आया. **2.** (in cricket) थ्रो : that was a good ~ यह अच्छा ≈ था. Δ **at a stone's ~** थोड़ी दूरी पर : he lives here at a stone's ~ वह यहीं थोड़ी दूरी पर रहता है. **II.** *v.t.* (threw, thrown) **1.** फेंकना : please ~ the ball to me, कृपया गेंद^F मेरी ओर फेंक दो; ~ it a way इसे परे/दूर फेंको; don't ~ stones at beggars भिखारियों पर पत्थर मत फेंको; he threw the ball out of the stadium उसने स्टेडियम से बाहर गेंद फेंक दिया; he threw the dice उसने पाँसा फेंका; they were ~ing stones at the post-office वे डाकघर पर पत्थर मार रहे थे. **2.** पटकना, पछाड़ना : I can ~ him easily मैं उसे आसानी से पटक सकता हूँ. **3.** (light प्रकाश, net जाल) डालना [deliberately जानबूझकर, quickly जल्दी-से]; he threw the bone to the dog उसने हड्डी^{F} कुत्ते को डाल दी; she threw a glance at the picture उसने तस्वीर^F पर एक दृष्टि^{F} डाली. **4.** (other contexts) the horse threw me घोड़े ने मुझे गिरा दिया; the potter ~s pots कुम्हार बर्तन गढ़ता है; he was ~n by your questions तुम्हारे प्रश्नों से वह घबरा गया; the army threw a bridge hurriedly सेना ने जल्दी में पुल बना दिया. Δ **~ doubt on** पर संदेह करना : new discoveries ~ doubt on our ideas about solar eclipse नई खोजें सूर्यग्रहण के बारे में हमारे विचारों पर संदेह करती हैं; **~ a fit** मूर्च्छा खाना : she threw a fit in the sun वह धूप में मूर्च्छा^{F} खा गई; **~ a party** पार्टी^{F} देना : he threw a party at his home उसने अपने घर पर पार्टी दी; **~ cold water on** नापसंद करना, से असम्मति^{F} प्रकट करना : he threw cold water on his proposal उसने उसके प्रस्ताव से असम्मति^{F} प्रकट की; **~ dust into one's eyes** किसी की आँख^F में धूल^F झोंकना : he knows very

well how to ~ dust into the eyes of others and cheat them वह दूसरों की आँखों में धूल झोंकना और उन्हें ठग लेना अच्छी जानता हैं; **~ one's weight about** अनुचित रूप से प्रभाव डालना; your friend Kamal is ~ing his weight about this matter तुम्हारा मित्र कमल इस मामले में अनुचित रूप से प्रभाव डाल रहा है; **~ oneself on** अपने को हवाले करना : to ~ oneself upon the mercy of the judge अपने-आप को जज की दया पर छोड़ देना; **~ away** (i) खो बैठना, गँवा देना : to ~ away a chance अवसर ≈; (ii) दूर फेंक देना : he threw away the ball into the pond उसने गेंद[F] तालाब में फेंक दी; **~ off** (i) हटा देना : he at once threw off his burning clothes उसने तुरंत अपने जलते हुए कपड़े उतारकर फेंक दिये; now he has ~n off his post अब उसने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है; (ii) छुटकारा पाना : she could not ~ off her cold वह ज़ुकाम से छुटकारा न पा सकी; **~ on** जल्दी-जल्दी पहनना : he threw on a sweater and disappeared उसने जल्दी-जल्दी स्वीटर पहना और ओझल हो गया; **~ open** पूरा खोल देना : the museum is ~n open for the people संग्रहालय जनता[F] के लिए खोल दिया गया है; the exhibition was ~n open प्रदर्शनी[F] खुल गई; she threw open the door उसने पूरा दरवाज़ा खोल दिया; **~ over** (i) डालना, ढँकना : to ~ a sheet over smth किसी चीज़[F] पर चादर[F] ≈; (ii) छोड़ देना : she threw him over and married a younger man उसने उसे छोड़कर उससे कम उम्र वाले के साथ शादी[F] कर ली; **~ up** (i) इस्तीफ़ा देना : he threw up his job उसने अपने काम से इस्तीफ़ा दे दिया; (ii) जल्दी-जल्दी उठा लेना : they threw up a wall overnight उन्होंने रातों-रात जल्दी से एक दीवार[F] उठा दी; he threw up his hands उसने अपने हाथ उठाए.

thrown = *past participle* of verb 'throw' *q.v.*

thrust थ्रस्ट **I.** *v.t.* (thrust, thrust) **1.** (push forcefully) धकेलना, ढकेलना, धक्का देना : ~ deliberately जानबूझकर ≈; he ~ the boy out of the room उसने लड़के को कमरे के बाहर धकेल दिया; when they began to ~ in the fair, the police started lathicharging जब उन्होंने मेले में ढकेलना शुरू किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया; he was ~ back उसे पीछे ढकेल दिया गया; she is being ~ forward उसे आगे धकेल दिया जा रहा है; we ~ ourselves through the crowd हम भीड़ से धक्के से निकल गए. **2.** (pierce, stab) भोंकना, घुसेड़ना, घोंपना : he ~ the sword into the enemy's body उसने शत्रु के शरीर में तलवार[F] भोंक दी; to ~ the spear into the lion's mouth courageously शेर के मुँह में साहसपूर्वक भाला ≈; to ~ one's hand into one's bag अपने झोले में अपना हाथ घुसेड़ना. Δ **~ on** थोपना : no decision should be ~ on us हम पर कोई निर्णय थोपा न जाना चाहिए.

thud थड *n.* धम, धमाका : he fell down with a ~ वह धम से गिर पड़ा; he heard a ~ outside उसने बाहर धमाका सुना.

thumb थम *n*[c]. अंगूठा : we have four fingers and one ~ on each hand हमारे प्रत्येक हाथ में चार उंगलियाँ और एक ≈ होता है; to suck the ~ ≈ चूसना; ~s up वाह-वाह ! शाबाश ! Δ **under the ~ of** की मुट्ठी में, के वश में : why are you worried, it is under the ~ of my brother क्यों चिंता करते हैं, यह तो मेरे भाई के वश में है. **~ mark/print** अंगूठे का निशान.

thump थम्प **I.** *n*[c]. **1.** (blow) प्रहार, आघात : I gave him a heavy ~ with my fist मैंने उस पर मुक्के से ज़ोर का प्रहार किया. **2.** थपकी[F], थप-थप : my teacher gave me an affectionate ~ on my back मेरे अध्यापक ने मेरी पीठ पर प्यार भरी थपकी दी. **II.** *v.t.* **1.** पीठ[F] ठोंकना : father was pleased with me and ~ed on my back पिताजी ने मुझसे प्रसन्न होकर मेरी पीठ ठोंकी. **2.** (beat) पीटना : I'll ~ you if you tease me मुझे तंग करोगे तो तुम्हें पीट दूँगा. **3.** (with fist) मुकियाना : he ~ed the boy on the nose उसने लड़के को नाक पर मुकिया दिया (मुक्का मारा). **III.** *v.i.* he ~ed on/at the table and said, 'listen' उसने मेज़ पर मुक्का मारा और कहा, 'सुनो'.

thunder थन्'डर **I.** *n*ᵘ. गरज^F, गड़गड़ाहट^F, गर्जन : to be afraid of the ~ ≈ से भयभीत होना ; ~ of guns तोपों^F की गड़गड़ाहट; did you hear the ~ when it rained क्या तुमने ≈ सुनी जब बरसात^F हुई; the child startled when the ~ started जब गरज शुरू हुई तो बच्चा चौंक गया; ~ came after the lightning बिजली के बाद ≈ हुई; ~ of applause तालियों की गड़गडाहट. **II.** *v.i.* गरजना, गड़गड़ाना : the guns ~ed in the distance दूर कहीं तोपें^F गड़गड़ा रही थीं; tanks ~ed over the bridge पुल पर (चलतें) टैंक गड़गड़ाते थे; it is raining and ~ing today आज गड़गड़ाहट/गरज के साथ बारिश^F हो रही है. **~bolt** *n.* वज्रपात : the lightning was accompanied by ~ बिजली^F की चमक^F के साथ ≈ हुआ; (fig.) the news came as a ~ समाचार भारी ≈ के रूप में था. **~cloud** गरजने/ गड़गड़ाने वाला बादल. **~shower** गरज के साथ बौछार **~-storm** *n*ᶜ. गरज के साथ तूफ़ान [heavy भारी, terrible भयंकर]; he has to take shelter due to ~ के कारण उसे शरण^F लेनी पड़ी. **~struck** *n.* **1.** वज्राहत, बिजलीमारा : a tree was ~ एक पेड़ पर बिजली^F/गाज^F गिरी. **2.** (fig.) हक्का-बक्का : he was ~ at the sight of his dead friend अपने मित्र के शव को देखकर वह ≈ रह गया.

Thursday थर्स'डे *n*ᶜ. बृहस्पतिवार, गुरुवार : ~ comes after Wednesday ≈ बुधवार के बाद आता है; he will return on ~ वह ≈ को लौट आएगा; I am confine to my house on ~s मैं हर ≈ को अपने घर पर ही पड़ा रहता हूँ.

thus दस *adv.* **1.** ऐसे, इस प्रकार : ~ he reached the station at night इस प्रकार वह रात^F में स्टेशन पहुँच गया; ~ said the Lord भगवान् ने ऐसे कहा था; ~, he confessed his fault ≈ उसने अपना दोष स्वीकार कर लिया; he told me ~ उसने मुझे ऐसे बताया. **2.** (therefore) इसलिए, अत: there is no rain this year, ~ there will be a famine इस साल कोई बरसात^F नहीं हो रही हैं ≈ अकाल पड़ेगा. ~ **far** यहाँ तक : ~ far and no further यहाँ तक, बस और आगे नहीं; everything is all right ~ far यहाँ तक सब ठीक-ठाक है.

thwart थ्वार्ट *v.t.* **1.** (frustrate) व्यर्थ कर देना, विफल करना, निष्फल करनां : he ~ed our plan by throwing obstacles उसने बाधाएँ डालकर हमारी योजना^F विफल कर दी; to ~ smb's efforts किसी के प्रयास को निष्फल बना देना. **2.** (prevent) रोकना : he could not be ~ed उसे रोका नहीं जा सका.

thy दाइ *pron.* (archaic) तेरा : ~ father ≈ बाप; what is ~ name ≈ नाम क्या है ? O God, ~ name is the only shelter हे भगवान, तेरे नाम का एक मात्र सहारा है. see 'thou, thine, thee'.

tick टिक **I.** *n*ᶜ. **1.** (parasite) किलनी^F : he will leave you as a ~ वह तुम्हें ≈ जैसे छोड़ देगा; our dog has ~s हमारे कुत्ते के किलनियाँ हैं. **2.** (mark) (✓), टिक : the teacher put a ~ (✓) against the correct answer अध्यापक ने सही उत्तर पर ≈ लगाया. **3.** टिक-टिक की आवाज़^F : the clock says ~-~ घड़ी^F ≈ करती है. **4.** (moment) क्षण : I'll be ready in a ~ मैं एक ≈ में तैयार हो जाऊँगा; wait a ~ एक मिनट ठहरो; on the ~ ठीक समय पर; you have come on the ~, I shall, of course, help you तुम ठीक समय पर आए हो, मैं तुम्हारी सहायता^F अवश्य करूँगा. **II.** *v.t.* **1.** टिक-टिक करना : the watch has stopped ~ing now घड़ी^F ने अब ≈ बंद कर दिया है. **2.** (mark) ~ (off) सही का निशान लगाना, टिक करना : correct answers have been ~ed सही उत्तरों पर निशान लगा दिया गया है; he ~ed the name of candidates present उसने उपस्थित उम्मीदवारों के नाम के आगे सही का निशान लगा दिया है.

ticket टि'किट *n*ᶜ. टिकट [expensive महँगा, one-way एक-तरफ़ा, return वापसी]; we had taken two ~s for the first show पहले शो के लिए हमने दो टिकट लिए थे; ~s are free of cost ≈ शुल्कमुक्त हैं; we buy ~s at the booking office हम टिकट घर से ≈ खरीदते हैं; you should not travel without a ~ तुम्हें ≈ के बिना यात्रा^F नहीं करनी चाहिए; how much does a ~ cost

एक ≈ की कीमत कितनी है (एक टिकट पर कितना पैसा लगता है ?.

tickle टि'कल **I.** *v.t.* **1.** गुदगुदाना : you ~ a person under his arms तुम किसी व्यक्ति को उसकी बाँह के नीचे गुदगुदाते हो; when you ~ a baby's feet, it laughs जब तुम किसी बच्चे के पैरों में गुदगुदाओ तो वह हँसता है; smb is tickling the sole of my foot कोई मेरे पैर के तलवे में गुदगुदा रहा है. **2.** (amuse) रिझाना : his recitation ~d me उसके सस्वर पाठ ने मुझे रिझा दिया. **ticklish** टिक'लिश *a.* **1.** (of problem समस्या) टेढ़ा, नाजुक [job काम, question प्रश्न, subject विषय]; he was in a very ~ situation वह बड़ी नाज़ुक स्थिति^F में था. **2.** गुदगुदिया : he is a very ~ man वह बहुत ही ≈ (झट नाराज़ हो जाने वाला) आदमी है.

tide टाइड **I.** *n*^c. **1.** (of sea) ज्वार-भाटा [slow धीमा, strong तगड़ा]; flood/high ~ ज्वार; ebb/low ~ भाटा; spring ~ पूर्ण ज्वार; high ~ is dangerous ज्वार ख़तरनाक होता है; ~s endanger the boatmen ज्वार मल्लाहों को ख़तरे में डाल देते हैं. **2.** (trend) प्रवाह, बहाव : let us go with the ~ ≈ के साथ चलें; ~ of public opinion लोकमत का ≈; you should not go against the ~ तुम्हें ≈ के विरुद्ध नहीं चलना चाहिए. **3.** the ~ turned भाग्य बदला. **II.** *v.t.* (flow) बहना, प्रवाहित होना : the water ~s here from north to south यहाँ पानी उत्तर से दक्षिण की ओर बहता है. Δ **~over a difficulty** कठिनाई^F को पार करना : so much money should ~ over us for the moment फिलहाल इस धन से हमारा काम हो जाएगा.

tidiness टाइ'डिनिस *n*^u. **1.** सुव्यवस्था^F : ~ at the marriage of Raman was praiseworthy रामन की शादी^F पर ≈ प्रशंसनीय थी. **2.** साफ़-सुथरापन : ~ of clothes is very necessary कपड़ों का ≈ बहुत आवश्यक है. **tidy** टाइ'डि **I.** *a.* (tidier, tidiest) **1.** ठीक-ठाक, साफ़-सुथरा, सुव्यवस्थित [room कमरा, thoughts विचार]; his hair are never ~ उसके बाल कभी ≈ नहीं होते. **2.** व्यवस्थाप्रिय : he is a ~ fellow वह ≈ व्यक्ति है. **3.** (fairly large) काफ़ी बड़ा : ~ income काफ़ी बड़ी आमदनी^F; he has left a ~ sum on death वह मरने पर काफ़ी बड़ी रकम^F छोड़ गया है. [*ant.* untidy] **II.** *v.t.* (*p. tidied*) सजाना, ठीक-ठाक करना : she tidied (up) the room उसने कमरे को सजा दिया; she tidied her hair उसने अपने बाल सँवारे.

tie टाइ **I.** *v.t.* (tied, tying) बाँधना : ~ the cow to a peg गाय^F को खूँटी^F से बाँध दो; ~ (up) this parcel with a string इस पार्सल को रस्सी^F से बाँधो; she ~d both the ends of the string उसने डोरी^F/रस्सी^F के दोनों सिरों को बाँध दिया; to ~smb up किसी के हाथ-पैर बाँध देना. [*ant.* untie] **II.** *v.i.* **1.** (of competitors) बराबर रहना : our team ~d with theirs in football हमारी टीम^F फुटबाल में उनकी टीम^F के बराबर रही. **2.** व्यस्त होना : I am ~d up tomorrow कल मैं बहुत व्यस्त हूँ; he is ~d to his work वह अपने काम में व्यस्त है. **3.** बँधना : the shoelaces have been ~d जूते के फ़ीते बँध गए हैं. **4.** (other contexts) ~ smb's tongue किसी को चुप करा देना; to ~ smb to (down to) a condition किसी को किसी शर्त^F का पाबंद करना. **III.** *n*^c. **1.** (neck tie) टाई [blue नीली, nice सुंदर, silken रेशमी]; he was wearing a black ~ उसने एक काली ≈ बाँध रखी थी. **2.** (bond) बंधन [legal वैधानिक, moral नैतिक]; family ~s पारिवारिक ≈; ~s of friendship मित्रता^F के ≈; this naughty boy is a ~ यह शरारती लड़का एक ≈ है. **3.** (sport) बराबर का खेल, बराबरी^F : the result of the game was a ~ खेल का परिणाम बराबर रहा; the result of election was a ~ चुनाव का परिणाम बराबरी का रहा.

tier टिअर *n*^c. **1.** सीढ़ीनुमा सीट^F : ~s of seats in a theatre थियेटर में सीढ़ीनुमा सीटें. **2.** पंक्ति^F, कतार^F : we had a berth in a 3- ~ coach हमें तीन कतारी कोच में सीट मिली. [*as distinct from* tear]

tiffin टि'फ़िन *n*^c. टिफ़िन, दोपहर का जलपान : we had bread and vegetable in our ~ today आज हमारे टिफ़िन में रोटी^F/ब्रेड^F और सब्ज़ी^F थी.

tiger टाइ'गर *n*^c. बाघ, शेर [furious उग्र, spotted चित्तीदार]; the ~ roars ≈ दहाड़ता

है; the ~ has eaten the goat बाघ बकरी को खा गया है; he works like a ~ वह बहुत ज़ोर-शोर से मेहनत^F करता है; you are a paper ~ तुम काग़ज़ी शेर हो.

tight टाइट **I.** *n.* (*pl.*) लचीले चुस्त कपड़े : artists in a circus wear ~s सरकस के कलाकार ≈ पहनते हैं. **II.** *a.* **1.** (fixed or knotted closely) कसकर बँधा हुआ, दृढ़, मज़बूत [knot गाँठ^F, shoelaces जूते के तस्मे]; the rope was ~ रस्सी^F कसकर बँधी थी. **2.** (close-fitting) तंग [shirt कमीज़, shoe जूता]; he was wearing an old coat that was now too ~ वह एक पुराना कोट पहने था जो अब उसे बहुत ही तंग था. [*ant.* loose] **3.** (entirely filled) ठसा-ठस भरा हुआ : the hall was fully ~ हाल पूरी तरह ठसकर भरा हुआ था. **4.** (not leaking) अछिद्र : ~ container ≈ बरतन; ~ tube ≈ ट्यूब. **5.** (in contexts) air- ~ वायुरोधी [room कमरा]; water- ~ जलरोधी (bottle); to be in ~ corner कठिन परिस्थिति^F में पड़ा होना; ~ money दुर्लभ धन; ~ programme अति व्यस्त कार्यक्रम; ~ -fisted person कंजूस आदमी : he is a very ~ - fisted person, he will give you nothing वह बहुत ही मक्खीचूस है, वह तुम्हें कुछ नहीं देगा. Δ **to sit** ~ टस-से-मस न होना, डटे रहना : he requested him so much but he was sitting ~ उसने उससे बहुत निवेदन किया, लेकिन वह टस-से-मस न हुआ. **III.** *adv.* **1.** कसकर, दृढ़ता से : hold it ~ इसे कसकर पकड़ो; tie it as ~ as possible इसे उतना कसकर बाँधो जितना संभव हो. **2.** he sat ~ वह जमकर बैठ गया. **tighten** टाइ'टन *v.t.* कसना, जकड़ना, कसकर बाँधना : to ~ a belt पेटी^F कसकर बाँधना; he ~ed the rope उसने रस्सी^F कसकर बाँध दी; you must ~ all the screws तुम्हें सब पेच कस देने चाहिए; you should ~ the bucket with a string तुम्हें बाल्टी^F को रस्सी से कसकर बाँधना चाहिए; ~ *up* the security arrangements सुरक्षा व्यवस्था^F या सुरक्षा-प्रबंध को कड़ा करना. **tightly** टाइट्'लि *adv.* कसकर, दृढ़ता^F से : press it ~ इसे कसकर दबाओ; you should tie it ~ तुम्हें इसे कसकर बाँधना चाहिए; she held the mother's hand ~ उसने माँ का हाथ दृढ़ता से पकड़ रखा था.

tigress टाइ'ग्रिस *n*^c. शेरनी^F, बाघिन^F : see tiger *q.v.*; a ~ is more ferocious than a tiger ≈ शेर की अपेक्षा^F अधिक खूँखार होती है.

till टिल **I.** *prep.* तब तक, उस समय तक : he had not gone to Russia ~ then वह ≈ रूस नहीं गया था; ~ then I knew nothing about it तब तक मैं इसके बारे में कुछ नहीं जानता था; from three ~ five I shall be there तीन से पाँच बजे तक मैं वहाँ रहूँगा; we'll stay there ~ Monday हम वहाँ सोमवार तक रहेंगे; I kept waiting ~ four o'clock मैंने चार बजे तक इंतजार किया; he did not come ~ today वह आज तक नहीं आया. **II.** *conj.* जब तक न : go on ~ you reach the bus station चले चलो जब तक बस-अड्डे न पहुँच जाओ; wait here ~ I come back यहाँ इंतज़ार करो जब तक कि मैं वापस न आ जाऊँ. **III.** *v.t.* जोतना, हल चलाना : he was ~ing his land yesterday कल वह अपने खेत की जुताई^F कर रहा था. **tiller** टि'लर *n*^c. किसान, खेतिहर : he is the ~ of five acres of land वह पाँच एकड़ ज़मीन का ≈ है.

timber टिम्'बर *n*^c. इमारती लकड़ी^F [costly कीमती, hard कड़ी]; Maynmar exports ~ मायनमार ≈ का निर्यात करता है; ~ is used in buildings ≈ का प्रयोग इमारतों में होता है; ~ has great commercial value ≈ का बहुत वाणिज्यिक महत्व है.

time टाइम **I.** *n*^uc. **1.** समय, वक्त [enough काफ़ी, short थोड़ा]; mean ~ माध्य ≈; standard ~ मानक ≈; it is dinner ~ यह खाने का ≈ है; ~ immemorial बहुत प्राचीन ≈; ~ lag ≈ का अंतर; ~ limit समय-सीमा^F, समय की अवधि^F; ~ scale of pay वेतन का समय मान; ~ table समय सारणी^F; I have no ~ मेरे पास कोई ≈ नहीं है; it will save ~ इससे ≈ की बचत^F होगी; if I find ~, I shall come यदि मुझे ≈ मिला तो आऊंगा; now is the ~ to return अब लौटने का ≈ है; this watch keeps good ~ यह घड़ी^F ठीक ≈ देती है; you could not come at good ~ तुम ठीक/उचित ≈ पर नहीं आ सके; at this ~ इस ≈; what was the ~ when she

trail ट्रेल **I.** *n*ᶜ. **1.** पूँछ^F, पुछल्ला : ~ of a meteor उल्का का पुछल्ला. **2.** (track) खोज^F, पद-चिह्न : on the ~ of a deer हिरन के पदचिह्नों पर; he followed the ~of the camel and found it at a mile's distance वह ऊंट के पदचिह्नों के पीछे-पीछे चला और इसे एक मील की दूरी पर पा गया; he is in ~ of his dog वह अपने कुत्ते की खोज में हैं. **3.** (path) पगडंडी^F [broad चौड़ी, narrow सँकरी, mountain पहाड़ी]. **4.** (line) लीक^F : the cart left a ~ गाड़ी^F ने एक ≈ बना दी. **II.** *v.t.* **1.** (to follow the track) खोज का पीछा करना : the police is still ~ing the criminal to his hiding place पुलिस^F अब भी अपराधी का उसके छिपने के स्थान तक पीछा कर रही है; the boy was ~ing a toy-cart behind him लड़का खिलौना-गाड़ी^F को अपने पीछे घसीट रहा था. **2.** घसीटा जाना, घसीटना : her saree ~s on the ground उसकी साड़ी जमीन पर घिसटती है. **3.** (walk slowly) घिसटते चलना : the child ~ed behind its mother बच्चा माँ के पीछे-पीछे घिसटता चल रहा था; the old man ~ed himself to the market बूढ़ा बाज़ार तक घिसटता चला.

train ट्रेन **I.** *v.t.* **1.** (teach) प्रशिक्षित करना : he alone will ~ the boys वह अकेला लड़कों को प्रशिक्षित करेगा; all the soldiers will be ~ed here सब सैनिकों को यहाँ प्रशिक्षित किया जाएगा; she was ~ed as a teacher उसे अध्यापिका के रूप में प्रशिक्षित किया गया. **2.** (other contexts) to ~ a horse घोड़े को सिधाना; to ~ a plant पौधे को एक दिशा में बढ़ाना; to ~ a gun on smth बंदूक^F को एक निशाने की सीध^F में लाना. **II.** *n*ᶜ. **1.** रेलगाड़ी^F, ट्रेन^F, गाड़ी [fast तेज़, long लंबी]; when does the ~ start ≈ कितने बजे छूटती है ? catch the five o'clock ~ पाँच बजे की ≈ पकड़ो; there is no direct ~ from here to Delhi यहाँ से दिल्ली के लिए कोई सीधी ≈ नहीं है; the ~ reaches Hyderabad at five o'clock ≈ हैदराबाद पाँच बजे पहुँचती है. **2.** (other contexts) (a group in line) ताँता, कारवाँ : a ~ of followers अनुयायियों का ≈; the candidate was accompanied by a long ~ of his supporters उम्मीदवार के साथ समर्थकों की एक लंबी कतार^F थी; a ~ of ideas विचार-शृंखला^F. **trained** ट्रेन्ड *a.* **1.** प्रशिक्षित : ~ teacher ≈ अध्यापक; nurses are ~ in training centres नर्सें^F प्रशिक्षण विद्यालयों में प्रशिक्षित की जाती हैं. **2.** सिधाया हुआ [dog कुत्ता, horse घोड़ा] . [*ant.* untrained] **trainee** ट्रे नी' *n*ᶜ. प्रशिक्षार्थी : ~ mechanic ≈ मिकैनिक; some ~s in the institute have completed their training संस्थान के कुछ प्रशिक्षार्थियों ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है; he is still a ~ in a mill वह अब भी

एक मिल में ≈ है. **training** ट्रे'निङ्ग n^{u}. प्रशिक्षण [military सैनिक, physical शारीरिक]; ~ camp ≈ शिविर; ~ college ≈ महाविद्यालय; he has taken a special ~ उसने एक विशिष्ट ≈ प्राप्त किया है.

traitor ट्रे'टर n^{c}. ग़द्दार, विश्वासघाती, देशद्रोही : he turned a ~ वह ≈ हो गया; my dearest friend proved a ~ मेरा सबसे प्यारा दोस्त गद्दार/विश्वासघाती साबित हुआ; he is a ~ to his country वह देशद्रोही है; a policeman became a ~ and joined the militants एक पुलिसिया देशद्रोही हो गया और खाड़कुओं से मिल गया; the court sentenced the ~ to life imprisonment न्यायालय ने देशद्रोही को आजीवन कारावास की सज़ा^{F} दी.

trample ट्रैम्'पल *v.t.i.* कुचलना, रौंदना : don't ~ on upon flowers फूलों को मत कुचलो; the cattle ~d over the crops मवेशियों ने फ़सल^{F} को रौंद डाला; school children should not ~ on the grass स्कूली बच्चों को घास न कुचलना चाहिए; the mahaut was ~d to death by his own elephant महावत को उसके ही हाथी ने कुचलकर मार डाला. (fig.) (injure) to ~ on smb's feeling किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाना.

trans- *pref*. के पार, उस पार का : as in : ~ Siberian ; ~ Atlantic; ~ continental.

transact ट्रान् सैक्ट' *v.t.* (carry out) पूरा करना, निपटाना : they had ~ed all their business yesterday उन्होंने कल अपना सारा काम पूरा कर लिया; to ~ negotiations बातचीत^{F} निपटाना. **transaction** ट्रैन् ज़ैक्'शन n^{uc}. **1.** कारोबार, लेनदेन : ~s of a business establishment किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान का ≈; a millionare is engaged in various ~s एक करोड़पति बहुतसे कारोबार में लगा हुआ है. **2.** (*pl.*) records : ~s of a club किसी क्लब का कार्य विवरण.

transcribe ट्रान्स्/ट्रैन्स्' क्राइब *v.t.* **1.** (write out) लिपिबद्ध करना : the conversation was ~d बातचीत^{F} को लिपिबद्ध कर दिया गया; the speech was first recorded and then ~d भाषण को पहले रिकार्ड कर लिया गया और फिर लिपिबद्ध. **2.** (in another alphabet) लिप्यन्तरण करना : the pamphlet was ~d from Bangla into Nagari चौपन्ना बंगला^{F} से देवनागरी^{F} में लिप्यंतरित किया गया. **3.** (copy) प्रतिलिपि तैयार करना : I have ~d that document from the original मैंने उस दस्तावेज़ को मूल से प्रतिलिपि किया है. **transcription** ट्रान्स्/ट्रैन् स्क्रिप'शन n^{c}. **1.** (act) प्रतिलेखन : in the ~ of that passage, there were several omissions उस गद्यांश के प्रतिलेखन में बहुत-सी त्रुटियाँ^{F} थीं. **2.** (copy) प्रतिलिपि^{F} : he cannot prepare the true ~ of this document वह इस दस्तावेज़ की सहीं प्रतिलिपि तैयार नहीं कर सकता.

transfer ट्रान्स/ट्रैन्स् फ़र' **I.** *v.t.* (-rr-) **1.** (to a place) स्थानांतरित करना, तबादला करना : to ~ a magistrate to another district किसी मजिस्ट्रेट को दूसरे ज़िले में ≈; this office has been ~red to 6, Mall Road यह कार्यालय 6, माल रोड पर स्थानांतरित कर दिया गया है; the manager is ~ring me to another branch प्रबंधक मुझे दूसरी शाखा^{F} में स्थानांतरित कर रहा है. **2.** (to a person) हस्तांतरित करना : the property was ~red in the name of Gopal संपत्ति^{F} गोपाल के नाम हस्तांतरित कर दी गई. **3.** (change) अंतरण करना : smth was ~red किसी चीज़ को अंतरित किया गया; at Delhi we ~red from the train to a bus दिल्ली में हमने गाड़ी^{F} बदलकर बस^{F} ली. **II.** n^{c}. ट्रान्स्'फ़र **1.** स्थानान्तरण, तबादला : the officer was on ~ to Agra अधिकारी का ≈ आगरा हुआ था; the clerk wanted his ~ to some city लिपिक किसी शहर में अपना स्थानान्तरण चाहता था. **2.** अंतरण : ~ of anything किसी वस्तु^{F} का ≈. **transferable** ट्रान्स/ट्रैन्स्' फ़रबल *a.* **1.** स्थानांतरणीय : ~ property ≈ संपत्ति^{F}. **2.** हस्तांतरणीय [rights अधिकार, ticket टिकट]. **3.** अंतरणीय : his post is not ~ उसका पद ≈ नहीं है.

transform ट्रान्स/ट्रैन्सफ़ॉर्म' *v.t.* (रूप) बदलना, रूपांतरित करना : the magician ~ed a girl into a goat जादूगर ने एक लड़की को बकरी के रूप में बदल दिया; a temple in Pakistan has been ~ed into an office एक मंदिर पाकिस्तान में कार्यालय में बदल दिया गया है; his

stay abroad has ~ed him विदेश में उसके निवास ने उसका रूप ही बदल दिया है; to ~ liquid into solid द्रव को ठोस में बदलना.

transgress ट्रान्स/ट्रैन्स् ग्रे'स' *v.t.i.* अतिक्रमण करना, उल्लंघन करना, भंग करना : to ~ the law कानून का अतिक्रमण करना; he has ~ed against law उसने कानून का उल्लंघन किया है; I never ~ed the limitations of the contract मैंने संविदा^F की सीमाओं^F का कभी उल्लंघन नहीं किया.

transistor ट्रान्/ट्रैन् सिस्'टर *n*^c. ट्रांज़िस्टर : ~ is a small portable radio ≈ एक छोटा उठाऊ रेडियो होता है; you can carry your ~ anywhere तुम अपना ≈ कहीं उठा ले जा सकते हो; I have bought this ~ for five hundred rupees मैंने पाँच सौ रुपए में यह ≈ ख़रीदा.

transitive ट्रान्/ट्रैन्'सिटिव़ *a.* सकर्मक :a ~ verb needs an object as 'ate' in 'I ate fruit' ≈ क्रिया^F को कर्म की अपेक्षा^F होती है जैसे— 'मैंने फल खाया' में 'खाया'; see, write, read, drink are ~ verbs देखना, लिखना, पढ़ना, पीना ≈ क्रियाएँ^F हैं.

translate ट्रान्स/ट्रैन्स् लेट' *v.t.* **1.** अनुवाद करना : to ~ with difficulty कठिनाई से ≈; I have ~d it correctly मैंने इसका ठीक-ठीक अनुवाद किया है; ~ these sentences from English into Hindi इन वाक्यों का अंग्रेज़ी^F से हिंदी^F में अनुवाद करो; to ~ a novel from a foreign language into one's own किसी विदेशी भाषा^F के उपन्यास का अपनी भाषा^F में अनुवाद करना. **2.** समझाना : to ~ a dumb person's gestures to a guest गूँगे आदमी के इशारे किसी मेहमान को ≈. **3.** बदलना : to ~one's words into deeds अपने शब्दों को कार्यरूप में ≈/परिणत करना. **translation** ट्रैन्स ले'शन *n*^c. अनुवाद : literal ~ शाब्दिक ≈; machine ~ मशीनी ≈; I have read the Hindi ~ of the Hamlet मैंने हैमलेट का हिंदी ≈ पढ़ा है; first of all you should know the rules of ~ सबसे पहले तुम्हें ≈ के नियम जानने चाहिए; he has a ~ of Ishopanishad उसके पास ईशोपनिषद का ≈ है. **translator** ट्रैन्स ले'टर *n*^c. अनुवादक

[best श्रेष्ठ, experienced अनुभवी, old पुराना]; ~ of the works of Kalidas कालिदास की कृतियों^F का ≈; he was appointed ~ last year पिछले साल वह ≈ नियुक्त हुआ था.

transmit ट्रैन्ज़'मिट *v.t.* **1.** (communicate) पहुँचाना : he will ~ every secret to Mr. X वह मि. एक्स को प्रत्येक गुप्त बात^F पहुँचा देगा; I'll ~ your message, don't worry चिंता^F मत करो मैं तुम्हारा संदेश पहुँचा दूँगा. **2.** (broadcast) प्रसारित करना : to ~ a talk on radio/T.V. रेडियो/टी. वी. पर वार्ता^F प्रसारित करना; the news will be ~ted now अब समाचार प्रसारित किए जाएँगे. **3.** (hand on) अंतरित करना : diseases are ~ted by infection बीमारियाँ^F छूत^F से अंतरित होती हैं. **4.** (to allow to pass smth) संचारित करना : glass ~s light शीशा प्रकाश को संचारित करता है; wood does not ~ electricity लकड़ी^F बिजली^F को संचारित नहीं करती.

transparent ट्रान्स/ट्रैन्स्पेँअ'रन्ट *a.* **1.** पारदर्शी: glass, silk is ~ शीशा, सिल्क ≈ होता है; her blouse was almost ~ उसका ब्लाउज़ थोड़ा ≈ था. **2.** (clear, obvious) सुस्पष्ट, साफ़ : it is a ~ lie यह साफ़ झूठ है; your pretext is too ~ तुम्हारा बहाना अत्यन्त ≈ है. [*ant.* opaque]

transpire ट्रान्स/ट्रैन्स् पाइअर' *v.t.* **1.** भाप छोड़ना : a leaf ~s पत्ता भाप छोड़ता है. **2.** (to become known) प्रकट/मालूम हो जाना, खुल जाना : it ~d that the officer was absent without leave यह बात^F खुल गई कि अधिकारी बिना छुट्टी^F के अनुपस्थित था. **3.** (happen) (घटित) होना : many events ~d but were not noted बहुत-सी घटनाएँ^F हुईं लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया गया; what ~d at your meeting तुम्हारी मीटिंग^F में क्या कुछ हुआ ?

transport ट्रैन्स् पॉर्ट' **I.** *v.t.* **1.** (convey) ले जाना, ढोना, वहन करना : ships ~ goods to another country जहाज़ किसी दूसरे देश को माल ले जाते हैं; a bus ~ed us to the airport बस^F हमें हवाई अड्डे तक ले गई. **2.** (~ a criminal) देश निकाला देना : to ~ the

convict for life अपराधी को जीवन-पर्यंत ≈. **3.** (enrapture) भावविह्वल कर देना, आनंदविभोर करना : he ~ed the audiences by his song उसने अपने गीतों से श्रोताओं को भावविह्वल या आनंदविभोर कर दिया. **II.** ट्रान्स्/ट्रैन्स्'पॉर्ट n^u. **1.** परिवहन [air हवाई, public सार्वजनिक, road सड़क]; ~ by air is costly वायुमार्ग द्वारा ≈ महँगा है; there are several means of ~ these days इन दिनों परिवहन के कई साधन हैं. **2.** (vehicle) वाहन : I have no ~ to carry these goods यह माल ले जाने के लिए मेरे पास कोई ≈ नहीं है; do you require some ~ to your office कार्यालय तक के लिए तुम्हें क्या कोई ≈ चाहिए?

trap ट्रैप **I.** n^c. **1.** (to catch animals) फंदा, जाल : the lion was caught in the ~ शेर ज़ाल में पकड़ लिया गया; that cat is in the ~ बिल्ली^{F} फंदे में है. **2.** (fig.) the police set a ~ to catch the thief चोर को पकड़ने के लिए पुलिस^F ने जाल लगा दिया; he fell straight into the ~ वह सीधा फंदे में आ/ज़ा पड़ा. **II.** *v.t.i.* (-pp-) फँस जाना, फँसाना : a rat was ~ped एक चूहा फँस गया; he could not ~ a single mouse वह एक भी चूहा नहीं फँसा सका; we were ~ped by a cheat हमें एक ठग ने फँसा लिया; he earns by ~ping parrots वह तोते फँसाकर रोज़ी कमाता है; children were ~ped in flames बच्चे आग में घिर/फँस गए.

travel ट्रै'व़ल **I.** *v.t.* (-ll-) **1.** यात्रा^{F} करना, सफ़र/भ्रमण करना : they ~ every year वे प्रतिवर्ष यात्रा करते हैं; he has ~led over many foreign countries उसने कई देशों में भ्रमण किया है; some people ~in their cars कुछ लोग अपनी कारों^{F} में सफ़र करते हैं; he ~led round the world उसने दुनिया^{F} की सैर की है; I'll not ~ on foot मैं पैदल यात्रा नहीं करूँगा. **2.** (go, move) जाना, चलना : a bad news ~s fast बुरी ख़बर^F तेज़ी से चली जाती है; my car ~s about a thousand kilometres every month मेरी कार^F हर महीने लगभग एक हजार किलोमीटर चलती है; he could ~ only twenty km in a day वह दिन में केवल बीस किमी० चल पाया; his son ~s for an industrial concern उसका बेटा औद्योगिक कार्य के लिए आता-जाता है. **II.** n^c. **1.** यात्रा^{F}, सफ़र, भ्रमण, पर्यटन : they were on a long ~ वे लंबी यात्रा^{F} पर थे; I have been fond of ~ since my childhood मुझे बचपन से ही यात्रा^{F} करने का शौक रहा है; he has returned after a ~ to the South वह दक्षिण की यात्रा^{F} से लौट आया; it was his first ~ to America अमेरिका की उसकी यह पहली यात्रा थी.

traveller ट्रै'व़ॅलर n^c. **1.** यात्री, मुसाफ़िर : Columbus was a great ~ कोलम्बस एक महान् यात्री था; I met many ~s on the way मैं रास्ते में कई यात्रियों से मिला; many ~s were looted on this road इस सड़क पर कई मुसाफ़िर लूट लिए गए. **2.** (commercial traveller) व्यापार-यात्री, सफ़री-विक्रेता, यात्री एजेंट : this ~ represents a company यह ≈ किसी कंपनी का प्रतिनिधित्व करता है.

tray ट्रे n^c. ट्रे^{F} [metal धात्विक, oval अण्डाकार, tea चाय की]; this is a wooden ~ यह लकड़ी की ≈ है; the ~ with saucers and cups on it ≈ जिस पर तश्तरियाँ^{F} और प्याले रखे हैं.

treacherous ट्रॅ'चॅरस *a.* **1.** विश्वासघाती [person व्यक्ति, servant नौकर]; your friend cannot be ~ तुम्हारा मित्र ≈ नहीं हो सकता; I had never expected that he would be so ~ मैंने कभी आशा^{F} नहीं की थी कि वह इतना ≈ होगा. **2.** (not reliable) अविश्वसनीय [action कृत्य, bear भालू, memory स्मरणशक्ति^{F}]. **3.** (dangerous) ख़तरनाक; ~ storm, current ≈ तूफ़ान, लहर^F; roads are ~ in rains बरसात^F में सड़कें^{F} ≈ होती हैं.

tread ट्रॅड **I.** *v.i.* (trod, trodden) **1.** (पर) पैर रखना : she trod on his foot उसने उसके पैर पर पैर रख दिया. **2.** (पैदल) चलना : he has trodden several times on the path वह इस रास्ते पर कई बार चला; do not ~ on this grass इस घास पर मत चलो. **3.** (crush under feet) रौंदना, कुचलना : to ~ grapes for wine शराब बनाने के लिए अंगूर ≈; he trod a dog under his car उसने अपनी

कार[F] के नीचे कुते को कुचल दिया. Δ ~ **on air** फूले-फूले फिरना : on getting service he was ~ing on air नौकरी[F] पाने पर वह फूले-फूले फिर रहा था; to ~ **on** somebody's **corns or toes** किसी का दिल दुखाना; to ~ **out** a revolt विद्रोह दबा देना. **II.** *n*[c]. **1.** (manner of walking) चाल[F] : his ~ differs from others' उसकी ≈ और लोगों से भिन्न है. **2.** (top surface) ऊपरी तल : these tyres have good ~s इन टायरों का ≈ अच्छा है.

treasure ट्रे'ज़र **I.** *n*[c]. **1.** कोष, ख़ज़ाना [big बड़ा, empty ख़ाली]; ~ house ख़ज़ाना, कोषगृह; ~ trove गुप्त कोष, भू-निधि[F]; ~ buried in the ground ज़मीन में गड़ा हुआ ख़ज़ाना; they found ~s of gold from a mine उन्हें खदान[F] में सोने के ख़ज़ाने मिले; Mr. B is a ~ of information श्री ब जानकारी का ≈ है. **2.** बहुमूल्य वस्तु[F] : this Ayah is a ~ यह आया ≈ है. **II.** *v.t.* **1.** सँजोए रखना, जमा करना : I shall ~ your gift all my life मैं आपका उपहार जीवनपर्यंत सँजोए रखूँगा; he has ~d (up) several curios उसने कई अद्‌भुत कलाकृतियाँ[F] जमा (संजो) रखी हैं. **2.** बहुमूल्य समझना : I ~ your words मैं आपके शब्दों को बहुमूल्य समझता हूँ; he ~s his books वह अपनी पुस्तकों[F] को बहुमूल्य समझता है. **treasurer** ट्रे'ज़रर *n*[c]. कोषाध्यक्ष, ख़ज़ांची, कोषपाल [honest ईमानदार, strict सख़्त]; ~ of a club क्लब का ≈; the ~ of a hotel manages the finances होटल का ≈ वित्त की आर्थिक व्यवस्था[F] करता है; (fig.) ~ house of information जानकारी[F] का भंडार. **treasury** ट्रे'ज़रि *n*[c]. राजकोष, ख़जाना, कोषागार [district ज़िला, main मुख्य/प्रधान]; ~ note सरकारी नोट; ~ officer कोषाधिकारी; the government ~ here is located near the civil court सरकारी ≈ यहाँ दीवानी कचहरी[F] के पास में स्थित है; (fig.) this book is a ~ of information, knowledge यह पुस्तक[F] जानकारी[F], ज्ञान का भंडार है.

treat ट्रीट **I.** *v.t.* **1.** बरताव करना, व्यवहार करना : she ~ed her mother badly वह अपनी माँ से बुरा बरताव करता थी; he will never ~ you well वह तुम्हारे साथ कभी अच्छा बरताव न करेगा. [*ant.* mal ~] **2.** चिकित्सा[F] करना, इलाज करना : he ~ed him for sunstroke उसने उसका लू का इलाज़ किया; the doctor has ~ed his cough डाक्टर ने उसकी खाँसी का इलाज कर दिया है. **3.** विवेचन करना, निरूपण करना : the lecturer ~d the subject in detail व्याख्याता ने विषय का विस्तृत विवेचन/निरूपण किया; this essay ~s **of** economy यह निबंध अर्थव्यवस्था[F] का विवेचन करता है. **4.** (regard) मानना, समझना : the manager ~ed our request as a joke प्रबंधक ने हमारे निवेदन को मज़ाक समझा; ~ my house as your own मेरे घर को अपना घर समझो. **5.** (other contexts) to ~ the voters to a party मतदाताओं को पार्टी[F] खिलाना-पिलाना; this book ~s memory इस पुस्तक[F] में स्मरणशक्ति[F] के विषय का निरूपण किया गया है; the manager refused to ~ **with** the labourers प्रबंधक ने मज़दूरों से समझौते की बात[F] करने से इंकार कर दिया. **II.** *n*[c]. **1.** मनोरंजन, आनंद : his music is a real ~ उसका संगीत सचमुच एक ≈ है it was a ~ to meet them उनसे मुलाकात[F] करने से आनंद आ गया. **2.** (meal) दावत[F] : this meal was a real ~ यह खाना सचमुच ≈ थी. **treatment** ट्रीट्'मन्ट *n.* **1.** (way of dealing) व्यवहार, बर्ताव [favourable अनुकूल, kind दयालुतापूर्ण, rough अभद्र]; we have no complaint about their ~ हमें उनके ≈ के बारे में कोई शिकायत[F] नहीं है; he was annoyed with the ~ of his friend वह अपने मित्र के ≈ से नाराज़ था. **2.** (of a subject) निरूपण, विवेचन : the professor's ~ of the subject was superb प्रोफ़ेसर का विषय ≈ उत्कृष्ट था. **3.** (medical attention) चिकित्सा[F], उपचार, इलाज [effective प्रभावशाली, long लंबा]; a new ~ for pneumonia निमोनिया का नया इलाज; he is under Dr. Paul's ~ डॉ. पाल उसका इलाज कर रहे हैं.

treble ट्रे'बल **I.** *v.t.* तिगुना करना : he ~d his income उसने अपनी आमदनी[F] तिगुनी कर ली; ~ five and you get fifteen पाँच का तिगुना करो, तुम्हें पंद्रह मिलते हैं. **II.** *v.i.* तिगुना होना :

our expenses have now ~d अब हमारे खर्चे तिगुने हो गए हैं. **III.** *adv.* (three times as much) तीन गुणा : he earns ~ my income वह मेरी आय^F से तिगुना कमाता है. [also see triple]

tree ट्री *n*^c. **1.** पेड़, वृक्ष [high ऊंचा, tall लंबा]; the trunk of a ~ पेड़ का तना; banyan ~ बरगद का पेड़, वट वृक्ष; some ~s give us fruit कुछ ≈ हमें फल देते हैं; he climbed down from the ~ वह ≈ से नीचे उतरा; most ~s lose their leaves in winter अधिकतर ≈ जाड़े में अपनी पत्तियाँ^F छोड़ देते हैं; you cannot climb up this ~ तुम इस ≈ पर नहीं चढ़ सकते. **2.** family ~ वंशवृक्ष, वंशावली^F : the Panda has got our family ~ पंडा के पास हमारी ≈ है; Δ **it does not grow on ~s** यह इतना सुलभ नहीं है.

tremble ट्रें'म्'बल *v.i.* (shake) काँपना, थरथराना : his hands ~ उसके हाथ काँपते हैं; she was trembling with cold, fear वह ठंड^F/डर से काँप रही थी; her voice was trembling with anger उसकी आवाज़^F क्रोध से थरथरा रही थी; at the sight of that old man she began to ~ उस अजीब आदमी को देखकर वह काँपने लगी; I ~ to think of that accident मैं उस घटना^F का ध्यान करके काँप जाता हूँ.

tremendous ट्रि मेंन्'डस *a.* **1.** (terrifying) भयंकर : there was a ~ explosion in the hall हाल में एक ≈ विस्फोट हुआ. **2.** (enormous) बहुत भारी [effort प्रयास, factory कारख़ाना, quantity मात्रा^F]; the difference between them was ~ उनमें ≈ अंतर था. **3.** ~ talker बहुत बातूनी.

trend ट्रेंन्ड **I.** *n.* **1.** प्रवृत्ति^F, झुकाव, रुझान : there is a ~ towards rising prices कीमतों का रुझान चढ़ाई^F की ओर है; a new ~ of learning more languages अधिक भाषाएँ^F सीखने की नयी प्रवृत्ति; did you watch the ~ of public opinion क्या तुमने लोकमत के झुकाव/रुझान का निरीक्षण किया. **2.** (fashion) फ़ैशन : ~ in ladies garments महिलाओं के वस्त्रों का ≈; to set a ~ फैशन चलाना. **3.** प्रवाह : ~ of a river नदी^F का ≈; ~ of a road सड़क की दिशा^F. **II.** *v.i.* **1.** (have a tendency) का झुकाव होना : he ~s towards socialism उसका रुझान/झुकाव समाजवाद की ओर है. **2.** (की) दिशा^F में मुड़ना : the river, road ~s towards the east नदी^F, सड़क^F पूर्व की ओर मुड़ जाती है.

trespass ट्रें'स्'पास **I.** *v.i.* **1.** अनधिकार प्रवेश/दख़ल करना : you should not ~ *on/upon* others' land तुम्हें दूसरों की ज़मीन में अनधिकार दख़ल/प्रवेश नहीं करना चाहिए. **2.** अतिक्रमण/उल्लंघन करना : you dare not ~ **on** others' rights तुम्हें दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण करने का हौसला नहीं करना चाहिए. **3.** का अत्यंत लाभ उठाना : he is always ~ing upon my kindness वह सदा मेरी कृपालुता^F का अत्यंत लाभ उठाता रहता है; you should not ~ **on** one's weaknesses तुम्हें किसी की कमज़ोरी का लाभ नहीं उठाना चाहिए. **II.** *n*^u. अनधिकार प्रवेश : no ~ इधर ≈ नहीं हो सकता; the police charged him with ~ पुलिस^F ने उस पर ≈ का आरोप लगाया; ~ is prohibited ≈ निषिद्ध है.

tri- ट्राइ *pref.* त्रि-, ति- : as triangle, tricycle, tricolour, tripartite.

trial ट्राइअल **I.** *n*^c. **1.** (testing) परीक्षण, आज़माइश^F : ~ of strength शक्ति-परीक्षण; he promised to give me a ~ उसने मेरा ≈ करने का वचन दिया; he was employed on ~ उसे ≈ पर रखा गया; he is working for ~ period वह ≈ काल तक काम कर रहा है; ~ of one's honesty किसी की ईमानदारी^F की परीक्षा^F; I took the car on ~ मैंने परख^F करने के लिए कार ली. **2.** (law) विचारण : at the ~, the accused was found guilty ≈ में अपराधी दोषी पाया गया; to put smb on ~ किसी पर मुकदमा चलाना; he stood ~ for murder उस पर हत्या का मुकदमा चला था. **3.** (attempt) प्रयास : he succeeded on his second ~ वह दूसरे ≈ में सफल हो गया. **4.** (nuisance, hardship) मुसीबत^F, विपत्ति^F : he has to suffer many ~s in old age उसे बुढ़ापे में बहुत मुसीबतें झेलनी पड़ीं; this child is a ~ to me यह बच्चा मेरे लिए एक मुसीबत है. **II.** *a.* **1.** आज़माइशी, परीक्षात्मक :

~ flight ≈ उड़ान^F. **2.** ~ court विचारण न्यायालय.

triangle ट्राइ'ऐङ्गल *n*^c. त्रिभुज, त्रिकोण [acute न्यून, equilateral समभुज, obtuse-angled अधिककोण]; a ~ has three sides and three angles ≈ के तीन कोण और तीन भुजाएँ^F होती हैं. **triangular** ट्राइ ऐङ्'ग्यूलर *a.* त्रिभुजाकार, तिकोना [agreement समझौता, contest मुकाबला, fight युद्ध]; the competition has now become ~ प्रतियोगिता^F अब त्रिकोणीय हो गई है; the shape of his field is ~ उसके खेत का आकार ≈ है.

tribal ट्राइ'बल *a.* जनजातीय, कबीली [chief प्रधान, customs रीति-रिवाज़/रूढ़ियाँ, dance नृत्य]; he was appointed sub-inspector in ~ areas उसे ≈ क्षेत्रों में उपनिरीक्षक नियुक्त किया गया; ~ people badly need education ≈ लोगों को शिक्षा की अतीव आवश्यकता^F है. **tribe** ट्राइब *n*^c. **1.** जनजाति^F, आदिम जाति^F, कबीला [ancient प्राचीन, backward पिछड़ा हुआ, poor गरीब]; there are hundreds of ~s in Africa अफ्रीका में सैंकड़ों जनजातियाँ हैं; Kols, Bhils, etc. are ~s in India कोल, भील, इत्यादि भारत में आदिम जातियाँ हैं. **2.** वर्ग, समुदाय the whole ~ of teachers and lawyers अध्यापकों और वकीलों का कुल समुदाय.

tributary ट्रि'ब्युटरि *n*^c. सहायक नदी^F : Gandak and Koshi are tributaries of the river Ganga गंडक^F और कोशी^F गंगा^F नदी की सहायक नदियाँ हैं.

tribute ट्रि'ब्यूट *n*^c. **1.** (praise) श्रद्धांजलि [hearty हार्दिक, true सच्ची]; the meeting paid ~s to the departed leader बैठक में दिवंगत नेता को ≈ अर्पित की गई; pay a floral ~ पुष्पांजलि अर्पित करना. **2.** श्रद्धा^F : ~s of flowers were laid on his dead body उसके शव पर ≈ के फूल डाले गए.

trick ट्रिक *n.* **1.** चाल^F, चालाकी^F, दाँव-पेच, छल-बल : he won the game by ~s उसने ≈ से खेल जीता; I want to show you a ~ मैं एक ≈ तुम्हें दिखाना चाहता हूँ; to play a ~ on smb किसी से छल-कपट/चालाकी करना; he knows the ~s of his trade वह अपने धंधे के दाँव-पेच जानता है. **2.** (feat of skill) करतब, हाथ की सफ़ाई^F : who taught you this ~ तुम्हें यह ≈ किसने सिखाया? we were surprised to see his ~ हम उसकी हाथ की सफ़ाई देखकर चकित हो गए; if you want to see a magician's ~s, you should go to Mr. Sarkar's show यदि तुम किसी जादूगर के हाथ की सफाई देखना चाहते हो तो मि. सरकार के शो पर जाओ. **3.** शरारत^F, नटखटी^F. **tricky** ट्रि'कि *a.* **1.** कपटपूर्ण, मायावी [figure आकृति^F, power शक्ति^F]; he is a ~ person वह ≈ आदमी है; you could know nothing about his ~ activities तुम उसके ≈ कृत्यों के बारे में कुछ न जान सके. **2.** (difficult) जटिल : a ~ question, problem ≈ प्रश्न, समस्या^F.

trickle ट्रि'कल **I.** *v.t.* **1.** टपकना, चूना, बूँद-बूँद गिरना : water is trickling slowly from the tap टोंटी^F से पानी धीरे-धीरे टपक रहा है; blood ~d from the cut घाव से खून बूँद-बूँद गिर रहा था; tears ~d down her face उसके चेहरे पर से आँसू टपक पड़े. **2.** (fig.) थोड़ा-थोड़ा करके निकलना, या पहुँचना : the information ~d out सूचना^F थोड़ी-थोड़ी करके बाहर निकल गई; the students ~d into the hall विद्यार्थी थोड़े-थोड़े करके हाल में पहुँच गए. **II.** *n*^c. थोड़ी मात्रा^F : ~ of water पानी की ≈ बूँद-बूँद; ~ of people लोगों की थोड़ी संख्या^F.

tricolour ट्राइ'कलर *n.* तिरंगा [French फ्रांसीसी, Indian भारतीय]; the ~ flag is one of our national emblems ≈ हमारा एक राष्ट्रीय प्रतीक है; he wears a ~ shirt वह तिरंगी कमीज़^F पहनता है.

tricycle ट्राइ'सिकल *n*^c. ट्राइसिकल^F, तिपहिया साइकिल^F [broken टूटी, new नयी]; this two-year old boy has a ~ इस दो वर्ष के लड़के के पास ≈ है; the ~ is now out of fashion except by children बच्चों को छोड़ अब कोई ≈ इस्तेमाल में नहीं लाता; father will buy you a ~ this month इस महीने पिताजी तुम्हें एक ≈ ख़रीद देंगे.

tried = *past & p.p.* of 'try'.

trifle ट्राइ'फ़ल **I.** *n*^c. तुच्छ वस्तु^F, ज़रा-सी चीज़^F या बात^F : he is never upset by such ~s

ऐसी ज़रा-ज़रा-सी बातों से वह कभी नहीं घबराता; don't quarrel about ~s ज़रा-सी बातों पर झगड़ा मत करो; you have been squandering money on ~s तुम तुच्छ वस्तुओं पर व्यर्थ पैसा खर्च करते रहे हो; the old bicycle was sold for a ~ पुरानी साइकिल थोड़ से पैसे में बेच दी गई. **II.** *v.t.* (~ **with**) खिलवाड़^{F} करना, मज़ाक करना : why are you trifling with your future तुम अपने भविष्य से क्यों खिलवाड़ कर रहे हो ? don't ~ with fierce animals खूँखार जानवरों के साथ खिलवाड़ मत करो. Δ ~ **away** नष्ट कर देना, बेकार गँवाना : he ~d away all his efforts उसने अपने सारे प्रयास बेकार कर दिए; he ~s away his precious time वह अपना कीमती वक्त बेकार गँवा देता है.

trillion ट्रि'लिअन *n.* **1.** दस शंख, एक करोड़ खरब 10^{18} (1,000,000,000,000,000,000): ~ is expressed by a unit and eighteen zeroes दस शंख को इकाई और अठारह शून्य से दिखाया जाता है. **2.** (American) 10^{12} = (1,000,000,000,000).

trim ट्रिम **I.** n^u. ठीक दशा^{F}, दुरुस्ती^{F}; the car is in ~condition कार ठीक-ठीक हालत^F में है; the cricket team was in (good) ~ क्रिकेट टीम^F अच्छी दशा में थी; that young man is in ~ shape वह नवयुवक टीप-टाप हालत^F में है. **II.** *a.* **1.** ठीक-ठाक, दुरुस्त : everything is in ~ condition हर चीज़ ≈ हालत^F में है. **2.** साफ़-सुथरा : she always looks neat and ~ वह सदा साफ़-सुथरी दिखाई देती है; he is ~ वह सजा हुआ है. **III.** *v.t.* (-mm-) **1.** ठीक-ठाक करना, सँवारना, दुरुस्त करना : she ~med her clothes before going to the party पार्टी^{F} में जाने से पहले उसने अपने कपड़ों को ठीक-ठाक किया (सजाया-सँवारा); have your hair ~med अपने बाल ठीक-ठाक करवा लो (सँवरवा लो); to ~ oneself बनना-सँवरना. **2.** (prune) छाँटना; (clip) कतरना : to ~ the grass घास^F ~; the barber ~med her hair नाई ने उसके बालों को छाँट दिया; the children ~med the plant बच्चों ने पौधों को छाँट दिया; to ~ an essay निबंध को काटना-छाँटना. **3.** (reduce) घटाना : ~ your expenses अपना व्यय घटाओ.

trip ट्रिप **I.** *v.i.* (*-pp-*) **1.** (walk with light tread) फुदकना, कुदकना : the children were ~ping in the courtyard बच्चे आँगन में फुदक रहे थे; she cannot ~ for she is fat वह कुदक नहीं सकती, क्योंकि वह मोटी है. **2.** (stumble) ठोकर खाकर गिर पड़ना : he ~ped on/over a stone and hurt his foot वह एक पत्थर से ठोकर खाकर गिरा और पैर पर चोट खा गया. **3.** (cause to stumble) अड़ंगा लगाना, अंटी^{F} मारना : the boy ~ped another boy लड़के ने दूसरे लड़के को अंटी मार दी; he extended his foot to ~ her उसने अड़ंगा लगाने के लिए अपना पैर बढ़ाया. **4.** (make a mistake) ग़लती^{F} करना : he ~ped while pronouncing the word 'triangular' 'ट्राएंगुलर' शब्द का उच्चारण करते हुए वह गलती कर गया. **5.** (to fail) फेल हो जाना : a unit of the powerhouse has ~ped बिजली-घर का एक एकांश फ़ेल हो गया है. **II.** n^c. **1.** (journey) यात्रा^{F} [long लंबी, pleasant सुखद]; they are on a dangerous ~ for a month वे एक महीने से ख़तरनाक यात्रा पर हैं; to go on a ~ सैर पर जाना. **2.** (error) भूल^F, ग़लती^{F} : a ~ of tongue ज़बान की ≈.

triple ट्रि'पल **I.** *a.* **1.** (three times) तिगुना : ~ benefit ≈ लाभ; now he has ~d his property ~ अब उसने अपनी संपत्ति^{F} तिगुनी कर ली है; he charged me ~ the actual price उसने मुझसे असली कीमत से तिगुनी ले ली. **2.** विपक्षीय, त्रिविध : ~ alliance, agreement ≈ संधि, करार. **II.** *v.t.* तिगुना करना या हो जाना, तिगुणित करना : the businessman ~d his income this year व्यापारी ने इस साल अपनी आमदनी^{F} तिगुनी कर ली; the Indian population ~d in forty years भारत की जनसंख्या^{F} चालीस साल में तिगुनी हो गई.

triumph ट्राइ'अम्फ़ **I.** n^c. **1.** (victory) विजय^F, जीत^F : this was their greatest ~ यह उनकी सबसे भारी विजय थी; our team returned in ~ हमारी टीम^F जीत कर वापस आई; the ~ of good over evil बुराई^F पर अच्छाई^F की जीत. **2.** (success) अपूर्व

सफ़लता^{F}, कामयाबी^{F} : last year he achieved a great ~ पिछले साल उसे बड़ी सफ़लता मिली. **3.** (achievement) उपलब्धि^{F}: for him it was an unexpected ~ उसके लिए यह अप्रत्याशित ≈ थी. **II.** *v.t.* (gain victory) जीतना, विजय^F प्राप्त करना : the Indians ~ed **over** the ~ enemies भारतीयों ने शत्रुओं पर विजय प्राप्त की; the truth will ~ **over** the false सत्य की झूठ पर विजय होगी; the good always ~s **over** evil अच्छाई की बुराई पर हमेशा जीत होती है.

trivial ट्रि'व़िअल *a.* **1.** तुच्छ, मामूली [complaint शिकायत^F, offence अपराध, thing वस्तु^{F}/बात^F]; don't mind such ~ matters इस प्रकार के छोटे-मोटे मामलों पर ध्यान मत दो. **2.** ओछा, छिछोरा : ~ person ≈ आदमी.

trod = *past* of 'tread' *q.v.*

trodden = *p.p.* of 'tread' *q.v.*

trolley ट्रॉ'लि *n*^{c}. (push cart) ठेला, ट्राली^{F} : a ~ is pushed by hand ठेला हाथ से धकेला जाता है; a railway ~ for moving heavy objects भारी चीज़ों को ढोने के लिए रेलवे ट्राली.

troop ट्रूप **I.** *n*^{c}. **1.** (in *pl.*) सेना^{F}, फ़ौज^F, सैन्यदल : powerful ~s शक्तिशाली ≈; the enemy's ~s fled away from the battlefield शत्रु सेना युद्ध के मैदान से भाग खड़ी हुई. **2.** झुंड : a ~ of people, monkeys लोगों, बंदरों का ≈; a ~ of children came to me बच्चों का एक ≈ मेरे पास आया. **II.** *v.t.* **1.** झुंड बनाकर चलना : they ~ed into the pandal वे झुंड बनाकर पंडाल में चले आए/गए. **2.** दल बाँधकर चलना : the scouts ~ed along the streets स्काउट दल बाँधकर गलियों में चले जा रहे थे.

trophy ट्रॉ'फ़ि *n*^{c}. (*pl.* trophies) **1.** विजयोपहार, ट्राफ़ी^{F} [attractive आकर्षण, costly कीमती, silver चाँदी का]; the team won the match and received the ~ टीम^F ने मैच जीत लिया और ट्राफी प्राप्त की. **2.** (memento) निशानी^{F} : I keep that watch as a ~ मैं उस घड़ी^{F} को ≈ के तौर पर रखता हूँ.

trot ट्रॉट **I.** *n*^{u}. (of horse) दुलकी चाल^F, (of person) तेज़ चाल^F : my uncle went on with a ~ मेरे चाचा तेज़ चाल से चले गए; my horse goes at a ~ मेरा घोड़ा दुलकी चाल से जाता है. **II.** *v.i.* (-tt-) दुलकी/तेज़ चाल से चलना : the scouts ~ted along the road स्काउट सड़क पर तेज़ चाल से चलते गए; the horse was ~ting down the road घोड़ा सड़क पर दुलकी चाल चल रहा था. **III.** *v.t.* दुलकी चाल चलाना : the rider ~ted the horse सवार ने घोड़े को दुलकी चाल से चलाया.

trouble ट्र'बल **I.** *v.t.i.* **1.** कष्ट या तकलीफ़^{F} देना/करना : my wound is troubling me मेरा घाव मुझे तकलीफ़/कष्ट दे रहा है; don't ~, I shall do it myself तुम कष्ट मत करो, मैं इसे स्वयं कर लूँगा; what is troubling you तुम्हें क्या तकलीफ़ है? may I ~ you for a match क्या एक दियासलाई के लिए मैं आपको तकलीफ़ दे सकता हूँ? please, don't ~ (yourself) कृपया कष्ट न करें; don't ~ your mother अपनी माँ को तकलीफ़ न दो; may I ~ you to shut the door क्या मैं दरवाज़ा बंद करने के लिए आपको कष्ट दे सकता हूँ? don't ~ to come आने का कष्ट न करना. **2.** (to cause worry) चिंतित/परेशान करना : he was ~d about his son's behaviour वह अपने लड़के के व्यवहार से परेशान/चिंतित था; don't ~ him उसे परेशान मत करो; don't ~ about it इस बारे में परेशान न हो. **II.** *n*^{c}. **1.** कठिनाई^F, मुश्किल^F : we are really in ~ हम सचमुच कठिनाई में हैं. **2.** विपत्ति^{F}, मुसीबत^F: his son is a great ~ to him उसका लड़का उसके लिए एक बड़ी ≈ है; she had many ~s since her husband's death पति की मृत्यु के बाद से उसे कई विपत्तियाँ आ गई थीं; bad boys get into ~ बुरे लड़के मुसीबत में पड़ते हैं; ask for ~, look for ~ मुसीबत मोल लेना, झगड़े में पड़ना : why do you ask for ~ in vain तुम व्यर्थ में मुसीबत क्यों मोल लेते हो? **3.** कष्ट, तकलीफ^F : thank you for the ~ कष्ट के लिए आपका धन्यवाद; he did not take the ~ to read my letter उसने मेरा पत्र पढ़ने का कष्ट नहीं किया; I don't want to give you any ~ मैं आपको कोई ≈ नहीं देना चाहता; **4.** (botheration) परेशानी : you would not have any ~ with the child

बच्चे से आपको कोई ≈ नहीं होगी. **5.** (illness) रोग, तकलीफ़^F : kidney ~, heart ~ गुर्दे का रोग; दिल की तकलीफ, हृदय रोग. **6.** (disturbance) गड़बड़^F : there was some ~ in Aligarh अलीगढ़ में कोई ≈ थी. **7.** (fault) दोष : the ~ with you is that you are too good तुम्हारा ≈ यह है कि तुम हद से ज्यादा अच्छे हो. **troublesome** ट्र'बलसम *a.* **1.** दुःखदायी : his acts have become ~ to me उसके काम मेरे लिए ≈ हो गए हैं. **2.** कष्टप्रद [cough खाँसी^F, tooth दाँत]; this is a ~ matter, task यह ≈ मामला, काम है. **3.** ऊधमी, उपद्रवी, उत्पाती : this is the most ~ boy यह सबसे ≈ लड़का है.

trough ट्रफ़ *n*^c. (container) नाँद^F : this ~ was filled with fodder for the cattle यह ≈ जानवरों के चारे से भरी थी.

trousers ट्राँउ'ज़र्स *n.* (*pl.*) पतलून [old पुरानी, worn फटी]; he was wearing (a pair of) wrinkled ~ वह एक सिकुड़नदार ≈ पहने था; these ~ are too small to wear यह ≈ इतनी छोटी है कि इसे पहना नहीं जा सकता; give the ~ to be pressed ≈ प्रेस होने के लिए दे दो.

truant टु'अन्ट *n*^c. *a.* नाग़ा करने वाला : the boy was reprimanded by the teacher for playing ~ लड़के को नाग़ा करने के लिए अध्यापक द्वारा डाँटा गया; we persuade the ~s (~ students) to go back to their classes हम बिना छुट्टी^F अनुपस्थित रहने वालों को अपनी-अपनी कक्षाओं में लौट जाने की सलाह^F देते हैं.

truck ट्रक *n*^c. **1.** ट्रक, लारी^F [full भरा हुआ, unloaded ख़ाली]; ~s carry heavy goods ≈ भारी सामान ले जाते हैं; he bought a ~ for two lakh rupees उसने दो लाख रुपए में एक ट्रक खरीदा. **2.** (dealings) लेन-देन, संबंध, वास्ता : there is no ~ between them these days आजकल उनमें कोई ≈ नहीं है; have no ~ with such people ऐसे लोगों से कोई ≈ मत रखो.

trudge ट्रज **I.** *v.t.i.* घिसटकर चलना : the old man ~s along with difficulty बूढ़ा आदमी कठिनाई से घिसटता चलता है; he ~s and is tired वह घसीटकर चलता है और थक जाता है; he ~d (for) several kilometres वह कई किलोमीटर घिसटते-घिसटते चला गया. **II.** *n*^u. घिस्सू चाल^F : his ~ has become a matter of talk उसकी ≈ चर्चा^F का विषय बन गई है; you cannot go uphill with this ~ इस ≈ से तुम पहाड़ी^F के ऊपर तक नहीं जा सकते.

true ट्रु **I.** *a.* **1.** (truer, truest) सच : is it ~ क्या यह ≈ है ? it is not ~ यह ≈ नहीं है; your dream came ~ तुम्हारा सपना ≈ निकला; it is ~ that he was absent yesterday यह ≈ है कि वह कल अनुपस्थित था. [*ant.* false] **2.** (accurate) सही, ठीक : [context प्रसंग, copy नक़ल^F, statement कथन]; he has presented a ~ picture of life उसने जीवन का ≈ चित्रण किया है; I don't have the ~ idea मुझे ठीक ख़्याल नहीं है. **3.** (genuine, not spurious) विशुद्ध, सच्चा, असली [coin सिक्का, friendship मित्रता^F]; he has ~ love for his wife उसका अपनी पत्नी से ≈ प्यार है. **4.** (real) वास्तविक, यथार्थ, असली : ~ heir ≈ वारिस; can you tell me the ~ condition of the patient क्या तुम मुझे रोगी की ≈ स्थिति^F बता सकते हो ? at last they caught the ~ thief अंततः उन्होंने ≈ चोर को पकड़ लिया. **5.** (loyal, faithful) सच्चा, निष्ठावान, पक्का [comrade साथी, friend दोस्त, lover प्रेमी]; the new servant was not ~ to his master नया नौकर अपने मालिक के प्रति निष्ठावान नहीं था. Δ **come ~** सच निकलना : what I am saying will come ~ one day जो मैं कह रहा हूँ एक दिन सच निकलेगा. [*ant.* untrue, false] **truly** ट्रु'लि *adv.* **1.** (really) सचमुच : I am ~ grateful मैं ≈ आभारी हूँ. **2.** (faithfully) वफ़ादारी से : he served his master ~ उसने ≈ मालिक की सेवा^F की. [*n.* truth.]

trumpet ट्रम्'पिट **I.** *n.* **1.** तुरही^F : speaking ~ भोंपू; ~ call तुरही या बिगुल की आवाज़^F; blow the ~ ≈ बजाना; he played the ~ उसने ≈ बजाई. Δ **to blow one's own ~** आत्म प्रशंसा करना, अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना. **2.** चिंघाड़^F : the elephant gave a loud ~ हाथी ज़ोर से चिंघाड़ा. **II.** *v.t.* **1.** घोषित करना, ढिंढोरा पीटना : he always ~s the

intelligence of his pupils वह अपने शिष्यों की प्रशंसा करता रहता है; he ~ed his victory over them उसने उन पर अपनी विजय[F] का ढिंढोरा पीट दिया. **2.** the elephant ~ed हाथी चिंघाड़ा.

trunk ट्रङ्क *n*[c]. **1.** (of a tree or plant) तना [hollow खोखला, thick मोटा]; the ~ of a tree was lying on the road किसी पेड़ का ≈ सड़क पर पड़ा हुआ था. **2.** (of body) धड़, रुण्ड : only the ~ of the dead body could be found out by the police पुलिस[F] द्वारा केवल शव के धड़ का पता लगाया जा सका. **3.** (of elephant) सूँड़[F] : the elephant took the child on his ~ हाथी ने बच्चे को अपनी ≈ पर ले लिया. **4.** (box) बक्स, संदूक : a ~ has hinged lid ≈ में कब्ज़ेदार ढकना होता है; put these things in your ~ इन चीज़ों को अपने ≈ में रख दो. ~call टेलीफोन द्वारा एक शहर से दूसरे शहर से बात[F] : I had a ~ call from Calcutta मुझे कलकत्ता से ट्रंक काल आया था.

trust ट्रस्ट **I.** *n* [c]. **1.** (faith) विश्वास, आस्था[F] [complete पूर्ण, firm दृढ़]; to put one's ~ in smb किसी पर विश्वास करना; she has no ~ in him उसका उस पर कोई विश्वास नहीं है; he will have to suffer for this breach of ~ इस विश्वासघात के लिए उसे भुगतना होगा; place no ~ in a superstition अंधविश्वास में आस्था[F] मत रखो. **2.** (reliance) भरोसा, आसरा : I do not have ~ in him मेरा उस पर ≈ नहीं है. **3.** (commercial credit) साख[F], उधार : in the beginning he started his business on ~ शुरू में उसने अपना व्यापार ≈ से शुरू किया : to take goods on ~ ≈ माल लेना. [*ant.* mis~.] **4.** (something in ~) धरोहर[F], थाती[F] : it is his ~, I shall preserve it till he returns यह उसकी ≈ है, जब तक वह वापस नहीं आता मैं इसे सँजोकर रखूँगा; he holds our ornament in ~ वह हमारे ज़ेवर ≈ रखे हुए है; you can commit anything to the ~ of this banker इस महाजन के पास कोई चीज़ ≈ रख सकते हो. **5.** (legal) न्यास : he set up a ~ to educate orphans उसने अनाथों को शिक्षा देने के लिए एक ≈ की स्थापना[F] की. **6.** (care) देखभाल : after the death of his father, the child was put in grandfather's ~ अपने पिता की मृत्यु के बाद बच्चा दादा की ≈ में रखा गया. **7.** (responsibility) ज़िम्मेदारी[F] : he did not fulfil his ~ उसने अपनी ≈ पूरी नहीं की. [*ant.* distrust] **II.** *v.t.* **1.** पर विश्वास करना, पर आस्था[F] रखना : he does not ~ his servant वह अपने नौकर पर विश्वास नहीं करता; I do not ~ him at all because he tells lies मैं उस पर तनिक भी विश्वास नहीं करता क्योंकि वह झूठ बोलता है; I ~ him more than I ~ his brother मैं उस पर उसके भाई से ज़्यादा विश्वास करता हूँ; trust **in** God ईश्वर पर भरोसा रखो; he ~ed **in** his honesty उसे उसकी ईमानदारी[F] hej DeemLee Leer. **2.** (entertain hope) आशा[F] करना : can I ~ for your return क्या मैं आपके लौटने की आशा कर सकता हूँ ? I ~ you are keeping quite well आशा है कि आप पूर्णतया स्वस्थ हैं. **3.** (place reliance on) पर भरोसा रखना : I do not ~ that he will help you in need मुझे भरोसा नहीं है कि वह तुम्हारी मुसीबत[F] में काम आएगा; he is not a man to be ~ed वह भरोसा करने लायक व्यक्ति नहीं है. **4.** (entrust) सौंपना, सुपुर्द करना to ~ smb with smth किसी को कोई चीज[F] ≈; I cannot ~ him with this specific work यह विशिष्ट कार्य मैं उसे नहीं सौंप सकता; he has ~ed to him everything he has उसके पास जो कुछ था उसने सब सौंप दिया. **5.** (allow credit) उधार देना : I would never ~ him with money मैं उसे कभी पैसा उधार न दूँगा; the shopkeeper ~s me for any articles यह दुकानदार हमें हर चीज़ उधार पर देता है. **trustful** ट्रस्ट'फुल *a.* भरोसेमंद, विश्वसनीय [boy लड़का, nature स्वभाव, source सूत्र]; he is the most ~ fellow in your town वह तुम्हारे शहर में सबसे अधिक ≈ व्यक्ति है. **trustworthy** ट्रस्ट्'वर्दि *a* **1.** विश्वसनीय [servant नौकर, statement कथन, witness गवाह]; Ramu is the only ~ fellow रामू अकेला ≈ व्यक्ति है. **2.** भरोसे लायक़ : [evidence गवाही[F], information जानकारी[F]]. [*ant.* un~]

truth ट्रुथ *n*[c]. **1.** सत्य, सच्चाई[F], सच : bitter ~

कड़ुआ सच; I shall tell you only the ~ मैं आपसे केवल सच-सच कहूँगा; there is some ~ in his statement उसके कथन में कुछ सच्चाई है; he always speaks ~ वह सदा सच बोलता है; I have told you the whole ~ मैंने आपको पूरी सच्चाई बता दी है; really, you do not know what the ~ is वास्तव में तुम नहीं जानते कि सच्चाई क्या है? the ~ is this सच यह है; the ~ will out सच्चाई छिपी नहीं रहेगी; the police tried to find out the ~ but failed पुलिस[F] ने सच्चाई का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन असफल रही. [*ant.* falsehood] **2.** सच्ची बात[F] : I told you some ~s about his nature मैंने उसके स्वभाव की कुछ सच्ची बातें[F] तुम्हें बता दीं; but that's the ~ लेकिन ≈ यही है. **3.** (honesty) ईमानदारी[F] : it is his ~ that you received your money यह उसकी ≈ थी कि तुम्हें अपना पैसा मिल गया. **truthful** ट्रुथ्'फुल *a.* **1.** सत्यवादी, सत्यनिष्ठ, सच्चा : ~ boy ≈ लड़का; this businessman is not at all ~ यह व्यापारी बिल्कुल ≈ नहीं है. **2.** (true) सही, सच्चा [account लेखा, statement कथन]; these are ~ things ये सच्ची बातें[F] हैं.

try ट्राइ **I.** *n*[c]. **1.** कोशिश[F], प्रयत्न : I should have a ~ at this मुझे इसकी कोशिश करनी चाहिए; he did not make a ~ for it उसने इसके लिए प्रयास नहीं किया. **2.** (test) आज़माइश[F] : give it a ~ and see इसे आज़माकर देखें. **II.** *v.i.* (attempt) कोशिश करना, प्रयास करना : he tried to do it but failed उसने इसे करने की कोशिश की, पर असफल रहा; he will ~ to help you वह तुम्हारी सहायता[F] करने का प्रयास करेगा; I shall also ~ मैं भी कोशिश करूँगा; that old man tried to stand up उस बूढ़े आदमी ने खड़ा होने का प्रयास किया. **III.** *v.t.* **1.** (test) परीक्षण करना, जाँचना, आज़माना, परीक्षा[F] लेना : ~ another piece of cake दूसरा केक लेकर देखो; ~ another question कोई दूसरा सवाल करके देखो; I have tried everything and none is good enough मैंने हर चीज़[F] का परीक्षण कर लिया है और कोई भी ठीक नहीं है; this machine was tried in the factory इस मशीन का कारख़ाने में परीक्षण कर लिया गया था; I tried him मैंने उसे आज़मा लिया; have you tried the new variety of soap क्या तुमने नये प्रकार का साबुन जाँच करके देखा है? **2.** (put a strain on) पर अधिक बोझ डालना : this print tries my eyes इस छापे से मेरी आँखों पर बोझ पड़ता है. **3.** (judicially) (usu. passive) न्यायिक जाँच[F] करना, मुकदमा चलाना : he was tried for theft and punished उसकी न्यायिक जाँच[F] की गई (उस पर मुकदमा चलाया गया) और उसे सज़ा[F] दी गई; the case was tried in camera उस पर बंद कमरे में मुकदमा चला.

T.T. Time Table.

Tu. Tuesday.

T.T.E. = Travellers' Ticket Examiner टिकट चेक करने वाला बाबू.

tub टब *n*[c]. टब [deep गहरा, huge बड़ा, metal धातु[F] का]; I filled the ~ with water मैंने ≈ को पानी से भर दिया; a ~ for washing clothes कपड़े धोने का ≈.

tube ट्यूब *n*[c]. **1.** नली[F] : plastic ~ प्लास्टिक की ≈; bronchial ~ श्वास ≈. animals and plants also breathe through their bronchial ~s जानवर और पौधे भी ≈ से साँस लेते है. **2.** (of tyre, of tooth paste) ट्यूब : the back wheel of your cycle needs a new ~ आपकी साइकिल[F] के पिछले पहिए में नयी ≈ की आवश्यकता[F] है.

tuberculosis ट्यूबर् क्यु लो'सिस *n*[c]. तपेदिक, यक्ष्मा[F], क्षयरोग [curable इलाज योग्य, dangerous खतरनाक, fatal घातक]; ~ is an infectious disease, affecting lungs especially ≈ एक सांक्रामिक रोग है, विशेषतया फेफड़े का; he has ~ उसे ≈ है.

tubewell ट्यूब'वेॅल *n.* नलकूप : the government has a scheme to provide farmers with ~s सरकार[F] की किसानों को ≈ देने की योजना[F] है; he badly needed a ~ for irrigation उसे सिंचाई[F] के लिए एक ≈ की अतीव आवश्यकता[F] थी.

Tuesday ट्यूज़'डे *n*[c]. मंगलवार : after Monday comes ~ सोमवार के बाद ≈ आता है; on ~s he goes to the Hanuman

temple with offerings हर ≈ को वह चढ़ावा लेकर हनुमान मंदिर जाता है; it is ~ today आज ≈ है; he will arrive ~ next वह अगले ≈ पहुँचेगा.

tuft टफ़्ट *n.* **1.** गुच्छा : a ~ of feather's grass एक ≈ पंख, घास^F. **2.** झोंटा : catch somebody by the ~ of his hair किसी व्यक्ति को उसके बालों के झोंटे से पकड़ना. **3.** लच्छा : ~ of threads, wool धागों, ऊन का ≈.

tug टग **I.** *v.t.i.* (tugged, tugging) **1.** (pull sharply) झटके से खींचना : he ~ged the door and came in उसने दरवाज़ा झटके से खींचा और अन्दर आ गया; the boy ~ged (out) my hand and took me to the playground लड़के ने मेरा हाथ झटके से खींचा और मुझे खेल के मैदान में ले गया. **2.** (drag) घसीटना, घसीट लाना : he ~ged her away वह उसे घसीट ले गया; the boy ~ged (at) the table लड़का मेज़ घसीटकर ले गया. **II.** *n*^c. **1.** झटका : strong ~ ज़ोर का ≈; I pulled out the loose tooth with a ~ मैंने ढीले दाँत को झटके से खींच लिया. **2.** ~ of war रस्साकशी^F; a ~ of war tests the strength of two teams ≈ दो टीमों की शक्ति का परीक्षण करती है.

tuition ट्यूइ'शन *n*^c. अनुशिक्षण, अनुशिक्षा^F : regular ~ नियमित ~; ~ fee ≈ शुल्क; ~ is free in this school इस विद्यालय में ≈ निःशुल्क दी जाती है; the boy needs ~ at home लड़के को घर पर ≈ की आवश्यकता^F है; he gives ~ to a couple of boys वह दो लड़कों को ≈ देता है.

tumble टम्'बल **I.** *n*^u. **1.** (fall) गिराव, गिरावट^F: ~ in the price of things वस्तुओं^F के मूल्यों में ≈; she took a ~ on the stairs वह सीढ़ियों से नीचे आ गिरी. **2.** गड़बड़ी^F : everything was in a ~ सब कुछ गड़बड़ था. **II.** *v.t.* **1.** धड़ाम से गिरना : she ~d down the hill and broke her arm वह पहाड़ी^F पर से गिरी और बाँह तोड़ ली; a hut ~d down in the storm एक झोंपड़ी^F तूफान में गिर गई. **2.** (make untidy) गड़बड़ा देना : the wind ~d her hair हवा से उसके बाल गड़बड़ हो गए. **3.** (move hastily) हड़बड़ाकर चलना : the boy came tumbling along लड़का हड़बड़ाते हुए आया. **4.** (get to know) जान लेना : how could he ~ (to) our plans वह हमारी योजनाएँ^F कैसे जान सकता.

tumbler टम्'ब्लर *n*^c. गिलास : ~ for drinking water पानी पीने के लिए ≈.

tummy ट'मि *n*^c. (stomach) पेट [empty ख़ाली , full भरा हुआ]; ~ ache ≈ दर्द; he suffers from some trouble in the ~ वह पेट में किसी कष्ट से पीड़ित है.

tumult ट्यू'मल्ट *n*^c. **1.** हो-हल्ला, शोरगुल, हुल्लड़ : there is ~ outside, you should not go there बाहर ≈ हो रहा है, तुम्हें वहाँ नहीं जाना चाहिए; on hearing the ~, the child woke up ≈ सुनकर बच्चा जाग पड़ा. **2.** (confusion) खलबली^F, हलचल^F, बेचैनी^F: there is ~ in my mind मेरे मन में ≈ है.

tune ट्यून **I.** *n*^c. **1.** (melody) सुर^F, धुन^F [lively जीवंत, popular लोकप्रिय]; ~ of a song गीत की ≈; can you play in many ~s क्या तुम कई धुनें बजा या गा सकते हो? she was not singing in ~ वह सुर मिलाकर नहीं गा रही थी; he sings out of ~ वह बेसुरा गाता है. **2.** (harmony) सामंजस्य, मेल : their ideas are not quite in ~ with ours उसके विचार हमारे विचारों से मेल नहीं खाते. **II.** *v.t.* **1.** (~up) सुर मिलाना, तार मिलाना : ~ your instrument before you play on it अपने यंत्र को बजाने से पहले तार मिला लो. **2.** (of radio) to ~ in, out a station केंद्र मिलान, काट देना; the radio was ~d to another station रेडियो एक-दूसरे केंद्र से मिलाया गया (जोड़ा गया).

tunnel ट'नल **I.** *n*^c. सुरंग^F, टनल [long लंबा, narrow सँकरा]; a ~ through a hill पहाड़ी^F से होकर ≈; there is a ~ under the river नदी^F के नीचे एक ≈ है, they dug a ~ from their cell and escaped उन्होंने अपनी कोठरी^F से एक सुरंग खोद ली और भाग निकले. **II.** *v.t.i.* (-ll-) सुरंग^F बनाना, रास्ता बना लेना : to ~ under the canal नहर के नीचे ≈; they ~led the hill उन्होंने पहाड़ी^F से सुरंग बनाई.

turban टर्'बन *n*^c. साफ़ा, पगड़ी^F [long लंबी, Rajasthani राजस्थानी, white सफ़ेद]; can

you tie a ~ क्या तुम ≈ बाँध सकते हो? he wears a black ~ round his head वह अपने सिर पर काली पगड़ी पहनता है.

-ture = suffix संज्ञा बनाने वाला प्रत्यय; as in furniture, mixture, gesture.

turmoil टर्‌ मॉ'इल n^u. (commotion of crowd) खलबली^F, बेचैनी^F [loud ज़ोर की, sharp तेज़]; there was ~ outside बाहर बहुत ≈ थी; the village was in ~ गाँव में ≈ थी; his mind is in ~ उसका मन बेचैन है.

uniform यू' निफ़ॉर्म **I.** *n^c*. वरदी^F [Khaki खाकी, school स्कूल की, white सफ़ेद]; soldiers wear ~ सिपाही ≈ पहनते हैं; police ~ पुलिस ≈; the policeman was in ~ when he came to me पुलिसवाला जब मेरे पास आया तो वह ≈ में था; he wore the ~ of a lieutenant वह लेफ्टिनेण्ट की ≈ पहने था. **II.** *a.* एक समान, एक-सा, एकरूप [colour रंग, law कानून]; the temperature has been ~ throughout तापमान सर्वत्र एक-सा रहा है; eggs are ~ in size अंडे एक-समान आकार के हैं. **uniformity** यूनिफ़ॉर्'मिटि *n^u*. एक समानता^F, एकरूपता^F : ~ in dress पोशाक^F में ≈; there should ~ in systems व्यवस्थाओं में ≈ होनी चाहिए; the shops have no ~ of design दुकानों की बनावट^F में कोई ≈ नहीं है.

unify यू'निफ़ाइ *v.t.* एकता लाना, एक कर देना : he desired to ~ the party उसने दल में एकता लानी चाही; he could not ~ them वह उन्हें एक न कर सका.

unimportant अनिम् पॉर्'टंट *a.* महत्वहीन, नगण्य, तुच्छ [lecture भाषण, programme कार्यक्रम, work काम]; that was an ~ advice वह एक ≈ सलाह^F थी; why should I bother about such an ~ matter मैं इस प्रकार के ≈ मामले के बारे में चिंता क्यों करूँ ? this para is ~ in your essay तुम्हारे निबंध में यह पैरा ≈ है.

unintelligible अनिन् टॅ'लिजॅबल *a.* अबोधगम्य, दुरूह [language भाषा^F, talk वार्ता^F, words शब्द]; his letter was very ~ उसका पत्र बहुत ही ≈ था.

union यू'नियन *n.* **1.** (agreement) मेल-मिलाप : they lived in perfect ~ वे पूर्णतया ≈ से रहते थे. **2.** संघ : U ~ Public Service Commission ≈ लोक सेवा आयोग; ~ of states राज्यों का ≈; you can be a member of the ~ तुम ≈ के सदस्य हो सकते हो. **3.** (state of being joint) एकता^F : ~ of political parties राजनीतिक दलों की ≈; ~ is strength ≈ में ही शक्ति^F है. **4.** marriage bond विवाह-बंधन; they were joined in ~ वे ≈ में बँध गए.

unique यु नीक' *a.* **1.** (sole) एकमात्र, अकेला this photo of Swamiji is ~ स्वामी जी का यह ≈ फोटो है; this painting is considered ~ यह कलाकृति ≈ मानी जाती है. **2.** (unequalled) अद्वितीय, बेजोड़, अनुपम : there are ~ buildings in Mumbai मुम्बई

में बेजोड़ इमारतें हैं; his style is ~ उसकी शैली ≈ है; he is a man of ~ intellect वह ≈ प्रतिभा का धनी है. **3.** (unusual) अनोखी, निराली : ~ event ≈ घटना^F; ~ position, success ≈ स्थिति^F, सफलता^F.

unit यू'निट *n*^c. **1.** इकाई^F : the ~ of length in our country is metre हमारे देश में लंबाई की ≈ मीटर है; kilo is the ~ of weight किलो वजन की ≈ है; rupee is the ~ of currency in India भारत में रुपया मुद्रा की ≈ है. **2.** (of electrical energy) यूनिट : we consume 200 ~s of electricity every month हम हर महीने दो सौ यूनिट बिजली खर्च करते हैं. **3.** (mil.) टुकड़ी^F, दस्ता : division is regarded as a ~ of an army डिवीज़न को सेना की एक टुकड़ी माना जाता है.

unite यू नाइट' **I.** *v.t.* **1.** जोड़ना, मिलाना, एक कर देना : his marriage has ~d the two families उसकी शादी^F ने दो परिवारों को मिला दिया है; workers of the world ~ संसार के मज़दूरो, एक हो जाओ; England and Scotland ~d in 1706 इंग्लैण्ड और स्कॉटलैण्ड 1706 में एक हो गए; we were ~d in our struggle for peace हम शांति के लिए संघर्ष करने में एक हो गए, **2.** (in marriage) गठजोड़ करना : they were ~d by a Pandit पंडितजी ने उनका गठजोड़ कर दिया. **II.** *v.i.* मिलना : they ~d to form a club क्लब बनाने के लिए वे मिल गए; we should ~ against the enemy हमें शत्रु के विरुद्ध एक हो जाना चाहिए, **united** यू नाइ'टिड *a.* **1.** संयुक्त [efforts प्रयास, family परिवार, front मोर्चा]; United Nations Educational, Scientific and Cultural Organisation ≈ राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन; U ~ Nations General Assembly संयुक्त राष्ट्र महासभा^F. **2.** (in alliance) संगठित : ~ we stand, divided we fall ≈ होने से हम खड़े रहते हैं, बँट जाने पर गिरते हैं. **unity** यू'निटि *n.* **1.** एकता^F [cultural सांस्कृतिक, national राष्ट्रीय, political राजनैतिक]; he worked all his life for social ~ उसने सामाजिक ≈ के लिए जीवन भर काम किया; ~ and integrity of the country is endangered देश की ≈ और अखण्डता ख़तरे में है. **2.** (alliance) मेल-मिलाप : they lived together in ~ वे साथ-साथ ≈ में रहते थे; keep in ~ with all people सभी लोगों के साथ ≈ से बने रहो.

universal यूनि व़र्'सल *a.* **1.** (involving all) ~opinion सर्वसम्मति; ~ suffrage सर्वमताधिकार; fridge has ~ use फ्रिज का सार्विक प्रयोग होता है. **2.** (widespread) व्यापक : the famine was ~ अकाल ≈ था; there is a ~ desire for peace शांति^F की ≈ चाह है. **3.** (all-sided) सर्वतोमुखी [interest हित, practice अभ्यास, rule नियम]. **4.** (in all parts of the world) सार्वदेशिक, विश्व, सार्वभौमिक : U ~ Postal Union विश्व डाक संगठन; it is ~ truth that earth moves round the sun यह सार्वभौमिक सत्य है कि पृथ्वी^F सूर्य के चारों ओर घूमती है. **universe** यू'निवर्स *n*^u. विश्व, ब्रह्माण्ड : God made the ~ ईश्वर ने ≈ बनाया; the whole system of suns, planets, etc, form the ~ सम्पूर्ण सूर्यों, ग्रहों, इत्यादि का मण्डल ≈ है; he is the only Controller of the ~ ≈ का वह अकेला नियंता है.

univ. university यूनि व़र्' 'सिटि *n*^c. विश्व-विद्यालय, यूनिवर्सिटी [famous प्रसिद्ध, recognised मान्यताप्राप्त]; this college is affiliated to Agra ~ यह कॉलेज आगरा ≈ से संबद्ध है; he has been expelled from the ~ उसे ≈ से निकाल दिया गया है; the ~ is closed for summer vacation ≈ गर्मी की छुट्टी के लिए बंद है; all the graduates from Allahabad ~ इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभी स्नातक.

unjust अन् जस्ट' *a.* **1.** (of person) अन्यायी, बेइंसाफ़ [officer अधिकारी, umpire निर्णायक]; really he is ~ सचमुच वह ≈ है. **2.** अन्यायपूर्ण, न्यायविरुद्ध, अनुचित [law कानून, taxes कर]; it is ~ to punish an innocent person किसी निर्दोष व्यक्ति को दण्ड देना न्यायविरुद्ध है. **3.** अनुचित : ~ criticism ≈ आलोचना^F.

unkind अन् काइन्ड' *a.* **1.** निर्दय, दयारहित, कठोर [person व्यक्ति, treatment बरताव]; don't be so ~ इतना निर्दय मत बनो; he is always ~ to his children वह अपने बच्चों के प्रति

हमेशा कठोर रहता है. **2.** ख़राब : ~ weather ≈ मौसम.

unknown अन् नोन' *a.* **1.** अज्ञात [cause कारण, writer लेखक]; the letter was in an ~ handwriting पत्र किसी ≈ हस्तलिपि में था; the election results are still ~ चुनाव परिणाम अब भी ≈ हैं; the message was addressed to an ~ person संदेह किसी ≈ व्यक्ति के नाम था; what happened afterward is ~ बाद में क्या हुआ यह ज्ञात नहीं है. **2.** अजनबी : I am not ~ to the city मैं शहर में ≈ नहीं हूँ.

unlawful अन् लॉ'फ़ुल *a.* विधिविरुद्ध, अवैध, ग़ैर-कानूनी [act काम, possession अधिकार, strike हड़ताल]; they were punished for holding an ~ assembly विधिविरुद्ध जमाव के लिए उन्हें दण्डित किया गया.

unless अन् लें'स' *conj.* **1.** यदि. . . नहीं : we shall go there tomorrow, ~ it rains हम वहाँ कल जाएँगे यदि बारिश^F न हो. **2.** जब तक कि. . . न; सिवाय, नहीं. . . तो : you will not succeed ~ you work hard यदि (जब तक) तुम कठिन परिश्रम नहीं करते तो तुम सफल नहीं होगे; do not move out ~ you are advised जब तक तुम्हें सलाह^F न दी जाय तुम बाहर मत आओ. Δ ~ **and until** तब तक. . . तब तक कि I shall not have a talk with you ~ and until you give up your bad habits मैं तुमसे तब तक बात नहीं करूँगा जब तक कि तुम अपनी बुरी आदतें छोड़ नहीं देते.

unlikely अन् लाइक्'लि *a.* असंभाव्य : they are ~ to marry, meet उनका शादी करना, मिलना ≈ है; they may return today but it is very ~ वे आज लौट सकते हैं लेकिन यह बहुत ही ≈ है; it is ~ that he will go there यह संभव नहीं कि वह वहाँ जाए.

unmannerly अन् मै'नर्लि *a.* अशिष्ट, बदतमीज़ [behaviour व्यवहार, person व्यक्ति, treatment बरताव]; it is ~ on your part not to reply उत्तर न देना तुम्हारी अशिष्टता^F है.

unmoved अन् मूव्ड' *a.* **1.** अप्रभावित : the father appeared ~ by the tragedy पिता इस त्रासदी से ≈ लगे. **2.** (calm) शांत : he sat still and remained ~ वह चुपचाप बैठ गया और ≈ रहा.

unnatural अन् नै'चॅरल *a.* अप्राकृतिक, अस्वाभाविक [death मृत्यु^F, growth विकास, reaction प्रतिक्रिया^F]; it is ~ not to love one's own children अपने ही बच्चों को प्यार न करना ≈ है; the world is facing many ~ calamities संसार बहुत-सी अप्राकृतिक आपदाओं को झेल रहा है.

unnecessary अन् नें'सॅसरि *a.* अनावश्यक [furniture फ़र्नीचर, remark टिप्पण, work काम]; I dislike such ~ interruptions in any matter किसी भी मामले में मैं ≈ व्यवधान नापसंद करता हूँ; that leave was ~ वह छुट्टी ≈ थी; it is ~ to talk to him about all this उसे यह सब कुछ बताना ≈ है.

UNO United Nations Organization संयुक्त राष्ट्र संगठन.

unpack अन् पैक' *v.t.* खोलना, सामान निकालना : to ~ one's suitcase अपना सूटकेस खोलना; *v.i.* he ~ed on arrival at home घर पहुँचने पर उसने अपना सामान खोल दिया.

unpleasant अन् प्लें'ज़ंट *a.* **1.** गंदा, अप्रीतिकर [question प्रश्न, taste स्वाद, weather मौसम]; the place was too ~ to live there वह स्थान इतना ≈ था कि वहाँ रहा नहीं जा सकता; the smell from that factory was ~ उस कारखाने की बू^F गंदी थी. **2.** ~ experience कटु अनुभव.

unqualified अन् क्वा'लिफ़ाइड *a.* **1.** (down-right) पक्का : he gave his ~ approval उसने अपनी पक्की मंज़ूरी^F दे दी. **2.** अयोग्य, अनर्ह [candidate उम्मीदवार, nurse परिचारिका^F, teacher अध्यापक]; he is ~ to teach वह पढ़ाने के लिए ≈ है; the recruitment board found him ~ for the post भर्ती बोर्ड ने उसे उस पद के लिए अयोग्य पाया.

unquestionable अन् क्वें'श्'चनॅबल *a.* निश्चित, अविवाद्य [fact तथ्य, statement कथन]; his appointment is ~ उसकी नियुक्ति ≈ है ; his right to property is ~ संपत्ति^F में उसका अधिकार अविवाद्य है.

unreasonable अन् री'ज़नॅबल *a.* **1.** अनुचित [claim दावा, demand माँग^F]; it is ~ to invite him उसे आमंत्रित करना ≈ है; his conduct was ~ उसका आचरण ≈ था.

2. (of person) नासमझ [boy लड़का, clerk लिपिक]; he was found ~ उसे ≈ पाया गया.

unrest अन् रेंस्ट' *n*^{u}. गड़बड़^{F}, अशांति^{F} [industrial औद्योगिक, political राजनैतिक, social सामाजिक]; ~ among the students छात्रों में अशांति; there is ~ in the university विश्वविद्यालय में अशांति है; there is some ~ in the village गाँव में कुछ गड़बड़ है.

unruly अन् रू'लि *a.* (uncontrolled) बेकाबू, बेलगाम, अनियंत्रित [children बच्चे, mob भीड़^{F}]; the police tried to control the ~ agitators पुलिस ने ≈ आंदोलनकारियों को नियंत्रित करने का प्रयास किया.

unscrupulous अन् स्क्रू'प्युलस *a.* बेअसूल, बेईमान : ~ person ≈ व्यक्ति; such ~ men are seen with suspicious eyes इस प्रकार के ≈ आदमियों को शंका^{F} की दृष्टि^{F} से देखा जाता है; she is ambitious and ~ वह महत्वाकांक्षी और ≈ है.

unseat अन् सीट' *v.t.* हटा देना : an M.L.A. was ~ed by the court न्यायालय द्वारा एक एम.एल.ए. को हटा दिया गया; he was ~ed in the last election उसे पिछले चुनाव में हटा दिया गया.

unseen अन् सीन' *a.* अनदेखा [danger ख़तरा, passage रास्ता/अनुच्छेद]; there were many ~ people वहाँ कई अनदेखे लोग थे; he came in ~ वह बिना दिखे अंदर आ गया.

unskilled अन् स्किल्ड' *a.* अकुशल [job काम, labourer मज़दूर] all of them are ~ workers वे सब ≈ कार्यकर्ता हैं.

unsound अन् साउन्ड' *a.* **1.** (unhealthy) अस्वस्थ : of ~ mind विक्षिप्त, अस्वस्थ मस्तिष्क वाला; you should not come out, you are ~ तुम्हें बाहर नहीं आना चाहिए, तुम अस्वस्थ हो. **2.** (not reasonable) तर्कविरुद्ध, अयुक्तियुक्त : all your arguments are ~ तुम्हारे सभी तर्क ≈ हैं; his opinion is ~ उसका मत ≈ है. **3.** (faulty) दोषपूर्ण : your schemes are thoroughly ~ तुम्हारी योजनाएँ^{F} पूरी तरह ≈ हैं; this building is ~ यह भवन ठीक नहीं है. **4.** (rotten) सड़ा हुआ, ख़राब [food भोजन, fruit फल]; the mangoes were ~ आम सड़े हुए थे.

unspeakable अन् स्पी'कॅबल *a.* अकथ्य, अकथनीय [cruelty अत्याचार, delight प्रसन्नता^{F}, pain पीड़ा^{F}]; he was in ~ misery वह ≈ कष्ट में था; her behaviour was ~ उसका व्यवहार ≈ था.

untie अन् टाइ' *v.t.* खोलना : ~ the shoe-laces जूते के तस्मे खोल दो; I could not ~ the rope मैं रस्सी नहीं खोल सका.

until अन् टिल' **I.** *conj.* जब तक, तब तक. . . न : wait here ~ I return जब तक मैं वापस नहीं आता यहाँ इंतज़ार करो; we played in the garden ~ mother called us जब तक माता जी ने हमें नहीं बुलाया, हम बाग में खेलते रहे. **II.** *prep.* तक : he was here ~ yesterday वह यहाँ कल ≈ था; I remained there ~ the end मैं अंत तक वहाँ रहा; he is here ~ the 21st of the next month वह अगले महीने की 21 तारीख तक यहाँ रहेगा; he did not return ~ 6 o'clock वह छः बजे तक नहीं लौटा.

untimely अन् टाइम्'लि *a.* **1.** असामयिक, अकाल [death मृत्यु^{F}, help सहायता^{F}, step कदम]; the young man's death was ~ युवक की मृत्यु ≈ थी. **2.** (not suitable) बेमौका [action कार्रवाई, interference हस्तक्षेप].

untiring अन् टाइअ' रिङ्ग *a.* अथक [effort प्रयास, energy ऊर्जा^{F}, labour परिश्रम]; I met such an ~ man for the first time मैं पहली बार ऐसे ≈ व्यक्ति से मिला.

untold अन् टोल्ड' *a.* **1.** अनकहा, अकथ : ~ tale अनकही कहानी^{F}; her story remained ~ उसकी कहानी^{F} अनकही रह गई. **2.** बेहद : ~ wealth ≈ धन; he is a man of ~ riches वह ≈ धन वाला व्यक्ति है.

untouchability अन्टचॅ बि'लिटि *n.* अस्पृश्यता^{F}, छुआछूत^F : ~ is a curse on Indian society ≈ भारतीय समाज के लिए एक अभिशाप है; Raja Ram Mohan Roy worked a lot for the abolition of ~ राजा राम मोहन राय ने ≈ के उन्मूलन के लिए बहुत काम किए, **untouchable** अन् ट'चॅबल *a.* अस्पृश्य, अछूत : ~ castes ≈ जातियाँ.

untoward अनटॅ वर्ड' *a.* (unfortunate) दुर्भाग्यपूर्ण [circumstances परिस्थितियाँ^{F}, events घटनाएँ].

untrue अन् ट्रू' *a.* असत्य, झूठा, मिथ्या

[allegations आरोप, description वर्णन, statement कथन]; what he says is not at all ~ वह जो कुछ कहता है बिल्कुल ≈ नहीं है; he was proved ~ in the court उसे न्यायालय में झूठा सिद्ध किया गया.

unusual अन् यू'ज़ुअल *a.* **1.** (exceptional) असाधारण, असामान्य, ग़ैर-मामूली [beauty सुंदरता^F, strength शक्ति^F]; it was an ~ day for us all हम सब के लिए यह ≈ दिन था; it is ~ for a child of eight years to drive a car एक आठ वर्ष के बच्चे के लिए कार चलाना ≈ है; there was nothing ~ in his appearance उसके रूप-रंग में कुछ भी ≈ नहीं था. **2.** ~ weather अजीब मौसम.

unwell अन् वेंल' *a.* अस्वस्थ [servant नौकर, student छात्र]; Sarla is ~ today सरला आज ≈ है; I'll not go to school for I feel ~ मैं विद्यालय नहीं जाऊंगा क्योंकि मैं ≈ महसूस कर रहा हूँ.

unwillingly अन् वि'लिङ्गलि *adv.* अनिच्छा-पूर्वक : he agreed very ~ to his proposal वह उसके प्रस्ताव से ≈ सहमत हुआ. **unwillingness** अन् वि'लिङ्गनिस *n*^u. अनिच्छा^F: he expressed his ~ to join the party उसने पार्टी में शामिल होने की ≈ ज़ाहिर की.

unworthy अन् वर्'दि *a.* **1.** अयोग्य, नालायक [boy लड़का, person व्यक्ति]; ~ son of a worthy father योग्य बाप का ≈ बेटा; he is not ~ of this post वह इस पद के लिए ≈ नहीं है. **2.** (not as good) अनुचित : ~ conduct ≈ आचरण.

U.P. Uttar Pradesh.

up- अप **I.** *prefix* ऊपर, उच्च, ऊर्ध्व : as in upgrade, uplift, upset, uproot, uphill, upright, upstairs. **II. up** *n*^c. चढ़ाव ; ~s and downs of life जीवन का उतार- ≈. **II.** *prep.* पर, के ऊपर : he went ~ the hill वह पहाड़ी पर चढ़ गया : to go ~ the stream धारा के विपरीत ऊपर जाना; he climbed up the stairs वह सीढ़ियों के ऊपर चढ़ गया; his eyes moved up and down the theatre उसकी आँखें थियेटर के ऊपर-नीचे घूम गईं; they walked ~ the street वे गली में ऊपर की ओर चले गए. **III.** *v.t.* उठ खड़ा होना : he ~ped from the meeting and left वह मीटिंग से उठ खड़ा हुआ और चला गया; they ~ped the prices उन्होंने कीमतें ऊपर उठा दीं. **IV.** *a.* (upper, uppermost) **1.** ऊपर वाला : he lives in the upper room वह ऊपर वाले कमरे में रहता है. **2.** अप : I have to go by the ~ train मुझे ≈ गाड़ी से जाना है. **3.** (rendered into verbal forms in Hindi) the time is ~ समय समाप्त हो गया है; the temperature is ~ तापमान बढ़ गया है; the sun is ~ now सूरज अब चढ़ आया है; no one was ~ even at 6 a.m. कोई भी सुबह आठ बजे तक नहीं उठा था. [*ant.* down] **V.** *adv.* **1.** ऊपर : put the photograph ~ फ़ोटो ≈ लगा दो; he looked ~ and saw the plane उसने ≈ नज़र^F की और हवाई जहाज़ देखा; carry it ~ इसे ≈ उठा ले जाओ; we went ~ to the third floor हम ≈ तीसरी मंज़िल पर गए; he climed ~ वह ऊपर चढ़ गया; the sun came ~ सूरज ऊपर आ गया. **2.** ~ to तक : ~ to ten o'clock दस बजे तक; count ~ to ten दस ≈ गिनो. **3.** (for emphasis usu. rendered into compound verb in Hindi) he got ~ वह उठ बैठा; stand ~ खड़े हो जाओ; he is ~ वह उठ गया है; he drank ~ all the coffee वह सारी कॉफ़ी पी गया; have you tied ~ the luggage तुमने सामान बाँध लिया है न; he was ~ all night वह सारी रात जागता रहा; hurry ~ जल्दी करो; the money was all used ~ सारा रुपया खर्च हो गया था; the meeting was ~ when I reached there जब मैं वहाँ पहुँचा तब सभा^F उठ गई थी; the clothes were dried ~ कपड़े सूख गए थे; the sponge will dry ~ the water स्पंज पानी सोख लेगा; he spoke ~ in the meeting वह बैठक में ज़ोर से बोला (बोल पड़ा); we shall be ~ against a strong team हम एक ज़बरदस्त टीम से मुकाबला करेंगे; leave it ~ to me यह मुझ पर (मेरी ज़िम्मेदारी^F पर) छोड़ दो.

upbringing अप् ब्रिङ्'गिङ्ग *n*^u. (rearing) पालन-पोषण : excellent ~ उत्कृष्ट ≈; ~ of children बच्चों का ≈; his mental weakness is due to his ~ उसकी मानसिक दुर्बलता^F उसके ≈ के कारण है; his loose character is the result of bad ~ उसका

भ्रष्ट चरित्र उसके खराब ≈ का परिणाम है.

uphill अप्'हिल **I.** *a.* **1.** (ascending) चढ़ाऊ, चढ़ावदार : ~ road ≈ सड़क^F; it is ~ all the way to Vaishno Devi वैष्णो देवी तक सारा रास्ता चढ़ाई है. **2.** (difficult) कठिन, कड़ा : ~ task ~ कार्य; ~ struggle ≈ संघर्ष; to learn a new language is an ~ task नई भाषा सीखना एक कठिन काम है. **II.** *adv.* ऊपर, ऊपर की ओर : they walked ~ वे ≈ चलते गए; to ride a bicycle ~ साइकिल चलाकर उसे ऊपर की ओर ले चलना; they went ~ to the 3rd floor वे तीसरी मंज़िल^F की ओर चले गए.

uphold अप् होल्ड' *v.t.* (upheld) **1.** (support, defend) समर्थन करना : to ~ decision निर्णय का समर्थन करना; shopkeepers ~ his decision दुकानदार उसके निर्णय का समर्थन करते हैं; I cannot ~ your viewpoint मैं तुम्हारे दृष्टिकोण का समर्थन नहीं कर सकता. **2.** (confirm) अनुमोदन करना, परिपुष्ट करना; कायम रखना : the judge upheld the lower court's decision जज ने अवर न्यायालय के निर्णय का अनुमोदन किया; to ~ a practice किसी रिवाज का अनुमोदन करना.

upkeep अप्'कीप *n.* देखभाल^F, सँभाल^F : ~ of the garden, house is necessary now बगीचे, मकान की ≈ अब ज़रूरी है.

uplift अप् लिफ़्ट' **I.** *v.t.* **1.** (ऊपर) उठाना : to ~ one's eye, eyebrows, voice आँख, भौंहें, आवाज़ उठाना. **2.** सुधारना : I have tried to ~ their condition मैंने उनकी दशा^{F} सुधारने का प्रयास किया है. **II.** *n*^{u}. सुधार, उद्धार [complete पूर्ण, moral नैतिक, rural ग्रामीण]; the reformer pleaded for the ~ of the poor people सुधारक ने ग़रीब लोगों के ≈ की वकालत^F की; ~ of the depressed classes दबे-कुचले (दलित) वर्गों का ≈.

upon अ पॉन' *prep* = on (*q.v.*) पर, के ऊपर : once upon a time एक समय; he leapt ~ the enemy वह शत्रु पर झपटा; there is no chair here to sit ~ बैठने के लिए यहाँ कोई कुर्सी नहीं है; there is picture ~ the wall दीवार पर एक चित्र है; the child was sitting ~ the floor बच्चा फर्श पर बैठा था. [also see 'on']

upper अ'पर **I.** *a.* **1.** (uppermost) ऊपरी, ऊपरला : ~ storey ऊपरी मंज़िल^F; ~ layer उपरली परत^F; ~ jaw, lip ऊपरी जबड़ा, होठ; ~ limit ऊपरी सीमा^{F}; ~ class उच्च वर्ग; ~ house उच्च सदन; write your name on the ~ line ऊपरी पंक्ति पर^F अपना नाम लिखो. [*ant.* lower] the ~ of a shoe जूते का ऊपरी साज़. **~most** *a.* **1.** (highest) उच्चतम, सर्वोच्च [position स्थिति^{F}, storey मंज़िल^F]; the ~ branch of the tree पेड़ की उच्चतम शाखा^{F}; he still holds ~ position वह अब भी सर्वोच्च स्थान पर है. **2.** (predominant) प्रमुख : this is the ~ thing in my mind मेरे मन में यही ≈ बात है.

upright अप् राइट' *a.+adv.* **1.** खड़ा, सीधा, ऊर्ध्वाधर : ~ pole ≈ खंभा; ~ lines खड़ी पंक्तियाँ; the cadets were standing ~ कैडेट सीधे खड़े थे; she got up and stood ~ वह उठी और सीधी खड़ी हो गई; after the rains the plants were not ~ बारिश^F के बाद पौधे सीधे नहीं थे. **2.** (just and honest) ईमानदार, सच्चा, खरा [children बच्चे, citizen नागरिक, person व्यक्ति]; he has been ~ in his dealings वह व्यवहार में ≈ रहा है; his conduct is ~ उसका आचरण खरा है.

uprising अप्' राइज़िङ्ग *n*^{c}. विद्रोह, बग़ावत [open खुला, uncontrolled अनियंत्रित]; there was an ~ in the police lines पुलिस लाइन में विद्रोह हो गया; the ~ was suppressed विद्रोह दबा दिया गया.

uproar अप्'रॉर *n*^{uc}. हो-हल्ला, शोरगुल : there was ~ in the class room when the teacher was out जब अध्यापक बाहर था तो कमरे में शोर था; to raise an ~ ≈ मचाना/करना; the legislative assembly was in (an) ~ विधान सभा में ≈ हुआ.

uproot अप् रूट' *v.t.* (जड़ से) उखाड़ना, उन्मूलन करना : many trees were ~ed in the storm तूफ़ान में बहुत-से पेड़ (जड़ से) उखड़ गए; he tried to ~ the whole family उसने पूरे परिवार को जड़ से उखाड़ने का प्रयास किया; who has ~ed this plant इस पौधे को किसने उखाड़ा है ?

U.P.S.C. Union Public Service Commission.

upset अप् सेंट' **I.** *v.t.i.* (*p. & p.p.* upset)

1. उलट देना : the boat will not ~ नाव[F] नहीं उलटेगी; the cup was ~ by the child प्याले को बच्चे ने उलट दिया था; to ~ the chair कुर्सी उलट देना. 2. गड़बड़ कर देना : it ~ all my plans इसने मेरी सब योजनाओं को गड़बड़ा दिया; the rain ~ our game बारिश[F] ने हमारा खेल गड़बड़ा दिया; the heavy food ~ his stomach गरिष्ठ भोजन ने उसके पेट में गड़बड़ कर दी. 3. घबराना : they were very ~ वे बहुत घबराए हुए थे; the news will ~ her father समाचार उसके पिता को घबरा देगा.

upside-down अप् साइड्-डाउन' *a.* अस्त-व्यस्त; उल्टा, औंधा, ऊपर का नीचे, गड़बड़ : ~ books अस्त-व्यस्त किताबें; ~ cups उलटे प्याले; everything is ~ in this room इस कमरे में सब कुछ अस्तव्यस्त है; turn the bag ~ झोले को उल्टा कर दो; a picture is hanging ~ चित्र उलटा टँगा है.

upstairs अप् स्टेअर्ज़' **I.** *n*[c]. ऊपरी मंजिल या तल्ला : go ~ ऊपरी मंज़िल पर जाओ; he lives ~ वह ऊपरी मंज़िल पर रहता है. **II.** *a.* ऊपरी (मंज़िल का) : there are three rooms ~ in his house उसके मकान में ऊपर तीन कमरे हैं; he lives in the ~ flat वह ऊपर फ़्लैट में रहता है. **III.** *adv.* ऊपर : your should go ~ to the third floor तुम्हें तीसरी मंज़िल पर ऊपर जाना चाहिए; her bedroom is ~ उसका सोने का कमरा ऊपर है.

up-to-date अप्'टुडेट *a.* अद्यतन, आधुनिक [dress पोशाक[F], fashion फ़ैशन, information जानकारी[F]]; Rita is an ~ lady रीता ≈ महिला है; I have completed my work ~ मैंने अपना कार्य अद्यतन पूरा कर लिया है.

upward अप्'वर्ड *a.* 1. ऊपर का : they followed the ~ path वे ऊपर के रास्ते चले गए. 2. बढ़ने वाला : ~ trend of the prices कीमतों की बढ़ती तेज़ी[F] (बढ़ता रुझान). **upwards** अप्'वर्ड्ज़ *adv.* ऊपर की ओर : trees go ~ पेड़ ≈ बढ़ते हैं; the monkey is trying to go ~ बंदर ≈ जाने की कोशिश कर रहा है; he can jump two metres ~ वह दो मीटर ≈ कूद सकता है; this road goes ~ to the temple यह सड़क ऊपर मंदिर की ओर जाती है.

urban अर्'बन *a.* नगरीय, शहरी [administration प्रशासन, area क्षेत्र, life जीवन]; the ~ population is increasing fast ≈ जनसंख्या[F] तेज़ी[F] से बढ़ रही है; he likes ~ culture वह ≈ संस्कृति पसंद करता है.

-ure *suffix* = as in legislature, capture, sculpture , failure, moisture

urge अर्ज **I.** *v.t.* 1. उकसाना, बढ़ावा देना, प्रेरित करना : everyone ~d her to agree सभी ने मान लेने के लिए उसे प्रेरित किया. 2. अनुरोध करना : I am urging you to apply for this post मैं तुमसे इस पद के लिए प्रार्थनापत्र भेजने का अनुरोध कर रहा हूँ. 3. हाँकना : he ~d the horse with a whip उसने घोड़े को चाबुक से हाँका. 4. आग्रह करना, बलपूर्वक कहना : they ~d the government to withdraw the Bill उन्होंने सरकार[F] से विधेयक को वापस लेने का आग्रह किया; he ~d the importance of economy उसने मितव्ययिता[F] के महत्व पर बल दिया. **II.** *n*[u]. 1. (yearning) ललक[F], लालसा[F]: I had an ~ to do my best इसे करने की मेरी भारी ≈ थी. 2. (inner compulsion) आवेग : he had a sudden ~ to cry उसे रो देने का अचानक ≈ आ गया.

urgency अर्'जन्सि *n*[u]. अत्यावश्यकता[F], महत्व : it is a matter of ~ यह अत्यावश्यक मामला है; the ~ of work काम की अत्यावश्यकता[F]. **urgent** अर्'जंट *a.* अत्यावश्यक [call बुलावा, letter पत्र, message संदेश]; I sent an ~ telegram to him मैंने उसे एक बहुत ज़रूरी तार भेजा; there is ~ need for help सहायता[F] की तत्काल आवश्यकता है.

urinal युअ'रिनल *n*[c]. पेशाबघर, मूत्रालय : ~ near the bedroom बेडरूम के पास का ≈ ; gent's ~ पुरुषों का ≈; ladies ' ~ महिलाओं का ≈. **urinate** युअ'रिनेट *v.t.* पेशाब करना : you should ~ in the urinal तुम्हें पेशाबघर में पेशाब करना चाहिए; he has gone to ~ वह पेशाब करने गया है. **urine** यू'रिन *n*[u]. पेशाब : he has some ~ trouble उसे ≈ की शिकायत[F] है.

U.S. United States.

us अस *pron.* (objective) **1.** हमें, हमको : he gave it to ~ उसने यह ≈ दिया; he does not know ~ वह ≈ नहीं जानता; he gave ~ two tickets उसने ≈ दो टिकट दिए. **2.** (in other contexts) हमारा, आदि : she was running towards ~ वह हमारी तरफ़ दौड़ रही थी; you can help ~ तुम हमारी सहायता कर सकते हो; she said to ~ उसने हमसे कहा; he did not notice us उसने हमारी तरफ ध्यान नहीं दिया; will you go with ~ क्या तुम हमारे साथ जाओगे; we'll take her with ~ हम उसे अपने साथ ले जाएँगे; you can easily do it without ~ तुम इसे बिना हमारे आसानी से कर सकते हो; mosquitoes are flying over ~ मच्छर हमारे ऊपर उड़ रहे हैं.

U.S.A. United States of America संयुक्त राज्य अमरीका.

usage यू'ज़िज n^c. **1.** प्रयोग, इस्तेमाल [common आम, known जाना-पहचाना]; you have spoilt this thing by rough ~ ग़लत इस्तेमाल करके तुमने इस चीज़ को खराब कर दिया है; modern Hindi ~ आधुनिक हिन्दी प्रयोग. **2.** चलन, रिवाज़ : he does not know the ~s of rural people वह ग्रामीण लोगों के रिवाज़ नहीं जानता; such dresses were not in ~ then ऐसी पोशाकें तब चलन में नहीं थीं.

use 1. यूज़ n^c. **1.** इस्तेमाल, प्रयोग, उपयोग [constant लगातार, daily दैनिक]; be in ~ प्रयोग में होना; this plate is now out of ~ इस प्लेट का अब इस्तेमाल नहीं होता; he made good ~ of his time उसने अपने समय का अच्छा इस्तेमाल किया; this word came into ~ some years back यह शब्द कुछ वर्ष पहले ≈ में आया; ~ of the electricity बिजली का प्रयोग; what is the ~ of this tool इस उपकरण का क्या ≈ है; let me have the ~ of your pen मैं आपके पेन का इस्तेमाल कर लूँ. **2.** काम, उपयोगिता^{F} : can I be of any ~ to you क्या मैं आपके किसी काम आ सकता हूँ? it was of much ~ to him यह उसके बहुत काम का था; it is of no ~ यह किसी काम का नहीं है; a pair of scissors has many ~s कैंची^{F} के बहुत-से काम हैं. **3.** (advantage) लाभ, फ़ायदा : what is the ~ of going there now अब वहाँ जाने का क्या लाभ है? is there any ~ of buying such things क्या इस प्रकार की वस्तुएँ खरीदने का कोई लाभ है? make ~ of this opportunity इस अवसर का लाभ उठा लो. **II.** *v.t.* **1.** (put to use) इस्तेमाल करना, काम में लाना : can I ~ your telephone क्या मैं आपका टेलीफोन इस्तेमाल कर सकता हूँ? the police had to ~ force पुलिस को बलप्रयोग करना पड़ा. **2.** (treat) के साथ (अच्छा, बुरा) व्यवहार करना : he was badly ~d उसके साथ बुरा व्यवहार किया गया; do you know how to ~ him? क्या तुम जानते हो कि उससे कैसा बर्ताव करना है. **3.** अभ्यास होना : he ~d to come here वह यहाँ आया करता था; he ~d to sit talking for hours वह बैठा घंटों बातें करता रहता था. **4** (finish) समाप्त/खत्म कर देना : how did you ~ all the ink तुमने सारी स्याही^{F} कैसे खत्म कर दी? I have ~d up all my money मैंने अपना सारा पैसा खर्च कर दिया है. **used** यूज़्ड *a.* **1.** प्रयुक्त, काम में लाया हुआ, व्यवहृत [instrument उपकरण, things वस्तुएँ^{F}, towel तौलिया]; he has given you ~ furniture उसने तुम्हें (पुराना) काम में लाया हुआ फर्नीचर दिया है. **2.** (worn) पुराना : to wear ~ clothes पुराने कपड़े पहनना. **3.** अभ्यस्त : I am not ~ to this kind of conduct मुझे ऐसे आचरण का अभ्यास नहीं रहा. **useful** यूज़'फुल *a.* उपयोगी, लाभदायक, फ़ायदेमंद [advice सलाह, animal जानवर, thing वस्तु^{F}]; this book is useful for students यह पुस्तक^F छात्रों के लिए उपयोगी है; it is ~ to remember इसे याद रखना ≈ है; money is always ~ पैसा हमेशा उपयोगी होता है; the knowledge of Hindi was very ~ हिन्दी का ज्ञान बहुत उपयोगी था; he may be ~ to you वह तुम्हारे काम आए; a ~ person काम का आदमी. **usefulness** यूस्' फुलनिस n^u. उपयोगिता^{F} : it has now lost its ~ इसने अपनी ≈ खो दी है; ~ of money is undoubtful पैसे की ≈ असंदिग्ध है; he still does not know the ~ of a dictionary वह अब भी शब्दकोश की ≈ नहीं जानता. **useless** यूस्'लिस *a.* बेकार [effort

प्रयास, labour परिश्रम, work काम]; it was ~ to talk to him उससे बात करना ≈ था; do not waste your time in such ~ things ऐसी बेकार की बातों में अपना समय न गँवाओ; this old watch is quite ~ to him यह पुरानी घड़ी उसके लिए बिल्कुल ≈ है; he is a ~ fellow वह ≈ का व्यक्ति है.

usu. usually.

usual यू'ज़ुअल *a.* **1.** सामान्य, साधारण [answer उत्तर, result परिणाम, way ढंग]; I got up at my ~ time मैं अपने ≈ समय पर उठा. **2.** पहले जैसा : he did it with his ~ skill उसने अपने पहले जैसे कौशल से इसे कर दिया. **3.** अपनी आम आदत के अनुसार : he came very late as ~ ≈ वह बहुत देर से आया. [*ant.* un- ~]

usually यू'ज़ुअलि *adv.* प्रायः, अक्सर, सामान्यतः, साधारणतया, आम तौर पर : it is ~ hot in July जुलाई में ≈ गर्मी रहती है; ~ I am not so late ≈ मुझे देरी^{F} नहीं होती; she is here in the evening ~ वह शाम को ≈ यहाँ रहती है; he gets up at 7 o'clock ~ वह ≈ सात बजे उठ जाता है.

usurp यू ज़र्प' *v.t.* **1.** (अधिकार) छीन लेना : the raja's brother ~ed his throne राजा के भाई ने उसका राजसिंहासन छीन लिया. **2.** (seize) छीन लेना, हड़पना : did you ~ his property क्या तुमने उसकी संपत्ति^{F} हड़प ली ? he dare not ~ my authority उसमें मेरा अधिकार छीनने की हिम्मत नहीं है.

utensil यू टॅन्'सिल n^c. बरतन [cooking पकाने के, household घर के]; plates, jugs and pans are ~s प्लेटें, जग और कड़ाहियाँ ≈ हैं; the robbers took away all their ~s लुटेरे उनके सब ≈ उठा ले गए

utility यू टि'लिटि n^u. **1.** उपयोगिता^{F} : the ball pen has its ~ बाल पेन की अपनी ≈ है; that tool has no ~ उस उपकरण की कोई ≈ नहीं है. **2.** works of public ~ लोकहित के निर्माण-कार्य. **utilization** यूटिलाइ ज़े'शन n^u. उपयोग : adequate ~ of funds निधि^{F} का उचित ≈; proper ~ of resources संसाधनों का सही ≈. **utilize** यू'टिलाइज़ *v.t.* **1.** उपयोग/उपभोग करना, काम में लाना, से लाभ उठाना : to ~ resources संसाधनों का उपभोग करना; ~ the grant-in-aid सहायता-अनुदान का उपयोग करना; he has not ~d his abilities उसने अपनी योग्यता^{F} का लाभ नहीं उठाया; money was ~d in our business हमारे धंधे में रुपए का उपयोग किया गया.

utmost अट्'मोस्ट *a.* **1.** अधिक-से-अधिक [speed गति^{F}, utility उपयोगिता^{F}]; I'll do it to the ~ limit मैं इसे अंतिम सीमा तक (भरसक) करूँगा; I'll do my ~ to help you मैं आपकी सहायता करने का भरसक प्रयास करूँगा; take ~ care अधिक-से-अधिक सावधानी^{F} बरतो; he has used his ~ strength उसने अपनी अधिकतम शक्ति^{F} का प्रयोग किया; it is of ~ importance यह ≈ महत्व का है. **2.** दूरतम : ~ ends of the earth धरती के ≈ किनारे.

utter अ'टर **I.** *a.* बिलकुल, अत्यंत, नितांत [disregard उपेक्षा^{F} या अवहेलना^{F}, poverty ग़रीबी^{F}]; an ~ stranger to this place इस स्थान के लिए ≈ अजनबी; it is ~ nonsense यह ≈ बकवास है; you are an ~ fool तुम ≈ मूर्ख हो. **II.** *v.t.* कहना, बोलना : he went away without ~ing a word वह बिना एक भी शब्द बोले चला गया. **utterance** अ'टॅरंस n^{uc}. **1.** उच्चारण : his ~ is faulty उसका शब्दोच्चारण दोषपूर्ण है. **2.** वाणी^{F} : give ~ to your feelings अपनी भावनाओं^{F} को ≈ दो. **utterly** अ'टर्लि *adv.* बिलकुल, नितांत, सर्वथा [poor ग़रीब, wrong ग़लत]; the shop was ~ ruined दुकान ≈ नष्ट हो गई; he is ~ stupid वह निरा बुद्धू है.

V, v

v. velocity, value, verb, victory, volt.; (number) five (5).

vacancy वे'केन्सि *n.* (vacancies) रिक्ति^{F}, रिक्त स्थान, ख़ाली जगह^{F} : ~ caused by a death मृत्यु से हुई रिक्ति; there is no ~ in this office इस कार्यालय में कोई ख़ाली जगह नहीं है; we have two vacancies for typists to be filled हमें टाइपिस्ट की दो जगहें भरनी हैं; the ~ remained unfilled रिक्ति अनभरी रह गई.

vacant वे'कन्ट *a.* **1.** (not occupied) ख़ाली, रिक्त [chair कुर्सी, land भूमि^{F}, space स्थान]; some rooms are ~ now अब कुछ कमरे ख़ाली हैं; ~ seats in the cinema hall सिनेमा हाल में ख़ाली सीटें; two posts are ~ दो पद ख़ाली हैं. [*ant.* occupied] **2.** (non-working) ख़ाली [hours घंटे, time समय]. **3.** भावशून्य [expression अभिव्यक्ति^{F}, look दृष्टि^{F}]. **vacate** व़ केट' *v.t.* **1.** ख़ाली करना : you should ~ the house by tomorrow तुम्हें कल तक मकान ख़ाली कर देना चाहिए; ~ a seat beside yourself अपने बगल की एक सीट ख़ाली कर दो. **2.** छोड़ देना, उठा देना : to ~ the aggression आक्रमण उठा देना, आक्रमण की हुई जगह^{F} को छोड़ देना. **3.** त्याग देना : to ~ one's office अपना पद त्याग देना. **vacation** व़ के'शन n^{c}. अवकाश, लंबी छुट्टी^{F} : annual ~ वार्षिक ≈; summer ~ गर्मी^{F} की छुट्टियाँ; during the winter ~ I'll not be here जाड़े की छुट्टियों के दौरान मैं यहाँ नहीं आऊंगा; half of the ~ is over आधी छुट्टियाँ समाप्त हो गई हैं; he is on ~ वह लंबी छुट्टी पर है.

vaccinate वैक्'सिनेट *v.t.* टीका लगाना : ~ against smallpox चेचक का ≈; the doctor ~d all the members of our family डॉक्टर ने परिवार के सभी लोगों को टीका लगाया; when were you ~d तुम्हें टीका कब लगा था? **vaccination** वैक्सिने'शन n^{c}. टीका : ~ is given to prevent small-pox ≈ चेचक रोकने के लिए लगाया जाता है; ~ is preventive ≈ अवरोधी होता है; I shall have ~ tomorrow मुझे कल ≈ लगना है.

vacuum वै'क्यूअम n^{u}. **1.** शून्य स्थान, शून्यता^{F} : his death left a ~ in her life उसकी मृत्यु ने इसके जीवन में शून्यता ला दी; this ~ is difficult to fill इस ≈ को भरना कठिन है. **2.** निर्वातता^{F} : ~ flask for keeping the tea hot चाय को गर्म रखने के लिए वायु-रहित फ़्लास्क; a ~ cleaner draws up dirt from the floor निर्वातक मशीन^{F} फ़र्श पर से कूड़ा खींच लेती है.

vagabond वै'गॅबान्ड n^{c}. *a.* आवारा : doubtlessly that young man is a ~ निःसंदेह वह युवक ≈ है; you should give up your ~ habits तुम्हें अपनी आवारा आदतें^{F} छोड़ देनी चाहिए; he is leading a ~ life वह ≈ जीवन बिता रहा है.

vague वेग *a.* (vaguer, vaguest) अस्पष्ट, धुँधला [description वर्णन, reply उत्तर]; ~ outline अस्पष्ट रूपरेखा^{F}; she is always ~ in her expression वह अपनी अभिव्यक्ति में सदा अस्पष्ट रहती है; I have a ~ idea मेरा धुँधला-सा ख्याल है; I could see ~ shapes in the mist मैं कुहरे में अस्पष्ट आकृतियाँ^{F} देख पा रहा था; he gave a ~ account of his experience उसने अपने अनुभव का एक ≈ लेखा-जोखा दिया; his plans are ~ उसकी योजनाएँ^{F} अस्पष्ट हैं. [*ant.* clear] **vagueness** वेग'निस *n.* अस्पष्टता^{F}, धुंधलापन : ~ of language भाषा^{F} की अस्पष्टता; I could understand nothing due to the ~ of his speech उसके भाषण की अस्पष्टता के कारण मैं कुछ न समझ सका; ~ of a view दृश्य का धुँधलापन.

vain वेन *a.* **1.** व्यर्थ, बेकार [argument तर्क, hope आशा^{F}, threat धमकी^{F}]; everything was in ~ सब कुछ ≈ हो गया. **2.** (unsuccessful) निष्फल : all his efforts were in

~ उसके सब प्रयत्न ≈ हो गए; he made a ~. attempt उसने ≈ प्रयास किया. **3.** (conceited) दंभी, गर्वीला [man आदमी, merchant व्यापारी]; ~ lady गर्वीली महिला; he is a ~ person always talking about his wealth वह एक ≈ व्यक्ति है जो सदा अपने धन की बात^F करता रहता है.

valiant वै'ल्यन्ट *a.* **1.** शूरवीर, दिलेर, बहादुर [soldier सैनिक, warrior योद्धा]; all the ~ soldiers were given promotion सब ≈ जवानों को प्रोन्नति^{F} दी गई. **2.** वीरोचित : ~ deeds of our heroes हमारे वीरों के ≈ कारनामे.

valid व़ै'लिड *a.* **1.** मान्य, प्रामाणिक [document दस्तावेज़, passport पारपत्र]; this ticket is ~ for two months यह टिकट दो महीने के लिए मान्य है. **2.** युक्तियुक्त : ~ argument ≈ तर्क; ~ excuse ≈ बहाना; your objection is not ~ तुम्हारी आपत्ति ≈ नहीं है. **3.** (correct in law) वैध : he has a ~ claim to the property उसका संपत्ति^{F} में ≈ दावा है; their marriage was declared ~ उसका विवाह ≈ घोषित किया गया.

valley व़ैलि n^c. घाटी^{F} [beautiful सुंदर, fertile उर्वर, narrow सँकरी]; the ~ bounded by high mountains ऊंचे पहाड़ों से घिरी हुई ≈; to live in the Kashmir ~ कश्मीर ≈ में रहना.

valuable व़ै'ल्युअबल *a.* कीमती, मूल्यवान् [information सूचना^{F}, metal धातु^{F}, property संपत्ति^{F}]; mother's diamond ring is ~ माँ जी की हीरे की अंगूठी^{F} ≈ है; his opinion is very ~ to me उसकी राय मेरे लिए बहुत उपयोगी है; all these stones are ~ ये सब पत्थर ≈ हैं; he made a ~ suggestion उसने एक ≈ सुझाव दिया. **valuables** व़ै'ल्युअबल्ज़ *n. pl.* बहुमूल्य वस्तुएँ^{F} : ornaments, woollen clothes and other ~ गहने, ऊनी कपड़े और अन्य ≈; your ~ are safe in the bank तुम्हारी ≈ बैंक में सुरक्षित हैं. **value** वैल्यु **I.** n^{cu}. **1.** मूल्य, कीमत^F [great बहुत, maximum अधिकतम]; his work is of considerable ~ उसका काम बड़ी ≈ का है; you don't know the ~ of time तुम समय का ≈ नहीं जानते; it is of no ~ at all यह किसी ≈ का नहीं है; the ~ of this golden ring is three thousand rupees इस सोने की अंगूठी^{F} की कीमत तीन हजार रुपए है; the ~ of a dollar was Rs. 35 in 1995 एक डालर की ≈ 1995 में पैंतीस रुपए थी; the ~ of house property in Delhi has increased दिल्ली में गृहीय संपत्ति^{F} का मूल्य बढ़ गया है; the ~s of life in Indian culture भारतीय संस्कृति में जीवन मूल्य; at par ~ सम मूल्य पर, मूल्य-भाव से; below par ~ मूल्य-भाव से कम कीमत पर; घाटे पर; above par ~ अधिक मूल्य पर; our cultural ~s have changed हमारे सांस्कृतिक मूल्य परिवर्तित हो गए हैं. **2.** उपयोगिता^{F}, महत्व^F : the book will be of great ~ for the history students इतिहास के छात्रों के लिए यह किताब^F बहुत उपयोगी होगी; I know the ~ of time मैं समय का महत्व जानता हूँ. **II.** *v.t.* **1.** मूल्यांकन करना, मूल्य लगाना या निर्धारित करना : have your house ~d अपने मकान का मूल्यांकन कराओ; the house has been ~d at 16 lakh rupees मकान की कीमत 16 लाख रुपये निर्धारित की (आँकी) गई है; he ~d all the goods at Rs. 2,000 उसने सारे माल की कीमत दो हज़ार रुपए लगाई. **2.** (value highly) कद्र करना, महत्व देना; आदर देना; I (highly) ~ your friendship मैं आपकी मित्रता^{F} को बहुत महत्व देता हूँ; I (highly) ~ your advice मैं आपकी सलाह^F की कद्र करता हूँ.

valve व़ैल्व n^c. वाल्व, कपाट : safety ~ सुरक्षा कपाट; put air into the tube through the ~ वाल्व से ट्यूब में हवा भरो.

van व़ैन n^c. **1.** (also luggage ~) मालगाड़ी^{F} का डिब्बा : police ~ पुलिस वैन; luggage ~ is at the end of the train माल गाड़ी का डिब्बा रेलगाड़ी^{F} के अंत में है; guard's ~ is ahead of it गार्ड का डिब्बा उससे आगे है. **2.** बंद गाड़ी^{F}, वैन^F : he drives a businessman's ~ वह एक व्यापारी की ≈ चलाता है; our ~ is used to carry goods to and from the railway station हमारी वैन का इस्तेमाल रेलवे स्टेशन से माल को लाने व ले जाने में होता है.

vanish वै'निश *v.i.* **1.** (disappear) ओझल हो

जाना, अदृश्य हो जाना : the thief ~ed in the dark चोर अंधेरे में ≈ हो गया; many kinds of animals have ~d from the earth बहुत-से जानवर पृथ्वी से ग़ायब हो गए हैं. [*ant.* appear] (fade away) जाता रहना : every trace of fatigue immediately ~d from her face थकान^F के सभी लक्षण उसके चेहरे से तुरंत जाते रहे. **3.** (come to an end) मिट जाना : my hope has ~ed मेरी आशा मिट गई है.

vanity वै'निटि *n*^u. **1.** गर्व, दंभ, घमंड : a beautiful woman is often a victim of ~ सुंदर स्त्री प्राय: ≈ का शिकार हो जाती है; do not injure the ~ of any person किसी व्यक्ति के दंभ को चोट न पहुँचाओ. **2.** (futility) असारता^F, खोखलापन : ~ of amassing wealth धन जोड़ने का खोखलापन; earthly possessions, fame, power, wealth etc., all is ~ भौतिक प्राप्तियाँ, यश, शक्ति^F, धन आदि सब कुछ में खोखलापन है; ~ of human life मनुष्य जीवन की असारता^F.

vapour व़े'पर *n*^c. वाष्पकण : water ~s पानी के ≈; ~s arise from a damp ground ≈ गीली ज़मीन से उठते हैं; cloud is a mass of ~s बादल वाष्पकणों के पुंज होते हैं.

variation वेअरिए'शन *n.* **1.** (modification) रूपभेद, विभिन्न रूप : many ~s of same articles उन्हीं चीज़ों के ≈; there are several ~s of this episode इस कथा^F के कई ≈ हैं. **2.** उतार-चढ़ाव : there is a rapid ~ in temperature तापमान में बहुत तेज़ ≈ है; there is a slight ~ in prices कीमतों^F में मामूली ≈ है.

varied वेअ'रिड *a.* विविध, विभिन्न : the story is ~ कहानी भिन्न-भिन्न है.

variegated वेअ'रिगेटिड *a.* **1.** रंगबिरंगा : they put on ~ clothes on the occasion of Diwali दीवाली के अवसर पर वे रंगबिरंगे कपड़े पहनते हैं. **2.** भाँति-भाँति का [career जीवन, colours रंग, plants पौधे] .

variety व़राइ'इटि *n.* **1.** (diversity) विविधता^F, अनेकरूपता^F : he likes ~ in eatables वह खाद्य पदार्थों में विविधता पसंद करता है; there is no ~ in their behaviour उन लोगों के व्यवहारों में कोई विविधता नहीं है; life in a university has a lot of ~ विश्वविद्यालयीय जीवन में बहुत विविधता है; there is a great ~ of the absentees अनुपस्थितों में बड़ी ≈ है; everyone had a ~ of reasons हर एक के पास विविध कारण थे. **2.** (~ entertainment) विविध मनोरंजन : ~ programme रंगारंग प्रोग्राम, विविध मनोरंजन कार्यक्रम; ~ theatre बहुत प्रकार के तमाशे दिखाने वाली रंगशाला^F. **3.** (kinds) प्रकार : there are several varieties of dogs here यहाँ कई प्रकार के कुत्ते हैं; his failure was due to a ~ of causes उसकी असफलता^F कई प्रकार के कारणों से थी; the different varieties of plants विभिन्न प्रकार के पौधे.

various व़ेअ'रिअस *a.* (from vary) **1.** (several) अनेक, कई ~ people saw the solar eclipse ≈ लोगों ने सूर्यग्रहण देखा; ~ people came on his birthday कई लोग उसके जन्मदिन पर आए; we saw ~ programmes on the T.V. हमने टी. वी. पर कई प्रोग्राम देखे. **2.** (different) विविध, नानाविध, विभिन्न [flowers फूल, things वस्तुएँ^F, subjects विषय]; for ~ reasons I cannot do so विभिन्न कारणों से मैं ऐसा नहीं कर सकता]; there are ~ opinions on this subject इस विषय में तरह-तरह के मत हैं; there are ~ ways of solving this question इस प्रश्न को हल करने^F के ≈ ढंग हैं.

varnish व़ार'निश **I.** *n*^u. वारनिश : a tin of ~ ≈ का डिब्बा^F; to lay ~ on smth किसी चीज पर ≈ लगाना; thin ~ पतला ≈; this ~ is not used on the furniture फर्नीचर पर इस ≈ का प्रयोग नहीं किया जाता. **2.** (superficial attractiveness) चिकनाई^F, (whitewash) लीपा-पोती. **II.** *v.t.* **1.** वार्निश करना, रोगन लगाना, वार्निश से चिकनाना : to ~ the doors and windows दरवाज़ों और खिड़कियों^F को चिकनाना; get the table ~ed मेज़ पर वार्निश करवाओ. **2.** लीपा-पोती करना, छिपाना : why are you trying to ~ the facts तुम तथ्यों पर लीपापोती करने की कोशिश क्यों कर रहे हो ?

vary वेअ'रि **I.** *v.t.* (*p.* varied) बदलना, हेरफेर करना : you should ~ your programme from time to time तुम्हें अपने कार्यक्रम को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए. **II.** *v.t.*

(be different) भिन्न होना, बदलना : the temperature varies from place to place स्थान-स्थान पर तापमान भिन्न होता है; opinions on this problem ~ इस समस्या^F के बारे में मत भिन्न-भिन्न हैं; these houses ~ in height ये मकान ऊंचाई^F में भिन्न-भिन्न हैं; his daily programme never varies उसका प्रतिदिन का कार्यक्रम कभी नहीं बदलता.

vase व़ाज़ *n*^c. पात्र [beautiful सुंदर, small छोटा]; flower ~ फूलदान; this ~ is made of clay यह पात्र मिट्टी का बना हुआ है; ~s of various shapes विभिन्न प्रकार के ≈; he has bought many ~s from the fair मेले में उसने कई फूलदान ख़रीदे.

vast व़ास्ट *a*. विशाल, बहुत बड़ा, लंबा-चौड़ा [continent महाद्वीप, desert रेगिस्तान, plains मैदान]; a ~ sum of money अपार धनराशि^F; there is a ~ difference between the two states दोनों राज्यों में बहुत बड़ा अंतर है; on seeing the ~ crowd he could speak nothing बहुत बड़ी भीड़ देखकर वह कुछ न बोल सका; this company has ~ resources इस कंपनी के बहुत संसाधन हैं. **vastness** व़ास्ट'निस *n*. विस्तार, विशालता^F: unlimited ~ असीमित ≈; the stadium is famous because of its ~ स्टेडियम अपनी विशालता के कारण प्रसिद्ध है.

V.C. Vice-Chancellor.

veg. व़ेज = vegetarian शाकाहारी; vegetable सब्ज़ी.

vegetable वे'जिटॅबल *n*^c. साग-सब्ज़ी^F, तरकारी^F [cooked पकी; fresh ताज़ी]; we should eat ~s to keep us healthy हमें स्वस्थ रहने के लिए सब्ज़ियाँ खानी चाहिएँ; you should clean the ~ well before use इस्तेमाल करने से पहले तुम्हें सब्ज़ी अच्छी तरह साफ़ करनी चाहिए; in the ~ kingdom वनस्पति जगत् में; he buys ~s daily वह प्रतिदिन सब्ज़ियाँ खरीदता है; is cucumber a ~ or a fruit खीरा सब्ज़ी है या फल? **vegetarian** वे जिटेअ'रिअन **I.** *a*. **1.** निरामिष : ~ diet ≈ आहार; a ~ restaurant ≈ रेस्टोरेन्ट. **2.** (of person) शाकाहारी : he is a ~ वह ≈ है.

vehicle व़ी'इकल *n*^c. **1.** गाड़ी^F, वाहन, सवारी^F : car, cart, bicycle, bus or railway carriage is a ~ कार, गाड़ी^F, साइकिल, बस, रेलवे बोगी वाहन हैं. **2.** (medium) माध्यम, वाहक : air is the ~ of sound हवा ध्वनि की वाहक है; ~ of diseases बीमारियों के वाहक; milk is often a ~ of infection दूध प्राय: संक्रमण का वाहक होता है. **3.** (means) साधन : T.V. is a ~ for propaganda टी. वी. प्रचार का एक ≈ है.

veil व़ेल **I.** *n*^c. परदा, घूँघट, नकाब [black काला, silken रेशमी]; many women in India wear ~s भारत में बहुत-सी औरतें ≈ करती हैं; draw a ~ over something किसी चीज़ पर परदा डालना; to cover the head with a ~ ≈ से सिर ढकना. (fig.) ~ of secrecy रहस्य का परदा. **II.** *v.t.* (hide) छिपाना : she ~ed her face उसने अपना चेहरा छिपा लिया.

ven. venerable.

vender, -dor वे न्'डर *n*^c. विक्रेता, बेचने वाला; दुकानदार [clever चालाक, gentle सज्जन]; ~ of fruit, fruit ~ फल ≈; the real ~ of the property संपत्ति का वास्तविक ≈; the relationship between the ~ and purchaser विक्रेता और क्रेता के बीच का संबंध.

venerable वे 'नॅरबल *a*. पूज्य, पूजनीय [old man बूढ़ा, priest पादरी/पुरोहित]; today I have to write a letter to my ~ father आज मुझे ≈ पिताजी को पत्र लिखना है.

vengeance वे न्'जन्स *n*. बदला : to take/wreak ~ upon/on someone किसी से बदला लेना; he was ready for ~ upon his enemy वह अपने शत्रु से बदला लेने के लिए तैयार था; he could not get an opportunity for ~ उसे बदला लेने का अवसर नहीं मिल सका. Δ **with a** ~ बड़े ज़ोर से, अच्छी तरह : the winds were blowing with a ~ हवाएँ^F खूब ज़ोर से बह रही थीं; he opposed the resolution with a ~ उसने प्रस्ताव का अच्छी तरह विरोध किया.

ventilate वे न्'टिलेट *v.t.* **1.** हवादार बनाना : he will ~ his room वह अपने कमरे को हवादार बनाएगा. **2.** खुले आम चर्चा^F करना : to ~ one's grievances अपनी शिकायतों^F की ≈; I cannot ~ such a matter मैं ऐसे मामले की खुले आम चर्चा नहीं कर सकता; the subject

should be ~d इस विषय पर खुले आम चर्चा होनी चाहिए. **ventilation** वे न्टिले 'शन *n.* **1.** हवादारी^F, वायु-संचार : the ~ of the coal-mine broke down कोयले के खदान^F का वायु-संचार बिगड़ गया; the ~ of the crowded room was very poor ख़ूब भरे हुए कमरे का वायु-संचार ख़राब था. **2.** आम चर्चा^F : open ~ खुली ≈; the proper ~ of one's grievance अपनी शिकायत की उचित खुली चर्चा; they wanted to be allowed full ~ of their difficulties वे अपनी कठिनाइयों^F की पूरी चर्चा करने-कराने की अनुमति चाहते थे. **ventilator** वे़न्'टिलेटर *n*^c. झरोखा, रोशनदान : ~ with bars छड़दार ≈; the cool air is coming through the ~ ≈ से ठंडी हवा^F आ रही है; there is not a ~ in his room उसके कमरे में एक भी ≈ नहीं है.

venture वे़न्'चर **I.** *n*^c. **1.** जोखिम, साहसिक कार्य : what ~ can you undertake तुम कौन-सा जोखिम ले सकते हो? you should be ready for any ~ तुम्हें कोई भी जोखिम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए; it was a risky ~ यह एक खतरनाक साहसिक काम था; I cannot take such a ~ मैं इस प्रकार का जोखिम नहीं उठा सकता. **2.** (business venture) सट्टा : this new ~ has made him rich इस नए सट्टे में वह धनी हो गया है. **II.** *v.i.* हिम्मत^F करना, साहस करना, जोखिम उठाना : only few people ~d to go there कुछ ही लोग वहाँ जाने की हिम्मत कर सके; I could not ~ out of doors earlier मैं घर के बाहर आने का जोखिम पहले नहीं उठा सकता था; to ~ on/into an unknown place किसी अज्ञात स्थान पर जाने का साहस करना; I ~ to say this मैं यह कहने का साहस करता हूँ. Δ **nothing ~d, nothing gained** कुछ जोखिम न उठाया तो कुछ न पाया.

verandah वरैन्'डा *n*^c. बरामदा [large बड़ा, open खुला]; a window opens on to our ~ खिड़की^F हमारे बरामदे की ओर खुलती है; there is a ~ outside the sitting room बैठक के बाहर एक ≈ है.

verb वर्ब *n*^c. क्रिया^F : the ~ is at the end of a sentence in Hindi हिंदी में क्रिया वाक्य के अंत में होती है; he does not know the past tense of many ~s वह बहुत-सी क्रियाओं का भूतकाल नहीं जानता. **verbal** वर्'वल *a.* **1.** शाब्दिक : ~ translation ≈ अनुवाद. **2.** (oral) मौखिक, ज़बानी [discussion परिचर्चा^F, message संदेश, warning चेतावनी^F]; ~ evidence ज़बानी गवाही^F; ~ statement मौखिक कथन, ज़बानी बात^F; there will be ~ questions for the admission test प्रवेश परीक्षा के लिए केवल मौखिक प्रश्न होंगे. [*ant.* written]

verge व़र्ज *n*^c. **1.** (edge) किनारा, सिरा, छोर : he lives on the ~ of a forest वह एक जंगल के छोर/सिरे पर रहता है; my father is on the ~ of retirement मेरे पिता सेवानिवृत्ति^F के छोर पर हैं. **2.** (other contexts) the country is on the ~ of war देश युद्ध के कगार पर खड़ा है; he reached the ~ of poverty वह ग़रीबी^F के निकट तक पहुँच गया; she is on the ~ of thirty वह तीस साल की हो चली है.

verification व़ेरिफि के'शन *n*^u. सत्यापन, प्रमाणन : official ~ आधिकारिक ≈; ~ of details विवरणों का ≈; ~ of the claim दावे का ≈. **verify** वे 'रिफ़ाइ *v.t.* (verified) **1.** प्रमाणित करना, पुष्टि^F करना : the police verified my statements पुलिस ने मेरे कथनों की पुष्टि कर दी; I could not ~ the facts मैं तथ्यों की पुष्टि न कर सका; to ~ the bonafides of a candidate किसी प्रत्याशी की नेकनीयती^F को प्रमाणित करना. **2.** (tally) मिलान करना : to ~ the figures, account अंकों, हिसाब का ≈; let me ~ the spelling मैं वर्तनी^F मिला लूँ.

versatile व़र'सॅटाइल *a.* **1.** (of person, talent, etc). बहुमुखी सर्वतोमुखी [artist कलाकार, author लेखक, cricketer क्रिकेट खिलाड़ी]; he has ~ talents वह बहुमुखी प्रतिभा का धनी है. **2.** बहुउपयोगी : ~ machine, tool ≈ मशीन^F, उपकरण.

verse वर्स *n.* **1.** पद : this poem has five ~s इस कविता में पाँच पद हैं. **2.** श्लोक : ~s from the Gita गीता के ≈. **3.** (of Bible, Koran) आयतें. **4.** कविता^F : read a few ~s from Shelley शेली की कुछ कविताएँ पढ़ो. **5.** पद्य : this story is written in ~ यह कहानी^F पद्य

में लिखी गई है. [*as distinct from* worse].

vertical व़र्'टिकल *a.* (upright) खड़ा, सीधा : ~ line खड़ी रेखा^F; ~ wall खड़ी दीवार; ~ rod खड़ा छड़; ~ poles set in the ground ज़मीन में गड़े हुए खड़े/सीधे लट्ठे.

very वे'रि **I.** *a.* **1.** वही : you are the ~ man whom I wanted to meet तुम वही व्यक्ति हो जिससे मैं मिलना चाहता था; at that ~ moment उसी क्षण. **2.** ही : the ~ thought of going there frightens me वहाँ जाने का विचार ही मुझे भयभीत करता है; that ~ day I was also there उसी दिन मैं भी वहाँ था. **3.** बिलकुल, ठीक : at the ~ end of the meeting बैठक के ≈ अंत में; at the ~ top of the hill पहाड़ी की ≈ चोटी^F पर. **II.** *adv.* **1.** (extremely) बहुत, अत्यन्त : he was ~ angry वह ≈ नाराज़ था; I am ~ glad to meet you मुझे आपसे मिलकर ≈ खुशी हुई; I am ~ much afraid मैं ≈ भयभीत हूँ; I do not follow you ~ well मैं आपको अच्छी तरह नहीं समझ पा रहा हूँ; I am ~ sorry मुझे ≈ खेद है; he was ~ badly injured उसे ≈ बुरी तरह चोट आई थी; thank you ~ much आपका ≈-बहुत धन्यवाद. **2.** (absolutely) बिलकुल : the ~ same thing ≈ वही चीज़. **3.** अति : ~ best ≈ श्रेष्ठ.

vessel व़े'सल *n*^c. **1.** (utensil) पात्र, बरतन [bronze पीतल का, earthen मिट्टी का]; ~ for water पानी के लिए ≈; a drinking ~ पानी पीने का ≈. **2.** (ship) जहाज़ : there are ~s of all kinds at the port बन्दरगाह पर सब प्रकार के ≈ हैं.

vest व़ेस्ट **I.** *n.* **1.** (undergarment) बनियान^F he has given his ~ to the washerman उसने अपनी ≈ धोबी को दे रखी है; he wears a ~ under his shirt वह अपनी कमीज़ के नीचे ≈ पहनता है. **2.** (American) waistcoat वास्कट^F, जैकिट^F. **II.** *v.t.* **1.** (confer) देना, प्रदान करना : to ~ property in a person किसी व्यक्ति को संपत्ति^F देना; to ~ smb with authority किसी को अधिकार देना; authority is ~ed in the people अधिकार जनता को प्राप्त है; the government has ~ed the proctors with magisterial powers सरकार ने (विश्वविद्यालय के) प्राक्टरों को मजस्ट्रेटी अधिकार दे रखे हैं. **2.** (furnish with) से संपन्न करना. **3.** निहित करना, होना : ~ interest निहित स्वार्थ; ~ rights निहित या स्थायी अधिकार.

vet. veterinary.

veto व़ी'टो **I.** *n*^c. वीटो, (*pl.* vetoes) वीटो, निषेधाधिकार : the Speaker's ~ संसद अध्यक्ष का ≈; the President used his ~ राष्ट्रपति ने अपने ≈ का प्रयोग किया; he can exercise his ~ वह अपने ≈ का प्रयोग कर सकता है. **II.** (vetoed) निषेध करना, मना करना; (reject) अस्वीकार करना : to ~ a Bill बिल अस्वीकार करना; to ~ a resolution plan किसी प्रस्ताव, योजना का निषेध करना; he has ~ed your suggestion उसने तुम्हारे सुझाव का निषेध कर दिया है.

vex व़ेक्स *v.t.* **1.** (irritate) चिढ़ाना, खिझाना : you should not ~ your elder sister तुम्हें अपनी बड़ी बहन को ≈ नहीं चाहिए. **2.** (annoy) तंग/परेशान करना : this problem ~es me यह समस्या^F मुझे परेशान कर रही है; people in some cities are ~ed by mosquitoes कुछ शहरों में लोग मच्छरों से परेशान हैं. **3.** (unhappy) नाराज़ : he is ~ed with me वह मुझसे ≈ है.

v. i. = verb intransitive अकर्मक क्रिया.

via वाइअ **I.** *prep.* **1.** से होकर, के रास्ते से : we went to Mumbai ~ Allahabad हम इलाहाबाद होकर मुम्बई गए. **2.** के द्वारा, के माध्यम से : I sent a message ~ my servant मैंने नौकर ≈ समाचार भेजा; I read Kalidas ~ its Hindi translation मैंने हिंदी अनुवाद ≈ कालिदास पढ़ा. **II.** *n.*^u मार्ग : easy ~ आसान ≈; ~ media बीच का रास्ता, मध्यम मार्ग.

vice व़ाइस **I.** *prefix* उप, वाइस- [chairman सभापति, President राष्ट्रपति]; V~ Chancellor कुलपति; Sachin Tendulkar was appointed the ~ captain of Indian cricket team सचिन तेंदुलकर को भारतीय क्रिकेट टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया था. **II.** *n.*^c (moral fault, bad habit) दुर्गुण, दुर्व्यसन : his laziness is a great ~ उसकी निष्क्रियता^F बड़ा ≈ है;

drinking is a ~ शराब पीना ≈ है; there are all kinds of ~s in our society हमारे समाज में सब प्रकार के ≈ हैं. [*ant*. virtue]

vicinity विसि'निटि *n.*[c] (vicinities) **1.** पड़ोस, अड़ोस-पड़ोस : there is a restaurant in the ~ of our school हमारे स्कूल के पड़ोस में एक रेस्टोरेन्ट है; are there no shops in this ~ क्या इस पास-पड़ोस में कोई दुकानें[F] नहीं है ? our ~ is not at all clean हमारा पास-पड़ोस बिल्कुल साफ़ नहीं है. **2.** के आस-पास : his income is in the ~ of one lakh rupees per year उसकी आमदनी[F] प्रतिवर्ष एक लाख रुपए ≈ है.

vicious वि'शस *a.* **1.** (of habits आदतें, life जीवन etc.) भ्रष्ट, बुरा. **2.** (of person) चरित्रहीन, दुष्ट : he is ~ and roguish वह ≈ और बदमाश है; it was a mere ~ circle of luck यह केवल भाग्य का दुष्चक्र था. **3.** (of animal) दुर्दम्य : lion is a ~ animal शेर एक ≈ जानवर है. **4.** (dangerous) खतरनाक : your dog has a ~ bite तुम्हारे कुत्ते का काटा ≈ है.

victim विक्'टिम *n*[c]. **1.** (prey) शिकार : he fell ~ to disease वह बीमारी का ≈ हो गया; he has become a ~ of his own folly वह अपनी ही मूर्खता[F] का ≈ हो गया है; all the ~s of accident were admitted in various hospitals दुर्घटना[F] के शिकार सभी लोगों को भिन्न-भिन्न अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया; the ~s of his oppression उसके अत्याचार के ≈. **2.** (of flood, etc.) पीड़ित : some ~s of the earthquake have been rescued भूकंप के पीड़ितों में से कुछ को बचा लिया गया है. **victimize** विक'टिमाइज़ *v.t.* **1.** शिकार बनाना : he was ~d by rogues वह दुष्ट लोगों का शिकार हो गया. **2.** (make suffer) सताना, उत्पीड़ित करना : a clerk was ~ed by striking workers हड़ताली कार्यकर्ताओं द्वारा एक क्लर्क को उत्पीड़ित किया गया. **3.** दण्डित करना : the officers ~d the strikers अधिकारियों ने हड़तालियों को दण्डित किया. **4.** उल्लू बनाना : some cheats ~d him कुछ धोखेबाज़ों ने उसे उल्लू बनाया.

victor विक्'टर *n*[c]. विजेता : the ~ entered the city ≈ ने शहर में प्रवेश किया; he was declared ~ in the chess competition उसे शतरंज प्रतियोगिता[F] में ≈ घोषित किया गया. **victorious** विक् टॉ'रिअस *a.* विजयी [team टीम[F], troops सेनाएँ[F]]; our soldiers were ~ in two battles हमारे सैनिक दो लड़ाइयों[F] में ≈ हुए; to be ~ over the rivals प्रतिपक्षियों पर ≈ होना; who was ~ in the long race लंबी दौड़ में कौन ≈ हुआ ? **victory** विक्'टरि *n.* जीत[F], विजय[F] [glorious शानदार, great महान्]; gain a ~ over the enemy शत्रु पर ≈ प्राप्त करना; he is sure of his ~ in the election उसे चुनाव में अपनी ≈ का विश्वास है; he achieved an easy ~ उसे आसानी[F] से ≈ मिली; the tortoise gained ~ in the race कछुए की दौड़[F] में ≈ हुई. [*ant*. defeat]

view व्यू **I.** *v.t.* **1.** (inspect) निरीक्षण करना, जाँचना : he has assured me to ~ the matter again उसने मुझे मामले की पुनः जाँच करने का आश्वासन दिया है. **2.** देखना : we ~ed the river from the train मैंने रेलगाड़ी[F] से नदी[F] को देखा; ladies came to ~ the bride महिलाएँ दुल्हिन को देखने आईं. **3.** (consider) विचार करना : he ~ed the matter thoroughly उसने मामले पर पूरी तरह विचार किया. **II.** *n*[c]. **1.** (inspection) जाँच[F], निरीक्षण [clear स्पष्ट, exact सही]; the responsibility of the ~ in this matter lies on him इस मामले की जाँच की ज़िम्मेदारी[F] उस पर है. **2.** (act of seeing) दृष्टि[F], नज़र[F], निगाह[F] : at first ~ पहली ≈ में; some huts are hidden from our ~ कुछ झोंपड़े हमारी ≈ से ओझल हैं; you are blocking my ~ of the stage तुम मंच पर मेरी ≈ रोक रहे हो; it came into ~ यह ≈ में आया; they had a ~ of the exhibition उन्होंने प्रदर्शनी[F] देखी[F]. **3.** (scene) दृश्य : the ~ of nice flowers सुंदर फूलों का ≈; you get a beautiful ~ of the hills from here तुम्हें यहाँ से पहाड़ियों[F] का सुंदर ≈ मिलता है. **4.** (opinion) मत, राय, विचार [different भिन्न, religious धार्मिक]; in my ~ मेरी राय में; what are your ~s on this subject इस विषय पर आपके क्या विचार हैं? his political ~s are still relevant

उसके राजनीतिक विचार आज भी संगत हैं. **5.** (purpose) उद्देश्य, अभिप्राय : he is going home with a ~ to bring some money वह कुछ पैसा लाने के ≈ से घर जा रहा है; his ~ was not known to me उसका ≈ मुझे मालूम न था. Δ **have in ~** ध्यान में रखना : I'll have your suggestions in ~ मैं आपके सुझावों को ध्यान में रखूँगा; **in ~** विचाराधीन : he has no particular work in ~ उसके विचाराधीन कोई विशेष काम नहीं है; **in ~ of** देखते हुए, ध्यान में रखते हुए, के विचार से : in ~ of his youth, he was forgiven उसकी युवावस्था[F] को देखते हुए उसे क्षमा कर दिया गया; **on ~** दिखाने के लिए : this picture is on ~ यह चित्र दिखाने के लिए है; **point of ~** दृष्टिकोण : from my point of ~ he will never come to your help मेरे दृष्टिकोण से वह तुम्हारी सहायता[F] करने कभी नहीं आएगा.

vigilance वि'जिलन्स *n*[u]. सतर्कता[F], चौकसी[F], निगरानी[F] : ~ committee निगरानी समिति[F]; ~ about law and order कानून और व्यवस्था की ≈; ~ on the part of the police can control crime पुलिस की ≈ अपराध को नियंत्रित कर सकती है; ~ about household गृह कार्यों की ≈; to keep ~ over the neighbouring country पड़ोसी देश पर निगरानी रखना.

vigorous विगॅरस *a.* **1.** हृष्ट-पुष्ट, बलवान, तगड़ा, हट्टा-कट्टा : he is healthy and ~ वह स्वस्थ और ≈ है; he is more ~ than his elder brother वह अपने बड़े भाई से ज़्यादा ≈ है. **2.** (forceful) ओजस्वी, ज़ोरदार [attack आक्रमण, effort प्रयास]; his ~ speech was very impressive उसका ओजस्वी भाषण बड़ा प्रभावशाली रहा. **vigour** वि'गर *n*[u]. बल, ज़ोर, ओजस्विता[F] [mental मानसिक, physical शारीरिक]; he was digging with ~ वह ज़ोर से खुदाई कर रहा था; he started his business with ~ उसने ज़ोर से अपना धंधा शुरू किया; there is ~ in his writing उसके लेखन में ओज है.

vile वाइल *a.* (viler, vilest) **1.** (depraved, morally bad), भ्रष्ट, चरित्रहीन [boy लड़का, person व्यक्ति, woman स्त्री]; I never believed that you are so ~ मैंने कभी नहीं विश्वास किया कि तुम इतने ≈ हो. **2.** (disgusting) ख़राब, रद्दी [programme प्रोग्राम, weather मौसम]; there is some very ~ smell कुछ बहुत ख़राब गंध है; you should not take such a ~ food तुम्हें इस प्रकार का रद्दी भोजन नहीं करना चाहिए; he was in a ~ temper उसका मिज़ाज ख़राब था.

villa वि'ला *n*[c]. देहाती बंगला, उपनगरीय निवास [comfortable आरामदेह, pleasant सुखद]; I rented a ~ for summer vacation गर्मी की छुट्टी के लिए मैंने एक ≈ किराये पर लिया; it is a large ~ with a beautiful garden यह एक सुंदर बगीचे वाला ≈ है; he has built a ~ outside Delhi उसने दिल्ली के बाहर एक ≈ बनवाया है.

village वि'लिज *n*[c]. **1.** गांव [backward पिछड़ा हुआ, peaceful शांत]; there is poverty in every ~ हर ≈ में ग़रीबी है; the neighbouring ~ has greatly changed पड़ोस का ≈ बहुत बदल गया है; he was born in a village but lives in the city now वह ≈ में पैदा हुआ था लेकिन अब शहर में रहता है; this road leads to the ~ यह सड़क ≈ को जाती है. **2.** गाँव के लोग : the whole ~ has gone to the fair सारा गाँव मेले गया है. **II.** *a.* ग्रामीण : ~ life ≈ जीवन. **villager** वि'लिजर *n*[c]. ग्रामीण, ग्रामवासी, देहाती [poor ग़रीब, prosperous सम्पन्न, simple सरल, सादा]; ~s are generally illiterate ≈ प्रायः अनपढ़ होते हैं; the life of a ~ is generally hard एक ≈ का जीवन प्रायः कड़ा होता है.

vindicate विन्'डिकेट *v.t.* **1.** निर्दोष या उचित सिद्ध करना : the report ~d him and declared his action proper रिपोर्ट में उसे निर्दोष ठहराया गया और उसके काम को उचित बताया गया; my decision was ~d by the result मेरा निर्णय परिणाम के द्वारा उचित सिद्ध हुआ; the treatment ~d my faith in the doctor इलाज ने डाक्टर के प्रति मेरे विश्वास को उचित सिद्ध कर दिया. **2.** की रक्षा करना : to ~ one's rights अपने अधिकारों ≈.

vinegar वि'निगर *n*[c]. सिरका : ~ has extreme acidity सिरके में बेहद अम्लता[F] होती है; ~ is used in salad ≈ सलाद में इस्तेमाल किया जाता है; ~ makes the pickle sour ≈

अचार को खट्टा बना देता है.

violate वाइअ'लेट *v.t.* **1.** (transgress) उल्लंघन करना, भंग करना, तोड़ना : to ~ the law, rules कानून, नियम तोड़ना; the company has ~d the agreement कंपनी ने समझौते का उल्लंघन कर दिया है; you should not ~ the rules of the road तुम्हें सड़क के नियमों को नहीं तोड़ना चाहिए; to ~ the chastity of a woman किसी स्त्री का सतीत्व भंग करना. **2.** (profane) अपवित्र करना : to ~ a temple मंदिर को ≈.

violence वाइअ'लेन्स *n.* **1.** हिंसा^F : Mahatma Gandhi was against ~ of any kind महात्मा गाँधी किसी प्रकार की ≈ के विरुद्ध थे. **2.** बल प्रयोग : they had to resort to ~ to turn him out of the house उसको घर से बाहर निकालने के लिए उन्हें ≈ करना पड़ा; the police used ~ on the crowd पुलिस ने भीड़^F पर ≈ किया. **3.** an outbreak of ~ दंगा-फ़साद, मार-पीट^F; more than five hundred people killed in ~ मारपीट में पाँच सौ से अधिक लोग मारे गए. **4.** (other contexts) ~ against women स्त्रियों के साथ दुर्व्यवहार; ~ of the wind हवा का ज़ोर. **violent** व़ाइअ'लन्ट *a.* **1.** हिंसापूर्ण : the mad man was in ~ temper पागल आदमी ≈ भावावेश में था; ~ death ≈ मृत्यु^F. **2.** ज़ोर का [blow प्रहार, pain दर्द, quarrel झगड़ा, speech भाषण storm तूफ़ान]; he was suffering from a ~ toothache वह ज़ोर के दाँतदर्द से पीड़ित था.

violet व़ाइअ'लिट **I.** *a.* (colour) बैंगनी, जामनी [cloth कपड़ा, colour रंग]; he wears a ~ shirt वह ≈ (रंग की) कमीज़ पहनता है. **II.** *n*^c. नील पुष्प : ~ is a flower generally found in woods ≈ एक फूल है जो प्रायः जंगलों में पाया जाता है.

violin वाइअ लिन' *n*^c. वायलिन, बेला : ~ is a stringed musical instrument ≈ तारवाला वाद्य यंत्र होता है; to play the ~ ≈ बजाना; ~ has four strings ≈ में चार तार होते हैं; ~ is played with a bow ≈ गज़ से बजाया जाता है.

V.I.P. Very Important Person अति महत्व-पूर्ण व्यक्ति.

virgin वर्'जिन *a.* & *n.* कुंआरी, क्वाँरी : Mary, the V ~ was the mother of Christ ≈ मेरी ईसा की माँ थी; she is still (a) ~ वह अभी कुंआरी है. **2.** बिना जोती हुई : ~ soil ≈ ज़मीन.

virtual व़र्'ट्यूअल *a.* यथार्थ, वास्तविक : ~ Chairman ≈ अध्यक्ष; ~ downfall of government सरकार का ≈ पतन; Prime Minister is the ~ ruler of our country प्रधानमंत्री हमारे देश का ≈ शासक है; the king was weak, the army was the ~ ruler राजा कमज़ोर था, सेना^F ≈ शासक थी. **virtually** व़र्'ट्यूअलि *adv.* वस्तुतः he ~ agreed to do it ≈ वह इसे करने के लिए सहमत हो गया; he was ~ insane ≈ वह पागल था; the language of Lucknow is ~ the same as that of Delhi लखनऊ की भाषा^F ≈ वही है जो दिल्ली की. **virtue** व़र्'ट्यू *n*^c. **1.** गुण, अच्छाई^F : patience is a ~ धैर्य एक ≈ है; honesty is the best ~ ईमानदारी सबसे अच्छा गुण है; you should not suspect his ~s तुम्हें उसके गुणों पर शंका^F नहीं करनी चाहिए; our house is small, but it has some ~s हमारा मकान छोटा है पर इसमें कुछ अच्छाइयाँ हैं. **2.** (goodness of character) सदाचार : he is a man of ~ वह एक सदाचारी व्यक्ति है. **3.** (benefit) लाभ : what is the ~ of having so many books इतनी सारी पुस्तकें रखने का क्या ≈. **4.** (chastity) सतीत्व : woman of ~ सती; she has lost her ~ उसने अपना ≈ खो दिया है.

visa व़ी'ज़ा *n*^c. वीज़ा, प्रवेशपत्र [duplicate वैसा दूसरा, legal वैध]; I did have the passport but I needed a ~ to go to London मेरे पास पासपोर्ट तो था लेकिन मुझे लंदन जाने के लिए ≈ की अपेक्षा थी.

visible विज़ॅबल *a.* **1.** (able to be seen) दिखाई देने वाला [sign निशान, things वस्तुएँ]; full moon was ~ last night पिछली रात पूरा चन्द्रमा दिखाई दिया था; stars are not ~ during the day दिन में तारे दिखाई नहीं देते. **2.** (obvious) सुस्पष्ट, प्रकट : it serves no ~ purpose इससे कोई ≈ उद्देश्य पूरा नहीं होता; no change is ~ in his character

उसके चरित्र में कोई परिवर्तन प्रकट नहीं है. [*ant*. invisible]

vision वि'ज़न n^c. **1.** (act of seeing) दृष्टि^{F}, नज़र^F : you will damage your ~ तुम अपनी ≈ खराब कर लोगे; his ~ is weak उसकी ≈ कमज़ोर है; the test shows that my ~ is perfect जाँच से पता चलता है कि मेरी ≈ ठीक है; glasses have improved my ~ ऐनक/चश्मे से मेरी ≈ में सुधार हुआ है. **2.** (imagination or dream) कल्पना^{F}, स्वप्न : he is a man of ~ वह कल्पनाशील व्यक्ति है; he has a clear ~ of his prospects उसे अपने भविष्य की स्पष्ट कल्पना है; Gandhiji had a ~ of Ram Rajya गाँधीजी का रामराज्य का सपना था.

visit वि'ज़िट **I.** *v.t.* **1.** से भेंट^F करना, से मुलाकात^F करना, से मिलने जाना या आना : I was just going to ~ Mr. K मैं अभी-अभी मि० क से मुलाकात/भेंट करने जा रहा था; he ~ed me several times while I was ill जब मैं बीमार था तो वह मुझसे कई बार मिलने आया. **2.** (to go to see) देखने जाना : he has not ~ed the Taj yet उसने अभी तक ताज नहीं देखा है; she would ~ the patients वह मरीज़ों को देखने जाया करती थी; the doctor ~ed the patient डाक्टर ने रोगी को देखा. **3.** (disease, afflict) पीड़ित करना : the whole village was ~ed by the plague सारा गाँव प्लेग से पीड़ित था. **4.** निरीक्षण करना : the inspector ~ed our school निरीक्षक ने हमारे स्कूल का निरीक्षण किया. **II.** n^c. **1.** भेंट^F, मुलाकात^F : to pay a ~ to smb किसी से ≈ करने जाना; I was on a ~ to my uncle's मैं अपने चाचा के घर मुलाकात करने गया था. **2.** निरीक्षण : the director was on a ~ of the office निदेशक कार्यालय का ≈ कर रहा था. **3.** doctor's ~ डाक्टर का (मरीज को) देखना. **visitor** वि'ज़िटर n^c. **1.** अभ्यागत, अतिथि : we had a ~ yesterday कल हमारे यहाँ एक ≈ आया था. **2.** दर्शक : ~s to the zoo are not allowed to take photographs चिड़ियाघर के दर्शकों को चित्र खींचने की अनुमति^{F} नहीं है. **3.** सैलानी : they are ~s from Europe and America वे यूरोप और अमरीका के ≈ हैं.

visual वि'युअल *a.* आँख का, चाक्षुष, दृष्टि : ~ defect ≈ दोष; ~ disturbance आँख की गड़बड़^{F}; ~ organ दर्शनांग (आँख); ~ education चित्र और फिल्म आदि, कला-दृश्य (साधनों) द्वारा शिक्षा^{F}; ~ publicity दृश्य प्रचार; ~ arts are painting and dancing चित्रकारी और नृत्य दृश्य कलाएँ^{F} हैं; ~ aids are pictures and charts चित्र और चार्ट चाक्षुष साधन हैं. **visualize** वि'युअलाइज़ *v.t.* रूप की कल्पना^{F} करना : shut your eyes and ~ the scenes of your childhood अपनी आँखें बंद करो और अपने बचपन के दृश्यों की कल्पना करो; I know his name but cannot ~ him मैं उसका नाम तो जानता हूँ पर उसके रूप की कल्पना नहीं कर पाता; can you ~ the fierce storm क्या तुम भयंकर तूफ़ान की कल्पना कर सकते हो ? I ~ him as a tall, healthy man मैं उसकी कल्पना एक लंबे, स्वस्थ व्यक्ति के रूप में करता हूँ.

vital वाइ'टल **I.** n^c. (also ~ parts) मर्मस्थल : heart, lungs and brain are the ~s of our body हमारे शरीर में दिल, फेफड़े और दिमाग़ ≈ हैं. **II.** *a.* **1.** (essential, important) महत्वपूर्ण, अत्यावश्यक : your co-operation is ~ to my success आपका सहयोग मेरी सफलता^{F} के लिए ≈ है; ~ information ≈ जानकारी^{F}; the heart is a ~ organ हृदय ≈ अंग है; your support is ~ for my plans मेरी योजनाओं के लिए तुम्हारा समर्थन ≈ है. **2.** (necessary for life) जीवनप्रद, प्राणमूलक : ~ air प्राण वायु; ~ power जीवनी शक्ति^{F}; ~ force or principle प्राण-शक्ति. **3.** (other contexts) ~ leader कर्मठ नेता; ~ parts मर्मस्थल (दिल, दिमाग़, फेफड़े). **vitality** व़ाइ टै'लिटि n^u. (energy) तेज, ओज : she has wonderful ~ उसमें आश्चर्यजनक ≈ है; the dancer lacks ~ नर्तक में ओज की कमी^{F} है; fever has weakened her ~ बुख़ार ने उसके ओज को कम कर दिया है; ~ is reduced in old age वृद्धावस्था^{F} में ओज कम हो जाता है.

vitamin विटॅमिन n^c. विटामिन : ~ pills विटामिन की गोलियाँ^{F}; this bread contains ~s इस ब्रेड में ≈ हैं; milk and eggs contain ~ A दूध और अण्डे में ≈ ए होता है; vegetables are rich in ~s सब्ज़ियों^{F} में

बहुत ≈ होते है; A, B, C, D, E, G, H, K and P are types of ~ ए, बी, सी, डी, ई ,जी, एच, के और पी ≈ के प्रकार हैं.

viva, viva-voce व़ाइ'व़ा, व़ाइ' व़ा' वोसि *n*^c. मौखिक परीक्षा^F written examination is over, ~ will be held next week लिखित परीक्षा समाप्त हो गई है, ≈ अगले सप्ताह होगी; no date is fixed for the ~ yet ≈ के लिए अभी कोई तारीख़^F निश्चित नहीं की गई है.

vivid वि'विड *a.* **1.** विशद, साफ़, सजीव : ~ style ≈ शैली^F; ~ painting सजीव चित्र; ~ memory साफ़ याद्दाश्त^F; she gave a ~ description of her journey उसने अपनी यात्रा^F का विशद/सजीव चित्रण किया. **2.** भड़कीला, तेज़, चमकीला : ~ colour चटकीला रंग; ~ light तेज़ रोशनी.

viz. = see videlicet, namely अर्थात्.

vocabulary व़ कै'ब्युलॅरि *n*^c. **1.** (list of words) शब्दावली, शब्द-संग्रह : he has a scientific ~ उसके पास वैज्ञानिक ≈ है; he gives a ~ at the end of the book वह पुस्तक के अंत में ≈ देता है. **2.** (total number of words) शब्द-भंडार [large विशाल, limited सीमित]; a baby of one year has a ~ of 200 words एक साल के बच्चे के पास दो सौ शब्दों का ≈ होता है.

vocal व़ो'कल *a.* **1.** वाक्^F या वाणी^F संबंधी, स्वर का : ~ cords वाक्तंतु^F, स्वर तन्त्री^F; ~ music कंठ संगीत; ~ organs वागिन्द्रियाँ^F; there is no ~ defect in him उसमें वाणी संबंधी कोई दोष नहीं है. **2.** some people are very ~ in their demands कुछ लोग अपनी माँगें^F रखने में बहुत मुखर होते हैं.

vogue व़ोग *n.* (prevailing fashion) फ़ैशन, प्रचलन : it has come into ~ यह ≈ में आ गया है; now it has gone out of ~ अब यह ≈ में नहीं रह गया; skirts are not in ~ these days इन दिनों स्कर्ट ≈ में नहीं है; jeans are the ~ among ladies these days जीन्स आजकल औरतों का फ़ैशन है.

voice व़ॉइस **I.** *n*^c. **1.** स्वर, वाणी^F, आवाज़^F [loud ऊंची, quiet शांत, sad दुखद]; he speaks in a low ~ वह धीमी आवाज़ में बोलता है; she said it in a cheerful ~ उसने इसे प्रसन्न आवाज़ में कहा; to talk at the top of one's ~ बहुत ज़ोर से बात करना; she heard her father's ~ and returned उसने अपने पिता की ≈ सुनी और लौट पड़ी; I did not recognise your ~ मैं आपकी ≈ पहचान नहीं पाया; he raised his ~ against the new taxes उसने नए करों के विरुद्ध अपनी ≈ बुलंद की (उठाई); I could hear ~s in that room मैं उस कमरे की आवाज़ें सुन सकता था; she has a good ~ उसका स्वर अच्छा है; they were all of one ~ उन सब की एक आवाज़ थी. **2.** (बोलने का) अधिकार : I have no ~ in these affairs इस मामलों में मेरा कोई ≈ नहीं है. **3.** (gram.) वाच्य : active ~ कर्तृवाच्य; impersonal ~ भाव ≈; passive ~ कर्म ≈; he was given ~ उसे ≈ दिया गया is in passive ~ कर्मवाच्य में है. Δ **at the top of one's ~** (loudly) ज़ोर से : he shouted at the top of his ~ वह ज़ोर से चिल्लाया; **to give ~ to** व्यक्त करना : I requested him to give ~ to his feelings मैंने उससे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रार्थना^F की. **in good ~** अच्छे स्वर के साथ : she sang in good ~ उसने अच्छे गले के साथ गाया; **raise one's ~** आवाज़ बुलंद करना : they raised their ~ in favour of the resolution उन्होंने प्रस्ताव के पक्ष में आवाज़ बुलंद की; **with one ~** एक मत होकर, एक स्वर से : they decided to support him with one ~ उन्होंने एक मत से उसका समर्थन करने का निर्णय किया. **II.** *v.t.* व्यक्त करना, कहना : ~ your grievances अपनी शिकायतों^F को व्यक्त करो. **voiceless** वाइस्'लिस *a.* **1.** (dumb) गूँगा, मूक : he was sitting ~ वह मूक बैठा रहा; he is ~ since his birth वह जन्म से ही गूँगा है. **2.** (phon.) अघोष : p, t, k are ~ consonants प, ट/त क ≈ व्यंजन हैं.

vol. -volume परिमाण.

volcano व़ॉल् कैनो' *n.* (volcanoes) **1.** ज्वालामुखी : active ~ सक्रिय ≈; dangerous ~ ख़तरनाक ≈; dead ~ मृत/शांत ≈; dormant ~ प्रसुप्त ≈; the ~ has erupted ≈ फट गया है; smoke and lava is coming out of this ~ इस ≈ से धुआँ और लावा निकल रहा है; Mount Etna in Italy was a

destructive ~ इटली का माउंट एटना विनाशकारी ≈ था. **2.** (fig.) स्फोटक स्थिति^{F} : we are sitting on a ~ हम ≈ में हैं.

volley व़ॉ'लि n^{c}. बौछार^{F}, झड़ी^{F} : ~ of stones at the mad man पागल आदमी पर पत्थरों की बौछार; the students made a ~ of questions छात्रों ने प्रश्नों की ≈ लगा दी. ~ **ball** *n*. वालीबाल : they have gone to play ~ match वे ≈ मैंच खेलने गए हैं; I am fond of playing ~ मैं ≈ खेलने का शौकीन हूँ.

volume व़ॉ'ल्यूम n^{c}. **1.** (book) पुस्तक^{F}, किताब^{F}, ग्रंथ : this library has 20,000 ~s इस पुस्तकालय में बीस हज़ार पुस्तकें हैं. **2.** (separate ~s) भाग, जिल्द^{F} : this book is in two ~s यह पुस्तक दो जिल्दों में है; the works of Kalidas in three ~s तीन जिल्दों में कालिदास की कृतियाँ^{F}. **3.** (loudness) प्रबलता^{F} : the ~ of radio sound रेडियो की आवाज़ की ≈; his voice lacks ~ उसकी आवाज में ≈ की कमी^{F} है. **4.** (measured size) आयतन : the ~ of this box is 3^3 इस संदूक का ≈ 3^3 है. **5.** मात्रा^{F} : ~ of smoke, work धुएँ, काम की ≈; ~ of consumption खपत^{F} की ≈; you should lessen the ~ of consumption of these things तुम्हें इन चीज़ों की खपत की मात्रा कम करनी चाहिए. **voluminous** व़ ल्यु'मिनस **1.** बहुत बड़ा [bag बैग, correspondence पत्राचार]; elephant is a ~ animal हाथी एक ≈ जानवर है; she wears a ~ salwar वह बहुत बड़ी सलवार^{F} पहनती है. **2.** he is a ~ and famous writer वह बहुत लिखने वाला और प्रसिद्ध लेखक है.

voluntarily व़ॉ'लन्टॅरलि *adv*. स्वेच्छा^{F} से, ख़ुशी^{F} से : he served them ~ उसने ≈ उनकी सेवा^{F} की; he gave the promise ~ उसने ≈ वचन दिया. **voluntary** वॉ'लन्टरि *a.* **1.** (done freely) ऐच्छिक, स्वैच्छिक, खुशी-खुशी किया गया : ~ action ≈ कर्म; ~ movement स्वैच्छिक गति^{F}; he was ever ready for ~ service वह स्वैच्छिक सेवा के लिए सदा तैयार था. **2.** (one willingly and freely doing service) स्वयंसेवी [action क्रिया, helper सहायक, worker काम करने वाला]; he wanted to co-operate in the ~ society वह ≈ समाज में सहयोग करने का इच्छुक था; many ~ institutions are running these days इन दिनों बहुत-सी ≈ संस्थाएँ^{F} चल रही हैं. **volunteer** व़ॉलन्'टिअर **I.** n^{c}. स्वयं-सेवक : this construction was made by ~s इस इमारत का निर्माण स्वयंसेवकों द्वारा हुआ था; many ~s offered to help the victims of famine बहुत-से स्वयंसेवकों ने अकालपीड़ित लोगों की सहायता^{F} करने का प्रस्ताव किया; ~s were called for relief work ≈ राहत कार्य के लिए बुलाए गए थे. **II.** *v.t.* (offer voluntarily) स्वेच्छा से (अर्पित) करना, अपने-आप (को) पेश करना : will anyone ~ himself to do this job क्या स्वेच्छा से कोई इस काम को करेगा? she ~ed to help us उसने मेरी सहायता करने के लिए अपने-आप को पेश किया; he ~ed his services उसने अपनी सेवाएँ अर्पित की.

vomit व़ॉ'मिट **I.** *v.t.* **1.** क़ै^{F}/उल्टी^{F} करना : the patient was ~ting रोगी ≈ कर रहा था; he ~ted blood and fainted उसने ख़ून की उल्टी की और बेहोश हो गया. [*ant*. swallow] **2.** (cast out, eject) बाहर निकालना, उगलना : the volcano ~s hot ashes ज्वालामुखी गरम राख^{F} उगलता या बाहर निकालता है. **II.** n^{uc}. उल्टी^{F}, क़ै^{F} : after many ~s he suffered from dehydration कई उल्टियाँ करने के बाद वह निर्जलीकरण से पीड़ित हो गया.

vote व़ोट **I.** *v.t.* **1.** (to cast ~) वोट या मत देना : they ~d against his proposal उन्होंने उसके प्रस्ताव के विरुद्ध मत दिया; you should ~ in my favour तुम्हें मेरे पक्ष में मत देना चाहिए; he always ~s Socialist Party वह सदा समाजवादी दल को वोट देता है. **2.** स्वीकार करना : to ~ a resolution प्रस्ताव स्वीकार करना; they ~d the budget उन्होंने बजट स्वीकार कर लिया. **II.** n^{c}. **1.** मत, वोट [casting निर्णायक, valuable मूल्यवान]; give one's ~ to somebody किसी को अपना ≈ देना; to put a Bill to ~ बिल पर मत/वोट लेना; he received the majority of ~s उसे बहुमत मिला. **2.** (right to ~) मताधिकार : now he possesses the ~ अब

उसे ≈ प्राप्त है; he has no ~ उसे ≈ प्राप्त नहीं है. **3.** मतपत्र : put your ~s in the box अपने ≈ डिब्बे में डालो. **4.** प्रस्ताव : ~ of censure अविश्वास प्रस्ताव; ~ of thanks धन्यवाद ≈; ~ of confidence विश्वास ≈. **5.** मतदान : ~ by ballot गुप्त ≈; ~ by proxy मतदाता के प्रतिनिधि या स्थानापन्न व्यक्ति द्वारा ≈. **voter** व़ो'टर *n*ᶜ. मतदाता, वोटर [conscious सजग, legal वैध]; ~s are at the polling station ≈ मतदान केंद्र में हैं.

vow व़ॉउ **I.** *n*ᶜ. व्रत, प्रण, प्रतिज्ञा : the ~ of secrecy गोपनीयता की शपथᶠ; marriage ~s विवाह के समय की प्रतिज्ञाएँ; to make ~ of charity दान देने का व्रत लेना; to fulfil one's ~ अपना प्रण निभाना/पूरा करना; why did he break his ~ उसने अपना प्रण क्यों तोड़ा? he took a ~ of silence उसने मौन व्रत रखने का निश्चय किया. **II.** *v.t.* व्रत लेना, प्रतिज्ञाᶠ करना : they ~ed to remain faithful उन्होंने वफ़ादार बने रहने का व्रत लिया; he ~ed to kill his father's assassin उसने अपने पिता के हत्यारे को मार डालने की प्रतिज्ञा की; he ~ed that he would remain a bachelor all his life उसने व्रत लिया कि वह जीवनभर कुआँरा रहेगा. [*ant*. dis ~]

vowel व़ाउ'अल *n*ᶜ. स्वर : a, e, i, o, u are ~s अ, ए, इ, ओ, ऊ ≈ हैं; there are long ~s in bag, beat and boot and short ~s in rug, hit and foot बैग, बीट और बूट में दीर्घ ≈ होते हैं और रग, हिट तथा फुट में ह्रस्व.

voyage व़ॉइ'इज **I.** *n*ᶜ. समुद्रयात्राᶠ [dangerous ख़तरनाक, long लंबी, pleasant सुखद]; we are going on a sea ~ हम ≈ पर जा रहे हैं; a ~ from London to Paris लंदन से पेरिस तक की ≈; I am taking/making a ~ to South Africa मैं दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करने वाला हूँ. **II.** *v.t.* जलयात्रा करना : he ~d to Australia वह आस्ट्रेलिया की जलयात्रा पर गया.

V.P.P. Value Payable Parcel मूल्य देय पार्सल.

vs. = versus बनाम : the match India ~ Pakistan will start tomorrow भारत बनाम पाकिस्तान का मैच कल शुरू होगा.

v.t. = verb transitive सकर्मक क्रिया.

vulgar व़ल्'गर *a.* **1.** ग्राम्य, अशिष्ट, असभ्य [joke मज़ाक, language भाषाᶠ, taste रुचिᶠ, woman औरतᶠ]; ~ way of speaking बोलने का अशिष्ट ढंग; his behaviour was considered ~ उसका व्यवहार ≈ समझा गया. **2.** भद्दा : ~ display of one's wealth अपने धन का ≈ प्रदर्शन.

vulture व़ल्'चर *n*ᶜ. **1.** गिद्ध : white-backed चमर ≈; king ~ राज ≈; scavenger ~ गोबर ≈; ~ is a large bird of prey ≈ एक शिकार करने वाला बड़ा पक्षी है; ~s feed on dead bodies गीध मुरदार खाते हैं. **2.** लुटेरा : moneylenders are often ~s साहूकार आमतौर पर लुटेरे होते हैं.

v.v. vice versa.

vvip. very very important person बहुत अधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति.

W, w

w west, watt.

WAC Women's Army Corps.

wade वेड *v.t.i.* **1.** (पानी, बालू, आदि में) कठिनाई से चलकर जाना या गुज़रना : he had to ~ (through) the canal उसे नहर से होकर जाना था; children love to ~ across shallow water बच्चे छिछले पानी से चलकर जाना पसंद करते हैं; he ~d in and rescued the drowning child उसने (पानी के) अंदर आकर डूबते हुए बच्चे को बचा लिया. **2.** (fig.) he ~d through a dull novel उसने एक नीरस उपन्यास जैसे-तैसे पढ़ डाला.

wag वैग **I.** n^c. ठट्ठेबाज़, दिल्लगीबाज़ मसख़रा : the ~'s tales are very funny ≈ की कहानियाँ बहुत मज़ेदार होती हैं; we laughed at the ~'s jokes हम ठट्ठेबाज़ के चुटकुलों पर हँसे. **II.** *v.t.i.* (-gg-) **1.** हिलना, हिलाना, घुमाना, डोलना, डुलाना : the dog ~ged its tail before its master कुत्ते ने अपने मालिक के सामने अपनी पूँछ हिलाई; dog's tail is ~ging कुत्ते की पूंछ हिल रही है. **2.** (in contexts) to ~ **one's finger** डराना-धमकाना; to ~ **one's head** सिर हिलाकर हाँ-ना करना; to ~ **one's tongue** बक-बक करते रहना; this woman's tongue is always ~ging इस स्त्री की जीभ सदा बक-बक करती रहती है.

wage वेज **I.** n^c. (usu. plural) **1.** मज़दूरी (esp. of a workman) : daily ~ दिहाड़ी; living ~ गुज़ारे लायक मज़दूरी^{F}; we get our ~s on Mondays हम अपनी ≈ सोमवार के सोमवार पाते हैं; what is your daily ~ तुम्हारी दिहाड़ी कितनी है? she earns a good ~ वह अच्छी कमाई कर लेती है; to cut down the ~s ≈ में कटौती करना; they paid him his ~s उन्होंने उसे उसकी ≈ दे दी. **2.** फल, परिणाम : the ~ of sin is misery पाप का ≈ दुःख है. **II.** *v.t.* छेड़ देना : to ~ war against some country किसी देश के विरुद्ध युद्ध ≈; they ~d a campaign against untouchability उन्होंने अस्पृश्यता के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया.

wager वे'जर **I.** n^c. बाज़ी^{F}, शर्त^F, : to lay/make a ~ शर्त लगाना; he lost everything in ~ ≈ में वह सब कुछ हार गया. **II.** *v.t.* शर्त^F/बाज़ी लगाना; (stake) दाँव पर रखना या लगाना : I'll ~ Rs. 50 that our team would win मैं पचास रुपए की ≈ लगाऊंगा कि हमारी टीम जीतेगी; do not ~ your reputation अपनी प्रतिष्ठा दाव पर न लगा देना.

waggon, wagon वै'गन n^c. **1.** माल ढोने की गाड़ी^{F} [heavy भारी, strong मज़बूत]; our ~ plies between our factory and the railway station हमारी ≈ हमारे कारखाने और रेलवे स्टेशन के बीच आती-जाती है. **2.** (railway) माल-डिब्बा : the engine pulled many ~s इंजन कई माल-डिब्बों को खींच ले गया; the ~ was loaded with coal ≈ कोयला से भरा था.

wail वेल **I.** n^c. विलाप : the widow's ~s were touching विधवा का ≈ हृदयस्पर्शी था; I was moved by her ~s मैं उसके ≈ से द्रवित हो गया. **II.** *v.t.* बिलखना, रोना-धोना, विलाप करना : the orphan was ~ing that he was lonely अनाथ बच्चा रो रहा था कि मैं अकेला हूँ; to ~ with sorrow दुःख से विलाप करना; don't ~ over your misfortunes अपने दुर्भाग्य पर शोक न करो; she ~ed for her dead child वह अपने मृत बच्चे के लिए रो-धो रही थी. [*ant*. rejoice]

waist वेस्ट n^c. कमर^F : ~ band कमर-बंद; she wrapped the saree round her ~ उसने अपनी ≈ में साड़ी लपेट ली; the water in the canal is upto the ~ नहर में पानी ≈ तक है. **~coat** n^c. वास्कट^F, जाकेट^F [black काली, tight तंग, कसी हुई]; ~ is a short coat without sleeves ≈ बिना बाँह का एक छोटा कोट होता है. [*as distinct from* waste]

wait वेट **I.** *v.i.* **1.** प्रतीक्षा^{F}/इंतज़ार करना : I ~ed

(for) a long time मैंने लंबे समय तक इंतज़ार किया; he ~ed for the bus उसने बस^F का इंतज़ार किया; ~ until I am ready मेरे तैयार होने तक इंतज़ार करो; please ~ a minute कृपया एक मिनट प्रतीक्षा करो; I'll ~ downstairs मैं आपके मकान के नीचे इंतज़ार करूंगा; I told the driver to ~ मैंने ड्राइवर को इंतज़ार करने को कहा; how long have you been ~ing तुम कितने समय से इंतज़ार कर रहे हो; excuse me for keeping you ~ing माफ कीजिए, मैंने आपको इंतज़ार कराया; don't keep him ~ing उससे इंतज़ार मत कराओ. *v.t.* ~ your turn अपनी बारी का इंतजार करो; she is ~ing her opportunity वह अवसर की प्रतीक्षा कर रही है. Δ **~at** the table खाना खिलाने का काम करना; **~ in attendance** उपस्थित रहना, हाज़िरी^F में रहना; he was ~ing in attendance upon smb yesterday कल वह किसी की हाज़िरी में था; **~ on** (upon) सेवा में उपस्थित रहना, साथ रहना : I ~ed on him at his office उसके कार्यालय में मैं उसकी सेवा में उपस्थित रहा. **3.** (other contexts) well, that can ~ तो इसे बाद में देखेंगे; ~ and see देखिए, क्या होता है. **II.** n^u. इन्तज़ार^F, प्रतीक्षा^F : a long ~ for the bus बस की देर तक ≈ . Δ **lie in ~** घात^F/ताक^F में रहना : they lay in ~ for the enemy वह शत्रु की घात में (बैठे) रहे. [*as distinct from* weight] **waiter** वे'टर n^c. (in restaurant, etc.) बैरा : he called the ~ to serve meal उसने ≈ को खाना परोसने के लिए बुलाया; a ~ waits at the table ≈ परोसता है; the ~ brought the soup ≈ सूप लाया. [*fem.* waitress] **waiting-list** *n.* प्रत्याशी सूची : his name was found in the ~ उसका नाम ≈ में था. **waiting room** *n.* प्रतीक्षालय [general सामान्य, higher class उच्च श्रेणी का]; the ~ was crowded ≈ भरा हुआ था; the doctor's ~ डाक्टर का ≈ .

waive वेव *v.t.* **1.** छोड़ना, त्याग देना : to ~ one's claim, right अपना दावा, हक ≈. **2.** (put aside) हटा देना : to ~ restrictions प्रतिबंध ≈; we cannot ~ this condition only for your sake हम केवल तुम्हारी ख़ातिर इस शर्त^F को नहीं हटा सकते. [*as distinct from* wave]

wake वेक *v.t. & i.* (*past* woke/waked, *p.p.* woken/waked) **1.** जगाना, जागना : she has just woken up वह अभी-अभी जागी है; noise woke me up शोर ने मुझे जगा दिया; you will ~ the baby तुम बच्चे को जगा दोगे; please ~ me up after half an hour कृपया आधे घंटे बाद मुझे जगा देना; he usually ~s at seven o'clock वह साधारणतया सात बजे जागता है; is she sleeping or waking वह सो रही है या जाग रही है? **2.** सचेत होना या करना. **3.** (in contexts) to ~ up to the real situation वस्तुस्थिति के प्रति जागरूक होना; citizens' self-respect woke नागरिकों का आत्माभिमान जागा; his speech woke up pity उसके भाषण ने दया जगा दी. Δ **in the ~ of** के ठीक पीछे, बाद ही : the car left clouds of dust in its ~ कार ने अपने पीछे धूल के बादल छोड़ दिए. **wakeful** वेक्'फुल *a.* **1.** जागता हुआ : ~ child ≈ बच्चा; girls are ~ लड़कियाँ जाग रही हैं. [*ant.* asleep] **2.** जागरूक : he has been ~ since his childhood : वह अपने बचपन से ≈ ही रहा है. **3.** चौकस : the sentry should be ~ and alert संतरी को ≈ और होशियार रहना चाहिए. **4.** (sleepless) ~ night जागते बीती रात^F. **waken** वे'कन **I.** *v.t.* जगाना : ~ me at four a.m. चार बजे प्रातः मुझे जगा देना; why did he not ~ you उसने तुम्हें क्यों नहीं जगाया? **II.** *v.i.* जागना : he ~ed late at nine o'clock वह देर से नौ बजे जागा.

walk वॉक **I.** n^{uc}. **1.** चाल^F, गति^F [lazy सुस्त, slow धीमी^F]; I know him by his ~ मैं उसे उसकी ≈ से जान जाता हूँ. **2.** पैदल सैर^F, हवा ख़ोरी^F [morning सुबह की, pleasant सुखद]; we go for a ~ daily हम प्रतिदिन सैर को जाते हैं; take smb for a ~ किसी को सैर कराने ले जाना; we had a five miles' ~ हम पाँच मील पैदल चले. **3.** सैर का रास्ता, पैदल सड़क [long लंबा, narrow सँकरा]; there are good ~s in the park पार्क में सैर के अच्छे रास्ते बने हैं. **5.** पैदल दूरी : the school is ten minutes' ~ from here स्कूल यहाँ से

दस मिनट की ≈ पर है. ~ **of life** व्यवसाय, धंधा, पेशा : he is successful in every ~ of life वह प्रत्येक धंधे में सफल है; people from all ~s of life attended his marriage सब काम-धंधे वाले लोग उसकी शादी^F में सम्मिलित हुए, **II.** *v.i.* चलना, घूमना, टहलना : we ~ed in the park हम पार्क में घूमे; he ~ed on till he found the river नदी को पाने तक वह चलता गया; he ~ed about the streets वह गलियों में चलता रहा; he was ~ing up and down वह ऊपर-नीचे टहलता रहा था. Δ ~ **about** घूमना-फिरना : he ~ed about all day long वह सारा दिन घूमता-फिरता रहा; ~ **away with** (i) आसानी से जीत जाना : the Indian team ~ed away with the trophy भारतीय टीम^F आसानी से पुरस्कार जीत गई; (ii) उठाकर चल देना : he ~ed away/off with all the articles वह सब चीज़ें उठाकर चलता बना; ~ **in** अंदर आना : please ~ in पधारिए; ~ **into** घुस जाना या आना, जा पड़ना, जा निकलना : he has ~ed forcibly into your compound तुम्हारे अहाते में वह जबरन घुस गया है; he ~ed into the trap वह फंदे में आ पड़ा; ~ **off with** see 'walk away with'; ~ **-out** हड़ताल^F करना : all the members have ~ed out सब सदस्यों ने हड़ताल कर दी है, to ~ **up to smb** किसी के पास जाना, ~**-out** *n.* सभात्याग, सदन-त्याग : sudden ~ एकाएक ≈; the reason of their ~-out is not clear उनके ≈ का कारण स्पष्ट नहीं है.

wall वॉल *n.* **1.** दीवार^F [blank सपाट, long लंबी, thick मोटी]; the ~s of this house are whitewashed इस मकान की दीवारें सफ़ेदी से पुती हुई हैं; there is a picture on the ~ ≈ पर एक तस्वीर है; hang the picture on the ~ तस्वीर ≈ पर लटका दो; they climbed over the ~ वे दीवार पर चढ़ गए, Δ **even the ~s have ears** ≈ के भी कान होते हैं; **to bang one's head against a ~** से अपना सिर टकराना; drive to the ~ हटा देना, पराजित करना : he has easily driven him to the ~ in the match उसने उसे मैच में आसानी से हरा दिया है; **go to the ~** परास्त होना : the weakest will surely go to the ~ जो सबसे ज्यादा कमज़ोर हैं, वे निश्चित रूप से परास्त होंगे; to **push smb to the ~** लाचार कर देना : our army pushed the enemy to the ~ हमारी सेना ने शत्रु को लाचार कर दिया.

walnut वॉल्'नट *n*^c. अख़रोट (पेड़ और फल) : the wood of the ~ tree is used to make furniture ≈ की लकड़ी फर्नीचर बनाने के काम आती है; this table is made of ~ यह मेज़ ≈ की लकड़ी का बना हुआ है; five ~ trees in his garden उसके बगीचे में ≈ के पाँच पेड़; ~ is not sweet to eat ≈ खाने में मीठा नहीं होता.

wand वॉन्ड *n*^c. छड़ी^F [light हल्की, short छोटी]; the magician waved his magic ~ and the frog turned into a pigeon जादूगर ने अपनी जादू की ≈ घुमाई और मेंढक कबूतर बन गया.

wander वॉन्'डर *v.t.i.* **1.** घूमते फिरना, मटरगश्ती करना : he ~ed the forest वह जंगल में घूमता-फिरता रहा; he has been ~ing through Kashmir वह कश्मीर में घूमता फिरता रहा है. **2.** (stray) भटक जाना, बहक जाना : he ~s in his talk वह बात करते हुए बहक जाता है; he ~ed off the right path वह सही रास्ते से भटक गया; don't ~ from the subject विषय से मत भटको; his mind was ~ing उसका मन भटक रहा था; his attention ~ed उसका ध्यान भटक गया; some sheep ~ed away कुछ भेड़ें भटक गईं.

want वॉन्ट **I.** *v.t.* **1.** (desire) चाहना : when do you ~ him to come तुम कब चाहते हो कि वह आए ? what do you ~ तुम क्या चाहते हो ? I ~ money मैं पैसा चाहता हूँ; I ~ to see the principal मैं प्राचार्य से मिलना चाहता था; I do not ~ to wait मैं इंतज़ार नहीं करना चाहता; we ~ed to be friends हम मित्र बनना चाहते थे; I ~ed you to help me मैं चाहता था कि आप मेरी सहायता करते. **2.** (need) की अपेक्षा^F/आवश्यकता^F होना : you are ~ed on the telephone टेलीफोन पर तुम्हारी अपेक्षा है; she was ~ed in the office उसकी कार्यालय में आवश्यकता थी; the room ~s cleaning कमरे में सफ़ाई अपेक्षित है; the servants will not be ~ed

tomorrow नौकरों की कल आवश्यकता नहीं होगी. **3.** (lack) कमी होना : his behaviour ~s politeness उसके व्यवहार में शिष्टता^F की कमी है. **4.** (to look for) तलाश करना : he is ~ed by the police पुलिस को उसकी तलाश है. **II.** *n*^c. **1.** अभाव, कमी^F : his children are starving from/for ~ of food खाने की ≈ के कारण उसके बच्चे भूखे हैं; there is a ~ of politeness in him उसमें नम्रता^F की कमी है; for ~ of key, I could not open the door चाबी के अभाव में, मैं दरवाज़ा न खोल सका; the crops are dying from ~ of rain बारिश के अभाव में फ़सलें सूख रही हैं; ~ of confidence in him उसमें आत्मविश्वास का अभाव. **2.** ज़रूरत, आवश्यकता, अपेक्षा : his ~s were many उसकी आवश्यकताएँ/माँगें बहुत थीं; are you in ~ of money क्या तुम्हें पैसे की आवश्यकता है. **3.** चाह^F, इच्छा^F : you should curtail your ~s तुम्हें अपनी इच्छाओं को कम करना चाहिए. **4.** ग़रीबी^F : ~ makes life miserable ≈ जीवन को दुखमय बना देती है.

wanting वान्'टिङ्ग **I.** *a.* अभावग्रस्त, कम : he is ~ in intelligence उसमें समझ की कमी है, समझ कम है; I did not find him ~ **in** courage साहस में उसे मैंने कम नहीं पाया. **II.** *prep.* (without) के बिना : an envelope ~ a stamp बिना टिकट लगा लिफ़ाफ़ा.

wanton वॉन्'टन *a.* **1.** (unrestricted) अनियंत्रित : ~ student ≈ विद्यार्थी. **2.** (extravagant) अत्यधिक : ~ waste of money पैसे की ≈ बरबादी; ~ growth of plants पौधों का ≈ विकास. **3.** (unchaste) लम्पट, व्यभिचारी : his wife is ~ उसकी पत्नी व्यभिचारिणी है. **4.** (senseless) निरर्थक : ~ mischief ≈ शरारत^F. **5.** (motiveless) निरुद्देश्य : ~ destruction of public property लोक संपत्ति का ≈ विनाश.

war वॉर *n*^c. **1.** युद्ध [long लंबा, terrible भयंकर]; civil ~ गृह युद्ध; cold ~ शीत युद्ध; open ~ खुला संघर्ष; ~ of nerves आतंक-युद्ध; ~ of words वाग्युद्ध; sinews of ~ ≈ के साधन; world ~ विश्वयुद्ध; he was killed in the war वह ≈ में मारा गया; all the ~ prisoners were released सभी ≈ बंदियों को रिहा कर दिया गया; to take part in a ~ ≈ में भाग लेना; the ~ broke out between the two countries दोनों देशों में ≈ छिड़ गया; India and Pakistan were at ~ in 1970-71 भारत और पाकिस्तान में 1970-71 में ≈ हुआ; Pakistan declared ~ against India पाकिस्तान ने भारत पर ≈ का ऐलान कर दिया; India won the ~ भारत ≈ जीत गया; to make/wage ~, to go to ~ ≈ छेड़ देना; man-of ~ जंगी जहाज़, युद्ध-पोत : the country needs more men-of ~ देश को और युद्ध-पोतों की ज़रूरत है. [*ant.* peace] **2.** (any fight) लड़ाई^F : ~ against poverty, terrorism ग़रीबी, आतंकवाद के विरुद्ध ≈.

ward वॉर्ड **I.** *n*^c. **1.** (minor) प्रतिपाल्य, आश्रित : court of ~s अभिभावक मंडल; when his father died, the boy became the ~ of his uncle जब लड़के का पिता मरा तो वह अपने चाचा के आश्रित हो गया; ~ and his/her guardian प्रतिपाल्य और उसका प्रतिपालक. **2.** (of a town) वार्ड, हलक़ा : this corporator represents ~ No. 16 यह सभासद ~ सं० 16 का प्रतिनिधित्व करता है. **3.** (of hospital) वार्ड, रोगी कक्ष : your patient is in general ~ आपका मरीज़ सामान्य ≈ में है. **II.** *v.t.* रक्षा करना : keep watch and ~ over him उस पर निगाह रखो (और उसकी रक्षा करो). Δ **to ~ off** हटा देना, रोकना : slowly he ~ed off his attack धीरे से उसने उसके आक्रमण को रोक दिया; to ~ off a blow प्रहार रोकना.

-ward, -wards वर्ड, वर्ड्ज़ suffix की ओर : backward पीछे की ओर; downward नीचे की ओर; forward आगे की ओर; onward आगे; northward उत्तर की ओर, also upward.

warden वॉर्'डन *n*^c. वार्डन, संरक्षक [active सक्रिय, cautious सावधान]; I reported to the ~ of the hostel मैंने छात्रावास के ≈ से रिपोर्ट कर दी; he is the ~ of this locality वह इस मुहल्ले का संरक्षक है.

wardrobe वार्ड'रोब *n*^c. **1.** (closet) अलमारी [convenient सुविधाजनक, locked बंद]; open the ~ and hang these clothes

therein ≈ खोलो और उसमें ये कपड़े लटका दो. **2.** (stock of clothes) कपड़ों का संग्रह : she bought a new ~ of clothes उसने कपड़ों का नया संग्रह ख़रीदा.

ware वेअर *n*^{c}. (in combinations) **1.** माल, असबाब [glass शीशे का, iron लोहे का, tin टीन का]; he could not sell his ~s in the fair मेले में वह अपना माल न बेच सका. **2.** बरतन : earthen ~ मिट्टी के ≈.

warfare वार्'फ़ेंअर *n.* युद्ध : fierce ~ भीषण ≈; it would be a destructive ~ this time इस बार विनाशकारी ≈ होगा. [see 'war'].

warm वॉर्म **I.** *a.* (warmer, warmest) **1.** गरम [climate जलवायु, day दिन]; I enjoy living in such a ~ country मुझे ऐसे ≈ देश में रहने में आनंद आता है; the hot tea made her ~ गर्म चाय ने उसे ≈ कर दिया; he made himself ~ by the heater उसने हीटर से स्वयं को ≈ किया; put on ~ clothes ≈ कपड़े पहन लो; Mumbai is ~er than Calcutta मुंबई कलकत्ता से अधिक ≈ है; it is ~ in the sun धूप में बहुत ≈ है; it was much ~er yesterday कल ज़्यादा ≈ था. **2.** (lukewarm) कुनकुना, गुनगुना [milk दूध, water पानी]. **3.** (affectionate) स्नेहपूर्ण, हार्दिक : they gave us a ~ welcome/ reception उन्होंने हमारा ≈ स्वागत किया. [*ant.* cold] **4.** (heated) गरम, उत्तेजनापूर्ण : ~ debate ≈ वादविवाद/बहस^F; ~ dispute गरम तक़रार **II.** *v.t. & i.* **1.** गरम करना, गरमाना : to ~ up an engine इंजन ≈; he was ~ing his hands at the fire वह आग पर अपने हाथ गरम कर रहा था; please, ~ the milk कृपया दूध गरम कर दें; he went into the house to ~ himself in the bed वह स्वयं को बिस्तर में गरम करने के लिए मकान के अंदर चला गया; the tea has ~ed her चाय ने उसको गरम कर दिया; *v.i.* गरम होना : the food was ~ing near the fire आग के पास खाना गरम हो रहा था; my hands ~ed up near the heater हीटर के पास मेरे हाथ गर्म हो गए, **2.** (cheer) प्रसन्न करना, आनंदित करना : he has ~ed everyone by his presence उसने अपनी उपस्थिति से सबको आनंदित कर दिया है. **3.** में उत्साह भरना : he has ~ed all the audience by his speech उसने अपने भाषण से सब श्रोताओं में उत्साह भर दिया. ~**hearted** *a.* **1.** (of person) स्नेही [friend मित्र, man आदमी. **2.** (of emotion) स्नेहपूर्ण, हार्दिक, दिली, मुहब्बतभरा : ~ reception ≈ स्वागत. **warmth** वार्म्थ *n*^{u}. **1.** गरमी^{F}, गरमाहट^F : ~ of the sun सूर्य की ≈; ~ of the fire आग की ≈; ~ of his feelings उसकी भावनाओं की ≈. **2.** उत्साह, जोश : ~ of one's welcome किसी के स्वागत का ≈.

warn वॉर्न **I.** *v.t.* **1.** चेतावनी^{F} देना : I have ~ed him of the danger मैंने उसे ख़तरे की चेतावनी दे दी; he ~ed me not to go there उसने मुझे चेतावनी दी कि वहाँ न जाओ. **2.** (caution) सावधान करना, ख़बरदार करना : I ~ed him about/against gambling मैंने उसे जुआ खेलने से ख़बरदार कर दिया; ~ the police when you go out of station जब शहर से बाहर जाओ तो पुलिस को ख़बरदार कर दो. Δ ~ **away/off** चेतावनी देकर हटा देना : the police were ~ing everybody off पुलिस^F सबको चेतावनी देकर हटा रही थी. **warning** वॉर'निङ्ग *n*^{c}. **1.** चेतावनी [clear स्पष्ट, strict कड़ी]; he was let off with a ~ उसे ≈ देकर छोड़ दिया गया; this is a ~ to you यह तुम्हें ≈ है; he paid no attention to my ~s उसने मेरी ≈ पर कोई ध्यान नहीं दिया; take it as a ~ इसे ≈ समझो. **2.** (premonition) पूर्व-सूचना^{F} : he did it without any ~ उसने इसे बिना किसी ≈ के किया; the servant was given a month's ~ to leave नौकर को चले जाने के लिए एक महीने की ≈ दी गई.

warrant वा'रंट **I.** *n*^{c}. **1.** वारंट, परवाना : you cannot search my house without a ~ बिना ≈ के तुम मेरे घर की तलाशी^{F} नहीं ले सकते. **2.** अधिकार : the police had ~ to fire पुलिस को गोली चलाने का ≈ था. **3.** गिरफ़्तारी-वारण्ट : the police brought a ~ of arrest पुलिस एक ≈ लाई. **II.** *v.t.* **1.** (justify) उचित ठहराना : no one can ~ such conduct ऐसे आचरण को कोई उचित नहीं ठहरा सकता; his health does not ~ so much hard work उसके स्वास्थ्य के लिए

इतना परिश्रम उचित नहीं है. **2.** (assure) विश्वास दिलाना : I ~ that he is dead मैं विश्वास दिलाता हूँ वि वह मर गया है.

warrior वॉ'रिअर *n*^c. योद्धा, सैनिक, सिपाही, फ़ौजी आदमी [coward डरपोक, great महान]; the unknown ~ died fighting अज्ञात ≈ लड़ते-लड़ते मारा गया; the prince gathered the ~s राजकुमार ने योद्धाओं को जमा किया.

wary वेअ'रि *a.* चौकन्ना, चौकस, सावधान, ख़बरदार, सतर्क [guard रक्षक, soldier सैनिक]; ~ eye कड़ी नज़र^F; bees are generally very ~ of dangers मधु-मक्खियाँ खतरों से प्राय: बहुत ≈ रहती हैं; wild elephants were ~ of traps जंगली हाथी फंदों से ≈ रहते थे; even ~ people fall in the trap ≈ लोग भी फंदे में पड़ जाते हैं; be ~ of your neighbour अपने पड़ोसी से ≈ रहो. [*ant*. un ~]

was वॉज़ *v.i.* (*pl.* were) (past tense of 'is', 'be') था : he ~ there वह वहाँ ≈; I ~ going home मैं घर जा रहा था; she was quiet yesterday कल वह शांत थी; ~ there any hope क्या कोई आशा थी ?

television is one of the ~s of modern science टी. वी. अद्यतन विज्ञान का एक अजूबा है. **3.** (miracle) चमत्कार : he works ~s वह ≈ कर दिखाता है. Δ **nine days' ~** चार दिन की चाँदनी^F : salary has become now only a nine days' ~ वेतन अब केवल चार दिन की चाँदनी रह गया है. **II.** *v.i.* **1.** आश्चर्यचकित होना, विस्मित होना : I ~ whether it is so accurate मुझे आश्चर्य है कि यह इतना सही है; he ~s what his son is doing वह आश्चर्यचकित है कि उसका बेटा क्या कर रहा है; I do not ~ **at** his attitude मुझे उसके रुख़ से आश्चर्य नहीं है; I should not ~ if ... मुझे कोई आश्चर्य न होगा यदि... **2.** I ~ whether he will come मुझे संदेह है कि वह आएगा. **wonderful** वन'डर्फुल *a.* **1.** (amazing) आश्चर्यजनक, अद्‌भुत : [idea विचार, news समाचार, performance प्रदर्शन]; the most ~ thing in the world संसार में सबसे ≈ वस्तु^F; we went to see the ~ scenes of Kashmir हम कश्मीर के ≈ दृश्य देखने गए; this is a ~ machine to diagnose any disease किसी रोग का निदान करने वाली यह ≈ मशीन^F है. **2.** (excellent) बहुत बढ़िया, उत्कृष्ट, अत्युत्तम : he gave a ~ present उसने एक बढ़िया उपहार दिया. **3.** (remarkable) असाधारण : my son is a ~ singer मेरा बेटा एक ≈ गवैया है; you look ~ today तुम आज बहुत ही ≈ लगते हो.

won't वोन्ट = would not,

woo वू *v.t.* (*p.* wooed) **1.** प्रणय निवेदन करना, प्रेम जताना : he ~ed the daughter of a minister वह किसी मंत्री की बेटी से अपना प्रेम जतलाता रहा. **2.** (coax) फुसलाना, लुभाना : they ~ed the voters before the election चुनाव के पहले वे मतदाताओं को लुभाते थे; this company is ~ing some agents of other companies यह कंपनी दूसरी कंपनियों के एजेंटों को फुसला रही है. **3.** चाह^F या आकांक्षा रखना : to ~ sleep नींद^F की चाह होना; to ~ fame यश की आकांक्षा रखना.

wood वुड *n.* **1.** लकड़ी^F [costly कीमती, damp गीली]; ~**man** लकड़हारा; ~ **pulp** लकड़ी की लुगदी^F (for making paper); ~**sman** वनवासी; put some ~ on the fire कुछ ≈ आग पर रखो; we have not much ~ left हमारे पास बहुत ≈ नहीं बची है; he gathered dry ~ from the forest उसने जंगल से ≈ इक्ट्ठी की; this huge box is made of ~ यह विशाल संदूक ≈ का बना है. **2.** (usu. *pl.*) वन, जंगल [thick घना, wide विशाल]; he forgot his way in the ~s ≈ में वह अपना रास्ता भूल गया; they live in the ~s वे ≈ में रहते हैं. **woodcutter** *n.* लकड़हारा : a ~ works in the woods ≈ जंगल में काम करता है; ~'s job is to cut down trees लकड़हारे का काम है पेड़ काट देना. **wooden** वु'डन *a.* **1.** लकड़ी का [box संदूक, house मकान, table मेज़]; they were sitting on a ~ bench वे लकड़ी की बेंच पर बैठे थे; we have to go through a ~ bridge हमें लकड़ी के पुल से होकर जाना है; its handle must be ~ इसका हत्था ≈ का होना चाहिए. **2.** (dull) निर्जीव, नीरस : she gave a ~ performance उसने ≈ प्रदर्शन किया : she is a bit ~ in front of her teacher वह अपनी अध्यापिका^F के सामने निर्जीव-सी होती है. **woodpecker** *n*^c. कठफोड़ा : the ~ picks up bugs to eat ≈ खाने के लिए छोटे-छोटे कीड़े पकड़ता है; a ~ lives in the holes of trees ≈ पेड़ों के बिलों में रहता है; a ~ has a long beak कठफोड़े की चोंच^F लंबी होती है.

wool वुल *n*^u. **1.** ऊन : pure ~ शुद्ध ≈; ~ grows on sheep ≈ भेड़ों से मिलता है; my socks are made of ~ मेरे मोज़े ≈ के बने हुए हैं; the ~ of your sweater is artificial तुम्हारे स्वेटर का ≈ कृत्रिम है. **2.** ऊनी कपड़ा : he wears ~ even in October वह अक्तूबर में भी ऊनी कपड़े पहनता है. Δ **much cry and little ~** खोदा पहाड़ और निकली चुहिया^F; **to pull the ~ on smb's eyes** किसी की आँखों में धूल झोंकना. **woollen** वु'लन **I.** *a.* ऊनी [textile वस्त्र, yarn धागा]; he has bought a ~ suit this year इस साल उसने एक ≈ सूट ख़रीदा है; the shawl is purely ~ शाल शुद्ध ≈ है; what is the cost of this ~ blanket इस ≈ कम्बल की कीमत क्या है?

II. *n. pl.* ऊनी कपड़े : mixed ~ मिलावटी ≈; ~s should be washed at home ऊनी कपड़ों को घर में धोना चाहिए; we wear ~s in winter हम ~ जाड़े में पहनते हैं.

word वर्ड **I.** *v.t.* शब्दों में व्यक्त करना : tell me how to ~ this telegram मुझे बताओ कि इस तार को शब्दों में कैसे व्यक्त किया जाय; you should ~ your idea तुम्हें अपने विचारों को अपने शब्दों में व्यक्त करना चाहिए; your request is well ~ed तुम्हारी प्रार्थना^{F} अच्छे शब्दों में व्यक्त हुई है. **II.** n^c. **1.** (unit of language) शब्द [clear स्पष्ट, difficult कठिन, easy आसान]; how many Hindi ~s do you know तुम हिन्दी के कितने ≈ जानते हो? I want to add a new ~ in the sentence मैं वाक्य में एक नया ≈ जोड़ना चाहता हूँ; what is the meaning of this ~ इस ≈ का अर्थ क्या है? use common ~s in your letters अपने पत्रों में सामान्य शब्दों का प्रयोग किया करो; what were his parting ~s उसके विदायी शब्द क्या थे? I remember his ~s मुझे उसके ≈ याद हैं; in a ~ संक्षेप में; in other ~s दूसरे शब्दों में, ~s fail me मुझे ≈ नहीं सूझते. **2.** (speech) बात^F, कथनी^{F} : mere ~s will not be enough केवल कथनी से काम न चलेगा; you will always find difference in his ~ and deed उसकी कथनी और करनी^{F} में तुम हमेशा अंतर पाओगे; I had a ~ with him उससे मेरी बात^F हुई; may I have a ~ with you क्या मैं आपसे बात^F कर सकता हूँ? I'll always remember his ~s मैं उसका कथन सदा याद रखूँगा; a man of few ~s अल्पभाषी; a man of many ~s बातूनी. Δ **to eat one's ~** कही बात^F को वापस लेना, बात से पलट जाना : he has eaten his ~s previously uttered वह अपनी पहले कही हुई बातों से पलट गया है; in thought, ~ and deed सोच^F कथनी और करनी^{F} में, मनसा, वाचा, कर्मणा. **3.** संदेश : send ~ when you reach there safely जब वहाँ कुशलपूर्वक पहुँच जाओ, तो ≈ भेजना; I received a ~ of his arrival मुझे उसके पहुँचने का ≈ मिला. **4.** n^u. (rumour) अफ़वाह^F : the ~ is that he has been transferred ≈ है कि उसका तबादला/स्थानान्तरण हो गया है. **5.** n^u. (promise) वचन, वादा [false झूठा, true सच्चा]; ~ of honour सशपथ वचन/वादा; keep your ~ अपना ≈ पूरा करो; don't break your ~ अपना ≈ मत तोड़ो; I have never given him such a ~ मैंने उसे ऐसा ≈ कभी नहीं दिया है; I give you my ~ मैं वादा करता हूँ; he is a man of ~s वह अपने वादे का पक्का आदमी है; he is as good as his ~ वह वादे का पक्का है. Δ **by ~ of mouth** मौखिक रूप से, ज़बानी : he promised by ~ of mouth उसने मौखिक रूप से वादा किया; **god's ~** धर्मग्रंथ : (of Christians) बाइबिल^F; (of Hindus) वेद; (of Muslims) कुरआन शरीफ़; **in a ~** संक्षेप में : in a ~, I hate him संक्षेप में, मुझे उससे घृणा^{F} है; in a ~, it was not fair संक्षेप में, यह उचित नहीं था; **say a ~ for smb** किसी की सिफ़ारिश^F करना; to take smb at his ~ किसी की बात^F पर विश्वास कर लेना : I took him by his ~ but was deceived मैंने उसकी बात^F पर विश्वास कर लिया, पर धोखा खाया; **~ for ~** शब्दशः, अक्षरशः the teacher asked him to translate ~ for ~ अध्यापक ने उसे अक्षरशः अनुवाद करने के लिए कहा; what did he say, tell me ~ for ~ उसने क्या कहा, मुझे अक्षरशः बताओ; **to waste ~s** बकवास करना, बकना : don't waste ~s, go away from here बकवास मत करो, यहाँ से चले जाओ

wore = *past tense* of 'wear' *q.v.*

work वर्क **I.** n^{uu}. **1.** (activity) कार्य, काम [easy आसान, private निजी, social सामाजिक]; good ~ सत्कर्म; bad ~ दुष्कर्म; meritorious ~s पुण्यकर्म; ~ of mercy दया^{F} का ≈ ; ~ of god प्रकृति^{F}; he is at ~ वह काम में लगा है; he is set to ~ वह काम करने लगा है; he will be remembered for his ~ for the good of poor sections उसे ग़रीब वर्गों के लोगों के भले के लिए याद किया जाएगा; this machine does the ~ of six men यह मशीन^F छः आदमियों का काम करती है; nowadays he is interested in religious ~s आजकल उसकी धार्मिक कामों में दिलचस्पी^{F} है; go and do your ~ जाओ और अपना काम करो. **2.** (employment)

काम, नौकरी^{F}, रोज़गार [permanent स्थायी, private निजी]; he is out of ~ वह बेरोज़गार है. **3.** (task) काम : he brings office ~ here वह दफ़्तर का ≈ यहाँ ले आता है. **4.** (product of artistic activity) रचना^{F}, कृति^{F} [famous प्रसिद्ध, poetical काव्यात्मक]; artistic ~ कलाकृति^{F}; the ~s of Shakespeare शेक्सपियर की रचनाएँ^{F}; Ramcharit Manas is a popular ~ of Tulsidas रामचरितमानस तुलसीदास की लोकप्रिय ≈ है; 'Paradise Lost' is a great ~ of John Milton 'पैराडाइज़ लॉस्ट' मिल्टन की महान ≈ है. **5.** (*pl.*) निर्माण-कार्य : public ~s सार्वजनिक ≈. **6.** (*pl.*) कारखाना : steel ~s इस्पात का ≈; the ~s is closed ≈ बंद है. **7.** (*comb.*) ~load कार्यभार : I have heavy ~ load these days इन दिनों मेरे ऊपर बहुत कार्यभार है; ~man कारीगर : a bad ~man quarrels with his tools नाच न जाने आँगन टेढ़ा; ~shop कार्यशाला^{F}, कार्यगोष्ठी^{F}. **II.** *v.t.* **1.** काम करना : she ~s in some office वह किसी दफ्तर में काम करती है; how long have you been ~ing here तुम यहाँ कितने समय से काम कर रहे हो? he is not ~ing these days वह आजकल काम नहीं कर रहा है; he ~s in the new factory वह नई फ़ैक्टरी^{F} में काम करता है. **2.** चलना, चालू होना : if my scheme ~s यदि मेरी योजना^{F} चल जाए; this machine does not ~ properly यह मशीन^F ठीक से नहीं चलती. **3.** (take effect) असर करना, कारगर होना [efficiently अच्छी तरह^F, quickly तेज़ी-से]; the drug did not ~ दवा^{F} का कोई असर/प्रभाव नहीं हुआ. **4.** (other contexts) can you ~ this problem क्या तुम इस समस्या^{F} का हल निकाल सकते हो? it has ~ed wonders इससे चमत्कार हुआ है; to ~ mischief फूट डालना; to ~ a sum सवाल का जवाब निकालना; the ornament has been ~ed in gold यह ज़ेवर सोने का बना है. Δ ~ **off** चलता करना, रफ़ा-दफ़ा करना : she ~ed off her sadness by reciting mantras उसने मंत्र बोलकर अपनी उदासी^{F} रफ़ा-दफ़ा कर दी; ~ **out** हिसाब लगाना : they ~ed out the expenditure on that occasion उन्होंने उस अवसर पर किए गए खर्च का हिसाब लगाया; I cannot ~ out how many times he came here मैं इसका हिसाब नहीं लगा सकता कि वह यहाँ कितनी बार^F आया; ~ **up** उकसाना, भड़काना : they have ~ed him up to revolt against the state उन्होंने उसे राज्य के विरुद्ध विद्रोह के लिए भड़काया. **workable** वर्'कॅबल *a.* (practicable) व्यवहार्य, संचालनीय [arrangement व्यवस्था^{F}, plan योजना^{F}]; you should take the responsibility of only ~ jobs तुम्हें केवल संचालनीय कामों की ज़िम्मेवारी^{F} लेनी चाहिए; this engine ~s easily यह इंजन आसानी^{F} से संचालनीय है.

worker वर्'कर n^c. **1.** श्रमिक, मज़दूर : factory ~ कारखाने का ≈; ~s demand more wages ≈ और मज़दूरी माँगते हैं. **2.** कार्यकर्ता [excellent बढ़िया, experienced अनुभवी]; he is a social ~ वह सामाजिक ≈ (समाज सेवक) है; I do not want to be a ~ of any political party मैं किसी राजनैतिक पार्टी^{F} का ≈ नहीं बनना चाहता. **3.** कर्मचारी : office ~ दफ़्तर का ≈; he was appointed as a ~ and now he is a clerk वह ≈ के रूप में नियुक्त किया गया था, (लेकिन) अब वह लिपिक है. **working** वर्'किङ्ग **I.** n^c. **4.** कार्यप्रणाली^{F}. I can say nothing about the ~ of this organisation मैं इस संगठन की ≈ के बारे में कुछ नहीं कह सकता; he has a different way of ~ उसकी ≈ भिन्न प्रकार की है. **II.** *a.* काम का [day दिन; hours समय]; ~ captial व्यवसाय चलाने के लिए पूंजी^{F}; ~ committee कार्यसमिति^{F}; ~ class श्रमिक वर्ग; ~ drawing ≈ नक्शा; ~ knowledge व्यावहारिक ज्ञान; ~ man मज़दूर, श्रमिक; in ~ order चालू हालत^F में; ~ party निरीक्षण समिति^{F}; जाँच समिति^{F}; ~ profit शुद्ध लाभ; what will be the ~ method काम का ढंग क्या होगा? you should not interfere during the ~ period काम के समय में तुम्हें दख़ल नहीं देना चाहिए. **workman** वर्क'मैन n^c. (*pl.* workmen) **1.** मज़दूर, श्रमिक : tell the workmen to come tomorrow मज़दूरों से कहो कि कल आएँ. **2.** (craftsman) कारीगर, शिल्पी [clever होशियार, industrious परिश्रमी, poor ग़रीब]; a bad ~ quarrels

with his tools नाच न जाने आँगन टेढ़ा.
workshop *n.* कारखाना, वर्कशाप : there are fifty workers in his ~ उसके कारखाने में पचास कर्मचारी हैं; the car is in the ~ कार ≈ में है.

world वर्ल्ड *n*[c]. **1.** (the earth) धरती[F], संसार, दुनिया[F] : the other ~ परलोक; the New World अमेरिका; this ~ इहलोक, संसार; ~ of dreams स्वप्नलोक; there are several countries in this ~ इस ≈ में कई देश हैं; this is the way of the ~ दुनिया का यही ढंग है; the ~ is full of misery संसार दुःखमय है; Asia is the biggest continent in the ~ एशिया संसार में सबसे बड़ा महाद्वीप है. Δ **to bring into the ~** जन्म देना; to come into the ~ जन्म लेना. **2.** (universe) विश्व, ब्रह्माण्ड : there have been two ~ wars दो विश्वयुद्ध हुए हैं. **3.** आम लोग : all the ~ knows it सब लोग जानते हैं; half the ~ lives below the poverty line दुनिया[F] के आधे लोग ग़रीबी रेखा[F] से नीचे जीते हैं. **4.** संसारी : he gave up the ~ उसने ≈ का त्याग कर दिया. **5.** बहुत कुछ : it makes a ~ of difference इससे बहुत कुछ अंतर पड़ता है. **6.** जगत् : the ~ of books, animal पुस्तक, पशु ≈. Δ **for all the ~** कुछ भी हो, किसी कीमत[F] पर : I shall do this work for all the ~ मैं इस काम को किसी कीमत[F] पर करूँगा; **a man of the ~** दुनियादार या अनुभवी व्यक्ति : he is not a philosopher, he is a man of the ~ वह दार्शनिक नहीं है, ≈ है. **worldly** वर्ल्ड' लि *a.* सांसारिक, लौकिक, दुनियावी [pleasures सुख, possessions संपत्ति[F]]; ~ goods धन-सम्पत्ति[F]] ~ wisdom दुनियादारी[F]; it is not easy to be free from ~ engagements ≈ जंजाल से मुक्त होना आसान नहीं है; in my ~ life I have done everything अपने ≈ जीवन में मैंने सब कुछ किया है; monks are not ~ भिक्षु दुनियादार नहीं होते· [*ant.* spiritual]

worm वर्म *n*[c]. **1.** कृमि, कीड़ा : earth ~ केंचुआ; round ~ केंचुआ; silk ~ रेशमी कीड़ा; tape ~ फीता-कृमि; birds eat ~ चिड़ियाँ[F] कीड़े खाती हैं; the wheat was eaten by ~s गेहूँ में घुन लग गया था. **2.** कृमिरोग : your friend suffers from ~s तुम्हारा मित्र ≈ से पीड़ित है. **3.** (person) कीड़ा, कमीना आदमी, नीच : he is a ~ who divorced such a noble wife वह ≈ है जिसने ऐसी भद्र पत्नी को तलाक दे दिया.

worn वर्न = *p.p.* of wear *q.v.* **~out** *a.* **1.** (exhausted) थका-माँदा [labourer मज़दूर, runner धावक, दौड़ाक]; the ~ travellers sat down under tree थके-माँदे यात्री पेड़ के नीचे बैठ गए. **2.** (of clothes) फटा-पुराना, घिसा-पिटा [paper काग़ज़ towel तौलिया]; he was wearing ~ shoes वह फटे-पुराने जूते पहने था.

worried व'रिड *a.* चिन्तित, परेशान [face चेहरा, father पिता, principal प्राचार्य]; I am ~ about mother मैं माँ के बारे में ≈ हूँ; she looked very ~ वह बहुत ≈ दिखायी देती थी. **worry** व'रि **I.** *v.i.* चिन्ता[F] करना : don't ~ about your son अपने बेटे के बारे में चिंता मत करो; she is very worried about her daughter's health वह अपनी बेटी के स्वास्थ्य के बारे में बहुत चिन्तित है; there is no reason to ~ for such things इस प्रकार की चीज़ों की चिंता करने का कोई कारण नहीं है. **II.** *v.t.* **1.** (to make anxious) चिंतित/चिंताग्रस्त कर देना : children's future worries me बच्चों का भविष्य मुझे चिंतित कर देता है. **2.** (harass, pester) परेशान/तंग करना : she worried her husband to buy a saree उसने सांड़ी खरीदने के लिए अपने पति को परेशान कर दिया; who is ~ing you तुम्हें कौन परेशान कर रहा है? do not ~ him with such foolish questions इस प्रकार के मूर्खतापूर्ण प्रश्नों से उसे परेशान/तंग न करो. **III.** *n*[c]. (*pl.* worries) चिंता[F], फिक्र : he has a lot of ~ for his son उसे अपने बेटे की बहुत चिंता है; money is our greatest ~ पैसा हमारी सबसे बड़ी ≈ है; all your worries will come to an end after four months चार महीने बाद तुम्हारी सब चिंताएँ[F] समाप्त हो जाएँगी; that boy is a ~ to his parents वह लड़का माँ-बाप के लिए चिंता का विषय है.

worse वर्स **I.** *a.* (*comp.* of bad, ill) **1.** बदतर, और बुरा, और ख़राब [condition हालत[F], day दिन, habits आदतें[F]]; this suit is ~ than

the other one यह सूट दूसरे वाले से ख़राब है; the weather grew ~ मौसम और ख़राब हो गया; you will only make things ~ तुम मामले को बदतर ही बनाओगे; his health became ~ उसका स्वास्थ्य और ख़राब हो गया. **2.** ख़राब हालत^F में : he has become ~ since yesterday उसकी हालत^F कल की अपेक्षा ख़राब है; he is getting ~ उसकी हालत^F ख़राब हो रही है. [*ant*. better] **II.** *adv.* और बुरी तरह^F से : you are playing ~ than ever तुम अब तक खेले गए खेल से और बुरी तरह खेल रहे हो; he sings such ~ than he did before वह जैसे गाता था उससे बहुत ज्यादा बुरी तरह गाता है; he is ~ off than before वह पहले से अधिक बुरी हालत^F में है. **III.** n^c. और बुरी बात^F : the ~ will not be tolerable इससे बुरी बात^F असहनीय होगी; ~ was yet to come ≈ अभी होने को थी. Δ **have the** ~ हार जाना : I can definitely say that he will have the ~ मैं यह निश्चित कर सकता हूँ कि वह हारेगा; conditions have gone/become from **bad to** ~ हालात बद-से-बदतर हो गए हैं. [*as distinct from* verse]

worship वर्'शिप **I.** n^u. पूजा^{F} [hard कठिन, true सच्ची]; they attended the ~ वे ≈ में शामिल हुए; to go to the temple for ~ ≈ के लिए मंदिर जाना; a temple or mosque is a place of ~ मंदिर या मस्जिद^F ≈ का स्थान है; some persons do not like idol ~ कुछ लोग मूर्तिपूजा^{F} पसंद नहीं करते. **II.** *v.t.* (-pp-) **1.** पूजा^{F} करना, पूजना : the Ganga is ~ped on Sankranti संक्रान्ति पर गंगा की पूजा होती है; they have gone to ~ Lord Shiva वे भगवान शिव की पूजा करने गए हैं. **2.** (revere) पर श्रद्धा^{F} रखना : youngers should ~ their elders छोटों को अपने बड़ों पर श्रद्धा रखनी चाहिए. **~per** वर्'शिपर n^c. उपासक [blind अंध, devoted श्रद्धालु, sincere सच्चा]; they are the ~s of Lord Krishna वे भगवान कृष्ण के ≈ हैं.

worst वर्स्ट **I.** *a.* (*superl*. of bad, ill) सबसे बुरा, सबसे ख़राब [accident दुर्घटना^{F}, condition हालत^F, result परिणाम]; that was the ~ thing that could have happened वह सबसे बुरी बात^F थी जो हो सकती थी; the ~ thing is that we don't know where he lives सबसे ख़राब बात (यह) है कि हम नहीं जानते वह कहाँ रहता है; I have never expected such ~ consequences मैंने इस प्रकार के बुरे-से-बुरे परिणाम की आशा^{F} नहीं की थी. **II.** *adv.* सबसे ख़राब/बुरी तरह से : he played ~ of all वह सबसे बुरी तरह खेला; that evening he sang ~ उस शाम उसने सबसे ख़राब गाया; the poor people suffer ~ ग़रीब लोग सबसे बुरी तरह कष्ट पाते हैं. **III.** n^c. सबसे बुरी बात : he expected the ~ उसने ≈ की आशा^{F} की थी; the ~ of it is, we cannot get in touch with them सबसे ख़राब बात यह है कि हम उनके संपर्क में नहीं आ सकते; the ~ happened ≈ हो गई; now you should be ready for the ~ अब तुम्हें ≈ के लिए तैयार रहना चाहिए; I saw him at his ~ मैंने उसे सबसे बुरी हालत^F में देखा था; do your ~ बुरा से बुरा कर लो; if ~ comes to the ~ यदि बुरे से बुरी बात हो जाए. [*ant*. best]

worth वर्थ n^u. **1.** मूल्य, कीमत^F : this thing is of little ~ यह वस्तु बहुत कम कीमत की है; my watch is ~ rupees eight hundred मेरी घड़ी^{F} आठ सौ रुपए ≈ की है; it is ~ nothing यह बेकार है; the watch is not of much ~ घड़ी अधिक कीमत की नहीं है; if you do not know its ~ यदि तुम इसकी कीमत नहीं जानते. **2.** (deserving) लायक, के योग्य : is the play ~ seeing क्या नाटक देखने लायक है? the book is not ~ reading किताब पढ़ने लायक नहीं है. **3.** (possessed of) का मालिक, स्वामी : he is ~ a million वह लाखों का मालिक है, वह लखपति है. **worthless** वर्थ'लिस *a.* निकम्मा, बेकार [fellow व्यक्ति, member सदस्य, worker कार्यकर्ता]; these goods are ~ यह माल बेकार है; your article was completely ~ तुम्हारा लेख पूरी तरह^F से बेकार था; such ~ persons are never believable इस प्रकार के निकम्मे व्यक्ति कभी विश्वसनीय नहीं होते. **worthwhile** *a.* उचित, लाभप्रद : it is not a ~ job यह ≈ काम नहीं है; it will be ~ trying प्रयास करना ≈ होगा; it is not ~

going there वहाँ जाना उचित नहीं है; the whole thing is not ~ सारी चीज़ बेकार है. **worthy** वर'दि I. *a.* (worthier, worthiest) 1. आदरणीय : ~ teacher ≈ अध्यापक; he is ~ of respect from all of them वह इन सब के लिए ≈ है. 2. (deserving) अच्छा, सुयोग्य, के योग्य : ~ son of a ~ father योग्य बाप का योग्य बेटा; she was not ~ of praise वह प्रशंसा के योग्य न थी. [*ant.* un ~] II. *n*ᶜ. श्रेष्ठ व्यक्ति : worthies of the town नगर के श्रेष्ठ पुरुष.

would वुड *aux. v.* 1. *past* of 'will'; I said I ~ do it मैंने कहा कि मैं इसे करूँगा; if she knew his address, she ~ write to him यदि वह उसका पता जानती तो उसे लिखती; they ~ help you if they had time यदि उनके पास समय होता तो वे तुम्हारी सहायता करते; he ~ not move वह नहीं हिलेगा; he ~ sit motionless for hours there वह वहाँ बिना हिले घंटों बैठा रहता; he ~ be going वह जा रहा होगा; she ~ have gone वह चली गई होगी; if he had gone he ~ have met him यदि वह गया होता तो उससे मिल लिया होता. 2. **would-be** होने वाला : ~ father-in-law ≈ ससुर.

wouldn't = would not.

wound वून्ड I. *n*ᶜ. घाव, ज़ख़्म [deep गहरा, mortal घातक, serious गंभीर]; he received dangerous ~s in the fight उसे लड़ाईᶠ में ख़तरनाक ≈ लगे; he died of ~s he received जो घाव उसे लगे उनसे वह मर गया; the ~ is healing up ≈ ठीक हो रहा है. II. वाउन्ड *v.t.* 1. past tense of 'wind' *q.v.* 2. वुन्ड *v.t.* घायल करना, ज़ख़्मी करना : who has ~ed my dog मेरे कुत्ते को किसने घायल किया है? 3. ठेसᶠ/चोटᶠ पहुंचाना : to ~ smb's feelings किसी की भावनाओंᶠ को ≈; his pride was ~ed उसके स्वाभिमान को ठेस लगी. **wounded** वुन'डिड I. *a.* 1. घायल, ज़ख़्मी [bird पक्षी, dog कुत्ता, soldier सैनिक]; the ~ people were taken to the hospital ≈ लोगों को अस्पताल ले जाया गया; he is ~ not dead वह ≈ हुआ है, मरा नहीं; he was ~ in the arm उसे बाँहᶠ में घाव लगा. 2. (fig.) ठेसᶠ लगना : he was ~ by his words उसके शब्दों से उसे ठेस लगी. II. *n. pl.* घायल : the ~ were taken to the hospital घायलों को अस्पताल ले जाया गया.

wove वोव = *past tense* of 'weave' *q.v.*

woven वो'व़न I. *v.t. p.p.* of 'weave' *q.v.* II. *a.* बुना हुआ ~ cloth ≈ कपड़ा; he was wearing a hand ~ sweater वह हाथ से बुना एक स्वेटर पहने था.

w.p.b. = waste paper basket.

wrangle रैङ्गल I. *n*ᶜ. लड़ाई-झगड़ा [heated गरम, legal कानूनी, noisy शोर वाला]; don't meddle in their ~ उनके ≈ में मत पड़ो; to start a ~ is to invite destruction ≈ करना विनाश को बुलावा देना है. II. *v.t.* झगड़ना : children were wrangling over a toy बच्चे एक खिलौने पर झगड़ रहे थे.

wrap रैप I. *n.* आवरण (जैसे शाल, कम्बल) : she has covered her head with a ~ उसने शाल/दुपट्टे से अपना सिर ढँक लिया है. II. *v.t.* (wrapped, wrapping) लपेटना, ओढ़ना : he ~ped the books (up) in a paper उसने किताबों को एक काग़ज़ में लपेटा; ~ a child in a quilt बच्चे को रज़ाईᶠ ओढ़ाना; she ~ped a scarf round her head उसने सिर पर दुपट्टा ओढ़ लिया; he ~ped the shirt in a piece of paper उसने काग़ज़ के एक टुकड़े में कमीज़ लपेट ली. [*as distinct from* rap] **wrapping** रै'पिङ्ग *n.* (often *pl.*) बेठनᶠ, लपेटनᶠ (also ~ paper) : it is not easy to open the parcel because of the ~ over it पार्सल पर के ≈ के कारण उसको खोलना आसान नहीं है.

wrath रॉथ *n*ᵘ. रोष, कोप, क्रोध [deep गहरा, intense तीव्र, violent ज़ोर का]; he has to bear the ~ of God उसे ईश्वर का ≈ सहना है; there was so much ~ among the people against the Government लोगों में सरकारᶠ के विरुद्ध इतना ≈ था; the minister had to return because of the ~ of villagers ग्रामवासियों के ≈ के कारण मंत्री को लौटना पड़ा; Mr. Ch. is slow to ~ मि० च जल्दी गुस्से में नहीं आते.

wreath रीथ *n*ᶜ. 1. (of flowers) मालाᶠ, हार : the widow put a ~ of flowers on her

husband's dead body विधवा ने अपने पति के शव पर फूल-माला चढ़ाई; he was garlanded with ~s in the meeting बैठक में उसे मालाएँ[F] पहनाई गईं. **2.** (of smoke) छल्ला : we could see ~s of smoke rising into the sky हम आकाश में उठते हुए धुएं के छल्ले देख सके.

wreathe रीद *v.t.* **1.** गूंथना : she ~d a garland उसने एक हार गूँथा. **2.** छल्ला बनाते हुए ऊपर उठना : the smoke ~d धुआं छल्ले बनाता हुआ उठा. **3.** लपेटना : to ~ one's arms round smb किसी को अपनी बाहों में लपेटना. **4.** (cover) ढंक देना : they ~d the idol with flowers उन्होंने मूर्ति को फूलों से ढँक दिया.

wreck रेक **I.** *n*[c]. **1.** (shipwreck) पोतभंग : several persons were killed in the ~ ≈ से कई लोग मारे गए; the ship suffered a ~ ≈ हो गया. **2.** विध्वंस, सत्यानाश : ~ of a car in an accident किसी दुर्घटना[F] में कार[F] का ≈; they saved the ship from ~ उन्होंने जहाज़ को विध्वंस होने से बचा लिया. **3.** (fig.) नाश : ~ of one's hopes, plans किसी की आशाओं[F], योजनाओं का ≈. **4.** (of person) he is a physical ~ वह अस्थिमात्र रह गया है. **II.** *v.t.i.* **1.** नष्ट करना : the ship/car was completely ~ed जहाज़/कार पूरी तरह नष्ट हो गई. **2.** (fig.) बरबाद : his hopes were ~ed after the failure असफलता[F] के बाद उसकी आशाओं[F] पर पानी फिर गया; who ~ed your plans तुम्हारी योजनाएँ[F] किसने ढहा दीं ? the huge building ~ed in the rain विशाल इमारत[F] बारिश में ढह गई. **wreckage** रे'किज *n.* मलबा, भग्नावशेष : the ~ of the broken car has been removed टूटी हुई कार[F] का ≈ हटा दिया गया है; the ~ of the aeroplane was found scattered over the hill हवाई जहाज़ का ≈ पहाड़ी[F] पर बिखरा हुआ पाया गया; this is the ~ of a building ruined in an earthquake भूकम्प में नष्ट इमारत[F] का यह ≈ है.

wrench रेन्च **I.** *n*[c]. **1.** (tool) रिन्च : pull out his tooth with a ~ ≈ से उसका दाँत निकाल लो; ~ is used to turn nuts and bolts ≈ का इस्तेमाल नट, बोल्ट कसने में किया जाता है. **2.** (sprain) मरोड़, मोच[F] : strong ~ तगड़ा ≈; the doctor gave my foot a painful ~ डाक्टर ने मेरे पैर में पीड़ाजनक मरोड़ लगाया. **3.** (a pull) झटका : he gave a ~ at the door and it opened : उसने दरवाजे पर एक ≈ दिया और वह खुल गया. **4.** पीड़ा[F], दुःख leaving home is a ~ indeed घर छोड़ने में सचमुच दुःख होता है. **II.** *v.t.* **1.** (twist) मरोड़ना, ऐंठना, मुड़काना : he ~ed the baby's arm उसने बच्चे की बाँह[F] मरोड़/ऐंठ दी. **2.** (snatch) झटके से छीन लेना : he ~ed the revolver from my hands उसने मेरे हाथों से रिवाल्वर छीन लिया.

wrestle रे'सल *v.t.* **1.** कुश्ती[F] लड़ना, मल्लयुद्ध करना : two young men are wrestling दो नवयुवक कुश्ती लड़ रहे हैं; the policeman ~d with the criminal and then handcuffed him पुलिसवाला अपराधी के साथ कुश्ती लड़ा और फिर उसे हथकड़ी[F] लगा दी. **wrestler** रें'स्'लर *n*[c]. पहलवान, कुश्तीबाज़ [brave वीर, sturdy शक्तिशाली, trained प्रशिक्षित]; hundreds of ~s participated in the wrestling match दंगल में सैकड़ों पहलवानों ने भाग लिया; the champion ~ was awarded a cash prize of Rs. 50,000 चैम्पियन पहलवान को पचास हज़ार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया.

wretch रेच *n*[c]. **1.** (unfortunate) अभागा आदमी : this poor ~ has no money इस बेचारे अभागे आदमी के पास पैसा नहीं है. **2.** (contemptible) कमीना, नीच : ~ farmer, father ≈ किसान, पिता; poor and hateful ~ ग़रीब और घृणित, नीच; you ~ ! you are again late तुम कमीने ! पुनः विलम्ब से आए हो; that ~ stole my purse इस कमीने ने मेरा बटुआ चुराया. **wretched** रें'चिड *a.* **1.** (miserable) दुःखी : he looks ~ वह ≈ दिखायी देता है; I feel ~ मैं ≈ हूँ; he had to lead a ~ life उसे दुःखी जीवन व्यतीत करना पड़ा. **2.** (unfortunate) अभागा, बदकिस्मत [man आदमी, servant नौकर]; he is the only ~ student in the school that failed विद्यालय में वही अकेला ≈ छात्र था जो फेल हो गया. **3.** घटिया, घृणित, गंदा

[place स्थान, weather मौसम]; they live in a ~ house वे एक ≈ मकान में रहते हैं.

wriggle रि'गल *v.i.* **1.** लोटना : the patient is wriggling on his bed रोगी अपने बिस्तर पर लोट रहा है; the children ~d in the sun बच्चे धूप में लोटते थे. **2.** (move along) रेंगना : the snake ~d through the grass साँप घास में होकर रेंगता गया; to ~ through a hole बिल से रेंगकर जाना. **3.** (evade) टाल-मटोल करना, बहानेबाज़ी करना : he is expert in wriggling टाल-मटोल करने में वह कुशल है; how did you ~ out of this difficulty तुम बहाना करके कठिनाई^F से कैसे उबरे.

wring रिङ्ग *v.t.* (wrung) **1.** मरोड़ना, ऐंठना : he ~ed the hen's neck उसने मुर्गी^{F} की गर्दन^F मरोड़ डाली; to ~ smb's hand किसी का हाथ ≈; to ~ money from smb किसी से पैसा ऐंठना. **2.** निचोड़ना : she wrung the towel and let it dry उसने तौलिया निचोड़कर सूखने के लिए डाल दिया : to ~ water out of a towel तौलिये से पानी निचोड़ना; to ~ blood out of a stone पत्थर से खून निचोड़ना, बालू से तेल निकालना. **3.** ग़लत अर्थ लगाना : you should not ~ his words तुम्हें उसके शब्दों का ग़लत अर्थ नहीं लगाना चाहिए.

wrinkle रिङ्ग'कल **I.** n^c. **1.** झुर्री^{F}, शिकन^F : to have ~s on the forehead माथे पर झुर्रियाँ^{F} आना; ~s on his face indicate that he is getting old उसके चेहरे पर की झुर्रियों से पता चलता है कि वह बूढ़ा हो रहा है; his face is now covered with ~s उसका चेहरा झुर्रियों से भर गया है. **2.** (of cloth) सिलवट^F : to iron ~s in a shirt : कमीज की सिलवटों पर लोहा/इस्तरी करना. **II.** *v.t.i.* झुर्री/सिकुड़न पड़ना या डालना : why did you ~ your nose तुमने नाक क्यों सिकोड़ा ? old man's face was ~d बूढ़े के चेहरे पर झुर्रियाँ आ गई थीं. **wrinkled** रिङ्ग'कल्ड *a.* झुर्रीदार, शिकनदार [face चेहरा, forehead माथा]; look at his ~ hand उसके ≈ हाथों को देखो; he was wearing a ~ shirt वह एक सिलवटदार कमीज़ पहने था; he is ~ with age बुढ़ापे के कारण उसके झुर्रियाँ आ/पड़ गई हैं.

wrist रिस्ट n^c. कलाई^F [left बाईं, soft कोमल]; the police put handcuffs on the thief's ~ पुलिस^F ने चोर की ≈ पर हथकड़ी^{F} डाल दी; I wear a watch on my right ~ मैं अपनी दाहिनी ≈ पर घड़ी^{F} बाँधता हूँ; my ~ was dislocated मेरी ≈ का जोड़ उखड़ गया था.

writ रिट n^c. **1.** (official paper) आदेश-पत्र, हुक्मनामा, परमादेश : ~ of *habeas corpus* बन्दी प्रत्यक्षीकरण ≈; ~ of *mandamus* परमादेश, उच्च न्यायालय द्वारा निम्न न्यायालयों को दिया गया आदेश; ~ of petition समादेश याचिका^{F}; ~ of prohibition प्रतिषेध लेख; ~ of *quo warranto* अधिकार-पृच्छा लेख. **2.** याचिका^{F}, रिट^F : file a ~ in the High Court उच्च न्यायालय में ≈ दायर करना; the court dismissed his ~ न्यायालय ने उसकी ≈ ख़ारिज कर दी.

write राइट *v.t.i.* (wrote, written, writing) लिखना [quickly जल्दी से, slowly धीमे से]; I cannot ~ so fast मैं इतना तेज़ नहीं लिख सकता^{F}; write a letter to your father अपने पिता को एक पत्र लिखो; he has written a book about children उसने बच्चों के बारे में एक पुस्तक^F लिखी है; ~ it down, please कृपया, लिख लें; he wrote a very urgent letter to me उसने मुझे एक अत्यावश्यक पत्र लिखा; don't forget to ~ a letter to him/her उसे पत्र लिखना न भूलना; I'll ~ to you as soon as I reach Moscow जैसे ही मैं मास्को पहुँचूँगा, तुम्हें (पत्र) लिखूँगा; he can read and ~ वह पढ़-लिख सकता है; ~ with a pencil पेंसिल से लिखो; how is this word written यह शब्द कैसे लिखा जाता है ? he ~s good poems वह अच्छी कविताएँ^{F} लिखता है. Δ ~ **back** उत्तर देना : please ~ back at your earliest कृपया उत्तर जल्दी-से-जल्दी दीजिए; ~ **down** लिख लेना : I have written down everything मैंने सब कुछ लिख लिया है; ~ **in** लिखकर जोड़ना : I wrote in all his suggestions मैंने उसके सब सुझाव लिखकर रख लिए हैं; ~ **off** (i) लिख भेजना : to ~ off an article एक लेख लिख भेजना; (ii) बट्टे-खाते में डालना : to ~ off debt कर्ज़ बट्टे में डालना, (iii) to ~ off the arrangement व्यवस्था छोड़ देना; ~ **out** पूरा-पूरा लिख डालना : ~ out the whole

essay सारा निबंध पूरा-पूरा लिख डालो. ~**-off** *n.* कुल हानि^F : he demanded compensation for the ~ off उसने ≈ के लिए क्षतिपूर्ति^F की माँग^F की. [*as distinct from* right, rite] **writer** राइ'टर *n*^c. लेखक, रचयिता [excellent उत्कृष्ट, prominent प्रसिद्ध]; who is your favourite ~ तुम्हारा प्रिय ≈ कौन है ? he wants to be a ~ वह लेखक होना चाहता है; all the ~s participated in the conference सभी लेखकों ने सम्मेलन में भाग लिया; the ~s of 19th century 19वीं सदी के लेखक; Kalidas is the ~ of the 'Abhigyan Shakuntalam' कालिदास 'अभिज्ञान शाकुंतलम' के रचयिता^F हैं. **writing** राइ'टिङ्ग *n.* (act) लेखन, लिखाई^F; लिखावट^F [beautiful सुंदर, clear स्पष्ट]; ~ material लेखन-सामग्री^F; ~ pad पत्रावली; ~ paper पत्रादि का काग़ज़; she did a little ~ उसने थोड़ी लिखाई की; I cannot read his ~ मैं उसकी लिखावट नहीं पढ़ सकता; Bengalis use a different kind of ~ बंगाली एक भिन्न प्रकार की लिखावट का व्यवहार करते हैं. Δ ~ **on the wall** भावी अनिष्ट का संकेत. **written** रि'टन **I.** *v.t. p.p.* of 'write' *q.v.* **II.** *a.* लिखित [apology क्षमा^F, guarantee गारंटी^F, permission अनुमति^F]; ask anything in ~ कोई चीज़ लिखकर माँगो; he has given a ~ reply उसने ≈ उत्तर दिया है; it is the ~ order of the principal प्राचार्य का यह ≈ आदेश है; I have received the ~ notice मुझे ≈ सूचना मिल गयी है.

wrong रॉङ्ग **I.** *a.* **1.** ग़लत [answer जवाब, calculation गणना^F, idea विचार, word शब्द]; your watch is ~ तुम्हारी घड़ी^F ≈ चल रही है; he has given a ~ statement in the court उसने न्यायालय में ग़लत बयान दिया; you are ~ तुम ग़लती^F पर हो; he is a ~ person for this job इस काम के लिए वह ≈ आदमी है; you are on the ~ road तुम ≈ रास्ते पर हो; he was going in the ~ direction वह ≈ दिशा^F में जा रहा था; he has come at the ~ time वह ≈ समय पर आया है. [*ant.* right] **2.** खराब, बुरा : telling lies is ~ झूठ बोलना बुरा है; it is ~ to steal चोरी^F करना^F बुरा है. **3.** (other contexts) ~ conduct अनुचित आचरण; ~ document अवैध दस्तावेज़; something is ~ with that boy उस लड़के में कुछ गड़बड़ है; smth is ~ with the engine इंजन में कुछ गड़बड़ी^F है; what is ~ with your arm तुम्हारी बाँह में क्या हो गया है ? **II.** *adv.* ग़लत ढंग से : you have done this sum ~ तुमने यह सवाल ग़लत किया है; go ~ भूल^F करना, ग़लती^F करना; I do not know where I went ~ मैं नहीं जानता कि मैंने कहाँ ग़लती की. **III.** *n*^c. ग़लती^F : the king does not do any ~ राजा कोई ≈ नहीं करता; you are on the ~ आपकी ≈ है. **IV.** *v.t.* (injure) क्षति^F/हानि^F पहुँचाना : they wanted to ~ him वे उसे हानि पहुँचाना चाहते थे. **wrongdoer** *n*^c. कुकर्मी, पापी, अपराधी : the police could not arrest the real ~ पुलिस^F वास्तविक अपराधी को गिरफ्तार नहीं कर सकी. ~s are punished ≈ दंड पाते हैं. **wrongful** रॉङ्ग'फ़ुल *a.* **1.** न्यायविरुद्ध, अवैध [act काम, detention बन्दीकरण]; ~ dismissal from the job नौकरी से ≈ बरख़ास्तगी^F. **2.** अन्यायपूर्ण, बुरा, अनुचित : society will punish him for his ~ deeds समाज उसे उसके बुरे/अनुचित कामों के लिए दण्डित करेगा. **wrongly** रॉङ्ग्लि *adv.* ग़लती^F से : my letter was ~ sent to another address मेरा पत्र ≈ किसी दूसरे पते पर भेज दिया गया.

wrote = *past tense* of 'write' *q.v.*

wrung = *past* and *p.p.* of 'wring' *q.v.*

w.t. = without ticket बिना टिकट.

wt. = weight वज़न, भार.

X, x

x ऍक्स **1.** -क्स as in box बॉक्स. **2.** (रोमन-अंक पद्धति में) दस, xi ग्यारह, ix नौ, xii बारह. **3.** (बीजगणित में) क (राशि).

X-mas क्रिसमस n^u. short form of Christmas (दे०).

X-ray ऍक्स' रे **I.** n^c. **1.** एक्स-किरण : the ~ passes through the body ≈ शरीर के पार निकल जाती है; ~s cure some diseases एक्स किरणें कुछ बीमारियों का इलाज कर देती हैं. **2.** एक्स-रे मशीन : the ~ is placed in a separate room of the hospital ≈ अस्पताल के एक अलग कमरे में रखी है. **3.** एक्स-रे परीक्षण : I had gone to the hospital for an ~. **4.** एक्स-रे फोटो : the physician saw the ~ चिकित्सक ने ≈ देखा. **II.** *v.t.* एक्स-रे फोटो लेना : the doctor ~ed my lungs डाक्टर ने मेरे फेफड़ों का एक्स-रे फोटो लिया.

xylograph ज़ाइलॅग्राफ़ n^c. काष्ठचित्र : the engraver made a ~ उकेरने वाले ने एक ≈ बनाया.

xylographer ज़ाइलॅग्राफ़र n^c. काष्ठ-चित्रकार : ~ is an artist ≈ कलाकार होता है.

Y, y

y- = y-shaped.

-y = suffix making nouns as dirty, rainy, frosty, thorny, hairy, primary, milky, baby, daddy.

yak यैक *n*ᶜ. सुरागाय, याक [domestic पालतू, wild जंगली]; ~ is a long-haired type of an ox found in Tibet ≈ लंबे बालों वाला और तिब्बत में पाया जाने वाला एक प्रकार का बैल है; ~ is the main beast of burden in Tibet ≈ तिब्बत का मुख्य भारवाही पशु है.

yard यार्ड *n*ᶜ. **1.** (unit of length) गज़ : the length of this verandah is about five ~s इस बरामदे की लम्बाईᶠ लगभग पाँच ≈ है; a ~ is a unit of length equal to 3 ft. or .9144 metre ≈ लंबाईᶠ की इकाई है जो तीन फुट या .9144 मीटर के बराबर होती है. **2.** (enclosed area) अहाता, बाड़ा [large बड़ा, small छोटा]; churchyard गिरजे का कब्रिस्तान; courtyard आँगन; the ~ is fenced around अहाते के चारों ओर जंगला लगा है; the children play in the ~ बच्चे आँगन/अहाते में खेलते हैं; he will meet you in the back ~ वह तुम्हें पिछवाड़े के आँगन में मिलेगा; there are many beautiful flowers in the ~ आँगन/अहाते में बहुत-से सुंदर फूल हैं.

yarn यार्न *n*ᶜ. सूत, धागा [cotton सूती, knitting बुनाई का, silken रेशमी]; the cloth is made of fine ~ कपड़ा महीन धागों का बना है.

yawn यॉन **I.** *n*ᶜ. जंभाईᶠ : often it is drowsiness that causes a ~ ≈ प्रायः नींद आने के कारण आती है; she gave a ~ and went to bed उसने ≈ ली और सोने चला गया. **II.** *v.i.* **1.** जँभाईᶠ लेना, अंगड़ाईᶠ लेना : we ~ when we feel exhausted जब हम थकान महसूस करते हैं तो हमें अंगड़ाई आती है. **2.** ऊंघना : he ~ed during the sermon प्रवचन के दौरान वह ऊंघता रहा. **3.** (to become wide open) और खुल जाना : the hole ~ed before Sita सीता के सामने सुराख और खुला हो गया.

year यिअर *n*ᶜ. **1.** बरस, वर्ष, साल : new ~ नया साल, नव वर्ष; calender ~, from Ist January to 31st December पत्रीᶠ वर्ष, in the ~ 1996 सन् 1996 में; fiscal/financial ~ from Ist April to 31st March वित्तीय वर्ष; leap ~ 29 days of February; ≈ अधिवर्ष; light ~ प्रकाश वर्ष; lunar ~ चान्द्र वर्ष; ~ after ~ प्रतिवर्ष; a ~ has 12 months or 365 days एक साल में 12 महीने या 365 दिन होते हैं; his son was born four ~s ago उसका लड़का चार साल पहले पैदा हुआ था; you have done a great deal in a ~ तुमने एक साल में बहुत कुछ किया है; for the first time in a ~ साल में पहली बार; the happiest ~ in his life उसके जीवन का सबसे सुखद ≈; I have not seen him for several ~s मैंने उसे कई साल से नहीं देखा है; he came after ~s वह सालों बाद आया; he was away all the ~ round वह सारा साल बाहर रहा. **2.** (*pl.*, age) अवस्थाᶠ, उम्रᶠ : from his earliest ~s उसकी बिल्कुल छोटी ≈ से; he looks young for his ~s अपनी उम्र के हिसाब से वह छोटा लगता है; he is twenty ~s old उसकी ≈ बीस साल है; advance ~s बुढ़ापा **yearly** यिअर्'लि **I.** *adv*. प्रतिवर्ष : his salary increases ~ उसका वेतन ≈ बढ़ जाता है; this paper is issued ~ यह पत्र ≈ निकलता है. **II.** *a.* वार्षिक, सालाना [audit लेखा-परीक्षाᶠ, examination परीक्षाᶠ]; ~ accounting of the office कार्यालय का ≈ लेखा-जोखा; during his ~ tour he'll go to Goa अपनी ≈ यात्राᶠ पर वह गोआ आएगा.

yearn यर्न *v.i.* (to long) ललकना, तरसना, लालायित होना : she ~ed for a new car उसे नयी कारᶠ की ललक थी; the soldier ~s

for home सिपाही घर के लिए लालायित है; he ~ed to return home वह घर लौट आने के लिए लालायित था. **yearning** यर्'निङ्ग *n.* ललक^F, लालसा^{F} : he had the ~ for a guitar उसकी एक गिटार के लिए ≈ थी.

yell येल **I.** *n*^{c}. चिल्लाहट^F, चीख़^{F} : a ~ of pain दर्द के मारे ≈; his ~s could be heard at a distance उसकी चीख़ें दूर से सुनी जा सकती हैं; he gave a loud ~ उसने ज़ोर की चीख़ मारी. **II.** *v.i.* चिल्लाना, चीख़ना : the boys ~ed when their team won जब उनकी टीम^F जीत गई तो लड़के चीख़ने-चिल्लाने लगे; she ~ed with pain वह दर्द से चिल्लाई; they ~ed with laughter वे ठहाका मारकर चिल्लाए.

yellow ये'लो **I.** *a.* **1.** पीला [colour रंग, flower फूल, ribbon फ़ीता]; ~ fever पीत ज्वर : he was wearing a ~ shirt वह एक पीली कमीज़ पहने था; you should buy ~ paint तुम्हें ≈ पेंट ख़रीदना चाहिए. **2.** डरपोक, कायर, नीच [fellow व्यक्ति, traitor देशद्रोही]. **II.** *n*^{c}. पीला रंग : she was dressed in ~ उसने पीले रंग की पोशाक पहन रखी थी.

yes येस **I.** *interj.* हाँ : ~, you can go ≈, तुम जा सकते हो; can you swim? ~, I can क्या तुम तैर सकते हो, हाँ, मैं तैर सकता हूँ. [*ant.* no] **II.** *n.* हाँ, हामी^{F} : has he said '~' क्या उसने हामी भर ली? I am in favour of ~ मैं ≈ (वालों) के पक्ष में हूँ. **yesman** येस्'मन *n*^{c}. जी-हुज़ूर, हाँ में हाँ मिलाने वाला : the Prime Minister is surrounded by yesmen प्रधानमंत्री जी-हज़ूरियों से घिरा रहता है; some members of the party are only ~ men पार्टी में कुछ सदस्य हाँ में हाँ मिलाने वाले हैं.

yesterday येस्'टरडे **I.** *n*^{uc}. (बीता) कल : did you see ~'s newspaper क्या तुमने कल का समाचार-पत्र देखा; what day was it ~ ≈ कौन-सा दिन था? today is Monday, ~ was Sunday आज सोमवार है, कल रविवार था; the day before ~ परसों; ~ evening कल शाम^F; ~ morning कल सुबह^F. **II.** *adv.* कल : I was very busy ~ ≈ मैं बहुत व्यस्त था; I saw him the day before ~ मैं उससे परसों मिला था; he did not come ~ वह ≈ नहीं आया.

yet येट **I.** *adv.* **1.** अब तक, अभी (तक) : I know nothing about it ~ ≈ मैं इसके बारे में कुछ नहीं जानता हूँ; I am not ~ ready मैं अभी (तक) तैयार नहीं हूँ; has he not come ~ क्या वह ≈ नहीं आया? have you not finished your work ~ क्या तुमने ≈ अपना काम समाप्त नहीं किया है? he had not arrived ~ वह तब तक नहीं पहुँचा था; she is not completely well ~ वह अभी पूरी तरह ठीक नहीं है; there is enough time ~ अभी काफ़ी समय है. **2.** (another, more) एक और भी : this is ~ another complaint against him इसके विरुद्ध एक और शिकायत^F भी है. **3.** (even) और भी : this is ~ bigger, better यह और भी बड़ा, अच्छा है. **II.** *conj.* फिर भी, तो भी : he did not promise, ~ I think he'll do it उसने वचन नहीं दिया, ≈ मेरा विचार है कि वह इसे करेगा; he went to bed, ~ he could not sleep वह बिस्तर पर गया, ≈ सो न सका; I did not work hard, ~ I passed मैंने मेहनत^F नहीं की थी, ≈ मैं पास हो गया.

yield यील्ड **I.** *v.t.* उत्पन्न करना, पैदा करना : trees ~ fruit वृक्ष फल देता है; cows ~ milk गायें^{F} दूध देती हैं; his business ~ed good profit उसके व्यापार ने अच्छा लाभ दिया; it will ~ good crop this year इस साल अच्छी फ़सल पैदा होगी; his house ~ed us shelter उसके मकान में हमें शरण^F मिली. **II.** *v.i.* (~to) आत्मसमर्पण करना, के हवाले करना : the thief ~ed himself to the police चोर ने स्वयं को पुलिस के हवाले कर दिया. **III.** *n*^{u}. (produce) उपज^F, पैदावार^F : ~ of milk दूध की ≈^{F}; ~ of wheat गेहूँ की ≈; we expected a good ~ this year इस साल हमें अच्छी उपज की आशा थी.

Y.M.C.A. Young Men's Christian Association.

yoghurt, yogurt यॉगर्ट *n.* (no *pl.*) दही : ~ is very good for health ≈ स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी होती है; take ~ every morning हर सुबह^F दही खाया (लिया) करो.

yoke योक **I.** n^c. **1.** (of animals) जुआ : they put a ~ on the shoulders of oxen उन्होंने बैलों के कंधों पर एक ≈ रख दिया. **2.** (pair) जोड़ी^{F} : six ~s of oxen बैलों की छ: ≈. **3.** (fig.)जुआ, गुलामी^{F}, बंधन : the subjects were not ready to accept the ~ of the tyrant प्रजा^{F} अत्याचारी की गुलामी स्वीकार करने को तैयार न थी; India threw off the ~ of slavery भारत ने गुलामी^{F} का जुआ उतार फेंका. **II.** *v.t.* **1.** जुए में जोड़ना, जुआ डालना : ~ the oxen together बैलों को एक साथ जुआ डाल दो. **2.** जोतना : he ~d the oxen to the plough उसने बैलों को हल के साथ जोत दिया. [*as distinct from* yolk]

yolk योक n^u. ज़र्दी^{F} : ~ is yellow ≈ पीली होती है; I need ~, not white of the egg मुझे अंडे की ≈ चाहिए, सफ़ेदी^{F} नहीं. [*as distinct from* yoke]

you यू *pron.* (IInd person) तुम, (honorific) आप : we hope to meet ~ again हमें आपसे पुन: मिलने की आशा है; he is very pleased with ~ वह तुमसे बहुत प्रसन्न है; ~ can see it yourself आप इसे स्वयं देख सकते हैं; ~ never knew what he is thinking of तुम कभी नहीं समझ पाये कि वह किस बात की सोच^F में है; it would not be difficult for ~ यह आपके लिए कठिन न होगा; I did not see ~ there मैंने वहाँ तुम्हें/ आपको नहीं देखा; he will go with ~ वह तुम्हारे साथ जाएगा; I shall take it from ~ मैं इसे तुमसे ले लूंगा; I give ~ five minutes मैं तुमको/तुम्हें पाँच मिनट देता हूँ; I am doing it for ~ मैं इसे आपके/ तुम्हारे लिए कर रहा हूँ; ~ and I must help them तुम्हें और मुझे उनकी सहायता^{F} करनी चाहिए.

you'd यू'ड = you would.

you'll यू'ल = you will.

young यंग **I.** *a.* (younger, youngest) **1.** छोटा, कमउम्र : she looks very ~ वह बहुत ही कमउम्र दिखती है; he is the ~er brother of Rajesh वह राजेश का छोटा भाई है; he was ~ when he was in London जब वह लंदन में था तब छोटा था; she is the ~est child in the family परिवार में वह सबसे छोटी बच्ची है. **2.** तरुण, किशोर नवयुवक : ~ girl किशोरी, नवयुवती; now they are ~, you should not scold them अब वे ≈ हैं, तुम्हें इनको डाँटना नहीं चाहिए; the new teacher is ~ नया अध्यापक ≈ है; in my ~ days बचपन में; in his ~ days he was healthy अपने बचपन में वह स्वस्थ था. [*ant.* old] **II.** *n.* **1.** बच्चा, बच्चे : ~ of an animal looks very beautiful जानवर का बच्चा बड़ा सुंदर दिखता है; a ~ of the sheep is lamb भेड़^{F} का बच्चा मेमना होता है. **2.** the ~ and the old छोटे-बड़े.

your युअर *pron.* तुम्हारा; (honorific) आपका; (refl.) अपना : this is ~ notebook यह तुम्हारी नोटबुक^F है; put on ~ black dress अपना काला ड्रेस पहनो; you may leave ~ things here तुम अपनी चीज़ें यहाँ छोड़ सकते हो; how old is ~ sister तुम्हारी बहन^F कितने वर्ष की है; all ~ things are on the table तुम्हारी सब चीज़ें^{F} मेज़ पर हैं; I took ~ bag by mistake मैंने भूल^F से आपका बैग ले लिया; is this ~ own car क्या यह आपकी अपनी कार^F है? where is ~ passport आपका पासपोर्ट कहाँ है? put it in ~ pocket इसे अपने जेब में रख लो. **yours** युअर्ज़ *pron.* तुम्हारा; (honorific) आपका; अपना : I have broken my pencil, give me ~ मैंने अपनी पेंसिल तोड़ ली है, कृपया अपनी दीजिए; is this coat ~ क्या यह कोट तुम्हारा है? I met a friend of ~ मैं आपके एक मित्र से मिला; are these magazines ~ क्या ये पत्रिकाएँ^{F} तुम्हारी/आपकी हैं? ~ truly, sincerely आपका, भवदीय. **yourself** युअर् सेल्फ़' *emph. pron.* (*pl.* yourselves) तुम/आप, स्वयं, तुम/आप/खुद/अपने-आप : why are you not satisfied with ~ तुम स्वयं से संतुष्ट क्यों नहीं हो? do not talk so much about ~ तुम खुद के बारे में इतना कुछ मत बोलो; you forget ~ तुम खुद को भूल जाओ; by ~ अकेला; you boys should behave ~ तुम्हें अपना व्यवहार ठीक करना चाहिए; will you do it by ~ क्या इसे अकेले (अपने-आप) करोगे? why are you sitting by ~ तुम अकेले क्यों बैठे हो?

you're = you are.

youth यूथ **I.** *n*[u]. (adolescence) जवानी[F], यौवन : in his ~ अपनी जवानी में; he spent his ~ in India उसने अपनी जवानी भारत में बितायी; he was a good player in the prime of his ~ वह भरी जवानी में अच्छा खिलाड़ी था. **II.** *n*[c]. (young man) जवान, युवक : many ~s participated in the movement बहुत-से युवकों ने आन्दोलन में भाग लिया; he loves to be surrounded by ~s वह युवाओं के बीच में घिरा रहना पसंद करता है. **youthful** यूथ'फुल *a.* युवा, जवान, तरुण : ~ bride ≈ दुल्हन; he is a ~ player वह ≈ खिलाड़ी है; he looks ~ वह ≈ दिखाई देता है. [*ant.* aged]

you've यू'व़ = you have.

yr. year.

Z, z

z. zone.

zeal ज़ील *n.* उत्साह, जोश [excessive बहुत, intense तीव्र]; she works with ~ वह ≈ से काम करती है; he is always full of ~ वह सदा उत्साहपूर्ण रहता है; he showed great ~ for music उसने संगीत के प्रति बड़ा जोश दिखाया; he is in ~ वह उत्साह में है. **zealous** ज़े'लस *a.* (of a person) उत्साही, उत्साहपूर्ण, लगन से काम करने वाला [follower अनुयायी, supporter समर्थक, volunteer स्वयंसेवक]; Kapil was a ~ player कपिल एक ≈ खिलाड़ी था.

zebra ज़ेब'रा *n*ᶜ. ज़ेबरा : ~ is found wild in Africa ≈ अफ्रीका के जंगलों में पाया जाता है; a ~ has white stripes on its body ≈ के शरीर पर सफ़ेद धारियाँF होती हैं.

zero ज़िअ'रो *n*ᶜ. (*pl.* zeroes, zeros) शून्य : ~ hour परीक्षाF की घड़ीF, कड़ा वक्त; from ~ to one hundred ≈ से सौ तक; there are three ~es in 1000, 1000 में तीन ≈ हैं; the teacher put a ~ mark on his copy book अध्यापक ने उसकी कापीF पर शून्य अंक दिया; the temperature fell to ~ तापमान गिरकर ≈ तक आ गया.

zest ज़ेस्ट *n*ᵘ. **1.** उत्साह, उमंगF : he took up this job with ~ उसने उमंग से यह काम लिया; she entered into politics with great ~ वह बड़ी उमंग से राजनीतिF में आयी. **2.** स्वाद : he eats with ~ वह ≈ लेकर खाता है; add the ~ of lemon to tea चायF में नीबू का ≈ बढ़ा दो.

zigzag ज़िग्'ज़ैग *a.* टेढ़ा-मेढ़ा [line पंक्तिF, path पथ/रास्ता]; to go in a ~ way टेढ़े-मेढ़े रास्ते/ढंग से जाना; there are ~ roads on the way to Kashmir कश्मीर के रास्ते में टेढ़ी-मेढ़ी सड़कें हैं.

zinc ज़िन्क *n.* & *a.* जस्ता, जस्ते का : ~ is a bluish, white metal used in industry ≈ नीली, सफेद धातु है जो उद्योग में इस्तेमाल की जाती है.

zip ज़िप **I.** *n*ᶜ. **1.** (sound) ज़िप, सनसनाहटF : ~ of a bullet गोली की सनसनाहट. **2.** *a.* ~ fastener ज़िप : a ~ sewn on the bag झोले में सिला हुआ ≈. **II.** *v.t.* (zipped, zipping) **1.** ज़िप बंद करना : he ~ped up his sweater उसने अपना स्वेटर ज़िप से बंद कर दिया. **2.** सन्न करके निकल जाना : a bullet ~ped past his ears एक गोलीF सनसनाती हुई उसके कानों के पास से निकल गई.

zone ज़ोन *n*ᶜ. **1.** क्षेत्र, मंडल [dangerous खतरनाक, northern उत्तरी, warm गर्म]; to divide into two ~s दो मंडलों में विभाजित करना. **2.** कटिबंध : frigid ~ शीत ≈, torrid ~ उष्ण ≈; temperate ~ सम शीतोष्ण ≈.

zoo ज़ू *n.* (zoological garden) चिड़ियाघर [famous प्रसिद्ध, large बड़ा]; we were at the ~ yesterday कल हम ≈ में थे; there are many rare animals in the ~ ≈ में बहुत-से दुर्लभ जानवर हैं.

zool. zoology ज़ुऑ'लॉजि *n.* प्राणिविज्ञान, जंतु विज्ञान : ~ is a study of animals ≈ जीवविज्ञान की एक शाखाF है; a study of ~ helps students of veterinary science ≈ का अध्ययन पशु शास्त्र/चिकित्सा के छात्रों के काम आता है.

Appendices

परिशिष्ट

I.Suffixes प्रत्यय

A word or a verbal element placed at the end of a word to form a derivative (e.g. -ness, -fy, -ly, -ful)

एक शब्दखंड जो किसी शब्द के बाद जुड़कर एक व्युत्पन्न शब्द की रचना कर देता है, जैसे हिन्दी में -इक (धार्मिक), -क (लेखक), -नीय (पूजनीय), प्रत्यय।

Below are given only important and prolific suffixes.

1. Suffixes forming nouns संज्ञा बनाने वाले प्रत्यय

–ance (with verbs), as

abound → abundance
accept → acceptance
appear → appearance
assist → assistance
disturb → disturbance
forbear → forbearance
hinder → hindrance
resemble → resemblance
resist → resistance
signify → siginificance
utter → utterance
convey → conveyance
vary → variance
maintain → maintenance
assure → assurance
attend → attendance
comply → compliance
defy → defiance
ignore → ignorance
rely → reliance

–ance (also in place of some adjectives), as

brilliant → brilliance
distant → distance
relevant → relevance
variant → variance
extravagant → extravagance
significant → significance

—ence (from verbs), as

correspond → correspondence
depend → dependence
differ → difference
excel → excellence
obey → obedience
prefer → preference
pretend → pretence
cohere → coherence
